जालिकल्-किताबु ला रैब ज् सला .·. फ़ीहि .·. ज्

यह वह (इल्हामी) किताब है जिसमें कोई सन्देह (की गुंजाइश) नहीं।

क़ुर्आन शरीफ़

(सानुवाद सटिप्पण)

शास्त्रीय अरबी पद्धति पर हिन्दी में

(शेरवानी संस्करण)

प्रकाशक

भुवन वाणी

१०९, रानीकटरा, लखनऊ–३

प्रतिबन्ध-किताबु या रेंद ब्रकाश ,. ओहि ,. ब
ब ब्रब (अब्रकाशी) किताब ई किसमे कां ब्रकेश (की मुलाकात) बहुत।

तुर्जुमा-ए-शरीफ़

(सानुवाद सटिप्पण)

शाब्दीय अरबी पद्धति पर हिन्दी में

(बेदखली संस्करण)

प्रकाशक

भुवन वाणी

१०१, गनीमत्रा, लखनऊ-१

ज़ालिकल्-किताबु ला रैब ज़् सला ∴ फ़ीहि ∴ ज़्

यह वह (इल्हामी) किताब है जिसमें कोई सन्देह (की गुंजाइश) नहीं।

फ़ुर्क़ान शरीफ़

(सानुवाद सटिप्पण)

शास्त्रीय अरबी पद्धति पर हिन्दी में

(शेरवानी संस्करण)

प्रकाशक

भुवन वाणी

१०९, रानीकटरा, लखनऊ–३

प्रथम संस्करण
अप्रैल, १९६९ ई०
सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन सुरक्षित

हृद्यः (उपहार) ३५·०० रुपया

मुद्रक—नैपाली प्रैस
रानीकटरा, लखनऊ—३

जिसके अनन्त ज्ञानस्रोत से अवतरित है,

उसी अल्लाह तआ़ला (परब्रह्म) को

सादर सभक्ति समर्पित

—हिन्दी रूपान्तरकार

उपहार

.....

.....

.....

.....

.....

विषय सूची

	विषय	पृष्ठ
१.	समर्पण	३
२.	उपहार	५
३.	सेहतनामा (शुद्धि पत्र)	७
४.	पेशलफ़्ज़—मौलाना सय्यद अबुल हसन अली अल्हसनी अल्नदवी जनाब अली मियाँ साहब	६
५.	,, क़ाज़ी हाफ़िज़ मुहम्मद सिद्दीक़ साहब क़ारी, मुफ़्ती दारुल्मुबल्लग़ीन, लखनऊ	१०
६.	संकेताक्षरी व पठनविधि, स्वर, दीर्घ स्वर, संयुक्त स्वर, ऐराब (मात्राएँ), जज़्म व तन्वीन, साकिन व मुतहर्रिक	१४
७.	संधि प्रकरण	१७
८.	रमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न)	२०
९.	अक्षरों के उच्चारण संस्थान	२२
१०.	ज़रूरी याद-दहानी, बीस मुक़ाम पर अशुद्ध पाठ का अंदेशा, नक्शा अलिफ़ ख़ामोश	२२
११.	क़ुर्आन शरीफ़ आरंभ (पूर्वार्द्ध)	२५
१२.	,, ,, ,, (उत्तरार्द्ध)	५०५
१३.	अस्माउल् हुस्ना (सानुवाद)	१०१७
१४.	पारः तालिका (फ़िहरिस्त)	१०१८
१५.	पारः में रुबअ, निस्फ़, सुल्स, ख़त्म	१०१९
१६.	सूरतों की तिलावत व नुज़ूल क्रम संख्या	१०२०
१७.	,, नूज़ूल व तिलावत क्रम संख्या	१०२२
१८.	मुआनक़ातु ख़िन्दल् मुतअख़्ख़रीन व ख़िन्दल् मुतक़द्दिमीन	१०२४
१९.	सज्दः सूची	१०२५
२०.	हिन्दी रूपान्तरकार का वक्तव्य	१०२७

सेहतनामा (शुद्धिपत्र)

क़ुर्आनशरीफ़ हिन्दी के प्रूफ़ पढ़ने में बड़ी सावधानी बरती गई है। कई असहाब ने प्रूफ़ अलाहदः अलाहदः पढ़ा है। लेकिन टाइप से छपने में छपते-छपते मात्राएँ (अैराब) या नुक़्ते कहीं टूट जायँ या बैठ जायँ तो उनको फिर दौरान तबाअ़त पकड़ना नामुमकिन सा है। ऐसी ग़लतियाँ अक्सर पैदा हो गई हैं। किन्हीं किताबों में वह सही भी हो सकती हैं और किन्हीं में टूट जाने या दब जाने के बाद ग़लत भी। बाज़ मुक़ाम पर प्रूफ़ में नज़र चूक जाने के सबब से भी ग़लतियाँ रह गई हैं। हालाँकि ऐसे मुक़ाम किताब के हजम को देखते हुए बहुत कम हैं; बाक़ी ग़लतियाँ मात्राओं (ऐराबों) के टूटने के सबब से हैं। पाठकों का फ़र्ज़ है कि इस सेहतनामा के मुताबिक़ किताब में पहले ही दिन ग़लतियाँ दुरुस्त कर लें। एक अर्ज़ यह भी है कि बड़े यानी मतन वाले टाइप में अलबत्ता मुश्तबहुस्सौत हुरूफ़ों का फ़र्क़ सही तौर पर मुमताज़ किया गया है। फ़ोलियो (पृष्ठ संख्या) वाली सतर में छोटे टाइपों में आम फ़हम हुरूफ़ ही इस्तेमाल किये गये हैं क्योंकि उनमें तैयारी न हो सकी थी।

सूरः	आयत	सतर	अशुद्ध	शुद्ध	सफ़ः
२	२२	७	ऱ्व	ऱ्व'व	३०
,,	२६	२७	बिहद्दी	बिहद्दी'	३०
,,	३६	२५	मताअ्यन्	मताअुन्	३२
,,	७४	५	ख़शयत्तिल्लाहि	ख़श्यत्तिल्लाहि	४०
,,	८५	६	अफ़तुअ्मिननू	अफ़तुअ्मिनून	४२
,,	—	३४	स झ	समझ	५७
,,	२३०	११	भोम	भोग	७९
,,	२४७	६	अलीमुन	अलीमुन्	८४
,,	२८२	७	अैंयुमिल्ल	अैंयुमिल्ल	९६
३	१७	३	बिल् अस्ह्रारि	बिल् अस्ह्रारि	१०२
,,	३५	२७	मुह्ररंरन	मुह्ररंरन्	१०४
,,	४९	१२	बिआयतिम्मि	बिआयत्तिम्मि	१०८
,,	१६९	१७	अिन्द	अिन्द	१३४
,,	१७९	१६	अलहि	अलैहि	१३६
४	६	४	(सरपस्त)	(सर-परस्त)	१४५
,,	३५	२४	अिस्लाहैंयुवफ़्	अिस्लाहैंयुवफ़्	१५२
,,	४१	१५	हा'	हा'	१५४
,,	९२	५	(क़त्ल हुआ शख़्स)	(क़त्ल करने वाला शख़्स)	१६९
,,	९२	७	(वह क़त्ल हुआ शख़्स)	(वह क़त्ल करने वाला शख़्स)	१६९
,,	१५७	४	शक्किर्काम्मनहु	शक्किकम्मिनहु ऱ्	१८४
५	३	१२	बख़्नेवाला	बख़्शनेवाला	१९१
,,	२९	१२	तबू'	तबू'अ	१९८
,,	३१	१६	फ़बअ सल्लाहु	फ़बअ्य सल्लाहु	१९८
,,	८९	१९	अैमान ज	अैमान ज	२१४
,,	११४	४	ख़ैरुर्राज़िकीन	ख़ैरुर्राज़िक़ीन	२२२
६	९१	२०	बशीरिम्मिन्	बशरिम्मिन्	२४०

सूर:	आयत	सतर	अशुद्ध	शुद्ध	सफ़:
६	९१	२३	आबा अकुम्	आबा अकुम्	२४०
,,	१२४	१७	अज्रमू-	अज्रमू-	२४८
,,	१२६	२३	फ़स्सल्नल्	फ़स्सल्नल्	२४८
७	—	२८	[पेज २३८ से]	[पेज २८३ से]	२८५
,,	१४३	१५	फ़अिनिस्तकर्र	फ़अिनिस्तक़र्र	२८६
,,	१४९	१५	यहूम्ना	यर्हूम्ना	२८८
,,	२४	५	आमनुस्तजीबु	आमनुस्तजीबु	३०६
९	३१	४	सुब्हानहू	सुब्हानहू	३२६
१०	८३	२५	लअलिन्	लआलिन्	३६६
१२	३४	२६	कदहुन्न	कैदहुन्न	४००
१२	५१	२९	"हाशलिल्लाह"	"हाशलिल्लाह"	४०५
,,	६४	२७	अहूमुर्-	अर्हूमुर्-	४०६
१७	६८	४	अेयख्सिफ़	अैंयख्सिफ़	४८२
१८	४५	२२	मूसा	भूसा	४९७
२४	३५	१३	मसलु	मस्सलु	५९०
२४	५८	२५	हथि	हाथ	५९५
२५	१९	२४	तस्ततीअू	तस्ततीनअू	६००
२६	२९	१५	मुज्तमिअून	मुज्तमिअून	६१२
,,	१४२	३०	अख्हुम्	अख्हूहुम्	६१८
२८	३३	५	फ़तल्तु	क़तल्तु	६४६
३३	१३	४	फ़रीक़म्	फ़रीक़ुम्	६९४
३८	१	९	सा द	सा द्	७४८
४१	—	३	हा मीमस्सज्दः	हा मीमस्सज्दः	७९६
,,	—	३	हा मीमस्सज्दः	हा मीमस्सज्दः	७९७
४४	४४	२२	तअामल्	तअामुल्	८२०
४५	३२	२०	रब	रैब	८२६
५०	—	३६	[पेज ५६१ से]	[पेज ८६१ से]	८५७
५६	३७	२४	अरुबन्	अुरुबन्	८८२
,,	४६	२९	कान	कानू	८८२
५८	२२	४	क़लूबिहिमुल्-	क़ुलूबिहिमुल्-	९००
५९	२१	२२	दू	तू	९०५
,,	२४	५	वल्अज़ि	वल्अज़ि	९०६
६३	४	२४	लड़कियाँ	लकड़ियाँ	९१७
७७	३९	२४	कदुन्	कैदुन्	९६६
७९	—	१०	१८१ हुरूफ़ ७९१ शब्द	७९१ हुरूफ़ १८१ शब्द	९७०
७९	—	१२	११८१ अक्षर ७९१ शब्द	७९१ अक्षर १८१ शब्द	९७१
८०	—	२१	११३ शब्द	१३३ शब्द	९७२
दुआअु	—	२२	क़ब्री	क़ब्री	१००६

پیش لفظ

ابوالحسن علی الحسنی الندوی
ندوۃالعلماء لکھنؤ — الھند

تحریرآفی ۱۹ ذی الحج ۱۳۸۸ھ

بسم اللہ الرحمان الرحیم

نند کمار اوستھی جی سے اگرچہ میرا تعارف براہ راست نہیں تھا - ان کا تعارف مجھ سے مولانا محمد منظور نعمانی صاحب نے کرایا جن کے متعلق میرا تجربہ ھے کہ وہ قران مجید کے سلسلے کے کاموں اس کی نزاکتوں اور ذمہ داریوں اور اس راہ کی مشکلات سے واقف ھیں اور وہ آسانی سے ھر ایک کے کام کو نہیں سراھتے - پھر رفتہ رفتہ ان کا مجھسے براہ راست ربط قائم ھو گیا - میں نے دیکھا کہ ان کو اپنے کام کی بڑی لگن اور دھن ھے اور ان کے اندر طالبعلمانہ روح اپنے مضمون پر محنت کرنے اور اس میں زیادہ سے زیادہ کامیابی حاصل کرنے کا وہ جذبہ پایا جاتا ھے جو اس زمانے میں بہت کمیاب اور قریب قریب نایاب ھے - اسی جذبہ اور تلاش نے ھم دونوں کے درمیان (جنکو طالب علم کہلانے میں فخر ھے) ایک علمی رشتہ قائم کر دیا - کچھ تو ان کی محنت اور جستجو دیکھکر اور کچھ اس خیال سے کہ خدا کا کلام اور پیغام ان لوگوں تک پہنچیگا جو ھندی کے سوا کسی اور زبان میں لکھ پڑھ نہیں سکتے - میں نے ان کے کام میں ان کی اخلاقی مدد کرنے کو اپنی خوش قسمتی اور سعادت کی بات تصور کی - اب مجھے اس بات کی بڑی خوشی ھے کہ ان کی محنت ٹھکانے لگی اور بیس سال مسلسل محنت کرنے کے بعد آج انکی کوشش کا نتیجہ سامنے آ رھا ھے -

ان کے اس قابل قدر کام کے دو حصے ھیں — ایک قرآن مجید کا ھندی میں ترجمہ اور تشریحی نوٹس - یہ کام بھی خاصہ مشکل اور نازک تھا - وہ کس ترجمہ کو اختیار کریں اور کس کو نہ اختیار کریں ، کس عربی لفظ کے لئے کون سا ھندی لفظ رکھیں ، اسلامی اصطلاح اور دینی مفہوم کو کن عام فہم آسان لیکن فصیح اور طاقتور ھندی الفاظ میں ادا کریں ، اس کام کی دشواری کا وھی لوگ اندازہ کر سکتے ھیں جو دونوں زبانوں کے فرق اور دو الگ الگ مذھبی ماحول میں پھلنے پھولنے والی زبانوں اور پروان چڑھنے والی طبیعتوں کے فرق سے واقف ھیں - جہانتک عربی الفاظ کے ممکن حد تک صحیح ترجمے اور مستند تشریح کے پیش کرنے کا تعلق ھے جو مسلمانوں کے سب سے بڑے گروہ کے عقیدہ کے مطابق ھو اسکے بارے میں ھم نے مولانا حافظ قاری محمد صدیق صاحب کی رائے پر اعتماد کیا ھے جو خود ایک مستند عالم قرآن مجید سے شغف رکھنے والے اور محتاط و ذمہ دار آدمی ھیں اور جنھوں نے اول سے آخر تک ترجمہ اور تشریحی نوٹس کو لفظ بہ لفظ پڑھنے کا اھتمام رکھا ھے -

کام کا یہ جز ھر طرح سے قابل قدر اور قابل ستائش ھے - لیکن اوستھی جی کا اصل کارنامہ اور انکی محنت و قابلیت کا اصل میدان یہ ھے کہ انھوں نے متن قرآن کو ھندی رسم الخط میں لکھا ھے - اسکے لئے انھوں نے ھندی رسم الخط میں ایسے اضافے کئے ھیں اور ایسی اصطلاحیں مقرر کی ھیں جن سے عربی کے وہ حروف جو عربی زبان کی خصوصیت ھیں زیادہ سے زیادہ حد تک ادا ھو سکیں اور صحیح طور پر پڑھے جا سکیں - ان حروف کو ان کے صحیح مخارج سے ادا کرنے کے لئے ظاھر ھے کہ اس زبان میں پہلے سے کوئی اشارے یا اصطلاحیں نہیں تھیں اور نہ اسکی ضرورت تھی - لیکن اوستھی جی اپنے مقصد کی تکمیل میں دن رات لگے رھے اور جتنی مشکلات اس میں پیش آئیں انھوں نے ھار نہیں مانی - فارسی کی پرانی مثل ھے کہ ھمت مرداں مدد خدا - آخر اس میں انھوں نے کامیابی حاصل کی - یہ سب جانتے ھیں کہ کسی

علمی کوشش کو آخری طور پر مکمل اور سو فیصدی کامیاب کہنا صحیح نہیں ہے اور یہ کسی علمی کام کی برائی اور تحقیر نہیں تعریف ہے - ایک سچے طالب علم کو اپنے کام سے فراغت پا جانے سے خوشی نہیں بلکہ رنج ہوتا ہے کہ اسکی محنت اور جستجو جس کے سہارے سے اس کی زندگی اور زندگی کا لطف قائم تھا کنارے لگ گئی اور اسکا کام ختم ہوا - اسلئے اس کام میں بھی اگر کچھ کمی رہ گئی یا کہیں کہیں خود اوستھی جی کی طبیعت مطمئن نہیں تو یہ بات بالکل قدرتی ہے اور اس سے ان کی محنت و کامیابی پر کچھ میل نہیں آتا - انہوں نے یہ بہت اچھا کیا کہ ہندی رسم الخط کے ساتھ ساتھ قرآن مجید کے اصلی رسم الخط (عربی) کو بھی ساتھ ہی ساتھ چھاپا ہے - اس کے بغیر خالص ہندی رسم الخط میں بہت سے خطرے تھے -

یہ حقیقت ہے کہ ان ہندو بھائیوں کے علاوہ جو ہندی کے سوا کسی اور زبان سے فائدہ نہیں اٹھا سکتے خود مسلمانوں میں بھی بڑی تعداد ہے جو اب ہندی ہی میں لکھتے پڑھتے ہیں - انکو ان کے مذہب سے بھی واقف کرانے کا ذریعہ اب بہت جگہ ہندی ہی رہ گئی ہے - اللہ کا کلام اور اللہ کا پیغام ہر انسان تک ہر زبان میں پہنچنا چاہئے اسلئے بھی ہم اوستھی جی کے شکرگزار ہیں کہ انہوں نے ایک مفید خدمت انجام دی - خدا اس سے سبکو فائدہ پہنچائے اور اوستھی جی کی محنت ٹھکانے لگائے -

ابوالحسن علی

(انجمن ہدایت المسلمین و دارالمبلغین ، لکھنؤ - ۳)

تقریباً دو سال کا عرصہ ہوا جب محترمی جناب مولانا محمد منظور نعمانی صاحب نے میرے ذمے یہ خدمت کی تھی کہ میں جناب نند کمار اوستھی جی کا ہندی ترجمہ قرآن شریف اور اس کے تفسیری نوٹس دیکھ کر اطمینان کر لوں کہ وہ صحیح ہیں اور اس میں کوئی ایسی غلطی تو نہیں ہے جو اسلامی عقائد کے خلاف یا غلط ہو - اگر کوئی ایسی غلطی ملے تو اسکی اصلاح کر دوں - چنانچہ مولانا موصوف کے حکم کے مطابق میں نے پوری توجہ کے ساتھ قرآن مجید کا ہندی ترجمہ اور اس کے تفسیری نوٹس دیکھنا شروع کیا - جہاں بھی مجھکو اس میں اصلاح کی ضرورت معلوم ہوئی اس کو اپنے علم کے مطابق درست کر دیا - اوستھی جی ایک ایک پارہ کا پروف مجھکو دیتے میں اسکو دیکھکر درست کرتا - پھر وہ طبع ہوتا - اس طرح پورے قرآن مجید کا ترجمہ اور اس کے تفسیری نوٹس شروع سے آخر تک میں نے دیکھ ڈالے - اب مجھکو پورا اطمینان ہے کہ یہ ترجمہ صحیح اور قابل اعتماد ہے - مستند مفسرین کے ترجموں اور تفسیر کے مطابق ہی ہندی میں ترجمہ اور تفسیری نوٹس لکھے گئے ہیں اور اس میں کوئی ایسی غلطی نہیں ہے جو اسلامی عقائد کے خلاف ہو اور اس سے گمراہی پھیلنے کا اندیشہ ہو - جناب مولانا ابوالحسن علی ندوی صاحب نے بھی احقر پر اپنے اعتماد کا اظہار فرمایا ہے - یوں تو خطا و غلطی سے کوئی پاک نہیں ہے -

اوستھی جی نے ترجمہ میں بہت احتیاط سے کام لیا ہے - زبان سہل و آسان ہے اس کی وجہ سے ہندی دانوں کے علاوہ وہ اردو داں بھی فائدہ اٹھا سکتے ہیں جو ہندی رسم الخط سے واقف ہیں - اس دور میں ایسے ترجمہ و تفسیر کی اشد ضرورت تھی جو نند کمار اوستھی جی کی محنت و کوشش سے بڑی حد تک پوری ہوئی ہے - اللہ کا شکر ہے کہ یہ کام پورا ہوکر اب عوام کے سامنے آرہا ہے -

اوستھی جی نے ہندی ترجمہ و تفسیر کے ساتھ قرآن مجید کا متن بھی عربی و دیوناگری دونوں رسم الخط میں شائع کیا ہے اور اس کام میں ان کو بڑی جانفشانی کرنا پڑی اس لئے کہ ایک زبان کو دوسری زبان کے رسم الخط میں لکھنا ہمیشہ دشوار ہوتا ہے - عربی زبان کو دیوناگری میں

لکھنے میں خاص دشواری یہ تھی کہ عربی کی بعض آوازوں کے لئے دیوناگری میں ایسے حروف نہیں تھے جو ایک آواز کو دوسری آواز سے ممتاز کر سکیں - اس دشواری کو دور کرنے کے لئے اور عربی کی صحیح آوازوں کو ظاہر کرنے کے لئے اوستھی جی کو بڑی کوشش کرنا پڑی - انہونے ہر آواز کے لئے علیحدہ علیحدہ حروف مقرر کئے اور ان میں خاص علامتیں قائم کیں - اس کام میں انہوں نے اپنی عمر کے بیس سال صرف کئے اور لگن کے ساتھ کام کرتے رہے -

ہندی کے متن میں لفظوں کے وصل و فصل ، قلب و ادغام وغیرہ میں قرآن مجید کے ماثور و منقول رسم‌الخط کی پابندی کی ہے اور اوقاف کی رائج علامتیں بھی قائم کی ہیں نصف ، ربع ، ثلث ، رکوع ، سجدہ وغیرہ کے لئے بھی علامتیں مقرر کی ہیں اور ہندی میں عربی کے مطابق تلاوت کرنے کے لئے قواعد بیان کئے ہیں ، حروف کے مخارج اور ادغام کے قواعد ، وصل فصل ادغام کے طریقے بھی دئے ہیں تاکہ ہندی متن بھی عربی کے صحیح تلفظ کے ساتھ پڑھا جا سکے اور اس کے پڑھنے کا انداز عربی کے طرز ادا کے مطابق ہو - اس میں کوئی شبہ نہیں کہ یہ کام بڑا دشوار تھا جسپر اوستھی جی نے اپنی محنت اور لگن سے بڑی حد تک قابو پایا ہے - میں امید کرتا ہوں کہ ارباب علم اس کام کی قدر کرینگے اور اپنے مشوروں سے ان‌کو مدد پہنچائنگے اور عوام اس سے فائدہ اٹھا کر ان کی ہمت افزائی کرینگے - والسلام علی من اتبع‌الہدی -

ناچیز محمد صدیق مفتی
دارالمبلغین ، لکھنو
۸ جنوری ۱۹۴۹

पेशलफ़्ज़ (भूमिका)

(मौलाना सय्यद) अबुल् हसन अली अल्हस्नी अल्नदवी,
दारुल् अुलूम नदवतुल्अुलमा, लखनऊ—१
ता० १६ ज़िलहिज्ज १३८८ हि० (६ मार्च १९६६ ई०)

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

नन्दकुमार अवस्थी जी से अगर्चे मेरा तआरुफ़ बराहरास्त नहीं था—इनका तआरुफ़ मुझसे मौलाना मुहम्मद मन्ज़ूर नोमानी साहब ने कराया जिनके मुतल्लिक़ मेरा तजुरबा है कि वह क़ुर्आन मजीद के सिलसिले के कामों, उसकी नज़ाकतों और ज़िम्मेदारियों और उस राह की मुश्किलात से वाक़िफ़ हैं और वह आसानी से हर एक के काम को नहीं सराहते । फिर रफ़्तः रफ़्तः उनका मुझसे बराहरास्त रब्त क़ायम हो गया । मैंने देखा कि उनको अपने काम की बड़ी लगन और धुन है और उनके अन्दर तालिब-इल्माना रूह व अपने मज़मून पर मिहनत करने और उसमें ज़्यादः से ज़्यादः कामयाबी हासिल करने का वह जज़्बः पाया जाता है जो इस ज़माने में बहुत कमयाब और क़रीब क़रीब नायाब है । इसी जज़्बः और तलाश ने हम दोनों के दरम्यान (जिनको तालिबइल्म कहलाने में फ़ख़्र है) एक इल्मी रिश्तः क़ायम कर दिया । कुछ तो उनकी मिहनत और जुस्तजू देख कर और कुछ इस ख़्याल से कि ख़ुदा का कलाम और पैग़ाम उन लोगों तक पहुँचेगा जो हिन्दी के सिवा किसी और ज़बान में लिख पढ़ नहीं सकते मैंने उनके काम में उनकी इख़्लाक़ी मदद करने को अपनी ख़ुशक़िस्मती और सआदत की बात तसव्वर की । अब मुझे इस बात की बड़ी ख़ुशी है कि उनकी मिहनत ठिकाने लगी, और बीस साल मुसलसल मिहनत करने के बाद आज उनकी कोशिश का नतीजा सामने आ रहा है ।

उनके इस क़ाबिल क़द्र काम के दो हिस्से हैं—एक क़ुर्आन मजीद का हिन्दी में तर्जुमा और तशरीही नोट्स—यह काम भी ख़ासः मुश्किल और नाज़ुक था। वह किस तर्जुमे को इख़्तियार करें और किसको न इख़्तियार करें, किस अरबी लफ़्ज़ के लिए कौन सा हिन्दी लफ़्ज़ रखें, इस्लामी इस्तिलाह और दीनी मफ़्हूम को किन आम फ़हम आसान लेकिन फ़सीह और ताक़तवर हिन्दी अल्फ़ाज़ में अदा करें, इस काम की दुश्वारी का वही लोग अन्दाज़ः कर सकते हैं जो दोनों ज़बानों के फ़र्क़ और दो अलग-अलग मज़हबी माहौल में फलने फूलने वाली ज़बानों और परवान चढ़ने वाली तबीयतों के फ़र्क़ से वाक़िफ़ हैं। जहाँ तक अरबी अलफ़ाज़ के मुमकिन हद तक सही तर्जुमे और मुस्तनद तशरीह के पेश करने का तअल्लुक़ है जो मुसलमानों के सब से बड़े गरोह के अक़ीदः के मुताबिक़ हो उसके बारे में हमने मौलाना हाफ़िज़ क़ारी मुहम्मद सिद्दीक़ साहब की राय पर एतमाद किया है जो ख़ुद एक मुस्तनद आलिम, क़ुर्आन मजीद से शग़फ़ रखने वाले और मुहतात व ज़िम्मेदार आदमी हैं और जिन्होंने अव्वल से आख़िर तक तर्जुमे और तशरीही नोट्स को लफ़्ज़ व लफ़्ज़ पढ़ने का एहतमाम रखा है।

काम का यह जुज़ हर तरह से क़ाबिल क़द्र और क़ाबिल सतायश है। लेकिन अवस्थी जी का असल कारनामा और उनकी मिहनत व क़ाबिलियत का असल मैदान यह है कि उन्होंने मतन क़ुर्आन को हिन्दी रस्मुलख़त में लिखा है। इसके लिए उन्होंने हिन्दी रस्मुलख़त में ऐसे इज़ाफ़े किये हैं और ऐसी इस्तलाहें मुक़र्रर की हैं जिनसे अरबी के वह हुरूफ़ जो अरबी ज़बान की ख़ुसूसियत हैं ज़्यादः से ज़्यादः हद तक अदा हो सकें और सही तौर पर पढ़े जा सकें। इन हुरूफ़ को उनके सही मख़ारिज से अदा करने के लिए ज़ाहिर है कि इस ज़बान में पहले से कोई इशारे या इस्तलाहें नहीं थी और न उनकी ज़रूरत थी। लेकिन अवस्थी जी अपने मक़सद की तकमील में दिन रात लगे रहे और जितनी मुश्किलात उसमें पेश आईं उन्होंने हार नहीं मानी। फ़ारसी की पुरानी मसल है कि 'हिम्मते मरदाँ मददे ख़ुदा'। आख़िर इसमें उन्होंने कामयाबी हासिल की। यह सब जानते हैं कि किसी अहमी कोशिश की आख़िरी तौर पर मुकम्मिल और सौ फ़ी सदी कामयाब कहना सही नहीं है और यह किसी अहमी काम की बुराई और तहक़ीर नहीं तारीफ़ है। एक सच्चे तालिबअहमी को अपने काम से फ़राग़त पा जाने से ख़ुशी नहीं बल्कि रंज होता है कि उसकी मिहनत और जुस्तजू जिसके सहारे से उसकी ज़िन्दगी और ज़िन्दगी का लुत्फ़ क़ायम था किनारे लग गई और उसका काम ख़त्म हुआ इस लिए इस काम में भी अगर कुछ कमी रह गई, या कहीं ख़ुद अवस्थी जी की तबीयत मुतमइन नहीं, तो यह बात बिलकुल क़ुदरती है और इससे उनकी मिहनत व कामयाबी पर कुछ मैल नहीं आता। उन्होंने यह बहुत अच्छा किया कि हिन्दी रस्मुलख़त के साथ साथ क़ुर्आन मजीद के असली रस्मुलख़त (अरबी) को भी साथ ही साथ छापा है। इसके बग़ैर ख़ालिस हिन्दी रस्मुलख़त में बहुत से ख़तरे थे।

यह हक़ीक़त है कि उन हिन्दू भाइयों के अलावा जो हिन्दी के सिवा किसी और ज़बान से फ़ायदा नहीं उठा सकते ख़ुद मुसलमानों में भी बड़ी तादाद है जो अब हिन्दी ही में लिखते पढ़ते हैं। उनको उनके मज़हब से भी वाक़िफ़ कराने का ज़रियः अब बहुत जगह हिन्दी ही रह गई है। अल्लाह का कलाम और अल्लाह का पैग़ाम हर इन्सान तक हर ज़बान में पहुँचना चाहिये इसलिए भी हम अवस्थी जी के शुक्रगुज़ार हैं कि उन्होंने एक मुफ़ीद ख़िदमत अंजाम दी। ख़ुदा इससे सब को फ़ायदः पहुँचाये और अवस्थी जी की मिहनत ठिकाने लगाये।

अबुल हसन अली

अन्जुमन हिदायतुल् मुस्लेमीन व दारुल् मुबल्लग़ीन, लखनऊ—३

तक़रीबन् दो साल का अरसा हुआ जब मोहतरमी जनाब मौ० मुहम्मद मंज़ूर नोमानी साहब ने मेरे ज़िम्मे यह ख़िदमत की थी कि मैं जनाब नन्दकुमार अवस्थी जी का हिन्दी तर्जुमा क़ुर्आन शरीफ़ और उसके तफ़्सीरी नोट्स देखकर इत्मीनान कर लूँ कि वह सही हैं और उसमें कोई ऐसी ग़लती तो नहीं है जो इस्लामी अक़ायद के ख़िलाफ़ या ग़लत हो। अगर कोई ऐसी ग़लती मिले तो उसकी इस्लाह कर दूँ। चुनांचे मौलाना मौसूफ़ के हुक्म के मुताबिक़ मैंने पूरी तवज्जुः के साथ क़ुर्आन मजीद का हिन्दी तर्जुमा और उसके तफ़्सीरी नोट्स देखना शुरू किया। जहाँ भी मुझको इसमें इस्लाह की ज़रूरत मालुम हुई उसको अपने इल्म के मुताबिक़ दुरुस्त कर दिया। अवस्थी जी एक एक पारे का प्रूफ़ मुझको देते, उसको देखकर दुरुस्त करता, फिर वह तबा होता—इस तरह पूरे क़ुर्आन मजीद का तर्जुमा और उसके तफ़्सीरी नोट्स शुरू से आख़ीर तक मैंने देख डाले। अब मुझको पूरा इत्मीनान है कि यह तर्जुमा सही और क़ाबिल एतमाद है। मुस्तनद मुफ़स्सरीन के तर्जुमों और तफ़्सीर के मुताबिक़ ही हिन्दी में तर्जुमा व तफ़्सीरी नोट्स लिखे गए हैं। और उसमें कोई ऐसी ग़लती नहीं है जो इस्लामी अक़ाएद के ख़िलाफ़ हो और उससे गुमराही फैलने का अंदेशा हो। जनाब मौलाना अबुल हसन अली नदवी साहब ने भी अहक़र पर अपने एतमाद का इज़हार फ़र्माया है।

अवस्थी जी ने तर्जुमें में बहुत एहतियात से काम लिया है। ज़बान सहल व आसान है इसकी वजह से हिन्दीदानों के अलावा वह उर्दूदाँ भी फ़ायदः उठा सकते हैं जो हिन्दी रस्मुल्ख़त से वाक़िफ़ हैं। इस दौर में ऐसे तर्जुमे व तफ़्सीर की अशद ज़रूरत थी जो नन्दकुमार अवस्थी जी की मेहनत व कोशिश से बड़ी हद तक पूरी हुई है। अल्लाह का शुक्र है कि यह काम पूरा होकर अब अवाम के सामने आरहा है। अवस्थी जी ने हिन्दी तर्जुमा व तफ़्सीर के साथ क़ुर्आन मजीद का मतन भी अरबी व देवनागरी दोनों रस्मुल्ख़त में शाया किया है और इस काम में उनको बड़ी जाँफ़िशानी करना पड़ी। इस लिए कि एक ज़बान को दूसरी ज़बान के रस्मुल्ख़त में लिखना हमेशा दुश्वार होता है। अरबी ज़बान को देवनागरी में लिखने में ख़ास दुश्वारी यह थी कि अरबी की बाज़ आवाज़ों के लिये देवनागरी में ऐसे हुरूफ़ नहीं थे जो एक आवाज़ को दूसरी आवाज़ से मुमताज़ कर सकें। इस दुश्वारी को दूर करने के लिए अरबी की सही आवाज़ को ज़ाहिर करने के लिये अवस्थी जी को बड़ी काविश करना पड़ी। उन्होंने हर आवाज़ के लिये अलाहिदः अलाहिदः हुरूफ़ मुक़र्रर किये और उनमें ख़ास अलामतें क़ायम कीं। इस काम में उन्होंने अपनी उम्र के बीस साल सर्फ़ किए और लगन के साथ काम करते रहे।

हिन्दी के मतन में लफ़्ज़ों के वस्ल व फ़स्ल, क़ल्ब व इद्ग़ाम वग़ैरह में क़ुर्आन मजीद के मासूर व मन्क़ूल रस्मुल्ख़त की पाबन्दी की है। और औक़ाफ़ की रायज अलामतें भी क़ाएम रखीं हैं। नित्फ़, रुब्अ, सुल्स, रुकूअ, सज्दः वग़ैरह के लिये भी अलामतें मुक़र्रर की हैं। और हिन्दी में अरबी के मुताबिक़ तिलावत करने के लिए क़वाएद बयान किये हैं। हुरूफ़ के मख़ारिज और इद्ग़ाम के क़वाएद, वस्ल व फ़स्ल व इद्ग़ाम के तरीक़े भी दिए हैं ताकि हिन्दी मतन भी अरबी के सही तलफ़्फ़ुज़ के साथ पढ़ा जा सके और उसके पढ़ने का अन्दाज़ अरबी के तर्ज़ अदा के मुताबिक़ हो। इसमें कोई शुबहा नहीं कि यह काम बड़ा दुश्वार था जिस पर अवस्थी जी ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी हद तक क़ाबू पाया है। मैं उम्मीद करता हूँ कि अरबाबे-इल्म इस काम की क़द्र करेंगे। और अपने मशविरों से उनको मदद पहुँचायेंगे और अवाम उससे फ़ायदः उठा कर उनकी हिम्मत अफ़ज़ाई करेंगे।

व अस्सलामु अला मनित्तबअल्हुदा

नाचीज़ मुहम्मद सिद्दीक़ मुफ़्ती

दारुल्मुबल्लग़ीन, लखनऊ

ता० ८ जनवरी, १९६९

संकेताक्षरी व पठन-विधि

क़ुर्आन शरीफ़ की तिलावत (पाठ) के लिए ज़रूरी है कि पढ़नेवाला हो या सुननेवाला, उसको तन-मन-वाणी से पवित्र होना चाहिए। बिना इसके पाठ का लाभ (सवाब) दुर्लभ है। अलबत्ता गुनाह और अज़ाब की सम्भावना है। (१) तन—तन को पवित्र करने के लिए 'ग़ुस्ल-वज़ू' अर्थात् स्नान-मार्जन कर लेना चाहिये; बिना वज़ू हाथ लगाना मना है। (२) मन—श्रद्धा, विश्वास और ध्यान (ईमान, यक़ीन और तवज्जुह) अल्लाह की ओर होना ही मन को पाक रखना है। (३) वाणी—शुद्ध उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) और सही पठन-विधि, यही वाणी की पवित्रता है। इसके सही-सही अपनाने के लिए क़िरअत (उच्चारण शास्त्र) के आलिमों से हिदायत लेना चाहिए। वैसे साधारण तरीक़े पर पाठकों की जानकारी के लिए नीचे लिखे अनुसार कुछ निर्देश दिये जाते हैं:—

अरबी लिपि में उच्चारण की दृष्टि से २८ अक्षर होते हैं। इनके लिए देवनागरी लिपि में इस्तेमाल होने वाले हुरूफ़ भी उन अरबी अक्षरों के सामने दिये जा रहे हैं। इन अक्षरों के सही मख़रज (उच्चारण संस्थान) के जानने के लिए क़िरअत (क़ुर्आन पाठ) के विद्वानों से सीखना-समझना चाहिए:—

ا	अलिफ़ / हमज़ः	—	अ	ر	रे *	—	र	ف	फ़े	—	फ़
ب	बे	—	ब	ز	ज़े *	—	ज़	ق	क़ाफ़	—	क़
ت	ते *	—	त	س	सीन *	—	स	ک	काफ़	—	क
ث	से *	—	से	ش	शीन *	—	श	ل	लाम *	—	ल
ج	जीम	—	ज	ص	साद *	—	स़	م	मीम	—	म
ح	हे बड़ी	—	ह़	ض	ज़ाद *	—	ज़	ن	नून *	—	न
خ	ख़े	—	ख़	ط	तो *	—	त	و	वाव	—	व
د	दाल *	—	द	ظ	जो *	—	ज़	ه	हे छोटी / हे दुचश्मी	—	ह
ذ	ज़ाल *	—	ज़	ع	ऐन	—	अ	ی ے	ये	—	य
				غ	ग़ैन	—	ग़				

इनके अलावा (ة) गोल ते के लिए त लेना चाहिए। त का प्रयोग शब्द में प्रायः आख़ीर में होता है। इस शब्द पर वक़्फ़ (विराम) करने पर त को 'ह्' या बिसर्ग (:) पढ़ा जाता है। देखिये सन्धि-प्रकरण। इन २८ अक्षरों में * निशान वाले १४ अक्षर हुरूफ़े शम्सी (सौराक्षर) और बाक़ी १४ अक्षर हुरूफ़े क़मरी (चान्द्राक्षर) हैं। इनका ज़िक्र बयाने-वस्ल (सन्धि-प्रकरण) में आयेगा। अक्षरों के उच्चारण-संस्थान जानने के लिए देखिये पृष्ठ २२। अलबत्ता जब तक अक्षरों के उच्चारण का सही ज्ञान न हो तब तक लाअिल्म के लिए यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि वह ज (जाल), ज़ (ज़ाद), ज (ज़ो) और ज़ (ज़े) को ज (जीम) की तरह हरगिज़ न पढ़ ले। बजाय (ज) के ये अक्षर (ज़) के ज़्यादः नज़दीक हैं।

सब जानते हैं कि किसी भाषा को विदेशी लिपि में बिलकुल सही व्यक्त करना नामुमकिन है। फिर भी बरसहा बरस के यत्न और परिश्रम से हासिल यह "अध्याय", देवनागरी लिपि में अरबी आयतों के पठन (तिलावत) के लिए सही रास्ता पेश करता है। हिन्दी और अरबी में समान पैठ रखनेवाले विद्वानों ने इस "संकेताक्षरी और पठन विधि" की बड़ी सराहना की है। शुद्ध पाठ की पूरी सुविधा देते हुये भी अरबी आयतों के देवनागरी लिपि में लेखन (तहरीर) मे अभी तौसीह (प्रशस्तता) की गुञ्जाइश है। पाठकों की आसानी के लिए उसको मौजूदा संस्करण में न दे कर अगले संस्करण में लेखन विधि को और सँवारा जायगा, और ईश्वर ने चाहा तो अरबी न जाननेवाले हिन्दीदानों के लिए तहरीर (लेखन) का भी रास्ता उसी हद तक पूरा हो जायगा जिस हद तक तिलावत (पाठ) का रास्ता आज इस अध्याय द्वारा सुगम हुआ है।

—नन्दकुमार अवस्थी

इस ग्रंथ में 'अरबी लिपि' से हमेशा क़ुर्आन में अपनाई गई अरबी लिपि को समझना चाहिए। बात यों है कि प्रचलित अरबी और प्राचीन अरबी के लिखने की विधि में अन्तर है। वैसे ही पुराने समय की अरबी लिपि और क़ुर्आन की लिपि में भी अन्तर है। सब से पहले इस्लाम के तीसरे ख़लीफ़ा हज़रत उसमान र० के ज़माने में क़ुर्आन के लेख को जमा किया गया और इसकी पाबन्दी की गई कि पैग़म्बर की सभा में जो शब्द जिस तरह लिखा गया था उसी तरह बाक़ी रखा जाय और जो क़ुर्आन में मुख़्तलिफ़ क़िरअतें (पढ़ने के तरीक़े) हैं वह बाक़ी रहें। इस उद्देश्य को लेकर विद्वानों की मजलिस बैठी और मौजूदा क़ुर्आन का स्वरूप देकर बाक़ी लिखी पाण्डुलिपियों को नष्ट कर दिया गया ताकि भविष्य में लिखी या छपी किसी भी प्रति में एक नुक़्ते का भी अन्तर न रहे। हासिल यह कि आज तक वही परिपाटी चली आ रही है—यहाँ तक कि विद्वत्परिषद से स्वीकृत उस क़ुर्आन में जहाँ अलिफ़ छोटे आकार में लिख गया था वहाँ छोटा और जहाँ बड़े आकार में लिख गया था वहाँ बड़े ही आकार में लिखा जाता है, भले ही दोनों के उच्चारण में कोई भेद नहीं। यही नहीं, जहाँ 'सीन' के स्थान पर साद लिखा गया था वहाँ आज भी 'साद' ही लिखा या छापा जायगा और पाठ को शुद्ध पढ़ने के लिए उस 'साद' के ऊपर एक छोटा सा 'सीन' संकेत के लिए लिख दिया जाता है जो हुक्म देता है कि यहाँ पर 'सीन' जैसा उच्चारण करना चाहिए। किसी ग्रंथ में आगे चलकर ज़रा भी घट-बढ़ न हो जाय इसका यह प्रयत्न शायद दुनिया में बेजोड़ है। लेकिन इस ज़माने में भी ज़ेर, ज़बर, पेश, जज़्म, तशदीद, वक़्फ़ व वस्ल के निशानों के लिखने का आम चलन न था। मातृभाषा अरबी होने के कारन अरब के लोग बिना इन निशानों के भी, अभ्यास से पढ़ लिया करते थे। लेकिन जब इस्लाम और क़ुर्आन दुनिया के अजमी हिस्सों यानी विदेशों में फैल चला तब ज़रूरत समझी गई कि अब अरबी न जानने वालों के लिए बिलकुल शुद्ध पाठ पेश करने के लिए क़ुर्आन को इन निशानों से सम्पन्न किया जाय। यह काम लगभग ७५ हिजरी में हज्जाज इब्ने यूसुफ़ के हुक्म से किया गया।

ऐराब (मात्राएँ) जज़्म व तन्वीन

अरबी में भी देवनागरी की तरह तीन स्वर (वावेल) होते हैं—अलिफ़, वाव, ये। 'अ' के व्यंजन (कान्सोनेन्ट) जैसे इस्तेमाल को ही हम्ज़ः कहते हैं और 'अ' के स्वर (वावेल) जैसे इस्तेमाल को अलिफ़। उसी तरह वाव और ये जब व्यंजन है तब क्रमशः 'व' और 'य' की आवाज़ होती है और यही जब स्वर की जगह इस्तेमाल होते हैं तब क्रमशः 'उ' और 'इ' स्वरों का काम देते हैं। इन अ, इ, उ, तीन स्वरों की मदद के बिना ब्, ज्, द् जैसे अठाईसों व्यंजनों में हरकत (गति) यानी ध्वनि नहीं पैदा हो सकती। ऐसी सूरत में व्यंजन ब, ज, द, आदि के नीचे जज़्म (हलन्त) का निशान लगाकर ब्, ज्, द् लिखेंगे। अब इनको हरकत देने के लिए स्वरों की मदद ली जायगी। अरबी लिपि में अ, इ, उ, इन तीन स्वरों के लिए क्रमशः ज़बर, ज़ेर और पेश के ऐराब दिये जाते हैं। तब जज़्म ग़ायब होकर हरफ़ में हरकत पैदा होती है। इसी तरह देवनागरी लिपि में जज़्म (हलन्त) का निशान हट जायगा। ज़बर यानी 'अ' स्वर होने पर ब् का ब लिखा और पढ़ा जायगा। ज़ेर यानी 'इ' की मात्रा (ि) लगने पर बि और पेश यानी 'उ' की मात्रा (ु) लगने पर बु लिखा और पढ़ा जायगा। इन ऐराबों को मात्रा कहा जाता है। यहाँ एक बात ध्यान में रखने की है—ज़बर यानी अकार का अरबी में उच्चारण हिन्दुस्तानी 'हिन्दी' या 'उर्दू' से कुछ भिन्न है लेकिन संस्कृत के समान है। ज़बर के 'अकार' को अरबी में कुछ ज़्यादा बढ़ाकर यानी 'अ' और 'आ' के बीच की आवाज़ से बोलते हैं। दूसरी बात यह है कि हिन्दी का नियम है कि शब्द के या शब्द के किसी खण्ड (स्लेबिल) के अन्तिम अक्षर का ज़बर यानी 'अ' के स्वर सहित लिखा होने पर भी साकिन यानी हलन्त जैसा बोलते हैं। जैसे लिखते हैं जल, राम, पनघट लेकिन बोलते हैं जल्, राम्, पन्घट्। अरबी में मुतहर्रिक (सस्वर) लिखकर वैसे ही पढ़ेंगे यानी हलन्त नहीं; और ज़बर यानी अकार का बढ़ाकर पढ़ेंगे। जैसे अंग्रेज़ी में *Jala, Rāma, Panaghata*। संस्कृत में भी यही नियम है। 'राम' को राम् न पढ़कर *Rama* की तरह 'रा+म' पढ़ेंगे। अरबी में 'म' का अकार 'अ' और 'आ' की ध्वनि के बीच में बोला जायगा। और ज़बर + अलिफ़ यानी 'आ' की मात्रा का हिन्दी की अपेक्षा और ज़्यादा खींच कर पढ़ा जायगा। ज़ेर और पेश यानी इकार और उकार की मात्रा का उच्चारण अरबी में

संस्कृत या हिन्दी के समान ही है। ज़ेर या (ि) अरबी ह्रस्व (ॅ) जैसी और पेश या (ु) की मात्रा अरबी में ह्रस्व (ो) जैसी आवाज़ अरबी का तरीक़ः नहीं है। यह उर्दू का शायद फ़ारसी के ज़रिये हासिल एक तर्ज़ है। लोग अक्सर 'किताब' में ब का (ु) यानी उकार को(ो) के नज़दीक 'किताबो' जैसा पढ़ते हैं। ध्यान रहे कि यह आवाज़ ह्रस्व (ो) की, न कि दीर्घ (ो) जैसी होती है। इसी तरह 'इह्तमाम' को एह्तमाम जैसा बोलते हैं। ध्यान रहे कि 'ए' की आवाज़ ह्रस्व (ॅ)जैसी बोलते हैं न कि दीर्घ (े)की तरह। यह उच्चारण भेद भौगोलिक या अन्य कारणों से है—जैसे बंगाली 'अ' लिखकर ह्रस्व 'ओ' जैसा उच्चारण करते हैं। इसलिए सही अरबी पाठ के लिए हमें ज़बर-ज़ेर-पेश यानी अ-अि-अु की मात्राओं को अरबी या संस्कृत की पद्धति पर ही उच्चारण करना चाहिए।

दीर्घ स्वर—तीन स्वर ज़बर, ज़ेर, पेश यानी अकार, इकार, उकार को ज़्यादा विस्तार (बढ़ाव) देने पर तीन दीर्घ स्वर बनते हैं—ज़बर+अलिफ़='आ' ज़ेर+ये साकिन='ई' पेश+वाव साकिन='ऊ'। पहले लिखा जा चुका है कि 'साकिन' हलन्त को कहते हैं। इन तीन दीर्घ स्वरों के लिए देवनागरी लिपि में क्रमशः ा, ी, ू मात्राएँ (ऐराब) इस्तेमाल होती हैं। मालूम हो कि क़ुर्आन में ज़ेर+ये साकिन और पेश+वाव साकिन को क्रमशः 'खड़ी ज़ेर' और 'उलटा पेश' जैसा लिखने का भी चलन है लेकिन (ि) और (ू) के लिखने के इन दोनों तरीक़ों के उच्चारण में कोई भेद नहीं है। इस हिन्दी क़ुर्आन में इस लिपि-भेद को पहचानने के लिए ज़ेर+ये साकिन को (ि) व पेश+वाव साकिन को (ू) और खड़ी ज़ेर के लिए ॅ व उलटा पेश के लिए ु लिखा गया है। लेकिन पाठकों को अरबी लिपि ही के समान हिन्दी में भी (ि) और (ॅ) व (ू) और (ु) के उच्चारण में भेद न समझना चाहिए।

संयुक्त स्वर (*Dipthong*)—३ ह्रस्व और ३ दीर्घ स्वरों के अलावा अरबी में दो संयुक्त स्वर होते हैं। ज़बर+ये साकिन=(ै)और ज़बर+पेश साकिन=(ौ)यानी हिन्दी में 'ऐ' और 'औ' की मात्राएँ। जिस तरह ज़बर यानी अकार के स्वर को बोलने में हिन्दी व अरबी में फ़र्क़ है और संस्कृत व अरबी में समानता है, उसी तरह(ै) और (ौ) की मात्राओं में भी है। हिन्दी-उर्दू में (ै) की आवाज़ 'अए' (ऐनक) और(ौ) की आवाज़ 'अओ' (औरत) की तरह बोली जाती है। 'अएनक' और 'अओरत' ऐसी आवाज़ निकलती है। लेकिन अरबी में (ै) को 'अइ' (अइनक) और (ौ)को अउ (अउरत) की तरह बोलते हैं। फ़िर्औन को 'फ़िर्अओन' न कहकर 'फ़िर्अउन' कहेंगे। संस्कृत में भी 'शौर्य्य' को 'शउर्य्य' जैसा उच्चारण करते हैं न कि 'शओर्य्य'।

स्वर (वावल) के इस बयान की समाप्ति पर एक बात उल्लेखनीय है। अरबी में 'अ' के व्यंजन जैसे प्रयोग को ही हमज़ः नाम दिया गया है। इसलिए 'अ' को हिन्दी की तरह स्वर मानकर किसी व्यंजन से मिलाया नहीं जा सकता। 'अ' का भी प्रयोग वैसे ही होगा जैसे ब, स् आदि दूसरे व्यंजनों का। जैसे 'क़ुरआन'—शब्द में हिन्दी की पद्धति पर 'र्' व्यंजन को 'आ' स्वर में मिलाकर 'क़ुरान' पढ़ा जाना चाहिए। लेकिन अरबी में 'आ' स्वर नहीं बल्कि (हमज़ः) व्यंजन है इसलिए व्यंजन में व्यंजन जज़्ब (विलीन) नहीं हो सकता और 'क़ुरआन' ही शुद्ध पाठ होगा न कि 'क़ुरान'। इस तरह जब हमज़ः 'अ' स्वर न होकर व्यंजन ही रहा तब दूसरे व्यंजनों की तरह ही (ि) (ो) (ु) (ॅ) (ौ) मात्राएँ तथा जज़्म (हलन्त) के निशान 'अ' में भी प्रयुक्त होंगे—जैसे, अि अी अु अू अॅ अौ अ्। 'मुअ्मिनु' में अ् में झिटका देकर साफ़ अलग पढ़ा जायगा और स्वर की तरह 'मु' में 'अ्' विलीन न होगा। हालाँकि हिन्दुस्तान में कुछ लोगों ने 'मूमिनु' पाठ को भी चलन में दाख़िल कर लिया है। हमज़ः साकिन यानी 'अ' अलग पढ़ लिया जाय इस सावधानी के लिए ही मुऽमिनु न लिखकर 'मुअमिनु' लिखा गया है। क्योंकि ऽ इ ई उ ऊ ऐ औ—यह अक्षर स्वर के प्रतिनिधि समझ लिए जाँयगे न कि व्यंजन के और पाठ में उनके दूसरे व्यंजनों से मिल जाने का डर है इसलिए "अ् अि अी अु अू अॅ अौ" अपनाए गये हैं। कुछ छपाई की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। क्योंकि हमज़ः 'अ' में नीचे नुक़्ता देकर 'अ़' को ऐन अक्षर माना गया है। अ़ को अ़ि व अ़ी में कम्पोज़ करना सरल है। लेकिन ई. ई. के टाइप लम्बान में साइज़ में नहीं बैठते कि उनमें नीचे बिन्दु लगाया जा सके।

हम्ज़ए वस्ल 'अ्'—अब स्वरों के अध्याय में सिर्फ़ एक बात जोड़नी है। हमज़ए वस्ल 'अ' का वह स्वरूप है जो किन्हीं दो शब्दों के जोड़ते समय तो स्वर का काम करता है और जुड़ने वाले शब्दों में पहले शब्द के अन्तिम अक्षर में जज़्ब (विलीन) हो जाता है, लेकिन जब वही दोनों शब्द जुड़ते नहीं और अलग रहते हैं तब वही 'हमज़ए वस्ल' अगले शब्द के शुरू में 'अ' व्यंजन का काम देता है। इस अजूबा इस्तेमाल के कारन 'हमज़ए वस्ल' को

अलग पहचान लिए जाने के लिए पुरानी लिपि के 'अ्' को चुना गया है। उदाहरण—आलमीन-अर्रहमानिर्रहीमि। इन दो कलमों (पदों) की सन्धि करने पर 'अ्' पहले शब्द के आख़िरी अक्षर 'न' में स्वर की तरह मिल कर 'नर्रहमानि' हो जायगा। और दोनों कलमों को अलग अलग पढ़ने पर यानी 'आलमीन' पर रुक जाने पर 'अ्' हलन्त' न रहकर सस्वर हमज़ः यानी 'अ' हो जायगा और अलग 'अर्रहमानि' पढ़ा जायगा। और सन्धि-नियम (१) के अनुसार 'आलमीन' के 'न' की ज़बर की हरकत यानी अकार ख़त्म होकर हलन्त 'न्' अर्थात् 'आलमीन्' पढ़ा जायगा।

साकिन (हलन्त)—पाठकों को मालूम है कि व्यंजन (कान्सोनेन्ट) में बिना स्वर (वावेल) की मदद के हरकत (गति) नहीं पैदा होती। बिना गति के व्यंजन को अरबी में साकिन (हलन्त) कहते हैं और 'साकिन' प्रकट करने के लिए जज्म का एक निशान साकिन व्यंजन के ऊपर लगाते हैं। उसी तरह हिन्दी में साकिन अक्षर को लिखने की दो विधियाँ हैं, जैसे 'रब्बिल' और 'रब्बिल'। इनमें पहले 'ब' को आधा 'ब' लिखा है और दूसरे में ब में (्) हलन्त लगाकर यानी आधा 'ब्' इस प्रकार लिखा है। दोनों शुद्ध होने पर भी हिन्दी में चलन है कि शब्द के अन्तिम अक्षर में हलन्त का चिह्न लगाते हैं और बीच में प्रयोग होने पर आधा अक्षर लिखते हैं। लेकिन हिन्दी क़ुर्आन में शब्द के बीच में भी अक्सर हलन्त का प्रयोग सही उच्चारण के हित में समझा गया है। र, न, व, य कुछ ऐसे कोमल व्यंजन हैं जो अपने से पहले आये आधे अक्षर के साथ मिलकर एक संयुक्त अक्षर के समान ही बोले जा सकते हैं जैसे क्रा फ्रा, क्या, क्वा, द्वा आदि। लेकिन अरबी में आधा अक्षर किसी भी दूसरे अक्षर में मिलकर एक सपाट में फिसलता हुआ नहीं बोला जाता। इसलिए 'क़ुफ़्रान' लिखने पर यह अँदेशा (आशंका) नहीं रहता कि कोई क़ु-फ़्रान पढ़ ले। याने 'क़ु' में मामूली सा सक्ता देकर फ़्रांस जैसा फ़्रा पढ़ ले। अ और ह भी ऐसे अक्षर हैं जिनके पहले आधा अक्षर लिखने से पढ़ते समय अशुद्धि हो सकती है। जैसे 'सुब्हान' हिन्दी उर्दू के अनुसार ब+ह मिलकर 'भ' जैसी आवाज़ पैदा करता है और उसी चलन में लोग 'सुभानल्लाह' कहने लगते हैं। इससे बचने के लिए 'सुब्हान' के बजाय 'सुबहान' लिखना ज्यादा मुनासिब है। हासिल यह हुआ कि अरबी को देवनागरी लिपि में लिखते समय साकिन (आधे) अक्षर को 'न्' और 'न्' दोनों लिखना जायज़ है। लेकिन जहाँ ऊपर दिये उदाहरण के अनुसार कोमल व्यंजन हों वहाँ आधा अक्षर के बजाय हलन्त लगाकर ही लिखना निरापद है। बाक़ी जगहों पर हलन्त लगाएँ चाहे आधा अक्षर लिखें कोई हर्ज नहीं है। यहाँ यह फिर याद दिलाना ज़रूरी है कि अरबी में हर हरफ़ की तरह हमज़ः यानी 'अ' को भी 'अ' हलन्त लिखा जायगा। सिर्फ़ ऐन का साकिन ʿ इस प्रकार लिखा जायगा। कारण यह सावधानी है कि 'हमज़ः साकिन' यानी 'अ्' की तरह ऐन साकिन को 'अ्' लिखने पर कहीं ऐन साकिन भी झटके के साथ न पढ़ लिया जाय।

तन्वीन—अनुस्वार पैदा करनेवाला। शब्द के अन्तिम अक्षर पर ज़बर, ज़ेर, पेश की तन्वीन यानी अन्, इन्, उन् की ध्वनि को 'न्' से प्रकट किया गया है। जैसे जमीअन्, अुम्मातिन्, अज़ीमुन् में क्रम से अन्, इन्, उन् की तनवीन हैं। इनका विशेष हाल संधि-प्रकरण में पढ़िये।

सन्धि-प्रकरण

सन्धि-प्रकरण—क़ुर्आन-पाठ में 'सन्धि' की दो शक्लें हैं। (१) एक तो जब दो शब्द आपस में मिलाकर पढ़े जायँ तब पहले शब्द का आख़िरी अक्षर और दूसरे शब्द का पहला अक्षर आपस में मिलकर एक नई शक्ल इख़्तियार कर लेता है। जैसे मिन्+बअ़्दि=मिम्बअ़्दि, अल्+रहीमि=अर्रहीमि। अगर दोनों शब्दों को मिलाया न जाय और पहले शब्द पर रुका जाय तो दोनों शब्द अपनी असली शक्ल में पढ़े जायँगे। जैसे मिन् और बअ़्द वग़ैरः। (२) दूसरे किसी शब्द पर साँस लेना या रुक जाना या फिर बराबर पढ़ते चले जाना। बराबर पढ़ते जाने पर शब्द जैसा लिखा है वैसा ही पढ़ा जायगा और किसी शब्द पर रुक जाने पर उस शब्द के आख़िरी अक्षर को लिखा जैसा न पढ़कर कुछ फ़र्क़ के साथ भी पढ़ा जा सकता है। जैसे रहीमि, ग़िशावतुन् और ग़र्क़न् को बराबर इबारत में पढ़ते चले जाने पर तो वैसा ही पढ़ा जायगा जैसा तहरीर(लेख)में है। लेकिन अगर आगे इबारत पढ़ने चले जाने के बजाय इन्हीं शब्दों पर वक़्फ़ (विराम) किया जाय या साँस रोकी जाय तो क्रमशः इनको रहीम्

शिशावः और ग़र्क़ा पढ़ा जायगा। इन दो तरह की सन्धि-विग्रह की विधि को क़ारी (क़ुर्आन पाठ के आचार्य) उलेमा से सीखना चाहिए। सर्वसाधारण के लिए मोटे तौर पर कुछ नियम नीचे दिये जाते हैं। रमूज़-औक़ाफ़ यानी विरामाविराम चिह्न जो इस अध्याय में पृष्ठ २०-२२ पर दिये गये हैं उनके आने पर ठहराव लिया जाय या बिना चिह्न हुये यों भी कहीं ठहराव लिया जाय, तो दोनों सूरतों में ये नियम लागू होंगे:—

(१) जिस शब्द पर विराम (ठहराव) लिया जाय उसके आख़िरी अक्षर में ज़बर, ज़ेर, पेश यानी अकार, इकार, उकार की गति (हरकत) या मात्रा है तो वक़्फ़ (ठहराव) करने पर वह मात्रा गिर जायगी और वह आख़िरी अक्षर हलन्त पढ़ा जायगा। जैसे अीयाक, अक्रमनि, नस्तअीनु को क्रमशः अीयाक्, अक्रमन् और नस्तअीन् पढ़ा जायगा। लेकिन अगर अन्तिम अक्षर अ, अि, अु हैं तो वह हलन्त न पढ़े जाकर पिछले अक्षर के स्वर में मिल जायँगे। जैसे सुफ़्हाअु का 'अु' (अ) स्वर होकर पिछले अक्षर 'हा' में जज़्ब (विलीन) हो जायगा और कुछ बढ़ा कर पढ़ा जायगा—जैसे सुफ़्हाऽ।

(२) जिस शब्द पर ठहराव किया जाय उसका आख़िरी अक्षर अगर 'न्' (न हलन्त) है और उससे पहले के अक्षर में अकार (ज़बर) है तो 'न्' अकार में बदलकर पिछले अक्षर में मिल जायगा। जैसे ग़र्क़न् का ग़र्क़ा, फ़ौरन् का फ़ौरा।

(३) इसी तरह अगर 'न्' के पहले के अक्षर में इकार (ज़ेर) या उकार (पेश) है तो 'न्' ग़ायब (लुप्त) हो जायगा और उससे पहले का इकार व उकार वाला अक्षर हलन्त पढ़ा जायगा। जैसे क्रमशः मिन्ख़अुफ़्िन् का मिन्ख़अुफ़्, और लशहीदुन् का लशहीद्।

(४) ठहराव से पहले शब्द का अन्तिम अक्षर अगर गोल ते (त) है तो विराम लेते समय त को ह् या विसर्ग (:) पढ़ा जायगा और विराम न लेने व पढ़ते चले जाने पर त ('त' के समान)पाठ होगा। जैसे शफ़ाअत पर विराम होने पर शफ़ाअः पढ़ा जायगा। अगर किसी शब्द में गोल ते यानी त हो और उसके बाद का अक्षर किसी नियम के अधीन ख़ामोश (मौन) हो जाय तो फिर त अन्तिम अक्षर रह जाने के फलस्वरूप विराम लेते समय ह् में बदल जायगा। जैसे 'शिशावतुन्' में नियम (३) के अनुसार न् ग़ायब हो जायगा और तब आख़िरी बचे अक्षर त को विराम लेते समय ह् में बदल कर 'शिशावह्' पढ़ा जायगा।

(५) यरमलून (य, र, म, ल, व और न) यह एक अरबी व्याकरण का सूत्र है। जब किसी शब्द का अन्तिम अक्षर 'न्' है और उसके अगले शब्द का पहला अक्षर इन यरमलून के छः अक्षरों में से कोई एक है तो दोनों शब्दों को मिलाकर पढ़ते समय न् उस अगले अक्षर की ही शक्ल इख़्तियार कर लेगा। यरमलून के छः अक्षरों के उदाहरण (नज़ीर) क्रमशः इस प्रकार हैं:—जैसे अिन्+यकुन्=अिय्यकुन्, यकुन्+रब्बुक=यकुर्रब्बुक, अहदन्+मिन्=अहदम्मिन्, लाकिन्+ला=लाकिल्ला, शिशावतुन्+व=शिशावतुंव्व, मिन्+ना=मिन्ना।

जब शब्द का अन्तिम अक्षर (न्) हो और उसके आगे के शब्द का पहला अक्षर 'य' और 'व' हो तो कुछ और बातें ध्यान में रखना चाहिए। एक तो यह कि न् जब र, म, ल और न में मिलता है तो वह अपनी तन्वीन (अनुस्वार) की ध्वनि को बिलकुल त्यागकर अगले अक्षर का रूप ले लेता है। लेकिन जब 'न्' के आगे 'य' और 'व' आते हैं तो सन्धि करने पर न् क्रमशः य और व् में बदल जाता है सही, पर अनुस्वार की झलक क़ायम रहती है। जैसे शिशावतुंव्व न होकर शिशावतुंव्व और अिय्यकुन् न होकर अिय्यकुन् होता है।

दूसरी बात 'न्' को उसके बाद वाले य और व से मिलाते समय यह भी देखना पड़ता है कि 'न्' के पहले के अक्षर में अ, अि और अु कौन सी मात्रा है। उसी के अनुसार मात्रा का य् और व् से संयोग होगा। न् के य् में बदलते समय न् से पहले वाले अक्षर के अकार, इकार, उकार होने पर क्रमशः ै, ी और ुय्य हो जायगा। जैसे अन्+यकुन्=अंय्यकुन्=अैयकुन्; अिन्+यकुन्=अिय्यकुन्=अीयकुन्; अुन+यकुन्=अुंय्यकुन्। इसी प्रकार न् के व् में बदलते समय न् से पहले वाले अक्षर के अकार, इकार, उकार होने पर क्रमशः ै, अिंव्व और अूँव हो जायगा। जैसे अन्+व=अंव्व=अैंव, अिन्+व=अिंव्व, अुन्+व=अुंव्व=अूँव। पाठकों को याद दिला देना मुनासिब होगा कि स्वर प्रकरण में यह समझाया जा चुका है कि (आधी य) और (आधी व) पिछले अक्षर के स्वर से मिलते समय स्वयं भी क्रमशः इकार (ि) और उकार (ु) में बदल जाते हैं और व्यंजन नहीं रहते। हासिल यह कि इससे पहले पैरा में 'शिशावतुंव्व' और 'अिय्यकुन्' जो समझाने के लिए लिखा गया है उनका

अब इस पैरा के अनुसार 'शिशावतूँव' और 'आंयकुन्' सही शक्ल में लिखा जा सकता है। हिन्दी रस्मुलख़त के अनुसार इनमें क्रमशः (व) और (य) की तशदीद मौजूद है।

(६) हुरूफ़े शम्सी (सौराक्षर)—शुरू में हुरूफ़े शम्सी (सौराक्षर) और हुरूफ़ क़मरी (चान्द्राक्षर) का ज़िक्र हो चुका है। अरबी वर्णमाला के अनुसार देवनागरी लिपि में चौदह सौराक्षर ये हैं:—त, स, द, ज, र, ज़, स, श, स, ज़, त, ज़, ल और न। बाक़ी चौदह अक्षर क़मरी (चान्द्राक्षर) होते हैं। दूसरी बात यह कि 'अल्' शब्द अरबी में डिफ़िनिट आर्टिकिल 'दी' (*The*) के लिए आता है। जातिवाचक संज्ञा (*Common Noun*) के पहले 'अल्' लग जाने पर वह व्यक्तिवाचक संज्ञा (*Proper Noun*) हो जाती है। अब 'अल्' से मिलने वाले अगले शब्द का पहला अक्षर अगर इन चौदह सौराक्षरों में से कोई होता है तो उससे मिलने पर 'अल्' का 'ल' भी उसी सौराक्षर यानी शम्सी हरफ़ में बदल जाता है यानी 'ल्' की आवाज़ लोप होकर अगले हरफ़ को मुशद्दद (डबल) अर्थात् दोहरा कर देगी। जैसे अल्+शम्स=अश्शम्स, अल्+रहीमि=अर्रहीमि, अल्+निसा=अन्निसा, मिनल्+ज़ालिमीन=मिनज़्ज़ालिमीन, अल्+दारि=अद्दारि, अल्+स्रादिक़ीन=अस्सादिक़ीन, वल्+ज़ैतून=वज़्ज़ैतून आदि। इसके बरअक्स (विपरीत) अगर 'अल्' के आगे वाले शब्द का पहला अक्षर हुरूफ़ क़मरी में से है तो लिखे जैसा ही पढ़ा जायगा—कोई सन्धि नहीं होगी। जैसे अल्+क़मर=अल्क़मर।

(७) एक शब्द के अन्त में 'न्' है और उससे अगले शब्द का पहला अक्षर 'ब' या 'म' है तो 'न्' को 'म्' में बदल दिया जायगा। जैसे मिन्+बअ़दि=मिम्बअ़दि, मिन्+मा=मिम्मा।

(८) अक्सर ऐसा भी होता है कि जब किसी शब्द का अन्तिम अक्षर 'ब्' है और उसके आगे के शब्द का पहला अक्षर 'म' है तो 'ब्' भी 'म्' में बदल जायगा। देखिये पृष्ठ ३८० आयत ४२ में याबुनैयर्क़ब्+मअ़ना=यावुनैयर्क़म्मअ़ना।

(९) नूनक़ुतनी 'नि'—नूनक़ुतनी 'नि' का नियम समझने के पहले यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि अरबी में साकिन यानी आधा अक्षर जैसे ब, म् आदि कभी उच्चारण नहीं किया जा सकता जब तक कि उससे पहले कोई सस्वर (मुतहर्रिक) अक्षर न हो और वह उस अपने आगे वाले आधे अक्षर को सहारा न दे। संस्कृत या हिन्दी के बरअक्स अरबी में आधा अक्षर अपने आगे आने वाले अक्षर से मिलकर क्र, फ़्र, द्र की तरह संयुक्त अक्षर नहीं बन सकता। ऐसी सूरत में यह स्वाभाविक है कि अरबी में दो हलन्त (साकिन) अक्षर एक साथ नहीं बोले जा सकते। तब अरबी शब्द का अन्तिम अक्षर अगर 'न्' है और उससे अगले शब्द के शुरू में भी हलन्त अक्षर है तो मिलाकर पढ़ने में 'न्' को 'नि' पढ़ा जायगा। जैसे फ़ख़ूरन्+अल्लजीन इसमें न्+ल् दोनों हलन्त या आधे अक्षर अरबी में एक साथ नहीं बोले जा सकते। ध्यान रहे कि हमज़ए वस्ल 'अ्' दोनों शब्दों को मिलाकर पढ़ते समय ख़ामोश है लिहाज़ा उसका हलन्त में यहाँ शुमार नहीं है। इस लिए दोनों शब्दों को मिलाकर पढ़ने के लिए न् का नि हो जायगा और पढ़ा जायगा 'फ़ख़ूरनिल्लजीन'। लेकिन अगर पहले शब्द पर ठहरना है तब फ़ख़ूरन्=फ़ख़ूरा पढ़ेंगे (देखिये नियम २); और दूसरे शब्द का हमज़ए वस्ल 'अ्' ज़िन्दः होकर हमज़ः 'अ' की तरह पढ़ा जायगा यानी 'अल्लजीन'। याद रहे कि अगर दसरे शब्द का तीसरा अक्षर ज़बर (अकार) होगा जैसे ऊपर की मिसाल में 'अ्ल्लजीन' में तीसरे अक्षर 'ल' में ज़बर (यानी अकार) है तो हमज़ः ख़ामोश में भी अकार की हरकत पैदा हो जायगी और अल्लजीन पढ़ा जायगा। उसी प्रकार अगर तीसरे अक्षर में इकार (ज़ेर) या उकार (पेश) है तो हमज़ः ख़ामोश में भी क्रमशः इकार और उकार की हरकत पैदा हो जायगी। जैसे क्रमशः

नि'

नुफ़ूरन्+अ्स्तिक्बारन्—अ्स्तिक्बारन् में तीसरा हरफ़ 'ति' इकार होने के कारन अिस्तिक्बारन् पढ़ा जायगा और दोनों शब्द शामिल में नुफ़ूरनिस्तिक्बारन् पढ़े जायँगे। और इसी तरह मुबीनिन्+अ्ज़्तुलू—अ्ज़्तुलू में तीसरा हरफ़ 'तु' उकार होने के कारन अुज़्तुलू पढ़ा जायगा और दोनों शब्द शामिल में 'मुबीनिनिज़्तुलू' पढ़े जायँगे। ऐसे मौक़ों पर अरबी क़ुर्आन में 'न्' के ऊपर छोटा सा 'नि' संकेत के लिए लिख दिया जाता है ताकि पाठ करने वाले दोनों शब्दों के बीच में ठहरने या मिला कर पढ़ने में हस्बहिदायत (निर्दिष्ट) नियमों के अधीन पाठ करें। देवनागरी लिप्यन्तरण में पाठ की सुविधा के लिए हमने आम तौर पर ऐसे मौक़ों पर दोनों शब्दों को मिलाकर ही लिखा है और वह सहज ही सही पढ़ा जा सकता है। लेकिन जहाँ कहीं ऐसे मौक़ों पर दोनों शब्दों के बीच में कोई विराम

चिह्न मौजूद है तो वहाँ हमने भी 'न्' के आगे ऊपर को छोटा सा (नि') 'एपास्टफ़ी कामा' के साथ दे दिया है। पाठ करनेवाला अगर पहले शब्द पर ठहरता है तब इस (नि') से कोई प्रयोजन नहीं और अगर अगले शब्द से मिलाकर पढ़ता है तब ऊपर दिये नियमों के अनुसार 'न्' के बजाय (नि') पाठ करना चाहिए।

अरबी क़ुर्आन में कहीं कहीं पहले शब्द के अन्त का 'न्' नहीं लिखा गया है और ऊपर छोटा 'नि' दे दिया है। उस दशा में भी पहले शब्द के अन्त में 'न्' को समझना चाहिए और ऊपर दिये क़ायदों के बमूजिब पढ़ना

नि'

चाहिए। जैसे देखिये पृष्ठ ५६० आयत ३६ में लक़दीरु (३६) अ्ल्लजीन। इसमें आयत पर वक़्फ़ (विराम) करने पर लक़दीरुन् समझना चाहिए जो सन्धि के नियम (३) के अनुसार 'लक़दीर्' पढ़ा जायगा। शामिल दोनों शब्द पढ़ने पर 'लक़दीरुनिल्लजीन' पढ़ा जायगा।

(१०) मित्रवर्गीय अक्षरों की सन्धि (इद्ग़ाम)—हम-मख़रज या क़रीबुल्-मख़रज (मित्रवर्गीय) अक्षरों में से जब किसी साकिन (हलन्त) के आगे उसी वर्ग का दूसरा मुतहर्रिक (सस्वर) अक्षर आता है तो वह हलन्त या आधा अक्षर अपनी आवाज़ को छोड़ कर आगे वाले मित्रवर्गीय अक्षर की आवाज़ में बदल जाता है और वह मुशद्दद यानी डबल ध्वनि पैदा करता है। जैसेः—अरद्+तुमुसतिब्दाल=अरत्तुमुसतिब्दाल, अिज्+जलमू= अिज्जलमू, लहम्मत्+ता'अिफ़तुन्=लहम्मत्ता'अिफ़तुन्, फ़र्रत्+तु=फ़र्रत्तु। ऊपर दिये उदाहरणों में दाल (द्) का ते (त), जाल (ज) का जो (ज), ते (त्) का तो (त) और तो (त्) का ते (त) हो गया है। इसी तौर पर और भी मित्रवर्गीय अक्षर हैं जिनका क़ारी विद्वान अथवा क़िरअत की पुस्तक से ज्ञान हासिल करें।

विशेष—संधि नियम (५) से (१०) तक में एक शब्द के अंतिम और दूसरे शब्द के प्रथम अक्षर के मिलाप से तीसरी शकल बनती है। हिन्दी क़ुर्आन शरीफ़ में हमने ऐसे मौक़ों पर उन्हें मिला कर ही लिखा है ताकि पाठक को असुविधा न हो। लेकिन जहाँ कहीं ऐसे दो शब्दों के बीच में कोई रमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न) है और वहाँ दोनों शब्दों को मिला कर लिखा ही नहीं जा सकता तो वहाँ नीचे लिखे अनुसार लेख में संकेत कर दिया गया है:—

अज़ीमुन् + य'यौम; शिशावतुन् + ब'व; मरीदन् + ल'लअ़ज़नहु आदि। इनमें अगले शब्द में मुशद्दद (डबल) अक्षरों के बीच एपास्टफ़ी (ऊपर का) कामा दिया है। मिलाकर पढ़ने पर (न्) अगले (य), (ब) और (ल) में बदल कर अगले शब्द से मिल कर क्रमशः अज़ीमुंय्यौम, शिशावतुंब्व और मदीदल्लअ़ज़नहु हो जायगा। न मिलने पर अगले शब्द के इन आधे सांकेतिक अक्षरों का कोई प्रयोग नहीं होगा। क्रमशः यौम, व, लअ़ज़नहु पढ़े जायँगे। इसी प्रकार देखिये पृष्ठ १८४ आयत (१५७)—यक़ीनन् के (न्) के ऊपर (म्') लिखा है। इसका मतलब यह है कि अगर यहीं ठहरना है तो यक़ीनन् को नियम (२) के अनुसार यक़ीना और अगला शब्द "बर्फ़अ़हुल्" पढ़िये। और अगर सन्धि कर के पढ़ना है तो नियम (७) के अनुसार (न्) को ऊपर दिये (म्) में बदल कर "यक़ीनम्बर्फ़अ़हुल्" पढ़िये। यह लिपि के संकेतमात्र हैं, जैसे अरबी लिपि में भी अनेक लिपि के संकेत दिये जाते हैं।

रमूज़ औक़ाफ़—विरामाविराम चिह्न

रमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न)—बोलने या लिखने में अपने विचारों को सही बयान करने की ग़रज़ से विराम (*Punctuation*) का हर भाषा में चलन है। कहीं अधिक ठहरना, कहीं कम और कहीं बिलकुल न ठहरना, हमारे मतलब को समझने-समझाने में बड़ी मदद करता है। लिखने में इसके लिए कुछ निशान—कामा, सेमीकोलन जैसे क़ायम कर लिए जाते हैं। चुनांचे अरबी-लेख में भी कुछ चिह्न माने गये हैं जिन्हें 'रमूज़ औक़ाफ़' कहते हैं। ध्यान रखने की बात है कि आम तौर पर सभी ज़बानों में ठहराव के निशान होते हैं, लेकिन क़ुर्आन में ठहरने और न ठहरने (विराम-अविराम) दोनों तरह के निशान होते हैं जिनका ब्यौरा नीचे दे रहे हैं। क़ुर्आन-पाठ में इनका लिहाज़ रखना बहुत ज़रूरी है ताकि किताब की मंशा में फ़र्क़ न आने पाये। ला, म, लू वग़ैरः ठहराव के निशान मूल आयतों के अक्षरों के मुक़ाबिले छोटे हैं। उनको निशान समझें और आयतों में शामिल पढ़ लेने की भूल से सावधान रहें:—

( ) यह एक आयत के पूरी होने का निशान है। इस पर ठहरना चाहिए। मौजूदा हिन्दी संस्करण में इन आयत के निशानों के बीच पाठकों की सुविधा के लिए आयत की संख्या भी दे दी गई है जैसे आयत (१)।

म् मीम्—वक़्फ़ लाज़िम—यहाँ ज़रूर ठहरना चाहिये। न ठहरने पर मतलब उलट जाने का भय है। उदाहरण के तौर पर कोई कहे—आओ, जाओ मत। इस कहने में आने की दावत है और जाने की मनाही। लेकिन अगर 'आओ' पर विराम न किया जाय तो मतलब होगा कि आने-जाने दोनों की मनाही है।

त् तो—वक़्फ़ मुत्लक़—इस निशान पर ठहरना चाहिए। फिर भी यह ठहराव वहाँ होता है जहाँ ठहरने के बावजूद अभी कहनेवाला कुछ और बात कहना चाहता है।

ज् जीम—वक़्फ़ जायज़—यहाँ ठहरना ज़्यादः मुनासिब है, लेकिन न ठहरने को भी जायज़ (अनुमत) माना गया है।

ज़् जे—वक़्फ़ मुजव्वज़—यहाँ न ठहरना ज़्यादः अच्छा है। वैसे ठहरना भी वर्जित नहीं है।

स् सादः—यहाँ न ठहरना यानी मिलाकर पढ़ना चाहिये। लेकिन अगर कोई थककर रुक जाय तो इसकी छूट है। ध्यान रहे कि ज़् की अपेक्षा स् पर मिलाकर पढ़ने पर ज़्यादः ज़ोर है।

सला यहाँ मिलाकर पढ़ना बेहतर है।

क़ क़ाफ़—यहाँ नहीं ठहरना चाहिये।

सिल् यहाँ कभी ठहरा भी जाता है, कभी नहीं। लेकिन ठहरना ज़्यादः मुनासिब है।

क़िफ़् यानी ठहर जाओ। यह ठहराव का निशान वहाँ सचेत करने के लिए होता है जहाँ पढ़नेवाले को मिलाकर पढ़ते चले जाने का अँदेशा हो।

स् सक्तः—यहाँ साधारन सा ठहरना है लेकिन उस बीच साँस न टूटने पाये।

वक़्फ़ यहाँ सक्तः के मुक़ाबिले ज़्यादः ठहरना चाहिये, लेकिन साँस न टूटने पाये इसका यहाँ भी ध्यान रखना है।

ला 'ला' के माने हैं 'नहीं'। यह जब किन्हीं दो शब्दों के बीच में हो तो वहाँ हरगिज़ न ठहरना चाहिये।

ला 'ला' जब आयत के निशान से सटा हुआ और शब्दों में ऊँचाई पर छपा हो तब वहाँ रायों में मतभेद है; एक राय है 'ठहर जाना' दूसरी है 'न ठहरना'। लेकिन ठहरा जाय या न ठहरा जाय इससे मतलब में फ़र्क़ नहीं आता।

क़् जहाँ यह निशान हो वहाँ समझना चाहिए कि इससे पहले जो निशान आ चुका हो उसी के अनुसार यहाँ भी विराम या अविराम करना मुनासिब है।

ه यह कूफ़ी आयत का निशान है और इसका आशय भी वही है जो ( ) आयत का है।

नोट—पाठकों को ध्यान रखना चाहिये कि जहाँ कहीं कई निशान एक साथ हों वहाँ उनमें से किसी भी निशान पर अमल किया जा सकता है लेकिन बाद वाले निशान का हुक्म मानना ज़्यादः मुनासिब है।

∴ यह 'मुआनिक़ः' का निशान है। हमेशा यह दोहरा यानी दो जगह नज़र आयेगा। इसका मतलब यह है कि इनके बीच में लिखे शब्दों को चाहे इनसे पहले की इबारत के साथ जोड़कर पढ़ें और चाहे इनसे बाद वाली इबारत के साथ। दोनों मतलब जायज़ (मान्य) हैं। हासिल यह हुआ कि दोनों निशानों में से एक जगह ठहरे तो दूसरी जगह मिलाकर पढ़े। न दोनों जगह ठहरा जा सकता है और न दोनों जगह मिलाया जा सकता है। यह मुआनिक़ः दो तरह का होता है (१) अिन्दल् मुतअख़्ख़रीन और (२) अिन्दल् मुतक़द्दमीन।

ـٰ मद—इसको संस्कृत में 'प्लुत' कहते हैं। जिस अक्षर पर यह चिह्न लगा हो उस अक्षर को दीर्घ मात्राओं से अधिक खींचकर यानी स्वरविस्तार से पढ़ा जायगा। स्वर-विस्तार तीन हदों तक होता है। शुद्ध पाठ के इच्छुकों को क़ारी विद्वानों से सहायता लेना चाहिये।

- हैफ़िन—हैफ़िन का चिह्न जिन दो शब्दों या शब्द खण्डों के बीच में दिया हो उन दोनों को एक में मिला कर ही पढ़ना चाहिए। अलग-अलग पढ़ना अशुद्ध होगा।

★ यह रुकूअ (विराम) का चिह्न है। मुआनिक़ः, रुबूअ, निस्फ़, सुल्स, वक़्फ़ नबी स०, व० लाज़िम, व० ग़ुफ़रान, व० मंज़िल और सजदः के निशान भी इबारत के बीच, और पाठक को पहले से सूचना देने के

लिए हाशिये पर भी दिये गये हैं। उसी तरह रुकूअ का निशान ✱ भी इबारत के बीच में देने के अलावा हाशिये पर भी दिया गया है। उदाहरण में क़ुर्आन के पृष्ठ ५५६ का हाशिया देखिये। २५ वीं आयत पर समाप्त होने वाली रुकूअ सूरः हज्ज की तीसरी रुकूअ है और चल रहे पारः १७ की वही रुकूअ शुमार से १० वीं है। और पिछली रुकूअ से इस रुकूअ तक ३ आयतें हैं। यों ही सूरः और पारः दोनों क्रम से रुकूअ का शुमार नम्बर हाशिये पर दर्ज है।

● हर पारः को पढ़ने की सुविधा के लिए चार बराबर हिस्सों में बाँट दिया गया है। रुब्अ (चौथाई), निस्फ़ (आधा) और सुल्स (तीन चौथाई) पर यह निशान दिया गया है। इसी प्रकार पाठ की सुविधा के लिए समग्र ग्रंथ को सात मंज़िलों में बाँटा गया है जो हर पृष्ठ पर अंकित हैं।

‡‡ निस्फ़ुल्क़ुर्आन (आधा ग्रंथ) का चिह्न है। देखिये पृष्ठ ४६२ सूरः कहफ़ि आयत (१६)।

● वक़्फ़ लाज़िम, वक़्फ़ नबी स०, वक़्फ़ गुफ़रान, वक़्फ़ मंज़िल—इन विराम के मौक़ों पर यह निशान दिया गया है।

▲ सज्दः का निशान है। क़ुर्आन मजीद में चौदह मुक़ाम ऐसे हैं जहाँ सज्दः करने की हिदायत है। पढ़ने और सुनने वाले दोनों पर सज्दः करना लाज़िमी है। इसके अलावा रुकूअ और सज्दः के लिए देखिये फ़ुटनोट ♦, छ पृष्ठ ५१। दो सज्दों में मतभेद है। सूरत २२ आयत ७७ पृष्ठ ५६८ पर शाफ़ई के नज़दीक सज्दः है लेकिन अबू हनीफ़ा के नज़दीक नहीं है। और सूरत ३८ आयत २४ पृष्ठ ७५० पर अबू हनीफ़ा के नज़दीक सज्दः है लेकिन शाफ़ई के नज़दीक नहीं है। बहरहाल दोनों आलिमों के नज़दीक सज्दों की तादाद कुल चौदह ही है।

अक्षरों के उच्चारण संस्थान:—

अ, ह—हलक़ (कण्ठ) का अगला भाग।
ख़, ग़—हलक़ का अन्तिम भाग।
क़—ज़बान जड़ और तालू की मदद से 'क' के स्थान से कुछ कण्ठ की ओर हट कर।
ज़—ज़बान की बाईं करवट और ऊपर की बाईं दाढ़ों की जड़ की रगड़ से।
र—ज़बान का सिरा और ऊपर वाले सामने के दाँतों के नीचे से 'न' के स्थान से कुछ आगे।
ज,ज,स—ज़बान की नोक और अगले दाँतों के किनारे से मिलकर।
स,स,ज़—ज़बान की नोक और अगले दाँतों के बीच से निकलते हैं।
अ, ह—हलक़ का मध्य भाग।
क—ज़बान की जड़ और तालू की मदद से।
ज,श, य—ज़बान के बीच के हिस्से और तालू के बीच के हिस्से के संयोग से।
ल—ज़बान की नोक और तालू के संयोग से।
न—ज़बान का सिरा और ऊपर के दाँतों के नीचे से मिलकर।
त,द,त—ज़बान की नोक और ऊपर के दाँतों की जड़ से मिलकर।
फ़—नीचे के होठ के अन्दर ऊपर के दाँतों के सिरे जब छूते हैं।
ब, म,व—दोनों होठों के स्पर्श से।

याद-दहानी

(१) पारः १० में शुरू होनेवाली नवीं सूरः सूरतुत्तौबः ही एक ऐसी सूरः है जो 'बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि' से शुरू नहीं है। देखिये फ़ुटनोट ❀ पृष्ठ ३१६। इसके लिए हिदायत है कि अगर पिछली सूरः से बराबर पढ़ना जारी है तो यहाँ 'बिस्मिल्लाह' न पढ़ा जाय। और अगर इसी सूरः से पाठ शुरू किया जाय या सूरः का कुछ अंश पढ़कर किसी कारन से रुक जाय तो 'बिस्मिल्लाह' से पाठ शुरू किया जाय।

(२) क़ुर्आन शरीफ़ मूल (अतन) में जहाँ पर अलिफ़ सहित 'अना' लिखा हुआ है, जो ज़मीर (सर्वनाम) है, वहाँ नून (न) के साथ का आख़िरी अलिफ़ (ा) छोड़कर 'अन' पढ़ना चाहिये। लेकिन सूरत २५ आयत ४६ पृष्ठ ६०४ पर 'अनासीय' में जो 'अना' है उसको 'अना' यानी अलिफ़ के साथ पढ़ना चाहिये, क्योंकि यह 'अना' ज़मीर (सर्वनाम) नहीं है।

(३) याद रहे अरबी जुबान में 'याये' मफ्ओल नहीं होती। मगर क़ुर्आन शरीफ़ में सिर्फ़ एक जगह पारः १२ सूरः हूद रुकूअ ४, आयत ४१ में एक लफ्ज़ "मज्रीहा" लिखा है उसका उच्चारण मज्रीहा नहीं है "मज्रेहा" है। देखिये पृष्ठ ३७८।

(४) नीचे लिखी दोनों लफ्ज़ों में जो 'स' है इसमें (हफ्स) साद (स) के नज़दीक सीन (स) पढ़ना चाहियेः— युब्सुतु—पारः २ सूरः बक़र आयत २४५ पृ. ८२ में। बस्ततन्—पारः ८ सूरः अ'राफ़ि आयत ६९ पृ. २७२ में।

(५) नीचे लिखी दोनों लफ्ज़ों में जो 'स' है इनमें सीन (स) और साद (स) दोनों पढ़ने का इख्तियार हैः— हुसुल् मुसैत्तिरून—पारः २७ सूरः तूरि आयत ३७ पृ. ८६६ में। बिमुसैतिरिन्—पारः ३० सूरः ग़ाशियः आयत २२ पृ. ९८६ में।

(६) क़ुत्बुजद्—क़, त, ब, ज और द के हलन्त अक्षर आने पर भी इनमें मामूली सा क़लक़लः (सस्वर जैसी हरकत) पढ़ना चाहिए। जैसे 'अिब्राहीम'। इसमें ब् को थोड़ा सा हिला कर उच्चारण करना चाहिए।

(७) अनुवाद में जो शब्द कोष्ठबद्ध ( ) हैं, वह मूल अरबी के शब्दों के हिन्दी अनुवाद में आशय को खुलासा करने के लिए दीपक हैं।

तिलावत क़ुर्आन मजीद के वक़्त रमूज़ (रहस्य), अलामत (चिह्न) और हरकत (गति) व स्थिरता पर पूर्ण सावधानी से अमल करना चाहिए। क़ुर्आन मजीद में बीस मुक़ामात ऐसे हैं कि सही लिखा होने पर भी पढ़ने की ज़रासी असावधानी से बिना जाने समझे आज्ञाओं के विरुद्ध आचरण ग्रहण हो जाता है और जान बूझकर पढ़ने से महान दोष बल्कि कुफ्र तक नौबत पहुंच जाती है। मगर लाअिल्मी (अनभिज्ञता) में माफ़ है, क्योंकि लाअिल्मी में और तालीम की अवस्था में अल्लाह की तरफ़ से माफ़ी है। नीचे वह तमाम मुक़ाम दर्ज किये जाते हैं; पाठक ध्यान रखें:—

सं०	सूरः (सूरत)	आयत	सफ़ः	सही	ग़लत
१	सूरतुल-फ़ातिहः (१)	४	२५	अीयाक नअ्बुदु	अियाक नअ्बुदु (बिलातश्दीद)
२	,, ,, (१)	६	२५	अन् अम्त अलैहिम्	अन् अम्तु अलैहिम्
३	सूरःबक़रः (२) रुकूअ१५	१२४	५०	अिब्राहीम रब्बहू	अिब्राहीमु रब्बहू
४	,, ,, ,, ३३	२५१	८४	कतल दावूदु जालूत	कतल दावूद जालूतु
५	,, ,, आयतल्कुर्सी ,, ३४	२५५	८६	अल्लाहु ला'अिलाह	आल्लाहु लाअिलाह (बिलमद)
६	,, ,, ,, ३६	२६१	९०	वल्लाहु युज़ाअिफ़ु	वल्लाहु युज़ाअ़फ़ु
७	,, निसा'अि (४) ,, २३	१६५	१८४	मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन	मुबश्शरीन व मुन्ज़रीन
८	,, तौबः (९) ,, १	३	३१८	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलुहू	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलिही
९	,,बनी'अिस्रा'अील(१७),, २	१५	४७२	व मा कुन्ना मुअ़ज्ज़िबीन	व मा कुन्ना मुअ़ज्ज़बीन
१०	,, ताहा (२०) ,, ७	१२१	५३४	व अ़सा' आदमु रब्बहू	व अ़सा आदम रब्बहू
११	,, अंबिया'अि (२१) ,, ६	८७	५५०	अिन्नी कुन्तु मिनज्ज़ालिमीन	अन्नी कुन्त मिनज्ज़ालिमीन
१२	,, शुअरा'अि (२६) ,, ११	१९५	६२२	लितकून मिनल् मुन्ज़िरीन	लितकून मिनल् मुन्ज़रीन
१३	,, फ़ातिरिन् (३५) ,, ४	२८	७२२	यख़्शल्लाह मिन् अिबादि	यख़्शल्लाहु मिन अिबादि
१४	,, सा'फ़्फ़ाति (३७) ,, २	७२	७४०	फ़ीहिम् मुन्ज़िरीन	फ़ीहिम् मुन्ज़रीन
१५	,, फ़त्हि (४८) ,, ४	२७	८४८	लक़द् सदक़ल्लाहु	लक़द् सदअल्लाहु
१६	,, ह़श्रि (५९) ,, ३	२४	९०६	मुसौविरु	मुसौवरु
१७	,, हा'क़्क़ाति (६९) ,, १	३७	९४२	अिल्लल् ख़ातिअून	अिल्लल् ख़ातअून
१८	,, मुज्ज़म्मिलि (७३) ,, १	१६	९५४	फ़अ़सा फ़िर्औनुर्रसूल	फ़अ़सा फ़िर्औनुर्रसूलु
१९	,, मुर्सलाति (७७) ,, २	४१	९६६	फ़ी ज़िलालिंव्व	फ़ी ज़लालिंव्व
२०	,, नाज़िआति (७९) ,, २	४५	९७२	अिन्नमा' अन्त मुन्ज़िरु	अिन्नमा' अन्त मुन्ज़रु

क़ुर्आन शरीफ़ में वह मुक़ामात जिनमें अलिफ़् ज़ायद होने पर भी ख़ामोश है जिनका पढ़ना ज़रूरी नहीं है।

सं.	पारः	सूरः	रु.	आयत	सफ़ः	अरबी लिपि में	अरबी और हिन्दी में पढ़िये
१	तिल्कर्रुसुलु (३)	(शुरू) आलि इम्रान	१	१	६८	अलिफ़् ला'म् मी'म् ला (१) अल्लाहु	अलिफ़् ला'म् मीम् ला (१) अ्ल्लाहु
२	लन्तना (४)	आलि इम्रान	१५	१४४	१२८	अफ़ा अिम्मात	अफ़ अिम्मात
३	,, ,,	,, ,,	१७	१५८	१३२	ला अिलल्लाहि	ल अिलल्लाहि
४	लायुहिब्बुल्लाहु (६)	मा'अिदः	५	२६	१६८	अन् तबू'आ	अन् तबू'अ
५	अिजा समिअू (७)	अन्आमि	४	३४	२२८	मिन् नबाअिल्मुर्सलीन	मिन्नबअिल्मुर्सलीन
६	क़ालल्मलअु (६)	अ़राफ़ि	१३	१०३	२८०	मलाअिही	मलअिही
७	वज़लमू' (१०)	सूरतुत्तौबः	७	४७	३३०	ला औज़अू	ल औज़अू
८	यऽतजिरून (११)	यूनुस	८	७५	३६६	मलाअिही	मलअिही
६	,, (११)	हूद ,,	६	८३	३६६	मलाअिहिम्	मलअिहिम्
१०	वमा मिन्दाब्बतिन्(१२)	,,	६	६८	३८६	अिन्न समूदा	अिन्न समूद
११	,, ,, (१२)	रऽदि	६	६७	३६०	मलाअिही	मलअिही
१२	वमाअुबर्रिअु (१३)	कऽफ़ि	४	३०	४२२	अुमम्मुल्-लितन्लुवा	अुमम्मुल्-लितन्लुव
१३	सुब्हानल्लजी (१५)	,,	२	१४	४६०	लन्नद् अुवा	लन्नद् अुव
१४	,, (१५)	,,	४	२३	४६२	लिशाअिन्	लिशौअिन्
१५	,, (१५)	,,	५	३८	४६६	लाकिन्ना हुवल्लाहु	लाकिन्न हुवल्लाहु
१६	अिक्तरबलिन्नासि(१७)	अंबिया'अि	३	३४	५४२	अफ़ाअिम्-मित्त	अफ़अिम्-मित्त
१७	क़द् अफ़्लहल्- मुअ्मिनून (१८)	मुअमिनून	३	४६	५७४	मलाअिही	मलअिही
१८	व क़ालल्लजीन (१६)	अल् फ़ुर्क़ानि	४	३८	६०४	समूदा व अस्हाबर्रस्सि	समूद व अस्हाबर्रस्सि
१६	,, ,, (१६)	नम्लि	२	२१	६२८	ला अज्बहन्नहू'	ल अज्बहन्नहू'
२०	अम्मन् ख़लक़स- समावाति (२०)	क़स्सस्सि	४	३२	६४६	मलाअिही	मलअिही
२१	,, ,, ,,	अन्कबूति	४	३८	६६४	आदौंव समूदा	आदौंव समूद
२२	अुत्लुमा' अूहिय(२१)	रूमि	४	३६	६७६	लियबुंवा	लियबुंव
२३	व मालिय (२३)	सा'फ़्फ़ाति	२	६६	७४०	ला अिलल् जहीमि	ल अिलल् जहीमि
२४	अिलैहि युरद्दु (२५)	जुख़्रुफ़ि	५	४६	८१२	मलाअिही	मलअिही
२५	हामी'म् (२६)	मुहम्मदिन्(स०)	१	४	८३८	व ला किल्लियब् लुवा	व ला किल्लियब्लुव
२६	,, (२६)	,,	४	३१	८४२	व नब्लुवा अख्बारकुम्	व नब्लुव अख्बारकुम्
२७	,, (२६)	हुजुरातिं	२	११	८५२	बिअ्सलि-अस्मुल्-फ़ुसूक़ु	बिअ्स-लिस्मुल्-फ़ुसूक़ु
२८	क़ालफ़मा ख़तबुकुम्(२७)	नज्मि	३	५१	८७०	व समूदा फ़मा'	व समूद फ़मा'
२६	क़द् समिअल्लाहु(२८)	हशरि	२	१३	६०४	ला अन्तुम् अशद्दु	ल अन्तुम् अशद्दु
३०	तबारकल्लजी (२६)	दहरि	१	४	६६२	सलासिला	सलासिल
३१	,, (२६)	,,	१	१५	६६२	कानत् क़वारीरा (१५)	कानत् क़वारीर (१५)
३२	,, (२६)	,,	१	१६	६६२	(१५) क़वारीरामिन्	(१५) क़वारीर मिन्

क़ुर्आन शरीफ़

(सानुवाद)

✪ १ सूरतुल् फ़ातिहः ५ ✪

यह सूरत मक्के में उतरी; इसमें अरबी के १२३ अक्षर, २५ शब्द ७ आयतें और १ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल् आलमीन ला (१) अर्रहमानिर्रहीमि ला (२) मालिकि यौमिद्दीनि तु (३) ईयाक नअ़्बुदु व ईयाक नस्तअ़ीनु तु (४) अिह्दिनस्सिरातल्मुस्तक़ीम ला (५) सिरातल्लजीन अन्अ़म्त अलैहिम् ۵ ला (६) ग़ैरिल् - मग़्ज़ूबि अलैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन (७) ★

(शुरू) अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हर तरह की तारीफ़ ख़ुदा ही के लिए है, जो सारे संसार का पालनहार (रब) है।(१) निहायत दयावान बेहद मेहरबान है।(२) जज़ा (अन्तिम न्याय) के दिन का मालिक।(३) (ऐ ख़ुदा !) हम तेरी ही इबादत (उपासना) करते हैं और तुझही से मदद चाहते हैं।(४) हमको सीधी राह चला।(५) उन लोगों की राह जिनको तूने निअ़मत§ से निहाल (पुरस्कृत) किया (६) न कि उनकी (राह) जो तेरे ग़ज़ब (प्रकोप) में पड़े और न भटके हुओं की। (७) ★

★ रु. १ आ ७

★ रु. १ आ ७

* सूरे फ़ातिहः सम्पूर्ण क़ुर्आन का मंगलाचरण है। इस सूरत के उतरने की संख्या ५ होते हुये भी इसको धर्मग्रंथ के शुरू में दिये जाने से इसकी अहमियत (महानता) ज़ाहिर है। महज़ अल्लाह की तारीफ़ और इबादत इस सूरत का सार है। नमाज़ व अनेक मौक़ों पर इसका पाठ ज़रूरी है। यह इस्लाम धर्म की आत्मा (रूह) है और क़ुर्आन के सारे पाठ में सूरे फ़ातिहः का भाव घुलामिला है। § अलभ्य पदार्थ।

✪✪ पहला पारः ✪✪

✪✪ अलिफ़् ला'म् मी'म् ✪✪

✪ २ सूरतुल् बक़रः ८७ ✪

सूरए बक़र (मदनी) इसमें अ़रबी के २०००० अक्षर ६०२१ शब्द

२८६ आयतें और ४० रुकूअ़ हैं ।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलिफ़् ला'म् मी'म् ज् (१) जालिकल्किताबु ला रैब ज् सला.·. फ़ीहि .·.ज् हुदल्लिलमुत्तक़ीन ला (२) अल्लजीन युअ्मिनून बिल्ग़ैबि व युक़ीमूनस्सलात्व व मिम्मा रज़क़ना-हुम् युन्फ़िक़ून ला (३) वल्लजीन युअ्मिनून बिमा' अुन्ज़िल अिलैक व मा' अुन्ज़िल मिन् क़ब्लिक ज् व बिल्-आख़िरति हुम् यूक़िनून त् (४)

✪✪ पहला पारः ✪✪

✪✪ अलिफ़् ला'म् मी'म् ✪✪

✪ २ सूरतुल् बक़रः ८७ ✪

सूरए बक़र (मदनी) इसमें अरबी के २०००० अक्षर ६०२१ शब्द
२८६ आयतें और ४० रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

(शुरू) अल्लाह के नाम से जो निहायत दयावान बेहद मेहरबान है।

अलिफ़् ला'म्-मी'म्§ (१) यह वह पुस्तक है, जिसमें (ख़ुदा का कलाम होने में) कुछ भी सन्देह नहीं। ख़ुदा से डरनेवालों को राह (सुपथ) दिखाती है।(२) (और उनको) जो अनदेखे (अव्यक्त) पर ईमान रखते और नमाज़ क़ायम करते और जो कुछ हमने उनको दे रखा है, उसमें से (राहे ख़ुदा में) ख़र्च करते हैं।(३) और (ऐ मुहम्मद!)जो किताब(क़ुर्आन) तुम पर उतारी गई है और जो तुमसे पहले (इंजील तौरेत वग़ैरः) उतारी गई हैं उनको जो मानते हैं और आख़िरत (अन्तिम न्याय)‡ पर भी विश्वास करते हैं। (४)

---

* आलिमों का मत है कि क़ुर्आन की सबसे लम्बी सूरत सूरे बक़र की २८६ आयतों में क़ुर्आन में जहाँ-तहाँ दी हुई सभी हिदायतें (शिक्षाएँ) मौजूद हैं। १ से २६ आयतों में संसार में तीन तरह के इंसानों और उन पर अल्लाह के संदेश के अलग-अलग प्रभाव का बयान है। आ. ३०-३६ में मनुष्य की पैदाइश उसको अन्त में कहाँ जाना है, उसका पतन (ज़वाल) तथा उसके लिए हमेशा खुली हुई भलाई की राह की चर्चा है। आ. ४०-८६ में इस्राईलियों (यहूदियों) की कथा उनके ही ग्रन्थों तथा परम्पराओं (रवायतों) की बुनियाद पर खुलासा कहती है कि किस तरह उनको बड़ाई मिली और उसका बेजा इस्तेमाल उन्होंने कैसे किया। इंसान के चढ़ाव-गिराव की सहज कथा का बयान है। आ. ८७-१२१ में, किस तरह ईश्वरीय ग्रन्थ (तौरात) के इन माननेवालों ने उस अपने ग्रंथ को ही झुठलाया और नबियों के सिलसिले की आख़िरी कड़ी 'मुहम्मद' को ईश्वर दूत मानने से इन्कार किया, इसका बयान है। आ. १२२-१४१ में यहूदी अपने को हज़रत इब्राहीम का जानशीन (उत्तराधिकारी) कहते हैं, जो बेशक सच्चे पैग़म्बर थे। लेकिन वह अरबों के पुरखे इस्माईल और यहूदियों के इस्राईल इन दोनों के ही बुज़ुर्ग थे। उन्होंने हज़रत इसमाईल (अगले सफ़े पर)

§ अलिफ़् ला'म् मी'म्—इनका क्या अर्थ है? इनका सही इल्म सिर्फ़ ईश्वर ही को है। इस तरह के जितने अक्षर क़ुर्आन में हैं, उनको हूरूफ़ 'मुक़त्तआत' कहा जाता है। अब्दुल्ला यूसुफ़ अली की तफ़सीर के अनुसार ईमानवालों को ये अक्षर रूहानी क़ूवत देते हैं। ‡ क़ियामत (महाप्रलय) वह दिनहोगा, जब ख़िलक़त (सृष्टि) तबाह हो जायगी। जब किसी की बनावटी हुकूमत न रहेगी। सिर्फ़ सच्चा हाकिम ख़ुदा ही न्याय-सिंहासन पर बिराजता होगा और उसी के हुक्म का बोलबाला होगा और लोग अपने कर्म (अमल) का बदला दिये जाने के लिए दुबारा ज़िन्दः किये जायँगे। वही 'आख़िरत' (अन्तिम न्याय) का दिन होगा।

अला अिक अला हुदम्मिर्रब्बिहिम् क् व अला अिक हुमुल्मुफ़्लिहून (५) अिन्नल्लजीन कफ़रू सवा अुन् अलैहिम् अअन्जर्तहुम् अम् लम् तुन्जिर्हुम् ला युअ्मिनून (६) ख़तमल्लाहु अला क़ुलूबिहिम् व अला सम्अिहिम् त् व अला अब्सारिहिम् ग़िशावतुन् ज् व लहुम् अजाबुन् अजीमुन् (७) ★ व मिनन्नासि मैंयक़ूलु आमन्ना बिल्लाहि व बिल्यौमिल्आख़िरि व मा हुम् बिमुअ्मिनीन म् ● (८) युख़ादिअूनल्लाह वल्लजीन आमनू ज् व मा यख़्दअून अिल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अुरून त् (९) फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ुन् ला फ़ज़ादहुमुल्लाहु मरज़न् ज् व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् ۵ ला बिमा कानू यक्ज़िबून (१०) व अिजा क़ील लहुम् ला तुफ़्सिदू फ़िल्अर्ज़ि ला क़ालू अिन्नमा नह्नु मुस्लिहून (११) अला अिन्नहुम् हुमुल् मुफ़्सिदून व लाकिल्ला यश्अुरून (१२) व अिजा क़ील लहुम् आमिनू कमा आमनन्नासु क़ालू अनुअ्मिनु कमा आमनस्सुफ़हाअु त् अला अिन्नहुम् हुमुस्सुफ़हाअु व लाकिल्ला यअ्लमून (१३) व अिजा लक़ुल्लजीन आमनू क़ालू आमन्ना ज् सला व अिजा ख़लौ अिला शयातीनिहिम् ला क़ालू अिन्ना मअ्कुम् ला अिन्नमा नह्नु मुस्तह्ज़िअून (१४) अल्लाहु यस्तह्ज़िअु बिहिम् व यमुद्दुहुम् फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ्महून (१५) अुलाअिकल्लजीनश्तरवुज़्ज़लालत्ब बिल्हुदा त् फ़मा रबिहत् तिजारतुहुम् व मा कानू मुह्तदीन (१६) मसलुहुम् कमसलिल्लजिस्तौक़द नारन् ज् फ़लम्मा अज़ाअत् मा हौलहु जहबल्लाहु बिनूरिहिम् व तरकहुम् फ़ी जुलुमातिल्ला युब्सिरून (१७) सुम्मुम् बुक्मुन् अुम्युन् फ़हुम् ला यर्जिअून ला (१८) औ कसैयिबिम् मिनस्समाअि फ़ीहि जुलुमातूँव रअ्दूँव बर्क़ुन् ज् यज्अलून असाबिअ हुम् फ़ी आजानिहिम् मिनस्सवाअ्क़ि हूजरल्मौति त् वल्लाहु मुहीतुम्बिल्काफ़िरीन (१९)

यही लोग अपने परवरदिगार की ओर से (निश्चित) सही राह पर हैं और यही सफल हैं।§ (५) बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र (इन्कार) अपनाया है, तुम उनको डराओ या न डराओ उनके लिए बराबर है। वह ईमान न लायेंगे।(६) उनके दिलों पर और उनके कानों पर अल्लाह ने मुहर लगा दी है और उनकी आँखों पर पर्दा है और उनके लिए बड़ी (ही) सज़ा है।(७)★

लोगों में कुछ ऐसे (भी) हैं, जो कह देते हैं कि हम अल्लाह पर और आख़िरत के दिन पर ईमान लाये, हालाँकि वह ईमानवाले नहीं हैं●।(८) (वे अपनी समझ में) अल्लाह को और ईमानवालों को धोखा देना चाहते हैं, मगर नहीं जानते कि वह अपने आपको धोखा देते हैं।(९) उनके दिलों में रोग है, सो अल्लाह ने उनका मरज़ और भी बढ़ा दिया और उनके झूठ बोलने के कारण उनको दुखदाई अज़ाब (दण्ड) होगा।‡(१०) और जब उनसे कहा जाता है कि फ़साद मत फैलाओ, तो कहते हैं कि अरे! हम तो सुधार करनेवाले हैं। (११) और जान लो कि वस्तुतः यही लोग फ़सादी हैं; परन्तु यह बात भी समझते नहीं हैं।(१२) और जब उनसे कहा जाता है कि जिस तरह लोग ईमान लाये हैं, तुम भी (कपट छोड़कर ईमान लाओ, तो कहते हैं, क्या हम भी ईमान ले आयें, जिस तरह मूर्ख ईमान ले आये हैं? सुनो! यही लोग मूर्ख हैं परन्तु समझते नहीं।(१३) और जब उन लोगों से मिलते हैं जो ईमान ला चुके हैं, तो कहते हैं, हम भी तो ईमान ला चुके हैं और जब एकांत में अपने शैतानों (दुष्ट मुखियों) से मिलते हैं तो कहते हैं—हम तुम्हारे साथ हैं। हम तो सिर्फ़ (मुसलमानों का) मज़ाक़ बनाते हैं १४) (नहीं जानते कि) अल्लाह उनका मज़ाक़ बना रहा है और उनको ढील दे रहा है। वे इस सरकशी (उद्दंडता) में भटक रहे हैं। (१५) यही हैं वह लोग जिन्होंने हिदायत (सन्मार्ग) के बदले भटकना मोल लिया, सो न तो इनका व्यापार (सांसारिक) ही लाभकारी हुआ, न उन्होंने सच्चा मार्ग पाया। (१६) उनकी मिसाल तो उसकी सी है, जिसने आग जलाई, फिर जब आग के आस-पास की चीज़ जगमगा उठी, तो अल्लाह ने उनकी रोशनी छीन ली और उनको अँधेरों में छोड़ दिया। (अब) उनको कुछ नहीं सूझता।(१७) (ये) बहरे, गूँगे, अँधे♦ हैं, इसलिए (सच्चे मार्ग पर) वापस नहीं आ सकते।(१८) या फिर (उनकी यह मिसाल वैसी है) जैसे कि आकाश से ज़ोर का जल बरसे, उसमें अँधेरा, गरज और बिजली हो और (उस वक़्त) कड़क के डर से प्राण बचाने के लिए उँगलियाँ कानों में ठूसे हों✡ हालाँकि अल्लाह इन्कार करनेवालों को घेरे हुए है।(१९)

★ रु. १—१ आ ७ ● ब. ला.

(पिछले सफ़े से) के साथ काबा की तामीर (निर्माण) करके इस्लाम की बुनियाद रखी थी। आ. १४२-१६७ में सब की इबादत का स्थान और इस्लाम की एकता का विश्वकेन्द्र (मरकज़) 'काबा' का वर्णन है। आ. १६८-२४२ में इस मरकज़ के क़ायम होने के बाद सामाजिक नियमों की हिदायत देकर इस पर पूरा ज़ोर दिया गया है कि श्रद्धा, दयालुता, प्रार्थना, दान, सत्यनिष्ठा और संतोष आदि पर अमल ही परहेज़गारी और ईमान है। हराम-हलाल, शराब, वसीयत रोज़ा, जिहाद, जुआ तथा स्त्रियों और अनाथों के हक़ में एक शरीयत (आचरण-संहिता) है। आ. २४३-२५३ में जिहाद का फिर खुलासा है। आ. २५४-२८३ में अल्लाह के विश्वसिंहासन और संयम दयालुता तथा ईमान पर अमल की महिमा गाई है। आ. २८४-२८६ में श्रद्धा, भक्ति, उत्तरदायित्व (फ़रायज़) और प्रार्थना के उपदेश के साथ सूरे बक़र की समाप्ति है।

§ ऐसे लोगों का पहले दर्जे में शुमार है जो ईश्वर की कृपा से सदैव फलें-फूलेंगे। † दूसरे अरब के काफ़िर थे जो कुफ़्र से इतना घिरे थे कि उनको हक़ (सत्य) की बात सुनने, बोलने और देखने ही से परहेज़ था। इस लिए वे तो कभी भी सही राह पर आही नहीं सकते। ‡ तीसरे वे मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) थे जो इस्लाम के रोब या डर या किसी लालच या मतलब साधने की ग़रज़ से ऐसा ज़ाहिर करते कि वह भी ईमान लाने वालों में से हैं। ऐसों ही का यहाँ ज़िक्र है कि जब कोई कठिनाई या पस्तगी की बात दिखाई देती तो वह अपना कपट का रूप भी क़ायम न रख पाते और इस्लाम के हुक्म से भाग खड़े होते थे। इनका मर्ज़ बिलकुल लाइलाज नहीं था। ♦ सत्य को सुनने, कहने व देखने में नाक़ाबिल। ✡ अँधेरा गरज नाउम्मेदी और डर हैं। उसमें पड़े इन्कारी लोग जब जब बीच में बिजली की चमक क्षणभर को देखते हैं तब फिर ख़ुदा को भूलकर अपने बल पर भरोसा करने लगते हैं और फिर तूफ़ान के अज़ाब (कोप) में फस कर रह जाते हैं। (अ. यू.)

यकादुल्बर्क़ु यख़्तफ़ु अब्सारहुम् त़् कुल्लमा अज़ा॰अ लहुम् मशौ फ़ीहि क़् ला व अिजा॰ अज़्लम अलैहिम् क़ामू त़् व लौ शा॰अल्लाहु लज़हब बिसम्अिहिम् व अब्सारिहिम् त़् अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (२०) ★ या॰ अैयुहन्नासुऽ़बुदू रब्बकुमुल्लजी ख़लक़कुम् वल्लजीन मिन् क़ब्लिकुम् लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून ला (२१) अ़ल्लजी जअ़ल लकुमुल्अर्ज़ फ़िराशौंवस्समा॰अ बिना॰अन् त़् व अन्ज़ल मिनस्समा॰अि मा॰अन् फ़अख़्रज बिहि मिनस्समराति रिज़्क़ल्लकुम् ज् फ़ला तज्अ़लू लिल्लाहि अन्दादौंव अन्तुम् तअ़्लमून (२२) व अिन् कुन्तुम् फ़ी रैबिम्मिम्मा नज़्ज़ल्ना अला अ़ब्दिना फ़अ्तू बिसूरतिम्मिम्-मिस्लिहि त़् वद्अू शुहदा॰अ कुम् मिन्दूनिल्लाहि अिन् कुन्तुम् स़ादिक़ीन (२३) फ़अिल्लम् तफ़्अ़लू व लन् तफ़्अ़लू फ़त्तक़ुन्नारल्लती व क़ूदुहन्नासु वल्हिजारतु ज् सुला अुअ़िद्दत् लिल्काफ़िरीन (२४) व बश्शिरिल्लजीन आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति अन्न लहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह़्तिहल् अन्हारु त़् कुल्लमा रुज़िक़ू मिन्हा मिन् समरतिर्रिज़्क़न् ला क़ालू हाज़ल्लजी रुज़िक़्ना मिन् क़ब्लु ला व अुतू बिहि मुतशाबिहन् त़् व लहुम् फ़ीहा॰ अज़्वाजुम् मुतह्हरतुन् क़ ला व॰व हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२५) अिन्नल्लाह ला यस्तह़्यी॰ अैयज़्रिब मसलम्मा बअ़ूज़तन् फ़मा फ़ौक़हा त़् फ़अम्मल्लजीन आमनू फ़यअ़्लमून अन्नहुल्ह़क़्क़ु मिर्रब्बिहिम् ज् व अम्मल्लजीन कफ़रू फ़यक़ूलून मा ज़ा॰ अरादल्लाहु बिहाज़ा मसलन् म ● युज़िल्लु बिहि कसीरन् ला व॰व यह्दी बिहि कसीरन् त़् व मा युज़िल्लु बिहि अिल्लल्फ़ासिक़ीन ला (२६) अ़ल्लजीन यन्क़ुज़ून अह्दल्लाहि मिम्बअ़्दि मीसाक़िहि स़् व यक़त़अ़ून मा॰ अमरल्लाहु बिहि॰ अैंयूसल व युफ़्सिदून फ़िल्अर्ज़ि त़् अुला॰अिक हुमुल्ख़ासिरून (२७)

क़रीब है कि बिजली उनकी निगाहों को छीन ले, जब उनके आगे बिजली चमकी, तो उसमें कुछ चले और जब उन पर अँधेरा छा गया, (तो) खड़े रह गये, अगर अल्लाह चाहता तो उनकी सुनने और देखने की ताक़तें छीन लेता। बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (समर्थ) है§। (२०)★ रु. २ । २ आ १३

लोगो ! अपने पालनहार की इबादत (उपासना) करो ; जिसने तुमको और उन लोगों को जो तुमसे पहले गुज़रे हैं, पैदा किया, अजब नहीं तुम (भी) परहेज़गार (सदाचारी) बन जाओ। (२१) वही (परवरदिगार है) जिसने तुम्हारे लिए ज़मीन का फ़र्श बनाया और आसमान की छत और आसमान से पानी बरसाकर उससे तुम्हारे खाने के लिए फल पैदा किये। पस तुम किसी को अल्लाह के बराबर मत बनाओ और तुम जानते हो†। (२२) और वह जो हमने अपने बन्दे (मुहम्मद) पर (क़ुर्आन) उतारा है, अगर तुमको उसमें शक हो तो तुम उसके मानिन्द (उस शक्ल की) एक सूरत (अध्याय) बना लाओ; अगर तुम सच्चे हो, तो ख़ुदा के मुक़ाबिले में जो तुम्हारे सहायक हों, उनको बुलालो।‡ (२३) लेकिन अगर तुम ऐसा न कर सको और हरगिज़ (तुम) न कर सकोगे तो उस (दोज़ख़ की) आग से डरो, जिसका ईंधन आदमी और पत्थर (की मूर्तियाँ) होंगे (और) वह काफ़िरों (इन्कारियों) के लिए तैयार है। (२४) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये, उनको ख़ुशख़बरी सुना दो कि उनके लिए (बहिश्त के) बाग़ हैं, जिनमें नहरें बह रही हैं जब उनको उनमें का कोई मेवा खाने को दिया जायगा, तो कह उठेंगे, यह तो वही है जो हमको पहले मिल चुका है और उनको (सचमुच) मिलते जुलते मेवे मिला करेंगे और वहाँ उनके लिए बीवियाँ पाक-साफ़ होंगी और वह उनमें सदैव रहेंगे। (२५) अल्लाह किसी मिसाल के बयान करने में ज़रा भी नहीं सकुचता, चाहे वह मिसाल मच्छर की हो या उससे भी बढ़कर तुच्छ हो♦। सो जो लोग ईमान ला चुके हैं, वह तो विश्वास रखते हैं कि वह (मिसाल) सचमुच उनके पालनकर्ता की तरफ़ से ठीक है, अलबत्ता जो इन्कारी हैं, वह यही कहते रहते हैं कि इस मिसाल के बयान करने में ख़ुदा को कौन-सा मतलब था●। (देखो) ऐसी ही (मिसाल) से ख़ुदा बहुतेरों को भटकाता और ऐसी ही (मिसाल) से बहुतेरों को हिदायत देता है; लेकिन वह बेहुक्मों (अवज्ञाकारियों) के सिवा किसी को नहीं भटकाता।(२६) यह वही लोग हैं जो ख़ुदा से एक अहद (भक्ति की प्रतिज्ञा) करने के बाद उस अहद को तोड़ देते और जिस चीज़ को जोड़े रखने को ख़ुदा ने कहा था, उनको काटते और ज़मीन में फ़साद फैलाते हैं, यही लोग नुक़सान उठायेंगे। (२७) ● ब. ला.

§ आयत ७ के फ़ुटनोट में बयान किये गये काफ़िरों की रोशनी तो अल्लाह ने बिलकुल छीन ली। वह कभी भी सुधर नहीं सकते। अलबत्ता आयात १० व १६ के फ़ुटनोट में बयान किये गये मुनाफ़िक़ों की रोशनी पूरे तौर पर नहीं छीनी है। क़ुर्आन के क़ानून के अनुसार जो बिलकुल देखना ही न चाहें उनके लिए तो पूरा अन्धापन है। लेकिन जो कुछ भी देखने की चाहना रखते हैं वे जितनी आँखें खुली रखें उतना देख सकते हैं। (अ. यू.) † हमारी माद्दई (भौतिक) और रूहानी (आध्यात्मिक) तरक्क़ी को देने वाले महज़ एक अल्लाह को जानकर फिर किसी दूसरे को उसके साथ साथ अपना पूजित न बनाओ फिर चाहे वह कोई मूर्ति हो चाहे वह तुम्हारा धन, वैभव, शक्ति या यश का ग़ुरूर हो। (अ. यू.) ‡ क़ुर्आन की आयतें भाषा में जितनी सुन्दर और ज्ञान में जितनी पूरी हैं, यह इस बात का सुबूत है कि वह अल्लाह की ओर से नाज़िल हुई हैं न कि किसी इंसान की रचना हैं। इन्कारी लोगों से कहा जाता है कि अगर तुमको इस सच्चाई में शक हो तो तुम अल्लाह के अलावा किसी अपने मददगार से ऐसी आयतें बनवा कर पेश करो। ♦ क़ुर्आन में कहीं-कहीं मक्खी और मकड़ी की भी मिसाल को सुनकर काफ़िर कहते थे कि ख़ुदा को इन छोटी-छोटी चीज़ों की मिसाल न देना थी, ख़ुदा की ज़ात तो बड़ी है। इसका जवाब दिया गया है कि जब ख़ुदा ने इन छोटी चीज़ों को पैदा करने में शर्म न की तो उनकी मिसाल देते क्यों शर्माये।

कैफ़ तक्फ़ुरून बिल्लाहि व कुन्तुम् अम्वातन् फ़अह्याकुम् ज सुम्म युमीतुकुम् सुम्म युह्यीकुम् सुम्म अिलैहि तुर्जअून (२८) हुवल्लजी ख़लक़ लकुम् मा फ़िल्अर्ज़ि जमीअन् क सुम्मस्तवा अिलस्समा अि फ़सौवाहुन्न सब्अ समावातिन् त व हुव बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (२९) ★ व अिज़्क़ाल रब्बुक लिल्मला अिकत्रि अिन्नी जाअिलुन् फ़िल्अर्ज़ि ख़लीफ़तन् त क़ालू अतज्अलु फ़ीहा मैंयुफ़्सिदु फ़ीहा व यस्फ़िकुद्दिमा अ ज व नह्नु नुसब्बिहु बिहम्दिक व नुक़द्दिसु लक त क़ाल अिन्नी अअ़्लमु मा ला तअ़्लमून (३०) व अल्लम आदमल्अस्मा अ कुल्लहा सुम्म अरज़हुम् अलल्मला अिकत्रि ला फ़क़ाल अम्बिअूनी बिअस्मा अि हा अुला अि अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (३१) क़ालू सुब्हानक ला अिल्म लना अिल्ला मा अल्लम्तना त अिन्नक अन्तल्अलीमुल्हकीमु (३२) क़ाल या आदमु अम्बिअ्हुम् बिअस्मा अिहिम् ज फ़लम्मा अम्बअहुम् बिअस्मा अिहिम् ला क़ाल अलम् अक़ुल्लकुम् अिन्नी अअ़्लमु ग़ैबस्समावाति वल्अर्ज़ि ला व अअ़्लमु मा तुब्दून व मा कुन्तुम् तक्तुमून (३३) व अिज् क़ुल्ना लिल्मला अिकत्रिस्जुदू लिआदम फ़सजदू अिल्ला अिब्लीस त अबा वस्तक्बर क ज व कान मिनल्काफ़िरीन (३४) व क़ुल्ना या आदमुस्कुन् अन्त व ज़ौजुकल्जन्नत व कुला मिन्हा रग़दन् हैसु शिअ्तुमा स व ला तक़्रबा हाज़िहिश्शजरत फ़तकूना मिनज्ज़ालिमीन (३५) फ़अज़ल्लहुमश्शैतानु अन्हा फ़अख़्रजहुमा मिम्मा काना फ़ीहि स व क़ुल्नह्बितू बअ़्ज़ुकुम् लिबअ़्ज़िन् अदूवुन् ज व लकुम् फ़िल्अर्ज़ि मुस्तक़र्रुंव मताअुन् अिलाहीनिन् (३६) फ़तलक़्क़ा आदमु मिर्रब्बिहि कलिमातिन् फ़ताब अलैहि त अिन्नहू हुवत्तौवाबुर्रहीमु (३७) क़ुल्नह्बितू मिन्हा जमीअन् ज फ़अिम्मा यअ्तियन्नकुम् मिन्नी हुदन् फ़मन् तबिअ हुदाय फ़ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (३८) वल्लजीन कफ़रू व कज्जबू बिआयातिना अुला अिक अस्हाबुन्नारि ज हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (३९) ★

लोगो! क्योंकर तुम ख़ुदा से इन्कार कर सकते हो (देखो!) जबकि तुम बेजान थे, तो उसने तुममें जान डाली, फिर वही तुमको मारता (वही) तुमको जिलायेगा, फिर उसीकी तरफ़ लौटाये जाओगे। (२८) वही है, जिसने तुम्हारे लिए धरती की सब की सब चीज़ें पैदा कीं, फिर आकाश की तरफ ध्यान दिया; तो सात आसमान हमवार बना दिये और वह सर्वज्ञ (हर चीज़ से जानकार) है। (२९) ★ रू. ३ | ३ आ ६

और जब तुम्हारे पालनकर्ता ने फ़रिश्तों से कहा—"मैं ज़मीन में अपना नायब (प्रतिनिधि) बनाना चाहता हूँ" (तो फ़रिश्ते) बोले—क्या तू ज़मीन में ऐसे को (नायब) बनायेगा, जो उसमें फ़साद फैलाये और ख़ून बहायेगा? जबकि हम स्तुति-बन्दना के साथ तेरी बड़ाई और पवित्रता बयान करते रहते हैं। (ख़ुदा ने) कहा—मैं जानता हूँ जो तुम नहीं जानते। (३०) और (फिर) आदम को सब (चीज़ों के) 'नाम' बता दिये; फिर उन चीज़ों को फ़रिश्तों के सामने पेश करके कहा कि अगर तुम सच्चे हो, तो मुझको इन चीज़ों के नाम§ बताओ। (३१) (फ़रिश्ते) बोले—तू पाक है, जो तूने हमको बता दिया है, उसके सिवा हमको कुछ मालूम नहीं। सचमुच तू ही जाननेवाला मसलहत पहचाननेवाला (सर्वविद् और ज्ञानमय) है। (३२) (तब ख़ुदा ने) हुक्म दिया कि ऐ आदम! तुम फ़रिश्तों को इनके नाम बता दो; फिर जब आदम ने फ़रिश्तों को उन (चीज़ों) के नाम बता दिये, तो ख़ुदा ने (फ़रिश्तों से) कहा—क्यों! मैंने तुमसे नहीं कहा था कि आकाश की और धरती की सब छिपी चीज़ें हमें मालूम हैं और जो तुम ज़ाहिर करते हो और जो कुछ तुम (हमसे) छिपाते हो (वह) हमको (सब) मालूम है। (३३) और (वह समय याद करो) जब हमने (ख़ुदा ने) फ़रिश्तों से कहा कि आदम की ओर सजदः करो, तो शैतान को छोड़कर (सारे फ़रिश्तों ने) माथा टेक दिया। उसने न माना और घमण्ड में आ गया और काफ़िर बन बैठा। (३४) और हमने कहा ऐ आदम! तुम और तुम्हारी बीबी बहिश्त में रहो बसो और उसमें जहाँ कहीं से तुम्हारा जी चाहे बेखटके खाओ, मगर इस पेड़‡ के पास मत फटकना। (ऐसा करोगे तो) अन्यायियों में हो जाओगे। (३५) पस, शैतान ने दोनो (आदम और हौवा) को इसी पेड़ के कारन बहकाया और उस ऐश से निकाल कर छोड़ा जिसमें वह थे। हमने हुक्म दिया कि तुम उतर जाओ, तुममें से बाज़ लोग बाज़ लोगों के दुश्मन रहेंगे और ज़मीन में तुम्हारे लिए एक वक़्त तक ठिकाना और (जीवन काटने का) साज व सामान है। (३६) फिर आदम ने अपने पालनकर्ता से कुछ ज्ञान प्राप्त किया और ख़ुदा ने उनकी तौबः मान ली। बेशक वह बार-बार क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान है। (३७) (और) हमने हुक्म दिया कि तुम सब यहाँ से उतर जाओ, और जब मेरी तरफ़ से तुम लोगों के पास कोई हिदायत (पथ-प्रदर्शन) पहुँचे तो जो मेरी हिदायत की पैरवी करेंगे उन पर न तो डर होगा और न वह रन्जीदः ही होंगे। (३८) (लेकिन) जो लोग इन्कार करेंगे और हमारी आयतों को झुठलायेंगे वही दोज़ख़ी होंगे, वह सदैव दोज़ख़ में रहेंगे।ऽ (३९) ★ रू. ४ | ४ आ १०

§ कुछ आलिमों की राय में नाम से मतलब 'ज्ञान-विवेक' याने भले-बुरे की तमीज़ से है। इसी तमीज़ से इन्सान अपने को सवाब या अज़ाब का हक़दार बना सकता है। यह तमीज़ फ़रिश्तों को न थी। कुछ के ख़याल में ख़ुदा ने आदम को ख़िलक़त (सृष्टि) की तमाम चीज़ों के नाम बतला दिये। ‡ शायद लाइल्मी (अज्ञान) का वृक्ष। (अ. यू.) ऽ इस प्रकार बार बार माफ़ किये जाने के बावजूद जो मुन्किर होंगे उन जान-बूझ कर सत्य से मुँह मोड़नेवालों के लिए फिर सिवाय नरक के और चारा नहीं। (अ. यू.)

या बनी॰ अिस्रा॰ीलज्कुरू निअ़्मतियल्लती॰ अन्अ़्मतु अ़लैकुम् व औफ़ू बिअ़हदी॰
अूफ़ि बिअ़हदिकुम् ज् व अीयाय फ़र्हबूनि (४०) व आमिनू बिमा॰ अन्ज़ल्तु
मुसद्दिक़ल्लिमा मअ़कुम् व ला तकूनू॰ औवल काफ़िरिम् बिहि॰ स् व ला तश्तरू
बिआयाती समनन् क़लीलन् ज् व्व अीयाय फ़त्तक़ूनि (४१) व ला तल्बिसुल्हक़्क़
बिल्बातिलि व तक्तुमुल्हक़्क़ व अन्तुम् तअ़लमून
(४२) व अक़ीमुस्सलात्त व आतुज़्ज़कात्त
वर्कअू मअ़र्राकिअ़ीन (४३) अतअ़्मुरूनन्नास
बिल्बिर्रि व तन्सौन अन्फ़ुसकुम् व अन्तुम्
तत्लूनल्किताब त् अफ़ला तअ़क़िलून (४४)
वस्तअ़ीनू बिस्सब्रि वस्सलात्ति त् व अिन्नहा
लकबीरतुन् अिल्ला अ़लल्ख़ाशिअ़ीन ला (४५)
अ़ल्लजीन यज़ुन्नून अन्नहुम् मुलाक़ू रब्बिहिम्
व अन्नहुम् अिलैहि राजिअ़ून (४६) ★●
या बनी॰ अिस्रा॰ीलज्कुरू निअ़्मतियल्लती॰
अन्अ़्मतु अ़लैकुम् व अन्नी फ़ज़्ज़ल्तुकुम्
अ़लल्आलमीन (४७) वत्तक़ू यौमल्ला तज्ज़ी
नफ़्सुन् अ़न् नफ़्सिन् शैअौव ला युक़बलु
मिन्हा शफ़ाअ़त्तुँव ला युअ़्ख़ज़ु मिन्हा अ़दलुँव
ला हुम् युन्सरून (४८) व अिज् नज्जैनाकुम्
मिन् आलि फ़िअ़ौन यसूमूनकुम् सू॰अल्अ़ज़ाबि युज़ब्बिहून अब्ना॰अकुम् व यस्तह्यून
निसा॰अकुम् त् व फ़ी ज़ालिकुम् बला॰अुम् मिर्रब्बिकुम् अ़ज़ीमुन् (४९) व अिज् फ़रक़्ना
बिकुमुल्बह्र फ़अन्-जैनाकुम् व अग़्रक़्ना॰ आल फ़िअ़ौन व अन्तुम् तन्ज़ुरून (५०)
व अिज् वाअ़द्ना मूसा॰ अर्बअ़ीन लैलत्तन् सुम्मत्तख़ज़्तुमुल्अ़िज्ल मिम्बअ़्दिहि॰
व अन्तुम् ज़ालिमून (५१) सुम्म अ़फ़ौना अ़न्कुम् मिम्बअ़्दि ज़ालिक लअ़ल्लकुम्
तश्कुरून (५२) व अिज् आतैना मूसल्किताब वल्फ़ुर्क़ान लअ़ल्लकुम् तह्तदून
(५३) व अिज् क़ाल मूसा लिक़ौमिहि॰ या क़ौमि अिन्नकुम् ज़लम्तुम् अन्फ़ुसकुम्
बित्तिख़ाज़िकुमुल्अ़िज्ल फ़तूबू॰ अिला बारिअिकुम् फ़क़्तुलू॰ अन्फ़ुसकुम् त् ज़ालिकुम्
ख़ैरुल्लकुम् अ़िन्द बारिअिकुम् त् फ़ताब अ़लैकुम् त् अिन्नहू हुवत्तौवाबुर्रहीमु (५४)

ऐ बनी इस्राईल§(ऐ याक़ूब की संतान !) मेरे इहसानों को याद करो जो मैं तुम पर कर चुका हूँ और तुम उस अहद(प्रतिज्ञा) को पूरा करो जो मुझसे किया है। मैं उस प्रतिज्ञा को पूरा करूँगा जो(मैंने)तुमसे की है, और मुझही से डरते रहो।(४०) और (क़ुर्आन) जो हमने उतारा है उस पर ईमान लाओ (और वह) उस किताब (तौरात) की तसदीक़ करता है जो तुम्हारे पास है और सबसे पहले (तुमही) इसके इन्कारी न बनो और थोड़ी सी क़ीमत (साधारण दुनियावी लाभ) को लेकर मेरी आयतों को न बेंच डालो और मुझही से डरते रहो।(४१) सच को झूठ के साथ मत मिलाओ, जान-बूझकर सत्य को मत छिपाओ।(४२) नमाज़ पर दृढ़ रहो और ज़कात† (नियत दान) दिया करो और जो लोग (नमाज़) में झुकते हैं उनके साथ तुम भी झुका करो।(४३) कैसा (अचरज है कि) तुम लोगों से तो भलाई पर चलने को कहते हो और अपनी ख़बर नहीं लेते, हालाँकि तुम किताब(तौरात) पढ़ते रहते हो! क्या तुम (इतना भी) नहीं समझते ? (४४) और सब्र‡ और नमाज़ के ज़रिये(ख़ुदा का)सहारा लो। निस्सन्देह नमाज़ कठिन काम है, मगर उन पर नहीं जो मुझसे डरते हैं।(४५) जिनकी यह निश्चय धारणा है कि उनको अपने पालनकर्त्ता से मिलना है और उसकी तरफ़ लौटकर जाना है।(४६)★●

ऐ याक़ूब की सन्तान ! मेरे उन इहसानों को याद करो जो मैं तुम पर कर चुका हूँ और इस बात को भी याद करो कि मैंने तुमको संसार के लोगों पर प्रधानता दी थी।(४७) और उस दिन से डरो जब कोई मनुष्य किसी मनुष्य के कुछ काम न आयेगा, न उसकी तरफ से (किसी की) सिफ़ारिश क़बूल होगी, न उससे कुछ बदले में लेकर छोड़ा जायगा और न लोगों को (कहीं से) मदद पहुँचेगी।(४८) और(उस समय की याद करो) जब हमने तुमको फ़िरऔनछ के लोगों से छुटकारा दिलवाया जो तुम पर बहुत ही ज़ुल्म करते थे।(वे) तुम्हारे बेटों को हलाल करते और तुम्हारी स्त्रियों (यानी बहू-बेटियों) को (अपनी सेवा के लिए) जीवित रहने देते, इसमें तुम्हारे पालनकर्ता की तरफ़ से तुम्हारे लिए एक बड़ी आज़माइश (कसौटी) थी।(४९) (वह वक़्त भी याद करो) जब हमने तुम्हारी वजह से नदी को फाड़ दिया था। फिर तुमको सकुशल पार लगाया और फ़िरऔनों के लोगों को तुम्हारे देखते डुबो दिया।(५०) और(वह वक़्त भी याद करो) जब मैंने मूसा से (नविश्ता देने के लिए) चालीस रातों (यानी एक चिल्लः) की प्रतिज्ञा की, फिर तुमने उनकी ग़ैर मौजूदगी में (पूजने के लिए) बछड़ा बना लिया और तुम खुला ज़ुल्म (अन्याय) कर रहे थे।(५१) फिर इसके बाद भी हमने तुमको क्षमा किया कि शायद तुम इहसान मानो।(५२) और (वह समय भी याद करो) जब मैंने मूसा को किताब (तौरात) और क़ानून (यानी शरीअत-धर्मशास्त्र) दिया ताकि तुम सही राह पा जाओ।(५३) और (वह समय भी याद करो) जब मूसा ने अपनी जाति से कहा ऐ मेरी क़ौम ! तुमने बछड़े की पूजा करके अपने ऊपर ज़ुल्म किया तो (अब) अपने सृष्टिकर्ता के सामने तौबः (पश्चाताप) करो और अपने (लोगों) को मार डालो। तुम्हारे पैदा करनेवाले के सामने तुम्हारे लिए यही उत्तम है। फिर ख़ुदा ने तुम्हारी तौबः क़बूल कर ली। बेशक वह बार बार तौबः क़बूल करने वाला (क्षमाशील और) बेहद मेहरबान है।(५४)

§ 'बनी इस्राईल' हज़रत याक़ूब के बारह बेटे व उनकी औलाद को कहते हैं। यह किसी समय मिस्र के बादशाहों (फ़िरऔन) के कुशासन में पड़ गये थे, तब हज़रत मूसा ने फ़िरऔनों को नष्ट करके बनी इस्राईल को अधिकारी बनाया। इन्हीं के वंशज यहूदी हैं। हज़रत मूसा पर नाज़िल 'तौरात' इनका आकाशी धर्म-ग्रंथ है। † साल भर बचे रखे हुये माल पर जो ५२½ तोले चाँदी या ७½ तोले सोने या उसकी क़ीमत से कम न हो, उसका चालीसवाँ हिस्सा शरीअत के अनुसार ख़ैरात करना ज़कात कहलाता है। ‡ अरबी शब्द 'सब्र' का अर्थ 'संतोष' है। याने निकम्मापन, डर, लाचारी और पछतावे के बिना धीरज शान्ति और मज़बूती से अटल रह कर, अपने फ़र्ज में लगे रहने की हालत को 'सब्र' कहते हैं। छ यह मूसा के वक़्त में मिश्र के बादशाहों का ख़िताब था।

व अिज् क़ुल्तुम् या मूसा लन् नुअ्मिन लक हत्ता नरल्लाह जह्रतन् फ़अख़ज़त्कुमुस्साअिक़तु व अन्तुम् तन्जुरून (५५) सुम्म बअ़स्नाकुम् मिम्बअ़्दि मौतिकुम् लअल्लकुम् तश्कुरून (५६) व जल्लल्ना अलैकुमुल्ग़माम व अन्ज़ल्ना अलैकुमुल्मन्न वस्सल्वा त् कुलू मिन् तैयिबाति मा रज़क़्नाकुम् त् व मा जलमूना व लाकिन् कानू अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (५७) व अिज् क़ुल्नद्ख़ुलू हाज़िहिल् क़र्यत फ़कुलू मिन्हा ह़ैसु शिअ्तुम् रग़दौंवद्ख़ुलुल्बाब सुज्जदौंव क़ूलू ह़ित्तत़ुन् नग़्फ़िर् लकुम् ख़तायाकुम् त् व सनज़ीदुल्मुह़्सिनीन (५८) फ़बद्दलल्लज़ीन जलमू क़ौलन् ग़ैरल्लज़ी क़ील लहुम् फ़अन्ज़ल्ना अलल्लज़ीन जलमू रिज्ज़म्मिनस्समा अि बिमा कानू यफ़्सुक़ून (५९) ★ व अिज़िस्तस्क़ा मूसा लिक़ौमिहि फ़क़ुल्नज़्रिब बिअ़स़ाकल्ह़जर त् फ़न्फ़जरत् मिन्हुस्नता अश्रत अैनन् त् क़द् अलिम कुल्लु अुनासिम् मश्रबहुम् त् कुलू वश्रबू मिर्रिज़्क़िल्लाहि व ला तअ़्सौ फ़िल्अर्ज़ मुफ़्सिदीन (६०) व अिज् क़ुल्तुम् या मूसा लन् नस़्बिर अला त़आामिव्वाह़िदिन् फ़द्अु लना रब्बक युख़्रिज् लना मिम्मा तुम्बितुल् अर्ज़ु मिम्बक़्लिहा व क़िस्सा अिहा व फ़ूमिहा व अदसिहा व बसलिहा त् क़ाल अतस्तब्दिलूनल्लज़ी हुव अद्ना बिल्लज़ी हुव ख़ैरुन् त् अिह्बितू मिस्रन् फ़अिन्न लकुम् मा सअल्तुम् त् व ज़ुरिबत् अलैहिमुज्जिल्लतु वल्मस्कनतु क् व बा अू बिग़ज़बिम्मिनल्लाहि त् जालिक बिअन्नहुम् कानू यक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि व यक़्तुलूनन्नबीयी न बिग़ैरिल् ह़क़्क़ि त् जालिक बिमा अ़सौ व कानू यअ़्तदून (६१) ★ अिन्नल्लज़ीन आमनू वल्लज़ीन हादू वन्नसारा वस्साबिअीन मन् आमन बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि व अमिल सालिहन् फ़लहुम् अज्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् ज् स् व ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व लाहुम् यह्ज़नून (६२)

البقرة ١
يٰمُوسٰى لَنْ نُّؤْمِنَ لَكَ حَتّٰى نَرَى اللّٰهَ جَهْرَةً فَاَخَذَتْكُمُ الصّٰعِقَةُ وَاَنْتُمْ
تَنْظُرُوْنَ ۝ ثُمَّ بَعَثْنٰكُمْ مِّنْ بَعْدِ مَوْتِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ۝ وَظَلَّلْنَا عَلَيْكُمُ
الْغَمَامَ وَاَنْزَلْنَا عَلَيْكُمُ الْمَنَّ وَالسَّلْوٰى كُلُوْا مِنْ طَيِّبٰتِ مَا رَزَقْنٰكُمْ وَمَا
ظَلَمُوْنَا وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ۝ وَاِذْ قُلْنَا ادْخُلُوْا هٰذِهِ الْقَرْيَةَ فَكُلُوْا
مِنْهَا حَيْثُ شِئْتُمْ رَغَدًا وَّادْخُلُوا الْبَابَ سُجَّدًا وَّقُوْلُوْا حِطَّةٌ نَّغْفِرْ لَكُمْ خَطٰيٰكُمْ
وَسَنَزِيْدُ الْمُحْسِنِيْنَ ۝ فَبَدَّلَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا قَوْلًا غَيْرَ الَّذِيْ قِيْلَ لَهُمْ فَاَنْزَلْنَا
عَلَى الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا رِجْزًا مِّنَ السَّمَآءِ بِمَا كَانُوْا يَفْسُقُوْنَ ۝ وَاِذِ اسْتَسْقٰى
مُوْسٰى لِقَوْمِهٖ فَقُلْنَا اضْرِبْ بِّعَصَاكَ الْحَجَرَ فَانْفَجَرَتْ مِنْهُ اثْنَتَا عَشْرَةَ
عَيْنًا قَدْ عَلِمَ كُلُّ اُنَاسٍ مَّشْرَبَهُمْ كُلُوْا وَاشْرَبُوْا مِنْ رِّزْقِ اللّٰهِ وَلَا تَعْثَوْا
فِى الْاَرْضِ مُفْسِدِيْنَ ۝ وَاِذْ قُلْتُمْ يٰمُوْسٰى لَنْ نَّصْبِرَ عَلٰى طَعَامٍ وَّاحِدٍ
فَادْعُ لَنَا رَبَّكَ يُخْرِجْ لَنَا مِمَّا تُنْۢبِتُ الْاَرْضُ مِنْۢ بَقْلِهَا وَقِثَّآئِهَا وَفُوْمِهَا
وَعَدَسِهَا وَبَصَلِهَا قَالَ اَتَسْتَبْدِلُوْنَ الَّذِيْ هُوَ اَدْنٰى بِالَّذِيْ هُوَ خَيْرٌ
اِهْبِطُوْا مِصْرًا فَاِنَّ لَكُمْ مَّا سَاَلْتُمْ وَضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الذِّلَّةُ وَالْمَسْكَنَةُ
وَبَآءُوْ بِغَضَبٍ مِّنَ اللّٰهِ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ كَانُوْا يَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَيَقْتُلُوْنَ
النَّبِيّٖنَ بِغَيْرِ الْحَقِّ ذٰلِكَ بِمَا عَصَوْا وَّكَانُوْا يَعْتَدُوْنَ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا
وَالَّذِيْنَ هَادُوْا وَالنَّصٰرٰى وَالصّٰبِـِٕيْنَ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ
وَعَمِلَ صَالِحًا فَلَهُمْ اَجْرُهُمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ وَلَا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ

और (वह समय याद करो जब तुमने) कहा था कि ऐ मूसा! जब तक हम ख़ुदा को सामने न देख लें, किसी तरह तुम्हारा हम तो विश्वास करनेवाले नहीं। इस पर तुमको बिजली ने आ दबोचा और तुम देखते रहे।(५५) फिर तुम्हारे मरने के बाद हमने तुमको जिला उठाया कि शायद तुम शुक्र अदा करो।(५६) और हमने तुम पर बादल की छाया की और तुम पर मन§ और सलवा† उतारा और (कहा कि) हमने जो तुमको पवित्र भोजन दिये हैं खाओ (लेकिन इन लोगों ने अवज्ञा की) और इन लोगों ने हमारा तो कुछ नहीं बिगाड़ा लेकिन अपनाही खोते रहे।(५७) और (वह समय याद करो) जब हमने तुमको आज्ञा दी कि इस बस्ती में जाओ और उसमें जहाँ चाहो निश्चित होकर खाओ और दरवाज़े में सज्दः करते (माथा नवाते) हुए दाख़िल होना और मुँह से 'हित्तुन' (हमारी तौबः है) कहते जाना तो हम तुम्हारे अपराध क्षमा करेंगे और जो नेक काम करेंगे उनको हम इसके सिवा और भी देंगे।(५८) तो जो लोग अन्यायी थे दुआएँ जो उनको बताई गई थीं उनको बदलकर दूसरी बोलने लगे तो हमने उन अन्यायियों पर आसमान से सज़ाएँ उतारीं क्योंकि वे नाफ़र्मान (अवज्ञाकारी) थे‡। (५९)★ रु. ६/६ आ १३

(वह घटना भी याद करो) जब मूसा ने अपनी जाति के लिए पानी की प्रार्थना की तो हमने कहा कि ऐ मूसा! अपनी लाठी (असा) उस पत्थर पर मारो, (लाठी मारने पर) पत्थर से बारह चश्मे (सोते) फूट निकले। सब लोगों ने अपना घाट मालूम कर लिया और हुक्म हुआ कि अल्लाह की (दी हुई) रोज़ी खाओ पिओ और ज़मीन में फ़साद न फैलाते फिरो। (६०) (वह ससय भी याद करो) जब तुमने कहा कि ऐ मूसा! हमसे बराबर एक जैसे खाने पर नहीं रहा जाता तो आप अपने पालनकर्ता से दुआ कीजिए कि ज़मीन से जो चीज़ें उगती हैं यानी तरकारी, ककड़ी और गेहूँ और मसूर और प्याज़ (मन व सलवा के बजाय) हमारे लिए पैदा करे। (मूसा ने) कहा कि जो चीज़ उत्तम है क्या तुम उसके बदले में ऐसी चीज़ लेना चाहते हो जो घटिया है। (अच्छा तो) किसी शहर में उतर पड़ो, जो माँगते हो (वहाँ) तुमको मिलेगा और उन पर ज़िल्लत (अपमान) और मुहताजी (दीनता) डाल दी गई और वे ख़ुदा के ग़ज़ब (प्रकोप) में आ गये, इसलिए कि वह अल्लाह की आयतों से इनकार करते और पैग़म्बरों को व्यर्थ मार डाला करते थे; यह इसलिए कि वे हुक्म को न मानते और हद से बढ़ जाया करते थे। (६१)★ रु. ७/७ आ २

निस्सन्देह मुसलमान⁂ यहूदी+ ईसाई@ और साबिई♦ इनमें से जो लोग अल्लाह पर और आख़िरत पर ईमान लाये और अच्छे काम करते रहे तो इनको उनका फल उनके पालनकर्ता के यहाँ मिलेगा और न उन पर डर होगा और न वह उदास होंगे। (६२)

§ स्वादिष्ट काला दाना जो आसमान से उतरता था (तुरंजबीन)। † बटेर-जैसी चिड़ियों का मांस। ‡ आयत ४८-६१ तक बार-बार यहूदियों को नबियों की ओर से दी गई चेतावनी और फिर उनके गुमराह होने पर अल्लाह की ओर से बार बार माफ़ी और दया होने और फिर उस परवरदिगार की रहमत को भूल कर ज्यादती और ज़ुल्म में हरबार भटक जाने का ज़िक्र है। अपने इसी स्वभाव के अनुसार क़ुर्आन और हज़रत मुहम्मद की ओर से भी उन्होंने इन्कार किया था। ⁂ क़ुर्आन के माननेवाले मुसलमान कहलाते हैं। + तौरात के माननेवाले यहूदी कहलाते हैं। @ इंजील के माननेवाले ईसाई कहलाते हैं। ♦ साबिई वह लोग थे जो हज़रत इबराहीम को भी मानते थे और फ़रिश्तों को भी पूजते थे। वे ज़बूर भी पढ़ते थे और काबे की तरफ़ नमाज़ भी पढ़ते थे। सबकी अच्छी बातें मानते थे। शायद किसी एक किताब के बन्धन में न होकर वे मानव धर्म—नैतिकता और सदाचार (अख़लाक़) के हामी थे। (अ. यू.)

व अिज् अख़ज़्ना मीसाक़कुम् व रफ़अ़्ना फ़ौक़कुमुत्तूर त़् ख़ुज़ू मा आतैनाकुम् बिक़ूवतिंव्वज्कुरू मा फ़ीहि लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून (६३) सुम्म तवल्लैतुम् मिम्बअ़्दि ज़ालिक ज् फ़लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अ़लैकुम् व रह़्मतुह़् लकुन्तुम् मिनल्ख़ासिरीन (६४) व लक़द् अ़लिम्तुमुल्लजीनअ़्तदौ मिन्कुम् फ़िस्सब्ति फ़क़ुल्ना लहुम् कूनू क़िरदतन् ख़ासिअीन ज् (६५) फ़जअ़ल्नाहा नकाललिमा बैन यदैहा व मा ख़ल्फ़हा व मौअ़िज़तल्लिल् मुत्तक़ीन (६६) व अिज् क़ाल मूसा लिक़ौमिहीं अिन्नल्लाह यअ़्मुरुकुम् अन् तज्बहू बक़रतन् त़् क़ालू अतत्तख़िज़ुना हुज़ुवन् त़् क़ाल अअ़ूज़ु बिल्लाहि अन् अकून मिनल्जाहिलीन (६७) क़ालुद्अु लना रब्बक युबैयिल्लना मा हिय त़् क़ाल अिन्नह़ु यक़ूलु अिन्नहा बक़रतुल्ला फ़ारिज़ूंव ला बिक्रुन् त़् अवानुम्बैन ज़ालिक त़् फ़फ़्अ़लू मा तुअ़्मरून (६८) क़ालुद्अु लना रब्बक युबैयिल्लना मालौनुहा त़् क़ाल अिन्नह़ु यक़ूलु अिन्नहा बक़रतुन् सफ़्राअु ला फ़ाक़िअ़ुल्लौनुहा तसुर्रुन्नाज़िरीन (६९) क़ालुद्अु लना रब्बक युबैयिल्लना मा हिय ला अिन्नल् बक़र तशाबह अ़लैना त़् व अिन्ना अिन्शा अल्लाहु लमुह़्तदून (७०) क़ाल अिन्नह़ु यक़ूलु अिन्नहा बक़रतुल्ला ज़लूलुन् तुसीरुल्अर्ज़ व ला तस्क़िल्हर्स ज् मुसल्लमतुल्ला शियत फ़ीहा त़् क़ालुल्आन जिअ़्त बिल्ह़क़्क़ि त़् फ़ज़बह़ूहा व मा कादू यफ़अ़्लून (७१) ★ व अिज् क़तल्तुम् नफ़्सन् फ़द्दारअ़्तुम् फ़ीहा त़् वल्लाहु मुख़्रिजुम्मा कुन्तुम् तक्तुमून ज् (७२) फ़क़ुल्नज़्रिबूहु बिबअ़ज़िहा त़् कज़ालिक युह़्यिल्लाहुल्मौता ला व युरीकुम् आयातिहीं लअ़ल्लकुम् तअ़क़िलून (७३)

(और ऐ यहूद ! वह समय याद करो) जब हमने तुमसे (तौरात की तामील का) इक़रार (वचन) लिया और तूर (सिनाई पहाड़) उठाकर तुम्हारे ऊपर ऊँचा किया (और फ़र्माया कि यह किताब तौरात) जो हमने तुमको दी है उसको मज़बूती से पकड़े रहो और जो उसमें (लिखा) है (उसको) याद रखो, अजब नहीं तुम परहेज़गार (संयमी) बन जाओ। (६३) फिर उसके बाद भी (अपने अहद से) तुम पलट गये, तो अगर तुम पर ख़ुदा की कृपा और उसकी दया न होती तो तुम घाटे में आ गये होते। (६४) और तुम ख़ूब जान चुके हो अपनों में से उन लोगों को, जिन्होंने हफ़्ते के दिन (शनिश्चर) में ज़्यादती की§ तो हमने उनसे कहा ज़लील बन्दर बन जाओ। (६५) पस हमने इस घटना को उन लोगों के लिए जो उस वक़्त मौजूद थे और उन लोगों के लिए जो इसके बाद आनेवाले थे, चेतावनी और ख़ुदा से डरनेवालों के लिए नसीहत (शिक्षा) बनाई (६६) (वह समय भी याद करो) जब मूसा ने अपनी क़ौम से कहा, अल्लाह फ़र्माता है कि तुम एक बैल हलाल करो। वह कहने लगे, क्या आप हमसे हँसी करते हैं? (मूसा ने) कहा, ख़ुदा मुझको अपनी पनाह में रखे कि मैं नादान बनूँ।† (६७) वह बोले अपने परवरदिगार से हमारे लिए दरख़्वास्त कीजिये कि हमको भलीभाँति समझा दे कि वह कैसा हो। (मूसा ने) कहा ख़ुदा फ़र्माता है कि वह बैल न बूढ़ा हो और न बछड़ा बल्कि दोनो में बीच की रास हो। पस तुमको जो हुक्म दिया गया है उसको पूरा करो। (६८) वह बोले अपने पालनकर्त्ता से हमारे लिऐ प्रार्थना कीजिये कि वह हमको अच्छी तरह समझा दे कि उसका रंग कैसा हो। (मूसा ने) कहा ख़ुदा फ़र्माता है कि उस बैल का रंग ख़ूब गहरा ज़र्द (पीला) हो कि देखनेवालों को भला लगे। (६९) वह बोले कि अपने परवरदिगार से हमारे लिये पूछिये कि हमको अच्छी तरह समझा दे कि वह (और) क्या (गुण रखता) हो, हमको तो (इस रंग के बहुतेरे) बैल एक ही तरह के दिखाई देते हैं और (इस बार) ख़ुदा ने चाहा तो हम ज़रूर (उसका) ठीक पता पा लेंगे। (७०) (मूसा ने) कहा ख़ुदा फ़र्माता है वह न तो हल में जुता हुआ हो, न ज़मीन जोतता हो और न खेती को पानी देता हो, और हर तरह बेऐब (सालिम) हो उसमें किसी तरह का दाग़ न हो। वह बोले (हाँ) अब आप ठीक (पता) लाये। ग़रज़ उन्होंने उसको हलाल किया और उनसे उम्मीद न थी कि करेंगे। (७१)★

(और ऐ याक़ूब के बेटो!) जब तुमने एक शख़्स को मार डाला और उसके बारे में (आपस में) झगड़ने लगे और जो तुम छिपा रहे थे अल्लाह को उसका भेद खोलना मंज़ूर था। (७२) पस हमने कहा कि बैल का कोई टुकड़ा मुर्दे को छुआ दो, इसी तरह (क़ियामत में) अल्लाह मुर्दों को जिलायेगा। वह तुमको अपनी (क़ुदरत का) चमत्कार दिखाता है, शायद तुमको समझ आजाय। (७३)

★ रु. ८-८ आ १०

§ यहूदियों को शनिश्चर के दिन मछली का शिकार खेलने की इजाज़त न थी। उन्होंने शुक्रवार के दिन नदी के किनारे गढ़े खोदे ताकि सनीचर को उसमें मछलियाँ आ जायें और वह इतवार को उनको पकड़कर कहें कि यह शिकार तो शुक्रवार का है। † मूसा के समय में एक बड़ा धनवान आदमी था। उसके कोई सन्तान न थी। उसके भतीजे ने उसे माल धन के लोभ से इस तरह मार डाला कि कोई जान न सके। कुछ लोग हज़रत मूसा के पास गये कि क्या करें जिससे क़ातिल का पता चल जाय। मूसा ने कहा, बैल ज़बह करो। इस पर (हत्या का भेद खुल जने के डर से) उन लोगों ने कहा, हम तो क़ातिल को जानना चाहते हैं और तुम हमसे कहते हो बैल हलाल करो! यह क्या मज़ाक है? काटने के बाद, मांस का एक टुकड़ा मरे हुए आदमी को मारा गया। वह उठ बैठा और उसने अपने क़ातिल का पता बताया। मक़्तूल का नाम आमील था। इस क़िस्से से यह ज़ाहिर हुआ कि जिस तरह ख़ुदा ने उस क़त्ल हुये शख़्स को ज़िन्दः कर दिया उसी तरह क़ियामत के दिन तमाम मुर्दों को उठा खड़ा करेगा।

सुम्म क़सत् क़ुलूबुकुम् मिम्बअ़्दि ज़ालिक फ़हिय कल्हिजारति औ अशद्दु क़स्वत्रन् त् व इन्न मिनल्हिजारति लमा यतफ़ज्जरु मिन्हुल्अन्हारु त् व इन्न मिन्हा लमा यश्शक़्क़ु फ़यख़्रुजु मिन्हुल्मा॒उ त् व इन्न मिन्हा लमा यह्बितु मिन् ख़शयतिल्लाहि त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ़्मलून (७४)

अफ़तत्मअ़ून अँयुअ़्मिनू लकुम् व क़द् कान फ़रीक़ुम् मिन्हुम् यस्मअ़ून कलामल्लाहि सुम्म युहर्रिफ़ूनहू मिम्बअ़्दि मा अ़क़लूहु व हुम् यअ़्लमून (७५) व अिजा लक़ुल्लज़ीन आमनू क़ालू आमन्ना ज् सला व अिजा ख़ला बअ़्ज़ुहुम् अिला बअ़्ज़िन् क़ालू अतुहद्दिसूनहुम् बिमा फ़तहल्लाहु अ़लैकुम् लियुहाज्जू कुम् बिहि अिन्द रब्बिकुम् त् अफ़ला तअ़्क़िलून (७६) अव ला यअ़्लमून अन्नल्लाह यअ़्लमु मा युसिर्रून व मा युअ़्लिनून (७७) व मिन्हुम् उम्मीयून ला यअ़्लमूनल्किताब अिल्ला अमानीय व अिन् हुम् अिल्ला यज़ुन्नून (७८) ● फ़वैलुल्लिल्लज़ीन यक्तुबूनल्किताब बिअैदीहिम् क् सुम्म यक़ूलून हाज़ा मिन् अिन्दिल्लाहि लियश्तरू बिहि समनन् क़लीलन् त् फ़वैलुल्लहुम् मिम्मा कतबत् अैदीहिम् व वैलुल्लहुम् मिम्मा यक्सिबून (७९) व क़ालू लन् तमस्सनन्नारु अिल्ला अैयाममम्अ़्दूदतन् त् क़ुल् अत्तख़ज़्तुम् अिन्दल्लाहि अ़हदन् फ़लैंयुख़्लिफ़ल्लाहु अ़हदहू अम् तक़ूलून अ़लल्लाहि मा ला तअ़्लमून (८०) बला मन् कसब सैयिअतौंव अ़हातत् बिहि ख़तीअतुहू फ़अुला अिक अस्हाबुन्नारि ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (८१) वल्लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति अुला अिक अस्हाबुल्ज़न्नति ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (८२) ★ व अिज़ अख़ज़्ना मीसाक़ बनी अिस्राईल ला तअ़्बुदून अिल्लल्लाह क़िफ़् व बिल्वालिदैनि अिह्सानौंव ज़िल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनि व क़ूलू लिन्नासि हुस्नौंव अक़ीमुस्सलात्त व आतुज़्ज़कात्त त् सुम्म तवल्लैतुम् अिल्ला क़लीलम् मिन्कुम् व अन्तुम् मुअ़्रिज़ून (८३)

फिर इसके बाद भी तुम्हारे दिल सख़्त ही रहे कि गोया वह पत्थर हैं बल्कि उनसे भी बढ़कर कठोर। (क्योंकि) पत्थरों में कुछ ऐसे भी हैं कि उनसे नदियाँ फूट निकलती हैं और कुछ पत्थर ऐसे हैं जो फट जाते हैं और उनसे पानी झरता है और कुछ पत्थर ऐसे भी हैं जो अल्लाह के डर से लुढ़क पड़ते हैं, और जो कुछ तुम कर रहे हो अल्लाह उससे बेख़बर नहीं। (७४) तो (मुसलमानो!) क्या तुमको आशा है कि (यहूदी) तुम्हारी बात मान कर ईमान ले आवेंगे? (जबकि) उनका हाल यह है कि उनमें कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ख़ुदा का कलाम सुनते हैं फिर उसको समझ लेने के बाद भी उसको कुछ का कुछ कर देते हैं। और वह इसे (ख़ूब) जानते भी हैं। (७५) और जब ईमानवालों से मिलते हैं तो कह देते हैं कि हम भी ईमान ला चुके हैं और जब आपस में अकेले में होते हैं तो कहते हैं कि जो कुछ (तौरात में) ख़ुदा ने तुम पर खोला है, क्या तुम मुसलमानों को उसकी ख़बर दिये देते हो कि तुम्हारे पालनकर्ता के सामने उसी बात की सनद पकड़कर तुमको क़ायल कर दें,§ तो क्या तुम (इतनी बात भी) नहीं समझते। (७६) (परन्तु) क्या इन मनुष्यों को यह बात मालूम नहीं कि वह जो कुछ छिपाते हैं और जो कुछ ज़ाहिर करते हैं, अल्लाह जानता है। (७७) और बाज़ उनमें अनपढ़ हैं जो अपने दिलों को ख़ुश करने वाली झूठी ख़्वाहिशों (मनोरथों) के अलावा किताब का ज्ञान नहीं रखते और वह फ़क़त ख़याल पकाया करते हैं। (७८) ● पस ख़राबी है उन लोगों पर जो अपने हाथ से तो किताब लिखें फिर कहें कि यह ख़ुदा के यहाँ से (उतरी) है ताकि उसके द्वारा थोड़े से दाम हासिल करें; सो ख़राबी है उनके लिए उनके ऐसा लिखने के कारण और ख़राबी है उनके लिए ऐसी कमाई करने पर। (७९) और वे कहते हैं कि गिनती के चन्द रोज़ के सिवा (दोज़ख़ की) आग उनको छुएगी नहीं†। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो, क्या तुमने अल्लाह से कोई अहद पा लिया है और इसलिए अब अल्लाह अपनी प्रतिज्ञा के हरगिज़ ख़िलाफ़ नहीं करेगा, या बेसमझे अल्लाह के लिए ऐसी बातें कहते हो? (८०) सच्ची बात तो यह है कि जो भी बुरी बातें करता है और (जो) हर तरफ़ से पापों में घिरा है तो ऐसे ही लोग दोज़ख़ी हैं कि वह सदैव जहन्नम (नरक) ही में रहेंगे। (८१) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये, ऐसे ही लोग जन्नती हैं कि वह हमेशा जन्नत ही में रहेंगे। (८२) ★

और (वह समय याद करो) जब हमने याक़ूब के बेटों से पक्की प्रतिज्ञा ली कि ख़ुदा के सिवा किसी की इबादत नहीं करेंगे और माता पिता के साथ सलूक से पेश आयेंगे और रिश्तेदारों, अनाथों और दीन दुखियों के साथ (भी)। और लोगों से साफ़ और भले तौर पर (मुलामयत से) बात करेंगे और नमाज़ क़ायम करेंगे और ज़कात देते रहेंगे। फिर तुममें से थोड़े आदमियों के सिवा बाक़ी सब पलट गये और तुम लोग तो पलट जाया ही करते हो। (८३)

§ यहूदियों के धर्मग्रंथ में उनसे ख़ुदा की यह भविष्यवाणी है कि आगे चलकर तुम्हारे ही भाईबन्दों (सेमेटिक जाति की ही दूसरी शाखा अरबों) में हम एक धर्मग्रंथ और पैग़म्बर को भेजेंगे। लेकिन डाह के सबब, यहूदी इस बात से मुकरते थे और क़ुर्आन और मुहम्मद का स्वागत नहीं कर रहे थे। धर्म और अधर्म का यह सनातन से झगड़ा है। लेकिन स्वयं रसूल (मुहम्मद) के कथनानुसार ज्ञान को चीन जैसे दूर देश से भी हासिल करके, अपने स्थान पर ही अधर्म और अज्ञान का नाश किया जा सकता है। (अ.यू.)

† यहूदी कहते थे कि हम अल्लाह के प्यारे हैं। हम चाहे जितने पाप करें, चन्द दिन से आगे नरक में नहीं रह सकते। कुछ ने कहा चालीस दिन, जितने दिन बछड़ा पूजा था; कुछ ने कहा चालीस साल, जितने वर्ष 'तीह' में मारे मारे फिरे; कुछ ने कहा हर एक जितने दिन तक जीवित रहा।

व अिज् अख़ज्ना मीसाक़कुम् ला तस्फ़िकून दिमा॰अकुम् व ला तुख़्रिजून अन्फ़ुसकुम् मिन् दियारिकुम् सुम्म अक़्रर्तुम् व अन्तुम् तश्हदून (८४) सुम्म अन्तुम् हा॰अुला॰अि तक़्तुलून अन्फ़ुसकुम् व तुख़्रिजून फ़रीक़म्मिन्कुम् मिन् दियारिहिम् ज् तज़ाहरून अलैहिम् बिल् अिस्मि वल्अुद्वानि त् व अिंयअ्तूकुम् अुसारा तुफ़ादूहुम् व हुव मुहर्रमुन् अलैकुम् अिख़्राजुहुम् त् अफ़तुअ्मिनून बिबअ़्ज़िल्-किताबि व तक्फ़ुरून बिबअ़्ज़िन् ज् फ़मा जज़ा॰अु मैंयफ़्अलु जालिक मिन्कुम् अिल्ला ख़िज़्युन् फ़िल्हयातिद्दुन्या ज् व यौमल्क़ियामति युरद्दून अिला॰ अशद्दिल्अ़ज़ाबि त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ़्मलून (८५) अुला॰अिकल्लजीनश्तर - वुल्हयातद्दुन्या बिल्आख़िरति ज् फ़लायुख़फ़्फ़फ़ु अन्हुमुल्अ़ज़ाबु व ला हुम् युन्सरून (८६) ★ व लक़द् आतैना मूसल्किताब व क़फ़्फ़ैना मिम्बअ़्दिहि बिर्रुसुलि ज् व आतैना अीसब्न मर्यमल्बैयिनाति व अैयद्नाहु बिरूहिल्क़ुदुसि त् अफ़कुल्लमा जा॰अकुम् रसूलुम्बिमा ला तह्वा॰ अन्फ़ुसुकुमुस्-तक्बर्तुम् ज् फ़फ़रीक़न् कज्जब्तुम् ज् व फ़रीक़न् तक़्तुलून (८७) व क़ालू क़ुलूबुना गुल्फ़ुन् त् बल् लअनहुमुल्लाहु बिकुफ़्रिहिम् फ़क़लीलम्मा युअ्मिनून (८८) व लम्मा जा॰अहुम् किताबुम्मिन् अिन्दिल्लाहि मुसद्दिक़ुल्लिमा मअ़हुम् ला व कानू मिन् क़ब्लु यस्तफ़्तिहून अलल्लजीन कफ़रू ज् सला फ़लम्मा जा॰अहुम् मा अरफ़ू कफ़रू बिहि ज् फ़लअ़्नतुल्लाहि अलल्-काफ़िरीन (८९) बिअ्समश्तरौ बिहि अन्फ़ुसहुम् अैंयक्फ़ुरू बिमा॰ अन्ज़लल्लाहु बग़्यन् अैंयुनज़्ज़िलल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि अला मैंयशा॰अु मिन् अिबादिहि ज् फ़बा॰अू बिग़ज़बिन् अला ग़ज़बिन् त् व लिल्काफ़िरीन अज़ाबुम्मुहीनुन् (९०) व अिजा क़ील लहुम् आमिनू बिमा॰ अन्ज़लल्लाहु क़ालू नुअ्मिनु बिमा॰ अुन्ज़िल अलैना व यक्फ़ुरून बिमा वरा॰अहू क् व हुवल्हक़्क़ु मुसद्दिक़ल्लिमा मअ़हुम् त् क़ुल् फ़लिम तक़्तुलून अम्बिया॰अल्लाहि मिन् क़ब्लु अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (९१)

(और वह समय याद करो) जब हमने तुमसे पक्की प्रतिज्ञा ली कि आपस में एक दूसरे का ख़ून न बहाना और न अपने शहरों से अपने लोगों को देश-निकाला देना, फिर तुमने प्रतिज्ञा की और तुम (इस बात के) गवाह भी हो। (८४) फिर तुम वही हो कि अपनों को क़त्ल भी करते हो और अपनों ही में से कुछ को देशनिकाला भी कराते हो (और) उनपर गुनाह और ज़ुल्म के साथ (चढ़ाई करके उन अपनों के विरोधियों का) साथ भी देते हो। और उन्हीं में से कोई अगर क़ैद होकर तुम तक पहुँचते हैं तो तुम फ़िदयः (बदले में धन) देकर उनको छुड़ा लेते हो§। हालाँकि उनको देश-निकाला कराना ही तुमको हराम (निषिद्ध) था। तो क्या किताब की कुछ बातों को मानते हो और कुछ को नहीं मानते? तो जो लोग तुममें से ऐसा करें, इसके सिवा उसकी और क्या सज़ा हो सकती है कि दुनिया की ज़िन्दगी में अपमानित हों और क़ियामत के दिन बड़ी ही कठिन सज़ा की तरफ़ लौटा दिये जायँ और जो कुछ भी तुम लोग करते हो, अल्लाह उससे बेख़बर नहीं है। (८५) यही हैं जिन्होंने आख़िरत (परलोक) के बदले संसार की ज़िन्दगी मोल ली। सो न तो (क़ियामत के दिन) उनकी सज़ा ही हल्की की जायगी और न उनको मदद ही पहुँचेगी। (८६)★

और हमने मूसा को किताब (तौरात) दी और उनके बाद एक के बाद एक रुसूल (पैग़म्बर) भेजे और मरियम के बेटे ईसा को (भी) खुले निशान (चमत्कार) दिये और पाक रूह के द्वारा उनकी ताईद (पुष्टि) की। तो जब-जब तुम्हारे पास कोई रसूल (ईश्वर-दूत) तुम्हारी इच्छाओं के ख़िलाफ़ कोई हिदायत लेकर आया, तुमने घमंड किया? फिर कुछ को तुमने झुठलाया और कुछ को मार डालने लगे। (८७) और वह (यहूदी घमण्ड से) कहते हैं कि हमारे दिल कवच से सुरक्षित हैं,† बल्कि (सही यों है कि) कुफ़्र के कारण ख़ुदा ने इनको फटकार दिया है। सो उनका ईमान बहुत ही थोड़ा (सीमित) है। (८८) और जब ख़ुदा की तरफ़ से इनके पास एक किताब (क़ुर्आन) आई, जो उनकी किताब (तौरात) की तसदीक़ करती है और इससे पहले वह काफ़िरों के मुक़ाबिले में ख़ुद ही बयान किया करते थे तो जब वह चीज़, जिसको जाने-पहचाने हुए थे, आ मौजूद हुई, तो उससे इनकार कर बैठे। इन इन्कारियों पर ख़ुदा की फटकार। (८९) वह चीज़ बुरी है जिसके बदले उन लोगों ने अपने आप को बेच डाला—कि इन्कारी हो गये उस चीज़ के जिसको अल्लाह ने उतारा, सिर्फ़ इस ज़िद पर कि ख़ुदा (क्यों) अपने बन्दों में से जिस पर चाहता है (उसी पर) अपनी कृपा से (इल्म) उतारता है♦। इसलिए कोप पर कोप में पड़े और इन्कारियों के लिए ज़िल्लत (अपमान) की सज़ा है। (९०) और जब इनसे कहा जाता है कि क़ुर्आन जो ख़ुदा ने उतारा है उस पर ईमान लाओ तो कहते हैं कि हम उसी को मानते हैं जो हम पर उतर चुकी है और उसके अतिरिक्त दूसरी किताब से इन्कार करते हैं। हालाँकि यह क़ुर्आन सच्चा है और जो किताब उनके पास है उसकी तसदीक़ (समर्थन) करता है। (ऐ पैग़म्बर! इनसे यह तो) पूछो कि (अगर तुम ईमानवाले थे तो) इसके पहले (तौरात के ही समर्थक) ख़ुदा के पैग़म्बरों को क्यों मार डाला करते थे?‡ (९१)

रु. १०।१० आ ४

§ यह ज़िक्र इस तौर पर है। यहूदियों में 'बनी क़ुरैज़ः' और 'बनी नुज़ैर' दो वंश थे, जिनमें अदावत चलती थी। उसी तरह मुशरिकों में 'औस' और 'ख़ज़रज' दो कुटुम्ब थे, जो आपस में बैर रखते (अगले पृष्ठ पर)

† यहूदियों का कहना था कि सारा इल्म हमारे दिलों में महफ़ूज़ है। किसी दूसरे इल्म, किताब या रसूल की अब इसमें गुंजाइश नहीं है। (अ. यू.) ♦ यहूदी दूसरी जाति में नबी पैदा होने से मारे डाह के कहते थे कि ख़ुदा ने मुहम्मद ही को पैग़म्बरी के लिए क्यों चुना। जवाब दिया गया है कि ख़ुदा जिसको जो दर्जा दे, उसकी मरज़ी है। ‡ अगर महम्मद से दूसरी क़ौम होने के सबब से तुमको हसद है तो तुम्हारी ही क़ौम में जो ईसा वग़ैरः नबी हुये उनको क्यों क़त्ल कर डालते थे। मतलब तो यह कि उनकी इन्कारी का असली सबब तो उनका अपना स्वार्थ, अपनी तंगनज़री और ख़ुदग़रज़ी थी (अ.यू.)

व लक़द् जा॰अकुम् मूसा बिल् बैयिनाति सुम्मत्तख़ज्तुमुल्अिज्ल मिम्बअ़्दिहि व अन्तुम् ज़ालिमून (९२) व अिज् अख़ज़्ना मीसाक़कुम् व रफ़अ़्ना फ़ौक़कुमुत्तूर त् ख़ुजू मा॰ आतैनाकुम् बिक़ूवतिंव्वस्मअू त् क़ालू समिअ़्ना व अ़सैना क् व अुश्रिबू फ़ी क़ुलूबिहिमुल्अिज्ल बिकुफ़्रिहिम् त् क़ुल् बिअ्समा यअ्मुरुकुम् बिहि॰ अीमानुकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (९३) क़ुल् अिन् कानत् लकुमुद्दारुल्आख़िरतु अिन्दल्लाहि ख़ालिसतन्मिन्दूनिन्नासि फ़तमन्नवुल्-मौत अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (९४) व लैंयतमन्नौहु अबदम्बिमा क़द्दमत् अैदीहिम् त् वल्लाहु अलीमुम्-बिज्ज़ालिमीन (९५) व लतजिदन्नहुम् अह्रसन्नासि अला हयातिन् ज ∴ व मिनल्लजीन अश्रकू ∴ ज यवद्दु अहदुहुम् लौ युअ्म्मरु अल्फ़ सनतिन् ज व मा हुव बिमुज़ह्ज़िहिहि॰ मिनल्अ़ज़ाबि अंयुअ्म्मर त् वल्लाहु बसीरुम्-बिमा यअ़्मलून (९६)★ क़ुल् मन् कान अ़दूवल्लिजिब्रील फ़अिन्नहू नज़्ज़लहू अला क़ल्बिक बिअिज़्निल्लाहि मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि व हुदौंव बुश्रा लिल्मुअ्मिनीन (९७) मन् कान अ़दूवल्लिल्लाहि व मलाअिकतिहि॰ व रुसुलिहि॰ व जिब्रील व मीकाल फ़अिन्नल्लाह अ़दूवुल्लिल्काफ़िरीन (९८) व लक़द् अन्ज़ल्ना॰ अिलैक आयातिम् बैयिनातिन् ज व मा यक्फ़ुरु बिहा॰ अिल्लल्फ़ासिक़ून (९९) अव कुल्लमा आहदू अ़ह्दन्नबजहू फ़रीक़ुम्मिन्हुम् त् बल् अक्सरुहुम् ला युअ्मिनून (१००) व लम्मा जा॰अहुम् रसूलुम्मिन् अिन्दिल्लाहि मुसद्दिक़ुल्लिमा मअ़हुम् नबज फ़रीक़ुम्मिनल्लजीन अूतुल्किताब क़ ला किताबल्लाहि वरा॰अ ज़ुहूरिहिम् कअन्नहुम् ला यअ़्लमून ज़ (१०१)

और तुम्हारे पास मूसा खुले निशान लेकर आये, इस पर भी तुम (जब वे तौरात लेने तूर पहाड़ पर गये) उनके पीछे बछड़े को (पूजने के लिए) ले बैठे और तुम तो हो ही अन्यायी। (९२) (वह समय याद करो) जब हमने तुमसे पक्की प्रतिज्ञा ली और तूर (पहाड़) लाकर तुम पर ऊँचा उठाया और हुक्म दिया कि यह किताब (तौरात) जो हमने तुमको दी है, इसको मज़बूती से पकड़े रहो, सुनो और पल्ले बाँधो। उत्तर में उन लोगों ने कहा कि हमने सुन लिया; लेकिन हमने माना नहीं§ और उनकी (अब तक की) इन्कारी के कारण बछड़ा उनके दिल में समाया हुआ था। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि अगर तुम ईमानवाले (बनते) हो तो तुम्हारा ईमान तुमको कैसी बुरी बात सिखला रहा है। (९३) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि अगर ख़ुदा के यहाँ आक़िबत का घर (परलोक का सुख) ख़ास कर तुम्हारे ही लिए है, दूसरे लोगों के लिए नहीं और अगर तुम्हारा यह ख़याल सच्चा है तो मौत की इच्छा कर देखो। (९४) लेकिन वह अपने पिछले कुकर्मों के कारण मौत की प्रार्थना कभी नहीं कर सकते और ख़ुदा अन्यायियों को ख़ूब जानता है (९५) और (ऐ रसूल) उन्हें और सब आदमियों से और मुशरिकों† से भी संसारी जीवन के लिए ज़्यादा लालची पाओगे और उनमें से हर एक चाहता है कि हज़ार बरस उम्र पावे और इतनी उम्र पा भी जावें तो वह उन्हें (आख़िरत की) सज़ा से बचा न सकेगी। और ख़ुदा देखता है जो कुछ वह करते हैं। (९६) ★ रु. ११—११ आ १०

(ऐ पैग़म्बर!) कहो जो शख़्स जिबरील फ़रिश्ते का दुश्मन हो, उसको मालूम हो कि उसने तो (क़ुर्आन) ख़ुदा के हुक्म से तुम्हारे दिल में डाला है, जो उन (किताबों) की भी तसदीक़ करता है जो इससे पहले से मौजूद हैं और ईमानवालों के लिए हिदायत और ख़ुशख़बरी देता है। (९७) जो मनुष्य अल्लाह का दुश्मन हो और उसके फ़रिश्तों का और उसके रसूलों का और जिबरील का और मीकाईल (फ़रिश्ते) का, तो अल्लाह भी ऐसे काफ़िरों का दुश्मन है। (९८) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुम्हारे पास खुली (स्पष्ट) आयतें भेजी हैं और बदकिरदारों (दुष्कर्मियों) के सिवाय और कोई उनसे इन्कार न करेगा। (९९) जब कभी वे कोई प्रतिज्ञा कर लेते हैं तो इनमें का कोई न कोई फ़रीक़ उस अह्द (प्रतिज्ञा) को तोड़ फेंकता है, बल्कि इनमें के ज़्यादातर तो ईमान ही नहीं रखते। (१००) और जब उनके पास ख़ुदा की तरफ़ से रसूल (मुहम्मद) आये (और वह) उस किताब (तौरात) की जो इन (यहूदियों) के पास है, तसदीक़ भी करते हैं तो (इन) किताबवालों में से एक गरोह ने अल्लाह की किताब (तौरात) को (जिसमें इन रसूल की पेशींगोई भी है) अपनी पीठ के पीछे फेंक दिया कि गोया वह कुछ जानते ही नहीं (कि यह कौन किताब है और इसमें कैसी पेशींगोइयाँ हैं)‡। (१०१)

(पिछले पृष्ठ से) थे। एक दूसरे के धर्म के विरोधी होते हुए भी 'बनी क़ुरैज़ः' औस के साथ मिलकर और 'बनी नुज़ैर' ख़ज़रज की सहायता से एक दूसरे से लड़ते और देश से निकलवा देते व उनकी जायदाद पर अधिकार कर लेते। एक ओर तो अपनों को ग़ैरों की मदद से नष्ट करते, दूसरी ओर अपनी धर्मपुस्तक तौरात के हुक्म के अनुसार क़ैदी की शकल में आने पर उन्हीं को बदले में धन देकर क़ैद से छुड़ा भी लेते। क्या कहा जाय? वह तौरात के ख़िलाफ़ करते थे या मुआफ़िक़, या दोनों?

§ उन्होंने ज़बानी तो अह्द कर लिया लेकिन दिल में इन्कारी बसी होने के सबब उस अह्द पर अमल नहीं किया। (अ. यू.) † ख़ुदा में, उसकी ज़ात में, उसकी सिफ़तों में, उसकी इबादत (उपासना) में दूसरे को शरीक करनेवाले मुशरिक कहलाते हैं—(विभाजक)। ‡ यह हर क़ौम का एक चलन देखा गया है कि जब उन पर कोई ज्ञान उतरता है तो कुछ दिनों उस पर चल कर और दुनियावी और रूहानी तरक़्क़ी हासिल कर लेने के बाद उन पर एक नशा छाने लगता है कि अल्लाह के बस वही बन्दे हैं। उनके अलावा सारी ख़िलक़त का ख़ुदा से वास्ता नहीं और न ख़ुदा उनको परवाह करेगा। यह कमज़ोरी ही उस क़ौम के ज़वाल का सबब होता है। कोई मज़हब हत्ता कि मुसलमान भी इस भरम के उतने ही शिकार हो सकते हैं जितने कि दूसरे लोग।

वत्तबअू मा तत्लुश्शयातीनु अला मुल्कि सुलैमान ज् व मा कफ़र सुलैमानु व लाकिन्नश्शयातीन कफ़रू युअल्लिमूनन्नासस्सिहू॰र क् व मा॰ उन्ज़िल अलल्मलकैनि बिबाबिल हारूत व मारूत त् व मा युअल्लिमानि मिन् अहदिन् हत्ता यक़ूला॰ अिन्नमा नहनु फ़ित्नतुन् फ़ला तक्फ़ुर् त् फ़यतअल्लमून मिन्हुमा मा युफ़र्रिक़ून बिहि॰ बैनल्-मअि व ज़ौजिहि॰ त् व मा हुम् बिज़ा॰रीन बिहि॰ मिन् अहदिन् अिल्ला बिअिज़्निल्लाहि त् व यतअल्लमून मा यज़ुर्रुहुम् व ला यन्फ़अुहुम् त् व लक़द् अलिमू लमनिश्तराहु मा लहू फ़िल्आख़िरति मिन् ख़लाक़िन् क़िफ़ त् व लबिअ्स मा शरौ बिहि॰ अन्फ़ुसहुम् त् लौ कानू यअ्लमून (१०२) व लौ अन्नहुम् आमनू वत्तक़ौ लमसूबतुम्मिन् अिन्दिल्लाहि ख़ैरुन् त् लौ कानू यअ्लमून (१०३) ★ या॰ अैयुहल्लजीन आमनू ला तक़ूलू राअिना व क़ूलुन्ज़ुर्ना वस्मअू त् व लिल्काफ़िरीन अज़ाबुन् अलीमुन् (१०४) मा यवद्दुल्लजीन कफ़रू मिन् अहलिल्किताबि व लल्मुश्रिकीन अैंयुनज़्ज़ल अलैकुम् मिन्ख़ैरिम्मिर्रब्बिकुम् त् वल्लाहु यख़्तस्सु बिरह्मतिहि॰ मैंयशा॰अु त् वल्लाहु जुल्फ़ज़्लिल् अज़ीमि (१०५) मा नन्सख़् मिन् आयतिन् औ नुन्सिहा नअ्ति बिख़ैरिम्मिन्हा॰ औ मिस्लिहा त् अलम् तअ्लम् अन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१०६) अलम् तअ्लम् अन्नल्लाह लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् (१०७) अम् तुरीदून अन् तस्अलू रसूलकुम् कमा सुअिल मूसा मिन् क़ब्लु त् व मैंयतबद्दलिल्कुफ़्र बिल्अीमानि फ़क़द् ज़ल्ल सवा॰अस्सबीलि (१०८) वद्द कसीरुम्मिन् अहलिल्किताबि लौ यरुद्दूनकुम् मिम्बअ्दि अीमानिकुम् कुफ़्फ़ारन् ज् सला हसदम्मिन् अिन्दि अन्फ़ुसिहिम् मिम्बअ्दि मा तबैयन लहुमुल्हक़्क़ु ज् फ़अ्फ़ू वस्फ़हू हत्ता यअ्तियल्लाहु बिअम्रिहि॰ त् अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१०९) ● व अक़ीमुस्सलात व आतुज़्ज़कात त् व मा तुक़द्दिमू लिअन्फ़ुसिकुम् मिन् ख़ैरिन् तजिदूहु अिन्दल्लाहि त् अिन्नल्लाह बिमा तअ्मलून बसीरुन् (११०)

और उन (ढकोसलों) के पीछे लग गये जिनकी सुलेमान के राज्यकाल में शैतान चर्चा किया करते थे (यानी जादू) हालाँकि सुलेमान तो काफ़िर न थे बल्कि वह शैतान थे जो कुफ़्र करते थे और लोगों को जादू सिखाया करते थे, और (वह उसके पीछे हो लिये) जो बाबुल (शहर) में हारूत और मारूत फ़रिश्तों पर उतरा था। और वह (दोनो) किसी को कुछ न सिखाते थे जब तक उनसे न कह देते थे कि हम तो जाँच के लिए हैं, बस तू काफ़िर न हो जाना। इस पर भी उनसे ऐसी बातें सीखते जिसके द्वारा पति-पत्नी में जुदाई पड़ जाय। हालाँकि बग़ैर हुक्म खुदा वह अपनी इन बातों से किसी को नुक़सान नहीं पहुँचा सकते। ग़रज़ यह लोग ऐसी बातें सीखते जिनसे इन्हें ही नुक़सान था, फ़ायदा नहीं। और वह इतना ज़रूर जानते थे कि जो शख़्स इन बातों का ख़रीदार हुआ उसके लिए आख़िरत (परलोक) में कोई हिस्सा नहीं, और निस्सन्देह वह बहुत बुरा था जिसके बदले इन्होंने अपने आप को बेच डाला। हा शोक! इनको अगर समझ होती।(१०२) और अगर यह ईमान लाते और परहेज़गार बनते तो खुदा के पास से अच्छा फल मिलता अगर इनको समझ होती।(१०३)★

ऐ ईमानवालो! (पैग़म्बर के साथ) 'राअिना' कहकर सम्बोधन न किया करो बल्कि उन्जुर्ना§ कहा करो और उन्हें ध्यान से सुना करो। काफ़िर के लिए दुखदाई सज़ा है।(१०४) किताबवालों में से जो लोग इन्कारी हैं और मुशरिक, वे इस बात से खुश नहीं हैं कि तुम्हारे पालनकर्त्ता की तरफ़ से तुम पर भलाई उतरे, (यहूदी तमन्ना करते हैं कि बनी इस्राईल में से अन्तिम रसूल होता और मुशरिक चाहते हैं कि अन्तिम रसूल उनकी जाति में से होता परन्तु अल्लाह ने जिस पर चाहा अपनी दया उतारी।) और अल्लाह जिसको चाहता है अपनी दया के लिए ख़ास चुन लेता है और अल्लाह बड़ा दयावान है।(१०५) (ऐ पैग़म्बर!) हम कोई आयत मन्सूख़ (बर्ज्जित) कर दें या बुद्धि से उसको उतार दें तो उससे अच्छी या वैसीही (आयत) पहुँचा देते हैं;† क्या तुमको मालूम नहीं कि अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है? (१०६) क्या तुमको मालूम नहीं कि आसमान और ज़मीन का राज्य उसी अल्लाह का है और अल्लाह के सिवाय तुम्हारा कोई दोस्त और मददगार नहीं है?(१०७) क्या तुम यह चाहते हो कि जिस तरह पहले मूसा से सवालात किये गये थे, (उनकी बातों में सन्देह के कारण, जो ईमान के विरुद्ध है) तुम भी अपने रसूल से सवालात करो (यहूदियों के बहकाने से सन्देह में पड़ कर, जो रसूल पर विश्वास करने के विरुद्ध है), और जो ईमान के बदले कुफ़्र ले ले (सन्देह में पड़ना कुफ़्र है) तो वह सीधे रास्ते से भटक गया।(१०८) अक्सर किताब के माननेवाले सच्चाई ज़ाहिर हो जाने के बावजूद अपनी दिली ईर्ष्या की वजह से चाहते हैं कि तुम्हारे ईमान लाने के बाद फिर तुमको काफ़िर बना दें, तो क्षमा करो, और उन पर ध्यान न दो, यहाँ तक कि खुदा अपनी आज्ञा जारी करे। (आख़िर आज्ञा आ गई कि यहूदियों को मदीने के आस पास से निकाल बाहर करो) बेशक अल्लाह हर चीज़ पर शक्तिशाली है। (१०९)● नमाज़ पर दृढ़ रहो और ज़कात देते रहो और जो कुछ भलाई अपने लिए पहले से भेज दोगे उसको खुदा के यहाँ पाओगे। बेशक अल्लाह जो कुछ भी तुम करते हो देख रहा है। (११०)

§ 'राअिना' के माने हैं 'हमारी ओर ध्यान दें'। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व आलिही व सल्लम के दरबार में यहूदी आकर बैठते और हुज़ूर का कोई शब्द समझ में न आता तो 'राअिना' के स्थान पर 'राअीना' का शब्द शरारत से इस्तेमाल करते। **'राअीना' के माने हैं** 'हमारा चर्वाहा' और यहूदियों की बोली में राअिना मूर्ख को भी कहते हैं। इसलिए मुसलमान भी यहूदियों की इस शरारत में भटक न जायँ, उन्हें हिदायत की गई कि वे 'उन्जुर्ना' कहा करें। उसके माने हैं हमारी ओर ध्यान दीजिये। इस प्रकार 'राअिना' और 'राअीना' की भूल से बच जायँ। † बाज़ लोगों की मुराद यहाँ क़ुर्आन की ही आयतों से है और बाज़ का कहना है कि और दूसरी खुदाई किताबों की आयतों पर भी मुराद है। मतलब यह है कि (अगले पृष्ठ पर)

व क़ालू लैंयद्ख़ुलल्जन्नत अिल्ला मन् कान हूदन् औ नसारा त् तिल्क अमानीयुहुम् त् क़ुल् हातू बुर्हानकुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१११) बला क् मन् अस्लम वज्हहू लिल्लाहि व हुव मुह्सिनुन् फ़लहू अज्रुहू अिन्द रब्बिहि ॥ व ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (११२) ★ व क़ालतिल्यहूदु लैसतिन्नसारा अला शैअिन् ॥ व क़ालतिन्नसारा लैसतिल्यहूदु अला शैअिन् ला व हुम् यत्लूनल्किताब त् कज़ालिक क़ाल्लज़ीन ला यअ्लमून मिस्ल क़ौलिहिम् ज् फ़ल्लाहु यह्कुमु बैनहुम् यौमल्क़ियामति फ़ी मा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (११३) व मन् अज़्लमु मिम्मम्मनअ् मसाजिदल्लाहि अैंयुज्कर फ़ीहस्मुहू व सआ फ़ी ख़राबिहा त् अुलाअिक मा कान लहुम् अैंयद्ख़ुलूहा अिल्ला ख़ाअिफ़ीन ۵ त् लहुम् फ़िद्दुन्या ख़िज़्यूंव लहुम् फ़िल्आख़िरति अज़ाबुन् अज़ीमुन् (११४) व लिल्लाहिल्मश्रिक़ु वल्मग़्रिबु क् फ़अैनमा तुवल्लू फ़सम्म वज्हुल्लाहि त् अिन्नल्लाह वासिअुन् अलीमुन् (११५) व क़ालुत्तख़ज़ल्लाहु वलदन् ला सुब्हानहू त् बल्लहू मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त् कुल्लुल्लहू क़ानितून (११६) बदीअुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् व अिजा क़ज़ा अम्रन् फ़अिन्नमा यक़ूलु लहू कुन् फ़यकूनु (११७) व क़ाल्लज़ीन ला यअ्लमून लौ ला युकल्लिमुनल्लाहु औतअ्तीना आयतुन् त् कज़ालिक क़ाल्लज़ीन मिन् क़ब्लिहिम् मिस्ल क़ौलिहिम् त् तशाबहत् क़ुलू-बुहुम् त् क़द् बैयन्नल्आयाति लिक़ौमींयूक़िनून (११८) अिन्ना अर्सल्नाक बिल्हक़्क़िक़ बशीरौंव नज़ीरन् ला व ला तुस्अलु अन् अस्हाबिल्जहीमि (११९) व लन् तर्ज़ा अन्कल्यहूदु व लन्नसारा हत्ता तत्तबिअ् मिल्लतहुम् त् क़ुल् अिन्न हुदल्लाहि हुवल्हुदा त् व लअिनित्तबअ्त अह्वाअहुम् बअ्दल्लज़ी जाअक मिनल्अिल्मि ला मा लक मिनल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् ● (१२०)

और यहूदी कहते हैं कि हमारे सिवा और ईसाई कहते हैं कि हमारे सिवा बहिश्त में कोई नहीं जाने पायेगा। यह उनकी (अपनी) ख़यालो बातें हैं। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो अगर सच्चे हो तो अपनी सनद (प्रमाण) पेश करो।(१११) हाँ सच बात तो यह है कि जिसने अपने को (भक्तिपूर्वक) ख़ुदा को सौंप दिया और नेककार (सत्कर्मी) भी हो* तो उसके लिए उसका फल उसके पालनकर्त्ता से मिलेगा और ऐसे लोगों पर न डर होगा और न वह उदास होंगे।(११२)★

और यहूदी कहते हैं ईसाइयों का मज़हब कुछ नहीं और ईसाई कहते हैं यहूद का मज़हब कुछ नहीं, हालाँकि वह (दोनो ही ख़ुदाई) किताब (तौरात व इंजील) के पढ़नेवाले हैं। इसी तरह इन्हीं जैसी बातें (अरब के मुशरिक भी) कहा करते हैं जो कुछ भी (ईश्वरीय) ज्ञान नहीं रखते। तो जिस बात में यह लोग झगड़ रहे हैं क़ियामत के दिन अल्लाह इनमें उसका फ़ैसला कर देगा।(११३) उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है जो अल्लाह की मसजिदों (प्रार्थना-स्थलों) में उसका नाम लिए जाने को मना करे और उनके उजाड़ने की कोशिश करे?§ यह लोग ख़ुद इस योग्य नहीं कि मसजिदों में आने पावें सिवा इसके कि डरते हुए। इनके लिए दुनिया में अपमान व निरादर और आख़िरत में बड़ी सज़ा है।(११४) (यहूद व नसारा अपने अपने क़िबलों के लिए झगड़ते हैं हालाँकि) अल्लाह ही का पूर्व और पश्चिम है तो जिस ओर भी तुम मुँह करो, उधर ही अल्लाह का सामना है। बेशक अल्लाह बेहद वसत वाला (सर्वव्यापी) और सब कुछ जाननेवाला (सर्वज्ञ) है।(११५) और कहते हैं कि ख़ुदा औलाद रखता है (हालाँकि) वह इन बातों से पाक है बल्कि जो कुछ आसमान और ज़मीन में है वह सबका स्वामी है (न कि बाप) और सब उसकी आज्ञा के आधीन है।(११६) वह आसमान और ज़मीन का बनानेवाला है और जब किसी काम का करना ठान लेता है तो बस उसके लिए फ़र्मा देता है कि 'हो' और वह हो जाता है।(११७) जो कुछ नहीं जानते वे कहते हैं कि ख़ुदा हमसे बात क्यों नहीं करता या हमारे पास कोई निशानी क्यों नहीं आती (जिससे हम पैग़म्बरी की तसदीक़ कर लें), इसी तरह जो लोग इनसे पहले हो गये हैं इन्हीं-जैसी मूर्खता की बातें वह भी कहा करते थे। इन सबके दिल एक ही तरह के हैं। जो लोग यक़ीन रखते हैं उनको तो हम निशानियाँ साफ़ तौर पर दिखा चुके। (११८) (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमको सच्ची बात देकर मंगल समाचार देनेवाला और डरानेवाला (बनाकर) भेजा है और तुमसे दोज़ख (नरक की राह) पर तुले लोगों की बाबत कुछ पूछताछ नहीं होगी।(११९) और न तो यहूदी ही तुमसे कभी रज़ामंद होंगे और न ईसाई ही, जब तक कि तुम उन्हीं के मत की पैरवी न करो। (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों से कहो कि अल्लाह की हिदायत (इस्लाम) ही हिदायत है और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम इसके बाद कि तुम्हारे पास इल्म (यानी क़ुर्आन) आ चुका है, उनकी ख़्वाहिशों पर चले तो तुमको ख़ुदा के कोप से बचाने-वाला न कोई दोस्त है और न कोई मददगार●।(१२०)

रु. १३-१३ आ ६ ★ ● ब. मं.

(पिछाले पृष्ठ से) ईश्वर का पैग़ाम तो हमेशा एक और न बदलनेवाला है लेकिन ज़माने के लिहाज़ से उन आज्ञाओं की शक्लें बदल कर ख़ुदा की तरफ़ से आ सकती हैं। तौरात, इंजील और क़ुर्आन तीनो ईश्वर का हुक्म होते हुये भी उनमें समय के अनुसार ख़ुदा ने जब जो मुनासिब समझा आयत को भेजा, बदला या मन्सूख़ किया। (अ. यू.)

* सिर्फ़ किसी ख़ास धर्म में नामज़द होजाने से बहिश्त या अल्लाह की कृपा मयस्सर नहीं। ईमान और अमल—श्रद्धा और आचरण दोनो होने पर ही ख़ुदा के फ़ज़ल (कृपा) की प्राप्ति होती है। § मक्का के मुशरिक, काबा में, जहाँ उन्होंने सैकड़ों मूर्तियाँ स्थापित कर रखी थीं, मुसलमानों को प्रवेश नहीं करने देते थे। जब कि मुसलमान एक मात्र अल्लाह के सच्चे मानने वाले थे और इब्राहीम का काबा सचमुच उनके लिए ही इबादत का स्थान था, न कि उन बहुदेव-पूजकों के लिए। † ईसाई हज़रत ईसा को ख़ुदा का बेटा कहते हैं। उनको ही मुख़ातिब करते हुये यह आयत उतरी है। जिस तरह मनुष्य या पशु के औलाद होती है उस तरह से अल्लाह के औलाद होना यह कहना अन्याय है।

रु. १४८ आ ८

अल्लज़ीन आतैना-हुमुल्किताब यत्लूनहू हक़्क़ तिलावतिहीं त् अुला'अिक युअ्मिनून बिहीं त् व मैंयक्फ़ुर् बिहीं फ़अुला'अिक हुमुल्ख़ासिरून (१२१) ★ या बनी' अिस्रा'ीलज्कुरू निअ़्मतियल्लती' अन्अ़म्तु अलैकुम् व अन्नी फ़ज़्ज़ल्तुकुम् अलल्आलमीन (१२२) वत्तक़ू यौमल्ला तज्ज़ी नफ़्सुन् अन् नफ़सिन् शैअौंव ला युक़्बलु मिन्हा अद्लूंव ला तन्फ़अुहा शफ़ाअ़तूंव ला हुम् युन्सरून (१२३) व अिज़िब्तला' अिब्राहीं म रब्बुहू बिकलिमातिन् फ़अतम्महुन्न त् क़ाल अिन्नी जाअिलुक लिन्नासि अिमामन् त् क़ाल व मिन् जुर्रीयती त् क़ाल ला यनालु अ़हदिज्ज़ालिमीन (१२४) व अिज् जअ़ल्नल्बैत मसाबत्रल्लिन्नासि व अम्नन् त् वत्तख़िजू मिम्मक़ामि अिब्राहीं म मुसल्लन् त् व अहिद्ना' अिला' अिब्राहीं म व अिस्माअील अन् तह्हिरा बैतिय लित्ता'अिफ़ीन वल्आकिफ़ीन वर्रुक्कअ़िस्सुजूदि (१२५) व अिज् क़ाल अिब्राहीं मु रब्बिज्अल् हाज़ा बलदन् आमिनौंवर्ज़ुक् अह्लहू मिनस्समराति मन् आमन मिन् हुम् बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि त् क़ाल व मन् कफ़र फ़अुमत्तिअ़ुहू क़लीलन् सुम्म अज़्तर्रुहू' अिला अ़जाबिन्नारि त् व बिअ्सल्मसीरु (१२६) व अिज् यर्फ़अु अिब्राहीं मुल्क़वाअ़िद मिनल्बैति व अिस्माअीलु त् रब्बना तक़ब्बल् मिन्ना त् अिन्नक अन्तस्समीअ़ुल्अलीमु (१२७) रब्बना वज्अ़ल्ना मुस्लिमैनि लक व मिन् जुर्रीयतिना' अुम्मतम्मुस्लिमत्रल्लक त् व अरिना मनासिकना व तुब् अलैना ज् अिन्नक अन्तत्तौवाबुर्रहीमु (१२८) रब्बना वब्अ़स् फ़ीहिम् रसूलम्मिन्हुम् यत्लू अलैहिम् आयातिक व युअ़ल्लिमुहुमुल्किताब वल्हिक्मत्र व युज़क्कीहिम् त् अिन्नक अन्तल्अ़ज़ीज़ुल्हकीमु (१२९) ★ व मैंयर्ग़बु अम्मिल्लत्रि अिब्राहीं म अिल्ला मन् सफ़िह नफ़्सहू त् व लक़दिस्तफ़ैनाहु फ़िद्दुन्या ज् व अिन्नहू फ़िल्आख़िरत्रि लमिनस्सालिहीन (१३०) अिज् क़ाल लहू रब्बुहू' अस्लिम् ला क़ाल अस्लम्तु लिरब्बिल्आलमीन (१३१)

जिन लोगों को हमने किताब दी है अगर वह उसको उसी तरह पढ़ते रहे जैसे कि उसे पढ़ना चाहिये (तो) ऐसे ही लोग उसपर ईमान लानेवाले हैं। और जो इसका इन्कार करेंगे तो वही लोग हैं जो घाटे में रहेंगे। (१२१)★ रु. १४ १४ आ ६

ऐ याक़ूब की सन्तान! मेरी उन नियामतों को याद करो, जो मैंने तुम को दीं और इस बात को कि मैंने तुमको सारे संसार के लोगों पर प्रधानता दी।(१२२) और उस दिन (की सज़ा)से डरो कि कोई शख़्स किसी शख़्स का बोझ न बटा सकेगा और न उसकी तरफ़ से कोई बदला क़बूल किया जायगा और न सिफ़ारिश उसको फ़ायदा देगी और न लोगों को मदद पहुँचेगी।(१२३)§ और जब इबराहीम को उसके पालनकर्त्ता ने चन्द बातों में आज़माया और इबराहीम ने उन बातों को पूरा कर दिखाया, (तो ख़ुदा ने संतुष्ट होकर) कहा कि मैं तुमको लोगों का इमाम (यानी सरदार) बनाऊँगा। (इबराहीम ने) निवेदन किया कि मेरी संतान में से भी (इमाम बना)। (ख़ुदा ने) कहा, मगर मेरे इक़रार (वचन) में वह दाख़िल नहीं जो नाफ़र्मान (अवज्ञाकारी) होंगे।(१२४) और जब हमने काबे के घर को लोगों के जमा होने और शांति की जगह बनाया और (लोगों को हुक्म भेजा कि) इबराहीम की जगह को नमाज़ की जगह बनाओ और हमने इबराहीम और इस्माईल दोनो को आज्ञा दी कि मेरे घर को तवाफ़† (परिक्रमा) करने वालों और इअ़तिकाफ़‡ करनेवालों (उपासकों) और रुकूअ़♦ (और)सजदः✡ करने वालों के लिए पाक साफ़ रखो।*(१२५) और (ऐ पैग़म्बर! इनको वह समय भी याद दिलाओ) जब इबराहीम ने दुआ माँगी कि ऐ मेरे पालनकर्त्ता! इसको शान्ति का नगर बना और अल्लाह और क़ियामत पर ईमान रखनेवाले इसके निवासियों को फल फलाहार खाने को देता रह। (अल्लाह ने)फ़र्माया कि(इनके अलावा) जो कुफ़्र करेगा मैं उसको भी चन्द रोज़ के लिए चीज़ों से फ़ायदा उठाने दूँगा। फिर उसको मजबूर करके दोज़ख़(नरक)की सज़ा में ले जा दाख़िल करूँगा और (याद दिलाओ कि)वह बुरा ठिकाना है।(१२६) और जब इबराहीम और इस्माईल (दोनो) काबे की नीवें(बुनयादें)उठा रहे थे(और दुआएँ माँगते जाते थे) कि ऐ हमारे पालनेवाले हमारी (यह सेवा) क़बूल कर। बेशक तूही सुनने और जाननेवाला है।(१२७) ऐ हमारे पालनकर्त्ता! हमको अपना सच्चा आज्ञाकारी बना और हमारी सन्तान में से एक गरोह (पैदा कर) जो तेरा सच्चा आज्ञाकारी हो और हमको हमारे दीनी क़ायदे(धार्मिक विधि)बता और हमारी ओर ध्यान रख, बेशक तूही बड़ा ध्यान रखनेवाला है, बेहद मेहरबान है।(१२८)ऐ हमारे पालनेवाले! इनमें इन्ही में से एक पैग़म्बर उठा◎ कि इनको तेरी आयतें पढ़कर सुनाये और इनको किताब (क़ुर्आन) और ज्ञान की शिक्षा दे और इनको पवित्र और संयमी बनाए। बेशक तू बड़ा ही शक्तिशाली व ज्ञानवान है।(१२९)★ रु. १५ १५ आ ८

और कौन है जो इबराहीम के तरीक़ों से मुँह फेरे। सिवा उसके जो बिलकुल बेअक़्ल हो। बेशक हमने इबराहीम को दुनिया लोक में चुन लिया और आख़िरत (परलोक) में (भी)वह सदाचारियों में होंगे।(१३०) और जब उनसे पालनकर्त्ता ने कहा कि (मेरे) आज्ञाकारी बनो, (तो जवाब में) निवेदन किया कि मैं सारे संसार के स्वामी का आज्ञापालक हुआ।(१३१)

§ आयत१२२-१२३ में आयत ४७-४८ को दुहराया है। यहूदियों को इस चेतावनी को बार बार देने के बाद अब आयत १२४ से अरबो की विशेषता की चर्चा है। † तवाफ़—काबे के गिर्द नियमानुसार घूमने को तवाफ़ कहते हैं। ‡ इअ़्तिकाफ़—मसजिद में एक नियत समय तक जम कर रहने को 'इअ़्तिकाफ़' कहते हैं। ♦ घुटनों पर हाथ लगाकर झुके हुए खड़े होने को "रुकूअ़" कहते हैं। यह हालत नमाज़ में होती है। ✡ सजदः—घुटने टेक कर दोनों हाथों की हथेलियाँ और पाँचों उंगलियाँ ज़मीन पर रख कर और हाथों के बीच में माथा और नाक टेक कर ज़बान से ख़ुदा की पवित्रता के मंत्र का जाप करने को सजदः कहते हैं। * गन्दगी व मूर्तियों से पाक रखो। ◎ ह. मुहम्मद (स०) की पैग़म्बरी इसी प्रार्थना का परिणाम थी।

व वस्सा बिहा इब्राही़मु बनीहि व यअ़क़ूबु ط या बनीय इन्नल्लाहस्तफ़ा लकुमुद्दीन फ़ला तमूतुन्न इल्ला व अन्तुम् मुस्लिमून ط (१३२) अम् कुन्तुम् शुहदा'अ इज् हू़ज़र यअ़क़ूबल्मौतु ला इज् क़ाल लिबनीहि मा तअ़बुदून मिम्बअ़दी ط क़ालू नअ़बुदु इलाहक व इलाह आबा'इक इब्राही़म व इस्माओ़ील व इस्हाक़ इलाहौंवाहिदन् ज् सला व'व नहनु लहु मुस्लिमून (१३३) तिल्क उम्मतुन् क़द् ख़लत् ज् लहा मा कसबत् व लकुम् मा कसब्तुम् ज् व ला तुस्अलून अम्मा कानू यअ़मलून (१३४) व क़ालू कूनू हूदन् औ नसारा तह्तदू ط क़ुल् बल् मिल्लत इब्राही़म हनीफ़न् ط व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (१३५) क़ूलू आमन्ना बिल्लाहि व मा उन्ज़िल इलैना व मा उन्ज़िल इला इब्राही़म व इस्माओ़ील व इस्हाक़ व यअ़क़ूब वल्अस्बाति व मा ऊतिय मूसा व ओ़ीसा व मा ऊतियन्नबीयून मिर्रब्बिहिम् ज् ला नुफ़र्रिक़ु बैन अहदिम् मिन्हुम् ज् सला व नहनु लहु मुस्लिमून (१३६) फ़इन् आमनू बिमिस्लि मा आमन्तुम् बिहि फ़क़दिह्तदौ ज् व इन् तवल्लौ फ़इन्नमा हुम् फ़ी शिक़ाक़िन ज् फ़सयक्फ़ीकहुमुल्लाहु ज् व हुवस्समी-अुल् अ़लीमु ط (१३७) सिब्गतल्लाहि ज् व मन् अह्सनु मिनल्लाहि सिब्ग़तन् ज् व'व नहनु लहु आबिदून (१३८) क़ुल् अतुहा'ज्जूनना फ़िल्लाहि व हुव रब्बुना व रब्बुकुम् ज् व लना अअ़मालुना व लकुम् अअ़मालुकुम् ज् व नहनु लहु मुख़्लिसून (१३९) अम् तक़ूलून इन्न इब्राही़म व इस्माओ़ील व इस्हाक़ व यअ़क़ूब वल्अस्बात कानू हूदन् औ नसारा ط क़ुल् अअन्तुम् अअ़लमु अमिल्लाहु ط व मन् अज़लमु मिम्मन् कतम शहादतन् इन्दहु मिनल्लाहि ط व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ़मलून (१४०) तिल्क उम्मतुन् क़द् ख़लत् ज् लहा मा कसबत् व लकुम्मा कसब्तुम् ज् व ला तुस्अलून अम्मा कानू यअ़मलून (१४१) ★

بقرة ١٦ الم
بِهَآ إِبْرَٰهِـۧمُ بَنِيهِ وَيَعْقُوبُ يَٰبَنِىَّ إِنَّ ٱللَّهَ ٱصْطَفَىٰ لَكُمُ ٱلدِّينَ فَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا
وَأَنتُم مُّسْلِمُونَ ۝ أَمْ كُنتُمْ شُهَدَآءَ إِذْ حَضَرَ يَعْقُوبَ ٱلْمَوْتُ إِذْ قَالَ لِبَنِيهِ
مَا تَعْبُدُونَ مِنۢ بَعْدِى قَالُوا۟ نَعْبُدُ إِلَٰهَكَ وَإِلَٰهَ ءَابَآئِكَ إِبْرَٰهِـۧمَ وَإِسْمَٰعِيلَ
وَإِسْحَٰقَ إِلَٰهًا وَٰحِدًا ۖ وَنَحْنُ لَهُۥ مُسْلِمُونَ ۝ تِلْكَ أُمَّةٌ قَدْ خَلَتْ ۖ لَهَا مَا
كَسَبَتْ وَلَكُم مَّا كَسَبْتُمْ ۖ وَلَا تُسْـَٔلُونَ عَمَّا كَانُوا۟ يَعْمَلُونَ ۝ وَقَالُوا۟ كُونُوا۟ هُودًا
أَوْ نَصَٰرَىٰ تَهْتَدُوا۟ ۗ قُلْ بَلْ مِلَّةَ إِبْرَٰهِـۧمَ حَنِيفًا ۖ وَمَا كَانَ مِنَ ٱلْمُشْرِكِينَ ۝
قُولُوٓا۟ ءَامَنَّا بِٱللَّهِ وَمَآ أُنزِلَ إِلَيْنَا وَمَآ أُنزِلَ إِلَىٰٓ إِبْرَٰهِـۧمَ وَإِسْمَٰعِيلَ وَإِسْحَٰقَ
وَيَعْقُوبَ وَٱلْأَسْبَاطِ وَمَآ أُوتِىَ مُوسَىٰ وَعِيسَىٰ وَمَآ أُوتِىَ ٱلنَّبِيُّونَ مِن
رَّبِّهِمْ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ أَحَدٍ مِّنْهُمْ ۖ وَنَحْنُ لَهُۥ مُسْلِمُونَ ۝ فَإِنْ ءَامَنُوا۟
بِمِثْلِ مَآ ءَامَنتُم بِهِۦ فَقَدِ ٱهْتَدَوا۟ ۖ وَإِن تَوَلَّوْا۟ فَإِنَّمَا هُمْ فِى شِقَاقٍ
فَسَيَكْفِيكَهُمُ ٱللَّهُ ۚ وَهُوَ ٱلسَّمِيعُ ٱلْعَلِيمُ ۝ صِبْغَةَ ٱللَّهِ ۖ وَمَنْ
أَحْسَنُ مِنَ ٱللَّهِ صِبْغَةً ۖ وَنَحْنُ لَهُۥ عَٰبِدُونَ ۝ قُلْ أَتُحَآجُّونَنَا فِى ٱللَّهِ
وَهُوَ رَبُّنَا وَرَبُّكُمْ ۖ وَلَنَآ أَعْمَٰلُنَا وَلَكُمْ أَعْمَٰلُكُمْ ۖ وَنَحْنُ لَهُۥ مُخْلِصُونَ ۝ أَمْ
تَقُولُونَ إِنَّ إِبْرَٰهِـۧمَ وَإِسْمَٰعِيلَ وَإِسْحَٰقَ وَيَعْقُوبَ وَٱلْأَسْبَاطَ كَانُوا۟
هُودًا أَوْ نَصَٰرَىٰ ۗ قُلْ ءَأَنتُمْ أَعْلَمُ أَمِ ٱللَّهُ ۗ وَمَنْ أَظْلَمُ مِمَّن كَتَمَ شَهَٰدَةً
عِندَهُۥ مِنَ ٱللَّهِ ۗ وَمَا ٱللَّهُ بِغَٰفِلٍ عَمَّا تَعْمَلُونَ ۝ تِلْكَ أُمَّةٌ قَدْ خَلَتْ ۖ
لَهَا مَا كَسَبَتْ وَلَكُم مَّا كَسَبْتُمْ ۖ وَلَا تُسْـَٔلُونَ عَمَّا كَانُوا۟ يَعْمَلُونَ ۝
منزل

॥ इति पहला पारः ॥

और इसकी (बाबत) इबराहीम अपने बेटों को वसीयत कर गये और इसी तरह याक़ूब भी कि ऐ मेरे बेटों ! अल्लाह ने इस दीन को तुम्हारे लिए पसंद फ़रमाया है। तो ऐसा हरगिज़ न हो कि मरते समय तुम मुसलमान के सिवा कुछ और हो।(१३२) (ऐ यहूद !) क्या तुम मौजूद थे जब याक़ूब के सामने मौत आ खड़ी हुई ? उस वक़्त उन्होंने अपने बेटों से पूछा कि मेरे बाद किसकी इबादत (उपासना) करोगे ? उन्होंने जवाब दिया कि हम आपके माबूद (उपास्य) और आपके पूर्वज यानी इबराहीम, इस्माओील और इसहाक़ के पूजित एक ख़ुदा की ही भक्ति करेंगे और हम उसी के आज्ञाकारी हैं।§(१३३) (ऐ यहूद !) यह लोग हो चुके, उनका किया उनके काम आयेगा और तुम्हारा किया तुम्हारे,और तुमसे उनके काम की पूछ-ताछ नहीं होगी।†(१३४) और (यहूद और ईसाई, मुसलमानों से) कहते हैं कि यहूदी या ईसाई बन जाओ तो सच्चे रास्ते पर आओगे।(ऐ पैग़म्बर ! तुम इन लोगों से) कहो (नहीं) बल्कि हम इबराहीम की सीधी राह पर हैं जो (एक ख़ुदा के हो रहे थे और) मुशरिकीन में से न थे।‡(१३५) (मुसलमानो ! तुम यहूद व नसारा से) कह दो कि हम तो ईमान लाये हैं अल्लाह पर और उस पर जो हम पर उतारी गई है और उस पर जोकि इबराहीम और इस्माओील और इसहाक़ और याक़ूब और उनकी संतान पर उतरी और मूसा और ईसा को जो (किताब) मिली (उस पर भी) और जो (दूसरे) पैग़म्बरों को उनके पालनेवाले से मिला (उस पर भी); हम इनमें से किसी एक में भी (किसी तरह का) फ़र्क़ नहीं समझते और हम (एक) अल्लाह के ही आज्ञाकारी हैं।(१३६) तो अगर यह लोग भी ईमान ले आवें, जिस तरह तुम ईमान लाये तो बस सच्चे रास्ते पर आ गये, और मुँह फेरें (तो समझो) बस वह (तुम्हारे) विरोधी हैं, बस अब ख़ुदा तुम्हारी ओर से उनके मुक़ाबिले में काफ़ी है और वह सब सुनता और जानता है।(१३७) (कहो कि) हम तो अल्लाह के रंग में रंग गये।७ और अल्लाह के रंग से और किसका रंग अच्छा होगा ? और हम तो उसी की बन्दना करने वाले हैं।(१३८) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि क्या तुम अल्लाह के बारे में हमसे हुज्जत (कुतर्क) करते हो ? हालाँकि वही हमारा पालनहार है और तुम्हारा भी परवरदिगार है। और हमारे काम हमारे लिए हैं और तुम्हारे काम तुम्हारे लिए और हम ख़ास उसी की अिबादत करनेवाले हैं।(१३९) क्या तुम्हारा (यह) दावा है कि इबराहीम, इस्माओील और इसहाक़ और याक़ूब और याक़ूब की संतान (यह लोग) यहूदी थे, या ईसाई थे! (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि तुम ज़्यादा जाननेवाले हो या ख़ुदा? और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन होगा जिसके पास ख़ुदा की तरफ़ से गवाही हो और वह उसको छिपाये। और तुम्हारी करतूतों से अल्लाह बेख़बर नहीं।(१४०) वह एक जमात थी जो गुज़र चुकी। उनका किया उनके और तुम्हारा किया तुम्हारे (आगे आयेगा) और जो कुछ वह कर गुज़रे तुमसे उसकी पूछताछ नहीं होगी।(१४१)★ रु. १६—१६ आ १२

॥ इति पहला पारः ॥

§ यहूदियों को उनके पूर्वजों के पूजित एक और सिर्फ़ एक अल्लाह की ओर मुख़ातिब किया गया है, इसलिए कि इस समय यहूदी उस सारे जहान के स्वामी अल्लाह को एक सीमित जातीय (Tribal) ख़ुदा जैसा मानने लगे थे। † याने तुम्हारे पूर्वजों के नेक आमालों में तुम्हारा कोई हिस्सा न होगा। तुम्हारे ही कर्म तुम्हारे काम आवें गे। ‡ जिन्होंने ख़ुदा के साथ ख़ुदाओं को नहीं जोड़ा था। ७ 'सिबग़त' (अरबी) का अर्थ रंग है। इसी के अनुसार ईसाई 'बप्तिसमा' में जल में रंग मिला कर ज़ाहिर करते हैं कि अब उनकी ज़िन्दगी का रंग ही बदल गया। लेकिन इस्लाम में इस दुनियावी रंग के बजाय अल्लाह का रंग ही चोखा समझा गया है। (अ॰ यू॰)

✪✪ दूसरा पारः (सयक़ूलु) ✪✪

✪ सूरतुल् बक़रः आयात् १४२ से २५२ ✪

सयक़ूलुस्सुफ़हा'अु मिनन्नासि मा वल्ला हुम् अन् क़िब्लतिहिमुल्लती कानू अलैहा त् क़ुल् लिल्लाहिल्मश्रिक़ु वल्मग़्रिबु त् यहदी मैंयशा'अु अिला सिरातिम्मुस्तक़ीमिन् (१४२) व कज़ालिक जअल्नाकुम् अुम्मतौंव सतल्लितकूनू शुहदा'अ अलन्नासि व यकूनर्रसूलु अलैकुम् शहीदन् त् व मा जअल्नल्-क़िब्लतल्लती कुन्त अलैहा' अिल्ला लिनअ़्लम मैंयत्तबिअुर्रसूल मिम्मैंयन्-क़लिबु अला अक़िबैहि त् व अिन् कानत् लकबीरतन् अिल्ला अलल्लजीन हदल्लाहु त् व मा कानल्लाहु लियुज़ीअ अीमानकुम् त् अिन्नल्लाह बिन्नासि लरअूफ़ुर्रहीमुन् (१४३) क़द् नरा तक़ल्लुब वजूहिक फ़िस्समा'अि ज् फ़लनुवल्लियन्नक क़िब्लतन् तज़ाहा स् फ़वल्लि वजूहक शत्रल्मस्जिदिल्-हरामि त् व ह्रैसु मा कुन्तुम् फ़वल्लू वुजूहकुम् शत्रहु त् व अिन्नल्लजीन अूतुल्किताब लयअ़्लमून अन्नहुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा यअ़्मलून (१४४) व लअिन् अतैतल्लज़ीन अूतुल्किताब बिकुल्लि आयतिम्मा तबिअू क़िब्लतक ज् व मा अन्त बिताबिअिन् क़िब्लतहुम् ज् व मा बअ़्ज़ुहुम् बिताबिअिन् क़िब्लत बअ़्ज़िन् त् व लअिनित्तबअ़्त अह्वा'अ हुम् मिम्बअ़्दि मा जा'अक मिनल्अिल्मि ला अिन्नक अिजल्लमिनज्ज़ालिमीन म ● (१४५) अल्लजीन आतैना हुमुल्किताब यअ़्रिफ़ूनहु कमा यअ़्रिफ़ून अब्ना'अ हुम् त् व अिन्न फ़रीक़म्मिन्हुम् लयक्तुमूनल्हक़्क़ व हुम् यअ़्लमून ● (१४६) अल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक फ़ला तकूनन्न मिनल्मुम्तरीन (१४७) ★

✪✪ दूसरा पारः (सयक़ूलु) ✪✪

✪ सूरतुल् बक़रः (आयात १४२ से २५२) ✪

अब मूर्ख लोग कहेंगे कि मुसलमान जिस क़िब्ले पर (पहले) थे (यानी बैतुल्मुक़द्दस) उससे इनके (काबे की तरफ़ को) मुड़ जाने का क्या कारण हुआ ? (पैग़म्बर ! तुम यह) जवाब दो कि पूर्व और पश्चिम (सब) अल्लाह ही का है। वह जिसको चाहता है सीधी राह चलाता § है। (१४२) और इसी तरह हमने तुमको एक आदिल (न्यायशील) उम्मत (गिरोह जो किसी पैग़म्बर के आधीन हो) बनाया है ताकि लोगों के मुक़ाबिले में तुम गवाह बनो और तुम्हारे मुक़ाबिले में पैग़म्बर गवाह बनें और (ऐ पैग़म्बर !) जिस क़िब्ले पर तुम थे (यानी बैतुल्मुक़द्दस्) हमने उसको इसी मतलब से ठहराया था ताकि हमको मालूम हो जावे कि कौन-कौन पैग़म्बर के आधीन रहेगा और कौन उल्टा फिरेगा, और यह बात अगरचे भारीहै लेकिन उन पर नहीं जिनको अल्लाह ने राह दिखा दी है। और खुदा ऐसा नहीं कि तुम्हारा ईमान लाना अकारथ कर दे। खुदा तो लोगों पर बड़ी कृपा रखनेवाला दयालु है।◉ (१४३) (ऐ पैग़म्बर) तुम्हारे मुँह का आसमान की ओर बार-बार उठना हम देख रहे हैं, तो जो क़िब्ला तुस चाहते हो हम तुमको उसी की तरफ़ फेरे देते हैं। अब अपना मुँह मसजिदे हराम (काबा) की ओर फेर लो और (मुसलमानों) तुम लोग जहाँ भी हुआ करो अपना मुँह उसी की ओर किया करो। और जिन लोगों को किताब दी गई है, उनको मालूम है कि यह (क़िब्ला बदलना) ठीक है (और उनके परवरदिगार की ही ओर से है और जो वे कर रहे हैं, खुदा उससे बेख़बर नहीं। (१४४) और (ऐ पैग़म्बर) जिन लोगों को किताब दी गई है, अगर तुम तमाम दलीलें उनके पास ले आओ, (तो भी) वह तुम्हारे क़िब्ले को न मानेंगे और न तुम्हीं उनके क़िब्ले को मानोगे। और न वह आपस में एक दूसरे के क़िब्ले को माननेवाले हैं। और तुमको जो ज्ञान मिल चुका है, अगर उसके बाद भी तुम इनकी इच्छाओं पर चले, तो ऐसी दशा में बेशक तुम भी अन्यायियों में गिने जाओगे।● (१४५) जिन लोगों को हमने किताब दी है, वह जिस तरह अपनी औलादों को पहचानते हैं (उसी तरह) तुम (मुहम्मद) को भी पहचानते हैं, और उनमें से कुछ लोग खूब जान-बूझकर सच को छिपाते हैं।● (१४६) (हालाँकि) बेशक यह तुम्हारे परवरदिगार की ओर से हक़ (साबित हो चुका) है। तो कहीं सन्देह करनेवालों में से न हो जाना। (१४७) ★

§ मदीना प्रस्थान से पहले मुहम्मद साहब (स०) व मुसलमान काबा की ओर ही मुँह कर के नमाज़ पढ़ते थे। मदीना आने पर जेरूशलम में 'बैतुलमुक़द्दस' की ओर मुँह करके नमाज़ पढ़ते रहे जो यहूदियों और ईसाइयों का भी पवित्र स्थान था। अब फिर काबा की ओर मुँह करने का हुक्म खुदा की ओर से होने पर यहूदी आक्षेप करने लगे कि क़िब्ले की दिशा ही बदल गई ! इस पर यह आदेश हुआ कि अल्लाह का हुक्म प्रधान है; चाहे पूरब हो चाहे पच्छिम, सब उसी के हैं। ◉ यहूदी कहते थे कि अगर काबा ही मुसलमानों का सही क़िब्ला था तो इससे पहले बैतुलमुक़द्दस की ओर पढ़ी गई नमाज़ें बेकार गईं। इस पर कहा गया कि खुदा किसी का ईमान लाना अकारथ नहीं करता।

● व. ला ● व. म. ★ रू. १७ । १ आ ६

व लिकुल्लिव्विज्-हत्तुन् हुव मुवल्लीहा फ़स्तबिक़ुल्ख़ैराति त् ● ऐन मा तकूनू यअ्ति बिकुमुल्लाहु जमीअ्न् त् इन्नल्लाह अ्ला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१४८) व मिन् हैसु ख़रज्त फ़वल्लि वज्हक शत्रल्-मस्जिदिल्हरामि त् व अिन्नहू लल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ्मलून (१४९) व

मिन् हैसु ख़रज्त फ़वल्लि वज्हक शत्रल्-मस्जिदिल्हरामि त् व हैसु मा कुन्तुम् फ़वल्लू वुजूहकुम् शत्रहू ला लिअल्ला यकून लिन्नासि अलैकुम् हुज्जतुन् क़ ला अिल्लल्लजीन ज़लमू मिन्हुम् क़ फ़ला तख़्शौहुम् वख़्शौनी क़ व लिअुतिम्म निअ़्मती अलैकुम् व लअल्लकुम् तह्तदून ला ∴ (१५०) कमा अर्सल्ना फ़ीकुम् रसूलम् मिन्कुम् यत्लू अलैकुम् आयातिना व युज़क्कीकुम् व युअल्लि-मुकुमुल्किताब वल्हिक्मत्र व युअल्लिमुकुम्मालम् तकूनू तअ़्लमून त् ∴ (१५१) फ़ज्कुरूनी अज्कुर्-कुम् वश्कुरूली व ला तक्फ़ुरूनि (१५२) ★ या अैयुहल्लजीन आमनुस्तअ़ीनू बिस्सब्रि वस्सलाति त् अिन्नल्लाह मअ़स्साबिरीन (१५३) व ला तक़ूलू लिमैंयुक़्तलु फ़ी सबीलिल्लाहि अम्वातुन् त् बल् अह्याउ्ं व लाकिल्ला तश्अुरून (१५४) व लनब्लुवन्नकुम् बिशैअिम् मिनल्ख़ौफ़ि वल्जूअि व नक़्सिम्मिनल्-अम्वालि वल्अन्फ़ुसि वस्समराति त् व बश्शिरिस्साबिरीन ला (१५५) अल्लजीन अिजा असाबत् हुम्मुसीबतुन् ला कालू अिन्ना लिल्लाहि व अिन्ना अिलैहि राजिअून त् (१५६) अुला अिक अलैहिम् सलवातुम्मिर्रब्बिहिम् व रह्मतुन् क़िफ़् व अुला अिक हुमुल्मुह्तदून (१५७) अिन्नस्सफ़ा वल्मर्वत्र मिन् शआ अिरिल्लाहि ज् फ़मन् हुज्जल्बैत अविअ्तमर फ़ला जुनाह अलैहि अैयत्तौवफ़ बिहिमा त् व मन् तत़ौवअ़ ख़ैरन् ला फ़अिन्नल्लाह शाकिरुन् अलीमुन् (१५८)

हरएक के लिए दिशा है जिधर को (नमाज़ में) वह अपना मुँह करता है, (तो दिशा-भेद की परवा न करके) भलाइयों की तरफ़ लपको।● तुम कहीं भी हो, अल्लाह तुम सबको खींच बुलायेगा।♦ बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (शक्तिशाली) है।(१४८) (ऐ पैग़म्बर!) तुम कहीं से भी निकलो, अपना मुँह इज़्ज़तवाली मसजिद (काबे) की तरफ़ कर लिया करो। बिला शक यह तुम्हारे पालनकर्ता द्वारा निश्चित है। अल्लाह तुम्हारे कामों से बेख़बर नहीं है।(१४९) (ऐ पैग़म्बर!) तुम कहीं से भी निकलो अपना मुँह इज़्ज़तवाली मसजिद की तरफ़ कर लिया करो और तुम लोग जहाँ कहीं हो उसी की तरफ़ अपना मुँह करो; ताकि लोगों को तुम्हारे ख़िलाफ़ हुज्जत की जगह न रहे।§ सिवा उनके जो उनमें से अन्यायी हैं, तो तुम उनसे मत डरो और हमारा ही डर रखो। ताकि मैं अपनी मेहरबानी तुम पर पूरी करूँ। और ताकि तुम सीधी राह पर रहो।(१५०) जैसा हमने तुम्हारे बीच तुम्हीं में का एक रसूल भेजा, वह हमारी आयतें तुमको पढ़कर सुनाता और तुमको पवित्र करता और तुमको किताब और समझ (की बातें) सिखाता§§ और तुमको ऐसी-ऐसी बातें बताता है, जो (पहले) तुम जानते न थे।(१५१) तो तुम मेरी याद में लगे रहो। मैं भी तुम्हें याद रखूँगा और मेरा इहसान मानते रहो, और नाशुक्री न करो।(१५२)★

ऐ ईमानवालो! सब्र और नमाज़ से मदद लो। बेशक अल्लाह संतोषियों के साथ है। (१५३) और जो लोग अल्लाह की राह पर मारे जायँ, उनको मरा हुआ न कहना। (वह मरे नहीं) बल्कि ज़िन्दः हैं; मगर तुम नहीं जान पाते।(१५४) और बेशक हम थोड़े डर से और भूख से और माल, जान और पैदावार के नुक़सान से तुम्हारी जाँच करेंगे और ऐ पैग़म्बर! संतोषियों को खुशख़बरी सुना दो।(१५५) यह लोग, जब इन पर मुसीबत आ पड़ती है, तो बोल उठते हैं कि बेशक हम तो (मय दौलत-औलाद) अल्लाह के ही हैं और हम उसी की तरफ़ लौटकर जानेवाले हैं।(१५६) यही लोग हैं, जिन पर परवरदिगार की मेहरबानी और इनायतें हैं और यही सच्चे मार्ग पर हैं।(१५७) (पहाड़) सफ़ा‡ और मर्वह‡ अल्लाह की निशानियों में से हैं। तो जो व्यक्ति काबे का हज या उमरः करे उस पर इन दोनों के बीच फेरे करने में कुछ गुनाह नहीं और जो ख़ुशदिली से नेक काम करे, तो अल्लाह बड़ा क़द्रदान और सब कुछ जाननेवाला है।(१५८)

♦ बात यों है कि हिजरत के बाद रसूल स० लगभग डेढ़ साल तक यहूदियों के क़िब्ले बैतुलमुक़द्दस की ओर मुँह करके नमाज़ पढ़ते रहे। बाद में कावः की ओर मुँह करने का हुक्म हुआ। इस पर यहूदी एतराज़ करने लगे। इस लिए यह आयत उतरी कि इस बात में झगड़ना कि हमारा क़िब्ला श्रेष्ठ है या तुम्हारा, या हम पूरब की तरफ़ मुँह करके नमाज़ पढ़ते हैं तुम पश्चिम की तरफ़—यह सब कोरी जिहालत है। श्रेष्टता तो नेकअमली (सदाचार) में है। उसीके अनुसार आख़िरत में सब को एक जगह जमा होना है। § यहूद तो मुसलमानों को यह इलज़ाम देते थे कि वे हमारे दीन को तो नहीं मानते हैं लेकिन नमाज़ हमारे ही क़िब्ले की तरफ़ मुँह करके पढ़ते हैं; दावा तो इबराहीम के रास्ते पर चलने का करते हैं मगर उनके क़िब्ले की तरफ़ नमाज़ नहीं पढ़ते। इसलिए कावः की ओर नमाज़ पढ़ने की हिदायत से यहूदियों का एतराज़ समाप्त हो गया §§ स झ की बातों से मतलब हलाल-हराम, उचित-अनुचित की हिदायतों से है। ‡ सफ़ा और मर्वह दो पहाड़ों के नाम हैं। एक समय ईश्वर की आज्ञा से हज़रत इबराहीम अ० अपनी बीबी हज़रत हाजिरः और दूधपीते बच्चे इस्माईल को छोड़कर चले गये। बच्चे को प्यासा देख हज़रत हाजिरः इन्हीं पहाड़ों पर पानी की तलाश में दौड़ती थीं। ईश्वर की कृपा से एक चश्मा निकल आया, जो 'ज़मज़म' के नाम से प्रसिद्ध है। इन्हीं पर्वतों पर मुसलमान आज भी फेरे देते हैं।

अिन्नल्लजीन यक्तुमून मा अन्ज़ल्ना मिनल्बैयिनाति वल्हुदा मिम्बअ़्दि मा बैयन्नाहु लिन्नासि फ़िल्किताबि ला अुलाअिक यल्अनुहुमुल्लाहु व यल्अनुहुमुल्लाअिनून ला (१५९) अिल्लल्लजीन ताबू व अस्लहू व बैयनू फ़अुलाअिक अतूबु अलैहिम् ज् व अनत्तौवाबुर्रहीमु (१६०) अिन्नल्लजीन कफ़रू व मातू व हुम् कुफ़्फ़ारुन् अुलाअिक अलैहिम् लअ़्नतुल्लाहि वल्मलाअिकति वन्नासि अज्मअ़ीन ला (१६१) ख़ालिदीन फ़ीहा ज् ला युख़फ़्फ़फ़ु अन्हुमुल्अ़ज़ाबु व ला हुम् युन्ज़रून (१६२) व अिलाहुकुम् अिलाहँ - वाहिदुन् ज् ला अिलाह अिल्लाहु-वर्रहमानुर्रहीमु (१६३) ★ अिन्न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि वल्फ़ुल्किल्लती तज्री फ़िल्बह्रि बिमा यन्फ़अुन्नास व मा अन्ज़लल्लाहु मिनस्समाअि मिम्माअिन् फ़अह्या बिहिल्अर्ज़ बअ़्द मौतिहा व बस्स फ़ीहा मिन् कुल्लि दाब्बतिन् व तस्रीफ़िर्रियाहि वस्सह्राबिल् - मुसख़्ख़रि बैनस्समाअि वल्अर्ज़ि लआयातिल्लिक़ौमीं-यअ़्क़िलून (१६४) व मिनन्नासि मैंयत्तख़िजु मिन् दूनिल्लाहि अन्दादैंयुह्ब्बूनहुम् कहुब्बिल्लाहि त् वल्लजीन आमनू अशद्दु हुब्बल्लिल्लाहि त् व लौ यरल्लजीन जलमू अिज् यरौनल्अ़ज़ाब ला अन्नल्क़ूवत लिल्लाहि जमीअन् ला व'व अन्नल्लाह शदीदुल्अ़ज़ाबि (१६५) अिज् तबर्र-अल्लजीनत्तुबिअू मिनल्लजीनत्तबअू वरअवुल्अ़ज़ाब व तक़त्तअत् बिहिमुल्अस्बाबु (१६६) व क़ाललल्लजीनत्तबअू लौ अन्न लना कर्रतन् फ़नतबर्अ मिन् हुम् कमा तबर्अू मिन्ना त् कज़ालिक युरीहिमुल्लाहु अअ़्मालहुम् हसरातिन् अलैहिम् त् व मा हुम् बिख़ारिजीन मिनन्नारि (१६७) ★

हमने खुली हुई निशानियाँ और हिदायतें उतारीं और उन लोगों के लिए किताब (तौरात) में हमने साफ़-साफ़ समझा दिया। इसके बाद भी जो उनको छिपाये तो बेशक यही लोग हैं जिन पर अल्लाह लानत करता है और (दूसरे) लानत करनेवाले (भी) उन पर लानत करते हैं†।(१५९) मगर जिन्होंने तौबः की और (अपनी हालत को) सम्भाल लिया और (जो छिपाया था साफ़-साफ़) बयान कर दिया तो यही लोग हैं, जिनकी तौबः मैं मानता हूँ और मैं क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान हूँ।(१६०) बेशक जो लोग इन्कार करते रहे और इन्कारी की ही हालत में मर गये, यही हैं जिन पर अल्लाह की और फ़रिश्तों की और आदमियों की सब की लानत है।(१६१) वह हमेशा इसी (हालत) में रहेंगे। इनकी न तो सज़ा ही हल्की की जायगी और न मुहलत ही मिलेगी।(१६२) तुम्हारा पूजित एक अल्लाह है, उसके सिवा कोई पूजित नहीं। वही बड़ा दया करनेवाला बेहद मेहरबान है।(१६३)★

बेशक आसमान और ज़मीन के पैदा करने में और रात और दिन के आने-जाने में और कशतियों में जो लोगों के फ़ायदे की चीज़ें समुद्र में लेकर चलती हैं और मेह में जिसको अल्लाह आकाश से बरसाता है, फिर उसके ज़रीए ज़मीन को उसके मरे (उजड़े) पीछे ज़िन्दः करता (लहलहाता) है और हर क़िस्म के जानवरों में जो अल्लाह ने ज़मीन की सतह पर फैला रखे हैं और हवाओं के फेरने में, और बादल में जो (अल्लाह के हुक्म से) आकाश और धरती के बीच आधीन रहते हैं, (इन सब में) उन लोगों के लिए जो समझ रखते हैं (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानियाँ हैं।✡(१६४) और लोगों में कुछ ऐसे भी हैं, जो अल्लाह के सिवा (और को भी) बराबर (पूजित) ठहराते हैं। जैसी मुहब्बत अल्लाह से रखनी चाहिये वैसी मुहब्बत उनसे रखते हैं।‡ और जो ईमानवाले हैं, उनको तो सबसे बढ़कर अल्लाह ही से मुहब्बत होती है। क्या अच्छा होता कि इन अन्यायियों को सुझाई दे जाता जो उस समय सुझाई देगा जब अज़ाब उन के सामने होगा कि सारी ताक़त अल्लाह के ही लिए है और यह कि अल्लाह कड़ा अज़ाब देनेवाला है।(१६५) उस वक़्त अगुवाकार अपने पीछे चलनेवालों से अलग हो जायेंगे और (अपनी आँखों) सब अज़ाब देख रहे होंगे। और उनके आपसी सम्बन्ध टूट-टाट जायँगे। (१६६) और पीछे चलनेवाले कह उठेंगे कि क्या अच्छा होता कि हमको फिर लौटकर दुनिया में जाना मिले, तो जैसे यह (अगुवाकार) हमसे दस्तबरदार हो गये, उसी तरह हम भी उनसे (किनारा कर जायें)§। यों अल्लाह उनके काम (उनके सामने) लायेगा कि उनको हसरत होगी और वे आग (नरक) से कभी निकल न सकेंगे।(१६७)★

† यह उन लोगों के सम्बन्ध में कहा गया है जिनको (ख़ुदाई किताबें) ईश्वरीय ज्ञान पहुँचा और फिर भी सांसारिक लाभ में भटक कर वे लोग उन किताबों द्वारा दिखाये गये मार्ग को भूल कर गुमराह हो गये। उन ख़ुदाई किताबों की हिदायतों को तोड़-मरोड़ कर अपने स्वार्थों के अनुसार ढालने लगे। उन पर ख़ुदा लानत करता है। ✡ मक्के के काफ़िरों का कहना था कि वे ३६० ख़ुदा रखते थे। इस आयत में एक ईश्वर द्वारा संसार की रचना और व्यवस्था (निज़ाम) की महिमा का बखान करते हुये समझाया गया है कि वे ३६० मिलकर भी एक शहर तक का बन्दोबस्त नहीं कर पाते। ‡ सर्वशक्तिमान ईश्वर के समान ही वे फ़रिश्तों या बुतों को भी पूज्य मानते और उनसे वैसी ही प्रीति रखते थे जैसी अल्लाह से रखना चाहिये। § आख़िरत के दिन मुशरिकों के गुरू और पेशवा अपने पीछे चलनेवालों से अलग हो जाँय गे। और एक ईश्वर के अलावा दूसरों को भी पूज्य बनाने व कुफ़्र करने के कारन दोज़ख़ की आग में वे पीछे चलनेवाले लावारिस भुगत रहे होंगे और पछता रहे होंगे कि नाहक़ पिछली ज़िन्दगी में हम इन धोखेबाज़ ग़लत रहनुमाओं के पीछे चले। काश अब दूसरी ज़िन्दगी मिले तो हम भी ऐसे गुरुओं से अपने को दूर रखें और एक अल्लाह की ही बन्दगी करें।

या अैयुहन्नासु कुलू मिम्मा फ़िल्अर्ज़ि हलालन् तैयिबन् ज़ सला व'व ला तत्तबिअू खुतुवातिश्शैतानि ज़ इन्नहू लकुम् अदूवुम्मुबीनुन् (१६८) इन्नमा यअ्मुरुकुम् बिस्सूअि वल्फ़हूशाअि व अन् तक़ूलू अल्लाहि मा ला तअ़्लमून (१६९) व इजा क़ील लहुमुत्तबिअू मा अन्ज़लल्लाहु क़ालू बल् नत्तबिअु मा अल्फ़ैना अलैहि आबाअना ज़ अवलौ कान आबाअुहुम् ला यअ़्क़िलून शैअँव ला यह्तदून (१७०) व मस्सलुल्लजीन कफ़रू कमस्सलिल्लजी यन्अिक़ु बिमा ला यस्मअु इल्ला दुआअँव निदाअन् ज़ सुम्मुम्-बुक्मुन् अुम्युन् फ़हुम् ला यअ़्क़िलून (१७१) या अैयुहल्लजीन आमनू कुलू मिन् तैयिबाति मा रज़क़्ना कुम् वश्कुरू लिल्लाहि इन् कुन्तुम् इीयाहु तअ़्बुदून (१७२) इन्नमा हर्रम अलैकुमुल्मैतत वदम व लहूमल्ख़िन्ज़ीरि व मा अुहिल्ल बिहि लिग़ैरिल्लाहि ज़ फ़मनिज़्तुर्र ग़ैर बाग़िंव्व ला आदिन् फ़ला इस्म अलैहि ज़ इन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१७३) इन्नल्लजीन यक्तुमून मा अन्ज़लल्लाहु मिनल् - किताबि व यश्तरून बिहि समनन् क़लीलन् ला अुलाअिक मा यअ्कुलून फ़ी बुतूनिहिम् इल्लन्नार व ला युकल्लिमुहुमुल्लाहु यौमल् - क़ियामति व ला युज़क्कीहिम् ज़ सला व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (१७४) अुलाअिकल्लजीनश्तर-वुज़्ज़लालत बिल्हुदा वल्अजाब बिलमग़्फ़िरति ज़ फ़मा अस्बर हुम् अलन्नारि (१७५) जालिक बिअन्नल्लाह नज़्ज़लल्किताब बिल् हक़्क़ि ज़ व इन्नल्लजीनख्तलफ़ू फ़िल्किताबि लफ़ी शिक़ाक़िम् - बअ़ीदिन् (१७६) ★

लोगो ! ज़मीन में जो चीज़ें हलाल (भोग्य) और शुद्ध हैं, उनमें से खाओ और शैतान के रास्ते की पैरवी न करो, वह तो तुम्हारा खुला दुश्मन है।§(१६८) वह तो तुम्हें बदी और बेशर्मी ही का हुक्म देगा, और यह कि बे समझे-बूझे तुम अल्लाह पर झूठ बांधो।(१६९) जब उनसे कहा जाता है कि जो अल्लाह ने उतारा है, उस पर चलो तो जवाब देते हैं—नहीं जी, हम तो उसी पर चलेंगे जिस पर हमने अपने बाप दादा को पाया है। भला अगर उनके बाप दादा कुछ भी नहीं समझते थे और न सच्चे मार्ग पर चलते थे, (तो भी ये उन्हीं की पैरवी किये चले जायँगे?)।◉(१७०) और जो लोग काफ़िर हैं उनकी मिसाल उस शख़्स-जैसी है, जो ऐसे जानवर के पीछे पड़ा चिल्ला रहा है जो सिवा बुलाने-पुकारने के और कुछ नहीं सुनता। बहरे गूँगे अन्धे की तरह उनको भी समझ नहीं।(१७१) ऐ ईमानवालो ! मैंने जो तुमको रोज़ी और पाक चीज़ें दे रखी हैं, उनमें खाओ पिओ और अगर तुम अल्लाह की बन्दगी का दम भरते हो, तो उसका इहसान मानो। (१७२) उसने तो बस मरा हुआ (जानवर)† और ख़ून‡ और सुअर का गोश्त और वह जानवर जिसको अल्लाह के सिवाय किसी और के लिए भेंट किया जाय⁂, तुम पर हराम किया है। फिर जो भूख से मजबूर हो परन्तु बेहुक्मी (अवज्ञा) करनेवाला और हद से बढ़ जानेवाला न हो, तो उस पर पाप नहीं।♦ बेशक अल्लाह बड़ा बख़्शने वाला बेहद मेहरबान है।(१७३) जो लोग उन हुक्मों को जो अल्लाह ने अपनी किताब (तौरात) में उतारे, छुपाते हैं और उसके बदले थोड़ा सा बदला (लाभ) हासिल करते हैं, वह लोग बेशक और कुछ नहीं मगर अपने पेटों में अंगारे भरते हैं और क़ियामत के दिन अल्लाह उनसे बात भी तो नहीं करेगा और न उनको पाक करेगा और उनके लिए दुखदाई दण्ड है।(१७४) यही लोग हैं जिन्होंने (लोक में) सच्ची राह के बदले भटकना मोल लिया है और (परलोक में) माफ़ी के बदले सज़ा। तो यह लोग (जहन्नम की) आग को सहने के लिए कैसे जुर्रती हैं।(१७५) यह (सज़ा) इसलिए कि किताब (तौरात) को वास्तव में अल्लाह ने ठीक-ठीक उतारा और जिन लोगों ने उस किताब के हुक्मों में भेद डाला, वह ज़िद में बहुत भटक गये हैं।(१७६) ★ ◉

§ शैतान हमेशा इन्सान को गुमराह करता है। जो चीज़ें भोग्य (हलाल) हैं वह हमें अभोग्य (हराम) लगने लगती हैं और जो हराम हैं वह हलाल। सत्-असत् (भले-बुरे) का ज्ञान (विवेक) हमें नहीं रहता। इस आयत में हमें उस शैतान के बहकावे से सदैव बचे रहने को सचेत किया गया है। ◉ बाप-दादा क़ाबिल ताज़ीम हैं। लेकिन जब उनकी सीख या उनका रास्ता अल्लाह के हुक्म के ख़िलाफ़ हो तब उनके रास्ते पर चलना नादानी है। अल्लाह के बताए रास्ते के अलावा किसी दूसरे रास्ते पर चलना कभी सही नहीं। लेकिन आदम की सन्तान शैतान के बहकावे में आकर ईश्वर की भेजी हुई आज्ञाओं और सच्चे रास्ते को भूल कर कहने लगते हैं कि नहीं बाप-दादों का जो रास्ता है वही धर्म है। भला कुछ लोगों के यहाँ मरे हुये जानवरों का मांस कई पुश्तों से खाया जाता हो तो क्या वह मुर्दे का मांस खाने का बुरा रवाज़ इसी लिए नहीं छोड़ेंगे की उनके बाप दादा भी मुर्दे का मांस खाते चले आये हैं। 'बाप दादा की चाल पर चलने को ही धर्म मानना' यह बद्अक़्ली दुनिया में हर तरफ़ देखने को मिलेगी। † वह जानवर जो बिना वध किये गये अपनी मौत से खुद मर जाय। उस मुर्दे जानवर का मांस खाना हराम है। ‡ वध करने के समय जो ख़ून बहता है। अरब में उस समय ख़ून को जमा कर व सुखा कर भी खाने के काम में लाया जाता था। बहरहाल ख़ून सब तौर पर हराम है। ⁂ वह क़ुर्बानी जो अल्लाह के अलावा किसी और की पूजा में या मन्नत में की जाय या किसी के नाम पर मन्नत माने हुये जानवर की क़ुर्बानी किसी तरह इस्लाम में हलाल नहीं। ♦ अल्लाह की बेहुक्मी न करके, सिर्फ़ भूख से लाचार होकर जो महज़ जान बचाने के लिए थोड़ी सी यह निषिद्ध (हराम) चीज़ ले ले तो उस को गुनाह न होगा।

लैसल्बिर्र अन् तुवल्लू वुजूहकुम् क़िबलल्मश्रिक़ि वल्मग़्रिबि व लाकिन्नल्बिर्र मन् आमन बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि वल्मला'इकति वल्किताबि वन्नबीय्यीन ज् व आतल्माल अला हुब्बिहज़ी ज़विल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीन वब्नस्सबीलि ला वस्साइलीन व फ़िर्रिक़ाबि ज् व अक़ामस्सलात्त व आतज़्ज़कात्त ज् वल्मूफ़ून बिअह्दिहिम् इज़ा आहदू ज् वस्साबिरीन फ़िल्-बअ्सा'इ वज़्ज़र्रा'इ व हीनल्बअ्सि त् उला'इकल्लजीन सदक़ू त् व उला'इक हुमुल्मुत्तक़ून (१७७) या अय्युहल्लजीन आमनू कुतिब अलैकुमुल्क़िसासु फ़िल्क़त्ला त् अल्हुरु बिल्हुरि वल्अब्दु - बिल्अब्दि वल्उन्सा बिल्उन्सा त् फ़मन् उफ़िय लहू मिन् अख़ीहि शैउन् फ़त्तिबाउम् - बिल्मअ़रूफ़ि व अदा'उन् इलैहि बिइह्सानिन् त् ज़ालिक तख़्फ़ीफ़ुम् - मिर्रब्बिकुम् व रह्मतुन् त् फ़मनिअ़्तदा बअ़्द ज़ालिक फ़लहू अज़ाबुन् अलीमुन् (१७८) व लकुम् फ़िल्क़िसासि हयातुँय्या उलिल्अल्बाबि लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून (१७९) कुतिब अलैकुम् इज़ा हज़र अह़दकुमुल्मौतु इन् तरक ख़ैरन् ज् सला नि'अ़्ल्-वसीयतु लिल्वालिदैनि वल्अक़्रबीन बिल्मअ़रूफ़ि ज् हक़्क़न् अलल्मुत्तक़ीन त् (१८०) फ़मम्बद्दलहू बअ़्द मा समिअ़हू फ़इन्नमा इस्मुहू अलल्लजीन युबद्दिलूनहू त् इन्नल्लाह समीअ़ुन् अलीमुन् त् (१८१) फ़मन् ख़ाफ़ मिम्मूसिन् जनफ़न् औ इस्मन् फ़अस्लह बैनहुम् फ़ला इस्म अलैहि त् इन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१८२) ★ या अय्युहल्लजीन आमनू कुतिब अलैकुमुस्सियामु कमा कुतिब अलल्लजीन मिन् क़ब्लिकुम् लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून ला (१८३)

भलाई यही नहीं कि तुम अपना मुँह पूर्व या पश्चिम की तरफ़ कर लो; बल्कि भलाई तो यह है× कि अल्लाह और क़ियामत और फ़रिश्तों और (आकाशी) किताबों और पैग़म्बरों पर ईमान लाये और माल अल्लाह की मुहब्बत में सम्बन्धियों और अनाथों और दुखिया लोगों (मुहताजों), मुसाफ़िरों और माँगनेवालों पर ख़र्च करे और (ग़ुलामी वग़ैरह की क़ैद से लोगों की) गर्दनों (के छुड़ाने) में दे और नमाज़ क़ायम रखे और ज़कात देता रहे और जब (किसी) बात का) इक़रार कर ले, तो अपनी प्रतिज्ञा पूरी करे और तंगी में और मुसीबत और लड़ाई के वक़्त दृढ़ रहे, यही लोग हैं जो सच्चे उतरे और यही परहेज़गार (संयमी) हैं।(१७७) ऐ ईमानवालो ! जो लोग मारे जावें, उनमें तुमको क़िसास (जान के बदले जान) का हुक्म दिया जाता है। आज़ाद के बदले आज़ाद और ग़ुलाम के बदले ग़ुलाम, और औरत के बदले औरत। फिर जिस (हत्यारे) को (बध किये हुए की हत्या के बदले में) उसके भाई द्वारा कोई अंश क्षमा कर दिया जाय, तो हत्यारे को चाहिये कि क़त्ल किये प्राणी के वारिसों को ख़ून का बदला उचित तरीक़े पर ख़ूबी के साथ अदा कर दे।‡ यह (हुक्म ख़ूनबहा) तुम्हारे पालनेवाले की तरफ़ से तुम्हारे हक़ में आसानी और मेहरबानी है। फिर इसके बाद जो ज़ियादती करे, तो उसके लिए दुखदाई अज़ाब है।(१७८) और बुद्धिमानो ! ख़ून के बदले के लेन-देन में तुम्हारे लिए बड़ी ज़िन्दगी है ताकि तुम (ख़ून बहाने से) बचे रहो।§(१७९) तुमको हुक्म दिया जाता है कि जब तुममें से किसी के सामने मौत आ पहुँचे और वह कुछ माल छोड़नेवाला हो तो माता-पिता और सम्बन्धियों के लिए वाजिबी तौर पर वसीयत करे। जो (अल्लाह से) डरते हैं, उन पर (उनके अपनों का यह एक) हक़ है।†(१८०) फिर जो वसीयत के सुने पीछे उसे कुछ का कुछ कर दें तो उसका पाप उन्हीं लोगों पर है, जो वसीयत को बदलें। बेशक अल्लाह (सब) सुनता जानता है।(१८१) और जिसको वसीयत करनेवाले की तरफ़ से (किसी ख़ास आदमी की) तरफ़दारी या (किसी की) हक़तलफ़ी का सन्देह हुआ हो और वह वारिसों में मेल करा दे, तो (ऐसी सूरत में वसीयत के बदलने का) उस पर कुछ पाप नहीं। बेशक अल्लाह बड़ा क्षमा करने वाला बेहद मेहरबान है।(१८२)★

ईमानवालो ! जिस तरह तुमसे पहले किताबवालों पर रोज़ः रखना फ़र्ज़ (अनिवार्य) था◎, तुम पर भी फ़र्ज़ किया गया, ताकि अजब नहीं तुम पर्हेज़गार बन जाओ। (१८३)

× नमाज़ के लिए किसी एक दिशा को ईश्वर की आज्ञा से क़ायम रखना ठीक है। लेकिन उस दिशा की ओर मुँह करना या ऐसी ही दूसरी रस्मों (Formalities) पर चलना ही सिर्फ़ भलाई नहीं है। सच्ची भलाई तो तब है जब इस आ. १७७ की हिदायतों पर पूरा अमल किया जाय। ‡ जीवहत्या के दण्ड हैं—या तो हत्यारे को भी मार डाला जाय या उससे कुछ धन ले लिया जाय और उसकी जान न ली जाय; लेकिन धन उसी वक़्त लिया जा सकता है जब मरे प्राणी के वारिस ख़ुशी-ख़ुशी मंज़ूर करें। § जीवहत्या के लिए निर्धारित इस दण्ड विधान (क़िसास) में ईश्वर की ओर से तुम्हारे लिए बड़ी भलाई है। इस पर पूरी तौर पर अमल करने से ख़ून-ख़राबा और हत्या ख़त्म हो जायगी, और गुनहगार के बदले बेगुनाह को न भुगतना पड़ेगा। शहज़ोर-कमज़ोर को सज़ा मिलने में बराबर का मौक़ा है। हुक्म ख़ूनबहा के अनुसार ख़ून का बदला अदा हो जाने पर बध किए हुये प्राणी के वारिस और बधिक—ये दोनों फिर एक दूसरे से दुश्मनी न अपनावें। † वसीयत का यह हुक्म संपत्ति के बटवारे के हुक्म उतरने से पहले था। सूरतुन्निसाअ् के दूसरे रुकूअ् के उतरने पर जब लड़के लड़की व दूसरे वारिसों के हक़ों की शरीअ़त नाज़िल होगई तब मनमानी वसीयत करने की बाबत फिर इस हुक्म की ज़रूरत नहीं रही। हाँ झगड़ा बचाने को क़र्ज़ और लेन-देन की वसीयत अब भी मुनासिब है। ◎ इसके यह माने नहीं कि इस्लाम से पहले रोज़ों के दिन, वक़्त और तरीक़ा सब ऐसे ही थे। मतलब यह कि रोज़ः रखने का चलन पहले भी था।

अैयामम्मऽ़दूदातिन् त् फ़मन् कान मिन्कुम् मरीज़न् औ अ़ला सफ़रिन् फ़अ़िद्दतुम्मिन् अैयामिन् अुख़र त् व अ़लल्लजीन युतीक़ूनहू फ़िद्यतुन् तआ़मु मिस्कीनिन् त् फ़मन् ततौ़वअ़ ख़ैरन् फ़हुव ख़ैरुल्लहू त् व अन् तसूमू ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् तअ़लमून (१८४) शहरु रमज़ानल्लजी अुन्ज़िल फ़ीहिल्क़ुर्आनु हुदल्लिन्नासि व बैयिनातिम् - मिनलहुदा वल्फ़ुर्क़ानि ज् फ़मन् शहिद मिन्कुमुश्शहर फ़ल्यसुम्हु त् व मन् कान मरीज़न् औ अ़ला सफ़रिन् फ़अ़िद्दतुम्मिन् अैयामिन् अुख़र त् युरीदुल्लाहु बिकुमुल्-युस्र व ला युरीदु बिकुमुल्-अुस्र ज् व लितुक्मिलुल्अ़िद्दत व लितुकब्बिरुल्लाह अ़ला मा हदाकुम् व लअ़ल्लकुम् तश्कुरून (१८५) व अिजा सअलक अ़िबादी अन्नी फ़अिन्नी क़रीबुन् त् अुजीबु दअ़्वतद्दाअ़ि अिजा दआनि ला फ़ल्यस्तजीबूली वल्युअ्मिनू बी लअ़ल्लहुम् यर्शुदून (१८६) अुह्िल्ल लकुम् लैलत्तस्सियामिर्रफ़सु अिला निसा अिकुम् त् हुन्न लिबासुल्लकुम् व अन्तुम् लिबासुल्लहुन्न त् अ़लिमल्लाहु अन्नकुम् कुन्तुम् तख़्तानून अन्फ़ुसकुम् फ़ताब अ़लैकुम् व अ़फ़ा अन्कुम् ज् फ़ल्आन बाशिरू हुन्न वब्तग़ू मा कतबल्लाहु लकुम् त् व कुलू वश्रबू हत्ता यतबैयन लकुमुल्ख़ैतुल् - अब्यज़ु मिनल्ख़ैतिल् - अस्वदि मिनल्फ़ज्रि स् सुम्म अतिम्मुस्सियाम अिलल्लैलि ज् व ला तुबाशिरू हुन्न व अन्तुम् आकिफ़ून ला फ़िल्मसाजिदि त् तिल्क हुदूदुल्लाहि फ़ला तक़्रबूहा त् कजालिक युबैयिनुल्लाहु आयातिहि लिन्नासि लअ़ल्लहुम् यत्तक़ून (१८७)

वह भी गिनती के चन्द रोज़ हैं। इस पर भी जो शख़्स तुममें से बीमार हो या सफ़र में हो, तो दूसरे दिनों में रोज़ें रख कर गिनती पूरी कर दे और जिनको रोज़: की बर्दाश्त मुश्किल है उनको इजाज़त है कि फ़िदय:◎ दे दें और उन पर एक रोज़े का बदला एक दीन को भोजन देना है और जो शख़्स ख़ुशी से (ज़्याद:) नेकी करना चाहे, तो यह उसके हक़ में ज़्यादा भलाई है और समझो तो रोज़: रखना ही तुम्हारे हक़ में भलाई है।(१८४) रमज़ान (रोज़ों) का महीना है जिसमें अल्लाह की तरफ़ से क़ुर्आन उतरा है और क़ुर्आन लोगों को राह दिखाने-वाला है और (उसमें) हिदायत और बुराई और भलाई में अन्तर करने की तमीज़ के खुले (स्पष्ट) हुक्म मौजूद हैं, तो तुममें से जो शख़्स इस महीने में मौजूद हो,तो चाहिए कि इस महीने के रोज़े रखे और जो बीमार हो या यात्रा में होॐ तो दूसरे दिनों में छूटे हुए रोज़े रख कर गिनती पूरी करना चाहिये। अल्लाह तुम्हारे साथ आसानी करना चाहता है और तुम्हारे साथ सख़्ती नहीं करना चाहता। इसलिए कि तुम रोज़ों की गिनती पूरी कर लो और इसलिए कि तुम अल्लाह की बड़ाई बयान करो कि अल्लाह ने तुमको सच्ची राह दिखा दी है और अजब नहीं तुम (उसका) इहसान मानो।(१८५) (ऐ पैग़म्बर!) जब मेरे बन्दे तुमसे मेरे बारे में पूछें तो (उनको समझा दो कि) मैं तो पास ही हूँ।§ जब कभी कोई मुझे पुकारता है, तो मैं (प्रत्येक) पुकारनेवाले की प्रार्थना को क़बूल कर लेता हूँ। तो (उनको) चाहिए कि मेरा हुक्म मानें और मुझ पर ईमान लावें; अजब नहीं वह नेक राह पर आ जायँ।(१८६) (मुसल-मानो!) रोज़ों की रातों में अपनी बीवियों के पास जाना तुम्हारे लिए जायज़ कर दिया गया है, वह तुम्हारी पोशाक‡ हैं और तुम उनकी पोशाक हो। अल्लाह ने देखा तुम (चोरी-चोरी) उनके पास जाने से अपना (दीनी) नुक़सान करते (दिल को गुनहगार बनाते) थे, तो उसने तुम पर दया की दृष्टि की और तुम्हारे अपराध दर गुज़र किये। पस,अब (रोज़ों में रात के वक़्त) उनके साथ मिलो और जो (नतीजा) अल्लाह ने तुम्हारे लिए ठहरा दिया है (यानी औलाद) उसकी चाहना करो और खाओ पियो जब तक कि (रात की) काली धारी से सुबह की सफ़ेद धारी† तुमको साफ़ दिखाई देने लगे। फिर रात तक रोज़: पूरा करो और जब तुम मसजिद में इअ्तिकाफ़* की हालत में एकान्त में बैठे हो, तब अपनी बीबियों से प्रसंग मत करना—यह अल्लाह की (बाँधी हुई) हदें हैं—तो उनके पास भी न फटकना। इसी तरह अल्लाह अपने हुक्मों को लोगों के लिए खोल-खोलकर बयान करता है, ताकि वह परहेज़गार बन जायँ।(१८७)

◎ एक रोज़े का फ़िदय: एक दीन को दो वक़्तों का पेट भरकर भोजन देना है; चाहे इतने की क़ीमत दे दे—यह हुक्म बाक़ी नहीं रहा। पहले यह इजाज़त थी जब आरम्भ में लोगों की आदत लगातार महीने भर रोज़: रखने की न थी। ॐ रोज़: रखना अनिवार्य है। सफ़र में हो या बीमार हो, उसको चाहिए कि रमज़ान के बाद (जितने रोज़े उसने छोड़ दिये हैं) उतने रोज़े रख ले। रोज़ों के मामले में बीमारी या सफ़र जैसी मजबूरी से मतलब यह है कि वह सचमुच रोज़े की बर्दाश्त न कर सकता हो। मसलन हामला (गर्भिणी), एक जवान आदमी और एक कमज़ोर बूढ़े के लिए सफ़र या बीमारी में मजबूर होने का पैमाना अलग अलग होगा। सिर्फ़ बीमारी व सफ़र की आड़ में रोज़े के बदले फ़िदय: देकर बच निकलने की गुंजाइश नहीं है। रोज़: रूहानी और जिस्मानी दोनो सेहत देता है। § कुछ लोगों ने रसूलुल्लाह(स०) से पूछा था कि अल्लाह हमारे समीप है या दूर? हम दुआ धीमी आवाज़ से करें या ज़ोर से? उसपर आयत उतरी कि ख़ुदा तो सब से क़रीबतर है।

‡ स्त्री और पुरुष एक दूसरे की बात ढके रहते हैं। या इस प्रकार एक दूसरे से मिलते हैं जैसे कपड़ा बदन के साथ मिलता है। † रात बीतने से पहले आकाश में पूर्व दिशा में जो सफ़ेद धारी सी लम्बान में प्रगट होती है,उसे सुबह काज़िब कहते हैं। और इस सुबह काज़िब के बाद पूर्व दिशा में आकाश में जो चौड़ान में प्रकाश विस्तृत होता है उसे सुबह सादिक़ कहते हैं। * मसजिद में जम कर रहने (एकान्तवास) को इअ्तिकाफ़ कहते हैं। रमज़ान के अन्तिम दिनों मसजिदों में अल्लाह की याद में एकान्तवास करने की हिदायत है।

व ला तअ्कुलू अम्वालकुम् बैनकुम् बिल्बातिलि व तुद्लू बिहा
अिलल्हुक्कामि लितअ्कुलू फ़रीक़म्मिन् अम्वालिन्नासि बिल् अिस्मि व अन्तुम्
तअ़लमून (१८८) ★ यस्अलूनक अनिल् - अहिल्लति तु क़ुल् हिय मवाक़ीतु
लिन्नासि वल्हज्जि तु व लैसल्बिरु बिअन्तअ्तुल् - बुयूत मिन् जुहूरिहा
व लाकिन्नल्बिर्र मनित्तक़ा ज् वअ्तुल्-
बुयूत मिन् अब्वाबिहा तु वत्तक़ुल्लाह
लअ्अल्लकुम् तुफ़्लिहून (१८९) व क़ातिलू
फ़ी सबीलिल्लाहिल्लजीन युक़ातिलू नकुम्
व ला तअ़तदू तु अिन्नल्लाह लायुहिब्बुल्-
मुअ़तदीन (१९०) वक़्तुलू हुम् हैसु
सक़िफ़्तुमू हुम् व अख़्रिजू हुम् मिन् हैसु
अख़्रजूकुम् वल्फ़ित्नतु अशद्दु मिनल्क़त्लि ज्
व ला तुक़ातिलू हुम् अिन्दल् - मस्जिदिल्-
हरामि हत्ता युक़ातिलू कुम् फ़ीहि ज् फ़अिन्
क़ातलूकुम् फ़क़्तुलू हुम् तु कजालिक
जज़ा अुल्काफ़िरीन (१९१) फ़अिनिन्तहौ
फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१९२) व क़ातिलू हुम् हत्ता ला तकून
फ़ित्नतुँव यकूनद्दीनु लिल्लाहि तु फ़अिनिन्तहौ फ़ला अुद्वान अिल्ला
अलज्जालिमीन (१९३) अश्शह्रुल्हरामु बिश्शह्रिल्हरामि वल्हुरुमातु
क़िसासुन् तु फ़मनिअ़्तदा अलैकुम् फ़अ़्तदू अलैहि बिमिस्लि मअ़्तदा
अलैकुम् तु वत्तक़ुल्लाह वअ़्लमू अन्नल्लाह मअ़ल्मुत्तक़ीन (१९४) व
अन्फ़िक़ू फ़ी सबीलिल्लाहि व ला तुल्क़ू बिअैदीकुम् अिलत्तह्लुकति ज् सला ∴
व अह्सिनू ज् ∴ अिन्नल्लाह युहिब्बुल्मुह्सिनीन (१९५)

और आपस में नाहक़ एक दूसरे का माल मत खाओ उड़ाओ और न माल को हाकिमों के पास (रिश्वत के तौर पर) ले जाओ कि लोगों के माल में से जानते बूझते नाहक़ खा जाओ*।(१८८)★

(ऐ पैग़म्बर !) लोग तुमसे नये चाँदों के बारे में पूछते हैं, तो कहो कि लोगों के लिए और हज के वास्ते यह नियमित समय-माप हैं। और यह कुछ नेकी नहीं है कि घरों में उनके पिछवाड़े की तरफ़ से आओ; बल्कि नेकी तो यह है कि परहेज़गारी करे और घरों में उनके दरवाज़ों से ही आओ† और अल्लाह से डरते रहो ताकि तुम कामयाबी को पहुँचो।(१८९) (मुसलमानो !) जो लोग तुमसे लड़ें तुम भी अल्लाह के रास्ते में उनसे लड़ो लेकिन ज़्यादती न करना। अल्लाह ज़्यादती करने (हद से बढ़ने) वालों को पसंद नहीं करता‡, (१९०) (जो लोग तुमसे लड़ते हैं) उनको जहाँ पाओ क़त्ल करो और जहाँ से उन्होंने तुमको निकाला है (यानी मक्का से) तुम भी उनको (वहाँ से) निकालो और फ़साद (का क़ायम रहना) ख़ून बहाने से भी बढ़कर (बुरा) है◎ और जब तक काफ़िर मसजिद हराम (अदबवाली मसजिद) के पास तुमसे न लड़ें तुम भी उस जगह उनसे न लड़ो; लेकिन अगर वह लोग तुमसे लड़ें, तो (तुम भी) उनको क़त्ल करो। (ऐसे) काफ़िरों की यही सज़ा है।(१९१) फिर अगर वह मान जायँ तो बेशक अल्लाह बहुत क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान है।(१९२) और यहाँ तक उनसे लड़ो कि फ़साद बाक़ी न रहे और एक अल्लाह का हुक्म चले। फिर अगर (फ़साद) छोड़ दें, (तो) ज़ालिमों के सिवाय किसी पर ज़्यादती (जायज़) नहीं (१९३) अदब♦ (इज़्ज़त) वाले महीने का बदला अदब वाला महीना है और अदब की चीज़ों में भी बदला§ है, तो जो तुम पर ज़्यादती करे, तो जैसी ज़्यादती उसने तुम पर की वैसी ही ज़्यादती तुम भी उस पर करो। और (ज़्यादती करने में) अल्लाह से डरते रहो और जाने रहो कि अल्लाह परहेज़गारों का ही साथी है।(१९४) अल्लाह की राह में ख़र्च करो। अपने हाथों अपने तईं हत्या में मत डालो और नेकी करो, बेशक नेकी करनेवालों को अल्लाह दोस्त रखता है।(१९५)

---

* चोरी, दग़ाबाज़ी, खयानत, जुआ, धोखा, या घूस के ज़रिये किसी का माल हासिल कर दूसरे का माल नाहक़ खाना उड़ाना गुनाह में दाख़िल है। क़ाज़ी या अदालत का फ़ैसला चालाकी, रिश्वत, धोखा या कमअक़्ली के कारण ग़लत भी हो सकता है। उस फ़ैसले से हक़ नाहक़ में और नाहक़ हक़ में नहीं बदल सकता। इस लिये यह हिदायत है कि रुपया या असर के बल पर मुक़दमा जीत लेने पर वह अपने को गुनाह से बचा न समझें और ऐसा करने से बाज़ आयें। † हज के समय बीच में ज़रूरत पड़ने पर लोग घर के पिछले दरवाज़े से जाकर फिर वापस आ जाते थे। मानो घर गये ही नहीं। इस पाखंड से बचने के लिए हिदायत है। ‡ अपनी रक्षा और बदरजे मजबूरी ही लड़ाई की इजाज़त है। लेकिन नौबत आने पर पूरी ताक़त से जंग करनी चाहिये दीन, ईमान और अमन को क़ायम करने के लिए। औरतों बच्चों बूढ़ों और अपाहिजों, फ़सल, दरख्त व बदकिरदारियों से बाज़ आये हुये दुश्मन पर भी ज़ुल्म की इजाज़त इस्लाम नहीं देता। ◎ कोई शख्स या गरोह समाज की भलाई के लिए ऐसा तरीक़ा या अल्लाह की हिदायत अख्तियार करे जो मौजूदा चल रहे तरीक़े से बदला हुआ हो तो उस शख्स या गरोह को ऐसा करने से रोकना या उन पर जब्र करना सरासर ज़ुल्म है। ऐसा ज़ुल्म करने वाले ही फ़ितनः हैं। उनको पनपने देना उनको क़त्ल करने से ज़्यादः खराब है। उनका नाश ही ज़रूरी है। क्योंकि उनके ख़ून को बचाने से आइन्दः और ज़्यादः ख़ून व फ़साद की नौबत आयेगी। इस हुक्म का संबंध अरब के मुशरिकों से है। उनके लिए या उन जैसे दूसरे ज़ालिमों के लिए दो ही रास्ते हैं। या तो इस्लाम क़ुबूल करें या क़त्ल हों। अलबत्ता दूसरे ग़ैर मुस्लिम जो अमन से रहते हैं और मुसलमानों की ज़िन्दगी व इबादत में ख़लल नहीं डालते वे इस्लाम अपनावें तो बेहतर और न भी अपनावें तो उनको फ़ितनः मानना या उनका नाश करना इस आयत का मंशा नहीं। ♦ ज़ीक़ाद, ज़िलहिज्ज, मुहर्रम, रजब, ये चार अदब वाले महीने हैं। § यदि फ़सादी पवित्र मास या पवित्र वस्तुओं की परवाह न करके फ़साद करें तो तुम भी उनका लिहाज़ न करो।

व अतिम्मुल्हज्ज वल्उम्रत लिल्लाहि त् फ़अिन् उह्सिर्तुम् फ़मस्तैसर मिनल्हद्यि ज् व ला तह्लिक़ू रुअूसकुम् ह़त्ता यब्लुग़ल् - हद्यु महिल्लहू त् फ़मन् कान मिन्कुम् मरीज़न् औ बिहि अज्म्मिर्अ्सिहि फ़िद्यतुम् मिन् सियामिन् औ सदक़त्तिन् औ नुसुकिन् ज् फ़अिजा आमिन्तुम् वक़फ़ः फ़मन् तमत्तअ बिल्उम्रति अिलल्हज्जि फ़मस्तैसर मिनल्हद्यि ज् फ़मल्लम् यजिद् फ़स्यामु सलासति अय्यामिन् फ़िल्हज्जि व सब्अतिन् अिजा रजअ्तुम् त् तिल्क अशरतुन् कामिलतुन् त् जालिक लिमल्लम् यकुन् अह्लुहू ह़ाज़िरिल् - मस्जिदिल्हरामि त् वत्तक़ुल्लाह वअ्लमू अन्नल्लाह शदीदुल्अिक़ाबि (१९६) ★ अल्हज्जु अश्हुरुम्मअ्लूमातुन् ज् फ़मन् फ़रज़ फ़ी हिन्नल्हज्ज फ़ला रफ़स व ला फ़ुसूक़ ला व ला जिदाल फ़िल्हज्जि त् व मा तफ़्अलू मिन् ख़ैरिंयअ्लम्हुल्लाहु त् ● व तज़ौवदू फ़अिन्न ख़ैरज़ादित्तक़्वा ज् वत्तक़ूनि या अुलिल्अल्बाबि (१९७) लैस अलैकुम् जुनाहुन् अन् तब्तग़ू फ़ज़्लम्मिर्रब्बिकुम् त् फ़अिजा अफ़ज़्तुम् मिन् अरफ़ातिन् फ़ज्कुरुल्लाह अिन्दल्मश्अरिल्-हरामि स् वज्कुरूहु कमा हदाकुम् ज् व अिन् कुन्तुम् मिन् क़ब्लिहि लमिनज़्ज़ाल्लीन (१९८) सुम्म अफ़ीज़ू मिन् ह़ैसु अफ़ाज़न्नासु वस्तग़्फ़िरुल्लाह त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१९९) फ़अिजा क़ज़ैतुम् मनासिककुम् फ़ज्कुरुल्लाह कज़िक्रिकुम् आबा अकुम् औ अशद्द ज़िक्रन् त् फ़मिनन्नासि मैंयक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्या व मा लहू फ़िल् - आख़िरति मिन् ख़लाक़िन् (२००) व मिन्हुम् मैंयक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्या ह़सनतौंव फ़िल् - आख़िरति ह़सनतौंव क़िना अज़ाबन्नारि (२०१) ●

अल्लाह के लिए हज§ और उमरः@ पूरा करो। और अगर (राह में कहीं) रोक दिये जाओ तो क़ुर्बानी (करदो) जैसी कुछ हो सके और जब तक क़ुर्बानी अपनी ठिकाने न लग जाय अपने सिर न मुड़ाओ। और जो तुममें बीमार हो व सिर की तरफ़ से उसे दुख हो तो बाल उतरवा देने का बदला रोज़े या ख़ैरात या क़ुर्बानी से दो। फिर जब तुमको राहत हो जावे तो जो कोई उमरे को हज से मिलाकर फ़ायदा उठाना चाहे तो (उसको) क़ुर्बानी (करनी होगी) जैसी कुछ हो सके। और जिसको क़ुर्बानी सुलभ न हो तो तीन रोज़े हज के दिनों में (रख ले) और जब वापस आओ तो सात रोज़े रखो। यह पूरे दस रोज़े हुए। यह (हुक्म) उसके लिए है जिसका घरबार मक्के में न हो। अल्लाह से डरो और जाने रहो कि अल्लाह की सज़ा सख़्त है।(१९६) ★

हज के कुछ महीने जाने हुये हैं§ तो जो शख़्स इन महीनों में हज की ठान ले तो (अहराम‡ बाँधने से आख़िर तक) हज (के दिनों) में विषय-भोग की कोई बात न करे और न बेहुक्मी की और न झगड़े की। और भलाई का कोई सा काम करो, वह अल्लाह को मालूम हो जायगा। ● और (हज पर जाने से पहले) सफ़रख़र्च इकट्ठा कर लो। उत्तम (पर्याप्त) ज़ाद (राह ख़र्च) संयम† (और अल्लाह का डर) है और ऐ बुद्धिमानो! मुझसे ही डरते रहो।(१९७) (हज के समय) तुम अपने पालनेवाले की मेहरबानी खोजो तो कुछ पाप नहीं[]। फिर जब अरफ़ात (पहाड़) से लौटो× तो मशअ़रिल हराम के पास (जो मुक़ाम मुज़दल्फ़ा में दो पहाड़ों के क़रीब है) अल्लाह की याद करो और उसकी याद करो उस तरीक़े पर जैसा तुमको अल्लाह ने बताया है और इससे पहले तुम निस्सन्देह भटके हुओं में से थे।(१९८) फिर जिस जगह से लोग चलें तुम भी वहीं से तवाफ़♦ (परिक्रमा) के लिए चलो और अल्लाह से माफ़ी चाहो। बेशक अल्लाह बहुत माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है।(१९९) फिर जब हज के कामों को कर चुको तो जिस तरह तुम अपने बाप-दादों की चर्चा में लग जाते थे उसी तरह बल्कि उससे भी बढ़कर अल्लाह की याद में लग जाओ। फिर लोगों में कुछ ऐसे हैं जो कहते हैं कि ऐ हमारे पालनेवाले! हमको (जो देना हो) दुनिया में दे और ऐसे शख़्स के लिए आख़िरत में कुछ हिस्सा नहीं है।(२००) और लोगों में से कुछ ऐसे हैं जो दुआएँ माँगते हैं कि ऐ हमारे पालनकर्त्ता! हमें दुनिया में भी भलाई दे और आख़िरत में भी भलाई दे और हमको आग (नरक) की सज़ा से बचाये रख(२०१) ●

★ रु. २४ आ ८ ● ब. न बी. स. नि. १२

§ अपने स्थान से एहराम बाँधकर बक़रीद के महीने की नवीं तारीख़ को अरफ़ात पहुँच कर वहाँ से वापसी में रात में 'मुज़्दलिफ़ा' ठहरना। फिर ईद की सुबह को 'मिना' में पहुँच कर कंकरियाँ फेंकना। फिर मूँडन कराके एहराम उतार देना। फिर काबा की तवाफ़ (परिक्रमा), सफ़ा-मर्वः के बीच दौड़ना, दुबारा 'मिना' में दो या तीन दिन रहना व रोज़ कंकरियाँ फेंकना, फिर काबा के फेरे—यही सब 'हज' का कार्यक्रम है। @ एहराम बाँध कर काबा की परिक्रमा, सफ़ा-मर्वः के बीच दौड़ना और सिर के बाल मुँडवा कर एहराम खोल देना—यह उमरः का कार्यक्रम है। इसमें हज की तरह दिन या महीने की पाबन्दी नहीं है। § शव्वाल, ज़ीक़ाद और दस दिन ज़िलहिज्ज के। ‡ अहराम—वह कपड़ा जो हज के दिनों में पहनते हैं। जब तक हज का कार्य समाप्त नहीं होता तब तक इसे पहने रहते हैं। † लोग घर से मुनासिब राह-ख़र्च न ले चलते और हज पर पहुँच कर लोगों से मांगते और तंग करते थे। यह बुरा है। [] याने (हज के समय भी) अपने रोज़ी-रोज़गार में बेहतरी के लिए अल्लाह से दुआ करो तो कोई गुनाह नहीं। × मक्कानिवासी पुरानी कुरीति के कारण अरफ़ात तक नहीं जाते थे और मक्के की एक निर्धारित सीमा तक ही रुक जाते थे। वे ग़ुरूर में कहते थे कि हम हरम के रहनेवाले हरम के बाहर क्यों जायँ। यह हज के तरीक़े के ख़िलाफ़ था। इस लिए हुक्म हुआ कि जहाँ से सब लोग जाकर लौटें वहीं से मक्कानिवासी भी लौटें। ♦ काबे के गिर्द नियमानुसार घूमने को तवाफ़ कहते हैं।

अुला अिक लहुम् नसीबुम्मिम्मा कसबू त् वल्लाहु सरीअुल् - हिसाबि (२०२) वज्कुरुल्लाह फ़ी अैयामिम्मअ्दूदातिन् त् फ़मन् तअज्जल फ़ी यौमैनि फ़ला अिस्म अलैहि ज् व मन् तअख़्ख़र फ़ला अिस्म अलैहि ला लिमनित्तक़ा त् वत्तक़ुल्लाह वअ्लमू अन्नकुम् अिलैहि तुह्शरून (२०३) व मिनन्नासि मैंयुअ्जिबुक क़ौलुहु फ़िल्-ह्यात्तिद्दुन्या व युश्हिदुल्लाह अला मा फ़ी क़ल्बिहि ल व हुव अलद्दुल्ख़िस्सामि (२०४) व अिजा तवल्ला सआ फ़िल्अर्ज़ि लियुफ़्सिद फ़ीहा व युह्लिकल्हर्स वन्नस्ल त् वल्लाहु ला युह्ब्बुल्फ़साद (२०५) व अिजा क़ील लहुत्तक़िल्लाह अख़ज़त्हुल्-अिज़्ज़तु बिल्अिस्मि फ़ह्स्बुहु जहन्नमु त् व लबिअ्सल्मिहादु (२०६) व मिनन्नासि मैंयश्री नफ़्सहुब्तिग़ा अ मर्ज़ातिल्लाहि त् वल्लाहु रऊफ़ुम्बिल्अिबादि (२०७) या अैयुहल्लजीन आमनुद् ख़ुलू फ़िस्सिल्मि काफ़्फ़तन् स् व ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि त् अिन्नहु लकुम् अदूवुम् - मुबीनुन् (२०८) फ़अिन् ज़ल्लतुम् मिम्बअ्दि मा जा अत्कुमुल् - बैयिनातु फ़अ्लमू अन्नल्लाह अज़ीज़ुन् हकीमुन् (२०९) हल् यन्ज़ुरून अिल्ला अैंयअ्तिय हुमुल्लाहु फ़ी ज़ुललिम्मिनल्ग़ामामि वल्मला अिकतु व क़ुज़ियल्-अम्रु त् व अिलल्लाहि तुर्जअुल्अुमूरु (२१०) ★ सल् बनी अिस्राअील कम् आतैनाहुम् मिन् आयतिम् - बैयिनतिन् त् व मैंयुबद्दिल् निअ़्मतल्लाहि मिम्बअ्दि मा जा अत्हु फ़अिन्नल्लाह शदीदुल्अिक़ाबि (२११) जुय्यिन लिल्लजीन कफ़रुल्-ह्यातुद्दुन्या व यस्ख़रून मिनल्लजीन आमनू म् ● वल्लजीनत्तक़ौ फ़ौक़हुम् यौमल्क़ियामति त् वल्लाहु यर्ज़ुक़ मैंयशा अु बिग़ैरि हिसाबिन् (२१२)

ऐसे लोगों को उनके किये का हिस्सा (यानी पुण्य) मिलेगा और अल्लाह तो जल्द (सबका) हिसाब करनेवाला है।(२०२) और गिनती के इन चन्द दिनों में अल्लाह की याद करते रहो। फिर जो शख़्स जल्दी करे दो दिन में (चल दे) उस पर (भी) कुछ पाप नहीं और जो ठहरा रहे उस पर (भी) कुछ पाप नहीं, (यह) उसके लिए जो परहेज़गारी करें‡ और अल्लाह से डरते रहो और जाने रहो कि तुम उसी के सामने हाज़िर किये जाओगे।(२०३) और (ऐ पैग़म्बर!) कोई आदमी ऐसा है जिसकी बातें तुमको दुनिया की ज़िन्दगी में भली मालूम होती हैं और वह अपनी दिली बातों पर अल्लाह को गवाह ठहराता है; (ईश्वर की साक्षी देता है कि जो मन में है वही ज़बान पर है) हालाँकि वह सख़्त झगड़ालू है।◎(२०४) और जब लौटकर जाय तो मुल्क में इस दौड़ धूप में रहता है कि उसमें विद्रोह फैलावे और खेती-बारी को और जानों को बरबाद करे। और अल्लाह फ़साद नहीं चाहता।(२०५) जब उससे कहा जाय कि अल्लाह से डर, तो शेख़ी उसको पाप पर आमादा करती है। ऐसे को दोज़ख़ काफ़ी है और वह बेशक बुरा ठिकाना है।(२०६) लोगों में से कुछ ऐसे भी हैं जो अल्लाह की ख़ुशी के लिए अपनी जान तक दे देते हैं और अल्लाह (ऐसे) बन्दों पर बड़ी ही ममता रखता है।(२०७) ऐ ईमानवालो! इस्लाम में पूरे-पूरे आ जाओ और शैतान के क़दमों पर मत चलो। बेशक वह तुम्हारा खुला दुश्मन है।(२०८) फिर जब कि तुम्हारे पास साफ़ हुक्म पहुँच चुके और इस पर भी डगमगा जाओ तो जान रखो कि अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त और बड़ा हिकमत वाला है।(२०९) क्या यह लोग इसी की राह देखते हैं कि अल्लाह और फ़रिश्ते बादलों के सायबानों में उनके सामने आवें और जो कुछ होना है हो चुके और सब काम अल्लाह ही के हवाले हैं×।(२१०) ★

(ऐ पैग़म्बर!) याक़ूब की सन्तान से पूछो कि हमने उनको कितनी खुली हुई निशानियाँ दे रखी थीं और जब कोई शख़्स अल्लाह की उस निअ़मत को बाद उसके पहुँचने के बदल डाले तो अल्लाह बड़ी सख़्त सज़ा देनेवाला है†।(२११) जो लोग इन्कारी हैं, दुनिया की ज़िन्दगी उनकी दृष्टि में भली दिखाई गई है और वे ईमानवालों की हँसी उड़ाते हैं; ●हालाँकि जो लोग परहेज़गार हैं उनके दर्जे क़ियामत के दिन उनसे बढ़-चढ़कर होंगे§ और अल्लाह जिसे चाहता है बे हिसाब रोज़ी देता है।(२१२)

रु. २५ — ९ आ १४ ● ब. ला. ★

‡ यानी मिना में चाहे दो ही दिन ठहरें या तीन दिन, इसमें पाप नहीं; अलबत्ता हज के कामों में पाप से बचे रहना ज़रूरी है। ◎ यह ज़िक्र यों है—एक अख़नस बिन शरीफ़ नाम का मुनाफ़िक (कपटाचारी) था। वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाह अ़लैहि व आलिही व सल्लम से इस्लाम धर्म और रसूलुल्लाह के पवित्र व्यक्तित्व के प्रति प्रेम का दावा करता और विश्वास दिलाया करता था। हालाँकि वह मन से इसके बिलकुल विपरीत था। वह मुसलमानों का पूरा दुश्मन था। × ईमान की कमी होने पर लोग तरह तरह के बहाने बनाते हैं। वे कहते हैं कि हम अल्लाह पर ईमान लाने को तैयार हैं बशर्ते वह अपने फ़रिश्तों के साथ हमारे सामने ज़ाहिर हो। गोया वे अल्लाह को अपने रास्ते चलाना चाहते हैं न कि अल्लाह के चलाये ख़ुद चलें। लेकिन यह असंभव है। अगर हमको ईश्वर पर भक्ति है तो हम उसके फ़ैसले पर भरोसा करें कि जब वह जो चाहे करे। † हज़रत मूसा अ० के ज़रिये यहूदियों को ईश्वरी ग्रंथ तौरात और खुले चमत्कार मिले। फिर भी वे अल्लाह के जलवे को भूल कर उसकी आज्ञाओं को अपने स्वार्थ के लिए मनमाना बदलने लगे। यहूदी क्या, समय पाकर दुनिया की हर क़ौम में यह कमज़ोरी दाख़िल हो जाती है। लेकिन उन पर अल्लाह की ओर से तबाही बरपा होती है। § काफ़िरों की दुनियावी ज़िन्दगी भड़कीली शानदार होने से वे ग़रीब मुसलमानों पर हँसते थे। उन्हें मालूम नहीं कि आख़िरत के दिन मोमिनों का दर्जा उन काफ़िरों से कहीं ऊँचा होगा।

कानन्नासु उम्मतौंवाहिदतन् फ़बअसल्लाहुन्नबीयीन मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन ۪ व अन्ज़ल मअहुमुल्किताब बिल्हक़्क़ि लियह्कुम बैनन्नासि फ़ी मख़्तलफ़ू फ़ीहि ۪ व मख़्तलफ़ फ़ीहि अिल्लल्लजीन अूतूहु मिम्बअ़्दि मा जा'अत्हुमुल् - बैयिनातु बग़्यम्बैनहुम् ۚ फ़हदल्लाहुल्लजीन आमनू लिमख़्तलफ़ू फ़ीहि मिनल्हक़्क़िक़ बिअिज़्निहि ۗ ۪ वल्लाहु यह्दी मैंयशा'अु अिला सिरातिम्मुस्तक़ीमिन् (२१३) अम् हसिब्तुम् अन् तद् ख़ुलुल्जन्नत व लम्मा यअ्तिकुम् मसलुल्लजीन ख़लौ मिन् क़ब्लिकुम् ۪ मस्सत् हुमुल्बअ्सा'अु वज़्ज़र्रा'अु व ज़ुल्ज़िलू हत्ता यक़ूलर्रसूलु वल्लजीन आमनू मअहू मता नस्रुल्लाहि ۪ अला' अिन्न नस्रल्लाहि क़रीबुन् (२१४) यस्अलूनक मा जा युन्फ़िक़ून ۙ ۪ क़ुल् मा' अन्फ़क़्तुम्मिन् ख़ैरिन् फ़लिल् - वालिदैनि वल्अक़्रबीन वल्यतामा वल्मसाकीनि वब्निस्सबीलि ۪ व मा तफ़्अलू मिन् ख़ैरिन् फ़अिन्नल्लाह बिहि ۗ अलीमुन् (२१५) कुतिब अलेकुमुल् - क़ितालु व हुव कुर्हुल्लकुम् ۚ व असा' अन्तक्रहू शैअौंव हुव ख़ैरुल्लकुम् ۚ व असा' अन्तुहिब्बू शैअौंव हुव शर्रुल्लकुम् ۪ वल्लाहु यअ्लमु व अन्तुम् ला तअ्लमून (२१६) ★

(शुरू में सब)† लोग एक ही दीन रखते थे; फिर अल्लाह ने पैग़म्बर भेजे जो ख़ुशख़बरी देते थे और इन्कारियों को डराते थे और उनके साथ सच्ची किताबें भेजीं ताकि जिन बातों में लोगों में मतभेद था उन बातों का (वह किताब) फ़ैसला कर दे। और उन्हीं लोगों ने, आपस की ज़िद्द से किताब में भेद डाला, जिनको (किताब) मिली थी, बावजूद इसके कि उनको खुले-खुले हुक्म पहुँच चुके थे। तो वह सच्चा रास्ता जिसमें लोग भेद डाल रहे थे अल्लाह ने अपनी मेहरबानी से ईमानवालों को दिखला दिया, और अल्लाह जिसको चाहे सच्ची राह दिखलाये।§ (२१३) मुसलमानो! क्या तुम ऐसा ख़्याल करते हो कि (योंही) बिहिश्त में पहुँच जाओगे? और अभी तक तुम पर उन लोगों जैसी हालत नहीं पेश आई, जो तुमसे पहलों की हो चुकी है, कि उनको सख्तियाँ और तकलीफ़ें पहुँचीं और वह झकझोर डाले (यानी अच्छी तरह कसे) गये यहाँ तक कि पैग़म्बर और ईमानवाले जो उनमें साथ थे कह उठे कि (आख़िर) अल्लाह की मदद कब आवेगी? (ढारस दिया गया) जानो कि अल्लाह की मदद सचमुच क़रीब ही है।(२१४) (ऐ पैग़म्बर!) तुमसे पूछते हैं कि क्या ख़र्च करें?◎ तो समझा दो जो माल ख़र्च करो (वह तुम्हारे) माता-पिता का और नज़दीक के रिश्तेदारों का और अनाथों (यतीमों) और दीन-दुखियों (मुहताजों) का और बटोहियों (मुसाफ़िरों) का हक़ है और तुम कोई भी भलाई करोगे, अल्लाह उसको पूरी तरह जानता है।(२१५) तुम पर जिहाद♦ (लड़ाई) फ़र्ज किया गया है और वह तुमको खल रहा है। और क्या आश्चर्य एक चीज़ तुमको बुरी लगे और वह तुम्हारे हक़ में भली हो और क्या अजब एक चीज़ तुमको भली लगे और वह तुम्हारे हक़ में बुरी हो। और अल्लाह को ही ज्ञान है और तुम पूरा ज्ञान नहीं रखते।(२१६)★

† हज़रत आदम और उनकी संतान। § अल्लाह ने कितने ही नबी और कितनी ही किताबें भेजीं। लेकिन इसलिए नहीं कि उससे जुदा उम्मतें क़ायम हों। बल्कि सब पैग़म्बरों ने एक ही रास्ता दिखलाया। जब एक उम्मत बहकती तो दूसरा नबी आता और जब एक किताब से बहकते तो दूसरी किताब आती। इसी तरह जब तौरात की हिदायतों की मनमाना तोड़मरोड़ यहूदी करने लगे तो अल्लाह ने रसूल (स०) के द्वारा क़ुर्आन भेज कर ईमान के चहीतों को हमेशा के लिए सच्ची राह दिखा दी। ◎ किस प्रकार से धन खर्च करें? इसका उत्तर यह दिया गया है कि जो चाहो खर्च करो पर उन लोगों पर जिनका वर्णन इस आयत में किया गया है। ♦ दीन के लिए काफ़िरों से लड़ना अर्थात् धर्मयुद्ध करना जिहाद कहलाता है। यह जिहाद मुसलमानों के लिए फ़र्ज़ किया गया है। इसमें धन-जन की हानि होने से भलेही यह बुरा लगता हो, लेकिन वह तुम्हारे लिए हितकर है। तुम्हारे लिए क्या हित है और क्या अहित है, यह सिर्फ़ अल्लाह ही जानता है।

रू. २६—१० आ ६

यस्अलूनक अनिश्शह्रिल्हरामि क़ितालिन् फ़ीहि क़ुल् क़ितालुन् फ़ीहि कबीरुन् व सद्दुन् अन् सबीलिल्लाहि व कुफ़्रुम्बिहि वल्मस्जिदिल्हरामि व इख़्राजु अह्लिहि मिन्हु अक्बरु इन्दल्लाहि ज् वल्फ़ित्नतु अक्बरु मिनल्क़त्लि त् व ला यज़ालून युक़ातिलूनकुम् हत्ता यरुद्दूकुम् अन् दीनिकुम् इनिस्तताअू त् व मैंयर्तदिद् मिन्कुम् अन् दीनिहि फ़यमुत् व हुव काफ़िरुन् फ़अुला'अिक हबितत् अअ़्मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति ज् व अुला'अिक अस्हाबुन्नारि ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२१७) इन्नल्लजीन आमनू वल्लजीन हाजरू व जाहदू फ़ी सबीलिल्लाहि ला अुला'अिक यरजून रह्मतल्लाहि त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (२१८) यस्अलूनक अनिल्ख़म्रि वल्मैसिरि त् क़ुल् फ़ीहिमा इस्मुन् कबीरुंव मनाफ़िअु लिन्नासि ज् व इस्मुहुमा अक्बरु मिन्नफ़्अिहिमा त् व यस्अलूनक मा जा युन्फ़िक़ून ۵ त् क़ुलिल्अफ़्व त् कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुमुल् - आयाति लअल्लकुम् ततफ़क्करून ला (२१९) फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति त् व यस्अलूनक अनिल्-यतामा त् क़ुल् इस्लाहुल्लहुम् ख़ैरुन् त् व इन् तुख़ालितूहुम् फ़इख़्वानुकुम् त् वल्लाहु यअ़्लमुल् - मुफ़्सिद मिनल्मुस्लिहि त् व लौ शा'अल्लाहु लअ़नतकुम् त् इन्नल्लाह अज़ीज़ुन् हकीमुन् (२२०) व ला तन्किहुल्-मुश्रिकाति हत्ता युअ्मिन्न त् व लअमतुम्मुअ्मिनतुन् ख़ैरुम्मिम्मुश्रिकतिव्व लौ अअ़्जबत्कुम् ज् व ला तुन्किहुल् - मुश्रिकीन हत्ता युअ्मिनू त् व लअब्दुम्मुअ्मिनुन् ख़ैरुम्मिम्मुश्रिकिंव्व लौ अअ़्जबकुम् त् अुला'अिक यद्अूना इलन्नारि ज् स़ला वल्लाहु यद्अू इलल्जन्नति वल्मग़्फ़िरति बिइज़्निहि ज् व युबैयिनु आयातिहि लिन्नासि लअल्लहुम् यतज़क्करून (२२१) ★

(ऐ पैग़म्बर ! मुसलमान तुमसे) अदबवाले महीनों में लड़ाई करने की बाबत पूछते हैं§ तो उनको समझा दो कि अदबवाले महीनों (पवित्र मासों) में लड़ना बड़ा पाप है। मगर अल्लाह की राह से रोकना और कुफ़्र करना और अदबवाली मसजिद में न जाने देना और उसके रहनेवालों को वहाँ से निकाल देना, अल्लाह के नज़दीक उससे भी बढ़कर पाप है और दीन में फ़ितन:† क़ायम रखना क़त्ल करने से भी बढ़ कर (बुरा) है।♦ और (काफ़िर) लोग तो सदा तुमसे लड़ते ही रहेंगे, यहाँ तक कि इनका वश चले तो तुमको तुम्हारे दीन से फेर ही दें। और जो तुममें अपने दीन से फिरेगा और इन्कारी की दशा में मर जायगा, तो ऐसे ही लोगों का किया-कराया दुनिया और आख़िरत में अकारथ गया ! और यह दोज़ख़ी हैं और हमेशा दोज़ख़ में ही रहेंगे।(२१७) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने देश त्याग किया और अल्लाह की राह में जिहाद भी किये, यही हैं जो अल्लाह की कृपा की आशा लगाये हैं और अल्लाह अत्यंत क्षमाशील अत्यंत दयावान है।(२१८) (ऐ पैग़म्बर! लोग) तुमसे शराब और जुए के बारे में पूछते हैं, तो कह दो कि इन दोनों में बड़ा पाप है। लोगों के लिए फ़ायदे भी हैं मगर इनके फ़ायदे से इनका पाप कहीं बढ़कर है। और तुमसे पूछते हैं (अल्लाह की राह में) क्या ख़र्च करें, तो समझा दो कि जो बचे अपने ख़र्च से (यह भी अर्थ है कि जितना आसान हो)। इसी तरह अल्लाह तुम लोगों से खोल-खोलकर हुक्म बयान करता है ताकि शायद तुम ध्यान दो।(२१९) दुनिया और आख़िरत की बातों में। और (ऐ पैग़म्बर ! यह लोग) तुमसे अनाथों के बारे में पूछते हैं, तो समझा दो कि उनके काम का सँवारना भलाई है और अगर (अपने) साथ उनका ख़र्च शामिल रखो तो वह तुम्हारे भाई ही तो हैं, और अल्लाह बिगाड़नेवालों और संवारनेवालों को पहचानता है। और अगर अल्लाह चाहता तो तुमको कठिनाई में डाल देता। बेशक अल्लाह ज़बरदस्त है, हिकमतवाला है।(२२०) और शिर्कवाली औरतें जब तक ईमान न लावें उनसे निकाह न करो। और मुसलमान लौंडी शिर्कवाली बीबी‡ से भली है, चाहे वह तुमको अच्छी ही लगती हो‡‡। और शिर्कवाले मर्दों से अपनी औरतों का निकाह न करो, जब तक वे ईमान न लावें। और शिर्कवाला तुमको कैसा ही भला लगे, उससे मुसलमान ग़ुलाम भला, और वे लोग (शिर्कवाले) दोज़ख़ की तरफ़ बुलाते हैं। अल्लाह अपने हुक्म से बिहिश्त और क्षमा की तरफ़ बुलाता है और अपनी आज्ञाएँ लोगों से खोल-खोलकर बयान करता है, ताकि वह नसीहत पर चलें।(२२१) ★

रु. २७ — ११ आ. ५

§ अरब में चार महीनों मे लड़ाई को बहुत बुरा समझते थे। उनके नाम यह हैं (१) ज़ीक़ाद (२) ज़िलहिज्ज (३) मुहर्रम (४) रजब। काफ़िर इन महीनों में भी लड़ाई छेड़ देते थे। मुसलमान उन दिनों में लड़ते डरते थे। इस पर उनको हुक्म दिया गया कि तुमसे ये लोग लड़ें, तो तुम भी उन महीनों में जी खोलकर लड़ो। † फ़ितन: से मतलब उनसे है जो अपने रास्ते व विचारों के खिलाफ़ दूसरे विचारों को अपनानेवालों को शांति से नहीं रहने देते और उन पर ज़ुल्म ढाते हैं। ऐसे समाज के दुश्मनों को पनपने देना या ख़ैरेजी के डर से बख़्श देना क़त्ल से भी बड़ा गुनाह है। उस ज़माने के अरब के मुश्रिक व यहूदी इसी क़िस्म के फ़ितने कहे गये हैं। ♦ यह हवाला अरब के मुशरिकों के लिए है। ‡ शिर्कवाली—अल्लाह की ज़ात में और गुण में दूसरे को शरीक करनेवाली, दूसरों को पूजनेवाली। इसका संबंध हज़रत अब्दुल्लाह इब्न रवाहा (सहाबी) से भी है कि उन्होंने किसी बात पर नाराज़ होकर अपनी मुसलमान लौंडी के थप्पड़ मार दिया। लौंडी की फ़र्याद पर रसूलुल्लाह के फ़र्माने पर हज़रत अब्दुल्लाह ने उसे ग़ुलामी से आज़ाद करके उससे निकाह कर लिया। लोगों के एतराज़ पर आयत उतरी कि शिर्कवाली बीवी से मुसलमान लौंडी श्रेष्ठ है। ‡‡ हज़रत मुर्सद नाम के एक सहाबी को किसी काम से रसूलुल्लाह ने मदीने भेजा था। मुसलमान होने से पूर्व वहीं किसी स्त्री से उनका प्रेम था। इस बार उससे उन्होंने साफ़ कह दिया कि अब मैं बिला निकाह हुये तुमसे नहीं मिल सकता। वह राज़ी हो गई। तब यह आयत उतरी कि शिर्कवाली औरत से जब तक वह मुसलमान न हो जाय, निकाह सम्भव नहीं।

व यस्अलूनक अनिल्महीज़ि त् क़ुल् हुव अजन् ला फ़ज़्तज़िलुन्निसा अ
फ़िल्महीज़ि ला व ला तक़्रबू हुन्न हत्ता यत्हुर्न ज् फ़अिजा ततह्हर्न
फ़अ्तू हुन्न मिन् हैसु अमरकुमुल्लाहु त् अिन्नल्लाह युहिब्बुत्तौवाबीन
व युहिब्बुल्मुतत़ह्हिरीन (२२२) निसा अुकुम् हर्सुल्लकुम् स् फ़अ्तू
हर्सकुम् अन्ना शिअ्तुम् ज् व क़द्दिमू
लिअन्फ़ुसिकुम् त् वत्तक़ुल्लाह वअ़्लमू
अन्नकुम्मुलाक़ूहु त् व बश्शिरिल् - मुअ्मिनीन
(२२३) व ला तज्अलुल्लाह अुर्ज़त्तल्लि
अैमानिकुम् अन् तबर्रू व तत्तक़ू व तुस्लिहू
बैनन्नासि त् वल्लाहु समीअुन् अलीमुन् (२२४)
ला युआख़िजुकुमुल्लाहु बिल्लग़्वि फ़ी
अैमानिकुम् व लाकींयुआख़िजुकुम् बिमा
कसबत् क़ुलूबुकुम् त् वल्लाहु ग़फ़ूरुन्
हलीमुन् (२२५) लिल्लजीन युअ्लून
मिन्निसा अिहिम् तरब्बुसु अर्बअति अश्हुरिन् ज्
फ़अिन् फ़ा अू फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन्
(२२६) व अिन् अज़मुत्तलाक़ फ़अिन्नल्लाह समीअुन् अलीमुन् (२२७)
वल्मुतल्लक़ातु यतरब्बसन बिअन् फ़ुसिहिन्न सलासत क़ुरू अिन् त् व ला
यहिल्लु लहुन्न अैंयक्तुम्न मा ख़लक़ल्लाहु फ़ी अर्हामिहिन्न अिन् कुन्न युअ्मिन्न
बिल्लाहि वल्यौमिल् - आख़िरि त् व बुअूलतुहुन्न अह़क़्क़ु बिरद्दिहिन्न फ़ी
जालिक अिन् अरादू अिस्लाहून् त् व लहुन्न मिस्लुल्लजी अलैहिन्न बिल्मअ़रूफ़ि स्
व लिर्रिजालि अलैहिन्न दरजतुन् त् वल्लाहु अज़ीज़ुन् ह़कीमुन् (२२८) ★

(ऐ पैग़म्बर ! लोग) तुमसे हैज़ (मासिक धर्म) के बारे में पूछते हैं तो समझा दो कि वह एक गन्दगी है। (हैज़) के दिनों में औरतों से अलग रहो और जब तक पाक न हो लें उनके पास न जाओ। फिर जब पाक हो (नहा धो) लें, तो जिस प्रकार अल्लाह ने तुमको बता दिया है, उनके पास जाओ। बेशक अल्लाह तौबः करनेवालों को प्यार करता है और सफ़ाई रखनेवालों से प्रेम रखता है।(२२२) तुम्हारी बीवियाँ (गोया) तुम्हारी खेतियाँ हैं। अपनी खेती में जिस तरह चाहो जाओ और अपने लिए आइन्दः का भी बन्दोबस्त करो, और अल्लाह से डरो और जाने रहो कि उसके सामने हाज़िर होना है। (ऐ पैग़म्बर !) ईमानवालों को खुशख़बरी सुना दो।(२२३) और सलूक करने और परहेज़गारी रखने और लोगों में मिलाप कराने से रुक जाने के लिए अल्लाह की क़सम को आड़ न बनाओ।† और अल्लाह सुनता और जानता है।(२२४) तुम्हारी फ़ुज़ूलऽ क़समों पर अल्लाह तुमको नहीं पकड़ेगा। लेकिन उन (झूठी क़सम खाने)पर तुमको पकड़ेगा जो तुमने दिली इरादे से की हों और अल्लाह बख़्शनेवाला (क्षमाशील) (और) बरदाश्त करनेवाला (सहनशील) है।(२२५) जो लोग अपनी बीवियों के पास जाने की क़सम खा बैठें, उनको चार महीने की मुहलत है; फिर (इस मुद्दत में) अगर मिल जावें, तो अल्लाह बख़्शनेवाला मेहरबान है, (२२६) और अगर तलाक़ (ही) की ठान लें♦ तो अल्लाह (सब कुछ) सुनता जानता है।(२२७) और जिन औरतों को तलाक़ दी गई हो वह अपने आप को तीन दफ़े हैज़ पूरे होने तक (निकाह से) रोके रखें और अगर अल्लाह और क़ियामत का यक़ीन रखती हैं, तो जो कुछ भी (बच्चे की क़िस्म से) अल्लाह ने उनके पेट में छुपा कर रखा है, उसका छिपाना उनको मुनासिब नहीं और उनके पति उनको अच्छी तरह रखना चाहें तो वह इस बीच में उनको वापस लेने के ज़्यादा हक़दार है। और जैसे (मर्दों का हक़) औरतों पर, वैसे ही दस्तूर के मुताबिक़ औरतों का (हक़ मर्दों पर) है। हाँ, पुरुषों को स्त्रियों पर प्रधानता प्राप्त है@ और अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त और हिकमतवाला है।(२२८)★

रुकू. २८–१२ आ ७

† नेक काम के न करने की क़सम अगर मुँह से निकल गई हो तो भी उसका बहाना करके नेक काम से न हटना चाहिये। ईश्वर सबकुछ जानता है। वह नेक राह में ऐसी क़सम तोड़ने पर नाराज़ नहीं होता। § जो अपने आप मुँह से निकल जाय जैसे कुछ लोग बात बे बात कहते हैं 'वल्लाह'। कुछ लोग कहते हैं कि यह वह क़सम है जो मनुष्य क्रोध में लाता है। ऐसी क़सम को तोड़ने में कुछ पाप नहीं। लेकिन जो क़समें जानबूझ कर इरादा रख कर खाई जाती हैं उनको तोड़ने पर माफ़ी नहीं है। ♦ इस्लाम का मंशा शादी के सम्बन्ध को क़ायम रखना है न कि इन आयतों की आड़ में ज़्यादती करना और तलाक़ व ख़ुलअ का नाजायज़ फ़ायदा उठाना। इसी लिए बार बार मौक़ा दिया जाता है कि मियाँ-बीवी जल्दबाज़ी में क़तःतालुक़ न कर बैठें और जहाँ तक मुमकिन हो मसालहत (Reconciliation) करलें। ख़ास तौर पर अगर बच्चे हैं तब तो और भी मसालहत मुनासिब है। लेकिन साथही अगर दोनों का जुड़े रहना नामुमकिन हो और समझौते की हर मुद्दत बेकार साबित हो तब फिर पति-पत्नी दोनों को अमन के साथ प्रेम और पारिवारिक जीवन के लिए पूरी आज़ादी दी गई है ताकि कोई किसी के ज़बर्दस्ती गले न बँधा रहे। @ स्त्री पर पुरुष को प्रधानता इस माने में है कि पुरुष परिवार की देखरेख व माला इन्तज़ाम का भी ज़्यादः ज़िम्मेदार है। पुरुष को क़ुदरत ने इस भार को निबाहने की ज़्यादः क़ूवत दी है। इस लिए उसका दर्जा बड़ा है। उसके अधिकार और कर्तव्य दोनों ही बड़े हैं।

अत्तलाक़ु मर्रतानि ग़ फ़अिम्साकुम् - बिमअ़रूफ़िन् औ तस्रीहुम् - बिअिह्सानिन् ग़ व ला यहिल्लु लकुम् अन् तअ्ख़ुजू मिम्मा आतैतुमूहुन्न शैअन् अिल्ला अैंयख़ाफ़ा अल्ला युक़ीमा हुदूदल्लाहि ग़ फ़अिन् ख़िफ़्तुम् अल्ला युक़ीमा हुदूदल्लाहि ला फ़ला जुनाह अलैहिमा फ़ीमफ़्तदत् बिहि ग़ तिल्क हुदूदुल्लाहि फ़ला तअ़्तदूहा ज़ व मैंयतअ़द्द हुदूदल्लाहि फ़अुला अिक हुमुज़्ज़ालिमून (२२९) फ़अिन् तल्लक़हा फ़ला तहिल्लु लहू मिम्बअ़्दु हत्ता तन्किह ज़ौजन् ग़ैरहू ग़ फ़अिन् तल्लक़हा फ़ला जुनाह अलैहिमा अैंयतरा जआ अिन् जन्ना अैंयुक़ीमा हुदूदल्लाहि ग़ व तिल्क हुदूदुल्लाहि युबैयिनुहा लिक़ौमींयअ़्लमून (२३०) व अिजा तल्लक़तुमुन्निसा अ फबलग़्न अजलहुन्न फ़अम्सिकू हुन्न बिमअ़रूफ़िन् औ सरिहूहुन्न बिमअ़रूफ़िन् ग़ व ला तुम्सिकू हुन्न ज़िरारल्लितअ़्तदू ज़ व मैंयफ़्अल् जालिक फ़क़द् जलम नफ़्सहू ग़ व ला तत्तख़िजू आयातिल्लाहि हुज़ुवन् ज़ वज्कुरू निअ़्मतल्लाहि अलैकुम् व मा अन्ज़ल अलैकुम्मिनल् - किताबि वल्हिक्मति यअिज़ुकुम् बिहि ग़ वत्तक़ुल्लाह वअ़्लमू अन्नल्लाह बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (२३१) ★ ● व अिजा तल्लक़तुमुन्निसा अ फबलग़्न अजलहुन्न फ़ला तअ़्ज़ुलू हुन्न अैंयन्किहून अज़्वाजहुन्न अिजा तराज़ौ बैनहुम् बिल्मअ़रूफ़ि ग़ जालिक यूअ़ज़ु बिहि मन् कान मिन्कुम् युअ्मिनु बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि ग़ जालिकुम् अज़्का लकुम् व अत्हरु ग़ वल्लाहु यअ़्लमु व अन्तुम् ला तअ़्लमून (२३२)



तलाक़ तो दो ही बार की है। उसके बाद (या तो) फिर दस्तूर के मुताबिक़ रख लेना या अच्छे बर्ताव के साथ छोड़ देना है और जो तुम उनको दे चुके हो उसमें से तुमको कुछ भी वापस लेना जायज़ नहीं। मगर यह कि मियाँ बीवी को डर हो कि अल्लाह ने जो हदें ठहरा दी हैं, उन को क़ायम नहीं रख सकेंगे; सो अगर तुम लोगों को इस बात का डर हो कि मियाँ-बीवी अल्लाह की हदों को क़ायम नहीं रख सकेंगे और औरत† (अपना) पीछा छुड़ाने के बदले कुछ दे निकले तो इसमें दोनो पर कुछ पाप नहीं, यह अल्लाह की बाँधी हुई हदें हैं तो इनसे आगे मत बढ़ो और जो अल्लाह की बाँधी हुई हदों से आगे बढ़ जायँ, तो यही लोग (अन्यायी) हैं।(२२९) अब अगर औरत को (तीसरी बार) फिर तलाक़ दे दी तो इसके बाद जब तक औरत दूसरे पति के साथ निकाह न कर ले, उसके लिए जायज़ नहीं (हो सकती) हाँ, अगर (दूसरा पति उससे विषय भोग करके)उसको तलाक़ दे दे, तो दोनों (मियाँ-बीवी) पर कुछ पाप नहीं कि फिर एक दूसरे से (परस्पर) जुड़ जायँ बशर्ते कि दोनों को आशा हो कि अल्लाह की बाँधी हुई हदों को क़ायम रख सकेंगे। और यह अल्लाह की हदें हैं जिनको उन लोगों के लिए बयान फ़र्माता है जो समझ रखते हैं।(२३०) और जब तुमने औरतों को (दो बार) तलाक़ दे दी और उनकी मुद्दत पूरी होने को आई तो इज़्ज़त के साथ उनको रोक लो या उनको (तीसरी तलाक़ देकर) क़ायदे के मुताबिक़ रुख़सत कर दो और सताने के लिए उनको (अपनी स्त्री बना के) रोके न रखना कि उन पर ज़्यादती किया करो और जो ऐसा करेगा, तो अपना ही नुक़सान करेगा और अल्लाह के हुक्मों को कुछ हँसी-खेल न समझो और अल्लाह ने जो तुम पर इहसान किये हैं उनको याद करो और यह कि उसने तुम पर किताब और अक़्ल की बातें उतारीं जिससे वह तुमको शिक्षा देता है और अल्लाह से डरते रहो और जान रखो कि अल्लाह सब कुछ जानता है।(२३१)★ ●

और जब औरतों को तीन बार तलाक़ दे दो और वह अपनी इद्दत की मुद्दत‡ पूरी कर लें तो जायज़ तौर पर आपस में (किसी से) उनकी मर्ज़ी मिल जाय, तो उनको (दूसरे) शौहरों के साथ निकाह कर लेने से न रोको। यह नसीहत तुममें से उसको की जाती है, जो अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान रखता है। यह तुम्हारे लिए बड़ी पाकीज़गी और बड़ी सफ़ाई की बात है और अल्लाह जानता है और तुम नहीं जानते।(२३२)

★ रु. २९ १३ आ ३ ● सु. २/४

† मर्द औरत को तलाक़ दे सकता है और औरत मर्द से खुला ले सकती है। यानी एक दूसरे से न निभे तो अलग हो सकते हैं। तलाक़ देने का अच्छा तरीक़ः यह है कि जब कोई मुसलमान मर्द अपनी औरत को तलाक़ दे तो कम से कम दो आदमियों के सामने तलाक़ दे ताकि गवाही ढूँढने में झगड़ा न पड़े और एक हैज़ के बाद दूसरी पाकी के ज़माने में तलाक़ भी इसी तरह से दे। यहाँ तक तो मियाँ-बीवी में बिना दोबारः निकाह किये हुए पहला ही निकाह बाक़ी रहता है और अगर दोनों चाहें तो फिर मियाँ बीवी की तरह हो जायें। इसके एक हैज़ के बाद पाकी के ज़माने में अगर तीसरी तलाक़ भी दे दी तो फिर मर्द उस औरत के पास नहीं जा सकता। यह औरत तीन हैज़ पूरे हो चुकने के बाद किसी दूसरे आदमी के साथ निकाह (ब्याह) कर सकती है। दूसरे पति के साथ निकाह हो जाने पर अगर दूसरा पति तलाक़ दे दे या मर जाय तो सिर्फ़ इस हालत में कि वह दूसरे पति के साथ सम्भोग कर चुकी हो (हमबिस्तर हो चुकी हो)तो अपने पूर्व पति के साथ फिर इद्दत गुज़ार कर यानी तीन हैज़ पूरे हो चुकने पर निकाह कर सकती है। परन्तु जब तक किसी दूसरे के साथ निकाह करके विषय-भोग न कर ले (यानी हमबिस्तर न हो ले) कदापि पूर्व पति से निकाह नहीं कर सकती। ‡ इद्दत उस मुद्दत को कहते हैं जिसके अन्दर औरत तलाक़ देने के बाद या उसका शौहर मर जाने के बाद निकाह नहीं कर सकती। पति मर जाय तो इद्दत की मुद्दत चार महीने और दस दिन और यदि शौहर ने तलाक़ दी तो इद्दत की मुद्दत तीन हैज़ पूरे हो जाना है। और अगर गर्भवती है तो बच्चा पैदा होने तक।

वल्वालिदातु युर्ज़िऽन औलाद हुन्न हौलैनि कामिलैनि लिमन् अराद अँयुतिम्मर्ज़ाअ़त
तू व अ़लल्मौलूदि लहू रिज़्क़ुहुन्न व किस्वतुहुन्न बिल्मअ़रूफ़ि तू ला तुकल्लफ़ु नफ़्सुन्
अिल्ला वुस्अ़हा ज् ला तुज़ा'रर्वालिदतुम्-बिवलदिहा व ला मौलूदुल्लहू बिवलदिहीं क़
व अ़लल्वारिसि मिस्लु जालिक ज् फ़अिन् अरादा फ़िस़ालन् अ़न्तराज़िम्मिन्हुमा व
तशावुरिन् फ़ला जुनाह़ अ़लैहिमा तू व अिन्
अरत्तुम् अन् तस्तर्ज़िअू औलादकुम् फ़ला जुनाह़
अ़लैकुम् अिजा सल्लम्तुम् मा आतैतुम् बिल्मअ़रूफ़ि
तू वत्तक़ुल्लाह वअ़लमू अन्नल्लाह बिमा तअ़मलून
बसीरुन्(२३३) वल्लज़ीन युतवफ़्फ़ौन मिन्कुम्
व यज़रून अज़्वाजैंयतरब्बस़न बिअन्फ़ुसिहिन्न
अर्बअ़त अश्हुरिंव अ़श्रन् ज् फ़अिजा बलग़्न
अजलहुन्न फ़ला जुनाह़ अ़लैकुम् फ़ीमा फ़अ़लन
फ़ी अन्फ़ुसिहिन्न बिल्मअ़रूफ़ि तू वल्लाहु बिमा
तअ़मलून ख़बीरुन्(२३४) व ला जुनाह़ अ़लैकुम्
फ़ीमा अ़र्रज़्तुम् बिहीं मिन् ख़ित्बतिन्निसा अि औ
अक्नन्तुम् फ़ी अन्फ़ुसिकुम् तू अ़लिमल्लाहु
अन्नकुम् सतज़्कुरूनहुन्न व लाकिल्ला
तुवाअ़िदूहुन्न सिर्रन् अिल्ला अन्तक़ूलू क़ौलम्मअ़रूफ़न् ۸ तू व ला तअ़ज़िमू
अुक़्दतन्निकाहि ह़त्ता यब्लुग़ल्किताबु अजलहू तू वअ़लमू अन्नल्लाह
यअ़लमु मा फ़ी अन्फ़ुसिकुम् फ़ह्ज़रूहु ज् वअ़लमू अन्नल्लाह ग़फ़ूरुन्
ह़लीमुन् (२३५) ★ ला जुनाह़ अ़लैकुम् अिन् तल्लक़्तुमुन्निसा अ मालम्
तमस्सूहुन्न औ तफ़्रिज़ूलहुन्न फ़रीज़तन् ज् सला व'व मत्तिअू - हुन्न ज्
अ़लल्मूसिअ़ि क़दरुहू व अ़लल्मुक़्तिरि क़दरुहू ज् मताअ़म्-बिल्मअ़रूफ़ि ज् ह़क़्क़न्
अ़लल्मुह़्सिनीन (२३६) व अिन्तल्लक़्तुमूहुन्न मिन् क़ब्लि अन् तमस्सूहुन्न
व क़द् फ़रज़्तुम् लहुन्न फ़रीज़तन् फ़निस्फ़ु मा फ़रज़्तुम् अिल्ला अँयअ़फ़ून औ
यअ़फ़ुवल्लज़ी बियदिहीं अुक़्दतुन्निकाहि तू व अन् तअ़फ़ू अक़्रबु लित्तक़्वा तू
व ला तन्सवुल्फ़ज़्ल बैनकुम् तू अिन्नल्लाह बिमा तअ़मलून बसीरुन् (२३७)

और माताएँ अपनी औलाद को पूरे दो बरस दूध पिलाएँ अगर कोई शख़्स (तलाक़ देने के बाद अपने बच्चे को) दूध पिलाने की मुद्दत को पूरा करना चाहे तो (उस सूरत में) जिसका वह बच्चा है (यानी बाप) उस पर दस्तूर के मुताबिक़ माताओं को खाना-कपड़ा देना लाज़िम है। किसी को तकलीफ़ नहीं दी जाती मगर वहीं तक जहाँ तक उसकी सामर्थ्य हो। माता को उसके बच्चे की वजह से तकलीफ़ न पहुँचाई जाय और न उसको जिसका बच्चा है (यानी बाप को) उसके बच्चे की वजह से किसी तरह की तकलीफ़ पहुँचाई जाय और (दूध पिलाने का खाना-ख़ुराक जैसा बाप पर है) वैसा ही (उसके न होने पर उसके) वारिस पर भी है, फिर अगर (वक़्त से पहले माता-पिता) दोनो अपनी मर्ज़ी से और सलाह से (दूध) छुड़ाना चाहें तो उन पर कुछ पाप नहीं। और अगर तुम अपनी औलाद को किसी अन्ना (दायः) से दूध पिलवाना चाहो तो तुम पर कुछ पाप नहीं, बशर्ते कि जो तुमने दस्तूर के मुताबिक़ (उनको) देना तै किया था उनके हवाले करो। और अल्लाह से डरते रहो और जाने रहो कि जो कुछ भी तुम करते हो अल्लाह उसको देख रहा है ✪। (२३३) और तुममें जो लोग मर जायँ और बीवियाँ छोड़ मरें तो (औरतों को चाहिए कि) चार महीने दस दिन अपने को रोके रहें†, फिर जब अपनी (इद्दत की) मुद्दत पूरी कर लें तो जायज़ तौर पर जो कुछ अपने हक़ में करें उसका तुम (मरे के वारिसों) पर कुछ पाप नहीं, और तुम लोग जो कुछ करते हो अल्लाह को उसकी ख़बर है। (२३४) और अगर तुम किसी बात की आड़ में (प्रत्यक्ष और स्पष्ट रूप से नहीं बल्कि संकेत रूप से जैसे यह कहो कि मुझे किसी औरत से निकाह की ज़रूरत है) औरतों को निकाह का संदेशा भेजो या अपने दिलों में छिपाये रखो तो इसमें (भी) तुम पर कुछ पाप नहीं। अल्लाह को मालूम है कि तुम इसका विचार करोगे, मगर इनसे निकाह का ठहराव तो चुपके से भी न करना‡, हाँ जायज़ तौर पर (चाहो तो) बात कह दो यानी संकेत कर दो। और जब तक इद्दत (अवधि) समाप्त न हो जाय निकाह के बन्धन की बात पक्की न कर बैठना। और जाने रहो कि जो कुछ तुम्हारे जी में है अल्लाह जानता है, तो उससे डरते रहो और जाने रहो कि अल्लाह बख़्शनेवाला और बड़ा बर्दाश्त वाला है। (२३५) ★

अगर तुमने औरतों के साथ हमबिस्तरी न की हो और उनका मिह्र§ न ठहराया हो, इससे पहले उनको तलाक़ दे दो तो उसमें तुम पर कोई पाप नहीं। (हाँ ऐसी औरतों के साथ कुछ-कुछ सलूक करो) सामर्थ वाले अपनी हैसियत के लायक़ और बेसामर्थवाले अपनी हैसियत के लायक़ उनको ख़र्च दें जैसा ख़र्च का दस्तूर है। यह भले आदमियों पर लाज़िम है। (२३६) और अगर हमबिस्तर होने से पहले और मिह्र ठहराने के बाद औरतों को तलाक़ दे दो तो जो कुछ तुमने ठहराया था उसका आधा देना चाहिए, मगर यह कि स्त्रियाँ आधा मिह्र भी ख़ुद छोड़ दें या (मर्द) जिसके हाथ में निकाह के सम्बन्ध की बातें हैं वह (अपना हक़) छोड़ दे, (यानी पूरा मिह्र देने पर राज़ी हो और अपना हक़ छोड़ दे) तो यह परहेज़गारी से ज़्यादा क़रीब है और अपने बीच इस परस्पर भलाई के विचार को मत भूलो। जो करते हो निश्चय अल्लाह उसको ख़ूब देख रहा है। (२३७)

रु. ३०—१४ आ ४

✪ आयत २३३-२३४ में बच्चों के हित का ध्यान रखा गया है। ज़ाहिर है कि तलाक़ के वक़्त मियाँ बीवी के सम्बन्ध मुहब्बत के न होंगे। इस खींच-तान में बच्चों के हक़ की हिफ़ाज़त बहुत ज़रूरी है। † यानी इतने दिन ब्याह (निकाह) न करें। इसका मंशा भी यही है कि अगर औरत के गर्भ है तो इतने दिन में ज़ाहिर हो जायगा और उस सूरत में दूसरे ब्याह में बच्चे का हित क़ायम रहेगा। ‡ यानी इद्दत भर उनके निकाह की बात न करो और न यह जी में ठानो कि मैं इनके साथ ब्याह करूँगा। § मिह्र उस इक़रार को कहते हैं जो निकाह के समय शौहर औरत के साथ जायदाद व नक़द रुपया देने का करता है।

हाफ़िज़ू अलस्सलवाति वस्सलातिल्-वुस्ता क़ व क़ूमू लिल्लाहि क़ानितीन (२३८) फ़अिन् ख़िफ़्तुम् फ़रिजालन् औ रुक्बानन् ज फ़अिजा अमिन्तुम् फ़ज्कुरुल्लाह कमा अल्लमकुम्मालम् तकूनू तअ़लमून (२३९) वल्लजीन युतवफ़्फ़ौन मिन्कुम् व यजरून अज़्वाजन् ज सला ल्-वसीयतल्-लिअज़्वाजिहिम् मताअन् अिलल्हौलि ग़ैर अिख़्राजिन् ज फ़अिन् ख़रज्न फ़ला जुनाह अलैकुम् फ़ी मा फ़अ्लन फ़ी अन्फ़ुसिहिन्न मिम्मअ़्रूफ़िन् त वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीमुन् (२४०) व लिल्मुतल्लक़ाति मताअुम् - बिल्मअ़्रूफ़ि त हक़्क़न् अलल्मुत्तक़ीन (२४१) कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुम् आयातिहि लअ्ललकुम् तअ़क़िलून (२४२) ★ अलम् तर अिलल्लजीन ख़रजू मिन् दियारि हिम् व हुम् अुलूफ़ुन् हूजरल्मौति स फ़क़ाल लहुमुल्लाहु मूतू क़िफ़ सुम्म अह्याहुम् त अिन्नल्लाह लजू फ़ज़्लिन् अलन्नासि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (२४३) व क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहि वअ़्लमू अन्नल्लाह समीअुन् अलीमुन् (२४४) मन् जल्लजी युक़्रिज़ुल्लाह क़र्ज़न् हसनन् फ़युज़ाअिफ़हू लहू अज़्आफ़न् कसीरतन् त वल्लाहु यक़्बिज़ु व

यब्सुतु स व अिलैहि तुर्जअून (२४५) अलम् तर अिलल्मलअि मिम्बनी अिस्रा़ील मिम्बअ़्दि मूसा म ● अिज़् क़ालू लिनबीयिल्लहुमुब्अ़स् लना मलिकन्नुक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि त क़ाल हल् असैतुम् अिन् कुतिब अलैकुमुल्-क़ितालु अल्ला तुक़ातिलू त क़ालू व मा लना अल्ला नुक़ातिल फ़ी सबीलिल्लाहि व क़द् अुख़्रिज़्ना मिन् दियारिना व अब्ना़अिना त फ़लम्मा कुतिब अलैहिमुल्-क़ितालु तवल्लौ अिल्ला क़लीलम्मिन्हुम् त वल्लाहु अलीमुम्बिज़्ज़ालिमीन (२४६)

(और सभी) नमाज़ों की और बीच की नमाज़◎ का पूरा ध्यान रखो और अल्लाह के आगे विनयपूर्वक (आजिज़ी से) खड़े रहा करो।(२३८) फिर अगर तुमको (दुश्मन का) डर हो तो पैदल या सवार(जैसी हालत हो)नमाज़ पढ़ लो। फिर जब तुम निश्चिंत हो जाओ तो जिस तरह अल्लाह ने तुमको (पैग़म्बर द्वारा नमाज़ का तरीक़ा) सिखाया है, जो तुम पहले नहीं जानते थे, उसी तरीक़े से अल्लाह को याद करो।(२३९) जो लोग तुममें से मर जायँ और बीवियाँ छोड़ मरें तो अपनी बीवियों के हक़ में एक बरस तक के बर्ताव (भोजन आदि का प्रबन्ध) और (घर से) न निकालने की वसीयत कर मरें§। फिर अगर औरतें (ख़ुद ही घर से निकल खड़ी हों तो जायज़ तौर पर जो कुछ अपने हक़ में (वे)करें, उनका तुम पर कुछ पाप नहीं। और अल्लाह ज़बरदस्त और हिकमतवाला है।(२४०) और जिन औरतों को तलाक़ दी जाय उनके साथ (मिह्र के अलावा भी) दस्तूर के मुताबिक़ (जोड़े वग़ैरह से कुछ) सलूक परहेज़गारों को मुनासिब है।(२४१) ऐसे ही अल्लाह तुम लोगों के लिए अपने हुक्मों को खोल-खोलकर बयान फ़र्माता है शायद तुम समझो।(२४२)★

(ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने उन लोगों पर नज़र नहीं की, जो मौत से बचने के लिए अपने घरों से भाग खड़े हुए और वह हज़ारों ही थे फिर अल्लाह ने उनको हुक्म दिया कि मर जाओ फिर उनको जिलाकर उठाया† बेशक अल्लाह तो लोगों पर बड़ा कृपालु है। लेकिन अक्सर लोग शुक्रगुज़ार (कृतज्ञ) नहीं होते।(२४३) और (ऐ ईमानवालों!) अल्लाह की राह में लड़ो और जाने रहो कि अल्लाह सब सुनता और जानता है।(२४४) कोई है जो अल्लाह को खुश दिल से क़र्ज़‡ दे कि उसके क़र्ज़ को (अल्लाह) उसके लिए कई गुना बढ़ा दे। अल्लाह ही ग़रीब और अमीर बनाता है और उसी की तरफ़ तुम (सब) को लौटकर जाना है।(२४५) (ऐ शख़्स) क्या तूने इसराईल की औलादों के एक गरोह पर नज़र नहीं की कि मूसा के बाद● एक समय उन्होंने अपने पैग़म्बर (अशमूयील) से दरख़्वास्त की थी कि हमारे लिए एक बादशाह मुक़र्रर करो कि हम(उसके सहारे से)अल्लाह की राह में जिहाद करें। (पैग़म्बर ने)कहा अगर तुम पर जिहाद फ़र्ज़ किया जाय, तो तुमसे कुछ दूर नहीं(संभव है)कि तुम न लड़ो।[] बोले कि हम अपने घरों से तो निकाले और बाल-बच्चों से अलग किये जा चुके(हैं)तो हमारे लिए अब कौन-सा उज़्र है कि अल्लाह की राह में न लड़ें। फिर जब उन पर जिहाद फ़र्ज़ किया गया, तो उनमें से चन्द गिने हुओं के सिवाय बाक़ी सब फिर गए और अल्लाह तो अन्यायियों को ख़ूब जानता है।(२४६)

रु. ३१ | १५ आ ७ ★ ● व. ला.

◎ बीच की नमाज़ याने अस्र की नमाज़ के वक़्त चूँकि इन्सान अपने दुनियावी कामों में ज़्यादा फँसा रहता है इसलिए इस नमाज़ की ओर ज़्यादः ध्यान दिलाया गया है। अस्र की नमाज़ के पहले फ़ज्र व ज़ुहर और बाद में मग़रिब व इशा की नमाज़ें होती हैं। § वसीयत का यह हुक्म सूरतुन्निसाअ् के दूसरे रुकूअ् के उतरने पर बाक़ी नहीं रहा। सूरतुन्निसाअ् में औरत, मर्द व सारे वारिसों के हक़ बयान कर दिये गये हैं। और अब मनमानी वसीयत का सवाल पैदा नहीं रहता। † यह क़िस्सः बनी इसराईल का है जो जिहाद से जान बचाने के लिए भागे थे। अल्लाह ने उनकी कायरता के कारन उनको मौत दे दी; फिर वह अपने पैग़म्बर हज़रत हिज़क़ील की दुआ से ज़िन्दः हो गये थे। ‡ यानी जिहाद के लिए जो धन या साधन है उनका प्रबन्ध करे। [] सच बात यो यह है कि ये लोग बुज़दिली और आपस में नाइत्तिफ़ाक़ी के शिकार हो रहे थे। ख़ुद लड़ने का दम न था, इसलिए चाहते थे कि कोई बादशाह आकर उनको मुसीबत से छुटकारा दिला दे।

व क़ाल लहुम् नबीयुहुम् अिन्नल्लाह क़द् बअ़स लकुम् तालूत मलिकन् तु क़ालू अन्ना यकूनु लहुल्मुल्कु अ़लैना व नह्नु अह़क़्क़ु बिल्मुल्कि मिन्हु व लम् युअ्त सअ़त्तम्मिनल्माल़ि तु क़ाल अिन्नल्लाहस्तफ़ाहु अ़लैकुम् वज़ादहु बस्तत्तन् फ़िल्अिल्मि वल्जिस्मि तु वल्लाहु युअ्ती मुल्कहु मैंयशा।अु तु वल्लाहु वासिअुन् अ़लीमुन (२४७) व क़ाल लहुम् नबीयुहुम् अिन्न आयत मुल्किहि अैंयअ्तियकुमुत्ताबूतु फ़ीहि सकीनतुम् मिर्रब्बिकुम् व बक़ीयतुम्मिम्मा तरक आलु मूसा व आलु हारून तह्मिलुहुल्मला।इकतु तु अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्लकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (२४८) ★ फ़लम्मा फ़स़ल तालूतु बिल्जुनूदि ला क़ाल अिन्नल्लाह मुब्तलीकुम् बिनहरिन् ज, फ़मन् शरिब मिन्हु फ़लैस मिन्नी ज व मल्लम् यत्अ्मम्हु फ़अिन्नहु मिन्नी।अिल्ला मनिग़्तरफ़ ग़ुर्फ़तम्बियदिहि ज फ़शरिबू मिन्हु अिल्ला क़लीलम् - मिन्हुम् तु फ़लम्मा जावज़हु हुव वल्लजीन आमनू मअ़हु ला क़ालू लात़ाक़त लनल्यौम बिजालूत व जुनूदिहि तु क़ाललजीन यज़ुन्नून अन्नहुम् मुलाक़ुल्लाहि ला कम्मिन् फ़िअत्तिन् क़लीलतिन् ग़लबत् फ़िअत्तन् कसीरतम्-बिअिज़्निल्लाहि तु वल्लाहु मअ़स्साबिरीन (२४९) व लम्मा बरज़ू लिजालूत व जुनूदिहि क़ालू रब्बना।अफ़्रिग़् अ़लैना सब्रौंव सब्बित् अक़्दा मना वन्सुर्ना अ़लल्क़ौमिल्काफ़िरीन तु (२५०) फ़हज़मूहुम् बिअिज़्निल्लाहि क़िफ़् ला व क़तल दावूदु जालूत व आताहुल्लाहुल्मुल्क वल्हिकमत व अ़ल्लमहु मिम्मा यशा।अु तु व लौला दफ़्अुल्लाहिन्नास बअ़ज़हुम् बिबअ़ज़िन् ला ल्लफ़सदतिल्-अरज़ु व लाकिन्नल्लाह ज़ू फ़ज़्लिन् अ़लल्आलमीन (२५१) तिल्क आयातुल्लाहि नत्लू हा अ़लैक बिल्हक़्क़ि तु व अिन्नक लमिनल्मुर्सलीन (२५२)

॥ इति दूसरा पारः ॥

और उनके पैग़म्बर ने उनसे कहा कि अल्लाह ने तालूत[छ] को तुम्हारा बादशाह मुक़र्रर किया है। (उस पर) कहने लगे कि उसको हम पर कैसे हुकूमत मिल सकती है। हालाँकि इससे तो हुकूमत के हम ही ज़्यादा हक़दार हैं कि उसको तो माल से भी कुछ ऐसी अमीरी नसीब नहीं। (पैग़म्बर ने) कहा कि अल्लाह ने तुम पर उसी को पसन्द फ़र्माया है कि इल्म और जिस्म में उसको बढ़ती दी है और अल्लाह अपना मुल्क जिसको चाहे दे और अल्लाह बड़ी गुंजाइशवाला (समाईवाला) और बड़ा जानकार है।(२४७) पैग़म्बर ने उनसे कहा कि तालूत के बादशाह होने की यह निशानी है कि यह सन्दूक़ जिसमें तुम्हारे पालनेवाले की तरफ़ से तसल्ली की चीज़ है यानी तौरात है और मूसा और हारून जो छोड़ मरे हैं, उनमें की बची हुई चीज़ें हैं, तुम्हारे पास आ जायँगी, फ़रिश्ते उनको उड़ा लायेंगे। बेशक अगर ईमान रखते हो तो यही एक बात तुम्हारे लिए निशानी है।(२४८)★

फिर जब (तालूत) फ़ौज सहित चला तो कहा कि (रास्ते में एक नदी पड़ेगी) अल्लाह उस नदी से तुम्हारी जाँच करनेवाला है, तो जो (अघाकर) उसका पानी पी लेगा, वह हमारा नहीं और जो उसको नहीं पियेगा, वह हमारा है; मगर (हाँ) अपने हाथ से कोई एक चुल्लू भर ले ले। लेकिन उन लोगों में से गिने हुए चन्द के सिवाय सभी ने उस (नदी) में से अघाकर पी लिया। फिर जब तालूत और ईमानवाले जो उसके साथ थे नदी के पार हो गये, तो (जिन लोगों ने तालूत का हुक्म न माना था) कहने लगे कि हममें तो जालूत और उसके लश्कर से मुक़ाबिला करने की आज ताक़त नहीं है। (उस पर) वह लोग जिनको यक़ीन था कि उनको अल्लाह के सामने हाज़िर होना है, बोल उठे अक्सर अल्लाह के हुक्म से थोड़े समूह ने बड़े समूह पर जीत पाई है। और अल्लाह तो संतोषियों का साथी है।(२४९) और वे जालूत और उसकी फ़ौजों के मुक़ाबिले में आये तो दुआ की कि ऐ हमारे पालनेवाले! हमको पूरा संतोष दे और हमारे पाँव जमाये रख और काफ़िरों के गरोह पर हमको जीत दे।(२५०) उसमें फिर उन लोगों ने अल्लाह के हुक्म से दुश्मनों को भगा दिया और जालूत को दाऊद§ ने क़त्ल किया और (आगे चलकर) उनको अल्लाह ने राज्य दिया और अक़्ल दी ओर जो चाहा उनको सिखा दिया। अगर अल्लाह कुछ लोगों द्वारा कुछ लोगों को न हटाता रहे तो पृथ्वी फ़साद से भर जाय। लेकिन अल्लाह तो संसार के लोगों पर बड़ा दयालु है।(२५१) (ऐ पैग़म्बर।) यह अल्लाह की आयतें हैं जो हम तुमको ठीक-ठीक पढ़कर सुनाते हैं और (ऐ मुहम्मद!)बेशक तुम भेजे हुओं (यानी पैग़म्बरों) में से हो।(२५२)

॥ इति दूसरा पारः ॥

रु. ३२—१६ आ ६

छ(आयत २४६ व उसके फ़ुटनोट का ही यह सिलसिला है(हज़रत मूसा के बाद कुछ समय तक बनी इसराईल का काम चला रहा। फिर उनके पापों के कारण उन पर एक काफ़िर बादशाह (जालूत) ने अपना अधिकार जमा लिया। इसने उनको अनेक कष्ट दिये तो इन्होंने अपने नबी हज़रत शैमूईल से प्रार्थना की कि हमारे लिए कोई बादशाह ठहरा दीजिये जिसके आधीन हम जालूत से युद्ध कर सकें। हज़रत शैमूईल ने कहा अल्लाह ने तालूत को तुम्हारा बादशाह नियत किया है। † बरकत का सन्दूक़ अधिकार में आ जाना तालूत की बादशाहत का ईश्वरीय प्रमाण है। इस सन्दूक़ में तौरात की पट्टियाँ व हज़रत मूसा अ० व हारून की कुछ और निशानियाँ थी। यहूदी बरकत के तौर पर जंग में इसे लेकर चलते थे। उनका ख्याल था कि उसके रहते उनकी हार न होगी। हालाँकि कोई पाक निशानी महज़ आप की हिफ़ाज़त नहीं कर सकती जब तक आप अपने में धर्म पर क़ुर्बान होजाने की भावना न रखें। चुनांचे हुआ भी यही और फ़िलस्तीन के काफ़िरों ने यहूदियों को तबाह कर यह बरकत का सन्दूक़ छीन लिया। §तालूत के ३१३ साथियों में हज़रत दाऊद भी थे। तालूत ने एलान किया था कि जालूत का सर काट लाने वाले को मैं अपनी लड़की ब्याह दूँगा और आधा राज्य दूँगा। हज़रत दाऊद इसमें कामयाब हुये। नादान लोग कहते हैं कि लड़ाई करना नबियों का काम नहीं है। इस क़िस्से से मालूम हुआ कि जिहाद हमेशा रहा है और जिहाद न हो तो फ़सादी लोग मुल्क को वीरान कर दें।

✪✪ तीसरा पारः तिल्कर्रुसुलु ✪✪

✪✪ सूरतुल् बक़रः आयात् २५३ से २८६ ✪✪

तिल्कर्रुसुलु फ़ज़्ज़ल्ना बअ़्ज़हुम् अला बअ़्ज़िन् म् ● मिन्हुम् मन् कल्लमल्लाहु व रफ़अ़ बअ़्ज़हुम् दरजातिन् त् व आतैना ईसब्न मर्यमल्-बैयिनाति व अैयद्नाहु बिरूहिल्क़ुदुसि त् व लौ शा अल्लाहु मक़्ततलल्लजीन मिम्बअ़्दि हिम् मिम्बअ़्दि मा जा अत् हुमुल्बैयिनातु व लाकिनिख़्तलफ़ू फ़मिन् हुम्मन् आमन व मिन्हुम् मन् कफ़र त् व लौ शा अल्लाहु मक़्ततलू क़िफ़् व लाकिन्नल्लाह यफ़अ़लु मा युरीदु (२५३) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू अन्फ़िक़ू मिम्मा रज़क़्नाकुम् मिन्क़ब्लि अैंयअ़्तिय यौमुल्ला बैअ़ुन् फ़ीहि व ला ख़ुल्लतूँव ला शफ़ाअ़तुन् त् वल्काफ़िरून हुमुज्जालिमून (२५४) अल्लाहु ला अिलाह अिल्ला हुव ज् अल्हैयुल्क़ैयूमु ۵ ज् ला तअ़्ख़ुज़ुहु सिनतूँव ला नौमुन् त् लहु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् मन् जल्लजी यश्फ़अ़ु अिन्दहू अिल्ला बिअिज़्निहि त् यअ़्लमु मा बैन अैदीहिम् व मा ख़ल्फ़हुम् ज् व ला युहीतून बिशैअिम्मिन् अिल्मिहि अिल्ला बिमा शा अ ज् वसिअ़ कुर्सीयुहुस्समावाति वल्अर्ज़ ज् व लायऊदुहू हिफ़्ज़ुहुमा ज् व हुवल्-अलीयुल्-अज़ीमु (२५५) ला अिक्राह फ़िद्दीनि क़िफ़् ला कत्तबैयनर्रुश्दु मिनल्ग़ैयि ज् फ़मैंयक्फ़ुर् बित्ताग़ूति व युअ़्मिम्-बिल्लाहि फ़क़दिस्तम्सक बिल्-अुर्वतिल्-वुस्क़ा क् लन्फ़िसाम लहा त् वल्लाहु समीअुन् अलीमुन् (२५६)

✪✪ तीसरा पारः तिल्कर्रुसुलु ✪✪

✪✪ सूरतुल् बक़रः आयत् २५३ से २८६ ✪✪

इन पैग़म्बरों (जिनको हम समय समय पर भेजते रहे हैं) में से हमने किसी पर किसी को श्रेष्ठता दी है।● (मसलन) इनमें से कोई तो ऐसे हैं जिनके साथ अल्लाह ने बातचीत की और किन्हीं के दर्जे (और तरह पर) ऊँचे किये और मरियम के बेटे ईसा को हमने खुली-खुली निशानियाँ दीं और पाक रूह (जिब्रील) के द्वारा हमने उनका समर्थन किया और अगर अल्लाह चाहता तो जो लोग उनके (पैग़म्बरों के) बाद हुए उनके पास खुले हुए निशान आने के बाद (वे) एक दूसरे से न लड़ते; लेकिन (लोग) आपस में झगड़े। तो इनमें से बाज़ वह थे जो ईमान लाये और बाज़ वह थे जिन्होंने कुफ़्र अपनाया और अगर अल्लाह चाहता (तो यह लोग) आपस में न लड़ते; मगर अल्लाह जो चाहता है करता है।(२५३)★

ऐ ईमानवालो! हमारे दिये हुए में से ख़र्च कर लो उस दिन (प्रलय) के आने से पहले जिसमें न तो (अपने कर्मों का) सौदा (ख़रीद-फ़रोख़्त) होगा, न दोस्ती होगी और न (बिला रज़ा इलाही) सिफ़ारिश हो सकेगी और इन्कारी ही तो ज़ालिम हैं।(२५४) अल्लाह (वह ज़ात पाक है कि) उसके सिवा कोई इबादत के योग्य नहीं। वह ज़िन्दः (परम चैतन्य)§ (जगत् का) सँभालनेवाला है,◎ न उसको झपकी आती है और न नींद। जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है (सब) उसी का है। कौन है जो उसकी इजाज़त के बग़ैर उससे (किसी की) सिफ़ारिश कर सके? जो कुछ भी लोगों के सामने और पीछे है (दृष्ट और अदृष्ट) उसको (सब) मालूम है और लोग उसकी मालूमात में से किसी चीज़ को घेर नहीं सकते (क़ाबू नहीं पा सकते) सिवाय उसके कि जितनी वह अल्लाह चाहे। उसका राज्य आकाश और ज़मीन (सब) पर है और इन दोनों की रक्षा उस पर (कुछ भी कठिन) नहीं और वह महान् और महामहिमावान है।(२५५) दीन में ज़बरदस्ती नहीं है✪, (सुधार के लिए) हिदायत गुमराही से अलग हो चुकी है तो जो झूठी (शैतान की) इबादत को न माने और अल्लाह पर ईमान लावे, उसने मज़बूत रस्सी पकड़ रखी है, जो टूटने वाली नहीं और अल्लाह बड़ा सुननेवाला बड़ा जाननेवाला है।(२५६)

ब. ला. रु. ३३—१ आ ५

§ ज़िन्दः याने अविनाशी है। कभी नाश उसका मुमकिन नहीं। अजर अमर है। ◎ अल्लाह ही सारे जगत का संभालनेवाला है। पैदा करना, क़ायम रखना और फिर क़ियामत बरपा करना—सब उसी के बस का है। जन्म, पालन और संहार सब का वही स्वामी है। ✪ दीन में ज़ोर-जब्र की गुंजाइश नहीं। अल्लाह की महानता और अल्लाह की ओर से सही रास्ता रोशनी में आगया। जिसको वह पसंद हो वह अपनाए और जिसको अधर्म की अँधियारी में भटकना पसंद हो वह भटका करे।

अल्लाहु वलीयुल्लजीन आमनू ला युख़्रिजुहुम् मिनज्जुलुमाति अिलन्नूरि ۵ त् वल्लजीन कफ़रू औलिया अु हुमुत्ताग़ूतु ला युख़्रिजूनहुम् मिनन्नूरि अिलज्जुलुमाति त् अुला अिक अस्हाबुन्नारि ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२५७) ★ अलम् तर अिलल्लजी हा ज्ज अिब्राहीम फ़ी रब्बिहि अन् आताहुल्लाहुल्मुल्क म् ● अिज् क़ाल अिब्राहीमु रब्बियल्लजी युह्यी व युमीतु ला क़ाल अना अुह्यी व अुमीतु त् क़ाल अिब्राहीमु फ़अिन्नल्लाह यअ्ती बिश्शम्सि मिनल्मश्रिक़ि फ़अ्ति बिहा मिनल्मग़्रिबि फ़बुहितल्लजी कफ़र त् वल्लाहु ला यह्दिल्क़ौमज्जालिमीन ज् (२५८) औकल्लजी मर्र अला क़र्यतिंव्व हिय ख़ावियतुन् अला अुरूशिहा ज् क़ाल अन्ना युह्यी हाज़िहिल्लाहु बअ्द मौतिहा ज् फ़अमातहुल्लाहु मिअ़त अामिन् सुम्म बअ्सहु त् क़ाल कम् लबिस्त त् क़ाल लबिस्तु यौमन् औ बअ़्ज़ यौमिन् त् क़ाल बल्लबिस्त मिअ़त अामिन् फ़न्ज़ुर् अिला तअामिक व शराबिक लम् यतसन्नह् ज् वन्ज़ुर् अिला हिमारिक व लिनज्अलक आयतल्लिन्नासि वन्ज़ुर् अिलल्अिज़ामि कैफ़ नुन्शिज़ुहा सुम्म नक्सूहा लह्मन् त् फ़लम्मा तबैयन लहू ला क़ाल अअ़्लमु अन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (२५९) व अिज् क़ाल अिब्राहीमु रब्बि अरिनी कैफ़ तुह्यिल्मौता त् क़ाल अवलम् तुअ्मिन् त् क़ाल बला व लाकिल्लियत्मइन्न क़ल्बी त् क़ाल फ़ख़ुज् अर्बअ़तम्-मिनत्तैरि फ़सुर्हुन्न अिलैक सुम्मज्अल् अला कुल्लि जबलिम्-मिन् हुन्न जुज़्अन् सुम्मद्अुहुन्न यअ्तीनक सअ़्यन् त् वअ़्लम् अन्नल्लाह अज़ीज़ुन् हकीमुन् (२६०) ★

ईमानवालों का मददगार अल्लाह है कि उनको अँधेरे से निकालकर रोशनी में लाता है और जो काफ़िर हैं, उनके साथी शैतान हैं कि उनको रोशनी से निकालकर अँधेरे में ढकेलते हैं। यही लोग नारकीय हैं (और) वह हमेशा दोज़ख़ ही में रहेंगे।(२५७)★

(ऐ मुख़ातिब!) क्या तुमने उस शख़्स के हाल पर ध्यान नहीं दिया जो इब्राहीम से उनके परवरदिगार के (वजूद के) बारे में बहस करने लगा†। सिर्फ़ (इस ग़ुरूर में) कि अल्लाह ने उसको राज्य दे रखा था,● जब इब्राहीम ने (उससे) कहा कि मेरा पालनेवाला तो वह है जो जिलाता और मारता है, (इस पर) वह कहने लगा कि मैं (भी) तो जिलाता और मारता हूँ। इब्राहीम ने कहा कि अल्लाह तो सूर्य को (नित्य) पूर्व से निकालता है, तू उसको (एक ही दिन) पश्चिम से निकाल, (इस पर वह) काफ़िर हैरान रह गया। और अल्लाह (ऐसे) अन्यायियों को हिदायत की राह (सुपथ) नहीं दिखाता।(२५८) या जैसे उस शख़्स का हाल जानते हो जो ऐसी बस्ती से होकर गुज़रा, जो अपनी छतों के बल ढही हुई थी; उसे देखकर (तअज्जुब से) कहने लगा कि अल्लाह इस बस्ती (के मुर्दों) को इसके मरने के बाद कैसे (दुबारा) ज़िन्दा करेगा? इस पर अल्लाह ने उस शख़्स को सौ वर्ष तक मुर्दा रखा फिर उसको जिला उठाया (और) पूछा तुम इस हालत में कितनी (मुद्दत) रहे? उसने कहा एक दिन रहा हूँगा या एक दिन से भी कम। अल्लाह ने फ़र्माया नहीं, बल्कि तुम सौ वर्ष (इसी हालत में) रहे। (अब) अपने खाने और पीने (की चीज़ों) को देखो कि (इतनी मुद्दत में भी) कोई सड़ी गली नहीं और अपने गधे की तरफ़ (भी) नज़र करो (जिस पर तुम सवार थे) और तुम्हारे (इतने दिनों मुर्दा रखने और फिर जिला उठाने) से मक़सद यह है कि हम तुम को लोगों के लिए (अपनी क़ुदरत का) एक नमूना बनावें और (गधे की) हड्डियों की तरफ़ नज़र करो कि हम कैसे उनको क़ायदे से लगाते (ढाँचा बना देते) हैं, फिर उन पर मांस चढ़ाते हैं, फिर जब उस शख़्स पर (अल्लाह की शक्ति का यह चमत्कार) ज़ाहिर हुआ तो बोल उठा कि मैं यक़ीन करता हूँ कि अल्लाह को हर चीज़ पर क़ाबू (सामर्थ्य) है।(२५९) और (वह भी याद करो) जब इब्राहीम ने (ख़ुदा से) निवेदन किया कि ऐ मेरे परवरदिगार! मुझको दिखा कि तू मुर्दों को कैसे जिलाता है। ख़ुदा ने फ़र्माया क्या तुमको (इसका) यक़ीन नहीं। उन्होंने अर्ज़ किया, क्यों नहीं। मगर मैं (एक नज़र देखकर भी) अपने दिल की तसल्ली चाहता हूँ। अल्लाह ने फ़र्माया तो (अच्छा) चार पक्षी लो और उनको अपने पास हिला-मिला लो फिर एक-एक पहाड़ी पर उनका एक-एक भाग रख दो,§ फिर उनको (अपनी तरफ़) बुलाओ तो वह तुम्हारे पास दौड़े चले आयेंगे। और जान लो कि अल्लाह ग़ालिब और साहिबे हिकमत (सर्वप्रबल और सर्वविद्) है (२६०)★

† यह कथा बाबुल के बादशाह नमरूद की है। वह अल्लाह को न मानकर स्वयं अपने को ही पूज्य कहता था। ह० इब्राहीम अ० के वालिद उसके यहाँ बड़े रुतबे पर थे। जब हज़रत इब्राहीम अ० ने मन्दिर की मूर्तियाँ तोड़ डालीं तब उनके वालिद ने उनको ख़ुद बादशाह के रूबरू पेश कर दिया। उस वक़्त का वाक़या है। हज़रत इब्राहीम अ०ने बादशाह का सज्दः न किया और कहा कि मैं तो उस एक की पूजा करता हूँ जो जीवन-मरण का मालिक है यानी अल्लाह की। नमरूद उनकी बात का तत्व न समझा और तुरन्त दो क़ैदियों को बुलवा कर उनमें क़ातिल को तो छोड़ दिया और निर्दोष को मरवा डाला और कहा कि मैं भी तो मौत ज़िन्दगी का मालिक हूँ। इस पर हज़रत इब्राहीम अ० ने सूर्य को उदय और अस्त करने की फ़र्माइश की। नमरूद अब कुछ न बोल सका। § आयत २५६ में किन साहब का ज़िक्र है, क़ुर्आन में इसकी चरचा नहीं है। लोगों ने दूसरी किताबों व हवालों से हज़रत उज़ैर अ०का तज़किरः किया है लेकिन इन नामों की अटकल सही हो या ग़लत उससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। इन्सानी दिलों में अल्लाह की क़ुदरत और [पेज ११५ पर] छ तज़किरः यों है कि जब इन्सान के पाले और हिले हुये पक्षी दूर-दराज़ पहाड़ों से उसके पास भागे चले आते हैं तो क्या अल्लाह अपने पैदा किये हुये इंसानों को आख़िरत के दिन अपने तक नहीं बुला सकता? ज़रूर बुला सकता है। वह सर्वशक्तिमान है।

मसलुल्लजीन युन्फ़िक़ून अम्वालहुम् फ़ी सबीलिल्लाहि कमसलि हब्बतिन् अम्वतत् सब्अ सनाबिल फ़ी कुल्लि सुम्बुलतिम्मिअतु हब्बतिन् त् वल्लाहु युज़ाअिफ़ु लिमैंयशाअु त् वल्लाहु वासिअुन् अलीमुन् (२६१) अल्लजीन युन्फ़िक़ून अम्वालहुम् फ़ी सबीलिल्लाहि सुम्म ला युत्बिअून मा अन्फ़क़ू मन्नौंवला अज़न् ला ल'लहुम् अज्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् ज् व ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (२६२) क़ौलुम्मअ़रूफ़ूंव मग़्फ़िरतुन् ख़ैरुम्मिन् सदक़तींयत्बअुहा अज़न् त् वल्लाहु ग़नीयुन् हलीमुन् (२६३) या अैयुहल्लजीन आमनू ला तुब्तिलू सदक़ातिकुम् बिल्मन्नि वल्अजा ला कल्लजी युन्फ़िक़ु मालहू रिआअन्नासि व ला युअ्मिनु बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि त् फ़मसलुहू कमसलि सफ़्वानिन् अलैहि तुरावुन् फ़असाबहू वाबिलुन् फ़तरकहू सल्दन् त् ला यक़्दिरून अला शैअिम्मिम्मा कसबू त् वल्लाहु ला यह्दिल्क़ौमल्काफ़िरीन (२६४) व मसलुल्लजीन युन्फ़िक़ून अम्वालहुमुब्तिगाअ मर्ज़ातिल्लाहि व तस्बीतम्मिन् अन्फ़ुसिहिम् कमसलि जन्नतिम् - बिरबूवतिन् असा बहा वाबिलुन् फ़आतत् अुकुलहा ज़िअ़फ़ैनि ज् फ़अिल्लम् युसिब्हा वाबिलुन् फ़त्तल्लुन् त् वल्लाहु बिमा तअ़मलून बसीरुन् (२६५) अयवद्दु अहदुकुम् अन् तकून लहू जन्नतुम्-मिन्नख़ीलिव्व अअ़नाबिन् तज्री मिन् तह्तिहल् अन्हारु ला लहू फ़ीहा मिन् कुल्लिस्समराति ला व असाबहुल्किबरु व लहू जुर्रीयतुन् ज़ुअ़फ़ाअु त् सला फ़असाबहा अिअ़्सारुन् फ़ीहि नारुन् फ़हूतरक़त् त् कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुमुल्आयाति लअ़ल्लकुम् ततफ़क्करून (२६६) ★

जो लोग अपना माल अल्लाह की राह में ख़र्च करते रहते हैं उनके माल (के फलने-फूलने) की मिसाल उस दाने-जैसी है, जिससे सात बालें उगती हैं, हर बाली में सौ दाने, और अल्लाह जिसको चाहता है बढ़ती देता है और अल्लाह (बड़ी) गुंजाइशवाला (और) सब कुछ जाननेवाला है।(२६१) जो लोग अपना माल अल्लाह की राह में ख़र्च करते हैं फिर ख़र्च करने के बाद न (किसी तरह का किसी पर) इहसान जताते हैं और न (बर्ताव से) उसको चोट पहुँचाते हैं, उनको उसका सिला (बदला) उनके पालनकर्त्ता के पास है, और (क़ियामत के दिन) न तो उन पर भय होगा और न वह उदास होंगे।(२६२) नर्मी से जवाब दे देना और (मांगने वाला मांगते समय अगर दुराग्रह करे तो) दरगुज़र कर देना उस ख़ैरात से कहीं बढ़कर है जिसके बाद (पानेवाले को) दुःख हो और अल्लाह ग़नी और हलीम (निश्चिन्त और सहनशील) है।(२६३) ऐ ईमानवालो! इहसान जताने और चोट पहुँचाने से अपनी ख़ैरात को उस शख़्स की तरह अकारथ मत करो जो अपना माल (लोगों के दिखावे के लिए) ख़र्च करता है और अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान नहीं रखता, तो उसकी (ख़ैरात की) मिसाल ऐसी है कि एक चट्टान हो जिस पर (कुछ) मिट्टी (पड़ी) हो, फिर उस पर ज़ोर का मेह बरसे और उस (पत्थर) को साफ़ चिकना करदे, ऐसे लोगों को अपनी कमाई कुछ हाथ नहीं† लगेगी। और अल्लाह काफ़िरों को हिदायत (पथप्रदर्शन) नहीं दिया करता।(२६४) और जो लोग अल्लाह की ख़ुशी (प्राप्तकरने) के लिए और अपनी नीयत साबित रखकर अपना माल ख़र्च करते हैं उनकी मिसाल एक बाग़-जैसी है जो ऊँचे पर है, उस पर (ज़ोर का) मेह पड़े तो दूना फल लाये और अगर उस पर (ज़ोर का) मेह न भी पड़ा, तो (उसकी) हलकी फ़ुहार (भी काफ़ी है), और तुम लोग जो कुछ भी करते हो, अल्लाह उसे ख़ूब देख रहा है।§(२६५) भला तुममें से कोई भी इस बात को पसन्द करेगा कि खजूरों और अंगूरों का अपना एक बाग़ हो, उसके नीचे नहरें बह रही हों, हर तरह के मेवे उसको वहाँ (बाग़ में) हासिल हों और वह बुड्ढा हो जावे और उसके (छोटे-छोटे) कमज़ोर बच्चे हों; अब उस बाग़ पर एक बवंडर चले, जिसमें आग (भरी) हो, जो उस बाग़ को जला (कर ख़ाक कर) दे।[] इस तरह अल्लाह अपनी आयतों को खोल-खोलकर तुम लोगों से बयान करता है, ताकि तुम सोच-समझ से कम लो।(२६६)★

रु. ३६-४ आ ६

† लोगों को दिखाने या इहसान लादने के लिए दान-पुण्य करने से कुछ लाभ न होगा। चट्टान पर थोड़ी सी मिट्टी के नीचे बीज बोने से नहीं उगते। जबकि मन से दिये दान का एक बीज भी सात बालें और हज़ारों बीज देता है। इस तरह दिखावे की नेकी बेकार है। § ऊँची जगह जो बाग़ होता है वहाँ बहुत पानी बरसता है तो बहुत फल देता है और कम पानी भी पेड़ों के काम आता है। इसी तरह सच्चे दिल से जो दान किया जाता है वह थोड़ा हो या बहुत, लाभदायक होता है; अल्लाह की राह में की गई ख़ैरात कभी बेकार नहीं जाती। [] कोई भी यह नहीं चाहता कि उसकी कमाई बर्बाद हो, पर जो लोग दिखाने के लिए अच्छे काम करते हैं वह मानो ऐसा बाग़ लगाते हैं जिसका फल न वह स्वयं खायेंगे, न उनके बच्चों को मिलेगा। इहसान जताने या ख़ैरात लेनेवाले को शर्मिन्दा करने या उसका दिल दुखाने से ख़ैरात का फल इसी तरह मटियामेट हो जाता है। उसको अपनी की गई नेकी के बदले इस बाग़ के मालिक जैसी निराशा मिलती है।

[पिज ६३ से] ख़राब, जो अपने को भी पसंद नहीं हैं, ऐसी चीज़ों को अल्लाह की राह में देना ख़ैरात का मज़ाक़ उड़ाना है। क्योंकि जो नेक राह में ख़र्च करते हो वह सब तुम्हारे लिए ही है; तुमको ही उसका बदला ईश्वर की ओर से मिलेगा। अल्लाह तुम्हारी ख़ैरात का मुहताज नहीं। वह तो बेपरवाह और सारी निअमतों का भण्डार है।

[पिज १०१ से]✻ पड़ते थे ताकि मुसलमान अपने को कम समझ कर जंग से भय न खावें और काफ़िरों के हौसले पस्त रहें। इस लड़ाई में विजय मुसलमानों को प्राप्त हुई थी। [पिज १०१ से]♦ चुराते हैं। इस लिए रसूल स० से हुकुम है कि उन लोगों को बतावें कि इनसे कहीं श्रेष्ठ तो अल्लाह की क़ुर्बत (समीपता) है जहाँ पहुँच कर वे सांसारी सुख भी सब सुलभ हैं और साथ ही अल्लाह की नेक नज़र भी उन पर रहती है।

या अैयुहल्लज़ीन आमनू अन्फ़िक़ू मिन् तैयिबाति मा कसब्तुम् व मिम्मा अख़्रज्ना लकुम्मिनल्अर्ज़ि ۪ व ला तयम्ममुल्ख़बीस मिन्हु तुन्फ़िक़ून व लस्तुम् बिआख़िज़ीहि अिल्ला अन् तुग़्मिज़ू फ़ीहि ۪ वज़्लमू अन्नल्लाह ग़नीयुन् हमीदुन् (२६७) अश्शैतानु यअ्दुकुमुल्फ़क़्र व यअ्मुरुकुम् बिल्फ़ह्शा अि ज् वल्लाहु यअ्दुकुम् मग़्फ़िरतम्मिन्हु व फ़ज़्लन् ۪ वल्लाहु वासिअुन् अलीमुन् सला ला (२६८) य'युअ्तिल्-हिक्मत मैंयशा अु ज् व मैंयुअ्तल्-हिक्मत फ़क़द् अूतिय ख़ैरन् कसीरन् ۪ व मा यज्जक्करु अिल्ला अुलुल्अल्बाबि (२६९) व मा अन्फ़क़्तुम् मिन् नफ़क़तिन् औ नज़र्तुम् मिन्नज़्रिन् फ़अिन्नल्लाह यअ्लमुहू ۪ व मा लिज़्ज़ालिमीन मिन् अन्सारिन् (२७०) अिन् तुब्दुस्सदक़ाति फ़निअिम्मा हिय ज् व अिन् तुख़्फ़ूहा व तुअ्तूहल्फ़ुक़रा अ फ़हुव ख़ैरुल्लकुम् ۪ व युकफ़्फ़िरु अन्कुम् मिन् सैयिआतिकुम् ۪ वल्लाहु बिमा तअ्मलून ख़बीरुन् (२७१) लैस अलैक हुदाहुम् व लाकिन्नल्लाह यह्दी मैंयशा अु ۪ व मा तुन्फ़िक़ू मिन् ख़ैरिन् फ़लिअन्फ़ुसिकुम् ۪ व मा तुन्फ़िक़ून अिल्लब्तिग़ा अ वज्हिल्लाहि ۪ व मा तुन्फ़िक़ू मिन् ख़ैरींयुवफ़्फ़ अिलैकुम् व अन्तुम् ला तुज़्लमून (२७२) लिल्फ़ुक़रा अिल्लज़ीन अुह्सिरू फ़ी सबीलिल्लाहि ला यस्तत्तीअून ज़र्बन् फ़िल्अर्ज़ि ज् यह्सबुहुमुल्जाहिलु अग़्निया अ मिनत्तअ़फ़्फ़ुफ़ि ज् तअ़रिफ़ुहुम् बिसीमाहुम् ज् ला यस्अलूनन्नास अिल्हाफ़न् ۪ व मा तुन्फ़िक़ू मिन् ख़ैरिन् फ़अिन्नल्लाह बिहि अलीमुन् (२७३) ★ ● अल्लज़ीन युन्फ़िक़ून अम्वालहुम् बिल्लैलि वन्नहारि सिर्रौंव अलानियतन् फ़लहुम् अज्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् ज् व ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (२७४) ●

ऐ ईमानवालो ! जो तुमने कमाई हों उनमें से अच्छी चीज़ें (अल्लाह की राह में) ख़र्च करो। और जो हमने तुम्हारे लिए ज़मीन से पैदा की हैं उसमें से (भी) अल्लाह की राह में ख़र्च करो और ख़राब (और नापाक) चीज़ों के देने का इरादा भी न करना। तुम ख़ुद भी (दिये जाने पर) उनको न लोगे, यह दूसरी बात है कि (जानते बूझते हुये मुरौवत में) आखें बन्द कर लो। और अल्लाह बेपरवा (निस्पृह)× और सराहना के योग्य है।(२६७) (नेक ख़र्च करते समय) शैतान तुमको मुहताजी से डराता और बेशर्मी की तरफ़ लग ता हैं॰ और अल्लाह अपनी तरफ़ से क्षमा और दया का तुमको वचन देता है और अल्लाह बड़ो गुंजाइशवाला और ख़ूब जानकार है।(२६८) जिसको चाहता है समझ देता है और (सच तो यह है) जिसको समझ मिली, बेशक उसने बड़ी दौलत पाई और शिक्षा भी वही मानते हैं जो समझदार हैं। (२६९) और जो ख़र्च भी तुम (अल्लाह की राह में) करते हो या (उसके नाम की) कोई नज़र (मन्नत)@ मानते हो वह सब अल्लाह को मालूम है और ज़ालिमों (अन्याय करनेवालों) का कोई सहायक न होगा।(२७०) अगर ख़ैरात ज़ाहिर (प्रकट) में दो, तो वह भी अच्छा‡ और अगर इसको छिपाओ और ज़रूरतवालों (या फ़क़ीरों) को दो, तो यह तुम्हारे हक़ में और भी अच्छा है और (ऐसा देना) तुम्हारे कितने ही पापों का कफ़्फ़ारा (प्रायश्चित्त भी)♦ करेगा और जो कुछ भी तुम करते हो, अल्लाह उससे पूरा ख़बरदार है।(२७१) (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को सीधे मार्ग पर लाना तुम्हारे ज़िम्मे नहीं, बल्कि अल्लाह जिसको चाहता है सीधे मार्ग पर लाता है और (मोमिनो !) तुम लोग माल में से जो कुछ भी ख़र्च करते हो, सो तुम्हारे (फ़ायदे के) लिए है और तुम तो अल्लाह ही को ख़ुश करने के लिए ख़र्च करो और माल में से जो कुछ भी (ख़ैरात के तौर पर) ख़र्च करोगे, इसका सवाब तुमको पूरा-पूरा मिल जायगा और तुम्हारा हक़ ज़रा भी न मारा जायगा।(२७२) (दान तो) उन दीनों को देना चाहिए, जो अल्लाह की राह में घिरे (ध्यान लगाये) बैठे हैं (और इस वजह से रोज़ी के लिए) मुल्क में किसी तरफ़ को जा नहीं सकते। (जो शख़्स इनके हाल से) बेख़बर है, इनके न माँगने से, इनको मालदार समझता है; लेकिन तुम इनकी सूरत से इनको साफ़ पहचान लोगे कि (यह ज़रूरतमंद और मुहताज हैं भले ही) वह लिपटकर लोगों से नहीं माँगते†, जो कुछ तुम लोग माल में से (ख़ैरात के तौर पर) ख़र्च करोगे, बेशक अल्लाह उसको ख़ूब जानता है।(२७३) ★ ●

जो लोग रात और दिन, छिपे और ज़ाहिर, अपने माल (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं, तो उनको पालनकर्त्ता के यहाँ से इसका बदला मिलेगा और (क़ियामत के दिन) उनको न डर होगा और न वह उदास होंगे●। (२७४)

× ऐ ईमानवालो! जो कुछ अपनी मेहनत से हासिल करो और जो कुछ हमने तुम्हारे लिए ज़मीन से अन्न, फल, मेवा वग़ैरः पैदा किया है उसमें से अल्लाह की राह में उम्दः चीज़ें ही देने योग्य हैं। [पिछ६१ पर]

॰ शैतान तुम्हारे मन में ऐसे ख्याल पैदा करता है कि 'तुम्हारे पास धनही नहीं है. कहाँ से ख़ैरात करो' और यों कंजूसी पर आमादा करता है। यह ग़लत है; अल्लाह की राह में दान करने से कभी कंगाली नहीं आती, बल्कि उसकी कृपा से ख़ुशहाली बढ़ती है। @ मन्नत—काम पूरा होने के लिए दान-पुण्य करने की मन में मानता मानना या संकल्प लेना। अल्लाह के अलावा किसी दूसरे के नाम पर मन्नत मानना अन्याय है। ‡ दान देना हर प्रकार अच्छा; चाहे छिपा कर दिया जाय चाहे सब के सामने दिया जाय। परन्तु गुप्त दान अधिक सुन्दर है क्योंकि इस प्रकार जिसकी सहायता की जाती है उसे दूसरे लोगों के आगे शर्मिन्दः नहीं होना पड़ता। ♦ कफ़्फ़ारा—पापों का नाश करनेवाला (प्रायश्चित्त) † कुछ लोग रसूल से धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनके घर के पास बैठे रहते थे। ये किसी से कुछ मांगते न थे, पर इनकी आमदनी का कोई ज़रियः न था। इसलिए उनकी सहायता का ख़ास तौर पर हुक्म दिया गया है।

★ रु. ३७ | ४८ आ ७ ● रुकू १९ | ४८ ● ८ व. म.

अल्लजीन यअ्कुलूनर्रिबा ला यक़ूमून अिल्ला कमा यक़ूमुल्लजी यतख़ब्बतुहुश्-शैतानु मिनल्मस्सि ؕ ज़ालिक बिअन्नहुम् क़ालू अिन्नमल्बैअु मिस्लुर्रिबा ● म् व अहल्लल्लाहुल्बैअ व हर्रमर्रिबा ؕ फ़मन् जा अहू मौअिज़तुम् - मिर्रब्बिहि फ़न्तहा फ़लहू मा सलफ़ ؕ व अम्रुहू अिलल्लाहि ؕ व मन् आद फ़अुला अिक अस्हाबुन्नारि ج हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२७५) यम्हक़ुल्लाहुर्रिबा व युर्बिस्सदक़ाति ؕ वल्लाहु ला युहिब्बु कुल्ल कफ़्फ़ारिन् असीमिन् (२७६) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व अक़ामुस्सलात व आतवुज़्ज़काह लहुम् अज्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् ج व ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (२७७) या अैयुहल्लजीन आमनुत्तक़ुल्लाह वज़रू मा बक़िय मिनर्रिबा अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (२७८) फ़अिल्लम् तफ़्अलू फ़अ्ज़नू बिहूर्बिम्मिनल्लाहि व रसूलिहि ج व अिन् तुब्तुम् फ़लकुम् रुअूसु अम्वालिकुम् ج ला तज़्लिमून व ला तुज़्लमून (२७९) व अिन् कान ज़ू अुस्रतिन् फ़नज़िरतुन् अिला मैसरतिन् ؕ व अन् तसद्दक़ू ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् तअ़्लमून (२८०) वत्तक़ू यौमन् तुर्ज़अून फ़ीहि अिलल्लाहि ق क़िफ़् सुम्म तुवफ़्फ़ा कुल्लु नफ़्सिम्-मा कसबत् व हुम् ला युज़्लमून (२८१) ★

जो लोग ब्याज खाते हैं (क़ियामत के दिन क़ब्रों से) इस तरह बेहवास उठेंगे जैसे किसी को शैतान ने (अपनी) चपेट से पागल कर दिया हो, यह उनके इस कहने की सज़ा है कि (लाभ की दृष्टि से) जैसा सौदा बेचने का मामला है वैसा ही ब्याज का मामला§ ● । हालाँकि बेचने (व्यापार) को तो अल्लाह ने हलाल (पाक) किया है और (ब्याज) सूद को हराम (नापाक), तो जिसके पास उसके परवरदिगार की तरफ़ से नसीहत पहुँची और उसने (ब्याज खाना) छोड़ दिया तो जो (सूद) पहले (ले चुका है) वह उसका हुआ और (क़ियामत में) उसका मामला अल्लाह के हवाले, और जो फिर वही काम करेगा तो ऐसे ही लोग नारकी हैं और वह हमेशा नरक (दोज़ख़) ही में पड़े रहेंगे ।(२७५) अल्लाह ब्याज (की बरकत) को मिटाता और ख़ैरात (की बरकत) को बढ़ाता है । अल्लाह ऐसे कुफ़्र करनेवाले गुनहगार को दोस्त नहीं रखता । (२७६) बेशक जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये और नमाज़ क़ायम करते और ज़कात देते रहे, उनको उनके कामों का बदला उनके पालनकर्त्ता के यहाँ से मिलेगा । और उन पर न डर होगा और न वह उदास होंगे ।(२७७) ऐ ईमानवालो! अल्लाह से डरो, और अगर तुम ईमान रखते हो तो जो सूद बाक़ी है छोड़ बैठो ।(२७८) और अगर (ऐसा) न करो तो अल्लाह और उसके रसूल से लड़ने के लिए आगाह हो रहो (यानी तुम्हारे ख़िलाफ़ जिहाद होगा) और अगर तौबः करते हो (और सूद छोड़ देते हो) तो तुम्हारी असल रक़म तुम्हारी ही होगी और न तुम (किसी पर) ज़ुल्म करने पाओगे और न तुम पर कोई ज़ुल्म करने पायेगा† ।(२७९) और अगर (कोई तुम्हारा क़र्ज़दार) तंगदस्त हो तो अच्छी हालत (में आने) तक की मुहलत (दो) और अगर (तुमको) समझ आसके तो तुम्हारे हक़ में यह अधिक अच्छा है कि उसका (असल क़र्ज़ भी) छोड़ दो ।(२८०) और उस दिन से डरो जब कि तुम (सब) अल्लाह की पेशी में लौटाये जाओगे । फिर हर शख़्स को उसके किये का पूरा-पूरा बदला दिया जायगा और उन पर किसी तरह का अन्याय न होगा ।(२८१) ★

§ यह कहना कि ब्याज भी दूसरे रोज़गारों की तरह एक धन्धा है, बिलकुल ग़लत है । ब्याज लेने वाला ज़रूरतमंद की मजबूरी और मुसीबत का फ़ायदा उठाता है । वह धन के पीछे मुहब्बत, हमदर्दी, नरमी जैसी इन्सानी भावनाओं से दिवालिया होकर शैतान के रास्ते पर जाता है । इसलिए सूदखोरी रोज़गार नहीं कुफ़्र है । अगर किसी के पास रुपया-पैसा अपनी ज़रूरत से ज़्यादः है तो दूसरों की ज़रूरत पर अगर ख़ैरात न कर सकता हो तो बिला सूद उधार तो देना ही चाहिये । वह ज़रूरतमंद तुम्हारी नेक नज़र और हमदर्दी का तालिब है । † जिन मुसलमानों ने रुपया ब्याज पर दे रखा था, उनसे कहा गया कि तुम मूल धन ले लो और ब्याज छोड़ दो और अगर ब्याज पर अड़ोगे, तो तुमको अल्लाह और रसूल के विरोध (जिहाद) का सामना करना पड़ेगा ।

[पिज ६६ से]◆ लिए आसान नहीं । दिल में उठने वाले विचार भी पकड़ के योग्य ठहराये गये, तब तो बड़ी कठिनाई होगी । इस पर आयत २८५ में रसूलुल्लाह ने फ़र्माया कि अिस्राअील (यहूदियों) की जैसी हुज्जत इख्तियार करना ठीक नहीं । जो हुक्म अल्लाह दे उस सब को बख़ुशी स्वीकार करो और फिर आज्ञा करनेवाले से प्रार्थना करो कि वह तुमको आज्ञा पर अमल करने की शक्ति दे । इस पर सहाबा फ़ौरन कह उठे—हमने हुक्म सुना और तस्लीम किया । ऐ अल्लाह ! हमें आज्ञापालन करने की शक्ति दे । हम तेरी कृपा के भिखारी हैं । [पिज ६६ से]※ की शरण में जाने की हिदायत है । प्रार्थना है कि हे अल्लाह आपकी हिदायतों पर चलने की पूरी नियत और कोशिश के बावजूद इन्सान जाने-अनजाने अपने फ़र्ज़ से फिसल सकता है । इस लिए हम तेरी ही शरण में हैं । हम पर क्षमा की नज़र रख । अपना अज़ाब या हमारे लिए कसौटी रखने में रहम रख । बन्दा लाचार है और तू सबका मालिक और पूरी सामर्थ्यवाला है ।

या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा तदा यन्तुम् बिदैनिन् अिला अजलिम्मुसम्मन् फ़क्तुबूहु त् वल्यक्तुब् बैनकुम् कातिबुम्-बिल्अद्लि त् व ला यअ्ब कातिबुन् अैंयक्तुब कमा अल्लमहुल्लाहु फ़ल्यक्तुब् ज् वल्युम्लिलिल्लजी अलैहिल्हक़्क़ु वल्यत्तक़िल्लाह रब्बहू व ला यब्ख़स् मिन्हु शैअन् त् फ़अिन् कानल्लजी

تلك الرسل ٣ ٣٨ البقرة ٢
فَضِيفًا أَوْ لَا يَسْتَطِيعُ أَن يُمِلَّ هُوَ فَلْيُمْلِلْ وَلِيُّهُ بِالْعَدْلِ ۚ وَ
اسْتَشْهِدُوا شَهِيدَيْنِ مِن رِّجَالِكُمْ ۖ فَإِن لَّمْ يَكُونَا رَجُلَيْنِ
فَرَجُلٌ وَامْرَأَتَانِ مِمَّن تَرْضَوْنَ مِنَ الشُّهَدَاءِ أَن تَضِلَّ
إِحْدَاهُمَا فَتُذَكِّرَ إِحْدَاهُمَا الْأُخْرَىٰ ۚ وَلَا يَأْبَ الشُّهَدَاءُ إِذَا مَا
دُعُوا ۚ وَلَا تَسْأَمُوا أَن تَكْتُبُوهُ صَغِيرًا أَوْ كَبِيرًا إِلَىٰ أَجَلِهِ ۚ ذَٰلِكُمْ
أَقْسَطُ عِندَ اللَّهِ وَأَقْوَمُ لِلشَّهَادَةِ وَأَدْنَىٰ أَلَّا تَرْتَابُوا إِلَّا أَن تَكُونَ
تِجَارَةً حَاضِرَةً تُدِيرُونَهَا بَيْنَكُمْ فَلَيْسَ عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ أَلَّا
تَكْتُبُوهَا ۗ وَأَشْهِدُوا إِذَا تَبَايَعْتُمْ ۖ وَلَا يُضَارَّ كَاتِبٌ وَلَا شَهِيدٌ ۚ
وَإِن تَفْعَلُوا فَإِنَّهُ فُسُوقٌ بِكُمْ ۗ وَاتَّقُوا اللَّهَ ۖ وَيُعَلِّمُكُمُ اللَّهُ ۗ وَاللَّهُ
بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ۝ وَإِن كُنتُمْ عَلَىٰ سَفَرٍ وَلَمْ تَجِدُوا كَاتِبًا فَرِهَانٌ
مَّقْبُوضَةٌ ۖ فَإِنْ أَمِنَ بَعْضُكُم بَعْضًا فَلْيُؤَدِّ الَّذِي اؤْتُمِنَ أَمَانَتَهُ
وَلْيَتَّقِ اللَّهَ رَبَّهُ ۗ وَلَا تَكْتُمُوا الشَّهَادَةَ ۚ وَمَن يَكْتُمْهَا فَإِنَّهُ آثِمٌ
قَلْبُهُ ۗ وَاللَّهُ بِمَا تَعْمَلُونَ عَلِيمٌ ۝ لِّلَّهِ مَا فِي السَّمَاوَاتِ وَمَا فِي
الْأَرْضِ ۗ وَإِن تُبْدُوا مَا فِي أَنفُسِكُمْ أَوْ تُخْفُوهُ يُحَاسِبْكُم بِهِ اللَّهُ
فَيَغْفِرُ لِمَن يَشَاءُ وَيُعَذِّبُ مَن يَشَاءُ ۗ وَاللَّهُ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ
قَدِيرٌ ۝ آمَنَ الرَّسُولُ بِمَا أُنزِلَ إِلَيْهِ مِن رَّبِّهِ وَالْمُؤْمِنُونَ ۚ
كُلٌّ آمَنَ بِاللَّهِ وَمَلَائِكَتِهِ وَكُتُبِهِ وَرُسُلِهِ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ
مائة

व ला युज़ार्र कातिबूँव ला शहीदुन् ۵ त् व अिन् तफ़्अलू फ़अिन्नहू फ़ुसूक़ुम्बिकुम् त् वत्तक़ुल्लाह त् व युअल्लिमुकुमुल्लाहु त् वल्लाहु बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (२८२) व अिन् कुन्तुम् अला सफ़रिव्वलम् तजिदू कातिबन् फ़रिहानुम्मक़्बूज़तुन् त् फ़अिन् अमिन बअ़्ज़ुकुम् बअ़्ज़न् फ़ल्युअद्दिल्लजिअ्-तुमिन अमानतहू वल्यत्तक़िल्लाह रब्बहू त् व ला तक्तुमुश्शहादत्त त् व मैंयक्तुम्हा फ़अिन्नहू आसिमुन् क़ल्बुहू त् वल्लाहु बिमा तअ़्मलून अलीमुन् (२८३) ★ लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व अिन् तुब्दू मा फ़ी अन्फ़ुसिकुम् औ तुख़्फ़ूहु युहासिब्कुम् बिहिल्लाहु त् फ़यग़्फ़िरु लिमैंयशा अु व युअज्जिबु मैंयशा अु त् वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (२८४)

ऐ ईमानवालो ! जब तुम एक मियाद मुक़र्रर तक (के लिए) उधार का लेन-देन करो तो उसको लिख लिया करो और (अगर तुमको लिखना न आता हो तो) तुम्हारे बीच में कोई लिखनेवाला इंसाफ़ से (सही सही) लिख दे@ और वह लिखनेवाला लिखने से इन्कार न करे; जिस तरह अल्लाह ने उसको सिखाया है (उसी तरह) उसको भी चाहिए कि (बेउज़्र) लिख दे। और जो शख़्स क़र्ज़ ले (वही दस्तावेज़ का) मतलब बोल कर लिखवाए। और अल्लाह से, जो उसका परवरदिगार है, डरता रहे। और हक़ (क़र्ज़ की रक़म) में किसी क़िस्म की (बतलाने में) कमी न करे। जिसके ज़िम्मे क़र्ज़ आयद है और वह नासमझ हो या कमज़ोर हो और ख़ुद मतलब खुलासा न कर सकता हो तो उसका मुख़्तार इंसाफ़ के साथ (दस्तावेज़ का मतलब) बोलता जाय और अपने लोगों में से दो मर्दों को (ऐसे मुआमले के) गवाह कर लिया करो। फिर अगर दो मर्द न मिल सकें तो एक मर्द और दो औरतों को (गवाह बना लेना) पसंद करो कि उनमें से कोई एक भूल जायगी तो एक दूसरी को याद दिलायेगी और जब गवाह तलब किये जायँ तो इन्कार न करें और मुआमला छोटा हो या बड़ा उसकी मियाद तक उसके लिखने-लिखाने में सुस्ती न करो, यह बात अल्लाह के नज़दीक बहुत ही मुन्सिफ़ाना(न्यायोचित) है। और गवाही के लिए भी यही तरीक़ा बहुत ही ठीक है और इससे तुम्हें किसी तरह का शक और शुबहा न पड़ेगा। हाँ, अगर सौदा दस्त-बदस्त हो जिसको तुम हाथों-हाथ आपस में लिया-दिया करते हो तो (उसके) न लिखने में तुम पर कुछ अपराध नहीं। और जबकि ख़रीद-फ़रोख़्त करो तो (भी एहतियातन) गवाह कर लिया करो और कातिब (लिखनेवाले) को किसी तरह का नुक़सान न पहुँचाया जाय और न गवाह को। और अगर तुम ऐसा करो तो यह तुम्हरे हक़ में गुनाह है, और अल्लाह से डरो; अल्लाह तुमको (यों मुआमले को सफ़ाई) सिखाता है, और अल्लाह सब कुछ जानता है।(२८२) और अगर सफ़र में हो और (वहाँ) तुमको कोई लिखनेवाला न मिले तो (कोई चीज़) रेहन बाक़ब्ज़ा (रखकर क़र्ज़ ले लो।) पस अगर तुममें से एक का एक एतबार करे (यानी बिला गिरवीं रखे क़र्ज़ दे दे) तो जिस पर विश्वास किया गया है (यानी क़र्ज़ लेनेवाला) उसको चाहिए क़र्ज़ देनेवाले की अमानत (यानी क़र्ज़) को (पूरा-पूरा) अदा कर दे और ख़ुदा से जो उसका परवरदिगार है, डरे। और (देखो !) गवाही को न छिपाना, और जो उसको छिपायेगा तो उसका दिल अपराधी होगा§ और जो कुछ(भी)तुम लोग करते हो,अल्लाह को सब मालूम है।(२८३)★

जो कुछ आसमानों में और जो कुछ ज़मीन में है (सब) अल्लाह ही का है और (लोगो !) जो तुम्हारे दिल में है अगर उसको ज़ाहिर करो या उसको छिपाओ अल्लाह तुमसे उसका हिसाब लेगा, फिर वह जिसको चाहे बख़्शे और जिसको चाहे सज़ा दे और अल्लाह हर चीज़ पर क़ाबू रखता (समर्थ) है।(२८४)

★ रु. २६ — ७ आ २

@ उधार का लेन-देन हो तो भूल चूक न होने के लिये दो हुक्म हैं; (अ) उसको लिख लेना और (ब) गवाही एक मर्द और दो औरतों की या दो मर्दों की लेना। § आज कल के रायज क़ानून के मुताबिक़ लेना-पावना की मिआद तीन बरस में ख़त्म हो जाती है। और प्रोनोट मौजूद रहने पर भी क़र्ज़दार क़र्ज़ की अदायगी से छुटकारा पा जाता है। इसी तरह गवाह के मर जाने या किसी और मजबूरी का नाजायज़ फ़ायदा उठाना गुनाह में दाख़िल है। भले ही दुनिया के सामने हम पाक-साफ़ बन जाँय, लेकिन हमारे दिलों में उन गुनाहों की अमिट छाप रहती है और अल्लाह के सामने हमारे खोटे दिल ही हमारे ख़िलाफ़ गवाही देंगे।

आमनर्रसूलु बिमा अुन्ज़िल अिलैहि मिर्रब्बिहि वल्मुअ्मिनून कुल्लुन् आमन बिल्लाहि व मला अिकतिहि व कुतुबिहि व रुसुलिहि क़िफ़् ला नुफ़र्रिक़ु बैन अहदिम्-मिर्रुसुलिहि क़िफ़् व क़ालू समिअ्ना व अत़अ्ना क़ुफ़्रानक रब्बना व अिलैकल्मसीरु (२८५) ला युकल्लिफ़ुल्लाहु नफ़्सन् अिल्ला वुस्अहा लहा मा कसबत् व अलैहा मक्तसबत् रब्बना ला तुआख़िज़्ना अिन्नसीना औ अख़्तअ्ना रब्बना व ला तह़्मिल् अलैना अिस्रन् कमा ह़मल्तहू अलल्लजीन मिन् क़ब्लिना रब्बना व ला तुह़म्मिल्ना मा ला ताक़त लना बिहि वफ़ु अन्ना वक़्फ़: वग़्फ़िर्लना वक़्फ़: वर्ह़म्ना वक़्फ़: अन्त मौलाना फ़न्सुर्ना अलल्क़ौमिल्काफ़िरीन (२८६) ★

✪ ३ सूरः आलि अिम्रान ८९ ✪

(मदनी) इसमें अरबी में १५३२६ हुरूफ़, ३५४२ कलिमात (शब्द), २०० आयतें, और २० रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि

अलिफ़् लाम् मीम ला (१) अल्लाहु ला अिलाह अिल्ला हुव ला अल्ह़ैयुल्क़ैयूमु (२) नज़्ज़ल अलैकल्किताब बिल्ह़क़्क़ि मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि व अन्ज़लत्तौरात वल्अिन्जील ला (३) मिन् क़ब्लु हुदल्लिन्नासि व अन्ज़लल्फ़ुर्क़ान ۵ त् अिन्नल्लजीन कफ़रू बिआयातिल्लाहि लहुम् अजाबुन् शदीदुन् त् वल्लाहु अज़ीज़ुन् जुन्तिक़ामिन् (४) अिन्नल्लाह ला यख़फ़ा अलैहि शैअुन् फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़िस्समा अि त् (५) हुवल्लजी युसौविरुकुम् फ़िल्अर्ह़ामि कैफ़ यशा अु त् ला अिलाह अिल्ला हुवल्अज़ीज़ुल्ह़कीमु (६)

रसूल (मुहम्मद स०) उस (किताब) पर ईमान लाये जो उनके परवरदिगार की तरफ़ से उन पर उतरी है, और मोमिन (ईमानवाले) भी सब, अल्लाह और उसके फ़रिश्तों और उसकी किताबों और उसके पैग़म्बरों पर ईमान रखते हैं (और कहते हैं कि) हम अल्लाह के पैग़म्बरों में से किसी में कुछ अन्तर नहीं समझते† और बोल उठे कि हमने तेरा हुक्म सुना और हुक्म माना§। ऐ हमारे परवरदिगार ! हमें तेरी बख़्शीश चाहिए और तेरी ही तरफ़ (हम सबको) लौटकर जाना है। (२८५) अल्लाह किसी शख़्स पर उसकी शक्ति से ज़्यादा बोझ नहीं डालता। उसे मिलेगा वही जो उसने कमाया है और वह भुगतेगा (भी) वही जो उसने किया है। ऐ हमारे परवरदिगार ! अगर हमसे अनजान में भूल हो या चूक हो जाय तो हमको न पकड़ (याने बख़्श दे), (और) ऐ हमारे परवरदिगार ! जो लोग हमसे पहले गुज़रे हैं, उन पर तूने जैसा (बोझ) डाला था वैसा भारी बोझ (कसौटी) हम पर न डाल। ऐ हमारे पालनकर्त्ता ! जितना बोझ उठाने की हममें ताक़त नहीं है, उसे हमसे न उठवा और हमारे अपराधों पर ध्यान न दे और हमारे गुनाहों को माफ़ कर और हम पर रहम कर। तू ही हमारा सवाँरनेवाला है सो हमे काफ़िरों पर ग़ालिब (प्रबल) कर‡। (२८६) ★

रू. ४० । ८ अ ३

✪ ३ सूरः आलि अिम्रान ८९ ✪

(मदनी) इसमें १५३२६ अरबी के हुरूफ़, ३५४२ शब्द, २०० आयतें और २० रुकअ हैं।❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि। ●

(शुरूअ) अल्लाह के नाम से (जो) निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान (है)।

अलिफ़, ला[1]म, मी[1]म् (१) अल्लाह के सिवाय कोई इलाह (पूजित) नहीं। ज़िन्दः (चैतन्य और अविनाशी व जगत् का) सँभालनेवाला है। (२) (ऐ पैग़म्बर !) उसने तुम पर सच्ची किताब उतारी, जो उन (आसमानी किताबों) की तसदीक़ (समर्थन) करती है, जो उससे पहले (उतर चुकी) हैं और (इसी तरह) उसने पहले लोगों को हिदायत के लिए तौरात और इञ्जील उतारी थीं, उसी ने (और चीज़ों को भी) नाज़िल किया जिनसे (सच-झूठ का) भेद (ज़ाहिर) होता है। (३) बेशक जो लोग अल्लाह की आयतों को (सुनकर) इन्कारी हैं, उनके लिए सख़्त सज़ा है, और अल्लाह ज़बरदस्त है (और) बदला लेने वाला है। (४) बेशक अल्लाह ऐसा (सर्वदृष्टा) है कि उससे कोई चीज़ ज़मीन में और आसमान में छिपी नहीं।(५) वही है जो मा के पेट में जैसी चाहता है, तुम लोगों की सूरतें बनाता है। उसके सिवाय कोई अिबादत के क़ाबिल नहीं। वह बड़ा ज़बरदस्त है (और) बड़ा हिकमतवाला है। (६)

† अल्लाह ने समय-समय पर हर जगह नबी भेजकर जब जो मुनासिब समझा आज्ञाएँ भेजीं। हम उन सब की देश-जाति की परवाह न कर ताज़ीम करते हैं अल्लाह के काम में हम फ़र्क़ डालने के हक़दार या लायक़ नहीं। § २८४ आयत का हवाला यों है कि सहाबा ने रसूलुल्लाह स. से अर्ज़ की कि इस आयत का असर तो हमारे दिल में उठने वाली वासनाओं और विचारों तक पहुँचता है। दिल पर पूरा क़ाबू रखना इन्सान के♦ [पिज ६५ पर देखें]

‡ आयत २८६में सूरे बक़र की समाप्ति है। सारी आज्ञाओं के बाद फिर ईमानवाले को अल्लाह❋[पिज६५पर देखें]

❀ इस सूरः में हज़रत मूसा अ० के पिता अिम्रान और उनके लोगों का ज़िक्र है। इसलिए सूरः का नाम उन्हीं के नाम पर रख दिया गया। सूरः आलि अिम्रान सूरः बक़र के ही एक तत्मिमा (परिशिष्ट) के समान है। फ़र्क़ यह है कि सूरः बक़र में यहूदियों को मुख़ातिब किया गया है और सूरः आलि अिम्रान में इसाइयों से इस्लाम पर ईमान लाने को ज़्यादः दावत दी गई है। यह सूरत जंग बदर और जंग ऊहद दो और तीन [पिज ११७५२ देखें]

हुवल्लजी अन्ज़ल अलैकल्किताब मिन्हु आयातुम्मुह्कमातुन् हुन्न अुम्मुल् - किताबि व अुख़रु मुतशाबिहातुन् त फ़अम्मल्लजीन फ़ी क़ुलूबिहिम् ज़ैग़ुन् फ़यत्तबिअून मा तशाबह मिन्हुब्तिग़ाअल्-फ़ित्नति वब्तिग़ाअ तअ्वीलिहि ज व मा यअ़लमु तअ्वीलहू अिल्लल्लाहु म ● वर्रासिख़ून फ़िल्अिल्मि यक़ूलून आमन्ना बिहि ला कुल्लुम्मिन् अिन्दि रब्बिना ज व मा यज्जक्करु अिल्ला अुलुल् - अल्बाबि (७) रब्बना ला तुज़िग़् क़ुलूबना बअ़्द अिज् हदैतना व हब् लना मिल्लदुन्क रह्मतन् ज अिन्नक अन्तल्वह्हाबु (८) रब्बना अिन्नक जामिअुन्नासि लियौमिल्ला रैब फ़ीहि त अिन्नल्लाह ला युख़्लिफ़ुल्मीआद (९) ★ अिन्नल्लजीन कफ़रू लन् तुग़्निय अन्हुम् अम्वालुहुम् व ला औलादुहुम् मिनल्लाहि शैअन् त व अुलाअिक हुम् व क़ूदुन्नारि ला (१०) कदअ्बि आलि फ़िर्अौन ला वल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त कज्जबू बिआयातिना ज फ़अख़ज़हुमुल्लाहु बिज़ुनूबिहिम् त वल्लाहु शदीदुल्अिक़ाबि (११) क़ुल्-लिल्लजीन कफ़रू सतुग़्लबून व तुह्शरून अिला जहन्नम त व बिअ्सल्मिहादु (१२) क़द् कान लकुम् आयतुन् फ़ी फ़िअतैनिल्तक़ता त फ़िअतुन् तुक़ातिलु फ़ी सबीलिल्लाहि व अुख़्रा काफ़िरतुंय्यरौनहुम् मिस्लैहिम् रअ्यल्अैनि त वल्लाहु युअैयिदु बिनस्रिहि मैंयशाअु त अिन्न फ़ी जालिक लअिब्रतल्लिअुलिल् - अब्सारि (१३) ज़ुय्यिन लिन्नासि हुब्बुश्शहवाति मिनन्निसाअि वल्बनीन वल्क़ना तीरिल्मुक़न्तरति मिनज्जहबि वल्फ़िज़्ज़ति वल्-ख़ैलिल्-मुसौवमति वल्अन्आमि वल्हर्सि त जालिक मताअुल्-ह्यातिद्दुन्या ज वल्लाहु अिन्दहू हुस्नुल्मआबि (१४) क़ुल् अअुनब्बिअुकुम् बिख़ैरिम्मिन् जालिकुम् त लिल्लजीनत्तक़ौ अिन्द रब्बिहिम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा व अज़्वाजुम् - मुतह्हरतुव रिज़्वानुम्-मिनल्लाहि त वल्लाहु बसीरुम्-बिल्अिबादि ज (१५) अल्लजीन यक़ूलून रब्बना अिन्नना आमन्ना फ़ग़्फ़िर्लना जुनूबना व क़िना अज़ाबन्नारि ज (१६)

تلك الرسل ٣ ٤٠ ال عمرن ٣
الا الله والرسخون فى العلم يقولون امنا به كل من عند ربنا
وما يذكر الا اولوا الالباب ٧ ربنا لا تزغ قلوبنا بعد اذ هديتنا
وهب لنا من لدنك رحمة انك انت الوهاب ٨ ربنا انك جامع
الناس ليوم لا ريب فيه ان الله لا يخلف الميعاد ٩ ان الذين
كفروا لن تغنى عنهم اموالهم ولا اولادهم من الله شيئا وا
اولئك هم وقود النار ١٠ كدأب ال فرعون والذين من قبلهم
كذبوا بايتنا فاخذهم الله بذنوبهم والله شديد العقاب ١١
قل للذين كفروا ستغلبون وتحشرون الى جهنم وبئس
المهاد ١٢ قد كان لكم اية فى فئتين التقتا فئة تقاتل فى
سبيل الله واخرى كافرة يرونهم مثليهم راى العين والله يؤيد
بنصره من يشاء ان فى ذلك لعبرة لاولى الابصار ١٣ زين للناس
حب الشهوت من النسآء والبنين والقنطير المقنطرة من الذهب
والفضة والخيل المسومة والانعام والحرث ذلك متاع الحيوة
الدنيا والله عنده حسن الماب ١٤ قل اؤنبئكم بخير من ذلكم
للذين اتقوا عند ربهم جنت تجرى من تحتها الانهر خلدين فيها
وازواج مطهرة ورضوان من الله والله بصير بالعباد ١٥ الذين
يقولون ربنا انا امنا فاغفر لنا ذنوبنا وقنا عذاب النار ١٦
منزل

(ऐ पैग़म्बर !) वही है जिसने तुम पर (यह) किताब उतारी जिसमें से बाज़ आयतें मुहकम (पक्की) † हैं (और) वही किताब का आधार हैं और बाज़ (आयतें) मुतशाबिह† (हैं,) तो जिन लोगों के दिलों में कजी (कुटिलता) है वह क़ुर्आन की उन्हीं मुतशाबिह आयतों के पीछे हो लेते हैं, ताकि उनकी (मनचाही) कल बिठायें और बिरोध पैदा करें ● हालाँकि अल्लाह के सिवायें उनका (असली) मतलब किसी को मालूम नहीं। ● और जो लोग इल्म में बड़ी पैठ रखते हैं वह तो इतना ही कहते हैं कि इन पर हमारा ईमान है। (यह) सब हमारे परवरदिगार की तरफ़ से हैं और शिक्षा उन्हीं के पल्ले पड़ती है जिनको बुद्धि है। (७) (वे बुद्धिवाले कहते हैं) ऐ परवरदिगार ! हमको सीधी राह दिखाने के बाद हमारे दिलों को डावाँडोल न कर और अपनी सरकार से हम पर रहमत (कृपा प्रदान) कर, कोई शक नहीं तूही बड़ा देनेवाला है (८) ऐ पालनहार ! तू उस दिन जिस (के आने) में कुछ भी शक नहीं सब लोगों को (अपने दरबार में) जमा करेगा। बेशक अल्लाह अपने वादे के ख़िलाफ़ नहीं जाता। (९) ★

बेशक जो लोग काफ़िर हैं, (उस दिन) अल्लाह के सामने न तो उनके माल ही कुछ काम आयेंगे और न उनकी औलाद ही (उन्हें सज़ा से बचा सकेगी) और यही (नरक की) आग के ईंधन होंगे। (१०) (इनकी भी) फ़िरऔनवालों और उनसे पहले के लोगों जैसी गति होनी है कि जिन्होंने आयतों को झुठलाया, तो अल्लाह ने उनको उनके गुनाहों के बदले धर पकड़ा, और अल्लाह की मार बड़ी सख़्त है (११) (ऐ पैग़म्बर !) जो लोग इन्कारी हैं, उनसे कह दो कि कोई दिन (जल्दी ही) आता है कि तुम (मुसलमानों के हाथों) परास्त होओगे और (आख़िरत में) जहन्नम (नरक) की तरफ़ हँकाये जाओगे (और) वह (जहन्नम) कैसा बुरा ठिकाना है। (१२) अभी उन दो गिरोहों में तुम्हारे लिए (ख़ुदाई-क़ुदरत) की निशानी (प्रमाण) हो चुकी है, जो एक-दूसरे से (बदर के युद्ध में) लड़ गये। एक गिरोह (मुसलमानों का) तो अल्लाह की राह पर लड़ता था और दूसरा (गिरोह) काफ़िरों का था, जिनको अपनी आँखों से (मुसलमानों का गिरोह) अपने से दूना दिखलाई दे रहा था और अल्लाह अपनी मदद से जिसको चाहता है बल देता है‡। (इसमें संदेह नहीं कि) जो लोग सूझ रखते हैं, उनके लिए इन (घटनाओं) में नसीहत है।(१३) (अक्सर) लोगों को (उनकी) दिलपसन्द चीज़ें (मसलन) बीवियों और बेटों और सोने चाँदी के बड़े-बड़े ढेरों और नम्बर पड़े हुये (अच्छे पालतू) घोड़ों और चौपायों और खेती के साथ प्रेम मालूम होता है (लेकिन) यह (तो) दुनिया की ज़िन्दगी के (क्षणिक) सामान हैं और अच्छा ठिकाना⁂ तो उसी अल्लाह के यहाँ है। (१४) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि मैं तुमको इन (चीज़ों से) कहीं अच्छी चीज़ बताऊँ, (वह यह) कि जो लोग अल्लाह से डरते हैं उनके लिए उनके परवरदिगार के यहाँ (बहिश्त में) बाग़ हैं, जिनके नीचे नहरें बह रही हैं (और वह) उनमें हमेशा रहेंगे। और पाक-साफ़ औरतें§ हैं और (सब से बढ़कर) अल्लाह की ख़ुशी (मिलती) है और अल्लाह (अपने नेक) बन्दों को देख रहा है। (१५) (यही लोग है) जो कहते हैं कि ऐ हमारे पालनकर्त्ता ! हम बेशक ईमान ले आये हैं, सो तू हमारे गुनाह माफ़ कर और हमको (नरक की) आग के अज़ाब से बचा। (१६)

† क़ुर्आन में दो तरह की आयतें हैं – एक मुहकम, दूसरी मुतशाबिह। मुहकम पक्की) वह [पिज १०३ पर]

‡ इन आयतों में बदर के युद्ध की ओर संकेत किया गया है। इसमें मुसलमानों की संख्या काफ़िरों से तिहाई के लगभग ३१३ थी; लेकिन अल्लाह की कृपा से मुसलमान, काफ़िरों को अपने से दूने लगभग दो हज़ार❋ [पिज ९१पर]

⁂ अक्सर लोगों को धन परिवार और संसार के सुख से इतना मोह होता है कि वे इनके बिछोह के भय से अपने दीनी फ़र्ज़ से जान ♦ [पिज ९१ पर]

§ 'औरतें' से मतलब यहाँ जीवन-संगी है। स्त्रियों के लिए पुरुष और पुरुषों के लिए स्त्री।

अस्साबिरीन वस्सादिक़ीन वल्क़ानितीन वल्मुन्फ़िक़ीन वल्मुस्तग़्फ़िरीन बिल्अस्हारि (१७) शहिदल्लाहु अन्नहु ला अिलाह अिल्ला हुव ला वल्मला अिकतु व अुलुल्अिल्मि क़ाअिमम्-बिल्क़िस्ति त् ला अिलाह अिल्ला हुवल्-अज़ीज़ुल्-हकीमु त् (१८) ● अिन्नद्दीन अिन्दल्लाहिल्-अिस्लामु क़िफ़् व मख्तलफ़ल्लजीन अूतुल्किताब अिल्ला मिम्बअ़्दि मा जाअ हुमुल्अिल्मु बग़्यम्बैनहुम् त् व मैयक्फ़ुर् बिआयातिल्लाहि फ़अिन्नल्लाह सरीअुल्हिसाबि (१९) फ़अिन् हाज्जूक फ़क़ुल् अस्लम्तु वज्हिय लिल्लाहि व मनित्तबअनि त् व क़ुल्-लिल्लजीन अूतुल्किताब वल्अुम्मीयीन अअस्लम्तुम् त् फ़अिन् अस्लमू फ़क़दिह्तदौ ज् व अिन् तवल्लौ फ़अिन्नमा अलैकल्बलाग़ु त् वल्लाहु बसीरुम्-बिल्अिबादि (२०) ★ अिन्नल्लजीन यक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि व यक़्तुलूनन्नबीयीन बिग़ैरि हक़्क़िन् ला व यक़्तुलूनल्लजीन यअ्मुरून बिल्क़िस्ति मिनन्नासि ला फ़बश्शिर्हुम् बिअ़ज़ाबिन् अलीमिन् (२१) अुलाअिकल्लजीन हबितत् अअ़्मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति ज् व मा लहुम् मिन्नासिरीन (२२) अलम् तर अिलल्लजीन अूतू नसीबम्-मिनल्-किताबि युद्अौन अिला किताबिल्लाहि लियह्कुम बैनहुम् सुम्म यतवल्ला फ़रीक़ुम्मिन्हुम् व हुम् मुअ़्रिज़ून (२३) जालिक बिअन्नहुम् क़ालू लन् तमस्सनन्नारु अिल्ला अैयाममम्-मअ़्दूदातिन् स् व ग़र्रहुम् फ़ी दीनिहिम् मा कानू यफ़्तरून (२४) फ़कैफ़ अिजा जमअ़्नाहुम् लियौमिल्ला रैब फ़ीहि क़िफ़् व वुफ़्फ़ियत् कुल्लु नफ़्सिम्मा कसबत् व हुम् ला युज़्लमून (२५)

(और ये लोग) सब्र करनेवाले हैं और सच्चे और (अल्लाह की) बन्दगी में लगे और (अल्लाह की राह में) ख़र्च करनेवाले और रात के अंतिम समय में (उठ-उठकर) गुनाहों की माफ़ी चाहनेवाले हैं। (१७) अल्लाह इस बात की गवाही देता है कि उसके (एक अल्लाह के) सिवाय कोई भी पूज्य नहीं। और फ़रिश्ते और इल्मवाले भी (गवाही देते हैं) कि वही इन्साफ़ के साथ (सब कुछ) सँभालनेवाला है। उस ज़बरदस्त और हिकमतवाले (सर्वशक्तिमान और ज्ञानमय) के सिवाय और कोई इलाह (पूज्य) नहीं।(१८) बेशक दीन (धर्म) तो अल्लाह के नज़दीक (यही) इस्लाम है, और किताबवालों (यानी यहूदी और नसरानियों) ने प्रमाण पाने के बाद भी [इस्लाम से इख़्तिलाफ़ (वैमनस्य) किया तो यह सिर्फ़] बढ़ा-चढ़ी (आपस की ज़िद) से विरोध किया, और जान लो जो शख़्स अल्लाह की आयतों से इन्कारी हुआ तो अल्लाह को हिसाब लेते कुछ देर नहीं लगती। (१९) (पस ऐ पैग़म्बर!) अगर इस पर भी ये लोग तुमसे हुज्जत किये जाँय, तो कह दो कि (ख़ैर) मैंने और मेरे पैरो (अनुयायियों) ने तो अल्लाह के आगे अपना सिर झुका दिया है। और (ऐ पैग़म्बर!) किताबवालों और जाहिलों (अरब के मुशरिकों) से पूछो कि तुम भी इस्लाम पर ईमान लाते हो (या नहीं)। अगर इल्लाम ले आयें, तो (बेशक वे) सच्चे रास्ते पर आ गये और अगर मुँह मोड़ें, तो तुम्हारा ज़िम्मा† (सिर्फ़ अल्लाह का पैग़ाम) पहुँचा देना (ही) है और अल्लाह (अपने) बन्दों को ख़ूब देख रहा है।(२०)★

(बेशक) जो लोग अल्लाह की आयतों से इन्कार करते हैं और बेमतलब पैग़म्बरों को क़त्ल करते और उन लोगों को (भी) क़त्ल करते जो इन्साफ़ (करने) को कहते हैं, तो ऐसे लोगों को (अल्लाह की ओर से) दर्दनाक सज़ा की ख़ुशख़बरी सुना दो§।(२१) यही हैं जिनका सब किया-कराया दुनिया और आख़िरत (दोनों) में अकारथ है और कोई उनका मददगार नहीं (होगा)।(२२) (ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने उन पर निगाह नहीं डाली, जिनको किताब में से एक हिस्सा (तौरात) मिला था। उनको (अल्लाह की इस) किताब की तरफ़ बुलाया जाता है, ताकि (वह किताब) उनमें फ़ैसला कर (विरोध मिटा) दे। इस पर भी उनमें का एक गिरोह बेरुख़ी से मुँह फेर लेता है (कुटिलता से मनमाने अर्थ गढ़ता है)◎।(२३) यह इसलिए कि उनका दावा है कि हमको नरक की आग छुएगी भी तो बस गिनती के थोड़े ही दिन., और जो मनगढ़ंत वे दीन की बाबत कहते रहे हैं, उन्हीं बातों ने इनको इनके दीन के बारे में धोखा (भ्रम) दे रखा है।(२४) सो उस (क़ियामत के) दिन जिसके आने में कुछ भी शक नहीं, कैसी गत बनेगी जबकि हम उनको जमा करेंगे और हर शख़्स को जैसा उसने (दुनिया में) क़माया है, पूरा-पूरा भर दिया जायगा और लोगों पर (ज़रा भी) ज़ुल्म (अन्याय) नहीं होगा।(२५)

[पिछ १०१ से] वाक्य हैं जिनका अर्थ बिल्कुल साफ़ है और इसलिए उनका समझना सहज है। मुतशाबिह वे हैं जिनकी शब्द-रचना ऐसी है कि उनसे कई अर्थ निकल सकते हैं। हालाँकि अर्थ तो सही एक ही होता है। इसलिए इनमें माने निकालने की धुन में न पड़ना चाहिये। इससे अपने व दूसरों को भरमावें गे। कुछ का ख़याल हुरूफ़ मुक़त्तआत से है यानी वे अदार जिनका मतलब सिवा अल्लाह के कोई नहीं जानता, जैसे अलिफ़् ला॰म् मी॰म्। मुसलमान मुहकम आयतों पर अमल और मुतशाबिह पर यक़ीन रखते हैं। उनके मतलब के पीछे नहीं पड़ते।

† नबी का काम यही है कि जो आदेश या ज्ञान ईश्वर की ओर से उसको मिले उसे लोगों को पहुँचा दे। मानना या न मानना सुननेवालों का काम है। § कहते हैं कि एक एतवार की सुबह को यहूदियों ने ४३ पैग़म्बरों का बध किया फिर उनको धिक्कारने व समझाने वाले ११२ लोगों को भी उसी दिन शाम को क़त्ल कर दिया। ऐसे नाहक़ ज़ुल्म करने वालों को दर्दनाक सज़ा मिलनी है। ◎ आकाशी ग्रंथ तौरात के अर्थों का स्वार्थी विद्वान अनर्थ करने लगे थे। इस प्रकार अपने मान्य धर्मग्रन्थ से भी विमुख थे। ‡ देखें नोट † सफ़ा ४१ पारा पहला में।

क़ुलिल्लाहुम्म मालिकल्मुल्कि तुअ्तिल्मुल्क मन् तशा'अु व तन्ज़िअुल्मुल्क मिम्मन् तशा'अु ज़् व तुअिज़्ज़ु मन् तशा'अु व तुज़िल्लु मन् तशा'अु त् बियदिकल्ख़ैरु त् अिन्नक अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (२६) तूलिजुल्लैल फ़िन्नहारि व तूलिजुन्नहार फ़िल्लैलि ज़् व तुख़्रिजुल् - ह्यय मिनल्मैयिति व तुख़्रिजुल् - मैयित मिनल्हैयि ज़् व तरज़ुक़ु मन् तशा'अु बिग़ैरि हिसाबिन् (२७) ला यत्तख़िज़िल् - मुअ्मिनूनल् - काफ़िरीन औलिया'अ मिन्दूनिल्-मुअ्मिनीन ज़् व मैंयफ़्अल् ज़ालिक फ़लैस मिनल्लाहि फ़ी शैअिन् अिल्ला' अन् तत्तक़ू मिन्हुम् तुक़ात्वन् त् व युहज़्ज़िरुकुमुल्लाहु नफ़्सहु त् व अिलल्लाहिल्मसीरु (२८) क़ुल् अिन् तुख़्फ़ू मा फ़ी सुदूरिकुम् औ तुब्दूहु यअ्लम्हुल्लाहु त् व यअ्लमु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (२९) यौम तजिदु कुल्लु नफ़्सिम्मा अमिलत् मिन् ख़ैरिम्मुह्ज़रन् ज़् सूला ∴ व'व मा अमिलत् मिन्सू'अिन् ज़् ∴ तवद्दु लौ अन्न बैनहा व बैनहू' अमदम्बअीदन् त् व युहज़्ज़िरुकुमुल्लाहु नफ़्सहु त् वल्लाहु रऊफ़ुम्-बिल्अिबादि (३०) ★ क़ुल् अिन् कुन्तुम् तुहिब्बूनल्लाह फ़त्तबिअूनी युहबिब्कुमुल्लाहु व यग़्फ़िर्लकुम् जुनूबकुम् त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (३१) क़ुल् अतीअुल्लाह वर्रसूल ज़् फ़अिन् तवल्लौ फ़अिन्नल्लाह ला युहिब्बुल्काफ़िरीन (३२) अिन्नल्लाहस्तफ़ा' आदम व नूहौंव आल अिब्राहीम व आल अिम्रान अलल्आलमीन ला (३३) जुर्रीयत्म्बअ़ज़ुहा मिम्बअ़ज़िन् त् वल्लाहु समीअुन् अलीमुन् ज़् (३४) अिज़् क़ालतिम्रअतु अिम्रान रब्बि अिन्नी नज़र्तु लक मा फ़ी बत्नी मुहर्ररन फ़तक़ब्बल् मिन्नी ज़् अिन्नक अन्तस्समीअुल्अलीमु (३५)

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि (ऐ अल्लाह !) ऐ तमाम मुल्क के मालिक ! तू जिसको चाहे राज्य दे और जिससे चाहे राज्य छीन ले। और तू जिसको चाहे इज़्ज़त दे और जिसे चाहे ज़िल्लत दे। (हर तरह की) ख़ूबी तेरे ही हाथ में है। बेशक तू हर चीज़ पर समर्थ है।(२६) तू (ही) रात को दिन में दाख़िल करता है और तू (ही) दिन को रात में दाख़िल करता है। और तू बेजान से जानदार (जैसे अण्डे से बच्चे) और जानदार से बेजान (जैसे पक्षियों से अण्डे) पैदा करता है। और जिसको चाहे तूही बेहिसाब रोज़ी दे।(२७) मुसलमानों को चाहिए कि मुसलमानों को छोड़ कर काफ़िरों को (अपना) दोस्त न बनावें और जो वैसा करेगा, तो उससे और अल्लाह से कुछ (सरोकार) नहीं◎; हाँ, अगर किसी तरह पर उनसे (अपना) बचाव करना चाहो (मसलहतन तो नाजायज़ नहीं)। और अल्लाह तुमको अपने (ग़ज़ब) से डराता है और (अन्त में) अल्लाह की ही तरफ़ (लौट कर) जाना है।(२८) (ऐ पैग़म्बर ! लोगों से) कह दो कि जो कुछ तुम्हारे दिलों में है, उसे छिपाओ या उसे ज़ाहिर कर दो, वह (सब) अल्लाह को मालूम है और जो कुछ आसमानों में और जो कुछ ज़मीन में है, अल्लाह सब जानता है और अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (शक्तिशाली) है।(२९) (लोगो उस ! दिन को ध्यान में रखो) जब कि हर शख़्स अपनी की हुई भलाई और अपनी की हुई बुराई (के फल) को सामने देखेगा और इच्छा करेगा कि उसमें और उसके (कुकर्मों के फल) में यदि बड़ी दूरी होती (अर्थात् यदि वह आमाल उसे न भुगतने पड़ते) और अल्लाह तुमको अपने (ग़ज़ब) से डराता है और अल्लाह (अपने) बन्दों पर बड़ा मेहरबान है।(३०)★

(ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कह दो कि अगर तुम अल्लाह से प्रेम रखते हो, तो मेरी पैरवी करो ताकि अल्लाह (भी) तुमसे प्रेम रखे। और तुम्हारे गुनाह माफ़ कर दे, और अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला (और) बड़ा मेहरबान है।(३१) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कह दो कि अल्लाह और उसके रसूल की आज्ञा पालन करो। फिर अगर यह (लोग) न मानें तो (जान लें कि) अल्लाह हुक्म न माननेवालों (अवज्ञाकारियों) को पसन्द नहीं करता।(३२) अल्लाह ने दुनिया जहान के लोगों पर आदम और नूह और इब्राहीम के वंश और इमरान के ख़ानदान को (श्रेष्ठ) चुन लिया।(३३) इनमें से बाज़, बाज़ की औलाद थे और अल्लाह सुननेवाला (और) जानने वाला है।(३४) (वह समय याद करो) कि (मरियम के पिता) इमरान की बीवी ने अर्ज़ किया कि ऐ (मेरे) परवरदिगार ! मेरे पेट में जो (बच्चा) है उसको मैं (दुनिया के कामों से) आज़ाद करके तेरी भेंट करती हूँ, तू उसे मेरी तरफ़ से क़बूल कर, तू (सब कुछ) सुननेवाला (और) (सब कुछ) जाननेवाला है।(३५)

रु. ३—११ आ १०

◎ जब कभी कोई मुअम्मा या ग़ौरतलब वाक़या दरपेश होता तब अल्लाह का संदेश नाज़िल होता था। उस मौक़े को मद्दे नज़र रखकर ही उस आयत के सही मंशा पर पहुँचा जा सकता है। हर मुक़ाम पर उस आयत को चस्पा करने से ग़लतफ़हमी का अन्देशा रहता है। शुरू में, रसूलल्लाह स० व मुसलमानों को ग़ैरमुस्लिमों और खास तौर पर क़ुरैश मुशरिकों के कारन जान के लाले पड़े थे। घरों से उजाड़े गये। अल्लाह की इबादत व अपने तरीक़े की नमाज़ भी खुले आम न पढ़ सकते थे। इन्हीं या इन जैसे ग़ैरमुस्लिमों की तरफ़ इशारा करते हुये यह हुक्म क़ुर्आन में बार बार आया है कि ऐसों के साथ कभी दोस्ती न करो, उन्हें मारो, क़त्ल करो जब तक वे बाज़ न आयें। मुसलमान व ग़ैरमुस्लिम कभी इस ग़लतफ़हमी में न पड़ें कि यह हुक्म अमनपसंद तमाम ग़ैरमुस्लिमों के लिए है। जनाब मौलाना मुहम्मद ओवैस साहब नदवी, शेखुलतफ़सीर, दारुल उलूम नदवतुल उलमा, लखनऊ की तहरीर है—"क़ुर्आन मजीद में मुसलमानों को जिन ग़ैरमुस्लिमों से बेतअल्लुक़ रहने का हुक्म दिया गया है उनसे मुराद वे लोग हैं जो इस्लाम और मुसलमानों की दुश्मनी कर रहे हैं। लेकिन जो लोग न मुसलमानों से लड़ते हैं, न उनको घरों से निकालने की फ़िक्र करते हैं, उनके साथ हमदर्दी और मुहब्बत से नहीं रोका है। जैसा कि पारा २८ में सूरे मुम्तहना के दूसरे रुकूअ आयात ८-९ में इसकी तफ़सील मौजूद है।

फ़लम्मा वज़अत्हा क़ालत् रब्बि इन्नी वज़अ़्तुहा उन्सा त् वल्लाहु अअ़्लमु बिमा वज़अत् त् व लैसज्जकरु कल्उन्सा ज् व इन्नी सम्मैतुहा मर्यम व इन्नी उ़ीजुहा बिक व जुर्रीयतहा मिनश्शैतानिर्रजीमि (३६) फ़तक़ब्बलहा रब्बुहा बिक़बूलिन् हसनिव्व अम्बतहा नबातन् हसनन् ला व'व कफ़्फ़लहा ज़करीया ज् त् कुल्लमा दख़ल अलैहा ज़करीयल्मिह्राब ला वजद इन्दहा रिज़्क़न् ज् क़ाल या मर्यमु अन्ना लकिहाजा त् क़ालत् हुव मिन् इन्दिल्लाहि त् अिन्नल्लाह यर्ज़ुक़ु मैंयशा'अु बिग़ैरि हिसाबिन् (३७) हुनालिक दआ ज़करीया रब्बहु ज् क़ाल रब्बि हब्ली मिल्लदुन्क जुर्रीयतन् तैयिबतन् ज् अिन्नक समीअुद्दुआ'अि (३८) फ़नादत्हुल्-मला'अिकतु व हुव क़ा'अिमुंय्युसल्ली फ़िल्मिह्राबि ला अन्नल्लाह युबश्शिरुक बियह्या मुसद्दिक़म्-बिकलिमतिम् - मिनल्लाहि व सैयिदौंव हसूरौंव नबीयम्मिनस्सालिहीन (३९) क़ाल रब्बि अन्ना यकूनु ली ग़ुलामुंव क़द् बलग़नियल्किबरु वम्रअती आक़िरुन् त् क़ाल कज़ालिकल्लाहु यफ़अ़्लु मा यशा'अु (४०) क़ाल रब्बिज्अल्ली आयतन् त् क़ाल आयतुक अल्ला तुकल्लिमन्नास सलासत अैयामिन् अिल्ला रम्ज़न् त् वज्कुर्रब्बक कसीरौंव सब्बिह् बिल्अ़शीयि वल्अिब्कारि (४१) ★ व अिज् क़ालतिल्-मला'अिकतु या मर्यमु अिन्नल्लाहस्तफ़ाकि व तह्हरकि वस्तफ़ाकि अला निसा'अिल्आलमीन (४२) या मर्यमुक़्नुती लिरब्बिकि वस्जुदी वर्कअ़ी मअ़र्राकिअ़ीन (४३) जालिक मिन् अम्बा'अिल्ग़ैबि नूह़ीहि अिलैक त् व मा कुन्त लदैहिम् अिज् युल्क़ून अक़्लामहुम् अैयुहुम् यक्फ़ुलु मर्यम त् व मा कुन्त लदैहिम् अिज् यख़्तसिमून (४४)

تلك الرسل ٣ ٤٣ آل عمران ٣
فَلَمَّا وَضَعَتْهَا قَالَتْ رَبِّ إِنِّي وَضَعْتُهَا أُنْثَىٰ وَاللَّهُ أَعْلَمُ بِمَا
وَضَعَتْ وَلَيْسَ الذَّكَرُ كَالْأُنْثَىٰ وَإِنِّي سَمَّيْتُهَا مَرْيَمَ وَإِنِّي
أُعِيذُهَا بِكَ وَذُرِّيَّتَهَا مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ ﴿٣٦﴾ فَتَقَبَّلَهَا رَبُّهَا
بِقَبُولٍ حَسَنٍ وَأَنْبَتَهَا نَبَاتًا حَسَنًا وَكَفَّلَهَا زَكَرِيَّا كُلَّمَا
دَخَلَ عَلَيْهَا زَكَرِيَّا الْمِحْرَابَ وَجَدَ عِنْدَهَا رِزْقًا قَالَ يَا مَرْيَمُ أَنَّىٰ
لَكِ هَٰذَا قَالَتْ هُوَ مِنْ عِنْدِ اللَّهِ إِنَّ اللَّهَ يَرْزُقُ مَنْ يَشَاءُ بِغَيْرِ
حِسَابٍ ﴿٣٧﴾ هُنَالِكَ دَعَا زَكَرِيَّا رَبَّهُ قَالَ رَبِّ هَبْ لِي مِنْ لَدُنْكَ ذُرِّيَّةً
طَيِّبَةً إِنَّكَ سَمِيعُ الدُّعَاءِ ﴿٣٨﴾ فَنَادَتْهُ الْمَلَائِكَةُ وَهُوَ قَائِمٌ يُصَلِّي فِي
الْمِحْرَابِ أَنَّ اللَّهَ يُبَشِّرُكَ بِيَحْيَىٰ مُصَدِّقًا بِكَلِمَةٍ مِنَ اللَّهِ وَ
سَيِّدًا وَحَصُورًا وَنَبِيًّا مِنَ الصَّالِحِينَ ﴿٣٩﴾ قَالَ رَبِّ أَنَّىٰ يَكُونُ
لِي غُلَامٌ وَقَدْ بَلَغَنِيَ الْكِبَرُ وَامْرَأَتِي عَاقِرٌ قَالَ كَذَٰلِكَ اللَّهُ
يَفْعَلُ مَا يَشَاءُ ﴿٤٠﴾ قَالَ رَبِّ اجْعَلْ لِي آيَةً قَالَ آيَتُكَ أَلَّا تُكَلِّمَ
النَّاسَ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ إِلَّا رَمْزًا وَاذْكُرْ رَبَّكَ كَثِيرًا وَسَبِّحْ بِالْعَشِيِّ
وَالْإِبْكَارِ ﴿٤١﴾ وَإِذْ قَالَتِ الْمَلَائِكَةُ يَا مَرْيَمُ إِنَّ اللَّهَ اصْطَفَاكِ وَطَهَّرَكِ
وَاصْطَفَاكِ عَلَىٰ نِسَاءِ الْعَالَمِينَ ﴿٤٢﴾ يَا مَرْيَمُ اقْنُتِي لِرَبِّكِ وَ
اسْجُدِي وَارْكَعِي مَعَ الرَّاكِعِينَ ﴿٤٣﴾ ذَٰلِكَ مِنْ أَنْبَاءِ الْغَيْبِ نُوحِيهِ
إِلَيْكَ وَمَا كُنْتَ لَدَيْهِمْ إِذْ يُلْقُونَ أَقْلَامَهُمْ أَيُّهُمْ يَكْفُلُ
ع ١٤ منزل

फिर जब उन्होंने बेटी जनी, तो कहने लगीं कि ऐ मेरे परवरदिगार ! मैंने तो यह लड़की जनी है और अल्लाह को ख़ूब मालूम था कि उन्होंने (किस रुतबे की बेटी) जनी है और लड़का लड़की की तरह नहीं होता@ और मैंने इसका नाम मरियम रखा है और मैं इसको और इसकी औलाद को शैतान मरदूद से (अलग रखने के लिए) तेरी पनाह (शरण) में देती हूँ।(३६) फिर उसके पालनकर्त्ता ने मरियम को ख़ूबी से क़बूल फ़र्मा लिया और उसको ख़ूब ऊँचा उठाया और ज़करिया को इसका संरक्षक बना दिया। जब-जब ज़करिया मरियम के पास उसकी इबादतगाह में जाते, तो मरियम के पास खाने की चीज़ मौजूद पाते। (यह हाल देखकर एक दिन ज़करिया ने) पूछा कि ऐ मरियम ! यह खाना तुम्हारे पास कहाँ से आता है? (मरियम ने) कहा यह अल्लाह के यहाँ से (आता है,); अल्लाह बेशक जिसको चाहता है, बेहिसाब रोज़ी देता है।(३७) (अल्लाह के इस चमत्कार से प्रभावित होकर) उसी दम ज़करिया ने अपने पालनकर्त्ता से दुआ की (और) कहा कि ऐ परवरदिगार ! अपनी जनाब से मुझको (भी) पाक औलाद इनायत कर कि तू (सबकी) दुआएँ सुनता है।(३८) अभी ज़करिया इबादतगाह में खड़े नमाज़ पढ़ रहे थे कि उनको फ़रिश्तों ने आवाज़ दी कि (ज़करिया !) अल्लाह तुमको (एक पुत्र) यहिया (के पैदा होने) की ख़ुशख़बरी देता है और वह अल्लाह के फ़ैज़ (यानी अल्लाह की देन ईसा अ०) की तसदीक़ करेंगे और पेशवा होंगे और औरतों की संगत से अलग रहेंगे और नेकों (बन्दों) में से वे पैग़म्बर होंगे।(३९) (ज़करिया ने) कहा कि ऐ मेरे परवरदिगार ! मेरे कैसे लड़का पैदा हो सकता है जबकि मुझ पर बुढ़ापा आ चुका है, और मेरी बीवी बाँझ है‡। फ़र्माया (गया) कि इसी तरह अल्लाह जो चाहता है, कर देता है।(४०) (ज़करिया ने) अर्ज़ किया कि ऐ मेरे परवरदिगार ! (मेरे इत्मीनान के लिए) कोई निशानी दे। (अल्लाह ने) फ़र्माया कि निशानी यह है कि तुम तीन दिन तक लोगों से बात§ न कर सकोगे। सिर्फ़ इशारा करोगे और अपने परवरदिगार की कसरत से याद (भजन) करते रहो और (उसी की) सुबह और शाम तसबीह (माला फेरते रहा) करो।(४१) ★

(और वह समय याद कर) जब फ़रिश्तों ने कहा ऐ मरियम ! तुमको अल्लाह ने पसन्द फ़र्माया और तुमको पाक-साफ़ रखा और तुमको दुनिया जहान की औरतों पर चुना।(४२) ऐ मरियम ! अपने परवरदिगार की बन्दगी (भक्ति) करती रहो, ओर सज्दः (सिर झुकाया) करो और रुकूअ करनेवालों (नमाज़ में झुकनेवालों) के साथ रुकूअ करती रहो।(४३) (ऐ पैग़म्बर !) यह ग़ैब की (छिपी हुई) ख़बरों में से हैं जो हम तुमको वही (संदेश) के द्वारा पहुँचाते हैं। (और ऐ पैग़म्बर!) न तो तुम उनके पास उस वक़्त थे, जब वह लोग अपने क़लम (नदी में) डाल रहे थे॰ कि कौन मरियम का संरक्षक हो ? और न तुम उनके पास मौजूद थे, जबकि वह आपस में झगड़ रहे थे (कि जिसका क़लम चढ़ाव की तरफ़ बहे, वही मरियम का संरक्षक होगा)♦।(४४)

रु. ४—१२ आ ११

@मूसायी क़ानून के मुताबिक़ लड़की अल्लाह की अिबादतगाह में पुजारिन नहीं हो सकती थी‡[पिज १०६पर]

‡ हज़रत ज़करिया अ०की उम्र १००वर्ष की थी और उनकी बीवी ६८वर्ष की थीं, जबयहिया(पुत्र)का※[पिज १०६पर]

§ जब यहिया मां के पेट में आए, तो ज़करिया की ज़बान फूल गई और तीन दिन तक वह किसी से बातचीत न कर सके। ॰ मरियम को कौन पाले, इस बात का फ़ैसला यूँ हुआ कि दावेदारों ने अपने तौरात लिखने के क़लम बहते पानी में डाले कि जिसका क़लम चढ़ाव की तरफ़ बहे वही संरक्षक हो। आख़िर मरियम के मौसा ज़करिया की क़लम उल्टी चढ़ाव की तरफ़ बही और वही उसके संरक्षक बने। ♦ हज़रत ज़करिया, मर्यम और यहिया अ० के जिन वाक़यों का ज़िक्र है, उस वक़्त रसूल (मुहम्मद स०) वहाँ मौजूद न थे, न वह ख़ुद देख रहे थे। फिर इन ग़ैब की बातों को बयान करना बिला अल्लाह के संदेसे के कैसे मुमकिन है। यह रसूल की रिसालत का सुबूत है।

अिज् क़ालतिल्मला'इकतु या मर्यमु अिन्नल्लाह युबश्शिरुकि बिकलिमतिम्-मिन्हु क़् सला अ्स्मुहुल्मसीहु ओीसब्नु मर्यम वजीहन् फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति व मिनल्मुक़र्रबीन ला (४५) व युकल्लिमुन्नास फ़िल्महदि व कह्लौंव मिनस्सालिहीन (४६) क़ालत् रब्बि अन्ना यकूनु ली वलदूँव लम् यम्सस्नी बशरुन् तु क़ाल कजालिकिल्लाहु यख़्लुक़ु मा यशा'अु तु अिजा क़ज़ा' अम्रन् फ़अिन्नमा यक़ूलु लहू कुन् फ़यकूनु (४७) व युअ्ल्लिमुहुल् - किताब वल्हिक्मत वत्तौरात वल्अिन्जील ज् (४८) व रसूलन् अिला बनी' अिस्रा'ील ∆ ला अिन्नी क़द् जिअ्तुकुम् बिआयतिम्मिर्रब्बिकुम् ला अन्नी' अख़्लुक़ु लकुम् मिनत्तीनि कहैअित्तैरि फ़अन्फ़ुखु़ फ़ीहि फ़यकूनु तैरम्बिअिज्निल्लाहि ज् व अुब्रिअुल्-अक्मह वल्अब्रस व अुह्यिल्मौता बिअिज्निल्लाहि ज् व अुनब्बिअुकुम् बिमा तअ्कुलून व मा तद्दख़िरून ला फ़ी बुयूतिकुम् तु अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्लकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ज् (४९) व मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैय मिनत्तौरात्ति व लिअुहिल्ल लकुम् बअ़्ज़ल्लजी हुर्रिम अलैकुम् व जिअ्तुकुम् बिआयतिम् - मिर्रब्बिकुम् क़िफ़ फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअ़ूनि (५०) अिन्नल्लाह रब्बी व रब्बुकुम् फ़अ़्बुदूहु तु हाजा सिरातुम्मुस्तक़ीमुन् (५१) फ़लम्मा' अह़स्स ओीसा मिन्हुमुल्कुफ़्र क़ाल मन् अन्सारी' अिलल्लाहि तु क़ालल्हवारीयून नह्नु अन्सारुल्लाहि ज् आमन्ना बिल्लाहि ज् वश्हद् बिअन्ना मुस्लिमून (५२) रब्बना' आमन्ना बिमा' अन्ज़ल्त वत्तबअ़्नर्रसूल फ़क्तुब्ना मअ़श्शाहिदीन (५३)



(वह समय भी याद करो) जब फ़रिश्तों ने कहा कि ऐ मरियम ! अल्लाह तुमको अपनी एक कृपा की खुशख़बरी देता है (यानी तुम्हारे पुत्र होगा), जिसका नाम अीसा मसीह मरियम का बेटा—दुनिया और आख़िरत (लोक और परलोक दोनों) में इज़्ज़तवाला और (अल्लाह के) नज़दीकी बन्दों में से (होगा)।(४५) माँ की गोद में रहने के समय और बड़ी उम्र का होकर (एक ही समान) लोगों के साथ बातचीत करेगा और नेक बन्दों में से होगा।(४६) वह (मरियम) कहने लगी कि ऐ परवरदिगार ! मेरे कैसे लड़का हो सकता है, जब कि मुझको किसी मर्द ने छुआ तक नहीं। फ़र्माया इसी तरह अल्लाह जो चाहता है पैदा कर देता है। जब वह किसी काम को करना चाहता है तो बस उसे फ़र्मा देता है कि हो (कुन) और वह हो जाता है†।(४७) और अल्लाह उसे (अीसा अ० को) किताब, हिकमत और तौरात और इञ्जील का ज्ञान देगा।(४८) और (अीसा अ०) इसराईल के वंश की तरफ़ पैग़म्बर होंगे! (कहेंगे कि) मैं तुम्हारे पालनकर्त्ता की तरफ़ से तुम्हारे पास निशानियाँ लेकर आया हूँ कि मैं तुम्हारे सामने मिट्टी से पक्षी की शक्ल बनाकर फिर उसमें फूँक मारता हूँ तो अल्लाह के हुक्म से (सचमुच) पक्षी हो जाता है। और अल्लाह ही के हुक्म से जन्म के अन्धों और कोढ़ियों को भला चंगा और मुर्दों को ज़िन्दः करता हूँ और जो कुछ तुम खाकर आओ वह और जो कुछ अपने घरों में जमा कर रखा है, सब तुमको बता दूँ। अगर तुममें ईमान है तो बेशक इन बातों में तुम्हारे लिए (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानी@ हैं।(४९) (और) तौरात जो मेरे समय से पहले (उतरी) उसकी तसदीक़ करता हूँ और मैं इस ग़रज़ से भी (आया हूँ) कि जो कुछ चीज़ें जो तुम पर हराम (निषिद्ध) हैं‡ तुम्हारे लिए उनमें से कुछ हलाल (जायज़) कर दूँ और मैं तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से (कुछ) निशानी लेकर (तुम्हारे पास) आया हूँ, तो तुम अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो (५०) बेशक अल्लाह मेरा परवरदिगार है और तुम्हारा भी परवरदिगार है, तो उसी की इबादत (उपासना) करो, बस यही सीधी राह है।(५१) तो जब अीसा ने उन यहूदी लोगों का कुफ़्र (और अपने क़त्ल करने की उनकी नियत) देखी तो पुकार उठे कि कोई है जो अल्लाह की तरफ़ होकर मेरी मदद करे। हवारी[] बोले कि हम अल्लाह के (तरफ़दार और आपके) मददगार हैं, हम अल्लाह पर ईमान लाये और आप गवाह रहेंगे कि हम मुस्लिम (फ़र्माबरदार) हैं।(५२) ऐ परवरदिगार ! (इञ्जील) जो तूने उतारी है, हम उस पर ईमान लाये और हमने पैग़म्बर (यानी अीसा अ०) की पैरवी कर ली। तू हमको भी माननेवालों के साथ में लिख ले।(५३)

[पिज१०७से]‡इसलिए मरियम की माको लड़कीपैदा होनेका पछ्ताव था। लेकिन अल्लाह ने लड़के से कहीं ज्यादा मरियम का रुतबा बुलन्द किया और ह०ईसा अ०जैसी औलाद देकर दुनिया जहान की औरतों पर उसे ऊँचा उठाया। [पिज१०७से]※जन्म हुआ। यह सब जानते हैं कि इस अवस्था में आदमी लड़का या लड़की की आशा नहीं रखता।

† मरियम का किसी के साथ ब्याह नहीं हुआ और वह मर्दों से दूर भी रहीं, फिर भी उनके लड़का हुआ, जिसका नाम ईसामसीह अ० था। जब फ़रिश्तों ने इस घटना की भविष्यवाणी मरियम को पहले ही की तो उनका हैरत में पड़ जाना तअज्जुब न था। @ मुर्दों को जिलाना, बीमारों को अच्छा करना, और अंधों को आँखवाला बनाना यह सब हज़रत अीसा अ० के चमत्कारों में से थे। ‡ यहूदियों पर चर्बी गाय की और बकरी की हराम थी यानी अपने धर्मानुसार वह इन वस्तुओं का प्रयोग नहीं कर सकते थे। [] हवारी लोग वह कहलाते हैं जो हज़रत अीसा अलैहिस्सलाम के पैरोकार थे। हवारी के अर्थ 'धोबी' हैं और 'साथी' भी। वह दो धोबी थे जो हज़रत अीसा अलैहिस्सलाम पर सबसे पहले ईमान लाये थे। फिर दस आदमी और आये। यह धोबी न थे पर यह सब बारह हवारी कहलाये।

व मकरू व मकरल्लाहु त् वल्लाहु ख़ैरुल्माकिरीन (५४) ★ ● अिज् क़ालल्लाहु या ईसा अिन्नी मुतवफ़्फ़ीक व राफ़िअुक अिलैय व मुतह्हिरुक मिनल्लजीन कफ़रू व जाअिलुल्लजीनत्तबअूक फ़ौक़ल्लजीन कफ़रू अिला यौमिल्क़ियामति ज् सुम्म अिलैय मर्जिअुकुम् फ़अह्कुमु बैनकुम् फ़ी मा कुन्तुम् फ़ीहि तख़्तलिफ़ून (५५) फ़अम्मल्लजीन कफ़रू फ़अुअज्जिबुहुम् अ़ज़ाबन् शदीदन् फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ज् व मा लहुम् मिन्नासिरीन (५६) व अम्मल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़युवफ़्फ़ीहिम् अुजूरहुम् त् वल्लाहु ला युहिब्बुज्जालिमीन (५७) जालिक नत्लूहु अलैक मिनल्आयाति वज्जिक्रिल् - हकीमि (५८) अिन्न मस्ल ईसा अिन्दल्लाहि कमस्लि आदम त् ख़लक़हु मिन् तुराबिन् सुम्म क़ाल लहु कुन् फ़यकूनु (५९) अल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक फ़ला तकुम्मिनल्-मुम्तरीन (६०) फ़मन् हाज्जक फ़ीहि मिम्बअ़्दि मा जाअक मिनल्अिल्मि फ़क़ुल् तआलौ नद्अु अब्नाअना व अब्नाअकुम् वनिसाअना व निसाअकुम् व अन्फ़ुसना व अन्फ़ुसकुम् क़िफ़् सुम्म नब्तहिल् फ़नज्अल् लअ़नतल्लाहि अलल्काजिबीन (६१) अिन्न हाजा लहुवल्-क़स्सुल्-हक़्क़ु ज् व मा मिन् अिलाहिन् अिल्लल्लाहु त् व अिन्नल्लाह लहुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (६२) फ़अिन् तवल्लौ फ़अिन्नल्लाह अलीमुम्-बिल्मुफ़्सिदीन (६३) ★ क़ुल् या अह्लल्किताबि तआलौ अिला कलिमतिन् सवाअिम् - बैनना व बैनकुम् अल्ला नअ़्बुद अिल्लल्लाह व ला नुशरिक बिहि शैअौंव ला यत्तख़िज बअ़्ज़ुना बअ़्ज़न् अरबाबम्मिन् दूनिल्लाहि त् फ़अिन् तवल्लौ फ़क़ूलुश्हदू बिअन्ना मुस्लिमून (६४)

ذلك الرسل ٣ ٤٥ آل عمران ٣
وَاتَّبَعْنَا الرَّسُولَ فَاكْتُبْنَا مَعَ الشَّهِدِينَ ۝ وَمَكَرُوا وَمَكَرَ اللَّهُ
وَاللَّهُ خَيْرُ الْمَكِرِينَ ۝ إِذْ قَالَ اللَّهُ يَعِيسَى إِنِّي مُتَوَفِّيكَ وَ
رَافِعُكَ إِلَيَّ وَمُطَهِّرُكَ مِنَ الَّذِينَ كَفَرُوا وَجَاعِلُ الَّذِينَ
اتَّبَعُوكَ فَوْقَ الَّذِينَ كَفَرُوا إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ ۚ ثُمَّ إِلَيَّ مَرْجِعُكُمْ
فَأَحْكُمُ بَيْنَكُمْ فِيمَا كُنتُمْ فِيهِ تَخْتَلِفُونَ ۝ فَأَمَّا الَّذِينَ كَفَرُوا
فَأُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا شَدِيدًا فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ ۖ وَمَا لَهُم مِّن
نَّصِرِينَ ۝ وَأَمَّا الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ فَيُوَفِّيهِمْ أُجُورَهُمْ
وَاللَّهُ لَا يُحِبُّ الظَّالِمِينَ ۝ ذَٰلِكَ نَتْلُوهُ عَلَيْكَ مِنَ الْآيَاتِ وَالذِّكْرِ
الْحَكِيمِ ۝ إِنَّ مَثَلَ عِيسَىٰ عِندَ اللَّهِ كَمَثَلِ آدَمَ خَلَقَهُ مِن تُرَابٍ
ثُمَّ قَالَ لَهُ كُن فَيَكُونُ ۝ الْحَقُّ مِن رَّبِّكَ فَلَا تَكُن مِّنَ
الْمُمْتَرِينَ ۝ فَمَنْ حَاجَّكَ فِيهِ مِن بَعْدِ مَا جَاءَكَ مِنَ الْعِلْمِ
فَقُلْ تَعَالَوْا نَدْعُ أَبْنَاءَنَا وَأَبْنَاءَكُمْ وَنِسَاءَنَا وَنِسَاءَكُمْ وَأَنفُسَنَا وَ
أَنفُسَكُمْ ثُمَّ نَبْتَهِلْ فَنَجْعَل لَّعْنَتَ اللَّهِ عَلَى الْكَاذِبِينَ ۝ إِنَّ
هَٰذَا لَهُوَ الْقَصَصُ الْحَقُّ ۚ وَمَا مِنْ إِلَٰهٍ إِلَّا اللَّهُ ۚ وَإِنَّ اللَّهَ
لَهُوَ الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ ۝ فَإِن تَوَلَّوْا فَإِنَّ اللَّهَ عَلِيمٌ بِالْمُفْسِدِينَ ۝
قُلْ يَا أَهْلَ الْكِتَابِ تَعَالَوْا إِلَىٰ كَلِمَةٍ سَوَاءٍ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ أَلَّا نَعْبُدَ
إِلَّا اللَّهَ وَلَا نُشْرِكَ بِهِ شَيْئًا وَلَا يَتَّخِذَ بَعْضُنَا بَعْضًا أَرْبَابًا مِّن
منزل

और यहूद ने (ईसा अ० के क़त्ल के लिए) चाल (साज़िश) की और अल्लाह ने भी (यहूद से ईसा अ० को बचाने के लिए) चाल की और अल्लाह चाल करने वालों में सबसे अच्छा चाल करने वाला है‡ ।(५४) ★ ●

(और वह भी याद करो जब) अल्लाह ने कहा ऐ ईसा! (दुनिया में तुम्हारे रहने की मुद्दत पूरी करके) मैं तुमको वफ़ात दूँगा और तुमको (अभी) अपनी तरफ़ उठा लूँगा और काफ़िरों (की सोहबत) से तुमको पाक कर दूँगा, और जिन लोगों ने तुम्हारी पैरवी की है उनको क़ियामत के दिन तक काफ़िरों पर ग़ालिब (प्रबल) रखूँगा, फिर तुम (सबको) मेरी तरफ़ लौटकर आना है। फिर जिन बातों में तुम्हारे बीच मतभेद रहा है उसके बारे में तुम्हारे बीच (उस दिन) फ़ैसला कर दूँगा। (५५) यानी जिन्होंने (तुम्हारी पैग़म्बरी से) इन्कार किया, तो उनको दुनिया और आख़िरत (दोनों) में बड़ी सख़्त मार दूँगा और कोई उनका सहायक न होगा।(५६) और जो लोग ईमान लाये और जिन्होंने नेक काम किये तो अल्लाह उनको पूरा पूरा बदला देगा और अल्लाह अधर्मियों (अन्यायियों) को पसंद नहीं करता।(५७) (ऐ पैग़म्बर!) यह आयतें और हिकमत (ज्ञान) भरी नसीहतें हम तुमको पढ़ पढ़कर सुना रहे हैं।(५८) बेशक अल्लाह के नज़दीक ईसा की मिसाल आदम की जैसी है (कि अल्लाह ने) मिट्टी से आदम के शरीर को बनाकर फिर उसको @ हुक्म दिया कि हो और वह हो गया।(५९) (ऐ पैग़म्बर!) यह तो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से सत्य (प्रकट) है तो (कहीं) तुम (भी) शक करनेवालों में से न हो जाना।(६०) फिर जब तुमको (ईसा अ० की बाबत) सच्चाई मालूम हो चुकी, उसके बाद भी तुमसे उनके बारे में कोई हुज्जत करने लगे, तो कहो कि आओ हम अपने बेटों को बुलावें (और) तुम अपने बेटों को (बुलाओ) और हम अपनी औरतों को (बुलायें) और तुम भी अपनी औरतों को (बुलाओ) और हम अपने तईं और तुम अपने तईं (भी शरीक) करो, फिर हम (सब मिलकर) अल्लाह के सामने दिल से दुआ करें और झूठों पर अल्लाह की लानत भेजें। (६१) (ऐ पैग़म्बर!) बेशक यही बयान सच्चा है और अल्लाह के सिवाय कोई बन्दगी के क़ाबिल नहीं और बेशक अल्लाह ही ज़बरदस्त (और) हिकमतवाला है।(६२) इस पर (भी) अगर (ये लोग) न मानें, तो बेशक अल्लाह फ़सादियों से ख़ूब जानकार है।(६३)★

कहो कि ऐ किताबवालो! आओ ऐसी बात की तरफ़ जो हमारे और तुम्हारे दर्मियान में एकसाँ (तसलीम) है कि अल्लाह के सिवाय (हम) किसी दूसरे की पूजा न करें और किसी चीज़ को उसका शरीक न ठहरावें और हममें से कोई अल्लाह के सिबाय किसी दूसरे को परवरदिगार न ठहरायें। फिर अगर (इस सीधी सच्ची बात से भी) मुँह मोड़ें तो (मुसलमानों! तुम) कह दो कि तुम (हमारे) इस बात के गवाह रहो कि हम तो (एक ही अल्लाह के) आज्ञाकारी हैं। (६४)

‡ यहूदियों ने उस समय के बादशाह को बहका कर उससे हज़रत ईसा अ०के क़त्ल के लिए सूली का हुक्म तो लिया, मगर अल्लाह तआ़ला ने ऐसी तजवीज़ की कि हज़रत ईसा अ०जैसी शक्ल एक दूसरे आदमी की बना दी। वह क़त्ल कर दिया गया और हज़रत ईसा अ०को अल्लाह ने आसमान पर उठा लिया। ज़ालिम अपनी बन्दिशें बाँधते रहते हैं, लेकिन अल्लाह उन्हें नाकाम कर देता है। @ ईसा अ. के बिना बाप के जन्म लेने से उनका अल्लाह का बेटा होना नहीं सिद्ध होता। देखो ईसा अ. के केवल बाप न थे, परन्तु उनकी माता अवश्य थीं; लेकिन हज़रत आदम अ०के तो मां-बाप दोनो ही न थे। ईसाई ह० आदम अ०को अल्लाह का बेटा नहीं कहते, तब हज़रत ईसा अ०को ऐसा क्यों कहते हैं? अल्लाह ने जैसे ह० आदम अ. को बिना माँ बाप के पैदा कर दिया वैसे ही हज़रत ईसा अ० को भी।

या अह्लल्किताबि लिम तुह्ऽज्जून फ़ी अिब्राहीम व मा अुन्ज़िलतित्तौरातु वल्अिन्जीलु अिल्ला मिम्बअ़्दिहि त अफ़ला तअ़्क़िलून (६५) हा अन्तुम् हा अुलाअि ह़ाजज्तुम् फ़ीमा लकुम् बिहि अिल्मुन् फ़लिम तुह्ऽज्जून फ़ी मा लैस लकुम् बिहि अिल्मुन् त वल्लाहु यअ़्लमु व अन्तुम् ला तअ़्लमून (६६) मा कान अिब्राहीमु यहूदीयौंव ला नस्रानीयौंव लाकिन् कान ह़नीफ़म्मुस्लिमन् त व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (६७) अिन्न औलन्नासि बिअिब्राहीम लल्लजीनत्तबअ़ूहु व हाजन्नबीयु वल्लजीन आमनू त वल्लाहु वलीयुल्मुअ्मिनीन (६८) वद्दत्ता अिफ़्तुम्-मिन् अह्लिल्किताबि लौ युज़िल्लूनकुम् त व मा युज़िल्लून अिल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अुरून (६९) या अह्लल्किताबि लिम तक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि व अन्तुम् तश्हदून (७०) या अह्लल्किताबि लिम तल्बिसूनल्ह़क़्क़ बिल्बात़िलि व तक्तुमूनल्ह़क़्क़ व अन्तुम् तअ़्लमून (७१) ★ व कालत्ता अिफ़्तुम्-मिन् अह्लिल्किताबि आमिनू बिल्लजी अुन्ज़िल अलल्लजीन आमनू वज्ह़न्नहारि वक्फ़ुरू आख़िरहू लअल्लहुम् यर्जिअ़ून ج सला (७२) व ला तुअ्मिनू अिल्ला लिमन् तबिअ दीनकुम् त क़ुल् अिन्नल्हुदा हुदल्लाहि ला अैंयुअ्ता अह़दुम्मिस्ल मा अूतीतुम् औ युह़ाज्जू कुम् अिन्द रब्बिकुम् त क़ुल् अिन्नल्फ़ज़्ल बियदिल्लाहि ج युअ्तीहि मैंयशाअु त वल्लाहु वासिअ़ुन् अलीमुन् ج ला (७३) ख़ ़यख़्तस्सु बिरह़्मतिहि मैंयशाअु त वल्लाहु जुल्फ़ज़्लिल्अ़ज़ीमि (७४)

★ रु. ७ — १५ आ ८

ऐ किताबवालो ! इब्राहीम के बारे में क्यों झगड़ते हो (कि वह यहूदी थे या नसरानी)। तौरात और इञ्जील तो उनके बाद उतरी हैं। तुम समझ से क्यों नहीं काम लेते ?(६५) (देखो, तुम लोगों ने) ऐसी बातों में झगड़ा तो किया ही था जिनकी बाबत तुमको जानकारी थी। मगर जिसकी बाबत तुमको (कुछ भी) इल्म नहीं, उसमें तुम क्यों झगड़ा करते हो, और अल्लाह जानता है और तुम नहीं जानते§।(६६) इब्राहीम न यहूदी थे और न नसरानी; बल्कि (हमारे) एक आज्ञाकारी सेवक थे और मुशरिकों में से (भी) न थे॰।(६७) बेशक इब्राहीम के ज़्यादा नज़दीकी तो वह लोग हैं जिन्होंने उनकी पैरवी की (एक ईश्वर को माना), और यह पैग़म्बर (मुहम्मद स०) और (मुसलमान) जो ईमान लाये हैं; और अल्लाह तो ईमान लाने वालों का दोस्त है (६८) (ऐ मुसलमानो !) किताबवालों में से एक गिरोह तो यही चाहता है कि किसी तरह तुमको भटका दे; हालाँकि वह ख़ुद ही भटकते हैं और समझते नहीं हैं।(६९) (ऐ किताबवालो !) अल्लाह की आयतों से क्यों इन्कार करते हो हालाँकि तुम गवाह (तौरात के क़ायल) हो।(७०) ऐ किताबवालो ! क्यों सच में झूठ को मिलाते हो और सच को जानबूझ कर छिपाते हो।(७१) ★

और किताबवालों में से एक गिरोह (अपने लोगों को) समझाता है—मुसलमानों पर जो किताब उतरी है, उस पर ईमान शुरू दिन (पहले तो) लाओ और आख़िर दिन (बाद) में उससे इन्कार कर दिया करो। शायद (यह मुसलमान भी) फिर जायँ‡।(७२) और जो तुम्हारे दीन की पैरवी करे, उसके सिवाय दूसरे का एतबार न करो। (ऐ पैग़म्बर) कह दो कि हिदायत (निर्देश) तो वही है, जो हिदायत अल्लाह की तरफ़ से है,(लेकिन डाह से तुम ऐसी बातें)इस लिये(करते हो)कि जो चीज़ तुमको मिली थी वैसी ही चीज़ (किताब) किसी और(याने मुसलमानों) को मिल गई या वह लोग तुम्हारे परवरदिगार के यहाँ तुम पर ग़ालिब (प्रबल) हो जायँ। कह दो कि बड़ाई तो अल्लाह ही के हाथ में है; जिसको चाहे दे और अल्लाह बड़ा गुञ्जाइशवाला (सर्वव्यापी) है और (सब कुछ) जानता है।(७३) जिसको चाहे अपनी कृपा के लिए ख़ास चुन ले और अल्लाह की दया अपरम्पार है, (७४)

★ रु० ७ — १५ आ ८

§ यहूदियों और ईसाइयों से कहा जाता है कि तौरात और इञ्जील जिनकी बाबत तुमको कुछ-कुछ ज्ञान था, तुम लोग तो उनकी बाबत भी आपस में झगड़ते रहे हो। लेकिन जिन बातों का तुमको कुछ भी ज्ञान नहीं मसलन हज़रत इबराहीम अ० की बाबत, जिनके समय तुम्हारा वजूद भी न था, तो यह कहाँ तक मुनासिब है ? ॰ हज़रत इब्राहीम अ० को सब अरब वाले अपना पेशवा मानते थे। यहूदी कहते थे—वह यहूदी थे। इसी तरह मुशरिक उनको अपने धर्मवाला मानते थे। ईसाई उनको ईसाई। लेकिन रसुलुल्लाह कहते थे कि न तो वह यहूदी थे, न ईसाई और न मुशरिक। वह तो एक अल्लाह के मानने वाले थे। इस पर ईसाई और यहूदी मुहम्मद स० से झगड़ते थे। ‡ ख़ैबर के कुछ यहूदियों का खड़यंत्र था कि पहले तो इस्लाम मान कर मुसलमानों में घुलमिल जाओ और फिर उसे बदनाम करके छोड़ दो और साथ में मुसलमानों को भी डगमगा दो। पहले बनावटी तौर पर मुसलमान बन जाओ और फिर ऐब निकाल कर किनारा कर लो कि रसूल को तौरात के मुताबिक़ नहीं पाया।

व मिन् अह्लिल्किताबि मन् इन् तअ्मन्हु बिक़िन्तारीयुअद्दिहॖ इलैक ज् व मिन्हुम् मन् इन् तअ्मन्हु बिदीनारिल्ला युअद्दिहॖ इलैक इल्ला मा दुम्त अ्लैहि क़ाअिमन् ट् जालिक बिअन्नहुम् क़ालू लैस अ्लैना फ़िल्अुम्मीयॖन सबीलुन् ज् व यक़ूलून अल्लल्लाहिल्-कजिब व हुम् यअ्लमून (७५) बला मन् औफ़ा बिअ्हदिहॖ वत्तक़ा फ़अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-मुत्तक़ीन (७६) अिन्नल्लजीन यश्तरून बिअ्हदिल्लाहि व अैमानिहिम् समनन् क़लीलन् अुलाअिक ला ख़लाक़ लहुम् फ़िल्आख़िरति व ला युकल्लिमुहुमुल्लाहु व ला यन्जुरु अिलैहिम् यौमल्क़ियामति व ला युज़क्कीहिम् ट् व लहुम् अ्जाबुन् अलीमुन् (७७) व अिन्न मिन्हुम् लफ़रीक़ैयल्वून अल्सिनतहुम् बिल्किताबि लितह्सबूहु मिनल्किताबि व मा हुव मिनल्किताबि ज् व यक़ूलून हुव मिन् अिन्दिल्लाहि व मा हुव मिन् अिन्दिल्लाहि ज् व यक़ूलून अल्लल्लाहिल्कजिब व हुम् यअ्लमून (७८) मा कान लिबशरिन् अैंयुअ्तियहुल्लाहुल् - किताब वल्हुक्म वन्नुबूवत्त सुम्म यक़ूल लिन्नासि कूनू अिबादल्ली मिन् दूनिल्लाहि व लाकिन् कूनू रब्बानीयॖन बिमा कुन्तुम् तुअ्ल्लिमूनल्किताब व बिमा कुन्तुम् तद्रुसून ला (७९) व ला यअ्मुरकुम् अन् तत्तख़िजुल्-मला अिकत्त वन्नबीयॖन अर्बाबन् ट् अयअ्मुरुकुम् बिल्कुफ़्रि बअ्द अिज् अन्तुम् मुस्लिमून (८०) ★ व अिज् अख़ज़ल्लाहु मीसाक़न्नबीयॖन लमा आतैतुकुम् मिन् किताबिव्व हिक्मतिन् सुम्म जाअकुम् रसूलुम् मुसद्दिक़ुल्लिमा मअ्कुम् लतुअ्मिनुन्न बिहॖ व लतन्सुरुन्नहू ट् क़ाल अअक़्रर्तुम् व अख़ज्तुम् अला जालिकुम् अिस्री ट् क़ालू अक़्रर्ना ट् क़ाल फ़श्हदू व अना मअ्कुम् मिनश्शाहिदीन (८१)

और किताबवालों में से कोई तो ऐसे हैं कि अगर उनके पास नक़द (रुपये) का ढेर अमानत रखवा दो तो (जब मांगो) तुम्हारे हवाले करें और उनमें से कोई ऐसे हैं कि एक अशर्फ़ी उनके पास अमानत रखवा दो, तो वह तुमको वापिस न दें, जब तक (हर वक़्त तक़ाज़े के लिए) उनके सर पर खड़े न रहो। यह इस लिए कि वह कहते हैं कि जाहिलों के हक़ (मार लेने) की हमसे पूछ-ताछ नहीं होगी♦ और (इस तरह) जान-बूझकर अल्लाह पर झूठ मढ़ते हैं।(७५) हाँ, जो शख़्स अपना इक़रार पूरा करे और अल्लाह से डरे तो अल्लाह (बुराई से) बचनेवालों को दोस्त रखता है।(७६) बेशक जो लोग अल्लाह से किये गये इक़रारों और अपनी क़समों को थोड़ी क़ीमत (लाभ) के लिए त्याग देते हैं तो यही लोग हैं जिनका आख़िरत में कुछ हिस्सा नहीं और क़ियामत के दिन अल्लाह इनसे न तो बात करेगा और न इनकी तरफ़ देखेगा और न इनको सवाँरेगा। इनके लिए तो दुखदायी अज़ाब (दण्ड) है।(७७) और इन्हीं (किताबवालों) में कोई ऐसे हैं जो किताब (तौरात) को पढ़ते वक़्त अपनी ज़बान ऐंठाते हैं ताकि तुम समझो कि वह भी किताब का अंश है हालाँकि वह (असल) किताब का हिस्सा नहीं और कहते हैं कि यह अल्लाह के यहाँ से (उतरा) है, हालाँकि वह अल्लाह के यहाँ से नहीं उतरा है, और ये जान-बूझकर अल्लाह पर झूठ गढ़ते हैं।(७८) किसी मनुष्य को शोभा नहीं देता कि अल्लाह तो उसको किताब और हुक्म और पैग़म्बरी दे—और वह लोगों से कहने लगे कि अल्लाह को छोड़कर मेरे बन्दे बनो◎ बल्कि (वह कहेगा कि ऐ किताबवालो!) तुम अल्लाह वाले बन जाओ इस लिए कि तुम लोग (दूसरों को) किताब पढ़ाते रहे हो और तुम (ख़ुद भी) पढ़ते हो। (७९) और वह तुमसे यह भी नहीं कहेगा कि तुम फ़रिश्तों और पैग़म्बरों को परवरदिगार मानो—तुम तो इस्लाम मान चुके हो और वह इसके बाद क्या तुम्हें कुफ़्र करने को कहेगा।(८०)★

और (ऐ पैग़म्बर! याद दिलाओ) जबकि अल्लाह ने पैग़म्बरों से वादा लिया कि मैं तुमको जो किताब और इल्म दूँ फिर कोई (और) पैग़म्बर तुम्हारे पास आये (और) जो तुम्हारे पास (किताबें) हैं उनकी तसदीक़ करे, तो देखो, ज़रूर उस पर ईमान लाना और ज़रूर उसकी मदद करना। (और वादा लेने के बाद अल्लाह ने) पूछा क्या तुमने इक़रार किया? और इन बातों में मेरी डाली ज़िम्मेदारी का बोझ क़ुबूल किया? तो वे बोले हम इक़रार करते हैं। (अल्लाह ने) फ़र्माया अच्छा तो गवाह रहना और गवाहों में मैं भी तुम्हारे साथ गवाह हूँ‡।(८१)

रु. ८ १६ आ ९

[पिज८६ से] ताक़त के बारे में अक्सर इसी तरह के शक पैदा होते रहे हैं, और कभी कभी ग़ुरूर या लाइल्मी उनको अज्ञान में डाल देती है। और ऐसे मौक़ों पर नबी ऐसी ही नज़ीरों से इन्सानों का अज्ञान या अहंकार दूर करते आये हैं। वैसे बाज़ आलिमों के मत से यह ज़िक्र हज़रत उज़ैर अ०का है। पहले उनकी समझ में न आता था कि अल्लाह मरनेवालों को कैसे जिला सकता है। जब वह स्वयं मर कर फिर जी उठे तो उनको विश्वास हुआ।

♦ यहूदी कहते थे कि मूर्खों का या अन्य धर्म के माननेवालों का धन जिस प्रकार मिले, हड़प लो। ख़ुदा के यहाँ इसकी कोई पूछ-ताछ न होगी। यह ऐब हर क़ौम के लोगों में अक्सर दाख़िल हो जाता है। वे आपस में पूरे ईमानदार होते हुये भी अपने से ग़ैर फ़िरक़े या क़ौम को धोखा देकर या उनका माल ज़ब्त कर लेने में ऐब नहीं समझते। इस्लाम इसकी निन्दा करता है। ◎ यहूदी कहते थे कि ईसा अ. ने अल्लाह के अलावा अपनी भी बन्दगी करने के लिए फ़र्माया, इसलिए हम उनको बुरा समझते हैं। इसका जवाब दिया गया है कि वह तो रसूल थे; वह ऐसी ग़लत बात कैसे कह सकते थे? ‡ इस आयत का ख़ुलासा यह है कि अल्लाह ने पिछले नबियों से यह वचन लिया था कि जो किताब व ज्ञान मैंने तुमको दिया है उसका यदि फिर कोई रसूल आकर समर्थन करे तो तुम सब भी उस पर ईमान लाना और उसकी मदद करना। नबियों ने अल्लाह से इसका वचन दिया। इसपर अल्लाह ने इन नबियों को व ख़ुद अपने को इस प्रतिज्ञा का गवाह (साक्षी) बनाया। अर्थात् इस वचन को, अल्लाह व नबियों को साक्षी मानकर, उनके पैरोकार भी मानें। लेकिन अब यहूदी रसूलुल्लाह (मुहम्मद स०) को पैग़म्बर व क़ुर्आन को ईश्वराज्ञा माननेसे हट रहे थे जिनकी पेशींगोई तौरात में पहले से मौजूद है।

फ़मन् तवल्ला बअ़्द जालिक फ़अुला अिक हुमुल्फ़ासिक़ून (८२) अफ़ग़ैर दीनिल्लाहि यब्ग़ून व लहू अस्लम मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तौअ़्वं कर्हौंव अिलैहि युर्जअ़ून (८३) क़ुल् आमन्ना बिल्लाहि व मा अुन्ज़िल अलैना व मा अुन्ज़िल अला अिब्राहीम व अिस्माअ़ील व अिस्हाक़ व यअ़्क़ूब वल्अस्बाति व मा अूतिय मूसा व अीसा वन्नबीयून मिर्रब्बिहिम् ल़ा नुफ़र्रिक़ु बैन अहदिम्मिन्हुम् ज़ व नह्नु लहू मुस्लिमून (८४) व मैंयब्तग़ि ग़ैरल्अिस्लामि दीनन् फ़लैंयुक़्बल मिन्हु ज़ व हुव फ़िल्आख़िरति मिनल्ख़ासिरीन (८५) कैफ़ यह्दिल्लाहु क़ौमन् कफ़रू बअ़्द अीमानिहिम् व शहिदू अन्नर्रसूल हक़्क़ुंव जा अ हुमुल्बैयिनातु त़ वल्लाहु ला यह्दिल्क़ौमज्जालिमीन (८६) अुला अिक जज़ा अुहुम् अन्न अलैहिम् लअ़्नतल्लाहि वल्मला अिकति वन्नासि अज्मअ़ीन ला (८७) ख़ालिदीन फ़ीहा ज़ ला युख़फ़्फ़फ़ु अन्हुमुल्अ़ज़ाबु व ला हुम् युन्ज़रून ला (८८) अिल्लल्लजीन ताबू मिम्बअ़्दि जालिक व अस्लहू क़िफ़ फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (८९) अिन्नल्लजीन कफ़रू बअ़्द अीमानिहिम् सुम्मज़्दादू कुफ़्रल्लन् तुक़्बल तौबतुहुम् ज़ व अुला अिक हुमुज़्ज़ा ल्लून (९०) अिन्नल्लजीन कफ़रू व मातू व हुम् कुफ़्फ़ारुन् फ़लैंयुक़्बल मिन् अहदि हिम्मिल्अुल्अर्ज़ि जहबौंव लविफ़्तदा बिहि त़ अुला अिक लहुम् अ़जाबुन् अलीमूँव मा लहुम् मिन्नासिरीन (९१) ★

تلك الرسل ٣٠ آل عمران
إِصْرِى قَالُوٓا۟ أَقْرَرْنَا ۚ قَالَ فَٱشْهَدُوا۟ وَأَنَا۠ مَعَكُم مِّنَ ٱلشَّٰهِدِينَ ﴿٨١﴾
فَمَن تَوَلَّىٰ بَعْدَ ذَٰلِكَ فَأُو۟لَٰٓئِكَ هُمُ ٱلْفَٰسِقُونَ ﴿٨٢﴾ أَفَغَيْرَ دِينِ ٱللَّهِ
يَبْغُونَ وَلَهُۥٓ أَسْلَمَ مَن فِى ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلْأَرْضِ طَوْعًا وَكَرْهًا
وَإِلَيْهِ يُرْجَعُونَ ﴿٨٣﴾ قُلْ ءَامَنَّا بِٱللَّهِ وَمَآ أُنزِلَ عَلَيْنَا وَمَآ أُنزِلَ
عَلَىٰٓ إِبْرَٰهِيمَ وَإِسْمَٰعِيلَ وَإِسْحَٰقَ وَيَعْقُوبَ وَٱلْأَسْبَاطِ وَمَآ
أُوتِىَ مُوسَىٰ وَعِيسَىٰ وَٱلنَّبِيُّونَ مِن رَّبِّهِمْ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ
أَحَدٍ مِّنْهُمْ وَنَحْنُ لَهُۥ مُسْلِمُونَ ﴿٨٤﴾ وَمَن يَبْتَغِ غَيْرَ ٱلْإِسْلَٰمِ دِينًا
فَلَن يُقْبَلَ مِنْهُ ۚ وَهُوَ فِى ٱلْءَاخِرَةِ مِنَ ٱلْخَٰسِرِينَ ﴿٨٥﴾ كَيْفَ يَهْدِى
ٱللَّهُ قَوْمًا كَفَرُوا۟ بَعْدَ إِيمَٰنِهِمْ وَشَهِدُوٓا۟ أَنَّ ٱلرَّسُولَ حَقٌّ وَ
جَآءَهُمُ ٱلْبَيِّنَٰتُ ۚ وَٱللَّهُ لَا يَهْدِى ٱلْقَوْمَ ٱلظَّٰلِمِينَ ﴿٨٦﴾ أُو۟لَٰٓئِكَ
جَزَآؤُهُمْ أَنَّ عَلَيْهِمْ لَعْنَةَ ٱللَّهِ وَٱلْمَلَٰٓئِكَةِ وَٱلنَّاسِ أَجْمَعِينَ ﴿٨٧﴾
خَٰلِدِينَ فِيهَا ۖ لَا يُخَفَّفُ عَنْهُمُ ٱلْعَذَابُ وَلَا هُمْ يُنظَرُونَ ﴿٨٨﴾
إِلَّا ٱلَّذِينَ تَابُوا۟ مِنۢ بَعْدِ ذَٰلِكَ وَأَصْلَحُوا۟ فَإِنَّ ٱللَّهَ غَفُورٌ
رَّحِيمٌ ﴿٨٩﴾ إِنَّ ٱلَّذِينَ كَفَرُوا۟ بَعْدَ إِيمَٰنِهِمْ ثُمَّ ٱزْدَادُوا۟ كُفْرًا لَّن
تُقْبَلَ تَوْبَتُهُمْ ۖ وَأُو۟لَٰٓئِكَ هُمُ ٱلضَّآلُّونَ ﴿٩٠﴾ إِنَّ ٱلَّذِينَ كَفَرُوا۟ وَمَاتُوا۟
وَهُمْ كُفَّارٌ فَلَن يُقْبَلَ مِنْ أَحَدِهِم مِّلْءُ ٱلْأَرْضِ ذَهَبًا وَلَوِ
ٱفْتَدَىٰ بِهِۦٓ ۗ أُو۟لَٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ وَمَا لَهُم مِّن نَّٰصِرِينَ ﴿٩١﴾
ع ٩
منزل

★ रु. ६ — १७ आ ११

॥ इति तीसरा पारः ॥

तो इसके बाद भी जो कोई (वादे से) फिर जावे तो वही लोग बेहुक्म (अवज्ञाकारी) हैं।(८२) (तो)क्या यह लोग अल्लाह के दीन के सिवाय किसी और दीन की तलाश में हैं ? हालाँकि जो (भी लोग) आसमानों और ज़मीन में हैं खुशी से या लाचारी से अल्लाह के फ़र्माबर्दार हैं और उसी की तरफ़ सबको लौटकर जाना है।(८३) (ऐ पैग़म्बर !) कहो हम अल्लाह पर ईमान लाये और जो किताब हम पर उतरी है उस पर और जो सहीफ़े(किताबें)इब्राहीम और इस्माईल और इसहाक़ और याक़ूब और याक़ूब की औलाद पर उतरे उन पर और मूसा और ईसा और दूसरे पैग़म्बरों को जो (किताबें) उनके पालनकर्त्ता की तरफ़ से मिलीं हम उनमें से किसी को जुदा नहीं करते और हम तो उसी एक अल्लाह के हुक्म पर हैं।(८४) और जो शख़्स अल्लाह के दीन के सिवा किसी और दीन को तलाश करेगा तो(अल्लाह के यहाँ)उसका वह दीन हरगिज़ क़बूल नहीं और वह आख़िरत में नुक़सान उठानेवालों में से होगा।(८५) अल्लाह ऐसे लोगों को क्यों हिदायत देने लगा जो ईमान लाने के बाद इन्कार करने लगे और (जबकि) वह इक़रार कर चुके थे कि पैग़म्बर (आख़िरी नबी यानी मुहम्मद स०) सच्चा है और उनके पास खुले सुबूत भी आ चुके और अल्लाह (ऐसे) ज़ालिमों को हिदायत नहीं दिया करता।(८६) ऐसे लोगों की सज़ा यह है कि इन पर अल्लाह की और फ़रिश्तों की और लोगों की सबकी लानत (हो) (८७) कि उसी (लानत) में हमेशा रहेंगे, न तो इनकी सज़ा ही हल्की की जायगी और न उनको मुहलत ही दी जायगी।(८८) हाँ, जिन लोगों ने इसके बाद तौबः की और (अपना) सुधार कर लिया, तो अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बड़ा मेहरबान है।(८९) बेशक जो लोग ईमान लाने के बाद फिर बैठे, फिर उनकी इन्कारी बढ़ती (ही) गई तो ऐसों की तौबः किसी तरह क़ुबूल नहीं होगी और यही लोग भटके हुए हैं।(९०) बेशक जो लोग काफ़िर (इन्कारी) हुए और इन्कारी ही की हालत में मर गये तो उनमें का कोई शख़्स ज़मीन के बराबर भी सोना बदले में देना चाहे तो हरगिज़ क़ुबूल नहीं किया जायगा। यही लोग हैं जिनको दुखदाई सज़ा होगी और उनका कोई भी मददगार नहीं होगा।(९१)★

रु. ९ । १७ आ ११

॥ इति तीसरा पारः ॥

[पिज ६६ से] हिजरी के इर्द गिर्द नाज़िल होती रही। आयात १-२० में पिछली किताबों की तसदीक़ करते हुये क़ुर्आन का प्रकाश, उसको समझने और एक महज़ अल्लाह की भक्ति और सच्चे दीन पर ईमान लाने के रास्ते में रुकावटों को उखाड़ फेंकने की हिदायत है। आ. २१-३० में जिनके पास किताब का कुछ इल्म है,वे अगर पूरी किताब याने क़ुर्आन को मानने से इन्कार करते हैं तो मुसलमानों को ऐसे किताबवालों से बिलकुल क़तअ़ल्लुक़ कर लेने की हिदायत है। आ. ३१-६३ में इम्रान के ख़ान्दान (यहूदियों) से लेकर हज़रत ईसा अ० व उनके चमत्कारों का बयान है। आ. ६४-१२० में कहा गया है कि ईश्वरीय ज्ञान नबियों के ज़रिये हमेशा उतरता रहा है और क़ुर्आन में आकर उस ज्ञान की पूर्णता हुई है और सारे मतभेद ख़त्म हो गये हैं। मुसलमानों को आपस में प्रेम और संगठन से रहने और काफ़िरों की दोस्ती से बाज़ रहने की हिदायत और अल्लाह की ओर से दुश्मनों के मुक़ाबिल उनकी हमेशा सरसब्ज़ी का इत्मीनान दिया गया है। आ. १२१-१४८ में बदर की लड़ाई में सब्र, ईमान, क़ुर्बानी और साबितक़दमी पर क़ायम रहना अल्लाह की मदद का नमूना है। उसके बरक्स ऊहद की लड़ाई में मुसलमानों को अपनी अन्दरूनी कमज़ोरियों को दूर करने की नसीहत मिलती है। अल्लाह पर भरोसा रख कर जिहाद करने वालों को दुनिया और आख़िरत दोनों में अ़िनऽ़म (पुरस्कार) है। आ. १४६-१८० में मुसलमानों के नुक़सान के ज़िम्मेदार उनमें के ही कुछ मुनाफ़िक़ ख़ुदग़रज़, बुज़दिल और ढुलमुलयक़ीन लोगों का ज़िक्र है, लेकिन उनके बावजूद अल्लाह के रास्ते पर चलने वालों का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता आ.१८१-२०० में दुश्मनों की फ़िक़्रराकशी की परवाह न करते हुये अल्लाह की अ़िबादत की हिदायत है जिससे कामयाबी और बहबूदी में फिर कोई शक नहीं रहता।

✪✪ चौथा पारः लन्तना ✪✪

✪ सूरः आलि अिम्रान आयात ९२ से २०० ✪

लन्तना लुल्बिर्र हत्ता तुन्फ़िक़ू मिम्मा तुहिब्बून ۝ त् व मा तुन्फ़िक़ू मिन् शैअिन् फ़अिन्नल्लाह बिहि अलीमुन् (९२) कुल्लुत्आमि कान हिल्लल्लिबनी अिस्राओील अिल्ला मा हर्रम अिस्राओीलु अला नफ़्सिहि मिन् क़ब्लि अन्तुनज़्ज़लत्तौरातु त् क़ुल् फ़अ्तूबित्तौराति फ़त्लूहा अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (९३) फ़मनिफ़्तरा अलल्लाहिल्कजिब मिम्बअ्दि ज़ालिक फ़अुलाअिक हुमुज्ज़ालिमून ● (९४) क़ुल् सदक़ल्लाहु क़िफ़् फ़त्तबिअू मिल्लत अिब्राहीम हनीफ़न् त् व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (९५) अिन्न औवल बैतिन्वुज़िअ लिन्नासि लल्लज़ी बिबक्कत मुबारकौंव हुदल्लिल्आलमीन ज (९६) फ़ीहि आयातुम् बैयिनातुम्-मक़ामु अिब्राहीम ۝ ज व मन् दख़लहु कान आमिनन् त् व लिल्लाहि अलन्नासि हिज्जुल्बैति मनिस्तताअ अिलैहि सबीलन् त् व मन् कफ़र फ़अिन्नल्लाह ग़नीयुन् अनिल्आलमीन (९७) क़ुल् या अह्लल्किताबि लिम तक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि क सला वल्लाहु शहीदुन् अला मा तअ्मलून (९८) क़ुल् या अह्लल्किताबि लिम तसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि मन् आमन तब्ग़ूनहा अिवजौंव अन्तुम् शुहदाअु त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ्मलून (९९) या अैयुहल्लज़ीन आमनू अिन् तुतीअू फ़रीक़म्मिनल्लज़ीन अूतुल्किताब यरुद्दूकुम् बअ्द ओमानिकुम् काफ़िरीन (१००) व कैफ़ तक्फ़ुरून व अन्तुम् तुत्ला अलैकुम् आयातुल्लाहि व फ़ीकुम् रसूलुहु त् व मैंयअ्तसिम् बिल्लाहि फ़क़द् हुदिय अिला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् (१०१) ★

✪✪ चौथा पारः लन्तना ✪✪

✪ सूरः आलि अ़िम्रान आयात ९२ से २०० ✪

जब तक तुम अपनी प्यारी चीज़ों में से (राहे अल्लाह में) ख़र्च न करोगे, हरगिज़ भलाई हासिल न कर सकोगे। और जो तुम ख़र्च करते (रहते हो) अल्लाह को ख़ूब मालूम है।(९२) कुछ चीज़ें याक़ूब ने (सिर्फ़) अपने ऊपर (बज़रूरत इलाज) हराम§ कर ली थीं। इस (बात) के अलावा तौरात के उतरने से पहले खाने की सब चीज़ें याक़ूब की सन्तान के लिए हलाल थीं। (ऐ पैग़म्बर) कहो कि अगर तुम सच्चे हो तो तौरात ले आओ और ख़ुद उसको पढ़ो देखो।(९३) फिर इसके बाद भी जो कोई अल्लाह पर झूठ बातें मढ़े तो ऐसे ही लोग अन्यायी हैं● ।(९४) कहो कि अल्लाह ने सच फ़र्मा दिया सो इब्राहीम के तरीक़े की पैरवी करो जो एक अल्लाह के हो रहे थे और मुशरिकों (बहुदेव पूजकों) में से न थे।(९५) लोगों के लिए जो (अ़िबादत का) घर सबसे पहले ठहराया गया वह यही है जो मक्के में है। बरकत (बढ़ती) वाला और दुनिया जहान के लोगों के लिए राह दिखानेवाला है।(९६) इसमें खुली हुई निशानियाँ हैं (जिनमें से एक) इब्राहीम के खड़े होने की जगह (इबादतगाह) है और जो इस घर में आ दाख़िल हुआ, चैन में आ गया♦। और लोगों पर अल्लाह के प्रति कर्त्तव्य है कि जिनको उस तक पहुँचने की शक्ति हो, काबे के घर की हज्ज करें और जो उससे मुन्किर (विमुख) हो तो (जानलो) अल्लाह जहान के लोगों की ओर से बेपरवाह (निरपेक्ष) है।(९७) (पैग़म्बर!) कहो कि ऐ किताबवालो! अल्लाह के कलाम से क्यों इन्कार करते हो और तुम्हारी करतूतों को अल्लाह ख़ूब देखता है।(९८) कहो कि ऐ किताबवालो! ईमान ले आनेवालों को नुक़्स निकाल-निकालकर अल्लाह की राह से क्यों रोकते हो? (जबकि सच यह है) कि तुम ख़ुद उसके गवाह हो और अल्लाह तुम्हारी करतूतों से बेख़बर नहीं है (९९) ऐ ईमानवालो! अगर तुम बाज़ किताबवालों का कहा मान लोगे तो वह तुमको ईमान लाने के बाद फिर काफ़िर बना छोड़ेंगे†।(१००) और तुम कैसे कुफ़्र (इन्कारी) अपनाओगे जबकि अल्लाह की आयतें तुमको पढ़-पढ़कर सुनाई जाती हैं और उसके रसूल तुममें मौजूद हैं। और जिसने अल्लाह (की हिदायत) को मज़बूती से पकड़ लिया, तो वह ज़रूर सीधे रास्ते लग गया।(१०१)★

§ यहूदी कहते थे कि ऐ मुहम्मद! तुम इब्राहीम अ० के धर्म पर चलने का दावा करते हो, तो वह चीज़ें क्यों खाते हो जो याक़ूब नहीं खाते थे, जैसे ऊँट का मांस। इसका जवाब दिया गया है कि तौरात उतरने से पूर्व सब चीज़ें इब्राहीम अ० की संतान के लिए हलाल थीं यानी उनको किसी चीज़ का खाना मना न था। याक़ूब अ० भी हर चीज़ खा सकते थे, पर वह एक बीमारी के कारण ऊँट का गोश्त न खाते थे। तौरात में कहीं नहीं लिखा है कि ऊँट का मांस खाना मना है। ♦ क़ुर्आन उतरने से पहले ज़माना जाहिलियत में भी काबा की इतनी इज़्ज़त थी कि कोई अपने ख़ूनी दुश्मन को भी वहाँ मौजूद पा कर उस पर हाथ न उठा सकता था। काबा में दाख़िल हो गया, मानो ख़तरों से बच कर अमन में आगया। † किताबवाले मुसलमानों को बहकाने के लिए अपनी तरफ़ से जोड़-जोड़कर बातें बनाते थे और कहते थे, ये बातें तौरात में लिखी हैं और चूँकि तुम्हारे रसूल तौरात की भी ताईद करते हैं तो इन बातों को तुम क्यों नहीं मानते। इस लिए मुसलमानों को हिदायत दी गई कि शुबहा वाले लोगों या विरोधियों की बात ही न सुनो।

या अैयुहल्लजीन आमनुत्तक़ुल्लाह हक़्क़ तुक़ातिहि व ला तमूतुन्न इल्ला व अन्तुम् मुस्लिमून (१०२) वअ्तसिमू बिहबिल्लाहि जमीअौंव ला तफ़र्रक़ू स वज्कुरू निअ़्मतल्लाहि अलैकुम् इज् कुन्तुम् अअ़्दा अन् फ़अल्लफ़ बैन क़ुलूबिकुम् फ़अस्बहूतुम् बिनिअ़्मतिहि इख़्वानन् ज व कुन्तुम् अला शफ़ा हुफ़्रतिम् मिनन्नारि फ़अन्क़जकुम् मिन्हा त् कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुम् आयातिहि लअल्लकुम् तह्तदून (१०३) वल्तकुम्-मिन्कुम् अुम्मतुँय्यद् अून अिलल्ख़ैरि व यअ्मुरून बिल्मअ़्रूफ़ि व यन्हौन अनिल्मुन्करि त् व अुला अिक हुमुल्मुफ़्लिहून (१०४) व ला तकूनू कल्लजीन तफ़र्रक़ू वख़्तलफ़ू मिम्बअ़्दि मा जा अ हुमुल्बैयिनातु त् व अुला अिक लहुम् अजाबुन् अजीमुन् ला (१०५) य'यौम तब्यज़्ज़ु वुजूहुँव तस्वद्दु वुजूहुन् ज फ़अम्मल्-लजीनस्-वद्दत् वुजूहुहुम् क़िफ़् अकफ़र्तुम् बअ़्द अीमानिकुम् फ़जूक़ुल्अजाब बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (१०६) व अम्मल्लजीनबयज़्ज़त् वुजूहुहुम् फ़फ़ी रहूमतिल्लाहि त् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (१०७) तिल्क आयातुल्लाहि नत्लूहा अलैक बिल्हक़्क़ि त् व मल्लाहु युरीदु जुल्मल्लिल्-आलमीन (१०८) व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व अिलल्लाहि तुर्जअ़ुल्अुमूरु (१०९) ★ कुन्तुम् ख़ैर अुम्मतिन् अुख़्रिजत् लिन्नासि तअ्मुरून बिल्मअ़्रूफ़ि व तन्हौन अनिल्मुन्करि व तुअ्मिनून बिल्लाहि त् व लौ आमन अह्लुल्-किताबि लकान ख़ैरल्लहुम् त् मिन्हुमुल्मुअ्मिनून व अक्सरु हुमुल्फ़ासिक़ून (११०)

ऐ ईमानवालो ! अल्लाह से डरो जैसा कि उससे डरने का हक़ है और मुसलमान रह कर ही मरना। (१०२) और तुम सब मज़बूती से अल्लाह की रस्सी पकड़े रहो और आपस में फूट न पैदा करना और अपने ऊपर अल्लाह का वह एहसान याद रखो कि जब तुम आपस में दुश्मन थे, फिर अल्लाह ने तुम्हारे दिलों में मुहब्बत पैदा कर दी और तुम उसकी कृपा से (परस्पर) भाई-भाई हो गये, और तुम आग के गढ़े (नरक) के किनारे खड़े थे§ फिर उसने तुमको उससे बचा लिया। इसी तरह अल्लाह अपने हुक्म (तुमसे) खोल-खोलकर बयान करता है ताकि तुम सच्चे मार्ग पर रहो। (१०३) और तुममें से एक ऐसी जमात भी होना चाहिए जो नेक कामों की तरफ़ बुलाये और अच्छे काम करने की शिक्षा देता रहे और बुरे कामों से मना करे और ऐसे ही लोग (अपनी) मुराद को पहुँचेंगे।(१०४) और उन जैसे न होना जो अपने पास खुले-खुले हुक्म आने के बाद भी आपस में भेद डालने लगे और अलग-अलग बट गये। और यही हैं जिनको (आख़िरत में) बड़ी सज़ा होगी। (१०५) उस दिन (कुछ के) चेहरे सफ़ेद और (कुछ के) चेहरे काले होंगे, तो जिनके चेहरे काले होंगे उनसे कहा जायगा कि क्या तुम ईमान लाने के बाद काफ़िर हो गये थे? तो अपने कुफ़्र की सज़ा में अ़ज़ाब (दण्ड) भोगो।(१०६) और जिनके चेहरे उजले (चमक रहे होंगे) वह अल्लाह की रहमत (कृपा) में होंगे, और उसी में हमेशा रहेंगे। (१०७) (ऐ पैग़म्बर !) यह अल्लाह की आयतें हैं जो हम तुमको सही-सही पढ़कर सुनाते हैं और अल्लाह दुनिया जहान के लोगों पर ज़ुल्म नहीं चाहता।(१०८) और जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब अल्लाह ही का है और (सब) मुआमलों को अल्लाह ही के समाने पेश होना है।(१०९)★

तुम लोग सब से श्रेष्ठ उम्मत (संगत) हो जो लोगों के लिए पैदा की गई है, कि भली बात का हुक्म देते हो और बुरी बातों को मना करते हो और अल्लाह पर ईमान रखते हो, और अगर किताबवाले (यहूदी) भी ईमान ले आते तो उनके हक़ में बहुत भला होता। उनमें से थोड़े ईमान वाले भी हैं लेकिन उनमें ज़्यादातर इन्कारी (अवज्ञाकारी) हैं ! (११०)

★ रु. ११ २ आ ८

§ इस्लाम से पहले अ़रब के लोगों की हालत की तरफ़ इशारा है। क़बीले आपस में लड़ कर मर मिट रहे थे (देखिये फ़ुटनोट § पेज ४३)। आज वह इस्लाम के झण्डे के नीचे एक रूह हो रहे थे।

लैंयज़ुर्रूकुम् इल्ला अजन् त् व इंयुक़ातिलूकुम् युवल्लू कुमुल्अद्बार क़िफ़ सुम्म ला युन्सरून (१११) ज़ुरिबत् अलैहिमुज्जिल्लतु ऐनमा सुक़िफ़ू इल्ला बिहब्लिम्-मिनल्लाहि वहब्लिम्-मिनन्नासि व बाऊ बिग़ज़बिम्-मिनल्लाहि व ज़ुरिबत् अलैहिमुल् - मस्कनतु त् जालिक बिअन्नहुम् कानू यक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि व यक़्तुलूनल् - अम्बिया अ बिग़ैरि हक़्क़िन् त् जालिक बिमा असौ व्व कानू यअ़्तदून क (११२) लैसू सवाअन् त् मिन् अह्लिल् - किताबि उम्मतुन् क़ाअिमतुंय्यत्लून आयातिल्लाहि आनाअल्लैलि व हुम् यस्जुदून (११३) युअ्मिनून बिल्लाहि वल्-यौमिल् - आख़िरि व यअ्मुरून बिल्मअ़रूफ़ि व यन्हौन अनिल्मुन्करि व युसारिअून फ़िल्ख़ैराति त् व अुलाअिक मिनस्सालिहीन (११४) व मा यफ़्अलू मिन् ख़ैरिन् फ़लैंयुक्फ़रूहु त् वल्लाहु अलीमुम् - बिल्मुत्तक़ीन (११५) अिन्नल्लजीन कफ़रू लन् तुग़्निय अन्हुम् अम्वालुहुम् वला औलादुहुम् मिनल्लाहि शैअन् त् व अुलाअिक अस्हाबुन्नारि ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (११६) मसलु मा युन्फ़िक़ून फ़ी हाजिहिल् - हयातिद्दुन्या कमसलि रीहिन् फ़ीहा सिर्रुन् असाबत् हर्स क़ौमिन् जलमू अन्फ़ुसहुम् फ़अह्लकत्हु त् व मा जलमहुमुल्लाहु वलाकिन् अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (११७) या अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तख़िजू बितानतम्-मिन् दूनिकुम् ला यअ्लूनकुम् ख़बालन् त् वदू मा अनित्तुम् ज् क़द् बदतिल् - बग़्ज़ाअु मिन् अफ़्वाहिहिम् ज् सला व मा तुख़्फ़ी सुदूरुहुम् अक्बरु त् क़द् बैयन्ना लकुमुल् - आयाति अिन् कुन्तुम् तअ़क़िलून (११८)

और (साधारण सा) सताने के सिवाय वह हरगिज़ तुमको किसी तरह का नुक़सान नहीं पहुँचा सकेंगे और अगर तुमसे लड़ेंगे तो उनको तुमसे पीठ फेरते ही बन पड़ेगी, फिर उनको (कहीं से) मदद नहीं मिलेगी।(१११) जहाँ देखो ज़िल्लत उन पर सवार है सिवा इसके कि अल्लाह की तरफ़ से या लोगों(मुसलमानों) की तरफ़ से कोई अहद हो (पनाह पा जाँय) और वह अल्लाह के ग़ज़ब (कोप) में गिरिफ़्तार हैं और मुहताजी व पस्तगी उनके पीछे पड़ी है। यह उसकी सज़ा है कि वह अल्लाह की आयतों से इन्कार करते थे, और पैग़म्बरों को व्यर्थ मार डालते थे और यह (सब) इस कारन हुआ कि उन्होने अल्लाह का हुक्म नहीं माना और हद से बढ़ जाते थे।(११२) यह किताब वाले भी सब एक से नहीं हैं, कुछ लोग ऐसे हैं जो(अल्लाह के हुक्म पर)क़ायम हैं और रातों को खड़े रहकर अल्लाह की आयतें पढ़ते और सिजदः करते (सिर झुकाते) हैं। (११३) यह अल्लाह और क़ियामत के दिन पर ईमान रखते हैं और अच्छे (काम) करने को कहते और बुरे से मना करते हैं और अच्छे कामों की तरफ़ दौड़ पड़ते हैं और यही नेक लोगों में से हैं।(११४) और भलाई किसी तरह की भी करें ऐसा हरगिज़ न होगा कि (उनकी) उस नेकी का फल (उनको) न मिले और अल्लाह परहेज़गारों से ख़ूब जानकार है।(११५) बेशक जो लोग काफ़िर हैं उनके माल और उनकी सन्तान अल्लाह के (कोप के) सामने हरगिज़ उनके कुछ भी काम न आयेगी और यही लोग नारकी हैं और यह (हमेशा) दोज़ख़ ही में रहेंगे।(११६) दुनिया की इस ज़िन्दगी में जो कुछ भी यह लोग ख़र्च करते हैं उसकी मिसाल उस हवा जैसी है जिसमें पाला (कड़ी सर्दी) हो, वह उन लोगों के खेत को जा लगे जो अपने ही लिए ज़ुल्म करते थे। फिर वह (हवा) उस (खेती) को बरबाद कर दे तो अल्लाह ने उन पर ज़ुल्म नहीं किया बल्कि वह अपने ऊपर आप ही ज़ुल्म किया करते हैं।(११७) ऐ ईमानवालो! अपने लोगों को छोड़कर (किसी ग़ैर को) अपना भेदी मत बनाओ कि यह लोग तुम्हारे साथ लड़ने में (और बुराई करने में) कुछ उठा नहीं रखते हैं और चाहते हैं कि तुमको तकलीफ़ पहुँचे७। दुश्मनी तो इनकी बातों से ज़ाहिर हो पड़ती है और जो (कीना) इनके दिलों में छिपा है वह (उससे भी) बढ़कर है। हमने तुमको पते की बातें बता दी हैं अगर तुमको बुद्धि हो।(११८)

७ इस्लाम क़ुबूल करने के पहले औस और खज़रज के क़बीलों की यहूदियों से बड़ी दोस्ती थी, और बाद भी वह दोस्ती क़ायम रखनी चाही। लेकिन यहूदी देखने में तो उनके दोस्त बने हुये थे और दिल में उनसे उनके मुसलमान होजाने के सबब पूरी दुश्मनी रखते थे। उनको ही सामने रख कर यह आयत नाज़िल हुई।

हा अन्तुम् उला अि तुहिब्बूनहुम् व ला युहिब्बूनकुम् व तुअ्मिनून बिल्किताबि कुल्लिहि ज् व अिजा लक़ूकुम् क़ालू आमन्ना ज् क् सला व अिजा ख़लौ अ़ज़्ज़ू अलैकुमुल् - अनामिल मिनल्ग़ैजि त् क़ुल् मूतू बिग़ैजिकुम् त् अिन्नल्लाह अलीमुम्-बिजातिस्सुदूरि (११९) अिन् तम्सस्कुम् हसनतुन् तसुअ्हुम् ज् व अिन् तुसिब्कुम् सैयिअतुंय्यफ़्रहू बिहा त् व अिन् तस्बिरू व तत्तक़ू ला यज़ुर्रुकुम् कैदुहुम् शैअन् त् अिन्नल्लाह बिमा यअ़्मलून मुहीतुन् (१२०) ★ व अिज् ग़दौत मिन् अह्लिक तुबौविअुल् - मुअ्मिनीन मक़ाअिद लिल्क़ितालि त् वल्लाहु समीअुन् अलीमुन् ला (१२१) अिज् हम्मत्ता अिफ़्तानि मिन्कुम् अन् तफ़्शला ला वल्लाहु वलीयुहुमा त् व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल्-मुअ्मिनून (१२२) व लक़द् नस्रकुमुल्लाहु बिबद्रिव्व अन्तुम् अजिल्लतुन् ज् फ़त्तक़ुल्लाह लअल्लकुम् तश्कुरून (१२३) अिज् तक़ूलु लिल्मुअ्मिनीन अलैंयक्फ़ियकुम् अैंयुमिद्कुम् रब्बुकुम् बिसलासति आलाफ़िम् - मिनल्-मला अिकति मुन्ज़लीन त् (१२४) बला ला अिन् तस्बिरू व तत्तक़ू व यअ्तूकुम् मिन् फ़ौरिहिम् हाजा युम्दिद् कुम् रब्बुकुम् बिख़म्सति आलाफ़िम्-मिनल्मला अिकति मुसव्विमीन (१२५) ● व मा जअ़लहुल्लाहु अिल्ला बुश्रा लकुम् व लितत्मअिन्न क़ुलूबुकुम् बिहि त् व मन्नस्रु अिल्ला मिन् अिन्-दिल्लाहिल् - अ़ज़ीज़िल् - हकीमि ला (१२६) लियक़्तअ तरफ़म् - मिनल्लजीन कफ़रू औ यक्बितहुम् फ़यन्क़लिबू ख़ाअिबीन (१२७) लैस लक मिनल्अम्रि शैअुन् औ यतूब अलैहिम् औ युअ़ज्जिबहुम् फ़अिन्नहुम् ज़ालिमून (१२८) व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् यग़्फ़िरु लिमैंयशाअु व युअ़ज्जिबु मैंयशाअु त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१२९) ★

तुम तो ऐसे हो† कि उनसे प्यार रखते हो और वह तुमसे मुहब्बत नहीं रखते और तुम (अल्लाह की) सब किताबों पर पूरी तरह ईमान रखते हो, (और वह तुम्हारे क़ुर्आन से इन्कार करते हैं) और जब वह तुमसे मिलते हैं तो कह देते हैं कि हम ईमान ले आये हैं और जब अलग होते हैं तो मारे ग़ुस्से के तुम पर अपनी उँगलियाँ काटते हैं, (ऐ पैग़म्बर ! उनसे) कह दो कि अपने ग़ुस्से में (जल) मरो। जो (कपट तुम्हारे) दिलों में है बेशक अल्लाह को ख़ूब मालूम है। (११९) अगर तुमको कोई फ़ायदा पहुँचे तो उनको दुख होता है, और अगर तुमको कोई नुक़सान पहुँचे तो उससे ख़ुश होते हैं। और अगर तुम सब्र करो और (कठिनाइयों का मज़बूती से सामना करते हुये) उनसे बचे रहो तो उनके फ़रेब-दग़ा से तुम्हारा कुछ भी बिगड़ने का नहीं, क्योंकि जो कुछ भी यह कर रहे हैं अल्लाह के वश में है।(१२०) ★

और (ऐ पैग़म्बर ! वह समय भी) याद करो कि तुम सुबह अपने घर से चले, मुसलमानों को लड़ाई के मोर्चों पर बैठाने लगे और अल्लाह (सब) सुनता जानता है। (१२१) उस वक़्त का वाक़या है कि तुममें से दो§ गिरोहों ने साहस तोड़ देना चाहा मगर अल्लाह उनका सहायक था। और ईमानवालों को चाहिए कि अल्लाह पर ही भरोसा रखें। (१२२) और बदर के युद्ध में अल्लाह ने तुम्हारी मदद की हालाँकि (उस समय) तुम पस्त (शिथिल) थे तो अल्लाह से डरो, ताकि तुम शुक्रगुज़ार बन जाओ (१२३) (और वह भी याद करो) जबकि तुम मुसलमानों को समझा रहे थे कि क्या तुमको इतना काफ़ी नहीं कि तुम्हारा पालनकर्त्ता तीन हज़ार फ़रिश्ते भेजकर तुम्हारी मदद करे। (१२४) बल्कि अगर तुम मज़बूत बने रहो और (अल्लाह की नाख़ुशी से) बचो और (दुश्मन) अभी इसी दम तुम पर चढ़ आयें तो तुम्हारा परवरदिगार (तीन क्या) पाँच हज़ार निशानवाले फ़रिश्तों से तुम्हारी मदद करेगा।(१२५)● और यह (मदद) तो अल्लाह ने सिर्फ़ तुम्हारे ख़ुश करने को को और इसलिए कि तुम्हारे दिल इससे सब्र पावें वरना सहायता तो अल्लाह ही की तरफ़ से है जो बड़ा ज़बरदस्त और बड़ा हिकमतवाला है‡।(१२६) और (यह मदद) इसलिए थी कि काफ़िरों की एक जमात को नष्ट करे या ज़लील व पस्पा करे ताकि वे असफल वापिस चले जावें। (१२७) (ऐ पैग़म्बर !) तुम्हारा तो कुछ भी दख़ल नहीं चाहे (अल्लाह) उनकी तौबा क़बूल करे या उनकी ज़्यादतियों पर नज़र करके उनको सज़ा दे+।(१२८) और जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब अल्लाह ही का है, जिसको चाहे माफ़ करे जिसको चाहे सज़ा दे और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (१२९) ★

रु. १२ आ ११ ★ रु. अ. १ आ ४ ● रु. १३ आ ४ ★

† मुसलमान उन लोगों को भी अपना मित्र जानते थे जो वास्तव में उनके शत्रु थे पर प्रगट में अपने को ईमानवाला कहते थे। ऐसे मुनाफ़िक़ लोग उल्टी राय देते थे। और यदि मुसलमानों को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो बहुत प्रसन्न होते थे। इनका सरदार अब्दुल्लाह-बिन-उबैयी था। उसने ऊहद की लड़ाई में पहले तो ग़लत राय दी, फिर लड़ाई के मैदान से अपने साथियों को लेकर चला गया और दूसरों को भी भागने को उत्साहित किया। § इनके नाम थे औस और ख़ज़रज का क़बीला। यह दोनो क़बीले ऊहद के युद्ध में बड़ी वीरता से लड़े; लेकिन उनको बहकाने की भरसक कोशिश भी मुनाफ़िक़ों की ओर से हुई थी और इनकी हिम्मत भी थोड़ी देर के लिए टूट गई थी। ये दोनो क़बीले पहले आपस में घोर शत्रु थे। लेकिन अब इस्लाम की बदौलत बतौर दोस्त एक ही हक़ के लिए लड़ रहे थे। ‡ बदर के युद्ध में आकाश से कई हज़ार फ़रिश्ते मुसलमानों की सहायता के लिए उतरे थे। यहाँ कहा गया है कि अल्लाह ही की मर्ज़ी से विजय होती है। फ़रिश्तों का उतरना कुछ ज़रूरी नहीं है। + जंग में नबी स० के घायल हो जाने और हज़रत हमज़ः जैसे शहीदों की लाशों पर काफ़िरों के बुरे बरताव के सबब तकलीफ़ में उनके मुँह से काफ़िरों के लिए बद्दुआ निकल गई कि वह क़ौम कैसे सफल हो सकती है जो अपने नबी ही को ज़ख़्मी करे। इस पर यह आयत उतरी कि यह हक़ अल्लाह ही को है कि जिसको चाहे इनाम दे या अज़ाब दे।

या अैयुहल्लजीन आमनू ला तअ्कुलुरिबा अज़्आफ़म् मुज़ाअफ़तन् स् वत्तक़ुल्लाह लअ्ललकुम् तुफ़्लिहून ज् (१३०) वत्तक़ुन्नारल्लती अुअिद्दत् लिल्काफ़िरीन ज् (१३१) व अतीअुल्लाह वर्रसूल लअ्ललकुम् तुर्हमून ज् (१३२) व सारिअू अिला मग़्फ़िरतिम्-मिर्रब्बिकुम् व जन्नतिन् अर्ज़ुहस्-समावातु वल्अर्ज़ु ला अुअिद्दत् लिल्मुत्तक़ीन ला (१३३) अल्लजीन युन्फ़िक़ून फ़िस्सर्रा अि वज़्ज़र्रा अि वल्काजिमीनल्ग़ैज वल्आफ़ीन अनिन्नासि त् वल्लाहु युहिब्बुल्मुह्सिनीन ज् (१३४) वल्लजीन अिजा फ़अलू फ़ाहिशतन् औ जलमू अन्फ़ुसहुम् जकरुल्लाह फ़स्तग़्फ़रू लिजुनूबिहिम् स् व मैंयग़्फ़िरुज्जुनूब अिल्लल्लाहु स् क़िफ़् व लम् युसिरू अला मा फ़अलू व हुम् यअ्लमून (१३५) अुलाअिक जज़ाअुहुम् मग़्फ़िरतुम्-मिर्रब्बिहिम् व जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त् व निअ्म अज्रुल्-आमिलीन त् (१३६) क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिकुम् सुननुन् ला फ़सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्जुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुकज्जिबीन (१३७) हाजा बयानुल्लिन्नासि व हुदौव मौअिज़तुल्-लिल्मुत्तक़ीन (१३८) व ला तहिनू व ला तह्ज़नू व अन्तुमुल्-अअ्लौन अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१३९) अिंयम्सस्कुम् क़र्हुन् फ़क़द् मस्सल्क़ौम क़र्हुम्-मिस्लुहू त् व तिल्कल्-अैयामु नुदाविलुहा बैनन्नासि ज् व लियअ्लमल्लाहुल्लजीन आमनू व यत्तख़िज मिन्कुम् शुहदाअ त् वल्लाहु ला युहिब्बुज्जालिमीन ला (१४०) व लियुमह्हिसल्लाहुल्लजीन आमनू व यम्हूक़ल्-काफ़िरीन (१४१)

ऐ ईमानवालो ! (मूल रकम को) दुगना चौगुना (बढ़ाने के लिए) ब्याज मत खाओ और अल्लाह से डरो। अजब नहीं तुम कामयाब (सफल) होओ।छ (१३०) और (नरक की) उस आग से डरते रहो जो काफ़िरों के लिए तैयार है। (१३१) और अल्लाह और रसूल के हुक्म पर चलो अजब नहीं तुम पर दया की जाय। (१३२) और अपने पालनकर्त्ता की बख़्शीश और जन्नत की तरफ़ लपको जिसका विस्तार सारी ज़मीन और आसमान है, और जो परहेज़गारों (संयमी लोगों) के लिए तैयार की गई है। (१३३) यह वह लोग हैं जो खुशहाली और तंगदस्ती में (दोनों हालतों में अल्लाह की राह पर) ख़र्च करते और क्रोध को रोकते और लोगों को क्षमा करते हैं, और भलाई करनेवालों से अल्लाह प्रेम करता है।(१३४) और ये लोग जब कोई बेजा हरकत कर बैठते या अपने ही तईं कोई अन्याय कर लेते हैं तो अल्लाह को याद करके अपने पापों की माफ़ी माँगने लगते हैं—क्योंकि अल्लाह के सिवा माफ़ी देने वाला है भी कौन—और (ये लोग) अपनी (बुरी) करनी पर जानने समझने के बाद (ज़िद से) अड़े नहीं रहते(१३५) तो यही लोग हैं जिनका बदला उनके पालनकर्त्ता की तरफ़ से बख़्शीश (क्षमा) है और (बहिश्त के) बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी उनमें वे हमेशा रहेंगे और (नेक) काम करने वालों के लिए क्या ही अच्छा बदला है! (१३६) तुमसे पहले भी (अनेक) तरीक़े हो गुज़रे हैं तो मुल्क में चलो-फिरो और देखो कि जिन लोगों ने झुठलाया उनको कैसा नतीजा मिला।(१३७) यह (क़ुर्आन) लोगों (को समझाने) के लिए पूरा बयान (विवरण) है और (अल्लाह से) डरनेवालों के लिए हिदायत और नसीहत है†।(१३८) और हिम्मत न हारो और उदास मत होओ, अगर तुम ईमानवाले बने रहे तो तुम्हारी ही जीत रहेगी।(१३९) अगर तुमको (जंगे ऊहद में) चोट पहुँची है तो उनको भी इसी तरह की चोट (जंगे बदर में) पहुँच चुकी है और हम यह दिनों के फेर लोगों में अदलते बदलते रहते हैं और वह इसलिए कि अल्लाह ईमानवालों को मालूम करे और तुममें से कुछ को शहीद (या गवाह) बनाये। और अल्लाह अन्यायियों को नहीं पसंद करता।(१४०) और यह इस लिए कि अल्लाह ईमानवालों को निखार दे§ और काफ़िरों का ज़ोर तोड़ दे। (१४१) क्या तुम इस ख़्याल में हो कि (बिना आज़माइश के) जन्नत में जा दाख़िल होगे हालाँकि अभी तक अल्लाह ने न तो उन लोगों को जाँचा जो तुममें से जिहाद करनेवाले हैं और न उन लोगों को जाँचा जो (अल्लाह की राह में) साबित क़दम (डटे) रहनेवाले हैं।(१४२)

छ ऊहद की लड़ाई में रसूलुल्लाह स० ने अब्दुल्लाह बिना ज़ुबैर को एक घाटी में मोर्चे पर तैनात कर हुक्म दिया था कि हार हो या जीत यहाँ से बिला हुक्म हटना नहीं। लेकिन फ़तह होते ही लोग लूट के माल में लग गये और ह० अब्दुल्लाह व चन्द आदमियों के सिवा घाटी में कोई बाक़ी न रहा। यह मौक़ा देख दुश्मन फिर पलट पड़े और इस जंग में ह० अब्दुल्ला व रसूल स० के चचा ह० हमज़ः वग़ैरः के प्राण गये। आयत से मुराद यह कि सूद खाना लालच का स्वभाव बढ़ाता है और लालच में फँस कर ही यह नुक़सान हुआ। इसलिए यहाँ जंग के मसले से हटकर सूद की तम्बीह की गई। † क़ुर्आन सारी दुनिया के लिए एलान है। लेकिन उनसे लाभ उठाने के लिए अल्लाह का डर होना बहुत ज़रूरी है। § "शुद्ध कर दे" से दो इशारे हैं। एक तो यह कि मुनाफ़िक़ों (कपटियों) से अलाहदा करके मोमिनों (ईमानवालों) को ज़ाहिर कर दे। दूसरा यह कि डगमगानेवाले कमज़ोरदिलों को मज़बूत कर पक्का मोमिन बना दे।

अम् हुसिब्तुम् अन् तद्ख़ुलुल्-जन्नत व लम्मा यअ़लमिल्लाहुल्लज़ीन जाहदू मिन्कुम् व यअ़लमस्साबिरीन (१४२) व लक़द् कुन्तुम् तमन्नौनल्मौत मिन् क़ब्लि अन् तल्क़ौहु स् फ़क़द् रऐतुमूहु व अन्तुम् तन्ज़ुरून (१४३) ★ व मा मुहम्मदुन् इल्ला रसूलुन् ज् क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहिर्रुसुलु त् अफ़इम्मात औ क़ुतिलन्-क़लब्तुम् अला अक़्बाबिकुम् त् व मैंयन्क़लिब् अला अक़्बैहि फ़लैंयज़ुर्रल्लाह शैअन् त् व सयज्ज़िल्लाहुश्-शाकिरीन (१४४) व मा कान लिनफ़्सिन् अन् तमूत इल्ला बिइज़्निल्लाहि किताबम्-मुअज्जलन् त् व मैंयुरिद् सवाबद्दुन्या नुअ्तिहि मिन्हा ज् व मैंयुरिद् सवाबल्-आख़िरति नुअ्तिहि मिन्हा त् व सनज्ज़िश्-शाकिरीन (१४५) व कअ़ैयिम्-मिन् नबीयिन् क़ातल ला मअ़हू रिब्बीयून कसीरुन् ज् फ़मा वहनू लिमा असाबहुम् फ़ी सबीलिल्लाहि व मा ज़अ़फ़ू व मस्तकानू त् वल्लाहु युहिब्बुस्साबिरीन (१४६) व मा कान क़ौलहुम् इल्ला अन् क़ालू रब्बनग़्फ़िर्लना जुनूबना व इस्राफ़ना फ़ी अम्रिना व सब्बित् अक़्दा मना वन्सुर्ना अलल्क़ौमिल्-काफ़िरीन (१४७) फ़आताहुमुल्लाहु सवाबद्दुन्या व हुस्न सवाबिल्-आख़िरति त् वल्लाहु युहिब्बुल्-मुहसिनीन (१४८) ★ या अैयुहल्लज़ीन आमनू इन् तुतीअुल्लज़ीन कफ़रू यरुद्दूकुम् अला अअ़क़ाबिकुम् फ़तन्क़लिबू ख़ासिरीन (१४९) बलिल्लाहु मौलाकुम् ज् व हुव ख़ैरुन्नासिरीन (१५०) सनुल्क़ी फ़ी क़ुलूबिल्लज़ीन कफ़रुर्रुअ़ब बिमा अश्रकू बिल्लाहि मालम् युनज़्ज़िल् बिहि सुल्तानन् ज् व मअ़वाहुमुन्नारु त् व बिअ्स मस्वज्जालिमीन (१५१)

और तुम तो मौत के आने से पहले शहीद होने‡ की दुआएँ किया करते थे सो अब तो तुमने उसको अपनी आँखों देख लिया (तो अब शहीद होने में आगापीछा क्यों हैं।) (१४३) ★ रू. १४ — ५ आ १४

और मुहम्मद तो और कुछ नहीं सिर्फ़ एक पैग़म्बर हैं। और इनसे पहले और भी (बहुत से) रसूल हो गुज़रे हैं, सो अगर उनकी मौत हो जाय या वे शहीद हो जाँय तो क्या तुम लोग उलटे फिर जाओगे†। और जो उल्टे पैरों (कुफ़्र की ओर) लौट जायगा तो वह अल्लाह का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकेगा। और शुक्रगुज़ारों को अल्लाह बड़ा सवाब देगा। (१४४) और कोई शख़्स बिला हुक्म अल्लाह के मर नहीं सकता,§ ज़िन्दगी (मुक़र्रर) लिखी हुई है। और जो शख़्स दुनिया में (अपने कर्मों का) बदला चाहता है हम उसका बदला यहीं दे देते हैं और जो आख़िरत में बदला चाहता है हम उसको उसका हक़ वहीं देंगे और जो लोग शुक्रगुज़ार (कृतज्ञ) हैं उनको (हम जल्दी ही) बदला देंगे।(१४५) और बहुत से नबी हो गुज़रे हैं जिनके साथ होकर बहुत से अल्लाह वाले (दुश्मनों से) लड़े, तो जो तकलीफ़ (बसबब कम तादाद में होने के) उनको अल्लाह के रास्ते में पहुँची उसकी वजह से न तो उन्होंने हिम्मत हारी और न बुज़दिली दिखाई और न कुफ़्र के आगे झुके और अल्लाह ऐसे जमे रहनेवालों को दोस्त रखता है। (१४६) और सिवाय इसके उनके मुँह से एक बात भी तो नहीं निकली कि ऐ हमारे पालनकर्ता! हमारे पाप क्षमा कर और हमारे कामों में जो हमसे अन्याय हो गये हैं, उनको (माफ़ कर) और हमारे पाँव जमाये रख और काफ़िरों के गिरोह पर हमको जीत दे। (१४७) तो अल्लाह ने उनको दुनिया (लोक) में भी सवाब दिया और आख़िरत (परलोक) में भी अच्छा सवाब दिया और अल्लाह भलाई करनेवालों को पसंद करता है।(१४८) ★ रू. १५ — ६ आ ५

ऐ ईमानवालो! अगर तुम काफ़िरों के कहे में आ जाओगे तो वे तुमको उल्टे पैरों (फिर कुफ़्र की ओर) लौटा ले जायँगे, फिर तुम ही (उल्टे) घाटे में आ जाओगे×।(१४९) बल्कि तुम्हारा मददगार अल्लाह है और वह सबसे अच्छा मददगार है।(१५०) हम जल्दी तुम्हारा डर काफ़िरों के दिलों में बिठा देंगे क्योंकि उन्होंने उन चीज़ों को अल्लाह का शरीक बनाया (अर्थात् पूजा) है जिनकी अल्लाह ने (कोई भी) सनद नहीं भेजी और उन (लोगों) का ठिकाना आग (नरक) है और ज़ालिमों के लिए वह कैसा बुरा ठिकाना है? (१५१)

‡ मुसलमान शहादत (वीर गति पाने) की तमन्ना (इच्छा) रखते थे। जब ऊहद में बहुत-से मुसलमान मारे गये तो उन्होंने अपनी आँखों से देख लिया कि शहादत के क्या मानी हैं। † ऊहद की लड़ाई में मुहम्मद साहब स० घायल होकर एक गढ़े में गिर पड़े थे और यह ख़बर उड़ गई थी कि उनका स्वर्गवास हो गया। इसलिए कुछ लोग मैदान छोड़कर चले गये थे। कुछ मुनाफ़िक़ तो यहाँ तक कहने लगे कि मुशरिकों के लीडर अबू सुफ़यान की पनाह में लौट चला जाय और फिर पुराने दीन को तसलीम कर लिया जाय। इस पर कहा गया है कि मुसलमान तो अल्लाह के लिए लड़ते हैं। नबी की मृत्यु भी हो जाय तो उनको अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। § याने हर शख़्स की मौत का वक़्त अल्लाह की ओर से मुक़र्रर है और मौत आना भी ज़रूर है। फिर मौत का ख़ौफ़ बेकार है। उसे छोड़ कर अल्लाह के दीन की पैरवी करना चाहिये। × ऊहद की लड़ाई से काफ़िरों की हिम्मत बढ़ गई। वह मुसलमानों से कहने लगे कि अब तुम फिर से हमारे दीन में आ जाओ। मुसलमानों में मिले हुये मुनाफ़िक़ भी ऐसा ही सुझाने लगे। इस पर कहा गया कि जिस कुफ़्र से निकल कर सच्चे दीन में आये हो क्या फिर इन लोगों के झाँसे में फँस कर उसी कुफ़्र में जा फँसोगे।

व लक़द् सदक़कुमुल्लाहु वअ्दहू इज् तहुस्सूनहुम् बिइज़्निहि ۚ ज् हत्ता इजा फ़शिल्तुम् व तनाज़अ्तुम् फ़िल्अम्रि व अ़सैतुम् मिम्बअ्दि मा अराकुम् मा तुहिब्बून ۙ मिन्कुम् मैंयुरीदुद्दुन्या व मिन्कुम् मैंयुरीदुल्-आख़िरत ज् सुम्म सरफ़कुम् अन्हुम् लियब्तलियकुम् ज् व लक़द् अफ़ा अन्कुम् ۙ वल्लाहु जू फ़ज़्लिन् अलल्-मुअ्मिनीन (१५२) इज् तुस्इदून व ला तल्वून अला अहदिंव्वर्सूलु यद्अूकुम् फ़ी अुख़्रा कुम् फ़अ्सा बकुम् ग़म्मम् - बिग़म्मिल्-लिकैला तह्ज़नू अला मा फ़ातकुम् व ला मा असाबकुम् ۙ वल्लाहु ख़बीरुम्-बिमा तअ्मलून (१५३) सुम्म अन्ज़ल अलैकुम् मिम्बअ्दिल्ग़म्मि अमनतन्नुआ सैंयग़्शा ता इफ़त्तम् - मिन्कुम् ला व तां इफ़तुन् क़द् अहम्मत्हुम् अन्फ़ुसुहुम् यज़ुन्नून बिल्लाहि ग़ैरल्हक़्क़ि ज़न्नल्-जाहिलीयति ۙ यक़ूलून हल्लना मिनल्अम्रि मिन् शैइन् ۙ क़ुल् इन्नल्-अम्र कुल्लहू लिल्लाहि ۙ युख़्फ़ून फ़ी अन्फ़ुसिहिम् मा ला युब्दून लक ۙ यक़ूलून लौ कान लना मिनल्-अम्रि शैअुम्मा क़ुतिल्ना हाहुना ۙ कुल् लौ कुन्तुम् फ़ी बुयूतिकुम् लबरज़ल्लजीन कुतिब अलैहिमुल्क़त्लु इला मज़ाजिइहिम् ज् व लियब्तलियल्लाहु मा फ़ी सुदूरिकुम् व लियुमह्हिस मा फ़ी क़ुलूबिकुम् ۙ वल्लाहु अलीमुम् - बिजातिस्सुदूरि (१५४) इन्नल्लजीन तवल्लौ मिन्कुम् यौमल्-तक़ल्-जम्अानि ला इन्नमस्-तज़ल्ल-हुमुश्शैतानु बिबअ़्ज़ि मा कसबू ज् व लक़द् अफ़ल्लाहु अन्हुम् ۙ इन्नल्लाह ग़फ़ूरुन् हलीमुन् (१५५) ★

और जिस वक़्त तुम अल्लाह के हुक्म से काफ़िरों को तलवार के घाट उतार रहे थे (उस वक़्त) अल्लाह ने तुमको अपना (फ़तह का) वादा सच्चा कर दिखाया। तो इसके बाद जबकि अल्लाह ने तुम्हारी इच्छा पूरी कर (जीत) दिखा दी, (फिर भी) यहाँ तक कि जब तुम (खुद ही) हिम्मत हार गये और (रसूल स०की) आज्ञा के बारे में आपस में झगड़ने लगे और उसकी नाफ़र्मानी (बेहुक्मी) की§। कुछ तो तुममें से दुनिया (का माल लूटने) के पीछे पड़ गये और कुछ आख़िरत की फ़िक्र में लगे (याने मोर्चे पर डटे रह कर शहीद हो गये) तब तो अल्लाह ने तुमको उन (दुश्मनों) से फेर (कर भगा) दिया क्योंकि अल्लाह को तुम्हारी जाँच मंज़ूर थी और (फिर भी) अल्लाह ने तुम्हारा क़ुसूर माफ़ कर दिया और ईमानवालों पर अल्लाह की बड़ी कृपा है।(१५२) (वह समय भी याद करो) जब तुम† चढ़े (भागे) चले जाते थे और (बावजूदे कि) पैग़म्बर तुम्हारे पीछे तुमको बुला रहे थे तुम मुड़कर किसी की तरफ़ नहीं देखते थे। तो (रसूल स०के) रंज के बदले (अल्लाह ने) तुमको रंज पहुँचाया ताकि जब कभी तुम्हारे हाथ से कोई चीज़ निकल जाय या तुम पर कोई मुसीबत आ पड़े तो तुम उसका रंज न करो (याने सब्र से काम लो) और तुम कुछ भी करो अल्लाह को उसकी पूरी ख़बर है।(१५३) फिर तंगी के बाद अल्लाह ने तुम पर आराम के लिए औंघ उतारी कि तुममें से कुछ को (याने ईमान वालों को) नींद ने आ घेरा और कुछ (याने मुनाफ़िक़ों) को अपनी जानों की पड़ी थी, अल्लाह के बारे में झूठे जाहिलियत जैसे ख़्याल बाँध रहे थे। कहते थे कि हमारे वश की क्या बात है—कह दो कि (बेशक) सब काम अल्लाह ही के इख़्तियार में है। (ऐ पैग़म्बर! ज़बानी शिकायतों के अलावा) इनके दिलों में (ऐसी) और बातें भी छिपी हुई हैं जिनको तुम पर ज़ाहिर नहीं करते। कहते हैं कि हमारा कुछ भी वश चलता होता तो हम यहाँ मारे ही न जाते। कह दो कि तुम अपने घरों में भी होते तो जिनके भाग्य में मारा जाना लिखा था निकलकर अपने क़त्ल* की जगह आ मौजूद होते। और अल्लाह को मंज़ूर था कि तुम्हारी दिली मंशाओं को जाँचे और तुम्हारे दिली (खोटे) ख़्यालात को साफ़ कर दे और अल्लाह तो (सबके) जी की बात जानता है।(१५४) जिस दिन दो जमातों[] की मुटभेड़ हुई थी तुम में से कुछ लोग भाग खड़े हुए थे तो सिर्फ़ इसलिए कि उनके कुछ पापों की वजह से शैतान ने उनके पाँव उखाड़ दिये थे और बेशक अल्लाह ने उनको माफ़ कर दिया। और अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला बड़ा सहनेवाला है। (१५५) ★

§ पीछे आयत १३० में दिये फ़ुटनोट का हवाला है जब जंगे ऊहद में अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर के साथी शुरू में फ़तह होते ही मोर्चे से हट कर लूट में लग गये और उनकी इस लालच और रसूल की बेहुक्मी याने मोर्चा छोड़ भागने के कारन उनको आगे शिकस्त देखना पड़ी। † यह भी ऊहद की लड़ाई का हाल है। मुहम्मद साहब स० ने कुछ लोगों को एक जगह तैनात कर दिया था और कहा था कि तुम लोग यहाँ से न हटना। उन लोगों ने जब मुसलमानों की खुली विजय देखी और काफ़िरों को भागते देखा तो अपनी जगह छोड़कर काफ़िरों के पीछे दौड़ पड़े। हालाँकि रसूल स० गिनती के आदमियों के साथ वहीं जमे उनको पुकार रहे थे कि यहीं जमे रहो। इस हुक्मउदूली का नतीजा यह हुआ कि पीछे से मुशरिक खालिद-बिन-वलीद ने उन पर दुबारा हमला कर दिया और लड़ाई का रंग मुसलमानों के खिलाफ़ बदल गया। * यानी यदि भाग्य में मरना ही लिखा है तो जहाँ भी होते वहीं से चलकर अपने मरने के स्थान पर आ जाते। [] काफ़िरों के मुक़ाबिले ऊहद की लड़ाई में कुछ लोग भाग खड़े हुए थे। लड़ाई के मैदान से भागना बड़ा पाप है पर अल्लाह ने उनके इस पाप को भी क्षमा कर दिया।

रू. १६—७ आ ७

या अैयुहल्लजीन आमनू ला तकूनू कल्लजीन कफ़रू व क़ालू लिइख़्वानिहिम् इजा ज़रबू फ़िल्अर्ज़ि औ कानू ग़ुज़्ज़ल्लौ कानू इन्दना मा मातू व मा क़ुतिलू ज् लियज्अलल्लाहु जालिक हस्रत्न् फ़ी क़ुलूबिहिम् त् वल्लाहु युह्यी व युमीतु त् वल्लाहु बिमा तअ़्मलून बसीरुन् (१५६) व लइन् क़ुतिल्तुम् फ़ी सबीलिल्लाहि औ मुत्तुम् लमग़्फ़िरत्तुम् मिनल्लाहि व रह्मत्तुन् ख़ैरुम्मिम्मा यज्मअून (१५७) व लइम्-मुत्तुम् औ क़ुतिल्तुम् लइलल्लाहि तुह्शरून (१५८) फ़बिमा रह्मत्तिम्-मिनल्लाहि लिन्त लहुम् ज् व लौ कुन्त फ़ज्जन् ग़लीज़ल्क़ल्बि लन्फ़ज़्ज़ू मिन् हौलिक स् फ़ऽफ़ु अन्हुम् वस्तग़्फ़िर्लहुम् व शाविर्हुम् फ़िल्अम्रि ज् फ़इजा अज़म्त फ़तवक्कल् अलल्लाहि त् इन्नल्लाह युहिब्बुल्-मुतवक्किलीन (१५९) इंयन्सुर्-कुमुल्लाहु फ़ला ग़ालिब लकुम् ज् व इंयख़्जुल्कुम् फ़मन् जल्लजी यन्सुरुकुम् मिम्बअ़्दिहि त् व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल् - मुअ्मिनून (१६०) व मा कान लिनबीयिन् अैंयग़ुल्ल त् व मैंयग़्लुल् यअ्ति बिमा ग़ल्ल यौमल्क़ियामति ज् सुम्म तुवफ़्फ़ा कुल्लु नफ़्सिम्मा कसबत् व हुम् ला युज़्लमून (१६१) अफ़मनित्तबअ़ रिज़्वानल्लाहि कमम्बाअ बिसख़तिम्-मिनल्लाहि व मअ्वाहु जहन्नमु त् व बिअ्सल्मसीरु (१६२) हुम् दरजातुन् इन्दल्लाहि त् वल्लाहु बसीरुम् - बिमा यअ़्मलून (१६३) लक़द् मन्नल्लाहु अलल्मुअ्मिनीन इज् बअ़स फ़ीहिम् रसूलम्मिन् अन्फ़ुसिहिम् यत्लू अलैहिम् आयातिहि व युज़क्कीहिम् व युअल्लिमुहुमुल् - किताब वल्हिक्मत ज् व इन् कानू मिन् क़ब्लु लफ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (१६४)

ऐ ईमानवालो ! उन लोगों (मुनाफ़िक़ों) जैसे न बनो जो काफ़िर हो रहे हैं और अपने भाई-बन्धुओं के बारे में, जो परदेश निकले हों या जिहाद करने गये हों (और वहाँ शहीद हो गये हों), कहा करते हैं कि अगर हमारे पास होते तो न मरते और न मारे जाते। अल्लाह ने उन लोगों के ऐसे ख़्यालात इसलिए कर दिये हैं कि उनके दिलों में हसरत (संताप) रहे और (वैसे तो) अल्लाह ही जिलाता और मारता है और जो कुछ भी तुम कर रहे हो अल्लाह उसको देख रहा है।(१५६) और अल्लाह की राह में अगर तुम मारे जाओ या मर जाओ तो अल्लाह की माफ़ी और कृपा उससे कहीं बढ़कर है जो यह लोग (संसार में) जमा कर रहे हैं।(१५७) और तुम मर गये या मारे गये तो ज़रूर अल्लाह ही के सामने सबको जमा होना है।(१५८) फिर अल्लाह की यह बड़ी मेहरबानी ही है कि तुम§ इनको मुलायम दिल मिले हो और अगर तुम ज़बान के सख़्त और कड़े दिल के होते तो यह लोग तुम्हारे पास से तितर-बितर हो जाते। तो तुम इनके क़सूरों पर ध्यान न दो और इनके गुनाहों की (अल्लाह से) माफ़ी चाहो और कामों में इनकी सलाह ले लिया करो†, लेकिन जब तुम्हारे दिल में एक बात ठन जाय तो भरोसा अल्लाह ही पर रखना। जो लोग(अल्लाह पर)भरोसा रखते हैं बेशक अल्लाह उनसे प्रेम करता है।(१५९) अगर अल्लाह तुम्हारी मदद पर है तो फिर कोई भी तुमको जीतनेवाला नहीं और अगर वह तुमको छोड़ बैठे तो उसके सिवा कौन है जो तुम्हारी मदद का खड़ा हो और ईमानवालों को तो चाहिए कि अल्लाह ही का भरोसा रखें।(१६०) और किसी नबी की शान के बईद है कि कुछ भी ख़यानत करे* और जो कोई ख़यानत का अपराधी होगा वह क़ियामत के दिन उसको लेकर (स्वयं अल्लाह के सामने) हाज़िर करेगा, फिर जिसने जैसा किया है उसको उसका पूरा-पूरा बदला दिया जायगा और किसी पर ज़ुल्म नहीं होगा। (१६१) भला जो शख़्स अल्लाह की मर्ज़ी पर चलने वाला हो वह उस शख़्स-जैसा कैसे हो सकता है जो अल्लाह के अज़ाब (प्रकोप) के लायक़ हो और उसका ठिकाना दोज़ख़ है और वह (कैसा) बुरा ठिकाना है। (१६२) अल्लाह के यहाँ लोगों के (उनकी करनी के मुताबिक़) अलग अलग दर्जे हैं और (वह लोग) जो कुछ कर कर रहे हैं अल्लाह उसको ख़ूब देख रहा है।(१६३) अल्लाह ने ईमानवालों पर इहसान किया कि उनमें उन्हीं में का एक पैग़म्बर भेजा जो उनको अल्लाह की आयतें पढ़-पढ़कर सुनाता है और उनका सुधार करता है और किताब और समझ की बातें उनको सिखाता है वर्ना यह लोग तो पहले से ज़ाहिरा भटके हुओं में से थे। (१६४)

§ 'तुम' से यहाँ रसूलुल्लाह स० मुराद हैं। वह दिल के नर्म और ज़बान के मीठे थे। यदि क्रोधी और कड़े स्वभाव के होते तो मुसलमान क्या करते ? नबी होने की हैसियत से तो उनका हुक्म मानना ही पड़ता, परन्तु वे भागे-भागे अवश्य फिरते। † पैग़म्बर को हुक्म अल्लाह है कि इनके गुनाहों को तो माफ़ कर दो लेकिन गुनहगार होते हुये भी, मुआमलात में इनकी राय लेने में न बाज़ आओ। अल्लाह की रहमत का यह नमूना है कि गुनहगार को भी यह दर्जा हासिल है। * आयत १६१-१६२ का नज़ूल उस मौक़े पर हुआ जब जंगे ऊहद के बाद लूट के माल में किन्हीं मुनाफ़िक़ों की शरारत या कमसमझ नवमुस्लिमों की नासमझी से यह इज़हार हुआ कि लूट के माल में कोई क़ीमती चीज़ ग़ायब है और उसके ग़ायब होने का शक रसूल स० के निज़ाम पर था। मतलब यह है कि साधारन आदमी जैसे अपराध का नबी की शान में थोपना बुरा है। नबी से भला ऐसे अन्याय कैसे हो सकते हैं। साधारण आदमी भी अगर ख़यानत का मुजरिम होगा तो उसको उस अपराध के साथ अल्लाह के सामने हाज़िर होना पड़ेगा।

अव लम्मा असाबत्कुम् मुसीबतुन् क़द् असब्तुम् मिस्लैहा ला क़ुल्तुम् अन्ना हाजा त़ क़ुल् हुव मिन् इन्दि अन्फ़ुसिकुम् त़ इन्नल्लाह अला कुल्लि शैइन् क़दीरुन् (१६५) व मा असाबकुम् यौमल्-तक़ल्-जम्आनि फ़बिइज्-निल्लाहि व लियअ़्लमल् - मुअ्मिनीन ला (१६६) व लियअ़्लमल्लजीन

लिल्लजीन क़ालू लहुमुत्तबिअ़ू सबीलना वल्यक़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहि अविद्फ़अू त़ क़ालू लौ नअ़्लमु क़िताल्न् लत्तबअ़्नाकुम् त़ हुम् लिल्कुफ़्रि यौमइज़िन् अक़्रबु मिन्हुम् लिल्ईमानि ज् यक़ूलून बिअफ़्वाहिहिम् मा लैस फ़ी क़ुलूबिहिम् त़ वल्लाहु अअ़्लमु बिमा यक्तुमून ज् (१६७) अल्लजीन क़ालू लिइख़्वानिहिम् व क़अ़दू लौ अताअ़ूना मा क़ुतिलू त़ क़ुल् फ़द्रअू अन् अन्फ़ुसिकुमुल्मौत इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१६८) व ला तह्सबन्नल्लजीन क़ुतिलू फ़ी सबीलिल्लाहि अम्वातन् त़ बल् अह्याउन् इन्द रब्बिहिम् युर्ज़क़ून ला (१६९) फ़रिहीन बिमा आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि ज् ला व यस्तब्शिरून बिल्लजीन लम् यल्हक़ू बिहिम् मिन् ख़ल्फ़िहिम् ला अल्ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून ● म् (१७०) यस्तब्शिरून बिनिअ़्मतिम्-मिनल्लाहि व फ़ज़्लिन् ला व अन्नल्लाह ला युज़ीअु अज्रल्-मुअ्मिनीन ज ∴ (१७१) ★ अल्लजीनस्तजाबू लिल्लाहि वर्रसूलि मिम्बअ़्दि मा असाबहुमुल्क़र्हु त़ ∴ लिल्लजीन अह्सनू मिन्हुम् वत्तक़ौ अज्रुन् अ़ज़ीमुन् ज (१७२) अल्लजीन क़ाल लहुमुन्नासु इन्नन्नास क़द् जमअ़ू लकुम् फ़ख़्शौ हुम् फ़ज़ादहुम् ईमानन् क़ ला व क़ालू हस्बुनल्लाहु व निअ़्मल्-वकीलु (१७३)

● ब. ला ★ रु. १७–८ आ १६ ∴ मु. अ़ि मुत्तबि क़ ☆

और क्या जब तुम पर (काफ़िरों की तरफ़ से जंगे ऊहद में) आफ़त आ पड़ी हालाँकि तुम इससे दूनी (आफ़त जंगे बद्र में अपने दुश्मनों पर पहले) डाल चुके हो, (फिर भी) तुम कहने लगे कि कहाँ से (आफ़त) आई। (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि तुम्हारे ही कर्मों (रसूल का हुक्म न मानने) का यह नतीजा है। बेशक अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है।(१६५) और जिस दिन (जंगे ऊहद में) दोनो जमातें भिड़ गईं तो जो मुसीबत तुम को पहुँची (वह) अल्लाह के हुक्म से थी और यह भी ग़रज़ थी कि अल्लाह ईमानवालों को मालूम करे।(१६६) और मुनाफ़िक़ों (आगे कुछ पीछे कुछ कहनेवालों) को भी जान ले। और (जब) मुनाफ़िक़ों से कहा गया आओ अल्लाह के रास्ते में लड़ो, या दुश्मनों को दफ़ा (निवारण) करो तो कहने लगे कि अगर हम (ढंग की) लड़ाई समझते तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ हो लेते। यह लोग उस रोज़ ईमान की बनिस्बत कुफ़्र से ज़ियादा नज़दीक थे। मुँह से ऐसी बात कहते हैं जो इनके दिलों में नहीं और जिसको छिपाते हैं अल्लाह उसे ख़ूब जानता है।(१६७) जो (जिहाद से जी चुरा कर घर में) बैठे रहे और अपने भाइयों के सम्बन्ध में कहने लगे कि हमारा कहा मानते(याने जंग में न जाते)§ तो मारे न जाते,कहो कि अगर तुम सच्चे हो तो(अब)अपने ऊपर से मौत को हटा दो।(१६८) और जो लोग अल्लाह की राह में मारे गये हैं उनको मरा हुआ ख़्याल न करना बल्कि (वे लोग) अपने परवरदिगार के पास जीते हैं और इनको रोज़ी मिलती है। (१६९) जो (निआमतें) अल्लाह ने अपनी कृपा से इनको दे रखी हैं उनसे ख़ुश हैं, और जो लोग इनके बाद अभी इनमें आकर (शहीद हो कर) शामिल नहीं हो सके हैं वह भी ख़ुशियाँ मनाते हैं, क्योंकि (क़ियामत के दिन) इन पर न डर होगा और न यह उदास होंगे ●।(१७०) अल्लाह (की निआमतों व फ़ज़ल पर) ख़ुशियाँ मना रहे हैं और इसकी कि अल्लाह ईमानवालों के अज़र (फल) को अकारथ नहीं होने देता।(१७१) ★

जिन लोगों ने घायल होने के बाद भी अल्लाह और पैग़म्बर का हुक्म माना× (ख़ासकर) उनमें जो नेक और परहेज़गार हैं उनके लिए बड़ा फल है।(१७२) वह लोग जिनको लोगों ने ख़बर दी कि काफ़िरों ने तुम्हारे लिए बड़ी फ़ौज जमा की है उनसे डरते रहना तो इससे उनका ईमान (जोश) और अधिक हो गया और (वह) बोल उठे कि हमको अल्लाह काफ़ी है और वही सर्वोपरि काम सँभालनेवाला है‡।(१७३) ग़रज़ यह लोग अल्लाह की निआमतों और करम से लदे हुए वापस आये◎ और उनको कुछ बुराई भी नहीं पहुँची और (वह) अल्लाह की मर्ज़ी पर क़ायम रहे और अल्लाह की दया अपरम्पार है।(१७४)

● व. ज़ा ज़ि म ★ रू. १७ — ८ आ १६

§ कुछ लोगों ने अपने मुसलमान रिश्तेदारों को ऊहद की लड़ाई में भाग लेने से रोका था। उनकी राय न मानकर जब वे जंग में शरीक होकर शहीद हो गये तो अपनी बड़ाई जताने लगे कि हमने तो पहले ही रोका था। अगर हमारी राय मान कर घर न छोड़ते तो जान से हाथ न धोते। इसके जवाब में ये आयतें उतरीं। × जंगे ऊहद से काफ़िरों की वापसी पर रसूलुल्लाह स० ने, इस ख़याल से कि कहीं काफ़िर मदीने पर दुबारा हमला न बोल दें, मुसलमानों को उनका पीछा करने के लिए हुक्म दिया। ईमानवाले, बावजूद कि ताज़ी लड़ाई में सख्त घायल थे, फिर भी फ़ौरन तैयार हो गये और उन्होंने मदीने से ८ मील तक काफ़िरों का पीछा किया। ऐसे त्यागी सत्कर्मियों के अज़र (प्रतिफल) का क्या बयान किया जाय! ‡ ऊहद की लड़ाई के बाद क़ुरैश, मुसलमानों को भयभीत रखने के विचार से दुबारा उन पर चढ़ाई करने की झूठी खबरें भेजते थे। इसको सुनकर मुसलमान दहलते न थे बल्कि दुगने हौसले से कहते थे, 'हमारे लिए अल्लाह काफ़ी है'। ◎ जंगे ऊहद के बाद काफ़िरों के बड़े दलबल से दुबारा हमले की धमकी की परवाह न कर जब [पिज१४१ पर

फ़न्क़लबू बिनिअ़्मतिम् - मिनल्लाहि व फ़ज़्लिल्लम् यम्ससहुम् सूअुन् ला व'त्तबअू रिज़्वानल्लाहि त़् वल्लाहु जूफ़ज़्लिन् अजीमिन् (१७४) अिन्नमा जालिकुमुश्शैतानु युख़ौविफ़ु औलिया'अहू स़् फ़ला तख़ाफ़ू हुम् व ख़ाफ़ूनि अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१७५) व ला यहूज़ुन्कल्लजीन युसारिअ़ून फ़िल्कुफ़्रि ज अिन्नहुम् लैंयज़ुर्रुल्लाह शैअन् त़् युरीदुल्लाहु अल्ला यज्अल लहुम् हज़्जन् फ़िल्आख़िरति ज व लहुम् अजाबुन् अजीमुन् (१७६) अिन्नल्लजीनश् - तरवुल् - कुफ़्र बिल्अीमानि लैंयज़ुर्रुल्लाह शैअन् ज् व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (१७७) व ला यह्सबन्नल्लजीन कफ़रू' अन्नमा नुम्ली लहुम् ख़ैरुल्लिअन्फ़ुसिहिम् त़् अिन्नमा नुम्ली लहुम् लियज़्दादू' अिस्मन् ज् व लहुम् अजाबुम्-मुहीनुन् (१७८) मा कानल्लाहु लियजरल्-मुअ्मिनीन अला मा' अन्तुम् अलैहि हत्ता यमीज़ल्ख़बीस मिनत्तैयिबि त़् व मा कानल्लाहु लियुत़्लिअकुम् अलल्ग़ैबि व लाकिन्नल्लाह यज्तबी मिर्रुसुलिहि मैंयशा'अु स़् फ़आमिनू बिल्लाहि व रुसुलिहि ज व अिन् तुअ्मिनू व तत्तक़ू फ़लकुम् अज्रुन् अजीमुन् (१७९) व ला यह्सबन्नल्लजीन यब्ख़लून बिमा' आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि हुव ख़ैरल्लहुम् त़् बल् हुव शर्रुल्लहुम् त़् सयुतौवक़ून मा बख़िलू बिहि यौमल्क़ियामति त़् व लिल्लाहि मीरासुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़् वल्लाहु बिमा तअ़्मलून ख़बीरुन् (१८०) ★ लक़द् समिअल्लाहु क़ौलल्लजीन क़ालू' अिन्नल्लाह फ़क़ीरूँव नहूनु अग़्निया'अु ● म् सनक्तुबु मा क़ालू व क़त्लहुमुल्-अम्बिया'अ बिग़ैरि हक़्क़िन् ला व'व नक़ूलु जूक़ू अजाबल्-हरीक़ि (१८१)

वह तो शैतान ही है जो अपने दोस्तों के द्वारा भयभीत करता है§। तो अगर ईमान रखते हो तो तुम उनसे न डरना और मेरा ही डर रखना (१७५) और जो लोग कुफ़्र में जल्दी से जा फँसते हैं, (ऐ पैग़म्बर) तुम (इन लोगों की वजह से) उदास न होना, यह लोग अल्लाह का तो हरगिज़ कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते, अल्लाह चाहता है कि आख़िरत में इनको कुछ भाग न दे और इनको बड़ा अज़ाब मिलना है।(१७६) जिन लोगों ने ईमान देकर कुफ़्र मोल लिया वे अल्लाह को तो हरगिज़ किसी तरह का नुक़सान नहीं पहुँचा सकेंगे बल्कि इन्हीं को दुखदाई सज़ा होगी।(१७७) और जो लोग कुफ़्र (इन्कार) कर रहे हैं, इस ख़्याल में न रहें कि हम जो उनको ढील दे रहे हैं, यह कुछ इनके हक़ में भला है। हम तो इनको सिर्फ़ इसलिए ढील दे रहे हैं ताकि (ग़फ़लत में रहकर) और गुनाह समेट लें और इनके लिए ज़िल्लत की मार है।(१७८) अल्लाह ऐसा नहीं है कि जिस हाल में तुम हो (याने) अच्छे-बुरे की जाँच किये बग़ैर इसी हाल पर ईमानवालों को रहने दे और अल्लाह ऐसा भी नहीं कि तुमको ग़ैब की बातें बतादे; हाँ अल्लाह (इसके लिए) अपने पैग़म्बरों में से जिसको चाहता है चुन लेता है, तो (तुम) अल्लाह और उसके पैग़म्बरों पर ईमान लाओ और अगर तुम ईमान लाओगे और परहेज़गारी से रहोगे तो तुमको बड़ा अज्र (प्रतिफल) मिलेगा।(१७९) और जिन लोगों को अल्लाह ने अपनी कृपा से दिया है और वह उसमें (ज़कात न देकर) कंजूसी करते हैं वह इसको अपने हक़ में हरगिज़ भला न समझें बल्कि वह उनके हक़ में बहुत बुरा है। जिस (माल) की कंजूसी करते हैं क़ियामत के दिन उसकी तौक़ (हँसली) बनकर उनके गले में लटकेगी और आसमान व ज़मीन का वारिस (अभिभावक) अल्लाह ही है और जो कर रहे हो अल्लाह को उसकी पूरी ख़बर है।(१८०) ★

जो लोग अल्लाह को मुहताज† और अपने को मालदार बताते हैं उनकी बकवास अल्लाह ने सुनली है●। और यह लोग जो नाहक़ पैग़म्बरों को क़त्ल करते चले आये हैं उसके साथ हम इनकी इस बकवास को भी लिखे रखते हैं और इनका जवाब (हमारी तरफ़ से आख़िरत के दिन) यह होगा कि (दोज़ख़ की) आग का मज़ा चखो। (१८१) यह उन्हीं कामों का बदला है जिनको तुमने (पहले से) अपने हाथों (कमा कर) भेजा है और अल्लाह अपने बन्दों पर किसी तरह का ज़ुल्म करनेवाला नहीं।(१८२)

§ शैतान ख़ुद जिस्म रख कर तो आता नहीं। वह तो शैतानी ख़सलत के इंसानों के ज़रिये ही गुमराह करता व तंग करता है। यही अबू सुफ़ियान जैसे इंसान शैतान के दोस्त कहे गये हैं। † जब अल्लाह की राह में क़र्ज़ देने का हुक्म आया तो यहूदी मज़ाक़ उड़ाने लगे कि अल्लाह मुहताज है, इसलिए क़र्ज़ माँगता है।

★ रु. १८ | ६ आ ६ ● व. ला जिम

जालिक बिमा क़द्दमत् अैदीकुम् व अन्नल्लाह लैस बिज़ल्लामिल्लिल्-अबीदि ज़् (१८२) अल्लजीन क़ालू अिन्नल्लाह अहिद अिलैना अल्ला नुअ्मिन लिरसूलिन् हत्ता यअ्तियना बिक़ुर्बानिन् तअ्कुलुहुन्नारु त़् क़ुल् क़द् जा अकुम् रुसुलुम्मिन् क़ब्ली बिल्बैयिनाति व बिल्लजी क़ुल्तुम् फ़लिम क़तल्तुमूहुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१८३) फ़अिन् कज्जबूक फ़क़द् कुज्जिब रुसुलुम्मिन् क़ब्लिक जा अू बिल्बैयिनाति वज़्ज़ुबुरि वल्किताबिल्मुनीरि (१८४) कुल्लु नफ़्सिन् जा अिक़्क़ुल्मौति त़् व अिन्नमा तुवफ़्फ़ौन अुजूरकुम् यौमल्क़ियामति त़् फ़मन् ज़ुह़ूज़िह़ अनिन्नारि व अुद्ख़िलल्-जन्नत फ़क़द् फ़ाज़ त़् व मल्ह़यातुद्दुन्या अिल्ला मताअुल्गुरूरि (१८५) लतुब्लवुन्न फ़ी अम्वालिकुम् व अन्फ़ुसिकुम् क़िफ़ व लतस्मअुन्न मिनल्लजीन अूतुल्किताब मिन् क़ब्लिकुम् व मिनल्लजीन अश्रकू अजन् कसीरन् त़् व अिन् तस्बिरू व तत्तक़ू फ़अिन्न जालिक मिन् अज़्मिल्अुमूरि (१८६) व अिज् अख़ज़ल्लाहु मीसाक़ल्लजीन अूतुल्किताब लतुबैयिनुन्नह़ू लिन्नासि व ला तक्तुमूनह़ू ज़् फ़नबज़ूहु वरा अ ज़ुहूरिहिम् वश्तरौ बिह़ी समनन् क़लीलन् त़् फ़बिअ्स मा यश्तरून (१८७) ला तह़्सबन्नल्लजीन यफ़्रहून बिमा अतौव्व युह़िब्बून अैंयुह़्मदू बिमा लम् यफ़्अलू फ़ला तह़्सबन्नहुम् बिमफ़ाज़त़िम् - मिनल्अ़ज़ाबि ज़् व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (१८८) व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़् वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१८९) ★ अिन्न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि लआयातिल् - लिअुलिल् - अल्बाबि ज़् ला (१९०)

لِتَبْلَوُنَّ فِيْٓ اَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ ۗ وَلَتَسْمَعُنَّ مِنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا
الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَمِنَ الَّذِيْنَ اَشْرَكُوْٓا اَذًى كَثِيْرًا ۗ وَاِنْ
تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا فَاِنَّ ذٰلِكَ مِنْ عَزْمِ الْاُمُوْرِ ۝ وَاِذْ اَخَذَ اللّٰهُ
مِيْثَاقَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ لَتُبَيِّنُنَّهٗ لِلنَّاسِ وَلَا تَكْتُمُوْنَهٗ
فَنَبَذُوْهُ وَرَآءَ ظُهُوْرِهِمْ وَاشْتَرَوْا بِهٖ ثَمَنًا قَلِيْلًا ۗ فَبِئْسَ مَا
يَشْتَرُوْنَ ۝ لَا تَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ يَفْرَحُوْنَ بِمَآ اَتَوْا وَّيُحِبُّوْنَ
اَنْ يُّحْمَدُوْا بِمَا لَمْ يَفْعَلُوْا فَلَا تَحْسَبَنَّهُمْ بِمَفَازَةٍ مِّنَ
الْعَذَابِ ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝ وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَ
الْاَرْضِ ۗ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ اِنَّ فِيْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ
وَالْاَرْضِ وَاخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ لَاٰيٰتٍ لِّاُولِي الْاَلْبَابِ ۝

वह जो कहते हैं कि अल्लाह ने हमसे कह रखा है कि जब तक कोई पैग़म्बर हमको ऐसी क़ुर्बानी (भेंट) न दिखावे कि उसको (आसमानी) आग चट कर जाय§ तब तक हम उस पर ईमान न लावें। (तो ऐ पैग़म्बर!) कहो कि मुझसे पहले कितने पैग़म्बर (तुम्हारे पास) खुली-खुली निशानियां लाये और वह (चमत्कार) भी लाये जिसको तुम माँगते हो, तो अगर तुम सच्चे हो तो फिर तुमने उनको किसलिए क़त्ल किया।(१८३) (और ऐ पैग़म्बर!) इस पर भी अगर वह तुमको झुठलावें तो तुमसे पहले (भी) बहुत से पैग़म्बर खुले चमत्कार लाये और सहीफ़े† और रोशन (खुली) किताबें भी लाये, फिर भी लोगों ने उनको झुठलाया।(१८४) हर किसी को मौत का मज़ा चखना है और पूरा-पूरा बदला तो तुमको क़ियामत ही के दिन दिया जायगा, तो (उस दिन) जो शख़्स आग (नरक) से दूर हटा दिया गया और जिसको बहिश्त में जगह दी गई तो वही सफल हुआ और दुनिया की ज़िन्दगी तो सिर्फ़ धोखे की पूंजी (मायाजाल) है।(१८५) (ऐ ईमानवालो!) बेशक तुम्हारे मालों और तुम्हारी जानों (की हानि) से ज़रूर तुम्हारी परीक्षा की जायेगी और बेशक जिन लोगों को तुमसे पहले किताब दी जा चुकी है उनसे और मुशरिकों से तुम बहुत-सी दिल तोड़नेवाली बातें ज़रूर सुनोगे और (इस हालत में भी) अगर सब्र से काम लो और परहेज़गारी करो तो बेशक ये (बड़ी) हिम्मत के कम हैं (और तुमको ज़रूर करना चाहिये)।(१८६) और (याद करो) जब अल्लाह ने किताब वालों से वचन लिया कि लोगों से इसका मतलब (साफ़-साफ़) बयान कर देना और इसको (किसी बात को) छिपाना नहीं, तो उन्होंने उस वचन को अपनी पीठ के पीछे फेंक दिया और उसके बदले थोड़े-से दाम हासिल किये और जो कुछ हासिल किया वह कैसी बुरी चीज़ है✡।(१८७) और जो लोग अपनी (ऐसी) करतूतों पर खुश होते हैं और जो किया नहीं उस पर भी अपनी तारीफ़ चाहते हैं तो (ऐ मुहम्मद! ऐसे लोगों की निस्बत हरगिज़) ख़्याल न करना कि वे अज़ाब से बचे रहेंगे बल्कि उनके लिये दुखदाई सज़ा है♦।(१८८) आसमान व ज़मीन का राज्य अल्लाह ही का है और अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है।(१८९) ★

बेशक आसमानों और ज़मीन की पैदाइश (उत्पत्ति) और रात और दिन की अदल-बदल में बुद्धिमानों के लिये (बड़ी) निशानियाँ हैं। (१९०)

§ किसी ज़माने में क़ुर्बानी को आग में जलाने (हवन करने) का रवाज़ था। बाइबिल में ऐसा ज़िक्र आया है कि ग़ैबी (अदृष्ट) आग इस क़ुर्बानी को चट (भस्म) कर जाती थी। ऐसे नबी भी, मसलन हज़रत इल्यास, हुये हैं जिन्होंने ग़ैबी आग में भस्म होने वाली क़ुर्बानी का चमत्कार दिखलाया। लेकिन न तो यह कहीं लिखा है कि हर नबी के लिए ऐसा चमत्कार दिखलाना लाज़िमी है वरना वह नबी न तस्लीम होगा और न यही नौबत आई कि ऐसे चमत्कार दिखलाने वाले नबियों को फिर क़त्ल न किया गया हो। अधर्मी लोग तो किसी न किसी बहाने से पैग़म्बरों से इन्कार और उनको तंग करते ही आये हैं। और उसी तरह वह मुहम्मद रसूलुल्लाह स० से भी इन्कार कर रहे हैं। † धार्मिक छोटे-छोटे ग्रंथ सहीफ़े कहलाते हैं। यह भी आसमानी (दैवी) किताबें हैं। ✡ अल्लाह के हुक्म को और अल्लाह से दिये हुये वचनों को आगे चल कर धर्म के महन्त या सरग़ना अपने स्वार्थ के लिए अल्लाह के नाम पर नया जामा पहनाने लगते हैं। यह हर ज़माने और हर मज़हब के नाम लेने वालों पर लागू है। इस आयत में एलान है कि ऐसे पीर-महन्तों को आख़िरत में यह स्वार्थ का सौदा महँगा पड़े गा और उन्हें दोज़ख़ ही में ठिकाना मिलेगा। अवाम से भी इशारा है कि हुक्म अल्लाह पर ही चलें। ऐसे सरग़नाओं के फेर में पड़ कर अपनी आख़िरत न बिगाड़ें। ♦ जो लोग ख़ुदाई किताबों के हुक्मों में काट-छाँट करते या बढ़ाते घटाते हैं और अपनी करनी पर ख़ुश होते हैं और समझते हैं लोग उनके फ़रेब को पकड़ न सकेंगे और उनको पूजेंगे, उनको आख़िरत में दुखदाई सज़ा होनी है इसमें ज़रा भी शक नहीं। यहूदी विद्वान अपनी ओर से बातें बनाते और बेपढ़े लोगों से कहते कि ये बातें तौरात में लिखी हैं और जी में ख़ुश होते कि उनका झूठ किसी पर नहीं खुल सकता।

अल्लजीन यज्कुरूनल्लाह क़ियामौंव क़ुअूदौंव अला जुनूबिहिम् व यतफ़क्करून फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ज् रब्बना मा ख़लक़्त हाजा बातिलन् ज् सुब्हानक फ़क़िना अजाबन्नारि (१९१) रब्बना अिन्नक मन् तुद्ख़िलिन्नार फ़क़द् अख़्ज़ैतहू त् व मा लिज्ज़ालिमीन मिन् अन्सारिन् (१९२) रब्बना अिन्नना समिअ़्ना मुनादियैंयुनादी लिल्अीमानि अन् आमिनू बिरब्बिकुम् फ़आमन्ना क् सला रब्बना फ़ग़्फ़िर्लना जुनूबना व कफ़्फ़िर् अन्ना सैयिआतिना व तवफ़्फ़ना मअ़ल्अब्रारि ज् (१९३) रब्बना व आतिना मा व अ़त्तना अला रुसुलिक व ला तुख़्ज़िना यौमल्-क़ियामति त् अिन्नक ला तुख़्लिफ़ुल्मीआद (१९४) फ़स्तजाब लहुम् रब्बुहुम् अन्नी ला अुज़ीअु अमल आमिलिम्-मिन्कुम् मिन् जकरिन् औ अुन्सा ज् बअ़्ज़ुकुम् मिम्बअ़्ज़िन् ज् फ़ल्लजीन हाजरू व अुख़्रिजू मिन् दियारिहिम् व अूजू फ़ी सबीली व क़ातलू व क़ुतिलू लअुकफ़्फ़िरन्न अन्हुम् सैयिआतिहिम् व लअुद्-ख़िलन्नहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ज् सवाबम्-मिन् अिन्दिल्लाहि त् वल्लाहु अिन्दहू हुस्नुस्सवाबि (१९५) ला यग़ुर्रन्नक तक़ल्लुबुल्लजीन कफ़रू फ़िल्बिलादि त् (१९६) मताअुन् क़लीलुन् क़िफ़ सुम्म मअ़्वाहुम् जहन्नमु त् व बिअ़्सल्मिहादु (१९७) लाकिनिल्-लजीनत्तक़ौ रब्बहुम् लहुम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा नुज़ुलम्मिन् अिन्दिल्लाहि त् व मा अिन्दल्लाहि ख़ैरुल्लिल्-अब्रारि (१९८) ● व अिन्न मिन् अह्लिल्किताबि लमैंयुअ्मिनु बिल्लाहि व मा अुन्ज़िल अिलैकुम् व मा अुन्ज़िल अिलैहिम् ख़ाशिअ़ीन लिल्लाहि ला ला यश्तरून बिआयातिल्लाहि समनन् क़लीलन् त् अुला अिक लहुम् अज्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् त् अिन्नल्लाह सरीअुल्हिसाबि (१९९)



जो खड़े और बैठे और लेटे (हर हाल में) अल्लाह को याद करते रहते हैं और आसमान और ज़मीन की उत्पत्ति पर ध्यान करते रहते हैं कि ऐ हमारे परवरदिगार ! तूने यह सब बेफ़ायदा नहीं बनाया। तेरी ज़ात ऐब से पाक है। हमको (दोज़ख़ के) अ़ज़ाब से बचाये रखना।(१९१) ऐ हमारे परवरदिगार! जिसको तूने दोज़ख़ में डाला उसको तूने ख़्वार (तुच्छ) कर दिया और ज़ालिमों का कोई भी मददगार नहीं होगा।(१९२) (और कहते हैं कि) ऐ हमारे परवरदिगार! हमने एक मनादी करनेवाले (मुहम्मद स०) को सुना, तो (वह) ईमान की पुकार कर रहे थे कि अपने परवरदिगार पर ईमान लाओ तो हम ईमान ले आये। पस ऐ हमारे परवरदिगार! हमारे क़सूरों को माफ़ कर और हमसे हमारी बुराइयों को मिटा दे और (दुनिया में) नेक बन्दों के साथ हमको मौत दे।(१९३) ऐ हमारे परवरदिगार! तूने जिन (निअ़मतों) की प्रतिज्ञा अपने पैग़म्बरों के द्वारा हमसे की है वह हमें दे और क़ियामत के दिन हमको ज़लील न करना (बेशक) तू वादाख़िलाफ़ी तो किया ही नहीं करता। (१९४) सो उनके पालनकर्त्ता ने उनकी दुआ सुन ली (और कहा) कि मैं तुममें से किसी के आमाल (कर्म) को बेकार नहीं जाते देता, (चाहे वह) मर्द हो या औरत तुम सब एक दूसरे के अंग हो, तो जिन लोगों ने (हमारे लिए अपने) देश छोड़े और अपने शहरों से निकाले गये और मेरी राह में (और तरह भी) सताये गये और वह लड़े और मारे गये, मैं उनके अपराधों को उनसे (ज़रूर) मिटा दूँगा। और (मैं ज़रूर) उनको ऐसे बाग़ों में दाख़िल करूँगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। (यह) अल्लाह के यहाँ से (उनके किये का) फल है और अच्छा फल तो (बस) अल्लाह ही के (यहाँ सुलभ) है।(१९५) (ऐ पैग़म्बर!) शहरों में काफ़िरों का चलना-फिरना कहीं तुमको धोखे में न डाले (१९६) यह (दुनिया की) कुछ दिन की बहार है फिर तो इनका ठिकाना दोज़ख़ है और वह कैसा बुरा ठिकाना है।(१९७) लेकिन जो लोग अपने परवरदिगार से डरते रहे उनके लिए बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें वह रही होंगी, वह उनमें हमेशा रहेंगे, (उनकी) यह मेहमानी अल्लाह की ओर से है और जो अल्लाह के यहाँ है सो नेकी करनेवालों के लिए कहीं भला है।(१९८)

[पिज १३५ से] ※ ये दीन पर दीवाने मुसलमान, काफ़िरों के सरग़ना अबू सुफ़यान के चैलेंज पर जंग के लिए तैयार होकर जमा हुये तो अल्लाह के फ़ज़ल से अबू सुफ़यान मक्का में क़ैद का आलम होने से अपना इरादा बदल कर बीच रास्ते से ही वापस चला गया और मुसलमान बिला जंग का नुक़सान उठाये भी अल्लाह के फ़ज़ल के पूरे हक़दार होकर ख़ुशी-ख़ुशी घर वापस आये।

या अैयुहल्लजीन आमनुस्बिरू व साबिरू व राबितू क़िफ़ वत्तक़ुल्लाह लअ्ल्लकुम् तुफ़्लिहून (२००) ★

✪ ४ सूरतुन्निसा अि ९२ ✪

(मदनी) इसमें १६६६७ हुरूफ़ ३७२० कलिमात (शब्द) १७६ आयतें और २४ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहूमानिर्रहीमि ●

या अैयुहन्नासुत्तक़ू रब्बकुमुल्लजी ख़लक़कुम् मिन् नफ़्सिव्वाहिदतिव्व ख़लक़ मिन्हा ज़ौजहा व बस्स मिन्हुमा रिजालन् कसीरौंव निसा अन् ज् वत्तक़ुल्लाहल्लजी तसा अलून बिहि वल्अर्हाम त् अिन्नल्लाह कान अलैकुम् रक़ीबन् (१) व आतुल्यतामा अम्वालहुम् व ला ततबद्दलुल्ख़बीस बित्तैयिबि स् व ला तअ्कुलू अम्वालहुम् अिला अम्वालिकुम् त् अिन्नहू कान हूबन् कबीरन् (२) व अिन् ख़िफ़्तुम् अल्ला तुक़्सितू फ़िल्यतामा फ़न्किहू मा ताब लकुम् मिनन्निसा अि मस्ना व सुलास व रुबाअ ज् फ़अिन् ख़िफ़्तुम् अल्ला तअ्दिलू फ़वाहिदतन् औ मा मलकत् अैमानुकुम् त् जालिक अद्ना अल्ला तऊलू त् (३) व आतुन्निसा अ सदुक़ातिहिन्न निहूलतन् त् फ़अिन् तिब्न लकुम् अन् शैअिम्-मिन्हु नफ़्सन् फ़कुलूहु हनी अम्-मरी अन् (४) व ला तुअ्तुस्सुफ़हा अ अम्वालकुमुल्लती जअ्लल्लाहु लकुम् क़ियामौं - वर्ज़ुक़ू हुम् फ़ीहा वक्सूहुम् व क़ूलू लहुम् क़ौलम्मअ्रूफ़न् (५)

और किताबवालों में से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अल्लाह पर ईमान रखते हैं और जो किताब तुम पर उतरी है और जो उन पर उतरी है (सबपर ईमान रखते हैं और हर समय) अल्लाह से डरने वाले हैं। अल्लाह की आयतों को थोड़ी सी क़ीमत (लाभ) पर बेच नहीं देते, यही वह लोग हैं जिनको परवरदिगार के यहाँ इसका बदला (सुफल) ज़रूर तैयार है। बेशक अल्लाह हिसाब बहुत जल्द ले लेता है।(१९९) ऐ ईमानवालो! (अल्लाह की राह में आई तकलीफ़ों के मुक़ाबले में) सब्र से§ काम लो, (आपस में) एक दूसरे को सब्र की तालीम दो और (काफ़िरों के) मुक़ाबले पर मुस्तैद रहो व मज़बूती से जमे रहो और अल्लाह से डरते रहो ताकि (आख़िरकार) तुम अपनी मुराद पर पहुँचो (२००) ★ रू. २०—११ आ ११

✪ ४ सूरतुल् निसा अ्रि ९२ ✪

(स्त्रियों का अध्याय)

(मदनी) इसमें अरबी के १६६६७ हुरूफ़, ३७२० शब्द, १७६ आयतें और २४ रुकूअ् हैं। ❀

शुरूअ् अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ लोगों! अपने परवरदिगार से डरो जिसने तुम सब को एक ही जान (ह० आदम अ०) से पैदा किया और उससे उसका जोड़ा (हौवा को) पैदा किया और उन दो से यह तमाम मर्द और औरत फैला दिये और जिस अल्लाह का लगाव दे-देकर तुम अपने कितने काम (एक दूसरे से) निकालते हो उसका डर रखो और सगे-सम्बन्धियों (के साथ सलूक) का लिहाज़ रखो, बेशक अल्लाह तुम्हारी ख़बर रखता है†।(१) और अनाथों✡ का माल (जो तुम्हारी सुरक्षा में है) उसको (बालिग़ होने पर) दे दो और उनके अच्छे माल को निकाल कर अपने घटिया माल न रख दो और उनके माल अपने मालों में मिला जुला कर खा-पी मत डालो। यह बहुत बड़ा पाप है।(२) और अगर तुमको इस बात का डर हो कि बेसहारा लड़कियों में इन्साफ़ क़ायम न रख सकोगे तो जो औरतें तुम्हें पसन्द हों उनसे निकाह कर लो; दो-दो या तीन-तीन या चार-चार से। लेकिन अगर तुमको इस बात का भय हो कि (उनके साथ) बराबरी (का बर्ताव) न कर सकोगे तो एक ही (बीवी से निकाह काफ़ी है)। या (लौंडी) जो तुम्हारे क़ब्ज़े में हो (उस पर संतोष करना। यह तदबीर मुनासिब है क्योंकि) उसमें अन्याय न होने की ज़्यादः उम्मीद है।(३) और औरतों को उनके मिहर खुशदिली से दे दिया करो फिर अगर खुशदिली के साथ उसमें से वे कुछ तुमको छोड़ दें तो उसको खुशी और शौक़ से खा सकते हो।(४) और माल जिसको अल्लाह ने तुम्हारे (याने इन्सानों के) लिए सहारा बनाया है कमअक़्लों (नादानों) के हवाले न कर दो और उसमें से उनके खाने पहनने में ख़र्च करते रहो और उन्हें भलाई की बात समझाते रहो।(५)

---

* जंगे ऊहद के बाद पैदा हुई सूरतों में मुसलमानों के लिए आइन्दः इख्तियार की जाने वाली [पेज १४५ पर]

§ अरबी शब्द सब्र (संतोष) के मफ़हूम (आशय) में रोज़मर्रः की बोल-चाल में फ़र्क़ पड़ गया है। सब्र के माने लोग 'लाचारी से मन मार लेने' को समझ लेते हैं। ऐसा नहीं है। निकम्मापन डर, बुज़दिली, लाचारी या पछतावे के बिना धीरज, मजबूती और अंजाम में ग़म न रख कर अपने फ़र्ज़ पर अटल बने रहने की हालत को सब्र कहते हैं। † अब चूँकि सूरः निसा में इन्सानों के हक़ और फ़र्ज़ व अज़ीज़ों के हक़-जायदाद का बयान करना है, इस लिए एक ओर तो यह दिखलाया गया है कि सारे इन्सान एक ह०आदम अ०से ही पैदा और एक ही ख़ून मास हैं तो दूसरी ओर अल्लाह से डरते रहने की हिदायत है ताकि कोई अपने अपने फ़र्ज़ से न हटे और किसी का हक़ मारा न जाय। ✡ जिस लड़के का बाप मर जाय तो मरे हुये के वारिसों को चाहिए कि लड़के का हक़ मार न लें। जब वह जवान हो जाय तो उसको उसके बाप का छोड़ा माल ज़रूर वापस कर दें।

वन्तलुल् - यतामा हुत्ता अिजा बलग़ुन्निकाह़ ज् फ़अिन् आनस्तुम् मिन्हुम् रुश्दन् फ़द्फ़अू अिलैहिम् अम्वालहुम् ज् व ला तअ्कुलूहा अिस्राफ़ौंव बिदारन् अैंयक्बरू त् व मन् कान ग़नीयन् फ़ल्यस्तअ़्फ़िफ़् ज् व मन् कान फ़क़ीरन् फ़ल्यअ् कुल् बिल्मअ़्रूफ़ि त् फ़अिजा दफ़अ़्तुम् अिलैहिम् अम्वालहुम् फ़अश्हिदू अलैहिम् त् व कफ़ा बिल्लाहि हसीबन् (६) लिर्रिजालि नसीबुम्-मिम्मा तरकल्वालिदानि वल्अक़्रबून स् व लिन्निसाअि नसीबुम्मिम्मा तरकल्वालिदानि वल्अक़्रबून मिम्मा क़ल्ल मिन्हु औ कसुर त् नसीबम्-मफ़्रूज़न् (७) व अिजा हज़रल्-क़िस्मत अुलुल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनु फ़र्ज़ुक़ूहुम् मिन्हु व क़ूलू लहुम् क़ौलम्-मअ़्रूफ़न् (८) वल्यख़्शल्लज़ीन लौ तरकू मिन् ख़ल्फ़िहिम् ज़ुर्रीयत्न ज़िआफ़न् ख़ाफ़ू अलैहिम् स् फ़ल्यत्तक़ुल्लाह वल्यक़ूलू क़ौलन् सदीदन् (९) अिन्नल्लज़ीन यअ्कुलून अम्वालल्-यतामा ज़ुल्मन् अिन्नमा यअ्कुलून फ़ी बुतूनिहिम् नारन् त् व सयस्लौन सअीरन् (१०) ★ यूसी - कुमुल्लाहु फ़ी औलादिकुम् क् लिज्ज़करि मिस्लु हज़्ज़िल्-अुन्सयैनि ज् फ़अिन् कुन्न निसाअन् फ़ौक़स्नतैनि फ़लहुन्न सुलुसा मा तरक ज् व अिन् कानत् वाहिदत्न् फ़लहन्निस्फ़ु त् वलिअ बवैहि लिकुल्लि वाहिदिम्मिन् - हुमस्सुदुसु मिम्मा तरक अिन् कान लहु वलदुन् ज् फ़अिल्लम् यकुल्लहु वलदूंव वरिसहु अबवाहु फ़लिअुम्-मिहिस्सुलुसु ज् फ़अिन् कान लहु अिख़्वतुन् फ़लिअुम्-मिहिस्सुदुसु मिम्बअ़्दि वसीयतीं यूसी बिहा औदैनिन् त् आबाअु कुम् व अब्नाअु कुम् ला तद्रून अैयुहुम् अक़्रबु लकुम् नफ़्अन् त् फ़रीज़त्म्-मिनल्लाहि त् अिन्नल्लाह कान अलीमन् हकीमन् (११)

★ रु. १ — १२ आ १०

और अनाथों को आजमा लिया करो जब तक कि वे निकाह (ब्याह) के लायक़ हो जाएँ। तो उस वक़्त अगर उनमें समझदारी देखो तो उनके माल उनके हवाले कर दो और ऐसा न करना कि उनके बड़े होने के भय से जल्दी-जल्दी उनका माल खा डालो बल्कि जो (सरपस्त) खुशहाल हो उसे (ऐसे माल से) बचा रहना चाहिए और जो ज़रूरतमन्द हो वह मुनासिब हद तक खा सकता है। और जब उनके माल उनके हवाले करने लगो तो उसके गवाह कर लो, वर्ना हिसाब लेने को तो अल्लाह काफ़ी है।(६) मा, बाप और रिश्तेदारों की छोड़ी हुई जायदाद (तरका) थोड़ी या बहुत (उसमें) मर्दों का हिस्सा है, और (वैसेही) मा-बाप और सम्बन्धियों के छोड़े हुए में§ स्त्रियों का भी भाग है और यह भाग थोड़ा हो या बहुत बहरहाल (अल्लाह की ओर से) ठहराया हुआ (है)।(७) और जब बाँट के वक़्त सम्बन्धी, अनाथ बच्चे और मुहताज आ मौजूद हों तो (भलेही तरके में उनका हक़ न हो फिर भी) उसमें से उनको भी (कुछ) दे दिया करो और उनसे हमदर्दी से बात करो।(८) और उन लोगों को डरना चाहिए कि अगर अपने पीछे कमज़ोर औलाद छोड़ जाते तो उन पर उनको कैसा तरस आता। तो चाहिए कि अल्लाह से डरें और पक्की बात कहें।(९) बेशक जो लोग नाहक़ अनाथों के माल (अन्याय से) खा डालते हैं वह अपने पेट में बस अंगारे भरते हैं और जल्दी ही दहकती हुई आग में पड़ेंगे।(१०) ★

रु. १/१२ आ १०

तुम्हारी संतान (के बारे में) अल्लाह तुमसे कहे रखता है कि लड़के को दो लड़कियों के बराबर हिस्सा (मिलेगा) फिर अगर लड़कियाँ(दो या)दो से ज़्यादा हों तो छोड़ी हुई जायदाद में उनका (हिस्सा) दो तिहाई और अगर अकेली हो तो उसको आधा और मरे हुए के माता-पिता में दोनो में हरएक को छोड़ी हुई जायदाद का छठवाँ भाग उस सूरत में कि मरे की संतान (मौजूद) हो और अगर उसके संतान न हों और उसके वारिस मा-बाप ही हों तो उसकी माता का एक तिहाई भाग (बाक़ी बाप का), लेकिन (मा-बाप के अलावा) मरे के भाई (बहिन भी) हों तो माता का छठवाँ भाग (लेकिन) मरे की वसीयत और क़र्ज़ (अदा होने) के बाद ये हिस्से निकाले जायँ। तुम अपने बाप और बेटों में से नहीं जान सकते कि मुनाफ़ा पहुँचने के इत्मीनान से उनमें कौन-सा तुमसे अधिक नज़दीक है (याने तुमको इनमें से किससे ज़्यादा फ़ायदा पहुँचना है।) यह सब (हिस्सों का बटवारा) अल्लाह का ठहराया हुआ है†, निस्संदेह अल्लाह बड़ा जानकार बड़ी समझ वाला है।(११)

§ अरब में इस्लाम से पहले लड़कियों को अपने मा-बाप की जायदाद में से कुछ न मिलता था। † तरका या मरे हुये की छोड़ी हुई जायदाद के वारिसों की हदें क़ुर्आन में बयान की गई हैं। उनसे व दीगर सहाबाओं व रावियों की बुनियाद पर बने मुस्लिम ताज़ीरात क़ानून में वह मुफ़स्सिल तौर पर बयान है। लेकिन मोटे तौर पर ये बातें तयशुदा हैं।(१) मरनेवाला अपनी जायदाद की एक तिहाई की वसीअत करने का हक़दार है ताकि जिनका क़ानूनन हक़ नहीं पहुँचता है और वह क़ाबिल मदद हैं तो उनको भी कुछ मिलने की गुंजाइश रहे। बाक़ी दो तिहाई हक़दार वारिसों में तक़सीम होगी।(२) वसीअत का असर किसी वारिस के हक़ पर क़तई नहीं पड़ सकता।(३) तरके का बटवारा, वसीअत के पूरा हो जाने और मरे हुये के क़र्ज़ व खर्च मौता की अदायगी पर ही होगा।(४) हमेशा तो नहीं लेकिन अक्सर मर्द का हिस्सा औरत के मुक़ाबले दूना है।

[पेज १४३ से] बातों की हिदायत इस सूरत में है। लड़ाइयों में जब सहाबा व अन्सार शहीद होने लगे तब उनकी बेवा, बच्चों व वारिसों के जायज़ हक़ों का एलहाम हुआ। दूसरी बात यह कि ग़ैर मुस्लिमों के अलावा अपने में ही शामिल शरीक मुनाफ़िक़ों (कपटाचारियों) से उत्पन्न स्थिति का कैसे सामना किया जाय। [पेज १४७ पर]

व लकुम् निस्फ़ु मा तरक अज़्वाजुकुम् अिल्लम् यकुल्लहुन्न वलदुन् ज़् फ़अिन् कान लहुन्न वलदुन् फ़लकुमुर्रुबुअु मिम्मा तरक्न मिम्बअ़्दि वसीयत्रींयूसीन बिहा औ दैनिन् त़् व लहुन्नर्रुबुअु मिम्मा तरक्तुम् अिल्लम् यकुल्लकुम् व लदुन् ज़् फ़अिन् कान लकुम् वलदुन् फ़लहुन्नस्सुमुनु मिम्मा तरक्तुम् मिम्बअ़्दि वसीयत्रिन् तूसून बिहा औदैनिन् त़् व अिन्कान रजुलुंय्यूरसु कलालत्रन् अविम्रअत्रूँव लहू अखुन् औ अुख्तुन् फ़लिकुल्लि वाहिदिम् - मिन्हुमस्सुदुसु ज़् फ़अिन् कानू अक्सर मिन् जालिक फ़हुम् शुरका अु फ़िस्सुलुसि मिम्बअ़्दि वसीयत्रींयूसा बिहा औदैनिन् ला ग़ैर मुज़ा र्रिन् ज़् वसीयत्रम् - मिनल्लाहि त़् वल्लाहु अलीमुन् हलीमुन् त़् (१२) तिल्क हुदूदुल्लाहि त़् व मैंयुत्तिअिल्लाह व रसूलहू युद्ख़िल्हु जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त़् व जालिकल् - फ़ौज़ुल्-अज़ीमु (१३) व मैंयअ़्सिल्लाह व रसूलहू व यतअ़द्द हुदूदहू युद्ख़िल्हु नारन् ख़ालिदन् फ़ीहा त़् वलहू अजाबुम्-मुहीनुन् (१४) ★ वल्लाती यअ्तीनल्-फ़ाहिशत्र मिन्-निसा अिकुम् फ़स्तश्हिदू अलैहिन्न अर्बअत्रम्-मिन्कुम् ज़् फ़अिन् शहिदू फ़अम्सिकू हुन्न फ़िल्बुयूति हत्ता यतवफ़्फ़ा - हुन्नल्मौतु औ यज्अ़ल्लाहु लहुन्न सबीलन् (१५) वल्लजानि यअ्तियानिहा मिन्कुम् फ़आज़ूहुमा ज़् फ़अिन् ताबा व असलहा फ़अ़रिज़ू अन्हुमा त़् अिन्नल्लाह कान तौवाबर्रहीमन् (१६) अिन्नमत्तौबतु अलल्लाहि लिल्लजीन यअ़मलूनस्सू अ बिजहालत्रिन् सुम्म यतूबून मिन् क़रीबिन् फ़अुलाअिक यतूबुल्लाहु अलैहिम् त़् व कानल्लाहु अलीमन् हकीमन् (१७)

और जो (तरका) तुम्हारी बीवियाँ छोड़ मरें अगर उनके संतान नहीं है तो उनके तर्के§ में तुम्हारा आधा; अगर उनके संतान है तो बीवियों के तर्के में तुम्हारा चौथियाई है लेकिन उनकी (जायज़) वसीअ़त (निकालने) और क़र्ज़ के देने के बाद, और तुम कुछ छोड़ मरो और तुम्हारे कुछ औलाद न हो तो बीवियों को चौथियाई; और अगर तुम्हारे संतान हो तो तुम्हारे तरके में से बीवियों को आठवाँ हिस्सा, (लेकिन) तुम्हारी वसीअ़त पूरी और क़र्ज़ के अदा होने के बाद। और अगर किसी मर्द या औरत के न औलाद हो और न मा-बाप (ज़िन्दः) हों और उसके एक भाई या एक बहन हो तो उनमें से हरएक को छठवाँ हिस्सा है और अगर एक से ज़्यादा हों तो (वे) एक तिहाई में सब शरीक हों मगर मरे की वसीअ़त और क़र्ज़ के निकालने के बाद, बशर्ते कि मरे हुए ने औरों (में किसी) का नुक़सान न किया हो। (यह) अल्लाह का हुक्म है और अल्लाह बड़ा जाननेवाला बड़ा वर्दाश्त करने वाला है।(१२) यह अल्लाह की (बाँधी हुई) हदें हैं और जो अल्लाह और उसके रसूल के हुक्म पर चलेगा उसको अल्लाह बहिश्त के बाग़ों में दाख़िल करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, और वह उनमें हमेशा रहेंगे और यह बड़ी सफलता है।(१३) और जो अल्लाह और उसके रसूल का हुक्म न माने और अल्लाह की हदों से हट कर चले (तो अल्लाह) उसको नरक में दाख़िल करेगा (और वह) उसमें हमेशा रहेगा और उसको ज़िल्लत की मार दी जायगी।(१४) ★

और तुम्हारी औरतों में से जो औरतें बदकारी की अपराधिन हों तो उन पर अपने (लोगों) में से चार की गवाही लो, अगर गवाह तसदीक़ करें तो उन (औरतों) को घरों में बन्द रखो यहाँ तक कि मौत उनका काम तमाम कर दे या अल्लाह उनके लिए कोई रास्ता निकाले†। (१५) और जो दो आदमी तुम लोगों में से बदकारी के अपराधी हों तो उनको मारो-पीटो फिर अगर तौबा करें और अपनी दशा को सुधार लें तो उनका पीछा छोड़ दो, बेशक अल्लाह बड़ा तौबा क़बूल करनेवाला बेहद मेहरबान है।(१६) अल्लाह तौबा क़बूल करता है उन्हीं लोगों की जो नादानी से कोई बुरी हरकत कर बैठते, फिर जल्दी ही तौबा कर लेते हैं तो अल्लाह भी ऐसों की तौबा क़बूल कर लेता है और अल्लाह बड़ा जाननेवाला और बड़ा हिकमत वाला है।(१७)

§ मरे की छोड़ी हुई जायदाद। † ज़िना के लिए सज़ा का यह शुरू का हुक्म है। इशारा है कि अल्लाह उनके लिये कोई रास्ता निकाले। तो आगे चल कर सूः नूर में ज़िना की सज़ा मर्द या औरत दोनो को १००-१०० कोड़ों की एलान हुई।

[पिज १४५ से] आयात १-१४ में सारे इंसानों के भाईचारे की चरचा व स्त्रियों, बच्चों अनाथों या वारिसों के हुक़ूक़ व तरका का बयान है। आ० १५-४२ में औरतों के ग़लत चलन पर तम्बीह करते हुये भी उनको और समाज में छोटे-बड़े सभी के लिए पूरी इज़्ज़त व पूरे हुक़ूक़ का हुक्म है। आ० ४३-७० में मदीना के ग़ैर मुस्लिमों को झूठे ख़ुदाओं के पीछे न दौड़ कर अल्लाह के हुक्म पर ईमान लाने की दावत है। उस रास्ते पर चलने में ही सवाब है वरना उनके लिए सख्त अज़ाब है। आ० ७१-९१ में दुश्मनों के खिलाफ़ आत्मरक्षा के लिए, मुनाफ़िक़ों की चालों व हरकतों से बचने के लिए और उन मुनाफ़िक़ों से कैसा बर्ताव किया जाय, इसका ज़िक्र है। आ० ९२-१०४ में बिला पूरी जाँच किये दुश्मन को भी क़त्ल न किया जाय, शहीदों का पूरा बदला लेना, इस्लाम के मुख़ालिफ़ मुक़ामों को छोड़ देने और दौरान जंग नमाज़-प्रार्थना को कैसे निबाहा जाय, इनकी हिदायत है। आ० १०५-१२६— मुनाफ़िक़ों व छल करने वालों के धोखे में न आओ और न शैतान के रास्ते की जगमगाहट में फँसो, अल्लाह पर ईमान रखने से इनसे बच जाओ गे। आ० १२७-१५२ में औरतों व यतीमों से इन्साफ़ाना बर्ताव, अल्लाह का ख़ौफ़ रखकर सब के साथ इंसाफ़, सगे से सगे के साथ भी पक्षपात नहीं और शैतानियत व मुनाफ़िक़त [पिज १४९ पर]

व लैसतित्तौबतु लिल्लजीन यअ़मलूनस्सैयिआति ज् हत्ता' अिजा हज़र अहदु - हुमुल्मौतु क़ाल अिन्नी तुब्तुल्आन व लल्लजीन यमूतून व हुम् कुफ़्फ़ारुन् त् अुला'अिक अअ़तद्ना लहुम् अजाबन् अलीमन् (१८) या' अैयुहल्लजीन आमनू ला यहिल्लु लकुम् अन् तरिसुन्निसा'अ कर्हन् त् व ला तअ़ज़ुलूहुन्न लितज्हबू बिबअ़ज़ि मा' आतैतुमूहुन्न अिल्ला' अैंयअ्तीन बिफ़ाहिशतिम् - मुबैयिनतिन् ज् व आशिरू हुन्न बिल्मअ़रूफ़ि ज् फ़अिन् करिहतुमूहुन्न फ़अ़सा' अन् तक्रहू शैअौंव यज्अ़लल्लाहु फ़ीहि ख़ैरन् कसीरन् (१९) व अिन् अरत्तुमुस्तिब्दाल ज़ौजिम्मकान ज़ौजिन् ला व'व आतैतुम् अिह्दा-हुन्न क़िन्तारन् फ़ला तअ्ख़ुजू मिन्हु शैअन् त् अतअ्ख़ुजूनहू बुह्तानौंव अिस्मम् - मुबीनन् (२०) व कैफ़ तअ्ख़ुजूनहू व क़द् अफ़्ज़ा बअ़ज़ुकुम् अिला बअ़ज़िंव्व अख़ज़्न मिन्कुम् मीसाक़न् ग़लीजन् (२१) व ला तन्किहू मा नकह आबा'अुकुम् मिनन्निसा'अि अिल्ला मा क़द्सलफ़ त् अिन्नहू कान फ़ाहिशतौंव मक़तन् त् व सा'अ सबीलन् (२२) ★ हुर्रिमत् अलैकुम् अुम्महातुकुम् व बनातुकुम् व अख़वातुकुम् व अम्मातुकुम् व ख़ालातुकुम् व बनातुल्अख़ि व बनातुल्-अुख़ति व अुम्महातु-कुमुल्लाती' अर्ज़अ़नकुम् व अख़वातुकुम् मिनर्रज़ाअ़ति व अुम्महातु निसा'अिकुम् व रबा'अि बुकुमुल्लाती फ़ी हुजूरिकुम् मिन्-निसा'अिकुमुल्लाती दख़ल्तुम् बिहिन्न ज् फ़अिल्लम् तकूनू दख़ल्तुम् बिहिन्न फ़ला जुनाह अलैकुम् ज् व हला'अिलु अब्ना'अि-कुमुल्लजीन मिन् अस्लाबिकुम् ला व अन् तज्मअू बैनल्-अुख़्तैनि अिल्ला मा क़द् सलफ़ त् अिन्नल्लाह कान ग़फ़ूरर्रहीमन् ला (२३)

★ रु. ३ । १४ आ. ८

और उन लोगों की तौबा(क़ुबूल) नहीं जो (बराबर) बुरे काम करते रहे यहाँ तक कि उनमें से जब किसी के सामने मौत आ खड़ी हो तो कहने लगें कि अब मैंने तौबा की, और उनकी (भी तौबा) नहीं जो मरते समय तक काफ़िर ही रहते हैं। यही हैं जिनके लिए हमने दुखदाई अज़ाब तैयार कर रखा है।(१८) ऐ ईमानवालो! तुमको जायज़ नहीं कि औरतों को मीरास (बपौती)मानकर ज़बरदस्ती उन पर क़ब्ज़ा कर लो§। और जो कुछ तुमने उनको दिया है उसमें से कुछ ले लेने की नीयत से उनको क़ैद में न रखो (कि दूसरे से निकाह न करने पावें) सिवा इसके कि अगर उनसे कोई खुली हुई बदकारी ज़ाहिर हो (न कि उनका माल उड़ाने के लिए।) और बीवियों के साथ नेक सलूक से रहो-सहो, और तुमको वे नापसन्द हों तो ताज्जुब नहीं कि तुमको एक चीज़ नापसन्द हो और अल्लाह उसमें बहुत ख़ैर बरकत दे।(१९) और अगर तुम्हारा इरादा एक बीवी को बदलकर उसकी जगह दूसरी बीवी करने का हो तो गो तुमने पहली बीवी को बहुत सा माल दे भी दिया हो तो भी उसमें से कुछ वापस न लेना। क्या किसी क़िस्म की(झूठी) तोहमत लगाकर खुला गुनाह करके अपना दिया हुआ ले लोगे? (२०) और वह (दिया हुआ) कैसे ले लोगे उब कि तुम एक दूसरे के साथ सुहबत (संगत) कर चुके हो और वह (बीवियाँ) तुमसे पक्का वायदा ले चुकी हैं† ।(२१) और जिन औरतों के साथ तुम्हारे बाप ने निकाह किया हो तुम उनके साथ निकाह न करना मगर जो अबतक हो चुका (सो हो चुका।) बेशक यह बड़ी शर्म और ग़ज़ब की बात थी और (यह बहुत ही) बुरा दस्तूर था।(२२)★

तुम्हारी माताएँ, बेटियाँ और तुम्हारी बहनें और तुम्हारी बुआएँ और तुम्हारी मौसियाँ और भतीजियाँ, भाञ्जियाँ और तुम्हारी वे माताएँ जिन्होंने तुमको दूध पिलाया और दूध शरीकी बहनें और तुम्हारी सासें तुम पर हराम हैं। और तुम्हारी उन बीवियों की (पूर्व पति की) बेटियाँ जिन (बीवियों) के साथ तुम संगत (सुहबत) कर चुके हो और (वह बेटियां) जो तुम्हारी गोदों में परवरिश पाती हैं (हराम हैं)। लेकिन (अगर इन बीवियों के साथ) तुमने संगत न की हो तो (उनकी पूर्वपति से पैदा लड़कियों से निकाह करने में) तुम पर कुछ गुनाह नहीं और तुम्हारे औरत से पैदा बेटों की स्त्रियाँ (बहुएँ) और दो बहनों का एक साथ (निकाह में) रखना× (भी तुम पर हराम है) मगर अब तक जो हो चुका (सो हो चुका,) बेशक अल्लाह बड़ा माफ़ करने वाला बेहद मेहरबान है।(२३)

रु. ३।१४ आ ८

॥ इति चौथा पारः ॥

§ अरब में इस्लाम से पहले चलन था कि किसी के मरने पर उसकी जायदाद के साथ उसकी बेवाओं को भी क़ब्ज़े में ले लेते थे। यह ग़लत था। उन्हें अब पूरी आज़ादी है कि जिससे चाहें निकाह करें और इज़्ज़त से जैसे चाहें रहें। † पक्का वायदा के माने निकाह का अहद है जिसके भरोसे पर औरत अपने को मर्द के हवाले करती है। वह भरोसा किसी फ़रेब, लालच या मक्कारी से तोड़ना गुनाह है। निकाह के बाद अगर मर्द तलाक़ देना चाहे तो दो बातें हो सकती हैं—या तो उसने उस औरत के साथ संगत की होगी या न की होगी। यदि वह कर चुका है तो उसको पूरा मेहर देना होगा वरना आधा। × दो सगी बहनें एक ही पुरुष की पत्नियाँ साथ-साथ नहीं हो सकतीं।

[पेज १४७ से] (कपट और पाखण्ड) से बचना व किसी के दिल को न दुखाना, मीठा बोलना व अल्लाह के नबियों में फ़र्क़ न मानना, इसका वर्णन है। आ० १५३-१७६ याने सूरत की समाप्ति तक उन मौक़ों की याद दिलाई है जब जब किताबवाले अल्लाह के हुक्म से फिर बैठे और उन्होंने ज़ुल्म व कुफ़्र अपनाया। इस सूरः निसा के नाज़िल होने के बाद से बसीअ्रत करने का लाज़िमी हुक्म बाक़ी नहीं रहता।

☆☆ पाँचवाँ पारः ☆☆

☆☆ वल्मुह्सनातु ☆☆

☆ सूरतुन्निसाअि आयात २४ से १४७ ☆

व'वल्मुह्सनातु मिनन्निसा'अि अिल्ला मा मलकत् अैमानुकुम् ज् किताबल्लाहि अलैकुम् ज् व अुहिल्ल लकुम् मा वरा'अ जालिकुम् अन् तब्तग़ू बिअम्वालिकुम् मुह्सिनीन ग़ैर मुसाफ़िह़ीन त् फ़मस्तम्तअ़्तुम् बिहि मिन्हुन्न फ़आतूहुन्न अुजूरहुन्न फ़रीज़तन् त् व ला जुनाह अलैकुम् फ़ी मा तराज़ैतुम् बिहि मिम्बअ़्दिल्फ़रीज़ति त् अिन्नल्लाह कान अलीमन् ह़कीमन् (२४) व मल्लम् यस्तति अ़् मिन्कुम् त़ौलन् अैयन्किह़ल् मुह्सनातिल् - मुअ्मिनाति फ़मिम्मा मलकत् अैमानुकुम् मिन् फ़तयातिकुमुल्-मुअ्मिनाति त् वल्लाहु अअ़्लमु बिअीमानिकुम् त् बअ़्ज़ुकुम् मिम्बअ़्ज़िन् ज् फ़न्किह़ूहुन्न बिअिज़्नि अह्लिहिन्न व आतू हुन्न अुजूरहुन्न बिल्मअ़्रूफ़ि मुह्सनातिन् ग़ैर मुसाफ़िह़ातिव्वला मुत्तख़िजाति अख़्दानिन् ज् फ़अिजा' अुह्सिन्न फ़अिन् अतैन बिफ़ाह़िशतिन् फ़अ़लैहिन्न निस्फ़ु मा अ़लल्-मुह्सनाति मिनल्अ़जाबि त् जालिक लिमन् ख़शियल्-अनत मिन्कुम् त् व अन् तस्बिरू ख़ैरुल्लकुम त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (२५) ★ युरीदुल्लाहु लियुबैयिन लकुम् व यह्दियकुम् सुननल्लज़ीन मिन् क़ब्लिकुम् व यतूब अलैकुम् त् वल्लाहु अलीमुन् ह़कीमुन् (२६) वल्लाहु युरीदु अैंयतूब अलैकुम् क़िफ़ व युरीदुल्लज़ीन यत्तबिअूनश्-शहवाति अन् तमीलू मैलन् अ़ज़ीमन् (२७) युरीदुल्लाहु अैंयुख़फ़्फ़िफ़ अ़न्कुम् ज् व ख़ुलिक़ल् - अिन्सानु ज़अ़ीफ़न् (२८)

وَالْمُحْصَنٰتُ مِنَ النِّسَآءِ اِلَّا مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ۚ كِتٰبَ اللّٰهِ
عَلَيْكُمْ ۚ وَاُحِلَّ لَكُمْ مَّا وَرَآءَ ذٰلِكُمْ اَنْ تَبْتَغُوْا بِاَمْوَالِكُمْ مُّحْصِنِيْنَ
غَيْرَ مُسٰفِحِيْنَ ۚ فَمَا اسْتَمْتَعْتُمْ بِهٖ مِنْهُنَّ فَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ
فَرِيْضَةً ۚ وَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيْمَا تَرٰضَيْتُمْ بِهٖ مِنْۢ بَعْدِ الْفَرِيْضَةِ ۚ
اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ۝ وَمَنْ لَّمْ يَسْتَطِعْ مِنْكُمْ طَوْلًا اَنْ
يَّنْكِحَ الْمُحْصَنٰتِ الْمُؤْمِنٰتِ فَمِنْ مَّا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ مِّنْ فَتَيٰتِكُمُ
الْمُؤْمِنٰتِ ۚ وَاللّٰهُ اَعْلَمُ بِاِيْمَانِكُمْ ۚ بَعْضُكُمْ مِّنْ بَعْضٍ ۚ
فَانْكِحُوْهُنَّ بِاِذْنِ اَهْلِهِنَّ وَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ بِالْمَعْرُوْفِ
مُحْصَنٰتٍ غَيْرَ مُسٰفِحٰتٍ وَّلَا مُتَّخِذٰتِ اَخْدَانٍ ۚ فَاِذَآ اُحْصِنَّ
فَاِنْ اَتَيْنَ بِفَاحِشَةٍ فَعَلَيْهِنَّ نِصْفُ مَا عَلَى الْمُحْصَنٰتِ مِنَ
الْعَذَابِ ۚ ذٰلِكَ لِمَنْ خَشِيَ الْعَنَتَ مِنْكُمْ ۚ وَاَنْ تَصْبِرُوْا خَيْرٌ
لَّكُمْ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُبَيِّنَ لَكُمْ وَيَهْدِيَكُمْ
سُنَنَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَيَتُوْبَ عَلَيْكُمْ ۚ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝
وَاللّٰهُ يُرِيْدُ اَنْ يَّتُوْبَ عَلَيْكُمْ ۖ وَيُرِيْدُ الَّذِيْنَ يَتَّبِعُوْنَ الشَّهَوٰتِ
اَنْ تَمِيْلُوْا مَيْلًا عَظِيْمًا ۝ يُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ يُّخَفِّفَ عَنْكُمْ ۚ وَخُلِقَ
الْاِنْسَانُ ضَعِيْفًا ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوْٓا اَمْوَالَكُمْ
بَيْنَكُمْ بِالْبَاطِلِ اِلَّآ اَنْ تَكُوْنَ تِجَارَةً عَنْ تَرَاضٍ مِّنْكُمْ ۚ وَ

★ रु. १ / ४ आ

✪✪ पाँचवाँ पारः ✪✪

✪✪ वल्मुहसनातु ✪✪

सूरतुल् निसा।अि आयात २४ से १४७

और औरतें जो (किसी के) निकाह में हैं(वे भी तुम पर हराम हैं) सिवाय उनके जो (क़ैद होकर) तुम्हारे अधिकार में आई हों। अल्लाह के ये हुक्म तुम पर (फ़र्ज़) हैं। और इनके सिवाय दूसरी (सब औरतें) तुमको हलाल हैं जिनको तुम माल (मिहर) देकर क़ैद (निकाह) में लाना चाहो न कि मस्ती निकालने को। फिर जिस तरह तुमने इनसे (पति-पत्नी का) सुख उठाया है तो उनसे जो मिहर ठहरा था उनके हवाले करो, और (मेहर) तै होने के बाद अगर आपस में समझौते से जो और (कमी बेशी)ठहरा लो तो तुम पर इसमें कुछ पाप नहीं। बेशक अल्लाह बड़ा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है।(२४) और तुममें से जिसको (आज़ाद) मुसलमान औरतों से निकाह करने की ताक़त (मिहर आदि के कारण)न हो तो ख़ैर ईमानवाली बाँदियां ही सही जो (जंग में क़ैद होकर) तुम्हारे आपस में क़ब्जे में हों और अल्लाह तुम्हारे ईमान को ख़ूब जानता है। तुम (सब) आपस में एक जैसे (ही ईमान रखनेवाले) हो पस उन (बांदियों) के मालिकों की इजाज़त से तुम उनके साथ निकाह कर लो और दस्तूर के बमूजिब उनके मिहर उनके हवाले कर दो बशर्ते कि क़ैद (निकाह) में लाई जायँ, (बाज़ारी औरतों-जैसी) बदकारी करनेवाली न हों और न चोरी-छिपे आशनाई करनेवाली हों। फिर अगर क़ैद (निकाह) में आने के बाद कोई बेहयाई करें तो जो सज़ा आज़ाद बीबी को उसकी आधी लौंडी को। (लौंडी से निकाह करने की) यह इजाज़त उसी को है जिसको तुम में से बदकारी (में फँस जाने) का डर है और अगर(उसके बिना)सब्र से रह सको तो तुम्हारे हक़ में कहीं भला है और अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला बड़ा मेहरबान है।(२५)★

अल्लाह चाहता है कि तुमसे (आयतें) खोल-खोल कर बयान करे और जो तुमसे पहले नबी व ईमानवाले हो गुज़रे हैं उनके तरीक़े तुमको बतलाये और तुम पर दया की नज़र करे (जाहिलियत से निकाल कर ईमान का रास्ता दिखाये) और अल्लाह बड़ा जाननेवाला है बड़ा हिकमतवाला है।(२६) और अल्लाह चाहता है कि तुम पर दया करे और जो लोग ख़्वाहिशों के बन्दे (वासनाओं के दास) हैं उनकी मंशा यह है कि तुम सही राह से दूर (भटककर कुराह में) फँस जाओ।(२७) अल्लाह चाहता है कि तुम्हारा बोझ हलका करे (याने नरमी बरते) और मनुष्य तो कमज़ोर पैदा ही किया गया है।(२८)

★ रू. ४।१ आ २

या' अैयुहल्लजीन आमनू ला तअ्कुलू' अम्वालकुम् बैनकुम् बिल्बातिलि अिल्ला' अन् तकून तिजारतन् अन् तराज़िम्-मिन्कुम् क़िफ़् व ला तक़्तुलू' अन्फ़ुसकुम् त् अिन्नल्लाह कान बिकुम् रहीमन् (२९) व मैंयफ़्अल् जालिक अुद्वानौंव जुल्मन् फ़सौफ़ नुस्लीहि नारन् त् व कान जालिक अलल्लाहि यसीरन् (३०) अिन् तज्तनिबू कबा'अिर मा तुन्हौन अन्हु नुकफ़्फ़िर् अन्कुम् सैयिआतिकुम् व नुद्ख़िल्कुम् मुद्ख़लन् करीमन् (३१) व ला ततमन्नौ मा फ़ज़्ज़लल्लाहु बिहि बअ़्ज़कुम् अला बअ़्ज़िन् त् लिर्रिजालि नसीबुम् - मिम्मक्तसबू त् व लिन्निसा'अि नसीबुम्-मिम्मक्तसब्न त् वस्अलुल्लाह मिन् फ़ज़्लिहि त् अिन्नल्लाह कान बिकुल्लि शैअिन् अलीमन् (३२) व लिकुल्लिन् जअल्ना मवालिय मिम्मा तरकल् - वालिदानि वल्-अक़्रबून त् वल्लजीन अक़दत् अैमानुकुम् फ़आतू हुम् नसीबहुम् त् अिन्नल्लाह कान अला कुल्लि शैअिन् शहीदन् (३३) ★ अर्रिजालु क़ौवामून अलन्निसा'अि बिमा फ़ज़्ज़लल्लाहु बअ़्ज़हुम् अला बअ़्ज़िव्व बिमा' अन्फ़क़ू मिन् अम्वालिहिम् त् फ़स्सालिहातु क़ानितातुन् हाफ़िजातुल् - लिल्ग़ैबि बिमा हफ़िजल्लाहु त् वल्लाती तख़ाफ़ून नुशूज़हुन्न फ़अ़िज़ूहुन्न वह्जुरूहुन्न फ़िल्मज़ाजिअि वज़्रिबूहुन्न ज् फ़अिन् अतअ़्नकुम् फ़ला तब्गू अलैहिन्न सबीलन् त् अिन्नल्लाह कान अलीयन् कबीरन् (३४) व अिन् ख़िफ़्तुम् शिक़ाक़ बैनिहिमा फ़ब्असू हकमम्-मिन् अह्लिहि व हकमम्-मिन् अह्लिहा ज् अींयुरीदा' अिस्लाहैंयुवफ़्-फ़िक़िल्लाहु बैनहुमा त् अिन्नल्लाह कान अलीमन् ख़बीरन् (३५) वअ़्बुदुल्लाह व ला तुश्रिकू बिहि शैअौंव बिल्-वालिदैनि अिह्सानौंव बिजिल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनि वल्-जारिजिल्-क़ुर्बा वल्जारिल् - जुनुबि वस्साहिबि बिल्जम्बि वब्निस्सबीलि ला व मा मलकत् अैमानुकुम् त् अिन्नल्लाह ला युहिब्बु मन् कान मुख़्तालन् फ़ख़ूरन् ला (३६)

والمحصنٰت ٦٦ النسآء
لَا تَقْتُلُوْٓا اَنْفُسَكُمْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُمْ رَحِيْمًا ۝ وَمَنْ يَّفْعَلْ ذٰلِكَ
عُدْوَانًا وَّظُلْمًا فَسَوْفَ نُصْلِيْهِ نَارًا ۭ وَكَانَ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ
يَسِيْرًا ۝ اِنْ تَجْتَنِبُوْا كَبَاۗىِٕرَ مَا تُنْهَوْنَ عَنْهُ نُكَفِّرْ عَنْكُمْ سَيِّاٰتِكُمْ
وَنُدْخِلْكُمْ مُّدْخَلًا كَرِيْمًا ۝ وَلَا تَتَمَنَّوْا مَا فَضَّلَ اللّٰهُ بِهٖ
بَعْضَكُمْ عَلٰي بَعْضٍ ۭ لِلرِّجَالِ نَصِيْبٌ مِّمَّا اكْتَسَبُوْا ۭ وَلِلنِّسَاۗءِ
نَصِيْبٌ مِّمَّا اكْتَسَبْنَ ۭ وَسْـَٔـلُوا اللّٰهَ مِنْ فَضْلِهٖ ۭ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُلِّ
شَيْءٍ عَلِيْمًا ۝ وَلِكُلٍّ جَعَلْنَا مَوَالِيَ مِمَّا تَرَكَ الْوَالِدٰنِ وَ
الْاَقْرَبُوْنَ ۭ وَالَّذِيْنَ عَقَدَتْ اَيْمَانُكُمْ فَاٰتُوْهُمْ نَصِيْبَهُمْ ۭ اِنَّ
اللّٰهَ كَانَ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدًا ۝ اَلرِّجَالُ قَوّٰمُوْنَ عَلَي النِّسَاۗءِ ع
بِمَا فَضَّلَ اللّٰهُ بَعْضَهُمْ عَلٰي بَعْضٍ وَّبِمَآ اَنْفَقُوْا مِنْ اَمْوَالِهِمْ ۭ
فَالصّٰلِحٰتُ قٰنِتٰتٌ حٰفِظٰتٌ لِّلْغَيْبِ بِمَا حَفِظَ اللّٰهُ ۭ وَالّٰتِيْ
تَخَافُوْنَ نُشُوْزَهُنَّ فَعِظُوْهُنَّ وَاهْجُرُوْهُنَّ فِي الْمَضَاجِعِ
وَاضْرِبُوْهُنَّ ۚ فَاِنْ اَطَعْنَكُمْ فَلَا تَبْغُوْا عَلَيْهِنَّ سَبِيْلًا ۭ اِنَّ اللّٰهَ
كَانَ عَلِيًّا كَبِيْرًا ۝ وَاِنْ خِفْتُمْ شِقَاقَ بَيْنِهِمَا فَابْعَثُوْا حَكَمًا
مِّنْ اَهْلِهٖ وَحَكَمًا مِّنْ اَهْلِهَا ۚ اِنْ يُّرِيْدَآ اِصْلَاحًا يُّوَفِّقِ اللّٰهُ
بَيْنَهُمَا ۭ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا خَبِيْرًا ۝ وَاعْبُدُوا اللّٰهَ وَلَا تُشْرِكُوْا
بِهٖ شَيْـــًٔا وَّبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا وَّبِذِي الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ

ऐ ईमानवालो ! (आपस में) एक दूसरे का माल बेजा मत खाओ, हाँ ! आपस में रज़ामन्दी से तिजारत करो (उसमें नफ़ा हो जाय तो बेजा नहीं) और (आपस में) एक दूसरे को क़त्ल मत करो७। बेशक अल्लाह तुम पर बड़ा मेहरबान है।(२९) और जो ज़ोर-ज़ुल्म से ऐसा करेगा हम उसको जल्दी ही आग में झोंकें गे और यह अल्लाह के लिए साधारण बात है।(३०) अगर तुम उनमें से बड़े-बड़े पापों से, जिनसे तुमको मना किया जाता है, बचते रहोगे तो हम तुम्हारी (छोटी) बुराइयाँ दूर कर देंगे और तुमको इज़्ज़त की जगह (बहिश्त) में दाख़िल करेंगे।(३१) और अल्लाह ने जो तुममें से एक को दूसरे पर बढ़ती दे रखी है उसकी हवस न किया करो। मर्दों ने जैसे कर्म किये हैं उनको उनका भाग और औरतों ने जैसे कर्म किये हैं उनको उनका भाग मिलेगा और अल्लाह से उसकी दया माँगते रहो§। अल्लाह बेशक हर चीज़ से जानकार है। (३२) और मा-बाप और रिश्तेदार जो माल (तर्का) छोड़कर मरें तो हमने उस (सब माल) के लिए हक़दार ठहरा दिये हैं और जिन लोगों के साथ तुम्हारा वादा† है तो उनका भाग उनको दो। बेशक हर चीज़ अल्लाह के सामने है।(३३) ★

मर्द औरतों के सिरधरा हैं। कारण यह कि अल्लाह ने (इनमें से) एक को एक पर प्रधानता दी है और इसलिए भी कि मर्द अपने माल में से (उन पर) ख़र्च करते हैं। तो जो भली हैं वे (अपने पतियों के) हुक्म पर चलती हैं और उनके पीठ पीछे अल्लाह के साये में (माल व आबरू की) हिफ़ाज़त करती हैं। और तुमको जिन बीवियों से सरकशी का खटका हो उनको समझा दो, फिर उनके साथ सोना छोड़ दो और उन्हें मारो, फिर अगर वे तुम्हारी बात मानने लगें तो उन पर तोहमत न लगाओ, क्योंकि अल्लाह सर्वोपरि है और अति महान है। (३४) और अगर तुमको मियाँ-बीवी में बिगाड़ का अन्देशा हो तो (बजाय अदालत या मुआमला तूल पकड़ने से पहले ही) मर्द की तरफ़ से एक पंच और एक पंच स्त्री की तरफ़ से ठहराओ। अगर दोनो की नियत सलाह की ठहरी तो अल्लाह दोनो में मिलाप करा देगा, बेशक अल्लाह बड़ा जानकार हर तरह ख़बरदार है।(३५) अल्लाह ही की अ्रिबादत करो और उसके साथ किसी और को मत शरीक करो। और मा-बाप रिश्तेदार और अनाथों और मुहताजों और क़रीबी पड़ोसियों और दूर वाले पड़ोसियों और (रोज़ के) पास बैठनेवालों और मुसाफ़िरों और जो तुम्हारे क़ब्ज़े में हों (यानी ग़ुलाम व बाँदियाँ तक) इन सब के साथ भला बर्ताव रखो। बेशक अल्लाह उन लोगों से ख़ुश नहीं होता जो इतरायें, बड़ाई मारते फिरें।(३६)

रु. ५/२ आ ८

७ इसकी तफ़सीर तीन तरीक़ों पर है और तीनों हक़ हैं। (१) दूसरे का माल बेजा हक़ से खाना उड़ाना अपनी ही ज़िन्दगी और आख़िरत को मिटाना है। (२) मुसलमान आपस में ही मार-काट न करें। (३) ख़ुदकशी (आत्म-हत्या) गुनाह है। § दुनिया में जिस्म, दौलत, ताक़त, इज़्ज़त या अ्रिल्म के लिहाज़ से एक से एक बढ़ कर हैं लेकिन इसमें किसी को किसी पर डाह करना या अपने लिए उसकी हवस करना बुरा है। अगर अपनी किसी कमी को पूरा करने की ख़्वाहिश हो भी तो बजाय अल्लाह की क़ुदरत से उलाहना देने या दूसरे लोगों से हिर्स करने के अल्लाह से दुआ मांगना चाहिये। एक समय कुछ औरतों ने आदमियों के मुक़ाबले अपने को कम समझ कर रश्क किया। इस पर यह आयत उतरी। † वादे का अर्थ है दीनी भाई मानना। ऐसे लोगों के लिए तर्का (उत्तराधिकार) नहीं है। अरब में इस्लामी क़ानून से पहले यह क़ायदा था कि दोस्ती का अहद हो जाने पर दोस्त या मुँहबोला बेटा वग़ैरा भी मरे हुये की जायदाद पर हक़दार हो जाते थे। वह क़ायदा इस्लाम ने मंसूख कर दिया। हाँ यदि मरने से पहले अपनी जायदाद का कोई भाग कोई शख़्स अपने दीनी भाई को देना चाहे तो दे सकता है।

अ्ल्लजीन यब्ख़लून व यअ्मुरूनन्नास बिल्बुख़्लि व यक्तुमून मा आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि ؕ त् व अअ्तद्ना लिल्काफ़िरीन अजाबम्मुहीनन् ज् (३७) वल्लजीन युन्फ़िक़ून अम्वालहुम् रिआ'अन्नासि व ला युअ्मिनून बिल्लाहि व ला बिल्-यौमिल्-आख़िरि त् व मैंयकुनिश्-शैतानु लहू क़रीनन् फ़सा'अ क़रीनन् (३८) व मा ज़ा अलैहिम् लौ आमनू बिल्लाहि वल्-यौमिल्-आख़िरि व अन्फ़क़ू मिम्मा रज़क़हुमुल्लाहु त् व कानल्लाहु बिहिम् अलीमन् (३९) अिन्नल्लाह ला यज़्लिमु मिस्क़ाल ज़र्रत्रिन् ज् व अिन्तकु ह़सनतैंयुज़ाअ्फ़ह़ा व युअ्ति मिल्लदुन्हु अज्रन् अज़ीमन् (४०) फ़कैफ़ अिज़ा जिअ्ना मिन् कुल्लि उम्मत्रिम्-बिशहीदिंव्व जिअ्ना बिक अला ह़ा'उलाअि शहीदन् त् ● (४१) यौमअिज़िं-यवद्दुल्-लजीन कफ़रू व अस्सवुर्रसूल लौ तुसौवा बिहिमुल्अर्ज़ु त् व ला यक्तुमूनल्लाह ह़दीसन् (४२) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू ला तक़्रबुस्सलात व अन्तुम् सुकारा ह़त्ता तअ्लमू मा तक़ूलून व ला जुनुबन् अिल्ला आबिरी सबीलिन् ह़त्ता तग़्तसिलू त् व अिन् कुन्तुम् मर्ज़ा औ अला सफ़रिन् औ जा'अ अह़दुम्-मिन्कुम् मिनल्ग़ा'अित्रि औ लामस्तुमुन्निसा'अ फ़लम् तजिदू मा'अन् फ़तयम्ममू सअ़ीदन् त़ैयिबन् फ़म्सह़ू बिवुजूहिकुम् व अैदीकुम् त् अिन्नल्लाह कान अफ़ूवन् ग़फ़ूरन् (४३)

(न उन लोगों से) जो कंजूसी करें और लोगों को भी कंजूसी करने की सलाह दें और अल्लाह ने जो अपनी कृपा से उनको दिया है उसको छिपाएँ और हमने (ऐसे) काफ़िरों के लिए ज़िल्लत का अ़ज़ाब तैयार कर रखा है।(३७) (और अल्लाह उनको भी पसंद नहीं करता) जो लोगों के दिखाने को माल ख़र्च करते हैं (जब कि सच तो यह है कि वे) अल्लाह और आख़िरत (अन्तिम न्याय के दिन) पर ईमान (ही) नहीं रखते और शैतान जिसका साथी हो तो वह (कैसा) बुरा साथी है।(३८) और अगर अल्लाह और आख़िरत पर ईमान लाते और जो कुछ अल्लाह ने इनको दे रखा था उसमें से ख़र्च करते तो उनका क्या बिगड़ जाता और अल्लाह तो इनसे ख़ूब जानकार है।(३९) बेशक अल्लाह रत्ती भर ज़ुल्म नहीं करता बल्कि नेकी के बदले कई गुना फल देता है और अपने पास से बड़ा बदला देता है।(४०) (सोंचो उस समय इनका) क्या हाल होगा जब हम हर उम्मत (गिरोह) से एक गवाह (नबी) को बुलाएँगे और (ऐ मुहम्मद!) हम तुमको इन पर गवाह तलब करेंगे ●।(४१) जिन लोगों ने इनकार किया और पैग़म्बर का हुक्म न माना (वे) उस दिन इच्छा करेंगे कि किसी तरह ज़मीन (फट जाती और वे उस) में समा जाते। और वे अल्लाह से कोई बात भी (तो) नहीं छिपा सकेंगे।(४२)★

ऐ ईमानवालो जब तुम नशे में हो§ तो जब तक यह समझने के लायक़ न हो कि क्या कह रहे हो, नमाज़ के क़रीब न जाओ और न जनाबत (अपवित्रता) की हालत में बिना स्नान किये, सिवा उस हालत के कि तुम सफ़र में हो। और अगर तुम बीमार हो या यात्रा में हो या तुममें से कोई इस्तिन्जा (शौचादि) से आवे या तुम अपनी बीवियों के पास गये हो और तुमको पानी न मिले तो पाक मिट्टी से तयम्मुम† (शुद्ध) कर लिया करो यानी अपने चेहरों और हाथों पर मल लिया करो। बेशक अल्लाह बड़ा माफ़ करने वाला बड़ा बख़्शनेवाला है।(४३)

● ब. न बी. स. ★ रु. ६ — ३ आ ६

§ सूरे बक़र आयत २१९ में शराब को बुरा कहा गया है। कुछ लोगों ने तो उसी समय शराब को त्याग दिया था। बचे-खुचे लोगों को नमाज़ के मौक़ों पर उस हालत में देख कर यह दूसरा हुक्म नाज़िल हुआ। इसके बाद सूरे मायदः आयत ९० में शराब बिलकुल हराम कर दी गई। † तयम्मुम याने अंग पवित्र करने के लिए शुद्ध मिट्टी का इस्तेमाल उसी समय के लिए है जब कि पानी मयस्सर न हो या बीमारी, जंग, सफ़र के सबब न इस्तेमाल हो सकता हो।

अलम् तर अिलल्लजीन अूतू नसीबम्मिनल् - किताबि यश्तरूनज़्ज़लालत व युरीदून अन् तज़िल्लुस्सबील ط (४४) वल्लाहु अअ्लमु बिअअ्दाअि कुम् ط व कफ़ा बिल्लाहि वलीयन् ق ج व कफ़ा बिल्लाहि नसीरन् (४५) मिनल्लजीन हादू युहर्रिफ़ूनल् - कलिम अम्मवाज़िअिहि ط व यक़ूलून समिअ्ना व असैना वस्मअ् ग़ैर मुस्मअिंव्व राअिना लैयम् - बि-अल्सिनति-हिम् व तअ्नन् फ़िद्दीनि ط व लौ अन्नहुम् क़ालू समिअ्ना व अतअ्ना वस्मअ् वन्जुर्ना लकान ख़ैरल्लहुम् व अक़्वम ला व लाकिल्लअ्न - हुमुल्लाहु बिकुफ़्रिहिम् फ़ला युअ्मिनून अिल्ला क़लीलन् (४६) या अैयुहल्लजीन अूतुल्किताब आमिनू बिमा नज़्ज़ल्ना मुसद्दिक़ल्लिमा मअ्कुम् मिन् क़ब्लि अन्नत्मिस वुजूहन् फ़नरुद्दहा अला अद्बारिहा औनल् - अनहुम् कमा लअन्ना अस्हाबस्सब्ति ط व कान अम्रुल्लाहि मफ़्अूलन् (४७) अिन्नल्लाह ला यग़्फ़िरु अैंयुश्रक बिहि ط व यग़्फ़िरु मा दून जालिक लिमैंयशा अु ج व मैंयुश्रिक् बिल्लाहि फ़क़दिफ़्तरा अिस्मन् अज़ीमन् (४८) अलम् तर अिलल्लजीन युज़क्कून अन्फ़ुसहुम् ط बलिल्लाहु युज़क्की मैंयशा अु व ला युज़्लमून फ़तीलन् (४९) अुन्ज़ुर् कैफ़ यफ़्तरून अलल्लाहिल् - कजिब ط व कफ़ा बिहि अिस्मम्मुबीनन् (५०) ★ अलम् तर अिलल्लजीन अूतू नसीबम्मिनल् - किताबि युअ्मिनून बिल्जिब्ति वत्तागूति व यक़ूलून लिल्लजीन कफ़रू हा अुला अि अह्दा मिनल्लजीन आमनू सबीलन् (५१) अुला अिकल्लजीन लअनहुमुल्लाहु ط व मैंयल् - अनिल्लाहु फ़लन् तजिद लहू नसीरन् ط (५२)

क्या तुमने (उन लोगों पर) नज़र नहीं की जिनको किताब (अिल्म) का कुछ हिस्सा दिया गया था, वह अब भटकना मोल ले रहे हैं और चाहते हैं कि तुम भी राह से भटक जाओ।(४४) और अल्लाह तुम्हारे दुश्मनों को ख़ूब जानता है। और अल्लाह का तरफ़दार और मददगार होना (तुम्हारे लिए) काफ़ी है।(४५) जो यहूदी हो गये हैं उनमें कुछ (ऐसे भी) हैं जो बातों को (उनके) ठिकाने से फेरते§ (माने बदलते) हैं और ज़बान मरोड़-मरोड़ कर दीन (इस्लाम) पर ताने की राह से 'समिअना व असैना' और 'अिस्मअ ग़ैर मुस्मअिन' और 'राइना' कह कर (तुम से) सम्बोधन करते हैं और अगर वह (इन शब्दों के बजाये) 'समिअना व अतअना' और (सिर्फ़) अिस्मअ और 'उन्जुर्ना' कह कर ख़िताब करते तो उनके लिए भला होता और बात भी मुनासिब होती।ठ लेकिन उन पर तो उनके कुफ़्र की वजह से अल्लाह की लानत है। पस उनमें से थोड़े ही ईमान लायें गे।(४६) ऐ किताबवालो! (तुम) उस (किताब) पर जो हमने उतारी है और जो उस किताब की (भी) जो तुम्हारे पास है तसदीक़ करती है, ईमान ले आओ इसके पहले कि हम (उनके) चेहरों को बिगाड़ डालें और (चेहरों को उनके) पीछे की ओर उलट दें; या जिस तरह हमने सब्त (शनीचर) वालों× को फटकार दिया था उसी तरह उनको भी फटकार दें और जो अल्लाह को मंज़ूर है वह तो होकर रहेगा।(४७) बेशक अल्लाह के शरीक ठहरानेवाले को अल्लाह माफ़ नहीं करता, इसके अलावा जिसको चाहे क्षमा करे और जिसने अल्लाह का शरीक ठहराया (किसी और को पूजा) उसने बेशक एक बड़ा तूफ़ान समेटा।(४८) क्या तुमने उन लोगों (यानी यहूद) पर नज़र नहीं की जो आप बड़े पाक बनते हैं हालाँकि अल्लाह ही जिसको चाहता पाक बनाता है और (अल्लाह के यहाँ) ज़ुल्म तो किसी पर रत्ती के बराबर भी न किया जायेगा।(४९) और देखो (यह लोग) अल्लाह पर कैसे झूठ (तूफ़ान) बाँध रहे हैं और यही सरिहन (खुला) गुनाह काफ़ी है।(५०) ★

क्या तुमने इन लोगों (यहूदियों के हाल) पर नज़र नहीं की जिनको किताब से हिस्सा दिया गया, और वह जिब्त (जादू टोना, सगुन असगुन, रमल याने Superstition के मातहत बातें) और ताग़ूत (शैतान) को लगे मानने और काफ़िरों की बाबत कहते हैं कि मुसलमानों से तो यही लोग ज़्यादा सीधे रास्ते पर हैं।(५१) ऐ पैग़म्बर! यही लोग हैं जिनको अल्लाह ने फटकार दिया है और जिसको अल्लाह फटकारे मुमकिन नहीं कि तुम (उसका) कोई मददगार पा सको।(५२)

§ जो कुछ तौरात में है उसको छिपाते हैं और शब्दों को उलट-पलट कर कुछ का कुछ अर्थ कर देते हैं। इसी को तहरीफ़ कहते हैं। ठ दीन व रसूल स० का मज़ाक़ बनाने के लिए यहूदी मजलिस में रसुलुल्लाह स० से ऐसे शब्द इस्तेमाल करते जिनमें ज़रा सी तोड़-मरोड़ कर देने से उनके माने दूसरे के दूसरे हो जाते। मसलन 'समिअ्ना व असैना' के अर्थ हैं 'हमने सुना और माना नहीं।' वे असैना का उच्चारण इस तौर पर करते मानों 'अतअ्ना' कह रहे हैं जिसका अर्थ है हमने मान लिया। या जैसे रसुलुल्लाह स० से जब कुछ प्रार्थना करना होती तो कहते 'अिस्मअ्' (सुनो) ग़ैर मुस्मअिन् (न सुनाया जाय), 'न सुना जाय' याने तुमको कोई 'बुरे बचन न सुनना पड़ें।' लेकिन इनका एक बुरा अर्थ भी है कि 'तुम बहरे हो जाओ।' बहूदी 'ग़ैर मुस्मअ्' का प्रयोग तो बुरी मंशा से करते थे लेकिन धोखा देते थे पिछले याने अच्छे अर्थ का। इसी तरह 'राअिना' और 'राअ्ीना' का भी शरारत से इस्तेमाल करते थे। देखिये फ़ुटनोट § सूरे बक़र आयत १०४ सफ़ा ४७ पर। उनकी इन दोमानी शब्दों के कहने में मंशा यह थी कि वे रसूल स० का मज़ाक़ भी बना लें और पकड़ में भी न आवें। इन ग़लतियों में मुसलमानों को गुमराही से बचाने के लिए यह हिदायतें उतरीं। उन्ज़ुर्ना वग़ैरः के इस्तेमाल में फिर इस धोखे की गुंजाइश नहीं रहती। × पृष्ठ ३६ पर सूरे बक़र आयत ६५ व उसका फ़ुटनोट § देखिये।

अम् लहुम् नसीबुम्मिनल्मुल्कि फ़अिजल्ला युअ्तूनन्नास नक़ीरन् ला (५३)
अम् यह्सुदूनन्नास अ्ला मा' आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि ज फ़क़द् आतैना'
आल अिब्राहीमल्किताब वल्-हिक्मत व आतैनाहुम् मुल्कन् अ्ज़ीमन्
(५४) फ़मिन्हुम् मन् आमन बिहि व मिन्हुम् मन् सद् अ्न्हु त् व
कफ़ा बिजहन्नम सअ्ीरन् (५५) अिन्नल्लजीन
कफ़रू बिआयातिना सौफ़ नुस्लीहिम्
नारन् त् कुल्लमा नज़िजत् जुलूदुहुम् बद्ल्ना-
हुम् जुलूदन् ग़ैरहा लियज़ूक़ुल्-अ्ज़ाब त्
अिन्नल्लाह कान अ्ज़ीज़न् हकीमन् (५६) ●
वल्लजीन आमनू व अ्मिलुस्-सालिहाति सनुद्
ख़िलुहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-
अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा' अबदन् त्
लहुम् फ़ीहा' अज़्वाजुम्-मुतह्हरतुन्
ज व'व नुद्ख़िलुहुम् जिल्लन् जलीलन् (५७)
अिन्नल्लाह यअ्मुरुकुम् अन् तुअद्दुल्-
अमानाति अिला' अह्लिहा ला व अिजा
हकम्तुम् बैनन्नासि अन् तह्कुमू बिल्-
अद्लि त् अिन्नल्लाह निअिम्मा यअिज़ुकुम् बिहि त् अिन्नल्लाह कान
समीअम्-बसीरन् (५८) या' अैयुहल्लजीन आमनू' अतीअुल्लाह व
अतीअुर्रसूल व अुलिल्-अम्रि मिन्कुम् ज फ़अिन् तनाज़अ्तुम् फ़ी शैअिन्
फ़रुद्दूहु अिलल्लाहि वर्रसूलि अिन् कुन्तुम् तुअ्मिनून बिल्लाहि वल्-यौमिल्-
आख़िरि त् जालिक ख़ैरूँव अह्सनु तअ्वीलन् (५९) ★ अलम् तर
अिलल्लजीन यज़्अ्मून अन्नहुम् आमनू बिमा' अुन्ज़िल अिलैक व मा'
अुन्ज़िल मिन् क़ब्लिक युरीदून अैयतह्ाकमू' अिलत्ताग़ूति व क़द् अुमिरू'
अैयक्फ़ुरू बिहि त् व युरीदुश्शैतानु अैयुज़िल्लहुम् ज़लालम्-बअ्ीदन् (६०)

وَالْمُحْصَنٰتُ ۵ النِّسَآء ۴ ۶۹

مِنَ الْمُلْكِ فَاِذًا لَّا يُؤْتُوْنَ النَّاسَ نَقِيْرًا ۝ اَمْ يَحْسُدُوْنَ النَّاسَ
عَلٰى مَآ اٰتٰىهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ ۚ فَقَدْ اٰتَيْنَآ اٰلَ اِبْرٰهِيْمَ الْكِتٰبَ
وَالْحِكْمَةَ وَاٰتَيْنٰهُمْ مُّلْكًا عَظِيْمًا ۝ فَمِنْهُمْ مَّنْ اٰمَنَ بِهٖ وَمِنْهُمْ
مَّنْ صَدَّ عَنْهُ ۚ وَكَفٰى بِجَهَنَّمَ سَعِيْرًا ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا
بِاٰيٰتِنَا سَوْفَ نُصْلِيْهِمْ نَارًا ۭ كُلَّمَا نَضِجَتْ جُلُوْدُهُمْ بَدَّلْنٰهُمْ
جُلُوْدًا غَيْرَهَا لِيَذُوْقُوا الْعَذَابَ ۭ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَزِيْزًا حَكِيْمًا ۝
وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ سَنُدْخِلُهُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ
تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ۭ لَهُمْ فِيْهَآ اَزْوَاجٌ مُّطَهَّرَةٌ ۡ
وَّنُدْخِلُهُمْ ظِلًّا ظَلِيْلًا ۝ اِنَّ اللّٰهَ يَاْمُرُكُمْ اَنْ تُؤَدُّوا الْاَمٰنٰتِ
اِلٰٓى اَهْلِهَا ۙ وَاِذَا حَكَمْتُمْ بَيْنَ النَّاسِ اَنْ تَحْكُمُوْا بِالْعَدْلِ ۭ اِنَّ
اللّٰهَ نِعِمَّا يَعِظُكُمْ بِهٖ ۭ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ سَمِيْعًۢا بَصِيْرًا ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْٓا اَطِيْعُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ وَاُولِي الْاَمْرِ مِنْكُمْ ۚ فَاِنْ
تَنَازَعْتُمْ فِيْ شَيْءٍ فَرُدُّوْهُ اِلَى اللّٰهِ وَالرَّسُوْلِ اِنْ كُنْتُمْ تُؤْمِنُوْنَ
بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ۭ ذٰلِكَ خَيْرٌ وَّاَحْسَنُ تَاْوِيْلًا ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى
الَّذِيْنَ يَزْعُمُوْنَ اَنَّهُمْ اٰمَنُوْا بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ وَمَآ اُنْزِلَ مِنْ
قَبْلِكَ يُرِيْدُوْنَ اَنْ يَّتَحَاكَمُوْٓا اِلَى الطَّاغُوْتِ وَقَدْ اُمِرُوْٓا اَنْ
يَّكْفُرُوْا بِهٖ ۭ وَيُرِيْدُ الشَّيْطٰنُ اَنْ يُّضِلَّهُمْ ضَلٰلًۢا بَعِيْدًا ۝ وَ

منزل

आया इनके पास राज्य का कोई भाग है अगर ऐसा होता तब तो वे लोगों को तिल बराबर भी न देते।(५३) या अल्लाह ने जो लोगों (इस्माओील की संतान) को अपनी मेहरबानी से निअ़मत (क़ुर्आन) दी है उस पर जलते हैं, सो इब्राहीम के वंश को हमने (पहले भी) किताब और इल्म और (इनको) बड़ा भारी राज्य दिया।(५४) फिर उन लोगों में से कोई तो उस पर ईमान लाये और किसी ने उससे मुँह मोड़ा और(उनके लिए तो) दहकता हुआ दोज़ख़ काफ़ी है। (५५) यक़ीनन जिन लोगों ने हमारी आयतों से इनकार किया हम उनको जल्दी ही (दोज़ख़ की) आग में झोंकेंगे। जब उनकी खालें जल (कर पक) जावेंगी हम उनको दूसरी खाल बदल देंगे ताकि (वह बराबर) अ़ज़ाब का मज़ा चखते रहें*। बेशक अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है।(५६) ● जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये हम उनको ऐसे बाग़ों में दाख़िल करेंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी जहाँ वे हमेशा रहेंगे। उनमें उनके लिये बीवियाँ साफ़ सुथरी होंगी और हम उनको घनी छाहों में ले जाकर रखेंगे।(५७) अल्लाह तुमको हुक्म देता है कि अमानत वालों की अमानत उनके हवाले कर दिया करो और जब लोगों के आपस के झगड़े चुकाओ (तो) इन्साफ़ के साथ फ़ैसला करो, अल्लाह तुमको कैसी अच्छी शिक्षा देता है बेशक अल्लाह सब कुछ सुनता और देखता है।(५८) ऐ ईमानवालो! अल्लाह की और पैग़म्बर की और तुममें से (जो) हाकिम हैं उनकी आज्ञा मानो फिर अगर किसी बात में तुम्हारे बीच में झगड़ा हो पड़े तो अगर तुम अल्लाह पर और क़ियामत पर ईमान रखते हो (तो)अल्लाह और पैग़म्बर की तरफ़ ले जाओ (उनकी आज्ञाओं के अनुसार करो)। यही (तुम्हारे हक़ में) भला है और इसका फल (अंजाम) भी अच्छा है।(५९) ★

(और ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने उन (मुनाफ़िक़ों) की तरफ़ नहीं देखा जो दावा (तो) करते हैं कि वह उस किताब को जो तुम पर उतरा (याने क़ुर्आन) और उस किताब को जो तुमसे पहले उतरा (याने तौरात) को मानते हैं लेकिन चाहते हैं कि झगड़ा शैतान§ के पास ले जावें हालाँकि उनको हुक्म दिया जा चुका है कि उसकी बात न मानें और शैतान चाहता है कि उनको भटका कर बड़ी दूर ले जावे।(६०)

* मतलब यह कि काफ़िरों के लिए अ़ज़ाब कभी ख़त्म होने वाला नहीं। मौ० दरयाबादी साहब की तफ़सीर के बमूजिब दोज़ख़ में इस दुनिया जैसी खाल न समझना चाहिये। मंशा यह कि दोज़ख़ में खाल जल जाने पर भी यह महसूस होगा कि खाल मौजूद है और वह झुलस रही है। § मुनाफ़िक़ जानते थे कि मुहम्मद साहब स० न्याय के समय किसी का पक्ष नहीं ले सकते, इसलिये अपने झगड़ों को यहूदी विद्वानों के पास ले जाते थे जो घूस खाते थे।

व अिजा क़ील लहुम् तआलौ अिला मा' अन्ज़लल्लाहु व अिलर्रसूलि रअैतल्-मुनाफ़िक़ीन यसुद्दून अन्क सुदूदन् ज (६१) फ़कैफ़ अिजा' असाबत्हुम् मुसीबतुम् - बिमा क़द्दमत् अैदीहिम् सुम्म जा'ऊक यह्लिफ़ून क़ सला बिल्लाहि अिन् अरद्ना' अिल्ला' अिह्सानौंव तौफ़ीक़न् (६२) अुला'अिकल्लजीन

وَالْمُحْصَنٰتُ مِنَ النِّسَآءِ
إِذَا قِيلَ لَهُمْ تَعَالَوْا إِلَىٰ مَا أَنزَلَ اللَّهُ وَإِلَى الرَّسُولِ رَأَيْتَ الْمُنَافِقِينَ
يَصُدُّونَ عَنكَ صُدُودًا ﴿٦١﴾ فَكَيْفَ إِذَا أَصَابَتْهُم مُّصِيبَةٌ بِمَا
قَدَّمَتْ أَيْدِيهِمْ ثُمَّ جَاءُوكَ يَحْلِفُونَ بِاللَّهِ إِنْ أَرَدْنَا إِلَّا إِحْسَانًا
وَتَوْفِيقًا ﴿٦٢﴾ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ يَعْلَمُ اللَّهُ مَا فِي قُلُوبِهِمْ فَأَعْرِضْ
عَنْهُمْ وَعِظْهُمْ وَقُل لَّهُمْ فِي أَنفُسِهِمْ قَوْلًا بَلِيغًا ﴿٦٣﴾ وَمَا
أَرْسَلْنَا مِن رَّسُولٍ إِلَّا لِيُطَاعَ بِإِذْنِ اللَّهِ ۚ وَلَوْ أَنَّهُمْ إِذ ظَّلَمُوا
أَنفُسَهُمْ جَاءُوكَ فَاسْتَغْفَرُوا اللَّهَ وَاسْتَغْفَرَ لَهُمُ الرَّسُولُ لَوَجَدُوا
اللَّهَ تَوَّابًا رَّحِيمًا ﴿٦٤﴾ فَلَا وَرَبِّكَ لَا يُؤْمِنُونَ حَتَّىٰ يُحَكِّمُوكَ فِيمَا
شَجَرَ بَيْنَهُمْ ثُمَّ لَا يَجِدُوا فِي أَنفُسِهِمْ حَرَجًا مِّمَّا قَضَيْتَ وَيُسَلِّمُوا
تَسْلِيمًا ﴿٦٥﴾ وَلَوْ أَنَّا كَتَبْنَا عَلَيْهِمْ أَنِ اقْتُلُوا أَنفُسَكُمْ أَوِ اخْرُجُوا
مِن دِيَارِكُم مَّا فَعَلُوهُ إِلَّا قَلِيلٌ مِّنْهُمْ ۖ وَلَوْ أَنَّهُمْ فَعَلُوا مَا
يُوعَظُونَ بِهِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ وَأَشَدَّ تَثْبِيتًا ﴿٦٦﴾ وَإِذًا لَّآتَيْنَاهُم
مِّن لَّدُنَّا أَجْرًا عَظِيمًا ﴿٦٧﴾ وَلَهَدَيْنَاهُمْ صِرَاطًا مُّسْتَقِيمًا ﴿٦٨﴾ وَمَن
يُطِعِ اللَّهَ وَالرَّسُولَ فَأُولَٰئِكَ مَعَ الَّذِينَ أَنْعَمَ اللَّهُ عَلَيْهِم مِّنَ
النَّبِيِّينَ وَالصِّدِّيقِينَ وَالشُّهَدَاءِ وَالصَّالِحِينَ ۚ وَحَسُنَ أُولَٰئِكَ
رَفِيقًا ﴿٦٩﴾ ذَٰلِكَ الْفَضْلُ مِنَ اللَّهِ ۚ وَكَفَىٰ بِاللَّهِ عَلِيمًا ﴿٧٠﴾ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ
آمَنُوا خُذُوا حِذْرَكُمْ فَانفِرُوا ثُبَاتٍ أَوِ انفِرُوا جَمِيعًا ﴿٧١﴾ وَإِنَّ
مَنزل

यज़्लमुल्लाहु मा फ़ी क़ुलूबिहिम् क फ़अ़रिज़् अन्हुम् व अिज़्हुम् व क़ुल्लहुम् फ़ी' अन्फ़ुसिहिम् क़ौलम् - बलीग़न् (६३) व मा' अर्सल्ना मिर्रसूलिन् अिल्ला लियुताअ़ बिअिज़्निल्लाहि त् व लौ अन्नहुम् अिज़्जलमू' अन्फ़ुसहुम् जा'ऊक फ़स्तग़्फ़रुल्लाह वस्तग़्फ़र लहुमुर्रसूलु लवजदुल्लाह तौवाबर्रहीमन् (६४) फ़ला व रब्बिक ला युअ्मिनून हत्ता युहक्किमूक फ़ी मा शजर बैनहुम् सुम्म ला यजिदू फ़ी' अन्फ़ुसिहिम् हरजम्मिम्मा क़ज़ैत व युसल्लिमू तस्लीमन् (६५) व लौ अन्ना कतब्ना अलैहिम् अनिक़्तुलू' अन्फ़ुसकुम् अविख़्रुजू मिन् दियारिकुम् मा फ़अ़लूहु अिल्ला क़लीलुम्मिन्हुम् त् व लौ अन्नहुम् फ़अ़लू मा यूअ़ज़ून बिहत् लकान ख़ैरल्लहुम् व अशद् तस्बीतन् (६६) व'व अिजल्ल आतैनाहुम् मिल्लदुन्ना' अज्रन् अ़जीमन् (६७) व'व लहदैनाहुम् सिरातम्मुस्तक़ीमन् (६८) व मैंयुतिअ़िल्लाह वर्रसूल फ़अुला'अिक मअ़ल्लजीन अन्अ़मल्लाहु अलैहिम् मिनन्नबीयीन वस्सिद्दीक़ीन वश्शुहदा'अि वस्सालिहीन ज व हसुन अुला'अिक रफ़ीक़न् त् (६९) जालिकल्-फ़ज़्लु मिनल्लाहि त् व कफ़ा बिल्लाहि अलीमन् (७०) ★ या' अैयुहल्लजीन आमनू ख़ुजू हिज़्रकुम् फ़न्फ़िरू सुबातिन् अविन्फ़िरू जमीअन् (७१)

रु. ९ / ६ आ ११

और जब उनसे कहा जाता है कि जो अल्लाह ने उतारा है उसकी तरफ़ और पैग़म्बर की तरफ़ (आओ) तो तुम (उन) मुनाफ़िक़ों को देखते हो कि वह तुम्हारी तरफ़ आने से कतराते हैं।(६१) तौ कैसी (शर्म की बात उनके लिए होगी) कि जब इन्हीं कर्मों के कारण इन पर कोई मुसीबत आपड़ेगी तब तुम्हारे पास अल्लाह की सौगन्ध खाते हुए दौड़े आयें गे कि हमारी ग़रज़ तो भलाई और मेल मिलाप† की थी।(६२) यह ऐसे हैं कि जो इनके दिल में है अल्लाह को मालूम है तो उनकी बातों का कुछ ख़्याल न करो। और इनको समझा दो और इनके दिल पर असर करने वाली बातें कहो।(६३) और जो पैग़म्बर हमने भेजा उसके भेजने से हमारा मतलब यही रहा है कि अल्लाह के हुक्म से उसकी आज्ञायें मानी जावें और जब इन लोगों ने अपने ऊपर आप ज़ुल्म किया था, अगर तुम्हारे पास आ जाते और अल्लाह से माफ़ी माँगते और पैग़म्बर (भी) उनकी माफ़ी की दुआ करते तो अल्लाह को बड़ा ही माफ़ी देनेवाला और बड़ा ही मेहरबान पाते।(६४) सो तुम्हारे परवरदिगार की क़सम कि जब तक वह लोग अपने आपसी झगड़ों में तुमको मुन्सिफ़ न जानें और फिर तुम्हारे फ़ैसले से दिल तंग न हों बल्कि (ख़ुशी से उसको) मान न लें तब तक (वे) ईमानवाले न होंगे।(६५) और अगर हम इनको (मुनाफ़िक़ों को) हुक्म देते कि अपने आप को क़त्ल करो या घरबार छोड़ निकल जाओ तो इनमें से थोड़े (लोग) ही इसको करते और जो कुछ इनको नसीहत दी जाती है अगर उसका पालन करते तो उनके हक़ में ज़्यादः भला होता और उनके दीन को ज़्यादः मज़बूत करता।(६६) और इस सूरत में हम इनको अपनी तरफ़ से बड़ा बदला देते, (६७) और इनको सीधे मार्ग पर (भी) लगा देते।(६८) और जो लोग अल्लाह और रसूल का हुक्म मानें तो ऐसे ही लोग उनके साथ होंगे, जिन पर अल्लाह ने एहसान किये यानी नबी और सिद्दीक़ (सत्यनिष्ठ) और शहीद और (दूसरे) नेक बन्दे और यह लोग (कैसे) अच्छे साथी हैं।(६९) यह अल्लाह की मेहरबानी है और अल्लाह का ही ख़बर रखना काफ़ी है।(७०) ★ रु. ९।६ आ ११

ऐ ईमानवालो ! (हर वक़्त) अपना बचाव रखो और फिर (जैसा मौक़ा हो, चाहे) अलग - अलग गिरोह बाँधकर निकलो या इकट्ठे होकर निकलो§।(७१)

† एक मुनाफ़िक़ (ज़ाहिर में मुसलमान दिल से काफ़िर) और यहूदी में झगड़ा हुआ। दोनो रसूल स० के पास आये। आँ हज़रत ने यहूदी के पक्ष में अपना निर्णय दिया। मुनाफ़िक़ हज़रत उमर के पास इस विचार से गया कि वह मुझको मुसलमान समझकर मेरी-जैसी कहेंगे। उमर इस समय मदीने में जज थे। जब यहूदी ने उनको बताया कि रसूल स० उसके पक्ष में फ़ैसला कर चुके हैं तो ह० उमर ने मुनाफ़िक़ को क़त्ल कर डाला। उसके वारिस मुहम्मद साहब के पास हज़रत उमर के ख़िलाफ़ मुक़दमा ले कर आये कि हम तो समझौते के लिए उमर के पास गये थे, आपके फ़ैसले की अपील के लिये नहीं। उसी सम्बन्ध में यह आयत उतरी। ✪ लेकिन अब रसूल स० की आज्ञा को न मानने के बाद मुसीबत पड़ने पर झूठी क़समें खाकर बचना चाहते हैं तो यह कैसे मुमकिन है। § यहाँ से जिहाद की सरगर्मियों का ज़िक्र चलता है। जंग ऊहद की हार के बाद दुश्मनों का ज़ोर और ख़तरा ज्यादः बढ़ गया था। उस पर यह हुक्म हुआ।

व अिन्न मिन्कुम् लमल्-लयुबत्तिअन्न ज् फ़अिन् असाबत्कुम् मुसीबतुन् क़ाल क़द् अन्अमल्लाहु अलैय अिज् लम् अकुम्मअहुम् शहीदन् (७२) व लअिन् असाबकुम् फ़ज़्लुम्मिनल्लाहि लयक़ूलन्न कअल्लम् तकुम्बैनकुम् व बैनहू मवद्दतुँय्यालैतनी कुन्तु मअहुम् फ़अफ़ूज़ फ़ौज़न् अज़ीमन् (७३) फ़ल्युक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहिल्लजीन यश्रूनल्-हूयात्तुन्या बिल्आख़िरति ज़् व मँयुक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि फ़युक़्तल् औ यग़्लिब् फ़सौफ़ नुअ्तीहि अज्रन् अज़ीमन् (७४) व मा लकुम् ला तुक़ातिलून फ़ी सबीलिल्लाहि वल्-मुस्तज़्अफ़ीन मिनर्रिजालि वन्निसा अि वल्-विल्दानिल्लजीन यक़ूलून रब्बना अख़्रिज्ना मिन् हाजिहिल्-क़र्यतिज़्ज़ालिमि अह्लुहा ज् वज्अल्लना मिल्लदुन्क वलीयन् ज् ला व'वज्अल्लना मिल्लदुन्क नसीरन् ज़् (७५) अल्लजीन आमनू युक़ातिलून फ़ी सबीलिल्लाहि ज् वल्लजीन कफ़रू युक़ातिलून फ़ी सबीलित्ताग़ूति फ़क़ातिलू औलिया अश्शैतानि ज् अिन्न कैदश्शैतानि कान ज़ईफ़न् (७६) ★ अलम् तर अिलल्लजीन क़ील लहुम् कुफ़्फ़ू अैदियकुम् व अक़ीमुस्सलात व आतुज़्ज़कात ज् फ़लम्मा कुतिब अलैहिमुल्-क़ितालु अिजा फ़रीक़ुम्मिन्हुम् यख़्शौनन्नास कख़श्यतिल्लाहि औ अशद्द ख़श्यतन् ज् व क़ालू रब्बना लिम कतब्त अलैनल्क़िताल ज् लौ ला अख़्ख़र्तना अिला अजलिन् क़रीबिन् ज़् क़ुल् मताअुद्दुन्या क़लीलुन् ज् वल्-आख़िरतु ख़ैरुल्लिमनित्तक़ा क़िफ़् व ला तुज़्लमून फ़तीलन् (७७)

★ रु. १० — ७ आ ६

और तुममें कोई-कोई ऐसा भी है जो कि देर लगाकर (लड़ाई से) बचता रहेगा, फिर अगर तुम पर मुसीबत आ पड़े तो कहेगा कि अल्लाह ने मुझ पर एहसान किया कि मैं उनके साथ मौजूद न था। (७२) और अगर अल्लाह से तुम्हें मेहरबानी मिली तो (हसद से) इस तरह कहने लगेगा गोया उसमें और तुममें किसी तरह की दोस्ती (या सरोकार ही) न था। (पछता कर कहेंगे कि) क्या अच्छा होता जो मैं भी इनके साथ होता तो बड़ी मुराद पाता§।(७३) सो जो लोग आख़िरत के बदले संसार का जीवन(यानी जान तक) बेचना चाहते हैं उनको चाहिए कि अल्लाह की राह में लड़ें और जो अल्लाह की राह में लड़ें और फिर मारे जायँ या ग़लबा (फ़तह) पाएँ तो हम उनको बड़ा सवाब देंगे।(७४) तुमको क्या हो गया है कि अल्लाह की राह में और उन बेबस मनुष्यों, स्त्रियों और बालकों के लिए दुश्मनों से नहीं लड़ते जो दुआएँ माँग रहे हैं कि ऐ हमारे परवरदिगार! इस बस्ती से हमको निकाल जहाँ के रहनेवाले ज़ालिम हैं, और अपनी तरफ़ से किसी को हमारा हिमायती (तरफ़दार) बना और अपनी तरफ़ से किसी को हमारा मददगार बना॥।(७५) जो ईमानवाले हैं वह तो अल्लाह की राह में लड़ते हैं और जो काफ़िर हैं वह शैतान की राह में (लड़ते हैं), सो तुम शैतान के तरफ़दारों से लड़ो, बेशक शैतान की (सारी) तदबीरें बोदी हैं।(७६) ★

क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा कि जिनको (पहले)हुक्म दिया गया कि अपने हाथों को (लड़ाई से) रोके रहो और नमाज़ क़ायम करो और ज़कात देते रहो। फिर जब इन पर जिहाद फ़र्ज़ हुआ तो एक जमात उनमें से लोगों से(ऐसा) डरने लगी जैसे कोई अल्लाह से डरता है, बल्कि उससे भी बढ़कर, और शिकायत करने लगी के ऐ हमारे परवरदिगार! तूने हम पर जिहाद (धर्मयुद्ध) क्यों फ़र्ज़ कर दिया, हमको थोड़े दिनों की (ज़िन्दगी की) मुहलत और क्यों न दी। तो (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि दुनिया के लाभ थोड़े हैं और जो शख़्स (अल्लाह का) डर रखे उसके लिए आख़िरत बेहतर है और तुम पर धागे बराबर भी ज़ुल्म न किया जायेगा।(७७)

रु. १०—७ आ ६

§ यह तस्वीर मुनाफ़िक़ की है। वह अल्लाह के हुक्म पर नहीं दौड़ता बल्कि नफ़े पर नज़र रखता है। अगर राहे अल्लाह में लोगों को तकलीफ़ हुई तो अलग रहने पर खुश होता है और अगर राहे अल्लाह में चलने पर लोगों को फ़ायदा पहुँचा तो पछताता है और दुश्मनों जैसी हसद करता है। ॥ यहाँ जिहाद से दो मक़सद हैं। एक तो अल्लाह के दीन को ऊँचा करना दूसरे ज़ालिमों के ज़ुल्मों से उन फँसे हुओं को बचाना जो मुसलमान हो जाने के बाद भी न तो मदीना हिजरत ही कर सके थे और न इतनी सामर्थ्य रखते थे कि मक्का में रह कर अपनी जान-माल की हिफ़ाज़त कर सकें।

अैन मा तकूनू युदरिक्कुमुल्मौतु व लौ कुन्तुम् फ़ी बुरूजिम् - मुशैयदतिन् त् व
अिन् तुसिब्हुम् हसनतुँय्यक़ूलू हाजिहि मिन् अिन्दिल्लाहि ज् व अिन्
तुसिब्हुम् सैयिअतुँय्यक़ूलू हाजिहि मिन् अिन्दिक त् क़ुल् कुल्लुम्-मिन्
अिन्दिल्लाहि त् फ़मालि हा अुला अिल्क़ौमि ला यकादून यफ़्क़हून हदीसन्
(७८) मा असाबक मिन् हसनतिन् फ़मिनल्लाहि ज् व मा असाबक मिन्
सैयिअतिन् फ़मिन्नफ़्सिक त् व अर्सल्नाक लिन्नासि रसूलन् त् व कफ़ा बिल्लाहि
शहीदन् (७९) मैंयुतिअिर्रसूल फ़क़द् अताअल्लाह ज् व मन् तवल्ला फ़मा अर्सल्नाक
अलैहिम् हफ़ीजन् त् (८०) व यक़ूलून ताअतुन् ज् फ़अिजा बरजू मिन् अिन्दिक
बैयत ता अिफ़तुम्मिन्हुम् ग़ैरल्लजी तक़ूलु त् वल्लाहु यक्तुबु मा युबैयितून ज् फ़अऱिज़् अन्हुम् व तवक्कल् अलल्लाहि त् व कफ़ा
बिल्लाहि वकीलन् (८१) अफ़ला यतदब्बरूनल्-क़ुरआन त् व लौ कान मिन् अिन्दि
ग़ैरिल्लाहि लवजदू फ़ीहिख़्तिलाफ़न् कसीरन् (८२) व अिजा जा अहुम्
अम्रुम्मिनल् - अम्नि अविल्ख़ौफ़ि अजाअू बिहि त् व लौ रदूहु अिलर्रसूलि व
अिला अुलिल् - अम्रि मिन्हुम् लअलिमहुल्लजीन यस्तम्बितूनहू मिन्हुम् त्
व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैकुम् व रहमतुहू लत्तबअ़्तुमुश्शैतान अिल्ला
क़लीलन् (८३) फ़क़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि ज् ला तुकल्लफ़ु अिल्ला
नफ़्सक व हर्रिज़िल्मुअ्मिनीन ज् असल्लाहु अैंयकुफ़्फ़ बअ्सल्लजीन कफ़रू त्
वल्लाहु अशद्दु बअ्सौंव अशद्दु तन्कीलन् (८४) मैंयश्फ़अ् शफ़ा-
अतन् हसनतैंयकुल्लहू नसीबुम्मिन्हा ज् व मैंयश्फ़अ् शफ़ाअतन् सैयिअतैंयकुल्लहू
किफ़्लुम्मिन्हा त् व कानल्लाहु अला कुल्लि शैअिम्मुक़ीतन् (८५)

तुम कहीं भी हो मौत तुमको आ पकड़े गी अगर्चे तुम पक्के गुम्मदों में (ही क्यों न) हो। और (ऐ पैग़म्बर!) इनको कुछ फ़ायदा पहुँच जाता है तो कहने लगते हैं कि यह अल्लाह की तरफ़ से है और अगर इनको कुछ नुक़सान पहुँच जाता है तो (ऐ मुहम्मद! तुमसे) कहने लगते हैं कि यह तुम्हारी तरफ़ से है। सो (ऐ पैग़म्बर! तुम) इनसे कह दो कि सब कुछ अल्लाह की तरफ़ से है, तो इन लोगों का क्या हाल है कि कोई बात समझते नहीं मालूम होते।(७८) तुमको कोई भलाई पहुँचे तो अल्लाह की तरफ़ से है और तुमको कोई बुराई पहुँचे तो तेरी रूह(या करतूतों) की तरफ़ से है, और(ऐ पैग़म्बर!) हमने तुम को लोगों की तरफ़ पैग़ाम पहुँचानेवाला बनाकर भेजा है और(इस पर)अल्लाह की गवाही काफ़ी है।(७९) जिसने पैग़म्बर का हुक्म माना उसने अल्लाह (ही) का हुक्म माना और जो (हुक्म से) फिर बैठा तो हमने तुमको कुछ इन लोगों का निगहबान (बनाकर) नहीं भेजा।(८०) और यह (लोग) (मुँह से तो) कह देते हैं कि हम(बात) मानते हैं लेकिन जब तुम्हारे पास से (हटकर) बाहर जाते हैं तो इनमें से कुछ लोग रातों को (तुम्हारे) कहे के ख़िलाफ़ सलाहें करते हैं और जैसी-जैसी सलाहें रातों को करते हैं अल्लाह लिखता जाता है तो इनकी ओर ध्यान न दो और अल्लाह पर भरोसा रखो और अल्लाह काम सम्भालनेवाला काफ़ी है।(८१) भला यह लोग क़ुर्आन पर ग़ौर क्यों नहीं करते, कि अगर अल्लाह के सिवाय(किसी और) के पास से(वह आया)होता तो ज़रूर उसमें बहुत से भेद-विभेद पाते।(८२) और जब इनके पास अमन (शान्ति) या डर की कोई ख़बर आती है तो उसको (सब पर) मशहूर कर देते हैं और अगर उस ख़बर को पैग़म्बर तक और अपने अख़्तियार वालों तक पहुँचाते तो जो लोग इनमें से उसका राज़ (भेद) निकाल लेने वाले हैं उस (की सच्चाई) को मालूम कर लेते (और ख़बरों की ग़लतफ़हमी का अन्देशा न रहता) और अगर तुम पर अल्लाह की मेहरबानी और उसकी रहमत न होती तो कुछ लोगों के सिवाय(सब)शैतान के पीछे चल दिये होते†।(८३) तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम अल्लाह की राह में लड़ो, अपने सिवा तुम पर किसी और की ज़िम्मेदारी नहीं। (हाँ) ईमान-वालों को (लड़ाई के लिए) उभारो, ताज्जुब नहीं कि अल्लाह काफ़िरों के ज़ोर को तोड़ दे और अल्लाह का ज़ोर ज़्यादा ताक़तवर और उसकी सज़ा ज़्यादा सख़्त है।(८४) और जो कोई नेक बात में सिफ़ारिश करे उसमें से ही उसको हिस्सा मिलेगा और जो बुरी बात में सिफ़ारिश करे उसमें ही से एक बोझ उस पर होगा। और अल्लाह हर चीज़ पर शक्ति रखनेवाला है।(८५)

† शुरू में हर उम्मत (गरोह) में अक्सर ऐसे लोग भी ज़रूर होते हैं जो किसी भी अच्छी-बुरी अफ़वाह को सुनते ही बजाय उस पर ग़ौर करने या उसको अपने अफ़सरों तक पहुँचाने के, अवाम में उन ख़बरों को ले दौड़ते हैं। इसका बुरा असर पड़ता है। ऐसा करने से बाज़ आने की हिदायत मुसलमानों को दी गई है कि वह ख़बरों को फैलाने के बजाय रसूल स० या और हाकिमों तक पहुँचा दें। वह सही बात समझ लेंगे।

व अिजा हुय्यीतुम् बितह़ीयतिन् फ़ह़ैयू बिअह़्सन मिन्हा' औरुद्दूहा त़् अिन्नल्लाह कान अला कुल्लि शैअिन् ह़सीबन् (८६) ● अल्लाहु ला' अिलाह अिल्ला हुव त़् लयज्मअन्नकुम् अिला यौमिल्क़ियामति ला रैब फ़ीहि त़् व मन् अस्दक़ु मिनल्लाहि ह़दीसन् (८७) ★ फ़मालकुम् फ़िल्मुनाफ़िक़ीन फ़िअतैनि वल्लाहु अर्कसहुम् बिमा कसबू त़् अतुरीदून अन् तह्दू मन् अज़ल्लल्लाहु त़् व मैंयुज़्लिलिल्लाहु फ़लन् तजिद लहू सबीलन् (८८) वदू लौ तक्फ़ुरून कमा कफ़रू फ़तकूनून सवा'अन् फ़ला तत्तख़िजू मिन्हुम् औलिया'अ ह़त्ता युहाजिरू फ़ी सबीलिल्लाहि त़् फ़अिन् तवल्लौ फ़ख़ुज़ूहुम् वक़्तुलूहुम् ह़ैसु व जत्तुमूहुम् स़् व ला तत्तख़िजू मिन्हुम् वलीयौंव ला नसीरन् ला (८९) अिल्लल्लजीन यसिलून अिला क़ौमिम्बैनकुम् व बैनहुम् मीसाक़ुन् औ जा'ऊकुम् ह़सिरत् स़ुदूरुहुम् अैंयुक़ातिलू कुम् औ युक़ातिलू क़ौमहुम् त़् व लौ शा'अल्लाहु लसल्लतहुम् अलैकुम् फ़लक़ातलूकुम् ज् फ़अिनिअ़्तज़लूकुम् फ़लम् युक़ातिलूकुम् व अल्क़ौ अिलैकुमुस्सलम ला फ़मा जअ़लल्लाहु लकुम् अलैहिम् सबीलन् (९०) सतजिदून आख़रीन युरीदून अैंयअ्मनूकुम् व यअ्मनू क़ौमहुम् त़् कुल्लमा रुद्दू' अिलल्फ़ित्नति अुकिसू फ़ीहा ज् फ़अिल्लम् यअ़्तज़िलूकुम् व युल्क़ू' अिलैकुमुस्सलम व यकुफ़्फ़ू' अैदियहुम् फ़ख़ुज़ूहुम् वक़्तुलूहुम् ह़ैसु सक़िफ़्तुमूहुम् त़् व अुला'अिकुम् जअ़ल्ना लकुम् अलैहिम् सुल्तानम्मुबीनन् (९१) ★

और तुमको जब कोई दुआ (सलाम) करे तो तुम उससे बढ़कर दुआ करो या वैसा ही जवाब दो, अल्लाह हर चीज़ का हिसाब लेने वाला है।(८६)● अल्लाह के सिवाय कोई बन्दगी के क़ाबिल नहीं, और क़ियामत के दिन जिसके आने में कोई शक नहीं, वह तुमको (ज़रूर) जमा करेगा और अल्लाह से बढ़कर किसकी बात सच्ची है।(८७) ★

सो तुमको क्या पड़ी है कि मुनाफ़िक़ों के वास्ते तुम दो पक्ष (फ़रीक़) हो रहे हो? हालाँकि अल्लाह ने उनकी करतूतों के सबब उनको उलट दिया है, क्या तुम (यह) चाहते हो कि जिसको अल्लाह ने गुमराह कर दिया उसको (सीधे) रास्ते में ले आओ और जिसको अल्लाह भटकावे सम्भव नहीं कि तुम उसके लिए रास्ता निकाल सको।(८८) इन (मुनाफ़िक़ों) की तबियत यह है कि जिस तरह खुद काफ़िर हो गये हैं (उसी तरह) तुम (याने सच्चे मुसलमान भी काफ़िर) हो जाओ ताकि सब बराबर हो जाओ। तो जब तक अल्लाह की राह में देश-त्याग (हिजरत) न कर जायँ, इनमें से (किसी को) मित्र न बनाना। फिर अगर (हिजरत से) मुँह मोड़ें तो उनको पकड़ो और जहाँ पाओ उनको क़त्ल करो, उनमें से (किसी को अपना) मित्र और सहायक न बनाना।(८९) मगर जो लोग ऐसी क़ौम से जा मिले हैं कि जिनमें और तुममें (सुलह की) प्रतिज्ञा है (या) तुम्हारे लड़ने से या अपनी क़ौम के लड़ने से (जो) तंगदिल होकर तुम्हारे पास आवें (तो उनसे मेलमिलाप करने में हर्ज नहीं) और अगर अल्लाह चाहता तो इनको तुम पर ग़ालिब (प्रबल) करता तो यह तुमसे (ज़रूर) लड़ते। पस यदि तुमसे किनारा खींच जावें और (तुमसे) न लड़ें और तुम्हारी तरफ़ सुलह (का पैग़ाम) दें तो ऐसे लोगों पर तुम्हारे लिए अल्लाह ने कोई राह नहीं दी (कि उन्हें लूटो या मारो)। (९०) कुछ और लोग तुम ऐसे भी पाओगे जो तुमसे शान्ति में रहना चाहते हैं और अपनी क़ौम से भी शान्ति में रहना चाहते हैं। (याने अपने को हर तरफ़ से बचाये रखना चाहते हैं) लेकिन (हाल उनका यह है कि) जब कोई उनको शरारत की तरफ़ ले जावे तो उस समय उसमें औंधे मुँह गिर जाते हैं (याने लड़ाई में शरीक हो जाते हैं) तो (ऐसे लोग) अगर तुमसे किनारा खींचे न रहें और न सुलह करें और न (तुम्हारे ख़िलाफ़ जंग से) अपने हाथ रोकें तो उनको पकड़ो और जहाँ पाओ उनको क़त्ल करो और यही लोग हैं जिन पर हमने तुमको (सनदे सरीह याने) खुला अधिकार दे रखा है।(९१) ★

† आँ हज़रत स० के मदीना हिजरत कर आने के बाद जब क़ुरैशों की ज़्यादती मुसलमानों पर हद दरजे बढ़ी तब यह हुक्म हुआ कि मुसलमान उन बस्तियों को छोड़ कर मदीना या दूसरे इस्लामी मरकज़ों को हिजरत (देश त्याग) कर जायँ ताकि आज़ादी से अपने दीन पर चल सकें और अपने फ़र्ज़ पूरे कर सकें। लेकिन इस हुक्म के बाद भी घर-गृहस्थी, रोज़ी या किसी दुनिया की ग़रज़ से कुछ मुसलमान बजाय मदीना हिजरत कर जाने के अपने कबीलों के साथ ही अपनी पुरानी बस्तियों में काफ़िरों के साथ ही रहते-बसते रहे। मजबूरन उनको मुसलमानों के ख़िलाफ़ कार्रवाइयों में कभी मन और कभी बेमन शरीक होना पड़ता था। ऐसे लोगों की निस्बत मुसलमानों में दो रायें थीं। एक कहते थे कि जैसे भी हों, आख़िर हैं तो मुसलमान ही; क़ुर्आन पढ़ते हैं, कलिमा, नमाज़, रोज़ः के पाबन्द हैं, इनके साथ लिहाज़ बरता जाय। दूसरे लोग उनको हुक्म न माननेवाले व दुश्मन की मदद और मुसलमानों के नुक़सान का बाएस मानते थे, इसलिए इनके साथ मुनाफ़िक़ों वाला बर्ताव करना चाहते थे। यह आयतें ऐसों ही की निस्बत उतरी हैं।

व मा कान लिमुअ्मिनिन् अैंयक़्तुल मुअ्मिनन् अिल्ला ख़तअन् ज़ व मन् क़तल मुअ्मिनन् ख़तअन् फ़तह्रीरु रक़बतिम् - मुअ्मिनतिंव्व दियतुम् - मुसल्लमतुन् अिला अह्लिहि अिल्ला अैंयस्सद्दक़ू त़ फ़अिन् कान मिन् क़ौमिन् अ़दूविल्लकुम् व हुव मुअ्मिनुन् फ़तह्रीरु रक़बतिम् - मुअ्मिनतिन् त़ व अिन् कान मिन् क़ौमिम्बैनकुम् व बैनहुम् मीसाक़ुन् फ़दियतुम्- मुसल्लमतुन् अिला अह्लिहि व तह्रीरु रक़बतिम् - मुअ्मिनतिन् ज़ फ़मल्लम् यजिद् फ़सियामु शह्रैनि मुतताबिअैनि ज़ तौबतम्मिनल्लाहि त़ व कानल्लाहु अ़लीमन् ह़कीमन् (९२) व मैंयक़्तुल् मुअ्मिनम्- मुतअ़म्मिदन् फ़जज़ा अुहू जहन्नमु ख़ालिदन् फ़ीहा व ग़ज़िबल्लाहु अ़लैहि व लअ़नहू व अअ़द्दलहू अ़जाबन् अ़ज़ीमन् (९३) या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा ज़रब्तुम् फ़ी सबीलिल्लाहि फ़तबैयनू व ला तक़ूलू लिमन् अल्क़ा अिलैकुमुस्सलाम लस्त मुअ्मिनन् ज़ तब्तग़ून अ़रज़ल्हयातिद्दुन्या ज़ फ़अिन्दल्लाहि मग़ानिमु कसीरतुन् त़ कज़ालिक कुन्तुम्मिन् क़ब्लु फ़मन्नल्लाहु अ़लैकुम् फ़तबैयनू त़ अिन्नल्लाह कान बिमा तअ़मलून ख़बीरन् (९४) ला यस्तविल्क़ाअिदून मिनल्मुअ्मिनीन ग़ैरु अुलिज़्ज़ररि वल्मुजाहिदून फ़ी सबीलिल्लाहि बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् त़ फ़ज़्ज़लल्लाहुल् - मुजाहिदीन बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् अ़लल्क़ाअिदीन दरजतन् त़ व कुल्लौंव अ़दल्लाहुल् - हुस्ना त़ व फ़ज़्ज़लल्लाहुल् - मुजाहिदीन अ़लल्क़ाअिदीन अज्रन् अ़ज़ीमन् ला (९५) दरजातिम्मिन्हु व मग़्फ़िरतौंव रह़मतन् त़ व कानल्लाहु ग़फ़ूरर्रह़ीमन् (९६) ★ अिन्नल्लजीन तवफ़्फ़ाहुमुल्- मला अिकतु ज़ालिमी अन्फ़ुसिहिम् क़ालू फ़ीम कुन्तुम् त़ क़ालू कुन्ना मुस्तज़्- अ़फ़ीन फ़िल्अर्ज़ि त़ क़ालू अलम् तकुन् अर्ज़ुल्लाहि वासिअतन् फ़तुहाजिरू फ़ीहा त़ फ़अुलाअिक मअ्वाहुम् जहन्नमु त़ व सा अत् मसीरन् ला (९७)

किसी ईमानवाले को ज़ेबा नहीं कि ईमानवाले को मार डाले सिवा ग़लती के, और जो ईमानवाले को ग़लती से मार डाले तो एक ईमानवाला ग़ुलाम आज़ाद कर दे और क़त्ल हुए के वारिसों को ख़ून की क़ीमत‡ दे मगर यह कि उसके वारिस माफ़ कर दें। फिर अगर क़त्ल किया हुआ उन आदमियों में का हो जो तुम मुसलमानों के दुश्मन हैं, और वह (क़त्ल हुआ शख़्स) ख़ुद मुसलमान हो तो एक मुसलमान ग़ुलाम आज़ाद करना होगा (ख़ून की क़ीमत न देनी होगी)। और अगर (वह क़त्ल हुआ शख़्स) उन लोगों में का हो जिनमें और तुममें (सुलह का) अहद है तो क़त्ल हुए के वारिसों को ख़ून की क़ीमत पहुँचावे और एक मुसलमान ग़ुलाम आज़ाद करे और जिस (हत्यारे)को यह ताक़त न हो तो लगातार दो महीने के रोज़े रखे कि तौबा का यह तरीक़ा अल्लाह का ठहराया हुआ है और अल्लाह बड़ा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है।(९२) और जो मुसलमान को जान-बूझकर मार डाले तो उसकी सज़ा दोज़ख़ है जिसमें वह हमेशा रहेगा और उस पर अल्लाह का ग़ज़ब(प्रकोप)होगा और उस पर अल्लाह की लानत और अल्लाह ने उसके लिए बड़ा अज़ाब तैयार कर रखा है।(९३) ऐ ईमानवालो ! जब तुम अल्लाह की राह (जेहाद) में बाहर निकलो तो अच्छी तरह दोस्त दुश्मन की जाँच कर लिया करो और जो शख़्स तुमसे सलाम करे उससे यह न कहो कि तू मुसलमान नहीं§ और यह कहने में तुम्हारी (असल) ग़रज़ यह हो कि दुनिया की ज़िन्दगी का नफ़ा हासिल करो(याने उसको दुश्मन ठहराकर उसका मालमता हथियाओ) तो (जान लो कि) अल्लाह के यहाँ बहुत-सी ग़नीमतें (तुम्हारे लिए मौजूद) हैं। पहले (याने ख़ुद मुसलमान होने से पहले) तुम भी तो ऐसे ही थे (यानी माल बचाने के लिये तुमने भी कलमा पढ़ लिया था) फिर अल्लाह ने तुम पर अपनी मेहरबानी की तो आइन्दा अच्छी तरह जाँच कर लिया करो। अल्लाह तुम्हारे कामों से (पूरा) जानकार है।(९४) जिन मुसलमानों को कोई उज़्र (मजबूरी) नहीं और वह (जिहाद से जी चुराकर घरों में) बैठ रहे, यह लोग उन लोगों के बराबर नहीं जो अपने माल और जान से अल्लाह की राह में जिहाद कर रहे हैं। अल्लाह ने माल और जान से जिहाद करनेवालों को बैठ रहने वालों पर बड़ी बड़ाई दी और (वैसे तो) अल्लाह ने सबको ख़ूबी का वादा दिया है लेकिन अल्लाह ने अजरे अज़ीम(बड़े सवाब)की वजह से जिहाद करने वालों को बैठ रहनेवालों पर कहीं अधिक प्रधानता दी है† ।(९५) (इस तरह) अल्लाह के यहाँ दर्जे हैं और उसकी क्षमा और कृपा है और अल्लाह ही बख़्शनेवाला मेहरबान है।(९६) ★

जो लोग अपने ऊपर आप ज़ुल्म कर रहे हैं (गुनाह में मुबतिला हैं) फ़रिश्ते उनकी जान क़ब्ज़ करते (निकालते) समय उनसे पूछते हैं कि तुम क्या करते रहे, तो वह जवाब देते हैं कि हम तो वहाँ (मुशरिकों की बस्ती में) बेबस थे, (इस पर फ़रिश्ते उनसे) कहते हैं कि क्या अल्लाह की ज़मीन गुंजायश नहीं रखती थी कि तुम वहाँ हिजरत (देश त्याग) करके चले जाते‡‡। ग़रज़ यह वह लोग हैं जिनका ठिकाना दोज़ख़ है और वह लौटकर जाने के लिये बुरी जगह है।(९७)

★ रू. १३—१० आ ५

‡ देखो फुटनोट ‡ § सफ़ा ६३ 'हुक्म ख़ूनबहा'। § 'सलाम अलैक' मुसलमानों का एक क़ौमी सलाम था। जब कभी मुसलमान किसी मुल्क में जंग करते और उस मुल्क में कोई मुसलमान ❋[पिज १७१ पर]

† मुसलमानों में जो राहे अल्लाह में जान की बाज़ी लगा देते हैं। वह दूसरे कामों में लगे हुए मुसलमानों से अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) हैं। उनका दर्जा और उन पर अल्लाह का फ़ज़ल बहुत बड़ा है। ‡‡ वे लोग जो मुसलमान तो हो गये थे लेकिन मदीना में मुसलमानों के मरक़ज़ क़ायम हो जाने और वहाँ हिजरत कर जाने का हुक्म हो जाने के बाद भी बिला किसी लाचारी अपनी सुहूलियत को देख कर काफ़िरों के बीच ही में बने रहे और उन्होंने हिजरत न की और इस तरह कुफ़्र और इस्लाम की मिलीजुली ज़िन्दगी बसर करते हुये अपने ‡ [पिज १७१ पर]

अिल्लल्-मुस्तज़्अ़फ़ीन मिनर्रिजालि वन्निसा अि वल्विल्दानि ला यस्ततीअून हीलतौंव ला यह्तदून सबीलन् ला (९८) फ़अुला अिक अ़सल्लाहु अैंयअ़्फ़ुव अ़न्हुम् त़ व कानल्लाहु अ़फ़ूवन् ग़फ़ूरन् (९९) व मैंयुहाजिर् फ़ी सबीलिल्लाहि यजिद् फ़िल्अर्ज़ि मुराग़मन् कसीरौंव सअ़त़न् त़ व मैंयख़्रुज् मिम्बैतिहि मुहाजिरन् अिलल्लाहि व रसूलिहि सुम्म युद्रिक्हुल्मौतु फ़क़द् वक़अ़ अज्रुहू अ़लल्लाहि त़ व कानल्लाहु ग़फ़ूरर्रहीमन् (१००) ★ व अिजा ज़रब्तुम् फ़िल्अर्ज़ि फ़लैस अ़लैकुम् जुनाहुन् अन् तक़्सुरू मिनस्सलाति क़ सला अिन् ख़िफ़्तुम् अैंयफ़्तिन-कुमुल्लजीन कफ़रू त़ अिन्नल्काफ़िरीन कानू लकुम् अ़दूवम्मुबीनन् (१०१) व अिजा कुन्त फ़ीहिम् फ़अक़म्त लहुमुस्सलात़ फ़ल्तक़ुम् त़ा अिफ़त़ुम्-मिन्हुम् मअ़क वल्यअ्ख़ुजू अस्लिहूतहुम् क़िफ़् फ़अिजा सजदू फ़ल्यकूनू मिव्वरा अिकुम् स़ वल्तअ्ति त़ा अिफ़त़ुन् अुख़्रा लम् युसल्लू फ़ल्युसल्लू मअ़क वल्-यअ्ख़ुजू ह़िज़्रहुम् व अस्लिहूतहुम् ज़ वद्दल्लजीन कफ़रू लौ तग़्फ़ुलून अ़न् अस्लिहूतिकुम् व अम्तिअ़तिकुम् फ़यमीलून अ़लैकुम् मैलतौंवाह़िदतन् त़ व ला जुनाह अ़लैकुम् अिन् कान बिकुम् अजम्-मिम्-मतरिन् औ कुन्तुम् मरज़ा अन् तज़अ़ू अस्लिहूतकुम् ज़ व ख़ुजू ह़िज़्रकुम् त़ अिन्नल्लाह अ़अद् लिल्काफ़िरीन अ़जाबम्मुहीनन् (१०२) फ़अिजा क़ज़ैतुमुस्सलात़ फ़ज्कुरुल्लाह क़ियामौंव क़ुअ़ूदौंव अला जुनूबिकुम् ज़ फ़अिजत़्मअ़न्तुम् फ़अक़ीमुस्सलात़ ज़ अिन्नस्सलात़ कानत् अ़लल्मुअ़्मिनीन किताबम्मौक़ूतन् (१०३)

النساء ٤ ٦٥ الجزء ٦
مَصِيرًا ﴿٩٧﴾ إِلَّا الْمُسْتَضْعَفِينَ مِنَ الرِّجَالِ وَالنِّسَاءِ وَالْوِلْدَانِ لَا
يَسْتَطِيعُونَ حِيلَةً وَلَا يَهْتَدُونَ سَبِيلًا ﴿٩٨﴾ فَأُولَٰئِكَ عَسَى اللَّهُ
أَنْ يَعْفُوَ عَنْهُمْ ۚ وَكَانَ اللَّهُ عَفُوًّا غَفُورًا ﴿٩٩﴾ وَمَنْ يُهَاجِرْ فِي
سَبِيلِ اللَّهِ يَجِدْ فِي الْأَرْضِ مُرَاغَمًا كَثِيرًا وَسَعَةً ۚ وَمَنْ يَخْرُجْ
مِنْ بَيْتِهِ مُهَاجِرًا إِلَى اللَّهِ وَرَسُولِهِ ثُمَّ يُدْرِكْهُ الْمَوْتُ فَقَدْ
وَقَعَ أَجْرُهُ عَلَى اللَّهِ ۗ وَكَانَ اللَّهُ غَفُورًا رَحِيمًا ﴿١٠٠﴾ وَإِذَا ضَرَبْتُمْ
فِي الْأَرْضِ فَلَيْسَ عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ أَنْ تَقْصُرُوا مِنَ الصَّلَاةِ ۖ إِنْ
خِفْتُمْ أَنْ يَفْتِنَكُمُ الَّذِينَ كَفَرُوا ۚ إِنَّ الْكَافِرِينَ كَانُوا لَكُمْ عَدُوًّا
مُبِينًا ﴿١٠١﴾ وَإِذَا كُنْتَ فِيهِمْ فَأَقَمْتَ لَهُمُ الصَّلَاةَ فَلْتَقُمْ طَائِفَةٌ مِنْهُمْ
مَعَكَ وَلْيَأْخُذُوا أَسْلِحَتَهُمْ ۖ فَإِذَا سَجَدُوا فَلْيَكُونُوا مِنْ وَرَائِكُمْ
وَلْتَأْتِ طَائِفَةٌ أُخْرَىٰ لَمْ يُصَلُّوا فَلْيُصَلُّوا مَعَكَ وَلْيَأْخُذُوا
حِذْرَهُمْ وَأَسْلِحَتَهُمْ ۗ وَدَّ الَّذِينَ كَفَرُوا لَوْ تَغْفُلُونَ عَنْ أَسْلِحَتِكُمْ
وَأَمْتِعَتِكُمْ فَيَمِيلُونَ عَلَيْكُمْ مَيْلَةً وَاحِدَةً ۚ وَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ
إِنْ كَانَ بِكُمْ أَذًى مِنْ مَطَرٍ أَوْ كُنْتُمْ مَرْضَىٰ أَنْ تَضَعُوا أَسْلِحَتَكُمْ ۖ
وَخُذُوا حِذْرَكُمْ ۗ إِنَّ اللَّهَ أَعَدَّ لِلْكَافِرِينَ عَذَابًا مُهِينًا ﴿١٠٢﴾ فَإِذَا
قَضَيْتُمُ الصَّلَاةَ فَاذْكُرُوا اللَّهَ قِيَامًا وَقُعُودًا وَعَلَىٰ جُنُوبِكُمْ ۚ فَإِذَا
اطْمَأْنَنْتُمْ فَأَقِيمُوا الصَّلَاةَ ۚ إِنَّ الصَّلَاةَ كَانَتْ عَلَى الْمُؤْمِنِينَ كِتَابًا
منزل

मगर (हाँ) जो मर्द और औरतें और बच्चे (इस क़दर) बेबस हैं कि उनसे कोई चारा नहीं बन पड़ता और न उनको कोई रास्ता सूझ पड़ता है, (९८) तो उम्मीद है कि अल्लाह ऐसे लोगों को माफ़ी दे और अल्लाह माफ़ करनेवाला बख़्शनेवाला है।(९९) और जो शख़्स अल्लाह की राह में (अपना) देश त्याग करेगा तो ज़मीन में उसको (वतन के मुक़ाबले में गुज़र करने को कहीं) ज़्यादा जगह और (बसर औक़ात के लिए) बड़ी गुञ्जाइश मिलेगी और जो शख़्स अपने घर से अल्लाह और उसके पैग़म्बर की तरफ़ हिजरत के लिए निकले, फिर (रास्ते में ही) उसकी मौत आ जाये, तो अल्लाह के ज़िम्मे उसका सवाब सिद्ध हो चुका और अल्लाह बख़्शनेवाला मेहरबान है।(१००) ★ रु. १४ ११ आ ४

और जब तुम सफ़र को जाओ और तुमको डर हो कि काफ़िर तुम को सतावें गे तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं कि नमाज़ में से (कुछ) घटा दिया करो बेशक काफ़िर तो तुम्हारे खुले दुश्मन हैं।(१०१) और (ऐ पैग़म्बर!) जब तुम मुसलमानों (के लश्कर) में हो और उनको नमाज़ पढ़ाओ तो मुसलमानों की एक जमात (चौकसी के लिए) तुम्हारे साथ खड़ी हो और अपने हथियार लिये रहें। फिर जब (वे) सिजदा कर चुकें तो पीछे हट जायँ और दूसरी जमात जो (अब तक) नमाज़ में शरीक नहीं हुई थी आकर तुम्हारे साथ नमाज़ में शरीक हो और बचाव रखें और अपने हथियार लिये रहें। काफ़िरों की तो यह इच्छा है कि अगर तुम अपने हथियारों और (जंग के) साज़ और सामान से बेख़बर हो जाओ तो एक बारगी तुम पर टूट पड़ें। अगर तुम लोगों को मेह की वजह से कुछ तकलीफ़ पहुँचे या तुम बीमार हो तो अपने हथियार उतार रखने में (भी) तुम पर कोई गुनाह नहीं, हाँ बेशक अपना बचाव रखो। अल्लाह ने काफ़िरों के लिए ज़िल्लत की मार तैयार कर रखी है।(१०२) फिर जब तुम (यह वक़्ती ख़ौफ़ की) नमाज़ पूरी कर चुको तो खड़े, बैठे और लेटे अल्लाह की यादगारी में लगे रहो। फिर जब तुम (बेखटके) इत्मीनान में हो जाओ तो (पूरी) नमाज़ अदा करो (क्योंकि) मुसलमानों पर नियत समय में (मुक़र्रर) नमाज़ फ़र्ज़ है।(१०३)

[पिज १६६ से] ✻ होता तो वह 'सलाम अलैक' कह कर परिचय देता जिससे ग़रज़ यह होती कि उसको अपना ही आदमी समझ कर जान व माल का नुक़सान न पहुँचाया जाय लेकिन हमलावर अक्सर उसके इस काम को जान-माल बचाने के लिए मक्कारी समझते और उसको लूट-मार लेते। इस पेचीदगी को हल करने के लिए यह आयतें उतरीं। मंशा यह कि बिना पूरी जाँच कर लिये ऐसे शख़्स को मारना ठीक नहीं। अगर वह मक्कार है तो यह ज़रूर है कि फ़रेब से एक काफ़िर की जान बच जायगी लेकिन दूसरी ओर अगर वह सही बयान करता है तो एक मोमिन की बेगुनाह हत्या उससे कहीं ज़्यादः बुराई है।

[पिज १६६ से] ‡ ऊपर दीनी अन्याय कर रहे थे, उनसे यह सवाल है। क्यों न वे हिजरत करके मदीना चले गये जहाँ वे इस्लामी अक़ीदे से पूरे तौर पर सही ज़िन्दगी बसर कर सकते थे। दुनियावी फ़ायदों के पीछे पड़ कर दीनी नुक़सान करने वाले ऐसे मुनाफ़िक़ या ख़ुदग़रज़ मुसलमानों का भी ठिकाना दोज़ख़ है।

व ला तहिनू फ़िब्तिग़ाइल् - क़ौमि ; इन् तकूनू तअ्लमून फ़इन्नहुम् यअ्लमून कमा तअ्लमून ; व तर्जून मिनल्लाहि मा ला यर्जून ; व कानल्लाहु अलीमन् हकीमन् (१०४) ★ इन्ना अन्ज़ल्ना इलैकल् - किताब बिल्हक़्क़िक़ लितह्कुम बैनन्नासि बिमा अराकल्लाहु ; व ला तकुल्लिल्ख़ाइनीन ख़सीमन् ला (१०५) व'वस्तग़्फ़िरिल्लाह ; इन्नल्लाह कान ग़फ़ूरर्रहीमन् ; (१०६) व ला तुजादिल् अनिल्लजीन यख़्तानून अन्फ़ुसहुम् ; इन्नल्लाह ला युहिब्बु मन् कान ख़ौवानन् असीमन् ; ला (१०७) य'यस्तख़्फ़ून मिनन्नासि व ला यस्तख़्फ़ून मिनल्लाहि व हुव मअ्हुम् इज् युबैयितून मा ला यर्ज़ा मिनल्क़ौलि ; व कानल्लाहु बिमा यअ्मलून मुहीतन् (१०८) हा अन्तुम् हा उला इ जादल्तुम् अन्हुम् फ़िल् - ह़यातिद् - दुन्या क़िफ़् फ़मैंयुजादिलुल्लाह अन्हुम् यौमल् - क़ियामति अम्मैंयकूनु अलैहिम् वकीलन् (१०९) व मैंयअ्मल् सूअन् औ यज़्लिम् नफ़्सहु सुम्म यस्तग़्फ़िरिल्लाह यजिदिल्लाह ग़फ़ूरर्रहीमन् (११०) व मैंयक्सिब् इस्मन् फ़इन्नमा यक्सिबुहु अला नफ़्सिहा ; व कानल्लाहु अलीमन् हकीमन् (१११) व मैंयक्सिब् ख़तीअतन् औ इस्मन् सुम्म यर्मि बिहा बरीअन् फ़क़दिह्तमल बुह्तानौंव इस्मम्-मुबीनन् (११२) ★ व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैक व रह्मतुहु लहम्मत्ता इ-फ़तुम् - मिन्हुम् अँयुज़िल्लूक ; व मा युज़िल्लून इल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यज़ुर्रूनक मिन् शैइन् ; व अन्ज़लल्लाहु अलैकल् - किताब वल्हिक्मत व अल्लमक मा लम् तकुन् तअ्लमु ; व कान फ़ज़्लुल्लाहि अलैक अज़ीमन् (११३) ●

और इन लोगों (विरोधियों) का पीछा करने में हिम्मत न हारो, अगर तुमको तकलीफ़ पहुँचती है तो जैसे तुमको तकलीफ़ पहुँचती है वैसे ही उनको भी तकलीफ़ पहुँचती है और (तुम्हारी जीत यह है कि) तुमको अल्लाह से वह उम्मीदें हैं जो उनको नहीं (हो सकतीं) और अल्लाह बड़ा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है।(१०४) ★ रू. १५ — १२ आ ४

(ऐ मुहम्मद !) हमने सच्ची किताब तुम पर उतारी है कि जैसा तुमको अल्लाह ने राह दिखाई है उसके बमूजिब लोगों के आपसी झगड़े चुका दिया करो और दग़ाबाजों के तरफ़दार मत बनो।(१०५) और अल्लाह से माफ़ी चाहो बेशक अल्लाह बख़्शनेवाला मेहरबान है§। (१०६) और जो (दूसरे को दग़ा देकर उसके बुरे अंजाम के कारन) अपने ही साथ दग़ा करते हैं ऐसों की तरफ़ से बहस मत करो क्योंकि दग़ाबाज़ क़सूरवार अल्लाह को पसन्द नहीं हैं।(१०७) भले ही ये लोग इन्सानों से अपनी करतूतों को छिपा लेते हैं (लेकिन) अल्लाह से नहीं छिपा सकते। हालाँकि जब रातों को (बैठ बैठकर) उन बातों की सलाहें बाँधते हैं जो अल्लाह को पसन्द नहीं तो अल्लाह उनके साथ (मौजूद) होता है और जो कुछ (ये) करते हैं (वह सब) अल्लाह के एहाते (घेरे) में है।(१०८) सुनो! तुमने दुनिया की ज़िन्दगी में (तो) उनकी तरफ़ होकर झगड़ा कर लिया तो क़ियामत के दिन उनकी तरफ़ से अल्लाह के साथ कौन झगड़ेगा और (वहाँ) कौन उनका वकील बनेगा।(१०९) और जो कोई बुरा काम करे या आप अपने हक़ में जुल्म करे, फिर अल्लाह से माफ़ी माँगे तो अल्लाह को बख़्शने वाला मेहरबान पावेगा।(११०) और जो शख़्स बुराई कमाता है तो वह अपने ही हक़ में ख़राबी करता है और अल्लाह बड़ा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है।(१११) और जो शख़्स किसी क़सूर व गुनाह का करने-वाला हो फिर वह (बजाय ख़ुद शर्मिन्दा होने के) अपने क़सूर को किसी बेक़सूर पर थोप दे तो उसने अपने ऊपर तूफ़ान और खुला गुनाह लाद लिया।(११२) ★ रू. १६ — १३ आ ५

अगर तुम पर अल्लाह का फ़ज़्ल और उसकी मेहरबानी न होती तो उनमें से एक गिरोह तुमको बहका देने का इरादा कर ही चुका था और (इस नाकिस इरादे से) यह लोग बस अपने ही को गुमराह कर रहे हैं और तेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते और अल्लाह ने तुम पर किताब (क़ुरान) उतारी और समझ दी और तुमको ऐसी बातें सिखाई हैं जो तुमको मालूम न थीं और तुम पर अल्लाह की बड़ी कृपा हैं।(११३) ● रू. ३२ — ८

§ आयत १०५-१०६ में हवाला है कि एक शख़्स तआमा बिन अबीरक ने एक अंसार की ज़िरह की चोरी की और उसने ऐसा फ़रेब किया कि चोरी का अपराध एक यहूदी पर लग गया। थोड़े ही अरसे के बाद अल्लाह की रहनुमाई से रसूल स० ने सही चोर को पा लिया और उसे सज़ा दी और यहूदी बच गया। लेकिन कुछ समय के लिए चूँकि रसूल स० भी उस धोखेबाज़ की बातों के कारन संदेह में पड़ गये थे, इस भूल के कारन अल्लाह से माफ़ी मांगने का हुक्म हुआ।

ला ख़ैर फ़ी कसीरिम्मिन्नज्वाहुम् अिल्ला मन् अमर बिसदक़तिन् औ मअ़रूफ़िन् औ अिस्लाहिम् - बैनन्नासि त़ व मैंयफ़्अल् जालिकब्तिग़ा अ मर्ज़ातिल्लाहि फ़सौफ़ नुअ्तीहि अज्रन् अ़जीमन् (११४) व मैंयुशाक़िक़िर्रसूल मिम्बअ़्दि मा तबैयन लहुल्हुदा व यत्तबिअ़् ग़ैर सबीलिल्-मुअ्मिनीन नुवल्लिहि मा तवल्ला व नुस्लिहि जहन्नम त़ व सा अत् मसीरन् (११५) ★ अिन्नल्लाह ला यग़्फ़िरु अैंयुश्रक बिहि व यग़्फ़िरु मा दून जालिक लिमैंयशा अु त़ व मैंयुश्रिक् बिल्लाहि फ़क़द् ज़ल्ल ज़लालम्बअ़ीदन् (११६) अींयद्अ़ून मिन्दूनिहि अिल्ला अिनासन् ज् व अींयद्अ़ून अिल्ला शैतानम्मरीदन् ला (११७) ल'लअ़नहुल्लाहु • म् व क़ाल लअत्तख़िजन्न मिन् अ़िबादिक नसीबम्मफ़्रूज़न् ला (११८) व'व लअुज़िल्लन्नहुम् व लअुमन्नियन्नहुम् व ला मुरन्नहुम् फ़लयुबत्तिकुन्न आजानल् - अन्आमि व लआमुरन्नहुम् फ़लयुग़ैयिरुन्न ख़ल्क़ल्लाहि त़ व मैंयत्तख़िजिश्-शैतान वलीयम् - मिन् दूनिल्लाहि फ़क़द् ख़सिर ख़ुस्रानम् - मुबीनन् त़ (११९) यअ़िदुहुम् व युमन्नीहिम् त़ व मा यअ़िदुहुमुश्शैतानु अिल्ला ग़ुरूरन् (१२०) अुला अिक मअ्वाहुम् जहन्नमु ज् व ला यजिदून अन्हा महीसन् (१२१) वल्लजीन आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति सनुद् ख़िलुहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा अबदन् त़ वअ़्दल्लाहि हक़्क़न् त़ व मन् अस्दक़ु मिनल्लाहि क़ीलन् (१२२) लैस बिअमानीयिकुम् व ला अमानीयि अह्लिल् - किताबि त़ मैंयअ़्मल् सू अैंयुज्ज़ बिहि ला व ला यजिद् लहू मिन् दूनिल्लाहि वलीयौंव ला नसीरन् (१२३) व मैंयअ़्मल् मिनस्सालिहाति मिन् ज़करिन् औ अुन्सा व हुव मुअ्मिनुन् फ़अुला अिक यद्ख़ुलूनल् - जन्नत व ला युज़्लमून नक़ीरन् (१२४)

इन लोगों की अक्सर कानाफ़ूसियों में§ ख़ैर नहीं, मगर (हाँ) जो ख़ैरात में या अच्छे काम में या लोगों में मेल-मिलाप की सलाह दे और जो अल्लाह की ख़ुशी हासिल करने के लिए ऐसे काम करेगा तो हम उसका बड़ा बदला देंगे।(११४) और जो शख़्स सीधी राह के ज़ाहिर होने के बाद (भी) पैग़म्बर का विरोध करे और ईमानवालों के रास्ते के सिवाय किसी और राह पर चले तो जो (राह) उसने पकड़ी है हम उसको उसी रास्ते चलाये जायेंगे और उसको दोज़ख़ में दाख़िल करेंगे और वह बहुत बुरी जाने की जगह है।(११५)★

रू. १७—१४ आ ३

यह गुनाह तो अल्लाह माफ़ नहीं करता कि उसके साथ कोई शरीक ठहराया जाये और उसके सिवाय (दूसरा गुनाह वह) जिसको चाहे माफ़ करे और जिसने अल्लाह का साझी ठहराया वह(सीधी राह से)दूर भटक गया।(११६) (यह मुश्रिक) तो अल्लाह के सिवाय बस औरतों† ही को पूजते हैं। और अल्लाह के सिवाय सरकश उस शैतान को ही पुकारते हैं।(११७) (जिसको) अल्लाह ने फटकार दिया है● । और उसने कहा कि मैं तेरे बन्दों से (अलावा अल्लाह की नज़र-नियाज़ अपना भी)एक मुक़र्रर हिस्सा ज़रूर लिया करूँगा।(११८) और उनको ज़रूर ही बहकाऊँगा और उनको (अनेक झूठी) उम्मीदें भी ज़रूर दिलाऊँगा और उनको सिखाऊँगा कि (बुतों के नाम पर छोड़े हुये) जानवरों के कान ज़रूर चीरा करें और उनको समझाऊँगा कि अल्लाह की बनाई हुई सूरतों को बदला करें‡ और जो शख़्स अल्लाह के सिवाय शैतान को दोस्त बनाये तो वह ज़ाहिरा नुक़सान में डूब गया (११९) और (शैतान) उनको वादे देता और उनको उम्मीदें बँधवाता है और शैतान उनसे जो वादा करता है निरा धोखा है।(१२०) ऐसों का ठिकाना नरक है और वहाँ से(वे)कहीं भागने को जगह न पायेंगे।(१२१) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये हम उनको ऐसे बाग़ों में दाख़िल करेंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, उनमें हमेशा रहेंगे, (और उनके साथ यह)अल्लाह का वादा सच्चा है और अल्लाह से बढ़कर बात किसकी सच्ची है।(१२२) (ऐ मुसलमानो !) अंजाम न तुम्हारी आरज़ू पर निर्भर है और न किताब वालों (याने यहूदियों-ईसाइयों) की आरज़ू पर (बल्कि अमल पर निर्भर है), जो शख़्स बुरा काम करेगा उसकी सज़ा पायेगा और अल्लाह के सिवाय उसको कोई साथी और मददगार न मिलेगा।(१२३) और जो शख़्स कोई नेक काम करे—मर्द हो या औरत और वह ईमान रखता हो तो ऐसे लोग जन्नत में दाख़िल होंगे और ज़रा भी उनका हक़ न मारा जायगा।(१२४)

● ब. ला जि म

§ मुनाफ़िक़ लोग मुहम्मद साहब स०से कान में बात करते थे ताकि दूसरे लोग यह समझें कि ये नबी के बड़े मित्र हैं। ये लोग अधिकतर दूसरे मुसलमानों की बुराई करते थे। इस पर यह आयत उतरी कि इन लोगों की सलाह अच्छी नहीं होती बल्कि दग़ा से भरी होती है। † मूर्तियाँ स्त्रियों के रूप की होती हैं। अरब के मूर्ति पूजने वाले उनको अपने-अपने क़बीले की देवी कहते थे। मसलन उज़्ज़ा, नाइला, मनात वग़ैरह। ‡ ग़ैर क़ुदरती काम—मसलन बाँझ बनाना, खोजे बनाना, और आदमी-आदमी की बदकारी वग़ैरः।

व मन् अह्सनु दीनम्मिम्मन् अस्लम वज्हहू लिल्लाहि व हुव मुह्सिनूँ-
वत्तबअ मिल्लत अिब्राहीम हनीफ़न् त् वत्तख़जल्लाहु अिब्राहीम ख़लीलन् (१२५)
व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व कानल्लाहु बिकुल्लि
शैअिम्मुहीतन् (१२६) ★ व यस्तफ़्तूनक फ़िन्निसा'अि त् क़ुलिल्लाहु युफ़्तीकुम्
फ़ीहिन्न ला व मा युत्ला अलैकुम् फ़िल्किताबि फ़ी यतामन्निसा'अिल्लाती ला
तुअ्तूनहुन्न मा कुतिब लहुन्न व तर्ग़बून अन् तन्किहूहुन्न वल्मुस्तज़्अफ़ीन मिनल्-
विल्दानि ला व अन् तक़ूमू लिल्यतामा बिल्क़िस्ति त् व मा तफ़्अलू मिन् ख़ैरिन्
फ़अिन्नल्लाह कान बिहि अलीमन् (१२७) व अिनिम्रअतुन् ख़ाफ़त् मिम्बअ़्लिहा
नुशूज़न् औ अिअ़्राज़न् फ़ला जुनाह अलैहिमा' अँयुस्लिहा बैनहुमा सुल्हन् त् वस्सुल्हु
ख़ैरुन् त् व अुह्ज़िरतिल्-अन्फ़ुसुश्शुह्ह त् व अिन् तुह्सिनू व तत्तक़ू फ़अिन्नल्लाह
कान बिमा तअ़्मलून ख़बीरन् (१२८) व लन् तस्ततीअू' अन् तअ़्दिलू बैनन्निसा'अि
व लौ ह़रस्तुम् फ़ला तमीलू कुल्लल्मैलि फ़तज़रूहा कल्मुअल्लक़ति त् व अिन्
तुस्लिहू व तत्तक़ू फ़अिन्नल्लाह कान ग़फ़ूरर्रहीमन् (१२९) व अिंयतफ़र्रक़ा
युग्निल्लाहु कुल्लम्मिन् सअ़तिहि त् व कानल्लाहु वासिअ़न् हकीमन्
(१३०) व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व
लक़द् वस्सैनल्लजीन अूतुल्किताब मिन् क़ब्लिकुम् व अीयाकुम्
अनित्तक़ुल्लाह त् व अिन् तक्फ़ुरू फ़अिन्न लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति
व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व कानल्लाहु ग़नीयन् हमीदन् (१३१)

रु. १८ — १५ आ ११

और उस शख़्स से ज़्यादा किसकी राह अच्छी है, जिसने अल्लाह के आगे अपना सिर झुका दिया और वह नेककार भी है और इब्राहीम के दीन पर चलता है, जो एक (अल्लाह) ही के हो रहे थे और इब्राहीम को अल्लाह ने अपना दोस्त ठहराया था§(१२५) और जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है अल्लाह ही का है, और सब चीज़ें अल्लाह (ही) के क़ाबू में हैं।(१२६)★ रु. १८—१५ आ ११

और (ऐ पैग़म्बर !) तुमसे (अनाथ) स्त्रियों के साथ (निकाह करने का) हुक्म मांगते हैं तो (उनको) समझा दो कि अल्लाह तुमको उनके (निकाह के) बारे में आज्ञा देता है◉ और क़ुर्आन में जो (हुक्म) तुमको(पहले)सुनाया जा चुका है सो (वह) उन अनाथ औरतों के सम्बन्ध में है जिनको तुम (उनका) हक़ जो उनके लिए ठहरा दिया गया है नहीं देते और (इसके बावजूद) उनके साथ निकाह करने की इच्छा करते हो और बेबस बच्चों के बारे में (भी वही हुक्म याद दिलाया जाता है) और यह कि यतीमों के हक़ में इन्साफ़ का ख़्याल रखो और जो कुछ भलाई करोगे अल्लाह उसको जानता है। (१२७) अगर किसी औरत को अपने पति की तरफ़ से ज़्यादती या दिल फिर जाने का सन्देह हो तो दोनों पर कुछ गुनाह नहीं कि आपस में (समझौते से) मेल कर लें और मेल (सब से)अच्छा है और(कंजूसी की) कमज़ोरी तो सभी की तबियत में(थोड़ी बहुत)होती है और अगर (तुम दोनो एक दूसरे के साथ)भलाई करो और(कठोरता से)बचे रहो तो अल्लाह तुम्हारे कामों से ख़बरदार है।(१२८) और तुम बहुतेरा चाहो लेकिन यह तो तुमसे हो नहीं सकेगा कि बीवियों में एकसा बर्ताव कर सको तो बिल्कुल (एक ही तरफ़) झुक भी न पड़ो कि दूसरी को छोड़ बैठो गोया वह कहीं की न रहे और अगर मेल कर लो और (एक दूसरे पर ज़्यादती से) बचे रहो तो अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है।(१२९) और अगर दोनों जुदा हो जायँ तो अल्लाह अपने ख़जाने से दोनों को पूरा कर देगा और अल्लाह हिकमतवाला गुँजाइश वाला है। (१३०) और जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है अल्लाह ही का है और (मुसलमानो !) जिन लोगों को तुमसे पहले किताब मिली थी उनसे और तुमसे हमने कह रखा है कि अल्लाह से डरते रहो और अगर नहीं मानोगे तो जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है अल्लाह ही का है, और अल्लाह बेपरवाह है और (अल्लाह ही) सब ख़ूबियोंवाला (और) सराहने के क़ाबिल है।(१३१)

§ आयत १२३ से १२६ तक का खुलासा है कि यहूदी, ईसाई यह समझने लगे थे कि वे अमल कुछ भी करें उनको बहिश्त में जगह लाज़िमी है। मुसलमान भी बाज़ मौक़ों पर इसी भ्रम के शिकार होते हैं। लेकिन हक़ीक़त यही है कि यहूदी, ईसाई हों या मुसलमान, अगर अल्लाह की हिदायतों पर अमल नहीं है तब उनको ठिकाना नहीं है। ◉ अनाथ स्त्रियों के साथ ब्याह किया जा सकता है पर उनका हक़ उनको अवश्य देना चाहिए।

व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त़ व कफ़ा बिल्लाहि वकीलन् (१३२) अींयशअ् - युज्हिब्कुम् अैयुहन्नासु व यअ्ति बिआख़रीन त़ व कानल्लाहु अ़ला जालिक क़दीरन् (१३३) मन् कान युरीदु सवाबद्दुन्या फ़अ़िन्दल्लाहि सवाबुद्दुन्या वल्आख़िरति त़ व कानल्लाहु समीअ़म् - बसीरन् (१३४) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू कूनू क़ौवामीन बिल्क़िस्त़ि शुहदा अ लिल्लाहि व लौ अ़ला अन्फ़ुसिकुम् अविल् - वालिदैनि वल्अक़्रबीन ज़ अींयकुन् ग़नीयन् औ फ़क़ीरन् फ़ल्लाहु औला बिहिमा क़िफ़् फ़ला तत्तबिअुल्-हवा अन् तअ़्दिलू ज़ व अिन् तल्वू औ तुअ़्रिज़ू फ़अिन्नल्लाह कान बिमा तअ़्मलून ख़बीरन् (१३५) या अैयुहल्लजीन आमनू आमिनू बिल्लाहि व रसूलिहि वल् - किताबिल्लजी नज़्ज़ल अ़ला रसूलिहि वल्-किताबिल्लजी अन्ज़ल मिन् क़ब्लु त़ व मैंयक्फ़ुर् बिल्लाहि व मलाअिकतिहि व कुतुबिहि व रुसुलिहि वल्-यौमिल् - आख़िरि फ़क़द् ज़ल्ल ज़लालम् - बअ़ीदन् (१३६) अिन्नल्लजीन आमनू सुम्म कफ़रू सुम्म आमनू सुम्म कफ़रू सुम्मज़दादू कुफ़्रल्लम् यकुनिल्लाहु लियग़्फ़िर लहुम् व ला लियह्दियहुम् सबीलन् त़ नि (१३७) बश्शिरिल् - मुनाफ़िक़ीन बिअन्न लहुम् अ़जाबन् अलीमन् ला (१३८) अ़ल्लजीन यत्तख़िजूनल् - काफ़िरीन औलिया अ मिन् दूनिल्-मुअ़्मिनीन त़ अयब्तग़ून अिन्दहुमुल्-अिज़्ज़त फ़अिन्नल्-अिज़्ज़त लिल्लाहि जमीअ़न् त़ (१३९)

★ रु. १६ आ ८

النسآء ٤ ٧٩ الصفحه
تَكْفُرُوا فَإِنَّ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ ۚ وَكَانَ اللّٰهُ
غَنِيًّا حَمِيدًا ۝ وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ ۚ وَكَفٰى
بِاللّٰهِ وَكِيلًا ۝ إِنْ يَّشَأْ يُذْهِبْكُمْ أَيُّهَا النَّاسُ وَيَأْتِ بِاٰخَرِيْنَ ۚ
وَكَانَ اللّٰهُ عَلٰى ذٰلِكَ قَدِيرًا ۝ مَنْ كَانَ يُرِيْدُ ثَوَابَ الدُّنْيَا
فَعِنْدَ اللّٰهِ ثَوَابُ الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۚ وَكَانَ اللّٰهُ سَمِيْعًا بَصِيرًا ۝
يٰٓأَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ بِالْقِسْطِ شُهَدَآءَ لِلّٰهِ
وَلَوْ عَلٰٓى أَنْفُسِكُمْ أَوِ الْوَالِدَيْنِ وَالْأَقْرَبِيْنَ ۚ إِنْ يَّكُنْ غَنِيًّا
أَوْ فَقِيرًا فَاللّٰهُ أَوْلٰى بِهِمَا ۣ فَلَا تَتَّبِعُوا الْهَوٰٓى أَنْ تَعْدِلُوْا ۚ
وَإِنْ تَلْوٗٓا أَوْ تُعْرِضُوْا فَإِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيرًا ۝
يٰٓأَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَالْكِتٰبِ الَّذِيْ
نَزَّلَ عَلٰى رَسُوْلِهٖ وَالْكِتٰبِ الَّذِيْٓ أَنْزَلَ مِنْ قَبْلُ ۚ وَمَنْ
يَّكْفُرْ بِاللّٰهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ فَقَدْ
ضَلَّ ضَلٰلًا بَعِيدًا ۝ إِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ثُمَّ كَفَرُوْا ثُمَّ
और (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को आदम के दो बेटे (हाबील और क़ाबील) के सच्चे हालात पढ़ कर सुनाओ● कि जब दोनों ने (अल्लाह के लिए) भेंट♦ चढ़ाई फिर उनमें से एक (यानी हाबील) की क़बूल हुई और दूसरे (यानी क़ाबील) की क़बूल न हुई। तो (क़ाबील) कहने लगा मैं तुझको ज़रूर मार डालूंगा। दूसरे ने जबाब दिया अल्लाह तो सिर्फ़ परहेज़गारों की (ही क़ुर्बानी) क़बूल करता है। (२७)● अगर मेरे मार डालने के इरादे से तू मुझ पर अपना हाथ बढ़ायेगा (तो भी) मैं तुझे क़त्ल करने के लिए तुझ पर अपना हाथ न बढ़ाऊँगा (क्योंकि) मैं तो अल्लाह से डरता हूँ जो सारे संसार का पालनहार है। (२८) मैं यह चाहता हूँ कि तू मेरा और अपना पाप समेट ले और आग (दोज़ख़) वालों में से हो जावे और ज़ालिमों की यही सज़ा है। (२९) इस पर भी उसके दिल ने उसको अपने भाई के मार डालने पर आमादा किया और (आख़िरकार) उसको मार डाला और (यों) घाटा उठाने वालों में आ गया। (३०) इसके बाद आल्लाह ने एक कौवा भेजा। वह ज़मीन को कुरेदने लगा ताकि उसको (काबील को) दिखाये कि वह अपने भाई की लाश को क्योंकर छिपाये। (चुनाँचे वह कौवे को ज़मीन कुरेदते देखकर) बोल उठा, हाय ! मैं इस कौवे के बराबर भी (बुद्धिमान) नहीं हुआ कि अपने भाई की लाश को छिपा लेता। (यह सोचकर) वह पछताने वालों में से हुआ। (३१) इस वजह से● हमने इसराईल के बेटों को लिख (हुक्म) दिया कि किसी का क़त्ल कर डालने या मुल्की फ़साद फैलाने के जुर्म के बग़ैर किसी शख़्स को कोई अगर मार डाले तो गोया उसने तमाम आदमियों को मार डाला और जिसने एक मरते को बचा लिया तो गोया उसने तमाम आदमियों को बचा लिया और उन (इसराईल के बेटों) के पास हमारे रसूल खुली-खुली निशानियाँ लेकर आ (भी) चुके हैं। फिर इसके बाद (भी) इनमें से बहुतेरे (लोग) मुल्क में ज़्यादतियाँ करते फिरते हैं। (३२) जो लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बर से लड़ते और फ़साद फैलाने की ग़रज़ से मुल्क में दौड़े फिरते हैं, उनकी सज़ा तो यही है कि मार डाले जाँय या उनको सूली दी जाय या उनके हाथ पाँव ख़िलाफ़ जानिब से काट दिये जायँ (यानी सीधा हाथ काटा जाय तो बायाँ पैर काटा जावे या बायाँ हाथ तो सीधा पैर) या उनको देश निकाला दिया जाय। यह तो दुनिया में उनकी दुर्दशा हुई और आख़िरत में बड़ी कड़ी सज़ा (तैयार) है। (३३)

§ आयत २१-२४ में इशारा इस वाक़या पर है कि मिस्र से निकलने के क़रीब दो साल बाद अपनी क़ौम को लिए हज़रत मूसा अ० फ़िलस्तीन के दक्खिन में जंगलों में पड़े थे। उन्होंने बारह यहूदी सरदारों को फ़िलस्तीन का दौरा करने भेजा कि वहाँ के हाल मालूम करें। इन लोगों ने वहाँ से वापस होने पर वहाँ के लोगों की ताक़त का इतना ज़ोरदार बयान किया कि यहूदियों के छक्के छूट गये और उन्होंने वहाँ जाकर लड़ने से साफ़ इन्कार कर दिया। तब १२ सरदारों में से दो (यूशा और कालिब) ने उनकी हिम्मत बढ़ाई लेकिन बेकार। इस पर अल्लाह का कोप हुआ और चालीस साल तक जब तक मौजूदा लोग मर खप न गये और नई नस्ल तैयार न हुई तब तक फ़िलस्तीन पर यहूदियों का क़ब्ज़ः न हो सका। ♦ हज़रत आदम अ० ने अपने आज्ञाकारी बेटे हाबील के साथ एक लड़की का ब्याह कराना चाहा। इस पर काबील ने अपने ब्याह के लिए ज़िद की। ह० आदम अ० ने फ़र्माया कि जिसकी क़ुर्बानी अल्लाह क़बूल कर लेगा उसी के साथ उस लड़की का ब्याह होगा। ह० आदम अ० से एक-एक गर्भ से एक लड़का व एक लड़की होती थी। एक गर्भ की लड़की दूसरे गर्भ के लड़के को ब्याह दी जाती थी। यों इन्सानी नस्ल का सिलसिला चला।

अल्लल्लजीन ताबू मिन् क़ब्लि अन् तक़्दिरू अलैहिम् ज् फ़ऽलमू' अन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (३४) ★ या' अैयुहल्लजीन आमनुत्तक़ुल्लाह वब्तग़ू' अिलैहिल्-वसीलत्र व जाहिदू फ़ी सबीलिहल्ल लअल्लकुम् तुफ़्लिहून (३५) अिन्नल्लजीन कफ़रू लौ अन्न लहुम् मा फ़िल्अर्ज़ जमीअौंव मिस्लहू मअहू लियफ़्तदू बिहल्ल मिन् अजाबि यौमिल्-क़ियामति मा तुक़ुब्बिल मिन्हुम् ज् व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (३६) युरीदून अैंयख़्रुजू मिनन्नारि व मा हुम् बिख़ारिजीन मिन्हा ज् व लहुम् अजाबुम्मुक़ीमुन् (३७) वस्सारिक़ु वस्सारिक़तु फ़क़्तअू' अैदियहुमा जज़ा'अम्-बिमा कसबा नकालम्-मिनल्लाहि त् वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीमुन् (३८) फ़मन् ताब मिम्बऽदि जुल्मिहल्ल व अस्लह फ़अिन्नल्लाह यतूबु अलैहि त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (३९) अलम् तऽलम् अन्नल्लाह लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् युअज्जिबु मैंयशा'अु व यग़्फ़िरु लिमैंयशा'अु त् वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (४०) या' अैयुहर्रसूलु ला यह्ज़ुन्कल्लजीन युसारिअून फ़िल्कुफ़्रि मिनल्लजीन क़ालू' आमन्ना बिअफ़्वाहिहिम् व लम् तुअ्मिन् क़ुलूबुहुम् ज् ∴ व मिनल्लजीन हादू ज् ∴ सम्माअून लिल्कजिबि सम्माअून लिक़ौमिन् आख़रीन ला लम् यअ्तूक त् युहर्रिफ़ूनल्-कलिम मिम्बऽदि मवाज़िअिहल्ल ज् यक़ूलून अिन् अूतीतुम् हाजा फ़ख़ुज़ूहु व अिल्लम् तुअ्तौहु फ़हूजरू त् व मैंयुरिदिल्लाहु फ़ित्नतहू फ़लन् तम्लिक लहू मिनल्लाहि शैअन् त् अुला'अिकल्लजीन लम् युरिदिल्लाहु अैंयुत्तहिर क़ुलूबहुम् त् लहुम् फ़िद्दुन्या ख़िज़्यु्न् ज् अला व लहुम् फ़िल्-आख़िरति अजाबुन् अजीमुन् (४१)

لَا يَحْزُنْكَ الَّذِينَ يُسَارِعُونَ فِي الْكُفْرِ مِنَ الَّذِينَ قَالُوا آمَنَّا بِأَفْوَاهِهِمْ وَلَمْ تُؤْمِن قُلُوبُهُمْ ۛ وَمِنَ الَّذِينَ هَادُوا ۛ سَمَّاعُونَ لِلْكَذِبِ سَمَّاعُونَ لِقَوْمٍ آخَرِينَ لَمْ يَأْتُوكَ ۚ يُحَرِّفُونَ الْكَلِمَ مِن بَعْدِ مَوَاضِعِهِ ۖ يَقُولُونَ إِنْ أُوتِيتُمْ هَٰذَا فَخُذُوهُ وَ

मंज़िल २

मगर (ऐ ईमानवालो !) जो लोग तुम्हारे क़ाबू में आने से पहले तौबा कर लें तो जाने रहो कि अल्लाह माफ़ करने वाला मेहरबान है। (३४)★ रु. ५ | ६ आ ८

ऐ ईमानवालो ! अल्लाह से डरो और उस तक (पहुँचने) के ज़रिये तलाश करते रहो और उसकी राह में जिहाद करो, शायद तुम्हारा भला हो।(३५) यक़ीनन जिन लोगों ने इन्कार किया अगर उनके पास वह सब हो जो ज़मीन में है और उतना ही उसके साथ और भी हो ताकि क़ियामत के रोज़ अज़ाब के बदले में उसको दे कर छूट जाये, (तो भी) उनसे क़बूल नहीं किया जायगा और उनके लिए दुखदाई सज़ा है। (३६) वे चाहेंगे कि (नरक की) आग से निकल भागें मगर वह वहाँ से नहीं निकलने पायेंगे और उनके लिए हमेशा की सज़ा है। (३७) और अगर मर्द चोरी करे (तो) या औरत (चोरी करे) तो उनकी करतूत के बदले में दोनों के हाथ काट डालो। (यह)सज़ा अल्लाह की ओर से है और अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त व जानकार है।(३८) तो जो अपने अपराध के बाद तौबा कर ले और अपने को सम्भाल ले तो अल्लाह उसकी तौबा क़बूल कर लेता है; बेशक अल्लाह बख़्शनेवाला मेहरबान है (३९) क्या तुमको मालूम नहीं कि आसमान और ज़मीन में अल्लाह ही की हुकूमत है, जिसको चाहे सज़ा दे और जिसको चाहे क्षमा करे, और अल्लाह हर चीज़ पर ताक़तवर है। (४०) (ऐ पैग़म्बर !) तू उन लोगों पर अफ़सोस न कर जो कुफ़्र में दौड़ दौड़ कर पड़ते हैं ख़्वाह वह (मुनाफ़िक़) हों जो अपने मुँह से तो कह देते हैं कि हम ईमान लाये और उनके दिल ईमान नहीं लाये या यहूदी हों जो झूठी बातें बनाने के लिए जासूसी करते फिरते हैं और या वह दूसरे लोगों के वास्ते जासूसी करते हैं जो तुम्हारे पास(तक) नहीं आये; बातों को ठिकाने से बेठिकाने कर देते हैं, (और लोगों से) कहते हैं कि अगर तुमको (मुहम्मद की तरफ़ से) यही (हुक्म) दिया जाय तो उसको मानना और अगर तुमको यह (हुक्म) न मिले तो बचे रहना[१] और जिनको अल्लाह गुमराह रखना चाहे तो उसके लिए अल्लाह पर तुम्हारा कुछ भी बस नहीं। यह वह लोग हैं कि अल्लाह इनके दिलों को पाक करना नहीं चाहता। इन लोगों की दुनिया में (भी) ज़िल्लत है और आख़िरत में (भी) (इनके लिए) बड़ी सख़्त सज़ा है। (४१)

---

१ तौरात में बदकारी (व्यभिचार) की सज़ा संगसारी (पत्थरों से मार मार कर ख़त्म करने) की है। हिजरत के बाद जनाब स० के सामने एक यहूदी की बदकारी का फ़ैसला लाया गया। हज़रत ने दर्याफ़्त किया कि तौरात में क्या हुक्म है ? यहूदियों ने उस प्रतिष्ठित यहूदी की जान बचा लेने के लिए झूठ गढ़ा कि हम तो कोड़े मारते और फ़ज़ीहत करते हैं। जब तौरात पढ़ी जाने लगी तो पढ़ने वाला उस मुक़ाम पर जहाँ संगसारी लिखा था हाथ रख कर इधर उधर की पढ़ने लगा। अब्दुलाह बिन सलाम ने जो तौरात के माहिर थे, इस चालाकी को खोल दिया। यहूदी इस तौर पर तौरात के हुक्मों में मनमानी तब्दीलियाँ कर देते थे। इस आयत में ऐसों का हवाला है।

सम्माञ्ऊन लिल्कजिबि अक्कालून लिस्सुहूति ط फ़अिन् जा'ऊक फ़हुकुम् बैनहुम् औ अऱिज़् अन्हुम् ج व अिन् तुऱिज़् अन्हुम् फ़लैंयज़ुर्रूक शैअन् ط व अिन् हुकम्त फ़हुकुम् बैनहुम् बिल्क़िस्ति ط अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-मुक़्सितीन (४२) व कैफ़ युहक्किमूनक व अिन्दहुमुत्तौरात्तु फ़ीहा हुक्मुल्लाहि सुम्म यतवल्लौन मिम्बऱ्दि जालिक ط व मा' अुला'अिक बिल्-मुअ्मिनीन (४३) ★ अिन्ना' अन्ज़ल्नत्तौरात्त फ़ीहा हुदौंव नूरुन् ج यहुकुमु बिहन्नबीयूनल्लज़ीन अस्लमू लिल्लज़ीन हादू वर्रब्बानीयून वल्-अहूबारु बिमस्तुहुफ़िज़ू मिन् किताबिल्लाहि व कानू अलैहि शुहदा'अ ج फ़ला तख़्शवुन्नास वख़्शौनि व ला तश्तरू बिआयाती समनन् क़लीलन् ط व मल्लम् यहुकुम् बिमा' अन्ज़लल्लाहु फ़अुला'अिक हुमुल्काफ़िरून (४४) व कतब्ना अलैहिम् फ़ीहा' अन्नन्फ़स बिन्नफ़्सि ला वल्अैन बिल्अैनि वल्-अन्फ़ बिल्-अन्फ़ि वल्-अुजुन बिल्-अुजुनि वस्सिन्न बिस्सिन्नि ला वल्जुरूह क़िसासुन् ط फ़मन् तसद्दक़ बिहि फ़हुव कफ़्फ़ारतुल्लहु ط व मल्लम् यहुकुम् बिमा' अन्ज़लल्लाहु फ़अुला'अिक हुमुज्ज़ालिमून (४५) व क़फ़्फ़ैना अला' आसारिहिम् बिअीसब्नि मर्यम मुसद्दिक़ल्लिमा बैनं यदैहि मिनत्तौराति ط व आतैनाहुल्-अिन्जील फ़ीहि हुदौंव नूरुन् ला ०'व मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि मिनत्तौराति व हुदौंव मौअिज़तल्लिल् - मुत्तक़ीन ط (४६)

لایحب الله ۹۱ للمائدة
اِنْ لَّمْ تُؤْتَوْهُ فَاحْذَرُوْا ؕ وَمَنْ يُّرِدِ اللّٰهُ فِتْنَتَهٗ فَلَنْ تَمْلِكَ
لَهٗ مِنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ؕ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ لَمْ يُرِدِ اللّٰهُ اَنْ يُّطَهِّرَ قُلُوْبَهُمْ ؕ
لَهُمْ فِى الدُّنْيَا خِزْىٌ ۖ وَّلَهُمْ فِى الْاٰخِرَةِ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۞
سَمّٰعُوْنَ لِلْكَذِبِ اَكّٰلُوْنَ لِلسُّحْتِ ؕ فَاِنْ جَآءُوْكَ فَاحْكُمْ بَيْنَهُمْ
اَوْ اَعْرِضْ عَنْهُمْ ۚ وَاِنْ تُعْرِضْ عَنْهُمْ فَلَنْ يَّضُرُّوْكَ شَيْـًٔا ؕ وَ
اِنْ حَكَمْتَ فَاحْكُمْ بَيْنَهُمْ بِالْقِسْطِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُقْسِطِيْنَ ۞
وَكَيْفَ يُحَكِّمُوْنَكَ وَعِنْدَهُمُ التَّوْرٰىةُ فِيْهَا حُكْمُ اللّٰهِ ثُمَّ يَتَوَلَّوْنَ
مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ ؕ وَمَآ اُولٰٓئِكَ بِالْمُؤْمِنِيْنَ ۞ اِنَّآ اَنْزَلْنَا التَّوْرٰىةَ
فِيْهَا هُدًى وَّنُوْرٌ ۚ يَحْكُمُ بِهَا النَّبِيُّوْنَ الَّذِيْنَ اَسْلَمُوْا
لِلَّذِيْنَ هَادُوْا وَالرَّبّٰنِيُّوْنَ وَالْاَحْبَارُ بِمَا اسْتُحْفِظُوْا مِنْ
كِتٰبِ اللّٰهِ وَكَانُوْا عَلَيْهِ شُهَدَآءَ ۚ فَلَا تَخْشَوُا النَّاسَ وَ
اخْشَوْنِ وَلَا تَشْتَرُوْا بِاٰيٰتِىْ ثَمَنًا قَلِيْلًا ؕ وَمَنْ لَّمْ يَحْكُمْ
بِمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْكٰفِرُوْنَ ۞ وَكَتَبْنَا عَلَيْهِمْ
فِيْهَآ اَنَّ النَّفْسَ بِالنَّفْسِ ۙ وَالْعَيْنَ بِالْعَيْنِ وَالْاَنْفَ بِالْاَنْفِ
وَالْاُذُنَ بِالْاُذُنِ وَالسِّنَّ بِالسِّنِّ ۙ وَالْجُرُوْحَ قِصَاصٌ ؕ فَمَنْ
تَصَدَّقَ بِهٖ فَهُوَ كَفَّارَةٌ لَّهٗ ؕ وَمَنْ لَّمْ يَحْكُمْ بِمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ
فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ۞ وَقَفَّيْنَا عَلٰٓى اٰثَارِهِمْ بِعِيْسَى ابْنِ
مَرْيَمَ

(ऐ पैग़म्बर !) (यह) झूठी बातों को बनाने के लिए जासूसी करने वाले हैं, हराम का खाते हैं, तो अगर यह तुम्हारे पास (कोई मुक़द्दमा फ़ैसले के लिए) लावें तो तुम (को इख़्तियार है कि) इनमें फ़ैसला करो या इनसे किनारा कर जाओ, और अगर तुम इनसे किनारा करोगे तो वे तुमको किसी तरह का भी नुक़सान नहीं पहुँचा सकेंगे और अगर फ़ैसला करो तो (भय या दबाव न मानकर) इनमें इन्साफ़ (ही) के साथ फ़ैसला करना, क्योंकि अल्लाह इन्साफ़ करनेवालों को दोस्त रखता है। (४२) और (यह लोग) क्यों तुम्हारे पास झगड़े तै करने को लाते हैं जब कि खुद इनके पास तौरात है, उसमें अल्लाह की आज्ञा मौजूद है, लेकिन इसके बाद (भी हुक्म अल्लाह से) वह मुकर जाते हैं और वे (हरगिज़) मानने वाले नहीं।(४३)★ रु. ६/१० आ ६

(बेशक) हमने तौरात उतारी जिसमें हिदायत और रोशनी है। (अल्लाह के) हुक्म मानने वाले (बन्दे) पैग़म्बर उसी के मुताबिक़ यहूदियों को हुक्म दिया करते थे और (इन नबियों के अलावा) दरवेश (सन्त) और उलमा (ज्ञानी) भी (उसी के मुताबिक़ यहूदियों को आज्ञा देते चले आये) क्योंकि वे सब अल्लाह की किताब के संरक्षक और गवाह ठहराये गये थे। पस ऐ यहूदियों ! तुम लोगों से न डरो और मेरा ही डर मानो और मेरी आयतों को नाचीज़ (दुनियावी) फ़ायदे के लिए मत बेच डालो और जो अल्लाह की उतारी हुई (किताब) के मुताबिक़ हुक्म न दें तो यही लोग काफ़िर हैं। (४४) और हमने तौरात में यहूद को तहरीरी हुक्म दिया था कि जान के बदले जान और आँख के बदले आँख और नाक के बदले नाक और कान के बदले कान और दाँत के बदले दाँत और (सब) ज़ख़्मों का बदला (वैसे ही ज़ख़्मों के) बराबर, फिर जो (सताया हुआ शख़्स) बदला क्षमा कर दे तो वह उसका कफ़्फ़ारा (प्रायश्चित) होगा और जो अल्लाह की उतारी हुई (किताब) के मुताबिक़ हुक्म न दे तो वही लोग बे इन्साफ़ हैं।§ (४५) और बाद को इन्हीं (नबियों) के क़दमों (पदचिह्नों) पर हमने मरियम के बेटे ईसा को भेजा कि वह तौरात कि जो उनके (समय में) पहले से (ही मौजूद) थी की तसदीक़ करते थे और उनको हमने इन्जील दी जिसमें हिदायत और रोशनी है और तौरात जो उसके पहले से (मौजूद) थी उसकी तसदीक़ (पुष्टि भी) करती है और (खुद भी) परहेज़गारों को राह दिखानेवाली और सीख देनेवाली है।(४६)

§ यहाँ तक तो यहूदियों की शरारत का ज़िक्र है, जैसा कि आयत ४१ के फ़ुटनोट में बयान है। अब आयत ४६ से ईसाइयों के तौरात और इन्जील के हुक्मों से हट जाने की चरचा है।

वल्-यह्कुम् अह्लुल्-इन्जीलि बिमा अन्ज़लल्लाहु फ़ीहि ؕ व मल्लम् यह्कुम् बिमा अन्ज़लल्लाहु फ़अुलाअिक हुमुल्फ़ासिक़ून (४७) व अन्ज़ल्ना अिलैकल्-किताब बिल्हक़्क़िक़ मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि मिनल्-किताबि व मुहैमिनन् अलैहि फ़ह्कुम् बैनहुम् बिमा अन्ज़लल्लाहु व ला तत्तबिअ् अह्वाअहुम् अम्मा जाअक मिनल्-हक़्क़िक़ ؕ लिकुल्लिन् जअल्ना मिन्कुम् शिर्अतौंव मिन्हाजन् ؕ व लौ शाअल्लाहु लजअलकुम् अुम्मतौंवाहिदतौं व लाकिल्-लियब्लुव-कुम् फ़ी मा आताकुम् फ़स्तबिक़ुल्-ख़ैराति ؕ अिलल्लाहि मर्जिअुकुम् जमीअन् फ़युनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् फ़ीहि तख़्तलिफ़ून (४८) व अनिह्कुम् बैनहुम् बिमा अन्ज़लल्लाहु व ला तत्तबिअ् अह्वाअहुम् वह्ज़र्हुम् अैंयफ़्तिनूक अम्बअ़ज़ि मा अन्ज़लल्लाहु अिलैक ؕ फ़अिन् तवल्लौ फ़अ़लम् अन्नमा युरीदुल्लाहु अैंयुसीबहुम् बिबअ़ज़ि जुनूबिहिम् ؕ व अिन्न कसीरम्-मिनन्नासि लफ़ासिक़ून (४९) अफ़ह्कमल्-जाहिलीयति यब्ग़ून ؕ व मन् अह्सनु मिनल्लाहि ह्कमल्लिक़ौमिं-यूक़िनून (५०) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तख़िजुल्-यहूद वन्नसारा औलिया अ م ● बअ़ज़ुहुम् औलिया अु बअ़ज़िन् ؕ व मैंयतवल्लहुम् मिन्कुम् फ़अिन्नहू मिन्हुम् ؕ अिन्नल्लाह ला यह्दिल्-क़ौमज्ज़ालिमीन (५१)

لایحب اللہ ۹۲ للآیۃ
مَرْيَمَ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ مِنَ التَّوْرٰىةِ ۚ وَاٰتَيْنٰهُ الْاِنْجِيْلَ
فِيْهِ هُدًى وَّنُوْرٌ ۙ وَّمُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ مِنَ التَّوْرٰىةِ وَ
هُدًى وَّمَوْعِظَةً لِّلْمُتَّقِيْنَ ۝ وَلْيَحْكُمْ اَهْلُ الْاِنْجِيْلِ بِمَآ
اَنْزَلَ اللّٰهُ فِيْهِ ۭ وَمَنْ لَّمْ يَحْكُمْ بِمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ فَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ
الْفٰسِقُوْنَ ۝ وَاَنْزَلْنَآ اِلَيْكَ الْكِتٰبَ بِالْحَقِّ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ
يَدَيْهِ مِنَ الْكِتٰبِ وَمُهَيْمِنًا عَلَيْهِ فَاحْكُمْ بَيْنَهُمْ بِمَآ اَنْزَلَ
اللّٰهُ وَلَا تَتَّبِعْ اَهْوَاۗءَهُمْ عَمَّا جَاۗءَكَ مِنَ الْحَقِّ ۭ لِكُلٍّ جَعَلْنَا
مِنْكُمْ شِرْعَةً وَّمِنْهَاجًا ۭ وَلَوْ شَاۗءَ اللّٰهُ لَجَعَلَكُمْ اُمَّةً وَّاحِدَةً وَّ
لٰكِنْ لِّيَبْلُوَكُمْ فِيْ مَآ اٰتٰىكُمْ فَاسْتَبِقُوا الْخَيْرٰتِ ۭ اِلَى اللّٰهِ مَرْجِعُكُمْ
جَمِيْعًا فَيُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ۝ وَاَنِ احْكُمْ بَيْنَهُمْ
بِمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ وَلَا تَتَّبِعْ اَهْوَاۗءَهُمْ وَاحْذَرْهُمْ اَنْ يَّفْتِنُوْكَ عَنْ
بَعْضِ مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ اِلَيْكَ ۭ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَاعْلَمْ اَنَّمَا يُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ
يُّصِيْبَهُمْ بِبَعْضِ ذُنُوْبِهِمْ ۭ وَاِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ لَفٰسِقُوْنَ ۝
اَفَحُكْمَ الْجَاهِلِيَّةِ يَبْغُوْنَ ۭ وَمَنْ اَحْسَنُ مِنَ اللّٰهِ حُكْمًا لِّقَوْمٍ
يُّوْقِنُوْنَ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوا الْيَهُوْدَ وَالنَّصٰرٰٓى
اَوْلِيَاۗءَ ۘ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَاۗءُ بَعْضٍ ۭ وَمَنْ يَّتَوَلَّهُمْ مِّنْكُمْ فَاِنَّهٗ مِنْهُمْ ۭ
اِنَّ اللّٰهَ لَا يَهْدِي الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ۝ فَتَرَى الَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ
ع ۱۱ ۷ رکوع ۱۱ آ ۷ ● ب. ب. ب. م. م. م.

और इन्जील वालों को चाहिए कि जो अल्लाह ने उसमें (हुक्म) उतारे हैं उसी के मुताबिक़ हुक्म दिया करें और जो अल्लाह के उतारे (इन्जील) के मुताबिक़ हुक्म न दें तो यही लोग बेहुक्म (अवज्ञाकारी) हैं। (४७) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुम्हारी तरफ़ (भी) सच्ची किताब उतारी कि जो किताबें इसके पहले से (मौजूद) हैं उनका समर्थन करती और उनकी (मूल शिक्षाओं को अपने में शामिल रखकर) हिफ़ाजत करती है, तो जो कुछ अल्लाह ने तुम पर उतारा है तुम भी उसी के मुताबिक़ इन लोगों में हुक्म दो और जो कुछ बात सच्ची तुमको पहुँची है उसे (याने इंसाफ़ को) छोड़कर इनकी (मनचाही) ख़्वाहिशों की पैरवी (पूर्ति) मत करो। हमने (समय-समय पर) तुममें से हर एक (फ़िर्क़े) के लिए एक शरीयत (धर्मशास्त्र) और तरीक़: दिया और अगर अल्लाह चाहता तो तुम सबको एक ही दीन पर कर देता। लेकिन (अलग-अलग शरीअत व तरीक़: देने में) यह मक़सद (लक्ष्य) रहा है कि (समय-समय पर) जो हुक्म तुमको दिये जाते रहे हैं उन (ही) में तुमको आज़माये, सो (ऐ ईमानवालो!) तुम नेक कामों की तरफ़ एक दूसरे से आगे बढ़ने की कोशिश करो। तुम सबको अल्लाह की तरफ़ लौटकर जाना है, तो (अल्लाह ही) जिन-जिन बातों में तुम लोगों में मतभेद रहा है, (सही बात) बता देगा। (४८) और (ऐ पैग़म्बर!) जो किताब अल्लाह ने (तुम पर) उतारी है उसी के मुताबिक़ इन लोगों को हुक्म दो और उनकी इच्छाओं की पैरवी न करो, और इन (यहूदियों के दाँवघात) से बचते रहो कि जो (किताब) अल्लाह ने तुम्हारी तरफ़ उतारी है उसके किसी हुक्म से यह लोग कहीं तुमको भटका न दें, फिर अगर (ये तुम्हारा कहा) न मानें तो जाने रहो कि अल्लाह को इनके बाज़ गुनाहों के कारण इनको सज़ा पहुँचाना मंज़ूर है और (बेशक) लोगों में बहुत से बेहुक्म (अवज्ञाकारी) (ही) हैं।♦ (४९) क्या वक़्त जाहिलियत (अज्ञान काल) की आज्ञा चाहते हैं? और जो लोग यक़ीन करने वाले हैं उनके लिए अल्लाह से बेहतर आज्ञा देने वाला कौन (हो सकता) है। (५०)★

ऐ ईमानवालो! यहूद और ईसाई को मित्र न बनाओ● (तुम्हारे मुक़ाबिले में) यह एक दूसरे के मित्र हैं और तुममें जो कोई इनको दोस्त बनायेगा तो बेशक (वह भी) इन्हीं में से है, क्योंकि अल्लाह ज़ालिम लोगों को सीधा रास्ता नहीं दिखलाया करता।† (५१)

♦ आयत ४६ से ४९ में खुलासा है कि अल्लाह ने समय समय पर जिन गरोहों में जैसी सूरत हाल हुई उनमें नबी भेजे और उनकी मारफ़त कुछ दस्तूर व तरीक़े भेजे ताकि उस उम्मत के लोग उन्हीं हुक्मों पर अमल करते हुए राह अल्लाह पर चलें जो उनके लिए नाज़िल हुये हैं और अल्लाह उनकी जाँच भी उसी दस्तूर की बुनियाद पर करेगा। असली मक़सद राहे अल्लाह पर चलना है न कि महज़ वह ज़ाबित (दस्तूर-क़ायदे)। सब उम्मतों को आख़िरकार अल्लाह के सामने ही तो पेश होना है। अगर आपकी नीयत और अमल राहे-ख़ुदा पर चलने की है तो आपको बताये रास्ते पर चलने से वह हासिल होगी। तौर-तरीक़े के फ़र्क़ का फ़ैसला अल्लाह करेगा। आप हुक्म अल्लाह और इन्साफ़ पर क़ायम रहें। दूसरों के दबाव में आकर उनकी जैसी न करें। और न आपको मिले हुये अल्लाह के हुक्मों में अपने किसी मतलब से आप फेरफार करें—जैसा कि यहूदी और ईसाई आगे चलकर तौरात व इन्जील में उलट फेर करने लगे थे। हर इन्सान इस कमज़ोरी का शिकार हो सकता है। इस लिए ईमानवालों और अल्लाह से डरने वालों को इन आयतों में आगाह किया गया है। † यहूदियों और ईसाइयों के बाद अब यहाँ से ज़िक्र मुनाफ़िक़ों की करतूत का है जो ज़ाहिरा मुसलमानों में शरीक होते और इन विरोधियों से दिली हमदर्दी रखते थे।

फ़तरल्लजीन फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ुँय्युसारिअून फ़ीहिम् यक़ूलून नख़्शा' अन् तुसीबना दा'इरतुन् त् फ़असल्लाहु अँयअ्तिय बिल्फ़त्हि औ अम्रिम्-मिन् अिन्दिहि फ़युस्बिहू अला मा' असर्रू फ़ी' अन्फ़ुसिहिम् नादिमीन त् (५२) व यक़ूलुल्लजीन आमनू' अ हा'उला'अिल्लजीन अक़्समू बिल्लाहि जह्द अैमानिहिम् ला अिन्नहुम् लमअकुम् त् हबितत् अअ्मालुहुम् फ़अस्बहू ख़ासिरीन (५३) या' अैयुहल्लजीन आमनू मैंयर्तद् मिन्कुम् अन् दीनिहि फ़सौफ़ यअ्तिल्लाहु बिक़ौमिंय्युहिब्बुहुम् व युहिब्बूनहू' ला अजिल्लत्तिन् अलल्-मुअ्मिनीन अअिज़्ज़त्तिन् अलल्काफ़िरीन ज् युजाहिदून फ़ी सबीलिल्लाहि व ला यख़ाफ़ून लौमत ला'अिमिन् त् जालिक फ़ज़्लुल्लाहि युअ्तीहि मैंयशा'अु त् वल्लाहु वासिअुन् अलीमुन् (५४) अिन्नमा वलीयुकुमुल्लाहु व रसूलुहू वल्लजीन आमनुल्लजीन युक़ीमूनस्सलात व युअ्तूनज़्ज़कात व हुम् राकिअून (५५) व मैंयतवल्लल्लाह व रसूलहू वल्लजीन आमनू फ़अिन्न हिज़्बल्लाहि हुमुल्ग़ालिबून (५६) ★ या' अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तख़िजुल्-लजीनत्तख़जू दीनकुम् हुज़ुवौंव लअिबम्-मिनल्लजीन अूतुल्-किताब मिन् क़ब्लिकुम् वल्कुफ़्फ़ार औलिया'अ ज् वत्तक़ुल्लाह अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (५७) व अिजा नादैतुम् अिलस्सलात्तित्-तख़जूहा हुज़ुवौंव लअिबन् त् जालिक बिअन्नहुम् क़ौमुल्ला यअ़क़िलून (५८) क़ुल् या' अहलल्किताबि हल् तन्क़िमून मिन्ना' अिल्ला' अन् आमन्ना बिल्लाहि व मा' अुन्ज़िल अिलैना व मा' अुन्ज़िल मिन् क़ब्लु ला व अन्न अक्सरकुम् फ़ासिक़ून (५९)

तो जिन लोगों के दिलों में (कपट का) रोग है तुम उनको देखोगे कि यहूदियों में दौड़कर जा मिलते हैं। कहते हैं कि हमको तो इस बात का डर लग रहा है कि (कहीं) हम पर आफ़त न आ जावे। सो हो सकता है जल्दी ही अल्लाह (ईमानवालों को) जीत दे या और कुछ प्रकट करे।† तो (ये मुनाफ़िक़) जो अपने दिलों में छिपाये थे उस (कपट) पर पछताने लगें। (५२) और (इनका कपट खुल जाने पर) ईमानवाले कहेंगे कि क्या यह वही लोग हैं जो (प्रकट में) बड़े ज़ोर से अल्लाह की क़समें खाते थे कि हम तुम्हारे साथ हैं। इनका सब किया अकारथ हुआ और (सरासर) नुक़सान में आ गये।(५३) ● ऐ ईमानवालो! तुममें से कोई अपने दीन से फिरेगा तो अल्लाह (और) ऐसे लोग (ला) मौजूद करेगा जिनको वह दोस्त रखता होगा और वह उसको दोस्त रखते होंगे, (वे ईमानवाले) मुसलमानों के साथ नरम, काफ़िरों के साथ कड़े होंगे। अल्लाह की राह में अपनी जानें लड़ावेंगे और किसी मलामत करने वाले की मलामत का डर नहीं रखेंगे। यह अल्लाह का फ़ज़्ल है जिसको चाहे दे, और अल्लाह बड़ा वसी (व्यापक) और (सब के हाल का) जानने वाला है। (५४) बस तुम्हारे तो यही मित्र हैं अल्लाह और अल्लाह का पैग़म्बर और मुसलमान जो नमाज़ पर क़ायम हैं और ज़कात देते और (अल्लाह के आगे) झुके रहते हैं। (५५) और जो अल्लाह और अल्लाह के पैग़म्बर और मुसलमानों का दोस्त होकर रहेगा तो (उन) अल्लाह वालों ही की जय (निश्चित) है। (५६)★

ऐ ईमानवालो! जिन्होंने तुम्हारे दीन को हँसी और खेल ठहरा रखा है यानी (यहूद व नसारा) जिनको तुमसे पहले किताब (भी) दी जा चुकी है (उनको) और काफ़िरों को दोस्त मत बनाओ और अल्लाह से डरते रहो अगर तुम ईमान रखते हो (५७) और जब तुम नमाज़ के लिए (अज़ान देकर) बुलाते हो तो यह लोग नमाज़ को हँसी और खेल ठहराते हैं, (और) यह (हरकत) इसलिए कि यह लोग अज्ञानी हैं।§ (५८) (ऐ पैग़म्बर! यहूद से) कहो कि ऐ किताबवालो! हमसे तुमको क्या दुश्मनी है सिवाय इसके कि हम अल्लाह पर और जो (क़ुर्आन) हमारी तरफ़ उतरा है उस पर और जो पहले उतर चुकी है उस पर ईमान ले आये हैं और यह कि तुममें के अक्सर (अल्लाह के हुक्म से) इन्कारी हैं? (५९)

† अल्लाह की ओर से वह चमत्कार ज़ाहिर होकर रहा। मदीने के यहूदियों को देश निकाला की नौबत आई और मक्का के मुशरिकों पर मुसलमानों की फ़तह हुई। उस वक़्त मुनाफ़िक़ों को अजब परेशानी थी क्योंकि इनकी दिली हमदर्दी इन यहूदियों व मुशरिकों से थी जिनका अब हाल खस्ता हो रहा था। § नमाज़ के लिए अज़ान (पुकार) होने पर बाज़ यहूदी और मुशरिक उस आवाज़ पर मज़ाक़ बनाते थे। अल्लाह की बड़ाई हर तौर पर और हर दीन में बेहतर है। महज़ अपने से जुदा तरीक़ः देखकर हँसना यह उनकी बेअक़्ली और जिहालत थी।

क़ुल् हल् अुनब्बिअुकुम् बिशर्रिम्मिन् जालिक मसूबतन् इन्दल्लाहि त् मल्लअनहुल्लाहु व ग़ज़िब अलैहि व जअल मिन्हुमुल्-क़िरदत वल्ख़नाज़ीर व अबदत्ताग़ूत त् अुला'अिक शर्रुम्मकानौंव अज़ल्लु अन् सवा'अिस्सबीलि (६०) व अिजा जा'अूकुम् क़ालू आमन्ना व क़द्ख़लू बिल्कुफ़्रि व हुम् क़द् ख़रजू बिहि त् वल्लाहु अअ़्लमु बिमा कानू यक्तुमून (६१) व तरा कसीरम्-मिन्हुम् युसारिअून फ़िल्अिस्मि वल्अुद्वानि व अक्लिहिमुस्सुहूत त् लबिअ्स मा कानू यअ़्मलून (६२) लौला यन्हाहुमुर्-रब्बानीयून वल्-अह्बारु अन् क़ौलि-हिमुल्-अिस्म व अक्लि-हिमुस्सुहूत त् लबिअ्स मा कानू यस्नअून (६३) व क़ालतिल्-यहूदु यदुल्लाहि मग़्लूलतुन् त् गुल्लत् अैदीहिम् व लुअिनू बिमा क़ालू म् ● बल् यदाहु मब्सूततानि ला युन्फ़िक़ु कैफ़ यशा'अु त् वलयज़ीदन्न कसीरम्-मिन्हुम् मा' अुन्ज़िल अिलैक मिर्रब्बिक तुग़्यानौंव कुफ़्रन् त् व अल्क़ैना बैनहुमुल्-अदावत वल्बग़्ज़ा'अ अिला यौमिल्-क़ियामति त् कुल्लमा' औक़दू नारल्-लिल्हूबि अत्फ़अहल्लाहु ला व यस्अौन फ़िल्अर्ज़ फ़सादन् त् वल्लाहु ला युहिब्बुल्-मुफ़्सिदीन (६४) व लौ अन्न अह्लल्-किताबि आमनू वत्तक़ौ लकफ़्फ़र्ना अन्हुम् सैयिआतिहिम् व लअद्ख़ल्नाहुम् जन्नातिन्नअीमि (६५) व लौ अन्नहुम् अक़ामुत्तौरात वल्-अिन्जील व मा' अुन्ज़िल अिलैहिम् मिर्रब्बिहिम् लअकलू मिन् फ़ौक़िहिम् व मिन् तह्ति अर्जुलिहिम् त् मिन्हुम् अुम्मतुम्-मुक़्तसिदतुन् त् व क़सीरुम्-मिन्हुम् सा'अ मा यअ़्मलून (६६) ★

لايحب الله ٩٢ المائدة
فيقون ۞ قل هل أنبئكم بشر من ذلك مثوبة عند الله
من لعنه الله وغضب عليه وجعل منهم القردة والخنازير
وعبد الطاغوت أولئك شر مكانا وأضل عن سواء السبيل ۞
وإذا جاءوكم قالوا آمنا وقد دخلوا بالكفر وهم قد خرجوا
به والله أعلم بما كانوا يكتمون ۞ وترى كثيرا منهم
يسارعون في الإثم والعدوان وأكلهم السحت لبئس ما
كانوا يعملون ۞ لولا ينهاهم الربانيون والأحبار عن قولهم
الإثم وأكلهم السحت لبئس ما كانوا يصنعون ۞ وقالت
اليهود يد الله مغلولة غلت أيديهم ولعنوا بما قالوا بل
يداه مبسوطتان ينفق كيف يشاء وليزيدن كثيرا منهم
ما أنزل إليك من ربك طغيانا وكفرا وألقينا بينهم
العداوة والبغضاء إلى يوم القيمة كلما أوقدوا نارا
للحرب أطفأها الله ويسعون في الأرض فسادا والله لا
يحب المفسدين ۞ ولو أن أهل الكتاب آمنوا واتقوا لكفرنا
عنهم سيئاتهم ولأدخلناهم جنات النعيم ۞ ولو أنهم
أقاموا التوراة والإنجيل وما أنزل إليهم من ربهم
لأكلوا من فوقهم ومن تحت أرجلهم منهم أمة مقتصدة

ساتवाँ

● व. ला ज़िम

★ रू. ३ आ. १०

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि मैं तुमको बताऊँ कि अल्लाह के नज़दीक कौन (ज़्यादा बुरे) बदले के लायक़ हैं, (यानी) वह जिन पर अल्लाह ने लानत की और उन पर (अपना) कोप उतारा और उनमें से किन्हीं को बन्दर और सुअर बना दिया, और (अल्लाह को छोड़कर) शैतान को पूजने लगे थे, तो यही लोग दर्जे में (हमसे कहीं) ख़राब ठहरे और सीधी राह से बहुत दूर भटक गये। (६०) और (मुसलमानो !) जब यह लोग तुम्हारे पास आते हैं तो कहते हैं हम ईमान लाये हालाँकि इन्कारी ही को साथ लेकर आये थे और (इन्कारी को साथ लिये) इसी तरह चले(भी)गये और जो (कपट दिल में) छिपाये हुए हैं अल्लाह उसको ख़ूब जानता है ♦। (६१) और तुम इनमें से बहुतेरों को देखोगे कि गुनाह की बात और ज़ुल्म और हराम का माल खाने पर गिरे पड़ते हैं। क्या बुरे काम हैं जो वे करते हैं। (६२) इनके रब्बानी (धर्मगुरु) और उलमा इनको गुनाह की बात बोलने और हराम का माल खाने से क्यों नहीं मना करते ? क्या बुरे काम हैं जो वह कर रहे हैं। (६३) और यहूद कहते हैं कि अल्लाह का हाथ (इन दिनों) तंग है। इन्हीं के हाथ तंग हो जायँ और इनके ऐसा कहने पर इनको लानत है§ ●। बल्कि अल्लाह के दोनों हाथ खुले हुए हैं जिस तरह चाहता है ख़र्च करता है, और (ऐ पैग़म्बर !) यह क़ुर्आन जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर उतरा है, (ज़रूर उनमें डाह होने के कारन बजाय सीख देने के उलटे) उनमें नटखटी और इन्कारी के ज़्यादा बढ़ने का सबब होगा और (इसी डाह की सज़ा में) हमने इनके आपस में दुश्मनी और ईर्षा क़ियामत तक (के लिए) डाल दी है। (याने ये लोग आपस में मिलकर मुसलमानों के ख़िलाफ़) जब-जब लड़ाई की आग सुलगाते हैं अल्लाह (उनमें फूट पैदा करके) उसको बुझा देता है और मुल्क में फ़साद फैलाते फिरते हैं और अल्लाह फ़सादियों को दोस्त नहीं रखता। (६४) और अगर किताबवाले ईमान लाते और (अल्लाह से) डरते तो हम(इनसे)इनकी बुराइयाँ(ज़रूर) दूर कर देते और इनको निआमतों से भरे (बहिश्त के) बाग़ों में (भी ज़रूर) दाख़िल करते। (६५) और अगर यह (लोग) तौरात और इञ्जील और उन सहीफ़ों को जो उन पर उनके परवरदिगार की तरफ़ से उतरे हैं क़ायम रखते (याने उन पर अमल करते) तो (ज़रूर उन पर अल्लाह की नियामतें बरसतीं) वे ऊपर से और पाँव के तले से खाते। इनमें से कुछ लोग सीधे (रास्ते पर) हैं और इनमें ज़्यादातर तो बुरा ही कर रहे हैं। (६६) ★

♦मुशरिकों की तरह बाज़ अहलकिताब याने यहूदी भी मुनाफ़िक़त (कपट) का आचरन करते थे। जब मुसलमानों से मिलते तो कहते हम इस्लाम पर ईमान लाये और जब दूसरों से मिलते तो कहते कि हम तो बतौर मज़ाक़ जाते हैं। भला हम कहीं इस्लाम क़बूल कर सकते हैं ! § यहूदी जब धनवान होते तो अल्लाह को फ़क़ीर कहते थे और जब फ़क़ीर हो जाते तो कहते अल्लाह बड़ा कंजूस है, उसने अपनी दया का हाथ इसीलिये रोक लिया है। उस पर यह आयत उतरी कि अल्लाह के दोनों हाथ खुले हैं। वह जब चाहे और जिसको जितना चाहे उतना दे, लेने वाले में नेक अमली होना चाहिये।

या अैयुहर्रसूलु बल्लिग़् मा अुन्ज़िल अिलैक मिर्रब्बिक त़् व अिल्लम् तफ़्अल् फ़मा बल्लग़्त रिसालतहू त़् वल्लाहु यअ़्सिमुक मिनन्नासि त़् अिन्नल्लाह ला यह्दिल् - क़ौमल् - काफ़िरीन (६७) क़ुल् या अह्लल् - किताबि लस्तुम् अला शैअिन् हत्ता तुक़ीमुत्तौरात वल् - अिन्जील व मा अुन्ज़िल अिलैकुम्-मिर्रब्बिकुम् त़् वलयज़ीदन्न कसीरम्-मिन्हुम् मा अुन्ज़िल अिलैक मिर्रब्बिक तुग़्यानौंव कुफ़्रन् ज् फ़ला तअ्स अलल्-क़ौमिल्काफ़िरीन (६८) अिन्नल्लजीन आमनू वल्लजीन हादू वस्साबिअून वन्नसारा मन् आमन बिल्लाहि वल्-यौमिल्-आख़िरि व अमिल सालिहून् फ़ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (६९) लक़द् अख़ज़्ना मीसाक़ बनी अिस्राअील व अर्सल्ना अिलैहिम् रुसुलन् त़् कुल्लमा जा अहुम् रसूलुम्-बिमा ला तह्वा अन्फ़ुसुहुम् ला फ़रीक़न् कज्जबू व फ़रीक़ैयक़तुलून क़् (७०) व हसिबू अल्ला तकून फ़ित्नतुन् फ़अमू व सम्मू सुम्म ताबल्लाहु अलैहिम् सुम्म अमू व सम्मू कसीरुम्-मिन्हुम् त़् वल्लाहु बसीरुम् - बिमा यअ़्मलून (७१) लक़द् कफ़रल्लजीन क़ालू अिन्नल्लाह हुवल्-मसीहुब्नु मर्यम त़् व क़ालल्मसीहु या बनी अिस्राअीलअ़्बुदुल्लाह रब्बी व रब्बकुम् त़् अिन्नहू मैंयुश्रिक् बिल्लाहि फ़क़द् हर्रमल्लाहु अलैहिल् - जन्नत व मअ्वाहुन्नारु त़् व मा लिज्जालिमीन मिन् अन्सारिन् (७२) लक़द् कफ़रल्लजीन क़ालू अिन्नल्लाह सालिसु सलासतिन् म् व मा मिन् अिलाहिन् अिल्ला अिलाहूँवाहिदुन् त़् व अिल्लम् यन्तहू अम्मा यक़ूलून लयमस्सन्नल्लजीन कफ़रू मिन्हुम् अजाबुन् अलीमुन् (७३)

● व. ला जि म

ऐ पैग़म्बर ! जो तुम पर तुम्हारे पालनकर्त्ता की तरफ़ से (क़ुर्आन के ज़रिये पैग़ाम) उतरा है (उसे लोगों तक) पहुँचा दो और अगर तुमने ऐसा न किया तो तुमने अल्लाह का पैग़ाम कुछ नहीं पहुँचाया और अल्लाह तुमको लोगों (की शरारत) से बचायेगा क्योंकि अल्लाह काफ़िरों की क़ौम को राह नहीं देता ।(६७) (ऐ पैग़म्बर ! यहूद व ईसाइयों से) कहो कि ऐ किताबवालो ! जब तक तुम तौरात और इञ्जील और जो (सहीफ़े) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर उतारे गये हैं उन्हें क़ायम न रखो (मानो) गे, तब तक तुम कुछ भी राह पर नहीं हो। और (ऐ पैग़म्बर !) जो तुम पर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से (क़ुर्आन) उतरा है उससे (इन लोगों में डाह होने के कारन) उनमें से बहुतेरों की सरकशी (उद्दण्डता) और इन्कारी बढ़ेगी सो तू इस काफ़िरों की क़ौम (के हाल) पर अफ़सोस न कर ।(६८) इसमें कुछ सन्देह नहीं कि जो मुसलमान हैं और यहूदी हैं और सायबी और ईसाई हैं, (इनमें से) जो कोई अल्लाह और आख़िरत पर ईमान लाये और नेक काम करता रहे तो ऐसे लोगों पर (क़ियामत के दिन) न भय होगा और न वह उदास रहेंगे§ ।(६९) हम (इन) बनी इस्राईल से (पहले भी) अहद ले चुके हैं (कि तौरात पर क़ायम रहना) और हमने इनकी तरफ़ (बहुत से) पैग़म्बर भी भेजे, (लेकिन) जब कभी कोई पैग़म्बर इनके पास ऐसे हुक्म लेकर आया जिनको उनके दिल नहीं चाहते थे तो कितनों को झुठलाया और कितनों को (उन्होंने) क़त्ल किया ।(७०) और (वे) समझे (कि ऐसा करने पर) कोई विपत्ति नहीं आयेगी सो (इस कुफ़्र के कारन) अंधे और बहरे हो गये (न सही राह देखी न सच्ची बात सुनी) फिर (भी) अल्लाह उन पर मेहरबान हुआ और फिर इनमें से बहुतेरे अंधे और बहरे हुये, और (मौजूदा समय में भी) जो कुछ कर रहे हैं अल्लाह (ख़ूब) देख रहा है ।(७१) बेशक जो लोग कहते हैं कि अल्लाह तो यही मरियम के बेटे मसीह हैं यह लोग काफ़िर हो गये और मसीह (तो यूँ) समझाया करते थे कि ऐ याक़ूब के बेटो ! अल्लाह (ही) की अिबादत करो कि वह मेरा (भी) और तुम्हारा (भी) परवरदिगार है (और शक नहीं कि) जिसने (किसी को) अल्लाह का साझी ठहराया (तो) बहिश्त उस पर अल्लाह ने हराम की और उसका ठिकाना दोज़ख़ है और ज़ालिमों का कोई भी सहायक नहीं ।(७२) बेशक वह लोग भी काफ़िर हो गये जो कहते हैं कि अल्लाह तआ़ला तो इन्हीं तीन में का एक है ‡ ● हालाँकि एक अल्लाह के अलावा और कोई माबूद (बन्दनीय) नहीं और जैसी-जैसी बातें यह लोग (अल्लाह के बारे में) कहते हैं अगर उनसे बाज़ नहीं आयेंगे तो जो लोग इनमें से कुफ़्र करते रहेंगे उन्हें दुखदाई अ़ज़ाब होगा ।(७३)

● ब. ला. जि. मु.

‡ ऐ पैग़म्बर ! अल्लाह काफ़िरों को यह मौक़ा न नसीब होने देगा कि वे तुम तक पहुँच कर तुम्हारे क़त्ल का अपना ज़लील मन्सूबा पूरा कर सकें। § इसी तौर पर सूरे बक़र रुकूअ़ ८ आयत ६२ में भी हुक्म है। यहाँ भी इसी बात की तसदीक़ (पुष्टि) है कि दुनिया में जिस गरोह को जिस नबी या किताब के ज़रिये जो दस्तूर अमल हासिल हुआ है, उस पर क़ायम रह कर नेककारी करने में ही कामयाबी और अल्लाह की ख़ुशी हासिल है। लेकिन अगर वह गरोह अपनी हासिल किताब के हुक्मों से जाने-अनजाने बहक या भटक जाते हैं या दूसरे नबियों और अल्लाह की ओर से नाज़िल किताबों में फ़र्क़ मानते या डालते हैं तो फिर उनको नजात नहीं है, ख़्वाह वह किसी भी गरोह, नबी या किताब के नामलेवा हों। ‡ तीन ! याने एक अल्लाह, एक मसीह और एक रूहुल्क़ुदुसि (पवित्रात्मा या जिब्रील फ़रिश्ता) यह ईसाइयों की मान्यता है। किसी एक पर दृढ़ निश्चय नहीं है।

अफ़ला यतूबून अिलल्लाहि व यस्तग़्फ़िरूनहू त़ वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (७४) मल्मसीहुब्नु मर्यम अिल्ला रसूलुन् ज क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहिर्रुसुलु त़ व अुम्मुहू सिद्दीक़तुन् त़ काना यअ्कुलानित्तआम त़ अुन्ज़ुर् कैफ़ नुबैयिनु लहुमुल्आयाति सुम्मन्ज़ुर् अन्ना युअ्फ़कून (७५) क़ुल् अतअ़्बुदून मिन् दूनिल्लाहि मा ला यम्लिकु लकुम् ज़र्रौंव ला नफ़्अन् त़ वल्लाहु हुवस्समीअुल्-अलीमु (७६) क़ुल् या अह्लल्-किताबि ला तग़्लू फ़ी दीनिकुम् ग़ैरल्-हक़्क़ि व ला तत्तबिअू अह्वा अ क़ौमिन् क़द् ज़ल्लू मिन् क़ब्लु व अज़ल्लू कसीरौंव ज़ल्लू अन् सवा अिस्सबीलि (७७) ★ रु. १०—१४ आ. ११

लुअिनल्लजीन कफ़रू मिम्-बनी अिस्रा अील अला लिसानि दावुद व अीसब्नि मर्यम त़ जालिक बिमा अ़सौव्व कानू यअ़्तदून (७८) कानू ला यतनाहौन अम्मुन्करिन् फ़अ़लूहु त़ लबिअ्स मा कानू यफ़्अलून (७९) तरा कसीरम्-मिन्हुम् यतवल्लौनल्लजीन कफ़रू त़ लबिअ्स मा क़द्मत् लहुम् अन्फ़ुसुहुम् अन् सख़ितल्लाहु अलैहिम् व फ़िल्अ़जाबि हुम् ख़ालिदून (८०) व लौ कानू युअ्मिनून बिल्लाहि वन्नबीयि व मा अुन्ज़िल अिलैहि मत्तख़ज़ूहुम् औलिया अ व लाकिन्न कसीरम्-मिन्हुम् फ़ासिक़ून (८१) लतजिदन्न अशद्दन्नासि अदावत्तल्लिल्लजीन आमनुल्-यहूद वल्लजीन अशरकू ज व लतजिदन्न अक़्रबहुम् मवद्दत्तल्-लिल्लजीन आमनुल्लजीन क़ालू अिन्ना नसारा त़ जालिक बिअन्न मिन्हुम् क़िस्सीसीन व रुह्बानौंव अन्नहुम् ला यस्तक्बिरून (८२)

॥ इति छठा पारः ॥

(तो इतना जानकर भी) वह क्यों नहीं अल्लाह के आगे तौबा करते और गुनाह माफ़ करवाते हालांकि अल्लाह (बड़ा) माफ़ करने वाला (बेहद) मेहरबान है।(७४) मरियम के बेटे मसीह तो सिर्फ़ एक पैग़म्बर हैं, इनसे पहले (भी बहुतेरे) पैग़म्बर हो चुके हैं और इनकी माता (मर्यम भी अल्लाह की एक) सच्ची बन्दी थीं। (सारे इंसानों की तरह ये) दोनों (मा-बेटे भी) खाना खाते थे, (तो ऐ रसूल !) देखो तो सही, हम दलीलें किस तरह खोल-खोलकर इन लोगों से बयान करते हैं (और) फिर देखो कि यह लोग किधर उलटे भटकते चले जा रहे हैं।(७५) (ऐ नबी ! इन लोगों से) कहो क्या तुम अल्लाह के सिवाय ऐसी चीज़ों की अिबादत करते हो जिनके हाथ में न तुम्हारा नफ़ा है न नुक़सान और अल्लाह ही (सब की) सुनता और (सब कुछ) जानता है।(७६) कहो कि ऐ किताबवालो ! अपने दीन (की बात) में नाहक़ मुबालग़ा (अतिशयोक्ति) मत करो और न उन लोगों की ख़्वाहिशों (के ढंग) पर चलो जो (तुम से) पहले (खुद) बहक चुके हैं और बहुतेरों को बहका गये हैं और (आप) सीधी राह से भटक गये हैं (७७) ★ रू. १०१४ आ ११

याक़ूब की सन्तान में से जिन लोगों ने कुफ़्र (इन्कारी) किया उन पर दाऊद और मरियम के बेटे ईसा की तरफ़ से लानत पड़ी। और (यह लानत इसलिए) कि वे गुनहगार थे और हद से बढ़ गये थे।(७८) जो बुरा काम कर रहे थे (उसके लिए) आपस में किसी को मना न करते थे, अलबत्ता (बहुत ही) बुरे काम थे जो (वे लोग) किया करते थे।(७९) (ऐ पैग़म्बर !) तुम उनमें से बहुतेरों को देखोगे कि काफ़िरों से दोस्ती रखते हैं। उन्होंने अपने (आख़िरत के) लिए बुरी तैयारी भेजी है कि अल्लाह का ग़ज़ब हुआ उन पर और वह हमेशा अज़ाब में रहेंगे।(८०) और अगर (ये लोग) अल्लाह पर और (अपने) पैग़म्बर (यानी मूसा अ०) पर और जो किताब उन पर उतरी (उस पर) ईमान रखते होते तो काफ़िरों को मित्र न बनाते, लेकिन इनमें से बहुतेरे बेहुक्म (अवज्ञाकारी) हैं। (८१) (ऐ पैग़म्बर ! ईमानवालों के साथ) दुश्मनी (करने) में यहूदियों और मुशरिकों को तुम सब लोगों से बढ़कर सख़्त पाओगे और ईमानवालों के साथ दोस्ती के बारे में सब लोगों में उनको नज़दीक पाओगे जो कहते हैं कि हम नसारा (ईसाई) हैं। यह इस सबब से है कि इनमें (बहुत से) आलिम (ज्ञानी) और दरवेश (सन्त) हैं और यह (इस सबब से कि) वे लोग घमण्ड नहीं करते। (८२)

॥ इति छठा पारः ॥

✪✪ सातवाँ पारः वअिजा समिअू ✪✪

✪ सूरतुल्मा'अिदः आयात ८३ से १२० तक ✪

व अिजा समिअू मा' अुन्ज़िल अिलर्रसूलि तरा' अअ़्युनहुम् तफ़ीज़ु मिनद्दम्अि मिम्मा अरफ़ू मिनल्हक़्क़िक़ ज् यक़ूलून रब्बना' आमन्ना फ़क्तुब्ना मअ़श्शाहिदीन (८३) व मा लना ला नुअ्मिनु बिल्लाहि व मा जा'अना मिनल्हक़्क़िक़ ला व नत्मअु अैंयुद्ख़िलना रब्बुना मअ़ल्-क़ौमिस्सालिहीन (८४) फ़अस्साबहुमुल्लाहु बिमा क़ालू जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त् व जालिक जज़ा'अुल् मुह्सिनीन (८५) वल्लज़ीन कफ़रू व कज्जबू बिआयातिना' अुला'अिक अस्हाबुल्-जह़ीमि (८६) ★ या' अैयुहल्लज़ीन आमनू ला तुह़र्रिमू त्तैयिबाति मा' अह़ल्लल्लाहु लकुम् व ला तअ़्तदू त् अिन्नल्लाह ला युह़िब्बुल्-मुअ़्तदीन (८७) व कुलू मिम्मा रज़क़कुमुल्लाहु ह़लालन् त्तैयिबन् स् व'त्तक़ुल्लाहल्लज़ी' अन्तुम् बिहि मुअ़्मिनून (८८) ला युआख़िज़ुकुमुल्लाहु बिल्लग़्वि फ़ी' अैमानिकुम् व लाकिन्-युआख़िज़ु-कुम् बिमा अ़क़्क़त्तुमुल्-अैमान ज् फ़कफ़्फ़ारतुहू' अित्आमु अ़शरति मसाकीन मिन् औसति मा तुत्अ़िमून अह्लीकुम् औ किस्वतुहुम् औ तह्रीरु रक़बतिन् त् फ़मल्लम् यजिद् फ़सियामु सलासति अैयामिन् त् जालिक कफ़्फ़ारतु अैमानिकुम् अिजा ह़लफ़्तुम् त् वह्फ़ज़ू' अैमानकुम् त् कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुम् आयातिहि' लअ़ल्लकुम् तश्कुरून (८९) या' अैयुहल्-लज़ीन आमनू' अिन्नमल्ख़म्रु वल्मैसिरु वल्अन्साबु वल्अज़्लामु रिज्सुम्मिन् अ़मलिश्शैतानि फ़ज्तनिबूहु लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून (९०)

✪✪ सातवाँ पारः वअिजासमिअू ✪✪

✪ सूरतुल्मा'अिदः आयत ८३ से १२० ✪

और जो पैग़म्बर पर उतरा है (उस कलाम को) जब सुनते हैं तो (ऐ मुख़ातिब !) देखो ! उनकी आखों से आँसू जारी हैं‡ इसलिए कि उन्होंने सच बात को पहचान लिया है। (वे) कह उठते हैं कि ऐ हमारे परवरदिगार ! हम तो ईमान ले आये सो तू हमको गवाही (मानने-वालों) में लिख ले।(८३) और हमको क्या हुआ है कि हम अल्लाह पर और सच्ची बात जो हमारे पास आई है उस पर विश्वास न करें और हमको उम्मीद है कि हमारा परवरदिगार हमको नेक बन्दों में दाख़िल करेगा।(८४) तो इनकी इस बात के बदले में अल्लाह ने इनको ऐसे (बहिश्त के) बाग़ दिये जिनके नीचे नहरें बह रही हैं (और) वे उनमें (सदैव) रहेंगे (और) भलाई करनेवालों का यही बदला है।(८५) और जिन लोगों ने न माना और हमारी आयतों को झुठलाया यही दोज़ख़ी (नरकगामी) हैं।(८६) ★ रू. ११ १ आ ६

ऐ ईमानवालो ! अल्लाह ने जो सुथरी चीज़ें तुम्हारे लिए हलाल कर दी हैं उनको (अपने ऊपर) हराम मत करो और हद से न बढ़ो; क्योंकि अल्लाह हद से बढ़नेवालों को नहीं चाहता। (८७) और अल्लाह ने जो तुमको सुथरी चीज़ें हलाल की हैं उनको खाओ और अल्लाह जिस पर तुम ईमान रखते हो उससे डरते रहो।(८८) तुम्हारी फिज़ूल (बिना सोचे समझे खाई हुई) क़समों पर अल्लाह तुमको नहीं पकड़ेगा, हाँ पक्की क़सम खा लो (और फिर उसे तोड़ दो) तो अल्लाह (तुमको ज़रूर) पकड़ेगा, तो इस गुनाह के कफ़्फ़ारा (शांति) में दस मुहताजों को औसत दर्जे का (वैसा ही) खाना खिला देना है जैसा अपने घर वालों को खिलाते हो या उनको कपड़े बनवा देना है या एक गुलाम आज़ाद कर देना है। फिर जिसको (इसकी) ताक़त न हो तो (उसके लिए) तीन दिन के रोज़े हैं। यह तुम्हारी क़समों की शांति (कफ़्फ़ारा) है जबकि तुम क़सम खा बैठो (और उन पर पूरे न उतरो) और अपनी क़समों पर क़ायम रहो। इस तरह अल्लाह अपने हुक्म तुमको (खोल-खोलकर) सुनाता है शायद तुम एहसान मानो (८९)

‡ मक्का में जब काफ़िरों ने मुसलमानों पर ज़ुल्म ढाना शुरू किये तो आँ हज़रत (स०) ने मुसलमानों को हुक्म दिया कि वे किसी और मुक़ाम को चले जाँय, चुनांचे मुसलमान मुल्क हब्श को हिजरत कर गये जहाँ का बादशाह नजाशी ईसाई था। काफ़िरों ने उसको भी बहकाने की कोशिश की कि ये मुसलमान ह० ईसा (अ०) की बेहुरमती करते हैं इसलिए इनको पनाह न दो। इस पर बादशाह ने मुसलमानों से बुलाकर कैफ़ियत पूछी और क़ुर्आन को पढ़वा कर सुना। वह और उसके दरबारी विद्वान आयतों को सुनकर दीनी जज़्बे में रो पड़े और उन्होंने काफ़िरों की बात को ठुकरा दिया।

अिन्नमा युरीदुश्शैतानु अैंयूक़िअ़ बैनकुमुल्अदावत वल्बग़ज़ा अ फ़िल्ख़म्रि वल्मैसिरि व यसुद्दकुम् अन् जिक्रिल्लाहि व अनिस्सलाति ज फ़हल् अन्तुम् मुन्तहून (९१) व अतीअुल्लाह व अतीअुर्रसूल वह्जरू ज फ़अिन् तवल्लैतुम् फ़अ़्लमू अन्नमा अ़ला रसूलिनल्-बलागुल्-मुबीनु (९२) लैस अ़ल्लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति जुनाहुन् फ़ीमा तअिमू अिज़ा मत्तक़ौव्व आमनू व अमिलुस्सालिहाति सुम्मत्तक़ौव्व आमनू सुम्मत्तक़ौव्व अह्सनू त् वल्लाहु युहिब्बुल्-मुह्सिनीन (९३) ★ या अैयुहल्-लज़ीन आमनू लयब्लुवन्न - कुमुल्लाहु बिशैअिम् - मिनस्सैदि तनालुहू अैदीकुम् व रिमाहुकुम् लियअ़्लमल्लाहु मैंयख़ाफ़ुहू बिल्ग़ैबि ज फ़मनिअ़्तदा बअ़्द ज़ालिक फ़लहू अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (९४) या अैयुहल्लज़ीन आमनू ला तक़्तुलुस्सैद व अन्तुम् हुरुमुन् त् व मन् क़तलहू मिन्कुम् मुतअम्मिदन् फ़जज़ाअुम् - मिस्लु मा क़तल मिनन्नअमि यह्कुमु बिहि ज़वाअ़्दलिम् - मिन्कुम् हद्यम्-बालिग़ल्-कअ़्बति औ कफ़्फ़ारतुन् तआमु मसाकीन औ अ़द्लु ज़ालिक सियामल् - लियज़ूक़ वबाल अम्रिहि त् अ़फ़ल्लाहु अम्मा सलफ़ त् व मन् आद फ़यन्तक़िमुल्लाहु मिन्हु त् वल्लाहु अ़ज़ीज़ुन् ज़ुन्तिक़ामिन् (९५) अुहिल्ल लकुम् सैदुल्बह्रि व तआमुहू मताअ़ल्लकुम् व लिस्सैयारति ज व हुर्रिम अ़लैकुम् सैदुल्बरि मा दुम्तुम् हुरुमन् त् वत्तक़ुल्लाहल्लज़ी अिलैहि तुह्शरून (९६) जअ़लल्लाहुल् - कअ़्बतल् - बैतल् - ह़राम क़ियामल्लिन्नासि वश्शह्रल्-ह़राम वल्हद्य वल्क़ला अिद त् ज़ालिक लितअ़्लमू अन्नल्लाह यअ़्लमु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि व अन्नल्लाह बिकुल्लि शैअिन् अ़लीमुन् (९७)

ऐ ईमानवालो ! शराब और जुआ और बुत और पाँसे यह (सब) गन्दे शैतानी काम हैं। सो इनसे बचो, शायद तुम्हारा भला हो। (९०) शैतान (तो) यही चाहता है कि शराब और जुए के ज़रिये तुम्हारे आपस में दुश्मनी और द्वेष डलवा दे और तुमको अल्लाह की याद से और नमाज़ से रोके, तो क्या (यह समझ कर भी) तुम बचना चाहते हो (या नहीं) ? (९१) और अल्लाह का हुक्म मानो और पैग़म्बर का हुक्म मानो और (बेहुक्मी से) बचते रहो, इस पर (भी) अगर तुम (हुक्म अल्लाह से) फिर बैठोगे तो जाने रहो कि हमारे पैग़म्बर के ज़िम्मे तो सिर्फ़ (हमारे हुक्मों को) साफ़-साफ़ (तुम तक) पहुँचा देना था। (९२) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये तो (इस मनाही से पहले) जो कुछ खा-पी चुके उसमें उन पर गुनाह नहीं रहा जबकि उन्होंने आगे परहेज़गारी की और ईमान लाये और नेक काम किये (और) फिर (अल्लाह से) डरते रहे और (यों ही) यक़ीन करते रहे और डरते रहे और नेकी करते रहे और अल्लाह नेक काम करने वालों को चाहता है।(९३)★

ऐ ईमानवालो ! एक ज़रा (सी बात) शिकार से जिस तक तुम्हारे हाथ और भाले (आसानी से) पहुँच सकें (एहराम की हालत में) अल्लाह ज़रूर तुम्हारी जाँच करेगा ताकि मालूम करे कि कौन उस अनदेखे से डरता है,† फिर इसके बाद जो ज़्यादती करे तो उसको दुखदाई अज़ाब है। (९४) ऐ ईमानवालो ! जबकि तुम एहराम की हालत में हो तो शिकार मत मारो और जो कोई तुममें से जान-बूझकर शिकार मारेगा तो जैसे जानवर को मारा है उसके बदले में वैसा ही पशु जो तुममें के दो इंसाफ करने वाले आदमी ठहरा दें क़ुर्बानी करे और यह क़ुर्बानी काबे में भेजे या कफ़्फ़ारा (दे और) उसके बदले में मुहताजों को खाना या उसके बराबर रोज़े (रखना) ताकि अपने किये की सज़ा चक्खे। जो (पहले) हो चुका उसे अल्लाह ने माफ़ किया और जो ऐसा फिर करेगा तो अल्लाह उससे बदला लेगा और अल्लाह ज़बर्दस्त और बदला लेने में बड़ा समर्थ है। (९५) दरियाई शिकार और खाने की दरियाई चीज़ें (जो हाथ लगें) तुम्हारे लिए (एहराम की हालत में) हलाल की जाती हैं ताकि तुमको और मुसाफ़िरों को लाभ पहुँचे, और जंगल का शिकार जब तक एहराम में रहो (बेशक) तुम पर हराम है, और अल्लाह से डरते रहो जिसके पास तुम (सबको) लौटकर जाना है। (९६) अल्लाह ने इज़्ज़त के घर काबे को लोगों की शाँति व सुरक्षा के लिए क़ायम किया है और अदब वाले (पाक) महीनों को और (हजकी) क़ुरबानी (के जानवरों) को और जो पट्टे उनके गले में (क़ुर्बानी की निशानी के बतौर) लटक रहे हैं ठहराया है; यह इसलिए कि तुमको मालूम रहे कि जो कुछ आसमानों और जो कुछ ज़मीन में है अल्लाह जानता है और बेशक अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (९७)

† हाथ या भाले की पहुंच में आसानी से हासिल हो सकने वाले शिकार को भी (एहराम की हालत में) हाथ लगाने से तुम बाज़ रहो और तुम्हारा मन न डोले, यह तुम्हारी एक बड़ी जाँच होगी कि तुम उस अनदेखे अल्लाह के हुक्म पर कितना ईमान रखते हो। एहराम एक 'तहमत व चादर' वह सादा लिबास है जो हज करने वाले शुरू से आख़ीर तक हज के पूरे कार्यक्रम में पहने रहते हैं।

★रु. १२ २ आ ७

अिज़्लमू अन्नल्लाह शदीदुल्अिक़ाबि व अन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् तू (९८) मा अ्लर्रसूलि अिल्लल्-बलागु तू वल्लाहु यअ़्लमु मा तुब्दून व मा तक्तुमून (९९) क़ुल् ला यस्तविल्ख़बीसु वत्तैयिबु व लौ अअ़्जबक कस्रतुल्ख़बीसि तू फ़त्तक़ुल्लाह या अुलिल्अल्बाबि लअ्ल्लकुम् तुफ़्लिहून (१००) ★ या

अैयुहल्लजीन आमनू ला तस्अलू अन् अश्याअ अिन् तुब्द लकुम् तसुअ्कुम् ज व अिन् तस्अलू अन्हा हीन युनज़्ज़लुल्-क़ुर्आनु तुब्द लकुम् तू अ़फ़ल्लाहु अन्हा तू वल्लाहु ग़फ़ूरुन् हलीमुन् (१०१) क़द् सअलहा क़ौमुम्मिन् क़ब्लिकुम् सुम्म अस्बहू बिहा क़ाफ़िरीन (१०२) मा जअ्लल्लाहु मिम्बहीरतिव्व ला सा अिबतिव्व ला वसीलतिव्व ला हामिन् ला व लाकिन्नल्लजीन कफ़रू यफ़्तरून अलल्लाहिल्-कजिब तू व अक्सरुहुम् ला यऱ्क़िलून (१०३) व अिजा क़ील लहुम् तअ्सालौ अिला मा अन्ज़लल्लाहु व अिलर्रसूलि क़ालू हस्बुना मा व जद्ना अ़लैहि आबाअना तू अव लौ कान आबाअुहुम् ला यअ़्लमून शैअौंव ला यहतदून (१०४) या अैयुहल्लजीन आमनू अ़लैकुम् अन्फ़ुसकुम् ज ला यज़ुर्रुकुम् मन् ज़ल्ल अिज़हतदैतुम् तू अिलल्लाहि मर्जिअुकुम् जमीअन् फ़युनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून (१०५) या अैयुहल्लजीन आमनू शहादतु बैनिकुम् अिजा हज़र अहदकुमुल्मौतु हीनल्-वसीयतिस्नानि जवा अद्लिम्-मिन्कुम् औ आख़रानि मिन् ग़ैरिकुम् अिन् अन्तुम् ज़रब्तुम् फ़िल्अर्ज़ि फ़अ़साबत्कुम् मुसीबतुल्मौति तू तहूबिसूनहुमा मिम्बअ़्दिस्सलाति फ़युक़्सिमानि बिल्लाहि अिनिर्तब्तुम् ला नश्तरी बिहि समनौंव लौ कान जाक़ुर्बा ला व ला नक्तुमु शहादत ला अल्लाहि अिन्ना अिजल्लमिनल्-आसिमीन (१०६)

जाने रहो कि अल्लाह की मार सख़्त है और यह कि अल्लाह क्षमा करनेवाला रहीम (भी) है। (९८) पैग़म्बर के ज़िम्मे सिर्फ़ (अल्लाह का हुक्म) पहुँचा देना है और (बाक़ी तो) जो तुम लोग ज़ाहिर में करते और जो छिपा कर करते हो, अल्लाह सब कुछ जानता है। (९९) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि नापाक और पाक (चीज़ें) बराबर नहीं हो सकतीं, अगर्चे नापाक चीज़ की बहुतायत तुम को अच्छी (ही क्यों न) लगे। तो हे बुद्धिमानो! अल्लाह से डरते रहो, शायद तुम्हारा भला हो। (१००) ★

ऐ ईमानवालो! बहुत बातें मत पूछा करो कि अगर वे तुम पर खोलकर कह दी जायँ तो तुमको बुरी लगें। और ऐसे वक़्त में जबकि क़ुर्आन उतर रहा है उन बातों की (बहुत) पूछताछ करोगे तो तुम पर ज़ाहिर (भी) कर दी जायँगी (तब तुमको वह बुरा लगेगा।)§ अल्लाह ने इन (अब तक के तुम्हारे ऐसे सवालों) को माफ़ किया (आगे के लिए सावधान रहो) और अल्लाह बड़ा माफ़ करने वाला सहन करने वाला है। (१०१) तुमसे पहले भी लोगों ने ऐसी ही बातें (अपने पैग़म्बरों से) पूछी थीं फिर (बताई जाने पर) उनसे इनकार करने लगे। (१०२) अल्लाह ने न बहीरः† और न साइबः†† और न वसीलः‡ और न हामी[] इनके बारे में कुछ नहीं◎ ठहराया, बल्कि काफ़िर अल्लाह पर झूट लगाते हैं। और इनमें बहुतेरे बे समझ हैं (१०३) और जब इनसे कहा जाता है जो अल्लाह ने (क़ुर्आन) उतारा है उसकी और पैग़म्बर की तरफ़ चलो (उनका हुक्म मानो) तो कहते हैं कि जिस (तरीक़े) पर हमने अपने बापों (बड़ों) को (चलते हुये) पाया है, (वही रास्ता) हमारे लिए काफ़ी है। भला अगर इनके बाप (बड़े) कुछ न जानते और सीधी राह पर न रहे हों तो भी (क्या उन्हीं की राह चलेंगे)? (१०४) ऐ ईमानवालो! तुम अपनी जान की ख़बर रखो। जब तुम सीधी राह पर हो तो कोई भी गुमराह (हुआ करे वह) तुमको नुक़सान नहीं पहुँचा सकता। तुम सबको अल्लाह की तरफ़ लौटकर जाना है तो (उसी समय) जो कुछ (दुनिया में) करते रहे हो तुमको (नेक-बद) बता देगा। (१०५) ऐ ईमानवालो! जब तुममें से किसी के सामने मौत आ खड़ी हो तो वसीयत करते वक़्त तुममें के दो विश्वासी (गवाह) हों या अगर तुम कहीं का सफ़र करो और (सफ़र में ही) मौत की मुसीबत आ जाय तो (मुसलमान गवाह मातबर न मिलने पर) ग़ैर (मज़हब के) ही दो (गवाह) हों, अगर तुमको (उनकी सच्चाई पर) सन्देह हो तो उन दोनों को नमाज़ के बाद रोक लो। फिर वह (दोनों) अल्लाह की क़सम खायँ और कहें कि हम किसी मोल पर क़सम नहीं बेचते अगर्चे कोई ख़ास शख़्स (हमारा) रिश्तेदार ही क्यों न हो (हम उसके लिए भी झूठी गवाही देने वाले नहीं) और हम अल्लाह की गवाही को नहीं छिपाते और अगर ऐसा करें तो हम (बेशक) गुनहगार हैं। (१०६)

§ क़ुर्आन उतर रहा है। इस समय दीन की बातें सुनो और उन पर ग़ौर करो। जो [पिछ २२१ पर]

† बहीरः—वह ऊँटनी जिसके दस बच्चे हों और उनमें आख़िरी बच्चा नर हो। इसका कान चीरकर छुट्टा साँड की तरह छोड़ दिया जाता और उससे कोई काम न लिया जाता। न उसका दूध ही दुहते थे। †† साइबः—वह ऊँटनी जिसे किसी देवता के नाम पर आज़ाद छोड़ देते। फिर उससे कोई काम न लेते। ‡ वसीलः—यह भी ऊँटनी है जो मादा बच्चे ही जनमती है और उसे देवताओं के नाम पर आज़ाद छोड़ दिया जाता था। [] हामी—यह भी आज़ाद छोड़ी जाने वाली ऊँट की क़िस्म जिससे कुछ बच्चे हासिल कर, फिर उससे सवारी वग़ैरः का कोई भी काम न लेते। ◎ काफ़िर इन चीज़ों की मन्नत मानकर उन्हें देवी-देवताओं के नाम छुट्टा छोड़ देना अल्लाह की ख़ुशी का सामान समझते थे। मुसलमानों को बताया गया कि ये बातें इन मुशरिकों की मनमानी गढ़ंत हैं। अल्लाह ने उनको ऐसा करने का हुक्म कभी नहीं दिया।

फ़अिन् अ़सिर अ़ला अन्नहुमस्तहक़्क़ा अिस्मन् फ़आख़रानि यक़ूमानि मक़ामहुमा मिनल्लजीनस्-तहक़्क़ अ़लैहिमुल्-औलयानि फ़युक़्सिमानि बिल्लाहि लशहादतुना अहक़्क़ु मिन् शहादति-हिमा व मअ्तदैना ज़ सला अिन्ना अिज़ल्लमिनज़्-ज़ालिमीन (१०७) ज़ालिक अद्ना अैयअ्तू बिश्शहादति अ़ला वज्हिहा औ यख़ाफ़ू अन् तुरद्द अैमानुम्बअ़्द अैमानिहिम् ज़ वत्तक़ुल्लाह वस्मअू ज़ वल्लाहु ला यह्दिल्-क़ौमल्-फ़ासिक़ीन (१०८) ★ यौम यज्मअुल्लाहुर्-रुसुल फ़यक़ूलु मा ज़ा अुजिब्तुम् ज़ क़ालू ला अिल्म लना ज़ अिन्नक अन्त अल्लामुल्गुयूबि (१०९) अिज़् क़ाललाहु या अीसब्न मर्यमज्कुर् निअ़्मती अ़लैक व अ़ला वालिदतिक ● म अिज़् अैयत्तुक बिरूहिल्क़ुदुसि क़िफ़ तुकल्लिमुन्नास फ़िल्महदि व कहलन् ज़ व अिज़् अ़ल्लम्तुकल्-किताव वल्हिक्मत वत्तौरात वल्अिन्जील ज़ ब अिज़् तख़्लुक़ मिनत्तीनि कहैअित्तैरि बिअिज़्नी फ़तन्फ़ुख़ु फ़ीहा फ़तकूनु तैरम्-बिअिज़्नी व तुब्रिअुल् - अक्मह वल्-अब्रस बिअिज़्नी ज़ व अिज़् तुख़्रिजुल्मौता बिअिज़्नी ज़ व अिज़् कफ़फ़्तु बनी अिस्रा अील अन्क अिज़् जिअ्तहुम् बिल्बैयिनाति फ़क़ाललल्लजीन कफ़रू मिन्हुम् अिन् हाजा अिल्ला सिह्रुम्-मुबीनुन् (११०) व अिज़् औ हैतु अिलल्-हवारीयी-न अन् आमिनू बी व बिरसूली ज़ क़ालू आमन्ना वश्हद् बिअन्ना मुस्लिमून (१११) अिज़् क़ालल्-हवारीयून या अीसब्न मर्यम हल् यस्ततीअु रब्बक अैयुनज़्ज़िल अ़लैना मा अिदत्तम्-मिनस्समा अि ज़ क़ालत्तक़ुल्लाह अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (११२) क़ालू नुरीदु अन् नअ्कुल मिन्हा व तत्मअिन्न क़ुलूबुना व नअ़्लम अन् क़द् सदक़्तना व नकून अ़लैहा मिनश्शाहिदीन (११३)

फिर अगर (गवाही देने के बाद) मालूम हो जाय कि उन दोनों ने (झूठ बोलकर) गुनाह किया तो इनकी जगह दो और (गवाह) उन लोगों में से खड़े हों जिनका हक़ इन्होंने झूठा ठहराया हो और जो (नुक़सान उठाने वाले फ़रीक़ के) नज़दीकी हों फिर वह (नये गवाह) अल्लाह की क़सम खायँ कि पहले दो गवाहों की गवाही से हमारी गवाही ज़्यादा भरोसे वाली है और हमने (गवाही देने में किसी तरह की) ज़्यादती नहीं की, ऐसा किया हो तो हम (बेशक) ज़ालिम हैं। (१०७) इस तरह की क़सम से यह बात ज़्यादा समझ में आती है कि लोग ठीक तौर पर गवाही दें या (इस बदनामी से) डरें कि हमारी क़सम दूसरे गवाहों की क़सम के बाद रद्द न कर दी जाय और (ऐ ईमानवालो !) अल्लाह (की अवज्ञा) से डरते रहो और सुन रखो ! अल्लाह हुक्म न मानने वालों को राह नहीं देता। (१०८) ★

जबकि अल्लाह पैग़म्बरों को (आख़िरत में) जमा करके पूछेगा कि तुमको (अपने समय के लोगों से) क्या उत्तर मिला, (तो) वह कहेंगे कि हमको (प्रकट छोड़कर उनके अमल) कुछ मालूम नहीं, ग़ैब (अदृष्ट) की बातें तो तू ही ख़ूब जानता है। (१०९) उस दिन अल्लाह (यह भी) कहेगा कि ऐ मरियम के बेटे अीसा ! मैंने तुम पर और तुम्हारी माता पर जो-जो एहसान किये हैं (उनको) याद करो ● । जबकि मैंने पाक रूह के ज़रिये तुम्हारी सहायता की। तुम पालने में (भी) और बड़े होकर (भी) लोगों से (एक साँ) बातचीत करते थे, और जबकि मैंने तुमको किताब और हिकमत और तौरात और इञ्जील सिखलाई और जबकि तुम मेरे हुक्म से चिड़िया की सूरत मिट्टी से बनाते फिर उसमें फूँक मार देते तो वह, मेरे हुक्म से जानदार पक्षी बन जाता और (जबकि) तुम जन्म के अन्धे और कोढ़ी को मेरे हुक्म से चंगा कर देते और (जबकि) तुम मेरे हुक्म से मुर्दों को (ज़िन्दः कर क़ब्रों से) निकाल खड़ा करते और जबकि मैंने याक़ूब के बेटों (बनी इसराईल) को (तुमको मार डालने से) रोका कि जिस वक़्त तुम उनके पास खुली निशानियाँ लेकर आये तो उनमें से जो काफ़िर (मुन्किर) थे, कहने लगे कि यह तो सिर्फ़ खुला जादू है। (११०) और जब मैंने हवारियों§ के दिलों में डाला कि मुझ पर और मेरे पैग़म्बर (अीसा) पर ईमान लाओ तो उन्होंने कहा हम ईमान लाये और (ऐ अल्लाह) तू इस बात का गवाह रहा कि हम आज्ञाकारी हैं (१११) (ऐ पैग़म्बर ! यह भी याद दिलाओ) जब हवारियों ने दरख़्वास्त की कि ऐ मरियम के बेटे अीसा क्या तुम्हारे पालनकर्त्ता से (यह) हो सकेगा कि हम पर आसमान से एक 'खाने से भरा थाल' उतारे। (अीसा ने) कहा अगर तुम ईमान रखते हो तो अल्लाह से डरो (और ऐसी ऊल-जलूल जाँच शोभा नहीं देती) (११२) (इस पर) वह बोले हम (इम्तहान के लिए नहीं बल्कि सिर्फ़ बरकत के लिए) चाहते हैं कि उसमें से (कुछ) खायँ और हमारे दिलों में (पूरा-पूरा आपकी पैग़म्बरी का) इत्मीनान हो जाय और हम मालूम कर लें कि (बेशक) आपने हमसे सच कहा और हम इसकी गवाही देने वालों में से होजायें। (११३) ●

[पेज २१६ से] हुक्म हुआ उस पर अमल करो; जो हुक्म नहीं हुआ, समझो कि तुमको उसमें माफ़ी दी गई। अगर छोटी छोटी बातों के करने न करने की बात पूछोगे तो जवाब मिलने पर तुमको ही उन सब पर लाज़िमी अमल करने में दिक़्क़त होगी। दीन का अमल मुश्किल होता जायगा। अल्लाह तुमको आसानी देना चाहता है। और फ़ज़ूल के भी सवाल न करो। अल्लाह सब जानता है। कहीं जवाब मिलने पर तुम्हारी ही कोई ऐसी बात न खुल जाय कि बग़लें झाँकने लगो और फिर दीन ही से दूर भागने लगो।

§ हवारी—हज़रत अीसा (अ०) के साथी। देखें नोट [] पेज १०६ सूरः ३ आयत ५२।

क़ाल ईसब्नु मर्यमल्लाहुम्म रब्बना अन्ज़िल् अलैना मा'अिदतम्-मिनस्समा'अि तकूनु लना ईदल्लि-औवलिना व आख़िरिना व आयतम्-मिन्क ज् वर्ज़ुक़्ना व अन्त ख़ैरुर्राज़िक़ीन (११४) क़ाललाहु अिन्नी मुनज़्ज़िलुहा अलैकुम् ब् फ़मैंयक्फ़ुर् बअ़्दु मिन्कुम् फ़अिन्नी' अुअ़ज्जिबुहू अ़ज़ाबल्ला' अुअ़ज्जिबुहू अहदम्मिनल्-आलमीन (११५) ★

व अिज़् क़ाललाहु या ईसब्न मर्यम अअन्त क़ुल्त लिन्नासित्-तख़िज़ूनी व अुम्मिय अिलाहैनि मिन् दूनिल्लाहि त् क़ाल सुब्हानक मा यकूनु ली अन् अक़ूल मा लैस ली क् बिहक़्क़िन् त् ● अिन् कुन्तु क़ुल्तुहू फ़क़द् अलिम्तहू त् तअ़्लमु मा फ़ी नफ़्सी व ला अअ़्लमु मा फ़ी नफ़्सिक त् अिन्नक अन्त अल्लामुल्-ग़ुयूबि (११६) मा क़ुल्तु लहुम् अिल्ला मा अमर्तनी बिहीं अनिअ़्बुदुल्लाह रब्बी व रब्बकुम् ज् व कुन्तु अलैहिम् शहीदम्मा दुम्तु फ़ीहिम् ज् फ़लम्मा तवफ़्फ़ैतनी कुन्त अन्तर्रक़ीब अलैहिम् त् व अन्त अला कुल्लि शैअिन् शहीदुन् (११७) अिन् तुअ़ज्जिबहुम् फ़अिन्नहुम् अिबादुक ज् व अिन् तग़्फ़िर्लहुम् फ़अिन्नक अन्तल्-अ़ज़ीज़ुल्-हकीमु (११८) क़ाललाहु हाज़ा यौमु यन्फ़अुस्सादिक़ीन सिद्क़ुहुम् त् लहुम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा अबदन् त् रज़ियल्लाहु अन्हुम् वरज़ू अन्हु त् जालिकल्-फ़ौज़ुल्-अ़ज़ीमु (११९) लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा फ़ीहिन्न त् व हुव अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१२०) ★

रु. १५ आ ५ ७

● व. न बी स.

रु. १६ आ ५

✪ ६ सूरतुल्अन्आमि ५५ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १२६३५ हुरूफ़ ३१०० शब्द १६५ आयतें और २० रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अल्हम्दु लिल्लाहिल्लजी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व जअ़लज़्ज़ुलुमाति वन्नूर ● त् सुम्मल्लजीन कफ़रू बिरब्बिहिम् यअ़्दिलून (१)

ओ़सा मरियम के बेटे ने दुआ की कि ऐ अल्लाह ! ऐ हमारे परवरदिगार ! हम पर आसमान से एक भोजन भरा थाल (ख़्वाने-निअ़मत) उतार कि वह हमारे लिए (यानी) हमारे अगलों और पिछलों के लिए ईद§ क़रार पाये और (यह) तेरी तरफ़ से (तेरी क़ुदरत की) निशानी हो और हमको रोज़ी दे और तू सब रोज़ी देने वालों में से अच्छा (रोज़ी देने वाला) है। (११४) अल्लाह ने फ़र्माया (बेशक) मैं वह (खाने का) थाल तुम लोगों पर उतारूँगा। फिर तुममें से जो शख़्स (ऐसा चमत्कार देखकर) फिर भी इन्कारी रहेगा तो मैं उसको (ऐसी) सख़्त सज़ा दूँगा कि दुनिया जहान में किसी को भी वैसी नहीं दी होगी। (११५)★ रु. १५ आ ७

और (उस क़ियामत के दिन) जब अल्लाह (यह भी) पूछेगा कि ऐ मरियम के बेटे ओ़सा ! क्या तुमने लोगों से यह बात कही थी कि अल्लाह के अलावा मुझको और मेरी माता (इन) दो को (भी) अल्लाह मानो ? (तब ओ़सा) कहेंगे कि (ऐ मालिक !) तेरी ज़ात पाक है, मुझको क्योंकर हो सकता है कि (तेरी शान में) मैं ऐसी बात कहूं जिसके कहने का मुझको कोई अधिकार नहीं●। अगर मैं ऐसा कहता तो (मेरा कहना) तुझे ज़रूर मालूम होता (क्योंकि) तू मेरे दिल की बात जानता है और मैं तेरे दिल की बात नहीं जानता। ग़ैब (छिपी) की बातें तो तू ही ख़ूब जानने वाला है। (११६) तूने जो मुझको आज्ञा दी थी, बस वही मैंने इनको कह सुनाया था कि अल्लाह जो मेरा और तुम्हारा (सबका) पालनकर्ता है उसी की अ़िबादत करो, और जब तक मैं इन लोगों में (मौजूद) रहा मुझको उनकी ख़बर रही फिर जब तूने मुझको (दुनिया से) उठा लिया तो तू ही इनकी ख़बर रखनेवाला है और तू ही सब चीज़ों की ख़बर रखने वाला है। (११७) अगर तू इनको सज़ा दे तो यह तेरे बन्दे हैं और अगर तू इनको माफ़ करे तो (भी कोई रोकने वाला नहीं) निस्सन्देह तू ही ज़बरदस्त और बड़ा हिकमतवाला है। (११८) (ओ़सा की इस विनय को सुनकर) अल्लाह कहेगा कि यह (आख़िरत ही) वह दिन है कि सच्चे बन्दों को उनकी सच्चाई काम आयेगी, उनके लिए (बहिश्त के) बाग़ होंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, (और वह) उनमें हमेशा रहेंगे। अल्लाह उनसे ख़ुश और वह अल्लाह से ख़ुश, यही बड़ी कामयाबी है। (११९) आसमान और ज़मीन और जो कुछ उन (आसमान और ज़मीन) के बीच में है, सब पर अल्लाह ही का अधिकार है और वह सब पर समर्थ (सर्वशक्तिमान) है। (१२०)★ व न. बी स. रु. १६ आ ५

✪ ६ सूरतुल्अन्आ़मि ५५ ✪

(मक्की) अ़रबी के १२६३५ ह़रफ़, ३१०० शब्द, १६५ आयतें और २० रुकूअ़ हैं।❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हर तरह की तारीफ़ अल्लाह ही को है जिसने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया और अँधेरा और उजेला बनाया†। इस पर भी काफ़िर (मुशरिक) (अल्लाह के सिवा दूसरी चीज़ों को) अपने परवरदिगार का शरीक (याने पूज्य) ठहराते हैं। (१)

§ कहा जाता है कि यह थाल इतवार के दिन उतरा था। ओ़साई इसीलिए इस दिन बड़ी ख़ुशी मनाते हैं। † अन्धेरा और उजेला याने रात-दिन इशारा करते हैं राह ग़लत व राह सही। राह सही एक ही है, बाक़ी सब ग़लत जो अनेक हैं।

❀ सूरे अन्आ़मि का मक्का में, क़ुर्आ़न के नाज़िल होने के उत्तरार्द्ध में ग़ालिबन इस्लाम के [पिज २२५ पर]

हुवल्लजी ख़लक़कुम् मिन् तीनिन् सुम्म क़ज़ा अजलन् तू व अजलुम्-मुसम्मन् अिन्दहू सुम्म अन्तुम् तम्तरून (२) व हुवल्लाहु फ़िस्समावाति व फ़िल्अर्ज़ि तू यअ्लमु सिर्रकुम् व जह्रकुम् व यअ्लमु मा तक्सिबून (३) व मा तअ्तीहिम् मिन् आयतिम्-मिन् आयाति रब्बिहिम् अिल्ला कानू अन्हा मुअ्रिज़ीन (४) फ़क़द् कज्जबू बिल्हक़्क़िल् लम्मा जा अहुम् तू फ़सौफ़ यअ्तीहिम् अम्बाअु मा कानू बिहीं यस्तह्ज़िअून (५) अलम् यरौकम् अह्लक्ना मिन् क़ब्लिहिम् मिन् क़र्निम्-मक्कन्नाहुम् फ़िल्अर्ज़ि मा लम् नुमक्किल्लकुम् व अर्सल्नस्समा अ अलैहिम् मिद्रारन् तू व जअ्ल्नल्-अन्हार तज्री मिन् तह्तिहिम् फ़अह्लक्नाहुम् बिजुनूबिहिम् व अन्शअ्ना मिम्बअ्दिहिम् क़र्नन् आख़रीन (६) व लौ नज़्ज़ल्ना अलैक किताबन् फ़ी क़िर्तासिन् फ़लमसूहु बिअैदीहिम् लक़ाललज्जीन कफ़रू अिन् हाजा अिल्ला सिह्रुम्-मुबीनुन् (७) व क़ालू लौ ला अुन्ज़िल अलैहि मलकुन् तू व लौ अन्ज़ल्ना मलकल्-लक़ुज़ियल्-अम्रु सुम्म ला युन्जरून (८) व लौ जअ्ल्नाहु मलकल्लजअ्ल्नाहु रजुलौंव ललबस्ना अलैहिम् मा यल्बिसून (९) व लक़दिस्तुह्ज़िअ बिरुसुलिम्-मिन् क़ब्लिक फ़ह़ाक़ बिल्लजीन सख़िरू मिन्हुम् मा कानू बिहीं यस्तह्ज़िअून (१०) ★ क़ुल् सीरू फ़िल्अर्ज़ि सुम्मन्जुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुकज्ज़िबीन (११) क़ुल लिमम्मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तू क़ुल् लिल्लाहि तू कतब अला नफ़्सिहिर्रह्मत्त तू लयजमअन्नकुम् अिला यौमिल्क़ियामति ला रैब फ़ीहि तू अल्लजीन ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् फ़हुम् ला युअ्मिनून (१२)

वही है जिसने तुमको मिट्टी से पैदा किया फिर एक (अजल) (मियाद ज़िन्दगी) ठहरा दी और एक मुक़र्रर वक़्त (यानी क़ियामत) उसके पास (नियत) है,† फिर भी तुम (उसकी ख़ुदाई में) सन्देह करते हो। (२) और आसमानों में और ज़मीन में वही अल्लाह है कि जो कुछ तुम छिपाकर और जो ज़ाहिरा करते हो वह उसको मालूम है और जो कुछ तुम (कर्मों द्वारा) कमाते हो (वह सब) उसे मालूम है। (३) और उनके परवरदिगार की निशानियों में से कोई (भी) निशानी उनके पास नहीं पहुँचती जिससे वह मुँह न फेर लेते हों।(४) सो जब सच बात इनके पास आई उसको भी झुठला दिया, तो यह लोग जिस चीज़ की हँसी उड़ा रहे हैं उसकी हक़ीक़त इनको आगे चलकर मालूम हो जायगी। (५) क्या इन लोगों ने नज़र नहीं की हमने इनसे पहले कितनी (ऐसी) उम्मतों (संगतों) का नाश कर दिया जिनकी हमने मुल्क में ऐसी जड़ बाँध दी थी कि (ऐ मुनकिरों!) तुम्हारी ऐसी जड़ (तो अब तक) नहीं बाँधी और हमने उन पर (पानी की इतनी बहुतायत की कि) ख़ूब मेह बरसाया और उसके नीचे से नहरें जारी कर दीं। फिर (हमने) उनके गुनाहों के सबब से उसका नाश कर दिया और उनके (विनाश के) बाद और दूसरी उम्मतें (संगतें) निकाल खड़ी कीं। (६) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर हम काग़ज़ पर (लिखीलिखाई) किताब (भी) तुम पर उतारते और यह लोग उसको अपने हाथों से छू (भी) लेते, तो भी (ये) काफ़िर (यही) कहते कि यह (तो निरा) ज़ाहिरा जादू है।छ (७) और (काफ़िर) कहते हैं कि इस (रसूल) पर कोई फ़रिश्ता क्यों नहीं उतरा। और अगर हम फ़रिश्ते को भेजते तो झगड़ा ही चुक गया था, फिर (फ़रिश्ते के आने पर भी न मानते तो) उनको (अज़ाब से) मुहलत न मिलती◉। (८) और अगर हम (किसी) फ़रिश्ते को (ही) पैग़म्बर बनाते तो उसको भी आदमी की सूरत में (ही) बनाकर भेजते। और (उस समय भी) हम उन (के दिलों) में वही शक डालते, जो शक यह (अब) कर रहे हैं। (९) और (ऐ पैग़म्बर!) तुमसे पहले भी पैग़म्बरों की हँसी उड़ाई जा चुकी है तो जिन लोगों ने पैग़म्बरों से हँसी की, वह (हँसी) उल्टी उन्हीं पर (बतौर अज़ाब) आ पड़ी। (१०)★

(ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो कि देश में चलो-फिरो, फिर देखो (कि पैग़म्बरों को) झुठलाने वालों का कैसा अन्त हुआ। (११) (और इनसे) पूछो जो कुछ आसमान और ज़मीन में है (वह सब) किसका है? और (साथ ही) बतला दो कि (सब कुछ) अल्लाह का है, उसने ख़ुद ही लोगों पर मेहरबानी करने को अपने ऊपर लाज़िम कर लिया है, और वह क़ियामत के दिन तक जिसके आने में कोई भी शक नहीं, तुम लोगों को ज़रूर जमा करेगा। (लेकिन) जो अपनी जानों को तबाही में बराबर डाल रहे हैं वही ईमान नहीं लाते (१२)

★ रू. १ | ७ आ १०

[पिज २२३ से] प्रचार के बारह साल बाद, उतरने का समय है। इसका अधिकांश एक साथ ही अवतरित हुआ। क़ुर्आन में इसका क्रम स्थान भी मुनासिब है कि मानव जाति का आध्यात्मिक (Spiritual) इतिहास, अल्लाह की किताबों का उतरना और समय बीतते ही लोगों के ज़रिये उनकी नाफ़रमानी (अवज्ञा) और उनमें उलट फेर, लोगों की दुनियाँ की ज़िन्दगी के लिए शरीअत व दस्तूर क़ायदे क़ायम होना और 'तौहीद' [पिज २२७ पर]

† एक अजल से मतलब दुनिया की ज़िन्दगी और दूसरी से मंशा है क़ब्र से हश्र याने क़ियामत के दिन तक। छ याने जिनकी क़िस्मत में सच्ची राह नहीं है उनका शक ज़िन्दगी भर नहीं मिट सकता। ◉ कहने का मतलब यह कि ग़ैब से फ़रिश्ते दुनिया की ज़िन्दगी में ही आ जांय तो फिर अज़ाब भी इसी वक़्त नाज़िल होने लग सकते हैं। फिर ज़िन्दगी में वह मौक़ा कहाँ बाक़ी रहेगा कि आदमी अपने अमल सही कर सके और जन्नत का हक़दार बन सके।

व लहू मा सकन फ़िल्लैलि वन्नहारि ؕ व हुवस्समीअ़ुल् - अ़लीमु (१३) क़ुल् अग़ैरल्लाहि अत्तख़िजु वलीयन् फ़ातिरिस्समावाति वल्अर्ज़ि व हुव युत्अ़िमु व ला युत्अ़मु ؕ क़ुल् अिन्नी' अुमिर्तु अन् अकून औवल मन् अस्लम व ला तकूनन्न मिनल्मुश्रिकीन (१४) क़ुल् अिन्नी' अख़ाफ़ु अिन् अ़सैतु रब्बी अ़जाब यौमिन् अ़जीमिन् (१५) मैंयुस्रफ़् अ़न्हु यौमअिज़िन् फ़क़द् रहिमहू ؕ व ज़ालिकल्फ़ौज़ुल्मुबीनु (१६) व अिंयम्-सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन् फ़ला काशिफ़ लहू' अिल्ला हुव ؕ व अिंयम्सस्क बिख़ैरिन् फ़हुव अ़ला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१७) व हुवल्क़ाहिरु फ़ौक़ अिबादिहि ؕ व हुवल्-ह़कीमुल् - ख़बीरु (१८) क़ुल् अैयु शैअिन् अक्बरु शहादतन् ؕ क़ुलिल्लाहु क़िफ़् ला शहीदुम्-बैनी व बैनकुम् क़िफ़् व अूह़िय अिलैय हाजल्क़ुर्आनु लिअुन्ज़िरकुम् बिहि ؕ व मम्बलग़ ؕ अअिन्नकुम् लतश्हदून अन्न मअ़ल्लाहि आलिहतन् अुख़्रा ؕ क़ुल्ला' अश्हदु ज् क़ुल् अिन्नमा हुव अिलाहूँवाहिदूँव अिन्ननी बरी'अुम्-मिम्मा तुश्रिकून म् ● (१९) अल्लजीन आतैनाहुमुल्-किताब यअ़रिफ़ूनहू कमा यअ़रिफ़ून अब्ना'अहुम् म् ● अल्लजीन ख़सिरू' अन्फ़ुसहुम् फ़हुम् ला युअ़मिनून (२०) ★ व मन् अज़्लमु मिम्मनिफ़्तरा अ़ल्लल्लाहि कज़िबन् औ कज्जब बिआयातिहि ؕ ؕ अिन्नहू ला युफ़्लिहुज्ज़ालिमून (२१) व यौम नह्शुरुहुम् जमीअ़न् सुम्म नक़ूलु लिल्लजीन अश्रकू' अैन शुरका'अुकुमुल्लजीन कुन्तुम् तज़्अ़ुमून (२२) सुम्म लम् तकुन् फ़ित्नतुहुम् अिल्ला' अन् क़ालू वल्लाहि रब्बिना मा कुन्ना मुश्रिकीन (२३) अुन्ज़ुर् कैफ़ कज़बू अ़ला' अन्फ़ुसिहिम् व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (२४)



और (सारी सृष्टि) उसी की है जो कुछ रात और दिन में क़ायम है और वही (सब) सुनता और जानता है। (१३) (ऐ पैग़म्बर!) पूछो कि अल्लाह जो आसमान और ज़मीन का पैदा करने वाला है, क्या उसके सिवाय किसी और को अपना मददगार बनाऊँ और वही (सबको) रोज़ी देता है और कोई उसको रोज़ी नहीं देता। (और ऐ रसूल!) कह दो मुझको (तो यह) हुक्म मिला है कि सबसे पहले, मैं (खुद उस एक अल्लाह का) आज्ञाकारी बनूँ और (ऐ रसूल! तुम) मुशरिकों (किसी को भी अल्लाह का साझी बनानेवालों) में न हो जाना। (१४) कहो कि अगर मैं अपने परवरदिगार की नाफ़र्मानी (अवज्ञा) करूँ तो मुझको (क़ियामत के) एक बड़े दिन की सख़्त सज़ा से डर लगता है। (१५) उस दिन जिस (के ऊपर) से अज़ाब टल गया तो उस पर अल्लाह ने (बड़ी) मेहरबानी की और यह (उसकी खुली हुई) कामयाबी है। (१६) और (ऐ बन्दे!) अगर अल्लाह तुझको कुछ तकलीफ़ पहुँचाये तो उसके सिवा कोई उसको दूर करनेवाला नहीं और अगर (अल्लाह) तुमको भलाई पहुँचाये तो वह हर चीज़ पर शक्तिशाली है। (१७) और उसी का ज़ोर पहुंचता है अपने बन्दों पर और वही हिकमतवाला (और हर चीज़ की) ख़बर रखनेवाला है। (१८) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) पूछो कि गवाही सबसे बढ़कर किसकी है? (और) बता दो कि अल्लाह मेरे और तुम्हारे बीच (सबसे बड़ी) गवाही है और यह क़ुर्आन मेरी तरफ़ इसीलिये खुदाई पैग़ाम है कि इसके ज़रिये से तुमको और जिस तक (यह) पहुँचे (उसको अज़ाब अल्लाह से) सचेत करूँ। (ऐ मुशरिको व काफ़िरो!) क्या तुम सचमुच इस बात की गवाही देते हो कि अल्लाह के साथ दूसरे माबूद (पूजित) भी हैं? (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कह दो कि (तुम भले ही कहो) मैं तो (इस बात की) गवाही नहीं देता। (तुम इन लोगों से) कहो कि वह तो सिर्फ़ एक (और एकमात्र) पूजित है और जिन चीज़ों को तुम अल्लाह का शरीक बनाते हो मैं उनसे (बिलकुल) बरी हूँ। ● (१९) जिन लोगों को हमने किताब दे रखी है (यानी यहूद व नसारा) वह तो जैसा अपने बेटों को पहचानते हैं वैसा ही इस (मोहम्मद स०) को भी पहचानते हैं। ● (लेकिन) जिन्होंने अपने को घाटे में डाल रखा है (तो) वह ईमान लाने वाले नहीं। (२०) ★

और जो शख़्स अल्लाह पर झूठा बुहतान (आरोप) बाँधे या उसकी आयतों को झुठलाये उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है (और ऐसे) ज़ालिमों को किसी तरह सफलता (नसीब) नहीं (२१) और (एक दिन होगा) जबकि हम इन सबको (अपने रूबरू) जमा करेंगे, फिर उन लोगों से जो (हमारे साथ दूसरों को) शरीक (पूज्य) ठहराते थे, पूछेंगे कि कहाँ हैं तुम्हारे वह शरीक (देवी-देवता) जिनका तुम (शरीक खुदाई होने का) दावा करते थे? (२२) फिर इनकी और शरारत न बाक़ी रहेगी सिवा (इसके कि यों झूठ) कहेंगे कि हमको अल्लाह परवरदिगार की क़सम हम मुशरिक ही न थे। (२३) (ऐ पैग़म्बर!) देखो किस तरह अपने ऊपर आप झूठ बोलने लगे और जिन चीज़ों को वह झूठ-मूठ तराशा (काटा-छाटा) करते थे वह सब ग़ायब हो गयीं। (२४)

व. ला ज़ि म ● व. ला ज़ि म ★ रू. २—८ आ १०

[पेज २२५ से] (The unity of God) से यहूदियों व ईसाइयों का डगमगा जाना वग़ैरः पिछली सूरतों में बिस्तार से बयान किया गया है। अब यहाँ से एक ईश्वर के अलावा और भी शक्तियों को मानने वाले व अन्धविश्वासी अरब के मुशरिकों को खास तौर पर 'एक अल्लाह' का सिद्धांत समझाया गया है। क्योंकि इस सूरत के उतरने का वह ज़माना था कि ज्यों ज्यों इस्लाम की जड़ मज़बूत हो रही थी मक्का में क़ुरैशों के ज़ुल्म ईमानवालों पर बढ़ते जा रहे थे। आयत १-४० में लोगों की यह ज़िद कि कोई खुदाई चमत्कार आँखों देखें तो ईमान लावें, इस पर समझाया गया है कि यह उनका बहाना है। इससे पहले नबियों के ज़रिये चमत्कार प्रगट होने पर भी उन्हें क़त्ल किया गया है। अल्लाह की यह बेशबहा क़ुदरत और जो ज़ुल्म उसने उतारा है, वह काफ़ी है [पेज २३७ पर]

व मिन्हुम् मैंयस्तमिअु अिलैक ज् व जअ़ल्ना अ़ला क़ुलूबिहिम् अकिन्नतन् अैंयफ़क़हूहु व फ़ी आज़ानिहिम् वक़्रन् त् व अींयरौ कुल्ल आयतिल्ला युअ्मिनू बिहा त् हत्ता अिज़ा जाअूक युजादिलूनक यक़ूलुल्लजीन कफ़रू अिन् हाज़ा अिल्ला असातीरुल्-औवलीन (२५) व हुम् यन्हौन अ़न्हु व यन्औन अ़न्हु ज् व अींयुह्लिकून अिल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अ़ुरून (२६) व लौ तरा अिज् वुक़िफ़ू अ़लन्नारि फ़क़ालू यालैतना नुरद्दु व ला नुकज्जिब बिआयाति रब्बिना व नकून मिनल्मुअ्मिनीन (२७) बल् बदा लहुम् मा कानू युख़्फ़ून मिन् क़ब्लु त् व लौ रुद्दू लअ़ादू लिमा नुहू अ़न्हु व अिन्नहुम् लकाज़िबून (२८) व क़ालू अिन् हिय अिल्ला हयातुनद्दुन्या व मा नह्नु बिमब्अ़ूसीन (२९) व लौ तरा अिज् वुक़िफ़ू अ़ला रब्बिहिम् त् क़ाल अलैस हाज़ा बिल्हक़्क़िक़् त् क़ालू बला व रब्बिना त् क़ाल फ़ज़ूक़ुल्अ़ज़ाब बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (३०) ★ क़द् ख़सिरल्लजीन कज्जबू बिलिक़ाअिल्लाहि त् हत्ता अिज़ा जाअत्-हुमुस्साअ़तु बग़्ततन् क़ालू याहस्रतना अ़ला मा फ़र्रत्ना फ़ीहा ला व हुम् यह्मिलून औज़ारहुम् अ़ला ज़ुहूरिहिम् त् अला सा अ मा यज़िरून (३१) व मल्हयातुद्दुन्या अिल्ला लअ़िबुँव लहुवुन् त् व लद्दारुल्-आख़िरतु ख़ैरुल्लिल्लजीन यत्तक़ून त् अफ़ला तअ़क़िलून (३२) क़द् नअ़लमु अिन्नहु लयह्ज़ुनुकल्लज़ी यक़ूलून फ़अिन्नहुम् ला युकज्जिबूनक व लाकिन्नज़्ज़ालिमीन बिआयातिल्लाहि यजह्दून (३३) व लक़द् कुज्जिबत् रुसुलुम्मिन् क़ब्लिक फ़सबरू अ़ला मा कुज्जिबू व अूज़ू हत्ता अताहुम् नस्रुना ज् व ला मुबद्दिल लिकलिमातिल्लाहि ज् व लक़द् जाअक मिन् नबअिल्मुर्सलीन (३४)

(ऐ पैग़म्बर !) इनमें से (बाज़) ऐसे भी हैं जो तुम्हारी तरफ़ कान लगाकर (ध्यान से) सुनते हैं फिर भी (उनमें श्रद्धा-विश्वास न होने के कारन) उनके दिलों पर हमने परदे डाल दिये हैं। इनके कानों में बोझ है ताकि तुम्हारी बात न समझ सकें और अगर यह सारी (की सारी) निशानियाँ भी देख लें तो भी उन पर ईमान लाने वाले नहीं,§ (और इनकी हठधर्मी) यहाँ तक (बढ़ी है) कि जब तुम्हारे पास आकर तुमसे झगड़ते हैं तो (यह) काफ़िर बोल उठते हैं कि क़ुर्आन में तो सिर्फ़ अगलों की (सुनीसुनाई) दास्तानें हैं। (२५) और यह लोग इस (क़ुर्आन) से दूसरों को रोकते हैं और (खुद भी) उससे भागते हैं और (ऐसी करनी से वह) अपनी जानों को ही तबाह करते हैं और इसको समझ नहीं पाते। (२६) और (ऐ पैग़म्बर !) काश तुम (इनकी वह हालत) देखते जब आग (दोज़ख़) के सामने खड़े किये जायँगे तो (अपनी ददनाक दशा देखकर) कहेंगे कि अगर अल्लाह की मेहरबानी से हम फिर दुनिया में भेजे जायँ तो अपने परवरदिगार की आयतों को न झुठलाएँ और ईमानवालों में से हों। (२७) बल्कि इससे पहले जिन (दुनिया के जीवन में किये कुकर्मों) को छिपाते थे उनके आगे आये और (अ़ज़ाब से लाचार होकर यह कहने लगे, लेकिन सच तो यह है कि) अगर (दुनिया में दुबारा) फिर वापस भेज दिये जायँ तो जिस चीज़ से इनको मना किया गया है उसको (ही) फिर दुबारा करेंगे और यह (बेशक) झूठे हैं। (२८) और (काफ़िर यह भी) कहते हैं कि (यह) जो हमारी दुनिया की ज़िन्दगी है इसके अलावा और किसी तरह की ज़िन्दगी नहीं। और (मरने के बाद) हमको फिर (क़ब्र से) नहीं उठना है। (२९) (और ऐ पैग़म्बर ! अगर) तू (इनको उस वक़्त) देखे जबकि वह लोग अपने परवरदिगार के सामने लाकर खड़े किये जायँगे (और वह इनसे) पूँछेगा क्या यह अब तुम्हारा (क़ब्र से जी उठना) सच नहीं ? (इस पर वह) जवाब देंगे हमारे परवरदिगार की क़सम ज़रूर सच है। (इस पर अल्लाह) फ़रमायेगा कि अपने इन्कारी होने का मज़ा चखो। (३०)★ रू. ३ — ६ आ १०

जिन लोगों ने (क़ियामत के दिन) अल्लाह के सामने पेश होने को झूठा जाना (बेशक) वह लोग बड़े घाटे में रहे, (यह उनका इन्कार बस) वहीं तक (जब तक क़ियामत की नौबत नहीं आई) लेकिन जब एकदम क़ियामत इन (के सर) पर आ मौजूद होगी तो चिल्ला उठेंगे कि अफ़सोस ! हमने दुनिया में (क़ियामत पर यक़ीन न लाकर) कैसी कोताही (चूक) की और अपने (गुनाहों के) बोझ अपनी पीठ पर लादे वह (भुगत रहे) होंगे। देखो तो बुरा है (कैसा वह गुनाह का बोझ) जिसको यह लादे होंगे। (३१) और दुनिया की ज़िन्दगी तो निरा खेल और तमाशा है और कुछ शक नहीं जो लोग परहेज़गार (संयमी) हैं उनके लिए आख़िरत† का घर कहीं अच्छा है। क्या तुम लोग (इतना भी) नहीं समझते। (३२) (ऐ पैग़म्बर !) हम इस बात को जानते हैं कि यह लोग जैसी-जैसी बातें (तुमसे) कहते हैं, बेशक तुमको (उनसे) दुख होता है। पस (समझ रखो कि) यह तुमको नहीं झुठलाते बल्कि (ये) ज़ालिम अल्लाह की आयतों का इन्कार करते हैं। (३३) और तुमसे पहले भी बहुत से पैग़म्बर झुठलाये जा चुके हैं, तो उन्होंने (अपने को) लोगों के (ज़रिये) झुठलाये जाने और पीड़ा पहुँचाये जाने पर सब्र किया। यहाँ तक कि हमारी मदद उनके पास आ पहुंची और कोई (ज़ालिम से ज़ालिम भी) अल्लाह की बातों का बदलनेवाला नहीं; और पैग़म्बरों के हाल तो तुमको पहुँच चुके हैं। (३४)

§ ज़्रिल्म हासिल करने के तीन रास्ते हैं। दिल, कान और आँख। आदमी दिल से समझता है, कान से सुनता है और आँख से देखता है। मगर [पेज २३३ पर] † दूसरी दुनिया जो क़ियामत के बाद होगी।

व अिन् कान कबुर अलैक अिऱराज़ुहुम् फ़अिनिस् - तताऱ़त अन् तब्तग़िय नफ़क़न् फ़िल्अर्ज़ि औ सुल्लमन् फ़िस्समा अि फ़तअ्तियहुम् बिआयत्तिन् त् व लौ शा अल्लाहु लजमअ़हुम् अलल्हुदा फ़ला तकूनन्न मिनल्जाहिलीन (३५) ● अिन्नमा यस्तजीबुल्लजीन यस्मअ़ून त् ● वल्मौता यब्अ़सुहुमुल्लाहु सुम्म अिलैहि युर्जअ़ून ● (३६) व क़ालू लौ ला नुज़्ज़िल अलैहि आयतुम्-मिर्रब्बिहि त् क़ुल् अिन्नल्लाह क़ादिरुन् अला अैंयुनज़्ज़िल आयतौंव लाकिन्न अक्सरहुम् ला यऱ़लमून (३७) व मा मिन् दा ब्बतिन् फ़िल्अर्ज़ि व ला त़ा अिरीं यतीरु बिजना हैहि अिल्ला अुममुन् अम्सालुकुम् त् मा फ़र्रत्ना फ़िल्-किताबि मिन् शैअिन् सुम्म अिला रब्बिहिम् युह्शरून (३८) वल्लजीन कज्जबू बिआयातिना सुम्मूंव बुक्मुन् फ़िज़्ज़ुलुमाति त् मैंयशअिल्लाहु युज़्लिल्हु त् व मैंयशअ् यज्अ़ल्हु अला सिरातिम्मुस्तक़ीमिन् (३९)

क़ुल् अरअैतकुम् अिन् अताकुम् अ़ज़ाबुल्लाहि औ अतत्कुमुस्साअ़तु अग़ैरल्लाहि तद्अ़ून ज अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४०) बल् अीयाहु तद्अ़ून फ़यक्शिफ़ु मा तद्अ़ून अिलैहि अिन् शा अ व तन्सौन मा तुश्रिकून (४१) ★ व लक़द् अर्सल्ना अिला अुममिम्मिन् क़ब्लिक फ़अख़ज़्नाहुम् बिल्बअ़्सा अि वज़्ज़र्रा अि लअ़ल्लहुम् यतज़र्ऱअ़ून (४२) फ़लौ ला अिज् जा अहुम् बअ़्सुना तज़र्ऱअ़ू व लाकिन् क़सत् क़ुलूबुहुम् वज़ैयन लहुमुश्शैतानु मा कानू यऱ़मलून (४३) फ़लम्मा नसू मा ज़ुक्किरू बिहि फ़तह्ना अलैहिम् अब्वाब कुल्लि शैअिन् त् हत्ता अिजा फ़रिहू बिमा अूतू अख़ज़्नाहुम् बग़्तत्तन् फ़अिजा-हुम् मुब्लिसून (४४)

और अगर इनकी तवज्जोह न देना तुमको बुरा लगता है और तुमसे हो (भी) सके कि ज़मीन के अन्दर कोई सुरंग या आसमान में कोई सीढ़ी खोज निकालो और (इस तरह खुदाई चमत्कार को सरीहन आँखों देखने की इनकी फ़रमाइश पूरी करने के लिए) कोई निशानी इनको लाकर दिखाओ (भी, तब भी ये ईमान लाने वाले नहीं) और अल्लाह को (ऐसा होना) मंज़ूर होता तो इनको सीधे रास्ते पर ला जमा करता, तो देखो तुम कहीं नादानों में न हो जाना (कि लगो खुदाई इन्तज़ाम अपने हाथों में लेने)।● (३५) वही मानते हैं जो (मानने की नियत से) सुनते हैं● और मुर्दों को§ अल्लाह (क़ियामत के दिन ही) उठायेगा फिर उसी (अल्लाह की अदालत) की तरफ़ जायँगे।● (३६) और कहते हैं कि इस (रसूल) के परवरदिगार की तरफ़ से इस पर कोई निशानी क्यों नहीं उतरी ? कहो कि अल्लाह निशानी के उतारने में शक्तिमान है। मगर इनमें के अक्सर (अल्लाह की मसलहत से) बे समझ हैं। (३७) और ज़मीन में जो भी चलने वाला जानवर और दो परों से उड़नेवाला पक्षी है उनकी (भी) तुम आदमियों की तरह अपनी जमातें हैं। कोई चीज़ नहीं जिसे हमने (लौह महफ़ूज़) में न लिखा हो। फिर (सब) अपने परवरदिगार के सामने जमा होगे। (३८) और जो लोग हमारी आयतों को झुठलाते हैं (वे) अन्धेरे में गूँगे और बहरे (के समान) हैं, अल्लाह जिसे चाहे उसे भटका दे और जिसे चाहे उसे सीधे रास्ते पर लगा दे। (३९) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) पूछो कि अगर अल्लाह की सज़ा तुम्हारे सामने आ मौजूद हो या क़ियामत तुम्हारे सामने (यकबयक) आ खड़ी हो तो क्या अल्लाह के सिवाय किसी दूसरे को पुकारने लगोगे, भला बताओ तो सही अगर तुम सच्चे हो। (४०) बल्कि उसी (एक अल्लाह) को (मुसीबत में) पुकारते हो। तो जिस (मुसीबत से छुटकारे) के लिए पुकारते हो अगर उस (अल्लाह) की मर्ज़ी में आता है तो उसको दूर कर देता है और जिनको तुम शरीक बनाते थे (उस संकट की घड़ी में उनको) भूल जाते हो। (४१)★

और तुमसे पहले बहुत सी उम्मतों (संगतों) की तरफ़ हमने पैग़म्बर भेजे थे। (फिर आगे चलकर उन उम्मतों के कुफ़्र पर) हमने उनको सख़्ती और तकलीफ़ में डाला ताकि शायद वह (हमारे सामने) गिड़गिड़ायें।(४२) तो जब उन पर हमारी सज़ा आई थी (तो वे) क्यों नहीं गिड़गिड़ाये? मगर उनके दिल (तो) कठोर हो गये थे और जो (बुरे) काम (वे) करते थे शैतान ने उन (की नज़रों में उन) को भला दिखलाया था (ताकि वे उन्हीं शैतानी कामों में लिप्त रहें)।(४३) फिर जो शिक्षा उनको दी गई थी उसे बिसार बैठे, तो (पहले तो) हर (तरह की निअ़मतों के) दरवाज़े हमने उन पर खोल दिये, यहाँ तक कि उन (निअ़मतों) को पाकर प्रसन्न हुए, (फिर) एकाएक हमने उनको (अ़ज़ाब में) धर पकड़ा और (अब) वह निराश होकर रह गये†। (४४)

§ मुर्दों याने काफ़िरों को इस दुनिया में ज़िन्दः रहते भी मरा समझो कि उनमें किसी भी सीख से होश आता ही नहीं। इन्हें होश तो तभी आयेगा जब क़ियामत के दिन ये दोज़ख़ की ओर हँकाये जाँयगे और उस वक़्त इनका ज़िन्दः होना या देखना सुनना समझना सब बेकार होगा। † गुनहगारों को शुरू में अल्लाह रहम करने व उनको राह रास्त पर लाने के लिए थोड़ी सज़ा में डालता है। फिर अगर गुनहगारों को होश हो गया और उन्होंने अल्लाह से गिड़गिड़ा कर माफ़ी माँगी और आइन्दः अपने को गुनाहों से बचाये रखा तब तो उन्हें न डर है न दुख। लेकिन बजाय तौबः करने के अगर वे बुरी राह में ही फँसते चले तब अल्लाह उनको दुनिया की उम्दः उम्दः भुलावे की चीज़ें देकर और भरमा देता है कि उनके गुनाहों का घड़ा भरता जाय। और तब यकबयक उन पर अल्लाह का कहर फट पड़ता है। तब वे लाचार और दुख के मारे रह जाते हैं। दुनिया में यह रोज़ की बात है कि सरकश और ज़ालिम शुरू में फलता-फूलता नज़र आता है और यह देख लोग क़ुदरत इलाही में शक करने लगते हैं। लेकिन उन सरकशों का अन्त जैसा दर्दनाक होता है, उसको देखकर अल्लाह के निज़ाम की सराहना करनी पड़ती है।

फ़क़ुतिअ़ दाबिरुल् - क़ौमिल्लज़ीन ज़लमू त् वल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल्-आलमीन (४५) क़ुल् अरऐतुम् अिन् अख़ज़ल्लाहु सम्अ़कुम् व अब्सारकुम् व ख़तम अला क़ुलूबिकुम् मन् अिलाहुन् ग़ैरुल्लाहि यअ्तीकुम् बिहत् त् अुन्ज़ुर् कैफ़ नुसर्रिफ़ुल् - आयाति सुम्म हुम् यस्दिफ़ून (४६) क़ुल् अरऐतकुम् अिन् अताकुम् अ़ज़ाबुल्लाहि बग़्तन् औ जह्रन् हल् युह्लकु अिल्लल्-क़ौमुज़्ज़ालिमून (४७) व मा नुर्सिलुल् - मुर्सलीन अिल्ला मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन ज् फ़मन् आमन व अस्लह़ फ़ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (४८) वल्लज़ीन कज़्ज़बू बिआयातिना यमस्सुहुमुल् - अ़ज़ाबु बिमा कानू यफ़्सुक़ून (४९) क़ुल्ला अक़ूलु लकुम् अिन्दी ख़ज़ाअिनुल्लाहि व ला अअ़्लमुल्ग़ैब व ला अक़ूलु लकुम् अिन्नी मलकुन् ज् अिन् अत्तबिअु अिल्ला मा यूहा अिलैय त् क़ुल् हल् यस्तविल्अअ़्मा वल्बसीरु त् अफ़ला ततफ़क्करून (५०) ★ व अन्ज़िर् बिहिल्लज़ीन यख़ाफ़ून अैंयुह्शरू अिला रब्बिहिम् लैस लहुम् मिन दूनिहत् वलीयूंव ला शफ़ीअुल्-लअ़ल्लहुम् यत्तक़ून (५१) व ला तत्रुदिल्लज़ीन यद्अून रब्बहुम् बिल्ग़दाति वल्अशीयि युरीदून वज्हहू त् मा अलैक मिन् हिसाबिहिम् मिन् शैअिंव्व मा मिन् हिसाबिक अलैहिम् मिन् शैअिन् फ़तत्रुदहुम् फ़तकून मिनज़्ज़ालिमीन (५२) व कज़ालिक फ़तन्ना बअ़्ज़हुम् बिबअ़्ज़िल् - लियक़ूलू अहाअुलाअि मन्नल्लाहु अलैहिम् मिम्बैनिना त् अलैसल्लाहु बिअ़्लम बिश्शाकिरीन (५३) व अिज़ा जाअकल्लज़ीन युअ्मिनून बिआयातिना फ़क़ुल् सलामुन् अलैकुम् कतब रब्बुकुम् अला नफ़्सिहिर्रह़्मत् ला अन्नहू मन् अमिल मिन्कुम् सूअम्-बिजहालतिन् सुम्म ताब मिम्बअ़्दिहत् व अस्लह़ फ़अन्नहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (५४)

फिर उन ज़ालिमों की जड़ कट गई और अल्लाह की ही सराहना है जो सारे संसार का मालिक है। (४५) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) पूछो कि भला देखो तो सही, अगर अल्लाह तुम्हारे कान और तुम्हारी आँखें छीन ले और तुम्हारे दिलों पर मुहर लगा दे तो अल्लाह के सिवाय (क्या) और कोई इलाह (पूज्य) है कि यह तुमको (वापस) ला दे ? (ऐ नबी !) देखो तो क्योंकर हम दलीलें तरह-तरह पर बयान करते हैं, इस पर भी यह लोग मुँह फेर चले जाते हैं। (४६) तो (इनसे यह भी) पूछो कि देखो तो सही अगर अल्लाह का अ़ज़ाब एकाएक या जता-बताकर तुम पर आ उतरे तो क्या गुनहगारों के सिवाय कोई दूसरा मारा जायगा। (४७) और पैग़म्बरों को हम सिर्फ़ इस ग़रज़ से भेजा करते हैं कि (अल्लाह की) खुशख़बरी सुनावें, और (अल्लाह के अ़ज़ाब से) डरावें तो जो ईमान लाया और (अपना) सुधार कर लिया, तो ऐसे लोगों पर (क़ियामत के दिन) न डर होगा और न वह उदास होंगे। (४८) और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया उनको हुक्म न मानने के सबब (हमारी) सज़ा (पहुँचकर) रहेगी। (४९) (ऐ पैग़म्बर !) कह दो कि मैं तुमसे नहीं कहता कि मेरे पास अल्लाह के ख़ज़ाने हैं और न मैं ग़ैब (अदृष्ट) का जानकार हूँ और न मैं तुमसे (यह) कहता हूँ कि मैं फ़रिश्तः हूँ, मैं तो बस उसी पर चलता हूँ जो मेरी तरफ़ (अल्लाह का) हुक्म आता है। (नबी ! इनसे) पूछो कि आया अन्धा और जिसको सूझ पड़ता है (दोनों) बराबर हो सकते हैं ? क्या तुम विचार से काम नहीं लेते। (५०) ★ रू. ५/११ आ ६

और (ऐ रसूल !) (क़ुर्आन के द्वारा) उन लोगों को (अ़ज़ाब से) डराओ जो इस बात का डर रखते हैं कि (क़ियामत के दिन) अपने परवरदिगार के सामने हाज़िर किये जायँगे, (और उस समय) अल्लाह के सिवाय न कोई उनका दोस्त होगा और न सिफ़ारिश करने वाला। वे (इससे डरकर) शायद बचते रहें। (५१) और (ऐ नबी !) जो लोग सुबह व शाम अपने परवरदिगार ही से दुआएँ माँगते और उसी से उम्मीद लगाते हैं उनको† (अपने पास से अदना समझकर) मत निकालो न तो उनकी जबाबदिही किसी तरह तुम्हारे ज़िम्मे है और न तुम्हारी उनके ज़िम्मे है। (कि जवाबदिही के डर से उनको धक्के देने लगो ऐसा करोगे) तो तुम (भी) ज़ालिमों में हो जाओगे। (५२) और इसी तरह हमने एक को एक से जाँचा ताकि वह (धन व इज़्ज़त में चूर लोग इन ग़रीब ईमानपरस्तों को देखकर) यों कहें कि क्या हममें से इन्हीं (नाचीज़ों) को अल्लाह ने (ईमान की) नियामत दी है, क्या यह बात नहीं है कि अल्लाह शुक्र मानने वालों को ख़ूब जानता है ? (५३) और (ऐ पैग़म्बर !) जो लोग हमारी आयतों पर ईमान लाते हैं, वे जब तुम्हारे पास आया करें तो (उनको सब्र दिलाया करो और) कहो कि तुम पर सलाम (कल्याण); तुम्हारे परवरदिगार ने मेहरबानी करना अपने ऊपर ले लिया है कि जो कोई तुममें से नादानी से कोई गुनाह कर बैठे फिर किये बाद तौबा और (अपना) सुधार कर ले तो वह (बेशक) बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (५४)

[पिछ २२९ से] जब दिल और कान पर मुहर लग गई, आँखों पर पर्दा डाल दिया गया तो अब न तो हिदायत को समझ सकते हैं न हक़ को देख सकते हैं न सुन सकते हैं। पस, अल्लाह क़ुदरत को पैदा करता [पिछ २३५ पर]

† काफ़िरों में से कुछ सरदार रसूल स० के पास आकर कहने लगे कि हमारा जी आपकी बातें सुनने को चाहता है, लेकिन आपके पास तो ग़ुलामों की भीड़ लगी रहती है। हम उनके बराबर कैसे बैठ सकते हैं ? उनको जब हम आया करें, उठा दिया कीजिए। इस पर यह आयतें उतरीं कि अल्लाह के भक्त भले ही ग़रीब हों, उनकी ही ख़ातिर होना चाहिये। जिनको धन-मान का नशा है वह ख़ुदा से कोसों दूर हैं, उनकी परवाह मत करो।

व कजालिक नुफ़स्सिलुल् - आयाति व लितस्तबीन सबीलुल्मुज्रिमीन (५५) ★ क़ुल् अिन्नी नुहीतु अन् अ़ुबुदल्लजीन तद्अून मिन् दूनिल्लाहि त् क़ुल् ला अत्तबिअु अह्वा'अकुम् ला क़द् ज़लल्तु अिज़ौंव मा अना मिनल्मुह्तदीन (५६) क़ुल् अिन्नी अला बैयिनतिम् - मिर्रब्बी व कज्जब्तुम् बिहत् त् मा अिन्दी मा तस्तअ़्जिलून बिहत् त् अिनिल्-हुक्मु अिल्ला लिल्लाहि त् यक़ुस्सुल्-हक़्क़ व हुव ख़ैरुल्फ़ासिलीन (५७) क़ुल् लौ अन्न अिन्दी मा तस्तअ़्जिलून बिहत् लक़ुज़ियल् - अम्रु बैनी व बैनकुम् त् वल्लाहु अअ़्लमु बिज्ज़ालिमीन (५८) व अिन्दहू मफ़ातिहुल्ग़ैबि ला यअ़्लमुहा' अिल्ला हुव त् व यअ़्लमु मा फ़िल्बरि वल्बहूरि त् व मा तस्क़ुतु मिंव्वरक़तिन् अिल्ला यअ़्लमुहा व ला हब्बतिन् फ़ी ज़ुलुमातिल्-अर्ज़ि व ला रत्बिंव्व ला याबिसिन् अिल्ला फ़ी किताबिम्-मुबीनिन् (५९) व हुवल्लजी यतवफ़्फ़ाकुम् बिल्लैलि व यअ़्लमु मा जरह्तुम् बिन्नहारि सुम्म यब्अ़सुकुम् फ़ीहि लियुक़्ज़ा' अजलुम् - मुसम्मन् ज् सुम्म अिलैहि मर्जिअ़ुकुम् सुम्म युनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून (६०) ★ व हुवल्क़ाहिरु फ़ौक़ अिबादिहत् व युर्सिलु अलैकुम् हफ़ज़तन् त् हत्ता' अिज़ा जा'अ अह़दकुमुल्मौतु तवफ़्फ़त्हु रुसुलुना व हुम् ला युफ़र्रितून (६१) सुम्म रुद्दू' अिलल्लाहि मौलाहुमुल्-हक़्क़ त् अला लहुल्हुक्मु क़िफ़् व हुव अस्रअ़ुल् - ह़ासिबीन (६२) क़ुल् मैंयुनज्जीकुम् मिन् ज़ुलुमातिल्-बर्रि वल्बहूरि तद्अूनहू तज़र्रुअौंव ख़ुफ़्यतन् ज् लअिन् अन्जाना मिन् हाज़िहत् लनकूनन्न मिनश्शाकिरीन (६३) क़ुलिल्लाहु युनज्जीकुम् मिन्हा व मिन् कुल्लि कर्बिन् सुम्म अन्तुम् तुश्रिकून (६४)

और इसी तरह पर हम आयतों को (खोल-खोलकर) बयान करते हैं (इसलिए कि तुम लोग उन पर अमल करो) और इसलिए कि गुनहगारों का (भी) रास्ता खुल जाय। (५५) ★ रु. ६ १२ आ ५

(ऐ पैग़म्बर ! काफ़िरों से) कह दो कि मुझको इस बात की रोक है कि मैं उनकी अिबादत करूँ जिनको तुम अल्लाह के सिवाय पुकारते हो। कहो मैं तुम्हारी ख़्वाहिश पर तो चलता नहीं, (ऐसा करूँ) तो मैं (भी) गुमराह हो जाऊँगा और उन लोगों में न रहूँगा जो सीधे रास्ते पर हैं। (५६) (इन लोगों से) कहो कि मैं अपने परवरदिगार की तरफ़ से खुले रास्ते पर हूँ और तुम उसको झुठलाते हो। जिस (याने अ़ज़ाब) की तुम जल्दी मचा रहे हो वह मेरे पास तो नहीं है। वह अल्लाह के सिवाय और किसी के अधिकार में नहीं, वह हक़ (सत्य) को ज़ाहिर करता है और वही सबसे बेहतर (फ़ैसला) चुकाने वाला है। (५७) और कहो कि जिसकी (याने अ़ज़ाब की) तुम जल्दी मचा रहे हो, अगर वह मेरे अधिकार में होता तो मेरे और तुम्हारे बीच (कभी का) फैसला हो गया होता और अल्लाह ज़ालिम लोगों से ख़ूब परिचित है। (५८) और उसी के पास ग़ैब (अदृश्य) की कुँजियाँ हैं जिनको उसके सिवाय कोई नहीं जानता। और जो (भी जल-थल) जंगल और नदी में है वह सब जानता है और कोई पत्ता तक नहीं गिरता जो उसे मालूम नहीं और ज़मीन के अंधेरे (पर्दों) में एक दाना नहीं पड़ता; सूखी या हरी और कोई चीज़ (ऐसी नहीं) जो उसकी किताब (लौह महफ़ूज़) में न हो। (५९) और वही है जो रात के वक़्त तुम्हारी रूहों को (एक हद तक) क़ब्ज़ कर लेता है और जो कुछ तुमने दिन में किया था (वह उसको भी) जानता है, फिर (दिन के वक्त) तुमको उठा खड़ा करता है ताकि मियाद मुक़र्ररह (हर मनुष्य के जीवन की नियत अवधि) पूरी हो। फिर उसी की तरफ़ (अन्त में सबको) लौटकर जाना है। फिर जो कुछ तुम (दुनिया में) करते रहे हो, वह तुमको बतादेगा। (६०) ★ रु. ७ १३ आ ५

और वही अपने बन्दों पर हुक्मराँ है और तुम लोगों पर निगहबान (फ़रिश्ते) तैनात करता है, यहाँ तक कि जब तुममें से किसी को मौत आती है तो हमारे भेजे हुये (फ़रिश्ते) उसकी रूह क़ब्ज करते (निकालते) हैं और वह (हमारे हुक्म की तामील में) कोताही नहीं करते। (६१) फिर (ये लोग) अल्लाह की तरफ़ जो उनका सच्चा कारसाज़ (सँभालने वाला) है वापिस पहुँचाये जायँगे। सुन रखो कि उसी का हुक्म (हुक्म) है और वह (बेमिस्ल) जल्द हिसाब लेने वाला है। (६२) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) पूछो कि तुमको जंगल और दरिया के अंधेरों से कौन बचाता है ? (वही) जिसे तुम (ऐसे मौकों पर) गिड़गिड़ाकर और चुपके (चुपके) पुकारते हो कि अगर (अल्लाह) हमको इस आफ़त से बचा ले तो बेशक हम (उसके) शुक्रगुज़ार होंगे (६३) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि इन (अंधेरों) से और हर तरह की मुसीबत से अल्लाह ही तुमको बचाता है, फिर तुम (उसके एहसानों को भूल जाते हो और) शरीक (याने दूसरों को पूज्य) ठहराने लगते हो। (६४)

[पिछ २३३ से] है और इस क़ुदरत के ज़रिये दुनिया की सारी हरकतें छोटी ख़्वाह बड़ी चलती हैं। इस क़ुदरत के क़ानून के अधीन इन्सान जब हठधर्मी पर आ जाता है और उसका दिल सच्चाई से मुंह मोड़ लेता है तब वह सच्ची हिदायत को सुनकर अनसुना और समझकर नासमझी करता है। ज्यों-ज्यों उसको भली राह पर लाने की बात की जाती है, उसकी फ़ितरत (प्रकृति) उसको उसके उसी हठधर्मी और कुफ़्र (अधर्म) के स्वभाव पर मज़बूत करती है। ज्यों-ज्यों उनके बुरे आमाल बढ़ते जाते हैं उनके दिल उन बुरे कामों के और आदी होते जाते हैं और उनकी ख़्वाहिशों (वासनाओं) के ख़िलाफ़ अच्छी से अच्छी सलाह जान सुनकर भी उनके पल्ले नहीं पड़ती। इस हालत को यों कहा जाता है कि अल्लाह ने उनके दिल व कानों पर कुफ़्र की मुहर लगा दी है।

क़ुल् हुवल्क़ादिरु अला अँयब्अ़स अलैकुम् अ़जाबम् - मिन् फ़ौक़िकुम् औमिन् तह़्ति अर्जुलिकुम् औ यल्बिसकुम् शियअ़ौंव युज़ीक़ बअ़्ज़कुम् बअ़्स बअ़्ज़िन् त़ु अुन्जुरु कैफ़ नुसर्रिफ़ुल् - आयाति लअ़ल्लहुम् यफ़्क़हून (६५) व कज़्जब बिह़ी क़ौमुक व हुवल्ह़क़्क़ु त़ु क़ुल् लस्तु अलैकुम् बिवकीलिन् त़ु (६६) लिकुल्लि नबअिम्-मुस्तक़र्रुन् ज़ु व'व सौफ़ तअ़्लमून (६७) व अिज़ा रअैतल्लजीन यख़ूज़ून फ़ी आयातिना फ़अ़्रिज़् अन्हुम् ह़त्ता यख़ूज़ू फ़ी ह़दीसिन् ग़ैरिह़ी त़ु व अिम्मा युन्सियन्नकश्शैतानु फ़ला तक़्अुद् बअ़्दज्जिक्रा मअ़ल् - क़ौमिज़्ज़ालिमीन (६८) व मा अ़लल्लजीन यत्तक़ून मिन् हिसाबिहिम् मिन् शैअिंव्व लाकिन् जिक्रा लअ़ल्लहुम् यत्तक़ून (६९) व ज़रिल्लजीनत् - तख़ज़ू दीनहुम् लअ़िबंव् लहवंव् ग़र्रत्हुमुल् - ह़यातुद्दुन्या व ज़क्किर्बिह़ी अन् तुब्सल नफ़्सुम्-बिमा कसबत् क़ सला लैस लहा मिन् दूनिल्लाहि वलीयूँव ला शफ़ीअुन् ज़ व अिन् तअ़्दिल् कुल्ल अद्लिल्ला युअ़्ख़ज़् मिन्हा त़ु अुला अिकल्लजीन अुब्सिलू बिमा कसबू ज़ लहुम् शराबुम्-मिन् ह़मीमिंव्व अ़ज़ाबुन् अलीमुम् - बिमा कानू यक्फ़ुरून (७०) ★ क़ुल् अनद्अू मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अुना व ला यज़ुर्रुना व नुरद्दु अला अ़क़ाबिना बअ़्द अिज् हदानल्लाहु कल्लजिस् - तह्वत्हुश् - शयातीनु फ़िल्अर्ज़ि ह़ैरान त़ु लहू अस़्ह़ाबुंय्यद्अूनहू अिलल् - हुदअ़ितिना त़ु क़ुल् अिन्न हुदल्लाहि हुवल्हुदा त़ु व अुमिर्ना लिनुस्लिम लिरब्बिल् - आलमीन ला (७१) व अन् अक़ीमुस्सलात वत्तक़ूहु त़ु व हुवल्लजी अिलैहि तुह़्शरून (७२)

कहो कि उसी की सामर्थ्य है कि तुम्हारे ऊपर से या तुम्हारे पैरों के तले से कोई अज़ाब तुम्हारे लिए निकाल खड़ा करे या तुमको गिरोह-गिरोह करके (एक दूसरे से) भिड़ा मारे और (तुममें से) किसी को किसी की लड़ाई का मज़ा चखाये§। देखो तो सही हम आयतों को किस-किस तरह फेर-फेरकर बयान करते हैं, शायद उनको समझ आजाय।(६५) और उसको तुम्हारी जाति (वालों) ने झुठलाया हालाँकि वह सच्चा है, तो कहो कि मैं तुम पर निगराँ (निरीक्षक) नहीं (कि तुमको हर घड़ी कुफ़्र करने से बचाता रहूँ)। (६६) हर बात का एक वक़्त मुक़र्रर है और (तुमको) आगे (सच्चाई का) पता लग जायगा।(६७) और जब ऐसे लोग तुम्हारी नज़र पड़ जायँ जो हमारी आयतों में ऐब निकाल रहे हों तो उन (के पास) से हट जाओ, यहाँ तक कि (हमारी आयतों के सिवाय) दूसरी बातों में लग जायँ और अगर कभी शैतान तुमको (यह चेतावनी) भुला देवे तो (उस) नसीहत के (फिर याद आ जाने के) बाद (ऐसे) ज़ालिम लोगों के साथ न बैठना। (६८) और परहेज़गारों पर ऐसे लोगों के हिसाब की किसी तरह की ज़िम्मेदारी नहीं। लेकिन नसीहत करना (ज़रूरी है) शायद वे (अवज्ञा से) डरें (और कुफ़्र से बाज़ आवें) (६९) और जिन्होंने अपने दीन को खेल और तमाशा बना लिया है और (दुनिया की) ज़िन्दगानी में भरमे हैं, ऐसे लोगों को छोड़ो। और इस (क़ुर्आन के ज़रिये) से उसको समझाते रहो, कहीं कोई (शख़्स) अपनी करतूत के बदले (क़ियामत में) पकड़ा न जाय कि (जिस दिन फिर) अल्लाह के सिवाय न कोई उसका सहायक होगा और न सिफ़ारिशी। और (जितना) बदला (संभव हो) अगर वह सब भी दे तो भी क़बूल न किया जाय। यही वह लोग हैं जो अपने (बुरे) कामों के कारन (अज़ाब में) पकड़े गये। इनको कुफ़्र करने के बदले में पीने के लिये खौलता हुआ पानी और दुखदाई मार होगी। (७०)★

(ऐ पैग़म्बर! इनसे) पूछो क्या हम अल्लाह को छोड़कर उनको (अपनी मदद के लिये) बुलावें जो हमको न नफ़ा पहुँचा सकते हैं और न नुक़सान। और जब अल्लाह हमको सीधा रास्ता दिखा चुका तो क्या हम उसके बाद भी उल्टे पैरों (कुफ़्र की ओर) लौट जाँय? जैसे किसी शख़्स को शैतान बहकाकर ले जाय और (वह) जंगल में हैरान (मारा मारा) फिरे। और उसके कुछ साथी हैं वह उसको (सीधे) रास्ते की ओर बुला रहे हैं कि हमारे पास (चला) आ। (ऐ पैग़म्बर! इनसे कहो) कि अल्लाह का बताया रास्ता ही (सीधा) रास्ता है और हमको हुक्म मिला है कि हम तमाम दुनिया के पालनेवाले के फ़र्माबर्दार होकर रहें। (७१) और यह कि नमाज़ क़ायम रखो और अल्लाह से डरते रहो, और वही है जिसके सामने (अन्तिम न्याय के दिन) तुम सब जमा किये जाओ गे। (७२)

रु. ८ — १४ आ १०

[पिज २२७ से] ईमानवालों के लिए। तरह-तरह के अन्धविश्वासों और शिर्क का खोखलापन खुलासा किया है। आ. ४१-८२ में दुनिया की निस्सारता और आख़िरत की महिमा का बखान है। अल्लाह ही देखे व अनदेखे (व्यक्त-अव्यक्त) का रचने व जानने व इन्तज़ाम करने वाला है। उसके इजलास में दुनिया के कोई लोग या वह ताक़तें जिन्हें तुम अल्लाह के साथ पूजते हो तुम्हारे काम न आवेंगी, क्योंकि इन सबके पीछे भी उस अल्लाह ही की क़ुदरत काम कर रही है। हज़रत इब्राहीम अ० को जिस तरह ज्ञान हुआ है वह नज़ीर देकर लोगों को तमाम फ़ानी (नाशवान) की बन्दगी छोड़कर एक अल्लाह की ओर रुजू किया गया है। आ. ८३-१३० ह० इब्राहीम अ. से पैग़म्बर मुहम्मद स० तक नबूवत के सिलसिले का बयान करते हुये उस अल्लाह [पिज २४१ पर]

§ एक अज़ाब तो वह हैं जो रोज़-आख़िरत में कुफ़्र करने वालों को भुगतने पड़ते हैं। उनके अलावा दुनिया में भी ज़मीन-आसमान से या लड़ाई, क़ैद, क़त्ल जैसे तरह-तरह के अज़ाब बुरे आमालों में फसे और बाज़ न आने वाले इन्सानों या गरोहों पर अल्लाह डालता रहता है।

व हुवल्लजी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ बिल्हक़्क़ि ت व यौम यक़ूलु कुन् फ़यकूनु ۸ ت ● क़ौलुहुल् - हक़्क़ु ت व लहुल्मुल्कु यौम युन्फ़ख़ु फ़िस्सूरि ت आलिमुल्ग़ैबि वश्शहादति ت व हुवल्-हकीमुल्-ख़बीरु (७३) व अिज़् क़ाल अिब्राहीमु लिअबीहि आज़र अतत्तख़िजु अस्नामन् आलिहतन् ज् अिन्नी अराक व क़ौमक फ़ी ज़लालिम्-मुबीनिन् (७४) व कजालिक नुरी अिब्राहीम मलकूतस्समावाति वल्अर्ज़ि व लियकून मिनल्मूक़िनीन (७५) फ़लम्मा जन्न अलैहिल्लैलु रआकौकबन् ज् क़ाल हाजा रब्बी ज् फ़लम्मा अफ़ल क़ाल ला अुहिब्बुल्-आफ़िलीन (७६) फ़लम्मा रअल्-क़मर बाज़िग़न् क़ाल हाजा रब्बी ज् फ़लम्मा अफ़ल क़ाल लअिल्लम् यह्दिनी रब्बी लअकूनन्न मिनल् - क़ौमिज़्ज़ाल्लीन (७७) फ़लम्मा रअश्शम्स बाज़िग़तन् क़ाल हाजा रब्बी हाजा अक्बरु ज् फ़लम्मा अफ़लत् क़ाल याक़ौमि अिन्नी बरी अुम्-मिम्मा तुश्रिकून (७८) अिन्नी वज्जह्तु वज्हिय लिल्लजी फ़तरस्समावाति वल्अर्ज़ हनीफ़ौंव मा अना मिनल्मुश्रिकीन ज् (७९) व हाज्जहू क़ौमुहू ت क़ाल अतुहाज्जून्नी फ़िल्लाहि व क़द् हदानि ت व ला अख़ाफ़ु मा तुश्रिकून बिहत् अिल्ला अैंयशाअ रब्बी शैअन् ت वसिअ रब्बी कुल्ल शैअिन् अिल्मन् ت अफ़ला ततज़क्करून (८०) व कैफ़ अख़ाफ़ु मा अश्रक्तुम् व ला तख़ाफ़ून अन्नकुम् अश्रक्तुम् बिल्लाहि मा लम् युनज़्ज़िल् बिहत् अलैकुम् सुल्तानन् ت फ़अैयुल् - फ़रीक़ैनि अह़क़्क़ु बिल्अम्नि ज् अिन् कुन्तुम् तअ़लमून م ● (८१) अल्लजीन आमनू व लम् यल्बिसू अीमानहुम् बिज़ुल्मिन् अुलाअिक लहुमुल्-अम्नु व हुम् मुह्तदून (८२) ★ व तिल्क हुज्जतुना आतैनाहा अिब्राहीम अला क़ौमिहत् ت नर्फ़अु दरजातिम्-मन् नशाअु ت अिन्न रब्बक हकीमुन् अलीमुन् (८३)

और वही (सर्वशक्तिमान) है जिसने वस्तुतः आसमान और ज़मीन को पैदा किया और जिस दिन फ़र्मायेगा कि "हो" वह हो जायगा (यानी क़ियामत आ जायगी)। उसका ही वचन सत्य है। और जिस दिन सूर (नरसिंहा) फूँका जायगा उसी की हुकूमत होगी। और वह छिपी और खुली (व्यक्त-अव्यक्त सब) का जाननेवाला है और वही हिकमतवाला और ख़बरदार है। (७३) और जब इब्राहीम ने अपने बाप आज़र§ से कहा क्या तुम बुतों को पूज्य मानते हो, मैं तो तुमको और तुम्हारी क़ौम को सरीहन भटके हुओं में पाता हूँ। (७४) और इसी तरह हम इब्राहीम को आसमान और ज़मीन की सल्तनत (के अजायबात) दिखलाने लगे ताकि वह (पूरा) यक़ीन करनेवालों में से हो जायँ। (७५) (यानी) जब उन पर रात का अँधेरा छा गया उनको एक तारा दीख पड़ा (तो) कहने लगे कि यही मेरा परवरदिगार है। फिर (कुछ देर बाद) जब वह (तारा) छिप गया तो बोले कि अस्त हो जाने वाली चीज़ों को तो मैं नहीं पसन्द करता। (७६) फिर जब चमकते चाँद को देखा (कि बड़ा जगमगा रहा है) तो कहने लगे यह मेरा परवरदिगार है। फिर जब (चाँद भी) ग़ायब हो गया तो बोले अगर मुझको मेरा परवरदिगार राह न दिखलाता रहे तो बिलाशक मैं (भी) भूले हुए लोगों में से हो जाऊँ। (७७) फिर जब सूरज को देखा कि बड़ा जगमगा रहा है तो कहने लगे मेरा यही परवरदिगार है। यह तो (सबसे) बड़ा है। फिर जब (वह भी) छिप गया तो बोले भाइयो! जिन चीज़ों को तुम अल्लाह का शरीक ठहराते हो, मैं तो उनसे बेज़ार (विमुख) हूँ। (७८) मैंने तो एक ही का होकर अपना ध्यान उसी (एक अल्लाह की) ओर कर लिया है जिसने आसमान और ज़मीन को बनाया। और मैं तो मुशरिकीन (बहुदेव पूजकों) में से नहीं हूँ। (७९)† और उनकी क़ौम के लोग उनसे झगड़ने लगे (तो उन्होंने) कहा क्या तुम मुझसे अल्लाह के (एक होने के) सम्बन्ध में हुज्जत करते हो हालाँकि वह तो मुझको सीधा रास्ता दिखा चुका है और जिनको तुम उसका शरीक मानते हो मैं तो उनसे कुछ डरता नहीं सिवाय इसके कि मेरे परवरदिगार की किसी चीज़ की इच्छा हो, मगर हाँ मेरे पालनेवाले के ज्ञान में सब चीज़ें समाई हुई हैं, क्या तुम ध्यान नहीं करते। (८०) और जिन चीज़ों को तुम (अल्लाह का) शरीक करते हो मैं उनसे क्यों डरने लगा जबकि तुम इस से नहीं डरते कि तुमने अल्लाह के साथ ऐसी चीज़ों को शरीक ख़ुदाई बनाया जिनकी (पूजा की कोई) सनद अल्लाह ने तुम्हारे लिये नहीं उतारी; तो (इन) दोनों फ़रीक़ों (पक्षों) में से कौन अमन (सुख-चैन) का ज़्यादा अधिकारी है, अगर अक़्ल रखते हो तो कहो।* (८१) जो लोग अल्लाह पर ईमान लाये और उन्होंने अपने ईमान में जुल्म (शिर्क को) नहीं मिलाया, यही लोग हैं जो अमन के हक़दार हैं और यही लोग सीधे मार्ग पर हैं। (८२)★

और यह हमारी दलील थी जो हमने इब्राहीम को उनकी जाति के मुक़ाबिले में (क़ायल-माक़ूल करने के लिये) बताई। हम जिसको चाहते हैं उसके दर्जे ऊँचे कर देते हैं। (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारा पालनेवाला हिक़मतवाला (है) और सब कुछ जाननेवाला है। (८३)

§ इब्राहीम के बाप का नाम क्या था? क़ुर्आन में आज़र बताया गया है और तौरात में तारख लिखा है। लोगों का विचार है कि उनके दो नाम थे। † ह० इब्राहीम अ० बचपन से ही बहदानियत (अद्वैत) की ओर मुखातिब थे। अल्लाह ने उनकी इस बुद्धि को धीरे-धीरे पूरी तौर पर मज़बूत और क़ायम कर दिया। मूर्तियों पर तो उनको श्रद्धा शुरू से ही थी। लेकिन सूरज, चाँद, तारे कुछ ज़्यादः जगमग और ग़ैर मामूली होने के कारन उनका ध्यान खींचने लगे कि लोग इनकी पूजा करते हैं, अजब नहीं यही हमारे [पिज २४१ पर] * एक फ़रीक़ (पक्ष) वह जो सिर्फ़ एक अल्लाह की इबादत करनेवाला है। दूसरा फ़रीक़ वह ‡[पिज २४१ पर]

व वहब्ना लहू अिस्हाक़ व यअ़क़ूब ؕ कुल्लन् हदैना ج व नूहन् हदैना मिन् क़ब्लु व मिन् जुर्रीयतिहिؕ दावूद व सुलैमान व अैयूब व यूसुफ़ व मूसा व हारून ؕ व कज़ालिक नज्ज़िल्-मुह्सिनीन لا (८४) व ज़करीया व यह्या व ओीसा व अिल्यास ؕ कुल्लुम्-मिनस्सालिहीन لا (८५) व अिस्माओील वल्यसअ़ व यूनुस व लूतन् ؕ व कुल्लन् फ़ज़्ज़ल्ना अ़लल्आ़लमीन لا (८६) व मिन् आबाअिहिम् व जुर्रीयातिहिम् व अिख़्वानिहिम् ج वज्तबैनाहुम् व हदैनाहुम् अिला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् (८७) ज़ालिक हुदल्लाहि यह्दी बिहिؕ मैंयशाअु मिन् अिबादिहिؕ ؕ व लौ अश्रकू लहूबित अ़न्हुम् मा कानू यअ़मलून (८८) अुलाअिकल्लज़ीन आतैनाहुमुल् - किताब वल्हुकम वन्नुबूवत ج फ़अिंयक्फ़ुर् बिहा हाअुलाअि फ़क़द् वक्कल्ना बिहा क़ौमल्लैसू बिहा बिकाफ़िरीन (८९) अुलाअिकल्लज़ीन हदल्लाहु फ़बिहुदा-हुमुक़्तदिह् ؕ क़ुल्ला अस्अलुकुम् अ़लैहि अज्रन् ؕ अिन् हुव अिल्ला ज़िक्रा लिल्आ़लमीन (९०) ★ व मा क़दरुल्लाह हक़्क़ क़द्रिहिؕ अिज् क़ालू माअ़न्ज़लल्लाहु अ़ला बशीरिम्मिन् शैअिन् ؕ क़ुल् मन् अन्ज़लल्-किताबल्लज़ी जाअ बिहिؕ मूसा नूरौंव हुदल्लिन्नासि तज़्अ़लूनहू क़रातीस तुब्दूनहा व तुख़्फ़ून कसीरन् ج व अुल्लिम्तुम् मा लम् तअ़्लमू अन्तुम् व लाؕ आबाअकुम् ؕ क़ुलिल्लाहु لا सुम्म ज़र्हुम् फ़ी ख़ौज़िहिम् यल्अ़बून (९१) व हाज़ा किताबुन् अन्ज़ल्नाहु मुबारकुम् - मुसद्दिक़ुल्लज़ी बैन यदैहि व लितुन्ज़िर अुम्मल्क़ुरा व मन् हौलहा ؕ ؕ वल्लज़ीन युअ़्मिनून बिल्आख़िरति युअ़्मिनून बिहिؕ व हुम् अ़ला सलातिहिम् युहाफ़िज़ून (९२)

وَيَعْقُوبَ ۚ كُلًّا هَدَيْنَا ۚ وَنُوحًا هَدَيْنَا مِنْ قَبْلُ ۖ وَمِنْ ذُرِّيَّتِهِ دَاوُودَ وَ
سُلَيْمَانَ وَأَيُّوبَ وَيُوسُفَ وَمُوسَىٰ وَهَارُونَ ۚ وَكَذَٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِينَ ۝
وَزَكَرِيَّا وَيَحْيَىٰ وَعِيسَىٰ وَإِلْيَاسَ ۖ كُلٌّ مِنَ الصَّالِحِينَ ۝ وَإِسْمَاعِيلَ
وَالْيَسَعَ وَيُونُسَ وَلُوطًا ۚ وَكُلًّا فَضَّلْنَا عَلَى الْعَالَمِينَ ۝ وَمِنْ آبَائِهِمْ
وَذُرِّيَّاتِهِمْ وَإِخْوَانِهِمْ ۖ وَاجْتَبَيْنَاهُمْ وَهَدَيْنَاهُمْ إِلَىٰ صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ ۝
ذَٰلِكَ هُدَى اللَّهِ يَهْدِي بِهِ مَنْ يَشَاءُ مِنْ عِبَادِهِ ۚ وَلَوْ أَشْرَكُوا لَحَبِطَ
عَنْهُمْ مَا كَانُوا يَعْمَلُونَ ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ آتَيْنَاهُمُ الْكِتَابَ وَالْحُكْمَ
وَالنُّبُوَّةَ ۚ فَإِنْ يَكْفُرْ بِهَا هَٰؤُلَاءِ فَقَدْ وَكَّلْنَا بِهَا قَوْمًا لَيْسُوا بِهَا
بِكَافِرِينَ ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ هَدَى اللَّهُ ۖ فَبِهُدَاهُمُ اقْتَدِهْ ۗ قُلْ لَا
أَسْأَلُكُمْ عَلَيْهِ أَجْرًا ۖ إِنْ هُوَ إِلَّا ذِكْرَىٰ لِلْعَالَمِينَ ۝ وَمَا قَدَرُوا
اللَّهَ حَقَّ قَدْرِهِ إِذْ قَالُوا مَا أَنْزَلَ اللَّهُ عَلَىٰ بَشَرٍ مِنْ شَيْءٍ ۗ قُلْ مَنْ
أَنْزَلَ الْكِتَابَ الَّذِي جَاءَ بِهِ مُوسَىٰ نُورًا وَهُدًى لِلنَّاسِ تَجْعَلُونَهُ
قَرَاطِيسَ تُبْدُونَهَا وَتُخْفُونَ كَثِيرًا ۚ وَعُلِّمْتُمْ مَا لَمْ تَعْلَمُوا أَنْتُمْ وَ
لَا آبَاؤُكُمْ ۖ قُلِ اللَّهُ ۙ ثُمَّ ذَرْهُمْ فِي خَوْضِهِمْ يَلْعَبُونَ ۝ وَهَٰذَا كِتَابٌ
أَنْزَلْنَاهُ مُبَارَكٌ مُصَدِّقُ الَّذِي بَيْنَ يَدَيْهِ وَلِتُنْذِرَ أُمَّ الْقُرَىٰ وَ
مَنْ حَوْلَهَا ۗ وَالَّذِينَ يُؤْمِنُونَ بِالْآخِرَةِ يُؤْمِنُونَ بِهِ وَهُمْ عَلَىٰ
صَلَاتِهِمْ يُحَافِظُونَ ۝ وَمَنْ أَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرَىٰ عَلَى اللَّهِ كَذِبًا

रु. १०—१६ आ ८

और हमने उस (इब्राहीम) को इसहाक़ और याक़ूब दिये, उन सबको हिदायत दी और इनसबसे पहले नूह को भी हमने हिदायत दी थी और उन्हीं के बंश में से दाऊद और सुलेमान को और अयूब और यूसुफ़ को और मूसा और हारूँ को (इसी तरह रास्ता दिखाया) और हम नेकों को ऐसे ही बदला देते हैं। (८४) निदान ज़करिया और यहिया और ईसा और इलयास को (भी मार्ग दिखाया) ये सब (ही) नेको में हैं। (८५) और इस्माईल, यसाअ़ और यूनिस और लूत और सभी को हमने ख़ूब दुनिया जहान के लोगों पर बुलन्दी दी। (८६) (यही नहीं बल्कि) इनके बाप दादों और इनकी संतान और इनके भाई बन्दों में से (भी) बाज़ को हमने चुना और उनको सीधी राह पर चलाया। (८७) यह अल्लाह की हिदायत (रहनुमाई) है, अपने बन्दों में से जिसको चाहे उस राह पर चलाये। और अगर यह (पैग़म्बर भी) शिर्क करते होते तो इनका (सारा) किया-धरा इनके लिए अकारथ हो जाता। (८८) यह वह लोग हैं जिनको हमने किताब दी और शरीअ़त (धर्मशास्त्र) दिया और पैग़म्बरी दी तो अब ये लोग अगर इसे मानने से इन्कार करें तो (कोई परवा नहीं) हमने इन (निअ़मतों) पर वह (दूसरे) लोग (हक़दार) मुक़र्रर कर दिये हैं जो (इनकी तरह) इन (निअ़मतों) से मुँह न मोड़ेंगे। (८९) (ये पैग़म्बर) वह लोग हैं जिन्हें अल्लाह ने हिदायत दी (सो ऐ पैग़म्बर!) तुम उनकी राह पर चलो। (लोगों से) कह दो मैं (क़ुर्आन पर) तुमसे कुछ मज़दूरी नहीं माँगता, यह (क़ुर्आन) तो दुनिया जहान के लोगों के लिये उपदेश है। (९०) ★ रू. १०—१६ आ ८

और इन (यहूदियों) ने जैसी क़द्र अल्लाह की जाननी चाहिए थी वैसी न जानी ज़बकि वे कहने लगे कि अल्लाह ने किसी आदमी पर (किताब वग़ैरः) कोई चीज़ नहीं उतारी। तो पूछो कि वह किताब (तौरात) किसने उतारी जिसे मूसा लेकर आये, लोगों के लिए रोशनी है और (जो) रहनुमाई है, तुम उसके अलाहिदा अलाहिदा सफ़े करके (तब) दिखाते हो और बहुतेरे (वरक़ तुम्हारे मतलब के खिलाफ़ हैं उनको) लोगों से छिपा जाते हो, और (उसी किताब के ज़रिये) तुमको वे बातें बताई गई जिनको न तुम जानते थे और न तुम्हारे बाप-दादे। फिर कह दो कि (वह किताब) अल्लाह ने (ही) उतारी थी, फिर इनको छोड़ दो कि अपनी बकवास में खेला करें। (९१) और यह (भी) एक किताब (आसमानी) है जिसको हमने उतारा है, बरकतवाली है और जो (किताबें इससे) पहले की हैं उनकी तसदीक़ करती है। और (ऐ पैग़म्बर! हमने इसको इस वजह से उतारा है कि) तुम उम्मल क़ुरा (मक्का) वालों को और जो लोग उसके आस-पास रहते हैं§ उनको (अल्लाह के अज़ाब से) डराओ और जो लोग आख़िरत का यक़ीन रखते हैं वह तो इस पर ईमान ले आते हैं और वह अपनी नमाज़ की (पूरी) ख़बर रखते हैं। (९२)

[पिज २३७ से] के सत्य-स्वरूप की मशाल रोशन होते रहने का तज़्किरः है। सर्वशक्तिमान होते हुए भी लोगों पर कितना रहीम है कि बराबर उनके भले के लिए हुक्म जारी रखता है। इस पर भी जो नहीं [पिज २४३ पर]

[पिज २३६ से] परवरदिगार हों। लेकिन उनको अल्लाह ने रोशनी दी कि ये भी इन्सानों व दुनिया के तमाम सामानों की तरह ही फ़ानी (नाशवान) हैं तब वे पूरी तौर पर उस एक अल्लाह के ही होकर रहे और लोगों को यही नसीहत करते रहे। [पिज २३६ से]‡ जो दुनिया में अल्लाह के अलावा मूर्तियों, चाँद, सितारों व तमाम चीज़ों को पूजता है। गोया यह भी अपनी अलग-अलग खुदाई हस्तियाँ रखती हैं। ये दूसरे लोग ही गुमराह हैं। इनको शान्ति कैसे मयस्सर होगी।

§ उम्मलक़ुरा (असल बस्ती) याने मक्का। यह इसलिए कि रवायत है कि पानी में से ज़मीन सबसे पहले यहीं ज़ाहिर हुई थी। आस-पास की बस्ती से मतलब शुरू में अरब और अब सारा जहान है।

व मन् अज़्लमु मिम्मनिफ़्तरा अलल्लाहि कज़िबन् औ क़ाल ऊहिय अिलैय व लम् यूह अिलैहि शैअूँव मन् क़ाल सअुन्ज़िलु मिस्ल मा अन्ज़लल्लाहु त् व लौ तरा अिज़िज़्ज़ालिमून फ़ी ग़मरातिल्-मौति वल्मला अिकतु बासितू अैदीहिम् ज् अख़्रिजू अन्फ़ुसकुम् त् अल्यौम तुज़्ज़ौन अज़ाबल्हूनि बिमा कुन्तुम् तक़ूलून अलल्लाहि ग़ैरल्हक़्क़ि व कुन्तुम् अन् आयातिहि तस्तक्बिरून (९३) व लक़द् जिअ्तुमूना फ़ुरादा कमा ख़लक़्नाकुम् औवल मर्रतिंव्व तरक्तुम् मा ख़ौवल्नाकुम् वरा अ ज़ुहूरिकुम् ज् व मा नरा मअकुम् शुफ़आ अकुमुल्लजीन ज़अम्तुम् अन्नहुम् फ़ीकुम् शुरका अु त् लक़त्तक़त्तअ बैनकुम् व ज़ल्ल अन्कुम् मा कुन्तुम् तज़्अुमून (९४) ★ अिन्नल्लाह फ़ालिक़ुल् - हूब्बि वन्नवा त् युख़्रिजुल्हैय मिनल्मैयिति व मुख़्रिजुल्मैयिति मिनल्हैयि त् जालिकुमुल्लाहु फ़अन्ना तुअ्फ़कून (९५) फ़ालिक़ुल् - अिस्बाहि ज् व जअलल्लैल सकनौंवश्शम्स वल्क़मर हुस्बानन् त् जालिक तक़्दीरुल् - अज़ीज़िल् - अलीमि (९६) व हुवल्लजी जअल लकुमुन्नुजूम लितहतदू बिहा फ़ी ज़ुलुमातिल्बरि वल्बहूरि त् क़द् फ़स्सल्नल् - आयाति लिक़ौमींयऽ़लमून (९७) व हुवल्लजी अन्शअकुम् मिन् नफ़्सिंव्वाहिदतिन् फ़मुस्तक़रूँव मुस्तौदअुन् त् क़द् फ़स्सल्नल्-आयाति लिक़ौमीं - यफ़क़हून (९८) व हुवल्लजी अन्ज़ल मिनस्समा अि मा अन् ज् फ़अख़्रज्ना बिहि नबात कुल्लि शैअिन् फ़अख़्रज्ना मिन्हु ख़ज़िरन् नुख़्रिजु मिन्हु हूब्बम् - मुतराकिबन् ज् व मिनन्नख़्लि मिन् - तल्अिहा क़िन्वानुन् दानियतूँव जन्नातिम्मिन् अऽ़नाबिंव्वज़ैतून वर्रुम्मान मुश्तबिहौंव ग़ैर मुतशाबिहिन् त् अुन्ज़ुरू अिला समरिहि अिज़ा अस्मर व यन्अिहि त् अिन्न फ़ी जालिकुम् लआयातिल् - लिक़ौमीं - युअ्मिनून (९९)

रू. ११-१७ आ ४

और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन होगा जो अल्लाह पर झूठ लफ़ंट बाँधे या दावा करे कि मुझ पर अल्लाह का पैग़ाम आया है हालाँकि उसकी तरफ़ कुछ भी अल्लाह का पैग़ाम न आया हो और (उससे बढ़कर ज़ालिम कौन) जो कहे कि जैसे अल्लाह ने (क़ुर्आन) उतारा है वैसे ही मैं भी उतार सकता हूँ। चुनाँचे (ऐ रसूल!) कभी तुम देखते कि ज़ालिम जब मौत की बेहोशियों में पड़े होंगे और फ़रिश्ते हाथ फैलाकर (कहेंगे) अपनी जानें निकालो, आज तुमको ज़िल्लत की मार की सज़ा दी जायगी, इसलिए कि तुम अल्लाह (के नाम) पर व्यर्थ झूठ गढ़ते थे और उसकी आयतों से अकड़ा करते थे। (९३) और (क़ियामत के दिन उनसे कहा जायगा कि) पहली बार जैसा हमने तुमको (अकेला) पैदा किया था वैसे ही अकेले तुम हमारे पास एक एक करके आये हो और जो कुछ हमने तुमको (दुनिया में) दिया था (वह सब वहीं) अपनी पीठ पीछे छोड़ आये और तुम्हारी सिफ़ारिश करने वालों को (भी) हम तुम्हारे साथ (आज) नहीं देखते जिनको तुम समझते थे कि वह तुम्हारे मामलों में (अल्लाह के अलावा) शरीक हैं अब तुम्हारे (और उनके) आपस के मेल टूट गये और जो दावे तुम किया करते थे तुमसे गये-गुज़रे हो गये।§ (९४)★ रू. ११ १७ आ ४

(वह) अल्लाह ही दाने और गुठली का फाड़नेवाला है और मुर्दा से ज़िन्दा और ज़िन्दा से मुर्दा निकालता है, यही (तुम्हारा) अल्लाह है, फिर तुम कहाँ उलटे भटके चले जा रहे हो। (९५) उसी के किए से प्रातःकाल पौ फटती है और उसी ने आराम के लिए रात और हिसाब से सूरज और चाँद को रखा है। यह (उसी) बड़े क़ुदरतवाले और इल्मवाले का (सारा) करिश्मा है। (९६) वही है जिसने तुम लोगों के लिये तारे बनाये ताकि जंगल और समन्दर के अंधेरों में उनसे राह पाओ। जो लोग समझदार हैं उनके लिए हमने निशानियाँ ख़ूब तफ़सीलवार बयान कर दी हैं। (९७) और वही है जिसने तुम सबको एक शरीर (आदम) से पैदा किया, फिर कहीं तुमको ठहराव है और कहीं सुपुर्द रहना है।† जो लोग समझ रखते हैं उनके लिए हम आयतें खोल-खोलकर बयान कर चुके हैं। (९८) और वही है जिसने आसमान से पानी बरसाया फिर हमने उससे हर क़िस्म के अंकुर (बनस्पति के अँखुये) निकाले फिर अँखुवों से हमने हरियाली (खेती पेड़ वग़ैरः) निकाल खड़ी की कि उनसे हम गुथे हुए दाने निकालते हैं और ख़ज़ूर के गाभे में से जो गुच्छे झुके पड़ते हैं और अंगूर के बाग़ और ज़ैतून व अनार जो (सूरत में) मिलते-जुलते और (स्वाद में) मिलते-जुलते नहीं। (इनमें से हर चीज़) जब पकती है तो उसका फल और फल का पकना देखो। निस्सन्देह जो लोग ईमान रखते हैं उनके लिए इनमें निशानियाँ हैं। (९९)

[पिज २४१ से] चेतते और हठी और ज़ालिम हैं वे सब दोज़ख़ में इक्ठा होंगे जहाँ उनके लिए कठिन अ़ज़ाब तैयार है। और ख़िताब उनसे बचे रहने की हिदायत है। आ. १३१-१५० में अन्याय और अन्धविश्वासों को छोड़ने पर फिर ज़ोर दिया है। ऐसा न करने पर ये यहाँ अपना काम करते रहेंगे और अल्लाह ज़ालिमों व नेककारों सबके लिए उनको मुनासिब बदले का इन्तज़ाम अपनी क़ुदरत से कर रहा है। आ. १५१ से १६५ में फिर समझाया गया है कि अल्लाह का बताया हुआ रास्ता ही सीधा रास्ता है। उसी पर चलो, आपस में फ़र्क़ मत डालो और तौहीद (Unity of God) पर ईमान रखो।

§ तुम्हारी दुनिया की दौलत, ताक़त, अक़्ल, तुम्हारे पीर या वे जिनको तुम अल्लाह के अलावा पूजते थे, सब के सब अब तुमसे छूट गये और तुम उनसे बे सहारा अब अल्लाह के रूबरू अकेले अ़ज़ाब भुगतने के लिए हाज़िर हो। † ठहराव के लिए 'माँ का गर्भ' और सुपुर्दगी 'वाल्दैन की गोद'—यह एक राय है। कुछ लोग तफ़सीर करते हैं कि ठहराव माने 'दुनिया में मुक़र्रर वक़्त तक की ज़िन्दगी' और सुपुर्दगी माने 'क़ियामत तक कब्रगाह'।

व जअ़लू लिल्लाहि शुरका अल्जिन्न व ख़लक़हुम् व ख़रक़ू लहू बनीन व बनातिम् - बिग़ैरि अिल्मिन् तू सुब्हानहू व तआला अम्मा यसिफ़ून (१००) ★ बदीअुस्समावाति वल्अर्ज़ि तू अन्ना यकूनु लहू वलदूँव लम् तकुल्लहू साहिबतुन् तू व ख़लक़ कुल्ल शैअिन् ज़ व हुव बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (१०१) जालिकुमुल्लाहु रब्बुकुम् ज़ ला अिलाह अिल्ला हुव ज़ ख़ालिक़ु कुल्लि शैअिन् फ़अ़्बुदूहु ज़ व हुव अला कुल्लि शैअिव्वकीलुन् (१०२) लातुद्रिकुहुल्-अब्सारु ज़ व हुव युद्रिकुल् - अब्सार ज़ व हुवल्लतीफ़ुल् - ख़बीरु (१०३) क़द् जा अकुम् बसाअिरु मिर्रब्बिकुम् ज़ फ़मन् अब्सर फ़लिनफ़्सिहीं ज़ व मन् अमिय फ़अ़्लैहा तू व मा अना अ़लैकुम् बिहफ़ीज़िन् (१०४) व कज़ालिक नुसर्रिफ़ुल् - आयाति व लियक़ूलू दरस्त व लिनुबैयिनहू लिक़ौमींय़ल्मून (१०५) अित्तबिअ़् मा ऊहिय अिलैक मिर्रब्बिक ज़ ला अिलाह अिल्ला हुव ज़ व अअ़्रिज़् अनिल्मुश्रिकीन (१०६) व लौ शा अल्लाहु मा अश्रकू तू व मा जअ़ल्नाक अ़लैहिम् हफ़ीज़न् ज़ व मा अन्त अ़लैहिम् बिवकीलिन् (१०७) व ला तसुब्बुल्लज़ीन यद्अ़ून मिन् दूनिल्लाहि फ़यसुब्बुल्लाह अद्वम् - बिग़ैरि अिल्मिन् तू कज़ालिक ज़ैय्यन्ना लिकुल्लि उम्मतिन् अमलहुम् सू सुम्म अिला रब्बिहिम् मर्जिअ़ुहुम् फ़युनब्बिअुहुम् बिमा कानू यअ़्मलून (१०८) व अक़्समू बिल्लाहि जह्द अैमानिहिम् लअिन् जा अत्हुम् आयतुल् - लयुअ़्मिनुन्न बिहा तू क़ुल् अिन्नमल्-आयातु अिन्दल्लाहि व मा युश्अिरुकुम् ला अन्नहा अिजा जा अत् ला युअ़्मिनून (१०९) व नुक़ल्लिबु अफ़्अिदतहुम् व अब्सारहुम् कमा लम् युअ़्मिनू बिहीं औवल मर्रतिंव्व नजरुहुम् फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ़्महून (११०) ★

॥ इति सातवाँ पारः ॥

और (मुशरिकों ने) जिन्नों को अल्लाह का शरीक बना खड़ा किया हालाँकि अल्लाह ही ने इन (जिन्नों) को पैदा किया और वे जाने-बूझे अल्लाह के बेटों बेटियों का होना गढ़ लेते हैं। (अल्लाह की बाबत) जैसी-जैसी बातें यह लोग बयान करते हैं, वह (इनसे) पाक है और इन बातों से बहुत दूर है। (१००)★ रु. १२–१८ आ ६

वह (इस) अनोखे आसमान और ज़मीन का बनानेवाला है। (और) उसकी संतान कहाँ से होने लगी ? उसके कोई स्त्री नहीं, और उसी ने हर चीज़ को पैदा किया है और वही हर चीज़ से जानकार है। (१०१) यही अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार है उसके सिवाय और कोई बन्दगी के क़ाबिल नहीं और वही सब चीज़ों का पैदा करनेवाला है तो उसी की अिबादत करो और उसी पर हर चीज़ का भार है। (१०२) आँखें उसको नहीं पा सकतीं और वह आँखों को पा लेता है और वह बड़ा जानकार और बेहद ख़बरदार है। (१०३) (ऐ मुहम्मद उनसे कह दो कि) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से सूझ की बातें (आयतें) तुम्हारे पास आ ही चुकी हैं, फिर जिसने (आँखें खोलकर) देखा (उसने) अपना भला किया और जो (उन हिदायतों से) अन्धा रहा (उसने) अपने लिए बुराई की, मैं तुम लोगों का कोई निगराँ (अंगरक्षक) तो हूँ नहीं (कि बार बार हुक्म को न माननेवाले अधर्मियों को भी हर घड़ी हाथ पकड़ कर राह दिखाता फिरूँ)। (१०४) और इसी तरह हम आयतों को तरह-तरह से बयान करते हैं ताकि वे कहें कि तुमने पढ़ा है, और ताकि जो लोग समझ रखते हैं हम उनको क़ुर्आन अच्छी तरह समझा दें। (१०५) (ऐ पैग़म्बर !) (क़ुर्आन) जो तुम्हारे परवरदिगार के यहाँ से पैग़ाम भेजा गया है, उसी पर चलो, अल्लाह के सिवाय कोई पूजित नहीं और मुशरिकीन को (उनके हाल पर) छोड़ो।(१०६) और अगर अल्लाह चाहता तो वे शिर्क (बहुदेव-पूजन) न करते और हमने तुमको इन पर निगाहबान नहीं किया और न तुम इन पर तैनात हो (कि इन्हें भटकने न दो)। (१०७) और लोग अल्लाह के सिवाय जिनको पुकारते (पूजते) हैं उनको तुम लोग बुरा§ न कहो कि यह लोग बे समझी के कारन व्यर्थ अल्लाह को बुरा कह (कर उसका अनादर कर बैठें), इसी तरह हमने हर जमात के काम उनको (उनकी नज़रों में) अच्छे कर दिखलाये हैं। फिर इनको अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटकर जाना है, तो जैसे जैसे काम कर रहे थे, उनको (अल्लाह) बतायेगा। (१०८) और (मक्के वाले) अल्लाह की सख़्त क़सम खाकर कहते हैं कि अगर कोई निशानी उनके सामने आये तो वह ज़रूर ईमान ले आयेंगे। तुम कह दो कि निशानियाँ तो अल्लाह के पास हैं; और (ऐ ईमानवालो !) तुम लोग क्या यह समझते हो कि यह लोग निशानी आने पर ईमान ले आवेंगे ? (हरगिज़ नहीं) (१०९) और हम उनके दिलों और उनकी आँखों को उलट देंगे (ठीक उसी तरह पर) जैसे अब से पहले (क़ुर्आन पर)ईमान नहीं लाये थे (वैसे ही फिर न लावेंगे)और हम इनको छोड़ देंगे कि अपनी (सरकशी की) मौज में पड़े भटका करें। (११०)★ रु. १३–१९ आ १०

॥ इति सातवाँ पारः ॥

§ कुछ मुसलमान बुतों को काफ़िरों के सामने गाली देने लगे थे। ऐसा करने से उन्हें रोका गया है ताकि काफ़िर उलटकर अल्लाह को बुरा न कहने लगें। † हर एक अपने दस्तूर व तरीक़ों को अच्छा समझता है। उसने क्या सही-ग़लत किया है यह अल्लाह के सामने पहुँचने पर पता लगेगा।

☆☆ आठवाँ पारः वलौअन्ना ☆☆

☆ सूरतुल्अन्आमि आयात १११ से १६५ ☆

व लौ अन्ना नज़्ज़ल्ना अिलैहिमुल् - मला अिकत्र व कल्लमहुमुल् - मौता व हूशर्ना अलैहिम् कुल्ल शैअिन् क़ुबुलम्मा कानू लियुअ्मिनू अिल्ला अंयशा अल्लाहु व लाकिन्न अक्सरहुम् यज्हलून (१११) व कज़ालिक जअल्ना लिकुल्लि नबीयिन् अदूवन् शयातीनल् - अिन्सि वल्जिन्नि यूही बअ़्ज़ुहुम् अिला बअ़्ज़िन् जुख़्रुफ़ल्क़ौलि ग़ुरूरन् त् व लौ शाअ रब्बुक मा फ़अलूहु फ़ज़र्हुम् व मा यफ़्तरून (११२) व लितस्ग़ा अिलैहि अफ़्अिदतुल्लजीन ला युअ्मिनून बिल्आख़िरति वलियर्ज़ौहु वलियक़्तरिफ़ू मा हुम् मुक़्तरिफ़ून (११३) अफ़ग़ैरल्लाहि अब्तग़ी हकमौंव हुवल्लजी अन्ज़ल अिलैकुमुल् - किताब मुफ़स्सलन् त् वल्लजीन आतैनाहुमुल्-किताब यअ़्लमून अन्नहू मुनज़्ज़लुम्-मिर्रब्बिक बिल्हूक़्क़िक़ फ़ला तकूनन्न मिनल्मुम्तरीन (११४) व तम्मत् कलिमतु रब्बिक सिद्क़ौंव अद्लन् त् ला मुबद्दिल लिकलिमातिहि ज् व हुवस्समीअुल् - अलीमु (११५) व अिन् तुत्अ़् अक्सर मन् फ़िल्अर्ज़ि युज़िल्लूक अन् सबीलिल्लाहि त् अींयत्तबिअून अिल्लज्जन्न व अिन् हुम् अिल्ला यख़्रुसून (११६) अिन्न रब्बक हुव अअ़्लमु मैंयज़िल्लु अन् सबीलिहि ज् व हुव अअ़्लमु बिल्मुह्तदीन (११७) फ़कुलू मिम्मा जुकिरस्मुल्लाहि अलैहि अिन् कुन्तुम् बिआयातिहि मुअ्मिनीन (११८) व मा लकुम् अल्ला तअ्कुलू मिम्मा जुकिरस्मुल्लाहि अलैहि वक़द् फ़स्सल लकुम् मा हर्रम अलैकुम् अिल्ला मज़्तुर्रितुम् अिलैहि त् व अिन्न कसीरल् - लयुज़िल्लून बिअह्वाअिहिम् बिग़ैरि अिल्मिन् त् अिन्न रब्बक हुव अअ़्लमु बिल्मुअ्तदीन (११९)

✪✪ आठवाँ पारः (वलौ अन्नना) ✪✪

सूरतुल्अन्आमि आयात १११ से १६५

और अगर हम इन पर फ़रिश्तों को (भी) उतारें; और मुर्दे (भी) इनसे बातें करने लगें और हर चीज़ उनके सामने जिलाकर खड़ी कर दें तब भी यह सब हरगिज़ ईमान न लावेंगे सिवा इसके कि अल्लाह की ही मर्ज़ी हो लेकिन इनमें के अक्सर ज्ञात नहीं रखते (१११) और इसी तरह हमने हर पैग़म्बर के लिए आदमी और जिन्नों में से शैतान पैदा किये और जो एक दूसरे को मुलम्मा-जैसी झूठी बातें धोखा देने की सिखाते हैं और अगर तुम्हारा परवरदिगार चाहता तो वह ऐसा काम न करते। तो उनको छोड़ दो वह जानें और उनका झूठ, (११२) और (ये इसलिए भी भटकाते थे) ताकि जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते उनके दिल उनकी बातों से रज़ामन्द हों और जो बुरे काम यह स्वयं करते हैं वे लोग भी (वैसा ही) करें। (११३) (ऐ पैग़म्बर ! यहूदियों और ईसाइयों से पूछो) क्या (तुम्हारे और अपने बीच) में अल्लाह के सिवाय कोई और पंच तलाश करूँ ? हलाँकि वही है जिसने तुम लोगों की तरफ़ किताब भेजी जिसमें (हर तरह की) तफ़सील (मौजूद) है और (ऐ पैग़म्बर !) वह लोग जिनको हमने (तुमसे पहले) किताब दी है इस बात को (अच्छी तरह) जानते हैं कि क़ुर्आन हक़ीक़त में तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से उतरी है, सो (ख़बरदार ! कहीं) तुम शक करनेवालों में न हो जाना। (११४) और तेरे परवरदिगार की बात बिलकुल सच्ची और इंसाफ की है। कोई उसके कलाम को कोई बदल नहीं सकता और वही (सब कुछ) सुनता और (सब कुछ) जानता है। (११५) और बहुतेरे लोग दुनिया में ऐसे हैं कि अगर उनके कहे पर चलो तो तुमको अल्लाह के रास्ते से भटका दें, यह सब तो सिर्फ़ ख़्यालों पर ही चलते हैं और निरी अटकलें दौड़ाते हैं ! (११६) जो अल्लाह के रास्ते से भटका है उसे परवरदिगार ख़ूब जानता है और जो सीधी राह पर हैं उनको (भी) ख़ूब जानता है। (११७) पस अगर तुम लोगों को उसके हुक्मों का विश्वास है तो जिस पर अल्लाह का नाम लिया गया हो उस चीज़ को खाओ। (११८) और क्या सबब है कि तुम उसमें से न खाओ जिस पर अल्लाह का नाम लिया गया हो और जो चीज़ें अल्लाह ने तुम पर हराम कर दी हैं वह पूरी तरह तुमसे बयान कर दी हैं। (वह चीज़ें कि हराम तो हैं) मगर (भूख वग़ैरह की वजह से तुम उस पर) मजबूर हो जाओ (तो जान बचाने के लिए हराम नहीं) और बहुत लोग तो बिना सोचे-समझे मनमानी पर (लोगों को) बहकाते हैं। जो लोग (अपनी मनमानी पर चलकर) हद से बाहर हो जाते हैं बेशक तुम्हारा परवरदिगार उनको ख़ूब जानता है (११९)

व जरू जाहिरल्-अिस्मि व बातिनहु त् अिन्नल्लजीन यक्सिबूनल्-अिस्म सयुज्ज़ौन बिमा कानू यक़्तरिफ़ून (१२०) व ला तअ्कुलू मिम्मा लम् युज् करिस्मुल्लाहि अलैहि व अिन्नहु लफ़िस्क़ुन् त् व अिन्नश्शयातीन लयूहून अिला औलियाअिहिम् लियुजादिलूकुम् ज् व अिन् अत़अ्तुमूहुम् अिन्नकुम् लमुश्रिकून (१२१) अवमन् कान मैतन् फ़अह्यैनाहु व जअ़ल्ना लहु नूरंयम्शी बिहि फ़िन्नासि कमम्-मसलुहु फ़िज़्ज़ुलुमाति लैस बिख़ारिजिम्-मिन्हा त् कजालिक जुय्यिन लिल्काफ़िरीन मा कानू यअ़मलून (१२२) व कजालिक जअ़ल्ना फ़ी कुल्लि क़र्यत्निन् अकाबिर मुज्रिमीहा लियम्कुरू फ़ीहा त् व मा यम्कुरून अिल्ला बिअन्फ़ुसिहिम् व मा यश्अ़रून (१२३) व अिज़ा जाअतुहुम् आयतुन् कालू लन् नुअ्मिन हत्ता नुअ्ता मिस्ल मा ऊतिय रुसुलुल्लाहि त् म ● अल्लाहु अअ़लमु हैसु यज्अ़लु रिसालतहु त् सयुसीबुल्लजीन अज्रमू-सग़ारुन् अिन्दल्लाहि व अ़जाबुन् शदीदुम्-बिमा कानू यम्कुरून (१२४) फ़मैंयुरिदिल्लाहु अैंयह्दियहु यश्रह् सद्रहु लिल्अिस्लामि ज् व मैंयुरिद् अैंयुज़िल्लहु यज्अ़ल् सद्रहु ज़ैयिक़न् हरजन् कअन्नमा यस्सअ़्अदु फ़िस्समाअि त् कजालिक यज्अ़लुल्लाहुर्रिज्स अलल्लजीन ला युअ्मिनून (१२५) व हाजा सिरातु रब्बिक मुस्तक़ीमन् त् क़द् फ़स्सल्नल्-आयाति लिक़ौमीं-यज्जक्करून (१२६) लहुम् दारुस्सलामि अिन्द रब्बिहिम् व हुव वलीयुहुम् बिमा कानू यअ़मलून (१२७) व यौम यह्शुरुहुम् जमीअन् ज यामअ़्शरल्जिन्नि क़दिस्तक्सर्तुम् मिनल्अिन्सि ज व क़ाल औलियाअुहुम् मिनल्अिन्सि रब्बनस्-तम्तअ़ बअ़्ज़ुना बिबअ़्ज़िव्व बलग़्ना अजलनल्लजी अज्जल्त लना त् क़ालन्नारु मस्वाकुम् ख़ालिदीन फ़ीहा अिल्ला मा शाअल्लाहु त् अिन्न रब्बक हकीमुन् अलीमुन् (१२८)

और ज़ाहिरा और छिपे हुए गुनाह से अलग रहो, जो लोग गुनाह करते हैं उनको अपने-किये की सज़ा मिलेगी ।§ (१२०) और जिस पर अल्लाह का नाम न लिया गया हो उसमें से मत खाओ और उसमें से खाना पाप है और शैतान अपने दोस्तों के दिलों में बसबसा (प्रेरणा) डालते हैं कि तुमसे झगड़ा करें और अगर तुमने (भी बहकावे में आकर) उनका कहा मान लिया तो तुम मुशरिक हो जाओगे । (१२१)★

एक शख़्स जो मुर्दा (अज्ञान में) था हमने उसमें जान डाली† और उसको रोशनी दी जिसको लिए वह लोगों के बीच फिरता है । क्या वह उस शख़्स जैसा हो जायगा जो अँधेरों (अज्ञान) में पड़ा है (और) वहाँ से निकल नहीं सकता ? इसी तरह काफ़िरों को जो भी (वह) कर रहे हैं भला दिखाई देता है । (१२२) और इसी तरह हमने हर बस्ती में बड़े-बड़े अपराधी खड़े किये ताकि वहाँ मक्कारियाँ करते रहें । और जो मक्कारियाँ वह करते हैं अपनी ही जानों के लिए करते हैं और (वे उसको) समझते नहीं ।छ (१२३) और जब उन (मक्कावालों) के पास कोई आयत आती है तो कहते हैं कि जैसी अल्लाह के पैग़म्बरों को दी गयी है जब तक हमको न दी जाय हम तो ईमान लाने वाले नहीं हैं ●।♦ अल्लाह ख़ूब जानता है जिस पर अपना पैग़ाम भेजे । जो लोग गुनहगार हैं उनको अल्लाह के यहाँ ज़िल्लत होगी और इन मक्कारी करने वालों को सख़्त सज़ा होगी । (१२४) जिसको (उसकी नेक-अमली के कारन) अल्लाह सीधी राह दिखाना चाहता है उसके दिल को इस्लाम (हुक्मबरदारी) के लिए खोल देता है और जिस शख़्स को (उसके बदअमली के कारन) भटकाना चाहता है उसके दिल को तंग (संकुचित) कर देता है और (ईमान की राह का ख़्याल भी उसका दम) घोटता है मानो (उसकी रूह) ज़ोर से आसमान पर (भागती) चढ़ती जाती है । और जो लोग ईमान नहीं लाते उनको इसी तरह अल्लाह गंदगी (नापाक ज़िन्दगी) में डाले रखता है । (१२५) और यह तुम्हारे परवरदिगार की सीधी राह है । जो लोग ग़ौर करते हैं उनके लिए हमने आयतें तफ़सील के साथ बयान कर दी हैं । (१२६) उनके लिए अपने पालनकर्त्ता के यहाँ अमन का घर है और जो (नेक) अमल करते हैं उसके बदले वह उनसे मोहब्बत करता है । (१२७) और जिस दिन अल्लाह उन (जिन्न* व इंसानों) सबको (अपने सामने) जमा करेगा (और फ़रमायेगा) कि ऐ जिन्नों के गिरोह ! आदम के बेटों में से तो तुमने अच्छी ख़ासी (जमात अपनी तरफ़) हासिल कर ली और (दुनिया में) आदम की औलाद में से जो शैतानों के दोस्त हैं कहेंगे कि ऐ हमारे पालनकर्त्ता ! हम एक दूसरे से फ़ायदा उठाते रहे हैं और जो समय तूने हमारे (अमल के इंसाफ़ के) लिए मुक़र्रर किया था हम उस (मंजिल) पर पहुँच गये । तब अल्लाह कहेगा कि तुम्हारा ठिकाना आग (दोज़ख़) है, उसी में (हमेशा) रहोगे, आगे अल्लाह की मर्ज़ी । (ऐ पैग़म्बर!) (बेशक) तुम्हारा परवरदिगार हिकमतवाला और बड़ा जानकार है । (१२८)

§ याने काफ़िरों के बहकाने पर उनके मुताबिक़ न ज़ाहिर में अमल करो न मन में सन्देह को जगह दो । † याने जाहिल (अज्ञानी) को रोशनी (ज्ञान) दिया । छ इल्म (ज्ञान) और अल्लाह का हुक्म आजाने पर और नबियों के ज़रिये समझाये जाने पर भी जब ज़ालिम (अन्यायी) लोग उनकी न मानकर अपनी ख्वाहिशों पर मनमाना चलते हैं और बार-बार माफ़ किये जाने पर भी गुनाह पर गुनाह करते चले जाते हैं तब अल्लाह की क़ुदरत उनको उन गुनाहों की तरफ़ और झोंकती है ताकि वे लाइलाज गुनहगार अपनी पूरी सज़ा को पहुँचें और सोसाइटी (समाज) उनसे पाक हो । ♦ याने गुनहगार होते हुये भी काफ़िरों को यह हौसला था कि जैसे पैग़म्बरों पर किताब या इल्म उतरता था उन पर भी उतरे तब वे अल्लाह की आयत को मानें (याने अल्लाह पर इहसान करें) वरना रसूल पर उतरी आयत को ईश्वर-आज्ञा न मानकर अपनी जाहिलियत (अज्ञान और मनोरथों) के अंधेरे में ही पड़े रहें । * जिन्न वह प्राणी हैं जो आँखों से ओझल रहते हैं और इनकी उत्पत्ति आग से है जैसे कि इन्सानों की पैदायश मिट्टी से है ।

व कजालिक नुवल्ली बऽज़ज्जालिमीन बऽज़म्-बिमा कानू यक्सिबून (१२९) ★ यामऽशरल्जिन्नि वल्अिन्सि अलम् यअ्तिकुम् रुसुलुम्-मिन्कुम् यक़ुस्सून अलैकुम् आयाती व युन्जिरूनकुम् लिक़ा'अ यौमिकुम् हाजा त् क़ालू शहिद्ना अला' अन्फ़ुसिना व ग़र्रत्हुमुल्-हूयातुद्दुन्या व शहिदू अला' अन्फ़ुसिहिम् अन्नहुम् कानू काफ़िरीन (१३०) जालिक अल्लम् यकुर्रब्बुक मुह्लिकल्क़ुरा बिजुल्मिंव्व अह्लुहा ग़ाफ़िलून (१३१) व लिकुल्लिन् दरजातुम् - मिम्मा अमिलू त् व मा रब्बुक बिग़ाफ़िलिन् अम्मा यऽमलून (१३२) व रब्बुकल्-ग़नीयु जुर्रहूमत्रि त् अींयशअ् युज्-हिब्कुम् व यस्तख़्लिफ़् मिम्बऽदि कुम् मा यशा'अु कमा' अन्शअकुम् मिन् जुर्रीयत्रि क़ौमिन् आख़रीन त् (१३३) अिन्न मा तूअ्दून लआतिन् ला व'व मा' अन्तुम् बिमुऽ-जिज़ीन (१३४) क़ुल् या क़ौमिऽमलू अला मकानतिकुम् अिन्नी आमिलुन् ज फ़सौफ़ तऽलमून ला मन् तकूनु लहु आक़िबतुद्दारि त् अिन्नहु ला युफ़्लिहुज्जालिमून (१३५) व जअलू लिल्लाहि मिम्मा ज़रअमिनल्हर्सि वल्अन्आमि नसीबन् फ़क़ालू हाजा लिल्लाहि बिज़ऽमिहिम् व हाजा लिशुरका'अिना ज फ़मा कान लिशुरका'अिहिम् फ़ला यसिलु अिलल्लाहि ज व मा कान लिल्लाहि फ़हुव यसिलु अिला शुरका'अिहिम् त् सा'अ मा यहूकुमून (१३६) व कजालिक ज़ैयन लिकसीरिम् - मिनल्मुश्रिकीन क़त्ल औलादिहिम् शुरका'अुहुम् लियुर्दूहुम् व लियल्बिसू अलैहिम् दीनहुम् त् व लौ शा'अल्लाहु मा फ़अलूहु फ़जर्हुम् व मा यफ़्तरून (१३७)


ولو شاء ١١٥ الانعام
بَعْضُنَا بِبَعْضٍ وَبَلَغْنَا أَجَلَنَا الَّذِي أَجَّلْتَ لَنَا قَالَ النَّارُ مَثْوَاكُمْ
خَالِدِينَ فِيهَا إِلَّا مَا شَاءَ اللَّهُ إِنَّ رَبَّكَ حَكِيمٌ عَلِيمٌ ۝ وَكَذَٰلِكَ
نُوَلِّي بَعْضَ الظَّالِمِينَ بَعْضًا بِمَا كَانُوا يَكْسِبُونَ ۝ يَا مَعْشَرَ الْجِنِّ
وَالْإِنْسِ أَلَمْ يَأْتِكُمْ رُسُلٌ مِنْكُمْ يَقُصُّونَ عَلَيْكُمْ آيَاتِي وَ
يُنْذِرُونَكُمْ لِقَاءَ يَوْمِكُمْ هَٰذَا ۚ قَالُوا شَهِدْنَا عَلَىٰ أَنْفُسِنَا وَغَرَّتْهُمُ
الْحَيَاةُ الدُّنْيَا وَشَهِدُوا عَلَىٰ أَنْفُسِهِمْ أَنَّهُمْ كَانُوا كَافِرِينَ ۝ ذَٰلِكَ
أَنْ لَمْ يَكُنْ رَبُّكَ مُهْلِكَ الْقُرَىٰ بِظُلْمٍ وَأَهْلُهَا غَافِلُونَ ۝ وَ
لِكُلٍّ دَرَجَاتٌ مِمَّا عَمِلُوا ۚ وَمَا رَبُّكَ بِغَافِلٍ عَمَّا يَعْمَلُونَ ۝ وَ
رَبُّكَ الْغَنِيُّ ذُو الرَّحْمَةِ ۖ إِنْ يَشَأْ يُذْهِبْكُمْ وَيَسْتَخْلِفْ مِنْ بَعْدِكُمْ
مَا يَشَاءُ كَمَا أَنْشَأَكُمْ مِنْ ذُرِّيَّةِ قَوْمٍ آخَرِينَ ۝ إِنَّ مَا تُوعَدُونَ
لَآتٍ ۙ وَمَا أَنْتُمْ بِمُعْجِزِينَ ۝ قُلْ يَا قَوْمِ اعْمَلُوا عَلَىٰ مَكَانَتِكُمْ إِنِّي
عَامِلٌ ۖ فَسَوْفَ تَعْلَمُونَ مَنْ تَكُونُ لَهُ عَاقِبَةُ الدَّارِ ۖ إِنَّهُ لَا
يُفْلِحُ الظَّالِمُونَ ۝ وَجَعَلُوا لِلَّهِ مِمَّا ذَرَأَ مِنَ الْحَرْثِ وَالْأَنْعَامِ
نَصِيبًا فَقَالُوا هَٰذَا لِلَّهِ بِزَعْمِهِمْ وَهَٰذَا لِشُرَكَائِنَا ۖ فَمَا كَانَ
لِشُرَكَائِهِمْ فَلَا يَصِلُ إِلَى اللَّهِ ۖ وَمَا كَانَ لِلَّهِ فَهُوَ يَصِلُ إِلَىٰ
شُرَكَائِهِمْ ۗ سَاءَ مَا يَحْكُمُونَ ۝ وَكَذَٰلِكَ زَيَّنَ لِكَثِيرٍ مِنَ
الْمُشْرِكِينَ قَتْلَ أَوْلَادِهِمْ شُرَكَاؤُهُمْ لِيُرْدُوهُمْ وَلِيَلْبِسُوا

और इसी तरह हम ज़ालिमों को एक दूसरे का दोस्त बना देंगे, यह उनकी (उस) कमाई का फल है (जो वे दुनिया में करते थे)। (१२९)★ रू. १५/२ आ ८

(फिर हम जिन्नों और आदम के बेटे दोनों से मुख़ातिब होकर पूछेंगे कि) ऐ जिन्नों और इन्सानों के गिरोहो! क्या तुम्हारे पास तुम्हीं में के पैग़म्बर नहीं आये कि तुमसे मेरे हुक्म बयान करते थे और उस रोज़ (क़ियामत) के सामने आने से (तुमको) डराते थे? वह (ख़ुद ही) कहेंगे हम अपने ऊपर आप ही गवाही देते हैं§ और (सममुच) दुनिया की ज़िन्दगी ने उनको धोखे में रखा और वह क़ायल हुए अपने गुनाह पर कि बेशक वे काफ़िर थे। (१३०) वह सब इस सबब से है कि तुम्हारा परवरदिगार ऐसा नहीं कि बस्तियों को ज़ुल्म से हलाक कर दे और वहाँ के रहनेवालों को (कुछ भी) ख़बर न हो (याने बिलकुल बेख़बर हों)। (१३१) और जैसे-जैसे कर्म किये हैं उन्हीं के बमूजिब सबके दर्जे होंगे और जो कुछ (दुनिया में) कर रहे हैं तुम्हारा परवरदिगार उससे बेख़बर नहीं। (१३२) और तुम्हारा परवरदिगार बेनियाज़ (निस्पृह और) रहमवाला है, (वह) चाहे तो तुमको (दुनिया से उठा) ले और तुम्हारे बाद जिसको चाहे तुम्हारी जगह पर क़ायम करे, जैसा कि दूसरे लोगों की नस्ल से तुमको पैदा कर दिया। (१३३) (लोगो!) जो तुमको (अन्तिम न्याय के दिन का) बचन दिया वह आने वाला है, और तुम (अल्लाह को उसके लिए) रोक नहीं सकते। (१३४) तो (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि भाइयो! तुम अपनी जगह काम करो, मैं भी (अपनी जगह) काम करता हूँ। फिर आगे चलकर (तुमको) मालूम हो जायगा कि आख़िर में उस घर का (अच्छा) अन्जाम किसके लिए है। (और) ज़ालिमों का भला (हरगिज़) न होगा। (१३५) और अल्लाह की (पैदा की हुई) खेती और चौपायों में अल्लाह का भी एक हिस्सा ठहराते हैं फिर अपने ख़्यालों के मुताबिक़ कहते हैं कि इतना हिस्सा तो अल्लाह का और इतना (हिस्सा) हमारे शरीकों का (यानी उन पूजितों का जिनको अल्लाह का शरीक मानकर पूजते हैं); फिर जो (हिस्सा) इनके (माने हुए) शरीकों का होता है वह अल्लाह की तरफ़ नहीं पहुँचता और जो अल्लाह का है वह उनके शरीकों को पहुँच जाता है। क्या (ही) बुरा इन्साफ़ (ये लोग) करते हैं†। (१३६) और इसी तरह (अक्सर) मुशरिकों की निगाह में उनके शरीकों (बुतों) ने औलाद (यानी लड़कियों) को मार डालना भला दिखलाया जिससे वह उनको बरबाद कर डालें और उनके दीन में भ्रम पैदाकर दें और अल्लाह चाहता तो यह लोग ऐसा काम न करते। सो (उनको) छोड़ दो, वे जानें और उनका झूठ (जाने)। (१३७)

§ याने हम अपने कुफ़्र को मानते हैं कि बेशक आपके नबी हममें आये और हमने उनके बतलाने पर भी अल्लाह का हुक्म नहीं माना। † अरब के मुशरिक अपनी सालाना पैदावार वग़ैरः में से एक हिस्सा बतौर ख़ैर-ख़ैरात अलग निकाल देते थे। उसमें से एक हिस्सा अल्लाह के नाम का रखते जो ग़रीबों-मुहताजों पर खर्च होता और एक हिस्सा अपने पूजितों के लिए निकालते जो मुजाविरों-प्रोहितों व मन्दिरों आदि पर खर्च होता। इस बटवारे में अगर कोई गोलमाल होता तो वह अल्लाह वाले हिस्से में ही कमी आती या अगर कोई अल्लाह के हिस्से में उम्दः चीज़ होती तो उसे भी अपने देवताओं वाले हिस्से में मिला देते और दीन अनाथों का हक़ मारा जाता।

व क़ालू हाजिहिल्-अन्आमूँव हूर्सुन् हिज्रुन् क् सला ल्ला यत्अमुहा इल्ला मन् नशा'उ बिज़ऱ्मिहिम् व अन्आमुन् हुर्रिमत् जुहूरुहा व अन्आमुल्ला यज्कुरूनस्मल्लाहि अलैहफ़्तिरा'अन् अलैहि त् सयज्ज़ीहिम् बिमा कानू यफ़्तरून (१३८) व क़ालू मा फ़ी बुतूनि हाजिहिल्अन्आमि ख़ालिसतुल्लिज़ु कूरिना व मुहूर्रमुन् अला अज़्वाजिना ज् व ईंयकुम्मैतत्तन् फ़हुम् फ़ीहि शुरका'उ त् सयज्ज़ीहिम् वसफ़हुम् त् अिन्नहू हकीमुन् अलीमुन् (१३९) क़द् ख़सिरल्लजीन क़तलू औलादहुम् सफ़हम्-बिग़ैरि अिल्मिंव्व हूर्रमू मा रज़क़हुमुल्लाहुफ़्तिरा'अन् अल्लाहि त् क़द् ज़ल्लू व मा कानू मुहूतदीन (१४०) ★ ● व हुवल्लजी अन्शअ जन्नातिम्-मअ़रूशातिंव्व ग़ैर मअ़रूशातिंव्वन्नख़्ल वज़्ज़र्अ मुख़्तलिफ़न् अुकुलुहू वज़्ज़ैतून वर्रुम्मान मुतशाबिहींव ग़ैर मुतशाबिहिन् त् कुलू मिन् समरिहि अिजा अस्मर व आतू हक़्क़हू यौम हूसादिहि ज् सला व ला तुस्रिफ़ू त् अिन्नहू ला युहिब्बुल्मुस्रिफ़ीन ला (१४१) व मिनल्-अन्आमि हूमूलतौंव फ़र्शन् त् कुलू मिम्मा रज़क़कुमुल्लाहु व ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि त् अिन्नहू लकुम् अदूवुम्-मुबीनुन् ला (१४२) समानियत अज़्वाजिन् ज् मिनज़्ज़अ्निस्नैनि व मिनल्मअ़ज़िस्नैनि त् क़ुल्आ'ज्जकरैनि हूर्रम अमिलअुन्सयैनि अम्मश्तमलत् अलैहि अर्हामुलअुन्सयैनि त् नब्बिअूनी बिअिल्मिन् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन ला (१४३)

★ रु. १६/३/आ ११ ● रु. ब/अ १/४

और कहते हैं कि यह चौपाये और खेती (की पैदावार खाना) हराम है उस शख़्स के सिवाय जिसको हम अपने ख़्याल के मुताबिक़ (देना) चाहें। और कुछ चौपाये ऐसे हैं कि उनकी पीठ (पर सवार होना व लादना) मना है और कुछ चौपाये ऐसे हैं जिनको ज़िबह (काटने) के वक़्त उन पर अल्लाह का नाम नहीं लेते, (और यह सब) अल्लाह (के नाम) पर ही झूठ§ बाँधते हैं (और कहते हैं कि उसका ऐसा हुक्म है)। वह (यानी अल्लाह) इनको इस झूठ की (कड़ी) सज़ा देगा। (१३८) और (ये लोग) कहते हैं कि इन चौपायों के पेट से जो बच्चा ज़िन्दः निकले वह हमारे मर्दों के लिए हलाल और हमारी औरतों पर हराम है और अगर मरा हुआ हो तो (मर्द और औरत) सब उसमें शरीक हैं। अल्लाह इनको इन बातों की सज़ा देगा, वह हिकमतवाला और बेहद ख़बरदार है। (१३९) बेशक वह लोग घाटे में हैं जिन्होंने नादानी और बे समझी से अपनी औलादों (यानी बच्चियों) को मार डाला और अल्लाह ने जो रोज़ी उनको दी थी अल्लाह (के नाम) पर झूँठ बाँधकर उसको हराम कर लिया। बेशक वह लोग भटक गये और राह पर नहीं आये। (१४०) ★ ✪

और वह (अल्लाह ही) है जिसने बाग़ पैदा किये (बेलों की तरह) चढ़ाये हुए और (बाज़) बग़ैर चढ़ाये हुये और खजूर के दरख़्त और खेती जिनके कई तरह के फल होते हैं और ज़ैतून और अनार हैं (जो स्वाद या शक्ल में) एक दूसरे से मिलते-जुलते हैं और बेमेल भी हैं। और (लोगो!) यह सब चीज़ें जब फल लावें इनके फल खाओ और उनके कटने के दिन हक़ अल्लाह का (यानी ज़कात) दे दिया करो† और फ़िज़ूलख़र्ची मत करो क्योंकि फ़िज़ूलख़र्ची करनेवालों को अल्लाह पसन्द नहीं करता। (१४१) और चौपायों में (कुछ) बोझ उठाने वाले (पैदा किये जैसे बैल, ऊँट) और (कोई) ज़मीन से लगे हुए (जो नहीं लादे जाते जैसे भेड़, बकरी) अल्लाह ने जो जो तुमको रोज़ी दी है उसमें से बेशक खाओ और शैतान के क़दमों पर न चलो (क्योंकि) वह तुम्हारा खुला दुश्मन है। (१४२) आठ नर और मादा (यानी चार जोड़े) पैदा किये हैं, भेड़ों में से दो और बकरियों में से दो, (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) पूछो कि अल्लाह ने दो नरों को हराम कर दिया है या दो मादीनों को या मादाओं के बच्चों को जो पेटों में हैं? अगर तुम सच्चे हो तो मुझको (इसकी) सनद बतलाओ। (१४३)

§ कुछ जानवरों और अनाज के बारे में अपने मन से अनेक दस्तूर गढ़ते थे (देखो आयत १०३ सू० मायदः) और कहते कि ये ख़ुदा के हुक्म हैं। मसलन किन्हीं जानवरों को छुट्टा छोड़ देते कि इनसे फिर कोई काम न लिया जाय, ये फ़लाँ बुतों के नाम पर मन्नत हैं, वग़ैरः वग़ैरः। † माल पर ज़कात दी जाती है साल के अन्त में (देखिये सूरे बक़र आयत ४३ सफ़ा ३५ पर) लेकिन फ़सल की ज़कात उस दिन निकाली जाय जिस दिन फ़सल हाथ लगे। बिना ख़िराज (मालगुज़ारी) अपने मुल्क की ज़मीन की फ़सल पर अल्लाह का हक़ है। अगर पानी देने से हो तो बीसवाँ हिस्सा, और पानी का हो तो दसवाँ हिस्सा ज़कात दी जाय।

व मिनल्-अिबिलिस्नैनि व मिनल्-बक़रिस्नैनि त़ क़ुल् आ।ज्जकरैनि हूरम अमिल्-अुन्सयैनि अम्मश्तमलत् अलैहि अर्हामुल्-अुन्सयैनि त़ अम् कुन्तुम् शुहदा।अ अिज् वस्साकुमुल्लाहु बिहाजा ज़ फ़मन् अज़लमु मिम्मनिफ़्तरा अलल्लाहि कजिबल्-लियुज़िल्लन्नास बिग़ैरि अिल्मिन् त़ अिन्नल्लाह ला यहदिल्-क़ौमज़्ज़ालिमीन (१४४) ★ क़ुल् ला। अजिदु फ़ी मा। अूहिय - अिलैय मुहूरमन् अला ताअिमींयत़्- अमुहू। अिल्ला। अैंयकून मैतत़न् औदमम्-मस्फ़ूहून औलहूम ख़िन्ज़ीरिन् फ़अिन्नहू रिज्सुन् औ फ़िस्क़न् अुहिल्ल लिग़ैरिल्लाहि बिहि ज़ फमनिज़्तुर ग़ैर बाग़िव्वला आदिन् फ़अिन्न रब्बक ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१४५) व अलल्-लजीन हादू हूरम्ना कुल्ल जी जुफ़ुरिन् ज़ व मिनल्बक़रि वल्ग़नमि हूरम्ना अलैहिम् शुहूमहुमा। अिल्ला मा हूमलत् जुहूरुहुमा। अविल्हूवाया। औ मख़्तलत़ बिअज़्मिन् त़ जालिक जज़ैनाहुम् बिबग़्यिहिम् ज़ स़ला व अिन्ना लस़ादिक़ून (१४६) फ़अिन् कज़्ज़बूक फ़क़ुर्रब्बुकुम् जू रहूमत्विव्वा-सिअत्विन् ज़ व ला युरद्दु बअ्सुहू अनिल्क़ौमिल्-मुज़्रिमीन (१४७) सयक़ूलुल्लजीन अश्रकू लौशा।अल्लाहु मा। अश्रक्ना व ला। आबा।अुना व ला हूरम्ना मिन् शैअिन् त़ कजालिक कज़्ज़बल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् हत्ता जाक़ू बअ्सना त़ क़ुल् हल् अिन्दकुम् मिन् अिल्मिन् फ़तुख़्रिजूहु लना त़ अिन् तत्तबिअून अिल्लज़्ज़न्न व अिन् अन्तुम् अिल्ला तख़्रुस़ून (१४८) क़ुल् फ़लिल्लाहिल्-हुज्जतुल्-बालिग़तु ज़ फ़लौ शा।अ लहदाकुम् अज्मअीन् (१४९) क़ुल् हलुम्म शुहदा।अकुमुल्लजीन यश्हदून अन्नल्लाह हूरम हाज़ा ज़ फ़अिन् शहिदू फ़ला तश्हद् मअ्हुम् ज़ व ला तत्तबिअ् अह्वा।अल्लजीन कज़्ज़बू बिआयातिना वल्लजीन ला युअ्मिनून बिल्-आख़िरति व हुम् बिरब्बिहिम् यअ्दिलून (१५०) ★

रू. १६ - ४ आ. ४

रू. १८ - ५ आ. ६

और ऊँटों से (नर व मादा) दो और गाय से (नर व मादा) दो (पैदा किये।)§ (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) पूछो दो नरों को हराम कर दिया है या दो मादीनों को या बच्चा जो मादीनों के पेट में है ? या तुमको इन चीज़ों के हराम कर देने का हुक्म अल्लाह ने जब दिया था वहाँ (ख़ुद) उस वक़्त तुम मौजूद थे ? तो उस शख़्स से बढ़कर ज़ालिम कौन होगा जो लोगों को रास्ते से भटकाने के लिए वे समझे-बूझे अल्लाह पर झूठ बाँधे। बेशक अल्लाह ज़ालिम लोगों को (सीधी) राह नहीं दिखाता। (१४४) ★ रू. १७ — ४ आ ४

(ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि मेरी तरफ़ जो अल्लाह का पैग़ाम आया है उसमें से खाने वाला कुछ खाय मैं तो कोई चीज़ हराम नहीं पाता, सिवाय यह कि (वह चीज़) मुरदार हो या बहता हुआ ख़ून या सुअर का माँस कि यह (चीज़ें) नापाक हैं या उदूलहुक्मी का सबब हो (जैसे) कि अल्लाह के सिवाय किसी दूसरे के नाम पर ज़िबह किया गया हो, उस पर भी जो शख़्स (भूख से बेहद) लाचार हो (और वह जान बचाने को इनमें से कुछ खा ले वह भी इस हालत में कि) न तो बे हुक्मी (अवज्ञा) का इरादा रखता हो और न हद से बढ़ जाने वाला हो तो बेशक तुम्हारा परवरदिगार माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है। (१४५) और यहूदियों पर हमने तमाम (बिना चिरे हुये) नाख़ून वाले जानवरों को हराम किया और गाय और बकरियों में से उनकी चर्बी (हराम की थी) सिवाय वह (चर्बी) जो उनकी पीठ पर लगी हो या अँतड़ियों पर या हड्डी से मिली हो। यह हमने उनको उनकी शरारत के सबब सज़ा दी थी (कि वह इन चीज़ों से महरूम रहें न कि ये चीज़ें हराम याने निषिद्ध थीं) और हम सही कहते हैं। (१४६) इस पर भी यह लोग तुमको झुठलावें तो कहो कि तुम्हारा परवरदिगार बड़ा समाई वाला दयालु है (इसलिए अब तक बचे हो लेकिन यह समझे रहो कि) अपराधी से उसकी सज़ा टलती नहीं। (१४७) अब मुशरिक कहेंगे कि अगर अल्लाह चाहता तो हम और हमारे बाप-दादे (किसी और को अल्लाह का) शरीक न ठहराते और न किसी चीज़ को (अपने ऊपर) हराम (ही) करते। इसी तरह उनके पुरखे भी झुठलाते रहे हैं। यहाँ तक कि (अन्त में) हमारी सज़ा का मज़ा चक्खा। (ऐ पैग़म्बर ! उनसे) पूछो कि आया तुम्हारे पास कोई इल्म भी है कि उनको हमारे सामने निकालो (या) निरे वहम पर चलते और निरी अटकलें ही दौड़ाते हो। (१४८) कहो अल्लाह की दलील पूरी हुई, सो अगर वह चाहता तो तुम सबको रास्ता दिखला देता (लेकिन हमेशा गुनाहों को ही पसंद करने वाले को वह ज़बरन सीधी राह पर नहीं लाता) (१४९) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि अपने गवाहों को हाज़िर करो जो इस बात की गवाही दें कि अल्लाह ने यह चीज़ (इनको) हराम की है। पस अगर वह गवाही (गढ़कर खड़ी) भी (कर) दें तो तुम उनके साथ उन जैसी न कहना और न उन लोगों की ख़्वाहिशों पर चलना जिन्होंने हमारी आयतों को झुठलाया और जो आख़िरत का यक़ीन नहीं रखते और वह (दूसरे को) अपने परवरदिगार के बराबर दरजा देते हैं। (१५०) ★ रू. १८ — ५ आ ६

§ यानी जिन चीज़ों को मुशरिक हराम बताते हैं वह हक़ीक़त में हराम नहीं।

क़ुल् तआलौ अत्लु मा हर्रम रब्बुकुम् अलैकुम् अल्ला तुश्रिकू बिहीं शैअँव बिल्वालिदैनि अिह्सानन् ज् व ला तक़्तुलू औलादकुम् मिन् अिम्लाक़िन् नह्नु नर्ज़ुक़ुकुम् व अीयाहुम् ज् व ला तक़्रबुल्-फ़वाहिश मा जहर मिन्हा व मा बतन ज् व ला तक़्तुलुन्नफ़्सल्लती हर्रमल्लाहु अिल्ला बिल्हक़्क़िक़् ज़ालिकुम् वस्साकुम् बिहीं लअ़ल्लकुम् तअ़क़िलून (१५१) व ला तक़्रबू मालल्-यतीमि अिल्ला बिल्लती हिय अह्सनु ह़त्ता यब्लुग़ अशुद्दहू ज् ब औ फ़ुल्कैल वल्मीज़ान बिल्क़िस्ति ज् ला नुकल्लिफ़ु नफ़्सन् अिल्ला वुस्अहा ज् व अिज़ा क़ुल्तुम् फ़अ़्दिलू ब लौ कान ज़ाक़ुर्बा ज् व बिअ़ह्दिल्लाहि औफ़ू ज़ालिकुम् वस्साकुम् बिहीं लअ़ल्लकुम् तज़क्करून ला (१५२) व अन्न हाज़ा सिराती मुस्तक़ीमन् फ़त्तबिअ़ूहु ज् व ला तत्तबिअुस्-सुबुल फ़तफ़र्रक़ बिकुम् अन् सबीलिहीं ज़ालिकुम् वस्साकुम् बिहीं लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून (१५३) सुम्म आतैना मूसल्किताब तमामन् अलल्लज़ी अह्सन व तफ़्सीलल्लिकुल्लि शैअिंव्व हुदौंव रह़्मत्वल्लअ़ल्लहुम् बिलिक़ाअि रब्बिहिम् युअ्मिनून (१५४) ★ व हाज़ा किताबुन् अन्ज़ल्नाहु मुबारकुन् फ़त्तबिअ़ूहु वत्तक़ू लअ़ल्लकुम् तुर्ह़मून ला (१५५) अन् तक़ूलू अिन्नमा अुन्ज़िलल्-किताबु अला त़ाअिफ़तैनि मिन् क़ब्लिना ज़ व अिन् कुन्ना अन् दिरासतिहिम् लग़ाफ़िलीन ला (१५६) औ तक़ूलू लौ अन्ना अुन्ज़िल अलैनल्-किताबु लकुन्ना अह्दा मिन्हुम् ज् फ़क़द् जा अकुम् बैयिनतुम्-मिर्रब्बिकुम् व हुदौंव रह़्मतुन् ज् फ़मन् अज़्लमु मिम्मन् कज़्ज़ब बिआयातिल्लाहि वस्दफ़ अन्हा ज़ सनज़्ज़िल्लज़ीन यस्दिफ़ून अन् आयातिना सूअल्-अज़ाबि बिमा कानू यस्दिफ़ून (१५७)

تَعَالَوْا أَتْلُ مَا حَرَّمَ رَبُّكُمْ عَلَيْكُمْ أَلَّا تُشْرِكُوا بِهِ شَيْئًا وَبِالْوَالِدَيْنِ
إِحْسَانًا وَلَا تَقْتُلُوا أَوْلَادَكُمْ مِنْ إِمْلَاقٍ نَحْنُ نَرْزُقُكُمْ وَإِيَّاهُمْ
وَلَا تَقْرَبُوا الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ وَلَا تَقْتُلُوا النَّفْسَ
الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ إِلَّا بِالْحَقِّ ذَٰلِكُمْ وَصَّاكُمْ بِهِ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُونَ ۝
وَلَا تَقْرَبُوا مَالَ الْيَتِيمِ إِلَّا بِالَّتِي هِيَ أَحْسَنُ حَتَّىٰ يَبْلُغَ أَشُدَّهُ
وَأَوْفُوا الْكَيْلَ وَالْمِيزَانَ بِالْقِسْطِ لَا نُكَلِّفُ نَفْسًا إِلَّا وُسْعَهَا
وَإِذَا قُلْتُمْ فَاعْدِلُوا وَلَوْ كَانَ ذَا قُرْبَىٰ وَبِعَهْدِ اللَّهِ أَوْفُوا ذَٰلِكُمْ
وَصَّاكُمْ بِهِ لَعَلَّكُمْ تَذَكَّرُونَ ۝ وَأَنَّ هَٰذَا صِرَاطِي مُسْتَقِيمًا
فَاتَّبِعُوهُ وَلَا تَتَّبِعُوا السُّبُلَ فَتَفَرَّقَ بِكُمْ عَنْ سَبِيلِهِ ذَٰلِكُمْ
وَصَّاكُمْ بِهِ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُونَ ۝ ثُمَّ آتَيْنَا مُوسَى الْكِتَابَ تَمَامًا
عَلَى الَّذِي أَحْسَنَ وَتَفْصِيلًا لِكُلِّ شَيْءٍ وَهُدًى وَرَحْمَةً
لَعَلَّهُمْ بِلِقَاءِ رَبِّهِمْ يُؤْمِنُونَ ۝ وَهَٰذَا كِتَابٌ أَنْزَلْنَاهُ مُبَارَكٌ
فَاتَّبِعُوهُ وَاتَّقُوا لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُونَ ۝ أَنْ تَقُولُوا إِنَّمَا أُنْزِلَ
الْكِتَابُ عَلَىٰ طَائِفَتَيْنِ مِنْ قَبْلِنَا وَإِنْ كُنَّا عَنْ دِرَاسَتِهِمْ
لَغَافِلِينَ ۝ أَوْ تَقُولُوا لَوْ أَنَّا أُنْزِلَ عَلَيْنَا الْكِتَابُ لَكُنَّا أَهْدَىٰ
مِنْهُمْ فَقَدْ جَاءَكُمْ بَيِّنَةٌ مِنْ رَبِّكُمْ وَهُدًى وَرَحْمَةٌ فَمَنْ
أَظْلَمُ مِمَّنْ كَذَّبَ بِآيَاتِ اللَّهِ وَصَدَفَ عَنْهَا سَنَجْزِي الَّذِينَ

منزل

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि आओ मैं तुमको वह चीज़ें सुनाऊँ जो तुम्हारे परवरदिगार ने तुम पर हराम की हैं। यह कि किसी चीज़ को अल्लाह के (साथ) शरीक (पूज्य) मत ठहराओ और माता-पिता के साथ नेकी (करते रहो) और ग़रीबी के कारन अपनी औलाद को न मार डालो, हम तुमको रोज़ी देते हैं और उनको (भी)। और बेशर्मी की बातें जो ज़ाहिर हों और छिपी हुई हों उनमें से किसी के पास भी मत फटकना और जिस जान को अल्लाह ने हराम कर दिया है उसे मार न डालना सिवाय हक़ (शरीयत) पर (जब ज़रूरी हो) यह वह बातें हैं जिनका हुक्म अल्लाह ने तुमको दिया है ताकि शायद तुम समझ सको (१५१) और अनाथ के माल के पास मत जाना। सिवाय इसके कि उसकी जिस तरह भलाई हो जब तक कि वह बालिग़ न हो जायँ। और न्याय के साथ पूरी-पूरी नाप या तौल करो। हम किसी शख़्स पर उसकी ताक़त से बढ़कर बोझा नहीं डालते और जब बात कहो तो न्याय की चाहे रिश्तेदार ही क्यों न हो और अल्लाह (से की) प्रतिज्ञा को पूरा करो। यह वह बातें हैं जिनकी अल्लाह ने ताकीद की है, शायद तुम ध्यान दो। (१५२) और (अल्लाह ने) कहा यही हमारा सीधा रास्ता है तो इसी पर चले जाओ और कई-कई रास्तों पर न पड़ना। यह तुमको अल्लाह के रास्ते से तितर-बितर कर देंगे। यह (बातें) हैं जिनका अल्लाह ने तुमको हुक्म दिया है, शायद तुम बचते रहो। (१५३) फिर हमने मूसा को किताब (यानी तौरात) दी जो नेककारों के लिए पूरी नियामत है और उसमें कुल चीज़ों का बयान मौजूद है और हिदायत और मेहरबानी है (और यह कि) शायद वह (याने यहूदी) अपने पालनकर्त्ता से सामना पड़ने का यक़ीन लायें। (१५४) ★

और (इसी तौर पर) यह किताब हमने उतारी है जो बरकतवाली है तो इस पर चलो और (अवज्ञा से) डरते रहो, शायद तुम पर रहम किया जाय। (१५५) (और ऐ मुशरिकीन अरब ! हमने यह क़ुर्आन उतारा) इसलिए कि कहीं यह न कह बैठो कि हमसे पहले बस (यहूदी व नसरानी इन) दो ही गिरोहों पर किताब उतरी थी और (तुमको यह कहने का मौक़ा मिल जाय कि) हम तो उसके पढ़ने-पढ़ाने से बिल्कुल बेख़बर थे। (१५६) या यह उज्र करने लगो कि अगर हम पर किताब उतरी होती तो हम ज़रूर (उसके मुताबिक़) उनसे कहीं ज़्यादः सच्ची राह पर होते। तो अब तुम्हारे पालनकर्त्ता की तरफ़ से (तुम्हारे पास) दलील और हिदायत (पथ-प्रदर्शन) और मेहरबानी आ चुकी है। तो उससे बढ़कर ज़ालिम कौन होगा जो अल्लाह की आयतों को झुठलाये और उनसे कतराये। और जो लोग हमारी आयतों से कतराते हैं हम उनके (इस) कतराने के बदले में उनको बड़ी दुखदाई सज़ा देंगे। (१५७)

हल् यन्ज़ुरून अिल्ला अन् तअ्तिय हुमुल्-मला अिकतु औ यअ्तिय रब्बुक औ यअ्तिय बअ़्ज़ु आयाति रब्बिक तु यौम यअ्ती बअ़्ज़ु आयाति रब्बिक ला यन्फ़अु नफ़्सन् अीमानुहा लम् तकुन् आमनत् मिन् क़ब्लु औ कसबत् फ़ी अीमानिहा ख़ैरन् तु क़ुलिन्तज़िरू अिन्ना मुन्तज़िरून (१५८) अिन्नल्लज़ीन फ़र्क़ू दीनहुम् व कानू शियअ़ल्लस्त मिन्हुम् फ़ी शैअिन् तु अिन्नमा अम्रुहुम् अिलल्लाहि सुम्म युनब्बिअुहुम् बिमा कानू यफ़्अलून (१५९) मन् जा अ बिल्हसनति फ़लहू अ़शरु अम्सालिहा ज् व मन् जा अ बिस्सैयिअति फ़ला युज्ज़ा अिल्ला मिस्लहा व हुम् ला युज़्लमून (१६०) क़ुल् अिन्ननी हदानी रब्बी अिला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् ۵ ज् दीनन् क़ियमम्मिल्लति अिब्राहीम हनीफ़न् ज् व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (१६१) क़ुल् अिन्न सलाती व नुसुकी व महयाय व ममाती लिल्लाहि रब्बिल्-आलमीन ला (१६२) ला शरीक लहू ज् व बिज़ालिक अुमिर्तु व अना औवलुल्-मुस्लिमीन (१६३) क़ुल् अग़ैरल्लाहि अब्ग़ी रब्बौंव हुव रब्बु कुल्लि शैअिन् तु व ला तक्सिबु कुल्लु नफ़्सिन् अिल्ला अ़लैहा ज् व ला तज़िरु वाज़िरतँ-विज़्र अुख़्रा ज् सुम्म अिला रब्बिकुम् मर्जिअुकुम् फ़युनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् फ़ीहि तख़्तलिफ़ून (१६४) व हुवल्लज़ी जअ़लकुम् ख़लाअिफ़ल्-अर्ज़ि व रफ़अ़ बअ़्ज़कुम् फ़ौक़ बअ़्ज़िन् दरजातिल्-लियब्लुवकुम् फ़ी मा आताकुम् तु अिन्न रब्बक सरीअुल्-अिक़ाबि ज् सला व अिन्नहू लग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१६५) ★ ●

ولو اننا ۱۱۹ الانعام
يَصْدِفُونَ عَنْ اٰيٰتِنَا سُوْٓءَ الْعَذَابِ بِمَا كَانُوْا يَصْدِفُوْنَ ۝
هَلْ يَنْظُرُوْنَ اِلَّآ اَنْ تَاْتِيَهُمُ الْمَلٰٓئِكَةُ اَوْ يَاْتِيَ رَبُّكَ اَوْ يَاْتِيَ
بَعْضُ اٰيٰتِ رَبِّكَ ۭ يَوْمَ يَاْتِيْ بَعْضُ اٰيٰتِ رَبِّكَ لَا يَنْفَعُ نَفْسًا
اِيْمَانُهَا لَمْ تَكُنْ اٰمَنَتْ مِنْ قَبْلُ اَوْ كَسَبَتْ فِيْٓ اِيْمَانِهَا خَيْرًا ۭ
قُلِ انْتَظِرُوْٓا اِنَّا مُنْتَظِرُوْنَ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ فَرَّقُوْا دِيْنَهُمْ وَكَانُوْا
شِيَعًا لَّسْتَ مِنْهُمْ فِيْ شَيْءٍ ۭ اِنَّمَآ اَمْرُهُمْ اِلَى اللّٰهِ ثُمَّ يُنَبِّئُهُمْ
بِمَا كَانُوْا يَفْعَلُوْنَ ۝ مَنْ جَاۗءَ بِالْحَسَنَةِ فَلَهٗ عَشْرُ اَمْثَالِهَا ۚ
وَمَنْ جَاۗءَ بِالسَّيِّئَةِ فَلَا يُجْزٰٓى اِلَّا مِثْلَهَا وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ۝
قُلْ اِنَّنِيْ هَدٰىنِيْ رَبِّيْٓ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ڬ دِيْنًا قِيَمًا مِّلَّةَ
اِبْرٰهِيْمَ حَنِيْفًا ۚ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۝ قُلْ اِنَّ صَلَاتِيْ
وَنُسُكِيْ وَمَحْيَايَ وَمَمَاتِيْ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ لَا شَرِيْكَ لَهٗ ۚ
وَبِذٰلِكَ اُمِرْتُ وَاَنَا اَوَّلُ الْمُسْلِمِيْنَ ۝ قُلْ اَغَيْرَ اللّٰهِ اَبْغِيْ
رَبًّا وَّهُوَ رَبُّ كُلِّ شَيْءٍ ۭ وَلَا تَكْسِبُ كُلُّ نَفْسٍ اِلَّا عَلَيْهَا ۚ
وَلَا تَزِرُ وَازِرَةٌ وِّزْرَ اُخْرٰى ۚ ثُمَّ اِلٰى رَبِّكُمْ مَّرْجِعُكُمْ فَيُنَبِّئُكُمْ
بِمَا كُنْتُمْ فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ۝ وَهُوَ الَّذِيْ جَعَلَكُمْ خَلٰۗئِفَ
الْاَرْضِ وَرَفَعَ بَعْضَكُمْ فَوْقَ بَعْضٍ دَرَجٰتٍ لِّيَبْلُوَكُمْ فِيْ مَآ
اٰتٰىكُمْ ۭ اِنَّ رَبَّكَ سَرِيْعُ الْعِقَابِ ۚ وَاِنَّهٗ لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝
انعام

रु. २०७ आ ११ नि. १२

यह लोग क्या इसी बात की राह देख रहे हैं कि फ़रिश्ते इनके पास आयें या तुम्हारा पालनकर्त्ता (इनके पास) आये या तुम्हारे परवरदिगार का कोई चमत्कार ज़ाहिर हो। जिस दिन तुम्हारे परवरदिगार का कोई चमत्कार ज़ाहिर होगा तो जो शख़्स उससे पहले ईमान नहीं लाया या अपने ईमान में उसने कुछ नेकी न की थी उसका अब ईमान लाना उसके कुछ भी काम न आयेगा। तो (ऐ नबी !) कहो कि राह देखो, हम भी राह देखते हैं (उस निशानी याने क़ियामत की जब तुमको सिवा अज़ाब भुगतने के और चारा न रह जायगा)। (१५८) जिन लोगों ने अपने दीन में भेद डाला§ और कई फ़िर्क़ों में बँट गये तुमको उनसे कोई काम नहीं, उनका मामला अल्लाह के हवाले है। फिर जो कुछ वह किया करते थे वह (अल्लाह) ही उनको बतायेगा।† (१५९) जो (अल्लाह के यहाँ) नेकी लेकर आयेगा तो उसका दसगुना उसको मिलेगा और जो लायेगा बदी तो वह उतनी ही सज़ा भुगतेगा और उन पर ज़ुल्म (अन्याय) नहीं होगा। (१६०) (ऐ पैग़म्बर ! उनसे) कह दो मुझको तो मेरे परवरदिगार ने सीधी राह सुझा दी है कि वही इब्राहीम की मिल्लत का दीन सच्चा है कि वह एक (अल्लाह) ही के हो रहे थे और मुशरिकों (बहुदेव पूजकों) में से न थे। (१६१) कहो कि मेरी नमाज़ और मेरी क़ुर्बानी और मेरा जीना और मेरा मरना अल्लाह के लिए है जो सारे संसार का स्वामी है। (१६२) कोई उसका शरीक नहीं और मुझको यही हुक्म मिला है और मैं उसका सबसे पहला हुक्मबरदार हूँ (१६३) पूछो कि क्या मैं अल्लाह के सिवाय कोई और परवरदिगार तलाश करूँ (जबकि) वही तमाम चीज़ों का परवरदिगार है। और हर शख़्स अपनी करनी का ज़िम्मेदार है और कोई शख़्स किसी दूसरे का बोझ न उठायेगा। फिर तुम सबको (अन्त में) अपने पालनकर्त्ता की तरफ़ जाना है तो जिस बात में तुम झगड़ते थे वह (तुमको) बतलायेगा (कि क्या हक़ था और क्या नाहक़)। (१६४) और वही है जिसने ज़मीन में तुमको नायब बनाया और तुममें से किसी के दर्जे किसी से ऊँचे किये ताकि जो कुछ (उसने) तुमको दिया है उसमें तुम्हारी जाँच करे। तुम्हारा परवरदिगार जल्द सज़ा देने वाला है और वह बड़ा बख़्शने वाला बेहद मेहरबान (भी) है। (१६५) ★ ●

§ दीन में फ़र्क़ डाला—क्या मतलब ? किताब के किसी हिस्से को मानना और अपने नामाफ़िक़ (प्रतिकूल) किसी हिस्से को न मानना या टालना। एक दिन हफ़्ते में दीन के लिए चुन लेना बाक़ी में मनमानी। मौक़ों मौक़ों पर दीन पर अमल—मानो वह सारी ज़िन्दगी के लिए नहीं है। इसी तरह अपनी सुहूलियत से दीन के हुक्मों को तोड़-मरोड़ कर टुकड़े - टुकड़े कर देना। † यानी तौरेत वालों ने अपने दीन में अपनी मनगढ़न्तों या भरम से कई राहें निकाल ली थीं तो उनमें जाँच-पड़ताल के फेर में न पड़ो कि सही या ग़लत क्या है। अपनी सही राह पर क़ायम रहो। दीन में जो बातें यक़ीन की हैं उनमें बाल की खाल न निकाल कर यक़ीन लाओ और जो अमल (करने) की हैं उनके अगर तरीक़े कई भी हों तो बुरा नहीं। (मौ० शाह अ० क़ादिर)।

रु. २०।७ आ ११ नि. २।११

﴿ ७ सूरतुल् अऽराफ़ि ३९ ﴾

(मक्की) इसमें अरबी के १४६३५ अक्षर, ३३८७ शब्द, २०६ आयतें और २४ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि •

अलिफ़् ला'म् मी'म् सा'द् ज (१) किताबुन् अुन्ज़िल अिलैक फ़ला यकुन् फ़ी सद्रिक ह़रजुम् - मिन्हु लितुन्ज़िर बिह़ी व ज़िक्रा लिल्मुअ्मिनीन (२) अित्तबिअू मा' अुन्ज़िल अिलैकुम् मिर्रब्बिकुम् व ला तत्तबिअू मिन् दूनिह़ी औलिया'अ त् क़लीलम् - मा तज़क्करून (३) व कम् मिन् क़र्यिन् अह्लक्नाहा फ़जा'अहा बअ्सुना बयातन् औ हुम् क़ा'अिलून (४) फ़मा कान दअ़्वाहुम् अिज् जा'अहुम् बअ्सुना' अिल्ला' अन् क़ालू' अिन्ना कुन्ना जालिमीन (५) फ़लनस्-अलन्नल्लजीन अुर्सिल अिलैहिम् वलनस्-अलन्नल्-मुर्सलीन ला (६) फ़लनक़ुस्सन्न अलैहिम् बिअिल्मिंव्व मा कुन्ना ग़ा'अिबीन (७) वल्वज़्नु यौमअिज़िनिल् - ह़क़्क़ु न फ़मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू फ़अुला'अिक हुमुल्मुफ़्-लिहून (८) व मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू फ़अुला'अिकल्लजीन ख़सिरू' अन्फ़ुसहुम् बिमा कानू बिआयातिना यज़्लिमून (९)

व लक़द् मक्कन्नाकुम् फ़िल्अर्ज़ि व जअ़ल्ना लकुम् फ़ीहा मआयिश त् क़लीलम्-मा तश्कुरून (१०) ★ व लक़द् ख़लक़्नाकुम् सुम्म सव्वर्नाकुम् सुम्म क़ुल्ना लिल्मला'अिकतिस्जुदू लिआदम क् सला फ़सजदू' अिल्ला' अिब्लीस त् लम् यकुम्-मिनस्साजिदीन (११) क़ाल मा मनअ़क अल्ला तस्जुद अिज् अमर्तुक त् क़ाल अना ख़ैरुम्-मिन्हु ज ख़लक़्तनी मिन् नारिव्व ख़लक़्तहू मिन् तीनिन् (१२) क़ाल फ़ह्बित् मिन्हा फ़मा यकूनु लक अन् ततकब्बर फ़ीहा फ़ख़्रुज् अिन्नक मिनस्साग़िरीन (१३)

★ रु. १ — ८ आ १०

✪ ७ सूरतुल् अऽराफ़ि ३९ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १४६३५ अक्षर, ३३८७ शब्द, २०६ आयतें, २४ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़ ला॥म मी॥म सा॥द। (१) (ऐ पैग़म्बर) यह किताब तेरी तरफ उतरी है सो इससे तेरा दिल तंग न हो (अब कोई संकोच न रहे) और तू इसके ज़रिये से (लोगों को अल्लाह के ग़ज़ब से) सचेत करे और ईमानवालों को शिक्षा मिले। (२) (ऐ लोगो!) जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से (पैग़म्बर के ज़रिये) तुम पर उतरा है इसी पर चले जाओ और उसके सिवाय दूसरे रफ़ीक़ों (यानी शैतानों को दोस्त समझकर उन) के पीछे मत चलो, (लेकिन चेतावनी पर) तुम कम ही ध्यान देते हो। (३) और कितनी बस्तियाँ हमने तबाह कर दीं कि रात ही रात या दोपहर दिन को सोते वक़्त हमारा अज़ाब उन पर पहुँचा। (४) जब हमारी सज़ा उन पर उतरी तो और कुछ न बोल सके, यही कहा कि हम ही गुनहगार थे। (५) तो जिन लोगों की तरफ़ पैग़म्बर भेजे गये थे हम उनसे (क़ियामत के दिन) ज़रूर पूछेंगे और पैग़म्बर से भी पूछेंगे। (६) फिर हम अपने इल्म से उनको सब हाल सुना देंगे और हम (उनकी करतूतों के समय) कहीं ग़ायब तो थे नहीं। (७) और (उनके अमलों की) तौल उस दिन (ठीक-ठीक) होगी, तो जिनकी (नेकी की) तौल भारी होगी सो वही लोग मुराद पावेंगे। (८) और जिनके कामों की तौल हल्की ठहरेगी वही लोग हैं जिन्होंने अपना नुक़सान किया इसलिये कि वह हमारी आयतों पर ज़ुल्म करते थे। (९) और हमने तुमको ज़मीन में स्थान दिया और उसी में तुम्हारे लिए ज़िन्दगी के सामान इकट्ठे किये, (लेकिन) तुम (बहुत) कम इहसान मानते हो। (१०)★ रु. १—८ आ १०

और हमने ही तुमको पैदा किया और तुम्हारी सूरत बनाई और फिर हमने फ़रिश्तों को आज्ञा दी कि (तुम्हारे मूल पुरुष) आदम को सिज्दः करो तो वे (आदम के आगे) झुक गये मगर इबलीस झुकनेवालों में न हुआ। (११) इबलीस से (अल्लाह ने) पूछा कि मेरे हुक्म देने पर भी तुमको किस चीज़ ने सिज्दः करने से रोका (तो वह) बोला मैं आदम से बेहतर हूँ, (क्योंकि) मुझको तूने आग से पैदा किया और उसको मिट्टी से पैदा किया। (१२) (अल्लाह ने) फ़र्माया तू यहाँ से उतर जा क्योंकि तेरी यह हस्ती नहीं कि (जन्नत में रहकर) घमण्ड कर सके, सो निकल (बेशक) तू ज़लीलों में है। (१३)

❀ 'अल् आराफ़' दोज़ख़ और जन्नत के दर्मियान एक दीवार होगी जिस पर क़ियामत के दिन उन लोगों को जगह मिलेगी जिनकी नेकियाँ और बुराइयाँ बराबर होंगी और जहाँ से वे दाख़िल होने वालों में नेककारों और बदकारों को पहचान लेंगे। इसी 'आराफ़' पर इस सूरत का नाम रखा गया है। इस सूरत के उतरने और पढ़ने दोनों का सिलसिला पिछली सूरत के बिलकुल नज़दीक है। इस सूरत में फिर सचेत किया गया है कि अल्लाह के अज़ाब से डरो और क़ियामत के दिन हर शख़्स से पूछा जायगा कि तुमने नबियों के द्वारा अल्लाह के हुक्म सुनकर भी क्या किया। उनके आमाल और उनके नबी उनके कामों की ख़ुद तसदीक़ करेंगे।

आयात १—३१ में क़ुर्आन को छोड़कर और किसी भी दूसरे रास्ते पर न चलने का हुक्म है। ह० आदम अ० व इबलीस का दृष्टांत देकर शैतान के धोखे में न फसने की चेतावनी है। आयत ३२—५८ में कहा गया है कि इन बार-बार की चेतावनियों पर भी अगर लोग ईमान न लाये तो उनके लिए दुखदायी [पिछ २६५ पर]

क़ाल अन्ज़िर्नी इला यौमि युब्अ़सून (१४) क़ाल इन्नक मिनल्मुन्ज़रीन (१५) क़ाल फ़बिमा अग़्वैतनी लअक़्अ़ुदन्न लहुम् सिरातकल्मुस्तक़ीम ला (१६) सुम्म लआतियन्नहुम् मिम्बैनि यैदीहिम् व मिन् ख़ल्फ़िहिम् व अन् ऐमानिहिम् व अन् शमाइलिहिम् त् व ला तजिदु अक्सरहुम् शाकिरीन (१७) क़ालख़्रुज् मिन्हा मज्अूमम्-मद्हूरन् त् लमन् तबिअक मिन्हुम् लअम्लअन्न जहन्नम मिन्कुम् अज्मअ़ीन (१८) व या आदमुस्कुन् अन्त व ज़ौजुकल्जन्नत फ़कुला मिन् हैसु शिअ्तुमा व ला तक़्रबा हाज़िहिश्शजरत फ़तकूना मिनज्ज़ालिमीन (१९) फ़वस्वस लहुमश्शैतानु लियुब्दिय लहुमा मा वूरिय अन्हुमा मिन् सौ आतिहिमा व क़ाल मा नहाकुमा रब्बुकुमा अन् हाज़िहिश्शजरति इल्ला अन् तकूना मलकैनि औ तकूना मिनल्ख़ालिदीन (२०) व क़ासमहुमा इन्नी लकुमा लमिनन्नासिहीन ला (२१) फ़दल्लाहुमा बिग़ुरूरिन् ज़ फ़लम्मा जाक़श्शजरत बदत् लहुमा सौ आतुहुमा व तफ़िक़ा यख़्सिफ़ानि अलैहिमा मिंव्वरक़िल्-जन्नति त् व नादाहुमा रब्बुहुमा अलम् अन्हकुमा अन् तिल्कुमश्शजरति व अक़ुल्लकुमा इन्नश्शैतान लकुमा अदूवुम्मुबीनुन् (२२) क़ाला रब्बना ज़लम्ना अन्फ़ुसना सक्तः व इल्लम् तग़्फ़िर्लना व तर्हम्ना लनकूनन्न मिनल्ख़ासिरीन (२३) क़ालह्बितू बअ़्ज़ुकुम् लिबअ़्ज़िन् अदूवुन् ज़ व लकुम् फ़िल्अर्ज़ि मुस्तक़र्रूँव मताअुन् इला हीनिन् (२४) क़ाल फ़ीहा तह्यौन व फ़ीहा तमूतून व मिन्हा तुख़्रजून (२५) ★ या बनी आदम क़द् अन्ज़ल्ना अलैकुम् लिबासैंयुवारी सौआतिकुम् व रीशन् त् व लिबासुत्तक़्वा ला ज़ालिक ख़ैरुन् त् ज़ालिक मिन् आयातिल्लाहि लअ़ल्लहुम् यज़्ज़क्करून (२६)

والذين ١٢١ الاعراف
الصّٰغِرِيْنَ ۝ قَالَ اَنْظِرْنِيْٓ اِلٰى يَوْمِ يُبْعَثُوْنَ ۝ قَالَ اِنَّكَ مِنَ
الْمُنْظَرِيْنَ ۝ قَالَ فَبِمَآ اَغْوَيْتَنِيْ لَاَقْعُدَنَّ لَهُمْ صِرَاطَكَ الْمُسْتَقِيْمَ ۝
ثُمَّ لَاٰتِيَنَّهُمْ مِّنْۢ بَيْنِ اَيْدِيْهِمْ وَمِنْ خَلْفِهِمْ وَعَنْ اَيْمَانِهِمْ وَعَنْ
شَمَآئِلِهِمْ ۭ وَلَا تَجِدُ اَكْثَرَهُمْ شٰكِرِيْنَ ۝ قَالَ اخْرُجْ مِنْهَا مَذْءُوْمًا
مَّدْحُوْرًا ۭ لَمَنْ تَبِعَكَ مِنْهُمْ لَاَمْلَــَٔنَّ جَهَنَّمَ مِنْكُمْ اَجْمَعِيْنَ ۝ وَ
يٰٓاٰدَمُ اسْكُنْ اَنْتَ وَزَوْجُكَ الْجَنَّةَ فَكُلَا مِنْ حَيْثُ شِئْتُمَا ۠ وَلَا تَقْرَبَا
هٰذِهِ الشَّجَرَةَ فَتَكُوْنَا مِنَ الظّٰلِمِيْنَ ۝ فَوَسْوَسَ لَهُمَا الشَّيْطٰنُ لِيُبْدِيَ
لَهُمَا مَا وٗرِيَ عَنْهُمَا مِنْ سَوْاٰتِهِمَا وَقَالَ مَا نَهٰىكُمَا رَبُّكُمَا عَنْ
هٰذِهِ الشَّجَرَةِ اِلَّآ اَنْ تَكُوْنَا مَلَكَيْنِ اَوْ تَكُوْنَا مِنَ الْخٰلِدِيْنَ ۝
وَقَاسَمَهُمَآ اِنِّيْ لَكُمَا لَمِنَ النّٰصِحِيْنَ ۝ فَدَلّٰىهُمَا بِغُرُوْرٍ ۚ فَلَمَّا ذَاقَا
الشَّجَرَةَ بَدَتْ لَهُمَا سَوْاٰتُهُمَا وَطَفِقَا يَخْصِفٰنِ عَلَيْهِمَا مِنْ وَّرَقِ
الْجَنَّةِ ۭ وَنَادٰىهُمَا رَبُّهُمَآ اَلَمْ اَنْهَكُمَا عَنْ تِلْكُمَا الشَّجَرَةِ وَاَقُلْ
لَّكُمَآ اِنَّ الشَّيْطٰنَ لَكُمَا عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ۝ قَالَا رَبَّنَا ظَلَمْنَآ اَنْفُسَنَا
وَاِنْ لَّمْ تَغْفِرْ لَنَا وَتَرْحَمْنَا لَنَكُوْنَنَّ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ۝ قَالَ اهْبِطُوْا
بَعْضُكُمْ لِبَعْضٍ عَدُوٌّ ۚ وَلَكُمْ فِي الْاَرْضِ مُسْتَقَرٌّ وَّمَتَاعٌ اِلٰى
حِيْنٍ ۝ قَالَ فِيْهَا تَحْيَوْنَ وَفِيْهَا تَمُوْتُوْنَ وَمِنْهَا تُخْرَجُوْنَ ۝
يٰبَنِيْٓ اٰدَمَ قَدْ اَنْزَلْنَا عَلَيْكُمْ لِبَاسًا يُّوَارِيْ سَوْاٰتِكُمْ وَرِيْشًا ۭ وَلِبَاسُ
منزل

(वह) बोला कि जिस दिन लोग उठा खड़े किये जाँयगे उस दिन तक की (ज़िन्दगी की) मुझे मुहलत दे। (१४) (अल्लाह ने) कहा तुझको मुहलत दी गई। (१५) (इस पर शैतान) बोला जैसा तूने मुझको गुमराह किया है मैं भी तेरे सीधे रास्ते पर आदम की सन्तानों की घात में जा बैठूँगा। (१६) फिर उन पर आगे से और पीछे से और दाहिनी तरफ़ से और बाईं तरफ़ से आऊँगा और (मेरे भटकाने से) उनमें तू ज़्यादातर शुक्रगुज़ार नहीं पावेगा। (१७) (अल्लाह ने) फ़र्माया कि तू ज़लील मरदूद हो कर यहाँ से निकल जा। आदम के बेटों में से जो तेरी पैरवी करेगा, मैं बिला शक तुम (और तुम पर चलने वाले उन) सबसे दोज़ख़ भर दूँगा। (१८) और (हमने आदम से कहा कि) ऐ आदम! तुम और तुम्हारी स्त्री जन्नत में रहो और जहाँ से चाहो खाओ, मगर इस दरख़्त के पास न फटकना, नहीं तो तुम (भी) अन्यायियों में हो जाओगे। (१९) फिर शैतान ने (उन मियाँ-बीबी) दोनों को बहकाया ताकि उनकी पर्दगी की चीज़ें जो उनसे ओझल थीं उन पर ज़ाहिर कर दे§ और कहने लगा तुम्हारे परवरदिगार ने जो इस दरख़्त (के फल खाने) से तुमको मना किया है तो इसका कारन यही है कि कहीं ऐसा न हो कि तुम (दोनों) फ़रिश्ते बन जाओ या हमेशा जीनेवालों (अमर) में से हो जाओ। (२०) और (उसने) उनसे क़सम खाई कि मैं तुम्हारी भलाई चाहने वाला हूँ। (२१) ग़रज़ धोखा देकर (शैतान ने) उनको (मना किये गये दरख़्त की ओर) रूजू कर दिया। तो ज्योंही उन्होंने (उस) दरख़्त (का मज़ा) चखा तो दोनों के पर्दे की चीज़ें उन पर ज़ाहिर हो गईं और (पर्दे का ध्यान आते ही वह अंग ढकने के लिए) बहिश्त (के पेड़ों) के पत्ते अपने ऊपर ढाकने लगे। और तब उनके पालनकर्त्ता ने उनको पुकारा कि क्या मैंने तुमको इस वृक्ष की मनाही नहीं की थी और तुमसे नहीं कह दिया था कि शैतान तुम्हारा खुला दुश्मन है। (२२) (दोनों) कहने लगे कि ऐ हमारे परवरदिगार! हमने अपने आप अपने ऊपर जुल्म किया और अगर तू हमको क्षमा नहीं करेगा और हम पर रहम नहीं करेगा तो यक़ीनन हम घाटे में हो जायँगे। (२३) (इस पर अल्लाह ने) कहा कि (तुम मियाँ बीबी और शैतान तीनों जन्नत से) नीचे उतर जाओ, तुममें एक का एक दुश्मन है। और तुमको एक (ख़ास) वक़्त तक ज़मीन पर रहना है और (एक वक़्त तक ज़िन्दगी) बसर करना है। (२४) (और) फ़र्माया कि इस (ज़मीन) में (ही तुम सब) ज़िन्दगी बिताओगे और उसी में मरोगे और उसी में से (क़ियामत के दिन) निकाल खड़े किये जाओगे। (२५) ✱ रु. २ — ३ आ १५

ऐ आदम के बेटो! हमने तुम्हारे लिए (ऐसी) पोशाक उतारी है जो तुम्हारे पर्दे की चीज़ों को छिपाये और (तुम्हारे बदन को) रौनक़ दे और परहेज़गारी का लिबास (सब लिबासों से) आला (श्रेष्ठ) है। ये अल्लाह की निशानियाँ हैं, शायद लोग ध्यान दें। (२६)

§ इससे ज़ाहिर होता है कि इंसान में गुनहगारी उसकी अपनी ख़सलत नहीं है बल्कि वह बाहर से उसमें दाख़िल हुई है। जन्नत में ह० आदम अ० व हौवा अ० की पाकीज़ः ज़िन्दगी में अपने तन-बदन व गुनाह में फँसने वाले अंगों का उनको होश ही न था। वह शैतान था जिसने उनको अल्लाह की नाफ़र्मानी (अवज्ञा) का गुनहगार बनाकर आइन्दः उनके लिए ऐबों का रास्ता खोल दिया। शैतान का वही सिल्सिला आज भी इन्सानों के साथ चालू है और उससे अपने को बचाने का रास्ता अल्लाह की हिदायत भी इन्सान के लिए हमेशा खुली हुई है। † याने दुश्मन (शैतान) ने जन्नत का पाक (दिव्य) लिबास तो तुमसे छिनवा दिया। अब अल्लाह फिर अपनी दया करता है और तुमको परहेज़गारी (संयम) की पोशाक देता है कि जिसको धारन कर तुम दुनिया में रहकर फिर अन्त में जन्नत हासिल कर सकते हो। जो अल्लाह के हुक्म के ख़िलाफ़ या मना (वर्जित) हो उस पर न चलो और दुनियावी कपड़ों में भी ऐसे बारीक कपड़े न पहनो कि बेपरदगी हो।

या बनी आदम ला यफ़्तिनन्नकुमुश्शैतानु कमा अख़रज अबवैकुम् मिनल्जन्नति यन्ज़िअु अन्हुमा लिबासहुमा लियुरियहुमा सौआतिहिमा त् अिन्नहू यराकुम् हुव व क़बीलुहू मिन् हैसु ला तरौनहुम् त् अिन्ना जअल्नश्-शयातीन औलिया अ लिल्लजीन ला युअ्मिनून (२७) व अिजा फ़अलू फ़ाहिशत्रन् क़ालू वजद्ना अलैहा आबा अना वल्लाहु अमरना बिहा त् क़ुल् अिन्नल्लाह ला यअ्मुरु बिल्फ़हूशा अि त् अतक़ूलून अलल्लाहि मा ला तऽलमून (२८) क़ुल् अमर रब्बी बिल्क़िस्ति क़िफ़ व अक़ीमू वुजूहकुम् अिन्द कुल्लि मस्जिदिंव्वद्-अूहु मुख़लिसीन लहुद्दीन ۵ त् कमा बद अकुम् तअूदून त् (२९) फ़रीक़न् हदा व फ़रीक़न् हक़्क़ अलैहिमुज़्ज़लालतु त् अिन्नहुमुत्तख़जुश्-शयातीन औलिया अ मिन् दूनिल्लाहि व यहसबून अन्नहुम् मुहतदून (३०) या बनी आदम ख़ुजू ज़ीनतकुम् अिन्द कुल्लि मस्जिदिंव्व कुलू वशरबू व ला तुस्रिफ़ू त् अिन्नहु ला युहिब्बुल्मुस्रिफ़ीन (३१) ★ क़ुल् मन् हर्रम ज़ीनत्रल्लाहिल्लती अख़रज लिअिबादिहि वत्तैयिबाति मिनर्रिज़्क़ि त् क़ुल् हिय लिल्लजीन आमनू फ़िल्-हयात्रिदुन्या ख़ालिसतैंयौमल्-क़ियामति त् कजालिक नुफ़स्सिलुल्-आयाति लिक़ौमीं-यऽलमून (३२) क़ुल् अिन्नमा हर्रम रब्बियल्-फ़वाहिश मा जहर मिन्हा व मा बतन वल्अिस्म वल्बग़्य बिग़ैरिल्हक़्क़िक़ व अन् तुश्रिकू बिल्लाहि मा लम् युनज़्ज़िल् बिहि सुल्तानौंव अन् तक़ूलू अलल्लाहि मा ला तऽलमून (३३)

ऐ आदम के बेटो ! शैतान तुमको भटका न दे जिस तरह कि उसने तुम्हारे माता-पिता (आदम और हव्वा अ०) को (बहका कर) जन्नत से निकलवाया कि उनसे उनकी पोशाक उतरवा दी ताकि उनकी पर्दा करने की चीज़ें उन पर ज़ाहिर कर दे। वह और उसके भाईबन्द तुमको (वहाँ से) ताके रहते हैं जहाँ पर तुम उनको न देख पाओ; बेशक हमने शैतानों को उन्हीं लोगों का दोस्त बनाया है जो ईमान नहीं लाते। (२७) और (ये लोग) जब कोई बेहयाई का काम करते हैं तो कहते हैं कि हमने अपने बड़ों को (याने बाप-दादों को) इसी पर (चलते) पाया और अल्लाह ने हमको इसी की आज्ञा दी है। (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि अल्लाह बेहयाई के काम का हुक्म नहीं देता। तुम लोग अल्लाह पर क्यों (ऐसे) झूठ बोलते हो जिनको समझते (भी) नहीं।§ (२८) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि मेरे परवरदिगार ने इंसाफ़ करने का हुक्म दिया है और (कहा है कि) हर नमाज़ के समय अपने मुँह सीधे रखो और उसी (अल्लाह) को उसके आज्ञाकारी होकर पुकारो। जिस तरह तुमको पहली बार (पैदा) किया (उसी तरह) तुम दुबारा भी पैदा होगे। (२९) (उसी ने) एक गिरोह को हिदायत दी और एक गिरोह पर गुमराही साबित हो चुकी है। क्योंकि इन लोगों ने अल्लाह को छोड़कर शैतान को (अपना) दोस्त बनाया और समझते (यह) हैं कि वह सीधी राह पर हैं। (३०) ऐ आदम के बेटो ! हर नमाज़ के वक़्त (कपड़ों से) अपने को सजा लिया करो और खाओ और पिओ लेकिन (सीमा से बाहर) फ़िज़ूलख़र्चियाँ न करो क्योंकि अल्लाह फ़िज़ूल ख़र्च करनेवालों को पसन्द नहीं करता। (३१)★ रु. ३/१० आ ६

(ऐ पैग़म्बर ! इनसे) पूछो कि अल्लाह ने जो रौनक़ और साफ़ सुथरी खाने की चीज़ें अपने बंदों के लिए पैदा की हैं (वह) किसने हराम की हैं ?† (और उनको) समझा दो कि दुनिया की ज़िन्दगी में भी ये (चीज़ें) ईमानवालों के लिए हैं (और) क़ियामत के दिन तो यह ख़ासकर उन्हीं को दी जायँगी। इसी तरह हम आयतें (तफ़सील के साथ) बयान करते हैं उन लोगों के लिए जो अिल्म (समझ) रखते हैं। (३२) (और) कहो मेरे परवरदिगार ने बेशर्मी के कामों को मना किया है, उनमें जो खुले हों और जो छिपे हों और गुनाह और नाहक़ की ज़्यादती और इस बात को कि तुम किसी को अल्लाह का शरीक क़रार दो जिसकी उसने कोई सनद नहीं उतारी और यह कि अल्लाह के नाम पर (ऐसे) झूठ बोलो जिनका तुमको (कोई) ज्ञान नहीं। (३३)

[पेज २६१ से] अज़ाब तैयार है जिससे उनको कभी छुटकारा न होगा। जबकि ईमानवालों को दुनिया में भी आसायशें हैं और आख़िरत के दिन तो अल्लाह की निआमतें सिर्फ़ उन्हीं के लिए होंगी। उसके विपरीत काफ़िर और उनके दुनियावाले रहनुमा दोनों गुरू-चेला नरक की आग का मज़ा चख रहे होंगे। आ० ५६—१०० ह० नूह अ०, हूद अ०, सालेह अ०, लूत अ० और शोऐब अ० की तवारीख़ देते हुये समझाया गया है कि अन्यायियों ने तो नबियों को हमेशा ही सताया और उनके संदेशों की अवज्ञा की है। कोई मुहम्मद स० के साथ नई बात नहीं है। लेकिन आख़िरकार सत्य की बिजय और असत्य की तबाही होती है क्योंकि अल्लाह का प्लान कभी फ़ेल नहीं होता। आ० १०१—१५७ में ह० मूसा अ० का न सिर्फ़ फ़िऔंनों [पेज २६७ पर]

§ याने एक बार सुन चुके हो कि तुम्हारे बाप-दादों के भी बाप (याने ह० आदम अ०) को एक बार शैतान ने बहकाकर जन्नत से निकलवाकर इस नौबत पर पहुंचाया। फिर भी बाप-दादों के चलन की सनद देते हो। क्या तुम उनकी ही चाल पर चलोगे जिनको तुम्हारे खुले दुश्मन शैतान ने बहकाया। † मक्के वालों की धारणा थी कि कुछ प्रकार के खान-पान मना हैं। ये ऐसी चीज़ें थीं जैसे ऊँटनी के पेट से निकला हुआ बच्चा वग़ैरः वग़ैरः।

व लिकुल्लि उम्मतिन् अजलुन् ज़ फ़इजा जा'अ अजलुहुम् ला यस्तअ्ख़िरून साअ़तौंव ला यस्तक़्दिमून (३४) या बनी आदम इम्मा यअ्तियन्नकुम् रुसुलुम् - मिन्कुम् यक़ुस्सून अ़लैकुम् आयाती ला फ़मनित्तक़ा व अस्लह फ़ला ख़ौफ़ुन् अ़लैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (३५) वल्लज़ीन कज्जबू बिआयातिना वस्तक्बरू अन्हा अुला'अिक अस्हाबुन्नारि ज़ हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (३६) फ़मन् अज़्लमु मिम्मनिफ़्तरा अलल्लाहि कज़िबन् औ कज्जब बिआयातिहि ज़ अुला'अिक यनालुहुम् नसीबुहुम् मिनल्-किताबि ज़ हत्ता' अिजा जा'अत्हुम् रुसुलुना यतवफ़्फ़ौनहुम् ला क़ालू' अैन मा कुन्तुम् तद्अून मिन् दूनिल्लाहि ज़ क़ालू ज़ल्लू अन्ना व शहिदू अला' अन्फ़ुसिहिम् अन्नहुम् कानू काफ़िरीन (३७) क़ालद्ख़ुलू फ़ी' अुममिन् क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिकुम् मिनल्जिन्नि वल्अिन्सि फ़िन्नारि ज़ कुल्लमा दख़लत् अुम्मतुल् - लअनत् अुख़्तहा ज़ हत्ता' अिजद्दारकू फ़ीहा जमीअन् ला क़ालत् अुख़्राहुम् लिअूलाहुम् रब्बना हा'अुला'अि अज़ल्लूना फ़आतिहिम् अ़ज़ाबन् ज़िअ़्फ़म्मिनन्नारि ۵ ज़ क़ाल लिकुल्लिन् ज़िअ़्फ़ूँव लाकिल्ला तअ़्लमून (३८) व क़ालत् अूलाहुम् लिअुख़्राहुम् फ़मा कान लकुम् अ़लैना मिन् फ़ज़्लिन् फ़ज़ूक़ुल्अ़ज़ाब बिमा कुन्तुम् तक्सिबून (३९) ★ अिन्नल्लज़ीन कज्जबू बिआयातिना वस्तक्बरू अन्हा ला तुफ़त्तहु लहुम् अब्वाबुस्समा'अि व ला यद्ख़ुलूनल्जन्नत हत्ता यलिजल्जमलु फ़ी सम्मिल्-ख़ियाति ज़ व कज़ालिक नज़्ज़िल्-मुज़्रिमीन (४०) लहुम् मिन् जहन्नम मिहादूँव मिन् फ़ौक़िहिम् ग़वाशिन् ज़ व कज़ालिक नज़्ज़िज़्ज़ालिमीन (४१)

★ रु. ४ | ११ आ ८

और हर उम्मत (गिरोह) की (रहने व मिटने की) एक मियाद है, फिर जब उनका अन्त आ जायगा तो वह (उससे) न देर कर सकते हैं न जल्दी। (३४) ऐ आदम की सन्तान ! जब कभी तुम्हीं में से पैग़म्बर तुम्हारे पास पहुँचे (और) तुमको मेरी आयतें पढ़कर सुनावे तो जो (उन पर ईमान लाकर) डर मानेंगे और (अपनी हालत का) सुधार करेंगे तो उन पर न तो डर होगा और न वह उदास होंगे। (३५) और जो लोग हमारी आयतों को झुठलायेंगे और उनसे (शेख़ी में) अकड़ बैठेंगे वही दोज़ख़ी हमेशा दोज़ख़ में रहेंगे। (३६) फिर उससे बढ़कर कौन ज़ालिम होगा जो अल्लाह पर झूठे जंजाल बांधे या उसकी आयतों को झुठलाये। यह लोग हैं जिनको (उनके नसीब के) लिखे मुताबिक़ उनका हिस्सा उनको मिलेगा, यहाँ तक कि जब हमारे भेजे हुए (फ़रिश्ते) उनकी रूहें निकालने के लिए मौजूद होंगे तो (उनसे) पूछेंगे कि (कहो) अब वह कहाँ हैं (तुम्हारे पूजित) जिनको तुम अल्लाह के अलावा पुकारा करते थे ? तो वह जवाब देंगे कि वह तो हमसे (बेशक) ग़ायब हो गये और (क़ायल होकर) अपने ख़िलाफ़ आप गवाही देंगे कि वह काफ़िर थे। (३७) (तो अल्लाह) फ़र्मायेगा कि (गुनहगार) जिन्न और इन्सानों के गिरोहों के साथ जो तुमसे पहले हो चुके हैं, आग (दोज़ख़) में जा दाख़िल हो। जब एक गिरोह नरक में दाख़िल होगा तो अपने (से पहले) गिरोह पर लानत करेगा,§ यहाँ तक कि जब सबके सब नरक में जमा होंगे तो उनमें से बाद वाला गिरोह अपने से पहले गिरोह के हक़ में कहेगा कि ऐ हमारे परवरदिगार ! इन्हीं लोगों ने हमको गुमराह किया था, सो (हमारे मुक़ाबले) तू इनको दोज़ख़ की दूनी सज़ा दे। (अल्लाह) कहेगा कि तुम सबको दूनी सज़ा (मुनासिब है) हालाँकि तुमको पूरी ख़बर मालूम नहीं। (३८) और (यह सुनकर) उनमें के पहले लोग बादवाले लोगों से कहेंगे अब तो तुमको (सज़ा कम मिलने में) हमारे मुक़ाबले में किसी तरह की तरजीह (विशेष छूट) नहीं रही, तो (जिस तरह हम अपने बुरे आमालों की सज़ा भुगतें) तुम भी अपने किये की सज़ा भुगतो। (३९) ★

रु. ४ | ११ अ ८

बेशक जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया और उनसे ऐंठ दिखलाई तो उनके लिये न आसमान के दरवाज़े खोले जाँयगे और न (वे) जन्नत में दाखिल होने पायेंगे जब तक ऊँट सूई के नाके में से न निकले (अर्थात् कभी नहीं)। और अपराधियों को हम ऐसी ही सज़ा दिया करते हैं। (४०) कि उनके लिये आग (दोज़ख़) का बिछौना होगा और उनके ऊपर से (आग का ही) ओढ़ना। और अन्यायियों को हम ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (४१)

[पेज २६५ से] बल्कि उनकी अपनी क़ौम की इन्कारी से सामना पड़ने का ज़िक्र है। यह भी ज़िक्र है कि निरक्षर रसूल स० की पेशीनगोई तो ह० मूसा अ० के समय से ही थी। आ० १५८—१७१ में ह० मूसा अ० की क़ौम का आगे चलकर अपनी किताब तौरात के हुक्मों को न मानकर दुनियावी ऐश के सामानों के पीछे [पेज २६६ पर]

§ चलन यह देखा गया है कि लोग दीन के हुक्मों को समझने और उन पर चलने के बजाय अपने-अपने बाप दादों, बुज़ुर्गों, पीर-महन्तों के हुक्मों और उनके चले गये रास्तों पर ही चलना 'दीन पर चलना' मान लेते हैं। और ये गुमराह बाप-दादे भी अपनी औलादों के लिए विरासत में हमेशा से गुमराही ही छोड़ते आये हैं। इसलिए जब लोग अपने पहले वाले लोगों को, जिनके रास्ते की ये पैरवी किया करते थे, अपने साथ साथ दोज़ख़ की आग में दाख़िल हुआ देखेंगे तो अपनी करनी और सज़ा का बानी-मुबानी उन अपने से पहले वाले लोगों को मानकार उन पर लानत करेंगे कि तुम्हारे बताये रास्ते पर चलने के ही कारन आज हमको यह अज़ाब झेलना पड़ रहा है। और अल्लाह से बद्दुआ करेंगे कि इनको हमसे दूनी सज़ा दे।

वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति ला नुकल्लिफ़ु नफ़्सन् अिल्ला वुस्अहा ब् अुला अिक अस्हाबुल्जन्नति ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (४२) व नज़ऱ्ना मा फ़ी सुदूरिहिम् मिन् ग़िल्लिन् तज्री मिन् तह्तिहिमुल्-अन्हारु ज् व क़ालुल्-ह़म्दु लिल्लाहिल्लज़ी हदाना लिहाज़ा क़िफ़् व मा कुन्ना लिनह्तदिय लौला अन् हदानल्लाहु न् लक़द् जा अत् रुसुलु रब्बिना बिल्ह़क़्क़ि त् व नूदू अन् तिल्कुमुल्-जन्नतु अूरिस्तुमूहा बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून (४३) ● ब नादा अस्हाबुल्-जन्नति अस्हाबन्नारि अन् क़द् व जद्ना मा व अ़दना रब्बुना ह़क़्क़न् फ़हल् व जत्तुम् मा वअ़द रब्बुकुम् ह़क़्क़न् त् क़ालू नअ़म् ज् फ़अज़्ज़न मुअ़ज़्ज़िनुम्-बैनहुम् अल्लअ़्नतुल्लाहि अलज़्ज़ालिमीन ला (४४) अल्लज़ीन यसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि ब यबग़ूनहा अिवजन् ज् व हुम् बिल्आख़िरति काफ़िरून म ● (४५) व बैनहुमा ह़िजाबुन् ज् व अलल्-अ़राफ़ि रिजालुँय्यअ़रिफ़ूना कुल्लम्-बिसीमाहुम् ज् व नादौ अस्हाबल्-जन्नति अन् सलामुन् अलैकुम् क़िफ़् लम् यद्ख़ुलूहा व हुम् यत्मअ़ून (४६) व अिज़ा सुरिफ़त् अब्सारुहुम् तिल्क़ा अ अस्हाबिन्नारि ला क़ालू रब्बना ला तज्अ़ल्ना मअ़ल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन (४७) ★ व नादा अस्हाबुल्-अ़राफ़ि रिजालैंयअ़रिफ़ूनहुम् बिसीमाहुम् क़ालू मा अग़्ना अन्कुम् जम्अ़ुकुम् व मा कुन्तुम् तस्तक्बिरून (४८) अहा अुला अिल्लज़ीन अक़्सम्तुम् ला यनालुहुमुल्लाहु बिरह़्मतिन् त् अुद्ख़ुलुल्-जन्नत ला ख़ौफ़ुन् अलैकुम् व ला अन्तुम् तह्ज़नून (४९)

और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये, हम (वैसे) तो किसी शख़्स पर उसकी सामर्थ्य से ज़्यादा बोझ नहीं डाला करते, तो यही लोग हैं जन्नत के हक़दार कि उसमें हमेशा रहेंगे। (४२) और जो कुछ उनके दिलों में मनमैल होगा हम निकाल देंगे, उनके तले नहरें बह रही होंगी और बोल उठेंगे कि अल्लाह का शुक्र है जिसने हमको यहाँ का रास्ता दिखलाया और अगर अल्लाह हमको राह न देता तो हम रास्ता न पाते। बेशक हमारे परवरदिगार के पैग़म्बर सचाई लेकर आये थे और (इन लोगों से) पुकार कर कह दिया जायगा कि यही जन्नत है जिसके वारिस तुम अपने कामों की बदौलत हुये हो। (४३) ● और जन्नत वाले दोज़ख़ वालों को पुकार कर कहेंगे कि हमारे परवरदिगार ने जो हमसे वादा किया था हमने उसको सच्चा पाया, और भला जो वादा तुम्हारे परवरदिगार ने तुमसे किया था क्या तुमने भी उसे सच्चा पाया ? (इस पर दोज़ख़ी) कहेंगे हाँ; इतने में (एक) पुकारनेवाला उनमें पुकार उठेगा कि (ऐसे) ज़ालिमों पर अल्लाह की लानत। (४४) जो अल्लाह के रास्ते से रोकते और उसमें नुक़्स ढूँढते थे और आख़िरत (के दिन) से इन्कार रखते थे। ● (४५) और (जन्नत और दोज़ख़) दोनों के बीच में एक आड़ होगी (यानी आराफ़*) और उसके ऊपर कुछ लोग होंगे जो उन (जन्नतियों व दोज़ख़ियों) को उनकी सूरतों से पहचान लेंगे। और (वे) स्वर्गवासियों को पुकार कर कहेंगे कि अल्लाह की तुम पर सलामती हो। और यह लोग (अभी) जन्नत में दाख़िल न हुये होंगे मगर वह (उसकी) लालसा लगाये होंगे। (४६) और जब उनकी नज़र नरकवासियों की तरफ़ जा पड़े गी तो (उनकी दुर्दशा देखकर अल्लाह से) दुआ माँगने लगेंगे कि ऐ हमारे परवरदिगार ! हमको इन गुनहगार लोगों के साथ न कर। (४७) ★

और आराफ़ वाले (दोज़ख़ी) लोगों को जिन्हें उनकी सूरतों से पहचानते होंगे पुकार कर कहेंगे कि (आज) तुम्हारी जत्थेबन्दी और (तुम्हारा) घमण्ड करना तुम्हारे कुछ काम न आया। (४८) (और कहेंगे कि देखो ! यह) वही लोग हैं जिनकी बाबत तुम क़समें खाकर कहा करते थे कि अल्लाह इन पर अपना रहम नहीं करेगा। § तो देखो (कि) इनके लिए यह हुक्म है कि जन्नत में जा दाख़िल हो (जहाँ) तुम पर न डर होगा और न तुम उदास होगे। (४९)

[पिछ २६७ से] पड़ गये और तौरात में दिये हुक्मों में अपनी ग़रज़ के लिए फेरफार करने लगे। अंजाम हुआ कि ज़लील हुये और दुनिया में तितर बितर होकर मुसीबतों में जा पड़े। आ १७२—२०६ में कहा है कि ह० आदम अ० की बेशुमार संतानों में ज़्यादः ऐसे हुये जिन्होंने सच्चाई से मुंह मोड़ा और वे घाटा उठाने वालों में हुए जिसको वह समझ नहीं पाते। और बाज़ परहेज़गार (संयमी) रहे और अल्लाह की बन्दगी करते और उसी की तस्बीह फेरते रहे। उन्हीं को दुनिया व आख़िरत में सफलता हासिल है।

* 'अल् आराफ़' की पूरी कैफ़ियत पेज २६१ पर * फ़ुटनोट में दी गई है। वहीं का ज़िक्र है। मुलाहज़ः करें। § दुनिया में दौलत इज़्ज़त और जत्थे वाले लोग घमण्ड में ग़रीब दीनदारों पर हिकारत की नज़र रखते और उनको इस क़ाबिल नहीं समझते थे कि दुनिया क्या आख़िरत तक में अल्लाह उन पर रहमत की नज़र करेगा। आज वह अल्लाह के सामने अपनी और उनकी हालत के फ़र्क़ को अपनी आँखों देखें और पछतायें जब कि कोई चारा नहीं है। वे घमण्डी तो दोज़ख़ में पड़े हैं और वहाँ से देख रहे हैं कि जिनको हम ज़लील करते व समझते थे वे दीनदार जन्नत में हमेशा के लिए दाख़िल हो रहे हैं।

मु. ३/४ ● ब. ला ज़ि म ★ रू. ५/१२ आ ८

व नादा अस्हाबुन्नारि अस्हाबल्-जन्नति अन् अफ़ीज़ू अलैना मिनल्मा अि औ मिम्मा रज़क़कुमुल्लाहु त् क़ालू अिन्नल्लाह हूर्रमहुमा अलल्काफ़िरीन ला (५०) अ्ल्लजीनत्तख़ज़ू दीनहुम् लह्वौंव लअ्बिौंव ग़र्रतुहुमुल् - हूयातुद्दुन्या ज् फ़ल्यौम नन्साहुम् कमा नसू लिक़ा अ यौमिहिम् हाजा ला व मा कानू बिआयातिना यज्हदून (५१) व लक़द् जिअ्नाहुम् बिकिताबिन् फ़स्सल्नाहु अला अिल्मिन् हुदौंव रह्मतल्-लिक़ौमींयुअ्मिनून (५२) हल् यन्ज़ुरून अिल्ला तअ्वीलहू त् यौम यअ्ती तअ्वीलुहू यक़ूलुल्लजीन नसूहु मिन् क़ब्लु क़द् जा अत् रुसुलु रब्बिना बिल्हक़्क़ि न फ़हल्लना मिन् शुफ़आ अ फ़यश्फ़ऊ लना औ नुरद्दु फ़नअ़मल ग़ैरल्लजी कुन्ना नअ़मलु त् क़द् ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (५३) ★ अिन्न रब्बकुमुल्लाहुल्लजी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ फ़ी सित्तति अैयामिन् सुम्मस्तवा अलल्अ़र्शि क़िफ़ युग्शिल्लैलन्नहार यत्लुबुहू हसीसन् ला व'वश्शम्स वल्क़मर वन्नुजूम मुसख़्ख़रातिम् - बिअम्रिहि त् अला लहुल्ख़ल्क़ु वल्अम्रु त् तबारकल्लाहु रब्बुल्-आलमीन (५४) अुद्अू रब्बकुम् तज़र्रुअौंव ख़ुफ़्यतन् त् अिन्नहु ला युहिब्बुल्-मुअ्तदीन ज् (५५) व ला तुफ़्सिदू फ़िल्अर्ज़ि बअ़द अिस्लाहिहा वद्अूहु ख़ौफ़ौंव तमअन् त् अिन्न रह्मतल्लाहि क़रीबुम् - मिनल्मुह्सिनीन (५६) व हुवल्लजी युर्सिलुर्रियाहु बुश्रम्-बैन यदै रह्मतिहि त् हत्ता अिजा अक़ल्लत् सहाबन् सिक़ालन् सुक़्नाहु लिबलदिम् - मैयितिन् फ़अन्ज़ल्ना बिहिल्मा अ फ़अख़्रज्ना बिहि मिन् कुल्लिस्समराति त् कजालिक नुख़्रिजुल्मौता लअ़ल्लकुम् तजक्करून (५७)

ع ۱۳ آ ۶

और दोज़ख़ी पुकार कर जन्नतवालों से कहेंगे कि हम पर थोड़ा-सा पानी डाल दो या तुमको जो अल्लाह ने रोज़ी दी है (उसमें से कुछ हमको दे डालो)। वह कहेंगे कि अल्लाह ने यह दोनों चीज़ें काफ़िरों पर हराम कर दी हैं (५०) कि जिन्होंने अपने दीन को तमाशा और खेल बना रखा था और दुनिया की ज़िन्दगी के (लुभावने) धोखे में भूले रहे। तो आज हम इनको (वैसे ही) भुलावेंगे जैसे यह लोग अपना इस (क़ियामत के) दिन का सामना पड़ना भूले और जैसे ये हमारी आयतों का इन्कार करते रहे। (५१) और हमने इनको (क़ुर्आन) पहुँचा दिया जिसको अिल्म के साथ खोल-खोलकर (स्पष्ट) बयान कर दिया है और ईमानवाले लोगों के हक़ में हिदायत (पथ-प्रदर्शन) और रहम है। (५२) क्या यह लोग (मक्केवाले) उसके वाक़ै होने की§ राह देखते हैं। जब वह दिन आयेगा तो जो लोग उसको पहले से भूले हुए थे वह क़ायल हो जाँयगे कि बेशक हमारे परवरदिगार के पैग़म्बर सच बात लेकर आये थे। तो क्या हमारे कोई सिफ़ारशी हैं कि (आज अ़ज़ाब के सामने) हमारी सिफ़ारिश करें या हमको (दुनिया में) फिर लौटा दिया जाय, तो जैसे (बुरे) कर्म हम किया करते थे उनके ख़िलाफ़ अब (भले) काम करें। बेशक (इन लोगो ने आप) अपना नुक़सान किया और जो झूठी बातें गढ़ा करते थे वह भूल गये। (५३)★

तुम्हारा परवरदिगार अल्लाह है जिसने छः दिन में ज़मीन और आसमान को पैदा किया फिर अर्श (तख़्त) पर जा बिराजा। वही रात से दिन को ढाँक लेता है, वह जल्दी से उसे आ लेती है। और उसी ने सूर्य और चन्द्रमा और तारों को पैदा किया कि वह सब अल्लाह की हुक्मबरदारी में लगे हैं। जान लो कि हर चीज़ अल्लाह ही की सिरजी हुई है और हुक्म भी (अल्लाह ही का है) जो (सारे) संसार का पालनेवाला और बड़ी बरकत वाला है। (५४) (इसलिए) अपने परवरदिगार से गिड़गिड़ाकर और चुपके दुआ करते रहो। वह हद्द से बढ़नेवालों को नहीं पसन्द करता। (५५) और देश के सुधरे पीछे उसमें फ़साद मत फैलाओ और (उसके अ़ज़ाब के) डर से और (उसके फ़ज़ल की) उम्मीद से अल्लाह को पुकारते रहो। बेशक अल्लाह की रहमत भले काम करने वालों के क़रीब है। (५६) और वही है जो अपनी (कृपा से) आगे (आने वाले मेंह की) खुशख़बरी देने के लिए हवाएँ भेजता है, यहाँ तक कि जब वह (पानी से लदे) भारी बादलों को उठाती हैं, तब हम किसी मुर्दा† बस्ती की तरफ़ उस बादल को हाँक देते हैं, फिर उससे पानी बरसाते हैं, फिर उस पानी से तरह तरह के फल निकलते हैं। इसी तरह हम क़ियामत के दिन मुर्दों को भी निकाल खड़ा करेंगे। (यह सब हमारी क़ुदरत देखकर) शायद तुम ध्यान दो। (५७)

★ रू. ६, १२ आ ६

§ ईश्वर के कोप या अ़ज़ाब की राह देखते हैं कि अगर वह सचमुच हो तो हम दीन क़बूल करें। लेकिन ज़ालिमों को यह पता नहीं कि जब वह अ़ज़ाब का दिन आ मौजूद होगा तो उससे फिर छुटकारा कहाँ होगा कि तुम सुधार कर लो। जो कुछ भला-बुरा करना चाहो उसका मौक़ा तो दुनिया में रहते ही है।

† ऐसी बस्ती जिसकी खेती सूख रही हो।

वल्बलदुत्तैयिबु यख़्रुजु नबा तुहू बिइज़्नि रब्बिहीं ज् वल्लजी ख़बुस ला यख़्रुजु अिल्ला नकिदन् त् कजालिक नुसर्रिफ़ुल्-आयाति लिक़ौमींयश्कुरून (५८) ★ लक़द् अर्सल्ना नूहन् अिला क़ौमिहीं फ़क़ाल याक़ौमिअ्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ाब यौमिन् अज़ीमिन् (५९) क़ाल्मलअु मिन् क़ौमिहीं अिन्ना लनराक फ़ी ज़लालिम्-मुबीनिन् (६०) क़ाल याक़ौमि लैस बी ज़लालतूँव लाकिन्नी रसूलुम् - मिर्रब्बिल् - आलमीन (६१) अुबल्लिग़ुकुम् रिसालाति रब्बी व अन्सहु लकुम् व अ़ल्मु मिनल्लाहि मा ला तअ़्लमून (६२) अव अजिब्तुम् अन् जा'अकुम् जिक्रुम्-मिर्-रब्बिकुम् अला रजुलिम्-मिन्कुम् लियुन्ज़िरकुम् वलितत्तक़ू व लअ़ल्लकुम् तुर्हमून (६३) फ़कज्जबूहु फ़अन्जैनाहु वल्लजीन मअ़हु फ़िल्फ़ुल्कि व अग़्रक़्नल्लजीन कज्जबू बिआयातिना त् अिन्नहुम् कानू क़ौमन् अमीन (६४) ★ व अिला आदिन् अख़ाहुम् हूदन् त् क़ाल या क़ौमिअ्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् अफ़ला तत्तक़ून (६५) क़ालल्-मलअुल्लजीन कफ़रू मिन् क़ौमिहीं अिन्ना लनराक फ़ी सफ़ाहतिंव्व अिन्ना लनज़ुन्नुक मिनल्-काजिबीन (६६) क़ाल या क़ौमि लैस बी सफ़ाहतूँव लाकिन्नी रसूलुम् - मिर्रब्बिल् - आलमीन (६७) अुबल्लिग़ुकुम् रिसालाति रब्बी व अना लकुम् नासिहुन् अमीनुन् (६८) अ व अजिब्तुम् अन् जा'अकुम् जिक्रुम् - मिर्रब्बिकुम् अला रजुलिम् - मिन्कुम् लियुन्ज़िरकुम् त् वज्कुरू अिज् जअ़लकुम् ख़ुलफ़ा'अ मिम्बअ़्दि क़ौमि नूहिंव्व ज़ादकुम् फ़िल्ख़ल्क़ि बस्ततन् ज् फ़ज्कुरू आला'अल्लाहि लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून (६९) क़ालू अजिअ्तना लिनअ़्बुदल्लाह वहूदहू व नजर मा कान यअ़्बुदु आबा'अुना ज फ़अ्तिना बिमा तअ़िदुना अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (७०)

और जो ज़मीन पाक (अच्छी) है उसमें मालिक की आज्ञा से उसकी पैदावार भी (अच्छी) निकलती है और जो (ज़मीन) ख़राब है उसकी पैदावार तो ख़राब ही होती है। इसी तरह हम आयतें तरह-तरह से उन लोगों के लिए बयान करते हैं जो शुक्र मानते हैं।† (५८)★ रू. ७ । १४ आ ५

हमने पैग़म्बर नूह को उनकी क़ौम की तरफ़ भेजा तो (उन्होंने) क़ौम को समझाया कि भाइयो! अल्लाह की बन्दगी करो, उसके सिवाय कोई और तुम्हारी पूजा के क़ाबिल नहीं, (अगर तुम इन्कारी में ही पड़े रहे तो) मुझको एक भारी दिन के प्रकोप का तुम्हारे लिए डर है। (५९) उसकी जाति के सरदारों ने कहा कि हमारे नज़दीक तो तुम ज़ाहिरा भटके हुए हो। (६०) (नूह अ० ने) कहा भाइयो! मैं बहँका नहीं हूँ बल्कि मैं तो दुनिया जहान के पालनेवाले का भेजा हुआ हूँ। (६१) तुमको अपने परवरदिगार के पैग़ाम पहुँचाता हूँ और (तुम्हें) नसीहत करता हूँ और (मैं) अल्लाह की तरफ़ से (ऐसी बातें) जानता हूँ जिनको तुम नहीं जानते। (६२) क्या तुम इस बात से चकित हो कि तुममें ही से एक शख़्स की मार्फ़त तुम्हारे पालनकर्ता की तरफ़ से चेतावनी (तुमको) पहुँची ताकि वह तुमको (अल्लाह की सज़ा से) सचेत करे और तुम (अल्लाह की अवज्ञा से) बचो और शायद तुम पर रहम किया जाय। (६३) (इस पर भी) उन्होंने उसे झुठलाया तो हमने नूह को और उन लोगों को जो उसके साथ किश्ती§ में सवार थे (तूफ़ान से) बचा लिया और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया था (उनको डुबोकर) नष्ट कर दिया। वह (अपना भला-बुरा न देख पाने वाले) अन्धे थे। (६४)★ रू. ८ । १५ आ ६

और (इसी तरह क़ौम) आद की तरफ़ उनके भाई (पैग़म्बर) हूद को भेजा। (उन्होंने) समझाया कि भाइयो! अल्लाह की अिबादत करो। उसके अलावा तुम्हारा कोई पूजित नहीं। क्या तुम (अल्लाह के अ़ज़ाब से) नहीं डरते? (६५) उसकी जाति के सरदार जो इन्कारी थे कहने लगे कि हमको तुम एहमक़ मालूम होते हो और हम तुमको झूठा समझते हैं। (६६) (हूद अ० ने) कहा भाइयो! मैं बेवकूफ़ नहीं बल्कि दुनिया के परवरदिगार का भेजा हुआ हूँ। (६७) तुमको अपने परवरदिगार का संदेश पहुंचाता हूँ और मैं तुम्हारा सच्चा (मातबर) ख़ैरख़्वाह हूँ। (६८) क्या तुम इस बात से ताज्जुब करते हो कि तुम्हीं में से एक शख़्स की मार्फ़त तुम्हारे परवरदिगार का हुक्म तुमको पहुँचा ताकि तुमको (अ़ज़ाब से) डरावे और याद करो, जब उसने तुमको नूह की क़ौम के बाद नायब बनाया और शरीर का (डीलडौल) फैलाव तुमको ज़्यादा दिया। तो अल्लाह के इहसानों को याद करो, शायद तुम्हारा भला हो। (६९) उन लोगों ने पूछा क्या तुम हमारे पास इसलिए आये हो कि हम सिर्फ़ एक अल्लाह की ही पूजा करें और जिनको हमारे बाप दादा पूजते रहे उनको छोड़ बैठें? तो अगर सच्चे हो तो जिस (अ़ज़ाब) का हमको डर दिखाते हो उसे ले आओ (७०)

† जिस तरह अच्छी ज़मीन पर मेह पड़ने से पैदावार उम्दः होती है और ऊसर ज़मीन पर मेह का असर नहीं पड़ता—कहावत है 'फूलैं फलैं न बेत यदपि सुधा बरसहिं जलद। मूरख हृदय न चेत, जो गुरु मिलहिं विरञ्चि सम॥' ठीक इसी तरह जिन इनसानों के दिल अल्लाह की भक्ति से ज़रख़ेज़ हैं उन पर नबियों और अल्लाह की हिदायत की छटा खिलती है और जिनके दिल कुफ़्र से जड़ और मुर्दः हो रहे हैं, उन पर कोई सीख काम नहीं देती और वे ज़िन्दः होते हुये भी मुर्दः की तरह रह जाते हैं। § ह० नूह अ० के समय में एक भयंकर तूफ़ान आया था। उनको इसका समाचार पहले ही मिल गया था। इसलिए उन्होंने एक किश्ती बना रखी थी। ह० नूह अ० और उनके साथ जो लोग उसमें बैठे वे बचे, बाक़ी लोग डूब गये।

क़ाल क़द् व क़अ़ अलैकुम् मिर्रब्बिकुम् रिज्सुँव ग़ज़बुन् त् अतुजादिलूननी फ़ी अस्मा अिन् सम्मैतुमूहा अन्तुम् व आबा अुकुम् मा नज़्ज़लल्लाहु बिहा मिन् सुल्तानिन् त् फ़न्तजिरू अिन्नी मअ़कुम् मिनल्मुन्तजिरीन (७१) फ़अन्-जैनाहु वल्लजीन मअ़हू बिरह्मतिम्-मिन्ना व क़तअ़ना दाबिरल्लजीन कज्जबू बिआयातिना व मा कानू मुअ्मिनीन (७२) ★ व अिला समूद अख़ाहुम् सालिहन् म ● क़ाल या क़ौमिअ़्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् क़द् जा अत्कुम् बैयिनतुम्-मिर्रब्बिकुम् त् हाजिहि नाक़तुल्लाहि लकुम् आयतन् फ़जरूहा तअ्कुल् फ़ी अर्ज़िल्लाहि व ला तमस्सूहा बिसू अिन् फ़यअ़्ख़ुजकुम् अ़जाबुन् अलीमुन् (७३) वज्कुरू अिज् जअ़लकुम् ख़ुलफ़ा अ मिम्बअ़्दि आदिंव बौवअकुम् फ़िल्अर्ज़ि तत्तख़िजून मिन् सुहूलिहा क़ुसूरौंव तन्हितूनल् - जिबाल बुयूतन् ज फ़ज्कुरू आला अल्लाहि व ला तअ़्सू फ़िल्अर्ज़ि मुफ़्सिदीन (७४) क़ालल्मलअुल्-लजीनस्तक्बरू मिन् क़ौमिहि लिल्लजीनस्तुज़्अिफ़ू लिमन् आमन मिन्हुम् अतअ़्लमून अन्न सालिहम् - मुर्सलुम् - मिर्रब्बिहि त् क़ालू अिन्ना बिमा अुर्सिल बिहि मुअ्मिनून (७५) क़ाललल्लजीनस् - तक्बरू अिन्ना बिल्लजी आमन्तुम् बिहि काफ़िरून (७६) फ़अ़क़रुन्नाक़त व अ़तौ अन् अम्रि रब्बिहिम् व क़ालू यासालिहुअ़्तिना बिमा तअ़िदुना अिन् कुन्त मिनल् - मुर्सलीन (७७) फ़अख़ज़त् - हुमुर्रज्फ़तु फ़अस्बहू फ़ी दारिहिम् जासिमीन (७८)

★ रु. ६ — १६ आ ८ ● व. ता जि म



(हूद अ० ने) जवाब दिया कि (समझ लो) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर सज़ा और ग़ज़ब आ ही पड़ा। क्या तुम मुझसे कुछ (ऐसे) नामों के बारे में झगड़ते हो, जिनको तुमने और तुम्हारे बड़ों ने गढ़ रखा है (और) अल्लाह ने तो उनकी कोई सनद उतारी नहीं। तो तुम (सज़ा का) इन्तज़ार करो, मैं भी तुम्हारे साथ इन्तज़ार कर रहा हूँ। (७१) (अल्लाह फ़र्माता है कि) आख़िरकार हमने अपने रहम से हूद को और उन लोगों को जो उनके साथ थे बचा लिया और जो लोग हमारी आयतों को झुठलाते थे और ईमान न लाते थे उनकी जड़ें काट दीं। (७२)★

और (इसी तरह क़ौम) समूद की तरफ़ उनके भाई सालेह को भेजा।● (सालेह ने) कहा कि भाइयो! (एक) अल्लाह ही की बन्दगी करो। उसके सिवाय तुम्हारा कोई मालिक नहीं। (और देखो यह) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारे पास दलील (साफ़) आ चुकी कि—यह अल्लाह की (भेजी हुई) ऊँटनी§ तुम्हारे लिए एक निशानी है। तो इसे छुटी फिरने दो कि अल्लाह की ज़मीन में (से जहाँ चाहे) चरे और किसी तरह का नुक़सान पहुँचाने की नियत से इसको छूना भी नहीं, वरना तुमको दुखदाई सज़ा धर पकड़ेगी। (७३) और याद करो जब (अल्लाह ने) तुमको (क़ौम) आद के बाद आबाद किया और तुमको ज़मीन पर(इस तरह) ठिकाना दिया कि तुम नरम ज़मीन पर महल खड़े करते और पहाड़ों को तराशकर घर बनाते हो। सो अल्लाह के इहसानों को याद करो और ज़मीन पर फ़साद मत फैलाते फिरो। (७४) (इस पर) सालेह की क़ौम में जो बड़े (अभिमानी) सरदार थे, ग़रीब लोगों से जो उनमें से ईमान ले आये थे, पूछने लगे क्या तुमको ख़ूब मालूम है कि सालेह अल्लाह का पैग़म्बर है। उन्होंने जवाब दिया कि हाँ, जो हुक्म उनको देकर हमारी तरफ भेजा गया है हमारा उस पर यक़ीन है। (७५) वह (घमण्डी) बड़े लोग कहने लगे कि जिस चीज़ पर तुम ईमान ले आये हो हम तो उसे नहीं मानते। (७६) फिर उन्होंने (उस चमत्कारी) ऊँटनी को (सालेह अ० के मना करने पर भी) काट डाला और अपने परवरदिगार के हुक्म के ख़िलाफ़ सरकशी की और कहा कि ऐ सालेह! जिस (अज़ाब)का तुम हमको डर दिखलाते हो अगर तुम पैग़म्बर हो तो हम पर ला उतारो।(७७)पस उनको भूचाल ने धर दबोचा और वे सुबह को अपने घरों में औंधे पड़े(ज्यों के त्यों)रह गये।(७८)

§ जब क़ौम आद अपने कुफ्र के कारन जड़ से तबाह हो गई तो क़ौम समूद को अल्लाह ने उनका जानशीन किया। उनकी तहज़ीब व ऐश इशरत के सामान ख़ूब जलवे पर पहुँचे। लेकिन जैसा दुनिया में हमेशा होता आया है आख़िर वह भी मदमस्त हो गये। अल्लाह को भूलकर सरकशी व शिर्क की इन्तिहा पर पहुंचे। तब ह० सालेह अ० को अल्लाह ने पैग़ाम देकर भेजा। चन्द ग़रीबों को छोड़ बड़े लोग ईमान न लाये। हज़रत सालेह अ० को उनकी जातिवालों ने झूठ समझा और ईद के मौक़े पर एक दिन कहा कि तुम सच्चे हो तो एक हामला ऊँटनी अभी इस पत्थर से निकालो। ह० सालेह अ० ने दुआ की तो जैसी ऊँटनी उन लोगों ने चाही थी वैसी ही पत्थर से निकल आई। क़ौम समूद में ज़न्दा इब्न उमर ने यह सवाल किया था और यह चमत्कार देख कर ईमान ले आया लेकिन दूसरे समूद लोग गुमराही में ही पड़े रहे और आख़िर अल्लाह के अज़ाब में उनका भी नाम निशान मिट गया। आगे की आयतों में उसी का हाल है।

फ़तवल्ला अन्हुम् व क़ाल याक़ौमि लक़द् अब्लग़्तुकुम् रिसालत रब्बी व नसह्तु लकुम् व लाकिल्ला तुह्ब्बूनन्नासिहीन (७९) व लूतन् अिज् क़ाल लिक़ौमिहीं अतअ्तूनल् - फ़ाह्शत मा सबक़कुम् बिहा मिन् अहदिम् - मिनल् - आलमीन (८०) अिन्नकुम् लतअ्तूनर्रिजाल शह्वतम् - मिन् दूनिन्निसा'अि त् बल् अन्तुम् क़ौमुम्-मुस्रिफ़ून (८१) व मा कान जवाब क़ौमिहीं अिल्ला अन् क़ालू अख़्रिजूहुम् मिन् क़र्यतिकुम् ज् अिन्नहुम् अुनासुंय्यतत़हह्रून (८२) फ़अन्जैनाहु व अह्लहू अिल्लम्-रअतह्ू ज् स़ला कानत् मिनल्ग़ाबिरीन (८३) व अम्त़र्ना अलैहिम् मत़रन् त् फ़न्जुर्कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुज्रिमीन (८४) ★ व अिला मद्यन अख़ाहुम् शुअैबन् त् क़ाल या क़ौमिअ्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् क़द् जा'अत्कुम् बैयिनतुम्-मिर्रब्बिकुम् फ़औफ़ुल्कैल वल्मीज़ान व ला तब्ख़सुन्नास अश्या'अहुम् व ला तुफ़्सिदू फ़िल्अर्ज़ बअ्द अिस्लाहिहा त् जालिकुम् ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ज् (८५) व ला तक़्अुदू बिकुल्लि सिरातिन् तूअिदून व तसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि मन् आमन बिहीं व तब्ग़ूनहा अिवजन् ज् वज्कुरू अिज् कुन्तुम् क़लीलन् फ़कस्सरकुम् स् वन्जुरू कैफ़ कान आक़िबतुल् - मुफ़्सिदीन (८६) व अिन् कान ता'अिफ़तुम्-मिन्कुम् आमनू बिल्लजी अुर्सिल्तु बिहीं व ता'अिफ़तुल्लम् युअ्मिनू फ़स्बिरू हत्ता यह्कुमल्लाहु बैनना ज् व हुव ख़ैरुल्हाकिमीन (८७)

॥ इति आठवाँ पारः ॥

★ रु. १०—१७ आ १२

फिर सालेह उनके यहाँ से यों कहता हुआ चला गया कि भाइयो ! मैंने तो अपने परवरदिगार का पैग़ाम तुमको पहुँचा दिया और तुम्हारा भला चाहा मगर तुम नहीं चाहते भला चाहनेवालों को। (७९) और (हमने) लूत को (रसूल बनाकर) भेजा और (उसने) अपनी क़ौम से कहा क्यों (ऐसी बेशर्मी) करते हो जैसी दुनिया जहान में तुमसे पहले किसी ने नहीं की। (८०) तुम तो स्त्रियों को छोड़ कर शहवत के लिए मर्दों पर दौड़ते हो ? बल्कि तुम लोग हद (मर्यादा) पर नहीं रहते। (८१) और लूत की जाति ने और कुछ जवाब न दिया सिवाय यही कहने के कि इन लोगों (यानी लूत अ० ब उनके घरवालों) को अपनी बस्ती से निकाल बाहर करो। यह ऐसे लोग हैं जो (बड़े) पाक साफ़ बनते हैं। (८२) पस हमने लूत को और उनके लोगों को बचा दिया। मगर उसकी बीबी (न बची) कि वह पीछे रहने वालों में थी। (८३) और हमने इन पर (पत्थरों का) मेंह बरसाया। पस देखो कि गुनहगारों का अन्त में कैसा हाल हुआ। (८४)★

और मदयनवालों की तरफ़ (हमने) उनके भाई शोएब को (रसूल बनाकर) भेजा उसने कहा ऐ भाइयो ! अल्लाह की बन्दगी करो, उसके सिवाय तम्हारा कोई पूज्य नहीं। (अब तो) तुम्हारे पालनकर्ता की तरफ़ से तुम्हारे लिए दलील ज़ाहिर हो चुकी है तो नाप और तौल पूरी किया करो और लोगों को उनकी चीज़ें घटा (कर कम) न दो और सँवारने के बाद ज़मीन में फ़साद न करो यही तुम्हारे लिए भला है अगर तुम ईमानवाले हो। (८५) और हर राह पर मत बैठा करो कि जो शख़्स अल्लाह पर ईमान लाता है उसे धमकाते हो और राहे अल्लाह से रोकते और उसमें कजी (नुक़्स) ढूँढते हो और वह (समय) याद करो कि जब तुम थोड़े थे फिर (अल्लाह ने) तुम्हें बहुत किया और देखो कि (आख़िर) फ़साद करनेवालों का (दुनिया में) कैसा परिणाम हुआ। (८६) और अगर तुममें एक फ़िर्क़े ने उस पैग़ाम पर यक़ीन किया है जो मेरे हाथों (अल्लाह ने तुम तक) पहुँचाया है और एक फ़िर्क़े ने नहीं (यक़ीन किया है) तो तुम सब्र करो जब तक अल्लाह हमारे बीच फ़ैसला कर दे। और वह सबसे बढ़कर फ़ैसला करनेवाला है (८७)

रु. १०—१७ आ १२

॥ इति आठवाँ पारः ॥

﴿ नवाँ पारः क़ाललमलअु— ﴾

﴿ सूरतुल्अऽराफ़ि आयात ८८ से २०६ ﴿

क़ालल्-मलअुल्लजीनस्-तक्बरू मिन् क़ौमिहीं लनुख़्रिजन्नक याशुअैबु वल्लजीन आमनू मअक मिन् क़र्यतिना औ लतअूदुन्न फ़ी मिल्लतिना त् क़ाल अवलौ कुन्ना कारिहीन क़िफ़् (८८) क़दिफ़्तरैना अलल्लाहि कजिबन् इन् अुद्ना फ़ी मिल्लतिकुम् बअ्द इज् नज्जानल्लाहु मिन्हा त् व मा यकूनु लना अन् नअूद फ़ीहा इल्ला अैंयशा अल्लाहु रब्बुना त् वसिअ रब्बुना कुल्ल शैइन् इल्मन् त् अलल्लाहि तवक्कल्ना त् रब्बनफ़्तह् बैनना व बैन क़ौमिना बिल्हक़्क़ि व अन्त ख़ैरुल्फ़ातिहीन (८९) व क़ालल्-मलअुल्लजीन कफ़रू मिन् क़ौमिहीं लइनित्तबअ्तुम् शुअैबन् इन्नकुम् इजल्लख़ासिरून (९०) फ़अख़ज़त्-हुमुर्-रज्फ़तु फ़अस्बहू फ़ी दारिहिम् जासिमीन ज् सला ∴ (९१) अल्लजीन कज्जबू शुअैबन् कअल्लम् यग्नौ फ़ीहा ज् ∴ अल्-लजीन कज्जबू शुअैबन् कानू हुमुल्ख़ासिरीन (९२) फ़तवल्ला अन्हुम् व क़ाल या क़ौमि लक़द् अब्लग़्तुकुम् रिसालाति रब्बी व नसह्तु लकुम् त् फ़कैफ़ आसा अला क़ौमिन् काफ़िरीन (९३) ★ व मा अर्सल्ना फ़ी क़र्यतिम्-मिन् नबीयिन् इल्ला अख़ज़्ना अह्लहा बिल्बअ्सा इ वज़्ज़र्रा इ लअल्लहुम् यज़्ज़र्रअून (९४) सुम्म बद्ल्ना मकानस्-सैयिअतिल्-हुसनत हत्ता अफ़ौव क़ालू क़द् मस्स आबा अ नज़्ज़र्रा अु वस्सर्रा अु फ़अख़ज़्नाहुम् बग़्तन्वौव हुम् ला यश्अुरून (९५) व लौ अन्न अह्लल्क़ुरा आमनू वत्तक़ौ लफ़तह्ना अलैहिम् बरकातिम्-मिनस्समा इ वल्अर्ज़ि व लाकिन् कज्जबू फ़अख़ज़्नाहुम् बिमा कानू यक्सिबून (९६)

قال الملأ ۱۲۹ الاعراف
قَالَ الْمَلَأُ الَّذِينَ اسْتَكْبَرُوا مِن قَوْمِهِ لَنُخْرِجَنَّكَ يَا شُعَيْبُ
وَالَّذِينَ آمَنُوا مَعَكَ مِن قَرْيَتِنَا أَوْ لَتَعُودُنَّ فِي مِلَّتِنَا ۚ قَالَ أَوَلَوْ
كُنَّا كَارِهِينَ ﴿٨٨﴾ قَدِ افْتَرَيْنَا عَلَى اللَّهِ كَذِبًا إِنْ عُدْنَا فِي مِلَّتِكُم
بَعْدَ إِذْ نَجَّانَا اللَّهُ مِنْهَا ۚ وَمَا يَكُونُ لَنَا أَن نَّعُودَ فِيهَا إِلَّا أَن
يَشَاءَ اللَّهُ رَبُّنَا ۚ وَسِعَ رَبُّنَا كُلَّ شَيْءٍ عِلْمًا ۚ عَلَى اللَّهِ تَوَكَّلْنَا ۚ
رَبَّنَا افْتَحْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ قَوْمِنَا بِالْحَقِّ وَأَنتَ خَيْرُ الْفَاتِحِينَ ﴿٨٩﴾ وَ
قَالَ الْمَلَأُ الَّذِينَ كَفَرُوا مِن قَوْمِهِ لَئِنِ اتَّبَعْتُمْ شُعَيْبًا إِنَّكُمْ
إِذًا لَّخَاسِرُونَ ﴿٩٠﴾ فَأَخَذَتْهُمُ الرَّجْفَةُ فَأَصْبَحُوا فِي دَارِهِمْ جَاثِمِينَ ﴿٩١﴾
الَّذِينَ كَذَّبُوا شُعَيْبًا كَأَن لَّمْ يَغْنَوْا فِيهَا ۚ الَّذِينَ كَذَّبُوا شُعَيْبًا
كَانُوا هُمُ الْخَاسِرِينَ ﴿٩٢﴾ فَتَوَلَّىٰ عَنْهُمْ وَقَالَ يَا قَوْمِ لَقَدْ أَبْلَغْتُكُمْ
رِسَالَاتِ رَبِّي وَنَصَحْتُ لَكُمْ ۖ فَكَيْفَ آسَىٰ عَلَىٰ قَوْمٍ كَافِرِينَ ﴿٩٣﴾ وَ
مَا أَرْسَلْنَا فِي قَرْيَةٍ مِّن نَّبِيٍّ إِلَّا أَخَذْنَا أَهْلَهَا بِالْبَأْسَاءِ وَالضَّرَّاءِ
لَعَلَّهُمْ يَضَّرَّعُونَ ﴿٩٤﴾ ثُمَّ بَدَّلْنَا مَكَانَ السَّيِّئَةِ الْحَسَنَةَ حَتَّىٰ عَفَوا
وَّقَالُوا قَدْ مَسَّ آبَاءَنَا الضَّرَّاءُ وَالسَّرَّاءُ فَأَخَذْنَاهُم بَغْتَةً وَهُمْ
لَا يَشْعُرُونَ ﴿٩٥﴾ وَلَوْ أَنَّ أَهْلَ الْقُرَىٰ آمَنُوا وَاتَّقَوْا لَفَتَحْنَا عَلَيْهِم
بَرَكَاتٍ مِّنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ وَلَٰكِن كَذَّبُوا فَأَخَذْنَاهُم بِمَا كَانُوا
يَكْسِبُونَ ﴿٩٦﴾ أَفَأَمِنَ أَهْلُ الْقُرَىٰ أَن يَأْتِيَهُم بَأْسُنَا بَيَاتًا

✯✯ नवाँ पारः (क़ालल्मलअु—) ✯✯

✯ सूरतुल्अ़राफ़ि आयत ८८ से आयात २०६ तक ✯

(शोएब की) क़ौम के (अपने को) बड़ा समझने वाले सरदार बोले कि ऐ शोएब ! या तो तुम हमारे दीन में लौट आओ, नहीं तो हम तुमको और जो तुम्हारे साथ ईमान लाये हैं उनको अपने शहर से निकाल देंगे। (शोएब ने) कहा क्या हम (तुम्हारे तरीक़े से) बेज़ार (बिमुख) हों तब भी (लौट आवें) ? (८८) जबकि अल्लाह ने तुम्हारे मज़हब से हमें ख़लास (मुक्त) कर दिया फिर भी अगर उसमें लौट आवें तो (मानो) हमने अल्लाह पर झूठ बाँधा और हमारा काम नहीं कि उसमें फिर आवें, लेकिन कभी हमारा परवरदिगार चाहे (तो दूसरी बात है)। हमारा परवरदिगार अपने इल्म से हर चीज़ की ख़बर रखता है। अल्लाह पर हमने भरोसा किया। ऐ परवरदिगार ! हममें और हमारी जाति के बीच तू ठीक इन्साफ़ कर और तू (ही) सबसे अच्छा इन्साफ़ करने वाला है। (८९) और शोएब की जाति के सरदार जो इन्कारी थे बोले कि अगर शोएब की राह पर चलोगे तो तुम घाटे में पड़ जाओगे। (९०) फिर (यकायक) उन्हें भूचाल ने (आ) घेरा फिर वे अपने घरों में सुबह को औंधे पड़े (ज्यों के त्यों) रह गये। (९१) जिन लोगों ने शोएब को झुठलाया (वे जड़ से ऐसा मिटे) गोया उन बस्तियों में उनका कभी वजूद (अस्तित्व) ही न था। जिन लोगों ने शोएब को झुठलाया गोया वही (अपने कर्मों की बदौलत) घाटे में रहे। (९२) शोएब उनके यहाँ से चल दिया यह कहते हुये कि ऐ क़ौम ! मैंने अपने रब का संदेशा तुम्हें पहुँचाया और तुम्हारा भला चाहा, फिर भी जिन लोगों ने न माना ऐसों पर क्या अफ़सोस करूँ। (९३)★

ऐसा कभी न हुआ कि हमने किसी बस्ती में पैग़म्बर भेजा हो (और) वहाँ के रहनेवालों पर हमने सख़्ती और मुसीबत न डाली हो (इस विचार से) कि शायद वह लोग तौबः करें (९४) फिर हमने बुराई की जगह भलाई को बदला, यहाँ तक कि लोग ख़ूब बढ़े और (एक दिन नौबत आई कि) कहने लगे कि इस तरह के दुख और सुख तो हमारे बड़ों को भी पहुँचते रहे हैं, तो (उनकी इस नाशुक्री पर) हमने उनको अचानक धर पकड़ा जब वे बेख़बर थे।§ (९५) और अगर बस्तियों वाले कहीं ईमान लाते और परहेज़गारी (संयम) से चलते तो हम आसमान और ज़मीन की (सारी) बरकतों (के दरवाज़े) उन पर खोल देते मगर उन लोगों ने झुठलाया तो उनके उन कर्मों के बदले में जो वह करते थे हमने उनको पकड़ा।(९६)

§ ज़मीन का कोई हिस्सा ऐसा नहीं जहाँ हमने अपने नबी और हिदायत न भेजी हो और जहाँ के लोगों को कसौटी पर न कसा हो कि वह तकलीफ़ को देखकर ग़लत से तौबः करें और हमारी सही राह पकड़ें। फिर बार बार उनकी बुराइयों को माफ़ किया और उन्हें भलाई व तरक़्क़ी देते रहे। इसके बाद भी जब वह गुनाहों की हद ही पार करने लगे तब आख़िरकार उनको अपने ग़ज़ब (कोप) में धर पकड़ा।

अफ़अमिन अह्लुल्क़ुरा अँयअ्तियहुम् बअ्सुना बयातौंव हुम् ना अिमून त्
(९७) अव अमिन अह्लुल्क़ुरा अँयअ्तियहुम् बअ्सुना ज़ुहौंवहुम् यल्अबून
(९८) अफ़अ मिनू मक्रल्लाहि ज् फ़ला यअ्मनु मक्रल्लाहि अिल्लल्क़ौमुल्-
ख़ासिरून (९९) ★ अवलम् यह्दि लिल्लजीन यरिसूनल्अर्ज़ मिम्बअ्दि
अह्लिहा अल्लौ नशाअु अस्बनाहुम्
बिजुनूबिहिम् ज् व नत्बअु अला क़ुलूबिहिम्
फ़हुम् ला यस्मअून (१००) तिल्कल्क़ुरा
नक़ुस्सु अलैक मिन् अम्बाअिहा ज् व लक़द्
जाअत्हुम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति ज् फ़मा
कानू लियुअ्मिनू बिमा कज्जबू मिन्
क़ब्लु त् कजालिक यत्बअुल्लाहु अला
क़ुलूबिल्काफ़िरीन (१०१) व मा वजद्ना
लिअक्सरिहिम् मिन् अह्दिन् ज् व अिन्व
जद्ना अक्सरहुम् लफ़ासिक़ीन (१०२)
सुम्म बअ्स्ना मिम्बअ्दिहिम् मूसा
बिआयातिना अिला फ़िर्औन व मलअिहि
फ़ज़लमू बिहा ज् फ़न्जुर्कैफ़ कान
आक़िबतुल् - मुफ़्सिदीन (१०३) व क़ाल मूसा याफ़िर्औनु अिन्नी
रसूलुम् - मिर्रब्बिल् - आलमीन ला (१०४) ह़क़ीक़ुन् अला अल्ला अक़ूल
अलल्लाहि अिल्लल्ह़क़्क़ त् क़द् जिअ्तुकुम् बिबैयिनतिम् - मिर्रब्बिकुम् फ़अर्सिल्
मअिय बनी अिस्रा'ील त् (१०५) क़ाल अिन्कुन्त जिअ्त बिआयतिन्
फ़अ्ति बिहा अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (१०६) फ़अल्क़ा अस़ाहु फ़अिजा
हिय सु़अ्बानुम्मुबीनुन ज मला (१०७) व'व नज़अ्य यदहू फ़अिजा हिय बैज़ा'अु
लिन्नाज़िरीन (१०८) ★ क़ाललमलअु मिन् क़ौमि फ़िर्औन अिन्न हाज़ा
लसाहिरुन् अलीमुन् ला (१०९) य'युरीदु अँयुख़्रिजकुम् मिन् अर्ज़िकुम् ज
फ़मा ज़ातअ्मुरून (११०) क़ालू अर्जिह् व अख़ाहु व अर्सिल् फ़िल्-मदा अिनि
ह़ाशिरीन ला (१११) यअ्तूक बिकुल्लि साह़िरिन् अलीमिन् (११२) व जा अस्-
सह़रतु फ़िर्औन क़ालू अिन्न लना लअज्रन् अिन् कुन्ना नह्नुल् ग़ालिबीन (११३)

तो क्या बस्तियों के रहने वाले (इससे) निडर हैं कि उन पर हमारा अ़ज़ाब रातोरात आ पहुँचे जब वह सोये हुये पड़े हों? (९७) या क्या बस्तियों के रहने वाले (इससे) निडर हैं कि हमारा अ़ज़ाब दिन दहाड़े उन पर (टूट) पड़े जबकि वह खेल-कूद रहे हों? (९८) तो क्या अल्लाह की चाल (छिपी तदबीर) से निडर हो गये हैं। सो अल्लाह की छिपी तदबीर (अ़ज़ाब) से तो वही लोग निडर होते हैं जो घाटे में पड़ने वाले हैं। (९९) ★ रु. १२ । २ । आ ६

और जो लोग वहाँ के (पहले के) लोगों के जाने के बाद ज़मीन के वारिस होते हैं क्या इतनी भी सूझ नहीं रखते कि अगर हम चाहें तो इनके गुनाहों के बदले इन पर (इनके पिछले गिरोहों की तरह) आफ़त डालें और (सच तो यह है कि इनके बराबर कुफ़्र में रहने के कारन) हम इनके दिलों पर मुहर कर देते हैं सो यह लोग नहीं सुनते। (१००) (ऐ पैग़म्बर!) यह चन्द बस्तियाँ हैं जिनके कुछ हालात हम तुमको सुनाते हैं। और इनके पैग़म्बर इन लोगों के पास निशानियाँ (पैग़ाम) भी लेकर आये मगर यह लोग ऐसी तबियत के न थे कि जिस चीज़ को पहले झुठला चुके हों उस पर ईमान ले आवें। काफ़िरों के दिलों पर अल्लाह इसी तरह मुहर लगा दिया करता है@। (१०१) और हमने तो इनमें से बहुतेरों का वचन का निबाह करनेवाला न पाया और हमने इनमें से बहुतों को बेहुक्म पाया। (१०२) फिर उनके बाद हमने मूसा को अपनी निशानियाँ देकर फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़ भेजा तो (इन लोगों ने) उनके साथ ज़्यादती की तो देखो कि उन फ़सादियों का कैसा अंजाम हुआ। (१०३) और मूसा ने कहा कि ऐ फ़िरऔन! मैं संसार के परवरदिगार का भेजा हुआ हूँ। (१०४) लायक़ हूँ इस पर कि सच के सिवाय अल्लाह की बाबत दूसरी बात न कहूँ। मैं तुम लोगों के पास तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से निशानी लेकर आया हूँ सो तू इसराईल के बेटों को (जिन्हें तूने अपना गुलाम बना रखा है) मेरे साथ बिदा कर दे। (१०५) (फ़िरऔन) बोला कि अगर तू कोई करामात लेकर आया है तो वह लाकर दिखा अगर तू सच्चा है। (१०६) इस पर मूसा ने अपनी लाठी (ज़मीन पर) डाल दी, तो (क्या देखते हैं कि) वह उसी वक़्त ज़ाहिरा एक अजगर हो गया। (१०७) और अपना हाथ निकाला तो उसी वक्त देखने वालों को वह (ऐसा) चमकता नज़र आया (कि आँखें नहीं टिकती थीं)§। (१०८) ★ रु. १३ । ३ । आ ६

फ़िरऔन की क़ौम के सरदार कहने लगे कि बेशक यह तो बड़ा होशियार जादूगर है। (१०९) चाहता है कि तुमको तुम्हारे देश से निकाल बाहर करे, तो क्या सलाह देते हो? (११०) (सबने फ़िरऔन से) कहा कि (फ़िलहाल) मूसा और उसके भाई हारूँ को (इस वक़्त) ढील दें और गाँवों गाँवों में हलकारे भेजिये (१११) कि तमाम गुनी जादूगरों को आप के सामने लाकर हाज़िर करें। (११२) निदान जादूगर फ़िरऔन के पास हाज़िर हुए, कहने लगे कि अगर हम जीत जायँ तो हमको बदले में (इनाम) मिलना चाहिए (११३)

@ अल्लाह ने हर शख़्स को नेक-बद को समझने का विवेक दिया है। उसके अलावा समय-समय पर किताबों और पैग़म्बरों के ज़रिये रहनुमाई होती रही। इस पर भी जिनसे चूक हो और वे तौबः करें तो अल्लाह उनको बार-बार माफ़ भी करता है। इतनी रहमतें होने के बाद भी जो गुनाह से बजाय बचने के गुनाहों में ही लिप्त रहें और सही राह की ओर मुड़ कर देखना भी पसन्द न करें तो ऐसे गुनहगारों के दिल-दिमाग़ को जंग लग जाता है। उनको अल्लाह सदा गुनाहों में भटकने को छोड़ देता है। § ह० मूसा अ० मिस्र से निकल कर मदीने में ह० शोएब अ० के पास पहुँचे और उनकी लड़की से निकाह किया। बाद को मिस्र को वापसी के वक़्त रास्ते में पैग़म्बरी मिली और खुदा का हुक्म हुआ कि मिस्र जाकर फ़िरऔन को अल्लाह की तरफ़ बुलाओ कि सरकशी से बाज़ आये। मूसा अ० को दो मुख्य चमत्कार मिले थे—(१) उनकी लाठी अजगर बन जाती थी (२) उनका हाथ इतना चमकता था कि उसकी ओर आँख भर के देखा नहीं जाता था।

क़ाल नअ़म् व अिन्नकुम् लमिनल्-मुक़र्रबीन (११४) क़ालू या मूसा अिम्मा अन् तुल्क़िय व अिम्मा अन्नकून नह्नुल्मुल्क़ीन (११५) क़ालअल्क़ू ज् फ़लम्मा अल्क़ौ सहूरू अ़ऽयुनन्नासि वस्तर्हबूहुम् व जा'ऊ बिसिह्रिन् अ़ज़ीमिन् (११६) व औ हैना अिला मूसा अन् अल्क़ि अ़साक ज् फ़अिज़ा हिय तल्क़फ़ु मा यअ़्फ़िकून ज् (११७) फ़-वक़अ़ल्-ह़क़्क़ु व बत़ल मा कानू यअ़्मलून ज् (११८) फ़ग़ुलिबू हुनालिक वन्क़लबू साग़िरीन ज् (११९) व अुल्क़ियस्सह़रतु साजिदीन ज् स़ला (१२०) क़ालू आमन्ना बिरब्बिल्-आलमीन ला (१२१) रब्बि मूसा व हारून (१२२) क़ाल फ़िर्'औनु आमन्तुम् बिह़ी क़ब्ल अन् आज़न लकुम् ज् अिन्न हाज़ा लमक्रुम्-मकर्तुमूहु फ़िल्मदीनति लितुख़्रिजू मिन्हा अह्लहा ज् फ़सौफ़ तअ़्लमून (१२३) लअुक़त्तिअन्न अैदियकुम् व अर्जुलकुम् मिन् ख़िलाफ़िन् सुम्म लअुसल्लिबन्नकुम् अज्मअ़ीन (१२४) क़ालू अिन्ना अिला रब्बिना मुन्क़लिबून ज् (१२५) व मा तन्क़िमु मिन्ना अिल्ला अन् आमन्ना बिआयाति रब्बिना लम्मा जा'अत्ना त् रब्बना अफ़्रिग़् अलैना सब्रौंव तवफ़्फ़ना मुस्लिमीन (१२६) ★ व क़ालल्मलअ़ु मिन् क़ौमि फ़िर्'औन अतजरु मूसा व क़ौमहू लियुफ़्सिदू फ़िल्अ़र्ज़ि व यजरक व आलिहतक त् क़ाल सनुक़त्तिलु अब्ना'अहुम् व नस्तह़्यी निसा'अहुम् ज् व अिन्ना फ़ौक़हुम् क़ाहिरून (१२७) क़ाल मूसा लिक़ौमिहिस्तअ़ीनू बिल्लाहि वस्बिरू ज् अिन्नल्अ़र्ज़ लिल्लाहि युरिसुहा मैंयशा'अु मिन् अ़िबादिहि त् वल्आ़क़िबतु लिल्मुत्तक़ीन (१२८) क़ालू अूजीना मिन् क़ब्लि अन् तअ़्तियना व मिम्बअ़्दि मा जिअ़्तना त् क़ाल अ़सा रब्बुकुम् अैंयुह्लिक अ़दूवकुम् व यस्तख़्लिफ़कुम् फ़िल्अ़र्ज़ि फ़यन्ज़ुर कैफ़ तअ़्मलून (१२९) ★

(फ़िरऔ़न ने) कहा—हाँ। और (ज़रूर) तुम मेरे नज़दीकी लोगों में हो जाओ गे। (११४) (जादूगरों ने) कहा—ऐ मूसा ! या तो तुम (अपना डण्डा डालकर) डालो और या हम ही डालें। (११५) (मूसा ने) कहा तुम्हीं डालो। फिर जब उन्होंने (अपनी लाठियाँ और रस्सियाँ) डालीं तो (जादू के ज़ोर से) लोगों की नज़रबन्दी कर दी (कि चारों तरफ़ साँप ही साँप दिखलाई देने लगे) और उनको भय में डाल दिया और बड़ा जादू लाये।◉ (११६) और (उस समय) हमने मूसा की तरफ़ पैग़ाम भेजा कि (तुम भी) अपना असा (लाठी) डाल दो। [मूसा ने असा (लाठी) डाल दी] तो क्या देखते हैं कि जादूगरों ने जो (साँपों का) झूठमूठ (स्वाँग) रच रखा था उसको वह (असा) निगलने लगा। (११७) पस सच बात साबित हो गई और जो कुछ जादूगरों ने किया था झूठा (साबित) हो गया। (११८) पस (फ़िरऔ़न और उसके लोग) उस (अखाड़े) में हारे और ज़लील हो (कर रह) गये। (११९) और जादूगर सिजदे (सिर नवाने) में गिर पड़े। (१२०) बोल उठे कि हम तो संसार के परवरदिगार पर ईमान लाये। (१२१) जो मूसा और हारूँ का परवरदिगार है। (१२२) फ़िरऔ़न बोला अभी मैंने हुक्म ही नहीं दिया और तुम ईमान ले आये। यह (तुम्हारा) फ़रेब है जो शहर में तुमने (मूसा से मिलकर) बाँधा है ताकि यहाँ के लोगों को (इस शहर से) निकाल बाहर करो, सो तुमको जल्दी ही पता लग जायगा। (१२३) मैं तुम्हारे हाथ और तुम्हारे पाँव उल्टे (यानी दाहिना हाथ तो बायाँ पैर और बायाँ हाथ तो दाहिना पैर) काटूँगा फिर तुम सबको सूली पर चढ़ाऊँगा। (१२४) (वह) कहने लगे हमको तो अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटकर जाना है। (१२५) और (ऐ फ़िरऔ़न !) तू हमसे इसलिए दुश्मनी करता है कि हमने अपने परवरदिगार की निशानियाँ मान लीं जब (वे) हमारे पास तक पहुँच चुकीं। ऐ हमारे परवरदिगार ! हम पर सब्र के दहाने खोल दे और हमें (जब मौत दे) मुसलमान ही (की हालत में) मौत दे। (१२६)★

और फ़िरऔ़न के लोगों में से सरदारों ने (फ़िरऔ़न से) कहा कि क्या तुम मूसा और उसकी क़ौम को यों ही छोड़ दोगे कि देश में फ़साद फैलाते फिरें और वह तुमसे व तुम्हारे बुतों से॰ किनारा कर जायें। उसने कहा अब हम इनके बेटों को मारेंगे और उनकी औरतों को ज़िन्दः रखेंगे और हम उन पर ग़ालिब (प्रबल) हैं।† (१२७) मूसा ने अपनी जाति से कहा अल्लाह से मदद माँगो और सब्र पर क़ायम रहो। ज़मीन तो अल्लाह ही की है, वह अपने बन्दों में से जिसको चाहता है उसको वारिस बना देता है और (अल्लाह की अवज्ञा से) डरनेवालों का अंजाम भला होगा। (१२८) (इस पर वह) कहने लगे कि तुम्हारे आने से पहले हमको दुख मिला और तुम्हारे आने के बाद भी। (मूसा अ० ने) कहा कि क़रीब है कि परवरदिगार तुम्हारे दुश्मन को तबाह कर दे और तुमको ज़मीन में नायब बनाये; फिर (अल्लाह तुमको भी) देखे कि तुम कैसे काम करते हो।‡ (१२९)★

रु. १४ आ ८ । ८ । १८

रु. १५ आ ३ । ८ । १८

◉ "यह इन्सानी अ़क़्ल व ख़िरद (बुद्धि) का कमाल था। जादूगरों ने मैदाने मुक़ाबिला [पेज २८५ पर]

॰ फ़िरऔ़न अल्लाह को न मानता था बल्कि अपनी और अपनी शकल की बुतें (मूर्ति) तैयार करवा कर उनकी पूजा करवाता था। † फ़िरऔ़न के दरबारियों ने मूसा और उनके साथियों को मार डालने की राय दी थी। फ़िरऔ़न ने उनसे कहा—इनके बेटे मार डाले जायँ और लड़कियाँ ज़िन्दः छोड़ दी जायें। यह पहले भी उसका तरीक़ः था। बीच में छोड़ दिया था। अब फिर क़ब्द कर रहा है। ‡ यह नज़ीर मुसलमानों को सुनाने के लिए है। जिस वक़्त यह आयत उतरी वे भी बहुत सताये जा रहे थे। उनके दुश्मनों को बर्बाद कर अल्लाह ने उनको भी मौक़ः दिया कि वे बरसरेहुकूमत हों तब वे भी और अपने आमालों का नमूना दिखावें।

व लक़द् अख़ज़्ना आल फ़िर्औन बिस्सिनीन व नक़्सिम्-मिनस्समराति लअ़ल्लहुम् यज़्ज़क्करून (१३०) फ़अिजा जा अत्हुमुल्-हसनतु क़ालू लना हाजिहि व इन् तुसिब्हुम् सैयिअतुंय्यत्-तैयरू बिमूसा व मम्मअ़हु त् अला अिन्नमा ता अिरुहुम् अिन्दल्लाहि व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ़्लमून (१३१) व क़ालू महमा तअ़्तिना बिहि मिन् आयतिल्-लितस्हूरना बिहा ला फ़मा नह्नु लक बिमुअ़्मिनीन (१३२) फ़अर्सल्ना अलैहिमुत्तूफ़ान वल्जराद वल्क़ुम्मल वज़्ज़फ़ा दिअ़ वद्म आयातिम्-मुफ़स्सलातिन् फ़स्तक्बरू व कानू क़ौमम्-मुज्रिमीन (१३३) व लम्मा वक़अ़ अलैहिमुर्रिज़्ज़ु क़ालू या मूसद्अु लना रब्बक बिमा अ़हिद अिन्दक ल लअिन् कशफ़्त अन्नर्रिज़्ज़ लनुअ़्मिनन्न लक व लनुर्सिलन्न मअ़क बनी अिस्रा अील ज् (१३४) फ़लम्मा कशफ़्ना अन्हुमुर्रिज़्ज़ अिला अजलिन् हुम् बालिग़ूहु अिज़ा हुम् यन्कुसून (१३५) फ़न्तक़म्ना मिन्हुम् फ़अग़्रक़्नाहुम् फ़िल्यम्मि बिअन्नहुम् कज़्ज़बू बिआयातिना व कानू अन्हा ग़ाफ़िलीन (१३६) व औरस्नल्-क़ौमल्लज़ीन कानू युस्तज़्अफ़ून मशारिक़ल्-अर्ज़ि व मग़ारिबहल्लती बारक्ना फ़ीहा त् बतम्मत् कलिमतु रब्बिकल्हुसना अला बनी अिस्रा अील ۵ ला बिमा सबरू त् वदम्मर्ना मा कान यस्नअ़ु फ़िर्औनु व क़ौमुहू व मा कानू यअ़्रिशून ● (१३७) व जावज़्ना बिबनी अिस्रा अीलल्-बह्र फ़अतौ अला क़ौमींयअ़्कुफ़ून अला अस्नामिल्लहुम् ज् क़ालू या मूसज्अल् लना अिलाहन् कमा लहुम् आलिहतुन् त् क़ाल अिन्नकुम् क़ौमुन् तज्हलून (१३८)

और हमने फ़िरऔ़न के लोगों को क़हत (अकाल) और मेवों (पैदावार) की कमी में फँसाया ताकि शायद उनको होश आजाय (और ज़ुल्मों से बाज़ आयें)। (१३०) फिर जब उनको कोई भलाई पहुँचती तो कहते यह हमारे (हक़ की) वजह से है और अगर उन पर कोई आफ़त आती तो मूसा और उनके साथियों की मनहूसियत (को उसका सबब) बताते। तो उनकी मनहूसियत तो (बतौर उनके आमाल) अल्लाह ही के पास है लेकिन उनमें के बहुतेरे (यह असलियत) जानते नहीं। (१३१) और (फ़िरऔ़न के लोगों ने मूसा से) कहा तुम कोई भी निशानी हमारे सामने लाओ कि उसके ज़रिये से (तुम) हम पर (अपना) जादू चलाओ, तो हम तो तुम पर ईमान लाने वाले नहीं हैं। (१३२) फिर हमने उन पर तूफ़ान भेजा और टीड़ियाँ, जुएँ और मेंढक और ख़ून कितनी ही निशानियाँ जुदा जुदा भेजीं। इस पर भी वह लोग (घमंड में) अकड़े रहे और ये लोग थे ही गुनहगार। (१३३) और जब उन पर अ़ज़ाब पड़ा तो बोले ऐ मूसा! तुमसे जैसा अल्लाह ने वादा कर रखा है उसके सहारे पर अपने परवरदिगार से हमारे लिए प्रार्थना करो। अगर तुमने हम पर से सज़ा को टाल दिया तो हम ज़रूर तुम पर ईमान ले आवेंगे और इसराईल के बेटों को तुम्हारे साथ भेज देंगे। (१३४) फिर जब हमने एक ख़ास वक़्त तक के लिए जिस वक़्त तक उनको पहुँचना (ही) था सज़ा को उन पर से टाल लिया तो वह फ़ौरन (अपनी बात से) हट गये। (१३५) फिर हमने उनसे बदला लिया और नदी (क़ुलज़ुम) में डुबो दिया† क्योंकि वह हमारी आयतों को झुठलाते और उनसे बेपरवाही करते थे। (१३६) और जो (फ़िरऔ़नों के ज़ुल्म से) कमज़ोर (हो रहे) थे उनको हमने (मुल्क शाम की) ज़मीन के पूर्व और पश्चिम का मालिक बना दिया जिसमें हमने बरकत रखी है। और इसराईल की औलाद पर तेरे परवरदिगार का नेकी का वादा पूरा हुआ, इसलिए कि उन्होंने सब्र किया और जो फ़िरऔन और उसके क़ौम के लोगों ने (महल वग़ैरः) बनाये थे और अंगूर (के बाग़) जो छतरियों पर चढ़ाते थे (वह सब) हमने बरबाद कर दिये। (१३७) ● और हमने इसराइल के बेटों को नदी पार उतार दिया, तो (वह) ऐसे लोगों के पास पहुँचे जो अपने बुतों को पूजते थे। (उनको देखकर इसराईल के बेटे मूसा अ़० से) कहने लगे कि ऐ मूसा! जिस तरह इन लोगों के पास बुतें हैं, एक बुत हमारे लिए भी बना दो। (मूसा अ़० ने) जवाब दिया कि तुम जिहालत (अज्ञान) की बातें करते हो। (१३८)

रु. ५ अ. १-४

[पेज २३८ से] को पहले से क़ब्ज़ः में कर रखा था और ज़मीन में सुरंग लगाकर आग जला दी थी। बांस की लकड़ियों और चमड़े की रस्सियों में पारा भर दिया था। रस्सियों और बांसों के किनारों पर मसनूई (बनावटी) सांपों के से फन लगा दिया थे। जब ये बांस की लाठियाँ और रस्सियाँ ज़मीन पर थोड़ी देर तक पड़ी रहीं तो आग की हरारत और धूप की तपन से पारा में गर्मी पैदा हुई और बांसों और रस्सियों में हरकत पैदा हो गई। इसको साहिरी (जादू) कहिये या नज़र-बन्दी।"

† ह० मूसा अ़० से और फ़िरऔ़नों से ४० वर्ष मुक़ाबला रहा। मूसा अ़० कहते थे कि बनी इसराईल को उनके साथ जाने दिया जाय लेकिन फ़िरऔ़न न मानता था। उनके शाप से फ़िरऔ़न के देश पर यह सब आफ़तें आईं! मूसा अ़० को पकड़ने के लिए फ़िरऔ़न ने उनका पीछा किया। मूसा अ़० तो नदी को पार कर गये लेकिन फ़िरऔ़न डूब गया।

अिन्न हा'अुला'अि मुतब्बरुम्मा हुम् फ़ीहि व बातिलुम्मा कानू यअ़मलून (१३९)
क़ाल अग़ैरल्लाहि अब्ग़ीकुम् अिलाहौंव हुव फ़ज़्ज़लकुम् अलल्आलमीन (१४०)
व अिज् अन्जैनाकुम् मिन् आलि फ़िर्अौन यसूमूनकुम् सू'अल्अजाबि ज् युक़त्तिलून
अब्ना'अ कुम् व यस्तह्यून निसा'अकुम् त् व फ़ी जालिकुम् बला'उम् -
मिर्रब्बिकुम् अ़जीमुन् (१४१) ★ व
वाअ़द्ना मूसा सलासीन लैलतौंव अत्मम्नाहा
बिअ़श्रिन् फ़तम्म मीक़ातु रब्बिह'
अर्बअ़ीन लैलतन् ज् व क़ाल मूसा लिअख़ीहि
हारूनख्लुफ़्नी फ़ी क़ौमी व अस्लिह् व
ला तत्तबिअ़् सबीलल् - मुफ़्सिदीन (१४२)
व लम्मा जा'अ मूसा लिमीक़ातिना व
कल्लमहु रब्बुहु ला क़ाल रब्बि अरिनी'
अन्जुर् अिलैक त् क़ाल लन् तरानी व
लाकिनिन्जुर् अिलल् - जबलि फ़अिनिस्तक़र्र
मकानहु फ़सौफ़ तरानी ज् फ़लम्मा तजल्ला
रब्बुहु लिल्जबलि जअ़लहु दक्कौंव ख़र्र
मूसा सअ़िक़न् ज् फ़लम्मा' अफ़ाक़ क़ाल सुब्हानक तुब्तु अिलैक व अना
औवलुल् - मुअ़्मिनीन (१४३) क़ाल या मूसा' अिन्निस् - तफ़ैतुक अलन्नासि
बिरिसालाती व बिकलामी ज् सला फ़ख़ुज् मा' आतैतुक व कुम्मिनश्शाकिरीन
(१४४) व कतब्ना लहु फ़िल्अल्वाहि मिन् कुल्लि शैअिम् - मौअ़िज़तौंव
तफ़्सीलल्लिकुल्लि शैअिन् ज् फ़ख़ुज् हा बिक़ूवतिंव्वअ़ुमुर् क़ौमक
यअ़ख़ुजू बिअह्सनिहा त् सअ़ुरीकुम् दारल्-फ़ासिक़ीन (१४५)

★ रु. १६ — ६ आ १२

यह लोग जिस काम में लगे हैं (उससे) तबाह होनेवाले हैं और जो काम यह लोग कर रहे हैं (बिलकुल) ग़लत हैं। (१३९) (मूसा अ़० ने यह भी) कहा कि क्या अल्लाह के सिवाय कोई दूसरा पूजित तुम्हारे लिए लाऊँ जबकि उसी ने तुमको संसार (के लोगों) पर बढ़ती दी है। (१४०) और (ऐ इसराईल के बेटो!) वह वक़्त याद करो जब हमने तुमको फ़िरऔन के लोगों से छुटकारा दिलाया था कि वह लोग तुमको बड़े दुख देते थे, तुम्हारे बेटों को मार डालते और तुम्हारी औरतों को (अपने लिए) ज़िन्दः रखते और इसमें तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारी बड़ी आज़माइश (कसौटी) थी। (१४१) ★ रु. १६ आ १२

और हमने मूसा से तीस रात का वादा किया और हमने दस (रातें) और मिलाईं। तब तेरे परवरदिगार की मुद्दत चालीस रात पूरी हुई और मूसा ने (कोह तूर पर जाते समय) अपने भाई हारूँ से कहा कि मेरी जाति में (मेरी ग़ैरमौजूदगी में तुम मेरे) प्रतिनिधि (क़ाययमुक़ाम) बने रहना और सम्भाल रखना और फ़िसाद पैदा करने वालों की राह न चलना। (१४२) और जब मूसा हमारे वादे के बमूजिब (तूर पहाड़ पर) हाज़िर हुए[७] और उनके परवरदिगार ने उनसे बातें की तो (मूसा अ़० ने) अ़र्ज़ किया कि ऐ (हमारे) परवरदिगार! तू मुझको दिखला (याने प्रत्यक्ष दर्शन दे) कि मैं तेरी तरफ़ एक नज़र देखूँ। (अल्लाह ने) फ़र्माया तुम हमको हरगिज़ न देख सकोगे, मगर हाँ पहाड़ पर नज़र रखो। पस अगर पहाड़ अपनी जगह ठहरा रहा तो आगे तू मुझे देख सकेगा। फिर जब उसका पालनकर्ता पहाड़ पर ज़ाहिर (प्रकाशमान) हुआ तो उस (पहाड़) को चकनाचूर कर दिया और मूसा मूर्च्छा खाकर गिर पड़ा। फिर जब होश में आया तो बोल उठा कि (ऐ परवरदिगार!) तेरी ज़ात पाक है, मैं (अपनी बेजा दरख़्वास्त के लिए) तेरे सामने तौबा करता हूँ और (तुझ पर) ईमान लानेवालों में मैं पहला हूँ। (१४३) (अल्लाह ने) फ़र्माया ऐ मूसा! मैंने तुम्हारे ज़रिये अपना पैग़ाम भेजकर और तुमसे कलाम करके तुमको (दूसरे) लोगों पर बड़ाई दी तो (अपने कलाम से) जो (तौरात) मैंने तुमको दिया है उसको लो और (मेरे) शुक्रगुज़ार रहो। (१४४) और हमने (तौरात को) तख़्तियों में मूसा के लिए हर तरह की शिक्षा और हर चीज़ की तफ़सील (ब्यौरा) लिख दी (और हुक्म दिया कि) तुम इसको मज़बूती से पकड़े रहो और अपनी जाति को हुक्म दो कि इस किताब की उम्दः बातों को पल्ले बाँधे रहें। अब मैं (जल्दी ही) तुम को बेहुक्मों (अवज्ञाकारियों) का घर दिखाऊँगा (कि कैसे वे बरबाद होते हैं)। (१४५)

[७] हज़रत मूसा अ़. ४० दिन तूर पहाड़ पर रहे। यह इसलिये कि तौरात का उतरना इसी बात पर निर्भर था।

सअ़स्रिफ़ु अन् आयातियल्लजीन यतकब्बरून फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल् - हक़्क़ि त् व
अींयरौ कुल्ल आयतिल्ला युअ्मिनू बिहा ज् व अींयरौ सबीलर्रुश्दि ला यत्तख़िज़ूहु
सबीलन् ज् व अींयरौ सबीलल्ग़ैयि यत्तख़िज़ूहु सबीलन् त् ज़ालिक बिअन्नहुम्
कज्जबू बिआयातिना व कानू अन्हा ग़ाफ़िलीन (१४६) वल्लजीन कज्जबू
बिआयातिना व लिक़ाइ अिल् - आख़िरति
हबितत् अ़्मालुहुम् त् हल् युज़्ज़ौन अिल्ला
मा कानू यअ़्मलून (१४७) ★ वत्तख़ज
क़ौमु मूसा मिम्बअ़्दिहिम् मिन् हुलीयिहिम्
अिज्लन् जसदल्लहू ख़ुवारुन् त् अलम् यरौ
अन्नहू ला युकल्लिमुहुम् व ला यह्दीहिम्
सबीलन् म ● अित्तख़ज़ूहु व कानू ज़ालिमीन
(१४८) व लम्मा सुक़ित फ़ी अैदीहिम्
व रअौ अन्नहुम् क़द् ज़ल्लू ला क़ालू
लअिल्लम् यरहम्ना रब्बुना व यग़्फ़िर्लना
लनकूनन्न मिनल्ख़ासिरीन (१४९) व लम्मा
रजअ मूसा अिला क़ौमिहि ग़ज़बान असिफ़न् ला
क़ाल बिअ्समा ख़लफ़्तुमू नी मिम्बअ़्दी ज्
अअ़जिल्तुम् अम्र रब्बिकुम् ज् व अल्क़ल् - अल्वाह् व अख़ज बिरअ्सि अख़ीहि
यजुर्रुहू अिलैहि त् क़ालब्न अुम्म अिन्नल् - क़ौमस्तज़्अफ़ूनी व कादू यक़तुलूननी ज् फ़ला
तुश्मित् बियल्अ़्दा अ व ला तज्अ़ल्नी मअ़ल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन (१५०)
क़ाल रब्बिग़्फ़िर्ली व लिअख़ी व अद्ख़िल्ना फ़ी रह्मतिक ज् फ़ला
व अन्त अर्हमुर्राहिमीन (१५१) ★ अिन्नल्लजीनत्तख़ज़ुल् - अिज्ल
सयनालुहुम् ग़ज़बुम्मिर्रब्बिहिम् व ज़िल्लतुन् फ़िल्हयातिद्दुन्या त् व
कज़ालिक नज्ज़िल् - मुफ़्तरीन (१५२) वल्लजीन अमिलुस्सैयिआति सुम्म ताबू
मिम्बअ़्दिहा व आमनू ज् अिन्न रब्बक मिम्बअ़्दिहा लग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१५३)

जो लोग नाहक़ देश में अकड़ते फिरते हैं मैं उनको अपनी आयतों से फेर दूंगा और (उनके दिलों को ऐसा सख़्त कर दूंगा कि) अगर सारी आयतें देखें तो भी उन पर ईमान न लावें और अगर (बनने वाला) सुधार का रास्ता देख पावें तो उसको (अपना) रास्ता न मानें और अगर गुमराही का रास्ता देख पावें तो उसको (अपना) रास्ता बना लें। यह (नुक़्स उनमें) इससे पैदा हुआ कि उन्होंने हमारी आयतों को (लगातार) झुठलाया और उनसे बेपरवाही करते रहे। (१४६) और जिन लोगों ने हमारी आयतों को और आख़िरत के दिन का सामना होने को झुटलाया उनका किया धरा सब अकारथ हुआ; बदला तो वही पावेंगे जैसे अमल (दुनिया में) उन्होंने किये हैं! (१४७) ★ रू. १७१ आ ६ ● व. ला ज़िम

और मूसा के (जाने के) बाद उनकी जाति ने अपने ज़ेवरों को (गलाकर उसका) एक बछड़ा बना खड़ा किया। वह एक जिस्म था जिसकी आवाज़ भी बैल की-सी थी (और लगे उसकी पूजा करने)। उन्होंने यह न देखा कि वह न उनसे बात करता है और न राह दिखा सकता है●। उन्होंने उसको (पूजा के लिए) मान लिया और वे अन्यायी थे। (१४८) और जब पछताये और समझे कि हम बहक गये, तब बोले कि अगर हमारा परवरदिगार हम पर रहम न करे और हमारे गुनाह माफ़ न करेगा तो बेशक हम घाटे में आ जायँगे। (१४९) और जब मूसा (कोह तूर से) अपनी जाति की तरफ़ पलटे ग़ुस्सा और रंज में भरे हुए बोले कि मेरी ग़ैर मौजूदगी में तुमने कितना बुरा किया। क्या तुमने अपने परवरदिगार के हुक्म (के आने से पहले ही) जल्दबाज़ी की और मूसा ने (तौरात की) तख़्तियों को (एक तरफ़) डाल दिया और अपने भाई (हारूँ) के सिर (के बालों) को पकड़कर (उनको) अपनी तरफ़ खींचने लगा। (इस पर हारून ने) कहा ऐ मेरे माँजाये (भाई)! इन लोगों ने मुझको कमज़ोर समझा और क़रीब था कि मुझको मार डालते। तो दुश्मनों को मुझ पर हँसने (का मौक़ा) न दो और (इन) ज़ालिम लोगों के साथ मेरा शुमार न करो। (१५०) (इसके बाद मूसा ने) कहा कि ऐ परवरदिगार! मुझे और मेरे भाई को क्षमा कर और हमको अपनी रहमत में ले और तू सबसे बढ़कर रहम करनेवाला है। (१५१) ★ रू. १८८ आ ४

(अल्लाह ने फ़रमाया) अलबत्ता जो लोग बछड़े को (पूजने के लिए) बना बैठे उन पर उनके परवरदिगार का ग़ज़ब (प्रकोप) पहुँचेगा और दुनिया की ज़िन्दगी में ज़िल्लत (पड़ेगी) और झूठ बाँधनेवालों को हम इसी प्रकार सज़ा दिया करते हैं। (१५२) लेकिन जिन्होंने बुरे काम किये फिर उसके बाद तौबा की और ईमान लाये तो बेशक तुम्हारा परवरदिगार इसके बाद बड़ा ही माफ़ करने वाला और बेहद मेहरबान है। (१५३)

व लम्मा सकत अम्मूसल्ग़ज़बु अख़जल् - अल्वाह् ज् सला व फ़ी नुस्ख़तिहा हुदौंव रह्मतुल्लिल्लजीन हुम् लिरब्बिहिम् यर्हबून (१५४) वख़्तार मूसा क़ौमह् सब्ओीन रजुलल्लिमीक़ातिना ज् फ़लम्मा अख़जत् - हुमुर्रज्फ़तु क़ाल रब्बि लौ शिअ्त अह्लक्तहुम् मिन् क़ब्लु व ओीयाय त् अतुह्लिकुना बिमा फ़अ्लस्सुफ़हा अु मिन्ना ज् अिन् हिय अिल्ला फ़ित्नतुक त् तुज़िल्लु बिहा मन् तशा अु व तह्दी मन् तशा अु त् अन्त वलीयुना फ़ग्फ़िर्लना वर्ह्मना व अन्त ख़ैरुल्ग़ाफ़िरीन (१५५) वक्तुब् लना फ़ी हाजिहिद्दुन्या ह्सनतौंव फ़िल्आख़िरति अिन्ना हुद्ना अिलैक त् क़ाल अ़जाबी अुसीबु बिहर्ी मन् अशा अु ज् व रह्मती वसिअत् कुल्ल शैअिन् त् फ़सअक्तुबुहा लिल्लजीन यत्तक़ून व युअ्तूनज़्ज़काव वल्लजीन हुम् बिआयातिना युअ्मिनून ज् (१५६) अल्लजीन यत्तबिअूनर् - रसूलन्नबीयल् - अुम्मीयल्लजी यजिदूनह् मक्तूबन् अिन्दहुम् फ़ित्तौराति वल्अिन्जीलि ज् यअ्मुरुहुम् बिल्मअ़रूफ़ि व यन्हाहुम् अनिल्मुन्करि व युह्ल्लु लहुमुत्तैयिबाति व युह्रिमु अलैहिमुल्-ख़बा अिस्र व यज़अु अन्हुम् अिस्रहुम् वल्अग़्लाललती कानत् अलैहिम् त् फ़ल्लजीन आमनू बिहर्ी व अ़ज़रूहु व नस्रूहु वत्तबअुन्नूरल्लजी अुन्ज़िल मअ्हू ला अुला अिक हुमुल्-मुफ़्लिहून (१५७) ★ क़ुल् या अैयुहन्नासु अिन्नी रसूलुल्लाहि अिलैकुम् जमीअनिल्लजी लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ ज् ला अिलाह अिल्ला हुव युह्यी व युमीतु त् फ़आमिनू बिल्लाहि व रसूलिहिन्नबीयिल्-अुम्मीयिल्-लजी युअ्मिनु बिल्लाहि व कलिमातिहर्ी वत्तबिअूहु लअ्ल्लकुम् तह्तदून (१५८)

★ रू. १६—१ आ. ६

और फिर जब मूसा का ग़ुस्सा ठण्डा हुआ तो (उन्होंने) तख़्तियों को उठा लिया और जो कुछ उनमें लिखा था उसमें उन लोगों के लिए जो अपने परवरदिगार से डरते हैं हिदायत (पथप्रदर्शन) थी और दया थी। (१५४) और मूसा ने हमारे वादे के नियत समय पर लाने के लिये अपनी जाति में से ७० आदमी चुने§ फिर जब उनको भूचाल ने आ घेरा तो मूसा ने प्रार्थना की कि ऐ परवरदिगार! अगर तू चाहता तो उन्हें और मुझे पहले ही से हलाक (नष्ट) कर देता। क्या तू हममें से चन्द मूर्खों की एक हरकत के कारन हमको नष्ट कर देगा? यह सब (तो) तेरा आज़माना है, इसके ज़रिये तू जिसे चाहे उसे बिचलाये और जिसको चाहे उसे राह दे। तू ही हमारा सँभालनेवाला है सो तू हमारे गुनाह माफ़ कर और हम पर रहम कर, और तू सबसे अच्छा बख़्शनेवाला है। (१५५) और इस दुनिया में और आख़िरत में भी हमारे लिए भलाई लिख दे, हम तो तेरी तरफ़ लग गये हैं। अल्लाह ने फ़र्माया कि मेरा अज़ाब उसी पर आता है जिस पर मैं चाहूँ और मेरी दया तो सब चीज़ों पर (एक-सी) है। तो हम उस (दया) को उन लोगों के लिए लिख देंगे जो मेरा डर रखते हैं और ज़कात देते और जो हमारी आयतों पर ईमान लाते हैं। (१५६) वह जो ताबेदार उस रसूल के हुये जो उम्मी (बे पढ़े लिखे) पैग़म्बर हैं और जिनका (ज़िक्र) अपने यहाँ तौरात और इन्जील में लिखा हुआ पाते हैं और जो उनको अच्छे काम का हुक्म देता है और बुरे (काम) से मना करता है और सब पाक चीज़ों को उनके लिए हलाल ठहराता और नापाक चीज़ों को उन पर हराम करता है और उनके बोझ और तौक़ (वे तमाम अन्धविश्वास व ग़ैर मुनासिब दस्तूर क़ायदे जिनमें वे फँसे थे उनके बन्धन) उन पर से दूर करता है; सो जो लोग उस (मुहम्मद स० की पैग़म्बरी) पर ईमान लाये और उसकी हिमायत की और उसको मदद दी और जो रोशनी (यानी क़ुर्आन) उसके ज़रिये उतारी गई है उसका अनुसरन किया, तो यही लोग हैं जो (दुनिया व आख़िरत में) सफल रहे। (१५७) ★ रू. १६—६ आ ६

(ऐ पैग़म्बर! तुम) कहो कि लोगो! मैं तुम सबकी तरफ़ उस अल्लाह का भेजा हुआ हूँ जिसकी बादशाही तमाम आसमानों और ज़मीन में है। उसके सिवाय और कोई पूजित नहीं, (वही) जिलाता और मारता है तो (लोगो!) अल्लाह पर ईमान लाओ और उसके भेजे हुये नबी बिना पढ़े (मोहम्मद स०) पर कि जो अल्लाह और उसकी सब किताबों पर ईमान रखते हैं और उन्हीं की पैरवी करो, शायद तुम सीधी राह पर आ जाओ। (१५८)

§ इसराईल की सन्तानों ने कहा था कि मूसा अ० अपने मन से एक पुस्तक गढ़ लाये हैं। हम तो तब इसे ख़ुदा की ओर से उतरी मानें जब मूसा अ० और ख़ुदा से हमारे सामने बातें हों। मूसा अ० ७० आदमियों को लेकर पहाड़ पर गये। ये लोग बछड़ा पूजने के कारन अपने परवरदिगार से अपने गुनाहों की माफ़ी माँगने गये थे, लेकिन वहाँ पहुँचने पर जब उन्होंने मूसा अ० से अल्लाह का कलाम सुना तो कहने लगे "हम ख़ुदा को प्रत्यक्ष देखें तो मानें।" इस पर एक बिजली ने उनको जलाकर राख कर दिया।

व मिन् क़ौमि मूसा उम्मतुय्यह्दून बिल्हक़्क़ि व बिहि यअ़्दिलून (१५९) व क़त्ताअ़्ना-हुमुस्नती अश्रत अस्बातन् उममन् तु व औह़ैना इला मूसा इज़िस्तस्क़ाहु क़ौमुहू अनिज़्रिब् बिअ़स़ाकल्-ह़ूजर ज् फ़म्बजसत् मिन्हुस्नता अश्रत अ़ैनन् तु क़द् अ़लिम कुल्लु उनासिम्-मश्रबहुम् तु व ज़ल्लल्ना

قال الملأ ١٣٦ الاعراف
وَاتَّبَعُوهُ لَعَلَّكُمْ تَهْتَدُونَ ﴿١٥٨﴾ وَمِنْ قَوْمِ مُوسَىٰ أُمَّةٌ يَهْدُونَ بِالْحَقِّ
وَبِهِ يَعْدِلُونَ ﴿١٥٩﴾ وَقَطَّعْنَاهُمُ اثْنَتَيْ عَشْرَةَ أَسْبَاطًا أُمَمًا ۚ وَأَوْحَيْنَا
إِلَىٰ مُوسَىٰ إِذِ اسْتَسْقَاهُ قَوْمُهُ أَنِ اضْرِب بِّعَصَاكَ الْحَجَرَ ۖ فَانبَجَسَتْ
مِنْهُ اثْنَتَا عَشْرَةَ عَيْنًا ۖ قَدْ عَلِمَ كُلُّ أُنَاسٍ مَّشْرَبَهُمْ ۚ وَظَلَّلْنَا عَلَيْهِمُ
الْغَمَامَ وَأَنزَلْنَا عَلَيْهِمُ الْمَنَّ وَالسَّلْوَىٰ ۖ كُلُوا مِن طَيِّبَاتِ مَا رَزَقْنَاكُمْ ۚ
وَمَا ظَلَمُونَا وَلَٰكِن كَانُوا أَنفُسَهُمْ يَظْلِمُونَ ﴿١٦٠﴾ وَإِذْ قِيلَ لَهُمُ اسْكُنُوا
هَٰذِهِ الْقَرْيَةَ وَكُلُوا مِنْهَا حَيْثُ شِئْتُمْ وَقُولُوا حِطَّةٌ وَادْخُلُوا
الْبَابَ سُجَّدًا نَّغْفِرْ لَكُمْ خَطِيئَاتِكُمْ ۚ سَنَزِيدُ الْمُحْسِنِينَ ﴿١٦١﴾ فَبَدَّلَ
الَّذِينَ ظَلَمُوا مِنْهُمْ قَوْلًا غَيْرَ الَّذِي قِيلَ لَهُمْ فَأَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ
رِجْزًا مِّنَ السَّمَاءِ بِمَا كَانُوا يَظْلِمُونَ ﴿١٦٢﴾ وَسْأَلْهُمْ عَنِ الْقَرْيَةِ الَّتِي
كَانَتْ حَاضِرَةَ الْبَحْرِ ۘ إِذْ يَعْدُونَ فِي السَّبْتِ إِذْ تَأْتِيهِمْ حِيتَانُهُمْ
يَوْمَ سَبْتِهِمْ شُرَّعًا وَيَوْمَ لَا يَسْبِتُونَ ۙ لَا تَأْتِيهِمْ ۚ كَذَٰلِكَ نَبْلُوهُم
بِمَا كَانُوا يَفْسُقُونَ ﴿١٦٣﴾ وَإِذْ قَالَت أُمَّةٌ مِّنْهُمْ لِمَ تَعِظُونَ قَوْمًا
اللَّهُ مُهْلِكُهُمْ أَوْ مُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا شَدِيدًا ۖ قَالُوا مَعْذِرَةً إِلَىٰ رَبِّكُمْ
وَلَعَلَّهُمْ يَتَّقُونَ ﴿١٦٤﴾ فَلَمَّا نَسُوا مَا ذُكِّرُوا بِهِ أَنجَيْنَا الَّذِينَ يَنْهَوْنَ
عَنِ السُّوءِ وَأَخَذْنَا الَّذِينَ ظَلَمُوا بِعَذَابٍ بَئِيسٍ بِمَا كَانُوا
يَفْسُقُونَ ﴿١٦٥﴾ فَلَمَّا عَتَوْا عَن مَّا نُهُوا عَنْهُ قُلْنَا لَهُمْ كُونُوا قِرَدَةً

मंज़िल

ख़ुलुल्बाब सुज्जदन्नग़्फ़िर् लकुम् ख़त़ी-आतिकुम् तु सनज़ीदुल्-मुह्सिनीन (१६१) फ़बद्दलल्लज़ीन ज़लमू मिन्हुम् क़ौलन् ग़ैरल्लज़ी क़ील लहुम् फ़अर्सल्ना अ़लैहिम् रिज़्ज़म्-मिनस्समा अि बिमा कानू यज़्लिमून (१६२) ★ वस्अल्हुम् अनिल्क़र्यतिल्लती कानत् ह़ाज़िरतल्-बह्रि म ● इज् यअ़्दून फ़िस्सब्ति इज् तअ़्तीहिम् ह़ीतानुहुम् यौम सब्तिहिम् शुर्रअ़ौव यौम ला यसूबितून ला ला तअ़्तीहिम् न ∴ कज़ालिक ज् ∴ नब्लूहुम् बिमा कानू यफ़्सुक़ून (१६३) ● व इज् क़ालत् उम्मतुम्-मिन्हुम् लिम तअ़िज़ून क़ौमन् ला अ़ल्लाहु मुह्लिकुहुम् औ मुअ़ज़्ज़िबुहुम् अ़ज़ाबन् शदीदन् तु क़ालू मअ़ज़िरतन् इला रब्बिकुम् व लअ़ल्लहुम् यत्तक़ून (१६४) फ़लम्मा नसू मा जुक्किरू बिहि अन्जैनल्लज़ीन यन्हौन अनिस्सूअि व अख़ज़्नल्लज़ीन ज़लमू बिअ़ज़ाबिम्-बअ़ीसिम्-बिमा कानू यफ़्सुक़ून (१६५) फ़लम्मा अ़तौ अ़म्मा नुहू अ़नहु क़ुल्ना लहुम् कूनू क़िरदतन् ख़ासिअ़ीन (१६६)

और मूसा की जाति में से कुछ लोग ऐसे हैं जो सच्ची राह बताते हैं और सच ही के बमूजिब न्याय करते हैं। (१५९) और हमने उनको (यानी याक़ूब के बेटों को) बाँटकर एक-एक दादा की संतान के बारह क़बीले (गिरोह) बना दिये और जब मूसा से उसकी जाति ने पानी माँगा तो हमने मूसा की तरफ़ वही (अल्लाह का पैग़ाम) भेजा कि अपनी लाठी इस पत्थर पर मारो। तो (लाठी का मारना था कि) पत्थर से बारह सोते (चश्मे) फूट निकले। हर एक क़बीले ने अपना-अपना घाट मालूम कर लिया और हमने याक़ूब के बेटों पर बादल की छाया की और उन पर मन और सलवा उतारा कि यह सुथरी रोज़ी है जो हमने तुमको दी है उसे खाओ। और उन लोगों ने (उद्दूलहुक्मी की तो उससे) हमारा कुछ नुक़सान नहीं किया बल्कि अपना ही नुक़सान करते रहे।§ × (१६०) और जब उन (इसराईल† के बेटों) को आज्ञा दी गई कि इस गाँव (उरीहा) में जा बसो और इसमें से जहाँ से तुम्हारा जी चाहे खाओ और हित्तुन (गुनाह को माफ़ कर) कहते जाना और दरवाज़े में सिजदः करते हुए दाख़िल होना तो हम आगे तुम्हारे अपराध क्षमा कर देंगे और नेकों को और ज़्यादा भी देंगे। (१६१) तो जो लोग उनमें से ज़ालिम थे उन लोगों ने वह दुआ जो उनको सिखाई गई थी बदल दिया (और उनकी जगह कुछ और कहने लगे) फिर हमने उनकी शरारत के बदले आसमान से उन पर अज़ाब उतारा।ऊ (१६२) ★

★ रु. २० — १० आ ५ ● ब. ला जि म ● नि. १ — २

और उन (इसराईल के बेटों) से उस बस्ती का हाल पूछो जो नदी के किनारे थी●। जब वहाँ के लोग सनीचर के दिन (अन्याय करने में) हद से बढ़ने लगे कि जब उनके सनीचर (मनाने) का दिन होता तो मछलियाँ उनके सामने आकर पानी के ऊपर जमा होतीं और जब उनके सनीचर (मनाने) का दिन न होता तो न आतीं। यों उन्हें (लालच दिखाकर) आज़माने लगे इसलिए कि यह लोग हुक्म न माननेवाले थे◉। (१६३) ● और जब इनमें से एक जमात ने कहा जिन लोगों को अल्लाह हलाक (नष्ट) करना या उनको कठिन अज़ाब में फँसाना चाहता है तुम उनको क्यों उपदेश देते हो। तो उन्होंने उत्तर दिया कि तुम्हारे परवरदिगार के सामने अपने का बरी करने के लिए और (इसलिए कि) शायद यह लोग डरें (और राह पर आजायें)†। (१६४) तो जब वह नसीहतें जो उनको की गई थीं वे भुला बैठे तो जो लोग बुरे काम से मना करते थे उनको हमने बचा लिया और ज़ालिमों को उनकी बेहुक्मी के बदले हमने सख़्त अज़ाब में धर पकड़ा। (१६५) फिर जिस काम से उनको मना किया गया था जब उसमें हद से बढ़ गये तो हमने उनको हुक्म दिया कि फिटकारे हुए बन्दर बन जाओ। (१६६)

§ देखें पेज ३७ फुटनोट § और † आयत ५७-५८ सूरे बक़र। × बिना मेहनत मिलने वाले उस मन और सलवा के भोजन को रोज़ लेना भी उनको खलने लगा और आलस में उसे बजाय नित ताज़ी खाने का प्रबन्ध करने के यह लोग उसको जमा करके रखने और बासी खाने लगे। बासी खुराक़ बुरी लगने पर उसके एवज़ में उन्होंने दूसरी ग़िज़ा के लिए अल्लाह से फ़रमाइश की। नतीजा यह हुआ कि घटिया चीज़ें मिल गईं और उन बढ़िया चीज़ों से महरूम (वञ्चित) हो गये। ‡ इसराईल की संतान यानी याक़ूब के बारह बेटे। इन बेटों की संतान अलग-अलग एक-एक क़बीला है। ऊ उनसे कहा गया था कि हित्तुन (हमारी तौबः है) कहते व अल्लाह से माफ़ी मांगते रहो। लेकिन उन्होंने हित्तुन के बजाय, हुक्म के ख़िलाफ़, हिन्तुन कहना शुरू किया जिसके माने गेहूँ है। याने तौबः करने के बजाय रोटी के ही चक्कर में पड़ गये जो अल्लाह के यहाँ से बतौर रोज़ी हमेशा मयस्सर है। अल्लाह की इस नाशुक्री के बदले उन पर आसमान से अज़ाब उतरा। ◉ देखें पेज ३६ फ़ुटनोट § आयत ६४ सूरे बक़र। † उस बस्ती में अल्लाह के हुक्म पर चलने वाले भी थे जिनमें एक वे थे जो इन सनीचर की हराम (वर्जित) शिकार करने वालों की नसीहत करके हार [पेज २६६ पर]

व अिज् तअज्जन रब्बुक लयब्असन्न अलैहिम् अिला यौमिल्क़ियामति मैंयसूमुहुम् सू अल्अजाबि त् अिन्न रब्बक लसरीअुल्-अिक़ाबि ज् स़ला व अिन्नहु लग़फ़ूरुर्-रहीमुन् (१६७) व क़त्तअ़्नाहुम् फ़िल्अर्ज़ि अुममन् ज् मिन्हुमुस्सालिहून व मिन्हुम् दून जालिक ज् व बलौनाहुम् बिल्हसनाति वस्सैयिआति लअल्लहुम् यर्जिअून (१६८) फ़ख़लफ़ मिम्बअ़्दि हिम् ख़ल्फ़ूँवरिसुल् - किताब यअ्ख़ुजून अरज़ हाजल्अद्ना व यक़ूलून सयुग़्फ़रु लना ज् व अिंयअ्तिहिम् अरज़ुम् - मिस्लुहु यअ्ख़ुजूहु त् अलम् युअ्ख़ज् अलैहिम् मीसाक़ुल्किताबि अल्ला यक़ूलू अलल्लाहि अिल्लल्हक़्क़ व दरसू मा फ़ीहि त् वद्दारुल्आख़िरतु ख़ैरुल्लिल्लजीन यत्तक़ून त् अफ़ला तअ़्क़िलून (१६९) वल्-लजीन युमस्सिकून बिल्किताबि व अक़ामुस्-सलात त् अिन्ना ला नुज़ीअु अज्रल्-मुस़्लिहीन (१७०) व अिज् नतक़्नल्जबल फ़ौक़हुम् कअन्नहु ज़ुल्लत़ूँव जन्नू अन्नहु वाक़िअुम्-बिहिम् ज् ख़ुजू मा आतैनाकुम् बिक़ूवत्तिव्वज्कुरू मा फ़ीहि लअल्लकुम् तत्तक़ून (१७१) ★ व अिज् अख़ज रब्बुक मिम्बनी आदम मिन् ज़ुहूरिहिम् ज़ुर्रीयतहुम् व अश्हदहुम् अला अन्फ़ुसिहिम् ज् अलस्तु बिरब्बिकुम् त् क़ालू बला ज ∴ शहिद्ना ज ∴ अन् तक़ूलू यौमल्क़ियामति अिन्ना कुन्ना अन् हाजा ग़ाफ़िलीन ला (१७२) औ तक़ूलू अिन्नमा अश्रक आबाअुना मिन् क़ब्लु व कुन्ना ज़ुर्रीयत्म् - मिम्बअ़्दिहिम् ज् अफ़तुहलिकुना बिमा फ़अ्लल् - मुब्तिलून (१७३) व कजालिक नुफ़स्सिलुल् - आयाति व लअल्लहुम् यर्जिअून (१७४) वत्लु अलैहिम् नबअल्लजी आतैनाहु आयातिना फ़न्सलख़ मिन्हा फ़अत्बअहुश् - शैतानु फ़कान मिनल्ग़ावीन (१७५)

قال الملا ١٣٦ الاعراف
خٰسِـِٔيْنَ ۝ وَاِذْ تَاَذَّنَ رَبُّكَ لَيَبْعَثَنَّ عَلَيْهِمْ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ مَنْ
يَّسُوْمُهُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ ۭ اِنَّ رَبَّكَ لَسَرِيْعُ الْعِقَابِ ۚ وَاِنَّهٗ لَغَفُوْرٌ
رَّحِيْمٌ ۝ وَقَطَّعْنٰهُمْ فِي الْاَرْضِ اُمَمًا ۚ مِنْهُمُ الصّٰلِحُوْنَ وَمِنْهُمْ
دُوْنَ ذٰلِكَ ۭ وَبَلَوْنٰهُمْ بِالْحَسَنٰتِ وَالسَّيِّاٰتِ لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ۝
فَخَلَفَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ خَلْفٌ وَّرِثُوا الْكِتٰبَ يَاْخُذُوْنَ عَرَضَ هٰذَا
الْاَدْنٰى وَيَقُوْلُوْنَ سَيُغْفَرُ لَنَا ۚ وَاِنْ يَّاْتِهِمْ عَرَضٌ مِّثْلُهٗ يَاْخُذُوْهُ ۭ
اَلَمْ يُؤْخَذْ عَلَيْهِمْ مِّيْثَاقُ الْكِتٰبِ اَنْ لَّا يَقُوْلُوْا عَلَى اللّٰهِ اِلَّا الْحَقَّ
وَدَرَسُوْا مَا فِيْهِ ۭ وَالدَّارُ الْاٰخِرَةُ خَيْرٌ لِّلَّذِيْنَ يَتَّقُوْنَ ۭ اَفَلَا
تَعْقِلُوْنَ ۝ وَالَّذِيْنَ يُمَسِّكُوْنَ بِالْكِتٰبِ وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ ۭ اِنَّا لَا
نُضِيْعُ اَجْرَ الْمُصْلِحِيْنَ ۝ وَاِذْ نَتَقْنَا الْجَبَلَ فَوْقَهُمْ كَاَنَّهٗ ظُلَّةٌ
وَّظَنُّوْٓا اَنَّهٗ وَاقِعٌۢ بِهِمْ ۚ خُذُوْا مَآ اٰتَيْنٰكُمْ بِقُوَّةٍ وَّاذْكُرُوْا مَا فِيْهِ
لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ۝ وَاِذْ اَخَذَ رَبُّكَ مِنْۢ بَنِيْٓ اٰدَمَ مِنْ ظُهُوْرِهِمْ
ذُرِّيَّتَهُمْ وَاَشْهَدَهُمْ عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ ۚ اَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ ۭ قَالُوْا بَلٰى ۛ
شَهِدْنَا ۛ اَنْ تَقُوْلُوْا يَوْمَ الْقِيٰمَةِ اِنَّا كُنَّا عَنْ هٰذَا غٰفِلِيْنَ ۝ اَوْ
تَقُوْلُوْٓا اِنَّمَآ اَشْرَكَ اٰبَاۗؤُنَا مِنْ قَبْلُ وَكُنَّا ذُرِّيَّةً مِّنْۢ بَعْدِهِمْ ۚ
اَفَتُهْلِكُنَا بِمَا فَعَلَ الْمُبْطِلُوْنَ ۝ وَكَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ وَ
لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ۝ وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ الَّذِيْٓ اٰتَيْنٰهُ اٰيٰتِنَا فَانْسَلَخَ

★ रु. २१ — ११ आ. ६ मु. अि मु ता ख. ७

और वह समय याद करो जब तुम्हारे परवरदिगार ने जता दिया था कि वह ज़रूर उन पर क़ियामत के दिन तक ऐसे लोगों को मुक़र्रर रखेगा जो उनको बुरी तकलीफ़ें पहुँचाते रहेंगे। तुम्हारा परवरदिगार जल्द सज़ा देनेवाला है (लेकिन) वह बेशक माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान भी है।(१६७) और हमने यहूद को गिरोह-गिरोह करके ज़मीन में अलग अलग कर दिया है। उनमें से कुछ भले थे और कुछ (भले नहीं बल्कि) दूसरी तरह के थे और हमने उनको सुख और दुख से आज़माया शायद वह (हमारी तरफ़) रुजू हो जाँय। (१६८) फिर उनके बाद ऐसे नाख़लफ़ लोग जानशीन हुये जो किताब के वारिस बने कि इस नाचीज़ ज़िन्दगी के सामान समेटते और कहते हैं कि (यह तौरात के हुक्मों में घटा बढ़ी करने का गुनाह तो) हमारा माफ़ हो जायगा (क्योंकि हम अल्लाह के प्यारे हैं) और अगर इसी तरह की कोई सांसारिक (लाभ की) वस्तु उनके सामने फिर आ जावे तो उसे भी ले लेवें§ क्या इन लोगों से वह अहद जो किताब (तौरात) में लिखी है नहीं हुई कि सच बात के सिवाय दूसरी बात अल्लाह की तरफ़ से न कहेंगे और जो कुछ उसमें है वे उसको पढ़ चुके हैं। और जो लोग परहेज़गार हैं आख़िरत का घर उनके हक़ में कहीं अच्छा है। (ऐ याक़ूब के बेटो!) क्या तुम समझते नहीं? (१६९) और (बनी इसराईल में से) जो लोग किताब (की हिदायत) को मज़बूती से पकड़े हुए हैं और नमाज़ क़ायम रखते हैं तो हम ऐसे अच्छे काम करने वालों के सवाब को ख़त्म नहीं होने देंगे। (१७०) और (ऐ पैग़म्बर! यहूद को वह समय भी याद दिलाओ) जब हमने उन (के पुरखों) पर पहाड़ को इस तरह जा लटकाया कि गोया वह सायबान था और वे समझे कि वह उन पर आ गिरेगा, (तो हमने कहा) जो (किताब) हमने तुमको दी है उसे मज़बूती के साथ लिए रहना और जो कुछ उसमें है उसे याद रखना। (ऐसा करने पर) शायद तुम परहेज़गार बन जाओ। (१७१) ★ रु. २१—११ आ ६

और (याद दिलाओ वह समय) जब तुम्हारे परवरदिगार ने आदम के बेटों की पीठों से उनकी औलाद को निकाला था और उनके मुक़ाबले में (अल्लाह ने) उन्हीं को गवाह बनाया (और पूछा) "क्या मैं तुम्हारा परवरदिगार नहीं हूँ?" सब बोले हाँ हम मानते हैं। यह गवाही हमने इसलिए ली कि क़ियामत के दिन कहीं (यह) न कहने लगो कि हमको इस बात की ख़बर ही न थी। (१७२) या (यूँ) कहने लगो कि शिर्क (अल्लाह का साझी ठहराना) तो हमारे पुरखों ही ने निकाला था और हम तो उनके बाद उन्हीं की सन्तान हुये तो (ऐ अल्लाह!) क्या तू हमको उन गुनाहों के जुर्म के बदले में हलाक करता है जिनको करनेवाले गुनहगार (दूसरे) थे? (हमने तो सिर्फ़ जैसा बड़ों को करते देखा वैसा किया)। (१७३) और इसी तरह आयतों को हम तफ़सील के साथ बयान करते हैं कि शायद वह (नेक राह पर) फिरें (१७४) और (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को उस शख़्श का हाल पढ़कर सुनाओ कि हमने उसको अपनी (आयतें) दीं फिर वह उन आयतों (पर अमल करने) को छोड़ बैठा फिर शैतान उसके पीछे लगा और (उसके बहकाने में) वह गुमराहों (भूले हुओं) में हो गया।‡ (१७५)

§ कुछ दिनों बाद यहूदियों में ऐसे लोगों की महन्ती आगई कि वे अपने दुनियावी फ़ायदों के लिए तौरात के हुक्मों के ख़िलाफ़ मनमाने हुक्मों को अल्लाह या तौरात का हुक्म बताकर लोगों को ठगने लगे।

‡ यह कौन शख़्स था? इसके बारे में क़ुर्आन ख़ामोश है। और लोगों ने मुख़्तलिफ़ इशारे किये हैं। लेकिन मुफ़स्सिरीन (भाष्यकारों) की राय है कि वह एक आम मिसाल है कि जब किसी दीनदार को अल्लाह की सच्ची निशानियां मिल चुकें और उसके बाद भी वह उन पर से ध्यान गवाँ बैठे तो शैतान उसको बहकाकर गुमराहों—गुनहगारों में शरीक करा देता है।

व लौ शिअ्ना लरफ़अ़्नाहु बिहा व लाकिन्नहू अख़्लद इलल्अर्ज़ि वत्तबअ़ हवाहु ज फ़मसलुहू कमसलिल्कल्बि ज इन् तह्मिल् अलैहि यल्हस् औ तत्रुक्हु यल्हस् ज़ालिक मसलुल् - क़ौमिल्लजीन कज्जबू बिआयातिना ज फ़क्सुसिल्-क़सस लअल्लहुम् यतफ़क्करून (१७६) सा अ मसलनिल् - क़ौमुल्लजीन कज्जबू बिआयातिना व अन्फ़ुसहुम् कानू यज़्लिमून (१७७) मैंयह्दिल्लाहु फ़हुवल्-मुह्तदी ज व मैंयुज़्लिल् फ़अुला अिक हुमुल्ख़ासिरून (१७८) व लक़द् जरअ्ना लिजहन्नम कसीरम् - मिनल्जिन्नि वल्-अिन्सि ज़ सला लहुम् क़ुलूबुल्ला यफ़्क़हून बिहा ज़ व लहुम् अअ़्युनुल्ला युब्सिरून बिहा ज़ व लहुम् आजानुल्ला यस्मअून बिहा त् अुला अिक कल्अन्आमि बल् हुम् अज़्ल्लु त् अुला अिक हुमुल्ग़ाफ़िलून (१७९) व लिल्लाहिल् - अस्मा अुल्-हुस्ना फ़द्अूहु बिहा त् व जरुल्लजीन युल्हिदून फ़ी अस्मा अिहि त् सयुज्ज़ौन मा कानू यअ़्मलून (१८०) व मिम्मन् ख़लक़्ना अुम्मतुँय्यह्दून बिल्हूक़्क़ि व बिहि यअ़्दिलून (१८१) ★ वल्लजीन कज्जबू बिआयातिना सनस्तद्-रिजुहुम् मिन् ह्यसु ला यअ़्लमून ज़ सला (१८२) व अुम्ली लहुम् त् क़िफ़ अिन्न कैदी मतीनुन् (१८३) अवलम् यतफ़क्करू सक्तः मा बिसाहिबिहिम् मिन् जिन्नत्रिन् त् अिन् हुव अिल्ला नजीरुम्मुबीनुन् (१८४) अवलम् यन्ज़ुरू फ़ी मलकूतिस्-समावाति वल्अर्ज़ि व मा ख़लक़ल्लाहु मिन् शैअिन् ला व'व अन् असा अैंयकून क़दिक़्तरब अजलुहुम् ज फ़बिअैयि ह़दीसिम्बअ़्दहू युअ्मिनून (१८५)

★ रु. २२ १२ आ १८

और अगर हम चाहते तो आयतों के ज़रिये (उसका दर्जा) ऊँचा करते मगर उसने तो नीचे में गिरना चाहा और अपने दिल की ख़्वाहिशों के पीछे लग गया; तो उसका हाल कुत्ते जैसा हो गया कि अगर उसको खदेर दोगे तो जीभ बाहर लटकाये रहे और अगर उसको (उसी की दशा पर) छोड़े रखो तो भी जीभ लटकाये रहे। यह मिसाल उन लोगों की है जिन्होंने हमारी आयतों को झुठलाया, तो (ऐ पैग़म्बर ! उनसे) यह क़िस्से बयान करो शायद वे ध्यान दें। (१७६) जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया उनकी बुरी कहावत है और (ऐसा करने में) वह अपना ही बिगाड़ते हैं।(१७७) जिनको अल्लाह राह दिखाये वही राह पाते हैं और जिनको वह गुमराह करे वही लोग घाटे में हैं।§(१७८) और हमने बहुतेरे जिन्न और मनुष्य दोज़ख़ ही (को आबाद करने) के लिए पैदा किये हैं। उन (अज्ञानियों) के दिल तो हैं (मगर) उनसे समझते नहीं और (उनके) आँखें हैं (मगर) उनसे देखते नहीं और (उनके) कान हैं मगर उनसे सुनते नहीं। (मतलब यह कि) यह लोग (बिना सींग पूँछ के) पशुओं की तरह हैं बल्कि उनसे भी ज़्यादा भटके हुए यही बेखबर हैं।(१७९) और अल्लाह के अच्छे-अच्छे नाम हैं तो (जिस नाम से चाहो) वह नाम लेकर उसको पुकारो और जो लोग उसके नामों में कजी निकालते हैं उनको छोड़ दो, वह अपने किये का अन्जाम पावेंगे। (१८०) और हमारी सृष्टि में ऐसे लोग भी हैं जो सच्ची राह बताते हैं और उसी के अनुसार इंसाफ़ भी करते हैं। (१८१)★ रू. २२—१२ आ १०

और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया, (हम) उन्हें इस तरह पर कि उनको पता भी न चले, धीरे-धीरे (दोज़ख़ की तरफ़) ले जायेंगे।(१८२) और मैं उनको (संसार में) मोहलत दूँगा, बेशक मेरी तदबीर पक्की है।(१८३) क्या इन लोगों ने ख़्याल नहीं किया कि इनके साथी को (यानी इन लोगों में के ही मुहम्मद स० को) किसी तरह का जनून (पागलपन) तो है नहीं। यह तो बस साफ़ (अल्लाह के अ़ज़ाब से) डरानेवाला है। (१८४) क्या (इन लोगों ने) आसमान और ज़मीन की सल्तनत में और अल्लाह की पैदा की हुई चीज़ों पर नज़र नहीं की और न इस बात पर ध्यान देते हैं कि आश्चर्य नहीं इनकी (मौत की) घड़ी आ लगी हो। तो अब इस (रसूल स० की चेतावनी) के बाद और कौनसी बात हो सकती है जिसपर ये ईमान ले आवेंगे।(१८५)

§ क़ुर्आन में यह जगह जगह आया है कि, "अल्लाह ही समरथ है कि जिसको चाहे राह दे, जिसको चाहे गुमराह करे और जिसको चाहे गुनाहों के बदले बखरा भी दे।" अक्सर लोग एतराज़ कर बैठते हैं कि "जब अल्लाह ही सब करनेवाला है तब फिर इन्सान गुनहगार कैसा और उसकी हस्ती क्या है? यह एतराज़ नादानी का है। आबिद (भक्त), माबूद (भजनीय) की बाबत अ़िबादत (भक्ति) में झूमकर ऐसे कलमे कहता है। अल्लाह सर्वशक्तिमान है इसमें किसको शक हो सकता है। लेकिन जगह जगह यह भी लिखा है कि उसी सर्वशक्तिमान अल्लाह के कुछ हुक्म भी हैं। उन पर चलने और उनको भूलने पर याने हमारे अमलों पर ही अल्लाह हमारे हक़ में अच्छा-बुरा फ़ैसला करता है। हमारे रास्ते से भटकने पर एक बड़ी हद तक माफ़ भी करता है, यह उसकी हम पर रहमत है। "वही सब करने वाला है।" इससे यह मंशा है कि इन्सान की मनमानी नहीं चल सकती। गुनाह के बदले सवाब और सवाब के बदले गुनाह हासिल कर लेने में इन्सान का ज़ोर नहीं है। वह अल्लाह ही क़ादिर (समर्थ) है कि राह दिखाये या हमारे आमालों से हमको क़तई नालायक़ समझकर राह बन्द कर दे। मैं समझता हूँ, दुनिया के किसी मज़हब वाले को इसमें मतभेद नहीं।

मैंयुज़्लिलिल्लाहु फ़ला हादिय लहू त़ व यजरुहुम् फ़ी त़ुग़्यानिहिम् यअ़्महून (१८६) यस्अलूनक अनिस्साअ़ति अैयान मुर्साहा त़ क़ुल् अिन्नमा अिल्मुहा अिन्द रब्बी ज़ ला युजल्लीहा लिवक़्तिहा अिल्ला हुव त़ म ● सक़ुलत् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ ला तअ़्तीकुम् अिल्ला बग़्तत़न् त़ यस्अलूनक कअन्नक हफ़ीयुन् अन्हा त़ क़ुल् अिन्नमा अिल्मुहा अिन्दल्लाहि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ़्लमून (१८७) क़ुल् ला अम्लिकु लिनफ़्सी नफ़्अ़ौंव ला ज़र्रन् अिल्ला मा शा अल्लाहु त़ व लौ कुन्तु अअ़्लमुल्ग़ैब लस्तक्सर्तु मिनल्ख़ैरि ज़ सला ∴ व मा मस्सनियस्सू अु ज़ ∴ अिन् अना अिल्ला नज़ीरूंव बशीरुल् - लिक़ौमीं - युअ्मिनून (१८८) ★ हुवल्लजी ख़लक़कुम् मिन् नफ़्सिंव्वाहिदतिंव्व जअ़ल मिन्हा ज़ौजहा लियस्कुन अिलैहा ज़ फ़लम्मा तग़श्शाहा हमलत् हम्लन् ख़फ़ीफ़न् फ़मर्रत् बिहि ज़ फ़लम्मा अस्क़लत् - अवल्लाह रब्बहुमा लअिन् आतैतना सालिहल् - लनकूनन्न मिनश्शाकिरीन (१८९) फ़लम्मा आताहुमा सालिहन् जअ़ला लहू शुरका अ फ़ीमा आताहुमा ज़ फ़तआ़लल्लाहु अ़म्मा युश्रिकून (१९०) अयुश्रिकून मा ला यख़्लुक़ शैअ़ंव हुम् युख़्लक़ून ज़ सला (१९१) व ला यस्ततीअ़ून लहुम् नस्रौंव ला अन्फ़ुसहुम् यन्सुरून (१९२) व अिन् तद्अ़ूहुम् अिलल्हुदा ला यत्तबिअ़ूकुम् त़ सवा अुन् अ़लैकुम् अदअौतुमूहुम् अम् अन्तुम् सामितून (१९३) अिन्नल्लजीन तद्अ़ून मिन् दूनिल्लाहि अिबादुन् अम्सालुकुम् फ़द्अ़ूहुम् फ़ल्यस्तजीबू लकुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१९४)

قال الملا ۹ الاعراف ۱۳۹
حَدِيثٍ بَعْدَهٗ يُؤْمِنُوْنَ ﴿۱۸۵﴾ مَنْ يُّضْلِلِ اللّٰهُ فَلَا هَادِيَ لَهٗ ؕ
وَيَذَرُهُمْ فِيْ طُغْيَانِهِمْ يَعْمَهُوْنَ ﴿۱۸۶﴾ يَسْـَٔلُوْنَكَ عَنِ السَّاعَةِ اَيَّانَ
مُرْسٰىهَا ؕ قُلْ اِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ رَبِّيْ ۚ لَا يُجَلِّيْهَا لِوَقْتِهَاۤ اِلَّا هُوَ ۚ
ثَقُلَتْ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ لَا تَاْتِيْكُمْ اِلَّا بَغْتَةً ؕ يَسْـَٔلُوْنَكَ كَاَنَّكَ
حَفِيٌّ عَنْهَا ؕ قُلْ اِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ اللّٰهِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا
يَعْلَمُوْنَ ﴿۱۸۷﴾ قُلْ لَّاۤ اَمْلِكُ لِنَفْسِيْ نَفْعًا وَّلَا ضَرًّا اِلَّا مَا شَآءَ اللّٰهُ ؕ
وَلَوْ كُنْتُ اَعْلَمُ الْغَيْبَ لَاسْتَكْثَرْتُ مِنَ الْخَيْرِ ۛ۬ وَمَا مَسَّنِيَ
السُّوْٓءُ ؕ اِنْ اَنَا اِلَّا نَذِيْرٌ وَّبَشِيْرٌ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿۱۸۸﴾ هُوَ الَّذِيْ
خَلَقَكُمْ مِّنْ نَّفْسٍ وَّاحِدَةٍ وَّجَعَلَ مِنْهَا زَوْجَهَا لِيَسْكُنَ
اِلَيْهَا ۚ فَلَمَّا تَغَشّٰىهَا حَمَلَتْ حَمْلًا خَفِيْفًا فَمَرَّتْ بِهٖ ۚ فَلَمَّا
اَثْقَلَتْ دَّعَوَا اللّٰهَ رَبَّهُمَا لَئِنْ اٰتَيْتَنَا صَالِحًا لَّنَكُوْنَنَّ مِنَ
الشّٰكِرِيْنَ ﴿۱۸۹﴾ فَلَمَّاۤ اٰتٰىهُمَا صَالِحًا جَعَلَا لَهٗ شُرَكَآءَ فِيْمَاۤ اٰتٰىهُمَا ۚ
فَتَعٰلَى اللّٰهُ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿۱۹۰﴾ اَيُشْرِكُوْنَ مَا لَا يَخْلُقُ شَيْـًٔا وَّهُمْ
يُخْلَقُوْنَ ﴿۱۹۱﴾ وَلَا يَسْتَطِيْعُوْنَ لَهُمْ نَصْرًا وَّلَاۤ اَنْفُسَهُمْ يَنْصُرُوْنَ ﴿۱۹۲﴾
وَاِنْ تَدْعُوْهُمْ اِلَى الْهُدٰى لَا يَتَّبِعُوْكُمْ ؕ سَوَآءٌ عَلَيْكُمْ
اَدَعَوْتُمُوْهُمْ اَمْ اَنْتُمْ صَامِتُوْنَ ﴿۱۹۳﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ
دُوْنِ اللّٰهِ عِبَادٌ اَمْثَالُكُمْ فَادْعُوْهُمْ فَلْيَسْتَجِيْبُوْا لَكُمْ اِنْ كُنْتُمْ

मंज़िल २

जिसको अल्लाह गुमराह करे तो फिर उसका कोई भी राह दिखाने वाला नहीं और वह उनको छोड़े रखता है कि अपनी सरकशी में पड़े भटका करें। (१८६) (ऐ पैग़म्बर ! लोग) तुमसे क़ियामत के बारे में पूछते हैं कि उसके आने का वक़्त कब है। तुम जवाब दो कि उसका इल्म तो मेरे परवरदिगार ही को है। बस वही उसको उसके वक़्त पर ला दिखावेगा●। वह एक बड़ी भारी बात (दुर्घटना) आसमान और ज़मीन में होगी। (क़ियामत) आवेगी तो तुम पर अचानक आवेगी। (ऐ पैग़म्बर !) यह लोग तुमसे (क़ियामत का हाल) ऐसे पूछते हैं गोया तुम उसकी खोज में लगे रहते हो। (तो इनसे) कहो कि इसकी मालूमात तो बस अल्लाह ही को है लेकिन अक्सर लोग नहीं समझते। (१८७) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो मैं अपने भले और बुरे का कुछ भी मालिक नहीं, सिवाय (यह कि) जो अल्लाह चाहे। और अगर मैं ग़ैब (परोक्ष) की बात जानता होता तो अपना बहुत-सा भला कर लेता, और मुझको (किसी तरह की) बुराई न पहुँचती, मैं तो ईमान लाने वालों को बस (दोज़ख़ का) डर और (जन्नत की) खुशख़बरी सुनानेवाला हूँ। (१८८) ★

(ऐ लोगो !) वही जिसने तुमको एक जान से पैदा किया और उसी से उसका जोड़ा बनाया ताकि वह उससे सुख हासिल करे, फिर जब पुरुष का स्त्री से साथ हुआ तो एक हल्का-सा गर्भ रह जाता है फिर वह उस (गर्भ को) लिए चलती फिरती है। फिर जब (गर्भ के कारण) ज़्यादा बोझ हो गया तो (मियाँ-बीवी) दोनों ने अल्लाह, अपने परवरदिगार से दुआ माँगी कि (ऐ अल्लाह !) अगर तू हमको भला चंगा (बच्चा) देगा तो हम तेरा बड़ा इहसान मानेंगे। (१८९) फिर जब उनको भला चंगा (बच्चा) दिया तो उसमें से जो अल्लाह ने उनको दिया था, वे अल्लाह का शरीक ठहराने लगे; तो उनके शिर्क (यानी पूजितों) से अल्लाह की शान बहुत ऊँची है। (१९०) क्या वह ऐसे को (अल्लाह का) शरीक बनाते हैं जो किसी चीज़ को पैदा नहीं कर सकते और खुद (अल्लाह के) पैदा किये हुए हैं। (१९१) और वह (यानी बुत) न इनकी मदद करने की ताक़त रखते हैं और न आप अपनी मदद कर सकते हैं। (१९२) और अगर तुम उनको सच्चे रास्ते की ओर बुलाओ तो तुम्हारी हिदायत पर न चल सकें, चाहे तुम उनको बुलाओ या चुप रहो (दोनों बातों का नतीजा) तुम्हारे लिए बराबर है। (१९३) (ऐ मुशरिको ! तुम) अल्लाह के सिवाय जिन लोगों को बुलाते हो (वह भी) तुम-जैसे बन्दे हैं, अगर तुम (शिर्क में) सच्चे हो तो उन्हें पुकारो, देखो कि वह तुम्हें जवाब भी देते हैं (या बोल ही नहीं पाते)। (१९४)

● व. ला व. म. ज़िल

★ रु. २३—१३ आ ७

[पेज २६३ से] चुके थे और अब खामोश थे। दूसरे वे जो अब भी उन्हें नसीहत देते थे। पहले वालों ने दूसरों से कहा कि ये हद से बढ़े गुनहगार अल्लाह के अ़ज़ाब में पड़ने ही वाले हैं, क्यों इनको बेकार नसीहत देते हो ? इस पर दूसरे गरोह ने कहा कि इसलिए कि अल्लाह के सामने हम पर यह इल्ज़ाम न रहे कि हमने अन्त तक इनको नसीहत करने में कोताही की और इसलिए भी कि शायद ये अब भी सुधर जाँय।

अलहुम् अर्जुलुंय्यम्शून बिहा ज़् अम् लहुम् अैदींयब्तिशून बिहा ज़् अम् लहुम् अ़्युनुंय्युब्सिरून बिहा ज़् अम् लहुम् आजानुंय्यस्मअून बिहा ज़् क़ुलिद्अू शुरका अ कुम् सुम्म कीदूनि फ़ला तुन्ज़िरूनि (१९५) अिन्न वलीयि यल्लाहुल्लजी नज़्ज़लल् - किताब ज़् सला व हुव यतवल्लस्सालिहीन (१९६) वल्लजीन तद्अून मिन् दूनिहि ला यस्ततीअून नस्रकुम् व ला अन्फ़ुसहुम् यन्सुरून (१९७) व अिन् तद्अूहुम् अिलल्हुदा ला यस्मअू ज़् व तराहुम् यन्ज़ुरून अिलैक व हुम् ला युब्सिरून (१९८) ख़ुजिल्अ़फ़्व वअ्मुर् बिल्अुर्फ़ि व अ़रिज़् अनिल्जाहिलीन (१९९) व अिम्मा यन्ज़ग़न्नक मिनश्शैतानि नज़्गुन् फ़स्तअिज़् बिल्लाहि ज़् अिन्नहू समीअुन् अलीमुन् (२००) अिन्नल्लजीनत्तक़ौ अिजा मस्सहुम् ता अिफ़ुम् - मिनश्शैतानि तज़क्करू फ़अिजा हुम् मुब्सिरून ज़् (२०१) व अिख़्वानु-हुम् यमुद्दूनहुम् फ़िल्ग़ैयि सुम्म ला युक़्सिरून (२०२) व अिजा लम् तअ्तिहिम् बिआयत्रिन् क़ालू लौ लज़्तबैतहा ज़् क़ुल् अिन्नमा अत्तबिअु मा यूहा अिलैय मिर्रब्बी ज़् हाजा बसा अिरु मिर्रब्बिकुम् व हुदौंव रहूमतुल्लिक़ौमीं-युअ्मिनून (२०३) व अिजा क़ुरिअल्-क़ुर्आनु फ़स्तमिअू लहू व अन्सितू लअ़ल्लकुम् तुर्हमून (२०४) वज़्कुर्रब्बक फ़ी नफ़्सिक तज़र्रुअ़ौंव ख़ीफ़तौंव दूनल्जह्रि मिनल्क़ौलि बिल्ग़ुदूवि वल्आसालि व ला तकुम्मिनल् - ग़ाफ़िलीन (२०५) अिन्नल्लजीन अिन्द रब्बिक ला यस्तक्-बिरून अ़न् अिबादतिहि व युसब्बिहूनहू व लहू यस्जुदून (२०६) ✪



क्या उनके ऐसे पाँव हैं जिनसे चलते हैं या उनके ऐसे हाथ हैं जिनसे पकड़ते हैं या उनकी ऐसी आँखें हैं जिनसे देखते हैं या उनके ऐसे कान हैं जिनसे सुनते हैं। (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि अपने (ठहराये हुए तमाम) शरीकों को बुला लो, फिर (सब मिलकर) मुझ पर अपना दाँव कर चलो और मुझको (ज़रा भी) मोहलत मत दो। (१९५) जिसने इस किताब को उतारा है यक़ीनन (निश्चय) मददगार तो वही अल्लाह है और वही नेक बन्दों की हिमायत करता है। (१९६) और उस (अल्लाह) के सिवाय जिनको तुम (अपने संकट में) पुकारते हो वह न तुम्हारी मदद कर सकते हैं और न अपनी ही मदद कर सकते हैं। (१९७) और अगर तुम उन (बुतों) को सीधे रास्ते की तरफ़ बुलाओ तो (तुम्हारी एक) न सुनें और वह तुझको ऐसे दिखलाई देते हैं कि (गोया) तेरी तरफ़ ताक रहे हैं हालाँकि वह देखते ख़ाक नहीं। (१९८) (ऐ पैग़म्बर !) माफ़ी से ख़ूब काम लो और (लोगों से) भले काम (करने) को कहो और जाहिलों (अज्ञानियों) से अलग रहो।(१९९) और अगर कभी शैतान के उभारने से तुम्हारे दिल में उभार पैदा हो तो (होश आते ही) अल्लाह से पनाह माँगो, वही (सबकी) सुनता और (सब कुछ) जानता है।(२००) जो लोग परहेज़गार हैं जब कभी शैतान की तरफ़ का कोई ख़्याल उनको छू भी जाता है तो चौंक पड़ते हैं और वह उसी दम (दिल की आँखें खोलकर) देखने लगते हैं। (२०१) और जो शैतानों के भाई हैं वह इनको गुमराही में खींचे जाते हैं, फिर कोताही नहीं करते। (२०२) और जब तुम इन लोगों के पास (कुछ अरसे तक) कोई आयत नहीं लाते तो कहते हैं कि क्यों कोई आयत (अपनी तरफ़ से) तुमने न गढ़ ली। (२०३) (तो ऐ रसूल !) तुम (इनसे) कह दो कि मैं तो जो कुछ मेरे परवरदिगार के यहाँ से मेरी तरफ़ वही (ख़ुदाई पैग़ाम) आती है उसी पर चलता हूँ। यह सूझ की बातें हैं तुम्हारे रब की तरफ़ से और हिदायत और रहम है उन लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं। और जब क़ुर्आन पढ़ा जाया करे तो उसको ध्यान से सुनो और चुप रहो, शायद तुम पर रहम हो। (२०४) और अपने दिल में गिड़गिड़ाकर और डरते हुये और धीमी आवाज़ से सुबह व शाम (यानी हर समय) अपने परवरदिगार को याद करते रहो और (इससे) ग़ाफ़िल मत रहना। (२०५) जो तुम्हारे परवरदिगार के नज़दीकी (यानी फ़रिश्ते) हैं वे भी अपने (दर्जे के) बड़प्पन में आकर उसकी बन्दगी से मुँह नहीं फेरते और उसी पाक ज़ात (अल्लाह) का जाप करते और उसी के आगे सिर नवाते हैं। (२०६) ★ ● ▲

[पेज ३०२ से] दिन ब दिन मज़बूत और संगठित होते गये और मुशरिकों व उनके हमदर्द व अक्सर मददगार यहूदी व मुनाफ़िक़ों का गिराव ही होता रहा। इसलिए जंगे बद्र को 'फ़ैसला' (यानी निर्णायक) के नाम से पुकारा जाता है। पहले की ७ सूरतों में इन्सानों की पहली दीनी (आध्यात्मिक) तवारीख़ और इस्लाम की उम्मत (संगत) के क़ायम होने व रफ्तः रफ्तः जमने की चरचा है। अब सूरे अन्फ़ाल से उस उम्मत के जमाती फ़ज़ों की हिदायत व उन पर अमलों की चरचा है। इसमें दुश्मनों के हारने पर उनके माल की लूट यानी माले ग़नीमत का बयान है कि जंग इस लिए नहीं की जाती कि लूट का माल मिले। जंग तो अल्लाह के दीन के प्रचार और काफ़िरों के ज़ुल्मों से सोसाइटी को बचाने के लिए किया जाता है। और लूट का माल तो तुमको अल्लाह की ओर से बतौर इनाम देन है; वरना फ़तह तो वही अपनी मदद से दिलाता है। इसलिए इनाम के माल में झगड़ना या अपने को कम-ज़्यादः का हक़दार समझना ग़लत है। पाँचवाँ हिस्सा उम्मत के चलाने व मुहताजों वग़ैरा के लिए और बाक़ी जंग में शरीक होने या मदद करनेवालों में रसूल स० के हुक्म के बमूजिब बाँटा जायगा जिसे वह ख़ुशी-ख़ुशी तस्लीम करें। दूसरा हुक्म फ़िदयः (जंग में क़ैद हुये लोगों को बदले में रुपया लेकर छोड़ देने) का है। तो जब तक कुफ़ तहस-नहस न होजाय तब तक (माल मिलने की लालच में) क़ैद करने [पेज ३०५ पर]

रु. २४ १४ आ १८ ● सु. ३ । ४ ▲ स ज़ । द: १

✪ ८ सूरतुल्अन्फ़ालि ८८ ✪

(मदनी) इसमें अ़रबी के ५५२२ अक्षर १२५३ शब्द ७५ आयतें और १० रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

यस्अलूनक अनिल्अन्फ़ालि त़ क़ुलिल्अन्फ़ालु लिल्लाहि वर्रसूलि ज फ़त्तक़ुल्लाह व अस्लिहूजात बैनिकुम् त़ व अती़अुल्लाह व रसूलहू अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१) अिन्नमल् - मुअ्मिनूनल्लजीन अिजा जुकिरल्लाहु वजिलत् क़ुलूबुहुम् व अिजा तुलियत् अलैहिम् आयातुहू ज़ादत्हुम् अीमानौंव अला रब्बिहिम् यतवक्कलून ज सला (२) अल्लजीन युक़ीमूनस्सलात़ व मिम्मा रज़क़्नाहुम् युन्फ़िक़ून त़ (३) अुलाअिक हुमुल्मुअ्मिनून ह़क़्क़न् त़ लहुम् दरजातुन् अिन्द रब्बिहिम् व मग़्फ़िरतूंव रिज़्क़ुन् करीमुन् ज (४) कमा अख़्रजक रब्बुक मिम्बैतिक बिल्ह़क़्क़ि त़ व अिन्न फ़रीक़म्मिनल् - मुअ्मिनीन लकारिहून ला (५) युजादिलूनक फ़िल्ह़क़्क़ि बअ़्द मा तबैयन कअन्नमा युसाक़ून अिलल्मौति व हुम् यन्जुरून त़ (६) व अिज़् यअ़िदुकुमुल्लाहु अिह्दत्ता अिफ़्तैनि अन्नहा लकुम् व तवद्दून अन्न ग़ैर ज़ातिश्शौकति तकूनु लकुम् व युरीदुल्लाहु अंयुह़िक़्क़ल् - ह़क़्क़ बिकलिमातिहि व यक़्तअ़ दाबिरल् - काफ़िरीन ला (७) लियुह़िक़्क़ल् - ह़क़्क़ व युब़्तिलल् - बातिल व लौ करिहल् - मुज़्रिमून ज (८) अिज़् तस्तग़ीसून रब्बकुम् फ़स्तजाब लकुम् अन्नी मुमिद्दुकुम् बिअल्फ़िम् - मिनल् - मलाअिकति मुर्दिफ़ीन (९) व मा जअ़लहुल्लाहु अिल्ला बुश्रा व लितत्मअिन्न बिहि क़ुलूबुकुम् ज व मन्नसरु अिल्ला मिन् अिन्दिल्लाहि त़ अिन्नल्लाह अ़ज़ीज़ुन् हकीमुन् (१०) ★

✪ ८ सूरतुल्अन्फ़ालि ८८ ✪

(मदनी) इसमें अ़रबी के ५५२२ अक्षर, १२५३ शब्द, ७५ आयतें और १० रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि

(शुरू) अल्लाह के नाम से (जो) निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर ! मुसलमान सिपाही) तुमसे ग़नीमत के माल§ का हुक्म पूछते हैं, तो कह दो कि ग़नीमत का माल तो अल्लाह का है और पैग़म्बर का है, सो (तुम लोग) अल्लाह से डरो और आपस में मेल रखो। और अगर तुम ईमानवाले हो तो अल्लाह और उसके पैग़म्बर की आज्ञा पर चलो।(१) ईमानवाले तो वही हैं कि जब अल्लाह का नाम आवे तो उनके दिल काँप उठें (अल्लाह के अज़ाब से) और जब अल्लाह की आयतें उनको पढ़कर सुनाई जाँय तो वह उनके ईमान को ज़्यादा मज़बूत करें और वह अपने परवरदिगार पर (हर हाल में) भरोसा रखते हैं।(२) जो नमाज़ क़ायम रखते हैं और हमने जो उनको रोज़ी दी है उसमें से (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं,(३) यही सच्चे ईमानवाले हैं, इनके लिए इनके परवरदिगार के यहाँ (बड़े) दर्जे हैं और (गुनाहों की) माफ़ी और इज़्ज़त (व आबरू) की रोज़ी है।(४) जैसे तुम्हारे परवरदिगार ने (बद्र की जंग के मौक़े पर) तुम्हारे घर मदीने से तुमको रवाना किया दुरुस्त काम के लिए और मुसलमानों का एक गिरोह (इस पर) राज़ी न था (५) कि वह लोग (सच्चाई) ज़ाहिर होने के बाद (भी) तुम्हारे साथ सच बात में झगड़ा करने लगे। गोया उनको (प्रत्यक्ष) मौत की तरफ़ ढकेला जाता हो और वह (मौत को) आँखों देख रहे हों।(६) (और यह वह वक़्त था) जब अल्लाह तुम (मुसलमानों) से वादा करता था कि (मक्का के मुशरिकों की) दो जमातों@ में से (कोई सी) एक तुम्हारे हाथ आ जायगी और तुम चाहते थे कि (जो काफ़िला लड़ने के सामान से लैस न हो और माल से लदा है) वह तुम्हारे हाथ आ जाय और अल्लाह की मर्ज़ी यह थी कि अपने हुक्म से हक़ (सत्य) को हक़ कर दिखाये और काफ़िरों की जड़ (बुनियाद) काट कर फेंक दे।(७) ताकि सच को सच और झूठ को झूठ कर दिखावे। चाहे गुनहगारों को भले ही बुरा लगे।(८) (यह वह वक़्त था) कि जब तुम अपने परवरदिगार की ओर फ़र्याद करते थे तो उसने तुम्हारी पुकार सुन ली (और फ़रमाया) कि (सब्र रखो) मैं लगातार हज़ार फ़रिश्तों से तुम्हारी सहायता करता रहूँगा।(९) और यह (फ़रिश्तों की सहायता) जो अल्लाह ने की तो सिर्फ़ (तुमको) ख़ुश करने को (की) ताकि तुम्हारे दिल (उसकी वजह से) चैन पावें वर्ना जीत तो अल्लाह की ही तरफ़ से है। बेशक अल्लाह बड़ा जबरदस्त और बड़ा हिकमतवाला है।(१०) ★

रु. १—१५ आ १०

---

* यह सूरत जंगे बद्र के बाद जल्दी ही नाज़िल हुई थी। मुसलमानों व काबा के मुशरिक क़ुरैशों के बीच पहली लड़ाई जंगे बद्र थी जो २ हिजरी १७ रमज़ान को लड़ी गई। यहाँ से मुसलमान [पिज ३०१ पर]

§ वह दुश्मनों का माल जो मुसलमानों को लड़ाई के बाद हाथ लगे। बद्र की लड़ाई के बाद इस ग़नीमत के माल को बाँटते समय मुसलमानों में कुछ मनमुटाव हो गया था। ऐसे मौक़ों के लिए यह हुक्म है कि यह दुश्मनों से छूटा हुआ ग़नीमत का माल अल्लाह का माल है जो उसने तुमको तुम्हारे हक़ के अलावा बतौर इनाम दिया है। इस लिए किसको कितना मिलना चाहिये इसमें अल्लाह व रसूल का हुक्म ही काफ़ी है। तुमको झगड़ने की गुञ्जाइश नहीं है। @ आयत ५ से १० का खुलासा यूँ है। मदीना हिजरत कर जाने के बाद भी क़ुरैशों का ज़ोर-जब्र बढ़ता ही रहा। एक बार उनका सरदार अबू सुफ़यान तिजारती माल से लदा क़ाफ़िला लिए नज़दीक से गुज़र रहा था। चुनांचे इरादा हुआ कि इसको रोक लिया जाय। मुसलमान [पिज ३०६ पर]

अिज् युग़श्शीकुमुन्नुआस अमनतम्-मिन्हु व युनज़्ज़िलु अलैकुम् मिनस्समा अि मा अल् - लियुतह्हिरकुम् बिहि व युज्हिब अन्कुम् रिज़्ज़श्शैतानि व लियर्बित अला क़ुलूबिकुम् व युसब्बित बिहिल्अक़्दाम त् (११) अिज् यूही रब्बुक अिलल् - मला अिकत्रि अन्नी मअकुम् फ़सब्बितुल्लजीन आमनू त् सअुल्क़ी फ़ी क़ुलूबिल्लजीन कफ़रुर्रुअ़ब फ़ज़्रिबू फ़ौक़ल्-अअ़्नाक़ि वज़्रिबू मिन्हुम् कुल्ल बनानिन् त् (१२) जालिक बिअन्नहुम् शाक़्क़ुल्लाह व रसूलहू ज् व मैंयुशाक़्क़िल्लाह व रसूलहू फ़अिन्नल्लाह शदीदुल्-अिक़ाबि (१३) जालिकुम् फ़ज़ूक़ूहु व अन्न लिल्काफ़िरीन अजाबन्नारि (१४) या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा लक़ीतुमुल्लजीन कफ़रू ज़हफ़न् फ़ला तुवल्लूहुमुल् - अद्बार ज् (१५) व मैंयुवल्लिहिम् यौमअिजिन् दुबुरहू अिल्ला मुतहर्रिफ़ल् - लिक़ितालिन् औ मुतहैयिज़न् अिला फ़िअत्रिन् फ़क़द् बाअ बिग़ज़बिम् - मिनल्लाहि व मअ्वाहु जहन्नमु त् व बिअ्सल् - मसीरु (१६) फ़लम् तक़्तुलूहुम् व लाकिन्नल्लाह क़तलहुम् स् व मा रमैत अिज् रमैत व लाकिन्नल्लाह रमा ज व लियुब्लियल् - मुअ्मिनीन मिन्हु बलाअन् हसनन् त् अिन्नल्लाह समीअुन् अलीमुन् (१७) जालिकुम् व अन्नल्लाह मूहिनु कैदिल्काफ़िरीन (१८) अिन् तस्तफ़्तिहू फ़क़द् जाअकुमुल् फ़त्हु ज् व अिन् तन्तहू फ़हुव ख़ैरुल्लकुम् ज् व अिन् तअ़ूदू नअ़ुद् ज व लन् तुग़्निय अन्कुम् फ़िअतुकुम् शैअौंव लौ कसुरत् ला व अन्नल्लाह मअ़ल्मुअ्मिनीन (१९) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू अतीअुल्लाह व रसूलहु व ला तवल्लौ अन्हु व अन्तुम् तस्मअ़ून ज सला (२०)

(जंगे बद्र के मौक़े पर यह वह समय था) जबकि अल्लाह ने अपनी तरफ़ से (तुम्हारी) तस्कीन के लिए तुम पर औंघ को उतारा और (दुश्मनों का तालाब पर क़ब्ज़: हो जाने पर) आसमान से तुम पर पानी बरसाया ताकि उसके ज़रिये से तुमको पाक करे और शैतानी गंदगी (व बेचैनी) को तुमसे दूर कर दे और ताकि तुम्हारे (टूट रहे) दिलों को साहस बँधावे और उसी के ज़रिये (जंग में) तुम्हारे पाँव जमाये रखे।(११) (और यह वह वक़्त था) जबकि तुम्हारा परवरदिगार फ़रिश्तों को आज्ञा दे रहा था कि मैं तुम्हारे साथ हूँ, तुम मुसलमानों को जमाये रखो, मैं जल्द काफ़िरों के दिलों में डर डाल दूँगा, बस तुम इनकी गरदनें मारो और इनके पोर-पोर को मारो।(१२) यह इस बात की सज़ा है कि उन्होंने अल्लाह और उनके पैग़म्बर का विरोध किया और जो अल्लाह और उसके पैग़म्बर का विरोध करेगा तो अल्लाह की मार बड़ी कठिन है§।(१३) (काफ़िरो!) यह तो तुम (अभी) चखो और जान लो कि (आख़िरत में) काफ़िरों को दोज़ख़ की सज़ा है।(१४) ऐ ईमानवालो! जब काफ़िरों से मैदाने जंग में तुम्हारा मुक़ाबला हो तो उनको पीठ न दिखाना।(१५) और जो शख़्स ऐसे मौक़े पर लड़ाई के हुनर के कारन (बतौर तदबीर) या अपनी फ़ौज में जा मिलने की ग़रज़ से (पीठ देने) के अलावा काफ़िरों को पीठ दिखायेगा वह अल्लाह के कोप में आ गया और उसका ठिकाना दोज़ख़ है और वह कैसी बुरी जगह है (१६) पस काफ़िरों को तुमने क़त्ल नहीं किया बल्कि उनको अल्लाह ने क़त्ल किया और जब तुमने (काफ़िरों पर) मुट्ठी से ख़ाक फेंकी तो तुमने ख़ाक नहीं फेंकी बल्कि अल्लाह ने ख़ाक फेंकी§§ और उससे ग़रज़ यह थी कि वह ईमानवालों को अपनी तरफ़ से ख़ूब (इहसानों से) आज़मावे। बेशक अल्लाह (सबकी) सुनता और (सबकुछ) जानता है।(१७) यह तो हो चुका और अब जान लो कि अल्लाह को काफ़िरों की तदबीरों को कमज़ोर कर देना मंज़ूर है।(१८) तुम जो फ़ैसला माँगते थे, वह फ़ैसला तुम्हारे सामने (रसुलुल्लाह स० की जीत की शकल में) आ गया और अगर आइन्दा बाज़ रहोगे तो यह तुम्हारे हक़ में भला होगा और अगर तुम फिर (मुक़ाबले पर) आओगे तो हम भी फिर (अज़ाब लेकर) आवेंगे, और तुम्हारा जत्था कितना ही बहुत हो कुछ (भी तुम्हारे) काम नहीं आयेगा, और (अच्छी तरह) जान लो कि अल्लाह ईमानवालों के साथ है।(१९) ★

ऐ ईमानवालो! अल्लाह के हुक्म पर चलो और उसके पैग़म्बर के (हुक्म पर चलो) और उसका (हुक्म) सुन लेने पर उससे मुँह न मोड़ो।(२०)

रु. २ | १६ आ ६

[पिछ ३०१ से] की फ़िक्र छोड़ कर दुश्मनों का दमन डट कर करना चाहिये। बाद को जो बचें और क़ैद हों, उनका ही फ़िदय: लेना जायज़ है। तीसरी बात यह है कि ईमान (धर्म) की स्थापना और कुफ़्र (अधर्म) का नाश, यह तो अल्लाह करता ही है और वही करने में समर्थ है। रहे बन्दे, तो वे जेहाद (धर्मयुद्ध) में जितने साबित क़दम (दृढ़) रहेंगे उतना ही अल्लाह उनको ज़ोरावर और दुश्मनों पर ग़ालिब (प्रबल) करता जायगा। इसके बाद मुसलमानों को हिदायत है कि जो अल्लाह पर ईमान लाया और जेहाद में शरीक हुआ वह तुम्हारा ज़्यादः हक़ीक़ी है बमुक़ाबले उसके जो सिर्फ़ ख़ून के रिश्ते से सगा है। अलबत्ता ईमानवाला रिश्तेदार दूसरे ईमानवालों के मुक़ाबले तुम्हारा ज़्यादः हक़दार है।

§ यहाँ तक बद्र की लड़ाई का हाल था। इसमें फ़रिश्तों का मुसलमानों की मदद को आना और काफ़िरों को बरबाद कर देना और पानी बरसना सब कुछ बयान किया गया है ताकि मुसलमान अल्लाह की रहमत पर ग़ौर करें और रसूल के कहने पर चलें। §§ जंगे बद्र के शुरू में रसुलुल्लाह स० ने एक मुट्ठी धूल उठा कर काफ़िरों की तरफ़ फेंक कर कहा कि 'तुम्हारे चेहरे बिगड़ जाँय।' इसके बाद धावा हुआ। उसका ज़िक्र है। जो कुछ होता है वह अल्लाह की मर्ज़ी से होता है।

व ला तकूनू कल्लज़ीन क़ालू समिअ़्ना व हुम् ला यस्मअ़ून (२१) अिन्न शर्रद्दवाब्बि अिन्दल्लाहिस्सुम्मुल् - बुक्मुल्लज़ीन ला यअ़्क़िलून (२२) व लौ अ़लिमल्लाहु फ़ीहिम् ख़ैरल्ल-अस्मअ़हुम् त् व लौ अस्मअ़हुम् लतवल्लौव्वहुम् मुअ़्रिज़ून (२३) या अैयुहल्लज़ीन आमनुस्तजीबू लिल्लाहि व लिर्रसूलि अिज़ा दआ़कुम् लिमा युह्यीकुम् ज् वअ़्लमू अन्नल्लाह यहूलु बैनल्मरअि व क़ल्बिहत् व अन्नहू अिलैहि तुह्शरून (२४) वत्तक़ू फ़ित्नतल्ला तुसीबन्नल्लज़ीन जलमू मिन्कुम् ख़ास्सतन् ज् वअ़्लमू अन्नल्लाह शदीदुल्-अिक़ाबि (२५) वज्कुरू अिज् अन्तुम् क़लीलुम् - मुस्तज़्अ़फ़ून फ़िल्अर्ज़ि तख़ाफ़ून अैंयतख़त्तफ़-कुमुन्नासु फ़आवाकुम् व अैयदकुम् बिनस्रिहत् वरज़क़कुम् मिनत्तैयिबाति लअ़ल्लकुम् तश्कुरून (२६) या अैयुहल्लज़ीन आमनू ला तख़ूनुल्लाह वर्रसूल व तख़ूनू अमानातिकुम् व अन्तुम् तअ़्लमून (२७) वअ़्लमू अन्नमा अम्वालुकुम् व औलादुकुम् फ़ित्नतुन् ला व'व अन्नल्लाह अिन्दहू अज्रुन् अ़ज़ीमुन् (२८) ★ या अैयुहल्लज़ीन आमनू अिन् तत्तक़ुल्लाह यज्अ़ल्लकुम् फ़ुर्क़ानंव युकफ़्फ़िर् अ़न्कुम् सैयिआतिकुम् व यग़्फ़िर् लकुम् त् वल्लाहु जुल्-फ़ज़्लिल्-अ़ज़ीमि (२९) व अिज् यम्कुरु बिकल्लज़ीन कफ़रू लियुस्बितूक औ यक़्तुलूक औ युख़्रिजूक त् व यम्कुरून व यम्कुरुल्लाहु त् वल्लाहु ख़ैरुल्माकिरीन (३०) व अिज़ा तुत्ला अ़लैहिम् आयातुना क़ालू क़द् समिअ़्ना लौ नशाअु लक़ुल्ना मिस्ल हाज़ा ला अिन् हाज़ा अिल्ला असातीरुल्-औवलीन (३१)

और उन (यहूदियों) जैसे न बनो जिन्होंने (तौरात की निस्बत) कह (तो) दिया कि हमने सुना हालाँकि वह सुनते (यानी दिल से मानते) नहीं।(२१) अल्लाह के नज़दीक सब जानदारों में बदतरीन (निकृष्टतम) वही बहरे गूँगे हैं जो (हक़ बात को सुनकर भी) नहीं समझते। (२२) और अगर अल्लाह इनमें (कुछ भी) भलाई पाता तो इनको सुनने की योग्यता भी ज़रूर देता; लेकिन (उनकी मौजूदा बेरुख़ी में) अगर अल्लाह इनको सुनावे भी, तो यह लोग मुँह फेरकर उल्टे भागें।(२३) ऐ ईमानवालों! तुम अल्लाह और पैग़म्बर का हुक्म मानो जब कि (पैग़म्बर) तुमको ऐसे काम (दीन) की तरफ़ बुलाते हैं जो तुममें नई रूह फूँकता है, और जाने रहो कि अल्लाह आदमी और उसके दिल के दरमियान आड़े आ जाता§ है और यह कि तुम (सब) उसी के सामने जमा किये जाओगे।(२४) और उस फ़िसाद से डरते रहो जिसका (बुरा नतीजा) ख़ासकर उन्हीं लोगों पर नहीं पड़ेगा जिन्होंने तुममें से ज़ुल्म किया है (बल्कि अपनी लपेट में बेगुनाहों को भी ले लेगा)✪ और जाने रहो कि अल्लाह सख़्त सज़ा देने वाला है।(२५) और (ऐ मुसलमानो!) याद करो जब तुम ज़मीन (मक्का) में थोड़े-से थे, दबे-दबाये समझे जाते थे, इस बात से डरते थे कि लोग तुमको ज़बरदस्ती पकड़कर उड़ा न ले जायँ; फिर अल्लाह ने तुमको (मदीना जैसी) जगह दी और अपनी सहायता से तुमको ज़ोरावर किया और सुथरी चीज़ें तुम्हें खाने को दीं इसलिए कि शायद तुम शुक्र मानो।(२६) ऐ ईमानवालो! अल्लाह और रसूल की अमानत (धरोहर) में ख़ियानत न करो न आपस की धरोहरें मारो, और (अमानत में ख़ियानत का अंजाम तो) तुम जानते ही।(२७) जाने रहो कि तुम्हारी दौलत और तुम्हारी औलाद एक आज़माइश (कसौटी)♦ हैं और यह कि अल्लाह के यहाँ (यही) बड़ा सवाब है।(२८) ★

ऐ ईमानवालो! अगर तुम अल्लाह से डरते रहोगे तो वह तुम्हारे लिए फ़ैसला‡ देगा और तुम्हारे पाप तुमसे दूर कर देगा और तुमको माफ़ करेगा और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है।(२९) और जब काफ़िर तुम पर फ़रेब करते थे कि तुमको क़ैद कर रखें या तुमको मार डालें या तुमको देश-निकाला कर दें और काफ़िर भी (अपनी) तदबीर चलते थे और अल्लाह भी (अपनी) तदबीर चलता था और अल्लाह सब तदबीर चलनेवालों से बेहतर (युक्तिवान) है।(३०) और जब हमारी आयतें इन काफ़िरों को पढ़कर सुनाई जाती हैं तो कहते हैं हमने सुन लिया, अगर हम चाहें तो हम भी इसी तरह की बातें कह लें, यह तो और कुछ नहीं गुज़रे लोगों की कहानियाँ हैं। (३१)

★ रु. ३ १७ आ ६

§ इन्सान और उसके दिल के बीच अल्लाह यूँ आड़े आता है कि ईमानवालों और उनके दिल के बीच रह कर कुफ़्र का दख़ल नहीं होने देता और लाइलाज काफ़िरों व उनके दिल के बीच रह कर ईमान की रोशनी से उनको दूर रखता है। ✪ शख़्सी गुनाहों का असर भी आम तौर पर शख़्सी होता है। लेकिन कुछ जमाती फ़साद ऐसे भी होते हैं जिनकी लपेट में नेक-बद पूरी सोसाइटी आजाती है। ऐसे फ़सादों में सिर्फ़ इतने से हमारा फ़र्ज़ पूरा नहीं हो जाता कि हम उन फ़सादों या ज़ुल्मों में ख़ुद शरीक होने से अपने को बचाये रखें। बल्कि हमारा यह भी फ़र्ज़ हो जाता है कि उन फ़सादियों का फ़साद चलने ही न दें। † अल्लाह और रसूल की अमानत है अल्लाह के हुक्म व ग़नीमत (लड़ाई में दुश्मनों) का मिला माल। और आपस की अमानत (धरोहर) हैं रुपया ज़ेवर व दुनियावी चीज़ें। ♦दौलत और औलाद ही वह कसौटी है जिसमें पता चलता है कि इनके मोह में फँस कर कौन अल्लाह के हुक्मों को किस हद तक भुला बैठता है। ‡ "फ़ैसला" याने काफ़िरों पर ग़ालिब (प्रबल) रखने का फ़ैसला। एक तफ़सीर यूँ है कि नेक-बद, अज़ाब-सवाब ईमान-कुफ़्र को समझने की क़ूवत याने विवेक। अल्लाह से डरने वाले की यह विवेक-बुद्धि जाग उठती है।

व अिज़् क़ालुल्लाहुम्म अिन् कान हाज़ा हुवल्हक़्क़ मिन् अिन्दिक फ़अम्तिर् अलैना हिजारतम् - मिनस्समा अि अविअ्तिना बिअ़ज़ाबिन् अलीमिन् (३२) व मा कानल्लाहु लियुअ़ज्ज़िबहुम् व अन्त फ़ीहिम् त् व मा कानल्लाहु मुअ़ज्ज़िबहुम् व हुम् यस्तग़्फ़िरून (३३) व मा लहुम् अल्ला युअ़ज्ज़िब-हुमुल्लाहु व हुम् यसुद्दून अनिल्-मस्जिदिल्-हरामि व मा कानू औलिया अहू त् अिन् औलिया अुहू अिल्लल् - मुत्तक़ून व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ़्लमून (३४) व मा कान सलातुहुम् अिन्दल्बैति अिल्ला मुकाअ़ौव तस्दियतन् त् फ़ज़ूक़ुल्अ़ज़ाब बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (३५) अिन्नल्लज़ीन कफ़रू युन्फ़िक़ून अम्वालहुम् लियसुद्दू अन् सबीलिल्लाहि त् फ़सयुन्-फ़िक़ूनहा सुम्म तकूनु अलैहिम् हस्रतन् सुम्म युग्लबून ∆ त् वल्लज़ीन कफ़रू अिला जहन्नम युह्शरून ला (३६) लियमीज़ल्लाहुल्-ख़बीस मिनत्तैयिबि व यज्अ़ल्-ख़बीस बअ़्ज़हू अला बअ़्ज़िन् फ़यर्कुमहू जमीअन् फ़यज्अ़लहू फ़ी जहन्नम त् अुलाअिक हुमुल्ख़ासिरून (३७) ★ क़ुल्लिल्लज़ीन कफ़रू अींयन्तहू युग्फ़र् लहुम् मा क़द् सलफ़ ज व अींयअ़ूदू फ़क़द् मज़त् सुन्नतुल्-औवलीन (३८) व क़ातिलू हुम् हत्ता ला तकून फ़ित्नतुंव यकूनद्दीनु कुल्लुहू लिल्लाहि ज फ़अिनिन्तहौ फ़अिन्नल्लाह बिमा यअ़्मलून बसीरुन् (३९) व अिन् तवल्लौ फ़अ़्लमू अन्नल्लाह मौलाकुम् त् निअ़्मल्मौला व निअ़्मन्नसीरु (४०)

قال الملاء ۱۴۴ الانفال
هٰذَآ اِنْ هٰذَآ اِلَّآ اَسَاطِيْرُ الْاَوَّلِيْنَ ۝ وَاِذْ قَالُوا اللّٰهُمَّ اِنْ
كَانَ هٰذَا هُوَ الْحَقَّ مِنْ عِنْدِكَ فَاَمْطِرْ عَلَيْنَا حِجَارَةً مِّنَ السَّمَآءِ
اَوِ ائْتِنَا بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ۝ وَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيُعَذِّبَهُمْ وَاَنْتَ فِيْهِمْ
وَمَا كَانَ اللّٰهُ مُعَذِّبَهُمْ وَهُمْ يَسْتَغْفِرُوْنَ ۝ وَمَا لَهُمْ اَلَّا
يُعَذِّبَهُمُ اللّٰهُ وَهُمْ يَصُدُّوْنَ عَنِ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ وَمَا كَانُوْٓا
اَوْلِيَآءَهٗ اِنْ اَوْلِيَآؤُهٗٓ اِلَّا الْمُتَّقُوْنَ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ۝
وَمَا كَانَ صَلَاتُهُمْ عِنْدَ الْبَيْتِ اِلَّا مُكَآءً وَّتَصْدِيَةً ۭ فَذُوْقُوا
الْعَذَابَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُوْنَ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا يُنْفِقُوْنَ
اَمْوَالَهُمْ لِيَصُدُّوْا عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۭ فَسَيُنْفِقُوْنَهَا ثُمَّ تَكُوْنُ
عَلَيْهِمْ حَسْرَةً ثُمَّ يُغْلَبُوْنَ ۭ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِلٰى جَهَنَّمَ
يُحْشَرُوْنَ ۝ لِيَمِيْزَ اللّٰهُ الْخَبِيْثَ مِنَ الطَّيِّبِ وَيَجْعَلَ الْخَبِيْثَ
بَعْضَهٗ عَلٰي بَعْضٍ فَيَرْكُمَهٗ جَمِيْعًا فَيَجْعَلَهٗ فِيْ جَهَنَّمَ ۭ اُولٰۗىِٕكَ
هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ۝ قُلْ لِّلَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِنْ يَّنْتَهُوْا يُغْفَرْ لَهُمْ
مَّا قَدْ سَلَفَ ۚ وَاِنْ يَّعُوْدُوْا فَقَدْ مَضَتْ سُنَّتُ الْاَوَّلِيْنَ ۝
وَقَاتِلُوْهُمْ حَتّٰي لَا تَكُوْنَ فِتْنَةٌ وَّيَكُوْنَ الدِّيْنُ كُلُّهٗ
لِلّٰهِ ۚ فَاِنِ انْتَهَوْا فَاِنَّ اللّٰهَ بِمَا يَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ۝ وَاِنْ
تَوَلَّوْا فَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ مَوْلٰىكُمْ ۭ نِعْمَ الْمَوْلٰى وَنِعْمَ النَّصِيْرُ ۝
منزل

★ रु. ४ | १८ आ ६

॥ इति नवाँ पारः ॥

और (वह भी याद करो) जब (अबू जहल जैसे काफ़िर) कहने लगे कि ऐ अल्लाह ! अगर तेरी तरफ़ से यह दीन सच्चा है तो हम पर आसमान से पत्थर बरसा या हम पर कड़ी सज़ा डाल।(३२) और अल्लाह हरगिज़ न इन पर अ़ज़ाब उतारता जब तक कि तुम इनमें (मौजूद) थे और अल्लाह न अ़ज़ाब उतारेगा इन पर जब तक ये माफ़ी मांगते रहेंगे।(३३) लेकिन अब क्योंकर अल्लाह उन पर अ़ज़ाब न उतारेगा जबकि वह मसजिदे हराम (यानी काबा के घर) में जाने से लोगों (यानी मुसलमानों) को रोकते हैं। हालाँकि वह उसके मुतवल्ली (अधिष्ठाता) नहीं, उसके लिए (सही) मुतवल्ली तो वही हैं जो परहेज़गार हैं (और अल्लाह का डर रखते हैं), लेकिन इनमें के बहुतेरे यह समझ नहीं पाते।(३४) और काबा के घर के पास सीटियाँ बजाने और तालियाँ (पीटने) के सिवाय उनकी नमाज़ ही क्या थी, तो (उनसे कहा जाता है कि) अपने कुफ़्र के बदले में अ़ज़ाब (का मज़ा) चखो।(३५) (इसमें सन्देह नहीं कि) यह काफ़िर अपने माल ख़र्च करते हैं कि अल्लाह के रास्ते से रोकें, सो अभी और (माल) ख़र्च करेंगे, फिर (वही माल) आख़िरकार इनके हक़ में रंज का कारन होगा और आख़िर हार जायेंगे। और जो काफ़िर रहेंगे वे दोज़ख़ की तरफ़ हाँके जायँगे (३६) ताकि अल्लाह नापाक को पाक से अलग करे और नापाक को एक दूसरे के ऊपर रखकर उन सबका ढेर लगाये, फिर उन (ढेर यानी सब) को दोज़ख़ में झोंक दे। यही लोग हैं जो घाटे में रहे◎।(३७) ★ रु. ४ १८ आ ६

(ऐ पैग़म्बर !) काफ़िरों से कह दो कि अगर कुफ़्र से बाज़ आ जाँय तो उनके पिछले (गुनाह) माफ़ कर दिये जायँगे और अगर फिर वही (हरकत) करेंगे तो अगले (गुनहगार) लोगों की (सज़ा की) चाल पड़ चुकी है, (जैसा उनके साथ हुआ है इनके साथ भी होगा) (३८) और काफ़िरों से लड़ते रहो यहाँ तक कि (मुशरिकीन अ़रब का) फ़साद (यानी शिर्क) बाक़ी न रहे और सब अल्लाह ही का दीन हो जाय। पस अगर वह बाज़ आवें तो जो कुछ यह लोग करेंगे अल्लाह उसको देख रहा है।(३९) और अगर वह न मानें तो जान लो कि अल्लाह तुम्हारा हामी (समर्थक) है और वह कैसा अच्छा हामी और वह कैसा अच्छा मददगार है।(४०)

॥ इति नवाँ पारः ॥

[पिज ३०३ से] मदीने से निकले। उधर क़ुरैशों को भी ख़बर लग गई और अबू जहल की तहत में एक बड़ा फ़ौजी लश्कर मक्का से चल पड़ा। आँ हज़रत स० को ख़ुदाई पैग़ाम मिला कि अबू सुफ़यान और अबू जहल इन दो में से कोई एक तुम्हारे क़ाबू में आ सकता है। रसूल स० ने अबू जहल के फ़ौजी लश्कर का सामना करना मुनासिब समझा। कुछ मुसलमान तिजारत के माल वाले गिरोह पर हमला करना चाहते थे—कुछ तो माल की लालच में और कुछ दूसरे दस्ते की फ़ौजी तैयारी से ख़ौफ़ के कारन, गोया उन्हें मौत ही पुकार रही हो। इस राय के मुसलमानों की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ रसुलुल्लाह स० ने अबू जहल को चुना और जंगे बद्र में उनको परास्त कर क़ुरैशों के मिटने की शुरुआत भी कर दी और माले ग़नीमत भी हाथ लगा। और बाद में अबू सुफ़यान भी मुसलमानों के साथ आ गये। मंशा है कि जिस तरह तुम माल ग़नीमत में झगड़ रहे हो उसी तरह उससे पहले जंग शुरू होने के पहले भी तुम रसूल स० के ख़िलाफ़ राय रख रहे थे और झगड़ रहे थे। यह गुनाह है। दीन में और ग़नीमत के माल में भी अल्लाह और उसके रसूल का हुक्म मानो।

◎ रुकू ४ का खुलासा है कि अल्लाह धीरे-धीरे ईमानवालों को प्रबल और काफ़िरों को कमज़ोर करेगा ताकि इस बीच काफ़िर अपने जानोमाल व ताक़त को मनमाना ख़र्च कर लें और परास्त हो जायँ। ईमानवाले भी और कुफ़्र वाले भी दिन ब दिन छँटते जायँ और इकट्ठे होकर सवाब व अ़ज़ाब की तरफ़ पहुँचाये जायँ।

﴿﴿ दसवाँ पारः वऽलमू ﴾﴾

﴿ सूरतुल् अन्फ़ालि आयात ४१ से ७५ ﴾

वऽलमू अन्नमा ग़निम्तुम् मिन् शैअिन् फ़अन्न लिल्लाहि ख़ुमुसहू व लिर्रसूलि व लिज़िल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनि वब्निस्सबीलि ला अिन् कुन्तुम् आमन्तुम् बिल्लाहि व मा अन्ज़ल्ना अला अब्दिना यौमल्फ़ुर्क़ानि यौमल्तक़ल् - जम्आनि तु वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (४१) अिज् अन्तुम् बिल्अुद्वत्तिद्दुन्या व हुम् बिल्अुद्वत्तिल्-क़ुस्वा वर्रक्बु अस्फ़ल मिन्कुम् तु व लौ तवाअत्तुम् लख़्तलफ़्तुम् फ़िल्मीआदि ला व लाकिल्लि - यक़्ज़ियल्लाहु अम्रन् कान मफ़्अूलन् ला ۵ ल्'लियह्लिक मन् हलक अम्बैयिनत्तिव्व यह्या मन् ह्यै अम्बैयिनत्तिन् तु व अिन्नल्लाह लसमीअुन् अलीमुन् ला (४२) अिज् युरीकहुमुल्लाहु फ़ी मनामिक क़लीलन् तु व लौ अराकहुम् कसीरल्लफ़शिल्तुम् व लतनाज़़्तुम् फ़िल्अम्रि व लाकिन्नल्लाह सल्लम तु अिन्नहू अलीमुम्-बिजातिस्सुदूरि (४३) व अिज् युरीकुमूहुम् अिज़िल्तक़ैतुम् फ़ी अड़्युनिकुम् क़लीलौंव युक़ल्लिलुकुम् फ़ी अड़्युनिहिम् लियक़्ज़ियल्लाहु अम्रन् कान मफ़्अूलन् तु व अिलल्लाहि तुर्जअुल्-अुमूरु (४४) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा लक़ीतुम् फ़िअत्तन् फ़स्बुतू वज्कुरुल्लाह कसीरल् - लअ्ल्लकुम् तुफ़्लिहून ज (४५) व अतीअुल्लाह व रसूलहू व ला तनाज़अू फ़तफ़्शलू व तज्हब रीहुकुम् वस्बिरू तु अिन्नल्लाह मअ्स्साबिरीन ज (४६) व ला तकूनू कल्लजीन ख़रजू मिन् दियारिहिम् बतरौंव रिआअन्नासि व यसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि तु वल्लाहु बिमा यअ्मलून मुहीतुन् (४७)

✪✪ दसवाँ पारः वऽलमू' ✪✪

✪ सूरतुल्अन्फ़ालि आयत ४१ से ७५ ✪

और जान रखो कि जो चीज़ तुम ग़नीमत में§ लाओ उसका पाँचवाँ भाग अल्लाह के लिए और पैग़म्बर के और सम्बन्धियों के, अनाथों के और ग़रीबों और मुसाफ़िरों के (लिए है) अगर तुम अल्लाह का और उस (मदद ग़ैबी) का यक़ीन रखते हो जो हमने अपने बन्दे (मुहम्मद स०) पर फ़ैसले के दिन उतारी थी जिस दिन कि (मुसलमानों और काफ़िरों के) दो लश्कर (जंगे बद्र में) एक दूसरे से गुथ गये थे (क्योंकि अल्लाह की तरफ़ से रसूल स० पर इस मदद की बदौलत ही तुमको यह फ़तह व ग़नीमत हाथ लगी है)। और अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (समर्थ) है।(४१) यह वह वक़्त था कि तुम (मुसलमान मैदान जंग में) घाटी के इस सिरे पर थे और काफ़िर दूसरे सिरे पर और (माल से लदा वह) क़ाफ़िला (जिसको तुम हासिल करना चाहते थे वह नदी के किनारे) तुमसे नीचे की तरफ़ को उतर गया था। और अगर तुमने (और उन्होंने पहले से) आपस में (लड़ाई का) ठहराव किया होता तो ज़रूर वादे पर (लड़ाई में शरीक होने में) तुम्हारे बीच मतभेद होता (और कुछ लोग दुश्मनों का ज़ोर देखकर लड़ने में आगा-पीछा करते) लेकिन (यकायक जंग छिड़ गई क्योंकि) अल्लाह को मंज़ूर था कि जो काम होकर रहनेवाला (नियत) था उसे कर डाले ताकि जिसे मरना है वह खुली निशानियाँ आने के बाद मरे और जिसको ज़िन्दः रहना है वह (भी) खुली निशानियाँ आने के बाद ज़िन्दः रहे। और बेशक अल्लाह (सब कुछ) सुनता और जानता है।(४२) (ऐ पैग़म्बर! उसी वक़्त की घटना वह भी है) जबकि अल्लाह ने तुम्हारी नज़र में काफ़िरों को (उनकी सही तादाद से बहुत) कम दिखलाया और अगर उन्हें तुमको बहुत करके दिखाता तो तुम ज़रूर हिम्मत हार देते और (जो) काम (दरपेश था उस) में भी ज़रूर (आपस में) झगड़ने लगते। मगर अल्लाह ने (उस नौबत से तुम्हें) बचाया, बेशक वह (सब के) दिली ख़्यालों से जानकार है।(४३) और जब तुम एक दूसरे के सामने (जंगे बद्र में) आये तो काफ़िरों को तुम मुसलमानों की आँखों में थोड़ा कर दिखलाया और काफ़िरों की आँखो में तुम मुसलमानों को थोड़ा कर दिखाया ताकि अल्लाह को जो कुछ (तुम्हारे हक़ में) करना मंज़ूर था पूरा कर डाले। और आख़िरकार सब कामों का सहारा अल्लाह ही पर जाकर ठहरता है✪।(४४) ★

ऐ ईमानवालो! जब किसी फ़ौज से तुम्हारी मुटभेड़ हो तो (लड़ाई में) जमे रहो और अल्लाह को ख़ूब याद करो, शायद तुम मुराद पाओ।(४५) और अल्लाह और उसके पैग़म्बर का हुक्म मानो और आपस में न झगड़ो नहीं तो (तुममें) कमज़ोरी आ जायगी और तुम्हारी हवा उखड़ जायगी और सब्र पर क़ायम रहो और अल्लाह सब्र (से जमने) वालों के साथ है।(४६) और उन (क़ुरैशों) जैसे न बनो जो इतराते हुये और लोगों को दिखाते हुये अपने घरों से निकले और (हाल यह कि) अल्लाह की राह से रोकते थे और जो कुछ भी (आमाल) यह लोग करते हैं सब अल्लाह के एहाते (घेरे यानी पकड़) में है।(४७)

★ रु. १५ आ ७

§ सूरः अन्फ़ालि आयत पहली पेज ३०३ नोट § पर 'ग़नीमत' की तफ़सील दी है। ✪ अल्लाह को मंज़ूर था कि इस मौक़े पर मुटभेड़ ज़रूर हो जाय और मुसलमानों को फ़तह और काफ़िरों को ज़िल्लत नसीब होवे। इसीलिए ग़फ़लत में मुसलमान काफ़िरों को थोड़ी तादाद में समझ कर पस्त हिम्मत न हुये और काफ़िरों ने मुसलमानों को कम तादाद समझ कर हमले का हौसला बढ़ गया और फ़ैसलाकुन (निर्णायक) जंग छिड़ ही गई।

व अिज् ज़ैयन लहुमुश्शैतानु अऽ़मालहुम् व क़ाल ला ग़ालिब लकुमुल्यौम मिनन्नासि व अिन्नी जारुल्लकुम् ज् फ़लम्मा तरा'अतिल् - फ़िअतानि नकस़ अला अक़्बैहि व क़ाल अिन्नी बरी'उम् - मिन्कुम् अिन्नी' अरा मा ला तरौन अिन्नी' अख़ाफ़ुल्लाह त् वल्लाहु शदीदुल्अिक़ाबि (४८) ★ अिज् यक़ूलुल् - मुनाफ़िक़ून वल्लजीन फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ुन् ग़र्र हा'उला'अि दीनुहुम् त् व मैंयतवक्कल् अलल्लाहि फ़अिन्नल्लाह अज़ीज़ुन् हकीमुन् (४९) व लौ तरा' अिज् यतवफ़्फ़ल्लजीन कफ़रु ला अ्ल्मला'अिकतु यज़्रिबून वुजूहहुम् व अद्बारहुम् ज् व जूक़ू अजाबल्हरीक़ि (५०) जालिक बिमा क़द्मत् अैदीकुम् व अन्नल्लाह लैस बिज़ल्लामिल् - लिल्अबीदि ला (५१) कदअ्बि आलि फ़िर्औन ला वल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त् कफ़रू बिआयातिल्लाहि फ़अख़ज़हुमुल्लाहु बिजुनूबिहिम् त् अिन्नल्लाह क़वीयुन् शदीदुल्-अिक़ाबि (५२) जालिक

बिअन्नल्लाह लम् यकु मुग़ैयिरन्निअ़्मतन् अन्अ़्महा अला क़ौमिन् हत्ता युग़ैयिरू मा बिअन्फ़ुसिहिम् ला व अन्नल्लाह समीअुन् अलीमुन् ला (५३) कदअ्बि आलि फ़िर्औन ला वल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त् कज्जबू बिआयाति रब्बिहिम् फ़अह्लक्नाहुम् बिजुनूबिहिम् व अग़्रक़्ना' आल फ़िर्औन ज् व कुल्लुन् कानू जालिमीन (५४) अिन्न शर्रद्वा'ब्बि अिन्दल्लाहिल्लजीन कफ़रू फ़हुम् ला युअ्मिनून ग़ला ज् (५५) अल्लजीन आहत्त मिन्हुम् सुम्म यन्कुज़ून अह्दहुम् फ़ी कुल्लि मर्रतिव्व हुम् ला यत्तक़ून (५६) फ़अिम्मा तस्क़फ़न्नहुम् फ़िल्हर्बि फ़शर्रिद् बिहिम् मन् ख़ल्फ़हुम् लअल्लहुम् यज्जक्करून (५७)

और (वह भी याद करो) जब शैतान ने उन (काफ़िरों) की हरकतें उनकी (नज़रों में) अच्छी कर दिखलाईं और कहा आज लोगों में कोई ऐसा नहीं जो तुमको जीत सके और मैं तुम्हारा मददगार हूं, फिर जब दोनों फ़ौजें आमने सामने आईं (तो वह) अपने पाँव उल्टे हटा और कहने लगा कि मुझको तुमसे कोई सम्बन्ध नहीं, मैं वह चीज़ देख रहा हूँ जो तुमको नहीं सूझ पड़ती, मैं अल्लाह से डर रहा हूँ और अल्लाह की मार बड़ी सख़्त है। (४८)★ रुकू ६-२ आ ४

जब मुनाफ़िक़ और जिन लोगों के दिलों में (कुफ़्र की) बीमारी थी वे (मोमिनों की दिलेरी पर ईर्षा करते व) कहते थे कि इनको अपने दीन का (बड़ा) ग़र्रा है§, तो जो अल्लाह पर भरोसा रखेगा तो (पायेगा कि) अल्लाह बहुत ज़बरदस्त और बड़ा हिकमतवाला है। (४९) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम देखते (अजब हाल) जबकि फ़रिश्ते काफ़िरों की जान निकालते हैं उनके मुहों और पीठों पर मारते जाते हैं और (कहते जाते हैं कि) दोज़ख़ की सज़ा (का मज़ा) चखो। (५०) यह तुम्हारे उन (बुरे कामों का) बदला है जो तुमने अपने हाथों (अपने कर्मों के ज़रिये) पहले से भेजे हैं और इसलिए कि अल्लाह (अपने) बन्दों पर तो ज़ुल्म नहीं करता (५१) (यह सब वैसे ही हुआ) जैसी गति फ़िरऔन की जाति और उनके पहले वालों की हुई; उन्होंने अल्लाह की आयतों से इन्कार किया तो अल्लाह ने उनके गुनाहों के बदले उनको धर पकड़ा। अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त है, उसकी मार बड़ी सख़्त है। (५२) यह इसलिए कहा कि अल्लाह ने जो निआमत किसी क़ौम को दी हो उसको बदलने वाला नहीं जब तक कि वह लोग आप ही अपने मन की हालत न बदलें (उनकी नियत व आमालों में फ़र्क़ न आजाय) और अल्लाह (सब कुछ) सुनता और (दिलों के अन्दर तक की) जानता है। (५३) जैसी हालत फ़िरऔन और उन लोगों की हुई जो उनसे पहले थे कि (उन्होंने) अपने पालनकर्त्ता की आयतों को झुठलाया तो हमने उनके पापों के बदले उनको हलाक कर दिया और फ़िरऔन के लोगों को डुबो दिया और वह सबके सब ज़ालिम थे। (५४) अल्लाह के नज़दीक सबसे ख़राब वह जीव हैं जो कुफ़्र करते हैं, फिर वह ईमान नहीं लाते। (५५) जिनसे तुमने (सुलह का) अहद किया उनमें से अपनी अहद को हर बार वे तोड़ देते हैं और (अल्लाह के अज़ाब से) नहीं डरते। (५६) सो कभी अगर तुम उनको लड़ाई में (मुक़ाबले पर) पाओ तो उन पर ऐसा ज़ोर डालो कि जो लोग उनकी हिमायत पर हैं (इनको भागते देखकर) वह भी भाग खड़े हों शायद यह लोग सबक लें। (५७)

§ यानी मदीने के मुनाफ़िक़ व दूसरे वे लोग जो अल्लाह पर भरोसा नहीं करते थे, यह देख कर कि मुसलमानों की मुट्ठी भर फ़ौज क़ुरैश जैसी ज़बरदस्त ताक़त से टकराने को जा रही है, आपस में कहते थे कि ये मुसलमान अपने दीनी नशे में ऐसे दीवाने हो रहे हैं कि अपनी तबाही का ध्यान न रख कर मिटने को तैयार हैं और उनके इस नबी ने कुछ ऐसा जादू इन पर फूँक रखा है कि इन्हें अपना मर मिटना भला दिखाई दे रहा है।

व अिम्मा तख़ाफ़न्न मिन् क़ौमिन् ख़ियानतन् फ़म्बिज् अिलैहिम् अला सवा|अिन् त़ अिन्नल्लाह ला युहिब्बुल् - ख़ा|अिनीन (५८) ★ व ला यह्सबन्नल्लजीन कफ़रू सबक़ू त़ अिन्नहुम् ला युऽ़जिज़ून (५९) व अअ्दिदू लहुम् मस्तत़ऽ़तुम् मिन् क़ूवतिंव्व मिर्रिबातिल्ख़ैलि तुर्हिबून बिहऽ़ अदूवल्लाहि व अदूवकुम् व आख़रीन मिन् दूनिहिम् ज् ला तअ़्लमूनहुम् ज् अल्लाहु यअ़्लमुहुम् त़ व मा तुन्फ़िक़ू मिन् शैअिन् फ़ी सबीलिल्लाहि युवफ़्फ़ अिलैकुम् व अन्तुम् ला तुज़्लमून (६०) व अिन् जनहू लिस्सल्मि फ़ज्नह् लहा व तवक्कल् अल्लाहि त़ अिन्नहु हुवस्समीअुल् - अलीमु (६१) व अिंयुरीदू| अैंयख़्दअूक फ़अिन्न हस्बकल्लाहु त़ हुवल्लजी| अैयदक बिनस़्रिहऽ़ व बिल् - मुअ्मिनीन ला (६२) व अल्लफ़ बैन क़ुलूबिहिम् त़ लौ अन्फ़क़्त मा फ़िल्अर्ज़ जमीअम् - मा| अल्लफ़्त बैन क़ुलूबिहिम् व लाकिन्नल्लाह अल्लफ़ बैनहुम् त़ अिन्नहु अज़ीज़ुन् हकीमुन् (६३) या| अैयुहन्नबीयु हस्बुकल्लाहु व मनित्तबअक मिनल्मुअ्मिनीन (६४) ★ या| अैयुहन्नबीयु हर्रिज़िल्मुअ्मिनीन अलल्-क़िताल त़ अिंयकुम्मिन्कुम् अिश्रून साबिरून यग़्लिबू मिअतैनि ज् व अिंयकुम्मिन्कुम् मिअतुंय्यग़्लिबू| अल्फ़म् - मिनल्लजीन कफ़रू बिअन्नहुम् क़ौमुल्ला यफ़्क़हून (६५) अल्आन ख़फ़्फ़फ़ल्लाहु अन्कुम् व अलिम अन्न फ़ीकुम् ज़ऽ़फ़न् त़ फ़अिंयकुम्-मिन्कुम् मिअतुन् साबिरतुंय्यग़्लिबू मिअतैनि ज् व अिंयकुम्-मिन्कुम् अल्फ़ुंय्यग़्लिबू| अल्फ़ैनि बिअिज़्निल्लाहि त़ वल्लाहु मअ़स्साबिरीन (६६)

واعلموا ١٠ ١٣٧ الانفال
يذكرون ۝ وإما تخافن من قوم خيانة فانبذ إليهم على
سواء إن الله لا يحب الخائنين ۝ ولا يحسبن الذين
كفروا سبقوا إنهم لا يعجزون ۝ وأعدوا لهم ما استطعتم
من قوة ومن رباط الخيل ترهبون به عدو الله وعدوكم و
آخرين من دونهم لا تعلمونهم الله يعلمهم وما تنفقوا
من شيء في سبيل الله يوف إليكم وأنتم لا تظلمون ۝ و
إن جنحوا للسلم فاجنح لها وتوكل على الله إنه هو السميع
العليم ۝ وإن يريدوا أن يخدعوك فإن حسبك الله هو
الذي أيدك بنصره وبالمؤمنين ۝ وألف بين قلوبهم
لو أنفقت ما في الأرض جميعا ما ألفت بين قلوبهم ولكن
الله ألف بينهم إنه عزيز حكيم ۝ يا أيها النبي حسبك الله
ومن اتبعك من المؤمنين ۝ يا أيها النبي حرض المؤمنين
على القتال إن يكن منكم عشرون صابرون يغلبوا مائتين
وإن يكن منكم مائة يغلبوا ألفا من الذين كفروا بأنهم قوم
لا يفقهون ۝ الآن خفف الله عنكم وعلم أن فيكم ضعفا
فإن يكن منكم مائة صابرة يغلبوا مائتين وإن يكن
منكم ألف يغلبوا ألفين بإذن الله والله مع الصابرين ۝

और अगर तुमको किसी जाति की तरफ़ से दग़ा का भय हो तो बराबरी (का बर्ताव) करो (यानी उनसे की हुई अ़हद उन्हीं की तरफ़ उलट दो। तुम्हारा अ़हद तोड़ देना अ़हद से हटना न माना जायगा।) अल्लाह दग़ाबाज़ों को नहीं पसन्द करता। (५८)★ रु. ७ | २ आ १०

और काफ़िर यह न समझें कि वह भाग (कर हमेशा के लिए बच) निकले। वह कदापि (हमको) थका नहीं सकते। (५९) और ज़ोर (शक्तिसञ्चय) से और घोड़ों की तैयारी से, जहाँ तक तुमसे हो सके, काफ़िरों के मुक़ाबिले के लिए सरंजाम किये रहो कि ऐसा करने से, अल्लाह के दुश्मनों पर और अपने दुश्मनों पर और उनके सिवाय दूसरों पर भी जिनको तुम नहीं जानते मगर अल्लाह उनसे जानकार है, अपनी धाक बैठाये रखोगे और (इन तैयारियों में व जैसे भी) अल्लाह की राह में जो कुछ भी ख़र्च करोगे, वह तुमको पूरा मिलेगा और तुम्हारा हक़ बाक़ी न रहेगा। (६०) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर यह लोग सन्धि (सुलह) की तरफ़ झुकें तो तुम भी उसकी तरफ़ झुको और अल्लाह पर भरोसा रखो, बेशक वही (सब) सुनता-जानता है। (६१) और अगर उनका इरादा तुमसे दग़ा करने का होगा तो (परवाह न करो) अल्लाह तुमको काफ़ी है, (क्योंकि) उसी ने (तो) अपनी मदद और ईमानवालों के ज़रिये तुमको ज़ोर इनायत किया। (६२) और उन (ईमानवालों) के दिलों में आपस में मुहब्बत पैदा कर दी। अगर तुम ज़मीन पर के सारे ख़ज़ाने भी ख़र्च कर डालते तो भी उनके दिलों में मुहब्बत न पैदा कर सकते मगर अल्लाह ने उन लोगों में मुहब्बत पैदा कर दी, वह ज़बरदस्त हिकमत वाला है।† (६३) ऐ पैग़म्बर! तुम्हारे लिए और जितने तुम्हारे पैरो ईमानवाले हैं उनके लिए तो अल्लाह काफ़ी है। (६४)★ रु. ८ | ४ आ ६

ऐ पैग़म्बर! ईमानवालों को जेहाद का शौक़ दिलाओ; अगर तुम में से जमे रहने वाले बीस शख़्स भी होंगे तो दो सौ पर भारी बैठेंगे और अगर तुम में से सौ होंगे तो हज़ार काफ़िरों पर भारी बैठेंगे। क्योंकि यह (काफ़िर) ऐसे लोग हैं जो समझ नहीं रखते। (६५) अब अल्लाह ने तुम पर (से अपने हुक्म का) बोझ हल्का कर दिया और उसने देखा कि तुममें (अभी) कमज़ोरी है तो (इस हालत में) अगर तुममें से जमे रहनेवाले सौ होंगे तो दो सौ पर भारी बैठेंगे और अगर तुममें से (जमे रहनेवाले) हज़ार होंगे तो अल्लाह के हुक्म से वह दो हज़ार पर भारी बैठेंगे। और अल्लाह उन लोगों का साथ देता है जो जमे रहते हैं।§ (६६)

† अरब के कबीले हमेशा आपस में लड़ते रहते और छोटी-छोटी बातों में एक दूसरे के ख़ून के प्यासे रहते थे और वह अदावतें पुश्त दर पुश्त चला करती थीं। ऐसों को आपस में जोड़ देना और एक दीन और एक रसूल स० के पैरो बना देना अल्लाह ही की सामर्थ्य थी; बग़ैर जिसके रसूल स० जैसी हस्ती के इमकान के भी बाहर था।

§ आयत ६५ में साबित क़दम ईमानवालों के पराक्रम का ज़िक्र है कि उन्हें काफ़िरों के मुक़ाबले अल्लाह दस गुना ज़ोर देता है। लेकिन चूँकि अभी ईमान की तालीम का असर पूरा न आ सका था, इसलिए शुरू में दुगना ज़ोर उनको इनायत किया गया। ईमान की राह में जिस क़दर लोग जमते हैं उसी क़दर अल्लाह उनको ज़ोर भी देता है।

मा कान लिनबीयिन् अँयकून लहू अस्रा हत्ता युस्ख़िन फ़िल्अर्ज़ि तु तुरीदून अरज़दुन्या क सला वल्लाहु युरीदुल्-आख़िरत तु वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीमुन् (६७) लौ ला किताबुम्-मिनल्लाहि सबक़ लमस्सकुम् फ़ीमा अख़ज्तुम् अजाबुन् अज़ीमुन् (६८) फ़कुलू मिम्मा ग़निम्तुम् हलालन् तैयिबन् ज सला व'त्तक़ुल्लाह तु अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (६९) ★ या अैयुहन्नबीयु क़ुल्लिमन् फ़ी अैदीकुम् मिनल्अस्रा ला अींयज़्लमिल्लाहु फ़ी क़ुलूबिकुम् ख़ैरैंयुअ्तिकुम् ख़ैरम्मिम्मा अुख़िज मिन्कुम् व यग़्फ़िर् लकुम् तु वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (७०) व अींयुरीदू ख़ियानतक फ़क़द् ख़ानुल्लाह मिन् क़ब्लु फ़अम्कन मिन्हुम् तु वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (७१) अिन्नल्लजीन आमनू व हाजरू व जाहदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् फ़ी सबीलिल्लाहि वल्लजीन आवौव्व नसरू अुलाअिक बऽज़ुहुम् औलिया अु बऽज़िन् तु वल्लजीन आमनू व लम् युहाजिरू मा लकुम् मिंव्व ला यतिहिम् मिन् शैअिन् हत्ता युहाजिरू ज व अिनिस्तन्सरूकुम् फ़िद्दीनि फ़अ्लैकुमुन्नस्रु अिल्ला अला क़ौमिम्बैनकुम् व बैनहुम् मीसाक़ुन् तु वल्लाहु बिमा तअ्मलून बसीरुन् (७२) वल्लजीन कफ़रू बऽज़ुहुम् औलिया अु बऽज़िन् तु अिल्ला तफ़्अलूहु तकुन् फ़ित्नतुन् फ़िल्अर्ज़ि व फ़सादुन् कबीरुन् तु (७३) वल्लजीन आमनू व हाजरू व जाहदू फ़ी सबीलिल्लाहि वल्लजीन आवौव्व नसरू अुलाअिक हुमुल्मुअ्मिनून हक़्क़न् तु लहुम् मग़्फ़िरतुँव रिज़्क़ुन् करीमुन् (७४)

जब तक अच्छी तरह (काफ़िरों की) ख़ूँरेज़ी न कर ले पैग़म्बर को मुनासिब नहीं कि उसके पास क़ैदियों का जमाव हो; तुम तो (बदले में धन लेकर क़ैदियों को छोड़ने और यों) संसार के माल-असबाब चाहनेवाले हो और अल्लाह (तुम्हारे हाथों दीन को क़ायम करवा कर तुम्हारे लिए) आख़िरत (की चीज़ें देना) चाहता है† और अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (६७) अगर अल्लाह के यहाँ से (फ़िदयः का) हुक्म-तहरीरी पहले से न हो चुका होता तो जो कुछ†† तुमने (फ़िदयः) लिया है उस (के बदले) में अवश्य तुमको सख़्त सज़ा मिलती। (६८) तो जो कुछ तुमको (ग़नीमत में) हाथ लगा है उसको हलाल समझकर खाओ और (आगे के लिए) अल्लाह का भय रखो। बेशक अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है। (६९)★

रु. ६ — ५ आ ५

ऐ पैग़म्बर! क़ैदी जो तुम्हारे क़ब्ज़े में हैं उनको समझा दो कि अगर अल्लाह देखेगा कि तुम्हारे दिलों में कुछ नेकी है तो जो तुमसे छिन गया है उससे अच्छा तुमको देगा और तुम्हारे अपराध भी क्षमा करेगा, और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (७०) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर यह लोग तुम्हारे साथ दग़ा करना चाहेंगे सो पहले भी अल्लाह से दग़ा कर चुके हैं तो (उसकी सज़ा में) उसने इनको (तुम्हारे हाथों) गिरफ़्तार करा दिया। और अल्लाह बड़ा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है। (७१) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने हिजरत (यानी देश त्याग) किया और अल्लाह के रास्ते में अपनी जान-माल से लड़े और जिन लोगों (यानी अंसारों) ने देश त्याग करने वालों को जगह दी और मदद की, यही लोग (आपस में) एक दूसरे के वारिस हैं◎ और जो लोग ईमान तो ले आये लेकिन देश त्याग नहीं किया तो तुममें और उनमें एक दूसरे का वारिस होने का सम्बन्ध नहीं जब तक देश त्याग कर तुममें न आ मिलें। हाँ अगर दीन के बारे में तुमसे मदद चाहें तो तुमको (उनकी) मदद करनी लाज़िम है, मगर ऐसों के मुक़ाबिले में नहीं कि तुममें और जिनमें (सुलह की) अहद हो, और जो कुछ भी तुम करते हो अल्लाह उसको देख रहा है। (७२) और जो काफ़िर हैं वह आपस में एक दूसरे के वारिस हैं—अगर ऐसा ही (तुम भी, वारिस होने का सम्बन्ध सिर्फ़ मुहाजरीन में सीमित) न रखोगे तो देश में फ़साद फैल जायगा और (देश में) बड़ी तबाही होगी। (७३) और जो लोग ईमान लाये उन्होंने देश त्याग किया और अल्लाह के रास्ते में जेहाद किया और जिन (अन्सार) लोगों ने जगह दी और मदद की, वही पक्के ईमानवाले हैं, इनके लिए (आख़िरत में) बख़्शीश और इज़्ज़त की रोज़ी है। (७४)

† अल्लाह का हुक्म है कि काफ़िरों का जंग में इतना दमन किया जाय कि कुफ़्र की जड़ कट जाय। जब तक गुनहगारों का पूरा क़त्लाम न होले तब तक यह गुंजाइश नहीं कि उनको क़ैद करके और बाद में फ़िदयः (बदले का धन) की लालच में छोड़ दिया जाय। बद्र की लड़ाई में ७० काफ़िरों को मुसलमानों ने पकड़ लिया था। उनको फ़िदयः (कुछ रुपया या माल) लेकर छोड़ दिया था। उस पर यह आयत उतरी कि अगर फ़िदयः का हुक्म पहले से मौजूद न होता तो तुम पर उसके बदले में सख़्त अज़ाब आता। †† यहाँ (जो कुछ) का अर्थ है वही धन या माल जिसके बदले क़ैदियों को छोड़ दिया गया था। ◎ बाद में सूरतुन्निसा के नाज़िल होने के समय से यह व दूसरे वरासत (उत्तराधिकार) के हुक्म रद हो गये।

वल्लजीन आमनू मिम्बऽदु व हाजरू व जाहदू मअकुम् फ़अुला अिक मिन्कुम् त़ व अुलुल् - अर्हामि बअ़ज़ुहुम् औला बिबअ़ज़िन् फ़ी किताबिल्लाहि त़ अिन्नल्लाह बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (७५)

✪ ९ सूरतुत्तौबः ११३ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के ११३६० हुरूफ़, २५३७ शब्द, १२६ आयतें और १६ रुकूअ़ हैं।

बराअतुम्मिनल्लाहि व रसूलिहि अिलल्लजीन आहत्तुम् मिनल्मुश्रिकीन त़ (१) फ़सीहू फ़िल्अर्ज़ अर्बअ़त अश्हुरिंव्वऽलमू अन्नकुम् ग़ैरु मुअ़जिज़िल्लाहि ला व अन्नल्लाह मुख़्ज़िल्काफ़िरीन (२) व अजानुम्मिनल्लाहि व रसूलिहि अिलन्नासि यौमल्-हूज्जिल्-अक्बरि अन्नल्लाह बरीअुम्-मिनल्-मुश्रिकीन ▲ ला व रसूलुहू त़ फ़अिन् तुब्तुम् फ़हुव ख़ैरुल्लकुम् ज् व अिन् तवल्लैतुम् फ़ऽलमू अन्नकुम् ग़ैरु मुअ़जिज़िल्लाहि त़ व बश्शिरिल्लजीन कफ़रू बिअ़ज़ाबिन् अलीमिन् ला (३) अिल्लल्लजीन आहत्तुम् मिनल्-मुश्रिकीन सुम्म लम् यन्क़ुसूकुम् शैअौंव लम् युजाहिरू अलैकुम् अहदन् फ़अतिम्मू अिलैहिम् अह्दहुम् अिला मुद्दतिहिम् त़ अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-मुत्तक़ीन (४) फ़अिज़ान्सलख़ल् - अश्हुरुल् - हुरुमु फ़क़्तुलुल् - मुश्रिकीन हैसु वजत्तुमूहुम् व ख़ुज़ूहुम् वह्सुरूहुम् वक़्अुदू लहुम् कुल्ल मर्सदिन् ज् फ़अिन् ताबू व अक़ामुस्-सलात़ व आतवुज़्ज़कात़ फ़ख़ल्लू सबीलहुम् त़ अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (५) व अिन् अहदुम्मिनल् - मुश्रिकीनस् - तजारक फ़अजिर्हु हत्ता यस्मअ़ कलामल्लाहि सुम्म अब्लिग्हु मअ़मनहू त़ जालिक बिअन्नहुम् क़ौमुल्ला यअ़लमून (६)

और जो लोग बाद को ईमान लाये और उन्होंने देश त्याग किया और तुम लोगों के साथ मिलकर जेहाद भी किया तो वह तुम्हीं में दाख़िल हैं और (इनमें से) जो रिश्तेदार हैं वह अल्लाह की किताब के हुक्म के बमूजिब (ग़ैर आदमियों की निस्बत आपस में) ज़्यादः हक़दार हैं। बेशक अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (७५) ★ ●

✪ ९ सूरतुत्तौबः ११३ ✪

(मदनी) अरबी के ११३६० अक्षर, २५३७ शब्द, १२६ आयतें और १६ रुकूअ हैं।*

जिन मुशरिकों के साथ तुम (मुसलमानों) ने (सुलह का) अहद कर रखा था अल्लाह और उसके पैग़म्बर की तरफ़ से उनको (अब साफ़) जवाब§ है। (१) तो (ऐ मुशरिको! अमन के) चार महीने (ज़ीक़ाद, ज़िलहिज्ज, मुहर्रम और रजब की मुहलत भर और) मुल्क में चल फिर लो और जाने रहो कि तुम अल्लाह को हरा नहीं सकोगे, और (यह कि) अल्लाह काफ़िरों को (हमेशा) ज़िल्लत देता है। (२) और हज्जे-अकबर के दिन अल्लाह और उसके पैग़म्बर की तरफ़ से लोगों को मुनादी की जाती है कि अल्लाह और उसका पैग़म्बर मुशरिकों (के प्रति ज़िम्मेदारियों) से अलग है। पस अगर तुम तौबा करो तो यह तुम्हारे लिये भला है, और अगर न मानो तो जान रखो कि तुम अल्लाह को हरा नहीं सकोगे, और (ऐ पैग़म्बर!) काफ़िरों को दुखदाई सज़ा की ख़ुशख़बरी सुना दो। (३) हाँ, मुशरिकों में से जिनके साथ तुमने अहद कर रखा था फिर उन्होंने (उसके पालन में) तुम्हारे साथ किसी तरह की कमी नहीं की और न तुम्हारे मुक़ाबले किसी (दूसरे) की मदद की, तो उनके साथ जो अहद है, उसे (अहद की) मियाद तक पूरा उतारो क्योंकि अल्लाह परहेज़गारों को पसन्द करता है। (४) फिर जब (मियाद वाले चार) अदब के महीने बीत जावें तो उन (अहद तोड़ने वाले) मुशरिकों को जहाँ पाओ क़त्ल करो और उनको गिरफ़्तार करो उनको घेर लो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो। फिर अगर वह लोग (कुफ़्र और शिर्क से) तौबः करें और नमाज़ क़ायम करें और ज़कात दें तो उनका रास्ता छोड़ दो। अल्लाह माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है। (५) (और ऐ पैग़म्बर!) मुशरिकों में से अगर कोई तुमसे पनाह (शरण) माँगे तो पनाह दो, यहाँ तक कि वह (इत्मीनान से) अल्लाह का कलाम सुन ले। फिर उसको पहुँचा दो जहाँ उसको भय न हो; यह इसलिए कि यह लोग जानकार नहीं (यानी अज्ञान में फसे हैं और माफ़ी के क़ाबिल हैं)। (६) ★

---

* क़ुर्आन में यही अकेली सूरत है जिसका शुरू "बिस्मिल्लाह" से नहीं हुआ है। यह आख़िरी सूरतों में है। गो नबी स० की यह हिदायत थी कि आठवीं सूरः (अन्फ़ाल) के बाद इसका क्रम रखा जाय लेकिन यह निर्णय न हो सका कि आया यह अलाहदा एक सूरत है या पिछली सूरः का यह एक हिस्सा है। इस लिए इसका विषय अहम (महत्वपूर्ण) होने के कारन इसको अलग सूरः तो क़ायम किया गया लेकिन 'बिस्मिल्लाह' से यह शुरू नहीं की गई क्योंकि यह तै न पा सका कि रसूल स० ने इसके पहले "बिस्मिल्लाह" का प्रयोग किया था या नहीं।

यह सूरत ६ हिजरी में तीन मौक़ों पर नाज़िल हुई। हुदैबिया की सन्धि के मुताबिक़ मुसलमान और क़ुरैशों में मेल मुलाक़ात और हज के मौक़ों पर इकट्ठा होने की सुहूलियत बढ़ गई। नतीजा यह हुआ [पिज ३२१ पर]

§ यानी हुदैबिया के सुलहनामे को मुशरिकों ने तोड़ा तो मुसलमानों को भी हिदायत हुई कि अब उनके मुशरिकों से हुए अहद को वह भी ख़त्म होने का एलान कर दें। चार महीने की मियाद दी गई। इस बीच या तो मुशरिक इस्लाम क़ुबूल करने का फ़ैसला कर लें या जंग को तैयार हों।

कैफ़ यकूनु लिल्मुश्रिकीन अहदुन् अिन्दल्लाहि व अिन्द रसूलिहिल्ला अिल्लल्-लजीन आहत्तुम् अिन्दल्मस्जिदिल्-हरामि ज फ़मस्तक़ामू लकुम् फ़स्तक़ीमू लहुम् त अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-मुत्तक़ीन (७) कैफ़ व अिंयज़्हरू अलैकुम् ला यरक़ुबू फ़ीकुम् अिल्लौंव ला जिम्मतन् त युर्ज़ूनकुम् बिअफ़्वाहिहिम् व तअ्बा क़ुलूबुहुम् ज व अक्सरुहुम् फ़ासिक़ून ज (८) अिश्तरौ बिआयातिल्लाहि समनन् क़लीलन् फ़सद्दू अन् सबीलिहिल्ला त अिन्नहुम् सा अ मा कानू यअ्मलून (९) ला यरक़ुबून फ़ी मुअ्मिनिन् अिल्लौंव ला जिम्मतन् त व अुला अिक हुमुल्मुअ्तदून (१०) फ़अिन् ताबू व अक़ामुस्सलात व आतवुज़्ज़कात फ़अिख़्वानुकुम् फ़िद्दीनि त व नुफ़स्सिलुल्-आयाति लिक़ौमींयअ्लमून (११) व अिन्नकसू अैमानहुम् मिम्बअ्दि अह्दिहिम् व तअ्नू फ़ी दीनिकुम् फ़क़ातिलू अअिम्मतल्-कुफ़्रि ला अिन्नहुम् ला अैमान लहुम् लअल्लहुम् यन्तहून (१२) अला तुक़ातिलून क़ौमन्नकसू अैमानहुम् व हम्मू बिअिख़्राजिर्रसूलि व हुम् बदअूकुम् औवल मर्रतिन् त अतख़्शौनहुम् ज फ़ल्लाहु अह़क़्क़ु अन् तख़्शौहु अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१३) क़ातिलूहुम् युअज्जिब्हुमुल्लाहु बिअैदीकुम् व युख़्ज़िहिम् व यन्सुरकुम् अलैहिम् व यश्फ़ि सुदूर क़ौमिम्मुअ्मिनीन ला (१४) व युज्हिब् ग़ैज क़ुलूबिहिम् त व यतूबुल्लाहु अला मैंयशा अु त वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (१५)

अल्लाह और उसके पैग़म्बर के समीप इन मुशरिकों से अ़हद क्योंकर क़ायम हो सकता है। सिवाय उन लोगों के जिनके साथ तुमने मसजिदे हराम (काबः) के क़रीब सन्धि (हुदैबिया की सुलह) की थी, तो जब तक (वह लोग) तुमसे (अपने अ़हद पर क़ायम रहकर) सीधे रहें तुम भी उनसे सीधे रहो; क्योंकि अल्लाह उन लोगों को जो उसकी नाख़ुशी से डरते हैं, पसन्द करता है। (७) क्योंकर (अल्लाह का) अ़हद रह सकता है (उनसे कि) अगर तुम पर ज़ोरदार पड़ जाँय तो तुम्हारे हक़ में रिश्तेदारी और अ़हद का कोई लिहाज़ न रखें। (वे) तुमको अपने मुँह (की बात) से तो राज़ी करते हैं लेकिन उनके दिल नहीं मानते, और उनमें ज़्यादातर नाफ़र्मान (अवज्ञाकारी) ही हैं। (८) यह लोग अल्लाह की आयतों के बदले में थोड़ा-सा लाभ उठाते हैं फिर अल्लाह के रास्ते से रोकने लगते हैं। बेशक यह लोग जो कर रहे हैं (बहुत ही) बुरा कर रहे हैं। (९) (यह लोग) किसी ईमानवाले के बारे में न तो रिश्तेदारी का ख़्याल रखते हैं और न (किये हुये) वादे का और यही लोग ज़्यादती करने वाले हैं। (१०) फिर अगर वह लोग तौबा करें और नमाज़ क़ायम रखें और ज़कात दें तो (समझ लो कि) तुम्हारे दीनी भाई हुये और जो लोग समझदार हैं उनके लिए हम अपनी आयतों को खोल खोलकर बयान करते हैं। (११) और अगर यह लोग अ़हद करने के बाद अपनी अ़हद को तोड़ डालें और तुम्हारे दीन में तानाज़नी (आक्षेप) करें तो तुम कुफ़्र (इन्कारी) के इन सरग़नाओं से लड़ो, बेशक उनकी क़समों की क़ीमत कुछ नहीं, शायद यह लोग मान जावें। (१२) (तुम) इन लोगों से क्यों न लड़ो, जिन्होंने अपनी क़समों को तोड़ डाला और पैग़म्बर के निकाल देने का क़स्द किया और तुमसे छेड़खानी भी अव्वल (इन्होंने ही) की। क्या! तुम इन लोगों से डरते हो? पस अगर तुम ईमान रखते हो तो तुमको अल्लाह से ज़्यादा डरना चाहिए। (१३) (ऐ ईमानवालो!) इन लोगों से लड़ो, यहाँ तक कि अल्लाह तुम्हारे ही हाथों इनको सज़ा दे और इनको ज़लील करे और इन पर तुमको जीत दे और कितने ही ईमानवालों के दिलों को ठण्डा करे। (१४) और इनके दिलों में जो ग़ुस्सा है उसको भी दूर करेगा और अल्लाह जिसकी चाहे तौबा क़बूल कर ले, और अल्लाह सबके दिलों का जानकार बड़ा हिकमतवाला है। (१५)

[पिज ३१६ से] कि इस्लाम में लोग कसरत से ईमान लाने लगे। इससे घबड़ा कर क़ुरैशों ने उस सन्धि को तोड़ दिया और रसूलुल्लाह स० ने भी तंग आकर क़ुरैशों पर ज़बर्दस्त हमला करके उन्हें परास्त कर दिया। बार बार सुलह तोड़ने से अब यह ऐलान हो गया कि मुशरिकों की हम पर कोई ज़िम्मेदारी नहीं। जिन्होंने अ़हद तोड़े वे चार महीने के अन्दर या तो इस्लाम क़बूल करलें, या देश छोड़ दें या फिर जेहाद का सामना करें और क़त्ल हों। उस घड़ी से मुशरिकों को काबा में जाने की मनाही हो गई और मुसलमान ही वहाँ की ख़िदमत में रहे। मुशरिकों की ज़िम्मेदारी ख़त्म यानी 'बराअ़त' के नाम पर ही इस सूरत को सूरः 'बराअ़त' भी कहते हैं। [पिज ३२३ पर]

† जिनसे सुलह हुई, वे तीन क़िस्म के लोग थे। एक वे जिनसे सुलह की कोई मियाद न तय थी। उन मुशरिकों को अब जवाब दे दिया गया। दूसरे वे जो मक्का की सन्धि में शामिल थे। उनसे सन्धि का पालन किया जाय जब तक वे दग़ा न करें। तीसरे वे लोग जिनसे सुलह की मुद्दत ठहरी थी। वह मुद्दत तक क़ायम रहेगी। आख़िर तो सब मुशरिकों को उनके बार-बार दग़ा करने के कारन सुलह से हाथ धोना पड़ा और काबा के मुल्क में किसी मुशरिक को पनाह नहीं। याने मुशरिकों से तो समझौता होने का सवाल ही कहाँ जब कि उनके दिल साफ़ नहीं और वह कुफ़्र से घिरे हैं और अगर कहीं तुम उनके क़ाबू में आ जाओ तो न सम्बन्ध का न समझौते के क़ौल का ही लिहाज़ रखें। लेकिन जिनसे हुदैबिया की सुलह के मौके पर अ़हद हुआ और वे उस पर क़ायम भी हैं तो मुसलमानों को भी उसका पालन मियाद तक करना चाहिये।

अम् हूसिब्तुम् अन् तुत्रकू व लम्मा यऽलमिल्लाहुल्लजीन जाहदू मिन्कुम् व लम् यत्तखिजू मिन् दूनिल्लाहि व ला रसूलिहीं व लल्मुअ्मिनीन व लीजत्तन् तू वल्लाहु ख़बीरुम् - बिमा तऽमलून (१६) ★ मा कान लिल्मुश्रिकीन अँयऽमुरू मसाजिदल्लाहि शाहिदीन अ्ला अन्फ़ुसिहिम् बिल्कुफ़्रि तू अुला अिक हूबितत् अऽमालुहुम् ज् सला व फ़िन्नारि हुम् ख़ालिदून (१७) अिन्नमा यऽमुरु मसाजिदल्लाहि मन् आमन बिल्लाहि वल् - यौमिल् - आख़िरि व अक़ामस्सलात्त व आतज़्ज़कात्त व लम् यख़्श अिल्लल्लाह फ़अ्सा अुला अिक अँयकूनू मिनल्-मुह्तदीन (१८) अजअ्ल्तुम् सिक़ायत्तल् - हा ज्जि व अिमारत्तल् - मस्जिदिल् - हूरामि कमन् आमन बिल्लाहि वल्-यौमिल्-आख़िरि व जाहद फ़ी सबीलिल्लाहि तू ला यस्तवू न अिन्दल्लाहि तू वल्लाहु ला यह्दिल्-क़ौमज़्-ज़ालिमीन म् • (१९) अल्लजीन आमनू व हाजरू व जाहदू फ़ी सबीलिल्लाहि बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् ला अऽज़मु दरजत्तन् अिन्दल्लाहि तू व अुला अिक हुमुल् - फ़ाअिज़ून (२०) युबश्शिरुहुम् रब्बुहुम् बिरह्मत्तिम्मिन्हु व रिज़्वानिंव्व जन्नातिल्लहुम् फ़ीहा नअ्मीमुम्मुक़ीमुन् ला (२१) ख़ालिदीन फ़ीहा अबदन् तू अिन्नल्लाह अिन्दहू अज्रुन् अज़ीमुन् (२२) या अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तखिजू आबा अकुम् व अिख़्वानकुम् औलिया अ अिनिस्तहूब्बुल्कुफ़्र अलल्अीमानि तू व मैंयतवल्लहुम् मिन्कुम् फ़अुला अिक हुमुज्ज़ालिमून (२३)

(और ऐ ईमानवालो !) क्या तुमने ऐसा समझ रखा है कि (बिना कसौटी पर चढ़े) यों ही सस्ते छूट जाओगे और अभी अल्लाह ने उन लोगों को (आज़मायश में) देखा तक नहीं जो तुममें से जेहाद करते हैं और अल्लाह और उसके पैग़म्बर और ईमानवालों को छोड़कर किसी को अपना दिली दोस्त नहीं बनाते। और जो कुछ भी तुम लोग कर रहे हो अल्लाह को उसकी (सब) ख़बर है। (१६) ★

मुशरिकों को कोई अधिकार नहीं कि अल्लाह की मसजिद आबाद करें जबकि वे खुद अपने ख़िलाफ़ (अपने) कुफ़्र की गवाही दे रहे हैं। यही लोग हैं जिनका किया धरा सब अकारथ हुआ और यही लोग हमेशा (नरक की) आग में रहेंगे। (१७) अल्लाह की मसजिद को वही आबाद रखने का हक़दार है जो अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान लाता है और नमाज़ क़ायम रखता और ज़कात देता है और जिसने अल्लाह के सिवाय किसी का डर न माना, तो ऐसे लोगों की निस्बत उम्मीद है कि ये राह पानेवालों में होंगे। (१८) (ऐ मुशरिको !) क्या तुम लोगों ने (सिर्फ़) हाजियों (हज के मुसाफ़रों) को पानी पिलाने और (सर पर कुफ़्र लादे हुए) इज़्ज़तवाली मसजिद आबाद रखने को उस शख़्स (की हस्ती) के बराबर ठहराया है जो अल्लाह और रोज़ आख़िरत पर ईमान लाता और अल्लाह के रास्ते में जिहाद करता है ! अल्लाह के नज़दीक तो यह (लोग एक दूसरे के हरगिज़) बराबर नहीं और अल्लाह ज़ालिम लोगों को सीधा रास्ता नहीं दिखलाया करता।● (१९) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने देश त्याग किया और अपने जान व माल से अल्लाह के रास्ते में जिहाद किया, अल्लाह के यहाँ इनका बड़ा दर्जा (है और यही हैं जिनकी ज़िन्दगी) सफल है। (२०) इनका परवरदिगार इनको अपनी कृपा और अपनी रज़ामन्दी और ऐसे बाग़ों का मंगल समाचार देता है जिनमें इनको हमेशा का आराम मिलेगा। (२१) उन बाग़ों में हमेशा रहेंगे, यक़ीनन अल्लाह के यहाँ बड़ा बदला है। (२२) ऐ ईमानवालो ! अगर तुम्हारे बाप और तुम्हारे भाई ईमान के मुक़ाबले में कुफ़्र को प्यारा समझें तो उनको अपना समझकर न पकड़ो और जो तुममें से ऐसे (बाप-भाइयों) के साथ मित्रता (का सम्बन्ध) रखेंगे तो यही लोग ज़ालिम (बेइन्साफ़) हैं। (२३)

रू. १२-८ आ १०

● व. ला जि म्

[पिज ३२१ से] जिनसे सुलह हुई और उन्होंने उसे तोड़ा नहीं, उनके अहद की मियाद तक उस पर क़ायम रहने की हिदायत मुसलमानों को रही लेकिन आइन्दः के लिए मुशरिकों से नये सुलहनामे का सवाल भी ख़त्म कर दिया गया। इन्हीं वाक़यात को नज़र में रखकर सागर से ग़ुलाम मुहम्मद साहब क़ुरैशी "तफ़सीर बैज़ावी कबीर" के हवाले से तहरीर फ़रमाते हैं कि सूरः तौबः "बराअतुम्मिनल्लाहि" से शुरू है। इस सूरः के शुरू में 'बिस्मिल्लाह' तहरीर न करने की वजह यह है कि अरब में दस्तूर था कि जिस तहरीर या बयान से मुआहदः (पक्की बात-चीत) को ख़त्म करने का ऐलान किया जाता था उसके शुरू में 'बिस्मिल्लाह' का नाम जो अमान (आपत्तियों आदि से रक्षा) की निशानी है, नहीं इस्तेमाल होता था। चूँकि यहाँ भी काफ़िरों से सुलह का अहद तोड़ देने या मियाद तक क़ायम रख कर फिर आइन्दः सुलह की अहद न करने का हमेशा के लिए अटल फ़ैसला का ऐलान है इस लिए इस सूरः में "बिस्मिल्लाहि" से शुरुआत नहीं है।

आयत ४२ के फ़ुटनोट के मुताबिक़ तबूक की कड़ी मुहिम में छोटे बड़े जिससे जो बना जान व माल दोनों से सबने जेहाद में हिस्सा लिया। लेकिन मुनाफ़िक़ों ने अजब-अजब बहाने बनाकर लड़ाई से जी चुराया। उस मौक़े से मुनाफ़िक़ों के साथ भी सख़्ती बढ़ा दी गई। इन जी चुराकर बैठ रहनेवालों के साथ कुछ ऐसे भी बैठ रहे थे जिनके दिल में कुफ़्र न था; महज़ सुस्ती या कमज़ोरी से बैठ रहे थे। वापसी पर उनको झिड़कने के बाद उनकी तौबः अल्लाह ने क़ुबूल कर ली और इसी से इसका नाम सूरतुत्तौबः हुआ। [पिज ३२७ पर]

क़ुल् अिन् कान आबा'अुकुम् व अब्ना'अुकुम् व अिख़्वानुकुम् व अज़्वाजुकुम् व अशीरतुकुम् व अम्वालुनिक़्-तरफ़्तुमूहा व तिजारतुन् तख़्शौन कसादहा व मसाकिनु तर्ज़ौनहा' अह़ब्ब अिलैकुम् मिनल्लाहि व रसूलिहॅ व जिहादिन् फ़ी सबीलिहॅ फ़तरब्बसू ह़त्ता यअ्तियल्लाहु बिअम्रिहॅ त़ वल्लाहु ला यह़्दिल्-क़ौमल्-फ़ासिक़ीन (२४) ★ लक़द् नसरकुमुल्लाहु फ़ी मवातिन कसीरतिन् ला व'व यौम हुनैनिन् ला अिज् अ़ज्जबत्कुम् कस्रतुकुम् फ़लम् तुग़्नि अ़न्कुम् शैअौंव ज़ाक़त् अलैकुमुल्अर्ज़ु बिमा रहुबत् सुम्म वल्लैतुम् मुद्बिरीन ज (२५) सुम्म अन्ज़लल्लाहु सकीनतह़ु अला रसूलिहॅ व अलल्मुअ्मिनीन व अन्ज़ल जुनूदल्लम् तरौहा व अ़ज्जबल्लज़ीन कफ़रू त़ व ज़ालिक जज़ा'अुल्काफ़िरीन (२६) सुम्म यतूबुल्लाहु मिम्बअ़्दि ज़ालिक अला मैंयशा'अु त़ वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (२७) या' अैयुहल्लज़ीन आमनू' अिन्नमल्-मुश्रिकून नजसुन् फ़ला यक़्रबुल्-मस्जिदल्-ह़राम बअ़्द आमिहिम् हाज़ा ज व अिन् ख़िफ़्तुम् अैलतन् फ़सौफ़ युग़्नीकुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहॅ अिन् शा'अ त़ अिन्नल्लाह अलीमुन् ह़कीमुन् (२८) क़ातिलुल्लज़ीन ला युअ्मिनून बिल्लाहि व ला बिल्-यौमिल्-आख़िरि व ला युह़र्रिमून मा ह़र्रमल्लाहु व रसूलुह़ु व ला यदीनून दीनल्ह़क़्क़िक़ मिनल्लज़ीन अूतुल्किताब ह़त्ता युअ़्तुल्-जिज़्यत अैंयदिंव हुम् साग़िरून (२९) ★ व क़ालतिल्-यहूदु अुज़ैरुनिब्नुल्लाहि व क़ालतिन्नसारल्-मसीहुब्नुल्लाहि त़ ज़ालिक क़ौलुहुम् बिअफ़्वाहिहिम् ज युज़ाहिअून क़ौलल्लज़ीन कफ़रू मिन् क़बूलु त़ क़ातलहुमुल्लाहु ज ज अन्ना युअ्फ़कून (३०)

(ऐ पैग़म्बर!) समझा दो कि अगर तुम्हारे बाप और बेटे और तुम्हारे भाई और तुम्हारी स्त्रियाँ और तुम्हारे कुटुम्बी और माल जो तुमने कमाये हैं और व्यापार जिसके बंद हो जाने का तुमको डर हो और मकानात जिनमें तुम्हारा मोह है, अल्लाह और उसके पैग़म्बर और अल्लाह के रास्ते में जिहाद करने से तुमको (अगर ये सब) ज़्यादा प्यारे हों, तो राह देखो यहाँ तक कि अल्लाह अपना हुक्म (यानी अ़ज़ाब) तुम्हारे सामने ले आये।§ और अल्लाह उन लोगों को राह नहीं दिखाया करता जो हद से बढ़ने वाले हैं। (२४) ★ रू. ३ | ६ आ ८

ऐ मुसलमानो! अल्लाह बहुत से मौक़ों पर तुम्हारी मदद कर चुका है और (ख़ास कर) हुनैन (की लड़ाई) के दिन (तुम्हारी मदद की) जब कि तुम (अपने लश्कर की) अधिकता पर घमण्ड में फूल उठेछ थे तो वह तुम्हारे कुछ भी काम न आयी और ज़मीन (इतनी) बड़ी होने पर भी तुम्हारे लिए (भागने को) तंग हो गई फिर तुम पीठ फेरकर भाग निकले। (२५) फिर अल्लाह ने अपने पैग़म्बर पर और ईमानवालों पर अपना सब्र उतारा और ऐसी फ़ौजें भेजीं जो तुमको दिखलाई† नहीं पड़ती थीं और काफ़िरों को (बड़ी सख़्त) मार दी और काफ़िरों की यही सज़ा है। (२६) फिर उसके बाद अल्लाह जिसको चाहे तौबा देगा, और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला मेहरबान है। (२७) ऐ ईमानवालो! मुशरिक तो (शिर्क के कारन दिल के) नापाक हैं, तो इस वर्ष के बाद इज़्ज़तवाली मसजिद के पास भी न फटकने पायें,♦ और अगर तुमको (उनके वहाँ न आने से आमदनी के घाटे से) ग़रीबी का खटका हो तो अल्लाह चाहेगा तो तुमको अपनी दया से जल्द ही मालदार कर देगा। अल्लाह हर हाल से जानकार और बड़ा हिकमतवाला है। (२८) ऐसे किताबवाले जो न अल्लाह पर ईमान लाते हैं और न आख़िरत के दिन पर और न अल्लाह और उसके पैग़म्बर की हराम की हुई चीज़ों को हराम समझते हैं और न सच्चे दीन को मानते हैं उनसे लड़ो यहाँ तक कि (अपने) हाथों से जज़िया‡ दें और ज़लील होवें। (२९) ★ रू. ४ | १० आ ५

और यहूद कहते हैं कि उज़ैर अल्लाह के बेटे हैं और ईसाई कहते हैं कि मसीह अल्लाह के बेटे हैं। यह उनके मुँह का कहना है। उन्हीं काफ़िरों जैसी बातें बनाने लगे जो इनसे पहले (हो गुज़रे) हैं। अल्लाह इनको ग़ारत करे, किधर को भटके चले जा रहे हैं। (३०)

§ और आख़िर यह हुक्म आया कि काफ़िर मुल्क से बाहर हों। उनकी दौलत व परिवार कुछ काम न आये। या तो मरे-मिटे या फिर मजबूर होकर ईमान लाये। छ मक्का की विजय के बाद मुसलमानों की संख्या बढ़ गयी थी। जब उनको हवाज़िन जाति के चढ़ाई करने के इरादे का पता लगा तो कहने लगे कि उनको मार भगाना क्या मुश्किल है। हम लगभग १६००० हैं और हमारे शत्रु सिर्फ़ ४ या ५ हज़ार। अल्लाह को उनका घमंड बुरा लगा। हवाज़िन ने उन पर ऐसा कड़ा धावा किया कि रसूल स० व ७० जाँनिसारों को छोड़कर सब भाग खड़े हुए। अहंकार (घमण्ड) का यह नतीजा हुआ। बाद में अल्लाह ही की मदद से जीत नसीब हुई। † फ़रिश्तों की सेना ने हुनैन के युद्ध में मुसलमानों की सहायता की, तब उनको विजय प्राप्त हुई। इस लड़ाई में जितना लूट का माल मुसलमानों के हाथ लगा उतना किसी और लड़ाई में नहीं लगा। ♦ सन् ६ हिजरी में इस हुक्म के बाद से मुशरिकों और काफ़िरों को काबः और उसके आस-पास जाने तक पर रोक लग गई। यहाँ यह भी याद रखने की बात है कि शुरू में मुसलमानों को काबः में जाने व नमाज़ पढ़ने की रोक थी। ‡ जज़िया उस कर को कहते हैं जो मुसलमान शासक अपने ख़िलाफ़ मज़हबवालों से उनकी जान व माल की हिफ़ाज़त के लिए लिया करते थे। यह जज़िया का टैक्स अरब के रहने वालों पर लागू न था।

अित्तख़ज़ू अह्बारहुम् व रुह्बानहुम् अर्बाबम्मिन् दूनिल्लाहि वल्मसीहब्न मर्यम ज् व मा अुमिरू अिल्ला लियअ्बुदू अिलाहौंवाहिदन् ज ला अिलाह अिल्ला हुव त् सुब्हानहू अम्मा युश्रिकून (३१) युरीदून अँयुत्फ़िअू नूरल्लाहि बिअफ़्वाहिहिम् व यअ्बल्लाहु अिल्ला अँयुतिम्म नूरहू व लौ करिहल्काफ़िरून (३२) हुवल्लजी अर्सल रसूलहू बिल्हुदा व दीनिल्हक़्क़ि लियुज़्हिरहू अलद्दीनि कुल्लिहि ला व लौ करिहल्-मुश्रिकून (३३) या अँयुहल्लजीन आमनू अिन्न कसीरम्मिनल्-अह्बारि वर्रुह्बानि लयअ्कुलून अम्वालन्नासि बिल्बातिलि व यसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि त् वल्लजीन यक्निज़ूनज्जहब वल्-फ़िज़्ज़त्त व ला युन्फ़िक़ूनहा फ़ी सबीलिल्लाहि ला फ़बश्शिर्हुम् बिअजाबिन् अलीमिन् ला (३४) य'यौम युह्मा अलैहा फ़ी नारि जहन्नम फ़तुक्वा बिहा जिबाहुहुम् व जुनूबुहुम् व ज़ुहूरुहुम् त् हाजा मा कनज़्तुम् लिअन्फ़ुसिकुम् फ़जूक़ू मा कुन्तुम् तक्निज़ून (३५) अिन्न अिद्दत्त्शुहूरि अिन्दल्लाहिस्ना अशर शह्रन् फ़ी किताबिल्लाहि यौम ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ मिन्हा अर्बअत्तुन् हुरुमुन् त् जालिकद्दीनुल्-क़ैयिमु ۵ ला फ़ला तज़्लिमू फ़ीहिन्न अन्फ़ुसकुम् व क़ातिलुल्-मुश्रिकीन का फ़्फ़त्तन् कमा युक़ातिलूनकुम् का फ़्फ़त्तन् त् वऽलमू अन्नल्लाह मअ्अल्मुत्तक़ीन (३६) अिन्नमन्नसी अु ज़ियादत्तुन् फ़िल्कुफ़्रि युज़ल्लु बिहिल्लजीन कफ़रू युहिल्लूनहू आमौंव युहर्रिमूनहू आमल्-लियुवातिअू अिद्दत्त मा हर्रमल्लाहु फ़युहिल्लू मा हर्रमल्लाहु त् ज़ुय्यिन लहुम् सू अु अअ्मालिहिम् त् वल्लाहु ला यहदिल्-क़ौमल्-काफ़िरीन (३७) ★

इन लोगों ने अल्लाह को छोड़कर अपने विद्वानों और अपने यतियों और मरियम के बेटे मसीह को अल्लाह बना खड़ा किया, हालाँकि इनको यही हुक्म दिया गया था कि एक ही अल्लाह की पूजा करते रहना; उसके सिवाय कोई पूजित नहीं (और) अल्लाह उनके (माने हुए) शिर्क से परे (पाक) है। (३१) चाहते हैं कि अल्लाह की रोशनी को अपने मुँह से बुझा दें और अल्लाह को मंज़ूर है कि हर तरह पर अपने नूर (की रोशनी) को पूरा करके रहे, भले ही काफ़िरों को बुरा (ही क्यों न) लगे। (३२) वही है जिसने अपने पैग़म्बर को हिदायत और सच्चा दीन देकर भेजा ताकि उसको हर दीन से ऊपर करे और भले ही मुशरिकों को बुरा (ही क्यों न) लगे। (३३) ● ऐ ईमानवालो! अक्सर किताबवालों (यानी यहूदियों व ईसाइयों) के विद्वान और यती, लोगों के माल नाहक़ (अनधिकार) खाते और अल्लाह के रास्ते से (लोगों को) रोकते हैं और जो लोग सोना और चाँदी जमा करते रहते हैं और उसको अल्लाह की राह में ख़र्च नहीं करते तो उनको दुखदाई सज़ा की ख़ुशख़बरी सुना दो। (३४) जबकि उस (सोने चाँदी) को दोज़ख़ की आग में तपाया जायगा, फिर उससे उनके माथे और उनकी करवटें और उनकी पीठें दाग़ी जायँगी (और कहा जायगा) यह है जो तुमने अपने लिए जमा कर रखा था, लो (अब) अपने जमा किये का मज़ा चखो। (३५) जिस दिन अल्लाह ने आसमान और ज़मीन पैदा किये हैं (उसी समय से) अल्लाह के यहाँ उसकी किताब में १२ महीने हैं, जिनमें से चार अदब (आम तौर पर अमन से रहने) के हैं। सीधा दीन तो यह है। तो (ऐ ईमानवालो) इन चार अदबवाले महीनों में लड़ाई या ख़ूँरेज़ी करके अपने ऊपर ज़ुल्म न(लादा) करो और तुम इन सब मुशरिकों से लड़ो जैसे वह तुम सब से लड़ते हैं। और जाने रहो कि अल्लाह परहेज़गारों का साथी है।(३६) यह जो महीनों का हटा देना है यह भी कुफ़्र में एक बढ़ती (की गई) है जिसके कारण से काफ़िर गुमराही में पड़ते हैं। एक वर्ष एक महीने को हलाल समझ लेते हैं और उसी को दूसरे वर्ष हराम ठहराते हैं। ताकि अल्लाह ने जो अदब वाले महीनों को मुक़र्रर किया है उनकी महज़ गिनती पूरी कर लें और अल्लाह के मना किये को हलाल (यानी जायज़) कर लें।† इनके बुरे आचरण इनको भले दिखाई देते हैं और अल्लाह काफ़िरों की क़ौम को हिदायत नहीं दिया करता। (३७) ★

नि. १२।२

रू. ४।११ आ ८

[पेज ३२३ से] हुनैन की लड़ाई का भी एक मौक़ा है। आयत २५ के फ़ुटनोट देखिये। मुसलमानों में अपनी तादाद देखकर तकब्बुर (अहंकार) पैदा हुआ और उसकी चेतावनी भी अल्लाह ने उनको उसी वक़्त दी।

आयत १—२६ में मुशरिकों की तरफ़ से सुलह बार बार तोड़ने और विश्वासघात होने से उनसे हमेशा के लिए अहद तोड़ दिये गये। और काबः से उनका सम्बन्ध ख़त्म कर दिया गया। आ० ३०—४२ अहल किताब (यहूदी ईसाई) का अपनी किताबों से हट जाने और चुनांचे अल्लाह के पैग़ाम की सुरक्षा का भार मुसलमानों पर छोड़े जाने की चरचा है। उसको पूरा न करने पर अल्लाह इनको भी उखाड़कर दूसरों को हाकिम ला बनायेगा। आ० ४३-६६ में मुनाफ़िक़ों के गुनाहों व उनके अज़ाब की कहानी है। [पेज ३३१ पर]

† इस्लाम से पहले अरब में 'नसी' का एक रवाज था। चाँद के हिसाब से तो बारह महीने ही होते हैं। उनमें चार अदब वाले महीनों ज़ीक़ाद, जिलहिज्ज, मुहर्रम और रजब में लड़ाई—ख़ूँरेज़ी की मनाही थी। तो काफ़िर जब लड़ते लड़ते बीच में मुहर्रम आ गया देखते तो उसको हटाकर बदल देते कि इस बार सफ़र पहले होगा और यूँ उनको मुहर्रम के महीने में ही लड़ने का मौक़ा मिल जाता और नाम सफ़र के महीने का होता। दूसरी बात यह कि 'क़मरी' यानी 'चांद्र मास' के हिसाब से बारह महीने में एक कबीसा (लौंद) का महीना भी जोड़ देते थे ताकि वह 'शम्सी' यानी 'सौरमास' के हिसाब से मेल खा जाय। —तफ़सीर मौलाना मादूदी साहब।

या अैयुहल्लजीन आमनू मा लकुम् अिजा क़ील लकुमुन्फ़िरू फ़ी सबीलिल्लाहिस्-साक़ल्तुम् अिलल्अर्ज़ि त् अरज़ीतुम् बिल् - हयाति़दुन्या मिनल्-आख़िरति ज् फ़मा मताअुल्-हयाति़दुन्या फ़िल्-आख़िरति अिल्ला क़लीलुन् (३८) अिल्ला तन्फ़िरू युअ्ज़्ज़िब्कुम् अ़जाबन् अलीमन् ۵ ला ठ'व यस्तब्दिल् क़ौमन् ग़ैरकुम् व ला तज़ुर्रूहु शैअन् त् वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (३९) अिल्ला तन्सुरूहु फ़क़द् नसरहुल्लाहु अिज् अख़्रजहुल्लजीन कफ़रू सानियस्नैनि अिज् हुमा फ़िल्ग़ारि अिज् यक़ूलु लिसाहि़बिहीं ला तह़्ज़न् अिन्नल्लाह मअ़ना ज् फ़अन्ज़लल्लाहु सकीनतहू अ़लैहि व अैयदहू बिजुनूदिल्लम् तरौहा व जअ़ल कलिमतल्-लजीन कफ़रुस्सुफ़्ला त् व कलिमतुल्लाहि हियल्अुल्या त् वल्लाहु अ़ज़ीज़ुन् ह़कीमुन् (४०) अिन्फ़िरू ख़िफ़ाफ़ौंव सिक़ालौंव जाहिदू बिअम्वालिकुम् व अन्फ़ुसिकुम् फ़ी सबीलिल्लाहि त् जालिकुम् ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् तअ़्लमून (४१) लौ कान अरज़न् क़रीबौंव सफ़रन् क़ासिदल्लत्तबअ़ूक व लाकिम् - बअ़ुदत् अ़लैहिमुश्शुक़्क़तु त् व सयह़्लिफ़ून बिल्लाहि लविस्तत़अ़्ना लख़रज्ना मअ़कुम् ज् युह़्लिकून अन्फ़ुसहुम ज् वल्लाहु यअ़्लमु अिन्नहुम् लकाज़िबून (४२) ★ अफ़ल्लाहु अन्क ज् लिम अज़िन्त लहुम् ह़त्ता यतबैयन लकल्लजीन सदक़ू व तअ़्लमल्काज़िबीन (४३) ला यस्तअ़्-ज़िनुकल्लजीन युअ्मिनून बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि अैंयुजाहिदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् त् वल्लाहु अ़लीमुम् - बिल्मुत्तक़ीन (४४)

التوبة ۹ ۱۵۴ والعلیکم
يَهْدِي الْقَوْمَ الْكٰفِرِيْنَ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَا لَكُمْ اِذَا قِيْلَ
لَكُمُ انْفِرُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ اثَّاقَلْتُمْ اِلَى الْاَرْضِ ۭ اَرَضِيْتُمْ بِالْحَيٰوةِ
الدُّنْيَا مِنَ الْاٰخِرَةِ ۚ فَمَا مَتَاعُ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا فِي الْاٰخِرَةِ اِلَّا
قَلِيْلٌ ۝ اِلَّا تَنْفِرُوْا يُعَذِّبْكُمْ عَذَابًا اَلِيْمًا ۙ وَّيَسْتَبْدِلْ قَوْمًا
غَيْرَكُمْ ۠ وَلَا تَضُرُّوْهُ شَيْـــًٔا ۭ وَاللّٰهُ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝
اِلَّا تَنْصُرُوْهُ فَقَدْ نَصَرَهُ اللّٰهُ اِذْ اَخْرَجَهُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ثَانِيَ
اثْنَيْنِ اِذْ هُمَا فِي الْغَارِ اِذْ يَقُوْلُ لِصَاحِبِهٖ لَا تَحْزَنْ اِنَّ اللّٰهَ
مَعَنَا ۚ فَاَنْزَلَ اللّٰهُ سَكِيْنَتَهٗ عَلَيْهِ وَاَيَّدَهٗ بِجُنُوْدٍ لَّمْ تَرَوْهَا وَجَعَلَ
كَلِمَةَ الَّذِيْنَ كَفَرُوا السُّفْلٰى ۭ وَكَلِمَةُ اللّٰهِ هِيَ الْعُلْيَا ۭ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ
حَكِيْمٌ ۝ اِنْفِرُوْا خِفَافًا وَّثِقَالًا وَّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ
فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۭ ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝ لَوْ كَانَ
عَرَضًا قَرِيْبًا وَّسَفَرًا قَاصِدًا لَّاتَّبَعُوْكَ وَلٰكِنْ بَعُدَتْ عَلَيْهِمُ
الشُّقَّةُ ۭ وَسَيَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ لَوِ اسْتَطَعْنَا لَخَرَجْنَا مَعَكُمْ ۚ
يُهْلِكُوْنَ اَنْفُسَهُمْ ۚ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ اِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ۝ عَفَا اللّٰهُ
عَنْكَ ۚ لِمَ اَذِنْتَ لَهُمْ حَتّٰى يَتَبَيَّنَ لَكَ الَّذِيْنَ صَدَقُوْا وَتَعْلَمَ
الْكٰذِبِيْنَ ۝ لَا يَسْتَاْذِنُكَ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ
اَنْ يُّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالْمُتَّقِيْنَ ۝
التوبة

ऐ ईमानवालो! तुमको क्या हो गया है कि जब तुमसे कहा जाता है कि अल्लाह की राह में (जिहाद के लिए) निकलो तो तुम ज़मीन पर ढेर हुए जाते हो, क्या आख़िरत छोड़कर दुनिया की ज़िन्दगी पर रीझे हो? तो आख़िरत के मुक़ाबले में दुनिया (की ज़िन्दगी) के साज सामान बिल्कुल नाचीज़ हैं। (३८) अगर तुम (बुलाये जाने पर भी जेहाद पर) न निकलोगे तो (अल्लाह तुमको) बड़ी दुखदाई मार देगा और तुम्हारे सिवाय दूसरे लोगों को (रसूल की पैरवी में) लाकर मौजूद करेगा, और तुम उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकोगे, और अल्लाह हर चीज़ पर ताक़तवर है। (३९) अगर तुम पैग़म्बर की मदद न करोगे तो (क्या बिगड़ जायगा) यक़ीनन अल्लाह ने अपने पैग़म्बर की मदद उस वक़्त भी की थी जब काफ़िरों ने उनको (मक्का से) निकाल बाहर किया था, जब दो में से एक वह (पैग़म्बर) थे; (और) जब वह दोनों (अबूबकर और मोहम्मद स० सौर की) गुफ़ा में (छिपे) थे उस वक़्त (पैग़म्बर) अपने साथी (अबूबकर) को समझा रहे थे कि रंज न करो, अल्लाह हमारे साथ है।† फिर अल्लाह ने पैग़म्बर पर अपनी तरफ़ से सब्र उतारा और उनको ऐसी (फ़रिश्तों की) फ़ौजों से मदद दी जिनको तुम लोग न देख सके और काफ़िरों की बात नीची की, और अल्लाह ही की बात हमेशा ऊँची है और अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (४०) हल्के और बोझिल (हथियार कम या ज़्यादः जिस हालत में भी हो पैग़म्बर के बुलाने पर) निकल खड़े हुआ करो और अपनी जान व माल से अल्लाह की राह में जिहाद करो। अगर तुम समझवाले हो तो यह तुम्हारे हक़ में बेहतर है। (४१) अगर आसानी से फ़ायदा मिलने वाला होता और सफ़र भी मामूली दर्जे का होता तो (ये लोग) तुम्हारे साथ चल पड़ते, लेकिन उनको तो सफ़र दूर दिखाई दिया‡ और अब (चूँकि ख़तरा निकल गया है तो) अल्लाह की क़सम खा-खाकर कहेंगे कि अगर हमसे बन पड़ता तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ (जिहाद पर) निकलते। यह लोग आप अपनी जानों को तबाही में डाल रहे हैं, और अल्लाह को मालूम है कि यह लोग (निरे) झूठे हैं। (४२) ★ रु. ६ १२ आ ५

(ऐ मोहम्मद!) अल्लाह तुझे माफ़ करे! तूने क्यों उनको (इस लड़ाई में न जाने की) रुख़सत (छुट्टी) दी, इससे पहले कि तुमको पता चल जाता कि (इन उज़्र पेश करने वालों में) कौन सच्चे हैं और (कौन) झूठे (बहानेबाज़) हैं। (४३) जो लोग अल्लाह का और आख़िरत का विश्वास रखते हैं वह तुझसे इस बात की मोहलत नहीं माँगते कि अपनी जान व माल से जिहाद में शरीक न हों और अल्लाह परहेज़गारों डर माननेवालों को ख़ूब जानता है। (४४)

† जब रसूल स० ने हिजरत में मक्का से मदीना को प्रस्थान किया तो यह जानकर कि काफ़िर रास्ते में उनके क़त्ल का ज़रूर मन्सूबा बाँधेंगे, वह और उनके अकेले साथी ह० अबूबकर उत्तर का आम रास्ता छोड़कर दक्खिन की ओर से मदीना चले और रास्ते में तीन दिन एक गुफ़ा में छिपे रहे। दुश्मन वहाँ तक खोजते हुये पहुँचे भी और ह० अबूबकर के घबड़ाने पर नबी स० ने बजाय अपने क़त्ल का डर छोड़ उनको समझाया और अल्लाह की बरकत से वह बाल-बाल बचकर मदीना पहुंच गये; और काफ़िरों का आगे चलकर मक्का से सफ़ाया होकर रहा। ‡ मक्का और हुनैन की विजय के बाद इस्लाम की चरचा दूर-दूर फैलने लगी और मुल्क शाम के ईसाई हाकिम ने, जो रोम के सम्राट का गवर्नर था, मदीने पर चढ़ाई करने का इरादा किया। रोम का उस समय बड़ा दबदबा और ताक़त थी। रसुलुल्लाह स० ने यह ख़बर सुनते ही इस विकट मोर्चे के लिए फ़ौरन कूच बोला और जाकर तबक पर डेरा डाला। लेकिन कुछ ऐसा हुआ कि रोम से मदद न मिल पाई और शाम के गवर्नर ने पस्त होकर नबी स० से सुलह कर ली। आयत ३८ से इसी जिहाद का बयान शुरू है। यह मोर्चा बड़ा सख्त था इस लिए बहुत से लोग जी चुराने लगे। लेकिन जब अल्लाह की कृपा से बिना लड़ाई वह बला टल गई तो जिहाद पर न जाने से पछताने लगे और बहाने बनाने लगे कि वे मजबूरी से रुक गये न कि जान बचाने को।

अिन्नमा यस्तअ़्-जिनुकल्लजीन ला युअ़्मिनून बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि वर्तावत् क़ुलूबुहुम् फ़हुम् फ़ी रैबिहिम् यतरद्दून (४५) व लौ अरादुल्-ख़ुरूज लअअ़्दूलहु अुद्दतौंव लाकिन् करिहल्लाहुम्-बिअ़्आसहुम् फ़सब्बतहुम् व क़ीलक़्अ़ुदू मअ़ल्क़ाअ़िदीन (४६) लौ ख़रजू फ़ीकुम् मा ज़ादूकुम् अिल्ला ख़बालौंव लअौज़़अ़ू ख़िलालकुम् यब्ग़ूनकुमुल्-फ़ित्नत ज् व फ़ीकुम् सम्माअ़ून लहुम् त् वल्लाहु अ़लीमुम्-बिज़्ज़ालिमीन (४७) लक़दिब्तग़वुल्-फ़ित्नत मिन् क़ब्लु व क़ल्लबू लकल्-अुमूर हत्ता जा'अल्हक़्क़ु व ज़हर अम्रुल्लाहि व हुम् कारिहून (४८) व मिन्हुम् मैंयक़ूलुअ़्जल्ली व ला तफ़्तिन्नी त् अला फ़िल्फ़ित्नति सक़तू त् व अिन्न जहन्नम लमुह़ीतत्तुम्-बिल्काफ़िरीन (४९) अिन् तुसिब्क ह़सनतुन् तसुअ़्हुम् ज् व अिन् तुसिब्क मुसीबतुंय्यक़ूलू क़द् अख़ज़्ना' अम्रना मिन् क़ब्लु व यतवल्लौव्वहुम् फ़रिहून (५०) क़ुल्लैं-युसीबना' अिल्ला मा कतबल्लाहु लना ज् हुव मौलाना ज् व अ़लल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल्-मुअ़्मिनून (५१) क़ुल् हल् तरब्बसून बिना' अिल्ला' अिह्दल्-हुस्नयैनि त् व नह्नु नतरब्बसु बिकुम् अैंयुसीब-कुमुल्लाहु बिअ़ज़ाबिम्-मिन् अिन्दिहि' औ बिअैदीना ज् स़ला फ़तरब्बसू' अिन्ना मअ़कुम् मुतरब्बिसून (५२) क़ुल् अन्फ़िक़ू तौअ़न् औ कर्हल्लैंयुतक़ब्बल मिन्कुम् त् अिन्नकुम् कुन्तुम् क़ौमन् फ़ासिक़ीन (५३) व मा मनअ़हुम् अन् तुक़बल मिन्हुम् नफ़क़ातुहुम् अिल्ला' अन्नहुम् कफ़रू बिल्लाहि व बिरसूलिहि व ला यअ़्तूनस्सलात अिल्ला व हुम् कुसाला व ला युन्फ़िक़ून अिल्ला व हुम् कारिहून (५४)

तुमसे छुट्टी के चाहनेवाले वही लोग हैं जो अल्लाह और आख़िरत पर विश्वास नहीं रखते और उनके दिल शक में पड़े हैं, तो वह अपने शक में ही भटक रहे हैं। (४५) और अगर यह लोग (जिहाद के लिए) निकलने का इरादा रखते तो उसके लिए कुछ तैयारी करते, मगर अल्लाह को इनका उठना पसन्द न हुआ, तो उसने इनको बोझिल (शिथिल) कर दिया और हुक्म (से प्रेरित) किया कि तुम भी बैठनेवालों के साथ बैठे रहो†(४६) अगर यह लोग तुम्हारे साथ निकलते भी तो तुममें ख़राबियाँ डालने के सिवाय कुछ भला न करते और तुममें फ़साद फैलाने की ग़रज़ से तुम्हारे बीच दौड़े-दौड़े फिरते, और तुममें उनके भेदी भी बाज़ मौजूद हैं और अल्लाह ज़ालिमों को ख़ूब जानता है।◉ (४७) (और ऐ पैग़म्बर!) उन्होंने पहले भी फ़साद डलवाना चाहा और तुम्हारे ख़िलाफ़ तदबीरों की उलट-पलट करते ही रहे यहाँ तक कि (अल्लाह की) सच्ची प्रतिज्ञा आ पहुँची और अल्लाह की आज्ञा पूरी होकर रही और वे बुरा ही मानते रहे।(४८) और इनमें ऐसे भी हैं जो कहते हैं कि मुझको छुट्टी दे और मुझको विपत्ति में न डाल§। तो जान लो! यह लोग विपत्ति में पड़े ही हैं और दोज़ख़ काफ़िरों को घेरे हुए है।(४९) अगर तुमको कोई भलाई पहुँचे तो उन (मुनाफ़िकों) को बुरा लगता है और अगर तुमको कोई आफ़त पहुँचे तो कहने लगते हैं कि हमने (इसी वजह से) पहले से ही अपना काम साध लिया था और (यह कहते हुये) खुशी मनाते वापिस चले जाते हैं। (५०) (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि जो कुछ अल्लाह ने हमारे लिये लिख दिया है वही हमको पहुँचेगा, वही हमारा काम का सँभालनेवाला है और ईमानवालों को चाहिए कि अल्लाह ही पर भरोसा रखें। (५१) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि तुम हमारे हक़ में दो भलाइयों में से‡ एक भलाई का ही इन्तज़ार कर रहे हो; और हम तुम्हारे हक़ में इस बात के मुन्तज़िर हैं कि अल्लाह तुम पर (या तो) अपने यहाँ से कोई अज़ाब उतारे या हमारे हाथों से (तुम्हें सज़ा दिलवाये)। तो तुम भी (उसका) रास्ता देखो और हम भी तुम्हारे साथ (उसी का) रास्ता देखते हैं। (५२) (ऐ पैग़म्बर! ऐसे लोगों से) कह दो कि तुम ख़ुशदिली से ख़र्च करो या बेदिली से, अल्लाह तुमसे (ख़ैरात) क़ुबूल नहीं करेगा क्योंकि तुम हुक्म न मानने वाले हो। (५३) और उनका ख़र्च क़ुबूल नहीं होता इसलिए कि उन्होंने अल्लाह और उसके पैग़म्बर का हुक्म नहीं माना और नमाज़ को आते हैं तो अलसाये हुए से और बुरे दिल से ख़र्च करते हैं। (५४)

[पिछ ३२७ से] आ० १००—११८ में अल्लाह की राह में जान-माल लड़ाने वालों को ही कामयाबी है। फ़र्ज़ से हटने वालों को यहाँ तक कि गुनहगारों को भी तौबः करने पर अल्लाह की माफ़ी खुली हुई है। लेकिन हमेशा सरकशी करने वालों को नरक की आग तैयार है। आ० ११६ से समाप्ति १२६ तक हिदायत है कि जेहाद में सबका पूरी तौर पर शिरकत करना फ़र्ज़ है। अलबत्ता सबके जंग पर कूच करने के बजाय कुछ लोगों को दीनी तालीम व समझ पैदा करने के लिए ठहर जाने की भी हिदायत है। सूरः तौबः से पता चलता है कि इस समय उम्मते इस्लाम बहुत असरदार और ज़ोरावर हो चली थी। और अरब व आस पास के इलाक़ों में उसकी धाक बैठ चुकी थी।

† बैठनेवाले याने जिनको सचमुच लाचारी थी उन्हीं के साथ इन बहानेबाज़ों को भी घर पड़े रहने की प्रेरणा हुई। क्योंकि अगर ये मुनाफ़िक़ साथ चले भी जाते तो वहाँ फ़साद की ही साँठ गाँठ करते। ◉ यह हाल है उन लोगों का जो दावा मुसलमान होने का करते थे मगर दिल से मुसलमानों का बुरा चाहते थे। जब इनसे कहा जाता था कि लड़ाई के लिए तैयार हो तो एक न एक बात बना देते थे। इनका सरदार अब्दुल्लाह बिन-उबैइ था। § तबूक की चढ़ाई के समय इन्हीं बहाने से बैठ रहने वालों में एक जेद बिन क़ैस था जिसने यह अजूबा बहाना पेश किया कि मैं वहाँ रूमियों की सुन्दरता में फस जाऊँगा। इसलिए मुझे जाने से माफ़ करो, अलबत्ता माल से मदद करूँगा। यों नेककार का स्वांग रच कर जान बचाई। ‡ दो में से एक चीज़ तो हमें अल्लाह देवे गा ही—विजय या शहादत (युद्ध में वीरगति)।

फ़ला तुऽजिब्क अम्वालुहुम् व ला' औलादुहुम् त् अिन्नमा युरीदुल्लाहु लियुअ्ज्जिबहुम् बिहा फ़िल्हयाविद्दुन्या व तज़्हक़ अन्फ़ुसुहुम् व हुम् काफ़िरून (५५) व यह्लिफ़ून बिल्लाहि अिन्नहुम् लमिन्कुम् त् व मा हुम् मिन्कुम् व लाकिन्नहुम् क़ौमुंय्यफ़्रक़ून (५६) लौ यजिदून मल्जअन् औ

मग़ारातिन् औ मुद्दख़लल्लवल्लौ अिलैहि व हुम् यज्महून (५७) व मिन्हुम् मैंयल्-मिज़ुक फ़िस्सदक़ाति ज् फ़अिन् अुऽत्तू मिन्हा रज़ू व अिल्लम् युऽत्तौ मिन्हा' अिजा हुम् यस्ख़तून (५८) व लौ अन्नहुम् रज़ू मा' आताहुमुल्लाहु व रसूलुहु ला व क़ालू हूस्बुनल्लाहु सयुअ्-तीनल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि व रसूलुहु' ला अिन्ना' अिलल्लाहि राग़िबून (५९) ★ अिन्नमस्सदक़ातु लिल्फ़ुक़रा'अि वल्मसाकीनि वल्आमिलीन अलैहा वल्मुअल्लफ़ति क़ुलूबु-हुम् व फ़िर्रिक़ाबि वल्ग़ारिमीन व फ़ी सबीलिल्लाहि वब्निस्सबीलि त् फ़रीज़तम्-मिनल्लाहि त् वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (६०) व मिन्हुमुल्लजीन युअ्ज़ूनन्नबीय व यक़ूलून हुव अुज़ुनुन् त् क़ुल् अुज़ुनु ख़ैरिल्लकुम् युअ्मिनु बिल्लाहि व युअ्मिनु लिल्मुअ्मिनीन व रह्मतुल्लिल्लजीन आमनू मिन्कुम् त् वल्लजीन युअ्ज़ून रसूलल्लाहि लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (६१) यह्लिफ़ून बिल्लाहि लकुम् लियुर्ज़ूकुम् ज् वल्लाहु व रसूलुहु' अह्क़क़ु अैंयुर्ज़ूहु अिन् कानू मुअ्मिनीन (६२) ● अलम् यअ्लमू' अन्नहु मैंयुहादि दिल्लाह व रसूलहु फ़अन्न लहु नार जहन्नम ख़ालिदन् फ़ीहा त् जालिकल् - ख़िज़्युल् - अजीमु (६३)

सो तू इनके माल और औलाद (को देखकर) ताज्जुब न कर (कि यह बरकतें इन गुनहगारों को कैसे नसीब हैं)। अल्लाह दुनिया की ज़िन्दगी में इनको इन (माल और औलाद) के ज़रिये ही सज़ा देना चाहता है, और वह काफ़िर ही (रहकर) मरेंगे।§ (५५) और अल्लाह की क़समें खाते हैं कि वह बेशक तुम (ईमानवालों) में हैं, हालाँकि वह तुममें नहीं हैं बल्कि (सच तो यह है कि) वह डरपोक हैं। (५६) अगर कोई ग़ार (खोह) या घुस बैठने की जगह कहीं बचाव को पावें तो रस्सी तुड़ाकर उसी तरफ़ भागें (५७) और इनमें से कुछ लोग ऐसे भी हैं कि ख़ैरात (के बाँटने) में तुम पर (बेइंसाफ़ी की) तोहमत लगाते हैं, तो अगर इनको उसमें से (इनके मनमाफ़िक़) दिया जाय तो खुश रहते हैं, और अगर इनको उसमें से (इनके मनमाफ़िक़) न दिया जाय तो वह फ़ौरन नाखुश हो जाते हैं। (५८) और जो अल्लाह ने और उसके पैग़म्बर ने इनको दिया था अगर यह उसमें खुश रहते और कहते कि हमको अल्लाह काफ़ी है (और) आगे को अपने फ़ज़ल से अल्लाह और उसका पैग़म्बर हमको (बहुत कुछ) दे रहेगा (और कहते कि) हम तो अल्लाह ही से लौ लगाये बैठे हैं तो उनके हक़ में बेहतर होता। (५९) ★ रू. ७ — १३ आ १७

ख़ैरात का माल तो निर्धनों का हक़ है और ग़रीबों का और उन (महकमा सदक़ात के) कर्मचारियों का है और उन लोगों के लिये जिनके दिल इस्लाम की तरफ़ लगाना मंजूर है और ग़ुलामों को आज़ाद कराने में और क़र्ज़दारों (की मदद) में और अल्लाह की राह (यानी जिहाद) में और मुसाफ़िरों (में ज़कात यानी ख़ैरात के माल का ख़र्च) अल्लाह ने ठहराया है, और अल्लाह (सब कुछ) जाननेवाला बड़ा हिकमत वाला है। (६०) और उनमें से कुछ ऐसे हैं जो पैग़म्बर (के दिल) को चोट पहुँचाते हैं और कहते हैं कि यह शख़्स कान का बड़ा कच्चा‡ है। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो वह कान निरा तुम्हारे भले को है, वह यक़ीन करता है अल्लाह का और यक़ीन करता है ईमानवालों (की बात) का और जो लोग तुममें से ईमान लाये हैं उनके लिये (हमेशा) रहमत है। और जो लोग अल्लाह के पैग़म्बर (के दिल) को चोट पहुंचाते हैं उनको दुखदाई सज़ा होनी है। (६१) (ऐ ईमानवालो!) तुम्हारे सामने अल्लाह की क़समें खाते हैं ताकि तुमको (समझाकर) राज़ी कर लें (कि उनका मंशा रसूल को चोट पहुँचाना न था; लेकिन तुम राज़ी हो न हो असल में) अल्लाह और उसके पैग़म्बर ज़्यादा हक़ रखते हैं कि यह लोग (अगर) ईमानवाले हैं तो उनको (ही) राज़ी करें।● (६२) क्या इन्होंने अभी तक इतनी बात भी नहीं समझी कि जो अल्लाह और उसके पैग़म्बर का विरोध करता है, उसके ही लिए दोज़ख़ की आग (तैयार) है जिसमें वह हमेशा रहेगा। यह (उनकी) बड़ी ज़िल्लत है। (६३) सु. २८ — ८

§ इनकी माल व औलाद की बहुतायत इनके लिए बरकत नहीं उल्टे अज़ाब साबित होगी। क्योंकि यह उनके ही मोह में रातदिन फँसे रहकर अल्लाह की राह से हमेशा अंधे रहेंगे और गुनाहों में फँसते व अपने लिए दुनिया में बवाल और आखिरत के लिए अज़ाब का सामना करते रहेंगे। ‡ कुछ मुनाफ़िक़ कहते थे कि मुहम्मद साहब स० से जो कोई हमारे बारे में कुछ कह देता है वह उसको सच्च मान लेते हैं और जब हम आकर क़सम खा लेते हैं तो हमको सच्चा समझने लगते हैं। इसका जवाब दिया गया है कि वह तुम्हारी बातों को भली भाँति जानते हैं, लेकिन तुम पर ज़ाहिर नहीं करते। वे तुम्हारी नादानी पर दया करते हैं।

यह्ज़रुल् - मुनाफ़िक़ून अन् तुनज़्ज़ल अ़लैहिम् सूरतुन् तुनब्बिअुहुम् बिमा फ़ी क़ुलूबिहिम् त् क़ुलिस्तह्ज़िअू ज् अिन्नल्लाह मुख़्रिजुम् - मा तह्ज़रून (६४) व लअिन् सअल्तहुम् लयक़ूलुन्न अिन्नमा कुन्ना नख़ूज़ु व नल्अ़बु त् क़ुल् अबिल्लाहि व आयातिहि व रसूलिहि कुन्तुम् तस्तह्ज़िअून (६५) ला तअ़्तज़िरू क़द् कफ़र्तुम् बअ़्द अीमानिकुम् त् अिन्नअ़्फ़ु अन् ता।अिफ़त्तिम् - मिन्कुम् नुअ़ज्ज़िब् ता।अिफ़त्तम् - बिअन्नहुम् कानू मुज्रिमीन (६६) ★ अल्मुनाफ़िक़ून वल्मुनाफ़िक़ातु बअ़्ज़ुहुम् मिम्बअ़्ज़िन म ● यअ्मुरून बिल्मुन्करि व यन्हौन अनिल्मअ़्रूफ़ि व यक़्बिज़ून अैदियहुम् त् नसुल्लाह फ़नसियहुम् त् अिन्नल्-मुनाफ़िक़ीन हुमुल्-फ़ासिक़ून (६७) व अ़दल्लाहुल्-मुनाफ़िक़ीन वल्मुनाफ़िक़ाति वल्कुफ़्फ़ार नार जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा त् हिय हस्बुहुम् ज् व लअ़नहुमुल्लाहु ज् व लहुम् अ़जाबुम्मुक़ीमुन् ला (६८) कल्लज़ीन मिन् क़ब्लिकुम् कानू। अशद्द मिन्कुम् क़ूवतौंव अक्सर अम्वालौंव औलादन् त् फ़स्तम्तअ़ू बिख़लाक़िहिम् फ़स्तम्तअ़्तुम् बिख़लाक़िकुम् कमस्-तम्तअ़ल्लज़ीन मिन् क़ब्लिकुम् बिख़लाक़िहिम् व ख़ुज़्तुम् कल्लज़ी ख़ाज़ू त् अुला।अिक हूबितत् अअ़्मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ज् व अुला।अिक हुमुल्ख़ासिरून (६९) अलम् यअ्तिहिम् नबअुल्लज़ीन मिन् क़ब्लिहिम् क़ौमि नूहिंव्व आदिंव्व समूद ۵ ला व क़ौमि अिब्राहीम व अस्हाबि मद्यन वल्मुअ्तफ़िकाति त् अतत्हुम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति ज् फ़मा कानल्लाहु लियज़्लिमहुम् व लाकिन् कानू। अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (७०)



मुनाफ़िक़ डरते रहते हैं कि अल्लाह की तरफ़ से ईमानवालों पर (पैग़म्बर के ज़रिये कहीं) ऐसी सूरत न उतरे कि जो कुछ इनके दिलों में (साँठ गाँठ छिपी) है उसे ईमानवालों पर ज़ाहिर कर दे। (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि हँसे जाओ! जिस का तुम्हें डर है अल्लाह वही बात ज़ाहिर करनेवाला है।छ (६४) और अगर तुम इन लोगों से पूछो तो वह ज़रूर यही उत्तर देंगे कि हम तो यों ही बातें-चीतें और हँसी मज़ाक़ कर रहे थे। तो (उनसे) कहो कि तुमको हँसी करनी थी तो अल्लाह के ही साथ और उसी की आयतों और उसी के पैग़म्बर के साथ? (६५) (उनसे साफ़ कह दो कि) बातें न बनाओ, (सच तो यह है कि) तुम ईमान लाने के बाद काफ़िर हो गये हो। अगर हम तुममें से एक गिरोह को माफ़ भी कर दें तो भी दूसरों को ज़रूर सज़ा देंगे, (इसलिए कि) वह (हमेशा) गुनहगार रहेंगे। (६६)★

वही है जो तुम लोगों को ज़मीन और नदी में चलाता है यहाँ तक कि जब तुम किश्तियों में होते हो और वह लोगों को अनुकूल हवा की सहायता से लेकर चलती हैं और लोग उनसे ख़ुश होते हैं ; तो उन पर (अचानक) तूफ़ानी हवा आवे और लहरें हर तरफ़ से उन पर आने लगें और वह समझे कि अब वह घिर गये। तो ख़ालिस दिल से अल्लाह ही की बन्दगी कर उससे दुआएँ माँगने लगते हैं (और कहते हैं) कि अगर तू हमको इस (मुसीबत) से बचावे तो हम ज़रूर शुक्र करने वालों में से हो जावें। (२२) फिर जब बचा दिया तो वह (अपनी पिछली मुसीबत और अल्लाह की मेहरबानी भूल कर) उसी वक़्त से ज़मीन पर नाहक़ शरारत करने लगते हैं। लोगो ! सुनो, तुम्हारी सरकशी तुम्हारी ही जानों पर पड़ेगी। यह दुनिया की ज़िन्दगी के फ़ायदे उठा लो, आख़िरकार तुम्हें हमारी ही तरफ़ लौटकर आना है, तो जो कुछ भी तुम (दुनिया में) करते रहे, हम तुमको (उसकी असलियत) बता देंगे। (२३) (इस) दुनिया की ज़िन्दगी की तो मिसाल (उस) पानी-जैसी है कि हमने उसको आसमान से बरसाया, फिर उससे ज़मीन की ख़ूब घनी पैदावार निकाली जिसको आदमी और चौपाये खाते हैं यहाँ तक कि जब ज़मीन पानी के साथ मिल कर लहलहा उठी और (यहाँ तक कि) जब ज़मीन ने अपना सिंगार कर लिया (और ख़ुशनुमा हुई) और खेतवालों ने समझा कि वह उन (पैदावार) पर क़ाबू पा गये (तो यकायक) रात के वक़्त या दिन के वक़्त हमारा हुक्म (यानी अज़ाब) उस पर आ पहुँचा फिर हमने उसका ऐसा कटा हुआ ढेर कर दिया कि गोया कल उस बस्ती का यहाँ निशान ही न था। जो लोग सोचते-समझते हैं उनके लिए हम आयतें खोल-खोल कर इसी तरह बयान करते हैं। (२४) और अल्लाह सलामती के घर (जन्नत) की तरफ़ बुलाता है और जिसको चाहता है सीधी राह दिखाता है। (२५) जिन लोगों ने भलाई की उनके लिए भलाई है और कुछ बढ़कर भी और (गुनहगारों की तरह) उनके मुँहों पर स्याही न छाई होगी और न ज़िल्लत। यही जन्नत वाले हैं कि वह उसमें हमेशा रहा करेंगे। (२६) और जिन लोगों ने बुरे काम किये तो बुराई का बदला वैसे ही (बुराई) और उन पर ज़िल्लत छा रही होगी। अल्लाह से कोई उनको बचानेवाला नहीं, गोया अँधेरी रात के टुकड़े से उनके मुँह को ढाँक दिया है, यही आगवाले (दोज़ख़ी) हैं कि वह उसमें हमेशा रहा करेंगे। (२७) और जिस दिन हम उन सबको जमा करेंगे फिर (अल्लाह के साथ दूसरों को भी पूजनेवाले इन) मुशरिकीन को हुक्म देंगे कि तुम और जिनको तुमने शरीक बनाया था वह (ज़रा) अपनी जगह ठहरें। फिर हम उनके आपस में फूट डाल देंगे और उनके शरीक कहेंगे कि तुम हमारी पूजा तो कुछ करते हो नहीं थे (२८)

फ़कफ़ा बिल्लाहि शहीदम् - बैनना व बैनकुम् अिन् कुन्ना अन् अिबादतिकुम् लग़ाफ़िलीन (२९) हुनालिक तब्लू कुल्लु नफ़्सिम्मा अस्लफ़त् व रुद्दू अिलल्लाहि मौलाहुमुल्-हूक़्क़ि व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (३०) क़ुल् मैंयर्ज़ुक़ुकुम् मिनस्समा अि वल्अर्ज़ अम्मैं-यम्लिकुस्-समअ वल्अब्सार व मैंयुख़्रिजुल्हैय मिनल्मैयिति व युख़्रिजुल्-मैयित मिनल्हैयि व मैंयुदब्बिरुल् - अम्र त् फ़सयक़ूलूनल्लाहु ज् फ़क़ुल् अफ़ला तत्तक़ून (३१) फ़ज़ालिकुमुल्लाहु रब्बुकुमुल्-हूक़्क़ु ज् फ़माज़ाबऽ़दल् - हूक़्क़ि अिल्लज़्ज़लालु ज् सला फ़अन्ना तुस्रफ़ून (३२) कज़ालिक हक़्क़त् कलिमतु रब्बिक अलल्लज़ीन फ़सक़ू अन्नहुम् ला युअ्मिनून (३३) क़ुल् हल् मिन् शुरका अिकुम् मैंयब्दअुल्-ख़ल्क़ सुम्म युअीदुहू त् क़ुलिल्लाहु यब्दअुल्ख़ल्क़ सुम्म युअीदुहू फ़अन्ना तुअ्फ़कून (३४) क़ुल् हल् मिन् शुरका अिकुम् मैंयहदी अिलल्हूक़्क़ि त् क़ुलिल्लाहु यहदी लिल्हूक़्क़ि त् अफ़मैंयहदी अिलल्हूक़्क़ि अहक़्क़ु अैंयुत्तबअ अम्मल्ला यहिद्दी अिल्ला अैंयुहदा ज् फ़मा लकुम् क़िफ़ कैफ़ तहूकुमून (३५) व मा यत्तबिअु अक्सरुहुम् अिल्ला जन्नन् त् अिन्नज्जन्न ला युग़्नी मिनल्हूक़्क़ि शैअन् त् अिन्नल्लाह अलीमुम् - बिमा यफ़्अलून (३६) व मा कान हाज़ल्क़ुर्आनु अैंयुफ़्तरा मिन् दूनिल्लाहि व लाकिन् तस्दीक़ल्लज़ी बैन यदैहि व तफ़्सीलल् - किताबि ला रैब फ़ीहि मिर्रब्बिल् - आलमीन क़िफ़ (३७) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु त् क़ुल् फ़अ्तू बिसूरतिम्-मिस्लिहि वद्अू मनिस्तत़ऽ़तुम् मिन् दूनिल्लाहि अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (३८)

सो हमारे और तुम्हारे बीच बस अल्लाह ही गवाह है, हमको तो तुम्हारी पूजा की बिल्कुल ख़बर ही नहीं †। (२९) वहीं हर शख़्स (दुनिया में) अपने (किये हुये) कामों को जो पहले भेज चुका है ख़ुद जाँच लेगा और सब लोग अपने सच्चे मालिक अल्लाह की ओर लौटाये जायँगे और जो झूठ लफ़्फ़ (वे दुनिया में) बाँधते रहे हैं वह सब उनसे गये-गुज़रे हो जायँगे। (३०) ★ ●

(ऐ पैग़म्बर ! लोगों से इतना तो) पूछो कि तुमको आसमान और ज़मीन से कौन रोज़ी देता है या कान और आँखों (जैसी इन्द्रियों) का कौन मालिक है, और कौन मुर्दा से ज़िन्दा निकालता है और कौन ज़िन्दा से मुर्दा निकालता है ७ और कौन (इस सारे आलम का) इन्तज़ाम चला रहा है, तो तुरन्त ही बोल उठेंगे कि अल्लाह ! ; तो कहो कि (अल्लाह की यह सब क़ुदरत जानते हो) फिर भी तुम उससे नहीं डरते। (३१) तो वही अल्लाह तुम्हारा सच्चा परवरदिगार है, तो सचाई के खुल जाने के बाद (दूसरी राह चलना) गुमराही नहीं तो और क्या है ? सो तुम लोग किधर को (बहके) फिरे चले जा रहे हो ? (३२) (ऐ पैग़म्बर !) इसी तरह पर तुम्हारे परवरदिगार की बात इन बेहुक्म लोगों पर सच्ची साबित हुई कि यह (किसी तरह) ईमान नहीं लावेंगे। (३३) (ऐ नबी ! इनसे) पूछो कि तुम्हारे (ठहराये हुये) शरीकों में कोई ऐसा (समर्थ) है कि (जहान को) अव्वल पैदा करे फिर उसको दुबारा पैदा करे। कहो अल्लाह ही (सृष्टि को) प्रथम बार पैदा करता है और उसको दुबारा पैदा करेगा, तो अब तुम किधर को उलटे फिरे चले जा रहे हो। (३४) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) पूछो कि तुम्हारे (ठहराये हुये) शरीकों में से कोई ऐसा है जो सच्ची राह दिखा सके ? (इनसे) कहो अल्लाह ही सच्ची राह दिखलाता है। तो फिर जो सच्ची राह दिखाने आया उसका हक़ है कि उसी की पैरवी की जाय या (उसकी) जो ख़ुद ही राह नहीं पा सकता जब तक दूसरा उसको राह न दिखलाये। तो तुमको क्या हो गया है, कैसा (उलटा) इन्साफ़ करते हो? (३५) और वह लोग अक्सर अटकल पर चलते हैं सो अन्दाज़ी तुक्के हक़ या सचाई के सामने काम नहीं देते। जैसा-जैसा यह कर रहे हैं, अल्लाह अच्छी तरह जानता है। (३६) और यह क़ुर्आन इस क़िस्म की (किताब) नहीं कि अल्लाह के सिवाय और कोई इसे (अपनी तरफ़ से) बना लावे। बल्कि जो पहले वाली (किताबों के) कलाम की तसदीक़ करता है और उन्हीं की तफ़सील है §। इसमें संदेह नहीं कि यह संसार के मालिक अल्लाह ही की ओर से उतरा है। (३७) क्या कहते हैं कि इसे ख़ुद इस (मुहम्मद स०) ने बना लिया है ? (तू उनसे कह दे कि) अगर तुम सच्चे हो (कि यह आयतें एक हमाशुमा इन्सान के गढ़ लेने के बस की बात है) तो एक ऐसी ही सूरत तुम भी बना लाओ और अल्लाह के सिवाय (अपनी मदद के लिए) बुलालो जिसे बुला सकते हो। (३८)

† अल्लाह के अलावा जिन चीज़ों की लोग परस्तिश करते हैं वे अपनी अलग कोई हस्ती तो रखती नहीं। लोग अपने ख्यालों को बाँध कर पूजते हैं और किन्हीं नेक व बड़ी हस्तियों का नाम अपने ख्याल से उन माबूदों (पूज्यों) के साथ जोड़ देते हैं जिन हस्तियों को यह पता भी नहीं कि उनको कोई पूज रहा है। अब सब अल्लाह के सामने जब पेश हैं, तो कलई खुल रही है और वे शरीक की गई हस्तियाँ व उनकी जगह क़ायम किये गये माबूद (पूज्य) सब गवाही दे रहे हैं कि कहाँ ! हमें तो ख़बर नहीं कि तुम हमें पूजते थे, तुमने कोई निजी ख्याल गढ़े होंगे। (अ० यू०) ७ मसलन अण्डे से पक्षी और पक्षी से अण्डा। § यानी क़ुर्आन में किसी नये धर्म की ओर नहीं बुलाया गया है। यह तो उन्हीं सनातन की बुनियादी हिदायतों को खुलासा बयान करता है जिनको अल्लाह के नबी हमेशा दुनिया को देते आये हैं और यह क़ुर्आन तो सारी आसमानी किताबों का समर्थन करता है।

बल् कज्जबू बिमा लम् युहीतू बिअिल्मिहि व लम्मा यअ्तिहिम् तअ्वीलुहु त़ कजालिक कज्जबल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़न्जुर् कैफ़ कान आक़िबतुज्जालिमीन (३९) व मिन्हुम् मैंयुअ्मिनु बिहि व मिन्हुम् मल्ला युअ्मिनु बिहि त़ व रब्बुक अअ़्लमु बिल्मुफ़्सिदीन (४०) ★ व अिन् कज्जबूक फ़क़ुल् ली अमली व लकुम् अमलुकुम् ज़ अन्तुम् बरी'ऊन मिम्मा अअ़्मलु व अना बरी'उम् - मिम्मा तअ़्मलून (४१) व मिन्हुम् मैंयस्तमिअ़ून अिलैक त़ अफ़अन्त तुस्मिअ़ुस् - सुम्म व लौ कानू ला यअ़्क़िलून (४२) व मिन्हुम् मैंयन्जुरु अिलैक त़ अफ़अन्त तह्दिल्अुम्य व लौ कानू ला युब्सिरून (४३) अिन्नल्लाह ला यज़्लिमुन्नास शैअौंव लाकिन्नन्नास अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (४४) व यौम यह्शुरुहुम् कअल्लम् यल्बसू' अिल्ला साअ़तम् - मिनन्नहारि यतआरफ़ून बैनहुम् त़ क़द् ख़सिरल्लजीन कज्जबू बिलिक़ा'अिल्लाहि व मा कानू मुह्तदीन (४५) व अिम्मा नुरियन्नक बअ़ज़ल्लजी नअ़िदुहुम् औ नतवफ़्फ़यन्नक फ़अिलैना मर्जिअ़ुहुम् सुम्मल्लाहु शहीदुन् अला मा यफ़्अलून (४६) व लिकुल्लि अुम्मतिर्रसूलुन् ज़ फ़अिजा जा'अ रसूलुहुम् क़ुज़िय बैनहुम् बिल्क़िस्ति व हुम् ला युज़्लमून (४७) व यक़ूलून मता हाजल्वअ़्दु अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४८) क़ुल् ला' अम्लिकु लिनफ़्सी ज़र्रौंव ला नफ़्अन् अिल्ला मा शा'अल्लाहु त़ लिकुल्लि अुम्मतिन् अजलुन् त़ अिजा जा'अ अजलुहुम् फ़ला यस्तअ़्ख़िरून साअ़तौंव ला यस्तक़्दिमून (४९) क़ुल् अरअैतुम् अिन् अताकुम् अजाबुहु बयातन् औ नहारम्मा जायस्तअ़्जिलु मिन्हुल् - मुज्रिमून (५०)

★ रु. ४ / ८ आ. १०

(असल बात तो यह कि) उस चीज़ को झुठलाने लगे जिसके समझने की इन्हें लियाक़त न हुई। और अभी तक इनकी सच्चाई इन पर खुलने का मौक़ा ही पेश नहीं आया। इसी तरह उन लोगों ने भी झुठलाया था जो इनसे पहले थे‡। तो (ऐ पैग़म्बर!) देखो (उन) ज़ालिमों का कैसा अन्त हुआ। (३९) और इनमें से कुछ लोग ऐसे हैं कि जो क़ुर्आन पर ईमान ले आवेंगे और कुछ लोग नहीं लावेंगे और तुम्हारा परवरदिगार फ़सादियों को ख़ूब जानता है। (४०) ★

और (ऐ पैग़म्बर!) अगर (ये काफ़िर) तुमको झुठलावें तो कह दो कि मेरा करना मुझको और तुम्हारा करना तुमको। तुम मेरे काम के ज़िम्मेदार नहीं और न मैं तुम्हारे काम का ज़िम्मेदार हूँ † (४१) और (ऐ पैग़म्बर!) इनमें से कुछ लोग हैं जो तुम्हारी तरफ़ कान लगाते हैं। तो क्या तुम बहरों को सुना सकोगे जिनमें (सुनने-) समझने की ताक़त नहीं। (४२) और इनमें से कुछ लोग हैं जो तुम्हारी तरफ़ ताकते हैं, तो क्या तुम अन्धों को रास्ता दिखा सकोगे जिनमें (देखने-) समझने की ताक़त न हो। (४३) अल्लाह तो ज़रा भी लोगों पर ज़ुल्म नहीं करता लेकिन लोग (ख़ुद) अपने ऊपर ज़ुल्म करते हैं छ। (४४) और जिस दिन (अल्लाह) उन लोगों को जमा करेगा तो (ऐसा ख़्याल वे करेंगे) गोया (दुनिया में) दिन की एक घड़ी भर (से ज़्यादः ज़िन्दा न) रहे होंगे—आपस में (एक दूसरे को) पहचानेंगे (लेकिन बेकार! क्योंकि कोई किसी को मदद न दे सकेगा।) जिन लोगों ने (आख़िरत में) अल्लाह से सामना होने को झुठलाया वह बेशक घाटे में आ गये और उनको रास्ता ही न सूझा। (४५) और (सज़ा के) जैसे वादे हम इन पर करते हैं चाहे इनमें से बाज़ को तुम्हें दिखावें या (पहले ही) तुमको (वफ़ात दे कर) उठा लेवें, इनको तो लौटकर हमारी तरफ़ आना ही है; फिर जो कुछ यह कर रहे हैं अल्लाह (सब) देख रहा है। (४६) और हर उम्मत (गिरोह) का एक पैग़म्बर है तो जब वह उनका पैग़म्बर उनके पास आ जाता है तो (उनका इन्साफ़) के साथ फ़ैसला होजाता है और उन लोगों पर (धागा भर) ज़ुल्म नहीं होता। (४७) और (तुमसे) पूछते हैं कि अगर तुम सच्चे हो तो (बताओ) यह वादा (अज़ाब का) कब आयेगा? (४८) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो कि मेरा अपना फ़ायदा व नुक़सान भी मेरे हाथ में नहीं, सिवाय इसके कि जो अल्लाह चाहता है (वही होता है)। (मेरे इल्म में तो यही है कि) हर उम्मत का एक वक़्त (मियाद) मुक़र्रर है। जब उनकी वादे (की मियाद) आ जाती है तो वह (घड़ी भर भी) पीछे नहीं हट सकते और न आगे बढ़ सकते हैं। § (४९) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) पूछो कि भला देखो तो सही अगर अल्लाह का अज़ाब रातों-रात तुम पर आ उतरे या (अज़ाब) दिन-दहाड़े (आ जाय) तो अज़ाब में कौन चीज़ ऐसी है कि मुजरिम लोग उसको जल्दी मांग रहे हैं? (५०)

‡ इनसे पहले क़ौम आद, समूद वग़ैरः जो हो गुज़रे हैं वह भी योंही झुठलाते रहे और उनके इन ज़ुल्मों का अन्त उनकी तबाही हुई। † याने मैं जो बात तुमको पहुँचा रहा हूँ वह झूठ है तो मैं गुनहगार हूँ तुम नहीं और मैं सच्ची बात तुमको पहुँचा रहा हूँ और तुम उसको न मानो तो तुम गुनहगार हो मैं नहीं। इस लिए मान लेने में तुम किसी तरह घाटे में नहीं हो। छ यानी अल्लाह तो अपनी हिदायत देकर व आँख कान दिल देकर इन्सान पर सब तरह रहम ही करता है। यह तो कुफ़्र का शौक़ीन इन्सान है जो आँख कान दिल रहते भी उनसे देखता सुनता समझता नहीं और गुमराह होकर अपने ऊपर ज़ुल्म ढाता है। § अल्लाह के यहाँ से हर शख़्स और हर जमात या क़ौम की दुनिया में रहने की मियाद मुक़र्रर (नियत) है। उस मियाद से न एक पल ज़्यादः न एक पल कम वह दुनिया में टिक सकते हैं। शख़्सी और [पेज ३६३ पर]

असुम्म अिजा मा वक़अ आमन्तुम् बिहॅ ऽ त् आ'ल्आन वक़द् कुन्तुम् बिहॅ ऽ तस्तअ़्जिलून (५१) सुम्म क़ील लिल्लजीन जलमू ज़ूक़ू अ़जाबल्-ख़ुल्दि ज् हल् तुज़्ज़ौन अिल्ला बिमा कुन्तुम् तक्सिबून (५२) व यस्तम्बिअूनक अहूक़ कुन् हुव त् ● क़ुल् अी व रब्बी' अिन्नहु लहूक़क़ुन् ज् त् ● व मा' अन्तुम् बिमुअ़्जिज़ीन (५३) ★ व लौ अन्न लिकुल्लि नफ़्सिन् ज़लमत् मा फ़िल्अर्ज़ि लफ़्तदत् बिहॅ ऽ त् व असर्रुन्नदामत लम्मा रअवुल् - अ़जाब ज् व क़ुज़िय बैनहुम् बिल्क़िस्ति व हुम् ला युज़्लमून (५४) अला' अिन्न लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त् अला' अिन्न वअ़्दल्लाहि हक़्क़ूंव लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ़्लमून (५५) हुव युह्यॅ ऽ व युमीतु व अिलैहि तुर्जअून (५६) या' अैयुहन्नासु क़द् जा'अत्कुम् मौअ़िज़तुम्-मिर्रब्बिकुम् व शिफ़ा'उल्लिमा फ़िस्सुदूरि ۵ ला व हुदौंव रह्मतुल् - लिल्मुअ्मिनीन (५७) क़ुल् बिफ़ज़्लिल्लाहि व बिरह्मतिहॅ ऽ फ़बिज़ालिक फल्यफ़्रहू त् हुव ख़ैरुम्मिम्मा यज्मअून (५८) क़ुल् अरअैतुम् मा' अन्ज़लल्लाहु लकुम् मिरिज़्क़िन् फ़जअ़ल्तुम् मिन्हु ह़रामौंव ह़लालन् त् क़ुल् आ'ल्लाहु अज़िन लकुम् अम् अ़लल्लाहि तफ़्तरून (५९) व मा ज़न्नुल्लजीन यफ़्तरून अ़लल्लाहिल् - कजिब यौमल् - क़ियामति त् अिन्नल्लाह लज़ू फ़ज़्लिन् अ़लन्नासि व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यश्कुरून (६०) ★ व मा तकूनु फ़ी शअ्निंव्व मा तत्लू मिन्हु मिन् क़ुर्आनिंव्व ला तअ़्मलून मिन् अ़मलिन् अिल्ला कुन्ना अ़लैकुम् शुहूदन् अिज् तुफ़ीज़ून फ़ीहि त् व मा यअ़्ज़ुबु अ़र्रब्बिक मिम्मिस्क़ालि ज़र्रतिन् फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़िस्समा'अि व ला' अस़ग़र मिन् ज़ालिक व ला' अक्बर अिल्ला फ़ी किताबिम् - मुबीनिन् (६१)

सो क्या जब (अ़ज़ाब) आ पड़ेगा तभी उस पर ईमान लाओगे ? (और तब कहा जायगा कि आख़िर) अब ईमान लाये ? और तुम इसी की तो जल्दी मचा रहे थे। (५१) फिर न (क़ियामत के दिन) ज़ालिमों से कहा जायगा कि अब हमेशा के लिए अ़ज़ाब (का मज़ा) चखो, (अब तुम) उन्हीं (आमालों का) बदला पा रहे हो जो तुमने (दुनिया में) कमाया है। (५२) और (ऐ पैग़म्बर !) तुमसे पूछते हैं कि जो कुछ तुम उनसे कहते हो क्या यह सच है ● ? कहो मेरे परवरदिगार की वह सौगन्ध बेशक सच है ● और तुम (बच निकलने की किसी भी जुगुत से अल्लाह को) थका (यानी आजिज़) न कर सकोगे। (५३) ★

और जिस-जिसने दुनिया में अवज्ञा की है वे (उस दर्दनाक अ़ज़ाब से) अपने छुटकारे के लिए तमाम (ख़ज़ाने) ज़मीन के जो भी उनके क़ब्ज़े में हों दे निकले (लेकिन उससे नजात कहाँ ?) और वे उस अ़ज़ाब को देख मन ही मन पछतायेंगे और लोगों में इन्साफ़ के साथ फ़ैसला किया जायगा और उन पर ज़ुल्म न होगा। (५४) (ऐ नासमझो !) याद रखो जो कुछ आसमान और ज़मीन में है अल्लाह ही का है। और याद रखो कि अल्लाह का वादा सच्चा है, मगर ज़्यादातर लोग नहीं जानते। (५५) वही जिलाता और मारता है और (क़ियामत के दिन) उसी की तरफ़ तुमको लौटकर जाना है। (५६) ऐ लोगो ! तुम्हारे पास तुम्हारे परवरदिगार की ओर से नसीहत और दिलों की बीमारियों की दवा और ईमानवालों के लिए हिदायत † और रहमत आ चुकी है (५७) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि यह (क़ुर्आन) अल्लाह की मेहरबानी और इनायत से नाज़िल हुई है और लोगों को चाहिए कि इस (अल्लाह की मेहरबानी और इनायत यानी क़ुर्आन) को पाकर ख़ुश हों कि जिन (दुनियावी फ़ायदों) को यह जमा कर रहे हैं, उनसे यह कहीं बढ़कर है। (५८) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि भला देखो तो सही, अल्लाह ने तुम पर रोज़ी उतारी अब तुम उसमें से कोई हराम और कोई हलाल ठहराने लगे। (तो इन लोगों से पूछो) क्या अल्लाह ने तुम्हें ऐसी आज्ञा दी है या उस (अल्लाह) पर झूठ मढ़ रहे हो। (५९) और जो लोग अल्लाह पर झूठ बाँधते हैं वह क़ियामत के दिन की निस्बत क्या समझते हैं ? अल्लाह तो लोगों पर (अपरम्पार) दया रखता है पर बहुतेरे शुक्रगुज़ार नहीं होते। (६०) ★

और (ऐ पैग़म्बर !) तुम किसी दशा में होते हो और क़ुर्आन में से जो भी (जब) पढ़ते हो और (लोगो !) तुम कोई भी कर्म करते हो, जब तुम उसमें लगे रहते हो (तो ऐसा कभी नहीं होता कि) हम तुम्हारे बिलकुल नज़दीक न (देख रहे) हों और तुम्हारे परवरदिगार से ज़र्रा (कण) भी छिपा नहीं रहता, न ज़मीन में और न आसमान में और ज़र्रे से छोटी या बड़ी, (ऐसी कोई चीज़ नहीं जो इस) रौशन किताब (लौह-महफ़ूज़) में न हो। (६१)

[पेज ३६१ से] जमाती लिहाज़ से उनको सम्हलने और अपने आमाल नेक करने व ग़लत काम से तौबः माँगने का समय मिलता है। एक शख़्स की ज़िन्दगी से क़ौम की ज़िन्दगी की मियाद लम्बी सैकड़ों बरस तक की होती है।

† यानी क़ुर्आन में अच्छी-अच्छी नसीहतें हैं और सच्ची-सच्ची ईमान की बातें। इनसे दिलों के रोग यानी सारे अज्ञान मिट जाते हैं।

ब. सन बी स. ★ रु. ५ / १० आ १३ ★ रु. ६ / ११ आ ७

अला अिन्न औलिया अल्लाहि ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून ज (६२) अल्लजीन आमनू व कानू यत्तक़ून त (६३) लहुमुल्बुश्रा फ़िल्हयातिद्दुन्या व फ़िल्आख़िरति त ला तब्दील लिकलिमातिल्लाहि त जालिक हुवल्फ़ौज़ुल् - अज़ीमु त (६४) व ला यह्ज़ुन्क क़ौलुहुम् म ● अिन्नल्अिज़्ज़त लिल्लाहि जमीअन् त हुवस्समीअुल्-अलीमु (६५) अला अिन्न लिल्लाहि मन् फ़िस्समावाति व मन् फ़िल्-अर्ज़ त व मा यत्तबिअुल्लजीन यद्अून मिन् दूनिल्लाहि शुरका अ त अींयत्तबिअून अिल्लज़्-ज़न्न व अिन् हुम् अिल्ला यख़्रुसून (६६) हुवल्लजी जअल लकुमुल्लैल लितस्कुनू फ़ीहि वन्नहार मुब्सिरन् त अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल् - लिक़ौमीं-यस्मअून (६७) क़ालुत्तख़जल्लाहु वलदन् सुब्हानहु त हुवल्ग़नीयु त लहु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ त अिन् अिन्दकुम् मिन् सुल्तानिम् - बिहाजा त अतक़ूलून अलल्लाहि मा ला तअ़लमून (६८) क़ुल् अिन्नल्लजीन यफ़्तरून अलल्लाहिल् - कजिब ला युफ़्लिहून त (६९) मताअुन् फ़िद्दुन्या सुम्म अिलैना मर्जिअुहुम् सुम्म नुजीक़ुहुमुल् - अ़ज़ाबश्शदीद बिमा कानू यक्फ़ुरून (७०) ★ ● वत्लु अलैहिम् नबअ नूहिन् म ● अिज़् क़ाल लिक़ौमिहि या क़ौमि अिन् कान कबुर अलैकुम् मक़ामी व तज़्कीरी बिआयातिल्लाहि फ़अलल्लाहि तवक्कल्तु फ़अज्मिअू अम्रकुम् व शुरका अ कुम् सुम्म ला यकुन् अम्रुकुम् अलैकुम् गुम्मतन् सुम्मक़ज़ू अिलैय व ला तुन्ज़िरूनि (७१) फ़अिन् तवल्लैतुम् फ़मा सअल्तुकुम् मिन् अज्रिन् त अिन् अज्रिय अिल्ला अलल्लाहि ला व अुमिर्तु अन् अकून मिनल्मुस्लिमीन (७२)

सुन रखो कि जो अल्लाह वाले हैं उनको न डर होगा और न वे उदास होंगे। (६२) (यानी वह लोग) जो ईमान लाये और डरते रहे। (६३) उनको (यहाँ) दुनिया की ज़िन्दगी में भी ख़ुशख़बरी है और आख़िरत में भी। अल्लाह की बातें बदला नहीं करतीं यही बड़ी कामयाबी है। (६४) और (ऐ पैग़म्बर!) इनकी बातों से तुम उदास न हो● यक़ीनन इज़्ज़त सब अल्लाह ही की है वह सबकुछ सुनता-जानता है। (६५) सुन रखो कि जो आसमानों में हैं और जो ज़मीन में हैं सब अल्लाह ही के (बन्दे) हैं और जो लोग अल्लाह के सिवाय (अपने ठहराये हुये) शरीकों को पुकारते हैं (ख़ुदा जाने किस चीज़ के पीछे चल रहे हैं) वह और कुछ नहीं सिर्फ़ वहम के पीछे पड़े हैं और निरी अटकलें दौड़ाते हैं। (६६) वही है जिसने तुम्हारे लिए रात को बनाया ताकि तुम उसमें आराम करो और दिन दिया ताकि तुम (उसकी रौशनी में) देखो भालो। इन में उन लोगों को निशानियाँ हैं जो सुनते हैं। (६७) (और ये ईसाई) कहते हैं कि अल्लाह ने बेटा बना रखा है। (उन बे अक़्लों से कहो कि) उसकी ज़ात पाक है, बेनियाज़ (निस्पृह) है, जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है, सब उसी का है। तुम्हारे पास इस (गढ़न्त) की कोई दलील तो है नहीं, तो क्या तुम अल्लाह के बारे में (झूठ) बोलते हो जिसमें तुमको जानकारी नहीं? (६८) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कह दो कि जो लोग अल्लाह (के नाम) पर झूठी बातें गढ़ते हैं उनको मुराद नहीं मिलती। (६९) (यह भी चिता दो कि) दुनिया को (चन्द रोज़ा) बरत लें फिर उनको हमारी ही तरफ़ लौटकर आना है, तब हम उनको सख़्त सज़ा (का मज़ा) चखा देंगे इसलिए कि वे (हमारी आयतों से) इन्कार करते थे। (७०) ★●

और (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को नूह का हाल पढ़कर सुनाओ। ● जबकि उन्होंने अपनी क़ौम से कहा कि भाइयो! अगर मेरा (सच्ची बात के ऐलान पर) खड़ा होना और अल्लाह की आयतें पढ़कर (तुमको) समझाना तुम पर भारी (असह्य) गुज़रता है तो मेरा भरोसा तो अल्लाह पर है, पस अब तुम सब मिलकर अपनी बात (भी) ठहरा लो, और अपने साथ अपने (ठहराये हुये) शरीकों को भी ले लो और तुम्हारी बात तुम (में से किसी) पर छिपी न रहे, फिर (जो कुछ तुमको मेरे ख़िलाफ़ करना है) मेरे साथ कर गुज़रो और मुझे (दम लेने की) मोहलत न दो। (७१) और अगर तुम मुँह मोड़ बैठे तो मैंने तुमसे कुछ मज़दूरी तो माँगी नहीं थी। मेरी मज़दूरी (प्रतिफल) तो बस अल्लाह ही पर है और मुझको हुक्म हुआ है कि (मैं उसका) हुक्मबरदार रहूँ। (७२)

[पिज ३७३ से] ही बाक़ी न रही तब अल्लाह का अज़ाब उन पर नाज़िल हुआ। वे बिलकुल तबाह हो गईं और उनकी जगह किसी दूसरी क़ौम ने ख़ुदापरस्त होकर तरक़्क़ी की। इन नज़ीरों (दृष्टान्तों) को देकर इन्सान को अल्लाह की राह की ओर दावत दी गई है। सूरः यूनुस के मुक़ाबले सूरः हूद में अज़ाब के डर से गुनहगारों को ज़्यादः तम्बीह दी गई है और ज़्यादः सचेत किया गया है। दुनिया की ज़िन्दगी में कुछ अधर्मियों को ऐश की ज़िन्दगी बसर करते हुये देख कर लोगों को अल्लाह के अज़ाब में शक पड़ने लगता है। सूरः में समझाया गया है कि यह तो अल्लाह का रहम है कि वह मौक़ा और ढील देता है कि लोग अपने आमाल सम्हाल लें। वरनः उसकी सज़ा तो अटल है। हज़रत मुहम्मद स० का कहना था कि सूरः हूद और उसी तरह की सूरतों ने ही उन पर बुढ़ापा ला दिया था कि वे रात दिन इस अन्देशे (आशंका) में घुले जाते थे कि कहीं ऐसा न हो कि मक्का के क़ुरैश सरकशी में ही अपनी मियाद गुज़ार दें और अल्लाह का अज़ाब चन्द ईमानवालों को छोड़ कर बाक़ी सारी क़ौम पर फट पड़े और पिछली आद समूद जैसी क़ौमों की तरह क़ुरैशों को भी नेस्तनाबूद कर दे। [पिज ३६७ पर]

फ़कज्जबूहु फ़नज्जैनाहु व मम्मअहू फ़िल्फ़ुल्कि व जअल्नाहुम् ख़लाअिफ़ व अग़्रक़्नल्लजीन कज्जबू बिआयातिना ज फ़न्जुर् कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुन्जरीन (७३) सुम्म बअस्ना मिम्बअ़्दिहि रुसुलन् अिला क़ौमिहिम् फ़जाअू हुम् बिल्बैयिनाति फ़मा कानू लियुअ्मिनू बिमा कज्जबू बिहि मिन् क़ब्लु त कजालिक नत्बअु अला क़ुलूबिल्-मुअ़्तदीन (७४) सुम्म बअस्ना मिम्बअ़्दिहिम् मूसा व हारून अिला फ़िर्औन व मलअिहि बिआयातिना फ़स्तक्बरू व कानू क़ौमम् - मुज्रिमीन (७५) फ़लम्मा जाअहुमुल् - हक़्क़ु मिन् अिन्दिना क़ालू अिन्न हाजा लसिहूरुम् - मुबीनुन् (७६) क़ाल मूसा अतक़ूलून लिल्हक़्क़ि लम्मा जाअकुम् त असिहूरुन हाजा त व ला युफ़्लिहुस् - साहिरून (७७) क़ालू अजिअ्तना लितल्फ़ितना अम्मा व जद्ना अलैहि आबाअना व तकून लकुमल्-किब्रियाअु फ़िल्अर्ज़ि त व मा नहनु लकुमा बिमुअ्मिनीन (७८) व क़ाल फ़िर्औनअ्-तूनी बिकुल्लि साहिरिन् अलीमिन् (७९) फ़लम्मा जाअस्सहरतु क़ाल लहुम् मूसा अल्क़ू मा अन्तुम् मुल्क़ून (८०) फ़लम्मा अल्क़ौ क़ाल मूसा मा जिअ्तुम् बिहि ला अ्स्सिहूरु त अिन्नल्लाह सयुब्तिलुहू त अिन्नल्लाह ला युस्लिहु अमलल्मुफ़्सिदीन (८१) व युहिक़्क़ुल्लाहुल् - हक़्क़ बिकलिमातिहि व लौ करिहल् - मुज्रिमून (८२) ★ फ़मा आमन लिमूसा अिल्ला जुर्रीयतुम् - मिन् क़ौमिहि अला ख़ौफ़िम्मिन् फ़िर्औन व मलअिहिम् अैयफ़्तिनहुम् त व अिन्न फ़िर्औन लअ़लिन् फ़िल्अर्ज़ि ज व अिन्नहु लमिनल्मुस्रिफ़ीन (८३) व क़ाल मूसा या क़ौमि अिन् कुन्तुम् आमन्तुम् बिल्लाहि फ़अ़लैहि तवक्कलू अिन् कुन्तुम् मुस्लिमीन (८४)

يونس ١٠ ١٤٣
أكون من المسلمين ﴿٧٢﴾ فكذبوه فنجيناه ومن معه في الفلك
وجعلناهم خلائف وأغرقنا الذين كذبوا بآياتنا فانظر كيف
كان عاقبة المنذرين ﴿٧٣﴾ ثم بعثنا من بعده رسلا إلى قومهم
فجاءوهم بالبينات فما كانوا ليؤمنوا بما كذبوا به من قبل
كذلك نطبع على قلوب المعتدين ﴿٧٤﴾ ثم بعثنا من بعدهم
موسى وهرون إلى فرعون وملائه بآياتنا فاستكبروا وكانوا
قوما مجرمين ﴿٧٥﴾ فلما جاءهم الحق من عندنا قالوا إن هذا
لسحر مبين ﴿٧٦﴾ قال موسى أتقولون للحق لما جاءكم أسحر
هذا ولا يفلح الساحرون ﴿٧٧﴾ قالوا أجئتنا لتلفتنا عما وجدنا
عليه آباءنا وتكون لكما الكبرياء في الأرض وما نحن لكما
بمؤمنين ﴿٧٨﴾ وقال فرعون ائتوني بكل سحار عليم ﴿٧٩﴾ فلما
جاء السحرة قال لهم موسى ألقوا ما أنتم ملقون ﴿٨٠﴾ فلما ألقوا
قال موسى ما جئتم به السحر إن الله سيبطله إن الله لا
يصلح عمل المفسدين ﴿٨١﴾ ويحق الله الحق بكلماته ولو كره
المجرمون ﴿٨٢﴾ فما آمن لموسى إلا ذرية من قومه على خوف
من فرعون وملائهم أن يفتنهم وإن فرعون لعال في
الأرض وإنه لمن المسرفين ﴿٨٣﴾ وقال موسى يا قوم إن كنتم

रू. ८ १३ आ १२

★ मंज़िल ३

फिर (इस पर भी लोगों ने) उसको (यानी नूह अ० को) झुठलाया तो हमने नूह को और जो लोग उसके साथ किश्ती में थे, उनको बचा दिया और उन्हींको ख़लीफ़ा क़ायम किया उनकी जगह पर। और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया उनको डुबो दिया। तो देखो जो लोग डराये गये (और फिर भी राह पर न आये) उनका कैसा परिणाम हुआ। † (७३) फिर नूह के बाद हमने कितने ही पैग़म्बर उनकी अपनी-अपनी जाति की तरफ़ भेजे, तो वह (पैग़म्बर) उनके पास खुली निशानियाँ लेकर आये, सो (इस पर भी) जिस चीज़ को पहले झुठला चुके थे उस पर ईमान नहीं ही लाये। इसी तरह हम ज़्यादती करनेवालों के दिलों पर मुहर लगा दिया करते हैं। (७४) फिर उनके बाद हमने मूसा और हारूँ को अपनी निशानियाँ देकर फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़ भेजा, तो वे (घमण्ड में) अकड़ बैठे और यह लोग गुनहगार थे। (७५) तो जब इनके पास हमारी तरफ़ से सच बात पहुँची, तो वह कहने लगे कि यह तो खुला जादू है। (७६) मूसा ने कहा कि जब सच बात तुम्हारे पास आई तो क्या तुम उसकी बाबत कहते हो (कि यह जादू है ?) और जादू करनेवालों का भला नहीं होता। (७७) (वह) कहने लगे क्या तुम इस मतलब से हमारे पास आये हो कि जिस (राह) पर हमने अपने बाप दादों (यानी बड़ों) को पाया उससे हमको फिरा दो और इस देश में तुम दोनों को सरदारी (हासिल) हो और हम तो तुम पर ईमान लानेवाले नहीं। (७८) और फ़िरऔन ने हुक्म दिया कि हर गुनी जादूगर को हमारे सामने लाकर हाज़िर करो। (७९) फिर जब जादूगर आ मौजूद हुए तो उनसे मूसा ने कहा कि जो तुमको (जादू) डालना मंज़ूर है डालो। (८०) तो जब उन्होंने (रस्सियों को साँप बनाकर) डाला तो मूसा ने कहा कि यह जो तुम लाये हो जादू है, (सो बेशक) अल्लाह इसको झूठ करेगा, क्योंकि अल्लाह फ़सादियों को काम सवाँरने (का मौक़ा) नहीं देता। (८१) और अल्लाह अपने हुक्म से सच को सच करता है, भले ही गुनहगारों को बुरा ही क्यों न लगे। (८२) ★

तो (इन तमाम बातों पर भी) मूसा पर कोई ईमान न लाया सिवाय उसकी क़ौम के चन्द लोग और वह भी फ़िरऔन और उसके सरदारों से डरते-डरते कि कहीं किसी आफ़त में उनको न फँसा दे और बेशक फ़िरऔन देश में बहुत बड़ाई जिता रहा था और वह हद से ज़्यादा ज़्यादती वाला था। (८३) और मूसा ने (अपनी क़ौम वालों को) समझाया कि भाइयो ! अगर तुम अल्लाह पर (दिल से) ईमान रखते हो और अगर तुम हुक्मबरदार हो तो उसी पर भरोसा रखो। (८४)

रुकू ८ । १३ आ १२

[पेज ३६५ से] सूरः हूद में इन्सानों को मिनजुमलः उसके मुसलमानों को भी चेतावनी है कि महज़ किसी क़ौम या दीन का नाम लेवा हो जाने से छुटकारा नहीं है। जो अल्लाह की राह पर अमल करेंगे वही दुनिया में सरसब्ज़ होंगे और आख़िरत (परलोक) में भी सफल होंगे। लेकिन जो सरकश होंगे उनके साथ कोई रिआयत न होगी कि वे तो फलाँ दीन या फलाँ क़ौम के लोग हैं इनको छूट मिल जाय। वे दुनिया में तबाह होंगे और उनकी जगह दूसरी क़ौम या दूसरे गिरोह को सरसब्ज़ किया जायगा और आख़िरत में भी नेककारों को जन्नत और बद किरदारों को दोज़ख़ नसीब होगा।

† ह० नूह अ० की नसीहत के बावजूद जब उनकी क़ौम कुफ्र और सरकशी पर हद पार कर गई तो अल्लाह का अज़ाब एक बड़े तूफ़ान की शक्ल में आया। ह० नूह अ० को अल्लाह के फ़ज़ल से पहले ही ख़बर हुई और उन्होंने एक नाव तैयार कर ली। ह० नूह अ० व उनके साथी ईमानवाले उस किश्ती में बैठ कर बच गये और वही उन सरकशों की जगह देश के अधिकारी हुये और सरकश सब के सब तूफ़ान में डूब गये।

फ़क़ालू अलल्लाहि तवक्कल्ना ज रब्बना ला तज्अल्ना फ़ित्नतल्लिल्-क़ौमिज्जालिमीन ला (८५) व नज्जिना बिरह्मतिक मिनल्-क़ौमिल्-काफ़िरीन (८६) व औह्ऱैना अिला मूसा व अख़ीहि अन्तबौवआ लिक़ौमि-कुमा बिमिस्र बुयूतौंवज्अलू बुयूतकुम् क़िब्लतौंव अक़ीमुस्सलात त् व बश्शिरिल्-मुअ्मिनीन (८७) व क़ाल मूसा रब्बना अिन्नक आतैत फ़िर्औन व मलअहू ज़ीनतौंव अम्वालन् फ़िल्हयातिद्दुन्या ला रब्बना लियुज़िल्लू अन् सबीलिक ज रब्बनत्मिस् अला अम्वालिहिम् वश्दुद् अला क़ुलूबिहिम् फ़ला युअ्मिनू हत्ता यरवुल्-अजाबल्-अलीम (८८) क़ाल क़द् अुजीबद्ऽवतु-कुमा फ़स्तक़ीमा व ला तत्तबिआन्नि सबीलल्लजीन ला यऽलमून (८९) व जावज़्ना बिबनी अिस्रा'ईलल्-बह्र फ़अत्बअहुम् फ़िर्औनु व जुनूदुहू बग़्यौंव अद्वन् त् हत्ता अिजा अद्रकहुल्-ग़रक़ु ला क़ाल आमन्तु अन्नहू ला अिलाह अिल्लल्लजी आमनत् बिहत् बनू अिस्रा'ईल व अना मिनल्-मुस्लिमीन (९०) आल्आन व क़द् अ़स़ैत क़ब्लु व कुन्त मिनल्-मुफ़्सिदीन (९१) फ़ल्यौम नुनज्जीक बिबदनिक लितकून लिमन् ख़ल्फ़क आयतन् त् व अिन्न कसीरम्-मिनन्नासि अन् आयातिना लग़ाफ़िलून (९२) ★ व लक़द् बौवअ्ना बनी अिस्रा'ईल मुबौवअ सिद्क़िव्व रज़क़्नाहुम् मिनत्तैयिबाति ज फ़मख़्तलफ़ू हत्ता जा'अहुमुल्-अिल्मु त् अिन्न रब्बक यक़ज़ी बैनहुम् यौमल्-क़ियामति फ़ीमा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (९३) फ़अिन् कुन्त फ़ी शक्किम्-मिम्मा अन्ज़ल्ना अिलैक फ़स्अलिल्लजीन यक़्रअूनल्-किताब मिन् क़बलिक ज लक़द् जा'अकल्-हक़्क़ु मिर्रब्बिक फ़ला तकूनन्न मिनल्मुम्तरीन ला (९४)

★ रु. ६ १४ आ १०

इस पर उन्होंने जवाब दिया कि (बेशक) हमने अल्लाह ही पर भरोसा किया। ऐ परवरदिगार ! हम पर इस ज़ालिम क़ौम (फ़िरऔन) का ज़ोर न आज़मा। (८५) और अपनी कृपा से हमको (इस) काफ़िर क़ौम से बचा। (८६) और हमने मूसा और उसके भाई (हारून) की तरफ़ हुक्म भेजा कि अपनी क़ौम के लोगों के लिए मिसर में घर बना लो और अपने घरों को क़िबला (यानी मसजिदें) क़रार दो § और नमाज़ क़ायम करो और ईमानवालों को खुशख़बरी सुना दो। (८७) और मूसा ने दुआ माँगी कि ऐ हमारे परवरदिगार ! तूने फ़िरऔन और उसके सरदारों को संसार के जीवन में रौनक़ (शान शौक़त) व माल दे रखा है और ऐ परवरदिगार ! यह इसलिए (दिये हैं) कि वह तेरे रास्ते से (लोगों को रोकें और) भटकावें, तो ऐ परवरदिगार ! इनकी सम्पदा को मिटा दे और इनके दिलों को कठोर कर दे कि उनको ईमान लाना नसीब ही न हो और दुखदाई अज़ाब को (आख़िर अपनी आखों) देखें। (८८) (अल्लाह ने) फ़र्माया तुम्हारी दुआ क़बूल हुई तो तुम दोनों (अपनी राह पर) जमे रहो और उन लोगों के रास्ते मत चलना जो अनजान (अज्ञानी) हैं। (८९) और हमने इसराईल की औलाद को दरया के पार उतार दिया फिर फ़िरऔन और उसके लश्करियों ने ज़्यादती और दुश्मनी से उनका पीछा किया, यहाँ तक (नौबत आई) कि जब फ़िरऔन (अपने लश्कर सहित) डूबने लगा तब बोला कि मैं ईमान लाया कि जिस पर इसराईल के बेटे ईमान लाये हैं कि उसके सिवाय कोई और पूजित नहीं और मैं अब आज्ञाकारियों में हूँ। (९०) (इसका जवाब मिला कि) अब (तू) यों बोला और पहले (बराबर) हुक्म के ख़िलाफ़ करता रहा और हमेशा फ़सादियों में रहा। (९१) तो आज तेरे शरीर को हम (दरया में नष्ट हो जाने से) बचादेंगे कि जो लोग तेरे बाद आनेवाले हैं उनके लिए (तेरी लाश तेरे आमाल और उनकी सज़ा की याद दिलाने के लिए) नसीहत हो। और बेशक बहुत से लोग हमारी निशानियों से ग़ाफ़िल रहते हैं। (९२) ★

और हमने इसराईल की औलाद को एक बहुत उम्दः जगह दी और उनको सुथरे पदार्थ खाने को दिये और (इसको शुक्र मान कर बजाय ईमान पर जमे रहने के) उन्होंने विरोध पैदा किया जबकि उन पर इल्म पहुँच चुका था। तो यह लोग जिन-जिन बातों में भेद डालते रहते थे तुम्हारा पालनकर्त्ता क़ियामत के दिन उन (भेदों) का फ़ैसला कर देगा। (९३) (तो ऐ पैग़म्बर ! यह क़ुर्आन) जो हमने तुम्हारी तरफ़ उतारा है अगर इसकी बाबत तुमको किसी क़िस्म का सन्देह हो तो तुमसे पहले जो लोग (तौरेत वग़ैरः) किताबों को पढ़ते रहे हैं उनसे पूछ देखो, कुछ सन्देह नहीं कि तुम पर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ (सत्य) प्रकट हुआ है, तो (कभी) सन्देह करनेवालों में न होना। (९४) ★ रू. ९ — १८ आ १०

§ चूँकि फ़िरऔनों की सख्ती की बजह से सरे आम मसजिद व नमाज़ क़ायम करने में दुश्वारी थी इस लिए अपने घरों को ही मसजिद मान कर नमाज़ क़ायम करने का हुक्म हुआ।

व ला तकूनन्न मिनल्लजीन कज्जबू बिआयातिल्लाहि फ़तकून मिनल्ख़ासिरीन (९५) अिन्नल्लजीन हूक़्क़त् अलैहिम् कलिमतु रब्बिक ला युअ्मिनून ला (९६) व लौ जा'अत्हुम् कुल्लु आयत्निन् हूत्ता यरवुल् - अजाबल्-अलीम (९७) फ़लौ ला कानत् क़र्यत्नुन् आमनत् फ़नफ़अहा' अीमानुहा' अिल्ला क़ौम यूनुस त् लम्मा' आमनू कशफ़्ना अन्हुम् अजाबल्-ख़िज़्यि फ़िल् - हयात्निद्दुन्या व मत्तअ़्नाहुम् अिलाहीनिन् (९८) व लौ शा'अ रब्बुक लआमन मन् फ़िल्अर्ज़ कुल्लुहुम् जमीअन् त् अफ़अन्त तुक्रिहुन्नास हूत्ता यकूनू मुअ्मिनीन (९९) व मा कान लिनफ़्सिन् अन् तुअ्मिन अिल्ला बिअिज़्निल्लाहि त् व यज्अलुर्रिज्स अल्लल्जीन ला यअ़्क़िलून (१००) क़ुलिन्जुरू मा जा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ त् व मा तुग़्निल् - आयातु वन्नुजुरु अन् क़ौमिल्-ला युअ्मिनून (१०१) फ़हल् यन्तज़िरून अिल्ला मिस्ल अैयामिल्लजीन ख़लौ मिन् क़ब्लिहिम् त् क़ुल् फ़न्तज़िरू' अिन्नी मअकुम् मिनल् - मुन्तज़िरीन (१०२) सुम्म नुनज्जी रुसुलना वल्लजीन आमनू कजालिक ज् हूक़्क़न् अलैना नुन्जिल्-मुअ्मिनीन (१०३) ★ क़ुल् या' अैयुहन्नासु अिन् कुन्तुम् फ़ी शक्किम् - मिन् दीनी फ़ला' अअ़्बुदुल्लजीन तअ़्बुदून मिन् दूनिल्लाहि व लाकिन् अअ़्बुदुल्लाहल्लजी यतवफ़्फ़ाकुम् ज् सला व अुमिर्तु अन् अकून मिनल् - मुअ्मिनीन ला (१०४) व अन् अक़िम् वज्हक लिद्दीनि हूनीफ़न् ज् व ला तकूनन्न मिनल् - मुशूरिकीन (१०५)

يونس ١٠ ١٧٥ يعتذرون
انزلنا اليك فسئل الذين يقرءون الكتب من قبلك لقد جاءك
الحق من ربك فلا تكونن من الممترين ﴿٩٤﴾ ولا تكونن من
الذين كذبوا بايت الله فتكون من الخسرين ﴿٩٥﴾ ان الذين
حقت عليهم كلمت ربك لا يؤمنون ﴿٩٦﴾ ولو جاءتهم كل
اية حتى يروا العذاب الاليم ﴿٩٧﴾ فلولا كانت قرية امنت
فنفعها ايمانها الا قوم يونس لما امنوا كشفنا عنهم عذاب
الخزي في الحيوة الدنيا ومتعنهم الى حين ﴿٩٨﴾ ولو شاء ربك
لامن من في الارض كلهم جميعا افانت تكره الناس حتى
يكونوا مؤمنين ﴿٩٩﴾ وما كان لنفس ان تؤمن الا باذن
الله ويجعل الرجس على الذين لا يعقلون ﴿١٠٠﴾ قل انظروا
ماذا في السموت والارض وما تغني الايت والنذر عن
قوم لا يؤمنون ﴿١٠١﴾ فهل ينتظرون الا مثل ايام الذين
خلوا من قبلهم قل فانتظروا اني معكم من المنتظرين ﴿١٠٢﴾
ثم ننجي رسلنا والذين امنوا كذلك حقا علينا ننج المؤمنين ﴿١٠٣﴾
قل يايها الناس ان كنتم في شك من ديني فلا اعبد الذين
تعبدون من دون الله ولكن اعبد الله الذي يتوفىكم وامرت
ان اكون من المؤمنين ﴿١٠٤﴾ وان اقم وجهك للدين
منزل

★ रू. १०—१५ आ ११

और न उन लोगों में होना जिन्होंने अल्लाह की आयतों को झुठलाया, कि तुम भी नुक़सान उठाने वालों में हो जाओ। (९५) (ऐ पैग़म्बर !) जिन पर परवरदिगार का (अ़ज़ाब का) हुक्म तै पा चुका है वे (हरगिज़) ईमान न लावेंगे। (९६) यहाँ तक कि (उस) दुखदाई सज़ा को न देख लेंगे चाहे उनके पास सारी निशानियाँ क्यों न आ मौजूद हों। (९७) और यूनुस की जाति के सिवाय और कोई बस्ती ऐसी क्यों न हुई कि ईमान ले आती और उनका ईमान लाना उनके काम आता। तो जब (यूनुस की क़ौम वाले) ईमान ले आये तो हमने दुनिया की ज़िन्दगी में उनको ज़िल्लत की सज़ा से मुक्त कर दिया और उनको एक वक़्त तक (ख़ुशहाल) रहने दिया §। (९८) और ऐ पैग़म्बर ! अगर तुम्हारा परवरदिगार चाहता तो जितने आदमी ज़मीन की सतह पर हैं सबके सब ईमान ले आते। तो अब क्या तुम (हस्ती रखते हो कि) लोगों को मजबूर करो कि वह ईमान ले आवें। (९९) और किसी शख़्स के हक़ में नहीं है कि बिना हुक्म अल्लाह के ईमान ले आवे। और वह उन लोगों पर गन्दगी† डालता है जो बुद्धि से काम नहीं लेते। (१००) (उनसे) कहो कि देखो तो यह क्या कुछ (क़ुदरत अल्लाह की) है आसमानों और ज़मीन में। लेकिन निशानियाँ और डर उन लोगों का कोई भला नहीं करते जो ईमान नहीं रखते। (१०१) तो क्या वैसे ही (गर्दिश के) दिनों की राह देखते हैं जैसे इनसे पहले के लोगों पर आ चुके हैं। तो (ऐ पैग़म्बर !) इन लोगों से कह दो कि तुम भी (उस अ़ज़ाब का) इंतज़ार करो, मैं भी तुम्हारे साथ इंतज़ार करनेवालों में हूँ। (१०२) फिर (अ़ज़ाब की मार उतरने के समय) हम अपने पैग़म्बरों को बचा लेते हैं और इसी तरह उन लोगों को भी जो ईमान लाये; हमने अपने ज़िम्मे लाज़िम कर लिया है कि ईमानवालों को बचालें। (१०३) ★ रु. १०—१५ आ ११

(ऐ पैग़म्बर !) इन लोगों से कहो कि ऐ लोगो ! अगर मेरे दीन के सम्बन्ध में तुम सन्देह में हो तो (जाने रहो) अल्लाह के सिवाय तुम जिनकी पूजा करते हो, मैं तो उनको पूजने से रहा, बल्कि मैं तो अल्लाह ही को पूजता हूँ जो कि तुम्हारी रूह को खींच लेता है (यानी जिसके हाथ में तुम्हारी ज़िन्दगी - मौत है) और मुझको हुक्म दिया गया है कि मैं ईमान वालों में रहूँ। (१०४) और यह कि (और सब तरफ़ से हट कर) दीन की तरफ़ ही अपना रुख़ रखो और मुशरिकों (बहुदेव-पूजकों) में हरगिज़ न होना। (१०५)

§ दजला नदी के किनारे नैनुआ एक पुराने राज्य का केन्द्र (मरकज़) था। यहाँ के लोग भी जब तरक़्क़ी की पूरी ऊँचाई पर पहुँचे तो घमण्डी और सरकश हो गये जैसे कि और तरक़्क़ी वाली क़ौमें हो जाया करती हैं और उन्हीं की तरह इन पर भी अ़ज़ाब नाज़िल होने को था। लेकिन इनके नबी यूनुस अ० के ज़रिये इन पर अल्लाह के हुक्म पहुँचे और यूनुस अ० की क़ौम की तरह बजाय सरकशी करने के तौबः मान ली इस लिए इनका अ़ज़ाब माफ़ कर दिया गया और फिर एक मुद्दत तक ये ख़ुश व ख़ुर्रम आबाद रहे। † गन्दगी से मतलब है कुफ़्र, शिर्क और गन्दे विचार।

व ला तद्अु मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अुक व ला यज़ुर्रुक ज् फ़अिन् फ़अ़ल्त फ़अिन्नक अिजम् - मिनज्ज़ालिमीन (१०६) व अींयम्सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन् फ़ला काशिफ़ लहू अिल्ला हुव ज् व अींयुरिद्क बिख़ैरिन् फ़ला राद्द लिफ़ज़्लिहि त् युसीबु बिहि मैंयशा अु मिन् अिबादिहि त् व हुवल् ग़फ़ूरुर्रहीमु (१०७) क़ुल् या अैयुहन्नासु क़द् जा अकुमुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिकुम् ज् फ़मनिह्तदा फ़अिन्नमा यह्तदी लिनफ़्सिहि ज् व मन् ज़ल्ल फ़अिन्नमा यज़िल्लु अलैहा ज् व मा अना अलैकुम् बिवकीलिन् त् (१०८) वत्तबिअ् मा यूहा अिलैक वस्बिर् हत्ता यहूकुमल्लाहु ज् स़ला व हुव ख़ैरुल्हाकिमीन (१०९) ★

★ रु. ११/१६ आ. ६

✪ ११ सूरः हूद ५२ ✪

(मक्की) इस सूरः में ७६२४ हुरूफ़ १६३६ शब्द १२३ आयात और १० रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि •

अलिफ़् लाम रा क़िफ़ किताबुन् अुह्किमत् आयातुहू सुम्म फ़ुस्सिलत् मिल्लदुन् हकीमिन् ख़बीरिन् ला (१) अल्ला तअ़्बुदू अिल्लल्लाह त् अिन्ननी लकुम् मिन्हु नज़ीरूंव बशीरुन् ला (२) व अनिस्तग़्फ़िरू रब्बकुम् सुम्म तूबू अिलैहि युमत्तिअ़्कुम् मताअन् हसनन् अिला अजलिम् - मुसम्मौंव युअ्ति कुल्ल जी फ़ज़्लिन् फ़ज़्लहू त् व अिन् तवल्लौ फ़अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ाब यौमिन् कबीरिन् (३) अिलल्लाहि मर्जिअुकुम् ज् व हुव अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (४) अला अिन्नहुम् यस्नूना सुदूरहुम् लियस्तख़्फ़ू मिन्हु त् अला हीन यस्तग़्शून सिया बहुम् ला यअ़्लमु मा युसिर्रून व मा युअ़्लिनून ज् अिन्नहू अलीमुम् - बिजातिस्सुदूरि (५)

॥ इति ग्यारहवाँ पारः ॥

और अल्लाह के सिवाय किसी को न पुकारना कि वह तुमको न तो लाभ ही पहुँचा सकता है और न नुक़सान ही (पहुँचा सकता है) और अगर तुमने ऐसा किया तो उसी वक़्त तुम भी ज़ालिमों में हो जाओगे। (१०६) और अगर अल्लाह तुमको कोई कष्ट पहुँचावे तो उसके सिवाय कोई उसका दूर करनेवाला नहीं और अगर किसी क़िस्म की भलाई (पहुँचाना) चाहे तो कोई उसकी कृपा को उलटने वाला नहीं। अपने बन्दों में से जिस पर चाहे कृपा करे और वही बड़ा क्षमा करने वाला बेहद मेहरबान है। (१०७) (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि लोगो! सच बात तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारे पास आ चुकी। अब जो कोई राह अपनायेगा वह अपने भले के लिए राह अपनायेगा और जो कोई गुमराह हो तो वह गुमराह होगा अपने बुरे के लिए और मैं तुम्हारा कोई (जवाबदेह) ज़िम्मेदार नहीं हूँ। (१०८) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारी तरफ़ जो हुक्म भेजा है उसी पर चले जाओ और उसी पर जमे रहो यहाँ तक कि अल्लाह फ़ैसला कर दे और वह सब से बेहतर फ़ैसला करनेवाला है। (१०९) ★

रु. ११ — १६ आ ६

۞ ११ सूरः हूद ५२ ۞

(मक्की) इसमें अरबी के ७६२४ हरफ़, १६३६ शब्द, १२३ आयतें और १० रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

(शुरू) अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-ला-म-रा। यह (क़ुर्आन) एक किताब है जिसकी आयतें पक्की हैं और हिकमतवाले और ख़बरदार अल्लाह की ओर से साफ़-साफ़ बयान की गयी हैं।(१) कि (लोगो!) अल्लाह के सिवाय किसी की अिबादत मत करो। मैं उसी की ओर से तुमको डराता और ख़ुशख़बरी सुनाता हूँ। (२) और यह कि अपने परवरदिगार से माफ़ी माँगो और उसी के सामने तौबः करो, तो वह तुमको एक नियत समय तक (दुनिया में) सुख से गुज़र करायेगा और हर फ़ज़ल वाले (कृपा पात्र) को (उसके हक़ के मुताबिक़) अपना फ़ज़ल इनायत करेगा और अगर (अल्लाह से विमुख यानी) मुँह मोड़ोगे तो (मुझको) तुम्हारी बाबत (क़ियामत के) बड़े दिन की सज़ा का डर है। (३) (आख़िर) तुमको अल्लाह ही की तरफ़ लौटकर जाना है और वह हर चीज़ पर क़ादिर (समर्थ) है। (४) (ऐ पैग़म्बर!) सुनो कि यह अपने सीनों को दुहरा किये डालते हैं ताकि (उनके दिलों की बातें) अल्लाह से छिपी रहें। (लेकिन ऐ नबी!) सुन रखो कि जब वह अपने कपड़े ओढ़ते हैं (उस समय भी) अल्लाह उनकी सारी ख़ुफ़िया और ज़ाहिरा बातों से ख़बरदार है। वह तो दिलों के अन्दर तक की बातें जाननेवाला है। (५)

॥ इति ग्यारहवाँ पारः ॥

---

* सूरः हूद के नाज़िल (अवतरित) होने का भी वही समय है जो रसूल स० के मक्का के अन्तिम काल में सूरः यूनुस के नाज़िल होने का है। इस सूरत का नाम क़ौम आद की ओर भेजे गये अल्लाह के पैग़म्बर हज़रत हूद अ० के नाम पर है जिनकी चर्चा आयत ५० में है। क़ौम आद और दूसरी बहुत सी तरक़्क़ी वाली क़ौमों का ज़िक्र है कि जब इन्हीं अल्लाह से इनाम और बख़्शीश पायी हुई शानदार क़ौमों ने अल्लाह और उसके नबियों के हुक्मों को टाला और वे शिर्क यानी अल्लाह के अलावा दूसरों को पूजने के गुनाह व कुफ़्र (अधर्म) में ऐसा फँस गईं कि ख़ुदाई किताबों और नबियों की हिदायतों व नसीहतों पर वापस आने की नौबत [पिज ३६५ पर]

✪✪ बारहवाँ पारः वमामिन्दाब्बत्तिन् ✪✪

✪ सूरः हूद आयात ६ से १२३ ✪

व मा मिन् दाब्बत्तिन् फ़िल्अर्ज़ि अिल्ला अ़लल्लाहि रिज़्क़ुहा व यअ़्लमु मुस्तक़र्रहा व मुस्तौदअ़हा त् कुल्लुन् फ़ी किताबिम् - मुबीनिन् (६) व हुवल्लज़ी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ फ़ी सित्तति अैयामिंव्व कान अ़र्शुहू अ़लल्माअि लियब्लुवकुम् अैयुकुम् अह्सनु अ़मलन् त् व लअिन् क़ुल्त अिन्नकुम् मब्अूसूना मिम्बअ़्दिल्-मौति लयक़ूलन्नल्-लज़ीन कफ़रू अिन् हाज़ा अिल्ला सिह्रुम्मुबीनुन् (७) व लअिन् अख़्ख़र्ना अ़न्हुमुल्-अ़ज़ाब अिला उम्मतिम् - मअ़्दूदतिल् - लयक़ूलुन्न मा यह्बिसुहु त् अला यौम यअ्तीहिम् लैस मस्रूफ़न् अ़न्हुम् व ह़ाक़ बिहिम् मा कानू बिहत्ति यस्तह्ज़िअून (८) ★ व लअिन् अज़क़्नल् - अिन्सान मिन्ना रह्मतन् सुम्म नज़अ़्नाहा मिन्हु ज् अिन्नहू लयअूसुन् कफ़ूरुन् (९) व लअिन् अज़क़्नाहु नअ़्मा अ बअ़्द ज़र्रा अ मस्सत्हु लयक़ूलन्न जहबस्सैयिआतु अ़न्नी त् अिन्नहू लफ़रिहुन् फ़ख़ूरुन् ला (१०) अिल्लल्लज़ीन सबरू व अ़मिलुस्सालिह़ाति त् उला अिक लहुम् मग़्फ़िरतुंव अज्रुन् कबीरुन् (११) फ़लअ़ल्लक तारिकुम्बअ़्ज़ मा यूह़ा अिलैक व ज़ाअिक़ुम्-बिहत्ति सद्रुक अैयक़ूलू लौला उन्ज़िल अ़लैहि कन्ज़ुन् औजा अ मअ़ह़ू मलकुन् त् अिन्नमा अन्त नज़ीरुन त् वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैअिव्वकीलुन् त् (१२) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु त् क़ुल् फ़अ्तू बिअ़श्रि सुवरिम्-मिस्लिहत्ति मुफ़्तरयातिंव्वद्अू मनिस्-तत्अ़्तुम् मिन् दूनिल्लाहि अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१३) फ़अिल्लम् यस्तजीबू लकुम् फ़अ़्लमू अन्नमा उन्ज़िल बिअ़िल्मिल्लाहि व अल्ला अिलाह अिल्ला हुव ज् फ़ह्ल् अन्तुम् मुस्लिमून (१४)

✪✪ बारहवाँ पारः (वमामिन्दाब्बतिन्) ✪✪

✪ सूरः हूद आयात ६ से १२३ ✪

और जितने ज़मीन में चलते-फिरते (जीव) हैं उनकी रोज़ी अल्लाह ही के ज़िम्मे है और वही उनके ठिकाने को और उनकी सौंपे जाने की जगह को जानता है। † सब कुछ खुली किताब (यानी लौह महफ़ूज़) में दर्ज है।(६) और वही है जिसने आसमानों और ज़मीन को ६ दिन में बनाया§ और उसका तख़्त (किब्रियाई) पानी पर था (तो उसने तुमको इस लिए बनाया) ताकि तुम लोगों को जाँचे कि तुममें किसके कर्म अच्छे हैं। और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम (इन लोगों से) कहो कि मरने के बाद (फिर) तुम उठाकर खड़े किये जाओगे तो जो लोग इन्कारी हैं ज़रूर कहेंगे कि यह तो खुला जादू है। (७) और अगर हम अज़ाब को इन (पर पड़ने) से गिनती के चन्द रोज़ तक रोके रहें तो (अज़ाब की हंसी उड़ाते हुये) कहें कि कौन-सी चीज़ सज़ा को रोक रही है। सुनो जी, जिस दिन सज़ा इन पर आ पहुँचे गी इनपर से किसी के टाले टलनेवाली नहीं और जिस (अज़ाब) की यह लोग हँसी उड़ा रहे हैं, वह इनको घेर लेगा। (८) ★

और अगर हम मनुष्य को अपनी मेहरबानी (का स्वाद) चखा दें, फिर उसको उससे छीन लें, तो वह नाउम्मीद और नाशुक्र होता है। (९) और अगर उसको कोई तकलीफ़ पहुँची हो और उसके बाद उसको आराम (का मज़ा) चखावें तो कहने लगता है कि मुझसे सब बुराइयाँ दूर हो गईं और वह बहुत ही खुश हो हो कर (अपनी) बड़ाइयाँ हाँकने लगता है। (१०) मगर जो लोग सब्र करते हैं और नेक काम करते हैं यही हैं जिनके लिए (दुनिया में किये गुनाहों की) बख़्शीश और (आख़िरत में) बड़ा सवाब है। (११) तो कहीं जो हुक्म तुम पर भेजा जाता है, तुम उसमें से कुछ छोड़ न दो और तुम्हारा जी इस बात पर तंग हो कि वे कहते हैं कि इस शख़्स पर कोई ख़ज़ाना @ क्यों नहीं उतरा या उसके साथ कोई फ़रिश्ता क्यों नहीं आया। सो (ऐ नबी!) तुम (तो सिर्फ़) डरानेवाले हो और ज़िम्मे तो हर चीज़ अल्लाह ही के है। (१२) (ऐ पैग़म्बर!) क्या (काफ़िर) कहते हैं कि (तुमने) क़ुर्आन को अपने दिल से गढ़ लिया है, तो इनसे कहो कि अगर (अपने इस कहने में) तुम सच्चे हो तो तुम (भी) इसी तरह की दस सूरतें गढ़ लाओ और अल्लाह के सिवाय जिसको तुमसे बुलाते बन पड़े बुला लो (कि तुम्हारे लिए ऐसी सूरतें गढ़ दें)। (१३) पस अगर (काफ़िर) तुम्हारा कहना न कर सकें (और वह ऐसा कर सकेंगे भी नहीं, तो उनसे कहो कि अच्छी तरह अब) जान लो कि यह (क़ुर्आन) अल्लाह ही के अिल्म से उतरा है और यह कि उसके सिवाय किसी की पूजा नहीं करनी चाहिए, तो क्या अब तुम (अल्लाह का) हुक्म मानने को तैयार हो! (१४)

रू. १।१ आ ८

† ठहरना दुनिया मे और सौंपे जाना जैसे मरने के बाद क़ब्र में एक मियाद तक के लिए जब कि क़ियामत में वे दुबारा ज़िन्दः उठा खड़े किये जायें गे। यह सब अल्लाह को एक-एक की ख़बर है। § ६ दिन में सृष्टि बनाई। यह दिन हम इन्सानों जैसे दिन नहीं। सूरः हज्ज आयत ४७ में ज़िक्र है कि हमारे हज़ार साल के बराबर एक दिन अल्लाह की नज़र में है। कहीं ५० हज़ार का ज़िक्र भी है। मतलब ६ युग ऐसे बीते जिनमें दुनिया का विकास (Evolution) होते होते यह मौजूदः शकल आई। (अ. यू) @ इन्कारी कहते थे कि मुहम्मद रसूल हैं तो इनके पास अधिक धन होना चाहिए या इनके साथ एक फ़रिश्ता निरंतर चलना चाहिए जो इनके रसूल होने की निशानी हो। इन बातों से मुहम्मद साहब स० को बड़ा दुःख होता था। इन आयतों में यह बताया गया है कि नबी को इससे तंग न होना चाहिये न उसके लिए इस आडम्बर की ज़रूरत है।

मन् कान युरीदुल् - ह़यातद्दुन्या व ज़ीनतहा नुवफ़्फ़िल् अिलैहिम् अड़्मालहुम् फ़ीहा व हुम् फ़ीहा ला युब्ख़सून (१५) अुला अिकल्लजीन लैस लहुम् फ़िल्आख़िरति अिल्लन्नारु ज् सला व ह़बित मा सनअू फ़ीहा व बातिलुम्मा कानू यड़्मलून (१६) अफ़मन् कान अला बैयिनतिम् - मिर्रब्बिहि व यत्लूहु शाहिदुम् - मिन्हु व मिन् क़ब्लिहि किताबु मूसा अिमामौंव रह़्मतन् त् अुला अिक युअ्मिनून बिहि त् व मैंयक्फ़ुर् बिहि मिनल् - अह़्ज़ाबि फ़न्नारु मौअिदुहु ज् फ़ला-तकु फ़ी मिर्यतिम् - मिन्हु क् अिन्नहुल्-ह़क़्क़ु मिर्रब्बिक व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला युअ्मिनून (१७) व मन् अज़्लमु मिम्-मनिफ़्तरा अलल्लाहि कजिबन् त् अुला अिक युड़रज़ून अला रब्बिहिम् व यक़ूलुल् - अश्हादु हा अुला अिल्-लजीन कजबू अला रब्बिहिम् ज् अला लड़्नतुल्लाहि अलज्जालिमीन ला (१८) अल्लजीन यसुद्दून अन् सबी-लिल्लाहि व यब्ग़ूनहा अिवजन् त् व हुम् बिल्आख़िरति हुम् काफ़िरून (१९) अुला अिक लम् यकूनू मुअ्जिज़ीन फ़िल्अर्ज़ि व मा कान लहुम् मिन् दूनिल्लाहि मिन् औलिया अ म युज़ाअ्फ़ु लहुमुल् - अ़ज़ाबु त् मा कानू यस्ततीअूनस्समअ व मा कानू युब्सिरून (२०) अुला अिकल्लजीन ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (२१) ला जरम अन्नहुम् फ़िल्आख़िरति हुमुल्-अख़्सरून (२२) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व अख़्बतू अिला रब्बिहिम् ला अुला अिक अस़्ह़ाबुल् - जन्नति ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२३) मसलुल् - फ़रीक़ैनि कल् - अड़्मा वल्-असम्मि वल्बसीरि वस्समीअि त् हल् यस्तवियानि मसलन् त् अफ़ला तजक्करून (२४) व लक़द् अर्सल्ना नूहन् अिला क़ौमिहि ज् अिन्नी लकुम् नजीरुम् - मुबीनुन् ला (२५)

ब. ला जि म

जिनकी ख़्वाहिश दुनिया की ज़िन्दगी और दुनिया की रौनक़ चाहना है, हम उनके काम का बदला इसी (दुनिया) में उनको (पूरा-पूरा) भर देते हैं और वह इस (दुनिया की ज़िन्दगी) में घाटे में नहीं रहते।(१५) यही वह लोग हैं जिनके लिए आख़िरत में (दोज़ख़ की) आग के सिवाय और कुछ नहीं और जो काम इस (दुनिया) में इन लोगों ने किये, गये-गुज़रे हुए और इनका किया-धरा बेकार हुआ। (१६) भला जो अपने परवरदिगार के खुले रास्ते पर हों और उनके पास उसकी ओर से गवाही (भी) पहुँची हो § और उससे (यानी क़ुर्आन से) पहले मूसा की किताब (तौरात भी) राह दिखानेवाली और मेहरबानी (के रूप में) मौजूद हो तो वही लोग उस पर ईमान लाते हैं। और फिर्क़ों में से जो कोई इस (क़ुर्आन) से मुन्किर (विमुख) हों तो उनके वादे की जगह (दोज़ख़ की) आग है, तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम इस (क़ुर्आन) की तरफ़ से शक में न रहना। इसमें कुछ संदेह नहीं कि वह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ (सच्चा) है लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (१७) और जो अल्लाह (के नाम) पर झूठ गढ़े उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है? यह लोग अपने परवरदिगार के सामने पेश किये जावेंगे और गवाह गवाही देंगे कि यही हैं जिन्होंने अपने परवरदिगार पर झूठ बोला था। सुन रखो कि ज़ालिमों पर अल्लाह की लानत है। (१८) जो अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं और उसमें कजी (याने राह से बेराह वाली बातें) खोजते रहते हैं तो यही हैं जो आख़िरत (के सामना होने) से भी इन्कार करते हैं। (१९) यह लोग न दुनिया ही में अल्लाह को थका (कर अपने को बचा) सकेंगे और न अल्लाह के सिवाय इनका कोई हिमायती (आख़िरत में ही) खड़ा होगा। ● (ऐ पैग़म्बर!) इनको दोहरी सज़ा होगी, क्योंकि (इनका कुफ़्र इस क़दर बढ़ा था कि हमारा पैग़ाम) न ये लोग सुन सकते थे और न देख सकते थे। (२०) यही लोग हैं जिन्होंने आप अपने को घाटे में डाला और झूठ जो बाँधते थे वह सब इनसे गया गुज़रा हो गया। (२१) ज़रूर यही लोग आख़िरत में सबसे ज़्यादा घाटे में होंगे। (२२) अलबत्ता जो लोग ईमान लाये और अच्छे काम किये और अपने परवरदिगार के आगे बिनती करते रहे, यही जन्नत में रहनेवाले हैं कि यह उस (जन्नत) में हमेशा रहेंगे। (२३) (इन) दोनो फ़िर्क़ों की मिसाल ऐसी है कि एक अन्धा और बहरा और एक देखने-सुनने वाला। क्या इन दोनों का हाल एकसा हो सकता है? फिर क्या तुम ध्यान नहीं करते †? (२४) ★

और (ऐसे ही हालात थे जब) हमने नूह को उनकी जाति की ओर भेजा था। (उन्होंने कहा) कि मैं तुमको साफ़-साफ़ डर सुनाने आया हूँ। (२५)

§ गवाही पहुँची है याने दिल में इस दीन का नूर और मज़ा पाता है और क़ुर्आन की तिलावत व हिदायत। † काफ़िर अन्धों की तरह हैं कि अल्लाह की निशानियाँ नहीं देखते और बहरों की तरह हैं कि रसूल की बातें नहीं सुनते और ईमानवाले आँख और कान वाले हैं कि अल्लाह की निशानियों को देखते हैं और रसूल की बातों पर कान धरते हैं।

ब. ला ज़िम ★ रु. २।२ आ १६

अल्ला तअ़बुदू अिल्लल्लाह त़ अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अ़जाब यौमिन् अलीमिन् (२६) फ़क़ालल्-मलअुल्लजीन कफ़रू मिन् क़ौमिहत़ मा नराक अिल्ला बशरम्-मिस्लना व मा नराकत्-तबअ़क अिल्लल्लजीन हुम् अराजिलुना बादियर्रअ़यि ज़ व मा नरा लकुम् अलैना मिन् फ़ज़्लिम्-बल् नज़ुन्नुकुम् काजिबीन (२७) क़ाल या क़ौमि अरअैतुम् अिन् कुन्तु अला बैयिनतिम्-मिर्रब्बी व आतानी रह़मतम् - मिन् अिन्दिहत़ फ़अुम्मियत् अलैकुम् त़ अ-नुल्ज़िमुकुमू-हा व अन्तुम् लहा कारिहून (२८) व या क़ौमि ला अस्अलुकुम् अलैहि मा लन् त़ अिन् अज्रिय अिल्ला अल्लाहि व मा अना बित़ारिदिल्लजीन आमनू त़ अिन्नहुम् मुलाक़ू रब्बिहिम् व लाकिन्नी अराकुम् क़ौमन् तज्हलून (२९) व या क़ौमि मैंयन्सुरुनी मिनल्लाहि अिन् त़रत्तुहुम् त़ अफ़ला तजक्करून (३०) व ला अक़ूलु लकुम् अिन्दी ख़ज़ाअिनुल्लाहि व ला अअ़्लमुल्-ग़ैब व ला अक़ूलु अिन्नी मलकूँव ला अक़ूलु लिल्लजीन तज़्दरी अअ़्युनुकुम् लैंयुअ़तिय-हुमुल्लाहु ख़ैरन् त़ अल्लाहु अअ़्लमु बिमा फ़ी अन्फ़ुसिहिम् ज़ स़ला अिन्नी अिजल्-लमिनज़्-ज़ालिमीन (३१) क़ालू या नूहु क़द् जादल्तना फ़अक्सर्त जिदालना फ़अ़्तिना बिमा तअिदुना अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (३२) क़ाल अिन्नमा यअ़्तीकुम् बिहिल्लाहु अिन् शा अ व मा अन्तुम् बिमुअ़्जिज़ीन (३३) व ला यन्फ़अुकुम् नुस्ही अिन् अरत्तु अन् अन्सह लकुम् अिन् कानल्लाहु युरीदु अैंयुग़्विय-कुम् त़ हुव रब्बुकुम् क़िफ़् ब अिलैहि तुर्जअून त़ (३४) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु त़ क़ुल् अिनिफ़्तरैतुहू फ़अ़लैय अिज्रामी व अना बरी अुम्-मिम्मा तुज्रिमून (३५) ★

(कि) अल्लाह के सिवाय किसी की अ़िबादत न करो। मुझको तुम पर अ़ज़ाब (पड़ने वाले) एक दूखदाई दिन का डर है। (२६) फिर उनकी जाति के सरदार जो मुन्किर (विमुख) थे कहने लगे कि हमको तो तुम हमारे ही जैसे आदमी दिखाई देते हो और हमारे नज़दीक सिर्फ़ वही लोग तुम्हारे ताबे हो गये हैं जो हमसे नीच और कच्ची समझ वाले हैं और वह भी सरसरी राय से, हम तो तुम में अपने से कोई विशेषता नहीं पाते बल्कि हम तुमको झूठा समझते हैं।(२७) (नूह ने) कहा भाइयो ! भला देखो तो सही अगर मैं अपने परवरदिगार के खुले रास्ते पर हूँ, और उसने मुझको अपनी तरफ़ से रहमत दी है फिर वह (रास्ता) तुमको सूझ न पड़े तो (आख़िर हमारे पास क्या चारा है) क्या हम उसको तुम्हारे गले मढ़ सकते हैं जब कि तुम उससे बेज़ार (विमुख) हो रहे हो। (२८) और ऐ भाइयो ! मैं इस (हिदायत) के बदले में तुमसे कुछ माल तो नहीं मांगता। मेरी मज़दूरी तो अल्लाह के सिवा किसी के ज़िम्मे नहीं है और मैं लोगों को जो ईमान ला चुके हैं (अपने पास से) निकालनेवाला नहीं हूँ (भलेही तुम उनको नीच कहो क्योंकि) इनको अपने परवरदिगार से मिलना है, मैं देखता हूँ कि तुम लोग (निरे) जाहिल हो।◉ (२९) और भाइयो ! अगर मैं इनको निकाल दूं तो अल्लाह के सामने कौन मेरी मदद को खड़ा होगा ? क्या तुम नहीं समझते। (३०) और मैं तुमसे दावा नहीं करता कि मेरे पास ख़ुदाई ख़ज़ाने हैं• और न मैं ग़ैब (अदृष्ट की बातें) जानता हूँ और न मैं (यही) कहता हूँ कि मैं फ़रिश्ता हूँ और जो लोग तुम्हारी नज़रों में तुच्छ हैं मैं उनके सम्बन्ध में यह भी नहीं कह सकता कि अल्लाह उनको हरगिज़ कोई भलाई न देगा। उनके दिल की बात को अल्लाह ही खूब जानता है। अगर (बढ़-चढ़कर मैं) ऐसी बातें कहने का हौसला करूँ तो मैं ज़ालिमों में हूँगा। (३१) वह बोले ऐ नूह ! तूने हमसे झगड़ा किया, और बहुत झगड़ा किया, अब अगर तू सच्चा है तो जिस (अ़ज़ाब) से हमको डराता है उसको हम पर ले आ। (३२) (नूह ने) कहा कि अल्लाह को मंज़ूर होगा तो वही सज़ा को भी तुम पर लायेगा और (तब) तुम (भाग-बचकर उसको) थका (भी) न सकोगे। (३३) और जो मैं तुम्हारे लिए नसीहत करना चाहूँ अगर अल्लाह ही को तुम्हें बेराह चलाना मंज़ूर है तो मेरी नसीहत (कुछ भी) तुम्हारे काम नहीं आ सकती। वही तुम्हारा परवरदिगार है और उसी की तरफ़ तुमको लौटकर जाना है। (३४) (ऐ पैग़म्बर ! जिस तरह नूह की क़ौम ने नूह को झुठलाया था) क्या (उसी तरह यह मक्का के मुशरिक भी तुमको झुठलाते हैं और तुम पर एतराज़ करते और) कहते हैं कि क़ुर्आन को पैग़म्बर ने ख़ुद गढ़ लिया है, तो तुम (उनको) जवाब दो कि अगर (क़ुर्आन) मैंने ख़ुद गढ़ लिया है तो मेरा गुनाह मुझ पर है और जो गुनाह तुम करते हो उस पर मेरा कुछ ज़िम्मा नहीं। (३५) ★ रुकूअ़ २ आ ११

◉ इन्कारियों ने ईमान लाने वालों को नीच कहा क्योंकि वे धंधे करके अपना पालन-पोषण करते थे। इन आयतों में बताया गया है कि किसी प्रकार का पेशा या धंधा करने से आदमी नीच नहीं हो जाता; बल्कि जो लोग उसे नीच समझते हैं वही मूर्ख हैं। हज़रत नूह अ० की ही तरह रसूलुल्लाह स० मुहम्मद पर भी यह नौबत आई कि अमीर अुमरः शिकायत करते थे कि आप इन अदना आदमियों को साथ न बिठायें तो हम आपकी बात सुनें। ग़रीब ईमानवाले नीच नहीं होते बल्कि अमीर घमण्डी ही नीच होते हैं।

व अूहिय अिला नूहिन् अन्नहू लैंयुअ्मिन मिन् क़ौमिक अिल्ला मन् क़द् आमन फ़ला तब्तअिस् बिमा कानू यफ़्अलून ज् सला (३६) वस्नअिल्-फ़ुल्क बिअ़्युनिना व वहूयिना व ला तुख़ातिब्नी फ़िल्लजीन ज़लमू ज् अिन्नहुम् मुग़्रक़ून (३७) व यस्नअुल्फ़ुल्क क़िफ़् व कुल्लमा मर्र अलैहि मलअुम्मिन् क़ौमिहीं सख़िरू मिन्हु त् क़ाल अिन् तस्ख़रू मिन्ना फ़अिन्ना नस्ख़रु मिन्कुम् कमा तस्ख़रून त् (३८) फ़सौफ़ तअ़्लमून ला मैंयअ्तीहि अजाबुंय्युख़्ज़ीहि व यहिल्लु अलैहि अजाबुम् - मुक़ीमुन् (३९) हत्ता अिजा जा अ अम्रुना व फ़ारत्तन्नूरु ला क़ुल्नहूमिल् फ़ीहा मिन् कुल्लिन् • ज़ौजैनिस्नैनि व अह्लक अिल्ला मन् सबक़ अलैहिल् - क़ौलु व मन् आमन त् व मा आमन मअहू अिल्ला क़लीलुन् (४०) व क़ालर्कबू फ़ीहा बिस्मिल्लाहि मज्रेहा § व मुर्साहा त्

अिन्न रब्बी लग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (४१) व हिय तज्री बिहिम् फ़ी मौजिन् कल्जिबालि क़िफ़् व नादा नूहुनिब्नहू व कान फ़ी मअ़ज़िलीं-याबुनैयर्कम्मअना व ला तकुम्मअल् - काफ़िरीन (४२) क़ाल सआवी अिला जबलीं-यअ़्सिमुनी मिनल्मा अि त् क़ाल ला अासिमल्यौम मिन् अम्रिल्लाहि अिल्ला मर्रहिम ज् व ह़ाल बैनहुमल् - मौजु फ़कान मिनल्मुग़्रक़ीन (४३) व क़ील या अर्ज़ुब्लअ़्ी मा अकि व यासमा अु अक़्लिअ़ी व ग़ीज़ल्-मा अु व क़ुज़ियल् - अम्रु वस्तवत् अलल्जूदीयि व क़ील बुअ़्दल्लिल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन (४४) ● व नादा नूहुर्रब्बहू फ़क़ाल रब्बि अिन्नबनी मिन् अह्ली व अिन्न वअ़्दकल् - ह़क़्क़ु व अन्त अह्कमुल् - ह़ाकिमीन (४५)

§ याद रहे अरबी ज़ुबान में 'याये' मअ़्रोल नहीं होती। मगर क़ुर्आन शरीफ़ में सिर्फ़ एक जगह (आयत ४१ में रेखाङ्कित) एक लफ़्ज़ "मज्रीहा" लिखा है उसका उच्चारण मज्रीहा नहीं बल्कि "मज्रेहा" पढ़ना चाहिये।

और नूह की तरफ़ ख़ुदाई पैग़ाम आया कि तुम्हारी जाति में जो लोग ईमान ला चुके हैं उनके सिवाय अब और कोई ईमान नहीं लावेगा तो उनकी करतूतों पर तुम (कुछ) रंज न करो। (३६) और हमारे सामने और हमारे हुक्म के बमूजिब एक नाव बनाओ और ज़ालिमों (अवज्ञाकारियों) के सम्बन्ध में मुझसे कुछ (सिफ़ारिशन) न कहो, (क्योंकि) यह लोग ज़रूर डूबेंगे। (३७) चुनांचे नूह ने नाव बनानी शुरू की और जब कभी उनकी जाति के सरदार उनके पास से होकर गुज़रते तो उनकी हँसी उड़ाते। नूह ने जबाव दिया कि अगर तुम हम पर हँसते हो तो हम भी तुम पर हँसते हैं जैसे तुम (मुझ पर) हँस रहे हो। (३८) जल्दीही (तुमको) मालूम हो जायगा कि किस पर वह अज़ाब उतरता है जो उसको ज़लील करेगा और किस पर हमेशा के लिए वह अज़ाब बर्पा होगा। (३९) यहाँ तक कि हमारा हुक्म जब आ पहुँचा और (अज़ाबे इलाही का) तनूर उबल पड़ा तो हमने हुक्म दिया कि हर क़िस्म में से दो-दो के जोड़े और जिनकी बाबत पहले (न बख़्शे जाने का) हुक्म हो चुका है उनको छोड़कर अपने घरवाले † और जो ईमान ला चुके हैं ✪ उनको किश्ती में बैठा लो। और उनके साथ ईमान भी थोड़े ही लोग लाये थे (४०) और नूह ने (किश्ती में सवार होने वालों से) कहा सवार हो उसमें और अल्लाह के नाम से ही है किश्ती का बहना और ठहरना और बेशक मेरा रब बख़्शने वाला बेहद मेहरबान है। (४१) और किश्ती इनको ऐसी लहरों में जो पहाड़ के समान थीं चलने लगी और नूह का बेटा (दूर) किनारे पर था तो नूह ने उसे पुकारा कि बेटा! हमारे साथ बैठ ले और काफ़िरों के साथ मत रह। (४२) (वह) बोला मैं अभी किसी पहाड़ पर पनाह लेता हूँ, वह मुझको पानी से बचा लेगा। (नूह ने) कहा कि आज के दिन अल्लाह के ग़ुस्से से बचानेवाला कोई नहीं सिवाय उसको कि अल्लाह ही जिस पर अपनी मेहरबानी करे। और दोनों के दरमियान एक लहर आ गई और (दूसरों के साथ नूह का बेटा भी) डूबने वालों में रह गया। (४३) और हुक्म हुआ कि ऐ ज़मीन! अपना पानी निगल ले और ऐ आसमान! थम जा और पानी समा गया और काम तमाम हो चुका और किश्ती जूदी (पहाड़) § पर टिक गई और हुक्म हुआ कि ज़ालिमों की क़ौम दूर हुई (अल्लाह की रहमत से)। (४४) ● और नूह ने अपने परवरदिगार को पुकारा और बिनती की कि ऐ मेरे परवरदिगार! मेरा बेटा मेरे घर वालों में से है और तेरा वादा सच्चा है और तू सब हाकिमों से बड़ा हाकिम है। ◉ (४५) (अल्लाह ने) फ़र्माया कि ऐ नूह! तुम्हारा बेटा तुम्हारे घरवालों में नहीं था, क्योंकि इसके कर्म बुरे थे। तो जो तू नहीं जानता वह बात मुझसे न पूछ। मैं तुझको नसीहत करता हूँ कि तू जाहिलों (अज्ञानियों) जैसा न हो। (४६)

† हज़रत नूह अ० के समय जो तूफ़ान बर्पा हुआ उसमें उनके घरवालों में से जो काफ़िर और न बचने वाले अल्लाह की ओर से बताये जा चुके थे उनको छोड़ कर बाक़ी घरवालों को किश्ती में बिठाल लेने का हुक्म हुआ। घरवालों में काफ़िरों की चरचा में एक तो हज़रत नूह अ० का एक बेटा और उनकी बीवी का नाम आता है जो तूफ़ान में तबाह हो गये। ✪ इस आयत से मालूम होता है हज़रत नूह अ० व उनके तीन बेटों के अलावा भी कुछ दूसरे लोग थे जो ईमानवाले थे और जो किश्ती में बैठकर उस प्रलय से बच गये। इस तरह सारे मौजूदा इन्सानों को महज़ हज़रत नूह अ० की ही औलादों में शुमार करनेवालों की राय का क़ुर्आन समर्थन नहीं करता। (ह० मौलाना मौदूदी) § वह एक पहाड़ का नाम है जो शाम देश में है। ◉ यानी तूने वायदा किया था कि तेरे घरवालों को बचा लिया जायगा तो मेरा बेटा कैसे डूब गया? ऐ अल्लाह! तेरा कहना तो कभी ग़लत नहीं हो सकता।

क़ाल या नूहु अिन्नहू लैस मिन् अह्लिक ज् अिन्नहू अमलुन् ग़ैरु
सालिहिन् फ़ ल् क़ सअला फ़ला तस्अल्नि मा लैस लक बिहि अिल्मुन् त्
अिन्नी अअिजुक अन्तकून मिनल्-जाहिलीन (४६) क़ाल रब्बि अिन्नी
अऊजुबिक अन् अस्अलक मा लैस ली बिहि अिल्मुन् त् व अिल्ला
तग़्फ़िर् ली व तर्हम्नी अकुम्मिनल्-
ख़ासिरीन (४७) क़ील यानूहुहबित्
बिसलामिम्-मिन्ना व बरकातिन् अलैक व
अला अुममिम्-मिम्मम्-मअक त् व
अुममुन् सनुमत्तिअुहुम् सुम्म यमस्सुहुम्
मिन्ना अजाबुन् अलीमुन् (४८) तिल्क
मिन् अम्बाअिल्गैबि नूहीहा अिलैक ज्
मा कुन्त तअ़्लमुहा अन्त व ला क़ौमुक
मिन् क़ब्लि हाजा त् ∴ फ़स्बिर् त् ∴
अिन्नल्-आक़िबत लिल्मुत्तक़ीन (४९) ★
व अिला आदिन् अख़ाहुम् हूदन् त्
क़ाल या क़ौमिअ़्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन्
अिलाहिन् ग़ैरुहू त् अिन् अन्तुम् अिल्ला
मुफ़्तरून (५०) या क़ौमि ला अस्अलुकुम् अलैहि अज्रन् त् अिन् अजरिय
अिल्ला अल्लजी फ़तरनी त् अफ़ला तअ़्क़िलून (५१) व या क़ौमिस्-तग़्फ़िरू
रब्बकुम् सुम्म तूबू अिलैहि युर्सिलिस्-समा अ अलैकुम् मिद्रारौंव यज़िद्कुम्
क़ूवत्न् अिला क़ूवतिकुम् व ला ततवल्लौ मुज्रिमीन (५२) क़ालू या हूदु
मा जिअ्तना बिबैयिनत्विव मा नहूनु बितारिकी आलिहतिना अन् क़ौलिक व
मा नहूनु लक बिमुअ्मिनीन (५३) अिन्नक़ूलु अिल्लाअ़्तराक बअ़्ज़ु आलिहतिना
बिसूअिन् त् क़ाल अिन्नी अुश्हिदुल्लाह वअ़्हदू अन्नी बरी अुम्-मिम्मा तुश्रिकून
(५४) मिन् दूनिहि फ़कीदूनी जमीअन् सुम्म ला तुन्ज़िरूनि (५५) अिन्नी
तवक्कल्तु अल्लल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम् त् मा मिन् दाब्बत्निन् अिल्ला हुव
आख़िज़ुम्-बिना सियतिहा त् अिन्न रब्बी अला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् (५६)

وَمِنْ دَآبَّةٍ ١٨١ هود
قَالَ يٰنُوحُ اِنَّهٗ لَيْسَ مِنْ اَهْلِكَ اِنَّهٗ عَمَلٌ غَيْرُ صَالِحٍ فَلَا تَسْـَٔلْنِ
مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ اِنِّيْٓ اَعِظُكَ اَنْ تَكُوْنَ مِنَ الْجٰهِلِيْنَ ۝ قَالَ رَبِّ
اِنِّيْٓ اَعُوْذُ بِكَ اَنْ اَسْـَٔلَكَ مَا لَيْسَ لِيْ بِهٖ عِلْمٌ ۭ وَاِلَّا تَغْفِرْ لِيْ وَتَرْحَمْنِيْٓ
اَكُنْ مِّنَ الْخٰسِرِيْنَ ۝ قِيْلَ يٰنُوْحُ اهْبِطْ بِسَلٰمٍ مِّنَّا وَبَرَكٰتٍ عَلَيْكَ وَ
عَلٰٓى اُمَمٍ مِّمَّنْ مَّعَكَ ۭ وَاُمَمٌ سَنُمَتِّعُهُمْ ثُمَّ يَمَسُّهُمْ مِّنَّا عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝
تِلْكَ مِنْ اَنْۢبَاۗءِ الْغَيْبِ نُوْحِيْهَآ اِلَيْكَ ۚ مَا كُنْتَ تَعْلَمُهَآ اَنْتَ وَلَا قَوْمُكَ
مِنْ قَبْلِ هٰذَا ۛ فَاصْبِرْ ۭ اِنَّ الْعَاقِبَةَ لِلْمُتَّقِيْنَ ۝ وَاِلٰى عَادٍ اَخَاهُمْ
هُوْدًا ۭ قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۭ اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا
مُفْتَرُوْنَ ۝ يٰقَوْمِ لَآ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَيْهِ اَجْرًا ۭ اِنْ اَجْرِيَ اِلَّا عَلَي الَّذِيْ
فَطَرَنِيْ ۭ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ۝ وَيٰقَوْمِ اسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ
يُرْسِلِ السَّمَاۗءَ عَلَيْكُمْ مِّدْرَارًا وَّيَزِدْكُمْ قُوَّةً اِلٰى قُوَّتِكُمْ وَلَا تَتَوَلَّوْا
مُجْرِمِيْنَ ۝ قَالُوْا يٰهُوْدُ مَا جِئْتَنَا بِبَيِّنَةٍ وَّمَا نَحْنُ بِتَارِكِيْٓ اٰلِهَتِنَا
عَنْ قَوْلِكَ وَمَا نَحْنُ لَكَ بِمُؤْمِنِيْنَ ۝ اِنْ نَّقُوْلُ اِلَّا اعْتَرٰىكَ
بَعْضُ اٰلِهَتِنَا بِسُوْۗءٍ ۭ قَالَ اِنِّيْٓ اُشْهِدُ اللّٰهَ وَاشْهَدُوْٓا اَنِّيْ بَرِيْۗءٌ
مِّمَّا تُشْرِكُوْنَ ۝ مِنْ دُوْنِهٖ فَكِيْدُوْنِيْ جَمِيْعًا ثُمَّ لَا تُنْظِرُوْنِ ۝
اِنِّيْ تَوَكَّلْتُ عَلَي اللّٰهِ رَبِّيْ وَرَبِّكُمْ ۭ مَا مِنْ دَاۗبَّةٍ اِلَّا هُوَ اٰخِذٌۢ بِنَاصِيَتِهَا ۭ
اِنَّ رَبِّيْ عَلٰي صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقَدْ اَبْلَغْتُكُمْ مَّآ اُرْسِلْتُ

मंज़िल ३

(नूह ने) कहा ऐ मेरे परवरदिगार ! मैं तेरी ही पनाह माँगता हूँ कि जो मैं नहीं जानता हूँ उसकी बाबत तुझसे पूछ बैठूँ और अगर तू मेरा (यह) क़सूर माफ़ नहीं करेगा और (मुझ पर) रहम न करेगा तो मैं बर्बादों में हो जाऊँगा। (४७) हुक्म हुआ कि ऐ नूह ! हमारी तरफ़ से ऐसी सलामती और बरकतों के साथ (किश्ती से) उतरो जैसी तुम पर और उन गिरोहों पर जो तेरे साथवालों में हैं (उन पर होंगी)। और कुछ ऐसे भी गरोह होंगे जिनको हम (एक मुद्दत तक दुनिया के) फ़ायदे देंगे फिर (उनकी बे हुक्मी के कारन) उनको हमारी तरफ़ से दुख की मार पहुँचेगी।(४८) (ऐ मोहम्मद !) यह ग़ैब की कुछ ख़बरें हैं जो हम 'वही' द्वारा तेरी तरफ़ भेजते हैं। इससे पहले तुम और तुम्हारी जाति के लोग इन बातों को न जानते थे, तो तू सब्र कर, बेशक परहेज़गारों का अन्त भला है। (४९) ★ रू. ४/४ आ १४

और (इसी तरह क़ौम) आ़द की तरफ़ हमने (उन्हीं के भाई) हूद को (पैग़म्बरी देकर) भेजा। (उन्होने) समझाया कि भाइयो ! अल्लाह ही की अ़िबादत करो, उसके सिवाय तुम्हारा कोई दूसरा पूज्य नहीं। (और अल्लाह के साथ दूसरों को शरीक और पूज्य बनाना यह बातें) तुम सब झूठ बाँधते हो। (५०) भाइयो ! इस (नसीहत के) बदले मैं तुमसे कुछ मज़दूरी नहीं माँगता, मेरी मज़दूरी तो उसी के ज़िम्मे है जिसने मुझको पैदा किया, तो क्या तुम (इतनी बात भी) नहीं समझते§। (५१) भाइयो ! अपने परवरदिगार से (अपने क़ुसूरों की) माफ़ी माँगो, फिर (आगे के लिए) उसके सामने तौबः करो; वह अपने (रहम से) तुम पर ख़ूब बारिशें भेजेगा और दिन पर दिन तुम्हारे बल (ज़ोर) को बढ़ावेगा और गुनहगार बनकर उससे मुँह न मोड़ो। (५२) वह कहने लगे ऐ हूद ! तू हमारे पास कोई दलील लेकर नहीं आया और तेरे कहने से हम अपने पूजितों को न छोड़ेंगे और हम तुम पर यक़ीन लाने वाले नहीं। (५३) हम तो यही समझते हैं कि तुझ पर हमारे पूजित (देवताओं) में से किसी की मार पड़ गई है। ✪ (हूद ने) जवाब दिया कि मै अल्लाह को गवाह करता हूँ और तुम भी गवाह रहो कि अल्लाह के सिवाय जिनको तुम शरीक बनाते हो मैं उनसे (बिलकुल) बेज़ार (विमुख) हूँ। (५४) तो तुम (और तुम्हारे पूजित) सब मिलकर मेरे साथ अपनी बदी कर चलो और मुझको दम न लेने दो। (५५) मैं तो अल्लाह ही पर भरोसा करता हूँ जो मेरा परवरदिगार है और तुम्हारा परवरदिगार है। जितने जानदार हैं, सभी की चोटी उसके हाथ में है। बेशक मेरा परवरदिगार सीधी राह पर (चलने पर मिलता) है।(५६)

§ तमाम नबियों के बयान यही कहते हैं कि उनका अपना कोई निजी फ़ायदा नहीं रहा। वह तो दुनिया की भलाई के लिए ही अल्लाह की प्रेरणा से उसके हुक्मों को दुनियावालों में पहुँचाते हैं। उनकी ग़रज़ न होने पर भी सरकश लोग बजाय उनकी नसीहत पल्ले बाँधने के उलटे उन नबियों पर ही मुसीबत के पहाड़ ढाते रहे। और उनकी इन्हीं सरकशियों के कारन उन बड़ी-बड़ी शान-शौक़त की क़ौमों को तबाह होना पड़ा और दूसरी क़ौमों को उनकी जगह मिली। अल्लाह की क़ुदरत का यह सिलसिला दुनिया में हमेशा से क़ायम है और क़ायम रहेगा। ✪ हूद अ० की सरकश क़ौम ने उनसे कहा कि हमारी समझ में तो तुम्हारी देवताओं की तरफ़ से इनकारी के कारन किसी देवता का कोप तुम पर पड़ गया है और उस कारन तुम समाज में सब तरफ़ बेइज़्ज़त हो रहे हो।

फ़अिन् तवल्लौ फ़क़द् अब्लग़्तुकुम् मा अुर्सिल्तु बिहि अिलैकुम् त् व यस्तख्लिफ़ु रब्बी क़ौमन् ग़ैरकुम् ज् व ला तज़ुर्रूनहू शैअन् त् अिन्न रब्बी अला कुल्लि शैअिन् हफ़ीज़ुन् (५७) व लम्मा जा अ अम्रुना नज्जैना हूदौंवल्लजीन आमनू मअहू बिरह्मत्रिम्-मिन्ना ज् व नज्जैनाहुम् मिन् अजाबिन्-



गलीज़िन् (५८) व तिल्क आदुन् क़िफ़् ला जहदू बिआयाति रब्बिहिम् व असौ रुसुलहू वत्तबअू अम्र कुल्लि जब्बारिन् अनीदिन् (५९) व अुत्बिअू फ़ी हाजिहिद्दुन्या लअ़्नतौंव यौमल्-क़ियामति त् अला अिन्न आदन् कफ़रू रब्बहुम् त् अला बुअ्दल्लिआदिन् क़ौमि हूदिन् (६०) ★ व अिला समूद अख़ाहुम् सालिहून् म ● क़ाल या क़ौमिअ्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् हुव अन्शअकुम् मिनल्अर्ज़ि वस्तअ़्मर-कुम् फ़ीहा फ़स्तग़्फ़िरूहु सुम्म तूबू अिलैहि त् अिन्न रब्बी क़रीबुम्-मुजीबुन् (६१) क़ालू या सालिहु क़द् कुन्त फ़ीना मर्जूवन् क़ब्ल हाजा अतन्हाना अन् नअ़्बुद मा यअ़्बुदु आबाअुना व अिन्नना लफ़ी शक्किम्मिम्मा तद्अूना अिलैहि मुरीबिन् (६२) क़ाल या क़ौमि अरअैतुम् अिन् कुन्तु अला बैयिनतिम्-मिर्रब्बी व आतानी मिन्हु रह्मतन् फ़मैंयन्सुरुनी मिनल्लाहि अिन् असैतुहू क़िफ़् फ़मा तज़ीदूननी ग़ैर तख़्सीरिन् (६३) व या क़ौमि हाजिहि नाक़तुल्लाहि लकुम् आयतन् फ़ज़रूहा तअ्कुल् फ़ी अर्ज़िल्लाहि व ला तमस्सूहा बिसूअिन् फ़यअ्ख़ुजकुम् अजाबुन् क़रीबुन् (६४) फ़अ़क़रूहा फ़क़ाल तमत्तअू फ़ी दारिकुम् सलासत अैयामिन् त् जालिक वअ़्दुन् ग़ैरु मक्जूबिन् (६५) फ़लम्मा जा अ अम्रुना नज्जैना सालिहौंवल्लजीन आमनू मअहू बिरह्मत्रिम्-मिन्ना व मिन् ख़िज़्यि यौमिअिजिन् त् अिन्न रब्बक हुवल्क़वीयुल् - अज़ीज़ु (६६)

रु. ५ — ५ आ ११ ● व. ला जिम

इस पर भी अगर तुम लोग विमुख (फिरे) रहो तो जो हुक्म मेरे ज़रिये से भेजा गया था वह मैं तुमको पहुँचा चुका और मेरा परवरदिगार तुम्हारे सिवाय दूसरे लोगों को तुम्हारी जगह ला मौजूद करेगा और तुम उसका कुछ भी न बिगाड़ सकोगे। बेशक मेरा परवरदिगार हर चीज़ का निगराँ (संरक्षक) है। (५७) और जब हमारा हुक्म पहुँचा तो हमने अपनी मेहरबानी से हूद को और उन लोगों को जो उनके साथ ईमान लाये थे बचाया और उनको सख़्त अ़ज़ाब से बचा लिया। (५८) और यह थे आ़द जिन्होंने अपने परवरदिगार के हुक्मों से इन्कार किया और उसके पैग़म्बरों (की आज्ञा) को न माना। और (अल्लाह के) तमाम सरकश दुश्मनों के हुक्म पर चलते रहे। (५९) और इस दुनिया में लानत उनके पीछे लगा दी गई और क़ियामत के दिन भी। सुन लो! आ़द ने अपने परवरदिगार से इन्कार किया। तो सुन लो! आ़द जो हूद की जाति के लोग थे फिटकार को पहुँचे। (६०) ★

और (आ़द की तबाही के बाद) समूद क़ौम की तरफ़ हमने उनके (सजाती) भाई सालेह को भेजा ● (तो उन्होंने) कहा कि भाइयो! अल्लाह ही को पूजा करो, उसके सिवाय तुम्हारा कोई पूज्य नहीं। उसने तुमको ज़मीन (की मिट्टी) से बना खड़ा किया और तुमको उसमें बसाया तो उससे (अपने गुनाहों की) माफ़ी माँगो और उसी की तरफ़ ध्यान लगाओ। बेशक मेरा परवरदिगार (हर समय) पास है और दुआ़ क़बूल करने वाला है। (६१) वह कहने लगे ऐ सालेह! इससे पहले तो हम लोगों को तुमसे बड़ी उम्मीदें थीं (कि तुम हर तरह हमारा साथ दोगे) सो क्या तुम हमको उनकी पूजा से मना करते हो जिनको हमारे बाप-दादा पूजते चले आये हैं और जिसकी तरफ़ तुम हमको बुलाते हो हमतो उसकी बाबत बड़े संशय में हैं, ऐसा कि दिल नहीं ठहरता। (६२) जवाब दिया कि भाइयो! देखो तो सही अगर मुझे अपने परवरदिगार से सूझ मिल गई है और उसने मुझको अपनी तरफ़ से मेहर (कृपा) दी और अगर मैं (ही) उसकी बेहुक्मी करने लगूँ तो ऐसा कौन है जो अल्लाह के मुक़ाबिले में मेरी मदद को खड़ा हो। तो (ऐसी सलाह से) तुम मेरा (उलटे) नुक़सान ही कर रहे हो। (६३) और भाइयो! यह अल्लाह की ऊँटनी तुम्हारे लिये एक निशानी है, सो तुम इसको छुट्टा रहने दो कि अल्लाह की ज़मीन में से खाती फिरे और इसको किसी तरह का नुक़सान न पहुँचाना, वरना फ़ौरन ही तुमको अ़ज़ाब धर पकड़ेगा। (६४) मगर (इस चेतावनी के बाद भी) लोगों ने उस ऊँटनी को (पैर काट कर) मार डाला। तो (सालेह अ० ने) कहा बस तीन दिन अपने घरों में रह-बस लो, यह क़ौल है, झूठा नहीं होगा। (६५) फिर जब हमारा हुक्म पहुँचा तो हमने सालेह को और उन लोगों को जो उनके साथ ईमान लाये थे अपनी मेहरबानी से (बचाया और) उस दिन की रुसवाई (ज़िल्लत) से बचा लिया। बेशक तुम्हारा परवरदिगार, बड़ा शक्तिशाली और सर्वोपरि है। (६६)

★ रु. ५-५ आ ११ ● ब. ला ज़िम

व अख़जल्लजीन जलमुस्सैहतु फ़अस्बहू फ़ी दियारिहिम् जासिमीन ला (६७) कअल्लम् यग़्नौ फ़ीहा त् अला इन्न समूद कफ़रू रब्बहुम् त् अला बुऽदल्लिसमूद (६८) ★ व लक़द् जाअत् रुसुलुना इब्राहीम बिल्बुश्रा क़ालू सलामन् त् क़ाल सलामुन् फ़मा लबिस अन् जाअ बिअिज्लिन् हूनीजिन् (६९) फ़लम्मा रआ ऐदियहुम् ला तसिलु अिलैहि नकिरहुम् व औजस मिन्हुम् ख़ीफ़तन् त् क़ालू ला तख़फ़् अिन्ना अुर्सिल्ना अिला क़ौमि लूतिन् त् (७०) वम्रअतुहू क़ाअिमतुन् फ़ज़हिकत् फ़बश्शर्-नाहा बिअिस्हाक़ ला व मिंव्वराअि अिस्हाक़ यऽक़ूब (७१) क़ालत् यावैलता अ अलिदु व अना अजूजूंव हाजा बऽली शैख़न् त् अिन्न हाजा लशैअुन् अजीबुन् (७२) क़ालू अतऽजबीन मिन् अम्रिल्लाहि रह्मतुल्लाहि व बरकातुहू अलैकुम् अह्लल्बैति त् अिन्नहू हमीदुम् - मजीदुन् (७३) फ़लम्मा जहब अन् अिब्राहीमर्-रौअु व जाअत्हुल् - बुश्रा युजादिलुना फ़ी क़ौमि लूतिन् त् (७४) अिन्न अिब्राहीम लहलीमुन् औवाहुम् - मुनीबुन (७५) या अिब्राहीमु अऽरिज़् अन् हाजा ज् अिन्नहू क़द् जाअ अम्रु रब्बिक ज् व अिन्नहुम् आतीहिम् अजाबुन् ग़ैरु मर्दूदिन् (७६) व लम्मा जाअत् रुसुलुना लूतन् सीअ बिहिम् व ज़ाक़ बिहिम् जर्अौंव क़ाल हाजा यौमुन् असीबुन् (७७) व जाअहू क़ौमुहू युहर्अून अिलैहि त् व मिन् क़ब्लु कानू यऽमलूनस्-सैयिआति त् क़ाल या क़ौमि हाअुलाअि बनाती हुन्न अत्हरु लकुम् फ़त्तक़ुल्लाह व ला तुख़्ज़ूनि फ़ी ज़ैफ़ी त् अलैस मिन्कुम् रजुलुर्रशीदुन् (७८) क़ालू लक़द् अलिम्त मा लना फ़ी बनातिक मिन् हुक़्क़िन् ज् व अिन्नक लतऽलमु मा नुरीदु (७९)

और जिन लोगों ने ज़्यादती की थी उनको कड़क ने पकड़ लिया, वे अपने घरों में औंधे पड़े रह गये। (६७) गोया कभी उनमें बसे ही न थे। सुन लो! समूद ने अपने परवरदिगार की बेहुक्मी की, सुन लो! समूद अल्लाह की रहमत से दूर हुये। (६८) ★

रु. ६ | ६ आ ८

और हमारे फ़रिश्ते इब्राहीम के पास खुशख़बरी लेकर आये, उन्होंने कहा सलाम। इब्राहीम ने भी जवाब में कहा सलाम, फिर (इब्राहीम ने) देर न की (और) एक भुना हुआ बछड़ा (अपने मेहमानों के लिए) ले आये। (६९) फिर जब देखा कि (उनके) हाथ खाने की तरफ़ नहीं उठते तो उनसे अन्देशा (संशय) हुआ और जी ही जी में उनसे डरे §। वह बोले डरो मत, हम (फ़रिश्ते हैं) लूत की जाति की तरफ़ (उनके बुरे आमालों के सबब उनको तबाह करने के लिए) भेजे गये हैं। (७०) (इस बातचीत के समय) इब्राहीम की बीवी (सारा) भी खड़ी थी और वह हँस पड़ी, फिर हमने उसको (फ़रिश्तों के ज़रिये) इसहाक़ और इसहाक़ के बाद याक़ूब (के पैदा होने) की खुशख़बरी दी। (७१) (वह) कहने लगी हाय मेरी कमबख़्ती, क्या मेरे औलाद होगी मैं तो बुढ़िया हूँ और यह मेरे पति भी बूढ़े हैं। (हमारे यहाँ संतान का होना) यह तो एक ताज्जुब की बात है। (७२) फ़रिश्ते बोले क्या तू अल्लाह की क़ुदरत से ताज्जुब करती है। ऐ अहले बैत! † तुम पर अल्लाह की मेहरबानी और उसकी बरकतें हैं। वह बड़ा सराहनीय बेहद बड़ाइयों वाला है। (७३) फिर जब इब्राहीम से डर दूर हुआ और उनको (बेटा होने की) खुशख़बरी मिली तो लूत की जाति के हक़ (पक्ष) में हमसे झगड़ने लगे (कि उनको अज़ाब से बख़्श दो)। (७४) बेशक इब्राहीम बड़े सहनशील, नरम-दिल (और हर बात में अल्लाह की तरफ़) रुजू रहनेवाले थे। (७५) (अल्लाह ने फ़रमाया कि) इब्राहीम! इस (क़ौम लूत की तरफ़दारी के) ख़्याल को छोड़ दो। तुम्हारे परवरदिगार का वह हुक्म तो आ पहुँचा है और उन लोगों पर (ऐसी) सज़ा आनेवाली है जो (किसी तरह) टल नहीं सकती। (७६) और जब हमारे फ़रिश्ते लूत के पास पहुँचे तो वह बहुत रंजीदा हुये और (उनके आने की बजह से) तंगदिल हुए और कहने लगे आज तो यह बड़ी मुसीबत का दिन है। (७७) और (इसी बीच में) लूत की जाति के बेक़ाबू लोग दौड़े-दौड़े लूत के पास आये और यह लोग पहले से ही बुरे काम करते चले आते थे। (इनको बुरी नियत से आया देख कर) लूत कहने लगे कि भाइयो! यह मेरी बेटियाँ हाज़िर हैं, यह तुम्हारे लिए इनसे ज़्यादा पवित्र हैं, तो तुम अल्लाह से डरो और (इन मेहमानों पर नज़र न ख़राब करो) और मेरे मेहमानों में मुझको ज़लील न करो। क्या तुममें कोई आदमी भी भली राह का नहीं? (७८) उन्होंने जवाब दिया कि तुमको तो मालूम है कि हमको तुम्हारी बेटियों से कोई सरोकार (प्रयोजन) नहीं, और हमारे इरादे से तुम भली भाँति जानकार हो। (७९)

§ इब्राहीम ने जब देखा कि उनके मेहमान उनके खाने की ओर हाथ नहीं बढ़ाते तो उनको डर लगा कि ये आनेवाले हमको कोई नुक़सान पहुँचाना चाहते हैं, इसीलिये हमारे नमक से बच रहे हैं। उस समय लोग जिसको अपना शत्रु समझते थे उसका खाना नहीं खाते थे। बाज़ भाष्यकारों का कहना है ह० इब्राहीम अ० उनका फ़रिश्ता होना जान गये थे। डर सिर्फ़ इस बात का था कि प्रत्यक्ष इंसानी शक्ल में फ़रिश्तों का आना आखिर किस पर मुसीबत लायेगा। फिर जब मालूम हुआ कि उन पर या उनकी बस्ती पर मुसीबत नहीं हैं तब उनको चैन आया। † बानी इब्राहीम की घरवाली (पत्नी)।

क़ाल लौ अन्न ली बिकुम् क़ूवतन् औ आवी अिला रुक्निन् शदीदिन् (८०) क़ालू यालूतु अिन्ना रुसुलु रब्बिक लैंयसिलू अिलैक फ़अस्रि बिअह्लिक बिक़ित्अिम् - मिनल्लैलि व ला यल्तफ़ित् मिन्कुम् अहदुन् अिल्लम् - रअतक त् अिन्नहू मुसीबुहा मा असाबहुम् त् अिन्न मौअिद - हुमुस्सुबहु त् अलैसस्सुबहु बिक़रीबिन् (८१) फ़लम्मा जा अ अम्रुना जअल्ना आलियहा साफ़िलहा व अम्तर्ना अलैहा हिजारतम् - मिन् सिज्जीलिन् ۵ ला म्'मन्ज़ूदिन् ला (८२) म्'मुसौवमतन् अिन्द रब्बिक त् व मा हिय मिनज्जालिमीन बिबअीदिन् (८३) ★ ● व अिला मद्यन अख़ाहुम् शुअैबन् त् क़ाल या क़ौमिअ्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् व ला तन्क़ुसुल्-मिक्याल वल्मीज़ान अिन्नी अराकुम् बिख़ैरिव्व अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ाब यौमिम्मुहीतिन् (८४) व या क़ौमि औफ़ुल् - मिक्याल वल्मीज़ान बिल्क़िस्त्ति व ला तब्ख़सुन्नास अश्याअ हुम् व ला तअ्सौ फ़िल्अर्ज़ि मुफ़्सिदीन (८५) बक़ीयतुल्लाहि ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ۵ ज व मा अना अलैकुम् बिहफ़ीज़िन् (८६) क़ालू या शुअैबु असलातुक तअ्मुरुक अन् नत्रुक मा यअ्बुदु आबाअुना औ अन् नफ़्अल फ़ी अम्वालिना मा नशाअु त् अिन्नक लअन्तल् - हलीमुर्रशीदु (८७) क़ाल या क़ौमि अरअैतुम् अिन् कुन्तु अला बैयिनतिम्-मिर्रब्बी वरज़ क़नी मिन्हु रिज़्क़न् हसनन् त् व मा अुरीदु अन् अुख़ालिफ़कुम् अिला मा अन्हाकुम् अन्हु त् अिन् अुरीदु अिल्लल्-अिस्लाह मस्तत अ़्तु त् व मा तौफ़ीक़ी अिल्ला बिल्लाहि त् अलैहि तवक्कल्तु व अिलैहि अुनीबु (८८) व या क़ौमि ला यजरि मन्नकुम् शिक़ाक़ी अैंयुसीबकुम् मिस्लु मा असाब क़ौम नूहिन् औ क़ौम हूदिन् औ क़ौम सालिहिन् त् व मा क़ौमु लूतिम्-मिन्कुम् बिबअीदिन् (८९)

(लूत अ०) बोले काश आज मुझको तुम्हारे मुक़ाबिले की ताक़त होती (कि तुमको राह रास्त पर आने को मजबूर कर देते) या मैं किसी ज़ोरावर सहारे का आसरा पकड़ पाता। (८०) (लूत अ० की बेचैनी देखकर फ़रिश्ते) बोले कि ऐ लूत ! हम तुम्हारे परवरदिगार के भेजे हुए हैं। यह (लोग) हरगिज़ तुम तक नहीं पहुँच पाएँगे। तो तुम अपने लोगों को लेकर कुछ रात रहते इस बस्ती से निकल भागो और (यह गाँठ बाँध लो कि) तुममें से कोई मुड़कर न देखे, सिवा तुम्हारी बीवी (जो तुम्हारे साथ न जायगी और) जो (सज़ा) इन लोगों पर उतरनेवाली है, वह उसपर भी ज़रूर उतरेगी। इनके (अज़ाब के) वादे का समय सुबह है। क्या सुबह क़रीब नहीं है ? (८१) फिर जब हमारा हुक्म (यानी अज़ाब) आ पहुँचा तो (ऐ पैग़म्बर !) हमने उस बस्ती का ऊपर का हिस्सा नीचे कर दिया और उस पर खंजड़ के पत्थर ताबड़ तोड़ बरसाये। (८२) जिन पर तुम्हारे परवरदिगार के यहाँ से निशान था (कि इन पत्थरों के ज़रिये लूत अ० और उनकी क़ौम की तबाही होगी) और ज़ालिमों से यह (सज़ा कभी) दूर नहीं।§ (८३) ★ ●

और मदियन † की तरफ़ उनके भाई शुऐब को (पैग़म्बर बनाकर) भेजा। उन्होंने (भी आद व समूद वग़ैरः की तरह अपनी क़ौम से) कहा भाइयो ! अल्लाह ही की अिबादत करो, उसके सिवाय तुम्हारा कोई मालिक नहीं, और नाप और तौल में कमी न किया करो। मैं तुमको खुशहाल देखता हूँ और मुझको तुम्हारी निस्बत अज़ाब के दिन का खटका है जो आ घेरेगा। (८४) और भाइयो ! नाप और तौल इन्साफ़ के साथ पूरी किया करो और लोगों को उनकी चीज़ें कम न दिया करो और ज़मीन में फ़साद मत मचाते फिरो। (८५) अगर तुम ईमान रखते हो तो अल्लाह का दिया जो कुछ बच रहे वही तुम्हारे लिए अच्छा है। और मैं तुम पर निगरानी करनेवाला तो नहीं हूँ। (८६) वह कहने लगे कि ऐ शुऐब ! क्या तुम्हारी नमाज़ ने तुमको यह सिखाया है कि जिनको हमारे बाप-दादा पूजते आये हैं हम उनको छोड़ बैठें या अपने माल में जिस तरह चाहें (ख़र्च) न करें, तुम ही तो बड़े सहनशील और भली राह वाले (बचे) हो। (८७) (शुऐब अ०) बोले भाइयो ! भला देखो तो सही अगर मुझको अपने रब की तरफ़ से सूझ हुई और वह मुझको अपने से ही अच्छी रोज़ी देता है फिर मैं तुम्हारी राह कैसे चलूँ और मैं नहीं चाहता कि जिससे तुमको मना करता हूँ वही काम बाद में आप करने लगूँ। मैं तो जहाँ तक हो सके सुधार चाहता हूँ और (मेरा) भलाई के काम करना तो बस अल्लाह ही (के बल) से है, मैंने तो उसी पर भरोसा किया और उसी की तरफ़ लौ लगाता हूँ। (८८) और भाइयो ! मेरे (ख़िलाफ़ क़ी) ज़िद में आकर कहीं ऐसा न कर बैठना कि जैसी मुसीबत नूह की व हूद की जाति व सालेह की जाति पर आई थी वैसी ही मुसीबत तुम पर भी आवे और लूत की जाति (पर आई मुसीबत तो) तुमसे दूर (की बात) नहीं (उसी को देखकर नसीहत लो)। (८९)

§ याने यह ख़ुदाई अज़ाब सिर्फ़ क़ौम लूत के ही लिए नहीं, हर सरकश क़ौम या शख़्स को अपने सर पर हमेशा मँडराता समझना चाहिये। कोई बड़ी से बड़ी ताक़त सरकशी और बुरे कामों के बाद अल्लाह के अज़ाब से अपने को बचा नहीं सकती। इसलिए इन ज़ालिम क़ौमों के बुरे अन्त को ही देख कर मक्का के मुशरिक व दुनिया के हर लोग नसीहत लें। † हज़रत इब्राहीम के बेटे का नाम मदियन था। फिर उनकी सन्तान का यही नाम पड़ गया।

वस्तग़्फ़िरू रब्बकुम् सुम्म तूबू इलैहि त् इन्न रब्बी रहीमूँव् वदूदुन् (९०) क़ालू या शुऐबु मा नफ़्क़हु कसीरम्-मिम्मा तक़ूलु व इन्ना लनराक फ़ीना ज़ईफ़न् ज् व लौ ला रह्तुक लरजम्नाक ज् व मा अन्त अलैना बिअज़ीज़िन् (९१) क़ाल या क़ौमि अरहती अअज़ज़ु अलैकुम् मिनल्लाहि त् वत्तख़ज्तुमूहु वराअकुम् जिह्रीयन् त् इन्न रब्बी बिमा तअ़मलून मुह़ीत़ुन् (९२) व या क़ौमिअ़मलू अला मकानतिकुम् इन्नी आमिलुन् त् सौफ़ तअ़लमून ला मैंयअ्तीहि अजाबुंय्युख़्ज़ीहि व मन् हुव काज़िबुन् त् वर्तक़िबू इन्नी मअ्कुम् रक़ीबुन् (९३) व लम्मा जाअ अम्रुना नज्जैना शुऐबौं-वल्लज़ीन आमनू मअ़हू बिरह़्मतिम्-मिन्ना ज् व अख़ज़तिल्लज़ीन ज़लमुस्सैह़तु फ़अस्बह़ू फ़ी दियारिहिम् जासिमीन ला (९४) कअल्लम् यग़्नौ फ़ीहा त् अला बुऽदल्-लिमद्यन कमा बअ़िदत् समूदु (९५) ★ व लक़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना व सुल्तानिम्-मुबीनिन् ला (९६) इला फ़िर्औन व मलअिहि फ़त्तबअू अम्र फ़िर्औन ज् व मा अम्रु फ़िर्औन बिरशीदिन् (९७) यक़्दुमु क़ौमहू यौमल्-क़ियामति फ़अौरद-हुमुन्नार त् व बिअ्सल्-विर्दुल्-मौरूदु (९८) व अुत्बिअू फ़ी हाजिहि लअ़्नतौंव यौमल्-क़ियामति त् बिअ्सर्रिफ़्दुल्-मर्फ़ूदु (९९) ज़ालिक मिन् अम्बाअिल्क़ुरा नक़ुस्सुहू अलैक मिन्हा क़ाअिमूँव् हसीदुन् (१००) व मा जलम्नाहुम् व लाकिन् जलमू अन्फ़ुसहुम् फ़मा अग़्नत् अन्हुम् आलिहतुहुमुल्लती यद्अून मिन् दूनिल्लाहि मिन् शैअिल्लम्मा जाअ अम्रु रब्बिक त् व मा ज़ादूहुम् ग़ैर तत्बीबिन् (१०१)

और अपने परवरदिगार से माफ़ी माँगो फिर उसी की ओर लौ लगाओ। बेशक मेरा परवरदिगार बड़ा मेहरबान और बेहद मुहब्बत करनेवाला है। (९०) वह कहने लगे कि ऐ शुऐब ! जो तुम कहते हो उनमें से बहुत सी तो हमारी समझही में नहीं आतीं और इसके सिवाय हम तुमको अपने (लोगों के मुक़ाबिले) में (निहायत) कमज़ोर पाते हैं और अगर तुम्हारे भाई-बन्द नहीं होते तो हम तुम पर पथराव करते और तुम हम पर कुछ सरदार (होने लायक़) नहीं। (९१) शूऐब ने जवाब दिया भाइयो ! क्या अल्लाह से बढ़कर तुम पर मेरे भाईबन्दों का दबाव है और तुमने (अल्लाह से विमुख होकर) उसको अपनी पीठ पीछे डाल दिया। सच में जो कुछ तुम करते हो (सब) मेरे परवरदिगार की जानकारी की सीमा में है। (९२) और ऐ भाइयो ! तुम अपनी जगह काम करो, मैं अपनी जगह काम करता हूँ। आगे (तुमको) मालूम हो जावेगा कि किस पर सज़ा उतरती है जो उसको ज़लील कर दे और (ज़ाहिर कर दे कि) कौन झूठा है। (तुम भी उस अज़ाब की घड़ी की) राह देखते रहो और मैं भी तुम्हारे साथ राह देखता हूँ। (९३) और जब हमारा हुक्म आ पहुँचा तो हमने अपनी मेहरबानी से शुऐब को और उन लोगों को जो उनके साथ ईमान लाये थे बचा लिया और जो लोग बेहुक्मी करते थे उनको (हमारे हुक्म से) चिंघाड़ ने आ पकड़ा तो सुबह को अपने घरों में औंधे पड़े रह गये। (९४) गोया उनमें कभी बसे ही न थे। (ऐ दुनिया के लोगो !) सुन रखो ! जैसे समूद अल्लाह के यहाँ से (एक दिन) फिटकारे गये थे, (वैसे ही) मदियनवाले भी फिटकारे गये। (९५) ★

और (हमने) मूसा को अपनी निशानियों और खुली दलील के साथ (पैग़म्बर बनाकर) भेजा। (९६) फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़; तो लोग फ़िरऔन के कहने पर चले और फ़िरऔन की बात कुछ नेक राह की न थी।(९७) क़ियामत के दिन (फ़िरऔन) अपनी जाति के आगे-आगे होगा और उनको (दोज़ख़ की) आग में ले जा उतारेगा और बुरा घाट है जिस पर (ये) उतरे हैं। (९८) और इस (दुनिया) में लानत उनके पीछे लगी और क़ियामत के दिन भी बुरा इनआम (प्रतिफल) है जो (इनको) मिला। (९९) (ऐ पैग़म्बर !) यह बस्तियों की कुछ ख़बरे हैं जो हम तुमसे बयान करते हैं, इनमें से कोई (तो इस वक़्त) क़ायम हैं और कोई उजड़ गई हैं। (१००) और हमने इन लोगों पर ज़ुल्म नहीं किया बल्कि इन्होंने बेहुक्मी करके खुद अपनी जानों पर ज़ुल्म किया, तो (ऐ पैग़म्बर !) जब तुम्हारे पालनकर्त्ता की (सज़ा का) का हुक्म आ पहुँचा तो अल्लाह के सिवाय जिन पूजितों (देवी-देवताओं) को वह लोग पुकारा करते थे, वह उनके कुछ भी काम न आये; बल्कि उनके विनाश के अलावा और कुछ न किया। (१०१)

★ रु. ८ | ८ आ १२

व कजालिक अख़्जु रब्बिक अिजा अख़जल्क़ुरा व हिय जालिमतुन् त् अिन्न अख़्जहू अलीमुन् शदीदुन् (१०२) अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्-लिमन् ख़ाफ़ अजाबल् - आख़िरति त् जालिक यौमुम् - मज्मूअुन् ला ल्'लहुन्नासु व जालिक यौमुम्मशूहूदुन् (१०३) व मा नुअख़्ख़िरुहू अिल्ला लिअजलिम् - मअ्दूदिन् त् (१०४) यौम यअ्ति ला तकल्लमु नफ़्सुन् अिल्ला बिअिज्निहि ज् फ़मिन्हुम् शक़ीयूँव सअीदुन् (१०५) फ़अम्मल्लजीन शक़ू फ़फ़िन्नारि लहुम् फ़ीहा ज़फ़ीरूँव शहीक़ुन् ला (१०६) ख़ालिदीन फ़ीहा मा दामतिस्-समावातु वल्अर्ज़ु अिल्ला मा शा अ रब्बुक त् अिन्न रब्बक फ़अ्आलुल्लिमा युरीदु (१०७) व अम्मल्लजीन सुअिदू फ़फ़िल्जन्नति ख़ालिदीन फ़ीहा मा दामतिस्-समावातु वल्अर्ज़ु अिल्ला मा शा अ रब्बुक त् अता अन् ग़ैर मज्जूजिन् (१०८) फ़ला तकु फ़ी मिर्यत्तिम्मिम्मा यअ्बुदु हा अुला अि त् मा यअ्बुदून अिल्ला कमा यअ्बुदु आबा अुहुम् मिन् क़ब्लु त् व अिन्ना लमुवफ़्फ़ूहुम् नसीबहुम् ग़ैर मन्क़ूसिन् (१०९) ★ व लक़द् आतैना मूसल्किताब फ़ख़्तुलिफ़ फ़ीहि त् व लौला कलिमतुन् सबक़त् मिर्रब्बिक लक़ुज़िय बैनहुम् त् व अिन्नहुम् लफ़ी शक्किम् - मिन्हु मुरीबिन् (११०) व अिन्न कुल्लल्लम्मा लयुवफ़्फ़ियन्नहुम् रब्बुक अअ्मालहुम् त् अिन्नहू बिमा यअ्मलून ख़बीरुन् (१११) फ़स्तक़िम् कमा अुमिरत व मन् ताब मअ्क व ला तत्ग़ौ त् अिन्नहू बिमा तअ्मलून बसीरुन् (११२) व ला तर्कनू अिलल्लजीन जलमू फ़तमस्सकुमुन्नारु ला व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिन् औलिया अ सुम्म ला तुन्सरून (११३) व अक़िमिस्सलात तरफ़यिन्नहारि व ज़ुलफ़म् - मिनल्लैलि त् अिन्नल्-हसनाति युज्हिब्नस् - सैयिआति त् जालिक जिक्रा लिज्जाकिरीन ज् (११४)

★ रु. ६ - ६ आ १४

और (ऐ पैग़म्बर !) जब-जब बस्तियों के लोग ज़ुल्म करने लगते हैं और तुम्हारा परवरदिगार उनको पकड़ता है तो उसकी पकड़ ऐसी ही होती है, बेशक उसकी पकड़ बहुत ही दुखदाई है। (१०२) इनमें उस आदमी के लिए जो आख़िरत की सज़ा से डरे एक बड़ी निशानी है। (क़ियामत का) दिन ही वह दिन होगा जब सब लोग (हमारे सामने) जमा होंगे और वह दिन (सब को) देखना है। (१०३) और हमने उसको एक ठहराये हुए (नियत) समय तक के ही लिए रोक रखा है। (१०४) जिस दिन वह आ मौजूद होगा तो अल्लाह के हुक्म के बिना कोई शख़्स बात तक न कर सकेगा, सो उनमें कोई अभागा कोई भाग्यवान होगा। (१०५) तो जो अभागे हैं वह (नरक की) आग में होंगे, वहाँ उनको (बस) चिल्लाना है और चीख़ना (१०६) जब तक आकाश व ज़मीन है हमेशा उसी में रहेंगे मगर (ऐ पैग़म्बर !) सिवाय उसके जिसको तुम्हारा रब (छुटकारा देना) चाहे बेशक तुम्हारा परवरदिगार जो चाहता है, कर डालता है। (१०७) और जो लोग भाग्यवान हैं वह जन्नत में होंगे जब तक आसमान और ज़मीन है बराबर उसी में रहेंगे मगर जिसको तेरा रब चाहे। (उसकी) कृपा का ओर-छोर नहीं। (१०८) तो (ऐ पैग़म्बर !) यह (मुशरिकीन) जिनकी पूजा करते हैं उनके सम्बन्ध में तुम किसी तरह के धोखे में मत पड़ना। जैसी (पूजा) पहले उनके बाप दादा पूजते आये हैं वैसी ही यह लोग भी करते हैं और हम इनकी (करनी का) हिस्सा (इनको) बिना कम किये पूरा-पूरा पहुँचा देंगे। (१०९) ★

और हमने मूसा को (भी) किताब (तौरात) दी थी फिर लोग उसमें (भी) भेद डालने लगे थे (जिस तरह आज ये लोग शक पैदा कर रहे हैं उस किताब में जो तुम्हें दी गई है।) और (ऐ पैग़म्बर !) अगर तुम्हारा परवरदिगार एक बात पहले से न कह चुका होता † तो लोगों में फ़ैसला हो चुका होता बेशक यह लोग (क़ुर्आन की तरफ़ से) ऐसे शक में पड़े हुए हैं जिसने इनको डावाँडोल कर रखा है। (११०) जब वक़्त आवेगा तुम्हारा परवरदिगार इन सब को इनके कर्मों का बदला ज़रूर देगा क्योंकि जैसे-जैसे कर्म यह लोग कर रहे हैं उसको (उन सब की) ख़बर है। (१११) सो (ऐ पैग़म्बर !) अपने साथियों सहित जिन्होंने तुम्हारे साथ तौबः की, जैसा हुक्म हुआ है, सीधे (उसी पर) चले जाओ और हद से न बढ़ो और जो कुछ तुम कर रहे हो अल्लाह देख रहा है। (११२) और जिन लोगों ने बेहुक्मी की उनकी ओर मत झुकना, नहीं तो (दोज़ख़ की) आग तुम्हारे लगेगी। और अल्लाह के सिवाय तुम्हारा कोई सहायक नहीं है, (बेहुक्मी की तरफ़ झुकने की सूरत में उसकी तरफ़ से भी) तुमको सहायता नहीं मिलेगी। (११३) और (ऐ पैग़म्बर !) दिन के दोनों सिरे (यानी सुबह-शाम) और रात के (कुछ) हिस्सों में नमाज़ खड़ी करो, क्योंकि भलाइयाँ गुनाहों को दूर कर देती हैं। जो लोग अल्लाह को याद करनेवाले हैं उनके हक़ में यह चेतावनी है। (११४)

† हर फ़ैसले का मुक़र्रर (नियत) समय होता है। उसी वक़्त अल्लाह का हुक्म—सवाब या अज़ाब नाज़िल होता है। रसूल स० को सब्र दिलाया गया है कि वह इत्मीनान रखें। वह वक़्त अल्लाह की मसलहत के मुताबिक़ आ मौजूद होगा जब अधर्मियों के शक व फ़र्क़ डालने की सज़ा उन पर आकर रहेगी।

वस्बिर् फ़अिन्नल्लाह ला युज़ीअु अज्रल्-मुह्सिनीन (११५) फ़लौ ला कान मिनल्क़ुरूनि मिन् क़ब्लिकुम् अुलू बक़ीयतिंय्यन्हौन अनिल्फ़सादि फ़िल्अर्ज़ि अिल्ला क़लीलम्-मिम्मन् अन्जैना मिन्हुम् ज़ वत्तबअल्लजीन जलमू मा अुतरिफ़ू फ़ीहि व कानू मुज्रिमीन (११६) व मा कान रब्बुक लियुह्लिकल्-क़ुरा बिजुल्मिंव्व अह्लुहा मुस्लिहून (११७) व लौ शा अ रब्बुक लजअलन्नास अुम्मतंय्यौं-वाह्दतंव्वौं व ला यज़ालून मुख़्तलिफ़ीन ला (११८) अिल्ला मर्रहिम रब्बुक त़ व लिजालिक ख़लक़हुम् त़ व तम्मत् कलिमतु रब्बिक लअम्लअन्न जहन्नम मिनल्-जिन्नति वन्नासि अज्मअीन (११९) व कुल्लन् नक़ुस्सु अलैक मिन् अम्बा अिर्रुसुलि मा नुसब्बितु बिहि फ़ुआदक ज़ व जा अक फ़ीं हाजिहिल्-हक़्क़ु व मौअिज़तंव्वौं-व जिक्रा लिल्मुअ्मिनीन (१२०) व क़ुल् लिल्लजीन ला युअ्मिनूनअ़मलू अला मकानतिकुम् त़ अिन्ना आमिलून ला (१२१) वन्तजिरू ज़ अिन्ना मुन्तजिरून (१२२) व लिल्लाहि ग़ैबुस्समावाति वल्अर्ज़ि व अिलैहि युर्जअुल्-अम्रु कुल्लुहू फ़अ़्बुद्हु व तवक्कल् अलैहि त़ व मा रब्बुक बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ़मलून (१२३) ★

✪ १२ सूरः यूसुफ़ ५३ ✪

(मक्का) इसमें अरबी के ७४११ हुरूफ़, १८०८ शब्द, १११ आयतें और १२ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलिफ़् लाम् रा क़िफ़ तिल्क आयातुल्-किताबिल्-मुबीनि क़िफ़ (१) अिन्ना अन्ज़ल्नाहु क़ुर्आनन् अरबीयल्-लअल्लकुम् तअ़क़िलून (२)

और (ऐ पैग़म्बर !) सब्र से काम लो क्योंकि अल्लाह अच्छे कामों का अजर (बदला) बेकार नहीं करता।(११५) तो जो जमातें (गिरोह) तुमसे पहले हो चुकी हैं उनमें ऐसे होशवाले क्यों न हुए कि (लोगों को) देशमें फ़साद मचाने से मना करते, हाँ, थोड़े से (थे) जिनको हमने नजात दी और जो ज़ालिम थे वे वही राह चले जिसमें ऐश पाया और यह लोग गुनाहों में डूबे थे। (११६) और (ऐ पैग़म्बर !) तुम्हारा परवरदिगार ऐसा नहीं है कि बस्तियों को नाहक़ तबाह कर दे जबकि वहाँ के लोग नेक हों।(११७) और अगर तुम्हारा परवरदिगार चाहता तो सारे लोगों को एक ही राह पर कर देता लेकिन अब तो वे हमेशा भेद पैदा करते रहेंगे। (११८) सिवाय उसके जिस पर तुम्हारे परवरदिगार की रहमत है और इसीलिए उनको पैदा किया है§। और तुम्हारे परवरदिगार का कहा हुआ पूरा हो कर रहा कि जिन्नों और आदमियों† सबसे दोज़ख़ को भर दूँगा। (११९) और (ऐ पैग़म्बर !) दूसरे पैग़म्बरों के जितने क़िस्से हम तुमसे बयान करते हैं उनके द्वारा हम तुम्हारे दिल को मज़बूत करते हैं और इनसे सच्चाई तुम्हारे पास पहुँची और (साथ ही) ईमानवालों के लिए नसीहत और समझ है। (१२०) और (ऐ पैग़म्बर !) जो लोग ईमान नहीं लाते उनसे कह दो कि तुम अपनी जगह काम किये जाओ, हम भी काम करते हैं (अपनी जगह)। (१२१) और तुम भी (उसके नतीजे की) राह देखो और हम भी राह देखते हैं। (१२२) और आसमान और ज़मीन की छिपी बातें अल्लाह ही के पास हैं और हर काम का आख़िरकार उसी (अल्लाह) पर ही दारोमदार है, तो (ऐ पैग़म्बर !) उसी की इबादत करो और उसी पर भरोसा रखो और जो कुछ तुम लोग कर रहे हो, तुम्हारा परवरदिगार उससे बेख़बर नहीं। (१२३) ★ रु. १०–१० आ १४

✪ १२ सूरः यूसुफ़ ५३ ✪

(मक्की) इसमें ७४११ अक्षर, १८०८ शब्द, १११ आयतें और १२ रुकू हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहम वाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-लाम-रा। यह खुली किताब (यानी क़ुर्आन) की आयतें हैं।(१) हमने इस क़ुर्आन को अरबी भाषा में उतारा है, ताकि तुम (अपनी मादरी ज़बान में उसे बखूबी) समझ सको। (२)

§ आयत ११७-११८ का खुलासा है कि लोग दुनिया में मत-मतान्तर में पड़े रहेंगे। लेकिन जो अल्लाह की मेहरबानी के हक़दार हैं वे पैदा ही इसी लिए किये गये हैं कि इन विभेदों में न पड़ कर सीधे अल्लाह के दीन पर चलें। † शैतान और शैतान की राह पर चलने वालों से।

❀ सूरः यूसुफ़ में हज़रत यूसुफ़ अ० की ज़िन्दगी का हाल तफ़सील में बयान हुआ है और इसलिए उन्हीं के नाम पर सूरत का नामकरण किया गया है। वैसे तो ह० यूसुफ़ अ० का क़िस्सा दुनिया की ज़्यादः तर ज़बानों में बयान है लेकिन क़ुर्आन में उनके जीवनचरित्र से बड़ी नसीहत मिलती है। अल्लाह के बन्दों के पीछे दुनिया के लोग कैसा पड़ते हैं और सारी मुसीबतों को झेल कर सारी कसौटियों पर खरा उतरते व पाक ज़िन्दगी गुज़र करते हुये ये ऊँची हस्तियाँ अल्लाह के फ़ज़्ल से दुनिया व आख़िरत (लोक-परलोक) की ज़िन्दगी में सफल होती हैं। उनको सताने वाले तबाही और ज़िल्लत को पहुँच कर आख़िर में इन्हीं नबियों की पनाह में आते हैं। सूरत की शुरू की आयतों में ही बयान किया गया है कि "यह क़ुर्आन अल्लाह के पवित्र संदेश के रूप में अरबी ज़बान में इस लिए उतारा गया है ताकि अरब के लोग, जिनमें का रसूल उन्हें अल्लाह के पैग़ाम सुना रहा है, बखूबी अपनी मादरी ज़बान में उनको समझ सकें।" यहाँ व और सूरतों में [पिज ३६७ पर]

नहूनु नक़ुस्सु अलैक अह्सनल्-क़ससि बिमा औ हैना इलैक हाजल्-क़ुर्आन व इन् कुन्त मिन् क़ब्लिहि लमिनल्ग़ाफ़िलीन (३) इज् क़ाल यूसुफ़ु लिअबीहि या अबति इन्नी रऐतु अहद अशर कौकबौं-वश्शम्स वल्क़मर रऐतुहुम् ली साजिदीन (४) क़ाल या बुनैय ला तक़्सुस् रुअ्याक अला इख्वतिक फ़यकीदू लक कैदन् इन्नश्शैत़ान लिल्इन्सानि अदूवुम्-मुबीनुन् (५) व कजालिक यज्तबीक रब्बुक व युअल्लिमुक मिन् तअ्वीलिल्-अहादीसि व युतिम्मु निअ़्मतहू अलैक व अला आलि यअ़्क़ूब कमा अतम्महा अला अबवैक मिन् क़ब्लु इब्राहीम व इस्हाक़ इन्न रब्बक अलीमुन् हकीमुन् (६) ★ लक़द् कान फ़ी यूसुफ़ व इख्वतिहि आयातुल्लिस्-साइलीन (७) इज् क़ालू लयूसुफ़ु व अख़ूहु अहब्बु इला अबीना मिन्ना व नहूनु उ़स्बतुन् इन्न अबाना लफ़ी ज़लालिम्-मुबीनि (८) अक़्तुलू यूसुफ़ अवित्रहूहु अर्ज़ैंयख्लु लकुम् वजहु अबीकुम् व तकूनू मिम्बअ़्दिहि क़ौमन् सालिहीन (९) क़ाल क़ाइलुम्-मिन्हुम् ला तक़्तुलू यूसुफ़ व अल्क़ूहु फ़ी ग़याबतिल्-जुब्बि यल्तक़ित्हु बअ़्ज़ुस्-सैयारति इन् कुन्तुम् फ़ाअ्लीन (१०) क़ालू या अबाना मालक ला तअ्मन्ना अला यूसुफ़ व इन्ना लहू लनासिहून (११) अर्सिल्हु मअ्ना ग़दंयर्तअ़् व यल्अब् व इन्ना लहू लहाफ़िज़ून (१२) क़ाल इन्नी लयहूज़ुनी अन् तज़्हबू बिहि व अख़ाफ़ु अंयअ़्-कुलहुज्जिअ़्बु व अन्तुम् अन्हु ग़ाफ़िलून (१३) क़ालू लइन् अकलहुज्जिअ़्बु व नहूनु उ़स्बतुन् इन्ना अिजल्लख़ासिरून (१४)

(आयत ८ में) रेखांकित मौक़े पर अगर वस्ल (यानी मिला) कर पढ़ेंगे तो "मुबीनिनिक़्तुलू" और अगर वक़्फ़ करें (यानी अलाहदः पढ़ेंगे) तो "मुबीन् (८) अुक़्तुलू" यों पढ़ा जायगा। वक़्फ़ व वस्ल के क़ायदों को पढ़िये।

(ऐ पैग़म्बर !) हम तुम्हारी तरफ़ इस (ख़ुदाई पैग़ाम) क़ुर्आन के ज़रिये यह (सूरत) भेजकर तुमको एक बहुत अच्छा क़िस्सा सुनाते हैं और तुम इससे पहले (इस हाल से) बेख़बरों में थे। (३) एक समय था कि यूसुफ़ ने अपने बाप से कहा कि ऐ बाप ! मैंने ग्यारह तारों और सूरज और चाँद को देखा है कि यह सब मुझको सिजदः कर (सिर झुकाते) रहे हैं। (४) (याक़ूब ने) कहा, बेटा ! कहीं अपने स्वप्न को भाईयों से न कह बैठना नहीं तो वह तुझको (किसी न किसी) फ़रेब में फँसाने की तदबीर करने लगेंगे। बेशक शैतान आदमी का खुला दुश्मन है §। (५) और (जैसा तूने स्वप्न में देखा है) वैसा ही होगा कि तेरा परवरदिगार तुझको क़बूल करेगा और तुझको (स्वप्न की) बातों का मतलब निकालना सिखादेगा और जिस तरह अल्लाह ने अपनी नियामत पहले तेरे दादा इसहाक़ और इब्राहीम पर पूरी की थी, उसी तरह तुझ पर और याक़ूब की (यानी मेरी) औलाद पर पूरी करेगा। बेशक तेरा परवरदिगार पूरा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है। (६) ★

(ऐ पैग़म्बर !) इन पूँछने वालों के लिए यूसुफ़ और उनके भाइयों के बयान में निशानियाँ हैं। ७ (७) जब (यूसुफ़ के सौतेले भाइयों ने आपस में) कहा कि बावजूदे कि हम (हक़ीक़ी) भाइयों की बड़ी जमात है तो भी यूसुफ़ और उसका (सगा) भाई हमारे वालिद को हमसे बहुत ज़्यादा प्यारे हैं, बेशक हमारा वालिद ज़ाहिरा ग़लती में है। (८) (तो या तो) यूसुफ़ को मार डालो या उसको किसी (दूसरे) मुल्क में फेंक आओ ताकि वालिद का रुख़ तुम्हारी ही तरफ़ रहे और उसके बाद नेक लोगों जैसे हो रहो। (९) उनमें से एक कहनेवाला बोल उठा कि यूसुफ़ को जान से न मारो और हाँ, तुमको कुछ करना है तो उसको अन्धे कुएँ में डाल दो कि कोई राह चलता मुसाफ़िर उसको निकाल लेजाय। (१०) (तब सबने मिलकर याक़ूब से) कहा कि ऐ वालिद ! इसकी क्या वजह है कि आप यूसुफ़ के सम्बन्ध में हमारा यक़ीन नहीं करते, हालाँकि हम तो उसके ख़ैरख्वाह (हितैषी) हैं। (११) उसको कल हमारे साथ भेज दीजिए (कि जंगल के फल वग़ैरह) खा आये और खेले और हम उसकी देख-रेख के ज़िम्मेदार हैं। (१२) (याक़ूब ने) कहा कि तुम्हारा इसको ले जाना तो मुझ पर सख़्त गुज़रता है और मैं इस बात से भी डरता हूँ कि (ऐसा न हो) कहीं तुम उससे बेख़बर हो जाओ और इसको भेड़िया खा जावे। (१३) वह कहने लगे कि अगर इसको भेड़िया खा जाय और हम जैसी ताक़तवर जमात (मौजूद ही) हैं तो इस सूरत में हम (बिलकुल ही) निकम्मे ठहरे। (१४)

रु. १ — ११ आ ६

[पेज ३६५ से] बार-बार आया है कि दुनिया के हर हिस्से में अल्लाह के नबी व अल्लाह की किताबें हमेशा आती रही हैं और वे सब एक ही दीन का एलान करती रही हैं। यह पैग़म्बर मुहम्मद स० उन नबियों व किताबों की तसदीक़ करते हैं और अल्लाह का यह हुक्म इस्लाम नया नहीं है बल्कि पिछले नबियों व किताबों के ज़रिये नाज़िल (अवतारित) ज्ञान का समर्थन है। क़ुर्आन में अल्लाह ने उन्हीं किताबों व नबियों [पेज ४०३ पर]

§ स्वप्न में इशारा है कि सूरज और चाँद यूसुफ़ अ० के बाप और माँ और ग्यारह तारे उनके एक सगे व दस सौतेले भाई हैं। चूँकि अल्लाह की यूसुफ़ अ० पर रहमत होगी इसलिए उन सौतेले भाइयों का दुश्मनों का सुलूक होने पर भी अन्त में सब को ह० यूसुफ़ अ० के आगे झुकना पड़ेगा। ७ क़ुरैशों ने जानना चाहा कि यूसुफ़ अ० के पूर्वज ह० इब्राहीम अ० तो शाम के रहनेवाले थे, वे मिस्र कैसे पहुँचे कि ह० मूसा अ० को उनकी औलाद इस्राईलियों को वहाँ से आज़ाद कराने के लिए कोशिश करनी पड़ी। तब अल्लाह की ओर से यूसुफ़ अ० और उनके सौतेले भाइयों की आयतें उतरीं जिनसे न सिर्फ़ उनका क़िस्सा बल्कि मुनाफ़िक़ों, यहूदियों, क़ुरैशों सभी को नसीहतें मिलती हैं।

फ़लम्मा जहबू बिहि व अज्मअू अँयज्अलूहु फ़ी ग़यातिल्-जुब्बि ज व औ हैना अिलैहि ल-तुनब्बिअन्नहुम् बिअम्रिहिम् हाजा व हुम् ला यश्अुरून (१५) व जा'अू अबाहुम् अिशा अँयब्कून ﴿ (१६) क़ालू या अबाना अिन्ना जहब्ना नस्तबिक़ु व तरक्ना यूसुफ़ अिन्द मताअिना फ़अकलहुज्-जिअ्बु ज व मा अन्त बिमुअ्मिनिल्लना व लौ कुन्ना सादिक़ीन (१७) ● व जा'अू अला क़मीसिहि बिदमिन् कजिबिन् ﴿ क़ाल बल् सौवलत् लकुम् अन्फ़ुसुकुम् अम्रन् ﴿ फ़सब्रुन् जमीलुन् ﴿ वल्लाहुल्-मुस्तआनु अला मा तसिफ़ून (१८) व जा'अत् सैयारतुन् फ़अर्सलू वारिदहुम् फ़अद्ला दल्वहू ﴿ क़ाल या बुश्रा हाजा ग़ुलामुन् ﴿ व असर्रूहु बिज़ाअ़तन् ﴿ वल्लाहु अलीमुम्-बिमा यअ़मलून (१९) व शरौहु बिसमनिम्-बख़सिन् दराहिम मअ़्दूदतिन् ज व कानू फ़ीहि मिनज़्-ज़ाहिदीन (२०) ★ व क़ाललज्जिश्तराहु मिम्मिस्र लिम्रअतिहि अक्रिमी मस्वाहु असा अँयन्फ़अना औ नत्तख़िजहु वलदन् ﴿ व कजालिक मक्कन्ना लियूसुफ़ फ़िल्अर्ज़ि ज व लिनुअल्लिमहू मिन् तअ्वीलिल्-अहादीसि ﴿ वल्लाहु ग़ालिबुन् अला अम्रिहि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ़लमून (२१) व लम्मा बलग़ अशुद्दहू आतैनाहु हुक्मौंव अिल्मन् ﴿ व कजालिक नजज़िल्-मुहसिनीन (२२) व रावदत्हुल्लती हुव फ़ी बैतिहा अन् नफ़्सिहि व ग़ल्लक़तिल्-अब्वाब वक़ालत् हैत लक ﴿ क़ाल मअ़ाजल्लाहि अिन्नहू रब्बी अहसन मस्वाय ﴿ अिन्नहू ला युफ़्लिहुज्ज़ालिमून (२३) व लक़द् हम्मत् बिहि ज व हम्म बिहा लौ ला अर्आबुर्हान रब्बिहि ﴿ कजालिक लिनस्रि-अन्हुस्सू अ वल्-फ़हूशा अ ﴿ अिन्नहू मिन् अिबादिनल्-मुख़्लसीन (२४)

आख़िरकार जब यह लोग (याक़ूब को धोखे से राज़ी करके) यूसुफ़ को अपने साथ ले चले और सब ने इस बात पर एक मत कर लिया कि इसको किसी अन्धे कुएँ में डाल दें (और जैसा ठहरा था वैसा ही उन्होने किया) तो (उसी वक़्त) हमने यूसुफ़ की तरफ़ वही (ख़ुदाई पैग़ाम) भेजा कि तुम (घबराओ नहीं, एक दिन) इनको इनके इस (बुरे) व्यवहार से जतलाओगे और वह तुमको जान भी न पावेंगे †। (१५) ग़रज़ यह लोग थोड़ी रात गये रोते (पीटते) अपने बाप के पास आये। (१६) कहने लगे ऐ वालिदजान ! हम तो दौड़ कर आगे निकलने (की कोशिश में) लगे और यूसुफ़ को अपने असबाब के पास छोड़ दिया। इतने में भेड़िया उसे खा गया। और अगर्चे हम सच भी कहते हों तो भी आपको हमारी बात का यक़ीन न आवेगा। (१७) ● और यूसुफ़ के कुर्ते पर झूठ-मूठ का ख़ून (भी लगा) लाये। (याक़ूब ने उनका बयान सुनकर और ख़ून से सना कुर्ता देखकर) कहा (कि यूसुफ़ को भेड़िये ने तो नहीं खाया) बल्कि तुम्हारे लिए तुम्हारे दिल ने एक बात बना दी है। ख़ैर सब्र ही चारा है और जो तुम कहते हो उस बाबत अल्लाह ही से मदद मांगता हूँ। (१८) फिर (संयोग से) क़ाफ़िला (उस ओर) आ गया, उन्होंने अपने पानी लाने वाले को भेजा और ज्योंही उसने अपना डोल लटकाया (यूसुफ़ उसमें आ बैठे)। वह पुकार उठा, अहा ! क्या ख़ुशी की बात है ! यह तो लड़का है। क़ाफ़िलेवालों ने (बेहद हसीन) यूसुफ़ को (अच्छी क़ीमत पर बेंच लेने की नियत से) क़ीमती माल मान कर छिपा रखा और जो तदबीरें (यह लोग) कर रहे थे अल्लाह को ख़ूब मालूम थीं। (१९) और कम दामों (यानी) चंद दिरहम के बदले में उसको बेंच डाला और वह (यूसुफ़ की) इच्छा भी न रखते थे§। (२०) ★

(आख़िरकार) मिस्र के लोगों में (मिस्र के शासक ने) जिसने यूसुफ़ को मोल लिया उसने अपनी औरत (ज़ुलैख़ा) से कहा इसको अच्छी तरह रखो, ताज्जुब नहीं यह हमको फ़ायदा पहुँचाये या (शायद) इसको हम (अपना) बेटा ही बना लें और (ऐ पैग़म्बर !) यूँ हमने यूसुफ़ को इस (मिस्र) देश में जगह दी और ग़रज़ यह थी कि हम उसको ख़्वाबों का मतलब निकालना सिखा दें और अल्लाह अपने इरादे (को पूरा करने) में समर्थ है मगर अक्सर लोग (इस भेद को) नहीं समझते। (२१) और जब यूसुफ़ अपनी जवानी को पहुँचा, हमने उसको हुक्म (विवेक) और इल्म दिया। और हम नेक बन्दों को इसी तरह बदला दिया करते हैं।(२२) और (ज़ुलैख़ा ने) जिसके घर में यूसुफ़ थे, उनको (बुरे इरादे से) फुसलाना चाहा और दरवाज़े बन्द कर लिये और कहा जल्द आओ। (यूसुफ़) बोला अल्लाह बचावे। वह (तुम्हारा ख़ाविंद) अज़ीज़ मेरा मालिक है, उसने मुझको अच्छी तरह रखा है (मैं उसकी अमानत में ख़यानत नहीं कर सकता), क्योंकि बेशक ज़ालिमों (अन्यायियों) का (कभी) भला नहीं होता। (२३) और वह यूसुफ़ के साथ (बुरी) इच्छा कर ही चुकी थी, अगर यूसुफ़ को अपने परवरदिगार की (प्रेरणा से यह) दलील (कि वह मालिक की ख़यानत व गुनाह है) न सूझ गई होती, तो वह भी उसके साथ (बुरी) इच्छा कर बैठे होते। इसी प्रकार (हमने यूसुफ़ को मज़बूत रखा ताकि) बदकारी और बेशर्मी को उससे दूर रखें। (इसमें) कुछ शक नहीं कि वह हमारे चुने सेवकों में से था। (२४)

सु. ३ | ४ — रु. २ | १२ आ १४

† यूसुफ़ अ० जब कुएँ में गिराये गये तो यह वही आई और जब उनके भाई मिस्र में अनाज लेने आये तो यह 'वही' (संदेश) सच सिद्ध हुई। § इधर दूसरे दिन भाइयों ने जाकर देखा और कुएँ में यूसुफ़ अ० को न पाकर क़ाफ़िले को घेर कर कहा कि यह छोकरा तो हमारा ज़रख़रीद ग़ुलाम है। चुनांचे क़ाफ़िले वालों से २० दिरहम क़ीमत लेकर यूसुफ़ अ० को बेंच दिया क्योंकि वे तो चाहते ही थे कि [पिज ४०१ पर]

वस्तबक़ल्बाब व क़द्दत् क़मीसहू मिन् दुबुरिव्व अल्फ़या सैयिदहा लदल्बाबि त् क़ालत् मा जज़ाअु मन् अराद बिअह्लिक सूअन् अिल्ला अैंयुस्जन औ अजाबुन् अलीमुन् (२५) क़ाल हिय रावदत्नी अन् नफ़्सी व शहिद शाहिदुम्-मिन् अह्लिहा ज् अिन् कान क़मीसुहू क़ुद्दमिन् क़ुबुलिन् फ़सदक़त् व हुव मिनल्काजिबीन (२६) व अिन् कान क़मीसुहू क़ुद मिन् दुबुरिन् फ़कजबत् व हुव मिनस्-सादिक़ीन (२७) फ़लम्मा रआ क़मीसहू क़ुद मिन् दुबुरिन् क़ाल अिन्नहू मिन् कैदि कुन्न त् अिन्न कैद कुन्न अज़ीमुन् (२८) यूसुफ़ु अऽरिज़् अन् हाजा वस्तग़्फ़िरी लिजम्बिकि ज् ख़ा अिन्नकि कुन्ति मिनल्-ख़ाति़ओन (२९) ★ व क़ाल निसवतुन् फ़िल् - मदीनतिम्- रअतुल् - अजीज़ि तुराविदु फ़ताहा अन् नफ़्सिहा ज् क़द् शग़फ़हा हुब्बन् त् अिन्ना लनराहा फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (३०) फ़लम्मा समिअत् बिमक्रिहिन्न अर्सलत् अिलैहिन्न व अऽतदत् लहुन्न मुत्तकअौंव आतत् कुल्ल वाहिदतिम्-मिन्हुन्न सिक्कीनौंव क़ालतिख़्रुज् अलैहिन्न ज् फ़लम्मा रअैनहू अक्बर्नहू व क़त्तअ़्न अैदियहुन्न व क़ुल्न हाश लिल्लाहि मा हाजा बशरन् त् अिन् हाजा अिल्ला मलकुन् करीमुन् (३१) क़ालत् फ़जालिकुन्- नल्लजी लुम्तुन्ननी फ़ीहि त् व लक़द् रावत्तुहू अन् नफ़्सिहा फ़स्तअ़्सम त् व लअिल्लम् यफ़्अल् मा आमुरुहू लयुस्जनन्न व लयकूनम् - मिनस्साग़िरीन (३२) क़ाल रब्बिस्सिज्नु अहूब्बु अिलैय मिम्मा यद्अूननी अिलैहि ज् व अिल्ला तस्रिफ़् अन्नी कैद हुन्न अस्बु अिलैहिन्न व अकुम्मिनल्-जाहिलीन (३३) फ़स्तजाब लहू रब्बुहू फ़सरफ़ अन्हु कदहुन्न त् अिन्नहू हुवस्समीअुल् - अलीमु (३४) सुम्म बदा लहुम् मिम्बअ़्दि मा रअवुल्-आयाति लयस्जुनुन्नहू हत्ता हीनिन् (३५) ★

قَالَتْ مَا جَزَآءُ مَنْ أَرَادَ بِأَهْلِكَ سُوٓءًا إِلَّآ أَن يُسْجَنَ أَوْ عَذَابٌ
أَلِيمٌ ۝ قَالَ هِيَ رَٰوَدَتْنِي عَن نَّفْسِي وَشَهِدَ شَاهِدٌ مِّنْ أَهْلِهَآ
إِن كَانَ قَمِيصُهُۥ قُدَّ مِن قُبُلٍ فَصَدَقَتْ وَهُوَ مِنَ ٱلْكَٰذِبِينَ ۝
وَإِن كَانَ قَمِيصُهُۥ قُدَّ مِن دُبُرٍ فَكَذَبَتْ وَهُوَ مِنَ ٱلصَّٰدِقِينَ ۝
فَلَمَّا رَءَا قَمِيصَهُۥ قُدَّ مِن دُبُرٍ قَالَ إِنَّهُۥ مِن كَيْدِكُنَّ إِنَّ كَيْدَكُنَّ
عَظِيمٌ ۝ يُوسُفُ أَعْرِضْ عَنْ هَٰذَا وَٱسْتَغْفِرِي لِذَنۢبِكِ
إِنَّكِ كُنتِ مِنَ ٱلْخَٰطِـِٔينَ ۝ وَقَالَ نِسْوَةٌ فِى ٱلْمَدِينَةِ ٱمْرَأَتُ ٱلْعَزِيزِ
تُرَٰوِدُ فَتَىٰهَا عَن نَّفْسِهِۦ قَدْ شَغَفَهَا حُبًّا إِنَّا لَنَرَىٰهَا فِى ضَلَٰلٍ مُّبِينٍ
فَلَمَّا سَمِعَتْ بِمَكْرِهِنَّ أَرْسَلَتْ إِلَيْهِنَّ وَأَعْتَدَتْ لَهُنَّ مُتَّكَـًٔا وَءَاتَتْ
كُلَّ وَٰحِدَةٍ مِّنْهُنَّ سِكِّينًا وَقَالَتِ ٱخْرُجْ عَلَيْهِنَّ فَلَمَّا رَأَيْنَهُۥٓ أَكْبَرْنَهُۥ
وَقَطَّعْنَ أَيْدِيَهُنَّ وَقُلْنَ حَٰشَ لِلَّهِ مَا هَٰذَا بَشَرًا إِنْ هَٰذَآ إِلَّا مَلَكٌ
كَرِيمٌ ۝ قَالَتْ فَذَٰلِكُنَّ ٱلَّذِى لُمْتُنَّنِى فِيهِ وَلَقَدْ رَٰوَدتُّهُۥ عَن
نَّفْسِهِۦ فَٱسْتَعْصَمَ وَلَئِن لَّمْ يَفْعَلْ مَآ ءَامُرُهُۥ لَيُسْجَنَنَّ وَلَيَكُونًا
مِّنَ ٱلصَّٰغِرِينَ ۝ قَالَ رَبِّ ٱلسِّجْنُ أَحَبُّ إِلَىَّ مِمَّا يَدْعُونَنِىٓ إِلَيْهِ
وَإِلَّا تَصْرِفْ عَنِّى كَيْدَهُنَّ أَصْبُ إِلَيْهِنَّ وَأَكُن مِّنَ ٱلْجَٰهِلِينَ ۝
فَٱسْتَجَابَ لَهُۥ رَبُّهُۥ فَصَرَفَ عَنْهُ كَيْدَهُنَّ إِنَّهُۥ هُوَ ٱلسَّمِيعُ ٱلْعَلِيمُ
ثُمَّ بَدَا لَهُم مِّنۢ بَعْدِ مَا رَأَوُا۟ ٱلْـَٔايَٰتِ لَيَسْجُنُنَّهُۥ حَتَّىٰ حِينٍ ۝

और दोनों दरवाज़े की ओर भागे और औरत ने पीछे से यूसुफ़ का कुर्ता फाड़§ लिया और दोनो ने औरत के शौहर को दरवाज़े के पास पाया। (वह शौहर से पेशबन्दी के तौर पर) बोली कि जो शख़्स तेरी बीवी के साथ बदकारी की इच्छा करे बस उसकी यही सज़ा है कि क़ैद कर दिया जाय या (उसको) कड़ी सज़ा दी जाय। (२५) यूसुफ़ ने कहा कि वह (औरत ख़ुद मुझसे अपना मतलब निकालने को) मुझको फुसलाती थी और औरत के घर वालों में से एक गवाह ने यह बताया कि यूसुफ़ का कुर्ता (देखा जाय) अगर आगे से फटा है तो औरत सच्ची और यूसुफ़ झूठा। (२६) और अगर इसका कुर्ता पीछे से फटा है तो औरत झूठी और यूसुफ़ सच्चा। (२७) तो जब अ़ज़ीज़ ने* यूसुफ़ के कुर्ते को पीछे से फटा हुआ देखा तो उसने (ज़ुलैख़ा से) कहा कि बेशक यह (तुम) औरतों के चरित्र हैं, कुछ सन्देह नहीं कि तुम लोगों के फ़रेब बड़े हैं। (२८) ऐ यूसुफ़! इसको जाने दो; और (ऐ औरत!) तू अपने गुनाह की माफ़ी मांग, क्योंकि सरासर तूही गुनहगार है। (२९) ★ रु. ३/१३ आ ६

और शहर में औरतों ने चर्चा किया कि अ़ज़ीज़ की स्त्री अपने ग़ुलाम को अपनी तरफ़ रुजू करना चाहती है। उसका इश्क उसके दिल में जगह पकड़ गया है। हमारे नज़दीक तो वह ज़ाहिरा ग़लती में है। (३०) तो जब (मिस्र के अ़ज़ीज़ की) औरत ने इनके ताने सुने तो उनको बुलवा भेजा और उनके लिए एक महफ़िल की तैयारी की और (फल तराश-तराशकर खाने के लिए) एक-एक छुरी उनमें से हर एक के हवाले की और (ठीक वक़्त पर यूसुफ़ से) कहा कि इनके सामने बाहर आओ (और ज़रा अपनी सूरत दिखाओ)। फिर जब (औरतों ने यूसुफ़ को) देखा तो उन पर (यूसुफ़ के हुस्न का) ऐसा रोब बैठा कि उन्होंने (हवास खो दिये और छुरी से बेहवासी में) अपने हाथ काट लिये और कह उठीं सुब्हान अल्लाह! यह आदमी तो नहीं, हो न हो यह कोई बड़ा फ़रिश्तः † है। (३१) (ज़ुलैख़ा) बोली बस यही तो है जिसके सम्बन्ध में तुमने मुझको मलामत की, और मैंने उसके मन को (लुभाकर) हासिल करना चाहा था मगर उसने (अपने को) क़ाबू में रखा और जिसको मैं इससे कह रही हूँ अगर उसको फिर नहीं करेगा तो ज़रूर क़ैद किया जावेगा और ज़रूर ज़लील होगा। (३२) (यह सुनकर) यूसुफ़ ने दुआ़ की कि ऐ मेरे परवरदिगार जिसकी तरफ़ (यह औरतें) मुझको बुला रही हैं क़ैद रहना मुझको उससे कहीं ज़्यादा पसंद है। और अगर इनके फ़रेबों को तूने मुझसे दूर नहीं किया तो (अजब नहीं) मैं इनकी तरफ़ फिसल जाऊँ और मूर्खों में हो जाऊँ। (३३) तो यूसुफ़ के परवरदिगार ने उनकी दुआ़ सुन ली और उनको औरतों की चालों से बचाए रखा, बेशक अल्लाह सब कुछ सुनता और जानता है। (३४) फिर जब लोगों ने यूसुफ़ की (निष्कलंक) निशानियाँ देख लीं, उसके बाद (भी जुलैख़ा की दिलजोई या यूसुफ़ को उसकी नज़र से दूर रखने के लिए) उनको यही (मुनासिब) मालूम हुआ कि एक मुद्दत तक उसको क़ैद रखें। (३५) ★ रु. ४/१४ आ ६

[पिछ ३९९ से] यूसुफ़ कहीं दूर देश चला जाय। तो भाइयों ने दो दो दिरहम बाँट लिए, एक ने हिस्सा नहीं लिया।

§ यानी यूसुफ़ जब भागे और जुलैखा ने उनको दौड़कर पीछे से पकड़ना चाहा तो यूसुफ़ का कुरता उसके हाथ में फट कर आ रहा। * "अ़ज़ीज़" पहले मिस्र के वज़ीर का खिताब था। बाद को यह खिताब बादशाह का हो गया था। † यानी यह मनुष्य नहीं वरन् स्वर्गीय नवयुवक जान पड़ता है।

व दख़ल मअहुस्सिज्न फ़तयानि त् क़ाल अहूदुहुमा अिन्नी अरानी अऽसिरु ख़म्रन् ज् व क़ालल्-आख़रु अिन्नी अरानी अह्मिलु फ़ौक़ रअ्सी ख़ुब्ज़न् तअ्कुलुत्तैरु मिन्हु त् नब्बिअ्ना बितअ्वीलिहि ज अिन्ना नराक मिनल्मुह्सिनीन (३६) क़ाल ला यअ्तीकुमा तआमुन् तुर्ज़क़ानिहि अिल्ला नब्बअ्तुकुमा बितअ्वीलिहि क़ब्ल अैंयअ्तियकुमा त् जालिकुमा मिम्मा अल्लमनी रब्बी त् अिन्नी तरक्तु मिल्लत क़ौमिल्ला युअ्मिनून बिल्लाहि व हुम् बिल्आख़िरति हुम् काफ़िरून (३७) वत्तबअ्तु मिल्लत आबाअी अिब्राहीम व अिस्हाक़ व यअ्क़ूब त् मा कान लना अन् नुश्रिक बिल्लाहि मिन् शैअिन् त् जालिक मिन् फ़ज़्लिल्लाहि अलैना व अलन्नासि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (३८) या साहिबयिस् - सिज्नि अअ्र्बाबुम् - मुतफ़र्रिक़ून ख़ैरुन् अमिल्लाहुल्-वाहिदुल् - क़ह्हारु त् (३९) मा तअ्बुदून मिन् दूनिहि अिल्ला अस्माअन् सम्मैतुमूहा अन्तुम् व आबाअुकुम् मा अन्ज़लल्लाहु बिहा मिन् सुल्तानिन् त् अिनिल्हुक्मु अिल्ला लिल्लाहि त् अमर अल्ला तअ्बुदू अिल्ला अीयाहु त् जालिकद्दीनुल् - क़ैयिमु व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ्लमून (४०) या साहिबयिस् - सिज्नि अम्मा अहूदुकुमा फ़यस्क़ी रब्बहु ख़म्रन् ज् व अम्मल् - आख़रु फ़युस्लबु फ़तअ्कुलुत्-तैरु मिर्रअ्सिहि त् क़ुज़ियल्-अम्रुल्लजी फ़ीहि तस्तफ़्तियानि त् (४१) व क़ाल लिल्लजी जन्न अन्नहु नाजिम् - मिन्हुमज्कुर्नी अिन्द रब्बिक ज् फ़अन्साहुश्शैतानु जिक्र रब्बिहि फ़लबिस फ़िस्सिज्नि बिज़्अ सिनीन त् (४२) ✱

और यूसुफ़ के साथ दो आदमी (और भी) जेलख़ाने में दाख़िल हुए उनमें से एक ने कहा कि मैं (ख़्वाब में) देखता हूँ कि मैं शराब निचोड़ रहा हूँ और दूसरे ने कहा कि मैं देखता हूँ कि अपने सर पर रोटियाँ उठाये हुए हूँ और परिन्दे उनमें से खा-खा जाते हैं। (ऐ यूसुफ़!) हमको (हमारे) इस (स्वप्न) का स्वप्नफल बताओ क्योंकि तुम हमको नेक इन्सान दिखाई देते हो। § (३६) (यूसुफ़ ने) जवाब दिया कि जो खाना तुमको मिला करता है वह तुम तक आने भी नहीं पावेगा कि उसके (पहले ही तुम्हारे) स्वप्न की ताबीर (फल) तुमको बता दूँगा, यह (अिल्म) भी उन बातों में से है जो मुझको मेरे परवरदिगार ने सिखलाई हैं। (और यह मेहरबानी इसलिए कि) मैं (शुरू से) उन लोगों का दीन छोड़े बैठा हूँ जो अल्लाह पर ईमान नहीं रखते और आख़िरत से इन्कार करनेवाले हैं। (३७) और मैं अपने बाप-दादों इब्राहीम और इसहाक़ और याक़ूब के दीन पर चल रहा हूँ। हमारा यह काम नहीं कि अल्लाह के साथ किसी चीज़ को शरीक बनावें। यह अल्लाह की मेहरबानी है (जो उसने) हम पर व और लोगों पर की है मगर अक्सर लोग शुक्र (कृतज्ञता) नहीं मानते। (३८) ऐ जेलख़ाने के दोनो दोस्तो! भला कई जुदे-जुदे रब अच्छे या एक सर्वशक्तिमान अल्लाह? (३९) तुम लोग अल्लाह के सिवाय निरे नामों ही को पूजा करते हो जो तुमने और तुम्हारे बाप-दादों ने गढ़ रखे हैं; अल्लाह ने तो इनकी कोई सनद नहीं उतारी। हुकूमत तो एक अल्लाह के सिवा किसी की नहीं है (और) उसने आज्ञा दी है कि केवल उसी की अिबादत करो, यही सीधा दीन है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (४०) ऐ जेलख़ाने के दोनो दोस्तो! तुममें से एक (जिसने शराब निचोड़ना देखा है वह) तो अपने मालिक को शराब पिलायेगा और दूसरा (जिसने सर पर रोटियाँ देखी हैं वह) फाँसी पर लटकाया जायगा और फिर पक्षी उसके सिर (में से नोच-नोच कर) खायेंगे। जिस बात को तुम पूछते थे (उसका इसी तरह) फ़ैसला हो चुका है। (४१) और जिस इन्सान की बाबत यूसुफ़ ने समझाया था कि इन दोनों में से एक की रिहाई हो जायगी, उससे यह भी कहा था कि अपने मालिक के पास मेरी भी चर्चा करना (कि मैं बेजुर्म क़ैद हूँ)। सो शैतान ने उसको अपने मालिक से (यूसुफ़ अ० की) चर्चा करना भुला दिया, तो (यूसुफ़ अ०) कई वर्ष क़ैदख़ाने में रहे। (४२) ★ रुकू. १२ आ ७

[पिछ ३९७ से] व क़ौमों का नसीहतआमेज़ (शिक्षाप्रद) बयान किया है जिनकी चरचा से अरब के लोग थोड़ा या बहुत जानकार थे। यह इसलिए कि वे उन हालात को बार बार सुन कर होश में आवें और नेकअमल हों और उनको हासिल अल्लाह की रौशनी से दुनिया जहान को भी सबक़ हासिल हो। सूरत में हज़रत यूसुफ़ अ० के क़िस्से को आख़िरी रसूल स० व उनके ज़माने के हालात पर चस्पा किया गया है। जिस तरह ह० यूसुफ़ अ० को उनके भाइयों ने तंग किया, उनकी जान के दुश्मन हुये और नेक राह को छोड़ कर बुरी राह पर चले और बाद को ज़लील व तबाह होकर उनकी पनाह में आने को मजबूर हुये, ठीक उसी तरह रसूल मुहम्मद स० के साथ उनके भाई-बन्द क़ुरैशों का बरताव रहा और उनका भी अन्त बरबादी ही रहा। सूरः यूसुफ़ भी सूरः युनुस व सूरः हूद की तरह रसूल स० के मक्का में रहने के आख़िरी ज़माने में, शायद हिजरत से २-३ साल पहले नाज़िल हुई। इस वक़्त क़ुरैशों का ज़ुल्म हद पर पहुँच चुका था। सू० यूनुस में अल्लाह की राह में, नियामतों व उसके ख़िलाफ़ चलनेवालों को अल्लाह के अज़ाब का डर दिखाया गया है। सू० हूद में ज़्यादः तम्बीह के साथ काफ़िरों को चेतावनी दी गई है और सूरः यूसुफ़ में तो साफ़ रौशन कर दिया गया है कि आख़िर फ़तह दीन ही की होनी है। नबी स० का तो बाल भी बाँका न हो सकेगा लेकिन मक्का से क़ुरैश काफ़िरों का सफ़ाया होकर रहेगा।

§ हज़रत यूसुफ़ अ० को ताबीर (स्वप्नफल) बताने का अिल्म अल्लाह ने दिया था।

व क़ालल्मलिकु अिन्नी अरा सब्अ बक़रातिन् सिमानीयअ् कुलुहुन्न सब्अुन् अिजाफ़ूँव सब्अ सुम्बुलातिन् ख़ज़्रिव्व अुख़र या बिसातिन् त़ या अैयुहल्मलअु अफ़्तूनी फ़ी रुअ्याय अिन् कुन्तुम् लिर्रुअ्या तअ्बुरून (४३) क़ालू अज़्ग़ासु अह्लामिन् ज व मा नह्नु बितअ्वीलिल् - अह्लामि बिआलिमीन (४४) व क़ाललज्ी नजा मिन्हुमा वद्दकरबअ्द अुम्मतिन् अना अुनब्बिअुकुम् बितअ्वीलिहि फ़अर्सिलूनि (४५) यूसुफ़ु अैयुहस्सिद्दीक़ु अफ़्तिना फ़ी सब्अि बक़रातिन् सिमानीं - यअ्कुलुहुन्न सब्अुन् अिजाफ़ूँव सब्अि सुम्बुलातिन् ख़ज़्रिव्व अुख़र या बिसातिन् ला ल्लअल्ली अर्जिअु अिलन्नासि लअल्लहुम् यअ्लमून (४६) क़ाल तज़्रअून सब्अ सिनीन दअबन् ज फ़मा हसत्तुम् फ़ज़रूहु फ़ी सुम्बुलिहि अिल्ला क़लीलम् - मिम्मा तअ्कुलून (४७) सुम्म यअ्ती मिम्बअ्दि जालिक सब्अुन् शिदादुंय्यअ् कुल्न मा क़द्दम्तुम् लहुन्न अिल्ला क़लीलम् - मिम्मा तुह्सिनून (४८) सुम्म यअ्ती मिम्बअ्दि जालिक आमुन् फ़ीहि युग़ासुन्नासु व फ़ीहि यअ्सिरून (४९) ✱ व क़ालल् - मलिकुअ् - तूनी बिहि ज फ़लम्मा जा अहुर् - रसूलु क़ालर्जिअ् अिला रब्बिक फ़स्अल्हु मा बालुन् - निस्वत्तिल्लाती क़त्तअ्न अैदियहुन्न त़ अिन्न रब्बी बिकैदिहिन्न अलीमुन् (५०) क़ाल मा ख़त्बुकुन्न अिज रावत्तुन्न यूसुफ़ अन् नफ़्सिहि त़ क़ुल्न ह़ाश लिल्लाहि मा अलिम्ना अलैहि मिन् सूअिन् त़ क़ालतिम्-रअतुल-अज़ीज़िल्-आन ह़स्हस्सल्-ह़क़्क़ु ज अनारावत्तुहु अन् नफ़्सिहि व अिन्नहु लमिनस्सादिक़ीन (५१) जालिक लियअ्लम अन्नी लम् अख़ुनुहु बिल्ग़ैबि व अन्नल्लाह ला यह्दी कैदल्ख़ाअिनीन (५२)

॥ इति बारहवाँ पारः ॥

और (इस बीच में) बादशाह ने बयान किया कि मैं सपने में सात मोटी गायें देखता हूँ उनको सात दुबली (गायें) खा रही हैं और सात हरी बालें हैं और दूसरी (सात) सूखी (बालें)। ऐ दरबार के लोगो! अगर तुमको स्वप्न की ताबीर (फल) बताना आता हो तो मुझसे इस स्वप्न के बारे में अपनी राय बताओ। (४३) (उन्होंने) कहा कि यह तो कुछ उड़ते सपने हैं और (ऐसे) सपनों की ताबीर हमको नहीं आती। (४४) और वह शख़्श जो (यूसुफ़ के उन) दो (जेलवाले साथियों) में से छुटकारा पा गया था और उसको एक अर्से के बाद (यूसुफ़ अ० का संदेशा) याद आया (वह) बोल उठा कि मुझको (क़ैदख़ाने तक) जाने की आज्ञा हो तो (मैं यूसुफ़ से पूछकर) इसका स्वप्नफल आपको बताऊँ। (४५) (उसको इजाज़त मिली और उसने यूसुफ़ से जाकर) कहा कि ऐ यूसुफ़! ऐ सच्चे इनसान! इस बारे में तुम अपनी राय हमसे ज़ाहिर करो कि सात मोटी गायों को सात दुबली (गायें) खाती हैं और सात हरी बालें और दूसरी (सात बालें) सूखी। (इसका जवाब दो) तो मैं लोगों के पास जाकर बतलाऊँ, अजब नहीं (तुम्हारी क़दर) उनको मालूम हो (कि ऐसे गुनी आदमी को हमने क़ैद में सड़ा रखा है)। (४६) (यूसुफ़ ने) कहा (स्वप्न का फल यह है कि) तुम लोग सात वर्ष तक बराबर काश्तकारी करते रहोगे, तो जो (फ़स्ल) काटो तो सिवाय थोड़े ग़ल्ले के जो तुम्हारे काम आवे (बाक़ी सब) उसको उसी की बालों ही में रहने देना (ताकि ग़ल्ला सड़े गले नहीं)। (४७) फिर इसके बाद सात बड़े सख़्त (अकाल के) आयेंगे तो जो कुछ तुमने पहले से इन (क़हत के सालों) के लिए इकट्ठा कर रखा होगा खा जाओगे सिवाय थोड़ा जो कुछ तुम (बीज के लिए) बचा रखोगे (उतना ही लोगों से बच सकेगा)। (४८) फिर उसके बाद एक ऐसा साल आयेगा जिसमें लोगों के लिए मेह गिरेगा और (खेती के सिवाय) उस वर्ष (अंगूर व फलफूल भी ख़ूब फलेंगे, लोग उनसे शराब या पीने के लिए) रस भी निचोड़ेंगे।† (सारांश यह कि उस आदमी ने लौटकर यह सब स्वप्नफल बादशाह से कहा)। (४९) ★ रु. ६—१६ आ ७

और बादशाह ने हुक्म दिया कि यूसुफ़ को मेरे सामने लाओ। तो जब भेजा हुआ (चोबदार) यूसुफ़ के पास (यह हुक्म लेकर) पहुँचा तो उन्होंने कहा तुम अपनी सरकार के पास लौट जाओ और उनसे पूछो कि उन औरतों का भी हाल मालूम है जिन्होंने (मुझको देखकर) अपने हाथ काट लिए थे, (आया वह मेरे पीछे पड़ी थीं या मैं उनके पीछे पड़ा था)? वैसे मेरा परवरदिगार तो उनकी सारी मक्कारियों को जनता ही है। (५०) चुनांचे बादशाह ने (उन औरतों को बुलवाकर) उनसे पूछा कि जिस वक़्त तुमने यूसुफ़ के दिल को अपनी तरफ़ रिझाना चाहा था (उस वक़्त) क्या मामला था? (उन्होंने) अर्ज़ किया "हाश लिल्लाह" हमने तो यूसुफ़ में किसी तरह की बुराई नहीं पाई। अज़ीज़ की बीबी बोल उठी कि अब तो सच बात ज़ाहिर ही हो गई है। (सारा क़ुसूर मेरा ही है) मैंने यूसुफ़ के दिल को रिझाना चाहा था और यूसुफ़ सच्चों में है। (५१) (यह माजरा चोबदार ने यूसुफ़ से जाकर बयान किया तो) यूसुफ़ ने कहा मैंने यह बात इसलिए उठाई थी कि मिस्र के अज़ीज़ को मालूम हो जाय कि मैंने उसकी पीठ पीछे उसकी (अमानत में) ख़यानत नहीं की और यह कि ख़यानत करनेवालों की तदबीरों को अल्लाह चलने नहीं देता। (५२)

॥ इति बारहवाँ पारः ॥

† इस ताबीर (स्वप्नफल) से यह भी नसीहत मिलती है कि ख़ुशहाली के वक़्त आदमी को मुसीबत और कमी के वक़्त के लिए कुछ ज़रूर बचा रखना चाहिए।

☆☆ तेरहवाँ पारः वमा अुबर्रिअु ☆☆

सूरः यूसुफ़ आयात ५३ से १११

व मा अुबर्रिअु नफ़्सी ज अिन्नन्नफ़्स लअम्मारतुम् - बिस्सूअि अिल्ला मा रहिम रब्बी त अिन्न रब्बी ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (५३) व क़ालल् - मलिकुअ्ती बिहीं अस्तख़्लिस्हु लिनफ़्सी ज फ़ल्म्मा कल्लमहु क़ाल अिन्नकल् - यौम लदैना मकीनुन् अमीनुन् (५४) क़ालज्-अल्नी अला ख़ज़ाअिनिल् - अर्ज़ि ज अिन्नी हफ़ीज़ुन् अलीमुन् (५५) व कजालिक मक्कन्ना लियूसुफ़ फ़िल्अर्ज़ि ज यतबौवअु मिन्हा हैसु यशाअु त नुसीबु बिरहमतिना मन् नशाअु व ला नुज़ीअु अज्रल् - मुह्सिनीन (५६) व लअज्रुल्-आख़िरति ख़ैरुल्लिल्लज़ीन आमनू व कानू यत्तक़ून (५७) ★ व जाअ अिख़्वतु यूसुफ़ फ़दख़लू अलैहि फ़अ्रफ़हुम् व हुम् लहु मुन्किरून (५८) व लम्मा जह्हज़-हुम् बिजहाज़िहिम् क़ालअ्तूनी बिअख़िल्लकुम् मिन् अबीकुम् ज अला तरौन अन्नी अूफ़िल् - कैल व अना ख़ैरुल् - मुन्ज़िलीन (५९) फ़अिल्लम् तअ्तूनी बिहीं फ़ला कैल लकुम् अिन्दी व ला तक़्रबूनि (६०) क़ालू सनुराविदु अन्हु अबाहु व अिन्ना लफ़ाअिलून (६१) व क़ालल् लिफ़ित्यानिहिज् - अलू बिज़ा अतहुम् फ़ी रिह़ालिहिम् लअल्लहुम् यअ़रिफ़ूनहा अिज़न्कलबू अिला अह्लिहिम् लअल्लहुम् यर्जिअून (६२) फ़ल्म्मा रजअू अिला अबीहिम् क़ालू या अबाना मुनिअ मिन्नल्कैलु फ़अ्रसिल् मअ्ना अख़ाना नक्तल् व अिन्ना लहु लहाफ़िज़ून (६३) क़ाल हल् आमनुकुम् अलैहि अिल्ला कमा अमिन्तुकुम् अला अख़ीहि मिन् क़ब्लु त फ़ल्लाहु ख़ैरुन् हाफ़िज़न् स व'व हुव अरहमुर् - राहिमीन (६४)

✪✪ तेरहवाँ पारः (वमा अुबरिअु) ✪✪

✪ सूरः यूसुफ़ आयात ५३ से १११ ✪

और मैं (यूसुफ़) अपनी बाबत नहीं कहता कि मैं पाक हूँ क्योंकि इन्द्रियाँ तो बुराई के लिए उभारती ही रहती हैं मगर यह कि (जो हुआ वह) मेरे परवरदिगार के रहम की बदौलत। बेशक मेरा परवरदिगार बड़ा माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है। (५३) और बादशाह ने हुक्म दिया कि यूसुफ़ को मेरे सामने लाओ कि मैं उसको अपने काम के लिए ख़ास (प्रमुख बनाकर) रखूँगा। फिर जब (यूसुफ़ से) बातचीत की तो कहा बेशक आज तूने मातबर (विश्वासपात्र) होकर हमारे पास जगह पाई। (५४) यूसुफ़ ने अर्ज़ किया मुझको मुल्की ख़ज़ानों पर मुक़र्रर कर दीजिए (क्योंकि) मैं ख़ूब निगहबान और (इस काम के) लायक़ हूँ। (५५) और यूँ हमने यूसुफ़ को इस देश में स्थान दिया कि उसमें जहाँ चाहे रहे। हम जिस पर चाहते हैं अपनी मेहरबानी करते हैं और अच्छे काम करने वालों के अंजाम हम बेकार नहीं होने देते। (५६) और जो लोग ईमान लाये और परहेज़गारी करते रहे उनके लिए आख़िरत का अजर (प्रतिफल) बहुत भला है। † (५७)★ रु ७—१ आ ८

और (चूँकि याक़ूब के मुल्क कनआन में अकाल पड़ा था) यूसुफ़ के (सौतेले) भाई (ग़ल्ला ख़रीदने मिस्र) आये और यूसुफ़ के पास पहुँचे तो यूसुफ़ ने उनको (देखते ही) पहचान लिया और उन्होंने (यूसुफ़ को) नहीं पहचाना§। (५८) और जब यूसुफ़ ने भाइयों का सामान उनके लिए तैयार कर दिया तो कहा कि (दुबारा आना तो) तुम्हारे बाप की तरफ़ से (यानी सौतेला) जो और एक भाई (बिनयामीन) है उसको लेते आना, क्या तुम नहीं देखते कि नाप (तौल) पूरी देता हूँ और मैं मेहमानदारी भी ख़ूब करता हूँ। (५९) फिर अगर तुम उसको मेरे पास न लाये तो तुमको मेरे यहाँ अनाज नहीं मिलेगा और न तुम मेरे पासही आ सकोगे। (६०) उन्होंने कहा कि हम जाते ही उसके वालिद से उसके सम्बन्ध में बिनती करेंगे और ज़रूर हमको (यह) करना है। (६१) और यूसुफ ने अपने नौकरों को हुक्म दिया कि इन लोगों की पूँजी (भी जिसके बदले उन्होंने ग़ल्ला लिया था) उन्हीं की बोरियों में रख दो ताकि जब लोग अपने घर (बाल बच्चों की तरफ़) लौटकर जायँ तो अपनी पूँजी को पहचानें, ताज्जुब नहीं (ग़ल्ला बिला क़ीमत मिल जाने की लालच से यह लोग) फिर आवें (और तब अपने साथ दूसरे सौतेले भाई यानी यूसुफ़ अ० के सगे भाई को भी साथ लावें।) (६२) तो जब यह लोग अपने वालिद के पास लौटकर गये तो बोले कि ऐ बाप! (दुबारा जाने पर अगर हम बिनयामीन को न ले जायेंगें तो) हमें अनाज की मनाही कर दी गई है, सो आप हमारे भाई बिनयामीन को भी हमारे साथ भेज दीजिए कि हम अनाज लावें (और आप इत्मीनान रखें) हम उसकी हिफ़ाज़त के ज़िम्मेदार हैं।(६३) (याक़ूब ने कहा कि) मैं इस पर तुम्हारा क्या एतबार करूँ सिवाय वैसा ही एतबार जैसा मैंने पहले इसके भाई (यूसुफ़) की बाबत किया था सो (तुम हिफ़ाज़त के लिए माफ़ करो) अल्लाह ही सबसे अच्छी हिफ़ाज़त करनेवाला है और वह सब मेहरबानों से उपर मेहरबान है।(६४)

† यूँ उस सवाल का जवाब हासिल हुआ कि ह० इब्राहीम अ० तो शाम के रहने वाले थे ‡[पेज ४१३ पर]

§ कुएँ में डालते वक़्त यूसुफ़ अ० की उम्र सिर्फ़ १७ साल की थी और अब ३८ साल। फिर ❋ [पेज ४१३ पर]

व लम्मा फ़तहू मताअहुम् वजदू बिज़ा अतहुम् रुद्दत् अिलैहिम् त् क़ालू या अबाना मा नब्ग़ी त् हाजिहि बिज़ाअतुना रुद्दत् अिलैना ज् व नमीरु अह्लना व नह्फ़ज़ु अख़ाना व नज़्दादु कैल बअ़ीरिन त् जालिक कैलुंय्यसीरुन् (६५) क़ाल लन् अुर्सिलहू मअकुम् हत्ता तुअ्तूनि मौसिक़म् - मिनल्लाहि लतअ्तुन्ननी बिहि अिल्ला अँयुह़ात बिकुम् ज् फ़लम्मा आतौहु मौसिक़हुम् क़ालल्लाहु अला मा नक़ूलु वकीलुन् (६६) व क़ाल या बनीय ला तद् ख़ूलू मिम्बाबिं-व्वाहिदिं-व्वद्-ख़ूलू मिन् अब्वाबिम् - मुतफ़र्रिक़त्रिन् त् व मा अुग़्नी अन्कुम् मिनल्लाहि मिन् शैअिन् त् अिनिल्हुक्मु अिल्ला लिल्लाहि त् अलैहि तवक्कल्तु ज् व अलैहि फ़ल्यतवक्कलिल् - मुतवक्किलून (६७) व लम्मा दख़लू मिन् ह़ैसु अमरहुम् अबूहुम् त् मा कान युग़्नी अन्हुम् मिनल्लाहि मिन् शैअिन् अिल्ला ह़ाजतन् फ़ी नफ़्सि यअ़्क़ूब क़ज़ाहा त् व अिन्नहू लज़ू अिल्मिल्लिमा अल्लम्नाहु व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ़्लमून (६८) ★ व लम्मा दख़लू अला यूसुफ़ आवा अिलैहि अख़ाहु क़ाल अिन्नी अना अख़ूक फ़ला तब्तअ़िस् बिमा कानू यअ़्मलून (६९) फ़लम्मा जह्हज़-हुम् बिजहाज़िहिम् जअ़लस्सिक़ायत्र फ़ी रह़्लि अख़ीहि सुम्म अज़्ज़न मुअ़ज़्ज़िनुन् अैयतुहल्-अ़ीरु अिन्नकुम् लसारिक़ून (७०) क़ालू व अक़्बलू अलैहिम् मा ज़ा तफ़्क़िदून (७१) क़ालू नफ़्क़िदु सुवाअ़ल्-मलिकि व लिमन् जा अ बिहि ह़िम्लु बअ़ीरिव्व अनाबिहि ज़अ़ीमुन् (७२) क़ालू तल्लाहि लक़द् अलिम्तुम् मा जिअ्ना लिनुफ़्सिद फ़िल्अर्ज़ि व मा कुन्ना सारिक़ीन (७३) क़ालू फ़मा जज़ाअुहू अिन् कुन्तुम् काजिबीन (७४) क़ालू जज़ाअुहू मौंवुजिद फ़ी रह़्लिहि फ़हुव ज़ज़ाअुहू त् कज़ालिक नज़्ज़िज़्ज़ालिमीन (७५)

★ रु. २।८ आ ११

और जब इन लोगों ने अपना सामान खोला तो देखा कि इनकी पूँजी (भी) इनको लौटा दी गई है। फिर (बाप की तरफ़ आये और) कहने लगे कि ऐ हमारे पिता! हमें और क्या चाहिए, यह हमारी पूँजी भी तो हमको लौटा दी गई है। (अब हमको आज्ञा दें कि बिन यामीन को साथ लेकर जावें) और अपने घर के लिए फिर रसद लावें और हम अपने भाई (बिन यामीन) की हिफ़ाज़त करेंगे और एक बार ऊँट भर अनाज और लावेंगे, इतनी बढ़ती (अनाज में) आसानी से हो जायगी (६५) (याक़ूब ने) कहा जब तक तुम अल्लाह की क़सम खाकर मुझको पूरा अहद न दोगे कि तुम इसको ज़रूर मेरे पास वापस ले आओगे सिवाय (उस मज़बूरी के) कि तुम सब आप ही (मुसीबत में) घिर जाओ, तब तक मैं इसको तुम्हारे साथ हरगिज़ नहीं भेजूंगा। तो जब उन्होंने बाप को अपना पक्का वचन दिया तो (बाप ने) कहा कि अहद जो हम कर रहे हैं, अल्लाह उसका निगेहबान है। (६६) और (बाप ने उनको चलते वक़्त यह भी) हिदायत की, बच्चो! (देखो सब लोग) एक ही दरवाज़े से दाख़िल न होना बल्कि अलग-अलग दरवाज़ों से (दाख़िल होना) और मैं तुमको अल्लाह की किसी चीज़ से बचा नहीं सकता।† हुक्म तो अल्लाह ही का है, मैंने उसी पर भरोसा कर लिया है और भरोसा करनेवालों को चाहिए कि उसी पर भरोसा करें। (६७) और जब यह लोग (उसी तरह पर) जैसे उनके बाप ने उनसे कह दिया था (मिस्र में) दाख़िल हुए तो (यह होशियारी) अल्लाह के हुक्म को ज़रा भी टाल नहीं सकती थी, मगर वह तो याक़ूब की एक दिली इच्छा थी जिसको उन्होंने पूरा किया। और इसमें संदेह नहीं कि याक़ूब हमारे दिये हुए अ़िल्म की बदौलत आ़लिम थे, लेकिन अक्सर लोग (यह असलियत) नहीं जानते। (६८) ★

और जब यूसुफ़ के पास (ये लोग) पहुँचे तो यूसुफ़ ने अपने भाई को अपने पास रोक लिया (और) कहा कि मैं तुम्हारा भाई (यूसुफ़) हूँ, सो जो (बुरा बर्ताव वह लोग तुम्हारे साथ) करते रहे हैं, उसका कुछ रंज मत करो। (६९) फिर जब (यूसुफ़ ने) भाइयों को उनका सामान तैयार करवा दिया तो अपने (सगे) भाई के सामान में पानी पीने का एक बरतन रखवा दिया। फिर (उसके इशारे पर) एक पुकारनेवाले ने पुकारा कि ऐ क़ाफ़िलेवालो! हो न हो तुम्हीं चोर हो। ७०) यह लोग पुकारनेवालों की तरफ़ फिरकर पूछने लगे कि (क्यों भाई) तुम्हारी क्या चीज़ खो गई है? (७१) उन्होंने कहा शाही पैमाना (माप) हमको नहीं मिल रहा और जो शख़्स उसे लाकर हाज़िर करे उसको एक बोझ ऊँट (ग़ल्ला इनाम मिलेगा) और मैं उसका ज़िम्मा लेता हूँ। (७२) (यह सुनकर यह लोग) कहने लगे क़सम अल्लाह की! तुम्हें मालूम है कि हम देश में शरारत करने की इच्छा से नहीं आये और न हम कभी चोर रहे। (७३) (बरतन के ढूंढ़नेवाले) बोले कि अगर तुम झूठे निकले तो फिर उसकी क्या सज़ा? (७४) वह कहने लगे कि चोर की यह सज़ा कि जिसके सामान में बरतन निकले, वही आप उसके बदले में जावे (यानी बरतन के बदले बादशाह का ग़ुलाम हो)। हम गुनहगारों को इसी तरह की सज़ा दिया करते हैं। (७५)

† ह० याक़ूब अ० आलिम और अल्लाह के बन्दे थे। 'अल्लाह की डाली मुसीबत को कोई इंसानी तदबीर तो टाल नहीं सकती'—इस पर उन्हें पूरा भरोसा था। फिर भी एक लड़का गुम हो जाने और अकाल के वक़्त दूसरे मुल्क में एक जत्थे की शकल में सबका एक साथ दाख़िल होना कोई मुसीबत का कारन न बन जाय, इसलिए बच्चों के मोह और बाप के फ़र्ज़ के अधीन उन्होंने यह हिदायत की कि वे जुदा-जुदा दाख़िल हों ताकि लोगों की निगाह में न खटकें। § इब्राहीमी शरीअ़त (न्यायशास्त्र) के अनुसार [पिज ४१३ पर]

फ़बदअ बिअौ अिय़तिहिम् क़ब्ल विअा'अि अख़ीहि सुम्मस्तख़रजहा मिंव्विआ'अि अख़ीहि त् कजालिक किद्ना लियूसुफ़ त् मा कान लियअ्ख़ुज अख़ाहु फ़ी दीनिल्मलिकि अिल्ला अैंयशा'अल्लाहु त् नर्फ़अु दरजातिम् - मन् नशा'अु त् व फ़ौक़ कुल्लि ज़ी अिल्मिन् अलीमुन् (७६) क़ालू अींयस्रिक़् फ़क़द् सरक़ अख़ुल्लहू मिन् क़ब्लु ज् फ़असर्रहा यूसुफ़ु फ़ी नफ़्सिहीं व लम् युब्दिहा लहुम् ज् क़ाल अन्तुम् शर्रुम् - मकानन् ज् वल्लाहु अअ़लमु बिमा तसिफ़ून (७७) क़ालू या अैयुहल् - अज़ीज़ु अिन्न लहू अबन् शैख़न् कबीरन् फ़ख़ुज् अहूदना मकानहू ज् अिन्ना नराक मिनल्मुहूसिनीन (७८) क़ाल मअ़ाज़ल्लाहि अन्नअ्ख़ुज अिल्ला मन् वजद्ना मताअ़ना अिन्दहू अिन्ना अिज़ल्लज़ालिमून (७९) ★ फ़लम्मस्तैअसू मिन्हु ख़लसू नजीयन् त् क़ाल कबीरुहुम् अलम् तअ़लमू अन्न अबाकुम् क़द् अख़ज अलैकुम् मौसिक़म्- मिनल्लाहि व मिन् क़ब्लु मा फ़र्रत्तुम् फ़ी यूसुफ़ ज् फ़लन् अब्रहल् - अर्ज़ हत्ता यअ्ज़न ली अबी औ यहकुमल्लाहु ली ज् व हुव ख़ैरुल्-हाकिमीन (८०) अिर्जिअू अिला अबीकुम् फ़क़ूलू या अबाना अिन्नब्नक सरक़ ज् व मा शहिद्ना अिल्ला बिमा अलिम्ना व मा कुन्ना लिल्ग़ैबि हाफ़िज़ीन (८१) वस्अलिल् - क़र्यत्वल्लती कुन्ना फ़ीहा वल् - अीरल्लती अक़्बल्ना फ़ीहा त् व अिन्ना लसादिक़ून (८२) क़ाल बल् सौवलत् लकुम् अन्फ़ुसुकुम् अम्रन् त् फ़सब्रुन् जमीलुन् त् अ़सल्लाहु अैंयअ् - तियनी बिहिम् जमीअन् त् अिन्नहू हुवल् - अलीमुल् - हकीमु (८३) व तवल्ला अन्हुम् व क़ाल या असफ़ा अला यूसुफ़ वब्यज़्ज़त् अैनाहु मिनल्हुज़्नि फ़हुव कज़ीमुन् (८४) क़ालू तल्लाहि तफ़्तअुतज्कुरु यूसुफ़ हत्ता तकून हूरज़न् औ तकून मिनल् - हालिकीन (८५)

आख़िरकार यूसुफ़ ने अपने भाई की बोरी से पहले दूसरे भाइयों की बोरियों की तलाशी लिवाना शुरू की, फिर अपने भाई के बोरे से बरतन निकलवाया। यों हमने यूसुफ़ के लिए तदबीर (की राह) निकाली (नहीं तो) बादशाह (मिस्र) के क़ानून की रूह से वह अपने भाई को हरगिज़ नहीं रोक सकते थे, सिवाय उस सूरत में कि अल्लाह ही को मंज़ूर होता (और वही कोई दूसरा रास्ता निकालता)। हम जिसको चाहते हैं उसके दर्जे ऊँचे कर देते हैं, और हर ख़बरदार से ऊपर बस एक (अल्लाह) ही ख़बरदार है। (७६) (जब बिन यामीन के बोरे से कटोरा निकाला तो भाई) कहने लगे कि अगर इसने चोरी की हो, तो (ताज्जुब की बात नहीं,) इससे पहले इसका भाई (यूसुफ़†) भी चोरी कर चुका है, तो यूसुफ़ ने अपने मन में धीरे से कहा और उन पर उसको ज़ाहिर न होने दिया कि तुम और भी ज़्यादा नीच हो और जो कह रहे हो अल्लाह इसको ख़ूब जानता है। (७७) (वे लोग) कहने लगे ऐ अज़ीज़! इसके वालिद (याक़ूब) बहुत बूढ़े हैं सो आप (मेहरबानी करके) इसकी जगह हममें से किसी को (सेवा में) रख लीजिए, हमको तो आप बड़े एहसान करनेवाले मालूम होते हैं। (७८) (यूसुफ़ अ० ने कहा) अल्लाह बचावे कि हम उस शख़्स को छोड़कर जिसके पास हमने अपनी चीज़ पाई है किसी दूसरे शख़्स को पकड़ रखें, ऐसा करें तो हम बेइन्साफ़ ठहरें। (७९) ★

तो जब यूसुफ़ से नाउम्मीद हो गये तो अकेले सलाह करने बैठे। जो सबसे बड़ा था बोला कि क्या तुमको मालूम नहीं कि वालिद (साहब) ने अल्लाह की क़सम लेकर तुमसे पक्का वादा लिया है और पहले यूसुफ़ के हक़ में तुमसे एक गुनाह हो चुका है। तो जब तक मुझको वालिद हुक्म न दें या (जब तक) अल्लाह मेरे लिए कोई फ़ैसला न करे मैं तो इस जगह से टलनेवाला नहीं। और अल्लाह ही सबसे बढ़कर फ़ैसला करनेवाला है। (८०) तो तुम लोग पिता की सेवा में लौट जाओ और कहो कि ऐ वालिद! आपके लड़के ने चोरी की और हमने वही बात कही है जो हमको मालूम हुई है (हमने ख़ुद उसको चुराते नहीं देखा) और ग़ैब (अनदेखी) से तो हम (उसका) बचाव नहीं कर सकते थे। (८१) और आप उस बस्ती से पूछ लीजिए जहाँ हम थे और उस क़ाफ़िले से (पूछ लीजिये) जिसमें हम आये हैं, और हम बेशक सच कहते हैं। (८२) (चुनाँचे जब याक़ूब से वह बातें कही गईं तो) वह बोले कि नहीं (बिन यामीन ने तो चोरी नहीं की) बल्कि तुमने अपने दिल से एक बात गढ़ ली है। (ख़ैर) अब पूरी तरह सब्र ही मुनासिब है। शायद अल्लाह उन सबको मेरे पास ले आये। क्योंकि वही जानकार और हिकमतवाला है। (८३) याक़ूब बेटों से मुँह फेर बैठे और कहने लगे 'हाय यूसुफ़' और रंज के मारे (रोते रोते) उनकी आँखें सफ़ेद (जोतहीन) हो गई थीं और वह जी में घुटा करते थे। (८४) (बाप का यह हाल देखकर बेटे) कहने लगे कि अल्लाह की क़सम तुम तो सदा यूसुफ़ ही की याद में लगे रहोगे, यहाँ तक कि (उसी की याद में) गल जाओगे या मर ही जाओगे। (८५)

† यूसुफ़ अ० के भाइयों ने यूसुफ़ अ० पर झूठ तुहमत लगायी है। और कुछ कहते हैं कि यूसुफ़ अ० अपने घर से छिपाकर ग़रीबों को अन्न या भोजन दे आते थे, इसलिए उनके भाइयों ने उन पर चोरी का दोष लगाया है। सही तो यह है कि उनके भाई चोर थे जिन्होंने बाप की चोरी से उसे २० दिरहम में बेंच लिया था। एक जमाअ़त कहती है कि हज़रत यूसुफ़ अलै० ने कभी चोरी नहीं की और यूसुफ़ जैसा व्यक्ति चोरी करही नहीं सकता। वह क़िस्सा यूं है कि जब यूसुफ़ अलै० पैदा हुए तो फूफी ने उनका पालन पोषण किया और वह उनसे अत्यन्त स्नेह रखती थीं। जब आप बड़े हुए तब बाप (याक़ूब अलै०) ने चाहा अपने [पेज ४१५ पर]

★ ह० ६ | २ आ० ११

क़ाल अिन्नमा अश्कू बस्सी व हुज़्नी अिलल्लाहि व अअ़्लमु मिनल्लाहि मा ला तअ़्लमून (८६) या बनीयज़्हबू फ़तहस्ससू मिंयूसुफ़ व अख़ीहि व ला तैअसू मिर्रौहिल्लाहि त़ अिन्नहु ला यैअसु मिर्रौहिल्लाहि अिल्लल् - क़ौमुल्-काफ़िरून (८७) फ़लम्मा दख़लू अलैहि क़ालू या अैयुहल् - अज़ीज़ु मस्सना व अह्लनज़्ज़ुर्रु व जिअ्ना बिबिज़ाअ़तिम्-मुज़्जाजिन् फ़औफ़ि लनल्कैल व तसद्दक़् अलैना त़ अिन्नल्लाह यज़्ज़िल् - मुतसद्दिक़ीन (८८) क़ाल हल् अलिम्तुम् मा फ़अ़ल्तुम् बियूसुफ़ व अख़ीहि अिज् अन्तुम् जाहिलून (८९) क़ालू अ अिन्नक लअन्त यूसुफ़ु त़ क़ाल अना यूसुफ़ु व हाजा अख़ी ज् क़द् मन्नल्लाहु अलैना त़ अिन्नहु मैंयत्तक़ि व यस़्बिर् फ़अिन्नल्लाह ला युज़ीअु अज्रल् - मुह्सिनीन (९०) क़ालू तल्लाहि लक़द् आसरकल्लाहु अलैना व अिन् कुन्ना लख़ातिअीन (९१) क़ाल ला तस़्रीब अलैकुमुल् - यौम त़ यग़्फ़िरुल्लाहु लकुम् ज् व हुव अर्हमुर्राहिमीन (९२) अिज् हबू बिक़मीसी हाजा फ़अल्क़ूहु अला वज्हि अबी यअ्ति बसीरन् ज् वअ्तूनी बिअह्लिकुम् अज्मअीन (९३) व लम्मा फ़स़लतिल्अीरु क़ाल अबूहुम् अिन्नी लअजिदु रीह यूसुफ़ लौ ला अन्तुफ़न्निदूनि (९४) क़ालू तल्लाहि अिन्नक लफ़ी ज़लालिकल्-क़दीमि (९५) फ़लम्मा अन् जा अल् - बशीरु अल्क़ाहु अला वज्हिहि फ़र्तद् बसीरन् ज् क़ाल अलम् अक़ुल्लकुम् ज् ला अिन्नी अअ़्लमु मिनल्लाहि मा ला तअ़्लमून (९६) क़ालू या अबानस्तग़्फ़िर् लना जुनूबना अिन्ना कुन्ना ख़ातिअीन (९७) क़ाल सौफ़ अस्तग़्फ़िरु लकुम् रब्बी त़ अिन्नहु हुवल् - ग़फ़ूरुर्रहीमु (९८)

قَالَ إِنَّمَا أَشْكُو بَثِّي وَحُزْنِي إِلَى اللَّهِ وَأَعْلَمُ مِنَ اللَّهِ مَا لَا تَعْلَمُونَ ﴿٨٦﴾
يَا بَنِيَّ اذْهَبُوا فَتَحَسَّسُوا مِن يُوسُفَ وَأَخِيهِ وَلَا تَيْأَسُوا مِن رَّوْحِ
اللَّهِ إِنَّهُ لَا يَيْأَسُ مِن رَّوْحِ اللَّهِ إِلَّا الْقَوْمُ الْكَافِرُونَ ﴿٨٧﴾ فَلَمَّا
دَخَلُوا عَلَيْهِ قَالُوا يَا أَيُّهَا الْعَزِيزُ مَسَّنَا وَأَهْلَنَا الضُّرُّ وَجِئْنَا
بِبِضَاعَةٍ مُّزْجَاةٍ فَأَوْفِ لَنَا الْكَيْلَ وَتَصَدَّقْ عَلَيْنَا ۖ إِنَّ اللَّهَ
يَجْزِي الْمُتَصَدِّقِينَ ﴿٨٨﴾ قَالَ هَلْ عَلِمْتُم مَّا فَعَلْتُم بِيُوسُفَ وَ
أَخِيهِ إِذْ أَنتُمْ جَاهِلُونَ ﴿٨٩﴾ قَالُوا أَإِنَّكَ لَأَنتَ يُوسُفُ ۖ قَالَ أَنَا يُوسُفُ
وَهَٰذَا أَخِي ۖ قَدْ مَنَّ اللَّهُ عَلَيْنَا ۖ إِنَّهُ مَن يَتَّقِ وَيَصْبِرْ فَإِنَّ اللَّهَ
لَا يُضِيعُ أَجْرَ الْمُحْسِنِينَ ﴿٩٠﴾ قَالُوا تَاللَّهِ لَقَدْ آثَرَكَ اللَّهُ عَلَيْنَا وَ
إِن كُنَّا لَخَاطِئِينَ ﴿٩١﴾ قَالَ لَا تَثْرِيبَ عَلَيْكُمُ الْيَوْمَ ۖ يَغْفِرُ اللَّهُ لَكُمْ
وَهُوَ أَرْحَمُ الرَّاحِمِينَ ﴿٩٢﴾ اذْهَبُوا بِقَمِيصِي هَٰذَا فَأَلْقُوهُ عَلَىٰ
وَجْهِ أَبِي يَأْتِ بَصِيرًا ۖ وَأْتُونِي بِأَهْلِكُمْ أَجْمَعِينَ ﴿٩٣﴾ وَلَمَّا فَصَلَتِ
الْعِيرُ قَالَ أَبُوهُمْ إِنِّي لَأَجِدُ رِيحَ يُوسُفَ ۖ لَوْلَا أَن تُفَنِّدُونِ ﴿٩٤﴾
قَالُوا تَاللَّهِ إِنَّكَ لَفِي ضَلَالِكَ الْقَدِيمِ ﴿٩٥﴾ فَلَمَّا أَن جَاءَ الْبَشِيرُ
أَلْقَاهُ عَلَىٰ وَجْهِهِ فَارْتَدَّ بَصِيرًا ۖ قَالَ أَلَمْ أَقُل لَّكُمْ ۚ إِنِّي أَعْلَمُ
مِنَ اللَّهِ مَا لَا تَعْلَمُونَ ﴿٩٦﴾ قَالُوا يَا أَبَانَا اسْتَغْفِرْ لَنَا ذُنُوبَنَا إِنَّا كُنَّا
خَاطِئِينَ ﴿٩٧﴾ قَالَ سَوْفَ أَسْتَغْفِرُ لَكُمْ رَبِّي ۖ إِنَّهُ هُوَ الْغَفُورُ الرَّحِيمُ ﴿٩٨﴾

(याक़ूब ने) कहा (मैं तुमसे तो कुछ नहीं कहता) जो परेशानी और रंज मुझको है उसकी फ़रियाद अल्लाह ही से करता हूँ और अल्लाह की तरफ़ से मुझको वह बातें मालूम हैं जो तुमको मालूम नहीं। (८६) ऐ बच्चो! (एक बार फिर मिस्र) जाओ और यूसुफ़ और उसके भाई की टोह लगाओ और अल्लाह की कृपा से नाउम्मीद न हो क्योंकि अल्लाह की कृपा से वही लोग निराश हुआ करते हैं जो काफ़िर हैं। (८७) तो (ये लोग दुबारा मिस्र जाकर) जब यूसुफ़ तक पहुँचे तो गिड़गिड़ाने लगे कि ऐ अज़ीज़! हम पर और हमारे घर पर कठिनाई पड़ रही है, और हम कुछ थोड़ी सी पूँजी लेकर आये हैं, हमको पूरा गल्ला (अनाज) दिलवा दीजिए और हम पर (अपनी) ख़ैरात कीजिए, अल्लाह ख़ैरात करनेवालों को (अच्छा) बदला देता है। (८८) (अब तो यूसुफ़ से भी न रहा गया) और कहने लगे कि तुमको कुछ याद भी है, जिस वक़्त तुम मूर्खता पर थे, तो तुमने यूसुफ़ और उसके भाई के साथ क्या किया था। (८९) (इसके कहने से भाइयों को आगाही हुई और) कहने लगे क्या सच तुम्हीं यूसुफ़ हो? (यूसुफ़ ने) कहा मैं ही यूसुफ़ हूँ और यह मेरा ही भाई है। हम पर अल्लाह ने कृपा की। बेशक जो कोई परहेज़गार हो और सब्र करे, तो अल्लाह नेकी करनेवालों के अजर (प्रतिफल) को बेकार नहीं होने देता। (९०) बोले अल्लाह की क़सम कुछ सन्देह नहीं कि तुमको अल्लाह ने हमसे ज्यादा पसन्द रखा और हम थे ही गुनहगार। (९१) (यूसुफ़ ने) कहा अब तुम पर कोई जुर्म नहीं। अल्लाह तुम्हारे गुनाह माफ़ करे और वह सब मेहरबानों से ज्यादा मेहरबान है। (९२) (तुम्हारे कहने से मालूम हुआ कि पिता की आँखें जाती रही हैं तो) मेरा यह कुर्ता ले जाओ और इसको पिता के मुँह पर डाल दो कि उनकी आँखों की रोशनी लौट आयेगी और अपने सारे कुटुम्ब को मेरे पास ले आओ। (९३) ★

और (यह) क़ाफ़िला मिस्र से चला ही था कि उनके बाप ने (अपने घर कनान में) कहा कि मुझको सठियाया हुआ न समझो (तो एक बात कहूँ कि) मुझको यूसुफ़ की गन्ध आ रही है। (९४) लोग बोले कि अल्लाह की क़सम, तुम तो अपने उसी पुराने वहम (भ्रम) में हो। (९५) ● फिर जब (यूसुफ़ के मिलने की) ख़ुशख़बरी देने वाला (याक़ूब के पास) पहुँचा और (आते साथ ही) यूसुफ़ का कुर्ता याक़ूब के मुँह पर डाल दिया तो उनको तुरंत ही दिखलाई देने लगा। (अब याक़ूब ने बेटों से) कहा कि क्या मैं तुमसे नहीं कहा करता था कि मैं अल्लाह (की तरफ़) से वह (बातें) जानता हूँ जो तुम नहीं जानते। (९६) (वह) बोले ऐ वालिद! (अल्लाह से) हमारे गुनाह माफ़ होने की दुआ कीजिये। बेशक हम गुनहगार थे। (९७) (याक़ूब ने) कहा रहो, मैं अपने परवरदिगार से तुम्हारे गुनाह माफ़ होने की दुआ करूँगा। वही बेहद बख़्शने वाला बेहद मेहरबान है। (९८)

★ रु. १०-४ आ १४ ● रु. ब. अ. १-४

[पेज ४०७ से] ‡ उनकी औलाद मिस्र में कैसे आबाद हुई। ह० यूसुफ़ अ० के यूँ बसने और इतने बड़े रुतबे पर पहुँचने से नेककारी और बदकारी का अंजाम भी ह० यूसुफ़ अ० और उनके सौतेले भाइयों के क़िस्से से रौशन हुआ और इसलिए न यह सिर्फ़ क़िस्सः रहा बल्कि दुनिया जहान के लिए नसीहत बन गया।

[पेज ४०७ से] ❋ अब राजसी ठाट-बाट था जिसकी उनके भाइयों को सपने में उम्मीद न थी। इसलिए वे इन्हें पहचान न सके।

[पेज ४०९ से] चोर को एक वर्ष तक मालवाले मनुष्य की ग़ुलामी (दासता) करनी पड़ती थी। मिस्र में चोर को मार-पीट कर उससे दूना भरना भराते थे। इसी मुताबिक़ यूसुफ़ अ० ने अपने भाई को अपने पास रोक रखने के लिए यह उपाय रचा था।

फ़लम्मा दख़लू अला यूसुफ़ आवा इलैहि अबवैहि व क़ालद् - ख़ुलू मिस्र इन्शा अल्लाहु आमिनीन त् (९९) व रफ़अ अबवैहि अलल्-अर्शि व ख़र्रू लहू सुज्जदन् ज् व क़ाल या अबति हाजा तअ्वीलु रुअ्याय मिन् क़ब्लु ज् क़द् जअलहा रब्बी हक़्क़न् त् व क़द् अह्सन बी इज् अख़्रजनी मिनस्सिज्नि व जा अ बिकुम् मिनल्बद्वि मिम्बअ्दि अन् नज़ग़श्शैतानु बैनी व बैन अिख़्वती त् अिन्न रब्बी लतीफ़ुल्लिमा यशा अु त् अिन्नहू हुवल् - अलीमुल् - हकीमु (१००) रब्बि क़द् आतैतनी मिनल्मुल्कि व अल्लम्तनी मिन् तअ्वीलिल् - अहादीसि ज् फ़ातिरस्समावाति वल्अर्ज़ि क़िफ़् अन्त वलीय फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ज् तवफ़्फ़नी मुस्लिमौव अल्-हिक़्नी बिस्सालिहीन (१०१) जालिक मिन् अम्बा अिल्ग़ैबि नूहीहि अिलैक ज् व मा कुन्त लदैहिम् अिज् अज्मअू अम्रहुम् व हुम् यम्कुरून (१०२) व मा अक्सरुन्नासि व लौ हरस्त बिमुअ्मिनीन (१०३) व मा तस्अलुहुम् अलैहि मिन् अज्रिन् त् अिन् हुव अिल्ला जिक्रुल्लिल् - आलमीन (१०४) ★ व कअैयिम्मिन् आयतिन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि यमुर्रून अलैहा व हुम् अन्हा मुअ्रिज़ून (१०५) व मा युअ्मिनु अक्सरुहुम् बिल्लाहि अिल्ला व हुम् मुश्रिकून (१०६) अ फ़अमिनू अन् तअ्तियहुम् ग़ाशियतुम् - मिन् अजाबिल्लाहि औतअ्तिय - हुमुस्साअतु बग़्ततौव-हुम् ला यश्अुरून (१०७) क़ुल् हाजिहि सबीली अद् अू अिलल्लाहि क़िफ़् ● अला बसीरतिन् अना व मनित्तबअ्नी त् व सुब्हानल्लाहि व मा अना मिनल् - मुश्रिकीन (१०८)

★ रु. ११-५ आ ११

● य. न बा स.

फिर जब (यह लोग) यूसुफ़ के पास पहुँचे तो (यूसुफ़ ने) अपने मा-बाप को अपने पास जगह दी और (सबकी तरफ़ मुख़ातिब होकर) कहा कि (शहर) मिस्र में दाख़िल हों और अल्लाह ने चाहा तो सब आराम के साथ रहोगे। (९९) और (यूसुफ़ ने) अपने माता-पिता को तख़्त पर ऊँचा आसन दिया और सब (दस्तूर के बमूजिब यूसुफ़ अ॰ की ताज़ीम के लिए) उनके आगे सज्दे में गिरे और (यूसुफ़ ने अपना स्वप्न याद करके अपने पिता से) निवेदन किया कि हे पिता! वह जो मैंने पहले स्वप्न देखा था, यह उसका हाल§ है। मेरे पालनकर्त्ता ने आज उस स्वप्न को सच कर दिखलाया और (इसके सिवाय) उसने मुझपर (और भी) एहसान किये हैं कि मुझको क़ैद से निकाला और गो मुझमें और मेरे भाइयों में शैतान ने फ़साद डलवा दिया था फिर भी तुम सबको जंगल से यहाँ लाया। बेशक मेरे परवरदिगार को जो मंज़ूर होता है वह उसकी तदबीर सब जानता है, बेशक वही जानकार और हिकमतवाला है। (१००) (यूसुफ़ की तबियत दुनिया से तृप्त हो गई और अल्लाह से मिलने का शौक हुआ तो उन्होंने दुआ की) ऐ मेरे परवरदिगार! तूने मुझको हुकूमत दी और मुझको (स्वप्न की) बातों की तह तक पहुँचना भी सिखलाया। ऐ आसमान और ज़मीन के पैदा करनेवाले! दुनिया और आख़िरत (दोनों) में तू ही मेरा काम सँभालनेवाला है, मुझको मुसलमान रहते ही मौत दे और मुझे नेकबख़्तों में शामिल कर। (१०१) (ऐ पैग़म्बर!) यह चन्द ग़ैब की बातें हैं जिनको हम (वही के ज़रिये) तुम्हें भेजते हैं। (और यह तुम्हारी पैग़म्बर होने की निशानी है क्योंकि) तुम उनके पास तो न थे जिस वक़्त यूसुफ़ के भाइयों ने अपना इरादा ठहरा लिया था (कि यूसुफ़ को कुएँ में डाल दें और) वह (उनके मारने की) अपनी तदबीरें कर रहे थे। (१०२) और अक्सर लोग यक़ीन लानेवाले नहीं अगर्चे तू कितना ही चाहे। (१०३) और तू उनसे उस (हिदायत पहुँचाने) के बदले में कुछ मज़दूरी नहीं माँगता। यह क़ुर्आन और तो कुछ नहीं सिवाय यह कि सारे संसार के लिए नसीहत है। (१०४) ★

और आसमान और ज़मीन में बहुतेरी निशानियाँ हैं जिन पर से होकर लोग गुज़रते हैं लेकिन उन पर ध्यान नहीं देते। (१०५) और अक्सर लोगों का हाल यह है कि अल्लाह को मानते हैं और (साथ-साथ दूसरों को भी पूजकर) शिर्क भी कहते हैं। (१०६) तो क्या इससे निडर हो गये हैं कि इन पर अल्लाह के अज़ाब की घड़ी आ पहुँचे या यकायक क़ियामत आ धमके और इनको (उसकी) ख़बर भी न हो। (१०७) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो मेरी यह राह है कि (सबको) अल्लाह की तरफ़ बुलाता हूँ ●। समझ बूझ कर मैं और जो लोग मेरे हैं (वे भी)। और अल्लाह पाक है और मैं शिर्क करनेवालों में नहीं हूँ। (१०८)

[पेज ४११ के] पास रखें और बहिन से कहा:—अब यूसुफ़ को मुझे दे दो। इस पर फूफी ने अपने पास रखने की क्या तदबीर की कि हज़रत इसहाक़ अ॰ का एक पटका उनके पास था जो सबसे बड़े होने के नाते से उन्हें मीरास में मिला था। तो उन्होंने चुपके से वह पटका यूसुफ़ की कमर में बाँध दिया और फिर ढूँढ़ने लगीं। लोगों में चरचा हुआ आख़िर उनकी कमर में बँधा हुआ निकला और इस मज़हब के मुवाफ़िक एक बरस यूसुफ़ अलै॰ फूफी के पास इस (बनावटी) चोरी के बदले ग़ुलामी में रहे यहाँ तक कि फूफी का इन्तक़ाल हो गया। भला कोई इसको कह सकता है कि हज़रत यूसुफ़ अलै॰ ने चोरी की? इसी पर भाइयों ने चोरी का ताना दिया था।

§ यूसुफ़ अ॰ ने ११ सितारों और चाँद-सूरज को स्वप्न में सज्दः करते देखा था। वह यही ग्यारह भाई और उनके मा बाप थे। चूँकि यूसुफ़ अ॰ मिस्र में हाकिम थे इसलिए दस्तूर और अदब के मुताबिक़ रिश्ते और उम्र में बड़े होने पर भी ये लोग उनके आगे सज्दः कर रहे थे। पाठकों को याद रहे कि बिन-यामीन और यूसुफ़ अ॰ एक मा से थे और बाक़ी दूसरी माताओं से।

व मा अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक अिल्ला रिजालन् नूही अिलैहिम् मिन् अह्लिल्क़ुरा त् अफ़लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ फ़यन्जुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त् व लदारुल् - आख़िरति ख़ैरुल्लिल् - लजीनत्तक़ौ त् अफ़ला तअ़क़िलून (१०९) हत्ता अिजस् - तैअसर् - रुसुलु व ज़न्नू अन्नहुम् क़द् कुजिबू जा अहुम् नस्रुना ला फ़नुज्जिय मन् नशा अु त् व ला युरद्दु बअ्सुना अनिल्-क़ौमिल् - मुज्रिमीन (११०) लक़द् कान फ़ी क़स्सिहिम् अिब्रतुल् - लिअुलिल्-अल्बाबि त् मा कान हदीसंयुफ़्तरा व लाकिन् तस्दीक़ल्लजी बैन यदैहि व तफ़्सील कुल्लि शैअिंव्व हुदौंव रह्मतल्-लिक़ौमीं - युअ्मिनून (१११) ★



✪ १३ सूरतुर्रअ़्दि ९६ ✪

(मक्की) ❀ इसमें अरबी के ३६१४ हुरूफ़ ८६३ शब्द ४३ आयात और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

अलिफ़् ला म् मी म् रा क़िफ़् तिल्क आयातुल् - किताबि त् वल्लजी अुन्ज़िल अिलैक मिर्रब्बिकल् - हक़्क़ु व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला युअ्मिनून (१) अल्लाहुल्लजी रफ़अ़स्-समावाति बिग़ैरि अमदिन् तरौनहा सुम्मस्तवा अलल्अर्शि व सख़्ख़रश्-शम्स वल्क़मर त् कुल्लुंय्यज्री लिअजलिम् - मुसम्मन् त् युदब्बिरुल्-अम्र युफ़स्सिलुल् - आयाति लअ़ल्लकुम् बिलिक़ाअि रब्बिकुम् तूक़िनून (२) व हुवल्लजी मद्दल् - अर्ज़ व जअ़ल फ़ीहा रवासिय व अन्हारन् त् व मिन् कुल्लिस्समराति जअ़ल फ़ीहा ज़ौजैनिस्नैनि युग़्शिल्-लैलन्नहार त् अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयातिल् - लिक़ौमीं - यतफ़क्करून (३)

★ रु. १२—६ आ ७

❀ सईद बिन जुबैर हसन बसरी, अ़करमः, अ़त्तार, जाबिर ताबई और अब्दुर्रहमान बिन ज़ैद के क़ौल पर यह सूरत "मक्की" है। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर, कलबी और मक़ातिल के नज़दीक "मदनी" है।

और (ऐ पैग़म्बर !) हमने तुमसे पहले भी बस्तियों ही के रहने वाले आदमी (पैग़म्बर बनाकर) भेजे थे कि हमने उन पर ख़ुदाई पैग़ाम भेजा था, तो क्या (यह लोग) ज़मीन में चले फिरे नहीं कि देख लेते कि जो लोग इनसे पहले हो गुज़रे हैं (और उन्होंने नबियों को झुठलाया था तो) उनका कैसा अन्त हुआ और परहेज़गारों के लिए आख़िरत का घर ज़्यादा अच्छा है। तो क्या तुम समझ से काम नहीं लेते। (१०९) यहाँ तक कि (जब वे) पैग़म्बर ना उम्मीद होने लगे और ख़्याल करने लगे (अपनी मदद के बारे में जो बात उन्होंने कही थी उसमें) वह सच्चे न निकले तो (ऐन मौके पर) हमारी मदद उनके पास आ पहुँची, फिर जिनको हमने चाहा बचा लिया और गुनहगारों की क़ौम पर से तो हमारी सज़ा टल ही नहीं सकती। (११०) बेशक बुद्धिमानों के लिए इन लोगों के हालात में नसीहत है। यह (क़ुर्आन) कोई बनाई हुई बात तो नहीं है बल्कि जो (आसमानी किताबें) इससे पहले (उतर चुकी) हैं उनकी तसदीक़ (करती) है और इसमें उन लोगों के लिए जो ईमानवाले हैं हर चीज़ का ब्योरेवार बयान (व्याख्या) और हिदायत और मेहरबानी है। (१११) ★

रु॰ १॰ ६ आ ७

✪ १३ सूरतुर्रऽदि ९६ ✪

(मक्की) इसमें ३६१४ अक्षर, ८६३ शब्द, ४३ आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।❀

बिस्मिल्लाहिर्रऽमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़ लाम मीम रा। (ऐ पैग़म्बर !) यह किताब (क़ुर्आन) की आयतें हैं और तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से जो कुछ तुम पर उतरा है सो (बिलकुल) सच है, लेकिन बहुत लोग (ऐसा) नहीं मानते। (१) अल्लाह वह है जिसने आसमानों को बिना किसी सहारे के ऊँचा बना खड़ा किया (जैसा कि) तुम देख रहे हो, फिर वह अर्श (तख़्त) पर जा विराजा और चाँद-सूरज को काम में लगाया, हर एक वक़्त-मुक़र्रर तक चला जा रहा है। (वही) सब संसार का प्रबन्धकर्त्ता है (अपनी क़ुदरत की) निशानियाँ तफ़सील के साथ बयान फ़र्माता है ताकि शायद तुम लोगों को अपने परवरदिगार से मिलने का यक़ीन हो। (२) और वही है जिसने ज़मीन को फैलाया और उसमें पहाड़ और नदी बनाई और उसमें हर तरह के फलों की दो-दो क़िस्में (नर-मादा) पैदा कीं, रात को दिन से ढाँपता है, इन (अलौकिक) बातों में, उन लोगों के लिए जो ध्यान करते हैं, निशानियाँ हैं। (३)

❀ सूरः रऽ॰द की दूसरी रुकूअ़ आयत तेरह में 'रऽ॰द' का शब्द आया है। रऽ॰द बादल की गरज को कहते हैं। बादल की गरज इन्सान के दिलों में अल्लाह की क़ुदरत का रोब भी पैदा करती है और उसको उस अज़ीम अल्लाह की ओर से उम्मीद भी बँधाती है। इन्सान अपने को नाचीज़ बन्दा समझकर अल्लाह की ओर रुजू हो जाता है। इसलिए इस सूरः का नाम इस मरकज़ी (केन्द्रीय) शब्द पर 'सूरः रऽ॰द' रख दिया गया है। इस सूरत के उतरने का समय भी रसूल स॰ के मदीना हिजरत करने से पहले मक्का में उतरनेवाली आख़िरी सूरतों के साथ ही है। सूरः यूनुस से जिस तरतीब से सूरतों का सिलसिला चल रहा है, उनमें रसूल स॰ रोज़ मक्का के क़ुरैशों व सभी को तौहीद (एको ब्रह्म) की ओर बुला रहे हैं, अल्लाह की नज़र पड़ने वाली अजूबा क़ुदरत, उसका अजूबा निज़ाम, नेक बन्दों पर दुनिया व आख़िरत में अल्लाह की अपार रहमतें और उनसे पहले आये हुये रसूलों की व उनकी क़ौमों की नज़ीरें [पेज ४२१ पर]

व फ़िल्अर्ज़ि क़ितअुम् - मुतजाविरातूँव जन्नातुम् - मिन् अअ्नाबिंव्व ज़र्अूँव नख़ीलुन् सिन्वानूँव ग़ैरु सिन्वानींयुस्क़ा बिमा अिव्वाहिदिन् क़िफ़ व नुफ़ज़्ज़िलु बअ़्ज़हा अला बअ़्ज़िन् फ़िल्अुकुलि त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्-लिक़ौमींयअ़्क़िलून (४) व अिन् तअ़्जब् फ़अ्जबुन् क़ौलुहुम् अ अिज़ा कुन्ना तुराबन् अ अिन्ना लफ़ी ख़ल्क़िन् जदीदिन् ۵ त् अुला अिकल्लजीन कफ़रू बिरब्बिहिम् ज् व अुला अिकल् - अग़्लालु फ़ी अअ़्नाक़िहिम् ज् व अुला अिक अस्हाबुन्नारि ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (५) व यस्तअ़्जिलूनक बिस्-सैयिअति क़ब्लल् - हसनति व क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहिमुल् - मसुलातु त् व अिन्न रब्बक लज़ू मग़्फ़िरत्लिन् - लिन्नासि अला जुल्मिहिम् ज् व अिन्न रब्बक लशदीदुल्-अिक़ाबि (६) व यक़ूलुल्लजीन कफ़रू लौ ला अुन्ज़िल अलैहि आयतुम्-मिर्रब्बिहि त् अिन्नमा अन्त मुन्ज़िरूँव लिकुल्लि क़ौमिन् हादिन् (७) ★ अल्लाहु यअ़्लमु मा तह्मिलु कुल्लु अुन्सा व मा तग़ीज़ुल्-अर्हामु व मा तज़्दादु त् व कुल्लु शैअिन् अिन्दहू बिमिक़्दारिन् (८) आलिमुल्-ग़ैबि वश्शहादत्लिल् - कबीरुल् - मुतआलि (९) सवा अुम् - मिन्कुम् मन् असर्रल्-क़ौल व मन् जहर बिहि व मन् हुव मुस्तख़्फ़िम् - बिल्लैलि व सारिबुम्-बिन्नहारि (१०) लहू मुअ़क्क़िबातुम् - मिम्बैनि यदैहि व मिन् ख़ल्फ़िहि यहफ़ज़ूनहू मिन् अम्रिल्लाहि त् अिन्नल्लाह ला युग़ैयिरु मा बिक़ौमिन् हत्ता युग़ैयिरू मा बिअन्फ़ुसिहिम् त् व अिज़ा अरादल्लाहु बिक़ौमिन् सूअन् फ़ला मरद्द लहू ज् व मा लहुम् मिन् दूनिहि मिंव्वालिन् (११) हुवल्लजी युरीकुमुल्बर्क़ ख़ौफ़ौंव तमअौंव युन्शिअुस्-सहाबस्-सिक़ाल ज् (१२) व युसब्बिहुर्रअ्दु बिहम्दिहि वल्मला अिकतु मिन् ख़ीफ़तिहि ज् व युर्सिलुस्सवाअिक़ फ़युसीबु बिहा मैंयशा अु व हुम् युजादिलून फ़िल्लाहि ज् व हुव शदीदुल्-मिहालि त् (१३)

وَجَنّٰتٌ مِّنْ اَعْنَابٍ وَّزَرْعٌ وَّنَخِيْلٌ صِنْوَانٌ وَّغَيْرُ صِنْوَانٍ يُّسْقٰى
بِمَآءٍ وَّاحِدٍ وَنُفَضِّلُ بَعْضَهَا عَلٰى بَعْضٍ فِى الْاُكُلِ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ
لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ۝ وَاِنْ تَعْجَبْ فَعَجَبٌ قَوْلُهُمْ ءَاِذَا كُنَّا تُرٰبًا
ءَاِنَّا لَفِىْ خَلْقٍ جَدِيْدٍ ؕ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ ۚ وَاُولٰٓئِكَ الْاَغْلٰلُ
فِىْٓ اَعْنَاقِهِمْ ۚ وَاُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ۚ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝ وَ
يَسْتَعْجِلُوْنَكَ بِالسَّيِّئَةِ قَبْلَ الْحَسَنَةِ وَقَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهِمُ الْمَثُلٰتُ ؕ
وَاِنَّ رَبَّكَ لَذُوْ مَغْفِرَةٍ لِّلنَّاسِ عَلٰى ظُلْمِهِمْ ۚ وَاِنَّ رَبَّكَ لَشَدِيْدُ
الْعِقَابِ ۝ وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ؕ
اِنَّمَآ اَنْتَ مُنْذِرٌ وَّلِكُلِّ قَوْمٍ هَادٍ ۝ اَللّٰهُ يَعْلَمُ مَا تَحْمِلُ كُلُّ اُنْثٰى
وَمَا تَغِيْضُ الْاَرْحَامُ وَمَا تَزْدَادُ ؕ وَكُلُّ شَىْءٍ عِنْدَهٗ بِمِقْدَارٍ ۝ عٰلِمُ
الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْكَبِيْرُ الْمُتَعَالِ ۝ سَوَآءٌ مِّنْكُمْ مَّنْ اَسَرَّ الْقَوْلَ
وَمَنْ جَهَرَ بِهٖ وَمَنْ هُوَ مُسْتَخْفٍ بِالَّيْلِ وَسَارِبٌ بِالنَّهَارِ ۝ لَهٗ
مُعَقِّبٰتٌ مِّنْ بَيْنِ يَدَيْهِ وَمِنْ خَلْفِهٖ يَحْفَظُوْنَهٗ مِنْ اَمْرِ اللّٰهِ ؕ
اِنَّ اللّٰهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتّٰى يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ ؕ وَاِذَآ اَرَادَ اللّٰهُ
بِقَوْمٍ سُوْٓءًا فَلَا مَرَدَّ لَهٗ ۚ وَمَا لَهُمْ مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّالٍ ۝ هُوَ
الَّذِىْ يُرِيْكُمُ الْبَرْقَ خَوْفًا وَّطَمَعًا وَّيُنْشِئُ السَّحَابَ الثِّقَالَ ۝
وَيُسَبِّحُ الرَّعْدُ بِحَمْدِهٖ وَالْمَلٰٓئِكَةُ مِنْ خِيْفَتِهٖ ۚ وَيُرْسِلُ الصَّوَاعِقَ

ع ۱ رु. १ — ७ आ ७

और ज़मीन में पास-पास कई खेत हैं और अंगूर के बाग़ और खेती और खजूर के पेड़, (कोई) जड़ मिली और (कोई) बिना मिली (हालाँकि) सबको एक ही पानी दिया जाता है और फलों में हम एक को एक पर (फ़सल की) बढ़ती देते हैं। उसमें (अल्लाह को क़ुदरत की साफ़) निशानियाँ हैं उनको जो समझ रखते हैं। (४) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम ताज्जुब की बात (सुनना) चाहो तो उन (काफ़िरों) का यह कहना (क्या कम) ताज्जुब है कि जब हम (मरकर) मिट्टी हो जायँगे तो क्या हम नये (सिरे से फिर पैदा) किये जाँयगे। यही लोग हैं जो अपने परवरदिगार से मुन्किर (बिमुख) हुये और यही लोग हैं जिनकी गर्दनों में (क़ियामत के दिन) तौक़§ होंगे और यही नरकवासी हैं और हमेशा नरक ही में रहेंगे। (५) (और ऐ पैग़म्बर!) भलाई से पहले यह लोग तुमसे बुराई की जल्दी मचा रहे हैं, हालाँकि इनसे पहले (ऐसी ही घटनाओं के) वाक़यात चले आते हैं और (ऐ पैग़म्बर! इसमें) कुछ शक नहीं कि तुम्हारा परवरदिगार लोगों को उनके गुनहगार होने पर भी माफ़ करनेवाला है और (इसमें भी शक नहीं कि) तुम्हारे परवरदिगार की मार भी बड़ी सख़्त है। (६) और काफ़िर कहते हैं कि इस (मुहम्मद स०) पर इसके परवरदिगार की ओर से (कोई नबूअ़त की) निशानी† क्यों नहीं उतरी? (सो ऐ पैग़म्बर!) तुम तो सिर्फ़ (अल्लाह के अ़ज़ाब से इन लोगों को) डरानेवाले हो और हर एक जाति का (तुम्हारी ही तरह) एक राह बतानेवाला (आता रहा) है। (७) ★ रु॰ १७ आ ७

हर मादा जो (बच्चा) पेट में लिए हुए है उसको अल्लाह जानता है और पेट का घटना-बढ़ना (उसको मालूम रहता है), और उसके पास हर एक चीज़ का (सही) आँकड़ा है। (८) खुले और छिपे (व्यक्त-अव्यक्त) का जाननेवाला (वह) सबसे महान और श्रेष्ठ है। (९) तुमलोगों में जो कोई बात चुपके से कहे और जो पुकारकर कहे और जो रात के वक़्त छिपा हो और दिन में गलियों में फिरता हो, उसके नज़दीक (सब) बराबर हैं। (१०) उसके (यानी इंसान के) आगे और पीछे (अल्लाह के) पहरेवाले हैं जो अल्लाह की आज्ञा से उसकी हिफ़ाज़त करते हैं। बेशक अल्लाह किसी जाति की (अच्छी) हालत को तब तक नहीं बदलता जब तक वह (जाति) अपनी हालत को (ख़ुद) न बदले‡ और जब अल्लाह किसी जाति पर (उनके बुरे अमलों के कारन) कोई आफ़त डालनी चाहे, तो वह टल नहीं सकती और अल्लाह के सिवाय उन लोगों का कोई मददगार नहीं। (११) वही है जो (बिजली को) चमक तुम लोगों को दिखाता है जिससे डर भी होता है और उम्मीद भी होती है और भारी बादलों को उठाता है। (१२) और बादलों की गरज और फ़रिश्ते उसके (अ़ज़ाब से) डर कर उसकी तारीफ़ करते और तसबीह (जप) करते हैं और वह कड़कती बिजलियाँ भेजता है फिर जिस पर चाहता है उस पर उन्हें गिरा देता है और यह अल्लाह की बात में झगड़ते हैं और वह बड़ी शक्तिवाला है। (१३)

§ तौक़ जो क़ैदियों के गले में डाला जाता था। † काफ़िर कहते थे कि जैसे हज़रत ईसा अ॰ मरे हुए लोगों को जिला देते थे वैसे ही मोहम्मद स॰ क्यों नहीं करते या हज़रत मूसा अ॰ की तरह आश्चर्यजनक लाठी ही अल्लाह से माँग लें तो हम उनको रसूल समझें। ‡ इंसान अँधेरे से अँधेरे में छिपकर भी जो भला या बुरा करता है अल्लाह की निगाह से बाहर नहीं। वह हर क़ौम या इंसान पर अपनी मेहरबानी रखता है और हर घड़ी उसकी हिफ़ाज़त के लिए उसके बिलकुल क़रीब अपने पहरेदार रखता है। और अपनी रहमत कभी भी वह वापस नहीं लेता जब तक लोग ख़ुद अपना तरीक़ः अमल न बदल दें। और एक बार वह रहीमों का रहीम जब किसी की लगातार सरकशी के कारन अपने अ़ज़ाब का इरादा कर लेता है तो फिर दुनिया-जहान में उससे कोई बचानेवाला भी नहीं।

लहू दअ़वतुल्-हक़्क़िक़ त़ वल्लजीन यद्अून मिन् दूनिहि ला यस्तजीबून लहुम् बिशैअिन् अिल्ला कबासिति कफ़्फ़ैहि अिलल्-मा अि लियब्लुग़ फ़ाहु व मा हुव बिबालिग़िहि त़ व मा दुआ अुल् - काफ़िरीन अिल्ला फ़ी ज़लालिन् (१४) व लिल्लाहि यस्जुदु मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तौअ़ौव कर्हौव ज़िलालुहुम् बिल्ग़ुदूवि वल् - आसालि (१५) ▲ क़ुल् मर्रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ क़ुलिल्लाहु त़ क़ुल् अफ़त्तख़ज़्तुम् मिन् दूनिहि औलिया अ ला यम्लिकून लिअन्फ़ुसिहिम् नफ़्औं- व ला ज़र्रन् त़ क़ुल् हल् यस्तविल्-अअ़्मा वल्बसीरु ۵ ला अम् हल् तस्तविज़्ज़ुलुमातु वन्नूरु ۵ ज् अम् जअ़लू लिल्लाहि शुरका अ ख़लक़ू कख़ल्क़िहि फ़तशाबहल् - ख़ल्क़ु अ़लैहिम् त़ क़ुलिल्लाहु ख़ालिक़ु कुल्लि शैअिंव्व हुवल् - वाहिदुल् - क़हहारु (१६) अन्ज़ल मिनस्समा अि मा अन् फ़सालत् औदियतुम् - बिक़दरिहा फ़ह्तमलस्सैलु ज़बदर्- राबियन् त़ व मिम्मा यूक़िदून अ़लैहि फ़िन्नारिब्तिग़ा अ ह्लियतिन् औ मताअिन् ज़बदुम् - मिस्लुहु त़ कजालिक यज़्रिबुल्लाहुल् - ह़क़्क़ वल्बात़िल ۵ त़ फ़अम्मज़् - ज़बदु फ़यज़्हबु जुफ़ा अन् ज् व अम्मा मा यन्- फ़अुन्नास फ़यम्कुसु फ़िल्अर्ज़ि त़ कजालिक यज़्रिबुल्लाहुल् - अम्साल त़ (१७) लिल्लजीनस्तजाबू लिरब्बिहिमुल् - ह़ुस्ना त़ ● वल्लजीन लम् यस्तजीबू लहू लौ अन्न लहुम् मा फ़िल्अर्ज़ि जमीअ़ौव मिस्लहु मअ़हु लफ़्तदौ बिहि त़ अुला अिक लहुम् सू अुल्-हिसाबि ۵ ला व मअ़वाहुम् जहन्नमु त़ व बिअ़सल्- मिहादु (१८) ★● अफ़मैंयअ़्लमु अन्नमा अुन्ज़िल अिलैक मिर्रब्बिकल्- ह़क़्क़ु कमन् हुव अअ़्मा त़ अिन्नमा यतज़क्करु अुलुल् - अल्बाबि ला (१९)

(संकट में) उसी को पुकारना सच्चा है और जो लोग उसके सिवाय (और जिन पूजितों को) पुकारते हैं, वह उनकी किसी पुकार पर नहीं पहुँचते। बल्कि (उन्हें पुकारना बस ऐसा ही व्यर्थ है) जैसे एक शख़्स अपने दोनों हाथ पानी की तरफ़ फैला दे ताकि पानी उसके मुँह में (स्वयं) पहुँच जाय हालाँकि वह उस तक कभी नहीं पहुँच सकता†। और जितनी काफ़िरों की पुकार है सब गुमराही (से भरी) है। (१४) और जिस क़दर चीज़ें आसमान व ज़मीन में हैं, (वे सब) मन से या बेबसी से अल्लाह ही के आगे (सिर झुकाये) सज्दः करते हैं और उनके साये भी सुबह और शाम उसी के आगे (सज्दः करते हैं।) (१५) ▲ (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) पूछो कि आसमान और ज़मीन का पालनेवाला कौन है? इनसे बताओ कि अल्लाह। कहो क्या तुमने अल्लाह के सिवाय दूसरों को अपना हिमायती (संरक्षक) बना रखा है जो अपने ज़ाती नुक़सान फ़ायदों के भी मालिक नहीं? (इन्हें) समझाओ कि भला कहीं अन्धा और आँखोंवाला बराबर है या कहीं अँधेरा और उजाला बराबर होता है? भला इन्होंने जिनको अल्लाह का शरीक ठहरा रखा है क्या उन्होंने अल्लाह की सृष्टि की तरह कोई (सृष्टि) पैदा कर रखी है और (इस कारन) अब उनको संसार की रचना में भरम पड़ गया है (कि शायद यह रचना अल्लाह और शरीक दोनों की पैदा की हुई है इसलिए दोनों ही को पूजा जाय) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कह दो कि अल्लाह ही हर चीज़ का पैदा करनेवाला है (और उसका कोई शरीक नहीं) और वही अकेला सामर्थ्य वाला है। (१६) (उसी ने) आसमान से पानी बरसाया, फिर अपनी समाई भर वे नाले बह निकले, फिर फूला हुआ झाग जो (पानी के) ऊपर आ गया। और जो ज़ेवर व दूसरे सामान के लिए (धातुओं को) आग में तपाते हैं उसमें (भी) उसी तरह का झाग (यानी करदः) होता है (जो तपाने पर साफ़ हो जाता है), यों अल्लाह सच और झूठ की मिसाल बतलाता है (कि पानी सच की जगह है और झाग झूठ की जगह है) सो झाग तो ग़ायब हो जाता है और (पानी) जो लोगों के काम आता है (और जो सत्य है) वह ज़मीन में क़ायम रहता है। अल्लाह इस तरह (सही व झूठ की) मिसालें बयान फ़र्माता है। (१७) जिन लोगों ने परवरदिगार का कहा माना उनको भलाई है●। और जिन्होंने उसकी आज्ञा न मानी तो जो कुछ ज़मीन पर है अगर (वह) सब उनके पास हो और उसके साथ उतना ही और यह लोग अपने बचाव के बदले में (सारा का सारा) दे डालें, (तब भी छुटकारा कहाँ?) यही लोग हैं जिनसे बुरी तरह हिसाब (लिया जायगा) और इनका आख़िरी ठिकाना दोज़ख़ है, और वह (बहुत) बुरा ठिकाना है। (१८) ★ ●

(ऐ पैग़म्बर!) जो शख़्स इस बात को समझता है कि जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम पर उतरा है (वह) सच है (भला वह कहीं) उस आदमी की तरह है जो (सही राह न देख पाने वाला) अंधा हो (और नसीहत तो) वही लोग समझते हैं जिनको समझ है। (१९)

[पेज ४१७ से] (दृष्टांत) बयान करते हुये अल्लाह के हुक्म समझा रहे हैं कि देखो पिछली उन आलीशान क़ौमों ने भी जब अल्लाह के हुक्मों, उसकी किताबों व उसके पैग़म्बरों को झुठलाया तो उनका एक लमहे में ही ख़ुदाई अज़ाब की चपेट में कैसा बुरा हाल हो गया। लेकिन ज्यों ज्यों वह समझाना बढ़ रहा है त्यों-त्यों [पेज ४२३ पर]

† यानी काफ़िर जिनको पुकारते हैं उनमें बाज़ जिन्न हैं, बाज़ सिर्फ़ ख़याली हैं और बाज़ ऐसे भी हैं जो अपने कुछ ख़वास (गुण) रखते तो हैं लेकिन उन ख़वासों के भी वे ख़ुद मालिक नहीं। वे भी अल्लाह के चलाए चलते हैं जैसे आग, पानी, चाँद, सूरज वग़ैरः। फिर भला उन सबके भी मालिक एक अल्लाह को छोड़कर दूसरों को पुकारने से क्या हासिल हो सकता है।

अल्लजीन यूफ़ून बिअह्दिल्लाहि व ला यन्क़ुज़ूनल् - मीसाक़ ला (२०)
वल्लजीन यसिलून मा अमरल्लाहु बिहइ अँयूसल व यख़्शौन रब्बहुम् व
यख़ाफ़ून सूअल् - हिसाबि त् (२१) वल्लजीन सबरुब्तिग़ाअ वज्हि
रब्बिहिम् व अक़ामुस्सलात्त व अन्फ़क़ू मिम्मा रज़क़्नाहुम् सिर्रौंव अ़ला
नियत्तौंव यद्रअून बिल् - ह़सनतिस् - सैयिअत्त
अुलाअिक लहुम् अुक़्बद्दारि ला (२२)
जन्नातु अद्नीं - यद्ख़ुलूनहा व मन् सलह़
मिन् आबाअिहिम् व अज़्वाजिहिम् व
ज़ुर्रीयातिहिम् वल्मलाअिकतु यद्ख़ुलून
अलैहिम् मिन् कुल्लि बाबिन् ज् (२३)
सलामुन् अलैकुम् बिमा सबर्तुम् फ़निअ़म
अुक़्बद्दारि त् (२४) वल्लजीन यन्क़ुज़ून
अह्दल्लाहि मिम्बअ़दि मीसाक़िहइ व
यक़्तअून मा अमरल्लाहु बिहइ अँयूसल
व युफ़्सिदून फ़िल्अर्ज़ि ला अुलाअिक
लहुमुल्लअ़्नतु व लहुम् सूअुद्दारि (२५)
अल्लाहु यब्सुतुर्रिज़्क़ लिमैंयशाअु व यक़्दिरु त् व फ़रिहू बिल्-
ह़यातिद्दुन्या त् व मल् - ह़यातुद्दुन्या फ़िल् - आख़िरति अिल्ला मताअुन्
(२६) ★ व यक़ूलुल्लजीन कफ़रू लौ ला अुन्ज़िल अलैहि आयतुम्-
मिर्रब्बिहइ त् क़ुल् अिन्नल्लाह युज़िल्लु मैंयशाअु व यह्दी अिलैहि मन्
अनाब सला ज् (२७) अल्लजीन आमनू व तत्मअिन्नु क़ुलूबुहुम्
बिज़िक्रिल्लाहि त् अला बिज़िक्रिल्लाहि तत्मअिन्नुल् - क़ुलूबु त् (२८)
अल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति तूबा लहुम् व ह़ुस्नु मआबिन् (२९)
कज़ालिक अर्सल्नाक फ़ी अुम्मतिन् क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहा अुममुल्-लितत्लुव
अलैहिमुल्लज़ी औ ह़ैना अिलैक व हुम् यक्फ़ुरून बिर्रह़मानि त् क़ुल् हुव
रब्बी ला अिलाह अिल्ला हुव ज् अलैहि तवक्कल्तु व अिलैहि मताबि (३०)

(यही) वे (हैं) जो अल्लाह के (साथ किये) अ़हद को पूरा करते हैं और अ़हद को तोड़ते नहीं। (२०) और अल्लाह ने जिनको जोड़े रखने[छ] का हुक्म दिया है (वह) उनको जोड़े रखते हैं और अपने परवरदिगार से डरते और (क़ियामत के दिन) बुरी तरह हिसाब लिए जाने का (मन में) खटका रखते हैं। (२१) और जिन्होंने अपने परवरदिगार की ख़ुशी हासिल करने के लिए (दुनियावी कसौटियों की परवाह न कर) सब्र से काम लिया और नमाज़ें क़ायम रखीं और हमारे दिये में से चुपके और ज़ाहिर (अल्लाह की राह में) ख़र्च किया और बुराई के बदले में भलाई की, यही लोग हैं जिनको आख़िरत में अच्छा अंजाम (प्रतिफल) है। (२२) (जहाँ हमेशा) रहने के बाग़ हैं जिनमें वह जायेंगे और उनके बाप-दादों में और उनकी बीबियों और उनकी औलादों में जो भला काम करनेवाले होंगे (वह भी सब उनके साथ बहिश्त में जायेंगे) और (जन्नत के) हर दरवाज़े से फ़रिश्ते उनके पास आयेंगे। (२३) (और कहेंगे कि) तुम पर सलामती हो (दुनिया में) जो तुम सब्र करते रहे हो यह उसी का अंजाम (फल) है (और क्या ही) अच्छा अंजाम मिला है। (२४) और जो लोग अल्लाह के साथ पक्का अ़हद करने के बाद उसे तोड़ते हैं और जिन (सम्बन्धों) को जोड़े रखने का अल्लाह ने हुक्म दिया है उनको तोड़ते हैं और ज़मीन पर फ़साद फैलाते हैं, यही लोग हैं जिनके लिये लानत है और उनका अंजाम (भी) बुरा है। (२५) अल्लाह जिसकी रोज़ी चाहता है बढ़ा देता है और (जिसकी चाहता है) कम कर देता है, और वे (काफ़िर) दुनिया की ज़िन्दगी पर रीझते हैं, हालाँकि दुनिया की ज़िन्दगी आख़िरत के सामने बिल्कुल नाचीज़ है। (२६) ★

और मुन्किर (यानी काफ़िर) कहते हैं कि इस (मुहम्मद स॰) पर इसके परवरदिगार की तरफ़ से कोई निशानी क्यों नहीं उतरी (कि हम इनको नबी मानें। तो ऐ पैग़म्बर! तुम इनसे) कहो (ऐसा तुम्हारा कहना अजब नहीं क्योंकि यों हीं) अल्लाह जिसको चाहता है गुमराह (भटकाया) करता है और जो रुजू होता है उसी को स्वयं रास्ता दिखाता है। (२७) वह लोग ईमान लाये और उनके दिलों को अल्लाह की याद से चैन मिलती है। तो सुन रखो कि अल्लाह की याद से ही दिलों को चैन मिलती है। (२८) जो लोग ईमान लाये और अच्छे काम किये उनके लिए ही ख़ुशहाली है और (जन्नत) उनका अच्छा ठिकाना है। (२९) (ऐ पैग़म्बर! जिस तरह हमने और पैग़म्बर भेजे थे) इसी तरह हमने तुमको भी एक उम्मत (गिरोह) में भेजा है जिससे पहले और उम्मतें (संगतें) गुज़र चुकी हैं, ताकि जो (ख़ुदाई पैग़ाम) हमने तुम पर भेजा है, वह उनको सुनाओ और यह लोग रहमान से मुन्किर (विमुख) हैं। तो (ऐ नबी!) कहो कि वही मेरा परवरदिगार है, उसके सिवाय किसी की बन्दगी नहीं, मैं उसी का भरोसा रखता हूँ और उसी की तरफ़ लौट कर जाना है। (३०)

रू॰ ३ | ह आ ८

[पेज ४२१ से] क़ुरैश सरकश होते जा रहे हैं। ऐसी सूरत में उनको अल्लाह के अ़ज़ाब व तम्बीह की चेतावनी भी बढ़ती गई है लेकिन बजाय राहे रास्त पर आने के ईमानवालों पर उनके ज़ुल्म बढ़ते ही गये हैं। ऐसी हालत में जा बजा ईमानवालों को तसल्ली दी गई है कि वे सब्र पर क़ायम रहें। अधर्मियों की चन्दरोज़ा चैन को देखकर व उनके ज़ुल्मों से तंग न हों। अगर इतना समझाने पर भी काफ़िर बाज़ नहीं आते तो उन पर अ़ज़ाबे इलाही मँडरा रहा है। लोक-परलोक में कामयाबी नेककारों और तबाही बदकिरदारों के लिए अटल है।

छ अपने परिवार, बस्ती, क़ौम, मुल्क या जो भी समाजी सम्बन्ध हैं उनको अल्लाह ने जोड़े रखने का यानी आपसी फ़र्ज़ पूरा करने का हुक्म दिया है। उनसे मुँह मोड़ना जायज़ नहीं। अल्लाह से डरनेवाले उन सम्बन्धों को अपने फ़र्ज़ों को पूरा करते हुये क़ायम रखते हैं।

व लौ अन्न क़ुर्आनन् सुय्यिरत् बिहिल् - जिबालु औ क़ुत्तिअत् बिहिल् - अर्ज़ु औ कुल्लिम बिहिल्मौता त् बल् लिल्लाहिल् - अम्रु जमीअन् त् अफ़लम् यैअसिल्लजीन आमनू अल्लौ यशा अुल्लाहु लहदन्नास जमीअन् त् व ला यज़ालुल्लजीन कफ़रू तुसीबुहुम् बिमा सनअू क़ारिअतुन् औ तहुल्लु क़रीबम्मिन् दारिहिम् हत्ता यअ्तिय वअ्दुल्लाहि त् अिन्नल्लाह ला युख़्लिफ़ुल् - मीआद (३१) ★ व लक़दिस् - तुहूज़िअ बिरुसुलिम् - मिन् क़ब्लिक फ़अम्लैतु लिल्लजीन कफ़रू सुम्म अख़ज़्तुहुम् फ़कैफ़ कान अिक़ाबि (३२) अफ़मन् हुव क़ाअिमुन् अला कुल्लि नफ़्सिम् - बिमा कसबत् ज् व जअलू लिल्लाहि शुरका अ त् क़ुल् सम्मूहुम् त् अम् तुनब्बिअूनहू बिमा ला यअ्लमु फ़िल्अर्ज़ अम् बिज़ाहिरिम् - मिनल्क़ौलि त् बल् ज़ुय्यिन लिल्लजीन कफ़रू मक्रुहुम् व सुद्दू अनिस्सबीलि त् व मैंयुज़्लि - लिल्लाहु फ़मा लहू मिन् हादिन् (३३) लहुम् अजाबुन् फ़िल् - हयाद्दिन्या व लअजाबुल् - आख़िरति अशक़्क़ु ज् व मा लहुम् मिनल्लाहि मिंव्वाक़िन् (३४) मसलुल् - जन्नतिल्लती वुअिदल् मुत्तक़ून त् तजरी मिन् तहूतिहल् - अन्हारु त् अुकुलुहा दाअिमूँव ज़िल्लुहा त् तिल्क अुक़्बल्लजीनत् - तक़ौ क् सला व्व अुक़्बल् - काफ़िरीनन्नारु (३५) वल्लजीन आतैनाहुमुल् - किताब यफ़्रहून बिमा अुन्ज़िल अिलैक व मिनल् - अह्ज़ाबि मैंयुन्किरु बअ्ज़हू त् क़ुल् अिन्नमा अुमिर्तु अन् अअ्बुदल्लाह व ला अुशरिक बिहि त् अिलैहि अद्अू व अिलैहि मआबि (३६) व कजालिक अन्ज़ल्नाहु हुक्मन् अरबीयन् त् व लअिनित्तबअ्त अह्वा अहुम् बअ्द मा जा अक मिनल् - अिल्मि ला मालक मिनल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला वाक़िन् (३७) ★

और अगर कोई क़ुर्आन ऐसा होता जिस (के असर) से पहाड़ चलने लगते या उस (की बरकत) से ज़मीन तय हो जाती या उससे मुर्दों के साथ बातें करादी जातीं तब भी यह लोग ईमान न लाते लेकिन (सच यह है कि) सब काम अल्लाह के अख़्तियार में हैं। तो क्या ईमानवालों को इस पर भरोसा नहीं होता कि अगर अल्लाह चाहता तो सब लोगों को (सीधी) राह पर चलाता। और जो लोग मुन्किर हैं इनको इनकी करतूत की सज़ा में तकलीफ़ पहुँचती रहेगी या इनकी बस्ती के आस-पास (मुसीबत) उतरती रहेगी यहाँ तक कि (वह दिन आ जायगा कि) अल्लाह का क़ौल पूरा हो। बेशक अल्लाह वादाख़िलाफ़ी नहीं करता।† (३१)★ रू. ४/१० आ ५

और (ऐ पैग़म्बर!) तुमसे पहले भी कितने ही पैग़म्बरों की हँसी उड़ाई जा चुकी है, सो हमने इन्कारियों को (पहले सुधरने का मौक़ा देकर) ढील दी फिर (जब नहीं माने तब) उनको धर पकड़ा तो हमारी सज़ा कैसी (सख़्त) थी! (३२) तो जो (अल्लाह) हर शख़्स के काम की ख़बर रखता है क्या (ये लोग उसकी नज़र से बाहर हैं)। और यह लोग अल्लाह के (के साथ दूसरे) शरीक (यानी पूज्य) ठहराते हैं। (ऐ पैग़म्बर! उनसे) कहो कि (ज़रा तुम) इनके नाम तो लो। क्या तुम अल्लाह को ऐसी ख़बर देते हो कि वह (सब कुछ जाननेवाला होकर भी तुम्हारी नज़र में) ज़मीन में उनको नहीं जानता या ऊपरी बातें बनाते हो। नहीं, बात यह है कि मुन्किरों को उनकी चालाकियाँ भली दिखाई गई हैं और उनकी राह मारी गई है। और जिसको अल्लाह गुमराह करे तो कोई उसको राह दिखलाने वाला नहीं। (३३) (हाल यह है कि) इन लोगों के लिए दुनियाँ की ज़िन्दगी में सज़ा है और आख़िरत की सज़ा तो बहुत ही सख़्त है। और अल्लाह से कोई उनको बचानेवाला नहीं।(३४) परहेज़गारों के लिए (जिस) जन्नत का वादा किया गया है उसका हाल यह है कि उसके नीचे नहरें बह रही हैं, उसके फल सदाबहार हैं और छाँह भी (हमेशा)। यह उन लोगों का अंजाम है जो परहेज़गारी करते रहे और इन्कारियों का अंजाम (दोज़ख़ की) आग है। (३५) और जिनको हमने (पहले तौरेत वग़ैरः) किताब दी है वह लोग उस (किताब) से ख़ुश होते हैं जो तुम पर उतारी गयी है और दूसरे (कुछ) फ़िर्क़े (ऐसे भी हैं जो) उसकी बाज़ बातों से इन्कार करते हैं। (ऐ पैग़म्बर! तुम इनसे) कहो कि मुझको तो यही हुक्म मिला है कि मैं अल्लाह की बन्दगी करूँ और किसी दूसरे को (अिबादत में) उसका शरीक न बनाऊँ। (और इसलिए तुमको भी) उसी (अल्लाह) की तरफ़ बुलाता हूँ और उसी को तरफ़ मेरा ठिकाना है। (३६) और (ऐ नबी!) इसी तरह हमने यह अरबी में हुक्म (यानी क़ुर्आन तुम पर) उतारा है और अगर इसके बाद भी जबकि तुमको वह इल्म पहुँच चुका है तुमने इनकी इच्छाओं की पैरवी की तो अल्लाह के सामने न कोई तुम्हारा हिमायती होगा और न कोई बचानेवाला। (३७) ★ रू. ५/११ आ ६

† इस्लाम में दाख़िल हुये लोग काफ़िरों से तंग आकर सोचते व कहते थे कि आख़िर जब क़ुर्आन व रसूल स० अल्लाह की ओर से हैं तो उनसे इन्कार करनेवाले काफ़िरों पर अल्लाह एक दम कोई बला डालकर उन्हें तबाह क्यों नहीं कर देता। इस पर उन ईमानवालों को समझाया गया है कि ये अल्लाह के काम हैं। वह सब कुछ कर सकता है लेकिन यह उसी के आधीन है कि वह कब क्या करना चाहे। वह इन मुशरिकों पर बलायें डालता, चेतावनी देता, कभी माफ़ करता रहेगा। कभी उन पर कभी उनके आस पास मुसीबतें आती रहेंगी कि वे चैन न पायें और शायद उनसे तंग होकर अल्लाह की याद करें और ज़ुल्म करने से बचें। लेकिन अन्त तक अगर न माने तो आख़िर तो पूरी तबाही आवेगी ही। यकबयक अल्लाह किसी को तबाह नहीं करता। इसके अलावा ईमानवालों को भी अपने फ़र्ज़ पर मज़बूती से क़ायम रहना चाहिये और अल्लाह की राह में कुछ क़ुर्बानी करना चाहिए, न कि दीन में दाख़िल होते ही हाथ पर हाथ रखकर अल्लाह की मदद का ही रास्ता तकने लगें।

व लक़द् अर्सल्ना रुसुलम् - मिन् क़ब्लिक व जअल्ना लहुम् अज़्वाजौंव जुर्रीयत्न् त् व मा कान लिरसूलिन् अंयअ्तिय बिआयत्निन् अिल्ला बिअिज़्निल्लाहि त् लिकुल्लि अजलिन् किताबुन् (३८) यम्हुल्लाहु मा यशा अु व युस्बितु ज् सला व अिन्दहू अुम्मुल् - किताबि (३९) व अिम्मा

नुरियन्नक बअ़्ज़ल्लजी नअिदुहुम् औ नतवफ़्फ़यन्नक फ़अिन्नमा अ़लैकल् - बलाग़ु व अ़लैनल् - हिसाबु (४०) अवलम् यरौ अन्ना नअ्तिल् - अर्ज़ नन्क़ुसुहा मिन् अत्राफ़िहा त् वल्लाहु यह्कुमु ला मुअ़क्क़िब लिहुक्मिहि त् व हुव सरीअुल् - हिसाबि (४१) व क़द् मकरल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़लिल्लाहिल्-मक्रु जमीअन् त् यअ़्लमु मा तक्सिबु कुल्लु नफ़्सिन् त् व सयअ़्लमुल् - कुफ़्फ़ारु लिमन् अुक़्बद्दारि (४२) व यक़ूलुल्लजीन कफ़रू लस्त मुर्सलन् त् क़ुल् कफ़ा बिल्लाहि शहीदम् - बैनी व बैनकुम् ला व मन् अिन्दहू अिल्मुल् - किताबि (४३) ★

रू. ६ — १२ आ ६

✪ १४ सूरः अिब्राहीम ७२ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ३६०१ हुरूफ़, ८४५ शब्द, ५२ आयतें और ७ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलिफ़् ला म् रा क़िफ़् किताबुन् अन्ज़ल्नाहु अिलैक लितुख़्रिजन्नास मिनज़्ज़ुलुमाति अिलन्नूरि ला ۵ बिअिज़्नि रब्बिहिम् अिला सिरातिल्-अ़ज़ीज़िल् - हमीदि ला (१) अल्लाहिल्लजी लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व वैलुल्लिल् - काफ़िरीन मिन् अ़जाबिन् शदीदि ला (२) अल्लजीन यस्तहिब्बूनल् - हयावद्दुन्या अ़लल् - आख़िरति व यसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि व यब्ग़ूनहा अिवजन् त् अुला अिक फ़ी ज़लालिम् - बअ़ीदिन् (३)

और तुमसे पहले भी हमने पैग़म्बर भेजे और हमने उनको बीवियाँ† भी दीं और औलाद भी और किसी पैग़म्बर की ताक़त न थी कि अल्लाह की आज्ञा के बिना कोई निशानी (चमत्कार) दिखलावे। हर वादा लिखा हुआ है (यानी अल्लाह के यहाँ से नियत है)। (३८) अल्लाह जिसको चाहे मिटा देता है और (जिसको चाहता है) क़ायम रखता है। और उसके पास असल किताब है।§ (३९) और जैसे-जैसे वादे इनको हम करते हैं चाहे (उनमें से) बाज़ वादे हम (तुम्हारी ज़िन्दगी में ही इन पर नाज़िल करके) तुमको पूरे कर दिखावें और चाहे तुमको दुनिया से उठा लेवें (और तब हम वे अज़ाब इन पर भेजें); तो हर हाल में (हमारे हुक्म इन तक) पहुँचा देना तुम्हारा काम है और हिसाब लेना हमारा (काम है)। (४०) क्या यह लोग इस बात को नहीं देखते कि हम देश को सब तरफ़ से दबाते॥ चले आते हैं और अल्लाह जो हुक्म देता है कोई उसके हुक्म को टालनेवाला नहीं और वह बड़ी जल्दी हिसाब लेनेवाला है। (४१) और जो लोग इन (मक्का के काफ़िरों) के पहले हो गुज़रे हैं उन्होंने भी (बड़े बड़े) दाँव किये सो सारे दाँव तो अल्लाह ही के हाथ में हैं। जो शख़्स जो कुछ कर रहा है अल्लाह को (वह सब) मालूम है और काफ़िरों को जल्द मालूम हो जायगा कि आक़िबत में (अच्छा अन्जाम का) घर किसके लिए है। (४२) और काफ़िर कहते हैं कि तुम भेजे हुए (यानी रसूल) नहीं हो तो (इनसे) कहो कि मेरे और तुम्हारे बीच बस अल्लाह गवाह है और (या फिर वह शख़्स) गवाह हैं जिनके पास किताब (आसमानी का ज्ञान) है। (४३) ★

रु. ६/१२ आ ६

१४ सूरः अिब्राहीम ७२

(मक्की) इसमें ३६०१ अक्षर, ८४५ शब्द, ५२ आयतें और ७ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

(शुरू) अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-लाम-रा। (ऐ मुहम्मद!) यह किताब हमने तुम पर इसलिए उतारी है कि लोगों को (अज्ञान के) अन्धेरों से निकालकर (ज्ञान के) उजाले में लाओ (यानी) उनके परवरदिगार के हुक्म से उस ज़बरदस्त और तारीफ़ के लायक़ अल्लाह की राह की तरफ़ (लाओ) (१) (उसी) अल्लाह का है जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है और इन्कारवालों को एक सख़्त अज़ाब (में फसकर) तबाह होना है। (२) जो लोग आख़िरत के बजाय दुनिया के जीवन पर रीझते हैं और अल्लाह के रास्ते से (लोगों को) रोकते और उसमें ऐब ढूँढ़ते हैं, यही लोग परले सिरे की भूल में हैं। (३)

† कुछ यहूदी एतराज़ करते थे कि नबी तो वह है जो बाल-बच्चों के झगड़ों से दूर रहे और यह मुहम्मद (स०) कैसे नबी हैं! इस पर यह आयतें उतरीं कि पहले भी नबी इन आदमियों जैसे ही अल्लाह ने भेजे हैं। § यहूदी एतराज़ करते थे कि जब तौरात, इन्जील भी क़ुर्आन की तरह अल्लाह की किताबें हैं तो फिर यह क्या बात है कि अल्लाह एक जगह एक हुक्म देता है और दूसरी जगह उस हुक्म को मन्सूख़ (निरस्त) कर देता है। इस पर कहा गया है कि क़ुदरत का राज़ (रहस्य) अल्लाह ही जानता है। जब जैसे कारन (सबब) मौजूद होते हैं उन्हीं के मुताबिक़ उसका हुक्म होता है और अल्लाह के अिल्मी चश्मे यानी (अनन्त ज्ञानस्रोत) से ख़ुदाई किताबें निकलती रहता हैं। ॥ याने इस्लाम फैलता जाता है और काफ़िरों का क्षेत्र कम होता जाता है।

* सूरः इब्राहीम की आ० ३५ से ४१ तक में हज़रत इब्राहीम अ० ने एक बड़ी मार्मिक [पेज ४२६ पर]

व मा अर्सल्ना मिर्रसूलिन् अिल्ला बिलिसानि क़ौमिहीं लियुबैयिन लहुम् तु फ़युज़िल्लुल्लाहु मैंयशा अु व यहदी मैंयशा अु तु व हुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (४) व लक़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना अन् अख़्रिज् क़ौमक मिनज़् - ज़ुलुमाति अिलन्नूरि ۵ ला व जक्किर् - हुम् बिअैयामिल्लाहि तु अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लिकुल्लि सब्बारिन् शकूरिन् (५) व अिज् क़ाल मूसा लिक़ौमिहिज् - कुरू निअ़्मतल्लाहि अलैकुम् अिज् अन्जाकुम् मिन् आलि फ़िर्औन यसूमूनकुम् सूअल् - अज़ाबि व युज़ब्बिहून अब्ना अकुम् व यस्तह्यून निसा अकुम् तु व फ़ी जालिकुम् बला अुम् - मिर्रब्बिकुम् अज़ीमुन् (६) ★ व अिज् तअज्जन रब्बुकुम् लअिन् शकर्तुम् लअज़ीदन्नकुम् व लअिन् कफ़र्तुम् अिन्न अज़ाबी लशदीदुन् (७) व क़ाल मूसा अिन् तक्फ़ुरू अन्तुम् व मन् फ़िल्अर्ज़ि जमीअन् ला फ़अिन्नल्लाह लग़नीयुन् हमीदुन् (८) अलम् यअ्तिकुम् नबअुल्लजीन मिन् क़ब्लिकुम् क़ौमि नूहिंव् आदिंव् समूद ۵ तु ∴ वल्लजीन मिम्बअ़्दिहिम् तु ∴ ला यअ़्लमुहुम् अिल्लल्लाहु तु जा अत्हुम् रुसुलुहुम् बिल् बैयिनाति फ़रद्दू अैदियहुम् फ़ी अफ़्वाहिहिम् व क़ालू अिन्ना कफ़र्ना बिमा अुर्सिल्तुम् बिहीं व अिन्ना लफ़ी शक्किम् - मिम्मा तद्अूनना अिलैहि मुरीबिन् (९) क़ालत् रुसुलुहुम् अफ़िल्लाहि शक्कुन् फ़ातिरिस्समावाति वल्अर्ज़ि तु यद्अूकुम् लियग़्फ़िर लकुम् मिन् जुनूबिकुम् व युअख़्ख़िरकुम् अिला अजलिम् - मुसम्मन् तु क़ालू अिन् अन्तुम् अिल्ला बशरुम्-मिस्लुना तु तुरीदून अन् तसुद्दूना अम्मा कान यअ़्बुदु आबा अुना फ़अ्तूना बिसुल्तानिम् - मुबीनिन् (१०)

और जब कभी हमने कोई पैग़म्बर भेजा तो उसी की क़ौम की ज़बान में§ (बातचीत करता हुआ) भेजा ताकि वह उनको (अल्लाह के संदेश) समझा सके। फिर अल्लाह जिसको चाहता है भटकाता है और जिसको चाहता है राह देता है और वह बहुत ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (४) और हमने ही मूसा को अपनी निशानियाँ देकर भेजा था कि अपनी जाति को (कुफ़्र के) अन्धेरों से निकालकर (ईमान के) उजाले में लाओ उसको अल्लाह के दिनों की याद दिलाओ। बेशक जो शुक्र माननेवाले व सब्र करनेवाले हैं उनके लिए (अल्लाह के सवाब और अज़ाब की) उसमें निशानियाँ हैं। (५) और (उसी समय की बात है कि) जब मूसा ने अपनी जाति से कहा कि (भाइयो!) अल्लाह ने जो तुम पर इहसान किये हैं उनको याद करो जबकि उसने तुमको फ़िरऔन के लोगों से छुटकारा दिलाया; वह तुमको बुरी मार देते और तुम्हारे बेटों को हलाल करते और तुम्हारी स्त्रियों को (ग़ुलामी के लिए) जीवित रखते थे, और इस में तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारा बड़ा इम्तिहान था। (६) ★

और (वह भी याद करो) जब तुम्हारे परवरदिगार ने जता दिया था कि अगर हक़ मानोगे तो तुमको और ज़्यादा (निआमत) दूँगा और अगर तुमने नाशुक्री की तो मेरी मार सख़्त है। (७) और मूसा ने (अपनी क़ौम से यह भी) कहा कि अगर तुम और जितने लोग ज़मीन की सतह पर हैं सब के सब अल्लाह से इनकारी (विमुख) हो जाओ तो अल्लाह (का कुछ बिगड़ने का नहीं; वह तो) बेपरवाह (निस्पृह) और सारी ख़ूबियों व तारीफ़ोंवाला है (८) क्या तुमको उनके हालात नहीं पहुँचे जो तुमसे पहले नूह की, आद की और समूद की जाति वाले हो गुज़रे हैं और जो उनके बाद हुये? उन (सब) की ख़बर तो अल्लाह ही को है। उनके पैग़म्बर निशानियाँ लेकर उनके पास आये तो उन्होंने उनके हाथों को उन्हीं के मुखों पर उलट दिया (कि तुम्हारे हुक्म तुमको मुबारक) और बोले जो (हुक्म) लेकर तुम भेजे गये हो हम उसको (व तुम्हारा नबी होना) नहीं मानते और जिस राह की तरफ़ तुम हमको बुलाते हो हमको उसमें बड़ा सन्देह है। (९) ● उनके पैग़म्बरों ने कहा क्या अल्लाह में शक है जो आसमानों और ज़मीन का बनानेवाला (बेमिसाल) है? वह तुमको इसीलिए बुलाता है कि तुम्हारे अपराध क्षमा करे और एक क़ौल (नियत समय) तक जो हो चुका है तुमको (दुनिया में रहने की) ढील दे। वह कहने लगे कि तुम भी तो हमारी तरह के आदमी हो, तुम चाहते हो कि जिन (पूजितों को) हमारे बाप-दादे पूजते आये हैं उनसे हमको रोक दो, तो हमको कोई ज़ाहिरा सनद (खुला प्रमाण) ला दिखाओ (तभी हम तुम्हारा अल्लाह का नबी होना मानेंगे)। (१०)

रु. १ १३ आ ६

सु. ४३ ८

[पिछ ४२७ से] प्रार्थना की है। उसमें ध्यान लगाने से पढ़ने वाला अपने को फ़ौरन अल्लाह के रूबरू रुजू पाता है। इसीलिए इस सूरत का नामकरण ह० इब्राहीम अ० के नाम पर किया गया है। इस सूरः के नाज़िल होने का भी समय हिजरत से पहले रसूल स० के मक्की जीवन के आख़िरी समय में है। इस सूरः में काफ़िरों को समझाना, अल्लाह की रहमत व अज़ाब से उनको चेतावनी, नेककारों को दिलासा—सब कुछ उसी तौर पर बयान किया गया है जैसा कि सूरः रऽद के परिचय में आपने पढ़ा है। लेकिन सूरः इब्राहीम की आ० १३-१४ से यह साफ़ ज़ाहिर हो रहा है कि पिछली सूरतों का कोई असर मक्का के मुशरिक क़ुरैशों पर नहीं पड़ रहा है और उनके ज़ुल्म इतना बढ़ चुके हैं कि अब ईमानवालों व रसूल स० को देशत्याग (हिजरत) की नौबत आ ही गई है। [पिछ ४३३ पर]

§ काफ़िर कहते थे कि क़ुर्आन अरबी के बदले किसी और भाषा में होता तो हम कुछ उस पर ध्यान भी देते। अरबी तो मुहम्मद (स०) की बोली है। क्या अजब अपने जी से गढ़ लिया हो। इस भरम को इस आयत में समझाया गया है।

क़ालत् लहुम् रुसुलुहुम् अिन्-नह्नु अिल्ला बशरुम्-मिस्लुकुम् व लाकिन्नल्लाह यमुन्नु अला मैंयशा'अु मिन् अिबादिहि ؕ त़ व मा कान लना अन्नअ्तियकुम् बिसुल्तानिन् अिल्ला बिअिज़निल्लाहि त़ व अलल्लाहि फ़ल्-यतवक्कलिल्-मुअ्मिनून (११) व मा लना अल्ला नतवक्कल अलल्लाहि व क़द् हदाना सुबुलना त़ व लनस्बिरन्न अला मा आज़ैतुमूना त़ व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्-कलिल् - मुतवक्किलून (१२) ★ व क़ालल्लजीन कफ़रू लिरुसुलिहिम् लनुख़्रिजन्नकुम् मिन् अर्ज़िना औ लतअूदुन्न फ़ी मिल्लतिना त़ फ़औह़ा अिलैहिम् रब्बुहुम् लनुह्लिकन्नज़्-ज़ालिमीन ला (१३) व लनुस्किनन्न-कुमुल्-अर्ज़ मिम्बअ़्दिहिम् त़ ज़ालिक लिमन् ख़ाफ़ मक़ामी व ख़ाफ़ व अीदि (१४) वस्तफ़्तहू व ख़ाब कुल्लु जब्बारिन अनीदिन् ला (१५) म्'मिव्वरा'अिहि ؕ जहन्नमु व युस्क़ा मिम्-मा'अिन् सदीदिन् ला (१६) य'यतजर्रअ़ुहू व ला यकादु युसीगुहु व यअ्तीहिल् - मौतु मिन् कुल्लि मकानिव्व मा हुव बिमैयितिन् त़ व मिव्वरा'अिहि ؕ अजाबुन् ग़लीज़ुन् (१७) मस्सलुल्लजीन कफ़रू बिरब्बिहिम् अअ़्मालुहुम् करमादिनिश्-तद्दत् बिहिर्रीहु फ़ी यौमिन् आसिफ़िन् त़ ला यक़्दिरून मिम्मा कसबू अला शैअिन् त़ ज़ालिक हुवज़्ज़लालुल् - बअ़ीदु (१८) अलम् तर अन्नल्लाह ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ बिल्हक़्क़ि त़ अिंयशअ् युज़्हिब्कुम् व यअ्ति बिख़ल्क़िन् जदीदिन् ला (१९) व'व मा ज़ालिक अलल्लाहि बिअ़ज़ीज़िन् (२०) व बरज़ू लिल्लाहि जमीअन् फ़क़ालज़्ज़ुअफ़ा'अु लिल्लजीनस्तक्बरू अिन्ना कुन्ना लकुम् तबअन् फ़हल् अन्तुम् मुग़्नून अन्ना मिन् अज़ाबिल्लाहि मिन् शैअिन् त़ क़ालू लौ हदानल्लाहु लहदैनाकुम् त़ सवा'अुन् अलैना अजज़िअ़्ना अम् सबर्ना मा लना मिम्महीसिन् (२१) ★



उनके पैग़म्बरों ने उनसे कहा कि (बेशक) हम तुम्हारी ही तरह के आदमी हैं मगर अल्लाह अपने बन्दों में से जिस पर चाहता मेहरबानी करता है (और यह उसकी मेहरबानी है कि उसने मुझको ही रसूल चुना) और हमारी सामर्थ्य नहीं कि अल्लाह के हुक्म के बिना हम कोई चमत्कार लाकर तुमको दिखावें। और अल्लाह ही पर ईमानवालों को भरोसा रखना चाहिए§। (११) और अल्लाह पर भरोसा क्यों न रखें? और वह हमारी राहें हमको सुझा चुका है और जैसा-जैसा दुख तुम हमको दे रहे हो हम उस पर सब्र से काम लेंगे और भरोसा करनेवालों को चाहिए कि अल्लाह ही पर भरोसा करें। (१२) ★ रू. १२ | १४ आ ६

और काफ़िरों ने अपने पैगम्बरों से कहा कि हम तुमको अपने देश से निकाल देंगे या तुम फिर हमारे मज़हब में आ जाओ। इस पर उनके परवरदिगार ने उनकी तरफ़ वही (ख़ुदाई पैग़ाम) भेजा कि हम (इन) सर्कश लोगों को ज़रूर बरबाद कर देंगे। (१३) और उनके बाद ज़रूर तुमको उसी ज़मीन पर बसायेंगे। यह वादा उस शख़्स को है जो मेरे सामने खड़े होने से डरे और मेरी सज़ा से डरे ◉। (१४) और उन्होंने फ़ैसला चाहा और हर जब्र करनेवाला हठी नामुराद (असफल) होकर रहा। (१५) इसके बाद उसके लिए दोज़ख़ है और उसको पीप का पानी पिलाया जायगा (१६) उसको घूँट घूँट पियेगा और उसको गले से उतारना कठिन होगा और मौत उसको हर तरफ़ से आती हुई दिखाई देगी और वह मरेगा नहीं (कि चैन पा जाय) और उसके पीछे दुखदाई सज़ा होगी। (१७) जो लोग अपने परवरदिगार को नहीं मानते उनकी मिसाल ऐसी है कि उनके (दुनिया में किये हुए) काम गोया राख (का ढेर) हैं कि आँधी के दिन उसको हवा ले उड़े। जो यह लोग करनी कर चुके हैं उसमें से कुछ भी कमाई इनके हाथ नहीं लगे गी; यही परले सिरे की गुमराही है। (१८) (ऐ इन्सान!) क्या तूने इस बात पर नज़र नहीं की कि अल्लाह ने आसमानों और ज़मीन को जैसा चाहिए बनाया। अगर चाहे तो तुमको उठा ले और (तुम्हारी जगह किसी) नई पैदाइश (क़ौम) को लाकर बसाये। (१९) और यह अल्लाह पर कुछ कठिन नहीं। (२०) और सब लोग (क़ियामत के दिन) अल्लाह के सामने खड़े होंगे तो वे लोग जो (दुनिया में) कमज़ोर थे उन लोगों से जो (दुनिया में अपने को) बड़ा समझते थे कहेंगे कि (दुनिया में तो) हम तुम्हारे पीछे चलते थे सो क्या तुम अब अल्लाह के अज़ाब में से कुछ हम पर से हटवा सकते हो? (यह सुनकर) वह कहेंगे अगर अल्लाह हमको राह पर लाता तो बेशक हम तुमको राह पर लाते। (अब तो) हम बेसब्री करें या सब्र हमारे लिए बराबर है, हमको (अज़ाब से ख़ुद ही) किसी तरह छुटकारा नहीं (भला तुमको कैसे छुटकारा दिलावें)। (२१) ★ रू. १३ | १५ आ ६

§ यानी सनद या कोई चमत्कार देखने से ईमान नहीं आता। ईमान तो अल्लाह की मेहरबानी से आता है। ◉ आयात १३-१४ में रसूलुल्लाह स० की बाबत वतन छोड़कर मदीना हिजरत करने का इशारा है। आँ हज़रत से पहले भी अक्सर नबियों को अपनी क़ौमों के ज़ुल्म से मजबूर होकर देश त्याग करना पड़ा है। लेकिन यह उन क़ौमों की तबाही होने की अलामत है जिनके रसूलों को देश त्याग (हिजरत) करने की नौबत आती है। चुनाँचे हज़रत मुहम्मद स० को भी अपनी क़ौम क़ुरैशों के ज़ुल्म से मक्का छोड़ कर मदीना को हिजरत करना पड़ा और इसका नतीजा भी हुआ कि क़ुरैश मुशरिक अरब से नेस्तनाबूद हुये और उनकी जगह मुसलमानों को अल्लाह ने वहाँ सरसब्ज़ किया।

व क़ालश्शैतानु लम्मा क़ुज़ियल्-अम्रु अिन्नल्लाह वअ़दकुम् वअ़दल्हक़्क़ि व वअ़त्तुकुम् फ़अख़्लफ़्तुकुम् त् व मा कान लिय अ़लैकुम् मिन् सुल्तानिन् अिल्ला अन् दअौतुकुम् फ़स्तजब्तुम् ली ज् फ़ला तलूमूनी व लूमू अन्फ़ुसकुम् त् मा अना बिमुस्रिख़िकुम् व मा अन्तुम् बिमुस्रिख़ीय त् अिन्नी कफ़र्तु बिमा अश्रक्तुमूनि मिन् क़ब्लु त् अिन्नज्ज़ालिमीन लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (२२) व अुद्ख़िलल्लज़ीन आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा बिअिज़्नि रब्बिहिम् त् तह्रीयतुहुम् फ़ीहा सलामुन् (२३) अलम् तर कैफ़ ज़रबल्लाहु मसलन् कलिमतन् तैयिबतन् कशजरतिन् तैयिबतिन् अस्लुहा साबितुंव फ़र्अुहा फ़िस्समा अि ला (२४) तुअ्ती अुकुलहा कुल्ल हीनिम्-बिअिज़्नि रब्बिहा त् व यज़्रिबुल्लाहुल्-अम्साल लिन्नासि लअ़ल्लहुम् यतज़क्करून (२५) व मसलु कलिमतिन् ख़बीसतिन् कशजरतिन् ख़बीसतिनिज्-तुस्सत् मिन् फ़ौक़िल्अर्ज़ि मा लहा मिन् क़रारिन् (२६) युसब्बितुल्लाहुल्-लज़ीन आमनू बिल्-क़ौलिस्साबिति फ़िल्-हयातिद्दुन्या व फ़िल्आख़िरति ज् व युज़िल्लुल्लाहुज़्-ज़ालिमीन क़िफ़ ला व यफ़्अ़लुल्लाहु मा यशा अु (२७) ★ अलम् तर अिलल्लज़ीन बद्दलू निअ़्मतल्लाहि कुफ़्रौंव अहुल्लू क़ौमहुम् दारल्बवारि ला (२८) जहन्नम ज् यस्लौनहा त् व बिअ़्सल्क़रारु (२९) व जअ़लू लिल्लाहि अन्दादल्-लियुज़िल्लू अन् सबीलिहीं त् क़ुल् तमत्तअू फ़अिन्न मसीरकुम् अिलन्नारि (३०)

और जब (अज़ाब का) फ़ैसला हो चुकेगा (और दोज़ख़ी लोग शैतान से उलहना देने लगेंगे कि तेरे गुमराह करने से हमारी यह हालत हुई) तो शैतान कहेगा कि कुछ संदेह नहीं अल्लाह ने तुमसे सच्चा वादा किया था और जो वादा मैंने तुमसे किया था झूठ (भुलावा) था और तुम पर मेरा कुछ ज़ोर न था (कि जबरन तुमसे गुनाह करवाया), बात तो इतनी ही थी कि मैंने तुमको (शैतानियत की तरफ़) बुलाया और तुमने (मेरा कहा) मान लिया। तो अब मुझपर दोष मत मढ़ो बल्कि अपने को दोष दो। न तो मैं तुम्हारा मददगार (हो सकता) हूँ और न तुम मेरे मददगार (हो सकते) हो। तुम मुझको पहले शरीक (अल्लाह) बनाते थे मैं इससे (बिलकुल) बराए ज़िम्मे हूँ। इसमें शक नहीं कि (तुम जैसे) जो लोग ज़ालिम हैं उनको दुख की मार है। (२२) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये वे (जन्नत के) बाग़ों में दाख़िल किये जायेंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, अपने परवरदिगार के हुक्म से उनमें (हमेशा) रहेंगे। वहाँ उनका सलाम लब्ज़े 'असलामुअलैकुम' से होगा। (२३) क्या तुमने नहीं देखा कि अल्लाह ने सच्ची (यानी बुनियादी हक़ीक़त की) बात की कैसी (उम्दः) मिसाल दी है कि गोया एक पाक दरख़्त है, उसकी जड़ मज़बूत है और उसकी टहनियाँ आसमान में हैं। (२४) अपने परवदिगार के हुक्म से हर वक़्त अपने फल देता है और अल्लाह लोगों के लिए उदाहरण बतलाता है ताकि वह शिक्षा लें (२५) और गन्दी (असत्य) बात की मिसाल गन्दे (कमज़ोर) पेड़ जैसी है जो ज़मीन के ऊपर से उखड़ गया (और) उसके कुछ ठहराव नहीं। (२६) जो लोग ईमानवाले हैं उनको मज़बूत बात (की बरकत) से अल्लाह दुनिया की ज़िन्दगी में मज़बूत और आख़िरत में (भी मज़बूत करता है) और अल्लाह अन्यायियों को बिचला देता है और अल्लाह जो चाहता है करता है छ। (२७) ★

(ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा जिन्होंने अल्लाह के इहसानों (को न मानकर) नाशुक्री से बदला दिया और अपनी जाति को तबाही के घर में ले जा उतारा (२८) कि जो जहन्नुम है उसमें दाख़िल होंगे और वह बुरा ठिकाना है। (२९) और इन लोगों ने अल्लाह के मुक़ाबले दूसरे पूजित क़ायम (स्थापित) कर दिये हैं ताकि लोगों को अल्लाह की राह से भटकायें। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि (ख़ैर चन्द रोज़ दुनिया में) लाभ उठा लो, फिर तो तुमको (दोज़ख़ की) आग की तरफ़ जाना ही है। (३०)

रु. ४ १६ आ ६

[पेज ४२९ से] पिछली क़ौमों की नज़ीरें बताती हैं कि जब कभी अल्लाह के रसूलों को अपनी क़ौमों के ज़ुल्म के कारन देशत्याग करना पड़ा समझो उन क़ौमों की तबाही की घड़ी आ ही गई। चुनाँचे इस सूरः के जल्दी ही बाद ह० मुहम्मद रसूल स० को भी मक्का छोड़कर मदीना हिजरत करनी पड़ी है और क़ुदरत ने वही पुराना इतिहास फिर दुहराया है कि ईमानवालों का मक्का में वक़ार क़ायम हुआ और काफ़िर वहाँ से नेस्तनाबूद हुये।

छ आयत २४ से २७ में यह ख़ुलासा किया गया है कि सत्य पर यानी अल्लाह के बताए रास्ते पर चलना उस मज़बूत पेड़ जैसा है जिसकी जड़ें गहराई तक गई हैं और डालें ख़ूब ऊँची हैं और वह मज़बूती (संयम) की बदौलत अल्लाह की कृपा से ख़ूब फलता रहता है। दुनिया में भी और आख़िरत में भी ऐसे परहेज़गारों के लिए निअ्मतों की जड़ जमी है। इसके ख़िलाफ़ असत्य यानी अल्लाह की राह को भूलकर शैतान के बताए माया-जाल (बातिल) पर चलने वाले की मिसाल उस खोखले कमज़ोर पेड़ जैसी है जो देखने को तो पेड़ है लेकिन हवा के मामूली झोंकों से उखड़ता-पछड़ता रहता है। न आज चैन न कल—न दुनिया में न आख़िरत में।

क़ुल् लिअ़िबादियल्-लजीन आमनू युक़ीमुस्सलात़ व युन्फ़िक़ू मिम्मा रज़क़्नाहुम् सिर्रौंव अ़लानियत़न् - मिन् क़ब्लि अँयअ़्तिय यौमुल्ला बैअ़ुन् फ़ीहि व ला ख़िलालुन् (३१) अल्लाहुल्लजी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व अन्ज़ल मिनस्समा अि मा अन् फ़अख़्रज बिहि मिनस्समराति रिज़्क़ल्लकुम् ज् व सख़्ख़र लकुमुल्फ़ुल्क लितज्रिय फ़िल्बह्रि बिअम्रिहि ज् व सख़्ख़र लकुमुल्-अन्हार ज् (३२) व सख़्ख़र लकुमुश्शम्स वल्क़मर दा अिबैनि ज् व सख़्ख़र लकुमुल्-लैल वन्नहार ज् (३३) व आताकुम् मिन् कुल्लि मा सअल्तुमूहु त् व अिन् तअ़ुद्दू निअ़्मतल्लाहि ला तुह्सूहा त् अिन्नल् - अिन्सान लज़लूमुन् कफ़्फ़ारुन् (३४) ★ व अिज् क़ाल अिब्राहीमु रब्बिज्अ़ल् हाज़ल्बलद आमिनौंवज् - नुब्नी व बनीय अन् नअ़्बुदल् - अस्नाम त् (३५) रब्बि अिन्नहुन्न अज़्ललन कसीरम्-

मिनन्नासि ज् फ़मन् तबिअ़नी फ़अिन्नहु मिन्नी ज् व मन् अ़सानी फ़अिन्नक ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (३६) रब्बना अिन्नी अस्कन्तु मिन् ज़ुर्रीयती बिवादिन् ग़ैरि ज़ी ज़र्इ़न् अिन्द बैतिकल् - मुहर्रमि ला रब्बना लियुक़ीमुस्सलात़ फ़ज्अ़ल् अफ़्अिदतम् - मिनन्नासि तह्वी अिलैहिम् वर्ज़ुक़्हुम् मिनस्समराति लअ़ल्लहुम् यश्कुरून (३७) रब्बना अिन्नक तअ़्लमु मा नुख़्फ़ी व मा नुअ़्लिनु त् व मा यख़्फ़ा अ़ल्लाहि मिन् शैअिन् फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़िस्समा अि (३८) अल्हम्दु लिल्लाहिल्लजी व हब ली अ़ल्कि़बरि अिस्माअ़ील व अिस्हाक़ त् अिन्न रब्बी लसमीअ़ुद्दुआ अि (३९) रब्बिज्अ़ल्नी मुक़ीमस्सलाति व मिन् ज़ुर्रीयती क़ सला रब्बना व तक़ब्बल् दुआ अि (४०) रब्बनग़्फ़िर् ली व लिवालिदैय व लिल्मुअ़्मिनीन यौम यक़ूमुल् - हिसाबु (४१) ★

(ऐ पैग़म्बर !) हमारे सेवक जो ईमान लाये हैं उनसे कह दो कि नमाज़ क़ायम रखें और हमारी दी रोज़ी में से ज़ाहिर और छिपे (राह अल्लाह में) ख़र्च करें और (यह करना मुनासिब है) इससे पहले कि वह (आख़िरत का) दिन आवे जबकि न (आमालों का) सौदा होगा न दोस्ती (काम आयेगी)। (३१) अल्लाह वही है जिसने आसमान और ज़मीन को पैदा किया और आसमान से पानी बरसाया फिर पानी के ज़रिये से फल निकाले कि वह तुम्हारे लिए रोज़ी है। और किश्तियों को तुम्हारे हुक्म के ताबे किया ताकि उसके हुक्म से नदी में चलें और नदियों को भी तुम्हारे हुक्म के ताबे कर दिया। (३२) और सूरज व चाँद को (जो चक्कर लगाते हैं एक दस्तूर पर) तुम्हारे काम में लगाया और रात-दिन को तुम्हारी सेवा में लगाया। (३३) और तुमको हर चीज़ में से कुछ दिया जो (-जो) तुमने माँगा और अगर (अपने ऊपर किये हुए) अल्लाह के एहसानों को गिनना चाहो तो पूरा-पूरा गिन न सकोगे। बेशक मनुष्य बड़ा बेइन्साफ़ और बड़ा नाशुक्रा (कृतघ्नी) है। (३४)★ रू. ५ । १७ आ ७

और जब इब्राहीम ने दुआ की कि ऐ परवरदिगार ! इस शहर (मक्का) को अमन की जगह बना और मुझको और मेरी सन्तान को इससे बचा कि बुतों (मूरतों) को पूजें (३५) ऐ परवरदिगार ! इन (बुतों) ने बहुतेरे लोगों को भटकाया है सो जिसने मेरी राह पकड़ी वह मेरा है और जिसने मेरा कहना न माना सो (उसको) तू ही माफ़ करनेवाला मेहरबान है। (३६) ऐ परवरदिगार ! मैंने तेरे अदबवाले घर के (यानी मक्का के) आस-पास (इस ऊसर) भूमि में जहाँ खेती नहीं अपनी कुछ औलाद बसाई हैं ताकि यह लोग नमाज़ क़ायम रखें तो ऐसा कर कि लोगों के दिल इसकी तरफ़ को लगें और फलों से इनको रोज़ी दे शायद यह शुक्र करें§। (३७) ऐ हमारे परवरदिगार ! जो हम छिपाते और जो ज़ाहिर करते हैं तुझको (तो सब) मालूम है और ज़मीन और आसमान में अल्लाह से कोई चीज़ छिपी नहीं। (३८) अल्लाह का शुक्र है जिसने मुझको बुढ़ापे में इस्माईल और इसहाक़ (दो बेटे) दिये। बेशक मेरा परवरदिगार पुकार को सुनता है। (३९) ऐ मेरे परवरदिगार ! मुझको और मेरी सन्तान को लायक़ कर कि नमाज़ क़ायम रखें और ऐ परवरदिगार ! मेरी दुआ क़बूल कर। (४०) ऐ हमारे परवरदिगार ! जिस दिन (अमलों का) हिसाब होने लगे, मुझको और मेरे माँ बाप को और ईमानवालों को माफ़ करना। (४१)★ रू. ६ । १८ आ ७

§ इन आयतों में हज़रत इस्माईल अ० और उनकी मा बीबी हाज़िरा अ० की कहानी की ओर संकेत किया गया है। इन लोगों को हज़रत इब्राहीम अ० ने अपनी दूसरी बीबी सारा के कहने से एक जंगल में डाल दिया था। इन्हीं में आगे चल कर अल्लाह के रसूल मुहम्मद स० ने जन्म लिया और हज़रत इब्राहीम अ० की उसी सरज़मीन काबः को उनके वंशज आज भी आबाद किये हैं और वह काबः दुनिया के तमाम मुसलमानों का मरकज़ हो रहा है। बेशुमार लोग वहाँ दुनिया के कोने कोने से हज व उमरा के लिए पहुँचते हैं और उस रेगिस्तान में भी उनके लिए खाने पीने के आराम बरसते हैं।

व ला तह्सबन्नल्लाह ग़ाफ़िलन् अम्मा यअ्मलुज्जालिमून ۵ तु अिन्नमा युअख़्ख़िरुहुम् लियौमिन् तश्ख़सु फ़ीहिल् - अब्सारु ला (४२) मुह्तिअीन मुक़्निअी रुअूसिहिम् ला यर्तद्दु अिलैहिम् तर्फ़ुहुम् ज् व अफ़्अिदतुहुम् हवाअुन् तु (४३) व अन्ज़िरिन्नास यौम यअ्तीहिमुल् - अ़ज़ाबु फ़यक़ूलुल्-लजीन ज़लमू रब्बना अख़्ख़िर्ना अिला अजलिन् क़रीबिन् ला नुजिब् दअ़्वतक व नत्तबिअ़िर्-रुसुल तु अवलम् तकूनू अक़्सम्तुम् मिन् क़बुलु मा लकुम् मिन् ज़वालिन् ला (४४) व सकन्तुम् फ़ी मसाकिनिल्लजीन ज़लमू अन्फ़ुसहुम् व तबैयन लकुम् कैफ़ फ़अ़्ल्ना बिहिम् व ज़रब्ना लकुमुल्-अम्साल (४५) व क़द् मकरू मक्रहुम् व अिन्दल्लाहि मक्रुहुम् तु व अिन् कान मक्रुहुम् लितज़ूल मिन्हुल् - जिबालु (४६) फ़ला तह्सबन्नल्लाह मुख़्लिफ़ वअ़्दिहि रुसुलहु तु अिन्नल्लाह अ़ज़ीज़ुन् ज़ुन्तिक़ा-मिन् तु (४७) यौम तुबद्दलुल् - अर्ज़ु ग़ैरल्अर्ज़ि वस्समावातु व बरज़ू लिल्लाहिल् - वाहिदिल् - क़ह्हारि (४८) व तरल्मुज्रिमीन यौमअिज़िम्-मुक़र्रनीन फ़िल् - अस्फ़ादि ज् (४९) सराबीलुहुम् मिन् क़तिरानिव्व तग़्शा वुजूह - हुमुन्नारु ला (५०) लियज़्ज़ियल्लाहु कुल्ल नफ़्सिम् - मा कसबत् तु अिन्नल्लाह सरीअुल्-हिसाबि (५१) हाजा बलाग़ुल्लिन्नासि व लियुन्ज़रू बिहि व लियअ़्लमू अन्नमा हुव अिलाहुँवाहिदुँव लियज़्ज़क्कर अुलुल्-अल्बाबि (५२) ★

وَلَا تَحْسَبَنَّ اللّٰهَ غَافِلًا عَمَّا يَعْمَلُ الظّٰلِمُوْنَ ۙ اِنَّمَا يُؤَخِّرُهُمْ لِيَوْمٍ
تَشْخَصُ فِيْهِ الْاَبْصَارُ ۙ مُهْطِعِيْنَ مُقْنِعِيْ رُءُوْسِهِمْ لَا يَرْتَدُّ اِلَيْهِمْ
طَرْفُهُمْ ۚ وَاَفْـِٕدَتُهُمْ هَوَآءٌ ۝ وَاَنْذِرِ النَّاسَ يَوْمَ يَاْتِيْهِمُ الْعَذَابُ
فَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا رَبَّنَآ اَخِّرْنَآ اِلٰٓى اَجَلٍ قَرِيْبٍ ۙ نُّجِبْ دَعْوَتَكَ
وَنَتَّبِعِ الرُّسُلَ ۗ اَوَلَمْ تَكُوْنُوْٓا اَقْسَمْتُمْ مِّنْ قَبْلُ مَا لَكُمْ مِّنْ زَوَالٍ ۝
وَّسَكَنْتُمْ فِيْ مَسٰكِنِ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ وَتَبَيَّنَ لَكُمْ كَيْفَ
فَعَلْنَا بِهِمْ وَضَرَبْنَا لَكُمُ الْاَمْثَالَ ۝ وَقَدْ مَكَرُوْا مَكْرَهُمْ وَعِنْدَ
اللّٰهِ مَكْرُهُمْ ۗ وَاِنْ كَانَ مَكْرُهُمْ لِتَزُوْلَ مِنْهُ الْجِبَالُ ۝ فَلَا تَحْسَبَنَّ
اللّٰهَ مُخْلِفَ وَعْدِهٖ رُسُلَهٗ ۗ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ ذُو انْتِقَامٍ ۝ يَوْمَ تُبَدَّلُ
الْاَرْضُ غَيْرَ الْاَرْضِ وَالسَّمٰوٰتُ ۗ وَبَرَزُوْا لِلّٰهِ الْوَاحِدِ الْقَهَّارِ ۝
وَتَرَى الْمُجْرِمِيْنَ يَوْمَئِذٍ مُّقَرَّنِيْنَ فِي الْاَصْفَادِ ۝ سَرَابِيْلُهُمْ مِّنْ
قَطِرَانٍ وَّتَغْشٰى وُجُوْهَهُمُ النَّارُ ۝ لِيَجْزِيَ اللّٰهُ كُلَّ نَفْسٍ مَّا كَسَبَتْ ۗ
اِنَّ اللّٰهَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ۝ هٰذَا بَلٰغٌ لِّلنَّاسِ وَلِيُنْذَرُوْا بِهٖ وَ
لِيَعْلَمُوْٓا اَنَّمَا هُوَ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ وَّلِيَذَّكَّرَ اُولُوا الْاَلْبَابِ ۝
سُوْرَةُ الْحِجْرِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ تِسْعٌ وَّتِسْعُوْنَ اٰيَةً وَّسِتُّ رُكُوْعَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
الٓرٰ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ وَقُرْاٰنٍ مُّبِيْنٍ ۝

﴿ १५ सूरतुल् हिज्रि ५४ ﴾

(मक्की) इसमें अ़रबी के २६०७ अक्षर ६६३ शब्द, ६६ आयात और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि •

अलिफ़् ला म रा क़िफ़ तिल्क आयातुल्किताबि व क़ुर्आनिम् - मुबीनिन् (१)

॥ इति तेरहवाँ पारः ॥

और (ऐ पैग़म्बर !) ऐसा न समझो कि अल्लाह (इन) ज़ालिमों की करतूतों से बेख़बर है और (अल्लाह) इनको उस दिन तक की मुहलत देता है जबकि (अज़ाब के भय से इनकी) आँखें फटी की फटी रह जायेंगी, (४२) अपने सिर ऊपर उठाये दौड़ते होंगे, उनकी निगाहें अपनी तरफ़ न घूम सकेंगी और उनके दिल (मारे दहशत के) उड़ जायेंगे। (४३) और (ऐ पैग़म्बर !) लोगों को उस दिन से डरा (कर सचेत करो) जबकि उन पर सज़ा उतरेगी (और) तब अन्यायी कहेंगे कि ऐ हमारे परवरदिगार ! हमको थोड़ी सी मुद्दत की मुहलत (और) दे कि हम तेरे बुलाने पर उठ खड़े हों (और तेरे हुक्मों पर ध्यान दें) और पैग़म्बरों के पीछे हो कर उनकी पैरवी करें। (और तब उनको जवाब मिलेगा कि ऐ सरकशो !) क्या तुम पहले क़समें नहीं खाया करते थे कि तुमको (आख़िरत की तरफ़) नहीं जाना है। (४४) और जिन लोगों ने आप अपने ऊपर ज़ुल्म किये, उन्हीं के घरों में तुम भी बसे थे और तुम जान चुके थे कि हमने उनके साथ कैसा बर्ताव किया और हमने तुम्हारे लिये मिसालें भी बतला दी थीं। (४५) यह अपनी चालें कर चुके और उनकी चालें अल्लाह की नज़र में थीं और उनकी चालें ऐसी न थीं कि पहाड़ों को जगह से टाल दें †। (४६) सो (ऐ पैग़म्बर !) ऐसा ख़्याल न करना कि अल्लाह जो अपने पैग़म्बरों से अहद कर चुका है उसके ख़िलाफ़ करेगा। बेशक अल्लाह ज़बरदस्त बदला लेनेवाला है। (४७) जबकि ज़मीन बदलकर दूसरी तरह की ज़मीन कर दी जायगी और आसमान (भी), और (सब) लोग एक अल्लाह ज़बरदस्त के सामने निकल खड़े होंगे। (४८) और (ऐ पैग़म्बर !) तुम उसी दिन गुनहगारों को ज़न्जीरों में जकड़े हुए देखोगे। (४९) गन्धक के उनके कुर्ते होंगे और उनके मुँहों को आग ढाँके लेती होगी। (५०) इस ग़रज़ से कि अल्लाह हर शख़्स को उसके किए का बदला दे; बेशक अल्लाह जल्द हिसाब लेनेवाला है। (५१) यह (क़ुर्आन) लोगों के लिए (अल्लाह का) पैग़ाम है और ग़रज़ यह है कि इसके ज़रिये से लोगों को डराया जाय और (उनको) मालूम हो जाय कि एक (मात्र अल्लाह) ही इलाह (पूज्य) है और जो लोग सूझ रखते हैं (इससे) नसीहत पकड़ें। (५२)★ रु. ७–१६ आ ११

✪ १५ सूरतुल् हिज्रि ५४ ✪

(मक्की) इसमें २६०७ अक्षर ६६३ शब्द ६६ आयतें और ६ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-ला॥म-रा। यह आयतें हैं किताब की और खुले (प्रकाशमान) क़ुर्आन की। (१)

॥ इति तेरहवाँ पारः ॥

† काफ़िरों ने रसूल स० को क़ैद या क़त्ल करने या और भी तरह तरह की चालें चलते रहे। लेकिन अल्लाह की हिफ़ाजत पहाड़ जैसी अटल थी और काफ़िरों की सब चालें बेकार हुईं।

❀ सूरः हिज्र के बयान से मालूम होता है कि इसके उतरने का समय सूरः अिब्राहीम के समीप ही है। सूरः यूनुस से अब तक जो सिलसिला काफ़िरों को समझाने व डराने का चल रहा है वह सूरः हिज्र में और तेज़ी पर है क्योंकि काफ़िरों का हठ और ज़ुल्म बढ़ता ही जा रहा था। वे पैग़म्बर स० का मज़ाक उड़ाने व उनके क़त्ल की फ़िक्र में थे। इसी सूरत में समूद जाति की उनके कुफ़्र के कारन तबाही का बयान करते हुये चेतावनी दी गई है। इस समूद जाति का मरकज़ 'अल् हिज्र' शहर में था और उसी नाम पर सूरत का नामकरण है।

✪✪ चौदहवाँ पारः रुबमा ✪✪

✪ सूरः हिज्रि आयात २ से ९९ ✪

रुबमा यवद्दुल्लजीन कफ़रू लौ कानू मुस्लिमीन (२) जर्हुम् यअ्कुलू व यतमत्तअ्ू व युल्हि-हिमुल् - अमलु फ़सौफ़ यअ़्लमून (३) व मा अह्लक्ना मिन् क़र्यतिन् अिल्ला व लहा किताबुम् - मअ़्लूमुन् (४) मा तस्बिक़ मिन् उम्मतिन् अजलहा व मा यस्तअ्ख़िरून (५) व क़ालू या अैयुहल्लजी नुज़्ज़िल अलैहिज् - जिक्रु अिन्नक लमजनूनुन् त (६) लौ मा तअ्तीना बिल्मलाअिकति अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (७) मा नुनज़्ज़िलुल् - मलाअिकत अिल्ला बिल्हक़्क़िक़ व मा कानू अिजम्मुन्ज़रीन (८) अिन्ना नह्नु नज़्ज़ल्नज् - जिक्र व अिन्ना लहु लहाफ़िज़ून (९) व लक़द् अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक फ़ी शियअिल्-औवलीन (१०) व मा यअ्तीहिम् मिर्-रसूलिन् अिल्ला कानू बिहि यस्तह्ज़िअून (११) कजालिक नस्लुकुहु फ़ी क़ुलूबिल्-मुज्रिमीन ला (१२) ला युअ्मिनून बिहि व क़द् ख़लत् सुन्नतुल् - औवलीन (१३) व लौ फ़तह्ना अलैहिम् बाबम् - मिनस्समाअि फ़ज़ल्लू फ़ीहि यअ़्रुजून ला (१४) लक़ालू अिन्नमा सुक्किरत् अब्सारुना बल् नह्नु क़ौमुम् - मस्हूरून (१५) ★ व लक़द् जअ़्ल्ना फ़िस्समाअि बुरूजौंव ज़ैयन्नाहा लिन्नाजिरीन ला (१६) व हुफ़िज़्नाहा मिन् कुल्लि शैतानिर्-रजीमिन् ला (१७) अिल्ला मनिस्-तरक़स्समअ़ फ़अत्बअ़हु शिहाबुम् - मुबीनुन (१८) वल्अर्ज़ मदद् नाहा व अल्क़ैना फ़ीहा रवासिय व अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि शैअिम्-मौज़ूनिन् (१९) व जअ़्ल्ना लकुम् फ़ीहा मअ़ायिश व मल्लस्तुम् लहु बिराज़िक़ीन (२०) व अिम्मिन् शैअिन् अिल्ला अिन्दना ख़ज़ाअिनुहु ज़ व मा नुनज़्ज़िलुहु अिल्ला बिक़दरिम्-मअ़्लूमिन् (२१)

✪✪ चौदहवाँ पारः (रुबमा) ✪✪

✪ सूरतुल् हिज्रि आयात २ से ९९ ✪

कोई दिन (होगा कि ये) काफ़िर लालसा करेंगे कि कहीं वह मुसलमान होते (२) तो (ऐ पैग़म्बर !) इनको रहने दो कि (कुछ दिन दुनिया में) खालें और फ़ायदे उठालें और उम्मीदों पर भूले रहें फिर आगे चलकर (इनको मज़ा) मालूम हो जायगा। (३) और हमने कोई बस्ती (कभी) नहीं उजाड़ी सिवाय (वह समय आने पर जबकि) उसकी मियाद लिखी थी। (४) कोई जमात (गिरोह) न अपनी उम्र से आगे बढ़ सकती है और न पहले मिट सकती है। (५) और (ऐ मुहम्मद ! तुझसे) लोग कहते हैं कि ऐ शख़्स ऐसे ! कि जिस पर (क़ुर्आन की) नसीहत उतरी है, तू तो पागल है। (६) अगर तू सच्चा है तो फ़रिश्तों को हमारे सामने (हमारे विश्वास के लिए) क्यों नहीं ले आता ? (७) सो (ऐ पैग़म्बर !) हम फ़रिश्तों को (यूँ) नहीं उतारा करते, सिवाय हक़ के साथ (यानी जब किसी क़ौम की तबाही का फ़ैसला हो जाता है) और (जब फ़ैसला हो चुकेगा) फिर उनको (सम्हलने की) मुहलत भी न मिलेगी। (८) हमी ने यह शिक्षा (क़ुर्आन) उतारी है और हमी उसके निगहबान (संरक्षक भी) हैं। (९) और हमने तुमसे पहले भी अगले लोगों के गिरोहों में पैग़म्बर भेजे थे। (१०) और जब-जब उनके पास पैग़म्बर आये, (उन्होंने) उनकी हँसी उड़ाई। (११) इसी तरह हम अपराधियों के दिलों में (ऐसे अपराध) पैठाल देते हैं। (१२) यह (काफ़िर) क़ुर्आन पर ईमान नहीं लावेंगे और यह (काफ़िरों में नसीहत से इन्कार करने की) रस्म पहले से चली आई है। (१३) और अगर हम इन लोगों के लिए आसमान का एक दरवाज़ा खोल दें और यह लोग सब दिन उसमें चढ़ते रहें। (१४) तो भी (ईमान न लावेंगे और) यही कहेंगे हो न हो हमारी नज़र बाँध दी गई है बल्कि हम पर किसी ने जादू कर दिया है। (१५)★ रु. १/१ आ १५

और हमने आसमान में बुर्ज बनाये और देखनेवालों के लिए उसको (तारों से) सजाया§। (१६) और निकाले हुए हर शैतान से हमने उसकी रक्षा की। (१७) मगर चोरी-छिपा कोई बात सुन भागे तो दहकता हुआ एक चमकता अंगारा (जैसा तारा उसको खदेरने को) उसके पीछे होता है। (१८) और हमने ज़मीन को फैलाया और हमने उसमें बोझ (यानी पहाड़) डाल दिये और हमने इससे हर एक चीज़ तालमेल के साथ पैदा की।(१९) और हमने इस(ज़मीन) में तुम लोगों के लिए रोज़ी (यानी खाने व गुज़र के सामान) इक्ट्ठा किये और (उन लोगों के लिए भी) जिनको तुम रोज़ी नहीं देते।(२०) और जितनी चीज़ें हैं हमारे यहाँ सबके ख़ज़ाने हैं मगर हम (कब और कितना के) एक नियत ढंग पर उनको भेजते रहते हैं। (२१)

§ कुछ की राय में बुर्ज से मतलब आसमान के बँटे वे हिस्से जिनको बारह राशियाँ (मंज़िल) कहते हैं। उनकी सजावट सूरज, चाँद व तारे हैं।

व अर्सल्नर्रियाह् लवाक़िह् फ़अन्ज़ल्ना मिनस्समा'अि मा'अन् फ़अस्-क़ैनाकुमूहु ज व मा' अन्तुम् लहू बिख़ाज़िनीन (२२) व अिन्ना लनह्नु नुह्यी व नुमीतु व नह्नुल् - वारिसून (२३) व लक़द् अलिम्नल्-मुस्तक़्दिमीन मिन्कुम् व लक़द् अलिम्नल् - मुस्तअ्ख़िरीन (२४) व अिन्न रब्बक हुव यह्शुरुहुम् त् अिन्नहू हकीमुन् अलीमुन् (२५) ★ व लक़द् ख़लक़्नल्-अिन्सान मिन् सल्सालिम्मिन् हमअिम्-मसनूनिन् ज (२६) वल्जा'न्न ख़लक़्नाहु मिन् क़ब्लु मिन्नारिस् - समूमि (२७) व अिज् क़ाल रब्बुक लिल्मला'अिकति अिन्नी ख़ालिक़ुम् - बशरम्मिन् सल्सालिम् - मिन् हमअिम्-मसनूनिन् (२८) फ़अिजा सौवैतुहू व नफ़ख़्तु फ़ीहि मिर्रूही फ़क़अू लहू साजिदीन (२९) फ़सजदल् - मला'अिकतु कुल्लुहुम् अज्मअून ला (३०) अिल्ला अिब्लीस त् अबा' अँयकून मअस्-साजिदीन (३१) क़ाल या' अिब्लीसु मालक अल्ला तकून मअस् - साजिदीन (३२) क़ाल लम् अकुल्लि - अस्जुद लिबशरिन् ख़लक़्तहू मिन् सल्सालिम् - मिन् हमअिम् - मसनूनिन् (३३) क़ाल फ़ख़्रुज् मिन्हा फ़अिन्नक रजीमुन् ला (३४) व'व अिन्न अलैकल्-लअ़नत अिला यौमिद्दीनि (३५) क़ाल रब्बि फ़अन्ज़िर्नी अिला यौमि युब्असून (३६) क़ाल फ़अिन्नक मिनल् - मुन्ज़रीन ला (३७) अिला यौमिल् - वक़्तिल् - मअ़्लूमि (३८) क़ाल रब्बि बिमा' अग़्वैतनी लअुज़ैयिनन्न लहुम् फ़िल्अर्ज़ि व लअुग़्वियन्नहुम् अज्मअ़ीन ला (३९) अिल्ला अिबादक मिन्-हुमुल्-मुख़्लसीन (४०) क़ाल हाजा सिरातुन् अलैय मुस्तक़ीमुन् (४१) अिन्न अिबादी लैस लक अलैहिम् सुल्तानुन् अिल्ला मनित्तबअक मिनल्-ग़ावीन (४२) व अिन्न जहन्नम लमौअिदुहुम् अज्मअ़ीन क़िफ़् ला (४३) लहा सब्अतु अब्वाबिन् त् लिकुल्लि बाबिम्-मिन्हुम् जुज़्अुम्-मक़्सूमुन् (४४) ★

فَأَنزَلْنَا مِنَ السَّمَاءِ مَاءً فَأَسْقَيْنَاكُمُوهُ وَمَا أَنتُمْ لَهُ بِخَازِنِينَ ﴿٢٢﴾
وَإِنَّا لَنَحْنُ نُحْيِي وَنُمِيتُ وَنَحْنُ الْوَارِثُونَ ﴿٢٣﴾ وَلَقَدْ عَلِمْنَا الْمُسْتَقْدِمِينَ
مِنكُمْ وَلَقَدْ عَلِمْنَا الْمُسْتَأْخِرِينَ ﴿٢٤﴾ وَإِنَّ رَبَّكَ هُوَ يَحْشُرُهُمْ إِنَّهُ
حَكِيمٌ عَلِيمٌ ﴿٢٥﴾ وَلَقَدْ خَلَقْنَا الْإِنسَانَ مِن صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَإٍ
مَّسْنُونٍ ﴿٢٦﴾ وَالْجَانَّ خَلَقْنَاهُ مِن قَبْلُ مِن نَّارِ السَّمُومِ ﴿٢٧﴾ وَإِذْ قَالَ رَبُّكَ
لِلْمَلَائِكَةِ إِنِّي خَالِقٌ بَشَرًا مِّن صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَإٍ مَّسْنُونٍ ﴿٢٨﴾
فَإِذَا سَوَّيْتُهُ وَنَفَخْتُ فِيهِ مِن رُّوحِي فَقَعُوا لَهُ سَاجِدِينَ ﴿٢٩﴾ فَسَجَدَ
الْمَلَائِكَةُ كُلُّهُمْ أَجْمَعُونَ ﴿٣٠﴾ إِلَّا إِبْلِيسَ أَبَىٰ أَن يَكُونَ مَعَ
السَّاجِدِينَ ﴿٣١﴾ قَالَ يَا إِبْلِيسُ مَا لَكَ أَلَّا تَكُونَ مَعَ السَّاجِدِينَ ﴿٣٢﴾
قَالَ لَمْ أَكُن لِّأَسْجُدَ لِبَشَرٍ خَلَقْتَهُ مِن صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَإٍ مَّسْنُونٍ ﴿٣٣﴾
قَالَ فَاخْرُجْ مِنْهَا فَإِنَّكَ رَجِيمٌ ﴿٣٤﴾ وَإِنَّ عَلَيْكَ اللَّعْنَةَ إِلَىٰ يَوْمِ
الدِّينِ ﴿٣٥﴾ قَالَ رَبِّ فَأَنظِرْنِي إِلَىٰ يَوْمِ يُبْعَثُونَ ﴿٣٦﴾ قَالَ فَإِنَّكَ مِنَ
الْمُنظَرِينَ ﴿٣٧﴾ إِلَىٰ يَوْمِ الْوَقْتِ الْمَعْلُومِ ﴿٣٨﴾ قَالَ رَبِّ بِمَا أَغْوَيْتَنِي
لَأُزَيِّنَنَّ لَهُمْ فِي الْأَرْضِ وَلَأُغْوِيَنَّهُمْ أَجْمَعِينَ ﴿٣٩﴾ إِلَّا عِبَادَكَ
مِنْهُمُ الْمُخْلَصِينَ ﴿٤٠﴾ قَالَ هَٰذَا صِرَاطٌ عَلَيَّ مُسْتَقِيمٌ ﴿٤١﴾ إِنَّ
عِبَادِي لَيْسَ لَكَ عَلَيْهِمْ سُلْطَانٌ إِلَّا مَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْغَاوِينَ ﴿٤٢﴾
وَإِنَّ جَهَنَّمَ لَمَوْعِدُهُمْ أَجْمَعِينَ ﴿٤٣﴾ لَهَا سَبْعَةُ أَبْوَابٍ لِّكُلِّ

और हमने रसभरी हवाओं को (जो बादलों को पानी से बोझदार करती हैं) चलाया फिर हमने (ही) आसमान से पानी बरसाया, फिर (हमने ही) वह तुम लोगों को पिलाया; और तुम लोगों के पास तो उसका ख़ज़ाना नहीं है। (२२) और हम ही जिलाते और (हम ही) मारते हैं और हम ही सबके वारिस (मालिक) हैं।§ (२३) और हम तुम्हारे अगलों (पहले होने वालों) को भी जानते हैं और पिछलों (यानी तुम्हारे बाद आने वालों) को भी जानते हैं। (२४) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारा वही परवरदिगार इन सबको (क़ियामत के दिन अपनी पेशी में) जमा करेगा। बेशक वह बड़ा हिकमतवाला बेहद जानकार है। (२५) ★ रू. २१/२ आ १०

और हमने सड़े हुए गारे से जो (सूखकर) खनखनाने लगता है आदमी को पैदा किया। (२६) और हमने जिन्नों को उससे पहले लू की आग से पैदा किया। (२७) और (ऐ पैग़म्बर! उस वक़्त को याद करो) जबकि तुम्हारे परवरदिगार ने फ़रिश्तों से कहा कि मैं सड़े (खनखनाते) हुए गारे से एक आदमी† को पैदा करनेवाला हूँ। (२८) तो जब मैं उसको पूरा बना चुकूँ और उसमें अपनी रूह फूंक दूं तो तुम उसके आगे सजदे (दंडवत) में गिर पड़ना। (२९) चुनाँचे (आदम अ० के पैदा होते ही) सबके सब तमाम फ़रिश्तों ने (ह० आदम अ० का) सजदः किया। (३०) मगर इबलीस (शैतान) ने सजदः करनेवालों में शामिल होने से इन्कार किया। (३१) इस पर अल्लाह ने कहा ऐ इबलीस! तुझको क्या हुआ कि तू सजदः करनेवालों में शामिल नहीं हुआ? (३२) वह बोला कि मैं ऐसे शख़्स को सजदः न करूँगा जिसको तूने सड़े (सूखकर) खनखनाते हुए गारे से पैदा किया। (३३) (अल्लाह ने) फ़रमाया पस तू यहाँ (जन्नत) से निकल, तू फिटकारा हुआ है। (३४) और अन्तिम न्याय (यानी आख़िरत) के दिन तक तुझ पर फिटकार बरसेगी। (३५) (शैतान ने) कहा कि ऐ मेरे परवरदिगार! तू मुझको उस दिन तक की मुहलत दे जबकि मुर्दे उठा खड़े किये जावेंगे। (३६) (अल्लाह ने) कहा कि अच्छा तुझको मुहलत दी गई (३७) उसी ठहरे हुए (नियत) क़ियामत के दिन तक के लिए। (३८) शैतान ने कहा ऐ मेरे परवरदिगार! जैसी तूने मेरी राह मारी, मैं भी ज़मीन में इन (आदम की औलादों) को बहारें दिखाऊँगा और इन सबको राह से बहकाऊँगा (३९) सिवाय उनके जो तेरे चुने बन्दे हैं (उन पर मेरा बस न चलेगा।) (४०) (अल्लाह ने) कहा कि यही (मेरी बन्दगी ही) मुझ तक (पहुंचने की) सीधी राह है। (४१) जो मेरे सेवक हैं उन पर तेरा किसी तरह का ज़ोर न होगा सिवाय उन पर जो तेरे पीछे चलकर गुमराहों में से हो जायें (४२) और ऐसे तमाम (गुनहगार) लोगों के लिए (हमारी ओर से) दोज़ख़ का वादा है। (४३) उस (दोज़ख़) के सात दरवाज़े हैं, हर दरवाज़े के लिए उन (दोज़ख़ी लोगों) की जमातें अलग-अलग होंगी।छ (४४) ★ रू. ३/१ आ १६

§ यानी दुनिया में न तुम्हारा वजूद (अस्तित्व) ही रह जाता है और न दुनिया की किसी चीज़ पर तुम्हारी (मिल्कियत) अधिकार। सब पर मेरी ही मिल्कियत (प्रभुता) रहती है। मैं ही अजर-अमर हूँ।

† बशर यानी आदमी जो जिस्म रखे कि हाथ से छुआ जा सके और उसकी रूह में होश (विवेक) हो। आदमी से पहले या तो हैवान थे जिनके जिस्म तो होता था लेकिन सही-गलत की तमीज़ न थी और या फिर जिन्न व फ़रिश्ते थे जिनमें वह होश (विवेक) था लेकिन उनके जिस्म नहीं होता था। छ बहिश्त के आठ दरवाज़े हैं और दोज़ख़ के सात दरवाज़े हैं। इन दरवाज़ों में लोग अपने नेक-बद आमालों के दर्जों के मुताबिक़ दाख़िल होंगे।

अिन्नल्मुत्तक़ीन फ़ी जन्नातिव्व अुयूनिन् त् (४५) अुद्ख़ुलू हा बिसलामिन् आमिनीन (४६) व नज़ ़ना मा फ़ी सुदूरिहिम् मिन् ग़िल्लिन् अिख़्वानन् अला सुरुरिम् - मुतक़ाबिलीन (४७) ला यमस्सुहुम् फ़ीहा नसबूंव मा हुम् मिन्हा बिमुख़्रजीन (४८) नब्बिअ् अिबादी अन्नी अनल् - ग़फ़ूरुर्रहीमु ला (४९) व अन्न अजाबी हुवल्अजाबुल्-अलीमु (५०) व नब्बिअ्हुम् अन् ज़ैफ़ि अिब्राहीम म ● (५१) अिज् दख़लू अलैहि फ़क़ालू सलामन् त् क़ाल अिन्ना मिन्कुम् व जिलून (५२) क़ालू ला तौजल् अिन्ना नुबश्शिरुक बिग़ुलामिन् अलीमिन् (५३) क़ाल अबश्शर्तुमूनी अला अम्मस्सनियल् - किबरु फ़बिम तुबश्शिरून (५४) क़ालू बश्शर्नाक बिल्हक़्क़िक़ फ़ला तकुम्मिनल् - क़ानितीन (५५) क़ाल व मैंयक़्नतु मिर्रहमति रब्बिहि अिल्ल ज़ ़ल्लून (५६) क़ाल फ़मा ख़त्बुकुम् अैयुहल् - मुर्सलून (५७) क़ालू अिन्ना अुर्सिल्ना अिला क़ौमिम् - मुज्रिमीन ला (५८) अिल्ला आल लूतिन् त् अिन्ना लमुनज्जूहुम् अज्मअ्ीन ला (५९) अिल्लम् - रअतहु क़द्दर्ना ला अिन्नहा लमिनल् - ग़ाबिरीन (६०) ★ फ़लम्मा जा अ आल लूतिनिल् - मुर्सलून ला (६१) क़ाल अिन्नकुम् क़ौमुम् - मुन्करून (६२) क़ालू बल् जिअ्नाक बिमा कानू फ़ीहि यम्तरून (६३) व अतैनाक बिल्हक़्क़िक़ व अिन्ना लसादिक़ून (६४) फ़अस्रि बिअह्लिक बिक़ित्अिम् - मिनल्लैलि वत्तबिअ् अद्बारहुम् व ला यल्तफ़ित् मिन्कुम् अहदुंवम्ज़ू हैसु तुअ्मरून (६५) व क़ज़ैना अिलैहि जालिकल् - अम्र अन्न दाबिर हा अुला अि मक़्तूअुम् मुसबिहीन (६६) व जा अ अह्लुल् - मदीनति यस्तबश्शिरून (६७) क़ाल अिन्न हा अुला अि ज़ैफ़ी फ़ला तफ़्ज़ूनि ला (६८)

(इन नरकवालों के ख़िलाफ़) जो परहेज़गार हैं वे (जन्नत के) बाग़ों और चश्मों में होंगे। (४५) (उनसे कहा जायगा कि) सलामती के साथ इतमीनान में इन बागों में आओ। (४६) और उनके दिलों में जो कदूरत (मलिनता) होगी उसको हम दूर कर देंगे (और वे) एक दूसरे के आमने सामने तख़्तों पर भाई-भाई के समान बैठेंगे (४७) इनको वहाँ (जन्नत में) किसी तरह का न दुख होगा और न यह वहाँ से (कभी) निकाले जावेंगे (४८) (ऐ पैग़म्बर!) हमारे सेवकों को चेता दो कि मैं ही असल माफ़ करनेवाला और बेहद रहमवाला हूँ। (४९) और (साथ ही यह भी चेता दो कि) हमारी मार वही दुख की मार है। (५०) और इनको इब्राहीम के मेहमानों का हाल सुनादो● ।(५१) जब वे इब्राहीम के घर में आये तो सलाम किया। इब्राहीम ने (उन फ़रिश्तों से) कहा हमको तुमसे डर लगता है। (५२) (वह) बोले आप डर न कीजिए, हम आपको एक आलिम (ज्ञानवान) पुत्र की खुशख़बरी सुनाते हैं। (५३) (इब्राहीम ने) कहा क्या तुम मुझे खुशख़बरी देते हो जबकि मुझे बुढ़ापा आ चुका है, अब काहे की खुशख़बरी सुनाते हो? (५४) (वह) कहने लगे हम आपको सच्ची खुशख़बरी का समाचार सुनाते हैं, सो आप नाउम्मीदों में न हों। (५५) (इब्राहीम ने) कहा कि राह भटकों के सिवाय ऐसा कौन है जो अपने परवरदिगार की मेहरबानी से नाउम्मीद हो (५६) (इब्राहीम ने फिर उनसे) कहा ऐ अल्लाह के भेजे हुए (फ़रिश्तों!) फिर अब तुमको (और) क्या काम है? (५७) उन्होंने जवाब दिया कि हम एक गुनहगार क़ौम की तरफ़ (अल्लाह का ग़ज़ब डालने के लिए) भेजे गये हैं। (५८) मगर लूत (व उन) के घरवालों को (उस अज़ाब से) हम बचा लेंगे। (५९) अलबत्ता उनकी स्त्री† (रह जायगी क्योंकि) उसको हमने रहजाने वाले (गुनहगारों में) ठहरा लिया है। (६०) ★

फिर जब वे (अल्लाह के) भेजे हुये (फ़रिश्ते) लूत के घर पहुँचे। (६१) (तो लूत ने) कहा तुम लोग अजनबी-से हो। (६२) वह कहने लगे नहीं बल्कि जिस (अज़ाब के आने) में तुम्हारी जाति को शक था (कि वह शायद अल्लाह की ओर से नहीं बल्कि तुम्हारी मनगढ़ंत है तो) हम उसी को लेकर आये हैं। (६३) और हम सच आज्ञा लेकर तुम्हारे पास आये हैं और हम सच कहते हैं। (६४) तो कुछ रात रहे तुम अपने लोगों को लेकर निकल जाओ और तुम इनके पीछे रहना और तुममें से कोई मुड़कर न देखे और जहाँ (के लिए) तुमको हुक्म दिया गया है वहीं (यानी शाम देश को) चले जाओ। (६५) और हमने लूत के दिल में यह बात जमा दी कि सुबह होते होते उनकी (क़ौम की) जड़ काट दी जावेगी। (६६) और उधर शहर के लोग (बदमस्ती में) खुशियाँ मनाते हुए आये। (६७) (लूत ने उनसे) कहा कि यह लोग मेरे मेहमान हैं, सो मुझको ज़लील मत करो। (६८)

† लूत की स्त्री ईमानदार न थी। वह दूसरे गुनहगार लोगों के साथ नष्ट हो गई।

व. ● ला ज़िम ★ रु. ४।४ आ १६

वत्तक़ुल्लाह व ला तुख़्ज़ूनि (६९) क़ालू अवलम् ननहक अनिल् - आलमीन (७०) क़ाल हा उला अि बनाती अिन् कुन्तुम् फ़ाअिलीन त् (७१) लअम्रुक अिन्नहुम् लफ़ी सक्रतिहिम् यअ़महून (७२) फ़अख़ज़त् - हुमुस्सैहतु मुश्रिक़ीन ला (७३) फ़जअ़ल्ना आलियहा साफ़िलहा व अम्तर्ना अलैहिम् हिजारतम् - मिन् सिज्जीलिन् त् (७४) अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लिल् - मुतवस्सिमीन (७५) व अिन्नहा लबिसबीलिम्- मुक़ीमिन् (७६) अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्लिल् - मुअ्मिनीन त् (७७) व अिन् कान अस्हाबुल् - अैकति लज़ालिमीन ला (७८) फ़न्तक़म्ना मिन्हुम् म ● व अिन्नहुमा लबिअिमामिम् - मुबीनिन् त् (७९) ★ व लक़द् कज्जब अस्हाबुल् - हिज्रिल् - मुर्सलीन ला (८०) व आतैनाहुम् आयातिना फ़कानू अन्हा मुअ़रिज़ीन ला (८१) व कानू यन्हितून मिनल्जिबालि बुयूतन् आमिनीन (८२) फ़अख़ज़त्-हुमुस्सैहतु मुस्बिहीन ला (८३) फ़मा अग़्ना अन्हुम् मा कानू यक्सिबून त् (८४) व मा ख़लक़्नस् - समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा अिल्ला बिल्हक़्क़ि त् व अिन्नस्साअ़त लआतियतुन् फ़स्फ़हिस् - सफ़्हल् - जमील (८५) अिन्न रब्बक हुवल् - ख़ल्लाक़ुल् - अलीमु (८६) व लक़द् आतैनाक सब्अम्मिनल् - मसानी वल् - क़ुर्आनल् - अज़ीम (८७) ला तमुद्दन्न अैनैक अिला मा मत्तअ़्ना बिहि अज़्वाजम् - मिन्हुम् व ला तह्ज़न् अलैहिम् वख़्फ़िज़् जनाहक लिल्- मुअ्मिनीन (८८) व क़ुल् अिन्नी अनन्नजीरुल् - मुबीनु ज् (८९) कमा अन्ज़ल्ना अलल् - मुक़्तसिमीन ला (९०) अल्लजीन जअलुल् - क़ुर्आन अिज़ीन (९१) फ़व रब्बिक लनस्अलन्नहुम् अज्मअ़ीन ला (९२) अम्मा कानू यअ़मलून (९३) ● फ़स्दअ़् बिमा तुअ्मरु व अअ़रिज़् अनिल्-मुश्रिकीन (९४)

और अल्लाह से डरो और मेरी आबरू मत लो। (६९) वह लोग बोले क्या हमने तुमको दुनिया-जहान के लोगों की हिमायत करने से रोका नहीं था। (७०) लूत ने कहा अगर तुमको (यही) करना है तो यह मेरी बेटियाँ हैं (इनसे निकाह कर लो।) (७१) (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारी जान की क़सम वह अपनी मस्ती में बेहोश (हो रहे) हैं। (७२) ग़रज़ सूरज के निकलते निकलते उनको एक बड़े ज़ोर की आवाज़ ने आ दबोचा। (७३) फिर हमने उस बस्ती को उलट-पलट दिया और उन पर खड़ंजे-पत्थर बरसाये। (७४) बेशक इसमें उन लोगों के लिए जो ध्यान देते हैं निशानियाँ हैं। (७५) और वह (खंडहर) बस्ती (अभी तक) सीधी राह पर मौजूद है।§ (७६) बेशक इसमें ईमान लानेवालों के लिए निशानी हैं (कि उन पर अल्लाह के कोप को देखकर नसीहत लें) (७७) और बन† के रहनेवाले भी सचमुच गुनहगार थे। (७८) तो उनसे भी हमने बदला लिया।● और ये दोनों (उजड़ी) बस्तियों (के खंडहर अब तक) रास्ते पर दिखाई देते हैं। (७९)★

और हिज्र के रहनेवाले (क़ौम समूद) ने (भी) इसी तरह पैग़म्बरों को झुठलाया। (८०) हमने उनको निशानियाँ दीं, फिर भी वह उनसे मुख मोड़े रहे। (८१) और चैन से पहाड़ों को काट-काट (आलीशान) महल बनाते (और ठाट से मौज करते) थे। (८२) तो उनको भी सुबह होते-होते बड़े ज़ोर की आवाज़ ने धर लिया। (८३) और जो (दुनिया में उन्होंने) कमाया था वह (उनकी सरकशी के बदले अज़ाब फटने पर) उनको कुछ भी काम न आया (और वह भी नेस्त-नाबूद हो गये।) (८४) और हमने आसमान और ज़मीन को और जो कुछ आसमान व ज़मीन में है बिना मसलहत (उद्देश्य) नहीं बनाया है। और क़ियामत ज़रूर-ज़रूर आनी है सो (ऐ पैग़म्बर!) तुम इन काफ़िरों की शरारतों पर ध्यान न दो और) अच्छी तरह दरगुज़र करो।(८५) तुम्हारा परवरदिगार ही सारी रचना का पैदा करने वाला व पूरा जानकार है। (८६) और हमने तुमको सात आयतें‡ (सूरे फ़ातिहः) जो (नमाज़ में) बार-बार पढ़ी जाती हैं और (यह) महान क़ुर्आन दिया (जिसके आगे सारी निआमतें तुच्छ हैं)। (८७) तो लोगों को (तरह तरह पर) जो चीज़ें बरतने को हमने दी हैं तुम इन (नाशवान संसारी चीज़ो पर लालसा की) नज़र न दौड़ाओ। और न इन (की कुफ़्र की हालत) पर अफ़सोस करना और अपनी बाँहों को ईमानवालों (को अपनाने के लिए) झुकी रखो (भले ही वे ग़रीब ही हों) (८८) और कह दो कि मैं तो खुले तौर पर (अल्लाह के अज़ाब से) डरानेवाला हूं। (८९) (ऐ पैग़म्बर! हम इन काफ़िरों पर वैसा ही अज़ाब उतारेंगे) जैसा हमने उन भेद पैदा करने वाले (यहूदियों) पर उतारा था (९०) जिन्होंने बाँटकर क़ुर्आन (यानी तौरात) के टुकड़े-टुकड़े कर डाले (यानी कुछ बातें मानते हैं कुछ नहीं)।(९१) तो तेरे परवरदिगार की क़सम है कि हम इन सबसे (आख़िरत के दिन सामना होने पर) पूंछेंगे (९२) उसके बारे में जो कुछ वे (दुनिया में) करते थे (९३)● पस जो तुमको आज्ञा हुई है उसे खोलकर× सुना दो और मुशरिकीन की बिल्कुल परवा न करो। (९४)

§ मक्के से शाम जाते हुए दखाई देती है। † एक बन था। उसके पास एक नगर था। हज़रत शुऐब अ० उस बस्ती के नबी थे। ‡ यानी सूरे फ़ातिहः जिसे नमाज़ में पढ़ते हैं। ×३ वर्ष तक मुहम्मद साहब स० लोगों को चुपके चुपके और छुपा-छुपा के इस्लाम का मत स्वीकार करने का उपदेश देते रहे। इसके उपरान्त यह आयत उतरी। इस समय से आपने निर्भीकतापूर्वक खुल्लमखुल्ला इस्लाम का प्रचार आरम्भ कर दिया।

अिन्ना कफ़ैनाकल्-मुस्तह्ज़िअीन ला (९५) अ्ल्लजीन यज्अ्लून मअ़ल्लाहि अिलाहन् आख़र ज फ़सौफ़ यअ़्लमून (९६) व लक़द् नअ़्लमु अन्नक यज़ीक़ु सद्रुक बिमा यक़ूलून ला (९७) फ़सब्बिह् बिहम्दि रब्बिक व कुम्-मिनस्साजिदीन ला (९८) वअ़्बुद् रब्बक ह़त्ता यअ्तियकल्-यक़ीनु (९९) ★

✪ १६ सूरतुन्नह्लि ७० ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ७६७४ हुरुफ़, १८७१ शब्द, १२८ आयतें और १६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

अता अम्रुल्लाहि फ़ला तस्तअ़्जिलूह़ु सुब्ह़ानहू व तआला अम्मा युश्रिकून (१) युनज़्ज़िलुल्-मला अिकत्व बिर्रूहि मिन् अम्रिहि अला मैंयशा अु मिन् अिबादिहि अन् अन्जिरू अन्नहू ला अिलाह अिल्ला अना फ़त्तक़ूनि (२) ख़लक़स्-समावाति वल्अर्ज़ बिल्ह़क़्क़ि तआला अम्मा युश्रिकून (३) ख़लक़ल्-अिन्सान मिन् नुत्फ़तिन् फ़अिजा हुव ख़सीमुम्-मुबीनुन् (४) वल्-अन्आम ख़लक़हा ज लकुम् फ़ीहा दिफ़्अूँव मनाफ़िअु व मिन्हा तअ्कुलून ह़ (५) व लकुम् फ़ीहा जमालुन् ह़ीन तुरीहून व ह़ीन तस्रहून ह़ (६) व तह़्मिलु अस्क़ालकुम् अिला बलदिल्लम् तकूनू बालिग़ीहि अिल्ला बिशिक़्क़िल्-अन्फ़ुसि ह़ अिन्न रब्बकुम् लरऊफ़ुर्रहीमुन् ला (७) व'वल्ख़ैल वल्बिग़ाल वल्ह़ुमीर लितर्कबूहा व ज़ीनतन् ह़ व यख़्लुक़ु मा ला तअ़्लमून (८) व अ़ल्लाहि क़स्दुस्-सबीलि व मिन्हा जाअिरुन् ह़ व लौ शाअ लहदाकुम् अज्मअ़ीन (९) ★ हुवल्लजी अन्ज़ल मिनस्समाअि माअल्लकुम् मिन्हु शराबूँव मिन्हु शजरुन् फ़ीहि तुसीमून (१०)

हम तेरी तरफ़ से ठट्ठा करनेवालों को काफ़ी हैं। (९५) जो अल्लाह के साथ दूसरों को पूजित ठहराते हैं इनको आगे चलकर पता लग जायगा। (९६) और (ऐ पैग़म्बर!) हम जानते हैं कि तेरा जी उन (मुशरिकों) की बातों से जो वह कहते हैं तंग होता है। (९७) सो तू अपने परवरदिगार के गुणों को याद कर और सज्दः करनेवालों में से हो। (९८) और तुम अपने परवरदिगार की अ़िबादत में लगे रहो यहाँ तक कि अन्तिम घड़ी आ जाय जिसका आना अटल है। (९९) ★ रु. ६ | ८ आ २०

✪ १६ सूरतुन्नह्लि ७० ✪

(मक्की), इसमें ७६७४ अक्षर, १८७१ शब्द, १२८ आयतें और १६ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ काफ़िरो!) अल्लाह का हुक्म (यानी अ़ज़ाब) आया (ही समझो) तो उसके लिए जल्दी मत मचाओ[१]। इनके शिर्क से अल्लाह पाक है और ऊपर है। (१) वही अपने हुक्म से फ़रिश्तों को अपनी 'वही' (पैग़ाम) देकर अपने बन्दों में से जिसकी तरफ चाहता है भेजता है कि (लोगों को) इस बात से चेता दो कि मेरे सिवाय (दूसरा) कोई पूजित नहीं सो मुझसे ही डरो। (२) उसी ने मसलहत (उद्देश्य) से आसमान और ज़मीन को बनाया। तो वह इन (काफ़िरों के अल्लाह के अलावा दूसरों को पूजने) के शिर्क से ऊँचा है। (३) उसी ने मनुष्य को एक बूँद (वीर्य) से पैदा किया और फिर वही (नाचीज़ इन्सान अपने पालनकर्ता की बाबत) खुल्लमखुल्ला झगड़ने (व मतमतान्तर पैदा करने) लगा§ (४) और उसी ने चारपायों को पैदा किया जिनमें तुम लोगों के जाड़े (से बचने) के सामान और बहुत फ़ायदे हैं और (उन चौपायों में से तुम) बाज़ों को खाते हो (५) और जब शाम के वक़्त (उन चौपायों को जंगल से चराकर) वापस लाते हो और (जब सुबह को) चराने ले जाते हो, तो उनसे तुम्हारी शोभा भी है। (६) और जिन शहरों तक तुम जान तोड़कर ही पहुँच सकते, (चारपाये) वहाँ तक तुम्हारे बोझ उठा ले जाते हैं। बेशक तुम्हारा परवरदिगार बड़ा रहमदिल और बेहद मेहरबान है। (७) और उसने घोड़ों, ख़च्चरों और गधों को पैदा किया ताकि तुम उन पर सवार हो और तुम्हारी शोभा हो। और वह (और चीज़ें भी तुम्हारे फ़ायदे की) पैदा करता है जिनकी तुम को खबर नहीं† (८) और अल्लाह तक पहुँचने को (दीन की) सीधी राह है और बाज़ रास्ते टेढ़े भी हैं। और अल्लाह चाहता तो तुम सबको सीधा रास्ता दिखा देता। (९) ★ रु. १ | ७ आ ९

वही है जिसने आसमान से पानी बरसाया जिसमें से तुम पीते हो और उससे पेड़ भी (परवरिश) पाते हैं जिनमें तुम (अपने मवेशियों को) चराते हो। (१०)

---

१ यानी नबी स० को अब जल्दी ही हिजरत (देश-परित्याग) का हुक्म मिलनेवाला है। और क़ुदरत का निज़ाम है कि नबी को हिजरत की नौबत आते ही अल्लाह का अ़ज़ाब ज़ालिमों पर बरपा होकर रहता है। चुनांचे इस सूरत के उतरने के कुछ ही दिन बाद रसूल स० को मदीना प्रवास करना पड़ा और उसके ८ साल के अन्दर ही अरब से काफ़िरों और मुशरिकों का सफ़ाया हो गया। § कहते हैं कि एक इन्कारी एक दिन पुरानी हड्डियाँ लाया और हाथ से उनको मलकर महीन करके आटे की तरह बना लिया और फिर उसको मुँह [पेज ४४६ पर] ✱

† यानी अल्लाह की क़ुदरत से तमाम चीज़ें तो ऐसी हैं जो तुम्हें ज़ाहिरः (प्रत्यक्ष) अपने फ़ायदे [पेज ४४६ पर] ✱

* 'नहल' के माने 'मधुमक्खी' हैं। इस सूरत की आयत ६८-६६ में इस नन्हे से जीव का [पेज ४५१ पर]

युम्बितु लकुम् बिहिज़् - ज़र्अ वज़्ज़ैतून वन्नख़ील वल् - अऽनाब व मिन् कुल्लिस्समराति त् अिन्न फ़ी जालिक लआयत्लिक़ौमीं - यतफ़क्करून (११) व सख़्ख़र लकुमुल्लैल वन्नहार ला वश्शम्स वल्क़मर त् वन्नुजूमु मुसख़्ख़रातुम्-बिअम्रिहि त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल् - लिक़ौमीं - यऽक़िलून (१२) व मा जरअ लकुम् फ़िल्अर्ज़ि मुख़्तलिफ़न् अल्वानुहु त् अिन्न फ़ी जालिक लआयत्वल् - लिक़ौमीं - यज्जक्करून (१३) व हुवल्लजी सख़्ख़रल् - बह्र लितअ्कुलू मिन्हु लह्मन् त्रीयौंव तस्तख़्रिजू मिन्हु ह्िल्यत्वन् तल्बसूनहा ज् व तरल्फ़ुल्क मवाख़िर फ़ीहि व लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिहि व लअ्ल्लकुम् तश्कुरून (१४) ब अल्क़ा फ़िल्अर्ज़ि रवासिय अन् तमीद बिकुम् व अन्हारौंव सुबुलल् - लअ्ल्लकुम् तह्तदून ला (१५) व अ्लामातिन् त् व बिन्नज्मि हुम् यह्तदून (१६) अफ़मैंयख़्लुकु कमल्ला यख़्लुकु त् अफ़ला तज़क्करून (१७) व अिन् तअ्दू निऽमत्वल्लाहि ला तुह्सूहा त् अिन्नल्लाह लग़फ़ूरुर् - रह़ीमुन् (१८) वल्लाहु यऽलमु मा तुसिर्रून व मा तुऽलिनून (१९) वल्लजीन यद्अ्ून मिन् दूनिल्लाहि ला यख़्लुकून शैऔंव हुम् युख़्लक़ून त् (२०) अम्वातुन् ग़ैरु अह्या अिन् ज् व मा यश्अुरून ला अैयान युब्अ्सून (२१) ★ अिलाहुकुम् अिलाहूँवाहिदुन् ज् फ़ल्लजीन ला युअ्मिनून बिल्आख़िरति क़ुलूबुहुम्-मुन्किरतूँव हुम् मुस्तक्बिरून (२२) ला जरम अन्नल्लाह यऽलमु मा युसिर्रून व मा युऽलिनून त् अिन्नहु ला युह्िब्बुल्-मुस्तक्बिरीन (२३) व अिजा क़ील लहुम् मा जा अन्ज़ल रब्बुकुम् ला क़ालू असात़ीरुल् - औवलीन ला (२४) लियह्मिलू औज़ारहुम् कामिलतँ - यौमल् - क़ियामति ला व मिन् औज़ारिल्लजीन युज़िल्लूनहुम् बिग़ैरि अिल्मिन् त् अला सा अ मा यज़िरून (२५) ★

उसी से अल्लाह तुम्हारे लिए खेती और ज़ैतून, खजूर और अंगूर और हर तरह के फल पैदा करता है, जो लोग ध्यान करते हैं उनके लिए इसमें निशानी है। (११) और (उसी ने) रात और दिन और सूरज और चाँद को तुम्हारे काम में लगा रखा है और सितारे (नक्षत्र) भी उसी के हुक्म पर (तुम्हारे) काम में लगे हैं। जो लोग बुद्धि रखते हैं, उनके लिए इन चीज़ों में निशानियाँ हैं (१२) और जो चीज़ें तुम्हारे लिए ज़मीन पर रंग-विरंग (तरह तरह की) पैदा कर रखी हैं इनमें उन लोगों को, जो सूझ से काम लेते हैं, निशानियाँ हैं। (१३) और वही है जिसने नदी को (तुम्हारे आधीन) लगा रखा है ताकि तुम उसमें से (मछलियाँ निकालकर उनका) ताज़ा मांस खाओ और उसमें से ज़ेवर (मोती वग़ैरह) निकालो जिनको तुम लोग पहनते हो और तुम किश्तियों को देखते हो कि फाड़ती हुई उसमें चलती हैं ताकि तुम लोग (रोज़ी की शक्ल में) अल्लाह की रहमत ढूंढो और शायद (इन सब चीज़ों के सिरजनहार का) शुक्र मानो। (१४) और पहाड़ ज़मीन पर गाड़े ताकि (ज़मीन) तुम्हें लेकर किसी तरफ़ न झुक पड़े और नदियाँ और रास्ते बनाये, ताकि (मुल्कों मुल्कों आसानी से) जा सको। (१५) और (रास्ता पाने के लिए) निशान बनाये और लोग तारों से भी राह मालूम करते हैं। (१६) तो क्या जो (इतनी बेमिसाल सृष्टि को) पैदा करे वह उसके बराबर हो गया जो कुछ भी पैदा नहीं कर सकता, क्या तुम लोग नहीं समझते (कि उस सिरजनहार अल्लाह के साथ इन कुछ न पैदा कर सकने वाले शरीकों यानी मूर्तियों को पूजते हो)। (१७) और अगर अल्लाह की नियामतों को गिनना चाहो तो उनकी पूरी तादाद न गिन सकोगे। बेशक अल्लाह बड़ा क्षमावान और दयालु है। (१८) और जो कुछ तुम छिपाते हो और जो कुछ ज़ाहिर करते हो अल्लाह (वह सब) जानता है। (१९) और अल्लाह के सिवाय जिन (शरीकों यानी पूजितों) को पुकारते हैं, वह कोई चीज़ पैदा नहीं कर सकते बल्कि वह खुद (औरों के हाथों) बनाये जाते हैं। (२०) (जिन अपने बुज़ुर्गों की मूर्तियाँ बना कर पूज रहे हैं वे) मुर्दे हैं जिनमें जान नहीं और (जिनको यह तक) ख़बर नहीं कि कब (क़ियामत आने पर वे सब भी) उठाये जावेंगे। (२१) ★ रु. ११ आ १२

(लोगो!) तुम्हारा इलाह (पूज्य) एकमात्र इलाह (अल्लाह) है सो जो लोग आख़िरत की ज़िन्दगी का विश्वास नहीं करते उनके दिल इन्कारी हैं और वह घमण्डी हैं। (२२) यह लोग जो कुछ छिपाकर करते और जो ज़ाहिर करते हैं अल्लाह (ख़ूब) जानता है। बेशक वह घमण्डियों को पसन्द नहीं करता। (२३) और जब इन (काफ़िरों) से पूछा जाता है कि तुम्हारे परवरदिगार ने क्या उतारा है, तो यह उत्तर देते हैं कि (वह तो) अगलों की कहानियाँ हैं। (२४) (फल यह है) कि क़ियामत के दिन अपने (गुनाहों के) पूरे बोझ और जिन लोगों को बिन समझे-बूझे भटकाते हैं उनके भी बोझ (उन्हीं को) उठाने पड़ेंगे। सुनो! (बहुत) बुरा बोझ है जो यह लोग अपने ऊपर उठाते हैं। (२५) ★ रु. १२ आ ६

[पेज ४४७ से] ‡ से फूंक दिया। वह राख हवा में उड़ गई, इस पर उसने कहा कि अब इसे कौन जिलायेगा। इस आयत में इसी की तरफ़ इशारा है और यह बताया गया है कि जो अल्लाह एक बूंद से आदमी को पैदा करता है, वह सर्वशक्तिमान उसको मरे पीछे फिर उठा भी सकता है।

[पेज ४४७ से]‡ की समझ पड़ती हैं और दिखाई देती हैं जैसे नाज, पानी, धूप, साया, हवा वग़ैरः। लेकिन ऐसी चीज़ें भी क़ुदरत रात दिन हमारी भलाई के लिए करती रहती है जिनका हमको पता भी नहीं चल पाता। यहाँ तक कि ऐसी भी बातें हैं जो आज हमको अपने हक़ में बुरी नज़र आती हैं और कुछ समय बीतने पर हम खुद ही इस नतीजे पर पहुँचते हैं कि वह हमारे हक़ में बुरा नहीं बल्कि भला हुआ था।

क़द् मकरल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़अतल्लाहु बुन्यानहुम् मिनल् - क़वाअिदि फ़ख़र् अलैहिमुस्सक़्फ़ु मिन् फ़ौक़िहिम् व अताहुमुल् - अजाबु मिन् हैसु ला यश्अुरून (२६) सुम्म यौमल्क़ियामति युख़्ज़ीहिम् व यक़ूलु अैन शुरका'अियल्-लजीन कुन्तुम् तुशा'क़्क़ून फ़ीहिम् त् क़ालल्लजीन अूतुल् - अिल्म अिन्नल्-ख़िज़्यल् - यौम वस्सू'अ अलल् - काफ़िरीन ला (२७) अल्लजीन ततवफ़्फ़ाहुमुल् - मला'अिकतु जालिमी' अन्फ़ुसिहिम् त् फ़अल्क़वुस्सलम मा कुन्ना नअ्मलु मिन् सू'अिन् त् बला' अिन्नल्लाह अलीमुम् - बिमा कुन्तुम् तअ्मलून (२८) फ़द्ख़ुलू' अब्वाब जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा त् फ़ लबिअ्स मस्वल् - मुतकब्बिरीन (२९)



वक़ील लिल्लजीनत्तक़ौ मा जा' अन्ज़ल रब्बुकुम् त् क़ालू ख़ैरन् त् लिल्लजीन अह्सनू फ़ी हाजिहिद् - दुन्या ह्सनतुन् त् व लदारुल् - आख़िरति ख़ैरुन् त् व लनिअ्म दारुल् - मुत्तक़ीन ला (३०) जन्नातु अद्नींयद् ख़ुलूनहा तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु लहुम् फ़ीहा मा यशा'ऊन त् क़जालिक यज्ज़िल्लाहुल् - मुत्तक़ीन ला (३१) अल्लजीन ततवफ़्फ़ाहुमुल् - मला'अिकतु तैयिबीन ला यक़ूलून सलामुन् अलैकुमु ला अुद्ख़ुलुल् - जन्नत बिमा कुन्तुम् तअ्मलून (३२) हल् यन्जुरून अिल्ला' अन् तअ्तियहुमुल् - मला'अिकतु औयअ्तिय अम्रु रब्बिक त् कजालिक फ़अ्लल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त् व मा जलमहुमुल्लाहु व लाकिन् कानू' अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (३३) फ़असाबहुम् सैयिआतु मा अमिलू व हाक़ बिहिम् मा कानू बिहत् यस्तह्ज़िअून (३४) ★

रु. ४ — १० आ ६

इनसे पहले लोग भी (ऐसी ही) मक्कारियाँ कर चुके हैं तो अल्लाह ने उनकी इमारत को जड़ बुनियाद से ढादिया फिर छत उन्हीं पर ऊपर से गिर पड़ी और जिधर से उनको ख़बर भी न थी अज़ाब उन पर फट पड़ा। (२६) फिर क़ियामत के दिन अल्लाह इनको ज़लील करेगा और पूछेगा कि मेरे शरीक (जो तुमने ठहरा रखे थे और) जिनके बारे में तुम हुज्जत करते थे, कहाँ हैं? (उस समय इनसे तो जवाब न निकलेगा लेकिन) जिन लोगों को समझ दी गई थी वह बोल उठेंगे कि बेशक आज के दिन काफ़िरों पर ज़िल्लत और ख़राबी है। (२७) (इनका हाल यह है कि) जिस वक़्त फ़रिश्ते इनकी रूहें निकालते हैं यह लोग आप अपने ऊपर जुल्म करने वाले होते हैं (और) तब (ये काफ़िर) ढीले पड़ जाते और गिड़गिड़ाने लगते हैं कि हम तो किसी क़िस्म की बुराई नहीं किया करते थे। (क्या ख़ूब!) जो कुछ तुम करते थे अल्लाह उससे ख़ूब जानकार है। (२८) सो दोज़ख़ के दरवाज़ों में जा दाख़िल हो, उसी में सदा रहो। सो घमण्ड करनेवालों का कैसा बुरा ठिकाना है। (२९) और जो लोग परहेज़गार हैं (जब) उनसे पूछा जाता है कि तुम्हारे परवरदिगार ने क्या उतारा? तो जवाब देते हैं कि 'नेक बात'! जिन लोगों ने भलाई की उनके लिए इस दुनिया में भी भलाई है और आख़िरत का ठिकाना तो कहीं अच्छा है और क्या ख़ूब है परहेज़गारों का घर। (३०) (यानी उनको) हमेशा रहने के बाग़ हैं, जिनमें दाख़िल होंगे, उनके नीचे नहरें बह रही होंगी और जिस चीज़ का उनका जी चाहेगा वहाँ उनके लिए मौजूद होगी। परहेज़गारों को अल्लाह ऐसा ही बदला देता है। (३१) जिनकी जानें फ़रिश्ते निकालते हैं और वे पाक होते हैं तो फ़रिश्ते सलाम अलैकुम कहते हैं कि (तुम पर सलामती हो और) जैसे कर्म तुम करते रहे हो उनके बदले जन्नत में जा दाख़िल हो। (३२) अब (काफ़िर) क्या इसी बात की राह देखते हैं कि फ़रिश्ते उनके पास आवें या तुम्हारा परवरदिगार का हुक्म (अज़ाब) उन पर आ पहुँचे। ऐसा ही उनके अगलों (पुरखों) ने किया था और अल्लाह ने उन पर जुल्म नहीं किया था बल्कि वह अपने ऊपर आप जुल्म करते थे। (३३) फिर उन कर्मों के बुरे फल उनको मिले और जिसकी हँसी उड़ाया करते थे उसी (अज़ाब) ने उन्हें आ दबोचा। (३४) ★

रु. ४/१० आ ६

[पेज ४४७ से] देस देस के फल-फूलों से रस चूसना, इतना ख़ूबसूरत जालदार छत्ता बनाना और शहद जैसी स्वादिष्ट और लाभदायक चीज़ को इन्सान के लिए तैयार करना—यह बयान आया है। अल्लाह की क़ुदरत में ऐसे ही अजीबो ग़रीब चमत्कार देखने को मिलते हैं। इन पर ध्यान देते ही अपनी तुच्छता और अल्लाह की अपार महिमा और सारे आलम का उसका निज़ाम इन्सान के सामने आ जाता है और अपनी क़ूवत के घमण्ड को भूलकर वह भक्ति में इस सारे संसार के मालिक की ओर सज्दः में झुक जाता है। इसीलिए बतौर निशानी इस सूरत का नाम भी उस नन्हे जीव के नाम पर रख दिया गया है। सूरः के उतरने का समय रसूल स० के मक्का-निवास के अन्तिम दिन और मदीना-हिजरत के कुछ ही पहले का मालूम होता है। क्योंकि आयात ४१ व १०६ के मुताबिक़ काफ़िरों के ज़ुल्म हद पार कर गये थे और लोग मक्का छोड़-छोड़कर जा रहे थे। सूरः की पहली आयत का हवाला यूं है कि मक्का के काफ़िर रसूलुल्लाह स० से हमेशा यह ताना देते कि "जब हम तुमको झूठा और तुम्हारी किताब को तुम्हारी मनगढ़न्त बार बार कहते हैं तो फिर तुम्हारा अल्लाह उस अज़ाब को हम पर क्यों नहीं बरपा करता जिसका तुम हमें हमेशा डर दिखाया करते हो? क्या इसके माने यह नहीं हैं कि तुम्हारा दीन व तुम्हारा अज़ाब का डर दिखाना झूठी बात है और हमारा रास्ता सही है?" इस पर यह आयत ललकारती है कि ऐ मदहोशो! क्यों जल्दी मचाये हो? अज़ाब तो तुम्हारी करतूतों के कारन तुम्हारे सर पर मंडरा ही रहा है। यह तो उस दयामय की अपार दया है कि तुम जैसे ज़ालिमों को भी मौक़ा दे रहा है कि अज़ाब फट पड़ने के पहले बन पड़े तो सीधी राह पर आ जाओ।

व क़ाललल्लजीन अश्रकू लौ शा अल्लाहु मा अबद्ना मिन् दूनिहि मिन् शैअिन्-
नह्नु व ला आबा अुना व ला हर्रम्ना मिन् दूनिहि मिन् शैअिन् त कजालिक
फ़अलल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् ज फ़हल् अलर्रुसुलि अिल्लल् - बलागुल्-
मुबीनु (३५) व लक़द् बअस्ना फ़ी कुल्लि अुम्मतिर्रसूलन् अनिअ़्बुदुल्लाह
वज्तनिबुत् - ताग़ूत ज फ़मिन्हुम् मन् हदल्लाहु व मिन्हुम् मन् हक़्क़त्
अलैहिज़्ज़लालतु त फ़सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्जुरू कैफ़ कान आक़िबतुल् - मुकज्जिबीन
(३६) अिन् तह्रिस् अला हुदाहुम् फ़अिन्नल्लाह ला यह्दी मैंयुज़िल्लु व मा
लहुम् मिन्नासिरीन (३७) व अक़्समू बिल्लाहि जह्द अैमानिहिम् ला ला
यब्असुल्लाहु मैंयमूतु त बला वअ़्दन् अलैहि हक़्क़ौव लाकिन्न अक्सरन्नासि ला
यअ़्लमून ला (३८) लियुबैयिन लहुमुल्लजी यख्तलिफ़ून फ़ीहि व लियअ़्लमल्लजीन कफ़रू
अन्नहुम् कानू काजिबीन (३९) अिन्नमा क़ौलुना लिशैअिन् अिजा अरद्नाहु अन् नक़ूल लहू कुन् फ़यकूनु (४०) ★
वल्लजीन हाजरू फ़िल्लाहि मिम्बअ़्दि मा ज़ुलिमू लनुबौविअन्नहुम् फ़िद्दुन्या
हसनतन् त व लअज्रुल् - आख़िरति अक्बरु म ● लौ कानू यअ़्लमून ला
(४१) अल्लजीन सबरू व अला रब्बिहिम् यतवक्कलून (४२) व मा
अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक अिल्ला रिजालन्नूही अिलैहिम् फ़स्अलू अह्लज्जिक्रि
अिन् कुन्तुम् ला तअ़्लमून ला (४३) बिल्बैयिनाति वज़्ज़ुबुरि त व अन्ज़ल्ना
अिलैकज्जिक्र लितुबैयिन लिन्नासि मा नुज़्ज़िल अिलैहिम् व लअल्लहुम् यतफ़क्करून
(४४) ● अफ़अ मिनल्लजीन मकरुस्सैयिआति अैंयख्सिफ़ल्लाहु बिहिमुल्-
अर्ज़ औ यअ्तिय - हुमुल् - अजाबु मिन् हैसु ला यश्अुरून ला (४५)

और मुशरिकीन कहते हैं कि अगर अल्लाह चाहता तो हम और हमारे बाप दादे उस (अल्लाह) के सिवाय और किसी चीज़ को इबादत (में शरीक) न करते और न हम उसके (हुक्म के) बिना किसी चीज़ को हराम§ ठहराते। (और) ऐसा ही इनके अगलों ने किया था, सो पैग़म्बरों पर (तो अल्लाह का) सदेशा साफ़-साफ़ पहुँचा देना है।(३५) और हमने हर एक गिरोह में एक पैग़म्बर भेजा कि एक अल्लाह की पूजा करो और शैतान से बचते रहो, सो उनमें से बाज़ को अल्लाह ने हिदायत दी और बाज़ पर गुमराही साबित हुई। सो ज़मीन पर चलो फिरो और देखो कि झुठलाने वालों का कैसा अंजाम (अन्त) हुआ। (३६) (ऐ पैग़म्बर) अगर तुम इन (काफ़िरों) को सीधे रास्ते पर लाने को ललचाओ तो अल्लाह जिसको बिचलाना चाहता है उसको राह नहीं दिया करता और ऐसे लोगों का कोई मददगार नहीं। (३७) और वह अल्लाह की बड़ी सख़्त क़समें खाते हैं कि जो मर जाता है उसको अल्लाह (क़ियामत के दिन क़ब्र से दुबारा) नहीं उठायेगा। (ऐ पैग़म्बर! उनसे कहो कि) ज़रूर (उठा खड़ा करेगा, अल्लाह का) वादा हो चुका है (और) इस (वादे) का पूरा करना उसे ज़रूर है। मगर अक्सर लोग नहीं समझते। (३८) (मुर्दों को जिला उठाना ज़रूरी है) इसलिए कि जिन चीज़ों पर यह झगड़ते थे अल्लाह उन पर (उनकी सच्चाई) ज़ाहिर कर दे और काफ़िर जान लें कि वह झूठे थे।(३९) जब हम किसी चीज़ को चाहते हैं तो हमारा कहना उसके बारे में इतना ही होता है कि हम उसको फ़र्मा देते हैं कि 'कुन' (हो) और वह हो जाता है (तब क़ब्रों से मुर्दों को जिला उठाना कौन बड़ी बात है!) (४०) ★

और जिन लोगों ने ज़ुल्म सहने के बाद अल्लाह के लिए देश छोड़ा,◉ हम उनको ज़रूर संसार में अच्छा ठिकाना देंगे और आख़िरत का बदला तो कहीं बढ़कर है●। काश उनको (यह) मालूम होता (४१) (यानी यह) वह लोग हैं जो सब्र करते हैं और अपने परवरदिगार पर भरोसा करते हैं। (४२) और हमने तुमसे पहले भी आदमी ही पैग़म्बर बनाकर भेजे थे कि जिनकी तरफ़ वही (ख़ुदाई संदेशा) भेजते रहते थे। सो (ऐ पैग़म्बर! इन मुन्किरों से कहो कि) अगर तुमको ख़ुद मालूम नहीं तो (दूसरे) इल्मवालों से पूछ देखो। (४३) (और उन पैग़म्बरों को) दलीलें और किताबें देकर (भेजा था) और (ऐ मुहम्मद) हमने (इसी तरह) तुम पर यह क़ुर्आन उतारा है ताकि जो आज्ञाएँ लोगों के लिए उनकी तरफ़ भेजी गई हैं तुम उनको (अच्छी तरह) खोलकर समझा दो और (इस तरह) शायद वह सोचें (समझें)† (४४) ● तो जो लोग बुराई की तदबीरें करते हैं क्या उनको इस बात का बिल्कुल डर नहीं कि अल्लाह उनको ज़मीन में धँसा दे या जिधर से उनको ख़बर भी न हो अज़ाब उन पर आ गिरे। (४५)

§ मुशरिक ऊँटों के बच्चों को बुतों के नाम पर छोड़ देते थे और न उन पर सवार होते थे और न सामान लादते और न उनका गोश्त खाते थे और कहते थे कि अल्लाह इस बात को न चाहता तो हम न करते।

◉ यह आयत ज़ाहिर करती है कि इस वक़्त मक्का में मुशरिकों का ज़ुल्म हद पार कर रहा था और मुसलमान भाग भाग कर हबशा (अबीसीनिया) को हिजरत कर रहे थे।

† यानी हम हमेशा आदमियों को ही पैग़म्बर बनाकर और उनके ज़रिये हिदायतें व नसीहतें भेजते रहे हैं—कोई फ़रिश्ते नहीं आते थे। ऐ मुहम्मद! तुमको उसी तरह इस मौक़े पर रसूल बनाकर क़ुर्आन को लोगों के लिए भेज रहे हैं। अगर इन मुन्किरों को इस बयान में शक हो तो जो पिछली किताबें तौरात वग़ैरः उनके गिरोहों के लिए भेजी जा चुकी हैं उनके अच्छे जानकारों से तस्दीक़ कर लें। ऐ नबी! तुम क़ुर्आन के ज़रिये उन पर सारी असलियत ज़ाहिर कर दो जो वह भूल बैठे हैं।

औ यअ्ख़ुजहुम् फ़ी तक़ल्लुबिहिम् फ़मा हुम् बिमुअ्जिज़ीन (४६) औ यअ्ख़ुजहुम् अला तख़ौवुफ़िन् त फ़अिन्न रब्बकुम् लरऊफ़ुर्रहीमुन् (४७) अ व लम् यरौ अिला मा ख़लक़ल्लाहु मिन् शैअिं-यतफ़ैयअु ज़िलालुहू अनिल्-यमीनि वश्शमाअिलि सुज्जदल् - लिल्लाहि व हुम् दाख़िरून (४८) व लिल्लाहि यस्जुदु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि मिन् दाब्बतिव्वल्-मलाअिकतु व हुम् ला यस्तक्बिरून (४९) यख़ाफ़ून रब्बहुम् मिन् फ़ौक़िहिम् व यफ़्अलून मा युअ्मरून (५०) ★ ▲ व क़ाललाहु ला तत्तख़िजू अिलाहैनिस्-नैनि ज अिन्नमा हुव अिलाहुँ - वाहिदुन् ज फ़अीयाय फ़र्हबूनि (५१) व लहू मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वलहुद्दीनु वासिबन् त अफ़ग़ैरल्लाहि तत्तक़ून (५२) व मा बिकुम् मिन् निअ्मतिन् फ़मिनल्लाहि सुम्म अिजा मस्सकुमुज़्ज़ुर्रु फ़अिलैहि तज्अरून ज (५३) सुम्म अिजा कशफ़ज़्ज़ुर्र अन्कुम् अिजा फ़रीक़ुम् - मिन्कुम् बिरब्बिहिम् युश्रिकून ला (५४) लियक्फ़ुरू बिमा आतैनाहुम् त फ़तमत्तअू क़िफ़ फ़सौफ़ तअ्लमून (५५) व यज्अलून लिमा ला यअ्लमून नसीबम् - मिम्मा रज़क़्नाहुम् त तल्लाहि लतुस्अलुन्न अम्मा कुन्तुम् तफ़्तरून (५६) व यज्अलून लिल्लाहिल् - बनाति सुब्हानहू ला व लहुम् मा यश्तहून (५७) व अिजा बुश्शिर अहदुहुम् बिल्उन्सा ज़ल्ल वज्हुहू मुस्वद्दौंव हुव कज़ीमुन् ज (५८) यतवारा मिनल् - क़ौमि मिन् सूअि मा बुश्शिर बिहीं त अयुम्सिकुहू अला हूनिन् अम्यदुस्सुहू फ़ित्तुराबि त अला सा अ मा यह्कुमून (५९) लिल्लज़ीन ला युअ्मिनून बिल्आख़िरति मसलुस्सौअि ज व लिल्लाहिल् - मसलुल् - अअ्ला त व हुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (६०)

या (उनके) चलते फिरते अल्लाह (का अ़ज़ाब) उनको पकड़ ले (और उससे बच निकलने की गुंजाइश नहीं क्योंकि) वह (अल्लाह को) थका नहीं सकते। (४६) या (जब उनको अ़ज़ाब का) खटका पैदा हो चुका हो तब उनको धर पकड़े। इसमें शक नहीं कि तुम्हारा परवरदिगार बड़ा ही नरमी करने वाला और बेहद मेहरबान है। (४७) क्या (उन लोगों ने) अल्लाह की मख़लूक़ात (सृष्टि) की चीज़ों की तरफ़ नहीं देखा कि उनके साये (कहीं) दाहिनी तरफ़ और (कहीं) बाईं तरफ़ अल्लाह के आगे सिर झुकाये हुए हैं और वह (अल्लाह के आगे आजिज़ी) विनय को प्रगट कर रहे हैं†। (४८) और जितने जीव आसमानों में और ज़मीन में हैं सब अल्लाह ही के आगे सिर झुकाये हैं और फ़रिश्ते (भी सज्दः किये हुए हैं) और वे घमण्ड नहीं करते।छ (४९) अपने परवरदिगार से जो उनके ऊपर है डरते रहते हैं और जो हुक्म उनको दिया जाता है उसकी तामील करते हैं। (५०) ★ ▲

और अल्लाह ने आज्ञा दी है कि दो दो इलाह (पूज्य) न ठहराओ, बस वही (अल्लाह) एक पूज्य है, (इसलिए) मुझसे ही डरो। (५१) और उसी का है जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है और उसी का दीन स्थायी है (याने उसी के हुक्म पर हमेशा हर चीज़ चलने को मजबूर है) सो क्या तुम अल्लाह के सिवाय (दूसरी) चीज़ों (को पूजते और उन) से डरते हो? (५२) और जो भी निअ़मतें (पदार्थ) तुमको मिली हैं अल्लाह ही की तरफ़ से हैं। फिर जब तुमको कोई तकलीफ़ पहुँचती है तो उसी के आगे बिलबिलाते (और फ़रयाद करते) हो। (५३) फिर जब वह तकलीफ़ को तुम पर से दूर कर देता है तो तुम में से एक फ़िर्क़ा अपने परवरदिगार का शरीक ठहराता (और उन शरीकों को भी पूजने लगता) है। (५४) जिसका हासिल यह है कि जो (निअमतें) हमने उनको दी थीं उनकी नाशुक्री करें। ख़ैर (यह दुनियाँ के कुछ दिन के) फ़ायदे उठा लो फिर आख़िरकार (क़ियामत में) तो तुमको मालूम हो जायगा। (५५) और हमने जो इनको रोज़ी दी है उसमें से यह लोग एक हिस्सा ऐसों के लिए ठहराते हैं जिन्हें जानते नहीं◉ तो अल्लाह की क़सम, तुम जैसे झूठ बाँधते हो तुमसे (उसके लिए) ज़रूर पूछा जायगा। (५६) अल्लाह के लिए (फ़रिश्तों को) बेटियाँ ठहराते हैं और वह (ऐसी चीज़ों से) पाक है और अपने लिए जो चाहे सो ठहराते हैं (यानी बेटे)+। (५७) और जब इनमें से किसी को बेटी के पैदा होने की ख़ुशख़बरी दी जाती है तो (मारे रंज) के उसका मुँह काला पड़ जाता है और जी में घुटकर रह जाता है। (५८) बेटी (की शर्म) के मारे जिसके पैदा होने की उसको ख़ुशख़बरी दी गई है वह लोगों से मुँह छिपाये। वह सोचता है कि इस बदनामी को सहकर (जीता) रहने दे या उसको मिट्टी में गाड़ दे§। देखो तो इन लोगों का (क्या) बुरा इंसाफ़ है‡। (५९) ★ उनकी बुरी मिसाल है जो आख़िरत पर यक़ीन नहीं रखते और अल्लाह की मिसाल सबसे ऊपर है और वही बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (६०) ★

रु. ६ — १२ आ १० ▲ स ज्दः ३

रु. ७ — १३ आ १०

† अल्लाह की पैदा की हुई सारी सृष्टि अल्लाह के आगे बन्दगी करती रहती है। ‡ [पेज ४५७ पर]
छ आयत ४८ में टिकी हुई (जड़) और आयत ४९ में चलती (जंगम) चीज़ों का ज़िक्र है कि [पेज ४५७ पर]
◉ काफ़िर खेती और ऊँट और दुम्बे के बच्चों में एक भाग अल्लाह का ठहराते और एक भाग अल्लाह के शरीकों यानी बुतों का रखते। + मुशरिक फ़रिश्तों को अल्लाह की बेटियाँ बताते थे। इतना नहीं समझते थे कि अल्लाह को संतान की आवश्यकता होती तो उसको बजाय बेटियों के बेटा रखना अधिक उचित था। जैसा कि ये लोग बेटा होना ही अच्छा समझते थे। §अरब में बेटी का किसी घर में जन्म लेना बहुत बुरा समझा जाता था। बेटीवाला यही चाहता था कि उसको दफ़न कर दे। ‡ यानी जिन बेटियों के पैदा होने से दम ख़ुश्क हो जाता है वह बेटियों का होना तो अल्लाह के लिए और बेटों का होना अपने लिए।

व लौ युआख़िजुल्-लाहुन्-नास बिज़ुल्मिहिम् मा तरक अलैहा मिन् दाब्बतिव्व लाकिन्-युअख़्ख़िरुहुम् अिला अजलिम्-मुसम्मन् ब् फ़अिजा जाअ अजलुहुम् ला यस्तअ्ख़िरून साअतौंव ला यस्तक़्दिमून (६१) व यज्अ्लून लिल्लाहि मा यक्रहून व तसिफ़ु अल्सिनतु-हुमुल्-कजिब अन्न लहुमुल्-हुस्ना तू ला जरम अन्न लहुमुन्नार व अन्नहुम् मुफ़्रतून (६२) तल्लाहि लक़द् अर्सल्ना अिला अुममिम्-मिन् क़ब्लिक फ़ज़ैयन लहुमुश्-शैतानु अज़्मालहुम् फ़हुव वलीयुहुमुल्-यौम व लहुम् अज़ाबुन् अलीमुन् (६३) व मा अन्ज़ल्ना अलैकल्-किताब अिल्ला लितुबैयिन लहुमुल्लजिख़्-तलफ़ू फ़ीहि ला व हुदौंव रह्मतल्-लिक़ौमीं-युअ्मिनून (६४) वल्लाहु अन्ज़ल मिनस्समाअि मा अन् फ़अह्या बिहिल्अर्ज़ बअ्द मौतिहा तू अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्लिक़ौमीं-यस्मअ्ून (६५) ★ व अिन्न लकुम् फ़िल्-अन्आमि लअिब्रतन् तू नुस्क़ीकुम् मिम्मा फ़ी बुतूनिहीं मिम्-बैनि फ़र्सिव्व दमिल्-लबनन् ख़ालिसन् साअिग़ल्-लिश्शारिबीन (६६) व मिन् समरातिन्-नख़ीलि वल्अअ्नाबि तत्तख़िजून मिन्हु सकरौंव रिज़्क़न् हसनन् तू अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्लिक़ौमीं-यअ़क़िलून (६७) व औह्या रब्बुक अिलन्नह्लि अनित्तख़िजी मिनल्जिबालि बुयूतौंव मिनश्शजरि व मिम्मा यअ़रिशून ला (६८) सुम्म कुली मिन् कुल्लिस्समराति फ़स्लुकी सुबुल रब्बिकि जुलुलन् तू यख़्रुजु मिम्-बूतूनिहा शराबुम्-मुख़्तलिफ़ुन् अल्वानुहू फ़ीहि शिफ़ाअुल्लिन्नासि तू अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्-लिक़ौमीं-यतफ़क्करून (६९)

और अगर अल्लाह लोगों को उनके अन्याय की सज़ा में (हर घड़ी) पकड़ने लगे तो ज़मीन की सतह पर किसी जानदार को बाक़ी न छोड़े मगर (नहीं ! वह तो) एक वक़्त मुक़र्रर (नियत समय) तक इनको मुहलत देता रहता है। फिर जब (इनका) नियत समय आवेगा तो न एक घड़ी पीछे रह सकते और न एक घड़ी आगे बढ़ सकते हैं§। (६१) और जिन चीज़ों को ख़ुद नहीं पसंद करते हैं उनको अल्लाह के लिए ठहराते हैं और उनकी ज़बान झूठ बकती है कि उनके लिए (इस के बदले अल्लाह की ओर से आख़िरत में) भलाई है। उनके लिए (तो) बेशक (दोज़ख़ की) आग तैयार है बल्कि (दोज़ख़ में ये) सबसे आगे झोंके जायँगे। (६२) अल्लाह की क़सम है तुमसे पहले (भी) हमने कितनी ही उम्मतों (गिरोहों) की तरफ़ पैग़म्बर भेजे। तो शैतान ने उन (क़ौमों) के (बुरे) काम उनको अच्छे कर दिखाये। सो वही (शैतान) इस ज़माने में इनका (भी) मित्र है और इनको दुखदाई सज़ा (होनी) है। (६३) और (ऐ पैग़म्बर !) हमने तुम पर किताब इसीलिए उतारी है कि जिन बातों में (यह लोग आपस में) भेद डाल रहे हैं, वह इनको अच्छी तरह समझा दो। और (इसलिए उतारी है कि) ईमानवालों को राह दिखाये और (उन पर) रहमत करे (६४) और अल्लाह (ही) ने आसमान से पानी बरसाया फिर उसके ज़रिये से ज़मीन को उसके मरे पीछे जिलाया। जो लोग (ध्यान से) सुनते हैं उनके लिए इसमें निशानियाँ हैं। (६५) ★

और (लोगो) तुम्हारे लिए चौपायों में भी सोचने (समझने) की जगह है कि उनके पेट में जो गोबर और ख़ून (वग़ैरः भरा) है उसमें से हम तुमको ख़ालिस दूध पिलाते हैं, जो पीनेवालों को भला लगता है। (६६) और खजूर और अंगूर के फलों से तुम नशाδ और अच्छी रोज़ी बनाते हो। जो लोग बुद्धि रखते हैं उनके लिए इन चीज़ों में (भी अल्लाह की क़ुदरत की) निशानी है। (६७) और तुम्हारे परवरदिगार ने शहद की मक्खी के दिल में यह बात डाल दी (प्रेरणा की) कि पहाड़ों में और पेड़ों में और लोग जो ऊँची-ऊँची टट्टियाँ बना लेते हैं उनमें छत्ते बनाये। (६८) फिर हर तरह के फल-फूलों को चूसे और अपने परवरदिगार के (ठहराये हुए) तरीक़ों पर चले जो आसान हैं। उन (मक्खियों) के पेट से पीने की एक चीज़ (शहद) निकलती है, जिसकी रंगतें कई तरह की होती हैं। उससे लोगों के रोग अच्छे होते हैं। समझ से काम लेने वालों के लिए इसमें (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानी है। (६९)

रु. ८ | १४ आ ५

[पेज ४५५ से] ‡ याने जिसके लिए जो क़ुदरत का नियम उस क़ादिरमुतलक़ (परम समर्थ) ने बना दिया है उससे एक रेशा भी न हटकर रातदिन उसी पर चल रही है। इस तरह तमाम माद्दी (भौतिक) चीज़ों का अल्लाह ही की ओर रुजू (उन्मुख) होना हम अपने दाहिने-बायें हर तरफ़ हर वक़्त देख सकते हैं, अगर हम ध्यान से काम लें। [पेज ४५५ से] ▩ वे सब यहाँ तक कि फ़रिश्ते भी अपने परवरदिगार के आगे [पेज ४६१ पर]

§ दुनिया में ऐसा कौन बशर है जिससे ग़लत काम न हुआ हो। तो अगर अल्लाह इतने पर ही फ़ौरन सज़ा देना शुरू कर दे तो कोई चीज़ न बच सके। लेकिन उस रहीमों के रहीम का यह तरीक़ः नहीं। वह लोगों को या क़ौमों को अन्याय करने के बावजूद ढील देता है ताकि वे अल्लाह का संदेश सुनने के बाद अपने को सुधार सकें। लेकिन इस तरह बार बार माफ़ किये जाने और मुहलत दिये जाने पर भी जो रास्ते पर नहीं आते उनके लिए जब ढील की मिआद ख़त्म हो जाती है और अल्लाह का अज़ाब उन पर फटता है तो फिर वे अन्यायी उससे अपने को एक घड़ी भी आगे पीछे नहीं बचा सकते। यह मुहलत शख़्सी और जमाती कम ज़्यादः हुआ करती है। एक शख़्स के मुक़ाबले क़ौमों की ज़िन्दगी लम्बी हुआ करती है।

δ शराब पीना इस आयत के उतरने के समय मना न था। बाद को मना हुआ है। यह भी इशारा है कि इन फलों से अच्छी व नशा जैसी ख़राब दोनों ही चीजें मयस्सर हैं। अब इन्सान अपने लिए इनमें से चुन ले।

वल्लाहु ख़लक़कुम् सुम्म यतवफ़्फ़ाकुम् क़िफ़् ला व मिन्कुम् मैंयुरद्दु अिला अर्जलिल् - अुमुरि लिकै ला यअ्लम बअ्द अिल्मिन् शैअन् त् अिन्नल्लाह अलीमुन् क़दीरुन् (७०) ★ वल्लाहु फ़ज़्ज़ल बअ्ज़कुम् अला बअ्ज़िन् फ़िर्रिज़्क़ि ज् फ़मल्लजीन फ़ुज़्ज़िलू बिरादी - रिज़्क़िहिम् अला मा मलकत् अैमानुहुम् फ़हुम् फ़ीहि सवाअुन् त् अफ़बिनिअ्मतिल्लाहि यज्हदून (७१) वल्लाहु जअल लकुम् मिन् अन्फ़ुसिकुम् अज़्वाजौंव जअल लकुम् मिन् अज़्वाजिकुम् बनीन व हफ़दतौंव रज़क़कुम् मिनत्तैयिबाति त् अफ़बिल्बातिलि युअ्मिनून व बिनिअ्मतिल्लाहि हुम् यक्फ़ुरून ला (७२) व यअ्बुदून मिन् दूनिल्लाहि मा ला यम्लिकु लहुम् रिज़्क़म् - मिनस्समावाति वल्अर्ज़ि शैअौंव ला यस्तत्तीअून ज् (७३) फ़ला तज़्रिबू लिल्लाहिल् - अम्साल त् अिन्नल्लाह यअ्लमु व अन्तुम् ला तअ्लमून (७४) ज़रबल्लाहु मसलन् अब्दम्-मम्लूकल्-ला यक़्दिरु अला शैअिव्व मर्रज़क़्नाहु मिन्ना रिज़्क़न् हसनन् फ़हुव युन्फ़िक़ु मिन्हु सिर्रौंव जह्रन् त् हल् यस्तवून त् अल्हम्दु लिल्लाहि त् बल् अक्सरु - हुम् ला यअ्लमून (७५) व ज़रबल्लाहु मसलर् - रजुलैनि अह्दुहुमा अब्कमु ला यक़्दिरु अला शैअिव्व हुव कल्लुन् अला मौलाहु ला अैनमा युवज्जिहहु ला यअ्ति बिख़ैरिन् त् हल् यस्तवी हुव ला व मैंयअ्मुरु बिल्अद्लि ला व हुव अला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् (७६) ★ व लिल्लाहि ग़ैबुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् व मा अम्रुस्साअ़ति अिल्ला कलम्हिल् - बसरि औ हुव अक़्रबु त् अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (७७) वल्लाहु अख़्रजकुम् मिम् - बुतूनि अुम्महातिकुम् ला तअ्लमून शैअन् ला व'व जअल लकुमुस्सम्अ वल्अब्सार वल्अफ़्अिदत ला लअल्लकुम् तश्कुरून (७८)

और अल्लाह ने ही तुमको पैदा किया फिर वही तुमको मौत देता है और तुममें से कोई निकम्मी उम्र (बुढ़ापा) को पहुँचते हैं कि समझ पाने के बाद (भी) कुछ न समझ सके (यानी ख़ब्तुलहवासी आ जाय) बेशक अल्लाह सब कुछ जाननेवाला और अपार क़ुदरतवाला है। (७०) ★ रू. ९ १५ आ ५

और अल्लाह ही ने तुममें से किसी को किसी पर रोज़ी में बढ़ती दी, तो जिनको ज़्यादा रोज़ी दी गई है (वह) अपनी रोज़ी बाँटकर अपने ग़ुलाम को नहीं दे देते कि रोज़ी में वह सब (यानी मालिक व ग़ुलाम) आपस में बराबर हो जाँय। तो क्या यह लोग अल्लाह की निअ़मतों से मुन्किर (विमुख) हैं†। (७१) और तुम्हीं में से अल्लाह ने तुम्हारे लिए औरतों को पैदा किया और तुम्हारी औरतों से तुम्हारे लिए बेटों और पोतों को पैदा किया और तुमको अच्छी चीज़ें खाने को दीं, तो क्या झूठी बातें मानते हैं (कि इन फ़लाँ देवताओं की बदौलत यह बेटे पोते रोज़ी मिली हैं) और (सचमुच इन निअ़मतों के देनेवाले उस) अल्लाह की कृपा को नहीं मानते? (७२) और अल्लाह के सिवाय उनकी अ़िबादत करते हैं जो आसमान और ज़मीन से इनको रोज़ी देने का कुछ भी इख़्तियार नहीं रखते और न वह (ऐसा) कर सकने में समर्थ हैं। (७३) तो (ऐ लोगो!) अल्लाह के लिए (ग़लत) मिसालें मत क़ायम करो। अल्लाह ही जानता है और तुम नहीं जानते। (७४) एक उदाहरण अल्लाह बयान करता है कि एक ग़ुलाम है, (जो) दूसरे के माल पर किसी बात का हक़ नहीं रखता और एक शख़्स है जिसको हमने अपनी तरफ़ से अच्छी (ख़ासी) रोज़ी दे रखी है और वह उसमें से छिपे और खुले-ख़ज़ाने ख़र्च करता है, क्या यह (दोनों) बराबर हो सकते हैं? (हरगिज़ नहीं)। सब तारीफ़ अल्लाह ही को है मगर इनमें बहुतेरे यह नहीं समझते। (७५) और अल्लाह (एक दूसरी) मिसाल देता है कि दो आदमी हैं, उनमें एक गूंगा (व बहरा) है कि खुद कुछ नहीं कर सकता है और वह अपने मालिक पर बोझ (हो रहा) है कि जहाँ कहीं उसको भेजे उससे कुछ भी भला नहीं होता। क्या ऐसा शख़्स बराबर हो सकता है उसके जो इंसाफ़ का हुक्म देता है और खुद भी सीधे रास्ते पर है♦। (७६) ★ रू. १० १६ आ ६

और आसमान और ज़मीन का भेद (रहस्य) अल्लाह ही को (मालूम) है और क़ियामत का वाक़ै होना तो (अल्लाह की सामर्थ्य के लिए) पलक झपकने भर का काम है बल्कि उससे भी मामूली। बेशक अल्लाह हर चीज़ पर शक्तिशाली है। (७७) और अल्लाह ही ने तुमको तुम्हारी माताओं के पेट से निकाला (और उस घड़ी) तुम कुछ भी नहीं जानते थे और तुमको कान, आँख और दिल दिये ताकि तुम (इन निअ़मतों के लिए अल्लाह का) इहसान मानो। (७८)

† (आशय) तुम अपनी बढ़ी हैसियत में से अपने कम हैसियत ग़ुलामों को हिस्सा तो बाट नहीं देते तब अल्लाह की रहमतें और निअ़मतें जो तुमको अता हुई हैं उनमें अल्लाह के साथ दूसरों (देवी-देवताओं) को क्यों शरीक ठहराते हो। ♦ इस दसवीं रुकूअ़ की आयतों में मिसालें दे देकर समझाया गया है कि सिवाय अल्लाह के अ़िबादत में दूसरे देवी-देवताओं या मूर्तियों को शरीक न करो। अल्लाह कोई दुनियावी बादशाह या अफ़सर जैसा नहीं कि उसको खुश करने के लिए उसके मुसाहबों को भी खुश किया जाय। अल्लाह तो किन्हीं मुसाहबों के क़ाबू का नहीं। वह खुद सब देखता-भालता है। आयत ७६ में गूँगे-बहरे से मुराद उन बुतों से है जो न देखते हैं न सुनते और न किसी काम के। भला वे अल्लाह के बराबर कैसे हो सकते हैं जो दुनिया को राह दिखाता है और सारे आलम का सही ढंग से बन्दोबस्त करता है। और ऐसे बुतों की अ़िबादत करना कहाँ तक मुनासिब है!

अलम् यरौ अिलत्तैरि मुसख़्ख़रातिन् फ़ी जौविस्समा अि मा युम्सिकुहुन्न अिल्लल्लाहु इन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लिक़ौमीं - युअ्मिनून (७९) वल्लाहु जअ्ल लकुम् मिम् - बुयूतिकुम् सकनौंव जअ्ल लकुम् मिन् जुलूदिल् - अन्आमि बुयूतन् तस्तख़िफ़्फ़ूनहा यौम जअ्निकुम् व यौम अिक़ामतिकुम् ला व मिन् अस्वाफ़िहा व औबारिहा व अश्आरिहा असासौंव मताअन् अिलाहीनिन् (८०) वल्लाहु जअ्ल लकुम् मिम्मा ख़लक़ ज़िलालौंव जअ्ल लकुम् मिनल्जिबालि अक्नानौंव जअ्ल लकुम् सराबील तक़ीकुमुल्हर्र ब सराबील तक़ीकुम् बअ्सकुम् इन्न कजालिक युतिम्मु निअ़्मतहू अ़लैकुम् लअ़ल्लकुम् तुस्लिमून (८१) फ़अिन् तवल्लौ फ़अिन्नमा अ़लैकल्-बलाग़ुल्-मुबीनु (८२) यअ़्रिफ़ून निअ़्मतल्लाहि सुम्म युन्किरूनहा व अक्सरुहुमुल् - काफ़िरून (८३) ★ ब यौम नब्अ़सु मिन् कुल्लि उम्मतिन् शहीदन् सुम्म ला युअ्जनु लिल्लजीन कफ़रू व ला हुम् युस्तअ़्तबून (८४) व अिजा रअल्लजीन जलमुल् - अ़जाब फ़ला युख़फ़्फ़फ़ु अन्हुम् व ला हुम् युन्जरून (८५) व अिजा रअल्लजीन अश्रकू शुरका अहुम् क़ालू रब्बना हा अुला अि शुरका अुनल् - लजीन कुन्ना नद्अू मिन् दूनिक ज् फ़अल्क़ौ अिलैहिमुल्क़ौल अिन्नकुम् लकाजिबून ज् (८६) ● व अल्क़ौ अिलल्लाहि यौम - अिजिनिस् - सलम व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (८७) अल्लजीन कफ़रू व सद्दू अन् सबीलिल्लाहि ज़िद्नाहुम् अ़जाबन् फ़ौक़ल् - अ़जाबि बिमा कानू युफ़्सिदून (८८)



क्या लोगों ने पक्षियों को नहीं देखा जो आसमान की हवा में हुक्म के अधीन (उड़ते रहते) हैं। उनको (उस बेसहारा जगह में) अल्लाह के सिवा कोई दूसरा नहीं थामे रहता। जो लोग ईमान रखते हैं उनके लिए इसमें (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानियाँ हैं।(७९) और अल्लाह ही ने तुम्हारे लिए तुम्हारे घरों को ठिकाना बनाया और चौपायों की खालों से तुम्हारे लिए डेरे बनाये कि तुम अपने सफ़र के दिन और अपने ठहरने के वक़्त उनको हल्का पाते हो, और चारपायों की ऊन और उनके रुआँ और उनके बालों से बहुत से सामान और काम की चीज़ें (बनाते हो) जो (ज़िन्दगी की) मुद्दत तक तुम्हारे काम आती हैं। (८०) और अल्लाह ही ने तुम्हारे लिए अपनी पैदा की हुई चीज़ों की छाया बनाई और पहाड़ों में तुम्हारे लिए ग़ार (छिप बैठने की जगह) बनाईं और तुम्हारे लिए कुर्ते बनाये जो तुम्हें गर्मी (सर्दी) से बचायें और (कुछ लोहे के) कुर्ते (बख़्तर) बनाये जो तुमको लड़ाई (के मौक़े पर घायल होने) से बचावे। यों (अल्लाह) अपने इहसान तुम लोगों पर पूरे करता है, शायद तुम उसके आज्ञाकारी बनो। (८१) (फिर भी ये लोग) अगर मुंह मोड़ें तो तुम्हारे ज़िम्मे तो सिर्फ़ खुले तौर (पैग़ाम) सुना देना है।(८२) (ये लोग) अल्लाह के एहसानों से पूरे जानकार हैं लेकिन (जान-बूझकर) उनसे मुकरते हैं और उनमें से अक्सर कृतघ्न (नाशुक्रे) ही हैं। (८३) ★

रु. ११ — १७ आ ७

और जिस दिन हम हर एक गिरोह से गवाह (बनाकर) उठा खड़ा करेंगे फिर काफ़िरों को बात करने की इजाज़त नहीं दी जायगी और न उनको तौबः के लिए मौक़ा ही दिया जायगा। (८४) और ज़ालिम जब (एक बार) सज़ा को देख लेंगे तो इनसे न सज़ा ही हल्की की जायगी और न उनको मुहलत ही दी जायगी। (८५) और जब शिर्क करनेवाले अपने (ठहराये हुये) शरीकों (यानी अल्लाह के अलावा दूसरे पूजितों) को (वहाँ) देखेंगे तब बोल उठेंगे कि ऐ हमारे परवरदिगार! यही वह हमारे शरीक जिनको हम तेरे अलावा पुकारा करते थे लेकिन वह शरीक (उनकी) बात (उलटी) उन्हीं (अपने पूजकों) की तरफ़ फेंक मारेंगे (और कहेंगे) कि तुम निरे झूठे हो। (८६) ● और वह लोग उस दिन अल्लाह के सामने अपने को आज्ञाकारी प्रकट करें गे। और जो झूठ बाँधते थे वह उनसे गुम हो जायगा†। (८७) जो लोग इन्कारी हुए और (लोगों को) अल्लाह के रास्ते से रोकते रहे हैं उनके फ़साद के जवाब में हम उनके हक़ में सज़ा पर सज़ा बढ़ाते जावेंगे। (८८)

● सु. ३ — ८

[पिछ ४५७ से] सज्दः करते रहते हैं और इसमें उन्हें ग़रूर नहीं रोक पाता। फिर नादान इन्सान क्यों घमण्ड से चूर हो जाता है। आयत ४८ से ५० तक इन्सान अपनी नाचीज़ (तुच्छ) हस्ती को समझ कर अपने दयामय परवरदिगार की भक्ति में डूबकर सज्दः में झुक जाता है।

† आयत ८६-८७ का खुलासा यह है कि लोग अक्सर अपने पूर्वजों में से ऊँची हस्तियों को पूजने लगते हैं। लेकिन इस शिर्क के गुनाह में उन बुज़ुर्गों का तो कोई क़सूर नहीं—उन्हें तो इल्म भी नहीं होता। आख़िरत के रोज़ जब सब लोग अल्लाह के सामने जमा होंगे तो ये पूजने वाले वहाँ अपने बुज़ुर्गों को भी मौजूद देखकर कह उठेंगे कि इन्हीं को हम पूजा करते थे और यही हमारे शिर्क की बुनियाद हैं। तब वे इस गुनाह से अनजान बुज़ुर्ग इनके इस बयान पर तअज्जुब करेंगे कि तुम निरे झूठे हो; हमने तो कभी तुमसे कहा न था कि तुम अल्लाह को छोड़कर हमारी अिबादत करने लग जाओ।

व यौम नब्असु फ़ी कुल्लि उम्मतिन् शहीदन् अलैहिम् मिन् अन्फ़ुसिहिम् व जिअ्ना बिक शहीदन् अला हा'उला'अि त् व नज़्ज़ल्ना अलैकल् - किताब तिब्यानल् - लिकुल्लि शैअिंव्व हुदौंव रह्मतौंव बुश्रा लिल्मुस्लिमीन (८९) ★ अिन्नल्लाह यअ्मुरु बिल्अद्लि वल्अिह्सानि व ऐताअि ज़िल्क़ुर्बा व यन्हा अनिल् - फ़ह्शा'अि वल्मुन्करि वल्बग्यि ज् यअिज़ुकुम् लअल्लकुम् तज़क्करून (९०) व औफ़ू बिअह्दिल्लाहि अिजा आहत्तुम् व ला तन्क़ुज़ुल् - अैमान बअ्द तौकीदिहा व क़द् जअ्ल्तुमुल्लाह अलैकुम् कफ़ीलन् त् अिन्नल्लाह यअ्लमु मा तफ़्अलून (९१) व ला तकूनू कल्लती नक़ज़त् ग़ज़्लहा मिम्बअ्दि क़ूवत्तिन् अन्कासन् त् तत्तख़िजून अैमानकुम् दख़लम् - बैनकुम् अन् तकून उम्मतुन् हिय अर्बा मिन् उम्मतिन् त् अिन्नमा यब्लू कुमुल्लाहु बिहि त् व लयुबैयिनन्न लकुम् यौमल् - क़ियामति मा कुन्तुम् फ़ीहि तख़्तलिफ़ून (९२) व लौ शा'अल्लाहु लजअलकुम् उम्मतौंवाहिदतौंव लाकींयुज़िल्लु मैंयशा'अु व यह्दी मैंयशा'अु त् व लतुस्अलुन्न अम्मा कुन्तुम् तअ्मलून (९३) व ला तत्तख़िजू अैमानकुम् दख़लम् - बैनकुम् फ़तज़िल्ल क़दमुम् - बअ्द सुबूतिहा व तज़ूक़ुस्सू'अ बिमा सदत्तुम् अन् सबीलिल्लाहि ज् ब लकुम् अज़ाबुन् अज़ीमुन् (९४) व ला तश्तरू बिअह्दिल्लाहि समनन् क़लीलन् त् अिन्नमा अिन्दल्लाहि हुव ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् तअ्लमून (९५) मा अिन्दकुम् यन्फ़दु व मा अिन्दल्लाहि बाक़िन् त् व ल - नजज़ियन्नल् - लजीन सबरू अज्रहुम् बिअह्सनि मा कानू यअ्मलून (९६)

और (ऐ रसूल ! इन्हें उस दिन की याद दिला दो) जब हम हर एक गिरोह में उन्हीं में का एक गवाह (पैग़म्बर) उनके सामने खड़ा करेंगे और (ऐ पैग़म्बर !) तुमको इन लोगों के सामने गवाह बनाकर लावेंगे और (ऐ पैग़म्बर !) हमने तुम पर (वह) किताब उतारी है (जो) हर चीज़ की शरह (व्याख्या खोल खोलकर) बयान करने वाली, ईमानवालों को राह बतानेवाली, और रहमत और ख़ुशख़बरी है। (८९) ★ रु. १२ १८ आ ६

अल्लाह इन्साफ़ करने और भलाई करने और सम्बन्धियों को (माली सहारा) देने की आज्ञा देता है और बेशर्मी के कामों और बुरे कामों और जुल्म करने से तुमको मना करता है, तुम लोगों को शिक्षा देता है, शायद तुम ख़्याल रखो (९०) और अल्लाह से किये अ़हद को पूरा करो और जब तुम लोग आपस में अ़हद करो तो क़समों को उनके पक्के किये पीछे न तोड़ो जबकि तुम (क़सम के ज़रिये) अल्लाह को अपना ज़ामिन ठहरा चुके हो। जो कुछ तुम कर रहे हो अल्लाह उससे जानकार है। (९१) और उस औरत जैसे मत बनो जिसने अपना सूत कातने (की मेहनत) के बाद टुकड़े टुकड़े करके तोड़ डाला। अपनी क़समों को आपसी मामलों में छल फ़रेब का साधन न बनाओ (इस नियत से) कि एक गिरोह दूसरे गिरोह से बढ़कर फ़ायदा उठाये। तो अल्लाह इस (अ़हद) से तुम लोगों की जाँच करता है (कि क़समों की आड़ में कहीं तुम जुल्म तो नहीं करते हो) और जिन चीज़ों में तुम मतभेद रखते हो क़ियामत के दिन अल्लाह तुम पर ज़ाहिर कर देगा (कि कौन सही है और कौन ग़लत)। (९२) और अल्लाह चाहता तो तुम (सब) को एक ही गिरोह बना देता, मगर वह जिसको चाहता है गुमराह करता और जिसको चाहता है सुझाता है और जो कुछ तुम करते हो उसकी तुमसे पूछ होगी§। (९३) और अपनी क़समों को अपने आपस में छल-कपट का ज़रिया न बनाओ (कि ईमान पर लोगों के) पैर जमने के बाद उखड़ जायँ और अल्लाह के रास्ते से (लोगों को) रोकने के बदले में तुमको (अल्लाह का) अ़ज़ाब चखना पड़े और तुमको बड़ी सज़ा है। (९४) और अल्लाह की क़सम को थोड़े से फ़ायदे के लिए (तोड़कर) न बेच डालो। बेशक जो अल्लाह के यहाँ है वही तुम्हारे हक़ में ज़्यादा अच्छा है बशर्ते कि तुम समझो♦ (९५) जो तुम्हारे पास (दुनियावी माल) है (वह सब एक न एक दिन) निबट जायगा और जो अल्लाह के पास (तुम्हारे ईमान की कमाई की धरोहर) है (वह आख़िरत तक) बाक़ी रहेगी और जिन लोगों ने सब्र किया हम उनके अच्छे कामों का बदला ज़रूर देंगे जो वह करते रहे। (९६)

§ आयत ९१-९३ में हिदायत है कि अ़हद चाहे अल्लाह से हो चाहे आपस में हो और चाहे काफ़िर से हो, उस पर अल्लाह की ज़मानत है, वह कच्चे धागे की तरह टूट नहीं सकता वह गुनाह है। अपनी तरफ़ से अ़हद का तोड़ना या उसके ज़रिये फ़रेब से जुल्म करना गुनाह है। सही ग़लत का फ़ैसला तो अल्लाह ही क़ियामत के दिन करेगा। ♦ आ० ९४ में आपस के और आ० ९५ में अल्लाह से क़ौल को तोड़ने का ज़िक्र है। किसी दुनियावी फ़ायदे के लिए क़ौल को तोड़ना बवाल मोल लेना और दीन से फिरना है। ईमान पर क़ायम रहकर जो हक़ हमें अल्लाह की ओर से मिले वही बेहतर है।

मन् अमिल सालिहम्-मिन् जकरिन् औ उन्सा व हुव मुअ्मिनुन् फ़ लनुह्यियन्नहु हयातन् तैयिबतन् ज व ल-नज्ज़ियन्नहुम् अज्रहुम् बिअह्सनि मा कानू यअ्मलून (९७) फ़अिजा क़रअ्तल्-क़ुर्आन फ़स्तअिज् बिल्लाहि मिनश्शैतानिर्-रजीमि (९८) अिन्नहू लैस लहू सुल्तानुन् अलल्लजीन आमनू व अला रब्बिहिम् यतवक्कलून (९९) अिन्नमा सुल्तानुहू अलल्लजीन यतवल्लौनहू वल्लजीन हुम् बिहि मुश्रिकून (१००) ★ व अिजा बद्ल्ना आयतम्-मकान आयतिन् ला व'वल्लाहु अअ्लमु बिमा युनज़्ज़िलु क़ालू अिन्नमा अन्त मुफ़्तरिन् त बल् अक्सरुहुम् ला यअ्लमून (१०१) क़ुल् नज़्ज़लहू रूहुल्-क़ुदुसि मिर्रब्बिक बिल्हक़्क़ लियुसब्बितल्लजीन आमनू व हुदौंव बुश्रा लिल्-मुस्लिमीन (१०२) व लक़द् नअ्लमु अन्नहुम् यक़ूलून अिन्नमा युअल्लिमुहू बशरुन् त लिसानुल्लजी युल्हिदून अिलैहि अअ्जमीयूँव हाजा लिसानुन् अरबीयुम्-मुबीनुन् (१०३) अिन्नल्लजीन ला युअ्मिनून बिआयातिल्लाहि ला ला यह्दीहिमुल्लाहु व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (१०४) अिन्नमा यफ़्तरिल्-कजिबल्लजीन ला युअ्मिनून बिआयातिल्लाहि ज व अुला अिक हुमुल्-काजिबून (१०५) मन् कफ़र बिल्लाहि मिम्बअ्दि अीमानिहि अिल्ला मन् अुक्रिह व क़ल्बुहू मुत्मअिन्नुम्-बिल्अीमानि व लाकिम्मन् शरह बिल्कुफ़्रि सद्रन् फ़अलैहिम् ग़ज़बुम्-मिनल्लाहि ज व लहुम् अजाबुन् अजीमुन् (१०६) जालिक बिअन्नहुमुस्-तहब्बुल्-हयातद्दुन्या अलल्-आख़िरति ला व अन्नल्लाह ला यह्दिल्-क़ौमल्-काफ़िरीन (१०७)


النحل ١٦ ٢٢٢
الذين صبروا وعلى ربهم يتوكلون ﴿٩٩﴾ إنما سلطانه على الذين يتولونه والذين هم به مشركون ﴿١٠٠﴾ وإذا بدلنا
آية مكان آية والله أعلم بما ينزل قالوا إنما أنت مفتر
بل أكثرهم لا يعلمون ﴿١٠١﴾ قل نزله روح القدس من
ربك بالحق ليثبت الذين آمنوا وهدى وبشرى للمسلمين ﴿١٠٢﴾
ولقد نعلم أنهم يقولون إنما يعلمه بشر لسان الذي
يلحدون إليه أعجمي وهذا لسان عربي مبين ﴿١٠٣﴾ إن
الذين لا يؤمنون بآيات الله لا يهديهم الله ولهم عذاب
أليم ﴿١٠٤﴾ إنما يفتري الكذب الذين لا يؤمنون بآيات
الله وأولئك هم الكاذبون ﴿١٠٥﴾ من كفر بالله من بعد
إيمانه إلا من أكره وقلبه مطمئن بالإيمان ولكن
من شرح بالكفر صدرا فعليهم غضب من الله ولهم
عذاب عظيم ﴿١٠٦﴾ ذلك بأنهم استحبوا الحياة الدنيا على
النحل

रु. १३-१६ आ ११

जो शख़्स अच्छे काम करेगा मर्द हो या औरत और वह ईमान रखता है तो हम (दुनिया में) उसकी अच्छी ज़िन्दगी बसर करायेंगे और (आख़िरत में) उनको उनके अच्छे कामों का बदला ज़रूर देंगे जो वह करते रहे। (९७) तो (ऐ पैग़म्बर!) जब तुम क़ुर्आन पढ़ने लगो तो फटकारे हुए शैतान (की प्रेरणा से बचने के लिए) अल्लाह की पनाह (शरण) माँग लिया करो। (९८) जो लोग ईमान रखते हैं और अपने परवरदिगार पर भरोसा करते हैं उन पर उस (शैतान) का कुछ क़ाबू नहीं चलता। (९९) उसका क़ाबू तो उन्हीं लोगों पर चलता है जो उसके साथ मेलजोल रखते और जो (अल्लाह की अिबादत में) उसको भी शरीक ठहराते हैं। (१००) ★ रु. १३—१६ आ ११

और (ऐ पैग़म्बर!) जब (हम) एक आयत को बदलकर उसकी जगह दूसरी आयत उतारते हैं—और जो (हुक्म) उतारता है उसकी (मसलहत को) अल्लाह ही ख़ूब जानता है—तो (काफ़िर तुमसे) कहने लगते हैं कि तू तो अपने दिल से गढ़ लाता है लेकिन इनमें से अक्सर नहीं समझते§। (१०१) (ऐ पैग़म्बर!) कहो (कि सच तो यह है कि) इस (क़ुर्आन) को तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से पाक रूह (जिब्रील) लेकर आये हैं ताकि जो लोग ईमान वाले हैं अल्लाह उनको (इसके ज़रिये ईमान पर साबित) दृढ़ रखे और मुसलमानों के हक़ में हिदायत (मार्गदर्शन) और ख़ुशख़बरी हो। (१०२) और (ऐ पैग़म्बर!) हमको ख़ूब मालूम है कि काफ़िर (क़ुर्आन की बाबत) यह शक करते हैं कि हो न हो इस शख़्स को (यानी तुमको फ़लाँ) आदमी सिखा-पढ़ा जाता है, सो जिस शख़्स की तरफ़ उनका इशारा है उसकी बोली तो अजमी (अन्य देशीय भाषा) है और यह (क़ुर्आन) साफ़ अरबी भाषा में है†। (१०३) (सही बात तो यह है कि) जो लोग अल्लाह की आयतों पर यक़ीन नहीं लाते अल्लाह उन्हें सही रास्ता नहीं दिखलाता और (अन्त में) उनको दुखदाई सज़ा (होनी) है। (१०४) झूठ तो वही लोग गढ़ते हैं जिनको अल्लाह की आयतों का विश्वास नहीं और (नबी नहीं झूठ बोलता बल्कि) यही लोग (अस्ल में) झूठे हैं। (१०५) जो शख़्स ईमान लाने के बाद (किसी ज़ोर जब्र से) मजबूर होकर कुफ़्र करे (तब तो बख़्शीश की गुँजाइश है) बशर्ते उसका दिल ईमान की तरफ़ से संतुष्ट हो लेकिन जो कोई (ईमान लाने के बाद) दिल खोलकर (ख़ुशी ख़ुशी) कुफ़्र करे तो ऐसे लोगों पर अल्लाह का कोप है और उनके लिए बड़ी सख़्त सज़ा है‡। (१०६) यह इस वजह से कि उन्होंने संसार के जीवन को आख़िरत पर पसन्द किया और अल्लाह इन्कारियों को हिदायत नहीं दिया करता। (१०७)

§ यानी काफ़िर यह नहीं समझते कि पहला हुक्म क्यों बदला, या इसमें अल्लाह की कुछ मसलहत होगी बल्कि वह कहने लगते हैं कि रसूल स० ने वह मनमानी बदलकर आयत गढ़ ली है। † कई आदमियों की तरफ़ इशारे तवारीख़ों में मिलते हैं। उनमें से एक ज़िक्र यूँ है कि एक शख़्स का ग़ुलाम रूमी ईसाई मक्के में था जो अक्सर आँ हज़रत स० के पास मुहब्बत से अल्लाह का कलाम व नबियों के बयान सुनने के लिए आ बैठता था। काफ़िर कहते थे कि रसूल स० को यही शख़्स सिखा जाता है न कि ये आयतें अल्लाह की ओर से हैं। ‡ इस आयत से ज़ाहिर है कि काफ़िरों का ज़ुल्म-सितम हद को पार कर चुका था इसलिए जिसकी ज़बान से उन ज़ुल्मों में फँस कर कोई कुफ़्र की बात निकल जाये लेकिन दिल में ईमान रखता हो तो उसको माफ़ी है और जो उस ज़ुल्म से भी न डगमगाये व हरगिज़ कुफ़्र न मान कर ईमान पर क़ुर्बान हो वही शहीद है।

अुला अिकल्लजीन तबअल्लाहु अला क़ुलूबिहिम् व समअिहिम् व अब्सारिहिम् ज् व अुला अिक हुमुल्ग़ाफ़िलून (१०८) ला जरम अन्नहुम् फ़िल्आख़िरति हुमुल्ख़ासिरून (१०९) सुम्म अिन्न रब्बक लिल्लजीन हाजरू मिम्बअ़्दि मा फ़ुतिनू सुम्म जाहदू व सबरू ला अिन्न रब्बक मिम्बअ़्दि हा लग़फ़ूरुर्रहीमुन् (११०) ★ यौम तअ्ती कुल्लु नफ़्सिन् तुजादिलु अन्नफ़्सिहा व तुवफ़्फ़ा कुल्लु नफ़्सिम्मा अमिलत् व हुम् ला युज़्लमून (१११) व ज़रबल्लाहु मसलन् क़र्यतन् कानत् आमिनतम् - मुत्मअिन्नतंयअ्तीहा रिज़्क़ुहा रग़दम्मिन् कुल्लि मकानिन् फ़कफ़रत् बिअन्अुमिल्लाहि फ़अजा क़हल्लाहु लिबासल्जूअि वल्ख़ौफ़ि बिमा कानू यस्नअून (११२) व लक़द् जा अहुम् रसूलुम् - मिन्हुम् फ़कज्जबूहु फ़ अख़ज - हुमुल् - अजाबु व हुम् ज़ालिमून (११३) फ़कुलू मिम्मा रज़क़कुमुल्लाहु हलालन् तैयिबन् स् व'वश्कुरू निअ़्मतल्लाहि अिन् कुन्तुम् अीयाहु तअ़्बुदून (११४) अिन्नमा हर्रम अलैकुमुल्मैतत वद्म व लहूमल् - ख़िन्ज़ीरि व मा अुहिल्ल लिग़ैरिल्लाहि बिहि ज् फ़मनिज़्तुर्र ग़ैर बाग़िंव्व ला आदिन् फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (११५) व ला तक़ूलू लिमा तसिफ़ु अल्सिनतुकुमुल् - कजिब हाजा हलालूँव हाजा हरामुल् - लितफ़तरू अलल्लाहिल् - कजिब त् अिन्नल्लजीन यफ़्तरून अलल्लाहिल् - कजिब ला युफ़्लिहून त् (११६) मताअुन् क़लीलुन् स् व'व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (११७)

★ रु. १४ — २० आ १०



यही वह लोग हैं जिनके दिलों पर और जिनके कानों पर और जिनकी आँखों पर अल्लाह ने मुहर कर दी है और यही ग़ाफ़िल हैं। (१०८) ज़रूर आख़िरत में यही लोग घाटे में रहेंगे§। (१०९) (लेकिन) जिन लोगों ने (ईमान लाने की वजह से) सताये जाने पर (अपने) घरबार छोड़कर हिजरत की फिर (अल्लाह की राह में) जिहाद किये और (सब्र पर) डटे रहे, तो (ऐसों को) इन बातों के बाद तुम्हारा परवरदिगार बड़ा माफ़ करनेवाला बेहद रहीम है। (११०) ★

रु. १४—२० आ १०

उस (आख़िरत के) दिन जबकि हर जीव अपनी जान (बचाने) के लिए झगड़ा करने में लगा होगा और हर शख़्स को उसके आमाल का पूरा-पूरा बदला दिया जावेगा और लोगों पर (रत्ती भर) अन्याय न होगा। (१११) और अल्लाह ने एक बस्ती की मिसाल बयान की है कि (वहाँ हर तरह) अमन व इतमीनान था, हर तरफ़ से रोज़ी उनके पास बहुतायत से चली आती थी फिर उन्होंने अल्लाह के एहसानों की नाशुक्री की, तो उनके कामों के बदले में अल्लाह ने उनको मज़ा चखाया कि भूख और डर से उनके तन को ढक दिया‡। (११२) और उन्हीं में का एक पैग़म्बर उनके पास भेजा तो उन्होंने उसको झुठलाया फिर (बस्ती के) उन लोगों को अ़ज़ाब ने आ दबोचा और वे थे ही गुनहगार। (११३) तो (लोगो!) अल्लाह ने जो तुमको हलाल और पाक रोज़ी दी है उसको खाओ और अगर तुम (सचमुच) अल्लाह ही की अ़िबादत करनेवाले हो तो उसके इहसानों का शुक्र मानो। (११४) उसने तुम पर मुर्दार को और ख़ून को और सुअर के मांस को और उसको जो अल्लाह के सिवाय किसी और के लिए नामज़द किया जाय हराम किया, फिर जो शख़्स (भूख से) बेबस हो (लेकिन) गुनाह करने और हद से बाहर होने की नियत न रखता हो तो अल्लाह क्षमा करनेवाला परम दयालु है।छ (११५) और झूठ-मूठ जो कुछ तुम्हारी ज़बान पर आवे न बक दिया करो कि यह हलाल है और यह हराम कि (ऐसा कहकर) अल्लाह पर झूठ बाँधो। (और) यक़ीनन जो लोग अल्लाह पर झूठ बाँधते हैं उनका भला नहीं होगा। (११६) (इन झूठी गढ़न्तों में) फ़ायदे तो थोड़े से हैं और (उसके बदले) अ़ज़ाब बड़ा दुखदाई है।(११७)

§ इन आयतों में इशारा उन लोगों की तरफ़ है जो पहले ईमान लाये। बाद को ईमान की राह में तकलीफ़ें पड़ने पर भाग खड़े हुए और फिर काफ़िरों में जा मिले। ‡ यह रसूल स० के मदीना हिजरत के पहले मक्का में पड़े सात साला अकाल का ज़िक्र है। छसूरः बक़र आयत १७६, सूरः माअ्रिदः आयत ३ और सूरः अनआम आयत १४५ में भी इस रिआयत का हुक्म आ चुका है।

व अलल्लजीन हादू हर्रम्ना मा क़स्स्ना अलैक मिन् क़ब्लु ज् व मा जलम्नाहुम् व लाकिन् कानू अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (११८) सुम्म अिन्न रब्बक लिल्लजीन अमिलुस्सूअ बिजहालतिन् सुम्म ताबू मिम्बअ़्दि जालिक व अस्लहू ला अिन्न रब्बक मिम्बअ़्दिहा लग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (११९) ★

अिन्न अिब्राहीम कान अुम्मतन् क़ानितल् - लिल्लाहि हनीफ़न् त् ब लम् यकु मिनल्मुश्रिकीन ला (१२०) शाकिरल् - लिअन्अुमिहि त् अिज्तबाहु ब हदाहु अिला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् (१२१) व आतैनाहु फ़िद्दुन्या हसनतन् त् ब अिन्नहु फ़िल्आख़िरति लमिनस् - सालिहीन त् (१२२) सुम्म औहैना अिलैक अनित्तबिअ़् मिल्लत अिब्राहीम हनीफ़न् त् व मा कान मिनल् - मुश्रिकीन (१२३) अिन्नमा जुअिलस्-सब्तु अलल्-लजीनख़्तलफ़ू फ़ीहि त् व अिन्न रब्बक लयह्कुमु बैनहुम् यौमल्क़ियामति फ़ीमा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (१२४) अुद्अु अिला सबीलि रब्बिक बिल्हिक्मति वल्मौअिज़तिल् - हसनति व जादिल्हुम् बिल्लती हिय अह्सनु त् अिन्न रब्बक हुव अअ़्लमु बिमन् ज़ल्ल अन् सबीलिहि व हुव अअ़्लमु बिल्मुह्तदीन (१२५) व अिन् आक़ब्तुम् फ़आक़िबू बिमिस्लि मा अूक़िब्तुम् बिहि त् व लअिन् सबर्तुम् लहुव ख़ैरुल्लिस्साबिरीन (१२६) वस्बिर् व मा सब्रुक अिल्ला बिल्लाहि व ला तह्ज़न् अलैहिम् व ला तकु फ़ी ज़ैक़िम् - मिम्मा यम्कुरून (१२७) अिन्नल्लाह मअ़ल्लजीनत्तक़ौव्वल्लजीन हुम् मुह्सिनून (१२८) ★

॥ इति चौदहवाँ पारः—मंज़िल ३ ॥

और (ऐ पैग़म्बर !) हमने यहूदियों पर वह चीज़ें जो पहले तुमसे बयान कर चुके हैं हराम कर दी थीं। और हमने उन पर ज़ुल्म नहीं किया बल्कि वह अपने ऊपर आप ज़ुल्म करते थे†। (११८) फिर जिन लोगों ने नादानी से गुनाह किये फिर उसके बाद तौबः की और (अपने को) सुधार लिया तो तुम्हारा परवरदिगार इन बातों के बाद माफ़ करनेवाला बड़ा रहीम है। (११९)★ रु. १५ २१ आ ६

बेशक इब्राहीम (लोगों के इमाम) राह डालनेवाले हो गये हैं, अल्लाह के आज्ञाकारी सेवक जो एक अल्लाह के होकर रहे और शिर्कवालों (यानी बहुदेवपूजकों) में से न थे। (१२०) उसकी निआमतों के शुक्र माननेवाले थे (और) अल्लाह ने उनको (पैग़म्बरी के लिए) चुन लिया और उनको सीधी राह पर चलाया (१२१) और हमने उनको दुनिया में खूबी दी और आख़िरत में भी वह भले लोगों में होंगे। (१२२) फिर (ऐ पैग़म्बर !) हमने तुम्हारी तरफ़ हुक्म भेजा कि इब्राहीम के तरीक़े की पैरवी करो जो एक (अल्लाह) के होकर रहे थे और शिर्कवालों में से न थे। (१२३) हफ़्ते की ताज़ीम तो बस उन्हीं (यहूदियों) पर लाज़िम की गई थी जिन्होंने उसमें भेद डाले (न कि इब्राहीम के पुराने दीन में इसकी कहीं रोक है) और जिन-जिन बातों में यह लोग भेद डालते हैं क़ियामत के दिन तुम्हारा परवरदिगार उन बातों का फ़ैसला कर देगा। (१२४) (ऐ पैग़म्बर !) समझ की बातों और नसीहतों से अपने परवरदिगार की राह की तरफ़ बुलाओ और भले तरीक़े से उनसे मुनाज़िरा (तर्क-वितर्क) करके (समझाओ)। जो कोई अल्लाह के रास्ते से भटका उसे और जिसने सीधी राह पकड़ी उसे तुम्हारा परवरदिगार ख़ूब जानता है। (१२५) (लेकिन इतना समझाने पर भी सरकशी करे तो) सख़्ती भी करो तो उतनी ही सख़्ती करो जितनी तुम्हारे साथ की गई हो और अगर सब्र करो तो सब्र करनेवालों के लिए (सब्र हर हालत में) अच्छा है‡। (१२६) और (ऐ पैग़म्बर !) तुम सब्र करो और अल्लाह की मदद से ही सब्र कर सकोगे और इन (विरोधियों के बुरे बर्ताव) पर रंज न करो और उनके फ़रेब से तंगदिल न हो। (१२७) अल्लाह परहेज़गारों और नेक काम करनेवालों का साथी है। (१२८)★ रु. १६ २१ २२ आ ६

॥ इति चौदहवाँ पारः—मंज़िल ३ ॥

†सूरः अनआम रुकूअ १८ आयत १४६ में ज़िक्र आ चुका है कि यहूदियों पर आयत ११५ में बयान की गई चीज़ों के अलावा भी चन्द चीज़ें मसलन बिना चिरे हुये खुर (नाख़ून) वाले जानवर, गाय व बकरियाँ सिवाय उनकी आँतों व हड्डी से मिली चर्बी के, हमने आगे चलकर उनकी नाफ़र्मानी (अवज्ञा) के कारन हराम कर दी थीं ताकि वे इन हलाल चीज़ों से भी महरूम हो जायँ। यह हमने उन पर ज़ुल्म नहीं किया था बल्कि उनके किये गये ज़ुल्मों के कारन उनको यह सज़ा मिली थी। ‡पहले बताया गया कि झगड़ा न बढ़ने दो। फिर बताया गया कि बुराई का बदला लो तो हद से न बढ़ो, बल्कि बदला न लो तो और भी अच्छा है।

☆☆ पन्द्रहवाँ पारः सुब्हानल्लजी ☆☆

☆ १७ सूरः बनी इस्रा'ईल ५० ☆

(मक्की) इसमें अ़रबी के ६७१० अक्षर, १५८२ शब्द, १११ आयतें और १२ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

सुब्हानल्लजी अस्रा बिअ़ब्दिहि लैलम्मिनल् - मस्जिदिल् - हरामि अिलल् - मस्जिदिल् - अक़्सल्लजी बारक्ना हौलहु लिनुरियहु मिन् आयातिना त् अिन्नहु हुवस्समीअुल् - बसीरु (१) व आतैना मूसल् - किताब व जअ़ल्नाहु हुदल्लिबनी अिस्रा'ईल अल्ला तत्तख़िजू मिन् दूनी वकीलन् त् (२) जुर्रीयत मन् हमल्ना मअ़नूहिन् त् अिन्नहु कान अ़ब्दन् शकूरन् (३) व क़ज़ैना अिला बनी अिस्रा'ईल फ़िल्किताबि लतुफ़्सिदुन्न फ़िल्अर्ज़ मर्रतैनि व लतअ़ुलुन्न अुलूवन् कबीरन् (४) फ़अिजा जा'अ वअ़्दु अूलाहुमा बअ़स्ना अ़लैकुम् अिबादल्लना अुली बअ़्सिन् शदीदिन् फ़जासू ख़िलालद्दियारि त् व कान वअ़्दम् - मफ़्अूलन् (५) सुम्म रदद्ना लकुमुल्करर्त अ़लैहिम् व अम्दद्नाकुम् बिअम्वालिव्व बनीन व जअ़ल्नाकुम् अक्सर नफ़ीरन् (६) अिन् अह्सन्तुम् अह्सन्तुम् लिअन्फ़ुसिकुम् क़िफ़ व अिन् असअ़्तुम् फ़लहा त् फ़अिजा जा'अ वअ़्दुल्आख़िरति लियसूअ़ बुजूहकुम् व लियद्ख़ुलुल् - मस्जिद कमा दख़लूहु औवल मर्रतिव्व लियुतब्बिरू मा अ़लौ तत्बीरन् (७) अ़सा रब्बुकुम् अैंयर्हमकुम् ज् व अिन् अ़ुत्तुम् अ़ुद्ना म् ● व जअ़ल्ना जहन्नम लिल्काफ़िरीन हसीरन् (८) अिन्न हाजल्क़ुर्आन यह्दी लिल्लती हिय अक़्वमु व युबश्शिरुल्-मुअ़्मिनीनल्लजीन यअ़्मलूनस्-सालिहाति अन्न लहुम् अज्रन् कबीरन् ला (९)



❁❁ पन्द्रहवाँ पारः (सुब्हानल्लजी) ❁❁

१७ सूरः बनी इस्राईल ५०

(मक्की) इसमें ६७१० अक्षर, १५८२ शब्द, १११ आयतें और १२ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

वह पाक (ज़ात) है जो अपने बन्दे (मुहम्मद स०) को रातों रात मसजिद हराम (यानी काबे की मस्जिद) से मसजिद अक़सा (यानी बैतुल मुक़द्दस) तक ले गया जिसके चारों तरफ़ हमने बरकतें रखी हैं (और इस ले जाने से मतलब यह था) कि हम उनको अपनी (क़ुदरत के) कुछ नमूने दिखलावें।† (वैसे तो सब कुछ) वही सुननेवाला और देखनेवाला है। (१) और हमने (इससे पहले) मूसा को किताब (तौरात) दी और उसको इसराईल की सन्तान के लिए राह दिखाने वाली ठहराया (और उनसे कह दिया) कि हमारे सिवाय किसी को अपना काम बनानेवाला न बना (२) (ध्यान रखो कि तुम) उन लोगों की सन्तान हो जिनको हमने नूह के साथ (किश्ती में) सवार कर लिया था वह हमारे शुक्रगुज़ार बन्दे थे। (३) और हमने इसराईल की सन्तान से किताब में साफ़ कह दिया था कि तुम ज़रूर देश में दो बार फ़साद करोगे और (दोनों बार) बड़ी ज़्यादती करोगे। (४) फिर (उन दोनों फ़सादों में से) जब पहला वादा आया तो हमने तुम्हारे मुक़ाबले में अपने ऐसे सेवक उठा खड़े किये जो बड़े लड़नेवाले थे और वह शहरों के अन्दर फैल गये और (उन्होंने तुमको पूरी सज़ा दी क्योंकि अल्लाह का) वह वादा होना ही था।§ (५) फिर हमने दुश्मनों पर तुम्हारे दिन फेरे और माल से और बेटों से (तुम्हारा ज़ोर बढ़ाकर) तुम्हारी मदद की और तुमको उनसे ज़्यादा बड़े जत्थे वाला बना दिया।+ (६) अगर तुमने भलाई की तो भला किया अपना और अगर बुराई की तो भी (बुरा किया) अपना। फिर जब दूसरे वादे का समय आया (तो फिर हमने अपने दूसरे बन्दों को उठाकर खड़ा किया) कि तुम्हारे मुंह बिगाड़ दें और जिस तरह पहली दफ़ा मसजिद (बैतुल मुक़द्दस) में (बाबिलवाले) घुसे थे (और उसको लूटकर बेअदबी की थी) उसी तरह (ये ज़बरदस्त रूमी इस बार) इसमें घुसें और जिस चीज़ पर क़ाबू पावें तोड़-फोड़ उसका सत्यानास करें। (७) ‡ (इसलिए ऐ मौजूदा यहूदियो!) आशा है कि तुम्हारा परवरदिगार तुम पर (फिर) रहमत करे और अगर तुम फिर (पहली-सी शरारत) करोगे तो हम भी फिर (वैसा ही अज़ाब नाज़िल) करेंगे (जैसा पिछले दो मौक़ों पर कर चुके हैं।) ● और हमने काफ़िरों के लिए दोज़ख़ का जेलख़ाना तैयार कर रखा है। (८) यह क़ुर्आन वह राह दिखाता है जो सबसे सीधी है और ईमानवालों और नेककारों को इस बात की खुशख़बरी देता है कि उनको बड़ा सवाब मिलेगा (९)

● व. ला जि म

---

* इस सूरः में बनी इस्राईल (यहूदियों) की विशेष रूप में चरचा है। उनकी सरकशी [पेज ४७७ पर]

† यह ज़िक्र मेराज' का है। इसका बयान सूरः इस्राईल की भूमिका में पढ़िये। § ह० मूसा अ० के ज़रिये मिसर के फ़िर्औनों से छुटकारा दिलाये जाने के बाद बनी इस्राईल (याने यहूदी) फ़िलस्तीन [पेज ४७३ पर]

+असीरियों और बाबिलों द्वारा तबाह व बरबाद होने के बाद अल्लाह ने बनी इस्राईल को फिर ‡ [पेज ४७५ पर]

‡लेकिन अल्लाह के ज़रिये माफ़ी व खुशहाली पाने के बाद यहूदी फिर सरकश हो गये और तौरेत [पेज ४७५ पर]

(और) जो कुछ ज़मीन पर है हमने उसको (ज़मीन की) शोभा बनाया है ताकि लोगों को जाँचें कि (इन अल्लाह की देनों का शुक्र मानकर) इनमें कौन ज़्यादा अच्छे कर्म करता है (और कौन इतराता है।) (७) और (आख़िरकार एक दिन) हम इन सब चीज़ों को जो ज़मीन पर हैं चटियल मैदान बना देंगे (और यह सारी शोभा फ़ानी यानी नाशवान है)। (८) (और ऐ पैग़म्बर !) क्या तुम ऐसा ख़्याल करते हो कि गुफ़ा और खोह के रहनेवाले (असहाब कहफ़ व रकीम)§ हमारी (क़ुदरत की) निशानियों में से कुछ ताज्जुब की चीज़ थे।(९) जब वह (चन्द) जवान गुफ़ा में जा बैठे और प्रार्थना की कि ऐ परवरदिगार ! हम पर अपनी तरफ़ से कृपा कर और हमारे काम को सवाँर दे। (१०) फिर कई वर्ष के लिए हमने गुफ़ा में उनके कान थपक (कर चैन से सुला) दिया। (११) फिर हमने उनको उठाया ताकि देखें कि दो गरोहों में से किसको (गुफ़ा में अपने सोते) रहने की मियाद (सही) मालूम है। (१२) ★ रु. १—१३ आ १२

(ऐ पैग़म्बर !) हम उनका हाल ठीक-ठीक तुमसे बयान करते हैं कि वह कुछ जवान थे जो अपने परवरदिगार पर ईमान लाये और हमने उनको कहीं ज़्यादा हिदायत दी। (१३) और हमने उनके दिलों पर (सब्र और साबित क़दमी की) गिरह लगा दी कि जब (बादशाह दक़्यानूस के कुफ़्र व ज़ुल्म के ख़िलाफ़) उठ खड़े हुए और बोल उठे कि हमारा परवरदिगार तो वही है जो आसमान और ज़मीन (सारे जहान) का परवरदिगार है—हम तो उसके सिवाय किसी दूसरे माबूद को (पूज्य मानकर) न पुकारेंगे (अगर हम ऐसा करें) तो हम बड़ी ही अनुचित बात करें। (१४) (और तब वे आपस में कहने लगे कि) यह हमारी क़ौम है जिसने अल्लाह के सिवाय बहुतेरे पूजित मान रखे हैं। (अगर उनका इनको मानना सही है तो) इनकी कोई खुली सनद (सुबूत में) क्यों नहीं पेश करते। (और जब वह सनद पेश नहीं कर सकते तो) जिसने अल्लाह पर झूठ बाँधा उससे बढ़कर कौन गुनहगार है। (१५) और जब तुमने (यानी हम लोगों ने) अपनी जाति के लोगों से और अल्लाह के सिवाय जिनकी यह लोग पूजा करते हैं उनसे किनारा खींच लिया तो (आओ फ़लाँ) गुफ़ा में चल बैठो, तुम्हारा परवरदिगार अपनी दया (की चादर) तुम पर फैला देगा और तुम्हारे इरादे में सुभीते कर देगा। (१६) और जब धूप निकले तो तू देखेगा कि वह उनकी गुफ़ा से दाहिनी ओर को बचती हुई निकल जाती है और जब छुपती है तो उनसे बाईं ओर को कतरा जाती है* और वह गुफ़ा के अन्दर बड़ी चौड़ी जगह में हैं। यह (भी) अल्लाह की (क़ुदरत की) निशानियों में से है। (और) जिसको अल्लाह राह दे वही सही राह पर है और जिसको वह गुमराह करे तो फिर तुम कोई उसको राह पर लानेवाला हिमायती न पाओगे (१७) ★ रु. २—१४ आ ५

और तू उनको (देखो तो) समझे कि जागते हैं, हालाँकि वह सो रहे हैं। और हम दाहिनी तरफ़ को और बाईं तरफ़ को उनकी करवटें बदलते रहते हैं और उनका कुत्ता चौखट पर अपने दोनों हाथ फैलाये (बैठा) है, अगर तू उन लोगों को झाँककर देखे तो उल्टे पैर भाग खड़ा हो और इस (दृश्य) से तुझको दहशत समा जाय। (१८)

§ इन गुफ़ा या खोह के रहनेवालों (सोनेवालों) का हाल सूरः कहफ़ की भूमिका में पृष्ठ ५०२ * नोट में पढ़िये। * यानी उनकी गुफ़ा में किसी तरफ़ से भी सूरज की रोशनी की गुज़र न थी।

व कज़ालिक बअ़स्नाहुम् लियतसा'अलू बैनहुम् त़ क़ाल क़ा'इलुम् - मिन्हुम् कम् लबिस्तुम् त़ क़ालू लबिस्ना यौमन् औ बअ़ज़ यौमिन् त़ क़ालू रब्बुकुम् अअ़लमु बिमा लबिस्तुम् त़ फ़ब्अ़सू' अह़दकुम् बिवरिक़िकुम् हाज़िहि' इलल्-मदीनति फ़ल्यन्ज़ुर् अय्युहा' अज़्का त़आमन् फ़ल्यअ़्तिकुम् बिरिज़्क़िम् - मिन्हु वल्यतलत्तफ़् ✣ व ला युश्अिरन्न बिकुम् अह़दन् (१९) इन्नहुम् इंयज़्हरू अ़लैकुम् यर्जुमूकुम् औ युअ़ीदूकुम् फ़ी मिल्लतिहिम् व लन् तुफ़्लिहू' इज़न् अबदन् (२०) व कज़ालिक अअ़्सर्ना अ़लैहिम् लियअ़्लमू' अन्न वअ़्दल्लाहि ह़क़्क़ुंव अन्नस्साअ़ति ला रैब फ़ीहा ज़् क़् इज़् यतनाज़अ़ून बैनहुम् अम्रहुम् फ़क़ालुब्नू अ़लैहिम् बुन्यानन् त़ रब्बुहुम् अअ़्लमु बिहिम् त़ क़ालल्लज़ीन ग़लबू अ़ला' अम्रिहिम् लनत्तख़िज़न्न अ़लैहिम् मस्ज़िदन् (२१) सयक़ूलून सलासतुर्रा बिअ़्हुम् कल्बुहुम् ज़् व यक़ूलून ख़म्सतुन् सादिसुहुम् कल्बुहुम् रज्मम् - बिल्ग़ैबि ज़् व यक़ूलून सब्अ़तुंव सामिनुहुम् कल्बुहुम् त़ क़ुर्ब्बी' अअ़्लमु बिइ़द्दतिहिम् मा यअ़्लमुहुम् अिल्ला क़लीलुन् ∆ क़िफ़् फ़ला तुमारि फ़ीहिम् अिल्ला मिरा'अन् ज़ाहिरन् त़ व् व ला तस्तफ़्ति फ़ीहिम् मिन्हुम् अह़दन् (२२) ★ व ला तक़ूलन्न लिशैअिन् अिन्नी फ़ाअ़िलुन् ज़ालिक ग़दन् ला (२३) अिल्ला' अंयशा' अल्लाहु ज़् वज्कुर्रब्बक अिज़ा नसीत व क़ुल् अ़सा' अंयह़्दियनि रब्बी लिअक़्रब मिन् हाज़ा रशदन् (२४) व लबिसू फ़ी कह्फ़िहिम् सलास मिअ़तिन् सिनीन वज़्दादू तिस्अ़न् (२५) क़ुलिल्लाहु अअ़्लमु बिमा लबिसू ज़् लहू ग़ैबुस्समावाति वल्अ़र्ज़ि त़ अब्सिर् बिहि' व असमिअ़् त़ मा लहुम् मिन्दूनिहि' मिव्वलीयिन् ज़् व् व ला युश्रिकु फ़ी हुक्मिहि' अह़दन् (२६)

और इसी तरह हमने उनको जगा दिया कि अपने आपस में बातें करने लगे। उनमें से एक बोला भला तुम कितनी देर (इस हालत में) रहे होगे। दूसरा बोला कि हम एक दिन या एक दिन से भी कम (रहे होंगे)। फिर वह बोले कि तुम्हारा परवरदिगार ही अच्छी तरह जानता है जितनी मुद्दत तुम (खोह में) रहे। तो (अब) अपने में से एक को अपना यह रुपया देकर शहर की तरफ़ भेजो ताकि वह देखे कि किसके यहाँ पवित्र (हलाल) भोजन (मिल सकता) है, तो उसमें से खाना तुम्हारे पास ले आये और चुपके से लेकर चला आये ‡‡ और किसी को तुम्हारी (यहाँ होने की) ख़बर न होने दे। (१९) (वरना) अगर वह (तुम्हारी क़ौम के) लोग तुम्हारी ख़बर पा जावेंगे तो तुम पर पथराव करके मार डालेंगे या तुमको उल्टा फिर अपने दीन में कर लेवेंगे और (ऐसा हुआ तो) फिर तुमको कभी कामयाबी (नसीब) न होगी।† (२०) और इस तरह हमने उन (की क़ौम) को सूचित कर दिया कि जान लें कि अल्लाह का वादा सच्चा है और (क़ियामत की) घड़ी आने में कुछ भी शक नहीं। (चुनाँचे ३०० साल पहले के इन अलोप हुए पीर सन्तों की) अब ख़बर पाने के बाद लोग उनके सम्बन्ध में आपस में (उनकी यादगार क़ायम करने के अलग-अलग मन्सूबों पर) झगड़ने लगे, तो किसी-किसी ने कहा उन (कहफ़वाले बुज़ुर्गों की गुफ़ा) पर एक इमारत बनाओ और उनके हाल (की ज़्यादः जाँच पड़ताल बेकार है उस) को तो उनका परवरदिगार ही अच्छी तरह जानता है। उनके बारे में जिनकी राय ज़बरदस्त रही उन्होंने कहा हम उन (के स्थान) पर एक मसजिद बनावेंगे। (२१) अब कोई कहते हैं (कहफ़ वाले) तीन थे चौथा उनका कुत्ता; और कोई कहते हैं कि वह पाँच थे और छठवाँ उनका कुत्ता। बिना जाने छिपी बातों में अटकल चलाते हैं और (कोई-कोई) यह भी कहते हैं कि वे सात थे और आठवाँ उनका कुत्ता। (तो ऐ पैग़म्बर। इन लोगों से) कहो कि इस गिनती को तो मेरा परवरदिगार ही बेहतर जानता है, इनको बहुत थोड़े ही लोग जानते हैं। तो (ऐ पैग़म्बर!) कहफ़वालों के बारे में हुज्जत में मत पड़ो सिवाय सरसरी बात करने के और न कहफ़वालों के सम्बन्ध में इनमें से किसी से पूछ-ताछ करो (क्योंकि असल सबक़ उनकी तादाद से नहीं है बल्कि उनके आचरन से है)। (२२) ★

और (ऐ रसूल!) किसी काम की बाबत न कहा करो कि मैं इसको कल कर दूँगा। (२३) बल्कि (हमेशा यह कहो कि इंशा अल्लाह) अल्लाह चाहे (तो इस काम को कल कर दूँगा)। और अगर कभी भूल जाया करो तो अपने परवरदिगार को (फिर) याद कर लिया करो और कह दिया करो कि शायद मेरा परवरदिगार इससे ज़्यादा सीधी राह मुझको बतावे।§ (२४) और (कहा जाता है कि कहफ़वाले) अपनी गुफ़ा में ३०० वर्ष रहे और (किन्हीं की राय में) ९ साल और+ (२५) (ऐ पैग़म्बर! उनसे) कहो कि जितनी मुद्दत वह (कहफ़वाले गुफ़ा में) रहे अल्लाह ही ख़ूब जानता है। आसमान और ज़मीन में छिपे ग़ैब (अदृष्ट) का ज्ञान उसी को है; (वह अल्लाह) क्या ही देखनेवाला और क्या ही सुननेवाला है। उसके सिवाय लोगों का काम सँभालनेवाला (और) कोई नहीं और वह अपने हुक्म में किसी को शरीक नहीं करता है। (२६)

† ‡ § + इन निशानों के फ़ुटनोट पृष्ठ ५०२ और ५०३ पर देखिये।

वत्लु मा॑ ऊहि॑य इलैक मिन् किताबि रब्बिक ज़् त़् ला मुबद्दिल लिकलिमातिहि॑ ज़् क़िफ़् व लन् तजिद मिन् दूनिहि॑ मुल्तहदन् (२७) वस्बिर् नफ़्सक मअल्लजीन यद्ऊन रब्बहुम् बिल्ग़दाति वल्अशीयि युरीदून वज्हहू व ला तअ़्दु अैनाक अन्हुम् ज़् तुरीदु ज़ीनतल् - ह़यातिद् - दुन्या ज़् व ला तुति॑अ़् मन् अग़्फ़ल्ना क़ल्बहू अन्जिक्रिना वत्तबअ़ हवाहु व कान अम्रुहू फ़ुरुतन् (२८) ● व क़ुलिल्हक़्क़ु मिर्रब्बिकुम् क़िफ़् फ़मन् शा॑अ फ़ल्-युअ्मिन्व मन्शा॑अ फ़ल्यक्फ़ुर् ला अिन्ना॑ अअ़्तद्ना लिज़्ज़ालिमीन नारन् ला अहाता बिहिम् सुरादिक़ुहा त़् व अिंयस्तग़ीसू युग़ासू बिमा॑अिन् कल्मुह्लि यश्विल्-वुजूह त़् बिअ्सश्शराबु त़् वसा॑अत् मुर्तफ़क़न् (२९) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति अिन्ना ला नुज़ीअु अज्र मन् अह्सन अमलन् ज़् (३०) उला॑अिक लहुम् जन्नातु अद्निन् तज्री

मिन् तह्तिहिमुल् - अन्हारु युह्ल्लौन फ़ीहा मिन् असाविर मिन् जहबिंव्व यल्बसून सियाबन् ख़ुज़्रम् - मिन् सुन्दुसिंव्व अिस्तब्रक़िम् - मुत्तकिअीन फ़ीहा अलल्अरा॑अिकि त़् निअ़्मस्सवाबु त़् व ह़सुनत् मुर्तफ़क़न् (३१) ★ वज़्रिब् लहुम् मसलर्रजुलैनि जअ़ल्ना लिअ़ह़दिहिमा जन्नतैनि मिन् अअ़्नाबिंव्व ह़फ़फ़्नाहुमा बिनख़्लिंव्व जअ़ल्ना बैनहुमा ज़र्अन् त़् (३२) किल्तल्-जन्नतैनि आतत् अुकुलहा व लम् तज़्लिम् मिन्हु शैअन् ला व॑व फ़ज्जर्ना ख़िलालहुमा नहरन् ला (३३) व॑व कान लहू समरुन् ज़् फ़क़ाल लिसाहिबिहि॑ व हुव युह़ा विरुहू॑ अना अक्सरु मिन्क मालौंव अअ़ज़्ज़ु नफ़रन् (३४) व दख़ल जन्नतहू व हुव ज़ालिमुल्-लिनफ़्सिहि॑ ज़् क़ाल मा॑ अज़ुन्नु अन्तबीद हाजिहि॑ अबदन् ला (३५) व॑व मा॑ अज़ुन्नुस्साअ़त क़ा॑अिमतन् ला व॑व लअिर्रुदित्तु अिला रब्बी लअजिदन्न ख़ैरम् - मिन्हा मुन्क़लबन् ज़् (३६)

और (ऐ पैग़म्बर !) तुम्हारे परवरदिगार की किताब जो अल्लाह के पैग़ाम के ज़रिये तुम पर उतरी है उसको पढ़ा करो; कोई उसकी बातों को बदल नहीं सकता और तुम उसके सिवाय कहीं छिपने को पनाह (शरण) न पाओगे।(२७) और जो लोग सुबह और शाम अपने परवरदिगार की याद करते हैं और उसी की रज़ामंदी चाहते हैं, तू उन (के सत्संग) से मिला रह और तेरी नज़र उन पर से हटने न पावे कि दुनिया की ज़िन्दगी के साज-सामान के पीछे पड़ जाओ और ऐसे शख़्स का कहा (हरगिज़) न मानना जिसके दिल से हमने अपनी याद को भुला दिया है और जो (हमको भूलकर बस) अपनी वासनाओं (ख़्वाहिशों) के पीछे लगा है और उसकी (यह गुमराही) हद से बढ़ गई है। (२८) ● और (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि यह क़ुर्आन तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से सच है, पस जो कोई चाहे माने और जो कोई चाहे न माने। (अलबत्ता) मुन्किरों के लिए तो हमने ऐसी आग तैयार कर रखी है जिसकी क़नातें उनको चारों तरफ़ से घेर लेंगी और फ़रियाद करेंगे तो (ऐसे) पानी से उनकी फ़रियाद पूरी की जायगी जो तलछट की तरह होगा (और इतना गर्म होगा) कि वह मुँहों को भूंज डालेगा। (क्या ही) बुरा पानी है और क्या ही बुरा आराम (है बदकिरदारों के लिए) (और) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये तो जो शख़्स नेक काम करे हम उसके बदले को बेकार नहीं होने दिया करते। (३०) यही लोग हैं जिनके रहने के लिए (जन्नत के) बाग़ हैं जहाँ नीचे नहरें बह रही होंगी उनको वहाँ सोने के कंगन पहनाये जायँगे और वह महीन और मोटे (तरह तरह के) रेशमी हरे कपड़े पहनेंगे (और) वहाँ तख़्तों पर तकिये लगाये बैठेंगे। (क्या ही) अच्छा बदला है और क्या ख़ूब आराम (है नेककारों के लिए)।(३१) ★

और (ऐ पैग़म्बर !) इन लोगों से उन दो आदमियों की मिसाल बयान करो जिनमें से एक को हमने अंगूर के दो बाग़ दिये थे और हमने दोनों (बाग़ों) को खजूर के दरख़्तों से घेर दिया था और उनके बीच-बीच में खेती लगा रखी थी। (३२) दोनों बाग़ अपने फल लाते और फल (लाने) में किसी तरह की कमी नहीं करते और दोनों के बीच हमने नहर (भी) जारी कर रखी थी। (३३) और (इस तरह) उस (आदमी) को (ख़ूब) पैदावार मिलती थी तो एक दिन यह आदमी अपने (किसी) दोस्त से बातें करते-करते (शेख़ी में) बोल उठा कि मैं तुझसे माल में और आदमियों (यानी परिवार) में ज़्यादा हूँ। (३४) और (यह बातें करता हुआ) वह अपने बाग़ में गया और वह (घमण्ड और नाशुक्री से) अपने ऊपर आप ही बुरा कर रहा था। कहने लगा कि मैं नहीं समझता कि (वह बाग़) कभी तबाह हो सकता है। (३५) और न मैं यही समझता हूँ कि क़ियामत आनेवाली है और (अगर क़ियामत बरपा भी हो; और) अगर मैं अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटाया भी जाऊँगा तो वहाँ पहुँचने पर (भी) इससे अच्छी जगह पाऊँगा। (३६)

क़ाल लहू साहिबुहू व हुव युहाविरुहू अकफ़र्त बिल्लजी ख़लक़क मिन् तुराबिन् सुम्म मिन् नुत्फ़तिन् सुम्म सौवाक रजुलन् ﴿३७﴾ लाकिन्ना हुवल्लाहु रब्बी व ला उशरिकु बिरब्बी अहदन् (३८) व लौला इज्दख़ल्त जन्नतक क़ुल्त मा शा अल्लाहु ला क़ूवत्त अिल्ला बिल्लाहि ज् अिन् तरनि अना अक़ल्ल मिन्क मा लौंव वलदन् ज् (३९) फ़अ्सा रब्बी अैंयुअ्तियनि ख़ैरम्मिन् जन्नतिक व युर्सिल अलैहा हुस्बानम् - मिनस्समा अि फ़तुस्बिह़ सअ्दन् ज़लक़न् (४०) औ युस्बिह़ मा अुहा ग़ौरन् फ़लन् तस्तत्तीअ लहू तलबन् (४१) व अुहीत बिसमरिहि फ़अस्बह़ युक़ल्लिबु कफ़्फ़ैहि अला मा अन्फ़क़ फ़ीहा व हिय ख़ावियतुन् अला अुरूशिहा व यक़ूलु यालैतनी लम् अुशरिक् बिरब्बी अहदन् (४२) व लम् तकुल्लहू फ़िअतुंय्यन्सुरूनहू मिन् दूनिल्लाहि व मा कान मुन्तसिरन् ﴿४३﴾ हुनालिकल् - वलायतु लिल्लाहिल्-ह़क़्क़ि ﴿४४﴾ हुव ख़ैरुन् सवाबौंव ख़ैरुन् अुक़बन् (४४) ★ वज़्रिब् लहुम् मसलल्-ह़यातिद्दुन्या कमा अिन् अन्ज़ल्नाहु मिनस्समा अि फ़ख़्तलत बिहि नबातुल्अर्ज़ि फ़अस्बह़ हशीमन् तज्रूहुरियाहु ﴿४५﴾ व कानल्लाहु अला कुल्लि शैअिम्-मुक़्तदिरन् (४५) अल्मालु वल्बनून ज़ीनतुल् - ह़यातिद्दुन्या ज् वल्बाक़ियातुस् - सालिह़ातु ख़ैरुन् अिन्द रब्बिक सवाबौंव ख़ैरुन् अमलन् (४६) व यौम नुसैयिरुल्-जिबाल व तरल्अर्ज़ बारिज़तुन् ला व'व ह़शर्नाहुम् फ़लम् नुग़ादिर् मिन्हुम् अहदन् ज् (४७) व अुरिज़ू अला रब्बिक सफ़्फ़न् ﴿४८﴾ लक़द् जिअ्तुमूना कमा ख़लक़्नाकुम् औवल मर्रतिम् ज् बल् ज़अ्म्तुम् अल्लन् नज्अल लकुम् मौअिदन् (४८) व वुज़िअल्-किताबु फ़तरल्-मुज्रिमीन मुश्फ़िक़ीन मिम्मा फ़ीहि व यक़ूलून यावैलतना मालि हाज़ल्-किताबि ला युग़ादिरु सग़ीरतौंव ला कबीरतन् अिल्ला अह्साहा व वजदू मा अमिलू ह़ाज़िरन् ﴿४९﴾ व ला यज़्लिमु रब्बुक अहदन् (४९)



(उसकी शेख़ी को सुनकर) उसका दोस्त जो उससे बातें करता जाता था, बोल उठा कि क्या तू उसका इन्कार करनेवाला है जिसने तुझको मिट्टी से फिर (एक) बूँद से पैदा किया और फिर तुझको पूरा आदमी बना दिया। (३७) (ख़ैर तेरी बकवास तेरे साथ है) लेकिन मैं तो यही यक़ीन रखता हूँ कि वही अल्लाह मेरा परवरदिगार है और मैं अपने परवदिगार के साथ किसी को शरीक नहीं मानता। (३८) और (भला) जब तू अपने बाग़ में आया तो तूने क्यों नहीं कहा कि माशा अल्लाह (याने जो हुआ वह अल्लाह ही के चाहने से) अल्लाह के अलावा (मेरा) और कोई बल नहीं। अगर माल और संतान के विचार से तू मुझको अपने से कम देख रहा है। (३९) तो ताज्जुब नहीं मेरा परवरदिगार तेरे बाग़ से बढ़कर मुझको दे और इस (तेरे बाग़) पर आसमान से कोई बला भेज दे कि वह सुबह को साफ़ मैदान होकर रह जाय। (४०) या उसका पानी बहुत नीचे उतर जाय और तू उसको किसी तरह ढूँढ़कर न ला सके। (४१) और (उसकी नाशुक्री और घमण्ड के नतीजे में हुआ भी यही कि अल्लाह के कोप ने) उसकी सारी पैदावार तबाही में समेट ली और सुबह को वह उस लागत पर जो बाग़ में लगाई थी अपने दोनों हाथ मलता रह गया और वह (बाग़) अपनी टट्टियों पर गिरा पड़ा था; और (पछता कर) बोला कि क्या अच्छा होता अगर अपने परवरदिगार के साथ किसी को साझी न ठहराता। (४२) और उसके लिए कोई ऐसी जमाअ़त न हुई कि अल्लाह के मुक़ाबले उसकी मदद करती और न वह (ख़ुद) बदला ले सका। (४३) इसीसे (सिद्ध है कि) सारा अधिकार सच्चे (सत्यस्वरूप) अल्लाह ही को है, वही बेहतर सवाब और अजर (बदला) देनेवाला है। (४४)† ★ रू. ४ । १७ आ १३

और (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों से बयान करो कि दुनिया की ज़िन्दगी की मिसाल तो ऐसी है जैसे पानी को हमने आसमान से बरसाया फिर ज़मीन की पैदावार उसके संग से फली फूली फिर (एक दिन यह भी आया कि) सूखा होकर रह गई और (तिनकों की शकल में) हवा में उड़ती फिरती है। और अल्लाह हर चीज़ पर सर्वशक्तिमान है।§ (४५) (ऐ पैग़म्बर!) माल और औलाद (यह तो सिर्फ़ क्षणिक) दुनिया की ज़िन्दगी की शोभा है। लेकिन नेक कामों को जिन्हें बाक़ी (चिरस्थायी) रहना है वह तुम्हारे पालनकर्त्ता के यहाँ सवाब की नज़र से बढ़कर हैं और उन्हीं से ज़्यादा उम्मीद भी लगाई जा सकती है। (४६) और! (उस दिन की चिन्ता से बेखटके न हो) जिस दिन हम पहाड़ों को हटा (कर नष्ट भ्रष्टकर) देंगे और तुम ज़मीन को देख लोगे कि खुला मैदान पड़ा है और हम लोगों को घेर बुलावेंगे और उनमें से किसी को नहीं छोड़ेंगे। (४७) और पाँति की पाँति तुम्हारे परवरदिगार के सामने पेश किये जायँगे। (और उनसे कहा जायगा कि कहो!) जैसा हमने तुमको पहली बार पैदा किया था वैसे ही तुम हमारे सामने आये (या नहीं?) बल्कि तुम यह कहा करते थे कि हम तुम्हारे लिए कोई (क़ियामत के दिन का) वादा नहीं ठहराएँगे (४८) और (लोगों के सामने उन की कारगुज़ारियों) का खाता रखा जायगा तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम गुनहगारों को देखोगे कि जो कुछ उस में लिखा है उससे डर रहे हैं और कहते हैं कि हाय हमारा दुर्भाग्य, यह कैसा लेखा है कि (उनके कर्मों की) क्या कोई छोटी क्या बड़ी बात ऐसी नहीं जो उसमें लिखी न हो, अपने कर्म लेखे को (लिखा हुआ) सामने मौजूद पावेंगे और तुम्हारा परवरदिगार किसी पर बेइन्साफ़ी नहीं करेगा। (४९) ★ रू. ५ । १८ आ ४

† इस पाँचवीं रुकूअ़ में यही हिदायत है कि जब अल्लाह की रहमत से हमको दुनिया में [पिछ ४६६ पर]

§ याने दुनिया की हर चीज़ का चढ़ाव-उतार जन्ममरण लाज़िमी है। यह आख़िरत के ऐश ‡ [पिछ ४६६ पर]

व अिज् क़ुल्ना लिल्मला अिकत्रिस्जुदू लिआदम फ़सजदू अिल्ला अिब्लीस त् कान मिनल् - जिन्नि फ़फ़सक़ अन् अम्रि रब्बिहत् अफ़तत्तख़िज़ूनहू व जुर्रीयतहू औलिया अ मिन् दूनी व हुम् लकुम् अदूवुन् त् बिअ्स लिज़्ज़ालिमीन बदलन् (५०) मा अश्हत्तुहुम् ख़ल्क़स्समावाति वल्अर्ज़ि व ला ख़ल्क़ अन्फ़ुसिहिम् त् व मा कुन्तु मुत्तख़िजल्-मुज़िल्लीन अज़ुदन् (५१) व यौम यक़ूलु नादू शुरका अियल्लज़ीन ज़अम्तुम् फ़द-औहुम् फ़लम् यस्तजीबू लहुम् व जअल्ना बैनहुम् मौबिक़न् (५२) व रअल्-मुज्रिमूनन्नार फ़ज़न्नू अन्नहुम् मुवाक़िअूहा वलम् यजिदू अन्हा मस्रिफ़न् (५३) ★ व लक़द् सर्रफ़्ना फ़ी हाजल् - क़ुर्आनि लिन्नासि मिन् कुल्लि मस्लिन् त् व कानल् - अिन्सानु अक्सर शैअिन् जदलन् (५४) व मा मनअन्नास अैंयुअ्मिनू अिज् जा अ-हुमुल् हुदा व यस्तग़्फ़िरू रब्बहुम् अिल्ला अन् तअ्तियहुम् सुन्नतुल् - औवलीन औ यअ्तियहुमुल् - अज़ाबु क़ुबुलन् (५५) व मा नुर्सिलुल् - मुर्सलीन अिल्ला मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन ज़ व युजादिलुल्लज़ीन कफ़रू बिल्बातिलि लियुद्हिज़ू बिहिल्हक़्क़ वत्तख़ज़ू आयाती व मा उन्ज़िरू हुज़ुवन् (५६) व मन् अज़्लमु मिम्मन् ज़ुक्किर बिआयाति रब्बिहत् फ़अ़रज़ अन्हा व नसिय मा क़द्दमत् यदाहु त् अिन्ना जअल्ना अला क़ुलूबिहिम् अकिन्नतन् अैंयफ़्क़हूहु व फ़ी आजानिहिम् वक़्रन् त् व अिन् तद्अुहुम् अिलल्हुदा फ़लैंयह्तदू अिज़न् अबदन् (५७) व रब्बुकल्-ग़फ़ूरु ज़ुर्रह्मति त् लौ युआख़िज़ुहुम् बिमा कसबू लअ्ज्जल लहुमुल्-अज़ाब त् बल्लहुम् मौअिदुल् - लैंयजिदू मिन् दूनिहत् मौअिलन् (५८)

★ रु. १२ - ७ आ. ४



और जब हमने फ़रिश्तों को हुक्म दिया कि आदम के आगे सिर झुकाओ तो (सबने) सिर झुकाया सिवाय इबलीस, जो जिन्नों की जाति में से था सो वह अपने परवरदिगार के हुक्म से निकल भागा। तो (लोगो !) तुम अब क्या मेरे अलावा उस (इबलीस) को और उसकी औलाद को दोस्त बनाते हो हालाँकि वह तुम्हारे (हमेशा) दुश्मन हैं। ज़ालिमों को बुरा नतीजा हाथ लगा। (५०) मैंने आसमान और ज़मीन के पैदा करते समय बल्कि खुद उस (शैतान) के पैदा करते समय भी उन (शैतानों) को नहीं बुलाया और मैं ऐसा नहीं कि (राह से) भटकाने वालों को (अपना) मददगार बनाऊँ। (५१) और (लोगो ! उस दिन की फ़िक्र से बेखटके न हो) जिस दिन (अल्लाह) हुक्म देगा कि जिनको तुम मेरा शरीक समझा करते थे उनको (अपनी मदद के लिए) बुलाओ फिर (ये) उनको पुकारेंगे और वह इनको जवाब न देंगे और हम इनके बीच में (मौत जैसी) आड़ कर देंगे। (५२) और गुनहगार (दोज़ख़ की) आग को देखेंगे और समझ जावेंगे कि वह उसमें गिरनेवाले हैं और उनको उससे भागने की कोई राह नहीं मिलेगी। (५३) ★ रु. ७–१९ आ ४

और हमने इस क़ुर्आन में लोगों के लिए तरह-तरह की मिसालें (समझा-समझा कर) बयान की हैं। मगर आदमी बहुत ही झगड़ालू है। (५४) और जब लोगों के पास हिदायत आ चुकी तो (अब) ईमान लाने और अपने परवरदिगार से बख़्शीश माँगने से इनको किसने रोका ? सिवाय (समझना चाहिये कि) वह इसी की राह देख रहे हैं कि अगले लोगों जैसा चलन इनको भी पेश आये या (हमारा) अज़ाब इनके सामने (घेरने को) आ मौजूद हो। (५५) और हम पैग़म्बर को सिर्फ़ इसलिए भेजा करते हैं कि (वह लोगों को अल्लाह की नेमतों की) खुशख़बरी सुनावे और (अल्लाह के अज़ाब से उनको) डरावे ; और जो लोग मुन्किर (अविश्वासी) हैं वही झूठी बातों की सनद पकड़कर झगड़े डाला करते हैं ताकि उनके ज़रिये (लोगों को) सच्चाई से डिगा दें और इन लोगों ने) हमारी आयतों को और (हमारे अज़ाब को) जिससे इनको डराया जाता है हँसी बना रखा है। (५६) और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है जो अल्लाह की आयतों के ज़रिये समझाये जाने पर फिर उसकी तरफ़ से विमुख हो और अपने पिछले कर्मों को भूल जावे (जो वह दुनिया में कर चुका है)। हम ही ने इनके दिलों पर पर्दे डाल दिये हैं ताकि (सच बात) समझ न सकें और इनके कानों में (एक तरह का) बोझ (पैदा कर दिया है ताकि सुन न सकें)। और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम इनको (सच्ची) राह की तरफ़ बुलाओ तो इस वक़्त यह कभी राह पर आनेवाले नहीं। (५७) और तुम्हारा परवरदिगार बड़ा माफ़ी देनेवाला बेहद मेहरबान है। अगर इनके कामों के बदले में इनको पकड़ लेना ही मंज़ूर होता तो (इनकी बदकिरदारियाँ तो इतनी ज़्यादा हैं कि) फ़ौरन ही इन पर सज़ा उतार देता, लेकिन इनके लिए एक मियाद (मुक़र्रर) है जिससे पहले कहीं पनाह नहीं पा सकते। (५८)

[पेज ४६७ से] तरक़्क़ी हासिल हो तो हम उसे अपनी सिफ़त समझकर घमण्ड में अल्लाह को भूल न जाँय, वरना अन्त में यही बुरा नतीजा हाथ लगता है और आख़िरत में भी। छोटा-बड़ा धनी-निर्धन जैसा भी अल्लाह ने जिसको बनाया उसके पीछे क्या रहस्य है यह अल्लाह ही जानता है। हमको घमण्ड या मायूसी सुनासिब नहीं।

[पेज ४६७ से] ‡ की तरह टिकाऊ नहीं है। इसलिए इस पर ज़रूरत से ज़्यादः महो मत हो। दूसरे, आबाद को बरबाद और बरबाद को आबाद करने पर अल्लाह को पूरी सामर्थ्य है।

व तिल्कल् - क़ुरा अह्लक्नाहुम् लम्मा जलमू व जअल्ना लिमह्लिकिहिम् मौअ़िदन् (५९) ★ व अिज् क़ाल मूसा लिफ़ताहु ला अब्रहु हत्ता अब्लुग़ मज्मअ़ल् - बह्रैनि औ अम्ज़िय हुक़ुबन् (६०) फ़लम्मा बलग़ा मज्मअ़ बैनिहिमा नसिया हूतहुमा फ़त्तख़ज सबीलहु फ़िल्बह्रि सरबन् (६१) फ़लम्मा जावज़ा क़ाल लिफ़ताहु आतिना ग़दा अना ज् लक़द् लक़ीना मिन् सफ़रिना हाज़ा नसबन् (६२) क़ाल अरअैत अिज् अवैना अिलस्-सख़्रति फ़अिन्नी नसीतुल्हूत ज् व मा अन्सानीहु अिल्लश्शैतानु अन् अज्कुरहु ज् वत्तख़ज सबीलहु फ़िल्बह्रि क् सला अजबन् (६३) क़ाल जालिक मा कुन्ना नब्ग़ि क् सला फ़र्तद्दा अला आसारिहिमा क़ससन् ला (६४) फ़वजदा अब्दम् - मिन् अिबादिना आतैनाहु रह्मतम्मिन् अिन्दिना व अल्लम्नाहु मिल्लदुन्ना अिल्मन् (६५) क़ाल लहु मूसा हल् अत्तबिअुक अला अन् तुअल्लिमनि मिम्मा अुल्लिम्त रुश्दन् (६६) क़ाल अिन्नक लन तस्ततीअ़ मअ़िय सब्रन् (६७) व कैफ़ तस्बिरु अला मा लम् तुहित् बिहि ख़ुब्रन् (६८) क़ाल सतजिदुनी अिन्शा अल्लाहु साबिरौंव ला अअ़्सी लक अम्रन् (६९) क़ाल फ़अिनित् - तबअ़्तनी फ़ला तस्अल्नी अन् शैअिन् हत्ता अुहूदिस लक मिन्हु जिक्रन् (७०) ★ फ़न्तलक़ा बक़्फ़: हत्ता अिजा रकिबा फ़िस्सफ़ीनति ख़रक़हा त् क़ाल अख़रक़्तहा लितुग़रिक़ अह्लहा ज लक़द् जिअ्त शैअन् अिम्रन् (७१) क़ाल अलम् अक़ुल् अिन्नक लन् तस्ततीअ़ मअ़िय सब्रन् (७२) क़ाल ला तुआख़िज़्नी बिमा नसीतु व ला तुर्हिक़्नी मिन् अ़ुस्रन् (७३) फ़न्तलक़ा बक़्फ़: हत्ता अिजा लक़िया ग़ुलामन् फ़क़तलहु ला क़ाल अक़तल्त नफ़्सन् ज़कीयतम्-बिग़ैरि नफ़्सिन् त् लक़द् जिअ्त शैअन् नुक्रन् (७४)

॥ इति पन्द्रहवाँ पारः ॥

और (आ़द और समूद वग़ैरः) यह बस्तियाँ (जिनके निशान तुम देखते हो) इन्होंने भी जब ज़ुल्म किये तो हमने उनको मिटा दिया और इनको मिटा देने की भी हमने एक मियाद नियत कर रखी थी। (५९) ★ रू. ८ | २० आ ६

(ऐ पैग़म्बर ! लोगों को बतलाओ कि) जब मूसा※ (ह० ख़िज़्र अ़० की मुलाक़ात के इरादे से चले तो उन्हों) ने अपने सेवक (ह० यूशा अ़० ♦) से कहा कि जब तक मैं दोनों नदियों के मिलने की जगह पर न पहुँच लूँ बराबर चलूँगा चाहे मैं बरसहाँ बरस चलता ही रहूँ। (६०) फिर जब यह दोनों उन दो नदियों के मिलने की जगह पर पहुँचे तो दोनों अपनी (तली हुई) मछली भूल गये, तो मछली ने नदी में सुरंग की तरह का अपना रास्ता बना लिया। (६१) फिर जब आगे बढ़े तो मूसा ने अपने सेवक से कहा कि हमारा खाना तो हमको दो। हमारे इस सफ़र में तो हमको बड़ी थकावट हुई। (६२) (नौकर ने) कहा आपने यह देखा था कि जब उस पत्थर के पास (हम लोग) ठहरे थे तो मैं मछली भूल गया। और शैतान ही (मरदूद) ने मुझको भुला दिया कि मैं (आप से) उसका ज़िक्र करता। और मछली ने अजीब तौर पर नदी में (जाने का) अपना रास्ता कर लिया। (६३) (मूसा अ़० ने) कहा कि वही (वह जगह) है जिसकी हम तलाश में थे; फिर दोनों अपने (पैरों के) निशानों को खोज़ते उलटे पाँव फिरे। (६४) तो उन्होंने हमारे बन्दों में से एक बन्दे (यानी ह० ख़िज़्र अ़०) को पाया जिस पर हमने अपनी मेहरबानी की थी और अपनी तरफ़ से उसको एक इल्म सिखाया था (६५) मूसा ने उससे (यानी ख़िज़्र से) कहा कि क्या मैं तुम्हारे साथ इस इरादे से रह सकता हूँ कि जो इल्म तुमको सिखाया गया है तुम कुछ मुझको भी सिखा दो। (६६) (ख़िज़्र ने) कहा तू मेरे साथ न ठहर सकेगा। (६७) और जो चीज़ तुम्हारी जानकारी के घेरे से बाहर है उस पर तू कैसे सब्र कर सकेगा ? (६८) (मूसा ने) कहा कि अल्लाह ने चाहा तो तुम मुझको सब्र करनेवाला पाओगे और मैं तुम्हारी किसी आज्ञा को न टालूँगा। (६९) (ख़िज़्र ने) कहा अगर तुझको मेरे साथ रहना है तो (ध्यान रख कि) जब तक मैं तुझसे किसी बात की चर्चा (खुद) न करूँ तू मुझसे कोई सवाल न करना। (७०) ★ रू. ९ | २१ आ ११

फिर (मूसा और ख़िज़्र) दोनों चले यहाँ तक कि (नदी पड़ने पर) जब दोनों नाव में सवार हुए तो ख़िज़्र ने (एक तख़्ता तोड़कर) नाव को फाड़ दिया। (मूसा ने) कहा कि तुमने क्या किश्ती को इसलिए फाड़ा कि नाव के लोगों को (दरिया में) डुबो दो। क्या ही बड़ी (ख़तरे की) बात तुमने की। (७१) (ख़िज़्र ने) कहा (आख़िर वही हुआ) मैंने कहा न था कि तू मेरे साथ हरगिज़ सब्र न कर सकेगा। (७२) (मूसा ने) कहा कि तुम मेरी भूल-चूक न पकड़ो और मेरे मामले में (इतनी) सख़्ती से काम न लो। (७३) फिर दोनों (और) बढ़े यहाँ तक कि (रास्ते में) एक लड़के से भेंट हुई तो (ख़िज़्र ने) उसको मार डाला। (मूसा ने) कहा क्या बेक़सूर मनुष्य को तुमने मार डाला ? (वह भी) किसी के (क़त्ल के जुर्म के क़िसास यानी) बदले में नहीं ! यह तो तुमने बड़ा बेजा काम किया। (७४)

॥ इति पन्द्रहवाँ पारः ॥

※ ♦ इन निशानों के फ़ुटनोट पृष्ठ ५०३ पर देखिये।

* पेज ४८६ से सूरः कह्फ़ि की भूमिका

* इस सूरः का नाम 'कहफ़' यानी गुफ़ा के नाम पर किया गया है। इस गुफ़ा में सात सोनेवालों (Seven Sleepers) का ज़िक्र सुरयानी भाषा के पुराने लेख में मिलता है। इनका संक्षेप में बयान सूरत की भूमिका में नीचे दिया गया है। सूरः कहफ़ के उतरने का समय रसूल स० के मक्का में रहने के अन्तिम दिनों में हो समझा जाता है। सूरः बनी इस्राअील में यहूदियों को और उसी तरह सूरः कहफ़ में ईसाइयों को चेतावनी दी गई है। साथ ही ईमानवालों को सब्र पर क़ायम रहने की हिदायत और गुफ़ा वालों की मिसाल से इशारा किया गया है कि अगर मुल्क में ईमान से बसर करना ज़ालिमों के कारन नामुमकिन हो जाय तो माल-मता का लालच छोड़ कर देश त्याग कर देना व दूसरे अमन के देश को हिजरत कर जाना चाहिये। इस सूरः में ह० खिज़िर अ० व ज़ुलक़रनैन के बयान भी आये हैं। असहाब कहफ़ (गुफ़ा) का बयान —'एशिया कोचक में तर्तूस नाम का एक शहर है। इस शहर से तीन मील के फ़ासले पर दो पहाड़ हैं जिसके ग़ार में असहाब कहफ़ ग़ायब हुए थे। यह ग़ार कई मील लम्बा है जिसमें कई श्रेणियां और हैवतनाक दर्रे हैं। यहां इन्हीं असहाब कहफ़ और रक़ीम का वाक़िअः बयान किया गया है जिसको ज़रा होशियारी से समझने की ज़रूरत है। इस वाक़िअः का मतलब है कि रूम के बादशाह फ़िलिप्स के शासन के बाद सन् २४६ ई० में एक दक़ियानूस बादशाह हुआ। वह मज़हब तो ईसाई रखता था लेकिन वह बादशाह बुतपरस्ती की तरफ़ झुक गया था और अपने ज़ुल्म व सितम से रियाया को भी बुतपरस्ती पर मजबूर करता था। एक बार यह ज़ालिम बादशाह शहर-शहर गश्त लगाता, सैकड़ों को बुतपरस्त बनाता, और हज़ारों 'तौहीद' के माननेवालों को तहे तेग़ करता हुआ शहर तर्तूस में आ पहुँचा। अहले ईमानवाले अपना दीन बचाने के लिए शहर से भाग निकले जिनमें चन्द नौजवान भी थे। जिन्होंने इस बादशाह की ईज़ारसानी से तंग आकर एक बड़ी ग़ार (गुफ़ा) में पनाह ली जहां बादशाह ने एक दीवार बनवा दी। इसके बाद ये लोग ३०६ साल तक इस ग़ार में सोते रहे ताकि तब्लीग़ हक़ (एक अल्लाह को मानने का प्रचार) के लिए मैदान साफ़ हो जाये। रुकू ४ आयत २५ में ३०० साल और ३०६ का खुलासा—शम्सी सौ बरस के एक सौ तीन साल क़मरी होते हैं। असहाबे कहफ़ की क़ौम में शम्सी (सूर्य सम्बन्धी) साल का हिसाब था उस क़ौम के हिसाब से तीन सौ बरस असहाबे कहफ़ को ग़ायब हुए गुज़रे थे और अरब के अन्दर क़मरी (चन्द्रमा सम्बन्धी साल का हिसाब है, इस वास्ते अल्लाह तआला ने तीन सौ बरस अलहदः और नौ बरस अलहदः आयत में ज़िक्र फ़रमाये। 'असहाब रक़ीम' इनको इसलिए कहा गया है कि एक तख़्ती पर उनके नाम लिखकर दीवार पर लगा दिये गये थे ताकि लोग इनसे मिलने न पायें। जब ये नौजवान ग़ार की तरफ़ जाने लगे तो उन्होंने अल्लाह से यह दुआ की—'अय अल्लाह! हमारा जो काम है (यानी तब्लीग़ हक़) उसको तू अंजाम पर पहुँचा दीजियो।' ग़रज़ मुद्दत के बाद ये लोग ग़ार से उठे। लम्बी मुद्दत इसलिए सोये ताकि अल्लाह तआला मुनकिरीन (विमुखों) को क़ियामत का यक़ीन दिला दे कि जिस तरह हमने तीन सौ साल बाद इनको जगा दिया इसी तरह क़ियामत तक सोने वालों को भी जगा देंगे। इससे दूसरी मुराद सुला देना या दुनिया के वाक़िआत से बेख़बर कर देना है। सोने की हालत में इनसान तमाम हालात से बेख़बर हो जाता है। दो फ़रीक़ से मुराद ख़ुद असहाब कहफ़ हैं। "बअस" से मुराद ग़ार से निकलकर लोगों के पास जाना और उनको सच्चाई की तब्लीग़ करना है।"

† ‡ § + इन निशानों के फ़ुटनोट ४६३ पृष्ठ से

† सुरयानी भाषा में इन सात सोनेवाले पीरों का जो इतिहास मिलता है उसके मुताबिक़ यह लोग गुफ़ा में लगभग ३०० साल सोते रहे। इतने अरसे में मुशरिकों की हुकूमत ख़त्म हो चुकी थी और ईसाई मज़हब मक़बूल हो चुका था जिसकी इनको जानकारी न थी। इसलिए इनको अन्देशा था कि उन्हीं ज़ालिम लोगों से सामना होने पर उनके ज़ुल्मों का सामना होगा। ‡हुआ यों कि जब वह आदमी ३०० साल पुरानी चाल

ढाल में पुराने ज़माने का सिक्का लेकर बाज़ार पहुँचा तो लोग उसे देखकर हैरान होगये और उनको शक हुआ कि यह कोई दफ़ीना पुराना ख़ज़ाना पा गया है। चुनाँचे हाकिमों के आगे पड़ने पर यह राज़ खुला कि यह तो उन पुराने सात सन्तों में से है जो उस समय के मुशरिकों के ज़ुल्मों से तंग आकर मुल्क से ग़ायब हो गये थे। गो रोम में अब ईसाई मत फैल चुका था फिर भी क़ियामत में दुबारा ज़िन्दः होने में कुछ शक था। अब इन पीरों के ३०० साल बाद उठने से इत्मीमान हुआ कि इसी तरह अल्लाह क़ियामत के दिन भी क़ब्रों से उठा सकता है। §कहफ़ के सन्तों का क़िस्सा, उनकी तादाद, उनके खोह में समाधि लेने का वक़्त—इन सब पर काफ़िर, यहूदियों के इशारे पर रसुलुल्लाह स० से तरह तरह के सवाल इस उम्मीद से करते कि वे इतनी पुरानी बातों को बता न सकेंगे। रसूल स० ने उनसे कल बताने का वायदा कर लिया। लेकिन जिबरील अ० १८ दिन तक न आये और इस कारन आयत के न उतरने पर वे कल के बजाय १८ दिन जवाब न दे सके और उदास रहे। इस मौक़े पर ही यह आयत उतरी कि फ़िलहाल यह बयान सन्तों का तुम्हारे ज़रिये अल्लाह भेज रहा है। लेकिन आइन्दः के लिए गाँठ बाँध लो कि कभी किसी बात के बताने या करने की ज़बान न दो बल्कि यही कहो कि "अगर अल्लाह ने चाहा तो ऐसा करूँगा।" क्योंकि हर बात पर अल्लाह ही समरथ है, इंसान नहीं। इस तौर पर अगर कभी कोई बात न भी बता सको तो रंज की बात नहीं। क्या अजब उस बात के न बता सकने में ही कोई भलाई अल्लाह छिपाये हो और आइन्दः वह तुमको और ज़्यादा सूझ और हिदायत दे। +क़ुरैश मक्का ने नज़र बिन हारिस और अतबः बिन अबी मुऐत को मदीना के यहूदी आलिमों के पास हज़रत मुहम्मद स० की नबूवत के हालात दरयाफ़्त करने भेजा क्योंकि क़ुरैश-मक्का अहलेकिताब को ही इल्म का ख़ज़ाना समझते थे। नुमाइन्दों ने जाकर यहूदियों से हज़० मुहम्मद स० के मुतअल्लिक़ दर्याफ़्त किया। यहूद ने इन नुमाइन्दों को तीन सवाल तलक़ीन (समझाये-बुझाये) किये। १ हज़रत मूसा अलै० के एक सफ़र जिसमें वे ख़िज्र अ० से मिले थे। २. ज़ुलक़रनैन, और ३. असहाब कहफ़ के सम्बन्ध से था। क़ासिद वापस आये। क़ुरैश को यहूदियों का क़ौल बताया। क़ुरैश ने हज़रत मुहम्मद स० से तीनों सवाल उनकी नबूवत की परीक्षा (जाँच) के लिए किए। आपने दूसरे रोज़ बतलाने का वादा किया। चूँकि जनाबे मुहम्मद स० ने 'इन्शा अल्लाह' नहीं कहा था, इसलिए १५ रोज़ (१८ या ४० रोज़) 'वही' न आई तो आप बहुत बेचैन हुए। क़ुरैश का सख्त तक़ाज़ा हुआ। आख़िरकार 'वही' नाज़िल हुई। सवाल हज़रत मूसा अलै० के मुतअल्लिक़ तो जवाब मिला (सूरः कहफ़ आयत ६० से ८२ तक) ज़ुलक़रनैन के मुतअल्लिक़ हाल पूछने का जवाब (सूरः कहफ़ आयत ८३ से ९८ तक) में दे दिया गया और असहाब कहफ़ की भी तफ़सील इस सूरः (कहफ़) में कर दी गई है। साथ ही हज़रत मुहम्मद सल्ल० को "इन्शा अल्लाह" (अगर अल्लाह ने चाहा तो यह काम करूँगा) कहने का हुक्म भी दे दिया गया।

❋ ♦ इन निशानों के फ़ुटनोट पेज ५०१ से

❋ एक दिन हज़रत मूसा अ० से किसी ने पूछा, "तुमसे भी अधिक ज्ञान किसी को है?" मूसा अ० ने कहा, "हम नहीं जानते।" यदि उन्होंने यों कहा होता कि हम ऐसे अल्लाह के बहुतेरे बन्दे हैं, तो बहुत उचित होता। इसलिए उन पर वह (आयत) आई कि एक सेवक हमारा है जो तुमसे ज़्यादः ज्ञिल्म रखता है। अपने साथ एक तली मछली लेते जाओ। जहाँ वह मछली गुम हो जाय वहीं उस बन्दे से तुम्हारी भेंट होगी। ♦ ह० यूशा अ० ह० मूसा अ० के ख़ास सेवक थे। उनकी वफ़ात के बाद अल्लाह ने ह० यूशा अ० को पैग़म्बरी दी।

फ़र्ज़ाइज़ शरीफ़

द्वितीय खंड

पारः १६ से ३० तक

✪✪ सोलहवाँ पारः क़ाल अलम् ✪✪

✪ सूरतुल् कह्फ़ि आयात ७५ से ११० ✪

क़ाल अलम् अक़ुल्लक अिन्नक लन् तस्ततीअ मअिय सब्रन् (७५) क़ाल अिन् सअल्तुक अन् शैअिम् - बअ़्दहा फ़ला तुसाहिबूनी ज क़द् बलग़्त मिल्लदुन्नी अुज़्रन् (७६) फ़न्तलक़ा वक़्फ़ः हूत्ता अिजा अतया अह्ल क़र्यतिनिस्-तत्अमा अह्लहा फ़अबौ अँयुज़ैयिफ़ू हुमा फ़वजदा फ़ीहा जिदारैंयुरीदु अँयन्क़ज़्ज़ फ़अक़ामहु त् क़ाल लौ शिअ्त लत्तख़ज़्त अलैहि अज़्रन् (७७) क़ाल हाजा फ़िराक़ु बैनी व बैनिक ज सअुनब्बिअुक बितअ्वीलि मा लम् तस्ततिअ़् अलैहि सब्रन् (७८) अम्मस्सफ़ीनतु फ़कानत् लिमसाकीन यअ़्मलून फ़िल्बह्रि फ़अरत्तु अन् अअीबहा व कान वरा अहुम् मलिकुंय्यअ्ख़ुजु कुल्ल सफ़ीनतिन् ग़स्बन् (७९) व अम्मल्ग़ुलामु फ़कान अबवाहु मुअ्मिनैनि फ़ख़शीना अैं-युर्हिक़-हुमा तुग़्यानौंव कुफ़्रन् ज (८०) फ़अरद्ना अँयुब्दिलहुमा रब्बुहुमा ख़ैरम्-मिन्हु ज़कातौंव अक़्रब रुह्मन् (८१) व अम्मल् - जिदारु फ़कान लिग़ुलामैनि यतीमैनि फ़िल् - मदीनति व कान तह्तहु कन्ज़ुल्लहुमा व कान अबूहुमा सालिह्न् ज फ़अराद रब्बुक अँयब्लुग़ा अशुद्दहुमा व यस्तख़्रिजा कन्ज़हुमा क़ सला रह्मतम्मिर् - रब्बिक ज व मा फ़अल्तुहु अन् अम्री त् जालिक तअ्वीलु मा लम् तस्तिअ़् अलैहि सब्रन् त् (८२) ★ व यस्अलूनक अन्जिल्-क़र्नैनि त् क़ुल् सअतू अलैकुम् मिन्हु ज़िक्रन् त् (८३) अिन्ना मक्कन्ना लहु फ़िल्अर्ज़ि व आतैनाहु मिन् कुल्लि शैअिन् सबबन् ला (८४) फ़अत्बअ सबबन् (८५) हूत्ता अिजा बलग मग़्रिबश् - शम्सि वजदहा तग़्रुबु फ़ी अैनिन् हमिअतिंव्व वजद अिन्दहा क़ौमन् ० त् क़ुल्ना याज़ल्-क़र्नैनि अिम्मा अन् तुअज्जिब व अिम्मा अन् तत्तख़िज फ़ीहिम् हुस्नन् (८६)

✪✪ सोलहवाँ पारः (क़ाल अलम्) ✪✪

✪ सूरतुल् कह्फ़ि आयात ७५ से ११० ✪

(ख़िज़्र ने फिर) कहा क्या मैंने तुमसे नहीं कहा था कि मेरे साथ तुम (बिना टोंके या पूछे) सब्र नहीं कर सकोगे। (७५) (मूसा ने अपनी भूल समझते हुये) कहा कि इसके बाद अगर मैं तुमसे फिर कुछ पूछूँ तो मुझको अपने साथ न रखना। फिर (मुझको) तुमसे कुछ उज़्र करने की गुञ्जाइश न रहेगी। (७६) फिर (दोनों) आगे बढ़े यहाँ तक कि एक गाँव के रहने वालों के पास पहुँचे और वहाँ के लोगों से खाने को माँगा (लेकिन) उन्होंने उनको खाना देना मंज़ूर न किया फिर (इतने में) इन्होंने गाँव में एक दीवार देखी जो गिरा चाहती थी (तो ख़िज़्र ने) उसको फिर सीधा कर दिया। (इस पर मूसा ने) कहा अगर तुम चाहते तो (दीवार के सीधा करने की) मज़दूरी ले सकते थे (क्योंकि इन्होंने तो हम लोगों को खाना तक नहीं दिया)। (७७) (तीसरी बार फिर मूसा अ० के टोक देने पर ख़िज़्र अ० ने) कहा बस अब (मेरा तुम्हारा साथ नहीं रह सकता और) मुझमें और तुझमें जुदाई पड़ गई, जिन बातों पर तू सब्र न कर सका अब मैं तुझको उनकी असलियत बताये देता हूँ। (७८) कि नाव तो ग़रीबों की थी जो नदी में चलाते (व पेट पालते) थे तो मैंने चाहा कि उस (नाव) को ऐबदार कर दूँ क्योंकि इनके सामने की तरफ़ एक (ज़ालिम) बादशाह था जो हरएक किश्ती को जबरन ज़ब्त कर लिया करता था। (७९) और वह जो लड़का था उसके माता-पिता ईमानवाले थे, तो हमको यह डर हुआ कि (यह लड़का सयाना होने पर बदकिरदार होगा और वह) सरकशी और कुफ़्र से उनके सिरों पर बला न डाले। (८०) इसलिए हमने यह चाहा कि (उसको मार दें और) उनका परवरदिगार उसके बदले में उससे अच्छा (बेटा) दे जो उससे ज़्यादा पाक और मुहब्बत वाला हो। (८१) और रही दीवार सो शहर के अनाथ लड़कों की थी और उसके नीचे उन्हीं (लड़कों) का ख़ज़ाना गड़ा हुआ था और उनका पिता नेक आदमी था। पस तुम्हारे परवरदिगार ने चाहा कि वह लड़के अपनी जवानी को पहुँचकर अपना गड़ा हुआ ख़ज़ाना निकाल लें। तुम्हारे परवरदिगार की यह कृपा थी। और मैंने जो कुछ किया सो अपने इख़्तियार से नहीं किया (बल्कि अल्लाह की आज्ञा से)। वह उन बातों का राज़ (रहस्य) है जिन पर तुम सब्र न कर सके। (८२) ★ रु. १०—१ आ १२

और (ऐ पैग़म्बर!) लोग तुमसे (तुम्हारे इल्म और नबी होने का इम्तहान लेने के लिए अब) ज़ुलक़रनैन† का हाल पूछते हैं। तुम कहो कि मैं तुमको उसका थोड़ा-सा हाल पढ़ कर सुनाता हूँ। (८३) हमने उसको ज़मीन पर सामर्थ्यवान किया और हमने उसको हर तरह के साज़-सामान दिये थे। (८४) फिर वह एक सामान के पीछे पड़ा (और पच्छिम की ओर कूच किया)। (८५) यहाँ तक कि जब सूरज के डूबने की जगह पर पहुँचा तो (उसको सूरज ऐसा) दिखाई दिया कि वह काले गंदले पानी[७] में डूब रहा है और देखा कि उस के क़रीब एक जाति बसी है। हमने कहा कि ऐ ज़ुलक़रनैन! (तुम्हें अधिकार है) चाहो इन लोगों को सज़ा दो चाहो (इनके साथ) नेक सलूक करो। (८६)

† ज़ुलक़रनैन यानी दो सींगोंवाला—कुछ लोग यह ख़िताब सिकन्दर को देते हैं। लेकिन क़ुर्आन में दिये हालात से ईरान के बा-इक़बाल बादशाह साइरस या ख़ोरस को आलिम ज़्यादः मौज़ूँ समझते हैं।

[७] सूरज पच्छिम की ओर डूबता है। और ख़ास कर समुद्र के किनारे मालूम पड़ता है कि काले [पेज ५०६ पर]

क़ाल अम्मा मन् ज़लम फ़सौफ़ नुअज्जिबुहु सुम्म युरद्दु अिला रब्बिहि फ़युअज्जिबुहु अज़ाबन् नुकुरन् (८७) व अम्मा मन् आमन व अमिल सालिहन् फ़लहु जज़ाअनिल्-हुस्ना ज व सनक़ूलु लहु मिन् अम्रिना युस्रन् त (८८) सुम्म अत्बअ सबबन् (८९) हत्ता अिजा बलग़ मत्लिअश् - शम्सि वजदहा तत्लुअु अला क़ौमिल्लम् नज्अल्लहुम् मिन् दूनिहा सित्रन् ला (९०) कजालिक त व क़द् अहत्ना बिमा लदैहि ख़ुब्रन् (९१) सुम्म अत्बअ सबबन् (९२) हत्ता अिजा बलग़ बैनस् - सद्दैनि वजद मिन् दूनिहिमा क़ौमन् ला ल'ला यकादून यफ़्क़हून क़ौलन् (९३) क़ालू याजल् - क़र्नैनि अिन्न यअ्जूज व मअ्जूज मुफ़्सिदून फ़िल्अर्ज़ि फ़हल् नज्अलु लक ख़र्जन् अला अन् तज्अल बैनना व बैनहुम् सद्दन् (९४) क़ाल मा मक्कन्नी फ़ीहि रब्बी ख़ैरुन् फ़अअीनूनी बिक़ूवतिन् अज्अल् बैनकुम् व बैनहुम् रद्मन् ला (९५) आतूनी ज़ुबरल्-हदीदि त हत्ता अिजा सावा बैनस्सदफ़ैनि क़ालन्फ़ुखू त हत्ता अिजा जअलहु नारन् ला क़ाल आतूनी अुफ़्रिग़् अलैहि क़ित्रन् त (९६) फ़मस्ताअू अैयज़्हरूहु व मस्तताअूलहु नक़बन् (९७) क़ाल हाजा रह्मतुम्मिर् - रब्बी ज फ़अिजा जा अ वअ्दु रब्बी जअलहु दक्का अ ज व कान वअ्दु रब्बी हक़्क़न् त (९८) व तरक्ना बअ़ज़हुम् यौमअिजीयमूजु फ़ी बअ़ज़िव्व नुफ़िख़ फ़िस्सूरि फ़जमअ़्नाहुम् जम्अन् ला (९९) व अरज़्ना जहन्नम यौमअिजिल्लिल्-काफ़िरीन अर्ज़न् ला (१००) अल्लजीन कानत् अअ़्युनुहुम् फ़ी गिता अिन् अन् जिक्री व कानू ला यस्ततीअून समअन् (१०१) ★ अ-फ़-हसिबल्लजीन कफ़रू अैयत्तख़िजू अिबादी मिन् दूनी औलिया अ त अिन्ना अअ़्तद्ना जहन्नम लिल्काफ़िरीन नुज़ुलन् (१०२)

قل اعلم ٢٤٢ الكهف
تعذب واما ان تتخذ فيهم حسنا ۝ قال اما من ظلم فسوف
نعذبه ثم يرد الى ربه فيعذبه عذابا نكرا ۝ واما من امن و
عمل صالحا فله جزاء الحسنى وسنقول له من امرنا يسرا ۝ ثم
اتبع سببا ۝ حتى اذا بلغ مطلع الشمس وجدها تطلع على قوم
لم نجعل لهم من دونها سترا ۝ كذلك وقد احطنا بما لديه
خبرا ۝ ثم اتبع سببا ۝ حتى اذا بلغ بين السدين وجد من
دونهما قوما لا يكادون يفقهون قولا ۝ قالوا يذا القرنين ان
ياجوج ومأجوج مفسدون فى الارض فهل نجعل لك خرجا على
ان تجعل بيننا وبينهم سدا ۝ قال ما مكنى فيه ربى خير فاعينونى
بقوة اجعل بينكم وبينهم ردما ۝ اتونى زبر الحديد حتى اذا ساوى
بين الصدفين قال انفخوا حتى اذا جعله نارا قال اتونى افرغ عليه
قطرا ۝ فما اسطاعوا ان يظهروه وما استطاعوا له نقبا ۝ قال هذا
رحمة من ربى فاذا جاء وعد ربى جعله دكاء وكان وعد ربى
حقا ۝ وتركنا بعضهم يومئذ يموج فى بعض ونفخ فى الصور فجمعنهم
جمعا ۝ وعرضنا جهنم يومئذ للكفرين عرضا ۝ الذين كانت اعينهم
فى غطاء عن ذكرى وكانوا لا يستطيعون سمعا ۝ افحسب الذين
كفروا ان يتخذوا عبادى من دونى اولياء انا اعتدنا جهنم للكفرين

(ज़ुलक़रनैन ने) कहा जो सरकशी करेगा उसको हम सज़ा देंगे फिर वह अपने परवरदिगार के सामने लौटकर जायगा, वह (भी) उसे सख़्त अज़ाब देगा। (८७) और जो ईमान लाये और अच्छे काम करे (उसके) बदले में उसको भलाई मिलेगी और हम उसको नर्मी का हुक्म देंगे। (८८) उसने फिर एक (सफ़र का) सामान किया। (८९) यहाँ तक कि जब वह सूरज के निकलने की जगह (यानी पूरब की ओर) पहुंचा तो उसको ऐसा मालूम हुआ कि सूरज कुछ लोगों पर निकलता है जिनके लिए हमने सूरज के उधर (यानी बचाव के लिए) कोई आड़ नहीं रखी। (९०) ऐसा ही (हाल) था। और ज़ुलक़रनैन के पास जो कुछ था हमको उससे पूरी जानकारी थी। (९१) फिर उसने एक (और) चढ़ाई का सामान किया। (९२) यहाँ तक कि जब चलते-चलते दो पहाड़ों के बीच में पहुंचा तो उसने उनके पास एक क़ौम को पाया जो (उसकी) बोली को बिल्कुल नहीं समझते थे। (९३) (उन लोगों ने अपनी बोली में) कहा कि ऐ ज़ुलक़रनैन ! (इस घाटी के उधर से) याजूज और माजूज§ मुल्क में (आकर) फ़साद करते हैं तो हम आपके लिए क्या कुछ ख़र्च जमा कर दें यदि आप हमारे और उनके बीच (उनसे बचाव के लिए) कोई रोक बना दें। (९४) (ज़ुलक़रनैन ने) कहा कि मेरे परवरदिगार ने जो मुझे सामर्थ्य दी है काफ़ी है (ख़र्च की ज़रूरत नहीं, अलबत्ता) मिहनत से मेरी सहायता करो, मैं तुम्हारे और उनके बीच एक मज़बूत दीवार खिचवा दूँगा। (९५) लोहे के टुकड़े मुझे ला दो। (वे लाये और) यहाँ तक कि जब (ज़ुलक़रनैन ने) दोनों किनारों के बीच को (लोहे से) पाटकर बराबर कर दिया तो हुक्म दिया कि अब इसे धौंको यहाँ तक कि जब उसको (धौंक कर) आग कर दिया तो कहा कि मुझ को ताँबा ला दो कि उसको पिघलाकर इस (दीवार) पर उँडेल दें। (९६) (ग़रज़ इस तदबीर से ऐसी ऊँची और मज़बूत दीवार तैयार हो गई कि फिर याजूज माजूज) न उस पर चढ़ सकें और न उसमें सूराख़ कर सकें। (९७) (ज़ुलक़रनैन ने) कहा कि यह मेरे परवरदिगार की कृपा (से हुआ) है। लेकिन जब मेरे परवरदिगार का वादा आवेगा तो इस (फ़ौलादी दीवार†) को गिरा (कर क्षण भर में ख़ाककर) देगा और मेरे परवरदिगार का वादा सच्चा है। (९८) और (अल्लाह फ़रमाता है कि) हम उस दिन सबको एक दूसरे में (समुन्दर की मौजों की तरह) गुंथने के लिए छोड़ देंगे और सूर (नरसिंहा) फूंका जावेगा फिर हम सब लोगों को जमा करेंगे। (९९) और हम उस दिन काफ़िरों के सामने दोज़ख़ पेश करेंगे। (१००) जिनकी आँखों पर मेरी याद के लिए पर्दा पड़ा था और जो न सुन ही सकते थे।छ (१०१)★

अब क्या काफ़िर इस ख़्याल में हैं कि मुझको छोड़कर मेरे बन्दों को हिमायती बनावें। हमने काफ़िरों की मेहमानी के लिए दोज़ख़ तैयार कर रखा है। (१०२)

रु. ११ २ आ १६

[पिज ५०७ से] पानी के कीचड़ मे दूर पर धँस रहा है। यहाँ समुद्र या झील से लोग पच्छिम में ब्लैक सी (कालासागर) अन्दाज़ते हैं। ज़ुल्क़रनैन की अनेक चढ़ाइयों और वहाँ अल्लाह की क़ुदरत में बसे हुये तरह-तरह के लोगों का ज़िक्र है।

§ याजुज एक ज़ालिम शख़्स जो यासिफ़ का लड़का और हज़रत नूह अलै० का पोता माना जाता है। इसका एक और भाई माजूज था और ये दोनों बहुत शरारती थे। चन्द इतिहासकारों के कथनानुसार याजूज और माजूज दो क़ौमों के नाम हैं जो सरहदों को लाँघकर मार धाड़ लूटपाट किया करते थे। शायद ये लोग उत्तरीय ध्रुव में रहने वाले 'एस्किमो' या मध्य एशिया की जंगली लुटेरी क़ौमों में से एक हों † यह लोहे की दीवार भी क़ियामत के क़रीब गिर पड़ेगी। छ यानी वे काफ़िर हमारे बताये मार्ग को न देखते थे और न बतानेवाले की बात सुनते थे।

क़ुल् हल् नुनब्बिअुकुम् बिल् - अख़्सरीन अअ़्मालन् ط (१०३) अल्लजीन ज़ल्ल सअ़्युहुम् फ़िल् - ह़यातिद्दुन्या व हुम यह्सबून अन्नहुम् युह्सिनून सुन्अ़न् (१०४) अुला अिकल्लजीन कफ़रू बिआयाति रब्बिहिम् व लिक़ा अिहि फ़हबितत् अअ़्मालुहुम् फ़ला नुक़ीमु लहुम् यौमल्क़ियामति वज़्नन् (१०५) जालिक जज़ा अुहुम् जहन्नमु बिमा कफ़रू वत्तख़ज़ू आयाती व रुसुली हुज़ुवन् (१०६) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति कानत् लहुम् जन्नातुल्-फ़िर्दौसि नुज़ुलन् ला (१०७) ख़ालिदीन फ़ीहा ला यब्ग़ून अन्हा ह़िवलन् (१०८) क़ुल् लौ कानल् - बह्रु मिदादल्लिक़लिमाति रब्बी लनफ़िदल्- बह्रु क़ब्ल अन्तनफ़द कलिमातु रब्बी व लौ जिअ्ना बिमिस्लिहि मददन् (१०९) क़ुल् अिन्नमा अना बशरुम् - मिस्लुकुम् यूह़ा अिलैय अन्नमा अिलाहुकुम् अिलाहुँवाह़िदुन् ज फ़मन् कान यर्जूलिक़ा अ रब्बिहि फ़ल्यअ़्मल् अमलन् सालिहौंव ला युशरिक् बिअिबादति रब्बिहि अहदन् (११०) ★

✪ १९ सूरः मर्यम ४४ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ३६८६ हुरूफ़, ९६८ शब्द, ९८ आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ●

का फ़् ह़ा या अ़ैन् साद् क़िफ़ ज (१) जिक्रु रह़्मति रब्बिक अ़ब्दहू ज़करीया सला ज (२) अिज् नादा रब्बहू निदा अन् ख़फ़ीयन् (३) क़ाल रब्बि अिन्नी व हनल् - अअ़्मु मिन्नी वश्तअ़लर्अ़सु शैबौंव लम् अकुम् - बिदुआ अिक रब्बि शक़ीयन् (४) व अिन्नी ख़िफ़्तुल् - मवालिय मिव्वरा अी व कानतिम्रअती आक़िरन् फ़हब्ली मिल्लदुन्क वलीयन् ला (५) य'यरिसुनी व यरिसु मिन्आलि यअ़्क़ूब क सला वज्अ़ल्हु रब्बि रज़ीयन् (६) या ज़करीया अिन्ना नुबश्शिरुक बिग़ुलामिनिस्मुहू यह्या ला लम् नज्अ़ल्लहू मिन् क़ब्लु समीयन् (७)

तो कह दो कि हम तुमको बताएँ कि किसके काम बिल्कुल अकारथ हैं। (१०३) वह लोग जिनकी दौड़ भाग दुनिया की ज़िन्दगी में बरबाद हुई और वह इसी ख़्याल में हैं कि वह अच्छे काम कर रहे हैं। (१०४) यही वह लोग हैं जिन्होंने अपने परवरदिगार की आयतों और उसके सामने हाज़िर होने को न माना तो इनके काम अकारथ हो गये फिर क़ियामत के दिन हम इनकी तौल न क़ायम करेंगे (क्योंकि आख़िरत के लिए उनके नेक कर्मों का पलड़ा तो ख़ाली ही है)। (१०५) यह दोज़ख़ उनका बदला है इस पर कि उन्होंने इन्कार किया और मेरी आयतों और मेरे पैग़म्बरों की हँसी उड़ाई। (१०६) (लेकिन) जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये उनकी मेहमानी के लिए जन्नत के बाग़ हैं। (१०७) जिनमें वह हमेशा रहेंगे, यहाँ से और कहीं जाना न चाहेंगे। (१०८) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि अगर मेरे परवरदिगार की बातों के (लिखने के) लिए समुद्र स्याही हो तो वह (लिखते-लिखते) मेरे रब की बातें ख़त्म होने से पहले निबट जाय चाहे वैसा समुद्र (स्याही बनाने को) और भी मदद में हम लायें। (१०९) (ऐ पैग़म्बर!) तुम कहो कि मैं भी तुम्हीं जैसा एक आदमी हूँ मेरे पास यह वही (ईश्वरीय संदेश) आया है कि तुम्हारा माबूद (पूज्य) बस एक ही माबूद है। तो जिसे अपने परवरदिगार के मिलने की चाह होवे उसे चाहिए कि नेक काम करे और किसी (दूसरे) को अपने परवरदिगार की अिबादत में शामिल न करे। (११०) ★

★ रु. १२ आ ९

✪ १९ सूरः मर्यम ४४ ✪

(मक्की) इसमें ३९८६ अक्षर, ९६८ शब्द, ९८ आयतें और ६ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

का'फ़-हा-या-ऐ'न-सा'द (१) (ऐ पैग़म्बर!) यह उस मेहरबानी का ज़िक्र है जो तुम्हारे परवरदिगार ने अपने बन्दे ज़करिया पर की थी। (२) कि जब उन्होंने अपने परवरदिगार को छिपी आवाज़ (अन्तःकरण) से पुकारा। (३) बोले कि ऐ मेरे परवरदिगार! मेरी हड्डियाँ (बुढ़ापे की वजह से) कमज़ोर हो गयी हैं और सिर बुढ़ापे (की सफ़ेदी) से भड़क उठा है और ऐ परवरदिगार! मैं तुझसे माँगकर (कभी) नाकाम नहीं रहा§। (४) और अपने (मरने के) बाद मुझको भाईबन्दों से डर है और मेरी बीवी बाँझ है, सो अपनी तरफ़ से मुझको एक वारिस (यानी बेटा) दे। (५) जो मेरा (तेरी अिबादत के लिए) वारिस हो और याक़ूब के घराने का वारिस हो और ऐ परवरदिगार! उसे मनचाहा बना। (६) (अल्लाह ने कहा) ज़करिया! हम तुमको एक लड़के की ख़ुशख़बरी देते हैं जिसका नाम यहिया होगा। (और इससे) पहले हमने इस नाम का कोई (ऐसे सुलक्षणों वाला पैदा) नहीं किया। (७)

❀ इस सूरः में हज़रत अीसा अ० की पैदायश व उनकी माँ ह० मर्यम का बयान है और उन्हीं के नाम पर सूरः का नामकरण किया गया है। सूरः के अवतरित होने का समय रसूल स० के हिजरत से पहले मक्की जीवन के अन्तिम दिनों में है। पहले ज़िक्र आ चुका है कि मक्का में क़ुरैशों का ज़ुल्म मुसलमानों पर बेहद बढ़ चुका था और ग़ुलाम या ग़रीबों पर तो शारीरिक पीड़ा व अत्याचार की सीमा न थी। ऐसे मौक़े पर रसुलुल्लाह स० ने उन लोगों को हबश (अबीसीनिया) के नेक और धार्मिक अीसाई बादशाह नज़ाशी की पनाह में उसके मुल्क की हिजरत (देश त्याग) कर जाने की सलाह दी। चुनाँचे शुरू में एक जत्था ग्यारह मर्द और चार औरतों का रवाना हुआ। बाद में कुछ और गये, फिर और गये। इस हिजरत के मौक़े पर क़ुरैशों ने उनका [पेज ५१३ पर]

§ यानी तूने मेरी हर प्रार्थना स्वीकार की है।

क़ाल रब्बि अन्ना यकूनु ली ग़ुलामूंव कानतिम् - रअर्तल् आक़िरौंव क़द् बलग़्तु मिनल्किबरि अितीयन् (८) क़ाल कज़ालिक ज़् क़ाल रब्बुक हुव अलैय हैयिनूंव क़द् ख़लक़्तुक मिन् क़ब्लु व लम् तकु शैअन् (९) क़ाल रब्बिज्अल्ली आयतन् त़् क़ाल आयतुक अल्ला तुकल्लिमन्नास सलास लयालिन् सवीयन् (१०) फ़ख़रज अला क़ौमिहि मिनल् - मिह़्राबि फ़अौह़ा अिलैहिम् अन् सब्बिहू बुक्रत्वौंव अशीयन् (११) या यह़्या ख़ुज़िल्किताब बिक़ूवत्तिन् त़् व आतैनाहुल् - हुक्म सवीयन् ला (१२) ☆व हनानम् - मिल्लदुन्ना व ज़कात्तन् त़् व कान तक़ीयन् ला (१३) ☆व बर्रम् - बिवालिदैहि वलम् यकुन् जब्बारन् अ़सीयन् (१४) व सलामुन् अलैहि यौम वुलिद व यौम यमूतु व योम युब्असु ह़ैयन् (१५) ★ वज़्कुर् फ़िल्किताबि मर्यम म् ● अिज़िन् - तबजत् मिन् अह़्लिहा मकानन् शर्क़ीयन् ला (१६)

फ़त्तख़जत् मिन् दूनिहिम् ह़िजाबन् क़िफ़् स़् फ़अर्सल्ना अिलैहा रूह़ना फ़तमस्सल लहा बशरन् सवीयन् (१७) क़ालत् अिन्नी अअूज़ु बिर्रह़्मानि मिन्क अिन् कुन्त तक़ीयन् (१८) क़ाल अिन्नमा अना रसूलु रब्बिकि क़् स़ला लिअहब लकि ग़ुलामन् ज़कीयन् (१९) क़ालत् अन्ना यकूनु ली ग़ुलामूंव लम् यम्सस्नी बशरूंव लम् अकु बग़ीयन् (२०) ● क़ाल कज़ालिकि ज़् क़ाल रब्बुकि हुव अलैय हैयिनुन् ज़् व लिनज्अलहू आयत्तल्लिन्नासि व रह़मत्तम्मिन्ना ज़् व कान अम्रम् - मक़्ज़ीयन् (२१) फ़ह़मलतहु फ़न्तबजत् बिह़ि मकानन् क़सीयन् (२२) फ़अजा अहल्-मख़ाज़ु अिला जिज़्अिन्-नख़्लति ज़् क़ालत् यालैतनी मित्तु क़ब्ल हाज़ा व कुन्तु नस्यम् - मन्सीयन् (२३) फ़नादाहा मिन् तह़्तिहा अल्ला तह़्ज़नी क़द् जअ़ल रब्बुकि तह़्तकि सरीयन् (२४) व हुज़्ज़ी अिलैकि बिजिज़्अिन्-नख़्लति तुसाक़ित् अलैकि रुत़बन् जनीयन् ज़् (२५)

★ रु. १ - ४ आ. १५ ● व. ला ज़िम ● रु. ५ - ४ आ. १

(ज़करिया ने) कहा कि ऐ परवरदिगार ! मेरे यहाँ लड़का कैसे हो सकता है जब कि मेरी बीवी बाँझ है और मैं बिल्कुल बूढ़ा हो चुका हूँ ! (८) कहा ऐसा ही होगा। तुम्हारा परवरदिगार कहता है कि यह तो मेरे लिए आसान है और पहले तुम्हीं को मैंने पैदा किया हालाँकि तुम कुछ भी न थे। (९) (ज़करिया ने) निवेदन किया कि ऐ परवरदिगार ! मेरे लिए कोई निशानी ठहरा दे। कहा कि तुम्हारी निशानी यही है कि तुम बराबर तीन रात (दिन) तक भले चंगे रहकर भी लोगों से बात नहीं कर सकोगे§। (१०) फिर (ज़करिया) हुजरे (कोठरी) से निकलकर लोगों के सामने आया तो इशारे से उनको समझाया कि सुबह और शाम (अल्लाह की) याद में लगे रहो। (११) (ग़रज़ यहया अ० पैदा हुए और हमने हुक्म दिया) ऐ यहया ! किताब को ख़ूब मज़बूती से लिये रहना (पालन करना)। और हमने उनको लड़कपन में ही (दीन की) समझ दी। (१२) और अपनी तरफ़ से उनको (नेकी का) स्वभाव और पवित्रता दी और वह परहेज़गार था। (१३) और अपने मा-बाप के साथ नेक बर्ताव करता था और जब्र करनेवाला व बेहुक्म (अवज्ञाकारी) न था। (१४) और सलाम है उस पर (हमेशा) जिस दिन पैदा हुआ और जिस दिन मरेगा और जिस दिन (दुबारा) ज़िन्दः उठ खड़ा होगा। (१५) ★

और (ऐ पैग़म्बर !) क़ुर्आन में मरियम का ज़िक्र करो●। जब वह अपने लोगों से जुदा होकर पूरब की तरफ़ एक मकान में (स्नान के लिए) गईं।(१६) फिर लोगों की तरफ़ से पर्दा कर लिया; फिर हमने अपनी रूह को उसकी तरफ़ भेजा और वह पूरा मनुष्य बनकर उसके सामने आई। (१७) (मरियम) कहने लगी अगर तुम परहेज़गार हो तो मैं तुमसे अल्लाह की पनाह माँगती हूँ। (१८) कहा कि मैं तो तेरे परवरदिगार का भेजा हुआ (फ़रिश्तः) हूँ, इसलिए (आया हूँ) कि तुझको एक पाक लड़का दे जाऊँ (१९) वह बोली कि मेरे कैसे लड़का हो सकता है जबकि मुझे किसी मर्द ने नहीं छुआ और मैं कभी बदकार नहीं रही।(२०)● (फ़रिश्तः ने) कहा ऐसा ही होगा तुम्हारा परवरदिगार कहता है कि यह मुझे आसान है, और (मैं इसी तरह पैदा करना चाहता हूँ क्योंकि) लोगों के लिए हम उसको एक निशानी करना चाहते हैं (कि अल्लाह के लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं) और (लोगों पर) अपनी तरफ़ से रहम (करना चाहते हैं।) और यह काम मुक़र्रर (नियत) हो चुका है। (२१) इस पर मरियम के गर्भ रह गया और वह फिर (लोगों की मलामत से बचने के लिए) गर्भ लेकर कहीं अलग दूर मकान में जा बैठी। (२२) फिर (बच्चा) जनने का दर्द उसको एक खजूर के पेड़ की जड़ के पास ले आया। (मरियम ने कहा) अगर मैं इससे पहले मर चुकी होती और भूली-बिसरी हो गई होती (तो इस लोक-निन्दा की नौबत न आती)। (२३) फिर उसको उसके नीचे से (फ़रिश्ते की) आवाज़ आई कि ऐ मरियम ! उदास न हो, तेरे परवरदिगार ने तेरे (पीने के लिए) नीचे एक चश्मा बहा दिया है (२४) और खजूर की डालों को अपनी तरफ़ हिलाओ, उससे तेरे लिए पक्के (और) ताज़ा खजूर (खाने के लिए) गिरेंगे। (२५)

रु. १८ आ १५ ● ब. ना ज़ि म ● रु ब्र अ: १८

[पिज ५११ से] समुद्री किनारे तक पीछा किया कि वे मुल्क के बाहर भी चैन के लिए न जा सकें और यहीं मरें-खुटें। अल्लाह की कृपा—वे सकुशल हबश पहुँच गये। इनके जाने से क़ुरैशों में एक परेशानी यह भी पैदा हुई कि ये सब किसी न किसी घर के बेटे, पोते, भाई, बहिन, चचा थे। उनकी जुदाई से बहुत से घरों में रोना-पीटना मचा। इनमें से कुछ लोग मामता में खुद इस्लाम की ओर रुजू हुए और कुछ लोग इनके और भी जानी [पिज ५१५ पर]

§ देखिये सूरः आलि इमरान आयात ३८-४१ पृष्ठ १०७।

फ़कुली वश्रबी व क़री अैनन् ज फ़अिम्मा तरयिन्न मिनल् - बशरि अहूदन् ला
फ़क़ूली अिन्नी नजर्तु लिर्रह्मानि सौमन् फ़लन् अुकल्लिमल् - यौम अिन्सीयन् ज
(२६) फ़अतत् बिहि क़ौमहा तह्मिलुह् त् क़ालू या मर्यमु लक़द् जिअ्ति
शैअन् फ़रीयन् (२७) या अुख़्त हारून मा कान अबूकिम्र असौअिव्व मा
कानत् अुम्मुकि बग़ीयन् सला ज (२८)
फ़अशारत् अिलैहि त् क़ालू कैफ़ नुकल्लिमु
मन् कान फ़िल्महद सबीयन् (२९) क़ाल
अिन्नी अब्दुल्लाहि क़िफ़ त् आतानियल्-
किताब व जअ्लनी नबीयन् ला (३०)
व'व जअ्लनी मुबारकन् अैन मा कुन्तु त्
व औसानी बिस्सलावि वज़्ज़कावि मादुम्तु
ह्यन् त् सला (३१) व'व बर्रम्-
बिवालिदती ज् व लम् यज्अ्लनी जब्बारन्
शक़ीयन् (३२) वस्सलामु अलैय यौम
वुलित्तु व यौम अमूतु व यौम अुब्असु
ह्यन् (३३) जालिक अीसब्नु मर्यम ज्
कौलल् - ह्क़िक़ल्लजी फ़ीहि यम्तरून (३४)
मा कान लिल्लाहि अंयत्तख़िज
मिव्वलदिन् ला सुब्हानहु त् अिजा क़ज़ा
अम्रन् फ़अिन्नमा यक़ूलु लहु
कुन् फ़यकून् त् (३५) व अिन्नल्लाह रब्बी व रब्बुकुम् फ़अ्बुदूहु त् हाजा
सिरातुम् - मुस्तक़ीमुन् (३६) फ़ख़्तलफ़ल् - अह्ज़ाबु मिम् - बैनिहिम् ज
फ़वैलुल् - लिल्लजीन कफ़रू मिम् - मश्हदि यौमिन् अज़ीमिन् (३७) अस्मिअ्
बिहिम् व अब्सिर् ला यौम यअ्तूनना लाकिनिज़् - ज़ालिमूनल् - यौम फ़ी
ज़लालिम् - मुबीनिन् (३८) व अन्जिर्हुम् यौमल् - हस्रति अिज् क़ुज़ियल्-
अम्रु म ● व हुम् फ़ी ग़फ़लतिव्वहुम् ला युअ्मिनून (३९) अिन्ना
नह्नु नरिसुल्अर्ज़ व मन् अलैहा व अिलैना युर्जअ्ऊन (४०) ★ वज़्कुर्
फ़िल्किताबि अिब्राहीम ۸ त् अिन्नहु कान सिद्दीक़न् नबीयन् (४१)
अिज् क़ाल लिअबीहि या अबति लिम तअ्बुदु मा ला
यस्मअु व ला युब्सिरु व ला युग़्नी अन्क शैअन् (४२)

फिर खाओ और (चश्मे का पानी) पियो और (बेटे को देखकर) आँखें ठण्डी करो। फिर कोई आदमी दिखलाई पड़े (और वह तुझसे पूछे) तो (इशारे से) कह देना कि मैंने दयालु (रहमान) का रोज़ा मान रखा है†। सो मैं आज किसी आदमी से बात न करूँगी। (२६) फिर मरियम लड़के को गोद में लिए अपनी जाति के लोगों के पास आई। वह (देखकर) कहने लगे कि ऐ मरियम! यह तो तूने तूफ़ान बरपा किया। (२७) ऐ हारून की बहन! न तो तेरा बाप ही बदकार था और न तेरी माता ही बदचलन थी। (२८) तो (मरियम ने) बच्चे की तरफ़ इशारा किया (कि जो कुछ पूछना है उससे पूछ लो)। वह कहने लगे कि हम गोद के बच्चे से कैसे बात करें। (२९) इस पर बच्चा बोल उठा कि मैं अल्लाह का बन्दा हूँ, उसने मुझको किताब (इंजील) दी और मुझको उसने पैग़म्बर बनाया। (३०) और मैं जहाँ हूँ (जिस हाल में हूं) मुझको बरकत वाला बनाया। और मुझको आज्ञा दी कि जब तक ज़िन्दा रहूँ नमाज़ पढ़ूं और ज़कात दूं। (३१) और (मुझको) अपनी मा के साथ नेक सलूक वाला (बनाया) और मुझको ज़ालिम और अभागा नहीं बनाया। (३२) और मुझ पर सलाम है जिस दिन मैं पैदा हुआ और जिस दिन मरूँगा और जिस दिन (दुबारा) जिलाकर उठाया जाऊँगा! (३३) यह है ईसा मरियम का बेटा, (और यह है) सच्ची बात जिसमें लोग झगड़ा करते हैं। (३४) अल्लाह ऐसा नहीं कि बेटा रखे, वह पाक है। जब वह किसी काम का करना ठान लेता है तो इतना कह देता है कि 'हो' और वह हो जाता है। (३५) और कहा कि बेशक अल्लाह ही मेरा और तुम्हारा परवरदिगार है तो उसी की अ़िबादत करो, यही सीधी राह है। (३६) फिर लोग आपस में कई राहों में फ़िर्क़े-फ़िर्क़े बँट गये सो उन लोगों के लिए तबाही है जो इन्कार करते हैं कि बड़े दिन (क़ियामत में जब) उन्हें हाज़िर होना पड़ेगा। (३७) जिस दिन यह लोग हमारे सामने आवेंगे, क्या कुछ सुनेंगे, क्या कुछ देखेंगे, लेकिन आज के दिन (तो ये) ज़ालिम खुली गुमराही में भटक रहे हैं। (३८) और (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को उस हसरत (पछतावा) के दिन से डराओ जब काम का फ़ैसला हो चुका होगा ●। और (आज) यह लोग भूल रहे हैं और ईमान नहीं लाते। (३९) (आख़िरकार) हम ही ज़मीन के वारिस होंगे और उन के भी जो तमाम ज़मीन पर हैं, और हमारी ही तरफ़ उन सबको लौटकर आना होगा। (४०) ★

और क़ुर्आन में इब्राहीम का ज़िक्र (लोगों से बयान) करो। बेशक वह सच्चे पैग़म्बर थे। (४१) जब उन्होंने अपने बाप से कहा कि ऐ बाप मेरे! आप क्यों इन (बुतों) की पूजा करते हैं जो न सुनते हैं और न देखते और न कुछ आपके काम आ सकते हैं। (४२)

● ब. ला ज़ि म ★ रू. २ । ५ आ २५

[पिछ ५१३ से] दुश्मन हो गये। मक्का से कुछ क़ुरैश सियासत-दाँ लोग हबश नज़ाशी के पास गये और नज़र-नियाज़ देकर फ़ुसलाना चाहा कि ये छोकरे न हमारे दीन के हैं न आपके। एक मनमानी गढ़ंत पर फ़रेफ़्तः आवारः क़िस्म के लोग हैं, इन्हें हमारे सुपुर्द कर दें। नज़ाशी ने उनका बयान काफ़ी न समझकर इन मुहाजरीन (देश-त्यागियों) को बुलाकर हाल पूंछा और उनके दीन का परिचय माँगा। उस मौक़े पर हज़रत ज़ाफ़र बिन अबू तालिब र० ने इसी सूरः मर्यम के उन शुरू की दो रुकूओं का पाठ किया जिसमें ह० ईसा अ० और ह० मर्यम का ज़िक्र है और मक्का में क़ुरैशों के ज़ुल्म का हाल बयान किया। नज़ाशी सुनता रहा और उसके भक्ति और प्रेम के आँसू उमड़ पड़े। चुनाँचे मक्का वाले अपना मुंह लेकर वापस आये। इससे इस सूरः का महत्व तो ज़ाहिर है ही, इस सूरः के उतरने के समय की भी तस्दीक़ (पुष्टि) होती है कि वह हबश को हिजरत होने के [पिछ ५१७ पर]

† इस्राईल की संतान में ऐसे मौक़े पर चुप रहने के रोज़े (मौन व्रत) का चलन था।

या अबति अिन्नी क़द् जा अनी मिनल् - अिल्मि मा लम् यअ्तिक फ़त्तबिअ्नी अह्दिक सिरातन् सवीयन् (४३) या अबति ला तअ्बुदिश्शैतान इ् अिन्नश्शैतान कान लिर्रह्मानि अ्सीयन् (४४) या अबति अिन्नी अख़ाफ़ु अंयमस्सक अ्जाबुम् - मिनर्रह्मानि फ़तकून लिश्शैतानि वलीयन् (४५) क़ाल अराग़िबुन् अन्त अन् आलिहती या अिब्राहीमु ज् लअिल्लम् तन्तहि लअर्जुमन्नक वह्जुर्नी मलीयन् (४६) क़ाल सलामुन् अलैक ज् सअस्तग़्फ़िरु लक रब्बी इ् अिन्नहु कान बी हफ़ीयन् (४७) व अअ़्तज़िलुकुम् व मा तद्अून मिन् दूनिल्लाहि व अद्अू रब्बी ज् सला अ्सा अल्ला अकून बिदुआ अि रब्बी शक़ीयन् (४८) फ़लम्मअ़्तज़लहुम् व मा यअ़्बुदून मिन् दूनिल्लाहि ला वहब्ना लहु अिस्हाक़ व यअ़्क़ूब इ् व कुल्लन् जअल्ना नबीयन् (४९) व वहब्ना लहुम् मिर्रह्मतिना व जअल्ना लहुम् लिसान सिद्क़िन् अलीयन् (५०) ★ वज्कुर् फ़िल्किताबि मूसा अि् अिन्नहु कान मुख़्लसौंव कान रसूलन् नबीयन् (५१) व नादैनाहु मिन् जानिबित्तूरिल् - अैमनि व क़र्रब्नाहु नजीयन् (५२) व वहब्ना लहु मिर्रह्मतिना अख़ाहु हारून नबीयन् (५३) वज्कुर् फ़िल्किताबि अिस्माअील ज् अिन्नहु कान सादिक़ल् - वअ़्दि व कान रसूलन् नबीयन् ज् (५४) व कान यअ्मुरु अह्लहु बिस्सलाति वज़्ज़काति इ् व कान अिन्द रब्बिहि मर्ज़ीयन् (५५) वज्कुर् फ़िल्किताबि अिद्रीस ज् अिन्नहु कान सिद्दीक़न् नबीयन् क् ला (५६) व्व रफ़अ़्नाहु मकानन् अलीयन् (५७) अुलाअिकल्लजीन अन्अ्मल्लाहु अलैहिम् मिनन् - नबीयीन मिन्जुर्रियति आदम क् व मिम्मन् हुमल्ना मअ्नूहिन् ज् व्व मिन् जुर्रियति अिब्राहीम व अिस्राअील ज् व मिम्मन् हदैना वज्तबैना इ् अिजा तुत्ला अलैहिम् आयातुर्रह्मानि ख़रू सुज्जदौंव बुकीयन् (५८)

★ रु. ८ | ३ आ १०

▲ स ज् दः ५

ऐ बाप मेरे ! मुझको (अल्लाह की तरफ़ से) ऐसा इ़ल्म मिला है जो तुमको नहीं मिला। सो तुम मेरी राह चलो, मैं तुमको सीधी राह दिखाऊँगा। (४३) ऐ बाप मेरे ! शैतान को न पूजो। क्योंकि शैतान अल्लाह (के हुक्म) से फिरा हुआ है। (४४) ऐ बाप मेरे ! मुझको इस बात से डर है कि अल्लाह की ओर से तुम पर कोई अ़ज़ाब न आ लगे और तुम शैतान के साथी हो जाओ। (४५) (इब्राहीम अ० के बाप ने) कहा कि ऐ इब्राहीम ! क्या तू मेरे पूजितों से विमुख है ? अगर तू नहीं मानेगा तो मैं तुझको संगसार (पथराव) कर दूंगा और (अपनी ख़ैर चाहता है तो) मेरे सामने से हमेशा के लिए दूर हो। (४६) (इब्राहीम ने) कहा (अच्छा तो मेरा) सलाम बुदाई है, मैं अपने परवरदिगार से तेरे लिए क्षमा माँगूगा। बेशक वह मुझ पर मेहरबान है। (४७) और मैं तुमसे और इन (बुतों) से जिनको तुम अल्लाह के सिवाय पुकारते हो अलग होता हूँ और मैं अपने परवरदिगार को पुकारूँगा, उम्मीद है कि मैं अपने परवरदिगार से दुआ माँगकर कमनसीब नहीं रहूँगा। (४८) तो जब इब्राहीम उन (मूर्तिपूजकों) से और उन (मूर्तियों) से जिनको वह अल्लाह के सिवाय पूजते थे अलग हो गये, हमने उनको इसहाक़ और याक़ूब§ बख़्शा और सबको (हमने) पैग़म्बर बनाया। (४९) और हमने अपनी कृपा से उनको (सब कुछ) दिया और उनके लिए सच्ची बात और बलन्दी और दी। (५०) ★ रु. ३ आ १०

और (ऐ पैग़म्बर !) किताब में मूसा का ज़िक्र (बयान) करो। वह बेशक (अल्लाह का) चुना हुआ और पैग़म्बर और नबी था॰। (५१) और हमने उसको तूर (पहाड़) के दाहिनी तरफ़ से पुकारा और (रहस्य की) बात कहने के लिए उसको पास बुलाया। (५२) और अपनी मेहरबानी से उसके भाई हारून को नबी बनाकर बख़्शा। (५३) और क़ुर्आन में इस्माईल का ज़िक्र करो। वह वादे का सच्चा और रसूल और नबी था। (५४) और अपने घरवालों को नमाज़ और ज़कात का हुक्म देता था। और अपने परवरदिगार को पसंद (प्रिय) था। (५५) और किताब में इद्रीस का ज़िक्र (बयान) करो। वह सच्चा नबी था ‡। (५६) और हमने उसको बलन्द रुतबे तक पहुँचाया। (५७) यह लोग हैं जिन पर अल्लाह ने कृपा की, नबियों में से और आदम की औलाद में से; और उन लोगों की औलाद में से जिनको हमने नूह के साथ (नाव में) सवार करा लिया था; और इब्राहीम और इसराईल की औलाद में से; और उन लोगों की औलाद में से जिनको हमने सच्ची राह दिखलाई और चुन लिया। जब रहमान की आयतें उनको पढ़कर सुनाई जातीं तो सजदे में गिर पड़ते और रोते रहते थे। (५८) ▲ स जू: ५

[पेज ५१५ से] पहले की है। इसके अलावा ह० इब्राहीम अ० का ज़िक्र आया है। चूँकि उनको भी अपने लोगों से तंग आकर देश त्याग करना पड़ा था और बाद में अल्लाह की रहमत से उनका नाम आलम में रोशन होकर रहा इसलिए उनका बयान हबश जाने वालों पर चस्पा होता है, और ईमानवालों को सब्र देता है कि उन पर अल्लाह का साया है। उनका लोक-परलोक सब जगह भला ही भला है। अलबत्ता इन्सान को चाहिये कि वह सब्र व नमाज़ पर क़ायम रहे। देखिये इस सूरः की आयत ३१, ५८, ५९।

§ ह० इब्राहीम अ० के बेटे और पोते। यहाँ इस्माईल अ० का नाम नहीं लिया, वह इब्राहीम अ० के साथ नहीं रहे। ॰ अल्लाह की 'वही' यानी सन्देश जिनको मिला वे नबी और उनमें भी खास वे जिन्हें किताब मिली और जिनके पीछे उम्मत क़ायम रही वह रसूल हुये। ‡ बाज़ का कहना है कि ह० इद्रीस अ० बनी इस्राईल में से कोई नबी हुए हैं। बाज़ कहते हैं ह० इल्यास अ० का यह लक़ब (उपाधि) था। लेकिन आम राय यह है कि वे ह० नूह अ० से पहले हुये हैं।

फ़ख़लफ़ मिम्बअ़्दिहिम् ख़ल्फ़ुन् अज़ाअ़ुस्सलात वत्तबअ़ुश्शहवाति फ़सौफ़ यल्क़ौन ग़ैयन् ला (५९) अिल्ला मन् ताब व आमन व अमिल सालिहून् फ़अुला अिक यद्ख़ुलूनल् - जन्नत व ला युज़्लमून शैअन् ला (६०) जन्नाति अद्नि- निल्लती व अ़दर्रहूमानु अिबादहु बिल्ग़ैबि त अिन्नहु कान वअ़्दुहु मअ़्तीयन् (६१) ला यस्मअ़ून फ़ीहा लग़्वन् अिल्ला सलामन् त व लहुम् रिज़्क़ुहुम् फ़ीहा बुक्रतौंव अ़शीयन् (६२) तिल्कल् - जन्नतुल्लती नूरिसु मिन् अिबादिना मन् कान तक़ीयन् (६३) व मा नतनज़्ज़लु अिल्ला बिअम्रि रब्बिक ज लहू मा बैन अैदीना व मा ख़ल्फ़ना व मा बैन जालिक ज व मा कान रब्बुक नसीयन् ज (६४) रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा फ़अ़्बुद्हु वस्तबिर् लिअिबादतिहि त हल् तअ़्लमु लहू समीयन् (६५) ★ व यक़ूलुल् - अिन्सानु अअिजा मा मित्तु लसौफ़ अुख़्रजु हैयन् (६६) अ व ला यज़्क़ुरुल् - अिन्सानु अन्ना ख़लक़्नाहु मिन् क़ब्लु व लम् यकु शैअन् (६७) फ़व रब्बिक लनह्शुरन्नहुम् वश्शयातीन सुम्म लनुह्ज़िरन्नहुम् ह्वौल जहन्नम जिसीयन् ज (६८) सुम्म लनन्ज़ि अन्न मिन् कुल्लि शीअतिन् अैयुहुम् अशद्दु अलर्रहूमानि अितीयन् ज (६९) सुम्म लनह्नु अअ़्लमु बिल्लजीन हुम् औला बिहा सिलीयन् (७०) व अिम् - मिन्कुम् अिल्ला वारिदुहा ज कान अला रब्बिक ह्तमम् - मक़्ज़ीयन् ज (७१) सुम्म नुनज्जिल्लजीनत्तक़ौव्व नजरुज़्ज़ालिमीन फ़ीहा जिसीयन् (७२) व अिजा तुत्ला अलैहिम् आयातुना बैयिनातिन् क़ाल्लल्लजीन कफ़रू लिल्लजीन आमनू ला अैयुल्फ़रीक़ैनि ख़ैरुम् - मक़ामौंव अह्सनु नदीयन् (७३) व कम् अह्लक्ना क़ब्लहुम् मिन् क़र्निन् हुम् अह्सनु असासौंव रिअ़्यन् (७४)

फिर उनके बाद ऐसे नाख़लफ़ (कपूत पैदा) हुए जिन्होंने नमाज़ें छोड़ दीं और बुरी ख़्वाहिशों के पीछे पड़ गये, सो उनकी गुमराही उनके आगे आवेगी। (५९) मगर जिन्होंने तौबः की और ईमान लाये और नेक काम किये तो ऐसे लोग (बहिश्त के) बागों में दाख़िल होंगे और उन पर (ज़रा भी) ज़ुल्म न होगा। (६०) (यानी सदा बहार) जन्नत जिसका रहमान ने अपने बन्दों से दरपरदा (परोक्ष में) वादा दे रखा है, बेशक उसका वादा (नेककारों के लिए) आनेवाला है। (६१) वहाँ कोई बेहूदा बात उनके कान में न पड़ेगी सिवाय सलाम§ के, और वहाँ उनको रोज़ी सुबह-शाम मिला करेगी। (६२) यही वह स्वर्ग है जिसका अपने बन्दों में से जो परहेज़गार होगा उसे हम वारिस बनाएँगे। (६३) और (ऐ पैग़म्बर!) हमः (फ़रिश्ते) तुम्हारे पालनकर्त्ता के बिना हुक्म दुनिया में नहीं आते। जो कुछ हमारे आगे होनेवाला है और जो कुछ हमसे पहले हो चुका है और जो कुछ इन दोनों के बीच में है सब उसी के हुक्म से है और तेरा परवरदिगार भूलनेवाला नहीं। (६४) आसमानों और ज़मीन का और उन चीज़ों का जो आसमानों और ज़मीन के बीच में हैं (वही) उनका परवरदिगार है! तो उसी की अिबादत में लगे रहो और उसी की बन्दगी पर सब्र करो। भला तुम्हारी जान में (अल्लाह जैसा) कोई और भी है? (६५) ★ रु. ४ | ७ आ १५

और आदमी पूछा करता है कि जब मैं मर जाऊँगा तो क्या फिर ज़िन्दा करके उठाया जाऊँगा? (६६) क्या (यह पूंछते समय) आदमी याद नहीं करता कि हमने पहले भी तो इसको पैदा किया था और (जबकि) वह कुछ भी चीज़ न था (६७) तो (ऐ पैग़म्बर!) तेरे परवरदिगार की क़सम हम उनको और शैतानों को जमा करेंगे फिर उनको दोज़ख़ के गिर्द इस हाल में हाज़िर करेंगे कि घुटनों के बल गिरे होंगे। (६८) फिर हम हर फ़िर्क़े में से उन लोगों को खींच निकालेंगे जो उस रहीम (अल्लाह) से सबसे ज़्यादः सरकशी किया करते थे। (६९) फिर जो लोग इस (जहन्नुम) में जाने के ज़्यादः लायक़ हैं हम उनको ख़ूब जानते हैं। (७०) और तुममें से कोई नहीं जो इसमें से होकर न गुज़रे,@ यह वादा तेरे परवरदिगार पर लाज़िम और निश्चित है। (७१) फिर हम परहेज़गारों को बचा लेंगे और बेहुक्मों को उसी में घुटनों के बल पड़ा छोड़ देंगे। (७२) और जब हमारी खुली आयतें लोगों को पढ़कर सुनाई जाती हैं तो काफ़िर ईमानवालों से पूछते हैं कि (हम) दोनों फ़रीक़ों में से मकान किसके अच्छे हैं और मजलिसें किसकी अच्छी? (७३) (तो इनकी यह बकवास है) और हम इनसे पहले बहुत-सी जमातों को जो सामान और शान में इनसे कहीं अच्छी थीं (उनकी ऐसी ही करतूतों के कारन) मिटा चुके हैं। (७४)

§ यह जन्नत का बयान है। सलाम से यहाँ अच्छी, पाक, सुखमय (सब तरह से कल्याण की) बातों से मुराद है। † यह जवाब उस सवाल का है जो ह० मुहम्मद साहब स० ने जिब्रील अ० से पूछा था। एक बार वह कई दिन के बाद आये तो नबी स० ने रोज़ न आने की वजह पूछी। जिब्रील अ० ने कहा, "मैं अल्लाह के हुक्म से आता हूँ। अपनी ओर से नहीं आता।" @ याने रोज़ आख़िरत में हर शख़्स को दोज़ख़ की राह से गुज़रना पड़ेगा। अलबत्ता बदकार वहाँ रह जायेंगे और नेककारों को वहाँ न रहने देकर जन्नत में दाख़िल किया जायगा।

क़ुल् मन् कान ।फ़ज़्ज़लालति फ़ल्यम्दुद् लहुर्रहूमानु मद्दन् ۵ ज हत्ता। अिजा
रऔ मा यूअदून अिम्मल् - अज़ाब व अिम्मस्साअत् त् फ़सयअ्लमून मन् हुव
शर्रुम् - मकानौंव अज़्अफ़ु जुन्दन् (७५) व यज़ीदुल्लाहुल् - लजीनह्तदौ हुदन् त्
वल्बाक़ियातुस् - सालिहातु ख़ैरुन् अिन्द रब्बिक सवाबौंव ख़ैरुम् - मरद्दन् (७६)

قُلْ مَنْ كَانَ فِي الضَّلٰلَةِ فَلْيَمْدُدْ لَهُ الرَّحْمٰنُ مَدًّا ۚ حَتّٰى إِذَا رَأَوْا
مَا يُوعَدُونَ إِمَّا الْعَذَابَ وَإِمَّا السَّاعَةَ فَسَيَعْلَمُونَ مَنْ هُوَ شَرٌّ
مَّكَانًا وَأَضْعَفُ جُنْدًا ۝ وَيَزِيدُ اللّٰهُ الَّذِينَ اهْتَدَوْا هُدًى ۗ وَالْبٰقِيٰتُ
الصّٰلِحٰتُ خَيْرٌ عِنْدَ رَبِّكَ ثَوَابًا وَخَيْرٌ مَّرَدًّا ۝ أَفَرَءَيْتَ الَّذِي كَفَرَ
بِـَٔايٰتِنَا وَقَالَ لَأُوتَيَنَّ مَالًا وَوَلَدًا ۝ أَطَّلَعَ الْغَيْبَ أَمِ اتَّخَذَ عِنْدَ
الرَّحْمٰنِ عَهْدًا ۝ كَلَّا ۚ سَنَكْتُبُ مَا يَقُولُ وَنَمُدُّ لَهُ مِنَ الْعَذَابِ
مَدًّا ۝ وَنَرِثُهُ مَا يَقُولُ وَيَأْتِينَا فَرْدًا ۝ وَاتَّخَذُوا مِنْ دُونِ اللّٰهِ ءَالِهَةً
لِّيَكُونُوا لَهُمْ عِزًّا ۝ كَلَّا ۚ سَيَكْفُرُونَ بِعِبَادَتِهِمْ وَيَكُونُونَ عَلَيْهِمْ
ضِدًّا ۝ أَلَمْ تَرَ أَنَّا أَرْسَلْنَا الشَّيٰطِينَ عَلَى الْكٰفِرِينَ تَؤُزُّهُمْ أَزًّا ۝
فَلَا تَعْجَلْ عَلَيْهِمْ ۖ إِنَّمَا نَعُدُّ لَهُمْ عَدًّا ۝ يَوْمَ نَحْشُرُ الْمُتَّقِينَ إِلَى الرَّحْمٰنِ
وَفْدًا ۝ وَنَسُوقُ الْمُجْرِمِينَ إِلَى جَهَنَّمَ وِرْدًا ۝ لَا يَمْلِكُونَ الشَّفَاعَةَ
إِلَّا مَنِ اتَّخَذَ عِنْدَ الرَّحْمٰنِ عَهْدًا ۝ وَقَالُوا اتَّخَذَ الرَّحْمٰنُ وَلَدًا ۝
لَقَدْ جِئْتُمْ شَيْـًٔا إِدًّا ۝ تَكَادُ السَّمٰوٰتُ يَتَفَطَّرْنَ مِنْهُ وَتَنشَقُّ الْأَرْضُ
وَتَخِرُّ الْجِبَالُ هَدًّا ۝ أَنْ دَعَوْا لِلرَّحْمٰنِ وَلَدًا ۝ وَمَا يَنبَغِي لِلرَّحْمٰنِ
أَنْ يَتَّخِذَ وَلَدًا ۝ إِنْ كُلُّ مَنْ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ إِلَّا ءَاتِي الرَّحْمٰنِ
عَبْدًا ۝ لَقَدْ أَحْصٰهُمْ وَعَدَّهُمْ عَدًّا ۝ وَكُلُّهُمْ ءَاتِيهِ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ
فَرْدًا ۝ إِنَّ الَّذِينَ ءَامَنُوا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ سَيَجْعَلُ لَهُمُ الرَّحْمٰنُ

अफ़रऐतल्लजी कफ़र बिआयातिना व क़ाल
लअूतयन्न मालौंव वलदन् त् (७७)
अत्तलअ्लग़ैब अमित्तख़ज अिन्दर्रहूमानि
अहूदन् ला (७८) कल्ला त् सनक्तुबु
मा यक़ूलु व नमुद्दुलहू मिनल् - अज़ाबि
मद्दन् ला (७९) व नरिसुहू मा
यक़ूलु व यअ्तीना फ़र्दन् (८०) वत्तख़ज़ू
मिन् दूनिल्लाहि आलिहत्तल् - लियकूनू लहुम्
अिज़्ज़न् ला (८१) कल्ला त् सयक्फ़ुरून
बिअिबादतिहिम् व यकूनून अलैहिम् ज़िद्दन्
(८२) ★ अलम् तर अन्ना अर्सल्नश् -
शयातीन अलल् - काफ़िरीन तअुज़्ज़ुहुम्
अज़्ज़न् ला (८३) फ़ला तअ्जल्
अलैहिम् त् अिन्नमा नअ्दु लहुम् अद्दन् ज (८४) यौम नहूशुरुल् -
मुत्तक़ीन अिलर्रहूमानि वफ़्दन् ला (८५) व नसूक़ुल् - मुजरिमीन अिला
जहन्नम विर्दन् म ● (८६) ला यम्लिकूनश्शफ़ाअत अिल्ला मनित्तख़ज
अिन्दर्रहूमानि अहूदन् म ● (८७) व क़ालुत्तख़जर्रहूमानु वलदन् त् (८८)
लक़द् जिअ्तुम् शैअन् अिद्दन् ला (८९) तकादुस्समावातु यतफ़त्तर्न मिन्हु
व तन्शक़्क़ुल्अर्ज़ु व तख़िर्रुल् - जिबालु हद्दन् ला (९०) अन् दअौलिर्रहूमानि
वलदन् ज (९१) व मा यम्बग़ी लिर्रहूमानि अैयत्तख़िज वलदन् त् (९२)
अिन् कुल्लु मन् फ़िस्समावाति वल् - अर्ज़ि अिल्ला आतिर्रहूमानि
अब्दन् त् (९३) लक़द् अह्साहुम् व अद्दहुम् अद्दन् त् (९४)
व कुल्लुहुम् आतीहि यौमल्क़ियामति फ़र्दन् (९५) अिन्नल्लजीन
आमनू व अमिलुस्सालिहाति सयजअ्लु लहुमुर्रहूमानु वुद्दन् (९६)

★ स. ८ । ५ आ १७
● व. ला जिम
● व. ला जिम

(ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि जो शख़्स गुमराही में है अल्लाह उसको और ढील देता चला जा रहा है यहाँ तक कि जब वे उस चीज़ को देख लें जिसका उनसे वादा किया जाता है— चाहे अज़ाब (दुनिया में) या क़ियामत, तो (उस वक़्त) इनको पता चल जायगा कि अब किसका रुतबा बुरा है और किसका जत्था कमज़ोर है। (७५) और जो लोग सीधी राह पर हैं अल्लाह उनको ज़्यादा राह दिखाता है और क़ायम (चिरस्थायी) रहने वाली नेकियाँ ही तेरे रब के नज़दीक जज़ा (कर्मफल) और आख़िरत में लौटने की नज़र से ज़्यादा अच्छी हैं। (७६) भला तुमने उस शख़्स को देखा जिसने हमारी आयतों से इन्कार किया और कहने लगा (क़ियामत होगी) तो वहाँ भी मुझको माल और संतान मिलेगी। (७७) क्या उसको ग़ैब की ख़बर लग गई है या इसने अल्लाह से वादा ले रखा है। (७८) हरगिज़ नहीं, जो कुछ यह बकता है हम लिख रखते हैं और इसके हक़ में सज़ा बढ़ाते चले जायँगे। (७९) और यह जो (माल और औलाद अपने पास) बताता है (आख़िरकार) वह सब हमारे अख़्तियार में रह जायगा और यह अकेला हमारे सामने हाज़िर होगा। (८०) और मुशरिकों ने जो अल्लाह के सिवाय पूजित बना रखे हैं ताके वे इनके मददगार हों। (८१) कभी नहीं ! यह पूजित (खुद) इनकी पूजा का इन्कार करेंगे और उल्टे इनके बैरी हो जाँयेंगे। § (८२) ★

(ऐ पैग़म्बर !) क्या तुमने नहीं देखा कि हमने शैतानों को काफ़िरों पर छोड़ रखा है कि वह उनको उकसाते रहते हैं। (८३) तो तुम इन (काफ़िरों) पर (सज़ा उतरने की) जल्दी न करो, हम उनके लिए दिन गिन रहे हैं। (८४) जिस दिन हम परहेज़गारों को अल्लाह के सामने मेहमानों की तरह जमा करेंगे। (८५) और गुनहगारों को दोज़ख़ की ओर प्यासा हाँकेंगे ●। (८६) वहाँ लोगों को सिफ़ारिश का अधिकार न होगा, हाँ (सिवाय उसके) जिसने अल्लाह से वादा लिया है ●। (८७) और कोई-कोई (यानी ईसाई) कहते हैं कि अल्लाह बेटा रखता है। (८८) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे कहो) कि भारी (सख़्त) बात है जो तुम गढ़ लाये हो। (८९) जिससे आसमान फट पड़ें और ज़मीन फट जावे और पहाड़ ढै कर गिर पड़ें। (९०) इसलिए कि अल्लाह के लिए बेटा साबित करते हैं। (९१) और लायक़ (शोभित) नहीं कि अल्लाह किसी को बेटा बनावे। (९२) आसमान और ज़मीन में कोई नहीं है जो अल्लाह के आगे दास होकर न आवे। (९३) अल्लाह ने इनको घेर रखा है और इनको गिन रखा है (ये बचकर कहाँ जायेंगे)। (९४) और हर कोई क़ियामत के दिन अकेला उसके सामने हाज़िर होगा। (९५) बेशक जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये उनके लिए अल्लाह मुहब्बत अता करेगा। (९६)

† एक काफ़िर मालदार ने एक मुसलमान की मज़दूरी न दी और कहा, "तू अपना दीन छोड़ दे तो मज़दूरी दूंगा।" मुसलमान बोला, तू मरकर फिर जिये तो भी मैं अपना दीन न बदलूँ।" इस पर पहला बोला "मैं फिर जिऊँगा तो यही माल और औलाद पाऊँगा।" इसपर कहा कि वहाँ ईमान काम आयेगा, माल नहीं।

§ लोग जिन बुज़ुर्गों को अल्लाह मानकर उनकी बुतों को पूजते हैं इसकी ख़बर मरे हुए उन बुज़ुर्गों को तो होती नहीं। वे ज़रूर इनकार करेंगे कि बिला हमारी जानकारी या हुक्म ये हमारी औलाद हमको पूजने लगी जिसका हमको कभी इल्म न था न है।

फ़अिन्नमा यस्सर्नाहु बिलिसानिक लितुबश्शिर बिहिल्-मुत्तक़ीन व तुन्ज़िर बिहक़ौमल्-लुद्दन् (९७) व कम् अह्लक्ना क़ब्लहुम् मिन् क़र्निन् ह्ल् तुह्सिु मिन्हुम् मिन् अह्दिन् औ तस्मअु लहुम् रिक्ज़न् (९८) ★ ●

रु. ६-१६ आ. १६ नि. १२-१

✪ २० सूरः ताहा ४५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५४६६ हुरूफ़, १२५१ शब्द, १३५ आयतें और ८ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

ताहा ज् (१) मा अन्ज़ल्ना अलैकल्-क़ुर्आन लितश्क़ा ला (२) अिल्ला तज्किरतल्-लिमैंयख़्शा ला (३) तन्ज़ीलम्-मिम्मन् ख़लक़ल्अर्ज़ वस्समावातिल्-अुला त् (४) अर्रह्मानु अलल्-अर्शिस्तवा (५) लहू मा फ़िस्-समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा व मा तह्तस्सरा (६) व अिन् तज्हर् बिल्क़ौलि फ़अिन्नहू यअ्लमुस्सिर्र व अख़्फ़ा (७) अल्लाहु ला अिलाह अिल्ला हुव त् लहुल्-अस्माअुल्-हुस्ना (८) व हल् अताक हदीसु मूसा म ● (९) अिज् रआ नारन् फ़क़ाल लिअह्लिहिम्-कुसू अिन्नी आनस्तु नारल्लअल्ली आतीकुम् मिन्हा बिक़बसिन् औ अजिदु अलन्नारि हुदन् (१०) फ़लम्मा अताहा नूदिय या मूसा त् (११) अिन्नी अना रब्बुक फ़ख़्लअ् नअ्लैक ज् अिन्नक बिल्वादिल्-मुक़द्दसि तुवन् त् (१२) व अनख़्तर्तुक फ़स्तमिअ् लिमा यूहा (१३) अिन्ननी अनल्लाहु ला अिलाह अिल्ला अना फ़अ्बुद्नी ला व अक़िमिस्सलात लिज़िक्री (१४) अिन्नस्साअत आतियतुन् अकादु अुख़्फ़ीहा लितुज्ज़ा कुल्लु नफ़्सिम्-बिमा तस्अा (१५) फ़ला यसुद्दन्नक अन्हा मल्ला युअ्मिनु बिहा वत्तबअ हवाहु फ़तर्दा (१६) व मा तिल्क बियमीनिक या मूसा (१७) क़ाल हिय अस्साय ज् अतवक्कअु अलैहा व अहुश्शु बिहा अला ग़नमी वलिय फ़ीहा मआरिबु अुख़्रा (१८)

ब. ला. जि़. म

तो हमने इस (क़ुर्आन) को तुम्हारी ज़बान में इस ग़रज़ से आसान कर दिया है कि तुम इससे परहेज़गारों को खुशख़बरी सुनाओ और झगड़ालुओं को सज़ा से डराओ। (९७) और इनसे पहले हम बहुतेरी जमातों को खपा चुके हैं, भला अब तुम उन (मिट गई उम्मतों) में से किसी की आहट पाते हो या उनमें से किसी की भनक सुनते हो। (९८) ★ ●

✪ २० सूरः ताहा ४५ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ५४६६ हुरुफ़, १२५१ शब्द, १३५ आयतें और ८ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ता-हा। (१) (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुम पर क़ुर्आन इसलिए नहीं उतारा† कि तुम मशक़्क़त में पड़ो (और तकलीफ़ उठाओ।) (२) बल्कि उनको नसीहत करने के लिए जो (अल्लाह से) डरते हैं। (३) यह उसका उतारा हुआ है जिसने ज़मीन और ऊँचे (-ऊँचे) आसमानों को पैदा किया। (४) (उसी का नाम है) रहमान (जो) अर्शे आज़म छ पर बिराज रहा है! (५) उसी का है जो कुछ आसमानों में और जो कुछ ज़मीन में और उनके बीच में है और जो कुछ (ज़मीन में) गीली मिट्टी के नीचे (पाताल में) है। (६) और तू चाहे पुकार कर बात करे वह तो छिपी हुई बात और छिपी से छिपी (अन्तस् की) बात को भी जानता है। (७) अल्लाह के सिवाय कोई पूजित नहीं उसके सब नाम अच्छे हैं। (८) और क्या तुमने मूसा की बात सुनी है ●। (९) जब उनको आग ♦ दिखलाई दी तो उन्होंने अपने घर के लोगों से कहा ठहरो, मुझको आग दिखाई दी है, अजब नहीं उससे तुम्हारे लिए चिनगारी ले आऊँ या उस आग के पास राह का पता मालूम करूँ। (१०) फिर जब मूसा आग के पास पहुँचे तो उनको वहाँ से आवाज़ आई कि (११) ऐ मूसा! मैं तेरा परवरदिगार हूँ, तू अपनी जूतियाँ उतार डाल ‡, तू तुवा की पाक घाटी में है। (१२) और मैंने तुमको (पैग़म्बरी के लिए) चुना है तो जो कुछ आज्ञा होती है उसको कान लगाकर सुनो। (१३) बेशक मैं ही अल्लाह हूँ, मेरे सिवाय कोई बन्दगी के क़ाबिल नहीं, सो मेरी ही अ़िबादत करो और मेरी याद के लिए नमाज़ क़ायम रखो। (१४) क़ियामत आने की घड़ी नियत है, मैं उसके समय को छिपाये रखता हूँ ताकि हर आदमी जो (दुनिया में भली-बुरी) कमाई करे उसका बदला पाये। (१५) तो ऐसा न हो कि जो आदमी क़ियामत का यक़ीन नहीं रखता और अपनी दिली ख़्वाहिश (मनोरथों) के पीछे पड़ा है तुमको (क़ियामत पर यक़ीन रखने व नमाज़ क़ायम रखने से) रोक दे कि तुम तबाही में पड़ जाओ। (१६) और ऐ मूसा! तुम्हारे दाहिने हाथ में यह क्या है? (१७) (मूसा ने) कहा यह मेरी लाठी है, मैं इस पर सहारा लगाता हूँ, और इसी से अपनी बकरियों के लिए पत्ती झाड़ता हूँ और इससे मेरे और भी मतलब (निकलते) हैं। (१८)

❀ इस सूरः के शुरू में हुरूफ़ मुक़त्तआत ता-हा दिये हैं, उन्हीं से इसका नामकरण हुआ [पेज ५२७ पर]

† जब क़ुर्आन उतरने लगा तो ह० पैग़म्बर स० पहले से अधिक अल्लाह की अ़िबादत करने लगे। रात-रात भर खड़े होकर नमाज़ पढ़ते। इसको देखकर काफ़िर कहते, "क़ुर्आन तो आपके लिए मुसीबत बन गया।" इसके जवाब में यह आयतें उतरीं और ज़्यादा दिक़्क़त उठाने से रोका। छ ईश्वरी सिंहासन ♦ ज़िक्र है कि हज़रत मूसा अ० के हाथों एक मिस्र का बाशिन्दा क़त्ल हो गया था। उसकी सज़ा से बचने की ग़रज़ से वह मिस्र छोड़कर मदियन चले गये (देखो आगे आयत ४०) और वहीं आपने शादी कर ली। अरसे बाद मूसा अ० जब मदियन से मिस्र को वापस चले तो उनके ❀ [पेज ५२७ पर] ‡ अदब के लिए यह हुक्म दिया गया।

क़ाल अल्क़िहा या मूसा (१९) फ़अल्क़ाहा फ़अिजा हिय ह़ैयतुन् तस्आ (२०) क़ाल ख़ुज्हा व ला तख़फ़् सनुअीदुहा सीरतहल् - ऊला (२१) वज़्मुम् यदक अिला जनाह़िक तख़्रुज् बैज़ा अ मिन् ग़ैरि सूअिन् आयतन् अुख़्रा ला (२२) लिनुरियक मिन् आयातिनल् - कुब्रा ज् (२३) अिज्हब् अिला फ़िर्औन अिन्नहू त़गा (२४) ★ क़ाल रब्बिश् - रह्ली सद्री ला (२५) व यस्सिर्ली अम्री ला (२६) वह्लुल् - अुक़्दतम् - मिल्लिसानी ला (२७) यफ़्क़हू क़ौली स़ (२८) वज्अल्ली वज़ीरम्मिन् अह्ली ला (२९) हारून अख़ी ला (३०) अश्दुद् बिह़ी अज़्री ला (३१) व अश्रिक्हु फ़ी अम्री ला (३२) कैनुसब्बिह़क कसीरन् ला (३३) व'व नज्कुरक कसीरन् त़ (३४) अिन्नक कुन्त बिना बसीरन् (३५) क़ाल क़द् अूतीत सुअ्लक या मूसा (३६) व लक़द् मनन्ना अलैक मर्रतन् अुख़्रा ला (३७) अिज् औह़ैना अिला अुम्मिक मा यूह़ा ला (३८) अनिक़्जि फ़ीहि फ़ित्ताबूति फ़क़्जि फ़ीहि फ़िल्यम्मि फ़ल्-युल्क़िहिल्-यम्मु बिस्साह़िलि यअ्ख़ुज्हु अदूवुल्ली व अदूवुल्लहू त़ व अल्क़ैतु अलैक महब्बतम्मिन्नी ∆ ज् व लितुस्नअ अला अैनी म ● (३९) अिज् तम्शी अुख़्तुक फ़तक़ूलु हल् अदुल्लुकुम् अला मैंयक्फ़ुलुहू त़ फ़रजअ़्नाक अिला अुम्मिक कैतक़र्र अैनुहा व ला तह़्ज़न ∆ त़ व क़तल्त नफ़्सन् फ़नज्जैनाक मिनल् - ग़म्मि व फ़तन्नाक फ़ुतूनन् ∆ क़िफ़ फ़लबिस्त सिनीन फ़ी अह्लि मद्यन ∆ ला सुम्म जिअ्त अला क़दरिन्-या मूसा (४०) वस्तनअ़्तुक लिनफ़्सी ज् (४१) अिज्हब् अन्त व अख़ूक बिआयाती व ला तनिया फ़ी जिक्री ज् (४२) अिज्हबा अिला फ़िर्औन अिन्नहू त़गा ज् फ़ला (४३) फ़क़ूला लहू क़ौलल्लैयिनल् - लअल्लहू यतजक्करु औ यख़्शा (४४)



और (अल्लाह ने) फ़र्माया ऐ मूसा! इसको (ज़मीन पर) डाल दे। (१९) चुनाँचे (मूसा ने लाठी) डाली तो क्या देखते हैं कि वह एक भागता हुआ साँप बन गई। (२०) फ़र्माया इसको पकड़ लो और डरो मत, हम इसकी फिर वही पहली हालत कर देंगे (२१) और अपने हाथ को अपनी बग़ल में दबा लो (और फिर निकालो) तो वह बिना किसी ऐब (व बीमारी) के सफ़ेद (चमचमाता) निकलेगा, यह दूसरा चमत्कार है। (२२) (और आगे और भी) हम तुमको अपनी बड़ी निशानियाँ दिखलायेंगे। (२३) (फ़िलहाल) तू फ़िरऔन की तरफ़ जा, उसने बहुत सिर उठा रखा है। (२४)★

(मूसा ने) कहा ऐ परवरदिगार! मेरा दिल खोल दे। (२५) और मेरे काम को (मेरे लिए) आसान कर। (२६) और मेरी जीभ की गाँठ खोल दे। (२७) ताकि लोग मेरी बात समझ लें।× (२८) और मेरे घरवालों में से काम (में हाथ) बँटानेवाला (सहायक) दे (२९) मेरे भाई हारून को। (३०) उसके द्वारा मेरा ज़ोर बढ़ा (३१) और मेरे काम में उसे शरीक कर। (३२) ताकि हम दोनों तेरी पवित्रता ख़ूब बयान करें। (३३) और ख़ूब तेरी यादगारी में लगे रहें। (३४) तू हमारे हर हाल को ख़ूब देख रहा है। (३५) (अल्लाह ने) कहा मूसा! तुम्हारी अभिलाषा पूरी हुई। (३६) और हम तुम पर एक बार और भी इहसान कर चुके हैं। (३७) जब हमने तुम्हारी माँ को वह हुक्म भेजा जो भेजने का था जिसका हाल आगे सुनाते हैं। (३८) यह कि (ऐ मूसा की माँ) उसको संदूक़ में रखकर दरिया में डाल दो। फिर दरिया उस (संदूक़) को किनारे पर लगा देगा। उसको मेरा और मूसा का एक दुश्मन (फ़िरऔन) उठा लेगा‡ और ऐ मूसा! हमने तुझ पर अपनी तरफ़ से मुहब्बत डाल दी और मतलब यह था कि तू हमारी निगरानी में परवरिश पावे।छ ● (३९) जबकि तुम्हारी बहन चलकर (बिना अपने को ज़ाहिर किए फ़िरऔन के पास गई और) बोली कि मैं तुमको एक ऐसी धाय बतला दूँ जो इस (दुधमुँहे बच्चे) को पाले। फिर हमने तुमको (इस तरह पर धाय बनी हुई) तुम्हारी माँ के पास पहुँचा दिया ताकि उसकी आँखें ठंडी रहें और (तुम्हारी जुदाई का वह) रंज न करे। और (ऐ मूसा! वहाँ सयाना होने पर) तूने एक आदमी को मार डाला तो हमने तुमको उस (की सज़ा के डर व) रंज से छुटकारा दिया।♦ ग़रज़ यह कि तुमको तरह-तरह की कसौटियों पर आज़माया। फिर तू कई बरस मदियन के लोगों में रहा। फिर ऐ मूसा! तू मुक़र्रर (नियत) समय पर यहाँ आ गया। (४०) और मैंने तुझको अपने (काम के) लिए चुन लिया है। (४१) तुम और तुम्हारा भाई मेरी निशानियाँ लेकर जाओ और हमारी यादगारी में सुस्ती न करना। (४२) (दोनों) फ़िरऔन की तरफ़ जाओ, उसने बहुत सिर उटा रखा है। (४३) फिर (पहले) उससे नर्मी से बात करो, शायद वह समझ जावे या (अल्लाह के अज़ाब से) डरे। (४४)

× कहा जाता है कि ह० मूसा अ० हकलाकर बात करते थे। इसलिए प्रार्थना की कि उनकी जीभ की गाँठ खुल जाय और वह ठीक-ठीक बोलने लगें। ‡ फ़िरऔन बनी इसराईल के बेटों को मार डालता था क्योंकि उसे मालूम था कि उसके राज्य को उलटने के लिए बहुत जल्द एक बच्चा पैदा होने वाला है। जब ह० मूसा अ० का जन्म हुआ तो उनकी माँ डरी कि यह भी मार न डाला जाय। उनको अल्लाह की ओर से स्वप्न में बताया गया कि बच्चे को सन्दूक़ में रखकर दरिया में डाल दो। उन्होंने ऐसा ही किया। संन्दूक़ बहता हुआ फ़िरऔन के बाग़ के क़रीब आया। फ़िरऔन की बीबी आसिया ने उसे उठाया और ह० मूसा अ० को अपना बेटा बना लिया। छ ह० इब्राहीम अ० और ह० मूसा अ० दोनों की पैदायश से उनके अपने-अपने वक़्त के शाह नमरूद, (देखें फ़ुटनोट सूः मर्यम आयत ४८) व फ़िरऔन—इन ज़ालिमों की बरबादी का बायस पैदा हुआ। इन नबियों के ज़रिये ही उनके ज़ुल्म ख़त्म हुए और मज़लूमों (पीड़ितों) को एक बार फिर अमन-चैन मिली। हिन्दोस्तान में श्री कृष्ण की पैदायश और उनके वक़्त के ज़ालिम बादशाह कंस का बयान भी कुछ इसी ढंग का है। ♦ देखें फ़ुटनोट सू० ताहा आयत १०

क़ाला रब्बना अिन्नना नख़ाफ़ु अँयफ़्रुत अलैना औ अँयत्ग़ा (४५) क़ाल ला तख़ाफ़ा अिन्ननी मअकुमा अस्मअु व अरा (४६) फ़अ्तियाहु फ़क़ूला अिन्ना रसूला रब्बिक फ़अर्सिल् मअना बनी अिस्रा'अील ۵ ला व ला तुअज्जिबहुम् त़ क़द् जिअ्नाक बिआयत़िम् - मिर्रब्बिक त़ वस्सलामु अला मनित्तबअल् - हुदा (४७) अिन्ना क़द् अूहिय अिलैना अन्नल्अजाब अला मन् कज्जब व तवल्ला (४८) क़ाल फ़मर् - रब्बुकुमा या मूसा (४९) क़ाल रब्बुनल्लजी अअ़्ता कुल्ल शैअिन् ख़ल्क़हू सुम्म हदा (५०) क़ाल फ़मा बालुल्-क़ुरूनिल्-अूला (५१) क़ाल अिल्मुहा अिन्द रब्बी फ़ी किताबिन् ज़ ला यज़िल्लु रब्बी व ला यन्स ज़ (५२) अल्लजी जअल लकुमुल्अर्ज़ महदौंव सलक लकुम् फ़ीहा सुबुलौंव अन्ज़ल मिनस्समा अि मा अन् त़ फ़अख़्रज़्ना बिहत़् अज़्वाजम्मिन् नबातिन् शत्ता (५३) कुलू वर्अौ अन्आमकुम् त़ अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लिअु लिन्नुहा (५४) ★ मिन्हा ख़लक़्नाकुम् व फ़ीहा नुअीदुकुम् व मिन्हा नुख़्रिजुकुम् तारतन् अुख़्रा (५५) व लक़द् अरैनाहु आयातिना कुल्लहा फ़कज्जब व अबा (५६) क़ाल अजिअ्तना लितुख़्रिजना मिन् अर्ज़िना बिसिह्रिक या मूसा (५७) फ़लनअ्तियन्नक बिसिह्रिम् - मिस्लिहत़् फ़ज्अल् बैनना व बैनक मौअिदल्ला नुख़्लिफ़ुहू नह्नु व ला अन्त मकानन् सुवन् (५८) क़ाल मौअिदुकुम् यौमुज़्ज़ीनति व अँयुह्शरन्नासु ज़ुहन् (५९) फ़तवल्ला फ़िर्औनु फ़जमअ कैदहू सुम्म अता (६०) क़ाल लहुम् मूसा वैलकुम् ला तफ़्तरू अलल्लाहि कजिबन् फ़युस्ह़ितकुम् बिअ़ज़ाबिन् ज़ व क़द् ख़ाब मनिफ़्तरा (६१) फ़तनाज़अू अम्रहुम् बैनहुम् व असर्रुन्नज्वा (६२) क़ालू अिन् हाजानि लसाहिरानि युरीदानि अँ - युख़्रिजाकुम् मिन् अर्ज़िकुम् बिसिह्रिहिमा व यज़्हबा बि - त़रीक़ति - कुमुल् - मुस्ला (६३)

★ रु. २ — ११ आ ३०

दोनों भाइयों ने अर्ज़ की कि ऐ हमारे परवरदिगार ! हम इस बात से डरते हैं कि हम पर ज़्यादती करे या सरकशी करने लगे। (४५) फ़र्माया डरो मत मैं तुम्हारे साथ हूँ (और सब) सुनता और देखता हूँ। (४६) ग़रज़ उसके पास जाओ और कहो कि हम दोनों आपके परवरदिगार के भेजे हुए हैं सो तू इसराईल के बेटों को हमारे साथ भेज दे और उनको दुख न दे। हम तेरे परवरदिगार की निशानी लेकर तेरे पास आये हैं और उसके लिए सलामती है जो सच्ची राह की पैरवी करे। (४७) हम पर हुक्म उतरा है कि उस पर अज़ाब बरपा होगा जो (अल्लाह की आयतों को) झुठलाये और उससे मुंह मोड़े। (४८) (फ़िरऔन ने) पूछा—तो ऐ मूसा ! तुम दोनों का परवरदिगार कौन है ? (४९) (मूसा ने) कहा हमारा परवरदिगार वह है जिसने हर चीज़ को उसकी (शक्ल व) सूरत बख़्शी फिर उनको (उनके फ़र्ज़ की) राह दिखलाई। (५०) (फ़िरऔन ने) पूछा भला अगले (ज़माने के) लोगों का क्या हाल है? (५१) (मूसा ने) कहा इन बातों का ज्ञान मेरे परवरदिगार के यहाँ किताब (लौह महफ़ूज़) में है (हमें तो अपनी फ़िक्र करना चाहिए)। मेरा परवरदिगार न भटकता है, न भूलता है। (५२) उसी ने तुम लोगों के लिए ज़मीन का बिछौना बनाया और तुम लोगों के लिए ज़मीन में रास्ते बनाये और आसमान से पानी बरसाया; फिर हमी ने उस (पानी) के ज़रिये से भाँति भाँति की पैदावारें निकालीं (५३) कि खाओ और अपने चारपायों को चराओ। बेशक इनमें अक़्ल रखनेवालों के लिए निशानियाँ है। (५४) ★ रु. २ । ११ आ ३०

इसी ज़मीन से हमने तुमको पैदा किया और इसी में तुमको लौटाकर लायेंगे और इसी से तुमको दुबारा निकालें गे। (५५) और हमने फ़िरऔन को अपनी सभी निशानियाँ दिखलाईं, इस पर भी वह झुठलाता और इन्कार ही करता रहा। (५६) कहा कि मूसा! क्या तू हमारे पास इसलिए आया है कि अपने जादू (के ज़ोर) से हमको हमारे मुल्क से निकाल दे। (५७) तो हम भी ऐसा ही जादू तेरे सामने लावेंगे सो तू हमारे और अपने बीच एक वादा ठहरा कि न हम उसके खिलाफ़ करें और न तू (और हमारा तेरा मुक़ाबला एक) खुले मैदान में हो। (५८) (मूसा ने) कहा (कि हमारा-) तुम्हारा वादा जश्न (उत्सव)† के दिन है और यह कि लोगों को दिन चढ़े तक जमा कर लिया जाये। (५९) यह सुनकर फ़िरऔन लौटा फिर उसने अपने सारे हथकण्डे जमा किये और फिर आ मौजूद हुआ (६०) मूसा ने उन (उन लोगों) को चेतावनी दी कि तुम्हारी शामत आई है, अल्लाह के मत्थे (जादू की) झूठी तुहमत मत मढ़ो कि फिर वह किसी अज़ाब से तुम्हें मटियामेट कर दे; और जिसने अल्लाह पर झूठ बाँधा वह मुराद को नहीं पहुँचा। (६१) फिर वह आपस में अपने मामले में झगड़ने (व राय मिलाने) लगे और चुपके-चुपके मंसूबा बाँधने लगे। (६२) (आख़िरकार) कहा ज़रूर यह दोनों जादूगर हैं (और) चाहते हैं कि अपने जादू के ज़ोर से तुमको तुम्हारे मुल्क से निकाल बाहर करें और तुम्हारे (मिस्रियों की) सुन्दर राह (धर्म) को मिटा देवें। (६३)

[पिछ ५२३ से] है। यह सूरः भी हबश की हिजरत के ज़माने ही की यानी पिछली सूरः मर्यम के आस पास की है। सूरः मर्यम में हज़रत ईसा अ० का विस्तार से बयान है और इस सूरः के बादशाह नज़ाशी के रूबरू पढ़े जाने से इस्लाम के दूसरे देशों में प्रचार का आरम्भ होता है, उसी तरह सूरः ता-हा में हज़रत मूसा अ० की विशेष चरचा है और इसी सूरः के पाठ से ही प्रभावित होकर इस्लाम के दूसरे ख़लीफ़ः हज़रत उमर र० जैसी [पिछ ५२६ पर]

[पिछ ५२३ से] साथ बहुत सी बकरियाँ और उनकी बीबी भी थीं। रास्ते में बीबी को प्रसव की पीड़ा उठी। इस समय बड़ी सर्दी थी और वह जंगल में भटक रहे थे। इतने में मूसा अ० को दूर से आग दिखाई दी। सर्दी से बचने की ग़रज़ से आग लेने चले लेकिन अल्लाह की रहमत से उनको नूर (ज्ञान का प्रकाश) मिल गया।

† यह कार्य त्योहार पर उठा रखा ताकि बहुत-से लोग जमा हों और उस मुक़ाबले को देखें।

फ़अज्मअू कैदकुम् सुम्मअ्तू सफ़्फ़न् ज् व क़द् अफ़्लहल्यौम मनिस्तअ़्ला (६४) क़ालू या मूसा इम्मा अन् तुल्क़िय व इम्मा अन् नकून औवल मन् अल्क़ा (६५) क़ाल बल् अल्क़ू ज् फ़अिजा ह़िबालुहुम् व अिस़ीयुहुम् युख़ैयलु अिलैहि मिन् सिह़्रिहिम् अन्नहा तस्आ (६६) फ़औजस फ़ी नफ़्सिहत् ख़ीफ़तम्-मूसा (६७) क़ुल्ना ला तख़फ़् अिन्नक अन्तल्-अअ़्ला (६८) व अल्क़ि मा फ़ी यमीनिक तल्क़फ़् मा सनअू त् अिन्नमा सनअू कैदु साहिरिन् त् व ला युफ़्लिहुस्साहिरु ह़ैसु अता (६९) फ़अुल्क़ियस्-सह़रतु सुज्जदन् क़ालू आमन्ना बिरब्बि हारून व मूसा (७०) क़ाल आमन्तुम् लहू क़ब्ल अन् आज़न लकुम् त् अिन्नहू लकबीरुकुमुल्लजी अल्लमकुमुस्-सिह़्र ज् फ़लअु क़त्तिअन्न अैदियकुम् व अर्जुलकुम् मिन् ख़िलाफ़िव्व लअु सल्लिबन्नकुम् फ़ी जुजूअिन्नख़्लि ज् व लतअ़्लमुन्न अैयुना अशद्दु अजाबौंव अब्क़ा (७१) क़ालू लन् नुअ्सिरक अला मा जा अना मिनल्बैयिनाति वल्लजी फ़तरना फ़क़ज़ि मा अन्त क़ाज़िन् त् अिन्नमा तक़ज़ी हाजिहिल्-ह़यातद्दुन्या त् (७२) अिन्ना आमन्ना बिरब्बिना लियग़्फ़िर लना ख़तायाना व मा अक्रह़्तना अलैहि मिनस्सिह़्रि त् वल्लाहु ख़ैरूँव अब्क़ा (७३) अिन्नहू मैंयअ्ति रब्बहू मुज्रिमन् फ़अिन्न लहू जहन्नम त् ला यमूतु फ़ीहा व ला यह़्या (७४) व मैंयअ्तिहत् मुअ्मिनन् क़द् अमिलस्सालिह़ाति फ़अुलाअिक लहुमुद्दरजातुल्-अुला ला (७५) जन्नातु अद्निन् तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त् व जालिक जज़ाअु मन् तज़क्का (७६)



तो तुम भी कोई अपनी तदबीर इकट्ठा करो फिर पाँति की पाँति बनाकर आओ (और अपने जादू छोड़ो) और जो आज ऊपर रहा वही जीत गया। (६४) (जादूगरों ने) कहा ऐ मूसा! या तो यह हो कि तू (अपनी चीज़ मैदान में) डाल और या यह हो कि हम पहले डालनेवाले बनें (६५) (मूसा ने) कहा नहीं तुमही डाल चलो, तो बस मूसा को उनके जादू की वजह से ऐसा मालूम हुआ कि उनकी रस्सियाँ और (लाठियाँ साँप बनकर इधर-उधर) दौड़ रही हैं‡। (६६) फिर मूसा अपने जी ही जी में डर गया। (६७) हमने कहा (मूसा!) डरो मत बेशक तुम्हीं ऊँचे रहोगे। (६८) और तुम्हारे दाहिने हाथ में जो (लाठी) है उसको (मैदान में) डाल दो कि (इन जादूगरों ने) जो (जादू) बना खड़ा किया है (सबको) हड़प कर जावे। जो उन्होंने बना खड़ा किया है जादूगरों का जाल है और जादूगर कहीं भी जाय उसको कामयाबी (नसीब) नहीं। (६९) (ग़रज़ मूसा की लाठी ने साँप बनकर जादूगरों के सापों को हड़प लिया) तो जादूगर (यह देखकर दंग रह गये और मान गये कि मूसा अ० के पास खुदाई चमत्कार है न कि उनके जैसा महज़ करतब और वे फ़ौरन सर झुकाकर) सज्दः में गिर पड़े। कहने लगे हम हारून और मूसा के परवरदिगार पर ईमान लाये। (७०) (फ़िरऔन ने) कहा क्या इससे पहले कि हम तुमको इज़ाज़त दें तुम उस पर ईमान ले आये। हो न हो यह (मूसा) तुम्हारा बड़ा (गुरु) है जिसने तुमको जादू सिखाया है। सो अब तुम्हारे हाथ और तुम्हारे पैर उलटे (यानी दाहना हाथ तो बायाँ पैर) कटवाऊँगा और तुमको खजूरों के तनों पर सूली चढ़ाऊँगा। और तब मालूम हो जायगा कि हम (दो फ़रीक़ों) में किसकी मार ज़्यादा सख़्त और टिकाऊ (स्थायी) है। (७१) (जादूगर) बोले कि जो खुली दलीलें हमारे सामने आ चुकी हैं उनके और जिस (अल्लाह) ने हमको पैदा किया है उसके मुक़ाबले में हम तुझको किसी तरह तरजीह (प्रधानता) देनेवाले नहीं सो तू जो करनेवाला है, कर गुज़र। तू तो बस इसी दुनिया की ज़िन्दगी पर हुक्म चला सकता है। (७२) (और) हम अपने परवरदिगार पर ईमान लाये हैं ताकि वह हमारे पापों को क्षमा करे और (उसे भी बख़्शे) जो जबरन जादू करने पर तूने हमको लाचार किया। और अल्लाह ही बेहतर और बाक़ी रहनेवाला (अविनाशी स्वरूप) है। (७३) कुछ शक नहीं कि जो आदमी अपराधी होकर अपने परवरदिगार के सामने गया उसके लिए नरक है, जिसमें वह न तो मरेगा ही और न ज़िन्दा ही रहेगा§। (७४) और जो ईमान के साथ अल्लाह के सामने हाज़िर होगा (और) उसने नेक काम किये होंगे तो यही लोग हैं जिनके बड़े दर्जे होंगे (७५) हमेशा रहने के (जन्नत के सदाबहार) बाग़ जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, उनमें हमेशा रहेंगे। और (जो आदमी) पाक रहे उनका यही बदला है। (७६) ★

सु. ३/४ ★ रू. ३/१२ आ २२

[पिछ ५२७ से] भारी भरकम हस्ती ने इस्लाम क़ुबूल किया था और आगे चलकर उनके दमाग़ और बाज़ुओं के ज़ोर से इस्लाम किस बुलन्दी पर पहुँचा यह संसार पर प्रकट है। ज़िक्र यूँ है कि ह० उमर र० रसूल स० को क़त्ल करने के इरादे से जा रहे थे कि उन्हें अपनी ही बहिन और बहनोई के मुसलमान हो जाने की ख़बर मिली। झपट कर पहुँचे और उन्हें मारते-मारते बेदम कर दिया। आख़िर बहिन के सर में ख़ून देखकर पसीजे [पिछ ५३३ पर]

‡ "साहब किताब ऐनुल मआनी (दृष्टि का उद्देश्य) की तहरीर के मुताबिक़ यह इंसानी अक़्ल व ख़िरद (बुद्धि) का कमाल था। जादूगरों ने मैदाने मुक़ाबिला को पहले से क़ब्ज़ा में कर रखा था और ज़मीन से सुरंग लगाकर आग जला दी थी। बांस की लकड़ियों और चमड़े की रस्सियों में पारा भर दिया था। रस्सियों और बांसों के किनारों पर (मसनूई) बनावटी साँपों के से फन लगा दिये थे। जब ये बांस की लाठियां और रस्सियां ज़मीन पर थोड़ी देर तक पड़ी रहीं तो आग की हरारत और धूप की तमाज़त से पारा में तमौवज पैदा हुआ। बांसों और रस्सियों में हरकत पैदा हो गई। इसको साहरी (जादू) कहिये या नज़रबन्दी।"

§ न मरकर नरक की यातनाओं से छुटकारा पायेगा और होश रहते हुए न ज़िन्दगी का सुख ही उठा सकेगा।

व लक़द् औहैना[1] अिला मूसा[1] ۵ ला अन् अस्रि बिअिबादी फ़ज़्रिब् लहुम् तरीक़न् फ़िल्बह्रि यबसन् ला ल'ला तख़ाफ़ु दरकौंव ला तख़्शा (७७) फ़अत्बअहुम् फ़िर्औनु बिजुनूदिहि फ़ग़शियहुम् मिनल् - यम्मि मा ग़शियहुम् तू (७८) व अज़्ल्ल फ़िर्औनु क़ौमहू व मा हदा (७९) याबनी[1] अिस्रा[1]अील क़द् अन्जैनाकुम् मिन् अदूविकुम् व वाअद्नाकुम् जानिबत् - तूरिल् - अैमन व नज़्ज़ल्ना अलैकुमुल् - मन्न वस्सल्वा (८०) कुलू मिन् तैयिबाति मा रज़क़्नाकुम् व ला तत्ग़ौ फ़ीहि फ़यह्लिल् अलैकुम् ग़ज़बी ज् व मैंयह्लिल् अलैहि ग़ज़बी फ़क़द् हवा (८१) व अिन्नी लग़फ़्फ़ारुल् - लिमन् ताब व आमन व अमिल सालिहन् सुम्महतदा (८२) व मा[1] अज़्जलक अन् क़ौमिक या मूसा (८३) क़ाल हुम् अुला[1]अि अला[1] असरी व अजिल्तु अिलैक रब्बि लितर्ज़ा (८४) क़ाल फ़अिन्ना क़द् फ़तन्ना क़ौमक मिम्बअ़्दिक व अज़्ल्लहुमुस्-सामिरीयु (८५) फ़रजअ मूसा[1] अिला क़ौमिहि ग़ज़्बान असिफ़न् ۵ ज क़ाल या क़ौमि अलम् यअिद्कुम् रब्बुकुम् वअ़्दन् हुसनन् ۵ तू अफ़ताल अलैकुमुल् - अह्दु अम् अरत्तुम् अैंयह्लिल् अलैकुम् ग़ज़बुम् - मिर्रब्बिकुम् फ़अख़्लफ़्तुम् मौअिदी (८६) क़ालू मा[1] अख़्लफ़्ना मौअिदक बिमल्किना व लाकिन्ना हुम्मिल्ना[1] औज़ारम्मिन् ज़ीनतिल्क़ौमि फ़क़ज़फ़्नाहा फ़कजालिक अल्क़स्सामिरीयु ला (८७) फ़अख़्रज लहुम् अिज्लन् जसदल्लहु ख़ुवारुन् फ़क़ालू हाजा[1] अिलाहुकुम् व अिलाहु मूसा ۵ फ़नसिय तू (८८) अफ़ला यरौन अल्ला यर्जिअु अिलैहिम् क़ौलन् ۵ ला व'व ला यम्लिकु लहुम् ज़र्रौंव ला नफ़्अन् (८९) ★ व लक़द् क़ाल लहुम् हारूनु मिन् क़ब्लु या क़ौमि अिन्नमा फ़ुतिन्तुम् बिहि ज व अिन्न रब्बकुमुर्-रह्मानु फ़त्तबिअूनी व अतीअू[1] अम्री (९०)



और हमने मूसा की तरफ़ हुक्म भेजा कि मेरे बन्दों (इसराईल के बेटों) को रातों-रात (मिस्र से) ले जा फिर नदी में (लाठी मारकर उनके लिए) सूखी सड़क बना, तुमको (फ़िरऔनों के ज़रिये) न पकड़े जाने का डर होगा और न (डूब जाने की) शंका। (७७) फिर फ़िरऔन ने अपना लश्कर लेकर इसराईल के बेटों का पीछा किया, फिर दरिया का जैसा कुछ (रेला) उन (फ़िरऔनों) पर आया सो आया (और वे डूब गये)। (७८) और फ़िरऔनों ने अपनी क़ौम को गुमराही में डाला और सीधी राह न सुझाई। (७९) ऐ इसराईल की सन्तान! हमने तुमको तुम्हारे दुश्मन (फ़िरऔन) से छुटकारा दिलाया और तुमसे तूर पहाड़ के दाहिनी ओर (तौरात देने) का वादा किया† और हमने तुम पर मन× और सलवा§ उतारा। (८०) (और कहा) अच्छी रोज़ी जो हमने तुमको दी है खाओ और इस (खाने) में हद से मत गुज़रो (और ऐसा करोगे) तो तुम पर मेरा ग़ज़ब (प्रकोप) टूट पड़ेगा और जिस पर मेरा ग़ज़ब टूटा तो वह फिर गिरकर ही रहा। (८१) और जो शख़्स तौबः करे और ईमान लाये और नेक काम करे फिर सही राह पर (क़ायम) रहे तो उस पर मेरी बड़ी बख़्शीश (क्षमा) है। (८२) और (मूसा अ० को अकेले आया देखकर अल्लाह ने फ़रमाया) ऐ मूसा! तुम जल्दी करके अपनी क़ौम से कैसे आगे आ गये? (८३) (मूसा ने) कहा कि वह भी मेरे पीछे आ रहे हैं और ऐ मेरे परवरदिगार! मैं जल्दी करके इसलिए तेरी ओर बढ़ आया हूँ कि तू ख़ुश हो जाय। (८४) फ़र्माया तुम्हारे आने के बाद हमने तुम्हारी क़ौम को एक और आज़माइश (परीक्षा) में डाल दिया और उनको सामरी ने गुमराह कर दिया है। (८५) फिर मूसा ग़ुस्सा और अफ़सोस की हालत में अपनी क़ौम की तरफ़ वापस आये। कहने लगे कि ऐ मेरी क़ौम के लोगो! क्या तुमसे तुम्हारे परवरदिगार ने एक अच्छा वादा नहीं किया था§ तो क्या तुमको मुद्दत लम्बी मालूम हुई या तुमने चाहा कि तुम पर तुम्हारे परवरदिगार का ग़ज़ब ही आ उतरे और इस कारण से तुमने मेरे वादे के ख़िलाफ़ किया (और एक अल्लाह के सिवा लगे शिर्क करने व बछड़े को पूजने?) (८६) लोग कहने लगे कि हमने अपने अख़्तियार से (जान बूझकर) तेरा वादा नहीं तोड़ा बल्कि क़ौमों के ज़ेवरों का बोझ हम पर लदा था, तो हमने उसे (आग में) डाल दिया और इसी तरह सामरी ने (भी) डाल दिया। (८७) फिर (सामरी ही ने) लोगों के लिए बछड़े का एक बुत बना दिया जिसकी आवाज़ बछड़े जैसी थी फिर (जिसको देखते ही लोग) कह उठे कि यही तो तुम्हारा पूज्य है और मूसा का भी पूज्य है और वह (मूसा बछड़े को) भूल (कर तूर पर चला) गया है। (८८) क्या इन लोगों को इतनी बात भी नहीं सूझ पड़ती थी कि वह (बछड़ा) इनकी बात का न तो उलटकर जवाब दे सकता है और न इनके किसी हानि लाभ पर अधिकार रखता है। (८९) ★ रु. ८-१३ आ १३

और हारून ने पहले ही इनसे कहा था कि भाइयो! इस (बछड़े) के ज़रिये तुम्हारी जाँच की जा रही है, (इस फेर में मत फँसो) और तुम्हारा परवरदिगार तो दयालु (रहमान) है, तो मेरी बताई राह पर चलो और मेरी बात मानो। (९०)

† कहते हैं कि फ़िरऔन के दरिया में डूब जाने के बाद ह० मूसा अ० की क़ौम ने उनसे एक किताब माँगी जिसमें उपदेश और काम की बातें हों। ह० मूसा अ० ने ७० आदमियों को साथ लिया और कोह तूर की ओर इसी विचार से गये और हारून को अपनी जगह छोड़ गये। यहाँ से वह ४० दिन के बाद तौरात लेकर लौटे। इसी बीच में उनकी क़ौम के एक शख़्स सामरी ने एक सोने का बछड़ा बनाया और इसमें कुछ ऐसे करतब दिखाये कि लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ और इसी कारण सच्चे मार्ग से भटक गये और लगे उस बछड़े को पूजने। × मीठी चीज़ जो रात में पत्तों पर जम जाती है। § बटेर जैसी चिड़िया का माँस। § वायदे से मुराद तौरेत है जो अल्लाह तआला ने बनी इस्राईल को देने का किया था (देखें आ. ८०) दूसरे यह कि अल्लाह ने तुम पर इहसानों के बार-बार वादे किये और वे सब पूरे रहे, तुमको अनेक मुसीबतों से छुटकारा दिलाया। तो अब इस वादे के पूरा होने से पहले ही क्यों बेज़ार हो उठे कि सामरी के बहकावे में आकर बछड़ा पूजने को ले बैठे।

क़ालू लन् नब्रह़ अलैहि आकिफ़ीन ह़त्ता यर्जिअ अिलैना मूसा (९१) क़ाल या हारूनु मा मनअक अिज् रअैतहुम् ज़ल्लू ला (९२) अल्ला तत्तबिअनि त़ अफ़असैत अम्री (९३) क़ाल यबनअुम्म ला तअ्ख़ुज् बिलिह़यती व ला बिरअ्सी ज् अिन्नी ख़शीतु अन् तक़ूल फ़र्क़ृत बैन बनी अिस्रा अील व लम् तर्क़ुब् क़ौली (९४) क़ाल फ़मा ख़त्बुक यासामिरीयु (९५) क़ाल बसुर्तु बिमा लम् यब्सुरू बिह फ़क़बज़तु क़ब्ज़तम् - मिन् असरिर्रसूलि फ़नबज्तुहा व कजालिक सौवलत् ली नफ़्सी (९६) क़ाल फ़ज्हब् फ़अिन्न लक फ़िल्ह़यात्रि अन् तक़ूल ला मिसास त़ व अिन्न लक मौअिदल्लन् तुख़्लफ़हु ज् वन्ज़ुर् अिला अिलाहिकल्लजी जल्त अलैहि आकिफ़न् त़ लनुह़र्रिक़न्नहु सुम्म लनन्सिफ़न्नहु फ़िल्यम्मि नस्फ़न् (९७) अिन्नमा अिलाहु-कुमुल्-लाहुल्-लजी ला अिलाह अिल्ला हुव त़ वसिअ कुल्ल शैअिन् अिल्मन् (९८) कजालिक नक़ुस्सु अलैक मिन् अम्बा अि मा क़द् सबक़ ज् व क़द् आतैनाक मिल्लदुन्ना जिक्रन् ज् सला (९९) मन् अड़रज़ अन्हु फ़अिन्नहु यह़मिलु यौमल्क़ियामत्रि विज़रन् ला (१००) ख़ालिदीन फ़ीहि त़ व सा अ लहुम् यौमल्क़ियामत्रि ह़िम्लन् ला (१०१) य'यौम युन्फ़ख़ु फ़िस्सूरि व नह़्शुरुल् - मुज्रिमीन यौमअिजिन् ज़ुर्क़न् ज् सला (१०२) य'यतख़ा फ़तून बैनहुम् अिल्लबिस्तुम् अिल्ला अश्रन् (१०३) नह़्नु अड़लमु बिमा यक़ूलून अिज् यक़ूलु अम्सलुहुम् तरीक़तन् अिल्लबिस्तुम् अिल्ला यौमन् (१०४) व यस्अलूनक अनिल्जिबालि फ़क़ुल् यन्सिफ़ुहा रब्बी नस्फ़न् ला (१०५) फ़यजरुहा क़ाअन् सफ़्सफ़न् ला (१०६) ल'ला तरा फ़ीहा अिवजौव ला अम्तन् त़ (१०७)

(वे) कहने लगे जब तक मूसा हमारे पास लौट कर आये तब तक तो हम बराबर उसी पर जमे बैठे रहेंगे।(९१) मूसा ने (हारून से) कहा कि ऐ हारून! जब तुमने इनको देखा था (कि यह लोग) गुमराह हो गये तो तुमको किस चीज़ ने रोका (९२) कि तुम मेरे पीछे आते? तो क्या तुमने मेरा हुक्म न माना? (९३) (हारून ने) कहा कि ऐ मेरे मा-जाये भाई! मेरे सिर और दाढ़ी को मत पकड़। मैं इस (बात) से डरा कि (तुम वापस आकर) कहीं यह न कहने लगो कि तुमने इसराईल की औलाद में फूट डाल दी और मेरी बात का विचार न किया§। (९४) (तब मूसा ने सामरी से) पूछा। कि सामरी! अब तेरा क्या मामला है (९५) (सामरी ने) कहा मुझे वह चीज़ दिखाई दी जो दूसरों को नहीं दिखाई दी, तो मैंने रसूल (के दर्शन पाकर उन) के पैर के निशान से एक मुट्ठी भर मिट्टी ली, फिर उसको उस (बछड़े के पेट) में डाल दिया (और वह बछड़े को बोली बोलने लगा) और मेरे दिल ने यही करना मुझे भला दिखलाया।(९६) (मूसा ने उसकी मक्कारी समझ ली और) कहा चल (दूर हो, इस) ज़िन्दगी में तेरी यही सज़ा है कि (ज़िन्दगी भर) कहता फिरे कि मुझे छू न जाना◎ (इसीलिए सामरियों के हाथ की चीज़ यहूदी नहीं खाते); और तेरे लिए (क़ियामत की सज़ा का) एक वादा है जो किसी तरह नहीं टलेगा और अपने पूज्य (इस बछड़े) की तरफ़ देख जिस पर तू सारे दिन जमा बैठा था। इसको हम जला देंगे और (उसकी राख को) उड़ाकर दरिया में बहा देंगे। (९७) (इसके बाद औरों से कहा) लोगो! तुम्हारा पूज्य वही अल्लाह है जिसके सिवाय कोई दूसरा पूज्य नहीं, उसके इल्म में हर एक चीज़ समा रही है।(९८) (ऐ पैग़म्बर!) इसी तरह हम गुज़रे हुओं के हालात तुमको सुनाते हैं और हमने तुमको अपने पास से नसीहतनामा (क़ुर्आन) दिया है।(९९) जिन लोगों ने इससे मुँह फेरा क़ियामत के दिन एक बड़ा बोझ लादे होंगे।(१००) और इसी हाल में हमेशा रहेंगे। और क्या ही बुरा बोझ है जो वह लोग क़ियामत के दिन उठाये होंगे।(१०१) जिस दिन सूर (नरसिंहा) फूँका जायगा और हम उस दिन गुनहगारों को घेर लावेंगे (तो) उनकी आँखें (डर के मारे) नीली होंगी। (१०२) वह आपस में चुपके-चुपके कहेंगे कि (दुनिया में) तुम दस ही दिन तो ठहरे होगे (यानी कुछ भी न रह पाये कि जल्दी क़ियामत आ धमकी) (१०३) जैसी-जैसी बातें (यह लोग उस दिन) करेंगे हम उनसे अच्छी तरह जानकार हैं जब इनमें जो ज़्यादा जानकार होगा वह कहेगा नहीं तुम (दुनिया में) ठहरे होगे (तो) बस एक दिन। (१०४) ★

और (ऐ पैग़म्बर!) तुमसे पहाड़ों की बाबत पूछते हैं (कि क़ियामत के दिन इनका क्या हाल होगा) तो कहो कि मेरा परवरदिगार इनको उड़ा कर बिखेर देगा।(१०५) और ज़मीन को चटियल मैदान कर छोड़ेगा।(१०६) जिसमें तू न तो कहीं मोड़ देखेगा और न कहीं ऊँचा (-नीचा)।(१०७)

★ रू. ५ — १४ आ १५

[पिछ ५२९ से] और उसके मुँह से सूरः ता-हा सुनकर झूम उठे और फ़ौरन नबी स० के पास जाकर बैअ़त (आत्म समर्पण) किया। इस महत्व के साथ इस सूरः में नमाज़ पर ज़्यादः ज़ोर देते हुए पाँचों नमाज़ के वक़्तों को बताया है। इस सूरः की बड़े महत्व की आयत पहली है जिसमें रसूल स० और साथ ही सारे लोगों को बताया गया है कि रसूल स० तो एक इंसान है जो अल्लाह का संदेश लोगों को नेक राह पर लाने व बुरी राह से डराने के लिए लाता है। उसके ज़िम्मे यह ठेका नहीं कि दुनिया को जैसे भी हो ईमान पर ले आने में शक़्क़ हो। यह काम अल्लाह के ज़िम्मे है। जो जिस लायक़ होंगे उसकी प्रेरणा से नेक या बद राह इख़्तियार करेंगे। ह० मूसा अ० के बयान से यह मुराद है कि उनके साथ भी ऐसी ही बल्कि इससे ज़्यादः दिक़्क़तें फ़िरऔनों की ओर से पेश हुई थीं जैसी की आज क़ुरैशों की ओर से रसूलिल्लाह स० के सामने पेश हैं। कोई नई बात नहीं [पिछ ५३५ पर]

† यानी मुझसे न बिगड़ और मुझे लज्जित न कर। § देखें सूरः आराफ़ आयत १४९-१५१ पृष्ठ २८९।

◎ सामरी को आगे चलकर ऐसा बुरा रोग लगा कि वह सबसे अलग रहने लगा और जो कोई उसको हाथ लगा देता उसको भी ताप चढ़ आता। ऐसा मालूम होता है कि उसे क्षय का रोग लगा था। बाद तक सामरी के वंशजों को यहूदी छूने से नफ़रत करते रहे।

यौमअिज़िं - यत्तबिअूनद् - दाअिय ला अिवज लहू ज् व ख़शअतिल् - अस्वातु लिर्रहमानि फ़ला तस्मअु अिल्ला हम्सन् (१०८) यौमअिज़िल्ला तन्फ़अुश्-शफ़ाअतु अिल्ला मन् अज़िन लहुर्रहमानु व रज़िय लहू क़ौलन् (१०९) यअ्लमु मा बैन अैदीहिम् व मा ख़ल्फ़हुम् व ला युहीतून बिहि अिल्मन् (११०) व अनतिल् - वुजूहु लिल्हैयिल् - क़ैयूमि त् व क़द् ख़ाब मन् हमल ज़ुल्मन् (१११) व मैंयअ्मल् मिनस्सालिहाति व हुव मुअ्मिनुन् फ़ला यख़ाफ़ु ज़ुल्मौंव ला हज़्मन् (११२) व कजालिक अन्ज़ल्नाहु क़ुर्आनन् अरबीयौंव सर्रफ़्ना फ़ीहि मिनल्वअ्दि लअल्लहुम् यत्तक़ून औयुह्दिसु लहुम् जिक्रन् (११३) फ़तआलल्लाहुल् - मलिकुल्हक़्क़ु ज् व ला तअ्जल् बिल्क़ुर्आनि मिन् क़ब्लि अैंयुक़्ज़ा अिलैक वह्यूहु ज् व क़ुर्रब्बि ज़िद्नी अिल्मन् (११४) व लक़द् अहिद्ना अिला आदम मिन् क़ब्लु फ़नसिय व लम् नजिद् लहू अज़्मन् (११५) ★ व अिज् क़ुल्ना लिल्मला अिकत्रिस् - जुदू लिआदम फ़सजदू अिल्ला अिब्लीस त् अबा (११६) फ़क़ुल्ना या आदमु अिन्न हाजा अदूवुल्लक व लिज़ौजिक फ़ला युख़्रि जन्नकुमा मिनल्जन्नति फ़तश्क़ा (११७) अिन्न लक अल्ला तजूअ फ़ीहा व ला तअ्रा (११८) व अन्नक ला तज़्मअु फ़ीहा व ला तज़्हा (११९) फ़वस्वस अिलैहिश्शैतानु क़ाल या आदमु हल् अदुल्लुक अला शजरतिल् - ख़ुल्दि व मुल्किल्-ला यब्ला (१२०) फ़अकला मिन्हा फ़बदत् लहुमा सौआतुहुमा व तफ़िक़ा यख़्सिफ़ानि अलैहिमा मिंव्वरक़िल् - जन्नति ज् व अ़सा आदमु रब्बहु फ़ग़वा स् सला (१२१) सुम्मज्-तबाहु रब्बुहु फ़ताब अलैहि व हदा (१२२) क़ालह्बिता मिन्हा जमीअम् - बअ़्ज़ुकुम् लिबअ़्ज़िन् अदूवुन् ज् फ़अिम्मा यअ्तियन्नकुम् मिन्नी हुदन् (१२३) फ़मनित्तबअ हुदाय फ़ला यज़िल्लु व ला यश्क़ा

★ रु. ६ | १५ आ ११

उस दिन वे सब लोग बिना इधर-उधर को मुड़े पुकारनेवाले की पुकार पर पीछे दौड़ पड़ेंगे और (मारे डर के) दयालु अल्लाह के आगे (सबकी) आवाज़ें बैठ जायँगी। तू खुसर-फुसर के सिवाय और कुछ न सुनेगा। (१०८) उस दिन किसी की सिफ़ारिश काम न आवेगी, सिवाय उसके जिसको रहमान (दयालु) ने इजाज़त दी और जिसका बोलना (उसको) पसन्द आये (१०९) लोगों का जो कुछ अगला और पिछला कारनामा है वह (अल्लाह) सब कुछ जानता है और लोग खोज करके भी अल्लाह के अिल्म पर क़ाबू नहीं पा सकते (यानी बन्दे के ज्ञान के बाहर की चीज़ है।) (११०) और (क़ियामत के दिन) ज़िन्दः व क़ायम रहनेवाले (उस चैतन्य और अमर-अजर अल्लाह) के आगे झुक जायँगे और (उस दिन) जो आदमी जुल्म का बोझ लादे होगा वह नामुराद रहेगा। (१११) और जो अच्छे काम करेगा और वह ईमान (भी) रखता होगा तो उसको न तो किसी जुल्म का डर होगा और न किसी तरह के नुक़सान का। (११२) और ऐसे ही हमने अरबी ज़बान में क़ुर्आन उतारा है और उसमें तरह-तरह (चेतावनी देकर) डराया है ताकि शायद लोग बचकर चलें या यह क़ुर्आन उनके लिये कुछ समझ पैदा करे। (११३) (ऐ मुहम्मद!) पस अल्लाह सबसे ऊँचा सच्चा बादशाह है और तू क़ुर्आन के लेने में जल्दी न किया कर जब तक कि 'वही' का उतरना पूरा न हो ले; और प्रार्थना कर कि ऐ परवरदिगार! मेरा अिल्म और बढ़ा§। (११४) और हमने इससे पहले आदम को एक हुक्म दिया था, सो आदम भूल गया और हमने उसमें मज़बूती (दृढ़ता) न पाई। (११५) ★

रु. ६—१५ आ ११

और जब हमने फ़रिश्तों से कहा कि आदम के आगे सजदः करो तो सब ही ने सज्दः किया मगर इबलीस (कि) उसने इन्कार किया। (११६) तो हमने (आदम से) कहा कि ऐ आदम! यह (इबलीस) तुम्हारा और तुम्हारी बीबी का दुश्मन है तो ऐसा न हो कि कहीं तुम दोनों को जन्नत से निकलवा दे फिर तुम तक़लीफ़ में पड़ जाओगे। (११७) और यहाँ (जन्नत में) तो तुमको ऐसी सुविधा है कि न तो तुम भूखे रहोगे न नंगे। (११८) और यह कि यहाँ तुम न तो प्यासे रहोगे और न धूप (से बेचैनी होगी)। (११९) फिर शैतान ने आदम को बहकाया (और) कहा ऐ आदम! कहो तो तुमको सदा रहने (की तासीर) का दरख़्त बता दूँ कि (जिसको खाकर हमेशा जीते) रहो और ऐसी सल्तनत जो नष्ट न हो। (१२०)† चुनाँचे (ह० आदम अ० और उनकी बीबी हौवा) दोनों ने उस (दरख़्त) के फल को खा लिया (तो उन पर) उनके परदे की चीज़ें ज़ाहिर हो गईं और अपने को जन्नत (के दरख़्तों) के पत्तों से ढाँकने लगे और आदम ने अपने परवरदिगार का हुक्म टाला और भटक गया (१२१) फिर उनके परवरदिगार ने उनको सवाँरा और उन पर कृपा की और राह दिखलाई। (१२२) फ़र्माया कि तुम दोनों (यानी इंसान और शैतान) यहाँ (जन्नत) से नीचे उतर जाओ, तुममें से एक दूसरे के दुश्मन होंगे, फिर अगर तुम्हारे (या तुम्हारी औलादों के) पास मेरी तरफ़ से राह पहुँचे (पथप्रदर्शन हो) तो जो मेरी (सुझाई) राह पर चलेगा वह न भटकेगा न दुख पायेगा (१२३)

[पेज ५३३ से] है, यही सभी नबियों के सामने हुआ। और नमाज़ व सब्र यही आबिदों (भक्ति परायणों) के लिए रास्ता है और यही फ़र्ज़ है।

§ ह० मुहम्मद साहब स० इस डर से कि उतरनेवाली आयतें भूल न जायें उन्हें जल्दी में उतरने के बीच ही में याद करने लगते थे। इस पर यह आयत उतरी कि आयतों का याद रखवाना और लोगों तक पहुँचवाना अल्लाह के ज़िम्मे है। जल्दबाज़ी न करो। † ह० आदम अ० को एक पेड़ के पास जाने से मना किया गया था। शैतान ने उनको बहकाया और वह उसकी बातों में आ गये। उसका परिणाम यह हुआ कि उनके बदन से जन्नत के कपड़े छिन गये और वह अपने को पत्तों से ढाकने लगे। इस पेड़ के बारे में लोगों के भिन्न-भिन्न विचार हैं, किन्तु अधिकतर लोग उसे गेहूँ का पेड़ बताते हैं।

व मन् अऽरज़ अन्जिक्री फ़अिन्न लहू मअीशतन् ज़न्कौंव नह्शुरुहू यौमल्क़ियामति अऽमा (१२४) क़ाल रब्बि लिम हशर्तनी अऽमा व क़द् कुन्तु बसीरन् (१२५) क़ाल कजालिक अतत्क आयातुना फ़नसीतहा ज् व कजालिकल् - यौम तुन्सा (१२६) व कजालिक नज्ज़ी मन् अस्रफ़ व लम् युअ्मिम् - बिआयाति रब्बिहि त् व लअ्जाबुल् - आख़िरति अशद्दु व अब्क़ा (१२७) अफ़लम् यह्दि लहुम् कम् अह्लक्ना क़ब्लहुम् मिनल्क़ुरूनि यम्शून फ़ी मसाकिनिहिम् त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लि - अुलिन्नुहा (१२८) ★ व लौ ला कलिमतुन् सबक़त् मिर्रब्बिक लकान लिज़ामौंव अजलुम् - मुसम्मन् त् (१२९) फ़स्बिर् अला मा यक़ूलून व सब्बिह् बिहम्दि रब्बिक क़ब्ल तुलूअिश् - शम्सि व क़ब्ल ग़ुरूबिहा ज् व मिन् आना अिल्लैलि फ़सब्बिह् व अत्राफ़न्नहारि लअ्ल्लक तर्ज़ा (१३०) व ला तमुद्दन्न अैनैक अिला मा मत्त़ना बिहि अज़्वाजम् - मिन्हुम् ज़हरतल् - ह्यात्दुन्या ۵ ला लिनफ़्तिनहुम् फ़ीहि त् व रिज़्क़ु रब्बिक ख़ैरुंव अब्क़ा (१३१) वअ्मुर् अह्लक बिस्सलाति वस्तबिर् अलैहा त् ला नस्अलुक रिज़्क़न् त् नह्नु नर्ज़ुक़ुक त् वल्आक़िबतु लित्तक़्वा (१३२) व क़ालू लौ ला यअ्तीना बिआयतिम् - मिर्रब्बिहि त् अव लम् तअ्तिहिम् बैयिनतु मा फ़िस्सुहुफ़िल् - अूला (१३३) व लौ अन्ना अह्लक्नाहुम् बिअ्जाबिम् - मिन् क़ब्लिहि लक़ालू रब्बना लौ ला अर्सल्त अिलैना रसूलन् फ़नत्तबिअ आयातिक मिन् क़ब्लि अन् नज़िल्ल व नख्ज़ा (१३४) क़ुल् कुल्लुम् - मुतरब्बिसुन् फ़तरब्बसू ज ★ फ़सतअ्लमून मन् अस्हाबुस् - सिरातिस्सवीयि व मनिह्तदा (१३५)



॥ इति सोलहवाँ षारः ॥

और जिसने मेरी याद से मुंह मोड़ा तो उसकी ज़िन्दगी (हर तरह की) तंगी में गुज़रेगी और क़ियामत के दिन हम उसको अन्धा उठावेंगे। (१२४) वह कहेगा ऐ मेरे परवरदिगार ! तूने मुझको अन्धा क्यों उठाया और मैं तो (दुनिया में अच्छा ख़ासा) देखता था। (१२५) (अल्लाह) फ़र्मायेगा ऐसे ही हमारी आयतें तेरे पास पहुँची थीं मगर तूने उनकी (तरफ़ से आँखे बंद कीं और) कुछ ध्यान न किया और इसी तरह आज तेरी ख़बर न ली जायगी (और तू अंधों की तरह जहन्नुम में क़दम-क़दम पर ठोकरें खायेगा)। (१२६) और जो इंसान (हद से) बढ़ चला और अपने परवरदिगार की आयतों पर ईमान न लाया हम उसको ऐसा ही बदला दिया करते हैं। और आख़िरत की सज़ा (दुनिया की सज़ा के मुक़ाबले) बहुत ही सख़्त और देर तक रहने वाली है। (१२७) क्या लोगों को इससे हिदायत (सूझ) न हुई कि इनसे पहले हमने कितनी (आद-समूद जैसी) जमातों को मिटा दिया (और अब) ये लोग उन्हीं (तबाह हुई जमातों) की जगहों में (ख़ुद) चल-फिर रहे हैं। जो लोग बुद्धिमान हैं उनके लिए इसी (एक बात) में निशानियाँ हैं। (१२८) ★ रू. ७ — १६ आ १३

और अगर तुम्हारे परवरदिगार ने पहले से एक बात न फ़र्माई होती और (अज़ाब उतारने की एक) मिआद मुक़र्रर न की होती तो (इन पर जल्द से जल्द) सज़ा का आना ज़रूरी बात थी। (१२९) (ऐ पैग़म्बर !) जैसी बातें (यह मक्का के काफ़िर) बनाते हैं उन पर सब्र करो और सूरज के निकलने से पहले और उसके डूबने से पहले अपने परवरदिगार की तारीफ़ (स्तुति) के साथ तस्बीह किया करो। और रात के वक़्तों में और (दोपहर) दिन के किनारों पर तस्बीह किया करो,§ शायद तुमको ख़ुशी (यानी अिबादत के ज़रिये दुनिया व आख़िरत में शान्ति) मिल जाय। (१३०) और (ऐ पैग़म्बर !) हमने जो तरह-तरह के लोगों को दुनिया की ज़िन्दगी की रौनक़ के साज़-सामान इस्तेमाल के लिए दे रखे हैं ताकि (उनके ज़रिये हम) उनको आज़मायें, तो तू उन चीज़ों की तरफ़ नज़र न दौड़ा। और मेरे परवरदिगार की (दी हुई) रोज़ी कहीं बेहतर और टिकाऊ है। (१३१) और अपने घरवालों पर नमाज़ की ताक़ीद करो और ख़ुद उसके पाबन्द रहो। हम तुमसे कोई रोज़ी नहीं माँगते (बल्कि) रोज़ी हम तुमको देते हैं। और अन्त में परहेज़गारी ही में भलाई है। (१३२) और (यहूद और ईसाई) कहते हैं कि (यह पैग़म्बर यानी मुहम्मद स०) अपने परवरदिगार की तरफ़ से हमारे पास कोई निशानी क्यों नहीं लाता (कि हम इसका नबी होना यक़ीन करें)। क्या अगली किताबों की निशानी इनके पास नहीं पहुँची†। (१३३) और अगर हम क़ुर्आन (उतरने) से पहले किसी सज़ा से इन (मक्का के ज़ालिम काफ़िरों को) तबाह कर देते तो वह कहते ऐ परवरदिगार ! तूने हमारी तरफ़ कोई पैग़म्बर क्यों न भेजा कि ज़लील और बदनाम होने से पहले हम (रसूल से तेरा कलाम) सुनते और तेरे हुक्म पर चलते। (१३४) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि सभी (अंजाम का) इन्तज़ार कर रहे हैं तुम भी इन्तज़ार करो; आगे जान लोगे कि सीधी राह पर चलने वाला कौन है, और किसने राह पाई है। (१३५) ★ रू. ८ — १७ आ ७

॥ इति सोलहवाँ पारः ॥

§ यहाँ नमाज़ों के वक़्त बयान किये गये हैं। सुबह से पहले 'फ़ज्र', सूरज डूबने से पहले 'अस्र', रात के वक़्तों में 'मग़रिब व अिशा' और दोपहर दिन में 'ज़ुहर'। † यानी रसूल स० जो किताब (क़ुर्आन) पेश कर रहे हैं क्या उसमें पिछली तौरेत-इंजील वग़ैरः आसमानी किताबों की सभी बुनियादी शिक्षाएँ नहीं मौजूद हैं ? बल्कि क़ुर्आन में तो वे और खुलासा व आसान तरीक़े से बयान की गई हैं कि कम-अिल्म लोग भी नसीहत व हिदायत को पकड़ सकें। यह क्या कम निशानी या प्रमाण है रसूल की रिसालत का ?

☆☆ सत्रहवाँ पारः अिक़्तरब लिन्नासि ☆☆

☆ २१ सूरतुल् - अंबिया अि ७३ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५१५४ अक्षर, ११८७ शब्द, ११२ आयतें और ७ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अिक़्तरब लिन्नासि हिसाबुहुम् व हुम् फ़ी ग़फ़लतिम् - मुअ़रिज़ून ज (१) मा यअ़्तीहिम् मिन् जिक्रिम् - मिर् - रब्बिहिम् मुह्दसिन् अिल्लस् - तमअ़ूहु व हुम् यल्अ़बून ला (२) ला हियतन् क़ुलूबुहुम् त व असरुन् - नज्व क़ सला अ़ल्लजीन जलमू क़ सला हल् हाजा अिल्ला बशरुम् - मिस्लुकुम् ज अफ़तअ़्तूनस् - सिह्र व अन्तुम् तुब्सिरून (३) क़ाल रब्बी यअ़्लमुल्क़ौल फ़िस्समा अि वल्अर्ज़ि ज व हुवस्समीअ़ुल् - अ़लीमु (४) बल् क़ालू अज़्ग़ासु अह्लामिम् - बलिफ़्तराहु बल् हुव शाअ़िरुन् ज सला फ़ल्यअ़्तिना बिआयतिन् कमा अुर्सिलल् - औवलून (५) मा आमनत् क़ब्लहुम् मिन् क़र्यतिन् अह्लक्नाहा ज अफ़हुम् युअ़्मिनून (६) व मा अर्सल्ना क़ब्लक अिल्ला रिजालन् नूही अिलैहिम् फ़स्अलू अह्लज्जिक्रि अिन् कुन्तुम् ला तअ़्लमून (७) व मा जअ़ल्नाहुम् जसदल्ला यअ़्कुलूनत् - तआम व मा कानू ख़ालिदीन (८) सुम्म सदक़्नाहुमुल् - वअ़्द फ़अन्जैनाहुम् व मन् नशा अु व अह्लक्नल् - मुस्रिफ़ीन (९) लक़द् अन्ज़ल्ना अिलैकुम् किताबन् फ़ीहि जिक्रुकुम् त अफ़ला तअ़्क़िलून (१०) ★ व कम् क़सम्ना मिन् क़र्यतिन् कानत् ज़ालिमतौंव अन्शअ़्ना बअ़्दहा क़ौमन् आख़रीन (११) फ़लम्मा अह्स्सू बअ़्सना अिजा हुम् मिन्हा यर्कुज़ून त (१२) ला तर्कुज़ू वर्जिअ़ू अिला मा अुत्रिफ़्तुम् फ़ीहि व मसाकिनिकुम् लअ़ल्लकुम् तुस्अलून (१३)


اقترب للناس
٢٥٧
سورة الأنبياء مكية وهي مائة وإثنتا عشرة آية وسبع ركوعا
بسم الله الرحمن الرحيم
اقترب للناس حسابهم وهم في غفلة معرضون ۝ ما
يأتيهم من ذكر من ربهم محدث إلا استمعوه وهم
يلعبون ۝ لاهية قلوبهم وأسروا النجوى الذين ظلموا
هل هذا إلا بشر مثلكم أفتأتون السحر وأنتم تبصرون ۝
قل ربي يعلم القول في السماء والأرض وهو السميع
العليم ۝ بل قالوا أضغاث أحلام بل افتراه بل هو
شاعر فليأتنا بآية كما أرسل الأولون ۝ ما آمنت
قبلهم من قرية أهلكناها أفهم يؤمنون ۝ وما أرسلنا
قبلك إلا رجالا نوحي إليهم فسئلوا أهل الذكر إن
كنتم لا تعلمون ۝ وما جعلناهم جسدا لا يأكلون الطعام
وما كانوا خالدين ۝ ثم صدقناهم الوعد فأنجيناهم ومن
نشاء وأهلكنا المسرفين ۝ لقد أنزلنا إليكم كتابا فيه
ذكركم أفلا تعقلون ۝ وكم قصمنا من قرية كانت
ظالمة وأنشأنا بعدها قوما آخرين ۝ فلما أحسوا بأسنا إذا
هم منها يركضون ۝ لا تركضوا وارجعوا إلى ما أترفتم فيه

★ रु. १२/१ आ १०

✪✪ सत्रहवाँ पारः (अिक़तरब लिन्नासि) ✪✪

✪ २१ सूरतुल् अम्बिया अि ३७ ✪

(मक्की) इसमें ५१५४ अक्षर, ११८७ शब्द, ११२ आयतें और ७ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

लोगों के (नेक-बद के) हिसाब का समय नज़दीक आ लगा और इस पर भी वह ग़फ़लत में मुंह मोड़े हुए हैं। (१) उनके पास उनके परवरदिगार की ओर से (क़ुर्आन की आयतों के ज़रिये) जो भी नई नसीहत आती है उसे (बेपरवाह होकर) सुनते और हँसी-खेल बनाते हैं। (२) उनके दिल खेल में पड़े हैं और वह अन्यायी चुपके-चुपके कानाफूसी करते हैं कि यह (मुहम्मद स०) है ही क्या? तुम ही जैसा एक आदमी ! फिर आँखों देखते हुये क्यों (उसके) जादू (के फेर) में पड़ते हो। (३) (पैग़म्बर ने) कहा (तुम लोग क्या कानाफूसी करते हो?) जितनी बातें आसमान और ज़मीन में होती हैं मेरे परवरदिगार को सब मालूम हैं और वह (सब कुछ) सुनता जानता है। (४) बल्कि कहने लगे कि यह तो उड़ते हुए सपने हैं, इसकी मनगढ़न्त है, बल्कि यह शायर है; (और अगर इसको सचमुच पैग़म्बरी का दावा है) तो चाहिये कि कोई निशानी (चमत्कार) हमको ला दिखावे जैसे कि पिछले पैग़म्बरों ने दिखलाये हैं। (५) उनसे पहले कोई भी बस्ती, जिसको हम (उनकी इन्कारी के कारन) मिटा चुके हैं, (चमत्कार देखकर भी) ईमान न लाई तो भला क्या यह ईमान ले आवेंगे? (६) और (ऐ मुहम्मद !) तुम से पहले भी हमने आदमी ही पैग़म्बर बनाकर भेजे थे कि उनके ज़रिये हम वही (ईश्वरीय संदेश) दिया करते थे, तो अगर तुमको मालूम नहीं तो ज़िक्रवालों (यानी पिछली किताबों का ज्ञान रखनेवालों) से पूछ देखो। (७) और हमने उनके ऐसे शरीर भी नहीं बनाए थे कि खाना न खाते हों और न वे लोग दुनिया में हमेशा रहनेवाले (अमर) ही थे§। (८) फिर हमने उनको अज़ाब (बरपा करने) का वादा सच्चा कर दिखाया तो उन (पैग़म्बरों) को और जिनको हमने चाहा (उस सज़ा से) बचा दिया और जो लोग (हद से) बढ़ गये थे हमने उनको बरबाद कर दिया। (९) (और लोगो ! अब) हमने तुम्हारी तरफ़ किताब (क़ुर्आन) उतारी है जिसमें तुम्हारे लिए ज़िक्र (व हिदायत) है। तो क्या तुम नहीं समझते? (१०)★

और हमने कितनी ही बस्तियों को जहाँ के लोग सरकश थे उनको (तोड़ फोड़कर) तबाह कर दिया और उनके बाद दूसरे लोग (उनकी जगह) उठा खड़े किये। (११) तो जब उन (नष्ट होने वालों) ने हमारी सज़ा की आहट पाई तो लगे उस (बस्ती) से भागने (इस उम्मीद में कि शायद अज़ाब से छुटकारा मिल जाय।) (१२) (कहा गया) भागो मत और उसी (दुनिया के साज़ व सामान) की तरफ़ लौट जाओ (जिसका तुम्हें बड़ा ग़र्रा था और अब तक) जिसमें चैन पाते थे और अपने मकानों की तरफ़ (लौट जाओ) शायद (वहाँ अब भी) तुम्हारी कुछ पूछ हो। (१३)

रु. १ । ११ आ १०

---

* इस सूरः में बहुत से नबियों का बयान एक साथ मौजूद है, इस लिए 'नबी' का [पिज ५४१ पर]

§ इस्लाम के न माननेवालों का विचार था कि नबी या रसूल कोई साधारण मनुष्य नहीं हो सकता। नबी होने के लिए असाधारण (अलौकिक) लक्षणों की ज़रूरत है।

क़ालू यावैलना अिन्ना कुन्ना जालिमीन (१४) फ़मा ज़ालत् तिल्क दअ़्वाहुम् हत्ता जअ़ल्नाहुम् हसीदन् ख़ामिदीन (१५) व मा ख़लक़्नस्समा अ वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा लाअ़िबीन (१६) लौ अरद्ना अन् नत्तख़िज लह्वल्लत्-तख़ज़्नाहु मिल्लदुन्ना क़् सला अिन् कुन्ना फ़ाअ़िलीन (१७) बल् नक़्जिफ़ु बिल्हक़्क़ि अ़लल्बातिलि फ़यद्मग़ुहु फ़अिजा हुव ज़ाहिक़ुन् तु व लकुमुल्वैलु मिम्मा तसिफ़ून (१८) व लहु मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ तु व मन् अ़िन्दहु ला यस्तक्बिरून अ़न् अ़िबादतिहि व ला यस्तह्सिरून ज् (१९) युसब्बिहूनल्लैल वन्नहार ला यफ़्तुरून (२०) अमित्तख़ज़ू आलिहत्तम्-मिनल्अर्ज़ि हुम् युन्शिरून (२१) लौ कान फ़ीहिमा आलिहतुन् अिल्लल्लाहु लफ़सदता ज् फ़सुब्हानल्लाहि रब्बिल्-अ़र्शि अ़म्मा यसिफ़ून (२२) ला युस्अलु अ़म्मा यफ़्अ़लु व हुम् युस्अलून (२३) अमित्तख़ज़ू मिन् दूनिहि आलिहत्तन् तु क़ुल् हातू बुर्हानकुम् ज् हाजा जिक्रु मम्-मअ़िय व जिक्रु मन् क़ब्ली तु बल् अक्सरु हुम् ला यअ़्लमून ला अ़ल्हक़्क़ फ़हुम् मुअ़्रिज़ून (२४) व मा अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक मिर्रसूलिन् अिल्ला नूही अिलैहि अन्नहु ला अिलाह अिल्ला अना फ़अ़्बुदूनि (२५) व क़ालुत्तख़जर्-रहूमानु वलदन् सुब्हानहु तु बल् अ़िबादुम्-मुक्रमून ला (२६) ला यसूबिक़ूनहु बिल्क़ौलि व हुम् बिअम्रिहि यअ़्मलून (२७) यअ़्लमु मा बैन अैदीहिम् व मा ख़ल्फ़हुम् व ला यश्फ़अ़ून ला अिल्ला लिमनिर्-तज़ा व हुम् मिन् ख़श्यतिहि मुश्फ़िक़ून (२८)


وَمَسٰكِنَكُمْ لَعَلَّكُمْ تُسْـَٔلُوْنَ ۝ قَالُوْا يٰوَيْلَنَآ اِنَّا كُنَّا ظٰلِمِيْنَ ۝
فَمَا زَالَتْ تِّلْكَ دَعْوٰىهُمْ حَتّٰى جَعَلْنٰهُمْ حَصِيْدًا خٰمِدِيْنَ ۝
وَمَا خَلَقْنَا السَّمَآءَ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا لٰعِبِيْنَ ۝ لَوْ اَرَدْنَآ اَنْ
نَّتَّخِذَ لَهْوًا لَّاتَّخَذْنٰهُ مِنْ لَّدُنَّآ اِنْ كُنَّا فٰعِلِيْنَ ۝ بَلْ نَقْذِفُ
بِالْحَقِّ عَلَى الْبَاطِلِ فَيَدْمَغُهٗ فَاِذَا هُوَ زَاهِقٌ ۝ وَلَكُمُ الْوَيْلُ مِمَّا
تَصِفُوْنَ ۝ وَلَهٗ مَنْ فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۝ وَمَنْ عِنْدَهٗ لَا
يَسْتَكْبِرُوْنَ عَنْ عِبَادَتِهٖ وَلَا يَسْتَحْسِرُوْنَ ۝ يُسَبِّحُوْنَ الَّيْلَ
وَالنَّهَارَ لَا يَفْتُرُوْنَ ۝ اَمِ اتَّخَذُوْٓا اٰلِهَةً مِّنَ الْاَرْضِ هُمْ
يُنْشِرُوْنَ ۝ لَوْ كَانَ فِيْهِمَآ اٰلِهَةٌ اِلَّا اللّٰهُ لَفَسَدَتَا ۚ فَسُبْحٰنَ
اللّٰهِ رَبِّ الْعَرْشِ عَمَّا يَصِفُوْنَ ۝ لَا يُسْـَٔلُ عَمَّا يَفْعَلُ وَهُمْ
يُسْـَٔلُوْنَ ۝ اَمِ اتَّخَذُوْا مِنْ دُوْنِهٖٓ اٰلِهَةً ۝ قُلْ هَاتُوْا بُرْهَانَكُمْ ۚ
هٰذَا ذِكْرُ مَنْ مَّعِىَ وَذِكْرُ مَنْ قَبْلِىْ ۝ بَلْ اَكْثَرُهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ۙ
الْحَقَّ فَهُمْ مُّعْرِضُوْنَ ۝ وَمَآ اَرْسَلْنَا مِنْ قَبْلِكَ مِنْ رَّسُوْلٍ
اِلَّا نُوْحِىْٓ اِلَيْهِ اَنَّهٗ لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنَا فَاعْبُدُوْنِ ۝ وَقَالُوا اتَّخَذَ
الرَّحْمٰنُ وَلَدًا سُبْحٰنَهٗ ۝ بَلْ عِبَادٌ مُّكْرَمُوْنَ ۝ لَا يَسْبِقُوْنَهٗ
بِالْقَوْلِ وَهُمْ بِاَمْرِهٖ يَعْمَلُوْنَ ۝ يَعْلَمُ مَا بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَ
مَا خَلْفَهُمْ وَلَا يَشْفَعُوْنَ ۙ اِلَّا لِمَنِ ارْتَضٰى وَهُمْ مِّنْ خَشْيَتِهٖ

(वह) कहने लगे हाय हमारी कमबख़्ती, हम बेशक थे ही गुनहगार। (१४) पस वह लोग बराबर यही पुकारा किये, यहाँ तक कि हमने उनको (कटे खलिहान की तरह) काटकर (और जलाकर) बुझा ढेर कर दिया। (१५) और हमने आसमान और ज़मीन को और जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है उसको खिलवाड़ के लिए (व्यर्थ) नहीं पैदा किया। (१६) अगर हम चाहते और हमको खेल बनाना ही मन्ज़ूर होता तो हम तजवीज़ से ख़ुद बना लेते; (१७) (नहीं,) बल्कि बात यह है कि हम सच को झूठ पर खींच मारते हैं फिर वह झूठ के सिर को कुचल देता है फिर झूठ उसी दम मटियामेट हो जाता है (और लोगो!) तुम जैसी बातें बनाते हो उनसे तुम्हारी ही ख़राबी है। (१८) और जो आसमानों और जो ज़मीन में है उसी का है और जो अल्लाह के नज़दीकी (बन्दे) हैं वह न तो उसकी अिबादत करने से अपने को बड़ा समझते हैं और न उसकी याद से थकते हैं।(१९) रात दिन उसकी याद में लगे रहते हैं (फिर भी) नहीं थमते। (२०) क्या इन लोगों ने ज़मीन (की चीज़ों) में से दूसरे पूजित बना खड़े किये हैं तो क्या उनमें यह ताक़त है कि (बेजान में जान डालकर) खड़ा कर दें। (हरगिज़ नहीं! सिवाय अल्लाह के और किसी में यह ताब नहीं।) (२१) अगर ज़मीन-आसमानों में अल्लाह के सिवाय और पूजित होते तो (ज़मीन-आसमान) दोनों बर्बाद हो गये होते। तो जैसी-जैसी बातें यह लोग बनाते हैं अल्लाह जो अर्श (तख़्त) का मालिक है वह इनसे पाक है। (२२) जो कुछ वह करता है उसकी पूछ-ताछ उससे नहीं लेकिन और लोगों से (उनकी करनी की) पूछ-ताछ होनी है। (२३) क्या लोगों ने अल्लाह के सिवाय दूसरे पूजित बना रखे हैं? (ऐ पैग़म्बर! तुम) कहो कि अपनी दलील तो पेश करो। जो लोग मेरे साथ हैं उनकी किताब (क़ुर्आन मौजूद) है और जो मुझसे पहले हो चुके हैं उनकी किताबें (तौरत इन्जील आदि भी) मौजूद हैं। पर बात यह है कि इनमें से अक्सर लोग सच बात का यक़ीन नहीं रखते इस लिये वह मुँह फेर रहे हैं।(२४) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमसे पहले भी जब कभी कोई पैग़म्बर भेजा तो उस पर हम हुक्म उतारते रहे कि मेरे सिवाय कोई अिबादत के क़ाबिल नहीं सो मेरी ही अिबादत करो। (२५) और कोई-कोई कहते हैं कि दयालु अल्लाह औलाद रखता है तो उसकी ज़ात पाक है। (फ़रिश्ते जिनको ये बेटे-बेटियाँ समझते हैं अल्लाह की औलाद नहीं) बल्कि (वे अल्लाह के) बन्दे हैं जिनको इज़्ज़त मिली है। (२६) उसके आगे बढ़कर बात नहीं करते और वह उसी के हुक्म पर चलते हैं। (२७) इनका अगला पिछला हाल सब उसको मालूम है और (फ़रिश्ते) किसी की सिफ़ारिश नहीं कर सकते, सिवाय उसके लिए जिससे अल्लाह राज़ी हुआ और वह ख़ुद अल्लाह के डर से काँपते रहते हैं। (२८)

[पिज ५३६ से] बहुबचन 'अम्बिया' से इसका नामकरन किया गया है। अनुमान किया जाता है कि रसूल स० की पैग़म्बरी के दौरान मक्का-निवास के मध्यकाल में यह सूः नाज़िल हुई है। इसमें लोगों के आखिरत, रसूल स० की पैग़म्बरी और तौहीद यानी एकेश्वरवाद पर तरह तरह के शकों को दूर करने की अकाट दलीलें दी गई हैं। अल्लाह ने यह सृष्टि महज़ खेल या मौज के लिए नहीं बनाई है और न यह कि इस ज़िन्दगी के बाद और कुछ नहीं होना है। सब के अमलों का आखिरत के दिन सवाब-अज़ाब की शकल में फ़ैसला अल्लाह के रूबरू होगा। और उसके अलावा फ़ायदा या नुक़सान पहुंचाने की किसी को ताक़त नहीं है। न दुनिया में न आखिरत के दिन। सृष्टि का विकास—वह किस सिलसिले से अल्लाह ने पैदा की, उसका भी ज़िक्र है। ह० इब्राहीम अ० का बयान भी तौहीद (एकोब्रह्म) की पुष्टि में पुरअसर ढंग से दिया गया है।

व मैंयक़ुल् मिन्हुम् इन्नी' इलाहुम् - मिन् दूनिहि' फ़जालिक नज्ज़ीहि जहन्नम त् कजालिक नज्ज़िज़् - जालिमीन (२९) ★ अवलम् यरल्लजीन कफ़रू' अन्नस् - समावाति वल्अर्ज़ कानता रत्क़न् फ़फ़तक़्नाहुमा त् . व जअल्ना मिनल्मा'इ कुल्ल शैइन् ह़ैयिन् त् अफ़ला युअ्मिनून (३०) व जअल्ना फ़िल्अर्ज़ि रवासिय अन् तमीद बिहिम् त् व जअल्ना फ़ीहा फ़िजाजन् सुबुलल् - लअल्लहुम् यह्तदून (३१) व जअल्नस्समा'अ सक़्फ़म् - महूफ़ूज़न् ज् सला व् हुम् अन् आयातिहा मुऱिज़ून (३२) व हुवल्लजी ख़लक़ल्लैल वन्नहार वश्शम्स वल्क़मर त् कुल्लुन् फ़ी फ़लकीं - यस्बहून (३३) व मा जअल्ना लिबशरिम् - मिन् क़ब्लिकल् - ख़ुल्द त् अफ़अिम् - मित्त फ़हुमुल् - ख़ालिदून (३४) कुल्लु नफ़्सिन् जा'इक़तुल् - मोति त् व नब्लूकुम् बिश्शरि वल्ख़ैरि फ़ित्नतन् त् व अिलैना तुर्जअून (३५) व अिजा रआकल्लजीन कफ़रू' अींयत्तख़िजूनक अिल्ला हुज़ुवन् त् अहाजल्लजी यज्कुरु आलिहतकुम् ज् व हुम् बिज़िक्रिर् - रह्मानि हुम् काफ़िरून (३६) ख़ुलिक़ल् - अिन्सानु मिन् अजलिन् त् सअुरीकुम् आयाती फ़ला तस्तअ्जिलूनि (३७) व यक़ूलून मता हाजल् - वअ्दु अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (३८) लौ यअ्लमुल्लजीन कफ़रू ह़ीन ला यकुफ़्फ़ून औंवुजूहि - हिमुन्नार व ला अन् जुहूरिहिम् व ला हुम् युन्सरून (३९) बल् तअ्तीहिम् बग़्तन् फ़तब्हतुहुम् फ़ला यस्ततीअून रद्दहा व ला हुम् युन्ज़रून (४०) व लक़दिस् - तुह्ज़िअ बिरुसुलिम् - मिन् क़ब्लिक फ़ह़ाक़ बिल्लजीन सख़िरू मिन्हुम् मा कानू बिहि' यस्तह्ज़िअून (४१) ★

और जो उनमें से यह कहे कि (अल्लाह के अलावा) मेरी बन्दगी करो तो उसको हम दोज़ख़ की सज़ा देंगे। ज़ालिमों को हम ऐसी ही सज़ा दिया करते हैं। (२९)★ रू. २१/२ आ १६

क्या जो लोग इन्कार करनेवाले हैं उन्होंने नहीं देखा कि आसमान और ज़मीन जो पहले आपस में मिले जुले थे फिर हमने उनको अलग-अलग किया। और हमने पानी से तमाम जानदार चीज़ें बनाईं। तो क्या (यह जानकर भी लोग) ईमान नहीं लाते? (३०) और हम ही ने ज़मीन में बोझ (पहाड़) रखे ताकि लोगों को लेकर झुक न पड़े और उसमें (हम ही ने) कुशादः (फैले हुये) रास्ते बनाये ताकि लोग (मुल्कों-मुल्कों जाने की) राह पावें। (३१) और हम ही ने आसमानों को सुरक्षित छत बनाया। और वे (मुन्किर फिर भी सूरज, चाँद, तारे जैसी उन आसमानी) निशानियों को ध्यान में नहीं लाते। (३२) और (अल्लाह) वही है जिसने रात और दिन और सूरज और चाँद को पैदा किया कि तमाम एक (नियत) दायरे में फिरा करते हैं। (३३) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमसे पहले भी किसी आदमी को अमर नहीं किया, फिर अगर तुम मर जाओगे तो क्या यह लोग हमेशा रहेंगे।† (३४) हर जीव को मौत चखनी है और हम तुमको बुराई और भलाई से आज़माकर जाँचते हैं; ७ और तुम सबको हमारी ही तरफ़ लौटकर आना है। (३५) और (ऐ पैग़म्बर!) इन्कार करनेवाले (ये काफ़िर) जब भी तुमको देखते हैं बस तुम्हारी हँसी उड़ाने लगते हैं (और एक दूसरे से कहते हैं) कि क्या यही शख़्स है जो तुम्हारे पूज्यों की (बुरी तरह) चर्चा करता है और (ऐ पैग़म्बर! इनका ख़ुद का यह हाल है कि उस) रहमान (दयावान) की चर्चा से विमुख हैं। (३६) आदमी जल्दी (का पुतला) बनाया गया है। (लोगो इतराओ नहीं!) हम तुमको अपनी निशानियाँ दिखाने ही वाले हैं, जल्दी मत मचाओ। (३७) और (ऐ पैग़म्बर ये इन्कार करनेवाले) कहते हैं कि अगर (अज़ाब की निस्बत) तुम्हारा कहना सच है तो वह (अज़ाब व क़ियामत का) वादा कब (पूरा) होगा? (३८) कभी इन्कार करनेवाले उस समय की हालत को समझ पाते जबकि (दोज़ख़ की आग उनको आ घेरेगी और तब वह उसको) न अपने मुंह पर से रोक सकेंगे और न अपनी पीठ पर से और न उनको (उससे बचाव की कहीं से) मदद मिलेगी। (३९) बल्कि वह एकदम से उन पर आ पड़ेगी और उनके होश गुमकर देगी फिर वह उसे न हटा सकेंगे और न इनको (उससे बचने की) मुहलत ही मिलेगी। (४०) और (ऐ पैग़म्बर!) तुमसे पहले भी कितने ही पैग़म्बरों के मज़ाक उड़ाये जा चुके हैं तो जो लोग जिस (अज़ाबे इलाही) की हँसी उड़ाया करते थे उसने उनको आ दबोचा। (४१)★ रू. २१/३ आ १२

† यह जवाब काफ़िरों की उन धमकियों का और साज़िशों (षड्यंत्रों) का है जो वे रसूल स० को नुक़सान पहुंचाने या उनका काम तमाम कर देने के लिए किया करते थे। ७ भलाई बुराई से जाँचना यों है कि तरह-तरह की आराम और तकलीफ़ देकर अल्लाह इम्तहान लेता है कि इन्सान सुख पाकर मदहोश और ज़ालिम तो नहीं हो बैठा और उसी तरह दुःख पाते ही अल्लाह का भरोसा छोड़कर बेधीरज या फिर दुःख से बचने के लिए बुरे और अधर्म के रास्ते तो नहीं इख़्तियार कर लेता।

क़ुल् मैंयक्लुअुकुम् बिल्लैलि वन्नहारि मिनर्-रह्मानि त़् बल् हुम् अन् जिक्रि रब्बिहिम् मुअ़्रिज़ून (४२) अम् लहुम् आलिहत़्तुन् तम्नअुहुम् मिन् दूनिना त़् ला यस्ततीअून नस्र अन्फ़ुसिहिम् व ला हुम् मिन्ना युस्हबून (४३) बल् मत्त़अ़्ना हा'उला'अि व आबा'अहुम् ह़त्ता त़ाल अ़लैहिमुल्-अुमुरु त़् अफ़ला यरौन अन्ना नअ़्तिल्अर्ज़ नन्क़ुसुहा मिन् अत़्राफ़िहा त़् अफ़हुमुल्-ग़ालिबून (४४) क़ुल् अिन्नमा' अुन्ज़िरुकुम् बिल्वह़्यि व ला यस्मअ़ुस्-सुम्मुद्आ'अ अिजा मा युन्ज़रून (४५) व लअिम्-मस्सत़्हुम् नफ़्ह़त़्तुम्-मिन् अ़ज़ाबि रब्बिक लयक़ूलुन्न यावैलना' अिन्ना कुन्ना ज़ालिमीन (४६) व नज़ अुल्-मवाज़ीनल्-क़िस्त लियौमिल्-क़ियामति फ़ला तुज़्लमु नफ़्सुन् शैअन् त़् व अिन् कान मिस्क़ाल ह़ब्बतिम्-मिन् ख़र्दलिन् अतैना बिहा त़् व कफ़ा बिना ह़ासिबीन (४७) व लक़द् आतैना मूसा व हारूनल्-फ़ुर्क़ान व ज़िया'औंव जिक्रल्-लिल्मुत्तक़ीन (४८) अल्लजीन यख़्शौन रब्बहुम् बिल्ग़ैबि व हुम् मिनस्साअ़ति मुश्फ़िक़ून (४९) व हाज़ा जिक्रुम्-मुबारकुन् अन्ज़ल्नाहु त़् अफ़अन्तुम् लहू मुन्किरून (५०) व लक़द् आतैना' अिब्राहीम रुश्दहू मिन् क़ब्लु व कुन्ना बिहीं आलिमीन (५१) अिज् क़ाल लिअबीहि व क़ौमिहीं मा हाज़िहित्-तमासीलुल्लती' अन्तुम् लहा आकिफ़ून (५२) क़ालू व जद्ना' आबा'अना लहा आबिदीन (५३) क़ाल लक़द् कुन्तुम् अन्तुम् व आबा'अुकुम् फ़ी ज़लालिम्-मुबीनिन् (५४) क़ालू' अजिअ्तना बिल्ह़क़्क़िक अम् अन्त मिनल्लाअ़िबीन (५५)

(ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) पूछो कि रहमान से तुम्हारी, रात हो या दिन, कौन रखवाली कर सकता है, मगर (उन्हें होश कहाँ ?) वह तो अपने परवरदिगार के ज़िक्र से मुंह मोड़े हैं। (४२) या हमारे सिवाय इनके कोई और पूजित हैं जो इनको बचा सकते हैं ? वह (पूजित) तो आप अपनी ही मदद नहीं कर सकते और न वह हमसे पनाह पायेंगे। (४३) असल बात यह है कि हम इन (मक्का के) लोगों को और इनके (पुरखों) बाप-दादों को (ज़िन्दगी) बसर करने का सामान दिये गये यहाँ तक कि इन पर यों ही (सुख-चैन से) ज़माना गुज़र गया (और अब ये लोग इन बरकतों को देने वाले अल्लाह को भूलकर अपनी प्रभुता में चूर हैं।) तो क्या यह लोग इस बात को नहीं देखते कि हम मुल्क को चारों तरफ़ से दबाते चले आते हैं †। अब भी क्या (क़ुरैशों को उम्मीद है कि) वह (ईमानवालों पर) ग़ालिब हो जाँयगे। (४४) तो (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि मैं तो अल्लाह के हुक्म से तुमको (बुराई के अंजाम से) डराता हूँ, (मगर यह लोग बहरे हैं) और बहरों को डर सुनाया जाय तो वह पुकार नहीं सुनते। (४५) और (ऐ पैग़म्बर !) अगर इनको तुम्हारे परवरदिगार की सज़ा की हवा भी लग जाये तो बोल उठेंगे कि अफ़सोस हम ही अपराधी थे। (४६) और क़ियामत के रोज़ (लोगों के काम की तौल के लिए) हम इंसाफ़ की (सच्ची) तराज़ूछ लगा देंगे तो किसी पर ज़रा भी ज़ुल्म न होगा और अगर राई के दाने बराबर भी (किसी का अमल) होगा तो हम उसे (तौलने के लिए) ले आवेंगे और हिसाब लेने के लिए हम काफ़ी हैं। (४७) और हमने मूसा और हारून को (भले और बुरे का) फ़र्क़ करनेवाली और रोशनी (यानी ज्ञान का प्रकाश) और नसीहत (की किताब यानी तौरात) दी उन लोगों के लिए जो परहेज़गार हैं और अल्लाह का डर रखते हैं। (४८) जो बिन देखे (उस अदृश्य) अल्लाह से डरते और उस घड़ी (क़ियामत) से भय खाते हैं। (४९) और यह (क़ुर्आन) बरकतवाली नसीहत है जो हम ने उतारी है, सो क्या तुम लोग इसको नहीं मानते ? (५०) ★ ●

और इब्राहीम को हमने शुरू ही से अच्छी समझ दी थी और हम उन(के हाल) से जानकार थे। (५१) कि जब उन्होंने अपने बाप और अपनी क़ौम से कहा कि यह मूर्तियाँ क्या हैं जिन (की पूजा) पर जमे बैठे हो ? (५२) बोले कि हमने अपने बाप दादों को उन्हीं की पूजा करते देखा है। (५३) (इब्राहीम ने) कहा कि बेशक तुम और तुम्हारे बड़े ज़ाहिरा भूल में रहे। (५४) (वह) बोले तू हमारे पास सच्ची बात लेकर आया है या खिलवाड़ करता है। (५५)

† यानी अ़रब की ज़मीन पर इस्लाम दिन ब दिन प्रबल होता और फैलता जा रहा है और मुशरिकों का दबदबा घटता जा रहा है। छ सत्य, असत्य तथा पुण्य और पाप में फ़र्क़ बताने वाली तराज़ू।

★ रुकू. ४ आ. ४ / ४ ● रुकू. १ आ. ३ / ४

क़ाल बर्रब्बुकुम् रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़िल्लज़ी फ़तर हुन्न ज़् सला व अना अला जालिकुम् मिनश्शाहिदीन (५६) व तल्लाहि लअकीदन्न असनामकुम् बअ्द अन् तुवल्लू मुद्बिरीन (५७) फ़जअलहुम् जुजाजन् अिल्ला कबीरल्लहुम् लअल्लहुम् अिलैहि यर्जिअून (५८) क़ालू मन् फ़अ्ल हाजा बिआलिहतिना अिन्नहू लमिनज़् - जालिमीन (५९) क़ालू समिअ्ना फ़तैंयज़् कुरुहुम् युक़ालु लहू अिब्राहीमु त् (६०) क़ालू फ़अ्तू बिहि अला अअ्युनिन्नासि लअल्लहुम् यश्हदून (६१) क़ालू अ अन्त फ़अ्ल्त हाजा बिआलिहतिना या अिब्राहीमु त् (६२) क़ाल बल् फ़अ्लहू क़् सला कबीरुहुम् हाजा फ़स्अलूहुम् अिन् कानू यन्तिक़ून (६३) फ़रजअू अिला अन्फ़ुसिहिम् फ़क़ालू अिन्नकुम् अन्तुमुज़् - जालिमून ला (६४) सुम्म नुकिसू अला रुअूसिहिम् ज़् लक़द् अलिम्त मा हा'उला'अि यन्तिक़ून (६५) क़ाल अफ़तअ्बुदून मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अुकुम् शैअौंव ला यज़ुर्रुकुम् त् (६६) अुफ़्फ़ल्लकुम् व लिमा तअ्बुदून मिन् दूनिल्लाहि त् अफ़ला तअ्क़िलून (६७) क़ालू हर्रिक़ूहु वन्सुरू आलिहतकुम् अिन् कुन्तुम् फ़ाअिलीन (६८) क़ुल्ना या नारु कूनी बर्दौंव सलामन् अला अिब्राहीम ला (६९) व अरादू बिहि कैदन् फ़जअल्ना - हुमुल् - अख़्सरीन ज़् (७०) व नज्जैनाहु व लूतन् अिलल्अर्ज़िल्-लती बारक्ना फ़ीहा लिल्आलमीन (७१) व वहब्ना लहू अिस्हाक़ त् व यअ्क़ूब नाफ़िलतन् त् व कुल्लन् जअल्ना सालिहीन (७२) व जअल्नाहुम् अअिम्मतैं - यह्दून बिअम्रिना व औहैना अिलैहिम् फ़अ्लल् - ख़ैराति व अिक़ामस्-सलाति व अीता'अज़् - ज़काति ज़् व कानू लना आबिदीन ज़् ला (७३)

الانبياء ٢١ ٢٦١
قَالَ بَل رَّبُّكُمْ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَ
الْاَرْضِ الَّذِیْ فَطَرَهُنَّ ۫ وَ اَنَا عَلٰی ذٰلِكُمْ مِّنَ الشّٰهِدِیْنَ ۝ وَ
تَاللّٰهِ لَاَكِیْدَنَّ اَصْنَامَكُمْ بَعْدَ اَنْ تُوَلُّوْا مُدْبِرِیْنَ ۝ فَجَعَلَهُمْ
جُذٰذًا اِلَّا كَبِیْرًا لَّهُمْ لَعَلَّهُمْ اِلَیْهِ یَرْجِعُوْنَ ۝ قَالُوْا مَنْ فَعَلَ
هٰذَا بِاٰلِهَتِنَاۤ اِنَّهٗ لَمِنَ الظّٰلِمِیْنَ ۝ قَالُوْا سَمِعْنَا فَتًی یَّذْكُرُهُمْ
یُقَالُ لَهٗۤ اِبْرٰهِیْمُ ۝ قَالُوْا فَاْتُوْا بِهٖ عَلٰۤی اَعْیُنِ النَّاسِ لَعَلَّهُمْ
یَشْهَدُوْنَ ۝ قَالُوْۤا ءَاَنْتَ فَعَلْتَ هٰذَا بِاٰلِهَتِنَا یٰۤاِبْرٰهِیْمُ ۝ قَالَ
بَلْ فَعَلَهٗ ۫ كَبِیْرُهُمْ هٰذَا فَسْـَٔلُوْهُمْ اِنْ كَانُوْا یَنْطِقُوْنَ ۝ فَرَجَعُوْۤا
اِلٰۤی اَنْفُسِهِمْ فَقَالُوْۤا اِنَّكُمْ اَنْتُمُ الظّٰلِمُوْنَ ۝ ثُمَّ نُكِسُوْا عَلٰی
رُءُوْسِهِمْ ۚ لَقَدْ عَلِمْتَ مَا هٰۤؤُلَآءِ یَنْطِقُوْنَ ۝ قَالَ اَفَتَعْبُدُوْنَ
مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ مَا لَا یَنْفَعُكُمْ شَیْـًٔا وَّ لَا یَضُرُّكُمْ ۝ اُفٍّ لَّكُمْ
وَ لِمَا تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ؕ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ۝ قَالُوْا حَرِّقُوْهُ
وَ انْصُرُوْۤا اٰلِهَتَكُمْ اِنْ كُنْتُمْ فٰعِلِیْنَ ۝ قُلْنَا یٰنَارُ كُوْنِیْ بَرْدًا وَّ
سَلٰمًا عَلٰۤی اِبْرٰهِیْمَ ۝ وَ اَرَادُوْا بِهٖ كَیْدًا فَجَعَلْنٰهُمُ الْاَخْسَرِیْنَ ۝
وَ نَجَّیْنٰهُ وَ لُوْطًا اِلَی الْاَرْضِ الَّتِیْ بٰرَكْنَا فِیْهَا لِلْعٰلَمِیْنَ ۝ وَ
وَهَبْنَا لَهٗۤ اِسْحٰقَ ؕ وَ یَعْقُوْبَ نَافِلَةً ؕ وَ كُلًّا جَعَلْنَا صٰلِحِیْنَ ۝
وَ جَعَلْنٰهُمْ اَئِمَّةً یَّهْدُوْنَ بِاَمْرِنَا وَ اَوْحَیْنَاۤ اِلَیْهِمْ فِعْلَ الْخَیْرٰتِ وَ

(इब्राहीम ने) कहा नहीं, (सच मानो कि) वही तुम्हारा परवरदिगार है जो आसमानों और ज़मीन का परवरदिगार है जिसने इनको पैदा किया; और मैं इसी बात का क़ायल हूँ। (५६) और अल्लाह की क़सम तुम्हारे पीठ फेरने के बाद मैं तुम्हारे बुतों के साथ एक तदबीर करूंगा। (५७) फिर (इब्राहीम ने एक दिन उन लोगों की ग़ैरमौजूदगी में उन) बुतों को (तोड़ फोड़ कर) टुकड़े टुकड़े कर दिया, मगर उनके बड़े बुत को इस ग़रज़ से (रहने दिया) कि शायद वह (पूजने वाले फिर) उसकी तरफ़ आवें। (५८) (जब लोगों को मूर्तियों के तोड़े जाने का हाल मालूम हो गया तो) उन्होंने कहा हमारे पूजितों के साथ यह काम किसने किया ? वह कोई (बड़ा) अन्यायी है। (५९) फिर (आपस में) कहने लगे कि वह नौजवान जिसको इब्राहीम के नाम से पुकारा जाता है, उसको हमने इन (मूर्तियों की बुराई) का ज़िक्र करते हुए सुना है। (६०) (लोगों ने) कहा उसको आदमियों के सामने ले आओ ताकि लोग देखें। (६१) (ग़रज़ इब्राहीम बुलाये गये और लोगों ने) पूछा कि ऐ इब्राहीम ! हमारे पूजितों के साथ यह हरकत क्या तूने की है ? (६२) (इब्राहीम ने) कहा (नहीं) बल्कि यह जो इन सबमें बड़ी (मूर्ति) है उसने यह हरकत की (होगी), सो अगर यह (बुत) बोल सकते हों तो इन्हीं से पूछ देखो। (६३) उस पर लोग अपने जी में सोचे और (आपस में) कहने लगे कि लोगो ! तुम्हीं अन्यायी हो। (६४) फिर (अपने सिरों के बल औंधे) शर्म से झुक गये (लेकिन फिर भी बाज़ न आये और इब्राहीम से बोले कि) तुमको तो मालूम है कि वह (बुत) बोला नहीं करते। (६५) (इस पर इब्राहीम ने) कहा क्या फिर तुम अल्लाह के सिवाय ऐसों को पूजते हो कि जो न तुमको कुछ फ़ायदा ही पहुँचा सकें और न कुछ नुक़सान ही। (६६) अफ़सोस तुम पर और उन चीज़ों पर जो तुम अल्लाह के सिवाय पूजते हो ! क्या तुम नहीं समझते हो ? (६७) (तब वह) कहने लगे कि अगर तुमको (इब्राहीम की हरकत की सज़ा देना और) कुछ करना है तो इब्राहीम को (आग में) जला दो और अपने पूजितों की (प्रतिष्ठा क़ायम रहने में) मदद करो। (६८) (चुनाँचे उन लोगों ने इब्राहीम को आग में झोंक दिया और) हमने (आग को) हुक्म दिया कि ऐ आग ! इब्राहीम के हक़ में ठंडी और आराम देने वाली हो जा। (६९) और लोगों ने उन (इब्राहीम) का बुरा चाहा मगर हमने उन्हीं को नुक़सान में डाला।(७०) और हमने इब्राहीम को और लूत को (सही सलामत) निकालकर उस ज़मीन (शाम) में ले जा दाख़िल किया जिसमें हमने लोगों के लिए (तरह-तरह की) बरकतें रखीं हैं। (७१) और हमने (इब्राहीम को एक बेटा) इसहाक़ और (पोता) याक़ूब इनाम में दिया और सभी को हमने नेकबख़्त किया। (७२) और हमने उनको पेशवा बनाया कि हमारे हुक्म से (लोगों को) राह बतायें और उनको नेक काम करने और नमाज़ क़ायम करने और ज़कात देने के लिए हुक्म भेजा और वे हमारी ही अिबादत में लगे रहते थे। (७३)

रु. ५ | ५ आ २५

व लूतन् आतैनाहु हुक्मौंव अिल्मौंव नज्जैनाहु मिनल् - क़र्यत्तिल्लती कानत् तअ़्मलुल् - ख़बाअिस त् अिन्नहुम् कानू क़ौम सौअिन् फ़ासिक़ीन ला (७४) व अद्ख़ल्नाहु फ़ी रह्मतिना त् अिन्नहू मिनस्सालिहीन (७५) ★ व नूहन् अिज्नादा मिन् क़ब्लु फ़स्तजब्ना लहू फ़नज्जैनाहु व अह्लहू मिनल् - कर्बिल्-अ़ज़ीमि ज् (७६) व नसर्नाहु मिनल्-क़ौमिल्लजीन कज्जबू बिआयातिना त् अिन्नहुम् कानू क़ौम सौअिन् फ़अग़्रक़्नाहुम् अज्मअ़ीन (७७) व दावूद व सुलैमान अिज् यह्कुमानि फ़िल्हर्सि अिज् नफ़शत् फ़ीहि ग़नमुल् - क़ौमि ज् व कुन्ना लिहुक्मिहिम् शाहिदीन क् ला (७८) फ़फ़ह्हम्नाहा सुलैमान ज् व कुल्लन् आतैना हुक्मौंव अिल्मन् ज् व सख़्ख़र्ना मअ़ दावूदल् - जिबाल युसब्बिहून वत्तैर त् व कुन्ना फ़ाअिलीन (७९) व अल्लम्नाहु सनअ़त लबूसिल्लकुम् लितुह्सिनकुम् मिम् - बअ़्सिकुम् ज् फ़हल् अन्तुम् शाकिरून (८०) व लिसुलैमानर् - रीह आसिफ़तन् तज्री बिअम्रिहीअिलल्-अर्ज़िल्लती बारक्ना फ़ीहा त् व कुन्ना बिकुल्लि शैअिन् आलिमीन (८१) व मिनश् - शयातीनि मैंयग़ूसून लहू व यअ़्मलून अ़मलन् दून जालिक ज् व कुन्ना लहुम् हाफ़िज़ीन ला (८२) व अैयूब अिज्नादा रब्बहू अन्नी मस्सनियज़् - ज़ुर्रु व अन्त अरहमुर्-राहिमीन ज् सला (८३) फ़स्तजब्ना लहू फ़कशफ़्ना मा बिहीमिन् ज़ुर्रिंव आतैनाहु अह्लहू व मिस्लहुम् मअ़हुम् रह्मतम् - मिन् अिन्दिना व ज़िक्रा लिल्आबिदीन (८४) व अिस्माअ़ील व अिद्रीस व जल्किफ़्लि त् कुल्लुम् - मिनस्साबिरीन ज सला (८५)

और (वह भी ध्यान देने की बात है जबकि) लूत को हमने हुक्म और समझ दी और उसको उस शहर से जहाँ के लोग गंदे काम करते थे बचा निकाला। इसमें शक नहीं कि वह लोग बड़े बुरे और बदकिर्दार थे। (७४) और उस (यानी लूत) को हमने अपनी रहमत में ले लिया, बेशक वह नेकबख़्तों में था। (७५) ★ ६. ५/५ आ २५

और (ऐ पैग़म्बर ! वह भी याद करो कि) नूह ने जब इससे पहले पुकारा तो हमने उसकी पुकार सुन ली और उसको और उसके लोगों को बड़ी मुसीबत (यानी प्रलय के तूफ़ान) से बचाया। (७६) और फिर हमने उसकी उस क़ौम पर जो हमारी आयतों को झुठलाया करते थे मदद की। और बेशक वह बुरे लोग थे फिर हमने उन सबको (तूफ़ान में) डुबो दिया। (७७) और (ऐ पैग़म्बर !) दाऊद और सुलेमान का (हाल भी सुन लो) जबकि वह एक खेती के बारे में, जिसमें कुछ लोगों की बकरियाँ जा पड़ी थीं (और खेती को नुक़सान पहुँचा दिया था), फ़ैसला करने लगे और हम उनके फ़ैसले को देख रहे थे। (७८) (तो दाऊद व सुलेमान—बाप-बेटों के फ़ैसले में मतभेद हुआ) फिर हमने (सही फ़ैसला सुलेमान को समझा दिया और हमने दोनों ही को हिकमत और (फ़ैसले की) समझ दी थी और हमने पहाड़ों और पक्षियों को दाऊद के आधीन कर दिया कि उनके साथ अल्लाह की तस्बीह करते रहें और हम ही (यह सब) करनेवाले थे। (७९) और दाऊद को हमने तुम लोगों के लिए एक पहनाव (यानी बख़्तर) बनाना सिखा दिया ताकि लड़ाई में तुमको बचाये, तो क्या तुम शुक्र करते हो ? (८०) और हमने ज़ोर की हवा को सुलेमान के ताबे कर दिया कि उसके हुक्म से ज़मीन (शाम) की तरफ़ चलती थी जिसमें हमने (तरह तरह की) बरकतें दे रखी थीं। और हम सब चीज़ों से जानकार हैं। (८१) और कितने शैतानों (की जमात) को उसके अधीन किया जो सुलेमान के लिए गोते लगाते (ताकि समुद्र से जवाहरात वग़ैरः निकाल लावें) और दूसरे काम भी करते थे और हम ही उनको (इस फ़र्ज़ पर लगाये और) थामे रहते थे। (८२) और (ऐ पैग़म्बर) ऐयूब (के हाल पर ध्यान दो) जब उसने अपने परवरदिगार को पुकारा कि मुझे दुख पड़ा है और तू सब दया करनेवालों से ज़्यादा दया करने वाला है। (८३) फिर हमने उसकी पुकार सुन ली और जो दुख उसको था उसे दूर कर दिया और उसके घरवाले (जो बिछुड़ गये थे) उसको अता किये, बल्कि अपनी मेहरबानी से उतने ही अधिक (बख़्शे) और अ़िबादत करनेवालों (भक्तों) के लिए यह (यादगार बतौर) नसीहत है।† (८४) और इस्माईल और इद्रीस और ज़लकिफ़्ल (की भी यादकरो); यह सब सब्र पर क़ायम (बन्दे) थे। (८५)

† अय्यूब अ० की ख़ुदापरस्ती को जाँचने के लिए अल्लाह ने उनको आज़माइश में डाला—उनका माल-मता व औलाद सब ग़ायब कर दिया और उनके तमाम जिस्म में फ़ोड़े बनकर कीड़े पड़ गये। लेकिन वे सुख-दुख दोनों में वैसे ही सब्र से क़ायम रहे और अल्लाह ने उनके बिछुड़े उनको दिये, अलावा और भी माल व औलाद दीं व जिस्म की सब तकलीफ़ें दूर कर दीं।

व अद्ख़ल्नाहुम् फ़ी रह्मतिना त् अिन्नहुम् मिनस् - सालिहीन (८६) व ज़न्नूनि अिज् जहब मुग़ाज़िबन् फ़ज़न्न अल्लन् नक़्दिर अलैहि फ़नादा फ़िज्ज़ुलुमाति अल्ला अिलाह अिल्ला अन्त सुब्हानक क् सला अिन्नी कुन्तु मिनज्ज़ालिमीन ज् सला (८७) फ़स्तजब्ना लहू ला व नज्जैनाहु मिनल्ग़म्मि त् व कजालिक नुन्जिल् - मुअ्मिनीन (८८) व ज़करीया अिज्नादा रब्बहू रब्बि ला तजर्नी फ़र्दौंव अन्त ख़ैरुल्-वारिसीन ज् सला (८९) फ़स्तजब्ना लहू ज् व वहब्ना लहू यह्या व अस्लह्ना लहू ज़ौजहू त् अिन्नहुम् कानू युसारिअ्ून फ़िल्ख़ैराति व यद्अूनना रग़बौंव रहबन् त् व कानू लना ख़ाशिअ़ीन (९०) वल्लती अह्सनत् फ़र्जहा फ़नफ़ख़्ना फ़ीहा मिर्रूहिना व जअल्नाहा वब्नहा आयतल् - लिल्आलमीन (९१) अिन्न हाजिहि अुम्मतुकुम् अुम्मतौंवाहिदतन् ज् सला व'व अना रब्बुकुम् फ़ब्बुदूनि (९२) व तक़त्तअू अम्रहुम् बैनहुम् त् कुल्लुन् अिलैना राजिअ्ून (९३) ★ फ़मैंयअ़मल् मिनस् - सालिहाति व हुव मुअ्मिनुन् फ़ला कुफ़्रान लिसअ़यिहि ज् व अिन्ना लहू कातिबून (९४) व हरामुन् अला क़र्यतिन् अहलक्नाहा अन्नहुम् ला यर्जिअ़ून (९५) हत्ता अिजा फ़ुतिहत् यअ़जूजु व मअ़जूजु व हुम् मिन् कुल्लि हदबिं - यन्सिलून (९६) वक़्तरबल् - वअ़्दुल् - हक़्कु फ़अिजा हिय शाख़िसतुन् अब्सारुल्लजीन कफ़रू त् यावैलना क़द् कुन्ना फ़ी ग़फ़लतिम् - मिन् हाजा बल् कुन्ना ज़ालिमीन (९७) अिन्नकुम् व मा तअ़्बुदून मिन् दूनिल्लाहि हसबु जहन्नम त् अन्तुम् लहा वारिदून (९८) लौ कान हा अुला अि आलिहतम् - मा वरदूहा त् व कुल्लुन् फ़ीहा ख़ालिदून (९९) लहुम् फ़ीहा ज़फ़ीरूंव हुम् फ़ीहा ला यस्मअ़ून (१००)

और हमने उनको अपनी कृपा में ले लिया, बेशक वह लोग नेकबख़्तों में थे।(८६) और मछलीवाले (यूनुस को याद करो) जब (वह अपनी क़ौम से नाराज़ होकर) ग़ुस्से में चल दिये और समझे कि हम उन को न पकड़ें गे फिर अँधेरों में अन्दर चिल्ला उठे कि (या अल्लाह !) तेरे सिवा कोई पूजित नहीं, तेरी ज़ात पाक है (और) बेशक मैं गुनहगारों में था§। (८७) तो हमने उसकी पुकार सुन ली और उनको घुटन से छुटकारा दिया। और हम ईमानवालों को इसी तरह बचा लिया करते हैं।(८८) और (ऐ पैग़म्बर यह भी लोगों को बताने लायक़ है कि) ज़करिया ने जब अपने परवरदिगार को पुकारा कि ऐ परवरदिगार ! मुझको अकेला (यानी बे औलाद) मत छोड़ और (वैसे तो) तू ही सब वारिसों से अच्छा वारिस है। (८९) तो हमने उसकी पुकार सुन ली; और यहया (जैसी औलाद) दी और उसकी बीबी को (जो बाँझ थी उसके लिए) भला - चंगा कर दिया। वह लोग नेक कामों की तरफ़ लपकते थे और हमको आशा और भय से पुकारते रहते थे। और हमारे आगे दबे (विनम्र) रहते थे। (९०) और वह मरियम (का बयान याद करो) जिसने अपनी शहवत (वासना) पर संयम रखा फिर हमने उसमें अपनी रूह फूंकी और उसको और उसके बेटे (ईसा अ०) को दुनिया जहान के लोगों के लिए निशानी (आदर्श) क़रार दिया। (९१) (ऐ इमानवालो !) यह सब तुम्हारे दीन के लोग हैं, सब एक दीन पर हैं और मैं तुम सबका परवरदिगार हूँ, सो मेरी ही अिबादत करो।(९२) और लोगों ने आपस में (फूटन करके) दीन को टुकड़े टुकड़े कर डाला, (हालाँकि) सब को हमारी ही तरफ़ लौटकर आना है। (९३) ★ रू. ८३।३ आ. १८

सो जो कोई नेक काम करे और वह ईमान रखता हो तो उसकी कोशिश व्यर्थ जानेवाली नहीं है, और हम उसको लिखते जाते हैं। (९४) और जिस बस्ती को हमने बर्बाद कर दिया (वे इस हद तक कुफ़्र पर पहुँच चुके थे कि) मुमकिन नहीं था कि वह लोग (कुफ़्र से) पलटते। (९५) यहाँ तक कि जब याजूज और माजूज† खोल दिये जावें और वह हर बुलन्दी से दौड़ पड़ें। (९६) और (अ़ज़ाब का) सच्चा वादा पास आ पहुँचे तो एकदम काफ़िरों की आँखें खुली (की खुली) रह जावें। (और बोल उठें कि) हाय, कम्बख़्ती हमारी कि हम इससे ग़ाफ़िल रहें बल्कि हम थे ही गुनहगार।(९७) (काफ़िरो ! उस रोज़)तुम, और जिन चीज़ों को अल्लाह के अलावा तुम पूजते हो, यह सब नरक का ईंधन बनेंगे, और तुम सब को उसमें दाख़िल होना होगा। (९८) अगर यह (सचमुच) पूजने लायक़ होते तो उसमें न जाते और वह सब उस (दोज़ख़ की आग में) हमेशा (जलते) पड़े रहेंगे। (९९) वहाँ इन लोगों की चिल्लाहट (मच रही) होगी और वह उसमें (कुछ) न सुन सकेंगे। (१००)

§ हजरत यूनुस अ० ने अपनी क़ौम से कहा था कि अल्लाह का ग़ज़ब उतरने वाला है। और उस ग़ज़ब के उतरने से पहले अपनी क़ौम की सरकशी से आजिज़ व उन पर फ़ौरन अ़ज़ाब न आने से अपनी क़ौम से शरमिन्दः होकर बिला हुक्म-अल्लाह देश त्याग कर (हिजरत) कर गये। इस बेहुक्मी की सज़ा में रास्ते में उनको एक मछली निगल गई। उसी के पेट के अँधेरे में उन्होंने यह प्रार्थना की। † देखें सूरः कह्फ़ आयत ९४ फ़ुटनोट § पृष्ठ ५०९।

अिन्नल्लजीन सबक़त् लहुम् मिन्नल् - हुस्ना ला अुला अिक अन्हा मुब्अदून ला (१०१) ला यस्मअून हसीसहा ज् व हुम् फ़ी मश्तहत् अन्फ़ुसुहुम् ख़ालिदून ज् (१०२) ला यह्ज़ुनुहुमुल् - फ़ज़अुल् - अक्बरु व ततलक़्क़ाहुमुल् - मला अिकतु त् हाजा यौमुकुमुल्लजी कुन्तुम् तूअदून (१०३) यौम नत्विस् - समा अ कतैयिस् - सिजिल्लि लिल्कुतुबि त् कमा बदअ्ना औवल ख़ल्क़िन् नुअीदुहू त् वअ्दन् अलैना त् अिन्ना कुन्ना फ़ाअिलीन (१०४) व लक़द् कतब्ना फ़िज़्ज़बूरि मिम् - बअ्दिज्जिक्रि अन्नल्अर्ज़ यरिसुहा अिबादियस् - सालिहून (१०५) अिन्न फ़ी हाजा लबलाग़ल्-लिक़ौमिन् आबिदीन त् (१०६) व मा अर्सल्नाक अिल्ला रह्मतल् - लिल्आलमीन (१०७) क़ुल् अिन्नमा यूहा अिलैय अन्नमा अिलाहुकुम् अिलाहुँवाहिदुन् ज् फ़हल् अन्तुम् मुस्लिमून (१०८) फ़अिन् तवल्लौ फ़क़ुल् आजन्तुकुम् अला सवा अिन् त् व अिन् अद्री अक़रीबुन् अम् बअीदुम्मा तूअदून (१०९) अिन्नहू यअ़लमुल् - जहर मिनल्क़ौलि व यअ़लमु मा तक्तुमून (११०) व अिन् अद्री लअ़ल्लहू फ़ित्नतुल् - लकुम् व मताअुन् अिलाहीनिन् (१११) क़ाल रब्बिह्कुम् बिल्हक़्क़ि त् व रब्बुनर् - रह्मानुल् - मुस्तआनु अला मा तसिफ़ून (११२) ★ ●

☆ २२ सूरतुल् हज्जि १०३ ☆

(मदनी) इस सूरः में अरबी के ५४३२ हुरूफ़, १२८३ शब्द, ७८ आयतें और १० रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

या अैयुहन्नासुत्तक़ू रब्बकुम् ज् अिन्न ज़ल्ज़लतस् - साअति शैअुन् अ़ज़ीमुन् (१) यौम तरौनहा तज़्हलु कुल्लु मुर्ज़िअतिन् अम्मा अर्ज़अत् व तज़अु कुल्लु जाति हम्लिन् हम्लहा व तरन्नास सुकारा व मा हुम् बिसुकारा व लाकिन्न अ़ज़ाबल्लाहि शदीदुन् (२)

(और) जिन लोगों के लिए हमारी तरफ़ से पहले से भलाई नियत है वह इस (दोज़ख़) से दूर रखे जायेंगे। (१०१) उसकी भनक भी उनके कानों में न पड़ेगी और वह अपनी मनमानी मुरादों (को पाकर उस) में हमेशा रहेंगे। (१०२) (और) उनको (क़ियामत की) उस बड़ी भारी घबड़ाहट में भी ग़म न होगा और फ़रिश्ते उनको (हाथों हाथ) लेंगे, और (कहेंगे कि) यही तो तुम्हारा दिन है जिसका वादा तुमसे किया गया था। (१०३) जिस दिन हम आसमान को इस तरह लपेटेंगे जैसे तूमार (पुलिन्दा) में काग़ज़ लपेटते हैं। जिस तरह हमने पहले पैदा किया था फिर हम उसे दुहरावेंगे, (यह) वादा हमारे ज़िम्मे है, हमें ज़रूर करना है। (१०४) और हम ज़बूर में नसीहत के बाद वह बात लिख चुके हैं कि आख़िर हमारे नेक बन्दे ज़मीन के (सरसब्ज़) वारिस होंगे। (१०५) बेशक जो अल्लाह की अिबादत करनेवाले हैं उनके लिए इसमें मतलब (यानी तत्व) हासिल है। (१०६) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमको दुनिया-जहान के लोगों पर कृपा करके भेजा है। (१०७) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि मुझको तो हुक्म यही आया है कि अकेला अल्लाह ही तुम्हारा पूज्य है। तो क्या तुम हुक्मबरदारी करते हो? (१०८) पस अगर (इतने पर भी) न मानें तो कह दो कि मैंने तुमको दोनों तरफ़ बराबर (यानी भला-बुरा रास्ता और अंजाम सब) बतला दिया है; और मैं नहीं जानता कि जिस (सज़ा) का तुमसे वादा किया जाता है वह क़रीब आ लगी है या दूर है (यह अल्लाह ही को ख़बर है)। (१०९) वह अल्लाह पुकार कर कही बात को भी जानता और तुम्हारी छिपी हुई बातें भी जानता है। (११०) और मैं नहीं जानता। शायद अल्लाह को (कुछ दिन अपना ग़ज़ब तुम पर रोकने में यह मसलहत हो कि) उसमें तुमको जाँचना है और एक समय तक (संसार में) तुमको गुज़र बसर का मौक़ा देना मंज़ूर है। (१११) पैग़म्बर ने (फिर इन काफ़िरों की हुज्जत से घबड़ाकर) कहा कि ऐ परवरदिगार इन्साफ़ से फ़ैसला कर दे और (ऐ लोगो!) हमारा परवरदिगार बड़ा दयालु है (और) उसी से उन बातों पर मदद माँगता हूँ जो तुम लोग बनाते हो। (११२) ★ ●

✪ २२ सूरतुल् हज्जि १०३ ✪

(मदनी), इसमें ५४३२ अक्षर, १२८३ शब्द, ७८ आयतें और १० रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ लोगो! अपने परवरदिगार (के कोप) से डरो। (क्योंकि) क़ियामत का भूचाल बेशक एक बड़ी भयायक चीज़ है। (१) जिस दिन यह तुम्हारे सामने आ मौजूद होगी (उस दिन यह हाल होगा कि) तमाम दूध पिलानेवाली औरतें अपने दूध-पीते (बच्चे) को भूल जायँगी और हर गर्भवती अपना गर्भ गिरने से रोक न सकेगी और लोग मदहोश दिखाई देंगे हालाँकि वह मदहोश नहीं, बल्कि (उन पर) अल्लाह का सख़्त अज़ाब (सवार) है। (२)

* इस सूरः का नाम ही ज़ाहिर करता है कि इसमें हज्ज का बयान ख़ास तौर पर दिया गया है। कुछ लोग इसको मक्की और कुछ मदनी कहते हैं। आलिमों ने एक राय क़ायम की है कि सूरः का शुरू का अंश तो मक्का में रसूल स० की मदीना हिजरत के कुछ ही पहले नाज़िल हुआ। इस हिस्से में एक अल्लाह की अपार महिमा बखान करते हुए मुशरिकों को उनके शिर्क और बुतपरस्ती पर लानत मलामत [पिज ५५५ पर]

व मिनन्नासि मैंयुजादिलु फ़िल्लाहि बिग़ैरि इल्मिव्व यत्तबिअु कुल्ल शैतानिम्-
मरीदिन् ला (३) कुतिब अलैहि अन्नहू मन् तवल्लाहु फ़अन्नहू युज़िल्लुहू व
यहदीहि इला अजाबिस्सअीरि (४) या अैयुहन्नासु इन् कुन्तुम् फ़ी रैबिम्-
मिनल्बअ्सि फ़इन्ना ख़लक़्नाकुम् मिन् तुराबिन् सुम्म मिन् नुत्फ़तिन् सुम्म मिन्
अलक़तिन् सुम्म मिम् - मुज़्ग़तिम् -
मुख़ल्लक़तिव्व ग़ैरि मुख़ल्लक़तिल् - लिनुबैयिन
लकुम् त् व नुक़िर्रु फ़िल्अर्हामि मा
नशाअु इला अजलिम् - मुसम्मन् सुम्म
नुख़रिजुकुम् तिफ़्लन् सुम्म लितब्लुगू
अशुद्दकुम् ज् व मिन्कुम् मैंयुतवफ़्फ़ा व
मिन्कुम् मैंयुरद्दु इला अर्जलिल् - अ्मुरि
लिकैला यअ्लम मिम्बअ्दि इल्मिन् शैअन् त्
वतरल्अर्ज़ हामिदतन् फ़अिजा अन्ज़ल्ना
अलैहल् - मा अह् - तज़्त् व रबत् व अम्बतत्
मिन् कुल्लि ज़ौजिम् - बहीजिन् (५)
जालिक बि-अन्नल्लाह हुवल्-हक़्क़ु व अन्नहू
युह्यिल् - मौता व अन्नहू अला कुल्लि शैअिन्
क़दीरुन् ला (६) व'व अन्नस्साअ़त आतियतुल्ला रैब फ़ीहा ला व अन्नल्लाह
यब्अ़सु मन् फ़िल्क़ुबूरि (७) व मिनन्नासि मैंयुजादिलु फ़िल्लाहि बिग़ैरि
इल्मिव्व ला हुदौंव ला किताबिम् - मुनीरिन् ला (८) सानिय
अित्फ़िहि लियुज़िल्ल अन् सबीलिल्लाहि त् लहू फ़िद्दुन्या ख़िज़्यूंव
नुज़ीक़ुहू यौमल् - क़ियामति अजाबल् - हरीक़ि (९) जालिक बिमा
क़द्दमत् यदाक व अन्नल्लाह लैस बिज़ल्लामिल् - लिल्अबीदि (१०)

और लोगों में कुछ ऐसे भी हैं जो बे जाने अल्लाह (के बारे) में झगड़ते और हर शैतान सरकश के पीछे हो जाते हैं। (३) जिसके बारे में लिखा है कि जो कोई उसका दोस्त बने (या जिसका वह दोस्त बने) उसे (वह शैतान) बहकाये गा और दोज़ख के अ़ज़ाब में ले जायेगा। (४) लोगो ! अगर तुमको (मरने के बाद) जी उठने में शक है तो (तुमको मालूम हो कि) हमने तुमको मिट्टी से फिर बूँद से फिर ख़ून के लोथड़े से फिर बोटी से पैदा किया जिसकी बनावट अधूरी भी और पूरी भी होती हैं यह इसलिए (बता रहे हैं) कि तुम पर सही बात ज़ाहिर करें। और पेट में हम जिसको चाहते हैं एक नियत समय तक ठहराये रखते हैं फिर तुम को बच्चा की शक्ल में निकालते हैं (और परवरिश करते हैं) कि तुम अपनी जवानी को पहुँचो। और कोई-कोई तुममें से (बचपन में मौत देकर) पहले बुला लिया जाता है और कोई सबसे ज़्यादा निकम्मी उम्र (बुढ़ापा) की तरफ़ लौटाकर लाया जाता है कि (सारी उम्र की) जानकारी के बाद भी कुछ न समझे (और सिलबुल हवास हो जाय।) और तू ज़मीन को ख़ुश्क देखता है फिर जब हम उस पर पानी बरसाते हैं तो वह लहलहाने और उभरने लगती है और भाँति-भाँति की रौनक़ की चीज़ें उगने लगती हैं। (५) यह (दलीलें) इसलिए हैं कि अल्लाह ही हक़ीक़त (में शक्तिवान) है और (वह क़ियामत में बेशक) मुर्दों को जिलाता है और वह हर चीज़ पर क़ादिर (सामर्थ्यवान) है। (६) और यह कि वह घड़ी (क़ियामत) अवश्य आनी है उसमें किसी तरह का शक नहीं और जो लोग क़ब्रों में हैं अल्लाह उनको जिला उठायेगा। (७) और लोगों में कोई ऐसे भी हैं कि जो अल्लाह (की शान) के बारे में झगड़ते हैं हालाँकि न उनके पास ज्ञान है, न सूझ है और न कोई रौशन किताब (ईश्वरी प्रकाशमान ग्रंथ) है। (८) (और घमण्ड के साथ) ऐंठते हैं कि अल्लाह की राह से बहकावें। ऐसों के लिए (सज़ा) संसार में ज़िल्लत है और क़ियामत के दिन हम उनको (नरक की आग में) जलने की सज़ा चखायेंगे। (९) यह उनका बदला है कि जो तूने अपने हाथों (दुनिया में) कमा कर पहले भेज रखा है वर्ना अल्लाह अपने बन्दों पर (कभी) अन्याय नहीं करता। (१०) ★

रू. १८ आ १०

[पिज ५५३ से] की गई है। उसके बाद का हिस्सा मदीने में उतरा और वह हिस्सा इस सूरः का मरकज़ी बयान है। हाल यों था कि कुछ ही दिनों बाद मुशरिकों ने काबः में मुसलमानों का दाख़िला रोक दिया। जो काबः ह० इब्राहीम अ० के ज़माने से महज़ एक अल्लाह की अ़िबादत का स्थान रहा और जहाँ मुल्क व ग़ैर मुल्कों के सभी बन्दों को हज व ज़ियारत करने का हक़ हासिल था, वही काबः आज शिर्क और सैकड़ों बुतों का अड्डा बन रहा था और उसके असली हक़दार एक अल्लाह के माननेवालों पर दाख़िले की पाबन्दी इस क़ुसूर पर लगाई गई थी कि वह एक अल्लाह को क्यों मानते हैं। इसके कुछ दिन बाद रसूल स० व धीरे धीरे और ईमानवाले देश त्याग कर मदीना हिजरत कर गये। पहले ही ज़िलहिज्ज के महीने में सालाना हज का मौक़ा आया और घरबार ताज़ा छोड़कर आये हुए मुसलमानों को बहुत खला कि उन्हें हज के लिए काबः जाने की भी इज़ाज़त नहीं है। यही समय है इस सूरः का बाक़ी हिस्सा उतरने का। ग़ालिबन इस फ़िक्रों से मजबूर होकर मुसलमानों ने ख़्वाहिश की होगी कि उनको भी लड़ने और बुतपरस्त मुशरिकों को काबः से बेदख़ल कर वहाँ तौहीद (एकेश्वरवाद) की फिर से स्थापना की इज़ाज़त हासिल हो। चुनाँचे अल्लाह का हुक्म उनको ज़ालिम क़ुरैशों से जंग के लिए पहले पहल मिला। यहीं से फ़रीक़ैन में जंग की बुनियाद पड़ती है और इसलिए क़ुर्आन में इस सूरः का अपना विशेष महत्व है। इस्लाम की जंगी तैयारियाँ यहीं से शुरू होती हैं जो आगे कामयाब होकर काबः से शिर्क को नेस्तनाबूद करती व तौहीद की स्थापना करती हैं। एक विशेषता और है—जहाँ एक [पिज ५५७ पर]

व मिनन्नासि मैंयअ्बुदुल्लाह अ्ला हर्फ़िन् ज़ फ़अिन् असाबहू ख़ैरुनित्- मअन्न बिहि ज़ व अिन् असाबत्हु फ़ित्नतुनिन् - क़लब अ्ला वज्हिहि क़िफ़् ज़ ख़सिरद्दुन्या वल्आख़िरत्र ज़ जालिक हुवल्ख़ुस्रानुल् - मुबीनु (११) यद्अू मिन् दूनिल्लाहि मा ला यज़ुर्रुहू व मा ला यन्फ़अुहू ज़ जालिक हुवज़्ज़लालुल्-बअीदु ज़ (१२) यद्अू लमन् ज़र्रुहू अक़्रबु मिन् नफ़्अिहि ज़ लबिअ्सल्-मौला व लबिअ्सल्- अशीरु (१३) अिन्नल्लाह युद्ख़िलुल्लजीन आमनू व अ्मिलुस्सालिहाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्- अन्हारु ज़ अिन्नल्लाह यफ़्अलु मा युरीदु (१४) मन् कान यज़ुन्नु अल्लैं-यन्सुरहुल्लाहु फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति फ़ल्यम्दुद् बिसबबिन् अिलस्समाअि सुम्मल्-यक़्तअ् फ़ल्यन्जुर् हल् युज्हिबन्न कैदुहू मा यग़ीजु (१५) व कजालिक अन्ज़ल्नाहु आयातिम्- बैयिनातिन् ला व अन्नल्लाह यह्दी मैंयुरीदु (१६) अिन्नल्लजीन आमनू वल्लजीन हादू वस्साबिअीन वन्नसारा वल्मजूस वल्लजीन अश्रकू क़ सला अिन्नल्लाह यफ़्सिलु बैनहुम् यौमल्क़ियामति ज़ अिन्नल्लाह अ्ला कुल्लि शैअिन् शहीदुन् (१७) अलम् तर अन्नल्लाह यस्जुदु लहू मन् फ़िस्समावाति व मन् फ़िल्अर्ज़ि वश्शम्सु वल्क़मरु वन्नुजूमु वल्जिबालु वश्शजरु वद्दवाब्बु व कसीरुम्- मिनन्नासि ज़ व कसीरुन् हूक़क़ अलैहिल्- अजाबु ज़ व मैंयुहिनिल्लाहु फ़मा लहू मिम्-मुक्रिमिन् ज़ अिन्नल्लाह यफ़्अलु मा यशाअु ज़ (१८) ▲ हाजानि ख़स्मानिख़्-तसमू फ़ी रब्बिहिम् ज़ फ़ल्लजीन कफ़रू क़ुत्तिअत् लहुम् सियाबुम्-मिन् नारिन् ज़ युसब्बु मिन् फ़ौक़ि रुअूसिहिमुल्- हमीमु ज़ (१९)

और लोगों में कोई-कोई ऐसे भी हैं जो अल्लाह की अिबादत किनारे खड़े होकर करते हैं (यानी दिल से इस्लाम क़ुबूल नहीं करते) फिर अगर कोई उनको फ़ायदा पहुँचा तो उसी में चैन पकड़ी (यानी इस्लाम में दाख़िल रहे), और अगर किसी आज़माइश (की आफ़त) से गुज़रना पड़ा तो जिधर से आये थे उल्टे उधर ही लौट (कर फिर काफ़िर हो) गये। (ऐसों ने) दुनिया और आख़िरत दोनों ही गवां दी। ज़ाहिरा (प्रत्यक्ष) घाटा यही है।(११) अल्लाह के सिवाय उन चीज़ों से फ़र्याद करते हैं जो उनको नफ़ा नहीं पहुँचातीं और जो उनको नुक़सान नहीं पहुँचातीं। यही भूल कर दूर (गुमराह) होना है। (१२) उन चीज़ों को (अपनी मदद के लिए) पुकारते हैं जिनसे फ़ायदे से पहले नुक़सान पहुँचने की ज़्यादः गुंजाइश है। बेशक ऐसा सँभालनेवाला बुरा और ऐसा साथी बुरा। (१३) जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये उनको अल्लाह (जन्नत के) बाग़ों में दाख़िल करेगा, जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। बेशक अल्लाह जो चाहता है सो करता है। (१४) जिसको यह ख़्याल हो कि अल्लाह दुनिया में और आख़िरत में उसकी हरगिज़ मदद न करेगा तो उसको चाहिए कि आसमान की तरफ़ एक रस्सी फैलाये और (गले में फन्दा लगाकर) काट दे फिर देखे कि उसकी यह तदबीर (उसकी) नाराज़गी को दूर कर सकती है (या नहीं)।† (१५) और यों हमने यह क़ुर्आन खुली आयतों में उतारा है और (याद रखो!) अल्लाह जिसे चाहता है राह सुझाता है। (१६) जो लोग मुसलमान हैं और यहूदी और साबिअी और ईसाई और मजूसी (अग्नि-पूजक) और शिर्कवाले, क़ियामत के दिन इनके बीच अल्लाह फ़ैसला कर देगा। अल्लाह सब बातों को देख रहा है। (१७) क्या तूने नहीं देखा कि जो आसमानों में हैं और जो ज़मीन में हैं और सूर्य, चन्द्रमा और नक्षत्र और पहाड़ और दरख़्त और चौपाये और बहुत से इन्सान अल्लाह के आगे सज्दः में (सिर झुकाये) हैं। और बहुत से ऐसे भी हैं जिन पर सज़ा लाज़िम हो चुकी है। और जिसको अल्लाह ज़लील करे उसको कोई इज़्ज़त देनेवाला नहीं§। अल्लाह जो चाहता है सो करता है। (१८) ▲ यह दो (फ़रीक़ हैं) एक दूसरे के आपस में विरुद्ध, अपने परवरदिगार (के बारे में) झगड़ते हैं (एक फ़रीक़ अल्लाह को मानता है और एक नहीं मानता)। तो जो लोग नहीं मानते (और मुन्किर हैं) उनके लिए आग के कपड़े ब्योंते हैं (यानी आग उनके बदन से ऐसा लिपटेगी जैसे कपड़ा)। उनके सिरों पर खौलता पानी डाला जायगा, (१९)

▲ सज्दः ६

[पेज ५५५ से] और जिहाद और शहादत को आमादा किया गया है वहाँ दूसरी ओर यह भी नमूना पेश किया गया है कि फ़तह के बाद सच्चे मुसलमानों को किस तरह ज़ुल्म और शिर्क से दूर रहकर इंसाफ़ की हुकूमत पेश करना चाहिए। इस सूरः में क़ुर्बानी का बयान ग़ौरतलब है कि जो चीज़ें हम अल्लाह के नाम पर पेश करते हैं, वह चीज़ें सीधे अल्लाह के पास नहीं पहुंचतीं, बल्कि हमारा पाक दिली जज़्बः पहुँचता व हमारे नेक आमालों की शकल में अल्लाह के लेखे में दर्ज होता है।

† अल्लाह से हटकर आदमी सफलता की उम्मीद कैसे रख सकता है। कटी हुई रस्सी पर कैसे चढ़कर कोई पार उतर सकता है। § तमाम क़ुदरत तो अपने पैदा करनेवाले का सज्दः रात दिन क़ुदरतन कर रही है। रहे अशरफ़ुलमख़्लूक़ात इन्सान—इनको अपने परवरदिगार का सज्दः करना या नाशुक्रा होना, सवाब या अज़ाब, यह अपने लिए खुद चुनना है। वैसा ही उनको दुनिया व आख़िरत में बदला भी मिलता है।

युश्हरु बिहीं मा फ़ी बुतूनिहिम् वल् - जुलूदु ؕ (२०) व लहुम् मक़ामिअु
मिन् हदीदिन् (२१) कुल्लमा अरादू अँयख़्रुजू मिन्हा मिन् ग़म्मिन् अुअीदू
फ़ीहा ق वज़ूक़ू अजाबल् हरीक़ि (२२) ★ अिन्नल्लाह युद्ख़िलुल्लजीन
आमनू व अमिलुस् - सालिहाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु
युह्ल्लोन फ़ीहा मिन् असाविर मिन् ज़हबिव्व लुअ्लुअन् ؕ व लिबासुहुम्
फ़ीहा हरीरुन् (२३) व हुदू अिलत्तैयिबि मिनल्क़ौलि ج सला व हुदू अिला सिरातिल् -
हमीदि (२४) अिन्नल्लजीन कफ़रू व यसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि वल्मस्जिदिल्-
हरामिल्लजी जअल्नाहु लिन्नासि सवाअनिल् - आकिफ़ु फ़ीहि वल्बादि ؕ व मैंयुरिद् फ़ीहि
बि - अिल्हादिम् - बिज़ुल्मिन् नुज़िक़्हु मिन् अजाबिन् अलीमिन् (२५) ★ व अिज् बौवअ्ना
लिअिब्राहीम मकानल् - बैति अल्ला तुश्रिक् बी शैअौव तह्हिर् बैतिय लित्ता अिफ़ीन
वल्क़ाअिमीन वर्रुक्कअिस्सुजूदि (२६) व अज्जिन् फ़िन्नासि बिल्हज्जि
यअ्तूक रिजालौंव अला कुल्लि ज़ामिरींयअ्तीन मिन् कुल्लि फ़ज्जिन्
अमीक़िन् ला (२७) ल्'लियश्हदू मनाफ़िअ लहुम् व यज्कुरुस्मल्लाहि फ़ी
अैयामिम् - मअ़्लूमातिन् अला मा रज़क़हुम् मिम् - बहीमतिल् - अन्आमि ج
फ़कुलू मिन्हा व अत्अिमुल् - बाअिसल् - फ़क़ीर ج (२८) सुम्मल्-
यक़ज़ू तफ़सहुम् वल्यूफ़ू नुज़ूरहुम् वल्यत्तौवफ़ू बिल्बैतिल् - अतीक़ि (२९)
जालिक ق व मैंयुअज्जिम् हुरुमातिल्लाहि फ़हुव ख़ैरुल्लहू अिन्द
रब्बिहीं ؕ व अुहिल्लत् लकुमुल् - अन्आमु अिल्ला मा युत्ला अलैकुम्
फ़ज्तनिबुरिज्स मिनल् - औसानि वज्तनिबू क़ौलज़ूरि ला (३०)

जिससे जो कुछ उनके पेट में है और (उनकी) खालें गल जायँगी। (२०) और उनके (मारने के) लिए लोहे के गुर्ज़ होंगे। (२१) (इस दोज़ख़ के दुःख और) घुटन से जब निकलना चाहेंगे तो उसी में फिर ढकेल दिये जावेंगे। और (कहा जायगा कि बस हमेशा) जलने की सज़ा का अ़ज़ाब चखते रहो। (२२) ★ रु. २/६ आ १२

अलबत्ता जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये उनको अल्लाह (जन्नत के) बाग़ों में दाख़िल करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, वहाँ उनको गहना पहनाया जायगा—सोने के कंगन और मोती। और वहाँ उनकी पोशाक रेशम की होगी। (२३) और उनको अच्छी बात की राह मिली; और ऐसी राह मिली कि ख़ूबियों वाले (और सब) तारीफ़ वाले अल्लाह की राह मिली। (२४) जो लोग इन्कार करते हैं और अल्लाह की राह से और मसजिद हराम में जाने से (ईमानवालो को) रोकते हैं † जिसको हमने सब आदमियों के लिए बनाया है, चाहे वहाँ के रहनेवाले हों या बाहर के हों, सबके लिए (वह इबादतगाह) बराबर है। और जो मसजिद हराम में शरारत से टेढ़ी राह चलना (व कुफ़्र करना) चाहें उनको हम दुखदाई अ़ज़ाब का मज़ा चखावेंगे। (२५) ★ रु. ३/१० आ ३

और (ऐ पैग़म्बर ! एक दिन था) जब हमने इब्राहीम के लिए काबे के घर की जगह मुक़र्रर कर दी और (हुक्म दिया) कि मेरे साथ किसी को (अ़िबादत में) शरीक न करना और तवाफ़ (परिक्रमा) करनेवालों और (नमाज़ में) खड़े रहने वालों और रुकूअ़ व सज्दः करनेवालों के लिए मेरे घर को साफ़ और सुथरा रखना§। (२६) और लोगों में हज्ज◎ के लिए पुकार दो कि लोग तुम्हारी तरफ़ पैदल और दुबले-दुबले ऊँटों पर सवार होकर दूर-दूर की राहों से चल कर आवें। (२७) कि अपनी भलाई की जगह के लिए हाज़िर हों (और क़ुर्बानी के लिए मालूम‡) मुक़र्रर दिनों में, अल्लाह ने जो मवेशी उनको दिये हैं उन पर ज़बह (बलिदान) के समय अल्लाह का नाम लें। उनमें से खाओ और दीन दुखियों फ़क़ीरों को खिलाओ। (२८) फिर चाहिए कि अपना मैल-कुचैल उतार दें॰ और अपनी मन्नतें पूरी करें और इस क़दीम (प्राचीन) घर (काबः) का तवाफ़ (परिक्रमा) करें। (२९) यह (हमारा हुक्म) सुन चुके ! और जो आदमी अल्लाह की बाँधी हुई अदब की हदों की इज़्ज़त करे तो यह उसके परवरदिगार के यहाँ उसी के हक़ में अच्छा है। और सब चौपाये तुमको हलाल हैं सिवाय उनके जो तुमको (क़ुर्आन में) मना किये गये हैं ‡ (और) बुतों की गन्दगी से बचते रहो और झूठी बात से बचते रहो। (३०)

† याने रसूल स० व उनके माननेवालों यानी मुसलमानों को हज या उमरः के लिए काबः में जाने से मना करते हैं। यह ज़ाहिर करता है कि क़ुरैशों का ज़ुल्म और बढ़ गया था। § तवाफ़, इ़ितिकाफ़, रुकूअ़, सज्दः की व्याख्या—देखिये सूरः बक़र फ़ुटनोट पेज ५२। ◎ हज और उमरः के लिए देखिये फ़ुटनोट सफ़ः ६६। ‡ 'मालूम' के दिन में ज़िलहिज्ज के शुरू के १० दिन, या १० से १३ तारीख़, या १०, ११, १२, तारीख़—यों जुदा जुदा राय हैं। ॰ यानी इहराम (हज के समय पहनने वाला वस्त्र) खोल दें, सर के बाल मुड़ावें, नाख़ून कटवायें और स्नान करें और काबः की परिक्रमा (तवाफ़) करें। ‡ नीचे लिखे जानवर हराम हैं:—१ सब दरिन्दा जानवर जो अपने दांत और पंजों से शिकार करते हैं जैसे शेर, भेड़िया, चीता, कुत्ता, बिल्ली इत्यादि। २ वह परिन्दः जो अपने चंगुल से शिकार करता हो। जैसे, बाज़, गिद्ध, शाहीन इत्यादि। ३ हशरातुल्-अ़र्ज़ यानि पृथ्वी पर रहने वाले कीड़े मकोड़े भी हराम हैं [पेज ५६७ पर]

हुनफ़ा'अ लिल्लाहि ग़ैर मुश्रिकीन बिहीं त़ व मैंयुश्रिक् बिल्लाहि फ़कअन्नमा
ख़र्र मिनस्समा'अि फ़-तख़्तफ़ुहुत्-तैरु औ तह्वी बिहिर्रीहु फ़ी मकानिन् सह़ीक़िन् (३१)
जालिक क़ व मैंयुअज्जिम् शआ'अिरल्लाहि फ़अिन्नहा मिन् तक़्वल्क़ुलूबि (३२)
लकुम् फ़ीहा मनाफ़िअु अिला' अजलिम्-मुसम्मन् सुम्म महि़ल्लुहा' अिलल्-बैतिल्-
अतीक़ि (३३) ★ व लिकुल्लि अुम्मतिन् जअल्ना मन्सकल्-लियज्कुरुस्मल्लाहि
अला मा रज़क़हुम् मिम्-बहीमतिल्-अन्आमि त़ फ़अिलाहुकुम् अिलाहूँवाह़िदुन्
फ़लहू' अस्लिमू त़ व बश्शिरिल्-मुख़्बितीन ला (३४) अल्लजीन अिजा
जुकिरल्लाहु व जिलत् क़ुलूबुहुम् वस्साबिरीन अला मा' असाबहुम् वल्मुक़ीमिस्सलाति ला
व मिम्मा रज़क़्नाहुम् युन्फ़िक़ून (३५) बल्बुद्न जअल्नाहा लकुम् मिन्
शआ'अिरिल्लाहि लकुम् फ़ीहा ख़ैरुन् क़ सला फ़ज्कुरुस्मल्लाहि अलैहा सवा'फ़फ़ ज्
फ़अिजा वजबत् जुनूबुहा फ़कुलू मिन्हा व अत्अिमुल्क़ानिअ वल्मुअ्तर्र त़ कजालिक सख़्ख़र्नाहा लकुम् लअल्लकुम् तश्कुरून (३६) लैंयनालल्लाह
लुहूमुहा व ला दिमा'अुहा वलाकिन्-यनालुहुत्तक़्वा मिन्कुम् त़ कजालिक सख़्ख़रहा
लकुम् लितुकब्बिरुल्लाह अला मा हदाकुम् त़ व बश्शिरिल्-मुह्सिनीन
(३७) अिन्नल्लाह युदाफ़िअु अनिल्लजीन आमनू त़ अिन्नल्लाह ला युह़िब्बु
कुल्ल ख़ौवानिन् कफ़ूरिन् (३८) ★ ● अुजिन लिल्लजीन युक़ातलून
बिअन्नहुम् जुलिमू त़ व अिन्नल्लाह अला नस्रिहिम् लक़दीरु ला (३९)

एक अल्लाह के हो रहो, उनके साथी-साझी न ठहराओ। और जिसने (किसी को अिबादत में) अल्लाह का साझी बनाया गोया वह आसमान से गिर पड़ा फिर चाहे उसको (शिकारी) पक्षी उचक लें या उसको हवा किसी दूर जगह ले जा पटके। (३१) यह (हमारा हुक्म) सुन चुके! और जो शख़्स उन चीज़ों का अदब-आदर रखे जो अल्लाह के नाम लगी हैं तो यह दिलों की परहेज़गारी की बात है। (३२) तुमको चौपायों में एक ख़ास वक़्त तक फ़ायदे हैं (जो तुम सवारी या दूध वग़ैरः से उठा सकते हो) फिर उनको उस पुराने घर (काबः) तक (क़ुर्बानी के लिए) पहुंचाना है। (३३) ★ रु. ४ — ११ आ ८

और हर एक गरोह के लिए हमने क़ुर्बानी ठहरा दी हैं ताकि अल्लाह ने जो उनको मवेशी दे रखे हैं उन पर (ज़बह के वक़्त) अल्लाह का नाम लेवें। सो अल्लाह ही तुम्हारा एक मात्र माबूद (पूज्य) है, तो उसी के आज्ञाकारी बनो। और आजिज़ी करनेवाले (विनयशील) बन्दों को ख़ुशख़बरी सुना दो। (३४) (उनको जो ऐसे हैं) कि जब अल्लाह का नाम लिया जाता है उनके दिल काँप उठते हैं और जो उन पर आ पड़े उस पर सब्र करते और नमाज़ क़ायम रखते और हमने जो उनको दे रखा है उसमें से (नेक कामों पर) खर्च करते हैं। (३५) और हमने तुम्हारे लिए (क़ुर्बानी के) ऊँटों को उन चीज़ों में कर दिया है जो अल्लाह के साथ नामज़द की जाती हैं, उनमें तुम्हारे लिए फ़ायदे हैं। तो (क़ुर्बानी के समय उनको क़िबला की ओर मुँह करके) क़तार में खड़ा करो और उन पर अल्लाह का नाम लो§ फिर जब वह किसी करवट गिर पड़ें तो उनमें से खाओ और सब्र (से बैठे हुए न माँगने) वालों और मांगनेवालों को खिलाओ। हमने यों तुम्हारे बस में इन (जानवरों) को कर दिया है, शायद तुम इहसान मानो। (३६) अल्लाह तक न तो इनके गोश्त ही पहुँचते हैं और न इनके ख़ून† लेकिन उस तक तुम्हारी परहेज़गारी पहुँचती है। अल्लाह ने इनको यों तुम्हारे क़ाबू में कर दिया है कि उसने जो तुमको राह सुझाई है उसके बदले में अल्लाह की बड़ाई बयान करो। और (ऐ पैग़म्बर!) नेककारों को ख़ुशी (का पैग़ाम) सुना दो (३७) बेशक अल्लाह ईमानवालों से दुश्मनों को (यानी उनको ईमान से कुफ़्र की ओर घसीटने वाले शैतान या काफ़िरों को) हटाता रहता है। बेशक अल्लाह किसी ख़यानत करनेवाले कृतघ्नी (नाशुक्रा) को+ पसंद नहीं करता। (३८) ★ ●

जिनसे (काफ़िर) लोग लड़ते हैं उनको (भी उन काफ़िरों से लड़ने की) इजाज़त है, इस वास्ते कि उन पर ज़ुल्म हो रहा है; और अल्लाह (उन सताये हुए ईमानवालों की मदद करेगा) बेशक (अल्लाह) उनकी मदद करने में (सब तरह) समर्थ है‡। (३९) रु. ५ — १२ आ ५ ● सु. ३ — ४

§ ऊँट के हलाल करने का तरीक़ा यह है कि उसको काबे की ओर खड़ा करते हैं फिर उसकी छाती पर भाला मारते हैं ताकि उसका सारा ख़ून निकल जाय और जब वह गिर पड़ता है तो ज़बह करते हैं। † पहले क़ुर्बानी का ख़ून काबे की दीवारों पर छिड़कते थे। मुसलमानों को ऐसा करने से रोका गया और बताया गया कि अल्लाह तक केवल परहेज़गारी ही पहुँचती है। दिल में जो अपनी क़ीमती, प्यारी और ज़रूरत की चीज़ों को अल्लाह की राह में बलिदान (उत्सर्ग) करने की भावना है वह पहुँचती है। + अल्लाह ने जो हमको दुनिया में हमारे गुज़र व आराम के लिए साज़-सामान, औलाद व क़ूवत व नसीहतें व हिदायत दी हैं, वह सब उसकी बतौर अमानत (धरोहर) है। अगर हम उनका सही इस्तेमाल नहीं करते हैं और अपनी अच्छी से अच्छी चीज़ को उसका इहसान समझकर उसके नाम पर क़ुर्बान कर देने को तैयार नहीं होते हैं, तो यह ख़यानत है और उस अल्लाह के प्रति नाशुक्रापन (कृतघ्नता) है। ‡ पिछली सूरतों में क़ुरैशों के मुसलमानों पर ज़ुल्म बढ़ते रहने और बार-बार उनको अल्लाह के अज़ाब से डराने व ईमानवालों को सब्र पर क़ायम रहने का ज़िक्र है। यह आयत रसूल स० की हिजरत के बाद मदीने में नाज़िल हुई जब मुशरिकों ने इनका काबः में दाख़िला रोक दिया तो पहली बार अल्लाह की ओर से इसी आयत में अपने से लड़ने वाले काफ़िरों से जंग करने की ईमानवालों को इजाज़त दी गई है।

अ्ल्लजीन अुख़्रिजू मिन् दियारिहिम् बिग़ैरि ह़क़्क़िन् अिल्ला अंयक़ूलू रब्बुनल्लाहु ☆ व लौ ला दफ़्अुल्लाहिन्नास बअ़्ज़हुम् बिबअ़्ज़िल् - लहुद्दिमत् सवामिअु व बियअुंव सलवातूंव मसाजिदु युज्करु फ़ीहस्मुल्लाहि कसीरन् ☆ व लयन्सुरन्नल्लाहु मैंयन्सुरुहु ☆ अिन्नल्लाह लक़वीयुन् अ़ज़ीज़ुन् (४०) अल्लजीन अिम्मक्कन्नाहुम् फ़िल्अर्ज़ि अक़ामुस्सलात व आतवुज़्ज़कात व अमरू बिल्मअ़्रूफ़ि व नहौ अनिल्मुन्करि ☆ व लिल्लाहि आक़िबतुल् - अुमूरि (४१) व अींयुकज्जिबूक फ़क़द् कज्जबत् क़ब्लहुम् क़ौमु नूहिंव्व आदूंव समूदु ला (४२) व क़ौमु अिब्राहीम व क़ौमु लूतिन् ला (४३) व'व अस़्हाबु मद्यन ज् व कुज्जिब मूसा फ़अम्लैतु लिल् - काफ़िरीन सुम्म अख़ज़्तुहुम् ज् फ़कैफ़ कान नकीरि (४४) फ़कअैयिम् - मिन् क़र्यतिन् अह्लक्नाहा व हिय जालिमतुन् फ़हिय ख़ावियतुन् अला अुरूशिहा व बिअ्रिम् - मुअ़त्तलतिंव्व क़स्रिम् - मशीदिन् (४५) अफ़लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़तकून लहुम् क़ुलूबुंय्यअ़्क़िलून बिहा औ आजानुंय्यस्मअून बिहा ज् फ़अिन्नहा ला तअ़्मल् - अब्सारु व लाकिन् तअ़्मल् - क़ुलूबुल्लती फ़िस्सुदूरि (४६) व यस्तअ़्जिलूनक बिल्अ़ज़ाबि व लैंयुख़्लिफ़ल्लाहु वअ़्दहु ☆ व अिन्न यौमन् अिन्द रब्बिक कअल्फ़ि सनतिम्मिम्मा तअ़ुदून (४७) व कअैयिम् - मिन् क़र्यतिन् अम्लैतु लहा व हिय जालिमतुन् सुम्म अख़ज़्तुहा ज् व अिलैयल् - मसीरु (४८) ★ क़ुल् या अैयुहन्नासु अिन्नमा अना लकुम् नजीरुम् - मुबीनुन् ज् (४९) फ़ल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् मग़्फ़िरतूंव रिज़्क़ुन् करीमुन् (५०)

اقترب للناس ٢٢ ٢٦٩ الحج ٢٢
ربنا الله ولولا دفع الله الناس بعضهم ببعض لهدمت
صوامع وبيع وصلوت ومساجد يذكر فيها اسم الله كثيرا
ولينصرن الله من ينصره ان الله لقوي عزيز ۝ الذين
ان مكنهم في الارض اقاموا الصلوة واتوا الزكوة وامروا
بالمعروف ونهوا عن المنكر ولله عاقبة الامور ۝ وان
يكذبوك فقد كذبت قبلهم قوم نوح وعاد وثمود ۝ وقوم
ابرهيم وقوم لوط ۝ واصحب مدين وكذب موسى
فاملیت للكفرين ثم اخذتهم فكيف كان نكير ۝ فكاين
من قرية اهلكنها وهي ظالمة فهي خاوية على عروشها
وبير معطلة وقصر مشيد ۝ افلم يسيروا في الارض
فتكون لهم قلوب يعقلون بها او اذان يسمعون بها
فانها لا تعمى الابصار ولكن تعمى القلوب التي في
الصدور ۝ ويستعجلونك بالعذاب ولن يخلف الله وعده
وان يوما عند ربك كالف سنة مما تعدون ۝ وكاين
من قرية املیت لها وهي ظالمة ثم اخذتها واليّ
المصير ۝ قل يايها الناس انما انا لكم نذير مبين ۝
فالذين امنوا وعملوا الصلحت لهم مغفرة ورزق

यह वह (पीड़ित लोग) हैं जो (सिर्फ़) इस बात के कहने पर कि "हमारा परवरदिगार अल्लाह ही है" नाहक़ अपने घरों से निकाले गये। और अगर अल्लाह एक को एक के ज़रिये (उनके ज़ुल्म करने पर) न हटाया करता तो (ईसाई संन्यासियों के) आश्रम और गिरजे और (यहूदियों) की पूजा की जगहों● और मसजिदें जिनमें कसरत से अल्लाह का नाम लिया जाता है, कभी के ढाये जा चुके होते। और जो अल्लाह (के दीन) की मदद करेगा अल्लाह अवश्य उसकी मदद करेगा। बेशक अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बेहद ज़ोरवाला है। (४०) यह (ईमानवाले हैं) कि अगर हम ज़मीन पर इक़्तिदार (प्रभुत्व) दें तो नमाज़ें क़ायम करेंगे और ज़कात देंगे और अच्छे काम के लिए कहेंगे और बुरे कामों से मना करेंगे और सब कामों का अन्त तो अल्लाह के हाथ में है। (४१) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुमको (ये काफ़िर) झुठलायें तो इनसे पहले नूह (के गिरोह) के लोग और आ़द और समूद के द्वारा (भी उनके नबी) झुठलाये जा चुके हैं। (४२) और इब्राहीम की क़ौम और लूत की क़ौम (४३) और मदीअ़न के रहनेवाले (अपने-अपने पैग़म्बरों को) झुठला चुके हैं और मूसा झुठलाये जा चुके हैं फिर हमने काफ़िरों को मुहलत दी (ईमान या कुफ़्र में से कोई चुन लें) फिर उनको धर पकड़ा सो मेरी नाराज़गी कैसी रही। (४४) तो (इसी तरह ज़ुल्मवाली) बहुतेरी बस्तियाँ हमने तबाह कर दीं क्योंकि वे गुनहगार थीं, पस अपनी छतों के बल गिरी पड़ी हैं और कितने कुएँ बेकार और पक्के महल वीरान (पड़े हैं।) (४५) क्या यह (ज़ालिम) लोग मुल्क में चले फिरे नहीं कि इनके ऐसे दिल होते कि उनके ज़रिये से समझते और ऐसे कान होते कि उनके ज़रिये से सुनते। तो बात यह है कि कुछ आँखें अन्धी नहीं हुआ करतीं बल्कि दिल जो छाती में हैं वह अन्धे हो जाया करते हैं।† (४६) और (ऐ पैग़म्बर!) तुमसे सज़ा की जल्दी मचा रहे हैं (कि कहाँ है तुम्हारा ख़ुदाई अ़ज़ाब?) और अल्लाह तो कभी अपना वादा ख़िलाफ़ करने का नहीं। और (कुछ शक नहीं कि) तुम्हारे परवरदिगार के यहाँ का एक दिन तुम लोगों की गिनती के अनुसार हज़ार वर्ष के बराबर है (अ़ज़ाब अपने नियत समय पर बरपा होकर रहेगा।) (४७) और (यह जो अ़ज़ाब में देर इनको नज़र आ रही है तो वह इनके लिए वैसे ही मुहलत दी जा रही है जैसे ऊपर कही हुई) बहुतेरी बस्तियाँ जिनको हमने मुहलत दी थी हालाँकि वे गुनहगार थीं फिर (उनके हद से बढ़ जाने पर अ़ज़ाब इलाही से) उनको पकड़ा और (अन्तिम दिन सबको) फिर मेरी ही तरफ़ लौटकर आना है। (४८) ★

(ऐ पैग़म्बर!) कहो कि लोगो! मैं तो तुमको (सज़ा) से ज़ाहिरा डरानेवाला हूँ। (४९) फिर जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये उनके (गुनाहों के) लिए माफ़ी व इज़्ज़त की रोज़ी है। (५०)

† यानी इन काफ़िरों ने न तो इन पिछली ज़ालिम क़ौमों के हाल पर कान दिये न उनकी तबाह पड़ी बस्तियों के खण्डहरों पर निगाह की कि नसीहत लेते। आँख कान खुले होने पर भी जब दिल उनके कुफ़्र (अधर्म) से पत्थर जैसे कठोर हो गये हैं तो उन पर आँख-देखे या कान-सुने का असर कैसे हो?

वल्लजीन सअौ फ़ी आयातिना मुअाजिज़ीन अुलाअिक अस़्हाबुल् - जहीमि (५१) व मा अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक मिर्रसूलिव्व ला नबीयिन् अिल्ला अिजा तमन्ना अल्क़श्शैतानु फ़ी अुम्नीयतिहॅ ज् फ़यन्सख़ुल्लाहु मा युल्क़िश्शैतानु सुम्म युह़्किमुल्लाहु आयातिहॅ त् वल्लाहु अलीमुन् ह़कीमुन् ला (५२) ल्'लियज्अल मा युल्क़िश्शैतानु फ़ित्नतल् - लिल्लजीन फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ूँवल् - क़ासियति क़ुलूबुहुम् त् व अिन्नज्ज़ालिमीन लफ़ी शिक़ाक़िम्-बअ़ीदिन् ला (५३) व'व लियअ़्लमल्लजीन अूतुल्अिल्म अन्नहुल् - ह़क़्क़ु मिर्रब्बिक फ़युअ्मिनू बिहॅ फ़तुख़्बित लहू क़ुलूबुहुम् त् व अिन्नल्लाह लहादिल्लजीन आमनू अिला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् (५४) व ला यज़ालुल्लजीन कफ़रू फ़ी मिर्यत्तिम्मिन्हु ह़त्ता तअ्तियहुमुस्साअ़तु बग़्ततन् अौ यअ्तियहुम् अ़जाबु यौमिन् अ़क़ीमिन् (५५) अल्मुल्कु यौमअिजिल् - लिल्लाहि त् यह़्कुमु बैनहुम् त् फ़ल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिह़ाति फ़ी जन्नातिन्नअ़ीमि (५६) वल्लजीन कफ़रू व कज्जबू बिआयातिना फ़अुलाअिक लहुम् अ़जाबुम्मुहीनुन् (५७) ★ वल्लजीन हाजरू फ़ी सबीलिल्लाहि सुम्म क़ुतिलू औ मातू लयर्ज़ुक़न्नहुमुल्लाहु रिज़्क़न् ह़सनन् त् व अिन्नल्लाह लहुव ख़ैरुर् - राज़िक़ीन (५८) लयुद् ख़िलन्नहुम् मुद्ख़लंयर्ज़ौनहू त् व अिन्नल्लाह लअ़लीमुन् ह़लीमुन् (५९) जालिक ज व मन् आक़ब बिमिस्लि मा अूक़िब बिहॅ सुम्म बुग़िय अलैहि लयन्सुरन्नहुल्लाहु त् अिन्नल्लाह लअ़फ़ूवुन् ग़फ़ूरुन् (६०) जालिक बिअन्नल्लाह यूलिजुल्लैल फ़िन्नहारि व यूलिजुन्नहार फ़िल्लैलि व अन्नल्लाह समीअ़ुम् - बसीरुन् (६१)

اقترب للناس ١٧ ٣٠٠ الحج ١٢
كَرِيمٌ ۝ وَالَّذِينَ سَعَوْا فِي آيَاتِنَا مُعَاجِزِينَ أُولَٰئِكَ أَصْحَابُ
الْجَحِيمِ ۝ وَمَا أَرْسَلْنَا مِن قَبْلِكَ مِن رَّسُولٍ وَلَا نَبِيٍّ إِلَّا
إِذَا تَمَنَّىٰ أَلْقَى الشَّيْطَانُ فِي أُمْنِيَّتِهِ ۖ فَيَنسَخُ اللَّهُ مَا يُلْقِي
الشَّيْطَانُ ثُمَّ يُحْكِمُ اللَّهُ آيَاتِهِ ۗ وَاللَّهُ عَلِيمٌ حَكِيمٌ ۝ لِّيَجْعَلَ
مَا يُلْقِي الشَّيْطَانُ فِتْنَةً لِّلَّذِينَ فِي قُلُوبِهِم مَّرَضٌ وَالْقَاسِيَةِ
قُلُوبُهُمْ ۗ وَإِنَّ الظَّالِمِينَ لَفِي شِقَاقٍ بَعِيدٍ ۝ وَلِيَعْلَمَ الَّذِينَ
أُوتُوا الْعِلْمَ أَنَّهُ الْحَقُّ مِن رَّبِّكَ فَيُؤْمِنُوا بِهِ فَتُخْبِتَ لَهُ قُلُوبُهُمْ ۗ
وَإِنَّ اللَّهَ لَهَادِ الَّذِينَ آمَنُوا إِلَىٰ صِرَاطٍ مُّسْتَقِيمٍ ۝ وَ
لَا يَزَالُ الَّذِينَ كَفَرُوا فِي مِرْيَةٍ مِّنْهُ حَتَّىٰ تَأْتِيَهُمُ السَّاعَةُ
بَغْتَةً أَوْ يَأْتِيَهُمْ عَذَابُ يَوْمٍ عَقِيمٍ ۝ الْمُلْكُ يَوْمَئِذٍ لِّلَّهِ يَحْكُمُ
بَيْنَهُمْ ۚ فَالَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ فِي جَنَّاتِ النَّعِيمِ ۝
وَالَّذِينَ كَفَرُوا وَكَذَّبُوا بِآيَاتِنَا فَأُولَٰئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ مُّهِينٌ ۝
وَالَّذِينَ هَاجَرُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ قُتِلُوا أَوْ مَاتُوا لَيَرْزُقَنَّهُمُ
اللَّهُ رِزْقًا حَسَنًا ۚ وَإِنَّ اللَّهَ لَهُوَ خَيْرُ الرَّازِقِينَ ۝ لَيُدْخِلَنَّهُم
مُّدْخَلًا يَرْضَوْنَهُ ۗ وَإِنَّ اللَّهَ لَعَلِيمٌ حَلِيمٌ ۝ ذَٰلِكَ ۚ وَ
مَنْ عَاقَبَ بِمِثْلِ مَا عُوقِبَ بِهِ ثُمَّ بُغِيَ عَلَيْهِ لَيَنصُرَنَّهُ اللَّهُ ۗ
إِنَّ اللَّهَ لَعَفُوٌّ غَفُورٌ ۝ ذَٰلِكَ بِأَنَّ اللَّهَ يُولِجُ اللَّيْلَ فِي النَّهَارِ

और जो लोग हमारी आयतों को (अपने कुफ़्र के गर्व में) हराने के लिए दौड़ते हैं वही (दोज़ख़ की) आग वाले हैं। (५१) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमसे पहले कोई ऐसा पैग़म्बर और कोई ऐसा नबी नहीं भेजा कि उसको यह मामला पेश न आया हो कि जब उसने कोई तमन्ना§ की तब शैतान ने अपनी तमन्ना उसमें मिला (कर लोगों को बरग़ला) न दिया हो‡। फिर अल्लाह ने शैतान के बदख़्याल को दूर और अल्लाह ने अपनी आयतों को मज़बूत कर दिया और अल्लाह बड़ा जानकार व बड़ा हिकमतवाला है। (५२) ग़रज़ (इससे) यह है कि शैतान के डाले वसवसे (यानी प्रेरणा) से उन लोगों को जाँचे जिनके दिलों में (कजी और कुतर्क की) बीमारी है और जिनके दिल सख़्त हैं। और बेशक गुनहगार (मुशरिक) तो विरोध (करते करते) दूर जा पड़े हैं। (५३) और यह (भी इससे) ग़रज़ है कि जिन लोगों को इल्म दिया गया है वह जान लें कि यह (क़ुर्आन) तेरे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ (सत्य) है तो वह उस पर ईमान लायें और उनके दिल उसके आगे (अदब में) झुकें और जो ईमान लायें हैं अल्लाह उनको सीधी राह दिखलाता है।ऽ (५४) और जो लोग इन्कार करनेवाले हैं वह तो हमेशा इस (क़ुर्आन की तरफ़) से शक ही में रहेंगे, यहाँ तक कि क़ियामत यकायक उन पर आ पहुँचे या बुरे दिन की सज़ा उन पर आ उतरे जिससे फिर छुटकारे की राह नहीं। (५५) हुकूमत उस दिन अल्लाह की होगी। वह लोगों में फ़ैसला कर देगा। तो जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये वह नियमतों से भरे (जन्नत के) बाग़ों में होंगे। (५६) और जो इन्कार करते और हमारी आयतों को झुठलाते रहे तो यही हैं जिनको ज़िल्लत की सज़ा होगी। (५७) ★

रु. ७—१४ आ ६

और जिन लोगों ने अल्लाह की राह में हिजरत की (और घर छोड़े) फिर (जिहाद किया और) मारे गये या मर गये उनको बेशक अल्लाह उम्दा रोज़ी देगा। और अल्लाह ही सबसे अच्छी रोज़ी देनेवाला है। (५८) बेशक वह उनको ऐसी जगह पहुँचावेगा जिसे वह पसन्द करेंगे। और अल्लाह (सब कुछ) जाननेवाला और बेहद सहनशील है। (५९) यह तो सुन चुके! और जिस आदमी ने उतना ही बदला लिया जितना उसके साथ (ज़ुल्म) किया गया है और ऐसे (इंसाफ़ पर चलने वाले) पर कोई ज़्यादती करे तो अल्लाह उसकी मदद ज़रूर करेगा। बेशक अल्लाह क्षमा करनेवाला और बड़ा बख़्शने वाला है। (६०) यह इसलिए कि अल्लाह (बड़ा समरथ है और वह) रात को दिन में दाख़िल करता है और दिन को रात में और अल्लाह (हर घड़ी ईमानवालों की पुकार को) सुनता (और ज़ालिमों के ज़ुल्म को) देखता रहता है। (६१)

§ 'तमन्ना' के माने अरबी में 'तिलावत' याने पाठ भी है। ‡ कहा जाता है कि एक बार ह० मुहम्मद रसूलुल्लाह स० ने कुछ आयतें पढ़ीं तो शैतान ने उनकी ही आवाज़ में ऐसा भरम पैदा कर दिया कि लोगों को बुतों की तारीफ़ की गंध आई और मुशरिक काफ़िर इस पर बहुत ख़ुश हुए लेकिन रसूल स० को यह जानकर बड़ा दुख हुआ। आख़िर में इस तरह के भरम दूर हुए और अल्लाह के हुक्मों का बोलबाला रहा। ऽ आयत ५२ से ५४ में संकेत है कि अल्लाह की आयतों में मूढ़ अज्ञानी तो हमेशा खोट निकालते हैं और ज्ञान रखने वाले श्रद्धा, विश्वास और भक्ति रखते हैं।

जालिक बिअन्नल्लाह हुवल् - ह़क़्क़ु व अन्न मा यद्अून मिन्दूनिहिल्-बातिलु व अन्नल्लाह हुवल्अलीयुल् -- कबीरु (६२) अलम् तर अन्नल्लाह अन्ज़ल मिनस्समा'अि मा'अन् ज़ फ़तुस्बिहुल्अर्ज़ु मुख़्ज़र्रतन् त़ अिन्नल्लाह लत़ीफ़ुन् ख़बीरुन् ज़ (६३) लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त़ व अिन्नल्लाह लहुवल् - ग़नीयुल् - ह़मीदु (६४) ★ अलम् तर अन्नल्लाह सख़्ख़र लकुम् मा फ़िल्अर्ज़ि वल्फ़ुल्क तज्री फ़िल्बह़्रि बिअम्रिहि त़ व युम्सिकुस्समा'अ अन् तक़अ अलल्अर्ज़ि अिल्ला बिअिज़्निहि त़ अिन्नल्लाह बिन्नासि लरऊ़फ़ुर्रह़ीमुन् (६५) व हुवल्लज़ी अह़्याकुम् ज़ सुम्म युमीतुकुम् सुम्म युह़्यीकुम् त़ अिन्नल् - अिन्सान लकफ़ूरुन् (६६) लिकुल्लि अुम्मतिन् जअल्ना मन्सकन् हुम् नासिकूहु फ़ला युनाज़िअुन्नक फ़िल्अम्रि वद्अु अिला रब्बिक त़ अिन्नक लअला हुदम् - मुस्तक़ीमिन् (६७) व अिन् जादलूक फ़क़ुलिल्लाहु अअ़्लमु बिमा तअ़्मलून (६८) अल्लाहु यह़्कुमु बैनकुम् यौमल्-क़ियामति फ़ीमा कुन्तुम् फ़ीहि तख़्तलिफ़ून (६९) अलम् तअ़्लम् अन्नल्लाह यअ़्लमु मा फ़िस्समा'अि वल्अर्ज़ि त़ अिन्न जालिक फ़ी किताबिन् त़ अिन्न जालिक अलल्लाहि यसीरुन् (७०) व यअ़्बुदून मिन् दूनिल्लाहि मा लम् युनज़्ज़िल् बिहि सुल्तानौंव मा लैस लहुम् बिहि अिल्मुन् त़ व मा लिज़्ज़ालिमीन मिन् नसीरिन् (७१)

اقترب للناس ٣٤١ الحج
وَيُولِجُ النَّهَارَ فِي الَّيْلِ وَأَنَّ اللَّهَ سَمِيعٌ بَصِيرٌ ۝ ذَٰلِكَ
بِأَنَّ اللَّهَ هُوَ الْحَقُّ وَأَنَّ مَا يَدْعُونَ مِن دُونِهِ هُوَ الْبَاطِلُ
وَأَنَّ اللَّهَ هُوَ الْعَلِيُّ الْكَبِيرُ ۝ أَلَمْ تَرَ أَنَّ اللَّهَ أَنزَلَ مِنَ
السَّمَاءِ مَاءً فَتُصْبِحُ الْأَرْضُ مُخْضَرَّةً إِنَّ اللَّهَ لَطِيفٌ
خَبِيرٌ ۝ لَّهُ مَا فِي السَّمَاوَاتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ وَإِنَّ
اللَّهَ لَهُوَ الْغَنِيُّ الْحَمِيدُ ۝ أَلَمْ تَرَ أَنَّ اللَّهَ سَخَّرَ لَكُم مَّا
فِي الْأَرْضِ وَالْفُلْكَ تَجْرِي فِي الْبَحْرِ بِأَمْرِهِ وَيُمْسِكُ السَّمَاءَ
أَن تَقَعَ عَلَى الْأَرْضِ إِلَّا بِإِذْنِهِ إِنَّ اللَّهَ بِالنَّاسِ لَرَءُوفٌ
رَّحِيمٌ ۝ وَهُوَ الَّذِي أَحْيَاكُمْ ثُمَّ يُمِيتُكُمْ ثُمَّ يُحْيِيكُمْ إِنَّ
الْإِنسَانَ لَكَفُورٌ ۝ لِّكُلِّ أُمَّةٍ جَعَلْنَا مَنسَكًا هُمْ نَاسِكُوهُ
فَلَا يُنَازِعُنَّكَ فِي الْأَمْرِ وَادْعُ إِلَىٰ رَبِّكَ إِنَّكَ لَعَلَىٰ هُدًى
مُّسْتَقِيمٍ ۝ وَإِن جَادَلُوكَ فَقُلِ اللَّهُ أَعْلَمُ بِمَا تَعْمَلُونَ ۝
اللَّهُ يَحْكُمُ بَيْنَكُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فِيمَا كُنتُمْ فِيهِ تَخْتَلِفُونَ ۝
أَلَمْ تَعْلَمْ أَنَّ اللَّهَ يَعْلَمُ مَا فِي السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ إِنَّ ذَٰلِكَ
فِي كِتَابٍ إِنَّ ذَٰلِكَ عَلَى اللَّهِ يَسِيرٌ ۝ وَيَعْبُدُونَ مِن
دُونِ اللَّهِ مَا لَمْ يُنَزِّلْ بِهِ سُلْطَانًا وَمَا لَيْسَ لَهُم بِهِ
عِلْمٌ وَمَا لِلظَّالِمِينَ مِن نَّصِيرٍ ۝ وَإِذَا تُتْلَىٰ عَلَيْهِمْ

यह इसलिए है कि अल्लाह ही सत्य है और (ये काफ़िर) अल्लाह के सिवाय जिन (दूसरों को पूजते व) पुकारते हैं वह सब असत्य हैं और (यह इसलिए कि) अल्लाह ही सर्वोपरि और महान है। (६२) क्या तूने नहीं देखा कि अल्लाह आसमान से पानी बरसाता है, फिर ज़मीन हरी हो जाती है। बेशक अल्लाह छिपी चीज़ों (सूक्ष्म से सूक्ष्म) का जाननेवाला और ख़बरदार है। (६३) उसी का है जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है। और अल्लाह बेनियाज़ (निस्पृह) और सब तारीफ़ के लायक़ (सब तरह सराहनीय है।) (६४) ★ रू. ८ । १५ आ. ७

क्या तुमने नहीं ध्यान दिया कि अल्लाह ने उन चीज़ों को जो ज़मीन में हैं तुम लोगों के बस में दिया है और किश्ती उसके हुक्म से नदी में चलती है, और आसमान को ज़मीन पर गिरने से थामे है सिवाय इसके कि उसी का हुक्म (ख़िलाफ़) हो जाय। कुछ शक नहीं कि आदमियों पर बड़ी नरमी और मेहरबानी रखता है। (६५) और वही है जिसने तुममें जान डाली। फिर तुमको मारता है (और) फिर जिलावेगा। बेशक इन्सान बड़ा (कृतघ्नी) नाशुक्रा है। (६६) (ऐ पैग़म्बर!) हमने हर गिरोह के लिए एक शरीअ़त (धर्मशास्त्र नियत) मुक़र्रर कर दिया है जिस पर वह चलते हैं, तो इन लोगों को चाहिए कि तुमसे (यानी तुम्हारे अ़िबादत के तरीक़े पर) झगड़ा न करें+ और तुम अपने परवरदिगार की तरफ़ (लोगों को) बुलाते रहो। बेशक तुम सीधी राह और सूझ पर हो। (६७) और अगर तुमसे झगड़ा करें तो कह दो कि जो कुछ तुम कर रहे हो अल्लाह उसे ख़ूब जानता है। (६८) (दुनिया में) जिन बातों में तुम आपस में मतभेद रखते हो अल्लाह क़ियामत के दिन उन सबका फ़ैसला कर देगा। (६९) क्या तुम नहीं जानते कि जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है अल्लाह सब जानता है। यह किताब (लौह महफ़ूज़) में लिखा हुआ है, और इसमें भी शक नहीं कि यह सब अल्लाह के लिए (बिलकुल) आसान है। (७०) और (ये काफ़िर) अल्लाह के सिवाय उन चीज़ों की पूजा करते हैं जिनके लिए न तो अल्लाह ने कोई सनद उतारी है और न इनको ही इसका ज्ञान है। और (अन्तिम न्याय के दिन इन) अन्यायियों का कोई मददगार न होगा। (७१)

[पिज ५५६ से] जैसे चूहा, घूँस, नेवला, छिपकली, सांप, बिच्छू और गिरगिट इत्यादि। ४ सब मुर्दार-खोर जानवर जैसे कौवा जो मुर्दार खाता है। ५ मछली के सिवा दरिया के सब जानवर (अबू हनीफ़ा के नज़दीक) हराम हैं। ६ बुतों के नाम पर ज़िबह किया हुआ। ७ मुरदार, खून, खिन्ज़ीर, ग़ला घोंटी हुई, लकड़ी वग़ैरः से मारी हुई, दरिन्दे की खाई हुई। लेकिन टिड्डी और मछली मर जाने पर भी हलाल है। कलेजी व तिल्ली ये दो खून भी हलाल हैं। इनके अलावा सब जानवर आम तौर पर जो जहाँ दस्तयाब हों हलाल हैं।

+ यानी असल दीन हमेशा से एक है और उस पर चलने के हुक्म या तरीक़े और शरीअ़त हर गरोहों की अलहदः हो सकती हैं। उन तरीक़ों के फ़र्क़ को फ़ितनः (यानी फ़साद की जड़) नहीं क़ायम करना चाहिये। ऐसा करने पर असल दीन की ही मुखालफ़त होती है।

व अिजा तुत्ला अलैहिम् आयातुना बैयिनातिन् तअ़रिफ़ु फ़ी वुजूहिल्लजीन कफ़रुल्मुन्कर ؕ यकादून यस्तून बिल्लजीन यत्लून अलैहिम् आयातिना ؕ क़ुल् अफ़अु नब्बिअुकुम् बिशर्रिम्-मिन् जालिकुम् ؕ अन्नारु ؕ वअ्दहल्-लाहुल्-लजीन कफ़रू ؕ व बिअ्सल् - मसीरु (७२) ★ या अैयुहन्नासु ज़ुरिब मसलुन् फ़स्तमिअू लहू ؕ अिन्नल्लजीन तद्अून मिन् दूनिल्लाहि लैंयख़्लुक़ू जुबाबौंव लविज्तमअू लहू ؕ व अिंयस्लुब्हुमुज् - जुबाबु शैअल्ला यस्तन्क़िजूहु मिन्हु ؕ ज़अुफ़त्तालिबु वल्मत्लूबु (७३) मा क़दरुल्लाह हक़्क़ क़द्रिहीؕ अिन्नल्लाह लक़वीयुन् अज़ीज़ुन् (७४) अल्लाहु यस्तफ़ी मिनल्मला अिकति रुसुलौंव मिनन्नासि ؕ अिन्नल्लाह समीअुम् - बसीरुन् ج (७५) यअ़लमु मा बैन अैदीहिम् व मा ख़ल्फ़हुम् ؕ व अिलल्लाहि तुर्जअुल् - अुमूरु (७६) या अैयुहल्लजीन आमनुर्कअू वस्जुदू वअ़्बुदू रब्बकुम् वफ़्अलुल् - ख़ैर लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून ج (७७) ▲ § व जाहिदू फ़िल्लाहि हक़्क़ जिहादिहीؕ ؕ हुवज्तबाकुम् व मा जअ़ल अलैकुम् फ़िद्दीनि मिन् हरजिन् ؕ मिल्लत अबीकुम् अिब्राहीम ؕ हुव सम्माकुमुल् - मुस्लिमीन ۙ لا मिन् क़ब्लु व फ़ी हाजा लियकूनर्रसूलु शहीदन् अलैकुम् व तकूनू शुहदा अ अलन्नासि ج सला फ़अक़ीमुस्सलात व आतुज़्ज़कात वअ़्तसिमू बिल्लाहि ؕ हुव मौलाकुम् ج फ़निअ़्मल् - मौला व निअ़्मन्नसीरु (७८) ★

اقترب للناس ٢٧٢ الحج ٢٢
اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ تَعْرِفُ فِيْ وُجُوْهِ الَّذِيْنَ كَفَرُوا الْمُنْكَرَ ؕ يَكَادُوْنَ
يَسْطُوْنَ بِالَّذِيْنَ يَتْلُوْنَ عَلَيْهِمْ اٰيٰتِنَا ؕ قُلْ اَفَاُنَبِّئُكُمْ بِشَرٍّ
مِّنْ ذٰلِكُمْ ؕ اَلنَّارُ ؕ وَعَدَهَا اللّٰهُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ؕ وَبِئْسَ
الْمَصِيْرُ ۝ يٰۤاَيُّهَا النَّاسُ ضُرِبَ مَثَلٌ فَاسْتَمِعُوْا لَهٗ ؕ اِنَّ
الَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ لَنْ يَّخْلُقُوْا ذُبَابًا وَّلَوِ اجْتَمَعُوْا
لَهٗ ؕ وَاِنْ يَّسْلُبْهُمُ الذُّبَابُ شَيْـًٔا لَّا يَسْتَنْقِذُوْهُ مِنْهُ ؕ ضَعُفَ
الطَّالِبُ وَالْمَطْلُوْبُ ۝ مَا قَدَرُوا اللّٰهَ حَقَّ قَدْرِهٖ ؕ اِنَّ اللّٰهَ
لَقَوِيٌّ عَزِيْزٌ ۝ اَللّٰهُ يَصْطَفِيْ مِنَ الْمَلٰٓئِكَةِ رُسُلًا وَّمِنَ النَّاسِ ؕ
اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌۢ بَصِيْرٌ ۝ يَعْلَمُ مَا بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ ؕ
وَاِلَى اللّٰهِ تُرْجَعُ الْاُمُوْرُ ۝ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا ارْكَعُوْا
وَاسْجُدُوْا وَاعْبُدُوْا رَبَّكُمْ وَافْعَلُوا الْخَيْرَ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ۝
وَجَاهِدُوْا فِي اللّٰهِ حَقَّ جِهَادِهٖ ؕ هُوَ اجْتَبٰىكُمْ وَمَا جَعَلَ
عَلَيْكُمْ فِي الدِّيْنِ مِنْ حَرَجٍ ؕ مِلَّةَ اَبِيْكُمْ اِبْرٰهِيْمَ ؕ هُوَ
سَمّٰىكُمُ الْمُسْلِمِيْنَ ۙ مِنْ قَبْلُ وَفِيْ هٰذَا لِيَكُوْنَ الرَّسُوْلُ
شَهِيْدًا عَلَيْكُمْ وَتَكُوْنُوْا شُهَدَآءَ عَلَى النَّاسِ ۚ فَاَقِيْمُوا
الصَّلٰوةَ وَاٰتُوا الزَّكٰوةَ وَاعْتَصِمُوْا بِاللّٰهِ ؕ هُوَ مَوْلٰىكُمْ ۚ
فَنِعْمَ الْمَوْلٰى وَنِعْمَ النَّصِيْرُ ۝
منزل

॥ इति सत्रह्वाँ पारः ॥

§ इमाम शाफ़ई रह० व इमाम अहमद रह० के नज़दीक इस सूरः ह़ज्ज में दो सज्दः हैं और इमाम अबू हनीफ़ः रह० व इमाम मालिक रह० के नज़दीक अव्वल रुकूअ़ २ का एक सज्दः वाजिब है।

और (ऐ पैग़म्बर !) जब इनको हमारी खुली-खुली आयतें पढ़कर सुनाई जाती हैं तो तुम काफ़िरों के चेहरों पर नाख़ुशी देखते हो, क़रीब होता है कि यह लोग हमारी आयतें सुनानेवालों पर हमला कर बैठें। (ऐ पैग़म्बर उनसे) कहो कि (आयतों से ही चेहरे बिगाड़ रहे हो ?) मैं इससे भी बुरी (और नागवार एक) चीज़ तुमको सुनाऊँ ! वह (नरक की) आग है जिसका वादा अल्लाह ने इन्कारियों के लिए किया है, और लौट कर जाने का वह बहुत बुरा ठिकाना है। (७२) ★ रु. ६ — १६ आ ८

लोगो ! एक मिसाल बयान की जाती है तो उसको कान लगाकर सुनो। कि अल्लाह के सिवाय तुम जिन्हें पुकारते हो वे एक मक्खी भी नहीं पैदा कर सकते, यदि उसके (पैदा करने के) लिए (सबके) सब इकट्ठे (क्यों न) हो जावें। और अगर मक्खी इनसे कुछ छीन ले जावे तो उसको उससे नहीं छुड़ा सकते। (कैसे) बोदे हैं यह चाहनेवाले (पूजक) और (कैसे बोदे हैं वह पूज्य बुत) जिनको चाहते हैं।♦ (७३) (इन लोगों ने) अल्लाह की जैसी क़दर करना चाहिए थी, नहीं की। बेशक अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त और बड़ा ज़ोरवाला है। (७४) अल्लाह फ़रिश्तों में से और आदमियों में से पैग़ाम (संदेश) पहुँचाने के लिए चुन लेता है। अल्लाह (सब कुछ) सुनता और देखता है। (७५) वह उनके अगले और पिछले हालातों को जानता है। और सब कामों की पहुँच अल्लाह ही की तरफ़ है। (७६) ऐ ईमानवालो ! रुकूअ़ करो और सजदः करो और अपने परवरदिगार की अ़िबादत करो और भलाई करते रहो शायद तुम फ़लाह (कल्याण) को पहुँचो। (७७) ▲ § और (ऐ पैग़म्बर !) अल्लाह की राह में मेहनत करो जैसा कि उसमें मेहनत करने का हक़ है। उसने तुमको (अपने काम के लिए) चुन लिया है और दीन में तुम पर किसी तरह की तंगी नहीं रखी। तुम्हारे बाप (यानी पूर्वज) इब्राहीम का दीन (ही तुम्हारा दीन) है। (और लोगो !) उसने तुम्हारा नाम पहले (यानी पहली किताबों में भी) मुस्लिम रखा था और इस (क़ुर्आन) में भी। (तो उसके रास्ते में मेहनत और जिहाद करो) ताकि पैग़म्बर तुम्हारे मुक़ाबिले में गवाह हों और तुम (दूसरे) लोगों के मुक़ाबिले में गवाह हो। पस नमाज़ क़ायम रखो और ज़कात दो और अल्लाह ही का सहारा मज़बूती से पकड़ो; वही तुम्हारा दोस्त है, सो ख़ूब ही दोस्त है और ख़ूब ही मददगार है। (७८) ★ रु. १० — १७ आ ६

▲ सज्दः शाफ़ी

॥ इति सत्रहवाँ पारः ॥

♦ कहते हैं कि काफ़िर बुतों पर शहद चढ़ाते थे और जब मक्खियाँ उसको चाट जातीं तो ख़ुश होते। सो यहाँ बताया गया है कि मूर्तियाँ तो ऐसी दुर्बल और हीन हैं कि अपना खाना तक मक्खियों से नहीं छीन सकतीं। वह दूसरों की क्या मदद करेंगी।

§ इमाम शाफ़ई रह० व इमाम अहमद रह० के नज़दीक इस सूरः हज्ज में दो सजदः हैं और इमाम अबू हनीफ़ः रह० व इमाम मालिक रह० के नज़दीक अव्वल रुकूअ़ २ का एक सजदः वाजिब है।

✪✪ अठारहवाँ पारः क़द् अफ़्लहल् - मुअ्मिनून ✪✪

✪ २३ सूरतुल् - मुअ्मिनून ७४ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४५३८ हुरूफ़, १०७० शब्द, ११८ आयतें और ६ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़द् अफ़्लहल् - मुअ्मिनून ला (१) अल्लजीन हुम् फ़ी सलातिहिम् ख़ाशिअ्ऊन ला (२) वल्लजीन हुम् अनिल्लग़्वि मुअ़्रिज़ून ला (३) वल्लजीन हुम् लिज़्ज़कावि फ़ाअ्लिऊन ला (४) वल्लजीन हुम् लिफ़ुरूजिहिम् हाफ़िज़ून ला (५) अिल्ला अला अज़्वाजिहिम् औ मा मलकत् अैमानुहुम् फ़अिन्नहुम् ग़ैरु मलूमीन ज (६) फ़मनिब्तग़ा वरा'अ जालिक फ़अुला'अिक हुमुल्आदून ज (७) वल्लजीन हुम् लि-अमानाति-हिम् व अह्दिहिम् राअ़ून ला (८) वल्लजीन हुम् अला सलवातिहिम् युहाफ़िज़ून म ● (९) अुला'अिक हुमुल्-वारिसून ला (१०) अल्लजीन यरिसूनल् - फ़िर्दौस त हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (११) व लक़द् ख़लक़्नल्-अिन्सान मिन् सुलालतिम्-मिन् तीनिन् ज (१२) सुम्म जअल्नाहु नुत्फ़तन् फ़ी क़रारिम् - मकीनिन् त (१३) सुम्म ख़लक़्नन् - नुत्फ़त अलक़तन् फ़ख़लक़्नल् - अलक़त मुज़्ग़तन् फ़ख़लक़्नल् - मुज़्ग़त अिज़ामन् फ़कसौनल् - अिज़ाम लहूमन् क सुम्म अन्शअ्नाहु ख़ल्क़न् आख़र त फ़तबारकल्लाहु अह्सनुल् - ख़ालिक़ीन त (१४) सुम्म अिन्नकुम् बअ़्द जालिक लमैयितून त (१५) सुम्म अिन्नकुम् यौमल्-क़ियामति तुब्अ़सून (१६) व लक़द् ख़लक़्ना फ़ौक़कुम् सब्अ़ तरा'अिक क सला व मा कुन्ना अनिल्ख़ल्क़ि ग़ाफ़िलीन (१७) व अन्ज़ल्ना मिनस्समा'अि मा'अम्-बिक़दरिन् फ़अस्कन्नाहु फ़िल्अर्ज़ि क सला व अिन्ना अला जहाबिम् - बिहि लक़ादिरून ज (१८) फ़अन्शअ्ना लकुम् बिहि जन्नातिम्मिन् नख़ीलिंव अअ़्नाबिन् म ● लकुम् फ़ीहा फ़वाकिहु कसीरतुंव मिन्हा तअ्कुलून ला (१९)

✪✪ अठारहवाँ पारः (क़द् अफ़्लहल् - मुअ्मिनून) ✪✪

✪ २३ सूरतुल् - मुअ्मिनून ७४ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४५३८ अक्षर, १०७० शब्द, ११८ आयतें और ६ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

ईमानवाले मुराद को पहुँच गये। (१) वह जो अपनी नमाज़ में झुकने वाले हैं (२) और वह जो निकम्मी बात पर ध्यान नहीं करते (३) और वह जो ज़कात दिया करते हैं (४) और वह जो विषय वासना से अपने को बचाये रहते हैं (५) अलबत्ता अपनी बीबियाँ और (बाँदियाँ) जो उनकी संपत्ति हैं (को छोड़कर, उन) के बारे में दोष नहीं है। (६) फिर जो कोई उसके सिवाय (दूसरी औरतों को) ढूँढ़े तो यही लोग हद्द से बाहर निकलने वाले (मर्यादा-भ्रष्ट) हैं। (७) और वह जो अपनी अमानतों और अ़हद (प्रतिज्ञा) का लिहाज़ रखते हैं (८) और जो अपनी नमाज़ों के पाबन्द हैं ●। (९) यही लोग वारिस (सही हक़दार) हैं। (१०) (यानी) जो जन्नत के वारिस होंगे। उसी में हमेशा रहेंगे। (११) और हमने आदमी को मिट्टी के सत (तत्व) से बनाया है। (१२) फिर (हमने) उसको एक ठहराव की जगह पर बूंद बनाकर रखा। (१३) फिर उस बूंद से लोथड़ा बनाया, फिर उस लोथड़े से बोटी बनाई, फिर बोटी से हड्डियाँ बनाईं, फिर उन हड्डियों पर गोश्त मढ़ा। फिर उसको एक नई सूरत में बना खड़ा किया। सो अल्लाह बड़ी बरकतवाला और सबसे अच्छा पैदा करने वाला है। (१४) फिर इसके बाद तुमको मरना है। (१५) फिर क़ियामत के दिन तुम उठा खड़े किये जाओगे। (१६) और हमने तुम्हारे ऊपर सात आसमान बनाये और हम ख़ल्क़ से (यानी सृष्टि से ज़रा भर भी) ग़ाफ़िल नहीं हैं। (१७) और हमने ही एक अन्दाज़े से आसमान से पानी उतारा, फिर उसको ज़मीन में ठहरा दिया और हम उस पानी को (वापस) ले जा सकते हैं‡। (१८) फिर (हमने) उस (पानी) से तुम्हारे लिए खजूरों और अंगूरों के बाग़ उगा दिये●। तुम्हारे लिए उसमें बहुत-से-फल (प्राप्त) हैं और उनमें से ही तुम खाते हो। (१९)

ब. ला ज़िम

ब. ला ज़िम

---

* सूरः की पहली आयत में 'अल्मुअ्मिनून' शब्द के ऊपर सूरः का नाम है। रसूल स० के मक्का जीवन का मध्य इसका अवतरण-काल है। इसमें नबियों के बयान देते हुए ईमानवालों और काफ़िरों के अमलों और अंजाम का फ़र्क़ भली भाँति समझाया गया है। मुशरिकों को यह भी चेतावनी दी गई है कि पिछली क़ौमों ने भी अपने नबियों की नबूवत और उनके ज़रिये आये अल्लाह के संदेशों पर यों ही शक व ज़ुल्म व इन्कार किये थे जैसे कि तुम आज अपनी क़ौम में आये पैग़म्बर मुहम्मद स० व क़ुर्आन पर कर रहे हो। तो उन क़ौमों का आख़िर कैसा हुआ? चाहो तो उनसे नसीहत लो या नहीं तो फिर अल्लाह के अटल प्रकोप के लिए तैयार हो जाओ।

‡ यानी पानी इस अन्दाज़ से भेजकर ज़मीन पर ठहरा दिया कि वह समुद्र, नदी, झील, कुआँ, सोते, मौसमी हवाएँ व भाप—इन तमाम शकलों में समय-समय पर बदलता और तुम्हारी तरह तरह की पानी वाली ज़रूरतें पूरी करता है। अल्लाह चाहे तो उसे ज़मीन से ग़ायब भी कर सकता है और फिर किसी भी शकल में एक बूँद नसीब न हो।

व शजरतन् तख़्रुजु मिन् - तूरि सैना'अ तम्बुतु बिद्दुह्नि व सिब्ग़िल्लिल् - आकिलीन (२०) व अिन्न लकुम् फ़िल् - अन्आमि लअिब्रतन् नुस्क़ीकुम् मिम्मा फ़ी बुतूनिहा व लकुम् फ़ीहा मनाफ़िअु कसीरतुंव मिन्हा तअ्कुलून (२१) व अलैहा व अलल्फ़ुल्कि तुह्मलून (२२) ★ व लक़द् अर्सल्ना नूहन् अिला क़ौमिहीं फ़क़ाल या क़ौमिअ्-बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू तू अफ़ला तत्तक़ून (२३) फ़क़ालल्-मलअुल्लजीन कफ़रू मिन् क़ौमिहीं मा हाजा अिल्ला बशरुम्-मिस्लुकुम् ला युरीदु अैयतफ़ज़्ज़ल अलैकुम् तू व लौ शा'अल्लाहु लअन्ज़ल मला'अिकतन् ज् सला म्'मा समिअ्ना बिहाजा फ़ी आबा'अिनल्-औवलीन ज (२४) अिन् हुव अिल्ला रजुलुम्-बिहीं जिन्नतुन् फ़तरब्बसू बिहीं हत्ता हीनिन् (२५) क़ाल रब्बिन्सुर्नी बिमा कज्जबूनि (२६) फ़औहैना अिलैहि अनिस्नअ्बिल्-फ़ुल्क बिअ़्युनिना व वह्यिना फ़अिजा जा'अ अम्रुना व फ़ारत्तन्नूरु ला फ़स्लुक् फ़ीहा मिन् कुल्लिन् ज़ौजैनिस्नैनि व अह्लक अिल्ला मन् सबक़ अलैहिल्-क़ौलु मिन्हुम् ज् व ला तुख़ात्तिब्नी फ़िल्लजीन जलमू ज् अिन्नहुम् मुग़्रक़ून (२७) फ़अिजस्तवैत अन्त व मम्-मअ्क अलल्फ़ुल्कि फ़क़ुलिल्-हम्दु लिल्लाहिल्लजी नज्जाना मिनल्-क़ौमिज्ज़ालिमीन (२८) व क़ुर्रब्ब अन्ज़िल्नी मुन्ज़लम्-मुबारकौव अन्त ख़ैरुल्-मुन्ज़िलीन (२९) अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयातिव्व अिन् कुन्ना लमुब्तलीन (३०) सुम्म अन्शअ्ना मिम्-बअ़्दिहिम् क़र्नन् आख़रीन ज (३१) फ़अर्सल्ना फ़ीहिम् रसूलम्-मिन्हुम् अनिअ्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू तू अफ़ला तत्तक़ून (३२) ★ व क़ालल्-मलअु मिन् क़ौमिहिल्लजीन कफ़रू व कज्जबू बिलिक़ा'अिल्-आख़िरति व अत्रफ़्नाहुम् फ़िल्-ह्यातिद्दुन्या ला मा हाजा अिल्ला बशरुम्-मिस्लुकुम् ला यअ्कुलु मिम्मा तअ्कुलून मिन्हु व यश्रबु मिम्मा तश्रबून ल (३३)

और (हमने ही एक) पेड़ (ज़ैतून पैदा किया है) जो सीना पहाड़ पर होता है जिससे तेल निकलता है और खानेवालों को रोटी डुबाने के लिए रसा। (२०) और तुमको चौपायों की तरफ़ (भी) ध्यान करना है कि जो उनके पेटों में है उससे हम तुमको (दूध) पिलाते हैं और तुमको उनमें बहुत फ़ायदे (और भी हासिल) हैं और (उनमें तुम) किन्हीं-किन्हीं को खाते भी हो। (२१) और उन (चौपायों) पर और नावों पर चढ़े (-चढ़े) फिरते हो। (२२) ★ रु. १/१ आ २२

और हमने नूह को उनकी क़ौम की तरफ़ भेजा तो उसने कहा कि भाइयो! अल्लाह की अ़िबादत करो, उसके सिवाय तुम्हारा कोई पूज्य नहीं, तो क्या तुमको (उसका) डर नहीं है? (२३) इस पर उसकी क़ौम के सरदार जो मुन्किर (अवज्ञाकारी) थे कहने लगे कि यह भी एक तुम्हीं जैसा आदमी है जो तुम पर (अपना) बड़प्पन जमाना चाहता है। और अगर अल्लाह को (पैग़म्बर ही भेजना) मंज़ूर होता तो फ़रिश्तों को भेजता (न कि एक साधारन आदमी को), हमने तो ऐसी बात अपने अगले बाप-दादों से कभी नहीं सुनी। (२४) (हो न हो) यह एक आदमी है जिसको जुनून (उन्माद) हो गया है, सो एक ख़ास वक़्त तक उसकी राह देखो। (२५) (आख़िर आजिज़ होकर) नूह ने दुआ माँगी कि ऐ परवरदिगार! जैसा इन्होने मुझे झुठलाया है, तू ही मेरी मदद कर। (२६) इस पर हमने नूह को हुक्म भेजा कि हमारी आँखों के सामने और हमारे हुक्म से नाव बनाओ। फिर जब हमारी आज्ञा आवे और तनूर (ज़मीन से खौलता पानी) उबलने लगे तो नाव में हर एक (जीवधारी) में से (नर और मादा) दो दो का जोड़ा और अपने घरवालों को बैठा लो, सिवाय उनके जिन (नूह अ० की स्त्री और एक बेटा) की बाबत (नष्ट हो जाने का) हुक्म पहले हो चुका है। और ज़ालिमों के बारे में मुझसे (सिफ़ारिश) न कहना। वह ज़रूर डुबोये जायँगे। (२७) फिर जब तुम और तुम्हारे साथी नाव में बैठ जाओ तो कहना कि अल्लाह का शुक्र है, जिसने हमको ज़ालिम लोगों से छुटकारा दिलाया। (२८) और दुआ करना कि ऐ परवरदिगार! मुझको बरकत की जगह उतारना और तू सब उतारने वालों से अच्छा है। (२९) बेशक इस (बयान) में निशानियाँ हैं और हम (लोगों के ईमान का) इम्तहान लेनेवाले हैं। (३०) फिर हमने उनके बाद एक और गरोह (समूद को ऊँचा) उठाया। (३१) फिर उन्हीं में से (सालेह को) पैग़म्बर बनाकर (पैग़ाम) भेजा कि एक अल्लाह की अ़िबादत करो, उसके सिवाय तुम्हारा कोई और इलाह (पूज्य) नहीं, तो क्या तुमको (उसका) डर नहीं है। (३२) ★ रु. २/२ आ १०

और उसकी क़ौम के सरदार (भी नूह अ० की क़ौम की तरह) जो मुन्किर थे और आख़िरत के आने को झुठलाते थे और दुनिया की ज़िन्दगी में हमने जिनको (अच्छा से अच्छा) आराम दे रखा था कहने लगे कि यह (सालेह) तुम्हीं जैसा एक इन्सान है, जिस तरह तुम खाते हो यह भी खाता है और जिस (तरह) तुम पीते हो यह भी पीता है। (३३)

व लअिन् अतअ़्तुम् बशरम् - मिस्लकुम् अिन्नकुम् अिजल्ल - ख़ासिरून ल (३४) अयअिदुकुम् अन्नकुम् अिजा मित्तुम् व कुन्तुम् तुराबौंव अिज़ामन् अन्नकुम् मुख़्रजून ع ल (३५) हैहात हैहात लिमा तूअदून ع ल (३६) अिन् हिय अिल्ला ह़यातुनद्दुन्या नमूतु व नह़्या व मा नह़्नु बिमब्अूसीन ع ल (३७) अिन् हुव अिल्ला रजुलुनिफ़्तरा अलल्लाहि कजिबौंव मा नह़्नु लहू बिमुअ्मिनीन (३८) क़ाल रब्बिन्सुर्नी बिमा कज्जबूनि (३९) क़ाल अम्मा क़लीलिल् - लयुस्बिहुन्न नादिमीन ج (४०) फ़अख़ज़त् - हुमुस्सैह़तु बिल्ह़क़्क़ि फ़जअल्नाहुम् ग़ुसा अन् ج फ़बुअ्दल्लिल् - क़ौमिज्ज़ालिमीन (४१) सुम्म अन्शअ्ना मिम् - बअ़्दिहिम् क़ुरूनन् आख़रीन ع (४२) मा तस्बिक़ु मिन् अुम्मतिन् अजलहा व मा यस्तअ्ख़िरून ع (४३) सुम्म अर्सल्ना रुसुलना तत्रा ع कुल्लमा जा अ अुम्मतर्रसूलुहा कज्जबूहु फ़अत्बअ़्ना बअ़्ज़हुम् बअ़्ज़ौंव जअल्नाहुम् अह़ादीस ج फ़बुअ्दल्लिक़ौमिल्ला युअ्मिनून (४४) सुम्म अर्सल्ना मूसा व अख़ाहु हारून ۵ ل बिआयातिना व सुल्तानिम् - मुबीनिन् ل (४५) अिला फ़िर्अौन व मलअिहि फ़स्तक्बरू व कानू क़ौमन् आलीन ج (४६) फ़क़ालू अनुअ्मिनु लिबशरैनि मिस्लिना व क़ौमुहुमा लना आबिदून ج (४७) फ़कज्जबू हुमा फ़कानू मिनल् - मुह़्लकीन (४८) व लक़द् आतैना मूसल्किताब लअल्लहुम् यह़्तदून (४९) व जअल्नब्न मर्यम व अुम्महू आयतौंव आवैनाहुमा अिला रब्वतिन् जाति क़रारिव्व मआ़ीनिन् (५०) ★ या अैयुहर्रुसुलु कुलू मिनत्तैयिबाति वअ़्मलू सालिहन् ع अिन्नी बिमा तअ़्मलून अलीमुन् ع (५१) व अिन्न हाजिहि अुम्मतुकुम् अुम्मतौंवाहिदतौंव अना रब्बुकुम् फ़त्तक़ूनि (५२)

और अगर तुम अपने-जैसे एक आदमी के कहने पर चले तो तुम बेशक उस वक़्त घाटे में रहोगे। (३४) क्या (यह शख़्स) तुमसे कहता है कि जब तुम मर जाओगे और तुम्हारी मिट्टी और हड्डियाँ रह जावेंगी तो तुम दुबारा (क़बरों से ज़िन्दा करके) उठाये जाओगे। (३५) (कहने लगे) जो तुम्हें वादा दिया जाता है वह (बात) अनहोनी है (बिलकुल) अनहोनी है (कभी नहीं हो सकता।) (३६) और कुछ नहीं यह हमारी दुनिया की ज़िन्दगी ही (सच) है कि इसी में हम मरते हैं और जीते हैं और हम फिर (आख़िरत में) उठाये न जावेंगे (आख़िरत जैसी कोई चीज़ नहीं)। (३७) और हो न हो यह (सालेह) ऐसा आदमी है जिसने अल्लाह पर झूठ बाँधा है और हम तो इसका यक़ीन करनेवाले नहीं। (३८) (सालेह ने) कहा ऐ मेरे परवरदिगार! मेरी मदद कर कि इन्होंने मुझे झुठलाया है। (३९) (अल्लाह ने) फ़र्माया थोड़े दिनों में (ही अपनी करतूतों पर) पछतायेंगे। (४०) चुनाँचे सच ही हुआ कि उनको चिंघार (की शकल में अज़ाब) ने आ पकड़ा और हमने उनको रेज़ह-रेज़ह (करके नष्ट) कर दिया ताकि दूर हों जो ईमान नहीं लाते। (४१) फिर उनके बाद हमने और (बहुत सी) जमातें उठाईं। (४२) कोई जमात अपने नियत समय से न आगे बढ़ सकती न पीछे रह सकती है (४३) फिर हम लगातार अपने रसूलों को भेजते रहे। तो जब किसी (भी) गरोह में से कोई पैग़म्बर उनके पास पहुँचा तो उसे झुठलाते रहे, तो हम भी एक के पीछे एक (हर जमात को उठाते और उनके ज़ालिम हो जाते ही उन) को (तबाही पर) पहुँचाते गये। और उनकी (हस्ती मिटाकर) कहानियाँ बना (कर रख) दीं। तो दूर हों जो लोग नहीं ईमान लाते। (४४) फिर हमने मूसा और उसके भाई हारून को अपनी निशानियाँ और खुली सनद देकर भेजा। (४५) फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़ (भेजा) तो वह शेख़ी मारने लगे और वह थे ही सरकश लोग। (४६) (घमण्ड में) कहने लगे क्या हम दो अपने ही जैसे आदमियों पर ईमान लावें (और) जिनकी क़ौम (हमारे यहाँ) हमारी ग़ुलामी में है। ⊛ (४७) फिर (इन लोगों ने मूसा और हारून) दोनों को झुठलाया तो (वह) तबाह हो जाने वालों में हुए। (४८) और हमने मूसा को किताब (तौरात) दी ताकि (वह लोग) शायद राह पावें। (४९) और हमने मर्यम के बेटे (ईसा अ०)§ और उनकी मा (मर्यम) को (अपनी क़ुदरत की) निशानी बनाया और उन दोनों को एक ऊँची जगह पर जो ठहरने के लायक़ थी और जहाँ (पीने लायक) सोता जारी था (वहाँ) पनाह दी। (५०) ★

ऐ (समय समय पर भेजे हुये) पैग़म्बरो! सुथरी चीज़ें खाओ और भले काम करो। जैसे काम तुम करते हो मैं जानता हूँ। (५१) और यह सब तुम्हारी जमातें (हक़ीक़त में) एक ही दीन पर हैं और मैं तुम्हारा परवरदिगार हूँ सो मुझसे डरते रहो। (५२)

रू. २३/२३ आ १८

⊛ बनी इस्राईल (यहूदी) फ़िरऔन की ग़ुलामी में अरसे से बस रहे थे। § ह० ईसा अ० ने जन्म लेते ही बातचीत की। यह उनकी करामात थी और उन की माँ ने किसी पुरुष से मिले बिना ह० ईसा अ० जैसा महान पुत्र जन्मा, यह उनके साथ अल्लाह की निशानी थी।

फ़तक़त्तअू अम्रहुम् बैनहुम् ज़ुबुरन् त़ कुल्लु हिज़्बिम् - बिमा लदैहिम् फ़रिहून (५३) फ़ज़रहुम् फ़ी ग़म्रतिहिम् हत्ता हीनिन् (५४) अयह्सबून अन्नमा नुमिद्दुहुम् बिहि मिम्मालिंव बनीन ला (५५) नुसारिअु लहुम् फ़िल् - ख़ैराति त़ बल् ला यश्अुरून (५६) अिन्नल्लजीन हुम् मिन् ख़श्यति रब्बिहिम् मुश्फ़िक़ून ला (५७) वल्लजीन हुम् बिआयाति रब्बिहिम् युअ्मिनून ला (५८) वल्लजीन हुम् बिरब्बिहिम् ला युश्रिकून ला (५९) वल्लजीन युअ्तून मा आतौव् क़ुलूबुहुम् व जिलतुन् अन्नहुम् अिला रब्बिहिम् राजिअून ला (६०) अुलाअिक युसारिअून फ़िल् - ख़ैराति व हुम् लहा साबिक़ून (६१) व ला नुकल्लिफ़ु नफ़्सन् अिल्ला वुस्अहा वलदैना किताबुंय्यन्तिक़ु बिल्हक़्क़िक़ व हुम् ला युज़्लमून (६२) बल् क़ुलूबुहुम् फ़ी ग़म्रतिम् - मिन् हाजा व लहुम् अअ़्मालुम्- मिन् दूनि जालिक हुम् लहा आमिलून (६३) हत्ता अिजा अख़ज़्ना मुत्रफ़ीहिम् बिल्अजाबि अिजा हुम् यज्अरून त़ (६४) ला तज्अरुल् - यौम क़िफ़ अिन्नकुम् मिन्ना ला तुन्सरून (६५) क़द् कानत् आयाती तुत्ला अलैकुम् फ़कुन्तुम् अला अअ़्क़ाबिकुम् तन्किसून ला (६६) मुस्तक्बिरीन क़ सला बिहि सामिरन् तह्जुरून (६७) अफ़लम् यद्दब्बरुल् - क़ौल अम् जाअहुम् मा लम् यअ्ति आबाअ - हुमुल् - औवलीन ज़ (६८) अम् लम् यअ़रिफ़ू रसूलहुम् फ़हुम् लहु मुन्किरून ज़ (६९) अम् यक़ूलून बिहि जिन्नतुन् त़ बल् जाअहुम् बिल्हक़्क़िक़ व अक्सरुहुम् लिल्हक़्क़िक़ कारिहून (७०) व लविित्तबअ़ल् - हक़्क़ु अह्वाअहुम् ल - फ़सदतिस् - समावातु वल्अर्ज़ु व मन् फ़ीहिन्न त़ बल् अतैनाहुम् बिज़िक्रिहिम् फ़हुम् अन् ज़िक्रिहिम् मुअ़रिज़ून त़ (७१) अम् तस्अलुहुम् ख़र्जन् फ़ख़राजु रब्बिक ख़ैरुन् क़ सला व हुव ख़ैरुर् - राज़िक़ीन (७२)



फिर लोगों ने आपस में फूट करके (अपना दीन) जुदा-जुदा कर लिया। जो (तरीक़ः) जिस फ़िर्क़े ने इख़्तियार कर लिया वह उसी पर रीझ रहा है। (५३) तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम एक समय तक इनको इनकी ग़फ़लत में डूबे रहने दो। (५४) क्या (ऐसे लोग ऐसा ख़ाम) ख़्याल करते हैं कि (दुनिया में) जो माल और बेटे हम इनको दिये जा रहे हैं (५५) (तो इससे हम) इनको भलाइयाँ पहुँचाने में जल्दी (आतुरता) कर रहे हैं? (हरगिज़ नहीं) बल्कि यह समझते नहीं†। (५६) अलबत्ता जो लोग अपने परवरदिगार से भय रखते हैं (५७) और जो अपने परवरदिगार की आयतों (के हुक्मों) को मानते हैं (५८) और जो अपने परवरदिगार के साथ (किसी और को पूजकर) शरीक नहीं ठहराते (५९) और जितना कुछ देते बनता है (अल्लाह की राह में) देते हैं और उनके दिलों को इस बात का खटका लगा रहता है कि उनको अपने परवरदिगार की ओर लौटकर जाना है। (६०) यही लोग नेक कामों में जल्दी करते हैं और उनके लिए आगे लपकते हैं। (६१) और हम किसी आदमी की ताक़त से बढ़कर उस पर बोझ नहीं डालते और हमारे पास किताब (आमालनामा) है जो सब हाल सही-सही बताती है और उन पर (किसी तौर पर) अन्याय न होगा। (६२) लेकिन इनके दिल इन (बातों) की तरफ़ से ग़ाफ़िल हैं और इन (ऊपर बताये गये नेक) कामों के सिवाय (वे दूसरे अपने मनोरथों के) कामों में लगे रहते हैं (६३) यहाँ तक कि जब हम इनमें से ख़ुशहाल लोगों को आफ़त में धर पकड़ेंगे तभी यह चिल्ला उठेंगे (६४) (तब उनसे कहा जायगा कि) मत चिल्लाओ आज के दिन; तुम हमसे मदद न पाओगे। (६५) (याद करो कि जब क़ुर्आन में से) मेरी आयतें तुमको सुनाई जाती थीं तो तुम उलटे पाँव भागते थे। (६६) तुम इस (क़ुर्आन) से अकड़ते हुए उसे (यानी रसूल स० को) क़िस्सा कहने वाले की तरह छोड़कर चल देते थे। (६७) सो क्या इन लोगों ने इस कलाम (क़ुर्आन) पर ग़ौर नहीं किया या यह कि वह (यानी मुहम्मद) कोई ऐसी बात लाया है जो कभी इनके अगले बाप दादों के पास नहीं आई थी (आख़िर इससे पहले भी तो किताब-इलाही आती रही हैं)। (६८) क्या यह लोग अपने पैग़म्बर से जानकार नहीं हैं और उसे ऊपरी (अजनबी) समझते हैं।♦ (६९) या यह कहते हैं कि इसको जनून है, (नहीं,) बल्कि रसूल इनका सच बात लेकर इनके पास आया है और (बात तो यह है कि) उनमें से बहुतों को सच बात बुरी लगती है। (७०) और अगर सच्चा दीन उनकी ख़ुशी पर चलने लगता तो आसमान और ज़मीन और जो कुछ उनके बीच में है ख़राब हो गया होता, बल्कि हमने इनको इन्हीं की (वाजिब किताब की) नसीहत पहुंचाई सो वे अपनी नसीहत से मुँह फेरते हैं। (७१) क्या (ऐ पैग़म्बर! ये लोग इसलिए विमुख होते हैं कि) तुम इनसे (इनको हिदायत पहुँचाने के बदले) कुछ मज़दूरी माँगते हो सो तुम्हारे परवरदिगार (ही) की देन भली है; और वह रोज़ी देनेवाला बेहतर है। (७२)

† कि ये भलाइयाँ नहीं बल्कि इनको मुहलत दी जा रही है जिसमें या तो अपने को सुधार लें या फिर गुनाह में अपने को और ग़र्क़ कर लें। ♦ (हरगिज़ नहीं ख़ूब पहचानते थे।)

व अिन्नक लतद्अूहुम् अिला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् (७३) ● व अिन्नल्लजीन ला युअ्मिनून बिल्आख़िरति अनिस्सिराति लनाकिबून (७४) व लौ रहिम्नाहुम् व कशफ़्ना मा बिहिम् मिन् ज़ुरिल्- ललज्जू फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ्महून (७५) व लक़द् अख़ज़्नाहुम् बिल्अ़ज़ाबि फ़मस्तकानू लिरब्बिहिम् व मा यतज़र्रअून (७६) हत्ता अिज़ा फ़तह्ना अलैहिम् बाबन्ज़ा अज़ाबिन् शदीदिन् अिज़ाहुम् फ़ीहि मुब्लिसून (७७) ★ व हुवल्लजी अन्शअ लकुमुस्सम्अ वल्अब्सार वल् - अफ़्अिदत् त् क़लीलम्मा तश्कुरून (७८) व हुवल्लजी ज़रअकुम् फ़िल्अर्ज़ि व अिलैहि तुह्शरून (७९) व हुवल्लजी युह्यी व युमीतु व लहुख़् - तिलाफ़ुल् - लैलि वन्नहारि त् अफ़ला तअ़क़िलून (८०) बल् क़ालू मिस्ल मा क़ालल् - औवलून (८१) क़ालू अ अिज़ा मित्ना व कुन्ना तुराबौंव अिज़ामन्अ अिन्ना लमब्अूसून (८२) लक़द् वुअिद्ना नह्नु व आबा अुना हाज़ा मिन् क़ब्लु अिन् हाज़ा अिल्ला असातीरुल् - औवलीन (८३) क़ुल् लिमनिल् - अर्ज़ु व मन् फ़ीहा अिन् कुन्तुम् तअ़्लमून (८४) सयक़ूलून लिल्लाहि त् क़ुल् अफ़ला तज़क्करून (८५) क़ुल् मर्रब्बुस् - समावातिस् - सब्अि व रब्बुल् - अर्शिल् - अ़ज़ीमि (८६) सयक़ूलून लिल्लाहि त् क़ुल् अफ़ला तत्तक़ून (८७) क़ुल् मम् - बियदिहि मलकूतु कुल्लि शैअिंव् हुव युजीरु व ला युजारु अलैहि अिन् कुन्तुम् तअ़्लमून (८८) सयक़ूलून लिल्लाहि त् क़ुल् फ़अन्ना तुस्हरून (८९) बल् अतैनाहुम् बिल्हक़्क़ि व अिन्नहुम् लकाज़िबून (९०) मत्तख़ज़ल्लाहु मिंव्वलदिंव् मा कान मअ़हू मिन् अिलाहिन् अिज़ल्-लज़हब कुल्लु अिलाहिम्-बिमा ख़लक़ व लअ़ला बअ़्ज़ुहुम् अला बअ़्ज़िन् त् सुब्हानल्लाहि अम्मा यसिफ़ून (९१) ला

और (ऐ पैग़म्बर !) तू तो इनको सीधी राह पर बुलाता है। (७३) और जिन लोगों को आख़िरत (के दिन) का यक़ीन नहीं है वह रास्ते से हटे हुए हैं। (७४) और अगर हम इनपर रहम कर जावें और जो मुसीबत इन पर है उसको दूर कर दें तो (ये लोग) फिर अपनी शरारत पर लग जायँ और गुमराही में (हमेशा) फँसे रहें §। (७५) और (इनका हाल तो यह है कि) हमने इनको सज़ा में पकड़ा तो भी यह लोग अपने परवरदिगार के आगे न झुके और न आजिज़ी (विनय) की। (७६) अलबत्ता यहाँ तक (जब नौबत आयेगी) कि जब हम इन पर सख़्त अज़ाब का दरवाज़ा खोल देंगे तब उसमें उनकी आस टूटेगी। (७७) ★

और उसी ने तुम्हारे लिए कान और आँखें और दिल बना दिये (मगर) तुम बहुत ही कम शुक्र करते हो। (७८) और उसीने तुमको ज़मीन पर (हर तरफ़) फैला रखा है और उसी की तरफ़ तुम सबको (क़ियामत के दिन) सिमट कर जाना है (७९) और वही जिलाता और मारता है और रात और दिन का बदलना भी उसी का काम है, तो क्या (यह सब देख-सुन कर भी) तुम नहीं समझते। (८०) कुछ नहीं, जैसी बातें इनसे पहले के लोग कहते चले आये हैं वैसी (बातें) ही यह भी कहते हैं। (८१) कहते हैं कि क्या जब हम मर जावेंगे और (मरने के बाद) मिट्टी हो जायँगे और (सिर्फ़) हड्डियां (बाक़ी रह जावेंगी) तब क्या हम (दोबारा ज़िन्दः करके) उठा खड़े किये जावेंगे ? (८२) हमको और हमारे बाप-दादों को यही (क़ियामत और आख़िरत के सवाब-अज़ाब का) वादा पहले से मिलता चला आया है (लेकिन उसके आने की नौबत कभी नहीं आई।) कुछ नहीं, यह अगले लोगों की कहावतें (और ढकोसले) हैं। (८३) (ऐ पैग़म्बर !) पूछो कि अगर तुम समझते हो तो बताओ कि ज़मीन और जो कुछ उसमें है (यह सब) किसके हैं। (८४) (वह फ़ौरन) कहेंगे कि अल्लाह के। (तब उनसे) कहो कि फिर क्यों नहीं ध्यान देते ? (८५) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) पूछो कि सात आसमानों का मालिक और उस बड़े तख़्त का मालिक कौन है ? (८६) (वह फ़ौरन यही) बतावेंगे कि अल्लाह। (तब उनसे) कहो फिर तुम (उससे) क्यों नहीं डरते ? (८७) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगोंसे) पूछो कि अगर तुम लोग जानकार हो तो बताओ कि हर चीज़ पर अधिकार किसका है और कौन है जो बचाता है और जिससे कोई किसी को बचा नहीं सकता ? (८८) अब (यह पूछने पर फिर) बतावेंगे अल्लाह को। (ऐ पैग़म्बर ! तब उनसे) कहो तो फिर कहाँ से तुम पर जादू पड़ जाता है ? (८९) सच यह है कि हमने सच-सच बात इनको पहुँचा दी और बेशक यह झूठे हैं। (९०) अल्लाह ने किसी को बेटा नहीं बनाया और न उसके साथ कोई और पूज्य है (जिसका हुक्म चले।) अगर ऐसा होता तो हर पूज्य (माबूद) अपनी बनायी (सृष्टि) को (अलग) लिए फिरता और (आपस में बढ़ा चढ़ी करते व) एक दूसरे पर चढ़ जाते। जैसी-जैसी बातें यह (लोग अल्लाह की बाबत) बयान करते हैं वह अल्लाह उनसे पाक है। (९१)

§ रसूल स० की पैग़म्बरी के शुरू दौर में ही जब कि मक्का के लोग इनके पैग़ाम पर ध्यान नहीं दे रहे थे और ज़ुल्मोसितम में मशग़ूल थे, उसी समय ऐसा अकाल पड़ा कि लोग मुर्दे जानवर खाने लगे। तब नबी स० ने अल्लाह से दुआ की और अकाल की मुसीबत से इन्हें उबरवाया। लेकिन उसका भी शुक्र न माना और फिर सरकशी करने लगे। † यह सब मानते हो, तो फिर इसको क्यों नहीं मानते कि वह मरने के बाद रोज़ क़ियामत में तुमको दुबारा फिर ज़िन्दः भी कर सकता है।

रुकू अ. १८ ★ रुकू. ४ आ. २७

आलिमिल् - ग़ैबि वश्शहादति फ़तआला अम्मा युशूरिकून (९२) ★ क़ुर्रब्बि अिम्मा तुरियन्नी मा यूअदून ला (९३) रब्बि फ़ला तज्अल्नी फ़िल् - क़ौमिज्जालिमीन (९४) व अिन्ना अला अन् नुरियक मा नअिदुहुम् लक़ादिरून (९५) अिद्फ़अ् बिल्लती हिय अह्सनुस् - सैयिअत नह्नु अअ्लमु बिमा यसिफ़ून (९६) व क़ुर्रब्बि अऊजु बिक मिन् हमज़ातिश् - शयातीनि ला (९७) व अऊजु बिक रब्बि अैं-यह्ज़ुरूनि (९८) हत्ता अिजा जा अ अहदहुमुल् - मौतु क़ाल रब्बिर्-जिऊनि ला (९९) लअल्ली अअ्मलु सालिहन् फ़ीमा तरक्तु कल्ला इन्नहा कलिमतुन् हुव क़ाअिलुहा व मिव्वराअिहिम् बर्ज़ख़ुन् अिला यौमि युब्असून (१००) फ़अिजा नुफ़िख़ फ़िस्सूरि फ़ला अन्साब बैनहुम् यौमअिज़िव्व ला यतसाअलून (१०१) फ़मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू फ़अुलाअिक हुमुल् - मुफ़्लिहून (१०२) व मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू फ़अुलाअिकल्लजीन ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् फ़ी जहन्नम ख़ालिदून ज (१०३) तल्फ़ह वुजूह - हुमुन्नारु व हुम् फ़ीहा कालिहून (१०४) अलम् तकुन् आयाती तुत्ला अलैकुम् फ़कुन्तुम् बिहा तुकज्जिबून (१०५) क़ालू रब्बना ग़लबत् अलैना शिक़्वतुना व कुन्ना क़ौमन् ज़ाल्लीन (१०६) रब्बना अख़्रिज्ना मिन्हा फ़अिन् अुद्ना फ़अिन्ना जालिमून (१०७) क़ालख़्सअू फ़ीहा व ला तुकल्लिमूनि (१०८) अिन्नहू कान फ़रीक़ुम्मिन् अिबादी यक़ूलून रब्बना आमन्ना फ़ग़्फ़िर्लना वर्हम्ना व अन्त ख़ैरुर् - राहिमीन ज सला (१०९) फ़त्तख़ज्तुमू - हुम् सिख़्रीयन् हत्ता अन्सौकुम् जिक्री व कुन्तुम् मिन्हुम् तज़्हकून (११०) अिन्नी जज़ैतु - हुमुल् - यौम बिमा सबरू ला अन्नहुम् हुमुल् - फ़ाअिज़ून (१११)

वह ज़ाहिरा और छिपी (यानी व्यक्त-अव्यक्त) का जानने वाला और उस शिर्क से बहुत ऊपर (श्रेष्ठ) है जो ये (लोग कहते व) करते हैं। (९२)★

(ऐ पैग़म्बर!) तुम यह माँगो कि ऐ परवरदिगार! जिस (सज़ा) का वादा इनसे किया गया है अगर कभी तू (मेरी मौजूदगी में) मुझे दिखा दे (९३) तो ऐ परवरदिगार! (ऐसे मौक़े पर) इन ज़ालिम लोगों में मुझे न शामिल कर लेना (९४) और (ऐ पैग़म्बर!) हमको सामर्थ्य है कि जिस (सज़ा) का वादा इन (काफ़िरों)से कर रहे हैं (उन पर नाज़िल करके) तुमको दिखा दें। (९५) (ऐ मुहम्मद) बुराई को ऐसे तरीक़े से दूर करो जो ज़्यादा अच्छा हो। जो (तुम्हारी निस्बत) वह कहते हैं हम उससे ख़ूब जानकार हैं। (९६) और (ऐ पैग़म्बर!) दुआ करो कि ऐ परवरदिगार! मैं शैतान के वसवसे (प्रेरणा) से तेरी शरण माँगता हूँ (९७) और ऐ परवरदिगार! मैं (इससे भी पनाह) शरण माँगता हूँ कि वे (शैतान) मेरे पास आवें। (९८) (और ये-लोग यों हीं भटके रहेंगे) यहाँ तक कि जब इनमें से किसी को मौत आ जायेगी तब कहेगा कि ऐ परवरदिगार! मुझे फिर (दुनिया में कुछ समय के लिए मौक़ा दे और) भेज। (९९) ताकि (दुनिया) जिसे मैं छोड़ आया हूं उसमें (फिर जाकर कुछ) भले काम करूँ। कुछ नहीं महज़ यह एक बात है जिसे वह कहता है। और उनके पीछे एक बरज़ख़ (परदा) है उस दिन तक कि (दुबारा) ज़िन्दः उठाये जायँ।§ (१००) फिर जब नरसिंहा (सूर) फूँका जायगा तो उस दिन लोगों में न तो रिश्तेदारियाँ (बाक़ी) रहेंगी और न एक दूसरे की बात पूछेंगे। (१०१) फिर जिनका (नेक आमालों का) पल्ला‡ भारी निकलेगा तो यही लोग मुराद पावेंगे। (१०२) और जिनका पल्ला (उनके बुरे आमालों के कारन) हल्का होगा तो यही लोग हैं जिन्होंने अपनी जानों को नुक़सान पहुँचाया और हमेशा नरक में रहेंगे।(१०३) आग उनके मुँहों को झुलसाती होगी और उनके चेहरे बिगड़ गये होंगे।(१०४) (उनसे कहा जायगा) क्या हमारी आयतें तुमको पढ़ पढ़कर नहीं सुनाई जाती थीं और तब तुम उनको झुठलाते थे? (१०५) वह कहेंगे ऐ परवरदिगार! हमको हमारी कमबख़्ती ने आ दबाया था और हम भटके हुए थे। (१०६) (वे पुकारेंगे कि) ऐ परवरदिगार! हमको इस (आग) से निकाल और अगर हम फिर ऐसा करें तो बेशक गुनहगार होंगे। (१०७) (और तब अल्लाह) फ़रमायेगा, इसी (आग) में ज़िल्लत के साथ पड़े रहो और मुझसे बात न करो। (१०८) बेशक मेरे बन्दों में से एक गिरोह ऐसा भी था जो कहा करता था कि ऐ हमारे परवरदिगार! हम ईमान लाये, तू हमारे अपराध क्षमा कर और हम पर दयाकर और तू सब दया करने वालों से श्रेष्ठ है। (१०९) (तो ऐ काफ़िरो!) तुमने उन (ईमानवालों) की हँसी उड़ाई, यहाँ तक कि उनके पीछे तुमने मेरी याद (भी) भुला दी और तुम उनकी हँसी उड़ाते रहे। (११०) तो आज मैंने उनको उनके सब्र का बदला दिया; कि वही मुराद पावेंगे।(१११)

§ उनके और दुनिया के बीच एक परदा यानी रोक है और यह कभी मुमकिन नहीं कि वे दुबारा वहाँ जा सकें। और क़ियामत के दिन तक ये दुनिया और आख़िरत के बीच ठहरे रहेंगे। ‡ सबके अच्छे और बुरे कामों की तुलना की जायगी और जिसकी भलाइयाँ अधिक होंगी वही सफल होगा और जिसकी बुराइयाँ अधिक होंगी वही दोज़ख़ी होगा।

रू. ५ | ५ आ १५

क़ाल कम् लबिस्तुम् फ़िल्अर्ज़ि अ्ददा सिनीन (११२) क़ालू लबिस्ना यौमन् औ बअ्ज़ यौमिन् फ़स्अलिल् - आ'दीन (११३) क़ाल अिल्लबिस्तुम् अिल्ला क़लीलल्लौ अन्नकुम् कुन्तुम् तअ्लमून (११४) अफ़हसिब्तुम् अन्नमा ख़लक़्नाकुम् अ्बसौंव अन्नकुम् अिलैना ला तुर्जअून (११५) फ़तआलल् - लाहुल् - मलिकुल् - हक़्क़ु ज् ला अिलाह अिल्ला हुव ज् रब्बुल् - अर्शिल् - करीमि (११६) व मैंयद्अु मअ्अल्लाहि अिलाहन् आख़र ला ला बुर्हान लहु बिहि फ़अिन्नमा हिसाबुहु अिन्द रब्बिहि त् अिन्नहु ला युफ़्लिहुल् - काफ़िरून (११७) व क़ुर्-रब्बिग़्फ़िर् वर्हम् व अन्त ख़ैरुर् - राहिमीन (११८) ★

✪ २४ सूरतुन् - नूरि १०२ ✪

(मदनी) इस सूरः में अरबी के ६४१ हुरूफ़, १४२ शब्द, ६४ आयतें और ९ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

सूरतुन् अन्ज़ल्नाहा व फ़रज़्नाहा व अन्ज़ल्ना फ़ीहा आयातिम् - बैयिनातिल् - लअल्लकुम् तज़क्करून (१) अज़्ज़ानियतु वज़्ज़ानी फ़ज्लिदू कुल्ल वाहिदिम् - मिन्हुमा मिअ़त जल्दतिन् व ला तअ्ख़ुज् कुम् बिहिमा रअ्फ़तुन् फ़ी दीनिल्लाहि अिन् कुन्तुम् तुअ्मिनून बिल्लाहि वल् - यौमिल् - आख़िरि ज् वल्यश्हद् अ़जाबहुमा त्ता अिफ़तुम् - मिनल् - मुअ्मिनीन (२) अज़्ज़ानी ला यन्किहु अिल्ला ज़ानियतन् औ मुश्रिकतन् ज् व ज़्ज़ानियतु ला यन्किहुहा अिल्ला ज़ानिन् औ मुश्रिकुन् ज् व हुरिम ज़ालिक अ़लल् - मुअ्मिनीन (३) वल्लजीन यर्मूनल् - मुह्सनाति सुम्म लम् यअ्तू बिअर्बअ़ति शुहदा अ फ़ज्लिदूहुम् समानीन जल्दतौंव ला तक़बलू लहुम् शहादतन् अबदन् ज् व अुला अिक हुमुल् - फ़ासिक़ून (४) ला

फिर अल्लाह (नरकवालों से) पूछेगा कि तुम ज़मीन पर गिनती के कितने वर्ष रहे ? (११२) वह कहेंगे (बहुत रहे होंगे तो) एक दिन या एक दिन से भी कम। गिनती (का शुमार रखने) वालों से पूछ देखिये। (११३) फ़र्माया जायेगा बेशक तुम उसमें बहुत नहीं थोड़े ही रहे, काश (उस समय ही) तुमने यह समझा होता! (११४) सो क्या तुम ऐसा ख़्याल करते हो कि हमने तुमको बेकार पैदा किया है और यह कि तुमको हमारी तरफ़ फिर लौटकर नहीं आना है ? (११५) सो अल्लाह, वह सच्चा बादशाह बहुत ऊँचा है, उसके सिवाय और कोई पूज्य नहीं। वही इज़्ज़त वाले तख़्त का मालिक है। (११६) और जो शख़्स अल्लाह के सिवाय किसी और को इलाह (पूज्य) पुकारता है (जबकि) उसके पास अपने इस (शिर्क यानी दूसरे को पूज्य बनाने) की कोई दलील नहीं। तो बस उसके परवरदिगार के यहाँ उसका हिसाब होना है। बेशक इन्कारी (काफ़िर) लोगों का (कभी) भला न होगा। (११७) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम दुआ करो कि ऐ परवरदिगार! माफ़ कर और कृपा कर और तू सब कृपा करनेवालों से श्रेष्ठ है। (११८) ★ रु. ६ । ९ । आ २६

✪ २४ सूरतुन् - नूरि १०२ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के ६४१ अक्षर, १४२ शब्द, ६४ आयतें और ९ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(यह) एक सूरत है जिसको हमने उतारा और इसे हमने फ़र्ज़ ठहराया है और हमने इसमें साफ़-साफ़ हुक्म उतारे हैं शायद तुम नसीहत हासिल करो। (१) मर्द और औरत (कोई भी अगर) बदकारी करे तो दोनों में से हर एक के सौ कोड़े मारो; और अगर अल्लाह का और आख़िर दिन का विश्वास रखते हो तो अल्लाह की आज्ञा की तामील में तुमको उन पर तरस न आना चाहिए; और ईमानवालों में से एक जमाअत को चाहिए कि जब उन पर मार पड़े देखने आवें§। (२) बदकार (व्यभिचारी) आदमी विवाह करेगा तो बदकार औरत (के साथ) या शिर्क-वाली औरत के साथ। और बदकार औरत (के साथ) ब्याह नहीं करता सिवाय बदकार आदमी या शिर्कवाला (आदमी)। और यह बात ईमानवालों पर हराम है। (३) और जो लोग पाक औरतों पर (छिनाले की) तुहमत लगायें और चार गवाह न ला सकें तो उनको अस्सी कोड़े मारो और कभी उनकी गवाही क़बूल न करो और यही लोग बदकिरदार हैं। (४)

---

* सूरः नूर में ३५ वीं आयत में आलमे नूर (ब्रह्माण्ड ज्योति) का बयान इस पुरअसर ढंग से है कि ध्यान करते ही उस दिव्य प्रकाश का दर्शन होने लगता है। यों तो वह अल्लाह का नूर सारे जहान को जगमग किये है लेकिन उसका साक्षात नियाज़ मंदी परहेज़गारों में और उनकी रहन-सहन व इबादत करने की जगहों पर होता है। इसी नूरे इलाही पर सूरः का नामकरण किया गया है। सूरःनूर के नाज़िल होने का समय छठी हिजरी की शुरुआत में है। यह वह ज़माना था जब इस्लाम की साख जंगे बदर व जंगे खन्दक़ के बाद खूब जम चली थी और इसलिए इस्लाम के उरूज से हसद करने वालों की तादाद भी बढ़ रही थी। इन हसद करनेवालों में मुनाफ़िक़ों का सरदार अब्दुल्लाह इब्न उबी सबसे आगे था। रसूल स० व मुसलमानों को तरह-तरह से बदनाम करने व आपस में फ़साद डलवाने की रात दिन शरारतें होती थीं। इस सिलसिले में पहली तुहमत तो यह थी कि जब [पेज ५८५ पर]

§ ताकि स्वयं ऐसा बुरा कर्म करने से डरें। यह १०० कोड़ों की सज़ा ब्याहशुदा औरतों व मर्दों के बदकारी करने पर है। लौंडियों के लिए इसकी आधी सज़ा है। देखें सू० निसा आयत २५ पृष्ठ १५१।

अिल्लल्लजीन तावू मिम् - बअ़्दि जालिक व अस्लहू ज़ फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (५) वल्लजीन यर्मून अज़्वाजहुम् वलम् यकुल्लहुम् शुहदा'अु अिल्ला' अन्फ़ुसुहुम् फ़शहादतु अह़दिहिम् अर्बअु शहादातिम् - बिल्लाहि ला अिन्नहू लमिनस् - सादिक़ीन (६) वल् - ख़ामिसतु अन्न लअ़्नतल्लाहि अ़लैहि अिन् कान मिनल् - काजिबीन (७) व यद्रअु अन्हल् - अ़जाब अन् तशहद अर्बअ़ शहादातिम्- बिल्लाहि ला अिन्नहु लमिनल्-काजिबीन ला (८) वल् - ख़ामिसत अन्न ग़ज़बल्लाहि अ़लैहा' अिन् कान मिनस् - सादिक़ीन (९) व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अ़लैकुम् व रह़्मतुहू व अन्नल्लाह तौवाबुन् ह़कीमुन् (१०) ★ अिन्नल्लजीन जा'ऊ बिल् - अिफ़्कि अ़ुस्बतुम् - मिन्कुम् त़ ला तह़्सबूहु शर्रल्लकुम् त़ बल् हुव ख़ैरुल्लकुम् त़ लिकुल्लिम् - रिअिम्-मिन्हुम् मक्तसब मिनल्-अिस्मि ज़ वल्लजी तवल्ला किब्रहू मिन्हुम् लहू अ़जाबुन् अ़ज़ीमुन् (११) लौ ला' अिज् समिअ़्तुमूहु जन्नल् - मुअ्मिनून वल् - मुअ्मिनातु बिअन्फ़ुसिहिम् ख़ैरन् ला व'व क़ालू हाजा' अिफ़्कुम् - मुबीनुन् (१२) लौ ला जा'ऊ अ़लैहि बिअर्बअ़ति शुहदा'अ ज़ फ़अिज् लम् यअ़्तू बिश्शुहदा'अि फ़अुला'अिक अिन्दल्लाहि हुमुल्काजिबून (१३) व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अ़लैकुम् व रह़्मतुहू फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति लमस्सकुम् फ़ी मा' अफ़ज़्तुम् फ़ीहि अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीमुन् ज़ सला (१४) अिज् तलक़्क़ौनहू बिअल् - सिनतिकुम् व तक़ूलून बिअफ़्वाहिकुम् मा लैस लकुम् बिहि अिल्मूंव तह़्सबूनहू हैयिनन् क़ सला व'व हुव अिन्दल्लाहि अ़ज़ीमुन् (१५) व लौ ला' अिज् समिअ़्तुमूहु क़ुल्तुम् मा यकूनु लना' अन् नतकल्लम बिहाजा क़ सला सुब्ह़ानक हाजा बुह्तानुन् अ़ज़ीमुन् (१६)

★ रु. १-७ आ १०

लेकिन जो इसके बाद तौबः कर लें और (अपनी हालत) दुरुस्त कर लें तो अल्लाह (भी) बख़्शनेवाला मेहरबान है। (५) और जो लोग अपनी बीबियों पर (बदकारी का) ऐब लगायें और उनके पास अपने सिवाय कोई दूसरे गवाह न हों तो उनमें से एक की गवाही (यह है कि वह) चार दफ़े अल्लाह की क़सम खाकर गवाही दे कि वह (ऐब लगाने में) सच्चा है। (६) और पाँचवीं दफ़ा यों (कहे) कि वह अगर झूठ (ऐब) लगाता हो तो उसपर अल्लाह की लानत। (७) और (मर्द के हल्फ़ लिये पीछे) औरत से इस तरह पर सज़ा टल सकती है कि वह चार बार अल्लाह की सौगन्ध खाकर बयान करे कि यह आदमी झूठा है। (८) और पाँचवीं (बार) यों (कहे) कि अगर यह (आदमी अपने दावे में) सच्चा है तो उस (यानी औरत) पर अल्लाह का कोप पड़े। (९) और अगर तुम पर अल्लाह की कृपा और दया न होती (तो तुम बड़ी आफ़त में पड़ जाते।) बेशक अल्लाह बड़ा क्षमा करनेवाला बड़ी हिकमतवाला है। (१०) ★

रू. १७ आ १०

जिन लोगों ने यह तुहमत (झूठा कलंक) उठा खड़ा किया† तुम ही में से एक गरोह है। तुम इस (तूफ़ान) को अपने हक़ में बुरा न समझो। बल्कि यह तुम्हारे हक़ में ज़्यादा अच्छा हुआ। उन (तूफ़ान उठाने वालों) में से जितना अपराध जिसने इकट्ठा किया है उतनाही उसके लिए (अज़ाब) है। और जिसने (उनमें से तूफ़ान का) बड़ा हिस्सा लिया§ वैसा ही उसको बड़ा अज़ाब होगा। (११) जब तुमने ऐसी बात सुनी थी तो ईमानवाले मर्दों और ईमानवाली औरतों ने अपने लोगों के हक़ में नेक ख़्याल क्यों नहीं किया और क्यों न बोल उठे कि यह प्रत्यक्ष (झूठा कलंक और) तुहमत है। (१२) (तो जिन लोगों ने यह तूफ़ान उठा खड़ा किया वे) अपने बयान के सुबूत में चार गवाह क्यों न लाये? फिर जब गवाह न ला सके तो अल्लाह के नज़दीक़ यही झूठे हैं। (१३) और अगर तुम पर दुनिया और आख़िरत में अल्लाह का फ़ज़्ल और मिहरबानी न होती तो बेशक इस (तुहमत की) चरचा के कारन तुम पर बड़ी सज़ा उतरती। (१४) जब तुम ऐसी (अभद्र) बात ज़बान पर लाये और अपने मुंह से ऐसी बात कहने लगे जिसका तुमको इल्म न था और तुम उसे एक (मामूली) हल्की बात समझते थे। हालाँकि अल्लाह के नज़दीक वह बड़ी (बात) है (१५) और जब तुमने ऐसी (अभद्र) बात सुनी थी तो क्यों न बोल उठे कि हमको ऐसी बात मुँह से निकालना शोभा नहीं देता। अल्लाह तू पाक है और यह बड़ी तुहमत (और झूठे कलंक की बात) है। (१६)

[पेज ५८३ से] रसूल स० ने हज़रत ज़ैनब रज़ि० से निकाह किया। ह० ज़ैनब रसूल स० के ही घराने की लड़की थीं और उनका ब्याह एक आज़ाद ग़ुलाम ज़ैद के साथ जिसको रसूल स० बेटे की तरह मानते थे रसूल स० के ही हुक्म से हुआ था ताकि मुसलमानों में खान्दानी ऊँच नीच का फ़र्क़ न होने की नज़ीर क़ायम हो। लेकिन बाद तलाक़ ह० ज़ैनब से ख़ुद शादी करके एक और की सुधार नज़ीर क़ायम की कि मुतबन्ना यानी गोद लेकर बेटा बनाना लग़ो है। इस शादी को लेकर मुनाफ़िक़ों ने तरह तरह के कलंक और क़िस्से गढ़कर रसूल स० को बदनाम करने की कोशिश की। दूसरा इससे भी संगीन जुर्म जो उन्होंने किया वह इस सूरः में बयान किया गया है। हिजरत के छ साल बाद यह ख़बर आई कि बनी मुस्तलिक़ का क़बीलः मदीने पर हमला करने के इरादे मे है। फ़ितना को फलने-फूलने से पहले ही ख़त्म कर देने के इरादे से नबी स० ने जंग के लिए कूच कर दिया। ख़ास बात यह थी कि लूट की लालच में इस बार मुनाफ़िक़ों की बड़ी तादाद भी मुसलमानों के लश्कर के साथ चल पड़ी थी। बाग़ी क़बीलः मामूली झड़प के बाद ही हारकर मय सामान गिरफ़्तार हुआ। इसी दर्मियान चश्मे से पानी लेते समय एक मुहाजिर व एक अंसार में झगड़ा हो गया। इस छोटी सी बात को लेकर अन्सारों में [पेज ५८७ पर]

† कुछ लोगों ने ह० मुहम्मद स० की बीबी हज़रत आयशा रजि० पर बदकारी (ज़िना) का झूठा अपराध लगाया था। यह आयतें उसी से सम्बन्धित हैं। इसका बयान सूरः नूर की परिचय-भूमिका में पृष्ठ ५८३ पर देखिये। § यह इशारा मुनाफ़िक़ों के लीडर अब्दुल्लाह बिन अबी से है जिसने यह तुहमत गढ़ी थी।

यअ्फ़ुव्-कुमुल्लाहु अन् तअ्फ़ूदू लिमिस्लिहीं अबदन् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ज् (१७) व युबैयिनुल्लाहु लकुमुल्-आयाति त् वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (१८) अिन्नल्लजीन युहिब्बून अन् तशीअल्-फ़ाहिशतु फ़िल्लजीन आमनू लहुम् अ़जाबुन् अलीमुन् ला फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति त् वल्लाहु यअ़लमु व अन्तुम् ला तअ़लमून (१९)



व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैकुम् व रह्मतुहू व अन्नल्लाह रऊफ़ुर्-रहीमुन् (२०) ★ ● या अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तबिअू खुतुवातिश्शैतानि त् व मैंयत्तबिअ् खुतुवातिश्-शैतानि फ़अिन्नहू यअ्मुरु बिल्फ़ह्शाअि वल्मुन्करि त् व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैकुम् व रह्मतुहू मा ज़का मिन्कुम् मिन् अहदिन् अबदन् ला व'लाकिन्नल्लाह युज़क्की मैंयशाअु त् वल्लाहु समीअुन् अलीमुन् (२१) व ला यअ्तलि अुलुल्फ़ज़्लि मिन्कुम् वस्सअ्ति अैंयुअ्तू अुलिल्क़ुर्बा वल्मसाकीन वल्मुहाजिरीन फ़ी सबीलिल्लाहि स् सला वल्यअ़फ़ू वल्यस्फ़हू त् अला तुहिब्बून अैंयग़्फ़िरल्लाहु लकुम् त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (२२) अिन्नल्लजीन यर्मूनल्-मुह्सनातिल्-ग़ाफ़िलातिल्-मुअ्मिनाति लुअिनू फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति स् व लहुम् अ़जाबुन् अ़जीमुन् ला (२३) य'यौम तश्हदु अलैहिम् अल्सिनतुहुम् व अैदीहिम् व अर्जुलुहुम् बिमा कानू यअ़मलून (२४) यौमअिज़िं-युवफ़्फ़ीहिमुल्-लाहु दीनहुमुल्-हक़्क़ व यअ़लमून अन्नल्लाह हुवल्-हक़्क़ुल्-मुबीनु (२५) अल्ख़बीसातु लिल्ख़बीसीन वल्-ख़बीसूनु लिल्ख़बीसाति ज् वत्तैयिबातु लित्तैयिबीन वत्तैयिबून लित्तैयिबाति ज् अुला अिक मुबर्रअून मिम्मा यक़ूलून त् लहुम् मग़्फ़िरतूंव रिज़्क़ुन् करीमुन् (२६) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू ला तदख़ुलू बुयूतन् ग़ैर बुयूतिकुम् हत्ता तस्तअ्निसू व तुसल्लिमू अला अह्लिहा त् जालिकुम् ख़ैरुल्लकुम् लअल्लकुम् तज़क्करून (२७)

अल्लाह तुमको शिक्षा देता है कि अगर तुम ईमान रखते हो तो फिर कभी ऐसा न करना। (१७) और अल्लाह (अपने) हुक्म तुमसे खोलकर (स्पष्ट) बयान करता है और अल्लाह बड़ा जानकार बड़ा हिकमतवाला है। (१८) जो लोग चाहते हैं कि ईमानवालों में व्यभिचार की (तुहमत की) चर्चा फैले उनके लिए दुनिया में और आख़िरत में दुखदाई सज़ा है और अल्लाह (ही) जानता है और तुम नहीं जानते। (१९) और अगर अल्लाह की कृपा और दया तुम पर न होती (तो न जाने क्या अज़ाब आता) लेकिन अल्लाह (तो) बेहद नर्मी करनेवाला बेहद मेहरबान है। (२०) ★ ●

ऐ ईमानवालो! शैतान के क़दमों पर क़दम न रखो, और जो शैतान के क़दमों पर क़दम रखेगा तो वह (उसको) बेशर्मी और बुरे काम ही बतायेगा। और अगर तुम पर अल्लाह की कृपा और उसकी दया न होती तो तुममें से कोई कभी भी पाक न होता। लेकिन अल्लाह जिसे चाहता है पाक करता है। और अल्लाह सब कुछ सुनता और जानता है। (२१) और तुममें से जो लोग बड़ाई वाले और सामर्थ्यवान हैं वे नातेदारों, मुहताजों और अल्लाह की राह में देश छोड़ने (यानी हिजरत करने) वालों को देने से सौगन्ध न खा बैठें। बल्कि (उन्हें चाहिए कि) क्षमा करें§ और दरगुज़र करें (यानी उनकी ग़लती पर ध्यान न दें)। क्या तुम नहीं चाहते कि अल्लाह तुम्हारे अपराध क्षमा करे और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है? (२२) जो लोग ईमानवाली बेख़बर पाक (अबोध और सच्चरित्र) बीबियों पर ऐब लगाते हैं उन (लोगों) पर दुनिया और आख़िरत (दोनों) में लानत है और उनके लिए बड़ा (दुखदाई) अज़ाब है। (२३) जब इनकी ज़बानें और इनके हाथ और इनके पाँव इनके कामों की जो कुछ वे करते थे गवाही देंगे। (२४) उस दिन अल्लाह इनको पूरा बदला देगा जैसा चाहिए और जान लेंगे कि अल्लाह ही सच (को सचकर) दिखाने वाला है। (२५) व्यभिचारिणी औरतें व्यभिचारी मर्दों के लिए हैं और व्यभिचारी मर्द व्यभिचारिणी औरतों के लिए हैं और पाक औरतें हैं पाक मर्दों के लिए और पाक मर्द हैं पाक औरतों के लिए और ये (पाक लोग) उन (झूठी) बातों से अलग हैं और इनके लिए (अल्लाह की ओर से) क्षमा है, और इज़्ज़त की रोज़ी है‡। (२६) ★

ऐ ईमानवालो! अपने घरों के सिवाय दूसरे घरों में बग़ैर पूछे और बिना सलाम किये न जाया करो (क्या मालूम कौन किस हालत में बैठा हो); यह तुम्हारे हक़ में ज़्यादः भला है, शायद तुम याद रखो। (२७)

रु. ३ | १ | आ ३६ ★

रु. १ | २ | आ १० ● नि. १ | २

[पेज ५८५ से] मुनाफ़िक़ अब्दुल्लाह इब्न अबी ने प्रोपेगेण्डा शुरू किया कि हमारे टुकड़ों पर बसे ये मुहाजरीन हमारे ही सर पर सवार हैं। मदीना वापस होते ही हम लोग इनसे अपनी मदद खींच कर इन्हें फिर अपने वतन भागने पर मजबूर करेंगे। इसी बीच घटना यों हुई कि इस्लामी लश्कर वापसी में मदीना के क़रीब ही पड़ाव डाले था। सुबह होने से पहले ही लश्कर ने कूच किया। रसूल स० की बीबी और हज़रत अबूबक्र रज़ि० की बेटी हज़रत आयशा रज़ि० ज़रूरत से मैदान गई थीं। उनका हार कहीं टूटकर गिर गया उसको तलाश करने में देर लगी और इधर उनकी बन्द सवारी को लोगों ने ऊँट पर यह समझकर रख दिया कि वह उसमें परदे में तशरीफ़ रखती हैं। लश्कर चल दिया। इधर जब आप वापस आईं तो लश्कर चल चुका था। यह [पेज ५८६ पर]

§ जब ह० आयशा रज़ि० पर लगाया गया ऐब झूठ साबित हो गया तब उनके वालिद ह० अबूबक्र रज़ि० ने यह अहद कर लिया था कि उस तुहमत के लगाने वाले मिस्तः बिन उसासः (जो उनके रिश्तेदार भी थे और जिनको ह० अबूबक्र रज़ि० से माली मदद मिलती थी) की मदद करना बन्द कर देंगे। तो इस पर उस रहमान ने यह आयत उतारी कि उनके क़ुसूर को भूलकर माफ़ कर दें। चुनांचे ह० अबूबक्र रज़ि० ने मिस्तः की फिर मदद करना शुरू कर दी। ‡ हज़रत इब्न अब्बास रज़ि० ने कहा कि किसी पैग़म्बर की बीबी पर बदकारी की छाँह नहीं आ सकती। उसकी अल्लाह हिफ़ाज़त करता है।

फ़अिल्लम् तजिदू फ़ीहा अहदन् फ़ला तद्ख़ुलूहा ह़त्ता युअ्जन लकुम् ज व अिन् क़ील लकुमुर्जिअू फ़र्जिअू हुव अज़्का लकुम् त़ वल्लाहु बिमा तअ्मलून अलीमुन् (२८) लैस अलैकुम् जुनाहुन् अन् तद्ख़ुलू बुयूतन् ग़ैर मस्कूनतिन् फ़ीहा मताअुल्लकुम् त़ वल्लाहु यअ्लमु मा तुब्दून व मा तक्तुमून (२९)

क़ुल् लिल्-मुअ्मिनीन यग़ुज़्ज़ू मिन् अब्सारिहिम् व यह़्फ़ज़ू फ़ुरूजहुम् त़ जालिक अज़्का लहुम् त़ अिन्नल्लाह ख़बीरुम् - बिमा यस्नअ्ऊन (३०) व क़ुल्लिल् - मुअ्मिनाति यग़्ज़ुज़्न मिन् अब्सारिहिन्न व यह़्फ़ज़्न फ़ुरूजहुन्न व ला युब्दीन ज़ीनतहुन्न अिल्ला मा ज़हर मिन्हा वल् - यज़्रिब्न बि-ख़ुमुरि-हिन्न अला जुयूबिहिन्न त़ व ला युब्दीन ज़ीनतहुन्न अिल्ला लि-बुअूलति-हिन्न औ आबा'अिहिन्न औ आबा'अि बुअूलति-हिन्न औ अब्ना'अि - हिन्न औ अब्ना'अि बुअूलति-हिन्न औ अिख़्वानिहिन्न औ बनी' अिख़्वानिहिन्न औ बनी' अख़्वातिहिन्न औ निसा'अिहिन्न औ मा मलकत् अैमानुहुन्न अवित्ताबिअीन ग़ैरि अुलिल्अिर्बति मिनर्रिजालि अवित्-तिफ़्लिल् - लजीन लम् यज़्हरू अला औरातिन्निसा'अि त़ व ला यज़्रिब्न बि-अर्जुलि-हिन्न लियुअ्लम मा युख़्फ़ीन मिन् ज़ीनतिहिन्न त़ व तूबू' अिलल्लाहि जमीअन् अैयुहल् - मुअ्मिनून लअल्लकुम् तुफ़्लिहून (३१) व अन्किहुल् - अयामा मिन्कुम् वस्सालिहीन मिन् अिबादिकुम् व अिमा'अिकुम् त़ अिंयकूनू फ़ुक़रा'अ युग़्निहिमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि त़ वल्लाहु वासिअुन् अलीमुन् (३२)



फिर अगर तुमको मालूम हो कि घर में कोई मौजूद नहीं है तो जब तक तुम्हें इजाज़त न हो उसमें मत दाख़िल हो। और अगर तुमसे कहा जावे कि लौट जाओ तो लौट आओ, यह तुम्हारे लिए ज़्यादा परहेज़गारी की बात है। और जो कुछ भी तुम करते हो अल्लाह उसको जानता है। (२८) और ग़ैर आबाद मकानों जिनमें तुम्हारा असबाब रखा हो उनमें चले जाने से तुम्हें गुनाह नहीं। और जो कुछ तुम ज़ाहिरा करते हो और जो कुछ तुम छिपाकर करते हो अल्लाह सब जानता है।(२९) (ऐ पैग़म्बर !)ईमानवालों से कहो कि अपनी आँखें नीची रखें और अपनी शर्मगाहों को (बेपरदगी व बुरे कामों से) बचाये रहें। इसमें उनके लिए ज़्यादः पवित्रता की बात है। और (लोग) जो कुछ भी किया करते हैं अल्लाह को (सारी) खबर रहती है।(३०) और (ऐ पैग़म्बर !) ईमानवाली औरतों से (भी) कहो कि अपनी नज़रें नीची रखें (और मर्दों की ओर ताकने से बाज़ रहें) और अपनी शर्मगाहों को बचाये रहें और अपना साज-सिंगार न दिखावें मगर (उन अंगों के सिवाय) जो खुले रहते हैं (यानी हाथ और पैर वग़ैरः)। और अपने सीनों पर ओढ़नी ओढ़े रहें और अपना साज-सिंगार (किसी को) न दिखावें सिवाय अपने पति के या अपने बाप के या अपने ससुर के या अपने बेटे के या अपने पति के बेटे के या अपने भाइयों के या अपने भतीजों के या अपने भान्जों के या अपनी (जैसी) औरतों के या अपने हाथ के माल (यानी लौंडियों ग़ुलामों) के या जो मर्द तो हों मगर (औरतों से कुछ) ग़रज़ नहीं रखते हों या लड़कों को जो औरतों के पर्दे की चीज़ों को नहीं जानते+। और (चलने में) अपने पाँव ऐसे ज़ोर से न रखें कि उनके अन्दरूनी ज़ेवर (की झंकार) से लोगों का ध्यान (उधर) जाय। और ऐ ईमानवालो ! सब अल्लाह के सामने तौबः करो, शायद फ़लाह (सफलता) पाओ। (३१) और अपनी (क़ौम की) अकेली (यानी बिधवाओं) के निकाह करा दिया करो और अपने ग़ुलामों और लौंडियों के भी जो नेकबख़्त हों (उनके निकाह करा दिया करो)। अगर यह लोग मुहताज होंगे तो अल्लाह उनको अपने फ़ज़ल से ख़ुशहाल बना देगा (उनके गुज़र बसर का ज़िम्मा अल्लाह पर छोड़ो)। और अल्लाह बड़ी गुंजाइशवाला बड़ा जानकार है। (३२)

[पिज ५८७ से] सोचकर कि आगे जब लोगों को पता लगेगा तो ख़ुद वापस आकर ले जाँयगे, वह वहीं लेट गईं। इतने में सुबह सफ़वान बिन मुअत्तल सलमी उधर से गुज़रे और उन्होंने आपको पहचान कर अपने ऊँट पर बिठाया और ख़ुद नकेल पकड़ कर चले और लश्कर तक पहुँच गये। इतनीसी बात को लेकर अब्दुल्लाह इब्न अबी व दूसरे मुनाफ़िक़ों ने ह० आयशा रज़ि० पर तुहमत लगाई और उनकी पाक अस्मत पर कीचड़ उछालने की बड़ी कोशिश की; यहाँ तक कि बाज़ मुसलमान भी इनकी बातों में बहक गये। ख़ुद रसूल स० ने जब यह चौतरफ़ा शोर सुना तो वह भी अरसे तक अपनी बीबी रज़ि० से न बोले और बड़े दुखी रहे। आख़िर अल्लाह की ओर से इस सूरः की ११ से २१ आयतें नाज़िल हुईं और मुनाफ़िक़ों के गढ़े प्रपञ्च का पर्दा फ़ाश हुआ। और ह० आयशा रज़ि० का बेगुनाह और पाक होना रौशन हुआ। अब इस सूरः की विशेषता यह है कि इस तज़किरः को लेकर औरतों के लिए अख़्लाक़, उनके फ़रायज़, उनके सदाचार और शिष्टाचार व समाज के और लोगों के लिए भी सदाचार और अख़्लाक़ की शिक्षा और बदकारी के लिए सख़्त से सख़्त सज़ा का खुलासा बयान किया गया है। सूरः की १-३४ आयतों में औरतों के लिए और सारे समाज के लिए एक आचारसंहिता है। आ० ३५ से ४५ में अल्लाह की दिव्य ज्योति और उसकी सारे संसार में छाई महिमा का बखान है। आ० ४६ से आख़ीर तक ईमानवालों, मुनाफ़िक़ों और काफ़िरों की हालत बयान करते हुए फिर पाक ज़िन्दगी बिताने के लिए आदमी-औरत, बालिग़-नाबालिग़, मालिक-ग़ुलाम सभी को राह सुझाई गई है।

+ साज-सिंगार से मतलब चटकीली या बारीक पोशाकें, ज़ेवर, काजल, मेंहदी वग़ैरः हैं। आयत ३१ में ख़ास घर वाले लोगों का ज़िक्र आया है; उन लोगों के सामने परदे की इतनी सख़्त क़ैद नहीं है, हालाँकि लिहाज़ फिर भी रखना चाहिए। लेकिन इनके अलावा ग़ैर लोगों के सामने तन ढाँकना चाहिए और चाल-ढाल में भी कोई ऐसीकशिशवाली हरकत न करना चाहिए कि जिसमें लोगों की नज़र उन पर पड़े और वे बुरे ख़यालों के शिकार हों।

वल् - यस्तइ़फ़िफ़िल् - लजीन ला यजिदून निकाहन् हत्ता युग़्निय-हुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि ؕ त़ वल्लजीन यब्तग़ूनल् - किताब मिम्मा मलकत् अैमानुकुम् फ़कातिबूहुम् इन् अ़लिम्तुम् फ़ीहिम् ख़ैरन् क़ सला ०'व आतूहुम् मिम्-मा लिल्लाहिल्लजी आताकुम् त़ व ला तुक्रिहू फ़तयातिकुम् अ़लल्बिग़ाअि इन् अरद्न तह़स्सुनल् - लितब्तग़ू अरज़ल् - हयाविद्दुन्या त़ व मैंयुक्रिह् - हुन्न फ़इन्नल्लाह मिम्बइ़दि अिक्राहिहिन्न ग़फ़ूरुर् - रह़ीमुन् (३३) व लक़द् अन्ज़ल्ना अिलैकुम् आयातिम् - मुबैयिनातिंव्व मस्लम् - मिनल्लजीन ख़लौ मिन् क़ब्लिकुम् व मौ़अिज़तल् - लिल्मुत्तक़ीन (३४) ★ अल्लाहु नूरुस्समावाति वल्अर्ज़ त़ मस्लु नूरिहि ؕ कमिश्कातिन् फ़ीहा मिस्बाहुन् त़ अल्मिस्बाहु फ़ी ज़ुजाजतिन् त़ अज़्ज़ुजाजतु कअन्नहा कौकबुन् दुर्रीयुंय्यूक़दू मिन् शजरतिम्-मुबारकतिन् ज़ैतूनतिल्ला शर्क़ीयतिंव्व ला ग़र्बीयतिन् ला ०'यकादु ज़ैतुहा युज़ी'अु व लौ लम् तम्सस्हु नारुन् त़ नूरुन् अ़ला नूरिन् त़ यह्दिल्लाहु लिनूरिहि ؕ मैंयशा'अु त़ व यज़्रिबुल्लाहुल्-अम्साल लिन्नासि त़ वल्लाहु बिकुल्लि शैअिन् अ़लीमुन् (३५) फ़ी बुयूतिन् अजिनल्लाहु अन्तुर्फ़अ़ व युज्कर फ़ीहस्मुहू ला युसब्बिहु लहू फ़ीहा बिल्ग़ुदूवि वल्आसाल (३६) रिजालुन् ला ०'ला तुल्हीहिम् तिजारतूंव ला बैअुन् अन् ज़िक्रिल्लाहि व अिक़ामिस्सलाति व अीताअिज़्ज़काति त़ ला यख़ाफ़ून यौमन् ततक़ल्लबु फ़ीहिल्क़ुलूबु वल्-अब्सारु क़ ला (३७) लियज़्ज़िय-हुमुल्लाहु अह़्सन मा अमिलू व यज़ीदहुम् मिन् फ़ज़्लिहि ؕ त़ वल्लाहु यर्ज़ुक़ मैंयशा'अु बिग़ैरि ह़िसाबिन् (३८) वल्लजीन कफ़रू अ़ड्मालुहुम् कसराबिम्-बिक़ीअ़तिंय्-यह्सबुहुज़् - जम्आनु मा'अन् त़ हत्ता अिजा जा'अहू लम् यजिद्हु शैअौंव वजदल्लाह अिन्दहु फ़वफ़्फ़ाहु ह़िसाबहु त़ वल्लाहु सरीअुल्-ह़िसाबि ला (३९)

और जिन लोगों का विवाह नहीं हो सका है वे अपने को पाकदामन (संयम में) रखें यहाँ तक कि अल्लाह अपनी कृपा से उन्हें समर्थ (और सम्पन्न) कर दे। और तुम्हारे हाथ के माल (लौंडी ग़ुलामों) में से जो लिखा पढ़ी‡ के चाहने वाले हों तो तुम उनके साथ लिखा पढ़ी कर दिया करो बशर्ते कि तुम उनमें नेकी पाओ। और माले अल्लाह में से जो उसने तुमको दे रखा है उनको दो। और तुम्हारी लौंडियाँ जो पाक (विवाहित) जीवन बिताना चाहती हैं उनको दुनिया की ज़िन्दगी के (अपने तुच्छ) फ़ायदे की ग़रज़ से हरामकारी पर मजबूर न करो। और जो उनको मजबूर करेगा तो अल्लाह उनके मजबूर किये जाने के बाद (उनको तो) माफ़ कर देनेवाला बेहद मेहरबान है; (लेकिन मजबूर करनेवालों पर उसकी पकड़ होगी।)+ (३३) और हमने (इस क़ुर्आन में) तुम्हारे पास खुले खुले हुक्म भेजे हैं और जो लोग तुमसे पहले हो गुज़रे हैं उनके (नसीहत देनेवाली) मिसालें और परहेज़गारों के लिए शिक्षा हैं। (३४)★

रू. ४-१० आ ८

अल्लाह आसमानों और ज़मीन का नूर (प्रकाश) है। उसके नूर की मिसाल ऐसी है कि जैसे एक ताक़ है, उस ताक़ में एक चिराग़ है (और) चिराग़ एक शीशे (की क़ंदील) में रखा है (और क़ंदील का) शीशा एक सितारे की तरह चमकता है (और) बरकत वाले ज़ैतून के पेड़ का तेल उस (चिराग़) में जलता है जो न पूरब की तरफ़ न पश्चिम की तरफ़। (ऐसा मालूम होता है कि) उसका तेल (क्या कहना है उसकी सिफ़त का) कि अगर उसको आँच न भी छुए तो भी जल उठे। रोशनी पर रोशनी। अल्लाह अपने नूर (रोशनी) की तरफ़ जिसको चाहता है राह दिखाता है। और अल्लाह लोगों के लिए मिसालें बयान फ़र्माता है। और अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (३५) (वह नूर) ऐसे घरों में (जगमगाता है) जिनकी बाबत (अल्लाह ने) हुक्म दिया है तो वह बलंद किये जायें और उनमें अल्लाह का नाम लिया जावे, उनमें सुबह-शाम उसकी याद करते हैं। (३६) ऐसे (नूर इलाही से जगमगाते) लोग सौदागरी और ख़रीद-फ़रोख़्त में ग़ाफ़िल न होकर (हमेशा) अल्लाह की याद करते और नमाज़ क़ायम करते और ज़कात देते रहते हैं; और (क़ियामत के भयावने) उस दिन से डरते हैं जबकि दिल और आँखें उलट जायँगी। (३७) (और नेकअमली में हमेशा लगे रहते हैं) ताकि अल्लाह उनको उनके कामों का भले से भला बदला दे और उनको अपनी कृपा से (और ज़्यादा) बढ़ती दे। और अल्लाह जिसको चाहता है बेहिसाब रोज़ी देता है (३८) और जो लोग मुन्किर (विमुख) हैं उनके काम जैसे मैदान में चमकता हुआ रेत, प्यासा उस (मृग-मरीचिका) को पानी समझता (और बेचैन भटकता फिरता) है; यहाँ तक कि जब उसके पास पहुँचता है तो उसको कुछ नहीं पाता और अल्लाह को (क़ियामत के दिन) अपने पास मौजूद पाया जिसने उसका हिसाब पूरा-पूरा चुका दिया और अल्लाह ज़रा देर में हिसाब कर देता♦ है। (३९)

‡ यानी जो ग़ुलाम अपनी आज़ादी के लिए एक तहरीर चाहे जिसमें उस की आज़ादी की शर्तों का ज़िक्र हो तो मालिक को चाहिए कि उसको ऐसी तहरीर लिख दे। + इस्लाम से पहले अरब में अक्सर लोग नौ-उम्र लड़कियों को क़ब्ज़े में रखकर उनसे बदकारी कराते और इस तरह अपने लिए धन कमाते थे। इनांचे अब्दुल्लाह बिन उबी—एक मुनाफ़िक़ के पास इसी तौर पर दो लड़कियाँ थीं जिन्होंने इस्लाम का साथ संग पाकर इस बुरे रास्ते पर चलने से इन्कार कर दिया। अब्दुल्लाह बिन उबी द्वारा उन्हें मजबूर कर तंग करने पर ह० अबूबक्र रज़ि० ने उन लड़कियों को अपने यहाँ पनाह दी। अब्दुल्लाह बिन उबी के शोर-ग़ुल करने पर यह आयत नाज़िल हुई। ♦ दुनिया की ऐशो इशरत में फँसा आदमी दुनिया के एक-एक पदार्थ की तरफ़ सुख-चैन के लिए लपकता है और जब उसे हासिल कर लेता है तो फिर प्यासा का प्यासा दूसरे सुख के पीछे दौड़ने और उसे हासिल करने के लिए भले बुरे सभी काम करने लगता है। नतीजा 'फिर मायूसी और निराशा।' ज़िन्दगी योंही खत्म हो जाती है। सुख-शान्ति का पानी नसीब नहीं। सुख-शान्ति तो अल्लाह की राह—नेकअमली पर चलने ही से मयस्सर है।

औ कजुलुमातिन् फ़ी बह्रिल् - लुज्जीयिं - यग़्शाहु मौजुम् - मिन् फ़ौक़िहि मौजुम्मिन् फ़ौक़िहि सह़ाबुन् ज़ुलुमातुम् - बअ़्ज़ुहा फ़ौक़ बअ़्ज़िन् ज़ अिजा अख़्रज यदहु लम् यकद् यराहा ज़ व मल्लम् यज्अ़लिल्लाहु लहू नूरन् फ़मा लहू मिन्नूरिन् (४०) ★ अलम् तर अन्नल्लाह युसब्बिहु लहू मन् फ़िस्समावाति

वल्अर्ज़ि वत्तैरु साफ़्फ़ातिन् ज़ कुल्लुन् क़द् अलिम सलातहू व तस्बीह़हू ज़ वल्लाहु अलीमुम् - बिमा यफ़्अलून (४१) व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि ज़ व अिलल्लाहिल् - मसीरु (४२) अलम् तर अन्नल्लाह युज़्जी सह़ाबन् सुम्म युअल्लिफ़ु बैनहू सुम्म यज्अ़लुहू रुकामन् फ़तरल् - वद्क़ यख़्रुजु मिन् ख़िलालिहि ज़ व युनज़्ज़िलु मिनस्समाअि मिन् जिबालिन् फ़ीहा मिम् - बरदिन् फ़युसीबु बिहि मैंयशाअु व यस्रिफ़ुहू अम् - मैंयशाअु ज़ यकादु सना बर्क़िहि यज़्हबु बिल्अब्सारि ज़ (४३) युक़ल्लिबुल्लाहुल्लैल वन्नहार ज़ अिन्न फ़ी जालिक लअ़िब्रतल्-लिअुलिल्-अब्सारि (४४)

वल्लाहु ख़लक़ कुल्ल दाब्बतिम् - मिम्माअिन् ज़ फ़मिन्हुम् मैंयम्शी अला बत्निहि ज़ व मिन्हुम् मैंयम्शी अला रिज्लैनि ज़ व मिन्हुम् मैंयम्शी अला अर्बअिन् ज़ यख़्लुक़ुल्लाहु मा यशाअु ज़ अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (४५) लक़द् अन्ज़ल्ना आयातिम् - मुबैयिनातिन् ज़ वल्लाहु यह्दी मैंयशाअु अिला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् (४६) व यक़ूलून आमन्ना बिल्लाहि व बिर्रसूलि व अत़अ़्ना सुम्म यतवल्ला फ़रीक़ुम् - मिन्हुम् मिम्बअ़्दि जालिक ज़ व मा अुलाअिक बिल् - मुअ्मिनीन (४७) व अिजा दुअू अिलल्लाहि व रसूलिहि लियह्कुम बैनहुम् अिजा फ़रीक़ुम् - मिन्हुम् मुअ़्रिज़ून (४८) व अिंयकुल् - लहुमुल् - ह़क़्क़ु यअ्तू अिलैहि मुज़्अ़िनीन ज़ (४९) अफ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ुन् अमिर्ताबू अम् यख़ाफ़ून अैंयह़ीफ़ल्लाहु अलैहिम् व रसूलुहू ज़ बल् अुलाअिक हुमुज़्ज़ालिमून (५०) ★

(या उनके काम की मिसाल) बड़ी गहरी नदी के (अन्दरूनी) अँधेरे जैसी है कि नदी को लहर ने ढाँक रखा है और लहर के ऊपर लहर (आ रही हो और) उसके ऊपर बादल—अँधेरे में और अँधेरा एक पर एक (छाया!) जब अपना हाथ (ऊपर) निकाले तो उम्मेद नहीं कि उसको देख सके। और जिसको अल्लाह ही ने रौशनी नहीं दी तो उसके लिए (लोक-परलोक में) कहीं भी रौशनी नहीं। (४०) ★ रु. ५ । ११ आ ६

क्या तूने नहीं देखा कि जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है अल्लाह की तस्बीह करते हैं और पक्षी पर फैलाये (उड़ते फिरते हैं।) सबने अपनी नमाज़ और तस्बीह (का तरीक़ा) जान रखा है। और जो कुछ वह करते हैं अल्लाह उससे जानकार है। (४१) और आसमान और ज़मीन की हूकूमत अल्लाह (ही) की है और अल्लाह (ही) की तरफ़ (सबको एक रोज़) लौटकर जाना है। (४२) क्या तूने नहीं देखा कि अल्लाह (ही) बादल को हाँकता है, फिर बादलों को आपस में जोड़ता है, फिर उनको तह पर तह कर देता है, फिर तू बादल में से मेह को निकालते हुए देखता है, और आसमान में जो (ओलों के) पहाड़ (जमे हुए) हैं, फिर उनको (वही) बरसाता है फिर जिस पर चाहता है (वही) उनमें से ओले गिरा (कर तबाह कर) देता है और जिसे चाहता है उसे (तबाही से) बचा देता है। बादल की बिजली की चमक (मानो) आँखों (को चका चौंध कर उनकी रोशनी) को उचक ले जावे। (४३) अल्लाह रात और दिन की तब्दीली करता रहता है। जो लोग सूझ रखते हैं उनके लिए इसमें ध्यान की जगह है। (४४) और अल्लाह ने तमाम जानदारों को एक (तरह के) पानी से पैदा किया है, फिर उनमें से कोई पेट के बल चलते हैं, और कोई (उनमें से) दो पाँव पर चलते हैं, और कोई (उनमें से) चार पाँव पर चलते हैं। अल्लाह जो चाहता है पैदा करता है। बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (समरथ) है। (४५) हमने खुली आयतें उतारी हैं, और अल्लाह जिसे चाहता है सीधी राह घर लाता है। (४६) और (लोग) कहते हैं कि हम अल्लाह पर और पैग़म्बर पर ईमान ले आये और (अल्लाह का व रसूल का) हुक्म माना, फिर इसके बाद इनमें का एक फ़िर्क़ा (इन्कार करता और) फिर जाता है। और (उनका कहना सही न था। सही यह है कि हरगिज़) वे ईमान लानेवाले नहीं। (४७) और (ऐसे लोग) जब अल्लाह और पैग़म्बर की तरफ़ बुलाये जाते हैं कि उनमें (उनके आपस के झगड़ों का) निबटारा कर दें तभी उनमें का एक फ़रीक़ मुंह मोड़ बैठता है। (४८) और अगर उनको कुछ कुछ हक़ पहुँचता हो तो कान दबाये रसूल की तरफ़ चले आते† हैं। (४९) क्या इनके दिलों में (कपट का) रोग है या शक में पड़े हैं या डरते हैं कि अल्लाह और उसका रसूल उनके हक़ में ज़ुल्म करेंगे। यह कुछ नहीं (सही बात यह है कि) वे लोग खुद ही ज़ालिम (अन्यायी) हैं। (५०) ★ ● रु. ६ । १२ आ १० ● सु. ३ । ४

† जब इस्लामी शरीअ़त (न्याय शास्त्र) अपने माफ़िक़ पाते तब तो इस्लाम पर ईमान जतलाते और जब इस्लामी शरीअ़त ख़िलाफ़ बैठती तो उससे मुंह मोड़ लेते और दूसरे क़ानून मानने लगते और रसूल स० से कतराने लगते। ऐसे लोग हरगिज़ ईमानवाले नहीं बल्कि मुनाफ़िक़ हैं।

अिन्नमा कान क़ौलल्-मुअ्मिनीन अिजा दुअू अिलल्लाहि व रसूलिहि लियहकुम बैनहुम् अैंयक़ूलू समिअ्ना व अत़अ्ना त़ व अुलाअिक हुमुल् - मुफ़्लिहून (५१) व मैंयुतिअिल्लाह व रसूलहू व यख़्शल्लाह व यत्तक़्हि फ़अुलाअिक हुमुल्फ़ाअिज़ून (५२) व अक़्समू बिल्लाहि जह्द अैमानिहिम् लअिन् अमर्तहुम् लयख़्रुजुन्न त़ क़ुल् ला तुक़्सिमू ज़ ताअत़तुम्-मअ़्रूफ़तुन् त़ अिन्नल्लाह ख़बीरुम् - बिमा तअ़्मलून (५३) क़ुल् अत़ीअुल्लाह व अत़ीअुर्रसूल ज़ फ़अिन् तवल्लौ फ़अिन्नमा अलैहि मा हुम्मिल व अलैकुम् मा हुम्मिल्तुम् त़ व अिन् तुत़ीअूहु तह्तदू त़ व मा अलर्रसूलि अिल्लल् - बलाग़ुल् - मुबीनु (५४) वअ़दल्-लाहुल् - लज़ीन आमनू मिन्कुम् व अमिलुस्-सालिहाति लयस्तख़्लिफ़न्नहुम् फ़िल्अर्ज़ि कमस्तख़्लफ़ल् - लज़ीन मिन् क़ब्लिहिम् स़ व लयुमक्किनन्न लहुम् दीनहुमुल्लज़िर्तज़ा लहुम् व लयुबद्दिलन्नहुम् मिम्बअ़्दि ख़ौफ़िहिम् अम्ना, त़ यअ़्बुदूननी ला युश्रिकून बी शैअन् त़ व मन् कफ़र बअ़्द ज़ालिक फ़अुलाअिक हुमुल् - फ़ासिक़ून (५५) व अक़ीमुस्सलात़ व आतुज़्ज़कात़ व अत़ीअुर्रसूल लअल्लकुम् तुर्हमून (५६) ला तह्सबन्नल्लज़ीन कफ़रू मुअ़्जिज़ीन फ़िल्अर्ज़ि व मअ़्वा हुमुन्नारु त़ व लबिअ्सल् - मसीरु (५७) ★ या अैयुहल्लज़ीन आमनू लियस्तअ़्ज़िन्कुमुल्लज़ीन मलकत् अैमानुकुम् वल्लज़ीन लम् यबूलुगुल्-हुलुम मिन्कुम् सलास मर्रातिन् त़ मिन् क़ब्लि सलातिल्-फ़ज्रि व हीन तज़अ़ून सियाबकुम् मिनज़्ज़हीरति व मिम्बअ़्दि सलातिल्-अिशाअि क़िफ़ त़ सलासु औरातिल्लकुम् त़ लैस अलैकुम् व ला अलैहिम् जुनाहुम् - बअ़्दहुन्न त़ तौवाफ़ून अलैकुम् बअ़्ज़ुकुम् अला बअ़्ज़िन् त़ कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुमुल् - आयाति त़ वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (५८)

ईमानवालों की बात यह है कि जब अल्लाह और उनके पैग़म्बर की तरफ़ फ़ैसले के लिए बुलाये जाते हैं ताकि वह उनके बीच (उनके मामलों का) फ़ैसला कर दे तो कहते हैं हमने (हुक्म) सुना और माना। और यही लोग सफल होते हैं। (५१) और जो कोई अल्लाह और उसके पैग़म्बर की आज्ञा पर चले और अल्लाह से डरे और उस (की अवज्ञा) से बचता रहे तो ऐसे ही लोग मुराद को पहुँचेंगे। (५२) और (ये मुनाफ़िक़) अल्लाह की पक्की सौगन्धें खा-खाकर कहते हैं कि अगर आप आज्ञा देवें तो बिला उज्र (घरबार सब छोड़कर) निकल खड़े हों। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि क़समें न खाओ (तुम्हारी आज्ञाकारी की सचाई मालूम है) हुक्मबरदारी ज़रूरी है (न कि क़समें) और जो कुछ तुम करते हो अल्लाह को उसकी (पूरी) ख़बर है। (५३) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि अल्लाह का हुक्म मानो और पैग़म्बर का हुक्म मानो। फिर अगर तुम मुंह मोड़ते हो तो जो (हुक्म-अल्लाह पहुँचा देने की) ज़िम्मेदारी पैग़म्बर पर है उसका जवाबदेह वह है, और जो (उस हुक्म पर चलने की) ज़िम्मेदारी तुम पर है उसके जवाबदेह तुम हो। और अगर उसके हुक्म पर चलोगे तो राह पर जा लगोगे। और पैग़म्बर के ज़िम्मे तो बस (अल्लाह की आज्ञा) साफ़ तौर पर पहुँचा देना है। (५४) तुममें से जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये उनसे अल्लाह का वादा है कि (बेशक) उनको ज़मीन में ख़लीफ़ा बनायेगा जैसे इन लोगों से पहले लोगों को ख़लीफ़ा बनाया था। और उनका दीन जो उसने उनके लिए पसंद किया है उसको उनके लिए मज़बूत कर देगा और उनके (मौजूदा) डर के बदले में उनको अमन देगा। कि (चैन से) मेरी अ़िबादत किया करेंगे (और) किसी को मेरा (अ़िबादत में) शरीक न ठहरायेंगे। और जो आदमी इसके बाद भी (मुन्किर) काफ़िर हो तो ऐसे ही लोग गुनहगार हैं। (५५) और नमाज़ क़ायम रखो और ज़कात दिया करो और पैग़म्बर के कहे पर चलो, शायद तुम पर रहमत की जावे। (५६) (ऐ पैग़म्बर!) ऐसा ख़याल न करना कि ये काफ़िर मुल्क में बचकर (हमें) हरा देंगे। (नहीं, ये तबाह होंगे) और इनका ठिकाना (नरक की) आग है, और वह क्या ही बुरी जगह है पहुँचने की। (५७)★ रु. १३-१७ आ ७

ऐ ईमानवालो! तुम्हारे हथि के माल (याने लौंडी ग़ुलाम) तुम्हारे नाबालिग़ बच्चे तीन वक़्तों† में तुम्हारी इजाज़त लेने के बाद (घर के अन्दर) आवें। एक तो फ़ज्र (यानी सुबह) की नमाज़ से पहले और दूसरे दोपहर को जब तुम कपड़े उतारा करते हो और तीसरे इशा (यानी रात) की नमाज़ के बाद। यह तीन वक़्त तुम्हारे पर्दे के हैं। इन वक़्तों के सिवाय (बिला इजाज़त उनके चले आने में) न तुम पर कुछ गुनाह है और न उन पर, (क्योंकि वह और तुम) अक्सर एक दूसरे के पास आते ही जाते रहते हो। यों अल्लाह आयतों को तुमसे खोल-खोलकर बयान करता है और अल्लाह बड़ा जानने वाला बड़ा हिकमतवाला है। (५८)

[पेज ५६६ से] में अल्लाह द्वारा इन्सान को यह फ़ुर्क़ान भेंट करने का ज़िक्र है। सूरः का नामकरण भी इसी पर किया गया है। इसके उतरने का समय रसूल स० की नबूवत का मक्का में शुरू का वक़्त है। इस वक़्त इस्लाम एक नये पौधे जैसा था और काफ़िरों के ज़ोर व तूफ़ान के झकझोरे उसको लग रहे थे। ऐसे समय इस सूरः ने मोमिन और काफ़िर नेककारी और बदकारी, जन्नत और बहिश्त, उस दयावन्त के आगे विनम्रता और तकब्बुर यानी अहंकार, काफ़िरों के एतराज़ और उनके मुहँतोड़ जवाब, ज़ुल्म और सब्र—ग़रज़ दोनों [पेज ५६७ पर]

† यह तीनों वक़्त ऐसे हैं जिनमें स्त्री और पुरुष अकसर एक दूसरे के साथ होते हैं, इसलिए आज्ञा लिये बिना अचानक किसी का वहाँ आ जाना मुनासिब नहीं।

व अिजा बलग़ल्-अत़्फ़ालु मिन्कुमुल्-हुलुम फ़ल्यस्तअ्जिनू कमस्-तअ्जनल्-लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त़ कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुम् आयातिहि त़ वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (५९) वल्क़वाअिदु मिनन्निसा अिल्लाती ला यर्जून निकाहन् फ़लैस अलैहिन्न जुनाहुन् अैयज़ ज़न सियाबहुन्न ग़ैर मुतबर्रिजातिम्-बिज़ीनतिन् त़ व अैं-यस्तअ़्फ़िफ़्न ख़ैरुल्लहुन्न त़ वल्लाहु समीअुन् अलीमुन् (६०) लैस अलल्अअ़्मा हरजूँव ला अलल्-अअ़रजि हरजूँव ला अलल्-मरीज़ि हरजूँव ला अला अन्फ़ुसिकुम् अन् तअ्कुलू मिम्-बुयूतिकुम् औ बुयूति आबा अिकुम् औ बुयूति अुम्महातिकुम् औ बुयूति अिख़्वानिकुम् औ बुयूति अख़्वातिकुम् औ बुयूति अअ़्मामिकुम् औ बुयूति अम्मातिकुम् औ बुयूति अख़्वालिकुम् औ बुयूति ख़ालातिकुम् औ मा मलक्तुम् मफ़ातिहहू औ सदीक़िकुम् त़ लैस अलैकुम् जुनाहुन् अन् तअ्कुलू जमीअन् औ अश्तातन् त़ फ़अिजा दख़ल्तुम् बुयूतन् फ़सल्लिमू अला अन्फ़ुसिकुम् तहीयतम्-मिन् अिन्दिल्लाहि मुबारकतन् तैयिबतन् त़ कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुमुल्-आयाति लअल्लकुम् तअ़क़िलून (६१) ★ अिन्नमल्-मुअ्मिनूनल्-लजीन आमनू बिल्लाहि व रसूलिहि व अिजा कानू मअहू अला अम्रिन् जामिअिल्लम् यज्हबू हत्ता यस्तअ्जिनूहु त़ अिन्नल्लजीन यस्तअ्जिनूनक अुला अिकल्लजीन युअ्मिनून बिल्लाहि व रसूलिहि ज फ़अिजस्तअ्जनूक लिबअ़्ज़ि शअ्निहिम् फ़अ्ज़ल्लिमन् शिअ्त मिन्हुम् वस्तग़्फ़िर् लहुमुल्लाह त़ अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्-रहीमुन् (६२)

रु. ८ — १४ आ ४

और जब तुम्हारे लड़के बालिग़ हो जावें तो जिस तरह इनके अगले (यानी बड़े लोग) इजाज़त माँगा करते हैं (इसी तरह) इनको भी (दाख़िल होने के लिए) इजाज़त माँगना चाहिए। इस तरह अल्लाह अपनी आयतें खोल-खोलकर तुमसे बयान करता है और अल्लाह बड़ा जानकार बड़ा हिकमतवाला है। (५९) और तुममें से बैठ रहने वाली बड़ी-बूढ़ी औरतें जिनको निकाह की उम्मीद (अब) नहीं है (वे) अपने कपड़े (दुपट्टे या चद्दर) उतार रखा करें तो इसमें उन पर कुछ अपराध नहीं बशर्ते कि उनका इरादा (अपने) रूप को दिखाने का न हो और अगर (इतने से भी) बचाव रखें तो उनके हक़ में ज़्यादा भला है। और अल्लाह (सब कुछ) सुनता जानता है। (६०) न तो अन्धे पर जुर्म है, न लंगड़े पर और न बीमार पर और न खुद तुम पर (जुर्म है) कि अपने घरों से खाना खालो या अपने बाप के घरों से या अपनी माओं के घरों से या अपने भाइयों के घरों से या अपनी बहनों के घरों से या अपने चचाओं के घरों से या अपनी फूफियों के घरों से या अपने मामुओं के घरों से या अपनी मौसियों के घरों से या उन घरों से जिनकी कुंजियाँ तुम्हारे पास रहती हों या अपने दोस्तों के घरों से। (फिर इसमें भी) तुम पर गुनाह नहीं कि सब मिलकर खाओ या अलग-अलग§। हाँ! जब घरों में जाया करो तो अपने लोगों को सलाम कर लिया करो। (यह) नेक दुआ है अल्लाह की ओर से बरकत वाली और पाक। यों अल्लाह तुम्हारे आगे हुक्म खोल-खोलकर बयान करता है शायद तुम समझो। (६१) ★

ईमानवाले वह हैं जो अल्लाह पर और उसके रसूल पर ईमान लाये हैं और जब किसी ऐसी बात के लिए, जिसमें लोगों के जमा होने की ज़रूरत है, पैग़म्बर के पास होते हैं तो जब तक पैग़म्बर से इजाज़त न ले लें (मजलिस से उठकर) नहीं जाते हैं। (ऐ पैग़म्बर!) जो तुमसे इजाज़त ले लेते हैं हक़ीक़त में वही लोग हैं जो अल्लाह पर और उसके पैग़म्बर पर ईमान रखते हैं। फिर जब यह लोग अपने किसी काम के लिए तुमसे (जाने की) इजाज़त माँगें तो तुम इनमें से जिसको चाहो इजाज़त दे दिया करो। और अल्लाह से उनके लिए क्षमा माँगो। अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (६२)

★ रु. ८—१४ आ ४

[पेज ५६५ से] नमूने समाज के आगे पेश किये हैं। इनमें फ़र्क़ समझना और अपने लिए रास्ता चुनना यही अ़िल्म फ़ुर्क़ान है। इस सूरः की हर आयत एक ही वज़न याने ज़बर की तन्वीन (सबीलन्, दलीलन्, वकीलन्) अ़िल्म फ़ुर्क़ान है। इस सूरः की हर आयत एक ही वज़न याने ज़बर की तन्वीन (सबीलन्, दलीलन्, वकीलन्) इस तौर पर ख़त्म होकर तिलावत (स्वाध्याय) में बड़ी मिठास व कशिश पैदा करती है। आयत ६२ से आख़ीर तक उस अल्लाह रहमान के ख़ास बन्दों के सफ़ात (सुलक्षण) बयान किये गये हैं और आख़िरत में उनके मरतबे का बयान है। वे ईमानवाले अल्लाह से आयत ७४ में दुआ करते हैं कि दुनिया में हमें नेक बीबी व नेक औलाद का सुख दे और हमें तुझसे डरनेवालों व तेरी नाफ़रमानी (अवज्ञा) से बचनेवालों का अगुआ बना।

§ मतलब यह कि अन्धे, लूले, अपाहिजों का तो सारे समाज पर हक़ है—हर जगह से बेतक़ल्लुफ़ खा सकते हैं। और दूसरे लोग भी अपने इन अज़ीज़ों के घर में बेतक़ल्लुफ़ खा सकते हैं। यह मुक़ाम ग़ौर न समझे जाँय। यह खुलासा इसलिए किया गया कि दूसरे का माल नाजायज़ समझने के हुक्म के अधीन ईमानवाले इन आपस के घरों में भी खाने में संकोच करने लगे थे। अरब में बाज़ क़बीलों में रवाज था कि किसी के साथ बैठकर न खाते—अकेले ही अलाहदः खाते थे। और बाज़ में रवाज था कि बिला किसी को साथ बिठलाये खाना ही न खाते, भले फ़ाक़ा कर जाँय। इन फ़ज़ूल की ख्याली पाबन्दियों से छुटकारा दिलाने को यह आयत उतरी कि इन बातों में कुछ नहीं रखा है।

ला तज्अलू दुआ'अर्रसूलि बैनकुम् कदुआ'अि बअ़्ज़िकुम् बअ़्ज़न् त़ क़द् यअ़्लमुल्लाहुल्लजीन यतसल्ललून मिन्कुम् लिवाजन् ज फ़ल्यहूजरिल् - लजीन युख़ालिफ़ून अन् अम्रिहि अन् तुसीबहुम् फ़ित्नतुन् औ युसीबहुम् अजाबुन् अलीमुन् (६३) अला' इन्न लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ क़द् यअ़्लमु मा' अन्तुम् अलैहि त़ व यौम युर्जअून अिलैहि फ़युनब्बिअुहुम् बिमा अमिलू त़ वल्लाहु बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (६४) ★

★ २. ६ - १५ आ ३

✪ २५ सूरतुल् - फ़ुर्क़ानि ४२ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३६१६ अक्षर, ६०६ शब्द, ७७ आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

तबारकल्लजी नज़्ज़लल् - फ़ुर्क़ान अला अब्दिहि लियकून लिल्आलमीन नि' नजीरन् ला (१) अल्लजी लहू मुल्कुस् - समावाति वल्अर्ज़ि व लम् यत्तख़िज् वलदौंव लम् यकुल्लहू शरीकुन् फ़िल्मुल्कि व ख़लक़ कुल्ल शैअिन् फ़क़द्दरहू तक़्दीरन् (२) वत्तख़जू मिन् दूनिहि आलिहतल्ला यख़्लुक़ून शैऔंव हुम् युख़्लक़ून व ला यम्लिकून लिअन्फ़ुसिहिम् ज़र्रौंव ला नफ़्अौंव ला यम्लिकून मौतौंव ला हयातौंव ला नुशूरन् (३) व क़ाललजीन कफ़रू इन् हाज़ा' इल्ला' अिफ़्कुनिफ़्तराहु व अआनहू अलैहि क़ौमुन् आख़रून ज ∴ फ़क़द् जा'ऊ जुल्मौंवज़ूरन् ज ∴ (४) व क़ालू' असातीरुल् - औवलीनक् - तत्तबहा फ़हिय तुम्ला अलैहि बुक्रतौंव असीलन् (५) क़ुल् अन्ज़लहुल्लजी यअ़्लमुस्सिर फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ अिन्नहू कान ग़फ़ूरर् - रहीमन् (६) व क़ालू मालि हाज़र्रसूलि यअ्कुलुत्तआम व यम्शी फ़िल्अस्वाक़ि त़ लौ ला' अुन्ज़िल अिलैहि मलकुन् फ़यकून मअ़हू नज़ीरन् ला (७)

(और लोगो ! जब) पैग़म्बर (तुममें से किसी को बुलाएँ तो उन) के बुलाने को आपस में (मामूली बुलाना) न समझो जैसा तुममें एक को एक बुलाया करता है। अल्लाह उन लोगों को ख़ूब जानता है जो तुममें से (रसूल की) आँख बचाकर (मजलिस से) चुपचाप खिसक जाते हैं †। तो जो लोग रसूल की आज्ञा के विरुद्ध करते हैं, उनको इससे डरना चाहिए कि (कहीं ऐसा न हो कि) उन पर कोई आफ़त आ पड़े या उन पर (कोई और) सख़्त अज़ाब आ जाये। (६३) सुन रखो ! अल्लाह ही का है जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है, तुम जिस हाल में हो उसे मालूम है। और जिस (क़ियामत के) दिन अल्लाह की तरफ़ लौटकर लाये जायेंगे तो अल्लाह उनको बता देगा जैसा काम करते रहे हैं और अल्लाह सब कुछ जानता है। (६४) ★ रु. ९–१५ आ ३

✪ २५ सूरतुल् फ़ुर्क़ानि ४२ ✪

(मक्की) इसमें ३६१६ अक्षर, ६०६ शब्द ७७ आयतें और ६ रुकूअ हैं।❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

बड़ी बरकत है (उस अल्लाह की) जिसने अपने बन्दे (मुहम्मद) पर (यह सत्यासत्य का विवेक) क़ुर्आन उतारा ताकि तमाम दुनिया के लिए चेतावनी देनेवाला हो। (१) आसमान और ज़मीन की सल्तनत उसी की है और वह कोई बेटा नहीं रखता और न (इस आलम की) सल्तनत में उसका कोई साझी है। और उसी ने हर चीज़ को पैदा किया, फिर (हर चीज़ को पैदा करके) हर एक चीज़ के लिए एक अंदाज़ा♦ ठहरा दिया। (२) और लोगों ने अल्लाह के सिवाय (दूसरे) कितने ही पूज्य ठहरा लिए जो (ख़ुद असमर्थ हैं और) किसी चीज़ को पैदा नहीं कर सकते बल्कि वह ख़ुद (दूसरों के) बनाये हुए हैं और अपने लिए बुरे-भले के मालिक नहीं हैं और न (मालिक हैं दुनिया में) मरने के और जीने के और न (क़ियामत में दुबारा) जी उठने के। (३) और काफ़िर (क़ुर्आन की निस्बत) कहते हैं कि यह तो निरा झूठ बाँधन है जिसको इस (पैग़म्बर) ने गढ़ लिया है और उसमें दूसरे लोगों ने उसकी मदद की है। यही लोग ज़ुल्म और झूठ पर उतर आये हैं। (४) और (काफ़िर) कहते हैं कि (यह क़ुर्आन) अगले लोगों की कहानियां हैं जिसको इस (मुहम्मद) ने (किसी से) लिखवा लिया है और वही इसको सुबह शाम सुनाई जाती हैं। (५) (ऐ पैग़म्बर !) कहो यह क़ुर्आन उसने उतारा है जो आसमानों और ज़मीन की सब छिपी बातों को जानता है। वह सचमुच बड़ा बख़्शनेवाला और बेहद मेहरबान है। (६) और (काफ़िर) कहते हैं कि यह कैसा पैग़म्बर है जो (साधारन आदमियों की तरह) खाना खाता और बाज़ारों में फिरता है‡। इसके पास कोई फ़रिश्ता क्यों नहीं भेजा गया कि इसके साथ रहकर (न माननेवालों को) डराता। (७)

❀ फ़ुर्क़ान के माने हैं 'विवेक'—सत्य और असत्य की तमीज़ ! सूरः की पहली ही आयत [पेज ५६५ पर]

† मुनाफ़िक़ चूँकि मुसलमानों में शरीक तो रहना चाहते थे, चाहे लालच से चाहे डर से, लेकिन मजलिस (सभा) में अनमने बैठते थे और मौक़ा पाते ही चुपके से या ज़ाहिरा कोई बहाना बना कर खिसक जाते थे। उन्हीं को यह चेतावनी है कि उनके दिल के अन्दर तक की हरकत अल्लाह से छिपी नहीं और उनके फ़रेब व रसूल स० की नाफ़रमानी की सज़ा उन पर पड़नी है। ♦ हर चीज़ का एक ख़ास रूप, रंग, ख़सलत, उसका कार्य क्षेत्र औ दुनिया में उसकी एक मियाद मुक़र्रर की। हर चीज़ अल्लाह के नियत एक रास्ते पर चल रही है। ‡ काफ़िर एतराज़ करते थे कि नबी या रसूल साधारण मनुष्य के समान नहीं रहता। उसके [पेज ६०१ पर]

औ युल्क़ा अिलैहि कन्जुन् औ तकूनु लहू जन्नतुंय्यअ्कुलु मिन्हा तू व क़ालज्जालिमून अिन् तत्तबिअून अिल्ला रजुलम् - मस्हूरन् (८) अुन्ज़ुर् कैफ़ ज़रबू लकल् - अम्साल फ़ज़ल्लू फ़ला यस्ततीअून सबीलन् (९) ★ तबारकल्लजी अिन् शाअ जअल लक ख़ैरम्मिन् जालिक जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ला व यज्अल् लक क़ुसूरन् (१०) बल् कज्जबू बिस्साअति क़िफ़् व अ़त्दना लिमन् कज्जब बिस्साअति सअीरन् ज् (११) अिजा रअत्हुम् मिम्-मकानिम्-बअीदिन् समिअू लहा तग़ैयुजौंव ज़फ़ीरन् (१२) व अिजा अुल्क़ू मिन्हा मकानन् ज़ैयिक़म् - मुक़र्रनीन दअौ हुनालिक सुबूरन् तू (१३) ला तद्अुल् - यौम सुबूरौं - वाहिदौं- वद्अू सुबूरन् कसीरन् (१४) क़ुल् अजालिक ख़ैरुन् अम् जन्नतुल् - ख़ुल्दिल् - लती वुअिदल् - मुत्तक़ून तू कानत् लहुम् जज़ाअौंव मसीरन् (१५) लहुम् फ़ीहा मा यशाअून ख़ालिदीन तू कान अला रब्बिक वअ्दम् - मस्अूलन् (१६) व यौम यह्शुरुहुम् व मा यअ्बुदून मिन् दूनिल्लाहि फ़यक़ूलु अ अन्तुम् अज़्लल्तुम् अिबादी हाअुलाअि अम् हुम् ज़ल्लुस्सबील तू (१७) क़ालू सुब्हानक मा कान यम्बग़ी लना अन् नत्तख़िज मिन् दूनिक मिन् औलियाअ व लाकिम् - मत्तअ्तहुम् व आबाअहुम् हत्ता नसुज्जिक्रू ज् व कानू क़ौमम्बूरन् (१८) फ़क़द् कज्जबूकुम् बिमा तक़ूलून ला फ़मा तस्ततीअून सर्फ़ौंव ला नस्रन् ज् व मैंयज़्लिम् मिन्कुम् नुज़िक़्हु अ़जाबन् कबीरन् (१९) व मा अर्सल्ना क़ब्लक मिनल् - मुर्सलीन अिल्ला अिन्नहुम् लयअ्कुलूनत् - तआम व यम्शून फ़िल्अस्वाक़ि तू व जअल्ना बअ़्ज़कुम् लिबअ़्ज़िन् फ़ित्नतन् तू अतस्बिरून ज् व कान रब्बुक बसीरन् (२०) ★

रु. १ — आ ९ — १६

रु. २ — आ ११ — १७

॥ इति अठारहवाँ पारः ॥

या (ऐसा क्यों न हुआ कि) इस पर कोई ख़ज़ाना बरसा होता या इसके पास एक बाग़ होता कि उससे खाया करता। और ज़ालिम (आपस में) कहते हैं कि तुम तो ऐसे आदमी के पीछे हो गये हो कि जिस पर किसी ने ज दू कर दिया है। (८) (ऐ पैग़म्बर!) देखो तुम्हारी बाबत कैसी-कैसी मिसालें देते हैं सो (बिलकुल) गुमराह हो रहे हैं और फिर राह पर नहं आ सकते। (९) ★

वह (अल्लाह) ऐसा बरकतवाला है कि चाहे तो तुमको इससे बेहतर दे यानी ऐसे बाग़ कि जिनके नीचे नहरें बहती हों, और (बाग़ ही नहीं बल्कि) तुम्हारे लिए महल बना (खड़ा कर) दे। (१०) असली बात यह है कि यह लोग क़ियामत को झुठलाते हैं और जो लोग क़ियामत को झुठलाते हैं उनके लिए हमने (नरक की) आग तैयार कर रखी है। (११) जब वह (आग) उनको दूर से देखेगी तो वे उसकी (ग़ज़ब की) सनसनाहट और जोश-ख़रोश को सुनेंगे। (१२) और जब उस (नरक) की किसी तंग जगह में (ज़ंजीरों में) जकड़कर वे डाल दिये जायँगे तो वहाँ मौत को पुकारेंगे। (१३) (फ़रिश्ते कहेंगे कि) एक मौत को न पुकारो बल्कि बहुत मौतों को पुकारो ⊛। (१४) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) पूछो कि यह (दोज़ख़) बढ़कर है या हमेशा रहने के बाग़ जिसका वादा परहेज़गारों को मिला है; कि वह होगा (उनकी नेककारी का) उनका बदला और (आख़िरत में) उनका ठिकाना? (१५) और जो चीज़ वह चाहेंगे वहाँ मौजूद होगी हमेशा (वहीं) रहेंगे। यह वादा तेरे अल्लाह पर (पूरा करना) लाज़िम है और (यह वादा) माँगने के लायक़ है। (१६) और जिस दिन अल्लाह उन (काफ़िरों) को और (उन पूजितों को) जिनको यह अल्लाह के सिवाय पूजते हैं जमा करेगा फिर (इनके पूजितों से) पूछेगा कि आया तुमने मेरे इन बन्दों को गुमराह किया था या यह (आप से) आप गुमराह हो गये थे? (१७) (इनके पूजित) कहेंगे कि तेरी ज़ात पाक है, हमको यह बात किसी तरह शोभा नहीं देती थी कि (हम) तेरे सिवाय (अपने) दूसरे काम सँभालने वाले बनाते (फिर भला इनसे हम कैसे कहते कि अल्लाह के सिवाय हमारी भी पूजा करो?) बल्कि तूने इनको और इनके बाप दादों को (दुनिया में बसर करने को) आराम चैन दी, यहाँ तक कि वह (तेरी) याद को भुला बैठे और यह लोग (ख़ुद ही इस शिर्क के ज़िम्मेदार और) तबाह होनेवाले थे। (१८) (काफ़िरों से कहा जायगा) सो तुम्हारे इन पूजितों ने तुमको सारी बातों में झूठा साबित कर दिया। बस अब तुम न तो (हमारी सज़ा को) टाल सकते हो और न (किसी से) मदद ले सकते हो। और जो तुममें से (शरीक अल्लाह बनाकर) ज़ुल्म करेगा हम उसको बड़े अज़ाब का मज़ा चखायेंगे। (१९) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमसे पहले कितने ही रसूल भेजे, वह (सब भी साधारन आदमियों की तरह) खाना खाते थे और बाज़ारों में चलते-फिरते थे। और हमने तुममें एक को दूसरे की जाँच के लिए रखा है। तो देखें (सब्र पर) ठहरे रहते हो (या नहीं)। और तुम्हारा परवरदिगार सब देख रहा है। (२०) ★

॥ इति अठारहवाँ पारः ॥

[पेज ५९९ से] साथ हर समय एक फ़रिश्ता रहता है, जो दूसरों को बताता रहता है कि यह नबी या रसूल हैं। या रसूल में कोई अलौकिक चमत्कार होने चाहिए। इसी तौर पर क़ुर्आन को ईश्वरी ग्रंथ मानने से भी इन्कार करते व कहते कि यह रसूल स० ने कुछ लोगों की सांठ-गांठ से ख़ुद गढ़ लिया है।

⊛ यानें मौत पाकर तो पीड़ा से छुटकारा हो जायगा। नहीं, बार बार मरने जैसी पीड़ा भुगतो और फिर भी मांगे मौत न पाओ। ‡ पैग़म्बर हैं काफ़िरों का ईमान जाँचने को और काफ़िर हैं पैग़म्बरों का सब्र जाँचने को कि काफ़िरों के ज़ुल्म पर कितना ठहरे रह सकते हैं।

★ रू. १ | १६ आ. ६

★ रू. १ | १७ आ. १

☆☆ उन्नीसवाँ पारः व क़ालल्लज़ीन ☆☆

☆ सूरतुल्-फ़ुर्क़ानि आयात २१ से ७७ ☆

व क़ालल्लज़ीन ला यर्जून लिक़ा'अना लौ ला' अुन्ज़िल अलैनल् - मला'इकतु औ नरा रब्बना त् लक़दिस्तक्बरू फ़ी' अन्फ़ुसिहिम् व अतौ अुतूवन् कबीरन् (२१) यौम यरौनल् - मला'इकत ला बुश्रा यौमअिज़िल् - लिल्मुज्रिमीन व यक़ूलून हिज्रम् - महूज़ूरन् (२२) व क़दिम्ना' अिला मा अमिलू मिन् अमलिन् फ़जअल्नाहु हबा'अम् - मन्सूरन् (२३) अस्हाबुल् - जन्नति यौमअिज़िन् ख़ैरुम् - मुस्तक़र्रौंव अह्सनु मक़ीलन् (२४) व यौम तशक़्क़क़ुस्समा'अु बिल्ग़मामि व नुज़्ज़िलल् - मला'इकतु तन्ज़ीलन् (२५) अल्मुल्कु यौमअिज़िनिल्-हक़्क़ु लिर्रहमानि त् व कान यौमन् अलल् - काफ़िरीन असीरन् (२६) व यौम यअज़्ज़ुज़्ज़ालिमु अला यदैहि यक़ूलु यालैतनित्तख़ज़्तु मअर्रसूलि सबीलन् (२७) या वैलता लैतनी लम् अत्तख़िज् फ़ुलानन् ख़लीलन् (२८) लक़द् अज़्ल्लनी अनिज्जिक्रि बअ्द अिज्जा'अनी त् व कानश्शैतानु लिल्अिन्सानि ख़ज़ूलन् (२९) व क़ालर्रसूलु या रब्बि अिन्न क़ौमित्तख़ज़ू हाजल् - क़ुर्आन महूज़ूरन् (३०) व कजालिक जअल्ना लिकुल्लि नबीयिन् अदूवम्मिनल्-मुजरिमीन त् व कफ़ा बिरब्बिक हादियौंव नसीरन् (३१) व क़ालल्लज़ीन कफ़रू लौ ला नुज़्ज़िल अलैहिल्-क़ुर्आनु जुम्लतौंवाहिदतन् ज ∴ कजालिक ज ∴ लिनुसब्बित बिहि फ़ुआदक व रत्तल्नाहु तर्तीलन् (३२) व ला यअ्तूनक बिमसलिन् अिल्ला जिअ्नाक बिल्हक़्क़ि व अह्सन तफ़्सीरन् त् (३३) अल्लज़ीन युह्शरून अला वुजूहिहिम् अिला जहन्नम ला अुलाअिक शर्रुम्-मकानौंव अज़्ल्लु सबीलन् (३४) ★ व लक़द् आतैना मूसल्-किताब व जअल्ना मअहू अख़ाहु हारून वज़ीरन् ज सला (३५) फ़क़ुल्नज़्हबा' अिलल् - क़ौमिल्लज़ीन कज्जबू बिआयातिना त् फ़दम्मर्नाहुम् तद्मीरन् त् (३६)

मु. अि. मु न क़. ७ ★ रु. ३ १ आ १४

✪✪ उन्नीसवाँ पारः (व क़ालल्लजीन) ✪✪

✪ सूरतुल् फ़ुर्क़ानि आयत २१ से ७७ ✪

और जो लोग हमसे (क़ियामत में) मिलने की उम्मीद नहीं रखते वह कहा करते हैं कि हम पर फ़रिश्ते क्यों नहीं उतरे या हम अपने परवरदिगार को देखें (तो यक़ीन करें)। इन लोगों ने अपने दिलों में अपना बड़ा बड़प्पन समझ रखा है और (इसी मद में) सरकशी में हद से बहुत बढ़ गये हैं। (२१) जिस दिन लोग फ़रिश्तों को देखेंगे उस दिन गुनहगारों को कोई ख़ुशी (की बात) न होगी§ और (फ़रिश्तोंको देखकर) चिल्ला उठेंगे कि या पनाह! किसी आड़ में हो जायँ। (२२) और (दुनिया में) यह लोग जो करनी कर गये हैं अब हम उनकी तरफ़ ध्यान देंगे, फिर उनको बिखरी हुई धूल कर देंगे। (२३) जन्नतवालों का उस दिन ख़ूब ही ठिकाना होगा और दोपहर को आराम करने की जगह भी ख़ूब ही मिलेगी। (२४) और जिस दिन आसमान फटकर बादल नमूदार होगा और फ़रिश्ते (पर फ़रिश्ते) उतारे जायँगे (२५) उस दिन रहमान (उस अल्लाह ही) का सच्चा राज्य होगा। और वह दिन काफ़िरों पर (बहुत) कठिन होगा (२६) और जिस दिन गुनहगार अपने हाथ चबा-चबा लेगा और (पछतायेगा व) कहेगा कि काश किसी तरह मैंने पैग़म्बर के साथ राह पकड़ी होती। (२७) हाय मेरी कमबख़्ती! काश मैंने फ़लाँ (को मानकर उस) को दोस्त न बनाया होता। (२८) उसने तो मुझ तक नसहीत आने के बाद भी मुझको बहका दिया। और शैतान बेशक आदमियों को समय पर दग़ा देनेवाला है (२९) और (उस समय) पैग़म्बर (मुहम्मद स० अल्लाह के सामने) अर्ज़ करेंगे कि ऐ मेरे परवरदिगार! मेरी क़ौम ने इस क़ुर्आन को बकवाद ठहराया। (३०) और (ऐ पैग़म्बर! जिस तरह तुम्हारे ज़माने के काफ़िर तुम्हारे दुश्मन हैं) इसी तरह गुनहगारों को हम हर एक पैग़म्बर के दुश्मन बनाते आये हैं और (बावजूद इन काफ़िरों की दुश्मनी के) हिदायत देने और मदद करने को तुम्हारा परवरदिगार काफ़ी है। (३१) और जो काफ़िर हैं वे कहते हैं कि इस (पैग़म्बर) पर क़ुर्आन सारे का सारा एक दम से क्यों नहीं उतारा गया, सो इसी तरह हमें उतारना था ताकि हम इसके द्वारा तुम्हारे दिल को मज़बूती देते रहें और (इसलिए) हम उसे ठहर-ठहरकर उतारते हैं। (३२) और (इसमें यह मसलहत भी है कि जब) जो मिसाल (या एतराज़) यह तेरे पास लाते हैं, हम उसका ठीक जवाब और अच्छा बयान तुझे (समय-समय पर) देते रहते हैं। (३३) जो लोग औंधे मुँह नरक की तरफ़ हाँके जायँगे, यही लोग बुरी जगह में होंगे और वही राह से बहुत भटके हुए हैं। (३४) ★

और हमने मूसा को किताब (तौरात) दी और काम बनाने को उनके भाई हारून को उनका मददगार कर दिया। (३५) फिर हमने आज्ञा दी कि दोनों (भाई) उन लोगों के पास जाओ जिन्होंने हमारी आयतों को झुठलाया है। तो हमने उन (झुठलाने पर अड़े रहने वाले) लोगों को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। (३६)

§ फ़रिश्तों का दुनिया में उतरना मानो ज़ालिमों पर तबाही का आना है। फिर उस तबाही से बचने या अपने आमाल सुधारने का मौक़ा नहीं रहता।

★ रु. ३१/१ आ १४

व क़ौम नूहिल्लम्मा कज्जबुर्रुसुल अग़्रक़्नाहुम् व जअल्नाहुम् लिन्नासि आयतन् त़ व अअ़्तद्ना लिज़्ज़ालिमीन अ़जाबन् अलीमन् ज़ सला (३७) व'व आदौंव समूद व अस़्हाबर्रस्सि व क़ुरूनम् - बैन जालिक कसीरन् (३८) व कुल्लन् ज़रब्ना लहुल् - अम्साल ज़ व कुल्लन् तब्बर्ना तत्बीरन् (३९) व लक़द् अतौ अ़लल् - क़र्यतिल्लती उम्तिरत् मतरस्सौअि त़ अफ़लम् यकूनू यरौनहा ज़ बल् कानू ला यर्जून नुशूरन् (४०) व अिजा रअौक अिंयत्तख़िज़ूनक अिल्ला हुज़ुवन् त़ अहाज़ल्लज़ी बअ़सल्लाहु रसूलन् (४१) अिन् काद लयुज़िल्लुना अ़न् आलिहतिना लौ ला अन् सबर्ना अ़लैहा त़ व सौफ़ यअ़्लमून ह़ीन यरौनल् - अ़जाब मन् अज़्ल्लु सबीलन् (४२) अरअैत मनित्तख़ज़ अिलाहहू हवाहु त़ अफ़अन्त तकूनु अ़लैहि वकीलन् ला (४३) अम् तह़्सबु अन्न अक्सरहुम् यस्मअ़ून औ यअ़्क़िलून त़ अिन् हुम् अिल्ला कल्अन्आमि बल् हुम् अज़्ल्लु सबीलन् (४४) ★

अलम् तर अिला रब्बिक कैफ़ मद्ज़िल्ल ज़ व लौ शा'अ लजअ़लहू साकिनन् ज़ सुम्म जअ़ल्नश्शम्स अ़लैहि दलीलन् ला (४५) सुम्म क़बज़्नाहु अिलैना क़ब्ज़ँ - यसीरन् (४६) व हुवल्लज़ी जअ़ल लकुमुल्लैल लिबासौंवन्नौम सुबातौंव जअ़लन्नहार नुशूरन् (४७) व हुवल्लज़ी अर्सलर्रियाह़ बुश्रम् - बैन यदै रह़्मतिहत़ ज़ व अन्ज़ल्ना मिनस्समा'अि मा'अन् तहूरन् ला (४८) ल्'लिनुह़्यिय बिहत़ बल्दतम् - मैतौंव नुस्क़ियहू मिम्मा ख़लक़्ना अन्आमौंव अनासीय कसीरन् (४९) व लक़द् सर्रफ़्नाहु बैनहुम् लियज़्ज़क्करू ज़ सला फ़अबा अक्सरुन्नासि अिल्ला कुफ़ूरन् (५०) व लौ शिअ्ना लबअ़स्ना फ़ी कुल्लि क़र्यतिन् नजीरन् ज़ सला (५१) फ़ला तुतिअिल् - काफ़िरीन व जाहिद्हुम् बिहत़ जिहादन् कबीरन् (५२)

और नूह् की क़ौम ने जब पैग़म्बरों को झुटलाया तो हमने उनको डुबो दिया और उनको लोगों के लिए निशानी (उदाहरण) बना दिया। और हमने अन्यायियों के लिए दुखदाई सज़ा तैयार कर रखी है। (३७) (इसी तरह) आद और समूद और अर्रस्स (कुएँ) वालों† और उनके बीच बीच में और बहुत से गरोहों को (हमने मिटा दिया)। (३८) और हमने (इन) सबों को मिसालें दे देकर समझाया था और (आख़िरकार न मानने पर) उन सबको मिटा मारा। (३९) और यह (मक्के के काफ़िर) ज़रूर (क़ौम लूत की) उस बस्ती पर से गुज़रे होंगे जिस पर बुरा पथराव बरसाया गया था, तो क्या उन्होंने उन (तबाह खण्डहरों) को देखा न होगा, मगर इन लोगों को (मरने के बाद) जी उठने की उम्मीद ही नहीं (तो ये क्यों इन मिसालों से नसीहत लें और क्यों ये ईमान लायें?) (४०) और (ऐ पैग़म्बर!) जब यह लोग तुमको देखते हैं तुम्हारा मज़ाक उड़ाने लगते हैं (और छेड़ने के तौर पर कहते हैं) कि क्या यही (जाते शरीफ़) हैं जिनको अल्लाह ने रसूल बनाकर भेजा है? (४१) (और कहते हैं कि) अगर हम (अपनी मूर्तियों की पूजा पर) जमे न रहते तो इस शख़्स ने तो हमको हमारे पूजितों से फिरा ही दिया था। और चन्द रोज़ बाद (क़ियामत के दिन) जब यह लोग अज़ाब को देख लेंगे तो जान लेंगे कि कौन ज्यादः गुमराह था। (४२) (ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने उस शख़्स पर भी नज़र की जिसने अपनी ख़्वाहिशों को अपना इष्टदेव (पूज्य) बना रखा है, तो क्या तुम उस (को राहरास्त पर लाने) के ज़िम्मेदार हो सकते हो? (४३) या तुम (इस ख़ाम-) ख़्याल में हो कि इन (काफ़िरों) में अक्सर (ऐसे हैं जो) सुनते या समझते हैं? यह तो चौपायों की तरह (विवेक शून्य) हैं बल्कि यह (उनसे भी गये-गुज़रे) ज्यादः राह से बहँके हुए हैं। (४४) ★

(ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने अपने परवरदिगार की तरफ़ नहीं देखा कि उसने साये को क्योंकर फैला रखा है और अगर चाहता तो उसको ठहराये रहता। फिर हमने सूरज को साया का रहनुमा†† ठहरा दिया। (४५) फिर हमने साया को धीरे-धीरे अपनी तरफ़ समेट लिया। (४६) और वही है जिसने तुम्हारे लिए रात को ओढ़ना और नींद को आराम बनाया और दिन लोगों के (रोज़ी के लिए) चलने-फिरने को बनाया। (४७) और वही है जो हवाओं को अपनी रहमत की खुशख़बरी (यानी वर्षा का शुभ समाचार) देने को भेजता है और (उसके बाद) हम ही आसमान से पाक (स्वच्छ) पानी उतारते हैं। (४८) ताकि उसके द्वारा मुर्दा (सूखी) ज़मीन में जान डाल दें और अपने पैदा किये हुए बहुत से चौपायों और आदमियों को उससे पानी पिलावें। (४९) और हमने लोगों में उस (पानी) को तरह-तरह से बाँटा ताकि (लोग महज़ एक पानी ही के तरह तरह के इन्तज़ाम देखकर अल्लाह की क़ुदरत व रहमत पर) ध्यान दें। लेकिन अक्सर लोगों ने नाशुक्री के अलावा कुछ न माना (५०) और अगर हम चाहते तो हर बस्ती में डर सुनानेवाला (यानी पैग़म्बर) उठा खड़ा करते। (५१) तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम काफ़िरों का कहा न मानना और इस (क़ुर्आन की दलीलों) से उनका सामना बड़े ज़ोर से करो। (५२)

† अर्रस्स कुएँ को कहते हैं। यह क़ौम एक कुएँ के किनारे आबाद थी जो पहले बहुत खुशहाल हो कर बाद में गुनहगार हुई और अल्लाह के अज़ाब में तबाह हुई। †† साये का घटना बढ़ना और हटना सब सूरज पर ही निर्भर है।

★ रु. ४ । ७ । आ १०

व हुवल्लजी मरजल् - बह्रैनि हाज़ा अज़्बुन् फ़ुरातूँव हाज़ा मिल्हुन् अुजाजुन् ज् व जअल बैनहुमा बर्ज़ख़ौंव हिज्रम् - महूज़ूरन् (५३) व हुवल्लजी ख़लक़ मिनल्मा'अि बशरन् फ़जअलहू नसबौंव सिह्रन् त् व कान रब्बुक क़दीरन् (५४) व यअ़्बुदून मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अुहुम् व ला यज़ुर्रुहुम् त् व कानल्काफ़िरु अला रब्बिहि ज़हीरन् (५५) व मा' अर्सल्नाक अिल्ला मुबश्शिरौंव नज़ीरन् (५६) क़ुल् मा' अस्अलुकुम् अलैहि मिन् अज्रिन् अिल्ला मन्शा'अ अैंयत्तख़िज अिला रब्बिहि सबीलन् (५७) व तवक्कल् अलल् - हैयिल्लज़ी ला यमूतु व सब्बिह् बिहम्दिहि त् व कफ़ा बिहि बिज़ुनूबि

नि' अिबादिहि ख़बीरन् ज् ला (५८) ∴ अल्लज़ी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा फ़ी सित्तति अैयामिन् सुम्मस्तवा अलल्अर्शि ज् ∴ अर्रह्मानु फ़स्अल् बिहि ख़बीरन् (५९) व अिज़ा क़ील लहुमुस्जुदू लिर्रह्मानि क़ालू व मर्रह्मानु क् अनस्जुदु लिमा तअ्मुरुना व ज़ादहुम् नुफ़ूरन् (६०) ★ ▲ तबारकल्लज़ी जअल फ़िस्समा'अि बुरूजौंव जअल फ़ीहा सिराजौंव क़मरम् - मुनीरन् (६१) व हुवल्लज़ी जअलल्लैल वन्नहार ख़िल्फ़तल्लिमन् अराद अैंयज़्ज़क्कर औ अराद शुकूरन् (६२) व अिबादुर्रह्मानिल्लज़ीन यम्शून अलल्अर्ज़ि हौनौंव अिज़ा ख़ातबहुमुल् - जाहिलून क़ालू सलामन् (६३) वल्लज़ीन यबीतून लिरब्बिहिम् सुज्जदौंव क़ियामन् (६४) वल्लज़ीन यक़ूलून रब्बनस्रिफ़् अन्ना अज़ाब जहन्नम क् सला अिन्न अज़ाबहा कान ग़रामन् क् सला (६५) अिन्नहा सा'अत् मुस्तक़र्रौंव मुक़ामन् (६६) वल्लज़ीन अिज़ा' अन्फ़क़ू लम् युस्रिफ़ू व लम् यक़्तुरू व कान बैन ज़ालिक क़वामन् (६७)

∴ मु. अिं मु त क़. ८ ★ रु. ५ - ३ आ १६ ▲ स ज् दः ७

और वही है जिसने दो दरियाओं को मिला (-मिला) चलाया—एक (का पानी) मीठा प्यास बुझानेवाला और एक (का) खारी कड़वा, और दोनों में एक आड़ और मज़बूत रोक बना दी।† (५३) और वही है जिसने पानी (की बूँद) से आदमी को पैदा किया, फिर उसको साहिबे नसब (यानी किसी का बेटा या बेटी) और ससुराल वाला (यानी किसी का दामाद-बहू) बनाया। और तुम्हारा परवरदिगार हर चीज़ करने पर शक्तिमान है। (५४) और (काफ़िर) अल्लाह के सिवाय ऐसों को पूजते हैं जो न उनको नफ़ा पहुँचा सकते हैं और न (उनको) नुक़सान (पहुँचा सकते हैं)। और काफ़िर तो अपने परवरदिगार से पीठ दिये हुए (मुहँ मोड़े) हैं। (५५) और (ऐ पैग़म्बर !) हमने तुमको खुशख़बरी सुनाने और (सिर्फ़ अज़ाब से) डराने के लिए भेजा है। (५६) (इन लोगों से) कहो कि मैं तुमसे इस (अल्लाह के हुक्म) पर कुछ मज़दूरी नहीं माँगता, हाँ जो चाहे अपने परवरदिगार तक पहुँचने की राह इख़्तियार कर ले। (५७) और (ऐ पैग़म्बर !) उस ज़िन्दा (चैतन्य) पर भरोसा रखो जो कभी मरने वाला नहीं और तारीफ़ के साथ उसकी पाकी बयान करते रहो और अपने बन्दों के गुनाहों से वह काफ़ी ख़बरदार है (५८) जिसने आसमानों और ज़मीन और जो कुछ उनके बीच में है (सबको) छः दिन में पैदा किया, फिर तख़्त पर बिराजा। (वह अल्लाह बड़ा) रहमान है, तो उसकी ख़बर किसी बाख़बर (इल्मवाले) से पूछ देखो। (५९) और जब काफ़िरों से कहा जाता है कि 'रहमान' के आगे सज्दः करो तो कहते हैं कि 'रहमान' क्या चीज़ है ? क्या जिसके आगे तुम हमें सज्दः करने को कहो उसी के आगे झुकने लगें ? और उनकी नफ़रत बढ़ती (ही जाती) है।(६०) ★ ▲

बड़ी बरकत है उस (अल्लाह) की जिसने आसमान में बुर्ज§ बनाये और उसमें (सूरज जैसा रौशन) चिराग़ और चाँद (जैसा) उजाला करनेवाला रखा। (६१) और वही है जिसने रात और दिन को जो एक के बाद एक आते-जाते रहते हैं ठहराया, उन लोगों के लिए जो ग़ौर करना चाहें या शुक्रगुज़ार होना चाहें। (६२) और रहमान के बन्दे तो (असल में) वह हैं जो ज़मीन पर आजिज़ी (नम्रता) के साथ चलते हैं और जब जाहिल उनसे बातें करने लगते हैं तो कहते हैं 'सलाम है' ♦, (६३) और (रहमान के बन्दे वह हैं) जो रात अपने परवरदिगार के आगे सजदः करने और खड़े रहने में बसर करते हैं।ॐ (६४) और (रहमान के बन्दे वह हैं) जो कहते हैं ऐ परवरदिगार ! दोज़ख़ के अज़ाब को हमसे दूर रख, बेशक उसका अज़ाब बड़ी बला है। (६५) (और) वह ठहरने और रहने की बहुत बुरी जगह है। (६६) और जब वह ख़र्च करते हैं तो फ़ज़ूल ख़र्च नहीं करते और न तंगी (कंजूसी ही) करते हैं बल्कि उनका ख़र्च औसत दर्जे का होता है। (६७)

† यानी नदी जब समुद्र में गिरती है तब दोनों पानी (संगम की हालत में) मिलकर भी अपने अलग अलग मीठे और खारी स्वाद को क़ायम रखते हैं। यह भी मुराद है कि दोनों पानी हैं फिर भी स्वाद अलग अलग। यह भी अल्लाह की क़ुदरत का चमत्कार है कि दोनों पानी ज़ाहिर मिले हैं लेकिन दर परदः कोई ज़रूर रोक है जो उनके स्वाद को मिलने नहीं देती। § बुर्ज शायद १२ राशियों से मुराद है। ♦ यानी वह इनसे उन्हीं की तरह मूर्खता व हुज्जत का व्यवहार नहीं करते बल्कि सलाम करके किनारा कर लेते हैं। ॐ यानी दिन में तो नमाज़ों के वक़्त सभी के लिए मुक़र्रर हैं। रात में भी जब एकान्त में होते हैं तब उस अल्लाह ही की याद में लगे रहते हैं।

रु. ५/३ आ १६ ▲ स ज्दः ७

वल्लजान ला यद्अून मअ़ल्लाहि अिलाहन् आख़र व ला यक़्तुलूनन् - नफ़्सल्लती हर्रमल्लाहु अिल्ला बिल्हक़्क़ि व ला यज़्नून ज़ व मैंयफ़्अ़ल् जालिक यल्क़ असामन् ला (६८) युज़ाअ़फ़् लहुल्अ़जाबु यौमल्क़ियामति व यख़्लुद् फ़ीहीं मुहानन् क़ सुला (६९) अिल्ला मन् ताब व आमन व अ़मिल अ़मलन् सालिहन् फ़अुलाअिक युबद्दिलुल्लाहु सैयिआतिहिम् हसनातिन् ज़ व कानल्लाहु ग़फ़ूरर् - रहीमन् (७०) व मन् ताब व अ़मिल सालिहन् फ़अिन्नहू यतूबु अिलल्लाहि मताबन् (७१) वल्लजीन ला यश्हदूनज़् - ज़ूर ला व अिजा मरू बिल्लग़्वि मरू किरामन् (७२) वल्लजीन अिजा जुक्किरू बिआयाति रब्बिहिम् लम् यख़िर्रू अ़लैहा सुम्मौ-व अुम्यानन् (७३) वल्लजीन यक़ूलून रब्बना हब्लना मिन् अज़्वाजिना व जुर्रोयातिना क़ुर्रत अ़्युनिंव्वज्अ़ल्ना लिल्मुत्तक़ीन अिमामन् (७४) अुलाअिक युज़्ज़ौनल्-ग़ुर्फ़त बिमा सबरू व युलक़्क़ौन फ़ीहा तहीयतौंव सलामन् ला (७५) ख़ालिदीन फ़ीहा ज़ हसुनत् मुस्तक़र्रौंव मुक़ामन् (७६) क़ुल् मा यअ़बअु बिकुम् रब्बी लौ ला दुआअुकुम् ज़ फ़क़द् कज्जब्तुम् फ़सौफ़ यकूनु लिज़ामन् (७७) ★ ●

॥ इति मंज़िल ४ ॥

✪ २६ सूरतुश् - शुअ़रा'अि ४७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ५६८६ हुरूफ़, १३४७ शब्द, २२७ आयतें और ११ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

ता-सी'म्-मी'म् (१) तिल्क आयातुल् - किताबिल् - मुबीनि (२) लअ़ल्लक बाख़िअुन् नफ़्सक अल्ला यकूनू मुअ्मिनीन (३) अिन् नशअ् नुनज़्ज़िल् अ़लैहिम् मिनस्समा'अि आयतन् फ़ज़ल्लत् अ़ऩाक़ुहुम् लहा ख़ाज़िअ़ीन (४) व मा यअ़्तीहिम् मिन् ज़िक्रिम् - मिनर्रहमानि मुह्दसिन् अिल्ला कानू अ़न्हु मुअ़रिज़ीन (५) फ़क़द् कज्जबू फ़सयअ़्तीहिम् अम्बाअु मा कानू बिहीं यस्तहज़िअून (६)

और (रहमान के बन्दे वह हैं) जो अल्लाह के साथ (किसी) दूसरे को (पूज्य मानकर) न पुकारें और वृथा किसी आदमी को जान से न मारें जिसको अल्लाह ने मना किया है सिवाय जहाँ (शरीअ़त के मुताबिक़ क़त्ल) मुनासिब हो और (जो ज़िना यानी) बदकारी नहीं करते। और जो कोई यह काम करेगा वह गुनाह की सज़ा भुगतेगा। (६८) क़ियामत के दिन उसको दोहरी सज़ा (यानी बढ़ा चढ़ा कर) दी जावेगी और अपमान के साथ उसी हाल में हमेशा पड़ा रहेगा। (६९) मगर जिसने तौबः की और ईमान लाया और नेक काम किये तो अल्लाह ऐसे लोगों के गुनाहों को नेकियों से बदल देगा और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (७०) और जिसने तौबः की और भले काम किये तो वह हक़ीक़त में अल्लाह की तरफ़ पलट कर आता है (उस नेक़बख़्त जगह पर) जिसका उसको हक़ है। (७१) और वही (रहमान के बन्दे हैं) जो झूठी गवाही नहीं देते और जब बेहूदा चीज़ों के पास होकर गुज़रें तो शराफ़त के साथ (बचते हुए) गुज़र जावें। (७२) और वह लोग जब उनके परवरदिगार की आयतें उनको सुनाई जावें तो उन पर अन्धे और बहरे हो कर नहीं गिरते (यानी ध्यान से सुनते-समझते हैं)। (७३) और जो दुआएँ माँगते हैं कि ऐ परवरदिगार ! हमको हमारी बीबियों और संतान से आँखों की ठंडक दे (यानी वे भी ऐसे नेक हों कि उनके बरताव से व उनकी आक़िबत को अन्दाज़ कर चैन मिले) और हमको परहेज़गारों का पेशवा बना। (७४) यही (रहमान के ख़ास बन्दे) हैं जिनको (उनके सब्र के) बदले में (जन्नत में रहने को) ऊँचे महल मिलेंगे और दुआ और सलाम के साथ वहाँ उनका इस्तक़बाल (स्वागत) किया जायगा। (७५) (और यह लोग) उनमें हमेशा रहा करेंगे। क्या ही अच्छी जगह ठहरने के लिए है और क्या ही अच्छी जगह रहने के लिए है। (७६) (ऐ पैग़म्बर !) कह दो कि मेरा परवरदिगार तुम्हारी कुछ परवाह नहीं करता अगर तुम उसे न पुकारो। जबकि तुमने (उसकी आयतों को) झुठलाया है तो अब तो उसकी सज़ा तुम्हारे लिए लाज़िमी है। (७७) ★ ●

॥ इति मंज़िल ४ ॥

✪ २६ सूरतुश्शुअ़रा॥अि ४७ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ५६८६ हुरूफ़, १३४७ शब्द, २२७ आयतें और ११ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ता - सी॥म्-मी॥म् (१) यह उसी खुली हुई किताब की आयतें हैं (जिसका मतलब स्पष्ट है।) (२) (ऐ पैग़म्बर !) शायद तू अपनी जान दे दे (इस ग़म में) कि यह लोग ईमान नहीं लाते† ? (३) अगर हम चाहें तो इन पर आसमान से एक निशानी (अभी) उतार दें (और) तब इनकी गर्दनें उसके आगे झुककर रह जायें। (४) और जब कभी रहमान (अल्लाह) के पास से उनके पास कोई (भी नसीहत की) नई बात आती है तो उससे मुंह मोड़े बग़ैर नहीं रहते। (५) सो यह लोग तो झुठला चुके अब इनको उस (अ़ज़ाब) की हक़ीक़त मालूम हो जायगी जिसकी हँसी उड़ाया करते थे। (६)

★ रु. ६।४ आ १७ ● रु ब अ़. १।४

* काफ़िर नबी स० के ऊपर जुनूनी, कहानी गढ़नेवाले व इसी तरह के जो आरोप लगाते [पिज ६१३ पर]

† मुहम्मद साहब स० इस बात से बहुत दुखी रहते थे कि काफ़िर ईमान नहीं लाते हैं। यह आयतें उनको संतोष दिला रही हैं।

अवलम् यरौ अिलल्अर्ज़ि कम् अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिन् करीमिन् (७) अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयत्न् त़ व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (८) व अिन्न रब्बक लहुवल् - अ़ज़ीज़ुर्रहीमु (९) ★ व अिज़्नादा रब्बुक मूसा' अनिअ्तिल् - क़ौमज़् - ज़ालिमीन ला (१०) क़ौम फ़िर्अ़ौन त़ अला यत्तक़ून (११) क़ाल रब्बि अिन्नी' अख़ाफ़ु अ़ँयुकज्जिबूनि त़ (१२) व यज़ीक़ु सद्री व ला यन्तलिक़ु लिसानी फ़अर्सिल् अिला हारून (१३) व लहुम् अ़लैय जम्बुन् फ़अख़ाफ़ु अ़ँयक़्तुलूनि ज् (१४) क़ाल कल्ला ज् फ़ज़्हबा बिआयातिना' अिन्ना मअ़कुम् मुस्तमिअ़ून (१५) फ़अ्तिया फ़िर्अ़ौन फ़क़ूला' अिन्ना रसूलु रब्बिल् - आलमीन ला (१६) अन् अर्सिल् मअ़ना बनी' अिस्रा'ओील त़ (१७) क़ाल अलम् नुरब्बिक फ़ीना वलीदौंव लबिस्त फ़ीना मिन् अ़ुमुरिक सिनीन ला (१८) व फ़अ़ल्त फ़अ़ल्तकल्लती फ़अ़ल्त व अन्त मिनल्काफ़िरीन (१९) क़ाल फ़अ़ल्तुहा' अिज़ौंव अना मिनज़्ज़ा'ल्लीन त़ (२०) फ़फ़रर्तु मिन्कुम् लम्मा ख़िफ़्तुकुम् फ़वहब ली रब्बी हुक्मौंव जअ़लनी मिनल् - मुर्सलीन (२१) व तिल्क निअ़्मतुन् तमुन्नुहा अ़लैय अन् अ़ब्बत्त बनी' अिस्रा'ओील त़ (२२) क़ाल फ़िर्अ़ौनु व मा रब्बुल् - आलमीन त़ (२३) क़ाल रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा त़ अिन् कुन्तुम् मूक़िनीन (२४) क़ाल लिमन् ह़ौलहू' अला तस्तमिअ़ून (२५) क़ाल रब्बुकुम् व रब्बु आबा'अिकुमुल् - औवलीन (२६) क़ाल अिन्न रसूलकुमुल्लज़ी' अुर्सिल अिलैकुम् लमज़्नूनुन् (२७) क़ाल रब्बुल् - मश़्रिक़ि वल् - मग़्रिबि व मा बैनहुमा त़ अिन् कुन्तुम् तअ़क़िलून (२८)

क्या इन लोगों ने ज़मीन की तरफ़ नहीं देखा कि हमने भाँति-भाँति की अच्छी चीज़ें कितनी उसमें पैदा की हैं। (७) बेशक इसमें (क़ुदरते इलाही की) निशानी है। मगर इनमें से अक्सर ईमान लानेवाले नहीं हैं। (८) और तुम्हारा परवरदिगार बड़ा ज़बर्दस्त है (लेकिन साथ ही बेहद) रहमवाला है। (९) ★

और (ऐ पैग़म्बर ! इनको वह समय याद दिलाओ) जब तेरे परवरदिगार ने मूसा को बुलाया (और हुक्म दिया) कि (उन) ज़ालिम लोगों के पास जाओ। (१०) (यानी) फ़िरऔन की क़ौम के पास, क्या वह लोग (अपने ही को क़ादिर मुतलक़ समझकर) बिलकुल नहीं डरते (कि उनके ऊपर भी अल्लाह जैसी हस्ती है) ? (११) (मूसा ने) अर्ज़ किया कि ऐ परवरदिगार ! मैं डरता हूँ कि वह मुझे झुठलायेंगे। (१२) और (बातें करने में) मेरा दम रुकता है और मेरी ज़बान नहीं चलती (हक़लाती है), इसलिए हारून के ज़रिये पैग़ाम भेज दे। (१३) और मेरे ज़िम्मे एक गुनाह का उनका दावा भी है (कि मैंने एक क़िब्ती को मार दिया था†) सो मैं डरता हूँ कि मुझको मार डालें। (१४) (अल्लाह ने) फ़र्माया हरगिज़ नहीं ! तुम दोनों (भाई) हमारी निशानियाँ लेकर जाओ। हम तुम्हारे साथ सुननेवाले हैं।(१५) तो (दोनों) फ़िरऔन के पास जाओ और कहो कि हम सारे संसार के पालनहार के (भेजे हुए) पैग़ाम लाये हैं। (१६) (कि) तू इसराईल के बेटों को हमारे साथ जाने देंछ। (१७) फ़िरऔन ने (मूसा अ. से) कहा क्या हमने तुझको अपने यहाँ (रखकर) बच्चे की तरह नहीं पाला और तूने अपनी उम्र के बरस हाँ बरस हमारे यहाँ नहीं गुज़ारे ? (१८) और तूने वह जो हरकत की थी, वह की (यानी क़िब्ती का ख़ून), और तू (बिलकुल) नाशुक्रा है। (१९) (मूसा ने) कहा कि हाँ, मैं (उस मौक़े पर) वह (हरकत) कर बैठा था और मुझसे भूल हुई थी। (२०) फिर जब मुझको तुमसे डर लगा मैं भाग गया। फिर मेरे पालनहार ने मुझे हुक्म इनायत किया और मुझे रसूलों में दाख़िल किया। (२१) और (क्या) यही इहसान है जो तू मुझपर रखता है कि तूने इसराईल की संतान को ग़ुलाम बना रखा है§ ? (२२) (पालनहार का नाम मूसा अ० के मुंह से सुनकर) फ़िरऔन ने पूछा तमाम जहान का पालनहार क्या (माने) ? (२३) (मूसा अ. ने) कहा, आसमानों और ज़मीन का पालनहार ! और जो कुछ उनके बीच में है उसका भी ! बशर्ते कि तुम यक़ीन करो। (२४) फ़िरऔन ने अपने आस पास के दरबारियों से कहा क्या तुम (मूसा की) बातें नहीं सुनते ? (२५) (मूसा अ. ने) कहा तुम लोगों का पालनहार और तुम्हारे गुज़रे हुए बाप-दादों का पालनहार ! (२६) (फ़िरऔन ने लोगों से) कहा कि (हो न हो यह) पैग़म्बर जो तुम्हारे पास भेजा गया है बावला है। (२७) (मूसा अ. ने फिर) कहा (वही) पूर्व और पश्चिम का और जो कुछ उनके बीच में है सबका पालनहार है, बशर्ते कि तुम अक़्ल से काम लो। (२८)

† देखिये सूरः क़सस आयत १५ से २१ पृष्ठ ६४३। छ बनी इस्राईल (यहूदियों) का वतन मुल्क शाम था। हज़रत यूसुफ़ अ० के वक़्त से मिस्र में आबाद हुये (देखें सूरः यूसुफ़)। कितनी ही मुद्दत गुज़र गई। अब मिस्र में फ़िरऔन की हुकूमत थी जो यहूदियों पर ज़ुल्म करते और उनसे बेगार लेते थे। अल्लाह ने चाहा कि उनको छुटकारा दिला कर फिर उनके वतन मुल्क शाम को पहुँचा दे। चुनांचे ह० मूसा अ० जो मिस्र ही में पहले रहते थे और जिन्होंने वहाँ एक क़िब्ती को हलाक कर दिया था और उसकी सज़ा के ख़ौफ़ से मिस्र से निकलकर मुद्दत तक बाहर रहे, उनको अब हुक्मे इलाही आया कि मिस्र में फ़िरऔन के पास जाकर अपनी फँसी हुई क़ौम को छुड़ा लायें। § फ़िरऔन ने मूसा अ० को पाला-पोसा था और उनको बहुत दिनों अच्छी तरह रखा था। मगर मूसा अ० ने अपनी अपेक्षा अपनी जाति का ज़्यादा ख़्याल किया और उनको आज़ाद कराना चाहा। इसीलिए यह कहा, "मेरे लालन-पालन का इहसान मुझपर क्या रखता है जबकि तूने मेरी क़ौम को दास बना कर रख छोड़ा है।"

क़ाल लअिनित्तख़ज्त अिलाहन् ग़ैरी लअज्अलन्नक मिनल् - मस्जूनीन (२९) क़ाल अवलौ जिअ्तुक बिशैअिम् - मुबीनिन् ज् (३०) क़ाल फ़अ्ति बिहअ् अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (३१) फ़अल्क़ा अ़साहु फ़अिजा हिय सुअ़बानुम् - मुबीनुन् ज् सला (३२) व'व नज़अ़ यदहू फ़अिजा हिय बैज़ाअु लिन्नाज़िरीन (३३) ★ क़ाल लिल्मलअि हौलहू अिन्न हाज़ा लसाहिरुन् अ़लीमुन् ला (३४) य'युरीदु अँयुख़्रिजकुम् मिन् अर्ज़िकुम् बिसिह्रिहअ् क् सला फ़माज़ा तअ्मुरून (३५) क़ालू अर्जिह् व अख़ाहु वब्अ़स् फ़िल्मदाअिनि हाशिरीन ला (३६) यअ्तूक बिकुल्लि सह्हारिन् अ़लीमिन् (३७) फ़जुमिअ़स्सहरतु लिमीक़ाति यौमिम् - मअ़लूमिन् ला (३८) व'व क़ील लिन्नासि हल् अन्तुम् मुज्तमिअ़ून ला (३९) लअ़ल्लना नत्तबिअ़ुस्सहरत्र अिन् कानू हुमुल् - ग़ालिबीन (४०) फ़लम्मा जाअस्सहरतु क़ालू लिफ़िर्अौन अअिन्न लना लअज्रन् अिन् कुन्ना नह्नुल् - ग़ालिबीन (४१) क़ाल नअ़म् व अिन्नकुम् अिज़ल्लमिनल् - मुक़र्रबीन (४२) क़ाल लहुम् मूसा अल्क़ू मा अन्तुम् मुल्क़ून (४३) फ़अल्क़ौ ह्बालहुम् व अिसीयहुम् व क़ालू बिअिज़्ज़ति फ़िर्अौन अिन्ना लनह्नुल् - ग़ालिबून (४४) फ़अल्क़ा मूसा अ़साहु फ़अिजा हिय तल्क़फ़ु मा यअ्फ़िकून ज् सला (४५) फ़उल्क़ियस्सहरतु साजिदीन ला (४६) क़ालू आमन्ना बिरब्बिल् - आलमीन ला (४७) रब्बि मूसा व हारून (४८) क़ाल आमन्तुम् लहू क़ब्ल अन् आज़न लकुम् ज् अिन्नहू लकबीरुकुमुल्लज़ी अ़ल्लमकुमुस् - सिह्र ज् फ़लसौफ़ तअ़लमून ۵ तू लअुक़त्तिअन्न अैदियकुम् व अर्जुलकुम् मिन् ख़िलाफ़िव्व ल - अुसल्लिबन्न - कुम् अज्मअ़ीन ज् (४९) क़ालू ला ज़ैर ज् अिन्ना अिला रब्बिना मुन्क़लिबून ज (५०)

(फ़िरऔन ने) कहा अगर मेरे सिवाय (किसी और को) तूने इलाह (पूज्य) माना तो मैं तुझको भी उनमें शामिल कर दूँगा जो क़ैद (भुगत रहे) हैं (२९) (मूसा अ. ने) कहा, और अगर मैं तुझको एक खुला हुआ (अल्लाह का दिया) चमत्कार दिखाऊँ (क्या तब भी तू अल्लाह पर यक़ीन न करेगा ?) (३०) (फ़िरऔन ने) कहा अगर तू सच्चा है तो ला दिखा। (३१) इस पर (मूसा अ. ने ज़मीन पर) अपनी लाठी डाल दी तो उसी वक़्त वह एक ज़ाहिरा साँप बन गई। (३२) और अपना हाथ बाहर निकाला तो निकलते ही सब देखनेवालों की नज़र में बड़ा चमचमाता (नज़र आया)। (३३) ★

(फ़िरऔन ने) अपने दरबारियों से जो इर्द-गिर्द थे कहा कि इसमें शक नहीं कि यह कोई गुनी जादूगर है। (३४) (और) चाहता है कि अपने जादू (के ज़ोर) से तुम्हारे देश से तुमको निकाल बाहर करे, तो तुम लोग अब क्या सलाह देते हो? (३५) (दरबारियों ने) निवेदन किया कि मूसा और हारून को (फ़िलहाल) रोक रखें और मुल्क में (जादूगरों को जमा करने के लिए चारों ओर) हरकारे दौड़ायें। (३६) कि तमाम बड़े-बड़े गुनी जादूगरों को तुम्हारे पास लावें। (३७) फिर वादे के (मुताबिक़ मुक़र्रर) दिन को जादूगर जमा किये गये (३८) और लोगों में मनादी कर दी गई कि तुम (सब) लोग (भी मौक़े पर) जमा हो। (३९) शायद (वह नौबत आ जाय कि) जादूगर (मूसा व हारून ही) जीत में रहें और हम उन्हीं का दीन क़बूल कर लें। (४०) तो जब जादूगर आये उन्होंने फ़िरऔन से कहा कि अगर हम जीते तो क्या हमको इनाम (भी कुछ) मिलेगा ? (४१) (फ़िरऔन ने) कहा हाँ ज़रूर, और उस (जीतने की) हालत में तुम पास बैठने वाले मुसाहिबों) में दाख़िल किये जाओगे। (४२) (चुनाँचे मुक़ाबला शुरू हुआ और मूसा अ० ने) जादूगरों से कहा जो कुछ तुमको डालना मंज़ूर हो (पहले ही मैदान में) डाल चलो। (४३) इस पर जादूगरों ने अपनी रस्सियाँ और अपनी लाठियाँ डालीं और बोले कि फ़िरऔन के इक़बाल (प्रताप) से हम ही ज़बरदस्त (प्रबल) रहेंगे। (४४) इस पर मूसा ने अपनी अ़सा (यानी लाठी मैदान में) डाली तो बस वह उन स्वाँगों को जो उन (जादूगरों) ने बना खड़ा किया था यकायक निगलने लगी। (४५) यह देखकर जादूगर सज्दे में (नाक के बल) औंधे गिर पड़े। (४६) (और) बोले कि हम तमाम जहान के परवरदिगार पर ईमान लाये (४७) जो परवरदिगार है मूसा और हारून का। (४८) (फ़िरऔन ने) कहा क्या तुम मेरे हुक्म देने से पहले (ही) ईमान ले आये ? हो न हो यह (मूसा) तुम्हारा बड़ा (गुरू) है जिसने तुम्हें जादू सिखलाया है, सो तुमको (जल्दी ही इसका नतीजा) मालूम हो जायगा। बेशक मैं तुम्हारे हाथ और पाँव उल्टे (यानी दाहना हाथ तो बायाँ पैर और बायाँ हाथ तो दाहना पैर) काटूँगा, और तुम सबको सूली चढ़ा दूँगा। (४९) वह बोले कुछ डर की बात नहीं, हम अपने परवरदिगार की तरफ़ लौट जावेंगे §। (५०)

★ रु. १/२ आ २४

[पेज ६०६ से] थे उन्हीं में एक यह भी था कि वह शायर हैं और क़ुर्आन अल्लाह की ओर से उतारी गयी किताब नहीं बल्कि नबी स० की ख़ुद की गढ़ी हुई शायरी है। सूरः के २२४ वीं आयत में 'शायर' की चरचा आई है और उसी लफ़्ज़ पर सूरः का नामकरण किया गया है। सूरः के नाज़िल होने का समय ह० मुहम्मद स० की नबूवत के मक्की जीवन का बीच का समय है। इसमें पिछले नबियों और उनकी सरकश क़ौमों के बयान देते हुए रसूल स० व लोगों को समझाया गया है कि यह सनातन का तरीक़ः है कि जब भी जो नबी आया है उससे उसकी क़ौमों ने मुंह फेरा है और ऐसे हो उन पर आक्षेप व संदेह किये हैं। ये मुसीबतें हर नबी के सामने आई हैं लेकिन अल्लाह उनको हर मुसीबत से उबारता रहता है। इसमें न कोई अजूबा या नई बात है और न उदास होने की। एतराज़ करने व इन्कार करने वाले अपने घाट पर पहुँचें गे और क़ियामत में दोज़ख़नशीं [पेज ६१५ पर]

§ यानी अधिक से अधिक तू हमको मार डालेगा और क्या कर लेगा। उस सूरत में भी तो हम अपने उसी परवरदिगार के सामने पेश होंगे।

अिन्ना नत्मअु अैंयग़्फ़िर लना रब्बुना ख़तायाना अन् कुन्ना औवलल् - मुअ्मिनीन ☆ (५१) ☆ व औहैना अिला मूसा अन् असरि बिअिबादी अिन्नकुम् मुत्तबअून (५२) फ़अर्सल फ़िर्औनु फ़िल्मदाअिनि हाशिरीन ज (५३) अिन्न हाअुलाअि लशिर्ज़िमतुन् क़लीलून ला (५४) व अिन्नहुम् लना लग़ाअिजून ला (५५) व अिन्ना लजमीअुन् हाज़िरून ☆ (५६) फ़अख़्रज्नाहुम् मिन् जन्नातिव्व अुयूनिन् ला (५७) व'व कुनूज़िव्व मक़ामिन् करीमिन् ला (५८) कज़ालिक ☆ व औरस्नाहा बनी अिस्राअील ☆ (५९) फ़अत्बअूहुम् मुश्रिक़ीन (६०) फ़लम्मा तराअल् - जम्आनि क़ाल अस्हाबु मूसा अिन्ना लमुद्रकून ज (६१) क़ाल कल्ला ज अिन्न मअिय रब्बी सयह्दीनि (६२) फ़औहैना अिला मूसा अनिज़्रिब् बिअस्साकल् - बह्र ☆ फ़न्फ़लक़ फ़कान कुल्लु फ़िर्क़िन् कत्तौदिल् - अज़ीमि ज (६३) व अज़्लफ़्ना सम्मल् - आख़रीन ज (६४) व अन्जैना मूसा व मम् - मअहू अज्मअीन ज (६५) सुम्म अग़्रक़्नल् - आख़रीन ☆ (६६) अिन्न फ़ी जालिक लआयतन् ☆ व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (६७) व अिन्न रब्बक लहुवल् - अज़ीज़ुर् - रहीमु (६८) ☆ वत्लु अलैहिम् नबअ अिब्राहीम म ● (६९) अिज् क़ाल लिअबीहि व क़ौमिहीं मा तअ्बुदून (७०) क़ालू नअ्बुदु अस्नामन् फ़नज़ल्लु लहा आकिफ़ीन (७१) क़ाल हल् यस्मअूनकुम् अिज् तद्अून ला (७२) औ यन्फ़अूनकुम् औ यज़ुर्रून (७३) क़ालू बल् वजद्ना आबाअना कज़ालिक यफ़्अलून (७४) क़ाल अफ़रअैतुम् मा कुन्तुम् तअ्बुदून ला (७५) अन्तुम् व आबाअुकुमुल्-अक़्दमून ज सला (७६) फ़अिन्नहुम् अदूवुल्ली अिल्ला रब्बल् - आलमीन ला (७७) अल्लजी ख़लक़नी फ़हुव यह्दीनि ला (७८) वल्लजी हुव युत्अिमुनी व यस्क़ीनि ला (७९) व अिजा मरिज़्तु फ़हुव यश्फ़ीनि ☆ ला (८०)

अिन्न फ़ी जालिक लआयतन् ☆ व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (६७) व अिन्न रब्बक लहुवल् - अज़ीज़ुर् - रहीमु (६८) ☆ वत्लु अलैहिम् नबअ अिब्राहीम म ● (६९) अिज् क़ाल लिअबीहि व क़ौमिहीं मा तअ्बुदून (७०) क़ालू नअ्बुदु अस्नामन् फ़नज़ल्लु लहा आकिफ़ीन (७१) क़ाल हल् यस्मअूनकुम् अिज् तद्अून ला (७२) औ यन्फ़अूनकुम् औ यज़ुर्रून (७३) क़ालू बल् वजद्ना आबाअना कज़ालिक यफ़्अलून (७४) क़ाल अफ़रअैतुम् मा कुन्तुम् तअ्बुदून ला (७५) अन्तुम् व आबाअुकुमुल्-अक़्दमून ज सला (७६) फ़अिन्नहुम् अदूवुल्ली अिल्ला रब्बल् - आलमीन ला (७७) अल्लजी ख़लक़नी फ़हुव यह्दीनि ला (७८) वल्लजी हुव युत्अिमुनी व यस्क़ीनि ला (७९) व अिजा मरिज़्तु फ़हुव यश्फ़ीनि ☆ ला (८०)

हम उम्मीद रखते हैं कि हमारा परवरदिगार हमारे अपराधों को क्षमा कर देगा, इसलिए कि हम (सबसे) पहले ईमान लानेवालों में हैं। (५१) ★ रु. ३-७ आ १८

और हमने मूसा को हुक्म भेजा कि हमारे बन्दों (यानी इसराईल की संतान) को रातों रात निकाल ले जा (क्योंकि फ़िरऔनों की तरफ़ से) बेशक तुम्हारा पीछा किया जायगा। (५२) (चुनांचे जब फ़िरऔन को मूसा अ० व बनी अिस्राईल के भागने की ख़बर मिली) तो फ़िरऔन ने शहरों में हरकारे दौड़ाये (५३) कि इसराईल की संतान थोड़ी-सी जमात हैं। (५४) और उन्होंने हमको क्रोध दिलाया है। (५५) और हमारी जमात (हथियार वग़ैरः सारे) साजो सामान से लैस है। (५६) ग़रज़ (पीछा किया गया और नतीजा यह हुआ कि उलटे) हमने फ़िरऔन के लोगों को (ही उनके) बाग़ों से और चश्मों से (५७) और ख़ज़ानों से और शानदार मकानों से निकाल बाहर किया। (५८) इसी तरह (हुआ।) और अिस्राईल की संतान को उन चीज़ों का वारिस कर दिया (५९) तो हुआ यों कि (फ़िरऔन के लोगों ने) दिन निकलते-निकलते (सुबह को) इसराईल के बेटों का पीछा किया (६०) फिर जब दोनों जमातें एक दूसरे को देखने लगीं तो मूसा के लोग कहने लगे कि अब तो (दुश्मनों ने) हमको घेर लिया। (६१) (मूसा ने) कहा हरगिज़ नहीं, मेरे साथ मेरा परवरदिगार है, वह मुझको राह दिखायेगा। (६२) फिर हमने मूसा को हुक्म दिया कि अपनी लाठी दरिया पर दे मारो, चुनाँचे (मूसा ने दे मारी और) दरिया फट गया और (पानी का फटा हुआ) हर एक टुकड़ा गोया एक बड़ा पहाड़ था (और इस्राईल की संतान उस ख़ुश्क रास्ते से दरया पार होने लगे)। (६३) और उसी मौक़े के पास हम दूसरे लोगों (यानी फ़िरऔन वालों) को लिवा लाये (और वे भी उसी फटे रास्ते में घुस पड़े)। (६४) और हमने मूसा और जो लोग उनके साथ थे उन सबको (तो) बचा लिया। (६५) फिर दूसरों (यानी फ़िरऔन वालों) को डुबो दिया। (६६) बेशक इसमें (अल्लाह की क़ुदरत की) एक निशानी है लेकिन इनमें से अक्सर ईमान लानेवाले नहीं। (६७) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारा परवरदिगार अलबत्ता बड़ा ज़बरदस्त (साथ ही) बेहद रहमवाला है। (६८) ★ रु. ४-८ आ १७ ● ब. ला ज़िम

(और ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को इब्राहीम का हाल सुनाओ। ● (६९) जब उन्होंने अपने बाप और अपनी क़ौम से पूछा कि तुम किस चीज़ को पूजते हो? (७०) तो उन्होंने जवाब दिया कि हम मूर्तियों को पूजते हैं और उन्हीं की सेवा में (रात दिन) लगे रहते हैं। (७१) (इब्राहीम अ० ने) पूछा कि जब तुम (उनको) पुकारते हो तो क्या यह तुम्हारी सुनते हैं? (७२) या तुमको (कुछ भी) फ़ायदा या नुक़सान पहुँचा सकते हैं? (७३) (उन्होंने) कहा नहीं। मगर हमने अपने बाप दादों को ऐसा ही करते देखा है। (७४) (इब्राहीम अ० ने) कहा भला (तुमने) कभी ग़ौर भी उन पर किया जिन्हें पूजते रहे हो (७५) तुम और तुम्हारे अगले बाप-दादे? (७६) यह तो मेरे दुश्मन हैं, मगर संसार का परवरदिगार (ही दोस्त है) (७७) जिसने मुझको पैदा किया सो वही मुझे राह दिखाता है, (७८) और जो मुझको खिलाता और पिलाता है। (७९) और जब मैं बीमार पड़ता हूँ वही मुझको चंगा करता है। (८०)

[पेज ६१३ से] होंगे और ईमानवालों का लोक-परलोक दोनों सफल रहा। और नबी व उनके हुक्म तो दुनिया जहान के क़ायम रहने तक क़ायम रहे और रहेंगे। इस सूरः में एक सिलसिला चला है जिनमें सत्य के प्रकट होने और उससे अधर्मियों द्वारा मुंह मोड़ने का ज़िक्र पिछले नबियों व उनकी क़ौमों के दृष्टान्तों (नज़ीरों) से समझाया गया है। इस सूरः में जितने नबियों व उनकी क़ौमों के बयान हैं उनके बयान का और ख़ास तौर पर सूरः के आख़िरी हिस्से का तरीक़ः व भाषा एक वज़न और क़रीब-क़रीब एक जैसे अलफ़ाज़ों में होने से सुनने व पढ़ने में बड़ी ख़ुशनुमाई पैदा होती है। देखिये आयत ६६ से १६१ तक।

वल्लज़ी युमीतुनी सुम्म युह्यीनि ला (८१) वल्लज़ी अत्मअु अँयग़्फ़िर ली ख़त्ती'अती यौमद्दीनि तु (८२) रब्बि हब् ली हुक्मौंव अल्हिक़्नी बिस्सालिहीन ला (८३) वज्अ़ल्ली लिसान सिद्क़िन् फ़िल्आख़िरीन ला (८४) वज्अ़ल्नी मिव्व रसति जन्नतिन्नअीमि ला (८५) वग़्फ़िर् लिअबी अिन्नहु कान मिनज़्ज़ा'ल्लीन ला (८६) व ला तुख़्ज़िनी यौम युब्अ़सून ला (८७) यौम ला यन्फ़अु मालूँव ला बनून ला (८८) अिल्ला मन् अतल्लाह बिक़ल्बिन् सलीमिन् तु (८९) व अुज़्लिफ़तिल् - जन्नतु लिल्मुत्तक़ीन ला (९०) व बुरिज़तिल् - जहीमु लिल्ग़ावीन ला (९१) व क़ील लहुम् अैनमा कुन्तुम् तअ़्बुदून ला (९२) मिन् दूनिल्लाहि तु हल् यन्सुरूनकुम् औ यन्तसिरून तु (९३) फ़कुब्किबू फ़ीहा हुम् वल्ग़ावून ला (९४) व जुनूदु अिब्लीस अज्मअून तु (९५) क़ालू व हुम् फ़ीहा यख़्तसिमून ला (९६) तल्लाहि अिन् कुन्ना लफ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् ला (९७) अिज् नुसावीकुम् बिरब्बिल् - आलमीन (९८) व मा अज़्ल्लना अिल्लल् - मुज्रिमून (९९) फ़मा लना मिन् शाफ़िअीन ला (१००) व ला सदीक़िन् हमीमिन् (१०१) फ़लौ अन्न लना कर्रतन् फ़नकून मिनल् - मुअ्मिनीन (१०२) अिन्न फ़ी जालिक लआयतन् तु व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१०३) व अिन्न रब्बक लहुवल्-अज़ीज़ुर् - रहीमु (१०४) ★ कज्जबत् क़ौमु नूहिनिल् - मुर्सलीन ज् सला (१०५) अिज् क़ाल लहुम् अख़ूहुम् नूहुन् अला तत्तक़ून ज् (१०६) अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१०७) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअूनि ज् (१०८) व मा अस्अलुकुम् अलैहि मिन् अज्रिन् ज् अिन् अज्रिय अिल्ला अला रब्बिल्-आलमीन ज् (१०९) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअूनि तु (११०) क़ालू अनुअ्मिनु लक वत्तबअकल् - अर्जलून तु (१११) क़ाल व मा अिल्मी बिमा कानू यअ़्मलून ज् (११२)

وقال الذين ٢٩٦ الشعراء ٢٦
فهو يشفين ۝ والذي يميتني ثم يحيين ۝ والذي أطمع أن يغفر لي
خطيئتي يوم الدين ۝ رب هب لي حكما وألحقني بالصلحين ۝
واجعل لي لسان صدق في الآخرين ۝ واجعلني من ورثة جنة
النعيم ۝ واغفر لأبي إنه كان من الضالين ۝ ولا تخزني يوم
يبعثون ۝ يوم لا ينفع مال ولا بنون ۝ إلا من أتى الله بقلب
سليم ۝ وأزلفت الجنة للمتقين ۝ وبرزت الجحيم للغوين ۝
وقيل لهم أينما كنتم تعبدون ۝ من دون الله هل ينصرونكم أو
ينتصرون ۝ فكبكبوا فيها هم والغاون ۝ وجنود إبليس أجمعون ۝
قالوا وهم فيها يختصمون ۝ تالله إن كنا لفي ضلل مبين ۝ إذ
نسويكم برب العلمين ۝ وما أضلنا إلا المجرمون ۝ فما لنا من
شافعين ۝ ولا صديق حميم ۝ فلو أن لنا كرة فنكون من
المؤمنين ۝ إن في ذلك لآية وما كان أكثرهم مؤمنين ۝ و
إن ربك لهو العزيز الرحيم ۝ كذبت قوم نوح المرسلين ۝
إذ قال لهم أخوهم نوح ألا تتقون ۝ إني لكم رسول أمين ۝
فاتقوا الله وأطيعون ۝ وما أسئلكم عليه من أجر إن أجري
إلا على رب العلمين ۝ فاتقوا الله وأطيعون ۝ قالوا أنؤمن لك
واتبعك الأرذلون ۝ قال وما علمي بما كانوا يعملون ۝ إن

★ रु. ८ / ५ आ ३६

और (वही है) जो मुझको मारेगा और फिर (दोबारा क़ियामत के दिन) जिलायेगा। (८१) और मुझे उम्मेद है कि फ़ैसले के दिन (यानी यौमे आख़िरत में) वह मेरे अपराध माफ़ करेगा। (८२) ऐ परवरदिगार! मुझको समझ दे और नेक बन्दों में शामिल कर। (८३) और आनेवाली नस्लों में मेरा अच्छा ज़िक्र (ख्याति) क़ायम रख। (८४) और जन्नत की न्यामतों के वारिसों में से मुझको भी (एक वारिस) बना। (८५) और मेरे बाप को क्षमा कर, वह गुमराहों में से था। (८६) और जब लोग (दोबारा जिलाकर) खड़े किये जायेंगे मुझको उस (आख़िरत के) दिन ज़लील न करना (८७) जिस दिन माल और बेटे काम न आवेंगे। (८८) सिवाय जो पाक दिल लेकर अल्लाह के सामने हाज़िर होंगे (वे बच जायेंगे)। (८९) और जन्नत परहेज़गारों के क़रीब लायी जायेगी। (९०) और दोज़ख़ गुमराहों के सामने पेश की जायेगी। (९१) और उन (दोज़ख़ियों) से पूछा जायगा कि जिन चीज़ों को तुम पूजते थे वह कहाँ हैं? (९२) अल्लाह के सिवाय? क्या वह तुम्हारी कुछ मदद कर सकते हैं या (तुम्हारी हिमायत में अल्लाह से) बदला ले सकते हैं? (९३) फिर वे (पूजित) और वह गुमराह (पूजने वाले) सब औंधे मुंह (नरक) में झोंक दिये जायेंगे। (९४) और इबलीस (यानी शैतान) का सारा लश्कर (औंधे मुँह नरक में ढकेल दिया जायगा)। (९५) (गुमराह और उनके पूजित दोनों ही) वहाँ (आपस में) झगड़ते हुए यों कहेंगे (९६) अल्लाह की क़सम, हम तो ज़ाहिरा गुमराही में थे (९७) जब हमने तुम (पूजितों) को संसार के परवरदिगार के बराबर (अ़िबादत में) ठहराया था (९८) और हमको तो इन (पूजित) गुनहगारों ने ही गुमराह किया था। (९९) तो अब न तो कोई हमारी सिफ़ारिश करनेवाला है (१००) और न कोई दिली दोस्त। (१०१) सो यदि हमको (दुनिया में) फिर लौटकर जाने का मौक़ा मिले तो हम ईमानवालों में (अब ज़रूर) हों। (१०२) बेशक (इब्राहीम अ० के) इस (क़िस्से) में (भी अल्लाह की क़ुदरत की) निशानी है और इनमें अक्सर ईमान लानेवाले नहीं हैं (१०३) और (ऐ पैग़म्बर!) तेरा परवरदिगार बड़ा ज़बरदस्त (लेकिन साथ ही) बेहद रहमवाला है। (१०४) ★

(इसी तरह) नूह की क़ौम ने पैग़म्बरों को झुठलाया। (१०५) जब उनसे उनके भाई नूह ने कहा क्या तुम (लोग अल्लाह का) भय नहीं रखते? (१०६) मैं (तो) तुम्हारा अमानतदार (भरोसेवाला) पैग़म्बर हूँ। (१०७) तो अल्लाह से डरो और मेरा कहना मानो। (१०८) और मैं इस (समझाने) पर तुमसे कुछ मज़दूरी तो नहीं माँगता। मेरी मज़दूरी तो दुनिया के परवरदिगार के ज़िम्मे है। (१०९) सो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो (११०) वह कहने लगे कि क्या हम तुम्हारी बात को मान लें और (हम देखते हैं) छोटे§ दर्जे के (लोग ही) तुम्हारे पीछे हो लिये हैं। (१११) (नूह ने) कहा जो यह लोग करते रहे हैं (उसकी) मुझको क्या ख़बर। (११२)

★ रु. ८—१ आ ३६

[पेज ६२५ से] हजरत सुलैमान अ० चीटियों की घाटी से गुज़रे थे। सूरत का सांकेतिक नाम इसी 'नम्ल' शब्द पर रखा गया है। इसके उतरने का समय भी सूरः शुअ़रा के क़रीब बाद में रसूल स० की रिसालत में मक्की जीवन के बीच का है। पिछली ही सूरः के मुताबिक़ इसमें भी पिछले नबियों का उनकी क़ौमों द्वारा झुठलाया जाना, और फिर उनका तबाह होना और ईमान व सत्कार्यों की सफलता का ज़िक्र करते हुये रसूलुल्लाह स० व ईमानवालों को सब्र दिया और काफ़िरों को पिछली नज़ीरें (दृष्टांत) देकर चेताया गया है। बार बार आख़िरत पर यक़ीन लाने पर ज़ोर दिया गया है। आख़िरत यानें दुनिया की अपनी नेक व बद करनी का जब कोई नतीजा ही नहीं होना है तो फिर इन्सान क्यों नेकअमली इख्तियार करे? सुलैमान अ० को [पेज ६१६ पर]

§ हर सुधार करनेवाले के साथ निम्न श्रेणी के लोग ही पहले होते हैं, इसी तरह नूह अ० पर ईमान लानेवाले भी साधारन तबक़े के लोग थे। बड़ी हस्ती के लोग तो हमेशा घमण्ड में ही चूर रहते हैं। बजाय किसी के पैरो होने के चाहते हैं कि लोग उन्हीं के पैरो हों।

अिन् हिसाबुहुम् अिल्ला अ़ला रब्बी लौ तश्अ़ुरून ज (११३) व मा अना बित़ारिदिल्-मुअ्मिनीन ज (११४) अिन् अना अिल्ला नज़ीरुम्-मुबीनुन् त (११५) क़ालू लअिल्लम् तन्तहि यानूहु लतकूनन्न मिनल्-मर्जूमीन त (११६) क़ाल रब्बि अिन्न क़ौमी कज्जबूनि ज स़ला (११७) ● फ़फ़्तह् बैनी व बैनहुम् फ़त्हौंव नज्जिनी व मम्मअ़िय मिनल्-मुअ्मिनीन (११८) फ़अन्जैनाहु व मम्मअ़हू फ़िल्फ़ुल्किल्-मश्हूनि ज (११९) सुम्म अग़्रक़्ना बअ़्दुल्-बाक़ीन त (१२०) अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयत्न् त व मा कान अक्सरुहुम्-मुअ्मिनीन (१२१) व अिन्न रब्बक लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीमु (१२२) ★ कज्जबत् आदुनिल्-मुर्सलीन ज स़ला (१२३) अिज् क़ाल लहुम् अख़ूहुम् हूदुन् अला तत्तक़ून ज (१२४) अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१२५) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअ़ूनि ज (१२६) व मा अस्अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन् ज अिन् अज्रिय अिल्ला अ़ला रब्बिल्-आलमीन त (१२७) अतब्नून बिकुल्लि रीअ़िन् आयत्न् तअ़्बसून ला (१२८) व तत्तख़िज़ून मसानिअ़ लअ़ल्लकुम् तख़्लुदून ज (१२९) व अिज़ा बत़श्तुम् बत़श्तुम् जब्बारीन ज (१३०) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअ़ूनि ज (१३१) वत्तक़ुल्लज़ी अमद्दकुम् बिमा तअ़्लमून ज (१३२) अमद्दकुम् बिअन्आमिव्व बनीन ज ला (१३३) व जन्नातिव्व अ़यूनिन् ज (१३४) अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अ़ज़ाब यौमिन् अ़ज़ीमिन् त (१३५) क़ालू सवाउ़न् अ़लैना अव अ़ज़ुत अम् लम् तकुम्-मिनल्-वाअ़िज़ीन ला (१३६) अिन् हाज़ा अिल्ला ख़ुलुक़ुल्-औवलीन ला (१३७) व मा नह्नु बिमुअ़ज्जबीन ज (१३८) फ़कज्जबूहु फ़अह्लक्नाहुम् त अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयत्न् त व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१३९) व अिन्न रब्बक लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीमु (१४०) ★ कज्जबत् समूदुल्-मुर्सलीन ज स़ला (१४१) अिज् क़ाल लहुम् अख़ूहुम् सालिहुन् अला तत्तक़ून ज (१४२) अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१४३)

अतब्नून बिकुल्लि रीअ़िन् आयत्न् तअ़्बसून ला (१२८) व तत्तख़िज़ून मसानिअ़ लअ़ल्लकुम् तख़्लुदून ज (१२९) व अिज़ा बत़श्तुम् बत़श्तुम् जब्बारीन ज (१३०) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअ़ूनि ज (१३१) वत्तक़ुल्लज़ी अमद्दकुम् बिमा तअ़्लमून ज (१३२) अमद्दकुम् बिअन्आमिव्व बनीन ज ला (१३३) व जन्नातिव्व अ़यूनिन् ज (१३४) अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अ़ज़ाब यौमिन् अ़ज़ीमिन् त (१३५) क़ालू सवाउ़न् अ़लैना अव अ़ज़ुत अम् लम् तकुम्-मिनल्-वाअ़िज़ीन ला (१३६) अिन् हाज़ा अिल्ला ख़ुलुक़ुल्-औवलीन ला (१३७) व मा नह्नु बिमुअ़ज्जबीन ज (१३८) फ़कज्जबूहु फ़अह्लक्नाहुम् त अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयत्न् त व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१३९) व अिन्न रब्बक लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीमु (१४०) ★ कज्जबत् समूदुल्-मुर्सलीन ज स़ला (१४१) अिज् क़ाल लहुम् अख़ूहुम् सालिहुन् अला तत्तक़ून ज (१४२) अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१४३)

इनका हिसाब जानना तो सिर्फ़ अल्लाह का काम है अगर तुम समझ सको। (११३) और (वे मामूली हस्ती के हैं सिर्फ़ इसलिए) मैं ईमानवालों को धक्का देनेवाला नहीं हूँ। (११४) मैं तो (लोगों को) साफ़ तौर पर (अल्लाह की सज़ा से) डरानेवाला ही हूँ। (११५) वह बोले ऐ नूह ! अगर तू (अपनी हरकत से) बाज़ न आया तो ज़रूर पत्थरों से मारा जायगा। (११६) (नूह ने) दुआ़ की कि ऐ परवरदिगार! मेरी क़ौम ने मुझको झुठलाया। (११७) सो तू मुझमें और इन लोगों में कोई खुला फ़ैसला कर दे और मुझे और ईमानवालों को जो मेरे साथ हैं उन्हें बचा ले। (११८) फिर हमने नूह और उन लोगों को जो उस भरी हुई किश्ती में उनके साथ थे (तूफ़ान से) बचा दिया। (११९) फिर हमने बच रहे लोगों को डुबो दिया। (१२०) इसमें अलबत्ता (नसीहत और खुली) निशानी है। और उनमें ज़्यादातर ईमानलाने वाले नहीं। (१२१) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारा परवरदिगार वही बड़ा ज़ोरावर (लेकिन बड़ा ही) रहमवाला है। (१२२) ★

(इसी तरह क़ौम) आ़द ने पैग़ाम लाने वालों (पैग़म्बरों) को झुठलाया। (१२३) जब उनके भाई हूद ने उनसे कहा क्या तुमको (अल्लाह का) डर नहीं है ? (१२४) मैं तुम्हारा अमानतदार (भरोसेवाला) पैग़म्बर हूँ। (१२५) तो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (१२६) और मैं इस (समझाने) पर तुमसे कुछ उजरत तो नहीं माँगता, मेरी उजरत तो बस संसार के परवरदिगार के ज़िम्मे है। (१२७) तुम हर ऊँची जगह पर क्या क्या (बे तहाशा) यादगारें† बनाते हो। (१२८) और (बड़ी कारीगरी के) महल बनाते हो, गोया तुम (संसार में) हमेशा रहोगे। (१२९) और जब किसी को पकड़ते हो तो बड़ी सख़्ती§ से पकड़ते हो। (१३०) तो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (१३१) और उस (के कोप) से डरो, जिसने तुम्हारी इन (तमाम आसायश की) चीज़ों से मदद की, जो तुमको मालूम है। (१३२) उसने चारपायों और बेटों से (१३३) और बाग़ों और चश्मों से (तुम्हारी) मदद की। (१३४) मुझे तुम पर एक बड़े दिन के अ़ज़ाब (के बरपा होने) का अन्देशा (आशंका) है। (१३५) वह (हूद अ० से) बोले तुम हमको शिक्षा करो या न करो हमको (तो सब) बराबर है। (१३६) यह शिक्षा देना तो अगले लोगों का एक स्वभाव रहा है। (१३७) और (ख़ातिर जमा रखो) हम पर कोई अ़ज़ाब नहीं पड़ने का। (१३८) ग़रज़ (क़ौम आ़द ने) हूद को झुठलाया तो हमने उनको मिटा दिया। अलबत्ता इसमें (लोगों के लिए अल्लाह की क़ुदरत की एक) निशानी है। लेकिन उनमें अक्सर ईमान लानेवाले नहीं। (१३९) और (ऐ पैग़म्बर !) तुम्हारा परवदिगार बड़ा ज़ोरावर बेहद रहमवाला है। (१४०) ★

(और क़ौम आ़द ही की तरह क़ौम) समूद ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया। (१४१) जबकि उनके भाई सालेह ने उनसे कहा कि क्या तुमको (अल्लाह का) डर नहीं है ? (१४२) मैं तुम्हारा अमानतदार (भरोसेवाला) पैग़म्बर हूँ। (१४३)

नि. १/२ ★ रु. ६/१० आ १८

★ रु. ७/११ आ १८

[पेज ६१७ से] अल्लाह द्वारा दिये गये अपार अ़िल्म का चमत्कार भी बयान किया गया। वह अपने ज़माने के तमाम रूये ज़मीन के बादशाह व अल्लाह के पैग़म्बर थे। तमाम जिन्नात, इंसान, हवा, पशु, पक्षी उनके अधीन थे। सबा की रानी बिलक़ीस की एक ऐसी भी नज़ीर इस सूरत में है कि जो शिर्क में गिरफ़्तार होते हुए भी सही समझ वाली व नेक मलिका थी और इसीलिए उसका कुफ़्र उससे दूर होते भी देर न लगी। आयत ६३ से ७६ तक में 'रहमान' उस इयावन्त अल्लाह के माननेवाले आबिदों (भक्तों) के लक्षण बताये गये हैं कि ईमानवालों में क्या गुण होते हैं। यह बयान दिल पर सीधे असर डालते हैं। इस सूरत का यह बड़ा मार्मिक अंश है। सारे बयानों के बाद आ० ५६-६३ में यह सार दिया गया है कि अल्लाह की शान और गुण सारे [पेज ६२७ पर]

† क़ौम आद के लोगों को ऊँची-ऊँची इमारतें बनवाने और अपनी शान शौकत क़ायम करने का बड़ा शौक़ था। § यानी जब अत्याचार करते हो तो कठोरता की हद पार कर जाते हो।

फ़त्तक़ुल्लाह व अतीऊनि ज (१४४) व मा अस्अलुकुम् अलैहि मिन् अज्रिन् ज अिन् अज्रिय अिल्ला अला रब्बिल् - आलमीन त (१४५) अतुत्रकून फ़ी मा हाहुना आमिनीन ला (१४६) फ़ी जन्नातिंव्व अुयूनिन् ला (१४७) व'व ज़ुरूअिंव्व नख़्लिन् तल्अुहा हज़ीमुन् ज (१४८) व तन्हितून मिनल्जिबालि बुयूतन् फ़ारिहीन ज (१४९) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीऊनि ज (१५०) व ला तुतीऊ अम्रल् - मुस्रिफ़ीन ला (१५१) अल्लज़ीन युफ़्सिदून फ़िल्अर्ज़ि व ला युस्लिहून (१५२) क़ालू अिन्नमा अन्त मिनल् - मुसह्हरीन ज (१५३) मा अन्त अिल्ला बशरुम् - मिस्लुना ज स़ला फ़अ्ति बिआयतिन् अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (१५४) क़ाल हाज़िहि नाक़तुल्लहा शिर्बूंव लकुम् शिर्बु यौमिम्- मअ़्लूमिन् ज (१५५) व ला तमस्सूहा बिसूअिन् फ़यअ्ख़ुजकुम् अजाबु यौमिन् अज़ीमिन् (१५६) फ़अ़क़रू हा फ़अस्बहू नादिमीन ला (१५७) फ़अख़ज हुमुल् - अजाबु त अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयतन् त व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१५८) व

★ रु. ८ — १२ आ १६ अिन्न रब्बक लहुवल् - अज़ीज़ुर् - रहीमु (१५९) ★ कज्जबत् क़ौमु लूतिनिल्- मुर्सलीन ज स़ला (१६०) अिज् क़ाल लहुम् अख़ूहुम् लूतुन् अला तत्तक़ून ज (१६१) अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१६२) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीऊनि ज (१६३) व मा अस्अलुकुम् अलैहि मिन् अज्रिन् ज अिन् अज्रिय अिल्ला अला रब्बिल् - आलमीन त (१६४) अतअ्तूनज्जुक्रान मिनल् - आलमीन ला (१६५) व तज़रून मा ख़लक़ लकुम् रब्बुकुम् मिन् अज़्वाजिकुम् त बल् अन्तुम् क़ौमुन् आदून (१६६) क़ालू लअिल्लम् तन्तहि यालूतु लतकूनन्न मिनल् - मुख़रजीन (१६७) क़ाल अिन्नी लिअमलिकुम् मिनल्क़ालीन त (१६८) रब्बि नज्जिनी व अह्ली मिम्मा यअ़मलून (१६९) फ़नज्जैनाहु व अह्लहू अज्मअ़ीन ला (१७०) अिल्ला अजूज़न् फ़िल्ग़ाबिरीन ज (१७१) सुम्म दम्मर्नल्-आख़रीन ज (१७२) व अम्तर्ना अलैहिम् मतरन् ज फ़साअ मतरुल् - मुन्ज़रीन (१७३)

तो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (१४४) और मैं इस (समझाने) पर तुमसे कुछ उजरत (मज़दूरी) नहीं माँगता और मेरी उजरत तो संसार के परवरदिगार के ज़िम्मे है। (१४५) क्या जो चीज़ें (तुम्हें संसार में मयस्सर) हैं उनमें बेखटके (हमेशा मौज मारने को) छोड़ दिये जाओगे? (१४६) (यानी) बाग़ों में और चश्मों में (१४७) और खेतों में और खजूरों में जिनके गुच्छे (रस और बहुनायत के बोझ से) झुके पड़ते हैं। (१४८) और बड़े गर्व से पहाड़ों को काट-काटकर इमारतें बनाते हो। (१४९) तो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (१५०) और (हद्द से) बढ़ जानेवालों (उच्छृङ्खलों) के कहे में न आना, (१५१) जो ज़मीन पर फ़साद फैलाते हैं और इस्लाह (सुधार) नहीं करते। (१५२) वह (सालेह अ. से) बोले तुम पर तो किसी ने जादू कर दिया है। (१५३) तुम भी हम ही जैसे आदमी हो। सो अगर सच्चे हो तो कोई चमत्कार ला दिखाओ। (१५४) (सालेह अ० ने कहा) यह ऊँटनी (एक चमत्कार) है, पानी पीने की (एक दिन की) बारी इसकी है और तुम्हारे पानी पीने को एक दिन मुक़र्रर है।‡ (१५५) और इसको किसी तरह का नुक़सान न पहुँचाना वरना बड़े दिन का अ़ज़ाब तुमको धर पकड़ेगा। (१५६) इस पर (भी उन सरकश) लोगों ने उसकी कूचैं (एड़ी के ऊपर के हिस्से) काट डाले फिर (नौबत वही आई कि) पछताये (१५७) आख़िरकार उनको अ़ज़ाब ने आ पकड़ा। अलबत्ता इसमें (भी लोगों के लिए अल्लाह की क़ुदरत की एक) निशानी है। लेकिन उनमें ज़्यादःतर लोग ईमान लानेवाले नहीं। (१५८) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारा परवरदिगार बड़ा ज़ोरावर (लेकिन साथ ही) बेहद रहमवाला है। (१५९) ★

(इसी तरह) क़ौम लूत ने (भी) पैग़म्बरों को झुठलाया। (१६०) जब उनके भाई लूत ने उनसे कहा क्या तुमको (अल्लाह का) डर नहीं है? (१६१) मैं तुम्हारा अमानतदार (भरोसेवाला) पैग़म्बर हूँ। (१६२) तो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (१६३) और मैं इस (समझाने) पर तुमसे कुछ मज़दूरी नहीं माँगता, मेरी मज़दूरी तो संसार के परवरदिगार के ज़िम्मे है। (१६४) क्या तुम दुनिया के लोगों में से लड़कों पर दौड़ते हो†। (१६५) और तुम्हारे पालनकर्त्ता ने जो तुम्हारे लिए बीबियाँ दी हैं उन्हें छोड़ देते हो। बल्कि तुम तो हद से बढ़े (गुनहगार) हो। (१६६) वह बोले, ऐ लूत! अगर तुम (इन बातों से) बाज़ न आओगे तो (देश से) निकाल बाहर किये जाओगे। (१६७) (लूत ने) कहा कि बेशक मैं तुम्हारे (इस) काम से बेज़ार हूँ। (१६८) (लूत ने दुआ़ की कि) ऐ परवरदिगार! मुझको और मेरे घरवालों को इन (नापाक) कामों (के बवाल) से छुटकारा दिला जो वह लोग करते हैं। (१६९) फिर हमने लूत को और उनके घरवालों को सबको छुटकारा दिलाया। (१७०) मगर (लूत की) बूढ़ी औरत (छुटकारा न पाने वालों में) बाक़ी रही♦। (१७१) फिर हमने उन बाक़ी लोगों को हलाक कर मारा। (१७२) और उन पर पत्थरों की वर्षा की। सो क्या ही बुरा पथराव उन पर बरसा जो (हमारी सज़ा से) डराये गये थे। (१७३)

रुकू ८ १२ आ १६

‡ हज़रत सालेह की इस चमत्कारी ऊँटनी को देखकर दूसरे मवेशी भाग जाते थे, इसलिए यह ठहरी कि एक दिन ऊँटनी घाट पर जाय और दूसरे दिन दूसरे जानवर पानी पीने को घाट पर जायें। † यह लोग औरतों के बजाय लड़कों पर नज़र डालते थे और क़ुदरत के ख़िलाफ़ इस बड़े गुनाह में फँसे थे। ♦ लूत अ़० को पहले ही अल्लाह के कोप के आने का समाचार मिल चुका था। उन्होंने जब अपनी पत्नी से बस्ती के बाहर निकल चलने को कहा तो उसने न माना और अन्त में नगर-निवासियों के साथ नष्ट हो गई; क्योंकि उसके कुफ़्र के कारन उसको नष्ट हो जाना ही था।

अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयतन् त़ व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१७४) व अिन्न रब्बक लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीमु (१७५) ★ कज़्ज़ब अस्हाबुल्-अैकि़ल्-मुर्सलीन ज़ सला (१७६) अिज़् क़ाल लहुम् शुअ़ैबुन् अला तत्तक़ून ज़ (१७७) अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१७८) फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअूनि ज़ (१७९) व मा अस्अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन् ज़ अिन् अज्रिय अिल्ला अ़ला रब्बिल्-आलमीन त़ (१८०) औफ़ुल्कैल व ला तकूनू मिनल्-मुख़्सिरीन ज़ (१८१) व ज़िनू बिल्-क़िस्तासिल्-मुस्तक़ीमि ज़ (१८२) व ला तब्ख़सुन्नास अश्या'अहुम् व ला तअ़सौ फ़िल्अर्ज़ि मुफ़्सिदीन ज़ (१८३) वत्तक़ुल्लज़ी ख़लक़कुम् वल्-जिबिल्लत्वल्-औवलीन त़ (१८४) क़ालू' अिन्नमा' अन्त मिनल्-मुसह़्हरीन ला (१८५) व मा' अन्त अिल्ला बशरुम्-मिस्लुना व अिन् नज़ुन्नुक लमिनल्-काज़िबीन ज़ (१८६) फ़अस्क़ित् अ़लैना किसफ़म्-मिनस्समा'अि अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन त़ (१८७) क़ाल रब्बी' अअ़्लमु बिमा तअ़्मलून (१८८) फ़कज़्ज़बूहु फ़अख़ज़हुम् अ़ज़ाबु यौमिज़्ज़ुल्लति त़ अिन्नहू कान अ़ज़ाब यौमिन् अ़ज़ीमिन् (१८९) अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयतन् त़ व मा कान अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१९०) व अिन्न रब्बक लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीमु (१९१) ★ व अिन्नहू' लतन्ज़ीलु रब्बिल्-आलमीन त़ (१९२) नज़ल बिहिर्रूहुल्-अमीनु ला (१९३) अ़ला क़ल्बिक लितकून मिनल्-मुन्ज़िरीन ला (१९४) बिलिसानिन् अरबीयिम्-मुबीनिन् त़ (१९५) व अिन्नहू लफ़ी ज़ुबुरिल्-औवलीन (१९६) अवलम् यकुल्लहुम् आयतन् अैंयअ़्लमहू अुलमा'अु बनी' अिस्रा'अील त़ (१९७) व लौ नज़्ज़ल्नाहु अ़ला बअ़्ज़िल्-अअ़्जमीन ला (१९८) फ़क़रअहू अ़लैहिम् मा कानू बिहि मुअ्मिनीन त़ (१९९) कज़ालिक सलक्नाहु फ़ी क़ुलूबिल्-मुज्रिमीन त़ (२००) ला युअ्मिनून बिहि हत्ता यरवुल्-अ़ज़ाबल्-अलीम ला (२०१)

وقال الذين ٢٧ الشعراء ٢٦
فَسَاءَ مَطَرُ الْمُنذَرِينَ ﴿١٧٣﴾ إِنَّ فِي ذَٰلِكَ لَآيَةً ۖ وَمَا كَانَ أَكْثَرُهُم
مُّؤْمِنِينَ ﴿١٧٤﴾ وَإِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيزُ الرَّحِيمُ ﴿١٧٥﴾ كَذَّبَ أَصْحَابُ لْئَيْكَةِ
الْمُرْسَلِينَ ﴿١٧٦﴾ إِذْ قَالَ لَهُمْ شُعَيْبٌ أَلَا تَتَّقُونَ ﴿١٧٧﴾ إِنِّي لَكُمْ رَسُولٌ
أَمِينٌ ﴿١٧٨﴾ فَاتَّقُوا اللَّهَ وَأَطِيعُونِ ﴿١٧٩﴾ وَمَا أَسْأَلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ أَجْرٍ ۖ إِنْ
أَجْرِيَ إِلَّا عَلَىٰ رَبِّ الْعَالَمِينَ ﴿١٨٠﴾ أَوْفُوا الْكَيْلَ وَلَا تَكُونُوا مِنَ الْمُخْسِرِينَ ﴿١٨١﴾
وَزِنُوا بِالْقِسْطَاسِ الْمُسْتَقِيمِ ﴿١٨٢﴾ وَلَا تَبْخَسُوا النَّاسَ أَشْيَاءَهُمْ وَلَا
تَعْثَوْا فِي الْأَرْضِ مُفْسِدِينَ ﴿١٨٣﴾ وَاتَّقُوا الَّذِي خَلَقَكُمْ وَالْجِبِلَّةَ الْأَوَّلِينَ ﴿١٨٤﴾
قَالُوا إِنَّمَا أَنتَ مِنَ الْمُسَحَّرِينَ ﴿١٨٥﴾ وَمَا أَنتَ إِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُنَا وَإِن نَّظُنُّكَ
لَمِنَ الْكَاذِبِينَ ﴿١٨٦﴾ فَأَسْقِطْ عَلَيْنَا كِسَفًا مِّنَ السَّمَاءِ إِن كُنتَ مِنَ
الصَّادِقِينَ ﴿١٨٧﴾ قَالَ رَبِّي أَعْلَمُ بِمَا تَعْمَلُونَ ﴿١٨٨﴾ فَكَذَّبُوهُ فَأَخَذَهُمْ
عَذَابُ يَوْمِ الظُّلَّةِ ۚ إِنَّهُ كَانَ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيمٍ ﴿١٨٩﴾ إِنَّ فِي ذَٰلِكَ لَآيَةً ۖ
وَمَا كَانَ أَكْثَرُهُم مُّؤْمِنِينَ ﴿١٩٠﴾ وَإِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيزُ الرَّحِيمُ ﴿١٩١﴾
وَإِنَّهُ لَتَنزِيلُ رَبِّ الْعَالَمِينَ ﴿١٩٢﴾ نَزَلَ بِهِ الرُّوحُ الْأَمِينُ ﴿١٩٣﴾ عَلَىٰ قَلْبِكَ
لِتَكُونَ مِنَ الْمُنذِرِينَ ﴿١٩٤﴾ بِلِسَانٍ عَرَبِيٍّ مُّبِينٍ ﴿١٩٥﴾ وَإِنَّهُ لَفِي زُبُرِ
الْأَوَّلِينَ ﴿١٩٦﴾ أَوَلَمْ يَكُن لَّهُمْ آيَةً أَن يَعْلَمَهُ عُلَمَاءُ بَنِي إِسْرَائِيلَ ﴿١٩٧﴾
وَلَوْ نَزَّلْنَاهُ عَلَىٰ بَعْضِ الْأَعْجَمِينَ ﴿١٩٨﴾ فَقَرَأَهُ عَلَيْهِم مَّا كَانُوا بِهِ مُؤْمِنِينَ ﴿١٩٩﴾
كَذَٰلِكَ سَلَكْنَاهُ فِي قُلُوبِ الْمُجْرِمِينَ ﴿٢٠٠﴾ لَا يُؤْمِنُونَ بِهِ حَتَّىٰ يَرَوُا

बेशक इसमें (भी अल्लाह की क़ुदरत की एक) निशानी है। और उनमें ज़्यादातर लोग ईमान लाने वाले नहीं। (१७४) और तुम्हारा रब बड़ा ज़ोरावर (साथ ही) बेहद रहमवाला है। (१७५) ✱ रू. ६ — १३ आ १६

(इसी तरह) वन के रहनेवालों ने पैग़म्बरों को झुठलाया। (१७६) जब (उनके भाई) शुऐब ने उनसे कहा क्या तुमको (अल्लाह का) डर नहीं है? (१७७) मैं तो तुम्हारा अमानतदार (भरोसेवाला) पैग़म्बर हूँ। (१७८) तो अल्लाह से डरो और मेरा कहना मानो (१७९) और मैं इस पर तुमसे कुछ मज़दूरी नहीं चाहता, मेरी मज़दूरी तो संसार के परवरदिगार के ज़िम्मे है। (१८०) (कोई चीज पैमाने से नाप कर दिया करो तो) नाप पूरी दिया करो और (लोगों को) नुक़सान पहुंचाने वाले न बनो। (१८१) और तौला करो तो तराज़ू (की डंडी) सीधी रखकर (तौला करो)। (१८२) और लोगों को उनकी चीज़ें (जो ख़रीदें) कमी से न दिया करो और ज़मीन में फ़साद फैलाते न फिरो। (१८३) और उस (अल्लाह) से डरते रहो जिसने तुमको और तुमसे पहले की (पीढ़ियों की) सृष्टि को पैदा किया। (१८४) वह (शुऐब अ० से) बोले तुम पर तो किसी ने जादू कर दिया है। (१८५) और तुम तो हमारी तरह के एक आदमी हो (कोई ग़ैबी फ़रिश्ते तो नहीं हो) और हम तुमको झूठा ही समझते हैं। (१८६) सो अगर तुम सच्चे हो तो हम पर (अज़ाब का) आसमान से एक टुकड़ा गिरा दो। (१८७) (शुऐब अ० ने) कहा जो तुम कर रहे हो मेरा परवरदिगार उसको ख़ूब जानता है। (१८८) ग़रज़ उन लोगों ने शुऐब को झुठलाया तो उनको सायबान† की आफ़त ने आ घेरा, बेशक वह बड़े दिन का (एक सख़्त) अज़ाब था। (१८९) इसमें बेशक (अल्लाह की क़ुदरत की एक) निशानी है। लेकिन उनमें ज़्यादातर लोग ईमान लानेवाले नहीं। (१९०) और तुम्हारा परवरदिगार बड़ा ज़ोरावर (लेकिन साथ ही) बेहद रहमवाला है। (१९१) ✱ रू. १० — १४ आ १६

और यह (क़ुर्आन) जहान के परवरदिगार का उतारा हुआ है। (१९२) इसको अमानतदार फ़रिश्तः (जिब्राईल अ०) लेकर आया है। (१९३) (ऐ पैग़म्बर! यह उतरी है) तेरे दिल पर ताकि (लोगों को अज़ाब से) डराये। (१९४) साफ़ अरबी ज़बान में। (१९५) और इसकी ख़बर अगले पैग़म्बरों की किताबों में है। (१९६) क्या लोगों के लिए यह दलील नहीं है कि इसराईल के बेटों में विद्वान लोग इस (होनहार) से जानकार है‡। (१९७) और अगर हम क़ुर्आन को किसी ग़ैर ज़बानवाले पर उतारते (१९८) और वह उसे इनको पढ़कर सुनाता तो (भी) ये (न समझते व) उस पर ईमान न लाते। (१९९) इसी तरह का इन्कार हमने गुनहगारों के दिलों में जमा दिया है (और सच्ची भली बात उनके दिलों में नहीं जमती)। (२००) (वे) इस पर ईमान न लावेंगे जब तक कि दुखदाई अज़ाब इनकी नज़रों के सामने आ न मौजूद हो। (२०१)

---

† आख़िर हज़रत शुऐब अ़लै० की क़ौम (बनवालों) पर अ़ज़ाब नाज़िल हुआ। अल्लाह तआ़ला ने उन पर गर्मी और सूरज की तपन को मुसल्लत कर दिया कि लोग अपने घरों से निकलकर मैदानों में आ गये। फिर एक बादल और दिखाई दिया जो बढ़ता चला आया जैसे सायबान सर पर तान दिया जावे। लोग उसकी छाँव में चले गये। ठंडक महसूस हुई यहाँ तक कि बादल से पानी की जगह आग बरसना शुरू हो गई। फिर ख़ौफ़नाक ज़ल्ज़लः ने किसी को भी न छोड़ा। उसके बाद हुक्म इलाही के मुताबिक़ हज़रत शुऐब अ० सपरिवार, बाक़ी ईमानवालों को साथ लेकर अलरस से मदयन आकर रहने और आस-पास की क़ौमों को हिदायत करने लगे। यहीं पर हज़रत मूसा अलै० आपसे मिले जिनके साथ आपने अपनी पुत्री सफ़ूरा की शादी की थी। ‡ पिछली किताब तौरेत में क़ुर्आन और मुहम्मद स० की रिसालत (पैग़म्बरी) का संकेत है। और यह दलील काफ़ी है क़ुर्आन और रसूल स० पर ईमान लाने के लिए।

फ़यअ्तियहुम् बग़्तत्वौंव हुम् ला यश्अ्रुरून ला (२०२) फ़यक़ूलू हल् नह्नु मुन्ज़रून त़ (२०३) अफ़बिअ्ज़ाबिना यस्तअ्जिलून (२०४) अफ़रऐत अिम्-मत्तअ्नाहुम् सिनीन ला (२०५) सुम्म जा'अहुम् मा कानू यूअ्दून ला (२०६) मा' अग़्ना अन्हुम् मा कानू युमत्तअ्न त़ (२०७) व मा' अह्लक्ना मिन् क़र्यतिन् अिल्ला लहा मुन्ज़िरून क़ स़ला ∴ (२०८) ज़िक्रा क़िफ़ ∴ व मा कुन्ना ज़ालिमीन (२०९) व मा तनज़्ज़लत् बिहिश्शयातीनु (२१०) व मा यम्बग़ी लहुम् व मा यस्ततीअ्न त़ (२११) अिन्नहुम् अनिस्समअ्अि लमअ्ज़ूलून त़ (२१२) फ़ला तद्अु मअ्अल्लाहि अिलाहन् आख़र फ़तकून मिनल्-मुअ्ज़्ज़बीन ज़ (२१३) व अन्ज़िर् अशीरतकल्-अक़्रबीन ला (२१४) वख़्फ़िज़् जनाहक लिमनित्तबअ्क मिनल्-मुअ्मिनीन ज़ (२१५) फ़अिन् अ़स़ौक फ़क़ुल् अिन्नी बरी'उम्-मिम्मा तअ्मलून ज़ (२१६) व तवक्कल् अलल्-अ़ज़ीज़िर्रहीमि ला (२१७) अल्लज़ी यराक हीन तक़ूमु ला (२१८) व तक़ल्लुबक फ़िस्-साजिदीन (२१९) अिन्नहू हुवस्समीअ़ुल्-अलीमु (२२०) हल् अुनब्बिअुकुम् अला मन् तनज़्ज़लुश्-शयातीनु त़ (२२१) तनज़्ज़लु अला कुल्लि अफ़्फ़ाकिन् असीमिन् ला (२२२) य'युल्क़ूनस्समअ् व अक्सरुहुम् काज़िबून त (२२३) वश्शुअ़रा'उ यत्तबिअुहुमुल्-ग़ावून त़ (२२४) अलम् तर अन्नहुम् फ़ी कुल्लि वादिंय्-यहीमून ला (२२५) व अन्नहुम् यक़ूलून मा ला यफ़्अ़लून ला (२२६) अिल्लल्लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व ज़करुल्लाह कसीरौं-वन्तसरू मिम्बअ़्दि मा ज़ुलिमू त़ व सयअ़्लमुल्लज़ीन ज़लमू' अय्य मुन्क़लबिं-यन्क़लिबून (२२७) ★

✪ २७ सूरतुन्नम्लि ४८ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४८७६ हुरूफ़ ११६७ शब्द ६३ आयतें और ७ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

ता-सीन् क़िफ़ तिल्क आयातुल्-क़ुर्आनि व किताबिम्-मुबीनिन् ला (१)

वह (सज़ा) इन पर यकायक आ धमकेगी और इनको ख़बर भी न होगी। (२०२) फिर (अज़ाब से बेचैन वे) कहेंगे कि हमें कुछ मुहलत मिल सकती है (कि हम अपने को सुधार लें? (२०३) (ऐ पैग़म्बर!) क्या यह लोग हमारी सज़ा (के उतरने की) जल्दी मचा रहे हैं? (२०४) तो (ऐ पैग़म्बर!) ज़रा देखो तो सही अगर हम चन्द साल इनको (दुनिया) के (रह-बस और) बरत लेने के फ़ायदे दें (२०५) फिर जिस सज़ा का इनसे वादा किया जाता है वह उनके सामने आवे, (२०६) तो वह जो इन्होंने (दुनिया के) फ़ायदे उठाये हैं इनके क्या काम आयेंगे। (२०७) और हमने किसी बस्ती को नहीं मिटाया जब तक उनके पास डर सुननेवाले (पैग़म्बर) न (भेज दिये) हों। (२०८) ताकि याद दिलायें (और सचेत कर दें) और हमारा काम ज़ुल्म करना नहीं है (२०९) और इस (क़ुर्आन) को (जैसा यह लोग ख़्याल करते हैं) शैतान लेकर नहीं उतरे। (२१०) और न यह काम उनके बस का है और न वह (इसको) कर सकते हैं। (२११) वह तो (हक़ की राह देखने-) सुनने से दूर रखे गये हैं। (२१२) तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम अल्लाह के साथ किसी दूसरे को (पूज्य मानकर) न पुकारने लगना वरना तुम भी अज़ाब में फँस जाओगे। (२१३) और अपने नज़दीकी रिश्तेदारों को (अल्लाह की सज़ा से सचेत करो और) डराओ। २१४) और जो ईमानवाले तेरे (माननेवाले) पैरो हो गये हैं उससे ख़ातिरदारी के साथ पेश आओ। (२१५) (बार बार चेतावनी देने के बाद भी) अगर लोग तेरा कहा न मानें तो कह दे कि मैं तुम्हारे कर्मों से बरी हूं। (२१६) और (उस बड़े) ज़ोरावर (और बेहद) मेहरबान (अल्लाह) पर भरोसा रखो। (२१७) जो तुम्हें देख रहा होता है जब तुम उठते हो। (२१८) और सज्दः करनेवालों में तेरी चल-फिर (भी देखता रहता है)। (२१९) बेशक वही सब कुछ सुनता और जानता है। (२२०) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से कहो कि) मैं तुमको बताऊँ कि किस पर शैतान उतरा करते हैं। (२२१) वह हर झूठे गुनहगार पर उतरा करते हैं। (२२२) (शैतान) सुनी सुनाई बात (उनके बच) ला डालते हैं और उनमें बहुतेरे झूठे ही होते हैं। (२२३) और (न मैं इन झूठों के कहने के मुताबिक कोई शायर ही हूँ;) कवि (शायर) की बात पर वही चलें जो गुमराह हों।† (२२४) क्या तूने न देखा कि यह (शायर अक्सर) हर एक (मज़मून के) मैदान में सिर मारते फिरते हैं!♦ (२२५) और ऐसी बातें कहा करते हैं जो ख़ुद नहीं करते। (२२६) (ये शायर उनके दर्जे पर कैसे पहुँच सकते हैं) हाँ मगर जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये और बहुतायत से अल्लाह का ज़िक्र (जप) किया और उन पर ज़ुल्म होने के बाद ही बदला लिया (यों किसी पर सख़्ती नहीं करते)। और जिन्होंने ज़ुल्म किये हैं‡ उनको जल्दी मालूम हो जायगा (कि वे) किस करवट पर उलटते हैं। (२२७)★

रु. ११—१५ आ २६

(*) २७ सूरतुन्-नम्लि ४८ (*)

(मक्की) इसमें ४८७६ अक्षर, ११६७ शब्द, ६३ आयतें और ७ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ता सीन*। यह क़ुर्आन (यानी) रौशन किताब की (चन्द) आयतें हैं। (१)

---

† काफ़िर ह० मुहम्मद रसूलुल्लाह स० को कभी कहानी कहने वाला, कभी दूसरों से ❋ [पेज ६२७ पर]
♦ शायर का एक रुख़ कभी नहीं रहता। वह अक्सर तरह तरह के ख़यालात में गिरफ़्तार ‡ [पेज ६२७ पर]
‡ यानें जिन्होंने रसूल स० पर पागल, कहानीबाज़, या शायर मनगढ़न्त करनेवाले की ❋ [पेज ६२७ पर]
* इस सूरः की १८ वीं आयत में 'नम्ल' शब्द आया है जिसके मानें चींटी है। [पेज ६१७ पर]

हुदौंव बुश्रा लिल्-मुअ्मिनीन ला (२) अल्लजीन युक़ीमूनस्सलात व युअ्तूनज़्ज़कात व हुम् बिल्-आख़िरति हुम् यूक़िनून (३) अिन्नल्लजीन ला युअ्मिनून बिल्आख़िरति ज़ैयन्ना लहुम् अअ्मालहुम् फ़हुम् यअ्महून त् (४) अुला अिकल्लजीन लहुम् सूअुल्-अजाबि व हुम् फ़िल्आख़िरति हुमुल्-अख़सरून (५) व अिन्नक लतुलक़्क़ल्-क़ुर्आन मिल्लदुन् हकीमिन् अलीमिन् (६) ● अिज् क़ाल मूसा लिअह्लिहि अिन्नी आनस्तु नारन् त् सआतीकुम् मिन्हा बिख़बरिन् औ आतीकुम् बिशिहाबिन् क़बसिल्-लअल्लकुम् तस्तलून (७) फ़लम्मा जाअहा नूदिय अम्बूरिक मन् फ़िन्नारि व मन् हौलहा त् व सुब्हानल्लाहि रब्बिल्-आलमीन (८) या मूसा अिन्नहू अनल्लाहुल्-अज़ीज़ुल्-हकीमु ला (९) व अल्क़ि असाक त् फ़लम्मा रआहा तह्तज़्ज़ु कअन्नहा जाॐ-वल्ला मुद्बिरौंव लम् युअक़्क़िब् त् या मूसा ला तख़फ़् क़िफ़् अिन्नी ला यख़ाफ़ु लदैयल्-मुर्सलून क़् सला (१०) अिल्ला मन् जलम सुम्म बद्दल हुसनम्-बअ़्द सूअिन् फ़अिन्नी ग़फ़ूरुर्-रहीमुन् (११) व अद्ख़िल् यदक फ़ी जैबिक तख़्रुज् बैज़ाअ मिन् ग़ैरि सूअिन् क़िफ़् फ़ी तिस्अि आयातिन् अिला फ़िर्औन व क़ौमिहि त् अिन्नहुम् कानू क़ौमन् फ़ासिक़ीन (१२) फ़लम्मा जाअत्हुम् आयातुना मुब्सिरतन् क़ालू हाजा सिह्रुम्-मुबीनुन् ज् (१३) व जहदू बिहा वस्तैक़नत्हा अन्फ़ुसुहुम् जुल्मौंव अुलूवन् त् फ़न्ज़ुर् कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुफ़्सिदीन (१४) ★ व लक़द् आतैना दावूद व सुलैमान अिल्मन् ज् व क़ालल्-हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी फ़ज़्ज़लना अला कसीरिम्मिन् अिबादिहिल्-मुअ्मिनीन (१५)

जो ईमानवालों के लिए राह दिखाने वाली और खुशख़बरी (देनेवाली) हैं (२) जो नमाज़ क़ायम करते, ज़कात देते और आख़िरत (यानी अन्तिम न्याय के दिनों) पर यक़ीन रखते हैं। (३) (और) जो लोग आख़िरत पर यक़ीन नहीं रखते हमने उनके (मन्सूबे व) आमाल उनकी नज़रों में अच्छे कर दिखाये तो यह लोग (दुनिया की मौजों के पीछे) भटके (-भटके) फिरते हैं। (४) यही लोग हैं जिनको बुरी तरह मार है और यही लोग आख़िरत में बड़े घाटे में रहेंगे। (५) और (ऐ पैग़म्बर!) तुझको तो क़ुर्आन एक हिकमतवाले (और सब कुछ) जाननेवाले (अल्लाह) से मिलता है। ● (६) (तो लोगों को याद दिलाओ) जब मूसा ने अपने घरवालों से कहा कि मुझको आग दिखलाई दी है। (ज़रा ठहरो!) मैं वहाँ से तुम्हारे पास कोई (रास्ते की) ख़बर या एक सुलगता अंगारा लाऊँगा ताकि तुम तापो। (७) फिर जब मूसा उस (चमक) के पास आये तो उनको आवाज़ आई† कि वह (प्रकाश) जो आग में है और वह जो इस आग के आस-पास है बरकतवाला है। और अल्लाह की ज़ात पाक है जो तमाम संसार का परवरदिगार है। (८) ऐ मूसा! (यह तो) मैं अल्लाह हूँ! अपार ज़ोरवाला अपार हिकमतवाला! (९) और डाल अपनी लाठी। तो जब (मूसा अ० ने लाठी डाली तो) देखा कि लाठी (इस तरह) हिल रही है मानो (ज़िन्दा) साँप तो (यह देखते ही मूसा अ०) पीठ फेरकर भागे और पीछे (घूम कर भी) न देखा। (फिर आवाज़ आई) ऐ मूसा! डरो मत, मेरे पास पैग़म्बर डरा नहीं करते। (१०) बल्कि (जिस किसी ने भी) कोई ज़ुल्म किया और फिर उसने (नेकी की और) बुराई को भलाई से बदल लिया तो मैं बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान हूँ। (११) और अपना हाथ अपने गरेबान (चोग़े) में डालो फिर निकालो तो वह बिना किसी रोग के चमचमाता सफ़ेद निकलेगा। ये (दो निशानियाँ उन) नौ निशानियों में से हैं§ जो फ़िरऔन और उसकी क़ौम के लोगों की तरफ़ (मुक़ाबले में जाने के लिए थीं।) क्योंकि वे बेशक गुनहगार थे। (१२) तो जब उनके पास हमारे आँखें खोल देनेवाले चमत्कार पहुँचे तो कहने लगे कि यह तो ज़ाहिरा (साफ़) जादू है। (१३) और बावजूद कि उनके दिल उनको क़बूल कर चुके थे (मगर) उन्होंने ज़ुल्म और शेख़ी से उन्हें मानने से इन्कार किया। तो (ऐ पैग़म्बर!) देख फ़सादियों का कैसा अन्त हुआ। (१४)★

और हमने (ही) दाऊद और सुलेमान को इल्म दिया। और (दोनों ने) कहा कि अल्लाह का शुक्र है जिसने हमको अपने बहुत-से ईमानवाले बन्दों पर बुज़ुर्गी (श्रेष्ठता) दी। (१५)

रु. ११ | १६ आ १४

[पेज ६२५ से] ❋ आयतें गढ़वा लेनेवाला और कभी शायर (कवि) याने खुद गढ़ने वाला बताते थे।

[पेज ६२५ से] ‡ होता और उसके बढ़ाने में ओर-छोर मिलाता रहता है। वह नपा-तुला और सत्य व एक ज़िक्र पर क़ायम (स्थिर) नहीं रहता। इसलिए नबी स० पर शायर होने की तुहमत कैसे चस्पा हो सकती है?

[पेज ६२५ से] ❋❋ तुहमत लगाकर लोगों में गुमराही फैलाने की बेइन्साफ़ी की है उनको जल्द पता चल जायगा कि उनके इस आमाल का क्या नतीजा उनको भुगतना पड़ा।

[पेज ६१६ से] संसार पर श्रेष्ठ हैं। असत्य को सत्य के प्रकाश के सामने अन्त में व्यर्थ होना पड़ेगा। इसलिए अल्लाह के हुक्म पर चलो, उसी की इबादत करो और उसी पर भरोसा रखो।

† यह आवाज़ एक हरे भरे दरख़्त से आ रही थी जो मानो चारों ओर आग से घिरा हुआ था (हालाँकि वहाँ न धुआँ था न लपटें। यह स्थान तूर पहाड़ के आँचल में समुद्र की सतह से ५००० फ़िट ऊँचाई पर वाक़े है। यहीं मूसा अ० को आवाज़े इलाही सुनाई दी थी और आगे चलकर इसी मुक़ाम पर सेण्ट कैथराइन की बनवाई एक ख़ानक़ाह (मठ) है जहाँ लोगों का कहना है कि वह दरख़्त सदियों से यों ही हरा-भरा देखा जा रहा है। § ह० मूसा अ० को नौ चमत्कार मिले थे देखिये सू० बनी इस्राईल आयत १०१ फ़ुटनोट§ पृष्ठ ४८७।

व वरिस सुलैमानु दावूद व क़ाल या अैयुहन्नासु उ़ल्लिम्ना मन्तिक़त्तैरि व ऊतीना मिन् कुल्लि शैअिन् इ़न्न हाजा लहुवल्-फ़ज़्लुल्-मुबीनु (१६) व हुशिर लिसुलैमान जुनूदुहू मिनल्जिन्नि वल्अिन्सि वत्तैरि फ़हुम् यूज़अून (१७) हत्ता इ़ज़ा अतौ अ़ला वादिन्नम्लि ला क़ालत् नम्लतुंय्या अैयुहन्-नम्लुद्खुलू मसाकिनकुम् ज़ ला यह्तिमन्नकुम् सुलैमानु व जुनूदुहू ला व हुम् ला यश्अुरून (१८) फ़तबस्सम ज़ाहिकम्मिन् क़ौलिहा व क़ाल रब्बि औ ज़िअ़्नी अन् अश्कुर निअ़्मतकल्लती अन्अ़म्त अ़लैय व अ़ला वालिदैय व अन् अ़्मल सालिहन् तर्ज़ाहु व अद्ख़िल्नी बिरह़्मतिक फ़ी इ़बादिकस़् - सालिहीन (१९) व तफ़क़्क़दत्तैर फ़क़ाल मा लिय ला अरल्हुद्हुद ज़ सला अम् कान मिनल्-ग़ाइबीन (२०) लअुअ़ज्जिबन्नहू अ़ज़ाबन् शदीदन् औ ला अज्बहून्नहू औ लयअ़्तियन्नी बिसुल्तानिम्-मुबीनिन् (२१) फ़मकस़ ग़ैर बअ़ीदिन् फ़क़ाल अह़त्तु बिमा लम् तुह़ित् बिहि व जिअ़्तुक मिन् सबअिम्-बिनबअिं-यक़ीनिन् (२२) इन्नी वजत्तुम्-रअत्रन् तम्लिकुहुम् व ऊतियत् मिन् कुल्लि शैअिंव्व लहा अ़र्शुन् अ़ज़ीमुन् (२३) व जत्तुहा व क़ौमहा यस्जुदून लिश्शम्सि मिन् दूनिल्लाहि व ज़ैयन लहुमुश्शैतानु अ़्मालहुम् फ़सद्दहुम् अनिस्सबीलि फ़हुम् ला यह्तदून ला (२४) अल्ला यस्जुदू लिल्लाहिल्लज़ी युख़्रिजुल्-ख़ब्अ फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि व यअ़्लमु मा तुख़्फ़ून व मा तुअ़्लिनून (२५) अल्लाहु ला इलाह इल्ला हुव रब्बुल्-अ़र्शिल्-अ़ज़ीमि (२६) ▲ क़ाल सनन्ज़ुरु असदक़्त अम् कुन्त मिनल्काज़िबीन (२७) इज़्हब् बिकिताबी हाज़ा फ़अल्क़िह् इलैहिम् सुम्म तवल्ल अन्हुम् फ़न्ज़ुर् मा ज़ा यर्ज़िअून (२८) क़ालत् या अैयुहल्मलअु इन्नी उ़ल्क़िय इलैय किताबुन् करीमुन् (२९) इन्नहू मिन् सुलैमान व इन्नहू बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ला (३०)

और सुलैमान दाऊद के वारिस हुए‡ और कहा लोगो ! हमको (अल्लाह की तरफ़ से) उड़ते जानवरों की बोली सिखाई गई है और हमको हर तरह के सामान मिले, बेशक यह (अल्लाह की) खुली कृपा है। (१६) और सुलैमान का लश्कर जिन्नों और आदमियों और पक्षियों में से जमा किया गया फिर उनको करीने से रखा जाता था। (१७) यहाँ तक कि जब चींटियों के मैदान में पहुँचे तो एक चींटी ने कहा कि ऐ चींटियो ! अपने बिलों में घुस जाओ, ऐसा न हो कि सुलैमान और सुलैमान का लश्कर तुमको कुचल डाले और उनको (इसकी) ख़बर भी न हो। (१८) फिर चींटी की (इस) बात पर सुलैमान हँस पड़ा और कहने लगा कि ऐ परवरदिगार मुझको इस लायक़ कर§ कि जैसे इहसान तूने मुझ पर और मेरे मा-बाप पर किये हैं (तेरे उन इहसानों का वाजिब) शुक्र अदा करूँ और ऐसे नेक काम करता रहूँ कि जिनको तू पसंद फ़र्माए और मुझे अपनी बख़्शीश से अपने नेक बन्दो में दाख़िल करे। (१९) और (एक बार अपने लश्कर में) सुलैमान ने चिड़ियों की हाज़िरी ली, तो कहा कि क्या वजह है जो मैं हुदहुद को मौजूद नहीं पाता; क्या वह (कहीं) ग़ायब हो गया है ? (२०) मैं उसको ज़रूर सख़्त सज़ा दूँगा या उसे हलाल कर डालूँगा या वह हमारे हुज़ूर में कोई मुनासिब वजह (ग़ैरहाज़िरी की) बयान करे। (२१) फिर थोड़ी ही देर बाद (हुदहुद) आ पहुँचा और कहने लगा कि मुझको एक ऐसा हाल मालूम हुआ है जो तुम्हें मालूम नहीं, और मैं (शहर) सबा की एक जँची ख़बर लेकर आया हूं। (२२) मैंने (वहाँ) एक औरत को पाया जो वहाँ की रानी है और (अल्लाह के फ़ज़्ल से) हर तरह के सामान उसको मयस्सर हैं और उसके यहाँ एक बड़ा (आलीशान) तख़्त है। (२३) मैंने मलिका और उसकी क़ौम के लोगों को देखा कि अल्लाह के अलावा वे सूरज को सज्दः करते हैं और शैतान ने उनके कामों को उनकी नज़र में (सही और) अच्छा कर दिखाया है और उनको सीधी राह से रोक दिया है तो उनको राह नहीं सूझ पड़ती † (२४) फिर (वे क्यों न) अल्लाह ही के आगे सज्दः करें जो आसमान और ज़मीन की छिपी हुई चीज़ों निकालता है। और जो काम तुम छिपाकर करते हो या ज़ाहिरा करते हो वह (तमाम व्यक्त-अव्यक्त से) जानकार है। (२५) अल्लाह के सिवाय कोई और इबादत के लायक़ नहीं, वही बड़े तख़्त (याने सारे आलम) का परवरदिगार है। (२६) ▲ (सुलैमान अ० ने) कहा हम देखेंगे कि तूने सच कहा है या तू झूठा है। (२७) (और तू) यह मेरा ख़त लेकर चला जा और इसको उनकी तरफ़ डाल दे फिर उनसे हट आ, फिर देख कि वह क्या जवाब देते हैं। (२८) (चुनांचे हुदहुद के ज़रिये ख़त पहुँचने पर रानी ख़त सुनकर) बोली⁂ ऐ दरबारियो ! एक इज़्ज़त का अहम (महत्वपूर्ण) ख़त मेरी तरफ़ डाला गया है। (२९) यह (ख़त) सुलैमान की तरफ़ से है और शुरू है अल्लाह के नाम से जो बड़ा रहमवाला बेहद मेहरबान है। (३०)

▲ स ज्द: ८

[पेज ६२३ से] सालेह अ० ने कहा कि तुम्हारी मनहूसियत तुम्हारे कर्मों से ही है। अलावा, अब मेरे ज़रिये पैग़ाम आजाने पर तुम्हारा इम्तहान हो रहा है कि तुम नेक या बद कौन सी राह पकड़ते हो। शायद तुम्हारी मनहूसियत तुमको सही राह पर आने न देगी !

‡ ह० सुलैमान अ० ह० दाऊद अ० के बाद नबी हुये। § सुलैमान अ० अल्लाह से दुआ करते हैं कि जितना बेशुमार लश्कर व बेशबहा सामान व हुकूमत व इज़्ज़त तूने मुझे दी है, मुझे ऐसी सूझ दे कि मैं घमण्ड में न फसूँ और तेरी कृपा का इहसान मानता रहूँ। यह भी मालूम हो कि ह० सुलैमान अ० को जानवरों, चिड़ियों, चिउँटियों वग़ैरः की बोली समझ लेने का ग़िल्म अल्लाह ने अता किया था। † सबाइयों की रिवासत अरब के दक्खिनी हिस्से में यमन, हज़्र मौत और अबीसीनिया तक फैली थी। ईस्वी सन् पू० से लगभग ११०० से १०० साल पहले तक इनकी बड़ी तरक़्क़ी रही और रोम, यूनान, ईरान, हिन्दोस्तान तक इनकी तिजारत फैली हुई थी। उन्हीं सबाइयों की इस बुलन्दमरतबा रानी बिल्क़ीस का यह ज़िक्र है। ⁂ यानी रानी सबा की, जिसका नाम बिलक़ीस था उसने कहा।

रु. २ — १७ आ १७

अल्ला तऽनू अलैय वअ्तूनी मुस्लिमीन (३१) ★ क़ालत् या अैयुहल्-मलअु अफ़्तूनी फ़ी अम्री ज मा कुन्तु क़ातिअतन् अम्रन् हत्ता तश्हदूनि (३२) क़ालू नहनु अुलू क़ूवतिव्व अुलू बअ्सिन् शदीदिन् ۵ ला ७'वल्अम्रु अिलैकि फ़न्ज़ुरी मा जा तअ्मुरीन (३३) क़ालत् अिन्नल्मुलूक अिजा दख़लू क़र्यतन् अफ़्सदूहा व जअलू अअिज़्ज़त अह्लिहा अजिल्लतन् ज व कजालिक यफ़्अलून (३४) व अिन्नी मुर्सिलतुन् अिलैहिम् बिहदोयतिन् फ़नाजिरतुम्-बिम यर्जिअुल् - मुर्सलून (३५) फ़लम्मा जा अ सुलैमान क़ाल अतुमिद्दूननि बिमालिन् ज फ़मा आतानियल्लाहु ख़ैरुम्मिम्मा आताकुम् ज बल् अन्तुम् बिहदोयतिकुम् तफ़रहून (३६) अिर्जिअ् अिलैहिम् फ़लनअ्तियन्नहुम् बिजुनूदिल्ला क़िबल लहुम् बिहा व लनुख़्रिजन्नहुम् मिन्हा अजिल्लतौंव हुम् साग़िरून (३७) क़ाल या अैयुहल्मलअु अैयुकुम् यअ्तीनी बिअर्शिहा क़ब्ल अैंयअ्तूनी मुस्लिमीन (३८) क़ाल अिफ़्रीतुम् - मिनल्जिन्नि अना आतीक बिहत्ति क़ब्ल अन् तक़ूम मिम्मक़ामिक ज व अिन्नी अलैहि लक़वीयुन् अमीनुन् (३९) क़ाललज्जी अिन्दहु अिल्मुम्मिनल् - किताबि अना आतीक बिहत्ति क़ब्ल अैंयर्तद अिलैक तर्फ़ुक त फ़लम्मा रआहु मुस्तक़िर्रन् अिन्दहु क़ाल हाजा मिन् फ़ज़्लि रब्बी क़िफ़् सला लियब्लुवनी अ अश्कुरु अम् अक्फ़ुरु त व मन् शकर फ़अिन्नमा यश्कुरु लिनफ़्सिहत्ति ज व मन् कफ़र फ़अिन्न रब्बी ग़नीयुन् करीमुन् (४०) क़ाल नक्किरू लहा अर्शहा नन्जुर् अतह्तदी अम् तकूनु मिनल्लजीन ला यह्तदून (४१) फ़लम्मा जा अत् क़ील अहाकजा अर्शुकि त क़ालत् कअन्नहु हुव ज व अूतीनल् - अिल्म मिन् क़ब्लिहा व कुन्ना मुस्लिमीन (४२) व सद्दहा मा कानत् तअ्बुदु मिन्दूनिल्लाहि त अिन्नहा कानत् मिन् क़ौमिन् काफ़िरीन (४३)

وقال الذين ٣٠٣ النمل ٢٧
الرحمن الرحيم ۝ الا تعلوا علي وأتوني مسلمين ۝ قالت يا أيها الملؤا
أفتوني في أمري ما كنت قاطعة أمرا حتى تشهدون ۝ قالوا نحن أولوا
قوة وأولوا بأس شديد والأمر إليك فانظري ماذا تأمرين ۝ قالت
إن الملوك إذا دخلوا قرية أفسدوها وجعلوا أعزة أهلها أذلة وكذلك
يفعلون ۝ وإني مرسلة إليهم بهدية فناظرة بم يرجع المرسلون ۝
فلما جاء سليمن قال أتمدونن بمال فما اتنن الله خير مما اتىكم
بل أنتم بهديتكم تفرحون ۝ ارجع إليهم فلنأتينهم بجنود لا قبل
لهم بها ولنخرجنهم منها أذلة وهم صغرون ۝ قال يا أيها الملؤا
أيكم يأتيني بعرشها قبل أن يأتوني مسلمين ۝ قال عفريت من
الجن أنا اتيك به قبل أن تقوم من مقامك وإني عليه لقوي أمين ۝
قال الذي عنده علم من الكتب أنا اتيك به قبل أن يرتد إليك
طرفك فلما رءاه مستقرا عنده قال هذا من فضل ربي ليبلوني
ءأشكر أم أكفر ومن شكر فإنما يشكر لنفسه ومن كفر فإن ربي
غني كريم ۝ قال نكروا لها عرشها ننظر أتهتدي أم تكون من
الذين لا يهتدون ۝ فلما جاءت قيل أهكذا عرشك قالت كأنه هو
وأوتينا العلم من قبلها وكنا مسلمين ۝ وصدها ما كانت تعبد من
دون الله إنها كانت من قوم كفرين ۝ قيل لها ادخلي الصرح فلما رأته

और (फिर ताक़ीद है) यह कि मुझसे सरकशी न करो और हुक्मबरदार बनकर मेरे पास चले आओ। (३१) ★

(रानी) बोली ऐ दरबारियो ! मेरे मामले में मुझको राय दो। जब तक तुम मेरे सामने मौजूद न हो (और तुमसे सलाह न कर लूँ) मैं किसी काम में फ़ैसला नहीं किया करती। (३२) (दरबारियों ने) निवेदन किया कि हम ताक़तवर और बड़े लड़ने वाले हैं और आपको इख़्तियार है जैसा चाहे हुक्म दें, देखें आप क्या हुक्म देती हैं (३३) (वह) बोली बादशाह जब किसी शहर में दाख़िल होते हैं तो उसको तबाह करते हैं और वहाँ के इज़्ज़तदारों को बेइज़्ज़त करते हैं, (और यह लोग भी कुछ) ऐसा ही करेंगे।§ (३४) और मैं उनकी तरफ़ कुछ तुहफ़े (बतौर नज़र) भेजकर देखती हूँ कि भेजे हुये (दूत) क्या जवाब लेकर आते हैं। (३५) फिर (दूत) जब सुलैमान के सामने (नज़र लेकर) आया तो (सुलैमान अ० ने) कहा क्या तुम लोग माल से मेरी सहायता करते हो। तो जो कुछ अल्लाह ने मुझको दे रखा है बेहतर है उससे जो तुमको दिया है। बल्कि तुम ही अपने तुहफ़े से ख़ुश रहो। (३६) (ऐ दूत ! जिसने तुझे भेजा है) उन्हीं के पास लौट जा और हम ऐसा लश्कर लेकर उन पर चढ़ाई करेंगे कि जिसका उनसे सामना न हो सकेगा और (हम) वहाँ से उनको अपमानित करके निकाल देंगे और वह ज़लील होंगे। (३७) (सुलमान अ० ने) कहा ऐ दरबारियो ! कोई तुम में ऐसा भी है कि उस औरत का तख़्त मेरे पास उठा लाये उससे पहले कि वह फ़रमाबरदार होकर मेरे पास हाज़िर हो ? (३८) (इस पर) जिन्नों में से एक ज़ोरावर बोला कि (दरबार के बरख़ास्त होने यानी) आपके अपनी जगह से उठने से पहले ही मैं वह तख़्त आपके पास ला हाज़िर करूँगा। और मैं उस (के उठा लाने) की ताक़त रखता और (इस काम के भरोसे के लायक़) अमानतदार ज़ोरावर हूँ। (३९) एक आदमी जिसको किताब का इल्म था बोला कि मैं आँख झपकने के पहले तख़्त को तुम्हारे सामने ला हाज़िर करूँगा। फिर (सुलैमान अ० ने) देखा तो तख़्त को अपने पास मौजूद पाया तो बोल उठा कि यह भी मेरे परवरदिगार का इहसान है ताकि मुझे आज़माये कि मैं (अपने परवरदिगार का) शुक्र करता हूँ या नाशुक्रा हूँ। और जो कोई (अल्लाह का) शुक्र करता है तो वह अपने लिए करता है और जो कोई नाशुक्री करे तो मेरा परवरदिगार तो बेनियाज़ (निस्पृह और ख़ुद) कृपा करने वाला (अपने में भरपूर) है।(४०) (सुलैमान अ० ने) हुक्म दिया कि मलिका (की बुद्धि की परीक्षा) के लिए उस तख़्त की सूरत बदल दो ताकि हम देखें कि वह सूझ रखती है (कि शकल बदले हुए अपने सिंहासन को पहचान लेती है) या उन लोगों में से है जो सूझ नहीं रखते। (४१) चुनाँचे (रानी बिल्क़ीस ह० सुलैमान अ० के पास बैतुलमुक़द्दस में) जब आई तो (उससे) कहा गया कि क्या ऐसा ही तेरा तख़्त है? वह बोली गोया वही है और (सुलैमान अ० से बोली कि) हमें तो पहले ही मालूम हो गया था (जबकि तुहफ़े लौट आये थे कि आप महज़ बादशाह नहीं बल्कि अल्लाह के नबी हैं) और हमने फ़रमाबरदारी स्वीकार कर ली थी। (४२) और अल्लाह के सिवाय (सूरज वग़ैरः) जिन चीज़ों को पूजती थी, उससे उसको (ह० सुलैमान अ० ने) मना किया। बेशक (पहले) वह काफ़िरों में से थी। (४३)

§ ह० सुलैमान अ० का ख़त पाकर रानी बिल्क़ीस ने दरबारियों से मशविरः लेने के बाद अपनी राय क़ायम की कि मैं सुलैमान अ० के पास क़ीमती तुहफ़े व नज़र न्याज़ भेजती हूँ। अगर वह उसको क़बूल कर लेता है तो समझो वह भी औरों जैसा एक महज़ बादशाह है और तब उससे जंग में निबट लेना मामूली बात होगी। और अगर उन तुहफ़ों से नज़र छुपा लेता है तो समझो वह अल्लाह का चुना हुआ बन्दा और नबी है। उस सूरत में उससे जंग लेना तबाही मोल लेना है। चुनांचे ऐसा हुआ और ह० सुलैमान अ० ने तुहफ़े वापस कर अल्लाह की ओर उसको दावत दी। वह दूरन्देश रानी भी समझ गई कि यह ज़रूर कोई नबी है।

रु. २/१७ आ १७

क़ोल लहद्ख़ुलिस्सर्ह ज़ फ़लम्मा रअत्हु हसिबत्हु लुज्जत्वौंव कशफ़त् अन् साक़ैहा त् क़ाल अिन्नहु सर्हुम् - मुमर्रदुम् - मिन् क़वारीर ۵ त् क़ालत् रब्बि अिन्नी जलम्तु नफ़्सी व अस्लम्तु मअ सुलैमान लिल्लाहि रब्बिल् - आलमीन (४४) ★ व लक़द् अर्सल्ना अिला समूद अख़ाहुम् सालिहन् अनिअ़्बुदुल्लाह फ़अिजा - हुम् फ़रीक़ानि यख़्तसिमून (४५) क़ाल या क़ौमि लिम तस्तअ़्जिलून बिस्सैयिअति क़ब्लल् - हसनति ज़ लौ ला तस्तग़्फ़िरूनल्लाह लअल्लकुम् तुर्हमून (४६) क़ालुत्तैयर्ना बिक व बिमम्मअक त् क़ाल ता अिरुकुम् अिन्दल्लाहि बल् अन्तुम् क़ौमुन् तुफ़्तनून (४७) व कान फ़िल्मदीनति तिस्अ़ुरहत्तीं-युफ़्सिदून फ़िल्अर्ज़ि व ला युस्लिहून (४८) क़ालू तक़ात्मू बिल्लाहि लनुबैयितन्नहु व अह्लहु सुम्म लनक़ूलन्न लिवलीयिहि मा शहिद्ना मह्लिक अह्लिहि व अिन्ना लसादिक़ून (४९) व मकरू मक्रौंव मकर्ना मक्रौंवहुम् ला यश्अुरून (५०) फ़न्ज़ुर् कैफ़ कान आक़िबतु मक्रिहिम् ला अन्ना दम्मर्नाहुम् व क़ौमहुम् अज्मअ़ीन (५१) फ़तिल्क बुयूतुहुम् ख़ाविय़तम् - बिमा ज़लमू त् अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयतल् - लिक़ौमीं - यअ़्लमून (५२) व अन्जैनल्लज़ीन आमनू व कानू यत्तक़ून (५३) व लूतन् अिज़् क़ाल लिक़ौमिहि अतअ्तूनल् - फ़ाहिशत व अन्तुम् तुब्सिरून (५४) अअिन्नकुम् लतअ्तूनर्-रिजाल शह्वतम्-मिन् दूनिन्निसा अि त् बल् अन्तुम् क़ौमुन् तज्हलून (५५) फ़मा कान जवाब क़ौमिहि अिल्ला अन् क़ालू अख़्रिजू आल लूतिम् - मिन् क़र्यतिकुम् ज़ अिन्नहुम् अुनासुंय्यत - तत्हरून (५६) फ़अन्जैनाहु व अह्लहु अिल्लम् - रअतहु ज़ क़द्दर्नाहा मिनल् - ग़ाबिरीन (५७) व अम्तर्ना अलैहिम् मत्तरन् ज़ फ़सा अ मतरुल् - मुन्ज़रीन (५८) ★ क़ुलिल् - हम्दु लिल्लाहि व सलामुन् अला अिबादिहिल्लज़ीनस्-तफ़ा त् आल्लाहु ख़ैरुन् अम्मा युशरिकून त् (५९)



॥ इति उन्नीसवाँ पारः ॥

(फिर) उससे कहा गया कि महल में दाख़िल हो, तो जब उसने महल (के फ़र्श) को देखा तो उसको पानी का हौज़ समझी और (पानी से कपड़े बचाने के लिए अपनी) दोनों पिंडलियाँ खोल दीं। (सुलैमान अ० ने) कहा यह तो (शीश) महल है जिसमें शीशे जड़े हैं। (रानी अपनी नादानी पर नादिम होकर) बोली ऐ मेरे परवरदिगार! मैंने अपना ही नुक़सान किया और अब मैं सुलैमान के साथ होकर अल्लाह की फ़रमाबरदार हुई जो सारे जहान का परवरदिगार है। (४४) ★

और हमने (ही क़ौम) समूद की तरफ़ उनके भाई सालेह को (पैग़म्बरी देकर) भेजा था कि (लोगो! सिर्फ़ उस एक) अल्लाह की अ़िबादत करो, फिर सालेह के आते ही वह लोग (आपस में) दो फ़रीक़ हो गये और झगड़ने लगे। (४५) (सालेह अ० ने) कहा भाइयो! भलाई से पहले बुराई (फट पड़ने) के लिए क्यों जल्दी मचाते हो; ‡(बजाय इसके) अल्लाह के सामने क्षमा क्यों नहीं माँगते कि शायद तुम पर (उसका) रहम हो। (४६) वह बोले हमने तुझे और इन लोगों को जो तेरे साथ हैं बड़ा ही मनहूस पाया। (सालेह अ० ने) कहा तुम्हारी मनहूसियत तो अल्लाह ही की तरफ़ से है। बल्कि तुम लोग जाँचे जा रहे हो।◉ (४७) और शहर में नौ (जत्थेवाले) लोग थे जो ज़मीन में फ़साद करते और इस्लाह (सवाँर) न करते थे। (४८) उन्होंने आपस में कहा अल्लाह की क़सम खाओ कि हम ज़रूर सालेह को और उसके घरवालों को रात के समय जा मारेंगे फिर (क़िसास याने ख़ूनबहा के दण्ड से बचने के लिए) उसके वारिस से कह देंगे कि सालेह के घरवालों के मारे जाने के समय हम मौजूद न थे और हम बेशक सच कहते हैं। (४९) ग़रज़ उन्होंने एक तरकीब की और हमने भी एक तरकीब की और उनको ख़बर भी न हुई ७ (५०) फिर (ऐ पैग़म्बर!) देखा कि उनके फ़रेब का कैसा परिणाम हुआ कि हमने उनको और उनकी सारी क़ौम को हलाक कर डाला। (५१) सो यह (देखो!) कि उनके घर उनके ज़ुल्म के कारन ढहे पड़े हैं। बेशक जो लोग समझ रखते हैं उनको इस (दृष्टांत) में नसीहत है।† (५२) और जो लोग ईमान लाये और अल्लाह से डरते रहे उनको हमने बचा लिया। (५३) और (यही हाल हुआ) जब लूत ने अपनी क़ौम से कहा कि तुम जानते बूझते भी बेशर्मी करते हो। (५४) क्या तुम औरतों को छोड़कर मर्दों पर ललचाकर दौड़ते हो? बात यह है कि तुमको समझ ही नहीं है। (५५) तो लूत की क़ौम का इसके सिवाय और कुछ जवाब न था कि लूत (और लूत) के घराने को अपनी बस्ती से निकाल बाहर करो। (क्योंकि) यह लोग बड़े पाक बनना चाहते हैं।(५६) फिर हमने लूत को और उनके घर के लोगों को बचा लिया सिवाय उनकी बीबी जिसको हमने (अज़ाब में तबाह होने के लिए) पीछे रह जाने वालों में रखा। (५७) और हमने उन (बचे हुओं) पर पत्थर बरसाये, तो कैसा बुरा पथराव उन पर बरसा जिनको पहले (हमारे अज़ाब से) डराया जा चुका था। (५८) ★

(ऐ पैग़म्बर!) कहो सब तारीफ़ अल्लाह ही के लिए है और अल्लाह के बन्दों को सलाम है जिनको उसने क़बूल किया। भला अल्लाह बेहतर है या जिनको ये शरीक ठहराते हैं? (५९)

॥ इति उन्नीसवाँ पारः ॥

रु. ३ — १८ आ १३

रु. ४ — १६ आ १४

‡ सालेह अ० की क़ौम समूद में कहती कि जिस अज़ाब का डर दिखाते हो वह क्यों हम पर जल्दी नहीं ले आते जब हम बार बार तुमसे इन्कार करते हैं। ◉ लोगों ने कहा कि तुम अजब मनहूस हो कि जब से तुमने अपना राग हमारे पूर्वजों के ख़िलाफ़ अलापा, कोई न कोई मुसीबत खड़ी रहती है। [पेज ६२६ पर] ७ याने वे सरकश सालेह अ० व उनके घरवालों की तबाही की जुगुत सोच रहे थे और उन्हें यह ख़बर न थी कि अल्लाह ने जो उनको मौक़ा सवाँरने का दिया था वह ख़त्म होने को है और उनकी तबाही उनके सर पर मँडरा रही है। † यही हाल एक दिन मक्का के काफ़िरों का होना है।

✪✪ बीसवाँ पार: अम्मन् ख़लक़स्समावाति ✪✪

✪ सूरतुन्नम्लि आयत ६० से ९३ ✪

अम्मन् ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व अन्ज़ल लकुम् मिनस्समा'अि मा'अन् ज् फ़अम्बत्ना बिहदाइ'क़ जात बहजत्तिन् ज् मा कान लकुम् अन् तुम्बितू शजरहा त् अअिलाहुम् - मअल्लाहि त् बल् हुम् कौमुंय्यऽदिलून त् (६०) अम्मन् जअलल्अर्ज़ क़रारौंव जअल ख़िलालहा अन्हारौंव जअल लहा रवासिय व जअल बैनल् - बहरैनि हाजिज़न् त् अअिलाहुम्-मअल्लाहि त् बल् अक्सरुहुम् ला यऽलमून त् (६१) अम्मैंयुजीबुल् - मुज़्तर्र अिजा दआहु व यक्शिफ़ुस्सू'अ व यज्अलुकुम् ख़ुलफ़ा'अल्-अर्ज़ि त् अअिलाहुम्-मअल्लाहि त् क़लीलम्मा तजक्करून त् (६२) अम्मैंयह्दीकुम् फ़ी ज़ुलुमातिल् - बरि वल्बह्रि व मैंयुर्सिलुर्रियाह बुश्रम्बैन यदै रह्मतिहदाइ त् अअिलाहुम् - मअल्लाहि त् तआलल्लाहु अम्मा युश्रिकून त् (६३) अम्मैं - यब्दअुल् - ख़ल्क़ सुम्म युअीदुहु व मैंयर्ज़ुक़ुकुम् मिनस्समा'अि वल्अर्ज़ि त् अअिलाहुम्-मअल्लाहि त् क़ुल् हातू बुर्हानकुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (६४) क़ुल् ला यऽलमु मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़िल्ग़ैब अिल्लल्लाहु त् व मा यश्अुरून अैयान युब्असून (६५) बलिद्दारक अिल्मुहुम् फ़िल्आख़िरति क़िफ़् बल् हुम् फ़ी शक्किम् - मिन्हा ज् क़िफ़् बल् हुम् मिन्हा अमून (६६) ★ व क़ाललल्जीन कफ़रू'अ अिजा कुन्ना तुराबौंव आबा'अुना अअिन्ना लमुख़्रजून (६७) लक़द् वुअिद्ना हाज़ा नह्नु व आबा'अुना मिन् क़ब्लु ला अिन् हाज़ा अिल्ला असातीरुल् - औवलीन (६८) क़ुल् सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल् - मुज्रिमीन (६९) व ला तह्ज़न् अलैहिम् व ला तकुन् फ़ी ज़ैक़िम् - मिम्मा यम्कुरून (७०)

★ रु. ५ — १ आ ८

✪✪ बीसवाँ पारः (अम्मन् ख़लक़स्समावाति) ✪✪

✪ सूरतुन्नम्लि आयत ६० से ९३ ✪

वह कौन है जिसने आसमान व ज़मीन पैदा किये और आसमान से तुम लोगों के लिए पानी बरसाया ? फिर उस (पानी) के ज़रिये से हमने रौनक़दार बाग़ पैदा किये। तुम्हारे बस की तो बात न थी कि तुम उनके दरख़्तों को उगा सको। तो अब क्या अल्लाह के साथ (कोई और) इलाह (पूज्य भी) है ? कोई नहीं, मगर यही कि यह लोग राह से अलग हो रहे हैं। (६०) भला किसने ज़मीन को ठहरने की जगह बनाया और उसके बीच में नदी-नाले बनाए और उसमें पहाड़ जमाये और दो दरयाओं में आड़ रखी§। तो अब क्या अल्लाह के साथ कोई (और इलाह) पूजित है ? कोई नहीं, मगर इन लोगों में बहुधा बुद्धि नहीं रखते। (६१) भला (अल्लाह के अलावा) आर्त्त (बेक़रार) की पुकार को कोई सुनता है जब वह उसको पुकारता है और कोई तकलीफ़ को टाल देता है और तुमको ज़मीन में नायब (अधिकार-पूर्ण) बनाता है ? क्या अब अल्लाह के साथ कोई और इलाह (पूजित) है ? तुम बहुत कम ध्यान देते हो। (६२) भला कौन तुम लोगों को जंगल और पानी के अँधियारे में राह दिखाता है और कौन उसकी मेहर के आगे हवाओं को (मेह की) ख़ुशख़बरी देने के लिए भेजता है। तो अब क्या अल्लाह के साथ (कोई और इलाह) पूजित है ? (हरगिज नहीं) अल्लाह बहुत ऊँचा है उस शिर्क (बहुदेव पूजन) से जो यह लोग करते हैं। (६३) भला कौन है जो पहले नई सृष्टि पैदा करता है और उसी तरह दोबारा पैदा करेगा और कौन है जो तुम्हें आसमान व ज़मीन से रोज़ी देता है, क्या अब अल्लाह के साथ (और कोई इलाह) पूजित है ? (कोई नहीं)। (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि अगर सच्चे हो तो अपनी दलील पेश करो। (६४) (और यह भी) कहो कि जितनी पैदायश आसमान व ज़मीन में है उसमें से किसी को भी अल्लाह के सिवाय छिपे हुए भेद (अदृष्ट के रहस्य) की ख़बर नहीं, और न यही जानते हैं कि किस समय (वे दोबारा ज़िन्दः करके) उठाये जायेंगे। (६५) बल्कि उन लोगों की आख़िरत के बारे में जानकारी ही गुम (लुप्त) हो चुकी है; बल्कि इसके बारे में इनको शक हैं; बल्कि यह लोग उससे अन्धे हो रहे हैं। (६६)★

और जो लोग (रोज़ क़ियामत से) इन्कार करने वाले हैं वह कहते हैं कि क्या जब हम और हमारे बाप-दादा मिट्टी हो जायँगे तो हम फिर (ज़मीन से उठा) निकाले जायँगे ? (६७) पहले से भी हमसे और हमारे बाप-दादों से ऐसे वादे होते चले आये हैं (कैसी क़ियामत और कैसा क़बरों से जी उठना !) यह अगले लोगों की (बेसनद) कहानियाँ हैं। (६८) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि मुल्क में चलो-फिरो और देखो कि अपराधियों का कैसा अंत हुआ। (६९)

§ दो पानी के सोते या नदी और समुद्र आपस में मिले होने पर भी रंग, ज़ायक़ः या सर्दी-गर्मी के फ़र्क़ अपने में क़ायम रखते हैं। यह अल्लाह के सिवा किसकी क़ुदरत है ?

★ रु. ५/१ आ ८

व यक़ूलून मता हाज़ल्वअ्दु इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (७१) क़ुल् असा अंय्कून रदिफ़ लकुम् बअ्ज़ुल्लजी तस्तअ्जिलून (७२) व इन्न रब्बक लज़ू फ़ज़्लिन् अलन्नासि व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यश्कुरून (७३) व इन्न रब्बक लयअ्लमु मा तुकिन्नु सुदूरुहुम् व मा युअ्लिनून (७४) व मा मिन् ग़ाइबतिन् फ़िस्समाइ वल्अर्ज़ि इल्ला फ़ी किताबिम्-मुबीनिन् (७५) इन्न हाज़ल्क़ुर्आन यक़ुस्सु अला बनी इस्राईल अक्सरल्लजी हुम् फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (७६) व इन्नहु लहुदंव रह्मतुल्-लिल्मुअ्मिनीन (७७) इन्न रब्बक यक़्ज़ी बैनहुम् बिहुक्मिहि ज् व हुवल्अज़ीज़ुल्-अलीमु ला ज् (७८) फ़तवक्कल् अलल्लाहि त् इन्नक अलल्हक़्क़िल्-मुबीनि (७९) इन्नक ला तुस्मिअुल्मौता व ला तुस्मिअुस्-सुम्मद्दुआ इज़ा वल्लौ मुद्बिरीन (८०) व मा अन्त बिहादिल्-अुम्यि अन् ज़लालतिहिम् त् इन् तुस्मिअु इल्ला मैंयुअ्मिनु बिआयातिना फ़हुम् मुस्लिमून (८१) व इज़ा वक़अल्क़ौलु अलैहिम् अख़्रज्ना लहुम् दाब्बतम्-मिनल्अर्ज़ि तुकल्लिमुहुम् ला अन्नन्नास कानू बिआयातिना ला यूक़िनून (८२) ✱ व यौम नह्शुरु मिन् कुल्लि उम्मतिन् फ़ौजम्मिम्-मैंयुकज्जिबु बिआयातिना फ़हुम् यूज़अून (८३) हत्ता इज़ा जाऊ क़ाल अकज्जब्तुम् बिआयाती व लम् तुहीतू बिहा इल्मन् अम्माज़ा कुन्तुम् तअ्मलून (८४) व वक़अल्क़ौलु अलैहिम् बिमा ज़लमू फ़हुम् ला यन्तिक़ून (८५) अलम् यरौ अन्ना जअल्नल्लैल लियस्कनू फ़ीहि वन्नहार मुब्सिरन् त् इन्न फ़ी ज़ालिक लआयातिल्-लिक़ौमिं-युअ्मिनून (८६)

और इन पर कुछ अफ़सोस न करो और जैसी जैसी तदबीरें (व फ़रेब) तुम्हारे ख़िलाफ़ ये लोग कर रहे हैं उनसे तंगदिल न हो। (७०) और कहते हैं कि अगर (हमारी सरकशी पर अज़ाबे इलाही की धमकी देने में) तुम सच्चे हो तो यह (अज़ाब का) वादा कब होगा? (७१) (तो इनसे) कह दो कि क्या आश्चर्य जिसकी (सज़ा की) तुम जल्दी मचा रहे हो, वह तुम्हारे पास आ लगी हो। (७२) और यह कि तुम्हारा परवरदिगार (अज़ाब लाने को उतावला नहीं है, वह तो) लोगों पर कृपा रखता है मगर अक्सर लोग शुक्रगुज़ार नहीं होते। (७३) और यह कि जैसी-जैसी बातें लोगों के दिलों में छिपी हुई हैं और जो कुछ यह प्रत्यक्ष करते हैं तुम्हारे परवरदिगार को सब मालूम है। (७४) और आसमान और ज़मीन में ऐसी कोई छिपी हुई बात नहीं (जो) खुली किताब (लौहमहफ़ूज़) में न लिखी हो। (७५) बेशक यह क़ुर्आन इसराईल के बेटों के सामने अक्सर ऐसी बातों को जिनमें वे फ़र्क़ (मतभेद) डालते हैं ज़ाहिर करता है। (७६) और ईमानवालों के हक़ में यह (क़ुर्आन) हिदायत और कृपा है। (७७) (अब रहे काफ़िर सो ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारा परवरदिगार अपनी आज्ञा से इनके बीच फ़ैसला कर देगा और वही है बड़ा शक्तिवाला और सब कुछ जाननेवाला। (७८) तो (ऐ पैग़म्बर!) अल्लाह ही पर भरोसा रखो; बेशक तुम खुली हुई सच्चाई (की राह) पर हो। (७९) तुम मुर्दों◉ को नहीं सुना सकते और न बहरों को आवाज़ सुना सकते हो (ख़ासकर) ऐसी हालत में कि वह पीठ फेरकर भाग खड़े हों (और तुमसे मुख़ातिब ही न हों) (८०) और न तुम अन्धों को गुमराही से (सीधी) राह पर ला सकते हो। तुम तो बस उन्हीं को सुना सकते हो जो हमारी आयतों का विश्वास रखते हैं सो वे (सुनने के बाद) फ़रमाबरदार हो जाते हैं। (८१) और जब वादा (क़ियामत) इन लोगों पर पूरा होगा तो हम ज़मीन से इनके लिए एक जानवर निकालेंगे, वह इनसे बयान कर देगा† इसलिए कि ये लोग हमारी आयतों पर यक़ीन नहीं रखते थे। (८२) ★

और जिस दिन हम हर उम्मत में से उस जमात को जमा करेंगे जो हमारी आयतों को झुठलाया करते थे तो उनको (गुनाहों के दरजों के मुताबिक़ बाँटकर) क़तारों में खड़ा किया जायगा। (८३) यहाँ तक कि जब सब हाज़िर हो जायँगे तो (अल्लाह उनसे) पूछेगा कि बावजूद कि तुमने हमारी आयतों को अच्छी तरह समझा भी न था क्यों तुमने उनको झुठलाया? या फिर (यह नहीं किया तो और) कहो क्या करते थे? (८४) और चूँकि यह लोग सरकशी करते रहे, हमारा (अज़ाब का) वादा उन पर पूरा होकर रहेगा और यह लोग बोल भी न सकेंगे। (८५) क्या इन लोगों ने नहीं देखा कि हमने रात को बनाया है कि उसमें आराम करें और दिन को बनाया देखने को। बेशक इसमें उन लोगों को निशानियाँ हैं जो ईमान रखते हैं। (८६)

◉ काफ़िर तुम्हारी बात नहीं मान सकते उनके दिल कुफ़्र से मुर्दा (जड़) हो रहे हैं। वह ऐसे बहरे और अन्धे हैं कि किसी तरह उनको सीधा मार्ग सुनाया और सुझाया नहीं जा सकता। † क़ियामत नज़दीक होने से पहले मक्का में सफ़ा पहाड़ फटेगा और उसमें से एक जानवर निकलेगा, लोगों से बात करेगा कि अब क़ियामत नज़दीक है और सच्चे ईमानवालों को और मुन्किर जो अभी अपने ऐब व गुनाह छिपाये हैं उनको 'निशान' देकर जुदा जुदा कर देगा। क़ियामत समीप होने के वक़्त इस जानवर के अलावा दज्जाल का निकलना, धुआँ, सूरज का पच्छिम से निकलना ऐसी और भी निशानियों का ज़िक्र है।

व यौम युन्फ़ख़ु फ़िस्सूरि फ़फ़ज़िअ़ मन् फ़िस्समावाति व मन् फ़िल्अर्ज़ि अिल्ला मन् शा'अल्लाहु त़ व कुल्लुन् अतौहु दाख़िरीन (८७) व तरल्जिबाल तह़सबुहा जामिदतौंव हिय तमुरु मर्रस्सह़ाबि त़ सुन्अल्-लाहिल्लजी अत्क़न कुल्ल शैअिन् त़ अिन्नहू ख़बीरुम् - बिमा तफ़्अलून (८८) मन् जा'अ बिल्हसनति फ़लहू ख़ैरुम्-मिन्हा ज़ व हुम् मिन् फ़ज़अिंन - यौमअिजिन् आमिनून (८९) व मन् जा'अ बिस्सैयिअति फ़कुब्बत् वुजूहुहुम् फ़िन्नारि त़ हल् तुज़ौन अिल्ला मा कुन्तुम् तअ़मलून (९०) अिन्नमा' अुमिर्तु अन् अअ़्बुद रब्ब हाजिहिल् - बल्दतिल्लजी ह़र्रमहा व लहू कुल्लु शैअिन् ज़ व'अुमिर्तु अन् अकून मिनल्मुस्लिमीन ला (९१) व अन् अत्लुवल् - क़ुर्आन ज़ फ़मनिह्तदा फ़अिन्नमा यह्तदी लिनफ़्सिहि ज़ व मन् ज़ल्ल फ़क़ुल् अिन्नमा' अना मिनल् - मुन्ज़िरीन (९२) व क़ुलिल्हम्दु लिल्लाहि सयुरीकुम् आयातिहि फ़तअ़रिफ़ूनहा त़ व मा रब्बुक बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ़मलून (९३) ★

✪ २८ सूरतुल्-क़सस़ि ४९ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ६०११ अक्षर, १४५४ शब्द, ८८ आयतें और ९ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

ता-सी'म्-मी'म् (१) तिल्क आयातुल् - किताबिल् - मुबीनि (२) नत्लू अलैक मिन् नबअि मूसा व फ़िर्'औन बिलह़क़्क़ लिक़ौमी-युअ्मिनून (३) अिन्न फ़िर्'औन अला फ़िल्अर्ज़ि व जअ़ल अह्लहा शियअ़ँ - यस्तज़्अिफ़ु ता'अिफ़तम् - मिन्हुम् युजब्बिहु अब्ना'अहुम् व यस्तह़्यि निसा'अहुम् त़ अिन्नहू कान मिनल् - मुफ़्सिदीन (४)

और जिस दिन सूर (नरसिंहा)§ फूंका जायगा तो जो आसमान में हैं और जो ज़मीन में हैं सब घबरा जायेंगे, सिवाय जिसको अल्लाह (उस भय से बचाना) चाहे। और सब उसके सामने झुके हाज़िर होंगे। (८७) और तुम पहाड़ों को देखकर ख़्याल करते हो कि (अपनी जगह पर अटल और) जमे हुए हैं। मगर यह (क़ियामत के दिन) बादल की तरह उड़े-उड़े फिरेंगे। (यह) अल्लाह की कारीगरी है जिसने हर चीज़ को (हिकमत के साथ) साधा है। बेशक जो कुछ भी तुम करते हो वह उससे (बिलकुल) ख़बरदार है। (८८) जो आदमी अच्छे कर्म लेकर आवेंगे तो उनको उससे बढ़कर अच्छा (बदला) मिलेगा और ऐसे आदमी उस दिन (डर से मुक्त) चैन में होंगे। (८९) और जो बुरे काम लेकर आवेंगे वह औंधे मुँह (नरक की) आग में ढकेले जावेंगे। तुमको उन्हीं (कर्मों) का बदला मिलेगा जो तुम (दुनिया में) करते थे (९०) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगो से कहो कि) मुझको तो यही हुक्म मिला है कि उस शहर (मक्का) के मालिक की इबादत करूँ जिसने उसको (अदब का स्थान क़ायम कर) प्रतिष्ठा दी है और सब कुछ उसी का है। और मुझे हुक्म मिला है कि हुक्मबरदारों में रहूँ। (९१) और यह (हुक्म हुआ है) कि क़ुर्आन पढ़ कर सुनाता रहूं; तो जो राह पर आ गया सो अपने ही भले को राह पर आया; और जो गुमराह हुआ तो तुम कह दो कि (यह मेरे मत्थे नहीं) मैं तो सिर्फ़ डर सुनाने (और चेताने) वाला हूँ। (९२) और (ऐ रसूल! उनसे) कहो कि सारी तारीफ़ (स्तुति) अल्लाह ही को है। वह जल्दी ही तुमको अपनी निशानियाँ दिखलायेगा और तुम उनको पहचान लोगे। और जैसे-जैसे काम तुम लोग कर रहे हो तुम्हारा परवरदिगार उनसे बेख़बर नहीं। (९३) ✱

★ रु. ७—३ आ ११

✪ २८ सूरतुल्-क़सस ४९ ✪

(मक्की), इसमें ६०११ अक्षर, १४५४ शब्द, ८८ आयतें और ९ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ता - सीम मीम्। (१) यह खुली किताब की आयतें हैं। (२) (ऐ पैग़म्बर!) हम ईमानवालों के लिए मूसा और फ़िरऔन का सच्चा हाल तुझको सुनाते हैं†। (३) फ़िरऔन ने मुल्क (मिस्र) में सर उठा रखा था और उसने (अलग अलग बर्ताव से) वहाँ के लोगों के कई जत्थे कर रखे थे कि उनमें से एक गरोह (इसराईल की संतान) को कमज़ोर कर रखा था कि उनके बेटों को हलाक करवा देता और उनकी बेटियों को ज़िन्दा रखता‡। वह फ़सादियों में से था। (४)

❀ सूरः की २५ वीं आयत में 'क़सस' शब्द आया है जिस पर सूरः का नामकरण है। [पेज ६४३ पर]

§ फ़रिश्तः इस्राफ़ील आसमान की ओर मुंह उठाये रास्ता देख रहे हैं। ज्यों ही अल्लाह का हुक्म होगा, वे पहला सूर फूँकेंगे तो सारे लोग भय से थरथरा जाँयगे। दूसरा सूर फूँकते ही सारे लोगों पर मौत छा जायगी और पहाड़ ज़मीन सब उलट पलटकर एक समतल ज़मीन हो जायगी। और तीसरा सूर फूँके जाते ही ज़मीन में हर तरफ़ से लोग ज़िन्दः हो होकर हशर के मैदान की तरफ़ दौड़ पड़ेंगे। यही रोज़ क़ियामत और आख़िरत (अन्तिम न्याय) का दिन होगा जो तब बरपा होगा जब दुनिया में कुफ़्र छा गया होगा। इसी मौक़े पर ह० ईसा अ० आकर दज्जाल को क़त्ल करेंगे। † याने ईमानवाले इन हालात को सुनकर अपने वक़्त के हालात का मिलान करलें और ईमानवालों को सब्र के बदले कामयाबी और ज़ालिमों को ज़ुल्मों के बदले तबाही की नज़ीरों से शिक्षा लें। ‡ ताकि बनी इस्राईल की तादाद दिन ब दिन घटती जाय और मिस्र के क़िब्तियों के मुक़ाबले उनका ज़ोर टूटता जाय।

व नुरीदु अन् नमुन्न अलल्लजीनस् - तुज़्ज़िफ़ू फ़िल्अर्ज़ि व नज्अलहुम् अइम्मतंव्वँव नज्अलहुमुल् - वारिसीन ला (५) व नुमक्किन लहुम् फ़िल्अर्ज़ि व नुरिय फ़िर्औन व हामान व जुनूदहुमा मिन्हुम् मा कानू यह्ज़रून (६) व औहैना। अिला। अुम्मि मूसा। अन् अर्ज़िअीहि ज् फ़अिजा ख़िफ़्ति अलैहि फ़अल्क़ीहि फ़िल्यम्मि व ला तख़ाफ़ी व ला तह्ज़नी ज् अिन्ना रादूहु अिलैकि व जाअिलूहु मिनल् - मुर्सलीन (७) फ़ल्तक़तहू। आलु फ़िर्औन लियकून लहुम् अदूवँव हूज़नन् त् अिन्न फ़िर्औन व हामान व जुनूदहुमा कानू ख़ाति अीन (८) व क़ालतिम् - रअतु फ़िर्औन क़ुर्रतु अैनिल्ली व लक त् ला तक़्तुलूहु क़ सअ़ला असा। अैयन्फ़अना। औ नत्तख़िज़हु वलदँव हुम् ला यश्अुरून (९) व अस्बह फ़ुआदु अुम्मि मूसा फ़ारिग़न् त् अिन् कादत् लतुब्दी बिहीं लौ ला। अर्बत्ना अला क़ल्बिहा लितकून मिनल् - मुअ्मिनीन (१०) व क़ालत् लिअुख़्तिहीं क़ुस्सीहि ज् फ़बसुरत् बिहीं अन् जुनुबिंव्व हुम् ला यश्अुरून ला (११) व हर्रम्ना अलैहिल् - मराज़िअ मिन् क़ब्लु फ़क़ालत् हल् अदुल्लुकुम् अला। अह्लि बैतीं - यक्फ़ुलूनहू लकुम् व हुम् लहू नासिहून (१२) फ़रद्दनाहु अिला। अुम्मिहीं कै तक़र् अैनुहा व ला तह्ज़न व लितअ़्लम अन्न वअ़्दल्लाहि हक़्क़ँव लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ़्लमून (१३) ★ ● व लम्मा बलग़ अशुद्दहू वस्तवा। आतैनाहु हुक्मौंव अिल्मन् त् व कजालिक नज्ज़िल् - मुहसिनीन (१४)



और हमने चाहा कि जो लोग मुल्क में कमज़ोर हो रहे थे उन पर इहसान करें और उनको सरदार बनाएँ और (ज़ालिमों को हटाकर उनकी जगह) उनको क़ायम करें। (५) और उनको मुल्क में जमावें और फ़िरऔन, हामान और उनके लश्कर को वह कर दिखायें जिसका उन्हें उन (इस्राइलियों) से डर था। (६) और (मूसा के पैदा होने पर) हमने मूसा की मा को हुक्म भेजा कि उसको दूध पिलाओ, फिर जब इसकी बाबत तुमको डर होवे तो इसको नदी में डाल दो और शंका न करना और न रंज करना, हम इसको फिर तुम्हारे पास पहुँचा देंगे§ और (आख़िरकार) इसको पैग़म्बरों में से (एक पैग़म्बर) बनावेंगे। (७) (माँ ने मूसा अ० को फ़िरऔनों के हाथ से क़त्ल होने से बचाने की ग़रज़ से उन्हें नदी में डाल दिया) तो फ़िरऔन के लोगों ने उस (बहते सन्दूक़) को उठा लिया (अल्लाह की इस मसलहत से) कि वह उनका दुश्मन (उनके लिए) रंज पहुँचाने का कारण बने। कुछ शक नहीं कि फ़िरऔन और हामान और उनके सिपाहियों ने (ऐसा करके अपने ही हक़ में) ग़लती की। (८) और (सन्दूक़ खोलने पर ख़ूबसूरत दुधमुँहे बच्चे को देखकर) फ़िरऔन की औरत (अपने पति से) बोली यह मेरी और तुम्हारी आँखों की ठण्डक है, इसको मार मत डालो, आश्चर्य नहीं कि हमारे काम आवे या इसको हम अपना बेटा बना लें और उनको ख़बर न थी (कि उनकी यह करनी ही उनकी तबाही का बायस होगी।) (९) और (दूसरे दिन) सुबह मूसा की मा का दिल बेचैन हो रहा था और वह ज़ाहिर करनेवाली ही थी अपनी बेचैनी को (कि मैं उसकी माँ हूँ) अगर हमने उसके दिल को मज़बूत न कर दिया होता। ताकि कि वह ईमानवालों में रहे। (१०) और (सन्दूक़ को दरिया में डालते समय मूसा अ० की) बहन से कहा कि इसके पीछे पीछे चली जा, तो वह उसको दूर से (अजनबी की तरह) देखती रही और उन (फ़िरऔन के लोगों) को (इसकी बिलकुल) ख़बर न हुई। (११) और हमने मूसा पर पहले ही से दूसरी धायों के दूध बन्द कर रखे थे (कि वह किसी की छाती मुंह में लेते ही न थे)। इस पर (मूसा अ० की बहन ने) कहा कि कहो मैं तुमको एक घरवाली का पता बताऊँ कि वह तुम्हारे लिए इसकी परवरिश कर देंगे और वह इसके हित के चाहनेवाले हैं। (१२) फिर हमने मूसा अ० को उसकी माता के पास पहुंचा दिया ताकि उसकी आँखें ठण्डी रहें और (वह) उदास न रहे और यह भी जान ले कि अल्लाह का वादा सच्चा है लेकिन बहुत लोग नहीं समझते। (१३) ★ ●

और जब मूसा अपनी जवानी को पहुंचे और सँभले तो हमने उनको हिकमत और इ़ल्म दिया और सुकर्मियों (नेककारों) को हम इसी तरह बदला दिया करते हैं। (१४)

§ फ़िरऔन को ज्योतिषियों ने बता दिया था कि इसराईल की संतान में एक बच्चा होनेवाला है जो तेरे राज्य को छिन्न-भिन्न कर देगा। यह भी कहा जाता है कि इसीलिए उसने यहूदियों के हर लड़के की हत्या करनी आरम्भ कर दी थी। चुनाँचे मूसा अ० की जान का ख़तरा देखकर मूसा अ० की माँ ने मूसा अ० को एक काठ के संदूक़ में रखकर नदी में बहा दिया। वह संदूक़ बहते-बहते फ़िरऔन के महल के पास आया। फ़िरऔन ने उसको निकलवाया और मूसा अ० को अपने पुत्र के समान पाला। अल्लाह की क़ुदरत हुई कि मूसा अ० को दूध पिलाने के लिए मूसा अ० की माँ ही को चुना गया क्योंकि मूसा अ० ने अपनी माँ के सिवाय और किसी धाय का दूध मुंह ही से नहीं लगाया। यों आयत ७ में मूसा अ० की माँ से किया वायदा अल्लाह ने पूरा किया।

व दख़लल्-मदीनत्र अलाहीनि ग़फ़्लत्रिम्-मिन् अह्लिहा फ़वजद फ़ीहा रजुलैनि यक़्ततिलानि क़ ज़ हाजा मिन् शीअतिहि व हाजा मिन् अदूविहि ज़ फ़स्तग़ास-हुल्लजी मिन् शीअतिहि अलल्लजी मिन् अदूविहि ला फ़वकज़हु मूसा फ़क़ज़ा अलैहि क़ ज़ क़ाल हाजा मिन् अमलिश्शैतानि त़ अिन्नहु अदूवुम्-मुज़िल्लुम्-मुबीनुन् (१५) क़ाल रब्बि अिन्नी जलम्तु नफ़्सी फ़ग़्फ़िर् ली फ़ग़फ़र लहु त़ अिन्नहु हुवल्-ग़फ़ूरुर्रहीमु (१६) क़ाल रब्बि बिमा अन्अम्त अलैय फ़लन् अकून जहीरल्-लिल्मुज्रिमीन (१७) फ़अस्बहू फ़िल्मदीनत्रि ख़ाअिफ़ँ-यतरक़्क़बु फ़अिजल्लजिस्-तन्सरहु बिल्अम्सि यस्तस़्-रिख़ुहु त़ क़ाल लहु मूसा अिन्नक लग़वीयुम्-मुबीनुन् (१८) फ़लम्मा अन् अराद अँयब्तिश बिल्लजी हुव अदूवुल्-लहुमा ला क़ाल या मूसा अतुरीदु अन् तक़्तुलनी कमा क़तल्त नफ़्सम्-बिल्अम्सि क़ स़ला अिन् तुरीदु अिल्ला अन् तकून जब्बारन् फ़िल्अर्ज़ि व मा तुरीदु अन् तकून मिनल्-मुस़्लिहीन (१९) व जाअ रजुलुम्-मिन् अक़्सल्-मदीनत्रि यस्आ ज़ क़ाल या मूसा अिन्नल्-मलअ यअ्तमिरून बिक लियक़्तुलूक फ़ख़ुरुज् अिन्नी लक मिनन्नासिहीन (२०) फ़ख़रज मिन्हा ख़ाअिफ़ँ-यतरक़्क़बु ज़ क़ाल रब्बि नज्जिनी मिनल्क़ौमिज़्-ज़ालिमीन (२१) ★ व लम्मा तवज्जह तिल्क़ाअ मद्यन क़ाल असा रब्बी अँयह्दियनी सवाअस्सबीलि (२२) व लम्मा वरद माअ मद्यन वजद अलैहि अुम्मत्रम्-मिनन्नासि यस्क़ून ۵ ज़ व वजद मिन् दूनिहिमुम्-रअतैनि तज़ूदानि ज़ क़ाल मा ख़त्बुकुमा त़ क़ालता ला नस्क़ी हत्ता युस़्दिरर्-रिआ़अु सक्तः व अबूना शैख़ुन् कबीरुन् (२३)

القصص ۲۸ ۳۰۹ امن خلق ۲۰
اَهْلِهَا فَوَجَدَ فِيْهَا رَجُلَيْنِ يَقْتَتِلٰنِ ۚ هٰذَا مِنْ شِيْعَتِهٖ وَهٰذَا مِنْ
عَدُوِّهٖ ۚ فَاسْتَغَاثَهُ الَّذِيْ مِنْ شِيْعَتِهٖ عَلَى الَّذِيْ مِنْ عَدُوِّهٖ ۙ
فَوَكَزَهٗ مُوْسٰى فَقَضٰى عَلَيْهِ ۫ قَالَ هٰذَا مِنْ عَمَلِ الشَّيْطٰنِ ۭ اِنَّهٗ
عَدُوٌّ مُّضِلٌّ مُّبِيْنٌ ۝ قَالَ رَبِّ اِنِّيْ ظَلَمْتُ نَفْسِيْ فَاغْفِرْ لِيْ
فَغَفَرَ لَهٗ ۭ اِنَّهٗ هُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ۝ قَالَ رَبِّ بِمَآ اَنْعَمْتَ عَلَيَّ
فَلَنْ اَكُوْنَ ظَهِيْرًا لِّلْمُجْرِمِيْنَ ۝ فَاَصْبَحَ فِي الْمَدِيْنَةِ خَاۗىِٕفًا
يَّتَرَقَّبُ ۚ فَاِذَا الَّذِي اسْتَنْصَرَهٗ بِالْاَمْسِ يَسْتَصْرِخُهٗ ۭ قَالَ لَهٗ
مُوْسٰٓى اِنَّكَ لَغَوِيٌّ مُّبِيْنٌ ۝ فَلَمَّآ اَنْ اَرَادَ اَنْ يَّبْطِشَ بِالَّذِيْ
هُوَ عَدُوٌّ لَّهُمَا ۙ قَالَ يٰمُوْسٰٓى اَتُرِيْدُ اَنْ تَقْتُلَنِيْ كَمَا قَتَلْتَ
نَفْسًۢا بِالْاَمْسِ ۚ اِنْ تُرِيْدُ اِلَّآ اَنْ تَكُوْنَ جَبَّارًا فِي الْاَرْضِ وَ
مَا تُرِيْدُ اَنْ تَكُوْنَ مِنَ الْمُصْلِحِيْنَ ۝ وَجَاۗءَ رَجُلٌ مِّنْ اَقْصَا
الْمَدِيْنَةِ يَسْعٰى ۚ قَالَ يٰمُوْسٰٓى اِنَّ الْمَلَاَ يَاْتَمِرُوْنَ بِكَ لِيَقْتُلُوْكَ
فَاخْرُجْ اِنِّيْ لَكَ مِنَ النّٰصِحِيْنَ ۝ فَخَرَجَ مِنْهَا خَاۗىِٕفًا يَّتَرَقَّبُ ۭ
قَالَ رَبِّ نَجِّنِيْ مِنَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَلَمَّا تَوَجَّهَ تِلْقَاۗءَ مَدْيَنَ
قَالَ عَسٰى رَبِّيْٓ اَنْ يَّهْدِيَنِيْ سَوَاۗءَ السَّبِيْلِ ۝ وَلَمَّا وَرَدَ مَاۗءَ
مَدْيَنَ وَجَدَ عَلَيْهِ اُمَّةً مِّنَ النَّاسِ يَسْقُوْنَ ۡ وَوَجَدَ مِنْ
دُوْنِهِمُ امْرَاَتَيْنِ تَذُوْدٰنِ ۚ قَالَ مَا خَطْبُكُمَا ۭ قَالَتَا لَا نَسْقِيْ
منزل

और (मूसा) शहर में आया जबकि वहाँ के लोग बेख़बर थे तो क्या देखा कि वहाँ दो आदमी आपस में लड़ रहे हैं; एक तो उसकी क़ौम का है और एक उसके दुश्मनों में से। तो जो मूसा की क़ौम (यहूदियों) में से था, उसने उस आदमी के मुक़ाबिले में जो (मूसा अ० के) बैरियों में से था (मूसा से) मदद माँगी, फिर उन्होंने (यानी मूसा ने) उस के घूसा मारा और उसका काम तमाम कर दिया। (फिर) कहने लगे कि यह काम तो शैतान (की प्रेरणा) से हुआ। कुछ शक नहीं कि शैतान खुला गुमराह करनेवाला दुश्मन है। (१५) (और मूसा अ० ने) दुआ की कि ऐ परवरदिगार! मैंने अपने ऊपर (बड़ा ही) ज़ुल्म किया, सो तू मेरा पाप क्षमा कर फिर (अल्लाह ने) उसका पाप क्षमा किया। बेशक वह बहुत क्षमा करनेवाला परम दयालु है। (१६) (फिर मूसा अ० ने) कहा ऐ परवरदिगार! जैसी तूने मुझ पर कृपा की मैं (भी) आइन्दा कभी अन्यायिओं का सहायक न बनूँगा। (१७) फिर सुबह को डरते डरते ख़बर लेने के लिये शहर में गया तो इतने में क्या देखा कि वही आदमी जिसने कल इनसे मदद माँगी थी (आज किसी से झगड़ रहा है और मदद के लिए) इसको पुकार रहा है। मूसा ने उससे कहा कि इसमें शक नहीं तू फिर प्रत्यक्ष ख़राब राह पर है (कि हर घड़ी झगड़ रहा है।) (१८) फिर (भी) जब मूसा ने उस (क़िब्ती) को जो इसका और उस फ़रियाद करनेवाले दोनो का दुश्मन था पकड़ना चाहा, तो (वह झगड़ालू यहूदी) चिल्ला उठा कि ऐ मूसा! जिस तरह तूने कल एक आदमी को मार डाला, क्या (आज) मुझको भी मार डालना चाहता है? बस तू यही चाहता है कि मुल्क में जब्र करता फिरे और नहीं चाहता कि मेल मिलाप करानेवालों में हो। (१९) और शहर के परले सिरे से एक आदमी दौड़ता हुआ आया, (उसने) ख़बर दी कि ऐ मूसा दरबार के आदमी तुम्हारे बारे में सलाहें कर रहे हैं कि तुमको मार डालें, सो तुम (यहाँ से) निकल भागो, मैं तुम्हारा भला चाहनेवाला हूँ। (२०) चुनाँचे (मूसा अ०) वहाँ से निकल भागे डरते हुये कि देखें क्या होता है; और (मूसा अ० ने) दुआ की ऐ परवरदिगार! मुझको इस ज़ालिम क़ौम से छुटकारा दिला। (२१) ★

और जब मदयन की तरफ़ रुख़ किया तो कहा मुझको अपने परवरदिगार से उम्मीद है कि वह मुझको सीधी राह दिखायेगा। (२२) और जब शहर मदयन में पानी (के कुएँ) पर पहुँचा तो देखा कि वहाँ लोग जमा हो रहे हैं (और अपने चौपायों को) पानी पिला रहे हैं। और देखा उनसे अलग दो औरतें (अपनी बकरियों को) रोके खड़ी हैं। (मूसा अ० ने उनसे) पूछा कि तुम्हारा क्या प्रयोजन है? वह बोलीं जब तक (दूसरे) चरवाहे (अपने जानवरों को पानी पिलाकर) हटा ले जाँय, हम (अपनी बकरियों को पानी) नहीं पिला सकते और हमारे पिता ज़्यादः उम्र के (निहायत) बूढ़े हैं। (२३)

रु. २१ आ. ८

[पेज ६३६ से] क़सस़ माने नबियों के यकेबाद दीगरे हालात बयान किये गये हैं। यह सूरः भी रसूलुल्लाह स० की नबूवत के मक्की जीवन के दर्म्यानी वक़्त में उतरी है। ध्यान देने पर पाठकों को मालूम होगा कि सूरः अल् फ़ुर्क़ान, अल् शुअ़रा, अल् नम्ल, और मौजूदः सूरः क़सस़ इन चारों सूरों का उतरने का समय एक के बाद एक और लगभग नज़दीक का है। चारों की वार्ता भी समान है। आम तौर पर सब में पिछले नबियों के बयान देकर समझाया गया है कि मौजूदः रसूल स० पर लोगों का ईमान न लाना और उनको व ईमानवालों को तरह तरह से सताना यह नई बात नहीं बल्कि सनातन से ऐसा ही चला आया है। सूरः क़सस़ में ह० मूसा अ० का व फ़िरऔनों का बयान रसूल स० व मक्का के क़ुरैशों पर बिलकुल चस्पा होता है। इस सूरः में एक नया ज़िक्र क़ारून का है जिसने यहूदी होते हुये भी फ़िरऔन की तरफ़ से यहूदियों पर बड़े ज़ुल्म किये और इतनी बेशुमार दौलत जमा की कि "क़ारून का ख़ज़ाना" दुनिया में मशहूर हो गया। आख़िर वह भी अल्लाह के [पेज ६४५ पर]

फ़सक़ा लहुमा सुम्म तवल्ला | अिलज़्ज़िल्लि फ़क़ाल रब्बि अिन्नी लिमा | अन्ज़ल्त अिलैय मिन् ख़ैरिन् फ़क़ीरुन् (२४) फ़जा | अत्हु अिह्दाहुमा तम्शी अलस्तिह्या | अिन् ज़ क़ालत् अिन्न अबी यद्अूक लियज़्ज़ियक अज्र मा सक़ैत लना त़ फ़लम्मा जा | अहू व क़स्स़ अलैहिल्क़स़स़ ला क़ाल ला तख़फ़् वक़्फ़: क़िफ़ नजौत मिनल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन (२५) क़ालत् अिह्दा हुमा या | अबतिस्तअ्जिर्हु ज़ अिन्न ख़ैर मनिस्तअ्जर्तल् - क़वीयुल् - अमीनु (२६) क़ाल अिन्नी | अुरीदु अन् अुन्किहक अिह्दब् - नतैय हातैनि अला | अन्तअ्जुरनी समानिय ह्जिजिन् ज़ फ़अिन् अत्मम्त अश्रन् फ़मिन् अिन्दिक ज़ व मा | अुरीदु अन् अशुक़्क़ अलैक त़ सतजिदुनी | अिन्शा | अल्लाहु मिनस़्स़ालिह्ीन (२७) क़ाल जालिक बैनी व बैनक त़ अैयमल् - अजलैनि क़ज़ैतु फ़ला अुद्वान अलैय त़ वल्लाहु अला मा नक़ूलु वकीलुन् (२८) ★

फ़लम्मा क़ज़ा मूसल्अजल व सार बिअह्लिह | आनस मिन् जा | निबित्तूरि नारन् ज़ क़ाल लिअह्लिहिम् - कुसू | अिन्नी | आनस्तु नारल्लअल्ली | आतीकुम् मिन्हा बिख़बरिन् औ जज़्वत्विम् - मिनन्नारि लअल्लकुम् तस्तलून (२९) फ़लम्मा | अताहा नूदिय मिन् शात़िअिल् - वादिल् - अैमनि फ़िल्बुक़्अ़त्तिल् - मुबारकति मिनश्शजरति अैंयामूसा | अिन्नी | अनल्लाहु रब्बुल् - आलमीन ला (३०) व अन् अल्क़ि अ़साक त़ फ़लम्मा रआहा तह्तज़्ज़ु कअन्नहा जा | न्नूँ - वल्ला मुद्बिरौंव लम् युअ़क़्क़िब त़ या मूसा | अक़्बिल् व ला तख़फ़् क़िफ़ अिन्नक मिनल् - आमिनीन (३१)

★ रु. ३/८ आ ७

यह सुनकर (मूसा अ० ने उनकी मदद की और) उनके लिए पानी (खींचकर) उनकी बकरियों को पिला दिया फिर साये की तरफ़ हट आये (और) कहा कि ऐ परवरदिगार ! तू (अपनी कृपा के थाल से इस समय) जो मुझको निआमत भेज दे मैं उसका मुहताज हूँ। (२४) (इतने में) उन दो औरतों में से एक उनकी तरफ़ लजाती सी चल कर आई। (उसने मूसा अ० से) कहा कि मेरे पिता तुमको बुला रहे हैं कि वह जो तुमने (हमारी मदद की और) हमारी बकरियों को पानी पिलाया, तुमको बदले में हक़ अदा करे। फिर जब (मूसा अ०) उस (बूढ़े शख़्स) के पास पहुँचे और उनसे (अपना परिचय और मिस्र का सारा) हाल बयान किया तो (उन्होंने) कहा डरो मत, तुम उन ज़ालिम लोगों से बच आये। (२५) फिर उन दो (औरतों) में से एक ने (अपने बाप से) कहा कि ऐ बाप ! तू इनको नौकर रख ले क्योंकि अच्छे से अच्छा आदमी जो तू नौकर रखना चाहे वह मज़बूत और भरोसेवाला हो। (२६) (उस बूढ़े शख़्स ने मूसा अ० से) कहा कि मैं चाहता हूँ कि अपनी इन दो बेटियों में से एक को तुम्हारे साथ व्याह दूँ इस (शर्त) पर कि तुम आठ वर्ष मेरी नौकरी करो। फिर अगर तुम (दस वर्ष) पूरे करो तो यह तुम्हारी तरफ़ से है+ और मैं (अपनी तरफ़ से) तुम पर तकलीफ़ नहीं डालना चाहता। (और) अल्लाह ने चाहा तो तुम मुझको नेक आदमियों में से पाओगे। (२७) (मूसा अ० ने) कहा यह बातें मेरे और तेरे बीच तय हो चुकीं, मुझको अख़्तियार है दोनों मुद्दतों में जौन-सी (मुद्दत चाहूँ) पूरी करूँ सो मुझपर किसी तरह का जब्र न हो; और हम जो (अहद) कर रहे हैं अल्लाह उसका गवाह है। (२८) ★

फिर जब मूसा ने (अपनी नौकरी की) वह मुद्दत पूरी की और अपने घरवालों को लेकर चल दिया तो तूर (पहाड़) की तरफ़ से इसको एक आग (सरीखी) दिखाई दी। (मूसा अ० ने) अपने घर के लोगों से कहा कि तुम (इसी जगह) ठहरो, मुझको आग (सरीखी कुछ) दिखाई दी है (और मैं वहाँ जाकर देखता हूँ) शायद वहाँ से तुम्हारे पास (रास्ते की) कुछ ख़बर ले आऊँ या (मिल जाय तो) आग का एक अंगारा लेता आऊँ, ताकि तुम लोग तापो। (२९) फिर जब मूसा आग के पास पहुँचा तो (उस) पाक जगह में मैदान के दाहिने किनारे (एक) दरख़्त से उसे आवाज़ सुनाई दी कि ऐ मूसा ! मैं अल्लाह हूँ, सारे संसार का पालने वाला ! (३०) और यह कि तुम अपनी लाठी (ज़मीन पर) डाल दो। तो जब (लाठी को डाला और) उसको इस तरह चलते हुए देखा कि गोया वह साँप है तो पीठ फेरकर उलटे भागा और पीछे (मुड़कर) न देखा। (फिर आवाज़ आई) ऐ मूसा! आगे आ और डर मत। तू बेखटके है (३१)

रुकू १८ आ ७

[पेज ६४३ से] अज़ाब में हलाक हुआ और उसकी जमा-जथा उसे कोई मदद न कर सकी। इस दृष्टांत से मक्का के क़ुरैशों के इस ख़ौफ़ को बेकार साबित किया गया है जो कहते थे कि इस्लाम में आने से उनकी काबः की आमदनी और उनकी इज़्ज़त अरब से उठ जायगी। उनको समझाया गया है कि ईमान से हटकर क़ारून जैसे अपने को महफ़ूज़ (सुरक्षित) न रख सके तो तुम क्या चीज़ हो। दुनिया के इन सामानों से अपनी गुज़र-बसर तो कर लो लेकिन उनमें लिप्त न होकर आख़िरत के घर के लिए कुछ नेक काम कर चलो। आख़िर जाना तो वहीं है। आयत ६७ के मुताबिक़ उसी का दुनिया व आख़िरत का जीवन सफल होना है जिसने तौबः की, ईमान लाया और नेक काम किये।

+ यह दोनों लड़कियाँ हज़रत शुऐब अ० की बेटियाँ थीं। जब उन्होंने अपने बाप से मूसा अ० के पानी भरकर पिला देने का हाल बताया, तो उन्होंने मूसा अ० को अपने पास बुला भेजा। + हज़रत मुहम्मद स० ने भी मदीना हिजरत कर जाने के बाद आठ साल बाद मक्का फ़तह किया और चाहते तो उसी वक़्त मक्का क़ाफ़िरों से ख़ाली करा लेते। लेकिन अपनी ख़ुशी से दो साल और मौक़ा देकर दस बरस बाद मक्का को काफ़िरों से पाक किया।

अुस्लुक् यदक फ़ी जैबिक तख़्रुज् बैज़ा अ मिन् ग़ैरि सूअिन् ज् व'वज़्मुम् अिलैक जनाहूक मिनर्रह्बि फ़जानिक बुर्हानानि मिर्रब्बिक अिला फ़िर्औन व मलअिहीं त् अिन्नहुम् कानू क़ौमन् फ़ासिक़ीन (३२) क़ाल रब्बि अिन्नी फ़तल्तु मिन्हुम् नफ़्सन् फ़अख़ाफ़ु अैंयक़्तुलूनि (३३) व अख़ी हारूनु हुव अफ़्सहु मिन्नी लिसानन् फ़अर्सिल्हु मअिय रिद्अैं - युसद्दिक़ुनी ज् अिन्नी अख़ाफ़ु अैंयुकज्जिबूनि (३४) क़ाल सनशुद्दु अज़ुदक बिअख़ीक व नज्अलु लकुमा सुल्तानन् फ़ला यसिलून अिलैकुमा ज् ∴ बिआयातिना ज् ∴ अन्तुमा व मनित्-तबअ-कुमल्-ग़ालिबून (३५) फ़लम्मा जाअहुम् मूसा बिआयातिना बैयिनातिन् क़ालू मा हाजा अिल्ला सिह्रुम्-मुफ़्तरौंव मा समिअ़्ना बिहाजा फ़ी आबाअिनल्-औवलीन (३६) व क़ाल मूसा रब्बी अअ़्लमु बिमन् जाअ बिल्हुदा मिन् अिन्दिहीं त् व मन् तकूनु लहू आक़िबतुद्दारि त् अिन्नहू ला युफ़्लिहुज्जालिमून (३७) व क़ाल फ़िर्औनु या अैयुहल्मलअु मा अलिम्तु लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरी ज् फ़औक़िद् ली या हामानु अलत्तीनि फ़ज्अल्ली सर्ह़ल्लअल्लो अत्तलिअु अिला अिलाहि मूसा ला व अिन्नी लअजुन्नुहू मिनल्काजिबीन (३८) वस्तक्बर हुव व जुनूदुहू फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल्हक़्क़ि व जन्नू अन्नहुम् अिलैना ला युर्जअून (३९) फ़अख़ज्नाहु व जुनूदहू फ़नबज्नाहुम् फ़िल्यम्मि ज् फ़न्ज़ुर् कैफ़ कान आक़िबतुज्-जालिमीन (४०) व जअल्नाहुम् अअिम्मतँ - यद्अून अिलन्नारि ज व यौमल्क़ियामति ला युन्सरून (४१)

وَفِي جَيْبِكَ تَخْرُجْ بَيْضَاءَ مِنْ غَيْرِ سُوءٍ وَاضْمُمْ إِلَيْكَ جَنَاحَكَ
مِنَ الرَّهْبِ فَذَانِكَ بُرْهَانَانِ مِنْ رَبِّكَ إِلَىٰ فِرْعَوْنَ وَمَلَإِيهِ ۖ
إِنَّهُمْ كَانُوا قَوْمًا فَاسِقِينَ ﴿٣٢﴾ قَالَ رَبِّ إِنِّي قَتَلْتُ مِنْهُمْ نَفْسًا
فَأَخَافُ أَنْ يَقْتُلُونِ ﴿٣٣﴾ وَأَخِي هَارُونُ هُوَ أَفْصَحُ مِنِّي لِسَانًا
فَأَرْسِلْهُ مَعِيَ رِدْءًا يُصَدِّقُنِي إِنِّي أَخَافُ أَنْ يُكَذِّبُونِ ﴿٣٤﴾
قَالَ سَنَشُدُّ عَضُدَكَ بِأَخِيكَ وَنَجْعَلُ لَكُمَا سُلْطَانًا فَلَا يَصِلُونَ
إِلَيْكُمَا ۚ بِآيَاتِنَا ۚ أَنْتُمَا وَمَنِ اتَّبَعَكُمَا الْغَالِبُونَ ﴿٣٥﴾ فَلَمَّا جَاءَهُمْ
مُوسَىٰ بِآيَاتِنَا بَيِّنَاتٍ قَالُوا مَا هَٰذَا إِلَّا سِحْرٌ مُفْتَرًى وَمَا
سَمِعْنَا بِهَٰذَا فِي آبَائِنَا الْأَوَّلِينَ ﴿٣٦﴾ وَقَالَ مُوسَىٰ رَبِّي أَعْلَمُ
بِمَنْ جَاءَ بِالْهُدَىٰ مِنْ عِنْدِهِ وَمَنْ تَكُونُ لَهُ عَاقِبَةُ الدَّارِ ۖ
إِنَّهُ لَا يُفْلِحُ الظَّالِمُونَ ﴿٣٧﴾ وَقَالَ فِرْعَوْنُ يَا أَيُّهَا الْمَلَأُ مَا عَلِمْتُ
لَكُمْ مِنْ إِلَٰهٍ غَيْرِي ۖ فَأَوْقِدْ لِي يَا هَامَانُ عَلَى الطِّينِ فَاجْعَلْ
لِي صَرْحًا لَعَلِّي أَطَّلِعُ إِلَىٰ إِلَٰهِ مُوسَىٰ ۙ وَإِنِّي لَأَظُنُّهُ مِنَ
الْكَاذِبِينَ ﴿٣٨﴾ وَاسْتَكْبَرَ هُوَ وَجُنُودُهُ فِي الْأَرْضِ بِغَيْرِ الْحَقِّ
وَظَنُّوا أَنَّهُمْ إِلَيْنَا لَا يُرْجَعُونَ ﴿٣٩﴾ فَأَخَذْنَاهُ وَجُنُودَهُ فَنَبَذْنَاهُمْ
فِي الْيَمِّ ۖ فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الظَّالِمِينَ ﴿٤٠﴾ وَجَعَلْنَاهُمْ أَئِمَّةً
يَدْعُونَ إِلَى النَّارِ ۖ وَيَوْمَ الْقِيَامَةِ لَا يُنْصَرُونَ ﴿٤١﴾ وَأَتْبَعْنَاهُمْ

अपना हाथ अपने गिरेबान के अन्दर रखो (और फिर निकालो तो वह) बिना किसी रोग के सफ़ेद निकलेगा। और डर दूर करने के लिए अपने बाज़ू अपनी तरफ़ सिकोड़ लो। सारांश (असा—लाठी और सफ़ेद हाथ) यह दोनों निशानियाँ तेरे परवरदिगार की तरफ़ से हैं फ़िरऔन और उसके सरदारों के लिए; क्योंकि वे बेशक बेहुक्म हैं। (३२) (मूसा अ० ने) कहा ऐ परवरदिगार! मैंने उनमें से एक आदमी (क़िब्ती) का ख़ून कर दिया है सो डरता हूँ कि वह मुझे मार डालें। (३३) और मेरे भाई हारून जिसकी ज़बान मुझसे ज़्यादा साफ़ है सो उसको मेरी मदद के लिए साथ भेज कि वह मेरी तस्दीक़ करे। (क्योंकि) मुझको डर है कि (फ़िरऔन के लोग) मुझको झुठलायेंगे। (३४) फ़र्माया हम तुम्हारे भाई से तुम्हारे बाज़ू का ज़ोर मज़बूत करेंगे और तुम दोनों को ऐसा प्रबल करेंगे कि फ़िरऔन के लोग तुम्हारे (ज़ोर) तक न पहुँच सकेंगे। हमारी इन निशानियों की बदौलत तुम दोनों और जो तुम दोनों की पैरवी करेंगे (इन फ़िरऔनों पर) ग़ालिब होगे। (३५) फिर जब मूसा हमारी खुली हुई निशानियाँ लेकर उनके पास पहुँचा (तो वह) कहने लगे (और कुछ नहीं) यह तो जादू किया है बाँधा हुआ और हमने अपने अगले बाप-दादों से (तो कभी) ऐसी बातें नहीं सुनीं। (३६) और मूसा ने कहा मेरे परवरदिगार को ख़ूब मालूम है उस शख़्स का हाल जो उसकी तरफ़ से हिदायत लेकर आया है और (उसी को यह भी ख़ूब मालूम है कि) आख़िरी अंजाम (अन्तिम परिणाम) किसका अच्छा होना है। बेशक अन्यायियों का (कभी) भला न होगा। (३७) और (मूसा अ० की इस बात पर) फ़िरऔन ने कहा दरबारियो! मुझको तो अपने सिवाय तुम्हारा कोई दूसरा (इलाह) पूज्य मालूम नहीं। सो ऐ हामान! § तू मेरे लिए मिट्टी (की ईटों) में आग लगा (कर पजावा तैयार कर) और मेरे लिए एक महल बनवा कि मैं (उस पर चढ़कर) मूसा के अल्लाह को झाँक देखूँ; और मैं तो उसे (निरा) झूटा समझता हूँ। † (३८) और फ़िरऔन और उसके लश्करों ने नाहक़ मुल्क में (घमण्ड से) सिर उठाया और उन्होंने ऐसा समझा कि (मरने के बाद क़ियामत के दिन) वह हमारी तरफ़ लौटाकर नहीं लाये जायेंगे। (३९) फिर हमने फ़िरऔन और उसके लश्करों को धर पकड़ा और फिर हमने उनको दरया में डाल (कर डुबो) दिया। सो देखो ज़ालिमों का कैसा परिणाम हुआ। (४०) और हमने उनको (दुनिया में) सरदार बनाया (लेकिन वे लोगों को) दोज़ख़ (का रास्ता दिखाते व उसी) की तरफ़ बुलाते रहे। और क़ियामत के दिन इनको (किसी ओर से भी) मदद मिलने की नहीं। (४१)

§ हामान फ़िरऔन का प्रधान मंत्री था। फ़िरऔन उसी के मशविरे पर ये ज़ुल्म करता था। † लोगों का ख़याल है कि फ़िरऔन अपने को छोड़कर किसी और को पूज्य नहीं मानता था; लेकिन यह बात नहीं है। सूरः आराफ़ आयत १२७ में फ़िरऔनों के तमाम माबूदों (देवी-देवताओं) का ज़िक्र है। यहाँ फ़िरऔन का मंशा है कि मैं यहाँ का सर्वेसर्वा हाकिम हूँ और यहाँ मेरा हुक्म ही चलेगा और देखूँ मेरे हुक्म के ख़िलाफ़ चलने पर मूसा का कौन मददगार होता है। यह मूसा अ० के अल्लाह का मज़ाक उड़ाया न कि यह कि उसके या उसकी क़ौम के कोई माबूद (पूज्य) नहीं थे। मिस्र में उस वक़्त भी बुतपरस्ती थी यह क़ुर्आन का कहना है।

[पिछ ३४६ से] इसलिए झुठला रहे हैं कि ये लोग ज़ालिम और गुनहगार हैं न कि इसलिए कि कोई चमत्कार इन्हें देखने को नहीं मिला। और सूरः बनी इस्राईल की भूमिका पृष्ठ ४७७-४७६ में बयान रसूल स० का मस्जिदे अक़्सा का सफ़र, वहाँ से अर्श पर रातोरात सफ़र और अल्लाह के रूबरू हाज़िर होना इन अलौकिक चमत्कारों के बाद भी काफ़िरों को न मानना था और उन्होंने नहीं माना।

व अत्बअ़्नाहुम् फ़ी हाजिहिद्दुन्या लअ़्नतन् ज् व यौमल्-क़ियामति हुम् मिनल्-मक़्बूहीन (४२) ★ व लक़द् आतैना मूसल्किताब मिम्बअ़्दि मा अह्लक्नल्-क़ुरूनल्-अूला बसा'इर लिन्नासि व हुदौंव रह्मतल्-लअ़ल्लहुम् यतज़क्करून (४३) व मा कुन्त बिजानिबिल्-ग़र्बीयि इज़् क़ज़ैना इलल् मूसल्-अम्र व मा कुन्त मिनश्शाहिदीन ला (४४) व लाकिन्ना अन्शअ़्ना क़ुरूनन् फ़तत़ावल अलैहिमुल्-अुमुरु ज् व मा कुन्त सावियन् फ़ी अह्लि मद्यन तत्लू अलैहिम् आयातिना ला व लाकिन्ना कुन्ना मुर्सिलीन (४५) व मा कुन्त बिजानिबित्तूरि इज़् नादैना व लाकिर्रह्मतम्-मिर्रब्बिक लितुन्ज़िर क़ौमम्मा अताहुम् मिन् नज़ीरिम्-मिन् क़ब्लिक लअ़ल्लहुम् यतज़क्करून (४६) व लौ ला अन् तुसीबहुम् मुसीबतुम्-बिमा क़द्मत् ऐदीहिम् फ़यक़ूलू रब्बना लौ ला अर्सल्त इलैना रसूलन् फ़नत्तबिअ़ आयातिक व नकून मिनल्-मुअ्मिनीन (४७) फ़लम्मा जा'अ हुमुल्हक़्क़ु मिन् इन्दिना क़ालू लौ ला ऊतिय मिस्ल मा ऊतिय मूसा त् अवलम् यक्फ़ुरू बिमा ऊतिय मूसा मिन् क़ब्लु ज् क़ालू सिह्रानि तज़ाहरा क़िफ़ वक़्फ़: व क़ालू इन्ना बिकुल्लिन् काफ़िरून (४८) क़ुल् फ़अ्तू बिकिताबिम्-मिन् इन्दिल्लाहि हुव अह्दा मिन्हुमा अत्तबिअ़्हु इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४९) फ़इल्लम् यस्तजीबू लक फ़अ़्लम् अन्नमा यत्तबिअ़ून अह्वा'अहुम् त् व मन् अज़्ल्लु मिम्मनित्तबअ़ हवाहु बिग़ैरि हुदम्मिनल्लाहि त् इन्नल्लाह ला यह्दिल्-क़ौमज़्-ज़ालिमीन (५०) ★

और हमने इस दुनिया में उनके पीछे फिटकार लगा दी और क़ियामत के दिन (तो) उनका बुरा हाल होना है †। (४२) ★ रु. ४७ आ १४

और अगली उम्मतों (के सरकश हो जाने के बाद उन) को हलाक कर देने पर हमने मूसा को किताब (तौरेत) दी जिससे लोगों को सूझ हो और राह पकड़ें और (उन पर हमारी) रहमत हो (इस लिए कि) शायद वे नसीहत पकड़ें। (४३) और (ऐ मुहम्मद!) जिस समय हमने मूसा को हुक्म भेजा तो तू (तूर के) पश्चिम ओर (जहाँ मूसा अ० को पैग़म्बरी व तौरात हमने दी, थी वहाँ मौजूद तो) न था और (न इन घटनाओं को) तू देखने वालो में से था §। (४४) लेकिन (मूसा के बाद और भी) कितनी ही उम्मतों (गिरोहों) को हमने उठाया फिर उन पर बहुत सा ज़माना बीत चुका है। और न तू मदयन के लोगों में (ही मूसा के वक़्त) रहता था कि तू उनको हमारी आयतें पढ़-पढ़कर सुनाता बल्कि हम (ही उस वक़्त भी और आज भी) रसूल भेजते रहे हैं। (४५) और तू तूर के पास उस वक़्त (मौजूद) न था जबकि हमने (मूसा को) आवाज़ दी थी (यानी उन पिछले हालात की जानकारी केवल पर तुम आज इन मक्का के लोगों को पैग़ाम नहीं दे रहे हो) बल्कि तुम्हारे परवरदिगार की यह रहमत है कि तुम उन लोगों को डराओ जिनके पास तुमसे पहले (आज तक कोई हमारा पैग़ाम पहुंचानेवाला और) कोई डरानेवाला नहीं आया, शायद यह नसीहत पकड़ें। (४६) और (ऐ पैग़म्बर! तुझको रसूल बना कर इसलिए भेजा है) कहीं इन (मक्का वालों) पर अपनी ही करतूतों के बदले में कोई आफ़त आ पड़े तो इनको यह कहने का मौक़ा (न) रहे कि ऐ हमारे परवरदिगार! तूने हमारे पास कोई पैग़म्बर क्यों न भेजा जिससे (हमको भी पिछली क़ौमों की तरह हिदायत मिलती और हमारे यहाँ भी पैग़म्बर आते तो) हम भी तेरी आज्ञा की पैरवी करते और ईमानवालों में होते। (४७) फिर जब हमारी तरफ़ से हक़ (सत्य) उनके पास पहुँचा तो (बजाय उस पर अमल करने के उल्टे) कहने लगे कि जैसे (चमत्कार) मूसा को मिले थे ऐसे ही इस (पैग़म्बर) को क्यों नहीं मिले (और हमें मुहम्मद स० की पैग़म्बरी का कैसे इत्मीनान हो?) (तो ऐ पैग़म्बर!) क्या जब (चमत्कार) पहले मूसा को मिले थे तब लोग उनके इन्कार करनेवाले नहीं हुए थे? (चमत्कार देखकर भी यही) उन्होंने कहा था कि (मूसा और हारून) दोनों जादूगर और एक दूसरे के साथी हैं। और कहा कि हम दोनों को नहीं मानते✡। (४८) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि अगर तुम (क़ुर्आन को हमारी मनगढ़न्त कहने में) सच्चे हो तो अल्लाह के यहाँ से कोई किताब ले आओ जो इन दोनों (किताबों यानी तौरात और क़ुर्आन) से हिदायत में बढ़कर हो, ताकि मैं उस पर चलूँ (मुझे तो अल्लाह की राह चाहिये।) (४९) फिर अगर यह लोग तेरे कहे के बमूजिब न कर दिखायें तो जान ले कि यह अपनी (बुरी) चाहों पर चलते हैं और उससे बढ़कर गुमराह कौन है कि जो बग़ैर अल्लाह की राह बताये अपनी चाह पर चले। बेशक अल्लाह अन्यायियों को राह नहीं दिखाता। (५०) ★ रु. ५८ आ ८

† फ़िरऔन का मुफ़स्सिल हाल देखें सूरः आराफ़ रुकूअ़ १४-१५ पृष्ठ २८३। § मक्कावाले कहते थे कि मुहम्मद स० अपने जी से बात बनाते हैं और कहते हैं कि ये बातें अल्लाह ने बताई हैं। तो मुहम्मद स० पिछले पैग़म्बरों की बातें कैसे बताते हैं जबकि न तो उनके वक़्त में वह मौजूद थे और न पढ़े-लिखे हैं कि इधर उधर से वह इल्म हासिल करें। ✡ यानी यह कहना इनकी मक्कारी व बहाना है कि अगर मुहम्मद स० के साथ कोई अलौकिक चमत्कार होते तो ये ईमान लाते। हर नबी के वक़्त उनके चमत्कार देखने पर भी सरकशों और ज़ालिमों ने उनको झुठलाया है। और आज भी ये मक्का के मुशरिक मुहम्मद स० को और क़ुर्आन को [पिज ६४७ पर]

व लक़द् वस्सल्ना लहुमुल्क़ौल लअल्लहुम् यतज़क्करून ﴿५१﴾ अल्लज़ीन
आतैनाहुमुल्-किताब मिन् क़ब्लिहि हुम् बिहि युअ्मिनून (५२) ● व
अिज़ा युत्ला अलैहिम् क़ालू आमन्ना बिहि अिन्नहुल्-हक़्क़ु मिर्रब्बिना
अिन्ना कुन्ना मिन् क़ब्लिहि मुस्लिमीन (५३) अुला अिक युअ्तौन अज्रहुम्
मर्रतैनि बिमा सबरू व यद्रअून बिल्-हसनतिस्-सैयिअ व मिम्मा रज़क़्नाहुम्
युन्फ़िक़ून (५४) व अिज़ा समिअुल्-लग़्व अअ्रज़ू अन्हु व क़ालू लना
अअ्मालुना व लकुम् अअ्मालुकुम् ﴿ज़्﴾ सलामुन् अलैकुम् ﴿ज़्﴾ ला नब्तग़िल्-
जाहिलीन (५५) अिन्नक ला तह्दी मन् अह्बब्त व लाकिन्नल्लाह यह्दी मैंयशा अु ﴿ज़्﴾
व हुव अअ्लमु बिल्मुह्तदीन (५६) व क़ालू अिन् नत्तबिअिल्-हुदा मअक
नुतख़त्तफ़् मिन् अर्ज़िना ﴿त्﴾ अ व लम् नुमक्किल्-लहुम् हरमन् आमिनैंयुज्बा अिलैहि
समरातु कुल्लि शैअिर्रिज़्क़म्-मिल्लदुन्ना व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ्लमून (५७) व कम् अह्लक्ना मिन् क़र्यतिम्-
बत्तिरत् मअीशतहा ﴿ज़्﴾ फ़तिल्क मसाकिनुहुम् लम् तुस्कम्-मिम्बअ्दिहिम्
अिल्ला क़लीलन् ﴿त्﴾ व कुन्ना नह्नुल्-वारिसीन (५८) व मा कान रब्बुक
मुह्लिकल्-क़ुरा हत्ता यब्अ़स फ़ी अुम्मिहा रसूलैंयत्लू अलैहिम्
आयातिना ﴿ज़्﴾ व मा कुन्ना मुह्लिकिल्क़ुरा अिल्ला व अह्लुहा ज़ालिमून
(५९) व मा अूतीतुम् मिन् शैअिन् फ़मताअुल्-हयातिद्दुन्या व
ज़ीनतुहा ﴿ज़्﴾ व मा अिन्दल्लाहि ख़ैरुँव अब्क़ा ﴿त्﴾ अफ़ला तअ्क़िलून (६०) ★
अफ़मौंव अअ्दनाहु वअ्दन् हसनन् फ़हुव ला फ़ीहि कमम्-मत्तअ्नाहु
मताअल्-हयातिद्दुन्या सुम्म हुव यौमल्-क़ियामति मिनल्-मुह्ज़रीन (६१)

وَصَّلْنَا لَهُمُ الْقَوْلَ لَعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُونَ ﴿٥١﴾ الَّذِينَ آتَيْنَاهُمُ الْكِتَابَ
مِنْ قَبْلِهِ هُمْ بِهِ يُؤْمِنُونَ ﴿٥٢﴾ وَإِذَا يُتْلَىٰ عَلَيْهِمْ قَالُوا آمَنَّا بِهِ
إِنَّهُ الْحَقُّ مِنْ رَبِّنَا إِنَّا كُنَّا مِنْ قَبْلِهِ مُسْلِمِينَ ﴿٥٣﴾ أُولَٰئِكَ يُؤْتَوْنَ
أَجْرَهُمْ مَرَّتَيْنِ بِمَا صَبَرُوا وَيَدْرَءُونَ بِالْحَسَنَةِ السَّيِّئَةَ وَ
مِمَّا رَزَقْنَاهُمْ يُنْفِقُونَ ﴿٥٤﴾ وَإِذَا سَمِعُوا اللَّغْوَ أَعْرَضُوا عَنْهُ وَ
قَالُوا لَنَا أَعْمَالُنَا وَلَكُمْ أَعْمَالُكُمْ سَلَامٌ عَلَيْكُمْ لَا نَبْتَغِي
الْجَاهِلِينَ ﴿٥٥﴾ إِنَّكَ لَا تَهْدِي مَنْ أَحْبَبْتَ وَلَٰكِنَّ اللَّهَ يَهْدِي
مَنْ يَشَاءُ ۚ وَهُوَ أَعْلَمُ بِالْمُهْتَدِينَ ﴿٥٦﴾ وَقَالُوا إِنْ نَتَّبِعِ الْهُدَىٰ
مَعَكَ نُتَخَطَّفْ مِنْ أَرْضِنَا ۚ أَوَلَمْ نُمَكِّنْ لَهُمْ حَرَمًا آمِنًا يُجْبَىٰ
إِلَيْهِ ثَمَرَاتُ كُلِّ شَيْءٍ رِزْقًا مِنْ لَدُنَّا وَلَٰكِنَّ أَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُونَ ﴿٥٧﴾
وَكَمْ أَهْلَكْنَا مِنْ قَرْيَةٍ بَطِرَتْ مَعِيشَتَهَا ۖ فَتِلْكَ مَسَاكِنُهُمْ
لَمْ تُسْكَنْ مِنْ بَعْدِهِمْ إِلَّا قَلِيلًا ۖ وَكُنَّا نَحْنُ الْوَارِثِينَ ﴿٥٨﴾
وَمَا كَانَ رَبُّكَ مُهْلِكَ الْقُرَىٰ حَتَّىٰ يَبْعَثَ فِي أُمِّهَا رَسُولًا يَتْلُو
عَلَيْهِمْ آيَاتِنَا ۚ وَمَا كُنَّا مُهْلِكِي الْقُرَىٰ إِلَّا وَأَهْلُهَا ظَالِمُونَ ﴿٥٩﴾ وَ
مَا أُوتِيتُمْ مِنْ شَيْءٍ فَمَتَاعُ الْحَيَاةِ الدُّنْيَا وَزِينَتُهَا ۚ وَمَا عِنْدَ
اللَّهِ خَيْرٌ وَأَبْقَىٰ ۚ أَفَلَا تَعْقِلُونَ ﴿٦٠﴾ أَفَمَنْ وَعَدْنَاهُ وَعْدًا حَسَنًا
فَهُوَ لَاقِيهِ كَمَنْ مَتَّعْنَاهُ مَتَاعَ الْحَيَاةِ الدُّنْيَا ثُمَّ هُوَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ

और हम बराबर लोगों पर (आयतें) आज्ञायें भेजते रहे हैं कि शायद वह नसीहत पकड़ें। (५१) जिन लोगों को क़ुर्आन से पहले हमने किताब (याने इंजील) दी वह इस पर ईमान ले आते हैं। (५२) ● और जब उनको (क़ुर्आन) सुनाया जाता है तो बोल उठते हैं कि हमको तो इस पर विश्वास आ गया कि यह हमारे परवरदिगार की तरफ़ से भेजी हुई सच्ची बात है (और) हम तो इससे पहले ही से हुक्म माननेवाले हैं§। (५३) यही लोग हैं जिनको दोहरा बदला दिया जायगा इस पर कि सब्र करते हैं और नेकी से बदी का जवाब देते हैं और हमने जो इनको दिया है उसमें से (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं (५४) और जब बेहूदा बात सुनते हैं तो उससे किनारा पकड़ते हैं और कहते हैं कि हमको हमारे काम और तुमको तुम्हारे काम (मुबारक) हैं। हम (दूर ही से) सलाम करते हैं। हम बेसमझों (के संसर्ग) को नहीं चाहते।+ (५५) (तो ऐ पैग़म्बर!) तू जिसको चाहे हिदायत नहीं दे सकता बल्कि अल्लाह जिसको चाहता है हिदायत देता है, और वही राह पर आने वालों से ख़ूब जानकार है‡। (५६) और कहते हैं कि अगर हम तेरे दीन की पैरवी करें तो हम अपनी जगह (यानी काबः) से उचक लिए जायें। क्या हमने उनको अदब वाले मकान में, जहाँ चैन है, जगह नहीं दी कि जहाँ हर तरह के मेवे खिचे चले आते हैं (और इनकी) जो रोज़ी हमारी तरफ़ से है। मगर उनमें से अक्सर लोग नहीं समझते।✡ (५७) और हमने कितनी ही (आद समूद जैसी) बस्तियाँ मिटा दीं जो अपनी रोज़ी (व हैसियत) में इतरा चली थीं (जैसे आज मक्कावाले इतरा रहे हैं।) तो यह उनके घर हैं जो उन (की तबाही) के बाद आबाद ही नहीं हुए सिवाय थोड़ों के। और (आख़िर सबके) हम ही वारिस हुए।(५८) और (ऐ पैग़म्बर!) जब तक तेरा परवरदिगार किसी बस्ती में पैग़म्बर न भेज ले जो हमारी आयतें पढ़कर उनको सुना दे तब तक वह बस्तियों को तबाह नहीं किया करता और हम बस्तियों को कभी नहीं तबाह करते सिवाय जबकि वहाँ के लोग गुनहगार हो जाते हैं। (५९) और जो कुछ तुमको दिया गया है, तो वह दुनिया की ज़िन्दगी में बर्तने के लिए है और यहाँ की शोभा है। और जो अल्लाह के यहाँ है वह (तो कहीं) बढ़कर है और वही (स्थायी) रहने वाला है, क्या तुम लोग नही समझते? (६०) ★

भला वह आदमी जिसे हमने (आख़िरत का) अच्छा वादा दिया और वह उसे पानेवाला है क्या उसके बराबर है जिसको हमने दुनिया की ज़िन्दगी का फ़ायदा दिया। फिर वह क़ियामत के दिन (सज़ा के लिए हमारे सामने) पकड़ा हुआ आया। (६१)

नि. १२

रू. ६, ७, ८ आ १०

§ आ० ५२-५३ में इशारा है कि मुसलमानों के मुल्क हबश को हिजरत कर जाने पर जब मुल्क हबश की ईसाई हुकूमत तक इस्लाम की शोहरत पहुँची तो वहाँ से एक वफ़द (प्रतिनिधि मण्डल) मक्का आया और रसूल स० से उनकी मार्फ़त आये दीन को समझना चाहा। रसूल स० ने उनको समझाया और क़ुर्आन की आयतों को सुनकर वह प्रेम में रो पड़े और ईमान लाये। मक्का के मुशरिकों के लीडर अबूजहल वग़ैरः ने वापसी में घेर कर इन ईसाइयों की लानत मलामत की, मगर वह तो ईमान ला चुके थे। ये अपना मुँह लेकर वापस आये। तो यही ज़िक्र है कि क़ुर्आन से पहली किताब इन्जील के पैरो तो ग़ैर मुल्कों से आकर ईमान ला रहे हैं और तुम्हारे घर में किताब इलाही नाज़िल हुई और तुम उससे मुन्किर (विमुख) हो रहे हो। + हबश के ईसाई वफ़द (प्रतिनिधि मण्डल) से जब अबूजहल ने मिलकर उनसे लानत मलामत व बेहूदा बातें कीं तब उन्होंने यही जवाब उनको देकर पिण्ड छुड़ाया और अपने वतन गये। ‡ वैसे तो यह आयत एक बात सारे ईसानों के लिए कहती है कि पैग़म्बर तो सिर्फ़ पैग़ाम पहुँचा देनेवाला है। राह देने वाला [पिछ ६५३ पर]

✡ मक्का के क़ुरैश काबः के अधिकारी थे और सारे अरब में इज्जत वाले थे। उनका कहना था [पिछ ६५३ पर]

व यौम युनादीहिम् फ़यक़ूलु अैन शुरका'अि-यल्लजीन कुन्तुम् तज़्अुमून (६२) क़ालल्लजीन हक़्क़ अलैहिमुल्-क़ौलु रब्बना हा'अुला'अिल्लजीन अग़्वैना ज् अग़्वैनाहुम् कमा ग़वैना ज् तबर्अ्ना' अिलैक ज् मा कानू' अीयाना यअ्बुदून (६३) व क़ीलद्अू शुरका'अकुम् फ़दअौहुम् फ़लम् यस्तजीबू लहुम् व रअवुल्-अजाब ज् लौ अन्नहुम् कानू यह्तदून (६४) व यौम युनादीहिम् फ़यक़ूलु मा जा' अजब्तुमुल्-मुर्सलीन (६५) फ़अमियत् अलैहिमुल्-अम्बा'अु यौमअिजिन् फ़हुम् ला यतसा'अलून (६६) फ़अम्मा मन् ताब व आमन व अमिल सालिहन् फ़असा' अैंयकून मिनल्मुफ़्लिह़ीन (६७) व रब्बुक यख़्लुक़ु मा यशा'अु व यख़्तारु त् मा कान लहुमुल्-ख़ियरत्तु त् सुब्ह़ानल्लाहि व तआला अम्मा युश्रिकून (६८) व रब्बुक यअ्लमु मा तुकिन्नु सुदूरुहुम् व मा युअ्लिनून (६९) व हुवल्लाहु ला' अिलाह अिल्ला हुव त् लहुल्-ह़म्दु फ़िल्अूला वल्-आख़िरति ज् व लहुल्-ह़ुक्मु व अिलैहि तुर्जअून (७०) क़ुल् अरअैतुम् अिन् जअलल्लाहु अलैकुमुल्लैल सर्मदन् अिला यौमिल्क़ियामति मन् अिलाहुन् ग़ैरुल्लाहि यअ्तीकुम् बिज़िया'अिन् त् अफ़ला तस्मअून (७१) क़ुल् अरअैतुम् अिन् जअलल्लाहु अलैकुमुन्नहार सर्मदन् अिला यौमिल्-क़ियामति मन् अिलाहुन् ग़ैरुल्लाहि यअ्तीकुम् बिलैलिन् तस्कुनून फ़ीहि त् अफ़ला तुब्सिरून (७२) व मिर्रह़्मतिहीं जअल लकुमुल्लैल वन्नहार लितस्कुनू फ़ीहि व लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिहीं व लअल्लकुम् तश्कुरून (७३)

और जिस दिन अल्लाह काफ़िरों को बुलाकर पूछेगा कि जिन लोगों को तुम (अिबादत में) मेरे साझी समझते थे वे कहाँ हैं ? (६२) जिन पर (अज़ाब का) हुक्म साबित हो चुका होगा बोल उठेंगे कि ऐ परवरदिगार ! यह वही लोग हैं जिनको हमने बहकाया था। जिस तरह हम खुद बहके थे इसी तरह हमने उनको भी बहकाया। हम तेरे सामने इन्कार करते हैं, यह लोग हमको नहीं पूजते थे (बल्कि अपनी दिली ख़्वाहिशों को पूजते थे)। (६३) और (उनसे) कहा जायगा कि अपने शरीकों को बुलाओ (जिनको तुम पूजते थे।) फिर यह लोग उनको बुलायेंगे तो वह (पूजित) इनको जवाब न देंगे और (अपनी आखों) अज़ाब को देख लेंगे, (और पछतायेंगे) कि काश ये (बेचारे) सच्ची राह पर होते§। (६४) और जिस दिन अल्लाह काफ़िरों को बुलाकर पूछेगा कि पैग़ाम पहुँचाने वाले (रसूलों) को तुमने क्या जवाब दिया था ? (६५) तो उस दिन उनको कोई जवाब न सूझ पड़ेगा और वह आपस में पूछ-ताछ भी न कर सकेंगे। (६६) लेकिन जिसने तौबः की और ईमान लाया और नेक काम किये तो आशा है कि ऐसे आदमी नजात (मुक्ति) पानेवालों में हों। (६७) और (ऐ पैग़म्बर !) तेरा परवरदिगार जो चाहता है पैदा करता और (अपने काम के लिए जिसे चाहता है) चुन लेता है। चुनना लोगों के हाथ में नहीं है। अल्लाह पाक है और इनके शरीकों (पूजितों) से (बहुत) ऊँचा है।(६८) और जो यह लोग अपने दिलों में छिपाते और जो ज़ाहिर करते हैं तेरा परवरदिगार उनको (ख़ूब) जानता है।(६९) और वही अल्लाह है कि उसके सिवाय कोई इलाह (पूजित) नहीं। दुनिया और आख़िरत में उसीकी तारीफ़ (स्तुति) है और उसी की हूकूमत है और उसी की तरफ़ तुम सब को (क़ियामत के दिन) लौटकर जाना है। (७०) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि देखो तो कि अगर अल्लाह क़ियामत के दिन तक लगातार तुम पर रात किये रहे तो अल्लाह के सिवाय कौन (पूज्य हस्ती) है जो तुम्हारे लिए रौशनी ले आये। क्या तुम सुनते नहीं ? (७१) (ऐ पैग़म्बर ! फिर इनसे) कहो कि अगर अल्लाह क़ियामत के दिन तक लगातार तुम पर दिन ही बनाये रहे तो अल्लाह के सिवाय कौन (पूज्य हस्ती) है जो तुम्हारे लिए रात लावे जिसमें चैन पाओ। क्या तुम देखते नहीं ? (७२) और अपनी कृपा से तुम्हारे लिए रात और दिन को बना दिया है, ताकि तुम (रात में) चैन पाओ और (दिन में) उसकी कृपा (से रोज़ी) की तलाश में लगो और (इस रहमत को देख-समझकर) शायद तुम कृतज्ञ (शुक्रगुज़ार) हो।(७३)

[पेज ६५१ से] अल्लाह ही है, रसूल नहीं। लेकिन यह सही उतरती है इस घटना पर कि मुहम्मद साहब स० बहुत चाहते थे कि उनके चचा अबूतालिब मुसलमान हो जायँ। मगर अबूतालिब ने, बावजूद इसके कि वे हमेशा इस्लाम व रसूल स० के भले रहे, मरते समय तक कलमा पढ़ने से इन्कार किया और कहा कि बेटा मैं जानता हूँ तू सच्चा है, पर मैं मुसलमान नहीं हो सकता। क्योंकि क़ुरैश कहेंगे कि अबूतालिब ने मौत से डरकर इस्लाम स्वीकार कर लिया। [पेज ६५१ से] ‡ कि अगर वे इस्लाम क़बूल कर लें तो सारा अरब उनसे नाराज़ हो जायगा। और काबः के अधिकारी होने के नाते उनसे काबः और उनके ज़रिये उनकी इज़्ज़त और आमदनी छिन जायगी। आयत समझाती है कि जिस अल्लाह ने उनको अदब व चैन का घर काबः उनके सुपुर्द किया है उससे बढ़कर रोज़ी, इज़्ज़त और पनाह (शरण) देनेवाला कौन है ? अल्लाह का भरोसा छोड़कर इन नाचीज़ इन्सानों की ख़ुशी नाख़ुशी से क्यों हिलगे हो।

§ जिन पुरानी हस्तियों को लोग बाद में पूजने लगते हैं, वे भला क्या जानें कि उनके दुनिया से गुज़र जाने के बाद कौन उनको पूजने लगे हैं ? इसलिए वे बेचारे क्या जवाब दें ? अलबत्ता इनकी नादानी पर तरस खाते हैं। वे तो खुद सवाब-अज़ाब के चक्कर में पड़े हैं, इनकी मदद क्या करें।

व यौम युनादीहिम् फ़यक़ूलु अैन शुरका'अि - यल्लजीन कुन्तुम् तज़्अुमून (७४) व नज़ऩा मिन् कुल्लि अुम्मतिन् शहीदन् फ़क़ुल्ना हातू बुर्हानकुम् फ़अ्लिमू अन्नल्हक़्क़ लिल्लाहि व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (७५) ★ अिन्न क़ारून कान मिन् क़ौमि मूसा फ़बग़ा अलैहिम् स़ व आतैनाहु मिनल्कुनूज़ि मा' अिन्न मफ़ातिहहू लतनू'अु बिल्अुस्बति अुलिल् - क़ूवति क़ अिज् क़ाल लहू क़ौमुहू ला तफ़्रह् अिन्नल्लाह ला युहिब्बुल् - फ़रिहीन (७६) वब्तग़ि फ़ीमा' आताकल्-लाहुद्-दारल्-आख़िरत व ला तन्स नसीबक मिनद्दुन्या व अह्सिन् कमा' अह्सनल्लाहु अिलैक व ला तब्ग़िल् - फ़साद फ़िल्अर्ज़ स़ अिन्नल्लाह ला युहिब्बुल् - मुफ़्सिदीन (७७) क़ाल अिन्नमा' अूतीतुहू अला अिल्मिन् अिन्दी स़ अ व लम् यअ्लम् अन्नल्लाह क़द् अह्लक मिन् क़ब्लिहि मिनल्-क़ुरूनि मन् हुव अशद्दु मिन्हु क़ूवतौंव अक्सरु जम्अन् स़ व ला युस्अलु अन् जुनूबिहिमुल् - मुज्रिमून (७८) फ़ख़रज अला क़ौमिहि फ़ी ज़ीनतिहि स़ क़ाललल्लजीन युरीदूनल् - हयातद्दुन्या यालैत लना मिस्ल मा' अूतिय क़ारूनु ला अिन्नहू लज़ू हज़्जिन् अज़ीमिन् (७९) व क़ाललल्लजीन अूतुल्अिल्म वैलकुम् सवाबुल्लाहि ख़ैरुल्लिमन् आमन व अमिल सालिहन् ज़ व ला युलक़्क़ाहा' अिल्लस्साबिरून (८०) फ़ख़सफ़्ना बिहि व बिदारिहिल्-अर्ज़ फ़मा कान लहू मिन् फ़िअतिंय - यन्सुरूनहू मिन् दूनिल्लाहि क़ व मा कान मिनल् - मुन्तसिरीन (८१)

और जिस दिन (अल्लाह) मुशरिकों को बुलाकर पूछेगा कि कहाँ हैं मेरे (अलावा तुम्हारे पूजित वे) शरीक जिनका तुम दावा करते थे ? (७४) और हर एक गरोह में से हम साक्षी (यानी पैग़म्बर को अलग) निकालेंगे, फिर (लोगों से) कहेंगे कि अपने (कुफ़्र यानी शिर्क की) दलील पेश करो तब जानेंगे कि बात सच्ची अल्लाह की है और जो बातें (ये लोग दुनिया में) बनाते थे उनसे गुम हो जायँगी। (७५) ★ रु. ७ — १० आ १५

यह सच है कि क़ारून मूसा की क़ौम में से था। फिर (भी) वह उन (यानी अपनी क़ौम यहूदियों) पर ज़ुल्म करने लगा और हमने उसको इतने ख़ज़ाने दे रखे थे कि कई ज़ोरावर मर्द उसकी कुंजियाँ मुश्किल से उठा सकते थे। तो जब उसकी क़ौम ने उससे कहा इतरा मत (क्योंकि) अल्लाह इतरानेवालों को नहीं पसन्द करता। (७६) और (यह दुनिया का माल ख़ज़ाना) जो तुमको अल्लाह ने दे रखा है उससे (नेकी कर और) आख़िरत के घर (परलोक) की भी फ़िक्र कर और दुनिया में जो तेरा हिस्सा है (बैपरने के लिए भले ही) उसको मत भूल और जिस तरह अल्लाह ने तेरे साथ भलाई की है तू भी (लोगों के साथ) भलाई कर और मुल्क में फ़साद फैलाने वाला न हो। बेशक अल्लाह फ़साद करनेवालों को पसंद नहीं करता। (७७) क़ारून बोला (इसमें अल्लाह की क्या रहमत है) यह तो मुझको अपनी लियाक़त (और हिकमत) से मिला है। (ऐ पैग़म्बर !) क्या उसने यह नहीं ख़्याल किया कि इससे पहले अल्लाह कितने गरोहों का नाश कर चुका जो इस क़ारून से (कहीं) ज़्यादा बल और ख़ज़ाना रखते थे। और गुनहगारों को (सज़ा देते वक़्त) उनके गुनाहों की बाबत उनसे पूछा भी न जायगा (कि कुछ उज्र पेश कर सकें।) (७८) फिर (एक दिन) क़ारून अपनी शान-शौक़त से अपनी क़ौम के सामने निकला। तो जो लोग दुनिया की ज़िन्दगी के चाहनेवाले थे (वह हिर्स के साथ) कहने लगे कि जैसा कुछ क़ारून को मिला है काश हमको भी मिलता; बेशक क़ारून बड़ा भाग्यवान है। (७९) और जिन लोगों को समझ मिली थी, बोल उठे कि तुम पर अफ़सोस है ! जो आदमी ईमान लाया और उसने नेक काम किये उसके लिए अल्लाह का सवाब (क़ारून के माल से) बहुत बढ़कर है। और यह (समझ और सूझ की) बात सब्र करनेवालों के ही दिल में पैठती है। (८०) फिर (जब क़ारून के गुनाह हद पार कर गये तो) हमने क़ारून और उसके घर को (माल ख़ज़ाना सहित) ज़मीन में धँसा दिया§। और अल्लाह के मुक़ाबिले कोई गरोह उसकी मदद को न आ सका; और न ख़ुद ही अपने तईं बचा सका। (८१)

§ इसी सूरः की ५७ वीं आयत में मक्का के काफ़िरों ने एक उज़्र यह पेश किया कि इस्लाम पर ईमान लाने के माने हैं अपने माल व इज़्ज़त पर ज़रर पहुँचाना और उनसे हाथ धोना (देखिये फ़ुटनोट ७५ आयत ५७ पेज ६५१)। सो उसी सिलसिले की दलीलों में यह आयत भी है कि क़ारून ऐसे माल व इज़्ज़त वाले दम भर में फ़ना हो गये तो तुम्हारी क्या बिसात है। नेकी और राहे अल्लाह ही बस भरोसे की चीज़ है। क़ारून क़ौम से यहूदी और मूसा अ० का चचाज़ाद भाई था। लेकिन यह फ़िरऔन का मातबर हाकिम था। इसने यहूदियों पर ज़ुल्म ढाने और बेतहाशा माल पैदा करने में हद पार कर दी थी। फ़िरऔन, और हामान वज़ीर और यह क़ारून सेठ इन्होंने ही सितम ढा रखा था। लेकिन जब फ़िरऔन तबाह हो गया तब भी क़ारून हज़रत मूसा अ० से हसद करता और उनको बदनाम करने में लगा रहता। एकबार एक औरत को सिखला पढ़ाकर मूसा अ० पर तुहमत मढ़ने को भेजा। लेकिन उस औरत ने सही बात अल्लाह के डर से बयान कर दी। चुनाँचे ह० मूसा अ० की बद्दुआ से क़ारून मय अपने बेशुमार माल-मता के ज़मीन में ग़र्क़ हो कर मिट गया।

व अञ्चहुल्लजीन तमन्नौ मकानहू बिल्अम्सि यक़ूलून वैकअन्नल्लाह यब्सुतुर्रिज़्क़ लिमैंयशा'अु मिन् इबादिहि व यक़्दिरु ज् लो ला' अम्मन्नल्लाहु अलैना लख़सफ़ बिना त् वैकअन्नहू ला युफ़्लिहुल् - काफ़िरून (८२) ★ तिल्कद्दारुल् - आख़िरतु नज्अलुहा लिल्लजीन ला युरीदून अुलूवन् फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़सादन् त् वल् - आक़िबतु लिल्मुत्तक़ीन (८३) मन् जा'अ बिल्हसनति फ़लहू ख़ैरुम्मिन्हा ज् व मन् जा'अ बिस्सैयिअति फ़ला युज्ज़ल्लजीन अमिलुस्सैयिआति इल्ला मा कानू यअ़मलून (८४) इन्नल्लजी फ़रज़ अलैकल्-क़ुर्आन लरादुक इला मआदिन् त् क़ुर्ब्बी' अ़लमु मन् जा'अ बिल्हुदा व मन् हुव फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (८५) व मा कुन्त तर्जू' अैंयुल्क़ा' इलैकल् - किताबु इल्ला रह्मतम्-मिर्रब्बिक फ़ला तकूनन्न ज़हीरल् - लिल्काफ़िरीन ज् (८६) व ला यसुद्दुन्नक अन् आयातिल्लाहि बअ़्द इज् उन्ज़िलत् इलैक वद्अु इला रब्बिक व ला तकूनन्न मिनल् - मुश्रिकीन ज् (८७) व ला तद्अु मअल्लाहि इलाहन् आख़र म ● ला इलाह इल्ला हुव क़िफ़् कुल्लु शैअिन् हालिकुन् इल्ला वज्हहू त् लहुल्हुक्मु व इलैहि तुर्जअून (८८) ★

✪ २९ सूरतुल्-अन्कबूति ८५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४४१० हुरूफ़, ९९० शब्द, ६९ आयतें और ७ रुकू हैं।

बिस्मिल्लाहिरह्मानिर्रहीमि ●

अलिफ़् - ला'म् - मी'म् ज् (१) अह्सिबन्नासु अैंयुत्रकू' अैंयक़ूलू' आमन्ना व हुम् ला युफ़्तनून (२) व लक़द् फ़तन्नल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़ल यअ़्लमन्नल् - लाहुल् - लजीन सदक़ू व ल यअ़्लमन्नल् - काजिबीन (३)

और जो लोग कल शाम (रुतबे में) उस-जैसे होने की तमन्ना करते थे सुबह उठकर कहने लगे, अफ़सोस! अल्लाह ही अपने बन्दों में से जिसकी रोज़ी चाहे बढ़ा दे और (जिसकी चाहे) तंग करे। अगर अल्लाह हम पर कृपा न करता (और हम भी क़ारून के रास्ते पर फँस गये होते तो अल्लाह) हमको भी धँसा देता। अफ़सोस ! काफ़िरों का भला नहीं होता। (८२) ★

यह आख़िरत का घर है जो हमने उन लोगों के लिए कर रखा है जो दुनिया में ऐंठ कर नहीं चलते और फ़साद नहीं चाहते। और परहेज़गारों का आख़िरी अंजाम भला है। (८३) (क़ियामत के दिन) जो आदमी नेक काम करके आयेगा उसको उससे बढ़कर (फल) मिलेगा, और जो बुरे काम करके आयेगा तो जिन लोगों ने जैसा बुरा किया है वैसा ही (बुरा अंजाम भी) पायेंगे। (८४) (वह अल्लाह) जिसने क़ुर्आन के हुक्म तुम पर भेजे वह ज़रूर तुमको (कामयाबी के साथ) पहली जगह लौटा देगा। (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो कि मेरा परवरदिगार ख़ूब जानता है कि कौन हिदायत (सही राह) लेकर आया है और कौन प्रत्यक्ष गुमराही में है। (८५) और तुम्हें क्या उम्मेद थी कि तुम पर (क़ुर्आन जैसी) किताब उतारी जायगी? सिवाय इसके कि यह तेरे पालनकर्ता की कृपा से दी गई सो तू काफ़िरों का मददगार न हो। (८६) और ऐसा न हो कि जब अल्लाह के हुक्म तुम पर उतर चुके हैं उसके बाद यह (काफ़िर) तुमको उनसे रोकने में कामयाब हो जायँ, और अपने परवरदिगार की तरफ़ (लोगों को) बुलाये चले जाओ और मुशरिकों में न हो जाना। (८७) और अल्लाह के सिवाय किसी दूसरे को पूज्य समझकर न पुकारो। ● उसके सिवाय कोई और इलाह (पूजित) नहीं। उसकी ज़ात के सिवाय सब चीज़ें फ़ानी (नाशवान) हैं, उसी की हुकूमत है और उसी की तरफ़ लौटकर जाना है। (८८) ★ ●

रु. ८–११ आ ७ ● ब. ला ज़िम ★ रु. ९–१२ आ ६ ● सु. ३–४

✪ २९ सूरतुल् अन्कबूति ८५ ✪

(मक्की) इसमें ४४१० अक्षर, ९९० शब्द, ६९ आयतें और ७ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़्-ला'म्-मी'म् (१) क्या लोगों ने यह समझ रखा है कि इतना (ज़बान से) कहने पर छूट जायंगे कि "हम ईमान ले आये" और उनको आज़माया न जायगा? (२) और हमने उन लोगों को भी आज़माया था जो इनसे पहले थे, सो अलबत्ता अल्लाह मालूम करेगा कि जो लोग सच्चे हैं और अलबत्ता मालूम करेगा (जो लोग हैं) झूठे। (३)

❀ इस सूरः की चौथी रुकूअ़ आयत ४१ में 'अन्कबूति' यानी मकड़ी शब्द आया है। उसी आधार पर सूरः का नामकरण हुआ है। समझने के लिए निहायत उम्दः मिसाल है। मकड़ी जैसा नन्हा सा जीव और कैसा उम्दा जाला अपनी हिफ़ाज़त के लिए तानता है और जितना वह ख़ुशनुमा व मिहनत से बना है उतना ही बोदा एक तिनके से टूट जाने वाला है। वैसे ही यह नाचीज़ इन्सान दुनिया में कैसे कैसे ख़याली व दुनियावी महल तैयार करता है मानो वह अमर है और यहाँ का सारा सुख अपने लिए समेट लेगा। लेकिन एक मामूली से झकोरे में उसका सारा ढाँचा तबाह हो जाता है। फिर भी वह अल्लाह और आख़िरत (परलोक) को भूलकर मदहोश रहता है। इसके महलों व मनसूबों और मकड़ी के जाले में क्या फ़र्क़ है? यह सूरः मक्का में उस समय उतरी है जब मक्का के मुशरिक ईमानवालों पर बेहद ज़ुल्म व [पिज ६६१ पर]

अम् हुसिबल्लजीन यऽमलूनस् - सैयिआति अँयस्बिक़ूना त़ सा अ मा यहूकुमून (४) मन् कान यर्जू लिक़ाअल्लाहि फ़अिन्न अजलल्लाहि लआतिन् त़ व हुवस्समीअुल् - अलीमु (५) व मन् जाहद फ़अिन्नमा युजाहिदु लिनफ़्सिहीं त़ अिन्नल्लाह लग़नीयुन् अनिल् - आलमीन (६) वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लनुकफ़्फ़िरन्न अन्हुम् सैयिआतिहिम् व ल-नजज़ियन्न-हुम् अह्सनल्लजी कानू यऽमलून (७) व वस्सैनल् - अिन्सान बिवालिदैहि हुस्नन् त़ व अिन् जाहदाक लितुश्रिक बी मा लैस लक बिहीं अिल्मुन् फ़ला तुतिअ्हुमा त़ अिलैय मर्जिअुकुम् फ़अुनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् तऽमलून (८) वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति ल-नुद्ख़िलन्नहुम् फ़िस्सालिहीन (९) व मिनन्नासि मैंयक़ूलु आमन्ना बिल्लाहि फ़अिजा अूजिय फ़िल्लाहि जअ़ल फ़ित्नतन्नासि कअ़जाबिल्लाहि त़ व लअिन् जा अ नस्रुम् - मिर्रब्बिक लयक़ूलुन्न अिन्ना कुन्ना मअ़कुम् त़ अ व लैसल्लाहु बिअ़लम बिमा फ़ी सुदूरिल्-आलमीन (१०) व ल-यऽलमन्नल्-लाहुल्लजीन आमनू व लयऽलमन्नल् - मुनाफ़िक़ीन (११) व क़ाललजीन कफ़रू लिल्लजीन आमनुत्तबिअू सबीलना वल्नहूमिल् ख़तायाकुम् त़ व मा हुम् बिहामिलीन मिन् ख़तायाहुम् मिन् शैअिन् त़ अिन्नहुम् लकाजिबून (१२) व लयहूमिलुन्न अस्क़ा लहुम् व अस्क़ालम् - मअ़अस्क़ालिहिम् ज़ व लयुस्अलुन्न यौमल् - क़ियामति अम्मा कानू यफ़्तरून (१३) ★ व लक़द् अर्सल्ना नूहन् अिला क़ौमिहीं फ़लबिस फ़ीहिम् अल्फ़ सनतिन् अिल्ला ख़म्सीन आमन् त़ फ़अख़ज हुमुत्तूफ़ानु व हुम् जालिमून (१४)

रु. १ / १३ आ १३

क्या जो लोग बुरे काम करते हैं उन्होंने समझ रखा है कि ये हमारे क़ाबू से बाहर निकल जायँगे ? यह लोग क्या ही बुरा ख़्याल करते हैं। (४) जिसको (आख़िरत में) अल्लाह से मिलने की उम्मेद हो तो (उसको यक़ीन रखना चाहिये कि) अल्लाह का (नियत किया हुआ आख़िरत के दिन का) वक़्त ज़रूर आनेवाला है। और वह (सबकी) सुनता (और सब कुछ) जानता है। (५) और जो मेहनत उठाता है (अल्लाह की राह में तो) वह अपने ही लिए मेहनत उठाता है। अल्लाह तो दुनिया (जहान) के लोगों से बेनियाज़ (निस्पृह) है। (६) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये हम ज़रूर उनकी बुराइयों को उनसे दूर कर देंगे और उनके नेक कामों का अच्छे से अच्छा बदला देंगे (७) और हमने इन्सान को अपने माँ बाप के साथ अच्छा बर्ताव करने का हुक्म दिया (है सही।) लेकिन अगर मा-बाप तुझ पर ज़ोर दें कि तू किसी को (अ़िबादत में) हमारा साझी ठहरा जिसका तुझको कोई इल्म नहीं तो तू (हरगिज़) इनका कहा न मानना। आख़िर तुझको मेरी ही तरफ़ लौटकर फिर आना है सो जो कुछ तुम (दुनिया में भला बुरा) करते थे मैं सब तुमको बतला दूँगा। (८) और जो ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये हम उनको नेक लोगों में दाख़िल करेंगे। (९) और कुछ लोग ऐसे भी हैं जो (मुंह से) कह तो देते हैं कि हम अल्लाह पर ईमान लाये फिर जब उनको अल्लाह की राह में दुख पहुँचता है तो लोगों के डाले हुए दुख को ऐसा मानते हैं जैसे अल्लाह का अ़ज़ाब (और ईमान के रास्ते से भाग खड़े होते हैं।) और अगर तेरे परवरदिगार की तरफ़ से मदद पहुँचे (और ईमानवालों को फ़ायदा पहुँचता देखें) तो (उस फ़ायदे में शरीक होने के लिए) कहने लगते हैं कि हम तो तुम्हारे साथ थे। भला जो कुछ दुनिया-जहान वालों के दिलों में है क्या अल्लाह उनसे जानकार नहीं§ ? (१०) और बेशक अल्लाह उनको जान लेगा जो लोग ईमान लाये हैं और बेशक जान लेगा उनको जो दग़ाबाज़ हैं। (११) और काफ़िर ईमानवालों से कहते हैं कि हमारी राह पर चलो और तुम्हारे गुनाह हम उठा लेंगे। हालाँकि यह लोग ज़रा भी उनके गुनाह नहीं उठा सकते। और यह झूठे हैं†। (१२) और बेशक अपने (गुनाहों के) बोझ उठायेंगे और अपने बोझों के साथ और भी बोझ उठायेंगे†। और जैसी-जैसी झूठ बातें (दुनिया में) यह लोग बनाते रहे हैं क़ियामत के दिन इनसे पूछा जायगा। (१३) ★

और (ऐ पैग़म्बर ! यह काफ़िर हर नबी के ज़माने में यों ही सरकशी करते रहे हैं) हमने नूह को उनकी क़ौम के पास भेजा तो वह पचास वर्ष कम हज़ार वर्ष उनमें रहे। फिर‡ उनको तूफ़ान ने पकड़ लिया और वह थे ही गुनहगार। (१४)

रु. १ — १३ आ १३

§ यह हाल मुनाफ़िक़ों का बयान किया गया है। फ़ायदा देखें तो ईमानवाले हैं और तकलीफ़ पहुँचे तो ईमान से मुंह मोड़ लें † काफ़िर मुसलमानों को बहकाते थे कि तुम हमारे दीन की पैरवी करो। अव्वल तो यह क़ियामत, मरने के बाद जी उठना, आख़िरत में अल्लाह का सवाब-अ़ज़ाब यह सब बातें ढकोसले की हैं। लेकिन अगर यह नौबतें आईं भी तो तुम पर कोई गुनाह की सज़ा की आँच न आने पावेगी। हम उसका जुर्म अपने ऊपर ओढ़ लेंगे। सो यह काफ़िरों की जिहालत है। ये ख़ुद ही भुगत रहे होंगे और वहाँ कोई किसी की मदद न कर सकेगा। † काफ़िर अपने गुनाहों की सज़ा भुगतेंगे और दूसरों को गुमराह करके उनसे जो गुनाह करवाये उनकी सज़ा भी भुगतेंगे। ‡ कहते हैं कि नूह १०५० वर्ष जीवित रहे। चालीस वर्ष की उम्र में पैग़म्बर हुए। १५० वर्ष तबलीग़ और इस्लाह का काम करते रहे। फिर तूफ़ान आया। तूफ़ान के बाद ६० साल जीवित रहे।

फ़अन्जैनाहु व अस्हाबस्-सफ़ीनति व जअल्नाहा आयतल्-लिल्आलमीन (१५) व अिब्राहीम अिज् क़ाल लिक़ौमिहिऽबुदुल्लाह वत्तक़ूहु त् जालिकुम् ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् तऽलमून (१६) अिन्नमा तऽबुदून मिन् दूनिल्लाहि औसानौंव तख़्लुक़ून अिफ़्कन् त् अिन्नल्लजीन तऽबुदून मिन् दूनिल्लाहि ला यम्लिकून लकुम् रिज़्क़न् फ़ब्तग़ू अिन्दल्लाहिर्-रिज़्क़ वऽबुदूहु वश्कुरू लहू त् अिलैहि तुर्जअून (१७) व अिन् तुकज्जिबू फ़क़द् कज्जब अुममुम्-मिन् क़ब्लिकुम् त् व मा अलर्रसूलि अिल्लल्-बलाग़ुल्-मुबीनु (१८) अ व लम् यरौ कैफ़ युब्दिअुल्लाहुल्-ख़ल्क़ सुम्म युअीदुहू त् अिन्न जालिक अलल्लाहि यसीरुन् (१९) क़ुल् सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्जुरू कैफ़ बदअल्-ख़ल्क़ सुम्मल्लाहु युन्शिअुन् - नश्अतल् - आख़िरत त् अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (२०) युअज्जिबु मैंयशा अु व यर्हमु मैंयशा अु त् व अिलैहि तुक़्लबून (२१) व मा अन्तुम् बिमुऽजिज़ीन फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़िस्समा अि त् व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् (२२) ★ वल्लजीन कफ़रू बिआयातिल्लाहि व लिक़ा अिहीं अुला अिक यअिसू मिर्रह्मती व अुला अिक लहुम् अज़ाबुन् अलीमुन् (२३) फ़मा कान जवाब क़ौमिहीं अिल्ला अन् क़ालुक़्तुलूहु औ हर्रिक़ूहु फ़अन्जाहुल्लाहु मिनन्नारि त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्-लिक़ौमीं-युअ्मिनून (२४) व क़ाल अिन्नमत्तख़ज्तुम् मिन् दूनिल्लाहि औसानन् ला म्'मवद्दत बैनिकुम् फ़िल्-हयातिद्दुन्या त् सुम्म यौमल्-क़ियामति यक्फ़ुरु बऽज़ुकुम् बिबऽज़िंव्व यल्अनु बऽज़ुकुम् बऽज़न् त् व मअ्वाकुमुन्नारु व मा लकुम् मिन् नासिरीन क् ला (२५)

امن خلق ۲۰ ۳۱۸ العنكبوت ۲۹
هُمْ ظٰلِمُوْنَ ۝ فَاَنْجَيْنٰهُ وَاَصْحٰبَ السَّفِيْنَةِ وَجَعَلْنٰهَآ اٰيَةً لِّلْعٰلَمِيْنَ ۝
وَاِبْرٰهِيْمَ اِذْ قَالَ لِقَوْمِهِ اعْبُدُوا اللّٰهَ وَاتَّقُوْهُ ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ
اِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝ اِنَّمَا تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَوْثَانًا وَّ
تَخْلُقُوْنَ اِفْكًا ؕ اِنَّ الَّذِيْنَ تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ لَا يَمْلِكُوْنَ
لَكُمْ رِزْقًا فَابْتَغُوْا عِنْدَ اللّٰهِ الرِّزْقَ وَاعْبُدُوْهُ وَاشْكُرُوْا لَهٗ ؕ
اِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ۝ وَاِنْ تُكَذِّبُوْا فَقَدْ كَذَّبَ اُمَمٌ مِّنْ قَبْلِكُمْ ؕ وَمَا
عَلَى الرَّسُوْلِ اِلَّا الْبَلٰغُ الْمُبِيْنُ ۝ اَوَلَمْ يَرَوْا كَيْفَ يُبْدِئُ اللّٰهُ
الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ ؕ اِنَّ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرٌ ۝ قُلْ سِيْرُوْا فِى
الْاَرْضِ فَانْظُرُوْا كَيْفَ بَدَاَ الْخَلْقَ ثُمَّ اللّٰهُ يُنْشِئُ النَّشْاَةَ
الْاٰخِرَةَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ۝ يُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ
وَيَرْحَمُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاِلَيْهِ تُقْلَبُوْنَ ۝ وَمَآ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِيْنَ
فِى الْاَرْضِ وَلَا فِى السَّمَآءِ ۫ وَمَا لَكُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ وَّلِىٍّ
وَّلَا نَصِيْرٍ ۝ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَلِقَآئِهٖٓ اُولٰٓئِكَ يَئِسُوْا
مِنْ رَّحْمَتِىْ وَاُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝ فَمَا كَانَ جَوَابَ قَوْمِهٖٓ
اِلَّآ اَنْ قَالُوا اقْتُلُوْهُ اَوْ حَرِّقُوْهُ فَاَنْجٰىهُ اللّٰهُ مِنَ النَّارِ ؕ اِنَّ
ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ۝ وَقَالَ اِنَّمَا اتَّخَذْتُمْ مِّنْ دُوْنِ
اللّٰهِ اَوْثَانًا ۙ مَّوَدَّةَ بَيْنِكُمْ فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۚ ثُمَّ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ

फिर हमने नूह को और जो नाव में (उसके साथ सवार) थे उनको (तूफ़ान से) बचा दिया और हमने (इस चमत्कारी) नाव को तमाम दुनिया के लिए (नसीहत के लिए एक) निशानी बना दी (१५) और इब्राहीम ने जब अपनी क़ौम से कहा कि (उस एक) अल्लाह की अिबादत करो और उससे डरो। यह तुम्हारे लिए ज़्यादा अच्छा है अगर तुम समझ रखते हो। (१६) तुम तो अल्लाह के सिवाय बुतों की पूजा करते हो और झूठी-झूठी बातें बनाते हो। बेशक अल्लाह के सिवाय जिनको तुम पूजा करते हो वे तुम्हारी रोज़ी के मालिक नहीं हैं, सो रोज़ी अल्लाह ही से माँगो और उसी की अिबादत करो और उसी को धन्यवाद दो। और उसी की तरफ़ (आख़िरत में) लौटकर जाना है। (१७) और अगर तुम (अल्लाह की आयतों को) झुठलाओगे तो तुमसे पहले (भी) बहुत से गरोह (अपने पैग़म्बरों को) झुठला चुके हैं। और पैग़म्बर के ज़िम्मे तो (बस अल्लाह की आज्ञा) साफ़ तौर पर पहुँचा देना है। (१८) क्या लोगों ने नहीं देखा कि अल्लाह किस तरह सृष्टि को पहली बार पैदा करता है फिर (किस तरह) उसको दुहराये गा (यानी फिर पैदा करेगा)। यह अल्लाह के लिए एक साधारण बात है। (१९) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों को) समझाओ कि तुम मुल्क में चलो-फिरो और देखो कि क्योंकर पैदाइश शुरू की है फिर (आख़िरत में भी) आख़िरी उठान उठायेगा। बेशक अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है। (२०) जिसे चाहे सज़ा दे और जिस पर चाहे कृपा करे। और उसकी ही तरफ़ (सब लोग) लौटकर जाओगे। (२१) और तुम न तो ज़मीन में (अल्लाह की पकड़ से अपने को बचाकर उसको) हरा सकते हो और न आसमान में। और अल्लाह के सिवाय न कोई तुम्हारा दोस्त है न मददगार। (२२) ✱ ★ २१ रु. १४ आ ९

और जो लोग अल्लाह की आयतों से और (आख़िरत में) उससे मिलने से मुन्किर (विमुख) हुए वे मेरी कृपा से निराश हुए और उनको दुखदाई सज़ा होनी है। (२३) पस इब्राहीम की क़ौम के पास इसके सिवाय जवाब न था कि बोले इसको मार डालो या जला दो फिर (उनको आग में फेंक दिया गया मगर) अल्लाह ने उसको आग (में जलने) से बचा दिया। इसमें बड़ी निशानियाँ हैं उन लोगों को जो ईमान रखते हैं। (२४) और (इब्राहीम अ० ने) कहा कि तुमने जो अल्लाह के सिवाय मूर्तियों को (इबादत के लिए) ठहरा रखा है, सो सिर्फ़ दुनिया की ज़िन्दगी में आपस की दोस्ती मुहब्बत के ख़्याल से, फिर क़ियामत के दिन तुममें से एक का एक इन्कार करेगा और एक को एक लानत करेगा और तुम सबका ठिकाना (दोज़ख़ की) आग होगी और (बुतों में से) कोई भी तुम्हारा मददगार नहीं होगा। (२५)

[पेज ६५७ से] सितम ढा रहे थे। उसी समय यह हुक्म उतरा है कि रोज़ी के डर से इसी ज़ुल्म में न पड़े रहो। अल्लाह की ज़मीन का विस्तार बहुत है। वहाँ हिजरत (देशत्याग) कर जाओ। रोज़ी अल्लाह देनेवाला है। इस सूरत के उतरने के बाद ही हबशः को लोगों ने हिजरत की, ऐसा ख़याल है। पिछले नबियों व उनकी ज़ालिम क़ौमों के बयानों से भी यही सिद्ध किया गया है। ईमानवालों का महज़ एक रास्ता होता है। वह हमेशा सब्र और एक अल्लाह की राह पर चलते हैं। लेकिन कुफ़्र वाले तरह तरह के रास्ते व पूज्य (माबूद) पकड़ते व आपस में एक दूसरे के दुश्मन होते हुए भी ईमानवालों के मुक़ाबिले एक हो जाते हैं। क्योंकि उनका शिर्क (बहुदेव पूजन) उनको एक अल्लाह वालों के ख़िलाफ़ एक प्लेटफ़ार्म पर ला जमा करता है। इस सूरत की आयत ८ में एक हिदायत यह है कि माँ, बाप—बड़े लोग क़ाबिल इज़्ज़त व ख़िदमत हैं लेकिन अगर वह राह-अल्लाह से याने दीन (धर्म) से ख़िलाफ़ चलने को मजबूर करें तो उनकी राय हरगिज़ न मानना [पेज ६६३ पर]

फ़आमन लहू लूतुन् म ● व क़ाल अिन्नी मुहाजिरुन् अिला रब्बी त्
अिन्नहू हुवल्अज़ीज़ुल् - हकीमु (२६) व वहब्ना लहू अिस्हाक़ व यअ़क़ूब
व जअ़ल्ना फ़ी जुर्रीयतिहिन् - नुबूवत वल्किताब व आतैनाहु अज्रहु
फ़िद्दुन्या ज् व अिन्नहू फ़िल् - आख़िरति लमिनस्सालिहीन (२७) व
लूतन् अिज् क़ाल लिक़ौमिहीं अिन्नकुम् लतअ्तूनल् - फ़ाहिशत ज् मा सबक़कुम्
बिहा मिन् अहदिम्-मिनल्-आलमीन (२८) अअिन्नकुम् लतअ्तूनर् - रिजाल व
तक़्तअूनस्सबील ∆ ला व तअ्तून फ़ी नादीकुमुल् - मुन्कर त् फ़मा कान जवाब
क़ौमिहीं अिल्ला अन् क़ालुअ्तिना बिअ़ज़ाबिल्-लाहि अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (२९)
क़ाल रब्बिन्सुर्नी अ़लल्क़ौमिल् - मुफ़्सिदीन (३०) ★ व लम्मा जाअत् रुसुलुना
अिब्राहीम बिल्बुश्रा ला क़ालू अिन्ना मुहलिकू अहलि हाजिहिल् - क़र्यति ज्
अिन्न अहलहा कानू जालिमीन ज् सला (३१) क़ाल अिन्न फ़ीहा लूतन् त्
क़ालू नहनु अअ़लमु बिमन् फ़ीहा वक़्फ़ः ज् लनुनज्जियन्नहू व अहलहू अिल्लम्-
रअतहू क् ज् कानत् मिनल्ग़ाबिरीन (३२) व लम्मा अन् जाअत्
रुसुलुना लूतन् सीअ बिहिम् व ज़ाक बिहिम् जर्ज़ांव क़ालू ला तख़फ़् व
ला तहूज़न् क़िफ़् अिन्ना मुनज्जूक व अहलक अिल्लम् - रअतक कानत्
मिनल्ग़ाबिरीन (३३) अिन्ना मुन्ज़िलून अ़ला अहलि हाजिहिल् -
क़र्यति रिज़्ज़म् - मिनस्समाअि बिमा कानू यफ़्सुक़ून (३४)

पस उन पर (यानी इब्राहीम अ० पर एक) लूत ईमान लाये● । और (इब्राहीम अ० ने) कहा कि मैं तो देश छोड़कर अपने परवरदिगार की तरफ़ (जहाँ कहीं उसे मंज़ूर होगा हिजरत कर) जाऊँगा। बेशक वह बेहद ज़ोरावर बड़ा हिकमतवाला है। (२६) और हमने इब्राहीम को (बेटा) इसहाक़ और (पोता) याक़ूब दिया और उनके वंश में पैग़म्बरी और किताबों (के उतरने) को (जारी रखा) और हमने इब्राहीम को दुनिया में (भी) उनका बदला दिया, और आख़िरत में (भी) वह नेकों में से हैं। (२७) और लूत (को भेजा) जब उन्होंने अपनी क़ौम से कहा कि तुम (ऐसी) बेशर्मी का काम करते हो जो तुमसे पहले दुनिया जहान के लोगों में से किसी ने नहीं किया। (२८) क्या तुम लड़कों पर गिरते और राहज़नी (बटमारी) करते हो और अपनी (छिपकर भी नहीं खुले आम) मजलिसों में बुरे काम करते हो। फिर उस (लूत अ०) की क़ौम का यही जवाब था कि कहने लगे कि अगर तू सच्चा है तो हम पर अल्लाह का अज़ाब ले आ (जिसका तू हमें डर दिखाता रहता है)। (२९) (लूत अ० ने) कहा कि ऐ परवरदिगार ! इन फ़सादी लोगों के मुक़ाबिले में मेरी मदद कर। (३०) ★

ब. ला जि म

रु. ३-१५ आ ८

और जब हमारे भेजे (फ़रिश्ते) इब्राहीम के पास ख़ुशख़बरी लेकर आये। तो उन्होंने (इब्राहीम अ० से) कहा कि हम उस बस्ती के रहनेवालों का नाश कर देंगे, बेशक इसके लोग ज़ालिम (गुनहगार)‡ हैं।(३१) (इब्राहीम अ० ने) कहा कि उसमें (नेकबन्दा) लूत भी है। वह बोले कि जो लोग उसमें हैं हमें ख़ूब मालूम है। हम लूत को और उसके घर वालों को बचा लेंगे सिवाय लूत की बीबी, जो रह जानेवालों में होगी। (३२) और जब हमारे भेजे हुए (फ़रिश्ते) लूत के पास आये तो (लूत अ०) उनको देखकर परेशान और दुखी हुए†। फ़रिश्तों ने कहा डर न कर और उदास न हो। हम तुझको और तेरे घर के लोगों को बचा लेंगे सिवाय तेरी बीबी जो रह जानेवालों में होगी। (३३) हम इस बस्ती के रहनेवालों पर एक अज़ाब आसमान से उतारनेवाले हैं इसलिए कि ये बदकिरदारि हो रहे हैं। (३४)

[पिज ६६१ से] चाहिये। धर्म सर्वोपरि है। आयत १२ में लुत्फ़ की बात है कि मुशरिक नये ईमानवालों को बरग़लाते थे कि तुम अपने पुराने दीन की पैरवी करो; इस मुहम्मद (रसूल स०) के बहकाने में न आओ और अगर यह सूरत ही आई कि यह अनहोनी आख़िरत होकर रही और तुम पर अज़ाब नाज़िल हुआ तो हम ज़िम्मा लेते हैं कि तुम्हारी सज़ा हम अपने ऊपर ओढ़ लेंगे यह कहकर कि हमने ही गुनाह पर आमादः किया था। भला कैसी अनहोनी बात है। उस दिन कोई किसी की सज़ा-जज़ा बाँट-बटा न सकेगा। अलबत्ता ये बरग़लाने वाले दोहरी सज़ा भुगतेंगे—अपने किये गुनाहों की और दूसरों को बरग़लाने की। सूरः शुअ़रा से चल रहा सिलसिला "अल्लाह के पैग़ाम उतरना और उनके पैगम्बरों के साथ उनकी क़ौमों का बरताव और उनके अंज़ाम" इस सूरः से ख़त्म होता है।

‡ देखिये सूरः हूद आयत ६९-७६ पृष्ठ ३८७ और सूरः अल् हिज्र आयत ५१ ६० पृष्ठ ४४३ पर।

† ह० लूत अ० इन बेहद ख़ूबसूरत फ़रिश्तों को देखकर इस परेशानी व फ़िक्र में पड़ गये कि अगर इनकी मेहमानी करते व अपने यहाँ ठहराते हैं तो उनकी बदकिरदार क़ौम उन्हें तंग करेगी और न ठहरायें तो वे बस्ती में भला और कहाँ महफ़ूज़ (सुरक्षित) रह सकेंगे और मेहमानों को ठहराने से इन्कार भी कैसे करें ! लूत अ० की बस्ती का बयान देखिये सूरः हिज्र आयत ६१-७५।

व लक़त्तरक़्ना मिन्हा आयतम् - बैयिनतल् - लिक़ोमीं - यऱ्क़िलून (३५) व अिला मद्यन अख़ाहुम् शुअैबन् ला फ़क़ाल या क़ोमिअ़बुदुल्लाह वर्जुल् - यौमल्-आख़िर व ला तअ़सो फ़िल्अर्ज़ि मुफ़्सिदीन (३६) फ़कज्जबूहु फ़अख़जत् - हुमुर्रज्फ़तु फ़अस्बहू फ़ी दारिहिम् जासिमीन ज् (३७) व आदौंव समूद व क़त्तबैयन लकुम् मिम् - मसाकिनिहिम् क़िफ़ व ज़ैयन लहुमुश्शैतानु अऱ्मालहुम् फ़सद्दहुम् अनिस्सबीलि व कानू मुस्तब्सिरीन ला (३८) व क़ारून व फ़िर्औन व हामान क़िफ़ व लक़द् जा अहुम् मूसा बिल्बैयिनाति फ़स्तक्बरू फ़िल्अर्ज़ि व मा कानू साबिक़ीन ज् सला (३९) फ़कुल्लन् अख़ज़्ना बिजम्बिहि ज् फ़मिन्हुम् मन् अर्सल्ना अलैहि हासिबन् ज् व मिन्हुम् मन् अख़जत्हुस्सैहतु ज् व मिन्हुम् मन् ख़सफ़्ना बिहिल्अर्ज़ ज् व मिन्हुम् मन् अग़्रक़्ना ज् व मा कानल्लाहु लियज़्लिमहुम् व लाकिन् कानू अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (४०) मस्सलुल्लजीनत् - तख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि औलिया अ कमस्सलिल् - अन्कबूति सला ज् अित्तख़जत् बैतन् त् व अिन्न औहनल् - बुयूति लबैतुल् - अन्कबूति म ● लौ कानू यऱ्लमून (४१) अिन्नल्लाह यऱ्लमु मा यद्अून मिन् दूनिहि मिन् शैअिन् त् व हुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (४२) व तिल्कल् - अम्सालु नज़्रिबुहा लिन्नासि ज् व मा यऱ्क़िलुहा अिल्लल् - आलिमून (४३) ख़लक़ल्लाहुस् - समावाति वल्अर्ज़ बिल्हक़्क़ि त् अिन्न फ़ी जालिक लआयतल् - लिल्मुअ्मिनीन (४४) ★

॥ इति बीसवाँ पारः ॥

और हमने उन लोगों के लिए जो अक़्ल रखते हैं उस बस्ती (के तबाह खण्डहरों) की खुली निशानी नज़र आने को (आज भी) छोड़ रखी है।§ (३५) और (हमने) मदयन की तरफ़ उनके भाई शुऐब को (भेजा)† तो उन्होंने कहा कि भाइयो! (एक) अल्लाह ही की अ़िबादत करो और आख़िरत के दिन (अल्लाह के सामने हाज़िर होने) की उम्मीद रखो और ज़मीन में फ़साद फैलाते न फिरो। (३६) फिर उन्होंने शुऐब को झुठलाया तो भूचाल ने उन को आ पकड़ा (और) फिर सुबह को अपने घरों में औंधे (मुंह) पड़े रह गये। (३७) और (हमने क़ौम) आ़द और समूद को (भी मिटा दिया) और तुमको उनके (तबाह) घर (आज भी) दिखाई देते हैं। और शैतान ने उनके लिए अच्छे कर दिखाये थे वह काम जो वह करते थे और उनको (सीधी) राह से रोक रखा था हालाँकि वह सूझ-बूझ के लोग थे। (३८) और (हमने) क़ारून और फिरऔन और हामान को (भी मिटा दिया)। और मूसा उनके पास खुले-खुले चमत्कार लेकर आये तो वह मुल्क में घमण्ड करने लगे और (वे हमसे) जीतनेवाले न थे। (३९) फिर हमने सबको (उनके) अपने-अपने गुनाहों के कारन धर पकड़ा। चुनाँचे उनमें से कोई तो वह थे जिन पर हमने पत्थरों को बरसाया (जैसे क़ौम आ़द); और कोई उनमें से वह थे जिनको बड़े ज़ोर की चिंघाड़ ने धर पकड़ा (जैसे समूद); और उनमें से कोई वह थे जिनको हमने ज़मीन में धँसाया (जैसे क़ारून); और कोई उनमें से वह थे जिनको डुबो दिया (जैसे-फ़िरऔन और हामान)। और अल्लाह ऐसा न था कि उन पर (रत्ती भर भी) ज़ुल्म करता बल्कि वह अपने ऊपर आप ज़ुल्म किया करते थे।छ (४०) जिन लोगों ने अल्लाह के सिवाय (अपने लिए) दूसरे (पूजित) काम सँभालने वाले बना रखे हैं उनकी मिसाल मकड़ी जैसी है‡। कि उसने एक घर बनाया। और सब घरों में बोदा है तो वह मकड़ी का घर है●। अगर यह लोग समझते। (४१) जिनको अल्लाह के सिवाय (यह लोग) पुकारते हैं चाहे कोई भी चीज़ क्यों न हो, अल्लाह (उनको) ख़ूब जानता है। और वह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (४२) और हम यह मिसालें लोगों के (समझाने के) लिए बयान करते हैं। और इनको समझते वही हैं जो समझ रखते हैं। (४३) अल्लाह ने आसमान और ज़मीन मसलहत (उद्देश्य) से बनाई। इसमें ईमानवालों के लिए (ज़र्रे ज़र्रे में अल्लाह की क़ुदरत की) निशानी हैं। (४४) ★

।। इति बीसवाँ पारः ।।

§ लूत अ़० की क़ौम के लोगों की बस्ती डेड सी (Dead Sea) के क़रीब आबाद थी। उनका मरकज़ सोडोम (Sodom) नगर था। शायद इस क़ौम में रायज बेहयायी को साडोमी (Sodomy) इस सोडोम नगर के कारन ही कहते हों! उनकी बस्ती को अल्लाह के अ़ज़ाब ने तबाह कर दिया था। और वे तबाह खण्डहर लोगों को बुरे कामों के लिए अल्लाह के अ़ज़ाब की चेतावनी देते हैं। † ह० इब्राहीम० अ़० की औलाद में से मदयन वाली शाखा में ह० शुऐब अ़० ही अकेले नबी हुए हैं। और ह० इब्राहीम अ़० के बेटे इस्हाक़ अ़० के बंश में यानी यहूदियों में ह० मूसा अ़० ह० ईसा अ़० वग़ैरः कितने ही पैग़म्बर बराबर होते रहे। लेकिन ह० इस्माईल अ़० वाली शाख में इब्राहीमी घराने में एक अकेले ह० मुहम्मद स० ही पैग़म्बर हुये। छ यानी ख़ुद ही अन्याय करके अपने लिए गुनाह कमाते थे और वह उन्हीं की कमाई उन पर ज़ुल्म होकर उतरती थी। ‡ यानी जैसे मकड़ी का जाला बहुत बोदा होता है वैसे ही इनका मत है।

☆☆ इक्कीसवाँ पारः अुत्लु मा' ऊहिय ☆☆

☆ सूरतुल्-अन्कबूति आयत ४५ से ६९ ☆

अुत्लु मा' ऊहिय अिलैक मिनल्किताबि व अक़िमिस्सलात़ त़ अिन्नस्सलात़ तन्हा अनिल् - फ़ह्शा'अि वल्मुन्करि त़ व लज़िक्रुल्लाहि अक्बरु त़ वल्लाहु यअ़्लमु मा तस्नअ़ून (४५) व ला तुजादिलू' अह्लल्किताबि अिल्ला बिल्लती हिय अह्सनु क़ सला अिल्लल्लजीन ज़लमू मिन्हुम् व क़ूलू' आमन्ना बिल्लजी' अुन्ज़िल अिलैना व अुन्ज़िल अिलैकुम् व अिलाहुना व अिलाहुकुम् वाहिदंव नह्नु लहू मुस्लिमून (४६) व कज़ालिक अन्ज़ल्ना' अिलैकल्-किताब त़ फ़ल्लजीन आतैनाहुमुल्-किताब युअ्मिनून बिहि ज़ व मिन् हा'उला'अि मैंयुअ्मिनु बिहि त़ व मा यज्हदु बिआयातिना' अिल्लल् - काफ़िरून (४७) व मा कुन्त तत्लू मिन् क़ब्लिहि मिन् किताबिव्व ला तख़ुत्तुहू बियमीनिक अिज़ल्-लर्ताबल्-मुब्तिलून (४८) बल् हुव आयातुम् - बैयिनातुन् फ़ी सुदूरिल्लजीन अूतुल्अिल्म त़ व मा यज्हदु बिआयातिना' अिल्लज़्ज़ालिमून (४९) व क़ालू लौ ला' अुन्ज़िल अलैहि आयातुम् - मिर्रब्बिहि त़ क़ुल् अिन्नमल् - आयातु अिन्दल्लाहि त़ व अिन्नमा' अना नज़ीरुम् - मुबीनुन् (५०) अ व लम् यक्फ़िहिम् अन्ना' अन्ज़ल्ना अलैकल् - किताब युत्ला अलैहिम् त़ अिन्न फ़ी ज़ालिक लरह्मतंव जिक्रा लिक़ौमिं - युअ्मिनून (५१) ★ क़ुल् कफ़ा बिल्लाहि बैनी व बैनकुम् शहीदन् ज यअ़्लमु मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ वल्लजीन आमनू बिल्बातिलि व कफ़रू बिल्लाहि ला अूला'अि क हुमुल्ख़ासिरून (५२) व यस्तअ़्जिलूनक बिल्अ़ज़ाबि त़ व लौ ला' अजलुम्-मुसम्मल्-लज़ा'अ हुमुल्अ़ज़ाबु त़ व लयअ़्तियन्नहुम् बग़्तंव हुम् ला यश्अुरून (५३)



✪✪ इक्कीसवाँ पारः (अुत्लु मा॥ अूहि़य) ✪✪

✪ सूरतुल्-अन्कबूति आयात ४५ से ६९ ✪

(ऐ पैग़म्बर ! यह) किताब जो तुम्हारी तरफ़ 'वाह्य' (प्रेरित) है उसे पढ़ा करो और नमाज़ क़ायम रखो। नमाज़ बेशर्मी और बुरी आदतों से बेशक रोकती है। और अल्लाह की याद सबसे बड़ी बात है, और जो तुम करते हो अल्लाह (बख़ूबी) जानता है। (४५) और किताब वालों के साथ वाद विवाद (हुज्जत) न किया करो सिवाय ऐसी तरह पर जो बेहतर है।§ हाँ जो लोग उनमें से बेइन्साफ़ हैं (उनसे तो मजबूरी है) और (उनसे) यूँ कहो कि जो हम पर (क़ुर्आन) उतरा है और तुम पर (जो तौरेत इंजील वग़ैरः) उतरी हैं हम सभी को मानते हैं और हमारा अल्लाह और तुम्हारा अल्लाह एक ही है और हम (सब) उसी के हुक्म पर हैं। (४६) और (ऐ पैग़म्बर ! जिस तरह हमने पिछले पैग़म्बरों पर किताबें उतारी थीं) उसी तरह हमने तुम पर (यह) किताब उतारी। सो जिनको हमने (तुमसे पहले) किताब दी है वे तो इस (क़ुर्आन) पर ईमान ले आते हैं और इन (अ़रब के मुशरिकों) में से भी ऐसे हैं कि वह भी इस पर ईमान ले आते हैं। और जो अवज्ञाकारी हैं वही हमारी आयतों को नहीं मानते। (४७) और (ऐ रसूल ! इस) क़ुर्आन (के उतरने) से पहले न तो तुम कोई किताब ही पढ़ते थे और न तुमको अपने हाथ से लिखना ही आता था। अगर ऐसा तुम करते होते तो बेशक यह झूठा ठहरानेवाले लोग शक कर सकते थे (कि यह किताब तुम्हारी गढ़ी हुई है)। (४८) बल्कि जिन लोगों को समझ दी गई है उनके दिलों में यह खुली आयतें (जमती) हैं और जो बेइन्साफ़ हैं वही हमारी आयतों को नहीं मानते। (४९) और कहते हैं कि इस पर इनके परवरदिगार ने निशानियाँ क्यों नहीं उतारीं। (तो ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि निशानियाँ तो अल्लाह के ही अधिकार में हैं। और मैं तो साफ़ तौर पर (अल्लाह की ओर से) डर सुनाने वाला हूँ। (५०) (ऐ पैग़म्बर !) क्या इन लोगों के लिए यह काफ़ी नहीं कि हमने तुम पर क़ुर्आन उतारा× जो उनको पढ़कर सुनाया जाता है। जो लोग ईमान लानेवाले हैं उनके लिए बेशक इसमें कृपा और शिक्षा है। (५१) ★

(ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कह दो कि मेरे और तुम्हारे बीच अल्लाह गवाह काफ़ी है †। वह आसमान और ज़मीन की तमाम चीज़ों को जानता है। और जो लोग झूठे (पूजितों) पर ईमान लाते हैं और अल्लाह से फिरे हुए हैं यही घाटे में रहेंगे। (५२) और (ऐ पैग़म्बर !) तुमसे अ़ज़ाब के लिए जल्दी मचा रहे हैं। और अगर (अल्लाह की तरफ़ से उसके अ़ज़ाब उतरने का एक) समय नियत न होता तो इन पर सज़ा (कबकी) आ चुकी होती। और वह एकबारगी इन पर आवेगी और इनको ख़बर भी न होगी। (५३)

★ रुकू. ५/१ आ. ७

§ यानी ईमान हुज्जत करने या दूसरे को नीचा कहने या दिखाने से नहीं आता। दूसरे दीन वालों से सलाह और समझाने के ढंग से बात चीत करो ताकि वे सच्चाई पर मुहब्बत के साथ पहुँच सकें। अलबत्ता जो लोग तुमसे झगड़े ही पर आमादः हों तब तो मजबूरन उनसे निबटना ही पड़ेगा। × यानी क़ुर्आन जैसी बेशुबहा किताब का रसूल स० पर उतरना ही कौन कम उनकी पैग़म्बरी की निशानी है ? † अल्लाह की गवाही है कि वह सच्चों को दिन पर दिन बढ़ाता और झूठों को दिन पर दिन गिराता है।

यस्तऽजिलूनक बिल्अजाबि ☆ व अिन्न जहन्नम लमुहीततुम्- बिल्काफ़िरीन ला (५४) यौम यग़्शाहुमुल्- अजाबु मिन् फ़ौक़िहिम् व मिन् तह्तिअर्जुलिहिम् व यक़ूलु जूक़ू मा कुन्तुम् तऽमलून (५५) याअिबादियल्- लजीन आमनू॑ अिन्न अर्ज़ी वासिअतुन् फ़अीयाय फ़ऽबुदूनि (५६) कुल्लु नफ़्सिन् जा॑अिक़तुल्मौति क़िफ़ सुम्म अिलैना तुर्जअून (५७) वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लनुबौविअन्नहुम् मिनल्जन्नति ग़ुरफ़न् तजूरी मिन् तह्तिहल्- अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा ☆ निअ्म अज्रुल्- आमिलीन क़ सला (५८) अल्लजीन सबरू व अला रब्बिहिम् यतवक्कलून (५९) व कअैयिम्- मिन् दा॑ब्बतिल्ला तह्मिलु रिज़्क़हा सला क़ अल्लाहु यर्जुक़ुहा व ओयाकुम् ज़ सला व हुवस्समोअुल्- अलीमु (६०) व लअिन् सअल्तहुम् मन् ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व सख़्ख़रश्शम्स वल्क़मर लयक़ूलुन्नल्लाहु ज़ फ़अन्ना युअ्फ़कून (६१) अल्लाहु यब्सुतुर्रिज़्क़ लिमैंयशा॑अु मिन् अिबादिहअ व यक़्दिरु लहू॑ ☆ अिन्नल्लाह बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (६२) व लअिन् सअल्तहुम् मन् नज़्ज़ल मिनस्समा॑अि मा॑अन् फ़अह्या बिहिल्अर्ज़ मिम्बअ्दि मौतिहा लयक़ूलुन्नल्लाहु ☆ क़ुलिल्हम्दु लिल्लाहि ☆ बल् अक्सरुहुम् ला यअ्क़िलून (६३) ★ व मा हाजिहिल्- हयातुद्दुन्या॑ अिल्ला लहवूंव लअिबुन् ☆ व अिन्नद्दारल्- आख़िरत लहियल्- हयवानु म ● लौ कानू यअ्लमून (६४) फ़अिजा रकिबू फ़िल्फ़ुल्कि दअवुल्लाह मुख़्लिसीन लहुद्दीन ۵ ज फ़लम्मा नज्जाहुम् अिलल्बरि अिजा हुम् युशरिकून ला (६५) लियक्फ़ुरू बिमा॑ आतैनाहुम् ज़ ला व लियतमत्तअू वक़्फ़ः फ़सौफ़ यअ्लमून (६६)

★ रू॰ २१ आ १२ ● व॰ ला जिम

तुमसे अज़ाब (उतारने) के लिए जल्दी मचा रहे हैं, और (यह ज़ाहिर करता है कि) दोज़ख़ काफ़िरों को घेर रहा है। (५४) जबकि अज़ाब इनके ऊपर से और इनके पैरों के तले से इनको घेर लेगा और (अल्लाह) कहेगा कि जैसे-जैसे कर्म तुम (दुनिया में) करते रहे हो (अब उनका मज़ा) चखो। (५५) ऐ मेरे बन्दो! (तुम) जो ईमान लाये हो, (जान लो कि) मेरी ज़मीन (बड़ी विस्तृत) कुशादः है सो मेरी ही अिबादत करो। (५६) हर जीव मौत को चखेगा, फिर हमारी तरफ़ लौटकर आओगे। (५७) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने सुकर्म किये उनको हम जन्नत के (हवादार झरोखे वाले) महलों में जगह देंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी उनमें हमेशा रहेंगे। नेक कामवालों को क्या ही अच्छा बदला है (५८) जिन्होंने सब्र (संतोष) किया और अपने परवरदिगार पर भरोसा रखते रहे। (५९) और कितने जीव हैं जो अपनी रोज़ी उठा नहीं रखते, अल्लाह ही उनको रोज़ी देता है और तुमको भी§ और वही (सब कुछ) सुनता और जानता है। (६०) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम इनसे पूछो कि किसने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया और किसने चाँद और सूरज को काम में लगा रखा है तो ज़रूर जवाब देंगे कि अल्लाह ने! फिर (यह जान-समझ कर भी) किधर को बहके चले जा रहे हैं। (६१) अल्लाह ही अपने बन्दों में से जिसको चाहे रोज़ी बढ़ा देता है और जिसको चाहता है नपी-तुली कर देता है। बेशक अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (६२) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम इनसे पूछो कि किसने आसमान से पानी बरसाया फिर उस पानी के ज़रिये से ज़मीन को उसके मरने (यानी सूखी होने) के बाद किसने जिला (कर हरी भरी कर) दिया है, तो ज़रूर जवाब देंगे कि अल्लाह ने! (ऐ पैग़म्बर!) तुम कह दो कि सब ख़ूबी अल्लाह ही की है। (लेकिन) इनमें अक्सर लोग नहीं समझते। (६३) ★

और यह दुनिया की ज़िन्दगी तो कुछ नहीं बस जी बहलाना और खेल (तमाशा) है और आख़िरत का घर (परलोक) का (जीना) ही जीना है ●। अगर यह लोग समझ रखते। (६४) फिर जब किश्ती में सवार होते हैं (और डूबने लगते हैं) तो अल्लाह ही पर पूरा यक़ीन करके उसी को पुकारते हैं। फिर जब उनको छुटकारा देकर ख़ुश्की की तरफ़ पहुँचा देता है तो छुटकारा पाते ही वह (अल्लाह के अलावा दूसरों को अिबादत में) साझी ठहराने लगते हैं। (६५) (यह इस नियत से कि) जो हमने उनको दे रखा है उससे नाशुक्री करें और (उसे मनमाना) बरतते रहें। ख़ैर (इस कुफ़्र का नतीजा जल्दी ही) आगे चलकर जान लेंगे (६६)

रु. ६ २२ आ १२ ● व. ला जि म

[पेज ६७१ से] साथ हमदर्दी मुसलमानों की थी और मक्का के मुशरिक आग के पूजनेवाले ईरानियों के हमदर्द थे। इस जंग में ईरानवाले जीते। उनकी विजय से मक्का के काफ़िर बहुत प्रसन्न हुए, क्योंकि उनका मत ईरान के अग्नि के उपासकों के मत से मिलता-जुलता था। इसलिए मक्का के मुशरिक मुसलमानों से बड़ा बोल बोलने और कहने लगे कि तुम्हारी ही तरह किताब (इंजील) का दम भरनेवाले रूम के ईसाई जैसे हमसे मिलते-जुलते ईरानियों से परास्त हुए हैं वैसे ही आज की किताब (क़ुर्आन) पर नाज़ करनेवाले तुम मुसलमान भी हम मुशरिकों (बहुदेव पूजकों) से ज़रूर हारोगे। इस पर यह आयतें उतरी कि अल्लाह की रहमत से अन्त में जीत (अहल किताब) ईसाइयों की रहेगी और (अहल किताब) हम मुसलमानों की भी रहेगी। चुनाँचे ईरान के आतिशपरस्तों से रूम के ईसाइयों की दूसरी जंग में रूमियों को फ़तह अल्लाह ने दी और वह यही मौक़ा था जब मुसलमानों ने मुशरिकों को जंग बदर में मात दी थी। मुसलमानों को अपनी फ़तह और अपने क़रीब-मज़हब ईसाइयों की फ़तह की यह दोहरी ख़ुशी नसीब हुई।

§ यानी हर जीव की गुज़र बसर अल्लाह के ज़िम्मे है। रोज़ी के लोभ या डर से राह बेराह नहीं होना चाहिए।

अ व लम् यरौ अन्ना जअल्ना हरमन् आमिनौंव युतख़त्तफ़ुन्नासु मिन् हौलिहिम् त अफ़बिल्बातिलि युअ्मिनून व बिनिअ्मतिल्लाहि यक्फ़ुरून (६७) व मन् अज़लमु मिम्मनिफ़्तरा अलल्लाहि कजिबन् औ कज्जब बिल्हक़्क़ि लम्मा जा'अहू त अलैस फ़ी जहन्नम मस्वल्-लिल्काफ़िरीन (६८) वल्लजीन जाहदू फ़ीना लनह्दियन्नहुम् सुबुलना त व अिन्नल्लाह लमअ़ल्-मुह्सिनीन (६९) ★

الروم ٣٠ ٣٢٣ اجزاء ١١
فَسَوْفَ يَعْلَمُوْنَ ۝ اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّا جَعَلْنَا حَرَمًا اٰمِنًا وَّيُتَخَطَّفُ
النَّاسُ مِنْ حَوْلِهِمْ ۭ اَفَبِالْبَاطِلِ يُؤْمِنُوْنَ وَبِنِعْمَةِ اللّٰهِ يَكْفُرُوْنَ ۝
وَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اَوْ كَذَّبَ بِالْحَقِّ لَمَّا
جَاۗءَهٗ ۭ اَلَيْسَ فِيْ جَهَنَّمَ مَثْوًى لِّلْكٰفِرِيْنَ ۝ وَالَّذِيْنَ جَاهَدُوْا
فِيْنَا لَنَهْدِيَنَّهُمْ سُبُلَنَا ۭ وَاِنَّ اللّٰهَ لَمَعَ الْمُحْسِنِيْنَ ۝
سُوْرَةُ الرُّوْمِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ سِتُّوْنَ اٰيَةً وَّسِتُّ رُكُوْعَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
الٓمّٓ ۝ غُلِبَتِ الرُّوْمُ ۝ فِيْٓ اَدْنَى الْاَرْضِ وَهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ غَلَبِهِمْ
سَيَغْلِبُوْنَ ۝ فِيْ بِضْعِ سِنِيْنَ ۭ لِلّٰهِ الْاَمْرُ مِنْ قَبْلُ وَمِنْۢ بَعْدُ ۭ
وَيَوْمَىِٕذٍ يَّفْرَحُ الْمُؤْمِنُوْنَ ۝ بِنَصْرِ اللّٰهِ ۭ يَنْصُرُ مَنْ يَّشَاۗءُ ۭ وَهُوَ
الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ۝ وَعْدَ اللّٰهِ ۭ لَا يُخْلِفُ اللّٰهُ وَعْدَهٗ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ
النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ۝ يَعْلَمُوْنَ ظَاهِرًا مِّنَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۚ وَهُمْ
عَنِ الْاٰخِرَةِ هُمْ غٰفِلُوْنَ ۝ اَوَلَمْ يَتَفَكَّرُوْا ۭ فِيْٓ اَنْفُسِهِمْ ۭ مَا
خَلَقَ اللّٰهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَآ اِلَّا بِالْحَقِّ وَاَجَلٍ
مُّسَمًّى ۭ وَاِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ بِلِقَاۗئِ رَبِّهِمْ لَكٰفِرُوْنَ ۝ اَوَلَمْ
يَسِيْرُوْا فِي الْاَرْضِ فَيَنْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ۭ
كَانُوْٓا اَشَدَّ مِنْهُمْ قُوَّةً وَّاَثَارُوا الْاَرْضَ وَعَمَرُوْهَآ اَكْثَرَ مِمَّا

☆ ७ | ७ रू. ७ आ ६

☆ ३० सूरतुर्रूमि ८४ ☆

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ३५४७ अक्षर, ८२७ शब्द, ६० आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

अलिफ़्-ला'म्-मी'म् ज (१) ग़ुलिबतिर्रूमु ला (२) फ़ी अद्नल्अर्ज़ि व हुम् मिम्बअ़्दि ग़लबिहिम् सयग़्लिबून ला (३) फ़ी बिज़्अि सिनीन ۵ त लिल्लाहिल्-अम्रु मिन् क़ब्लु व मिम्बअ़्दु त व यौमअिज़िं-यफ़्रहुल्-मुअ्मिनून ला (४) बिनस्रिल्लाहि त यन्सुरु मैंयशा'अु त व हुवल्-अज़ीज़ुर्रहीमु ला (५) वअ़्दल्लाहि त ला युख़्लिफ़ुल्लाहु वअ़्दहू व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ़्लमून (६) यअ़्लमून ज़ाहिरम्-मिनल्-ह्यातिद्दुन्या ज सला व हुम् अनिल्-आख़िरति हुम् ग़ाफ़िलून (७) अ व लम् यतफ़क्करू फ़ी' अन्फ़ुसिहिम् क़िफ़् मा ख़लक़ल्लाहुस्-समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा' अिल्ला बिल्हक़्क़ि व अजलिम्-मुसम्मन् त व अिन्न कसीरम्-मिनन्नासि बिलिक़ा'अि रब्बिहिम् लकाफ़िरून (८) अ व लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़यन्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त कानू' अशद् मिन्हुम् क़ूवतौंव असारुल्अर्ज़ व अमरूहा' अक्सर मिम्मा अमरूहा व जा'अत्-हुम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति त फ़मा कानल्लाहु लियज़्लिमहुम् व लाकिन् कानू' अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून त (९)

क्या मक्के के काफ़िर यह नहीं देखते कि हमने (काबः के) हरम को अमन (शान्ति) की जगह बना रखा है और लोग इनके आस-पास (की जगहों में) उचक लिये जाते (यानी तरह तरह की आफ़तों में फँसते रहते) हैं। तो क्या यह लोग झूठ पर ईमान रखते हैं§ और अल्लाह का इहसान नहीं मानते। (६७) और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है जो अल्लाह पर झूठ बाँधे या जब सत्य बात उन तक पहुँचे तो उसको झुठलावे। क्या इन्कार करनेवालों (काफ़िरों) के लिए दोज़ख़ ही ठिकाना नहीं है? (६८) और जिन्होंने हमारे काम में कोशिश की† हम ज़रूर उनको अपनी राहें दिखलावेंगे, और बेशक नेक कामवालों का अल्लाह साथी है। (६९) ★ रू. ७ ३ आ ६

✪ ३० सूरतुर्रूमि ८४ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३५४७ अक्षर, ८२७ शब्द, ६० आयतें और ६ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-ला॥म्-मी॥म्। (१) रोम के (ईसाई) लोग (ईरानी आतिशपरस्तों से) पसपा हो गये हैं (२) —(यहाँ से) क़रीब ही (ईरान) देश में—लेकिन हारने के बाद वे (ही रूमी जल्दी ही ईरानियों पर फिर) फ़तह पा जायेंगे (३) —कुछी सालों में—(इस घटना से) पहले और (इस घटना के) बाद के सारे काम अल्लाह ही के हाथ में हैं, और उस (रूमियों की जीत और ईरानियों की हार के) दिन ईमानवाले ख़ुश होंगे@, (४) —अल्लाह की मदद से। वह जिसको चाहता मदद करता है और वही शक्तिशाली और परम दयालु है। (५) (यह) अल्लाह का वायदा (है)। और अल्लाह अपने वायदे के ख़िलाफ़ नहीं किया करता, लेकिन बहुधा लोग नहीं समझते। (६) (ये लोग) संसारी जीवन के ज़ाहिरा हालों ही को समझते हैं और आख़िरत (परलोक) से यह लोग बिलकुल बेख़बर हैं। (७) क्या इन लोगों ने अपने दिल में ध्यान नहीं दिया कि अल्लाह ने आसमानों और ज़मीन को और उन चीज़ों को जो इन दोनों के बीच में हैं किसी मतलब (उद्देश्य) से और एक नियत (मुक़र्रर) समय तक के लिए पैदा किया है? और बहुतेरे आदमी अपने परवरदिगार से मिलने को नहीं मानते। (८) क्या यह लोग मुल्क में नहीं चलते-फिरते कि देखें कि अपने से पहलों का कैसा अन्त हुआ? वह (पिछली क़ौमों के) लोग इनसे बल में भी बढ़कर थे और (उन्होंने) इनसे ज़्यादा ज़मीन को जोता और उनसे ज़्यादा आबाद किया था जो इन (मौजूदा अरब के) लोगों ने आबाद किया और उनके पास उनके पैग़म्बर खुले चमत्कार लेकर पहुँचे (मगर उन्होंने न माना और अपने किये की सज़ा पाई)। तो अल्लाह उन पर जुल्म करनेवाला नहीं था बल्कि वह अपनी (करतूतों के ज़रिये अपनी) जानों पर ख़ुद ज़ुल्म करते थे (९)

§ यानी अल्लाह के घर काबः में शान्ति है। इसके दायरे में दुश्मन तक पर हमला नहीं किया जाता और हर कोई यहाँ सुरक्षित है। इसके विपरीत दूसरी जगहों में जहाँ इन लोगों ने तरह तरह के उपास्य (माबूद) मान रखे हैं वहाँ इनको शान्ति नहीं। तमाम आफ़तों में फँसते हैं और कोई बचाने वाला नहीं। तो शान्ति के देने वाले अल्लाह के इहसान से तो नाशुक्री, और उन झूठे मनगढ़न्तों पर ईमान! क्या मक्का के काफ़िर इतनी साफ़ बात को भी नहीं देख पाते? † याने जिन्होंने अल्लाह के दीन के रास्ते में सच्चे जी से लगकर दुनिया की तमाम मुसीबतें उठाईं उनको अल्लाह बेसहारा मुसीबतों से जूझने को छोड़ नहीं देता। वह हर घड़ी उन ईमानवालों का निगहबान रहता है और उनको सब्र और ज़ोर देता है। @ रूमी (ईसाई) और ईरानी (अग्नि पूजकों) के बीच युद्ध हुआ। एक अल्लाह की ही अ़िबादत करनेवाले ईसाइयों के [पेज ६६६ पर]

* आम तौर पर अब तक की सूरतों में अरब के अन्दर ही की राजनैतिक, सामाजिक और [पेज ६७३ पर]

सुम्म कान आक़िबत्तल्लजीन असा'अुस्सू'आ' अन् कज्जबू बिआयातिल्लाहि व कानू बिहा यस्तह्ज़िअून (१०) ★ अल्लाहु यब्दअुल्ख़ल्क़ सुम्म युअीदुहू सुम्म अिलैहि तुर्जअून (११) व यौम तक़ूमुस्साअ़तु युब्लिसुल् - मुज्रिमून (१२) व लम् यकुल्लहुम् मिन् शुरका'अिहिम् शुफ़आ'अु व कानू बिशुरका'अिहिम् काफ़िरीन (१३) व यौम तक़ूमुस्साअ़तु यौमअिजीं - यतफ़र्रक़ून (१४) फ़अम्मल्लजीन आमनू व अमिलुस् - सालिहाति फ़हुम् फ़ी रौज़तीं - युह्बरून (१५) व अम्मल्लजीन कफ़रू व कज्जबू बिआयातिना व लिक़ा'अिल्-आख़िरति फ़अुला'अिक फ़िल्अ़जाबि मुह्ज़रून (१६) फ़सुब्हानल्लाहि हीन तुम्सून व हीन तुस्बिहून (१७) व लहुल्हम्दु फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि व अशीयौंव हीन तुज़्हिरून (१८) युख़्रिजुल् - हय्य मिनल् - मैयिति व युख़्रिजुल् - मैयित मिनल् - हय्यि व युह्यिल् - अर्ज़ बअ़्द मौतिहा त़ व कजालिक तुख़्रजून (१९) ★ व मिन् आयातिहि अन् ख़लक़कुम् मिन् तुराबिन् सुम्म अिजा' अन्तुम् बशरुन् तन्तशिरून (२०) व मिन् आयातिहि अन् ख़लक़ लकुम् मिन् अन्फ़ुसिकुम् अज़्वाजल् - लितस्कुनू' अिलैहा व जअ़ल बैनकुम् मवद्दतौंव रह्मत़न् त़ अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लिक़ौमीं - यतफ़क्करून (२१) व मिन् आयातिहि ख़ल्क़ुस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़ु अल्सिनतिकुम् व अल्वानिकुम् त़ अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल् - लिल्आलिमीन (२२) व मिन् आयातिहि मनामुकुम् बिल्लैलि वन्नहारि वब्तिग़ा'अुकुम् मिन् फ़ज़्लिहि त़ अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल् - लिक़ौमीं - यस्मअून (२३)

फिर जिन लोगों ने बुरा किया उनका आख़ीर बुरा ही हुआ यह इसलिए कि उन्होंने अल्लाह की आयतों को झुठलाया और उनकी हँसी उड़ाई। (१०) ★ रु. १ | ८ आ १०

अल्लाह पहली दफ़ा (ख़िलक़त को) पैदा करता है फिर उसको दुहरावेगा फिर उसी की तरफ़ लौटकर जाओगे (११) और जिस दिन क़ियामत उठेगी (उस दिन) गुनहगार निराश होकर रह जावेंगे। (१२) और इनके शरीकों में से (जिनको दुनिया में ये पूजा करते थे वे) कोई सिफ़ारिशी न होंगे और ये (भी) अपने शरीकों से विमुख हो जायँगे। (१३) और जिस दिन क़ियामत उठेगी उस दिन वे (भले-बुरे) अलग-अलग हो जायँगे। (१४) फिर जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये वह (जन्नत के) बाग़ में मौज से होंगे (और वहाँ उनकी) आवभगत हो रही होगी। (१५) और जिन लोगों ने कुफ़्र इख़्तियार किया और हमारी आयतों और आख़िरत (यानी अन्तिम दिन) के पेश आने को झुठलाया तो यही लोग अज़ाब में पकड़े जायें गे। (१६) सो (अगर इस अज़ाब से बचना चाहते हो तो) जिस समय तुम लोगो को शाम हो और जिस समय तुमको सुबह हो अल्लाह की पवित्रता से याद करो। (१७) और आसमान व ज़मीन में वही (अल्लाह) तारीफ़ के लायक़ है और तीसरे पहर भी और जब तुम लोगों को दोपहर हो (उस वक़्त भी नमाज़ क़ायम करो) §। (१८) (वह अल्लाह ही समरथ है जो) ज़िन्दा को मुर्दे से निकालता है (जैसे अण्डे से बच्चा) और मुर्दे को ज़िन्दा से निकलता है (जैसे मुर्ग़ी से अण्डा) और ज़मीन को उसके मरने (याने सूखने) के बाद ज़िन्दा (फिर हरी भरी) कर देता है और इसी तरह (यह भी उसकी क़ूवत के बाहर नहीं कि मरने के बाद) तुम (भी क़ियामत के रोज़ जिलाकर) निकाले जाओगे। (१९) ★ रु. २ | ५ आ ६

और उसकी निशानियों में से यह है कि उसने तुमको मिट्टी से पैदा किया फिर अब तुम इन्सान होकर (जाबजा) फैले हुए हो। (२०) और उसकी निशानियों में से यह है कि उसने तुम्हारे लिए तुम्हारे (इन्सानों के ही) बीच जोड़े (यानी स्त्री-पुरुष) पैदा किये कि तुमको उनके पास चैन मिले और तुममें (परस्पर) प्यार और उन्सियत (सहानुभूति) पैदा की। इसमें समझवालों के लिए (अल्लाह की क़ुदरत की) बड़ी निशानियाँ हैं। (२१) और उसकी निशानियों में से है आसमान और ज़मीन का पैदा करना और तुम्हारी बोलियों और तुम्हारी रंगतों का भाँति भाँति का होना, इसमें समझवालों के लिए (अल्लाह की क़ुदरत की) बड़ी निशानियाँ हैं। (२२) और उसकी निशानियों में से है तुम्हारा रात में सोना और दिन में तुम्हारा उसकी कृपा तलाश करना। इसमें जो लोग सुनते हैं उनके लिए (अल्लाह की क़ुदरत की) बड़ी निशानियाँ हैं। (२३)

[पेज ६७१ से] इस्लाम के उदय की चरचा आई है। प्रस्तुत सूरः रूम से दुनिया के दूसरे मुल्कों के ज़िक्र शुरू होते हैं और उस समय के रूम व ईरानी बड़े साम्राज्यों के हालातों का ही ज़िक्र नहीं है बल्कि यह इशारा है कि आगे चलकर दुनिया में इस्लाम के फैलाने के लिए अल्लाह की क़ुदरत ज़मीन हमवार कर रही है। घटना यों है कि ईरान के शाहंशाह हुरमुज़ को उसके सिपहसालार बहराम ने क़त्ल कर तख़्त पर क़ब्ज़ः किया। हुरमुज़ का लड़का ख़ुसरू परवेज़ भाग कर रोम के शहंशाह मारिस की पनाह में पहुँचा जिसने उसको अपनी औलाद सरीखा मानकर कुछ दिनों में उसे फिर ईरान पर तख़्तनशीं करवाया। परवेज़ ने सल्तनत को बहुत दूर तक फैलाया। इधर रूम में मारिस के ख़िलाफ़ बग़ावत हुई और वह व उसके बच्चे बड़ी बेदरदी से मारे गये। परवेज़ ने मारिस के एहसान-फ़रामोश व ज़ालिम सरदार फ़ोकस को सब तरह पस्पा कर दिया। इसी बीच फ़ोकस की जगह सुदूर अफ़्रीका के एक ईसाई गवर्नर हरकुलियस ने गद्दी पर क़ब्ज़ा किया। हरकुलियस ने फ़ोकस [पेज ६७५ पर]

§ आ—१७-१८ में चार वक़्त की नमाज़ों का इशारा है। शाम की नमाज़ में मग़रिब व इशा दोनों शामिल हैं। इस तरह पाँच वक़्त हुये।

व मिन् आयातिहि युरीकुमुल्बर्क़ ख़ौफ़ौंव तमओंव युनज़्ज़िलु मिनस्समाअि मा अन् फ़युह्यि बिहिल्अर्ज़ बअ्द मौतिहा त अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्-लिक़ौमीं-यअ़क़िलून (२४) व मिन् आयातिहि अन् तक़ूमस्समाअु वल्अर्ज़ु बिअम्रिहि त सुम्म अिजा दआकुम् दअ़्वतन् क़ सला मु'मिनल्अर्ज़ि क़ सला अिजा अन्तुम् तख़्रुजून (२५) व लहू मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त कुल्लुल्लहू क़ानितून (२६) व हुवल्लजी यब्दअुल्ख़ल्क़ सुम्म युअीदुहू व हुव अह्वनु अलैहि त व लहुल्-मसलुल्-अअ़ला फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ज व हुवल्-अज़ीज़ुल्-हकीमु (२७) ★● ज़रब लकुम् मसलम्-मिन् अन्फ़ुसिकुम् त हल्लकुम् मिम्मा मलकत् अैमानुकुम् मिन् शुरका अ फ़ी मा रज़क़्नाकुम् फ़अन्तुम् फ़ीहि सवा अुन् तख़ाफ़ूनहुम् कख़ीफ़तिकुम् अन्फ़ुसकुम् त कजालिक नुफ़स्सिलुल्-आयाति लिक़ौमीं-यअ़क़िलून (२८) बलित्-तबअ़ल्-लजीन जलमू अह्वा अ-

मंज़िल

हुम् बिग़ैरि अिल्मिन् ज फ़मैंयह्दी मन् अज़ल्लल्लाहु त व मा लहुम् मिन् नासिरीन (२९) फ़अक़िम् वज्हक लिद्दीनि हनीफ़न् त फ़ित्रतल्लाहिल्लती फ़तरन्नास अलैहा त ला तब्दील लिख़ल्क़िल्लाहि त जालिकद्-दीनुल्-क़ैयिमु क ला व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ़लमून क ला (३०) मुनीबीन अिलैहि वत्तक़ूहु व अक़ीमुस्सलात व ला तकूनू मिनल्-मुश्रिकीन ला (३१) मिनल्लजीन फ़रक़ू दीनहुम् व कानू शियअन् त कुल्लु हिज़्बिम्-बिमा लदैहिम् फ़रिहून (३२) व अिजा मस्सन्नास ज़ुर्रुन् दअौ रब्बहुम् मुनीबीन अिलैहि सुम्म अिजा अजाक़हुम् मिन्हु रह्मतन् अिजा फ़रीक़ुम्-मिन्हुम् बिरब्बिहिम् युश्रिकून ला (३३)

और उसी की निशानियों में से हैं कि वह तुमको डरने और उम्मेद लगाने के लिए बिजलियाँ दिखाता और आसमान से पानी बरसाता और (उसके ज़रिये से) ज़मीन को उसके मरने (यानी सूखी पड़ने के) बाद जिला उठाता है। जो लोग समझ रखते हैं उनके लिए इन बातों में (अल्लाह की क़ुदरत की) बड़ी निशानियाँ हैं। (२४) और उसी की निशानियों में से है कि आसमान और ज़मीन उसकी आज्ञा से क़ायम हैं। फिर जब वह तुमको एक दिन (क़ियामत आते ही) एक बार पुकारेगा। तब तुम (सब के सब) ज़मीन में से निकल पड़ोगे। (२५) और जो कोई आसमानों और ज़मीन के बीच में हैं सब उसी के हैं; सब उसी के हुक्मबरदार हैं। (२६) और वही है जो पहली दफ़ा पैदा करता है, फिर उसको दोबारा पैदा करेगा और यह उसके लिए सहल है। और आसमान और ज़मीन में उसी की शान सबसे बाला (श्रेष्ठ) है; और वह बेहद बलवान (बेमिसाल) हिकमतवाला है। (२७) ★ ●

वह तुम्हारे लिए तुम्हारे बीच की ही एक मिसाल बयान करता है। कि क्या तुम्हारे बाँदी ग़ुलामों में से कोई हमारी (तुमको) दी हुई रोज़ी में साझीदार है? और क्या तुम उसमें (उनको अपने) बराबर हक़दार समझते हो? और क्या तुम उनका (वैसाही) डर रखते हो जैसा कि तुम अपनों का डर रखते हो§। जो लोग समझ रखते हैं उनके लिए हम आयतों को इसी तरह खोल-खोलकर बयान करते हैं।(२८) बल्कि (अल्लाह के साथ दूसरों को पूजने वाले) यह ज़ालिम (अत्यायी) बे जाने-बूझे अपनी ख़्वाहिशों पर चलते हैं, सो जिसको अल्लाह गुमराह करे उसको कौन सीधी राह पर ला सकता है, और ऐसे लोगों का कोई मददगार न होगा। (२९) सो (ऐ पैग़म्बर!) तू (असत्य को छोड़कर) एक तरफ़ का होकर (अल्लाह के) दीन की तरफ़ अपना मुंह सीधा रख। (यही) अल्लाह की बनावट (रचना) है जिस पर उसने लोगों को पैदा किया है। (अल्लाह की क़ुदरती) बनावट में तब्दीली नहीं हो सकती। यही दीन सीधा है, मगर अक्सर लोग नहीं समझते।(३०) उसी (एक अल्लाह) की तरफ़ ध्यान रखो और उसी का डर रखो और नमाज़ क़ायम करो और (अल्लाह की इबादत में किसी और को) शरीक ठहरानेवालों में न हो। (३१) (और न उन लोगों में होना) जिन्होंने अपना दीन (मनमाना) अलग-अलग कर लिया और (मत मतान्तरों में बँटकर) फ़िर्क़े-फ़िर्क़े हो गये। जो जिस फ़िर्क़े में है वह उसी में मगन है। (३२) और (ऐसे लोगों का हाल यह है कि) जब लोगों को कोई दुख पहुँचता है तो वे अपने परवरदिगार की तरफ़ रुजू होकर उसी को पुकारने लगते हैं फिर जब (अल्लाह उनकी पुकार सुनकर उनका दुख दूर कर) उनको अपनी कृपा (का मज़ा) चखा देता है तो उनमें से कुछ लोग (झूठे पूजितों को) अपने परवरदिगार का साझी बना बैठते हैं। (३३)

रु. ३ | ८ आ ८ ● रु. ब. अ. १ | ८

[पिछ ६७३ से] की वही दशा की जो उसने मारिस की की थी। लेकिन परवेज़ की ईसाइयों के ख़िलाफ़ जंग उसी ज़ोर से हरकुलियस के ज़माने में भी चलती रही। यही वह समय था जब अरब में इस्लाम का उदय हो रहा था और अरब के मुशरिक उनको तरह तरह से तंगकर रहे थे। अपने से मिलते-जुलते मज़हब वाले ईरानियों की इस्लाम से क़रीब मज़हब ईसाइयों पर फ़तह देखकर ख़ुश हुये कि यों ही एक दिन हम मुशरिक [पिछ ६७७ पर]

§ मतलब यह कि सारी रोज़ी या साज सामान इन्सान को अल्लाह ने ही अता किया है। तुम्हारे ग़ुलाम भी तुम्हारे ही जैसे इन्सान हैं। तुममें उनमें कोई फ़र्क़ नहीं सिवाय इसके कि वे तुम्हारे ख़रीदे माल हैं। सिर्फ़ इसलिए तुम अपने ग़ुलामों को अपने माल में बराबर का हिस्सेदार नहीं बनाते न उनको अपने बराबर समझते हो। तो फिर तुमको क्या हक़ है कि अल्लाह के ही बनाये बन्दों व हस्तियों को अल्लाह के साथ साथ इबादत में शरीक करते व अल्लाह के बनाये बन्दों को पूजकर अल्लाह की बराबरी का दरजा उन्हें देते हो। † अल्लाह की क़ुदरत, समझ रखनेवालों को यही रास्ता दिखाती है कि सारे आलम के सिरजनहार उस अल्लाह की ही बन्दगी करें। उसके साथ किसी दूसरे को पूज्य न ठहरावें। अल्लाह की बराबरी का कोई नहीं।

लियक्फ़ुरू बिमा' आतैनाहुम् त फ़तमत्तअू वक़्फ़: फ़सौफ़ तअ़्लमून (३४) अम् अन्ज़ल्ना अ़लैहिम् सुल्तानन् फ़हुव यतकल्लमु बिमा कानू बिहत्ती युश्रिकून (३५) व अिजा' अजक़्नन्नास रह्मतन् फ़रिहू बिहा त व अिन् तुसिब्हुम् सैयिअतुम् - बिमा क़द्दमत् अैदीहिम् अिजा हुम् यक़्नतून (३६) अ व लम् यरौ अन्नल्लाह यब्सुतुर्रिज़्क़ लिमैंयशा'अु व यक़्दिरु त अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल् - लिक़ौमीं - युअ्मिनून (३७) फ़आति जल्क़ुर्बा हक़्क़हु वल्मिस्कीन वब्नस्सबीलि त जालिक ख़ैरुल् - लिल्लजीन युरीदून वज्हल्लाहि ज व अुला'अिक हुमुल् - मुफ़्लिहून (३८) व मा' आतैतुम् मिर्रिबल् - लियर्बुव फ़ी' अम्वालिन्नासि फ़ला यर्बू अिन्दल्लाहि ज व मा' आतैतुम् मिन् ज़काति़न् तुरीदून वज्हल्लाहि फ़अुला'अिक हुमुल् - मुज़्अिफ़ून (३९) अल्लाहुल्लजी ख़लक़कुम् सुम्म रज़क़कुम् सुम्म युमीतुकुम् सुम्म युह्यीकुम् त हल् मिन् शुरका'अिकुम् मैंयफ़्अलु मिन् जालिकुम् मिन् शैअिन् त सुब्हानहु व तआला अम्मा युश्रिकून (४०) ★ जहरल्फ़सादु फ़िल्बरि वल्बहूरि बिमा कसबत् अैदिन्नासि लियुजीक़हुम् बअ़्ज़ल्लजी अमिलू लअ़ल्लहुम् यर्जिअून (४१) क़ुल् सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लजीन मिन् क़ब्लु त कान अक्सरुहुम् मुश्रिकीन (४२) फ़अक़िम् वज्हक लिद्दीनिल् - क़ैयिमि मिन् क़ब्लि अैंयअ्तिय यौमुल्ला मरद्द लहु मिनल्लाहि यौमअिजीं - यस्सद्दअून (४३) मन् कफ़र फ़अ़लैहि कुफ़्रुहु ज व मन् अमिल सालिहन् फ़ - लिअन्फ़ुसि - हिम् यम्हदून ला (४४)

★ रु. ७ । ८ आ १३

(नतीजा यह होता है) कि जो (निअमतें) हमने उनको दी हैं उनकी नाशुक्री करने लगते हैं। सो (ऐ काफिरो! कुछ दिन दुनिया में रह बसकर उन निअमतों से) फ़ायदे उठा लो, आगे चलकर (इस ग़फ़लत का मज़ा) मालूम हो जायगा। (३४) क्या हमने इन लोगों पर कोई (ऐसी) सनद उतारी है कि जो इनको (अल्लाह के साथ किसी को) साझी ठहराना बताती है? (३५) और जब लोगों को हम कुछ कृपा का स्वाद चखा देते हैं तो उससे खुश हो (कर फूल) जाते हैं, और अगर जो कुछ उनके हाथों ने (अपनी करनी के ज़रिये) भेजा है उसके बदले में उन पर कोई आफ़त आ जावे तो वह आस तोड़ बैठते हैं। (३६) क्या लोगों ने नहीं देखा कि अल्लाह जिसकी रोज़ी चाहे ज़्यादा कर दे और (जिसकी चाहे) नपी-तुली कर देता है। जो लोग ईमान रखते हैं उनके लिए इसमें (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानियाँ हैं। (३७) तो रिश्तेदारों को और मुहताजों को और मुसाफ़िरों को उनका हक़ देते रहो। जो लोग अल्लाह की रज़ा (प्रसन्नता) के चाहने वाले हैं यह उनके वास्ते बेहतर है, और ही (मनुष्य) सफल हैं। (३८) और जो तुम लोग ब्याज देते हो ताकि (तुम) लोगों के माल में बढ़ती हो तो (याद रहे कि ऐसा माल) अल्लाह के यहाँ (फूलता) फलता नहीं। और जो अल्लाह की रज़ामन्दी के लिए ज़कात§ देते हो तो जो लोग ऐसा करते हैं उन्हीं के दूने होंगे। (३९) अल्लाह वही है जिसने तुमको पैदा किया, फिर तुमको रोज़ी दी, फिर तुमको मारता है, फिर तुमको जिलायेगा। भला तुम्हारे शरीकों (यानी पूजितों) में कोई है जो इनमें से एक भी काम कर सके? वह (अल्लाह) पाक है और उसकी शान, यह लोग जैसे-जैसे शरीक ठहराते हैं, उनसे कहीं ऊँची है। (४०) ★

(खुद) लोगों की ही करतूतों से खुश्की और पानी में ख़राबियाँ फैल गई हैं ताकि लोग जैसे-जैसे काम कर रहे हैं अल्लाह उनको उनके कामों का कुछ मज़ा चखाये कि शायद वे (सच्चाई की तरफ़) लौट आयें†। (४१) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि ज़मीन पर चलो-फिरो और देखो कि (तुमसे) पहले गुज़र चुके लोगों का कैसा अन्त (आख़िर) हुआ। उनमें से बहुतेरे शरीक ठहराने वालों में थे। (४२) तो (ऐ पैग़म्बर!) इससे पहले कि अल्लाह की तरफ़ से वह रोज़ (क़ियामत) आ मौजूद हो (और) जिसका आना अल्लाह की तरफ़ से लाज़िमी है, तू (दीन के) सीधे रास्ते पर अपना मुँह सीधा किये रह (और) उस दिन (अपने-अपने आमालों के मुताबिक़ सब) लोग जुदा-जुदा होंगे ♦। (४३) जो कुफ़्र करता है तो उसी पर उसके कुफ़्र (की बला) पड़ेगी और जो अच्छे काम करता है तो वह अपने ही लिए (आराम का) सामान आरास्तः कर रहा है। (४४)

रू. ४ | ७ | आ १३

[पेज ६७५ से] भी इस्लाम को तबाह कर देंगे। लोग रोज़ की होने वाली घटनाओं को देखकर ही भविष्य का फ़ैसला कर लेते हैं; अल्लाह क्या करना चाहता है उसकी ख़बर नहीं। इस सूरः की ३-४ आयत में भविष्यवाणी है कि ऐ मक्का के रहनेवालो इस वक़्ती घटना के धोखे में न रहो। वह समय दूर नहीं है कि रूम के ईसाई फिर ईरानी अग्निपूजकों पर फ़तह पायें। चुनांचे हुआ भी ऐसा ही। हरकुलियस ने नई चाल चली। उसने समुद्री रास्ते से ईरान पर हमला किया। तवारीख़ बदल गई। अब ईसाइयों का फिर बोलबाला हुआ और ईरानी पस्पा हुए। क़ुर्आन की भविष्यवाणी सच हुई। यही नहीं, इसी मौक़े पर अरब में जंगेबदर में मुशरिकों को भी ईमानवालों के हाथों तबाही हुई। यह सब बाक़यात ज़ाहिर करते हैं कि [पेज ६७६ पर]

§ देखें फ़ुटनोट † पृष्ठ ३५ सूरः बक़र आयत ४३। † वैसे बुरे आमाल का पूरा अज़ाब तो बाद क़ियामत ही सामने आयेगा। लेकिन दुनिया में भी कुछ सज़ा बुरे आमाल के बदले मिलना चाहिये। शायद उससे लोगों को होश आ जाय। ♦ याने क़ौम, मज़हब रंग, रूप, रिश्तेदारी के मुताबिक़ लोगों के जत्थे आख़िरत के दिन न बँटेंगे। बल्कि आमाल के मुताबिक़ अलग-अलग दर्जों में बँटे होंगे।

लियज्ज़ियल्-लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति मिन् फ़ज़्लिहि त् अिन्नहू ला युहिब्बुल् - काफ़िरीन (४५) व मिन् आयातिहि अँयुर्सिलर् - रियाह मुबश्शिरातिंव्व लियुज़ीक़कुम् मिर्रहमतिहि व लितज्रियल् - फ़ुल्कु बिअम्रिहि व लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिहि व लअल्लकुम् तश्कुरून (४६) व लक़द् अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक रुसुलन् अिला क़ौमिहिम् फ़जा'अूहुम् बिल्बैयिनाति फ़न्तक़म्ना मिनल्लज़ीन अज्रमू त् व कान हक़्क़न् अलैना नस्रुल् - मुअ्मिनीन (४७) अल्लाहुल्लज़ी युर्सिलुर् - रियाह फ़तुसीरु सहाबन् फ़यब्सुतुहु फ़िस्समा'अि कैफ़ यशा'अु व यज्अलुहु किसफ़न् फ़तरल् - वद्क़ यख़्रुजु मिन् ख़िलालिहि ज् फ़अिजा' असाब बिहि मैंयशा'अु मिन् अिबादिहि अिजा हुम् यस्तब्शिरून ज् (४८) व अिन् कानू मिन् क़ब्लि अँयुनज़्ज़ल अलैहिम् मिन् क़ब्लिहि लमुब्लिसीन (४९) फ़न्ज़ुर् अिला आसारि रहमतिल्लाहि कैफ़ युहयिल्अर्ज़ बअ्द मौतिहा त् अिन्न ज़ालिक लमुहयिल्मौता ज् व हुव अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (५०) व लअिन् अर्सल्ना रीहन् फ़रऔहु मुस्फ़र्रल् - लज़ल्लू मिम्बअ्दिहि यक्फ़ुरून (५१) फ़अिन्नक ला तुस्मिअुल् - मौता व ला तुस्मिअुस् - सुम्मदुआ'अ अिजा वल्लौ मुद्बिरीन (५२) व मा' अन्त बिहादिल् - अुम्यि अन् ज़लालतिहिम् त् अिन् तुस्मिअु अिल्ला मैंयुअ्मिनु बिआयातिना फ़हुम् मुस्लिमून (५३) ★ अल्लाहुल्लज़ी ख़लक़कुम् मिन् ज़ुअ़फ़िन् सुम्म जअल मिम्बअ़दि ज़ुअ़फ़िन् क़ूवत्न् सुम्म जअल मिम्बअ़दि क़ूवत्तिन् ज़ुअ़फ़ौंव् शैबत्न् त् यख़्लुक़ु मा यशा'अु ज् व हुवल् - अलीमुल्क़दीरु (५४) व यौम तक़ूमुस्साअतु युक़्सिमुल्-मुज्रिमून ۵ ला मा लबिसू ग़ैर साअ्तिन् त् कज़ालिक कानू युअ्फ़कून (५५)

रु. ८ | ५ आ १३

° दुनिया में इन्सान की पैदायश से लेकर मौत तक चार हालतें होती हैं। (१) बचपन (२) जवानी (३) कमज़ोरी (४) बुढ़ापा (सफ़ेद बाल)। यह सब कुछ अल्लाह तआ़ला के इल्म और क़ुदरत के मातहत होता है। इन्सान इसमें बिलकुल मजबूर है।

ताकि जो लोग ईमान लाये और उन्होंने सत्कर्म किये, उनको अल्लाह अपनी कृपा से बदला दे। बेशक वह काफ़िरों को पसंद नहीं करता।(४५) और उसकी (क़ुदरत की) निशानियों में से है कि वह हवाओं को भेजता है कि (बारिश की) खुशख़बरी पहुंचावें और ताकि (अल्लाह) तुम लोगों को अपनी कृपा का कुछ स्वाद चखाये और ताकि उसके हुक्म से नावें चलें और तुम उसकी कृपा (से रोज़ी) तलाश करो और ताकि शायद तुम शुक्र मानो। (४६) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमसे पहले भी कितने ही पैग़म्बर उनकी क़ौमों की तरफ़ भेजे फिर वह (अल्लाह की ओर से भाँति-भाँति की) निशानियाँ लेकर उनके पास आये। (मगर उन्होंने अक्सर अपने रसूलों को झुठलाया) तो जो लोग (झुठलाने के अपराध के) अपराधी हुए उनसे हमने बदला लिया। और ईमानवालों को मदद देना हम पर लाज़िम है। (४७) अल्लाह वही है जो हवाओं को भेजता है फिर वह बादलों को उठाती हैं फिर जिस तरह चाहता है बादलों को आसमान में फैलाता है और उसको तह पर तह कर देता है फिर तू देखता है बादल के बीच में से मेंह बरसता है। फिर जब (अल्लाह) अपने बन्दों में से जिस पर चाहता है (उसी की ज़मीन पर) उसे बरसा देता है (और) तब ही वह लोग खुशियाँ मनाने लगते हैं।(४८) अगर्चे मेंह के बरसने से पहले यह लोग निराश§ हो रहे थे। (४९) सो अल्लाह की रहमत की निशानियों को देख कि ज़मीन को उसके मरे होने के बाद कैसे जिलाता (और सरसब्ज़ करता) है। बेशक यह (अल्लाह) मुर्दों को ज़िन्दः कर देने वाला है और वह हर चीज़ कर सकने में समर्थ है। (५०) और अगर हम ऐसी हवा चलावें और यह लोग (उसके असर से) खेती को पीली देखें तो खेती के पीली पड़ जाने के बाद ज़रूर कृतघ्नता (नाशुक्री) करने लगते हैं×। (५१) तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम न तो मुर्दों को सुना सकते हो और न बहरों ही को (अपनी) आवाज़ सुना सकते हो जब कि वह पीठ फेर कर (विमुख) हो जायँ। (५२) और तू न अन्धों को उल्टे रास्ते से सीधे रास्ते पर ला सकता है। तू तो बस उन्हीं लोगों को सुना सकता है जो हमारी आयतों पर ईमान लाते हैं, सो वही मुस्लिम (फ़र्मांबरदार) हैं। (५३) ★

अल्लाह ही है जिसने तुम लोगों को (शुरू में) कमज़ोर हालत में पैदा किया फिर (लड़कपन की) कमज़ोरी के बाद (जवानी की) ताक़त दी फिर ताक़त के बाद कमज़ोरी और बुढ़ापे (सफ़ेद बालों की हालत) दी। वह जो चाहता है बनाता है और वही पूरा ज्ञानवान और सर्वसमर्थ है। (५४) और जिस दिन क़ियामत बरपा होगी गुनहगार लोग सौगन्धें खायेंगे—कि (दुनिया में) हम एक घड़ी से ज़्यादा नहीं ठहरे। इसी तरह (दुनिया में भी ये) लोग बहक रहे थे♦। (५५)

रुकू ५ | आ १३

[पेज ६७७ से] दुनिया में जब भी गिरोह या हुकूमतें ख़राबी में डूब जाती हैं, अल्लाह उनकी जगह नये गिरोह व हुकूमतें क़ायम करता है। वह भी हुकूमतें क़ायम करता है। ज़ालिमों को नेस्तनाबूद कर इस्लाह (सुधार) करनेवालों को पैदा करता है। यह भी हमेशा ही हुआ है कि इन इस्लाह करनेवालों का ज़ालिमों ने खुलकर विरोध और कमज़ोरों ने स्वागत किया है। कुछ दिनों जद्दोजेहद के बाद असत्य का नाश और सत्य की स्थापना होती है। नेक और बद अपने हक़ों को पहुँचते हैं। इसलिए हर इन्सान को एक अल्लाह पर भक्ति रखते हुए सब्र और ईमान पर क़ायम रहना चाहिए। यह सूरः हिजरत से कुछ ही समय पूर्व उतरी है।

§ यानी जैसे वर्षा से पहले प्रायः लोग समझते हैं कि पानी न बरसेगा। × यानी ग़रज़ पर शुक्र मानते हैं और अगर ग़रज़ से ज़रा भी ख़िलाफ़ हुआ तो नाशुक्र हो जाते हैं। ये गुनहगार ऐसे ख़ुदग़रज़ हैं। ♦ क़ियामत आने तक क़ब्र में रहने का लम्बा ज़माना इनको एक घड़ी समझ पड़ेगा। दुनिया की ज़िन्दगी में भी इनके सारे काम ऐसी ही नासमझी के रहे।

व क़ाललज्जीन अूतुल् - अिल्म वल्अीमान लक़द् लबिस्तुम् फ़ी किताबिल्लाहि अिला यौमिल् - बअ़्सि ज् फ़हाजा यौमुल् - बअ़्सि व लाकिन्नकुम् कुन्तुम् ला तअ़्लमून (५६) फ़यौमअिज़िल् - ला यन्फ़अुल्लज्जीन जलमू मअ़्ज़िरतुहुम् व ला हुम् युस्तअ़्तबून (५७) व लक़द् ज़रब्ना लिन्नासि फ़ी हाजल् - क़ुर्आनि मिन् कुल्लि मसलिन् त् व लअिन् जिअ्तहुम् बिआयतिल् - लयक़ूलन्नल्लज्जीन कफ़रू अिन् अन्तुम् अिल्ला मुब्तिलून (५८) कजालिक यत्बअुल्लाहु अला क़ुलूबिल्लज्जीन ला यअ़्लमून (५९) फ़स्बिर् अिन्न वअ़्दल्लाहि हक़्क़ुंव ला यस्तख़िफ़्फ़न्नकल्लज्जीन ला यूक़िनून (६०) ★

✪ ३१ सूरः लुक़मान ५७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २२१७ हुरूफ़, ५५४ शब्द ३४ आयतें और ४ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलिफ़् - ला'म् - मी'म् ज् (१) तिल्क आयातुल्-किताबिल्-हकीमि ला (२) हुदौंव रह्मतल् - लिल्मुहसिनीन ला (३) अल्लज्जीन युक़ीमूनस्सलात व युअ्तूनज़्ज़कात व हुम् बिल्आख़िरति हुम् यूक़िनून त् (४) अुला'अिक अला हुदम् - मिर्रब्बिहिम् व अुला'अिक हुमुल्मुफ़्लिहून (५) व मिनन्नासि मैंयश्तरी लह्वल् - हदीसि लियुज़िल्ल अन् सबीलिल्लाहि बिग़ैरि अिल्मिन् क् सला व'व यत्तख़िज हा हुज़ुवन् त् अुला'अिक लहुम् अ़जाबुम् - मुहीनुन् (६) व अिजा तुत्ला अलैहि आयातुना वल्ला मुस्तक्बिरन् कअल्लम् यस्मअ़्हा कअन्न फ़ी' अुजुनैहि वक़्रन् ज् फ़बश्शिर्हु बिअ़जाबिन् अलीमिन् (७) अिन्नल्लज्जीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् जन्नातुन्नअ़्ीमि ला (८) ख़ालिदीन फ़ीहा त् वअ़्दल्लाहि हक़्क़न् त् व हुवल् - अ़ज़ीज़ुल् - हकीमु (९)

और जिन लोगों को इल्म और ईमान दिया गया है वह जवाब देंगे कि (एक घड़ी नहीं बल्कि) तुम तो अल्लाह के लिखे क़ियामत के दिन तक ठहरे रहे और यह तो (अब) जी उठने का ही दिन है, मगर तुमको यक़ीन न था। (५६) तो उस दिन गुनहगारों को न उनका उज्र करना फ़ायदा पहुँचायेगा और न उनकी तौबः सुनी जायगी। (५७) और हमने लोगों के लिए इस क़ुर्आन में हर तरह की मिसालें (दृष्टांत) बयान कर दी हैं। (फिर भी) अगर तुम इनके पास कोई आयत लाते हो तो जो इन्कार करनेवाले हैं वह (ज़रूर यही) कहेंगे कि तुम निरा झूठ बाँधते हो।(५८) तो जो लोग (ऐसी सूझ की आयतें सुनकर भी सूझ और)समझ नहीं पकड़ते उनके दिलों पर अल्लाह इसी तरह मुहर लगा दिया करता है (कि सही बात उनके कानों में ही न पैठे।) (५९) तो (ऐ पैग़म्बर ! अल्लाह के दीन पर) तू सब्र से क़ायम रह, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है[छ] और ऐसा न हो कि जो लोग यक़ीन नहीं रखते वे तुमको (ईमान से) डगमगा दें।‡ (६०) ★

रु. ६ | आ ७

✪ ३१ सूरः लुक़्मान ५७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २२१७ अक्षर, ५५४ शब्द, ३४ आयतें और ४ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-ला॥म मी॥म्। (१) यह हिकमतवाली किताब की आयतें हैं। (२) (ऐसे) नेककारों के लिए हिदायत (पथप्रदर्शन) और रहमत है (३) जो नमाज़ क़ायम रखते और ज़कात देते हैं और वह जो आख़िरत का भी यक़ीन रखते हैं।(४) यही अपने परवरदिगार (की तरफ़) से राह पर हैं और यही सफलता पानेवाले हैं। (५) और लोगों में कोई ऐसा भी है जो लुभावनी बातों को मोल लेते हैं ताकि (उनमें मगन होकर) बे समझे बूझे अल्लाह की राह से लोगों को भटकाये, और अल्लाह की आयतों की हंसी उड़ाये। यही हैं जिनको ज़िल्लत की मार होनी है@। (६) और जब उसको हमारी आयतें पढ़कर सुनाई जाती हैं तो अकड़ता हुआ मुंह फेर लेता है, मानो उनको सुना ही नहीं, मानो उसके दोनो कान बहरे हैं। सो (ऐ पैग़म्बर !) उसे दुखदाई अज़ाब की ख़ुशख़बरी सुना दो। (७) अलबत्ता जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये उनके लिए (जन्नत के) निअ़मत के बाग़ हैं।(८) (वे नेककार) उनमें हमेंशा रहेंगे; अल्लाह का वादा सच्चा है। और वह बड़ा ज़ोरावर बड़ा हिकमतवाला है। (९)

छ यह वायदा आयत ४७ में अल्लाह ने अपने ऊपर लाज़िम किया है। ‡ ऐसा न हो कि काफ़िर अपने जमाव व ज़ुल्मोसितम से तुमको घबड़ाहट में ले आयें। @ एक काफ़िर (नज़्र बिन हारिस) था। वह जिसको इस्लाम की तरफ़ प्रभावित देखता उसको बहलाकर ख़ातिर से ले जाता और दिलचस्प दास्तानों व शराब, नाचरंग में भटकाकर उसको बेराह कर देता और इस तरह उस पर से इस्लाम का असर मिट जाता। यह आयत ऐसों ही के लिए उतरी है।

★ इस सूरः में हज़रत लुक़मान की अपने बेटे को की गई नसीहतों का ज़िक्र प्रधान है। इसलिए सूरः का नामकरण भी लुक़मान पर किया गया है। इस सूरः का मरकज़ 'हिकमत' है याने तत्वज्ञान जिसके ज़रिये दुनिया की चमक दमक में न फँस कर हम सत्य-असत्य की तमीज़ कर सकें। वह हिकमत हमें एक अल्लाह पर ही ईमान व भरोसा रखने पर हासिल होती है। बल्कि अल्लाह की अ़िबादत (आत्मसमर्पण) ही हिकमत (यानी सच्चा ज्ञान और विवेक) है। इसके ख़िलाफ़ अल्लाह के अलावा जब इंसान दूसरी हस्तियों के पीछे लगता व उन पर भरोसा करने लगता है तो यही हिकमत या विवेक से हट जाना है। ईमान वालों को अल्लाह की ओर से हिदायत (पथ प्रदर्शन) मिलती है और दुनिया के पीछे दाड़ने वालों को अँधेरा हाथ लगता है।

ख़लक़स्समावाति बिग़ैरि अमदिन् तरौनहा व अल्क़ा फ़िल्अर्ज़ि रवासिय अन् तमीद बिकुम् व बस्स फ़ीहा मिन् कुल्लि दा॥ब्बतिन् ☆ व अन्ज़ल्ना मिनस्समा॥अि मा॥अन् फ़अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिन् करीमिन् (१०) हाजा ख़ल्क़ुल्लाहि फ़अरूनी मा जा ख़लक़ल्लजीन मिन् दूनिहि॥ ☆ बलिज्ज़ालिमून फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (११) ★ व लक़द् आतैना लुक़मानल् - हिक्मत अनिश्कुर् लिल्लाहि ☆ व मैंयश्कुर् फ़अिन्नमा यश्कुरु लिनफ़्सिहि॥ ज़ व मन् कफ़र फ़अिन्नल्लाह ग़नीयुन् हूमोदुन् (१२) व अिज् क़ाल लुक़मानु लिब्निहि॥ व हुव यअिज़ुहु या बुनैय ला तुश्रिक् बिल्लाहि ☆ ● अिन्नश्शिर्क लज़ुल्मुन् अज़ीमुन् (१३) व वस्सैनल् - अिन्सान बिवालिदैहि ज़ हूमलत्हु अुम्मुहु वह्नन् अला वह्निव्व फ़िसालुहु फ़ी आमैनि अनिश्कुर् ली व लिवालिदैक ☆ अिलैयल् - मसीरु (१४) ● व अिन् जाहदाक अला॥ अन् तुश्रिक बी मा लैस लक बिहि॥ अिल्मुन् ला फ़ला तुतिअ्हुमा व साहिब्हुमा फ़िद्दुन्या मअ्रूफ़न् ज़ व॥त्तबिअ् सबील मन् अनाब अिलैय ज़ सुम्म अिलैय मर्जिअुकुम् फ़अुनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् तअ्मलून (१५) या बुनैय अिन्नहा॥ अिन्तकु मिस्क़ाल हब्बतिम्मिन् ख़र्दलिन् फ़तकुन् फ़ी सख़्रतिन् औ फ़िस्समावाति औ फ़िल्अर्ज़ि यअ्ति बिहल्लाहु ☆ अिन्नल्लाह लतीफ़ुन् ख़बीरुन् (१६) या बुनैय अक़िमिस्सलात वअ्मुर् बिल्मअ्रूफ़ि वन्ह अनिल्मुन्करि वस्बिर् अला मा॥ असाबक ☆ अिन्न ज़ालिक मिन् अज़्मिल् - अुमूरि ज़ (१७) व ला तुसअ्इर् ख़द्दक लिन्नासि व ला तम्शि फ़िल्अर्ज़ि मरहन् ☆ अिन्नल्लाह ला युहिब्बु कुल्ल मुख़्तालिन् फ़ख़ूरिन् ज़ (१८) वक़्सिद् फ़ी मश्यिक वग़्ज़ुज़् मिन् सौतिक ☆ अिन्न अन्करल् - अस्वाति लसौतुल् - हमीरि (१९) ★

उसी ने आसमानों को जिनको तुम देखते हो बग़ैर सहारे के क़ायम किया और (उसीने) ज़मीन में (पहाड़ों के) बोझ डाले कि तुम्हें लेकर (ज़मीन) झुक न पड़े और उसमें हर क़िस्म के जानदार (पैदा किये और) फैला दिये और हम ही ने आसमान से पानी बरसाया, फिर (उसके ज़रिये) ज़मीन में हर तरह की उम्दा चीज़ें उगाईं। (१०) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से कहो कि) यह तो अल्लाह की पैदायश है पस अब तुम मुझे दिखाओ कि अल्लाह के सिवाय जो (पूजित तुम लोगों ने बना रखे) है उन्होंने क्या पैदा किया है? और कुछ नहीं, बात सच्ची यह है कि ज़ालिम खुलो गुमराही में हैं। (११) ★

और हमने लुक़मान को हिकमत (अर्थात् तत्वज्ञान दिया और हुक्म) दिया कि अल्लाह का शुक्र मानते रहो। और जो (अल्लाह का) शुक्र मानता है तो अपने (भले के) लिए ही (शुक्र) मानता है और नाशुक्री करता है तो (अपना ही बिगाड़ता है); अल्लाह तो बेनियाज़ (निरपेक्ष) और स्वयं (स्तुति स्वरूप) सारी तारीफ़ के योग्य है। (१२) और जब लुक़मान ने अपने बेटे को शिक्षा देते समय कहा कि बेटा! (अिबादत में किसी को) अल्लाह का शरीक न ठहराना ● । बेशक शरीक ठहराना बड़े जुल्म की बात है‡। (१३) और हमने इन्सान को उसके माता पिता के हक़ में ताक़ीद की कि उसकी माता ने थक-थक कर उसको पेट में रखा और दो बरस में (दूध पिलाने के बाद) उसका दूध छूटता है, (इसलिए) मेरा और अपने माता-पिता का शुक्रगुज़ार हो; आख़िर को मेरे पास ही (न्याय के अन्तिम दिन हर शख़्स को) आना है। (१४) ● और (ऐ इन्सान!) अगर तेरे माता-पिता ◉ तुझ को मजबूर करें कि तू मेरे साथ शरीक बना जिसका तुझे इल्म नहीं तो उनका कहा न मान, मगर हाँ, दुनिया में+ उनके साथ अच्छे बरताव से रह; और चलो उन लोगों के तरीक़े पर जो मेरी तरफ़ रुजू हैं। फिर तुम (सब) को मेरी ही तरफ़ (आख़िरत के दिन) लौटकर आना है, तो जैसे काम तुम लोग (दुनिया में) करते रहे हो मैं तुमको (उस दिन) बता दूँगा। (१५) (और लुक़मान ने कहा था कि) ऐ बेटा! अगर राई के दाने के बराबर भी कोई चीज़ हो (और) फिर वह किसी पत्थर के अन्दर या आसमानों में या ज़मीन में (कहीं भी छिपी) हो तो उसको अल्लाह ला निकालेगा। बेशक अल्लाह बारीक (से बारीक) का जाननेवाला (और हर चीज़ से) बाख़बर है (यानी तुम्हारी छोटी से छोटी नेक-बद हरकत उसकी नज़र से बच नहीं सकती।) (१६) ऐ बेटा! नमाज़ क़ायम रख और भली बात सिखला और बुरी बातों से मना कर और जो कुछ तुझ पर आ पड़े उसे (सब्र से) झेल, बेशक यह (बड़ी) हिम्मत के काम हैं§। (१७) और (घमण्ड में आकर) लोगो से बेरुख़ी न करना और ज़मीन पर इतरा कर न चल। बेशक अल्लाह किसी इतराने वाले (और अपनी) बड़ाई हाँकनेवाले को पसंद नहीं करता। (१८) और बीच की चाल चल+ और अपनी आवाज़ नीची रख। बेशक बुरी से बुरी (आवाज़) गधों की आवाज़ है‡। (१९) ★

‡ यानी तौहीद (एकोब्रह्म) का ज्ञान कोई आज नया नहीं दिया जा रहा है। आदिकाल से नबी और पैग़म्बर यही सीख और सूझ देते आये हैं। लुक़मान जैसे आलिम हकीम ने भी यही शिक्षा अपने बेटे को दी थी। ◉ कहते हैं कि साद-बिन बक्कास की माँ ने तीन दिन खाना पानी न लिया ताकि साद डरकर इस्लाम धर्म को छोड़ दे। परन्तु साद ने कहा कि मेरी मा सत्तर बार मरे तो भी मैं अपना ईमान न छोड़ूँगा। इस आयत का उतरना इसी घटना से संबंधित बताया जाता है। + दुनिया की बातों में मा-बाप की आज्ञा का पालन करो लेकिन दीन के मामले में दीन की राह पर ही चलो। § नेकी की नसीहत व बदी से रोकने वाले को दुनिया में लोग पसन्द नहीं करते और उसके पीछे हाथ धोकर पड़ते हैं। उन ज़ुल्मों को बरदाश्त करते हुए अपने मिशन पर क़ायम रहना बेशक बड़े साहस का काम है। + याने न तो ऐंठ कर चल कि तेरी चाल से घमण्ड टपके और न ऐसा गिर कर चल कि मानो तेरी रूह की सब सिफ़तें मर चुकी हैं। ‡ यानी गधों के समान ऊँचे स्वर में न बोल; इस प्रकार की बोली बुरी समझी जाती है।

अलम् तरौ अन्नल्लाह सख़्ख़र लकुम् मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि व अस्बग़ अलैकुम् निअमहू ज़ाहिरतौंव बातिनतन् तु व मिनन्नासि मैंयुजादिलु फ़िल्लाहि बिग़ैरि अिल्मिंव्व ला हुदौंव ला किताबिम्-मुनीरिन् (२०) व अिज़ा क़ील लहुमुत्तबिअू मा[1] अन्ज़लल्लाहु क़ालू बल् नत्तबिअु मा वजद्ना अलैहि आबा[1]अना तु अवलौ कानश्शैतानु यद्अूहुम् अिला अज़ाबिस्सअोरि (२१) व मैंयुस्लिम् वज्हहू[1] अिलल्लाहि व हुव मुह्सिनुन् फ़क़दिस्तम्सक बिल्अुर्वतिल् - वुस्क़ा तु व अिलल्लाहि आक़िबतुल् - अुमूरि (२२) व मन् कफ़र फ़ला यह्ज़ुन्क कुफ़्रुहू तु अिलैना मर्जिअुहुम् फ़नुनब्बिअुहुम् बिमा अमिलू तु अिन्नल्लाह अलीमुम् - बिज़ातिस्सुदूरि (२३) नुमत्तिअुहुम् क़लीलन् सुम्म नज़्तर्रुहुम् अिला अज़ाबिन् ग़लीज़िन् (२४) व लअिन् सअल्तहुम् मन् ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ लयक़ूलुन्नल्लाहु तु क़ुलिल्हम्दु लिल्लाहि तु वल् अक्सरुहुम् ला यअ़लमून (२५) लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तु अिन्नल्लाह हुवल् - ग़नीयुल् - हमीदु (२६) व लौ अन्न मा फ़िल्अर्ज़ि मिन् शजरतिन् अक़्लामुँ - वल्बह्रु यमुद्दुहू मिम्बअ़्दिहि[2] सब्अतु अब्हुरिम् - मा नफ़िदत् कलिमातुल्लाहि तु अिन्नल्लाह अज़ीज़ुन् हकीमुन् (२७) मा ख़ल्क़ुकुम् व ला बअ़्सुकुम् अिल्ला कनफ़्सिव्वाहिदतिन् तु अिन्नल्लाह समीअुम् - बसीरुन् (२८) अलम् तर अन्नल्लाह यूलिजुल्लैल फ़िन्नहारि व यूलिजुन्नहार फ़िल्लैलि व सख़्ख़रश्शम्स वल्क़मर तु कुल्लुंय्यज़्री[1] अिला[1] अजलिम् - मुसम्मौंव अन्नल्लाह बिमा तअ़्मलून ख़बीरुन् (२९) जालिक बिअन्नल्लाह हुवल् - हक़्क़ु व अन्न मा यद्अून मिन्दूनिहिल् - बातिलु ला व अन्नल्लाह हुवल् - अलीयुल्कबीरु (३०) ★



रु. ३ — १२ आ ११

क्या तुमने नहीं देखा कि जो कुछ आसमान में व ज़मीन में है सबको अल्लाह ने तुम्हारे काम में लगा रखा है और तुम पर अपनी ज़ाहिरा और छिपी हुई निअ़मतें पूरी कर दी हैं। और (इतने पर भी) ऐसे कुछ लोग हैं जो अल्लाह के बारे में हुज्जतें करते हैं जबकि न तो इनके पास समझ है न सूझ और न रौशन किताब (जो उनको सीधा रास्ता दिखाये)। (२०) और जब इनसे कहा जाता है कि (क़ुर्आन) जो अल्लाह ने उतारा है उस पर चलो तो जवाब देते हैं कि नहीं हम तो उसी पर चलेंगे जिस पर हमने अपने बाप-दादों को पाया। भला अगर शैतान उन (के बड़ों) को दहकती हुई (दोज़ख़ की) आग की तरफ़ बुलाता रहा हो तो भी (क्या उसी रास्ते पर चलेंगे?) (२१) और जो शख़्स अपने को अल्लाह के हवाले (अर्पण) कर दे और वह नेककार हो तो बेशक उसने पक्का सहारा थाम लिया। और हर काम का अन्त अल्लाह पर ही (निर्भर) है। (२२) और (ऐ पैग़म्बर!) जो इन्कारी (विमुख) है तो उसके इन्कार की वजह से तुझे उदास न होना चाहिए। हमारी तरफ़ उनको फिर लौटकर आना है फिर जो कुछ यह (दुनिया में) करते रहे हम इनको बता देंगे। बेशक अल्लाह जो दिलों में है (सब) जानता है। (२३) हम (दुनिया में) इनको कुछ फ़ायदे पहुँचाते रहेंगे, फिर इनको दुखदाई सज़ा की तरफ़ खींच बुलावेंगे (२४) और अगर तुम इन लोगों से पूछो कि आसमानों को और ज़मीन को किसने पैदा किया, तो यही जवाब देंगे कि अल्लाह ने, तो कहो (कि शुक्र है कि इतना ज्ञान तो रखते हो तो यह भी जान लो) कि सारी तारीफ़ अल्लाह ही के लिए है, मगर (सच्चाई तो यह है कि) इनमें से बहुतेरे समझ नहीं रखते। (२५) अल्लाह ही का है जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है। बेशक अल्लाह बेनियाज़ (निस्पृह) और आपसे आप तारीफ़ के योग्य है। (२६) और ज़मीन में जितने दरख़्त हैं अगर (सब) क़लम बन जायें और समुद्र स्याही हो और उसके बाद सात और समुद्र (उसकी मदद करें यानी स्याही पहुँचायें) तो भी अल्लाह की बातें (लिखने से) तमाम न होवें। बेशक अल्लाह बड़ा ज़ोरावर बड़ा हिकमतवाला है। (२७) तुम सबको पैदा करना और मरने के बाद जिलाना ऐसा ही (आसान) है जैसा एक शख़्स का (पैदा करना और जिलाना)। बेशक अल्लाह सब कुछ सुनता-देखता है। (२८) क्या तुमने नहीं देखा कि अल्लाह रात को दिन में और दिन को रात में पठाता है और सूर्य्य और चन्द्रमा को काम में लगा रखा है। हर एक एक नियत समय (मियाद) तक चलता रहता है और जो कुछ भी तुम कर रहे हो अल्लाह को उसकी पूरी ख़बर है। (२९) यह इसलिए कि अल्लाह ही सत्य है और उसके सिवाय जिनको तुम पुकारते हो सब असत्य है। और अल्लाह ही सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि है। (३०) ★ रु॰ ३ आ १२ ११

[पेज ६८७ से] बाद रोज़-क़ियामत में फिर उठना, कभी आख़िरत और दोज़ख़ व बहिश्त, कभी अल्लाह की ओर से 'वही' (संदेश) का उतरना वग़ैरः वग़ैरः। लेकिन उनके इन्कार के बावजूद अल्लाह की ओर से क़ुर्आन बराबर उतर रहा था और उन्हें तौहीद (एकोब्रह्म) की ओर दावत दे रहा था। क़ुदरत के अजीब इन्तज़ाम, पिछली ज़ालिम क़ौमों के बुरे अंजाम और आख़िरत में नेक और बद के लिए जन्नत व दोज़ख़ के नक़्शे पेश करते हुये अल्लाह की और रसूल की आज्ञाओं पर चलने की हिदायत व नसीहत दी गई है। अल्लाह की यह दया भी बखानी गई है कि वह गुनाह होते ही अज़ाब में किसी को नहीं धर पकड़ता बल्कि बार बार तौबः करने व अपने को सम्हालने का मौक़ा देता है। जब किसी तरह कोई शख़्स या क़ौम राह रास्त पर नहीं आती तब ही वह अल्लाह के प्रकोप में फँसता है। रसूल स॰ मुहम्मद के पहले भी रसूल व किताबें नाज़िल होती रही हैं और उस समय भी ईमानवालों के साथ मुन्किर काफ़िरों का यही हाल रहा जो आज मक्का-निवासियों में नज़र आ रहा है। लोगों को चाहिये कि उन पुराने दृष्टांतों से शिक्षा लें।

अलम् तर अन्नल्फ़ुल्क तज्री फ़िल्बह्रि बिनिअ़्मतिल्लाहि लियुरियकुम् मिन् आयातिहि॑ त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल् - लिकुल्लि सब्बारिन् शकूरिन् (३१) व अिजा ग़शियहुम् मौजुन् कज़ुल्लि दअवुल्लाह मुख़्लिसीन लहुद्दीन ۩ ज फ़लम्मा नज्जाहुम् अिलल्बरि फ़मिन्हुम् मुक़्तसिदुन् त् व मा यज्हदु बिआयातिना॑ अिल्ला कुल्लु ख़त्तारिन् कफ़ूरिन् (३२) या॑ अैयुहन्नासुत्तक़ू रब्बकुम् वख़्शौ यौमल्ला यज्ज़ी वालिदुन् औवलदिहि॑ ज् व ला मौलूदुन् हुव जाज़िन् औवालिदिहि॑ शैअन् त् अिन्न वअ़्दल्लाहि हक़्क़ुन् फ़ला तग़ुर्रन्नकुमुल् - हयातुद्दुन्या वक़्क़ः व ला यग़ुर्रन्नकुम् बिल्लाहिल् - ग़रूरु (३३) अिन्नल्लाह अिन्दहू अिल्मुस्साअति ज् व युनज़्ज़िलुल् - ग़ैस ज् व यअ़्लमु मा फ़िल्अर्हामि त् व मा तद्री नफ़्सुम्-मा ज़ातक्सिबु ग़दन् त् व मा तद्री नफ़्सुम् - बिअैयि अर्ज़िन् तमूतु त् अिन्नल्लाह अलीमुन् ख़बीरुन् (३४) ★

الجزء الحادي والعشرون ٢١ ٣٣١ اتل ما اوحي
مِنْ اٰيٰتِهٖ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّكُلِّ صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ۝ وَاِذَا غَشِيَهُمْ مَّوْجٌ
كَالظُّلَلِ دَعَوُا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۚ فَلَمَّا نَجّٰىهُمْ اِلَى الْبَرِّ فَمِنْهُمْ
مُّقْتَصِدٌ ۚ وَمَا يَجْحَدُ بِاٰيٰتِنَآ اِلَّا كُلُّ خَتَّارٍ كَفُوْرٍ ۝ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوْا
رَبَّكُمْ وَاخْشَوْا يَوْمًا لَّا يَجْزِيْ وَالِدٌ عَنْ وَّلَدِهٖ ۫ وَلَا مَوْلُوْدٌ هُوَ جَازٍ
عَنْ وَّالِدِهٖ شَيْـًٔا ۭ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ فَلَا تَغُرَّنَّكُمُ الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا ۪ وَلَا
يَغُرَّنَّكُمْ بِاللّٰهِ الْغَرُوْرُ ۝ اِنَّ اللّٰهَ عِنْدَهٗ عِلْمُ السَّاعَةِ ۚ وَيُنَزِّلُ الْغَيْثَ
وَيَعْلَمُ مَا فِي الْاَرْحَامِ ۭ وَمَا تَدْرِيْ نَفْسٌ مَّاذَا تَكْسِبُ غَدًا ۭ وَمَا
تَدْرِيْ نَفْسٌۢ بِاَيِّ اَرْضٍ تَمُوْتُ ۭ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌ خَبِيْرٌ ۝
الٓمّٓ ۝ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ لَا رَيْبَ فِيْهِ مِنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ اَمْ يَقُوْلُوْنَ
افْتَرٰىهُ ۚ بَلْ هُوَ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ لِتُنْذِرَ قَوْمًا مَّآ اَتٰىهُمْ مِّنْ نَّذِيْرٍ
مِّنْ قَبْلِكَ لَعَلَّهُمْ يَهْتَدُوْنَ ۝ اَللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَ
الْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ ۭ مَا لَكُمْ
مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا شَفِيْعٍ ۭ اَفَلَا تَتَذَكَّرُوْنَ ۝ يُدَبِّرُ الْاَمْرَ مِنَ
السَّمَآءِ اِلَى الْاَرْضِ ثُمَّ يَعْرُجُ اِلَيْهِ فِيْ يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهٗٓ اَلْفَ
سَنَةٍ مِّمَّا تَعُدُّوْنَ ۝ ذٰلِكَ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ۝
الجزء

★ ع १ | ४ आ ४

☆ ३२ सूरतुस् - सज्दति ७५ ☆

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १५७७ हुरूफ़, २७४ शब्द, ३० आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलिफ़् - ला॑म् - मी॑म् ज (१) तन्ज़ीलुल्किताबि ला रैब फ़ीहि मिर्रब्बिल् - आलमीन त् (२) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु ज् बल् हुवल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक लितुन्ज़िर क़ौमम्-मा॑ अताहुम् मिन् नज़ीरिम्-मिन् क़ब्लिक लअल्लहुम् यहतदून (३) अल्लाहुल्लज़ी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा फ़ी सित्तति अैयामिन् सुम्मस्तवा अलल्अ़र्शि त् मा लकुम् मिन् दूनिहि॑ मिव्वलीयिव्वला शफ़ीअिन् त् अफ़ला ततज़क्करून (४) युदब्बिरुल् - अम्र मिनस्समा॑अि अिलल्अर्ज़ि सुम्म यअ़्रुजु अिलैहि फ़ी यौमिन् कान मिक़्दारुहू॑ अल्फ़ सनतिम्मिम्मा तअ़्दून (५) जालिक आलिमुल् - ग़ैबि वश्शहादतिल् - अ़ज़ीज़ुर्रहीमु ला (६)

क्या तूने नहीं देखा कि अल्लाह ही की कृपा से नावें नदी में चलती हैं कि कुछ अपनी निशानियाँ तुमको दिखाये। बेशक इसमें सब्र करनेवालों और शुक्र माननेवालों के लिए (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानियाँ हैं। (३१) और जब लहरें उन (नाव के चढ़नेवालों) पर बादलों की तरह आ जाती हैं तो एकमात्र अल्लाह ही को पुकारने और उसी की अिबादत करने लगते हैं। फिर जब अल्लाह उनको (मौत से) बचाकर ख़ुश्की पर पहुँचा देता है तो उनमें से कुछ ही सही चाल पर क़ायम[छ] रहते हैं। और हमारी निशानियों से वही लोग इन्कारी (विमुख) होते हैं जो क़ौल के झूठे और सच को न समझने वाले हैं (३२) लोगो! अपने परवरदिगार का डर रखो और उस दिन से डरो कि जब न कोई बाप अपने बेटे के काम आवेगा, और न कोई बेटा अपने बाप के काम आ सकेगा। बेशक अल्लाह का (क़ियामत के दिन) का वायदा सच्चा है, तो दुनिया की ज़िन्दगी तुमको धोखे में न डाल दे, और न फ़रेब में फँसा देने वाला (वह मायावी शैतान ही) तुमको अल्लाह के नाम पर धोखा दे सके। (३३) अल्लाह ही के पास क़ियामत की ख़बर है, और वही मेंह बरसाता है, और (वही) जानता है जो कुछ माताओं के पेट में है। और कोई नहीं जानता कि कल वह क्या करेगा, और कोई नहीं जानता कि वह किस ज़मीन में मरेगा। बेशक अल्लाह ही सब कुछ जाननेवाला और सब ख़बर रखनेवाला है। (३४) ★

रु. ४ | १३ आ ४

✪ ३२ सूरतुस्-सज्दति ७५ ✪

(मक्की) इसमें १५७७ अक्षर, २७४ शब्द, ३० आयतें और ३ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-ला॥म्-मी॥म्। (१) इसमें कुछ शक नहीं कि क़ुर्आन का नाज़िल (अवतरण) होना संसार के परवरदिगार की ओर से है। (२) (लोग) क्या कहते हैं कि इसको इसने (यानी पैग़म्बर ने अपने दिल से) गढ़ लिया है? (हरगिज़ नहीं!) बल्कि यह निश्चय तुम्हारे परवरदिगार की ओर से है ताकि (उसके ज़रिये) तुम, उन लोगों को जिनके पास तुमसे पहले कोई (अल्लाह का) डर सुनानेवाला नहीं पहुँचा, (अल्लाह की सज़ा से) डराओ कि अजब नहीं कि यह लोग राह पर आ जावें। (३) अल्लाह ही है जिसने ६ दिन में आसमान और ज़मीन और उन चीज़ों को पैदा किया जो आसमान और ज़मीन के बीच में हैं फिर (तख़्ते) अर्श पर जा बिराजा। उसके सिवाय न कोई तुम लोगों का सहायक है और न कोई सिफ़ारशी। फिर क्या तुम (इतना भी) नहीं सोचते? (४) (वही) आसमान से ज़मीन तक हर काम का बन्दोबस्त करता है। फिर यह बन्दोबस्त, उस दिन जिस (दिन) की मुद्दत तुम्हारे शुमार से हज़ार बरस के बराबर होगी, उसके हुज़ूर में पेश होगा। (५) वही छिपी और खुली सब बातों का जाननेवाला बड़ा ज़ोरावर और बेहद मेहरबान है। (६)

छ यानी कठिनाई के समय मुशरिक और मुसलमान दोनों अल्लाह ही को सहायता के लिए पुकारते हैं। परन्तु आपत्ति टल जाने पर मुशरिक अल्लाह को छोड़कर मूर्ति पूजने लगते हैं और मुसलमान हर हालत में अल्लाह ही को पूजते हैं।

❀ आयत १५ में ईमानवालों के लक्षण बयान करते समय सज्दः का जो ज़िक्र आया है उसी पर इस सूरः का नामकरन है। इस सूरः के उतरने का समय मक्का का शुरू का ज़माना मालूम होता है क्योंकि इस समय काफ़िरों के ज़ुल्म-सितम का वह ज़ोर नहीं मालूम पड़ता जो आगे चलकर हुआ है। अभी तो रसूल स० का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा था कि यह शख़्स क्या-क्या अजीबो ग़रीब बातें गढ़ता है—कभी मरने के [पिछ ६८५ पर]

अ्ल्लजी' अह्सन कुल्ल शैअिन् ख़लक़हू व बदअ ख़ल्क़ल् - अिन्सानि मिन् तीनिन् ज (७) सुम्म जअल नस्लहू मिन् सुलालतिम् - मिम् - मा'अिम् - महीनिन् ज (८) सुम्म सौवाहु व नफ़ख़ फ़ीहि मिर्रूहिहि व जअल लकुमुस्सम्अ वल्अब्सार वल्अफ़्अिदत्त त् क़लीलम् - मा तश्कुरून (९) व क़ालू अ अिजा ज़ल्लना फ़िल्अर्ज़ अअिन्ना लफ़ी ख़ल्क़िन् जदीदिन् ۵ त् बल् हुम् बिलिक़ा'अि रब्बिहिम् काफ़िरून (१०) क़ुल् यतवफ़्फ़ाकुम् मलकुल् - मौतिल्लजी वुक्किल विकुम् सुम्म अिला रब्बिकुम् तुर्जअून (११) ★ व लौ तरा' अिज़िल् - मुज्रिमून नाकिसू रुअूसिहिम् अिन्द रब्बिहिम् त् रब्बना' अब्सर्ना व समिअ्ना फ़र्जिअ्ना नअ्मल् सालिहून् अिन्ना मूक़िनून (१२) व लौ शिअ्ना लआतैना कुल्ल नफ़्सिन् हुदाहा व लाकिन् हक़्क़ल् - क़ौलु मिन्नी लअम्लअन्न जहन्नम मिनल्जिन्नति वन्नासि अज्मअीन (१३) फ़ज़ूक़ू बिमा नसीतुम् लिक़ा'अ यौमिकुम् हाजा ज् अिन्ना नसीनाकुम् वज़ूक़ू अ्जाबल् - ख़ुल्दि बिमा कुन्तुम् तअ्मलून (१४) अिन्नमा युअ्मिनु बिआयातिनल्-लजीन अिजा ज़ुक्किरू बिहा ख़रू सुज्जदौव सब्बहू बिहम्दि रब्बिहिम् व हुम् ला यस्तक्बिरून (१५) ▲ ततजा फ़ा जुनूबुहुम् अनिल्मज़ाजिअि यद्अून रब्बहुम् ख़ौफ़ौव तमअन् ज़ व'व मिम्मा रज़क़्नाहुम् युन्फ़िक़ून (१६) फ़ला तअ्लमु नफ़्सुम्मा' अुख़्फ़िय लहुम् मिन् क़ुर्रति अअ्युनिन् ज जज़ा'अम् - बिमा कानू यअ्मलून (१७) अफ़मन् कान मुअ्मिनन् कमन् कान फ़ासिक़न् त् ● ला यस्तवून ● (१८) अम्मल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़लहुम् जन्नातुल् - मअ्वा ज़ नुज़ुलम् - बिमा कानू यअ्मलून (१९) व अम्मल्लजीन फ़सक़ू फ़मअ्वाहुमुन्नारु त् कुल्लमा' अरादू' अैंयख़्रुजू मिन्हा' अुअीदू फ़ीहा वक़ील लहुम् ज़ूक़ू अ्जाबन्नारिल्लजी कुन्तुम् बिहि तुकज्जिबून (२०)

★ रू १ — १४ आयत ११

▲ सज्दः ● व. मुक़ाबिल

उसने जो चीज़ बनाई ख़ूब ही बनाई और आदमी की पैदायश को गारे (की मिट्टी) से शुरू किया। (७) फिर नाचीज़ निचोड़ (यानी वीर्य) से उसकी संतान चलाई। (८) फिर उसको दुरुस्त किया और उसमें (अपनी तरफ़ से) रूह फूँकी और तुम लोगों के लिए कान, आँखें, और दिल बनाये। लेकिन तुम बहुत ही थोड़ी भलाई मानते हो। (९) और कहते हैं कि जब हम मिट्टी में मिल जायँगे तो क्या (फिर) हम नये सिरे से पैदा होंगे? सच तो यह है कि यह लोग अपने परवरदिगार के सामने हाज़िर होने को ही नहीं मानते। (१०) (तो ऐ पैग़म्बर! इनको) आगाह कर दो कि मौत का फ़रिश्ता (यमदूत) जो तुम पर तैनात है तुम्हारे जीवों को निकालता है (और) फिर अपने परवरदिगार की ओर लौटाये जाओगे (११) ★

और (ऐ पैग़म्बर!) काश तुम अपराधियों को देखो कि (जब वे क़ियामत के दिन अच्छे-बुरे आमालों के हिसाब के मौक़े पर) अपने परवरदिगार के सामने सिर झुकाये खड़े हैं। (और फ़रियाद कर रहे हैं कि) ऐ हमारे परवरदिगार! हमने ख़ूब देख लिया और सुन लिया अब हमको फिर (दुनिया में वापस) भेज ताकि हम नेक काम करें, अब हमको यक़ीन आ गया है। (१२) (इस पर अल्लाह फ़रमायेगा कि) अगर ऐसा हम चाहते तो हर आदमी को उसकी राह की सूझ (दुनिया में ही) दे देते, लेकिन मेरी बात पूरी (सही) उतरी कि जिन्नों और आदमियों सबसे मुझको दोज़ख़ भर देना है।♦ (१३) सो अब (अपनी करनी का) मज़ा चखो कि (अपनी दुनिया की ज़िन्दगी के वक़्त) तुमने इस (आख़िरत के) दिन मुझसे सामना होने को भुला दिया था। (आज उसी के जवाब में) हमने भी तुमको भुला दिया और (दुनिया में की हुई) अपनी करनी के बदले में हमेशा रहनेवाली (दोज़ख़ की) सज़ा का मज़ा चखो। (१४) हमारी आयतों पर तो वही लोग ईमान लाते हैं कि जब उनको आयतों के ज़रिये याद दिलाई जाती है (तो) सज्दः में गिर पड़ते हैं और अपने पाक परवरदिगार के गुन गाते और (उसकी पाक) याद में लग जाते हैं और वे ग़ुरूर नहीं करते। (१५) ▲ रात के समय उनकी करवटें बिछौनों से अलग रहती हैं (यानी सोने में मदहोश नहीं रहतीं) कि डर और आशा से अपने परवरदिगार से दुआयें माँगते और जो कुछ हमने उनको दे रखा है उसमें से (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं। (१६) तो कोई बशर नहीं जानता कि (लोगों के नेक काम के बदले में) कैसी कैसी आँखों की ठंडक उनके लिए छिपा रखी है, यह उन (नेक) आमाल का बदला है जो वह (दुनिया में) करते रहे। (१७) तो क्या ईमान लानेवाला उसके बराबर है जो बेहुक्म है? ● कभी बराबर नहीं हो सकते।● (१८) सो जो लोग ईमान लाये और उन्होंने भले काम किये, उनके लिए रहने को बाग़ होंगे; (यह) मेहमानदारी उनके (नेक) कामों का बदला है जो (वे) करते रहे। (१९) और जो लोग बेहुक्म हुए उनका ठिकाना (नरक की) आग होगी। जब उससे निकलना चाहेंगे उसी में फिर लौटा दिये जायेंगे और उनसे कहा जायगा कि जिस (दोज़ख़ के) अज़ाब (पर तुम यक़ीन न लाते थे और उस) को तुम झुठलाते रहे अब उसी का मज़ा चखो। (२०)

क. १—१४ आ १४

स. सज्दः ६ ▲ व. गु. फ़. ● व. गु. फ़.

♦ देखिये सूरः हूद आयत ११६—दोज़ख़ में भरे जानेवाले इन्सानों से मुराद वे इन्सान हैं जो शैतान के कहे पर चलते हैं।

[पिछ ६६१ से] गये थे और उन्होंने मदीने पर कई बार चढ़ने की कोशिश की। इन वाक़िआत से सूरः के उतरने का समय ५ हिज॰ अनुमान किया जाता है। मक्का के क़ुरैश मुशरिक, बनी नज़ीर (यहूदी) जो मदीना से निकाल बाहर किये गये थे और जिन्होंने एक बार रसूल स॰ तक को क़त्ल कर देने की कोशिश बाँधी थी, बद्दू अरबों के क़बीलः ग़तफ़ान, मदीना के यहूदी बनी क़ुरैज़ः वग़ैरः आपस में एक दूसरे के विरोधी होते हुए भी इस्लाम के मुक़ाबिले में एक संगठन होकर उनको नेस्तनाबूद करने पर लगे हुये थे। शव्वाल ५ [पिछ ६६५ पर]

व लनुजीक़न्नहुम् मिनल् - अज़ाबिल् - अद्ना दूनल् - अज़ाबिल् - अक्बरि लअल्लहुम् यर्जिअून (२१) व मन् अज़्लमु मिम्मन् ज़ुक्किर बिआयाति रब्बिहष् सुम्म अ़रज़ अन्हा त् अिन्ना मिनल् - मुज्रिमीन मुन्तक़िमून (२२) ★ व लक़द् आतैना मूसल्किताब फ़ला तकुन् फ़ी मिर्यत्तिम्-मिल्-लिक़ा अिहष् व जअल्नाहु हुदल्लिबनी अिस्रा अील (२३) व जअल्ना मिन्हुम् अअिम्मतंय्यह्दून बिअम्रिना लम्मा सबरू क़िफ़ त् व कानू बिआयातिना यूक़िनून (२४) अिन्न रब्बक हुव यफ़्सिलु बैनहुम् यौमल्क़ियामति फ़ीमा कानू फ़ीहि यख्तलिफ़ून (२५) अ व लम् यह्दि लहुम् कम् अह्लक्ना मिन् क़ब्लिहिम् मिनल्क़ुरूनि यम्शून फ़ी मसाकिनिहिम् त् अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयातिन् त् अफ़ला यस्मअून (२६) अ व लम् यरौ अन्ना नसूक़ुल्मा अ अिलल्-अर्ज़िल् जुरुज़ फ़नुख़्रिजु बिहष् ज़र्अन् तअ्कुलु मिन्हु अन्आमुहुम् व अन्फ़ुसुहुम् त् अफ़ला युब्सिरून (२७) ● व यक़ूलून मता हाज़लफ़त्हु अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (२८) क़ुल् यौमल्फ़त्हि ला यन्फ़अुल्लज़ीन कफ़रू अीमानुहुम् व ला हुम् युन्ज़रून (२९) फ़अ़रिज़् अन्हुम् वन्तज़िर् अिन्नहुम् मुन्तज़िरून (३०) ★

✪ ३३ सूरतुल् - अह्ज़ाबि ९० ✪

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के ५६०६ हुरूफ़, १२१० शब्द, ७३ आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

या अैयुहन्नबीयुत् - तक़िल् - लाह व ला तुत्तिअिल् - काफ़िरीन वल्मुनाफ़िक़ीन त् अिन्नल्लाह कान अलीमन् हकीमन् ला (१) व'त्तबिअ़ मा यूहा अिलैक मिर्रब्बिक त् अिन्नल्लाह कान बिमा तअ़मलून ख़बीरन् ला (२)

और (क़ियामत की) बड़ी सज़ा से पहले हम इनको (दुनिया में भी) अज़ाब का कुछ मज़ा चखायेंगे। शायद यह लोग (कुफ़्र से) बाज़ आयें। (२१) और उससे बढ़कर अन्यायी (ज़ालिम) कौन है कि उसको उसके परवरदिगार की आयतों से शिक्षा दी जाय और वह उनसे मुँह फेर ले। बेशक हमको ऐसे गुनहगारों से बदला लेना है। (२२) ★ रु. २ । १५ आ ११

और हमने मूसा को किताब (तौरात) दी थी तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम भी उसके मिलने से शक में न रहो और हमने उसको इसराईल के बेटों के लिए हिदायत (का ज़रिया) ठहराया था।§ (२३) और हमने इसराईल के बेटों में से पेशवा बनाये जो हमारी आज्ञा से हिदायत किया करते थे और वह सब्र पर क़ायम रहते थे और हमारी आयतों पर यक़ीन रखते थे।(२४) (ऐ पैग़म्बर!) इसराईल के बेटे जिन-जिन बातों में मतभेद करते रहे तुम्हारा परवरदिगार क़ियामत के दिन बेशक उन-उनका फ़ैसला कर देगा (२५) (ऐ पैग़म्बर!) क्या इन लोगों को इससे सूझ न आई कि हमने इनसे पहले कितनी उम्मतें खपा डालीं (और आज) यह लोग उन्हीं के घरों में चलते-फिरते हैं। बेशक इस (लौट-फेर) में बहुत पते हैं; तो क्या यह लोग सुनते (समझते) नहीं।(२६) (और) क्या इन्होंने नहीं देखा कि हम परती पड़ी हुई ज़मीन की तरफ़ पानी को हाँक देते हैं फिर उससे खेती को निकालते हैं जिनमें से इनके चौपाये भी खाते हैं और आप भी खाते हैं; तो क्या (यह लोग) देखते नहीं। (२७) ● और कहते हैं कि अगर तुम सच्चे हो तो (बतलाओ कि तुम्हारा कहा हुआ रोज़-आख़िरत का) वह फ़ैसला कब होगा? (२८) (ऐ पैग़म्बर!) जवाब दो कि जो लोग (दुनिया में) इन्कार करते रहे हैं, फ़ैसले के दिन उनका ईमान लाना उनके कुछ भी काम न आवेगा और न उनको मुहलत मिलेगी (कि फिर अपने को सवाँर सकें।) (२९) (सो ऐ पैग़म्बर!) तू उन (की बातों) का ख़्याल छोड़ और (उस क़ियामत की घड़ी की) राह देख, वे भी (तो उसी की) राह देखते हैं। (३०) ★ सु. ३ । ४ ★ रु. ३ । १६ आ ८

✪ ३३ सूरतुल्-अह्ज़ाबि ९० ✪

(मदनी) इस सूरः में अरबी के ५६०६ अक्षर, १२१० शब्द, ७३ आयतें और ६ रुकअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ नबी! अल्लाह से डरते रहो और काफ़िरों और मुनाफ़िक़ (दग़ाबाज़ों) का कहा न मानना! बेशक अल्लाह (हर चीज़ से) जानकार (और बड़ा) हिकमतवाला है। (१) और तेरे परवरदिगार से जो हुक्म तुझको आवे उसी पर चल। बेशक अल्लाह तेरे कामों से ख़बरदार है‡।(२)

§ याने क़ुर्आन का रसूल स० पर नाज़िल होना कोई पहली या नई बात नहीं है। जिस तरह इस्राईल की सन्तान के राह दिखाने के लिए हज़रत मूसा अ० पर तौरात नाज़िल हुई थी उसी तरह आज अरब के मुशरिकों को चेताने के लिए क़ुर्आन आया है। यह लोगों की नादानी है कि वे कहते हैं कि यह किताब रसूल स० ने ख़ुद गढ़ ली है। ‡ काफ़िर चाहते थे कि नबी स० उनके कहे पर आ जायँ और मुनाफ़िक़, जो बाहर से कुछ और दिल से कुछ थे, वह चाहते थे कि रसूल स० उनके फ़रेब में फँस जायँ। लेकिन आँ हज़रत स० को अल्लाह के हुक्म का ही भरोसा था।

❀ आयत २० में आये 'अह्ज़ाब' यानी संगठन के शब्द पर सूरः का नामकरण हुआ है। २ हि० रमज़ान में जंग बदर में मुसलमानों के हाथों क़ुरैश तबाह हुये थे। उसके बाद ३ हि० शव्वाल में ऊहद की जंग में मुसलमानों का पल्ला हलका होने से यहूदियों, मुशरिकों और मुनाफ़िक़ों के हौसले बढ़ [पिज ६८६ पर]

(ऐ पैग़म्बर! इन मुशरिकों से) कहो कि अल्लाह के सिवाय जिनको तुम (पूज्य) समझते हो उनको बुलाओ। वह आसमानों और ज़मीन में ज़र्रा भर अधिकार नहीं रखते और न आसमान ज़मीन में इनका कुछ साझा है और न इनमें कोई अल्लाह का मददगार ही है। (२२) और अल्लाह के यहाँ (किसी के लिए) सिफ़ारिश काम नहीं आती सिवाय उसके लिए जिसकी बाबत वह (अल्लाह ही सिफ़ारिश की) इजाज़त दे, यहाँ तक कि जब उनके दिलों से घबराहट उठ जावेगी तब (आपस में) कहेंगे तुम्हारे परवरदिगार ने क्या फ़र्माया? वे कहेंगे जो हक़ है, और वही सबसे ऊपर और श्रेष्ठ है। (२३) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) पूछो कि तुमको आसमानों और ज़मीन से कौन रोज़ी देता है? कहो कि अल्लाह! और हम या तुम दो में से एक तो) अवश्य सच राह पर है और (दूसरा) खुली हुई गुमराही में। (२४) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि हमारे गुनाहों की पूछ तुमसे न होगी और न तुम्हारे गुनाहों की पूछ-ताछ हमसे। (२५) (और) कह दो कि हमारा परवरदिगार (क़ियामत के दिन) हम सबको जमा करेगा फिर हममें न्याय के साथ फ़ैसला कर देगा। और वह बड़ा इंसाफ़ चुकानेवाला और बड़ा जानकार है। (२६) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो जिनको तुम (अल्लाह का) शरीक बनाकर अल्लाह के साथ मिलाते हो उन्हें मुझे दिखलाओ तो। (याद रखो कि उसका शरीक) कोई नहीं बल्कि वही अल्लाह ज़बरदस्त और हिकमतवाला है। (२७) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमको तमाम लोगों की तरफ़ भेजा है कि उनको (अल्लाह की रहमत की) ख़ुशख़बरी सुनाओ और (अल्लाह के अज़ाब से) डराओ मगर अक्सर लोग नहीं समझते। (२८) और (ये काफ़िर तुमसे पूछते हैं कि बताओ) अगर तुम सच्चे हो तो यह (क़ियामत का) वादा कब पूरा होगा? (२९) कह दो कि तुम्हारे साथ एक दिन का वादा (नियत) है तुम न उसके एक घड़ी पीछे रह सकोगे और न आगे बढ़ सकोगे। (३०) ★ ● रु. १३ | ६ आ ६ ● नि. २१ | १

और इन्कारी कहने लगे कि हम इस क़ुर्आन को कभी न मानेंगे और न इससे पहली किताबों को। और (ऐ पैग़म्बर!) काश तुम देखो जब (क़ियामत के दिन यह) ज़ालिम अपने परवरदिगार के सामने खड़े किये जायँगे। एक दूसरे के मत्थे (दोष) मढ़ रहा होगा, कि कमज़ोर (यानी पीछे चलने वाले लोग अपने अगुआ) बड़े लोगों से कहेंगे कि अगर तुम न होते तो हम ज़रूर ईमानवाले होते। (३१)

[पेज ७११ से] ✪ शीशे के महल में असा (लाठी) के सहारे इबादत में बैठ गये। उनकी वफ़ात के साल बाद तक जिन उन्हें ज़िन्दः समझ कर मसजिद की तामीर करते रहे। घुन खाने से जब लाठी गिर पड़ी तब ह० सुलैमान का मुर्दा जिस्म भी गिर पड़ा। जिन्न, जो लोगों पर अपने इल्म ग़ैब का दावा करते थे, अपने मालिक की मौत तक न जान पाने पर बड़े शर्मिन्दा हुये। [पेज ७११ से] ✪ चाहा उनके सफ़र दूर दूर हों। चुनाँचे अल्लाह ने अपनी बरकत वापस ली। वह आबाद बस्तियाँ उजड़ गईं। बाँध बिखर गये। सबा की नामवर क़ौम मिटकर उनकी कहानियाँ ही बाक़ी रह गईं।

§ देखिये सू. आराफ़ आयत १६-१७ व फ़ुटनोट पृष्ठ २६३ पर। शैतान ने यह क़स्द किया था कि वह इन्सान को हमेशा गुमराह करता रहेगा।

क़ाल्लज़ीनस्तक्बरू लिल्लज़ीनस्तुज़्अिफ़ू अ नह्नु सद्दनाकुम् अ्निल्हुदा बअ्द अिज् जा'अकुम् बल् कुन्तुम् मुज्रिमीन (३२) व क़ाल्लज़ीनस्तुज़्अिफ़ू लिल्लज़ीनस्तक्बरू बल् मक्रुल्लैलि वन्नहारि अिज् तअ्मुरूनना अन् नक्फ़ुर बिल्लाहि व नज्अ्अल लहू अन्दादन् त् व असर्रुन्नदामत लम्मा रअवुल्-अ्ज़ाब त् व जअ्ल्नल्-अग़्लाल फ़ी अ़ऩाक़िल्लज़ीन कफ़रू त् हल् युज़्ज़ौन अिल्ला मा कानू यअ़्मलून (३३) व मा अर्सल्ना फ़ी क़र्यतिम्-मिन् नज़ीरिन् अिल्ला क़ाल मुत्रफ़ूहा ला अिन्ना बिमा अुर्सिल्तुम् बिहि काफ़िरून (३४) व क़ालू नह्नु अक्सरु अम्वालौंव औलादन् ला व मा नह्नु बिमुअ्ज़्ज़बीन (३५) क़ुल् अिन्न रब्बी यब्सुतुर्-रिज़्क़ लिमैंयशा'अु व यक़्दिरु व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ़्लमून (३६) ★ व मा अम्वालुकुम् व ला औलादुकुम् बिल्लती तुक़र्रिबुकुम् अिन्दना ज़ुल्फ़ा अिल्ला मन् आमन व अमिल सालिहन् ज् फ़अुला'अिक लहुम् जज़ा'अुज़्-ज़िअ़्फ़ि बिमा अमिलू व हुम् फ़िल्ग़ुरफ़ाति आमिनून (३७) वल्लज़ीन यस्अौन फ़ी आयातिना मुआ़जिज़ीन अुला'अिक फ़िल्-अ़ज़ाबि मुह्ज़रून (३८) क़ुल् अिन्न रब्बी यब्सुतुर्रिज़्क़ लिमैंयशा'अु मिन् अिबादिहि व यक़्दिरु लहू त् व मा अन्फ़क़्तुम् मिन् शैअिन् फ़हुव युख़्लिफ़ुहू ज् व हुव ख़ैरुर्-राज़िक़ीन (३९) व यौम यह्शुरुहुम् जमीअन् सुम्म यक़ूलु लिल्मला'अिकति अहा'अुला'अि अीयाकुम् कानू यअ़्बुदून (४०)

(इस पर) बड़े लोग कमज़ोरों से कहेंगे कि जब तुम्हारे पास (अल्लाह की ओर से) हिदायत आई तो क्या उसके आने के बाद हमने तुमको उस (पर चलने) से रोका था ? नहीं, बल्कि तुम थे ही गुनहगार। (३२) और (तब) कमज़ोर लोग बड़े लोगों से कहेंगे (नहीं) रात-दिन के तुम्हारे फ़रेब ने हमें गुमराह कर रखा था जब तुम हमसे कहते थे कि हम अल्लाह को न मानें और उसके साथ दूसरे पूजित ठहरावें। और जब यह लोग अज़ाब को देखेंगे तो दिल में पछतायेंगे। और (उस समय) हम काफ़िरों की गर्दनों में तौक़ डलवा देंगे। बस जैसे-जैसे काम ये लोग करते रहे हैं उन्हीं का बदला पावेंगे। (३३) और हमने (जब भी) जिस बस्ती में डरानेवाला भेजा वहाँ के आसूदा (सम्पन्न)लोगों ने (यही) कहा कि जो(हिदायत) तुम लाये हो हम उसे नहीं मानते। (३४) और (इसी तरह ये मक्के के काफ़िर भी मुसलमानों से) कहते हैं कि हम माल और औलाद में (तुम्हारे मुक़ाबिले दुनिया में) अधिक हैं। और (यह निशानी है कि कभी) हम अज़ाब पाने वाले नहीं होंगे। (३५) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि मेरा परवरदिगार जिसकी रोज़ी चाहता है ज्यादा कर देता है और (जिसकी चाहता है) कम। मगर बहुत लोग नहीं जानते (३६) ★

और तुम्हारे माल और तुम्हारी औलाद यह ज़रिया नहीं कि तुमको हमारा नगीची बनावे सिवाय जो ईमान लाया और उसने नेक काम किये; ऐसे मनुष्यों के लिए उनके काम का दुगना बदला है और वह बालाख़ानों में इत्मीनान से बैठे होंगे।(३७) और जो लोग हमारी आयतों के बारे में हराने की कोशिश करते हैं वह अज़ाब में पकड़ लाये जायँगे।(३८) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि मेरा परवरदिगार अपने सेवकों में से जिसकी रोज़ी चाहता है बढ़ा देता है और (जिसकी चाहता है) तंग कर देता है। और तुम लोग कुछ भी (अल्लाह की राह में) ख़र्च करो वह उसका बदला देगा। और वह सब रोज़ी देनेवालों से अच्छा (रोज़ी देनेवाला) है। (३९) और जिस दिन अल्लाह सब लोगों को जमा करेगा फिर फ़रिश्तों से पूछेगा कि क्या यही थे जो तुम्हारी पूजा किया करते थे। (४०)

★ रु. ४०/१ आ ६

[पेज ७१६ से] अधिकारी सृष्टि, पालन और संहार का मालिक अल्लाह ही है। वह किसी के नेक अमलों पर उसको निअ्मतें देता है तो भी उसकी रहमत है और अगर किसी को अज़ाब देता है तो भी उसकी रहमत है—क्योंकि वह अपनी हिदायत, अपने पैग़म्बर और एक बड़ी मुद्दत तक अपने को सवाँर लेने के लिए मौक़ा देकर ही अज़ाब नाज़िल करता है। इस सूरः में दुनियावी घटनाओं के चरचे में न पड़ कर यह समझाने की ज्यादः कोशिश की गई है कि इन्सान की ज़िन्दगी या आँखों से दिखाई देने वाली क़ुदरत—सब यही गवाही देते हैं कि यह सारा निज़ाम अल्लाह ही के हुक्म पर चल रहा है। अल्लाह ही सत्यस्वरूप है, इसलिए सत्य ही टिकाऊ है। असत्य और कुफ़्र को सत्य हमेशा नेस्तनाबूद कर देता है। छोटे से छोटा नेक अमल भी कभी बेकार नहीं जाता और वह सीधे अल्लाह तक पहुँचता है। उस पर अल्लाह की ओर से सब तौर पर जिस्मानी व रूहानी मदद मिलती है और उसका दिल व अमल (निष्ठा और कर्म) दिन ब दिन नेकियों ही की ओर रूजू होता रहता है। जब कि बुरे आमाल की पहुँच उनके लिए नियत किए हुये दोज़ख़ पर है।

क़ालू सुब्हानक अन्त वलीयुना मिन् दूनिहिम् ज् बल् कानू यअ्बुदूनल् - जिन्न ज् अक्सरुहुम् बिहिम् मुअ्मिनून (४१) फ़ल्यौम ला यम्लिकु बअ़्ज़ुकुम् लिबअ़्ज़िन् नफ़्अ़ौंव ला ज़र्रन् त् व नक़ूलु लिल्लजीन जलमू जूक़ू अ्जाबन्नारिल्लती कुन्तुम् बिहा तुकज्जिबून (४२) व अिजा तुत्ला अ्लैहिम् आयातुना बैयिनातिन् क़ालू मा हाजा अिल्ला रजुलुंय्युरीदु अंय्यसुद्दकुम् अ्म्मा कान यअ़्बुदु आबाअुकुम् ज् व क़ालू मा हाजा अिल्ला अिफ़्कुम् - मुफ़्तरन् त् व क़ाललल्लजीन कफ़रू लिल्हक़्क़िक़ लम्मा जाअहुम् ला अिन् हाजा अिल्ला सिहरुम् - मुबीनुन् (४३) व मा आतैनाहुम् मिन् कुतुबींयद् - रुसूनहा व मा अर्सल्ना अिलैहिम् क़ब्लक मिन् नजीरिन् त् (४४) व कज्जबल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् ला व मा बलगू मिअ़्शार मा आतैनाहुम् फ़कज्जबू रुसुली क़िफ़् फ़कैफ़ कान नकीरि (४५) ★ क़ुल् अिन्नमा अअि़ज़ुकुम् बिवाहिदतिन् ज् अन् तक़ूमू लिल्लाहि मस्ना व फ़ुरादा सुम्म ततफ़क्करू क़िफ़् मा बिसाहिबिकुम् मिन् जिन्नतिन् त् अिन् हुव अिल्ला नजीरुल्लकुम् बैन यदै अ्जाबिन् शदीदिन् (४६) क़ुल् मा सअल्तुकुम् मिन् अज्रिन् फ़हुव लकुम् ज् अिन् अज्रिय अिल्ला अ्लल्लाहि ज् व हुव अ्ला कुल्लि शैअिन् शहीदुन् (४७) क़ुल् अिन्न रब्बी यक़्ज़िफ़ु बिल्हक़्क़िक़ ज् अ्ल्ला मुल्गुयूबि (४८) क़ुल् जा अ्ल्हक़्क़ु व मा युब्दिअु - बातिलु व मा युअ़ीदु (४९) क़ुल् अिन् ज़ल्लतु फ़अिन्नमा अअि़ल्लु अ्ला नफ़्सी ज् व अिनिह्तदैतु फ़बिमा यूही अिलैय रब्बी त् अिन्नहू समीअुन् क़रीबुन् (५०) व लौ तरा अिज् फ़ज़िअू फ़ला फ़ौत व अुख़िजू मिम्मकानिन् क़रीबिन् ला (५१)

वह बोलेंगे (या अल्लाह !) तू पाक है, हमको तुझसे सरोकार है, इनसे नहीं। बल्कि यह लोग जिन्नों को पूजा करते थे। इनमें अक्सर इन (जिन्नों) पर ही यक़ीन रखते हैं। (४१) सो आज तुममें एक दूसरे के भले-बुरे का मालिक नहीं। और हम उन पापियों से कहेंगे कि जिस (दोज़ख़ की) आग को तुम झुठलाते थे उसका मज़ा चखो। (४२) और जब हमारी खुली-खुली आयतें उनके सामने पढ़कर सुनाई जाती हैं तो कहते हैं कि यह (मुहम्मद स०) एक आदमी है कि इसका मतलब यह है कि जिनको तुम्हारे बाप-दादा पूजा करते थे तुमको उनसे रोक दे। और कहते हैं कि यह (क़ुर्आन तो अपनी ओर से इसका) बस निरा झूठ गढ़ा हुआ है। और मुन्किर (काफ़िर) जब उनके पास सच्ची बात आई तो वह उसकी निस्बत कहने लगे कि यह तो ज़ाहिरा जादू है। (४३) और हमने इन (मक्का के मुशरिकों) को किताबें नहीं दीं कि उनको पढ़ते हों और (ऐ नबी !) न तुमसे पहले इनकी तरफ कोई डरानेवाला भेजा (फिर भी क़ुर्आन और तुम्हारा इस्तक़बाल नहीं करते)। (४४) और इनसे अगले (ज़माने के) लोगों ने (भी पैग़म्बरों को) झुठलाया था। और जो (रुतबा) हमने उन लोगों को दे रखा था यह (मुशरिक) लोग (तो अभी) उसके दसवें हिस्से को भी नहीं पहुँचे फिर उन्होंने मेरे पैग़म्बरों को झुठलाया, तो मेरा (उन पर) कैसा अज़ाब हुआ। (४५) ★

(ऐ पैग़म्बर ! तुम इनसे) कहो कि मैं तो तुमको बस एक नसीहत (शिक्षा) करता हूँ, कि अल्लाह के काम के लिए दो-दो और एक-एक उठ खड़े हो फिर ध्यान दो कि तुम्हारे दोस्त (मुहम्मद स०) को किसी तरह का जनून नहीं है। यह तो तुमको आगे आनेवाली (अल्लाह के अज़ाब की) एक बड़ी आफ़त से डरानेवाला है। (४६) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि मैं तुमसे (इस हिदायत के बदले) कुछ मज़दूरी नहीं चाहता, वह तुम्हीं को मुबारक हो। मेरी मज़दूरी तो अल्लाह क ज़िम्मे है और वह हर चीज़ का गवाह है। (४७) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि मेरा परवरदिगार ऊपर से हक़ (सत्य) उतार रहा है और वह ग़ैबों (छिपी हुई बातों) को ख़ूब जानता है। (४८) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि सत्य आ पहुंचा और झूठ से न तो कभी बन पड़ता है और न आगे बन पड़ेगा। (४९) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि अगर (तुम्हारे कहने के मुताबिक़) मैं गुमराही में हूँ तो गुमराह होकर अपना ही बुरा करूँगा और अगर (सच्ची) राह पर हूँ तो वह उस 'वही' (ईश्वरीय सन्देशे) के सबब से है जिसे मेरा परवरदिगार मेरी तरफ़ भेजता है। बेशक 'वह' (सब कुछ) सुननेवाला नज़दीक (से नज़दीक) है। (५०) और (ऐ पैग़म्बर !) काश (वह घड़ी आवे कि) तू देखे जब यह घबड़ाये होंगे फिर भागकर नहीं बचेंगे और पास के पास से पकड़ जायँगे। (५१)

रु. ५ ११ आ ६

व'व क़ालू आमन्ना बिहि ज व अन्ना लहुमुत्-तनावुशु मिम्-मकानिम्-बअ़ीदिन् ज सला (५२) व'व क़द् कफ़रू बिहि मिन् क़ब्लु ज व यक़्जिफ़ून बिल्ग़ैबि मिम्-मकानिम्-बअ़ीदिन् (५३) व हील बैनहुम् व बैन मा यश्तहून कमा फ़ुअ़िल बि-अश्याअ़िहिम् मिन् क़ब्लु त् अिन्नहुम् कानू फ़ी शक्किम्-मुरीबिन् (५४) ★

✱ ३५ सूरतु फ़ातिरिन् ४३ ✱

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३२८६ हुरूफ़, ७६२ शब्द, ४५ आयतें और ५ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अल्हम्दु लिल्लाहि फ़ातिरिस्समावाति वल्अर्ज़ि जाअ़िलिल्-मला अिकति रुसुलन् उली अज्नि़हतिंव्-मस्ना व सुलास व रुबाअ़ त् यज़ीदु फ़िल्ख़ल्क़ि मा यशा अु त् अिन्नल्लाह अ़ला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१) मा यफ़्तहिल्लाहु लिन्नासि मिर्रहमतिन् फ़ला मुम्सिक लहा ज व मा युम्सिक् ला फ़ला मुर्सिल लहू मिम्बअ़्दिही त् व हुवल्-अ़ज़ीज़ुल्-हकीमु (२) या अैयुहन्नासुज्-कुरू निअ़्मतल्लाहि अ़लैकुम् त् हल् मिन् ख़ालिक़िन् ग़ैरुल्लाहि यर्ज़ुक़ुकुम् मिनस्समा अि वल्अर्ज़ि त् ला अिलाह अिल्ला हुव ज् सला फ़अन्ना तुअ़्फ़कून (३) व अिंयुकज्जिबूक फ़क़द् कुज्जिबत् रुसुलुम्-मिन् क़ब्लिक त् व अिलल्लाहि तुर्जअ़ुल्-अुमूरु (४) या अैयुहन्नासु अिन्न वअ़्दल्लाहि हक़्क़ुन् फ़ला तग़ुर्रन्नकुमुल्-ह़यातुद्दुन्या वक़्फ़: व ला यग़ुर्रन्नकुम् बिल्लाहिल्-ग़रूरु (५) अिन्नश्शैतान लकुम् अ़दूवुन् फ़त्तख़िज़ूहु अ़दूवन् त् अिन्नमा यद्अू हिज़्बहू लियकूनू मिन् अस्ह़ाबिस्सअ़ीरि त् (६) अल्लज़ीन कफ़रू लहुम् अ़ज़ाबुन् शदीदुन् ० त् वल्लज़ीन आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति लहुम् मग़्फ़िरतुंव अज्रुन् कबीरुन् (७) ★

और (तब बेबसी में) कहेंगे हम उस पर ईमान लाये। और (इतनी) दूर जगह से कैसे इनके हाथ (ईमान) आ सकता है।§ (५२) और पहले उससे इन्कार करते रहे, और बे देखे-भाले दूर ही से (अटकलें) तुक्के चलाते रहे। (५३) और इनमें और इनकी उम्मीदों के बीच में एक रुकावट पैदाकर दी गई, जैसा पहले उनके जैसों के साथ किया गया। वे भी (इन्हीं की तरह) शक और भरम में (पड़े) थे। (५४) ★ रू. ६/१२ आ ६

✪ ३५ सूरः फ़ातिर ४३ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३२८६ अक्षर, ७६२ शब्द, ४५ आयतें और ५ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हर तरह की तारीफ़ अल्लाह ही को है जो आसमान और ज़मीन का पैदा करनेवाला है। (और) जो फ़रिश्तों को (अपना) पैग़ाम पहुँचाने पर मुक़र्रर करनेवाला है जिनके दो-दो और तीन-तीन और चार-चार (तक) पर हैं। पैदायश में जो चाहता है बढ़ा देता है†। बेशक अल्लाह हर चीज़ करने पर शक्तिमान है। (१) अल्लाह जो लोगों पर (अपनी) रहमत खोल दे तो कोई उसको बन्द करनेवाला नहीं और बन्द कर ले तो उसके अलावा कोई उसको जारी करनेवाला नहीं, और वही बड़ा ज़ोरावर बड़ा हिकमतवाला है। (२) ऐ लोगो! अल्लाह के जो इहसान तुम पर हैं उनको याद करो। अल्लाह के सिवाय क्या कोई पैदा करनेवाला है जो आसमान और ज़मीन से तुमको रोज़ी दे? उसके सिवाय कोई (और पूज्य) इलाह नहीं। फिर तुम किधर उलटे बहके चले जा रहे हो? (३) और (ऐ पैग़म्बर तुम्हारे ज़माने के यह काफ़िर) अगर तुमको झुठलायें तो (कोई नई बात नहीं,) तुमसे पहले भी कितने ही पैग़म्बर झुठलाये जा चुके हैं। और सब काम अल्लाह ही की तरफ़ फिरते हैं। (४) लोगो! बेशक अल्लाह का वादा (क़ियामत का) सच्चा है सो ऐसा न हो कि दुनिया की ज़िन्दगी तुमको धोखे में डाल दे, और न ऐसा हो कि दग़ाबाज़ (शैतान) अल्लाह के बारे में तुमको धोखा दे (और आख़िरत में हमेशा के लिए तुम घाटे में रह जाओ)। (५) बेशक शैतान तुम्हारा दुश्मन है, सो उसको दुश्मन ही समझे रहो। वह तो अपने लोगों को (अपनी ओर) सिर्फ़ इस ग़रज़ से बुलाता है कि वह लोग दोज़ख़वालों में हों। (६) जो लोग इन्कार करनेवाले हुये उनको सख़्त अ़ज़ाब होना है। और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये उनके लिए बख़्शिश और बड़ा बदला है। (७) ★ रू. १/१३ आ ७

---

§ यानी ईमान लाने का वक़्त तो दुनिया में निकल गया जब ये मदहोश रहे। † याने चार से ज़्यादा भी पर बाज़-बाज़ के हैं। ह० जिब्रील अ० के छः सौ पर हैं। देखिये सूरः फ़ातिर की भूमिका इसी पृष्ठ पर।

❀ सूरः की पहली आयत में शब्द फ़ातिर (सिरजनहार) आया है। उसी शब्द पर सूरः का नामकरन है। इसका नाज़िल होने का समय रिसालत के मक्की जीवन के आरंभकाल की समाप्ति समझा जाता है। सूरः का दूसरा नाम 'अल् मलाइकः' (अल् फ़रिश्तः) भी है, चूँकि फ़रिश्तों की चरचा भी पहली ही आयत में है। फ़रिश्तों के सम्बन्ध में आलिमों का मत है कि यह अल्लाह के ख़ास सेवक हैं जो इन्सानों को नज़र नहीं आते; उनके पर होते हैं। वे भी अल्लाह की ही सृष्टि हैं और अल्लाह के ही हुक्म पर चलते हैं। ख़िलक़त (सृष्टि) में हर चीज़ (जड़ और जंगम) अल्लाह की मुहताज है। पूजा और स्तुति का एकमात्र [पेज ७१५ पर]

अफ़मन् ज़ुय्यिन लहू सूउ अमलिहीफ़ रआहु हसनन् फ़इन्नल्लाह युज़िल्लु मैंयशाउ व यह्दी मैंयशाउ फ़ला तज़्हब् नफ़्सुक अलैहिम् हसरातिन् इन्नल्लाह अलीमुम् - बिमा यस्नअून (८) वल्लाहुल्लजी अर्सलर् - रियाह फ़तुसीरु सह़ाबन् फ़सुक़्नाहु अिला बलदिम् - मैयितिन् फ़अह़्यैना बिहिल्अर्ज़ बअ़्द मौतिहा कजालिकन् - नुशूरु (९)

मन् कान युरीदुल् - अिज़्ज़त फ़लिल्लाहिल् - अिज़्ज़तु जमीअन् अिलैहि यस्अदुल् - कलिमुत्तैयिबु वल् - अमलुस्सालिहु यर्फ़अुहू वल्लजीन यम्कुरूनस् - सैयिआति लहुम् अजाबुन् शदीदुन् व मक्रु अुलाअिक हुव यबूरु (१०) वल्लाहु ख़लक़कुम् मिन् तुराबिन् सुम्म मिन् नुत्फ़तिन् सुम्म जअलकुम् अज़्वाजन् व मा तह़्मिलु मिन् अुन्सा व ला तज़अु अिल्ला बिअिल्मिहीफ़ व मा युअम्मरु मिम् - मुअम्मरिव्व ला युन्क़सु मिन् अुमुरिहीफ़ अिल्ला फ़ी किताबिन् अिन्न जालिक अलल्लाहि यसीरुन् (११) व मा यस्तविल् - बह़ूरानि क़ सला हाजा अज्बुन् फ़ुरातुन् साअिगुन् शराबुह़ व हाजा मिल्हुन् अुजाजुन् व मिन् कुल्लिन् तअ्कुलून लह़ूमन् तरीयौंव तस्तख़्रिजून ह़िल्यतन् तल्बसूनहा ज व तरल्फ़ुल्क फ़ीहि मवाख़िर लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिहीफ़ व लअल्लकुम् तश्कुरून (१२) यूलिजुल्लैल फ़िन्नहारि व यूलिजुन्नहार फ़िल्लैलि ला व सख़्ख़रश्शम्स वल्क़मर ज सला कुल्लुंय्यजरी लिअजलिम् - मुसम्मन् जालिकुमुल्लाहु रब्बुकुम् लहुल्मुल्कु वल्लजीन तद्अून मिन् दूनिहीफ़ मा यम्लिकून मिन् क़ित्मीरिन् (१३)

भला क्या वह शख़्स जिसको उसके कुकर्मों को (शैतान की प्रेरणा से) सुकर्म करके दिखाया गया और वह उसको अच्छा समझता है (तो क्या वह नेक लोगों की तरह हो सकता है ? नहीं, कभी नहीं)। अल्लाह जिसको चाहता है गुमराह करता है और जिसको चाहता है सीधी राह दिखाता है,§ तो इन लोगों (के कुफ़्र) पर अफ़सोस करके तुम्हारी जान न जाती रहे। जैसे-जैसे कर्म (यह लोग) कर रहे हैं अल्लाह उनसे बख़ूबी जानकार है।(८) और अल्लाह ही है जो हवाएँ चलाता है, फिर हवाएँ बादल को उभारती हैं, फिर हम बादल को एक मरे (सूखे) देस की तरफ़ हाँक देते हैं, फिर हम (मेंह के ज़रिये) ज़मीन को उसके मुर्दा (सूखी) होने के बाद ज़िन्दः कर देते हैं। इसी तरह (मुर्दों का भी) जी उठना है। (९) जो इज़्ज़त का चाहनेवाला हो तो (उसे जान लेना चाहिए कि) इज़्ज़त तो सब अल्लाह को है। भली बातें (और भले अमल कभी नष्ट नहीं होते, वह) अल्लाह तक पहुँचते हैं और भले काम उनको ऊँचा उठाते हैं। और जो लोग बुरी तदबीरें करते रहते हैं उनको सख़्त अज़ाब होगा और उनकी तदबीरें मटियामेट हो जायँगी।(१०) और अल्लाह ही ने तुमको मिट्टी से पैदा किया फिर बूँद पानी से फिर (तुमको) जोड़े-जोड़े बनाया। और न कोई औरत गर्भ रखती है और न वह जनती है बग़ैर अल्लाह के इल्म के। और न बड़ी उम्रवाला उम्र पाता है और न किसी की उम्र घटती है सिवाय (उसके जैसा लौह महफ़ूज़) किताब में लिखा है। यह अल्लाह पर (बिलकुल) आसान है।(११) और दो नदी एक तरह की नहीं हैं कि एक का पानी मीठा पीने में स्वादिष्ट और प्यास बुझानेवाला और एक का पानी खारी कड़वा। और दोनों (ही नदियों) में से (मछलियाँ शिकार करके) ताज़ा गोश्त खाते और ज़ेवर (यानी मोती) निकालते हो जिनको पहनते हो। और तुम देखते हो कि कश्तियाँ नदियों में (पानी को) फाड़ती चली जाती हैं ताकि तुम अल्लाह की कृपा (से अपने लिए उस ज़रिये से रोज़ी) तलाश करो और शायद तुम (यह सब देखकर अल्लाह का) शुक्र मानो। (१२) (वही) रात को दिन में और दिन को रात में दाख़िल करता है और (उसी ने) सूर्य और चन्द्रमा को काम पर लगा रखा है। कि हर एक एक ठहरायी मियाद पर चल रहा है। यही अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार है, उसी का (सारे आलम में) राज्य है। और उसके सिवाय जिन (पूजितों) को तुम पुकारा करते हो वे ज़रा-सा भी अधिकार नहीं रखते।(१३)

§ इसका मंशा यह नहीं लगाना चाहिये कि अल्लाह भले बुरे का ज़िम्मेदार है और हम अपनी करनी से बरी ज़िम्मा हैं। मतलब यह है कि अल्लाह ने विवेक और ज्ञान सारी सृष्टि में इन्सान ही को दिया है। फिर वक़्त वक़्त पर लोगों को चेतावनी देनेवालों और उस विवेक और ज्ञान की ओर बुलानेवालों को भी अल्लाह भेजता रहता है। लेकिन इस पर भी जो इन्सान न सिर्फ़ कुफ़्र (अधर्म) इख़्तियार करे बल्कि उसी पर हमेशा चलने लग जाये तो वह शैतान का पूरा पैरो है। अल्लाह की क़ुदरत का यह निज़ाम है कि ये लोग कभी नेक राह पर आने की सूझ न पायेंगे, ठीक वैसे ही जैसे ईमानवालों को भटक जाने पर भी अल्लाह की क़ुदरत पग पग पर माफ़ करती है और सही राह सुझाती है। अपने भले बुरे अंजाम के महज़ हज़रत इन्सान ही ज़िम्मेदार हैं।

[पेज ७२७ से] आ. १८ में हुक्म हुआ है कि यह सब तुम्हारे आमाल ही हैं जो सगुन या असगुन होकर तुम्हारे सामने आते हैं। आ. ४७-५० में काफ़िरों की जिहालत की बहसों का माक़ूल जवाब देते हुये आ. ५१ में क़ियामत व आख़िरत का नक़्शा खींचा गया है। आ. ६६ में दीन की पाक हिदायतों को गढ़ी शायरी होने के एतराज़ की निन्दा की गई है। अल्लाह सर्वशक्तिमान है। दुनिया में आखों दिखाई देने वाला क़ुदरत का निज़ाम ही यह यक़ीन दिलाने को काफ़ी है कि क़ियामत में मुर्दों को जिला उठाना अल्लाह के लिए बिलकुल आसान है। मरने के बाद मुतबर्रिक मौक़ों पर सूरः यासीन का पाठ किया जाता है।

अिन् तद्अूहुम् ला यस्मअू दुआ'अकुम् ज व लौ समिअू मस्तजाबू लकुम् त् व यौमल्क़ियामति यक्फ़ुरून बिशिर्किकुम् त् व ला युनब्बिअुक मिस्लु ख़बीरिन् (१४) ★ ● या अैयुहन्नासु अन्तुमुल् - फ़ुक़रा'अु अिलल्लाहि ज् वल्लाहु हुवल् - ग़नीयुल् - हमीदु (१५) अींयशअ् युज्हिब्कुम् व यअ्ति बिख़ल्क़िन् जदीदिन् ज (१६) व मा जालिक अलल्लाहि बिअज़ीज़िन् (१७) व ला तज़िरु वाज़िरतूंविज़्र अुख़्रा त् व अिन् तद्अु मुस्क़लतुन् अिला हिम्लिहा ला युहमल् मिन्हु शैअूंव लौ कान जाक़ुर्बा त् अिन्नमा तुन्जिरुल्लजीन यख़्शौन रब्बहुम् बिल्ग़ैबि व अक़ामुस्सलात त् व मन् तज़क्का फ़अिन्नमा यतज़क्का लिनफ़्सिहत् व अिलल्लाहिल् - मसीरु (१८) व मा यस्तविल् - अअ़्मा वल्बसीरु ला (१९) व लज्जुलुमातु व लन्नूरु ला (२०) व लज़्ज़िल्लु व लल्हूरूरु ज् (२१) व मा यस्तविल् - अह्या'अु व लल्अम्वातु त् अिन्नल्लाह युस्मिअु मैंयशा'अु ज् व मा' अन्त बिमुस्मिअिम् - मन् फ़िल्क़ुबूरि (२२) अिन् अन्त अिल्ला नज़ीरुन् (२३) अिन्ना' अर्सल्नाक बिल्हक़्क़िब् बशीरौंव नज़ीरन् त् व अिम्मिन् अुम्मतिन् अिल्ला ख़ला फ़ीहा नज़ीरुन् (२४) व अींयुकज्जिबूक फ़क़द् कज्जबल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् ज् जा'अत्हुम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति व बिज़्ज़ुबुरि व बिल् - किताबिल् - मुनीरि (२५) सुम्म अख़ज्तुल्लजीन कफ़रू फ़कैफ़ कान नकीरि (२६) ★ अलम् तर अन्नल्लाह अन्ज़ल मिनस्समा'अि मा'अन् ज फ़अख़्रज्ना बिहत् समरातिम् - मुख़्तलिफ़न् अल्वानुहा त् व मिनल् - जिबालि जुददुम् - बीज़ूँ - व हुम्रुम् - मुख़्तलिफ़ुन् अल्वानुहा व ग़राबीबु सूदुन् (२७) व मिनन्नासि वद्दवा'ब्बि वल् - अन्आमि मुख़्तलिफ़ुन् अल्वानुहू कजालिक त् अिन्नमा यख़्शल्लाह मिन् अिबादिहिल् - अुलमा'अु त् अिन्नल्लाह अज़ीज़ुन् ग़फ़ूरुन् (२८)

अगर तुम उनको पुकारो तो वह तुम्हारा पुकारना नहीं सुनेंगे और सुनें भी तो तुम्हारी दुआ क़बूल नहीं कर सकते। और क़ियामत के दिन (वे तुम्हारे पूज्य) तुम्हारे शरीक ठहराने से इन्कार करेंगे। और जैसी ख़बर रखनेवाला (अल्लाह तुमको) बतावेगा वैसा और कोई तुमको न बतावेगा। (१४) ★ ●

लोगो ! तुम अल्लाह के मुहताज हो, और अल्लाह बेपरवाह (और सारी) खूबियोंवाला है (वह निस्पृह है, उसको किसी से कुछ नहीं चाहना)। (१५) वह चाहे तो तुमको हटाकर (तुम्हारी जगह कोई) और नई सृष्टि ला बसाये। (१६) और यह अल्लाह को कठिन नहीं (१७) और कोई आदमी किसी दूसरे का बोझ नहीं उठावेगा, और अगर किसी पर (पापो का बड़ा) भारी बोझ हो और वह अपना बोझ बटाने के लिए (किसी को) बुलावे तो उसका ज़रा-सा भी बोझ कोई न बटावेगा अगर्चे वह उसका रिश्तेदार ही क्यों न हो। (ऐ पैग़म्बर !) तुम तो उन्हीं लोगों को डरा सकते हो जो बेदेखे अपने परवरदिगार से डरते और नमाज़ क़ायम रखते हैं। और जो शख़्स अपने को (पवित्रता से) सवाँरता है सो अपने ही (भले के) लिए सवाँरता है। और अल्लाह की तरफ़ (आख़िरकार सबको फिर) लौटकर जाना है। (१८) और अन्धा और आँखोंवाला बराबर नहीं (१९) और न अँधेरा और उजेला, (२०) और न छाया और धूप, (२१) और न ज़िन्दे और मुर्दे बराबर हो सकते हैं। अल्लाह जिसको चाहता है सुनाता है। और जो लोग क़बरों में हैं तू उनको नहीं सुना सकता† (२२) (ऐ पैग़म्बर इसलिए कौन तुम्हारी हिदायत सुनता है कौन नहीं सुनता है इसकी फ़िक्र छोड़ो;) तुम तो बस सचेत करने (व डर सुनाने) वाले हो। (२३) बेशक हमने तुमको हक़ के साथ खुशख़बरी सुनानेवाला और (अल्लाह के अज़ाब से) डरानेवाला बनाकर भेजा है। और कोई गरोह ऐसा नहीं जिसमें कोई डरानेवाला न हो चुका हो। (२४) और अगर वह (मक्का के मुशरिक) तुझे झुठलायें तो (यह कोई नई बात नहीं !) इनसे पहले के लोगो ने भी (अपने पैग़म्बरों को) झुठलाया है। उनके पैग़म्बर उनके पास खुले चमत्कार और सहीफ़े (धर्मपत्रावली) और रौशन किताबे लेकर आते रहे। (२५) फिर मैंने (उन झुठलाने वालों और) इन्कार करनेवालो को (अज़ाब में) धर पकड़ा तो मेरी सज़ा कैसी रही ? (२६) ★

क्या तुमने नहीं देखा कि अल्लाह ने आसमान से पानी उतारा ? फिर उसके ज़रिये हमने जुदे-जुदे रंगों के फल निकाले। और पहाड़ों में (भी) जुदी-जुदी रंगतों के सामान हैं जिनमें (बाज़) सफ़ेद, लाल और बाज़ काले भुजंग (२७) और इसी तरह आदमियों और जानवरों और चारपायों की रंगतें भी कई-कई तरह की हैं (ग़रज़ अल्लाह की सृष्टि की अपार क़िस्में हैं जो गिनाई नहीं जा सकतीं)। अल्लाह से उसके वही बन्दे डरते हैं जो (इन तमाम चीज़ों में अल्लाह की अपार महिमा को देखने की सूझ और अ़िल्म यानी) समझ रखते हैं। बेशक अल्लाह बड़ा बलवान और बेहद बख़्शनेवाला है। (२८)

† अन्धा, अन्धेरा, छाया, मुर्दः—ये अज्ञान, कुफ़्र और ज़ुल्मवालों के लिए हैं जिनके रूहानी और माद्दई आँख-कान कुछ नहीं देखते सुनते। आँखोंवाला, उजेला, धूप और ज़िन्दः उनके लिए हैं तो बिना देखे भी अल्लाह को देखते और उस पर ईमान लाते, उसके हुक्म पर चलते और परहेज़गारी पर अमल करते है। जो लोग कुफ़्र (अधर्म) करते-करते जड़ हो गये हैं वे चलते फिरते भी क़बरों में दफ़न मुर्दों की तरह हैं। वे भी अल्लाह की पुकार तभी सुनेंगे जब क़ियामत में उनके हमजिन्स क़बरों के मुर्दे सुनेंगे।

अिन्नल्लजीन यत्लूना किताबल्लाहि व अक़ामुस्सलात़ व अन्फ़क़ू मिम्मा रज़क़्नाहुम् सिर्रौंव अलानियतैं यर्जून तिजारत़न्लन् तबूर ला (२९) लियुवफ़्फ़ियहुम् अुजूरहुम् व यज़ीदहुम् मिन् फ़ज़्लिहि त़ अिन्नहू ग़फ़ूरुन् शकूरुन् (३०) वल्लजी औहैना अिलैक मिनल्किताबि हुवल्हक़्क़ु मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि त़ अिन्नल्लाह बिअिबादिहि लख़बीरुम् - बसीरुन् (३१) सुम्म औरस्नल् - किताबल्-लजीनस्त़फ़ैना मिन् अिबादिना ज फ़मिन्हुम् ज़ालिमुल् - लिनफ़्सिहि ज व मिन्हुम् मुक़्तसिदुन् ज व मिन्हुम् साबिक़ुम् - बिल्ख़ैराति बिअिज़्निल्लाहि त़ जालिक हुवल् - फ़ज़्लुल् - कबीरु त़ (३२) जन्नातु अद्नीं - यद्ख़ुलूनहा युह़ल्लौन फ़ीहा मिन् असाविर मिन् जहबिंव लुअ्लुअन् ज व लिबासुहुम् फ़ीहा ह़रीरुन् (३३) व क़ालुल् - ह़म्दु लिल्लाहिल्लजी अज़्हब अन्नल् - ह़ज़न त़ अिन्न रब्बना लग़फ़ूरुन् नि शकूरुन् ला (३४) अल्लजी अह़ल्लना दारल् - मुक़ामति मिन् फ़ज़्लिहि ज ला यमस्सुना फ़ीहा नसबूँव-व ला यमस्सुना फ़ीहा लुग़ूबुन् (३५) वल्लजीन कफ़रू लहुम् नारु जहन्नम ज ला युक़ज़ा अलैहिम् फ़यमूतू व ला युख़फ़्फ़फ़ु अन्हुम् मिन् अज़ाबिहा त़ कजालिक नज़्ज़ी कुल्ल कफ़ूरिन् ज (३६) व हुम् यस्तरिख़ून फ़ीहा ज रब्बना अख़्रिज़्ना नअ्मल् सालिह़न् ग़ैरल्लजी कुन्ना नअ्मलु त़ अ व लम् नुअम्मिर् कुम् मा यतजक्करु फ़ीहि मन् तजक्कर व जा अकुमुन्नजीरु त़ फ़ज़ूक़ू फ़मा लिज़्ज़ालिमीन मिन् नसीरिन् (३७) ★ अिन्नल्लाह आलिमु ग़ैबिस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ अिन्नहू अलीमुम् - बिजातिस्सुदूरि (३८) हुवल्लजी जअ़लकुम् ख़लाअिफ़ फ़िल्अर्ज़ि त़ फ़मन् कफ़र फ़अ़लैहि कुफ़्रुहू त़ व ला यज़ीदुल् - काफ़िरीन कुफ़्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् अिल्ला मक़्तन् ज व ला यज़ीदुल् - काफ़िरीन कुफ़्रुहुम् अिल्ला ख़सारन् (३९)

जो लोग अल्लाह की किताब पढ़ते और नमाज़ क़ायम रखते और जो कुछ हमने उनको दे रखा है उसमें से छिपाकर और खुले तौर पर (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं वह ऐसे व्यापार की आस लगाये बैठे हैं जिसमें कभी घाटा नहीं हो सकता (नेककारी का छोटा से छोटा भी अमल कभी बेकार नहीं जा सकता), (२९) कि अल्लाह उनको उनका पूरा अजर (प्रतिफल) देगा और अपनी कृपा से उनको ज़्यादा भी देगा। बेशक वह बख़्शनेवाला (और नेककारों का) क़दरदान है। (३०) और (ऐ पैग़म्बर! यह) किताब जो हमने तुम पर उतारी है यह हक़ (सत्य) है (और जो किताब) इससे पहले की हैं (यह) उनकी सच्चाई की तस्दीक़ (पुष्टि) करती है। बेशक अल्लाह अपने बन्दों की (पूरी) ख़बर रखनेवाला और देखनेवाला है। (३१) फिर हमने अपने बन्दों में से उन लोगों को (इस) किताब का वारिस ठहराया जिनको हमने चुना। (लेकिन उन वारिसों में सब एक ही राह पर क़ायम नहीं हैं) फिर उनमें से कोई (तो क़ुर्आन की हिदायतों के ख़िलाफ़ चलकर ख़ुद) अपनी जानों पर ज़ुल्म कर रहे हैं, और कोई उसमें से बीच की चाल चले जाते हैं, (यानी उनकी नियत सही राह पर चलने की है लेकिन शैतान की गुमराही में कभी कभी भटक भी जाते हैं), और कोई उनमें से अल्लाह के हुक्म से नेकियों में आगे बढ़े हुए हैं। यही (अल्लाह की) बड़ी कृपा है। (३२) (और इन कृपा पाये हुए बन्दों के लिए बदला यह है) कि वहाँ बसने को बाग़ हैं, यह लोग उनमें दाख़िल होंगे, वहाँ उनको सोने के कंगन और मोती का गहना पहनाया जायगा, और उनकी पोशाक रेशमी होगी। (३३) और (वे) कहेंगे कि अल्लाह को धन्यवाद है जिसने हमसे दुख दूर कर दिया। बेशक हमारा परवरदिगार बड़ा बख़्शनेवाला क़दर करनेवाला है। (३४) जिसने हमको अपनी कृपा से (हमेशा के लिए) ठहरने के (ऐसे उम्दः) घर में उतारा; कि यहाँ हमको कोई दुख न पहुँचेगा और न यहाँ हमको थकान आवेगी। (३५) और जो लोग इन्कार करने वाले हैं उनके लिए दोज़ख़ की आग है। न तो उनको मौत आती है कि मर (कर उस दर्दनाक दुख से छुटकारा पा) जायें और न (नरक की) सज़ा ही उनसे हल्की की जाती है; हम हर नाशुक्रे (कृतघ्नी) को (इसी तरह पर) सज़ा दिया करते हैं। (३६) और यह लोग (नरक में) चिल्लाते होंगे— कि ऐ परवरदिगार! हमको (यहाँ से) निकाल (कर दुनिया में फिर ले चल) कि हम जैसे कर्म करते रहे थे वैसे नहीं (बल्कि) नेक काम करें। (तो इनसे कहा जायगा) क्या हमने तुमको इतनी उम्र नहीं दी थी कि इसमें जो कोई सोचना चाहे सोच ले और तुम्हारे पास डरानेवाला (हमारा रसूल भी) पहुँच चुका था। पस अब चखो (मज़ा अज़ाब का) कि ज़ालिमों का कोई मददगार नहीं। (३७) ★

बेशक अल्लाह आसमानों और ज़मीन की छिपी बातों को जाननेवाला है। और जो दिलों के अन्दर है वह ख़ूब जानता है। (३८) वही है जिसने तुमको ज़मीन में क़ायम मुक़ाम बनाया। फिर जो कुफ़्र करता है उसके कुफ़्र का वबाल उसी पर है और जो लोग इन्कार करते हैं उनकी इन्कारी से अल्लाह की नाख़ुशी ही बढ़ती है, और इन्कार की वजह से काफ़िरों को घाटा ही होता चला जाता है। (३९)

रुकू १८ आ १६ ११

[पेज ७२६ से] ❋ नहीं आई थी इसलिए क़ुर्आन व रसूल स० को अल्लाह ने भेजा ताकि उन्हें शिकायत न रह जाय कि हम राह पर कैसे आते हमें कोई नसीहत या चेतावनी तो पहुंची ही नहीं।

[पेज ७२६ से] ◉ उनके अनुयायियों ने वहाँ दीन का प्रचार किया। कुछ आलिमों की राय में ह० ईसा अ० के हवारियों (अनुयायियों) में से ख़ास दो शख़्स यहिया, यूनुस ये ही दो थे जिनकी मार्फ़त अन्ताकिया को अल्लाह का पैग़ाम पहुंचा। इनके बाद सैमुअल पहुँचे।

क़ुल् अरऐतुम् शुरका॑अ कुमुल्-लजीन तद्ऊन मिन् दूनिल्लाहि त़् अरूनी मा जा ख़लक़ू मिनल्अर्ज़ि अम् लहुम् शिर्कुन् फ़िस्समावाति ज् अम् आतैनाहुम् किताबन् फ़हुम् अला बैयिनतिम् - मिन्हु ज् बल् अीं - यअिदुज् - जालिमून बअ़ज़ुहुम् बअ़ज़न् अिल्ला ग़ुरूरन् (४०) अिन्नल्लाह युम्सिकुस् - समावाति वल्अर्ज़ अन् तज़ूला ∆ ज् व लअिन् ज़ालता॑ अिन् अम्सकहुमा मिन् अह़दिम् - मिम्बअ़दिहत़् त़् अिन्नहु कान हलीमन् ग़फ़ूरन् (४१) व अक़्समू बिल्लाहि जह्द अैमानिहिम् लअिन् जा॑अहुम् नज़ीरुल् - लयकूनुन्न अह्दा मिन् अिह्दल् - अुममि ज् फ़लम्मा जा॑अहुम्

नि'
नज़ीरुम्मा ज़ादहुम् अिल्ला नुफ़ूरन् ला (४२) अ्सतिक्बारन् फ़िल्अर्ज़ि व मक्रस्सैयिअि त़् व ला यह़ीक़ुल् - मक्रुस्सैयिअु अिल्ला बिअह्लिहत़् त़् फ़हल् यन्ज़ुरून अिल्ला सुन्नतल् - औवलीन ज् फ़लन् तजिद लिसुन्नतिल्लाहि तब्दीलन् ∆ ज् व लन् तजिद लिसुन्नतिल्लाहि तह्वीलन् (४३) अ व लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़यन्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् व कानू॑ अशद्द मिन्हुम् क़ूवतन् त़् व मा कानल्लाहु लियुअ्जिज़ह़ु मिन् शैअिन् फ़िस्समावाति व ला फ़िल्अर्ज़ि त़् अिन्नहु कान अलीमन् क़दीरन् (४४) व लौ युआख़िज़ुल्-लाहुन्-नास बिमा कसबू मा तरक अला ज़हरिहा मिन् दा॑ब्बतिव्व लाकिन् - युअख़्ख़िरुहुम् अिला॑ अजलिम् - मुसम्मन् ज फ़अिज़ा जा॑अ अजलुहुम् फ़अिन्नल्लाह कान बिअिबादिहत़् बसीरन् (४५) ★

✪ ३६ सूरतु यासी॑न् ४१ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३०९० हुरूफ़, ७३९ शब्द, ८३ आयतें और ५ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

यासी॑न् ज् (१) वल्क़ुर्आनिल्-ह़कीमि ला (२) अिन्नक लमिनल्-मुर्सलीन ला (३)

(ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि भला तुम देखो तो अपने शरीकों को जिनको तुम अल्लाह के सिवाय बुलाया करते हो। मुझे दिखाओ कि उन्होंने कौन सी चीज़ ज़मीन में बनाई है या आसमानों में (किसी चीज़ के बनाने में) उनका कुछ साझा है, या हमने इन (मुशरिकों) को कोई किताब (इलाही) दी है कि यह उसकी सनद रखते हैं ? (नहीं, इनमें से कोई बात नहीं है) बल्कि ज़ालिम तो एक दूसरे को धोखे ही के वादे देते हैं। (४०) बेशक अल्लाह ही ने आसमानों और ज़मीन को थाम रखा है कि टल न जायँ। और अगर टल आयँ तो फिर उसके सिवाय कोई और नहीं जो उनको थाम सके। वह बेशक बड़ा सहनशील और बड़ा बख़्शनेवाला है। (४१) और अल्लाह की बड़ी-बड़ी पक्की क़समें खाया करते थे कि अगर इनके पास कोई डरानेवाला आयेगा तो वह ज़रूर हर एक गरोह से ज़्यादा अच्छी राह पर चलेंगे। फिर जब डरानेवाला (हमारा रसूल) उनके पास आया तो उनकी नफ़रत ही बढ़ी। (४२) (यानी वे) देश में ग़रूर और बुरी चालें चलने लगे; और बुरी चालें (उलटकर) बुरी चालें करनेवालों ही पर पड़ेंगी। फिर क्या अब वह पिछले लोगों के दस्तूर ही की राह देखते हैं (कि इन पर भी वैसे ही अज़ाब बरपा किये जायँ जैसे इनसे पहले गुज़री सरकश क़ौमों पर बरपा किये गये थे ?) तो तुम (कभी) अल्लाह के दस्तूर में हेर-फेर न पाओगे, और न (यही पाओगे कि) अल्लाह का दस्तूर टल जाय। (४३) क्या ज़मीन में चले फिरे नहीं कि (अपने से) पहले गुज़री (सरकश क़ौमों) पर नज़र डालें कि उनका कैसा अंजाम हुआ जबकि वह ज़ोर में इनसे कहीं बढ़कर थे। और अल्लाह ऐसा नहीं कि आसमानों और ज़मीन में कोई चीज़ उसको हरा सके। वही सब कुछ जाननेवाला सर्वसमर्थ है। (४४) और अगर अल्लाह लोगों को उनके हर कामों के बदले में पकड़े तो ज़मीन पर किसी जानदार को न छोड़े; मगर वह (तो बड़ा रहीम है।) वह एक नियत समय तक लोगों को मुहलत देता है (ताकि अपने को सवाँर लें)। फिर जब उनका समय आयेगा तो (उनके आमाल का बदला उनको देगा और) अल्लाह अपने सारे बन्दों को देख रहा है। (४५) ★

रुकू १७ आ ८ ★

✪ ३६ सूरः यासी'न ४१ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३०६० अक्षर, ७३६ शब्द ८३ आयतें और ५ रुकूअ हैं।❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

यासी'न (१) हिकमतवाले इस (तत्वज्ञान) क़ुर्आन की क़सम! (२) बेशक तू पैग़म्बरों में से है, (३)

❀ सूरः के शुरू के हुरूफ़ मुक़त्तआत 'या सी'न पर सूरः का नाम करन है। हुरूफ़ मुक़त्तआत के माने दावे के साथ कहना तो मुश्किल है लेकिन बाज़ आलिमों का खयाल है कि सीन से मुराद आम इन्सान या इन्सानों में महान रसूल स० हैं। उन्हीं को मुखातिब किया गया है। यह सूरः मक्की जीवन के मध्यम काल की उतरी मानी जाती है। जिस तरह सूरः फ़ातिहः को सारे क़ुर्आन का सार कहा जाता है वैसे ही सूरः यासी'न को क़ुर्आन का दिल (हृदय) कहा जाता है। इसमें पैग़म्बर और उसके ज़रिये अवतरित क़ुर्आन की फ़िलासफ़ी (दर्शन) पर विशेष मार्मिक बयान है। तीन-तीन नबियों के पहुँचने और उपदेश देने पर भी अन्ताकिया की सारी बस्ती में सिर्फ़ एक ईमानवाले (शायद हबीब बढ़ई) के अलावा सबने नबियों को झुठलाया। उस बिचारे अकेले बन्दे के बार बार ईमानलाने की चेतावनी देने पर उसको भी शहीद कर दिया गया। आखिर अल्लाह का अज़ाब नाज़िल हुआ और सारी बस्ती हलाक हो गई। ठीक वैसा ही बरताव ह० मुहम्मद स० व क़ुर्आन के साथ मक्का के क़ुरैशों ने किया और उसी अंजाम पर पहुँचे। अरब में सगुन-असगुन मानने का बड़ा चलन था। [पेज ७२१ पर]

अला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् त़ (४) तन्ज़ीलल् - अज़ीज़िर् - रहीमि ला (५) लितुन्ज़िर क़ौमम्मा' अुन्ज़िर आबा'अुहुम् फ़हुम् ग़ाफ़िलून (६) लक़द् हक़्क़ल् - क़ौलु अला' अक्सरिहिम् फ़हुम् ला युअ्मिनून (७) अिन्ना जअल्ना फ़ी' अअ़्नाक़िहिम् अग़्लालन् फ़हिय अिलल् - अज़्क़ानि फ़हुम् मुक़महून (८) व जअल्ना मिम्बैनि अैदीहिम् सद्दौव मिन् ख़ल्फ़िहिम् सद्दन् फ़अग़्शैनाहुम् फ़हुम् ला युब्सिरून (९) व सवा'अुन् अलैहिम् अअन्जर्तहुम् अम् लम् तुन्ज़िर् - हुम् ला युअ्मिनून (१०) अिन्नमा तुन्ज़िरु मनित्तबअज़् - ज़िक्र व ख़शियर्रहमान बिल्ग़ैबि ज़ फ़बश्शिर्हु बिमग़्फ़िरतिव्व अज़्रिन् करीमिन् (११) अिन्ना नह्नु नुह्यिल् - मौता व नक्तुबु मा क़द्दमू व आसारहुम् त़ ● व कुल्ल शैअिन् अह्सैनाहु फ़ी' अिमामिम्-मुबीनिन् (१२) ★ वज़्रिब् लहुम् मसलन् अस्हाबल् - क़र्यति म ● अिज् जा'अहल् - मुर्सलून ज़ (१३) अिज् अर्सल्ना' अिलैहिमुस्नैनि फ़कज़्ज़बू - हुमा फ़अज़्ज़ज़्ना बिसालिसिन् फ़क़ालू' अिन्ना' अिलैकुम् मुर्सलून (१४) क़ालू मा' अन्तुम् अिल्ला बशरुम् - मिस्लुना ला व मा' अन्ज़लर् - रहूमानु मिन् शैअिन् ला अिन् अन्तुम् अिल्ला तक्ज़िबून (१५) क़ालू रब्बुना यअ़्लमु अिन्ना' अिलैकुम् लमुर्सलून (१६) व मा अलैना' अिल्लल् - बलाग़ुल् - मुबीनु (१७) क़ालू' अिन्ना तत़ैयर्ना बिकुम् ज़ लअिल्लम् तन्तहू लनर्जुमन्नकुम् व लयमस्सन्नकुम् मिन्ना अज़ाबुन् अलीमुन् (१८) क़ालू ता'अिरुकुम् मअकुम् त़ अअिन् जुक्किर्तुम् त़ बल् अन्तुम् क़ौमुम् - मुस्रिफ़ून (१९) व जा'अ मिन् अक़्सल्-मदीनति रजुलुंय्यस्आ क़ाल याक़ौमित्तबिअुल् - मुर्सलीन ला (२०) अित्तबिअू मल्ला यस्अलुकुम् अज्रौंव हुम् मुहतदून (२१)



।। इति बाईसवाँ पारः ।।

● व. गुफ़्रा न ★ रु. १ / १८ आ १२ ● ब. ला ज़िम

(और तू बिलकुल) सीधी राह पर है। (४) (और यह क़ुर्आन उस अपार) ताक़तवाले (और अपार) रहमतवाले का उतारा हुआ है, (५) ताकि तू ऐसे लोगों को सचेत करे जिनके बाप दादे (किसी किताब या रसूल के ज़रिये अब तक) सचेत नहीं किये गये और वह (इस वजह से) ग़ाफ़िल हैं।‡(६) इनमें से बहुतेरों पर (अल्लाह के अज़ाब की) बात क़ायम हो चुकी है, सो यह (किसी तरह) माननेवाले नहीं। (७) हमने इनकी गर्दनों में तौक़ डाल रखे सो वह ठोड़ियों तक (फसे हुये हैं) फिर उनके सिर ऊपर को उलर गये हैं (कि उनको सही राह सुझाई ही नहीं देती।)(८) और हमने एक दीवार इनके आगे बनाई और एक दीवार इनके पीछे फिर ऊपर से ढाँक दिया सो उनको (सही राह की रौशनी किसी तरफ़ से) नहीं सूझती।(९) और (ऐ पैग़म्बर!) इनके लिए एकसाँ है कि तुम इनको डराओ या न डराओ, यह तो ईमान लानेवाले नहीं। (१०) तो तू तो उसी को डरा सकता है जो नसीहत पर चले और अनदेखे (उस) रहमान से डर माने। सो उसको (गुनाहों की) माफ़ी और (उनके नेक अमलों के) अच्छे बदले की ख़ुशख़बरी सुनाओ। (११) बेशक हम मुर्दों को जिलायेंगे और (बतौर करनी वह लोग) जो कुछ आगे भेज चुके हैं और जो निशान (दुनिया में) पीछे छोड़ चुके हैं वह सब हम लिखते जाते हैं●। और हमने हर चीज़ खुली असल किताब (यानी लौह महफ़ूज़) में लिख रखी है।(१२)★

और (ऐ पैग़म्बर!) इनसे मिसाल के तौर पर एक शहर§ वालों का हाल बयान करो●। कि जब उनके पास (उन्हीं में के) पैग़म्बर आये। (१३) जब हमने उनकी तरफ़ दो (पैग़म्बर भेजकर) मदद की तो उन्होंने इन दोनों को झुठलाया इस पर हमने तीसरे (पैग़म्बर को) भेजकर उनकी मदद की तो (उन तीनों ने मिलकर) कहा कि हम तुम्हारे पास (अल्लाह के) भेजे हुए (आये) हैं।(१४) वह कहने लगे कि तुम तो हमारी ही तरह के (एक महज़) आदमी हो। और अल्लाह ने कोई चीज़ नहीं उतारी। तुम निरानिर झूठ बोलते हो।(१५) (पैग़म्बरों ने) कहा हमारा परवरदिगार जानता है कि हम बेशक तुम्हारी तरफ़ भेजे गये हैं। (१६) और हमारा काम तो (तुम तक अल्लाह का हुक्म साफ़-) साफ़ पहुँचा देना है। (१७) वह कहने लगे हमने तो तुमको मनहूस पाया (कि तुम्हारे मुबारक क़दम आते ही अकाल [क़हत] बरपा हुआ)। अगर तुम (अपना ज्ञान छाँटने से) बाज़ न आओगे तो तुमको पत्थरों से मार देंगे और हमारे हाथों से तुमको दुखदाई मार पहुँचेगी।(१८) (पैग़म्बरो ने) कहा कि तुम्हारी मनहूसियत ही तुम्हारे साथ है (वह तुम्हारे बुरे अमलों के कारन तुम्हारे पल्ले बँधी है)। क्या (समझते हो कि यह मनहूसियत का सबब चेतावनी देनेवाले हैं और यह कि) तुमको समझाया गया? नहीं, तुम लोग हो ही ऐसे कि हद से बढ़ गये हो। (१९) और शहर के परले सिरे से एक आदमी♦ दौड़ता हुआ आया (और इन लोगों से) कहने लगा कि भाइयो! (इन) पैग़म्बरों के कहे पर चलो। (२०) ऐसे लोगों के कहे पर चलो जो तुमसे (नसीहतों के बदले कुछ) बदला नहीं चाहते और सीधी राह पर हैं। (२१)

॥ इति बाईसवाँ पारः ॥

‡ ह० मुहम्मद स० से पहले क़ुरैशों में कोई नबी या क़ुर्आन से पहले कोई किताबे-इलाही ❋[पेज ७२५ पर]

§ लोगों की राय में यह शहर अन्ताकिया (सीरिया) का ज़िक्र है। ह० ईसा अ० के बाद ◉[पेज ७२५ पर]

♦ यह आदमी एक ग़ार में रहता था। इसका नाम हबीब था उसको अल्लाह के पैग़ाम पर ईमान आया और उसने चाहा कि और शहरवाले भी ईमान लावें। इनको शायद शहीद कर दिया गया।

● ब. गु फ़रा न ★ रु. १—१८ आ १२ ● ब. ला ज़ि म

☆☆ तेईसवाँ पारः वमालिय ☆☆

☆ सूरः यासी'न आयत २२ से ८३ ☆

व मा लिय ला' अ'बुदुल्लजी फ़तरनी व अिलैहि तुर्जअून (२२) अअत्तख़िजु मिन् दूनिहिआलिहतन् अीं-युरिद्निर्-रहमानु बिज़ुर्रिल्-ला तुग़्नि अन्नी शफ़ाअतु - हुम् शैअौंव ला युन्क़िजूनि ज (२३) अिन्नी' अिज़ल्लफ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (२४) अिन्नी' आमन्तु बिरब्बिकुम् फ़स्मअूनि त (२५) क़ीलद् - ख़ुलिल्जन्नत त क़ाल यालैत क़ौमी यअ'लमून ला (२६) बिमा ग़फ़र ली रब्बी व जअलनी मिनल् - मुक्रमीन (२७) व मा' अन्ज़ल्ना अला क़ौमिहिमिम्बअ'दिहिमिन् जुन्दिम् - मिनस्समा'अि व मा कुन्ना मुन्ज़िलीन (२८) अिन् कानत् अिल्ला सैहतौं-वाहिदतन् फ़अिजा हुम् ख़ामिदून (२९) या हसरतन् अलल् - अिबादि ज ● मा यअ्तीहिम् मिर् - रसूलिन् अिल्ला कानू बिहिमयस्तह्ज़िअून (३०) अलम् यरौ कम् अह्लक्ना क़ब्लहुम् मिनल्क़ुरूनि अन्नहुम् अिलैहिम् ला यर्जिअून त (३१) व अिन् कुल्लुल्लम्मा जमीअुल्लदैना मुह्ज़रून (३२) ★ व आयतुल् - लहुमुल् - अर्ज़ुल्मैततु ज सला अह्यैनाहा व अख़रज्ना मिन्हा ह्ब्बन् फ़मिन्हु यअ्कुलून (३३) व जअल्ना फ़ीहा जन्नातिम्मिन् नख़ीलिव्व अअ्नाबिव्व फ़ज्जर्ना फ़ीहा मिनल् - अुयूनि ला (३४) लियअ्कुलू मिन् समरिहिला व मा अमिलत्हु अैदीहिम् त अफ़ला यश्कुरून (३५) सुब्हानल्लजी ख़लक़ल् - अज़्वाज कुल्लहा मिम्मा तुम्बितुल्-अर्ज़ु व मिन् अन्फ़ुसिहिम् व मिम्मा ला यअ्लमून (३६) व आयतुल् - लहुमुल्लैलु ज सला नस्लख़ु मिन्हुन्नहार फ़अिजा हुम् मुज़्लिमून (३७) वश्शम्सु तजरी लि-मुस्तक़रिल्-लहा त जालिक तक़दीरुल्-अज़ीज़िल्-अलीमि त (३८) वल्-क़मर क़द्र्नाहु मनाज़िल हत्ता आद कल्-अुर्जूनिल्-क़दीमि (३९)

✪✪ तेईसवाँ पारः (वमालिय) ✪✪

✪ सूरः यासी॰न आयत २२ से ८३ ✪

और मुझे क्या (उज़्र) है कि जिसने मुझको पैदा किया है उसकी अ़िबादत न करूँ और (तुम लोग भी) उसी की तरफ़ लौटाये जाओगे। (२२) क्या उसके सिवाय दूसरों को पूजित बनाऊँ कि अगर अल्लाह मुझे कोई तकलीफ़ पहुँचाना चाहे तो उनकी सिफ़रिश मेरे कुछ काम न आवे और न वह मुझको (उस तकलीफ़ से) छुड़ा ही सकें। (२३) (अगर ऐसा करूं) तब तो मैं प्रत्यक्ष गुमराही में जा पड़ूँ। (२४) मैं तुम्हारे परवरदिगार पर ईमान लाया हूँ, सो मुझसे सुन लो (और तुम भी उस अपने परवरदिगार ही पर ईमान लाओ।) (२५) (इस पर लोगो ने उस हबीब बड़ई को शहीद कर दिया तो अल्लाह की ओर से उसको) हुक्म हुआ कि जन्नत में आ दाख़िल हो। बोला कि क्या अच्छा होता जो मेरी जाति को (यह) मालूम हो जाता (२६) कि मुझे मेरे परवरदिगार ने क्षमा कर दिया और मुझको इज़्ज़तवालों में दाख़िल किया (और यह जानकर शायद मेरी क़ौमवाले भी कुफ़्र छोड़कर ईमान ले आवें।) (२७) और हमने उसके बाद उसकी क़ौम पर आसमान से (फ़रिश्तों की) कोई फौज न उतारी थी और हम (फ़ौजें) नहीं उतारा करते। (२८) वह तो बस एक चिंघाड़ (जैसी आवाज़) थी और उसी दम वह जाति (आग की तरह) बुझकर रह गई। (२९) बन्दों पर कैसा अफ़सोस है। ● (ऐसा कभी न हुआ) कि जब कोई पैग़म्बर उनके पास आया उन्होंने उसकी हँसी न उड़ाई हो। (३०) क्या इन लोगों ने नहीं देखा कि इनसे पहले हमने कितने गरोहों को (उनकी सरकशी के बदले में) नेस्तनाबूद कर दिया कि वे इनकी तरफ़ लौटकर कभी न आयेंगे। (३१) और (सबके) सबमें कोई ऐसा नहीं जो इकट्ठा हमारे सामने पकड़ा (हुआ) न आवे। (३२)★

और इनके (समझने के लिए) लिए मुर्दः ज़मीन एक निशानी है। हमने उसको (बारिश देकर) जिलाया और उसमें से अनाज निकाला सो उसी में से खाते हैं। (३३) और उस (ज़मीन) में हमने खजूर और अगूरों के बाग़ बनाये और उसमें चश्मे जारी किये, (३४) ताकि उनके फलों में से खायें। और यह (बाग़ व फल) इनके हाथों के बनाये हुए तो नहीं हैं! फिर क्यों शुक्र नहीं मानते? (३५) वह पाक ज़ात है जिसने सब चीज़ों के जिन्हें ज़मीन उगाती है और ख़ुद उनके और उन क़िस्मों में से जिन्हें तुम नहीं जानते (उनके) जोड़े पैदा किये। (३६) और इनके लिए एक निशानी रात है। कि हम उसमें से दिन को खींच निकालते हैं, फिर यह लोग अँधेरे में रह जाते हैं। (३७) और सूरज अपने एक ठहरे रास्ते पर चलता रहता है; यह उस ज़ोरावर व बाख़बर (अल्लाह ही) का साधा हुआ है। (३८) और चाँद के लिए हमने मंज़िलें ठहरा दीं यहाँ तक कि (आख़िर माह में घटते-घटते) फिर ऐसा (टेढ़ा पतला) रह जाता है जैसे खजूर की पुरानी टहनी। (३९)

[पिज ७३७ से] ◉ रसूलुल्लाह स॰ के पास आये और कहने लगे कि क्या यह चुटकियों मे उड़ने वाली राख फिर ज़िन्दः हो सकती है? रसूल स॰ ने फ़रमाया कि जिस सामर्थ्यवान अल्लाह ने इसको व तुमको पैदा किया है वह इस चूरे को भी ज़िन्दः कर सकता है। [पिज ७३७ से] ♦ खड़े रहते हैं और सरकशों व ज़ालिमों को तम्बीह व नसीहत के हक़दारों को नसीहत देते व अल्लाह की क़ुदरत का सारा इन्तज़ाम किया करते हैं। [पिज ७३३ पर]

लश्शम्सु यम्बग़ी लहा अन् तुद्रिकल् - क़मर व लल्लैलु साबिक़ुन्नहारि ؕ व कुल्लुन् फ़ी फ़लकिं - यस्बहून (४०) व आयतुल्लहुम् अन्ना हमल्ना जुर्रीयत - हुम् फ़िल् - फ़ुल्किल् - मश्हूनि ला (४१) व ख़लक़्ना लहुम् मिम् - मिस्लिहॽ मा यर्कबून (४२) व अिन्नशअ् नुग़्रिक़्-हुम् फ़ला सरीख़ लहुम् व ला हुम् युन्क़ज़ून ला (४३) अिल्ला रह्मतम् - मिन्ना व मताअन् अिला ह़ीनिन् (४४) व अिजा क़ील लहुमुत्तक़ू मा बैन अैदीकुम् व मा ख़ल्फ़कुम् लअल्लकुम् तुर्ह़मून (४५) व मा तअ्तीहिम् मिन् आयतिम्मिन् आयाति रब्बिहिम् अिल्ला कानू अन्हा मुअ्रिज़ीन (४६) व अिजा क़ील लहुम् अन्फ़िक़ू मिम्मा रज़क़-कुमुल्-लाहु ला क़ाललज़ीन कफ़रू लिल्लज़ीन आमनू अ नुत्अिमु मल्लौ यशा'अुल् - लाहु अत्अमहू क़ सला अिन् अन्तुम् अिल्ला फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (४७) व यक़ूलून मता हाज़ल्वअ़्दु अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४८) मा यन्ज़ुरून अिल्ला सैह़ूवौं - वाह़िदतन् तअ्ख़ुज़ुहुम् व हुम् यख़िस्सिमून (४९) फ़ला यस्तत़ीअून तौ सियतौंव ला अिला अह़्लिहिम् यर्जिअून (५०) ★ व नुफ़िख़ फ़िस्सूरि फ़अिजा हुम् मिनल् - अज्दासि अिला रब्बिहिम् यन्सिलून (५१) क़ालू यावैलना मम्बअ़्सना मिम् - मर्क़दिना म ● सक्तः हाजा मा वअ़्दर्ह़मानु व सदक़ल् - मुर्सलून (५२) अिन् कानत् अिल्ला सैह़ूवौं-वाह़िदतन् फ़अिजा हुम् जमीअुल्लदैना मुह़्ज़रून (५३) फ़ल्यौम ला तुज़्लमु नफ़्सुन् शैअौंव ला तुज़्ज़ौन अिल्ला मा कुन्तुम् तअ़्मलून (५४) अिन्न असह़ाबल्-जन्नतिल्-यौम फ़ी शुग़ुलिन् फ़ाकिहून ज (५५) हुम् व अज़्वाजुहुम् फ़ी ज़िलालिन् अलल् - अरा अिकि मुत्तकिअून (५६) लहुम् फ़ीहा फ़ाकिहतूंव लहुम् मा यद्दअून ज सला (५७) सलामुन् क़िफ़् क़ौलम् - मिर्रब्बिर् - रह़ीमिन् (५८) वम्ताज़ुल् - यौम अैयुहल् - मुज्रिमून (५९)

★ रु. ३ - २ आ १८ ● व. ला व. गु फ़ू व. मंजिल

न तो सूरज ही से बन पड़ता है कि चाँद को पकड़ ले और न रात ही दिन से आगे आ सकती है; और हर कोई एक-एक मुक़र्रर घेरे में तैर रहे हैं। (४०) और इनके लिए (यह भी) एक निशानी है कि हमने इन (आदमियों) की नस्ल को भरी हुई नाव में उठा लिया§। (४१) और वैसी ही हमने इनके लिए और चीज़ें पैदा की हैं जिन पर सवार होते हैं। (४२) और हम चाहें तो उनको डुबो दें, फिर न तो कोई उनकी फ़रयाद लेनेवाला होगा और न वह छुड़ाये जा सकेंगे। (४३) मगर (यह) हमारी कृपा है और एक वक़्त तक (के लिए उन्हें) फ़ायदे (पहुँचाने मंज़ूर हैं)। (४४) और जब उनसे कहा जाता है कि जो तुम्हारे आगे और जो तुम्हारे पीछे है उनसे डरते रहो शायद तुम पर कृपा की जावे✡। (४५) और इनके परवरदिगार की निशानियाँ जब भी इनके पास आती हैं तो यह उनसे मुँह मोड़े बग़ैर नहीं रहते। (४६) और जब इनसे कहा जाता है कि अल्लाह ने जो तुमको (रोज़ी) दे रखी है उसमें से कुछ (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते रहा करो तो काफ़िर ईमानवालों से कहते हैं कि क्या हम ऐसे लोगों को खिलायें जिनको अल्लाह चाहता तो आप खिलाता। तुम तो प्रत्यक्ष (ज़ाहिरा) गुमराही में हो*। (४७) और (जब इनको आख़िरत के अज़ाब से डराया जाता है तो) कहते हैं अगर तुम सच्चे हो तो यह (क़ियामत का) वादा कब पूरा होगा? (४८) (कुछ नहीं,) यही राह देखते हैं कि यह लोग आपस में लड़-झगड़ रहे हों और (उसी बीच) एक ज़ोर की आवाज़ इनको आ दबोचे। (४९) फिर न तो कुछ वसीयत ही कर सकेंगे और न अपने घरवालों में ही लौटकर जा सकेंगे। (५०) ★

और (फिर दोबारा) जब सूर (नरसिंहा) फूंका जायगा तो क़ब्रों से (एकदम निकल-निकलकर) अपने परवरदिगार की ओर दौड़ पड़ेंगे।† (५१) कहेंगे कि हाय, हमारा अभाग्य! किसने हमारी नींद की जगहों (क़ब्रों) में से हमको उठा दिया● ? यही तो वह (क़ियामत का) वादा है जो रहमान ने किया था और पैग़म्बर सच कहते थे। (५२) (क़ियामत में) बस एक ज़ोर की आवाज़ होगी कि एकदम से सब लोग हमारे रूबरू हाज़िर कर दिये जायँगे। (५३) फिर उस दिन किसी आदमी पर ज़रा सा भी ज़ुल्म (अन्याय) न होगा और तुम लोगों को उसी का बदला दिया जायगा जो (तुम दुनिया में) करते रहे। (५४) जन्नत वाले अलबत्ता उस दिन मज़े से जी बहला रहे होंगे। (५५) वह और उनकी बीबियाँ साये में तकिया लगाये तख़्तों पर बैठी होंगी। (५६) वहाँ उनके लिए मेवे होंगे और जो कुछ वे माँगें (वही मयस्सर होगा)। (५७) परवरदिगार मेहरबान की ओर से उनको सलाम (स्वस्ति) भेजा जायगा (५८) और ऐ गुनहगारो! आज तुम (इन जन्नतवालों से) अलग हो जाओ। (५९)

[पेज ७३१ से] कुछ आलिमों के मत से ये अल्लाह के वे नेक बन्दे हैं जो ज़ुल्म के ख़िलाफ़ जिहाद करते, अल्लाह की नसीहत का प्रचार करते और इस तरह अल्लाह के नज़दीकियों में होते हैं। ग़रज़ आयत १ से ३ तक जिनकी ओर इशारा है उनकी क़सम से यह हक़ बात एलान की जाती है कि अल्लाह एक ही है और वही इस अजूबा सृष्टि का सिरजनहार, पालनहार और वारिस है।

§ ह० नूह अ० के ज़माने में तूफ़ान आया था। उस वक़्त अल्लाह के हुक्म से किश्ती तैयार कर ह० नूह अ० नेक लोगों सहित बच गये थे (बाक़ी डूब गये।) अगर अल्लाह इन लोगों को न बचा लेता तो यह इन्सान कैसे मौजूद रहते? ✡ यानी जो कर्म तुम अब तक कर चुके हो और आगे चलकर करोगे उन अपने नेक व बद आमाल के बदले जो सवाब अज़ाब तुमको मिलना हैं उन पर ध्यान रखकर चलोगे तो अजब नहीं अल्लाह तुम्हारे गुनाह माफ़ कर दे। * काफ़िर कहते थे कि हम उन लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई में से क्यों खाने को दें जिनको अल्लाह ही ने खाने को नहीं दिया। यदि अल्लाह इनको खिलाना चाहता तो स्वयं खिलाता। इनको खिलाना तो अल्लाह की इच्छा के विरुद्ध करना है। इस पर ये आयतें और इनके अतिरिक्त और कई आयतें उतरीं। † देखिये सूरः नम्ल फ़ुटनोट § आयत ८७ पृष्ठ ६३६।

रु. २१ आ १८ ● व. ला ज़ि म व. ग़ फ़. व. म. ज़ि ल

अलम् अ'हद् अिलैकुम् या बनी' आदम अल्ला तअ़बुदुश्शैतान ज् अिन्नहु लकुम् अदूवुम् - मुबीनुन् ला (६०) व'व अनिअ़्बुदूनी त् ● हाजा सिरातुम् - मुस्तक़ीमुन् (६१) व लक़द् अज़ल्ल मिन्कुम् जिबिल्लन् कसीरन् त् अफ़लम् तकूनू तअ़क़िलून (६२) हाजिहि जहन्नमुल्लती कुन्तुम् तूअदून (६३) अिस्लौहल्-यौम बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (६४) अल्यौम नख़्तिमु अला' अफ़्वाहिहिम् व तुकल्लिमुना' अैदीहिम् व तश्हदु अर्जुलुहुम् बिमा कानू यक्सिबून (६५) व लौ नशा'अु लतमस्ना अला' अअ़्युनि - हिम् फ़स्तबक़ुस् - सिरात फ़अन्ना युब्सिरून (६६) व लौ नशा'अु लमसख़्नाहुम् अला मकानतिहिम् फ़मस्तताअू मुज़ीयौंव ला यर्जिअून (६७) ★ व मन् नुअम्मिर्हु नुनक्किस्हु फ़िल्ख़ल्क़ि त् अफ़ला यअ़क़िलून (६८) व मा अल्लम्नाहुश्-शिअ़्र व मा यम्बग़ी लहू त् अिन् हुव अिल्ला जिक्रूँव क़ुर्आनुम्-मुबीनुन् ला (६९) ल्'लियुन्जिर मन् कान हैयौंव यहिक़्क़ल् - क़ौलु अलल् - काफ़िरीन (७०) अ व लम् यरौ अन्ना ख़लक़्ना लहुम् मिम्मा अमिलत् अैदीना' अन्आमन् फ़हुम् लहा मालिकून (७१) व जल्लल्नाहा लहुम् फ़मिन्हा रकूबुहुम् व मिन्हा यअ्कुलून (७२) व लहुम् फ़ीहा मनाफ़िअु व मशारिबु त् अफ़ला यश्कुरून (७३) वत्तख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि आलिहतल् - लअ़ल्लहुम् युन्सरून त् (७४) ला यस्ततीअून नस्रहुम् ला व हुम् लहुम् जुन्दुम् - मुह़्ज़रून (७५) फ़ला यह़्ज़ुन्क क़ौलुहुम् म ● अिन्ना नअ़्लमु मा युसिर्रून व मा युअ़्लिनून (७६) अ व लम् यरल् - अिन्सानु अन्ना ख़लक़्नाहु मिन् नुत्फ़तिन् फ़अिजा हुव ख़सीमुम् - मुबीनुन् (७७) व ज़रब लना मसलौंव नसिय ख़ल्क़हू त् क़ाल मैंयुह़्यिल् - अिज़ाम व हिय रमीमुन् (७८)

ऐ आदम की औलाद ! क्या मैंने तुम पर ताक़ीद नहीं कर दी थी कि शैतान की पूजा न करना, कि वह तुम्हारा खुला दुश्मन है।(६०) और यह कि मेरी ही अिबादत करना। ● यही सीधी राह है।(६१) और तुममें से अक्सर लोगों को वह गुमराह करेगा, तो क्या तुम अक़्ल नहीं रखते थे ?(६२) यही (वह) जहन्नम है जिसका तुमसे वादा किया जाता था।(६३) आज अपने कुफ़्र (अधर्म) के बदले में इसमें दाख़िल हो।(६४) आज हम इनके मुंहों पर मुहर लगा देंगे और जैसे काम यह लोग (दुनिया में) कर रहे थे इनके हाथ हमको बताएँगे और इनके पाँव (गवाही देंगे)§।(६५) और (यह तो हशर के दिन की बात है, लेकिन दुनिया में भी अगर) हम चाहें तो इनकी आँखों को मेट दें, फिर यह राह पाने को दौड़ें तो कहाँ से देख पावें।(६६) और अगर हम चाहें तो यह जहाँ हैं वहीं इनकी सूरतें बिगाड़ दें, फिर न आगे चल सकें न पीछे फिर सकें‡।(६७) ★

और हम जिसकी उम्र बड़ी करते हैं पैदाइश में उसको उलटा घटाते चले जाते हैं†। फिर क्या समझते नहीं ?(६८) और हमने इन पैग़म्बर (मुहम्मद स०) को शायरी नहीं सिखाई और न शायरी इनकी (शान के) लायक़ है। यह (क़ुर्आन) तो (निरी) शिक्षा है और साफ़ (समझ में आनेवाली) है।(६९) ताकि जो ज़िन्दः (यानी चेतना रखते) हों उनको (अल्लाह की सज़ा से) डराये और काफ़िरों पर (गुनाह की) बात साबित करे।(७०) और क्या इन लोगों ने नहीं देखा कि हमने अपने हाथों से बनाई (चीज़ों) में से इनके लिए चौपाये पैदा किये और यह उनके मालिक हैं। (७१) और हमने उनको इनके वश में कर दिया है तो उनमें से (बाज़) इनकी सवारियाँ हैं और उनमें (बाज़ को) खाते हैं।(७२) और उनमें इनके लिए (और भी) फ़ायदे हैं और पीने के घाट (यानी दूध)। फिर यह लोग शुक्र क्यों नहीं करते ? (७३) और (लोगों ने) अल्लाह के सिवाय दूसरे पूजित इस उम्मीद से पकड़ रखे हैं कि शायद उनको मदद मिले। (७४) सो वह उनकी मदद नहीं कर सकते; बल्कि यह (पूजित) उनकी फ़ौज होकर (ख़ुद) पकड़े हुये (रोज़ क़ियामत में) आवेंगे।(७५) तो (ऐ पैग़म्बर !) इनकी बातें तुम्हारी उदासी का कारण न हों● (ये लोग) जो कुछ छिपाकर करते हैं और जो ज़ाहिरा करते हैं, हम सब जानते हैं। (७६) क्या आदमी देखता नहीं कि हमने उसको एक बूंद से पैदा किया, फिर (अपनी इस नाचीज़ हस्ती को भूलकर) वह बड़ी बड़ी हुज्जतें करने लगा। (७७) और हमारी बाबत मिसालें (उदाहरण) क़ायम करने लगा और अपनी पैदायश (की हैसियत) को भूल गया। और कहने लगा जब हड्डियाँ गल गईं तो उनको कौन जिला खड़ा करेगा। (७८)

§ दुनिया में जिन जिन अंगों ने गुनाह किये हैं, वे आँख, कान, हाथ, पैर, दिल वग़ैरः ख़ुद गुनहगारों के ख़िलाफ़ गवाही देंगे और इनकी ज़बान पर ताला लगा होगा। कोई सफ़ाई या फ़र्याद की गुंजाइश न रहेगी। ‡ लेकिन दयावान अल्लाह ऐसा नहीं करता बल्कि पूरा मौक़ा दुनिया में देता है कि हम अपने आमाल से आख़िरत बना सकें। † आयत ६७ की ही यह पुष्टि है कि अल्लाह बचपन से बड़ा करता व सूझ और ज़ोर बढ़ाता है और फिर और बड़ा यानी बूढ़ा करके सिलबुलहवासी नासमझी की ओर लौटाता है। अल्लाह जब जो चाहे करने में समर्थ है।

[पेज ७३७ से] ❋ अल्लाह के नाम पर तरह तरह के अिल्म गढ़ते हैं वे शैतान के पैरो हैं। उनको अल्लाह का ज्ञान नहीं मिल सकता; बल्कि उनको हमेशा तबाही मिलना है। अल्लाह का ज्ञान तो फ़रिश्तों के ज़रिये पैग़ाम होता है।

[पेज ७३७ से] ❋ फ़रिश्तों या दीन पर चलने और क़ुर्बान होने वाले बन्दों की चरचा—देखिये आयत ३ फ़ुटनोट † पृष्ठ ७३७। लोग अक्सर इन हस्तियों को भी पूजने लगते हैं जबकि वे ख़ुद बयान करते हैं कि वे अल्लाह के बन्दे और फ़र्माबरदार हैं, उनकी अपनी कोई ताक़त नहीं। देखिये आयत १५४-१६५ व फ़ुटनोट ‡ पृष्ठ ७४७। दूसरा महत्व क़ुर्बानी का है। जो जितनी ही प्यारी चीज़ अल्लाह की राह में [पेज ७३९ पर]

क़ुल् युह्यीहल्लजी अन्शअहा औवल मर्रतिन् ; व हुव बिकुल्लि ख़ल्क़िन् नि'
अलीमुन् ला (७९) अल्लजी जअल लकुम् मिनश् - शजरिल् - अख़्ज़रि नारन् फ़अिजा अन्तुम् मिन्हु तूक़िदून (८०) अ व लैसल्लजी ख़लक़स्समावाति वल् - अर्ज़ बिक़ादिरिन् अला अँयख़्लुक़ मिस्लहुम् ; ● बला क़ व हुवल् - ख़ल्लाक़ुल् - अलीमु (८१) अिन्नमा अम्रुहू अिजा अराद शैअन् अँयक़ूल लहु कुन् फ़यकूनु (८२) फ़सुब्हानल्लजी बियदिहि मलकूतु कुल्लि शैअिंव्व अिलैहि तुर्जअून (८३) ★

॥ इति मंज़िल ५ ॥

✪ ३७ सूरतुस्साफ़्फ़ाति ५६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३६५१ हुरूफ़ ८७३ शब्द १८२ आयतें और ५ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वस्साफ़्फ़ाति सफ़्फ़न् ला (१) फ़ज़्ज़ाजिराति ज़ज्रन् ला (२) फ़त्तालियाति जिक्रन् ला (३) अिन्न अिलाहकुम् लवाहिदुन् ; (४) रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा व रब्बुल् - मशारिक़ि ; (५) अिन्ना ज़ैयन्नस्समा अद्दुन्या बिज़ीनत्विनिल् - कवाकिबि ला (६) व हिफ़्ज़म् - मिन् कुल्लि शैतानिम् - मारिदिन् ज (७) ला यस्सम्मअून अिलल् - मलअिल् - अअ़ला व युक़्जफ़ून मिन् कुल्लि जानिबिन् क़ सला (८) दुहूरौंव लहुम् अजाबूँवासिबुन् ला (९) अिल्ला मन् ख़तिफ़ल् - ख़त्फ़त फ़अत्बअहु शिहाबुन् साक़िबुन् (१०) फ़स्तफ़्तिहिम् अहुम् अशद्दु ख़ल्क़न् अम्मन् ख़लक़्ना ; अिन्ना ख़लक़्नाहुम् मिन् तीनिल् - लाज़िबिन् (११) बल् अजिब्त व यस्ख़रून स (१२) व अिजा ज़ुक्किरू ला यज्कुरून स (१३) व अिजा रअौ आयतँ-यस्तस्ख़िरून स (१४) व क़ालू अिन् हाजा अिल्ला सिह्रुम् - मुबीनुन् ज सला (१५) अ अिजा मित्ना व कुन्ना तुराबौंव अिज़ामन् अअिन्ना लमब्अूसून ला (१६) अ व आबा अुनल् - औवलून ; (१७) क़ुल् नअम् व अन्तुम् दाख़िरून ज (१८)

(ऐ पैग़म्बर ! तुम इस गुस्ताख़ से) कहो कि जिसने इनको पहली बार पैदा किया था वही उनको जिलायेगा और वह सब कुछ पैदा करना जानता है।§ (७९) (अल्लाह) वही है जो हरे दरख़्तों से (रगड़े जाने पर) तुम्हारे लिए आग पैदा करता है, फिर तुम उससे (और आग) सुलगा लेते हो। (८०) क्या जिसने आसमान और ज़मीन पैदा किये वह इस पर शक्तिमान नहीं कि इन जैसे (आदमियों को दुबारा) पैदा करे।● क्यों नहीं ? (ज़रूर शक्तिमान है) और वही असल पैदा करनेवाला (और सब कुछ) जाननेवाला है। (८१) उसका हुक्म यही है कि जब किसी चीज़ (के बनाने) का इरादा करे तो उसे कहे 'कुन' (हो) और वह हो जाता है (८२) सो वह (अल्लाह) पाक ज़ात है जिसके हाथ में हर चीज़ का पूरा अधिकार है और (मरने के बाद सब लोग) उसी की तरफ़ लौटाये जाओगे। (८३) ★

॥ इति मंज़िल ५ ॥

✪ ३७ सूरतुस्साफ़्फ़ाति ५६ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३६५१ अक्षर, ८७३ शब्द, १८२ आयतें और ५ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़सम उन लोगों की जो परे बाँध कर क़तारों में खड़े होते हैं, (१) फिर झिड़ककर डाटनेवालों की (क़सम), (२) फिर ज़िक्र (यानी क़ुर्आन) पढ़नेवालों की (क़सम)† (३) बेशक तुम्हारा हाकिम एक (अल्लाह) है। (४) आसमान ज़मीन और जो चीज़ें आसमानों और ज़मीन के बीच में है सबका परवरदिगार और उन मुक़ामों का परवदिगार जहाँ-जहाँ से सूरज (जुदा-जुदा समय पर) निकलता है। (५) हमने (नज़र आने वाले) निचले आसमान को सितारों की शोभा से सजाया। (६) और हर शैतान सरकश से बचाव बनाया (कि अल्लाह की क़ुदरत में ज़र्रा भर ख़लल नहीं डाल सकते)। (७) वह (शैतान) ऊपर की मजलिस (यानी फ़रिश्तों की बातों) की तरफ़ कान नहीं लगाने पाते‡ और उनके लिए हर तरफ़ से (उन पर अंगारे) फेंके जाते हैं (८) (वहाँ से) भागने के लिए, और उनको हमेशा की मार है। (९) मगर कोई (किसी फ़रिश्ते की बात को) जल्दी से उचक ले जाता है तो दहकता हुआ अंगारा उसके पीछे लगता है। (१०) तो (ऐ पैग़म्बर !) इनसे पूछो कि क्या इनका बनाना ज़्यादा मुश्किल है या जितनी (अपार) सृष्टि जो हमने बनाई है ? (इन आदम के बेटों को) हमने ही लसदार मिट्टी से पैदा किया है। (११) (ऐ पैग़म्बर !) तुम तो अचम्भे में हो और यह हँसी उड़ाते हैं। (१२) और जब इनको समझाया जाता है तो ध्यान नहीं देते। (१३) और जब कोई निशानी देखते हैं तो हँसी में उड़ाते हैं (१४) और कहते हैं (कि और कुछ नहीं) यह तो बस प्रत्यक्ष जादू है। (१५) (कहते हैं कि) क्या जब हम मर गये और मिट्टी और हड्डियाँ होकर रह गये तो (क़ियामत में) फिर उठा खड़े किये जावेंगे ? (१६) और क्या हमारे अगले बाप दादा (भी उठेंगे) ? (१७) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि हाँ, और (उस मौक़े पर) तुम ज़लील होगे। (१८)

§ मक्का के एक मुशरिक उबई बिन ख़लफ़ एक गली हुई हड्डी हाथ में लिए हुए ◉ [पेज ७३१ पर]
† भाष्यकारों की आम राय है कि अल्लाह के फ़रिश्ते पाँत की पाँत अल्लाह के हुक्म के ताबे ◆ [पेज ७३१ पर]
‡ अल्लाह के लोक की बातों में शैतानों की पैठ नहीं हो सकती। इसलिए जो लोग [पेज ७३५ पर]
* अल्-साफ़्फ़ात याने अल्लाह के हुक्म के ताबे हर समय मुस्तैद खड़े क़तार की क़तार [पेज ७३५ पर]

फ़अिन्नमा हिय ज़जरतूँ-वाहिदतुन् फ़अिजा हुम् यन्ज़ुरून (१९) व क़ालू या वैलना हाजा यौमुद्दीनि (२०) हाजा यौमुल्-फ़स्लिल्-लजी कुन्तुम् बिहत् तुकज्जिबून (२१) ★ अुह्शुरुल्लजीन ज़लमू व अज़्वाजहुम् व मा कानू यअ्बुदून (२२) मिन् दूनिल्लाहि फ़ह्दूहुम् अिला सिरातिल्-जहीमि (२३) व क़िफ़ूहुम् अिन्नहुम् मस्अूलून (२४) मा लकुम् ला तनासरून (२५) बल् हुमुल्यौम मुस्तस्लिमून (२६) व अक़बल बअ़्ज़ुहुम् अला बअ़्ज़िं-यतसा'अलून (२७) क़ाल' अिन्नकुम् कुन्तुम् तअ्तूनना अनिल्यमीनि (२८) क़ालू बल् लम् तकूनू मुअ्मिनीन (२९) व मा कान लना अलैकुम् मिन् सुल्तानिन् ज बल् कुन्तुम् क़ौमन् ताग़ीन (३०) फ़ह्क़क़ अलैना क़ौलु रब्बिना क़ सला अिन्ना लजा'इक़ून (३१) फ़अग़्वैनाकुम् अिन्ना कुन्ना ग़ावीन (३२) फ़अिन्नहुम् यौमअिजिन् फ़िल्-अजाबि मुश्तरिकून (३३) अिन्ना कजालिक नफ़्अलु बिल्-मुज्रिमीन (३४) अिन्नहुम् कानू' अिजा क़ील लहुम् ला' अिलाह अिल्लल्लाहु ला यस्तक्बिरून ला (३५) व यक़ूलून अअिन्ना लतारिकू' आलिहतिना लिशाअिरिम्-मज्नूनिन् ब (३६) बल् जा'अ बिल्हक़्क़िक़ व सद्दक़ल्-मुर्सलीन (३७) अिन्नकुम् लजा'इक़ुल्-अजाबिल्-अलीमि ज (३८) व मा तुज़्ज़ौन अिल्ला मा कुन्तुम् तअ़्मलून ला (३९) अिल्ला अिबादल्लाहिल्-मुख़्लसीन (४०) अुला'अिक लहुम् रिज़्क़ुम्-मअ़्लूमुन् ला (४१) फ़वाकिहु ज व हुम् मुक्रमून ला (४२) फ़ी जन्नातिन्नअीमि ला (४३) अला सुरुरिम्-मुतक़ाबिलीन (४४) युताफ़ु अलैहिम् बिकअ्सिम्-मिम्मअीनिन् ला (४५) म्'बैज़ा'अ लज्जतिल्-लिश्शारिबीन ज सला (४६) ला फ़ीहा ग़ौलूँव ला हुम् अन्हा युन्ज़फ़ून (४७) व अिन्दहुम् क़ासिरातुत्तर्फ़ि अीनुन् ला (४८)

زَجْرَةٌ وَاحِدَةٌ فَإِذَا هُمْ يَنظُرُونَ ۞ وَقَالُوا يَا وَيْلَنَا هَٰذَا يَوْمُ
الدِّينِ ۞ هَٰذَا يَوْمُ الْفَصْلِ الَّذِي كُنتُم بِهِ تُكَذِّبُونَ ۞ احْشُرُوا
الَّذِينَ ظَلَمُوا وَأَزْوَاجَهُمْ وَمَا كَانُوا يَعْبُدُونَ ۞ مِن دُونِ اللَّهِ
فَاهْدُوهُمْ إِلَىٰ صِرَاطِ الْجَحِيمِ ۞ وَقِفُوهُمْ إِنَّهُم مَّسْئُولُونَ ۞ مَا
لَكُمْ لَا تَنَاصَرُونَ ۞ بَلْ هُمُ الْيَوْمَ مُسْتَسْلِمُونَ ۞ وَأَقْبَلَ بَعْضُهُمْ
عَلَىٰ بَعْضٍ يَتَسَاءَلُونَ ۞ قَالُوا إِنَّكُمْ كُنتُمْ تَأْتُونَنَا عَنِ الْيَمِينِ ۞
قَالُوا بَل لَّمْ تَكُونُوا مُؤْمِنِينَ ۞ وَمَا كَانَ لَنَا عَلَيْكُم مِّن سُلْطَانٍ
بَلْ كُنتُمْ قَوْمًا طَاغِينَ ۞ فَحَقَّ عَلَيْنَا قَوْلُ رَبِّنَا إِنَّا لَذَائِقُونَ ۞
فَأَغْوَيْنَاكُمْ إِنَّا كُنَّا غَاوِينَ ۞ فَإِنَّهُمْ يَوْمَئِذٍ فِي الْعَذَابِ
مُشْتَرِكُونَ ۞ إِنَّا كَذَٰلِكَ نَفْعَلُ بِالْمُجْرِمِينَ ۞ إِنَّهُمْ كَانُوا إِذَا
قِيلَ لَهُمْ لَا إِلَٰهَ إِلَّا اللَّهُ يَسْتَكْبِرُونَ ۞ وَيَقُولُونَ أَئِنَّا لَتَارِكُوا
آلِهَتِنَا لِشَاعِرٍ مَّجْنُونٍ ۞ بَلْ جَاءَ بِالْحَقِّ وَصَدَّقَ الْمُرْسَلِينَ ۞ إِنَّكُمْ
لَذَائِقُوا الْعَذَابِ الْأَلِيمِ ۞ وَمَا تُجْزَوْنَ إِلَّا مَا كُنتُمْ تَعْمَلُونَ ۞
إِلَّا عِبَادَ اللَّهِ الْمُخْلَصِينَ ۞ أُولَٰئِكَ لَهُمْ رِزْقٌ مَّعْلُومٌ ۞ فَوَاكِهُ
وَهُم مُّكْرَمُونَ ۞ فِي جَنَّاتِ النَّعِيمِ ۞ عَلَىٰ سُرُرٍ مُّتَقَابِلِينَ ۞
يُطَافُ عَلَيْهِم بِكَأْسٍ مِّن مَّعِينٍ ۞ بَيْضَاءَ لَذَّةٍ لِّلشَّارِبِينَ ۞
لَا فِيهَا غَوْلٌ وَلَا هُمْ عَنْهَا يُنزَفُونَ ۞ وَعِندَهُمْ قَاصِرَاتُ الطَّرْفِ

सो वह तो एक झिड़की होगी कि फिर तभी यह देखने लगेंगे (१९) और बोल उठेंगे कि हाय ! हमारा अभाग्य, यह तो न्याय का दिन आ पहुँचा ! (२०) (फ़रमाया जायगा कि हाँ,) यही फ़ैसले का दिन है जिसको तुम झुठलाया करते थे। (२१) ★

(और हम फ़रिश्तों को हुक्म देंगे कि दुनिया में ज़ुल्म करने वाले) ज़ालिमों को और उनके जोड़ों (साथियों) को और अल्लाह के सिवाय जिनको पूजते रहे हैं उन सबको इकट्ठा करो। (२२) फिर उनको जहन्नुम की राह ले चलो। (२३) ● और उनको खड़ा रखो कि उनसे (कुछ) सवाल होगा। (२४) तुम्हें क्या हो गया कि (पूजनेवाले व पूज्य दोनों अब) एक दूसरे की मदद नहीं करते। (२५) (यह कुछ भी जवाब न देंगे) बल्कि यह उस दिन बतौर फ़र्माबरदार (नीची गर्दन किये) होंगे (२६) और एक की तरफ़ एक ध्यान देकर पूँछेगे। (२७) (एक फ़रीक़ दूसरे फ़रीक से) कहेगा कि तुम्हीं दाहिनी तरफ़ से (बहकाने को बड़े ज़ोर से) हमारे पास आया करते थे।(२८) वह कहेंगे नहीं, तुम (आप) ही ईमानलाने वाले नहीं थे। (२९) और तुम पर हमारा कुछ ज़ोर तो न था, बल्कि तुम ही सरकश थे। (३०) सो हमारे परवरदिगार का वादा हमारे (सबके) हक़ में पूरा हुआ, अब हम सबको (अज़ाब का) मज़ा चखना होगा। (३१) फिर हमने तुमको भी बहका दिया (और) ख़ुद भी बहके हुये थे। (३२) सो वे उस दिन सज़ा में (साथ-साथ) शरीक होंगे। (३३) हम अपराधियों के साथ ऐसा ही सलूक किया करते हैं। (३४) यह (ऐसे सरकश) थे कि जब इनसे कहा जाता था कि अल्लाह के सिवाय कोई माबूद (पूज्य) नहीं तो यह (घमण्ड में) अकड़ते थे। (३५) और कहते थे कि भला हम अपने पूजितों को एक पागल शायर के कहे में (आकर) छोड़ दें। (३६) (यह कुछ नहीं !) यह रसूल सच्चा दीन लेकर आया है और (वह) सब पैग़म्बरों की तसदीक़ (समर्थन) करता है। (३७) (लोगो ! अगर इससे इन्कार करोगे तो) तुम ज़रूर दुखदाई अज़ाब (की सज़ा) चखोगे। (३८) और जैसे-जैसे कर्म (दुनिया में तुम) करते रहे हो उन्हीं का बदला पाओगे। (३९) मगर जो अल्लाह के ख़ास बन्दे हैं। (४०) वह ऐसे (ख़ुशनसीब) होंगे कि (अल्लाह की ओर से) इनकी रोज़ी मुक़र्रर है‡ (४१) (यानी) मेवे; और इनकी इज़्ज़त होगी, (४२) निअ़मत के बाग़ों में, (४३) तख़्तों पर आमने-सामने होंगे. (४४) इनमें स्वच्छ शराब का प्याला घुमाया जा रहा होगा। (४५) (और) सफ़ेद रंग (वाली वह शराब) पीनेवालों को मज़ा देगी। (४६) न उससे सिर घूमते हैं और न उससे (मदहोश होकर) बहँकते हैं। (४७) और उनके पास नीची निगाह रखने वाली बड़ी (बड़ी) आँखों वाली औरतें होंगी। (४८)

[पेज ७३५ से] क़ुर्बान करता है, उतनी ही कृपा उस पर होती है। क्योंकि क़ुर्बानी की चीज़ अल्लाह तक नहीं पहुँचती बल्कि इन्सान की भावना पहुँचती है। ह० इब्राहीम अ० अपने प्यारे बेटे ह० इस्माईल अ० के ज़िबह करने पर आमादः हुये और बाप-बेटे दोनों बख़ुशी उस क़ुर्बानी को तैयार हुये। यह परहेज़गारी (संयम) की सीमा थी। अल्लाह ने कसौटी पर उनको खरा पाकर बेटा भी बख़्श दिया और दुनिया में हमेशा के लिए उनकी इज़्ज़त क़ायम रखी। हिन्दोस्तान में राजा मोरध्वज ने भी इसी तरह अपने बेटे को राह-अल्लाह में न्यौछावर किया था और अल्लाह की रहमत व बेटा दोनों उन्होंने पाये। सूरः के उतरने का समय मक्का के बीच के समय का शुरू भाग है। ह० यूनुस अ० के दृष्टांत से ज़ाहिर है कि जहाँ अल्लाह ज़ालिमों पर अज़ाब ढाने में पूरा समर्थ है, वहीं ग़ल्ती करने पर किसी समय भी दुनिया में रहते तौबः कर लेने और अपने को सवाँर लेने पर वह माफ़ी देने में भी बड़ा ही रहीम है।

‡ 'मालूम' यानी नेक बन्दों के लिए तो उम्दः रोज़ी बहिश्त में तयशुदा है।

रुकू १-५ आ २१ ● रुकू १-४ आ १८

कअन्नहुन्न बैज़ुम् - मक्नूनुन् (४९) फ़अक़बल बअ़ज़ुहुम् अला बअ़ज़िं - यतसा'अलून (५०) क़ाल क़ा'अिलुम् - मिन्हुम् अिन्नी कान ली क़रीनुन् ला (५१) य'यक़ूलु अअिन्नक लमिनल् - मुसद्दिक़ीन (५२) अअिजा मित्ना व कुन्ना तुराबौंव अिजामन् अअिन्ना लमदीनून (५३) क़ाल हल् अन्तुम् मुत्तलिअ़ून (५४) फ़त्तलअ़ फ़रआहु फ़ी सवा'अिल् - जहीमि (५५) क़ाल तल्लाहि अिन् कित्त लतुर्दीनि ला (५६) व लौ ला निअ़मतु रब्बी लकुन्तु मिनल् - मुह्ज़रीन (५७) अफ़मा नह्नु बिमैयितीन ला (५८) अिल्ला मौततनल्-अूला व मा नह्नु बिमुअ़ज्जबीन (५९) अिन्न हाजा लहुवल् - फ़ौज़ुल् - अ़ज़ीमु (६०) लिमिस्लि हाजा फ़ल्यअ़मलिल्-आमिलून (६१) अजालिक ख़ैरुन् नुज़ुलन् अम् शजरतुज़् - ज़क़्क़ूमि (६२) अिन्ना जअ़ल्नाहा फ़ित्नतल् - लिज़्ज़ालिमीन (६३) अिन्नहा शजरतुन् तख़्रुजु फ़ी' अस्लिल् - जहीमि ला (६४) तल्अुहा कअन्नहू रुअूसुश् - शयातीनि (६५) फ़अिन्नहुम्

लआकिलून मिन्हा फ़मालिअून मिन्हल् - बुतून तु (६६) सुम्म अिन्न लहुम् अलैहा लशौबम् - मिन् हमीमिन् ज़ (६७) सुम्म अिन्न मर्जिअ़हुम् ल अिलल् - जहीमि (६८) अिन्नहुम् अल्फ़ौ आबा'अहुम् ज़ा'ल्लीन ला (६९) फ़हुम् अला' आसारिहिम् युहरअ़ून (७०) व लक़द् ज़ल्ल क़ब्लहुम् अक्सरुल् - औवलीन ला (७१) व लक़द् अर्सल्ना फ़ीहिम् मुन्ज़िरीन (७२) फ़न्ज़ुर् कैफ़ कान आक़िबतुल् - मुन्ज़रीन ला (७३) अिल्ला अिबादल्लाहिल् - मुख़्लसीन (७४) ★ व लक़द् नादाना नूहुन् फ़लनिअ़मल् - मुजीबून ज़ सला (७५) व नज्जैनाहु व अह्लहू मिनल् - कर्बिल् - अ़ज़ीमि ज़ सला (७६) व जअ़ल्ना ज़ुर्रीयतहू हुमुल् - बाक़ीन ज़ सला (७७) व तरक्ना अलैहि फ़िल् - आख़िरीन ज़ सला (७८) सलामुन् अला नूहिन् फ़िल् - आलमीन (७९)

★ रु. ८ आ ५३

गोया (आँखों के पर्दों से) ढँके वह अण्डे हैं। (४९) फिर यह (बहिश्तवाले) एक दूसरे की तरफ़ ध्यान देकर आपस में पूछा-पाछी करेंगे। (५०) इनमें से एक कहनेवाला कहेगा कि (दुनिया में) एक मेरा साथी था। (५१) (और वह मुझसे) पूछा करता था कि क्या तू (भी) उन लोगों में है जो (क़ियामत) पर यक़ीन करते हैं? (५२) क्या (सचमुच) जब हम मर जायँगे और मिट्टी और हड्डियाँ होकर रह जायँगे (तो हम दोबारा ज़िन्दः किये जायँगे और) हमको (अपने किये का) बदला मिलेगा? (५३) फिर (वही शख़्स) कहेगा कि भला तुम (हमारे उस दुनिया के साथी की हालत को) झाँककर देखोगे? (५४) फिर झाँका तो उसको दोज़ख़ के बीचोंबीच देखा। (५५) बोल उठेगा कि अल्लाह की क़सम तू तो मुझे (भी अपने साथ कुफ़्र में शरीक करने और) तबाह करने को था। (५६) और अगर मेरे परवरदिगार की (मुझ पर) कृपा न होती तो मैं भी पकड़े हुओं में होता (जो आज दोज़ख़ में हाज़िर हैं।) (५७) क्या (यह नहीं है कि) हमको अब मरना नहीं। (५८) सिवाय इसके कि पहली बार मर चुके और हमें (अब) तकलीफ़ नहीं पहुँचनी है। (५९) बेशक यही बड़ी कामयाबी है। (६०) और चाहिए कि ऐसी ही कामयाबी के लिए अमल करनेवाले (दुनिया में) अमल करें। (६१) भला (अल्लाह की ओर से) यह मेहमानी बेहतर है या सेंहुड़ का पेड़†? (६२) कि हमने उसको ज़ालिमों की बला को बना रखा है। (६३) यह एक दरख़्त है जो दोज़ख़ की जड़ में (से) उगता है। (६४) उसके गाभे जैसे शैतानों के सिर! (६५) सो यह (दोज़ख़ी) उसी में से खायँगे और उसी से पेट भरेंगे। (६६) फिर उस पर उनको खौलता हुआ पानी दिया जायगा। (६७) फिर इनको (नरक की) तरफ़ लौटना होगा। (६८) (ऐ पैग़म्बर!) इन्होंने (यानी मक्का के काफ़िरों ने) अपने बाप-दादों को राह से बहका हुआ पाया। (६९) सो वे उन्हीं के क़दमों पर दौड़े चले जा रहे हैं। (७०) और इनसे पहले (भी) बहुत लोग गुमराह हो चुके हैं। (७१) और उनमें भी हमने डर सुनानेवाले (पैग़म्बर) भेजे थे। (७२) तो (ऐ पैग़म्बर! देखो) उन चेतावनी दिये गये लोगों का कैसा (बुरा) परिणाम हुआ (७३) मगर हाँ, जो अल्लाह के चुने हुए बन्दे हैं (उनको कामयाबी मिली)‡। (७४) ★

और (अपनी क़ौम के ज़ुल्म व कुफ़्र से आजिज़ होकर) नूह ने हमको पुकारा था तो (हमने उनकी पुकार सुन ली और देखो) हम पुकार पर कैसे अच्छे (मुस्तैद) पहुँचनेवाले हैं। (७५) और नूह और उनके घरवालों को उस बड़ी घबड़ाहट से बचा दिया। (७६) और उनकी औलाद को ऐसा किया कि बाक़ी रह जानेवालों में रह गई। (७७) और (उनके बाद) आनेवाले गरोहों में उनका ज़िक्र-ख़ैर बाक़ी रखा। (७८) कि सारे जहान में (हर तरफ़ से) नूह पर सलाम है♦। (७९)

† यह सेंहुड (थूहर) का दोज़ख़ी पेड़ बहिश्त के अजूबा आरामदेह बाग़ों का जवाबी है। ‡ चेतावनी सभी को दी जाती है। लेकिन जो नेक हैं वे बुराइयों से बचते हैं और बद उस हिदायत से बहँकते हैं। ♦ ह० नूह अ० का पूरा बयान देखिये सूरः हूद आयत २५-४८ पृष्ठ ३८०-३८३। ह० नूह अ० के समय पानी का बिकट तूफ़ान आया था। इसी तरह के एक बिकट तूफ़ान (जलप्रलय) का ज़िक्र किसी न किसी नाम से दुनिया के अनेक इतिहासों में मिलता है। हिन्दुस्तान मे भी शतपथ ब्राह्मण और महाभारत में इसका ज़िक्र है।

★ रु. २-६ आ ५३

अिन्ना कजालिक नज्ज़िल् - मुह्सिनीन (८०) अिन्नहु मिन् अिबादिनल् - मुअ्मिनीन (८१) सुम्म अग़्रक़्नल् - आख़रीन (८२) व अिन्न मिन् शीअतिहि लअिब्राहीम म ● (८३) अिज् जा अ रब्बहु बिक़ल्बिन् सलीमिन् (८४) अिज् क़ाल लिअबीहि व क़ौमिहि मा जा तअ्बुदून ज् (८५) अअिफ़्कन् आलिहतन् दूनल्लाहि तुरीदून त् (८६) फ़मा जन्नुकुम् बिरब्बिल् - आलमीन (८७) फ़नजर नज़्रतन् फ़िन्नुजूमि ला (८८) फ़क़ाल अिन्नी सक़ीमुन् (८९) फ़तवल्लौ अन्हु मुद्बिरीन (९०) फ़राग़ अिला आलिहतिहिम् फ़क़ाल अला तअ्कुलून ज् (९१) मा लकुम् ला तन्तिक़ून (९२) फ़राग़ अलैहिम् ज़र्बम् - बिल्यमीनि (९३) फ़अक़्बलू अिलैहि यज़िफ़्फ़ून (९४) क़ाल अतअ्बुदून मा तन्हितून ला (९५) वल्लाहु ख़लक़कुम् व मा तअ्मलून (९६) क़ालुब्नू लहु बुन्यानन् फ़अल्क़ूहु फ़िल्जहीमि (९७) फ़अरादू बिहि कैदन् फ़-जअ्ल्ना-हुमुल् - अस्फ़लीन (९८) व क़ाल अिन्नी जाहिबुन् अिला रब्बी सयह्दीनि (९९) रब्बि हब् ली मिनस्सालिहीन (१००) फ़बश्शर्नाहु बिग़ुलामिन् हलीमिन् (१०१) फ़लम्मा बलग़ मअ्यहुस्सअ़्य क़ाल या बुनैय अिन्नी अरा फ़िल्मनामि अन्नी अज् बहुक फ़न्जुर् मा जा तरा त् क़ाल या अबतिफ़्अ्लु मा तुअ्मरु ज् सतजिदुनी अिन् शा अल्-लाहु मिनस्साबिरीन (१०२) फ़लम्मा अस्लमा व तल्लहु लिल्जबीनि ज् (१०३) व नादैनाहु अैया अिब्राहीमु ला (१०४) क़द् सद्दक़्तर्-रुअ्या ज् अिन्ना कजालिक नज़्ज़िल् - मुह्सिनीन (१०५) अिन्न हाजा लहुवल् - बला अुल् - मुबीनु (१०६) व फ़दैनाहु बिजिब्हिन् अज़ीमिन् (१०७) व तरक्ना अलैहि फ़िल् - आख़िरीन सला (१०८) सलामुन् अला अिब्राहीम (१०९) कजालिक नज़्ज़िल् - मुह्सिनीन (११०) अिन्नहु मिन् अिबादिनल् - मुअ्मिनीन (१११)

إِنَّا كَذَٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِينَ ۝ إِنَّهُ مِنْ عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِينَ ۝
ثُمَّ أَغْرَقْنَا الْآخَرِينَ ۝ وَإِنَّ مِنْ شِيعَتِهِ لَإِبْرَٰهِيمَ ۝ إِذْ جَاءَ
رَبَّهُ بِقَلْبٍ سَلِيمٍ ۝ إِذْ قَالَ لِأَبِيهِ وَقَوْمِهِ مَاذَا تَعْبُدُونَ ۝
أَئِفْكًا آلِهَةً دُونَ اللَّهِ تُرِيدُونَ ۝ فَمَا ظَنُّكُمْ بِرَبِّ الْعَٰلَمِينَ ۝
فَنَظَرَ نَظْرَةً فِي النُّجُومِ ۝ فَقَالَ إِنِّي سَقِيمٌ ۝ فَتَوَلَّوْا عَنْهُ مُدْبِرِينَ ۝
فَرَاغَ إِلَىٰ آلِهَتِهِمْ فَقَالَ أَلَا تَأْكُلُونَ ۝ مَا لَكُمْ لَا تَنْطِقُونَ ۝ فَرَاغَ
عَلَيْهِمْ ضَرْبًا بِالْيَمِينِ ۝ فَأَقْبَلُوا إِلَيْهِ يَزِفُّونَ ۝ قَالَ أَتَعْبُدُونَ
مَا تَنْحِتُونَ ۝ وَاللَّهُ خَلَقَكُمْ وَمَا تَعْمَلُونَ ۝ قَالُوا ابْنُوا لَهُ بُنْيَانًا
فَأَلْقُوهُ فِي الْجَحِيمِ ۝ فَأَرَادُوا بِهِ كَيْدًا فَجَعَلْنَٰهُمُ الْأَسْفَلِينَ ۝
وَقَالَ إِنِّي ذَاهِبٌ إِلَىٰ رَبِّي سَيَهْدِينِ ۝ رَبِّ هَبْ لِي مِنَ الصَّٰلِحِينَ ۝
فَبَشَّرْنَٰهُ بِغُلَٰمٍ حَلِيمٍ ۝ فَلَمَّا بَلَغَ مَعَهُ السَّعْيَ قَالَ يَٰبُنَيَّ إِنِّي
أَرَىٰ فِي الْمَنَامِ أَنِّي أَذْبَحُكَ فَانظُرْ مَاذَا تَرَىٰ قَالَ يَٰأَبَتِ افْعَلْ
مَا تُؤْمَرُ سَتَجِدُنِي إِن شَآءَ اللَّهُ مِنَ الصَّٰبِرِينَ ۝ فَلَمَّآ أَسْلَمَا
وَتَلَّهُ لِلْجَبِينِ ۝ وَنَٰدَيْنَٰهُ أَن يَٰإِبْرَٰهِيمُ ۝ قَدْ صَدَّقْتَ الرُّءْيَآ
إِنَّا كَذَٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِينَ ۝ إِنَّ هَٰذَا لَهُوَ الْبَلَٰٓؤُا الْمُبِينُ ۝
وَفَدَيْنَٰهُ بِذِبْحٍ عَظِيمٍ ۝ وَتَرَكْنَا عَلَيْهِ فِي الْآخِرِينَ ۝ سَلَٰمٌ عَلَىٰٓ
إِبْرَٰهِيمَ ۝ كَذَٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِينَ ۝ إِنَّهُۥ مِنْ عِبَادِنَا

नेक मनुष्यों को हम ऐसे ही बदला दिया करते हैं। (८०) नूह हमारे ईमानवाले बन्दों मे से हैं। (८१) फिर (नूह अ० व किश्ती में सवार लोगों के अलावा) औरों को हमने डुबो दिया। (८२) और उन्हीं (यानी नूह अ०) के तरीक़े पर चलनेवालों में से इब्राहीम थे।● (८३) जब (वह इब्राहीम अ० पाक व) साफ़ दिल से अपने परवरदिगार की तरफ़ रुजू हुआ (८४) जब अपने बाप और अपनी क़ौम से कहा कि (यह) तुम क्या पूजते हो ? (८५) क्या अल्लाह के सिवाय झूठे पूजितों की ख़्वाहिश रखते हो ? (८६) फिर तुमने जहान के पालनेवाले को क्या समझ रखा है ? (८७) फिर (उन्होने) तारों पर एक निगाह डाली। (८८) फिर कहा मैं (तो इन्हें देखकर ही) बीमार हूं†। (८९) तो वह लोग उनको छोड़कर चले गये। (९०) उनका जाना था कि इब्राहीम चुपके से उनकी मूर्तियों में जा घुसे और कहा कि तुम (भेंट की हुई चीज़ों को) खाते क्यों नहीं ? (९१) (जब कोई जवाब न मिला तो बोले) तुम्हें क्या हुआ है, तुम बोलते क्यों नहीं ? (९२) फिर (इब्राहीम) दाहिने हाथ से उनको मारने (-तोड़ने) के लिए पिल पड़ा। (९३) फिर लोग (ख़बर पाकर) उनकी ओर घबड़ाते दौड़े आये। (९४) (उनके एतराज़ पर इब्राहीम अ० ने) कहा क्यों तुम ऐसी चीज़ों को पूजते हो जिनको तुम (आप) तराशकर बनाते हो ? (९५) और तुमको और जिन चीज़ों को तुम बनाते हो (सबको) अल्लाह ही ने पैदा किया है। (९६) (यह सुनकर वह लोग) कहने लगे कि इब्राहीम के लिए एक इमारत बनाओ और इसको दहकती हुई आग में डाल दो। (९७) फिर (उन लोगों ने) इब्राहीम के साथ बुरे दाँव का इरादा किया फिर हमने (इब्राहीम को आग से बाल-बाल बचाकर) उन्हीं लोगों को नीचा दिखाया। (९८) और (बुतपरस्त बाप ने इब्राहीम को घर से निकाल दिया तो देश त्यागते समय इब्राहीम अ० ने) कहा मैं अपने परवरदिगार की ओर जाता हूँ, वह मुझे राह दिखायेगा। (९९) और (इब्राहीम अ० ने दुआ माँगी) ऐ परवरदिगार ! मुझको नेकों में से एक (नेक बेटा) दे। (१००) फिर हमने उनको एक बड़े हलीम (सहनशील) लड़के की खुशख़बरी दी। (१०१) फिर जब लड़का (यानी इस्माईल अ०) उनके साथ चलने फिरने लगे तो (इब्राहीम ने) कहा कि बेटा ! मैं स्वप्न में देखता हूं कि मैं तुझको ज़बह कर रहा हूँ, फिर तू देख कि तेरी क्या राय है ? (बेटे ने) कहा कि ऐ बाप ! जो तुझको हुक्म हुआ है तू कर गुज़र, अल्लाह ने चाहा तो तू मुझे (इस क़ुर्बानी को) सहन करनेवाला पायेगा। (१०२) फिर जब दोनों (बाप-बेटों) ने (अल्लाह का) हुक्म माना और (बाप ने हलाल करने के लिए) बेटे को माथे के बल पछाड़ा, (१०३) और हमने उसे पुकारा कि ऐ इब्राहीम ! (१०४) तूने स्वप्न को सच कर दिखाया; (देखो !) नेकों को हम ऐसे बदला देते हैं। (१०५) बेशक (तुम्हारी) यह खुली हुई परीक्षा थी। (१०६) और हमने ज़िबह (बलिदान) के लिए एक बड़ा जानवर इस्माईल के बदले में दिया‡ (१०७) और हमने आनेवाले लोगों में उन (इब्राहीम) का ज़िक्र बाक़ी रखा। (१०८) कि इब्राहीम पर सलाम है। (१०९) हम नेक बन्दों को ऐसे ही बदला दिया करते हैं (११०) वह (इब्राहीम) हमारे ईमानवाले बन्दों में से हैं। (१११)

† हज़रत इब्राहीम अ० की क़ौम ने उनसे मेले चलने को कहा, तो उन्होंने यह बात कहकर उनको अपने पास से टाल दिया और फिर उनके बुतों को तोड़ डाला ताकि उनकी क़ौम वाले समझ लें कि वह जिनको पूजते हैं वह बेबस दूसरों का क्या, अपना भी बचाव नहीं कर सकते। ‡ अल्लाह ने उनके बेटे को बचा लिया और उनके बदले एक दुम्बा हलाल हो गया। यह बात हज़रत इब्राहीम अ० को उस समय मालूम हुई जबकि उन्होंने अपनी आँखों की पट्टी खोली।

व बश्शर्नाहु बिइस्हाक़ नबीयम् - मिनस्सालिहीन (११२) व बारक्ना अलैहि व अला इस्हाक़ त् व मिन् जुर्रीयतिहिमा मुह्सिनूँव ज़ालिमुल् - लिनफ़्सिहत्ँ मुबीनुन् (११३) ★ व लक़द् मनन्ना अला मूसा व हारून ज् (११४) व नज्जैनाहुमा व क़ौमहुमा मिनल्-कर्बिल्-अज़ीमि ज् (११५) व नसर्नाहुम् फ़कानू हुमुल् - ग़ालिबीन ज् (११६) व आतैनाहुमल् - किताबल् - मुस्तबीन ज् (११७) व हदैना - हुमस्सिरातल् - मुस्तक़ीम ज् (११८) व तरक्ना अलैहिमा फ़िल्आख़िरीन ला (११९) सलामुन् अला मूसा व हारून (१२०) अिन्ना कजालिक नज्ज़िल् - मुह्सिनीन (१२१) अिन्नहुमा मिन् अिबादिनल् - मुअ्मिनीन (१२२) व अिन्न अिल्यास लमिनल् - मुर्सलीन त् (१२३) अिज् क़ाल लिक़ौमिहत्ँ अला तत्तक़ून (१२४) अतद्अून बअ़लँव तज़रून अह्सनल् - ख़ालिक़ीन ला (१२५) अल्लाह रब्बकुम् व रब्ब आबाअिकुमुल् - औवलीन (१२६) फ़कज्जबूहु फ़अिन्नहुम् लमुह्ज़रून ला (१२७) अिल्ला अिबादल्लाहिल् - मुख़्लसीन (१२८) व तरक्ना अलैहि फ़िल् - आख़िरीन ला (१२९) सलामुन् अला अिल् यासीन (१३०) अिन्ना कजालिक नज्ज़िल् - मुह्सिनीन (१३१) अिन्नहु मिन् अिबादिनल् - मुअ्मिनीन (१३२) व अिन्न लूतल्-लमिनल्-मुर्सलीन त् (१३३) अिज् नज्जैनाहु व अह्लहू अज्मअ़ीन ला (१३४) अिल्ला अ़जूज़न् फ़िल् - ग़ाबिरीन (१३५) सुम्म दम्मर्नल् - आख़रीन (१३६) व अिन्नकुम् लतमुर्रून अलैहिम् मुसबिहीन ला (१३७) व बिल्लैलि त् अफ़ला तअ़क़िलून (१३८) ★ व अिन्न यूनुस लमिनल् - मुर्सलीन त् (१३९) अिज् अबक़ अिलल्फ़ुल्किल् - मश्हूनि ला (१४०) फ़साहम फ़कान मिनल्-मुद्हज़ीन ज् (१४१) फ़ल्तक़महुल्-हूतु व हुव मुलीमुन् (१४२) फ़लौ ला अन्नहू कान मिनल् - मुसब्बिहीन ला (१४३)

रु. ३ - ७ आ ३६

रु. ४ - ८ आ २५

और हमने इब्राहीम को (दूसरे बेटे) इसहाक़छ की ख़ुशख़बरी दी कि (यह भी) पैग़म्बर और नेकों में होगा।(११२) और हमने इब्राहीम और इसहाक़ को बरकतें दीं। और इन दोनों की औलाद में कोई नेककार हैं और कोई अपने ऊपर आप खुला ज़ुल्म करनेवाले (गुनहगार भी) हैं§।(११३) ★

और हमने मूसा और हारून पर इहसान किये।(११४) और उन दोनों को और उनकी क़ौम को बड़ी घबराहट (यानी फ़िरऔन के ज़ुल्म) से छुटकारा दिलाया। (११५) और (फ़िरऔन के मुक़ाबिले में) उनकी मदद की तो वही लोग जीत में रहे।(११६) और हमने उनको रौशन किताब (तौरात) दी। (११७) और उन दोनों को सीधी राह दिखाई।(११८) और (इनके बाद) आनेवाले लोगों में उनका ज़िक्र बाक़ी रखा, (११९) कि मूसा और हारून पर सलाम है‡।(१२०) हम नेक बन्दों को ऐसे ही बदला दिया करते हैं।(१२१) यह दोनों हमारे ईमानवाले बन्दों में से हैं।(१२२) और इलयास (भी) बेशक पैग़म्बरों में से हैं।(१२३) जब (उन्होंने) अपनी क़ौम से कहा क्या तुम (अल्लाह से) नहीं डरते ? (१२४) क्या तुम 'बअ़ल'‡ को पूजते और बेहतर सिरजनहार (अल्लाह) को छोड़ बैठे हो ?(१२५) अल्लाह जो तुम्हारा परवरदिगार और तुम्हारे अगले (उन) बाप-दादों का भी परवरदिगार है (जिनको तुम पूजने लगे हो)।(१२६) तो लोगों ने इलियास को झुठलाया, सो यह लोग (अ़ज़ाब में ज़रूर) गिरफ़्तार होंगे।(१२७) मगर (हाँ,) अल्लाह के चुने बन्दे (कि जिन्होंने न झुठलाया, न अ़ज़ाब में पड़ेंगे।) (१२८) और (इलियास के बाद) आने वाले गिरोहों में (हमने) उनका ज़िक्र बाक़ी रक्खा, (१२९) कि इलियासीन पर सलाम हो।(१३०) हम नेकों को इसी तरह बदला दिया करते हैं।(१३१) इलियास हमारे ईमानवाले बन्दों में से हैं।(१३२) और बेशक लूत पैग़म्बरों में से हैं। (१३३) (याद करो) जब हमने लूत को और उनके तमाम घर वालों को बचा लिया। (१३४) मगर एक बुढ़िया (लूत की स्त्री) रहजाने वालों में थी। (१३५) फिर हमने दूसरे लोगों को जड़ से उखाड़ फेका।(१३६) और तुम (उनकी बस्ती शाम की ओर) सुबह को गुज़रते हो, (१३७) और रात को भी (गुज़रा करते हो।) फिर क्या तुम (उनकी तबाह यादगारों को देखकर भी) अक़्ल से काम नहीं लेते@ ! (१३८) ★

और बेशक यूनुस (भी) पैग़म्बरों में से हैं।(१३९) जब भागकर भरी हुई किश्ती के पास पहुँचे। (१४०) फिर क़ुरा (यानी मुसाफ़िरों में चिट्ठी) डाली गई (और चूँकि क़ुरे में उनका नाम निकला) तो नुक़सान उठाने वाले हुये (और नदी में फेंक दिये गये।) (१४१) फिर उनको मछली ने निगल लिया और वह उस वक़्त (अपनी अल्लाह के प्रति नाफ़र्मानी को याद कर पछताये और उन्होंने) अपने ऊपर मलामत की।(१४२) तो अगर (अल्लाह की) पवित्रता से याद करनेवालों में से न होते (१४३)

छ पहिले हज़रत इब्राहीम अलै० को जिस लड़के की ख़ुशख़बरी दी गई थी वह हज़रत इस्माईल अलै० थे। यहाँ आप को दूसरे बेटे हज़रत इसहाक़ की ख़ुशख़बरी दी गई है। पहिले बेटे की ख़ुशख़बरी के बाद क़ौरन ही ख़्वाब का बयान है और बेटे के ज़िबह करने का बाक़िअ़: विशेषतः लिखित विवरण है। जिससे मालूम हुआ कि ह० इस्माईल अलै ज़बीह थे, हज़रत इसहाक अलै० ज़बीह नहीं थे; क्योंकि हज़रत इसहाक़ अ० का बयान ज़िबह के बाक़िअ़: के बाद हुआ है। यहूदी और ईसा कहते हैं कि ह० इसहाक़ अ० ज़बीह थे। सो यह दृष्टिकोण बिलकुल ग़लत है। ह० इसहाक़ अलै० की औलाद बनी इसराईल कहलाई। ह० इस्माईल अ० की औलाद में अल्लाह तआ़ला ने ह० मुहम्मद सल्ल० अलै० को पैदा किया। § ह० इब्राहीम अ० का पूरा बयान सू० अम्बिया आयत ५१-७३ व इनके फ़ुटनोटों पृष्ठ ५४५-५४७ में देखिये। अलबत्ता उनका अपने बेटे ह० इस्माईल अ० को बलिदान देने का ज़िक्र पहले ही पहल इसी सूरः में आया है। ‡ ह० मूसा अ० का पूरा बयान सूरः क़सस आयत ४—४२ व उनके फ़ुटनोटों में पृष्ठ ६३९-६४९ पर देखिये। ‡ बाल एक बुत था। ह० इलियास अ० ह० हारून अ० की औलाद थे। @ ह० लूत अ० का पूरा बयान सूरः अ़राफ़ आयत ८०-८४ में पृष्ठ २७७ पर देखिये।

ललबिस् फ़ी बत्निहत्ति अिला यौमि युब्असून ज (१४४) ● फ़नबज़्नाहु बिल्अरा अि व हुव सक़ीमुन् ज (१४५) व अम्बत्ना अलैहि शजरतम् - मींयक़्तीनिन् ज (१४६) व अर्सल्नाहु अिला मिअति अल्फ़िन् औ यज़ीदून ज (१४७) फ़आमनू फ़मत्तअ्नाहुम् अिलाहीनिन् त (१४८) फ़स्तफ़्तिहिम् अलिरब्बिकल् - बनातु व लहुमुल् - बनून ला (१४९) अम् ख़लक़्नल् - मला अिकत्र अिनासौंव हुम् शाहिदून (१५०) अला अिन्नहुम् मिन् अिफ़्किहिम् लयक़ूलून ला (१५१) वलदल्लाहु ला व अिन्नहुम् लकाजिबून (१५२) अस्तफ़ल् - बनाति अलल् - बनीन त (१५३) मा लकुम् किफ़् कैफ़ तह्कुमून (१५४) अफ़ला तजक्करून ज (१५५) अम् लकुम् सुल्तानुम् - मुबीनुन् ला (१५६) फ़अ्तू बिकिताबिकुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१५७) व जअलू बैनहु व बैनल् जिन्नति नसबन् त व लक़द् अलिमतिल् - जिन्नतु अिन्नहुम् लमुह्ज़रून ला (१५८) सुब्हानल्लाहि अम्मा यसिफ़ून ला (१५९) अिल्ला अिबादल्लाहिल्-मुख़्लसीन (१६०) फ़अिन्नकुम् व मा तअ्बुदून ला (१६१) मा अन्तुम् अलैहि बिफ़ातिनीन ला (१६२) अिल्ला मन् हुव सालिल् - जहीमि (१६३) व मा मिन्ना अिल्ला लहु मक़ामुम् - मअ्लूमुन् ला (१६४) व'व अिन्ना लनह्नुस् - साफ़्फ़ून ज (१६५) व अिन्ना लनह्नुल् - मुसब्बिहून (१६६) व अिन् कानू लयक़ूलून ला (१६७) लौ अन्न अिन्दना जिक्रम् - मिनल् - औवलीन ला (१६८) लकुन्ना अिबादल्लाहिल् - मुख़्लसीन (१६९) फ़कफ़रू बिहत्ति फ़सौफ़ यअ्लमून (१७०) व लक़द् सबक़त् कलिमतुना लिअिबादिनल् - मुर्सलीन ज सला (१७१) अिन्नहुम् लहुमुल् - मन्सूरून त (१७२) व अिन्न जुन्दना लहुमुल् - ग़ालिबून (१७३) फ़तवल्ल अन्हुम् हत्ता हीनिन् ला (१७४) व'व अब्सिर्हुम् फ़सौफ़ युब्सिरून (१७५) अ फ़ बि अजाबिना यस्तअ्जिलून (१७६) फ़अिजा नज़ल बिसाहतिहिम् फ़सा अ सबाहुल् - मुन्जरीन (१७७) व तवल्ल अन्हुम् हत्ता हीनिन् ला (१७८)

तो उस दिन तक (यानी क़ियामत तक) जबकि लोग उठा खड़े किये जायँगे मछली ही के पेट में रहते।(१४४) ● फिर (उनकी प्रार्थना सुनकर) हमने उनको (मछली के पेट से निकालकर) खुले मैदान में डाल दिया और वह (मछली के पेट में रहने से) बीमार हो गये थे। (१४५) और हमने उन पर (हिफ़ाज़त के लिए कद्दू की तरह का) एक बेलदार दरख़्त उगा दिया। (१४६) और उनको (बीमारी से अच्छा कर) लाख बल्कि (लाख से भी) अधिक आदमियों की तरफ़ (पैग़म्बर बनाकर) भेजा। (१४७) फिर वह लोग (उन पर) ईमान लाये तो हमने उनको एक वक़्त तक (दुनिया में सुख से) बरतने दिया।§ (१४८) तो (ऐ पैग़म्बर!) इन (मक्का के काफ़िरों) से पूछो कि क्या तुम्हारे (अल्लाह के) लिए बेटियाँ और उनके (अपने) लिये बेटे हैं? (१४९) या हमने (सचमुच इनके कहने के अनुसार) फ़रिश्तों को औरतें बनाया और वह (यह बनाना) देख रहे थे? (१५०) सुनो, यह तो अपने झूठ बना-बनाकर कहते हैं† (१५१) कि अल्लाह औलादवाला है और कुछ शक नहीं कि यह लोग झूठे हैं।(१५२) क्या (अल्लाह ने) बेटों पर बेटियाँ (ज़्यादा) पसन्द कीं? (१५३) तुम लोगों को क्या हुआ है, कैसी (बे) इन्साफ़ी करते हो! (१५४) क्या तुम अक़्ल से काम नहीं लेते? (१५५) या तुम्हारे पास कोई खुली हुई सनद (याने किताब-इलाही) है।(१५६) (तो अगर अपने बयान में) सच्चे हो तो अपनी किताब पेश करो।(१५७) और इन लोगों ने अल्लाह में और जिन्नों में नाता ठहराया है,छ हालाँकि जिन्नों को अच्छी तरह मालूम है कि वह (भी इन्सानों ही की तरह फ़ैसले के दिन अल्लाह के रूबरू) हाज़िर किये जायँगे।(१५८) जैसी बातें (यह लोग अल्लाह की निस्बत) बनाते हैं अल्लाह उनसे पाक है। (१५९) मगर जो अल्लाह के ख़ालिस बन्दे हैं (जो न लग़ो बातें बनाते हैं न अज़ाब में दाख़िल होगें।) (१६०) सो तुम और (जिन्न) जिनकी तुम पूजा करते हो (१६१) (वे सब) अल्लाह के ख़िलाफ़ किसी को बहका नहीं सकते, (१६२) हाँ! सिर्फ़ उसी को जो (नरक की) आग में जानेवाला (दोज़ख़ में ही गिरने को तैयार) है।(१६३) और हम में जो (फ़रिश्ता) है उसका एक ठिकाना मुक़र्रर है।‡ (१६४) और हम जो हैं, हम ही हैं (अल्लाह की बन्दगी में) पाँति बाँधनेवाले‡।(१६५) और हम जो हैं, हम तो उस (अल्लाह) की पाक याद में लगे रहते हैं। (१६६) और यह (मक्का के काफ़िर तो) कहा करते थे, (१६७) कि अगले लोगों की कोई पुस्तक (बतौर हिदायत) हमारे पास होती, (१६८) तो हम (भी) अल्लाह के चुने हुए बन्दे होते।(१६९) सो (अब उन पर किताब उतरने की नौबत आई तो) उन्होंने इस (क़ुर्आन) को न माना तो आगे चलकर (अपने कुफ़्र का नतीजा) मालूम कर लेंगे। (१७०) और हमारे बन्दों के हक़ में हमारा हुक्म पहले ही हो चुका है कि जो रसूल हैं, (१७१) बेशक (अल्लाह के यहाँ से) उन्हीं को मदद होनी है।(१७२) और हमारा लश्कर (यानी ईमानवालों का गिरोह ज़रूर) ग़ालिब (प्रबल) रहा करता है।(१७३) तो (ऐ पैग़म्बर!) चन्दरोज़ इन इन्कार करनेवालों से मुँह मोड़ लो (१७४) और उन्हें देखते रहो, आगे वह भी देख लेंगे। (१७५) (और ऐ पैग़म्बर! ये काफ़िर) क्या हमारे अज़ाब के लिये जल्दी मचा रहे हैं? (१७६) तो जब वह अज़ाब उनके (घरों के) आँगनों में उतरेगा तो जिन लोगों को पहिले से डराया जा चुका था (और उन्होंने न माना था) उनकी सुबह बुरी (तबाही की) होगी।(१७७) और तू उनसे एक वक़्त तक के लिए बेपरवाह हो जा, (१७८)

नि. १/२

§ ह० यूनुस अ० का हाल यूँ है ✱[पिज ७६२ पर] † काफ़िर बेटियों को क़त्ल करते ◉[पिज ७६२ पर]
छ जिन्नों की भी काफ़िर पूजा करते थे ▓[पिज ७६२ पर] ‡ फ़रिश्ते अल्लाह की जिन्न औरतों से पैदा बेटियाँ
हैं, इसलिए हम उन ग़ैरमामूली हस्तियों ♦[पिज ७६२ पर] ‡ देखिये इसी सूरः की पहली आयत पृष्ठ ७३७।

ठ'व अब्सिर् फ़सौफ़ युब्सिरून (१७९) सुब्हान रब्बिक रब्बिल् - अिज़्ज़ति अम्मा यसिफ़ून ज (१८०) व सलामुन् अलल् - मुर्सलीन ज (१८१) वल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल् - आलमीन (१८२) ★

☆ ३८ सूरतु-सा'द ३८ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३१०७ हुरूफ़, ७३८ शब्द, ८८ आयतें और ५ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

सा'द वल्क़ुर्आनि जिज्जिक्रि त़ (१) बलिल्लज़ीन कफ़रू फ़ी अिज़्ज़तिव्व शिक़ाक़िन् (२) कम् अह्लक्ना मिन् क़ब्लिहिम् मिन् क़र्निन् फ़नादौव्व ला तहीन मनासिन् (३) व अजिबू अन् जा'अहुम् मुन्ज़िरुम् - मिन्हुम् ज़ व क़ालल् - काफ़िरून हाज़ा साहिरुन् कज़्ज़ाबुन् सला ज (४) अजअलल् - आलिहत अिलाहौं-वाहिदन् ज सला अिन्न हाज़ा लशैअुन् अुजाबुन् (५) वन्तलक़ल् - मलअु मिन्हुम् अनिम्शू वस्बिरू अला आलिहतिकुम् ज सला अिन्न हाज़ा लशैअुंय्युरादु सला ज (६) मा समिअ्ना बिहाज़ा फ़िल्-मिल्लतिल्-आख़िरति ज सला अिन् हाज़ा अिल्लख़्तिलाक़ुन् सला ज (७) अअुन्ज़िल अलैहिज़्ज़िक्रु मिम्बैनिना त़ बल् हुम् फ़ी शक्किम् - मिन् ज़िक्री ज बल् लम्मा यज़ूक़ू अज़ाबि त़ (८) अम् अिन्दहुम् ख़ज़ाअिनु रह्मति रब्बिकल् - अज़ीज़िल् - वह्हाबि ज (९) अम् लहुम् मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा क़िफ़् फ़ल्यर्तक़ू फ़िल्अस्बाबि (१०) जुन्दुम्मा हुनालिक मह्ज़ूमुम् - मिनल् - अह्ज़ाबि (११) कज़्ज़बत् क़ब्लहुम् क़ौमु नूहिंव्व आदूँव फ़िर्औनु जुल्औतादि ला (१२) व समूदु व क़ौमु लूतिंव्व अस्हाबुल् - अैकति त़ अुला'अिकल् - अह्ज़ाबु (१३) अिन् कुल्लुन् अिल्ला कज़्ज़बर् - रुसुल फ़हक़्क़ अिक़ाबि (१४) ★ व मा यन्ज़ुरु हा'अुला'अि अिल्ला सैहतौं - वाहिदतम् - मा लहा मिन् फ़वाक़िन् (१५) व क़ालू रब्बना अज्जिल् लना क़ित्तना क़ब्ल यौमिल् - हिसाबि (१६)

और देखता रह, आगे चलकर यह भी देख लेंगे।(१७९) (ऐ पैग़म्बर!) जैसी-जैसी बातें (यह लोग अल्लाह की बाबत) बनाते हैं उनसे तेरा परवरदिगार पाक है कि वह बड़ी इज़्ज़तवाला (है)।(१८०) और पैग़म्बरों पर सलाम है।(१८१) और सब ख़ूबी अल्लाह को है जो सारे संसार का परवरदिगार है।(१८२) ★ रु. ५ — ६ आ ४४

✪ ३८ सूरतु-सा'द ३८ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३१०७ अक्षर, ७३८ शब्द, ८८ आयतें और ५ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम पर जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

सा'द और नसीहत भरे क़ुर्आन की क़सम।(१) बल्कि जो लोग इन्कार करनेवाले हैं वे हेकड़ी और दुश्मनी में पड़े हैं।(२) हमने इनसे पहले बहुत-से गिरोहों को हलाक कर डाला फिर (सज़ा के वक़्त वे) चिल्ला उठे और (उस समय चिल्लाने से क्या नतीजा कि जब) रिहाई की मुहलत (ही) न रही।(३) और इन लोगों ने अचम्भा किया कि इनमें (ही) का एक डरानेवाला इनके पास आया और (यह देख कर) काफ़िरों ने कहा यह जादूगर झूठा है।(४) क्या इसने इतने माबूदों (पूजितों) को हटाकर एक ही पूजित बना डाला? यह तो बड़ी ही अचरज की बात है।(५) और इनमें के कितने ही सरदार लोग यह कहकर चल खड़े हुए और कहा कि चलो और अपने पूजितों पर जमे रहो, यह बात (जो यह मुहम्मद स० समझाता है) बेशक इसमें इसका कुछ इरादा है।(६) हमने यह बात पिछले (अपने बाप-दादों के) मज़हब में तो नहीं सुनी, और कुछ नहीं यह (इसकी) गढ़न्त है।(७) क्या हम लोगों में से (वही बस अल्लाह का प्यारा है और) उसी पर अल्लाह की बात उतरी है। (अल्लाह फ़र्माता है कि काफ़िरों की ये ऊल-जलूल बातें इस लिए हैं कि) इनको मेरी नसीहत (क़ुर्आन ही) में शक है। कुछ नहीं, अभी इन्होंने हमारे अज़ाब (का मज़ा) नहीं चक्खा।(८) (ऐ पैग़म्बर!) क्या तुम्हारे उस ज़बरदस्त और बख़्शने वाले परवरदिगार की रहमत के ख़ज़ाने इन्हीं के पास हैं?(९) या आसमानों और ज़मीन और वह चीज़ें जो आसमान-ज़मीन में हैं उनपर उन्हीं का अधिकार है? (अगर अल्लाह के निज़ाम में इनको दख़ल है और यह अपनी राय रखते हैं कि नबी किसको बनाया जाय) तो इनको चाहिए कि रस्सियाँ लगाकर (आसमान पर) चढ़ जायँ (और अल्लाह से मुक़ाबिला करें)। (१०) (ऐ पैग़म्बर! इनसे पहले तबाह हुये गुनहगार) तमाम लश्करों में यह क़ौम भी इस जगह एक शिकस्त खाई हुई फ़ौज (की तरह) बढ़ जायगी।(११) इनसे पहले नूह की क़ौम और आ़द और मेख़ोंवाले§ फ़िरऔन (भी अपने पैग़म्बरों को) झुठला चुके हैं।(१२) और समूद और लूत की क़ौम और ऐकः (यानी बन वालों) के गिरोह भी (अपने पैग़म्बरों को झुठला चुके हैं और यह वही तबाह हुये लश्कर हैं।) (१३) इन सब ही ने तो (अपने) पैग़म्बरों को झुठलाया फिर मेरा अज़ाब (उन पर) नाज़िल हुआ।(१४) ★ रु. १ — १० आ १४

और यह (क़ुरैश) भी एक चिंघाड़ की राह देखते हैं जो (बरपा होने के बाद) बीच में दम न लेगी।(१५) और कहते हैं ऐ परवरदिगार! हमारे कर्म का लेखा हिसाब लेने के दिन से पहिले (ही) हमको जल्दी दे।(१६)

❀ साद अक्षर से शुरू होने के कारन इसी पर सूरः का नामकरन है। ज़िक्र है कि [पिज ७६२ पर]

§ मेख़ोंवाले से मतलब बड़े रुतबे व दबदबे वाला।

अिस्बिर् अला मा यक़ूलून वज्कुर् अब्दना दावूद जल्अैदि ज अिन्नहू औवाबुन् (१७) अिन्ना सख़्ख़रनल् - जिबाल मअहू युसब्बिहून बिल् - अशीयि वल् - अिश्राक़ि ला (१८) वत्तैर महूशूरतन् त कुल्लुल्लहू औवाबुन् (१९) व शदद्ना मुल्कहू व आतैनाहुल् - हिक्मत व फ़स्लल् - ख़िताबि (२०) व हल् अताक नबअुल् - ख़स्मि म ● अिज् तसौवरुल् - मिह्राब ला (२१) अिज् दख़लू अला दावूद फ़फ़ज़िअ मिन्हुम् क़ालू ला तख़फ़् ज ख़स्मानि बग़ा बऽज़ुना अला बऽज़िन् फ़हुकुम् बैनना बिल्हक़्क़ि व ला तुश्तित् वह्दिना अिला सवा अिस्सिराति (२२) अिन्न हाजा अख़ी क़िफ़ लहू तिस्अूंव तिस्अून नऽजतौं-वलिय नऽजतूँ - वाहिदतुन् क़िफ़ फ़क़ाल अक्फ़िल्नीहा व अअज़नी फ़िल्ख़िताबि (२३) क़ाल लक़द् जलमक बिसुआलि नऽजतिक अिला निआजिहत त व अिन्न कसीरम् - मिनल् - ख़ुलता अि लयब्ग़ी बऽज़ुहुम् अला बऽज़िन् अिल्लल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व क़लीलुम्मा हुम् त व ज़न्न दावूदु अन्नमा फ़तन्नाहु फ़स्तग़्फ़र रब्बहू व ख़र्रन राकिअौंव अनाब (२४) ▲ फ़ग़फ़र्ना लहू जालिक त व अिन्न लहू अिन्दना लज़ुल्फ़ा व हुस्न मआबिन् (२५) या दावूदु अिन्ना जअल्नाक ख़लीफ़तन् फ़िल्अर्ज़ि फ़हुकुम् बैनन्नासि बिल्हक़्क़ि व ला तत्तबिअिल्हवा फ़युज़िल्लक अन् सबीलिल्लाहि त अिन्नल्लजीन यज़िल्लून अन् सबीलिल्लाहि लहुम् अजाबुन् शदीदुम्-बिमा नसू यौमल्-हिसाबि (२६) ★ व मा ख़लक़्नस्समा अ वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा बातिलन् त जालिक ज़न्नुल्लजीन कफ़रू ज फ़वैलुल् - लिल्लजीन कफ़रू मिन्नारि त (२७) अम् नज्अलुल् - लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति कल्मुफ़्सिदीन फ़िल्अर्ज़ि ज अम् नज्अलुल् - मुत्तक़ीन कल् - फ़ुज्जारि (२८) किताबुन् अन्ज़ल्नाहु अिलैक मुबारकुल् - लियद्ब्बरू आयातिहत व लियतज़क्कर अुलुल् - अल्बाबि (२९) व वहब्ना लिदावूद सुलैमान त निऽमल्अब्दु त अिन्नहू औवाबुन् त (३०)

(ऐ पैग़म्बर !) जैसी-जैसी बातें यह लोग कहते हैं उन पर सब्र करो और हमारे बन्दे दाऊद को याद करो कि (वह हर तरह की) ताक़त रखता था फिर भी वह (अल्लाह की तरफ़) रुजू रहनेवाला था। (१७) हमने पहाड़ों को उसके क़ब्ज़े में कर रक्खा था कि सुबह शाम उसके साथ (अल्लाह की) तस्बीह करते। (१८) और परिन्दे सब जमा होकर उसके सामने रुजू रहते (१९) और हमने उसके राज्य को मज़बूत कर दिया और उसे हिकमत और फ़ैसला करने की अक़्ल दी थी।(२०) और (ऐ पैग़म्बर !) क्या दावेदारों की ख़बर तेरे पास आई है●। जब वह इबादतगाह (उपासना स्थल) की दीवारें फाँदकर (उसके पास) दाख़िल हो गये। (२१) जब वे दाऊद के पास दाख़िल हुये तो वह उनसे डरा, उन्होंने कहा मत डरो, हम दोनों झगड़ रहे हैं, हममें से एक ने दूसरे पर ज़्यादती की है, सो हममें सच्चा फ़ैसला कर दे और बात को दूर न डाल और हमको सीधी राह बता दे।(२२) यह मेरा भाई है, इसके निन्नानबे भेड़ें हैं और मेरे (यहाँ सिर्फ़) एक ही भेड़ है। अब यह कहता है कि अपनी (वह एक) भेड़ भी मुझे दे डाल और बातचीत में मुझसे ज़बरदस्ती करता है।(२३) (दाऊद अ० ने) कहा कि यह तुझ पर ज़ुल्म करता है कि तेरी भेड़ अपनी भेड़ों में मिलाने के लिए तुझसे मांगता है। और बहुधा शरीक (साथ रहनेवाले) एक दूसरे पर ज़्यादती करते रहते हैं सिवाय वे लोग जो ईमान रखते और नेक काम करते हैं और ऐसे लोग थोड़ ही होते हैं। और दाऊद को ख़्याल आया कि हमने (यानी अल्लाह ने इस घटना से) उनको (यानी दाऊद अ० को) आज़माया तो उन्होंने अपने परवरदिगार से क्षमा माँगी और झुककर गिर पड़े और (अल्लाह की ओर) रुजू हुये†।(२४) ▲ और हमने उनको वह काम क्षमा कर दिया और हमारे यहाँ उसका मर्तबा और अच्छा ठिकाना है। (२५) ऐ दाऊद ! हमने तुझे मुल्क में नायब बनाया सो तू लोगों में इन्साफ़ के साथ हुकूमत कर और (अपनी) मनमानी ख़्वाहिश पर न चल, (ऐसा करेगा) तो (इन्द्रियों की इच्छाओं की पैरवी) तुझे अल्लाह की राह से भटका देगी। जो लोग अल्लाह की राह से भटकते हैं उनको सख़्त अज़ाब होना है इसलिए कि (क़ियामत के) हिसाबवाले दिन को भूल गये हैं।(२६) ★

और हमने आसमान और ज़मीन को और जो चीज़ें आसमान और ज़मीन में हैं उनको वृथा नहीं पैदा किया। यह उन लोगों का (ख़ाम-) ख़्याल है जो काफ़िर हैं; और काफ़िरों को (दोज़ख़ की) आग से बरबादी है।(२७) क्या हम ईमानवालों और नेक काम करनेवालों को ज़मीन में फ़साद करनेवालों के बराबर करेंगे ? या हम परहेज़गारों को बदकारों के बराबर करेंगे ? (२८) (ऐ पैग़म्बर ! यह क़ुर्आन) एक बरकतवाली किताब है जो (हमने) तेरी तरफ़ उतारी है, ताकि लोग इसकी आयतों में ध्यान दें और अक़्लवाले समझें।(२९) और हमने दाऊद को सुलैमान (बेटा) दिया। वह (सदा अल्लाह की ओर) रुजू रहनेवाला बहुत ख़ूब बन्दा था।(३०)

---

† हज़रत दाऊद अ० नबी भी थे और बादशाह भी। उन्होंने अपने दिनों को इस तरह विभाजित किया था। एक दिन दरबार करते थे और झगड़ों के फ़ैसले करते थे और एक दिन अल्लाह की इबादत के लिए ख़ास कर लिया था। उस रोज़ किसी को आने और मिलने की इजाज़त न थी। जिस दिन वह इबादत में मशग़ूल थे दो आदमी दीवार फाँद कर उनके पास आ खड़े हुए। हज़रत दाऊद अ० को ताज्जुब हुआ। फिर आनेवालों ने अपना एक झगड़ा बयान किया। उनमें से एक की बात सुनकर फ़रमाया कि तेरे ऊपर ज़ुल्म हुआ। फिर यकायक आगाह हुआ कि दूसरे की बात सुनने से पहले मुझे ऐसा न कहना चाहिए था; इससे उसकी तरफ़दारी ज़ाहिर होती है। यह ख़्याल करके सज्दे में गिर पड़ा और अपनी ग़ल्ती की माफ़ी माँगने लगा। बाज़ लोग इन आयतों की तफ़सीर में यह क़िस्सा बयान करते हैं। ह० दाऊद अ० की नज़र अपने हमसाये की बीवी पर पड़ी। उसको बादशाह के क़ाबिल समझ कर उसके ख़ाविंद से उसको तलाक़ देने की [पिछ ७६२ पर]

अिज् अुरिज़ अलैहि बिल्अशीयिस - साफ़िनातुल् - जियादु ला (३१) फ़क़ाल अिन्नी अहूबब्तु हुब्बल् - ख़ैरि अन् जिक्रि रब्बी ज हूत्ता तवारत् बिल् - हिजाबि वक़्फ़: (३२) रुदूहा अलैय तु फ़तफ़िक़ मसूहुम्-बिस्सूक़ि वल्-अड़नाक़ि (३३) व लक़द् फ़तन्ना सुलैमान व अल्क़ैना अला कुर्सीयिहि जसदन् सुम्म अनाब (३४) क़ाल रब्बिग़्फ़िर् ली व हब् ली मुल्कल्ला यम्बग़ी लिअहूदिम् - मिम्बड़्दी ज अिन्नक अन्तल् - वह्हाबु (३५) फ़सख़्ख़र्ना लहुर्रीह तज्री बिअम्रिहि रुख़ा अन् हैसु असाब ला (३६) वश्शयातीन कुल्ल बन्ना अिव्व ग़ौवासिन् ला (३७) व'व आख़रीन मुक़र्रनीन फ़िल् - अस्फ़ादि (३८) हाजा अता अुना फ़म्नुन् औ अम्सिक् बिग़ैरि हिसाबिन् (३९) व अिन्न लहु अिन्दना लज़ुल्फ़ा व हुस्न मआबिन् (४०) ★ वज्कुर् अब्दना अैयूब म ● अिज् नादा रब्बहु अन्नी मस्सनियश् - शैतानु बिनुसुबिव्व अजाबिन् तु (४१) अुर्कुज़् बिरिज्लिक ज हाजा मुग़्तसलुम् - बारिदूँव शराबुन् (४२) व वहब्ना लहु अह्लहु व मिस्लहुम् मअहुम् रहूमतम् - मिन्ना व जिक्रा लिअुलिल् - अल्बाबि (४३) व ख़ुज् बियदिक ज़िग़्सन् फ़ज़्रिब् बिहि व ला तहनस् तु अिन्ना वजद्नाहु साबिरन् तु निअ्मल् - अब्दु तु अिन्नहु औवाबुन् (४४) वज्कुर् अिबादना अिब्राहीम व अिस्हाक़ व यअ़्क़ूब अुलिल्-अैदी वल् - अब्सारि (४५) अिन्ना अख़्लस्नाहुम् बिख़ालिसतिन् जिक्रद्दारि ज (४६) व अिन्नहुम् अिन्दना लमिनल् - मुस्तफ़ैनल् - अख़्यारि तु (४७) वज्कुर् अिस्माअील वल्यसअ व जल्किफ़्लि तु व कुल्लुम् - मिनल् - अख़्यारि तु (४८) हाजा जिक्रुन् तु व अिन्न लिल्मुत्तक़ीन लहुस्न मआबिन् ला (४९) जन्नाति अद्निम्-मुफ़त्तहतल्-लहुमुल् - अब्वाबु ज (५०) मुत्तकिअीन फ़ीहा यद्अून फ़ीहा बिफ़ाकिहतिन् कसीरतिव्व शराबिन् (५१) व अिन्दहुम् क़ासिरातुत् - तर्फ़ि अत्रांबुन् (५२)

★ रु. ३ — १२ आ १४ ● व. ला जि म

(और वह भी याद करो कि) जब शाम के वक़्त ख़ासे असील (सधे हुये तेज़-रफ़्तार) घोड़े उनके सामने पेश किये गये तो (वह उनके देखने में ऐसे जुटे कि नमाज़ का वक़्त जाता रहा) (३१) (और होश आते ही) कहने लगे कि मैंने अपने परवरदिगार की यादगारी के मुक़ाबिले माल की मुहब्बत ज़्यादा की, यहाँ तक कि वह (सूरज) ओट में छिप गया (और नमाज़ का वक़्त निकल गया)।(३२) (अच्छा तो) फिर इन घोड़ों को मेरे पास लाओ; फिर (वह) पिंडलियों और गर्दनों पर हाथ फेरने लगे§।(३३) और हमने सुलैमान को जाँचा और उसके तख़्त पर एक मुर्दा जिस्म को डाल दिया और फिर सुलैमान रुजू हुआ†।(३४) (और) बोला ऐ मेरे परवरदिगार ! मेरा अपराध क्षमा कर और मुझे ऐसा राज्य दे कि मेरे बाद किसी को न चाहे। बेशक तू बड़ा बख़्शनेवाला है।(३५) फिर हमने हवा को उसके क़ाबू में कर दिया कि जहाँ वह पहुँचना चाहता उसी ओर उसके हुक्म से (हवा) धीरे-धीरे चलने लगती। (३६) और शैतान जितने (थवई) इमारत बनानेवाले और ग़ोते लगानेवाले थे उनके क़ाबू में कर दिये थे,(३७) और कितने ही और बँधे बेड़ियों में (उनके अधीन किये)।(३८) (अल्लाह का फ़रमाना है कि) यह हमारी बख़्शिश (की तुझको देन) है अब तू भलाई कर या अपने ही पास रक्खे रह, (तुझसे) कुछ हिसाब नहीं है।(३९) और बेशक सुलैमान का हमारे यहाँ मर्तबा और अच्छा ठिकाना है।(४०) ★

और (ऐ पैग़म्बर!) हमारे बन्दे अयूब को याद करो●। जब उसने अपने परवरदिगार को पुकारा कि शैतान ने मुझे दुख और तकलीफ़ पहुँचा रक्खी है‡।(४१) (अल्लाह ने कहा) अपने पाँव से लात मार। (चुनाँचे लात मारी) तो एक चश्मा निकला (तो हमने अयूब से फ़र्माया कि) तुम्हारे नहाने और पीने के लिए यह ठंडा पानी (मौजूद है◎।) (४२) और हमने उसको उसके बाल-बच्चे और उनके साथ इतने ही और (दिये। यह हमने) अपनी तरफ़ से कृपा की ताकि जो समझ रखते हैं उनके लिए यादगारी रहे।(४३) और (हमने अयूब से फ़र्माया) सींकों का मुट्ठा अपने हाथ में ले और (अपनी बीबी को) उससे‡ मार और (अपनी) क़सम न झूठी होने दे। हमने अयूब को सब्र करनेवाला पाया। वह अच्छा अल्लाह की ओर रुजू रहनेवाला बहुत ख़ूब बन्दा था।(४४) और (ऐ पैग़म्बर!) हमारे बन्दे इब्राहीम, इसहाक़ और याक़ूब को याद कर जो हाथोंवाले और आँखोंवाले थे+।(४५) हमने उनको एक ख़ास बात के लिये चुना था—वह याद इस (आख़िरत के) घर की।(४६) और वह सब हमारे यहाँ चुने हुये नेक बन्दों में हैं।(४७) और इस्माईल और अलयसअ और ज़लकिफ़्ल (के ज़िक्र) को याद कर। और ये सब ख़ूबीवाले बन्दों में हैं।(४८) यह यादगारे हैं। और बेशक परहेज़गारों के लिए अच्छा ठिकाना है।(४९) रहने के (जन्नत के) बाग़ जिनके दरवाज़े उनके लिये खुले होंगे। (५०) उनमें तकिया लगाकर बैठेंगे और वहाँ बहुत से (मनमाने) मेवे और शराब मंगवाते होंगे। (५१) और उनके पास नीची नज़र वाली हमउम्र औरतें होंगी। (५२)

§ भाष्यकारों के कई मत हैं। एक मत है कि घोड़ों की पिण्डलियों और गरदनों को ⁂ [पिज ७६३ पर]
† हज़रत सुलैमान की सौ के क़रीब बीवियाँ थीं। एक दिन उनको ख़्याल आया कि अगर हर (◎) [पिज ७६३ पर]
‡ हज़रत अय्यूब ने अपनी बीमारी इस ख़्याल से शैतान की तरफ़ मन्सूख़ की कि शायद उनसे कोई ऐसी ग़ल्ती हुई है जिसकी वजह से यह बीमारी उनको लगी। ◎ उसी चश्मे के पानी से उनके जिस्म के रोग दूर हुये। ‡ कहते हैं कि अयूब अ० ने अपनी बीबी ह० अयूब अ० का ज़िक्र देखिये सूरः अम्बिया फ़ुटनोट † पृष्ठ ५४६। से बिगड़ कर क़सम खाई थी कि मैं तुझको सौ छड़ियाँ मारूँगा। बाद को पछताये कि बीबी की ग़लती न थी। क्यों बेगुनाह को मारा जाय? चुनांचे क़सम का पालन करने के लिये सींकों की झाड़ू से एक बार अपनी बीबी को मारने का अल्लाह की ओर से उनको हुक्म दिया गया। + याने नेक काम करनेवाले और नेक राह की सूझ रखनेवाले थे।

हाजा मा तूअदून लियौमिल् - हिसाबि (५३) ● अिन्न हाजा लरिज़्क़ुना मा लहू मिन् नफ़ादिन् ज् सला (५४) हाजा त़् व अिन्न लित्ताग़ीन लशर्र मआबिन् ला (५५) जहन्नम ज् यस्लौनहा ज् फ़बिअ्सल् - मिहादु (५६) हाजा ला फ़ल्यज़ूक़ूहु हमीमूँव ग़स्साक़ुन् ला (५७) व'व आख़रु मिन् शक्लिहीं अज़्वाजुन् त़् (५८) हाजा फ़ौजुम् - मुक़्तहिमुम् - मअकुम् ज् ला मर्हबम् - बिहिम् त़् अिन्नहुम् सालुन्नारि (५९) क़ालू बल् अन्तुम् क़िफ़् ला मर्हबम् - बिकुम् त़् अन्तुम् क़द्दम्तुमूहु लना ज् फ़बिअ्सल् - क़रारु (६०) क़ालू रब्बना मन् क़द्दम लना हाजा फ़ज़िद्हु अजाबन् ज़िअ़फ़न् फ़िन्नारि (६१) व क़ालू मा लना ला नरा रिजालन् कुन्ना नअ्दुहुम् मिनल्-अश्रारि त़् (६२) अत्तख़ज़्नाहुम् सिख़्रीयन् अम् ज़ाग़त् अन्हुमुल्-अब्सारु (६३) अिन्न जालिक लहक़्क़ुन् तख़ासुमु अह्लिन्नारि (६४) ★ क़ुल् अिन्नमा अना मुन्ज़िरुन् क् सला व'व मा मिन् अिलाहिन् अिल्लल्लाहुल् - वाहिदुल् - क़ह्हारु ज् (६५) रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमल् - अज़ीज़ुल् - ग़फ़्फ़ारु (६६) क़ुल् हुव नबअुन् अज़ीमुन् ला (६७) अन्तुम् अन्हु मुअ़रिज़ून (६८) मा कान लिय मिन् अिल्मिम् - बिल्मलअिल् - अअ़ला अिज् यख़्तसिमून (६९) अींयूहा अिलैय अिल्ला अन्नमा अना नज़ीरुम्-मुबीनुन् (७०) अिज् क़ाल रब्बुक लिल्मला अिकति अिन्नी ख़ालिक़ुम् - बशरम् - मिन् त़ीनिन् (७१) फ़अिज़ा सौवैतुहु व नफ़ख़्तु फ़ीहि मिर्रूही फ़क़अू लहु साजिदीन (७२) फ़सजदल्-मला अिकतु कुल्लुहुम् अज्मअून ला (७३) अिल्ला अिब्लीस त़् अिस्तक्बर व कान मिनल्काफ़िरीन (७४) क़ाल या अिब्लीसु मा मनअक अन् तस्जुद लिमा ख़लक़्तु बियदैय त़् अस्तक्बर्त अम् कुन्त मिनल्आलीन (७५) क़ाल अनाख़ैरुम्-मिन्हु त़् ख़लक़्तनी मिन् नारिव्व ख़लक़्तहु मिन् त़ीनिन् (७६) क़ाल फ़ख़्रुज् मिन्हा फ़अिन्नक रजीमुन् ज् सला (७७) व'व अिन्न अलैक लअ़नती अिला यौमिद्दीनि (७८) क़ाल रब्बि फ़अन्ज़िर्नी अिला यौमि युब्असून (७९) क़ाल फ़अिन्नक मिनल्-मुन्ज़रीन ला (८०) अिला यौमिल्-वक़्तिल्-मअ़लूमि (८१)

यह (वह निअ़मतें) हैं जिनका तुमसे हिसाब के (आख़िरत के) दिन के लिये वादा किया जाता है।(५३) ● बेशक यह हमारी (दी हुई) रोज़ी है, जो कभी ख़त्म होने की नहीं। (५४) यह तो एक (नेककारों के लिए) बात है। और (दूसरी ओर) सरकशों के लिए बेशक बुरा ठिकाना है।(५५) (यानी) दोज़ख़ है जिसमें इनको जाना पड़ेगा और वह क्याही बुरा ठिकाना है।(५६) यह है खौलता हुआ पानी और पीब अब इसको चक्खें।(५७) और इसी तरह की कुछ और तरह-तरह की चीज़ें हैं।(५८) (दोज़ख़ियों के पेशवा अपने पीछे चलनेवालों को देखकर आपस में कहेंगे कि) यह तो (पूरी की पूरी) फ़ौज है जो तुम्हारे साथ दोज़ख़ में धँसती आती है। इनको जगह न मिले। वह आग में पैठनेवाले हैं।(५९) (पीछे चलने वाले) जवाब देंगे—(नहीं, बल्कि) तुम्हीं हो जिन्हें जगह न नसीब हो। तुम्हीं (ने तो हमको दुनिया में राह दिखाई थी और तुम्हीं) तो यह बला हमारे आगे लाये हो! सो यह कैसा बुरा ठिकाना है। (६०) (वे फिर) कहेंगे कि ऐ हमारे परवरदिगार! जो यह (दोज़ख़) हमारे आगे लाया उसको (नरक की) आग में दोहरा अ़ज़ाब दे।(६१) और कहेंगे कि (क्या कारन है कि दुनिया में) जिन लोगों को हम बुरे लोगों में गिना करते थे हम उनको (यहाँ दोज़ख़ में) नहीं देखते।(६२) क्या हमने उनका मज़ाक़ ठहराया था या उनकी तरफ़ से आँखें चूक गई हैं (यानी वह यहाँ मौजूद हों और हमारी नज़र न पड़ती हो§।)(६३) यह नरकवासियों का आपस में झगड़ना—यह तो होना ही है।(६४)★

(ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि मैं तो सिर्फ़ (अल्लाह के अ़ज़ाब से) डरानेवाला हूँ और एक अल्लाह के सिवाय और कोई पूज्य नहीं,—वही ज़ोरावर है।(६५) आसमानों और ज़मीन और उन चीज़ों का परवरदिगार है जो आसमानों और ज़मीन के बीच में हैं और (वह) बेहद ज़ोरावर बड़ा बख़्शनेवाला है।(६६) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि यह (क़ुर्आन) एक बड़ी ख़बर है।(६७) लेकिन तुम इसको ध्यान में नहीं लाते। (६८) मुझको (मलअिल्-आ़ला यानी) ऊपरवाली मजलिस (वालों) की कुछ ख़बर न थी, जब वह अपस में झगड़ते थे†। (६९) मुझको तो 'वही' के ज़रिये यही हुक्म आया है कि मैं सिर्फ़ एक ज़ाहिरा डर सुनानेवाला (और तुमको अल्लाह के अ़ज़ाब से सचेत करनेवाला) हूँ।(७०) (ऐ पैग़म्बर! इनसे बयान कर) जब तेरे परवरदिगार ने फ़रिश्तों से कहा कि मैं मिट्टी से एक आदमी पैदा करता हूँ।(७१) तो जब मैं उसे पूरा कर लूँ और अपनी रूह उसमें फूँक दूँ तो तुम सब उसके आगे सजदः में गिर पड़ना।(७२) फिर सब ही फ़रिश्तों ने उसे सजदः किया। (७३) मगर इब्लीस ने ग़रूर किया और वह काफ़िरों (यानी इन्कार करनेवालों) में था। (७४) (अल्लाह ने इब्लीस से) पूछा कि ऐ इब्लीस! जिसको मैंने अपने हाथों बनाया उसको सजदः करने से तुझे किस ने रोका। यह तूने घमंड किया या तू (इंसान से) दर्जे में बड़ा है। (७५) (इब्लीस) बोला मैं उससे कहीं बेहतर हूँ। मुझको तूने आग से बनाया और उसको तूने मिट्टी से बनाया है। (७६) (अल्लाह ने) फ़र्माया तो तू यहाँ से निकल, तू फटकारा हुआ है। (७७) और आख़री न्याय के दिन तक तुझ पर मेरी फटकार है। (७८) बोला ऐ मेरे परवरदिगार! मुझको उस दिन (यानी क़ियामत) तक की मुहलत दे जबकि मुर्दे दुबारा उठा खड़े किये जायेंगे।(७९) (अल्लाह ने) फ़र्माया तुझको मुहलत है। (८०) उस वक़्त के दिन तक जो मुक़र्रर (नियत) है। (८१)

§ दोज़ख़ में दाख़िल गुनहगार दोज़ख़ में ईमानवालों को न पावेंगे तो तअ़ज्जुब करेंगे। [पेज ७६३ पर]

† यानी ख़ुदा के नज़दीकी फ़रिश्ते दुनिया के इन्तिज़ाम के बारे में और क़ियामत के वक़्त के बारे में जो बहसें करते हैं उनकी मुझको कुछ ख़बर न थी। अल्लाह ने उनमें से जो बातें मुझको बताईं वह मैं तुमको सुनाता हूँ ताकि तुम आने वाले भयानक दिन से डरो और सीधी राह चलो।

सु. ३८ | रु. ४ | १३ आ २४

क़ाल फ़बिअिज़्ज़तिक लअुग़्वियन्नहुम् अज्मअ़ीन ला (८२) अिल्ला अिबादक मिन्हुमुल् - मुख़्लसीन (८३) क़ाल फ़ल्हक़्क़ु ज़् वल्हक़्क़ अक़ूलु ज़् (८४) लअम्लअन्न जहन्नम मिन्क व मिम्मन् तबिअक मिन्हुम् अज्मअ़ीन (८५) क़ुल् मा अस्अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिव्व मा अना मिनल् - मुतकल्लिफ़ीन (८६) अिन् हुव अिल्ला ज़िक्रुल् - लिल्आलमीन (८७) व लतअ़्लमुन्न नबअहू बअ़्द ह़ीनिन् (८८) ★



✪ ३९ सूरतुज़्ज़ुमरि ५९ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ४६६५ अक्षर, ११८४ शब्द, ७५ आयतें और ८ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

तन्ज़ीलुल् - किताबि मिनल्लाहिल् - अ़ज़ीज़िल् - ह़कीमि (१) अिन्ना अन्ज़ल्ना अिलैकल् - किताब बिल्ह़क़्क़ि फ़अ़्बुदिल्लाह मुख़्लिसल्-लहुद्दीन ☆ (२) अला लिल्लाहिद्-दीनुल्-ख़ालिसु ☆ वल्लजीनत्तख़ज़ू मिन्दूनिहि औलिया अ ● मा नअ़्बुदुहुम् अिल्ला लियुक़र्रिबूना अिलल्लाहि ज़ुल्फ़ा ☆ अिन्नल्लाह यह्कुमु बैनहुम् फ़ी मा हुम् फ़ीहि यख़्तलिफ़ून ۝ ☆ अिन्नल्लाह ला यह्दी मन् हुव काज़िबुन् कफ़्फ़ारुन् (३) लौ अरादल्लाहु अंय्यत्तख़िज वलदल्लस्तफ़ा मिम्मा यख़्लुक़ु मा यशा अु ला सुब्ह़ानहू ☆ हुवल्लाहुल्-वाह़िदुल् - क़ह्हारु (४) ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ बिल्ह़क़्क़ि ज़ युकौविरुल्लैल अलन्नहारि व युकौविरुन्-नहार अललैलि व सख़्ख़रश्शम्स वल्क़मर ☆ कुल्लुंय्यजरी लिअजलिम्-मुसम्मन् ☆ अला हुवल् - अ़ज़ीज़ुल् - ग़फ़्फ़ारु (५) ख़लक़कुम् मिन् नफ़्सिव्वाह़िदतिन् सुम्म जअ़ल मिन्हा ज़ौजहा व अन्ज़ल लकुम् मिनल् - अन्आमि समानियत अज़्वाजिन् ☆ यख़्लुक़ुकुम् फ़ी बुतूनि अुम्महातिकुम् ख़ल्क़म् - मिम्बअ़्दि ख़ल्क़िन् फ़ी ज़ुलुमातिन् सलासिन् ☆ जालिकुमुल्लाहु रब्बुकुम् लहुल्मुल्कु ☆ ला अिलाह अिल्ला हुव ज़ फ़अन्ना तुस्रफ़ून (६) अिन् तक्फ़ुरू फ़अिन्नल्लाह ग़नीयुन् अ़न्कुम् क़िफ़ व ला यर्ज़ा लिअिबादिहिल् - कुफ़्र ज व अिन् तश्कुरू यर्ज़ाहु लकुम् ☆ व ला तज़िरु वाज़िरतुँविज़्र अुख़्रा ☆ सुम्म अिला रब्बिकुम् मर्जिअुकुम् फ़युनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून ☆ अिन्नहू अलीमुम् - बिज़ातिस्सुदूरि (७)

(इब्लीस) बोला तेरी इज़्ज़त की क़सम, मैं इन सबको गुमराह करता रहूँगा। (८२) मगर जो तेरे चुने बन्दे हैं (उनमें मेरी पैठ नहीं।) (८३) (अल्लाह ने) फ़र्माया तो ठीक बात यह है और मैं ठीक ही कहता हूँ (८४) कि मैं तुझसे और जो कोई उनमें (यानी आदम अ० की औलाद में) से तेरी पैरवी करें उनसे नरक को भर दूँगा। (८५) (ऐ पैग़म्बर! तुम इन लोगों से) कहो कि मैं (अल्लाह के) इस हुक्म पर तुमसे कुछ बदला नहीं माँगता और न मुझको बनावट करना आता है§। (८६) यह क़ुर्आन तो दुनिया जहान के लोगों को शिक्षा है। (८७) और कुछ दिनों में तुमको इसका हाल मालूम हो जायगा। (८८) ★

रु. ५—१४ आ २४

⊛ ३९ सूरतुज़्ज़ुमरि ५९ ⊛

(मक्की) इसमें ४९६५ अक्षर, ११८४ शब्द, ७५ आयतें और ८ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(अपार) शक्तिवाले और हिकमतवाले अल्लाह की तरफ़ से इस किताब का उतरना हुआ है। (१) (ऐ मुहम्मद!) हमने तेरी तरफ यह किताब हक़ के साथ उतारी है सो अल्लाह ही की अ़िबादत में लगो एक मात्र अल्लाह ही की अ़िबादत में। (२) सुन लो कि अ़िबादत सारी अल्लाह ही के लिए है। और जिन लोगों ने अल्लाह के सिवाय दूसरे हिमायती बना रक्खे हैं ●। (और कहते हैं) कि हम इनकी पूजा सिर्फ़ इसलिए करते हैं कि वे हमको अल्लाह के नज़दीक पहुँचायें। तो जिन-जिन बातों में यह लोग भेद डाल रहे हैं बेशक (जल्दी ही) अल्लाह उनके बीच उनका फ़ैसला कर देगा। बेशक अल्लाह झूठे और हक़ न माननेवाले को हिदायत (पथ प्रदर्शन) नहीं दिया करता। (३) अगर अल्लाह किसी को अपना बेटा बनाना चाहता तो अपनी सृष्टि में से जिसको चाहता पसन्द कर लेता। वह (तो इन बातों से) पाक है। वह अल्लाह अकेला (अद्वितीय) और ग़ालिब (सर्व प्रबल) है। (४) उसी ने आसमानों और ज़मीन को हक़ (उद्देश्य) के साथ पैदा किया। रात को दिन पर लपेटता है और दिन को रात पर लपेटता है और (उसी ने) सूरज और चाँद को काम में लगा रक्खा है, (सृष्टि में) हर एक एक नियत समय तक चला जा रहा है। सुन रहे हो! वही बेहद ज़ोरावर और बड़ा बख़्शनेवाला है (५) (ऐ आदम की सन्तान!) उसी ने तुम लोगों को एक जीव (आदम) से पैदा किया, फिर उसी से उसकी बीवी को पैदा किया और तुम्हारे लिए आठ चौपाये नर-मादा पैदा किये। वही तुमको तुम्हारी मा के पेट में एक तरह के बाद दूसरी तरह तीन अँधेरों में बनाता है। यही अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार है। उसी की हुकूमत है, उसके सिवाय कोई पूजित नहीं फिर किधर को फिरे चले जा रहे हो⁂। (६) अगर तुम मुन्किर (विमुख) हो जाओ तो अल्लाह तुम्हारी परवाह नहीं करता। और (अल्लाह) अपने बन्दों के लिए कुफ़्र को पसन्द नहीं करता। और अगर तुम शुक्र करो तो वह तुम्हारे लिए यह (करना) पसन्द करेगा। और कोई किसी का बोझ नहीं उठायेगा (सब अपनी-अपनी करनी के ज़िम्मेदार हैं।) फिर (क़ियामत में) तुमको अपने परवरदिगार की तरफ़ लौट कर जाना है तो जैसे-जैसे कर्म तुम करते रहे हो, तुमको (एक-एक) बतायेगा। बेशक वह दिल की (छिपी से छिपी) बातों का जाननेवाला है। (७)

● व. ला जि म

§ यानी मैं उन लोगों में नहीं हूँ जो अपने बड़प्पन को बनाने के लिए तरह तरह के ⊛ [पिज ७६३ पर]

⁂ कहने का मतलब यह कि ह० आदम अ० से लेकर आज तक उसकी हर औलाद की × [पिज ७६३ पर]

❀ इस सूरः का अवतरणकाल नबूवत के मक्काकाल के अन्तिम दिनों में है। ‡‡ [पिज ७६३ पर]

व अिजा मस्सल् - अिन्सान ज़ुर्रुन् दआ रब्बहू मुनीबन् अिलैहि सुम्म अिजा ख़ौव लहू निअ़्मतम्-मिन्हु नसिय मा कान यद्अू अिलैहि मिन् क़ब्लु व जअ़ल लिल्लाहि अन्दादल् - लियुज़िल्ल अन् सबीलिहि त़ क़ुल् तमत्तअ़् बिकुफ़्रिक क़लीलन् क़ सला अिन्नक मिन् अस्हाबिन्नारि (८) अम्मन् हुव क़ानितुन् आना अल्लैलि साजिदौव क़ाअिमैं - यह्ज़रुल् - आख़िरत व यर्जू रह्मत रब्बिहि त़ क़ुल् हल् यस्तविल्लजीन यअ़्लमून वल्लजीन ला यअ़्लमून त़ अिन्नमा यतज़क्करु अुलुल्अल्बाबि (९) ★ क़ुल् या अिबादिल्लजीन आमनुत्तक़ू रब्बकुम् त़ लिल्लजीन अह्सनू फ़ी हाजिहिद्दुन्या ह़सनतुन् त़ व अर्ज़ुल्लाहि वासिअ़तुन् अिन्नमा युवफ़्फ़स्साबिरून अज्रहुम् बिग़ैरि हिसाबिन् (१०) क़ुल् अिन्नी अुमिर्तु अन् अअ़्बुदल्लाह मुख़्लिसल्लहुद्दीन ला (११) व अुमिर्तु लिअन् अकून औवलल् - मुस्लिमीन (१२) क़ुल् अिन्नी अख़ाफ़ु अिन् अ़सैतु रब्बी अ़जाब यौमिन् अ़ज़ीमिन् (१३) क़ुलिल्लाह अअ़्बुदु मुख़्लिसल्लहू दीनी ला (१४) फ़अ़्बुदू मा शिअ़्तुम् मिन् दूनिहि त़ क़ुल् अिन्नल् - ख़ासिरीनल् - लजीन ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् व अह्लीहिम् यौमल् - क़ियामति त़ अला जालिक हुवल् - ख़ुस्रानुल् - मुबीनु (१५) लहुम् मिन् फ़ौक़िहिम् ज़ुललुम्-मिनन्नारि व मिन् तह़्तिहिम् ज़ुललुन् त़ जालिक युख़ौविफ़ुल्लाहु बिहि अिबादहू त़ याअिबादि फ़त्तक़ूनि (१६) वल्लजीनज् - तनबुत्तागूत अंयअ़्बुदूहा व अनाबू अिलल्लाहि लहुमुल्बुश्रा ज् फ़बश्शिर् अिबादि ला (१७) अल्लजीन यस्तमिअ़ूनल् - क़ौल फ़यत्तबिअ़ून अह्सनहू त़ अुला अिकल्लजीन हदाहुमुल्लाहु व अुला अिक हुम् अुलुल्अल्बाबि (१८) अफ़मन् ह़क़्क़ अलैहि कलिमतुल् - अ़जाबि त़ अफ़अन्त तुन्क़िजु मन् फ़िन्नारि ज् (१९)

और जब आदमी को कोई दुख पहुँचता है तो अपने परवरदिगार की तरफ रुजू होकर उसको पुकारता है फिर जब (अल्लाह) अपनी तरफ़ से उसको कोई निअ़मत देता है तो जिस लिए वह पहिले (अल्लाह को) पुकारता था भूल जाता है और अल्लाह को शरीक ठहराता है ताकि अल्लाह की राह से (अपनी ही तरह दूसरों को भी) भटकावे। तो (ऐ पैग़म्बर ! ऐसों से) कह दो कि थोड़े दिन अपनी कुफ़्र (की हालत) में (दुनिया) बरत ले, (आखिर) तो दोज़ख़ियों में होगा। (८) भला जो शख़्स रात के समय (एकान्त में अल्लाह की) बन्दगी में लगा है, सजद: करता है और (दस्तबस्ता) खड़ा होता, आख़िरत का डर रखता है और अपने परवरदिगार (की मेहरबानी) का उम्मीदवार होता है (वह अच्छा या हुक्म न माननेवाले काफ़िर)। (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि कहीं समझवाले और नासमझ बराबर होते हैं ? (मगर इन बातों से) वही लोग शिक्षा पकड़ते हैं जो समझ रखते हैं। (९) ★ रु. १ — १५ आ ६

(ऐ पैग़म्बर !) समझा दो कि ऐ मेरे ईमानवाले बन्दो ! अपने परवरदिगार से डरो। जो लोग इस दुनिया में नेकी करते हैं उनके लिए भलाई है। और अल्लाह की ज़मीन चौड़ी (विशाल) है। सब्र पर क़ायम रहनेवालों ही को उनका अज्र (सुफल) बे हिसाब मिलना है। (१०) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि मुझे हुक्म मिला है कि अल्लाह ही की अ़िबादत करूँ, एक मात्र अल्लाह की अ़िबादत। (११) और (मुझे यही) आज्ञा मिली है कि मैं सबसे पहिला मुसलमान (हुक्मबरदार) बनूँ। (१२) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि अगर मैं अपने परवरदिगार की बेहुक्मी करूँ तो मुझे (क़ियामत के) बड़े दिन की सज़ा से डर है। (१३) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि मैं अल्लाह ही की अ़िबादत करता हूँ एक मात्र उसी (अल्लाह) की अ़िबादत। (१४) (रहे तुम मुशरिक !) सो उस (अल्लाह) के सिवाय जिस (किसी और) को चाहो पूजो। (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि घाटे में वह लोग हैं जिन्होंने क़ियामत के दिन (के लिए) अपने को और अपने घरवालों को घाटे में डाला। सुन लो कि यही प्रत्यक्ष घाटा है§। (१५) इनके ऊपर आग का बादल (यानी ओढ़ना) और नीचे आग ही का बादल (यानी बिछौना) होगा। यह (तो वह अ़ज़ाब) है जिससे अल्लाह अपने बन्दों को डराता है। तो ऐ मेरे बन्दों मुझसे ही डरो। (१६) और जो लोग (बुराइयों से और) बुतों के पूजने से बचे और अल्लाह की तरफ़ ध्यान दिया उनके लिए (जन्नत की) ख़ुशख़बरी है, सो तू मेरे उन बन्दों को ख़ुशख़बरी सुना दे। (१७) जो (मेरे) कलाम को (ध्यान से) सुनते हैं फिर अच्छी-अच्छी बातों पर चलते हैं, यही वह लोग हैं जिनको अल्लाह ने हिदायत दी है और यही हैं जो अक़्ल रखते हैं। (१८) भला जिसे अ़ज़ाब का हुक्म हो चुका, सो तू क्या उस (जहन्नम की) आग में पड़े को छुटकारा दिला सकेगा ?† (१९)

§ इन्सान में जो अच्छे गुण होते भी हैं, कुफ़्र उनको मिटा देता है। ख़ुद अपनी आख़िरत बिगाड़ते हैं और अपने अज़ीज़ों व पीछे चलनेवालों की भी बिगाड़ते हैं। † एक रवायत है कि यह आयत रसूल स० के सौतेले चचा अबूलहब पर इशारा करती है। वैसे दुनिया के हर इन्सान पर लागू है कि जिसने कुफ़्र की हद पार कर ली है और अल्लाह का अ़ज़ाब उसके लिए नियत हो चुका है उसे कौन बचा सकता है।

लाकिनिल्-लजीनत्-तक़ौ रब्बहुम् लहुम् ग़ुरफ़ुम्-मिन् फ़ौक़िहा ग़ुरफ़ुम्-मब्नीयतुन् ला तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ۵ त् वड़्दल्लाहि त् ला युख़्लिफ़ुल्लाहुल् - मीआद (२०) अलम् तर अन्नल्लाह अन्ज़ल मिनस्समा'अि मा'अन् फ़सलकहु यनाबीअ फ़िल्अर्ज़ सुम्म युख़्रिजु बिहत्ँ ज़र्अम्-मुख़्तलिफ़न् अल्वानुहु सुम्म यहीजु फ़तराहु मुस्फ़र्रन् सुम्म यज्अलुहु हुतामन् त् अिन्न फ़ी जालिक लजिक्रा लिअुलिल् - अल्बाबि (२१) ★ अफ़मन् शरहल्लाहु सद्रहु लिल्अिस्लामि फ़हुव अला नूरिम्-मिर्रब्बिहत्ँ त् फ़वैलुल्-लिल्क़ासियति क़ुलूबुहुम् मिन् जिक्रिल्लाहि त् अुला'अिक फ़ी ज़लालिम्-मुबीनिन् (२२) अल्लाहु नज़्ज़ल अह्सनल् - हदीसि किताबम् - मुतशाबिहम् - मसानिय क् सला तक़्शअिर्रु मिन्हु जुलूदुल्लजीन यख़्शौन रब्बहुम् ज् सुम्म तलीनु जुलूदुहुम् व क़ुलूबुहुम् अिला जिक्रिल्लाहि त् जालिक हुदल्लाहि यह्दी बिहत्ँ मैंयशा'अु त् व मैंयुज़्लि - लिल्लाहु फ़मा लहु मिन् हादिन् (२३) अ फ़ मैं-यत्तक़ी बिवज्हिहत्ँ सू'अल् - अजाबि यौमल्क़ियामति त् व क़ील लिज्जालिमीन जूक़ू मा कुन्तुम् तक्सिबून (२४) कज्जबल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़अताहुमुल् - अजाबु मिन् हैसु ला यश्अुरून (२५) फ़अजाक़हुमुल् - लाहुल् - ख़िज़्य फ़िल् - हयाति्दुन्या ज् व लअजाबुल् - आख़िरति अक्बरु म् ● लौ कानू यअ्लमून (२६) व लक़द् ज़रब्ना लिन्नासि फ़ी हाजल्-क़ुर्आनि मिन् कुल्लि मसलिल्-लअल्लहुम् यतज़क्करून ज् (२७) क़ुर्आनन् अरबीयन् ग़ैरजी अिवजिल् - लअल्लहुम् यत्तक़ून (२८) ज़रबल्लाहु मसलर् - रजुलन् फ़ीहि शुरका'अु मुतशाकिसून व रजुलन् सलमल् - लिरजुलिन् त् हल् यस्तवियानि मसलन् त् अल्हम्दु लिल्लाहि ज् बल् अक्सरुहुम् ला यअ्लमून (२९) अिन्नक मैयित्ँव अिन्नहुम् मैयितून ज् (३०) सुम्म अिन्नकुम् यौमल्क़ियामति अिन्द रब्बिकुम् तख़्तसिमून (३१) ★



॥ इति तेईसवाँ पारः ॥

मगर जो अपने परवरदिगार से डरते हैं उनके लिए (जन्नत में महल जिनमें) झरोखों पर झरोखे बने हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। (यह) वादा हुआ अल्लाह का। अल्लाह वादा ख़िलाफ़ी नहीं किया करता। (२०) क्या तूने नहीं देखा कि अल्लाह ने आसमान से पानी उतारा फिर ज़मीन पर चश्मों में वह पानी बहाया फिर उससे (तरह तरह की) रंग-बिरंगी खेती निकाली फिर वह ज़ोरों (की फ़सल) पर आती है, फिर (पक जाने के बाद) तू उसे पीली देखेगा फिर उसे चूरा चूरा कर डालता है। बेशक (खेती के इस शुरू से अंत तक के दौर में) बुद्धिमानों के लिए शिक्षा है। (२१) ★ रु. २/१६ आ १२

भला जिसका सीना (दिल) ख़ुदा ने इस्लाम के लिए खोल दिया तो वह अपने परवरदिगार की तरफ़ से रोशनी में है। पस अफ़सोस है उन लोगों पर जिनके दिल अल्लाह की याद की तरफ़ से सख़्त हो रहे हैं। यही लोग प्रत्यक्ष गुमराही में भटक रहे हैं।(२२) अल्लाह ने बहुत ही अच्छी बात (यानी) किताब उतारी (जिसकी बातें बयान में)मिलती-जुलती (हैं और समझाने की ग़रज़ से) बार-बार दुहराई गई हैं, जो लोग अपने परवरदिगार से डरते हैं, इससे उन के बदन के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। फिर उनके जिस्म और दिल नरम होकर अल्लाह की याद में लगते हैं। यह अल्लाह की हिदायत है, जिसे चाहे इससे राह दिखाता है। और जिसे अल्लाह भटकाये उसे फिर कोई राह देनेवाला नहीं। (२३) भला जो क़ियामत के दिन बुरी सज़ा से अपने मुँह को छिपा रहा होगा (उसका क्या हाल होगा?) और (उस दिन) ज़ालिमों से कहा जायगा जैसी तुमने (दुनिया में) कमाई की है वैसी भुगतो। (२४) इन (मक्का के मुशरिकों) से पहले (की क़ौमों ने भी अपने नबियों व अल्लाह की किताबों को) झुठलाया था तो उनको सज़ा ने ऐसी तरफ़ से आ घेरा कि उन्हें जहाँ से ख़बर न थी। (२५) फिर दुनिया की ज़िन्दगी में अल्लाह ने उन्हें ज़िल्लत चखाई और आख़िरत का अज़ाब तो कहीं बढ़कर हैं ●। काश! इनको समझ आती। (२६) और हमने लोगों के लिए इस क़ुर्आन में सभी तरह की मिसालें बयान की हैं कि शायद वह लोग शिक्षा पकड़ें। (२७) क़ुर्आन (भी कैसा कि उनकी मादरी ज़बान) अरबी में (है और) उसमें कोई कजी (यानी उलझाव या पेचीदगी) नहीं, यह इसीलिए कि शायद वे समझें और अल्लाह का भय रखें (२८) अल्लाह ने एक मिसाल बयान की कि एक आदमी (ग़ुलाम) है, उसमें कई साझी हैं जो आपस में खींचातानी करते हैं और एक आदमी है कि वह एक शख़्स का पूरा (ग़ुलाम है)। तो क्या इन दोनों की हालत एक सी हो सकती है§। सब ख़ूबी अल्लाह ही को है पर बहुत लोग समझ नहीं रखते। (२९) (ऐ पैग़म्बर!) तुमको भी मरना है और इन लोगों को भी मरना है। (३०) फिर क़ियामत के दिन तुम सब अपने परवरदिगार के सामने झगड़ो गे॰ (३१) ★ ● व. ला जि म ★ रु. ३/१७ आ १०

॥ इति तेईसवाँ पारः ॥

§ इस मिसाल का ख़ुलासा यह है कि एक अल्लाह के पूजनेवाले को जो चैन मिल सकती है वह उसको कभी नसीब नहीं हो सकती जो एक को छोड़ अनेक को पूजने और ख़ुश करने में लगा है। ॰ क़ियामत के रोज़ अल्लाह के सामने ये काफ़िर अपने कुफ़्र (अधर्म) से इन्कार करेंगे। इनके हाथ पाँव वग़ैरा ख़ुद इनके ख़िलाफ़ गवाही देंगे और रसूल स॰ भी मौजूद होंगे; वह भी इनके ख़िलाफ़ गवाही देंगे कि इनको रसूल स॰ ने बारबार चेतावनी दी थी और इन ज़ालिमों ने इनका मज़ाक़ उड़ाया व इनको झुठलाया था।

[पिज ७४७ से] कि वे नैनवा की एक सरकश बस्ती की ओर अल्लाह की हिदायत ले कर गये। उस क़ौम ने उन्हें झुठलाया और उन्हें तंग किया। एक रसूल का फ़र्ज़ था कि वह अल्लाह पर भरोसा करते और सरकश के ज़ुल्मों को सब्र से झेलते यहाँ तक कि अल्लाह का उन पर अज़ाब और नेककारों व ह० यूनुस अ० पर रहमत उतरे। लेकिन ह० यूनुस अ० ने आजिज़ होकर अल्लाह का भरोसा छोड़ दिया और वहाँ से नाव पर भाग खड़े हुये। चुनांचे अल्लाह का ग़ज़ब हुआ। तूफ़ान आया। तूफ़ान से बचने के लिए इंसान को भेंट चढ़ाने की ग़रज़ से चिट्ठी (लाटरी) डाली गई तो चिट्ठी इन्हीं के नाम निकली और इन्हेंही अज़ाब का कारन समझ कर दरया में फेंक दिया गया। वहाँ एक बड़ी मछली ने इन्हें निगल लिया। अब उसके पेट के अन्धेरे में इन्हें होश आया तो उन्होंने अल्लाह को पुकारा। अल्लाह ने पुकार सुनी, जिसकी वजह से मछली ने उनको खुले मैदान में किनारे पर उगल दिया। वह उस गंदगी से निकल कर बीमार पड़े थे। उन पर एक छायादार दरख़्त उगाया ताकि बीमारी दूर होने तक वह हिफ़ाज़त से रहें। फिर उनको हवा व साये से सेहत दी। वे फिर नैनवा की बड़ी बस्ती में आये और वहाँ के लोग उन पर व दीन पर ईमान लाये। हासिल यह हुआ कि लम्बे अरसे तक वह क़ौम दुनिया में ख़ुशहाल रही। ग़लती और गुनाह करने के बाद भी जो तौबः करते हैं और अल्लाह की बख़शीश चाहते हैं उन्हें अल्लाह माफ़ करता है और फिर सवाँरने का मौक़ा देता है। यही ह० यूनुस अ० व उनकी क़ौम दोनों के बारे में हुआ। उनकी क़ौम को माफ़ी मिलने में एक यह भी सबब है कि अल्लाह का रसूल उनमें चेतावनी देने के लिए आख़ीर तक क़ायम न रह कर बीच ही में चला गया था। देखिये नोट § पृष्ठ ५५१। [पिज ७४७ से] ◎ और बेटों को पसन्द करते थे। दूसरी ओर कहते थे कि ये फ़रिश्ते अल्लाह की बेटियाँ हैं और उनकी पूजा करते थे। [पिज ७४७ से] ▩ और अल्लाह के अलावा उनको भी सामर्थ्य वाला मानते थे। जब कि सच यह है कि क्या इन्सान क्या जिन्न सारी सृष्टि अल्लाह के ताबे है। [पिज ७४७ से] ♦ को क्यों न पूजें—काफ़िरों के इस बयान की काट खुद फ़रिश्ते अपनी ज़बान से आयत १६४-१६६ में कर रहे हैं।

[पिज ७४६ से] रसूल स० की नबूवत के कुछ साल बाद जब हज़रत हमज़ः ईमान लाये और इस्लाम की ओर लोग काफ़ी खिंचने लगे तो क़ुरैशों ने घबड़ा कर रसूल स० के चचा अबूतालिब से जाकर दरख़ास्त की कि वे उनको समझा कर रोकें कि वह उनके पूजितों की बुराई न करें। रसूल स० ने "अल्लाह के अलावा कोई दूसरा पूज्य नहीं" का बस एक कलमा चचा की मौजूदगी में क़ुरैशों के सामने रखा। क़ुरैश बिगड़ कर चल दिये। आयत १ से १० में इसी बहस का पुरअसर बयान है और यह सिलसिला सूरः के आख़ीर में फ़रिश्तों की मजलिस में इब्लीस की नाफ़र्मानी के बयान तक चला गया है। पिछली सूरः साफ़्फ़ात के मुताबिक़ ही इस सूरः की वार्ता है। विशेषता यह है कि जहाँ उसमें ह० नूह अ०, ह० इब्राहीम अ०, ह० मूसा अ० जैसे सन्त पैग़म्बरों का ज़िक्र है वहाँ इस सूरः में ह० दाऊद अ० व ह० सुलैमान अ० जैसे ज़बरदस्त और दुनिया की सारी नेअमतों के मालिक बादशाहों की चरचा की गई है कि उन्होंने दुनियाकी बेशुमार साज़ सामान की परवाह न की और हमेशा अल्लाह ही की ओर रुजू रहे। रूहानी (आध्यात्मिक) कामयाबी के आगे बड़ी से बड़ी माद्दी (भौतिक) कामयाबी तुच्छ है।

[पिज ७५१ से] दरख़्वास्त की ताकि बाद में वह उससे निकाह कर ले। उस वक़्त बात योंही रही। बाद में वह ख़ाविंद लड़ाई में भेजा गया जहाँ वह मारा गया। ग़रज़ में ह० दाऊद अ० ने उस औरत से निकाह किया। यह ज़ुल्म नहीं था लेकिन तदबीर कही जायगी। लेकिन एक नबी जैसी हस्ती के लिए यह [पिज ७६३ पर]

[पेज ७६२ से] तदबीर भी ज़ेब न थी। और भेड़ों की घटना के मौक़े पर परहेज़गारों का ज़िक्र करते वक़्त उसको अपनी यह भूल भी याद आ गई और वह अल्लाह से गिड़गिड़ा कर माफ़ी मांगने लगा। कहा जाता है कि ये भेड़ के झगड़ालू असल में फ़रिश्ते थे जो ह० दाऊद अ० को चेतावनी देने आये थे। चुनांचे उनके तौबः करने पर अल्लाह ने उनको माफ़ी दी और उनकी नेककारी व परहेज़गारी के कारन उनको पैग़म्बर का रुतबा दिया। लेकिन उल्लमा ने इसको ग़लत और बेसनद बताया है। ह० दाऊद अ० का बयान देखिये सूरः नम्ल पृष्ठ ६२७-६२६ व सूरः सबा व फ़ुटनोट पृष्ठ ७०६-७११।

[पेज ७५३ से] ❋ काटने लगे कि इनकी वजह से मैं नमाज़ से ग़ाफ़िल हो गया। दूसरा मत यह है कि ह० सुलैमान अ० घोड़ों की लालच में नहीं फँसे थे। बल्कि अल्लाह के जिहाद में काम आने वाले उन घोड़ों को अल्लाह की रहमत समझ कर प्यार कर रहे थे। और दौड़ में आगे निकल कर घोड़े ओझल हो गये न कि सूरज। फिर वापस आने पर उन घोड़ों पर प्यार से हाथ फेरने लगे। [पेज ७५३ से] (((एक बीवी से एक एक बच्चा पैदा होगा तो मेरी औलाद बहुत होगी और वह अल्लाह की राह में जिहाद करेगी। लेकिन उन्होंने इंशा-अल्लाह (अगर अल्लाह ने चाहा) का शब्द नहीं कहा। इसके नतीजे में किसी एक बीवी से भी कोई बच्चा पैदा न हुआ; सिर्फ़ एक बीवी से एक अधूरा बच्चा हुआ इस पर हज़रत सुलैमान को अपनी ग़ल्ती का एहसास हुआ और उन्होंने तौबह की तो फिर अल्लाह ने उनको बहुत बेटे दिये। इससे यह ज़ाहिर करना मक़सूद है कि अल्लाह के हुक्म के बग़ैर कुछ नहीं हो सकता। आदमी को चाहिए कि हर हाल में अल्लाह ही पर भरोसा करे।

[पेज ७५५ से] क्योंकि दुनिया में तो वह अपने को सही और ईमानवालों को ही भटका हुआ समझते थे। यहाँ उलटा नज़ारा देखकर कहेंगे कि आया यह सच है कि दुनिया में ईमानवालों का हमने ग़लत मज़ाक़ उड़ाया या यह सच है कि वह दोज़ख़ में मौजूद हैं और हमारी नज़र उन्हें देख नहीं पाती।

[पेज ७५७ से] ◉ फ़रेब गढ़ते हैं। मैं तो एक नाचीज़ बन्दा हूँ और अल्लाह के हुक्म से तुमको सचेत कर रहा हूँ। [पेज ७५७ से] × पैदायश से लेकर मौत व आख़िरत तक, पैदायश, पालन व मौत अल्लाह ही के निज़ाम में बन्धी है। सारी क़ुदरत, सूरज-चाँद, तारे, दिन, रात मौसम सब उसी एक सिरजनहार की बदौलत है और उसी के हुक्म पर चल रहे हैं। फिर इन्सान शेखी, घमण्ड और ज़ुल्म का पल्ला किस बिरते पर पकड़ता है। [पेज ७५७ से] ‡‡ आयत ७१ और ७३ में आये 'ज़ुमर' (गिरोह) शब्द पर सूरः का नामकरन है। यह काफ़िरों के गिरोह हैं जो दोज़ख़ में आख़िरी न्याय के दिन हँकाये जायँगे। एक अल्लाह ही की बन्दगी करें और शिर्क से दूर रह कर अल्लाह के अज़ाब से बचें, सूरः में चेतावनी व नसीहत के तौर पर यह बार बार आया है। मालूम होता है कि काफ़िरों का अत्याचार बढ़ चला था और त्यों त्यों रसूल स० भी इस्लाम का डटकर प्रचार कर रहे थे—क्योंकि आयत १० में ईमानवालों को ज़ुल्म की धरती को त्याग कर अल्लाह के भरोसे दूसरे देश को हिजरत (देश त्याग) कर जाने की चरचा इस सूरः में भी आई है। सब्र करनेवालों के मरतबे व जन्नत व जहन्नम में रहनेवालों के रहन सहन के साथ साथ यह भी बताया गया है कि अल्लाह की जैसी क़द्र करनी चाहिए थी वैसी लोगों ने नहीं की।

☆☆ चौबीसवाँ पारः फ़मन् अज़्लमु ☆☆

☆ सूरतुज़्ज़ुमरि आयत ३२ से ७५ ☆

फ़मन् अज़्लमु मिम्मन् कजब अलल्लाहि व कज्जब बिस्सिद्क़ि अिज् जा अहू त् अलैस फ़ी जहन्नम मस्वल् - लिल्काफ़िरीन (३२) वल्लजी जा अ बिस्सिद्क़ि व सद्दक़ बिहि अुला अिक हुमुल्मुत्तक़ून (३३) लहुम् मा यशा अून अिन्द रब्बिहिम् त् जालिक जज़ा अुल् - मुह्सिनीन ज् सला (३४) लियुकफ़्फ़िरल्लाहु अन्हुम् अस्व अल्लजी अमिलू व यज़्ज़ियहुम् अज्रहुम् बिअह्सनिल्लजी कानू यअ्मलून (३५) अलैसल्लाहु बिकाफ़िन् अब्दहू त् व युख़ौविफ़ूनक बिल्लजीन मिन् दूनिहि त् व मैं-युज़्लिलिल्-लाहु फ़मा लहू मिन् हादिन् ज् (३६) व मैंयह्दिल्लाहु फ़मा लहू मिम्मुज़िल्लिन् त् अलैसल्लाहु बिअज़ीज़िन् जिन्तिक़ामिन् (३७) व लअिन् सअल्तहुम् मन् ख़लक़स्-समावाति वल्अर्ज़ लयक़ूलुन्नल्लाहु त् क़ुल् अफ़रऐतुम् मा तद्अून मिन् दूनिल्लाहि अिन् अराद नियल्लाहु बिज़ुर्रिन् हल् हुन्न काशिफ़ातु ज़ुर्रिहि अौ अराद नी बिरह्मतिन् हल् हुन्न मुम्सिकातु रह्मतिहि त् क़ुल् हस्बियल्लाहु त् अलैहि यतवक्कलुल् - मुतवक्किलून (३८) क़ुल् याक़ौमिअ्मलू अला मकानतिकुम् अिन्नी आमिलुन् ज् फ़सौफ़ तअ्लमून ला (३९) मैंयअ्तीहि अजाबुंय्युख़्ज़ीहि व यहिल्लु अलैहि अजाबुम् - मुक़ीमुन् (४०) अिन्ना अन्ज़ल्ना अलैकल् - किताब लिन्नासि बिल्हक़्क़िक़ ज् फ़मनिह्तदा फ़लिनफ़्सिहि ज् व मन् ज़ल्ल फ़अिन्नमा यज़िल्लु अलैहा ज् व मा अन्त अलैहिम् बिवकीलिन् (४१) ★ अल्लाहु यतवफ़्फ़ल् - अन्फ़ुस हीन मौतिहा वल्लती लम् तमुत् फ़ी मनामिहा ज् फ़युम्सिकुल्लती क़ज़ा अलैहल्मौत व युर्सिलुल् - अुख़रा अिला अजलिम् - मुसम्मन् त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्लिक़ौमीं - यतफ़क्करून (४२)



✪✪ चौबीसवाँ पारः (फ़मन् अज़्लमु) ✪✪

✪ सूरतुज़्ज़ुमरि आयत ३२ से ७५ ✪

फिर उससे बढ़कर ज़ालिम कौन जो अल्लाह पर झूठ बोले और सच्ची बात जब उसके पास पहुँची तो उसको झुठलावे। क्या काफ़िरों का दोज़ख़ ही ठिकाना नहीं है? (३२) और जो सत्य बात लेकर आया (यानी रसूल स०) और (जिसने उसको) सच माना यही लोग परहेज़गार हैं। (३३) वह जो चाहेंगे उनके परवरदिगार के यहाँ उनके लिए मौजूद होगा। नेकी करनेवालों का यही बदला है। (३४) ताकि अल्लाह उनके बुरे काम जो उन्होंने किये उनसे उतार दे और उनके नेक कामों के बदले में जो उन्होंने किये उनको प्रतिफल दे। (३५) क्या अल्लाह अपने बन्दे के लिए काफ़ी नहीं? और (ऐ पैग़म्बर!) यह लोग तुमको अल्लाह के सिवाय (अपने ठहराये हुये) दूसरे पूजितों से डराते हैं। और जिसको अल्लाह गुमराह करे तो उसको कोई राह बताने वाला नहीं (३६) और जिसको अल्लाह राह सुझाये तो कोई उसको गुमराह करनेवाला नहीं। क्या अल्लाह ज़बरदस्त बदला लेने वाला नहीं है§? (३७) और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तू इनसे पूछे कि आसमानों और ज़मीन को किसने पैदा किया तो कह उठेंगे—अल्लाह ने! तब (इनको) समझाओ कि भला देखो तो सही कि अल्लाह के सिवाय जिन (पूजितों) को तुम पुकारते हो अगर अल्लाह मुझे कोई तकलीफ़ पहुँचाना चाहे तो क्या यह (पूजित उस) अल्लाह की डाली तकलीफ़ को दूर कर सकते हैं? या अगर अल्लाह मुझ पर कृपा करना चाहे तो क्या यह (पूजित) उसकी कृपा को रोक सकते हैं? (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि मुझे तो अल्लाह काफ़ी है। भरोसा रखनेवाले उसी पर भरोसा रखते हैं (३८) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो कि भाइयो! तुम अपनी जगह काम किये जाओ, मैं (भी अपनी जगह) काम कर रहा हूँ। फिर आगे चलकर तुमको मालूम हो जायगा (३९) कि किस पर अज़ाब आता है जो उसको ज़लील करेगा और किस पर सदा के लिए (सज़ा की) मार उतरती है। (४०) हमने यह किताब सच्चाई के साथ लोगों के (राह दिखाने के) लिए तुम पर उतारी, फिर जो कोई राह पर आया सो अपने भले को और जो कोई बहका सो यही कि बहका अपने बुरे को। और (ऐ पैग़म्बर!) तुझ पर इनका ज़िम्मा नहीं। (४१) ★

लोगों के मरने के समय अल्लाह उनकी जानों को क़ब्ज़ कर (यानी खींच) लेता है और जो लोग मरे नहीं उनकी (जानें सोते समय) नींद में (क़ब्ज़ कर लेता है)। फिर जिनकी निस्बत मौत का हुक्म दे चुका है उनको रोक रखता है और बाक़ी (रूहों) को एक मुक़र्रर वक़्त तक के लिए (फिर दुनिया में) भेज देता है। बेशक जो लोग ध्यान दें उनके लिए इसमें निशानियाँ† हैं। (४२)

★ रू. ४।१।आ १०

§ काफ़िर रसूल स० को डराते थे कि अगर वे उनके माबूदों को न मानेंगे तो वे माबूद (पूज्य) रसूल स० से नाख़ुश होकर उन्हें ज़रर (हानि) पहुँचावेंगे। भला जिसका अल्लाह निगहबान है उसको कौन नुक़सान पहुँचायेगा। एक अल्लाह सब तौर पर काफ़ी है। † सोना और मरना बराबर है। जैसे मनुष्य सोकर फिर उठता है वैसे ही मरकर क़ियामत के दिन फिर उठेगा।

अमित्तख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि शुफ़आ'अ त़ क़ुल् अवलौ कानू ला यम्लिकून शैअौव ला यऽक़िलून (४३) क़ुल् लिल्लाहिश्शफ़ाअतु जमीअन् त़ लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ सुम्म इलैहि तुर्जअून (४४) व इजा जुकिरल्लाहु वह्दहुश्मअज़्ज़त् क़ुलूबुल्लजीन ला युअ्मिनून बिल् आख़िरति ज़ व इजा जुकिरल्लजीन मिन् दूनिहीं इजा हुम् यस्तब्शिरून (४५) क़ुलिल्लाहुम्म फ़ातिरस्समावाति वल्अर्ज़ि आलिमल्-ग़ैबि वश्शहादति अन्त तह्कुमु बैन इबादिक फ़ी मा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (४६) व लौ अन्न लिल्लजीन जलमू मा फ़िल्अर्ज़ि जमीअौव मिस्लहू मअहू लफ़्तदौ बिहीं मिन् सू'अिल्-अजाबि यौमल्क़ियामति त़ व बदा लहुम् मिनल्लाहि मा लम् यकूनू यह्तसिबून (४७) व बदालहुम् सैयिआतु मा कसबू व हाक़ बिहिम् मा कानू बिहीं यस्तह्ज़िअून (४८) फ़इजा मस्सल्-इन्सान ज़ुर्रुन् दआना ज़ सुम्म इजा ख़ौवल्नाहु निऽमतम्-मिन्ना ला क़ाल इन्नमा' ऊतीतुहू अला इल्मिन् त़ बल् हिय फ़ित्नतूंव लाकिन्न अक्सरहुम् ला यऽलमून (४९) क़द् क़ालहल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़मा' अग़्ना अन्हुम् मा कानू यक्सिबून (५०) फ़असाबहुम् सैयिआतु मा कसबू त़ वल्लजीन जलमू मिन् हा'उला'इ सयुसीबुहुम् सैयिआतु मा कसबू ला व मा हुम् बिमुऽजिज़ीन (५१) अ व लम् यऽलमू' अन्नल्लाह यब्सुतुर्रिज़्क़ लिमैंयशा'उ व यक़्दिरु त़ इन्न फ़ी जालिक लआयातिल्-लिक़ौमीं-युअ्मिनून (५२) ★

الزمر ٣٩ ٣٤٠ فمن اظلم ٢٣
اَلَّتِیْ قَضٰی عَلَیْهَا الْمَوْتَ وَیُرْسِلُ الْاُخْرٰۤی اِلٰۤی اَجَلٍ مُّسَمًّی ؕ اِنَّ فِیْ ذٰلِكَ لَاٰیٰتٍ لِّقَوْمٍ یَّتَفَكَّرُوْنَ ۝ اَمِ اتَّخَذُوْا مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ
شُفَعَآءَ ؕ قُلْ اَوَلَوْ كَانُوْا لَا یَمْلِكُوْنَ شَیْـًٔا وَّلَا یَعْقِلُوْنَ ۝ قُلْ لِّلّٰهِ
الشَّفَاعَةُ جَمِیْعًا ؕ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ ثُمَّ اِلَیْهِ تُرْجَعُوْنَ ۝
وَاِذَا ذُكِرَ اللّٰهُ وَحْدَهُ اشْمَاَزَّتْ قُلُوْبُ الَّذِیْنَ لَا یُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ ۚ
وَاِذَا ذُكِرَ الَّذِیْنَ مِنْ دُوْنِهٖۤ اِذَا هُمْ یَسْتَبْشِرُوْنَ ۝ قُلِ اللّٰهُمَّ
فَاطِرَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ عٰلِمَ الْغَیْبِ وَالشَّهَادَةِ اَنْتَ تَحْكُمُ بَیْنَ
عِبَادِكَ فِیْ مَا كَانُوْا فِیْهِ یَخْتَلِفُوْنَ ۝ وَلَوْ اَنَّ لِلَّذِیْنَ ظَلَمُوْا مَا
فِی الْاَرْضِ جَمِیْعًا وَّمِثْلَهٗ مَعَهٗ لَافْتَدَوْا بِهٖ مِنْ سُوْٓءِ الْعَذَابِ
یَوْمَ الْقِیٰمَةِ ؕ وَبَدَا لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ مَا لَمْ یَكُوْنُوْا یَحْتَسِبُوْنَ ۝ وَ
بَدَا لَهُمْ سَیِّاٰتُ مَا كَسَبُوْا وَحَاقَ بِهِمْ مَّا كَانُوْا بِهٖ یَسْتَهْزِءُوْنَ ۝
فَاِذَا مَسَّ الْاِنْسَانَ ضُرٌّ دَعَانَا ۫ ثُمَّ اِذَا خَوَّلْنٰهُ نِعْمَةً مِّنَّا ۙ قَالَ
اِنَّمَاۤ اُوْتِیْتُهٗ عَلٰی عِلْمٍ ؕ بَلْ هِیَ فِتْنَةٌ وَّلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا
یَعْلَمُوْنَ ۝ قَدْ قَالَهَا الَّذِیْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ فَمَاۤ اَغْنٰی عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا
یَكْسِبُوْنَ ۝ فَاَصَابَهُمْ سَیِّاٰتُ مَا كَسَبُوْا ؕ وَالَّذِیْنَ ظَلَمُوْا مِنْ
هٰۤؤُلَآءِ سَیُصِیْبُهُمْ سَیِّاٰتُ مَا كَسَبُوْا ۙ وَمَا هُمْ بِمُعْجِزِیْنَ ۝ اَوَلَمْ
یَعْلَمُوْۤا اَنَّ اللّٰهَ یَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ یَّشَآءُ وَیَقْدِرُ ؕ اِنَّ فِیْ ذٰلِكَ
٧ آیات

★ रु. ४ — २ आ ११

क्या इन लोगों ने अल्लाह के सिवाय दूसरे सिफ़ारिशी ठहराये हैं? (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) पूछो अगरचेः (यह सिफ़ारिशी) कुछ भी अधिकार न रखते हों और न समझ रखते हों तो भी (क्या तुम उन्हें माने और पूजे जाओगे?) (४३) (ऐ नबी!) कहो कि सिफ़ारिश तो सारी अल्लाह के अधिकार में है,§ आसमानों और ज़मीन में उसी की हुकूमत है। फिर तुम उसी की तरफ़ को लौटाये जाओगे। (४४) और जब तनहा (एकमात्र) अल्लाह का ज़िक्र होता है तो जो लोग आख़िरत पर यक़ीन नहीं रखते उनके दिल बैठ जाते हैं, और जब अल्लाह के सिवाय दूसरे (पूजितों) का ज़िक्र आता है तो यह लोग ख़ुश हो जाते हैं। (४५) (ऐ पैग़म्बर!) तू कह कि ऐ अल्लाह! आसमानों और ज़मीन के पैदा करने वाले! छिपे और खुले (सारे व्यक्त-अव्यक्त) के जाननेवाले! जिन बातों में तेरे बन्दे आपस में मतभेद कर रहे हैं तू ही इन (के मतभेदों) का फ़ैसला करेगा। (४६) और अपराधियों के पास जितना कुछ ज़मीन में है वह सब हो और उसके साथ उतना ही और हो तो क़ियामत के दिन दुखदाई अज़ाब (से छुटकारा पाने) के लिए सब दे निकलें गे (मगर छुटकारा न होगा।) और इनको अल्लाह की तरफ़ से (उस वक़्त) ऐसा मामला पेश आवेगा जिसका उनको गुमान भी न था। (४७) और जैसे जैसे कर्म (दुनिया में वह लोग) कमाते रहे हैं उनकी ख़राबियाँ उन पर ज़ाहिर हो जायँगी और जिस (अज़ाब) की हँसी उड़ाते रहे हैं वह उनको आ घेरेगा। (४८) इन्सान को जब कोई तकलीफ़ पहुँचती है तो (हमको) पुकारता है। फिर जब हम उसको अपनी तरफ़ से कोई निअमत बख़्शते हैं तो कहने लगता है कि यह तो मुझको (मेरी) तदबीर से मिला है। हरगिज़ नहीं, (बल्कि उनकी) यह आज़माइश (परीक्षा) है, मगर इनमें से बहुतेरे लोग नहीं समझते। (४९) ऐसी (बातें) जो लोग इनसे पहले हो चुके हैं (वह भी) कहा करते थे फिर जो वह करते थे उनके (कुछ भी) काम न आया। (५०) फिर उनके कर्मों के बुरे फल (जो दुनिया में उन्होंने कमा रखे थे) उनको पहुँचे और इन (मक्का के इन्कार करने वालों) में से जो लोग ज़ुल्म करते हैं उनको (भी इसी तरह) उनकी कमाई का बुरा फल मिलेगा और वह (अल्लाह को) हरा न सकेंगे। (५१) क्या इनको मालूम नहीं कि अल्लाह जिसकी रोज़ी चाहता है बढ़ा देता है और (जिसको चाहता है उसकी रोज़ी) नपी तुली कर देता है। बेशक इसमें ईमानवालों के लिए (अल्लाह की क़ुदरत की बड़ी) निशानियाँ हैं। (५२) ★ रु. ५ — २ आ ११

§ यानी सिफ़ारिश है तो उसी के लिए जिसे अल्लाह चाहे। अल्लाह की मर्ज़ी के अलावा कोई सिफ़ारिश करने वाला नहीं। जिनको सिफ़ारिशी मानकर पूजते हो वे भी अल्लाह ही के मुहताज हैं।

[पिछ ७७३ से] में छिपाये रहे। लेकिन जब फ़िरऔन ने ह० मूसा अ० को क़त्ल करने का इरादा ज़ाहिर किया तो एक ईमानवाले बन्दे (हिज़क़ील) से ज़ब्त न हो सका। उसने हिम्मत करके और अपनी क़ौम की भलाई पर तरस खाकर बड़ी दलीलों से समझाया है जिसका बयान आयत २८ से ४५ व उसके फ़ुटनोटों में पढ़िये। यह समझाना हर किसी के दिल को अल्लाह की ओर रुजू करता है। सूरः का यह भी खुलासा है कि अल्लाह की रहमत का यह दस्तूर रहा है कि वह सरकशों को बहुत बड़ा मौक़ा अपने को सवाँरने का देता है। लेकिन जब हद पार हो जाती है और अज़ाब फट पड़ता है तब जितनी चाहे तौबः की जाव उससे छुटकारा नहीं होता। और काफ़िर (अधर्मी) हमेशा इसी नतीजे पर पहुँचते रहे हैं—वे समझाये से कभी नहीं माने। उनको दुनिया में ऐंठते-इतराते चलते देखकर यह धोखा कभी न होना चाहिए कि वे अज़ाब से बच सकेंगे। यह सूरः मक्का के उत्तरार्ध काल में उतरी है। यहाँ से आगे सात सूरों का एक सिलसिला शुरू होता है जो हा-मीम् के मुक़त्तआत अक्षरों से शुरू होती हैं और ये सब लगभग एक ही ज़माने में नाज़िल होती रही हैं। हर सूरः में अल्लाह का बुलंद एलान है कि यह क़ुर्आन हमारा उतारा है, रसूल स० मुहम्मद हमारा नबी है इसमें कोई शक नहीं। २३ वीं सूरः अल् मुअ्मिनून में ईमानवालों के लक्षण बयान हैं। इस ४० वीं सूरः 'मुअ्मिनि' में एक ही ईमानवाले का ऐसा बयान है कि वह इन्सान के कलेजे तक ईमान की जोत जगा देता है।

क़ुल् या इबादियल्लजीन अस्रफ़ू अला अन्फ़ुसिहिम् ला तक़्नतू मिर्रहमतिल्लाहि त़ इन्नल्लाह यग़्फ़िरुज़्ज़ुनूब जमीअन् त़ इन्नहू हुवल् - ग़फ़ूरुर्रहीमु (५३) व अनीबू इला रब्बिकुम् व अस्लिमू लहू मिन् क़ब्लि अँयअ्तियकुमुल् - अ़ज़ाबु सुम्म ला तुन्सरून (५४) वत्तबिअू अह्सन मा अुन्ज़िल इलैकुम् मिर्रब्बिकुम् मिन् क़ब्लि अँयअ्तियकुमुल् - अ़ज़ाबु बग़्तत़ौंव अन्तुम् ला तश्अुरून (५५) अन् तक़ूल नफ़्सुंय्या - ह़स्रता अला मा फ़र्रत्तु फ़ी जम्बिल्लाहि व इन् कुन्तु लमिनस्-साख़िरीन (५६) औ तक़ूल लौ अन्नल्लाह हदानी लकुन्तु मिनल् - मुत्तक़ीन (५७) औ तक़ूल ह़ीन तरल्अ़ज़ाब लौ अन्न ली कर्रतन् फ़अकून मिनल् - मुह़्सिनीन (५८) बला क़द् जाअत्क आयाती फ़कज़्ज़ब्त बिहा वस्तक्बर्त व कुन्त मिनल्काफ़िरीन (५९) व यौमल्क़ियामति तरल्लजीन कजबू अलल्लाहि वुजूहुहुम् मुस्वद्दतुन् त़ अलैस फ़ी जहन्नम मस्वल् - लिल्मुतकब्बिरीन (६०) व युनज्जिल्-लाहुल्-लजीनत्तक़ौ बि-मफ़ाज़ति-हिम् ज़ ला यमस्सुहुमुस्सू अु व ला हुम् यह़्ज़नून (६१) अल्लाहु ख़ालिक़ु कुल्लि शैअिन् ज़ व'व हुव अला कुल्लि शैअिंव्वकीलुन् (६२) लहू मक़ालीदुस्-समावाति वल्अर्ज़ि त़ वल्लजीन कफ़रू बिआयातिल्लाहि अुलाअिक हुमुल्-ख़ासिरून (६३) ★ क़ुल् अफ़ग़ैरल्लाहि तअ्मुरून्नी अअ़्बुदु अैयुहल्-जाहिलून (६४) व लक़द् अूह़िय अिलैक व अिलल्लजीन मिन् क़ब्लिक ज़ लअिन् अश्रक्त लयह़्बतन्न अमलुक व लतकूनन्न मिनल्ख़ासिरीन (६५) बलिल्लाह फ़अ़्बुद् व कुम् - मिनश्शाकिरीन (६६)



(ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कह दो कि ऐ मेरे बन्दो ! (तुममें से) जिन्होंने अपनी जानों पर ज़्यादती की (यानी गुनाह किये हैं, वे) अल्लाह की मेहरबानी से नाउम्मीद न हों, अल्लाह बेशक तमाम पापों को क्षमा कर देता है। वह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (५३) और तुम अपने परवरदिगार की तरफ़ लौ लगाओ और उसी के हुक्म पर चलो इससे पहले कि तुम पर अज़ाब आ उतरे और फिर उस वक़्त तुमको कोई मदद न मिलेगी§ (५४) और इस निहायत अच्छी बात (क़ुर्आन) की पैरवी करो जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारे वास्ते उतरी है इससे पहले कि अज़ाब अचानक तुम पर आ उतरे और तुमको ख़बर (भी) न हो।(५५) (यह मौक़ा न आये कि) कोई कहे कि अफ़सोस ! अल्लाह के हक़ में मुझसे चूक हुई और मैं तो (उसकी) हँसी ही उड़ाता रहा। (५६) या कहने लगे कि अगर अल्लाह मुझको हिदायत देता तो मैं भी परहेज़गारों में होता। (५७) या जब अज़ाब देखे तब कहने लगे कि किसी तरह मुझको (दुनिया में) फिर जाना (नसीब) हो तो (अब) मैं नेककारों में हो जाऊँ। (५८) (अल्लाह कहेगा) क्यों नहीं, मेरी आयतें तेरे पास पहुँच चुकी थीं, मगर तूने उनको झुठलाया और घमंड किया और तू काफ़िरों में शामिल था। (५९) और (ऐ पैग़म्बर !) क़ियामत के दिन तू इन्हें देखेगा कि जो अल्लाह पर झूठ बोलते थे उनके मुँह काले होंगे। क्या ग़ुरूरवालों (अहंकारियों) का ठिकाना दोज़ख़ में नहीं है ? (६०) और जो लोग परहेज़गार हैं उनको अल्लाह कामयाबी के साथ (अज़ाब से) नजात देगा। न उनको कोई तकलीफ़ पहुँचेगी और न वह कभी उदास होंगे। (६१) अल्लाह हर चीज़ का पैदा करनेवाला है। और वही हर चीज़ का ज़िम्मा लेने वाला है। (६२) आसमानों और ज़मीन की कुंजियाँ उसी के पास हैं और जो लोग अल्लाह की आयतों से विमुख हैं वही घाटे में (पड़नेवाले) हैं। (६३) ★

रुकू ६ | २ | आ ११

(ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि ऐ नादानो ! क्या तुम मुझे अल्लाह के सिवाय दूसरों की अिबादत करने को कहते हो। (६४) और (ऐ पैग़म्बर !) तुझको और तुझसे पहले (हुये पैग़म्बरों) को 'वही' के ज़रिये हुक्म हो चुका है कि अगर तूने (अल्लाह के सिवाय किसी और को अिबादत में) शरीक ठहराया तो तेरे सारे अमल (कर्म) अकारथ जावेंगे और तू बेशक घाटेवालों में हो जायगा। (६५) नहीं, बल्कि अल्लाह ही की अिबादत करो और (उसी की) शुक्रगुज़ारी में रहो। (६६)

§ यह तो दुनिया में मौक़ा है कि अपनी करनी से आख़िरत बना लो और अज़ाब की नौबत न आये। अज़ाब आ पड़ने के बाद फिर उससे किसी तरह छुटकारा नहीं। यह आयत यूँ उतरी—कुछ लोग दिल में यह तो मानते थे कि रसूल स० ठीक कहते हैं और अल्लाह ईमानवालों के साथ है लेकिन शरमाशरमी अब भी उनका विरोध कर रहे थे यह समझकर कि इतनी ज़िन्दगी तो गुनाहों में कटी है, भला अब हमारी आख़िरत क्या बनेगी। उनको समझाया है, कि आज भी ग़नीमत है। ईमान लाओ, नेक काम करो, फिर पिछले गुनाह अल्लाह ज़रूर माफ़ करता है। † ईमानवालों के लिए 'मफ़ाज़त' यानी गन्तव्य स्थान को नजात (मुक्ति), कामयाबी (सफल जीवन), सारे दुखों से छुटकारा, पूर्ण सुख हासिल है। और इसके बर-अक्स (विपरीत) काफ़िरों (अधर्मियों) के लिए दुनिया में बदनामी व आख़िरत में नाकामयाबी (विफल जीवन), मायूसी (निराशा), और हमेशा के लिए दोज़ख़ यानी कभी न मिटनेवाला दर्दनाक दुःख हाथ लगता है।

व मा क़दरुल्लाह हूक़्क़ क़द्रिहॗ क़ सला वल्अर्ज़ु जमीअन् क़ब्ज़तुहु यौमल्क़ियामति वस्समावातु मत्वीयातुम् - बियमीनिहॗ त् सुब्हानहु व तआला अम्मा युश्रिकून (६७) व नुफ़िख़ फ़िस्सूरि फ़सअिक़ मन् फ़िस्समावाति व मन् फ़िल्अर्ज़ अिल्ला मन् शा'अल्लाहु त् सुम्म नुफ़िख़ फ़ीहि अुख़्रा फ़अिजाहुम् क़ियामुंय्यन्ज़ुरून (६८) व अश्रक़तिल्-अर्ज़ु बिनूरि रब्बिहा व वुज़िअल्-किताबु वजी'अ बिन्नबीय्यीन वश्शुहदा'अि व क़ुज़िय बैनहुम् बिल्हक़्क़ि व हुम् ला युज़्लमून (६९) व वुफ़्फ़यत् कुल्लु नफ़्सिम्मा अमिलत् व हुव अअ़्लमु बिमा यफ़्अलून (७०) ★ व सीक़ल्लजीन कफ़रू' अिला जहन्नम ज़ुमरन् त् हत्ता' अिजा जा'ऊहा फ़ुतिहत् अब्वाबुहा व क़ाल लहुम् ख़ज़नतुहा' अलम् यअ्तिकुम् रुसुलुम्-मिन्कुम् यत्लून अलैकुम् आयाति रब्बिकुम् व युन्ज़िरूनकुम् लिक़ा'अ यौमिकुम् हाजा त् क़ालू बला व लाकिन् हूक़्क़त् कलिमतुल्-अज़ाबि अलल्काफ़िरीन (७१) क़ीलद्ख़ुलू' अब्वाब जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा ज् फ़बिअ्स मस्वल्-मुतकब्बिरीन (७२) वसीक़ल्लजीनत्तक़ौ रब्बहुम् अिलल्जन्नति ज़ुमरन् त् हत्ता' अिजा जा'ऊहा व फ़ुतिहत् अब्वाबुहा व क़ाल लहुम् ख़ज़नतुहा सलामुन् अलैकुम् तिब्तुम् फ़द्ख़ुलूहा ख़ालिदीन (७३) व क़ालुल्-हम्दु लिल्लाहिल्लजी सदक़ना वअ़्दहु व औरसनल्-अर्ज़ नतबौवअु मिनल्जन्नति हैसु नशा'अु ज् फ़निअ़्म अज्रुल्-आमिलीन (७४) वतरल्-मला'इकत हाफ़्फ़ीन मिन् हौलिल्-अर्शि युसब्बिहून बिहम्दि रब्बिहिम् ज् व क़ुज़िय बैनहुम् बिल्हक़्क़ि व क़ीलल्-हम्दु लिल्लाहि रब्बिल्-आलमीन (७५) ★ ●

और इन लोगों ने अल्लाह की जैसी क़दर करनी चाहिए थी वैसी नहीं की। और क़ियामत के दिन सारी ज़मीन उसकी मुट्ठी में होगी और सब आसमान लिपटे हुए उसके दाहिने हाथ में होंगे और वह इनके ठहराये हुए शरीकों से (बिलकुल) पाक और बहुत ऊपर (बेहद आलीशान) है§ (६७) और (क़ियामत आने पर जब) सूर (नरसिंहा) फूँका जायगा तो जो आसमानों में और ज़मीन में हैं बेहोश हो जायँगे (सिवाय वह) जिसको अल्लाह (बचाना) चाहे। फिर दोबारा सूर (नरसिंह) फूंका जायगा फिर वे अचानक (ज़िन्दः)खड़े हो जायँगे और देखने लगेंगे।(६८) और ज़मीन अपने परवरदिगार के नूर से जगमगा उठेगी और किताब (आमालनामा खोलकर) रख दिया जायगा और पैग़म्बर व गवाह हाज़िर किये जायँगे† और उनमें इन्साफ़ के साथ फ़ैसला किया जायगा और उन पर (रत्ती भर भी) ज़ुल्म न होगा। (६९) और जिसने जैसे काम किये सबको पूरा-पूरा बदला मिलेगा और जो कुछ भी (लोग) कर रहे हैं अल्लाह उससे ख़ूब जानकार है। (७०) ★

और काफ़िर दोज़ख़ की तरफ़ जत्थे के जत्थे हाँके जायँगे यहाँ तक कि जब (नरक के) पास पहुँचेंगे तो उसके दरवाज़े खोल दिये जायँगे और उसके दारोग़ा उनसे कहेंगे कि क्या तुम्हीं में के पैग़म्बर तुम्हारे पास नहीं पहुँचे थे कि वह तुम्हारे परवरदिगार की आयतें तुमको पढ़-पढ़कर सुनाते और इस (अ़ज़ाब के) दिन के पेश आने से तुम्हें सचेत करते थे। वह जवाब देंगे कि हाँ (ज़रूर आये थे और चेतावनी देते थे) मगर अ़ज़ाब का हुक्म काफ़िरों पर क़ायम हुआ। (७१) (फिर इनसे) कहा जायगा कि (तो अब) दोज़ख़ के दरवाज़ों में दाख़िल हो, हमेशा इसमें रहो। ग़रज़ अकड़नेवालों (अंहकारियों) का (क्या ही) बुरा ठिकाना है! (७२) और जो अपने परवरदिगार से डरते रहे उनके जत्थे के जत्थे जन्नत की तरफ़ ले जाये जायँगे। यहाँ तक कि जब जन्नत के पास पहुँचेंगे और उसके दरवाज़े (उनके लिए) खुले होंगे और जन्नत के दारोग़ा उनसे कहेंगे कि तुम पर सलाम (स्वस्ति) हो, तुम मज़े में रहे, अब जाओ जन्नत में हमेशा के लिए दाख़िल हो (७३) और (यह जन्नतवाले) कहेंगे कि अल्लाह का शुक्र है जिसने हमसे अपना वादा सच कर दिखाया और हमको इस (बहिश्त की) ज़मीन का वारिस बनाया कि हम जन्नत में जहाँ चाहें रहें। तो (नेक) काम करने वालों को क्या ही अच्छा फल है!.(७४) और (ऐ पैग़म्बर! उस दिन) देखेगा कि फ़रिश्ते (अल्लाह के) तख़्त के इर्द गिर्द घेरा बाँधे (हाज़िर) हैं (और) अपने परवरदिगार की ख़ूबी बयान करते हुये तस्बीह (यानी स्तुति और भजन) कर रहे हैं। और लोगों में इन्साफ़ के साथ फ़ैसला कर दिया जायगा और कहा जायगा कि हर तरह की (स्तुति) तारीफ़ सारे संसार के परवरदिगार अल्लाह (ही) के लिए है। (७५) ★ ●

§ लोग अल्लाह की हस्ती को एक ज़र्रा भर भी आँक नहीं सके। जितनी धरती-आसमान इन्सान आँखों से देखता या अन्दाज़ता है, वह तो उसके एक मुट्ठी भर को भी नहीं है। उसकी पूरी सृष्टि और क़ुदरत के कारनामे इन्सान की नज़र और क़यास से बाहर की चीज़ हैं। इनके दूसरे माबूद (पूजित) भला उसके मुक़ाबिले में क्या हैं! वे तो उसके सामने बिलकुल नाचीज़ और बेबस हैं। † वैसे तो अल्लाह हर चीज़ से जानकार है, उसको किसी गवाह की ज़रूरत नहीं। मगर अमल करनेवालों के इत्मीनान के लिए पैग़म्बर, और नेक बन्दे और गुनहगारों के हाथ, पैर, आँख, कान—अंग-अंग उनकी करतूतों की गवाही देंगे।

★ रु. ७ | ८ आ ७

★ रु. ८ | ८ आ ८ ● रु. ९ | ८ आ ९

✱ ४० सूरतुल् - मुअ्मिनि ६० ✱

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ५२१३ अक्षर, १२४२ शब्द, ८५ आयतें और ९ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

हा - मी म् ज् (१) तन्ज़ीलुल् - किताबि मिनल्लाहिल् - अ़ज़ीज़िल् - अलीमि ला (२) ग़ाफ़िरिज्जम्बि व क़ाबिलित्तौबि शदीदिल् - अिक़ाबि ला जित्तौलि तू ला अिलाह अिल्ला हुव तू अिलैहिल् - मसीरु (३) मा युजादिलु फ़ी आयातिल्लाहि अिल्लल्लजीन कफ़रू फ़ला यग़्रुर्क तक़ल्लुबुहुम् फ़िल्बिलादि (४) कज्जबत् क़ब्लहुम् क़ौमु नूहिंव्वल् - अह्ज़ाबु मिम्बअ़्दिहिम् स़ व हम्मत् कुल्लु उम्मतिम् - बिरसूलिहिम् लियअ्ख़ुज़ूहु व जादलू बिल्बातिलि लियुद्हिज़ू बिहिल्हक़्क़ फ़अ़ख़ज्तुहुम् क़िफ़् फ़कैफ़ कान अिक़ाबि (५) व कजालिक हक़्क़त् कलिमतु रब्बिक अ़ल्लल्लजीन कफ़रू अन्नहुम् असहाबुन्नारि ● म् (६) अल्लजीन यह्मिलूनल्अर्श व मन् ह़ौलहू युसब्बिहून बिह्मदि रब्बिहिम् व युअ्मिनून बिहि व यस्तग़्फ़िरून लिल्लजीन आमनू ज् रब्बना व सिअ़्त कुल्ल शैअिर्रह्मतौंव अिल्मन् फ़ग़्फ़िर् लिल्लजीन तावू वत्तबअ़ू सबीलक व क़िहिम् अ़जाबल् - जहीमि (७) रब्बना व अद्ख़िल्हुम् जन्नाति अ़द्नि - निल्लती व अ़त्तहुम् व मन् स़लह़ मिन् आबा अिहिम् व अज़्वाजिहिम् व ज़ुर्रीयातिहिम् तू अिन्नक अन्तल् - अ़ज़ीज़ुल् - ह़कीमु ला (८) व क़िहिमुस्सैयिआति तू व मन् तक़िस्सैयिआति यौम - अिज़िन् फ़क़द् रह़िम्तह़ तू व जालिक हुवल्फ़ौज़ुल् - अ़ज़ीमु (९) ★ अिन्नल्लजीन कफ़रू युनादौन लमक़्तुल्लाहि अक्बरु मिम्मक़्तिकुम् अन्फ़ुसकुम् अिज् तुद्अौन अिलल्अीमानि फ़तक्फ़ुरून (१०)

व. ला जि म व. न बी स़.

रु. १/६ आ ६

✪ ४० सूरतुल्-मुअ्मिनि ६० ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ५२१३ अक्षर, १२४२ शब्द, ८५ आयतें और ९ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हा मी॥म्। (१) इस किताब का उतरना अल्लाह की ओर से हुआ है जो निहायत ज़ोरवाला और (सब कुछ) जाननेवाला है। (२) जो पापों को क्षमा करनेवाला और तौबः का क़बूल करनेवाला (और गुनाहों की हद पार करनेवालों को) सख़्त अ़ज़ाब देनेवाला है (और) बड़ी क़ुदरत वाला है। उसके सिवाय कोई पूजित नहीं, उसी की तरफ़ (सबको फिर) लौटकर जाना है। (३) अल्लाह की आयतों में सिर्फ़ वही लोग झगड़े निकालते हैं जो इन्कार करनेवाले (यानी काफ़िर) हैं सो इन लोगों का शहरों में इधर-उधर (खुशहाली में) चलना-फिरना तुमको धोखे में न डाले (कि बावजूद कुफ़्र के इनकी चैन से गुज़र रही है।) (४) (तुम याद करो कि) इनसे पहले नूह की क़ौम ने और उनके बाद (दूसरे) गिरोहों ने (भी अपने पैग़म्बरों को) झुठलाया और हर गिरोह ने अपने पैग़म्बर के बारे में यही इरादा किया कि उसको पकड़ लें और झूठी बातों (की बुनियाद पर अपने रसूलों) से झगड़ते रहे ताकि उन (अपनी हुज्जतों) से सत्य को डिगा दें फिर मैंने उनको धर पकड़ा; तो मैंने उनको कैसी सज़ा दी। (५) और इसी तरह (तुमको झुठलाने वाले इन) काफ़िरों पर भी तुम्हारे परवरदिगार की यह बात साबित हो चुकी है कि वह दोज़ख़ (में पड़ने) वाले हैं ● (६) जो (फ़रिश्ते) तख़्त को उठाये हुए हैं और जो तख़्त के आस पास (घेरा बाँधे हुए) हैं अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ तस्बीह (स्तुति और भजन) करते और उस पर ईमान रखते हैं§ और ईमानवालों के लिए (अल्लाह से गुनाह) बख़्शवाते हैं, कि ऐ हमारे परवरदिगार! तेरी कृपा और तेरे ज्ञान में सब चीज़ें समाई हैं सो जिन्होंने तौबः की और तेरी राह पर चले उनको क्षमा कर दे और उन्हें (दोज़ख़ की) भड़कती हुई आग की मार से बचा। (७) और ऐ हमारे परवरदिगार! उनको (जन्नत के) बसने के बाग़ों में दाख़िल कर जिनका तूने उनसे वादा किया है और उनके बाप-दादों और बीबियों और उनकी औलाद में से जो नेक हों (उनको भी)। बेशक तू ही महान ज़ोरावर बेहद हिकमतवाला है। (८) और उन (नेककारों) को ख़राबियों (यानी दोज़ख़ की तकलीफ़ों) से बचा। और जिनको तूने उस दिन ख़राबियों से बचाया उन पर तूने कृपा की। और यह जो है सो यही बड़ी कामयाबी है†। (९) ★

जो लोग काफ़िर (विमुख) हैं उनसे (क़ियामत के दिन) पुकार कर कह दिया जायगा कि जैसे तुम (आज) अपने जी से बेज़ार हो इससे कहीं बढ़कर अल्लाह (उस दिन) बेज़ार था, जब कि (दुनिया में) तुम ईमान की तरफ़ बुलाये जाते थे और तुम इन्कार करते थे। (१०)

---

§ देखिये सूरः ज़ुमर आयत ७५ पृष्ठ ७७१। † भला ऐसा कौन बशर है जो गुनाह से बिलकुल बचा हो। तो यह अल्लाह ही की रहमत है कि उनमें से जिसे चाहे माफ़ी के क़ाबिल समझे और माफ़ करे।

* इस सूरः की आयत २८ में मौमिन (ईमानवाले) का बड़ा मार्मिक बयान है। वही इस सूरः की रूह है, इसलिए उसी के नाम पर सूरः का नामकरण किया गया है। इस सूरः का दूसरा नाम 'ग़ाफ़िर' भी है। ग़ाफ़िर (माफ़ करने वाला)—यह शब्द सूरः की तीसरी आयत में आया है। ज़िक्र है कि फ़िरऔन, हामान व क़ारून वग़ैरः के दबदबे व डर के बावजूद ह० मूसा अ० के मिस्र पहुँचने पर वहाँ के बाशिन्दे क़िब्तियों में से अनेक पर अल्लाह की हिदायत का असर हुआ लेकिन मारे ख़ौफ़ के वे ईमान को अपने दिल [पेज ७६७ पर]

क़ालू रब्बना अमत्तनस्नतैनि व अह्यैतनस्नतैनि फ़ज़्तरफ़्ना बिज़ुनूबिना फ़हल् अिला ख़ुरूजिम्-मिन् सबीलिन् (११) जालिकुम् बिअन्नहू अिजा दुअियल्लाहु वह्दहू कफ़र्तुम् ज व अींयुश्रक् बिहत्तुअ्मिनू त् फ़ल्हुक्मु लिल्लाहिल्-अलीयिल्-कबीरि (१२) हुवल्लजी युरीकुम् आयातिहत्त व युनज़्ज़िलु लकुम् मिनस्समाअि रिज़्क़न् त् व मा यतज़क्करु अिल्ला मैंयुनीबु (१३) फ़द्अुल्लाह मुख़्लिसीन लहुद्दीन व लौ करिहल् - काफ़िरून (१४) रफ़ीअुद्दरजाति जुल्अर्शि ज युल्क़िर्रूहू मिन् अम्रिहत्त अला मैंयशाअु मिन् अिबादिहत्त लियुन्ज़िर यौमत्तलाक़ि ला (१५) यौम हुम् बारिज़ून ۵ ज् ला यख़्फ़ा अल्लल्लाहि मिन्हुम् शैअुन् त् लि-मनिल्-मुल्कुल्यौम त् लिल्लाहिल् - वाहिदिल् - क़ह्हारि (१६) अल्यौम तुज़्ज़ा कुल्लु नफ़्सिम् - बिमा कसबत् त् ला ज़ुल्मल् - यौम त् अिन्नल्लाह सरीअुल् - हिसाबि (१७) व अन्ज़िर् - हुम् यौमल् - आज़िफ़ति अिज़िल्क़ुलूबु लदल्हनाजिरि काज़िमीन ۵ त् मा लिज़्ज़ालिमीन मिन् हमीमिंव्व ला शफ़ीअींयुताअु त् (१८) यअ़्लमु ख़ाअिनतल् - अअ़्युनि व मा तुख़्फ़िस्सुदूरु (१९) वल्लाहु यक़्ज़ी बिल्हक़्क़ि त् वल्लजीन यद्अून मिन् दूनिहत्त ला यक़्ज़ून बिशैअिन् त् अिन्नल्लाह हुवस्समीअुल् - बसीरु (२०) ★ अ व लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़यन्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लजीन कानू मिन् क़ब्लिहिम् त् कानू हुम् अशद्द मिन्हुम् क़ुव्वतंव व आसारन् फ़िल्अर्ज़ि फ़अख़ज़ हुमुल्लाहु बिज़ुनूबिहिम् त् व मा कान लहुम् मिनल्लाहि मिंव्वाक़िन् (२१) जालिक बिअन्नहुम् कानत् तअ्तीहिम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति फ़कफ़रू फ़अख़ज़ - हुमुल्लाहु त् अिन्नहू क़वीयुन् शदीदुल् - अिक़ाबि (२२)

فی ظلٰل ۲۴ ۳۷۴ المؤمن ۴۰
فَتَكْفُرُونَ ﴿١١﴾ قَالُوا رَبَّنَا أَمَتَّنَا اثْنَتَيْنِ وَأَحْيَيْتَنَا اثْنَتَيْنِ فَاعْتَرَفْنَا
بِذُنُوبِنَا فَهَلْ إِلَىٰ خُرُوجٍ مِّن سَبِيلٍ ﴿١٢﴾ ذَٰلِكُم بِأَنَّهُ إِذَا دُعِيَ اللَّهُ
وَحْدَهُ كَفَرْتُمْ ۖ وَإِن يُشْرَكْ بِهِ تُؤْمِنُوا ۚ فَالْحُكْمُ لِلَّهِ الْعَلِيِّ الْكَبِيرِ ﴿١٣﴾
هُوَ الَّذِي يُرِيكُمْ آيَاتِهِ وَيُنَزِّلُ لَكُم مِّنَ السَّمَاءِ رِزْقًا ۚ وَمَا يَتَذَكَّرُ إِلَّا
مَن يُنِيبُ ﴿١٤﴾ فَادْعُوا اللَّهَ مُخْلِصِينَ لَهُ الدِّينَ وَلَوْ كَرِهَ الْكَافِرُونَ ﴿١٥﴾
رَفِيعُ الدَّرَجَاتِ ذُو الْعَرْشِ يُلْقِي الرُّوحَ مِنْ أَمْرِهِ عَلَىٰ مَن يَشَاءُ مِنْ
عِبَادِهِ لِيُنذِرَ يَوْمَ التَّلَاقِ ﴿١٦﴾ يَوْمَ هُم بَارِزُونَ ۖ لَا يَخْفَىٰ عَلَى اللَّهِ مِنْهُمْ
شَيْءٌ ۚ لِّمَنِ الْمُلْكُ الْيَوْمَ ۖ لِلَّهِ الْوَاحِدِ الْقَهَّارِ ﴿١٧﴾ الْيَوْمَ تُجْزَىٰ كُلُّ
نَفْسٍ بِمَا كَسَبَتْ ۚ لَا ظُلْمَ الْيَوْمَ ۚ إِنَّ اللَّهَ سَرِيعُ الْحِسَابِ ﴿١٨﴾ وَأَنذِرْهُمْ
يَوْمَ الْآزِفَةِ إِذِ الْقُلُوبُ لَدَى الْحَنَاجِرِ كَاظِمِينَ ۚ مَا لِلظَّالِمِينَ مِنْ
حَمِيمٍ وَلَا شَفِيعٍ يُطَاعُ ﴿١٩﴾ يَعْلَمُ خَائِنَةَ الْأَعْيُنِ وَمَا تُخْفِي
الصُّدُورُ ﴿٢٠﴾ وَاللَّهُ يَقْضِي بِالْحَقِّ ۖ وَالَّذِينَ يَدْعُونَ مِن دُونِهِ لَا
يَقْضُونَ بِشَيْءٍ ۗ إِنَّ اللَّهَ هُوَ السَّمِيعُ الْبَصِيرُ ﴿٢١﴾ أَوَلَمْ يَسِيرُوا فِي
الْأَرْضِ فَيَنظُرُوا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الَّذِينَ كَانُوا مِن قَبْلِهِمْ ۚ كَانُوا
هُمْ أَشَدَّ مِنْهُمْ قُوَّةً وَآثَارًا فِي الْأَرْضِ فَأَخَذَهُمُ اللَّهُ بِذُنُوبِهِمْ ۗ وَ
مَا كَانَ لَهُم مِّنَ اللَّهِ مِن وَاقٍ ﴿٢٢﴾ ذَٰلِكَ بِأَنَّهُمْ كَانَتْ تَّأْتِيهِمْ رُسُلُهُم
بِالْبَيِّنَاتِ فَكَفَرُوا فَأَخَذَهُمُ اللَّهُ ۚ إِنَّهُ قَوِيٌّ شَدِيدُ الْعِقَابِ ﴿٢٣﴾ وَ
منزل

★ रु. ७ ।/२ आ ११

काफ़िर कहेंगे कि ऐ हमारे परवरदिगार ! तू हमको दो बार मुर्दा और दो बार ज़िन्दः कर चुका पस हम अपने गुनाहों पर क़ायल हैं, फिर (बच) निकलने की अब कोई राह है‡ ? (११) (अल्लाह कहेगा नहीं, और तुम्हारी हालत आज) यह इसलिए है कि (दुनिया में) जब तनहा (उस एक मात्र) अल्लाह की अिबादत करने (को तुम) को पुकारा जाता था तो तुम मुँह मोड़ते थे और जब उसके साथ (दूसरे पूजित) शरीक ठहराये जाते थे तो तुम (बड़ी ख़ुशी से) यक़ीन कर लेते थे, तो सर्वोपरि और सबसे महान उस अल्लाह ही का (आज यह) हुक्म है जो वह करे। (१२) वह (अल्लाह) ही है जो तुमको अपनी निशानियाँ दिखाता और आसमान से तुम्हारे लिए रोज़ी उतारता है। लेकिन नसीहत तो वही पकड़ता है जो (अल्लाह की ओर) ध्यान लगाता है। (१३) (तो ऐ ईमानवालो !) अल्लाह ही को पुकारो एक उसी के फ़रमाबरदार बनकर; अगरचेः काफ़िरों को भले ही बुरा लगे।(१४) (वह) ऊँचे दरजों वाला (और) अर्श (तख़्त) का मालिक है; अपने दासों में से जिस पर चाहता है अपने हुक्म से 'वही' उतारता है ताकि वह (पैग़म्बर क़ियामत यानी) मुलाक़ात के दिन की (मुसीबत से) सचेत करे, (१५) जबकि वह (अल्लाह के) सामने आ मौजूद होंगे (और) उनकी कोई बात अल्लाह से छिपी न होगी। (१६) उस दिन किसकी हूकूमत होगी ? अकेले अल्लाह की जो ग़ालिब (सारी प्रभुता वाला) है।(१६) आज हर आदमी अपने (दुनिया में) किये हुए का बदला पायेगा। आज (किसी पर) ज़ुल्म न होगा। बेशक अल्लाह जल्द हिसाब लेने वाला है।(१७) और (ऐ पैग़म्बर !) इन लोगों को जल्दी ही आनेवाली मुसीबत (क़ियामत) के दिन से डराओ कि जब रंज से भरकर दिल गले तक आ जावेंगे। पापियों का न कोई दोस्त होगा और न कोई सिफ़ारिशी होगा जिसकी बात मानी जावे।(१८) अल्लाह आँखों की चोरी और सीनों (दिलों) में छिपी बातें भी§ जानता है।(१९) और अल्लाह हक़ के साथ (इंसाफ़ का) फ़ैसला करता है। और उसके सिवाय जिन (पूजितों) को यह लोग पुकारते हैं वह किसी तरह का फ़ैसला नहीं कर सकते। बेशक अल्लाह (ही सब कुछ) देखने-सुननेवाला है†। (२०) ★

क्या इन लोगों ने मुल्क में चल-फिर कर नहीं देखा कि जो उनसे पहले थे उनका अन्जाम (परिणाम) क्या हुआ ? वह बलबूते के लिहाज़ से और निशानों के लिहाज़ से (जो ज़मीन पर वे लोग छोड़ गये हैं) इन (मक्कावालों) से कहीं बढ़चढ़ कर थे। तो अल्लाह ने उनको उनके अपराधों की सज़ा में धर पकड़ा और उनको अल्लाह (के अज़ाब) से बचानेवाला कोई न हुआ। (२१) (और उन पर अज़ाब) यह इस सबब से हुआ कि उनके पैग़म्बर खुली निशानियाँ लेकर उनके पास आये, इस पर उन्होंने न माना तो अल्लाह ने उनको धर पकड़ा। बेशक वह बड़ा ज़ोरावर और बड़ी सख़्त सज़ा देनेवाला है। (२२)

★ रु. २ — ७ आ ११

‡ कि इस अज़ाब से छुटकारा हो और दोबारः अपने आमाल सुधारने का हमको मौक़ा मयस्सर हो।

§ यानी लोगों से नज़र बचा कर चोरी छिपे किसी पर निगाह डाली या कनखियों से देखा या दिल में कुछ नियत की या किसी बात का ख़याल आया इनमें से हर चीज़ को अल्लाह जानता है और फ़ैसला इंसाफ़ से करता है। † इसी रुकूअ का खुलासा है कि दुनिया में बावजूद चेतावनी आने के अक्सर लोग अल्लाह के हुक्मों, उसके रसूलों के हुक्मों से विमुख होते हैं। नतीजा यह होता है दुनिया में भी ज़लील व बरबाद रहते हैं और आख़िरत में उनके लिए हमेशा का दोज़ख़ का अज़ाब पल्ले पड़ता है।

व लक़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना व सुल्तानिम् - मुबीनिन् ला (२३) अिला फ़िर्औन व हामान व क़ारून फ़क़ालू साहिरुन् कज्जाबुन् (२४) फ़लम्मा जा'अहुम् बिल्हक़्क़िक़ मिन् अिन्दिना क़ालुक़्तुलू' अब्ना'अल्लजीन आमनू मअ़हू वस्तह्यू निसा'अहुम् त़ व मा कैदुल्काफ़िरीन अिल्ला फ़ी ज़लालिन् (२५) व क़ाल फ़िर्औनु जरूनी' अक़्तुल् मूसा वल्यद्अु रब्बहू ज़ अिन्नी' अख़ाफ़ु अैंयुबद्दिल दीनकुम् औ अैंयुज़्हिर फ़िल्अर्ज़िल् - फ़साद (२६) व क़ाल मूसा' अिन्नी अुज्तु बिरब्बी व रब्बिकुम् मिन् कुल्लि मुतकब्बिरिल्ला युअ्मिनु बियौमिल् - हिसाबि (२७) ★ व क़ाल रजुलुम् - मुअ्मिनुन् क़ सला म्'मिन् आलि फ़िर्औन यक्तुमु अीमानहू' अतक़्तुलून रजुलन् अैंयक़ूल रब्बियल्लाहु व क़द् जा'अकुम् बिल्बैयिनाति मिर्रब्बिकुम् त़ व अींयकु काजिबन् फ़अलैहि कजिबुहू ज़ व अींयकु सादिक़ैं-युसिब्-कुम् बअ़ज़ुल्लजी यअिदुकुम् त़ अिन्नल्लाह ला यह्दी मन् हुव मुस्रिफ़ुन् कज्जाबुन् (२८) या क़ौमि लकुमुल्-मुल्कुल्-यौम जाहिरीन फ़िल्अर्ज़ि ज़ फ़मैंयन्सुरुना मिम्बअ़्सिल्लाहि अिन् जा'अना त़ क़ाल फ़िर्औनु मा' अुरीकुम् अिल्ला मा' अरा व मा' अह्दीकुम् अिल्ला सबीलर् - रशादि (२९) व क़ाललजी' आमन या क़ौमि अिन्नी' अख़ाफ़ु अलैकुम् मिस्ल यौमिल् - अह्ज़ाबि ला (३०) मिस्ल दअ्बि क़ौमि नूहिंव् आदिंव् समूद वल्लजीन मिम्बअ़्दिहिम् त़ व मल्लाहु युरीदु जुल्मल् - लिल्अ़िबादि (३१) व या क़ौमि अिन्नी' अख़ाफ़ु अलैकुम् यौमत्तनादि ला (३२) यौम तुवल्लून मुद्बिरीन ज़ मा लकुम् मिनल्लाहि मिन् आसिमिन् ज़ व मैंयुज़्लिलिल् - लाहु फ़मा लहू मिन् हादिन् (३३)

और हमने मूसा को अपनी निशानियाँ और खुली दलीलें देकर भेजा (२३) फ़िरऔन और हामान† और क़ारून§ की तरफ़ तो वह कहने लगे कि (यह मूसा तो) जादूगर (और) झूठा है। (२४) फिर जब मूसा हमारी ओर से हक़ (सत्य) को लेकर उनके पास गया तो उन्होंने हुक्म दिया कि जो लोग मूसा के साथ ईमान लाये हैं उनके (यानी यहूदियों के) बेटों को क़त्ल कर डालो और औरतों को जीता रखो‡ और काफ़िरों की तदबीरें तो बस अकारथ ही होती हैं। (२५) और फ़िरऔन ने (अपने दरबारियों) से कहा कि मुझे छोड़ो कि मैं मूसा को क़त्ल कर डालूँ और वह अपने परवरदिगार को बुलाता रहे। मुझको अन्देशा है कि (कहीं ऐसा न हो कि) तुम्हारे दीन को उलट-पलट कर डाले या देश में फ़साद फैलावे। (२६) और मूसा ने कहा मैं अपने और तुम्हारे परवरदिगार की पनाह ले चुका हूँ हर ग़रूरवाले (अहंकारी) से जो अन्तिम न्याय (यानी आख़िरत) के दिन को नहीं मानता। (२७) ★ रुकू २ | ८ | आ ७

और फ़िरऔन के लोगों में से एक ईमानदार मर्द× जो अपने ईमान को छुपाये रखता था (वह यह ज़ुल्म देखकर बर्दाश्त न कर सका और जान पर खेलकर) बोला कि क्या तुम एक मनुष्य के क़त्ल करने को आमादः हो (सिर्फ़ इसलिए) कि वह अल्लाह ही को अपना परवरदिगार कहता है और (जबकि) वह तुम्हारे परवरदिगार की ओर से तुम्हारे पास खुले चमत्कार (भी) लेकर आया है। और अगर वह झूठा (भी) हो तो उसके झूठ का वबाल उसी पर पड़ेगा (तुम्हारा क्या बिगड़ेगा ?) और अगर सच्चा हुआ तो (अज़ाब के) जिस वादा (की ख़बर) तुमको दे रहा है उसमें का कुछ तुम पर आ पड़ेगा।‡ बेशक अल्लाह किसी झूठे हद से बढ़े को हिदायत नहीं किया करता। (२८) ऐ मेरी क़ौम (के लोगो !) आज तुम्हारी हुकूमत है, मुल्क में बढ़े चढ़े हो (लेकिन) अगर अल्लाह की सज़ा हम पर आवे तो कौन हमारी मदद करेगा ? फ़िरऔन ने कहा मैं तुमको वही बात समझाता हूँ जो मैं समझा हूँ और वही राह बताता हूँ जिसमें भलाई है। (२९) और वह ईमानदार बोला ऐ मेरी क़ौम (के लोगो !) मुझको तुम्हारी बाबत डर है कि तुम पर अगले गिरोहों जैसा (बरबादी का) दिन न आजाय (३०) जैसा नूह, आद और समूद क़ौमों पर और उन लोगों पर आ पड़ा जो उनके बाद हुए। और अल्लाह तो बन्दों पर किसी तरह का ज़ुल्म करना नहीं चाहता। (३१) और ऐ मेरी क़ौम (के लोगो !) मुझको डर है कि कहीं तुम पर वह दिन न आ पड़े जबकि (अज़ाब की चपेट से) हर तरफ़ पुकार पड़ी हो। (३२) जबकि तुम पीठ देकर भागोगे। तुमको अल्लाह से कोई बचानेवाला न होगा। और अल्लाह जिसको गुमराह करे तो उसको कोई राह सुझानेवाला नहीं (३३)

† हामान फ़िरऔन का मंत्री था। § क़ारून बड़ा धनी था। क़ारून का ख़ज़ाना मशहूर है देखिये सूरः क़सस् आयत ८१ फ़ुटनोट § पृष्ठ ६५५ पर। ‡ ताकि यहूदियों की तादाद ख़त्म हो जाय। और जो बचें भी वे इतने पस्त हिम्मत हो जायँ कि फ़िरऔन की क़ौम क़िब्तियों के ख़िलाफ़ कभी सर न उठा सकें न मूसा की पैरवी कर सकें। लेकिन फ़िरऔन वालों की तदबीर अकारथ गई। × सूरः की भूमिका में इस ईमानवाले (हिज़क़ील) का बयान देखिये। ‡ इसलिए हर सूरत में अपने फ़ायदे को नज़र में रख कर भी तुमको मूसा अ० के क़त्ल का इरादा न करना चाहिये।

व लक़द् जा'अकुम् यूसुफ़ु मिन् क़ब्लु बिल्बैयिनाति फ़मा ज़िल्तुम् फ़ी शक्किम्-मिम्मा जा'अकुम् बिहत्ती त़ हत्ता' अिजा हलक क़ुल्तुम् लैंयब्असल्लाहु मिम्बअ़्दिहत्ती रसूलन् त़ कजालिक युज़िल्लुल्लाहु मन् हुव मुस्रिफ़ुम्-मुर्ताबुन् ज़ सला (३४) अल्लजीन युजादिलून फ़ी' आयातिल्लाहि बिग़ैरि सुल्तानिन् अताहुम् त़ कबुर मक़्तन् अिन्दल्लाहि व अिन्दल्लजीन आमनू त़ कजालिक यत्बअुल्लाहु अला कुल्लि क़ल्बि मुतकब्बिरिन् जब्बारिन् (३५) व क़ाल फ़िर्औनु या हामानुब्नि ली स़र्ह़ल्-लअल्ली' अब्लुग़ुल्-अस्बाब ला (३६) अस्बाबस्समावाति फ़अत्तलिअ़ अिला' अिलाहि मूसा व अिन्नी लअज़ुन्नुहू काज़िबन् त़ व कजालिक ज़ुय्यिन लिफ़िर्औन सू'अु अमलिहत्ती व सुद्द अनिस्सबीलि त़ व मा कैदु फ़िर्औन अिल्ला फ़ी तबाबिन् (३७) ★ व क़ाललजी' आमन या क़ौमित्तबिअूनि अह्दिकुम् सबीलर्रशादि ज़ (३८) या क़ौमि अिन्नमा हाजिहिल्-ह़यातुद्दुन्या मताअुन् ज़ व'अिन्नल्आख़िरत हिय दारुल्क़रारि (३९) मन् अमिल सैयिअतन् फ़ला युज्ज़ा' अिल्ला मिस्लहा ज़ व मन् अमिल स़ालिहम्-मिन् जकरिन् औ उन्सा व हुव मुअ्मिनुन् फ़अुला'इक यद्ख़ुलूनल्-जन्नत युर्ज़क़ून फ़ीहा बिग़ैरि ह़िसाबिन् (४०) व या क़ौमि मा ली' अद्अूकुम् अिलन्नजाति व तद्अूननी' अिलन्नारि त़ (४१) ● तद्अूननी लिअक्फ़ुर बिल्लाहि व अुश्रिक बिहत्ती मा लैस ली बिहत्ती अिल्मुन् ज़ व'अना अद्अूकुम् अिलल्-अज़ीज़िल्-ग़फ़्फ़ारि (४२) ला जरम अन्नमा तद्अूननी' अिलैहि लैस लहू दअ्वतुन् फ़िद्दुन्या व ला फ़िल्आख़िरति व अन्न मरद्दना' अिलल्लाहि व अन्नल्-मुस्रिफ़ीन हुम् अस्ह़ाबुन्नारि (४३) फ़सतज़्कुरून मा' अक़ूलु लकुम् त़ व अुफ़ौविज़ु अम्री' अिलल्लाहि त़ अिन्नल्लाह बसीरुम्-बिल्अिबादि (४४)

और इससे पहिले यूसुफ़§ खुले हुक्म लेकर तुम्हारे पास आ चुका है फिर जो वह तुम्हारे पास लेकर आये तुम उनमें शक ही करते रहे। यहाँ तक कि जब उसने वफ़ात पाई तब तुम कहने लगे कि इसके बाद अल्लाह कोई पैग़म्बर न भेजेगा†। इसी तरह अल्लाह उनको जो लोग हद से बढ़े हुए शक में पड़े रहते हैं राह भटकाता है। (३४) जो लोग बिना किसी सनद के जो उनके पास पहुँची हो अल्लाह की आयतों में झगड़ते हैं, तो अल्लाह के और ईमानवालों के नज़दीक यह सख़्त नापसंद बात है। घमण्डी सरकशों के दिलों पर अल्लाह इसी तरह मोहर लगा दिया करता है। (३५) और फ़िरऔन ने कहा ऐ हामान! मेरे लिए एक महल बनवा शायद मैं आसमानों तक जाने वाले रास्तों पर पहुँचूँ।(३६) फिर मैं मूसा के अल्लाह को झाँक देखूँ‡ और मैं तो मूसा को झूठा समझता हूं। और इसी तरह फ़िरऔन के बुरे काम उसको भले करके दिखाये गये और वह (अल्लाह की) राह से रोका गया, और फ़िरऔन की तदबीरें ग़ारत होनेवालीं थीं। (३७) ★

और वह ईमानवाला बोला ऐ मेरी क़ौम! मेरे कहे पर चलो मैं तुमको नेक राह दिखा दूँगा (३८) भाइयो! यह दुनिया की ज़िन्दगी (चन्दरोज़ः) फ़ायदे की चीज़ है। और जो आख़िरत का घर है सो वही हमेशा रहने का घर है (३९) जो बुरे काम करता है उसको वैसा ही बदला मिलेगा और जो नेकी करता है मर्द हो या औरत, मगर हो ईमानवाला, तो वह लोग जन्नत में होंगे, वहाँ उनको बेहिसाब रोज़ी मिलेगी (४०) और ऐ क़ौम! मुझे क्या हुआ है कि मैं तुमको छुटकारे की तरफ़ बुलाता हूँ और तुम मुझे (नरक की) आग की तरफ़ बुलाते हो। (४१) ● तुम मुझे बुलाते हो कि मैं अल्लाह के साथ मुन्किर (विमुख) होऊँ और उसके साथ (इबादत में) उस चीज़ को शरीक करूँ जिसका मुझे इल्म ही नहीं। और मैं तुम्हें उस अनन्त बलवाले बेहद बख़्शनेवाले (अल्लाह) की तरफ़ बुलाता हूँ। (४२) कुछ शक नहीं कि जिस चीज़ की तरफ़ मुझको बुलाते हो वह न दुनिया में पुकारे जाने के क़ाबिल है और न आख़िरत में और कुछ शक नहीं कि हमको फिर अल्लाह की तरफ़ लौटकर जाना है (और) कुछ शक नहीं कि जो लोग हद्द से बढ़े हुए हैं वही दोज़ख़ वाले हैं। (४३) तो जो मैं तुमसे कहता हूँ सो आगे (चलकर) याद करोगे। और मैं (तो) अपना मामला अल्लाह को सौंपता हूँ। बेशक अल्लाह सब बन्दों को देख रहा है। (४४)

★ रु. ८ | ६ आं १०

● नि. १ | २१

§ ह० यूसुफ़ अ० का पूरा बयान सूरः यूसुफ में बड़े विस्तार से बयान है। [देखिये पृष्ठ ३६५ से ४१७]
† यह बयान भी मौमिन हिज़्क़ील की ही ज़बान से अल्लाह ने कहलाया है। अब तक तो हक़ और ईमान के नाते वह समझाता रहा। अब मिस्र की पुरानी तवारीख़ का हवाला देकर समझाया है कि ह० यूसुफ़ अ० के ज़माने में भी तुम्हारा यही इन्कारी का हाल रहा और उनकी ज़िन्दगी में तो नहीं, अलबत्ता उनकी बदौलत मिस्र में ऐश करने के कारन उनकी वफ़ात के बाद अब उनके गुन गाते हो। फिर भी उसी एक अल्लाह की पैरवी करने वाले ह० मूसा अ० के साथ दुश्मनी करते जा रहे हो। ज़रा अक़्ल से काम लो। मुझे तुम्हारी मुहब्बत है। तुम अज़ाब में न फँस जाओ इसलिए चेतावनी दे रहा हूँ।
‡ फ़िरऔन मूसा अ० और उनके एक मात्र परवरदिगार अल्लाह का मख़ौल उड़ा रहा है। फ़िरऔन कहता है कि मैं मूसा अ० के अल्लाह को जाकर देखूँ कि वह कैसा है, आया मानने के क़ाबिल है या नहीं?

फ़वक़ाहुल्लाहु सैयिआति मा मकरू व हाक़ बिआलि फ़िर्औन सू'अुल्अजाबि ज (४५) अन्नारु युऱ्रज़ून अलैहा ग़ुदूवौंव अशीयन् ज व यौम तक़ूमुस्साअतु क़िफ़ अद्ख़िलू' आल फ़िर्औन अशद्दल् - अजाबि (४६) व अिज् यतहा'ज्जून फ़िन्नारि फ़यक़ूलुज़् - ज़ुअफ़ा'अु लिल्लजीनस्तक्बरू' अिन्ना कुन्ना लकुम् तबअन् फ़हल् अन्तुम् मुग़्नून अन्ना नसीबम् - मिनन्नारि (४७) क़ाललजीनस्तक्बरू' अिन्ना कुल्लुन् फ़ीहा' ला अिन्नल्लाह क़द् हकम बैनल्अिबादि (४८) व क़ाललजीन फ़िन्नारि लिख़ज़नति जहन्नमद्अू रब्बकुम् युख़फ़्फ़िफ़् अन्ना यौमम्मिनल् - अजाबि (४९) क़ालू' अ व लम् तकु तअ्तीकुम् रुसुलुकुम् बिल्बैयिनाति त् क़ालू बला त् क़ालू फ़द्अू ज व मा दुआ'अुल् - काफ़िरीन अिल्ला फ़ी ज़लालिन् (५०) ★ अिन्ना लनन्सुरु रुसुलना वल्लजीन आमनू फ़िल् - हयातिद्दुन्या व यौम यक़ूमुल् - अश्हादु ला (५१) यौम ला यन्फ़अुज्जालिमीन मअ्ज़िरतुहुम् व लहुमुल्लअ्नतु व लहुम् सू'अुद्दारि (५२) व लक़द् आतैना मूसल्हुदा व औरस्ना बनी' अिस्रा'ईलल् - किताब ला (५३) हुदौंव जिक्रा लिअुलिल् - अल्बाबि (५४) फ़स्बिर् अिन्न वअ्दल्लाहि हक़्क़ुँ - वस्तग़्फ़िर् लिजम्बिक व सब्बिह् बिहम्दि रब्बिक बिल्अशीयि वल्अिब्कारि (५५) अिन्नल्लजीन युजादिलून फ़ी' आयातिल्लाहि बिग़ैरि सुल्तानिन् अताहुम् ला अिन् फ़ी सुदूरिहिम् अिल्ला किब्रुम्-मा हुम् बिबालिग़ीहि ज फ़स्तअिज् बिल्लाहि त् अिन्नहु हुवस्समीअुल् - बसीरु (५६) लख़ल्क़ुस्समावाति वल्अर्ज़ि अक्बरु मिन् ख़ल्क़िन्नासि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ्लमून (५७)

रु. ५ / १० आ १३

चुनाँचे मूसा को (तो) अल्लाह ने उन बुरी तदबीरों से बचा दिया जो फ़िरऔन वालो ने कीं और फ़िरऔनियो को बुरे अज़ाब ने धर दबाया। (४५) (यानी दर्दनाक) आग के सामने सुबह और शाम (फ़िरऔन के लोग) लाये जाते हैं† और जिस दिन (क़ियामत की) घड़ी आवेगी (हुक्म होगा कि) फ़िरऔनवालों को सख़्त अज़ाब में दाख़िल करो। (४६) और जब आपस में जहन्नुम में पड़े झगड़ेंगे तो छोटे दर्जे के लोग बड़े दर्जे के लोगों से कहेंगे कि हम तो तुम्हारे पीछे चलते थे फिर क्या तुम (नरक की) थोड़ी सी आग भी हम पर से हटा सकते हो? (४७) घमण्डी कहेंगे कि हम (तो) सभी इसी में हैं, अल्लाह बंदों के दरमियान फ़ैसला कर चुका है (अब गुंजाइश नहीं कि कोई किसी की मदद कर सके।) (४८) और जो लोग दोज़ख़ में हैं वह दोज़ख़ के दारोग़ों से कहेंगे कि अपने परवरदिगार से दुआ करो कि एक (ही) दिन कुछ सज़ा हमसे हलकी कर दी जावे (४९) वह जवाब देगे क्या (दुनिया में) तुम्हारे पैग़म्बर तुम्हारे पास खुले चमत्कार लेकर नहीं आते रहे? वह कहेंगे, हाँ! फिर तुम्हीं पुकारो§। और काफ़िरों का पुकारना तो बिल्कुल बे असर है। (५०) ★

रु. ५—१० आ १३

हम दुनिया की ज़िन्दगी में अपने पैग़म्बरों की और ईमानवालों की मदद करते हैं और उस दिन (आख़िरत में भी मदद करेंगे) जब कि गवाह खड़े होंगे। (५१) जिस दिन इन्कारियों का उज़्र (कोई बहाना) काम न देगा और उन पर फिटकार होगी और उनको (हमेशा के लिए दोज़ख़ का) बुरा घर मिलेगा। (५२) और हमने मूसा को हिदायत दी और इसराईल के बेटों को किताब (तौरात) का वारिस बनाया। (५३) जो बुद्धिमानों के लिए हिदायत और नसीहत है। (५४) सो (ऐ पैग़म्बर! इन काफ़िरों के दुर्व्यवहार पर) तू सब्र कर, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है और अपने पापों की क्षमा माँग और सुबह और शाम अपने परवरदिगार की ख़ूबियों की तस्बीह (जप) करता रह। (५५) जो लोग उनके पास किसी सनद के बिला पहुँचे अल्लाह की आयतों में झगड़ते हैं (तो और कुछ नहीं,) उनके दिलों में (बड़ाई पाने की शेख़ी यानी) अभिमान है (लेकिन) वह इसको (यानी बड़प्पन को कभी) न पहुंचेंगे। सो तू अल्लाह की पनाह माँग। बेशक वह (सब कुछ) सुनता-देखता है। (५६) यक़ीनन (अल्लाह के ज़रिये) आसमानों और ज़मीन का पैदा किया जाना इन्सानों को (दुबारा) पैदा करने के मुक़ाबिले ज़्यादः बड़ा काम है मगर बहुतेरे लोग नहीं समझते (और क़ियामत में इन्सानों को दुबारा जिला उठाये जाने में शक करते हैं।) (५७)

† आयत ४५ में उन अज़ाबों का ज़िक्र है जो दुनिया में उनके सामने आये। आ० ४६ में बाद क़ियामत दोज़ख़ के दर्दनाक अज़ाब की चरचा है। § दोज़ख़ के फ़रिश्ते कहेंगे कि हमारा काम अज़ाब देना है, अल्लाह से सिफ़ारिश करना नहीं। वह तो रसूल स० ही कर सकते हैं जिन्हें तुम दुनिया में झुठलाते रहे। अब तुम्हीं पुकार देखो। हालाँकि काफ़िरों की पुकार बेकार ही रहती है।

व मा यस्तविल् - अअ़्मा वल्बसीरु ۝ ला वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व लल्मुसी'अु त़् क़लीलम्-मा ततजक्करून (५८) अिन्नस्साअ़त लआतियतुल्ला रैब फ़ीहा व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला युअ्मिनून (५९) व क़ाल रब्बुकुमुद्अूनी' अस्तजिब् लकुम् त़् अिन्नल्लजीन यस्तक्बिरून अन् अिबादती सयद्ख़ुलून जहन्नम दाख़िरीन (६०) ★ अल्लाहुल्लजी जअ़ल लकुमुल्लैल लितस्कुनू फ़ीहि वन्नहार मुब्सिरन् त़् अिन्नल्लाह लज़ू फ़ज़्लिन् अलन्नासि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (६१) जालिकुमुल्लाहु रब्बुकुम् ख़ालिक़ु कुल्लि शैअिन् म ● ला' अिलाह अिल्ला हुव ज़् ज् फ़अन्ना तुअ्फ़कून (६२) कजालिक युअ्फ़कुल्लजीन कानू बिआयातिल्लाहि यजूह़दून (६३) अल्लाहुल्लजी जअ़ल लकुमुल्अर्ज़ क़रारौंवस्समा'अ बिना'औंव सौवरकुम् फ़अह़्सन सुवरकुम् व रज़क़कुम् मिनत्तैयिबाति त़् जालिकुमुल्लाहु रब्बुकुम् ज् सला फ़तबारकल्लाहु रब्बुल् - आलमीन (६४) हुवल्ह़ैयु ला' अिलाह अिल्ला हुव फ़द्अूहु मुख़्लिसीन लह़ुद्दीन त़् अल्ह़म्दु लिल्लाहि रब्बिल् - आलमीन (६५) क़ुल् अिन्नी नुहीतु अन् अ़ुबुदल्लजीन तद्अ़ून मिन् दूनिल्लाहि लम्मा जा'अनियल् - बैयिनातु मिर्रब्बी ज् व अुमिर्तु अन् अुस्लिम लिरब्बिल् - आलमीन (६६) हुवल्लजी ख़लक़कुम् मिन् तुराबिन् सुम्म मिन् नुत़्फ़तिन् सुम्म मिन् अलक़तिन् सुम्म युख़्रिजुकुम् तिफ़्लन् सुम्म लितब्लुग़ू' अशुद्दकुम् सुम्म लितकूनू शुयूख़न् ज् व मिन्कुम् मैंयुतवफ़्फ़ा मिन् क़ब्लु व लितब्लुग़ू' अजलम् - मुसम्मौंव लअल्लकुम् तअ़क़िलून (६७)

★ रु. ६ — ११ आ १०

● व. ला जिम

और अन्धा और देखने वाला बराबर नहीं और न ईमानवाले जो नेक काम करते हैं बुरा काम करनेवालों के (बराबर हैं†।) तुम बहुत कम ध्यान देते हो। (५८) वह घड़ी (क़ियामत) आनेवाली है इसमें शक नहीं। लेकिन अक्सर लोग नहीं मानते। (५९) और (लोगो!) तुम्हारा परवरदिगार कहता है कि तुम मुझको पुकारो (और) मैं तुम्हारी पुकार पर पहुँचूँगा। बेशक जो लोग मेरी अिबादत से (विमुख होकर) अहंकार करते हैं वे ज़लील होकर दोज़ख़ में जावेंगे। (६०) ★

अल्लाह है जिसने तुम्हारे लिये रात बनाई ताकि तुम उसमें आराम करो और दिन बनाया कि देखो। अल्लाह लोगों पर बड़ा ही मिहरबान (कृपालु) है लेकिन बहुधा लोग शुक्र नहीं करते। (६१) अल्लाह ही तुम्हारा परवरदिगार है कुल चीज़ों का पैदा करनेवाला●। उसके सिवाय कोई माबूद (पूजित) नहीं। फिर तुम किधर बहके चले जाते हो। (६२) जो लोग अल्लाह की आयतों से मुन्किर (विमुख) हैं वे इसी तरह बहकाये जाते हैं। (६३) अल्लाह है जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को ठहरने की जगह और आसमान को छत बनाया और (उसी ने) तुम्हारी सूरत बनाई और क्या ही अच्छी तुम्हारी सूरतें बनाईं और उम्दा-उम्दा वस्तुएँ तुम्हें खाने को दीं। यही अल्लाह तो तुम्हारा परवरदिगार है। सो अल्लाह सारे संसार का परवरदिगार बड़ी बरकत वाला है। (६४) वह ज़िन्दः (अजर-अमर) है, उसके सिवाय कोई माबूद (पूज्य) नहीं सो उसी के लिए ख़ालिस दीन मानकर उसी को पुकारो। सब तारीफ़ (स्तुति) अल्लाह ही को है जो सारे संसार का पालन करनेवाला है। (६५) (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि मुझे मना हुआ है कि मैं अल्लाह के सिवाय उन्हें पूजूँ जिन्हें तुम पुकारते हो जब कि मेरे परवरदिगार से मेरे पास खुली आयतें (क़ुर्आन की) आ चुकीं। और (मुझे) हुक्म हुआ है कि संसार के परवरदिगार का ताबे रहूँ। (६६) वही है जिसने तुमको (पहले) मिट्टी से पैदा किया फिर पानी की बूंद से फिर लोथड़े से फिर तुमको बच्चा (बनाकर) निकालता है (और फिर उसी की क़ुदरत से) तुम अपनी (जवानी के ज़ोर) को पहुंचते हो फिर बूढ़े हो जाते हो; और तुममें से कोई पहले मर जाते हैं और (जिनको जवानी या बुढ़ापे तक ज़िन्दः रखा जाता है, तो) इस ग़रज़ से कि तुम एक मुक़र्रर वक़्त तक पहुंचो और (इस ग़रज़ से कि यह सब देखकर) शायद तुम (अल्लाह की अपार क़ुदरत को) समझो (और इसी तरह रोज़ क़ियामत में दोबारा ज़िन्दः किये जाने पर भी ईमान लाओ।) (६७)

★ रु. ६—११ आ १० ● ब. ला ज़िम

† ईमानवाला आँख रखता है, नेक-बद की सूझ रखता है। बदकार अन्धा है। उसे लोक-परलोक दोनों को बनाने - बिगाड़ने वाले रास्ते नहीं सुझाई पड़ते—फिर ये आखें हुईं भी तो किस काम की।

हुवल्लजी युह्यी व युमीतु ज् फ़अिजा क़ज़ा अम्रन् फ़अिन्नमा यक़ूलु लहू कुन् फ़यकूनु (६८) ★ अलम् तर अिलल्लजीन युजादिलून फ़ी आयातिल्लाहि त् अन्ना युस्रफ़ून ज् सला (६९) ∴ अल्लजीन कज्जबू बिल्किताबि व बिमा अर्सल्ना बिहि रुसुलना क़िफ़ ∴ फ़सौफ़ यअ्लमून ला (७०) अिजिल्-अग़्लालु फ़ी अअ्नाक़िहिम् वस्सलासिलु त् युस्हबून ला (७१) फ़िल्हमीमि ∆ ला सुम्म फ़िन्नारि युस्जरून ज् (७२) सुम्म क़ील लहुम् अैन मा कुन्तुम् तुश्रिकून ला (७३) मिन् दूनिल्लाहि त् क़ालू ज़ल्लू अन्ना बल् लम् नकुन् नद्अू मिन् क़ब्लु शैअन् त् कजालिक युज़िल्लुल्लाहुल्-काफ़िरीन (७४) जालिकुम् बिमा कुन्तुम् तफ़्रहून फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल्-हक़्क़ि व बिमा कुन्तुम् तम्रहून ज् (७५) अुद्खुलू अब्वाब जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा ज् फ़बिअ्स मस्वल्-मुतकब्बिरीन (७६) फ़स्बिर् अिन्न वअ्दल्लाहि हक़्क़ुन् ज् फ़अिम्मा नुरियन्नक बअ़्ज़ल्लजी नअिदुहुम् औ नतवफ़्फ़यन्नक फ़अिलैना युर्जअून (७७) व लक़द् अर्सल्ना रुसुलम्-मिन् क़ब्लिक मिन्हुम् मन् क़सस्ना अलैक व मिन्हुम् मल्लम् नक़्सुस् अलैक त् व मा कान लिरसूलिन् अैंयअ्तिय बिआयतिन् अिल्ला बिअिज्निल्लाहि ज् फ़अिजा जा अ अम्रुल्लाहि क़ुज़िय बिल्हक़्क़िक व ख़सिर हुनालिकल्-मुब्तिलून (७८) ★ अल्लाहुल्लजी जअ़ल लकुमुल्-अन्आम लितर्कबू मिन्हा व मिन्हा तअ्कुलून ज् (७९) व लकुम् फ़ीहा मनाफ़िअु व लितब्लुगू अलैहा ह़ाजतन् फ़ी सुदूरिकुम् व अलैहा व अलल्फ़ुल्कि तुह्मलून त् (८०)

वही जिलाता और मारता है। फिर जब वह किसी काम का करना ठान लेता है तो बस उसे कह देता है कि 'कुन' (हो) और वह हो जाता है। (६८) ★ रू. ७ । १२ आ ८

क्या तुमने उनकी तरफ़ नहीं देखा जो अल्लाह की आयतों में झगड़ा करते हैं§। किधर को बहके चले जा रहे हैं (६९) यह लोग जो इस किताब (इलाही) को झुठलाते हैं और उनको जो हमने अपने (दूसरे) पैग़म्बरों की मारफ़त भेजी हैं, सो आख़िरकार इनको मालूम हो जायगा,† (७०) जब इनकी गर्दनों में तौक़ होंगे और ज़ंजीरें—घसीटे जा रहे होंगे, (७१) खौलते हुए पानी में; फिर आग में झोके जाँयेंगे। (७२) फिर इनसे पूछा जायगा कि तुम जिन (पूजितों) को शरीक ठहराते (व पूजते) थे वे कहाँ है, (७३) अल्लाह के सिवाय ? वे कहेंगे हमसे तो वे गुम हो गये; (नहीं नहीं,) बल्कि हम पहले किसी को पुकारते ही नहीं थे। अल्लाह काफ़िरों को इसी तरह भटकाता है। (७४) (उनसे कहा जायगा कि) यह उसका बदला है कि तुम ज़मीन पर नाहक़ (यानी असत्य बातों) पर मगन रहा करते थे और (उसकी सज़ा है) कि तुम (घमण्ड में) इतराया करते थे। (७५) (तो अब) दोज़ख़ के दरवाज़ों में उसमें हमेशा रहने को जा दाख़िल हो। ग़रज़ घमण्ड करने वालों का कैसा बुरा ठिकाना है ! (७६) सो (ऐ पैग़म्बर ! इन काफ़िरों की सरकशी पर) सब्र कर, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है। अब चाहे हम तुम्हारे सामने ही इनको उन बुरे अज़ाबों का कोई हिस्सा दिखा दें जिससे हम इन्हें डराते हैं या (उससे पहले) तुम्हें (दुनिया से वफ़ात देकर) उठा लें। आख़िर उन सबको पलटकर आना तो हमारी ही तरफ़ है। (७७) और हमने तुमसे पहले कितने ही पैग़म्बर भेजे उनमें से (कोई) ऐसे हैं जिनके हालात हमने तुमको सुनाये और (उनमें से) कोई ऐसे हैं‡ (जिनके हालात) हमने तुमको नहीं सुनाये। और किसी पैग़म्बर की ताक़त न थी कि बेइजाज़त-अल्लाह कोई चमत्कार ला दिखाता। फिर जब अल्लाह का हुक्म आ पहुँचा तो इन्साफ़ के साथ फ़ैसला कर दिया गया और नाहक़ (असत्य) पर चलनेवाले लोग घाटे में रहे।× (७८) ★ रू. ८ । १३ आ १०

अल्लाह ही है जिसने तुम्हारे वास्ते चौपाये बनाये ताकि उन पर सवारी लो और (कोई) उनमें से ऐसे हैं कि तुम उनको खाते हो। (७९) और तुम्हारे लिए उनमें और भी बहुत फ़ायदे हैं और इसलिए कि उन पर चढ़कर अपनी मनचाही जगह को पहुंचो और चौपायों पर और नावों पर तुम सवार होते हो। (८०)

§ याने सही हुक्म को नहीं समझते या समझकर भी घमण्ड व स्वार्थ में पड़कर नहीं मानते और तरह-तरह के मीन व टेढ़ी चालें निकालते हैं। † क़ुर्आन को झुठलाते हैं और दूसरी किताबों व सहीफ़ों को भी जो समय-समय पर हम रसूलों के ज़रिये भेजते रहे हैं। फिर भला गुमराह क्यों न हों ? ‡ क़ुर्आन में कुछ रसूलों के हालात हैं कुछ के नाम हैं कुछ के नाम नहीं हैं और न उनके हालात ही हैं, यद्यपि वह समय समय हर विभिन्न स्थान में होते रहे हैं। × यानी अल्लाह के बग़ैर हुक्म कोई नबी कोई निशानी नहीं लाता बल्कि अल्लाह कोई रसूल और उसके ज़रिये हिदायत तब ही भेजता है जब किसी क़ौम को उसकी ज़रूरत होती है। फिर जब यह मसलहत है तो उस हिदायत के उतरने के बाद अगर क़ौम ने उसको झुठलाया और ज़ुल्म पर क़ायम रही तो अल्लाह का उनके लिए वादा यानी अज़ाब बरपा हुए बग़ैर नहीं रह सकता।

व युरीकुम् आयातिहॅ क़ सला फ़अैय आयातिल्लाहि तुन्किरून (८१) अफ़लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़यन्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लज़ीन मिन् क़ब्लिहिम् त कानू अक्सर मिन्हुम् व अशद् क़ूवतौंव आसारन् फ़िल्अर्ज़ि फ़मा अग़ना अन्हुम् मा कानू यक्सिबून (८२) फ़लम्मा जा अत्हुम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति फ़रिहू बिमा अिन्दहुम् मिनल्अिल्मि व हाक़ बिहिम् मा कानू बिहॅ यस्तह्ज़िअून (८३) फ़लम्मा रअौ बअ्सना क़ालू आमन्ना बिल्लाहि वहूदहू व कफ़र्ना बिमा कुन्ना बिहॅ मुश्रिकीन (८४) फ़लम् यकु यन्फ़अुहुम् अीमानुहुम् लम्मा रअौ बअ्सना त सुन्नतल्लाहिल्लती क़द् ख़लत् फ़ी अिबादिहॅ ज व ख़सिर हुनालिकल् - काफ़िरून (८५) ★

✪ ४१ सूरः हामीमस्सज्दति ६१ ✪

(मक्की)इस सूरः में अरबी के ३४०६ हुरूफ़, ८०६ शब्द ५४ आयतें और ६ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

हामीम् ज (१) तन्ज़ीलुम् - मिनर्रहमानिर्रहीमि ज (२) किताबुन् फ़ुस्सिलत् आयातुहू क़ुर्आनन् अरबीयल् - लिक़ौमीं - यअ्लमून ला (३) बशीरौंव नज़ीरन् ज फ़अअ्रज़ अक्सरुहुम् फ़हुम् ला यस्मअून (४) व क़ालू क़ुलूबुना फ़ी अकिन्नतिम् - मिम्मा तद्अूना अिलैहि व फ़ी आजानिना वक़्रूँव मिम्बैनिना व बैनिक हिजाबुन् फ़अ्मल् अिन्ना आमिलून (५) ● क़ुल् अिन्नमा अना बशरुम् - मिस्लुकुम् यूहा अिलैय अन्नमा अिलाहुकुम् अिलाहूँवाहिदुन् फ़स्तक़ीमू अिलैहि वस्तग़्फ़िरूहु त व वैलुल् - लिल् - मुश्रिकीन ला (६)

और तुमको (अल्लाह) अपनी निशाँनियाँ दिखाता है। तो अल्लाह की (क़ुदरत की) कौन-कौन सी निशानियों से इन्कार करोगे ? (८१) क्या यह लोग मुल्क में चले फिरे नहीं कि देखते कि अपने अगलों का परिणाम (आख़ीर) कैसा हुआ। वह (पिछली तबाह हुई क़ौमों के लोग तो) बलबूते के लिहाज़ से और ज़मीन पर छोड़े हुए (उनके) निशानों के लिहाज़ से इन (मौजूदा मक्का के मुशरिकों) के मुक़ाबिले कहीं बढ़चढ़ कर थे, फिर उनकी (वह दुनिया की बेइन्तहा) कमाई उनके कुछ काम न आई (और न उनको अल्लाह के अज़ाब से बचा सकी।) (८२) और जब उनके पैग़म्बर उनके पास खुली हुई दलीलें लेकर पहुँचे तो जो उनके पास अिल्म था उस पर इतराने लगे और जिस (अल्लाह के अज़ाब) की हँसी उड़ाते थे वह इन्हीं पर आ पड़ा।(८३) फिर जब उन्होंने हमारा अज़ाब देखा तो कहने लगे कि हम (उस) एक अल्लाह पर ईमान लाये और जिन चीज़ों को हम शरीक ठहराते थे (अब) हम उनको नहीं मानते। (८४) मगर जब उन्होंने हमारा अज़ाब देख लिया तो (अब उनका) ईमान लाना उनको कुछ भी फ़ायदेमन्द न हुआ। (यह) अल्लाह का दस्तूर है जो उसके बन्दों में चला आ रहा है; और काफ़िर यहाँ (हमेशा) घाटे में होते हैं।[१] (८५) ★ रु. ९–१४ आ ७

✪ ४१ सूरः हा॰मी॰मस्सज्दः ६१ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३४०६ अक्षर, ८०६ शब्द, ५४ आयतें और ६ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हा-मी॰म् (१) (यह उस) रहमानिर्रहीम अल्लाह की तरफ़ से उतारा है। (२) यह क़ुर्आन एक किताब है जिसकी आयतें अरबी भाषा में समझ से काम लेने वालों के लिए खूब खुलासा तौर पर बयान की गई है। (३) (नेककारों के लिए) खुशख़बरी की सूचना देता और (बदकारों के लिए अज़ाब से) सचेत करता है। इस पर भी इनमें से बहुतेरे ग़ौर नहीं करते और वह सुनते नहीं। (४) और (ऐ पैग़म्बर ! यह लोग) कहते हैं कि जिस बात की तरफ़ तुम हमको बुलाते हो हमारे दिल उससे पर्दों में है और हमारे कान भारी हैं (कि तुम्हारा कहना नहीं सुनते) और हममें और तुममें एक आड़ है सो (बेहतर है कि) तुम अपने (तरीक़े) पर काम करो और हम अपने (तरीक़े) पर काम कर रहे हैं।(५) ● (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि मैं तो तुम्हीं जैसा एक आदमी हूँ, मुझ पर हुक्म आता है कि तुम्हारा एक (अल्लाह ही) पूज्य है, सो सीधे उसी की तरफ़ ध्यान लगाओ और उससे (गुनाहों की) क्षमा माँगों। और तबाही है उनके लिए जो शिर्क (बहु देव पूजन) करते हैं, (६) रु. १–५ आ ८

---

[१] ईमान लाना और गुनाहों से तौबः करना उसी वक़्त तक काम आता है जब तक अल्लाह की नसीहत और हिदायत चलती रहती है। लेकिन जब गुनाहों का घड़ा भर जाता है और अल्लाह का अज़ाब फट पड़ता है और तब उसके खौफ़ व तबाही से बचने के लिए जो लोग ईमान लाने के लिए दौड़ने व चिल्लाने लगते हैं, उनकी वह पुकार व ईमान लाना अकारथ होता है। यह अल्लाह की सनातन की रीति है। हमेशा हर गिरोह के लिए ऐसा ही होता आया है।

* पिछली सूरः में आये ज़िक्र के मुताबिक़ हामी॰म से शुरू होने वाली सात सूरतों के [पेज ७८६ पर]

रु. १ / १५ आ. ८

अ्ल्लजीन ला युअ्तूनज़्ज़कात्र व हुम् बिल्-आख़िरति हुम् काफ़िरून (७) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् अज्रुन् ग़ैरु ममनूनिन् (८) ★ क़ुल् अअिन्नकुम् लतक्फ़ुरून बिल्लजी ख़लक़ल्-अर्ज़ फ़ी यौमैनि व तज्अलून लहू अन्दादन् ज़ालिक रब्बुल्-आलमीन (९) व जअल फ़ीहा रवासिय मिन् फ़ौक़िहा व बारक फ़ीहा व क़द्दर फ़ीहा अक़्वातहा फ़ी अर्बअति अैयामिन् सवा अल्-लिस्साअिलीन (१०) सुम्मस्तवा अिलस्समाअि व हिय दुख़ानुन् फ़क़ाल लहा व लिल्-अर्ज़िअ्-तिया तौअन् औ कर्हन् क़ालता अतैना ता अिअ्ीन (११) फ़क़ज़ाहुन्न सब्अ समावातिन् फ़ी यौमैनि व औहा फ़ी कुल्लि समाअिन् अम्रहा ज़ व ज़ैयन्नस्समाअद्दुन्या बिमसा बीह़ क़ सला व ह़िफ़्ज़न् ज़ालिक तक़दीरुल्-अज़ीज़िल्-अलीमि (१२) फ़अिन् अ़रज़ू फ़क़ुल् अन्ज़र्तुकुम् साअ्िक़तम्-मिस्ल साअ्िक़ति आदिव्व समूद ज़ (१३) अिज् जाअतुहुमुर्रुसुलु मिम्-बैनि अैदीहिम् व मिन् ख़ल्फ़िहिम् अल्ला तअ़्बुदू अिल्लल्लाह ज़ क़ालू लौशाअ रब्बुना लअन्ज़ल मलाअिकतन् फ़अिन्ना बिमा अुर्सिल्तुम् बिहि काफ़िरून (१४) फ़अम्मा आदुन् फ़स्तक्बरू फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल्-ह़क़्क़ि व क़ालू मन् अशद्दु मिन्ना क़ूवतन् ज़ अ व लम् यरौ अन्नल्लाहल्लजी ख़लक़हुम् हुव अशद्दु मिन्हुम् क़ूवतन् ज़ व कानू बिआयातिना यज्ह़दून (१५) फ़अर्सल्ना अलैहिम् रीहन् सर्सरन् फ़ी अैयामिन् नह़िसातिल्-लिनुज़ीक़हुम् अजाबल्-ख़िज़्यि फ़िल्ह़यातिद्दुन्या ज़ व लअजाबुल्-आख़िरति अख़्ज़ा व हुम् ला युन्सरून (१६)

जो ज़कात नहीं देते और जो आख़िरत के भी इनकार करने वाले हैं। (७) अलबत्ता जो लोग ★ रु. १—१५ आ ८
ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये उनके लिए कभी न ख़त्म होनेवाला सवाब है। (८)

(ऐ पैग़म्बर!) कहो क्या तुम उससे इनकार करते हो जिसने दो दिन में ज़मीन को पैदा किया और तुम औरों को (पूजकर) उसका शरीक (या बराबर वाला) बनाते हो। यही (अल्लाह) सारे जहान का परवरदिगार है। (९) और उसी ने ज़मीन में उसके ऊपर पहाड़ बनाये और उसमें बरकतें दी और उसी में चार दिनों में जिसको जैसी ज़रूरत है ख़ूराकें ठहरा दीं जो (शुमार में) पूछने वालों के लिये पूरें हैं (न कम न ज़्यादः)। (१०) फिर आसमान की तरफ़ रुख़ किया और वह धुआँ हो रहा था फिर ज़मीन और आसमान दोनों से कहा कि तुम दोनों ख़ुशी से आओ या लाचारी से, दोनों ने कहा हम ख़ुशी से हाज़िर हैं। (११) इसके बाद दो दिन में उस (धुएँ) के सात आसमान बनाये और हरएक आसमान में अपना हुक्म उतारा§। और पहले आसमान को हमने चिराग़ों (यानी तारों) से सजाया और हिफ़ाज़त रखी। यह ज़ोरावर ख़बरदार का साधा हुआ है†। (१२) फिर (भी यह सब सुन देखकर) अगर (मक्का के काफ़िर) मुंह फेरें तो (ऐ पैग़म्बर! उनसे) कह दो कि जैसी कड़क आ़द और समूद पर हुई थी, उसी तरह की कड़क से मैं तुमको भी सचेत किये देता हूं। (१३) जब उनके पास उनके आगे से और उनके पीछे से पैग़म्बर (पर पैग़म्बर) आये (और कहा) कि अल्लाह के सिवाय किसी की अ़िबादत न करो। तो वह कहने लगे अगर हमारा परवरदिगार चाहता तो फ़रिश्ते भेजता (ताकि हम यक़ीन करते) सो जो कुछ तुम्हारे ज़रिये आया (बताते हो) हम उसको नहीं मानते (१४) सो आ़द (के लोगों) ने मुल्क में (अपने ज़ोर और मरतबे का) वृथा घमण्ड किया और कहने लगे कि बलबूते में हमसे बढ़कर कौन है? क्या उनको इतना न सूझा कि जिस अल्लाह ने उनको पैदा किया है बलबूते में उनसे कहीं बढ़-चढ़कर है। ग़रज़ वह लोग हमारी आयतों से इन्कार ही करते रहे। (१५) तो हमने उन पर मनहूस (अशुभ) दिन आने पर बड़े ज़ोर की आँधी चलाई ताकि दुनिया की ज़िन्दगी में उनको ज़िल्लत के अ़ज़ाब का मज़ा चखायें, और आख़िरत के अ़ज़ाब में तो पूरी ख़्वारी है और उनको कहीं मदद न मिलेगी। (१६)

[पेज ७८७ से] सिलसिले में यह दूसरी सूरः है। इन सूरतों व ३२ वीं सूरः अस्सज्दः से अलग पहिचान करने के लिए इसका नाम मिलाकर 'हामीमस्सज्दः' रखा गया है। आ० ३७ में 'अस्सज्दः' शब्द आया है। इस सूरः की आयत ३ में आये शब्द 'फ़ुस्सिलत' के नाम से भी यह सूरः पुकारी जाती है। इसमें क़ुर्आन को किताबे-इलाही, लोक-परलोक के लिए सत्य का रास्ता दिखानेवाली और असत्य से पैदा सारी बुराइयों का इलाज कहा गया है। क़ुर्आन जहाँ एक ओर नेककारों को राह दिखाने वाली है वहीं शैतान के पीछे चलने वाले ज़ालिमों के कान-आँख उसकी ओर से बिलकुल बन्द हैं। आख़िरत लाज़िमी है। वहाँ ईमानवालों व काफ़िरों के मुक़ाबिले के हालात व गुनहगारों के ख़ुद आज़ा (इन्द्रियों) का उनके खिलाफ़ गवाही देने का बयान है। सूरज चाँद वग़ैरः सब अल्लाह ही के बनाये हैं इसलिए सबका बनानेवाला वह बड़ा ही रहीम और बड़ा ही सज़ा देनेवाला अल्लाह ही है। वही बन्दनीय है—और कोई नहीं।

§ यानी हर आसमान या लोक के लिए कुछ नियम और व्यवस्था क़ायम की; उसी निज़ाम के मातहत वहाँ की जड़-जंगम सारी सृष्टि चल रही है। † सूरः अ़ऽराफ़ आ० ५४ पृष्ठ २७१ में सृष्टि रचना ६ दिन में पूरी होती है। यहाँ भी जोड़ने से छः दिन होते हैं। समझना चाहिए कि आयत ६ और १० की सृष्टि चार दिनों में बनी। ज़मीन और ज़मीन के ऊपर के पहाड़, जीव जन्तु अन्न खनिज वग़ैरः चार दिन का एक क्रम है, और आसमानों व उनमें की रचना दो दिन में—यों कुल ६ दिन हुये।

व अम्मा समूदु फ़हदैनाहुम् फ़स्तह़ब्बुल्-अमा अलल्-हुदा फ़अख़जत्हुम् साअ़िक़तुल्-अजाबिल्-हूनि बिमा कानू यक्सिबून ज् (१७) व नज्जैनल्लजीन आमनू व कानू यत्तक़ून (१८) ★ व यौम युह्शरु अअ़्दाअुल्लाहि अिलन्नारि फ़हुम् यूज़अ़ून (१९) ह़त्ता अिजा मा जाअूहा शहिद अलैहिम् सम्अुहुम् व अब्सारुहुम् व जुलूदुहुम् बिमा कानू यअ़्मलून (२०) व क़ालू लिजुलूदिहिम् लिम शहित्तुम् अलैना त् क़ालू अन्तक़नल्-लाहुल्-लज़ी अन्तक़ कुल्ल शैअिंव्व हुव ख़लक़कुम् औवल मर्रतिंव्व अिलैहि तुर्जअ़ून (२१) व मा कुन्तुम् तस्तितिरून अंयश्हद अलैकुम् सम्अुकुम् व ला अब्सारुकुम् व ला जुलूदुकुम् व लाकिन् जनन्तुम् अन्नल्लाह ला यअ़्लमु कसीरम्-मिम्मा तअ़्मलून (२२) व जालिकुम् जन्नुकुमुल्लजी जनन्तुम् बिरब्बिकुम् अर्दाकुम् फ़अस्बह्तुम् मिनल्ख़ासिरीन (२३) फ़अिंयस्बिरू फ़न्नारु मस्वल्-लहुम् त् व अिंयस्तअ़्तिबू फ़मा हुम् मिनल्मुअ़्तबीन (२४) व क़ैयज़्ना लहुम् क़ुरना अ फ़ज़ैयनू लहुम् मा बैन अैदीहिम् व मा ख़ल्फ़हुम् व ह़क़्क़ अलैहिमुल्क़ौलु फ़ी अुममिन् क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहिम् मिनल्जिन्नि वल्अिन्सि ज् अिन्नहुम् कानू ख़ासिरीन (२५) ★ व क़ालल्लजीन कफ़रू ला तस्मअू लिहाजल्क़ुर्आनि वल्ग़ौ फ़ीहि लअ़ल्लकुम् तग़्लिबून (२६) फ़ ल-नुजीक़न्नल्-लजीन कफ़रू अ़जाबन् शदीदन् ला व'व लनज्ज़ियन्नहुम् अस्वअल्लजी कानू यअ़्मलून (२७)

और वह जो समूद थे हमने उन्हें हिदायत की, उन्होंने सीधी राह छोड़कर अंधा रहना (गुमराही) इख़्तियार की फिर (नतीजा यह हुआ कि) उनके आमाल के बदले में उनको कड़क ने धर दबाया और वह ज़िल्लत का अज़ाब था। (१७) और जो लोग ईमान लाये और (अल्लाह से) डरते रहे उनको हमने बचा लिया। (१८) ★ रु. २ — १६ आ १०

और (उस दिन पर नज़र डालो) जिस दिन अल्लाह के दुश्मन दोज़ख़ की तरफ़ हाँके जायँगे फिर उनको तरतीब (क्रम) से गिरोहों में कर लिया जायगा। (१९) यहाँ तक कि उस के पास जमा होंगे तो जैसे-जैसे काम यह लोग (दुनिया में) करते रहे हैं उनके कान और उनकी आँखें और उनके चमड़े (वग़ैरः) उनके मुक़ाबिले में गवाही देंगे।† (२०) और यह (गुनहगार) लोग अपनी खाल (या दूसरी इन्द्रियों) से पूछेंगे कि तुमने हमारे ख़िलाफ़ क्यों गवाही दी? वह जवाब देंगी कि जिस (अल्लाह) ने हर वस्तु को बोलने की प्रेरणा दी उसी अल्लाह ने हमसे बुलवा लिया और उसी ने तुम्हें पहली बार पैदा किया और अब तुम लोग उसी की तरफ़ फिर लाये गये हो। (२१) और (चूंकि हम तुम्हारे क़ाबू में थे) तुम (दुनिया में) इस बात से अपने आपको छुपा नहीं सकते थे कि तुम्हारे कान, तुम्हारी आँखें और तुम्हारे चमड़े (तुम्हारे ख़िलाफ़) गवाही दें और इसलिए तुमने इनसे अपने गुनाह छिपाये नहीं। बल्कि तुमको तो ख़्याल था कि तुम्हारे बहुत से कामों से अल्लाह जानकार नहीं। (२२) और उस बदगुमानी ही ने, जो तुमने अपने परवरदिगार के हक़ में की, तुमको बर्बाद किया और आज घाटे में आ गये। (२३) अब अगर यह लोग सब्र करें तो (भी) उनका ठिकाना (नरक की) आग है, और अगर क्षमा चाहें तो इनको क्षमा नहीं दी जायगी। (२४) और हमने इन (काफ़िरों के) साथ रहने वाले (शैतान) मुक़र्रर कर दिये थे§ तो उन्होंने उनके अगले और पिछले तमाम आमाल (कर्म) इनकी नज़र में अच्छे कर दिखाये और जिन्नों और आदमियों के सब फ़िर्क़ों पर जो उनसे पहले हो चुके हैं, (उन पर भी अल्लाह के अज़ाब का) वादा पूरा हुआ। बेशक वे घाटा उठानेवालों में हैं। (२५) ★ रु. ३ — १७ आ ७

और जो लोग मुन्किर (विमुख) हैं वह कहते हैं कि इस क़ुर्आन को मत सुनो और इसके पढ़े जाते समय ग़ुल मचा दिया करो, शायद तुम बाज़ी ले जाओ। (२६) सो जो लोग इन्कार करनेवाले हैं हम (भी) उनको सख़्त अज़ाब का मज़ा चखायेंगे और उनके कामों का जो वह करते थे बुरा बदला देंगे। (२७)

† काफ़िरों के आमालनामे (कर्मसूची) फ़रिश्ते लायेंगे तो वह कहेंगे यह हमारे दुश्मन हैं। इनकी बात हम नहीं मानते। फिर पृथ्वी और आकाश उनके कर्मों को बतायेंगे परन्तु वे उनको भी झूठा बतायेंगे। तब उनकी इन्द्रियाँ—नाक, कान आदि स्वयं उन्हीं के ज़रिये किये हुए उन लोगों के बुरे कामों की गवाही देंगी।

§ ये साथी शैतान हैं जिन्होंने उनको यह समझा रखा है कि दुनिया का सुख-चैन उठाना चाहिए और आख़िरत (परलोक) को तो किसी ने नहीं देखा, उससे डरना बेकार है।

जालिक जज़ा'उ अअ़्दा'अिल्लाहिन्नारु ज़् लहुम् फ़ीहा दारुल्ख़ुल्दि ज़् जज़ा'अम्-बिमा कानू बिआयातिना यज्ह़दून (२८) व क़ाललज्जीन कफ़रू रब्बना' अरिनल्लज़ैनि अज़्ल्लाना मिनल्जिन्नि वल्अिन्सि नज्अ़ल्हुमा तह़्त अक़्दामिना लियकूना मिनल्-अस्फ़लीन (२९) अिन्नल्लजीन क़ालू रब्बुनल्लाहु सुम्मस्तक़ामू ततनज़्ज़लु अ़लैहिमुल्-मला'अिकतु अल्ला तख़ाफ़ू व ला तह़्ज़नू व अब्शिरू बिल्-जन्नतिल्लती कुन्तुम् तूअ़दून (३०) नह़्नु औलिया'अुकुम् फ़िल्ह़यातिद्दुन्या व फ़िल्आख़िरति ज़् व लकुम् फ़ीहा मा तश्तही' अन्फ़ुसुकुम् व लकुम् फ़ीहा मा तद्अ़ून ज़् (३१) नुज़ुलम्-मिन् ग़फ़ूरिर्रहीमिन् (३२) ★ व मन् अह़्सनु क़ौलम्-मिम्मन् दआ' अिलल्लाहि व अ़मिल सालिहौंव क़ाल अिन्ननी मिनल्मुस्लिमीन (३३) व ला तस्तविल्-ह़सनतु व लस्सैयिअतु ज़् अिद्फ़अ़् बिल्लती हिय अह़्सनु फ़अिज़ल्लजी बैनक व बैनहू अ़दावतुन् कअन्नहू वलीयुन् ह़मीमुन् (३४) व मा युलक़्क़ाहा' अिल्लल्लजीन सबरू ज़् व मा युलक़्क़ाहा' अिल्ला ज़ूह़ज़्ज़िन् अ़ज़ीमिन् (३५) व अिम्मा यन्ज़ग़न्नक मिनश्शैतानि नज़्ग़ुन् फ़स्तअ़िज़् बिल्लाहि ज़् अिन्नहू हुवस्समीअ़ुल्-अ़लीमु (३६) व मिन् आयातिहिल्लैलु वन्नहारु वश्शम्सु वल्क़मरु ज़् ला तस्जुदू लिश्शम्सि व ला लिल्क़मरि वस्जुदू लिल्लाहिल्-लजी ख़लक़हुन्न अिन् कुन्तुम् अीयाहु तअ़्बुदून (३७)

यह अल्लाह के दुश्मनों का बदला है यानी जहन्नम की आग; उनके लिये इसी में हमेशा (रहने) का घर है। यह बदला इस वजह से है कि वह हमारी आयतों से इन्कार करते थे। (२८) और जो लोग इन्कार करने वाले हैं (आख़िरत के दिन इस अज़ाब को देखकर) कहेंगे कि ऐ हमारे परवरदिगार! जिन्न और आदमी जिन्होंने हमको (दुनिया में) गुमराह किया था (एक नज़र) उनको हमें (भी) दिखा कि हम उनको अपने पैरों के तले डालें ताकि वह बहुत ही ज़लील हों। (२९) अलबत्ता जिन लोगों ने इक़रार किया कि अल्लाह ही हमारा परवरदिगार है और (इसी ख़्याल पर) जमे रहे, उन पर फ़रिश्ते उतरेंगे (और कहेंगे) कि तुम न डरो और न रज करो और जन्नत जिसका तुम्हें वादा मिला था अब उसकी ख़ुशी मनाओ। (३०) हम दुनिया (की ज़िन्दगी) में और आख़िरत (की ज़िन्दगी) में तुम्हारे मददगार हैं। और जिस चीज़ को तुम्हारा जी चाहे और जो तुम माँगो वहाँ मौजूद होगी। (३१) वहाँ (यानी जन्नत में) बख़्शनेवाले मेहरबान (उस अल्लाह) की तरफ़ से (तुम्हारी) मेहमानी है। (३२) ★ रू० ४ १८ आ ७

और उससे बेहतर किसकी बात (यानी नसीहत) हो सकती है जो अल्लाह की तरफ़ बुलाये और नेक काम करे और कहे कि मैं (अल्लाह के) आज्ञाकारी सेवकों में हूँ।§ (३३) और नेकी और बदी बराबर नहीं (हो सकती बुराई का) बदला अच्छे बर्ताव से दे तो तुझमें और जिस आदमी में दुश्मनी थी उसे तू ऐसा पायेगा मानो बड़ा सगा दोस्त। (३४) और यह बात उन्हीं लोगों को हासिल होती है जो सब्र करते हैं और यह उन्हीं लोगों को नसीब होती है जिनके बड़े भाग्य हैं।+ (३५) और अगर तुमको किसी तरह का शैतानी ख़्याल बहकाये तो अल्लाह से पनाह माँगो। बेशक वही सुनता जानता है‡। (३६) और अल्लाह की (क़ुदरत की) निशानियों में से रात और दिन और सूरज और चाँद (भी) हैं। तो न सूरज को सजदः करो और न चाँद को और अगर तुम अल्लाह के पूजनेवाले हो तो (सिर्फ़) अल्लाह ही को सजदः करो जिसने इन (तमाम) चीज़ों को पैदा किया है। (३७)

§ यह इशारा ह० मुहम्मद रसूल स० की ओर है। + यानी बुरा बर्ताव करनेवाले के साथ भलाई करना बड़े सब्र (सहनशीलता) की बात है। हर किसी के बस का नहीं। लेकिन जो ऐसे महान होते हैं उनके दुश्मन भी गाढ़े दोस्त हो जाते हैं। ‡ इन्सान का जिस्म पाकर कोई तैश या ख़ता से ख़ाली नहीं। बड़ी से बड़ी हस्ती भी शैतान की गुमराही में फँस जाती है। होश आते ही उसको चाहिए कि अल्लाह से तौबः करे। वह रहीम ज़रूर बख़्शेगा। लेकिन इसके यह माने नहीं कि इरादतन गुनाह इस भरोसे पर करो कि बाद को अल्लाह से तौबः मांग लेंगे। याद रखो अल्लाह दिल के अन्दर तक की बात जानता-सुनता है।

फ़अिनिस्तक्बरू फ़ल्लजीन अिन्द रब्बिक युसब्बिहून लहू बिल्लैलि वन्नहारि व हुम् ला यस्अमून (३८) ▲ व मिन् आयातिहि अन्नक तरल्अर्ज़ ख़ाशिअतन् फ़अिजा अन्ज़ल्ना अलैहल्-मा अह्तज़्ज़त् व रबत् त अिन्नल्लजी अह्याहा लमुह्यिल्मौता त अिन्नहू अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (३९) अिन्नल्लजीन युल्हिदून फ़ी आयातिना ला यख़फ़ौन अलैना त अफ़मैंयुल्क़ा फ़िन्नारि ख़ैरुन् अम्मैंयअ्ती आमिनैं - यौमल् - क़ियामति त अिअ्मलू मा शिअ्तुम् ला अिन्नहू बिमा तअ्मलून बसीरुन् (४०) अिन्नल्लजीन कफ़रू बिज्जिक्रि लम्मा जा अहुम् ज व अिन्नहू लकिताबुन् अज़ीज़ुन् ला (४१) य्'ला यअ्तीहिल्-बातिलु मिम्बैनि यदैहि व ला मिन् ख़ल्फ़िहि त तन्ज़ीलुम्-मिन् ह़कीमिन् ह़मीदिन् (४२) मा युक़ालु लक अिल्ला मा क़द् क़ील लिर्रुसुलि मिन् क़ब्लिक त अिन्न रब्बक लज़ू मग़्फ़िरतिंव्वज़ू अिक़ाबिन् अलीमिन् (४३) व लौ जअ्ल्नाहु क़ुर्आनन् अअ्जमीयल्लक़ालू लौ ला फ़ुस्सिलत् आयातुहू त अअ़्जमीयूँव अरबीयुन् त क़ुल् हुव लिल्लजीन आमनू हुदौंव शिफ़ा अुन् त वल्लजीन ला युअ्मिनून फ़ी आजानिहिम् वक़्रूँव हुव अलैहिम् अमन् त अुला अिक युनादौन मिम् - मकानिम् - बअ़ीदिन् (४४) ★ व लक़द् आतैना मूसल्किताब फ़ख़्तुलिफ़ फ़ीहि त व लौ ला कलिमतुन् सबक़त् मिर्रब्बिक लक़ुज़िय बैनहुम् त व अिन्नहुम् लफ़ी शक्किम् - मिन्हु मुरीबिन् (४५) मन् अमिल सालिहन् फ़लिनफ़्सिहि व मन् असा अ फ़अलैहा त व मा रब्बुक बिज़ल्लामिल् - लिल्अबीदि (४६)

॥ इति चौबीसवाँ पारः ॥

++ पहले 'अ'- (हमज़ः) को क्षण मात्र में उच्चारण कर पढ़ना होगा।

फिर अगर (यह लोग) घमण्ड करें (तो अल्लाह को इनकी कोई परवा नहीं) कि जो (फ़रिश्ते) तुम्हारे परवरदिगार के पास हैं, वह रात और दिन उसकी दिल से तस्बीह करने में लगे रहते हैं और (फिर भी) वह नहीं थकते।♦ (३८) ▲ और उसकी (क़ुदरत की) निशानियों में से एक यह है कि तू ज़मीन को दबी (यानी सूखी) हुई देखता है, फिर जब हम उस पर पानी बरसा देते हैं तो वह (उपज से) लहलहाने लगती और उभर चलती है। बेशक जिसने इस (ज़मीन) को जिलाया, वही (क़ियामत में) मुर्दों को भी जिलानेवाला है। बेशक वह हर चीज़ पर शक्तिमान (और समर्थ) है। (३९) (और) जो लोग हमारी आयतों में टेढ़ापन पैदा करते हैं (वह) हम से छिपे नहीं हैं। भला जो आदमी (दोज़ख़ की) आग में डाला जाय वह बेहतर है या वह आदमी जिसको क़ियामत के दिन चैन में आना है? (तो लोगो!) जो चाहो सो किये चलो। बेशक जो कुछ तुम करते हो अल्लाह उसको देख रहा है। (४०) जिन लोगों के पास नसीहत आई और उन्होंने उसको न माना। और यह (क़ुर्आन एक दुर्लभ) बेशबहा किताब है। (४१) इसमें झूठ का न इसके आगे से और न इसके पीछे से दख़ल है (सब तौर पर सत्य ही सत्य है।) हिकमतवाले सब ख़ूबियों के सराहे (अल्लाह) से उतरी हुई है। (४२) (ऐ पैग़म्बर!) तुझसे वही बात कही जाती है जो तुझसे पहले सारे पैग़म्बरों से कही जा चुकी है। बेशक तेरा परवरदिगार बेहद क्षमा करनेवाला (भी है) और उसकी सज़ा भी (बड़ी) दुखदाई है। (४३) और अगर हम इस क़ुर्आन को (अ़रबी‡ के सिवाय) दूसरी ज़बान में उतारते तो (ग़ैर ज़बान में मतलब साफ़ न समझ पाने और) कहते कि इसकी आयतें अच्छी तरह खोलकर क्यों नहीं समझाई गईं? (कहते कि क्या ख़ूब बात है इस क़ुर्आन की) ज़बान तो विदेशी और हम (सुननेवाले) अ़रबी! (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि जो लोग ईमान रखते हैं उनके लिए तो यह (क़ुर्आन) हिदायत व सेहत है॰ और जो ईमान नहीं रखते उनके कानों में बोझ है और वह उनके हक़ में अन्धापन है।+ यह लोग (मानो) दूर की जगह से पुकारे जाते हैं (कैसे सुनें?)।(४४) ★

और हमने मूसा को किताब (तौरात) दी थी तो उसमें (आगे चलकर) मतभेद डाले गये। और अगर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से (आख़िरत के दिन) फ़ैसला (करने की आज्ञा) पहले से उतर न चुकी होती तो इनमें (मतभेद डालने का आज ही) फ़ैसला कर दिया गया होता। और यह लोग इस (क़ुर्आन) की निस्बत शक में उलझ रहे हैं। (४५) (ऐ पैग़म्बर!) जिसने नेक काम किये उसने अपने लिए और जिसने बुरा किया तो उसका भी वबाल उसी पर है। और तेरा परवरदिगार बन्दों पर (ज़रा भी) ज़ुल्म नहीं करता। (४६)

॥ इति चौबीसवाँ पारः ॥

▲ सज्दः ११

★ रु. ५ १६ आ १२

♦ यानी तुम्हारे विमुख होने से तुम्हारा ही घाटा है। अल्लाह के रुतबे में फ़र्क़ नहीं पड़ता। उसका भजन करनेवाले फ़रिश्तों व नेक बन्दों की कमी नहीं है। ‡ इन्कारी कहते थे कि क़ुर्आन अ़रबी भाषा में क्यों उतरा? और किसी भाषा में उतरता तो हम मान भी लेते। अ़रबी तो मुहम्मद (स॰) की मातृभाषा है। उन्होंने अपने आप बना लिया होगा। इसका यह उत्तर दिया गया है कि यदि यह क़ुर्आन किसी अन्य भाषा में भी होती तो भी न माननेवाले न मानते और कहते हम पराई बोली क्या जानें और उसे क्यों मानें? ॰ तन और मन के रोगों को दूर करनेवाली है। + यानी उनको क़ुर्आन की नसीहतें न सुनाई देती हैं न हिदायत सुझाई देती है।

✪✪ पच्चीसवाँ पारः अिलैहि युरद्दु ✪✪

✪ सूरः हामी मस्सज्दत्रि आयत ४७ से ५४ ✪

अिलैहि युरद्दु अिल्मुस्साअत्रि ज़ व मा तख़्रुजु मिन् समरातिम् - मिन् अक्मामिहा व मा तह्मिलु मिन् उन्सा व ला तज़ाअु अिल्ला बिअिल्मिहि ज़ व यौम युनादीहिम् अैन शुरकाअी ला क़ालू आजन्नाक ला मा मिन्ना मिन् शहीदिन् ज (४७) व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यद्अून मिन् क़ब्लु व ज़न्नू मा लहुम् मिम्-महीसिन् (४८) ला यस्अमुल्-अिन्सानु मिन् दुआअिल्ख़ैरि ज़ व अिम्-मस्सहुश्-शर्रु फ़यअूसुन् क़नूतुन् (४९) व लअिन् अज़क़्नाहु रह्मतम् - मिन्ना मिम्बअ़्दि ज़र्रा अ मस्सत्हु लयक़ूलन्न हाजा ली ला व मा अज़ुन्नुस्साअत क़ाअिमतन् ला व'व लअिर्रुजिअ़्तु अिला रब्बी अिन्न ली अिन्दहू लल्हुस्ना ज फ़-लनुनब्बिअन्नल्-लजीन कफ़रू बिमा अमिलू ज़ व लनुजीक़न्नहुम् मिन् अज़ाबिन् ग़लीज़िन् (५०) व अिजा अन्अम्ना अलल्अिन्सानि अ़ऱज़ व नआ बिजानिबिहि ज व अिजा मस्सहुश्शर्रु फ़ज़ु दुआअिन् अरीज़िन् (५१) क़ुल् अरअैतुम् अिन् कान मिन् अिन्दिल्लाहि सुम्म कफ़र्तुम् बिहि मन् अज़ल्लु मिम्मन् हुव फ़ी शिक़ाक़िम्-बअीदिन् (५२) सनुरीहिम् आयातिना फ़िल्आफ़ाक़ि व फ़ी अन्फ़ुसिहिम् हत्ता यतबैयन लहुम् अन्नहुल् - हक़्क़ु त अ व लम् यक्फ़ि बिरब्बिक अन्नहू अला कुल्लि शैअिन् शहीदुन् (५३) अला अिन्नहुम् फ़ी मिर्यत्रिम्-मिल्लिक़ाअि रब्बिहिम् त अला अिन्नहू बिकुल्लि शैअिम्-मुहीतुन् (५४) ★

रु. ६ | १ | आ १०

✪ ४२ सूरतुश्शूरा ६२ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३५८५ हुरूफ़, ८६६ शब्द, ५३ आयतें और ५ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

हामीम् ज (१) अैन् - सीन् - क़ाफ़् (२) कजालिक यूही अिलैक व अिल्लजीन मिन् क़ब्लिक ला अल्लाहुल् - अज़ीज़ुल् हकीमु (३)

✱✱ पच्चीसवाँ पारः (अिलैहि युरद्दु) ✱✱

✱ सूरः हा॑मीमस्सज्दः आयत ४७ से ५४ ✱

उसी की तरफ़ क़ियामत के इल्म का हवाला दिया जाता है†। और उसी के इल्म से फल गाभों से निकलते हैं (और) न किसी मादा के गर्भ रहता है और न वह जनती है बग़ैर उसके इल्म के। और जब अल्लाह लोगों को पुकारेगा (और कहेगा) कि मेरे शरीक (जिनको तुमने ठहरा रखा था वे) कहाँ हैं? वह जवाब देंगे कि हमने तुझसे अर्ज़ कर दिया कि हममें से किसी को (उनकी) ख़बर नहीं। (४७) और जिन माबूदों (पूजितों) को पहले यह लोग (अलावा अल्लाह के) पुकारा करते थे अब इनसे ग़ायब हो जायँगे और यह समझ लेंगे कि इनके लिए कहीं से (अब मदद या) छुटकारा नहीं। (४८) आदमी (अल्लाह से) भलाई माँगने से नहीं थकता; और अगर उसे तकलीफ़ पहुँच जाती है तो उदास और निराश हो जाता है। (४९) और अगर उसको कोई दुख पहुँचे और दुख के बाद हम (उसका दुख दूर कर दें और) उसको अपनी मेहरबानी का मज़ा चखा दें तो (अल्लाह को भूलकर) कहने लगता है कि मैं तो इसके लायक़ ही था।◎ और मैं नहीं समझता कि (क़ियामत की) घड़ी आयेगी। और अगर मुझको अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटाया भी गया तो बेशक उसके यहाँ (भी) मेरे लिए अच्छा ही (अच्छा) होगा‡। सो हम काफ़िरों को जो कुछ वह (दुनिया में) किया करते थे बता देंगे; और उनको सख़्त अज़ाब का मज़ा चखायेंगे। (५०) और जब हम आदमी पर निअ़मत भेजते हैं तो (वह मदहोश होकर हम यानी अल्लाह से) मुँह फेर लेता है और किनारा कर लेता है, और जब उसको दुख पहुँचता है तो लम्बी-चौड़ी दुआएँ करने लगता है। (५१) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि भला देखो तो सही कि अगर (यह क़ुर्आन) अल्लाह की तरफ़ से हो और इस पर भी तुम इससे इन्कार करो तो जो (दुश्मन की तरह) विरोध में दूर भागे तो उससे बढ़कर गुमराह कौन है? (५२) अब हम उनको चौतरफ़ा (दुनिया में) और उनकी जानों में भी अपनी निशानियाँ दिखायेंगे यहाँ तक कि उन पर ज़ाहिर हो जायगा कि यह (क़ुर्आन) सत्य है। (ऐ पैग़म्बर! तुम्हारे इत्मीनान के लिए) क्या यह बात काफ़ी नहीं कि तुम्हारा परवरदिगार हर चीज़ का गवाह (देखनेवाला) है? (५३) (ऐ नबी!) सुन रखो, ये (काफ़िर आख़िरत में) अपने परवरदिगार की मुलाक़ात के बारे में शक में हैं? सुन रखो, (अल्लाह) हर वस्तु को घेरे हुए है§। (५४) ★

रू. ६ १ आ १०

✱ ४२ सूरतुश्शूरा ६२ ✱

(मक्की) इसमें अरबी के ३५८५ अक्षर, ८६६ शब्द, ५३ आयतें और ५ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हा॑-मीम् (१) अ़॑ऽन्-सी॑न-क़ा॑फ़्। (२) (ऐ पैग़म्बर!) इसी तरह अल्लाह, जो बेहद शक्तिशाली और बड़ा हिकमतवाला है, तुम्हारी तरफ़ और उन (पैग़म्बरों) की तरफ़ जो तुमसे पहले हो चुके हैं 'वही' (ईश्वरीय संदेश) भेजता रहता है। (३)

† यानी क़ियामत कब होगी इसका ✱[पेज ८०१ पर] ◎ यानी तकलीफ़ पड़ने पर न ‡[पेज ८०१ पर]
‡ यानी अगर अल्लाह ने दुख दूर करके कुछ सुख [पेज ८०१ पर] § यानी वह हर चीज़ को जानता है।
❀ हा॑-मीम से शुरू होने वाले सिलसिले की यह तीसरी सूरः है। इसका अवतरणकाल [पेज ८०३ पर]

लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त़ व हुवल्-अलीयुल्-अज़ीमु (४) तकादुस्समावातु यतफ़त़रनं मिन् फ़ौक़िहिन्न वल्मला अिकतु युसब्बिहून बिहम्दि रब्बिहिम् व यस्तग़्फ़िरून लिमन् फ़िल्अर्ज़ि त़ अला अिन्नल्लाह हुवल्-ग़फ़ूरुर्रहीमु (५) वल्लजीनत्तख़ज़ू मिन् दूनिहि औलिया अल्लाहु ह़फ़ीज़ुन् अलैहिम् ज़ स़ला व मा अन्त अलैहिम् बिवकीलिन् (६) व कजालिक औह़ैना अिलैक क़ुर्आनन् अरबीयल् - लितुन्ज़िर अुम्मल्क़ुरा व मन् ह़ौलहा व तुन्ज़िर यौमल्-जम्अि ला रैब फ़ीहि त़ फ़रीक़ुन् फ़िल्-जन्नति व फ़रीक़ुन् फ़िस्सअीरि (७) व लौ शा अल्लाहु लजअलहुम् अुम्मतौं - वाह़िदतौं - व लाकिन्-युद्ख़िलु मैंयशा अु फ़ी रह़्मतिहि त़ वज़्ज़ालिमून मा लहुम् मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् (८) अमित्तख़ज़ू मिन् दूनिहि औलिया अ ज़ फ़ल्लाहु हुवल्वलीयु व हुव युह़्यिल्मौता ज़ व हुव अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (९) ★ व मख़्तलफ़्तुम् फ़ीहि मिन् शैअिन् फ़ह़ुक्मुहू अिलल्लाहि त़ जालिकुमुल्लाहु रब्बी अलैहि तवक्कल्तु क़ स़ला व अिलैहि अुनीबु (१०) फ़ातिरुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ जअल लकुम् मिन् अन्फ़ुसिकुम् अज़्वाजौंव मिनल्-अन्आमि अज़्वाजन् ज़ यज़्रअुकुम् फ़ीहि त़ लैस कमिस्लिहि शैअुन् ज़ व हुवस्समीअुल्-बसीरु (११) लहू मक़ालीदुस्समावाति वल्अर्ज़ि ज यब्सुत़ुर्रिज़्क़ लिमैंयशा अु व यक़्दिरु त़ अिन्नहू बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (१२) शरअ लकुम् मिनद्दीनि मा वस्सा बिहि नूह़ौंवल्लजी औह़ैना अिलैक व मा वस्सैना बिहि अिब्राहीम व मूसा व अीसा अन् अक़ीमुद्दीन व ला ततफ़र्रक़ू फ़ीहि त़ कबुर अलल्मुश्रिकीन मा तद्अूहुम् अिलैहि त़ अल्लाहु यज्तबी अिलैहि मैंयशा अु व यह्दी अिलैहि मैंयुनीबु (१३)

उसी का है जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है, और वही (सर्वोपरि) सबसे आलीशान है। (४) दूर नहीं कि आसमान (उनके) ऊपर से फट पड़ें और फ़रिश्ते अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ तस्बीह करते रहते हैं और जो लोग ज़मीन में हैं उनके लिए माफ़ी माँगते रहते हैं[७]। (ऐ नबी !) सुनते हो, अल्लाह ही बड़ा माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है। (५) और जिन लोगों ने अल्लाह के सिवाय (दूसरों को अपने) काम सँभालनेवाले ठहरा रखे हैं वह अल्लाह को याद हैं। और (ऐ पैग़म्बर !) तू उनका ज़िम्मेदार नहीं है। (६) और इसी तरह अरबी (ज़बान में) क़ुर्आन हमने (तेरी तरफ़) उतारा ताकि तू मक्का के रहनेवालों को और जो लोग मक्का के आस-पास हैं उनको (अल्लाह के अज़ाब से सचेत करे) और क़ियामत के दिन (की मुसीबत) से डरावे जिसमें कुछ शक नहीं, (उस दिन अपने अपने आमालों के मुताबिक़) एक फ़रीक़ (पक्ष) जन्नत में और एक फ़रीक़ (पक्ष दोज़ख़ की) आग में होगा। (७) और अल्लाह चाहता तो सब लोगों को एक ही फ़िरक़ा बना देता लेकिन वह जिसको चाहता अपनी कृपा में लेता है; और जालिमों (अन्यायियों) का कोई हामी और मददगार नहीं। (८) क्या इन लोगों ने अल्लाह के सिवाय (दूसरे) काम सँभालने वाले बना रखे है ? सो अल्लाह ही सही काम सँभालनेवाला है और वही मुर्दों को जिलाता और हर चीज़ पर सामर्थ्यमान है। (९) ✱

और (ऐ मुशरिको !) जिन-जिन बातों में तुम लोग भेद (पैदा) करते हो उनका फ़ैसला अल्लाह ही के हवाले है। (लोगो !) वही अल्लाह मेरा परवरदिगार है (और) मैं उसी पर भरोसा रखता हूँ। और उसी की तरफ़ मैं लौ लगाता हूँ। (१०) आसमानों और ज़मीन का पैदा करनेवाला (वही है)। उसी ने तुम्हारे लिए तुम्हारी जिन्स के जोड़े बनाये और चारपायों के जोड़े। इस तरह तुमको (ज़मीन पर) फैलाता है, कोई चीज़ उस जैसी (या उसकी समानता की) नहीं, और वही है सबकुछ सुनने देखनेवाला। (११) आसमानों और ज़मीन (के ख़ज़ानों) की कुञ्जियाँ उसीके पास हैं। (उन्हीं ख़ज़ानों में से वह) जिसकी रोज़ी चाहता है बढ़ा देता है और (जिसकी चाहता है) नपी-तुली कर देता है। वह हर चीज़ से जानकार है। (१२) उसने तुम्हारे लिए दीन की वही राह ठहराई है, जिस (पर चलने) का उसने नूह को हुक्म दिया था और (ऐ पैग़म्बर !) जो हुक्म हमने तेरी तरफ़ भेजा और जो हुक्म हमने इब्राहीम और मूसा और ईसा को दिया था कि दीन को क़ायम रखो और उसमें फ़र्क़ न डालो। (ऐ पैग़म्बर !) तुम जिस (दीन) की तरफ़ मुशरिकों को बुलाते हो वह उन पर भारी गुज़रता है। अल्लाह जिसे चाहता अपनी तरफ़ चुन लेता है और अपनी तरफ़ उसको राह दिखाता है जो (उसकी ओर) रुजू होता है§। (१३)

रु. १२/२१ आ ६

७ अल्लाह की स्तुति-भजन करते रहने के साथ ही नेक-बद धरती के सारे इन्सान के लिए भी दुआ करते रहते हैं ताकि उनके गुनाहों की माफ़ी होती रहे और उन्हें अपने को सम्हालने का बार-बार मौक़ा मिलता रहे। सबकी ख़ैर मनाना यह फ़रिश्तों की ख़सलत है। सबको गुमराह करना यह शैतान की ख़सलत है।

§ अल्लाह का दीन हमेशा एक है। उसको क़ायम रखने के तरीक़े वक़्त और मुक़ामों पर जुदा हैं। इसलिए दस्तूर व क़वायद की बिना पर इन मुशरिकों को तेरे ज़रिये भेजे मेरे हुक्मों का विरोध नहीं करना चाहिये। जो कुछ तुम इनसे अल्लाह का संदेश दे रहे हो वह उसी एक दीन के मुताबिक़ है जो ह० इब्राहीम अ० के ज़माने से हर पैग़म्बर के ज़रिये सुनाया जा रहा है। भले ही दस्तूर व क़वायद में कुछ फ़र्क़ हो।

व मा तफ़र्रक़ू अिल्ला मिम्बड़दि मा जा अ हुमुल्अिल्मु बग़्यम् - बैनहुम् त् व लौ ला कलिमतुन् सबक़त् मिर्रब्बिक अिला अजलिम् - मुसम्मल् - लक़ुज़िय बैनहुम् त् व अिन्नल्लजीन अूरिसुल्किताब मिम्बड़दिहिम् लफ़ी शक्किम्-मिन्हु मुरीबिन् (१४) फ़लिजालिक फ़द्अु ज् वस्तक़िम् कमा अुमिर्त ज् व ला तत्तबिड़ अह्वा अहुम् ज् व क़ुल् आमन्तु बिमा अन्ज़लल्लाहु मिन् किताबिन् ज् व अुमिर्तु लिअड़दिल बैनकुम् त् अल्लाहु रब्बुना व रब्बुकुम् त् लना अड़मालुना व लकुम् अड़मालुकुम् त् ला हुज्जत बैनना व बैनकुम् त् अल्लाहु यजमअु बैनना ज् व अिलैहिल् - मसीरु त् (१५) वल्लजीन युहा ज्जून फ़िल्लाहि मिम्बड़दि मस्तुजीब लहू हुज्जतुहुम् दाहिज़तुन् अिन्द रब्बिहिम् व अलैहिम् ग़ज़बूंव लहुम् अजाबुन् शदीदुन् (१६) अल्लाहुल्लजी अन्ज़लल्किताब बिल्हक़्क़िक़ वल्मीज़ान त् व मा युद्रीक लअल्लस्साअत क़रीबुन् (१७) यस्तड़जिलु बिहल्लजीन ला युअ्मिनून बिहा ज् वल्लजीन आमनू मुश्फ़िक़ून मिन्हा ला व यड़लमून अन्नहल्हक़्क़ु त् अला अिन्नल्लजीन युमारून फ़िस्साअति लफ़ी ज़लालिम् - बअ़ीदिन् (१८) अल्लाहु लतीफ़ुम् - बिअिबादिहि यर्ज़ुक़ु मैंयशा अु ज् व हुवल्क़वीयुल् - अज़ीज़ु (१९) ★ मन् कान युरीदु हर्सल् - आख़िरति नज़िद् लहू फ़ी हर्सिहि ज् व मन् कान युरीदु हर्सदुन्या नुअ्तिहि मिन्हा व मा लहू फ़िल् - आख़िरति मिन् नसीबिन् (२०) अम् लहुम् शुरका अु शरअू लहुम् मिनद्दीनि मा लम् यअ्जम् - बिहिल्लाहु त् व लौ ला कलिमतुल् - फ़सूलि लक़ुज़िय बैनहुम् त् व अिन्नज्जालिमीन लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (२१)

الشورى ٣٨٧ اليه يرد ٢٥
لَا تَتَفَرَّقُوا فِيهِ كَبُرَ عَلَى الْمُشْرِكِينَ مَا تَدْعُوهُمْ إِلَيْهِ اللَّهُ يَجْتَبِي
إِلَيْهِ مَنْ يَشَاءُ وَيَهْدِي إِلَيْهِ مَنْ يُنِيبُ ﴿١٣﴾ وَمَا تَفَرَّقُوا إِلَّا مِنْ
بَعْدِ مَا جَاءَهُمُ الْعِلْمُ بَغْيًا بَيْنَهُمْ وَلَوْلَا كَلِمَةٌ سَبَقَتْ مِنْ رَبِّكَ
إِلَىٰ أَجَلٍ مُسَمًّى لَقُضِيَ بَيْنَهُمْ وَإِنَّ الَّذِينَ أُورِثُوا الْكِتَابَ مِنْ
بَعْدِهِمْ لَفِي شَكٍّ مِنْهُ مُرِيبٍ ﴿١٤﴾ فَلِذَٰلِكَ فَادْعُ وَاسْتَقِمْ كَمَا أُمِرْتَ
وَلَا تَتَّبِعْ أَهْوَاءَهُمْ وَقُلْ آمَنْتُ بِمَا أَنْزَلَ اللَّهُ مِنْ كِتَابٍ وَأُمِرْتُ
لِأَعْدِلَ بَيْنَكُمُ اللَّهُ رَبُّنَا وَرَبُّكُمْ لَنَا أَعْمَالُنَا وَلَكُمْ أَعْمَالُكُمْ لَا
حُجَّةَ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمُ اللَّهُ يَجْمَعُ بَيْنَنَا وَإِلَيْهِ الْمَصِيرُ ﴿١٥﴾ وَالَّذِينَ
يُحَاجُّونَ فِي اللَّهِ مِنْ بَعْدِ مَا اسْتُجِيبَ لَهُ حُجَّتُهُمْ دَاحِضَةٌ عِنْدَ
رَبِّهِمْ وَعَلَيْهِمْ غَضَبٌ وَلَهُمْ عَذَابٌ شَدِيدٌ ﴿١٦﴾ اللَّهُ الَّذِي أَنْزَلَ
الْكِتَابَ بِالْحَقِّ وَالْمِيزَانَ وَمَا يُدْرِيكَ لَعَلَّ السَّاعَةَ قَرِيبٌ ﴿١٧﴾
يَسْتَعْجِلُ بِهَا الَّذِينَ لَا يُؤْمِنُونَ بِهَا وَالَّذِينَ آمَنُوا مُشْفِقُونَ
مِنْهَا وَيَعْلَمُونَ أَنَّهَا الْحَقُّ أَلَا إِنَّ الَّذِينَ يُمَارُونَ فِي السَّاعَةِ
لَفِي ضَلَالٍ بَعِيدٍ ﴿١٨﴾ اللَّهُ لَطِيفٌ بِعِبَادِهِ يَرْزُقُ مَنْ يَشَاءُ وَهُوَ
الْقَوِيُّ الْعَزِيزُ ﴿١٩﴾ مَنْ كَانَ يُرِيدُ حَرْثَ الْآخِرَةِ نَزِدْ لَهُ فِي حَرْثِهِ
وَمَنْ كَانَ يُرِيدُ حَرْثَ الدُّنْيَا نُؤْتِهِ مِنْهَا وَمَا لَهُ فِي الْآخِرَةِ مِنْ
نَصِيبٍ ﴿٢٠﴾ أَمْ لَهُمْ شُرَكَاءُ شَرَعُوا لَهُمْ مِنَ الدِّينِ مَا لَمْ يَأْذَنْ بِهِ
ع ٣ منزل

और वे इल्म आ चुकने के बाद आपस की (एक दूसरे के ख़िलाफ़ ज़ुल्म व) ज़िद्द के सबब अलग अलग बट गये हैं। और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से (आख़िरत के दिन फ़ैसले का) एक वक़्त मुक़र्रर होने का वादा पहले से न हुआ होता तो उनमें (दुनिया में ही अज़ाब उतार कर) फ़ैसला कर दिया गया होता। और जो लोग उनके बाद किताब के वारिस हुए (याने तुम्हारे ज़माने के यहूदी व ईसाई) वे उस (सच्चे दीन) की तरफ़ से धोखे में हैं जिससे वे उलझन में (फँसे हुए) हैं। (१४) तो (ऐ पैग़म्बर!) तू उसी (दीन) की तरफ़ बुला, और जैसा तुझसे हुक्म किया गया है (उसी पर) क़ायम रह और उनकी ख़्वाहिशों पर न चल। और कह दो (तौरात वग़ैरः) हर किताब पर जो अल्लाह ने उतारी है मैं (उस पर) ईमान लाया हूँ, और मुझे हुक्म मिला है कि तुम लोगों में इन्साफ़ करूँ। अल्लाह हमारा और तुम्हारा पालनकर्त्ता है। हमारा किया हमको और तुम्हारा किया तुमको मिलेगा। (इसलिए) हममें और तुममें कोई झगड़ा नहीं। अल्लाह हम सबको (आख़िरत के फ़ैसले के दिन) जमा करेगा, और (हम सभी को) फिर उसी की तरफ़ जाना है। (१५) और जब अल्लाह को (हमेशा से) मान चुके हैं (और आज भी ईमानवाले उसको मान रहे हैं) तो जो लोग इसके बाद अल्लाह के बारे में (इन ईमानवालों से) अल्लाह के (हुक्मों के) बारे में झगड़ते हैं तो उनके परवरदिगार के नज़दीक उनकी हुज्जत व्यर्थ है और उन पर (अल्लाह की ओर से) ग़ज़ब है और उनके लिए दुखदाई अज़ाब है§। (१६) अल्लाह ही है जिसने सच्ची किताबें और (इन्साफ़ की) तराज़ू उतारी और (ऐ पैग़म्बर!) तुम क्या जान सकते हो शायद (क़ियामत की) वह घड़ी क़रीब ही हो। (१७) जिनको क़ियामत का यक़ीन नहीं, वही उसके लिए जल्दी मचा रहे हैं, और जो ईमानवाले हैं वह उससे डर रहे हैं और जानते हैं कि क़ियामत (का होना) सच है। सुनो, जो लोग उस क़ियामत की घड़ी के आने में झगड़ते हैं वे भटककर ज़ाहिरा दूर जा पड़े हैं। (१८) अल्लाह अपने सेवकों पर मेहरबान है (और) जिसे चाहता है रोज़ी देता है। और वह बेहद ज़ोरावर और बड़ा बली है। (१९) ★

जो कोई आख़िरत की खेती चाहता है हम उसकी खेती में उसके लिए बढ़ती देंगे और जो दुनिया की खेती चाहता है हम उसको कुछ उसमें से (यहीं दे) देंगे। फिर आख़िरत में उसका कुछ हिस्सा नहीं†। (२०) क्या इन लोगों के (माने हुए) शरीक वे हैं जिन्होंने उनके लिए ऐसे दीन का रास्ता ठहराया है जिसका अल्लाह ने (कभी) हुक्म नहीं दिया। और यक़ीनी (फ़ैसले का) वादा न हुआ होता तो (अब तक) इनमें फ़ैसला कर दिया गया होता। और गुनहगारों को बेशक दुखदाई अज़ाब (होना) है। (२१)

★ रु. २३-२ आ १०

[पेज ७९७ से] ✱ भी इल्म अल्लाह ही को है। इन्सानों को ऐसी बातों में अटकल न दौड़ाना चाहिये जिनमें उसको क़तई दख़ल नहीं। इन अल्लाह की बताई बातों पर ईमान लाना और उसके बताये रास्ते पर चलना चाहिये। [पेज ७९७ से] ‡ सब्र और भरोसा है और न सुख मिलने पर शुक्र मानता है। [पेज ७९७ से] ✱ ज़्यादः पहुँचाया तो मदहोश हो कर कहते हैं कि हम तो हैं ही इसके लायक़। अगर क़ियामत हुई भी तो वहाँ भी हमको मज़े ही रहेंगे। मंशा यह कि उनको अक़्ल व ज़ोर का भरोसा है न कि अल्लाह का।

§ यहूदी व ईसाइयों से इशारा है कि तुम्हारे पूर्वजों पर अल्लाह की किताबें उतरीं और वे अल्लाह के मानने वाले रहे। फिर उनके वारिस आज तुम लोग क्यों ईमानवालों से दुश्मनी कर रहे हो। हम तो तुम्हारी उन किताबों की तस्दीक़ (पुष्टि) ही कर रहे हैं। † यानी जिनको आख़िरत (परलोक) की फ़िक्र नहीं है और दुनिया के फ़ानी (नाशवान-क्षणिक) सुखों में ही चाहना है, वे अच्छे बुरे सब रास्ते दुनिया के फ़ायदे के लिए इख़्तियार करते हैं। हम भी उनकी दुनियावी ख़्वाहिश कुछ पूरी कर देते हैं क्योंकि हमारी रहमत से कोई ख़ाली नहीं। लेकिन आख़िरत का सुख जो हमेशा का है उसमें फिर उसको कोई हिस्सा नहीं रहता, न वे उसके तलबगार ही थे।

तरज्जालिमीन मुश्फ़िक़ीन मिम्मा कसबू व हुव वाक़िअुम् - बिहिम् त़ वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़ी रौज़ातिल्-जन्नाति ज लहुम् मा यशा'अून अिन्द रब्बिहिम् त़ जालिक हुवल् - फ़ज़्लुल्कबीरु (२२) जालिकल्लजी युबश्शिरुल्लाहु अिबादहुल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति त़ क़ुल् ला' अस्अलुकुम् अलैहि अज्रन् अिल्लल्मवद्दत फ़िल्क़ुर्बा त़ व मैंयक़्तरिफ़् हसनतन् नज़िद् लहू फ़ीहा हुस्नन् त़ अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुन् शकूरुन् (२३) अम् यक़ूलूनफ़्तरा अलल्लाहि कज़िबन् ज फ़अिंयशअिल्लाहु यख़्तिम् अला क़ल्बिक त़ व यम्हुल्लाहुल् - बातिल व युहिक़्क़ुल् - हक़्क़ बिकलिमातिहि त़ अिन्नहू अलीमुम्-बिज़ातिस्सुदूरि (२४) व हुवल्लजी यक़्बलुत्तौबत अन् अिबादिहि त़ व यअ़्फ़ू अनिस्सैयिआति व यअ़्लमु मा तफ़्अलून ला (२५) व यस्तजीबुल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व यज़ीदुहुम् मिन् फ़ज़्लिहि त़ वल्काफ़िरून लहुम् अज़ाबुन् शदीदुन् (२६) व लौ बसतल्लाहुर्रिज़्क़ लिअिबादिहि त़ लबग़ौ फ़िल्अर्ज़ि व लाकिन्-युनज़्ज़िलु बिक़दरिम्-मा यशा'अु त़ अिन्नहू बिअिबादिहि त़ ख़बीरुम् - बसीरुन् (२७) व हुवल्लजी युनज़्ज़िलुल्-ग़ैस मिम्बअ़्दि मा क़नतू व यन्शुरु रह्मतहू त़ व हुवल् - वलीयुल् - हमीदु (२८) व मिन् आयातिहि त़ ख़ल्क़ुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बस्स फ़ीहिमा मिन् दा'ब्बतिन् त़ व हुव अला जम्अिहिम् अिज़ा यशा'अु क़दीरुन् (२९) ★ ● व मा' असाबकुम् मिम् - मुसीबतिन् फ़बिमा कसबत् अैदीकुम् व यअ़्फ़ू अन् कसीरिन् त़ (३०)

(ऐ पैग़म्बर !) तू (उस दिन) देखेगा कि गुनहगार (दुनिया की) अपनी कमाई (की सज़ा) से डर रहे होंगे और वह उन पर पड़कर रहेगी। और (इन ज़ालिमों से बरख़िलाफ़) जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये वह जन्नत के बाग़ों में होंगे। जो उनका मन चाहेगा वह उनको उनके परवरदिगार के पास मिलेगा। (अल्लाह की) यही तो बड़ी कृपा है। (२२) यही (वह इनाम है जिसकी) ख़ुशख़बरी अल्लाह अपने ईमानवाले और नेक काम करनेवाले बन्दों को देता है। (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि मैं तुमसे इस पर कोई मज़दूरी नहीं चाहता मगर रिश्ते नाते की मुहब्बत (तो रखो।)छ और जो शख़्स नेकी करेगा उसके लिए हम (हक़ से) ज़्यादा सवाब बढ़ा देंगे, बेशक अल्लाह बेहद क्षमा करनेवाला बड़ा क़दरदान है। (२३) क्या (मक्का के काफ़िर) यह कहते हैं कि इस (मुहम्मद) ने अल्लाह पर झूठ बाँधा है (कि यह क़ुर्आन अल्लाह का भेजा है ?) सो अल्लाह (तो इतना समरथ है कि) अगर चाहे तो तेरे दिल पर मुहर लगा दे (और तू एक भी कलमः न बोल सके†।) और अल्लाह अपनी बातों से झूठ को मिटाता और सच को जमाता है। बेशक वह दिलों (के तह तक) की बात जानता है। (२४) और वही है जो अपने बन्दों की तौबा क़बूल करता और बुराइयाँ माफ़ करता और जानता है जो कुछ भी तुम करते हो। (२५) और वह ईमानवालों की जो नेक काम करते हैं दुआ क़बूल करता है और अपनी कृपा से उनको (उनके हक़ से) ज़्यादा देता है। और जो लोग इन्कार करनेवाले हैं उनके लिए सख़्त अज़ाब है। (२६) और अगर अल्लाह अपने बन्दों के लिए रोज़ी (ज़रूरत से) ज़्यादा कर दे तो वह मुल्क में सरकशी करने लगें मगर वह अन्दाज़ से जितनी (रोज़ी) चाहता है उतनी उतारता है। बेशक वह अपने बन्दों की (ज़रूरतों की पूरी) ख़बर रखता और देखता है। (२७) और वही है जो लोगों के निराश होने पर मेंह बरसाता है और अपनी कृपा (की छाया) सब पर फैलाता है। और वही काम बनानेवाला और सारी ख़ूबियों वाला है। (२८) और उसी की निशानियों में से आसमानों और ज़मीन का पैदा करना है और उन जानदारों का (भी पैदा करना है) जो उसने (आसमान और ज़मीन) इनमें फैला रक्खे हैं। और (जैसे इन सबको पैदा कर सकता है वैसे ही अल्लाह) जब चाहे उनके जमा कर लेने पर भी सामर्थ्यवान है। (२९) ● ★

और तुम पर जो दुख पड़ता है सो तुम्हारे हाथों की कमाई का बदला है और अल्लाह बहुत (अपराधों को) माफ़ कर देता है§। (३०)

[पिछ ७९७ से] सूरः हा॰मीम सज्दः के बाद है। सूरः की ३८वीं आयत में 'शूरा' शब्द आया है। इसी पर सूरः का नामकरण है। ईमानवालों के विशेष गुणों और लक्षणों का ज़िक्र आयत ३७ से ४३ तक बड़ी ख़ूबी से बयान है। उन्हीं में 'शूरा' याने अहंकार के शिकार न होकर दूसरों की सलाह लेना भी ईमानवालों का एक स्वभाव बयान है। ख़ासकर सामाजिक और दीनी मामलों में हठधर्मी व हुज्जत छोड़कर अपने से विरोधी बात कहने वाले की बात को भी सुनकर और समझ-समझाकर चलना चाहिये। ऐसा न करने से दीन से गुमराह हो जाना ज़रूरी है। नबी या वली नसीहत करने की कोई क़ीमत नहीं मांगता तो इतना तो [पिछ ८०५ पर]

छ चाहे रसूल स॰ के नाते-रिश्तेवाले क़ुरैश समझिये चाहे सारे इन्सान आपस में भाईचारे में हैं यह समझिये—मंशा यह है कि रसूल स॰ हुक्म सुनाने व राह दिखाने की कोई क़ीमत नहीं चाहते। लेकिन इतना तो चाहिये ही कि अपना ही हक़ीक़ी समझकर रसूल स॰ की बात ध्यान से सुनलो। पल्ले पड़े तो बाँध लो न जँचे तो न मानो लेकिन दुश्मनी पर तो आमादा न हो। † लेकिन मुहर न लगाकर अल्लाह ऐसे अनोखे कलाम तेरे ज़रिये भेज रहा है क्योंकि तू सचमुच अल्लाह का पैग़म्बर है। § ताकि तुम शुक्र मानो और आइन्दा बुराइयों से बचने को सचेत रहो।

व मा अन्तुम् बिमुऽजिज़ीन फ़िल्अर्ज़ि ज् सला व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् (३१) व मिन् आयातिहिल् - जवारि फ़िल्बहूरि कल्अऽलामि त् (३२) अींयशअ् युस्किनिर्रीह फ़यज़्लल्न रवाकिद अला जह्रिहिन्न त् अिन्न फ़ी जालिक लआयातिल्-लिकुल्लि सब्बारिन् शकूरिन् (३३) औ यूबिक़्हुन्न बिमा कसबू व यऽफ़ु अन् कसीरिन् (३४) व'व यऽलमल्लजीन युजादिलून फ़ी आयातिना त् मा लहुम् मिम्-महीसिन् (३५) फ़मा ऊतीतुम् मिन् शैअिन् फ़मताअुल् - हयातिद्दुन्या ज् व मा अिन्दल्लाहि ख़ैरूंव अब्क़ा लिल्लजीन आमनू व अला रब्बिहिम् यतवक्कलून ज् (३६) वल्लजीन यज्तनिबून कबाअिरल् - अिस्मि वल्फ़वाहिश व अिजा मा ग़ज़िबू हुम् यग़्फ़िरून ज् (३७) वल्लजीनस्तजाबू लिरब्बिहिम् व अक़ामुस्सलात त् व अम्रुहुम् शूरा बैनहुम् त् व मिम्मा रज़क़्नाहुम् युन्फ़िक़ून ज् (३८) वल्लजीन अिजा अस्साबहुमुल् - बग़्यु हुम् यन्तसिरून (३९) व जज़ाअु सैयिअतिन् सैयिअतुम् - मिस्लुहा ज् फ़मन् अफ़ा व अस्लह फ़अज्रुहु अलल्लाहि त् अिन्नहु ला युहिब्बुज्जालिमीन (४०) व लमनिन्तसर बअ्द ज़ुल्मिहि फ़अुलाअिक मा अलैहिम् मिन् सबीलिन् त् (४१) अिन्नमस्सबीलु अलल्लजीन यज़्लिमूनन्नास व यब्गून फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल्-हक़्क़ि त् अुलाअिक लहुम् अजाबुन् अलीमुन् (४२) व लमन् सबर व ग़फ़र अिन्न जालिक लमिन् अज़्मिल् - अुमूरि (४३) ★ व मैंयुज़्लि - लिल्लाहु फ़मा लहू मिंव्वलीयिम् - मिम्बअ्दिहि त् व तरज्जालिमीन लम्मा रअवुल् - अजाब यक़ूलून हल् अिला मरद्दिम् - मिन् सबीलिन् ज् (४४)

और तुम ज़मीन में (कहीं भी भागकर अल्लाह की सज़ा से बचकर उसे) थका नहीं सकते। और अल्लाह के सिवाय तुम्हारा न कोई काम बनानेवाला है और न मददगार।(३१) और उसी की निशानियों में से जहाज़ हैं जो समुद्रों में पहाड़ों की तरह चल रहे हैं।(३२) अगर अल्लाह चाहे तो हवा को ठहरा दे फिर (जहाज़) समुद्र की सतह पर खड़े के खड़े रह जायँ। इसमें (भी सब्र पर) क़ायम रहनेवालों और शुक्र माननेवालों के लिए निशानियाँ हैं। (३३) या (वह चाहे तो) उनके कर्मों के बदले में उन को तबाह कर दे और बहुतेरों को माफ़ भी कर दे। (३४) और जो लोग हमारी आयतों में झगड़नेवाले हैं, जान लें कि उनको भागने की जगह नहीं है। (३५) सो (लोगो!) जो कुछ तुमको (यह माल-औलाद) दिया गया है (चन्द रोज़:) दुनिया की ज़िन्दगी का सामान है और जो अल्लाह के यहाँ है वह ईमानवालों और जो अपने परवरदिगार पर भरोसा रखते हैं उनके लिए कहीं बढ़कर और बाक़ी रहने वाला है।(३६) और (ईमानवाले तो वह हैं) जो बड़े-बड़े गुनाहों और बेशर्मी की बातों से बचते रहते हैं और जब उनको ग़ुस्सा आता है तब माफ़ कर देते हैं। (३७) और जिन्होंने अपने परवरदिगार की आज्ञा मानी और नमाज़ क़ायम की और उनका काम आपस के मशविरों से होता है[छ] और हमने जो उनको दे रक्खा है उसमें से (अल्लाह की राह पर) ख़र्च करते हैं। (३८) और जो ऐसे हैं कि उन पर ज़्यादती होती है तो बदला लेते हैं। (३९) और बुराई का बदला वैसी ही बुराई है (यानी बदला लेने में ज़्यादती न हो।) फिर जो (बदला न ले और) क्षमा कर दे और सुलह कर ले तो (वह बेहतर है और) उसका सबाब अल्लाह के ज़िम्मे है। बेशक अल्लाह ज़ुल्म (व ज़्यादती) करनेवालों को पसन्द नहीं करता।(४०) और जिस पर ज़ुल्म हुआ हो और वह उसके बाद बदला ले तो ऐसे लोगों पर कोई उलाहने की गुंजाइश नहीं। (४१) (उलाहने की) गुंजाइश उन्हीं पर है जो लोगों पर ज़ुल्म (अन्याय) करते और व्यर्थ मुल्क में ज़्यादती करते फिरते हैं। उन्हीं को दुखदाई (अज़ाब की) मार है। (४२) और जिसने सब्र किया और (बदला न लेकर दूसरे की ख़ता को) क्षमा कर दिया तो बेशक यह बातें हिम्मत की हैं (४३) ★

और जिसे अल्लाह राह न दिखाये तो उसे उसके सिवाय कोई सहायक नहीं। और (ऐ पैग़म्बर! अगर) तू ज़ालिमों को देखे (उस समय) कि जब वे अज़ाब को (अपने रूबरू) देखेंगे तो कहेंगे कि भला (दुनिया में) फिर लौट चलने की भी कोई राह है। (४४)

★ रु. ४८-५८ आ १४

[पेज ८०३ से] उसका हक़ है ही कि उसको अपना अज़ीज़ समझकर उसकी बात मुहब्बत से सुनो और उसे तंग न करो। लेकिन आम तौर पर अधर्म से ग्रस्त लोग इसका हमेशा उलटा ही करते चले आये हैं। अल्लाह का दीन सनातन से एक है, भले ही अमल में दस्तूर क़ायदों व नमाज़ के तरीक़ों में फ़र्क़ हो। अल्लाह रहमान किसी की आरज़ू पूरी किये बग़ैर नहीं रहता—जो दुनिया के फ़ायदों पर लट्टू है उन्हें यहाँ बख़शता है, जो आख़िरत का क़ायमी (स्थायी) सुख चाहते हैं, उन्हें वहाँ का। जो जिस अमल का है उसको वैसी राह दिखाता है। मुसीबतें तो अपने हाथों कमाई जाती हैं। वह दयावान तो बहुतों को माफ़ कर देता है। आख़ीर में आयत ५१ व उसके फ़ुटनोट में व्याख्या है कि अल्लाह अपने बन्दों से कैसे बातें करता है, वह इन्सान जैसे जिस्म में रूबरू बात करने नहीं आता।

छ अपनी अक़्ल की ही ऐंठ में नहीं रहते व दूसरे की सलाह लेने में अपनी बेइज़्ज़ती नहीं समझते। अपने व समाज के मामलों में समझवालों से राय मिलाकर चलते हैं।

व तराहुम् युअ्रज़ून अलैहा ख़ाशिअीन मिनज्जुल्लि यन्ज़ुरून मिन् तर्फ़िन् ख़फ़ीयिन् त़ व क़ाललज्जीन आमनू इन्नल् - ख़ासिरीनल् - लज़ीन ख़सिरू अन्फ़ुसहुम् व अह्लीहिम् यौमल्-क़ियामति त़ अला इन्नज़्ज़ालिमीन फ़ी अ़ज़ाबिम् - मुक़ीमिन् (४५) व मा कान लहुम् मिन् औलिया अ यन्सुरूनहुम् मिन् दूनिल्लाहि त़ व मैंयुज़्लि - लिल्लाहु फ़मा लहू मिन् सबीलिन् त़ (४६) अिस्तजीबू लिरब्बिकुम् मिन् क़ब्लि अैंयअ्तिय यौमुल्ला मरद्द लहू मिनल्लाहि त़ मा लकुम् मिम् - मल्जअिं - यौमअिज़िव्व मा लकुम् मिन् नकीरिन् (४७) फ़अिन् अअ्रज़ू फ़मा अर्सल्नाक अलैहिम् हफ़ीज़न् त़ अिन् अलैक अिल्लल्बलाग़ु त़ व अिन्ना अिजा अज़क़्नल् - अिन्सान मिन्ना रह़्मत़न् फ़रिह़ बिहा ज़ व अिन् तुसिब्हुम् सैयिअतुम्-बिमा क़द्दमत् अैदीहिम् फ़अिन्नल् - अिन्सान कफ़ूरुन् (४८) लिल्लाहि मुल्कुस् - समावाति वल्अर्ज़ि त़ यख़्लुक़ु मा यशा अु त़ यहबु लिमैंयशा अु अिनासौंव यहबु लिमैंयशा अुज़्-ज़ुकूर ला (४९) औ युज़ौविजुहुम् ज़ुकू़रानौंव अिनासन् ज़ व यज़्अलु मैंयशा अु अ़क़ीमन् त़ अिन्नहू अलीमुन् क़दीरुन् (५०) व मा कान लिबशरिन् अैं-युकल्लिमहुल् - लाहु अिल्ला वह़्यन् औ मिंव्वरा अि ह़िजाबिन् औ युर्सिल रसूलन् फ़यूह़िय बिअिज़्निहीं मा यशा अु त़ अिन्नहू अलीयुन् ह़कीमुन् (५१) व कज़ालिक औह़ैना अिलैक रूह़म्मिन् अम्रिना त़ मा कुन्त तद्री मल्किताबु वलल् - अीमानु व लाकिन् जअ़ल्नाहु नूरन् नह्दी बिहीं मन् नशा अु मिन् अि़बादिना त़ व अिन्नक लतह्दी अिला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् ला (५२) सिरातिल्-लाहिल्-लज़ी लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त़ अला अिल्लल्लाहि तसीरुल् - उमूरु (५३) ★

और तू इनको देखेगा कि (जहन्नम की) आग के सामने लाये गये ज़िल्लत के मारे झुके हुये होंगे (और) छिपी निगाहों से देखते होंगे। और (उस वक़्त) ईमानवाले कहेंगे कि घाटे में वही हैं जिन्होंने क़ियामत दिन (के लिए) अपने आपको और अपने घरवालों को तबाह किया। सुन रखो! ज़ुल्म के करनेवाले हमेशा के लिए अज़ाब में रहेंगे।(४५) और अल्लाह के सिवाय उनका कोई मददगार न होगा जो उनकी मदद करे। और जिसे अल्लाह ने गुमराह किया तो उसके लिए कोई राह नहीं। (४६) (ऐ पैग़म्बर! उनको सचेत कर दो कि) अपने परवरदिगार का हुक्म मान लो उस (क़ियामत के) दिन के आने से पहले जो अल्लाह की ओर से टलने वाला नहीं। उस दिन तुम्हारे लिए न कोई बचाव की जगह होगी और न तुम्हारे बारे में कोई रोक टोक करने वाला होगा।(४७) फिर अगर (इस चेतावनी के बाद भी) यह लोग मुँह मोड़े तो हमने तुमको इन पर निगहबान बनाकर नहीं भेजा। तेरा ज़िम्मा (सिर्फ़ हमारा हुक्म) पहुँचा देना है। और जब हम आदमी को अपनी कृपा (का मज़ा) चखाते हैं तो वह उससे ख़ुश होता है, और जब लोगों को अगर उनके कामों के बदले में दुख पहुँचता है तो इन्सान (हमारे इहसानों को भूलकर) नाशुक्रा हो जानेवाला है। (४८) आसमानों और ज़मीन का राज्य अल्लाह ही का है। जो चाहे पैदा करे। जिसे चाहे बेटियाँ दे और जिसे चाहे बेटा दे। (४९) या बेटे और बेटियाँ (मिलाकर) उनको दोनों तरह की औलाद दे और जिसको चाहे बाँझ करे, वह (कौन किस लायक़ है सबका) जानकार और सब कुछ कर सकने में समरथ है। (५०) और किसी आदमी के लिए मुमकिन नहीं कि अल्लाह उस से (आमने-सामने) बातें करे* सिवाय इसके कि 'वह्य' (दैवी प्रेरणा) से या पर्दे के पीछे से या किसी फ़रिश्ते को उसके पास भेज दे और वह अल्लाह के हुक्म से जो मंज़ूर हो पहुँचा देता है।† बेशक वह सर्वोपरि और (तत्वदर्शी) बड़ा हिकमतवाला है। (५१) और (ऐ पैग़म्बर!) इसी तरह हमने अपने हुक्म से तेरी तरफ़ एक फ़रिश्ता (जिब्रील को) भेजा। (इससे पहले) तू न जानता था कि किताब क्या चीज़ है और ईमान क्या चीज़ है। लेकिन हमने इस (क़ुर्आन को) नूर (दिव्य प्रकाश) बनाया और अपने बन्दों में से जिसे चाहते हैं उसे राह दिखाते हैं। और (ऐ पैग़म्बर!) तू अलबत्ता सीधी राह दिखा रहा है (५२) —राह अल्लाह की जो आसमानों और ज़मीन की सब चीज़ों का मालिक है। सुन रखो, अल्लाह ही की ओर सब कामों की पहुँच होनी है (और वही उनपर सवाब व अज़ाब की शकल में बदला देगा।) (५३) ★

रू. ५ | ६ | आ १०

* मक्का के काफ़िर ह० मुहम्मद स० से कहते थे कि अल्लाह तुम्हारे सामने आकर बातें क्यों नहीं करता। वह तो मूसा अ० से ऐसे ही बातें करता था। इस पर यह आयत उतरी कि अल्लाह किसी से उसके आमने-सामने आकर बातें नहीं करता। † अल्लाह किसी इंसान से आमने-सामने जिस्म में मौजूद होकर बात नहीं करता। क़ुर्आन तीन तरीक़े अल्लाह से कलाम होने के बतलाता है। १- 'वह्य' यानी किसी को दैवी प्रेरणा। २- कोई ग़ैबी आवाज़ जैसे ह० मूसा अ० को तूर पहाड़ की जानिब से आई थी, आकाशवाणी ख़ुदाई इशारा। ३- किसी फ़रिश्ते के ज़रिये 'वह्य' (संदेश) भेजना जैसे ह० जिब्रील अ० रसूल स० मुहम्मद के पास आते थे।

﴿ ४३ सूरतुज़्ज़ुख़्रुफ़ि ६३ ﴾

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३६५६ हुरूफ़, ८४८ शब्द, ८६ आयतें और ७ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहूमानिर्रहीमि ●

हामीम् ज् (१) ∴ वल्किताबिल्मुबीनि ∴ ला (२) अिन्ना जअ्ल्नाहु क़ुर्आनन् अरबीयल् - लअ्ल्लकुम् तअ़क़िलून ज् (३) व अिन्नहू फ़ी अुम्मिल्किताबि लदैना लअ्लीयुन् हकीमुन् त् (४) अफ़नज़्रिबु अन्कुमुज्जिक्र सफ़्हन् अन् कुन्तुम् क़ौमम् - मुस्रिफ़ीन (५) व कम् अर्सल्ना मिन् नबीयिन् फ़िल्औवलीन (६) व मा यअ्तीहिम् मिन् नबीयिन् अिल्ला कानू बिहि यस्तहज़िअून (७) फ़अह्लक्ना अशद्द मिन्हुम् बत्शौंव मज़ा मसलुल् - औवलीन (८) व लअिन् सअल्तहुम् मन् ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ लयक़ूलुन्न ख़लक़हुन्नल् - अज़ीज़ुल् - अलीमु ला (९) अल्लजी जअ्ल लकुमुल्अर्ज़ मह्दौंव जअ्ल लकुम् फ़ीहा सुबुलल् - लअ्ल्लकुम् तह्तदून ज् (१०) वल्लजी नज़्ज़ल मिनस्समा अि मा अम् - बिक़दरिन् ज् फ़अन्शर्ना बिहि बल्दतम् - मैतन् ज् कजालिक तुख़्रजून (११) वल्लजी ख़लक़ल् - अज़्वाज कुल्लहा व जअ्ल लकुम् मिनल्फ़ुल्कि वल् - अन्आमि मा तर्कबून ला (१२) लितस्तवू अ़ला जुहूरिहि सुम्म तज़्कुरू निअ़्मत रब्बिकुम् अिजस्तवैतुम् अलैहि व तक़ूलू सुब्हानल्लजी सख़्ख़र लना हाजा व मा कुन्ना लहु मुक़्रिनीन ला (१३) व अिन्ना अिला रब्बिना लमुन्क़लिबून (१४) व जअ्लू लहु मिन् अिबादिहि जुज़्अन् त् अिन्नल् - अिन्सान लकफ़ूरुम् - मुबीनुन् त् (१५) ★ अमित्तख़ज मिम्मा यख़्लुक़ बनातिंव अस्फ़ाकुम् बिल्बनीन (१६) व अिजा बुश्शिर अह़दुहुम् बिमा ज़रब लिर्रहमानि मसलन् ज़ल्ल वजूहुहू मुस्वद्दौंव हुव कज़ीमुन् (१७) अव मैंयुनश्शअु फ़िल् - हिल्यति व हुव फ़िल्ख़िसामि ग़ैरु मुबीनिन् (१८)

मंज़िल ६

✪ ४३ सूरतुज़्ज़ुख़्रुफ़ ६३ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ३६५६ हुरूफ़, ८४८ शब्द, ८६ आयतें और ७ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

हा-मी[1]म (१) इस वाज़ेह (स्पष्ट) किताब की क़सम। (२) हमने इस क़ुर्आन को अ़रबी ज़बान में रखा है ताकि (अपनी मादरी ज़बान में सरलता से) तुम समझ लो। (३) और यह (क़ुर्आन) हमारे यहाँ असल किताब (लौह महफ़ूज़) में (लिखी हुई और) बड़े ऊँचे दर्जे की और हिकमत (तत्वज्ञान) से भरी है। (४) तो क्या इस वजह से कि तुम लोग हद्द से बाहर (मर्यादा भ्रष्ट) हो गये हो, हम नसीहत (यानी क़ुर्आन) की ओर तुमको मुख़ातिब करना छोड़ देंगे ? (५) और पहले की क़ौमों में (भी) हमने बहुत पैग़म्बर भेजे (६) और कोई पैग़म्बर उनके पास न आया जिसकी उन्होंने हँसी नहीं उड़ाई। (७) फिर हमने उनको जो इन (मक्का के काफ़िरों) से कहीं ज़्यादा ज़ोरावर थे (उनके ज़ुल्मों के कारन) हलाक़ कर दिया और पहले के लोगों की मिसालें चली आती हैं।(८) और (ऐ पैग़म्बर !) अगर तुम इन लोगों से पूछो कि आसमानों और ज़मीन को किसने पैदा किया है तो (फ़ौरन) वह कहेंगे कि (इनको) उस ज़बरदस्त इल्मवाले (अल्लाह) ने पैदा किया है। (९) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे कहो कि तो फिर यह भी ध्यान दो कि) वही है जिसने ज़मीन को तुम लोगों के लिए पालना बनाया है और तुम्हारे लिए उसमें राहें निकालीं शायद तुम राह पाओ (१०) और (वही है) जिसने एक अन्दाज़े के साथ आसमान से पानी बरसाया फिर हमने ही उस (पानी) से मरे हुए ज़मीन (के एक हिस्से) को जिला उठाया, इसी तरह (हमारी ही क़ुदरत से) तुम लोग भी (ज़मीन से दोबारा ज़िन्दः) निकाले जाओगे।(११) और जिसने सब चीज़ों के जोड़े बनाये और तुम्हारे लिये चौपाये और किश्तियाँ बना दीं जिन पर तुम सवार होते हो। (१२) ताकि उनकी पीठ पर बैठो फिर जब उन पर बैठो तो अपने परवरदिगार का इहसान याद करो और कहो कि वह पाक(ज़ात) है जिसने इन चीज़ों को हमारे अधीन किया और हम इस लायक़ न थे कि उनको (अधीन) कर सकते, (१३) और हमको अपने (उसी इहसान करने वाले) परवरदिगार की ओर फिर लौट कर जाना है।(१४) और लोगों ने अल्लाह के लिये उसके बन्दों में से एक को उसका जुज़ (अंश यानी बेटा) क़रार दिया है। आदमी बेशक खुल्लमखुल्ला बड़ा ही नाशुक्रा है।♦ (१५) ★

क्या (अल्लाह ने) अपनी सृष्टि में से (आप तो) बेटियाँ लीं और तुम (लोगों) को बेटे चुनकर दिये† (१६) और (हाल यह है कि) जब इन लोगों में से किसी को उस चीज़ की ख़ुशख़बरी दी जाती है (यानी बेटी पैदा होने की) जो अल्लाह के लिए उन्होंने ठहराई है तो (मारे अफ़सोस के) उनका मुँह काला पड़ जाता और दम घुटने लगता है।(१७) और क्या जो गहनों में पाला जावे और झगड़े के वक़्त बात तक न कह सके (वह अल्लाह की बेटी हो सकती है?)ऊ(१८)

★ रु. १ — ७ आ १५

♦ ईसाइयों ने ह० ईसा अ० को अल्लाह का बेटा क़रार दिया हालाँकि अल्लाह की बाबत इन्सानों की तरह किसी को बेटा पैदा करना या बनाना यह बात शोभा नहीं देती। † इसी तरह मक्का के मुशरिक अल्लाह के फ़रिश्तों को अल्लाह की बेटियाँ मानते व पूजते थे। कैसी हैरत की बात है कि उनके [पिज ८१५ पर]

ऊ यानी लड़कियाँ जो आम तौर से महनों-पातों में पलती हैं और ज़रूरत के वक़्त पूरी बात भी नहीं कह पातीं वह भला अल्लाह की औलाद बनने के लायक़ हैं ? यह कैसी बेवक़ूफ़ी की बात है ?

* यह हा[1]मीम से शुरू होने वाले सात सूरों के सिलसिले में चौथी है और ग़ालिबन पिछली सूरः के बाद नाज़िल हुई जबकि क़ुरैशों के ज़ुल्म ज़ोरों पर थे और रसूल स० आजिज़ हो रहे थे। अल्लाह ने [पिज ८१७ पर]

व जअलुल्-मला'इकतल्-लज़ीन हुम् इबादुर्रह्मानि इनासन् त अशहिदू ख़ल्क़हुम् त सतुक्तबु शहादतुहुम् व युस्अलून (१९) व क़ालू लौ शा'अर्रह्मानु मा अबद्नाहुम् त मा लहुम् बिज़ालिक मिन् इल्मिन् क इन् हुम् इल्ला यख़ुरुसून त (२०) अम् आतैनाहुम् किताबम्-मिन् क़ब्लिहि फ़हुम् बिहि मुस्तम्सिकून (२१) बल् क़ालू इन्ना वजद्ना आबा'अना अला उम्मतिंव्व इन्ना अला आसारिहिम् मुह्तदून (२२) व कज़ालिक मा अर्सल्ना मिन् क़ब्लिक फ़ी क़र्यतिम्-मिन् नज़ीरिन् इल्ला क़ाल मुत्रफ़ूहा ला इन्ना वजद्ना आबा'अना अला उम्मतिंव्व इन्ना अला आसारिहिम् मुक़्तदून (२३) क़ाल अवलौ जिअ्तुकुम् बिअह्दा मिम्मा वजत्तुम् अलैहि आबा'अकुम् त क़ालू इन्ना बिमा अुर्सिल्तुम् बिहि काफ़िरून (२४) फ़न्तक़म्ना मिन्हुम् फ़न्ज़ुर् कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुकज़्ज़िबीन (२५) ★ ● व अज़् क़ाल अिब्राहीमु लिअबीहि व क़ौमिहि इन्ननी बरा'अुम्-मिम्मा तअ्बुदून (२६) इल्लल्लज़ी फ़तरनी फ़इन्नहू सयह्दीनि (२७) व जअलहा कलिमतम्-बाक़ियतन् फ़ी अक़िबिहि लअल्लहुम् यर्जिअून (२८) बल् मत्त़अ्तु हा'उला'इ व आबा'अ हुम् ह़त्ता जा'अ हुमुल्-ह़क़्क़ु व रसूलुम्-मुबीनुन् (२९) व लम्मा जा'अ हुमुल्-ह़क़्क़ु क़ालू हाज़ा सिह्रूंव इन्ना बिहि काफ़िरून (३०) व क़ालू लौ ला नुज़्ज़िल हाज़ल्क़ुर्आनु अला रजुलिम्-मिनल्-क़र्यतैनि अज़ीमिन् (३१) अहुम् यक़्सिमून रह्मत रब्बिक त नह्नु क़सम्ना बैनहुम् मअ्ीशतहुम् फ़िल्-ह़यातिद्दुन्या व रफ़अ्ना बअ्ज़हुम् फ़ौक़ बअ्ज़िन् दरजातिल्-लियत्तख़िज बअ्ज़ुहुम् बअ्ज़न् सुख़्रीयन् त व रह्मतु रब्बिक ख़ैरुम्-मिम्-मा यज्मअून (३२)

और इन लोगों ने फ़रिश्तों को जो रहमान (अल्लाह) के बन्दे हैं औरतें ठहराया है। क्या उनकी पैदायश के समय यह लोग मौजूद (देख रहे) थे। तो इनका यह कहना लिख लिया जायगा और इनसे (इनकी इस मन-गढ़न्त की बाबत) पूछा जायगा। (१९) और कहते हैं कि अगर रहमान चाहता तो हम इन (बुतों) की पूजा न करते। उन्हें इस बात का कुछ ज्ञान नहीं, निरी अटकलें दौड़ाते हैं। (२०) या (इनकी इन ठहराई बातों की तस्दीक़ में) हमने इनको इसके पहिले कोई किताब (सनद में) दी है कि यह उसे पकड़ते हैं। (२१) (सो सनद तो कोई नहीं रखते) बल्कि (यह) कहते हैं कि हमने अपने बाप-दादों को एक तरीक़े पर पाया और उन्हीं के क़दम ब क़दम हम भी (ठीक) राह चले जा रहे हैं। (२२) और (ऐ पैग़म्बर! यह तेरे सामने कोई नई बात नहीं है।) इसी तरह हमने तुमसे पहिले जब कभी किसी बस्ती में कोई (पैग़म्बर) डर सुनानेवाला भेजा तो वहाँ के ख़ुशहाल लोगों ने (इन मक्का के मुशरिकों जैसी ही दलील दी और) यह कहा कि हमने अपने बाप-दादों को एक राह पर पाया और हम उन्हीं के क़दम ब क़दम ठीक राह पर चल रहे हैं। (२३) (और इस दलील पर अगर उस) पैग़म्बर ने कहा कि जिस राह पर तुमने अपने बाप-दादों को पाया, अगर मैं उनसे बढ़ कर राह की सूझ (यानी दीन) लेकर तुम्हारे पास आया हूँ तो भी (क्या तुम उसे न मानोगे? तो जवाब में) वह बोले जो (दीन) तुम लाये हो हम उसको नहीं मानते। (२४) आख़िरकार हमने उनसे बदला लिया तो देखो कि (पैग़म्बरों के) झुठलानेवालों का कैसा परिणाम हुआ। (२५) ★ ●

और (याद करो!) जब इब्राहीम ने अपने बाप और उसकी क़ौम से कहा कि जिनकी तुम पूजा करते हो मुझको उनसे कुछ सरोकार नहीं‡। (२६) बल्कि जिसने मुझको पैदा किया है सो वह मुझको राह दिखायेगा। (२७) और यह हिदायत (वह) अपनी औलाद में छोड़ गये शायद वह (उसी ओर) रुजू रहें। (२८) बल्कि हमने (उन्हीं इब्राहीम अ० और इस्माईल अ० की औलाद जो मक्का में आबाद हैं) उनको और उनके बाप-दादों को (ख़ुशहाली से दुनिया में) बरतने दिया यहाँ तक कि इनके पास सच्चा दीन और (इन्हीं की क़ौम में से एक ख़ुशख़बरी व डर को) साफ़ साफ़ सुनानेवाला पैग़म्बर पहुँचा। (२९) और जब इनके पास सच्चा दीन पहुँचा तो कहने लगे यह तो जादू है और हम इसको नहीं मानते। (३०) और बोले कि दो बस्तियों (यानी पाक बस्ती मक्का और मालामाल बस्ती तायफ़) में से किसी बड़े आदमी पर यह क़ुर्आन क्यों न उतरा। (३१) (ऐ पैग़म्बर!) क्या यह लोग तेरे परवरदिगार की रहमत के बाँटनेवाले हैं। सो दुनिया की ज़िन्दगी में इनकी रोज़ी इनमें हम बाँटते हैं और हमने (दुनियावी) दर्जों के एतबार से इनमें एक को एक पर बढ़ा रक्खा है ताकि इनमें एक दूसरे से काम लें। और जो (माल-असबाब या दुनिया की रौनक़) यह लोग समेटे फिरते हैं तेरे परवरदिगार की रहमत (तो) इससे कहीं बढ़कर है।♦ (३२)

‡ यानी ह० इब्राहीम अ० को तो तुम भी अपना पेशवा मानते हो। तो उन्होंने तो अपने बाप की राह नहीं पकड़ी। बल्कि वह दीन पकड़ा जिसको आज फिर रसूल स० मुहम्मद के ज़रिये तुम्हारे सामने पेश किया जा रहा है। ♦ मुशरिक कहते थे कि अल्लाह ने ह० मुहम्मद (स०) जैसे साधारन आदमी को पैग़म्बरी के लिए क्यों चुना? सही में पैग़म्बर भेजना होता तो वह किसी सरदार, पीर या बड़े आदमी के ज़रिये पैग़ाम भेजता। उसी पर कलाम है कि अल्लाह की रहमत क्या इन दुनिया वालों की मर्ज़ी से बाँटी जायगी जो ख़ुद अपनी दुनियावी चीज़ें मनमानी बाँटने में लाचार और अल्लाह से मजबूर हैं।

व लौ ला अँयकूनन्नासु उम्मतौंवाहिदतल् - लजअल्ना लिमँयकफ़ुरु बिर्रहमानि लिबुयूतिहिम् सुक़ुफ़म्-मिन् फ़िज़्ज़वित्तिव्व मआरिज अलैहा यज़्हरून ला (३३) व लिबुयूतिहिम् अब्वाबौंव सुरुरन् अलैहा यत्तकिऊन ला (३४) व ज़ुख़रुफ़न् त व इन् कुल्लु जालिक लम्मा मताअुल् - हयातिद्दुन्या त वल् - आख़िरतु अिन्द रब्बिक लिल्मुत्तक़ीन (३५) ★ व मँयअ़शु अन् ज़िक्रिर्रहमानि नुक़ँयिज़् लहु शैतानन् फ़हुव लहु क़रीनुन् (३६) व अिन्नहुम् लयसुद्दूनहुम् अनिस्सबीलि व यहसबून अन्नहुम् मुहतदून (३७) हत्ता अिजा जाअना क़ाल यालैत बैनी व बैनक बुअ्दल् - मश्रिक़ैनि फ़बिअ्सल् - क़रीनु (३८) व लँयन्फ़अ-कुमुल्-यौम अिज्ज़लम्तुम् अन्नकुम् फ़िल्अजाबि मुश्तरिकून (३९) अफ़अन्त तुस्मिअुस्सुम्म औतहदिल् - अुम्य व मन् कान फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (४०) फ़अिम्मा नज़्हबन्न त्रिक फ़अिन्ना मिन्हुम् मुन्तक़िमून ला (४१) औ नुरियन्नकल्लजी वअद्नाहुम् फ़अिन्ना अलैहिम् मुक़्तदिरून (४२) फ़स्तम्सिक् बिल्लजी अूहिय अिलैक ज अिन्नक अला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् (४३) व अिन्नहु लज़िक्रुल्लक व लिक़ौमिक ज व सौफ़ तुस्अलून (४४) वस्अल् मन् अर्सल्ना मिन् क़बुलिक मिर्रुसुलिना अजअल्ना मिन् दूनिर्रहमानि आलिहतँ - युअ्बदून (४५) ★ व लक़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना अिला फ़िर्औन व मलअिहि फ़क़ाल अिन्नी रसूलु रब्बिल् - आलमीन (४६) फ़लम्मा जाअ हुम् बिआयातिना अिजा हुम् मिन्हा यज़्हकून (४७) व मा नुरीहिम् मिन् आयतिन् अिल्ला हिय अक्बरु मिन् अुख़्तिहा ज व अख़ज़्नाहुम् बिल्अजाबि लअल्लहुम् यर्जिअून (४८) व क़ालू या अँयुहस्-साहिरुद्अु लना रब्बक बिमा अहिद अिन्दक ज अिन्नना लमुहतदून (४९) फ़लम्मा कशफ़्ना अन्हुमुल् - अजाब अिजा हुम् यन्कुसून (५०)

और अगर यह बात न होती कि सब मनुष्य एक ही तरीक़े के हो जायँगे (और नेक राह को छोड़कर सब लोग धन दौलत ही समेटने में पड़ जायँगे) तो अल्लाह से जो इन्कारी (विमुख) हैं, हम उनके लिए उनके घरों की छतें और ज़ीने जिन पर चढ़ते चाँदी के बना देते, (३३) और उनके घरों के दरवाज़े और तख़्त जिन पर तकिया लगा कर बैठते (उनको भी चाँदी के कर देते), (३४) और सोने के भी (कर देते।) और यह सब कुछ नहीं सिर्फ़ इस दुनिया की ज़िन्दगी के (चन्दरोज़:) फ़ायदे हैं। और (ऐ पैग़म्बर!) आख़िरत का घर तो तेरे परवरदिगार के यहाँ परहेज़गारों ही के लिये है‡। (३५) ★

और जो शख़्स (अल्लाह) कृपालु की याद से आँखें बन्द करता है तो हम उस पर एक शैतान मुक़र्रर कर दिया करते हैं और वह उसके साथ हो जाता है। (३६) और वह शैतान उन को (सही) राह से रोकता है और यह (इस भरम में रहते और) समझते हैं कि हम (सही) राह पर हैं। (३७) यहाँ तक कि जब हमारे सामने आयेगा तो (शैतान से) कहेगा कि अच्छा होता जो मुझमें और तुझमें पूर्व और पश्चिम की दूरी का फ़र्क़ होता (और इन्सानों का) तू क्या ही बुरा साथी है। (३८) और (तब उन शैतान की राह पर चलनेवालों से कहा जायगा कि दुनिया में) जब तुम ज़ुल्म कर चुके तो आज (तुम्हारा) यह कहना तुम्हारे कुछ काम न आवेगा (कि तुम अज़ाब से बच सको) जबकि तुम (और शैतान दोनो) अज़ाब में शरीक हो। (३९) तो (ऐ पैग़म्बर!) क्या तुम बहरों को सुना सकते हो या अन्धों को और उनको जो प्रत्यक्ष गुमराही में हैं राह दिखा सकते हो (४०) फिर अगर हम तुझे (पहले ही वफ़ात देकर दुनिया से) उठा लेंगे तो भी हम इन काफ़िरों से बदला लेंगे।(४१) या हमने इन (काफिरों) से जो वादा (अज़ाब का) किया है वह तुझको (तेरी ज़िन्दगी ही में) दिखा दें—हम इस (सब) पर पूरे सामर्थ्यवान हैं।(४२) तो जो तुझे हुक्म हुआ है उसे तू मज़बूती से पकड़े रह। बेशक तू सीधी राह पर है। (४३) और यह (क़ुर्आन) तेरे और तेरी क़ौम के लिए नसीहत है और आगे चलकर तुझसे पूछ ताछ होनी है। (४४) और (ऐ पैग़म्बर!) तुझसे पहिले जो हमने पैग़म्बर भेजे उनसे पूछ (यानी उनके ज़रिये आई तौरेत वग़ैरः किताबों से मालूम कर) कि क्या हमने अल्लाह रहमान के सिवाय (दूसरे माबूद यानी) पूजित ठहराये हैं कि उनकी पूजा की जावे? (४५) ★

और (वह भी याद करो जब) हमने मूसा को अपने चमत्कार देकर फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़ भेजा तो (मूसा ने) कहा मैं दुनिया के परवरदिगार का भेजा हुआ हूँ।(४६) फिर जब मूसा हमारे चमत्कार लेकर उनके पास आया तो वह लगे उस पर हँसने। (४७) और हम जो चमत्कार उनको दिखाते थे वह (एक दूसरे से जो उनको दिखाया जा चुका था) बड़ा होता था और हमने उनको अज़ाब में पकड़ा कि शायद वह मान जावें@।(४८) और (जब यह बीच के अज़ाब बरपा हुये तो फ़िरऔन और उसके सरदार मूसा से) कहने लगे ऐ जादूगर! हमारे लिए अपने परवरदिगार को पुकार, जैसा उसने तुझसे (माफ़ी का) वादा कर रक्खा है। हम बेशक राह पर आवेंगे (और अल्लाह पर ईमान लावेंगे)। (४९) फिर जब हमने (दुआ क़ुबूल कर ली और) उन पर से सज़ा उठा ली तब वह अपने क़ौल तोड़ने लगे (और फ़िर कुफ़्र पर उतर आये)§।(५०)

‡ यह दुनियावी धन दौलत की ज़्यादती तो आख़िरत (परलोक) की स्थाई ज़िन्दगी को बिगाड़ने वाली है। अल्लाह चाहता है कि मुन्किर (काफ़िर) भी जहाँ तक हो उसमें न फँसकर अल्लाह की राह की ओर रुजू हों और यही कारन है कि उनको सोने चाँदी से पाट नहीं देता। अगर काफ़िरों पर भी वह दयालु न होता तो उन्हें सोने चाँदी से पाटकर उनकी आख़िरत बनाने की राह का दरवाज़ा ही बन्द कर देता। @ यह आख़िरी अज़ाब फ़िरऔनों के डूब जाने वाला नहीं है; बल्कि बीच में टीड़ी, मेंढक, अकाल, बीमारी जैसी मुसीबतें इसलिए कि इनको भुगतकर राह रास्त पर आ जाँय। § देखिये सूरः आराफ़ आ० १३३-१३५ व फ़ुटनोट † पृष्ठ २८५।

व नादा फ़िर्औनु फ़ी क़ौमिहीं क़ाल याक़ौमि अलैस ली मुल्कु मिस्र व हाजिहिल् - अन्हारु तज्री मिन् तह्तीं ज अफ़ला तुब्सिरून त (५१) अम् अना ख़ैरुम्मिन् हाजल्लजी हुव महीनुन् ० ला व व ला यकादु युबीनु (५२) फ़लौ ला अुल्क़िय अलैहि अस्विरतुम् - मिन् जहबिन् औ जा अ मअहुल् - मला अिकतु मुक़तरिनीन (५३) फ़स्तख़फ़्फ़ क़ौमहू फ़अताअूहु त अिन्नहुम् कानू क़ौमन् फ़ासिक़ीन (५४) फ़लम्मा आसफ़ूनन् - तक़मूना मिन्हुम् फ़अग़्रक़्ना - हुम् अज्मअीन ला (५५) फ़जअल्नाहुम् सलफ़ौंव मसलल् - लिल्आख़िरीन (५६) ★ व लम्मा ज़ुरिबब्नु मर्यम मसलन् अिजा क़ौमुक मिन्हु यसिद्दून (५७) व क़ालू अ आलिहतुना ख़ैरुन् अम् हुव त मा ज़रबूहु लक अिल्ला जदलन् त बल् हुम् क़ौमुन् ख़सिमून (५८) अिन् हुव अिल्ला अब्दुन् अन्अम्ना अलैहि व जअल्नाहु मसलल् - लिबनी अिस्रा अील त (५९) व लौ नशा अु लजअल्ना मिन्कुम् मला अिकतन् फ़िल्अर्ज़ि यख़्लुफ़ून (६०) व अिन्नहू लअिल्मुल् - लिस्साअति फ़ला तम्तरुन्न बिहा वत्तबिअूनि त हाजा सिरातुम् - मुस्तक़ीमुन् (६१) व ला यसुद्दन्नकुमुश् - शैतानु ज अिन्नहू लकुम् अदूवुम् - मुबीनुन् (६२) व लम्मा जा अ अीसा बिल्बैयिनाति क़ाल क़द् जिअ्तुकुम् बिल्हिक्मति व लि-अुबैयिन लकुम् बअ़्ज़ल्लजी तख़्तलिफ़ून फ़ीहि ज फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअूनि (६३) अिन्नल्लाह हुव रब्बी व रब्बुकुम् फ़अ़्बुदूहु त हाजा सिरातुम् - मुस्तक़ीमुन् (६४) फ़ख़्तलफ़ल् - अह्ज़ाबु मिम् - बैनिहिम् ज फ़वैलुल् - लिल्लजीन जलमू मिन् अजाबि यौमिन् अलीमिन् (६५) हल् यन्ज़ुरून अिल्लस्साअत अन् तअ्तिय - हुम् बग़्तत्नौंव हुम् ला यश्अुरून (६६) अल् - अख़िल्ला अु यौमअिजिम् - बअ़्ज़ुहुम् लिबअ़्ज़िन् अदूवुन् अिल्लल् - मुत्तक़ीन त (६७) ★ याअिबादि ला ख़ौफ़ुन् अलैकुमुल् - यौम व ला अन्तुम् तह्ज़नून ज (६८)

रु. ८ — ११ आ ११

रु. ९ — १२ आ ११

और फ़िरऔन ने अपने लोगों के बीच (पुकार कर) कहा कि ऐ मेरे लोगो ! क्या मुल्क मिस्र मेरा नहीं और यह नहरें मेरे (शाही महल के बाग़ों के) नीचे नहीं बह रही हैं, तो क्या तुम (हमारे इस रुतबे को) नहीं देखते ? (५१) भला मैं इस शख़्स (मूसा अ०) से बढ़कर नहीं हूँ जो कुछ इज़्ज़त नहीं रखता, और साफ़ बोल भी नहीं पाता ?‡ (५२) (और मूसा अगर पैग़म्बर या ग़ैरमामूली शख़्स होते तो उसके लिए सोने के कंगन§ (अल्लाह के यहाँ से) क्यों नहीं आये या फ़रिश्तों के जत्थे क्यों नहीं उतरे जो साथ रहते। (५३) ग़रज़ फ़िरऔन ने अपने लोगों की अक़्ल मार दी फिर उन्होंने उसी का कहा माना। बेशक यह नाफ़रमान (अवज्ञाकारी) लोग थे।(५४) फिर जब इन लोगों ने (हद पार कर दी और) हमको ग़ुस्सा दिलाया तो हमने इनसे बदला लिया, फिर इन सबको (बड़े अज़ाब में) डुबो दिया। (५५) फिर इनको गया-गुज़रा कर दिया और आनेवाली नस्लों के लिए (बतौर नसीहत) मिसाल बना दिया।(५६) ★ रू. ५ | ११ आ ११

और (ऐ पैग़म्बर !) जब मर्यम के बेटे (ईसा) की मिसाल बयान की जाती है तो तेरी क़ौम के लोग उसको सुनकर एकदम चिल्लाने लगते हैं। (५७) और कहते हैं कि भला हमारे पूजित अच्छे हैं या वह ? इन लोगों ने ईसा की निस्बत जो यह कहा सो सिर्फ़ तुझसे विरोध करने के लिए; बल्कि यह लोग हैं ही झगड़ालू। (५८) तो ईसा भी हमारे एक बन्दे थे जिनपर हमने रहमत की और उनको इसराईल के बेटों के लिए एक नमूना बनाया था।(५९) और अगर हम चाहते तो तुममें फ़रिश्ते कर देते कि वह ज़मीन में तुम्हारी जगह आबाद होते (६०) और ईसा उस घड़ी (क़ियामत) की एक निशानी हैं सो उसमें शक न करो और मेरे कहे पर चलो‡। यह एक सीधी राह है।(६१) और ऐसा न हो कि तुमको शैतान (सही राह से) रोक दे क्योंकि वह तुम्हारा खुला दुश्मन है। (६२) और जब ईसा चमत्कार लेकर आये तो उन्होंने कहा कि मैं तुम्हारे पास (अपने रब की ओर से) पक्की (तत्व की) बातें लेकर आया हूं और (मतलब यह है कि) तुम्हारी उन बातों को बयान करूँ जिनमें भेद डाल रहे हो। सो अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (६३) बेशक अल्लाह ही मेरा परवरदिगार है और तुम्हारा भी परवरदिगार है, उसी की बन्दगी करो, यही सीधी राह है।(६४) फिर उन्हीं में से (बहुत-से) लोग (दीन से) फट (कर अलग भटक) गये†। तो जो लोग ज़ालिम (अन्यायी) हैं उनके लिए क़ियामत के दिन दुखदाई सज़ा की ख़राबी (होनी) है। (६५) अब क्या यह लोग (अज़ाब की) घड़ी की राह देख रहे हैं कि एकाएक इन पर फट पड़े और इनको ख़बर भी न हो। (६६) जो (गुनहगार व उनके रहनुमा) लोग (दुनिया में आपस में) दोस्त हैं उस (क़ियामत के) दिन एक दूसरे के दुश्मन हो जायेंगे मगर परहेज़गार (कि जो आपस में एक साथ चैन से जन्नत में होंगे।) (६७) ★ रू. ६ | १२ आ ११

(उन परहेज़गारों से कह दिया जायगा कि) ऐ मेरे बन्दो ! आज के दिन तुमको न (किसी तरह का) डर है और न तुम उदास होगे। (६८)

[पेज ८०६ से] समाज में बेटी का पैदा होना बड़े अफ़सोस की बात और बेटा पैदा होना बड़ी ख़ुशी की बात मानी जाती थी। फिर भी उन्होंने अल्लाह के लिए बेटियाँ ठहराईं न कि बेटे।

‡ मालूम हो कि ह० मूसा अ० हकलाते थे। § उस समय सरदारों को सोने का कंगन पहनाते थे। इसीलिए फ़िरऔन ने कहा "मूसा अगर नबी होते तो इनके हाथ में जड़ाऊ कंगन होता।" ‡ ह० ईसा अ० की पैदायश और उनका मुर्दे ज़िन्दा कर देना व दूसरे चमत्कार अल्लाह की क़ुदरत की निशानी हैं और यक़ीन को काफ़ी हैं कि वह क़ियामत भी बरपा करने में ज़रूर समर्थ है। † यहूदी बँट गये और बाद में ईसाई के भी कई फ़िर्क़े हो गये।

अल्लजीन आमनू बिआयातिना व कानू मुस्लिमीन ज़ (६९) अुद्ख़ुलुल् - जन्नत अन्तुम् व अज़्वाजुकुम् तुह्बरून (७०) युताफ़ु अलैहिम् बिसिहाफ़िम् - मिन् जहबिव्व अक्वाबिन् ज़ व फ़ीहा मा तश्तहीहिल् - अन्फ़ुसु व तलज्जुल् - अ़्युनु ज़ व अन्तुम् फ़ीहा ख़ालिदून ज़ (७१) व तिल्कल् - जन्नतुल्लती अूरिस्तुमूहा बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून (७२) लकुम् फ़ीहा फ़ाकिहतुन् कसीरतुम् - मिन्हा तअ़्कुलून (७३) अिन्नल् - मुज़्रिमीन फ़ी अ़ज़ाबि जहन्नम ख़ालिदून ज़ सला (७४) ला युफ़त्तरु अन्हुम् व हुम् फ़ीहि मुब्लिसून ज़ (७५) व मा जलम्नाहुम् व लाकिन् कानू हुमुज़्ज़ालिमीन (७६) व नादौ यामालिकु लियक़्ज़ि अलैना रब्बुक त़ क़ाल अिन्नकुम् माकिसून (७७) लक़द् जिअ्नाकुम् बिल्हक़्क़ि व लाकिन्न अक्सरकुम् लिल्हक़्क़ि कारिहून (७८) अम् अबरमू अम्रन् फ़अिन्ना मुब्रिमून ज़ (७९) अम् यह्सबून अन्ना ला नस्मअु सिर्रहुम् व नज़्वाहुम् त़ बला व रुसुलुना लदैहिम् यक्तुबून (८०) क़ुल् अिन् कान लिर्रह़्मानि वलदुन क़ सला फ़अना औवलुल् - आबिदीन (८१) सुब्हान रब्बिस्समावाति वल्अर्ज़ि रब्बिल् - अर्शि अम्मा यसिफ़ून (८२) फ़ज़र्हुम् यख़ूज़ू व यल्अबू हत्ता युलाक़ू यौमहुमुल्लजी यूअदून (८३) व हुवल्लजी फ़िस्समाअि अिलाहुँव फ़िल्अर्ज़ि अिलाहुन् त़ व हुवल् - ह़कीमुल् - अलीमु (८४) व तबारकल्लजी लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा ज़ व अिन्दहू अिल्मुस्साअति ज़ व अिलैहि तुर्जअून (८५) व ला यम्लिकुल्लजीन यद्अून मिन् दूनिहिश्शफ़ाअ़त अिल्ला मन् शहिद बिल्हक़्क़ि व हुम् यअ़्लमून (८६) व लअिन् सअल्तहुम् मन् ख़लक़हुम् लयक़ूलुन्नल्लाहु फ़अन्ना युअ़्फ़कून (८७) व क़ीलिहीं या रब्बि अिन्न हाअुलाअि क़ौमुल्ला युअ़्मिनून म ● (८८) फ़स्फ़ह् अन्हुम् व क़ुल् सलामुन् त़ फ़सौफ़ यअ़्लमून (८९) ★


الزخرف ٤٣ ٢٩٥ الجزء ٢٥
الَّذِينَ اٰمَنُوا بِاٰيٰتِنَا وَكَانُوا مُسْلِمِينَ ۝ ادْخُلُوا الْجَنَّةَ اَنْتُمْ وَاَزْوَاجُكُمْ
تُحْبَرُونَ ۝ يُطَافُ عَلَيْهِمْ بِصِحَافٍ مِنْ ذَهَبٍ وَاَكْوَابٍ وَفِيهَا مَا تَشْتَهِيهِ
الْاَنْفُسُ وَتَلَذُّ الْاَعْيُنُ وَاَنْتُمْ فِيهَا خَالِدُونَ ۝ وَتِلْكَ الْجَنَّةُ الَّتِي
اُورِثْتُمُوهَا بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُونَ ۝ لَكُمْ فِيهَا فَاكِهَةٌ كَثِيرَةٌ مِنْهَا تَاْكُلُونَ ۝
اِنَّ الْمُجْرِمِينَ فِي عَذَابِ جَهَنَّمَ خَالِدُونَ ۝ لَا يُفَتَّرُ عَنْهُمْ وَهُمْ فِيهِ
مُبْلِسُونَ ۝ وَمَا ظَلَمْنٰهُمْ وَلٰكِنْ كَانُوا هُمُ الظّٰلِمِينَ ۝ وَنَادَوْا يٰمٰلِكُ
لِيَقْضِ عَلَيْنَا رَبُّكَ قَالَ اِنَّكُمْ مٰكِثُونَ ۝ لَقَدْ جِئْنٰكُمْ بِالْحَقِّ وَلٰكِنَّ
اَكْثَرَكُمْ لِلْحَقِّ كٰرِهُونَ ۝ اَمْ اَبْرَمُوا اَمْرًا فَاِنَّا مُبْرِمُونَ ۝ اَمْ يَحْسَبُونَ
اَنَّا لَا نَسْمَعُ سِرَّهُمْ وَنَجْوٰهُمْ بَلٰى وَرُسُلُنَا لَدَيْهِمْ يَكْتُبُونَ ۝ قُلْ اِنْ
كَانَ لِلرَّحْمٰنِ وَلَدٌ فَاَنَا اَوَّلُ الْعٰبِدِينَ ۝ سُبْحٰنَ رَبِّ السَّمٰوٰتِ وَ
الْاَرْضِ رَبِّ الْعَرْشِ عَمَّا يَصِفُونَ ۝ فَذَرْهُمْ يَخُوضُوا وَيَلْعَبُوا حَتّٰى يُلٰقُوا
يَوْمَهُمُ الَّذِي يُوعَدُونَ ۝ وَهُوَ الَّذِي فِي السَّمَآءِ اِلٰهٌ وَفِي الْاَرْضِ اِلٰهٌ وَ
هُوَ الْحَكِيمُ الْعَلِيمُ ۝ وَتَبٰرَكَ الَّذِي لَهُ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا
وَعِنْدَهُ عِلْمُ السَّاعَةِ وَاِلَيْهِ تُرْجَعُونَ ۝ وَلَا يَمْلِكُ الَّذِينَ يَدْعُونَ
مِنْ دُونِهِ الشَّفَاعَةَ اِلَّا مَنْ شَهِدَ بِالْحَقِّ وَهُمْ يَعْلَمُونَ ۝ وَلَئِنْ سَاَلْتَهُمْ
مَنْ خَلَقَهُمْ لَيَقُولُنَّ اللّٰهُ فَاَنّٰى يُؤْفَكُونَ ۝ وَقِيلِهِ يٰرَبِّ اِنَّ هٰؤُلَآءِ قَوْمٌ
لَا يُؤْمِنُونَ ۝ فَاصْفَحْ عَنْهُمْ وَقُلْ سَلٰمٌ فَسَوْفَ يَعْلَمُونَ ۝
ع ١٣ ٢ ٢ ٢

जो हमारी आयतों पर ईमान लाये और आज्ञाकारी रहे। (६९) (ऐसे बन्दो !) तुम और तुम्हारी बीवियाँ जन्नत में जा दाख़िल हो। ताकि तुम्हारी (वहाँ) इज़्ज़त की जावे। (७०) उन पर सोने की रकाबियों और प्यालों का दौर चलेगा और जिस चीज़ को (उनका) जी चाहे और जो भी नज़र में भली मालूम हो वहाँ (जन्नत में) मौजूद होगी। और तुम हमेशा वहीं रहोगे। (७१) और यह जन्नत की वारिसी तुमको उन (नेक कामों) के बदले में जो तुम करते रहे हो, मिली है। (७२) सो यहाँ तुम्हारे लिए बहुत मेवे हैं जिनमें से तुम खाते रहो। (७३) अलबत्ता गुनहगार हमेशा दोज़ख़ के अज़ाब में रहेंगे। (७४) उनसे सज़ा हल्की न की जायगी और वह उसमें निराश पड़े रहेंगे। (७५) और हमने उन पर ज़ुल्म (अन्याय) नहीं किया बल्कि वही ज़ुल्म करते रहे। (७६) और (दोज़ख़ के दारोग़ा से) पुकारेंगे ऐ मालिक ! तुम्हारा परवरदिगार हमारा काम तमाम कर दे (तो मौत के ज़रिये इस दर्दनाक अज़ाब से छुटकारा तो हो।) वह कहेगा कि तुमको हमेशा इसी में रहना है। (७७) (ऐ काफ़िरो ! रसूल के ज़रिये) हमने तुम्हारे पास हक़ बात भेजी है लेकिन तुममें अक्सर हक़ (सच्चाई) से चिढ़ते हैं। (७८) तो क्या इन लोगों ने कोई बात ठान रक्खी है तो (समझ रक्खें कि) हमने भी ठान रक्खी है। (७९) या ख़्याल करते हैं कि हम इनके भेद और मशविरे नहीं जानते ? क्यों नहीं, और हमारे फ़रिश्ते इनके पास (मौजूद हैं और इनकी छिपी से छिपी बातें तक) लिखते जाते हैं♦। (८०) (ऐ पैग़म्बर !) कहो अगर रहमान के (सचमुच) कोई औलाद हो, तो मैं सबसे पहिले (उसकी) अिबादत करने को तैयार हूँ। (८१) जैसी-जैसी बातें बनाते हैं, उनसे आसमानों और ज़मीन का मालिक और (तख़्त) अर्श का मालिक पाक है। (८२) तो (ऐ पैग़म्बर !) इन लोगो को बकने और खेल करने दे यहाँ तक कि जिस रोज़ का इनसे वादा किया जाता है (यानी क़ियामत से) इनका सामना हो। (८३) और वही है कि जिसकी आसमानों में बन्दगी है और जिसकी ज़मीन में बन्दगी है। और वही हिकमतवाला और सब चीज़ों का जाननेवाला है। (८४) और वही है बरकतवाला जिसका राज्य आसमानों और ज़मीन और जो कुछ उनके बीच में है सब पर है। और उस घड़ी (क़ियामत) की ख़बर उसी को है। और (तुम सब) उसी की तरफ़ फिर लौटकर जाओगे। (८५) और अल्लाह के सिवाय जिन पूजितों को यह लोग पुकारते हैं वह सिफ़ारिश का इख़्तियार नहीं रखते सिवाय उनके जिन्होने सच्ची गवाही दी और वे इल्म रखते थे। (८६) और (ऐ पैग़म्बर !) अगर तू इनसे पूछे कि इनको किसने पैदा किया तो (फ़ौरन) यही कहेंगे कि अल्लाह ने ! फिर (यह जानकर भी) किधर को बहँके चले जा रहे हैं। (८७) और रसूल के इस कहने की क़सम कि ऐ परवरदिगार ! ये (मक्का के लोग) ईमान लानेवाले नहीं। ● (८८) (ऐ पैग़म्बर !) तुम इन पर ध्यान न दो और सलाम कह (कर किनारा करो)। आगे चलकर (अपनी शरारत का नतीजा ये लोग) मालूम कर लेंगे। (८९) ★

व. ला ज़िम रू. ७ — १३ आ २२

[पिछ ८०६ से] उनको व ईमानवालों को पिछले नबियों और उनकी क़ौमों की नज़ीरें देकर दिलासा दिया है कि आख़िर असत्य पर सत्य ही की विजय होनी है। यह दुनिया में जो तुम काफ़िरों को फलता फूलता देख रहे हो यह चन्दरोज़ा है। इन पर अज़ाब तो आना ही है लेकिन वह रहीमों का रहीम अल्लाह उन्हें कुछ आराम और बीच-बीच में सख्ती देकर आगाह करता व मौक़ा देता है कि अपने को सवाँर लें। काफ़िरों की ख़ुशहाली से यह हासिल नहीं कि यह ख़ुशहाली ही बड़ी चीज़ है। अगर यह होता तो अल्लाह चाँदी सोने से पाट सकता था। नहीं, आख़िरत का सुख ही सच्चा सुख है। आयत ३२ से ३५ व उनके फ़ुटनोट ♦ ‡ पृष्ट ८११-८१३ में यही खुलासा किया गया है। आ० ३५ में 'ज़ुख़रुफ़'—सोनहरी 'सजावट' इसी शब्द पर सूर: का नामकरन किया गया है। मुशरिक अल्लाह के बेटियाँ और ईसाई बेटा क़ायम करते थे। उनको दलीलों से काटकर समझाया गया है।

♦ हमारे छिपे से छिपे काम भी अल्लाह से छिपे नहीं हैं। हम उससे कहीं भी भाग कर बच नहीं सकते।

☆ ४४ सूरतुद्दुख़ानि ६४ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १४६५ हुरूफ़, ३४६ शब्द, ५६ आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

हामीम् ज (१) ∴ वल्किताबिल्मुबीनि ∴ ला (२) अन्ना अन्ज़ल्नाहु फ़ी लैलतिम्-मुबारकतिन् अन्ना कुन्ना मुन्ज़िरीन (३) फ़ीहा युफ़्रक़ु कुल्लु अम्रिन् ह़कीमिन् ला (४) अम्रम्-मिन् अिन्दिना त अन्ना कुन्ना मुर्सिलीन ज (५) रह़मतम्-मिर्रब्बिक त अिन्नहु हुवस्समीअुल्-अलीमु ला (६) रब्बिस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा म ● अिन् कुन्तुम् मूक़िनीन (७) ला अिलाह अिल्ला हुव युह़्यी व युमीतु त रब्बुकुम् व रब्बु आबाअिकुमुल्-औवलीन (८) बल् हुम् फ़ी शक्कींयल्अ़बून (९) फ़र्तक़िब् यौम तअ़्तिस्समाउ बिदुख़ानिम्-मुबीनिन् ला (१०) य़ग़्शन्नास त हाजा अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (११) रब्बनक्शिफ़् अन्नल्-अ़ज़ाब अिन्ना मुअ़्मिनून (१२) अन्ना लहुमुज्जिक्रा व क़द् जाअहुम् रसूलुम्-मुबीनुन् ला (१३) सुम्म तवल्लौ अन्हु व क़ालू मुअ़ल्लमुम्-मज्नूनुन् म ● (१४) अिन्ना काशिफ़ुल्-अ़ज़ाबि क़लीलन् अिन्नकुम् आअिदून म ● (१५) यौम नब्तिशुल्-बत्शतल्-कुब्रा ज अिन्ना मुन्तक़िमून (१६) व लक़द् फ़तन्ना क़ब्लहुम् क़ौम फ़िर्औन व जाअहुम् रसूलुन् करीमुन् ला (१७) अन् अद्दू अिलैय अिबादल्लाहि त अिन्नी लकुम् रसूलुन् अमीनुन् ला (१८) व'व अल्ला तअ़्लू अ़लल्लाहि ज अिन्नी आतीकुम् बिसुल्तानिम्-मुबीनिन् ज (१९) व अिन्नी अुज्तु बिरब्बी व रब्बिकुम् अन् तर्जुमूनि ज (२०) व अिल्लम् तुअ़्मिनू ली फ़अ़्तज़िलूनि (२१) फ़दआ रब्बहू अन्न हाअुलाअि क़ौमुम्-मुज्रिमून (२२) ● फ़अस्रि बिअिबादी लैलन् अिन्नकुम् मुत्तबअ़ून ला (२३) वत्रुकिल्-बह्र रह्वन् त अिन्नहुम् जुन्दुम्-मुग़्रक़ून (२४) कम् तरकू मिन् जन्नातिंव्व अुयूनिन् ला (२५) व'व ज़ुरूअिंव्व मक़ामिन् करीमिन् ला (२६)

✪ ४४ सूरतुद्दुख़ानि ६४ ✪

(मक्की) इसमें १४६५ अक्षर, ३४६ शब्द, ५६ आयतें और ३ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हा-मी[1]म् । (१) क़सम है (अल्लाह की हिदायत को साफ़-साफ़ दिखाने वाली इस) रौशन किताब की।(२) हमने एक मुबारक रात[७] में इसको उतारा—बेशक हमही कह सुनाने वाले हैं। (३) (दुनिया की) हर पुख़्ता (तत्व की) बात उसी रात को फ़ैसला हुआ करती है@। (४) हमारे ख़ास हुक्म से (ऐ पैग़म्बर !) बेशक हम ही (क़ुर्आन को रसूल के ज़रिये) भेजनेवाले हैं।(५) (यह) तेरे परवरदिगार की मेहरबानी है। वह (सब कुछ) सुनता और जानता है।(६) आसमानों का और ज़मीन का और जो कुछ उनके बीच है उनका मालिक वही है●। अगर तुमको यक़ीन हो—(७) उसके सिवाय कोई माबूद (पूज्य) नहीं कि वही जिलाता और मारता है और (वही) तुम्हारा और तुम्हारे अगले बाप-दादों का परवरदिगार है। (८) कुछ नहीं, (इनको यक़ीन कहाँ ?) वे तो शक में खेल रहे हैं। (९) सो उस दिन (के अ़ज़ाब) का इन्तिज़ार करो जिस दिन आसमान से प्रत्यक्ष धुआँ ज़ाहिर होगा+।(१०) (और वह) सब लोगों पर छा जायगा। यह दुखदाई अ़ज़ाब होगा। (११) ऐ परवरदिगार ! हम पर से इस अ़ज़ाब को टाल दे, हम ईमान लाते हैं (१२) वह क्योंकर शिक्षा पकड़ेंगे और इनके पास पैग़म्बर साफ़ तौर पर सुनानेवाला आ चुका। (१३) फिर इन्होंने उससे मुंह मोड़ा और कहा कि यह सिखाया हुआ दीवाना है।●§ (१४) हम सज़ा को थोड़े दिनों के लिए (तुम पर) हटा देंगे मगर तुम फिर वही (कुफ़्र इख़्तियार) करोगे।● (१५) हम जिस दिन बड़ी पकड़ (में गुनहगारों को) पकड़ेंगे, हम (पूरा) बदला ले लेंगे। (१६) और इनसे पहिले हम फ़िरऔन की क़ौम को आज़मा चुके हैं और इनके पास बड़े दर्जे का पैग़म्बर आया।(१७) (और उन्होंने आकर फ़िरऔन के लोगों से कहा) कि अल्लाह के बन्दे (इसराईल के बेटों को) मेरे हवाले करो, मैं तुम्हारे पास (अल्लाह का) भेजा हुआ आया हूँ और (अल्लाह की आयतों का) अमानतदार हूँ।(१८) और यह (कहा) कि अल्लाह के मुक़ाबिले सरकशी (में हद पार) न करो। मैं साफ़ दलील तुम्हारे पास लेकर आया हूँ।(१९) और इससे कि तुम मुझको पत्थरों से मारो मैं अपने परवरदिगार और तुम्हारे परवरदिगार की पनाह ले चुका हूँ। (वह मेरी रक्षा करेगा।) (२०) और अगर तुम मेरी बात पर ईमान नहीं लाते हो तो मुझसे अलग ही हो जाओ (ताकि मैं अपनी क़ौम को लेकर अपनी राह पकड़ूँ।) (२१) (लेकिन इस पर भी जब वे शरारत से बाज़ न आये) तब मूसा ने अपने परवरदिगार को पुकारा कि (या अल्लाह !) यह लोग अपराधी हैं। (२२)● (अल्लाह ने फ़रमाया कि) मेरे बन्दों (यानी इसराईल के बेटों) को रातोंरात लेकर निकल जाओ, अलबत्ता (फ़िरऔन) तुम लोगों का पीछा करेगा। (२३) और दरिया को ठहरा हुआ (यानी ख़ुश्क पाकर) पार हो जाना कि (उसके बाद) फ़िरऔनियों का सारा लश्कर डुबो दिया जायगा। (२४) यह (फ़िरऔन के) लोग कितने बाग़ और नहरें (अपनी तबाही के बाद बतौर यादगार) छोड़ गये, (२५) और (कितने) खेत और ख़ासे महल, (२६)

व. ला ज़िम ● व. ला ज़िम ● व. ला ज़िम ● सु. ४४ । ३७

---

* हामी[1]म से शुरू होने वाली यकेबाद दीगरे उतरने वाली सात सूरतों के सिलसिले की ❀[पेज ८२८ पर]
७ वह पवित्र रात जिसमें क़ुर्आन ❀[पेज ८२८ पर] @ यह वह रात है जब अल्लाह ♦[पेज ८२८ पर]
+ अरब के निवासी सबसे बड़ी और ❀[पेज ८२८ पर] § काफ़िर कहते थे कि यह क़ुर्आन ‡[पेज ८२८ पर]

व नज़्मवित्न् कानू फ़ीहा फ़ाकिहीन ला (२७) कजालिक किफ़् व औरस्नाहा क़ौमन् आख़रीन (२८) फ़मा बकत् अलैहिमुस्समा'अु वल्अर्ज़ु व मा कानू मुन्ज़रीन (२९) ★ व लक़द् नज्जैना बनी' अिस्रा'ील मिनल् - अज़ाबिल् - मुहीनि ला (३०) मिन् फ़िर्'औन त् अिन्नहू कान आलियम्-मिनल्-मुस्रिफ़ीन (३१) व लक़दिख़्तर्नाहुम् अला अिल्मिन् अलल् - आलमीन ज (३२) व आतैनाहुम् मिनल्आयाति मा फ़ीहि बला'उम् - मुबीनुन् (३३) अिन्न हा'उला'अि लयक़ूलून ला (३४) अिन् हिय अिल्ला मौततुनल् - ऊला व मा नहनु बिमुन्शरीन (३५) फ़अ्तू बिआबा'अिना' अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (३६) अहुम् ख़ैरुन् अम् क़ौमु तुब्बअिन् ला व'वल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् त् अह्लक्नाहुम् ज् अिन्नहुम् कान मुज्रिमीन (३७) व मा ख़लक़्नस्समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा लाअिबीन (३८) मा ख़लक़्नाहुमा' अिल्ला बिल्हक़्क़िक़ व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ्लमून (३९) अिन्न यौमल्फ़स्लि मीक़ातुहुम् अज्मअीन ला (४०) यौम ला युग़्नी मौलन् अम्मौलन् शैअँव ला हुम् युन्सरून ला (४१) अिल्ला मर्रहिमल्लाह त् अिन्नहू हुवल्-अज़ीज़ुर्रहीमु (४२) ★ अिन्न शजरतज़्ज़क़्क़ूमि ला (४३) तआमुल्-असीमि ज़ सला ∴ (४४) कल्मुहलि ज़ ∴ यग़्ली फ़िल्बुतूनि ला (४५) कग़ल्यिल् - हमीमि (४६) ख़ुज़ूहु फ़अ्तिलूहु अिला सवा'अिल् - जहीमि क़ सला (४७) सुम्म सुब्बू फ़ौक़ रअ्सिहि मिन् अज़ाबिल् - हमीमि त् (४८) जुक़् ज़ ला अिन्नक अन्तल्-अज़ीज़ुल्-करीमु (४९) अिन्न हाजा मा कुन्तुम् बिहि तम्तरून (५०) अिन्नल्मुत्तक़ीन फ़ी मक़ामिन् अमीनिन् ला (५१) फ़ी जन्नातिव्व अुयूनिन् ज़ ला (५२) य'यल्बसून मिन् सुन्दुसिव्व अिस्तब्रक़िम् - मुतक़ाबिलीन ज़ ला (५३) कजालिक किफ़् व ज़ौवज्नाहुम् बिहूरिन् अीनिन् त् (५४) यद्अून फ़ीहा बिकुल्लि फ़ाकिहतिन् आमिनीन ला (५५)

और आराम के सामान जिनमें मज़े उड़ाया करते थे (यह सब यहाँ का यहाँ छोड़ मरे।) (२७) ऐसे ही (हुआ), और हमने एक दूसरी क़ौम को इन चीज़ों का वारिस बना दिया। (२८) फिर उन (रुतबे वाले फ़िर्औनियों की तबाही) पर न तो आसमान ही रोया और न ज़मीन ही रोई और न उनको मुहलत ही मिल पाई (कि अपना कुछ बचाव खोजते।) (२९) ✱ रु. १ — १४ आ २६

और हमने इसराईल के बेटों को ज़िल्लत की मार से छुटकारा दिलाया, (३०) जो फ़िर्औन की तरफ़ से थी। वह बेशक सरकश व हद्द से बाहर हो रहा था। (३१) और इसराईल की औलाद को हमने जान समझकर संसार के लोगों पर (उस समय) पसन्द किया (और श्रेष्ठता दी।) (३२) और (हमने) उनको निशानियाँ दीं जिनमें प्रत्यक्ष जाँच थी।छ (३३) यह (मक्का के मुशरिक) तो कहते ही हैं— (३४) यह कुछ नहीं, हमारा (यह मरना) यह पहिली बार का मरना है और हम दोबारः नहीं उठाये जायँगे। (३५) (और रोज़ क़ियामत में दोबारः मुर्दों के ज़िन्दः होने का) दावा अगर तुम्हारा सच है तो पस हमारे बाप-दादों को (ज़िन्दः कर) ले आओ। (३६) (तो ऐ पैग़म्बर!) भला यह लोग बढ़कर हैं या तुब्बअ× की क़ौम के लोग। और उनसे पहिले के लोग (ज़्यादः बढ़े चढ़े थे) जिनको हमने (उनके ज़ालिम हो जाने के बाद) हलाक कर मारा। बेशक वे गुनहगार थे। (३७) और हमने आसमानों और ज़मीन को और जो चीज़ें आसमान और ज़मीन में हैं खेल नहीं बनाया। (३८) हमने उनको ठीक काम पर (नियत उद्देश्य से) बनाया मगर बहुधा लोग नहीं समझते। (३९) बेशक फ़ैसले का (यानी क़ियामत का) दिन इन सबका मुक़र्रर है। (४०) उस दिन कोई दोस्त किसी दोस्त के कुछ काम न आयेगा और न उन्हें (कहीं से) मदद पहुँचेगी। (४१) मगर जिस पर अल्लाह कृपा करे (उसको मदद पहुँच सकती है।) बशक वह बड़ा ज़बरदस्त और बेहद रहमवाला है। (४२) ✱ रु. २ — १५ आ १३

बेशक सेहुँड़ (थूहड़) का पेड़! (४३) (यह) पापी का खाना होगा। (४४) जैसे पिघला ताँबा (खौलता है उसी तरह) पेटों में खौलेगा; (४५) जैसे खौलता पानी! (४६) (हम फ़रिश्तों को आज्ञा देंगे कि) इसको पकड़ो और घसीटते हुए दोज़ख़ के बीचोबीच ले जाओ। (४७) फिर इसके सिर पर खौलता हुआ पानी का अज़ाब डालो। (४८) (अब) मज़ा चख, तू (ही तो दुनिया का) बड़ा इज़्ज़तवाला सरदार है(न?) (४९) यह (दोज़ख़) है जिसकी निस्बत तुम शक किया करते थे।(५०) बेशक परहेज़गार लोग चैन की जगह होंगे, (५१) बाग़ों और चश्मों में। (५२) रेशमी महीन और मोटी (तरह तरह की) पोशाकें पहने हुए आमने-सामने बैठे होंगे। (५३) ऐसा ही होगा! और बड़ी-बड़ी आँखोंवाली (गोरी) हूरों से हम उनका ब्याह कर देंगे।(५४) वहाँ ख़ातिर जमा से (मनचाहे) मेवे मँगवाते (व खाते) होंगे।(५५)

छ ह० मूसा अ० से लेकर ह० ईसा अ० तक यहूदियों को ज़मीन पर बड़े रुतबे दिये। पैग़म्बर आते रहे, बड़े बड़े चमत्कार, ह० दाऊद अ० ह० सुलैमान अ० जैसे पैग़म्बर बादशाह, अिल्म व बड़ी ख़ुशहालियाँ दीं उनके नेक आमालों के बदले, और इसलिए भी कि जाँचे कहीं वे इन रुतबों से मदहोश और ज़ालिम तो नहीं हो गये। आख़िर जब हो गये तो जाँच पूरी हुई और उनको भी ज़वाल व बरबादी का मुँह देखना पड़ा। दुनिया की हर तरक़्क़ी वाली क़ौम के लिए इसमें बहुत (शिक्षा) है। × तुब्बअ़ यमन के शाह का ख़िताब था। वह ख़ुद तो ईमानवाला हुआ लेकिन उसकी क़ौम काफ़िर थी।

ला यज़ूकून फ़ीहल्मौत अिल्लल्मौतत्तुल्-अूला ज़ व वक़ाहुम् अजाबल्-जहीमि ला (५६) फ़ज़्लम् - मिर्रब्बिक त़ जालिक हुवल्-फ़ौज़ुल्-अज़ीमु (५७) फ़अिन्नमा यस्सर्नाहु बिलिसानिक लअ़ल्लहुम् यतज़क्करून (५८) फ़र्तक़िब् अिन्नहुम् मुर्तक़िबून (५९) ★

रु. ३ १६ आ. १७

✪ ४५ सूरतुल्-जासियति ६५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के २१३१ हुरूफ़ ४९२ शब्द ३७ आयतें और ४ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

हामी'म् ज़ (१) तन्ज़ीलुल्-किताबि मिनल्लाहिल्-अज़ीज़िल्-हकीमि (२) अिन्न फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि लआयातिल्-लिल्मुअ्मिनीन त़ (३) व फ़ी ख़ल्क़िकुम् व मा यबुस्सु मिन् दा'ब्बतिन् आयातुल्लिक़ौमिं-यूक़िनून ला (४) वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि व मा' अन्ज़लल्लाहु मिनस्समा'अि मिर्रिज़्क़िन् फ़अह्या बिहिल्अर्ज़ बअ़्द मौतिहा व तस़्रीफ़िर्-रियाहि आयातुल्-लिक़ौमिं-यअ़्क़िलून (५) तिल्क आयातुल्लाहि नत्लूहा अ़लैक बिल्हक़्क़ि ज़ फ़बिअ़ैयि हदीसिम्-बअ़्दल्लाहि व आयातिहत़् युअ्मिनून (६) वैलुल्-लिकुल्लि अफ़्फ़ाकिन् असीमिन् ला (७) य'यस्मअु आयातिल्लाहि तुत्ला अ़लैहि सुम्म युसिर्रु मुस्तक्बिरन् कअल्लम् यस्मअ़्हा ज़ फ़बश्शिर्हु बिअ़ज़ाबिन् अलीमिन् (८) व अिजा अ़लिम मिन् आयातिना शैअनित्तख़ज़हा हुज़ुवन् त़ अुला'अिक लहुम् अ़ज़ाबुम्-मुहीनुन् त़ (९) मिंव्वरा'अिहिम् जहन्नमु ज़ व ला युग़्नी अ़न्हुम् मा कसबू शैअौंव ला मत्तख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि औलिया'अ ज़ व लहुम् अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीमुन् त़ (१०) हाजा हुदन् ज़ वल्लज़ीन कफ़रू बिआयाति रब्बिहिम् लहुम् अ़ज़ाबुम्-मिर्रिज़्ज़िन् अलीमुन् (११) ★ अल्लाहुल्लज़ी सख़्ख़र लकुमुल्-बह्र लितज़्रियल्-फ़ुल्कु फ़ीहि बिअम्रिहत़् व लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिहत़् व लअ़ल्लकुम् तश्कुरून ज़ (१२)

रु. १ १७ आ. ११

पहली मौत के सिवाय वहाँ उनको मौत न चखनी पड़ेगी, और (अल्लाह ने) उन्हें दोज़ख़ के अज़ाब से बचा लिया, § (५६) (ऐ पैग़म्बर !) तेरे परवरदिगार की कृपा से। यह बड़ी कामयाबी है। (५७) सो हमने इस (क़ुर्आन) को तेरी बोली में (यानी इन लोगों की ज़बान अरबी में उतार कर) आसानी कर दी है, शायद वे याद रक्खें। (५८) तो अब तू भी राह देख वे भी राह देखते हैं। (५९) ★ रु. ३ १६ आ १७

✪ ४५ सूरतुल्जासियति ६५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २१३१ अक्षर, ४९२ शब्द, ३७ आयतें और ४ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हा-मी*म। (१) (यह) ज़बरदस्त और हिकमतवाले अल्लाह की उतारी हुई किताब है। (२) बेशक ईमान लाने वालों के लिए आसमानों और ज़मीन में (अल्लाह की क़ुदरत की बहुतेरी) निशानियाँ हैं। (३) और (लोगो !) तुम्हारी पैदाइश में और जानवरों में जिनको (ज़मीन पर) बिखेरता रहता है, उन लोगों के लिए जो यक़ीन रखते हैं निशानियाँ हैं। (४) और रात व दिन के (एक के बाद दूसरे के) आने-जाने में और रोज़ी (यानी पानी) जिसे अल्लाह ने आसमान से उतारा, फिर उसके ज़रिये से ज़मीन को उसके मर (यानी खुश्क हो) जाने के बाद ज़िन्दः कर देने में और हवाओं की तब्दीलियों में अक़्ल से काम लेनेवालों के लिए (अल्लाह की क़ुदरत की बहुतेरी) निशानियाँ हैं। (५) (ऐ पैग़म्बर !) यह (मुझ) अल्लाह की आयतें हैं जिन्हें हम तुमको (ठीक-) ठीक पढ़कर सुनाते हैं। फिर अल्लाह और उसकी आयतों के बाद और कौन-सी बात होगी जिसे सुनकर (यह लोग) ईमान लायेंगे। (६) हरएक झूठे गुनहगार के लिए अफ़सोस है, (७) कि अल्लाह की आयतें उसके सामने पढ़ी जाती हैं, (और वह) उनको सुनता है फिर (भी) मारे घमण्ड के अड़ा रहता है गोया उसने इन (आयतों) को सुना ही नहीं। तो (ऐ पैग़म्बर !) ऐसों को दुखदाई अज़ाब की ख़ुशख़बरी सुना दो। (८) और जब हमारी आयतों की कुछ भी ख़बर पाता है तो उनकी हँसी उड़ाता है। ऐसे लोगों के लिए ज़िल्लत का अज़ाब है। (९) इनके सामने दोज़ख़ है और जो कुछ कर्म (वह दुनिया में) करते रहे और जिनको इन्होंने अल्लाह के सिवाय वली (सरपरस्त) बना रखा था इनके कुछ काम न आयेंगे और उनके लिए बड़ा (दुखदाई) अज़ाब होगा†। (१०) यह (क़ुर्आन) हिदायत (यानी राह दिखाती) है, और जो लोग अपने परवरदिगार की आयतों के इन्कार करनेवाले हुए उनको बड़े दुखदाई अज़ाब की मार है। (११) ★ रु. १ १७ आ ११

अल्लाह ही है जिसने नदी को तुम्हारे वश में कर दिया है ताकि अल्लाह के हुक्म से उसमें जहाज़ चलें और तुम लोग उसकी कृपा से रोजी ढूँढो और शायद तुम (अल्लाह का) शुक्र मानो। (१२)

---

§ ईमानवाले हैं तो क्या हुआ ? कोई बशर ऐसा नहीं जो गुनाह से बिलकुल बचा हो। लेकिन अल्लाह बुरे से बचने और नेकी पकड़नेवालों के गुनाह माफ़ कर देता व अज़ाब से बचा लेता है। † लोग दुनिया में ज़ोर व माल कमाते हैं और तमाम दोस्त, पीर व अनेक माबूद (पूज्य) बनाते हैं और समझते हैं कि अगर कभी क़ियामत जैसी अनहोनी चीज़ का सामना पड़ता भी है तो ये सब हमारी मदद करेंगे और हमारा कुछ न बिगड़ेगा। इस आयत के ज़रिये हिदायत है कि ये कुछ काम न आयेंगे। उनके बुरे आमाल के सबब दोज़ख की मार उनके लिए तैयार है।

* हा-मी*म से शुरू होने वाली यकेबाद दीगरे नाज़िल सात सूरतों के सिलसिले की यह [पेज ८२८ पर]

व सख़्ख़र लकुम् मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि जमीअम् - मिन्हु त् अिन्न फ़ी ज़ालिक लआयातिल् - लिक़ौमिं - यतफ़क्करून (१३) क़ुल् लिल्लज़ीन आमनू यग़्फ़िरू लिल्लज़ीन ला यर्जून अैयामल्लाहि लियज्ज़िय क़ौमम् - बिमा कानू यक्सिबून (१४) मन् अमिल सालिहन् फ़लिनफ़्सिहि ज् व मन् असा अ फ़अ्लैहा ज् सुम्म अिला रब्बिकुम् तुर्जअून (१५) व लक़द् आतैना बनी अिस्रा अीलल्-किताब वल्हुक्म वन्नुबूवत्त व रज़क़्नाहुम् मिनत्तैयिबाति व फ़ज़्ज़ल्नाहुम् अलल् - आलमीन ज् (१६) व आतैनाहुम् बैयिनातिम् - मिनल्अम्रि ज् फ़मख़्तलफ़ू अिल्ला मिम्बअ्दि मा जा अहुमुल्-अिल्मु ला बग़्यम् - बैनहुम् त् अिन्न रब्बक यक़्ज़ी बैनहुम् योमल्-क़ियामति फ़ीमा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (१७) सुम्म जअल्नाक अला शरीअतिम् - मिनल् - अम्रि फ़त्तबिअ्हा व ला तत्तबिअ् अह्वा अल्लज़ीन ला यअ्लमून (१८) अिन्नहुम् लैंयुग़्नू अन्क मिनल्लाहि शैअन् त् व अिन्नज़्ज़ालिमीन बअ्ज़ुहुम् औलिया अु बअ्ज़िन् ज् वल्लाहु वलीयुल् - मुत्तक़ीन (१९) हाजा बसा अिरु लिन्नासि व हुदौंव रह्मतुल्-लिक़ौमिं-यूक़िनून (२०) अम् हसिबल्-लज़ीनज्-तरहुस्-सैयिआति अन् नज़्अलहुम् कल्लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति ला सवा अम्महूया हुम् व ममातुहुम् त् सा अ मा यह्कुमून (२१) ★ व ख़लक़ल्लाहुस् - समावाति वल्अर्ज़ बिल्हक़्क़ि व लितुज़्ज़ा कुल्लु नफ़्सिम्-बिमा कसबत् व हुम् ला युज़्लमून (२२) अफ़रअैत मनित्तख़ज अिलाहहु हवाहु व अज़ल्लहुल्लाहु अला अिल्मिंव ख़तम अला समअिहि व क़ल्बिहि व जअल अला बसरिहि गिशावतन् त् फ़मैंयह्दीहि मिम्बअ्दिल्लाहि त् अफ़ला तज़क्करून (२३) व क़ालू मा हिय अिल्ला हयातुनद्दुन्या नमूतु व नह्या व मा युह्लिकुना अिल्लद्दह्रु ज् व मा लहुम् बिज़ालिक मिन् अिल्मिन् न अिन् हुम् अिल्ला यज़ुन्नून (२४)

रु. २ १८ आ १०

और जो कुछ आसमानों में है और ज़मीन में है उसने अपने हुक्म से उन सबको तुम्हारे काम में लगा रक्खा है। बेशक इनमें उन लोगों के लिए जो ध्यान देते हैं (अल्लाह की क़ुदरत की बहुतेरी) निशानियाँ हैं। (१३) (ऐ पैग़म्बर!) ईमानवालों से कहो कि जो लोग अल्लाह के दिनों का (जो अच्छे-बुरे आमाल का बदला देने के लिए मुक़र्रर हैं) डर नहीं रखते उनको दरगुज़र करें (और उनको अल्लाह के लिए छोड़ दें) ताकि अल्लाह उन लोगों को उनके किये का बदला दे§। (१४) जिसने नेक काम किये तो अपने लिए, और जिसने बुराई की तो अपने हक़ में। (आख़िरकार) तुम सबको अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटकर जाना है। (१५) और हमने इसराईल के बेटों को किताब (हिदायत) और (आला) हुकूमत और पैग़म्बरी दी और उम्दा पाक चीज़ें खाने को दीं और दुनिया जहान के लोगों पर उनको बड़प्पन दिया*।(१६) और (तौरात के ज़रिये) दीन की खुली-खुली बातें इन्हें अता कीं। फिर अिल्म आ चुकने के बाद आपस की ज़िद से ही यह लोग भेद डाल रहे हैं, (तो ऐ पैग़म्बर!) क़ियामत के दिन तुम्हारा परवरदिगार उनमें फ़ैसला कर देगा जिनमें ये झगड़ रहे हैं। (१७) फिर हमने तुमको दीन के एक रास्ते (शरीअत) पर लगाया सो तुम उस पर चलो और नादानों की ख़्वाहिशों पर मत चलो।(१८) यह (नादान और अन्यायी) अल्लाह के सामने तेरे कुछ काम न आवेंगे, और ज़ालिम (अन्यायी) एक दूसरे के दोस्त हैं और परहेज़गारों का दोस्त अल्लाह है। (१९) यह लोगों के लिए समझ की और राह की बातें हैं और उनके लिए (अल्लाह की) रहमत है जो यक़ीन करते हैं।(२०) वह जो बदी कमाते हैं क्या वह यह समझते हैं कि हम उनको उन लोगों के बराबर कर देंगे जो ईमान लाये और नेककार रहे और उनकी (व इनकी क्या) ज़िन्दगी और मौत यकसाँ होगी? यह बुरे (और नाहक़) दावे हैं जो वे करते हैं। (२१) ★ रु. २१—१८ आ १०

और अल्लाह ने आसमान और ज़मीन को हक़ (यानी उद्देश्य) के साथ पैदा किया और इसलिए कि हर किसी को उसके किये का बदला दिया जाये और लोगों पर (धागा भर भी) ज़ुल्म नहीं किया जायगा।+ (२२) (ऐ पैग़म्बर!) भला तुमने उस पर नज़र की जिसने अपनी (नफ़्सानी) ख़्वाहिश को† अपना पूजित ठहराया और जब वह जानते-बूझते हुए भी (गुमराही इख़्तियार कर रहा है, तो) अल्लाह ने (भी) उसे गुमराह कर दिया और उसके कानों पर और उसके दिल पर‡ मोहर लगा दी और उसकी आँखों पर पर्दा डाल दिया। तो अल्लाह के सिवाय अब उसको कौन राह पर ला सकता है? क्या तुम लोग (इतना भी) ध्यान नहीं देते! (२३) और कहते हैं बस हमारी तो यही दुनिया की ज़िन्दगी (ही ज़िन्दगी) है। (यहाँ) हम मरते हैं और जीते हैं और (मरते हैं तो) हमें ज़माना (काल) मारता है॥। और उनको इसका कुछ ज्ञान नहीं। निरी अटकलें दौड़ाते हैं। (२४)

§ यानी मुसलमान आप बदला लेने की फ़िक्र न करें, सज़ा देना अल्लाह पर छोड़ा जाय। हिदायत यह है कि ईमान न लाने पर इन्सान को हक़ नहीं कि उस पर ज़ोर जब्र या ज़ुल्म करने लगे। यह अल्लाह पर छोड़ना चाहिये। जो लोग ऐसा करते हैं ज़रूर उनके दिल में कोई दुश्मनी या डाह छिपी होती है अलबत्ता ईमान की वह आड़ ले लेते हैं। अलबत्ता अगर सोसाइटी को ज़रर पहुँचा रहा है और बदअमनी फैला रही है तब ज़रूर उसके ख़िलाफ़ जिहाद करना फ़र्ज़ है। * किताब से मतलब ज़बूर व तौरात, ह० दाऊद अ० ♦ [पिज ८२८ पर]
+ जिसने दुनिया में जैसे नेक या बद कर्म किये हैं ठीक उसको वैसा ही सवाब या अज़ाब ❋ [पिज ८२८ पर]
† सांसारिक वासनाएँ और तरह-तरह के मनोरथ। अल्लाह ने जो काम हराम (त्याज्य) @ [पिज ८२८ पर]
‡ यानी दिल दिमाग़ आँख कान साबित रहते भी उनको सही रास्ता सूझ-समझ नहीं ❋ [पिज ८२८ पर]
॥ यानी कालचक्र (दहर) बराबर चल रहा है। वही हमें दुनिया में मौत और ज़िन्दगी ✿। पिज ८२८ पर]

व अिजा तुत्ला अलैहिम् आयातुना बैयिनातिम् - मा कान हुज्जतहुम् अिल्ला अन् क़ालुअ्तू बिआबाअिना अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (२५) कुलिल्लाहु युहयीकुम् सुम्म युमीतुकुम् सुम्म यज्मअुकुम् अिला यौमिल् - क़ियामति ला रैब फ़ीहि व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला यअ्लमून (२६) ★ व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि तु व यौम तक़ूमुस्साअतु यौमअिज़िं- यख़्सरुल् - मुब्तिलून (२७) व तरा कुल्ल अुम्मतिन् जासियतन् क़िफ़् कुल्लु अुम्मतिन् तुद्आ अिला किताबिहा तु अल्यौम तुज्ज़ौन मा कुन्तुम् तअ्मलून (२८) हाजा किताबुना यन्तिक़ु अलैकुम् बिल्हक़्क़ि तु अिन्ना कुन्ना नस्तन्सिखु मा कुन्तुम् तअ्मलून (२९) फ़अम्मल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़युद्ख़िलुहुम् रब्बुहुम् फ़ी रहमतिहि तु जालिक हुवल्-फ़ौज़ुल्-मुबीनु (३०) व अम्मल्लजीन कफ़रू क़िफ़् अफ़लम् तकुन् आयाती तुत्ला अलैकुम् फ़स्तक्बर्तुम् व कुन्तुम् क़ौमम् - मुज्रिमीन (३१) व अिजा क़ील अिन्न वअ्दल्लाहि हक़्क़ुंवस्साअतु ला रैब फ़ीहा क़ुल्तुम् मा नद्री मस्साअतु ला अिन् नज़ुन्नु अिल्ला जन्नौंव मा नह्नु बिमुस्तैक़िनीन (३२) व बदालहुम् सैयिआतु मा अमिलू व हाक़ बिहिम् मा कानू बिहि यस्तह्ज़िअून (३३) व क़ीलल्यौम नन्साकुम् कमा नसीतुम् लिक़ाअ यौमिकुम् हाजा व मअ्वाकुमुन्नारु व मा लकुम् मिन् नासिरीन (३४) जालिकुम् बि-अन्नकुमुत्-तख़ज्तुम् आयातिल्लाहि हुज़ुवौंव ग़र्रत्कुमुल्- हयातुद्दुन्या ज फ़ल्यौम ला युख़्रजून मिन्हा व ला हुम् युस्तअ्तबून (३५) फ़लिल्लाहिल् - हम्दु रब्बिस्समावाति व रब्बिल् - अर्ज़ि रब्बिल् - आलमीन (३६) व लहुल्-किब्रियाअु फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तु व हुवल्-अज़ीज़ुल्-हकीमु (३७) ★

॥ इति पच्चीसवाँ पारः ॥

और जब इनको हमारी खुली आयतें पढ़कर सुनाई जाती हैं तो और कुछ नहीं बस यह हुज्जत करते हैं और कहते हैं कि अगर (मरने के बाद क़ियामत में दोबारा ज़िन्दः होने की बात में) तुम सच्चे हो तो हमारे बाप-दादों को (ज़िन्दः कर) ले आओ। (२५) (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो कि अल्लाह तुमको ज़िन्दगी देता है फिर (वह) तुम्हें मौत देगा फिर क़ियामत के दिन जिसमें कुछ संदेह नहीं कि वह तुमको इक्ट्ठा करेगा, मगर अक्सर लोग नहीं समझते। (२६) ★ रु. ३ | १६ आ ५

और आसमानों और ज़मीन का राज्य अल्लाह ही का है। और जिस दिन वह घड़ी (क़ियामत) क़ायम होगी उस दिन झूठे घाटे में होंगे (इसलिए कि आख़िरत पर ईमान न रखने के सबब उन्होने उस फ़ैसले के दिन के लिए कोई नेक अमल नहीं कर रखे।) (२७) और (ऐ पैग़म्बर! उस दिन) तू देखेगा कि हर गिरोह घुटने के बल बैठा होगा। हर गिरोह अपने (कर्म) लेखा के पास बुलाया जायगा। (और उनसे कहा जायगा कि) जैसे तुम काम करते थे आज उनका बदला पाओगे। (२८) यह हमारा दफ़्तर है (जो) तुम्हारे कामों का सच्चा हाल बतलाता है। जो कुछ तुम करते थे हम उनको लिखवाते जाते थे। (२९) सो जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये उनको उनका परवरदिगार अपनी कृपा में ले लेगा। यह प्रत्यक्ष कामयाबी है। (३०) और जो लोग इन्कार करते रहे थे (उनसे कहा जायगा कि) क्या तुमको हमारी आयतें पढ़-पढ़कर नहीं सुनाई जाती थीं फिर तुमने (सुनी अनसुनी की और उनसे) घमण्ड किया और तुम लोग गुनहगार हो रहे थे? (३१) और जब (तुमसे) कहा जाता था कि अल्लाह का वादा सच्चा है और (क़ियामत की) घड़ी में कुछ भी सन्देह नहीं तो तुम कहते थे कि हम नहीं जानते कि वह (क़ियामत की) घड़ी क्या चीज़ है। हाँ हमको एक ख़्याल-सा होता है, मगर हमको यक़ीन नहीं§ (३२) और जैसे-जैसे कर्म यह लोग करते रहे (उस दिन) उनकी ख़राबियाँ उन पर ज़ाहिर हो जायेंगी और जिस अज़ाब की ये हँसी उड़ाते थे वह उन्हें आ घेरेगा। (३३) और कहा जायगा कि जिस तरह तुमने (दुनिया में आख़िरी फ़ैसले के) इस दिन के आने को भुलाये रक्खा था उसी तरह आज हम भी तुम्हें भुला देंगे और तुम्हारा ठिकाना दोज़ख़ है और कोई तुम्हारा मददगार नहीं। (३४) यह उसकी सज़ा है कि तुमने अल्लाह की आयतों की हँसी उड़ाई और दुनिया की ज़िन्दगी में तुम बहँके रहे। सो आज न तो यह लोग नरक से निकाले जायँगे, और न इनकी तौबः क़ुबूल की जायगी। (३५) पस अल्लाह के लिए सब तारीफ़ है (जो) मालिक है आसमानों का और मालिक है ज़मीन का और मालिक है दुनिया जहान का। (३६) और आसमानों और ज़मीन में उसी की बड़ाई है; और वह बड़ा ज़ोरावर बहुत ही हिकमतवाला है। (३७) ★ रु. ४ | २० आ ११

॥ इति पच्चीसवाँ पारः ॥

§ ख़्याल इसलिए कि पहिले भी नबी आते रहे थे। क़ियामत की बाबत उनके कलामों से बिलकुल वे अनजान न थे। हाँ, यक़ीन नहीं रखते थे क्योंकि उनके बुरे अमल, जो शैतान उन्हें भले दिखाता था, उनको आख़िरत पर यक़ीन नहीं लाने देते था।

[पिज ८१६ से] ▩ यह पाचवीं सूरः है। आयत १० मे 'दुखान' यानी 'धुआँ' का शब्द आया है उसी पर सूरः का नामकरन है, किसी बड़े अज़ाब के वक्त चारो ओर धुआँ छा जाने का ज़िक्र है। इसी सिलसिले की सूरों के मज़मून के मुताबिक़ दुनियावी दौलत व ज़ोर के घमण्ड का आध्यात्मिक (रूहानी) ज़िन्दगी के सत्य के उजाले में धुएँ की तरह नेस्तनाबूद हो जाने की ज़ारों से व्याख्या की गई है। हर ईमानवाले गिरोह पर अल्लाह की बरकतें उतरती हैं, और उन्हीं लोगों के कुफ्र (अधर्म पर उतर आते ही अल्लाह की क़ुदरत उनको तबाह कर उनकी जगह दूसरे गिरोहों को सरसब्ज़ करती है। उन तबाह हुई क़ौमों की सिर्फ़ दास्तानें रह जाती हैं। क्या आसमान क्या ज़मीन कहीं कोई दो आँसू तक बहाने वाला नहीं रहता। ह० मूसा अ० वग़ैरः की क़ौमों की नज़ीरों (दृष्टान्तों) के अलावा इस सूरः में एक नई क़ौम 'तुब्बअ' की चरचा आई है। रसूल स० से लगभग हज़ार बरस पहले यमन में एक बड़ी सल्तनत हुई। शाहंशाह का ख़िताब तुब्बअ था इसलिए कि उसके ताबे दसियों हज़ार ग़ुलाम थे। पहिले शायद बुतपरस्त था। बाद को ईमान लाया। सो तौरात के दीन और बुतपरस्तों के दीन की जाँच के लिए आग जलाई गई। तौरात लेकर दो आलिम पैठे तो बच गये। बुतपरस्त 'बुत' लेकर पैठे तो जलने लगे और भाग खड़े हुये। शाह तुब्बअ तो ईमान पर क़ायम रहा लेकिन क़ौम बुतपरस्त बनी रही और आख़िर अज़ाब में बरबाद हो गई। इस सूरः में 'क़द्र की रात' का ज़िक्र है। वह पवित्र रात जब क़ुर्आन उतरना शुरू हुआ और जिस दिन अल्लाह के दिये दिव्य संदेश हमेशा उतरते हैं। देखिये आयत ३७ फ़ुटनोट × पृष्ठ ८२१।

[पिज८१६ से] ▩जैसे दिव्य ईश्वरी ग्रंथ का उतरना शुरू हुआ। पारः ३० वाँ ६७वीं सूरः अल् क़द्र में चरचा है। लोगों के ख़्याल में रमज़ान की २३, २५, २७वीं रात थी। [पिज ८१६ से] ♦ का दिव्य तत्वज्ञान (हिकमत) इन्सानों के लिए भेजा जाता है। [पिज ८१६ से ▩ बुरी आपत्ति को धुआँ कहते हैं। यहाँ आयत १५-१६ को नज़र में रखकर क़ियामत के अज़ाब की चरचा नहीं बल्कि बीच की दुनियावी तबाही व मुसीबतों का ज़िक्र समझ में आता है। [पिज ८१६ से] ‡ अल्लाह का उतारा नहीं बल्कि इस (मुहम्मद स०) ने किन्हीं की मदद से गढ़ा या गढ़वाया है। देखिये पारः १४ सूरः नह्ल आयत १०३ व फ़ुटनोट † पृष्ठ ४६५।

[पिज ८२३ से] छठी सूरः है। इसलिए इसके उतरने का समय भी नबूवत का मक्काकाल का वही समय है जब मुशरिक रसूल स० व ईमानवालों का बड़े ज़ोरों से विरोध कर रहे थे। आयत २८ में 'जासियः' शब्द आया है जिस पर सूरः का नामकरन है। 'जासियः'—याने आख़िरत के दिन लोग घबड़ाये हुये आजिज़ी के साथ घुटनों के बल बैठे अपने कर्मफल सुनने और अन्जाम का इन्तज़ार कर रहे होंगे। पिछली हामीम वाली सूरतों की तरह इसमें भी बड़े वज़न से अल्लाह फ़रमाता है कि यह क़ुर्आन लोगों की हिदायत के लिए हम उतार रहे हैं। रसूल सच्चा है, यह वाणी सच्ची है, आख़िरत का दिन सच्चा है और तुम्हारे आमाल हम सब लिखवाते जा रहे हैं जिनके मुताबिक़ तुम्हारे लिए सवाब-अज़ाब, जन्नत व दोज़ख भी बिलकुल सच्चा है। इस सूरः में चेताया गया है कि कोई यही रसूल अनोखा नया नहीं आया है। पिछले समय भी नबी आते रहे हैं। उनके जरिये उतरी किताबें भी क़ुर्आन ही थीं। उन पर ईमानलाने वाले भी मुस्लिम थे। हर ईश्वरीय ग्रंथ और उसका हर नबी एक ही दीन की ओर बुलाता रहा है।

[पिज ८२५ से] ♦ ह० सुलैमान अ० जैसे नबी बादशाह हुए और ह० मूसा अ० जैसे पैग़म्बर, और शरीअत व इख़लाक़ में दुनिया में अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) हुए— अरसे तक यहूदियों पर यह अल्लाह की रहमत रही। बाद को तौरात के हुक्मों को बदलने व नबियों को क़त्ल करने लगे और हमेशा के लिए बरबाद हुये। [पिज ८२५ से] ▩ मिलेगा। ज़रा भी अन्याय न होगा—यही अल्लाह के निज़ाम की ख़ूबी है। [पिज ८२५ से] ◎ और जो काम हलाल (ग्राह्य) ठहराये उनका उलटा करना इसलिए कि अपने दिल या इन्द्रियों को वैसा ही भाता है। यह पूरा शिर्क है—भले ही उन इच्छाओं को बुत बनाकर न पूजते हों। हासिल यही हुआ कि अल्लाह के हुक्म की नाफ़रमानी (अवज्ञा) की और ख्वाहिशों (वासनाओं) को पूजा। बिना मूरत बनाये या मूरत बनाकर – यह बिलकुल शिर्क के गुनाह में दाखिल है। [पिज ८२५ से] ▩ पड़ता। बारबार चेतावनी पाने पर भी कुफ्र पर ही मगन रहने के कारन अल्लाह भी उनके सोचने समझने की क़ूवतों पर ठप्पा लगा देता है। जो इनको पसन्द हैं वैसा ही वह दयावान इन्हें देता है। [पिज ८२५ से] ▩ देता रहता है। यहाँ मरकर फिर आख़िरत के लिए ज़िन्दा होकर कहीं और या अल्लाह के सामने हमेशा के लिए नहीं जाना है।

[पिज ८३५ से] अज़ाब ने उन्हें माटयामेट कर दिया और वह उपजाऊ ज़मीन ऊसर बन गई। इसी 'अहक़ाफ़' पर सूरः का नाम है। आ० १५-१६ में ईमानदार बेटों और आ० १७-१८ में सरकश बेटों के अपने वालदैन व अल्लाह की निस्बत ख़यालात का मुक़ाबिल (तुलनात्मक) बयान है। आयत २६ में जिन्नों की एक जमात का भी ज़िक्र है जिन्होंने रसूल स० के पास क़ुर्आन सुनने का मौक़ा पाया। जिन्न लोग ह० सुलैमान अ० के वक्त से तौरात से जानकार थे। उसी तरह की अल्लाह की एक किताब अपने रूबरू सुनकर वे उस पर ईमान लाये और आकर अपनी जमात को भी चेतावनी दी। आख़ीर में नबी स० को पिछले नबियों की तरह काफ़िरों के ज़ुल्मों पर सब्र क़ायम रखने की हिदायत है।

[पिज ८४१ से] रहनेवाले ईमानवालों ही की फ़तह होती है यह भरोसा देते हुये यह भी चेतावनी है कि अगर ईमानवालों ने अपने फ़र्ज़ पूरे न किये तो उनकी जगह दूसरे लोग या क़ौम अल्लाह ला बिठायेगा जो इन जैसे न होकर दीन की सही पैरवी करेंगे।

[पिज ८४३ से] युद्ध हुआ तो वह मक्का वालों का साथ देंगे। चुनाँचे मुनाफ़िक़ यहूदियों से छिपे तौर पर ईमानवालों के ख़िलाफ़ साज़िश व जासूसी करते थे। उनकी यह हरकतें अल्लाह ने ह० मुहम्मद स० पर ज़ाहिर कर दीं। [पिज ८४३ से] ◉ लड़ो, सब्र करो यहाँ तक कि दुश्मन इस हालत तक पस्पा हो जाय कि सचमुच सुलह का हुक्म हो। [पिज ८४३ से] कंजूसी करोगे तो दीन का काम तो न रुका रहेगा। तुम्हारी ही दुनिया व आक़िबत बिगड़ जायगी। अल्लाह तुम्हारी जगह दूसरे लोग ला जमायेगा जो दीन की राह में जान-माल लड़ायेंगे और तुम जैसे मुन्किर या मुँहचोर न होंगे।

[पिज ८४५ से] मुख्य चरचा है। हिजरी ६ मे हुदैबिया की सुलह के बाद मदीने में उतरी और प्रस्तुत भूमिका में इस सुलह का हाल ध्यान में चढ़ा लेने से सूरः की आयतों को समझने में आसानी होगी। रसूल का वतन से हिजरत (देश त्याग) किये ६ साल बीत चुके थे और उनके पैरो ईमानवालों की बड़ी ख्वाहिश थी कि अपने क़िब्ला काबः का काबः का चलकर उमरः करें। दस्तूर यह था कि विचारों में मतभेद होते हुये भी बग़ैर हथियार लिए काबः के दाख़िलः हज, उमरः, तवाफ़ के लिए सबको खुला था। रसूल स० हज़ार डेढ़ हज़ार मुसलमानों के साथ क़ुर्बानी के लिए जानवर लिए हुये उमरः के लिए मक्का को रवानः हुये। लेकिन क़ुरैशों ने हमशा के दस्तूर को तोड़कर इनको रोक दिया क़ुर्बान के जानवर भी रुके पड़े रहे। ह० उसमान रज़ि० सुलझाव के लिए भेजे गये। ख़बर उड़ी कि उनको काफ़िरों ने क़त्ल कर दिया है। इस पर ईमानवालों ने रसूल के हाथ मे हाथ देकर बैअत (प्रतिज्ञा) की कि हम क़ुरैशों से ह० उसमान रज़िः का बदला ले कर रहेंगे। बाद को वह ख़बर सही न उतरी। जंग के बादल उमड़े लेकिन अल्लाह की यही मसलहत हुई कि इस बार सुलह ही कर ली जाय। चुनाँचे क़रीब ही हुदैबिया के मैदान में सुलह की शर्तें तै हुईं जो देखने में मुसलमानों के हक़ में कमज़ोर थीं। लेकिन समय ने दिखाया कि वह सुलह फ़तहों से कहीं ज़्यादः फ़तह साबित हुई। दस बरस के लिए हुई सुलह के मुताबिक़ हर अरब का क़बीलः दोनों तरफ़ एक दूसरे से मेल मिलाप कर सकता था; इस साल मुसलमान बिला उमरः किये लौट जायँ; अगले साल बग़ैर हथियार लिए सिर्फ़ तीन दिन रहें; मक्का से कोई मुसलमान हिजरत करके मदीने आये तो मुसलमान उसको पनाह न दें और मक्का वापस कर दें। हाँ कोई इस्लाम से फिर कर मक्का लौटे तो मक्के वाले उसको वापस न करेंगे। मुसलमानों के लिए यह प्रत्यक्ष में दबी सन्धि यों फ़ायदेमन्द हुई कि ग़ैर मुसलमान अब आज़ादी से मुसलमानों के सम्पर्क में आने लगे और उनसे प्रभावित होकर ईमान में कसरत से दाख़िल होने लगे। सुलह के हासिल में क़ुरैशों से खटका टला तो आस पास के दूसरे दुश्मनों से निबटारा किया गया। ख़ैबर वग़ैरः कई यहूदी क़बीले सर किये गये जो मुसलमानों के ख़िलाफ़ हमेशा साज़िश करते रहते थे। यों इस्लाम को बढ़ने व मज़बूत होने का बड़ा मौक़ा मिला। आख़िर मक्का तो फ़तह होकर रहा और ईमानवालों को हज, उमरः व हुकूमत सभी दस्तयाब हुये। इस तौर पर यह सुलह भी फ़तह सिद्ध हुई। इसी मौक़े पर रसूल स० के साथ ख़तरा देखकर कुछ देहाती व कुछ मुनाफ़िक़ जी चुरा कर बैठ रहे थे। लेकिन सुलह से अमन देखकर पछताये और आइन्दा लड़ाइयों में माले ग़नीमत की लालच में चलने की दरख्वास्त की। उनसे इन्कार कर दिया गया यह कहकर कि आगे बड़ी लड़ाइयों में तुम्हारे ईमान का इम्तहान होगा। ईमान पर क़ायम रहोगे तो सफलता पाओगे। आयत १ व २५ व २७ के फ़ुटनोट भी देखिये।

छब्बीसवाँ पारः हामीम् ✱✱

✱ ४६ सूरतुल् - अह्क़ाफ़ि ६६ ✱

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के २७०६ हुरूफ़, ७५० शब्द, ३५ आयतें और ४ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

हामीम् ज (१) तन्ज़ीलुल् - किताबि मिनल्लाहिल् - अ़ज़ीज़िल् - हकीमि (२) मा ख़लक़्नस्समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा अिल्ला बिल्हक़्क़ि व अजलिम् - मुसम्मन् त़ वल्लजीन कफ़रू अ़म्मा अुन्जिरू मुअ़्रिज़ून (३) क़ुल् अरअैतुम् मा तद्अून मिन् दूनिल्लाहि अरूनी मा जा ख़लक़ू मिनल्अर्ज़ि अम् लहुम् शिर्कुन् फ़िस्समावाति त़ अीतूनी बिकिताबिम् - मिन् क़ब्लि हाजा औ असारिम्मिन् अिल्मिन् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४) व मन् अज़ल्लु मिम्मैयद्अू मिन् दूनिल्लाहि मल्ला यस्तजीबु लहू अिला यौमिल्-क़ियामति व हुम् अ़न् दुआ़अिहिम् ग़ाफ़िलून (५) व अिजा हुशिरन्नासु कानू लहुम् अअ़्दाअ़ौंव कानू बिअिबादति - हिम् काफ़िरीन (६) व अिजा तुत्ला अलैहिम् आयातुना बैयिनातिन् क़ालल्लजीन कफ़रू लिल्हक़्क़िल लम्मा जाअहुम् ला हाजा सिह्रुम् - मुबीनुन् त़ (७) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु त़ क़ुल् अिनिफ़्तरैतुहू फ़ला तम्लिकून ली मिनल्लाहि शैअन् त़ हुव अअ़्लमु बिमा तुफ़ीज़ून फ़ीहि त़ कफ़ा बिहि शहीदम् - बैनी व बैनकुम् त़ व हुवल् - ग़फ़ूरुर्रहीमु (८) क़ुल् मा कुन्तु बिद्अम् - मिनर्रुसुलि व मा अद्री मा युफ़्अलु बी व ला बिकुम् त़ अिन् अत्तबिअु अिल्ला मा यूहा अिलैय व मा अना अिल्ला नजीरुम् - मुबीनुन् (९) क़ुल् अरअैतुम् अिन् कान मिन् अिन्दिल्लाहि व कफ़र्तुम् बिहि व शहिद शाहिदुम् - मिम्बनी अिस्रा अील अला मिस्लिहि फ़आमन वस्तक्बर्तुम् त़ अिन्नल्लाह ला यह्दिल् - क़ौमज्ज़ालिमीन (१०) ★

✪✪ छब्बीसवाँ पारः (हा॰मी॰म्) ✪✪

✪ ४६ सूरतुल् अह्क़ाफ़ि ६६ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के २७०६ अक्षर, ७५० शब्द, ३५ आयतें और ४ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हा॰मी॰म (१) बेहद ज़बरदस्त बेशुमार हिकमतवाले अल्लाह ने (यह) किताब उतारी है। (२) हमने आसमानों और ज़मीन को और जो (आसमानों और ज़मीन के) बीच में है उनको एक हक़ (उद्देश्य) के साथ और एक नियत समय तक के लिए पैदा किया है। और काफ़िरों को जिस से डराया जाता है उसकी परवाह नहीं करते।(३) (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कहो कि भला देखो, तुम अल्लाह के सिवाय जिन (पूजितों) को पुकारते हो मुझको दिखाओ कि उन्होंने ज़मीन में क्या पैदा किया या आसमानों (की पैदाइश) में उनका कुछ साझा है ? अगर तुम सच्चे हो तो इससे पहिले की कोई किताब या अिल्म जो चला आता हो मेरे सामने पेश करो। (४) और उससे बढ़कर गुमराह कौन है जो अल्लाह के सिवाय ऐसे (पूजितों) को पुकारे जो क़ियामत के दिन तक उसको जवाब न दे सकें और उनको उनकी पुकार की ख़बर तक न हो।(५) और जब (क़ियामत के दिन सब) लोग इकट्ठा किये जायेंगे तो यह (पूजित उल्टे) उनके बैरी हो जायेंगे और उनकी पूजा से इन्कार करेंगे (क्योंकि उनको यह ख़बर ही न थी कि ये पूजनेवाले उनकी बुतें बनाकर पूज रहे थे।)(६) और जब हमारी खुली आयतें इनको पढ़कर सुनाई जाती हैं तो जो लोग इन्कार करनेवाले हैं (वे)हक़ (सत्य) बात के पहुँचने के बाद कहते हैं कि यह तो प्रत्यक्ष जादू है।(७) (ऐ पैग़म्बर!) क्या यह कहते हैं कि इस (क़ुर्आन) को इसने (अपने दिल से)गढ़ लिया है ? तू कह कि अगर मैंने इसको अपने दिल से बनाया है (और अल्लाह के नाम झूठ मढ़ रहा हूँ) तो तुम अल्लाह के मुक़ाबिले में मेरा कुछ (बचाव) नहीं कर सकते। जैसी-जैसी बातें तुम लोग बनाते हो वह उनको ख़ूब जानता है। वह मेरे और तुम्हारे बीच गवाह काफ़ी है, और वही क्षमा करनेवाला परम कृपालु है। (८) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि मैं कोई नया (पहला ही) पैग़म्बर नहीं आया हूँ और मैं नहीं जानता कि मेरे साथ क्या सलूक होगा और तुम्हारे साथ (क्या सलूक होगा।) मेरी तरफ़ जो 'वही' उतरती है (यानी जो मुझको हुक्म आता है) मैं उसी की पैरवी करता हूँ और मेरा काम खोलकर (अल्लाह के अज़ाब का) डर सुना देना है। (९) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो कि देखो तो अगर यह (क़ुर्आन सच में) अल्लाह की तरफ़ से हो और तुम इससे इन्कार कर बैठे और इसराईल के बेटों में से एक गवाह इसी तरह की एक किताब (के उतरने) की गवाही भी दे चुका है फिर वह ईमान लाया और तुम अकड़े ही रहे (तो उस हालत में तुम्हारा क्या अंजाम होगा ?)छ बेशक अल्लाह अन्यायियों को हिदायत नहीं दिया करता। (१०) ★ रु. १-१ आ १०

छ क़ुर्आन अल्लाह की किताब है यह उसके बेमिस्ल कलाम ही गवाही दे रहे हैं। फिर यहूदी जिन्हें तुम सभी अहले किताब और आलिम मानते हो उनमें से भी एक अिल्मवाला यह गवाही दे गया ‡ [पेज ८३३ पर]

* हा॰ मी॰म्॰ से शुरू होनेवाली यह सातवीं और आख़िरी सूरः है। सूरः के [पेज ८३३ पर]

व क़ाललज्जीन कफ़रू लिल्लजीन आमनू लौ कान ख़ैरम्मा सबक़ूना अिलैहि त् व अिज् लम् यह्तदू बिहत्ती फ़सयक़ूलून हाजा अिफ़्कुन् क़दीमुन् (११) व मिन् क़ब्लिहत्ती किताबु मूसा अिमामौंव रहूमत्वन् त् व हाजा किताबुम्-मुसद्दिक़ुल्-लिसानन् अरबीयल्-लियुन्जिरल्-लजीन ज़लमू क् सला व बुश्रा लिल्मुह्सिनीन ज् (१२) अिन्नल्लजीन क़ालू रब्बुनल्लाहु सुम्मस्तक़ामू फ़ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून ज् (१३) अुलाअिक अस्हाबुल् - जन्नति ख़ालिदीन फ़ीहा ज् जज़ाअम् - बिमा कानू यअ्मलून (१४) व वस्सैनल्-अिन्सान बिवालिदैहि अिह्सानन् त् ह्मलत्हु अुम्मुहू कुर्हौंव वज़्अत्हु कुर्हन् त् व ह्मूलुहू व फ़िसालुहू सलासून शह्रन् त् हत्ता अिजा बलग़ अशुद्दहू व बलग़ अर्बअीन सनत्वन् ला क़ाल रब्बि औज़िअ़्नी अन् अश्कुर निअ़्मतकल्लती अन्अ्मत अलैय व अला वालिदैय व अन् अअ़्मल सालिहन् तर्ज़ाहु व अस्लिह् ली फ़ी ज़ुर्रीयती ज् त् अिन्नी तुब्तु अिलैक व अिन्नी मिनल्-मुस्लिमीन (१५) अुलाअिकल्लजीन नतक़ब्बलु अन्हुम् अह्सन मा अमिलू व नतजावज़ु अन् सैयिआतिहिम् फ़ी अस्हाबिल्-जन्नति त् वअ़्दस्-सिद्क़िल्लजी कानू यूअदून (१६) वल्लजी क़ाल लिवालिदैहि अुफ़िफ़ल्लकुमा अतअिदानिनी अन् अुख़रज व क़द् ख़लतिल्-क़ुरूनु मिन् क़ब्ली ज् व हुमा यस्तग़ीसानिल्लाह वैलक आमिन् क् सला अिन्न वअ़्दल्लाहि हक़्कुन् ज् सला फ़यक़ूलु मा हाजा अिल्ला असातीरुल्-औवलीन (१७) अुलाअिकल्लजीन हक़्क़ अलैहिमुल्क़ौलु फ़ी अुममिन् क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहिम् मिनल्जिन्नि वल्अिन्सि त् अिन्नहुम् कानू ख़ासिरीन (१८)

और काफ़िर ईमानवालों की बाबत कहते थे कि अगर यह (दीन इस्लाम) बेहतर होता तो (ये मामूली आदमी) हमसे पहिले उसकी तरफ़ न दौड़ते (बल्कि हम दाना-परख और अिल्म वाले ही पहले ईमान लाते।) और (सच तो यह है कि इनके घमण्ड के कारन) जब क़ुर्आन से इनको हिदायत न हुई तो अब (सिवाय इसके और क्या) कहेंगे कि यह पुराना झूठ है (जो ज़मानों से लोग दुहराते चले आये हैं।)† (११) और इस (क़ुर्आन) से पहिले मूसा की किताब (तौरात) राह बताने वाली और रहमतवाली थी। और यह किताब (क़ुर्आन) अरबी भाषा में उसकी तसदीक़ (पुष्टि) करती है कि अन्यायी डराये जावें और नेकीवालों को खुशख़बरी सुनाई जाय। (१२) बेशक जिन लोगों ने कहा कि हमारा परवरदिगार अल्लाह है फिर (इसी विश्वास पर) जमे रहे तो न तो उन पर डर होगा और न वह उदास होंगे। (१३) यही बहिश्त के हक़दार हैं कि उसमें हमेशा रहेंगे। यह उनके कर्मों का बदला है जो (दुनिया में वे) करते रहे (१४) और हमने आदमी को माता पिता के साथ भलाई करने की ताकीद की है। कि उसकी माता ने उसको पेट में रखा तकलीफ़ उठाकर और उसको जना तकलीफ़ उठाकर। और उसका पेट में रहना और उसके दूध का छूटना (कम से कम कहीं) तीस महीने में (जाकर तमाम होता है)। यहाँ तक कि जब (आदमी) अपनी पूरी ताक़त को पहुँचता है यानी ४० बरस की उम्र हुई, तो कहने लगा कि ऐ मेरे परवरदिगार मुझको तौफ़ीक़ दे कि तू ने जो मुझ पर और मेरे मा बाप पर इहसान किये हैं उनका शुक्र मानूँ और (यह तौफ़ीक़ दे कि) मैं ऐसे नेक काम करूँ जिससे तू खुश हो और मेरी औलाद में (भी) नेकबख़्ती दे। मैंने तेरी तरफ़ लौ लगाई और मैं फ़रमाबरदारों (आज्ञाकारियों) में हूं। (१५) यही लोग हैं जिनके भले कामों को हम क़बूल करते और इनके अपराधों को दरगुज़र करते हैं। यही बहिश्त के हक़दारों में से हैं कि ऐसा सच्चा वादा इनसे किया जाता है। (१६) और जिसने अपने मा बाप से कहा कि मैं तुमसे बेज़ार हूँ कि क्या तुम मुझको वादा देते हो कि मैं (क़ब्र से ज़िन्दा) निकाला जाऊँगा (हालाँकि) मुझसे पहिले कितने गरोह गुज़र चुके हैं (और किसी को मरकर जीते न देखा) और वे दोनों (माता-पिता) अल्लाह से दुहाई देते हैं (और बेटे से कहते हैं कि) हाय, तुझ पर अफ़सोस! (तुझसे फिर कहते हैं कि) ईमान ला। बेशक अल्लाह का (क़ियामत का) वादा सच्चा है। फिर (बेटा) कहता है कि यह तो (और कुछ नहीं) अगलों की निरी कहानियाँ हैं।§ (१७) (ये) वह लोग हैं कि जिन पर अज़ाब की बात साबित हो चुकी, शामिल हैं उन जिनों और इन्सानों के गरोहों में जो इनसे पहले गुज़र चुके हैं। बेशक यह लोग घाटे वालों में हैं।+ (१८)

[पिछ ८३१ से] ‡ है कि हाँ तौरेत में क़ुर्आन और रसूल ह० मुहम्मद स० की पेशीनगोई मौजूद है। इस पर भी तुम झुठलाते हो तो अगर आख़िरत सचमुच हुई तो तुम्हारी क्या गत होगी?

[पिछ ८३१ से] ✠ उतरने के समय और मज़मून के लिहाज़ से इसमें भी मक्का के सरकश मुशरिकों को ज़ोर देकर समझाया गया है कि यह क़ुर्आन अल्लाह की ओर से उतरा है और उनको पिछली सरकश क़ौमों की नज़ीरें (दृष्टांत) देते हुये समझाया गया है कि पिछली क़ौमों ने जिस तरह अपने ज़माने के पैग़म्बरों को [पिछ ८३५ पर]

† इस्लाम पर शुरू में ईमान लानेवालों में छोटे तबक़े के लोग ज़्यादः थे। धनी-मानी क़ुरैश कहते थे कि अगर यह दीन क़बूल के लायक़ होता तो हम जैसे आलिम, दाना और इज़्ज़तदार लोग ही शुरू मे इसे अपनाते। लेकिन यह तो वह झूठ है जो पुराने ज़माने से लोग कहते चले आ रहे हैं। ये नादान मामूली लोग ही इस पर फिसल सकते हैं। § यह दीनदार वालदैन अपनी काफ़िर औलाद को समझाते हैं और वह नहीं समझता। + पिछली क़ौमों में जो इन्सान या जिन्न गुनहगार हो गुज़रे हैं उनको जिस अज़ाब का हक़दार ठहराया गया है उसी अज़ाब में इनको भी शामिल किया जायगा।

व लिकुल्लिन् दरजातुम् - मिम्मा अमिलू ज़ व लियुवफ़्फ़यहुम् अअ़्मालहुम् व हुम् ला युज़्लमून (१९) व यौम युअ़्रज़ुल्लजीन कफ़रू अलन्नारि ऩ् अज़्हब्तुम् तैयिबातिकुम् फ़ी ह़यातिकुमुद्दुन्या वस्तम्तअ़्तुम् बिहा ज़ फ़ल्यौम तुज़्ज़ौन अ़जाबल्हूनि बिमा कुन्तुम् तस्तक्बिरून फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल् - हक़्क़ि व बिमा कुन्तुम तफ़्सुक़ून (२०) ★ वज्कुर् अख़ा आदिन् ऩ् अिज़् अन्ज़र क़ौमहू बिल्अह्क़ाफ़ि व क़द् ख़लतिन्नुज़ुरु मिम्बैनि यदैहि व मिन् ख़ल्फ़िहीऩ् अल्ला तअ़्बुदू अिल्लल्लाह ऩ् अिन्नी अख़ाफ़ु अ़लैकुम् अ़जाब यौमिन् अ़ज़ीमिन् (२१) क़ालू अजिअ़्तना लितअ़्फ़िकना अ़न् आलिहतिना ज़ फ़अ़्तिना बिमा तअ़िदुना अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (२२) क़ाल अिन्नमल् - अिल्मु अिन्दल्लाहि ज़ स़ला व अुबल्लिग़ुकुम् मा अुर्सिल्तु बिहीऩ् व लाकिन्नी अराकुम् क़ौमन् तज्हलून (२३) फ़लम्मा रअौहु आरिज़म् - मुस्तक़बिल औदियति - हिम् ला क़ालू हाजा आरिज़ुम् - मुम्तिरुना ऩ् बल् हुव मस्तअ़्जल्तुम् बिहीऩ् ऩ् रीहुन् फ़ीहा अ़जाबुन् अलीमुन् ला (२४) तुदम्मिरु कुल्ल शैअिम् - बिअम्रि रब्बिहा फ़अस्बहू ला युरा अिल्ला मसाकिनुहुम् ऩ् कजालिक नज़्ज़िल् - क़ौमल् - मुज़्रिमीन (२५) व लक़द् मक्कन्नाहुम् फ़ीमा अिम्मक्कन्ना - कुम् फ़ीहि व जअ़ल्ना लहुम् समअ़ौंव अब्सारौंव अफ़्अिदत्तन् ज़ स़ला फ़मा अग़्ना अन्हुम् समअ़ुहुम् व ला अब्सारुहुम् व ला अफ़्अिदतुहुम् मिन् शैअिन् अिज़् कानू यज़्हदून ला बिआयातिल्लाहि व हाक़ बिहिम् मा कानू बिहीऩ् यस्तह़्ज़िअून (२६) ★ व लक़द् अह्लक्ना मा ह़ौलकुम् मिनल्क़ुरा व सर्रफ़्नल् - आयाति लअ़ल्लहुम् यर्जिअून (२७) फ़लौ ला नसरहुमुल् - लजीनत्तख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि क़ुर्बानन् आलिहत्तन् ऩ् बल् ज़ल्लू अन्हुम् ज़ व जालिक अिफ़्कुहुम् व मा कानू यफ़्तरून (२८)

★ रु. २१ आ. १० ★ रु. ३१ आ. ६

और हर किसी के लिए अपने कर्मों के अनुसार दर्जे हैं। और इसलिए कि उनके कामों का उन्हें पूरा बदला दिया जाय और उन पर (ज़रा भी) ज़ुल्म न होगा।§ (१९) और जब काफ़िर (नरक की) आग के सामने लाये जायेंगे (तो इनसे कहा जायगा) तुमने अपनी दुनिया की ज़िन्दगी (दुनिया की) मौजों में बर्बाद की और उनसे फ़ायदा उठा चुके। अब तो धरती पर तुम्हारे नाहक़ अकड़ने और बेहुक्मी करने के सबब आज तुम्हें ज़िल्लत की सज़ा बदले में मिलेगी। (२०) ★ रू. २१ आ १०

और (ऐ पैग़म्बर!) तुम आ़द के भाई (हूद अ़०) को याद करो कि जब उन्होंने अपनी क़ौम को अह्क़ाफ़ में† डराया और उन (हूद अ़०) से पहले और बाद बहुतेरे डराने वाले (पैग़म्बर) गुज़र चुके (और हूद अ़० ने अपनी क़ौम से कहा) कि अल्लाह के सिवाय किसी और की अ़िबादत न करो। मुझको तुम्हारी निस्बत एक बड़े (सख़्त) दिन के अ़ज़ाब का डर है। (२१) वह कहने लगे कि क्या तू हमको हमारे पूजितों से विमुख करने आया है? सो अगर तू सच्चा है तो जिस (अ़ज़ाब) का वादा हमसे देता है उसको हम पर लेआ। (२२) (हूद अ़० ने) कहा (इसकी) ख़बर तो अल्लाह ही को है। और मुझको तो जो (पैग़ाम) देकर भेजा गया है वह तुमको पहुँचाये देता हूँ मगर मैं देखता हूँ कि तुम लोग नादानी करते हो (और ध्यान नहीं देते।) (२३) फिर जब (अ़ज़ाब की घड़ी आई तो उन लोगों ने) उसको देखा कि एक बादल है जो उनकी घाटियों की तरफ़ को उमड़ता चला आ रहा है तो कहने लगे कि यह तो एक बादल है (और) हम पर बरसेगा। नहीं नहीं, (तुम धोखे में हो!) यह वही (अ़ज़ाब) है जिसके लिये तुम जल्दी मचा रहे थे। आन्धी है जिसमें दुखदाई अ़ज़ाब (की मार) है। (२४) यह अपने परवरदिगार के हुक्म से हर चीज़ को नष्ट-भ्रष्ट कर देगा, चुनांचे यह लोग ऐसे तबाह हो गये कि इनके घरों (के खण्डहरों) के सिवाय और कोई चीज़ नज़र नहीं आती थी। गुनहगारों को हम इसी तरह सज़ा दिया करते हैं। (२५) और हमने उनको वह सामर्थ्य दी थी जो तुम (मक्का वालों) को नहीं दी और हमने उनको कान और आँखें और दिल दिये थे। लेकिन उनके कान और उनकी आँखें और उनके दिल कुछ भी उनके काम न आये इसलिए कि अल्लाह की आयतों से वे इनकार करते थे और जिस (अ़ज़ाब) की हँसी उड़ाते थे उसी ने उन्हें धर दबोचा।♦ (२६) ★ रू. २२ आ ६

और (आ़द ही नहीं,) हमने तुम्हारे आस-पास की (समूद, मदियन जैसी) कितनी ही बस्तियाँ हलाक कर मारीं और हमने फेर-फेर कर आयतें सुनाईं शायद (किसी तरह) वे लौट आयें। (२७) तो अल्लाह के सिवाय जिन चीज़ों को उन्होंने अपना पूजित बना रक्खा था इसलिए कि (उनके ज़रिये अल्लाह के) नज़दीक पहुँचने के लिए (मदद हो तो अब) उन्होंने उनकी मदद क्यों न की। बल्कि (वे पूजित तो) इनकी नज़र से गुम हो गये। और यही उनका झूठ था और जो वे बाँधा करते थे। (२८)

[पेज ८३३ से] भुठलाया और अल्लाह के अ़ज़ाब में तबाह हुये, उसी तरह अगर तुम अपनी क़ौम के रसूल मौजूद: ह० मुहम्मद स० पर ईमान लाकर दीन की राह पर न चलोगे तो तुम्हारी भी वही गत होनी है। अरब के दक्खिन में मुल्क यमन व हज़्रमौत से मिला हुआ 'अह्क़ाफ़' का एक बड़ा हरा भरा आलीशान राज्य था। वहाँ की क़ौम आ़द के बड़े रुतबे-दबदबे थे। लेकिन उनके ज़ालिम हो जाने के बाद अल्लाह के [पेज ८३६ पर]

§ दोज़ख़वालों और जन्नतवालों के उनके गुनाह व सवाब के लिहाज़ से अलग अलग दर्जे हैं जिनमें उनके आमाल के हिसाब से उन्हें बदला मिलता है। † मुल्क यमन में 'अह्क़ाफ़' एक हरा भरा मैदान था जहाँ क़ौम आ़द की आलीशान हुकूमत थी। जब यह क़ौम सरकश हो उठी तो अ़ज़ाब की चपेट में आकर बरबाद हो गई। चटियल मैदान होगया। आ़द के निशान व कहानियाँ बाक़ी रह गईं। ♦ कान, आँख, दिल के ज़रिये बड़ी अक़्ल मिली थी। उससे ख़ूब दुनिया के सुख हासिल किये। लेकिन सरकशी आ जाने पर अ़ज़ाब फट पड़ा और वह साज सामान व अक़्ल उनको कुछ भी मदद न दे सकी।

व अिज् सरफ़्ना अिलैक नफ़रम् - मिनल् - जिन्नि यस्तमिअूनल् - क़ुर्आन ज फ़लम्मा हुज़रूहु क़ालू अन्सितू ज फ़लम्मा क़ुज़िय वल्लौ अिला क़ौमिहिम् मुन्ज़िरीन (२९) क़ालू या क़ौमना अिन्ना समिअ्ना किताबन् अुन्ज़िल मिम्बअ्दि मूसा मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि यह्दी अिलल्हक़्क़िक़ व अिला तरीक़िम् - मुस्तक़ीमिन् (३०) या क़ौमना अजीबू दाअियल्लाहि व आमिनू बिहि यग़्फ़िर्लकुम् मिन् जुनूबिकुम् व युजिर्कुम् मिन् अज़ाबिन् अलीमिन् (३१) व मल्ला युजिब् दाअियल्लाहि फ़लैस बिमुअ्जिज़िन् फ़िल्अर्ज़ि व लैस लहू मिन् दूनिहि औलिया अुलाअिक फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (३२) अ व लम् यरौ अन्नल्लाहल्लज़ी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ व लम् यअ्य बिख़ल्क़िहिन्न बिक़ादिरिन् अला अँयुह्यियल् - मौता बला अिन्नहू अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (३३) व यौम युअ्रज़ुल्लज़ीन कफ़रू अलन्नारि अलैस हाजा बिल्हक़्क़िक़ क़ालू बला व रब्बिना क़ाल फ़ज़ूक़ुल् - अज़ाब बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (३४) फ़स्बिर् कमा सबर अुलुल् - अज़्मि मिनर्रुसुलि व ला तस्तअ्जिल् लहुम् क अन्नहुम् यौम यरौन मा यूअ्दून ल लम् यल्बसू अिल्ला साअ़तम् - मिन् नहारिन् बलाग़ुन् ज फ़हल् युह्लकु अिल्लल् - क़ौमुल् - फ़ासिक़ून (३५) ★ ●

☆ ४७ सूरतु मुहम्मदिन् ९५ ☆

(मदनी) इस सूरः में अरबी के २४७५ हुरूफ़ ५५८ शब्द ३८ आयतें और ४ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अल्लज़ीन कफ़रू वसद्दू अन् सबीलिल्लाहि अज़्ल्ल अअ्मालहुम् (१)

और जब हम जिन्नों में कुछ को तुम्हारी तरफ़ ले आये कि वह क़ुर्आन सुनें। फिर जब वह हाज़िर हुये तो (आपस में) बोले कि चुप रहो (और ध्यान से सुनो)। फिर जब (क़ुर्आन का पढ़ना) ख़त्म हुआ तो वह अपने लोगों को तरफ़ लौट कर गये कि उनको (भी अल्लाह की सुनी गई आयतों से सचेत करें और) डरायें। (२९) (जिन्न) कहने लगे ऐ हमारी क़ौम! हम एक (मरतबे वाली) किताब सुन आये हैं जो मूसा (की तौरात) के बाद उतरी है[७] (और) अगली किताबों की तसदीक़ (पुष्टि) करती है और (दीन की) सच्ची व सीधी राह दिखाती है। (३०) ऐ हमारी क़ौम! अल्लाह की तरफ़ बुलाने वाले (पैग़म्बर मु० स०) की बात मानो और उस पर ईमान लाओ ताकि (अल्लाह) तुम्हारे पाप क्षमा करे और दुखदाई अ़ज़ाब से तुमको बचावे। (३१) और जो कोई अल्लाह की तरफ़ बुलाने वाले को न मानेगा तो वह ज़मीन में कहीं भी भागकर (अल्लाह को) थका न सकेगा और न उसके लिए अल्लाह के सिवाय (अ़ज़ाब के मौक़े पर दूसरा) कोई मददगार है। यह लोग प्रत्यक्ष गुमराही में हैं। (३२) क्या उन्होंने न देखा कि जिस अल्लाह ने आसमानों को और ज़मीन को पैदा किया और उनके पैदा करने में उसको थकान न हुई तो वह मुर्दों को भी जिला उठाने में शक्तिमान है। वह क्यों नहीं हर चीज़ पर समर्थ है। (३३) और जिस दिन काफ़िर (नरक की) आग के सामने लाये जायेंगे (और उनसे पूछा जायगा) कि क्या यह (तुम पर हक़ यानी) ठीक नहीं? तो वह कहेंगे हमको अपने परवरदिगार की क़सम (यह हक़) है। तो (अल्लाह) आज्ञा देगा कि (दुनिया में) जो तुम इन्कार किया करते थे उसके बदले में अ़ज़ाब (का मज़ा) चक्खो। (३४) सो (ऐ मुहम्मद!) जिस तरह हिम्मत वाले पिछले पैग़म्बरों ने (अपनी सरकश क़ौमों की ज़्यादती पर) सब्र किया था (उसी तरह) तुम भी सब्र पर क़ायम रहो और इनके लिए (अ़ज़ाब को) जल्दी न मचाओ। जिस दिन वादा की बात (अ़ज़ाब) को (यह लोग) देखेंगे (तो ऐसा ख़्याल करेंगे कि) गोया दिन की एक घड़ी (से ज़्यादा) दुनिया में नहीं रहे थे। यह (अल्लाह का) पैग़ाम है। तो अब वही तबाह होंगे जो नाफ़रमान (अवज्ञाकारी) हैं। (३५) ★ ●

रु. ४ | ४ आ. ९ ● रु. ब. अ. १ | ४

✪ ४७ सूरतु मुहम्मदिन् ९५ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के २४७५ अक्षर, ५५८ शब्द, ३८ आयतें और ४ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जिन लोगों ने कुफ़्र किया (और दीन का हुक्म न माना) और अल्लाह के रास्ते से (लोगों को) रोका तो अल्लाह ने उनके काम अकारथ कर दिये। (१)

---

७ हज़रत सुलैमान अ० के वक़्त से जिन्नों में तौरात मशहूर थी। अब क़ुर्आन सुनकर उनकी आँखें खुलीं।

* पिछली मक्की सूरतों के लम्बे सिलसिले में ईमानवालों के ख़िलाफ़ ज़ुल्म पर बेतहाशा आमादः मक्कावालों को चेतावनी पर चेतावनी दी जाती रही हैं कि यह क़ुर्आन और यह रसूल स० अल्लाह की ओर से तुमको हिदायत और नसीहत देने के लिए हैं। उनकी पैरवी करने से दुनिया में और आख़िरत में हमेशा के लिए चैन है। लेकिन उनसे विमुख होने पर दुनिया में और आख़िरत में हमेशा के लिए ज़िल्लत और अ़ज़ाब की मार है। लेकिन इन तमाम समझाने व डराने का कोई नतीजा न हुआ और उनका ज़ुल्म इस क़दर बढ़ा कि ईमानवालों यहाँ तक कि रसूल स० को भी हिजरत (देश त्याग) करना पड़ा। मदीना हिजरत कर जाने के बाद की शुरू की नाज़िल हुई सूरतों में यह सूरः है और इसकी आयत २ में ह० मुहम्मद स० का नाम आने से इसका नाम भी उन्हीं पर किया गया है। वैसे इस सूरः का दूसरा नाम 'क़िताल' यानी युद्ध भी [पेज ८३९ पर]

वल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व आमनू बिमा नुज़्ज़िल अला मुहम्मदिंव्व हुवल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् ला कफ़्फ़र अन्हुम् सैयिआतिहिम् व अस्लह बालहुम् (२) जालिक बिअन्नल्लजीन कफ़रुत्तबअुल् - बातिल व अन्नल्लजीन आमनुत्तबअुल् - हक़्क़ मिर् - रब्बिहिम् त् कजालिक यज़्रिबुल्लाहु लिन्नासि अम्सालहुम् (३) फ़अिजा लक़ीतुमुल्लजीन कफ़रू फ़ज़्र्बरिक़ाबि त् हत्ता अिजा अस्ख़न्तुमूहुम् फ़शुद्दुल् - वसाक़ क् ला फ़अिम्मा मन्नम्बअ़्दु व अिम्मा फ़िदा अन् हत्ता तज़्अल् - हूर्बु औज़ारहा ۵ ज् क़िफ़् ∴ जालिक त् ∴ व लौ यशा अुल्लाहु लन्तसर मिन्हुम् व लाकिल्लियब्लुव बअ़्ज़कुम् बिबअ़्ज़िन् त् वल्लजीन क़ुतिलू फ़ी सबीलिल्लाहि फ़लैंयुज़िल्ल अअ़्मालहुम् (४) सयह्दीहिम् व युस्लिहु बालहुम् ज् (५) व युद्ख़िलुहुमुल् - जन्नत अर्रफ़हा लहुम् (६) या अैयुहल्लजीन आमनू अिन् तन्सुरुल्लाह यन्सुर् कुम् व युसब्बित् अक़्दामकुम् (७) वल्लजीन कफ़रू फ़तअ़्सल्लहुम् व अज़्ल्ल अअ़्मालहुम् (८) जालिक बिअन्नहुम् करिहू मा अन्ज़लल्लाहु फ़अह्बत अअ़्माल-हुम् (९) अ फ़लम् यसीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़यन्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्लजीन मिन् क़बूलिहिम् त् दम्मरल्लाहु अलैहिम् ज् व लिल्काफ़िरीन अम्सालुहा (१०) जालिक बिअन्नल्लाह मौलल्लजीन आमनू व अन्नल्-काफ़िरीन ला मौला लहुम् (११) ★ अिन्नल्लाह युद्ख़िलुल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु त् वल्लजीन कफ़रू यतमत्तअ़ून व यअ्कुलून कमा तअ्कुलुल् - अन्आमु वन्नारु मस्वल् - लहुम् (१२) व कअैयिम् - मिन् क़र्यतिन् हिय अशद्दु क़ूवतम् - मिन् क़र्यतिकल्लती अख्रजत्क ज् अह्लक्नाहुम् फ़ला नासिर लहुम् (१३) अफ़मन् कान अला बैयिनतिम् - मिर्रब्बिहत् कमन् जुय्यिन लहु सूअु अमलिहत् वत्तबअू अह्वा अहुम् (१४)

और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने भले काम किये और (क़ुर्आन,) जो मुहम्मद पर उतरा है, उस पर ईमान लाये और वह उनके परवरदिगार की तरफ़ से (है और बिलकुल) हक़ है। अल्लाह ने उनके पाप उन पर से उतार दिये और उनकी हालत दुरुस्त कर दी। (२) यह इसलिए है कि काफ़िर झूठ पर चले और जो ईमान लाये वह अपने परवरदिगार के दिखाये ठीक रास्ते पर चले। यों अल्लाह लोगों के लिए उनके हाल बयान फ़र्माता है† (३) सो जब (लड़ाई में) काफ़िरों से तुम्हारी मुठभेड़ हो तो गर्दनें काटो। यहाँ तक कि जब ख़ूब अच्छी तरह उनको (ज़ोर तोड़ कर) क़त्ल कर चुको तो (बचे हुओं की) मज़बूती से मुश्कें कस लो। फिर (क़ैद करने के) बाद या तो इहसान रखकर या (बदला) फ़िदयः (अर्थ दण्ड) लेकर छोड़ दो यहाँ तक कि (दुश्मन) लड़ाई के हथियार डाल दें, सुन लो, (ऐसा ही हुक्म है,) और अल्लाह चाहता तो (ख़ुद और तरीक़े से) उनसे बदला ले लेता (और तुमको लड़ने की नौबत न आती) लेकिन यह इसलिए हुआ कि तुममें से एक को एक से (लड़ाई में) आज़मावे। और जो लोग अल्लाह की राह में मारे गये तो उनके कामों को अल्लाह (हरगिज़) अकारथ नहीं होने देगा। (४) (अल्लाह) उन्हें राह देगा और उनका हाल दुरुस्त करेगा। (५) और उनको बहिश्त में दाख़िल करेगा जिसका हाल उसने बता रक्खा है। (६) ऐ ईमानवालो! अगर तुम अल्लाह की (राह में जान व माल से) मदद करोगे तो वह तुम्हारी मदद करेगा और (दुश्मनों के मुक़ाबिले) तुम्हारे पाँव जमाये रक्खेगा। (७) और जो मुन्किर (विमुख) हुये उनकी बरबादी और उनका सारा किया धरा अल्लाह अकारथ कर देगा। (८) यह इसलिए कि अल्लाह ने जो (हिदायत) उतारी उसको उन्होंने पसन्द न किया (और) फिर अल्लाह ने उनके आमाल अकारथ कर दिये। (९) क्या यह लोग मुल्क में चले फिरे नहीं कि (अपने से) अगलों (यानी आ़द, समूद जैसी क़ौमों) का परिणाम देखते, कि अल्लाह ने उनको नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। और काफ़िरों के लिये ऐसा ही (अ़ज़ाब) होता रहता है। (१०) यह इसलिए कि ईमानवालों का अल्लाह मददगार है और यह कि काफ़िरों का कोई मददगार नहीं। (११) ★

रू. १ / ४ आ ११

जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये अल्लाह बेशक उनको (जन्नत के) बाग़ों में दाख़िल करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। और काफ़िर दुनिया में फ़ायदा उठाते और खाते हैं जैसे चारपाये खाते हैं§ (ऐसे लोग कभी सफल नहीं हो सकते) और (दोज़ख़ की) आग इनका ठिकाना है। (१२) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारी बस्ती (मक्का के लोग) जिन्होंने तुमको (देश से) निकाल छोड़ा है इनसे बलबूते में बढ़ी-चढ़ी कितनी ही बस्तियाँ थीं जिनको हमने हलाक कर मारा (और) फिर कोई भी उनकी मदद को न खड़ा हुआ। (१३) तो क्या जो लोग अपने परवरदिगार के खुले रास्ते पर हैं वह उनकी तरह हो सकते हैं जिनके बुरे कर्म (शैतान ने) उनको भले कर दिखाये हैं और वह अपने मनोरथों के पीछे दौड़ रहे हैं? (१४)

[पेज ८३७ से] है। क्योंकि अल्लाह का यह हुक्म उतर चुका था कि दीन के ख़िलाफ़ जंग छेड़ने वालों के साथ अब रू-रिआयत की ज़रूरत नहीं। उनको बेतहाशा क़त्ल करो यहाँ तक कि उनका दम टूट जाय। फिर बचे हुओं को चाहे क़ैद करो चाहे बख़्श दो। इस ऐलान पर ईमानवाले तो अपना जान-माल लड़ाने को तैयार हो पड़े लेकिन उनमें ही मिले-जुले मुनाफ़िक़ भी थे जो अपने दुनियावी सुख की लालच या [पेज ८४१ पर]

† दीन पर चलने वाले की बुराई माफ़ और नेकी का सवाब। दीन के ख़िलाफ़ चलने वाले की नेकी बरबाद गुनाह लाज़िम। यह फ़र्क़ आयत १ से ३ तक बयान है। § जानवर पेट भरने ही के तालिब रहते हैं। उन्हें नेक-बद कामों का न होश है न परवाह। जो इन्सान दुनिया में अपने पेट और दुनियावी सुखों की ही फ़िक्र में पड़े रहते हैं और नेक-बद आमाल, समाज, आख़िरत और अल्लाह की परवाह नहीं रखते वे इन्सान की शक्ल में हैवान ही हैं; "मनुष्य रूपेण मृगाश्चरन्ति।"

मस्सलुल् - जन्नतिल्लती वुअिदल् - मुत्तक़ून त़ फ़ीहा अन्हारुम् - मिम् - माअिन् ग़ैरि आसिनिन् ज् व अन्हारुम्-मिल्-लबनिल्-लम् यतग़ैयर् त़अ़मुहू ज् व अन्हारुम् - मिन् ख़म्रिल् - लज्जतिल् - लिश्शारिबीन ۵ ज् व अन्हारुम् - मिन् अ़सलिम् - मुस़फ़्फ़न् त़ व लहुम् फ़ीहा मिन् कुल्लिस्समराति व मग़्फ़िरतुम् - मिर्रब्बिहिम् त़ कमन् हुव ख़ालिदुन् फ़िन्नारि व सुक़ू माअन् हमीमन् फ़क़त्त़अ़ अम्आ़अहुम् (१५) व मिन्हुम् मैंयस्तमिअु अिलैक ज् हत्ता अिजा ख़रजू मिन् अिन्दिक क़ालू लिल्लजीन अूतुल् - अिल्म मा जा क़ाल आनिफ़न् क़िफ़् अुलाअिकल्लजीन त़बअ़ल्लाहु अ़ला क़ुलूबिहिम् वत्तबअू अह्वाअहुम् (१६) वल्लजीनह्तदौ ज़ादहुम् हुदौंव आताहुम् तक़्वाहुम् (१७) फ़हल् यन्जुरून अिल्लस्साअ़त अन् तअ्तियहुम् बग़्तत़न् ज् फ़क़द् जाअ अश़्रात़ुहा ज् फ़अन्ना लहुम् अिजा जाअतुहुम् जिक्राहुम् (१८) फ़अ़लम् अन्नहू ला अिलाह अिल्लल्लाहु वस्तग़्फ़िर् लिजम्बिक व लिलमुअ्मिनीन वल्मुअ्मिनाति त़ वल्लाहु यअ़लमु मुतक़ल्लबकुम् व मस्वाकुम् (१९) ✱ व यक़ूलुल्लजीन आमनू लौ ला नुज़्जिलत् सूरतुन् ज् फ़अिजा अुन्ज़िलत् सूरतुम् - मुह्कमतुंव जुकिर फ़ीहल्क़िताल़ु ला रअैतल्लजीन फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ुंय्यन्जुरून अिलैक नज़रल् - मग़्शीयि अ़लैहि मिनल्मौति त़ फ़अौला लहुम् ज् (२०) ताअ़त़ुंव क़ौलुम् - मअ़रूफ़ुन् क़िफ़् फ़अिजा अ़ज़मल् - अम्रु क़िफ़् फ़लौ स़दक़ुल्लाह लकान ख़ैरल्लहुम् ज् (२१) फ़हल् अ़सैतुम् अिन् तवल्लैतुम् अन् तुफ़्सिदू फ़िल्अर्ज़ि व तुक़त्तिअू अर्हामकुम् (२२) अुलाअिकल् - लजीन लअ़नहुमुल्लाहु फ़अ़स़म्महुम् व अअ़मा अब्स़ारहुम् (२३) अ फ़ला यतदब्बरूनल् - क़ुर्आन अम् अ़ला क़ुलूबिन् अक़्फ़ालुहा (२४)

जिस बहिश्त का वादा परहेज़गारों से किया जाता है उसकी कैफ़ियत यह है। कि उसमें ऐसे पानी की नहरें हैं जिसमें बू नहीं, और दूध की नहरें हैं जिसका स्वाद नहीं बिगड़ता, और शराब की नहरें हैं जिनमें पीने वालों को (बहुत ही) मज़ा है, और साफ़ शहद की नहरें हैं। और उनके लिए वहाँ हर तरह के मेवे होंगे और उनके परवरदिगार की तरफ़ से उनके (गुनाहों के लिए) माफ़ी है। क्या (ऐसे बहिश्तवालों के) बराबर वे हो सकते हैं जो हमेशा (दोज़ख़ की) आग में रहेंगे और (प्यास लगने पर) उनको खौलता पानी पिलाया जायगा जो उनकी आँतों को काट देगा। (१५) (और ऐ पैग़म्बर!) बाज़ इनमें से ऐसे हैं जो तुम्हारी (आयतों की) ओर कान लगाते हैं, मगर जब तुम्हारे पास से (सुनकर) बाहर जाते हैं तो जिन लोगों को (दीन का) अिल्म मिला† है उनसे पूछते हैं कि इस शख़्स ने अभी यह क्या कहा था? यही लोग हैं जिनके दिलों पर अल्लाह ने मोहर कर दी है और जो अपनी ख़्वाहिशों के पीछे चलते हैं। (१६) और (इनसे विपरीत) जो लोग (अल्लाह की) सीधी राह पर आये हैं उससे (अल्लाह की ओर से) उनको (राह की) सूझ और बढ़ती है और उससे उनको (गुनाहों से) बचकर चलना मिला है। (१७) तो क्या अब यह लोग (क़ियामत ही की) उस घड़ी की राह देखते हैं कि एकदम से इन पर आ पड़े? क्योंकि उसकी निशानियाँ तो आही चुकी हैं।छ फिर जब (क़ियामत) इनके सामने आ जायगी तो उस वक़्त इनका समझना इनको क्या मुफ़ीद होगा। (१८) तो (ऐ पैग़म्बर!) जान लो कि अल्लाह के सिवाय कोई अिबादत के क़ाबिल नहीं और अपने पापों की क्षमा मांगते रहो और ईमान वाले मर्दों और (ईमानवाली) औरतों के लिए (भी बख़्शिश मांगो)। और तुम लोगों का चलना-फिरना, ठहरना अल्लाह को सब मालूम है। (१९) ★

और ईमानवाले कहते हैं कि (जिहाद की निस्बत) कोई सूरत क्यों न उतरी। फिर जब एक सूरत साफ़ साफ़ (मज़मून की) उतरी और उसमें (जिहाद का हुक्म यानी) लड़ाई का ज़िक्र आया तो (ऐ पैग़म्बर! इनमें से) जिनके दिलों में (निफ़ाक़ का) रोग है तू ने उनको देखा कि वह तेरी तरफ़ ऐसे ताकते रह गये जैसे वह ताकता है जिसे मौत की बेहोशी हो रही हो; सो ऐसों के लिए ख़राबी है। (२०) (अच्छा तो अल्लाह व रसूल का) हुक्म मानना है और ठीक बात कहना है। फिर जब (जिहाद) की ताकीद हो गई, तो अगर यह लोग अल्लाह से सच्चे रहें (और उसमें ईमान से जान लड़ायें) तो उनके हक़ में ज़्यादा भला है। (२१) फिर (ऐ मुनाफ़िक़ो!) तुमसे कुछ दूर नहीं कि अगर हाकिम हो जाओ तो मुल्क में फ़साद करने लगो और अपने रिश्ते-नातों (का भी लिहाज़ न रखकर उन) को तोड़ने लगो। (२२) यही मनुष्य हैं जिन पर अल्लाह ने लानत की है और इनको बहरा और आँखों का अन्धा कर दिया। (२३) क्या यह लोग क़ुर्आन में ध्यान नहीं देते या (इनके) दिलों पर ताले लग रहे हैं (कि इन्हें अपना भला बुरा भी सूझ-समझ नहीं पड़ता।) (२४)

★ रु. ६।२।८ आ ८

[पेज ८३६ से] बुज़दिली या उनके कुफ़्र के कारन शैतान के वसवसे (प्रेरणा) से ईमानवालों में शामिल रहकर भी अपना दिल दुश्मनों से मिलाये थे और छिपकर ईमानवालों के ख़िलाफ़ साज़िश व जासूसी करते थे। काफ़िरों व मुनाफ़िक़ों (कपटाचारियों) के आमाल उनका ही लोक-परलोक बिगाड़ते हैं। और सब्र पर क़ायम [पेज ८२६ पर]

† यह हाल उन मुनाफ़िक़ों का है जो ह० मुहम्मद स० की बातें अगर सुनते भी थे तो बाहर निकलकर उनकी हँसी उड़ाते थे और मुसलमानों से कहते कि जो बात हमसे उन्होंने कही है वह क्या है? वह तो हमारी समझ में ही नहीं आई। उसमें हिन्दी की चिन्दी निकालते थे। छ नबी आता ही तब है जब लोग सरकशी में हद पार कर जाते हैं। और नबी को हिजरत (देश त्याग) की नौबत आना अल्लाह के कोप उतरने की बड़ी निशानी है। ग़नीमत है कि इस निशानी को देख कर अपनी राह सम्हाल लें। क़ियामत या अज़ाब आ जाने पर तो फिर कोई बचाव या सवाँर का चारा न रहेगा।

अिन्नल्-लजीनर्तदू अला अद्बारिहिम् मिम्बअ़्दि मा तबैयन लहुमुल्हुद ला अ़्शैतानु सौवल लहुम् व अम्ला लहुम् (२५) जालिक बिअन्नहुम् क़ालू लिल्लजीन करिहू मा नज़्ज़लल्लाहु सनुत्तीअ़ुकुम् फ़ी बअ़्ज़िल्-अम्रि ज सला वल्लाहु यअ़्लमु अिस्रारहुम् (२६) फ़कैफ़ अिजा तवफ़्फ़त्-हुमुल्-मला अिकतु यज़्रिबून वुजूहहुम् व अद्बारहुम् (२७) जालिक बिअन्नहुमुत्-तबअ़ू मा अस्ख़तल्लाह व करिहू रिज़्वानहू फ़अ़हबत अअ़्मालहुम् (२८) ★ अम् ह़सिबल्लजीन फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ुन् अल्-लैं-युख़्रिजल्लाहु अज़्ग़ानहुम् (२९) व लौ नशाअु लअरैनाकहुम् फ़लअ़रफ़्त-हुम् बिसीमाहुम् त व लतअ़रिफ़न्नहुम् फ़ी लह़्निल्-क़ौलि त वल्लाहु यअ़्लमु अअ़्मालकुम् (३०) व लनब्लुवन्नकुम् ह़त्ता नअ़्लमल्-मुजाहिदीन मिन्कुम् वस्साबिरीन ला व नब्लुव अख़्बारकुम् (३१) अिन्नल्लजीन कफ़रू व सद्दू अन् सबीलिल्लाहि व शाक़्क़ुर्रसूल मिम्बअ़्दि मा तबैयन लहुमुल्हुदा ला लैंयज़ुर्रुल्लाह शैअन् त व सयुह़्बितु अअ़्मालहुम् (३२) या अैयुहल्लजीन आमनू अतीअ़ुल्लाह व अतीअ़ुर्-रसूल व ला तुब्तिलू अअ़्मालकुम् (३३) अिन्नल्लजीन कफ़रू व सद्दू अन् सबीलिल्लाहि सुम्म मातू व हुम् कुफ़्फ़ारुन् फ़लैं-यग़्फ़िरल्लाहु लहुम् (३४) फ़ला तहिनू व तद्अू अिलस्सल्मि क सला व अन्तुमुल्-अअ़्लौन क सला वल्लाहु मअ़कुम् व लैंयतिरकुम् अअ़्मालकुम् (३५) अिन्नमल्-ह़यातुद्दुन्या लअ़िबूँव लह़्वुन् त व अिन् तुअ़्मिनू व तत्तक़ू युअ़्तिकुम् अुजूरकुम् व ला यस्अ़लकुम् अम्वालकुम् (३६) अिंयस्अ़लकुमूहा फ़युह़्फ़िकुम् तब्ख़लू व युख़्रिज् अज़्ग़ानकुम् (३७) हा अन्तुम् हा अुला अि तुद्औन लितुन्फ़िक़ू फ़ी सबीलिल्लाहि ज फ़मिन्कुम् मैंयब्ख़लु ज व मैंयब्ख़ल् फ़अिन्नमा यब्ख़लु अन् नफ़्सिहि त वल्लाहुल्-ग़नीयु व अन्तुमुल्-फ़ुक़राअु ज व अिन् ततवल्लौ यस्तब्दिल् क़ौमन् ग़ैरकुम् ला सुम्म ला यकूनू अम्सालकुम् (३८) ★

जिन लोगों को (दीन का) सीधा रास्ता साफ़ तौर पर मालूम हो चुका और फिर भी वह (उल्टे पाँव) पीठ फेर कर चले गये, तो (और कुछ नहीं,) शैतान ने उनको यह पट्टी पढ़ाई और उनसे देर (तक ज़िन्दः रहने) का वादा किया।(२५) (और) यह इसलिए कि जो लोग (क़ुर्आन को) जो अल्लाह ने उतारा है नापसन्द करते हैं (यानी यहूद, तो उनसे) यह (मुनाफ़िक़ कपटाचारी) लोग कहते हैं कि बाज़ बातों में हम तुम्हारी ही सलाह पर चलेंगे† और अल्लाह उनकी छिपी सलाहों को ख़ूब जानता है।(२६) तो इनकी कैसी गति होगी जब फ़रिश्ते उनकी जाने निकालेंगे और उनकी पीठों और मुँहों पर मारते जाते होंगे।(२७) यह इसलिए कि जो चीज़ अल्लाह को नापसन्द है यह उसी पर चले और उसकी खुशी को नापसंद किया फिर अल्लाह ने उनके सारे आमाल अकारथ कर दिये। (२८) ★

क्या वह लोग जिनके दिलों में (निफ़ाक़ का) रोग है ख़्याल करते हैं कि अल्लाह उनकी दिली अदावतों को कभी ज़ाहिर न करेगा? (२९) और (ऐ पैग़म्बर) हम चाहते तो तुझे उन लोगों को दिखा देते कि तू उनको उनकी सूरत से पहिचान लेता (कि इनके दिलों में फ़रेब है।) और तू उनकी बात के तरीक़े से (ही) उनको पहचान लेगा। और अल्लाह तुम सब लोगों के कामों को जानता है।(३०) और (ऐ ईमानवालो!) बेशक तुमको हम आज़मायेंगे ताकि तुम में से जो जिहाद करने वाले और सब्र वाले हैं उनको हम मालूम कर लें, और तुम्हारी हालतों को जाँचे। (३१) जिन लोगों ने साफ़ राह (यानी अल्लाह की हिदायत) ज़ाहिर हो चुकने के बाद उससे इन्कार किया और अल्लाह की राह से (दूसरे लोगों को भी) रोका और पैग़म्बर का विरोध किया तो यह लोग अल्लाह का कुछ न बिगाड़ेंगे। और वह उनके किये (आमालों) को अकारथ कर देगा। (३२) ऐ ईमानवालो! अल्लाह के हुक्म पर चलो और रसूल के हुक्म पर चलो और (अपनी ख़्वाहिशों के पीछे दीन के हुक्म से मुँह मोड़कर) अपने कर्मों को अकारथ न करो। (३३) जो काफ़िर हुए और (जिन्होंने लोगों को) अल्लाह के रास्ते से रोका फिर (कुफ़्र ही की हालत में) मर गये (और अन्त तक) मुन्किर ही रहे तो ऐसों को अल्लाह हरगिज़ माफ़ न करेगा। (३४) सो तुम नादान न बनो कि सुलह की तरफ़ पुकारने लगो, और (इत्मीनान रखो) तुम्हारी ही जीत होगी, और अल्लाह तुम्हारे साथ है और (अल्लाह की राह में किये) तुम्हारे कामों को न मेटेगा।‡ (३५) दुनिया की ज़िन्दगी तो खेल-तमाशा है। और अगर (अल्लाह पर) ईमान लाओगे और परहेज़गारी करते रहोगे तो तुमको तुम्हारे (नेक कामों का) बदला देगा और तुम्हारे माल तुमसे न माँगेगा।‡(३६) अगर वह तुमसे तुम्हारे (वह सब) माल माँगे और तुमको तंग करे तो तुम (ज़रूर) कंजूसी करने लगोगे और इससे तुम्हारा दिली विरोध ज़ाहिर हो जायेगा। (३७) ऐ लोगो! जब अल्लाह की राह में (जान और माल) ख़र्च करने को बुलाये जाते हो तो तुममें से कोई-कोई कंजूसी करने लगता है; और जो (अल्लाह की राह में) कंजूसी करेगा अपने ही लिए (कंजूसी) करेगा। अल्लाह तो बेनियाज़ (निस्पृह) है और तुम (उसके) मुहताज हो। और अगर तुम (अल्लाह की राह में अपने फ़र्ज़ से) मुंह मोड़ोगे तो (अल्लाह) तुम्हारे सिवाय दूसरे लोगों को (तुम्हारी जगह) ला बिठायेगा और वह तुम जैसे न होंगे।§ (३८) ★

+ यहूदियों ने मक्का के काफ़िरों से वादा किया था कि यदि मुसलमानों और उनमें ❋ [पेज ८२६ पर]
‡ यानी जिहाद की तकलीफ़ से बचने की ग़रज़ से बे मौक़ा सुलह के लिए न दौड़ पड़ो। ◉ [पेज ८२६ पर]
‡ यानी तुम्हारी माल-औलाद क़ायम रखेगा और उससे ज़्यादः देगा। § अगर तुम दुनिया के ऐश या बुज़दिली
से गुमराह होकर अल्लाह की राह में जिहाद करने, जान-माल लड़ाने से मुँह मोड़ोगे या ❋ [पेज ८२६ पर]

✪ ४८ सूरतुल्-फ़त्हि १११ ✪

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के २५५५ अक्षर, ५६८ शब्द, २९ आयतें और ४ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अिन्ना फ़तह्ना लक फ़त्हम् - मुबीनन् ला (१) ल्'लियग़्फ़िर लकल्लाहु मा तक़द्दम मिन् जम्बिक व मा तअख़्ख़र व युतिम्म निअ़्मतहू अ़लैक व यह्दियक सिरातम् - मुस्तक़ीमन् ला (२) व'व यन्सुरकल्लाहु नस्रन् अ़ज़ीज़न् (३) हुवल्लजी अन्ज़लस्सकीनत फ़ी क़ुलूबिल् - मुअ्मिनीन लियज़्दादू ईमानम् - मअ़ ईमानिहिम् त़ व लिल्लाहि जुनूदुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ व कानल्लाहु अ़लीमन् ह़कीमन् ला (४) ल्'लियुद्ख़िलल् - मुअ्मिनीन वल् - मुअ्मिनाति जन्नातिन् तजरी मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा व युकफ़्फ़िर अ़न्हुम् सैयिआतिहिम् त़ व कान ज़ालिक अ़िन्दल्लाहि फ़ौज़न् अ़ज़ीमन् ला (५) व'व युअ़ज़्ज़िबल् - मुनाफ़िक़ीन वल्मुनाफ़िक़ाति वल्मुश्रिकीन वल् - मुश्रिकातिज़् - ज़ान्नीन बिल्लाहि ज़न्नस्सौअि त़ अ़लैहिम् दाअिरतुस्सौअि ज़ व ग़ज़िबल्लाहु अ़लैहिम् व लअ़नहुम् व अ़अ़द लहुम् जहन्नम त़ व साअत् मसीरन् (६) व लिल्लाहि जुनूदुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ व कानल्लाहु अ़ज़ीज़न् ह़कीमन् (७) अिन्ना अर्सल्नाक शाहिदौंव मुबश्शिरौंव नज़ीरन् ला (८) ल्'लितुअ्मिनू बिल्लाहि व रसूलिहि व तुअ़ज़्ज़िरूहु व तुवक़्क़िरूहु त़ व तुसब्बिहूहु बुक्रतौंव असीलन् (९) अिन्नल्लजीन युबायिअूनक अिन्नमा युबायिअूनल्लाह त़ यदुल्लाहि फ़ौक़ अैदीहिम् ज़ फ़मन् नकस फ़अिन्नमा यन्कुसु अ़ला नफ़्सिहि ज़ व मन् औफ़ा बिमा अ़ाहद अ़लैहुल्लाह फ़सयुअ्तीहि अज्रन् अ़ज़ीमन् (१०) ★

✪ ४८ सूरतुल् फ़त्ह् १११ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के २५५५ अक्षर, ५६८ शब्द, २६ आयतें और ४ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ मुहम्मद !) हमने तेरे हक़ में फ़तह (विजय)† का फ़ैसला कर दिया—फ़तह भी साफ़ खुली हुई ! (१) ताकि अल्लाह तेरे अगले और पिछले पाप क्षमा करे और तुझ पर अपनी निअ़मतें पूरी करे और तुझको सीधी राह पर चलाये। (२) और अल्लाह तुझे मदद दे—भारी मदद। (३) उसी ने ईमानवालों के दिलों में चैन (आत्मसन्तोष) डाली ताकि उनके ईमान के साथ और ईमान बढ़े।‡ और आसमानों और ज़मीन के लश्कर (यानी सारी ताक़तें) अल्लाह ही की हैं और अल्लाह बड़ा जाननेवाला बड़ा हिकमतवाला है। (४) (और) इसलिए भी कि अल्लाह ईमानवाले मर्दों और ईमानवाली औरतों को (जन्नत) के बाग़ों में लेजा दाख़िल करे, जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी कि वह हमेशा उनमें रहेंगे और वह उन पर से उनके गुनाहों को उतार दे। और अल्लाह के पास यह बड़ी कामयाबी मिलनी है। (५) और ताकि मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) मर्दों और मुनाफ़िक़ औरतों और मुशरिक (बहुदेवपूजक) मर्दों और मुशरिक औरतों को सज़ा दे जो अल्लाह के बारे में बुरे गुमान रखते हैं। अब यही मुसीबत के चक्कर में आ गये और अल्लाह का ग़ुस्सा उन पर हुआ और उसने इनको लानत दी और उनके लिए दोज़ख़ तैयार रखी; और वह (दोज़ख़ बहुत) बुरा ठिकाना है। (६) और आसमानों और ज़मीन के लश्कर (यानी सारी ताक़तें) अल्लाह की हैं और अल्लाह बड़ा बली और बड़ा हिकमतवाला है।(७) (ऐ पैग़म्बर !) हमने तुमको गवाही देने वाला और (ईमानवालों को) ख़ुशी और (काफ़िरों को अ़ज़ाब का) डर सुनानेवाला बना कर भेजा है, (८) ताकि तुम लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बर पर ईमान लाओ और अल्लाह (के दीन) की मदद करो और उसका अदब रक्खो; और सुबह शाम उसकी तस्बीह (जप) करते रहो। (९) (ऐ पैग़म्बर !) जो लोग तुझसे बैअ़त§ करते (यानी हाथ मिला कर प्रतिज्ञा करते) हैं वे अल्लाह से बैअ़त करते हैं। उनके हाथों पर अल्लाह का हाथ है। फिर जिसने (बैअ़त करने के बाद) क़ौल को तोड़ा तो उसने अपने ही बुरे के लिए तोड़ा। और जिसने उस (क़ौल) को पूरा किया जिसका अल्लाह से उसने वादा किया था तो अल्लाह उसे बड़ा प्रतिफल देगा। (१०) ★ रु॰ १ — ह आ १०

† विजय का इस स्थान पर क्या अर्थ है इसमें विद्वानों के भिन्न भिन्न मत हैं। कुछ कहते हैं इसका अर्थ है हुदैबिया की सन्धि (देखिये सूरः की भूमिका), कुछ कहते हैं इसका अर्थ है मक्का की विजय और कुछ कहते हैं इस विजय से "बैअ़तुर्रिज़वान" की ओर संकेत है (देखिये फ़ुटनोट §§ आयत १० इसी पृष्ठ पर।)

‡ ईमान हासिल होने पर अल्लाह का ही भरोसा क़ायम रहता है। किसी का डर, रोज़ी की फ़िक्र, दुनिया का लोभ —ये बातें नज़दीक नहीं आतीं। ज्यों ज्यों ईमान बढ़ता जाता है दिल और मज़बूत व बलन्द होता जाता है।

§§ ह॰ मुहम्मद साहब स॰ ने हज़रत उस्मान रज़ि॰ को मक्का के क़ुरैशों की ओर अपना पैग़ाम देकर भेजा था कि उनको व साथ के और ईमानवालों को उमरः करने के लिए मक्का आने दिया जाय। लेकिन समाचार मिला कि ह॰ उसमान रज़ि॰ को काफ़िरों ने मार डाला है। इस पर मुसलमानों से रसूल स॰ ने एक वृक्ष के नीचे यह दृढ़ वचन (बैअ़त) लिया कि वे उस्मान रज़ि॰ के ख़ून का बदला अवश्य लेंगे। इसी को 'बैअ़तुर्रिज़वान' कहते हैं। क्योंकि जिन लोगों ने इस मौक़े पर बैअ़त की थी उनसे अल्लाह ने अपनी रज़ामन्दी ज़ाहिर की है। (देखिये आयत १८)

* सूरः के नाम के अनुसार इस्लाम की दीनी व सियासी फ़तह (विजय) इस सूरः की [पिछ ८२६ पर]

सयक़ूलु लकल्-मुख़ल्लफ़ून मिनल्-अ़राबि शग़लत्ना अम्वालुना व अह्लूना फ़स्तग़्फ़िर् लना ज़ यक़ूलून बिअल्सिनतिहिम् मा लैस फ़ी क़ुलूबिहिम् त़ क़ुल् फ़मैंयम्लिकु लकुम् मिनल्लाहि शैअन् अिन् अराद बिकुम् ज़र्रन् औ अराद बिकुम् नफ़्अन् त़ बल् कानल्लाहु बिमा तअ़मलून ख़बीरन् (११) बल् ज़नन्तुम् अल्लैं-यन्क़लिबर्-रसूलु वल्-मुअ्मिनून अिला अह्लीहिम् अबदौंव ज़ुय्यिन ज़ालिक फ़ी क़ुलूबिकुम् व ज़नन्तुम् ज़न्नस्सौअि ज़ स़ला व कुन्तुम् क़ौमम्-बूरन् (१२) व मल्लम् युअ्मिम्-बिल्लाहि व रसूलिहि फ़अिन्ना अअ़्तद्ना लिल्काफ़िरीन सअ़ीरन् (१३) व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ यग़्फ़िरु लिमैंयशा़उ व युअ़ज़्ज़िबु मैंयशा़उ त़ व कानल्लाहु ग़फ़ूरर्-रह़ीमन् (१४) सयक़ूलुल्-मुख़ल्लफ़ून अिज़न्तलक़्तुम् अिला मग़ानिम लितअ्ख़ुज़ूहा ज़रूना नत्तबिअ़्कुम् ज़ युरीदून अैंयुबद्दिलू कलामल्लाहि त़ क़ुल्लन् तत्तबिअूना कज़ालिकुम् क़ाललाहु मिन् क़ब्लु ज़ फ़सयक़ूलून बल् तह़्सुदूनना त़ बल् कानू ला यफ़्क़हून अिल्ला क़लीलन् (१५) क़ुल् लिल्-मुख़ल्लफ़ीन मिनल्-अ़राबि सतुद्अौन अिला क़ौमिन् उली बअ्सिन् शदीदिन् तुक़ातिलूनहुम् औ युस्लिमून ज़ फ़अिन् तुत़ीअू युअ्तिकुमुल्लाहु अज्रन् ह़सनन् ज़ व अिन् ततवल्लौ कमा तवल्लैतुम् मिन् क़ब्लु युअ़ज़्ज़िबकुम् अ़ज़ाबन् अलीमन् (१६) लैस अ़लल्-अ़ऱमा ह़रजूँव ला अ़लल्-अ़ऱरजि ह़रजूँव ला अ़लल्मरीज़ि ह़रजुन् त़ व मैंयुतिअ़िल्लाह व रसूलहु युद्ख़िल्हु जन्नातिन् तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु ज़ व मैंयतवल्ल युअ़ज़्ज़िबहु अ़ज़ाबन् अलीमन् (१७) ★ ● लक़द् रज़ियल्लाहु अ़निल्-मुअ्मिनीन अिज़् युबायिअ़ूनक तह़्तश्शजरति फ़अ़लिम मा फ़ी क़ुलूबिहिम् फ़अन्ज़लस्-सकीनत अ़लैहिम् व अ़साबहुम् फ़त्ह़न् क़रीबन् ला (१८)

★ रू. २ — १० आ. ७ ● नि. १ — २

(ऐ पैग़म्बर) देहाती (बद्दू) लोग जो पीछे रह गये हैं (और इस हुदैबिया के सफ़र में शरीक नहीं हुए) तुमसे कहेंगे कि हम अपने माल और बाल-बच्चों में लगे रहे (और इसलिए ही हम तुम्हारे साथ नहीं जा सके वरना हमारे दिल ईमान पर हैं और इसलिए ऐ नबी !) तुम हमारे अपराध अल्लाह से क्षमा कराओ। (यह लोग) अपनी ज़बान से ऐसी (बहाने की) बातें कहते हैं जो इनके दिलों में नहीं हैं§। (ऐ पैग़म्बर ! इनसे कहो कि) अगर अल्लाह तुमको नुक़सान पहुँचाना चाहे या फ़ायदा पहुँचाना चाहे तो कौन है जो अल्लाह के सामने तुम्हारे लिए कुछ भी कर सके। बल्कि जो कुछ भी करते हो अल्लाह उससे (बख़ूबी) जानकार है। (११) बात यह थी कि तुमने ऐसा समझा था कि पैग़म्बर और ईमानवाले (कुरैशों के हाथों हलाक होंगे और) कभी अपने घर वापस आने ही को नहीं और यह तुम्हारे दिलों को भला मालूम हुआ और तुम बड़े बुरे गुमान में थे और (आख़िरकार) तुम लोग आप बर्बाद हुये। (१२) और जो अल्लाह पर और उसके पैग़म्बर पर ईमान नहीं लाये तो हमने इन इन्कार करनेवालों के लिए (जहन्नम की) दहकती आग तैयार कर रक्खी है।(१३) और आसमानों और ज़मीन की बादशाही अल्लाह ही की है। जिसको चाहे माफ़ करे और जिसको चाहे सज़ा दे। और अल्लाह बड़ा क्षमा करने वाला बड़ा दयालु है। (१४) जब तुम (ख़ैबर की जंग में) ग़नीमत माल† के लेने को जाने लगोगे तो जो लोग (हुदैबिया के सफ़र से) पीछे रह गये थे कहेंगे कि हमको भी अपने साथ चलने दो। इनका मतलब यह है कि अल्लाह के कहे हुए को बदल दें। (ऐ पैग़म्बर ! इन लोगों से) कह दो कि तुम हमारे साथ (जंगे ख़ैबर में⊛) न चलने पाओगे कि अल्लाह ने पहिले ही से ऐसा कह दिया है। यह सुन कर फिर कहेंगे कि नहीं बल्कि तुम हमसे डाह रखते हो (और हमें माले ग़नीमत के फ़ायदे से अलग रखना चाहते हो), कुछ नहीं, यह लोग कम समझ रखते हैं।‡ (१५) (ऐ पैग़म्बर !) देहाती जो (हुदैबिया के सफ़र से डरकर) पीछे रह गये थे इनसे कह दो कि आगे चलकर तुम (ईरान, रूम जैसे) बड़े सख़्त लड़नेवालों के (मुक़ाबिले के) लिए बुलाये जाओगे। तुम उनसे लड़ोगे या (जंग रुक जाय और) वे मुसलमान हो जायें। फिर अगर (उस मौक़े पर उस कठिन लड़ाई में जान माल लड़ाकर तुम लोग) अल्लाह की आज्ञा मानोगे तो अल्लाह तुम को भला बदला देगा। और अगर तुमने मुंह फेरा जैसे तुम पहले (हुदैबिया के सफ़र में) मुंह फेर चुके हो तो तुमको दुखदाई अज़ाब देगा।(१६) अन्धे पर (जिहाद की) पाबन्दी नहीं और न लंगड़े पर पाबन्दी है, न बीमार पर पाबन्दी। और जो अल्लाह और उसके पैग़म्बर का हुक्म मानेगा वह उसको (जन्नत के) बाग़ों में दाख़िल करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। और जो (हुक्म से) फिरेगा उसको वह दुखदाई सज़ा देगा।(१७) ★ ● ★ २१।२५ आ ७ ● नि. २१।१

(ऐ पैग़म्बर !) जब ईमानवाले (हुदैबिया में बबूल के) दरख़्त के नीचे तुझसे (बैअ़त के लिए) हाथ में हाथ देने लगे‡ तो अल्लाह उनसे (निहायत) ख़ुश हुआ और उसने जान लिया जो (क़ुर्बानी का जज़्बः) उनके दिलों में था फिर उनको तसल्ली दी और उसके बदले में उनको जल्द ही (जंगे ख़ैबर की) फ़तह का इन्आम दिया। (१८)

§ यह जान कर डर से नहीं गये थे कि उमरः के वक़्त क़ुरैश निहत्थे मुसलमानों को ज़रूर ख़त्म कर देंगे और कहते यह हैं कि घर के ज़रूरी बन्दोबस्त से मजबूर थे। † लड़ाई में दुश्मनों के पस्पा होने पर जो उनका माल मुसलमानों के हाथ लगे। देखिये फुटनोट § पृष्ठ ३०३ सूरः अन्फ़ाल। ⊛ ख़ैबर के यहूदियों ने जंग अहज़ाब में कई क़ौमों से हमला करवाया था (देखें भूमिका सूरः अहज़ाब पृष्ठ ६६१।) ‡ हुदैबिया की सुलह भले ही उस वक़्त मुसलमानों को अपने हक़में दबकर [पेज ८५६ पर] ‡ देखिये आयत १० का ७ फ़ुटनोट ८४५ पृष्ठ पर।

व'व मग़ानिम कसीरतैं-यअ्ख़ुजूनहा त़ व कानल्लाहु अ़ज़ीज़न् ह़कीमन् (१९) वअ़दकुमुल्लाहु मग़ानिम कसीरतन् तअ्ख़ुजूनहा फ़अ़ज्जल लकुम् हाजिहि व कफ़्फ़ अैदियन्नासि अ़न्कुम् ज् व लितकून आयतल् - लिल्मुअ्मिनीन व यह्दियकुम् सिरातम् - मुस्तक़ीमन् ला (२०) व'व अुख़्रा लम् तक़्दिरू अ़लैहा क़द् अह़ातल्लाहु बिहा त़ व कानल्लाहु अ़ला कुल्लि शैअिन् क़दीरन् (२१) व लौ क़ातलकुमुल्लजीन कफ़रू लवल्लवुल् - अद्बार सुम्म ला यजिदून वलीयौंव ला नसीरन् (२२) सुन्नतल्लाहिल्लती क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लु ज् सला व लन् तजिद लिसुन्नतिल्लाहि तब्दीलन् (२३) व हुवल्लजी कफ़्फ़ अैदियहुम् अ़न्कुम् व अैदियकुम् अ़न्हुम् बिबत़्नि मक्कत़ मिम्बअ़्दि अन् अज़्फ़रकुम् अ़लैहिम् त़ व कानल्लाहु बिमा तअ़्मलून बसीरन् (२४) हुमुल्लजीन कफ़रू व सद्दू कुम् अनिल्-मस्जिदिल्-ह़रामि वल्हद्य मअ़्कूफ़न् अैंयब्लुग़ महिल्लहू त़ व लौ ला रिजालुम् - मुअ्मिनून व निसा'अुम् - मुअ्मिनातुल् - लम् तअ़्लमूहुम् अन् तत़अूहुम् फ़तुसीबकुम् मिन्हुम् मअ़र्रतुम् - बिग़ैरि अिल्मिन् ज् लियुद्ख़िलल्लाहु फ़ी रह़्मतिहि मैंयशा'अु ज् लौ तजैयलू लअ़ज्जब्नल्लजीन कफ़रू मिन्हुम् अ़जाबन् अलीमन् (२५) अिज् जअ़लल्लजीन कफ़रू फ़ी क़ुलूबिहिमुल् - हमीयत़ हमीयतल् - जाहिलीयति फ़अन्ज़लल्लाहु सकीनतहू अ़ला रसूलिहि व अ़लल् - मुअ्मिनीन व अल्ज़महुम् कलिमत़त्तक़्वा व कानू अह़क़्क़ बिहा व अह्लहा त़ व कानल्लाहु बिकुल्लि शैअिन् अ़लीमन् (२६) ★ लक़द् सदक़ल्लाहु रसूलहुर्रुअ्या बिल्ह़क़्क़ ज् लतद्ख़ुलुन्नल् - मस्जिदल् - ह़राम अिन्शा'अल्लाहु आमिनीन ला मुह़ल्लिक़ीन रुअूसकुम् व मुक़स्सिरीन ला ला तख़ाफ़ून त़ फ़अ़लिम मा लम् तअ़्लमू फ़जअ़ल मिन् दूनि जालिक फ़त्ह़न् क़रीबन् (२७)



★ रु. २ । ११ आ ६

और (फ़तह के अलावा) बहुत सा माले ग़नीमत उनके हाथ लगा। और अल्लाह बड़ा ज़ोरावर बड़ा हिकमतवाला है। (१९) अल्लाह ने तुमसे बहुत सी ग़नीमतों (का माल) देने का वादा किया है कि तुम उन्हें पाओगे सो यह (ख़ैबर की लूट) तुमको जल्द ही दिला दी और (दूसरी फ़तह यह भी है कि हुदैबिया की सुलह की वजह से अरब के) लोगों के हाथों को तुम पर (ज़ुल्म करने से) रोक दिया, और ताकि यह ईमानवालों के लिए (पैग़म्बर की सच्चाई की) एक निशानी हो और वह तुमको सीधी राह पर चलाये। (२०) और दूसरे वादे भी हैं जो तुम्हारे क़ाबू में (अभी) नहीं आये। वह अल्लाह के क़ाबू में है (और आगे चलकर मक्का की फ़तह व दूसरे मुल्कों की फ़तह में ईमानवालों के हाथ लगेंगे।) और अल्लाह हर चीज़ पर शक्तिमान है। (२१) और अगर काफ़िर तुमसे लड़ते तो ज़रूर (हारकर) पीठ फेरते फिर कोई हिमायती और मददगार न पाते।§ (२२) अल्लाह की यही रीति है जो पहले से चली आती है और तू अल्लाह के दस्तूर में तब्दीली (परिवर्तन) न पावेगा। (२३) और वही है जिसने तुमको फ़तह देने के बाद† उनके हाथों को तुमसे और तुम्हारे हाथों को उनसे ऐन मक्का में रोक दिया इसके बाद और जो कुछ तुम करते हो अल्लाह देखता है। (२४) (यह मक्का वाले) वही हैं, जिन्होंने कुफ़्र किया और तुमको अदबवाली मसजिद (काबः में आने देने) से रोका और क़ुरबानी (के जानवरों) को भी इससे रोका कि तुमको उन पर क़ाबू दे दिया था कि अपनी जगह तक पहुँचे। और अगर कुछ ईमानवाले मर्द और कुछ ईमानवाली औरतें न होतीं जिन्हें तुम नहीं जानते थे और तुम उनको कुचल डालते तो अनजाने गुनाह उनकी तरफ़ से तुम्हें पहुँच जाता‡ तो अल्लाह जिसे चाहे अपनी कृपा में दाख़िल करे। अगर वे लोग एक तरफ़ (काफ़िरों से अलग) हो जाते तो हम काफ़िरों को दुखदाई सज़ा में डालते। (२५) जब काफ़िरों ने अपने दिलों में ज़िद और ज़िद भी नादानी की* ठान ली तो अल्लाह ने पैग़म्बर और ईमानवालों को तसल्ली दी (और फ़िलहाल जंग से रोककर सुलह के लिए आमादः कर दिया) और उनको परहेज़गारी पर जमाये रक्खा और वह उसके योग्य और अधिकारी थे और अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (२६) ★

बेशक अल्लाह ने अपने पैग़म्बर को स्वप्न की घटना सच्ची कर दिखाई, कि अल्लाह ने चाहा तो तुम अदब वाली मसजिद (काबः) में अमन के साथ ज़रूर दाख़िल होगे, अपना सिर मुड़वाते और बाल कतरवाते, तुमको कोई ख़तरा न होगा। और वह जानता था जो तुम नहीं जानते थे। फिर इसके अलावा उसने एक क़रीब की फ़तह (ख़ैबर की भी तुमको) दी।‡ (२७)

§ यानी हुदैबिया की सुलह न भी होती और काफ़िर तुम पर जबरन जंग लादते तो भी फ़तह इमानवालों ही की होती। यह अल्लाह का ईमानवालों के लिए हमेशा का वादा है। † हुदैबिया की सन्धि लिखी ही जा रही थी कि ७०-८० काफ़िरों ने हमला करना चाहा। नबी स० ने बद्दुआ दी और वे मामूली कोशिश में ही गिरफ़्तार हुये और बाद को छोड़ दिये गये। इसी फ़तह का यहाँ इशारा है। दोनों फ़रीक़ रुक गये— सुलह तै पाई। ‡ मुसलमान उमरः के लिए काबे में दाख़िल होने पर तुले थे और काफ़िर नादानी व ज़िद में उन्हें रोकने पर तुले थे। मक्का में कुछ ईमानवाले भी थे जो अलग बस्ती में नहीं बल्कि काफ़िरों के साथ मिले जुले रहते थे। अगर जंग छिड़ जाती तो मुसलमानों के हमले में काफ़िरों के साथ साथ ये ईमानवाले भी हलाक हो जाते। इस समय हुदैबिया की सुलह से यह गुनाह भी बच गया। वरनः काफ़िरों को पीस डालना अल्लाह के लिए क्या बात थी। * काफ़िरों की ज़िद का ज़िक्र सूरः की भूमिका में पढ़िये पृष्ठ ८४५। ‡ रसूल ने स्वप्न देखा था कि सर मुंडाये बाल कतरवाये काबः में उमरः कर रहे हैं। जब हुदैबिया की सुलह से फ़िलहाल वह रुक गया तो मुनाफ़िक़ों ने नबी स० के स्वप्न का मज़ाक उड़ाया कि कैसा सच्चा स्पप्न रहा। इस पर आयत उतरी कि स्वप्न में इसी साल का तो ज़िक्र न था। और स्वप्न सच होकर रहा कि जल्दी ही मुसलमानों को मक्का पर फ़तह हुई और बेखटके उमरः व हज की सुहूलियत मिल गई।

हुवल्लजी अर्सल रसूलहू बिल्हुदा व दीनिल्-हक़्क़िक़ लियुज़्हिरहू अलद्दीनि कुल्लिहीं त़ व कफ़ा बिल्लाहि शहीदन् त़ (२८) मुहम्मदुर्-रसूलुल्लाहि त़ वल्लज़ीन मअहू अशिद्दा'उ अलल्-कुफ़्फ़ारि रुहमा'उ बैनहुम् तराहुम् रुक्कअ़न् सुज्जदें-यब्तग़ून फ़ज़्लम्-मिनल्लाहि व रिज़्वानन् ज़ सीमाहुम् फ़ी वुजूहिहिम् मिन् अस़रिस्सुजूदि त़ जालिक मस़लुहुम् फ़ित्तौराति ∴ ज सल़ा व मस़लुहुम् फ़िल्अिन्जीलि ज क़िफ़ ∴ कज़र्इन् अख़्रज शत़्अहू फ़आज़रहू फ़स्तग़्लज फ़स्तवा अला सूक़िहीं युऽजिबुज़्-ज़ुर्राअ़ लियग़ीज़ बिहिमुल्-कुफ़्फ़ार त़ वअ़दल्लाहुल्-लज़ीन आमनू व अ़मिलुस़्सालिहाति मिन्हुम् मग़्फ़िरतौंव अज्रन् अ़ज़ीमन् (२९) ✱

✱ ४९ सूरतुल्-हुजुराति १०६ ✱

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के १५७३ हुरूफ़ ३५० शब्द १८ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

या अैयुहल्लज़ीन आमनू ला तुक़द्दिमू बैन यदयिल्लाहि व रसूलिहीं वत्तक़ुल्लाह त़ अिन्नल्लाह समीअ़ुन् अ़लीमुन् (१) या अैयुहल्लज़ीन आमनू ला तर्फ़अू अस़्वातकुम् फ़ौक़ सौतिन्नबीयि व ला तज्हरू लहू बिल्क़ौलि कजह्रि बअ़ज़िकुम् लिबअ़ज़िन् अन् तह़बत अअ़्मालुकुम् व अन्तुम् ला तश्अुरून (२) अिन्नल्लज़ीन यग़ुज़्ज़ून अस़्वातहुम् अिन्द रसूलिल्लाहि अुला अिकल्-लज़ीनम्तह़नल्-लाहु क़ुलूबहुम् लित्तक़्वा त़ लहुम् मग़्फ़िरतुंव अज्रुन् अ़ज़ीमुन् (३) अिन्नल्लज़ीन युनादूनक मिव्वराअिल्-हुजुराति अक्सरुहुम् ला यअ़क़िलून (४) व लौ अन्नहुम् सबरू हत्ता तख़्रुज अिलैहिम् लकान ख़ैरल्लहुम् त़ वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (५)

वह (अल्लाह ही) है जिसने अपने पैग़म्बर को हिदायत (यानी क़ुर्आन) और सच्चा दीन देकर भेजा कि उसे तमाम दीनों पर श्रेष्ठता दे। और (हक़ ज़ाहिर करने के लिए) अल्लाह गवाह काफ़ी है। (२८) मुहम्मद अल्लाह के (भेजे हुए) रसूल हैं और जो लोग उनके साथ हैं वे काफ़िरों के हक़ में बड़े सख़्त हैं (और) आपस में रहमदिल हैं। तू उन्हें रुकूअ़ और सजदः करते देखेगा कि अल्लाह की कृपा और उसकी ख़ुशी चाह रहे हैं। उनकी पहचान यह है कि सजदे के निशान उनके माथों पर हैं। यही लक्षण उनके तौरात में और यही लक्षण उनके इञ्जील में लिखे हैं। कि गोया (ईमानवाले) एक खेती है कि उसने अपना कल्ला निकाला फिर उसे मज़बूत किया फिर मोटी हुई आख़िरकार अपनी नाल पर सीधी खड़ी हो गई और खेती वालों को ख़ुश करने लगी ताकि काफ़िरों का जी जलाये। जो ईमान लाये और भले काम किये उनसे अल्लाह ने क्षमा का और बड़े अजर (बदले) का वादा किया है। (२९) ★ रू. ४ १२ आ ३

✪ ४९ सूरतुल्-हुजुराति १०६ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के १५७३ अक्षर, ३५० शब्द, १८ आयतें और २ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ ईमानवालो! अल्लाह और उसके पैग़म्बर से (किसी काम में बग़ैर इजाज़त मिले) आगे न बढ़ो§ और अल्लाह से डरते रहो। बेशक अल्लाह (सब कुछ) सुनता जानता है। (१) ऐ ईमानवाले! अपनी आवाज़ों को पैग़म्बर की आवाज़ से ऊँचा न होने दो और न उनके साथ बहुत ज़ोर से बात करो जैसे तुम आपस में बोला करते हो। ऐसा न हो कि (इस असभ्यता के कारन) तुम्हारा किया धरा सब अकारथ हो जावे और तुम्हें ख़बर भी न हो। (२) जो लोग अल्लाह के पैग़म्बर के सामने दबी आवाज़ बोलते हैं वही हैं जिनके दिलों को अल्लाह ने परहेज़गारी के लिए जाँच (में परख) लिया है। उनके लिए क्षमा और बड़ा बदला है। (३) जो लोग तुमको हुजरों (कमरों) के बाहर से पुकारते हैं इनमें से अक्सर बेसमझ हैं। (४) और अगर यह सब्र करते यहाँ तक कि तुम उनकी तरफ़ निकल कर (बाहर) आते तो उनके लिए बहुत अच्छा होता।† और अल्लाह बख़्शने वाला बड़ा मेहरबान है। (५)

---

§ यह भी अर्थ हो सकता है कि बहुत बढ़ चढ़ कर बातें न करो कि तुम बड़े दीनदार हो। † बनी तमीम के कुछ लोग एक बार आये और लगे बाहर से ही नबी स॰ को पुकारने। नबी स॰ का वक़्त दीन और ईमानवालों का है। उनको मौक़ा देना चाहिए कि जब सुभीता हो ख़ुद आकर मिलें। सारी क़ौम के आदमी के लिए कैसे मुमकिन है कि वह हर शख़्स से उसकी मर्ज़ी पर फ़ौरन मिले।

❀ चौथी आयत में आये 'हुजुरात' शब्द पर सूरः का नामकरन है। ६ठी या ७वीं हिजरी में मदीना में नाज़िल हुई। इस सूरः में रसूल के, अपने रहनुमाओं के और समाज में सब के साथ शिष्टाचार, सदाचार, सभ्य व्यवहार की नसीहत दी गई है। किसे कैसे मुख़ातिब करें, बिना जाँच किसी की शिकायत पर कोई अमल न कर बैठना, आपस में मेलमिलाप और झगड़ा होने पर सुलह करा देना, किसी की चुग़ली या ग़ैबत (परोक्ष में) निन्दा, तानाज़नी, मख़ौल उड़ाना या ज़लील करना. अपने को दूसरे से बेहतर दीनदार समझना या दरसाना इस की मुमानियत सूरत की पुरअसर नसीहत है। ईमान में दाख़िल हो जाना (मुस्लिम) ही (मोमिन) ईमानदार बन जाना नहीं है न ईमान ले आना अल्लाह या रसूल पर इहसान है। यह तो अल्लाह का इहसान है कि ईमान वाले को लोक-परलोक की सफलता की राह दिखाता है। महज़ बद्द होने से नहीं बल्कि अमल के लक्षणों से ही गवाँर या सलीक़ेदार (अज्ञानी या ज्ञानवान, सभ्य या असभ्य) की पहचान है।

या अैयुहल्लजीन आमनू अिन् जा़अकुम् फ़ासिक़ुम् - बिनबअिन् फ़तबैयनू अन् तुसीबू क़ौमम् - बिजहालतिन् फ़तुस्बिहू अ़ला मा फ़अ़ल्तुम् नादिमीन (६) वअ़लमू अन्न फ़ीकुम् रसूलल्लाहि ؕ लौ युतीअुकुम् फ़ी कसीरिम्-मिनल्-अम्रि लअ़नित्तुम् व लाकिन्नल्लाह हब्बब अिलैकुमुल् - अीमान व ज़ैयनहु फ़ी क़ुलूबिकुम् व कर्रह अिलै-कुमुल्-कुफ़्र वल्फ़ुसूक़ वल्-अिसयान ؕ अुला अिक हुमुर्-राशिदून ला (७) फ़ज़्लम्-मिनल्लाहि व निअ़मतन् ؕ वल्लाहु अ़लीमुन् हकीमुन् (८) व अिन् ताअिफ़तानि मिनल् - मुअ्मिनीनक़् - ततलू फ़अस्लिहू बैनहुमा ज फ़अिम् - बग़त् अिह्दाहुमा अ़लल् - अुख़्रा फ़क़ातिलुल्लती तब्ग़ी हत्ता तफ़ी अ अिला अम्रिल्लाहि ज फ़अिन् फ़ा अत् फ़अस्लिहू बैनहुमा बिल्अ़द्लि व अक़्सितू ؕ अिन्नल्लाह युहिब्बुल् - मुक़्सितीन (९) अिन्नमल् - मुअ्मिनून अिख़्वतुन् फ़अस्लिहू बैन अख़वैकुम् वत्तक़ुल्लाह लअ़ल्लकुम् तुर्हमून (१०) ✱ ● या अैयुहल्लजीन आमनू ला यस्ख़र् क़ौमुम् - मिन् क़ौमिन् अ़सा अंयकूनू ख़ैरम्-मिन्हुम् व ला निसा अुम्-मिन् निसा अिन् अ़सा अंयकुन्न ख़ैरम्मिन्हुन्न ज व ला तल्मिज़ू अन्फ़ुसकुम् व ला तनाबज़ू बिल् - अल्क़ाबि ؕ बिअ्सलिस्मुल् - फ़ुसूक़ बअ़्दल् - अीमानि ज व मल्लम् यतुब् फ़अुला अिक हुमुज्जालिमून (११) या अैयुहल्लजीन आमनुज्तनिबू कसीरम् - मिनज्जन्नि ज अिन्न बअ़्ज़ज्जन्नि अिस्मूंव ला तजस्ससू व ला यग़्तब् बअ़्ज़ुकुम् बअ़्ज़न् ؕ अयुहिब्बु अह्दुकुम् अंयअ्कुल लह्म अख़ीहि मैतन् फ़करिह्तुमूहु ؕ वत्तक़ुल्लाह ؕ अिन्नल्लाह तौवाबुर्रहीमुन् (१२)

ऐ ईमानवालो ! अगर कोई गुनहगार तुम्हारे पास कोई ख़बर (किसी के ख़िलाफ़) लावे तो अच्छी तरह से जाँच लिया करो ताकि कहीं ऐसा न हो कि तुम नादानी से (महज़ उस बयान की बुनियाद पर) किसी क़ौम पर जा चढ़ो (और) फिर (कल को) अपने किये पर पछताने लगो।§ (६) और जाने रहो कि तुममें अल्लाह का पैग़म्बर (मौजूद) है। अगर वह बहुत सी बातों में तुम्हारा कहना माना करे तो तुम्हीं पर मुश्किल जा पड़े। मगर अल्लाह ने तुमको ईमान की मुहब्बत दे दी है और उसको तुम्हारे दिलों में अच्छा कर दिखाया है और कुफ़्र और गुनाह और बेहुक्मी से तुमको नफ़रत दिला दी है; तो यही मनुष्य हैं जो नेक राह पर हैं।(७) (यह सब) अल्लाह की कृपा और इहसान है। और अल्लाह बड़ा जानकार बड़ा हिक्मतवाला है। (८) और अगर ईमानवालों के दो फ़िर्क़े आपस में लड़ पड़ें तो उनमें मिलाप करा दो। फिर अगर उनमें का एक दूसरे पर ज़ियादती करे तो उस ज़ियादती करनेवाले से सब लोग लड़ो यहाँ तक कि वह (ज़ियादती करनेवाला) फिर अल्लाह के हुक्म की तरफ़ लौट आये। फिर जब लौट आये (और सही राह पर आजाये) तो उनमें बराबरी के साथ मिलाप करा दो और (उनके बीच) इंसाफ़ करो। बेशक अल्लाह न्याय करने वालों को पसन्द करता है। (९) ईमानवाले (सब) आपस में भाई हैं सो अपने दो भाइयों में मेल मिलाप करा दो और अल्लाह से डरते रहो शायद तुम पर उसका रहम हो। (१०) ★ ●

ऐ ईमानवालो ! कोई (मरदों का) गिरोह किसी (मरदों के) गिरोह की हँसी न उड़ायें, अजब नहीं कि वह उनसे भले हों और न औरतें औरतों की (हँसी उड़ायें,) अजब नहीं कि वह उनसे भली हों। और एक दूसरे को ऐब न लगाओ और न एक दूसरे को बुरे नाम से पुकारो। ईमान ले आने के बाद बुरा नाम रखना गुनाह है। और जो न माने तो वही अन्यायी है।‡(११) ऐ ईमानवालो ! (किसी की बाबत गुमान या) बहुत अटकलें न बाँधा करो क्योंकि कोई कोई अटकल गुनाह (साबित होती) है और (दूसरे की बुराई ढूँढ़ने के शौक में) किसी का भेद न टटोलो और पीठ पीछे कोई किसी की (ग़ीबत यानी परोक्ष में) निन्दा न करो। क्या तुममें से कोई अपने मरे हुए भाई का गोश्त खाना पसन्द करता है सो इससे तुमको घिन आती है* और अल्लाह से डरते रहो। बेशक अल्लाह (डरनेवालों की) तौबः क़बूल करने वाला और बेहद मेहरबान है। (१२)

★ रु. १ / १३ आ १० ● सू. ४९ / ३

§ ऐसा हुआ कि बनीद बिन उक़्बः को बनी मुस्तलिक़ से ज़कात वसूल करने भेजा गया। इन दोनों में इस्लाम से पहले दुश्मनी थी। अपने स्वागत के लिए आते देख वे समझे कि हमें मारने आ रहे हैं। उन्होंने आँ हज़रत स० से शिकायत की कि वह लोग इस्लाम से फिर गये हैं; नबी स० ने हज़रत ख़ालिद को तहक़ीक़ के लिए भेजा। तब राज़ खुला कि वह लोग इस्लाम पर क़ायम हैं, इस पर यह आयत उतरी कि कभी झगड़ों में फँसे लोगों के बयान पर बिला जाँच किये अमल न करो † रसूल स० अपने सहाबः से सलाह तो लेगा लेकिन हर शख़्स चाहे कि उसी की राय पर अमल हो यह कैसे सभव है। दीन की ज़िम्मेदारी रसूल स० पर है। अगर ख़ुद फ़ैसला न करे और सब की राय पर चलने लगे तो उलटे तुम सब ही परेशानी में पड़ जाओगे। नबी स० को अल्लाह से प्रेरणा मिलती है। ‡ अपने को हमेशा भला दरसाना या समझना और दूसरे को ज़लील करना या समझना यह ईमानवालों का लक्षण नहीं। ईमानवाले ऐसी बातों से तौबः करते रहते हैं। यह अल्लाह ही जानता है कौन किससे बेहतर है और किसी के नेक-बद आमाल उसी के काम आयेंगे किसी दूसरे के नहीं। फिर क्या हक़ है दूसरे की निन्दा या अपमान करें। * जो मौजूद नहीं है वह अपनी निन्दा से बचाव करने में उतना ही लाचार है जितना मरा हुआ आदमी अपने बचाव में। ख़ुद निन्दा करने वाले ही को उससे नुक़सान पहुँचता है। उसकी ग़ीबत (परोक्ष) में निन्दा करना मरे हुये आदमी का मांस खाने के बराबर है। मांस की लज़्ज़त जैसे छुटाये नहीं छूटती वैसे ही ग़ैरमौजूदगी में उसकी बदगोई और चुग़ली में भी मज़ा आता है। ज़िन्दः या मुर्दा आदमी का मांस कोई नहीं खाता उसी तरह सामने या पीठ पीछे निन्दा, चुग़ली, दूसरे के भेद जानने का चाव, अटकलें लगाना यह सब बड़ा गुनाह है।

या अैयुहन्नासु अिन्ना ख़लक़्नाकुम् मिन् ज़करिंव्व अुन्सा व जअ़ल्नाकुम् शुअूबंव क़बाअिल लितआरफ़ू त़ अिन्न अक्रमकुम् अिन्दल्लाहि अत्क़ाकुम् त़ अिन्नल्लाह अलीमुन् ख़बीरुन् (१३) क़ालतिल्-अ़राबु आमन्ना त़ क़ुल् लम् तुअ्मिनू व लाकिन् क़ूलू अस्लम्ना व लम्मा यद्ख़ुलिल्-अीमानु फ़ी क़ुलूबिकुम् त़ व अिन् तुती अुल्लाह व रसूलहू ला यलित्कुम् मिन् अअ़्मालिकुम् शैअन् त़ अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१४) अिन्नमल्-मुअ्मिनूनल्-लज़ीन आमनू बिल्लाहि व रसूलिहीं सुम्म लम् यर्तावू व जाहदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् फ़ी सबीलिल्लाहि त़ अुलाअिक हुमुस्सादिक़ून (१५) क़ुल् अतुअल्लिमूनल्लाह बिदीनिकुम् त़ वल्लाहु यअ़लमु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त़ वल्लाहु बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (१६) यमुन्नून अलैक अन् अस्लमू त़ क़ुल् ला तमुन्नू अलैय अिस्लामकुम् ज बलिल्लाहु यमुन्नु अलैकुम् अन् हदाकुम् लिल्अीमानि अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१७) अिन्नल्लाह यअ़लमु ग़ैबस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ वल्लाहु बसीरुम्-बिमा तअ़मलून (१८) ★

॥ इति मंज़िल ६ ॥

☆ ५० सूरतु-क़ा़फ़् ३४ ☆

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १५२५ हुरूफ़, ३७६ शब्द, ४५ आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़ा़फ़् क़िफ़् ज वल्क़ुर्आनिल्-मजीदि ज (१) बल् अजिबू अन् जा़अहुम् मुन्ज़िरुम्-मिन्हुम् फ़क़ालल्-काफ़िरून हाजा शैअुन् अजीबुन् ज (२) अइज़ा मित्ना व कुन्ना तुराबन् ज ज़ालिक रज्अुम्-बअ़ीदुन् (३) क़द् अलिमना मा तन्क़ुसुल्-अर्ज़ु मिन्हुम् ज व अिन्दना किताबुन् हफ़ीज़ुन् (४) बल् कज़्ज़बू बिल्हक़्क़िक़ लम्मा जा़अहुम् फ़हुम् फ़ी अम्रिम्-मरीजिन् (५)

लोगो ! हमने तुम सब को एक मर्द और एक औरत (ह० आदम अ० व हौवा) से पैदा किया और तुम्हारी ज़ातें और बिरादरियाँ (सिर्फ़ इस ग़रज़ से) ठहराईं कि एक दूसरे को पहिचान सको। बेशक अल्लाह के नज़दीक तुममें वही ज़्यादः इज़्ज़त वाला है जो तुममें ज़्यादः परहेज़गार है। बेशक अल्लाह (सब कुछ) जाननेवाला (और पूरी) ख़बर रखनेवाला है (कि कौन कितना परहेज़गार है और कितना इज़्ज़तवाला है।) (१३) (बद्दू) गवाँर कहते हैं कि हम ईमान लाये। (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कह दो कि तुम ईमान नहीं लाये बल्कि यूँ कहो कि हम इस्लाम में (अभी सिर्फ़) दाखिल हुये हैं। और ईमान की तो अभी तुम्हारे दिलों में पैठ भी नहीं हुई।§ और अगर तुम अल्लाह और उसके पैग़म्बर की आज्ञा पर चलोगे तो वह तुम्हारे कामों का बदला कुछ कम न करेगा। अल्लाह बड़ा क्षमा करने वाला बेहद मेहरबान है।(१४) ईमानवाले वह हैं जो अल्लाह और उसके पैग़म्बर पर ईमान लाये (और ईमान में दाख़िल होने के बाद) फिर शक में (डावाँडोल) नहीं हुये और अल्लाह की राह में अपनी जानों और मालों से जिहाद किया। यही सच्चे (ईमानवाले) हैं।(१५) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि क्या तुम अल्लाह को अपनी दीनदारी जताते हो। हालाँकि जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है अल्लाह (सब कुछ) जानता है और अल्लाह हर चीज़ से जानकार है।‡(१६) (ऐ पैग़म्बर! यह लोग) तुम पर अपने इस्लाम क़ुबूल करने का इहसान रखते हैं। तू कह कि मुझ पर अपने इस्लाम (क़ुबूल करने) का इहसान न रक्खो। बल्कि अल्लाह का इहसान तुम्हारे ऊपर है कि उसने तुमको ईमान की राह दिखाई बशर्ते कि तुम सच (में इस्लाम पर) हो।(१७) अल्लाह (ही) आसमानों और ज़मीन के छिपे भेद को जानता है। और तुम लोग जो भी कर रहे हो अल्लाह उसको (बख़ूबी) देख रहा है।(१८) ★

रु. २ — १४ आ ८

॥ इति मंज़िल ६ ॥

✪ ५० सूरः क़ा॰फ़ ३४ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १५२५ अक्षर, ३७६ शब्द, ४५ आयतें और ३ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़ा॰फ़—(इस गौरव-गरिमामय) क़ुर्आन मजीद की क़सम (कि मुहम्मद ! तुम हमारे पैग़म्बर हो।) (१) लेकिन इन (काफ़िरों) को अचम्भा हुआ कि इनके पास इन्हीं में का एक (शख़्स अल्लाह की ओर से) डर सुनानेवाला आया तो काफ़िर कहने लगे कि यह तो अजीब बात है। (२) भला जब हम मर जावेंगे और मिट्टी हो जायेंगे, तो (क़ियामत में फिर ज़िन्दः उठा खड़े किये जायेंगे) यह फिर आना (अक़्ल से) बहुत दूर है। (३) तो (ऐ पैग़म्बर ! इन्हें नहीं मालूम कि) ज़मीन जैसा-जैसा इनको (गलाकर) घटाती है वह हमको मालूम है और हमारे पास याद दिलाने वाली किताब (लौह महफ़ूज़ मौजूद) है। (हमको आसान है जब चाहें जमा कर लें और ज़िन्दः कर दें।)(४) कुछ नहीं इन लोगों ने सच्चा दीन पहुँचने पर उसको झुठलाया तो वह अब उलझी बात में पड़े हैं। (५)

§ ईमान में दाखिल होना और बात है और ईमानवाला होना और बात है। अगर ईमानवाले हो तो ऊपर लिखी ईमानवालों की अलामतें (लक्षण) अपने में तलाश कर देखो ! ‡ तुम क्या हो यह अल्लाह को ख़बर देने की ज़रूरत नहीं। वह तुम्हारी छिपी व खुली हर बात से जानकार है। तुम्हारे आमाल तुम्हारे ख़ुद गवाह हैं।

❀ सूरः के शुरू में अक्षर मुक़त्तआत 'क़ा॰फ़' है, उसी पर नामकरन किया गया है। यहाँ [पेज ६३० पर]

अ फ़लम् यन्ज़ुरू' अिलस्समा'अि फ़ौक़हुम् कैफ़ बनैनाहा व ज़ैयन्नाहा व मा लहा मिन् फ़ुरूजिन् (६) वल्अर्ज़ मदद्नाहा व अल्क़ैना फ़ीहा रवासिय व अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिम् - बहीजिन् ला (७) तब्सिरत्वौंव जिक्रा लिकुल्लि अब्दिम् - मुनीबिन् (८) व नज़्ज़ल्ना मिनस्समा'अि मा'अम् - मुबारकन् फ़अम्बत्ना बिहि जन्नातिंव्व हब्बल् - हसीदि ला (९) वन्नख़्ल बासिक़ातिल्लहा तल्अुन् नज़ीदुन् ला (१०) र्'रिज़्क़ल् - लिल्अिबादि ला व अह्यैना बिहि बल्दतम् - मैतन् त कजालिकल् - ख़ुरूजु (११) कज्जबत् क़ब्लहुम् क़ौमु नूहिंव्व अस्हाबुर्रस्सि व समूदु ला (१२) व आदूँव फ़िर्औनु व अिख़्वानु लूतिन् ला (१३) व'व अस्हाबुल् - अैकति व क़ौमु तुब्बअिन् त कुल्लुन् कज्जबर्रुसुल फ़हूक़क़ व ओदि (१४) अफ़अ्यीना बिल्ख़ल्क़िल् - औवलि त बल् हुम् फ़ी लब्सिम् - मिन् ख़ल्क़िन् जदीदिन् (१५) ★ व लक़द् ख़लक़्नल् - अिन्सान व नअ्लमु मा तुवस्विसु बिहि नफ़्सुहु ज़ सला व नहनु अक़्रबु अिलैहि मिन् हब्लिल् - वरीदि (१६) अिज् यतलक़्क़ल् - मुतलक़्क़ियानि अनिल्यमीनि व अनिश्शमालि क़अ्दुन् (१७) मा यल्फ़िज़ मिन् क़ौलिन् अिल्ला लदैहि रक़ीबुन् अतीदुन् (१८) व जा'अत् सक्रतुल् - मौति बिल्हक़्क़ि त जालिक मा कुन्त मिन्हु तहीदु (१९) व नुफ़िख़ फ़िस्सूरि त जालिक यौमुल् - वअ्दि (२०) व जा'अत् कुल्लु नफ़्सिम् - मअ्हा सा'अिक़ूँव शहीदुन् (२१) लक़द् कुन्त फ़ी ग़फ़्लतिम् - मिन् हाजा फ़कशफ़्ना अन्क ग़िता'अक फ़बसरुकल् - यौम हदीदुन् (२२) व क़ाल क़रीनुहु हाजा मा लदैय अतीदुन् त (२३) अल्क़िया फ़ी जहन्नम कुल्ल कफ़्फ़ारिन् अनीदिन् ला (२४)

★ रु. १ / १५ आ १५

क्या इन लोगों ने अपने ऊपर आसमान की तरफ़ नहीं देखा कि हमने उसको कैसा बनाया और उसको (अनगिनती तारों से) सजाया और उसमें कहीं दराज़ नहीं। (६) और ज़मीन को हमने फैलाया और उसमें भारी बोझ (पहाड़) डाल दिये और हर तरह की ख़ुशनुमा चीज़ें उसमें उगाईं, (७) हर (अल्लाह की तरफ़) रुजू होने वाले बन्दे के लिए (क़ुदरत इलाही की निशानियाँ) राह दिखाने को और नसीहत देने को। (८) और हमने आसमान से बरकत वाला पानी उतारा और उस पानी के ज़रिये से बाग़ और कटनेवाली (फ़सल की) खेती का नाज उगाया (९) और लम्बे-लम्बे खजूर के पेड़ जिनके गुच्छे तह पर तह होते हैं, (१०) (और यह सब अपने) बन्दों को रोज़ी देने के लिए। और उस (मेह) के ज़रिये से एक मुर्दा बस्ती को जिलाया। बस इसी तरह (मुर्दों को क़ियामत के दिन क़ब्रों से) निकल खड़े होना है। (११) इनसे पहले नूह की क़ौम ने और कुएँवालों ने और क़ौम समूद ने (भी) झुठलाया था, (१२) और आद ने और फ़िरऔन ने और लूत के भाइयों ने, (१३) और बन के रहनेवालों ने और तुब्बअ़ की क़ौम ने—सभी ने (अपने) पैग़म्बरों को झुठलाया था तो हमारा वादा (-अ़ज़ाब उन पर) पूरा हुआ (और वही अंजाम इन मक्का के काफ़िरों का भी होना है।) (१४) क्या हम पहली बार (लोगों को) पैदा करके अब थक गये हैं। (हरगिज़ नहीं,) बल्कि ये लोग (अलबत्ता) दुबारा पैदा होने की बाबत शक में (पड़े) हैं। (१५) ✱ रु. १ — १५ आ १५

और हमने आदमी को पैदा किया है और हम उसके दिल में आनेवाले ख़्यालों को जानते हैं। और हम (उसके जिस्म की) धड़कती रग (जीवन शिरा) से ज़्यादः उसके नज़दीक हैं। (१६) जब दो लेने वाले दाहिने और बायें बैठे हुए लेते जाते हैं§। (१७) कोई बात आदमी नहीं बोलता जो उसके पास तैयार एक निगहबान मौजूद (लिख न लेता हो।) (१८) और मौत की बेहोशी हक़ीक़त (यानी तुम्हारी सही क़लई) खोलने को ज़रूर आकर रहेगी। (ऐ इन्सान!) यही तो वह है जिससे तू भागता था। (१९) और नरसिंहा (सूर) फूँका जायगा। यही वह (क़ियामत का) दिन होगा जिससे (तुम्हें दुनिया में) डराया जाता है (२०) और हर मनुष्य जो (हमारे रूबरू) हाज़िर होगा उसके साथ एक हाँकने वाला और एक (उसके आमाल का हाल बतानेवाला) गवाह होगा। (२१) (ऐ इन्सान!) यही वह दिन है कि तू इससे ग़ाफ़िल रहा सो अब हमने तेरे पर्दे को तुझ पर से हटा दिया तो आज तेरी निगाह तेज़ है (और जो चेताने पर भी तब न देखता था आज व प्रत्यक्ष देख रहा है।) (२२) और उसका साथी बोला जो कुछ मेरे पास था (इसका आमालनामा सो) यह मौजूद है। (२३) (तब हुक्म होगा कि) ऐ दोनों फ़रिश्तो! हर काफ़िर दुश्मन को जहन्नम में झोंक दो। (२४)

---

§ हर आदमी के साथ दायें-बायें दो फ़रिश्ते रहते हैं। आदमी जो करता या जो कहता है ये दोनों उसको लिखते जाते हैं। दाहिने वाला नेकी और बाईं तरफ़ वाला बदी। इस प्रकार आख़िरत यानी अन्तिम न्याय के दिन हर एक का किया और कहा उसके सामने लाया जायगा।

[पेज ८६१ से] ✱ अल्लाह से मुन्किर है वही इतनी निशानियाँ देखकर भी अल्लाह के हुक्म और उसके रसूल से विमुख होता है। [पेज ८६१ से] ◎ और लोक-परलोक को बनानेवाली राह ज़रिये हिदायत आसमानी, दोनों ही अल्लाह की ओर से आसमान से उतरती हैं। [पेज ८६१ से] ✱ किसी के यहाँ जाता था तो वह वहाँ मेहमानी नहीं क़बूल करता कुछ खाता पीता न था। [पेज ५६१ से] ‡ हज़रत हाजरा के पेट से पैदा हो चुके थे मगर अब हज़रत इसहाक़ अ० हज़रत सारा के पेट से पैदा होने वाले हैं। इस ख़ुशख़बरी के वक़्त हज़रत इब्राहीम अ० की उम्र क़रीब १२० बरस की और हज़रत सारा की एक सौ बरस की थी। देखिये पारः २३ सूरः सा॰फ़्फ़ात आयत १०१ व ११२ पृष्ठ ७४३-७४५।

नि॰
म्मन्नाञ्चिल् - लिल्ख़ैरि मुऽतदिम् - मुरीबि ला (२५) अल्लजी जअल मअल्लाहि
अिलाहन् आख़र फ़अल्क़ियाहु फ़िल्-अजाबिश्शदीदि (२६) क़ाल क़रीनुहू रब्बना
मा॰ अत्ग़ैतुहु व लाकिन् कान फ़ी ज़लालिम् - बअ़ीदिन् (२७) क़ाल ला
तख़्तसिमू लदैय व क़द् क़द्दम्तु अिलैकुम् बिल्वअ़ीदि (२८) मा युबद्दलुल् -
क़ौलु लदैय व मा॰ अना बिज़ल्लामिल् - लिल्अ़बीदि (२९) ★ यौम नक़ूलु
लिजहन्नम हलिम्तलअ़ति व तक़ूलु हल् मिम्-मज़ीदिन् (३०) व अुज़्लिफ़तिल् -
जन्नतु लिल् - मुत्तक़ीन ग़ैर बअ़ीदिन् (३१) हाज़ा मा तूअ़दून लिकुल्लि औवाबिन्
हफ़ीज़िन् ज (३२) मन् ख़शियर्रहमा॰न

नि॰
बिल्ग़ैबि व जा॰अ बिक़ल्बिम् - मुनीबि ला
(३३) अद्ख़ुलूहा बिसलामिन् ज़ालिक यौमुल्ख़ुलूदि (३४) लहुम् मा यशा॰ऊन
फ़ीहा व लदैना मज़ीदुन् (३५) व कम् अह्लक्ना क़ब्लहुम् मिन् क़र्निन् हुम्
अशद्दु मिन्हुम् बत्शन् फ़नक़क़बू फ़िल्बिलादि ह्ल् मिम्-महीसिन् (३६)
अिन्न फ़ी जालिक लज़िक्रा लिमन् कान लहू क़ल्बुन् औ अल्क़स्समअ़ व हुव
शहीदुन् (३७) व लक़द् ख़लक़्नस्समावाति वल्अर्ज़ व मा बैनहुमा फ़ी सित्तति
अैयामिन् क़ सला ०व मा मस्सना मिल्-लुग़ूबिन् (३८) फ़स्बिर् अला मा
यक़ूलून व सब्बिह् बिहम्दि रब्बिक क़ब्ल तुलूअिश्शम्सि व क़ब्लल् - ग़ुरूबि ज
(३९) व मिनल्लैलि फ़सब्बिहूहु व अद्बारस्सुजूदि (४०) वस्तमिअ़ यौम
युनादिल्मुनादि मिम् - मकानिन् क़रीबिन् ला (४१) ०यौम यस्मअूनस् - सैहति
बिल्हक़्क़िक़ ज़ालिक यौमुल् - ख़ुरूजि (४२) अिन्ना नहनु नुह्यी व
नुमीतु व अिलैनल् - मसीरु ला (४३) यौम तशक़्क़क़ुल्अर्ज़ु अन्हुम् सिराअन् ज़ालिक हश्रुन् अलैना यसीरुन् (४४) नहनु अअ़्लमु बिमा यक़ूलून व मा॰ अन्त
अलैहिम् बिजब्बारिन् क़िफ़ फ़ज़क्किर् बिल्क़ुर्आनि मैंयख़ाफ़ु वअ़ीदि (४५) ★

नेककारी से (अपने को व दूसरों को) रोकनेवाले, (मर्यादाहीन) हद्द से बढ़ने वाले और (अल्लाह के दीन में) शक करनेवाले (२५) (और) जिसने अल्लाह के साथ दूसरे पूजित ठहराये उन सब को सख़्त अज़ाब में डाल दो।(२६) उनका साथी(शैतान) कहेगा कि ऐ हमारे परवरदिगार मैंने इनको सरकश नहीं बनाया बल्कि यह था ही राह से दूर भूला हुआ।‡ (२७) (अल्लाह) कहेगा मेरे पास झगड़ा न करो और मैं तुम्हारे पास पहिले ही (अज़ाब का) डर पहुँचा चुका था। (२८) मेरे यहाँ बात नहीं बदली जाती और मैं बन्दों पर जुल्म नहीं करता। (२९) ★ रु. २ / १६ आ १४

उस दिन हम दोज़ख़ से पूछेंगे कि तू (अब दोज़ख़ियों से) भर चुकी और वह कहेगी क्या कुछ और भी हैं ? (अभी बहुतेरी जगह ख़ाली है।) (३०) और बहिश्त परहेज़गारों के पास लाया जायगा, (बिलकुल) दूर नहीं। (३१) यह है जिसका वादा तुम हरेक रुजू रहने वाले और (अल्लाह को) याद रखने वाले को मिला था।(३२) जो शख़्स अनदेखे (अदृष्ट उस) रहमान से डरता रहा और रुजू रहनेवाले दिल को लेकर हाज़िर हुआ, (३३) (उससे कहा जायगा कि) सलामती के साथ इस (बहिश्त) में दाख़िल हो। यही हमेशा रहने का दिन है (कि जो जहाँ दोज़ख़ या बहिश्त में रहा वहीं हमेशा रहेगा।) (३४) वहाँ(बहिश्त में) इन लोगों को जो चाहेंगे मिलेगा और (उसके अलावा) हमारे पास और भी ज़्यादः (मिलेगा)। (३५) और इन (मक्का के काफ़िरों) से पहिले हमने कितने गिरोह खपा मारे कि बल बूते में (इनसे) कहीं बढ़कर थे फिर (जब दुनिया ही में अज़ाब का सामना हुआ तो) उन्होंने तमाम शहरों को छान मारा, कि कहीं भागने(-बचने) का ठिकाना भी है।♦(३६) जो दिलवाला है या कान लगाकर दिल से सुनता है उसके लिए इन बातों में शिक्षा है।(३७) और हमने आसमानों और ज़मीन को और जो कुछ उनके बीच में है ६ दिन में बनाया और हम थके नहीं (३८) तो (ऐ पैग़म्बर!) जैसी जैसी बातें (यह तेरी क़ौम के काफ़िर) कहते हैं, उन पर सब्र करो और सूरज के निकलने और डूबने से पहिले अपने परवरदिगार की तारीफ़ (स्तुति) के साथ तस्बीह (जप) करते रहो, (३९) और रात में उसकी पाकी से याद करो और नमाज़ों के बाद।(४०) और कान लगाये रक्खो कि जिस दिन पुकारने वाला पास ही की जगह से आवाज़ देगा(कि उठो)* (४१) जिस दिन चिंघाड़ को यक़ीनन सुन लेंगे वही दिन (क़ियामत का और क़ब्रों से) निकल पड़ने का होगा (४२) हम ही जिलाते और मारते हैं और हमारी तरफ़(ही सबको) फिर आना है।(४३) जिस दिन उन(मुर्दों) पर से ज़मीन फट जायगी(और) वे निकल कर दौड़ पड़ेंगे—यह जमा करना हमको आसान (बात) है।(४४) यह लोग जो कहते हैं वह हम ख़ूब जानते हैं और तू इन पर ज़बरदस्ती करने वाला नहीं। तू तो बस क़ुर्आन से उसको समझाये जा जो हमारे(अज़ाब के) वादे से डरता है।(४५) ★ रु. ३ / १७ आ १६

[पिछ ८४७ से] हुई समझ में आई लेकिन वह उनके लिए फ़तह साबित हुई (देखिये सूरः की भूमिका)। ईमानवालों को एक तो फ़ायदा यही हुआ कि क़ुरैशों के हमले का अंदेशा फ़िलहाल टला और उन्हें अपने को मज़बूत करने व मदीना के गिर्द के यहूदी क़बीलों से निबटने का मौक़ा मिला जो हमेशा इनके ख़िलाफ़ साज़िश (षड्यंत्र) किया करते थे। चुनांचे हुदैबिया से लौटकर ख़ैबर पर चढ़ाई कर दी गई। वहाँ फ़तह की उम्मीद पाकर जो लोग हुदैबिया के समय जी चुराकर बैठ रहे थे वे ग़नीमत याने दुश्मनों के माल के हाथ लगने के लोभ में ईमानवालों के लश्कर के साथ चलने को तैयार हो गये। उनको इजाज़त नहीं मिली।

‡ इन्सान को गुमराह करनेवाला शैतान भी अपने जुर्म से बचना चाहेगा। लेकिन गुनाह करनेवाला और गुनाह की ओर रुजू करनेवाला दोनों ही अब अज़ाब से बच नहीं सकते। ♦ दुनिया के अज़ाब में यह हाल हुआ तो आख़िरत के अज़ाब में क्या आलम होगा। * हज़रत इस्राफ़ील जो सूर लिए बस फूँकने का हुक्म पाने का इन्तज़ार कर रहे हैं वह क़ियामत के दिन इस ज़ोर से सूर फूँकेंगे कि हर आदमी अपनी जगह यही समझेगा कि सूर उसके सर ही पर फूँका गया है। देखिये सूरः क़सस फ़ुटनोट § पृष्ठ ६३६।

✪ ५१ सूरतुज़् - ज़ारियाति ६७ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के १५५६ हुरूफ़, ३६० शब्द, ६० आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

वज्ज़ारियाति ज़र्वन् ला (१) फ़ल्ह़ामिलाति विक़्रन् ला (२) फ़ल्-ज़ारियाति युस्रन् ला (३) फ़ल्मुक़स्सिमाति अम्रन् ला (४) अिन्नमा तूअ़दून लसादिक़ुन् ला (५) व'व अिन्नद्दीन लवाक़िअ़ुन् त़ (६) वस्समा'अि ज़ातिल् - ह़ुबुकि ला (७) अिन्नकुम् लफ़ी क़ौलिम् - मुख़्तलिफ़िन् ला (८) य'युअ़्फ़कु अ़न्ह़ु मन् अुफ़िक त़ (९) क़ुतिलल्-ख़र्रासून ला (१०) अल्लज़ीन हुम् फ़ी ग़म्रत़िन् साहून ला (११) यस्अलून अैयान यौमुद्दीनि त़ (१२) यौम हुम् अ़लन्नारि युफ़्तनून (१३) ज़ूक़ू फ़ित्नतकुम् त़ हाज़ल्लज़ी कुन्तुम् बिहि तस्तअ़्जिलून (१४) अिन्नल्मुत्तक़ीन फ़ी जन्नातिव्व अुयूनिन् ला (१५) आख़िज़ीन मा आताहुम् रब्बुहुम् त़ अिन्नहुम् कानू क़ब्ल ज़ालिक मुह़्सिनीन त़ (१६) कानू क़लीलम् - मिनल्लैलि मा यह्ज़अून (१७) व बिल् - अस्ह़ारिहुम् यस्तग़्फ़िरून (१८) व फ़ी अम्वालिहिम् ह़क़्क़ुल् - लिस्साअिलि वल् - मह़्रूमि (१९) व फ़िल्अर्ज़ि आयातुल् - लिल्मूक़िनीन ला (२०) व फ़ी अन्फ़ुसिकुम् त़ अ फ़ला तुब्सिरून (२१) व फ़िस्समा'अि रिज़्क़ुकुम् व मा तूअ़दून (२२) फ़वरब्बिस्समा'अि वल्अर्ज़ि अिन्नह़ु ल ह़क़्क़ुम् - मिस्ल मा अन्नकुम् तन्त़िक़ून (२३) ★ ह़ल् अताक ह़दीसु ज़ैफ़िअिब्राहीमल्-मुक्रमीन म ● (२४) अिज़् दख़लू अ़लैहि फ़क़ालू सलामन् त़ क़ाल सलामुन् ज क़ौमुम् मुन्करून (२५) फ़राग़ अिला अह्लिहि फ़जा'अ बिअिज़्लिन् समीनिन् ला (२६) फ़क़र्रबहू अिलैहिम् क़ाल अला तअ्कुलून ज (२७) फ़औजस मिन्हुम् ख़ीफ़त्न् त़ क़ालू ला तख़फ़् त़ व बश्शरूहु बिग़ुलामिन् अलीमिन् (२८) फ़अक़्बलतिम्-रअतुहु फ़ी सर्रत़िन् फ़सक्कत् वज्हहा व क़ालत् अ़ज़ूज़ुन् अक़ीमुन् (२९) क़ालू कज़ालिकि ला क़ाल रब्बुकि त़ अिन्नहु हुवल् - ह़कीमुल् - अलीमु (३०)

॥ इति छब्बीसवाँ पारः ॥

✪ ५१ सूरतुज्जारियाति ६७ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १५५६ अक्षर, ३६० शब्द, ६० आयतें और ३ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान हैं।

क़सम है उड़ाकर बखेरने वाली (हवाओं) की, (१) फिर (बादलों का) बोझ उठाने वालियों की, (२) फिर नर्मी से चलने वालियों की, (३) फिर हुक्म से (हर चीज़ को) बाँटने वालियों की, (४) बेशक (क़ियामत का) जो वादा तुमको मिला वह सच है, (५) और बेशक इन्साफ़ (का दिन यानी कर्मों का परिणाम ज़रूर) होने वाला है। (६) और आसमान की क़सम जिसमें रास्ते हैं, (७) कि (ऐ मक्का के लोगो!) तुम (बेकार) मतभेद की बात में उलझे हुये हो। (८) जो फेरा गया वही उससे फिर जाता है§। (९) अटकल के तुक्के चलाने वालों का नाश हो, (१०) वह जो ग़फ़लत में भूले हुए हैं। (११) (ऐ पैग़म्बर! यह लोग) तुझ से पूछते हैं कि (वह आख़िरत यानी) इन्साफ़ का दिन कब होगा (जिसका हमें डर दिखाते हो?) (१२) (इन्हें चिता दो कि यह वह दिन होगा) जब यह लोग आग में सेंके जायँगे, (१३) कि अपनी शरारत के मज़े चक्खो। यही तो (वह अज़ाब) है जिसकी तुम जल्दी मचा रहे थे। (१४) अलबत्ता परहेज़गार (बहिश्त के) बाग़ों और चश्मों में हैं। (१५) जो (इनाम) उनके परवरदिगार ने उनको दिया उसे पाया। बेशक यह लोग इससे पहिले भले काम करने वाले थे। (१६) वह रात को कम सोते थे, (१७) और सुबह के वक़्त (अल्लाह से) क्षमा माँगा करते थे, (१८) और उनके मालों में जो माँगे और जो (मुहताज तो है लेकिन संकोच से) न माँगे दोनों का हिस्सा होता था। (१९) और यक़ीन लाने वालों के लिए ज़मीन में (अल्लाह की क़ुदरत की बहुतेरी) निशानियाँ हैं। (२०) और खुद तुम में (भी निशानियाँ मौजूद हैं।) तो क्या तुम्हें सूझ नहीं पड़ता? (२१) और तुम्हारी रोज़ी और जो तुमसे वादा किया जाता है आसमान में है॥। (२२) सो (ऐ पैग़म्बर!) आसमान और ज़मीन के परवरदिगार की क़सम यह (क़ुदरत इलाही वैसी ही) सच है जैसा कि तुम (ज़ाहिरा) बोलते हो‡ (२३) ★

(ऐ पैग़म्बर!) इब्राहीम के इज़्ज़तदार मेहमानों की बात तुझको पहुँची है (या नहीं)? ● (२४) जब (वे फ़रिश्ते) उसके पास आये तो कहा 'सलाम'। इब्राहीम ने भी सलाम कहा (और बोले) यह तो अनजान लोग (यानी फ़रिश्ते मालूम पड़ते) हैं। (२५) फिर अपने घर को दौड़ा और एक बछड़ा घी में तला हुआ ले आया। (२६) फिर उनके सामने रक्खा और उन्हें (हाथ न लगाते देखकर) पूछा तुम खाते क्यों नहीं? (२७) फिर (इब्राहीम) उनसे जी में डरा। और उन्होंने कहा डरो मत।† और उनको एक योग्य पुत्र (इसहाक़) की खुशख़बरी दी×। (२८) फिर (यह सुनकर) इब्राहीम की बीबी बोलती हुई आगे आ खड़ी हुई फिर अपना मुंह पीट लिया और कहने लगी कि (यह कैसे मुमकिन है, अव्वल तो) बुढ़िया और (दूसरे) बाँझ! (२९) (फ़रिश्ते) बोले तेरे परवरदिगार ने ऐसा ही कहा है। वह बड़ा हिकमतवाला बेहद ख़बरदार है। (३०)

॥ इति छब्बीसवाँ पारः ॥

---

§ जो स्वभाव से ही जड़ और ❋[पिज ८५७ पर] ॥ दुनिया की रोज़ी ज़रिये मेंह, ◎ [पिज ८५७ पर] ‡ जैसे तुम्हारे बोलने में सन्देह नहीं है वैसे ही यह सब बयान भी सच है। † यह चलन था कि जो किसी दुश्मनी के इरादे से ❋[पिज ८५७ पर] × इससे चौदह बरस पहिले हज़रत इस्माईल अ० ‡ [पिज ८५७ पर]

* चल रहे सात मक्की आयतों के सिलसिले की यह दूसरी सूरत है। क़ुदरत की वे बड़ी [पिज ६३० पर]

☆☆ सत्ताईसवाँ पारः क़ाल फ़मा ख़त्बुकुम् ☆☆

☆ सूरतुज्ज़ारियाति आयत ३१ से ६० ☆

क़ाल फ़मा ख़त्बुकुम् अैयुहल्-मुर्सलून (३१) क़ालू। अिन्ना। अुर्सिल्ना। अिला क़ौमिम्-मुज्रिमीन ल (३२) लिनुर्सिल अलैहिम् ह्रिजारतम्-मिन्तीनिन् ल (३३) म'मुसौवमतन् अिन्द रब्बिक लिल्मुस्रिफ़ीन (३४) फ़अख़्रज्ना मन् कान फ़ीहा मिनल्-मुअ्मिनीन ज (३५) फ़मा वजद्ना फ़ीहा ग़ैर बैतिम्-मिनल्-मुस्लिमीन ज (३६) व तरक्ना फ़ीहा। आयतल्-लिल्लजीन यख़ाफ़ूनल्-अजाबल्-अलीम त (३७) व फ़ी मूसा। अिज् अर्सल्नाहु अिला फ़िर्औन बिसुल्तानिम्-मुबीनिन् (३८) फ़तवल्ला बिरुक्निहि व क़ाल साहिरुन् औ मज्नूनुन् (३९) फ़अख़ज्नाहु व जुनूदहू फ़नबज्नाहुम् फ़िल्-यम्मि व हुव मुलीमुन् त (४०) व फ़ी आदिन् अिज् अर्सल्ना अलैहिमुर्-रीहल्-अक़ीम ज (४१) मा तजरु मिन् शैअिन् अतत् अलैहि अिल्ला जअ़लत्हु कर्मीमि त (४२) व फ़ी समूद अिज् क़ील लहुम् तमत्तअू हत्ता हीनिन् (४३) फ़अतौ अन् अम्रि रब्बिहिम् फ़अख़जत्-हुमुस्साअ़िक़तु व हुम् यन्जुरून (४४) फ़मस्ताअू मिन् क़ियामिव्व मा कानू मुन्तसिरीन ल (४५) व क़ौम नूहिम्मिन् क़ब्लु त अिन्नहुम् कानू क़ौमन् फ़ासिक़ीन (४६) ★ वस्समा। अ

قَالَ فَمَا خَطْبُكُمْ أَيُّهَا الْمُرْسَلُونَ ۝ قَالُوا إِنَّا أُرْسِلْنَا إِلَىٰ قَوْمٍ
مُجْرِمِينَ ۝ لِنُرْسِلَ عَلَيْهِمْ حِجَارَةً مِنْ طِينٍ ۝ مُسَوَّمَةً عِنْدَ
رَبِّكَ لِلْمُسْرِفِينَ ۝ فَأَخْرَجْنَا مَنْ كَانَ فِيهَا مِنَ الْمُؤْمِنِينَ ۝ فَمَا
وَجَدْنَا فِيهَا غَيْرَ بَيْتٍ مِنَ الْمُسْلِمِينَ ۝ وَتَرَكْنَا فِيهَا آيَةً لِلَّذِينَ
يَخَافُونَ الْعَذَابَ الْأَلِيمَ ۝ وَفِي مُوسَىٰ إِذْ أَرْسَلْنَاهُ إِلَىٰ فِرْعَوْنَ
بِسُلْطَانٍ مُبِينٍ ۝ فَتَوَلَّىٰ بِرُكْنِهِ وَقَالَ سَاحِرٌ أَوْ مَجْنُونٌ ۝ فَأَخَذْنَاهُ
وَجُنُودَهُ فَنَبَذْنَاهُمْ فِي الْيَمِّ وَهُوَ مُلِيمٌ ۝ وَفِي عَادٍ إِذْ أَرْسَلْنَا عَلَيْهِمُ
الرِّيحَ الْعَقِيمَ ۝ مَا تَذَرُ مِنْ شَيْءٍ أَتَتْ عَلَيْهِ إِلَّا جَعَلَتْهُ كَالرَّمِيمِ ۝
وَفِي ثَمُودَ إِذْ قِيلَ لَهُمْ تَمَتَّعُوا حَتَّىٰ حِينٍ ۝ فَعَتَوْا عَنْ أَمْرِ رَبِّهِمْ
فَأَخَذَتْهُمُ الصَّاعِقَةُ وَهُمْ يَنْظُرُونَ ۝ فَمَا اسْتَطَاعُوا مِنْ قِيَامٍ وَمَا كَانُوا
مُنْتَصِرِينَ ۝ وَقَوْمَ نُوحٍ مِنْ قَبْلُ إِنَّهُمْ كَانُوا قَوْمًا فَاسِقِينَ ۝ وَالسَّمَاءَ
بَنَيْنَاهَا بِأَيْدٍ وَإِنَّا لَمُوسِعُونَ ۝ وَالْأَرْضَ فَرَشْنَاهَا فَنِعْمَ الْمَاهِدُونَ ۝
وَمِنْ كُلِّ شَيْءٍ خَلَقْنَا زَوْجَيْنِ لَعَلَّكُمْ تَذَكَّرُونَ ۝ فَفِرُّوا إِلَى اللَّهِ إِنِّي
لَكُمْ مِنْهُ نَذِيرٌ مُبِينٌ ۝ وَلَا تَجْعَلُوا مَعَ اللَّهِ إِلَٰهًا آخَرَ إِنِّي لَكُمْ مِنْهُ نَذِيرٌ
مُبِينٌ ۝ كَذَٰلِكَ مَا أَتَى الَّذِينَ مِنْ قَبْلِهِمْ مِنْ رَسُولٍ إِلَّا قَالُوا سَاحِرٌ أَوْ
مَجْنُونٌ ۝ أَتَوَاصَوْا بِهِ بَلْ هُمْ قَوْمٌ طَاغُونَ ۝ فَتَوَلَّ عَنْهُمْ فَمَا أَنْتَ بِمَلُومٍ
وَذَكِّرْ فَإِنَّ الذِّكْرَىٰ تَنْفَعُ الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْإِنْسَ

ع ۲ آ. २३ रू. २।२

वनैनाहा बिअैदिंव्व अिन्ना लमूसिअ़ून (४७) वल्अर्ज़ फ़रश्नाहा फ़नि़ंअ़मल्-माहिदून (४८) व मिन् कुल्लि शैअिन् ख़लक़्ना ज़ौजैनि लअ़ल्लकुम् तजक्करून (४९) फ़फ़िर्रू। अिलल्लाहि त अिन्नी लकुम् मिन्हु नजीरुम्-मुबीनुन् ज (५०) व ला तज्अ़लू मअ़ल्लाहि अिलाहन् आख़र त अिन्नी लकुम् मिन्हु नजीरुम्-मुबीनुन् ज (५१) कजालिक मा। अतल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् मिर्रसूलिन् अिल्ला क़ालू साहिरुन् औ मज्नूनुन् ज (५२) अतवासौ बिहि ज बल् हुम क़ौमुन् ताग़ून ज (५३) फ़तवल्ल अन्हुम् फ़मा। अन्त बिमलूमिन् क ज (५४) व'व ज़किर् फ़अिन्नज़िज़क्रा तन्फ़अ़ुल्-मुअ्मिनीन (५५) व मा ख़लक़्तुल्जिन्न वल्अिन्स अिल्ला लियअ़्बुदूनि (५६)

✪✪ सत्ताईसवाँ पारः (क़ालफ़मा ख़त्बुकुम्) ✪✪

✪ सूरतुज़्ज़ारियाति आयात ३१ से ६० ✪

(इब्राहीम अ० ने फ़रिश्तों से) कहा कि ऐ भेजे हुओं फिर तुम्हारा मतलब क्या है ? (३१) वे बोले कि हम गुनहगार लोगों की तरफ़ भेजे गये हैं, (३२) कि उन पर खंजड़ के पत्थर बरसावें, (३३) कि (यह खजड़) तेरे परवरदिगार के यहाँ उन लोगों के लिए नाम पड़ गये हैं जो हद से बढ़ गये हैं। (३४) ग़रज़ (अन्त यों हुआ कि) उस बस्ती में जितने ईमान-वाले थे, उनको हमने (बचा) निकाला (३५) तो हमने वहाँ एक ही मुसलमान का घर (ख़ान्दान लूत) पाया। (३६) और हमने उन लोगों के लिए जो दुखदाई अज़ाब का डर रखते हैं वहाँ निशानी रक्खी। (३७) और (इसी तरह) मूसा के हाल में (निशानी है) जब हमने उसको खुली सनद देकर फ़िरऔन की तरफ़ भेजा। (३८) फिर उसने अपने बलबूते (के घमंड) में मुँह मोड़ा और (मूसा अ० की बाबत) कहा कि यह जादूगर या दीवाना है। (३९) फिर हमने उसको और उसके लश्करों को (अज़ाब में) धर पकड़ा फिर उनको दरिया में डाल दिया और वह था ही मलामत वाला। (४०) और क़ौम आद में (भी निशानी है) जब हमने उन पर मनहूस आँधी चलाई, (४१) कि जिस चीज़ पर से गुज़रती वह उसको चूरा किये बग़ैर न छोड़ती। (४२) और (इसी तरह क़ौम) समूद में भी निशानी है जब उनसे कहा गया कि एक वक़्त ख़ास तक (दुनिया में ख़ुशहाली से) बर्त लो। (४३) फिर (वे भी) अपने परवरदिगार के हुक्म से (विमुख होकर) शरारत करने लगे फिर उनको कड़क ने धर दबोचा और वह देखते रह गये। (४४) फिर न तो वे उठ सके और न बदला ही ले सके। (४५) और इनसे पहिले नूह की क़ौम थी। बेशक वह बेहुक्म लोग थे। (४६) ★

और हमने आसमानों को अपने बल से बनाया और हमको सब सामर्थ्य है। (४७) और हमी ने ज़मीन को बिछाया सो (देखो हम क्या ख़ूब बिछानेवाले हैं।(४८) और (यह भी क़ुदरत हमारी है कि) हमने हर चीज़ के जोड़े बनाये शायद तुम ध्यान दो (और नसीहत पकड़ो)।(४९) सो (लोगो ! बस) अल्लाह की तरफ़ भागो। बेशक मैं उसकी तरफ़ से तुमको साफ़ तौर पर डर सुन नेवाला हूँ, (५०) और अल्लाह के साथ कोई दूसरा माबूद (पूजित) न ठहराओ। मैं उसकी तरफ़ से तुमको साफ़ तौर पर चेतावनी दे रहा हूँ। (५१) इसी तरह पर इनसे अगलों के पास जो भी पैग़म्बर आया उन्होंने (उसको) जादूगर या दीवाना ही बताया।(५२) क्या यह लोग एक दूसरे को वसीयत करते आये हैं (कि हर क़ौम का यही रवैया रहे कि अपने पैग़म्बर को झुठलायें।) नहीं, बल्कि (जान समझकर) यह लोग सरकशी करते हैं। (५३) सो (ऐ पैग़म्बर !) तू इनकी फ़िक्र छोड़ दे, (इनकी इन्कारी का) तुझ पर उलाहना न होगा। (५४) और समझाते रहो कि समझाना ईमानवालों को फ़ायदा देता है। (५५) और मैंने जिन्नों और आदमियों को इसी मतलब से पैदा किया है कि हमारी अिबादत करें।(५६)

रू० २१/१ आ २३

[पिज ८६६ से]✻ हमेशा नज़र रखता है। उसको नुक़सान पहुँचाने वाला कौन ? [पिज ८६६ से]× कि शुरू में इन तीन नमाज़ों का ज़िक्र है बाद को पाँच नमाज़ों का हुक्म हुआ। लेकिन कुछ आलिमों का मत है कि नमाज़ों के समय, या जब भी खड़े-बैठे-लेटे हों, अल्लाह का ध्यान करो और उसका भजन व जप करो। [पिज ८६६ से]☞ देखिये सूरः बनी इस्राईल की भूमिका का अंश पृष्ठ ४७६।

मा[1] अुरीदु मिन्हुम् मिर्रिज़्क़िव्व मा[1] अुरीदु अँयुत्अिमूनि (५७) अिन्नल्लाह हुवर्रज़्ज़ाक़ु जुल्क़ूवत्तिल् - मतीनु (५८) फ़अिन्न लिल्लजीन ज़लमू जनूबम् - मिस्ल जनूबि अस्हाबिहिम् फ़ला यस्तअ़्जिलूनि (५९) फ़वैलुल् - लिल्लजीन कफ़रू मींयौमिहिमुल्लजी यूअ़्दून (६०) ★

✪ ५२ सूरतुत्तूरि ७६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १३३४ हुरूफ़ ३१६ शब्द ४६ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वत्तूरि ला (१) व किताबिम् - मस्तूरिन् ला (२) फ़ी रक़्क़िम् - मन्शूरिन् ला (३) व'वल्बैतिल् - मअ़्मूरि ला (४) वस्सक़्फ़िल् - मर्फ़ूअि ला (५) वल्बह्रिल् - मस्जूरि ला (६) अिन्न अ़ज़ाब रब्बिक लवाक़िअ़ुन् ला (७) म'मा लहू मिन् दाफ़िअ़िन् ला (८) य'यौम तमूरुस्समा[1]अु मौरन् ला (९) व'व तसीरुल्-जिबालु सैरन् तु (१०) फ़वैलुं-य्यौमअिज़िल्-लिल्मुकज्जिबीन ला (११) अ़ल्लजीन हुम् फ़ी ख़ौज़िंयल्-अ़बून म ● (१२) यौम युदअ़्ऊन अिला नारि जहन्नम दअ़्अन् तु (१३) हाजिहिन्-नारुल्-लती कुन्तुम् बिहा तुकज्जिबून (१४) अफ़सिह्रुन् हाज़ा[1] अम् अन्तुम् ला तुब्सिरून ज (१५) अिस्लौहा फ़स्बिरू[1] औ ला तस्बिरू ज सवा[1]अुन् अ़लैकुम् तु अिन्नमा तुज्ज़ौन मा कुन्तुम् तअ़्मलून (१६) अिन्नल्-मुत्तक़ीन फ़ी जन्नातिव्व नअ़ीमिन् ला (१७) फ़ाकिहीन बिमा[1] आताहुम् रब्बुहुम् ज व वक़ाहुम् रब्बुहुम् अ़ज़ाबल्-जहीमि (१८) कुलू वश्रबू हनी[1]अम्-बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून ला (१९) मुत्तकिअीन अ़ला सुरुरिम्-मस्फ़ूफ़तिन् ज व ज़ौवज्नाहुम् बिह़ूरिन् अ़ीनिन् (२०) वल्लजीन आमनू वत्तबअ़त्हुम् ज़ुर्रीयतुहुम् बिअीमानिन् अल्हक़्ना बिहिम् ज़ुर्रीयतहुम् व मा[1] अलत्नाहुम् मिन् अ़मलिहिम् मिन् शैअिन् तु कुल्लुम्रिअिम्-बिमा कसब रहीनुन् (२१) व अम्दद्नाहुम् बिफ़ाकिहतिव्व लहूमिम्-मिम्मा यश्तहून (२२)

ब. ला जिम

मैं उनसे रोज़ी नहीं चाहता और न यह चाहता हूँ कि मुझे खाना खिलावें। (५७) अल्लाह जो है वही है बड़ी रोज़ी देनेवाला, बड़ा ज़ोरावर और मज़बूत। (५८) सो इन (मक्का के) गुनहगारों को भी (अज़ाब की) वैसी ही नौबत है जैसी (अज़ाब की) नौबत आई उनके साथियों (यानी पिछली क़ौमों) को, सो चाहिए कि मुझसे (अज़ाब की) जल्दी न करें। (५९) सो काफ़िरों पर उनके उस (सज़ा के) रोज़ के एतबार से जिसका उनसे वादा किया जाता हैं अफ़सोस है।(६०) ★

✱ ५२ सूरतुत्तूरि ७६ ✱

(मक्की) इसमें अरबी के १३३४ अक्षर, ३१६ शब्द, ४६ आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़सम है तूर (पहाड़) की, (१) और लिखी किताब की, (२) बड़े पन्नों में, (३) और बैतुल-मामूर (फ़रिश्तों का आसमानी काबा) की, (४) और ऊँची छत (आसमान) की, (५) और उमड़ते हुए दरिया की (क़सम है।) (६) बेशक तेरे परवरदिगार का अज़ाब होकर रहेगा, (७) किसी को ताक़त नहीं कि उसको टाल सके, (८) जिस दिन आसमान थरथरा रहा होगा, (९) और पहाड़ चलें (और उड़े-उड़े फिरें)।(१०) सो उस दिन झुठलाने वालों की ख़राबी है, (११) जो बातें बनाने में(मगन) खेल रहे हैं।● (१२) जिस दिन दोज़ख़ की आग की तरफ़ धक्के दे देकर ले जाये जायँगे।(१३) (और कहा जायगा कि)यही वह (जहन्नम की) आग है जिसे तुम झूठ समझा करते थे।(१४) तो (अब बतलाओ) क्या यह नज़रबन्दी है या तुमको सूझ नहीं पड़ता ?(१५) इसमें पैठो, फिर (इसमें) सब्र करो या न सब्र करो, तुम्हारे लिए समान है। जैसे कर्म तुम करते थे तुमको उन्हीं का बदला मिल रहा है।(१६) लेकिन जो परहेज़गार हैं वे बेशक (बहिश्त के) बाग़ों और निअमतों में होंगे, (१७) (और) अपने परवरदिगार की दी हुई (निअमतों) में मज़े उड़ा रहे होंगे, और उनके परवरदिगार ने उनको (दोज़ख़ की) भड़कती आग से बचा लिया। (१८) खाओ पिओ मौज से (यह) बदला उसका जो तुम(दुनिया में) करते थे।(१९) तख़्तों पर जो क़तार में बिछाए गए हैं तकिये लगाये बैठे हैं, और हमने बड़ी बड़ी आँखों वाली हूरें उनको ब्याह दी हैं।(२०) और जो लोग ईमान लाये और उनकी औलाद ईमान में उनके पीछे चली तो उनकी औलाद को भी हम (बहिश्त में उनसे) मिला देंगे और उनके कर्मों (के बदले) में कुछ कमी न करेंगे। हर आदमी अपनी कमाई (के अंजाम) से बँधा है† (२१) और उनके मनचाहे मेवे और माँस हम उनको देवेंगे। (२२)

✱ सात मक्की सूरतों के चल रहे सिलसिले की यह तीसरी सूरः है। मक्का में आरम्भकाल में उतरी; और क़ुर्आन अल्लाह की वाणी है और ह० मुहम्मद स० अल्लाह के रसूल हैं इसका प्रतिपादन करती है। क़ुर्आन न कहानी या इन्सान की गढ़ी हुई है और न रसूल स० कोई शायर या दीवाने। अल्लाह की क़ुदरत व पिछली क़ौमों के इतिहास तसदीक़ करते हैं कि बस दुनिया ही से अन्त नहीं है। आख़िरत का सामना लाज़िमी है और हर शख़्स अपनी करनी के अंजाम से बँधा है। नबी को नसीहत करते जाने व काफ़िरों के ज़ुल्म पर सब्र करने की हिदायत है।

† यानी हर एक मनुष्य अपने कर्म अनुसार या तो सुख में मस्त होगा या दुख झेल रहा होगा। कोई किसी और के कर्मों का फल नहीं बटा सकेगा।

[पिज ८६६ से] ‡ पर है। यहीं मेराज के सफ़र में रसूल स० को अल्लाह व बहिश्त के दर्शन हुये थे। देखिये पृष्ठ ४७६! जिब्रील अ० का पहला रूबरू दर्शन तो क़ुर्आन का उतरना शुरू होने पर पहाड़ की गुफ़ा 'हिरा' में और दूसरा मिराज के मौक़े पर।

यतनाज़ऊन फ़ीहा कअ्सल्ला लग़्वुन् फ़ीहा व ला तअ्सीमुन् (२३) व यत्तूफ़ु अलैहिम् ग़िल्मानुल् - लहुम् कअन्नहुम् लुअ्लुअुम् - मक्नूनुन् (२४) व अक़्बल बअ़्ज़ुहुम् अला बअ़्ज़िं-यतसा'अलून (२५) क़ालू' अिन्ना कुन्ना क़ब्लु फ़ी' अह्लिना मुश्फ़िक़ीन (२६) फ़मन्नल्लाहु अलैना व वक़ाना अज़ाबस्समूमि (२७) अिन्ना कुन्ना मिन् क़ब्लु नद्अूहु त़ अिन्नहू हुवल्बर्रुर्-रह़ीमु (२८) ★ फ़ज़क्किर् फ़मा' अन्त बिनिअ़्मति रब्बिक बिकाहिनिव्व ला मज्नूनिन् त़ (२९) अम् यक़ूलून शाअ़िरुन् नतरब्बसु बिहि रैबल् - मनूनि (३०) क़ुल् तरब्बसू फ़अिन्नी मअ़कुम् मिनल् - मुतरब्बिसीन त़ (३१) अम् तअ्मुरुहुम् अह्लामु - हुम् बिहाजा' अम् हुम् क़ौमुन् ताग़ून ज (३२) अम् यक़ूलून तक़ौवलहु ज बल् ला युअ्मिनून ज (३३) फ़ल्यअ्तू बिह़दीसिम् - मिस्लिहि' अिन् कानू सादिक़ीन त़ (३४) अम् ख़ुलिक़ू मिन् ग़ैरि शैअिन् अम् हुमुल्ख़ालिक़ून त़ (३५) अम् ख़लक़ुस् - समावाति वल्अर्ज़ ज बल् ला यूक़िनून त़ (३६) अम् अिन्दहुम् ख़ज़ा'अिनु रब्बिक अम् हुमुल् - मुसै़त़िरून त़ (३७) अम् लहुम् सुल्लमुं - य्यस्तमिअ़ून फ़ीहि ज फ़ल्यअ्ति मुस्तमिअ़ुहुम् बिसुल्तानिम् - मुबीनिन् त़ (३८) अम् लहुल्बनातु व लकुमुल्बनून त़ (३९) अम् तस्अलुहुम् अज्रन् फ़हुम् मिम् - मग़्रमिम् - मुस्क़लून त़ (४०) अम् अिन्दहुमुल् - ग़ैबु फ़हुम् यक्तुबून त़ (४१) अम् युरीदून कैदन् त़ फ़ल्लजीन कफ़रू हुमुल् - मकीदून त़ (४२) अम् लहुम् अिलाहुन् ग़ैरुल्लाहि त़ सुब्ह़ानल्लाहि अम्मा युश्रिकून (४३) व अिंयरौ किस्फ़म् - मिनस्समा'अि साक़ितैं - यक़ूलू सह़ाबुम् - मर्कूमून (४४) फ़ज़र्हुम् ह़त्ता युलाक़ू यौमहुमुल्लजी फ़ीहि युस्अ़क़ून ला (४५) यौम ला युग़्नी अन्हुम् कैदुहुम् शैअौव ला हुम् युन्सरून त़ (४६) व अिन्न लिल्लजीन ज़लमू अ़ज़ाबन् दून ज़ालिक व लाकिन्न अक्सरहुम् ला यअ़्लमून (४७)

वह आपस में वहाँ (शराब के) प्यालों की छीनाझपटी करेंगे, उस (के पीने) से न बकवाद लगेगी और न कोई गुनाह होगा। (२३) और लड़के उनके पास आयें-जायेंगे गोया (यत्न से रखे) संजोये हुए मोती हैं। (२४) और एक दूसरे की तरफ़ मुख़ातिब होकर आपस में बातें करेंगे, (२५) कहेंगे कि हम (दुनिया में सचमुच) अपने घरों में डरा करते थे। (२६) सो अल्लाह ने हम पर कृपा की और हमको लू (नरक) की सज़ा से बचा लिया। (२७) हम पहले ही उसे पुकारा करते थे। बेशक वह भलाई करने वाला और बड़ा दयालु है। (२८) ★ रु. १—३ आ २८

तो (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को समझाओ कि अपने परवरदिगार की कृपा से तू न तो काहिन (दैवज्ञ) है और न दीवाना। (२९) क्या काफ़िर कहते हैं कि यह (रसूल नहीं बल्कि एक) शायर है? (और) हम उसकी बाबत ज़माने की गर्दिश की राह देख रहे हैं? (३०) (तो ऐ पैग़म्बर!) तू कह कि तुम राह देखो मैं भी तुम्हारे साथ राह देख रहा हूं। (३१) क्या इनकी अक़्लें इनको ऐसा सिखाती हैं या यह लोग (आदतन) शरीर हैं। (३२) या (ऐ नबी! तुम्हारी निस्बत ये लोग) कहते हैं कि इसने (क़ुर्आन) अपने आप बना लिया है। कुछ नहीं इनको (अल्लाह पर) ईमान नहीं है।(३३) फिर (अपने इस कहने में यह) अगर सच्चे हैं तो इसी तरह का कोई कलाम बना ले आवें। (३४) क्या वे आप ही आप बन गये हैं या (उनका कोई सिरजनहार नहीं और अपने को ख़ुद) वही बनाने वाले हैं? (३५) या इन्होंने आसमानों को और ज़मीन को पैदा किया है? नहीं, बल्कि (वे अल्लाह पर) यक़ीन नहीं करते। (३६) क्या तेरे परवरदिगार के ख़ज़ाने उनके पास हैं या वही हाकिम हैं? (३७) या इनके पास कोई सीढ़ी है कि उस पर (चढ़कर आसमान की बातें) सुन आया करते हैं? सो अगर इनमें से कोई सुन आया हो तो वह (अपनी बकवादों के हक़ में प्रत्यक्ष) खुली सनद पेश करे। (३८) क्या अल्लाह के लिए बेटियाँ और तुम लोगों के लिए बेटे हैं?§ (३९) (ऐ पैग़म्बर!) क्या तू इनसे (हमारी हिदायत) पहुँचाने की कुछ मज़दूरी माँगता है कि यह (उसके भुगतान के) बोझ से दबे जाते (और इसलिए मुहँ मोड़ते हैं?) (४०) या इनके पास ग़ैब (अदृष्ट का इल्म) है कि वे लिख लेते हैं? (४१) या इनका इरादा कुछ दाँव करने का है? तो यह काफ़िर आप ही (अल्लाह की क़ुदरत के) दाँव में फँसते हैं। (४२) क्या अल्लाह के सिवाय इनका कोई और माबूद (पूजित) है? तो अल्लाह इनके शिर्क (बहुदेव पूजन) से पाक है। (४३) और अगर कोई आसमान से (अज़ाब का) टुकड़ा गिरता हुआ देखें तो कहें कि यह तो तह-ब-तह बादल है।† (४४) तो (ऐ पैग़म्बर!) इनको (यों ही) रहने दो कि वह उस दिन का सामना करें जबकि ये (अज़ाब की चपेट में) बेहोश हो जायँगे, (४५) जिस दिन इनका दाँव उनके कुछ काम न आवेगा और न इनको (कहीं से) मदद मिलेगी। (४६) और ज़ालिमों को इस (क़ियामत के अज़ाब) के सिवाय (दुनिया में और भी) अज़ाब हैं मगर इनमें से बहुतों को इल्म नहीं। (४७)

تُؤْمِنُونَ بِاللَّهِ ۚ وَالرَّسُولُ يَدْعُوكُمْ لِتُؤْمِنُوا بِرَبِّكُمْ وَقَدْ أَخَذَ
مِيثَاقَكُمْ إِن كُنتُم مُّؤْمِنِينَ ۝ هُوَ الَّذِي يُنَزِّلُ عَلَىٰ عَبْدِهِ آيَاتٍ
بَيِّنَاتٍ لِّيُخْرِجَكُم مِّنَ الظُّلُمَاتِ إِلَى النُّورِ ۚ وَإِنَّ اللَّهَ بِكُمْ لَرَءُوفٌ رَّحِيمٌ ۝
وَمَا لَكُمْ أَلَّا تُنفِقُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَلِلَّهِ مِيرَاثُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۚ
لَا يَسْتَوِي مِنكُم مَّنْ أَنفَقَ مِن قَبْلِ الْفَتْحِ وَقَاتَلَ ۚ أُولَٰئِكَ أَعْظَمُ
دَرَجَةً مِّنَ الَّذِينَ أَنفَقُوا مِن بَعْدُ وَقَاتَلُوا ۚ وَكُلًّا وَعَدَ اللَّهُ
الْحُسْنَىٰ ۚ وَاللَّهُ بِمَا تَعْمَلُونَ خَبِيرٌ ۝ مَّن ذَا الَّذِي يُقْرِضُ اللَّهَ
قَرْضًا حَسَنًا فَيُضَاعِفَهُ لَهُ وَلَهُ أَجْرٌ كَرِيمٌ ۝ يَوْمَ تَرَى الْمُؤْمِنِينَ
وَالْمُؤْمِنَاتِ يَسْعَىٰ نُورُهُم بَيْنَ أَيْدِيهِمْ وَبِأَيْمَانِهِم بُشْرَاكُمُ الْيَوْمَ
جَنَّاتٌ تَجْرِي مِن تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا ۚ ذَٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ
الْعَظِيمُ ۝ يَوْمَ يَقُولُ الْمُنَافِقُونَ وَالْمُنَافِقَاتُ لِلَّذِينَ آمَنُوا انظُرُونَا
نَقْتَبِسْ مِن نُّورِكُمْ قِيلَ ارْجِعُوا وَرَاءَكُمْ فَالْتَمِسُوا نُورًا ۚ فَضُرِبَ
بَيْنَهُم بِسُورٍ لَّهُ بَابٌ بَاطِنُهُ فِيهِ الرَّحْمَةُ وَظَاهِرُهُ مِن قِبَلِهِ
الْعَذَابُ ۝ يُنَادُونَهُمْ أَلَمْ نَكُن مَّعَكُمْ ۖ قَالُوا بَلَىٰ وَلَٰكِنَّكُمْ فَتَنتُمْ
أَنفُسَكُمْ وَتَرَبَّصْتُمْ وَارْتَبْتُمْ وَغَرَّتْكُمُ الْأَمَانِيُّ حَتَّىٰ جَاءَ
أَمْرُ اللَّهِ وَغَرَّكُم بِاللَّهِ الْغَرُورُ ۝ فَالْيَوْمَ لَا يُؤْخَذُ مِنكُمْ فِدْيَةٌ

(तो) अल्लाह पर और उसके पैग़म्बर पर ईमान लाओ और उस माल में से जिसका उसने तुमको नायब (उत्तराधिकारी) बनाया है (नेक राह में) ख़र्च करो। तो जो लोग तुममें से ईमान लाये और (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं उनके लिए बड़ा अज्र (प्रतिफल) है (७) और तुमको क्या हो गया है कि अल्लाह पर ईमान नहीं लाते हालाँकि पैग़म्बर तुमको तुम्हारे परवरदिगार पर ईमान लाने के लिए बुला रहे हैं और अगर तुमको यक़ीन आये तो अल्लाह तुम से (इसका) पक्का अहद ले चुका है§ (८) वही है जो अपने बन्दे (मुहम्मद स०) पर खुली आयतें उतारता है ताकि तुमको (अज्ञान के) अन्धकार से निकालकर (ज्ञान के) प्रकाश में लाये; और बेशक अल्लाह तुम पर बड़ा रहम करनेवाला मिहर्बान है। (९) और तुमको क्या हो गया है कि अल्लाह की राह में ख़र्च नहीं करते और हालाँकि आसमानों और ज़मीन का वारिस अल्लाह ही है।‡ तुममें से जिन लोगों ने फ़तह (मक्का) से पहिले ख़र्च किया और जिहाद में लड़े, वह (दूसरे लोगों के) बराबर नहीं। यह लोग दर्जे में उनसे बढ़कर हैं जिन्होंने (मक्का की फ़तह के) बाद (माल) ख़र्च किये और लड़े। और अल्लाह ने सभी को अच्छा वादा दिया है+ और जैसे-जैसे काम तुम करते हो अल्लाह को उनकी ख़बर है। (१०) ★

ऐसा कौन है जो अल्लाह को ख़ुशदिली से (केवल अल्लाह के लिए) उधार देॐ फिर वह उसको उसके लिए दूना कर दे और उसके लिए इज़्ज़त का बदला है। (११) जिस दिन तू ईमानवाले मर्द और ईमानवाली औरतों को देखेगा कि उन (के ईमान) का नूर उनके आगे और दाहिनी तरफ़ दौड़ता चलता है (तो उनसे कहा जायगा) कि आज तुम लोगों के लिए ख़ुशख़बरी है (तुम्हारे लिए जन्नत के) बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही हैं (तो) इन्हीं में सदा रहो। यही बड़ी कामयाबी है जो (ईमानवालों को) मिलनी है। (१२) उस दिन मुनाफ़िक़ (कपटी) मनुष्य और (मुनाफ़िक़) औरतें ईमानवालों से कहेंगी कि हमारा इन्तज़ार करो कि हम भी तुम्हारे नूर से कुछ (रौशनी) ले लें (हम तो अँधेरे में भटक रहे हैं। तब उनसे) कहा जायगा पीछे लौट जाओ फिर रौशनी तलाश कर लो। इसके बाद इन (दोनों फ़रीक़ों) के बीच में एक दीवार खड़ी कर दी जायगी जिसमें एक दरवाज़ा होगा उसमें भीतरी तरफ़ रहमत होगी और उसकी बाहरी तरफ़ अज़ाब होगा। (१३) वह (मुनाफ़िक़) उन (ईमानवालों) को पुकारेंगे कि क्या हम तुम्हारे साथ न थे?† कहेंगे हाँ, थे सही, मगर तुमने अपने आप को फ़ितनः (बला) में डाला और तुम राह देखते♦ थे और शक करते थे और (अपनी दिली) ख़्वाहिशों के धोखे में रहे यहाँ तक कि अल्लाह की आज्ञा आ पहुँची और शैतान दग़ाबाज़ ने तुमको अल्लाह के बारे में धोखा दिया। (१४)

रू. १७ आ १०

§ बनी इस्राईल से यह वादा लिया गया था कि अगर कभी तौरात व पिछली किताबों की तसदीक़ करने वाला भविष्य में आये तो उसकी तुम भी पैरवी करना। देखिये सूरः आलि इमरान आयत ८१ व फ़ुटनोट ‡ पृष्ठ ११५। ‡ यानी धन-दौलत तुमसे एक दिन छूट जायगी और फिर अल्लाह ही उसका अधिकारी होगा और वह जिसे चाहे उस माल का मालिक बनाये। तो फिर क्यों ख़र्च नही करते? + मक्का की फ़तह से पहले जिन लोगों ने जिहाद किया और दीन पर जान व माल लगाया उन्होंने कहीं बड़ी जोखिम उठाई उनके मुक़ाबिले में जिन्होंने फ़तह के बाद इस्लाम का दबदबा चारो ओर बैठ जाने पर जान-माल ख़र्च किया। दोनों की क़ुर्बानी बराबर नहीं। क़िस्म अव्वल के दर्जे ज़्यादः बड़े हैं। अलबत्ता सवाब का वादा तो अल्लाह सभी नेककारों को देता है। ॐ जो कोई अपना धन अल्लाह की राह में देता है उसको अल्लाह उसके दिए हुए धन से दूना अच्छा बदला देता है। यह दूना बदला सूद नहीं बल्कि अल्लाह की ओर से इनाम है। † मुनाफ़िक़ और काफ़िरों में यह फ़र्क़ है कि काफ़िर खुले आम ईमान के ख़िलाफ़ खड़े होते हैं जबकि [पेज ८६१ पर]

♦ कि ईमानवालों पर आफ़त आये और हमेशा अल्लाह के हुक्मों पर शक करते थे। अल्लाह जानता है जैसा-कुछ तुम हमारे साथ में थे।

फ़ल्यौम ला युअ्ख़ज़ु मिन्कुम् फ़िद्यतुँव ला मिनल्लजीन कफ़रू त् मअ्वाकुमुन्नारु त् हिय मौलाकुम् त् व बिअ्सल्मसीरु (१५) अलम् यअ्नि लिल्लजीन आमनू अन् तख़शअ़ क़ुलूबुहुम् लिज़िक्रिल्लाहि व मा नज़ल मिनल्हक़्क़ि ला व ला यकूनू कल्लजीन अूतुल्किताब मिन् क़ब्लु फ़ताल अलैहिमुल् - अमदु फ़क़सत् क़ुलूबुहुम् त् व कसीरुम् - मिन्हुम् फ़ासिक़ून (१६) अिअ्लमू अन्नल्लाह युह्यिल् - अर्ज़ बअ्द मौतिहा त् क़द् बैयन्ना लकुमुल् - आयाति लअ्ल्लकुम् तअ़क़िलून (१७) अिन्नल् - मुस्सद्दिक़ीन वल्मुस्सद्दिक़ाति व अक़्रज़ुल्लाह क़र्ज़न् हसनैं - युज़ाअ्फ़ु लहुम् व लहुम् अज्रुन् करीमुन् (१८) वल्लजीन आमनू बिल्लाहि व रुसुलिहीं अुलाअिक हुमुस्सिद्दीक़ून क़ सला वश्शुहदाअु अिन्द रब्बिहिम् त् लहुम् अज्रुहुम् व नूरुहुम् त् वल्लजीन कफ़रू व कज्जबू बिआयातिना अुलाअिक अस्हाबुल् - जहीमि (१९) ★ अिअ्लमू अन्नमल् - हयातुद्दुन्या लअिबुँव लह्वुँव ज़ीनतुँव तफ़ाख़ुरुम् - बैनकुम् व तकासुरुन् फ़िल्अम्वालि वल्-औलादि त् कमसलि ग़ैसिन् अअ्जबल् - कुफ़्फ़ार नबातुहू सुम्म यहीजु फ़तराहु मुस्फ़र्रन् सुम्म यकूनु हुतामन् त् व फ़िल्आख़िरति अज़ाबुन् शदीदुन् ला व'व मग़्फ़िरतुम् - मिनल्लाहि व रिज़्वानुन् त् व मल्हयातुद्दुन्या अिल्ला मताअुल् - ग़ुरूरि (२०) साबिक़ू अिला मग़्फ़िरतिम् - मिर्रब्बिकुम् व जन्नतिन् अर्ज़ुहा कअर्ज़िस्समाअि वल्अर्ज़ि ला अुअि़द्दत् लिल्लजीन आमनू बिल्लाहि व रुसुलिहीं त् जालिक फ़ज़्लुल्लाहि युअ्तीहि मैंयशाअु त् वल्लाहु जुल्फ़ज़्लिल् - अज़ीमि (२१) मा असाब मिम्-मुसीबतिन् फ़िल्अर्ज़ि व ला फ़ी अन्फ़ुसिकुम् अिल्ला फ़ी किताबिम्-मिन् क़ब्लि अन् नब्रअहा त् अिन्न जालिक अलल्लाहि यसीरुन् ज् सला (२२)

★ रु. २ - १८ आ ६

सो आज न तो तुम (मुनाफ़िक़ों से) से मुआवज़: क़बूल किया जायगा और न उन लोगों से जो इन्कार करते (और काफ़िर) रहे।§ (आज) तुम सब का ठिकाना दोज़ख़ है। वही तुम्हारी दोस्त है और वह बहुत बुरा ठिकाना है। (१५) क्या ईमानवालों के लिए (अभी) वक़्त नहीं आया कि अल्लाह की याद में और (क़ुर्आन के ज़रिये) उतरे सच्चे दीन की तरफ़ उनके दिल झुकें। और उन लोगों की तरह न हो जावें जिनको पहिले किताब दी गई थी फिर उन पर एक मुद्दत गुज़र गई फिर उनके दिल सख़्त हो गये। और (अब उनका हाल यह है कि) उनमें बहुतेरे बेहुक्म हैं।† (१६) जाने रहो कि अल्लाह ज़मीन को उसके मरने (ख़ुश्क हो जाने) के बाद जिलाता है (और इसी तौर पर अल्लाह तुमको नामुमकिन समझ पड़ने वाली हर बात के करने में समर्थ है।) हमने तुम्हारे लिए आयतें बयान की हैं अगर तुम्हें समझ हो। (१७) बेशक ख़ैरात करनेवाले मर्द और ख़ैरात करनेवाली औरतें और (जो लोग) अल्लाह को ख़ुशदिली से (जान-माल) उधार देते हैं उन्हें दूना मिलेगा और उनको (लोक में भी और परलोक में भी) इज़्ज़त का बदला मिलेगा।(१८) और जो लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बरों पर ईमान लाये वही लोग अपने परवरदिगार के नज़दीक सिद्दीक़ों (सत्यनिष्ठों) और शाहिदों (अपनी अपनी क़ौम के आमाल के गवाहों) में होंगे। उनको उन (की नेककारी) का फल और उन (के ईमान के नूर) की रोशनी मिलेगी। और जो लोग काफ़िर हुए और हमारी आयतों को झुटलाते रहे यही लोग दोज़ख़वाले हैं। (१९) ★

(लोगो !) जाने रहो कि यह (दुनिया की) ज़िन्दगी खेल और तमाशा और ज़ाहिरी शोभा है और आपस में (एक दूसरे पर) बड़ाई जिताना और माल औलाद की बढ़ती (व चढ़ा ऊपरी) की लालसा—इस सब की मिसाल वैसी ही है जैसे बारिश कि काश्तकार (उससे उगती) हरी भरी खेती को देखकर ख़ुशियाँ मनाने लगते हैं फिर वह ज़ोर पर आती है फिर तू देखे तो (फ़सल पक कर) पीली हो जाती है फिर (मड़नी में आ कर) चूर चूर हो जाती है।छ और पिछले घर (यानी आख़िरत) में सख़्त अज़ाब है; और अल्लाह से रज़ामन्दी और माफ़ी भी है। और दुनिया की ज़िन्दगी तो निरा धोखे का सामान (मायाजाल) है।(२०) (लोगो !) अपने परवरदिगार की बख़्शीश की तरफ़ लपको और बहिश्त की तरफ़ (लपको) जिसका फैलाव है जैसे आसमान और ज़मीन का फैलाव। (और वह) उन लोगों के लिए तैयार है जो अल्लाह और उसके पैग़म्बरों पर ईमान लाते हैं। यह अल्लाह की कृपा है जिसको चाहे दे। और अल्लाह बहुत कृपा वाला है। (२१) (लोगो !) जितनी मुसीबतें ज़मीन पर उतरती हैं और जो तुम पर उतरती हैं (उनमें कोई ऐसी नहीं जो) उनके दुनिया में पैदा होने से पहले हमने किताब (लौह महफ़ूज़) में न लिख रखी हों। बेशक यह अल्लाह के लिए आसान काम है। (२२)

रु. १२ आ ९

[पिज ८८६ से] मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) ईमानवालों में साथ-साथ घुले मिले रहते—ईमान के फ़ायदे में शरीक होने और तकलीफ़ में अलग रहने और ईमानवालों को नुक़सान पहुँचाने कि फ़िक्र में रहते हैं। इसीलिए कहते हैं कि हम तो तुम लोगों के साथ ही शरीक रहते थे। उन्हें कहाँ यक़ीन था कि अल्लाह उनकी दिली बातों से भी पूरा जानकार था।

§ यानी सिफ़ारिश, घूस या मुआविज़ा (बदले का दण्ड) देकर छुटकारे की गुँजाइश नहीं है। † तौरात इंजील जैसी आसमानी किताबें पाकर उनके पैरो कुछ दिनों तो उनके बताये दीन पर चले। बाद को उनके वशज (औलाद यहूदी व ईसाई) उनमें (मनमाने) हेर फेर करने लगे। तो कहीं मुसलमान भी आगे चलकर वैसे न हो जाँय। छ यानी कहाँ वह हरा भरा सब्ज़: और कहाँ वह चूरा-भूसा और कुछ ही दिनों में वह भी न जाने कहाँ की कहाँ !

ल्'लिकैला तअ्सौ अला मा फ़ातकुम् व ला तफ़्रहू बिमा आताकुम् त़ वल्लाहु
नि'
ला युह़िब्बु कुल्ल मुख़्तालिन् फ़ख़ूरि ला (२३) अ्ल्लजीन यब्ख़लून व
यअ्मुरूनन्नास बिल्बुख़्लि त़ व मैंयतवल्ल फ़अिन्नल्लाह हुवल्-ग़नीयुल्-हूमीदु (२४)
लक़द् अर्सल्ना रुसुलना बिल्बैयिनाति व अन्ज़ल्ना मअ़हुमुल् - किताब वल्मीज़ान
लियक़ूमन्नासु बिल्क़िस्ति ज़ व अन्ज़ल्नल् - ह़दीद फ़ीहि बअ़्सुन् शदीदूँव मनाफ़िअ़ु लिन्नासि
व लियअ़्लमल्लाहु मैंयन्सुरुहू व रुसुलहू बिल्ग़ैबि त़ अिन्नल्लाह क़वीयुन् अ़ज़ीज़ुन्
(२५) ★ व लक़द् अर्सल्ना नूहौंव अिब्राहीम व जअ़ल्ना फ़ी ज़ुर्रीयति-हिमन्-
नुबूवत वल्किताब फ़मिन्हुम् मुह़्तदिन् ज़ व कसीरुम् - मिन्हुम् फ़ासिक़ून (२६) सुम्म
क़फ़्फ़ैना अला आसारिहिम् बिरुसुलिना व क़फ़्फ़ैना बिअ़ीसब्नि मर्यम व आतैनाहुल् -
अिन्जील ۵ ला व जअ़ल्ना फ़ी क़ुलूबिल्लजीनत् - तबअ़ूहु रअ़्फ़तौंव रह़्मतन् त़
व रह़्बानीयत-निब्तदअ़ूहा मा कतब्नाहा अलैहिम् अिल्लब्तिग़ा अ रिज़्वानिल्लाहि फ़मा
रअ़ौहा ह़क़्क़ रिआयतिहा ज़ फ़आतैनल्लजीन आमनू मिन्हुम् अज्रहुम् ज़
व कसीरुम् - मिन्हुम् फ़ासिक़ून (२७) या अैयुहल्लजीन आमनुत्तक़ुल्लाह व
आमिनू बिरसूलिहि युअ्तिकुम् किफ़्लैनि मिर्रह़्मतिहि व यज्अ़ल्लकुम्
नूरन् तम्शून बिहि व यग़्फ़िर् लकुम् त़ वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् ज़ ला
(२८) ल्'लिअल्ला यअ़्लम अह्लुल् - किताबि अल्ला यक़्दिरून अला
शैअिम् - मिन् फ़ज़्लिल्लाहि व अन्नल्फ़ज़्ल बियदिल्लाहि युअ्तीहि
मैंयशा अु त़ वल्लाहु जुल् - फ़ज़्लिल् - अ़ज़ीमि (२९) ★

॥ इति सत्ताईसवाँ पारः ॥

★ रु. १ | ३ आ ६

★ रु. ४ | २० आ ४

(और यह हमने तुमको इसलिए जताया) ताकि कोई वस्तु तुमसे जाती रहे (या हाथ न आये) तो उसका रंज न करो और कोई चीज़ अल्लाह तुमको दे तो उस पर इतराओ मत (न रीझो।) और अल्लाह किसी इतरानेवाले शेख़ी मारनेवाले को पसन्द नहीं करता। (२३) जो लोग (अल्लाह की राह में ख़र्च करने में ख़ुद) कंजूसी करते हैं और लोगों को कंजूसी की सलाह देते हैं; और जो लोग (अल्लाह के हुक्मों से) मुँह फेरते हैं तो कुछ शक नहीं (कि इन्सान यह अपने ही लिए बोता है) अल्लाह (उसका मुहताज नहीं; वह तो निस्पृह यानी अपने में सब तौर पर पूरा) बेनियाज़ (और) सारी सराहना के लायक़ है। (२४) हमने अपने पैग़म्बरों को खुले-खुले चमत्कार देकर भेजा और उनकी मारफ़त किताबें उतारीं और तराज़ू (यानी शरीअत उतारी) ताकि लोग इन्साफ़ पर क़ायम रहें। और लोहा पैदा किया जिसमें (लड़ाई की) जोखिम है और (उसमें) लोगों के लिए फ़ायदे (भी) हैं और एक फ़ायदा यह भी है कि अल्लाह उन लोगों को मालूम कर ले कि कौन उसकी और उसके रसूलों की बिन देखे मदद करता है§। बेशक अल्लाह बलवान और ज़बरदस्त है। (२५) ★ रू. ३ — १६ आ ६

और हमने नूह और इब्राहीम को भेजा और उनकी संतान में पैग़म्बरी दी और किताबें (भेजते रहे) फिर उनमें से कोई तो राह पर रहे और ज़्यादातर उनमें बेहुक्म हैं।(२६) फिर बाद में उन्हीं के क़दम ब क़दम हमने अपने और पैग़म्बर भेजे और बाद में मरियम के बेटे ईसा को भेजा और उनको इंजील दी। और जो लोग उनके पीछे चले उनके दिलों में रहम और तरस डाल दिया। और दुनिया को छोड़ बैठना (जिसको लोग भूल से संन्यास कहते हैं) जिसको उन्होंने नई बात निकाली थी† वह हमने उन पर लाज़िम नहीं की थी। मगर (उन्होंने) अल्लाह की प्रसन्नता हासिल करने के लिए उसको इख़्तियार किया फिर जैसा उसको निबाहना चाहिए था न निबाह सके। फिर जो लोग इन (ईसाइयों) में से ईमान वाले रहे हमने उनको उनका अज्र (प्रतिफल) दिया। और इनमें से बहुतेरे तो बे हुक्म (हद से बढ़नेवाले ही) हैं।(२७) ऐ ईमानवालो! अल्लाह से डरते रहो और उसके पैग़म्बर (मुहम्मद स०) पर ईमान लाओ कि वह अपनी कृपा में से तुमको दोहरा हिस्सा दे‡ और तुमको ऐसा नूर (यानी क़ुर्आन) दे जिसकी रोशनी में (हमेशा) चलते रहो और (अल्लाह) तुम्हें क्षमा करे। और अल्लाह क्षमा करनेवाला बड़ा कृपालु है। (२८) (यह इसलिए बयान है कि) किताबवाले जान रखें कि वह अल्लाह की कृपा में कुछ दख़ल नहीं रखते‡ और यह कि कृपा सारी अल्लाह के हाथ है, जिसको वह चाहे दे, और अल्लाह की कृपा अपार है। (२९) ★ रू. ४ — २० आ ४

॥ इति सत्ताईसवाँ पारः ॥

§ इन्साफ़ पर समाज को चलाने के क़ायदे क़ुर्आन की आयतों के ज़रिये और ज़ुल्म को रोकने व दबाने के लिए लोहा (हथियारों के लिए) दिया ताकि अल्लाह आज़माये कि कौन लोग उनको मिले धन व शक्ति को ज़ुल्म (अन्याय) के मिटाने व दीन क़ायम करने में इस्तेमाल करते हैं और कौन लोग कंजूसी करते व कंजूसी सिखाते हैं। लोग इनके ज़रिये अपना लोक-परलोक बना सकते हैं अगर चाहें। वरना अल्लाह तो इच्छारहित है।

† हज़रत ईसा के माननेवाले बड़े नेक तपस्वी और बड़े दयालु होते थे। इंजील द्वारा संन्यास ज़रूरी न होने पर भी उन्होंने ईश्वर की ख़ुशी की नियत से संन्यास लेकर संसारी सुखों से अपने को अलग कर रखा था। लेकिन आगे चलकर लोग उसको परहेज़गारी से निबाह न सके। लोगों ने संन्यास का ग़लत मफ़हूम ♦[पिज ६३१ पर]

‡ आयत २७ से २९ तक ईसाइयों को सम्बोधित हैं। इनमें ऐसे भी थे जो ईमान से बहँके [पिज ६३१ पर]

‡ किताबवाले (किसी भी किताब इलाही के पैरो) या दुनिया में कोई भी जमात इस भरम में न पड़े कि अल्लाह की रज़ा और रहमत सिर्फ़ उन्हीं के लिए है। यह अल्लाह ही जानता है कि कौन उसके फ़ज़्ल का हक़दार है।

✪✪ अट्ठाईसवाँ पारः (क़द्समिअल्लाहु) ✪✪

✪ ५८ सूरतुल्-मुजादलति १०५ ✪

(मदनी) इस सूरः में अरबी के २१०३ हुरूफ़, ४७६ शब्द, २२ आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़द्समिअल्लाहु क़ौलल्लती तुजादिलुक फ़ी ज़ौजिहा व तश्तकी[1] अिलल्लाहि क़ सला वल्लाहु यस्मअु तहावुर - कुमा त अिन्नल्लाह समीअुम् - बसीरुन् (१) अल्लजीन युजाहिरून मिन्कुम् मिन् निसा[1]अिहिम् मा हुन्न अुम्महातिहिम् त अिन् अुम्महातुहुम् अिल्लल्ला[1]ओ वलद् नहुम् त व अिन्नहुम् लयक़ूलून मुन्करम् - मिनल्क़ौलि वज़ूरन् त व अिन्नल्लाह लअफ़ूवुन् ग़फ़ूरुन् (२) वल्लजीन युजाहिरून मिन् निसा[1]अिहिम् सुम्म यअूदून लिमा क़ालू फ़तहूरीरु रक़बतिम्-मिन् क़ब्लि अैयतमा[1]स्सा त जालिकुम् तूअज़ून बिहत् त वल्लाहु बिमा तअ़मलून ख़बीरुन् (३) फ़मल्लम् यजिद् फ़सियामु शहरैनि मुतताबिअैनि मिन् क़ब्लि अैयतमा[1]स्सा ज फ़मल्लम् यस्ततिअ़् फ़अित्आमु सित्तीन मिस्कीनन् त जालिक लितुअ्मिनू बिल्लाहि व रसूलिहत् त व तिल्क हुदूदुल्लाहि त व लिल्काफ़िरीन अ़जाबुन् अलीमुन् (४) अिन्नल्लजीन युहा[1]दूनल्लाह व रसूलहू कुबितू कमा कुबितल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् व क़द् अन्ज़ल्ना[1] आयातिम् - बैयिनातिन् त व लिल्काफ़िरीन अ़जाबुम् - मुहीनुन् ज (५) यौम यब्अ़सु - हुमुल् - लाहु जमीअ़न् फ़युनब्बिअुहुम् बिमा अमिलू त अह्सा़हुल्लाहु व नसूहु त वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् शहीदुन् (६) ★



★ रु. १ / १ आ ६

✪✪ अट्ठाईसवाँ पारः (क़द् समिअ़ल्लाहु) ✪✪

✪ ५८ सूरतुल्मुजादलति १०५ ✪

(मदनी) इसमें अ़रबी के २१०३ अक्षर ४७६ शब्द २२ आयतें और ३ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह़मानिर्रह़ीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर!) अल्लाह ने उस औरत की बात सुन ली जो अपने पति के विषय में तुमसे झगड़ती और अल्लाह से शिकायत (और अपनी फ़र्याद) करती है। और अल्लाह तुम दोनों की बातचीत को सुन रहा है। बेशक अल्लाह (सबकी) सुननेवाला (और सब कुछ) देखनेवाला है§। (१) जो लोग तुममें से अपनी बीबियों को माँ कह बैठते हैं (सिर्फ़ कह देने से) उनकी माँ नहीं हो जातीं। उनकी माताएँ वही हैं जिन्होंने उनको जना है। और उन्होंने एक बेहूदा और झूठी बात कही। और अल्लाह बेशक माफ़ करनेवाला बख़्शनेवाला है। (२) और जो लोग अपनी बीबियों को (तैश में या भूल में) माँ कह बैठते हैं फिर जो कहा था उससे फिरना चाहते हैं तो एक दूसरे को हाथ लगाने से पहले (कफ़्फ़ारा यानी प्रायश्चित में) एक ग़ुलाम आज़ाद करना होगा। इससे तुमको नसीहत होगी। और अल्लाह तुम्हारे कामों की ख़बर रखता है।‡ (३) फिर जिसको (ग़ुलाम आज़ाद कराना) मयस्सर न हो तो एक दूसरे को हाथ लगाने से पहले दो महीने लगातार रोज़े रक्खे और जो (किसी मजबूरी से) यह न कर सके तो साठ ग़रीबों को खाना खिला दे। यह इसलिए है कि तुम अल्लाह और उसके पैग़म्बर पर ईमान लाओ (और उसके हुक्म मानो।) यह अल्लाह की बाँधी हुई हदें हैं और (इनसे) इनकार करनेवालों को दुखदाई अ़ज़ाब है। (४) जो लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बर के विरुद्ध आचरण करते हैं वह वैसे ही ख़्वार हुए जैसे इनसे पहिले (के नाफ़र्मान) लोग ख़्वार हुए थे† और हमने साफ़ आयतें (यानी हुक्म) उतारे हैं। और काफ़िरों के लिए ज़िल्लत का अ़ज़ाब है। (५) जब अल्लाह उन सबको (क़ियामत के दिन) उठायेगा फिर जैसे जैसे कर्म यह लोग (दुनिया में) करते रहे हैं इनको बता देगा। अल्लाह तो उनके कर्मों को गिनता गया और यह उनको भूल गये। और अल्लाह सब चीज़ों का देखनेवाला है। (६) ★

★ रुकूअ़ १ आ. १-६

---

* सूरः हदीद से शुरू हुए दस मदनी सूरतों के सिलसिले की यह दूसरी सूरः है। [पेज ८६७ पर]

§ इस्लाम से पहले 'ज़िहार' एक चलन था कि यदि कोई अपनी पत्नी को क्रोध में माँ या बहन कह देता था तो वह स्त्री उस पुरुष पर सदा के लिए हराम हो जाती थी। ऐसे ही एक शख़्स 'औस बिन सामित' ने अपनी बीवी ख़ौलः बिन्ते (सुपुत्री) सअ़लबा से 'ज़िहार' कर लिया था। ख़ौलः रोती पीटती ह० मुहम्मद स० के पास इस ज़ुल्म की फ़रियाद लेकर आई। देखिये सूरः अह़ज़ाब आयत ४ व फ़ुटनोट + पृष्ठ ६६३।

‡ यानी वह अनजान नहीं कि तुमने यह कलाम तैश के अ़धीन कहा है और अब तुमको उसका पछतावा है। प्रायश्चित (कफ़्फ़ारः) कर लेने के बाद तुम फिर मियाँ-बीबी ही हो। अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला है।

† यह आयतें ख़ास तौर पर यहूदी मुनाफ़िक़ों और काफ़िरों के सम्बन्ध में हैं। मुनाफ़िक़ छिप छिप कर रसूल और इस्लाम के ख़िलाफ़ साज़िश किया करते थे।

अलम् तर अन्नल्लाह यअ़्लमु मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त मा यकूनु मिन् नज्वा सलासतिन् अिल्ला हुव राबिअुहुम् व ला ख़म्सतिन् अिल्ला हुव सादिसुहुम् व ला अद्ना मिन् जालिक व ला अक्सर अिल्ला हुव मअ़हुम् अैन मा कानू ज सुम्म युनब्बिअुहुम् बिमा अमिलू यौमल् - क़ियामति त अिन्नल्लाह बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (७) अलम् तर अिलल्लजीन नुहू अनिन्नजूवा सुम्म यअूदून लिमानुहू अन्हु व यतनाजौन बिल्अिस्मि वल्अुद्वानि व मअ़्सियतिर्रसूलि ज व अिजा जाअूक हय्यौक बिमा लम् युहय्यिक बिहिल्लाहु ला व यक़ूलून फ़ी अन्फ़ुसिहिम् लौ ला युअ़ज्जिबुनल्लाहु बिमा नक़ूलु त हस्बुहुम् जहन्नमु ज यस्लौनहा ज फ़बिअ्सल् - मसीरु (८) या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा तनाजैतुम् फ़ला ततनाजौ बिल्अिस्मि वल्अुद्वानि व मअ़्सियतिर् - रसूलि व तनाजौ बिल्बिरि वत्तक़्वा त वत्तक़ुल्लाहल्लजी अिलैहि तुह्शरून (९) अिन्नमन्नजूवा मिनश्शैतानि लियह्ज़ुनल्लजीन आमनू व लैस बिज़ारिहिम् शैअन् अिल्ला बिअिज़्निल्लाहि त व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल् - मुअ्मिनून (१०) या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा क़ील लकुम् तफ़स्सहू फ़िल्मजालिसि फ़फ़सहू यफ़्सहिल्लाहु लकुम् ज व अिजा क़ीलन्शुज़ू फ़न्शुज़ू यर्फ़अिल्-लाहुल्-लजीन आमनू मिन्कुम् ला वल्लजीन अूतुल्अिल्म दरजातिन् त वल्लाहु बिमा तअ़्मलून ख़बीरुन् (११) या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा नाजैतुमुर्रसूल फ़क़द्दिमू बैन यदै नज्वाकुम् सदक़तन् त जालिक ख़ैरुल्लकुम् व अत्हरु त फ़अिल्लम् तजिदू फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (१२)

(ऐ पैग़म्बर !) क्या तूने नहीं देखा कि जो कुछ आसमानों में और जो कुछ ज़मीन में है अल्लाह सबसे जानकार है। कोई जगह तीन (आदमियों) का सलाह-मशविरः ऐसा नहीं होता जिनमें चौथा वह (यानी अल्लाह) न हो और न कहीं पाँच का (छिपे से छिपा सलाह-मशविरः) होता है जिनमें उनका छठा वह नहीं होता और इससे कम हो या ज़्यादा, कहीं भी (कानाफूसी करते) हों, वह (अदृष्ट अल्लाह) ज़रूर उनके साथ (हर घड़ी मौजूद) रहता है। फिर जैसे-जैसे कर्म यह करते रहे हैं क़ियामत के दिन वह उनको जता देगा। अल्लाह बेशक हर चीज़ से जानकार है। (७) (ऐ पैग़म्बर !) क्या तूने उन लोगों को नहीं देखा जिनको कानाफूसी करने से मनाकर दिया गया था फिर जिससे उनको मना कर दिया गया था लौटकर वही करते हैं और वह आपस में (गुप-चुप) गुनाह की और ज़ियादती की और पैग़म्बर की नाफ़रमानी की बातें करते हैं। और जब यह तेरे पास आते हैं तो ऐसे (शब्दों में) दुआ देते हैं जैसे (शब्दों में) अल्लाह ने तुझको दुआ नहीं दी। और यह अपने जी में कहते हैं कि हमारे (ऐसा ख़राब कलामे-दुआ)§ कहने पर (भी) अल्लाह हमको अज़ाब क्यों नहीं उतारता। (तो जान रखो !) इनके लिए दोज़ख़ काफ़ी है। वह उसी में दाख़िल होंगे, सो वह (ठहरने की) बुरी जगह है। (८) ऐ ईमानवालो ! तुम जब आपस में कान में बात करो तो (इन मुनाफ़िक़ों की तरह) गुनाह की और ज़्यादती की और पैग़म्बर की बेहुक्मी की बातें (एक दूसरे के कान में) न किया करो; हाँ, नेकी और परहेज़गारी की (बातें करो।) और अल्लाह से डरते रहो जिसके सामने (आख़िरत के दिन सबको) जमा होना है। (९) यह कानाफूसी तो एक शैतान की हरकत है ताकि जो ईमान लाये हैं (उन्हें) दुख पहुँचे हालाँकि अल्लाह के हुक्म के बग़ैर वह उनको कुछ भी नुक़सान नहीं पहुंचा सकता।♦ और (इसलिए) ईमानवालों को चाहिये कि अल्लाह ही पर भरोसा रक्खें। (१०) ऐ ईमानवालो ! जब तुमसे कहा जावे कि मजलिस में खुलकर बैठो तो तुम खुल कर बैठो (और) अल्लाह तुम्हारे लिए कुशादगी कर देगा। और जब कहा जाय उठ खड़े हो तो उठ खड़े हुआ करो कि जो लोग तुममें से ईमान रखते हैं, और जिन्हें अिल्म (ज्ञान) दिया गया है, अल्लाह उनके दर्जे ऊँचे करेगा। और जो कुछ तुम करते हो अल्लाह को उसकी (पूरी) ख़बर है+ (११) ऐ ईमानवालो! जब तुमको पैग़म्बर के कान में कोई बात कहनी हो तो अपनी बात कहने से पहिले कुछ खैरात कर दिया करो। यह तुम्हारे ही हक़ में भलाई है और ज़्यादा पाक है। फिर अगर तुम यह न कर सको तो अल्लाह क्षमा करनेवाला मेहरबान है। (१२)

[पेज ८९५ से] पहली आयत में 'अल् मुजादलु' शब्द आया है जो 'मुजादल' शब्द से बना है। इसी शब्द पर सूरा का नाम बतौर संकेत है। उतरने का समय मक्का फ़तह के पहले का है। सूरः का आरम्भ इस्लाम से पहले 'ज़िहार' की कुरीति के खिलाफ़ एक सताई हुई औरत के रसूल स० से शिकवा व फ़र्याद से है। आयत १ से ४ व उनके फ़ुटनोट में ज़िहार व उसका कफ़्फ़ारा बयान है। फिर मुनाफ़िक़ों की साज़िशें, [पेज ८९९ पर]

§ यानी यहूदी मुनाफ़िक़ रसूल स० के पास जाते तो अस्सलामु अलैकुम' (तुम पर सलामती हो) को ऐंठ कर कहते अस्सामु अलैकुम' (तुम पर मौत हो) और सोचते कि अगर रसूल स. की 'अज़ाबे इलाही' की बात सच है तो हमारे ऐसी दुआ कहने पर हम पर अज़ाब क्यों नहीं बरपा होता। सो उन पर अज़ाब की घड़ी नज़दीक ही आ लगी है जिसकी उन्हें ख़बर नहीं। ♦ अल्लाह का हुक्म ईमानवालों को दुखदाई तभी होता है जब वह उन्हें जाँचना चाहता है। हो सकता है जो देखने में दुख है वह उनके हक़ में भलाई साबित हो। वरना ईमानवालों पर शैतान का बस नहीं चलता। जानना चाहिये कि शैतान की शक्ल में इन्सान हमीं लोगों में हुआ करते हैं। + मजलिस में बैठो तो खुलकर और रसूल स० के नज़दीक पहुँचने के लिए ठेल-ठाल मत करो। न यही कि नये या साधारन आदमी के पहुँचने पर अपने को रसूल स० का ज़्यादः क़रीबी समझ कर उन्हें जगह न दो। मजलिस बर्ख़ास्त होने पर अदब से खड़े हो और रुख़सत लो—हड़बोंग न करो।

अ अश्फ़क़्तुम् अन् तुक़द्दिमू बैन यदै नज्वाकुम् सदक़ातिन् त़ फ़अिज्
लम् तफ़्अलू व ताबल्लाहु अलैकुम् फ़अक़ीमुस्सलात़ व आतुज़्ज़कात़
व अती़उल्लाह व रसूलहू त़ वल्लाहु ख़बीरुम् - बिमा तअ़मलून (१३) ★
अलम् तर अिलल्लजीन तवल्लौ क़ौमन् ग़ज़िबल्लाहु अलैहिम् त़ मा
हुम् मिन्कुम् व ला मिन्हुम् ला व यह़लिफ़ून अलल्कजिबि व हुम् यअ़लमून
(१४) अअ़द्दल्लाहु लहुम् अजाबन् शदीदन् त़ अिन्नहुम् सा'अ मा कानू
यअ़मलून (१५) अित्तख़ज़ू' अैमानहुम् जुन्नतन् फ़सद्दू अन् सबीलिल्लाहि फ़लहुम्
अजाबुम् - मुहीनुन् (१६) लन् तुग़निय अन्हुम् अम्वालुहुम् व ला' औलादुहुम्
मिनल्लाहि शैअन् त़ अुला'अिक अस्ह़ाबुन्नारि त़ हुम् फ़ीहा ख़ालिदून
(१७) यौम यब्अ़सुहुमुल्लाहु जमीअन् फ़यह़लिफ़ून लहू कमा यह़लिफ़ून लकुम्
व यह़सबून अन्नहुम् अला शैअिन् त़ अला' अिन्नहुम् हुमुल् - काजिबून (१८) अिस्तह़्वज अलैहिमुश्शैतानु फ़अन्साहुम्
जिक्रल्लाहि त़ अुला'अिक ह़िज़्बुश्शैतानि त़ अला' अिन्न ह़िज़्बश्शैतानि
हुमुल् - ख़ासिरून (१९) अिन्नल्लजीन युह़ा'दूनल्लाह व रसूलहू'
अुला'अिक फ़िल्अजल्लीन (२०) कतबल्लाहु लअग़्लिबन्न
अना व रुसुली त़ अिन्नल्लाह क़वीयुन् अज़ीज़ून (२१)

قد سمع الله ٢٨ ٤٣٥ المجادلة ٥٨
ءَاشْفَقْتُمْ أَن تُقَدِّمُوا۟ بَيْنَ يَدَىْ نَجْوَىٰكُمْ صَدَقَٰتٍ ۚ فَإِذْ
لَمْ تَفْعَلُوا۟ وَتَابَ ٱللَّهُ عَلَيْكُمْ فَأَقِيمُوا۟ ٱلصَّلَوٰةَ وَءَاتُوا۟ ٱلزَّكَوٰةَ
وَأَطِيعُوا۟ ٱللَّهَ وَرَسُولَهُۥ ۚ وَٱللَّهُ خَبِيرٌۢ بِمَا تَعْمَلُونَ ۝ أَلَمْ تَرَ
إِلَى ٱلَّذِينَ تَوَلَّوْا۟ قَوْمًا غَضِبَ ٱللَّهُ عَلَيْهِم ۖ مَّا هُم مِّنكُمْ وَلَا
مِنْهُمْ ۖ وَيَحْلِفُونَ عَلَى ٱلْكَذِبِ وَهُمْ يَعْلَمُونَ ۝ أَعَدَّ ٱللَّهُ لَهُمْ
عَذَابًا شَدِيدًا ۖ إِنَّهُمْ سَآءَ مَا كَانُوا۟ يَعْمَلُونَ ۝ ٱتَّخَذُوٓا۟
أَيْمَٰنَهُمْ جُنَّةً فَصَدُّوا۟ عَن سَبِيلِ ٱللَّهِ فَلَهُمْ عَذَابٌ مُّهِينٌ ۝
لَّن تُغْنِىَ عَنْهُمْ أَمْوَٰلُهُمْ وَلَآ أَوْلَٰدُهُم مِّنَ ٱللَّهِ شَيْـًٔا ۚ أُو۟لَٰٓئِكَ
أَصْحَٰبُ ٱلنَّارِ ۖ هُمْ فِيهَا خَٰلِدُونَ ۝ يَوْمَ يَبْعَثُهُمُ ٱللَّهُ جَمِيعًا
فَيَحْلِفُونَ لَهُۥ كَمَا يَحْلِفُونَ لَكُمْ وَيَحْسَبُونَ أَنَّهُمْ عَلَىٰ شَىْءٍ ۚ
أَلَآ إِنَّهُمْ هُمُ ٱلْكَٰذِبُونَ ۝ ٱسْتَحْوَذَ عَلَيْهِمُ ٱلشَّيْطَٰنُ فَأَنسَىٰهُمْ
ذِكْرَ ٱللَّهِ ۚ أُو۟لَٰٓئِكَ حِزْبُ ٱلشَّيْطَٰنِ ۚ أَلَآ إِنَّ حِزْبَ ٱلشَّيْطَٰنِ هُمُ
ٱلْخَٰسِرُونَ ۝ إِنَّ ٱلَّذِينَ يُحَآدُّونَ ٱللَّهَ وَرَسُولَهُۥٓ أُو۟لَٰٓئِكَ فِى
ٱلْأَذَلِّينَ ۝ كَتَبَ ٱللَّهُ لَأَغْلِبَنَّ أَنَا۠ وَرُسُلِىٓ ۚ إِنَّ ٱللَّهَ قَوِىٌّ
عَزِيزٌ ۝ لَّا تَجِدُ قَوْمًا يُؤْمِنُونَ بِٱللَّهِ وَٱلْيَوْمِ ٱلْءَاخِرِ يُوَآدُّونَ
مَنْ حَآدَّ ٱللَّهَ وَرَسُولَهُۥ وَلَوْ كَانُوٓا۟ ءَابَآءَهُمْ أَوْ أَبْنَآءَهُمْ أَوْ
إِخْوَٰنَهُمْ أَوْ عَشِيرَتَهُمْ ۚ أُو۟لَٰٓئِكَ كَتَبَ فِى قُلُوبِهِمُ ٱلْإِيمَٰنَ

(तो ऐ लोगो !) क्या तुम (पैग़म्बर से) कान में§ कोई बात कहने से पहले कुछ ख़ैरात देने से डर गये ? तो जब तुम (ऐसा) न कर सके और (फिर भी) अल्लाह ने तुमको माफ़ कर दिया तो (कम से कम यही करो कि) नमाज़ें क़ायम रखो और ज़कात दो और अल्लाह और उसके पैग़म्बर का हुक्म मानो। और जो कुछ तुम करते हो अल्लाह को उसकी ख़बर है। (१३) ★ रु. २१ २२ आ ७

क्या तूने उन्हें नहीं देखा जिन्होंने ऐसे मनुष्यों से दोस्ती की जिन पर अल्लाह का ग़ज़ब (प्रकोप) है। यह लोग न तुममें हैं न उन्हीं में। और वह जान-बूझकर झूठी बातों पर क़समें खाते हैं।† (१४) उनके लिए अल्लाह ने सख़्त सज़ा तैयार कर रक्खी है। इसमें शक नहीं को यह मनुष्य जो कर रहे हैं बुरा कर रहे हैं। (१५) उन्होंने अपनी क़समों को ढाल बना रक्खा है और (उनकी आड़ में) यह लोगों को अल्लाह की राह से रोकते हैं* तो उनके लिए ज़िल्लत की मार है। (१६) अल्लाह के यहाँ न इनके माल कुछ इनके काम आयेंगे और न इनकी औलाद। यह लोग दोज़ख़ वाले हैं। सो हमेशा उसी में रहेंगे। (१७) जिस दिन अल्लाह इनको (जिला) उठायेगा (और अपने रूबरू जमा करेगा) तो यह उसके आगे क़समें खावेंगे जैसे यह तुम लोगों के आगे क़समें खाया करते हैं और समझते हैं कि वह कुछ भली राह पर हैं। सुनते हो ! बेशक यही लोग झूठे हैं। (१८) शैतान ने इन पर क़ाबू पा लिया है फिर उसने इनको अल्लाह की याद भुला दी है। यह शैतानों का लश्कर है। सुनते हो ! शैतानों का जो लश्कर है वही ख़राब होगा।(१९) जो लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बर से विरोध करते हैं वही सबसे ज़लील होंगे। (२०) अल्लाह तो लिख चुका है कि मैं और मेरा पैग़म्बर ज़बर (प्रबल) रहेंगे। बेशक अल्लाह बेहद ज़ोरावर बड़ा ज़बरदस्त है। (२१)

[पेज ८९७ से] उनका अन्जाम उनकी और इमानवालों की छिपी बैठकों में फ़र्क़ आयत ७ में यहूदियों का आकर रसूल स० के लिए शरारत भरा 'सलाम', मजलिस में बैठते व रुख़सत होते समय अदब व तरीक़ों की हिदायत और आख़ीर में आ० १२-२१ में शैतान के लश्कर और आ० २२ में अल्लाह के लश्कर का बयान दिया गया है।

§ कुछ मुनाफ़िक़ अपनी शान जताने और यह दिखाने को कि वे मुहम्मद साहब स० के बड़े मुँहलगे हैं कान में बातें करने को आतुर रहते थे। उनका भण्डाफोड़ करने के लिये ये आयतें उतरीं। झूँठे भला क्यों खैरात करते। इस हुक्म से रसूल स० से एकांत में बात करने का मर्ज़ बहुत कुछ घट गया। रसूल स० का वक्त कम ज़ाया होने लगा और सचमुच ज़रूरत के लिए सलाह करनेवालों के लिए रास्ता भी बिलकुल न बन्द हुआ। † मुनाफ़िक़ साथ मुसलमानों के रहते और उनके दिल काफ़िरों के व इस्लाम के दुश्मनों के साथ थे। क़समें खाते कि वह मुसलमानों के साथ हैं लेकिन गुपचुप उन्हीं की जड़ काटते। सो यह न तो ईमानवालों में हैं और न खुलकर काफ़िरों के भले हो पाते हैं। न इधर के न उधर के। * झूठी क़समें खा-खाकर अपनी भी आक़िबत बिगाड़ते हैं और दूसरों को भी बरग़लाते और दीन की राह से रोकते हैं।

[पेज ९०७ से] मदीना हिजरत कर के आने वाले सहाबा में हज़रत हातिब बिन अबी बलतअ: के बाल बच्चे उस वक्त मक्का में ही रह गये थे। जंग के आसार देख उन्होंने क़ुरैशों को इसकी सूचना एक ख़त के ज़रिये चुपके से भेजी इस ग़रज़ से कि शायद वे इनसे ख़ुश होकर इनके बाल बच्चों पर रहम करें। यह समाचार अल्लाह ने रसूल स० पर प्रकट कर दिया। ह० हातिब ने अपना मंशा सही-सही कह दिया कि बाल-बच्चों के मोह ने ऐसा करवाया वरना उनके ईमान में कसर नहीं। उनकी नेकनीयती पर उन्हें माफ़ तो कर दिया गया लेकिन उनको व औरों को चेतावनी दी गई कि जो काफ़िर सरकशी पर आमादा हैं उनसे कभी भलाई या दोस्ती की उम्मीद न रखो।

ला तजिदु क़ौमैंयुअ्मिनून बिल्लाहि वल् - यौमिल् - आख़िरि युवा॑दून मन् ह़ा॑द्दल्लाह व रसूलहु व लौ कानू॑ आबा॑अहुम् औ अब्ना॑अहुम् औ अख़्वानहुम् औ अशीरतहुम् त़ अुला॑अिक कतब फ़ी क़ुलूबिहिमुल् - ओमान व अैयदहुम् बिरूह़िम् - मिन्हु त़ व युद्ख़िलुहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह़्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त़ रज़ियल्लाहु अन्हुम् व रज़ू अन्हु त़ अुला॑अिक ह़िज़्बुल्लाहि त़ अला॑ अिन्न ह़िज़्बल्लाहि हुमुल् - मुफ़्लिहून (२२) ★

✪ ५९ सूरतुल् - ह़श्रि १०१ ✪

(मदनी) इस सूरः में अरबी के २०१६ अक्षर, ४५५ शब्द, २४ आयतें और ३ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ●

सब्बह़ लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि ज़ व हुवल् - अज़ीज़ुल् - ह़कीमु (१) हुवल्लज़ी॑ अख़्रजल्लज़ीन कफ़रू मिन् अह़्लिल् - किताबि मिन् दियारिहिम् लिअ़ौवलिल् - ह़श्रि त़ ● मा जनन्तुम् अैंयख़्रुजू व जन्नू॑ अन्नहुम् मा निअ़्अतुहुम् ह़ुस्नुनुहुम् मिनल्लाहि फ़-अताहुमुल्-लाहु मिन् ह़ैसु लम् यह़्तसिबू क़ व क़ज़फ़ फ़ी क़ुलूबिहिमुर्रुअ़ब युख़्रिबून बुयूतहुम् बिअैदीहिम् व अैदिल् - मुअ़्मिनीन क़ फ़ऱ्तबिरू या॑ अुलिल् - अब्सारि (२) व लौ ला॑ अन् कतबल्लाहु अलैहिमुल् - जला॑अ लअ़ज़्ज़बहुम् फ़िद्दुन्या त़ व लहुम् फ़िल् - आख़िरति अ़ज़ाबुन्नारि (३) ज़ालिक बिअन्नहुम् शा॑क़्क़ुल्लाह व रसूलहु ज़ व मैंयुशा॑क़्क़िल्लाह फ़अिन्नल्लाह शदीदुल् - अिक़ाबि (४) मा क़त़ऱ्तुम् मिल्लीनतिन् औ तरक्तुमूहा क़ा॑अिमतन् अला॑ अुसूलिहा फ़बिअिज़्निल्लाहि व लियुख़्ज़ियल् - फ़ासिक़ीन (५) व मा॑ अफ़ा॑अल्लाहु अला रसूलिहि त़ मिन्हुम् फ़मा॑ औ जफ़्तुम् अलैहि मिन् ख़ैलिंव्व ला रिकाबिंव्व लाकिन्नल्लाह युसल्लितु रुसुलहु अला मैंयशा॑अु त़ वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (६)

(ऐ पैग़म्बर !) जो लोग अल्लाह पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं उनको न देखोगे कि अल्लाह और उसके पैग़म्बर के दुश्मनों के साथ दोस्ती रक्खें, भले ही वह उनके बाप या बेटे या उनके भाई या उनके घराने ही के हों। यही हैं जिनके दिलों के अन्दर अल्लाह ने ईमान नक़्श कर दिया है और अपनी ग़ैब (अदृष्ट) की कृपा से उनकी मदद की है। और वह उनको बाग़ों में दाख़िल करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी कि वह हमेशा उन्हीं में रहेंगे। अल्लाह उनसे ख़ुश और वह अल्लाह से ख़ुश। यही ख़ुदाई लश्कर है। सुनते हो ! जो ख़ुदाई लश्कर है वही मुराद को पहुँचेगा। (२२) ★ रु. ३/३ आ ६

✱ ५९ सूरतुल्-हश्रि १०१ ✱

(मदनी) इसमें अरबी के २०१६ अक्षर ४५५ शब्द २४ आयतें और ३ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब अल्लाह की तस्बीह में लगे हैं, और वही बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (१) वही है जिसने किताब वालों में से जो काफ़िर हैं उनको उनके घरों से (जो मदीना में बसते थे) पहिले ही† लश्कर जमा होने पर निकाल बाहर किया। ● (ऐ ईमानवालो !) तुम यह न ख़्याल करते थे कि यह निकलेंगे और वह इस ख़्याल में थे कि उनके क़िले उनको अल्लाह के (अज़ाब के) मुक़ाबले में बचा लेंगे। तो जिधर से उनका ख़्याल भी न था अल्लाह उन पर आ पहुँचा और उनके दिलों में (ईमानवालों की) धाक बैठा दी कि (उनके रोब में आकर) वह (ख़ुद देश छोड़ने का इरादा कर के) अपने हाथों और मुसलमानों के हाथों से अपने घरों को उजाड़ने लगे, तो ऐ आँखवालो ! इससे नसीहत पकड़ो। (२) और अगर अल्लाह ने (इनके लिए) देश निकाले की सज़ा न लिख दी होती तो वह उनको (बनी क़ुरैज़: के क़त्ल आम‡ की तरह) दुनिया में सज़ा देता और आख़िरत में उनको (नरक की) आग का अज़ाब (होना ही) है। (३) यह इस सबब से कि इन्होंने अल्लाह और उसके पैग़म्बर की दुश्मनी की। और जो अल्लाह से दुश्मनी करेगा तो (जान लेना चाहिए कि) अल्लाह की मार सख़्त है। (४) (और ऐ ईमानवालो !) खजूरों के दरख़्त जो तुमने काट डाले या इनको उनकी जड़ों पर खड़ा रहने दिया (ठूँठ कर दिया) तो यह अल्लाह ही के हुक्म से था और इसलिए कि (हद से बाहर जानेवाले) अवज्ञाकारियों को ज़लील करे§ (५) और जो (माल) अल्लाह ने अपने पैग़म्बर को मुफ़्त में उनसे (यानी बनी नज़ीर से बग़ैर लड़ाई भिड़ाई के) दिलवा दिया सो तुमने उसके लिए न तो घोड़े दौड़ाये और न ऊँट (और न लड़े, तो उसमें तुम्हारा कुछ इहसान नहीं) बल्कि अल्लाह अपने पैग़म्बरों को जिस पर चाहे जीत देता है। और अल्लाह हर चीज़ पर शक्तिमान है। (६) ● व. न बी स.

---

* सूरः हदीद से शुरू हुये दस 'मदनी' सूरतों के सिलसिले की यह तीसरी सूरः है। इसकी दूसरी आयत में 'हश्र' का शब्द बनी नज़ीर एक यहूदी क़बीले को देशनिकाले का दण्ड दिये जाने के समय [पिछ ६०५ पर]

† इन आयतों में (मदीना में आबाद एक ज़बरदस्त यहूदी क़बीलः) बनी नज़ीर का [पिछ ६०३ पर]

‡ जंग अहज़ाब के जमघट में मुसलमान बनी क़ुरैज़: के यहूदी क़बीले से सुलह के कारन निश्चिन्त थे। लेकिन यह दुश्मनों से मिल गये। मुसलमानों के बाल-बच्चे जहाँ हिफ़ाज़त में थे वह बनी क़ुरैज़: [पिछ ६०५ पर]

§ बनी नज़ीर की क़िलेबन्दी के समय मुसलमानों ने कुछ खजूर काट डाले। हरे भरे दरख़्त न काटने का हुक्म था। इस एतराज़ का जवाब है कि बदकारों को ज़लील करने के लिए यह सब अल्लाह के हुक्म से हुआ।

मा अफ़ाअल्लाहु अला रसूलिहि मिन् अह्लिल् - क़ुरा फ़लिल्लाहि व लिर्रसूलि व लिज़िल्क़ुर्बा वल्यतामा वल् - मसाकीनि वब्निस्सबीलि ला कै ला यकू न दूलत्तम् - बैनल् - अग़्नियाअि मिन्कुम् त़ व मा आताकुमुर्रसूलु फ़ख़ुज़ूहु क़ व मा नहाकुम् अन्हु फ़न्तहू ज वत्तक़ुल्लाह त़ अिन्नल्लाह शदीदुल्-अिक़ाबि म ● (७) लिल्फ़ुक़राअिल् - मुहाजिरीनल्लजीन अुख़्रिजू मिन् दियारिहिम् व अम्वालिहिम् यब्तग़ून फ़ज़्लम् - मिनल्लाहि व रिज़्वानौंव यन्सुरूनल्लाह व रसूलहु त़ अुलाअिक हुमुस्सादिक़ून ज (८) वल्लजीन तबौवअुद्दार वल्ईमान मिन् क़ब्लिहिम् युह़िब्बून मन् हाजर अिलैहिम् व ला यजिदून फ़ी सुदूरिहिम् ह़ाजत़म् - मिम्मा अूतू व युअ्सिरून अला अन्फ़ुसिहिम् व लौ कान बिहिम् ख़सासत़ुन् त़ क़िफ़ व मैंयूक़ शुह़्ह नफ़्सिहि फ़अुलाअिक हुमुल् - मुफ़्लिहून ज (९) वल्लजीन जाअू मिम्बअ़्दिहिम् यक़ूलून रब्बनग़्फ़िर् लना व लि - अिख़्वानिनल् - लजीन सबक़ूना बिल् - ईमानि व ला तज्अल् फ़ी क़ुलूबिना ग़िल्लल् - लिल्लजीन आमनू रब्बना अिन्नक रऊफ़ुर्रह़ीमुन् (१०) ★ ● अलम् तर अिलल्लजीन नाफ़क़ू यक़ूलून लिअिख़्वानि - हिमुल्लजीन कफ़रू मिन् अह्लिल् - किताबि लअिन् अुख़्रिज्तुम् लनख़्रुजन्न मअ़्कुम् व ला नुतीअु फ़ीकुम् अह़दन् अबदन् ला व'व अिन् क़ूतिल्तुम् लनन्सुरन्नकुम् त़ वल्लाहु यश्हदु अिन्नहुम् लकाज़िबून (११)

وَيَعْلَمُ اللّٰهِ ٣٠ ٣٣٧ الحشر ٥٩
كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ مَآ اَفَآءَ اللّٰهُ عَلٰى رَسُوْلِهٖ مِنْ اَهْلِ الْقُرٰى
فَلِلّٰهِ وَلِلرَّسُوْلِ وَلِذِى الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَابْنِ
السَّبِيْلِ ۙ كَيْ لَا يَكُوْنَ دُوْلَةً ۢ بَيْنَ الْاَغْنِيَآءِ مِنْكُمْ ۭ وَمَآ اٰتٰىكُمُ
الرَّسُوْلُ فَخُذُوْهُ ۤ وَمَا نَهٰىكُمْ عَنْهُ فَانْتَهُوْا ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ۭ
اِنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ۝ لِلْفُقَرَآءِ الْمُهٰجِرِيْنَ الَّذِيْنَ
اُخْرِجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ وَاَمْوَالِهِمْ يَبْتَغُوْنَ فَضْلًا مِّنَ اللّٰهِ وَ
رِضْوَانًا وَّيَنْصُرُوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۭ اُولٰۗىِٕكَ هُمُ الصّٰدِقُوْنَ ۝
وَالَّذِيْنَ تَبَوَّؤُ الدَّارَ وَالْاِيْمَانَ مِنْ قَبْلِهِمْ يُحِبُّوْنَ مَنْ هَاجَرَ
اِلَيْهِمْ وَلَا يَجِدُوْنَ فِيْ صُدُوْرِهِمْ حَاجَةً مِّمَّآ اُوْتُوْا وَيُؤْثِرُوْنَ
عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ وَلَوْ كَانَ بِهِمْ خَصَاصَةٌ ۭ وَمَنْ يُّوْقَ شُحَّ نَفْسِهٖ
فَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ۝ وَالَّذِيْنَ جَاۗءُوْ مِنْۢ بَعْدِهِمْ يَقُوْلُوْنَ
رَبَّنَا اغْفِرْ لَنَا وَلِاِخْوَانِنَا الَّذِيْنَ سَبَقُوْنَا بِالْاِيْمَانِ وَلَا تَجْعَلْ
فِيْ قُلُوْبِنَا غِلًّا لِّلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا رَبَّنَآ اِنَّكَ رَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ ۝ اَلَمْ تَرَ
اِلَى الَّذِيْنَ نَافَقُوْا يَقُوْلُوْنَ لِاِخْوَانِهِمُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ
اَهْلِ الْكِتٰبِ لَىِٕنْ اُخْرِجْتُمْ لَنَخْرُجَنَّ مَعَكُمْ وَلَا نُطِيْعُ فِيْكُمْ
اَحَدًا اَّبَدًا ۙ وَّاِنْ قُوْتِلْتُمْ لَنَنْصُرَنَّكُمْ ۭ وَاللّٰهُ يَشْهَدُ اِنَّهُمْ
لَكٰذِبُوْنَ ۝ لَىِٕنْ اُخْرِجُوْا لَا يَخْرُجُوْنَ مَعَهُمْ ۚ وَلَىِٕنْ قُوْتِلُوْا

जो (माल) अल्लाह अपने पैग़म्बर को बस्तियों के लोगों से§ दिला दे सो अल्लाह का और पैग़म्बर का और (उसके) रिश्तेदारों का और अनाथों का और मुहताजों का और यात्रियों का है।† यह इसलिए कि जो तुममें धनी हैं यह माल उन्हीं के लेने-देने में आता-जाता न रहे। और जो चीज़ पैग़म्बर तुमको दे दिया करें वह ले लिया करो और जिस चीज़ से मना करें उससे रुके रहो।‡ और अल्लाह से डरो। बेशक अल्लाह की मार बड़ी सख़्त है।● (७) यह (माल) तो ग़रीब हिजरत करने वाले (देश-त्यागियों) के लिए है जो (काफ़िरों के ज़ुल्म के कारन) अपने घर और माल से जुदा कर दिये गये कि वह अल्लाह की कृपा और उसकी रज़ामन्दी की चाहना में लगे हैं और अल्लाह उसके पैग़म्बर की मदद करते हैं। यही सच्चे लोग हैं। (८) और (वह माल उनके लिए है) जो इसघर में (यानी मदीना में) पहले से आबाद हैं और ईमान रखते हैं (और) जो उनके पास हिजरत (देश-त्याग) करके आता है उसको प्यार करते और जो कुछ उन (देश-त्यागियो) को दिया जाय उससे दिल तंग नहीं करते, और उनको अपनी जानों पर मुक़द्दम* रखते हैं और भले ही (वे ख़ुद) तंगी में हो। और जिसने अपने जी को लालच से बचाया वही मुराद (मन चाहा) पानेवाले हैं।(९) और वह (माल उनके लिये है) जो इन (देश-त्यागियों) के बाद आये (और) दुआ करते हैं कि ऐ हमारे परवरदिगार! हमको और हमारे इन भाइयों को भी जो हमसे पहिले ईमान लाये क्षमा कर और हमारे दिलों में ईमानवालों की तरफ़ से बैर न डाल। ऐ हमारे परवरदिगार! तू बड़ा मेहरबान और बड़ी दया करनेवाला है। (१०) ★ ●

(ऐ पैग़म्बर!) क्या तूने उन मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) लोगों को न देखा जो किताबवालों में से जो काफ़िर हैं उन (यहूदी क़बीलों) से कहते हैं कि अगर तुम (मदीना से) निकाले जाओगे तो हम भी तुम्हारे साथ निकल आवेंगे और तुम्हारे सम्बन्ध में हम कभी किसी का कहना न मानेंगे। और अगर तुमसे (और मुसलमानों से) लड़ाई होगी तो हम तुम्हारी मदद करेंगे। और अल्लाह ज़ाहिर किये देता है कि वह झूठे हैं। (११)

ब. ला ज़िम ★ रु. १/४ आ १० ● रु ब् अ. १/४

[पिज ९०१ से] हाल है। हिजरत के बाद रसूल स० से इनसे सुलह हुई थी कि न मुसलमानों से यह जंग करेंगे न उनके दुश्मनों की मदद करेंगे। लेकिन यह अहद पर क़ायम न रहे और मुसलमानों के विरुद्ध मुशरिकों से साज़िश व उनकी सहायता किया करते थे। आख़िर इन्हें चेतावनी दी गई कि दस रोज़ में मदीना छोड़कर चले जाँय। मुनाफ़िक़ अब्दुल्लाह बिन उबई की शह पर इन्होंने न छोड़ा। आख़िर नबी स० ने घेर लिया। न अब्दुल्लाह बिन उबई न किसी और ने उनकी मदद की। ऐसा डर छाया कि जो लाद-फाँद सके लेकर भागे। बाक़ी तमाम मालमता व मुल्क मुसलमानों के हाथ लगा। यह अज़ाब ही बनी नज़ीर के लिए 'पहला हश्र' सिद्ध हुआ। हश्र-क़ियामत तो बाद को होगा। देखिये भूमिका सूरः अहज़ाब पृष्ठ ६९१।

§ मदीना में जो यहूदी क़बीलों की बस्तियाँ व गढ़ी क़ायम थीं। † दुश्मनों के पस्पा हो जाने पर उनके जो माल हाथ लगते हैं वह माल व ग़ुलाम ग़नीमत हैं (फ़ुटनोट§ पृष्ठ ३०३ सू० अन्फाल आयत १) इसमें लड़ने वालों को हिस्सा मिलता है। लेकिन जहाँ लड़ाई की नौबत नहीं आई। अल्लाह ने यूँ ही दुश्मन को हटा दिया तो उनका जो माल मिले उस पर आयत ७ के बमूजिब फ़ै (यानी हक़) हैं। रसूल जिसको जो दें या न दें किसी को शिकायत न होना चाहिए। ‡ ताकि कुछ माल उनके लिए भी हो जो दीन ही के काम में बिला रोज़ी लगे हैं या लाचार हैं, और ताकि हमेशा सारा माल मालवालों ही में न उल्टा-पल्टा करे। एक मालधनी से छूटकर दूसरे मालधनी के हाथ न लगे। * पहली आयतों में उन सहाबा का वर्णन था जो मक्का से मदीना हिजरत कर आये थे। इन आयतों में उनकी प्रशंसा की गई है जो मदीना में रहते थे और अंसार या सहायक कहलाते थे।

लअिन् अुख़्रिजू ला यख़्रुजून मअहुम् ज् व लअिन् क़ूतिलू ला यन्सुरूनहुम् ज् व लअिन् नसरूहुम् लयुवल्लुन्नल्-अद्बार क़िफ़ सुम्म ला युन्सरून (१२) ल अन्तुम् अशद्दु रह्बतन् फ़ी सुदूरिहिम् मिनल्लाहि त् जालिक बिअन्नहुम् क़ौमुल्ला यफ़क़हून (१३) ला युक़ातिलूनकुम् जमीअन् अिल्ला फ़ी क़ुरम्-मुहस्सनतिन् औ मिव्वरा'अि जुदुरिन् त् बअ्सुहुम् बैनहुम् शदीदुन् त् तह्सबुहुम् जमीअंव क़ुलूबुहुम् शत्ता त् जालिक बिअन्नहुम् क़ौमुल्ला यअ्क़िलून ज् (१४) कमस्लिल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् क़रीबन् जाक़ू व बाल अम्रिहिम् ज् व लहुम् अजाबुन् अलीमुन् ज् (१५) कमस्लिश्शैतानि अिज् क़ाल लिल्-अिन्सानिक्फ़ुर् ज् फ़लम्मा कफ़र क़ाल अिन्नी बरी'उम्-मिन्क अिन्नी अख़ाफ़ुल्लाह रब्बल्-आलमीन (१६) फ़कान आक़िबतहुमा अन्नहुमा फ़िन्नारि ख़ालिदैनि फ़ीहा त् व जालिक जजा'अुज्जालिमीन (१७) ★ या अैयुहल्लजीन आमनुत्तक़ुल्लाह वल्तन्जुर् नफ़्सुम्मा क़द्दमत् लिग़दिन् ज् वत्तक़ुल्लाह त् अिन्नल्लाह ख़बीरुम्-बिमा तअ्मलून (१८) व ला तकूनू कल्लजीन नसुल्लाह फ़अन्साहुम् अन्फ़ुसहुम् त् अुला'अिक हुमुल्फ़ासिक़ून (१९) ला यस्तवी अस्हाबुन्नारि व अस्हाबुल्-जन्नति त् अस्हाबुल्-जन्नति हुमुल्फ़ा'अिज़ून (२०) लौ अन्ज़ल्ना हाजल्-क़ुर्आन अला जबलिल्-लरअैतहू ख़ाशिअम्-मुतसद्दिअम्-मिन् ख़शयतिल्लाहि त् व तिल्कल्-अम्सालु नज़्रिबुहा लिन्नासि लअल्लहुम् यतफ़क्करून (२१) हुवल्लाहुल्लजी ला अिलाह अिल्ला हुव ज् आलिमुल्ग़ैबि वश्शहादति ज् हुवर्रहमानुर्रहीमु (२२)

अगर वह निकाले जावेंगे यह उनके साथ न निकलेंगे, और उनसे लड़ाई हुई तो यह कभी उनकी मदद न करेंगे, और अगर मदद देंगे तो पीठ देके भागेंगे।१५ फिर कहीं मदद न पावेंगे। (१२) (ऐ ईमानवालो!) बेशक इनके दिलों में तुम्हारा डर अल्लाह (के डर) से भी बढ़कर है, यह इस सबब से है कि यह लोग समझ नहीं रखते। (१३) यह सब (यहूदी क़बीले) मिलकर भी तुमसे नहीं लड़ सकते सिवाय (इसके कि) बस्तियों के क़िलों में (बच कर) या दीवारों की आड़ से (किसी क़दर कुछ सामना करें)। आपस में इनकी लड़ाई बड़ी सख़्त है। तुम समझते हो कि यह एक हैं हाँलाकि इनके (आपस में) दिल फटे हुये हैं। यह इस लिए कि यह समझ नहीं रखते।(१४) इनकी§ मिसाल उन जैसी है जो उनसे थोड़े ही दिनों पहले अपने किये की सज़ा चख चुके हैं। और इनको (आख़िरत में भी) दुखदाई सज़ा (होनी) है। (१५) इनकी मिसाल शैतान जैसी है जब वह आदमी से कहता है कि मुन्किर (काफ़िर) हो जा। फिर जब वह मुन्किर हुआ तो (अज़ाब का सामना होने पर शैतान अलग हो जाता और) कहता है कि मुझको तुझसे कुछ मतलब नहीं। मैं अल्ला से डरता हूँ जो सारे संसार का परवरदिगार है।(१६) तो इन दोनों (यानी बहकाने वाला शैतान व उसकी राह चलने वालों) का परिणाम यही होना है कि दोनों (नरक की) आग में जावेंगे। उसी में हमेशा रहना होगा और अन्यायियों की यही सजा है।(१७) ★

ऐ ईमानवालो! अल्लाह से डरते रहो और हर आदमी को देखना चाहिये कि उसने कल (यानी आख़िरत) के लिए (बतौर आमाल) क्या भेज रक्खा है। और अल्लाह से डरते रहो बेशक जो कुछ तुम करते हो अल्लाह को उसकी ख़बर है। (१८) और उन लोगों की तरह न बनो जिन्होंने अल्लाह को भुला दिया फिर अल्लाह ने भी ऐसा किया कि यह आप अपने को भूल गये (कि ख़ुद अपने ही भले बुरे का होश न रहा।) यही लोग तो बदकिरदार हैं। (१९) जहन्नमवाले और जन्नतवाले (कभी) बराबर नहीं। जन्नतवाले ही कामयाब हैं।(२०) (ऐ पैग़म्बर!) अगर हमने यह क़ुर्आन किसी पहाड़ पर उतारा होता तो तू देखता कि अल्लाह के डर के मारे झुक गया और फट गया होता। और हम यह मिसालें लोगों के लिए बयान फ़र्माते हैं शायद वह ध्यान दें।(२१) वह अल्लाह है जिसके सिवाय कोई माबूद (पूज्य) नही। पोशीदा और ज़ाहिर (व्यक्त और अव्यक्त) का जानने वाला वह बड़ा मिहरबान बेहद रहमवाला है (२२)

★ रुकू २ आ ७

[पेज ६०१ से] ❋ आया है—उसी पर सूरः का नामकरण है। इसी घटना से सूरः के उतरने का समय ४थी हिजरी अनुमान किया जाता है। बनी कुरैज़ः के सम्बन्ध में इस सूरः में दिये फ़ुटनोटों को पढ़कर जानकारी हासिल करें। सूरः अहज़ाब में ये ज़िक्र आये हैं, (देखिये उसकी भूमिका व फ़ुटनोट।) विश्वासघात की सज़ा, मदीना के इर्द-गिर्द से यहूदियों का धीरे धीरे सफ़ाया, माल 'ग़नीमत' व माल 'फ़ै' का फ़र्क़, यहूदी मुनाफ़िक़ों के आमाल व अंजाम उनकी शैतान के काम से मिसाल, और आख़ीर में आयत २१ से २४ तक में अल्लाह के अच्छे-अच्छे नामों और गुणों का बखान है।

[पेज ६०१ से] ◎ की गढ़ी के पास था। वह भी ख़तरः में पड़े। बहरहाल जंग अहज़ाब (ख़ंदक की जंग) में अल्लाह ने दुश्मनों को बिना लड़ाई भगा दिया व तबाह कर दिया। मुसलमानों ने उनसे दम मिलते ही बनी कुरैज़ः को घेर लिया। बार-बार विश्वासघात करने के सबब उनके आदमियों को क़त्ल कर दिया गया, औरतें, बच्चे व माल-ग़नीमत मुसलमानों के हाथ लगा।

१५ आयत ११-१२ में मुनाफ़िक़ अब्दुल्लाह बिन उबई और इन जैसों का ज़िक्र है कि ये मुसलमानों के दुश्मन तो हैं हीं, उन यहूदियों का भी साथ न देंगे जिनसे यह मदद देने के लम्बे-लम्बे वादे कर रहे हैं। § यह मदीने के एक दूसरे यहूदी क़बीले बनी क़ैनक़ाअ़ की तरफ़ इशारा है उन्होंने बदअहदी की थी तो मामूली लड़ाई के बाद मदीने से निकाल बाहर किये गये। और इससे पहले मक्का के काफ़िरों को बद्र की लड़ाई में बहुत बुरी हार हुई थी। इनका भी वही हाल होना है।

हुवल्लाहुल्लजी ला इलाह इल्ला हुव ज अल्मलिकुल् - क़ुद्दूसुस्सलामुल् - मुअ्मिनुल् - मुहैमिनुल् - अज़ीज़ुल् - जब्बारुल् - मुतकब्बिरु त सुब्हानल्लाहि अम्मा युश्रिकून (२३) हुवल्लाहुल् - ख़ालिक़ुल् - बारिअुल् - मुसव्विरु लहुल् - अस्माउल् - हुस्ना त युसब्बिहु लहू मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ज व हुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (२४) ★

✪ ६० सूरतुल्-मुम्तहिनति ९१ ✪

(मदनी) इस सूरः में अरबी के १५६३ हुरूफ़ ३७० शब्द १३ आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

या अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तखिजू अदूवी व अदूवकुम् औलिया अ तुल्क़ून इलैहिम् बिल्मवद्दति व क़द् कफ़रू बिमा जाअकुम् मिनल्हक़्क़ि ज युख़्रिजूनर्रसूल व इीयाकुम् अन् तुअ्मिनू बिल्लाहि रब्बिकुम् त इन् कुन्तुम् ख़रज्तुम् जिहादन् फ़ी सबीली वब्तिग़ा अ मर्ज़ाती क़ सला तुसिर्रून इलैहिम् बिल्मवद्दति क़ सला व अना अअ्लमु बिमा अख़्फ़ैतुम् व मा अअ्लन्तुम् त व मैंयफ़्अल्हु मिन्कुम् फ़क़द् ज़ल्ल सवा अस्सबीलि (१) इंयस्क़फ़ू कुम् यकूनू लकुम् अअ्दा औंव यब्सुतू इलैकुम् अैदियहुम् व अल्सिनतहुम् बिस्सूअि व वद्दू लौ तक्फ़ुरून त (२) लन् तन्फ़अकुम् अर्हामुकुम् व ला औलादुकुम् ज ∴ यौमल् - क़ियामति ज ∴ यफ़्सिलु बैनकुम् त वल्लाहु बिमा तअ्मलून बसीरुन् (३) क़द् कानत् लकुम् अुस्वतुन् हसनतुन् फ़ी इब्राहीम वल्लजीन मअहू ज अिज् क़ालू लिक़ौमिहिम् अिन्ना बुरआउ मिन्कुम् व मिम्मा तअ्बुदून मिन् दूनिल्लाहि ज कफ़र्ना बिकुम् व बदा बैनना व बैनकुमुल् - अदावतु वल्बग़्ज़ाउ अबदन् हत्ता तुअ्मिनू बिल्लाहि वहूदहू अिल्ला क़ौल अिब्राहीम लिअबीहि लअस्तग़्फ़िरन्न लक व मा अम्लिकु लक मिनल्लाहि मिन् शैअिन् त रब्बना अलैक तवक्कल्ना व अिलैक अनब्ना व अिलैकल् - मसीरु (४)

वह अल्लाह ही है जिसके सिवाय कोई इबादत के योग्य नहीं। वह बादशाह, पाकज़ात, सालिम, अमन देनेवाला, निगहेबान, ग़ालिब, ज़बरदस्त बड़ाई वाला है।§ (और) यह लोग जैसे-जैसे शिर्क (ईश्वर की जाति व गुण में साझा) करते हैं अल्लाह उससे पाक है। (२३) वही अल्लाह पैदा करनेवाला, बनानेवाला, सूरतें देनेवाला है उसके सब अच्छे (से अच्छे) नाम हैं। जो कुछ ज़मीन आसमानों में है वह उसी की तस्बीह (स्तुति) में लगे हैं। और वह बड़ा ज़ोरावर बड़ा हिकमतवाला है। (२४) ★ रू. ३ | ६ आ ७

✪ ६० सूरतुल्-मुम्तहिनति ९१ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के १५६३ हुरूफ़, ३७० शब्द, १३ आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ ईमानवालो ! अगर तुमने मेरी राह में जेहाद करने और मेरी रज़ामन्दी ढूँढ़ने के लिए (अपना वतन छोड़कर) हिजरत की है तो मेरे और अपने दुश्मनों को दोस्त न बनाओ। तुम तो उनकी तरफ़ मुहब्बत के पैग़ाम भेजते हो और वह तुम्हारे पास जो सच्चा दीन आया है उससे मुन्किर (विमुख) हो रहे हैं। (और तुम्हारे) पैग़म्बर को और तुमको (देश से सिर्फ़) इस बात पर निकालते हैं कि तुम अल्लाह पर जो तुम्हारा परवरदिगार है ईमान लाये हो। तुम छिपाकर उनकी तरफ़ दोस्ती के संदेश भेजते हो† और जो कुछ तुम छिपा कर करते हो और जो कुछ ज़ाहिरा करते हो मैं ख़ूब जानता हूँ। और जो कोई तुममें से ऐसा करे सो (समझो) वह सीधी राह से भटक गया। (१) बेशक अगर (काफ़िर जिन्हें तुम पैग़ाम भेजते हो) वह तुम्हें पावें तो तुम्हारे दुश्मन हो जावें और तुम पर अपने हाथ चला दें और बुराई के साथ अपनी ज़बान भी, और चाहें कि किसी तरह तुम भी काफ़िर हो जाओ। (२) हरगिज़ तुम्हारी रिश्तेदारी तुम्हारे काम नहीं आवेगी और न तुम्हारी संतान (औलाद), क़ियामत के दिन, वह तुम में फ़ैसला कर देगा। और अल्लाह तुम्हारे कामों को देखता है। (३) इब्राहीम में और उसके साथियों में तुम्हारे लिए एक अच्छा नमूना मौजूद है♦। जब उन्होंने अपनी क़ौम से कहा कि हम तुमसे और जिनको तुम अल्लाह के सिवाय पूजते हो उनसे विमुख हैं। हम तुम्हारे (माबूदों) को नहीं मानते। और हममें और तुममें दुश्मनी और बैर हमेशा के लिए खुल पड़ा जब तक तुम उस अकेले (एक मात्र) अल्लाह पर ईमान न ले आओ, मगर इब्राहीम का कहना बाप के लिए यह (ज़रूर) था कि मैं तेरे लिए (अल्लाह से) क्षमा माँगूगा हालाँकि अल्लाह के आगे तेरे लिए मेरा कुछ ज़ोर तो नही है। ऐ हमारे परवरदिगार ! हम तुझी पर भरोसा करते हैं और तेरी तरफ़ ध्यान धरते हैं और तेरी ही तरफ़ लौटकर जाना है। (४)

---

* सूरः हदीद से चल रहे दस मदनी सूरतों के सिलसिले की यह चौथी सूरः है। मक्का [पिज ६०६ पर]

§ वह सर्वसत्तासम्पन्न, निर्दोष, पूर्णातिपूर्ण, शान्तिस्रोत, (सबका) संरक्षक, प्रबल, महान महिमा-गरिमा का स्वामी और एक मात्र बन्दनीय है। † आयत १-२ के पीछे एक घटना की ओर इशारा है। जब मक्का के क़ुरैशों ने 'हुदैबिया की सुलह' के अहद को तोड़ना शुरू किया तो नबी स० इस नतीजे पर पहुँचे कि अब मक्का पर क़ब्ज़ः किये बग़ैर यह काफ़िर बाज़ न आयेंगे। चुनाँचे वे फ़ौज़ी तैयारी करने लगे। [पिज ८६६ पर]

♦ अल्लाह की राह में आने के बाद बाल-बच्चे सब अल्लाह के भरोसे छोड़ दो। काफ़िर दुश्मनों से तो वैसे ही किनारा कर लेना चाहिए जैसे ह० इब्राहीम अ० ने अपने बाप और अपनी क़ौम से किनारा कर लिया था। देखिये सूरः मर्यम आयत ४१-५० पृ. ५१७।

रब्बना ला तज्अल्ना फ़ित्नतल् - लिल्लजीन कफ़रू वग़्फ़िर्लना रब्बना ज अिन्नक अन्तल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (५) लक़द् कान लकुम् फ़ीहिम् अुस्वतुन् हसनतुल् - लिमन् कान यर्जुल्लाह वल् - यौमल् - आख़िर त् व मैंयतवल्ल फ़अिन्नल्लाह हुवल् - ग़नीयुल् - हमीदु (६) ★ असल्लाहु अैंयज्अल बैनकुम् व बैनल्लजीन आदैतुम् मिन्हुम् मवद्दतन् त् वल्लाहु क़दीरुन् त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (७) ला यन्हाकुमुल्लाहु अनिल्लजीन लम् युक़ातिलूकुम् फ़िद्दीनि व लम् युख़्रिजूकुम् मिन् दियारिकुम् अन् तबर्रूहुम् व तुक़्सितू अिलैहिम् त् अिन्नल्लाह युह्ब्बुल् - मुक़्सितीन (८) अिन्नमा यन्हाकुमुल्लाहु अनिल्लजीन क़ातलूकुम् फ़िद्दीनि व अख़्रजूकुम् मिन् दियारिकुम् व जाहरू अला अिख़्राजिकुम् अन् तवल्लौ हुम् ज व मैंयतवल्लहुम् फ़अुला अिक हुमुज्जालिमून (९) या अैयुहल्लजीन आमनू अिजा जा अ - कुमुल्मुअ्मिनातु मुहाजिरातिन् फ़म्तहिनूहुन्न त् अल्लाहु अअ़लमु बिअीमानिहिन्न ज फ़अिन् अलिम्तुमूहुन्न मुअ्मिनातिन् फ़ला तर्जिअूहुन्न अिलल्कुफ़्फ़ारि त् ला हुन्न हिल्लुल् - लहुम् व ला हुम् यहिल्लून लहुन्न त् व आतूहुम् मा अन्फ़क़ू त् व ला जुनाह अलैकुम् अन् तन्किहू - हुन्न अिजा आतैतुमूहुन्न अुजूरहुन्न त् व ला तुम्सिकू बिअिसमिल् - कवाफ़िरि वस्अलू मा अन्फ़क़्तुम् वल्यस्अलू मा अन्फ़क़ू त् जालिकुम् हुक्मुल्लाहि त् यह्कुमु बैनकुम् त् वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (१०)

ऐ हमारे परवरदिगार ! हम को काफ़िरों की जाँच में न डाल (काफ़िरों को विजय न दे) और ऐ हमारे परवरदिगार ! हमको क्षमा कर, तू (अपार) शक्तिशाली और बड़ा हिकमतवाला है। (५) अलबत्ता (ऐ ईमानवालो !) तुमको उनकी भली चाल चलनी है जो अल्लाह पर और आख़िरी दिन पर उम्मीद रखते हैं। और जो कोई मुँह फेरे (और विमुख हो) तो अल्लाह बेपरवाह (निस्पृह) और (वही) तारीफ़ (स्तुति) के लायक़ है। (६) ★ रू० १/७ आ ६

अजब नहीं कि अल्लाह तुममें और काफ़िरो में जिनके साथ तुम्हारी दुश्मनी है दोस्ती पैदा कर दे। और अल्लाह सब करने में समर्थ है। और अल्लाह बड़ा क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान है। (७) जो (दूसरे दीन के) लोग तुमसे दीन (के बारे) में लड़े नहीं (और) न उन्होंने तुमको तुम्हारे घरों से निकाला तो उनके साथ भलाई करने और न्याय का बर्ताव करने से अल्लाह तुमको मना नहीं करता। बेशक अल्लाह तो न्याय पर चलने वालों को पसंद करता है। (८) अल्लाह तो तुम्हें उनकी दोस्ती से मना करता है जो तुमसे दीन के बारे में लड़े और जिन्होंने तुम को तुम्हारे घरों से निकाला और तुम्हारे निकालने में दूसरों की मदद की और जो कोई ऐसों की दोस्ती रक्खे तो वही लोग ज़ालिम (अन्यायी) हैं।§ (९) ऐ ईमानवालो ! जब तुम्हारे पास ईमानवाली औरतें (अपना देश छोड़कर) हिजरत कर आवें तो उनको जाँच लो; (वैसे) अल्लाह उनके ईमान को ख़ूब जानता है। फिर अगर तुम्हें मालूम हो कि वह ईमानवाली हैं तो उनको काफ़िरों के पास वापस न करो। वह औरतें काफ़िरों को हलाल नहीं और न काफ़िर उन्हें जायज़ हैं। और जो उन काफ़िरों ने (इन औरतों पर) ख़र्च किया है वह उनको दे दो। और तुम पर पाप नहीं कि उन औरतों से निकाह (ब्याह) करो जब कि तुम उनके मिहर (पति का क़रार स्त्री के लिए) दे दो। और तुम काफ़िर औरतों का नामूस (यानी सतीत्व अपने क़ब्ज़े में) न रोके रखो[छ] और जो तुमने (उन पर) ख़र्च किया है वह काफ़िरों से मांग लो और उन काफ़िरों ने जो (ईमानलाने वाली औरतों पर) ख़र्च किया है वे भी (तुमसे) मांग लें। यह अल्लाह का हुक्म है, (जो) तुम्हारे बीच फ़ैसला करता है। अल्लाह बड़ा जाननेवाला बड़ा हिकमतवाला है। (१०)

[पेज ८५५ से] से सात मक्की सूरतों का एक सिलसिला चलता है जिसमें इर्द-गिर्द फैली हुई अल्लाह की क़ुदरत की निशानियों, पिछली क़ौमों की तवारीख और रसूलों के कलामों से अल्लाह के अज़ाब व आख़िरत के लाज़िमी दिन से सचेत किया गया है। प्रस्तुत सूरः रसूल स० की रिसालत के मक्की जीवन के आरम्भ के समय की है जबकि बजाय छिपे-छिपे इस्लाम का प्रचार करने के खुलकर इस्लाम की दावत देने की नौबत आ चली थी। इसमें लोगों के आमालनामे (लौहेमहफ़ूज़, हमारे जिस्म की रग से भी ज़्यादः अल्लाह की हमसे क़ुर्बत (निकटता), नमाज़ों और उनके बाद भी अल्लाह की स्तुति-भजन की ताकीद और क़ियामत आ पहुँचने का दृश्य बयान है।

[पेज ८६१ से] अजीब चीज़ें जिन्हें हम देखते हैं और जिनके हम क़ायल हैं वे सब अल्लाह ही की पैदा की हुई हैं। और उनकी क़सम लेकर अल्लाह फ़र्माता है कि यह क़ुर्आन व रसूल हिदायत व नसीहत हैं। सनातन का यह तरीक़ा रहा कि हर क़ौम ने अपने रसूलों को झुटलाया। इसलिए नहीं कि वे एक दूसरे को ऐसा करने की वसीयत कर गये हों बल्कि इसलिए कि ये लोग आदतन सरकश होते हैं। सो मौजूदः रसूल को भी ईमानवाले को समझाने की ग़रज़ से अपना मिशन चलाते रहना और गुनहगारों की परवाह छोड़ देना चाहिए। इनके लिए अल्लाह ने वैसे ही अज़ाब लोक-परलोक में ठहरा रखे हैं जैसे इनसे पिछली सरकश क़ौमों के लिए ठहराये थे। जिन्न व इन्सान सबको एक अल्लाह की बन्दगी की हिदायत है।

[पेज ८६६ से] चल रहे सिलसिले की यह चौथी सूरः है। पिछली सूरः की आख़िरी आयत में सितारों की चरचा है। इस सूरः की पहली आयत 'नज्म' (सितारा) से शुरू है और उसी पर सूरः का नाम है। पिछली तीन सूरतों का विषय ही इसमें एक नये पहलू से समझाया गया है कि यह क़ुर्आन और रसूल अल्लाह की ओर से हैं। उनके कलाम कोई अटकल, अन्दाज़े या गढ़े हुये बुतों जैसी बेसनद चीज़ें नहीं हैं। रसूल स० की, अल्लाह के हुक्म से, आलामतंबः फ़रिश्तः जिब्रील अ० से दो बार रूबरू भेंट हुई और उन्हीं की मार्फ़त आयतें वह्य होती रहीं। यही नहीं, सातवें आसमान पर ख़ुद अल्लाह के नूर के दर्शन रसूल स० ने किये। इससे ज़्यादः पुख्ता सनद और क्या हो सकती है? जबकि काफ़िरों के ठहराये बुतों की उनसे कभी मुलाक़ात या मदद की गुंजाइश नहीं। इस लिए पिछली सरकश क़ौमों की नज़ीरें, पिछले पैग़म्बरों के सहीफ़े (धर्मपत्र), बड़े गुनाहों व बेशरमी से बचने वालों को छोटे गुनाहों की माफ़ी वग़ैरः की ओर ध्यान दिलाते हुये हिदायत है कि बस एक अल्लाह ही से डरो और उसी की इबादत करो।

[पेज ८७५ से] टुकड़े होने का चमत्कार दिखाने के बावजूद उनका ईमान न लाना सारे आलम को चेतावनी है कि आदतन जो सरकश होते हैं वह न सुनकर न देखकर ही ईमान लाते हैं और दर्दनाक अज़ाब ही उनका अंजाम है। इस सूरः की आयत १५, १७, २२, ३२, ४०, और ५१ में छः बार अपने अज़ाब से सचेत करते हुए अल्लाह लोगों को क़ुर्आन के बारे में एलान करता व दावत देता है कि "है कोई जो इस पुकार-पुकार कर बुलाने वाली आसान नसीहत को गले लगाये।

[पेज ८७७ से] जमहूर (लोक समूह) के नज़दीक यह सूरत मक्का में नाज़िल हुई जैसा कि हसन, अ़रबः, अ़करमः जाबिर और इब्न अ़ब्बास रह० का क़ौल है और इब्ने मसअ़द व मक़ातिल कहते हैं मदीना में नाज़िल हुई है। चुनांचे अव्वल कलाम सही है क्योंकि हज़रत अबूबक्र सिद्दीक़ रज़ि. के सुअ़तवर (विश्वसनीय) बयान से भी साबित है। सूरः क़ाफ़ से चल रहे सात मक्की सूरतों के सिलसिले की यह छठी सूरत है। इसमें दुनिया में छाई हुई क़ुदरत व उसके एक बंधे निज़ाम का बयान और दुनिया में आसायशें और नेककारों को आख़िरत में हमेशा के लाजवाब लुत्फ़—इन तमाम अल्लाह के इहसानों की ओर ध्यान खींचकर इन्सानों और जिन्नों से ७८ आयतों को इस सूरः में ३१ बार पूछा गया है कि बताओ 'तुम अल्लाह की कौन-कौन सी नेमतों को झुटला सकते हो?" यानी वह नेमतें बेशुमार और हमारे सब ओर छाई हैं। उसकी जलालो-अज़मत और करम (महिमा, गरिमा और दया) का ओर छोर नहीं है। यह बार-बार का सवाल सोते से सोते दिल में अल्लाह पर ईमान जगाता है और वर्णनशैली अलंकारिक हो उठी है। इनमें इन्सानों व जिन्नों दोनों को सम्बोधन करते हुये तसनिया (द्विवचन) का प्रयोग जगह जगह पर है। ज़िक्र है कि एक अल्लाह ही हमेशा क़ायम रहता है बाक़ी सारी ख़िलक़त फ़ानी (नाशवान) है। अल्लाह कभी बेकार नहीं रहता (हमेशा क्रियाशील) है। नेककारी का बदला दुनिया में नेकी और आख़िरत में बहिश्त है जिसका ख़ुशनुमा नक्शा सूरः के आख़ीर में खींचा गया है।

[पेज ८८७ से] तौरात के समय ही वचन दे चुके हो, मक्का फ़तह होने से पहले जान माल खपाने वालों का रुतबा बाद में खर्च करने वालों से बुलन्द होना, क़ियामत में ईमानवाले सच्चे व गवाह होने लायक़ बन्दों और मुनाफ़िक़ों की हालत का मुक़ाबिला, दुनिया का खेल-तमाशा होने आदि का बयान है। आयत २७ से, दुनिया से किनारा खींचकर अल्लाह की खुशी के लिए अलग जा बैठना जो बाद को ईसाइयों ने इख्तियार कर लिया था, इसको मना किया है। वैराग्य या संन्यास यह नहीं है कि सांसारिक काम-काज छोड़ बैठो बल्कि आ० २७-२८ के मुताबिक़ 'न गये का ग़म न आये मे महो' यही सच्चा संन्यास है। अल्लाह ने जो कुछ हमें दिया है हम उसको मनचाहा खर्च करने या अल्लाह की राह में खर्च से हाथ रोकने के मालिक नहीं हैं। असल मालिक वह अल्लाह ही है। जो हमारे पास है वह उसकी धरोहर है और उसके हुक्म के बमूजिब हमें नेक राह में खर्च करने का ही हक़ है।

[पेज ८९३ से] ♦ (आशय) लिया। संन्यास के माने दुनिया छोड़कर जंगलों में चले जाना नहीं है। बल्कि नफ़्सानी ख्वाहिशों (इन्द्रिय-वासनाओं) के अधीन न होना, उनमें लिप्त न होना है। "न निरग्निर्नचाक्रियः"—घरेलू या दुनियावी काम काज न छूट सकता है न महज़ उसको छोड़ने से कोई संन्यासी होता है। देखें आयत २३—यही संन्यास का लक्षण है। [पेज ८९३ से] ▒▒ न थे। उन्होंने जब क़ुर्आन सुना तो इस्लाम पर ईमान लाये। यह हठ नहीं किया कि हम इंजील ही पर क़ायम रहेंगे। इंजील, तौरात, क़ुर्आन—सब अल्लाह की ओर से हैं और एक दूसरे की समर्थक और पूरक हैं। सच्चे ईमानवाले इनमें फ़र्क़ नहीं समझते। तो ऐसों को दोहरा फल मिलेगा। एक इसलिए कि वे पहले ही से ह० ईसा० अ० के सच्चे पैरो थे, दूसरे अब ह० मुहम्मद स० पर भी ईमान लाये।

[पेज ९१५ से] खास रियायत करेगा और वह उसके खास बन्दे हैं इस बात का खण्डन है। हमारा अमल ही हमारे अंजाम की बुनियाद है और अल्लाह के सामने उस अंजाम के पाने के लिए हर शख्स की पेशी भी ज़रूर होगी। नबी स० व क़ुर्आन की हिदायत अरब के लिए और उनके अलावा अज्ञान के अँधेरे में भटकते हर इंसान के लिए है। जुमा की नमाज़ की महत्ता और अल्लाह की नमाज़ के समय कारोबार की परवाह छोड़ देने की हिदायत है। कारोबार और रोज़ी को सम्हानेवाला अल्लाह काफ़ी है। सूरः के फ़ुटनोटों में बयान खुलासा किया गया है।

[पेज ९१९ से] ▒▒ पाते थे। मदीना के मुनाफ़िक़ इससे जलते और कहते कि अगर हम इन्हें न टिकायें या निकाल बाहर करें तो इनको मज़ा मिल जाय। मुनाफ़िक़ों का सरदार अब्दुल्लाह बिन उबई लोगों को मना करता था कि रसूल स० के पास जमा होने वाले इन लोगों पर कुछ खर्च न करो ताकि मजबूर होकर मदीना से भाग खड़े हों। उन्हें यह खबर नहीं कि रोज़ी देना अल्लाह का काम है, उनका नहीं। और फिर अल्लाह के दीन की पैरवी करनेवालों का तो वह हर घड़ी मददगार है।

[पेज ९१९ से] ‡ में 'तग़ाबुन' अर्थात् 'घाटा' पर आधारित है। यह दुनिया एक कर्मक्षेत्र है जहाँ हम अपने कर्मों को बिगाड़ या सवाँर कर अपने लिए हार-जीत के दिन यानी आखिरत की हमेशा रहनेवाली ज़िन्दगी का सामान कर सकते हैं। हमारे माल औलाद इसलिए हैं कि वह हमें अल्लाह की देन और उसकी रहमत की याद दिलायें और उसके दीन पर क़ायम रहने में हमारी मदद करें; न कि दीन की पैरवी में हमारी रुकावट बनें। यह अल्लाह की हिदायत है कि नेककारी व दीन के रास्ते में, हमें किसी भी रुकावट —भले ही वह बीवी-बच्चे ही हों, की परवाह न करना चाहिये लेकिन यह भी मुनासिब है कि उन कमज़ोर दिलों पर ज़्यादती न करें। आयत २ से ज़ाहिर है कि यह सृष्टि ईमानवालों और ईमान से विमुखों इन दो क़िस्मों में हमेशा बटी रही है। उनके लिए अल्लाह की हिदायत समान है लेकिन वे अपनी खसलत के मुताबिक़ नसीहत व अमल पकड़ते हैं और लोक-परलोक में अंजाम भी वैसा ही पाते हैं। लिहाज़ा हमें हमेशा अल्लाह और उसके हुक्मों पर ही भरोसा व अमल करना चाहिए।

☆☆ उन्तीसवाँ पारः तबारकल्लज़ी ☆☆

☆ ६७ सूरतुल्-मुल्कि ७७ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १३५६ अक्षर, ३३५ शब्द, ३० आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

नि॰

तबारकल्लज़ी बियदिहिल्-मुल्कु ज़ व हुव अला कुल्लि शैअिन् क़दीरु ला (१) अल्लज़ी ख़लक़ल्-मौत वल्हयात लियब्लुव-कुम् अैयुकुम् अह्सनु अमलन् ज़ व हुवल्-अज़ीज़ुल्-ग़फ़ूरु ला (२) अल्लज़ी ख़लक़ सब्अ समावातिन् तिबाक़न् ज़ मा तरा फ़ी ख़ल्क़िर्रहमानि मिन् तफ़ावुतिन् ज़ फ़र्जिअिल्-बसर ला हल् तरा मिन् फ़ुतूरिन् (३) सुम्मर्जिअिल्-बसर कर्रतैनि यन्क़लिब् अिलैकल्-बसरु ख़ासिअौंव हुव हसीरुन् (४) व लक़द् ज़ैयन्नस्समा'अद्-दुन्या बिमसाबीह व जअल्नाहा रुजूमल्-लिश्शयातीनि व अअ़तद्ना लहुम् अजाबस्सअ़ीरि (५) व लिल्लज़ीन कफ़रू बिरब्बिहिम् अजाबु जहन्नम ज़ व बिअ़सल्-मसीरु (६) अिजा' अुल्क़ू फ़ीहा समिअू लहा शहीक़ौंव हिय तफ़ूरु ला (७) तकादु तमैयजु मिनल्ग़ैज़ि ज़ कुल्लमा' अुल्क़िय फ़ीहा फ़ौजुन् सअलहुम् ख़ज़नतुहा' अलम् यअ़तिकुम् नज़ीरुन् (८) क़ालू बला क़द् जा'अना नज़ीरुन् ۵ ला फ़कज़्ज़ब्ना व क़ुल्ना मा नज़्ज़लल्लाहु मिन् शैअिन् ज सला अिन् अन्तुम् अिल्ला फ़ी ज़लालिन् कबीरिन् (९) व क़ालू लौ कुन्ना नस्मअु औ नअ़क़िलु मा कुन्ना फ़ी' अस्हाबिस्सअ़ीरि (१०) फ़अ़तर फ़ू बिज़म्बिहिम् ज फ़सुह्क़ल्-लिअस्हाबिस्-सअ़ीरि (११) अिन्नल्लज़ीन यख़्शौन रब्बहुम् बिल्ग़ैबि लहुम् मग़्फ़िरतुंव अज्रुन् कबीरुन् (१२) व असिर्रू क़ौलकुम् अविज्हरू बिहि ज़ अिन्नहु अलीमुम्-बिज़ातिस्सुदूरि (१३)

✱✱ उन्तीसवाँ पारः (तबारकल्लजी) ✱✱

✱ ६७ सूरतुल् - मुल्कि ७७ ✱

(मक्की) इसमें अरबी के १३५६ अक्षर, ३३५ शब्द, ३० आयतें और २ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

उसकी बड़ी बरकत है जिसके हाथ में (आलम की) बादशाही है। और वह हर चीज़ पर (शक्तिमान और) समर्थ है। (१) जिसने मरना और जीना बनाया ताकि तुमको जाँचे कि तुममें कौन अच्छा काम करता है। और वह (बड़ा) बलवान (और साथ-साथ बड़ा ही) क्षमा करनेवाला है। (२) (अल्लाह ही है) जिसने तले-ऊपर सात आसमान बनाए। भला तुमको (उस दयावन्त) रहमान के पैदा करने में कोई कसर दिखाई देती है? फिर से एक निगाह दौड़ा। कहीं दरार दिखाई देती है? (३) फिर से दुबारा (तिबारा, बारबार) निगाह दौड़ा (और देख) तेरी नज़र (खिसयानी होकर) थकी हारी तेरी तरफ़ उल्टी लौट आवेगी।छ (४) और हमने पहिले (यानी दुनिया के सबसे नज़दीकी) आसमान को (तारों के) चिराग़ों से सजा रक्खा है और इन (चिराग़ों) को शैतानों के लिए मार की चीज़ बनाई है और उनके लिए (दोज़ख़ की) दहकती आग की मार तैयार कर रक्खी है§। (५) और जो लोग अपने परवरदिगार से मुन्किर (विमुख) हैं उनके लिए दोज़ख़ की सज़ा है और पहुँचने को वह बुरी जगह है। (६) जब (ये) उसमें डाले जावेंगे तो वह उसका दहाड़ना (यानी आग का जोश ख़रोश) सुनेंगे और वह भड़क रही होगी।(७) ऐसा लगता है कि अभी मारे जोश के फट पड़ेगी। जब-जब कोई गिरोह उसमें डाला जायगा तो जो उस पर तैनात हैं उनसे पूछेंगे क्या तुम्हारे पास (अज़ाबे अल्लाह से) डराने वाला (कोई नबी) नहीं पहुँचा था? (८) वह जवाब देंगे हाँ, डरानेवाला तो हमारे पास पहुँचा था। मगर हमने (उसको) झुठलाया और कहा कि अल्लाह ने (क़ुर्आन जैसी) कोई चीज़ नहीं उतारी, (बल्कि) तुम तो बड़ी गुमराही में पड़े हो। (९) और कहेंगे अगर हमने (पैग़म्बर का कहा) सुना और समझा होता तो (आज इन) दोज़ख़वालों में न होते। (१०) सो वे अपना गुनाह मानेंगे। पस दूर हों दोज़ख़ की आग वाले।(११) (लेकिन) जो लोग अपने उस अनदेखे (अदृष्ट) परवरदिगार से डरते हैं उनके लिए माफ़ी और बड़े अज्र (प्रतिफल) हैं। (१२) और (लोगो!) तुम अपनी बात चुपके से कहो या ज़ोर से, वह दिलों के भेदों को जानता है। (१३)

✱ इस सूरः की पहली आयत के 'अलमुल्क' (बादशाही) शब्द पर नामकरन है। यहाँ से मक्का में उतरी हुई छोटी छोटी ४८ सूरतों का सिलसिला शुरू होता है। मदीना हिजरत से पहले रसूल स० के मक्की जीवन में यह सूरतें धीरे धीरे उतरती रहीं। कोई आरम्भकाल की हैं जबकि इस्लाम का प्रचार और उपदेश छिपकर ही सम्भव था। कोई मध्यकाल की हैं जब खुलकर प्रचार होने लगा था और क़ुरैशों की कड़ी नज़र इन पर पड़ रही थी। और कुछ मक्काकाल के अंतिम समय की हैं जबकि क़ुरैश के ज़ुल्म ईमानवालों [पिज ६३५ पर]

छ इन्सान की बनाई अच्छी से अच्छी चीज़ में भी देश काल, पात्र के लिहाज़ से नुक्स (त्रुटि) निकल आयेगा। लेकिन उस महा महिमावान की सृष्टि रचना और व्यापार में किसी जगह किसी समय में और किसी शख़्स को कमी कसर न दिखाई देगी। § देखिये सूरः हिज्र आयत १७-१८ पृष्ठ ४३६। निकाला हुआ शैतान जो चोरी छिपे ख़बर लेने या पैठने की कोशिश करता है तो उसे दहकता चमकता अंगारा खदेरता है।

अला यअ़लमु मन् ख़लक़ त़ व हुवल्लतीफ़ुल् - ख़बीरु (१४) ★ हुवल्लजी जअ़ल लकुमुल्अर्ज़ जलूलन् फ़म्शू फ़ी मना - किबिहा व कुलू मिरिज़्क़िहि ؕ त़ व अिलैहिन्नुशूरु (१५) अ अमिन्तुम् मन् फ़िस्समा'अि अँयख़्सिफ़ बिकुमुल्अर्ज़ फ़अिजा हिय तमूरु ला (१६) अम् अमिन्तुम् मन् फ़िस्समा'अि अँयुर्सिल अ़लैकुम् ह़ासिबन् त़ फ़सतअ़लमून कैफ़ नजीरि (१७) व लक़द् कज़्जबल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् फ़कैफ़ कान नकीरि (१८) अ वलम् यरौ अिलत्तैरि फ़ौक़हुम् स़ा'फ़्फ़ातिव्व यक़्बिज़्न म त़ म ● मा युम्सिकुहुन्न अिल्लर्रह़्मानु त़ अिन्नहू बिकुल्लि शैअिम् - बसीरुन् (१९) अम्मन् हाजल्लजी हुव जुन्दुल्लकुम् यन्सुरुकुम् मिन्दूनिर्-रह़्मानि त़ अिनिल्काफ़िरून अिल्ला फ़ी ग़ुरूरिन् ज (२०) अम्मन् हाजल्लजी यर्ज़ुक़ुकुम् अिन् अम्सक रिज़्क़हू ज बल् लज्जू फ़ी अुतूविंव्व नुफ़ूरिन् (२१) अफ़मैंयम्शी मुकिब्बन् अला वज्हिहि ؕ अह्दा' अम्मैंयम्शी सवीयन् अला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् (२२)

क़ुल् हुवल्लजी अन्शअकुम् व जअ़ल लकुमुस्समअ़ वल्अब्सार वल् - अफ़्अिदत़ त़ क़लीलम्मा तश्कुरून (२३) क़ुल् हुवल्लजी ज़रअकुम् फ़िल्अर्ज़ व अिलैहि तुह़्शरून (२४) व यक़ूलून मता हाजल् - वअ़्दु अिन् कुन्तुम् स़ादिक़ीन (२५) क़ुल् अिन्नमल् - अिल्मु अिन्दल्लाहि त़ व अिन्नमा' अना नजीरुम् - मुबीनुन् (२६) फ़लम्मा रअौहु ज़ुल्फ़तन् सी'अत् वुजूहुल्लजीन कफ़रू व क़ील हाजल्लजी कुन्तुम् बिहि तद्दअून (२७) क़ुल् अरअैतुम् अिन् अह्लकनियल्लाहु व मम्मअ़िय औ रह़िमना ला फ़मैंयुजीरुल् - काफ़िरीन मिन् अ़जाबिन् अलीमिन् (२८)

भला जिसने बनाया वही न जाने ? और वही बारीक (से बारीक) बात को देखने वाला (सूक्ष्मदर्शी और पूरा) ख़बरदार है। (१४) ★

वही है जिसने तुम्हारे लिए ज़मीन को नरम (यानी तुम्हारे बस में) कर दिया कि उसके कन्धों पर चलो फिरो और उसकी (दी हुई) रोज़ी खाओ। और (न भूलो कि क़ियामत के दिन) जी उठकर उसी की तरफ़ जाना है। (१५) (अल्लाह) जो आसमान में है क्या तुम उस (के ग़ज़ब) से निडर हो कि (जब चाहे) ज़मीन में तुमको धँसा दे और (उस समय) वह (ज़मीन भूचाल की तरह) हिलडुल रही होगी ? (१६) या तुम उससे निडर हो जो आसमान में है कि तुम पर पथराव की आँधी बरसा दे ? सो (ठहरे रहो) तुम को जल्दी ही मालूम हो जायगा कि मेरा डराना कैसा है। (१७) और इनसे पहले के (आद-समूद जैसे) लोगों ने भी हमारे (पैग़म्बरों) को झुठलाया था तो (उन पर) कैसी रही मेरी नाख़ुशी ? (१८) क्या इन लोगों ने अपने ऊपर पक्षियों को नहीं देखा पंख खोलते और समेटते हुए उड़ते हैं। ● (वह दयावन्त) रहमान ही तो उनको थामे रहता है। वह बेशक हर चीज़ को देखता है। (१९) भला रहमान के सिवाय ऐसा कौन है जो तुम्हारा लश्कर बनकर तुम्हारी मदद करे ? बेशक काफ़िर निरे धोके में पड़े हैं।‡ (२०) अगर अल्लाह अपनी रोज़ी रोक ले तो भला ऐसा कौन है जो तुमको रोज़ी पहुँचा दे ? मगर (कुछ नहीं काफ़िर तो) सरकशी करने और (अल्लाह की राह से) बिदकने पर अड़े बैठे हैं। (२१) भला क्या जो अपना मुंह औंधाये हुए चले वह सीधी राह पायेगा या वह जो सीधी राह पर सीधा चलता है। (२२) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि वही है जिसने तुमको पैदा किया और तुम्हारे कान और आखें और दिल बनाये। लेकिन तुम थोड़ा ही शुक्र करते हो। (२३) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि वही है जिसने तुमको ज़मीन में फैला रक्खा है और उसी के सामने जमा किये जाओगे। (२४) और कहते हैं कि अगर तुम सच्चे हो तो बताओ यह (अज़ाब या क़ियामत का) वादा कब पूरा होगा ? (२५) (ऐ पैग़म्बर !) जवाब दो कि इसका इल्म तो अल्लाह ही को है। और मैं तो साफ़ तौर (से अल्लाह के अज़ाब का) डर सुनाने वाला हूँ। (२६) फिर जब देखेंगे कि वह वादा पास आ पहुँचा तो काफ़िरों की शकलें बिगड़ जायँगी और (तब उनसे) कहा जायगा यही वह (अज़ाब) है जिसका तुम तक़ाज़ा किया करते थे। (२७) (ऐ पैग़म्बर ! इनसे यह भी) पूछो कि अगर अल्लाह मुझको और जो लोग मेरे साथ हैं उनको नष्ट कर दे या हमारे हाल पर कृपा करे, तो (दूसरा) कौन है जो काफ़िरों को दुखदाई अज़ाब से बचा दे। (२८)

रू. १/१ आ १४ ● व. ला. अि ख़. व. गु. क़. व. मं. ज़ि ल

[पेज ६३३ से] पर सीमा पार कर चुके थे। यहाँ तक कि रसूल स० के क़त्ल की नाकाम कोशिशें भी हुईं। इन सूरतों में रसूल स० व उनके साथी ईमानवालों ने हबश व मदीना के लिए हिजरत (देशत्याग) करना शुरू किया हिजरत के बाद की नाज़िल (अवतरित) और उससे पहले मक्का में उतरी बड़ी बड़ी सूरतें पिछले पारों में आ चुकी हैं। अब क़ुर्आन के अवशेष पन्द्रहवें हिस्से याने दो पारों में वर्णित इन छोटी छोटी सूरतों में इन्सान को जगाने, अल्लाह की क़ुदरत के चमत्कारों की ओर ध्यान खींचकर उसके ग़ज़ब और उसकी अपार रहमत दोनों से परिचित कराते हुये मनुष्य को अपना लोक परलोक बनाने की हिदायत दी गई है। जिस्म और रूह दोनों को पवित्र बनाने की नसीहतें मुतफ़र्रिक़ विभिन्न) पहलुओं से बयान हैं। मौजूदा सूरः में उस दयावन्त रहमान की बेशुमार रहमतों का ज़िक्र बार-बार मार्मिक ढंग से आया है। इस पर भी जो उससे विमुख हो उसको उसके प्रकोप से बचानेवाला फिर कोई नहीं। मध्य मक्कीकाल में सूरः का उतरने का समय है।

‡ दुनिया की बड़ी से बड़ी फ़ौज अल्लाह के कोप से बचा नहीं सकती जबकि अल्लाह की फ़ौज यानी उसकी क़ुदरत की हर ताक़त हर ज़र्रः रात दिन दुनिया में हमारी हिफ़ाज़त करता और आख़िरत के लिए हमको सचेत करता है।

क़ुल् हुवर्रहमानु आमन्ना बिहीं व अलैहि तवक्कल्ना ज फ़सतअ़लमून मन् हुव फ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (२९) क़ुल् अरऐतुम् इन् अस्बह् मा'अुकुम् ग़ौरन् फ़मैंयअ्तीकुम् बिमा'इम् - मअ़ीनिन् (३०) ★

रु. २ आ १६

﴿ ६८ सूरतुल् - क़लमि २ ﴾

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १२९५ अक्षर, ३०६ शब्द, ५२ आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

नू'न् वल्क़लमि व मा यस्तुरून ला (१) मा' अन्त बिनिअ़मति रब्बिक बिमज्नूनिन् ज (२) व इन्न लक लअज्रन् ग़ैर मम्नूनिन् ज (३) व इन्नक लअ़ला ख़ुलुक़िन् अ़ज़ीमिन् (४) फ़सतुब्सिरु व युब्सिरून ला (५) बिअैयिकुमुल् - मफ़्तूनु (६) इन्न रब्बक हुव अअ़लमु बिमन् ज़ल्ल अन् सबीलिहीं ज़ व हुव अअ़लमु बिल्मुह्तदीन (७) फ़ला तुतिअ्झिल्-मुकज्जिबीन (८) वद्दू लौ तुद्हिनु फ़युद्हिनून (९) व ला तुतिअ़ कुल्ल हल्लाफ़िम् - महीनिन् ला (१०) हम्माज़िम् - मश्शा'इम् - बिनमीमिन् ला (११) म'मन्नाअ्झिल् - लिल्ख़ैरि मुअ़्तदिन् असीमिन् ला (१२) अ्तुल्लिम् - बअ़्द ज़ालिक ज़नीमिन् ला (१३) अन् कान ज़ा मालिव्व बनीन ज़ (१४) अिज़ा तुत्ला अलैहि आयातुना क़ाल असातीरुल् - औवलीन (१५) सनसिमुहू अलल् - ख़ुर्तूमि (१६) इन्ना बलौनाहुम् कमा बलौना' अस्हाबल् - जन्नति ज अिज् अक़्समू लयस्रिमुन्नहा मुस्बिहीन ला (१७) व ला यस्तस्नून (१८) फ़त्ताफ़ अलैहा ता'अिफ़ुम् - मिर्रब्बिक व हुम् ना'इमून (१९) फ़अस्बहत् कस्सरीमि ला (२०) फ़तनादौ मुस्बिहीन ला (२१) अनिग़्दू अला हर्सिकुम् अिन् कुन्तुम् सारिमीन (२२) फ़न्तलक़ू व हुम् यतख़ाफ़तून ला (२३) अल्ला यद्ख़ुलन्नहल् - यौम अलैकुम् मिस्कीनुन् ला (२४) व'व ग़दौ अला हर्दिन् क़ादिरीन (२५)

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि वह (दयावन्त बड़ा) रहमान है, हम उसी पर ईमान लाये हैं और उसी पर हमारा भरोसा है। तो जल्दी ही तुमको मालूम हो जायगा कि कौन प्रत्यक्ष गुमराही में पड़ा है। (२९) (ऐ पैग़म्बर !) कहो कि ज़रा ध्यान तो करो कि अगर किसी सुबह को तुम्हारा पानी (ज़मीन में) सोंक लिया जाय तो फिर (उस रहमान के सिवाय) कौन है जो तुमको बहता हुआ साफ़ पानी ला देगा ? (३०) ✱

✪ ६८ सूरतुल् क़लमि २ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १२९५ अक्षर, ३०६ शब्द, ५२ आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

नून्[1]। क़लम की और जो कुछ वे लिखते हैं उसकी क़सम[छ], (१) (कि) तू अपने परवरदिगार की कृपा से दीवाना नहीं है। (२) और बेशक तुझको कभी न ख़त्म होनेवाला अज्र (प्रतिफल) है। (३) और बेशक तेरा अख़लाक़ (आचार) बहुत श्रेष्ठ है। (४) सो जल्दी ही तू देखेगा और वे (काफ़िर) भी देख लेंगे, (५) कि तुममें से अब कौन (दीवाना और) गुमराह हो रहा है। (६) (ऐ पैग़म्बर !) बेशक तुम्हारा परवरदिगार ही उन लोगों को ख़ूब जानता है जो उसकी राह से भटके हुए हैं और वही उनको भी ख़ूब जानता है जो सीधी राह पर हैं। (७) सो तू झुठलानेवालों (इन काफ़िरों) का कहा न मान। (८) वे चाहते हैं किसी तरह तू ढीला हो तो वे भी ढीले हों।† (९) और किसी क़समें (पर क़समें) खाने वाले पतित के कहे में मत आ जाना, (१०) जो आवाज़े कसता और चुग़ली करता फिरे, (११) (और जो) अच्छे कामों से रोकता है, ज़्यादती करने वाला (और) भारी गुनहगार है, (१२) उजड्ड है इसके बाद बदज़ात भी।‡ (१३) इस (घमण्ड) पर कि (काफ़ी) माल और संतान रखता है (१४) जब उसको हमारी आयतें पढ़कर सुनाई जाती हैं तो कहता है कि यह अगलों की कहानियाँ हैं। (१५) सो हम उसकी नाक पर दाग़ देंगे।§ (१६) हमने उनको जाँचा है जैसा हमने बाग़वालों को जाँचा था कि जब उन सबों ने क़सम खाई थी कि वह ज़रूर सुबह होते ही उसके फल तोड़ेंगे, (१७) और 'अल्लाह ने चाहा' (इन्शा अल्लाह) नहीं कहा था। (१८) फिर वे सो ही रहे थे कि (रातोरात) तेरे परवरदिगार की तरफ़ से एक घूमनेवाली (बला) उस (बाग़) पर घूम पड़ी ! (१९) फिर सुबह होते होते वह (बाग़) ऐसा रह गया जैसे कटी (ज़ाया) फ़सल। (२०) फिर सुबह होते ही आपस में बोले (२१) कि अगर तुमको (फ़सल) तोड़ना है तो सबेरे अपने खेत पर चलो। (२२) फिर चले और चुपके-चुपके (आपस में) बातें करते जाते थे (२३) कि आज के दिन वहाँ कोई मुहताज तुम्हारे पास न आने पावे। (२४) और सबेरे (-सबेरे) ज़ोर से लपकते हुए चले मानो सब उन्हीं के बस में है। (२५)

---

* नामकरण—आयत पहली 'अल्क़लम' शब्द पर। अवतरण—मक्का में बिलकुल [पेज ९३९ पर]

छ क़लम और उसके लिखने वाले और इससे लिखा जाने वाला ज्ञिल्म इन्हीं पर सारा ज्ञान निर्भर है। ज्ञान के इन स्रोतों की क़सम कि रसूल स० को दीवाना कहना ही पागलपन और जाहिलियत है। † कि तुम उनको बुरा न कहो जिन्हें वे पूजते हैं और जो धर्मान्धता की बातें वे करते हैं तो फिर वे तुम्हारा भी विरोध न करें। ‡ वलीद बिन मुग़ीरः ही की तरफ़ इन आयतों में इशारा है। उसके बाप का पता न था। अठारह साल का हो जाने पर मुग़ीरः ने उसे अपना बेटा बना लिया था। वह और अबू जहल, अबू लहब जैसे काफ़िर क़ुरैशों का ज़िक्र आयत २ से १६ तक है। § वलीद क़ुरैश को बेआबरू कर देंगे दुनिया में भी और आख़िरत में भी। बड़ी नाक वाले जो बनते हैं और दूसरों को नक्कू बताते हैं उनकी नाक अल्लाह काट देता है।

फ़लम्मा रऔहा क़ालू इन्ना लज़ाल्लून ला (२६) बल् नहनु महरूमून (२७) क़ाल औसतुहुम् अलम् अक़ुल् लकुम् लौ ला तुसब्बिहून (२८) क़ालू सुब्हान रब्बिना इन्ना कुन्ना ज़ालिमीन (२९) फ़अक़बल बअ़ज़ुहुम् अला बअ़ज़िंयतला व मून (३०) क़ालू यावैलना इन्ना कुन्ना ताग़ीन (३१) असा रब्बुना अँयुब्दि लना ख़ैरम्मिन्हा इन्ना इला रब्बिना राग़िबून (३२) कजालिकल् - अ़ज़ाबु त व लअ़ज़ाबुल् - आख़िरति अक्बरु म ● लौ कानू यअ़लमून (३३) ★ अिन्न लिल्मुत्तक़ीन अिन्द रब्बिहिम् जन्नातिन्नअ़ीमि (३४) अ फ़नज्अ़लुल् - मुस्लिमीन कल्मुज्रिमीन त (३५) मा लकुम् वक़्फ़: कैफ़ तह्कुमून ज (३६) अम् लकुम् किताबुन् फ़ीहि तद्रुसून ला (३७) अिन्न लकुम् फ़ीहि लमा तख़ैयरून ज (३८) अम् लकुम् अैमानुन् अ़लैना बालिग़तुन् अिला यौमिल् - क़ियामति ला अिन्न लकुम् लमा तह्कुमून ज (३९) सल्हुम् अैयुहुम् बिज़ालिक ज़अ़ीमुन् ज ∴ (४०) अम् लहुम् शुरका'उ ज ∴ फ़ल्यअ्तू बि - शुरका'अि - हिम् अिन् कानू सादिक़ीन (४१) यौम युक्शफ़ु अन् साक़िंव युद्अ़ौन अिलस्सुजूदि फ़ला यस्ततीअ़ून ला (४२) ख़ाशिअ़तन् अब्सारुहुम् तर्हक़ुहुम् ज़िल्लतुन् त व क़द् कानू युद्अ़ौन अिलस्सुजूदि व हुम् सालिमून (४३) फ़ज़रूनी व मैंयुकज्जिबु बिहाज़ल् - हदीसि त सनस्तद् - रिजुहुम् मिन् हैसु ला यअ़लमून ला (४४) व अुम्ली लहुम् त अिन्न कैदी मतीनुन् (४५) अम् तस्अलुहुम् अज्रन् फ़हुम् मिम् - मग़्रमिम् - मुस्क़लून ज (४६) अम् अिन्द हुमुल् - ग़ैबु फ़हुम् यक्तुबून (४७) फ़स्बिर् लिहुक्मि रब्बिक व ला तकुन् कसाहिबिल् - हूति म ● अिज् नादा व हुव मक्ज़ूमुन् त (४८)

تبٰرك الذی ۲۹ ۴۵۴ القلم ۶۸
قٰدِرِيْنَ ۝ فَلَمَّا رَاَوْهَا قَالُوْٓا اِنَّا لَضَآلُّوْنَ ۝ بَلْ نَحْنُ مَحْرُوْمُوْنَ ۝
قَالَ اَوْسَطُهُمْ اَلَمْ اَقُلْ لَّكُمْ لَوْلَا تُسَبِّحُوْنَ ۝ قَالُوْا سُبْحٰنَ
رَبِّنَآ اِنَّا كُنَّا ظٰلِمِيْنَ ۝ فَاَقْبَلَ بَعْضُهُمْ عَلٰى بَعْضٍ يَّتَلَاوَمُوْنَ ۝
قَالُوْا يٰوَيْلَنَآ اِنَّا كُنَّا طٰغِيْنَ ۝ عَسٰى رَبُّنَآ اَنْ يُّبْدِلَنَا خَيْرًا
مِّنْهَآ اِنَّآ اِلٰى رَبِّنَا رٰغِبُوْنَ ۝ كَذٰلِكَ الْعَذَابُ وَلَعَذَابُ الْاٰخِرَةِ
اَكْبَرُ لَوْ كَانُوْا يَعْلَمُوْنَ ۝ اِنَّ لِلْمُتَّقِيْنَ عِنْدَ رَبِّهِمْ جَنّٰتِ
النَّعِيْمِ ۝ اَفَنَجْعَلُ الْمُسْلِمِيْنَ كَالْمُجْرِمِيْنَ ۝ مَا لَكُمْ ۫ كَيْفَ
تَحْكُمُوْنَ ۝ اَمْ لَكُمْ كِتٰبٌ فِيْهِ تَدْرُسُوْنَ ۝ اِنَّ لَكُمْ فِيْهِ لَمَا
تَخَيَّرُوْنَ ۝ اَمْ لَكُمْ اَيْمَانٌ عَلَيْنَا بَالِغَةٌ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۙ اِنَّ لَكُمْ
لَمَا تَحْكُمُوْنَ ۝ سَلْهُمْ اَيُّهُمْ بِذٰلِكَ زَعِيْمٌ ۝ اَمْ لَهُمْ شُرَكَآءُ ۚ
فَلْيَاْتُوْا بِشُرَكَآئِهِمْ اِنْ كَانُوْا صٰدِقِيْنَ ۝ يَوْمَ يُكْشَفُ عَنْ سَاقٍ
وَّيُدْعَوْنَ اِلَى السُّجُوْدِ فَلَا يَسْتَطِيْعُوْنَ ۝ خَاشِعَةً اَبْصَارُهُمْ
تَرْهَقُهُمْ ذِلَّةٌ ۭ وَقَدْ كَانُوْا يُدْعَوْنَ اِلَى السُّجُوْدِ وَهُمْ سٰلِمُوْنَ ۝
فَذَرْنِيْ وَمَنْ يُّكَذِّبُ بِهٰذَا الْحَدِيْثِ ۭ سَنَسْتَدْرِجُهُمْ مِّنْ حَيْثُ
لَا يَعْلَمُوْنَ ۝ وَاُمْلِيْ لَهُمْ ۭ اِنَّ كَيْدِيْ مَتِيْنٌ ۝ اَمْ تَسْـَٔلُهُمْ
اَجْرًا فَهُمْ مِّنْ مَّغْرَمٍ مُّثْقَلُوْنَ ۝ اَمْ عِنْدَهُمُ الْغَيْبُ فَهُمْ
يَكْتُبُوْنَ ۝ فَاصْبِرْ لِحُكْمِ رَبِّكَ وَلَا تَكُنْ كَصَاحِبِ الْحُوْتِ ۘ اِذْ

ब. ला जिम ★ रु. ३ आ ३३ मु. अ़्मि मु त क़ १५ ● ब. ला जिम

मगर जब वहाँ (मैदान साफ़) देखा तो बोले हम सचमुच भटक गये। (२६) नहीं, नहीं, हमारा भाग्य फूटा है। (२७) उनमें से जो भला था कहने लगा, क्या मैं तुमसे नहीं कहा करता था कि अल्लाह की तस्बीह क्यों नहीं करते। (२८) वह बोले कि हमारा परवरदिगार पाक है बेशक हमही अन्यायी थे। (२९) फिर आपस में एक दूसरे को उलाहना देने लगे। (३०) बोले हम पर अफ़सोस! हम (ज़रूर) सरकश थे। (३१) कुछ आश्चर्य नहीं कि हमारा परवरदिगार उसके बदले हमको उससे अच्छा दे, हम अपने परवरदिगार से आरज़ू (आस) रखते हैं। (३२) इसी प्रकार अज़ाब आता है और आख़िरत का अज़ाब तो सबसे ज़्यादः (दुखदाई) है। ● काश उनको समझ होती! † (३३) ★

अलबत्ता परहेज़गारों के लिए उनके परवरदिगार के यहाँ निअमतों के बाग़ हैं। (३४) तो क्या हम आज्ञाकारियों को गुनहगारों के बराबर कर देंगे? (३५) तुम को क्या हुआ है, कैसी बात ठहराते हो? (३६) क्या तुम्हारे पास कोई (आसमानी) किताब है जिसमें (यह अनाप सनाप बातें तुम) पढ़ लेते हो, (३७) कि जो तुम चाहोगे तुम्हें उसमें मिल जायगा? (३८) क्या तुमने हमसे क़समें ले रक्खी हैं जो क़ियामत के दिन तक पूरी चली जावेंगी, कि तुम्हारे लिए वही मिलेगा जो तुम ठहराओगे। (३९) (ऐ पैग़म्बर!) उनसे पूछो कि तुममें से कौन इसका ज़िम्मा लेता है। (४०) क्या इन्होंने (कोई अल्लाह के) शरीक ठहरा रक्खे हैं (जो ज़िम्मा लेते हैं?) तो अगर वे सच्चे हैं तो अपने शरीकों को ला हाज़िर करें।छ (४१) (आख़िरत में) जिस दिन पर्दा उठा दिया जायगा और (उन काफ़िरों को) सजदे के लिए बुलाया जायगा तो वह (शर्म के मारे) सजदः न कर सकेंगे। (४२) उनकी आँखें नीची होंगी, ज़िल्लत उनके चेहरों पर छा रही होगी। और जब (पहले वह) भले चंगे थे तब भी सजदे के लिए बुलाये जाते थे (लेकिन ये अपनी सरकशी पर अड़े ही रहे।) (४३) (ऐ पैग़म्बर!) अब मुझे और इस (क़ुर्आन) के झुठलाने वालों को (निबटारे के लिए) छोड़ दो। हम उन्हें धीरे धीरे (जहन्नुम की ओर) ऐसे नीचे उतारेंगे कि इन्हें ख़बर भी न हो। (४४) और उनको ढील देता चला जा रहा हूं बेशक मेरी तदबीर पक्की है। (४५) (ऐ पैग़म्बर!) क्या तू उनसे (कुछ इस हिदायत के बदले में) नेग (मज़दूरी) माँगता है जो वह (भुगतान यानी) चट्टी के बोझ से दबे जाते हैं? (४६) क्या वह ग़ैब (परोक्ष) की ख़बर रखते हैं और उसको लिखते जाते हैं। (४७) (तो ऐ पैग़म्बर!) तू अपने परवरदिगार के हुक्म के लिए सब्र से ठहरा रह और मछली वाले (यूनिस) की तरह (बेज़ार) न हो जाना। ● जब उसने (अल्लाह से) ग़ुस्से में दुआ की (४८)

[पेज ९३७ से] शुरू में, आलिमों की राय में दूसरी सूरः है। सूरः में क़लम व क़लम से लिखे जाने वाले अ़िल्म की महानता, वलीद बिन मुग़ीरः के आक्षेप व उनके उत्तर, एक बाग़ के मालिकों के उदाहरण से इन्सान के अक्सर अपनी हिकमत व ज़ोर से मदहोश होकर नेककारी से विमुख होने का अन्जाम, क़ियामत में इन घमण्डी ज़ालिमों की दशा और रसूल स० को काफ़िरों के एतराज़ों व ज़ोर से घबड़ा कर ह० यूनुस अ० की तरह बेज़ार न होने व अल्लाह पर हमेशा भरोसा व सब्र करने की हिदायत है। अन्त में बयान है कि यह क़ुर्आन सारे आलम के लिए नसीहत है।

† एक नेक आदमी का ख़ूब फलता-फूलता बाग़ था। वह ख़ूब उसकी फ़सल ख़ैरात भी करता, अल्लाह से दुआ माँगता और उसकी बरकत से धनी था। मरने पर तीन बेटे वारिस हुए। दो बड़े दौलतमन्द बनने के नशे में मुहताजों का हक़ मारने लगे। छोटे ने मना किया लेकिन बाद को मजबूर होकर उनका साथी हो गया। इसलिए अल्लाह के ग़ज़ब में पड़े। छ अल्लाह की दी हुई क़ूवत व बरकत के अलावा इन्सान की कोई ताक़त नहीं। उसके विमुख होने पर पूछा जाता है कि क्या तुम्हारे पास कोई किताबे इलाही या कोई तुम्हारे पूज्य सिफ़ारिशी हैं जो तुमको अज़ाब से बचायें और तुम्हारे मनचाहे सवाब दिलायेंगे? अगर हैं तो उन्हें पेश करो।

लौ ला' अन् तदारकहु निऽमत्तुम् - मिर्रब्बिहि ﴿ लनुबिज बिल्अरा'अि व हुव मज्मूमुन् (४९) फ़ज्तबाहु रब्बहु फ़जअलहु मिनस्सालिहीन (५०) व इं-यकादुल्-लजीन कफ़रू लयुज़्लिक़ूनक बिअब्सारिहिम् लम्मा समिअुज्जिक्र व यक़ूलून अिन्नहु लमज्नूनुन् ● (५१) व मा हुव अिल्ला जिक्रुल् - लिल्आलमीन (५२) ★ ●

﴿ ६९ सूरतुल् - हा'क़्क़ति ७८ ﴾

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ११३४ अक्षर, २६० शब्द, ५२ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अल्हा'क़्क़तु ला (१) मल्हा'क़्क़तु ज् (२) व मा' अद्राक मल्हा'क़्क़तु त् (३) कज्जबत् समूदु व आदुम् - बिल्क़ारिअति (४) फ़अम्मा समूदु फ़अुह्लिकू बित्तागियति (५) व अम्मा आदुन् फ़अुह्लिकू बिरीहिन् सर्सरिन् आतियतिन् ला (६) सख़्ख़रहा अलैहिम् सब्अ लयालिव्व समानियत अैयामिन् ला हुसूमन् फ़तरल् - क़ौम फ़ीहा सर्आ ला कअन्नहुम् अअ़्जाजु नख़्लिन् ख़ावियतिन् ज् (७) फ़हल् तरा लहुम् मिम् - बाक़ियतिन् (८) व जा'अ फ़िर्औनु व मन् क़ब्लहु वल् - मुअ्तफ़िकातु बिल्ख़ातिअति ज् (९) फ़असौ रसूल रब्बिहिम् फ़-अख़ज-हुम् अख़्ज़तर्-राबियतन् (१०) अिन्ना लम्मा तग़ल्मा'अु हुमल्नाकुम् फ़िल्जारियति ला (११) लिनज्अलहा लकुम् तज्किरतौंव तअियहा' अुज़ुनुँ - वाअियतुन् (१२) फ़अिजा नुफ़िख़ फ़िस्सूरि नफ़्ख़तुँ - वाहिदतुन् ला (१३) व'व हुमिलतिल् - अर्ज़ु वल्जिबालु फ़दुक्कता दक्कतौं - वाहिदतन् ला (१४) फ़यौमअिज़िं - व्वक़अतिल् - वाक़िअतु ला (१५) वन्शक़्क़तिस् - समा'अु फ़हिय यौमअिज़िं - व्वाहियतुन् ला (१६) व'वल्मलकु अला' अर्जा'अिहा त् व यह्मिलु अर्श रब्बिक फ़ौक़हुम् यौमअिज़िन् समानियतुन् त् (१७)

تبرك الذي ٢٩ ٣٥٥ الحاقة

نَادٰى وَهُوَ مَكْظُوْمٌ ۝ لَوْلَآ اَنْ تَدٰرَكَهٗ نِعْمَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ لَنُبِذَ
بِالْعَرَآءِ وَهُوَ مَذْمُوْمٌ ۝ فَاجْتَبٰىهُ رَبُّهٗ فَجَعَلَهٗ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ۝
وَاِنْ يَّكَادُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَيُزْلِقُوْنَكَ بِاَبْصَارِهِمْ لَمَّا سَمِعُوا الذِّكْرَ
وَيَقُوْلُوْنَ اِنَّهٗ لَمَجْنُوْنٌ ۝ وَمَا هُوَ اِلَّا ذِكْرٌ لِّلْعٰلَمِيْنَ ۝

سُوْرَةُ الْحَآقَّةِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ اثْنَتَانِ وَخَمْسُوْنَ اٰيَةً وَّفِيْهَا رُكُوْعَانِ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَلْحَآقَّةُ ۝ مَا الْحَآقَّةُ ۝ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا الْحَآقَّةُ ۝ كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ
وَعَادٌۢ بِالْقَارِعَةِ ۝ فَاَمَّا ثَمُوْدُ فَاُهْلِكُوْا بِالطَّاغِيَةِ ۝ وَاَمَّا عَادٌ
فَاُهْلِكُوْا بِرِيْحٍ صَرْصَرٍ عَاتِيَةٍ ۝ سَخَّرَهَا عَلَيْهِمْ سَبْعَ لَيَالٍ وَّ
ثَمٰنِيَةَ اَيَّامٍ ۙ حُسُوْمًا ۙ فَتَرَى الْقَوْمَ فِيْهَا صَرْعٰى ۙ كَاَنَّهُمْ اَعْجَازُ
نَخْلٍ خَاوِيَةٍ ۝ فَهَلْ تَرٰى لَهُمْ مِّنْۢ بَاقِيَةٍ ۝ وَجَآءَ فِرْعَوْنُ
وَمَنْ قَبْلَهٗ وَالْمُؤْتَفِكٰتُ بِالْخَاطِئَةِ ۝ فَعَصَوْا رَسُوْلَ رَبِّهِمْ
فَاَخَذَهُمْ اَخْذَةً رَّابِيَةً ۝ اِنَّا لَمَّا طَغَا الْمَآءُ حَمَلْنٰكُمْ فِي
الْجَارِيَةِ ۝ لِنَجْعَلَهَا لَكُمْ تَذْكِرَةً وَّتَعِيَهَآ اُذُنٌ وَّاعِيَةٌ ۝ فَاِذَا
نُفِخَ فِي الصُّوْرِ نَفْخَةٌ وَّاحِدَةٌ ۝ وَّحُمِلَتِ الْاَرْضُ وَالْجِبَالُ فَدُكَّتَا
دَكَّةً وَّاحِدَةً ۝ فَيَوْمَئِذٍ وَّقَعَتِ الْوَاقِعَةُ ۝ وَانْشَقَّتِ السَّمَآءُ فَهِيَ
يَوْمَئِذٍ وَّاهِيَةٌ ۝ وَّالْمَلَكُ عَلٰٓى اَرْجَآئِهَا ۚ وَيَحْمِلُ عَرْشَ رَبِّكَ

منزل

अगर तेरे परवरदिगार की कृपा उसको न सम्हालती तो वह चटियल मैदान में अबतर हालत में फेंक दिया गया होता। (४९) फिर उसको उसके परवरदिगार ने अपनाया और उसको नेकों में कर दिया।† (५०) और (ऐ पैग़म्बर! यह) काफ़िर जब (तुमसे क़ुर्आन की) नसीहतें सुनते हैं तो अपनी निगाहोंछ (को ऐसा डालते हैं कि उन) से तुमको बिचला दें और कहते हैं कि यह (रसूल नहीं बल्कि) बावला है।● (५१) और यह (क़ुर्आन) तो सारे संसार के लोगों के लिए एक शिक्षा है। (५२) ★ ●

✱ ६९ सूरतुल्-हा'क़्क़ति ७८ ✱

(मक्की) इसमें अरबी के ११३४ अक्षर, २६० शब्द, ५२ आयतें और २ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(सचमुच) साबित हो चुकने वाली बात! (१) वह (सचमुच) साबित हो चुकने वाली बात क्या चीज़ है? (२) और तूने क्या समझा क्या है वह (सचमुच) होने वाली बात? (३) समूद और आ़द (की क़ौमों) ने खड़खड़ा देनेवाली (इसी क़ियामत) को झुठलाया था। (४) सो समूद जो थे वे तो कड़क (और भौचाल) से मार डाले गये। (५) और वह आ़द जो थे सो वे बेहद सख़्त हवा (के सर्राटे) से बरबाद हुए। (६) उसने उस (हवा) को सात रात और आठ दिन लगातार उन पर चलाये रक्खा। फिर (ऐ सुनने ध्यान देनेवाले!) तू उन लोगों को ढहा और गिरा देखता गोया कि वह खजूर के खोखले तने हों। (७) फिर क्या तू इनमें से किसी को भी बाक़ी देखता है? (८) और फ़िरऔन और जो लोग उससे पहले थे और वह जो उल्टी (तबाह की हुई) बस्तियों के रहने वाले थे सब गुनहगार थे। (९) फिर (उन्होंने अपने) परवरदिगार के पैग़म्बर का हुक्म न माना फिर उनको (अल्लाह के अ़ज़ाब ने) सख़्त पकड़ में पकड़ा। (१०) जब पानी (का तूफ़ान नूह अ़० के वक़्त में) उमड़ आया तो हमही ने तुम (लोगों के बुज़ुर्गों) को बहती नाव में सवार करा लिया था। (११) ताकि (हम) उसको तुम्हारे लिए एक यादगार बनायें और याद रखने वाले कान उसको याद रक्खें। (१२) फिर जब सूर (नरसिंहा) एक बार फूँका जायगा, (१३) और ज़मीन और पहाड़ उठाये जायँगे और एक दम तोड़कर चूर चूर कर दिये जायँगे (१४) फिर उस दिन हो पड़ेगी वह होनहार (क़ियामत)। (१५) और आसमान फट जायगा और वह उस दिन कमज़ोर हो जायगा। (१६) और फ़रिश्ते उसके किनारों पर होंगे। और उस दिन तुम्हारे परवरदिगार के तख़्त को आठ (फ़रिश्ते) अपने ऊपर उठाये होंगे। (१७)

† यूनुस अ़० का बयान देखिये सूरः साफ़्फ़ात आयत १४८ का फ़ुटनोट § पृष्ठ ७४७। छ यानी ऐसा घूर घूर कर देखते हैं कि तुम डर जाओ और क़ुर्आन सुनना बन्द कर दो।

❀ अवतरण—मक्का में रिसालत का शुरू का समय। क़यामत (महाप्रलय) का दिन ज़रूर आना है—इस हक़ (परम सत्य) की पुष्टि (तस्दीक़), इससे इन्कार करनेवाली आ़द, समूद जैसी क़ौमों की तबाही हमेशा आने वाले मुन्किर (विमुखों) को चेतावनी है, क़ियामत का नक़्शा व वहाँ ईमानवालों व काफ़िरों की हालत, और क़ुर्आन रसूल स़० या किसी इन्सान का गढ़ा नहीं बल्कि निस्सन्देह अल्लाह की ओर से जिब्रील अ़० के ज़रिये ह० मुहम्मद स़० पर बतौर नसीहत और हिदायत (पथ-प्रदर्शन) के उतारा गया है—यह सूरः का सार है।

यौमअिजिन् तुऱ्रज़ून ला तख़्फ़ा मिन्कुम् ख़ाफ़ियतुन् (१८) फ़अम्मा मन् अूतिय किताबहू बियमीनिहीफ़ ला फ़यक़ूलु हा।अुमुक़्रअू किताबियह् ज् (१९) अिन्नी जनन्तु अन्नी मुलाक़िन् हिसाबियह् ज् (२०) फ़हुव फ़ी ओशत्तिर् - राज़ियत्तिन् ला (२१) फ़ी जन्नत्तिन् आलियत्तिन् ला (२२) क़ुतूफ़ुहा दानियतुन् (२३) कुलू वशऱ्रबू हनी।अम् - बिमा। अस्लफ़्तुम् फ़िल्अैयामिल् - ख़ालियति (२४) व अम्मा मन् अूतिय किताबहू बिशिमालिहीफ़ ला फ़यक़ूलु यालैतनी लम् अूत किताबियह् ज् (२५) व लम् अद्रि मा हिसाबियह् ज् (२६) या लैतहा कानतिल्-क़ाज़ियत ज् (२७) मा। अग़्ना अन्नी मालियह् ज् (२८) हलक अन्नी सुल्तानियह् ज् (२९) ख़ुज़ूहु फ़ग़ुल्लूहु ला (३०) सुम्मल् - जहीम सल्लूहु ला (३१) सुम्म फ़ी सिल्सिलतिन् जर्अुहा सब्अून जिराअन् फ़स्लुकूहु त् (३२) अिन्नहू कान ला युअ्मिनु बिल्लाहिल् - अज़ीमि ला (३३) व ला यहुऱ्ज़ु अला तआमिल् - मिस्कीनि त् (३४) फ़लैस लहुल्यौम हाहुना हमीमुन् ला (३५) व'व ला तआमुन् अिल्ला मिन् ग़िस्लीनिन् ला (३६) ल'ला यअ्कुलुहू। अिल्लल्-ख़ातिअून (३७) ★ फ़ला। अुक़्सिमु बिमा तुब्सिरून ला (३८) व मा ला तुब्सिरून ला (३९) अिन्नहू लक़ौलु रसूलिन् करीमिन् ज् ला (४०) व'व मा हुव बिक़ौलि शाअिरिन् त् क़लीलम्मा तुअ्मिनून ला (४१) व ला बिक़ौलि काहिनिन् त् क़लीलम्मा तज़क्करून त् (४२) तन्ज़ीलुम् - मिर्रब्बिल्-आलमीन (४३) व लौ तक़ौवल अलैना बऽज़्ज़ल् - अक़ावीलि ला (४४) लअख़ज़्ना मिन्हु बिल्यमीनि ला (४५) सुम्म लक़त्तअ़्ना मिन्हुल् - वतीन ज् सला (४६) फ़मा मिन्कुम् मिन् अहदिन् अन्हु हाजिज़ीन (४७) व अिन्नहू लतज़्किरतुल् - लिल्मुत्तक़ीन (४८)

रु. १-५ आ ३७

उस दिन तुम (सब) सामने लाये जाओगे और तुम्हारी कोई (पोशीदा) बात छिपी न रहेगी। (१८) सो जिसकी (कर्म-) पत्री उसके दाहिने हाथ में दी जावेगी वह (लोगों से ख़ुश हो होकर) कहेगा लो मेरा कर्मलेखा (आमालनामा) पढ़ो। (१९) मैं यक़ीन रखता था कि मेरा हिसाब मेरे सामने आयेगा। (२०) सो वह (उस दिन) मनमानी (मौज की) ज़िन्दगी में होगा, (२१) ऊँचे (जन्नत के) बाग़ों में, (२२) जिसके मेवे (बहुतायत से) झुक रहे होंगे, (२३) कि मज़े से खाओ और पियो बदले में उसके जो तुमने गुज़रे दिनों में (अपनी करनी के ज़रिये) भेजा है। (२४) और वह जिसको उसकी (कर्म-) पत्री बायें हाथ में दीजावेगी† वह कहेगा अफ़सोस ! मुझको मेरा यह कर्मलेखा न मिला होता, (२५) और न मैं अपने इस हिसाब को जानता। (२६) हाय, क्या ही अच्छा होता कि इस (मौत) ही पर मेरा ख़ातमा हो गया होता (और इस दर्दनाक अज़ाब का सामना न पड़ता।) (२७) मेरा (जमा किया दुनिया का) माल मेरे कुछ काम न आया। (२८) मेरी बादशाही मुझसे जाती रही। (२९) (फिर हुक्म होगा कि) इसको पकड़ो और इसके गले में तौक़ डालो, (३०) फिर इसको (जहन्नुम की) आग में ढकेल दो, (३१) फिर सत्तर गज़ लम्बी ज़ंजीर से इसको जकड़ दो। (३२) वह अल्लाह पर जो सबसे महान है यक़ीन नहीं लाता था, (३३) और न ग़रीबों को खिलाने के लिए (अपने को या दूसरों को) आमादा करता था। (३४) तो आज के दिन यहाँ उसका कोई दोस्त नहीं, (३५) और न खाना (मयस्सर है) सिवाय ज़ख़्मों के धोवन के, (३६) जिसे गुनहगारों के अलावा कोई न खायेगा। (३७) ★ रु. १५ आ ३७

सो जो कुछ तुम देखते हो मैं उन चीज़ों की क़सम खाता हूँ, (३८) और जो तुम नहीं देखते (उसकी भी) (३९) कि बेशक यह (क़ुर्आन) एक फ़रिश्ते आली का पैग़ाम है,§ (४०) और यह किसी कवि (शायर) का कलाम नहीं (जैसा कि तुम कहा करते हो। और) तुम बहुत ही कम ईमान लाते हो। (४१) और न किसी कहानी कहने वाले का कहा हुआ है; (सच तो यह है कि) तुम बहुत ही कम ध्यान करते हो। (४२) यह तो (निस्सन्देह) संसार के परवरदिगार का उतारा हुआ है। (४३) और अगर यह (पैग़म्बर अल्लाह से) हमारे (नाम) पर कोई बात बना लाता (४४) तो हम (ज़रूर) उसका दाहिना हाथ पकड़ते, (४५) फिर उसकी गर्दन की रग काट डालते। (४६) फिर तुममें (मुझको) इससे कोई रोकनेवाला नहीं। (४७) और बेशक डरनेवालों के लिए यह (क़ुर्आन) नसीहत है। (४८)

† आख़िरत (अन्तिम न्याय के दिन) ईमानवालों का आमालनामा उनके दाहिने हाथों में और काफ़िर गुनहगारों का आमालनामा उनके बायें हाथों में दिया जायगा। § संसार का प्रत्यक्ष और परोक्ष जो कुछ तुम देखते हो या नहीं देखते, हो उन सब की सौगंध से तसदीक़ (पुष्टि) करता हूँ कि यह क़ुर्आन की वाणी ह० जिब्रील अ० के ज़रिये तुम्हारी हमक़ौम मुहम्मद स० पर उतरती है ; न कि किसी इन्सान या कवि या दीवाने की गढ़ी हुई है।

[पिछ ६४५ से] ❋ दिन पछतायेंगे कि हमने क़ुर्आन को अल्लाह का कलाम क्यों नहीं माना कि आज हम ईश्वर के कोप से बचे रहते। [पिछ ६४५ से] ❋ करते कि वह अज़ाब हम पर क्यों नहीं फट पड़ता जबकि हम बार बार कुफ़्र करते हैं। उन्हें न तो अल्लाह के दिन का अन्दाज़ा है—वह उसे अपने दिन के बराबर समझते हैं—और न वह अल्लाह की रहमत ही से जानकार हैं कि वह एकदम अज़ाब नहीं भेजता बल्कि गुनहगारों को मुहलत देता और बार बार माफ़ करता है कि वे अपने को संभाल लें। [पिछ ६४५ से] ❋ वक़्त फट सकता है और ज़रूर होने वाली क़ियामत भी दूर नहीं।

व अिन्ना लनज़्लमु अन्न मिन्कुम् मुकज्जिबीन (४९) व अिन्नहू लहूस्रतुन् अलल् - काफ़िरीन (५०) व अिन्नहू लहक़्क़ुल् - यक़ीनि (५१) फ़सब्बिहू बिस्मि रब्बिकल् - अज़ीमि (५२) ★

रू. २ आ १५

✪ ७० सूरतुल्-मआरिजि ७९ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ६७७ हुरूफ़, २६० शब्द, ४४ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

تبٰرك الذی ۲۹ ۳۵۷ المعارج
إِنَّا لَنَعْلَمُ أَنَّ مِنكُم مُّكَذِّبِينَ ۝ وَإِنَّهُ لَحَسْرَةٌ عَلَى الْكَٰفِرِينَ ۝
وَإِنَّهُ لَحَقُّ الْيَقِينِ ۝ فَسَبِّحْ بِاسْمِ رَبِّكَ الْعَظِيمِ ۝
سُورَةُ الْمَعَارِجِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ أَرْبَعٌ وَأَرْبَعُونَ ءَايَةً وَفِيهَا رُكُوعَانِ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
سَأَلَ سَآئِلٌۢ بِعَذَابٍ وَاقِعٍ ۝ لِّلْكَٰفِرِينَ لَيْسَ لَهُۥ دَافِعٌ ۝ مِّنَ
اللَّهِ ذِى الْمَعَارِجِ ۝ تَعْرُجُ الْمَلَٰٓئِكَةُ وَالرُّوحُ إِلَيْهِ فِى يَوْمٍ
كَانَ مِقْدَارُهُۥ خَمْسِينَ أَلْفَ سَنَةٍ ۝ فَٱصْبِرْ صَبْرًا جَمِيلًا ۝
إِنَّهُمْ يَرَوْنَهُۥ بَعِيدًا ۝ وَنَرَىٰهُ قَرِيبًا ۝ يَوْمَ تَكُونُ السَّمَآءُ كَالْمُهْلِ ۝
وَتَكُونُ الْجِبَالُ كَالْعِهْنِ ۝ وَلَا يَسْـَٔلُ حَمِيمٌ حَمِيمًا ۝ يُبَصَّرُونَهُمْ
يَوَدُّ الْمُجْرِمُ لَوْ يَفْتَدِى مِنْ عَذَابِ يَوْمِئِذٍۭ بِبَنِيهِ ۝ وَصَٰحِبَتِهِۦ
وَأَخِيهِ ۝ وَفَصِيلَتِهِ الَّتِى تُـْٔوِيهِ ۝ وَمَن فِى الْأَرْضِ جَمِيعًا
ثُمَّ يُنجِيهِ ۝ كَلَّآ إِنَّهَا لَظَىٰ ۝ نَزَّاعَةً لِّلشَّوَىٰ ۝ تَدْعُوا۟ مَنْ
أَدْبَرَ وَتَوَلَّىٰ ۝ وَجَمَعَ فَأَوْعَىٰٓ ۝ إِنَّ الْإِنسَٰنَ خُلِقَ هَلُوعًا ۝
إِذَا مَسَّهُ الشَّرُّ جَزُوعًا ۝ وَإِذَا مَسَّهُ الْخَيْرُ مَنُوعًا ۝ إِلَّا
الْمُصَلِّينَ ۝ الَّذِينَ هُمْ عَلَىٰ صَلَاتِهِمْ دَآئِمُونَ ۝ وَالَّذِينَ فِىٓ
أَمْوَٰلِهِمْ حَقٌّ مَّعْلُومٌ ۝ لِّلسَّآئِلِ وَالْمَحْرُومِ ۝ وَالَّذِينَ يُصَدِّقُونَ
بِيَوْمِ الدِّينِ ۝ وَالَّذِينَ هُم مِّنْ عَذَابِ رَبِّهِم مُّشْفِقُونَ ۝
ع ۱ تبارك

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ६७७ हुरूफ़, २६० शब्द, ४४ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

सअल सा'अिलुम्-बिअज़ाबिंव्वाक़िअिन् ला (१) ल'लिल् - काफ़िरीन लैस लहू दाफ़िअुन् ला (२) म्'मिनल्लाहि जिल्मआरिजि त़ (३) तअ़रुजुल् - मला'अिकतु वर्रूहु अिलैहि फ़ी यौमिन् कान मिक़्दारुहू ख़म्सीन अल्फ़ सनतिन् ज (४) फ़स्बिर् सब्रन् जमीलन् (५) अिन्नहुम् यरौनहू बअ़ीदन् ला (६) व'व नराहु क़रीबन् त़ (७) यौम तकूनुस् - समा'अु कल्मुह्लि ला (८) व तकूनुल् - जिबालु कल्अिह्नि ला (९) व ला यस्अलु हमीमुन् हमीमन् ज सला (१०) य'युबस्सरूनहुम् त़ यवद्दुल् - मुज्रिमु लौ यफ़्तदी मिन् अज़ाबि यौमिअिज़िम् - बिबनीहि ला (११) व साहिबतिहि व अख़ीहि ला (१२) व फ़सीलतिहिल्लती तुअ्वीहि ला (१३) व मन् फ़िल्अर्ज़ि जमीअन् ला सुम्म युन्जीहि ला (१४) कल्ला त़ अिन्नहा लज़ा ला (१५) नज़्ज़ाअतल् - लिश्शवा ज सला (१६) तद्अू मन् अद्बर व तवल्ला ला (१७) व जमअ़ फ़अौआ (१८) अिन्नल् - अिन्सान ख़ुलिक़ हलूअन् ला (१९) अिज़ा मस्सहुश्शर्रु जज़ूअन् ला (२०) व'व अिज़ा मस्सहुल् - ख़ैरु मनूअन् ला (२१) अिल्लल् - मुसल्लीन ला (२२) अल्लज़ीन हुम् अला सलातिहिम् दा'अिमून स ला (२३) वल्लज़ीन फ़ी अम्वालिहिम् हक़्क़ुम् - मअ़्लूमुन स ला (२४) ल'लिस्सा'अिलि वल्महरूमि स ला (२५) वल्लज़ीन युसद्दिक़ून बियौमिद्दीनि स ला (२६) वल्लज़ीन हुम् मिन् अज़ाबि रब्बिहिम् मुश्फ़िक़ून ज (२७)

और हम बेशक जानते हैं कि तुम में कुछ लोग (इसको) झुठलाते हैं। (४९) और बेशक यह (क़ुर्आन) काफ़िरों के लिए पछतावा है।§ (५०) और कुछ शक नहीं कि यह (क़ुर्आन) यक़ीनी हक़ (विश्वसनीय सत्य) है। (५१) सो अब अपने सर्वोपरि महान परवरदिगार के नाम की तस्बीह करते रहो। (५२) ★

✪ ७० सूरतुल् मआ़रिजि ७९ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ६७७ अक्षर, २६० शब्द, ४४ आयतें और २ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

एक पूँछनेवाले ने अ़ज़ाब के बारे में पूंछा जो (लाज़िमी) होनहार है। (१) (वह) काफ़िरों के लिए है, कोई उसको रोक नहीं सकता। (२) अल्लाह की ओर से (नाज़िल होगा) जो सीढ़ियों (यानी एक से एक ऊँचे दर्जों का) का मालिक है। (३) (उनसे) फ़रिश्ते और रूह उसकी तरफ़ एक दिन चढ़ते हैं जिस (दिन) का अन्दाज़: पचास हजार वर्ष का है।‡ (४) तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम (इन काफ़िरों की बातों पर) धीरज के साथ सब्र करो।† (५) वह (काफ़िर अ़ज़ाब के दिन पर यक़ीन न रखने के कारन हमेशा) उसको दूर देखते हैं। (६) और हम उस (दिन) को क़रीब देखते हैं।छ (७) जिस दिन आसमान पिघले ताँबे की तरह हो जावेगा, (८) और पहाड़ रँगी हुई ऊन की तरह हो जायेंगे। (९) और (उस दिन) कोई दोस्त किसी दोस्त को न पूछेगा। (१०) वह सब उन्हें दिखलाई देंगे। (वे स्वार्थी) गुनहगार चाहेंगे कि उस दिन के अ़ज़ाब से छुटकारे के बदले में अपने बेटे दे दें, (११) और अपनी संगिनी (जोरू) और अपने भाई, (१२) और अपने कुटुम्ब को जिसमें रहता था, (१३) और जितने ज़मीन पर हैं सारी (यानी दुनिया की अपनी प्यारी से प्यारी चीज़ें तक दे निकलें, और) फिर अपने आप को बचालें। (१४) सो हरगिज़ नहीं। वह भड़कती हुई आग है, (१५) जो (जिस्म ही नहीं जलाती बल्कि) कलेजे तक को खींच लेने वाली है। (१६) वह (अपनी ओर खींच) बुलाती है हर शख़्स को जिसने पीठ फेरी और मुँह मोड़ा, (१७) और (जिसने माल) जमा करके बन्द कर रक्खा (और नेक काम में न लाया।) (१८) बेशक आदमी कमज़ोर दिल पैदा हुआ है। (१९) जब उसको तकलीफ़ पहुँचती है तो घबड़ा उठता है, (२०) और जब भलाई पहुँचती है तो अपने तईं (अच्छे कामों से) रोक लेता है। (२१) मगर वह नमाज़ वाले! (२२) जो अपनी नमाज़ पर क़ायम हैं, (२३) और जिनके माल में हिस्सा ठहर रहा है, (२४) माँगने-वालों के लिए और न माँगनेवालो (के लिए), (२५) और जो इन्साफ़ के दिन (यानी आख़िरत) पर यक़ीन करते हैं, (२६) और जो अपने परवरदिगार के अ़ज़ाब से डरते रहते हैं। (२७)

§ यानी काफ़िर क़ियामत के [पिज ९४३ पर] ‡ काफ़िर रसूल स० से अक्सर सवाल [पिज ९४३ पर]
† यानी ऐसा सब्र कि अल्लाह पर अटल भरोसा। छ क्योंकि अ़ज़ाब दुनिया में भी किसी [पिज ९४३ पर]

* यह सूरः मक्का की शुरू की सूरों में से है। आयत ३ में आये शब्द 'मआ़रिज' (सीढ़ियाँ) पर नामकरन है। पिछली सूरः में लाज़िमी होनहार 'क़ियामत' का ज़िक्र है। इस सूरः में लाज़िमी होनहार 'अ़ज़ाब' का ज़िक्र है। हारिस नामान नाम के शख़्स ने रसूल स० से कहा था कि अगर मैंने अल्लाह के हुक्म से इन्कार किया है तो उसका अ़ज़ाब जिसकी चेतावनी हमेशा देते रहते हो मुझ पर फट पड़े। हारिस नामान ही नहीं, यह एतराज़ अक्सर काफ़िर किया करते थे। उसी पर यह सूरः शुरू होती है। बाद में क़ियामत की कैफ़ियत, इन्सान की कमज़ोरदिली, काफ़िरों का अंजाम, नमाज़वालों (परहेज़गारों) के लक्षण और उनको मिलनेवाली जन्नत आदि का बयान है।

अन्न अज़ाब रब्बिहिम् ग़ैरु मअ्मूनिन् (२८) वल्लज़ीन हुम् लिफ़ुरूजिहिम् हाफ़िज़ून ला (२९) अिल्ला अला अज़्वाजिहिम् औ मा मलकत् अैमानुहुम् फ़अिन्नहुम् ग़ैरु मलूमीन ज़ (३०) फ़मनिब्तग़ा वरा अ जालिक फ़अुला अिक हुमुल्आदून ज़ (३१) वल्लज़ीन हुम् लिअमानाति-हिम् व अह्दिहिम् राअून ला (३२) वल्लज़ीन हुम् बि-शहादाति-हिम् क़ाअिमून ला (३३) वल्लज़ीन हुम् अला सलातिहिम् युहाफ़िज़ून त (३४) अुला अिक फ़ी जन्नातिम् - मुक्रमून त (३५) ★ फ़मालिल्लज़ीन कफ़रू क़िबलक मुह्तिअीन ला (३६) अनिल्-यमीनि व अनिश्शिमालि अिज़ीन (३७) अयत्मअु कुल्लुम्रिअिम् - मिन्हुम् अैंयुद्ख़ल जन्नत नअीमिन् ला (३८) कल्ला त अिन्ना ख़लक़्नाहुम् मिम्मा यअ्लमून (३९) फ़ला अुक़्सिमु बिरब्बिल् - मशारिक़ि वल्मग़ारिबि अिन्ना लक़ादिरून ला (४०) अला अन् नुबद्दिल ख़ैरम् - मिन्हुम् ला व मा नह्नु बिमस्बूक़ीन (४१) फ़ज़र्हुम् यख़ूज़ू व यल्अबू हत्ता युलाक़ू यौमहुमुल्लज़ी यूअदून ला (४२) यौम यख़्रुजून मिनल् - अज्दासि सिराअन् कअन्नहुम् अिला नुसुबिं - यूफ़िज़ून ला (४३) ख़ाशिअतन् अब्सारुहुम् तर्हक़ुहुम् ज़िल्लतुन् त जालिकल् - यौमुल्लज़ी कानू यूअदून (४४) ★

تبٰرك الذی ۲۹ ۴۵۸ نوح ۷۱
إِنَّ عَذَابَ رَبِّهِمْ غَيْرُ مَأْمُونٍ ۝ وَالَّذِينَ هُمْ لِفُرُوجِهِمْ حَافِظُونَ ۝
إِلَّا عَلَىٰ أَزْوَاجِهِمْ أَوْ مَا مَلَكَتْ أَيْمَانُهُمْ فَإِنَّهُمْ غَيْرُ مَلُومِينَ ۝
فَمَنِ ابْتَغَىٰ وَرَاءَ ذَٰلِكَ فَأُولَٰئِكَ هُمُ الْعَادُونَ ۝ وَالَّذِينَ هُمْ
لِأَمَانَاتِهِمْ وَعَهْدِهِمْ رَاعُونَ ۝ وَالَّذِينَ هُم بِشَهَادَاتِهِمْ قَائِمُونَ ۝
وَالَّذِينَ هُمْ عَلَىٰ صَلَاتِهِمْ يُحَافِظُونَ ۝ أُولَٰئِكَ فِي جَنَّاتٍ
مُّكْرَمُونَ ۝ فَمَالِ الَّذِينَ كَفَرُوا قِبَلَكَ مُهْطِعِينَ ۝ عَنِ الْيَمِينِ
وَعَنِ الشِّمَالِ عِزِينَ ۝ أَيَطْمَعُ كُلُّ امْرِئٍ مِّنْهُمْ أَن يُدْخَلَ جَنَّةَ
نَعِيمٍ ۝ كَلَّا ۖ إِنَّا خَلَقْنَاهُم مِّمَّا يَعْلَمُونَ ۝ فَلَا أُقْسِمُ بِرَبِّ
الْمَشَارِقِ وَالْمَغَارِبِ إِنَّا لَقَادِرُونَ ۝ عَلَىٰ أَن نُّبَدِّلَ خَيْرًا مِّنْهُمْ
وَمَا نَحْنُ بِمَسْبُوقِينَ ۝ فَذَرْهُمْ يَخُوضُوا وَيَلْعَبُوا حَتَّىٰ يُلَاقُوا
يَوْمَهُمُ الَّذِي يُوعَدُونَ ۝ يَوْمَ يَخْرُجُونَ مِنَ الْأَجْدَاثِ سِرَاعًا
كَأَنَّهُمْ إِلَىٰ نُصُبٍ يُوفِضُونَ ۝ خَاشِعَةً أَبْصَارُهُمْ تَرْهَقُهُمْ
ذِلَّةٌ ۚ ذَٰلِكَ الْيَوْمُ الَّذِي كَانُوا يُوعَدُونَ ۝
سُورَةُ نُوحٍ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ ثَمَانٍ وَعِشْرُونَ آيَةً وَفِيهَا رُكُوعَانِ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
إِنَّا أَرْسَلْنَا نُوحًا إِلَىٰ قَوْمِهِ أَنْ أَنذِرْ قَوْمَكَ مِن قَبْلِ أَن
يَأْتِيَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ ۝ قَالَ يَا قَوْمِ إِنِّي لَكُمْ نَذِيرٌ مُّبِينٌ ۝ أَنِ

★ रु. १ / ७ आ ३५

★ रु. ८ / २ आ ६

✪ ७१ सूरतु नूहिन् ७१ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ६७४ हुरूफ़, २३१ शब्द, २८ आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

अिन्ना अर्सल्ना नूहन् अिला क़ौमिह अन् अन्ज़िर् क़ौमक मिन् क़ब्लि अैंयअ्तियहुम् अज़ाबुन् अलीमुन् (१) क़ाल या क़ौमि अिन्नी लकुम् नज़ीरुम् - मुबीनुन् ला (२)

बेशक ऐसे (नमाज़ वालों) को अपने परवरदिगार की सज़ा से निडर न होना चाहिए। (२८) और जो अपनी शहवत की जगह (बिषयेन्द्रिय) को क़ाबू रखते हैं, (२९) सिवाय अपनी जोरुओं और क़ैद के माल§ (यानी बाँदियों) के कि (उनके पास जाने में) उन्हें कोई गुनाह नहीं। (३०) फिर जो लोग इसके अलावा और की ख़्वाहिश करते हैं तो वह ज़ियादती करने वाले हैं। (३१) और जो लोग अपनी अमानत और अपने अ़हद (प्रतिज्ञाओं) को निबाहते हैं,† (३२) और जो लोग अपनी गवाहियों पर (निडर होकर सच्चाई के साथ) क़ायम हैं, (३३) और जो लोग अपनी नमाज़ की ख़बर रखते हैं, (३४) तो यही लोग इज़्ज़त के साथ (जन्नत के) बागों में होंगे। (३५) ★ रु. १—७ आ ३५

तो (ऐ मुहम्मद !) इन काफ़िरों को क्या हो गया जो तेरी ओर दौड़ते चले आते हैं ? (३६) दाहिने से और बायें से गरोह के गरोह होकर (जमा हो रहे हैं,) (३७) क्या हर शख़्स इनमें से यह लालसा रखता है कि निअ़मत के बाग़ में दाख़िल कर लिया जाय ? (३८) हर्गिज नहीं, हमने उन्हें जिस चीज़ से पैदा किया है वह (उसे ख़ूब) जानते हैं।छ (३९) तो मैं पूरबों और पश्चिमों♦ के परवरदिगार की क़सम खाता हूँ कि हम सामर्थ रखते हैं (४०) इस बात पर कि उनसे अच्छे दूसरे लोगों को उनकी जगह बदलकर ला बसायें, और (हमारे इन्तज़ाम में हमसे भाग कर) कोई हमको थका नहीं सकता। (४१) सो (ऐ पैग़म्बर !) तू उन्हें (उनके हाल पर) छोड़ दे कि बातें बनावें और खेलें यहाँ तक कि उस (अ़ज़ाब के) दिन से (इनका) सामना हो जिसका उनसे वादा दिया गया है, (४२) जिस दिन क़ब्रों से दौड़ते निकलेंगे जैसे किसी निशाने पर दौड़े जाते हैं। (४३) (और उनकी हालत होगी कि) निगाह नीची किये होंगे और ज़िल्लत (चेहरों पर) छायी होगी। यही वह (अ़ज़ाब के वादे का) दिन है जिसका इन (काफ़िरों) से वादा है। (४४) ★ रु. ८—२८ आ ९

✪ ७१ सूरः नूह़ ७१ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ९७४ अक्षर, २३१ शब्द, २८ आयतें और २ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हमने नूह़ को उसकी क़ौम की तरफ़ भेजा कि दुखदाई सज़ा पहुँचने से पहिले अपनी क़ौम को आगाह (सचेत) कर दे। (१) (नूह़ अ़० ने उनसे) कहा ऐ मेरी क़ौम ! मैं तुमको खुले तौर पर सचेत करने आया हूँ, (२)

§ देखिये सूरः निसा आयत २५ पृष्ठ १५१। † दुनिया में जो कुछ हमें मिला है उसके हम मालिक नहीं, सिर्फ़ वह हमारे पास अमानत (धरोहर) है और अल्लाह के बताये रास्ते में ही उसका इस्तेमाल या ख़र्च करना वाजिब है। छ ये जानते हैं कि तुच्छ मिट्टी के पुतले हैं फिर भी घमण्ड में इतराते-अँकड़ते हैं; और मेरी क़ुदरत और सामर्थ्य से इन्कार करते हैं। ये जन्नत के अधिकारी कहाँ ? ♦ यानी उदय-अस्त के तमाम स्थानों —सारे जगत का सिरजनहार व पालनहार अल्लाह।

❀ यह सूरः शुरू की मक्की सूरों में है जिसमें हज़रत नूह़ अ़० व उनकी क़ौम के दृष्टांत से, अरब के सरकशी पर उतर आये काफ़िरों को अल्लाह के अ़ज़ाब से सचेत किया गया है और समझाया गया है कि तौबः करने पर अल्लाह बड़े से बड़े गुनाहों को बख़श देता और अपनी रहमतें अता करता है। ह० नूह़ अ़० के बयान के लिए देखिये सूरः हूद पृष्ठ ३७७-३८३।

अनिऽ़बुदुल्लाह वत्तक़ूहु व अतीऊनि ला (३) यग़्फ़िर् लकुम् मिन् जुनूबिकुम् व युअख़्ख़िर् कुम् अिला अजलिम् - मुसम्मन् त अिन्न अजलल्लाहि अिजा जा'अ ला युअख़्ख़रु म ● लौ कुन्तुम् तऽ़लमून (४) क़ाल रब्बि अिन्नी दऔतु क़ौमी लैलौंव नहारन् ला (५) फ़लम् यज़िद्हुम् दुआ'ओ अिल्ला फ़िरारन् (६) व अिन्नी कुल्लमा दऔतुहुम् लितग़्फ़िर लहुम् जअलू असाबिअहुम् फ़ी आजानिहिम् वस्तग़्शौ सियाबहुम् व असरू वस्तक्बरुस् - तिक्बारन् ज (७) सुम्म अिन्नी दऔतुहुम् जिहारन् ला (८) सुम्म अिन्नी अऽ़लन्तु लहुम् व असरर्तु लहुम् अिस्रारन् ला (९) फ़क़ुल्तुस् - तग़्फ़िरू रब्बकुम् त अिन्नहु कान ग़फ़्फ़ारन् ला (१०) य'युर्सिलिस्समा अ अलैकुम् मिद्रारन् ला (११) व'व युम्दिद्कुम् बिअम्वालिव्व बनीन व यज्अल् लकुम् जन्नातिव्व यज्अल् लकुम् अन्हारन् त (१२) मा लकुम् ला तर्जून लिल्लाहि वक़ारन् ज (१३) व क़द् ख़लक़कुम् अत्वारन् (१४) अलम् तरौ कैफ़ ख़लक़ल्लाहु सब्अ समावातिन् तिबाक़न् ला (१५) व'व जअलल् - क़मर फ़ीहिन्न नूरौंव्व जअलश्शम्स सिराजन् (१६) वल्लाहु अम्बतकुम् मिनल्अर्ज़ि नबातन् ला (१७) सुम्म युअीदुकुम् फ़ीहा व युख़्रिजुकुम् अिख़्राजन् (१८) वल्लाहु जअल लकुमुल्अर्ज़ बिसातन् ला (१९) ल्'लितस्लुकू मिन्हा सुबुलन् फ़िजाजन् (२०) ★ क़ाल नूहुर्रब्बि अिन्नहुम् असौनी वत्तबअू मल्लम् यज़िद्हु मा लुहु व वलदुहु अिल्ला ख़सारन् ज (२१) व मकरू मक्रन् कुब्बारन् ज (२२) व क़ालू ला तजरुन्न आलिहतकुम् व ला तजरुन्न वद्दौंव ला सुवाअन् ऽ ला व'व ला यग़ूस व यअूक़ व नस्रन् ज (२३) व क़द् अज़ल्लू कसीरन् ऽ ज व ला तज़िदिज्जालिमीन अिल्ला ज़लालन् (२४)

कि अल्लाह की (ही) अ़िबादत करो और उससे डरते रहो और मेरा कहा मानो, (३) कि वह तुम्हारे अपराध क्षमा करे और (तुम्हारी मौत के) नियत समय तक तुमको (दुनिया में अपने को सवाँरने की) मुहलत दे। जब अल्लाह का नियत किया हुआ वक़्त आ पहुँचेगा तो वह टल नहीं सकेगा। ● काश तुम (इतनी बात) समझते होते। (४) (नूह अ० ने) कहा ऐ परवरदिगार! मैंने अपनी जाति को रात दिन (तेरी हिदायत की ओर) बुलाया। (५) फिर (वे लोग) मेरे बुलाने से और ज़्यादा भागते ही रहे। (६) और जब मैंने उनको पुकारा कि (वे तौबः करें और) तू उन्हें क्षमा करे तो उन्होंने अपने कानों में उँगलियाँ दे लीं और कपड़े ओढ़ लिए+ और (ज़िद्द पर) अड़े रहे और घमण्ड ही घमण्ड में अकड़े रहे।(७) फिर मैंने उनको खुलकर (बारबार) बुलाया। (८) फिर मैंने उनको ज़ाहिरा (सरे आम) समझाया और चुपके-चुपके (अलग-अलग) भी समझाया।§ (९) फिर मैंने कहा कि अपने परवरदिगार से पापों की क्षमा माँगो। बेशक वह बड़ा बख़्शनेवाला है। (१०) (वह ज़रूर तुम्हारी तौबः क़बूल कर लेगा और) आसमान से तुम पर लगातार मेंह बरसायेगा, (११) और धन और संतान (की बढ़ती) से तुम्हारी मदद करेगा और तुम्हारे लिए बाग़ बनायेगा और तुम्हारे लिए नहरें जारी करेगा। (१२) सो तुम्हें क्या हो गया है कि तुम अल्लाह की महत्ता पर भरोसा नहीं करते? (१३) और उसने तुमको तरह-तरह से बनाया (और सम्पन्न किया।) (१४) क्या तुमने नहीं देखा कि अल्लाह ने कैसे तले-ऊपर सात आसमान बनाये, (१५) और उनके बीच चन्द्रमा को उजेले के लिए और सूर्य को चिराग़ बनाया। (१६) और अल्लाह ने तुम्हें ज़मीन से एक ख़ास क़िस्म से उगाया, (१७) फिर तुम्हें ज़मीन में मिला देगा और फिर (उसी से क़ियामत के दिन) तुमको निकाल खड़ा करेगा। (१८) और अल्लाह ने तुम्हारे लिए ज़मीन को बिछौना बनाया है, (१९) ताकि उसमें खुले रास्तों से चलो। (२०) ★

नूह ने कहा कि ऐ मेरे परवरदिगार! यह मेरे कहे पर नहीं चले और ऐसों के कहे पर चले हैं जिनको उनके धन और उनकी सन्तान ने ज़्यादा घाटे में डाल रखा है।* (२१) और उन्होंने (मेरे साथ) बड़े बड़े फ़रेब किये। (२२) और बोले कि (इस शख़्स यानी नूह अ० के कहे में आकर हरगिज़) अपने माबूदों (पूजितों) को न छोड़ना और न वद्द† को और न सुवाअ़†, को और न यग़ूस† को और न यअ़ूक़† को और न नस्र† को (पूजना छोड़ो।) (२३) और (ऐ परवरदिगार! ये लोग यूँहीं) बहुतेरों को गुमराह कर चुके हैं। और (इस लिए) ऐसा कर कि (इन ला-इलाज) ज़ालिमों में गुमराही ही बढ़ती जावे।(२४)

ला ज़िम ● रुकूअ़ १ आ २०

+ तेरी हिदायत व नसीहत न सुनी न उधर नज़र की। § नूह अ० अपनी क़ौम को साढ़े नौ साल तक अल्लाह की राह पर बुलाते रहे, सरे आम भी और अलग-अलग भी। इस पर भी जब वे राह पर न आये तब निराश होकर दुआ की। * बजाय मेरी नसीहत सुनने के ऐसे अपने सरदारों की बात पर चलते हैं जिनके माल और औलाद ने उन्हें मदहोश कर रखा है। † यह नूह अ० के ज़माने के बुतों के नाम हैं। वही बुत फिर अरब में आये और इन नामों से मशहूर हुये।

[पिज ६५१ से] ❋ ह० मुहम्मद स० खजूर के एक बाग़ में क़ुर्आन पढ़ रहे थे कि कई जिन्न वहाँ आये और ईमान लाये और अपनी जाति वालों से जा कर इसकी चर्चा की। देखिये सूरः अह़क़ाफ़ आयत २९ से ३२ पारा २६ व फ़ुटनोट ७ पृ० ८३७। [पिज ६५१ से] ۞ नहीं, न सिवाय अल्लाह के, इन गढ़े बेटा बेटी की अ़िबादत उचित है। [पिज ६५१ से] ❋ और हममें के कुछ जाहिल इन्सान इन्कार करते और अल्लाह की शान में अपनी ओर से तरह-तरह की बातें गढ़ते हैं। [पिज ६५१ से] ♦ अल्लाह के नाम पर तरह-तरह की टोह लिया करते या आकाशी अटकलें लगाया करते थे। लेकिन अब क़ुर्आन जैसे सत्य के प्रकट हो जाने के बाद हमें मनमाना टटोलने या गढ़ने पर नरक की आग से ही सामना होगा।

मिम्मा ख़त्ती आतिहिम् अुग़्रिक़ू फ़अुद्ख़िलू नारन् ० ला फ़लम् यजिदू लहुम् मिन् दूनिल्लाहि अन्सारन् (२५) व क़ाल नूहुर्रब्बि ला तज़र् अलल्अर्ज़ि मिनल् - काफ़िरीन दैयारन् (२६) अिन्नक अिन् तज़र्हुम् युज़िल्लू अिबादक व ला यलिदू अिल्ला फ़ाजिरन् कफ़्फ़ारन् (२७) रब्बिग़्फ़िर्ली व लिवालिदैय व लिमन् दख़ल बैतिय मुअ्मिनौंव लिल्-मुअ्मिनीन वल्मुअ्मिनाति त़ व ला तज़िदिज्ज़ालिमीन अिल्ला तबारन् (२८) ★●

تبٰرك الذی ۲۹ ۴۶۰ الجن ۷۲
فَاَدْخِلُوْا نَارًا ۙ فَلَمْ يَجِدُوْا لَهُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَنْصَارًا ۝ وَقَالَ
نُوْحٌ رَّبِّ لَا تَذَرْ عَلَى الْاَرْضِ مِنَ الْكٰفِرِيْنَ دَيَّارًا ۝ اِنَّكَ
اِنْ تَذَرْهُمْ يُضِلُّوْا عِبَادَكَ وَلَا يَلِدُوْٓا اِلَّا فَاجِرًا كَفَّارًا ۝ رَبِّ
اغْفِرْ لِيْ وَلِوَالِدَيَّ وَلِمَنْ دَخَلَ بَيْتِيَ مُؤْمِنًا وَّلِلْمُؤْمِنِيْنَ
وَالْمُؤْمِنٰتِ ۭ وَلَا تَزِدِ الظّٰلِمِيْنَ اِلَّا تَبَارًا ۝
سُوْرَةُ الْجِنِّ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ ثَمَانٍ وَّعِشْرُوْنَ اٰيَةً وَّاِحْدٰى عَشْرَةَ رُكُوْعًا
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
قُلْ اُوْحِيَ اِلَيَّ اَنَّهُ اسْتَمَعَ نَفَرٌ مِّنَ الْجِنِّ فَقَالُوْٓا اِنَّا سَمِعْنَا قُرْاٰنًا
عَجَبًا ۝ يَّهْدِيْٓ اِلَى الرُّشْدِ فَاٰمَنَّا بِهٖ ۭ وَلَنْ نُّشْرِكَ بِرَبِّنَآ اَحَدًا ۝ وَّ
اَنَّهٗ تَعٰلٰى جَدُّ رَبِّنَا مَا اتَّخَذَ صَاحِبَةً وَّلَا وَلَدًا ۝ وَّاَنَّهٗ كَانَ يَقُوْلُ
سَفِيْهُنَا عَلَى اللّٰهِ شَطَطًا ۝ وَّاَنَّا ظَنَنَّآ اَنْ لَّنْ تَقُوْلَ الْاِنْسُ وَالْجِنُّ
عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا ۝ وَّاَنَّهٗ كَانَ رِجَالٌ مِّنَ الْاِنْسِ يَعُوْذُوْنَ بِرِجَالٍ
مِّنَ الْجِنِّ فَزَادُوْهُمْ رَهَقًا ۝ وَّاَنَّهُمْ ظَنُّوْا كَمَا ظَنَنْتُمْ اَنْ لَّنْ
يَّبْعَثَ اللّٰهُ اَحَدًا ۝ وَّاَنَّا لَمَسْنَا السَّمَآءَ فَوَجَدْنٰهَا مُلِئَتْ حَرَسًا
شَدِيْدًا وَّشُهُبًا ۝ وَّاَنَّا كُنَّا نَقْعُدُ مِنْهَا مَقَاعِدَ لِلسَّمْعِ ۭ فَمَنْ يَّسْتَمِعِ
الْاٰنَ يَجِدْ لَهٗ شِهَابًا رَّصَدًا ۝ وَّاَنَّا لَا نَدْرِيْٓ اَشَرٌّ اُرِيْدَ بِمَنْ
فِي الْاَرْضِ اَمْ اَرَادَ بِهِمْ رَبُّهُمْ رَشَدًا ۝ وَّاَنَّا مِنَّا الصّٰلِحُوْنَ وَمِنَّا

सूरतुल्-जिन्नि ७२

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि •

क़ुल् अूहिय अिलैय अन्नहुस्तमअ नफ़रुम्-मिनल् - जिन्नि फ़क़ालू अिन्ना समिअ्ना क़ुर्आनन् अजबन् ला (१) य'यह्दी अिलर्रुश्दि फ़आमन्ना बिहि त़ व लन् नुश्रिक बिरब्बिना अह़दन् ला (२) व'अन्नहू तआला जद्दु रब्बिना मत्तख़ज साहिबतौंव ला वलदन् ला (३) व'अन्नहू कान यक़ूलु सफ़ीहुना अलल्लाहि शत़त़न् ला (४) व'अन्ना जनन्ना अल्लन् तक़ूलल्-अिन्सु वल्जिन्नु अलल्लाहि कजिबन् ला (५) व'अन्नहू कान रिजालुम्-मिनल्-अिन्सि यअूजूनू बिरिजालिम्-मिनल्-जिन्नि फ़ज़ादू हुम् रहक़न् ला (६) व'अन्नहुम् जन्नू कमा जनन्तुम् अल्लैं-यब्असल्लाहु अह़दन् ला (७) व'अन्ना लमस्नस्समा अ फ़वजद्नाहा मुलिअत् हरसन् शदीदौंव शुहुबन् ला (८) व'अन्ना कुन्ना नक़्अुदु मिन्हा मक़ाअिद लिस्समअि त़ फ़मैं-यस्तमिअिल्-आन यजिद् लहू शिहाबर्-रसदन् ला (९) व'अन्ना ला नद्री अशर्रुन् अुरीद बिमन् फ़िल्अर्ज़ अम् अराद बिहिम् रब्बुहुम् रशदन् ला (१०) व'अन्ना मिन्नस्सालिहून व मिन्ना दून जालिक त़ कुन्ना तरा अिक़ क़िददन् ला (११)

सो यह अपने ही पापों के कारण (तबाही में) डुबाये गये, फिर (नरक की) आग में डाल दिये गए। (और) फिर उन्होंने अल्लाह के मुक़ाबिले में किसी को अपना मददगार न पाया। (२५) और नूह ने कहा ऐ परवरदिगार! दुनिया में काफ़िरों का कोई घर (तबाह करने से बाक़ी) न छोड़; (२६) अगर तू उन्हें रहने देगा तो ये तेरे बन्दों को गुमराह करेंगे और इनसे जो सन्तान चलेगी वह भी सरकश और काफ़िर ही होगी। (२७) ऐ परवरदिगार! मुझको और मेरे मा बाप को और जो भी ईमान लाकर मेरे घर में आये उनको और सारे ईमानवाले मर्दों और ईमानवाली औरतों को क्षमा कर। और इन ज़ालिमों (अन्यायियों) की तबाही बढ़ती ही जावे। (२८) ★ ●

रु. २।१० आ ८ नि. २।१

✪ ७२ सूरतुल्-जिन्न ४० ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ११२६ अक्षर, २८७ शब्द, २८ आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर! लोगों से) कह दो कि मुझको (अल्लाह की ओर से) हुक्म आया है कि जिन्नों की एक जमात† (क़ुर्आन) सुन गई है और (सुनकर) उन्होंने कहा हमने एक अजीब क़ुर्आन सुना है। (१) जो भली राह सुझाता है और हम उस पर ईमान लाये। और हम हरगिज़ किसी को अपने परवरदिगार का शरीक न ठहरायेंगे। (२) और यह कि हमारे परवरदिगार की शान बहुत ऊँची है उसने न किसी को (अपनी) जोरू बनाया और न किसी को संतान‡ (३) और यह कि हममें कुछ मूर्ख हैं जो अल्लाह (के नाम) पर बढ़-बढ़कर बातें बनाते हैं।× (४) और यह कि हम ख़्याल करते थे कि इन्सान और जिन्न कोई अल्लाह पर झूठ नहीं बोलेंगे। (५) और यह कि आदमियों में कुछ लोग ऐसे हैं जो जिन्नों में से कुछ लोगों की शरण लेते हैं और उन्होंने उन (जिन्नों) की सरकशी को और भी बढ़ा दिया। (६) और यह कि वह (इन्सान भी) ख़्याल करते थे जैसा कि तुम (जिन्न लोग) ख़्याल करते थे कि अल्लाह कभी किसी को पैग़म्बर बनाकर नहीं भेजता। (७) और यह कि हमने आसमान को टटोला तो उसको सख़्त चौकीदारों और अंगारों से भरा पाया। (८) और यह कि हम वहाँ (आसमानों में पहले) बैठने की जगहों में बैठकर सुना करते थे। फिर अब जो कोई सुनना चाहे अपने लिए आग का अंगारा तैयार पायेगा।छ (९) और यह कि हम नहीं जानते कि (इस इन्तज़ाम से) ज़मीन के रहनेवालों को कुछ नुक़सान पहुँचाना मंज़ूर है या उनके परवरदिगार ने उनके हक़ में भलाई करना विचारा है। (१०) और यह कि हम में कोई-कोई नेक हैं और कोई-कोई और तरह के हैं। हमारे जुदे-जुदे फ़िर्क़े होते आये हैं। (११)

---

* यह सूरः हिजरत से दो साल पहले नाज़िल (अवतरित) हुई। घटना यूँ है कि जब मक्का के क़ुरैशों को राह रास्त पर लाने में रसूल स० नाउम्मीद हुये तो वे ताएफ़ के प्रतिष्ठित लोगों को अल्लाह का पैग़ाम सुनाने गये। वहाँ उनकी व उनके साथ गये चन्द ईमानवालों का बड़ा अपमान हुआ। यहाँ तक कि रसूल स० के क़त्ल की भी बन्दिश बँधी। यहाँ से हताश और दुखी रसूल स० जब मक्का वापस आये तो अल्लाह की 'वही' उतरी कि भले इन जाहिल इंसानों ने तेरी न सुनी लेकिन चन्द ग़ैबी हस्तियाँ जिन्नात तुम से क़ुर्आन सुन गये हैं और ईमान लाये हैं। और हुआ भी ऐसा ही कि दो ही महीने बाद मदीना से कुछ अजनबी आये और रसूल स० से छिप कर मिले। यही हिजरत व उसके बाद, इस्लाम के आलम में फैलने की बुनियाद है। सूरः में उन्हीं जिन्नों के ईमान लाने व नसीहत लेने की चरचा है।

† कहा जाता है कि एक बार [पेज ६४६ पर] ‡ अल्लाह के कोई बेटा बेटी, स्त्री [पेज ६४६ पर]

× यानी जिन्न तो सुनकर ईमान लाते हैं [पेज ६४६ पर] छ यानी पहले हम भले ही [पेज ६४६ पर]

व'व अन्ना जनन्ना अल्लन् नुऽजिज़ल्लाह फ़िल्अर्ज़ि व लन् नुऽजिज़हु हरबन् ला (१२) व'व अन्ना लम्मा समिऽनल् - हुदा आमन्ना बिहॅ त् फ़मैंयुअ्मिम् - बिरब्बिहॅ फ़ला यख़ाफ़ु बख़्सौंव ला रहक़न् ला (१३) व'व अन्ना मिन्नल्- मुस्लिमून व मिन्नल् - क़ासितून त् फ़मन् अस्लम फ़अुला'अिक तहूर्रौ रशदन् (१४) व अम्मल् - क़ासितून फ़कानू लिजहन्नम हूतबन् ला (१५) व'व अल्लविस्तक़ामू अलत्तरीक़वि लअस्क़ैनाहुम् मा'अन् ग़दक़न् ला (१६) ल्'लिनफ़्तिनहुम् फ़ीहि त् व मैंयुऽरिज़् अन् जिक्रि रब्बिहॅ यस्लुकूहु अ्जाबन् सअ्दन् ला (१७) व'व अन्नल् - मसाजिद लिल्लाहि फ़ला तद्अू मअ्ल्लाहि अहूदन् ला (१८) व'व अन्नहु लम्मा क़ाम अ्ब्दुल्लाहि यद्अूहु कादू यकूनून अ्लैहि लिबदन् त् (१९) ★ क़ुल् अिन्नमा अद्अू रब्बी व ला अुश्रिकु बिहॅ अहूदन् (२०) क़ुल् अिन्नी ला अम्लिकु लकुम् ज़र्रौंव ला रशदन् (२१) क़ुल् अिन्नी लैंयुजीरनी मिनल्लाहि अहूदुन् ۵ ला व'व लन् अजिद मिन् दूनिहॅ मुल्तहूदन् ला (२२) अिल्ला बलाग़म् - मिनल्लाहि व रिसालातिहॅ त् व मैंयऽसिल्लाह व रसूलहु फ़अिन्न लहु नार जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा अबदन् त् (२३) हत्ता अिजा रऔ मा यूअ्दून फ़सयऽलमून मन् अज़्अ्फ़ु नासिरौंव अक़ल्लु अ्ददन् (२४) क़ुल् अिन् अद्री अक़रीबुम् - मा तूअ्दून अम् यज्अ्लु लहु रब्बी अमदन् (२५) आलिमुल् - ग़ैबि फ़ला युज़्हिरु अला ग़ैबिहॅ अहूदन् ला (२६) अिल्ला मनिर्तज़ा मिर्रसूलिन् फ़अिन्नहु यस्लुकु मिम्बैनि यदैहि व मिन् ख़ल्फ़िहॅ रसदन् ला (२७) ल्'लियऽलम अन् क़द् अब्लग़ू रिसालाति रब्बिहिम् व अहात बिमा लदैहिम् व अह्सा कुल्ल शैअिन् अ्ददन् (२८) ★

تَبٰرَكَ الَّذِیْ ۲۹ ۴۶۱ الجن ۷۲
دُوْنَ ذٰلِكَ ۫ كُنَّا طَرَآىِٕقَ قِدَدًا ۝ وَّ اَنَّا ظَنَنَّاۤ اَنْ لَّنْ نُّعْجِزَ اللّٰهَ فِی
الْاَرْضِ وَ لَنْ نُّعْجِزَهٗ هَرَبًا ۝ وَّ اَنَّا لَمَّا سَمِعْنَا الْهُدٰۤی اٰمَنَّا بِهٖ ؕ فَمَنْ یُّؤْمِنْ
بِرَبِّهٖ فَلَا یَخَافُ بَخْسًا وَّ لَا رَهَقًا ۝ وَّ اَنَّا مِنَّا الْمُسْلِمُوْنَ وَ مِنَّا
الْقٰسِطُوْنَ ؕ فَمَنْ اَسْلَمَ فَاُولٰٓىِٕكَ تَحَرَّوْا رَشَدًا ۝ وَ اَمَّا الْقٰسِطُوْنَ
فَكَانُوْا لِجَهَنَّمَ حَطَبًا ۝ وَّ اَنْ لَّوِ اسْتَقَامُوْا عَلَی الطَّرِیْقَةِ لَاَسْقَیْنٰهُمْ
مَّآءً غَدَقًا ۝ لِّنَفْتِنَهُمْ فِیْهِ ؕ وَ مَنْ یُّعْرِضْ عَنْ ذِكْرِ رَبِّهٖ یَسْلُكْهُ
عَذَابًا صَعَدًا ۝ وَ اَنَّ الْمَسٰجِدَ لِلّٰهِ فَلَا تَدْعُوْا مَعَ اللّٰهِ اَحَدًا ۝ وَّ اَنَّهٗ
لَمَّا قَامَ عَبْدُ اللّٰهِ یَدْعُوْهُ كَادُوْا یَكُوْنُوْنَ عَلَیْهِ لِبَدًا ۝ قُلْ اِنَّمَاۤ
اَدْعُوْا رَبِّیْ وَ لَاۤ اُشْرِكُ بِهٖۤ اَحَدًا ۝ قُلْ اِنِّیْ لَاۤ اَمْلِكُ لَكُمْ ضَرًّا وَّ لَا
رَشَدًا ۝ قُلْ اِنِّیْ لَنْ یُّجِیْرَنِیْ مِنَ اللّٰهِ اَحَدٌ ۙ وَّ لَنْ اَجِدَ مِنْ
دُوْنِهٖ مُلْتَحَدًا ۝ اِلَّا بَلٰغًا مِّنَ اللّٰهِ وَ رِسٰلٰتِهٖ ؕ وَ مَنْ یَّعْصِ اللّٰهَ
وَ رَسُوْلَهٗ فَاِنَّ لَهٗ نَارَ جَهَنَّمَ خٰلِدِیْنَ فِیْهَاۤ اَبَدًا ۝ حَتّٰۤی اِذَا رَاَوْا مَا
یُوْعَدُوْنَ فَسَیَعْلَمُوْنَ مَنْ اَضْعَفُ نَاصِرًا وَّ اَقَلُّ عَدَدًا ۝ قُلْ اِنْ
اَدْرِیْۤ اَقَرِیْبٌ مَّا تُوْعَدُوْنَ اَمْ یَجْعَلُ لَهٗ رَبِّیْۤ اَمَدًا ۝ عٰلِمُ الْغَیْبِ
فَلَا یُظْهِرُ عَلٰی غَیْبِهٖۤ اَحَدًا ۝ اِلَّا مَنِ ارْتَضٰی مِنْ رَّسُوْلٍ فَاِنَّهٗ
یَسْلُكُ مِنْۢ بَیْنِ یَدَیْهِ وَ مِنْ خَلْفِهٖ رَصَدًا ۝ لِّیَعْلَمَ اَنْ قَدْ اَبْلَغُوْا
رِسٰلٰتِ رَبِّهِمْ وَ اَحَاطَ بِمَا لَدَیْهِمْ وَ اَحْصٰی كُلَّ شَیْءٍ عَدَدًا ۝
نزلت

और यह कि हमने समझ लिया कि न तो ज़मीन में (रहकर) अल्लाह को हरा सकते हैं और न (कहीं और) भागकर उसको थका सकते हैं।(१२) और यह कि हमने जब राह की बात सुनी तो हम उसको मान गये। फिर जो मनुष्य अपने परवरदिगार पर ईमान लायेगा उसको न किसी नुक़सान का भय होगा न अत्याचार (ज़ुल्म) का।† (१३) और यह कि हममें कोई आज्ञाकारी हैं और कोई अवज्ञाकारी (नाफ़रमान) हैं। सो जो कोई हुक्म में आये उन्होंने सीधी राह पा ली। (१४) और जिन्होंने मुँह मोड़ा वह दोज़ख़ का ईंधन बन गये। (१५) और यह कि अगर यह (काफ़िर) लोग सीधी राह पर रहते तो हम उन्हें भरपूर पानी पिलाते, × (१६) ताकि (उनको ख़ुशहाली देकर) उसमें जाँचें और जो कोई (नाशुक्रा (हुआ और) अपने परवरदिगार की याद से फिर गया तो वह उसको सख़्त अज़ाब में दाख़िल करेगा। (१७) और यह कि मसजिदें सब अल्लाह की हैं तो अल्लाह के साथ किसी (और) को न पुकारो। (१८) और यह कि जब अल्लाह का बन्दा (मुहम्मद स०) खड़ा होकर उसको (यानी अल्लाह को) पुकारता है तो पास आकर ये उसको घेर लेते हैं♦। (१९) ★ रु० १/११ आ १६

(ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि मैं तो (बस) अपने परवरदिगार को पुकारता हूं और किसी को उसका शरीक नहीं ठहराता। (२०) (ऐ पैग़म्बर! इनको) कह दो कि तुम्हारा नुक़सान या (फ़ायदा यानी) राह पर लाना मेरे अधिकार में नहीं। (२१) (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि मुझे अल्लाह के हाथ से कोई न बचावेगा, और मैं उसके सिवाय कहीं शरण लेने की जगह नहीं पाऊँगा। (२२) मगर मेरा काम तो अल्लाह की ओर से पहुँचा देना और उसके पैग़ामों को (तुम तक पहुँचा) देना है। और जो कोई अल्लाह का और उसके पैग़म्बर का हुक्म न माने सो उसके लिए दोज़ख़ की आग है जिसमें वह हमेशा रहेंगे।(२३) जब वे उस (अज़ाब) को देख लेंगे जिसका उनसे वादा किया जाता है तो उस वक़्त जान लेंगे कि किसके मददगार कमज़ोर और गिनती में थोड़े हैं।‡ (२४) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि मैं नहीं जानता कि जिस चीज़ (यानी आख़िरत) का तुमसे वादा किया जाता है वह नज़दीक (ही होनेवाला) है या मेरा परवरदिगार उसके लिए कोई लम्बी मुद्दत ठहरायेगा। (२५) वही ग़ैब (अदृष्ट) का जाननेवाला है और अपने ग़ैब (के भेद) की ख़बर किसी को नहीं देता। (२६) मगर जिस को रसूल चुन लिया तो उसके आगे और पीछे (अल्लाह) निगेहबान (संरक्षक) चलाता है।(२७) ताकि वह (यानी अल्लाह) जान ले कि उन्होंने अपने रबके पैग़ाम पहुँचा दिये और (यूँ तो) उसने (यानी अल्लाह ने) उनके सब मामलों को हर प्रकार अपने अधिकार में कर रखा है और एक-एक चीज़ को गिन रखा है। (२८) ★ रु० २/१२ आ ६

† ईमानवाले को सिर्फ़ अल्लाह ही का भरोसा रहता है। उस अपार शक्तिवाले का पल्ला पकड़ने के बाद कैसा नुक़सान और कैसा डर! हर चीज़ को पूरा करनेवाला, हर चीज़ से रक्षा करनेवाला तो अल्लाह है। × यानी हर तरह से सम्पन्न और तृप्त रखते। ♦ काबा के मुशरिकों ने ह० मुहम्मद स० को एक अल्लाह की आवाज़ लगाने पर घेर लिया कि उन्हें तंग करें, उनका मज़ाक़ उड़ायें और सच्चे दीन से उनको डिगा दें। अल्लाह के नबियों के साथ काफ़िरों का हमेशा यही दस्तूर रहा है। ‡ मुशरिकों को अपने जत्थे की तादाद व ताक़त का घमण्ड था। सो अज़ाब का वादा आने पर मालूम हो जायगा कि वे शहज़ोर रहे या अकेला रसूल स० व चन्द उसके ईमानवाले साथी।

[पेज ६५५ से] ✻ उसके अज़ाब से सचेत करने की भारी ज़िम्मेदारी। [पेज ६५५ से] ♦ की हिदायत व नसीहत ध्यान में चढ़ाने के लिए रात की शान्ति ज़्यादः मुआफ़िक़ होती है। [पेज ६५५ से] ✿ हुए भी हर घड़ी अल्लाह की याद में लगे रहो। जो भी करो अल्लाह की राह में करो।

✪ ७३ सूरतुल् - मुज़्ज़म्मिलि ३ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ८६४ हुरूफ़, २०० शब्द, २० आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

या अैयुहल् - मुज़्ज़म्मिलु ला (१) क़ुमिल्लैल अिल्ला क़लीलन् ला (२) निस्फ़हू अविन्क़ुस् मिन्हु क़लीलन् ला (३) औ ज़िद् अलैहि व रत्तिलिल् - क़ुर्आन तर्तीलन् त (४) अिन्ना सनुल्क़ी अलैक क़ौलन् सक़ीलन् (५) अिन्न नाशिअतल्लैलि हिय अशद्दु वत्औंव अक़्वमु क़ीलन् त (६) अिन्न लक फ़िन्नहारि सब्हन् तवीलन् त (७) वज्कुरिस्म रब्बिक व तबत्तल् अिलैहि तब्तीलन् त (८) रब्बुल् - मश्रिक़ि वल्मग़्रिबि ला अिलाह अिल्ला हुव फ़त्तख़िज़्हु वकीलन् (९) वस्बिर् अला मा यक़ूलून वह्जुर्हुम् हज्रन् जमीलन् (१०) व जर्नी वल् - मुकज्जिबीन अुलिन्नअ़्मति व मह्हिल्हुम् क़लीलन् (११) अिन्न लदैना अन्कालौंव जहीमन् ला (१२) व'व तआमन् जाग़ुस्सत्तिव्व अजाबन् अलीमन् क़ (१३) यौम तर्जुफ़ुल्अर्ज़ु वल्जिबालु व कानतिल् - जिबालु कसीबम् - महीलन् (१४) अिन्ना अर्सल्ना अिलैकुम् रसूलन् ल ला शाहिदन् अलैकुम् कमा अर्सल्ना अिला फ़िर्औन रसूलन् त (१५) फ़अ़सा फ़िर्औनुर् - रसूल फ़अख़ज़्नाहु अख़्ज़ौवबीलन् नि' (१६) फ़कैफ़ तत्तक़ून अिन् कफ़र्तुम् यौमैं - यज्अलुल् - विल्दान शीब क़ सला (१७) अस्समा अु मुन्फ़तिरुम् - बिहत्ती त कान वअ़्दुहू मफ़अ़ूलन् (१८) अिन्न हाजिहत्ती तज्किरतुन् ज फ़मन् शा अत्तख़ज अिला रब्बिहत्ती सबीलन् (१९) ★

रु. १ - १३ आ १९

✪ ७३ सूरतुल् - मुज़्ज़म्मिलि ३ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ८६४ अक्षर, २०० शब्द, २० आयतें और २ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ चादर ओढ़े हुए (मुहम्मद !)† (१) रात को (नमाज़ के लिए) खड़े रहा करो ! मगर थोड़ी देर (छोड़कर,) (२) (यानी) आधी रात या उसमें थोड़ी कम कर लो, (३) या आधी से कुछ बढ़ा दिया करो‡ और क़ुर्आन को ठहर-ठहर कर पढ़ा करो×। (४) अब हम तेरे ऊपर भारी बात 🕮 डालेंगे। (५) बेशक रात (की शान्ति) में उठना (वासनाओं को) रोकने लायक़ और बात को दुरुस्त करने वाला है।◉ (६) बेशक दिन को तुझे बहुत काम रहते हैं। (७) और अपने परवरदिगार का नाम याद कर और सबको छोड़कर उसी की तरफ़ लग जा।+ (८) वही पूरब और पश्चिम का मालिक है उसके सिवाय कोई (दूसरा माबूद) पूज्य नहीं पस उसी को अपना काम संभालने वाला बना। (९) और वे (काफ़िर तुम्हें अपमानित करने के लिए) जो कुछ कहते हैं उस पर सब्र कर और ख़ूबसूरती के साथ उनसे किनारा कर लो। (१०) और मुझको और झुठलाने वालों को जो आराम में रह रहे हैं (निबटने के लिए) छोड़ दे और उन्हें थोड़ी मुहलत दे (ताकि उनकी सरकशी हद पार करे और वे अ़ज़ाब में दाख़िल हों)। (११) बेशक हमारे पास (उन मुन्किरों के लिए) बेड़ियाँ और आग का ढेर है, (१२) और खाना जो गले से न उतरे और दुखदाई अ़ज़ाब है। (१३) (और यह हालत उनकी होगी) जिस दिन ज़मीन और पहाड़ काँपने लगेंगे और पहाड़ भुरभुरे रेत के टीले हो जावेंगे। (१४) (और ऐ मक्का के लोगो !) जिस तरह हमने फ़िरऔन के पास (मूसा को) पैग़म्बर (बनाकर) भेजा था (उसी तरह हमने) तुम्हारी तरफ़ (मुहम्मद को) पैग़म्बर बनाकर भेजा है जो (आख़िरत के दिन) तुम्हारे कामों पर गवाही देगा। (१५) फिर फ़िरऔन ने पैग़म्बर (के हुक्म) से मुंह मोड़ा तो हमने उसको सख़्त सज़ा में धर पकड़ा। (१६) फिर अगर तुम (भी रसूल से) मुँह मोड़ोगे तो उस दिन (के अ़ज़ाब) से क्योंकर बचोगे जो (अपनी सख़्ती से) बच्चों को (समय से पहले ही) बूढ़ा कर देता है। (१७) उस दिन आसमान फट पड़ेगा और उस (अल्लाह) का वादा हो कर रहेगा। (१८) यह (क़ुर्आन) तो एक नसीहत है—तो जो चाहे अपने परवरदिगार (को पाने) की राह बना ले।(१९) ★

रु. १ — १३ आ १९

---

* सूरः की पहली आयत में 'अल् मुज़्ज़म्मिल्' (ढका हुआ) शब्द पर सूरः का नामकरन है। मक्का की शुरू की सूरों में से है। इसमें पैग़म्बर स० को रात-रात अल्लाह की प्रार्थना में लगे रहने का हुक्म हुआ है। रात को वातावरण शांत रहता है। मन विषय-वासनाओं में कम भटकता है और अल्लाह की ओर मन एकाग्र होता है। इशारा है कि शुरू में नबी स० पर जब हीरा की गुफ़ा में पहली बार 'वह्य' उतरी तब उनका बदन उसके असर से काँपने लगा। घर आकर अपनी बीवी से फ़रमाया 'मुझे कपड़ा उढ़ादो।' तो आप को कपड़ा उढ़ा दिया गया। इस सूरत में वही नाम लेकर पुकारा गया है कि 'ऐ मुज़्ज़म्मिल्' (कपड़ा ओढ़े हुये !) कुछ लोग 'कपड़ों में लिपटे हुये' से मतलब नमाज़ के समय कपड़ों से सजधज का [पेज १००८ पर]

† देखिये सूरः की भूमिका इसी पृष्ठ पर। ‡ रात को नमाज़ क़ायम करो लेकिन सारी रात नहीं, कुछ देर आराम भी कर लिया करो। मालूम हो कि शुरू में रात की नमाज़ ही फ़र्ज़ की गई थी। × तिलावत (पाठ) शुद्ध और समझते हुए होना चाहिये। 🕮 लोगों को अल्लाह की ख़ुशख़बरी देने व ❋[पेज ९५३ पर]

◉ मन को संयम में रखने और अल्लाह ♦ [पेज ९५३ पर] + यानी दुनिया के काम करते ✿[पेज ९५३ पर]

अिन्न रब्बक यअ़्लमु अन्नक तक़ूमु अद्ना मिन् सुलुसयिल्लैलि व निस्फ़हू व सुलुसहू व ता'अिफ़तुम् - मिनल्लज़ीन मअ़क त़ वल्लाहु युक़द्दिरुल्लैल वन्नहार त़ अ़लिम अल्लन् तुह़्सूहु फ़ताब अ़लैकुम् फ़क़्रअू मा तयस्सर मिनल् - क़ुर्आनि त़ अ़लिम अन् सयकूनु मिन्कुम् मर्ज़ा ला व आख़रून यज़्रिबून फ़िल्अर्ज़ि यब्तग़ून मिन् फ़ज़्लिल्लाहि ला व आख़रून युक़ातिलून फ़ी सबीलिल्लाहि ज़् सला फ़क़्रअू मा तयस्सर मिन्हु ला व अक़ीमुस्सलात़ व आतुज़्ज़कात़ व अक़्रिज़ुल्लाह क़र्ज़न् ह़सनन् त़ व मा तुक़द्दिमू लिअन्फ़ुसिकुम् मिन् ख़ैरिन् तजिदूहु अिन्दल्लाहि हुव ख़ैरौंव अ़ज़्जम अज्रन् त़ वस्तग़्फ़िरुल्लाह त़ अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्-रहीमुन् (२०) ★

★ रु. १, आ. १४

✪ ७४ सूरतुल् - मुद्दस्सिरि ४ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ११४५ अक्षर, २५६ शब्द, ५६ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

या' अैयुहल् - मुद्दस्सिरु ला (१) क़ुम् फ़अन्ज़िर् स़ ला (२) व रब्बक फ़कब्बिर् स़ ला (३) व सियाबक फ़त़ह्हिर् स़ ला (४) वर्रुज़्ज़ फ़ह्जुर् स़ ला (५) व ला तम्नुन् तस्तक्सिरु स़ ला (६) व लिरब्बिक फ़स़्बिर् त़ (७) फ़अिजा नुक़िर फ़िन्नाक़ूरि ला (८) फ़ज़ालिक यौमअिज़िं - यौमुन् असीरुन् ला (९) अ़लल् - काफ़िरीन ग़ैरु यसीरिन् (१०) ज़र्नी व मन् ख़लक़्तु वह़ीदन् ला (११) व'व जअ़ल्तु लहू मालम् - मम्दूदन् ला (१२) व'व बनीन शुहूदन् ला (१३) व'व मह्हत्तु लहू तम्हीदन् ला (१४) सुम्म यत़मअु अन् अज़ीद क़ ला (१५) कल्ला त़ अिन्नहू कान लिआयातिना अ़नीदन् त़ (१६) सअुर्हिक़ुहू सअ़ूदन् त़ (१७) अिन्नहू फ़क्कर व क़द्दर ला (१८) फ़क़ुतिल कैफ़ क़द्दर ला (१९) सुम्म क़ुतिल कैफ़ क़द्दर ला (२०) सुम्म नज़र ला (२१) सुम्म अ़बस व बसर ला (२२) सुम्म अद्बर वस्तक्बर ला (२३) फ़क़ाल अिन् हाजा' अिल्ला सिह्रुंय्युअ्सरु ला (२४) अिन् हाजा' अिल्ला क़ौलुल्-बशरि त़ (२५) सअुस्लीहि सक़र (२६) व मा' अद्राक मा सक़रु त़ (२७) ला तुब्क़ी व ला तज़रु ज़् (२८) लौवाहतुल्-लिल्बशरि ज़् सला (२९) अ़लैहा तिस्अ़त अ़शर त़ (३०)

तेरा परवरदिगार जानता है कि तू दो तिहाई रात और आधी रात और तिहाई रात (के क़रीब नमाज़ में) खड़ा रहता है और उनमें से जो तेरे साथ हैं एक गरोह (भी खड़ा रहता) है। और अल्लाह रात और दिन का अन्दाज़ा रखता है। वह जानता है कि तुम (लोग) इसको निबाह न सकोगे, पस वह तुम पर मेहरबान हुआ§, सो अब क़ुर्आन में से जिस क़दर आसान हो पढ़ो। अल्लाह जानता है कि तुममें कुछ बीमार होंगे, और कुछ ऐसे जो ज़मीन में (रोज़ी के लिए) अल्लाह की कृपा ढूँढ़ते फिरेंगे, और कुछ ऐसे भी जो अल्लाह की राह में जिहाद करेंगे। तो जितना आसानी से हो सके उतना पढ़ो, और नमाज़ क़ायम रखो और ज़कात दो और अल्लाह को खुशदिली से क़र्ज़ दिया करो (यानी अल्लाह की राह में जान व माल लगाया करो।) और जो नेकी अपनी (आख़िरत के) लिए पहले से भेज दोगे उसको अल्लाह के यहाँ उससे ज़्यादः अच्छी पाओगे और उसका बदला (प्रतिफल भी) बहुत बड़ा (पाओगे।) और अल्लाह से (अपने पापों की) क्षमा माँगते रहो—बेशक अल्लाह बड़ा क्षमा करनेवाला कृपालु है।† (२०) ★ रू. १-२ १४ आ १

☆ ७४ सूरतुल् - मुद्दस्सिरि ४ ☆

(मक्की) इसमें अरबी के ११४५ अक्षर, २५६ शब्द, ५६ आयतें और २ रुकूअ हैं।❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ (वही यानी आयत के प्रभाव से) चादर ओढ़े हुए (पैग़म्बर!) ‡ (१) उठो और लोगों को सचेत करो, (२) और अपने परवरदिगार की बड़ाई (का बखान) करो, (३) और अपने कपड़ों को पाक रखो, (४) और नापाकी से अलग रहो।छ (५) और (इहसान से) ज़्यादा बदला पाने के लिए किसी पर इहसान न करो, (६) और अपने परवरदिगार की (क़ुदरत पर) सब्र रखो।(७) फिर (उस क़ियामत के दिन) जब सूर (नरसिंहा) फूँका जायगा, (८) तो वह दिन (काफ़िरों के लिए) बड़ा कठिन होगा। (९) कि उसमें काफ़िरों को आसान न होगा। (१०) मुझे और उस शख़्स को जिसे मैंने अकेला पैदा किया (निबटने के लिए) छोड़ दो।◉ (११) और मैंने उसको बहुत माल दिया, (१२) और बेटे जो उसके सामने हाज़िर रहते हैं, (१३) और हर तरह का सामान उसके लिए आरास्तः कर दिया। (१४) फिर इस पर भी वह लालसा लगाये बैठा है कि मैं और कुछ दूँ। (१५) हर्गिज़ नहीं, वह हमारी आयतों का दुश्मन है। (१६) (यह तो हमने उसे ढील यानी मुहलत दे रखी है और) अब हम जल्द उसे सख़्त सज़ा में चढ़ाएँ (यानी पहुँचाएँ) गे। (१७) वह दाँव में लगा है और तदवीर कर रहा है। (१८) तो नाश हो उसका—वह कैसी तदवीर कर रहा है। (१९) फिर उसका नाश हो कि वह कैसी तदवीर सोच रहा है। (२०) फिर उसने निगाह डाली, (२१) फिर त्यौरी चढ़ाई और मुँह बिगाड़ लिया, (२२) फिर (हक़ यानी सत्य से) पीठ फेर ली और घमण्ड किया। (२३) फिर कहने लगा कि यह जादू है जो चला आता है× (२४) और यह तो बस (किसी) आदमी का कहा हुआ है (न कि अल्लाह का कलाम।) (२५) (ऐ पैग़म्बर!) मैं उसको जल्दी ही सक़र (दोज़ख़ की आग) में झोंक दूँगा! (२६) और तू क्या जाने कि वह सक़र क्या चीज़ है। (२७) वह न बाक़ी रखती है और न छोड़ती है,♦ (२८) शरीर को झुलसाती छायी रहती है। (२९) उस (नरक की आग) पर उन्नीस (फ़रिश्ते) तैनात हैं। (३०)

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों § † ‡ छ ◉ × ♦ * को देखिये पृष्ठ १००८ पर।

व मा जअल्ना अस्हाबन्नारि अिल्ला मला अिकत्तन् ع ८ व मा जअल्ना अिद्दतहुम् अिल्ला फ़ित्नतल् - लिल्लज़ीन कफ़रू ला लियस्तैक़िनल्लज़ीन अूतुल् - किताब व यज़्दादल्लज़ीन आमनू अीमानौंव ला यर्ताबल्लज़ीन अूतुल् - किताब वल्मुअ्मिनून ला व लियक़ूलल्लज़ीन फ़ी क़ुलूबिहिम् मरज़ूँवल् - काफ़िरून मा जा अरादल्लाहु बिहाज़ा मस्लन् त कज़ालिक युज़िल्लुल्लाहु मैंयशा अु व यह्दी मैंयशा अु त व मा यअ्लमु जुनूद रब्बिक अिल्ला हुव त व मा हिय अिल्ला ज़िक्रा लिल्बशरि (३१) ★ कल्ला वल्क़मरि ला (३२) वल्लैलि अिज़् अद्बर ला (३३) वस्सुबूहि अिज़ा अस्फ़र ला (३४) अिन्नहा लअिह्दल् - कुबरि ला (३५) नज़ीरल् - लिल्बशरि ला (३६) लिमन् शा अ मिन्कुम् अैं-यतक़द्दम औ यतअख़्ख़र त (३७) कुल्लु नफ़्सिम् - बिमा कसबत् रहीनतुन् ला (३८) अिल्ला अस्हाबल् - यमीनि त ∴ (३९) फ़ी जन्नातिन् क़िफ़ त ∴ यतसा अलून ला (४०) अनिल् - मुज्रिमीन ला (४१) मा सलककुम् फ़ी सक़र (४२) क़ालू लम् नकु मिनल् - मुसल्लीन ला (४३) व लम् नकु नुत्अिमुल् - मिस्कीन ला (४४) व कुन्ना नख़ूज़ु मअल् - ख़ाअिज़ीन ला (४५) व कुन्ना नुकज़्ज़िबु बियौमिद्दीनि ला (४६) हुत्ता अतानल् - यक़ीनु त (४७) फ़मा तन्फ़अुहुम् शफ़ाअतुश् - शाफ़िअीन त (४८) फ़मा लहुम् अनित्तज़्किरति मुअ्रिज़ीन ला (४९) कअन्नहुम् हुमुरुम् - मुस्तन्फ़िरतुन् ला (५०) फ़रत् मिन् क़स्वरतिन् त (५१) बल् युरीदु कुल्लुम्रिअिम् - मिन्हुम् अैंयुअ्ता सुहुफ़म् - मुनश्शरतन् ला (५२) कल्ला त बल् ला यख़ाफ़ूनल् - आख़िरत त (५३) कल्ला अिन्नहु तज़्किरतुन् ज (५४) फ़मन् शा अ ज़करहु त (५५) व मा यज़्कुरून अिल्ला अैंयशा अल्लाहु त हुव अह्लुत्तक़्वा व अह्लुल् - मग़्फ़िरति (५६) ★

और हमने फ़रिश्तों को आग का चौकीदार बनाया है। और इनकी गिनती हमने काफ़िरों की जाँच के लिए काफ़ी ठहराई है§ (और) इसलिए कि किताबवाले यक़ीन करें छ और ईमानवालों का ईमान और भी ज़्यादः बढ़े और किताबवाले और ईमानवाले शक न करें। और इसलिए कि जिन लोगों के दिलों में (निफ़ाक़ यानी कपट का) रोग है और (जो) काफ़िर (हैं वे) बोल उठें कि ऐसी बातों (को कहने) से अल्लाह का क्या प्रयोजन है। इसी तरह अल्लाह जिसको चाहता है भटकाता है और जिसको चाहता है राह दिखाता है। और तुम्हारे परवरदिगार के लश्करों का हाल उसके सिवाय कोई नहीं जानता। और यह (आयतें तो) लोगों के वास्ते नसीहत हैं। (३१) ★ रु. १/१५ आ ३१

हाँ-हाँ, चाँद की क़सम (३२) और रात की (क़सम) जब वह गुज़रने लगे (३३) और सुबह की (क़सम) जब वह रौशन हो (३४) कि यह (नरक की) आग एक बड़ी चीज़ों में से है (३५) लोगों को डराने (व आगाह करने) के लिए; (३६) तुममें से उस शख़्स को जो आगे बढ़ना चाहे (भलाई की ओर) या पीछे रहना चाहे (बुराई की ओर)। (३७) हर एक जीव (दुनिया में) अपने किये हुये (कर्म-बन्धन) में बंधा है‡। (३८) मगर दाहिनी तरफ़ वाले× (३९) कि बाग़ों में होंगे (और) पूछते होंगे (४०) गुनहगारों का हाल (४१) —कौन चीज़ तुमको नरक में ले आई? (४२) वह कहेंगे हम न नमाज़ पढ़ते थे, (४३) और न हम मुहताजों को खाना खिलाते थे,* (४४) और फ़ज़ूल बकवाद करनेवालों के साथ मिलकर बकवाद किया करते थे, (४५) और हम आख़िरत (यानी अन्तिम न्याय के दिन) को झुठलाते थे, (४६) यहाँ तक कि (यही करते करते) हम पर वह न टलनेवाली (मौत) आ गई। (४७) फिर अब किसी सिफ़ारिशी (जिनको ये दुनिया में पूजते थे उन) की सिफ़ारिश उनके काम नहीं आयेगी। (४८) फिर अब इन (मक्कावालों) को क्या हो गया है कि वह इस नसीहत (यानी क़ुर्आन) से मुँह मोड़ते हैं, (४९) गोया कि ये बिदकते गधे हैं (५०) (जो) शेर (के डर) से भागे जाते हैं। (५१) बल्कि इनमें का हर आदमी चाहता है कि उसको (सीधे अल्लाह की ओर से किताबों के वर्क़ यानी) खुले सहीफ़े मिलें। (५२) कुछ नहीं, (असल बात यह है कि) ये आख़िरत से नहीं डरते। (५३) (सो मालूम हो कि) बेशक यह तो एक शिक्षा है। (५४) फिर जो कोई चाहे इसको याद रक्खे (और ध्यान दे।) (५५) और वह ध्यान भी तभी देंगे जब अल्लाह चाहेगा।† वही इस लायक़ है कि जिसका डर रखा जाय और जो (हमारे गुनाहों को) बख़्श दे। (५६) ★ ● रु. २/१६ आ २५ ● सु. ८३/१

§ उन्नीस फ़रिश्तों की तादाद सुनकर काफ़िरों ने अपनी बेशुमार तादाद को देखकर मज़ाक़ उड़ाया कि ये उन्नीस हमें क्या सम्हालेंगे? सो उन्नीस क्या एक भी उन सबके लिए काफ़ी है। छ किताब तौरात व इन्जील वाले भी यक़ीन करते थे कि अल्लाह अपने सारे काम अपने फ़रिश्तों के ज़रिये करवाता है। इन किताबों की तस्दीक़ करने वाली किताब क़ुर्आन भी वही कहता है। ‡ किताबवालों यानी यहूदी व ईसाई और ईमानवाले मुसलमानों का ईमान और मज़बूत हो, क़ुर्आन व रसूल स० की सच्चाई में शक न करें और काफ़िर व मुनाफ़िक़ कुफ़्र में पड़े यही सोचते रह जायँ कि आख़िर इन आयतों में अल्लाह का मंशा क्या है। योंहीं ग़ाफ़िल पड़े रहें! ‡ दुनिया में जो काम करते हैं उससे हर आदमी आख़िरत में बंधा होगा। उनकी पकड़ से बच नहीं सकता। लेकिन परहेज़गार जो भी काम करते हैं वह सब अल्लाह की राह में करते हैं। कामों के अन्जामों की लालसा से नहीं बल्कि अल्लाह का हुक्म और अपना फ़र्ज़ समझकर करते हैं। वे ही हमेशा के लिए जन्नत के निवासी होंगे। × दाहिनी व बाईं तरफ़ वाले! देखिये सूरः वाक़िअः पारा २७ आयत ७-१० व फ़ुटनोट § पृष्ठ ८८३। * यानी न अल्लाह की याद की और न अल्लाह के बन्दों की सुध ली। † अल्लाह उन्हीं को नसीहत पर जमाता है जो उस पर ईमान लाते, उसी की ओर रुजू होते और उससे डरते हैं।

☆ ७५ सूरतुल्-क़ियामति ३१ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ६८२ अक्षर, १६४ शब्द, ४० आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

ला[1] अुक़्सिमु बियौमिल्-क़ियामति ला (१) व ला[1] अुक़्सिमु बिन्नफ़्सिल्-लौवामति तु (२) अयह्सबुल्-अिन्सानु अल्लन् नजमअ अिज़ामहु तु (३) बला क़ादिरीन अला[1] अन्नुसौविय बनानहु (४) बल् युरीदुल्-अिन्सानु लियफ़्जुर अमामहु ज़ (५) यस्अलु अैयान यौमुल्-क़ियामति तु (६) फ़अिजा बरिक़ल्-बसरु ला (७) व ख़सफ़ल्-क़मरु ला (८) व जुमिअश्शम्सु वल्क़मरु (९) यक़ूलुल्-अिन्सानु यौमअिजिन् अैनल्-मफ़रु ज़ (१०) कल्ला ला वज़र तु (११) अिला रब्बिक यौमअिजिनिल्-मुस्तक़रु तु (१२) युनब्बअुल्-अिन्सानु यौमअिजिम्-बिमा क़द्दम व अख़्खर तु (१३) बलिल्-अिन्सानु अला नफ़्सिहि बसीरतुन् ला (१४) व'व लौ अल्क़ा मआजीरहु तु (१५) ला तुहर्रिक् बिहि लिसानक लितअ्जल बिहि तु (१६) अिन्न अलैना जम्अहु व क़ुर्आनहु ज़ सला (१७) फ़अिजा क़रअ्नाहु फ़त्तबिअ् क़ुर्आनहु ज़ (१८) सुम्म अिन्न अलैना बयानहु तु (१९) कल्ला बल् तुहिब्बूनल्-आजिलत ला (२०) व तजरूनल्-आख़िरत तु (२१) वुजूहुं-य्यौमअिजिन् नाज़िरतुन् ला (२२)

अिला रब्बिहा नाज़िरतुन् ज़ (२३) व वुजूहुं-य्यौमअिजिम्-बासिरतुन् ला (२४) तज़न्नु अैंयुफ़्अल बिहा फ़ाक़िरतुन् तु (२५) कल्ला[1] अिजा बलग़ितित्-तराक़िय ला (२६) वक़ील मन् सक्तः राक़िन् ला (२७) व'व जन्न अन्नहुल्-फ़िराक़ु ला (२८) वल्-तफ़्फ़तिस्साक़ु बिस्साक़ि ला (२९) अिला रब्बिक यौम-अिजिनिल्-मसाक़ु तु (३०) ★ फ़ला सद्दक़ व ला सल्ला ला (३१) व लाकिन् कज्जब व तवल्ला ला (३२) सुम्म जहब अिला[1] अह्लिहि यतमत्ता तु (३३) औ ला लक फ़औ ला ला (३४) सुम्म औ ला लक फ़औ ला तु (३५) अयह्सबुल्-अिन्सानु अैंयुत्रक सुदन् तु (३६) अलम् यकु नुत्फ़तम्-मिम्-मनीयीं-युम्ना ला (३७) सुम्म कान अलक़तन् फ़ख़लक़ फ़सौवा ला (३८) फ़जअल मिन्हुज़्-ज़ौजैनिज़्-जकर वल्-अुन्सा तु (३९) अलैस जालिक बिक़ादिरिन् अला[1] अैंयुह्यियल्-मौता (४०) ★

✪ ७५ सूरतुल्-क़ियामति ३१ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ६८२ अक्षर, १६४ शब्द, ४० आयतें और २ रुकूअ हैं। ‡‡

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़ियामत के दिन की क़सम खाता हूँ, (१) और जी (नफ़्से तव्वामा)§ की क़सम खाता हूँ जो (बुरे कामों पर अपने आप) मलामत करता है। (२) क्या आदमी ख़याल करता है कि हम उसकी हड्डियाँ (क़ियामत में दोबारा ज़िन्दगी के लिए) जमा न करेंगे? (३) क्यों नहीं, हम इस बात पर शक्तिमान हैं कि उसके पोर पोर (ठिकाने से) बैठा दें। (४) लेकिन इन्सान चाहता है कि उसके सामने ढिठाई करे।(५) वह (ढीठ) पूछता है कि क़ियामत का दिन कब होगा? (६) तो जब (वह डरावनी घड़ी आयेगी तो) आँखें चौंधयाने लगेंगी. (७) और चन्द्रमा में ग्रहण लग जायगा, (८) और सूर्य और चन्द्रमा (इकट्ठा) जमा हो जायँगे, (९) तो उस दिन इन्सान कहेगा कि भागकर कहाँ जाऊँ? (१०) बेशक कहीं पनाह नहीं है।(११) बस उस दिन तेरे परवरदिगार ही के सामने जाकर ठहरना होगा। (१२) उस दिन आदमी को बता दिया जायगा कि उसने कैसे आमाल (दुनिया में करके आख़िरत के लिए) भेजे हैं और पीछे (दूसरे लोगों के लिए क्या गुमराही) छोड़ी है।† (१३) बल्कि आदमी तो अपने (आमालों के ज़रिये) आप पर ख़ुद दलील (यानी सुबूत) होगा, (१४) और अगर्चि वह अपने लिए (कितने ही) उज़्र (बहाने) पेश करे। (१५) (ऐ पैग़म्बर! वह्य उतरते समय) अपनी ज़ुबान न चलाने लगो कि उसके (याद करने के लिए) लिए जल्दी करो। (१६) उसका जमा करना और पढ़ना हमारे ज़िम्मे है‡।(१७) फिर जब हम उसको (जिब्रील अ० के द्वारा) पढ़ा करें तो तू भी (उसको) सुनाकर और उसी तरह पढ़ा कर। (१८) फिर उसका बयान खुलासा करना हमारे ज़िम्मे है। (१९) मगर (लोगो!) तुम कुछ जल्द मिलने वाली (दुनिया यानी तात्कालिक फल) को पसन्द करते हो, (२०) और देर में आने वाली (लेकिन ज़रूर आनेवाली आख़िरत) को छोड़ बैठे हो। (२१) उस (मुबारक) दिन कितने ही चेहरे खिले होंगे, (२२) और अपने परवरदिगार की ओर देख रहे होंगे।(२३) और कितने ही चेहरे उस दिन उदास होंगे, (२४) समझ रहे होंगे कि उनके साथ ऐसी सख़्ती होने को है जो कमर तोड़ देगी।(२५) नहीं, जब कि जान हँसली तक आ पहुंचेगी, (२६) और (तब उनसे) कहा जायगा कौन है झाड़-फूँक करने वाला? (२७) और वह समझ लेगा कि अब (सबसे) जुदाई की घड़ी आगई, (२८) और (लाचार होकर) पिण्डली से पिण्डली लिपट जायगी। (२९) उस दिन (यह दुनिया छोड़कर) तेरे परवरदिगार की तरफ़ चलना होगा। (३०) ★ रु. १ — १७ आ ३०

तो उसने न (कलामे अल्लाह पर) यक़ीन किया और न नमाज़ पढ़ी, (३१) बल्कि उसने हक़ (सत्य) को झुठलाया और (उससे विमुख होकर) मुंह मोड़ा। (३२) फिर अपने घर को अकड़ता चल दिया। (३३) तो (ऐ नादान इन्सान!) अफ़सोस तुझ पर! अफ़सोस पर अफ़सोस! (३४) फिर अफ़सोस तुझ पर! अफ़सोस पर अफ़सोस! (३५) क्या आदमी ख़्याल करता है कि वह यों हीं छोड़ दिया जायगा×। (३६) क्या वह वीर्य की एक (तुच्छ) टपकी बूँद न था? (३७) फिर लोथड़ा हुआ फिर (ढाँचा) बनाया और (अंग-प्रत्यंग) दुरुस्त किया गया। (३८) फिर उससे दो क़िस्में बनाईं, नर और मादा। (३९) (तो) क्या ऐसी ज़ात समरथ नहीं कि मुर्दे को क़ियामत के दिन दोबारा ज़िन्दः करदे। (४०) ★ रु. २ — १८ आ १०

फ़ुटनोट ‡‡ देखिये पेज १००८ पर। फ़ुटनोट § † ‡ × देखिये पेज १००९ पर।

﴿ ७६ सूरतुद्दह्रि ९८ ﴾

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के १०६६ हुरूफ़, २४६ शब्द, ३१ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

हल् अता अलल् - अिन्सानि हीनुम् - मिनद्दह्रि लम् यकुन् शैअम् - मज्कूरन् (१) अिन्ना ख़लक़्नल् - अिन्सान मिन् नुत्फ़तिन् अम्शाजिन् क नब्तलीहि फ़जअ़ल्नाहु समीअम् - बसीरन् (२) अिन्ना हदैनाहुस्सबील अिम्मा शाकिरौंव अिम्मा कफ़ूरन् (३) अिन्ना अअ़्तद्ना लिल्काफ़िरीन सलासिल व अग़्लालौंव सअ़ीरन् (४) अिन्नल् - अब्रार यश्रबून मिन् कअ़्सिन् कान मिज़ाजुहा काफ़ूरन् ज् (५) अैनैंयश्रबु बिहा अिबादुल्लाहि युफ़ज्जिरूनहा तफ़्जीरन् (६) यूफ़ून बिन्नज़्रि व यख़ाफ़ून यौमन् कान शर्रुहू मुस्तत़ीरन् (७) व युत्अिमूनत्तआम अ़ला हुब्बिहि मिस्कीनौंव यतीमौंव असीरन् (८) अिन्नमा नुत्अिमुकुम् लिवज्हिल्लाहि ला नुरीदु मिन्कुम् जज़ा अौंव ला शुकूरन् (९) अिन्ना नख़ाफ़ु मिर्रब्बिना यौमन् अबूसन् क़म्तरीरन् (१०) फ़-वक़ाहुमुल्-लाहु शर्र जालिकल् - यौमि व लक़्क़ाहुम् नज़्रतौंव सुरूरन् ज् (११) व जज़ाहुम् बिमा सबरू जन्नतौंव हरीरन् ला (१२) म्'मुत्तकिअीन फ़ीहा अलल् - अराअिकि ज् ला यरौन फ़ीहा शम्सौंव ला ज़म्हरीरन् ज् (१३) व दानियतन् अलैहिम् जिलालुहा व जुल्लिलत् क़ुतूफ़ुहा तज़्लीलन् (१४) व युताफ़ु अलैहिम् बिआनियतिम् - मिन् फ़िज़्ज़तिंव्व अक्वाबिन् कानत् क़वारीर ला (१५) क़वारीर मिन् फ़िज़्ज़तिन् क़द्दरूहा तक़्दीरन् (१६) व युस्क़ौन फ़ीहा कअ़्सन् कान मिज़ाजुहा ज़न्जबीलन् ज् (१७) अैनन् फ़ीहा तुसम्मा सल्सबीलन् (१८) व यतूफ़ु अलैहिम् विल्दानुम् - मुख़ल्लदून ज अिजा रअैतहुम् हसिब्तहुम् लुअ्लुअम् - मन्सूरन् (१९) व अिजा रअैत सम्म रअैत नअ़ीमौंव मुल्कन् कबीरन् (२०)

تبٰرك الذي ٢٩ ٣٦٦ الدهر ٧٦
سُوْرَةُ الدَّهْرِ مَدَنِيَّةٌ وَهِيَ اِحْدٰى وَثَلٰثُوْنَ اٰيَةً وَّفِيْهَا رُكُوْعَانِ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
هَلْ اَتٰى عَلَى الْاِنْسَانِ حِيْنٌ مِّنَ الدَّهْرِ لَمْ يَكُنْ شَيْـًٔا مَّذْكُوْرًا ۝ اِنَّا
خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ مِنْ نُّطْفَةٍ اَمْشَاجٍ ۖ نَّبْتَلِيْهِ فَجَعَلْنٰهُ سَمِيْعًا بَصِيْرًا ۝
اِنَّا هَدَيْنٰهُ السَّبِيْلَ اِمَّا شَاكِرًا وَّاِمَّا كَفُوْرًا ۝ اِنَّا اَعْتَدْنَا لِلْكٰفِرِيْنَ
سَلٰسِلَا وَاَغْلٰلًا وَّسَعِيْرًا ۝ اِنَّ الْاَبْرَارَ يَشْرَبُوْنَ مِنْ كَاْسٍ كَانَ
مِزَاجُهَا كَافُوْرًا ۝ عَيْنًا يَّشْرَبُ بِهَا عِبَادُ اللّٰهِ يُفَجِّرُوْنَهَا تَفْجِيْرًا ۝ يُوْفُوْنَ
بِالنَّذْرِ وَيَخَافُوْنَ يَوْمًا كَانَ شَرُّهٗ مُسْتَطِيْرًا ۝ وَيُطْعِمُوْنَ الطَّعَامَ
عَلٰى حُبِّهٖ مِسْكِيْنًا وَّيَتِيْمًا وَّاَسِيْرًا ۝ اِنَّمَا نُطْعِمُكُمْ لِوَجْهِ اللّٰهِ لَا نُرِيْدُ
مِنْكُمْ جَزَآءً وَّلَا شُكُوْرًا ۝ اِنَّا نَخَافُ مِنْ رَّبِّنَا يَوْمًا عَبُوْسًا قَمْطَرِيْرًا ۝
فَوَقٰىهُمُ اللّٰهُ شَرَّ ذٰلِكَ الْيَوْمِ وَلَقّٰىهُمْ نَضْرَةً وَّسُرُوْرًا ۝ وَجَزٰىهُمْ بِمَا
صَبَرُوْا جَنَّةً وَّحَرِيْرًا ۝ مُّتَّكِـِٕيْنَ فِيْهَا عَلَى الْاَرَآئِكِ ۚ لَا يَرَوْنَ فِيْهَا
شَمْسًا وَّلَا زَمْهَرِيْرًا ۝ وَدَانِيَةً عَلَيْهِمْ ظِلٰلُهَا وَذُلِّلَتْ قُطُوْفُهَا تَذْلِيْلًا ۝
وَيُطَافُ عَلَيْهِمْ بِاٰنِيَةٍ مِّنْ فِضَّةٍ وَّاَكْوَابٍ كَانَتْ قَوَارِيْرَا ۝ قَوَارِيْرَا مِنْ
فِضَّةٍ قَدَّرُوْهَا تَقْدِيْرًا ۝ وَيُسْقَوْنَ فِيْهَا كَاْسًا كَانَ مِزَاجُهَا زَنْجَبِيْلًا ۝
عَيْنًا فِيْهَا تُسَمّٰى سَلْسَبِيْلًا ۝ وَيَطُوْفُ عَلَيْهِمْ وِلْدَانٌ مُّخَلَّدُوْنَ ۚ اِذَا
رَاَيْتَهُمْ حَسِبْتَهُمْ لُؤْلُؤًا مَّنْثُوْرًا ۝ وَاِذَا رَاَيْتَ ثَمَّ رَاَيْتَ نَعِيْمًا وَّمُلْكًا
منزل

व अिजा रअैत सम्म रअैत नअ़ीमौंव मुल्कन् कबीरन् (२०)

✪ ७६ सूरतुद्-दह्‌रि ९८ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १०६६ अक्षर, २४६ शब्द, ३१ आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क्या इन्सान के ऊपर ज़माने में एक ऐसा समय भी बीता है जब वह कुछ भी न था, चर्चा के योग्य भी नहीं। (१) हमने इन्सान को (नर-मादा के) मिले हुए वीर्य से पैदा किया कि उसको जाँचें, इसलिये उसको सुननेवाला और देखनेवाला बनाया।§ (२) (और) हमने उसे राह दिखाई, अब (यह उस पर है कि) वह शुक्रगुज़ार हो या नाशुक्रा। (३) हमने काफ़िरों के वास्ते ज़ंजीरें और तौक़ और दहकती हुई आग तैयार कर रक्खी है। (४) अलबत्ता नेककार जो हैं वे (आख़िरत में) प्याले पीवेंगे जिसमें कपूर✡ की मिलावट होगी। (५) (यह है एक कपूरी) सोता जिसको अल्लाह के बन्दे पीवेंगे और उसमें से (छोटी-छोटी) नहरें बहा निकालेंगे। (६) वह अपनी मन्नतों (यानी अल्लाह से किये वादे के फ़र्ज़ों) को पूरा करते हैं और उस (क़ियामत के) दिन से डरते हैं जिसकी मुसीबत (उस रोज़) हर तरफ़ फैली हुई होगी, (७) और अल्लाह की मुहब्बत के लिए ग़रीबों को और अनाथों को और क़ैदियों को खाना खिलाते हैं। (८) (वह कहते हैं) हम तो तुमको बस अल्लाह की प्रसन्नता के लिए खिलाते हैं, न हम तुमसे बदला चाहते हैं और न शुक्रगुज़ारी। (९) हमको अपने परवरदिगार से उस दिन का डर लगता है जब (लोगों के मुँह और मत्थे पर) सख़्त परेशानी छाई होगी। (१०) तो अल्लाह ने (ऐसे नेककारों को) उस दिन की विपदा से बचा लिया और उनको ताज़गी और खुशहाली पहुँचायेगा। (११) और जैसा उन्होंने सब्र किया उसके बदले में जन्नत और रेशमी कपड़े उन्हें दिये, (१२) वहाँ तख़्तों पर तकिये लगाये बैठे होंगे। न वहाँ (तपन की) धूप ही देखेंगे न (कड़ाके की) ठण्ड। (१३) और उन पर वहाँ (के वृक्षों की) छाया होगी और उन पर मेवों के गुच्छे भी नज़दीक झुके होंगे। (१४) और उनके पास चाँदी के बरतनों और गिलासों का दौर चलता होगा बिलकुल शीशे की तरह। (१५) शीशे भी (साफ़ चमकते) चाँदी के जो (एक अन्दाज़ की) नाप पर बने होंगे। (१६) और वहाँ उनको प्याले पिलाये जायँगे जिसमें सोंठ मिली होगी। (१७) यह वहाँ एक चश्मा होगा जिसका नाम सलसबील होगा‡। (१८) और उनके गिर्द हमेशा नौजवान रहनेवाले लड़के फिरते होंगे कि जब तू उन्हें देखे तो समझे कि बिखरे मोती हैं। (१९) और जब तू देखे तो तुझे दिखाई दें निअ़मतें और महान राज्य (के सुख) (२०)

---

* यह सूरः पिछली सूरः के काफ़ी बाद मक्का में उतरी है। मालूम होता है कि मुशरिकों को चेतावनी देते-समझाते काफ़ी वक़्त बीत चुका था और अब गुनहगारों को छोड़ कर, ज़्यादः बयान इस सूरः में ईमानवालों का और उनके जन्नत के जीवन का है। पहली आयत में 'दह्‌र' (समय) नामकरन है। इन्सान की नाचीज़ हस्ती, फिर उसको जिस्मानी ज़ोर और इल्म फ़ुर्क़ान (सत्यासत्य विवेक) देकर अपने लिए भली-बुरी राह इख़्तियार करने की छूट व दोज़ख़ और जन्नत के रास्ते चुनने का मौक़ा दिया है। रसूल स० को भी हिदायत है कि किसी शैतान काफ़िर के बहकावे में न आकर अल्लाह के हुक्म पर क़ायम रहें और नमाज़ व रातों में सज्दः व तस्बीह करते रहें। यह अवाम को भी रहनुमाई है।

§ पैदाइश तो और जीवों की भी इसी तरह है लेकिन इन्सान को सूझ-समझ (विवेक शक्ति) दी ताकि जाँच में उतरने योग्य वह अपने को बनाये।

✡ अरबी और संस्कृत के क़वायद (व्याकरण) और वज़्फ़-वस्ल (विग्रह-सन्धि) के बहुतेरे तरीक़े मिलते हैं, लेकिन अलफ़ाज़ बिलकुल नहीं मिलते। अलबत्ता फ़ारसी व संस्कृत के बेशुमार शब्द समान हैं। आज 'काफ़ूर' शब्द क़ुर्आन में मिला है। संस्कृत में 'कपूर' है। इस क़ुर्आन में आये काफ़ूर की बुनियाद अरबी है या फ़ारसी, ज़बान के आलिमों को रौशनी डालने के लिए यहाँ दर्ज कर रहा हूँ।

‡ आयत ५ में चश्मा काफ़ूरी और आयत १८ में चश्मा सल्सबील, ये जन्नत के बेमिस्ल चश्मों के नाम हैं।

आलियहुम् सियाबु सुन्दुसिन् ख़ुज़्रूँव अिस्तब्रक़ुन् ज़ व'व हुल्लू असाविर मिन् फ़िज़्ज़तिन् ज व सक़ाहुम् रब्बुहुम् शराबन् तहूरन् (२१) अिन्न हाजा कान लकुम् जज़ा'औंव कान सअ्युकुम् मश्कूरन् (२२) ★ अिन्ना नह्नु नज़्ज़ल्ना अलैकल्-क़ुर्आन तन्ज़ीलन् ज़ (२३) फ़स्बिर् लिहुक्मि रब्बिक व ला तुतिअ् मिन्हुम् आसिमन् औ कफ़ूरन् ज़ (२४) वज्कुरिस्म रब्बिक बुक्रत्नौंव असीलन् सला ज़ (२५) व मिनल्लैलि फ़स्जुद् लहू व सब्बिह्हु लैलन् तवीलन् (२६) अिन्न हा'उला'अि युहिब्बूनल्-आजिलत्त व यज़रून वरा'अहुम् यौमन् सक़ीलन् (२७) नह्नु ख़लक़्नाहुम् व शददना' अस्रहुम् ज़ व अिजा शिअ्ना बद्दल्ना' अम्सालहुम् तब्दीलन् (२८) अिन्न हाजिहत्ति तज़्किरतुन् ज़ फ़मन् शा'अत्तख़ज अिला रब्बिहत्ति सबीलन् (२९) व मा तशा'ऊन अिल्ला' अैंयशा'अल्लाहु त़ अिन्नल्लाह कान अलीमन् हकीमन् क़ सला (३०) य'युद्ख़िलु मैंयशा'अु फ़ी रह्मतिहत्ति त़ वज़्ज़ालिमीन अअ्द्द लहुम् अज़ाबन् अलीमन् (३१) ★

✪ ७७ सूरतुल् - मुर्सलाति ३३ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ८४६ हुरूफ़, १८१ शब्द, ५० आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वल्मुर्सलाति अुर्फ़न् ला (१) फ़ल्-आसिफ़ाति अस्फ़न् ला (२) व'वन्नाशिराति नश्रन् ला (३) फ़ल्फ़ारिक़ाति फ़र्क़न् ला (४) फ़ल्मुल्क़ियाति जिक्रन् ला (५) अुज़्रन् औ नुज़्रन् ला (६) अिन्नमा तूअ़दून लवाक़िअुन् त़ (७) फ़अिज़न्नुजूमु तुमिसत् ला (८) व अिज़स्समा'अु फ़ुरिजत् ला (९) व अिज़ल्-जिबालु नुसिफ़त् ला (१०) व अिज़र्रुसुलु अुक्क़िततत् त़ (११) लिअैयि यौमिन् अुज्जिलत् त़ (१२) लियौमिल्-फ़स्लि ज़ (१३) व मा' अद्राक मा यौमुल्-फ़स्लि त़ (१४)

उन (के तन) पर बारीक हरे रेशम और गाढ़े रेशम के कपड़े हैं, और चाँदी के कंगन पहिने हैं, और उनका परवरदिगार उन्हें पाक शराब (दिव्य मदिरा) पिलावेगा। (२१) यह तुम्हारा बदला है और तुम्हारी (दुनिया की) कमाई नेग लगी (यानी आज फूली-फली।) (२२) ★ रू. १ । १६ आ २२

(ऐ पैग़म्बर!) हमने तुझ पर धीरे-धीरे क़ुर्आन उतारा। (२३) सो तू अपने परवरदिगार के हुक्म की सब्र से राह देख और उनमें से किसी गुनहगार नाशुक्रे का कहा न मान। (२४) और अपने परवरदिगार का नाम सुबह और शाम याद किया कर। (२५) और रात में उसका सज्दः कर और रात में देर तक उसकी तस्बीह किया कर। (२६) यह लोग तो बस जल्दी होने वाली (मनचाही) बात पसंद करते हैं और अपने ऊपर (आनेवाले उस आख़िरत के) भारी दिन को छोड़ (यानी भूल) बैठे हैं।§ (२७) हमने उनको पैदा किया और उनकी गिरहबन्दी (यानी जोड़-जोड़) मज़बूत बाँधी। और जब हम चाहें उनके बदले उन्हीं जैसे लोग ला बसायेंϑ। (२८) यह (क़ुर्आन एक) शिक्षा है, फिर जो कोई चाहे अपने परवरदिगार की तरफ़ पहुंचने का रास्ता ले। (२९) और तुम न चाहोगे जब तक अल्लाह न चाहे† बेशक अल्लाह सब कुछ जाननेवाला बड़ा हिकमतवाला है। (३०) जिसको चाहे अपनी रहमत में ले। और ज़ालिम लोगों के लिए (उसने) दुखदाई सज़ा तैयार कर रक्खी है। (३१) ★ रू. २ । २० आ ९

✪ ७७ सूरतुल् मुर्सलाति ३३ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ८४६ अक्षर, १८१ शब्द, ५० आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

उन (हवाओं) की क़सम जो धीमे-धीमे चलाई जाती हैं, (१) फिर (जो) ज़ोर पकड़ कर (बवण्डर या) आँधी हो जाती हैं, (२) फिर (जो बादलों को) उभार कर फैला देती हैं, (३) (और उनको) जुदा कर देती हैं, (४) और दिलों में याद दिलाती हैं, (५) ताकि दलीलें समाप्त हों और डराया जाय,‡ (६) (ग़रज इन हवाओं की क़सम है कि) तुमसे जो (क़ियामत का) वादा किया जाता है वह ज़रूर होकर रहेगा। (७) यानी (उस क़ियामत के दिन) जब नक्षत्र (तारे) धीमे पड़ (कर मिट) जायँ, (८) और जब आसमान फट जावे, (९) और जब पहाड़ उड़ाये जायँ, (१०) और जब पैग़म्बर नियत समय पर हाज़िर किये जावें‡। (११) (तो इस घटना के लिए) किस दिन की देर है? (१२) फ़ैसले (अन्तिम न्याय) के दिन की? (१३) और तू क्या जाने न्याय का दिन क्या चीज़ है? (१४)

---

§ देखिये पिछली सूरः क़ियामत आयत २०-२१ पृ. ९६१। ϑ अल्लाह हर क़ौम को पैदा करता, सब तौर पर ज़ोर देता है। लेकिन जब वे नाशुक्रे और अल्लाह की रहमत से मुन्किर व सरकश हो जाते हैं तो यह अल्लाह के बस में है कि जब चाहे उन्हें नेस्तनाबूद कर दे और उनकी जगह दूसरी क़ौम को ला बसाये जो वैसे ही या उनसे ज़्यादः सम्पन्न और ज़ोरदार हों। † देखिये 'अल् मुद्दस्सिर' आयत ५४ से ५६ फ़ुटनोट † पृ० ९५९। बिलकुल एक बयान है। ‡ क़ुदरती हवाएँ दिलों में सही ख्यालों को उभारती हैं कि एक बार इस अपार क़ुदरत के मालिक के रूबरू ज़रूर पेश होना है। उस क़ियामत के दिन के अज़ाब से सचेत करती हैं और उस दिन के लाने और दोबारा ज़िन्दः कर सकने की अल्लाह की सामर्थ्य की निस्बत सारे शक दूर करती व यक़ीन दिलाती हैं। ‡ यानी हर उम्मत (गिरोह) का हिसाब होगा। और उनके रसूलों की उन पर [पेज ९६७ पर]

* पहली आयत मुर्सलात' (भेजी जाने वाली) पर सूरः का नामकरन है। मक्का में [पेज १००९ पर]

वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (१५) अलम् नुह्लिकिल् - औवलीन त् (१६) सुम्म नुत्बिअुहुमुल् - आख़िरीन (१७) कजालिक नफ़्अलु बिल् - मुज्रिमीन (१८) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (१९) अलम् नख्लुक्कुम् मिम् - मा अिम् - महीनिन् ला (२०) फ़जअल्नाहु फ़ी क़रारिम् - मकीनिन् ला (२१) अिला क़दरिम् - मअ्लूमिन् ला (२२) फ़क़दर्ना क़् सला फ़निअ़्मल्-क़ादिरून (२३) वैलुं-य्यौमअिजिल्-लिल्मुकज्जिबीन (२४) अलम् नजअ्लिल् - अर्ज़ किफ़ातन् ला (२५) अह्या औंव अम्वातन् ला (२६) व'व जअल्ना फ़ीहा रवासिय शामिख़ातिव्व अस्क़ैनाकुम् मा अन् फ़ुरातन् त् (२७) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (२८) अिन्तलिक़ू अिला मा कुन्तुम् बिहि तुकज्जिबून ज् (२९) अिन्तलिक़ू अिला ज़िल्लिन् ज़ी सलासि शुअ्बिन् ला (३०) ल'ला जलीलिव्व ला युग़्नी मिनल्लहबि त् (३१) अिन्नहा तर्मी बिशररिन् कल्क़स्रि ज् (३२) कअन्नहू जिमालतुन् सुफ़्रुन् त् (३३) वैलुं-य्यौमअिजिल्-लिल्-मुकज्जिबीन (३४) हाजा यौमु ला यन्तिक़ून ला (३५) व ला युअ्जनु लहुम् फ़यअ़्तज़िरून (३६) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (३७) हाजा यौमुल् - फ़स्लि ज् जमअ़्नाकुम् वल् - औवलीन (३८) फ़अिन् कान लकुम् कदुन् फ़कीदूनि (३९) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (४०) ★ अिन्नल् - मुत्तक़ीन फ़ी ज़िलालिव्व अुयूनिन् ला (४१) व'व फ़वाकिह मिम्मा यश्तहून त् (४२) कुलू वश्रबू हनी अम् - बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून (४३) अिन्ना कजालिक नजज़िल् - मुह्सिनीन (४४) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (४५) कुलू व तमत्तअू क़लीलन् अिन्नकुम् मुज्रिमून (४६) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (४७) व अिजा क़ील लहुमुर्कअू ला यर्कअून (४८) वैलुं - य्यौमअिजिल् - लिल्मुकज्जिबीन (४९) फ़बिअैयि हदीसिम् - बअ़्दहू युअ्मिनून (५०) ★

॥ इति उन्तीसवाँ पारः ॥

उस दिन (अल्लाह व रसूल को) झुठलाने वालों को बर्बादी है। (१५) क्या हमने अगली (गुनहगार) उम्मतों को बर्बाद नहीं किया? (१६) फिर (इसी तरह) उनके पीछे हम बादवाले (नाफ़र्मानों) को भेजते रहे। (१७) गुनहगारों के साथ हम ऐसा ही किया करते हैं। (१८) उस दिन झुठलाने वालों की तबाही है (१९) क्या हमने तुमको तुच्छ पानी से नहीं पैदा किया? (२०) फिर उसको एक सुरक्षित जगह में ठहराया, (२१) एक नियत समय तक, (२२) फिर हमने एक अन्दाज़ा ठहराया, तो हम कैसा अच्छा अन्दाज़ा ठहराने वाले हैं? (२३) (क़ियामत के) उस दिन झुठलाने वालों की तबाही है! (२४) क्या हमने ज़मीन को समेटने वाली नहीं बनाया (२५) ज़िन्दों और मुर्दों को।§ (२६) और उसमें ऊँचे-ऊँचे बोझिल पहाड़ खड़े किये और तुम लोगों को प्यास बुझाने वाला मीठा पानी पिलाया।‡ (२७) (क़ियामत के) उस दिन झुठलाने वालों की तबाही है। (२८) (मुन्किरों से उस दिन कहा जायगा कि) जिस चीज़ को तुम झुठलाया करते थे देखो-चलो (अब) उसकी तरफ़। (२९) चलो उस छाया (धुएँ के सायबान) की ओर जिसकी तीन शाखें हैं,* (३०) जो न (ठण्ठक के लिए) घनी है और न लपटों से बचावे, (३१) वह महलों के बराबर (ऊँची-) ऊँची लपटें फेंकती होगी, (३२) गोया वह ज़र्द (पीले) ऊँट हैं। (३३) (क़ियामत के) उस दिन झुठलाने वालों की तबाही है। (३४) यही वह दिन है कि उन (के मुंह) से बात न निकलेगी, (३५) और न उनको इजाज़त दी जावेगी कि (अपने बचाव के लिए कोई) उज़्र ही पेश कर सकें। (३६) (क़ियामत के) उस दिन झुठलाने वालों की तबाही है। (३७) यही तो फ़ैसले (अन्तिम न्याय) का दिन है, (जिसमें) हमने तुमको और अगलों को जमा किया है।(३८) तो अगर तुम्हारी कोई तदबीर चल सके तो मुझ पर चलाओ (३९) उस दिन झुठलाने वालों की बर्बादी है (४०) ★ रु. १—२१ आ

अलबत्ता परहेज़गार (जन्नत की ठण्डी) छाओं में और चश्मों में होंगे, (४१) और मेवों में जो उनको भाते हों, (४२) (दुनिया में) जो नेक अमल तुम करते थे उसके बदले में मज़े से खाओ पियो। (४३) नेकी वालों को हम इसी तरह बदला देते हैं। (४४) तबाही तो उस दिन झुठलाने वालों की है। (४५) और (दुनिया में) कुछ दिनों खा लो और फ़ायदा उठालो (और ऐ मुन्किरो!) तुम तो बेशक गुनहगार हो। (४६) उस दिन झुठलाने वालों को ख़राबी है। (४७) और जब उन्हें कहा जाय (अल्लाह के आगे) झुको तो नहीं झुकते। (४८) उस दिन झुठलाने वालों की तबाही है। (४९) अब इस (क़दर नसीहत और खुली खुली बातों) के बाद (ऐसी और) कौन सी बात (होगी जिस) पर यह लोग ईमान लावेंगे। (५०) ★ रु. २—२२ आ ४०

॥ इति उन्तीसवाँ पारः ॥

[पिज ९६५ से] गवाही ली जायगी कि उन्होंने अपनी उम्मतों को अल्लाह का पैग़ाम सुनाया या नहीं और उन लोगों ने तब क्या रास्ते पकड़े। ८ से ११ आयत तक उस आलम का बयान है जो क़ियामत के मौक़े पर दुनिया का होगा। यह नक़्शा क़ुर्आन में जा-बजा बयान है।

§ पृथ्वी (ज़मीन) ज़िन्दा आदमी को अपनी पीठ पर समेटे है और मुर्दा को अपने पेट यानी क़ब्र में। ‡ माँ के पेट में, ज़मीन में सभी जगह तुम्हारे लिए तरह-तरह के बन्दोबस्त एक नियत अन्दाज़े पर ठहराये हैं। फिर दुबारा ज़िन्दा करने व आख़िरत में तुम्हारी करनी का फ़ैसला कर सकने की अल्लाह की क़ुदरत पर शक क्यों? * अज़ाब का काला धुआँ सा छाया होगा। दाहिने, बायें, ऊपर सब ओर। देखिये सूरः वाक़िअः आयत ४३-४४ पृष्ठ ८८३। + याने ये ज़ालिम गुनहगार लाइलाज हैं।

✪✪ तीसवाँ पारः अम्म यतसा'अलून ✪✪

✪ ७८ सूरतुन्नबअि ८० ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ८०१ अक्षर, १७४ शब्द, ४० आयतें और २ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अम्म यतसा'अलून ज़ (१) अनिन्नबअिल् - अज़ीमि ला (२) अल्लजी हुम् फ़ीहि मुख़्तलिफ़ून त़ (३) कल्ला सयऱ्लमून ला (४) सुम्म कल्ला सयऱ्लमून (५) अलम् नज्अलिल् - अर्ज़ मिहादन् ला (६) व'वल्जिबाल औतादन् त़ ला (७) व'व ख़लक़्नाकुम् अज़्वाजन् ला (८) व'व जअल्ना नौमकुम् सुबातन् ला (९) व'व जअल्नल्लैल लिबासन् ला (१०) व'व जअल्नन्नहार मआशन् त़ (११) व'व बनैना फ़ौक़कुम् सब्अन् शिदादन् ला (१२) व'व जअल्ना सिराजौं - वह्हाजन् त़ ला (१३) व'व अन्ज़ल्ना मिनल् - मुऽसिराति मा'अन् सज्जाजन् ला (१४) ल्'लिनुख़्रिज बिहि हुब्बौंव नबातन् ला (१५) व'व जन्नातिन् अल्फ़ाफ़न् त़ (१६) अिन्न यौमल्फ़सलि कान मीक़ातन् ला (१७) य'यौम युन्फ़ख़ु फ़िस्सूरि फ़तअ्तून अफ़्वाजन् ला (१८) व'व फ़ुतिह़तिस्समा'उ फ़कानत् अब्वाबन् ला (१९) व'व सुय्यिरतिल्-जिबालु फ़कानत् सराबन् त़ (२०) अिन्न जहन्नम कानत् मिर्सादन् त़ ला (२१) ल्'लित्ताग़ीन मआबन् ला (२२) ल'लाबिसीन फ़ीहा अह़्क़ाबन् ज़ (२३) ला यज़ूक़ून फ़ीहा बर्दौंव ला शराबन् ला (२४) अिल्ला ह़मीमौंव ग़स्साक़न् ला (२५) जज़ा'औविफ़ाक़न् त़ (२६) अिन्नहुम् कानू ला यर्जून हिसाबन् ला (२७) व'व कज्जबू बिआयातिना किज्जाबन् त़ (२८) व कुल्ल शैअिन् अह्सैनाहु किताबन् ला (२९) फ़ज़ूक़ू फ़लन् नज़ीद कुम् अिल्ला अज़ाबन् (३०) ★ अिन्न लिल्-मुत्तक़ीन मफ़ाज़न् ला (३१) ह़दाअिक़ व अऽनाबन् ला (३२) व'व कवाअिब अत्राबन् ला (३३) व'व कअ्सन् दिहाक़न् त़ (३४) ला यस्मअ्ून फ़ीहा लग़्वौंव ला किज्जाबन् ज़ (३५) जज़ा'अम् - मिर्रब्बिक अता'अन् हिसाबन् ला (३६)

★ रु. १/१ आ ३०

❁❁ तीसवाँ पारः (अम्म यतसा'लून) ❁❁

❁ ७८ सूरतुन्नबअि ८० ❁

(मक्की) इसमें अरबी के ८०१ अक्षर, १७४ शब्द, ४० आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

यह लोग आपस में किस चीज़ की बाबत पूँछ रहे हैं? (१) क्या बड़ी ख़बर (यानी क़ियामत§) की बाबत? (२) जिसके बारे में यह जुदा-जुदा राय रखते हैं।छ (३) तो जल्दी ही इनको मालूम हो जायगा, (४) फिर (जान लो) जल्द ही इनको मालूम हो जायगा। (५) क्या हमने ज़मीन को फ़र्श नहीं बनाया? (६) और पहाड़ों को (उस पर) मेखें (नहीं बनाया?) (७) और तुमको जोड़ा-जोड़ा (नर-मादा) पैदा किया, (८) और (हमही ने) तुम्हारी नींद को (मूजिब) आराम बनाया, (९) और (हमही ने) रात को पर्दा बनाया, (१०) और दिन को रोज़ी के लिए बनाया, (११) और (हमही ने) तुम्हारे ऊपर सात पुख़्ता (आसमान) बनाये (१२) और (उनमें) एक चमकता चिराग़ (सूर्य को) बनाया, (१३) और हमने निचोड़ने वाले (बादलों) से ज़ोर का पानी बरसाया, (१४) कि उससे अनाज और सब्ज़ियाँ निकालें, (१५) और घने घने बाग़ (निकालें)† (१६) बेशक फ़ैसले के दिन का एक वक़्त मुक़र्रर है। (१७) उस दिन सूर फूँका जायगा और तुम लोग गिरोह के गिरोह चले आ रहे होगे, (१८) और आसमान फटकर दरवाज़े दरवाज़े हो जायेंगे, (१९) और पहाड़ चलाये जायेंगे (और) वह चमकती हुई रेत होकर रह जायेंगे।‡ (२०) बेशक दोज़ख़ (गुनहगारों की) घात में है, (२१) शरीरों का (वही) ठिकाना (है), (२२) उसी में मुद्दतों पड़े रहेंगे। (२३) न वहाँ ठंडक का और न पीने (का मज़ा) चक्खेंगे, (२४) सिवाय गर्म पानी और पीब के (उनको कुछ पीने को वहाँ नहीं मिलेगा) (२५) (कि यह उनके आमाल का) पूरा बदला है। (२६) यह लोग हिसाब (आख़िरत) की उम्मीद ही न रखते थे, (२७) और हमारी आयतों को (ढिठाई से) झुठलाते ही रहते थे। (२८) और हमने (छोटे से छोटे आमाल) हर चीज़ को लिख रक्खा है। (२९) तो (उस दिन इनसे कहा जायगा कि अपने किये का) अब मज़ा चक्खो और हम तुम्हारे लिए (अज़ाब पर) अज़ाब बढ़ाते (ही) जायेंगे। (३०) ★

अलबत्ता परहेज़गारों के लिए कामयाबी है। (३१) (यानी रहने को) बाग़ और (खाने को) अंगूर, (३२) और नौजवान औरतें हमउम्र, (३३) और छलकते हुए प्याले। (३४) वहाँ यह लोग न तो कोई बकवास सुनेंगे और न झूठ। (३५) यह तुम्हारे परवरदिगार का हिसाब से दिया (उनके कर्मों का) बदला है। (३६)

रू. १ | १ | आ ३०

---

* क़ुर्आन मजीद के २९ पारे ख़त्म हुए। आख़िरी तीसवाँ पारः शुरू है। ❋ [पिज १००९ पर]

§ क़ियामत (महाप्रलय) क्या है? इसके लिए पहला पारः सूरः बक्र फ़ुटनोट ‡ पृष्ठ २७ पर देखिये। इसके बावजूद पारः ३० सूरः तक्वीर आयत १ से १३ पृष्ठ ६७५ और सूरः अिन्फ़ितारि पृष्ठ ६७७ में भूमिका देखिये। छ कोई मानता है, कोई नहीं मानता। ❁ [पिज १००९ पर] † आयत ६ से १६ तक में अल्लाह की ❁ [पिज १००९ पर] ‡ यानी उनका निशान ही न रहेगा। सराब 'मृगमरीचिका' को कहते हैं।

र्'रब्बिस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमर्रह्मानि ला यम्लिकून मिन्हु ख़िताबन् ज़ (३७) यौम यक़ूमुर्रूहु वल्मला'अिकतु सफ़्फ़न् त़ क़ ला ल'ला यतकल्लमून अिल्ला मन् अज़िन लहुर्रह्मानु व क़ाल सवाबन् (३८) जालिकल् - यौमुल्हक़्क़ु ज़ फ़मन् शा'अत्तख़ज़ अिला रब्बिहि मआबन् (३९) अिन्ना अन्ज़र्नाकुम् अज़ाबन् क़रीबन् ۵ ज़ सला र'यौम यन्ज़ुरुल् - मर्अु मा क़द्दमत् यदाहु व यक़ूलुल् - काफ़िरु यालैतनी कुन्तु तुराबन् (४०) ★

✪ ७९ सूरतुन् - नाज़िआति ८१ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १८१ हुरूफ़, ७९१ शब्द, ४६ आयतें और २ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वन्नाज़िआति ग़र्क़न् ला (१) व'वन्नाशिताति नश्तन् ला (२) व'वस्साबिहाति सब्हन् ला (३) फ़स्साबिक़ाति सब्क़न् ला (४) फ़ल्मुदब्बिराति अम्रन् म ● (५) यौम तर्जुफ़ुर्राजिफ़तु ला (६) तत्बअुहर् - रादिफ़तु त़ (७) क़ुलूबुं - य्यौमअिज़िं - व्वाजिफ़तुन् ला (८) अब्सारुहा ख़ाशिअतुन् म ● (९) यक़ूलून अ अिन्ना लमर्दूदून फ़िल् - हाफ़िरति त़ (१०) अ अिज़ा कुन्ना अिज़ामन् नख़िरतन् त़ (११) क़ालू तिल्क अिज़न् कर्रतुन् ख़ासिरतुन् म ● (१२) फ़अिन्नमा हिय ज़ज्रतुंवाहिदतुन् ला (१३) फ़अिज़ा हुम् बिस्साहिरति त़ (१४) हल् अताक हदीसु मूसा म ● (१५) अिज़् नादाहु रब्बुहु बिल्वादिल् - मुक़द्दसि तुवन् ज़ (१६) अिज़् हब् अिला फ़िर्'औन अिन्नहु तग़ा ज़ सला (१७) फ़क़ुल् हल् लक अिला अन् तज़क्का ला (१८) व अह्दियक अिला रब्बिक फ़तख़्शा ज़ (१९) फ़अराहुल् - आयतल् - कुब्रा ज़ सला (२०) फ़कज्जब व असा ज़ सला (२१) सुम्म अद्बर यस्'आ ज़ सला (२२) फ़हुशर फ़नादा ज़ सला (२३) फ़क़ाल अना रब्बुकुमुल्-अ'ला ज़ सला (२४) फ़अख़ज़हुल्-लाहु नकालल्-आख़िरति वल्अूला त़ (२५) अिन्न फ़ी ज़ालिक लअिब्रतल् - लिमैंयख़्शा त़ (२६) ★ अ अन्तुम् अशद्दु ख़ल्क़न् अमिस्समा'अु त़ बनाहा वक़्फ़: (२७)

जो रब है आसमानों का और ज़मीन का और जो कुछ इन दोनों के बीच है (उन सबका), बड़ा मेहरबान ! किसी की मजाल नहीं कि (उसके तेज के सामने) उससे बात कर सके। (३७) जब कि रूह§ और फ़रिश्ते पाँति की पाँति खड़े होंगे। किसी के मुँह से बात तो निकलने की नहीं सिवाय (उसके) जिसको (अल्लाह) रहमान आज्ञा दे और वह बात भी ठीक कहे।‡ (३८) यह दिन सच्चा है॰ फिर जो चाहे (वह अपने आमाल के ज़रिये) अपने परवरदिगार के पास ठिकाना बना रक्खे। (३९) हमने तुमको जल्दी ही आनेवाली (क़ियामत के) अज़ाब से सचेत कर दिया है कि उस दिन हर शख़्स (दुनिया में किए अपने आमाल) देख लेगा जो उसने अपने हाथों भेजे हैं और काफ़िर (उस सख़्ती को देखकर) चिल्ला उठेगा कि ऐ काश मैं मिट्टी होता !♦ (४०) ★ रु. २ | २ आ १०

✪ ७९ सूरतुन्नाज़िआति ८१ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ११८१ अक्षर, ७६१ शब्द, ४६ आयतें और २ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

और उन (फ़रिश्तों) की क़सम× जो (काफ़िरों के जिस्म में) घुसकर (सख़्ती से रूह) निकालते हैं, (१) और उन (फ़रिश्तों) की जो (ईमानवालों और नेककारों की जान) आसानी से निकाल लेते हैं, (२) और उन (फ़रिश्तों) की जो (आसमान और ज़मीन के बीच) तैरते फिरते हैं, (३) फिर दौड़कर आगे बढ़ते हैं, (४) फिर जैसा (अल्लाह का) हुक्म होता है बन्दोबस्त करते हैं।● (५) जिस (क़ियामत के) दिन काँप जाने वाली (ज़मीन) काँप उठेगी, (६) और भूकम्प के बाद भूकम्प आयेंगे। (७) उस दिन (लोगों के) दिल धड़क रहे होंगे, (८) उनकी आँखें झुकी होंगी।● (९) (गुनहगार) कहते हैं क्या हम उल्टे पाँव फिर लौटाये जायँगे (और यह क़ियामत की कहानी क्या कुछ सच्चाई रखती है) ? (१०) क्या जब (गल-सड़कर) हम खोखली हड्डियाँ हो जायँगे (तब दोबारा ज़िन्दः किये जायँगे ?) (११) कहते हैं कि ऐसा हुआ तो यह लौटना तो घाटे की बात है !● ‡ (१२) तो ऐ पैग़म्बर ! यह लोग जान लें कि) वह तो एक झिड़की होगी, (१३) और एक दम से लोग (हशर के) मैदान में आ मौजूद होंगे। (१४) (ऐ पैग़म्बर !) भला मूसा का क़िस्सा तुमको पहुँचा है ?● (१५) जबकि उनको तोआ के पाक मैदान में उनके परवरदिगार ने पुकारा, (१६) (कि) फ़िरऔन[] के पास जा उसने (बहुत) सिर उठा रक्खा है। (१७) फिर (उससे) कहो कि भला तुझको इसकी भी कुछ फ़िक्र है कि तू (कुफ़्र से) पाक साफ़ हो जाय, (१८) और मैं तुझको तेरे परवरदिगार की तरफ़ रास्ता दिखाऊँ और तू (उससे) डरे। (१९) फिर मूसा ने (जाकर) उसको (असा का) बड़ा चमत्कार दिखाया।(२०) तो उसने (मूसा अ० को) झुठलाया और न माना। (२१) फिर (फ़िरऔन) वापस गया और (मूसा अ० के ख़िलाफ़) लगा तदबीर करने। (२२) फिर (लोगों को) जमा किया और मुनादी करा दी। (२३) और कहा कि मैं तुम्हारा सबसे बड़ा मालिक हूँ। (२४) फिर अल्लाह ने उसको आख़िरत और दुनिया (के अज़ाब) में धर पकड़ा। (२५) बेशक जो अल्लाह से) डरता है उसके लिए इसमें शिक्षा है। (२६) ★ रु. १ | ३ आ २६

क्या भला (अल्लाह के लिए क़ियामत में दुबारा) तुम्हारा पैदा करना मुश्किल है या आसमान का (पैदा करना) कि उसको उसने बनाया। (२७)

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों § ‡ ♦ × ‡ [] को देखिये पृष्ठ १००६ पर और * को १०१० पर।

रफ़अ सम्कहा फ़सौवाहा ला (२८) व अग़्तश लैलहा व अख़रज ज़ुहाहा त़ (२९) वल्अर्ज़ बअ़्द जालिक दहाहा त़ (३०) अख़रज मिन्हा मा'अहा व मर्आहा त़ (३१) वल्जिबाल अर्साहा ला (३२) मताअल् - लकुम् व लिअन्आमिकुम् त़ (३३) फ़अिजा जा'अतित् - ता'म्मतुल् - कुब्रा ज़ सला (३४) यौम यतजक्करुल् - अिन्सानु मा सआ ला (३५) व बुर्रिज़तिल् - जहीमु लिमैंयरा (३६) फ़अम्मा मन् तग़ा ला (३७) व आसरल् - हयात़द्दुन्या ला (३८) फ़अिन्नल् - जहीम हियल् - मअ्वा त़ (३९) व अम्मा मन् ख़ाफ़ मक़ाम रब्बिहि व नहन् - नफ़्स अनिल्हवा ला (४०) फ़अिन्नल् - जन्नत़ हियल् - मअ्वा त़ (४१) यस्अलूनक अनिस्साअति अैयान मुर्साहा त़ (४२) फ़ीम अन्त मिन् जिक्राहा त़ (४३) अिला रब्बिक मुन्तहाहा त़ (४४) अिन्नमा' अन्त मुन्जिरु मैंयख़्शाहा त़ (४५) कअन्नहुम् यौम यरौनहा लम् यल्बसू' अिल्ला अशीयत़न् औ ज़ुहाहा (४६) ★

✪ ८० सूरतु अबस २४ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५५३ अक्षर, ११३ शब्द, ४२ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अबस व तवल्ला' ला (१) अन् जा'अहुल् - अअ़्मा त़ (२) व मा युद्रीक लअ़ल्लहू यज़्ज़क्का ला (३) औ यज्जक्करु फ़तन्फ़अ़-हुज्जिक्रा त़ (४) अम्मा मनिस्तग़्ना ला (५) फ़अन्त लहू तस़द्दा त़ (६) व मा अलैक अल्ला यज़्ज़क्का त़ (७) व अम्मा मन् जा'अक यस्आ ला (८) व हुव यख़्शा ला (९) फ़अन्त अन्हु तलह्हा ज़ (१०) कल्ला' अिन्नहा तज़्किरत़ुन् ज़ (११) फ़मन् शा'अ ज़क्करहु म ● (१२) फ़ी सुहुफ़िम् - मुकर्रमत़िन् ला (१३) म'मर्फ़ूअत़िम् - मुतह्हरत़िम् ला (१४) बिअैदी सफ़रत़िन् ला (१५) किरामिम् - बररत़िन् त़ (१६) क़ुतिलल् - अिन्सानु मा' अक्फ़रहु त़ (१७) मिन् अैयि शैअिन् ख़लक़हु त़ (१८)

उसकी छत को ख़ूब ऊँचा रक्खा, फिर उसको हमवार किया, (२८) और उसकी रात को अँधेरा बनाया और (दिन को) उसकी धूप निकाली, (२९) और इसके बाद ज़मीन को बिछाया। (३०) उसी में से उसका पानी और उसका चारा निकाला, (३१) और पहाड़ों का बोझ रख दिया, (३२) (यह सब) तुम्हारे और तुम्हारे चारपायों के फ़ायदे के लिए किया। (३३) फिर जब (क़ियामत की) बड़ी आफ़त आ पड़ेगी ! (३४) जो कुछ आदमी ने किया है उस दिन उसको याद आयेगा, (३५) और दोज़ख़ सब देखने वालों के सामने ज़ाहिर कर दी जायगी। (३६) तो जिसने सरकशी की, (३७) और दुनिया की ज़िन्दगी को मुक़द्दम रक्खा, (३८) तो उसका ठिकाना दोज़ख़ है।(३९) और जो अपने परवरदिगार के सामने पेश होने (की घड़ी) से डरा और इन्द्रियों (नफ़्स) को वासनाओं (ख़्वाहिशों) से रोकता रहा, (४०) तो (उसका) ठिकाना बहिश्त है। (४१) (सो ऐ पैग़म्बर !) तुमसे (क़ियामत की) उस घड़ी के बारे में पूछते हैं कि उसका वक़्त कब है। (४२) तुमको उस (का वक़्त बताने की) चर्चा से क्या काम। (४३) (आख़िरकार) उसकी थाह तेरे परवरदिगार को ही है। (४४) तू तो बस उसको (सचेत करने और) डर सुनाने के लिए है जो उससे डरता है। (४५) लोग जिस दिन क़ियामत को देखेंगे तो (ऐसा मालूम होगा) गोया वह (दुनिया में) बस दिन के अख़ीर पहर या अव्वल पहर ही रहे। § (४६) ★

✪ ८० सूरः अबस ६४ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ५५३ अक्षर, १३३ शब्द, ४२ आयतें और १ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(वह सिर्फ़) इतनी बात पर ग़ुस्से में हुए और मुंह फेर बैठे, (१) जब एक अन्धा उनके पास आया♦ (२) और (ऐ पैग़म्बर !) तू क्या जाने शायद वह पाकी (पवित्रता) हासिल कर लेता।‡ (३) या नसीहत सुनता और उसको नसीहत लाभदायक होती† (४) तो जो (घमण्ड में चूर होकर दीन की तरफ़ से) बेपरवाही करता है, (५) उसकी तरफ़ तू ख़ूब ध्यान देता है। (६) हालाँकि वह (अगर) पाक न हो तो तुझ पर कुछ इल्ज़ाम नहीं। (७) और जो तेरे पास (दीन की हिदायत के लिए) दौड़ता हुआ आये, (८) और जो (अल्लाह से) डरता है, (९) तो उससे (उसकी ग़रीबी या कमज़ोरी को देखकर) बेपरवाही करता है। (१०) (तो) जान लो कि यह (क़ुर्आन) तो (सबके लिए) नसीहत है। (११) फिर (अमीर-ग़रीब, अन्धा-आँखोंवाला) जो चाहे इसे याद रखे।● (१२) और क़ाबिल-अदब वर्क़ों में (लिखा हुआ है,), (१३) जो ऊँचे पर रक्खे (यानी श्रेष्ठ और) पाक हैं, (१४) (ऐसे) लिखने वालों के हाथों में, (१५) जो बुज़ुर्ग और नेककार हैं। (१६) आदमी पर मार ! वह कैसा नाशुक्रा है ! (१७) (अल्लाह ने) उसको किस चीज़ से पैदा किया ? (१८)

§ जैसे नींद ज़्यादः से ज़्यादः शाम से सुबह तक होती है वैसी ही यह दुनिया की ज़िन्दगी कुछ पहर की मालूम पड़ेगी और क़ियामत सामने आ धमकेगी। ♦ यह आयतें अब्दुल्लाह बिन उम्मे मकतूम के बारे में उतरीं। वह अन्धे थे। एक दिन ह० मुहम्मद स० अरब के बड़े-बड़े सरदारों को इस्लाम [पिज १०१० पर]

‡ हो सकता है मरतबे वाले लोगों के मुक़ाबिले अदना लोग अल्लाह की हिदायत को ज़्यादः पकड़ें और परहेज़गार बन जायँ। † माल-दार घमण्डी क़ुरैशों के मुक़ाबिले ग़रीब या अन्धे अल्लाह से ज़्यादः लौ लगाते हैं। अन्धा सच्चा ईमानवाला साबित होकर मदीना की गवर्नरी तक पर रौशन हुआ।

* मक्का के आरम्भ काल की इस सूरः में ज़्यादः ज़ोर इस आम चलन पर है कि [पिज १०१० पर]

★ रू. २१४ आ २०

● ब. ला ज़िम

मिन् नुत्फ़तिन् त़ ख़लक़हू फ़क़द्दरहू ला (१९) सुम्मस्सबील यस्सरहू ला (२०) सुम्म अमातहू फ़अक़बरहू ला (२१) सुम्म अिजा शा'अ अन्शरहू त़ (२२) कल्ला लम्मा यक़ज़ि मा' अमरहू त़ (२३) फ़ल्यन्जुरिल् - अिन्सानु अिला त़आमिहि ला (२४) अन्ना स़बब्नल् - मा'अ स़ब्बन् ला (२५) सुम्म शक़क़्नल्अर्ज़ शक़्क़न् ला (२६) फ़अम्बत्ना फ़ीहा ह़ब्बन् ला (२७) व'व अिनबौंव क़ज़्बन् ला (२८) व'व ज़ैतूनौंव नख़्लन् ला (२९) व'व ह़दा'अिक़ ग़ुल्बन् ला (३०) व'व फ़ाकिहत्नौंव अब्बन् ला (३१) म'मताअल् - लकुम् व लिअन्आमिकुम् त़ (३२) फ़अिजा जा'अतिस्सा'ख़त़ु त़ (३३) यौम यफ़िरुल्-मर्अु मिन् अख़ीहि ला (३४) व अुम्मिहि व अबीहि ला (३५) व साहिबतिहि व बनीहि त़ (३६) लि-कुल्लिम्-रिअिम् - मिन्हुम् यौम - अिजिन् शअ्नुं - य्युग़्नीहि त़ (३७) वुजूहुं-य्यौमअिजिम्-मुस्फ़िरत़ुन् ला (३८) ज़ाहिकत़ुम् - मुस्त़ब्शिरत़ुन् ज (३९) व वुजूहुं-य्यौमअिजिन् अलैहा ग़बरत़ुन् ला (४०) तर्हक़ुहा क़तरत़ुन् त़ (४१) अुला'अिक हुमुल्-कफ़रत़ुल्-फ़जरत़ु (४२) ★

✪ ८१ सूरतुत् - तक्वीरि ७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४३६ अक्षर, १०४ शब्द, २९ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ●

अिज़श्शम्सु कूविरत् त़ ला (१) व अिजन्नुजूमुन् - कदरत् त़ ला (२) व अिजल् - जिबालु सुय्यिरत् त़ ला (३) व अिजल्अिशारु अुत्तिलत् त़ ला (४) व अिजल्वुहूशु ह़ुशिरत् त़ ला (५) व अिजल्बिहारु सुज्जिरत् त़ ला (६) व अिजन्नुफ़ूसु ज़ूविजत् त़ ला (७) व अिजल्मौअूदत़ु सुअिलत् त़ ला (८) बिअैयि ज़म्बिन् क़ुतिलत् ज (९) व अिजस्सुह़ुफ़ु नुशिरत् त़ ला (१०) व अिजस्समा'अु कुशितत् त़ ला (११) व अिजल् - जह़ीमु सुऱ्अिरत् त़ ला (१२) व अिजल्जन्नतु अुज़्लिफ़त् त़ ला (१३) अलिमत् नफ़्सुम्मा' अह़्ज़रत् त़ (१४) फ़ला' अुक़्सिमु बिल्ख़ुन्नसि ला (१५) अल्जवारिल् - कुन्नसि ला (१६)

नुत्फ़े (वीर्य) से उसको बनाया फिर उसका एक अन्दाज़ा बाँध दिया, (१९) फिर उसके लिए (दुनिया में गुज़र-बसर की) राह आसान की, (२०) फिर उसको मौत दी, फिर क़ब्र में दाख़िल कराया, (२१) फिर जब चाहेगा उसको (दोबारः) उठाकर खड़ा करेगा। (२२) कुछ नहीं, अल्लाह ने जो कुछ आदमी को हुक्म दिया उसने उसकी तामील नहीं की। (२३) तो आदमी को चाहिए कि अपने खाने की तरफ़ ध्यान दे, (२४) कि हमने पानी ऊपर से बरसाया, (२५) फिर ज़मीन को फाड़ा, (२६) फिर ज़मीन में से अनाज उगाया, (२७) और अंगूर और तरकारियाँ, (२८) और ज़ैतून और खजूरें, (२९) और घने-घने बाग़, (३०) और मेवे और चारा, (३१) तुम्हारे और तुम्हारे चारपायों की गुज़र-बसर के लिए। (३२) फिर (जिस दिन) कान बहरे कर देने वाली (क़ियामत) आयेगी। (३३) जिस दिन आदमी भागेगा अपने भाई से, (३४) और अपनी मा और अपने बाप से, (३५) और अपनी बीबी और अपने बेटों से। (३६) इनमें से हर मनुष्य को उस दिन (अपने-अपने छुटकारे की) फ़िक्र लगी होगी कि बस वही उसके लिए काफ़ी होगी। (३७) कितने मुंह उस दिन चमकते होंगे, (३८) हँसते ख़ुशियाँ मनाते। (३९) और कितने मुंह उस दिन (ऐसे) होंगे कि उन पर गर्द पड़ी होगी, (४०) उन पर स्याही छाई होगी। (४१) यही काफ़िर बदकिरदार हैं (४२)★

✪ ८१ सूरतुत्तक्वीरि ७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४३६ अक्षर, १०४ शब्द, २९ आयतें और १ रुकूअ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जिस वक़्त सूरज लपेट दिया जायगा,§ (१) और जिस वक़्त तारे बेनूर (निस्तेज) हो जायँगे, (२) और जिस वक़्त पहाड़ चलाये जायँगे, (३) और जिस वक़्त दस महीने की (गाभिन) ब्यानेवाली ऊँटनियाँ छुटी-छुटी फिरें,× (४) और जिस वक़्त जंगली जानवर आ गिरें, (५) और जिस वक़्त दरिया उबल पड़ेंगे, (६) और जिस समय रूहों को (जिस्मों से) मिलाया (यानी दोबारः ज़िन्दः किया) जायगा; (७) और जिस समय लड़की से जो ज़िन्दा क़ब्र में रख दी गई थी पूछा जायगा,+ (८) कि किस क़ुसूर के बदले में (वह) मारी गई ? (९) और जिस समय आमालनामा (कर्मों का लेखा) खोला जायगा, (१०) और जिस समय आसमान की खाल खींच ली जायगी,@ (११) और जिस समय दोज़ख़ (की आग) दहकाई जायगी, (१२) और जिस समय बहिश्त नज़दीक लाई जायेगी, (१३) (उस समय) हर शख़्स जान लेगा जो कुछ (दुनिया से) वह (आख़िरत के लिए करतूत) लाया होगा। (१४) मैं उन (सितारों) की क़सम खाता हूँ जो (चलते-चलते) पीछे हटने लगते हैं, (१५) और जो चलते-चलते ग़ायब हो जाते हैं, (१६)

---

* मक्का की इस आरम्भकाल की सूरः में क़ियामत का भयानक नक्शा खींचकर चेतावनी दी गई है कि उस घड़ी के आ जाने पर दुनिया का आमालनामा ही काम आयेगा और कोई बस न चलेगा। इसलिए दुनिया में क़ुर्आन की हिदायत पर चलकर आख़िरत बनालो। यह क़ुर्आन किसी का गढ़ा नहीं बल्कि श्रेष्ठ फ़रिश्तः जिबरील अ० के ज़रिये रसूल स० पर उतारा है, और दुनिया जहान में जो भी नेक राह पर चलना चाहता है उसी के पल्ले इसकी नसीहत पड़ती है।

§ आयत १ से १३ में क़ियामत ‡ [पेज ६७७ पर] × अरब में ऊँटनी बड़ी क़दर की है [पेज ६७७ पर] + अरब में रवाज़ था कि लड़की पैदा [पेज ६७७ पर] @ यानी आज की दिखाई देनेवाली दुनिया नष्ट-भ्रष्ट हो जायगी। दूसरा समा होगा। दोज़ख़, बहिश्त और अल्लाह की इजलास का सामना होगा।

वल्लैलि अिजा अस्अस ला (१७) वस्सुब्हि अिजा तनफ़्फ़स ला (१८) अिन्नहू लक़ौलु रसूलिन् करीमिन् ला (१९) जी क़ूवतिन् अिन्द जिल्अर्शि मकीनिन् ला (२०) म'मुताअिन् सम्म अमीनिन् त (२१) व मा साहिबुकुम् बिमजनूनिन् ज (२२) व लक़द् रआहु बिल्उफ़ुक़िल् - मुबीनि ज (२३) व मा हुव अलल्ग़ैबि बिज़नीनिन् ज (२४) व मा हुव बिक़ौलि शैतानिर्रजीमिन् ला (२५) फ़अैन तज्हबून त (२६) अिन् हुव अिल्ला जिक्रुल् - लिल्आलमीन ला (२७) लिमन् शा'अ मिन्कुम् अैंयस्तक़ीम त (२८) व मा तशा'अून अिल्ला अैंयशा'अल्लाहु रब्बुल् - आलमीन (२९) ★

✪ ८२ सूरतुल् - अिन्फ़िताारि ८२ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३३४ हुरूफ़, ८० शब्द १६ आयतें और १ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अिजस्समा'अुन् - फ़तरत् ला (१) व अिजल् - कवाकिबुन् - तसरत् ला (२) व अिजल्बिहारु फ़ुज्जिरत् ला (३) व अिजल्क़ुबूरु बुअ्सिरत् ला (४) अलिमत् नफ़्सुम्मा क़द्मत् व अख़्ख़रत् त (५) या अैयुहल् - अिन्सानु मा ग़रर्क बिरब्बिकल् - करीमि ला (६) अल्लजी ख़लक़क फ़सौवाक फ़अ्दलक ला (७) फ़ी अैयि सूरतिम् - मा शा'अ रक्कबक त (८) कल्ला बल् तुकज्जिबून बिद्दीनि ला (९) व अिन्न अलैकुम् लहाफ़िजीन ला (१०) किरामन् कातिबीन ला (११) यअ्लमून मा तफ़्अलून (१२) अिन्नल् - अब्रार लफ़ी नअीमिन् ज (१३) व अिन्नल्फ़ुज्जार लफ़ी जहीमिन् ज सला (१४) य'यस्लौनहा यौमद्दीनि (१५) व मा हुम् अन्हा बिग़ा'अिबीन त (१६) व मा अद्राक मा यौमुद्दीनि ला (१७) सुम्म मा अद्राक मा यौमुद्दीनि त (१८) यौम ला तम्लिकु नफ़्सुल् - लिनफ़्सिन् शैअन् त वल्अम्रु यौमअिजिल् - लिल्लाहि (१९) ★ ●

और रात की क़सम जब वह जाने को हो, (१७) और सुबह की (क़सम) जिस वक़्त उसकी पौ फटती है।(१८) बेशक यह (क़ुर्आन) एक प्रतिष्ठित फ़रिश्ते का पैग़ाम है, (१९) शक्तिवाला और अर्श के मालिक (अल्लाह) के नज़दीक उसका बड़ा रुतबा है, (२०) सरदार और अमानतदार (भरोसेवाला) है। (२१) और (ऐ मक्का वालो!) तुम्हारे दोस्त (मुहम्मद यह कुछ) बावले नहीं (हैं)।(२२) और बेशक उन्होंने उन (जिब्रील अ०) को आसमान के खुले किनारे पर देखा है।(२३) और यह ग़ैब (अदृष्ट) की बातों को छिपाने वाला नहीं। (२४) और यह (क़ुर्आन) किसी शैतान मरदूद का कहा हुआ नहीं है, (२५) फिर तुम किधर (बहके) चले जा रहे हो।(२६) यह (क़ुर्आन) तो दुनिया जहान के लिए शिक्षा है, (२७) (लेकिन) उस शख़्स के लिए जो तुममें से सीधी राह पर चलना चाहे। (२८) और तुम तभी चाहोगे जब तमाम संसार का परवरदिगार अल्लाह चाहे। (२९) ★

रु. १/८ आ २९

✪ ८२ सूरतुल्अिन्फ़ितारि ८२ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३३४ अक्षर, ८० शब्द, १९ आयतें और १ रुकूअ् हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जबकि आसमान फट जायेगा, (१) और जब सितारे झड़ पड़ेंगे, (२) और जब नदियाँ (उबल कर) बह चलेंगी, (३) और जब क़ब्रें उखाड़ दी जायँगी, (४) (तब) हर मनुष्य जान लेगा जो (कर्म) उसने आगे (आख़िरत के लिए) भेजे और जो (आसार दुनिया में) पीछे छोड़े। (५) ऐ आदमी! किस चीज़ ने तेरे परवरदिगार बुज़ुर्ग के बारे में तुझको धोखा दिया है? (६) (वही तो है) जिसने तुझको बनाया फिर (तेरे अंगों को) दुरुस्त किया और मुनासिब बनाया, (७) (और) जिस सूरत में चाहा तेरा पैबन्द (जोड़) मिला दिया। (८) मगर बात यह है कि तुम बदला दिये जाने (के दिन) को झूठ मानते हो, (९) हालाँकि तुम पर निगरानी करनेवाले तैनात हैं, (१०) आलीक़दर (तुम्हारी करनी को) लिखने वाले, (११) जो कुछ भी तुम करते हो उनको मालूम रहता है। (१२) बेशक नेककार (सत्कर्मी) (बहिश्त के) आनन्द में होंगे। (१३) और बदकिरदार (दुष्कर्मी) बेशक दोज़ख़ में होंगे, (१४) (और आख़िरत यानी अन्तिम) न्याय के दिन उसमें दाख़िल होंगे। (१५) और वह उससे (बचकर) छुप नहीं सकते। (१६) और (ऐ पैग़म्बर!) तू क्या जाने (आख़िरत यानी) वह इंसाफ़ का दिन क्या चीज़ है! (१७) फिर (कहता हूँ कि) तू क्या जाने वह इंसाफ़ का दिन क्या चीज़ है! (१८) जिस दिन कोई शख़्स किसी शख़्स को कुछ भी फ़ायदा नहीं पहुँचा सकेगा। और हुकूमत उस दिन अल्लाह ही की होगी। (१९) ★ ●

रु. १/७ आ १९ ● रु ब्, अ. १/८

[पेज ६७५ से]‡ का बयान है। उस दिन ज़मीन और आसमान सबका बुरा हाल होगा और कोई किसी की बात न पूछेगा। [पेज ६७५ से]१५ चीज़ थी वह भी तत्काल ब्यानेवाली। लेकिन क़ियामत में अपनी-अपनी पड़ी होगी। ऊँटनी या माल ख़ज़ाना, आल-औलाद का होश किसको? [पेज ६७५ से] [illegible] होने पर कभी तो ग़रीबी के कारन और कभी झूठी शान के कारन ज़िन्दः दफ़न कर देते थे। बेटी होना शर्म की बात समझी जाती थी।

* मक्का की शुरू समय की इस छोटी सी सूरत में क़ियामत का दृश्य रखते हुए इन्सान को सचेत किया गया है कि तुम्हारी गुमराही की असल जड़ यह है कि तुम यक़ीन नहीं करते कि एक रोज़ अल्लाह के रूबरू पेश होकर तुमको अपनी करनी का फल चखना पड़ेगा और उस घड़ी तुममें कोई किसी की मदद न कर सकेगा। अगर उस इंसाफ़ के दिन पर ईमान ले आते तो फिर स्वेच्छाचार (मनमानी) की गुंजाइश न रहती और बदकिरदारी से दूर रहकर नेककारी की ओर तुम्हारा ध्यान लगता।

☆ ८३ सूरतुल् - मुतफ़्फ़िफ़ीन ८६ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ७५८ अक्षर, १७२ शब्द, ३६ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वैलुल् - लिल्मुतफ़्फ़िफ़ीन ला (१) अल्लजीन अिजक्तालू अलन्नासि यस्तौफ़ून ज़ सला (२) व अिजा कालू हुम् औव्वज़नूहुम् युख़्सिरून त़ (३) अला यज़ुन्नु अुला'अिक अन्नहुम् मब्अूसून ला (४) लियौमिन् अज़ीमिन् ला (५) य'यौम यक़ूमुन्नासु लिरब्बिल् - आलमीन त़ (६) कल्ला' अिन्न किताबल् - फ़ुज्जारि लफ़ी सिज्जीनिन् त़ (७) व मा' अद्राक मा सिज्जीनुन् त़ (८) किताबुम् - मर्क़ूमुन् त़ (९) वैलुं - य्यौमअिज़िल्लिल् - मुकज्जिबीन ला (१०) अल्लजीन युकज्जिबून बियौमिद्दीनि त़ (११) व मा युकज्जिबु बिहि' अिल्ला कुल्लु मुअ़्तदिन् असीमिन् ला (१२) अिजा तुत्ला अलैहि आयातुना क़ाल असातीरुल् - औवलीन त़ (१३) कल्ला बल् सक्तः रान अला क़ुलूबिहिम् मा कानू यक्सिबून (१४) कल्ला' अिन्नहुम् अन्रब्बिहिम् यौमअिज़िल् - लमह्जूबून त़ (१५) सुम्म अिन्नहुम् लसालुल् - जहीमि त़ (१६) सुम्म युकालु हाज़ल्लज़ी कुन्तुम् बिहि' तुकज्जिबून त़ (१७) कल्ला' अिन्न किताबल् - अब्रारि लफ़ी अिल्लीयीन त़ (१८) व मा' अद्राक मा अिल्लीयून त़ (१९) किताबुम् - मर्क़ूमुन् ला (२०) य'यशहदुहुल् - मुक़र्रबून त़ (२१) अिन्नल् - अब्रार लफ़ी नअ़ीमिन् ला (२२) अलल् - अरा'अिकि यन्ज़ुरून ला (२३) तअ़रिफ़ु फ़ी वुजूहिहिम् नज़्रतन्नअ़ीमि ज़ (२४) युस्क़ौन मिर्रहीक़िम् - मख़्तूमिन् ला (२५) ख़ितामुहू मिस्कुन् त़ व फ़ी ज़ालिक फ़ल् - यतनाफ़सिल् - मुतनाफ़िसून त़ (२६) व मिज़ाजुहू मिन् तस्नीमिन् ला (२७) अैनंयशरबु बिहल्- मुक़र्रबून त़ (२८) अिन्नल्लजीन अज्रमू कानू मिनल्लजीन आमनू यज़्हकून ज़ सला (२९)

✪ ८३ सूरतुल् मुतफ़्फ़िफ़ीन (तत्फ़ीफ़ि) ८६ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ७५८ अक्षर, १७२ शब्द, ३६ आयतें और १ रूकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(नाप और तौल में) कम देने वालों की तबाही है।(१) यह कि जब लोगों से माप लें तो पूरा-पूरा लें, (२) और जब दूसरों को नापकर या तौलकर दें तो कम दें। (३) क्या इनको इस बात का ख़्याल नहीं कि (एक दिन दुबारः) यह उठा खड़े किये जायेंगे (४) एक बड़े दिन को (जब इनको इनकी करनी का बदला दिया जायगा), (५) (और) जिस दिन लोग सारे संसार के परवरदिगार के सामने खड़े होंगे। (६) जान लो कि गुनहगारों का आमालनामा सिज्जीन में है। (७) और (ऐ पैग़म्बर!) तू क्या समझे कि 'सिज्जीन' क्या चीज़ है। (८) वह (गुनाहों के बुरे आमाल का) दफ़तर है लिखा हुआ। (९) उस दिन (आख़िरत के दिन को) झुठलाने वालों की तबाही है (१०) जो (आख़िरत यानी) इंसाफ़ के दिन को झुठलाते हैं। (११) और उस (दिन) को वही झुठलाता है जो (गुनाह और ज़ुल्म में) हद से बढ़ जानेवाला है। (१२) जब उसको हमारी आयतें पढ़कर सुनाई जाँय तो कहे कि यह तो अगले लोगों की दास्तानें हैं। (१३) बल्कि इनके दिलों पर इनके बुरे आमाल के जंग बैठ गये हैं।§ (१४) यही लोग (आख़िरत के दिन) अपने परवरदिगार के सामने नहीं जाने पायेंगे।+ (१५) बेशक फिर यह लोग दोज़ख़ में दाख़िल होंगे। (१६) फिर (उनसे) कहा जायगा कि यही तो वह (इंसाफ़ का दिन) है जिसको तुम झुठलाते थे।(१७) (और) नेककारों का कर्मलेखा 'अ़िल्लीयीन' (यानी बड़े रुतबे वाले लोगों के रजिस्टर) में दर्ज है। (१८) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम क्या समझो कि अ़िल्लीयीन क्या चीज़ है। (१९) (नेककारों के आमाल का) एक रजिस्टर है (जिसकी ख़ानापूरी होती रहती है।) (२०) (फ़रिश्ते) जो नज़दीक हैं उस पर तैनात हैं। (२१) बेशक नेककार (जन्नत में) आराम में होंगे। (२२) तख़्तों पर बैठे देख रहे होंगे। (२३) तुम उनके चेहरों पर नअ़मतों की ताज़गी देखोगे। (२४) उनको ख़ालिस शराब मुहर की हुई पिलाई जायगी, (२५) जिस (बोतल) की मुहर कस्तूरी की होगी। और इच्छा करने वालों को चाहिए कि उसी की इच्छा करें।× (२६) और उस (शराब) में तसनीम† (के पानी) की मिलावट होगी, (२७) (तसनीम जन्नत का) एक चश्मा है जिसमें से (अल्लाह के) नज़दीकी (बन्दे) पियेंगे। (२८) बेशक गुनहगार लोग ईमानवालों की हँसी उड़ाया करते थे। (२९)

❀ प्रस्तुत सूरः में घटतौली के गुनाह से चेतावनी देते हुये आख़िरत की ओर ध्यान दिलाया गया है जिससे कोई शख़्स बच नहीं सकता। दुनिया में जो कुछ हम कर रहे हैं उसको नेक और बद दो आमाल रजिस्टरों में फ़रिश्ते बराबर दर्ज करते हैं। क्रमशः उन रजिस्टरों का नाम 'अ़िल्लीयीन' और 'सिज्जीन' दिया गया है। बहिश्त और दोज़ख़ में दाख़िला उनके आमाल पर निर्भर है। सूरः में एक बड़ी मार्मिक हिदायत है कि "अगर इन्सान को तमन्ना ही करनी है तो यही तमन्ना करे कि उसे बहिश्त की चैन नसीब हो।"

§ यानी बुरे कर्म करते-करते इनके दिल-दिमाग़ पर बदी की परतें जम गई हैं और वह सही राह देख-सुन ही नहीं पाते। + यानी दर्शनों से वञ्चित रहेंगे। × अगर किसी को तमन्ना (अभिलाषा) ही करनी है तो इस बहिश्ती निअ़मत की करें, न कि दुनिया की इन चन्दरोज़ः बातों के पीछे पड़ें। † तसनीम जन्नत में एक नायाब सोता है जिसका पानी सिर्फ़ परहेज़गारों ही को पीने को मयस्सर होगा।

व अिजा मर्रू बिहिम् यतग़ामज़ून ज़् सला (३०) व अिजन्क़लबू' अिला' अह्लिहिमुन्क़लबू फ़किहीन ज़् सला (३१) व अिजा रऔहुम् क़ालू' अिन्न हा'अुला'अि लज़ा'ल्लून ला (३२) व मा' अुर्सिलू अलैहिम् हाफ़िज़ीन त़् (३३) फ़ल् - यौमल्लजीन आमनू मिनल् - कुफ़्फ़ारि यज़्हकून ला (३४) अलल् - अराअिकि ला यन्ज़ुरून त़् (३५) हल् सूविबल्कुफ़्फ़ारु मा कानू यफ़्अलून (३६) ★

☆ ८४ सूरतुल् - अिन्शिक़ाक़ि ८३ ☆

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४४८ अक्षर, १०८ शब्द २५ आयतें और १ रुकूअ् है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

अिजस्समा'अुन् - शक़्क़त् ला (१) व अजिनत् लिरब्बिहा व हुक़्क़त् ला (२) व अिजल्अर्ज़ु मुद्दत् ला (३) व अल्क़त् मा फ़ीहा व तख़ल्लत् ला (४) व अजिनत् लिरब्बिहा व हुक़्क़त् त़् (५) या' अैयुहल् - अिन्सानु अिन्नक कादिहुन् अिला रब्बिक कद्हून् फ़मुलाक़ीहि ज़् (६) फ़अम्मा मन् अूतिय किताबहू बियमीनिहीं ला (७) फ़सौफ़ युहासबु हिसाबैं - यसीरन् ला (८) व'व यन्क़लिबु अिला' अह्लिहीं मस्रूरन् त़् (९) व अम्मा मन् अूतिय किताबहू वरा'अ जह्रिहीं ला (१०) फ़सौफ़ यद्अू सुबूरन् ला (११) व'व यस्ला सअीरन् त़् (१२) अिन्नहु कान फ़ी' अह्लिहीं मस्रूरन् त़् (१३) अिन्नहु जन्न अल्लैयहूर ज़् ∴ (१४) बला' ज़् ∴ अिन्न रब्बहु कान बिहीं बसीरन् त़् (१५) फ़ला' अुक़्सिमु बिश्शफ़क़ि ला (१६) वल्लैलि व मा वसक़ ला (१७) वल्क़मरि अिज़त्तसक़ ला (१८) लतर्कबुन्न तबक़न् अन् तबक़िन् त़् (१९) फ़मा लहुम् ला युअ्मिनून ला (२०) व अिजा क़ुरिअ अलैहिमुल् - क़ुर्आनु ला यस्जुदून त़् (२१) ▲ बलिल्लजीन कफ़रू युकज्जिबून ज़् सला (२२) वल्लाहु अअ्लमु बिमा यूअ्ून ज़् सला (२३) फ़बश्शिर्हुम् बिअजाबिन् अलीमिन् ला (२४) अिल्लल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् अज्रुन् ग़ैरु मम्नूनिन् (२५) ★

और जब उनके पास से गुज़रते तो आपस में (आँख मारते और) इशारा करते थे। (३०) और जब लौटकर अपने घर जाते तो (ईमानवालों का मज़ाक़ उड़ाते और) बातें बनाते थे। (३१) और जब इनको देखते तो बोल उठते कि यही गुमराह हैं§। (३२) हालाँकि ईमान वालों पर (इनको) निगहबान बनाकर तो नहीं भेजा गया! (३३) सो आज (आख़िरत के दिन उलटी नौबत है कि अब) ईमानवाले काफ़िरों पर हँसेंगे, (३४) तख़्तों पर बैठे (सैर) देख रहे होंगे। (३५) अब काफ़िरों ने अपने किये का (पूरा) बदला पाया। (३६) ★

रू. १ — ८ आ ३६

✪ ८४ सूरतुल्अिन्शिक़ाक़ि ८३ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ४४८ अक्षर, १०८ शब्द, २५ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जब आसमान फट जायगा (१) और अपने परवरदिगार की बात सुनेगा और यह उसका फ़र्ज़ ही है। (२) और जब ज़मीन तान दी जायगी, (३) और जो कुछ उसमें है बाहर डाल देगी और ख़ाली हो जायगी, (४) और अपने परवरदिगार की बात सुनेगी और यह उसका फ़र्ज़ ही है।×(५) ऐ इन्सान! तू अपने परवरदिगार की ओर (पहुँचने में) ख़ूब कोशिश करता है और तू उससे ज़रूर मिलेगा।(६) सो जिसको उसका (कर्म-) लेखा दाहिने हाथ में दिया जायगा, (७) तो उससे आसानी के साथ हिसाब लिया जायगा, (८) और वह ख़ुश-ख़ुश अपने लोगों में वापिस जायगा।(९) और जिसको उसका (कर्म-) लेखा उसकी पीठ के पीछे से दिया जायगा, (१०) सो वह मौत मनावेगा, (११) और (जहन्नुम की) आग में पैठेगा। (१२) (वह दुनिया में) अपने घर के साथ मगन था।+ (१३) वह समझता था कि (अल्लाह की ओर) फिर न जायगा। (१४) क्यों नहीं, उसका परवरदिगार उसे (उसकी इस मदहोशी के मौके पर भी) देख रहा था। (१५) सो मैं शाम की सुर्ख़ी की क़सम खाता हूं, (१६) और रात की और जिन चीज़ों पर वह अन्धेरा करती है, (१७) और चाँद की (क़सम) जब वह पूरा (उदय) हो, (१८) कि तुम दर्जा ब दर्जा मञ्जिल को तै करोगे◉। (१९) तो इन (काफ़िरों) को क्या हुआ है कि (इन बातों पर ग़ौर नहीं करते और) ईमान नहीं लाते, (२०) और जब इनके सामने क़ुर्आन पढ़ा जाता है तो सजदः नहीं करते, (२१) ▲ बल्कि उलटे ये क़ाफ़िर झुठलाते हैं। (२२) और अल्लाह ख़ूब जानता है जो कुछ ये दिलों में रखते हैं, (२३) तो (ऐ पैग़म्बर!) इनको दुखदाई सज़ा की ख़ुशख़बरी सुना दो। (२४) मगर जो लोग ईमान लाये और उन्होंने सुकर्म किये उनके लिए कभी न ख़त्म होने वाला (अनन्त) बदला (प्रतिफल) है। (२५) ★

▲ सज्दः १३ ★ रू. १ — ९ आ २५

§ ईमानवालों को यह काफ़िर गुमराह (पथभ्रष्ट) कहा करते थे। × आसमान और ज़मीन देखने में बहुत बड़े, टिकाऊ और कभी न नष्ट होने वाले जान पड़ते हैं। लेकिन यह भी अल्लाह की रचना हैं और उनकी ज़िन्दगी की भी मियाद मुक़र्रर है। क़ियामत में अल्लाह का हुक्म होने पर वह न सिर्फ़ अपने में के सारे सामान तबाह कर देते हैं बल्कि ख़ुद भी तबाह हो जाते हैं। अल्लाह का यह हुक्म भी उनको वैसे ही बजाना है जैसे रोज़ बजाते हैं। + यानी आख़िरत को भूलकर दुनिया की बहार में भूला और मगन था। ◉ जैसे रात धीरे धीरे अपने अन्धेरे में सब कुछ समेट लेती है और जैसे चाँद धीरे धीरे बढ़कर पूर्णता को पहुंचता है वैसे ही इन्सान नेकी में मिहनत करके धीरे धीरे परहेज़गारी यानी अल्लाह के समीप पहुँचने की राह पर बढ़ता है।

❀ मक्का के आरम्भकाल की इस सूरः में आख़िरत की पुष्टि में कहा गया है कि इन्सान [पिज १०१० पर]

✪ ८५ सूरतुल् - बुरूजि २७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४७५ अक्षर, १०६ शब्द, २२ आयतें और १ रुकूअ् है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वस्समा'अि जातिल्बुरूजि ला (१) वल् - यौमिल् - मौअ्दि ला (२) व शाहिदिंव्व मशूहूदिन् त़ (३) क़ुतिल अस्हाबुल् - अुख़्दूदि ला (४) अन्नारि जातिल्वक़ूदि ला (५) अिज् हुम् अलैहा क़ुअ्दुन् ला (६) व'व हुम् अला मा यफ़्अलून बिल् - मुअ्मिनीन शुहूदुन् त़ (७) व मा नक़मू मिन्हुम् अिल्ला' अैंयुअ्मिनू बिल्लाहिल् - अज़ीज़िल् - हमीदि ला (८) अल्लजी लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् शहीदुन् त़ (९) अिन्नल्लजीन फ़तनुल् - मुअ्मिनीन वल्-मुअ्मिनाति सुम्म लम् यतूबू फ़लहुम् अजाबु जहन्नम व लहुम् अजाबुल् - हरीक़ि त़ (१०) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति लहुम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु त़ ۵ ● जालिकल्-फ़ौज़ुल् - कबीरु त़ (११) अिन्न बत्श रब्बिक लशदीदुन् त़ (१२) अिन्नहू हुव युब्दिअु व युअीदु ज (१३) व हुवल् - ग़फ़ूरुल् - वदूदु ला (१४) जुल्अर्शिल् - मजीदु ला (१५) फ़अ्आलुल् - लिमा युरीदु त़ (१६) हल् अताक हदीसुल् - जुनूदि ला (१७) फ़िर्औन व समूद त़ (१८) बलिल्लजीन कफ़रू फ़ी तक्ज़ीबिन् ला (१९) व'वल्लाहु मिव्वरा'अिहिम् मुह़ीतुन् ज (२०) बल् हुव क़ुर्आनुम् - मजीदुन् ला (२१) फ़ी लौह़िम् - महूफ़ूज़िन् (२२) ★

✪ ८६ सूरतुत्तारिक़ि ३६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २५४ अक्षर, ६१ शब्द, १७ आयतें और १ रुकूअ् है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वस्समा'अि वत्तारिक़ि ला (१) व मा' अद्राक मत्तारिक़ु ला (२) अन्नज्मुस्साक़िबु ला (३)

● आयतहुम् सिय़ः ★ रू. १ — १० आ २२

✪ ८५ सूरतुल् बुरूजि २७ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ४७५ अक्षर, १०६ शब्द, २२ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़सम आसमान की जिसमें बुर्ज हैं, (१) और (क़सम) उस (क़ियामत के) दिन की जिसका वादा है, (२) और गवाह§ की और जिसके सामने गवाही देता है उसकी (क़सम), (३) खाइयाँ खोदने वाले मारे गये+ (४) यानी आग (भरे ख़न्दक) जिनमें ईंधन (झोंक रखा) था, (५) जब वह ख़ुद उस (के किनारे) पर बैठे हुए थे, (६) और ईमानवालों पर अपने किये (ज़ुल्मों) के गवाह (यानी ख़ुद देख रहे) थे। (७) और वह ईमानवालों की इसी बात से चिढ़े कि वह अल्लाह पर ईमान लाये, (जो अल्लाह) अपार शक्तिवाला और स्तुति के योग्य है, (८) वही जिसकी आसमानों और ज़मीन पर बादशाहत है। और अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (९) जो लोग ईमानवाले मर्दों और ईमानवाली औरतों को (ईमानलाने के जुर्म में) दुःख देते हैं फिर तौबा नहीं करते तो उनके लिए दोज़ख़ का अ़ज़ाब है और उनके लिए भड़कती आग (में जलने) का अ़ज़ाब है। (१०) (और) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने सुकर्म किए उनके लिए (बहिश्त के) बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, ● यह बड़ी कामयाबी है। (११) बेशक तेरे परवरदिगार की पकड़ बहुत सख़्त है। (१२) बेशक वही पहली बार पैदा करता है और दुबारा भी करेगा। (१३) और वही बख़्शने वाला और प्रेम करने वाला है, (१४) अर्श (तख़्त) का मालिक बड़ी शान वाला (अत्यंत गरिमावान) है, (१५) जो चाहता है करता है। (१६) क्या तेरे पास उन लश्करों की ख़बर पहुँची है ? (१७) फ़िरऔन और समूद (के लश्करों) की ? (१८) कुछ नहीं, यह काफ़िर झुठलाने में (लगे) हैं। (१९) और अल्लाह उनको उनके सब ओर से घेरे हुए है। (२०) बल्कि (जिसे झुठलाते हैं सो) यह क़ुर्आन तो बड़ी शान का है।(२१) लौह-महफ़ूज़× में लिखा हुआ है। (२२) ✱

● आयतसिंयः ★ रू. १-१० अ. २२

✪ ८६ सूरतुत्तारिक़ि ३६ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के २५४ अक्षर, ६१ शब्द, १७ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़सम है आसमान की और रात को आने वाले की, (१) और तू क्या समझे कि रात को आनेवाला क्या है ! (२) वह तारा है चमकता हुआ। (३)

---

* मक्का की इस आरम्भकाल की सूरः के विषय से मालूम पड़ता है कि अब मक्कावाले इस्लाम पर ईमान लानेवालों को भरपूर सता रहे थे। इसलिए आग का ख़न्दक खोदने वालों—(देखिये फ़ुटनोट आयत ४) व फ़िरऔन और समूद की ज़ालिम क़ौमों के बयान का हवाला देते हुये समझाया गया है और इस अ़ज़ीम आसमान व ज़मीन और ख़ुद क़ियामत की क़सम से यह 'सत्य' पुकारा गया है कि कुफ़्र (अधर्म) और ज़ुल्म का नाश और दीन (धर्म) व इंसाफ़ की विजय दुनिया में हमेशा होती रही है और आज अरब में भी वही होना है।

❀ मक्का की इस आरम्भिक सूरः में भी मुशरिकों की ईमानवालों पर नाराज़ी का [पेज १०१० पर]

§ यहाँ गवाह का क्या अर्थ है ? यह एक ऐसा ‡‡ [पेज १०१० पर] + ज़िक्र यों मशहूर है कि एक नेक और परहेज़गार [पेज १०१० पर] × 'लौह महफ़ूज़' एक तख़्ती है जिसमें ◉ [पेज १०१० पर]

अिन् कुल्लु नफ़्सिल् - लम्मा अ़लैहा ह़ाफ़िज़ुन् त़ (४) फ़ल्यन्ज़ुरिल् - अिन्सानु मिम्म ख़ुलिक़ त़ (५) ख़ुलिक़ मिम्मा'अिन् दाफ़िक़िन् ला (६) य'यख़्रुजु मिम्बैनिस्सुल्बि वत्तरा'अिबि त़ (७) अिन्नहू अ़ला रज्अिहीं लक़ादिरुन् त़ (८) यौम तुब्लस्सरा'अिरु ला (९) फ़मा लहू मिन् क़ुव्वतिंव्व ला नासिरिन् त़ (१०) वस्समा'अि जातिर्रज्अि ला (११) वल्अर्ज़ि जातिस्सद्अि ला (१२) अिन्नहू लक़ौलुन् फ़स़्लुन् ला (१३) व'व मा हुव बिल्हज़्लि त़ (१४) अिन्नहुम् यकीदून कैदन् ला (१५) व'व अकीदु कैदन् ज़ सला (१६) फ़मह्हिलिल् - काफ़िरीन अम्हिल्हुम् रुवैदन् (१७) ★

﴿ ८७ सूरतुल् - अ़ड़ला ८ ﴾

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के २९९ अक्षर, ७२ शब्द, १९ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि ●

सब्बिहिस्म रब्बिकल् - अ़ड़ला ला (१) अल्लजी ख़लक़ फ़सौवा त़ ला (२) वल्लजी क़द्दर फ़हदा त़ ला (३) वल्लजी अख़्रजल् - मर्अ़ा त़ ला (४) फ़जअ़लहू ग़ुसा'अन् अह़्वा त़ (५) सनुक़्रिअुक फ़ला तन्सा' ला (६) अिल्ला मा शा'अल्लाहु त़ अिन्नहू यअ़्लमुल् - जह्र व मा यख़्फ़ा त़ (७) व नुयस्सिरुक लिल्युस्रा ज़ सला (८) फ़ज़क्किर् अिन् नफ़अ़तिज्जिक्रा त़ (९) सयज्जक्करु मैंयख़्शा ला (१०) व यतजन्नबुहल् - अश्क़ ला (११) अल्लजी यस़्लन्नारल् - कुब्रा ज़ (१२) सुम्म ला यमूतु फ़ीहा व ला यह़्या त़ (१३) क़द् अफ़्लह़ मन् तज़क्का ला (१४) व जकरस्म रब्बिहीं फ़स़ल्ला त़ (१५) बल् तुअ्सिरूनल् - ह़यात़द्दुन्या ज़ सला (१६) वल्आख़िरतु ख़ैरूँव अब्क़ा त़ (१७) अिन्न हाज़ा लफ़िस्सुह़ुफ़िल् - अूला ला (१८) सुह़ुफ़ि अिब्राहीम व मूसा (१९) ★

कोई जीव नहीं जिस पर निगहबान न हो। (४) अब इन्सान को चाहिए कि वह ध्यान दे कि किस चीज़ से (वह) पैदा किया गया है। (५) वह उछलते पानी से पैदा किया गया है, (६) जो पीठ और छाती (की हड्डियों) के बीच से निकलता है। (७) बेशक अल्लाह (मरने के बाद) उसको (दोबारा) लौटाने पर शक्तिमान है।§ (८) जिस दिन (लोगों के दिलों के) भेद जाँचे जायँगे, ✡ (९) (उस दिन) न तो आदमी का कुछ बल चलेगा और न कोई (उसका) सहायक होगा। (१०) लौट फेर वाले आसमान की क़सम,‡ (११) और फट जानेवाली♦ ज़मीन की क़सम, (१२) ज़रूर यह कलाम बिलकुल दो टूक (सच और झूठ को जुदा करनेवाला) है, (१३) और यह कुछ हँसी की बात नहीं। (१४) बेशक यह (काफ़िर अपने) दाँव कर रहे हैं, (१५) और मैं (अपना) दाँव कर रहा हूँ। (१६) सो (ऐ पैग़म्बर!) इन काफ़िरों को मुहलत दे (बस) इनको थोड़ी सी मोहलत दे। (१७) ★ रु. १/११ आ १७

✪ ८७ सूरतुल्अ़ला ८ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के २६६ अक्षर, ७२ शब्द, १६ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर!) अपने आलीशान परवरदिगार के नाम की तस्बीह कर, (१) जिसने (सृष्टि को) बनाया फिर दुरुस्त किया, (२) और जिसने (हर चीज़ के लिए एक) अन्दाज़ा ठहराया और (उसको) राह लगाया, (३) और जिसने चारा निकाला, (४) फिर उसको काला कूड़ा कर दिया। (५) (ऐ पैग़म्बर!) हम तुझको ऐसा पढ़ा देंगे कि तू (कभी) न भूलेगा, (६) मगर जो अल्लाह (ही भुला देना) चाहे (तो वह सब कर सकने में समर्थ है।) बेशक अल्लाह पुकार कर पढ़ने को भी जानता है और आहिस्ता पढ़ने को भी। (७) और हम तेरे लिए और भी आसानी कर देंगे।◉ (८) सो नसीहत करते रहो जहाँ तक नसीहत काम करे।† (९) जो (अल्लाह से) डरता है वह नसीहत पकड़ेगा, (१०) और अभागा तो उससे भागता ही रहेगा, (११) वह जो (क़ियामत की) बड़ी आग में पड़ेगा। (१२) फिर न तो उसमें मरेगा ही और न ज़िन्दा ही रहेगा।▩ (१३) जो (पाक रहा और अपने को) सवाँरे रहा वही कामयाब हुआ, (१४) और (यह वह है जो) अपने परवरदिगार का नाम लेता और नमाज़ पढ़ता रहा, (१५) मगर तुम लोग (तो उस आख़िरत को भूलकर) दुनिया की ज़िन्दगी को पकड़ते हो, (१६) हालाँकि आख़िरत (की ज़िन्दगी) कहीं बढ़कर और स्थायी (सदा रहनेवाली) है। (१७) यही बात तो पहले (नाज़िल हुए) सहीफ़ों में भी है, (१८) (यानी) इब्राहीम और मूसा के सहीफ़ों में।× (१९) ★ रु. १/१२ आ १९

---

§ जो अल्लाह इतनी साधारन चीज़ से इंसान को पैदा कर सकता है उसके लिए मौत के बाद दोबारा ज़िन्दगी देना कौन मुश्किल बात है। ✡ उस आख़िरत की दुनिया में हमारे सब काम, इरादे, ख्याल यानी इस दुनिया की छोटी से छोटी और छिपी से छिपी दिली या जिस्मानी हरकत खुलकर सामने आ जावगी और परम सत्य की कसौटी पर परखी जायगी। इस दुनिया के हमारे ओहदे, मरतबे, दस्तूर, जत्थे या अक़ीदे (मान्यताएँ) हमारी कुछ भी मदद न कर सकेंगे। ‡ समय और मौसम बग़ैरः उलटते पलटते रहते हैं। ♦ पौधे ज़मीन फाड़कर उगते हैं। ◉ यानी दीन पर चलना व क़ायम रहना आसान कर देंगे ताकि दुनिया के लोगों में तुम्हारे ज़रिये भेजा गया मिशन कामयाब हो। † जो नसीहत पर किसी तरह चलना ही न चाहें उन्हें छोड़ दो। ▩ न ज़िन्दः होगा और न मरेगा कि उस मौत जैसी पीड़ा से छुटकारा पाये। × सहीफ़ा—धर्म ग्रंथ यानी किताब इलाही। कहा जाता है कि एक लाख चौबीस हज़ार नबी दुनिया में गुज़रे हैं। ▩ [पिज १०११ पर]

* मक्का को इस आरम्भिक सूरः में अल्लाह की तस्बीह व इबादत की नसीहत ▩ [पिज १०११ पर]

✪ ८८ सूरतुल्-ग़ाशियति ६८ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३८४ अक्षर, ९३ शब्द, २६ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

हल् अताक हदीसुल्-ग़ाशियति ط (१) वुजूहुं-यौमअिजिन् ख़ाशिअ़तुन् لا (२) आमिलतुन् नासिबतुन् لا (३) तस्ला नारन् हामियतन् لا (४) तुस्क़ा मिन् अैनिन् आनियतिन् ط (५) लैस लहुम् तआमुन् अिल्ला मिन् ज़रीअिन् لا (६) ल'ला युस्मिनु व ला युग़्नी मिन् जूअिन् ط (७) वुजूहुं - यौमअिजिन् नाअिमतुन् لا (८) ल्'लिसअ़्यिहा राज़िय़तुन् لا (९) फ़ी जन्नतिन् आलियतिन् لا (१०) ल'ला तस्मअु फ़ीहा ला ग़ियतन् ط (११) फ़ीहा अैनुन् जारियतुन् م ● (१२) फ़ीहा सुरुरुम्-मर्फ़ूअतुन् لا (१३) व'व अक्वाबुम्-मौज़ूअतुन् لا (१४) व'व नमारिक़ु मस्फ़ूफ़तुन् لا (१५) व'वज़राबीयु मब्सूसतुन् ط (१६) अफ़ला यन्ज़ुरून अिलल्-अिबिलि कैफ़ ख़ुलिक़त् وقف لازم (१७) व अिलस्समा'अि कैफ़ रुफ़िअ़त् وقف لازم (१८) व अिलल् - जिबालि कैफ़ नुसिबत् وقف لازم (१९) व अिलल्अर्ज़ि कैफ़ सुतिहत् وقف لازم (२०) फ़ज़क्किर् क़िफ़् ط अिन्नमा' अन्त मुज़क्किरुन् ط (२१) लस्त अलैहिम् बिमुसैत्तिरिन् لا (२२) अिल्ला मन् तवल्ला व कफ़र لا (२३) फ़युअ़ज्जिबुहुल्लाहुल् - अ़ज़ाबल् - अक्बर ط (२४) अिन्न अिलैना' अियाबहुम् لا (२५) सुम्म अिन्न अलैना हिसाबहुम् (२६) ★ ●

✪ ८९ सूरतुल् - फ़ज्रि १० ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५८५ अक्षर, १३७ शब्द, ३० आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

वल्फ़ज्रि لا (१) व लयालिन् अश्रिन् لا (२) व'वश्शफ़्अि वल्वत्रि لا (३) वल्लैलि अिजा यस्रि ج (४) हल् फ़ी जालिक क़सम्उल्लिज़ी हिज्रिन् ط (५) अलम् तर कैफ़ फ़अ़ल रब्बुक बिआ़दिन् ج لا (६) अिरम ज़ातिल्अिमादि ج لا (७) अल्लती लम् युख़्लक़् मिस्लुहा फ़िल्बिलादि ج لا (८)

✪ ८८ सूरतुल् ग़ाशियति ६८ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३८४ अक्षर, ६३ शब्द, २६ आयतें और १ रुकूअ् है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

भला तुझको उस छिपा रखनेवाली (क़ियामत) की कुछ बात पहुँची है? (१) कितने मुँह उस रोज़ उतरे हुए होंगे, (२) मेहनत उठाने वाले (और) थके-थके! (३) दहकती हुई आग में दाख़िल होंगे, (४) उनको एक खौलते हुए चश्मे का पानी पिलाया जायगा। (५) काँटों के झाड़ के सिवाय और कोई खाना इनको (मयस्सर) नहीं, (६) जिससे न तो (जिस्म ही) मोटा हो और न भूख ही जाय। (७) (और) कितने मुँह उस रोज़ (ख़ुश व) खिले होंगे, (८) अपनी मेहनत (के बदले) से ख़ुश, (९) ऊँचे (जन्नत के) बाग़ में होंगे, (१०) जहाँ (बेहूदा) बकवास न सुनेंगे। (११) उसमें चश्मा बह रहा होगा। ● (१२) उसमें ऊँचे तख़्त बिछे होंगे, (१३) और आबख़ोरे सजे होंगे, (१४) और गाव-तकिये क़तार की क़तार लगे होंगे, (१५) और मख़मली मसनद बिछे हुए होंगे। (१६) तो क्या यह ऊँटों की तरफ़ नहीं देखते कि कैसे (अजीब) पैदा किये गये हैं? (१७) और आसमान की तरफ़ (नहीं देखते) कैसा ऊँचा बनाया गया है? (१८) और पहाड़ों की तरफ़ कि वह कैसे खड़े किये गये हैं? (१९) और ज़मीन की तरफ़ (भी क्या नज़र नहीं डालते) कि कैसी साफ़ बिछाई गई है? (२०) तो (ऐ पैग़म्बर!) याद दिलाये जा; तेरा बस काम ही (लोगों को सचेत करना और) याद दिलाते रहना है।(२१) तू उन पर दारोग़ा तो नहीं है;§ (२२) मगर जो मुँह फेरे और इन्कार करे, (२३) तो अल्लाह उसको बड़ा अज़ाब देगा। (२४) बेशक इनको हमारी तरफ़ फिर लौटकर आना है, (२५) फिर उनसे हिसाब लेना बेशक हमारा काम है।छ (२६) ★ ●

✪ ८९ सूरतुल्फ़ज्रि १० ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५८५ अक्षर, १३७ शब्द, ३० आयतें और १ रुकूअ् है। ❀❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

सुबह की क़सम, (१) और दस रातों‡ की (क़सम), (२) जुफ़्त और ताक़ की क़सम,♦ (३) और रात (की क़सम) जबकि गुज़रने लगे। (४) बेशक अक़्लवालों के लिए तो इनमें बड़ी भारी क़सम है। (५) क्या तुमने नहीं देखा कि तुम्हारे परवरदिगार ने (क़ौम-) आद के साथ कैसा किया? (६) (और) मीनारों वाले इरम◎ के साथ (कैसा किया)? (७) (जो ऐसे बड़े डील-डौल के थे) कि मुल्कों में कोई उन जैसे पैदा नहीं हुए। (८)

---

* मक्का की शुरू की नाज़िल होने वाली इस सूरः में क़ियामत के दिन बद व नेक आमाल वालों की हालत का बयान करते हुए लोगों का ध्यान खींचा गया है कि इस दुनिया की नज़र आनेवाली इस अजीब सृष्टि के बनानेवाले अल्लाह के लिए दोज़ख़ व बहिश्त का सामान तैयार करने में क्या मुश्किल है। हर शख़्स की आख़िरत का फ़ैसला तो अल्लाह के सामने ही तय होना है। रसूल तो सिर्फ़ लोगों को हुक्म अल्लाह से नसीहत करने और उसके अज़ाब से सचेत करने के लिए है।

** यह मक्का की बिलकुल शुरू की सूरतों में से है। पुरानी आलीशान क़ौमों के भी सरकश हो जाने पर उनके मटियामेट हो जाने की नज़ीर (दृष्टांत) देकर इन्सान की रोज़मर्रा की एक कमज़ोरी से सचेत किया गया है। वह यह कि अल्लाह हमको ख़ुशहाली देता है ताकि हम नेक काम करें, यतीम, §§ [पेज १०११ पर]

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों † § छ ‡ ♦ ‡ ◎ को देखिये पृष्ठ १०११ पर।

व समूदल्लजीन जाबुस्सख़्र बिल्वादि ﴿ला﴾ (९) व फ़िर्औन जिल्औतादि ﴿ला﴾ (१०) अल्लजीन तग़ौ फ़िल्बिलादि ﴿ला﴾ (११) फ़अक्सरू फ़ीहल्फ़साद ﴿ला﴾ (१२) फ़सब्ब अलैहिम् रब्बुक सौत अजाबिन् ﴿ज्ला﴾ (१३) अिन्न रब्बक लबिल् - मिर्सादि ﴿त्﴾ (१४) फ़-अम्मल्-अिन्सानु अिजा मब्तलाहु रब्बुहु फ़अक्रमहु व नअ्अमहु ﴿ला﴾ ۝ फ़यक़ूलु रब्बी' अक्रमनि ﴿त्﴾ (१५) व अम्मा' अिजा मब्तलाहु फ़क़दर अलैहि रिज़्क़हु ﴿ला﴾ ۝ फ़यक़ूलु रब्बी' अहाननि ﴿ज्﴾ (१६) कल्ला बल् ला तुक्रिमूनल् - यतीम ﴿ला﴾ (१७) व ला तहा'ज़्ज़ून अला तआमिल् - मिस्कीनि ﴿ला﴾ (१८) व तअ्कुलूनत्तुरास अक्लल्-लम्मन् ﴿ला﴾ (१९) व'व तुहिब्बूनल् - माल हुब्बन् जम्मन् ﴿त्﴾ (२०) कल्ला' अिजा दुक्कतिल् - अर्ज़ु दक्कन् दक्कन् ﴿ला﴾ (२१) व'व जा'अ रब्बुक वल्मलकु सफ़्फ़न् सफ़्फ़न् ﴿ज्﴾ (२२) व जी'अ यौमअिजिम्-बिजहन्नम ﴿ला﴾ ۝ यौमअिजी- यतजक्करुल् - अिन्सानु व अन्ना लहुज्जिक्रा ﴿त्﴾ (२३) यक़ूलु यालैतनी क़द्मतु लिहयाती ﴿ज्﴾ (२४) फ़यौमअिजिल्ला युअ्जिबु अजाबहु' अहदुन् ﴿ला﴾ (२५) व'व ला यूसिक़ु व साक़हु' अहदुन् ﴿त्﴾ (२६) या' अैयतुहन्नफ़्सुल् - मुत्मअिन्नतु ﴿क् सला﴾ (२७) अ्र्जिअी' अिला रब्बिकि राज़ियतम् - मर्ज़ीयतन् ﴿ज्﴾ (२८) फ़द्ख़ुली फ़ी अिबादी ﴿ला﴾ (२९) वद्ख़ुली जन्नती (३०) ★

✪ ९० सूरतुल् - बलदि ३५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३४७ अक्षर, ८२ शब्द, २० आयतें और १ रुकूअ् है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

ला' अुक़्सिमु बिहाजल्बलदि ﴿ला﴾ (१) व अन्त हिल्लुम्-बिहाजल्-बलदि ﴿ला﴾ (२) व वालिदिव्व मा वलद ﴿ला﴾ (३) लक़द् ख़लक़्नल् - अिन्सान फ़ी कबदिन् ﴿त्﴾ (४) अयहूसबु अल्लैयक़्दिर अलैहि अहदुन् ﴿म﴾ ● (५)

रु. १ — १४ आ ३०

● ब. ला जिम

और समूद (के साथ कैसा किया) जो घाटी में पत्थरों को तराश कर घर बनाते थे; (९) और मेख़ोंवाले♦ फ़िरऔन के साथ (कैसा किया)। (१०) यह सब जो मुल्कों में सरकश हुए, (११) फिर उनमें बहुत फ़साद किया, (१२) फिर तेरे परवरदिगार ने उन पर अज़ाब का कोड़ा बरसाया, (१३) बेशक तेरा परवरदिगार ताक में रहता है।‡ (१४) लेकिन इन्सान (अजब) है कि जब उसका परवरदिगार उसको आज़माता है और इज़्ज़त और निअ़मत देता है तो कहता है कि (अहा!) मेरे परवरदिगार ने मुझे इज़्ज़त बख़्शी!§ (१५) और जब वह उसको दूसरी तरह आज़माता है और उस पर उसकी रोज़ी तंग कर देता है--तो कहता है कि (हाय!) मेरे परवरदिगार ने मुझे ज़लील किया।छ (१६) हरगिज़ नहीं, बल्कि तुम (ख़ुशहाली पाने पर भी) अनाथ (यतीम) की ख़ातिर नहीं करते, (१७) और न एक दूसरे को मुहताजों को खाना खिलाने का बढ़ावा देते हो, (१८) और मरे हुओं तक का छोड़ा हुआ सब माल समेट (समेट) कर खाजाते हो,† (१९) और माल को (इन्साफ़ के मुक़ाबिले) बहुत ही प्यारा समझते हो। (२०) कुछ नहीं, जब (आज़माइश का मौक़ा ख़त्म हो जायगा और क़ियामत आ धमकेगी और) ज़मीन कूट कूट कर चकनाचूर कर दी जायेगी, (२१) और तेरा परवरदिगार सामने मौजूद होगा और फ़रिश्ते पाँति की पाँति (अल्लाह के हुक्म की राह देख रहे होंगे।) (२२) और उस दिन जहन्नुम नज़दीक लाया जावेगा। और उस दिन आदमी (अपनी भूल को) याद करेगा मगर उसके याद करने से क्या होगा। (२३) वह कहेगा हा शोक! मैंने अपनी इस (आख़िरत की) ज़िन्दगी के लिए पहिले से कुछ नेककारी की होती! (२४) तो उस दिन उसका जैसा कोई अज़ाब न देगा, (२५) और न कोई उसके जैसा जकड़ेगा। (२६) (और सुख-दुख हर हालत में अपने अल्लाह से सन्तोष रखने वाली रूह से कहा जायगा कि) ऐ इतमीनान पानेवाली रूह (शान्त आत्मा!) (२७) अपने परवदिगार की ओर लौट चल, तू उससे राज़ी और वह तुझसे राज़ी। (२८) फिर मेरे (नेक और प्यारे) बन्दों में जा मिल, (२९) और मेरी बहिश्त में जा दाख़िल हो। (३०) ★

✪ ९० सूरतुल् बलदि ३५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३४७ अक्षर, ८२ शब्द, २० आयतें और १ रुकूअ़ है।❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

(शुरू) अल्लाह के नाम से (जो) निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान (है)।

मैं इस शहर (मक्का) की क़सम खाता हूँ, (१) और तू इसी शहर का रहनेवाला (नागरिक) है। (२) और क़सम है पैदा करने वाले (आदम) की और उसकी औलाद की, (३) हमने आदमी को मेहनत के लिए बनाया है।+ (४) क्या वह इस ख़्याल में है कि उस पर किसी का बस न चलेगा।● (५)

♦ यानी बड़े रुतबे व दबदबे वाले। ‡ यानी लोगों पर पूरी नज़र रखता है। उन्हें मौक़ा देता है और उनको ख़ुशहाली और तंगी देकर आज़माता है कि आया लोग शुक्र मानते और तौबः करते हैं या नहीं। § और उस ख़ुशहाली में मग़रूर होकर अपने फ़र्ज़ भूल जाता है। यह नहीं होश रहता कि ख़ुशहाली देकर अल्लाह जाँचता है कि हम उसको पाकर कितना नेक काम करते हैं। छ फिर जब हम फ़र्ज़ से हटकर सरकश व मग़रूर हो जाते हैं तो अल्लाह हमसे ख़ुशहाली समेट लेता है तब हम अपनी चूक पर ध्यान न देकर अल्लाह की शिकायत करने लगते हैं। † उस मरे हुए का माल हड़पने में ज़रा भी यह हिचक नहीं रखते कि उसमें यतीम, मुहताज नाबालिग़ और किनका कितना वाजिब हक़ है। + अल्लाह ने इन्सान को आँख, कान, ज़बान व नेक-बद राहों पर चलने के अन्जाम की सूझ-समझ दी। नेकी का रास्ता संयम (परहेज़गारी)‡ [पेज १०११ पर]

❀ मक्का की इस आरम्भिक सूरः में यह संकेत है कि अल्लाह ने इन्सान को जिस्मानी [पेज १०११ पर]

यक़ूलु अह्लक्तु मालल्-लुबदन् त (६) अयह्सबु अल्लम् यरहु' अह़दुन् त (७) अलम् नज्अल् लहु अैनैनि ला (८) व लिसानौंव शफ़तैनि ला (९) व हदैनाहुन्-नज्दैनि ज (१०) फ़लक़तहूमल्-अक़बत ज़ सला (११) व मा अद्राक मल्अक़बतु त (१२) फ़क्कु रक़बतिन् ला (१३) औ अित्आमुन् फ़ी यौमिन् ज़ी मस्ग़बतिन् ला (१४) य'यतीमन् ज़ामक़रबतिन् ला (१५) औ मिस्कीनन् ज़ा मत्रबतिन् त (१६) सुम्म कान मिनल्लज़ीन आमनू व तवासौ बिस्सब्रि व तवासौ बिल्मर्हूमति त (१७) अुला'अिक अस्हाबुल्-मैमनति त (१८) वल्लज़ीन कफ़रू बिआयातिना हुम् अस्हाबुल्-मश्अमति त (१९) अलैहिम् नारुम्-मुअ्सदतुन् (२०) ★

रु. १ — १५ आ. २०

✪ ९१ सूरतुश्शम्सि २६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २५४ अक्षर, ५६ शब्द, १५ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वश्शम्सि व ज़ुहाहा सु ला (१) वल्क़मरि अिजा तलाहा सु ला (२) वन्नहारि अिजा जल्लाहा सु ला (३) वल्लैलि अिजा यग़्शाहा सु ला (४) वस्समा'अि व मा बनाहा सु ला (५) वल्अर्ज़ि व मा तहाहा सु ला (६) व नफ़्सिव्व मा सौवाहा सु ला (७) फ़अल्हमहा फ़ुजूरहा व तक़्वाहा सु ला (८) क़द् अफ़्लह़ मन् ज़क्काहा सु ला (९) व क़द् ख़ाब मन् दस्साहा त (१०) कज्जबत् समूदु बितग़्वाहा' सु ला (११) अिज़िम्बअ़स अश्क़ाहा सु ला (१२) फ़क़ाल लहुम् रसूलुल्लाहि नाक़तल्लाहि व सुक़्याहा त (१३) फ़कज्जबूहु फ़अ़क़रूहा सु ला ∆ फ़दम्दम अलैहिम् रब्बुहुम् बिज़म्बिहिम् फ़सौवाहा सु ला (१४) व ला यख़ाफ़ु अुक़्बाहा (१५) ★

रु. १ — १६ आ. १५

✪ ९२ सूरतुल्लैलि ९ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३१४ अक्षर, ७१ शब्द, २१ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

वल्लैलि अिजा यग़्शा ला (१) वन्नहारि अिजा तजल्ला ला (२) व मा ख़लक़ज्जकर वल्अुन्सा' ला (३)

वह कहता है कि मैंने बहुतेरे माल खपा दिये।‡ (६) क्या वह यह समझता है कि उसे कोई नहीं देखता। (७) क्या हमने उसको दो आँखें नहीं दीं, (८) और ज़बान और दो ओंठ नहीं दिये ? (९) (यह चीज़ें भी दीं) और उसको दो राहें (नेकी-बदी) भी दिखाईं।† (१०) फिर वह (नेकी की कठिन) घाटी में से चलने की हिम्मत न कर सका। (११) और (ऐ पैग़म्बर !) तू क्या जाने (वह नेकी की कठिन) घाटी क्या चीज़ है। (१२) किसी (की) गर्दन का छुड़ा देना (ग़ुलाम आज़ाद करना), (१३) या भूख के दिनों में खाना खिलाना, (१४) अनाथ नातेदार को,छ (१५) या ख़ाकसार मुहताज को (खिलाना)। (१६) फिर उन लोगों में होना जो ईमान लाये और सब को सब्र और रहम की शिक्षा देते रहे। (१७) यही लोग ख़ुशनसीब हैं। (१८) और जिन लोगों ने हमारी आयतों से इन्कार किया वही बदबख़्त होंगे। (१९) यह लोग आग में (डालकर) बंद कर दिये जायँगे। (२०) ★

रु. १/१५ आ २०

✪ ९१ सूरतुश्शम्सि २६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २५४ अक्षर, ५६ शब्द, १५ आयतें और १ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़सम है सूरज और उसकी रौशनी की, (१) और चाँद की जब उसके (डबने के) बाद निकलता है; (२) और दिन की (क़सम) जब कि उस (सूरज) को रौशन कर दे, (३) और रात की (क़सम) जब उसको छिपाले; (४) और (क़सम उस) आसमान की और जिसने उसको बनाया, (५) और (क़सम है उस) ज़मीन की और जिसने उसे बिछाया (६) और जीव की (क़सम) और जिसने उसे (नखसिख सब तौर पर) दुरुस्त बनाया; (७) फिर उसके दिल में उसकी बदी (से बचने की) और परहेज़गारी (पर चलने) की समझ दी। (८) तो जिसने अपने (जीव) को पाक किया वह मुराद को पहुँचा, (९) और जिसने (परहेज़गारी से मुँह मोड़कर) उसको धूल में मिला दिया वह घाटे में रहा। (१०) (क़ौम) समूद ने अपनी सरकशी की वजह से (पैग़म्बर को) झुठलाया। (११) जबकि उनमें एक बड़ा अभागा उठा, (१२) तो अल्लाह के पैग़म्बर (सालेह अ०) ने उनसे कहा कि यह अल्लाह की ऊँटनी है इसे बारी से पानी पीने दो। (१३) इस पर उन लोगों ने सालेह को झुठलाया, फिर ऊँटनी के पाँव काट डाले; फिर उनके परवरदिगार ने उनके पाप के बदले उन पर अज़ाब डाला और सबों को (हलाक करके) बराबर कर दिया।§ (१४) और वह (यानी अल्लाह) नहीं डरता कि इसका अंजाम क्या होगा।‡ (१५) ★

रु. १/१६ आ १५

✪ ९२ सूरतुल्लैलि ९ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ३१४ अक्षर, ७१ शब्द, २१ आयतें और १ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

रात की क़सम जबकि (वह दिन को) ढाँकले, (१) और दिन की (क़सम) जब वह ख़ूब रौशन हो, (२) और उसकी क़सम जिसने नर और मादा को बनाया। (३)

---

‡ अपार धन पाकर मदहोश, उस धन को बेतहाशा ख़र्च कर आलम की मदद अपने हक़ में हासिल कर लेने का दम भरता है। उसे यह ख़बर नहीं कि अल्लाह उसकी हरकतों को बख़ूबी देख रहा है और अल्लाह के सब कुछ क़ाबू में है। † नेकी की राह आयत १३ से १८ और बदी की राह आयत १९-२० में बयान है।

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों छ § ‡ * ❀ को देखिये पृष्ठ १०१२ पर।

अिन्न सअ्यकुम् लशत्ता त़ (४) फ़अम्मा मन् अअ़्ता वत्तक़ा ला (५) व सद्दक़ बिल्हुस्ना ला (६) फ़सनुयस्सिरुहू लिल्युस्रा त़ (७) व अम्मा मम् - बख़िल वस्तग़्ना ला (८) व कज्जब बिल्हुस्ना ला (९) फ़सनुयस्सिरुहू लिल्अुस्रा त़ (१०) व मा युग़्नी अ़न्हु मा लुहू अिजा तरद्दा त़ (११) अिन्न अ़लैना लल्हुदा ज सला (१२) व अिन्न लना लल्आख़िरत वल्अूला (१३) फ़अन्जर्तुकुम् नारन् तलज्जा ज (१४) ला यस्लाहा अिल्लल् - अश्क़ ला (१५) अल्लजी कज्जब व तवल्ला त़ (१६) व सयुजन्नबुहल् - अत्क़ ला (१७) अल्लजी युअ्ती मा लहू यतज़क्का ज (१८) व मा लिअ़हदिन् अ़िन्दहू मिन् निअ़्मतिन् तुज्ज़ा ला (१९) अिल्लब्तिग़ा अ वज्हि रब्बिहिल् - अअ़्ला ज (२०) व लसौफ़ यर्ज़ा (२१) ★

रु. १ — १७ आ २१

✪ ९३ सूरतुज़्ज़ुहा ११ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १६६ अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

वज़्ज़ुहा ला (१) वल्लैलि अिजा सजा ला (२) मा वद्दअ़क रब्बुक व मा क़ला त़ (३) व लल्आख़िरतु ख़ैरुल्लक मिनल्अूला त़ (४) व लसौफ़ युअ़्तीक रब्बुक फ़तर्ज़ा त़ (५) अलम् यजिद्क यतीमन् फ़आवा स़ (६) व वजदक ज़ाल्लन् फ़हदा स़ (७) व वजदक आ़अिलन् फ़अग़्ना त़ (८) फ़अम्मल् - यतीम फ़ला तक़्हर् त़ (९) व अम्मस्साअिल फ़ला तन्हर् त़ (१०) व अम्मा बिनिअ़्मति रब्बिक फ़ह्दिस् (११) ★

रु. १ — १८ आ ११

✪ ९४ सूरतु अलम् नशरह् १२ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १०३ अक्षर, २७ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलम् नशरह् लक सद्रक ला (१) व वज़अ़्ना अ़न्क विज़्रक ला (२) अल्लजी अन्क़ज़ ज़हरक ला (३)

तुम लोगों की कोशिश (अमल) बेशक जुदा-जुदा है। (४) तो जिसने (अल्लाह की राह में) दिया और (अल्लाह के अ़ज़ाब से) डरा, (५) और नेक बात को सच माना (और अपनाया), (६) तो हम आसानी की जगह उसे आसान कर देंगे§ (७) और जो (अल्लाह की राह में ख़र्च करने में) कंजूसी करे और (अल्लाह की ओर से) बेपरवाही करे, (८) और नेक बात को झूठ समझे, (९) तो हम उसको सख़्ती की ओर पहुँचायेंगे।‡ (१०) और जब (वह दोज़ख़ के) गढ़े में गिरेगा तो उसका माल (जिसका वह बड़ा भरोसा रखता है,) उसके कुछ भी काम न आयेगा। (११) हमारा काम तो राह दिखा देना है◉। (१२) और आख़िरत और दुनिया हमारे ही अधिकार में हैं। (१३) सो मैंने तुमको भड़कती हुई आग से आगाह कर दिया है। (१४) इसमें वही दाख़िल होगा जो बड़ा अभागा है, (१५) कि जो झुठलाता और मुंह फेरता रहा। (१६) और श्रेष्ठ संयमी (परहेज़गार) को उससे बचा लेंगे, (१७) जिसने अपने को पाक करने के लिए अपना माल (नेक राह में) दिया। (१८) और (वह इसलिए) नहीं (देता कि) उस पर किसी का एहसान है जिसका बदला उतारे। (१९) (वह तो सिर्फ़) अपने सर्वोपरि परवरदिगार की प्रसन्नता चाहने के लिए (देता) है। (२०) और वह ज़रूर जल्दी ही प्रसन्न होगा। (२१) ★ रु. १ — १७ आ २१

✪ ९३ सूरतुज़्ज़ुहा ११ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के १६६ अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ हैं। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

क़सम है दिन चढ़े की, (१) और रात की (क़सम) जब छा जाये, (२) तेरे परवरदिगार ने न तो तुझको छोड़ा ही है† और न वह नाख़ुश हुआ है। (३) और तेरी पहले वाली (इस ज़िन्दगी) से आख़िरत अच्छी होगी† (४) और तेरा परवरदिगार आगे चलकर तुझको इतना देगा कि तू ख़ुश हो जायगा। (५) क्या ऐसा नहीं कि तुझको उसने अनाथ पाया और (फिर) जगह दी+ (६) और तुझको भटकता पाया और राह दिखाई♦। (७) और तुझको मुफ़लिस पाया और मालदार बना दिया [] (८) इसलिए (ऐ पैग़म्बर! अल्लाह की अपने ऊपर रहमतों का ख़्याल रख और तू भी) अनाथ पर ज़ुल्म न करना। (९) और (कभी) माँगने वाले को मत झिड़कना। (१०) और अपने परवरदिगार के इहसानों को बयान करते रहना। (११) ★ रु. १ — १८ आ ११

✪ ९४ सूरः अलम् नशरह् १२ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के १०३ अक्षर २७ शब्द ८ आयतें और १ रुकूअ़ हैं। ‡‡

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर) क्या हमने तुम्हारा सीना नहीं खोल दिया ؟ (१) और हमने तुम पर से तुम्हारा बोझ उतार दिया, (२) जिसने तुम्हारी कमर तोड़ रखी थी × (३)

§ यानी जन्नत—सुख-शान्ति का आख़िरत का धाम। ‡ यानी दोज़ख। ◉ अल्लाह ने नेक व बद राहों के अन्जाम से आगाह कर दिया। नेक पर चलने व बद से बचने की तमीज़ भी दी। अब इन्सान जो भी रास्ता इख़्तियार करेगा तो वह रहीमों का रहीम उसको उसी रास्ते की सारी आसायशें (सुविधायें) अ़ता करेगा। वह किसी को उसकी मनचाही मुराद से विमुख नहीं करेगा।

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों ‡ † + ♦ [] ؟ × * को देखिये पृष्ठ १०१२ पर और ‡‡ को १०१३ पर।

रु. १ | १६ आ ८

व रफ़ऩा लक जिक्रक त़ (४) फ़अिन्न मअल्-अुस्रि युस्रन् ला (५) अिन्न मअल्-अुस्रि युस्रन् त़ (६) फ़अिजा फ़रग़्त फ़न्सब् ला (७) व अिला रब्बिक फ़र्ग़ब् (८)

✪ ९५ सूरतुत्तीनि २८ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १६५ अक्षर, ३४ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ् है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

वत्तीनि वज़्ज़ैतूनि ला (१) वतूरि सीनीन ला (२) व हाजल्-बलदिल्-अमीनि ला (३) लक़द् ख़लक़्नल्-अिन्सान फ़ी अह़्सनि तक़्वीमिन् ज़ (४) सुम्म रदद्नाहु अस्फ़ल साफ़िलीन ला (५) अिल्लल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिह़ाति फ़लहुम् अज्रुन् ग़ैरु मम्नूनिन् त़ (६) फ़मा युकज्जिबुक बअ़्दु बिद्दीनि त़ (७) अलैसल्लाहु बिअह़्कमिल्-ह़ाकिमीन (८)

✪ ९६ सूरतुल् - अलक़ि १ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के २६० अक्षर, ७२ शब्द, १६ आयतें और १ रुकूअ् है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

अिक़्रअ् बिस्मि रब्बिकल्लजी ख़लक़ ज़ (१) ख़लक़ल्-अिन्सान मिन् अलक़िन् ज़ (२) अिक़्रअ् व रब्बुकल्-अक्रमु ला (३) अल्लजी अल्लम बिल्-क़लमि ला (४) अल्लमल्-अिन्सान मा लम् यअ़्लम् त़ (५) कल्ला अिन्नल्-अिन्सान लयत़्ग़ा ला (६) अर्आहुस्-तग़्ना त़ (७) अिन्न अिला रब्बिकर्रुज्आ त़ (८) अरअैतल्लजी यन्हा ला (९) अब्दन् अिजा सल्ला त़ (१०) अरअैत अिन् कान अलल्-हुदा ला (११) औ अमर बित्तक़्वा त़ (१२) अरअैत अिन् कज्जब वतवल्ला त़ (१३) अलम् यअ़्लम् बिअन्नल्लाह यरा त़ (१४) कल्ला लअिल्लम् यन्तहि ला ∆ लनस्फ़अम् - बिन्नासियति ला (१५) नासियतिन् काजिबतिन् ख़ातिअतिन् ज़ (१६) फ़ल्यद्अु नादियहु ला (१७)

और तुम्हारा ज़िक्र ऊँचा किया ।§ (४) सो मुश्किल के साथ आसानी भी है, (५) बेशक मुश्किल के साथ आसानी है ।† (६) तो जब (लोगों को समझाने व अपने दूसरे फ़र्ज़ों से) तुम फ़ुर्सत पाओ तो (अल्लाह की अ़िबादत में) मेहनत करो, (७) और अपने परवरदिगार की तरफ़ लौ लगाओ । (८) ★

✪ ९५ सूरतुत्तीनि २८ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के १६५ अक्षर, ३४ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ हैं । ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

क़सम है तीन (यानी अंजीर) और ज़ैतून की, (१) और तूर सीनीन (पहाड़) की, (२) और इस अमन (शान्ति) वाले शहर (मक्का) की (क़सम है), (३) (कि) हमने मनुष्य को अच्छी से अच्छी हालत में पैदा किया । (४) फिर (उसके कुफ़्र करने और अल्लाह की आज्ञा से विमुख होने पर) उसको हमने नीचों से नीचे (जानवरों से बदतर हालत में) फेंक दिया; (५) मगर जो लोग ईमान लाये और उन्होंने सुकर्म किये उनके लिए बेइन्तिहा (अनन्त) बदला है ।(६) तो (ऐ इन्सान !) यह जान लेने के बाद भी कौन चीज़ है जिससे तू (क़ियामत के) न्याय के दिन को झुठलाता है । (७) क्या अल्लाह सब हाकिमों से बड़ा हाकिम नहीं है ? (८) ★

✪ ९६ सूरतुल् अ़लक़ि १ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के २९० अक्षर, ७२ शब्द, १९ आयतें और १ रुकूअ़ हैं । ⊠

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

पढ़ो अपने परवरदिगार का नाम लेकर जिसने सबको पैदा किया । (१) आदमी को जमे हुए लहू से बनाया ।(२) पढ़ चलो, और तुम्हारा परवरदिगार बड़ा करीम है, (३) जिसने क़लम के द्वारा अ़िल्म (ज्ञान) सिखाया—(४) मनुष्य को वह बातें सिखाईं जो उसे मालूम न थीं ।छ(५) मगर नहीं, आदमी तो बड़ा सरकश है, (६) इसलिए कि वह अपने तईं बेपरवाह (स्वयंसिद्ध) देखता है ।(७) बेशक (इंसान भूल में है, वह अल्लाह का मुहताज है और उसको) अपने परवरदिगार की तरफ़ लौटकर जाना है । (८) (ऐ पैग़म्बर !) क्या तूने उस शख़्स को देखा जो मना करता है, (९) जब एक बन्दा नमाज़ पढ़ता है ।♦(१०) भला देख तो (क्या ही अच्छा होता) अगर वह नेक राह पर होता, (११) या परहेज़गारी सिखाता । (१२) और देखो ! (दीन हक़ को) अगर वह झुठलाता है और (उससे) मुंह मोड़ता है (तो क्या हुआ ?) (१३) वह नहीं जानता कि अल्लाह (उसकी सारी करतूतें) देख रहा है । (१४) नहीं, अगर वह बाज़ न आया तो हम उसको उसके मत्थे के बाल पकड़कर घसीटेंगे, (१५) झूठे गुनहगार के बाल ! (१६) अब वह अपनी मजलिस@ को बुलाले, (१७)

---

§ अल्लाह से मिले ज्ञान से सब ओर तुम्हारी रिसालत की शोहरत जगमगाई । † तुम्हारी अपनी ही ज़िन्दगी तुम्हारे व दुनिया जहान के लोगों के लिए नज़ीर है कि नेकी और परहेज़गारी के कठिन रास्ते पर चलने वाले की मंज़िल अल्लाह कैसी आसान करता है, और उस कठिन रास्ते पर चलनेवाले की ही ज़िन्दगी व आख़िरत सफल होती है । छ इस सूरत की पहली पाँच आयतें क़ुर्आन की सबसे पहली उतरी आयतें हैं ।

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों ♦ @ * ⊠ को देखिये पृष्ठ १०१३ पर ।

सनद्ज़ुज़्ज़बानियत्न ला (१८) कल्ला त् ला तुतिइ्हु वस्जुद् वक़्तरिब् (१९) ★ ▲

✪ ९७ सूरतुल्-क़द्रि २५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ११५ अक्षर, ३० शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

अन्ना' अन्ज़ल्नाहु फ़ी लैलतिल् - क़द्रि ज सला (१) व मा' अद्राक मा लैलतुल् - क़द्रि त् (२) लैलतुल् - क़द्रि ला ∴ ख़ैरुम् - मिन् अल्फ़ि शह्रिन् त् ● (३) तनज़्ज़लुल्-मला'इकतु वर्रूहु फ़ीहा बिइज़्नि रब्बिहिम् ज मिन् कुल्लि अम्रिन् ला ∴ (४) सलामुन् क़िफ़ ∴ हिय हत्ता मतुलअ़िल् - फ़ज्रि (५) ★ ●

✪ ९८ सूरतुल् - बैयिनति १०० ✪

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के ४१३ अक्षर, ६५ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

लम् यकुनिल्लजीन कफ़रू मिन् अह्लिल्-किताबि वल्मुश्रिकीन मुन्फ़क्कीन हत्ता तअ्तियहुमुल् - बैयिनतु ला (१) रसूलुम् - मिनल्लाहि यत्लू सुहुफ़म् - मुतह्हरतन् ला (२) फ़ीहा कुतुबुन् क़ैयिमतुन् त् (३) व मा तफ़र्रक़ल्लजीन ऊतुल्किताब अिल्ला मिम्बअ़्दि मा जा'अत्हुमुल् - बैयिनतु त् (४) व मा' उमिरू' अिल्ला लियअ़्बुदुल्लाह मुख़्लिसीन लहुद्दीन ला ∴ हुनफ़ा'अ व युक़ीमुस्सलात व युअ्तुज़्ज़कात व जालिक दीनुल् - क़ैयिमति त् (५) अिन्नल्लजीन कफ़रू मिन् अह्लिल्किताबि वल्मुश्रिकीन फ़ी नारि जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा त् अुला'अिक हुम् शर्रुल् - बरीयति त् (६) अिन्नल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति ला अुला'अिक हुम् ख़ैरुल् - बरीयति त् (७) जज़ा'अुहुम् अिन्द रब्बिहिम् जन्नातु अदनिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा' अबदन् त् रज़ियल्लाहु अन्हुम् वरज़ू अन्हु त् जालिक लिमन् ख़शिय रब्बहु (८) ★

हम भी दोज़ख़ के फ़रिश्तों को बुलाते हैं। (१८) कुछ नहीं, तू उसकी कही न मानना और सज्दः कर और (अल्लाह के) क़रीब हो। (१९) ★ ▲

✪ ९७ सूरतुल् क़द्रि २५ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के ११५ अक्षर, ३० शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हमने यह (क़ुर्आन) क़द्र की रात§ से उतारना शुरू किया। (१) और तू क्या जाने क़द्र की रात क्या है? (२) क़द्र की रात हज़ार महीनों से बढ़कर है।† ● (३) उसमें फ़रिश्ते और रूह अपने परवरदिगार की आज्ञा से (ज़मीन पर) उतरते हैं, हर काम पर, (४) वह (रात) सुबह (उषाकाल) तक सलामती (ही सलामती की रहती) है। (५) ★ ●

✪ ९८ सूरतुल् बैयिनति १०० ✪

(मदनी) इसमें अरबी के ४१३ अक्षर, ९५ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जो लोग किताब वालों और शिर्क करने वालों में से काफ़िर हुए वे बाज़ आने वाले न थे, जब तक उनके पास कोई खुली दलील (न) पहुँचे,‡ (१) (और वह दलील यह थी कि) अल्लाह की ओर से कोई पैग़म्बर आये और पवित्र सहीफ़ों (धर्मपत्रों) को पढ़कर सुनाये, (२) जिनमें पक्की बातें लिखी हों। (३) और वह किताब वाले खुली दलील (यानी क़ुर्आन) के आने के बाद ही तो फूटे (और विमुख हुए) हैं।‡ (४) और (हालाँकि क़ुर्आन में भी इन पिछली किताबों की ही तरह तो) उनको (पैग़म्बर स० मुहम्मद के द्वारा) यही आज्ञा दी गई है कि (सच्चे और निष्कपट भाव से) एक मात्र अल्लाह की ही अ़िबादत करें और नमाज़ क़ायम करें और ज़कात दें और यही सही पायदार दीन है।छ (५) किताब वालों और शिर्क वालों में से जो लोग कुफ़्र (यानी इन्कार) करते रहे वे दोज़ख़ की आग में पड़े हमेशा उसी में रहेंगे, वह लोग सबसे बुरे प्राणी हैं। (६) (और) बेशक जो लोग ईमान लाये और नेक काम किये—वही लोग सबसे अच्छे प्राणी हैं। (७) उन (की नेकअमली और परहेज़गारी) का बदला उनके परवरदिगार के यहाँ रहने के जन्नत के बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी जिनमें वह हमेशा रहेंगे। अल्लाह उनसे ख़ुश और वे अल्लाह से ख़ुश। यह उनके लिए (सुलभ) है जो अपने परवरदिगार का डर रखते हैं।(८) ★

---

§ यह नहीं बताया जा सकता कि कौन सी रात क़द्र की रात है। हाँ इतना क़ुर्आन से मालूम होता है कि रमज़ान के महीने की कोई एक रात है (देखिये आयत १८५ सूरः २)। ज़्यादातर मुसलमान अन्तिम सप्ताह की रात मानते हैं। इस रात्रि में वातावरण अत्यंत पवित्र होता है और नेककारों को अल्लाह के फ़रिश्ते इस रात को उतर कर उनके मन को पवित्रता और ज्ञान देते हैं। † यानी उस एक पवित्र रात की ख़ूबी हज़ारहाँ महीने भी पूरी नहीं कर सकते। ‡ मुशरिक, और यहूदी बग़ैरः जिनको पहले तौरात जैसी किताब-इलाही मिल भी चुकी थी, वे रसूल स० से कहते थे कि अगर कोई किताब-इलाही प्रत्यक्ष उतरे तो वे उन्हें अल्लाह का पैग़म्बर मानने को तैयार हैं। ‡ इस पर उनसे कहा जाता है कि यह उनका कहना सही नहीं बल्कि मक्कारी है। क्योंकि इससे पहले तौरात जैसी दीन की किताब उन्हें मिल चुकी [पेज १०१३ पर]

इस पृष्ठ के फ़ुटनोटो छ * को देखिया पृष्ठ १०१३ पर और ❀ को १०१४ पर।

✪ ९९ सूरतुज़् - ज़िल्ज़ालि ९३ ✪

(मदनी) इस सूरः में अरबी के १५८ अक्षर, ३७ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

अिजा ज़ुल्ज़िलतिल्अर्ज़ु ज़िल्ज़ालहा ला (१) व अख़्रजतिल्अर्ज़ु अस्क़ालहा ला (२) व क़ालल् - अिन्सानु मा लहा ज (३) यौमअिज़िन् तुह़द्दिसु अख़्बारहा ला (४) बिअन्न रब्बक औह़ा लहा त़ (५) यौमअिज़िं - यस्दुरुन्नासु अश्तातन् ला ल्'लियुरौ अअ़्मालहुम् त़ (६) फ़मैंयअ़्मल् मिस्क़ाल ज़र्रतिन् ख़ैरैंयरहू त़ (७) व मैंयअ़्मल् मिस्क़ाल ज़र्रतिन् शर्रैंयरहू (८) ★

✪ १०० सूरतुल् - आदियाति १४ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १७० अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

वल्आ़दियाति ज़ब्ह़न् ला (१) फ़ल्मूरियाति क़द्ह़न् ला (२) फ़ल्मुग़ीराति सुब्ह़न् ला (३) फ़असर्न बिहि नक़्अ़न् ला (४) फ़वसत्न बिहि जम्अ़न् ला (५) अिन्नल्-अिन्सान लिरब्बिहि लकनूदुन् ज (६) व अिन्नहू अला जालिक लशहीदुन् ज (७) व अिन्नहू लिह़ुब्बिल् - ख़ैरि लशदीदुन् त़ (८) अफ़ला यअ़्लमु अिजा बुअ़्सिर मा फ़िल्क़ुबूरि ला (९) व ह़ुस्सिल मा फ़िस्सुदूरि ला (१०) अिन्न रब्बहुम् बिहिम् यौमअिज़िल् - लख़बीरुन् (११) ★

✪ १०१ सूरतुल् - क़ारिअति ३० ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १६० अक्षर, ३५ शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि ●

अल्क़ारिअतु ला (१) मल्क़ारिअतु ज (२) व मा' अद्राक मल्क़ारिअतु त़ (३) यौम यकूनुन्नासु कल्फ़राशिल् - मब्सूसि ला (४) व तकूनुल्जिबालु कल्अिह़्निल् - मन्फ़ूशि त़ (५)

✪ ९९ सूरतुज़्ज़िल्ज़ाल ९३ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के १५८ अक्षर, ३७ शब्द, ८ आयतें और १ रुकअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

जब (क़ियामत बरपा होगी और) ज़मीन अपने भूचाल से हिलायी जावेगी, (१) और ज़मीन (अन्दर का) बोझ निकाल फेकेगी, (२) और इन्सान बोल उठेगा कि इसे क्या हो गया! (३) उसी दिन वह (ज़मीन) अपनी (बीती) ख़बर सुनायेगी (कि उसकी छाती पर रहकर किसने क्या क्या किया है।) (४) (यह) इसलिए कि तेरा परवरदिगार उसको हुक्म भेजेगा। (५) उस दिन लोग (अपने आमाल के मुताबिक़) जुदा-जुदा हालतों में लौटेंगे ताकि उनको उनके कर्म दिखलाये जायँ। (६) तो जिसने ज़र्रा भर भी नेकी की होगी वह उसको देखेगा। (७) और जिसने ज़र्रा भर भी बुराई को होगी वह उसको देखेगा§। (८) ★

रु. १ — २४ आ ८

✪ १०० सूरतुल् आदियाति १४ ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १७० अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

फुफकारते हुये सरपट दौड़ने वालों (यानी) घोड़ों की क़सम, (१) फिर जो (पथरीली ज़मीन पर टापें) मार कर चिनगारियाँ निकालते हैं, (२) फिर सुबह को छापा जा मारते हैं, (३) फिर उस (दौड़) में गुब्बार उड़ाते हैं, (४) फिर उसी वक़्त (दुश्मनों की) फ़ौज में जा घुसते हैं; (५) बेशक मनुष्य अपने परवरदिगार का बड़ा कृतघ्नी (नाशुक्रा) है। (६) और वह इसको ख़ूब जानता (भी) है। (७) और वह (तो दुनिया के ऐश और) माल के मोह में मज़बूत है। (८) तो क्या इनको मालूम नहीं कि जब वह (मनुष्य) जो क़ब्रों में हैं (क़ियामत के दिन) उठा खड़े किये जायँगे, (९) और (उनके) दिलों में जो (छिपी से छिपी) बाते हैं वह ज़ाहिर कर दी जायेंगी। (१०) बेशक उस दिन उनका परवरदिगार उन (के सारे आमाल) से बख़ूबी जानकार होगा। (११) ★

रु. १ — २५ आ ११

✪ १०१ सूरतुल् क़ारिअति ३० ✪

(मक्की) इसमें अरबी के १६० अक्षर, ३५ शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(वह) खड़खड़ा देने वाली! (१) (वह) खड़खड़ा देने वाली क्या चीज़ है? (२) और तू क्या जाने (कि वह) खड़खड़ाने वाली क्या चीज़ है? (३) (वह क़ियामत की घड़ी है) जिस दिन आदमी बिखरे हुए पतिंगों की तरह होंगे, (४) और पहाड़ धुनी हुई रँगी ऊन के मानिन्द हो जायँगे। (५)

§ यानी उस हश्र के रोज़ हमारी छोटी से छोटी की हुई दुनिया की करनी हमारे हिसाब किताब के लिए पेश होगी।

* इस सूरः का पिछली सूरः बैयिनः से पूरा सम्बन्ध है। पिछली सूरः में क़ियामत के [पेज १०१४ पर]

इस पृष्ठ के सूरः का फ़ुटनोट ❀❀ ❀ को देखिये पृष्ठ १०१४ पर।

फ़अम्मा मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू ला (६) फ़हुव फ़ी ऐशतिर्-राज़ियतिन् त़ (७) व अम्मा मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू ला (८) फ़उम्मुहू हावियतुन् त़ (९) व मा अद्राक मा हियह् त़ (१०) नारुन् हामियतुन् (११) ★

✪ १०२ सूरतुत्तकासुरि १६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १२३ अक्षर, २८ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अल्हाकुमुत्तकासुरु ला (१) हत्ता ज़ुर्तुमुल्-मक़ाबिर त़ (२) कल्ला सौफ़ तअ़लमून ला (३) सुम्म कल्ला सौफ़ तअ़लमून त़ (४) कल्ला लौ तअ़लमून अिल्मल्-यक़ीनि त़ (५) लतरवुन्नल्-जहीम ला (६) सुम्म लतरवुन्नहा अैनल्-यक़ीनि ला (७) सुम्म लतुस्अलुन्न यौमअिज़िन् अनिन्नअीमि (८) ★

✪ १०३ सूरतुल्-अस्रि १३ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ७४ अक्षर, १४ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

वल्अस्रि ला (१) अिन्नल्-अिन्सान लफ़ी ख़ुस्रिन् ला (२) अिल्लल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व तवासौ बिल्हक़्क़िक़ ला व तवासौ बिस्सब्रि (३) ★

✪ १०४ सूरतुल्-हुमज़ति ३२ ✪

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १३५ अक्षर, ३३ शब्द, ९ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

वैलुल्लिकुल्लि हुमज़तिल्-लुमज़ति ला (१) अल्लजी जमअ़ मालौंव अ़द्दहू ला (२) यह्सबु अन्न मा लहू अख़्लदहू ज़ (३) कल्ला लयुम्बजन्न फ़िल्-हुतमति ज़ सला (४) व मा अद्राक मल्हुतमतु त़ (५) नारुल्लाहिल्-मूक़दतु ला (६) अल्लती तत्तलिअु अलल्-अफ़्अिदति त़ (७) अिन्नहा अलैहिम् मुअ्सदतुन् ला (८) फ़ी अमदिम्-मुमद्दतिन् (९) ★

सो (उस दिन) जिसकी तौल (ईमान और नेकअमली से) भारी होगी (६) तो वह मनभाई ख़ुशी की ज़िन्दगी में होगा। (७) और जिस किसी का वज़न (ईमान और नेकअमली की रूह से) हल्का होगा, (८) तो उसका ठिकाना हावियः होगा। (९) और तू क्या जाने वह (हावियः) क्या चीज़ है? (१०) वह (दोज़ख़ की) दहकती हुई आग है। (११) ★

✪ १०२ सूरतुत्तकासुरि १६ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के १२३ अक्षर, २८ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(तुम्हारी भाँति भाँति की लालसा यानी) तलब की चढ़ाबढ़ी ने तुम्हें भरमाये रक्खा है, (१) यहाँ तक कि तुम क़ब्र में जा पहुंचो। (२) कुछ नहीं, तुमको जल्दी ही मालूम हो जायगा। (३) फिर (जान लो कि) कुछ नहीं, तुमको जल्दी ही मालूम हो जायगा। (४) बात यह है अगर तुम यक़ीन करना जानते होते (तो इस भरम में न पड़ते!) (५) तो तुम ज़रूर दोज़ख़ को देखोगे! (६) फिर ज़रूर उसे यक़ीनी आँखों से देखोगे।§ (७) फिर उस दिन (दुनिया में अल्लाह की तुमको दी हुई) निअ़मतों के बारे में तुमसे पूँछ ताछ अवश्य होगी (८) ★

✪ १०३ सूरतुल् अ़स्रि १३ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ७४ अक्षर, १४ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ है। ▩

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(अ़सर) ढलते दिन की क़सम। (१) बेशक आदमी घाटे में है।† (२) मगर (वह नहीं) जो ईमान लाये और (जिन्होंने) सुकर्म किये और आपस में (एक दूसरे को) हक़ की नसीहत देते रहे, और आपस में (एक दूसरे को) सब्र की वसीयत करते रहे♦ (३) ★

✪ १०४ सूरतुल् हुमज़ति ३२ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के १३५ अक्षर, ३३ शब्द, ९ आयतें और १ रुकूअ़ है। ‡‡

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हर ताना देने वाले और (पीठ पीछे) ऐब चुनने वाले (परोक्षनिन्दक) की ख़राबी है, (१) (और उसकी) जो माल जमा करता और गिन-गिन कर रखता रहा, (२) (वह धन के मद में) समझता है कि उसका माल हमेशा साथ रहेगा।+ (३) हरगिज़ नहीं, वह ज़रूर 'हुतमः' (यानी दोज़ख़) की दहकती आग में डाला जायगा। (४) और तू क्या जाने वह हुतमः क्या चीज़ है? (५) (वह) अल्लाह की भड़काई हुई आग है, (६) (जो) दिलों तक की ख़बर लेगी।‡ (७) वे उसमें मुंदे (घिरे) होंगे (८) (आग के) लम्बे-लम्बे खम्भों में। (९) ★

§ आज तो दुनिया की ऐश, माल, औलाद तुमको ऐसा महो किये है कि बार-बार चेतावनी देने पर भी आख़िरत पर ईमान नहीं लाते हो। मालूम होता है कि इसी भूल में मरने की घड़ी तक पड़े रहोगे और दोज़ख़ को देखकर ही यक़ीन करोगे। हालाँकि उस समय कोई सवाँरने का रास्ता बाक़ी न होगा।

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों † ♦ + ‡ * ▩ ‡‡ को देखिये पृष्ठ १०१४ पर।

✪ १०५ सूरतुल्फ़ील १९ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ६४ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अलम् तर कैफ़ फ़अ़ल रब्बुक बिअस्हाबिल्फ़ीलि त़ (१) अलम् यज्अ़ल् कैद हुम् फ़ी तज़्लीलिन् ला (२) व'अर्सल अ़लैहिम् तैरन् अबाबील ला (३) तर्मीहिम् बिहिजारतिम् - मिन् सिज्जीलिन् त़ ला (४) फ़जअ़लहुम् कअ़स्फ़िम् - मअ़्कूलिन् (५) ★

✪ १०६ सूरतु क़ुरैशिन् २९ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ७६ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

लिईलाफ़ि क़ुरैशिन् ला (१) अ़ईलाफ़िहिम् रिह्लतश्-शिता'अि वस्सैफ़ि ज् (२) फ़ल्यअ़्बुदू रब्ब हाजल्बैति ला (३) अल्लजी' अत्अ़महुम् मिन् जूअ़िन् ला व व'आमनहुम् मिन् ख़ौफ़िन् (४) ★

✪ १०७ सूरतुल्-माअ़ून १७ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ११५ अक्षर, २५ शब्द, ७ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अरअैतल्लजी युकज्जिबु बिद्दीनि त़ (१) फ़जालिकल्लजी यदुअ़्अ़ुल्-यतीम ला (२) व ला यहुअ़्अ़ुज़ु अला तआमिल्-मिस्कीनि त़ (३) फ़वैलुल्-लिल्मुसल्लीन ला (४) अल्लजीन हुम् अन् सलातिहिम् साहून ला (५) अल्लजीन हुम् युरा'अून ला (६) व यमनअ़ूनल्-माअ़ून (७) ★

✪ १०८ सूरतुल्-कौसरि १५ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ३७ अक्षर, १० शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अिन्ना' अअ़्तैनाकल्-कौसर त़ (१) फ़सल्लि लिरब्बिक वन्हर् त़ (२)

✪ १०५ सूरतुल् फ़ील १९ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ६४ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❀

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर!) क्या तूने नहीं देखा कि तेरे परवरदिगार ने हाथी वालों के साथ कैसा बरताव किया?§ (१) क्या (उसने) उनके दाँव बेकार नहीं कर दिये? (२) और उन पर झुण्ड के झुण्ड पक्षी भेजे, (३) (जो) उन पर कंकड़ की पथरियाँ मारते थे, (४) यहाँ तक (हालत हुई) कि उनको खाये हुये भूसे की तरह कर दिया। (५) ★

✪ १०६ सूरतुल् क़ुरैशिन् २९ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ७६ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ़ है। ❁

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

इस वास्ते कि क़ुरैश को चाव पैदा किया, (१) (यानी) जाड़े और गर्मी के सफ़र का उन्हें चाव दिलाया।(२) तो उनको चाहिए इस घर (काबा) के मालिक की अ़िबादत करें, (३) जिसने उनको भूख में खाना दिया; और उनको डर से बेफ़िक्र किया।छ (४) ★

✪ १०७ सूरतुल् माऊनि १७ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ११५ अक्षर, २५ शब्द, ७ आयतें और १ रुकूअ़ है। ‡‡

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

(ऐ पैग़म्बर!) क्या तूने उसको देखा जो जज़ा (क़ियामत के न्याय) को झुठलाता है? (१) सो वही है जो अनाथ को धक्के देता है, (२) और (लोगों को) मुहताज को खिलाने के लिए आमादः नहीं करता। (३) तो ऐसे नमाज़ियों की ख़राबी है, (४) जो अपनी नमाज़ की तरफ़ से ग़ाफ़िल रहते हैं, (५) (और) जो (अगर अ़िबादत करते भी हैं तो) दिखावे के लिए करते हैं, (६) और (ऐसे तंगदिल हैं कि) रोज़मर्रह की बर्तने की चीज़ों को भी (ज़रूरतमंद को देने से) इन्कार करते हैं❁। (७) ★

✪ १०८ सूरतुल् कौसरि १५ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ३७ अक्षर, १० शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ है। §§

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

हमने तुझे कौसर (यानी बहिश्ती हौज़) अता किया है। (१) सो अब अपने परवरदिगार की नमाज़ पढ़ और क़ुर्बानी♦ दे। (२)

§ रसूलुल्लाह स० की पैदायश से पहले, यमन के हबशी (ईसाई) बादशाह के एक गवर्नर अ़ब्रह ने यमन के शहर सनआ़ में एक शानदार गिरजा बनवा कर यह ख़्वाहिश की कि काबा की इज़्ज़त घटकर सनआ़ की हो जाय। इसी सिलसिले में लगभग ५७० ई० में उसने काबा को मिटाने के लिए मक्का पर चढ़ाई की। [पेज १०१५ पर]

इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों छ ❁ ♦ * ❁ ‡‡ §§ को देखिये पृष्ठ १०१५ पर।

रु. १/३० आ ५
रु. १/३१ आ ४
रु. १/३२ आ ७

अिन्न शानिअक हुवल् - अब्तरु (३) ★

✪ १०९ सूरतुल् - काफ़िरून १८ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ६६ अक्षर, २६ शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़ुल् या' अैयुहल् - काफ़िरून ला (१) ला' अअ़बुदु मा तअ़बुदून ला (२) व ला' अन्तुम् आबिदून मा' अअ़बुदु ज् (३) व ला' अना आबिदुम् - मा अबत्तुम् ला (४) व ला' अन्तुम् आबिदून मा' अअ़बुदु त् (५) लकुम् दीनुकुम् वलिय दीनि (६) ★

✪ ११० सूरतुन्नस्रि ११४ ✪

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के ८१ अक्षर, १६ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

अिजा जा'अ नस्रुल्लाहि वल्फ़त्हु ला (१) व रअैतन्नास यद्ख़ुलून फ़ी दीनिल्लाहि अफ़्वाजन् ला (२) फ़सब्बिह् बिहम्दि रब्बिक वस्तग़्फ़िर्हु त् म् ● अिन्नहू कान तौवाबन् (३) ★

✪ १११ सूरतुल् - लहबि ६ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ८१ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

तब्बत् यदा' अबी लहबिव्व तब्ब त् (१) मा' अग़्ना अन्हु मा लुहू व मा कसब त् (२) सयस्ला नारन् जात लहबिन् ज् सला (३) व'वम्रअतुहू त् हुम्मालतल् - हतबि ज् (४) फ़ी जीदिहा हब्लुम् - मिम् - मसदिन् (५) ★

✪ ११२ सूरतुल् - अिख़्लासि २२ ✪

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ४६ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़ुल् हुवल्लाहु अहदुन् ज् (१) अल्लाहुस्समदु ज् (२) लम् यलिद् ला व लम् यूलद् ला (३)

बेशक तेरे दुश्मन का कोई (नाम लेनेवाला) न रहेगा । § (३) ★

✪ १०९ सूरतुल् काफ़िरून १८ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ६६ अक्षर, २६ शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ़ है ।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

तू कह दे कि ऐ काफ़िरो ! (१) मैं उन (तुम्हारे बुतों) की अिबादत नहीं करता जिनकी तुम अिबादत करते हो, (२) और जिस (अल्लाह) की मैं अिबादत करता हूँ तुम भी उसकी अिबादत नहीं करते । (३) और (आगे भी) मैं उनकी अिबादत न करूँगा जिनकी तुम अिबादत करते आये हो, (४) और न तुम ही (कभी) उसकी अिबादत करने के जिसकी मैं अिबादत करता हूं । (५) तुमको तुम्हारा दीन और मुझको मेरा दीन (मुबारक) । (६) ★

रु. १/३३ आ ३

★ रु. १/३४ आ ६

✪ ११० सूरतुन्नस्रि ११४ ✪

(मदनी) इसमें अ़रबी के ८१ अक्षर, १६ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ़ है ।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

जब कि अल्लाह की मदद और फतह आई† (१) और तूने लोगों को देखा कि अल्लाह के दीन में गिरोह के गिरोह दाख़िल हो रहे हैं, (२) तो (यह अल्लाह ही की रहमत है, सो) अपने परवरदिगार की हम्द (गुणानुवाद) के साथ तस्बीह करने में लग जा और उससे पापों की क्षमा माँग । ● निस्सन्देह वह बड़ा तौबा क़बूल करने वाला है । (३) ★

व. न न ची स.

★ रु. १/३५ आ ३

✪ १११ सूरतुल् लहबि ६ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ८१ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है ।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

अबूलहब के (दोनों) हाथ टूट गये और वह नष्ट हुआ । (१) न तो उसका माल ही उसके कुछ काम आया और न उसकी कमाई‡ । (२) वह जल्दी ही भड़कती हुई आग में दाख़िल होगा, (३) और (उसके साथ) उसकी बीबी भी जो ईंधन ढोती (फिरती) है । (४) उसकी गर्दन में मूँज की रस्सी होगी । (५) ★

★ रु. १/३६ आ ५

✪ ११२ सूरतुल्अिख़्लासि २२ ✪

(मक्की) इसमें अ़रबी के ४६ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ़ है ।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि वह अल्लाह एक (और अद्वितीय) है । (१) अल्लाह (ही) सबका आधार है, उसका कोई आधार नहीं ।‡ (२) कोई उससे जन्मा और न वह किसी से जन्मा ।७ (३)

§ देखिये सूरः की भूमिका । † मदीने में हिजरत के समय रहने पर, बाद में मक्के के [पेज १०१६ पर]
इस पृष्ठ के इन फ़ुटनोटों ‡ ‡ ७ ✪ ‡‡ ❋ * को देखिये पृष्ठ १०१६ पर ।

व लम् यकुल्लहू कुफ़ुवन् अहदुन् (४) ★

✪ ११३ सूरतुल्फ़लक़ि २० ✪

(मदनी) ❀ इस सूरः में अरबी के ७३ अक्षर, २३ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़ुल् अऊजु बिरब्बिल् - फ़लक़ि ला (१) मिन् शरि मा ख़लक़ ला (२)
व मिन् शरि ग़ासिक़िन् अिजा वक़ब ला (३)
व मिन् शरिन्नफ़्फ़ासाति फ़िल्अुक़दि ला (४)
व मिन् शरि हासिदिन् अिजा हसद (५) ★

✪ ११४ सुरतुन्नासि २१ ✪

(मदनी) ❀ इस सूरः में अरबी के ८१ अक्षर, २० शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ●

क़ुल् अऊजु बिरब्बिन्नासि ला (१) मलिकिन्नासि ला (२) अिलाहिन्नासि ला (३) मिन् शरिल् - वस्वासि ला ۝ अल्ख़न्नासि ★ ला (४) अल्लजी युवस्विसु फ़ी सुदूरिन्नासि ला (५) मिनल्जिन्नवि वन्नासि (६) ★

॥ इति तीसवाँ पारः, सातवीं मंज़िल ॥

✪ दुआ'अु ख़त्मिल् क़ुर्आनि ✪

अल्लाहुम्म आनिस् वह्शती फ़ी क़ब्री अल्लाहुम्मर्-हम्नी बिल्क़ुर्आनिल्-अ़ज़ीमि वज्अ़ल्हु ली अिमामौंव नूरौंव हुदौंव रह्मतन् अल्लाहुम्म ज़क्किर्नी मिन्हु मा नसीतु व अ़ल्लिम्नी मिन्हु मा जहिल्तु वर्ज़ुक़्नी तिलावतहू आना'अल्लैलि व आना'अन्नहारि वज्अ़ल्हु ली हुज्जतँ - या रब्बल् - आलमीन ।

* इन दोनों सूरतों को बाज़ ने 'मक्की' भी लिखा है। लेकिन अस्ल में यह 'मदनी' हैं।

और न कोई उसकी समता का है § । (४) ★

✪ ११३ सूरतुल् फ़लक़ि २० ✪

(मदनी) इसमें अरबी के ७३ अक्षर, २३ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ है । ❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि पनाह (शरण) लेता हूँ सुबह के मालिक† की, (१) तमाम सृष्टि की बुराइयों से, (२) और अँधेरी रात की बुराई से जबकि वह छा जाये, (३) और गण्डों पर (पढ़ पढ़कर) फूँकने वालियों (औरतों) की बुराई से, (४) और ईर्ष्या (हसद) करनेवाले की बुराई से जब (वह) ईर्ष्या करे । (५) ★

रु. १—३७ आ ४ ★ रु. १—३८ आ ५

✪ ११४ सूरतुन्नासि २१ ✪

(मदनी) इसमें अरबी के ८१ अक्षर, २० शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ़ है । ❀❀

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीमि ।

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है ।

(ऐ पैग़म्बर !) कहो कि मैं शरण माँगता हूँ लोगो के परवरदिगार की, (१) लोगों के बादशाह (अल्लाह) की, (२) लोगों के पूज्य (इलाह) की, (३) उस (शैतान) की बुराई से जो प्रेरणा दे, और छिप जावे, (४) वह (शैतान) जो लोगों के दिलों में वसवसा (दुष्प्रेरणा) डालता है, (५) जिन्नों में से हो या आदमियों में से (इन सबकी बुराइयो से पनाह माँगता हूँ) । (६) ★

रु. १—३९ आ ६

॥ इति तीसवाँ पारः, सातवीं मंज़िल ॥

✪ दुआ'अु ख़त्मिल् क़ुरआनि ✪

ऐ अल्लाह ! (मेरी मृत्यु के बाद) क़ब्र की परेशानी से मुझको मानूस (अभ्यस्त) करना । इस महान क़ुर्आन (की बरकत) के वसीले से मुझ पर रहम कर और क़ुर्आन को मेरे लिए इमाम (अधिनायक), नूर (प्रकाश), हिदायत (पथप्रदर्शक), और रहमत (का साधन) बना । ऐ अल्लाह ! (क़ुर्आन में) जो मैं भूल गया हूँ मुझे याद दिला (और) जो मैं नहीं जान पाया वह मुझे सिखला । अमन से रात दिन (क़ुर्आन की) तिलावत करने का नसीब दे और उसको मेरे लिए दलील बना । ऐ संसार के पालनहार ! (यह मेरी दुआ क़ुबूल कर ।)

इन दोनों सूरतों को बाज़ ने 'मक्की' भी लिखा है । लेकिन अस्ल में यह 'मदनी' हैं ।

§ अल्लाह के रूप-गुण-नाम की कोई तस्वीर नहीं अन्दाज़ी जा सकती । वह निरुपमेय है । † सुबह (फ़लक़) हक़ या सत्य को और रात बातिल (असत्य) को ज़ाहिर करते हैं । अन्धविश्वास, ग़लत दुआ तावीज़ यह सब अज्ञान यानी अँधेरा है । अल्लाह के ज्ञान के प्रकाश की शरण (पनाह) लेने से अँधेरा दूर होगा । उसी की पनाह मांगो । दुनिया की बुराइयों से हसद करने वालों की चोटों से बच जाओगे ।

* प्रस्तुत सूरः में अन्धविश्वास, कुरीतियों, जादू टोनों, ग़लत दुआ तावीज़ों और हसद करनेवालों के असर से बचने के लिए एक मात्र अल्लाह की शरण (पनाह) में हो जाने की नसीहत है ।

** पिछली सूरः में मुसीबतों से अल्लाह की पनाह मांगने की नसीहत है । इस सूरः में सारी बुराइयों की जड़ शैतान, ख़्वाह वह जिन्न की शक्ल में हो या इंसान की, उसके वसवसे यानी बुराई [पेज १०१६ पर]

[पेज ६५५ से] लेते हैं और कोई दुनियावी बातों से लिपटे इन्सान को अल्लाह की याद की ओर रुजू करने को। यह भी वाक़िया है कि नबी स० रात-रात तहज्जुद (अल्लाह की याद) में लगे रहते तो उन्हें बड़ी थकान व ठण्डक लग आती थी और वे चादर ओढ़ लेते थे। बहरहाल सूरः का सार यह है कि पाबन्दी की नमाज़ों के अलावा भी अल्लाह की याद से कभी खाली न रहना चाहिए। जो काम भी करें वह अल्लाह की इबादत समझ कर अल्लाह की राह में समझकर करें। नबी स० को, और ग़रज़ सभी को हुक्म है कि दूसरे सारे ज़ोगों में लिप्त न होकर अल्लाह ही पर भरोसा रखें, उसी की याद में लगें। अगली सूरः अल्-मुद्दस्सिर का भी यही आशय और यही तर्ज़ बयान है। लोगों को फ़िरऔन की मिसाल देकर चिताया गया है कि अल्लाह व उसके पैग़म्बर से विमुख होने पर उनका भी वही अंजाम होना है जो फ़िरऔनों का हुआ।

फ़ुटनोट पेज ६५७ से

§ यानी सूरः के शुरू की आयतों में रसूल स० को रातों में नमाज़ क़ायम रखने का हुक्म जो दिया है उसको आम लोगों पर हल्का कर दिया। ताकि जो लोगों के निबाह सकने के बाहर हो उसकी तंगी में न पड़ें और अल्लाह की याद खुशदिली से करते रहें। रात की नमाज़ें यानी 'तहज्जुद' देखिये आयत ७६ सू० बनी इस्राईल पृष्ठ ४८३। † चाहे जितना परहेज़गारी पर अमल करो, इन्सान पूरी तौर पर बेगुनाह नहीं हो सकता। इसलिए उसे हर समय अल्लाह से तौबः माँगते रहना चाहिये। ‡ देखिये सूरः मुज़्ज़म्मिल की भूमिका व शुरू की आयतें। ¶ यानी अपना दामन पाक रखो, अपना आचरण पवित्र रखो और बुरे आचरण से बचो। ◎ देखिये आयत ११ सूरः मुज़्ज़म्मिल पृष्ठ ६५५ और देखिये इस सूरः का अगला नोट। × ये आयतें वलीद बिन मुग़ीरा के विषय में उतरीं लेकिन हर ज़माने में वलीद जैसे सरकश काफ़िर होते हैं और उनके लिए ये आयतें चस्पा है। वलीद ने पहले तो क़ुर्आन सुनकर उसकी प्रशंसा की लेकिन बाद में अबू जहल के भड़काने से कहने लगा कि यह तो जादू है जैसा हमेशा से नबूवत का दावा करने वाले करते चले आये हैं। वह बड़ा धनी था और उसके कई लड़के थे। क़ुरैशों में उसकी बड़ी इज़्ज़त थी। ♦ मौत जैसी तकलीफ़ें देकर भी मौत की तकलीफ़ों से छुटकारा नहीं मिलता।

* यह सूरः पिछली सूरः मुज़्ज़म्मिल के बाद ही उतरी है और पहली आयत में आये शब्द अल् मुद्दस्सिर (चादर ओढ़े हुये) पर ही नामकरण है। खिताब (सम्बोधन) की शुरुआत, व आयतों का विषय भी दोनों सूरों का मिलता-जुलता समान है। देखिये पिछली सूरः की भूमिका पृष्ठ ६५५ व १००८। काफ़िरों के सरकश सरदार वलीद बिन मुग़ीरः को लेकर ये आयतें जहान के और हर ज़माने के काफ़िरों की आखें खोल देने के लिए काफ़ी हैं। दुनिया की माल-औलाद, अपने अगुआ या माबूदों (पूजितों) की सिफ़ारिश कुछ भी आखिरत में काम न आयेगी। हमारे आमाल ही हमारे अन्जाम की बुनियाद होंगे। मुनासिब है कि न टलनेवाली मौत आने से पहले ही अपने को सवाँर लें।

फ़ुटनोट पेज ६६१ से

* सूरः मक्का की आरम्भिक सूरों में से है। काफ़िर क़ियामत से इन्कार करते थे मानो दुनिया में जो चाहे करें उन्हें कभी उसका जवाब नहीं देना है, न कोई सज़ा-जज़ा उन्हें मिलना है। अल्लाह क़ियामत की क़सम और उस 'नफ़्से तव्वामा' यानी हर शख़्स में मौजूद बुराई रोकने वाली ताक़त (मनोवृत्ति) की क़सम खाकर क़ियामत के लाज़िमी होने के बारे में सन्देहों को दूर करता है। इन्सान स्वभाव से ही कमज़ोर पैदा हुआ है और तत्काल और प्रत्यक्ष फल चाहने वाला है। इस चकाचौंध में वह आगे आने वाली और अभी न दिखाई देनेवाली क़ियामत और आखिरत के फ़ैसले के दिन से आँखें बंद कर लेता है। सो चेतावनी है कि मौत आने से पहले इन्सान अपने को सवाँर ले। रसूल स० को भी हिदायत है कि वह क़ुर्आन लेने में जल्दी न करें। उसका याद कराना, पढ़ाना अल्लाह के ज़िम्मे है, रसूल तो सिर्फ़ निमित्त बनाया गया है। वह सब लोगों तक अल्लाह का पैग़ाम पहुँचाने के लिए मुक़र्रर है।

फ़ुटनोट पेज ६६१ से

§ इन्सान का जी तीन तरह का होता है। एक जो बुराई ही की ओर माइल (अनुरक्त) रहे—उसे नफ़्से अम्मारा कहते हैं। दूसरा जो बुराई की ओर माइल होने से रोके—उसे नफ़्से तव्वामा कहते हैं। तीसरा जो भलाइयों की ही तरफ़ माइल (अनुरक्त) करे और बुराइयों से दूर रखे और इस तौर पर हमेशा अमन में रहे—उसे नफ़्से मुतमइन्ना कहते हैं। यहाँ अल्लाह ने नफ़्से तव्वामा की क़सम खाई है। † यानी अपने आगे पीछे क्या करनी छोड़ी है? ‡ यह सूरः क़ुर्आन उतरने के शुरू समय की है। ह० जिब्रील अ० जब अल्लाह की आयतें पढ़ते तो साथ ही साथ याद कर लेने की जल्दी में रसूल स० परेशान हो जाते। एक लफ़्ज़ याद करते तब तक अगले अल्फ़ाज़ पढ़े जा चुके होते। इस पर आयतें १६-२० उतरीं कि हमारी आयतों को ग़ौर से सुनो और उन्हें धीरे धीरे मौक़ामहल पर उतारना, उन्हें तुमको याद करा देना, लोगों के सामने पढ़ना और क़ुर्आन की आयतों को क़ायम रखना व प्रचार करना यह सब मेरे ज़िम्मे है। तू उसकी फ़िक्र में परेशान मत हो। देखिये सू० ताहा आयत ११४ व फ़ुटनोट § पृ० ५३५। × और उसके आमाल का कोई हिसाब न लिया जायगा और उसके बदले से वह बच जायगा?

[पेज ६६५ से] उतरनेवाली शुरू की सूरों में है। इसमें काफ़िरों और परहेज़गारों के लक्षण और उनके दुनिया व आख़िरत में हालात का मुक़ाबलः किया गया है। पिछली सूरः क़ियामत व सूरः दह्र के विषय को इसमें ज़्यादा खुलासा किया गया है। ५० आयतों की इस सूरः में आख़िरत के नेक व बद अंजाम (प्रतिफल) का बयान करते हुये दस बार उस दिन झुठलाने वालों की बरबादी की चेतावनी दी गई है जो थोड़ा सा भी होश रखने वाले के दिल को सूझ की ओर रुजू करने को काफ़ी है।

[पेज ६६६ से] ❋ इसमें ३७ छोटी छोटी (प्रायः) मक्की सूरों का समावेश है। ख़ास अहमियत यह है कि यह सूरतें छोटी, आसान, जल्द याद हो जाने वाली, और दीन की बुनियादी बातों के शिक्षाप्रद उपदेशों से भरी हैं। इसलिए बच्चों को यह तीसवाँ पारः सबसे पहले पढ़ाया जाता है ताकि उन्हें जल्द याद हो जाय और दीन की बुनियादी बातें इस नव-उम्र में ही उनके दमाग़ में घर बना लें। इस सूरः में हमको दुनिया में दिखाई देने वाली अल्लाह की क़ुदरत व रहमत से लेकर क़ियामत में उस सबके फ़ना हो जाने तक का बयान करते हुए आख़िरत में ज़रूर होने वाले हमारे कर्मों के फ़ैसले से सचेत किया गया है और जन्नत की तस्वीर खींचकर लोगों को दावत दी गई है कि चाहो तो अपने को सवाँर लो और उस मौत से भी ज़्यादः दर्दनाक अज़ाब से बचकर अल्लाह के सच्चे बन्दे बनो।

[पेज ६६६ से] ❁ कोई कहता है जिस्म दुबारा ज़िन्दः होगा, कोई कहता है रूह भला बुरा भुगतेगी, वग़ैरः वग़ैरः। [पेज ६६६ से] ❁ अबार महिमा व क़ुदरत के चन्द बेमिसाल नमूने बयान हैं। फिर भला उसके लिए क्या मुश्किल है कि रोज़-क़ियामत में लोगों को उनके आमाल का बदला देने के लिए दोबारा ज़िन्दः करे। वह दिन अटल है।

फ़ुटनोट पेज ६७१ से

§ कोई रूह और कोई जिब्रील अ० तर्जुमा करते हैं। ‡ अव्वल तो बग़ैर हुक्म अल्लाह कोई किसी के हक़ में कह न सकेगा। और हुक्म पाकर बोलेंगे तो भी वही बात जो अल्लाह के ठहराये क़ानून क़ुदरत के मुआफ़िक़ हो। ✪ यह आख़िरत का दिन सत्य ही होता है और इस दिन बातिल यानी असत्य का मटियामेट होकर सत्य ही सत्य प्रकाशमान होगा। ♦ अगर इन्सान न होकर मिट्टी होता तो इस अज़ाब से सामना तो न पड़ता। × इन पाँच आयतों में जिसकी क़सम खाई गई है उसके बारे में एक मत नहीं है। कोई कहता है कि ये सब वायु हैं। कोई कहता है कि ये एक तरह के जीव हैं। अधिकतर लोगों का विचार है कि ये फ़रिश्ते हैं। क़ियामत की घड़ी और आख़िरत के इन्साफ़ के दिन की पुष्टि के लिए ये क़समें हैं। ‡ काफ़िरों का कहना था कि दुनिया की मौत ही आख़िरी घड़ी है। हमारे गल-सड़ जाने के बाद क़ियामत में इन्साफ़ के लिए दुबारा ज़िन्दा होना मखौल है। फिर मज़ाक करते हैं कि अगर इन हड्डी के चूरा की शक्ल में लौटे तो यह लौटना तो बड़े घाटे की बात है। [] फ़िरऔन व हज़रत मूसा का हाल जानने के लिए सूरः अ़ड़ाफ़ि पृष्ठ २८१-२८३, सूरः ताहा पृष्ठ ५२३ सूरः शुअ़रा'अ्रि पृष्ठ ६११-६१३, सूरः क़सस़ि पृष्ठ ६३६-६४१ सूरः मुअ्मिनि पृष्ठ ७७७ और सूरः ज़ुख़रुफ़ि पृष्ठ ८१३-८१५ देखिये।

सूरः का फ़ुटनोट पेज ६७१ से

* यह सूरः भी पिछली सूरः की तरह मक्का के आरम्भ काल की है। यह वह ज़माना है जब काफ़िर रसूल स० व क़ियामत का मख़ौल उड़ा रहे थे। इसलिए इस सूरः में, दिखाई देने वाले (दृश्य जगत के) ख़ुदाई बन्दोबस्त को अंजाम देनेवाले फ़रिश्तों की क़सम और ह० मूसा अ० व फ़िरऔन के बयान को दुहरा कर क़ियामत के अटल होने की पुष्टि की गई है।

[पेज ६७३ से] ﴿ की बातें समझा रहे थे कि बीच ही में यह आ गये उनकी मामूली हस्ती और अन्धेपन के कारन कुछ सरदार सहाबा को नापसन्द हुआ और बाज़ लोगों की राय में ख़ुद रसूल स० उनसे मुख़ातिब न हुए। इस पर इस आयत के ज़रिये चेताया गया कि दुनिया की इज़्ज़त-हैसियत से यह नहीं नापा जा सकता कि अल्लाह का प्यारा कौन है।

[पेज ६७३ से] ﴿ लोग धनी, शानशौक़त व ताक़त वाले लोगों की तरफ़ ज़्यादः मुख़ातिब होते हैं और साधारन लोगों को तुच्छ समझ कर उनकी ओर कम ध्यान देते हैं। इख़्लाक़ (शिष्टाचार) और दीनदारी के लिहाज़ से यह ज़ुल्म (अन्याय) है। पहली क़िस्म के लोगों में घमण्ड उनको अन्धा बना देता है और दूसरी क़िस्म के अगर ग़रीब, अदना या अन्धे भी हैं तो उनकी लगन और अल्लाह की ओर उनका प्रेम उनकी आँखें खोल देता है। वही अल्लाह के सच्चे बन्दे साबित होते हैं। लिहाज़ः न महज़ रसूल स० बल्कि सारे इन्सानों को चेतावनी है कि न शहज़ोरों के पीछे लगें और न कमज़ोरों को झिड़कें या उनसे मुंह फेरें।

[पेज ६८१ से] क्या, यह अज़ीम (विशाल) आसमान-ज़मीन भी अल्लाह के हुक्म पर जीने और मरने को रुजू हैं। आख़िरत निश्चय आनी है जिस दिन एक अल्लाह ही का हुक्म चलेगा और नेककार व गुनहगार क्रमशः जन्नत व दोज़ख में डाले जायँगे। इस चन्दरोज़ः दुनिया में ही महो न होकर उस आक़िबत के घर की फ़िक्र में इन्सान को हमेशा मिहनत करना व मंज़िल पर मंज़िल तै करना चाहिए।

[पेज ६८३ से] ﴿ इशारा है और अल्लाह इत्मीनान दिलाता है कि इन काफ़िरों के फ़रेबों की फ़िक्र मत करो, अल्लाह उनके विनाश के लिए अपनी तरकीबें कर रहा है। यह तो मुहलत है जो अपने को सम्हाल लेने के लिए उनको दी जा रही है। हर शख़्स पर अल्लाह के निगहबान मौजूद हैं। न किसी के आमाल छिपे रहेंगे न किसी के साथ ज़ुल्म होगा। अल्लाह की, चमत्कार भरी आँखों से दिखाई देने वाली क़ुदरत की क़सम से इन्सान को सचेत किया जा रहा है कि क़ुर्आन सत्य है और क़ियामत और आख़िरत का होना अटल है और अल्लाह के लिए उस रोज़ हर शख़्स को दोबारा ज़िन्दा करना कुछ मुश्किल नहीं।

[पेज ६८३ से] ‡‡ प्रश्न है जिसके विषय में लोगों के मत अलग-अलग हैं। कोई कहता है शाहिद वह हैं जो क़ियामत में जमा होंगे और कोई कहता है कि अल्लाह शाहिद है और बन्दे मशहूद और कोई कहता है कि शाहिद आदमी के अंग या उसके आमाल हैं और वह आप मशहूद है। [पेज ६८३ से] ﴿ लड़का था जो उस वक़्त सच्चे दीन पर था। उसकी नसीहत से चन्द लोग ईमान लाये। बादशाह उसके ख़िलाफ़ मज़हब रखता था। बाक़ी लोग व उनके बादशाह 'ज़ूनवास' ने उन ईमान लानेवालों व उसको बड़ी तकलीफ़ें दीं। फिर एक चौड़ी खाई खोदकर उसमें ईंधन भर कर आग दहका दी और ईमानवालों को उसमें फाँदने को मजबूर किया और ख़ुद उसका तमाशा बैठकर देखने लगा। ईमानवाले फाँदने लगे। एक औरत तीन बरस के बच्चे को लेकर फाँदने में कुछ हिचकी तो अल्लाह की क़ुदरत कि बच्चा बोल उठा कि माँ! डर मत, अल्लाह पर भरोसा रख कर आग में फाँद। ज़ुल्म का घड़ा भर चुका था। अल्लाह की शान कि आँधी चली और वह आग बादशाह ज़ूनवास व उसके लोगों को चटकर गई। बहरहाल यह एक क़िस्सा नहीं। दुनिया में हर दौर की क़ायम सल्तनत ने अपने ज़ुल्मों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठानेवालों और अपने अधीन न चलनेवालों पर दीन की आड़ में बड़े-बड़े ज़ुल्म किये हैं। और आख़ीर अल्लाह के ग़ज़ब (प्रकोप) में पड़कर ख़ुद नेस्तनाबूद हुये। इस वक़्त अरब में मुशरिक क़ुरैशों के भी ज़ुल्म यूहीं ईमानवालों पर हो रहे थे। और इस हबशी शाह की तरह उनकी भी तबाही होकर रही और ईमानवालों का बोलबाला हुआ। [पेज ६८३ से] ◎ अल्लाह ने सब कुछ शूरू से आख़ीर तक लिख रखा है। जो दुनिया में होने वाला है इसे जान लेना इन्सान की ताक़त से बाहर है।

[पेज ६८५ से] उनमे से तीन हज़ार तेरह रसूल हुये हैं जिनको किताब मिली है। चार हज़ार सहीफ़े नाज़िल हुये। बाज़ नबियों पर कई-कई सहीफ़े नाज़िल हुये। इन नबियों में से चार अरब में हुये—हूद अ०, सालेह अ०, शुऐब अ० और ह० मुहम्मद रसूल स०।

[पेज ६८५ से] है। अल्लाह ही सबका पालनहार है, रसूल कभी कोई हुक्म नहीं भूलता, अल्लाह दृष्ट-अदृष्ट (ज़ाहिर व ग़ैब) सबका जाननेवाला है, रसूल के लिए हस्ब गुंजाइश लोगों को चेतावनी देते रहने की हिदायत और क़ुर्आन व पिछली किताबों की हिदायतों में समानता—इन बातों का ज़िक्र है।

[पेज ६८७ से]§§ मुहताज, कमज़ोरों की मदद करें और अल्लाह का शुक्र मानें और तब अल्लाह हमें औरज़्यादः ख़ुशहाली दे। लेकिन इसके बजाय हम घमण्ड में फूल जाते हैं और सोचने लगते हैं कि अल्लाह हमको इतना लायक़ समझ कर यह निअ्मतें देता है और इस तरह हम अपने फ़र्ज़ से मुँह मोड़ लेते हैं। इस नाशुक्री और फ़र्ज़ से विमुख होने पर अल्लाह हमारी रोज़ी तंग करता है, तब हम, यह भूलकर कि यह तंगी हमारी ही ग़लती से है, अल्लाह की शिकायत करने लगते हैं और न उस पर भरोसा रखते हैं न अपनी पिछली भूल की तौबः करते हैं। आख़िर एक दिन मौत आ जाती है। फिर क़ियामत का सामना होगा जबकि बचने की कोई राह न होगी। अलबत्ता नेक और पाक रूहें अल्लाह के नज़दीकी बन्दों में दाख़िल होंगी।

फ़ुटनोट पेज ६८७ से

† अरब में एक झाड़ जिसमें काँटे ही काँटे होते हैं वह हरा रहने पर ऊँट खाते हैं। सूख जाने पर उसे 'ज़रीअ' कहते हैं जिसमें बदबू व ज़हर पैदा हो जाता है और जानवर भी मुँह नहीं डालते। § याने नसीहत करना और अल्लाह का पैग़ाम पहुंचाते रहना ही तेरा काम है। फिर लोग नसीहत लें या न लें, यह तेरा ज़िम्मा नहीं। ¶ आख़िरकार इनको मरने के बाद दोबारा ज़िन्दः होकर हमारे रूबरू पेश होना है और हमही उनके कुफ़्र का हिसाब उनसे लेंगे। ‡ रातों से क्या मतलब है? कोई कहता है इनसे १ से १० रमज़ान मुराद है, कोई कहता है उनसे १ से दसवीं ज़िल्हिज्ज (हज का महीना) और कोई हर महीने की दस दस रातों को अलग अलग मुराद लेते हैं कि उनमें हर एक का हाल दूसरे से जुदा होता है। पहली दस रातों में शुरू का रौशन होता है, आख़िर की दस रातों का शुरू का हिस्सा तारीक होता है फिर रौशन और बीच की दस रातें इन दोनों से अलग होती हैं। ♦ अल्लाह की क़ुदरत तरह-तरह की जुदा शक्लों में नज़र आती है, लेकिन उन सबका एक दूसरे से लगाव, एक दूसरे पर सहारा नज़र आता है। त्साक़ और जुफ़्त—(विषम और सम संख्या जैसे एक और दो) ये देखने में उलटे हैं लेकिन दो ताक़ मिलाकर जुफ़्त बन जाता है! रंग रंग विरंग नज़र आने पर भी सारी क़ुदरत के पीछे एक ही जलवा नज़र आता है। अनेक में एक के दर्शन होते हैं। ऐसी अजूबा चीज़ों की क़समें समझ-सूझ वालों पर असर रखती हैं। यह भी मतलब है कि ताक़ और जुफ़्त के अन्दर दुनिया की हर चीज़ आती है—यानी दुनिया की हर चीज़ की क़सम। ‡ मिस्र के फ़िरऔनों की तरह अरब में भी 'आद' और 'समूद' नाम की दो बड़ी नामवर क़ौमें हो गुज़री थीं। इनको आलीशान इमारतें व बड़ी-बड़ी गुफ़ाएँ बनवाने का बड़ा शौक़ था। बड़े मज़बूत व ताक़तवर लोग थे। बाद में बुराई में पड़कर दीन की राह से हट गये और सरकश व ज़ालिम हो गये। अल्लाह ने उनको सज़ा दी और वह क़ौमें मटियामेट हो गईं। अरब के दक्खिन में 'आद' और उत्तर पश्चिम की ओर 'समूद' लोगों के खण्डहर अब भी कहीं कहीं देखने को मिलते हैं। ✪ इरम क़ौमे आद में एक शख़्स गुज़रा है उसी के लिहाज़ से क़ौमे आद को आदे इरम भी कहते हैं क्योंकि आद नाम की दो क़ौमें गुज़री हैं, एक पहले और एक बाद; बाद वाली को आदे इरम कहते हैं।

[पेज ६८६ से] ‡ का और मेहनत व जद्दोजहद (संघर्ष) का है। यही इन्सान को मुनासिब है। दुनिया में रास्ते की मुसीबतों को अल्लाह आसान करता है और आख़िरत सवाँरता व ख़ुशनसीब बनाता है।

[पेज ६८६ से] रूहानी या माली जो भी क़ूवतें दी हैं वह इसलिए कि उनका इस्तेमाल कमज़ोरों की मदद में हो। इन्सान उनको अपनी ऐश का सामान न बनाकर, संयम और अल्लाह की राह में मशक़्क़त (तप) करने में

खर्च करे। इस रास्ते में अलबत्ता इन्सान को मुश्किलें आती हैं लेकिन इन पर अमल करनेवालों को अल्लाह पार भी लगाता है। यही खुशनसीब बन्दे हैं। आयत १३ से १८ में इनकी आचारसंहिता संक्षेप मे बयान है। इसके खिलाफ़ दौलत व क़ूवत पर फूलनेवाले अल्लाह के नाशुक्रों की बदबख्ती का बयान आयत १९-२० में है।

फ़ुटनोट पेज ९९१ से

छ अनाथ का एक हक़, नातेदार का एक हक़; जो दोनों हों तो दोहरा हक़। § क़ौम समूद का बयान देखिये सूरः आराफ़ पृ० २७५ सू. शुअरा आ० १५३-१५४ व फ़ुटनोट ‡ पृ० ६२१। ‡ बड़ी से बड़ी तबाही के अंजाम (परिणाम) की परवाह इन्सान को हो सकती है। लेकिन अल्लाह, जिसकी क़ुदरत एक नियत (मुक़र्रर) निज़ाम में चल रही है, उसको कैसा डर किसकी परवाह? इन्सान के अमल खुद अंजाम बना रहे हैं। उसे सर्व-शक्तिमान को चुनौती देनेवाला कौन?

* मक्का की इस आरंभिक सूरः में अल्लाह और अल्लाह की नज़र आने वाली अजूबा सृष्टि की क़सम से चेतावनी दी गई है कि इन्सान को बदी से बचने और नेकराह पर चलने की सूझ-समझ दी गई है। लेकिन क़ौम समूद का हवाला देकर डराया गया है कि सरकशी और ज़ुल्म की राह पर चलने में लोक-परलोक दोनों में तबाही ही होना है, और अल्लाह को उसकी न परवाह है, न डर।

(2) मक्का की इस शुरू की सूरः में सारे जहान के लिए एक सत्य का एलान है। आलम में तरह तरह के लोग हैं। उनकी खसलतें व ख्वाहिशें जुदा-जुदा होती हैं। अल्लाह तआला की ओर से समझ और सूझ अता होने के बावजूद इन्सान अपनी मनचाही राह नेक या बद चुनता है। तो उस सूरत में अल्लाह उस पर जब्र नहीं करता अल्कि जो उसकी ख्वाहिश होती है उसी के बमूजिब वह उसको सहूलत अता करता है। अलबत्ता अंजाम भी अमल करने वाले को उसके आमाल के मुताबिक़ मिलता है। और यह अंजाम खुद उसकी करनी व उसी का चुना हुआ है। देखिये आयत १२ का फ़ुटनोट।

फ़ुटनोट पेज ९९३ से

‡ एक मौक़े पर रसूलुल्लाह स० के पास आयतों का आना रुक गया था। क़ुरैश उन पर ताना कसने व मज़ाक़ उड़ाने लगे थे। आँ हज़रत भी उदास थे। उसी समय उनको दिलासा देते हुए यह आयत उतरी कि (ऐ पैग़म्बर!) अल्लाह ने तुझको कभी नहीं छोड़ा। वह तुझको इतना कुछ देगा जिसके आगे सब मात है। † यह भी मतलब लिया जाता है कि दिन पर दिन (उत्तरोत्तर) रसूल स० की हालत बेहतर होती जायगी। हुआ भी ऐसा ही। रसूल स० की ज़िन्दगी में कामयाबी पर कामयाबी मिलती रही, और उनकी आख़िरत का तो कहना ही क्या! इसकी तसदीक़ (पुष्टि) में आयत ५ है। + जिस समय रसूल स० माँ के पेट मे थे वालिद का देहान्त हुआ; हलीमा दाई ने माँ जैसी परवरिश दी; छः बरस की उम्र में माँ सिधारी तो दादा अब्दुमन्नलिब ने बाप से ज़्यादः मुहब्बत दी और पाला; दो बरस बाद दादा मरे तो चचा अबूतालिब ने बेटे जैसा पाला। यों अल्लाह साया पर साया देता रहा। ♦ पैग़म्बर ने होश सँभाला तो देखा कि सारा अरब कुफ़्र और शिर्क की बातों में और तरह-तरह की जाहिलाना रस्मों में पड़ा हुआ है इससे आप की तबियत को कुढ़न होती थी और एक अल्लाह तक पहुँचने का सीधा रास्ता तलाश करने में सरगर्दां रहते थे, यही उनका भटकना था। तब उन्हें अल्लाह ने तौहीद (एकोब्रह्म) का ज्ञान दिया। [] धनहीन हालत में ह० खदीज़ा र. जैसी मालदार बीबी की पाक मोहब्बत मिली और दुनिया की माली ज़रूरत की फ़िक्र न रही। अल्लाह के मिशन में उन्हें पूरी सहूलत मिली। छ अिल्म के ख़ज़ाने से तुम्हारा दिल भर दिया। × उसी अिल्म (ज्ञान) के भण्डार ने तुम्हारी उस फ़िक्र को दूर कर दिया जिससे तुम बेचैन रहते थे कि ज़ुल्म और कुफ़्र के शिकार ये लोग कैसे राह पर आयें; वह रास्ता खुल गया।

* मक्का की शुरू की इस सूरः में रसूल स० को संकेत है कि तुझको अल्लाह ने रिसालत के लिए चुना है इस लिए तुझ पर ग़ैरमामूली तौर पर अल्लाह का साया है। तुझ को दिन ब दिन दुनिया में बेहतरी अता होगी। मौजूदा वक़्त में इन क़ुरैशों के तानों से तू उदास मत हो। बचपन से लेकर इस सूरः के नाज़िल (पृ. १०१३ पर)

होने के समय तक की रसूल स० की ज़िन्दगी इस बात का सुबूत है कि अल्लाह की ग़ैबी मदद हर घड़ी उनके साथ रही। रसूल स० को यह भी हिदायत है कि जिस तरह तेरी यतीमी और मुफ़लिसी में अल्लाह ने तुझ पर रहमत रखी उसी तरह तू भी यतीमों, मुहताजों और कमज़ोरों पर रहम रखना और अल्लाह की रहमतों का सदा बखान करते रहना।

फ़ुटनोट पेज ९९३ से

‡‡ इस सूरः के नाज़िल होने का समय मक्का का आरंभकाल माना जाता है। सूरः की आयतों का सार फ़ुटनोटों से भली प्रकार खुलासा है।

फ़ुटनोट पेज ९९५ से

♦ यह इशारा क़ुरैशों के सरदार अबूजहल की ओर है। शुरू में काबः मे नमाज़ पढ़ने पर वह रसूल स० व उनके अनुयायियों पर बड़ा फ़साद पैदा करता था। आख़िर जंग बदर में वह मुसलमानों के हाथों मारा गया और उसके पट्टे पकड़कर घसीटा व एक खंदक़ में डाल दिया गया। यूं आयत १५-१६ की पेशीनगोई सच साबित हुई। ◉ काबा की एक इन्तज़ामी मजलिस (प्रबन्ध समिति) थी जो काबा मे इस्लामी तरीक़े की नमाज़ पढ़ी जाने में अबू जहल ही की राय से सहमत थी और खिलाफ़ थी।

* मक्का की इस आरंभिक सूरः का सार यह है कि अल्लाह ने इन्सान को सारे प्राणियों मे यहाँ तक कि फ़रिश्तों से भी ऊँचा बनाया। फ़रिश्ते तो सिर्फ़ अल्लाह के हुक्म के बन्दे हैं लेकिन इन्सान को सही ग़लत की तमीज़ और उसके बमूजिब अमल करने की आज़ादी भी अल्लाह ने दी है। वह अपने लिए ऊँचे से ऊँचा दरजा आख़िरत के लिए हासिल कर सकता है। लेकिन इतनी क़ूवत व हिदायत मिलने पर भी जब वह गुमराह और कुफ़्र में महो हो जाय और तौबः भी न करे तो फिर उसके लिए सज़ा भी हद दरजे की है और हैवानों से भी गई-गुज़री हालत में वह पहुँचा दिया जाता है। ह० आदम अ० से लेकर आज तक के अदना इन्सान की तवारीख़ इस सत्य की तसदीक़ (पुष्टि) करती है। अलबत्ता परहेज़गार संयमी बन्दों को उनकी नेककारी का अच्छे से अच्छा बदला अल्लाह के नज़दीक मिलता है। इस सूरः में तीन, ज़ैतून, तूर सीना और काबः चार स्थानों का ज़िक्र है। इनसे सम्बन्धित क्रमशः ह० नूह अ०, ह० ईसा अ०, ह० मूसा अ० और ह० इब्राहीम अ० पर अल्लाह की रहमत और आगे चलकर उनकी उम्मतों का गुमराह हो जाना— इन नज़ीरों से इंसान की ऊँची से ऊँची और गिरी से गिरी दशा की तसवीर सामने आती है।

✪ यह सूरः क़ुर्आन की सब से पहली सूरः है। इस पवित्र ईश्वरीय ग्रंथ का आरंभ इस सूरः की पहली पाँच आयतों से हुआ। रसूल स० पढ़े लिखे न थे लेकिन ज्ञान उनके दिल दमाग़ में हिलोरें मार रहा था। मक्का में फैली कुरीतियों शिर्क (बहुदेव-उपासना) आदि के खिलाफ़ उन्होंने बग़ावत शुरू कर दी थी। वह हिरा की गुफ़ा में मग्न हो कर एक अल्लाह का ध्यान किया करते थे कि एक दिन ह० जिब्रील अ० ने प्रकट होकर उनको चेतना दी कि 'पढ़ चलो! अपने रब का नाम लेकर!' रसूल स० उम्मी (अनपढ़) होने के कारन हिचकिचाये। लेकिन फ़रिश्तः जिब्रील अ० की प्रेरणा से अल्लाह का ज्ञान रसूल स० में छलक उठा। वह दिन था कि क़ुर्आन उतरता रहा, रसूल पढ़ते रहे और आज क़ुर्आन का पाठ संसार के कोने कोने में फैला हुआ है।

फ़ुटनोट पेज ९९७ से

[पेज ९९७ से] है और क़ुर्आन भी उसका समर्थन करता है। दोनों किताबें एक ही सही दीन की ताईद करती हैं। फिर क्यों नहीं ईमान लाते। सच तो यह है कि वे असल दीन ही से फिरे हुये हैं।

✪ एक मात्र अल्लाह की ही इबादत करना और उसके बन्दों के हक़ को पहचानना और इस तरह अल्लाह की राह में ख़र्च करना यही सच्चा दीन है। यह क़ुर्आन यही नसीहत देता है, फिर उस पर ईमान क्यों नहीं लाते।

* पिछली सूरः में क़ुर्आन के उतरने का आरंभ है। इस सूरः में समय यानी उस श्रेष्ठ घड़ी (क़द्र की रात) का ज़िक्र है जब क़ुर्आन का अवतरन शुरू हुआ।

सूरः का फ़ुटनोट पेज ९९७ से

इस सूरः के बारे में कुछ का खयाल है कि मक्का के अंतिम समय में उतरी है और बाज़ इसके नुज़ूल (अवतरण) का समय हिजरत के बाद मदीना में ठहराते हैं। 'ह० मुहम्मद स० अल्लाह के रसूल हैं और क़ुर्आन अल्लाह के सही दीन को दिखानेवाली व पिछली किताबों की तसदीक़ (समर्थन) करने वाली किताब है'—यह इस सूरः में व्यक्त किया गया है। ईमान व नेकअमली के फ़ायदे और कुफ़्र व दीन से विमुख होने की सज़ा का बयान है।

सूरः का फ़ुटनोट पेज ९९९ से

[पेज ९९९ से] दिन फ़ैसले का दृश्य सामने रखा गया था। प्रस्तुत सूरः में उस डरानेवाली क़ियामत की घड़ी आते ही धरती की भूचाली हालत और बदहवास लोगों की हश्र के मैदान की ओर दौड़ का नज़्ज़ारः है। इस सूरः के सम्बन्ध में मक्की या मदनी होने की जुदा-जुदा राय हैं।

** इस मक्की सूरः में उन जंगजू और अपने मालिक के वफ़ादार घोड़ों की क़सम से इन्सान को झक-झोरा गया है कि हैवान तो अपने मालिक के हुक्म से अपनी जान की परवाह न कर जहाद में यह क़हर ढाये हैं और इंसान जिस पर अल्लाह ने इतनी निअमतें बरसाईं और सारे प्राणियों में उसे श्रेष्ठ बनाया वह इतना नाशुक्रा है कि अल्लाह की दिखाई राह से विमुख होकर और आख़िरत में अल्लाह के रूबरू पेशी होने से बेखटके होकर इस फ़ानी (नाशवान) दुनिया के लोभ और मोह में भटक रहा है और अपनी आक़िबत बिगाड़ रहा है।

इस मक्की सूरः में हैबतनाक क़ियामत की घड़ी व उस वक़्त लोगों की बिखरे पतिंगों जैसी लाचारी की हालत और नेक व बद लोगों के अंजाम का ज़िक्र है।

फ़ुटनोट पेज १००१ से

† दिन का उतार याद दिलाता है कि अगर ज़िन्दगी में आख़िरत के लिए कुछ नहीं कमाया तो हमारे लिए अँधेरा ही अँधेरा (घाटा ही घाटा) है! ♦ सत्य और सब्र (सहनशक्ति) पर ख़ुद क़ायम रहना या अमल करना इतना ही काफ़ी नहीं है। बल्कि आपस में एक दूसरे को वैसा ही अमल करते रहने की नसीहत करना व ज़ोर पहुँचाते रहना भी फ़र्ज़ है। + यानी इस धन की बदौलत अपनी सारी तकलीफें रफ़ा कर लेगा और ज़िन्दगी यों ही मज़े में चलती रहेगी। यहाँ तक कि मरना लाज़िमी है यह जानते हुए भी अपने को अमर जैसा समझने लगता है। इसलिए जिस पर चाहता तुहमत लगाता, ताने कसता, पीठ पीछे निन्दा करता और अपनी समझ में सारे सुखों के स्रोत रुपये को बढ़ाने व सहेजने में लगा रहता है। ‡ हुतमः वह प्रचण्ड अग्नि है जो न सिर्फ़ जिस्म बल्कि रूह तक को दहकाती और हड़प लेती है। संस्कृत के 'हुत्' शब्द पर ध्यान दें वह आग जो अपने में डाली चीज़ को हज़्म कर लेती है। अरबी में हुतमः काफ़ूर के बाद दूसरा शब्द मिला है जो संस्कृत के हुत् से मिलता है। ज़बान के अिल्म के शायक़ राय क़ायम करें।

* मक्काकाल की शुरू की सूरतों में इस सूरः का नाम पहली आयत के 'तकासुर' शब्द पर है। दुनिया की भाँति-भाँति की लालसाओं पर इंसान रीझता है। अल्लाह से वही सुख बख़्शे जाने पर इंसान की प्यास नहीं बुझती और वह और भी बेचैन हो कर अपने मनोरथों के पीछे दौड़ता रहता है; यहाँ तक कि मौत आ जाती है। इस बीच इन चीज़ों का इश्क़ इंसान को, अल्लाह, आख़िरत, नेक-बद आमाल का अंजाम, इनकी तरफ़ बाक़ायदा चेताये जाने के, रुजू नहीं होने देता। कैसे रुजू हो? उसे तो जहन्नम रसीद होना ही है! 'लालसा की उत्तरोत्तर वृद्धि' यही तकासुर से मतलब है।

मक्का के आरंभकाल की यह सूरः बहुत छोटी होने के बावजूद बड़ी महत्वपूर्ण है। आयत तीन का फ़ुटनोट देखिये।

‡‡ प्रस्तुत मक्की सूरः भी छोटी होते हुये इंसान की दूसरी तीन कमज़ोरियों और उनके आख़िरी तबाही के अंजाम पर रोशनी डालती है। (१) लोगों को ऐब लगाना, दिल पर चोट पहुँचानेवाले फ़िक़रे कहना। (२) परनिन्दा (चुग़लख़ोरी)। (३) धन की पूजा—उसी को बढ़ाने, सँवारने और सम्हालने में लगे रहना। यह तीनों महापाप हैं और नरक की प्रचण्ड आग 'हुतमः' ऐसे पापियों को समेट लेने के लिए अल्लाह के यहाँ तैयार है।

फ़ुटनोट पेज १००३ से

[पेज १००३ से] उसकी फ़ौज में बड़े-बड़े हाथी भी थे। किन्तु अल्लाह के फ़ज़ल से काबा पहुँचने के कुछ पहले ही चिड़ियों के ग़ोल के ग़ोल आये और उनकी कंकड़ियों की मार से ही लश्कर खत्म हो गया। वाक़या फ़ील (हाथियों की घटना) से रसूल स० की पैदायश का समय निर्धारित किया जाता है जो दो महीने बाद हुई थी।

✪ देखिये सूरः की भूमिका। ✿ इन ज़्यादतियों व खिलाफ़े-दीन हरकतों के बानी अबूजहल, अबू सुफ़यान, वलीद बिन मुग़ैरः वग़ैरः हैं। लेकिन दुनिया का हर शख्स जो इन बातों का शिकार है वह भी उतना ही गुनहगार और जहन्नुम का हक़दार है। ❖ क़ुर्बानी से मतलब त्याग, उत्सर्ग, बलिदान है। अल्लाह की राह में धन, आल औलाद प्यारी से प्यारी चीज़ यहाँ तक कि जान तक न्यौछावर कर देना ही क़ुर्बानी है। ह० इब्राहीम अ० ने अपने प्यारे बेटे की क़ुर्बानी तक पेश कर दी थी। अगर क़ुर्बानी में त्याग, बलिदान की भावना नहीं है तो महज़ अपनी दौलत के एक जुज़ को फ़र्ज़अदायी या दिखावे के लिए खर्च कर देना क़ुर्बानी नहीं है। क्योंकि अल्लाह तक हमारी भावनाएँ ही पहुँचती हैं, न कि दीगर क़ुर्बानी के सामान।

* असहाबुल फ़ील (हाथियों वाले)—पहली आयत के इस शब्द पर मक्का की इस शुरू की सूरः का नामकरन है। देखिये फ़ुटनोट आयत (१)। इस सूरः का एक निष्कर्ष यह है कि कुफ़्र (अधर्म) और ज़ुल्म पर चलनेवाले किसी भी दीन का नाम लेनेवाले हों जैसा कि हाथीवाले ईसाई थे, और वे कितनी ही बड़ी क़ुवत क्यों न रखते हों, उनके मुक़ाबिले में अल्लाह हमेशा ईमानवालों की हिफ़ाज़त करता है, भले ही उनकी फ़ौज या ताक़त कम ही क्यों न हो।

(ﷺ) काबः ह० इब्राहीम अ० के ज़माने से एक अल्लाह की अिबादत का स्थान था। जो अरब और सेन्ट्रल एशिया तक मुक़द्दस माना जाता था। उसकी यह इज़्ज़त थी कि उसके शहर में दुश्मन भी हमला करना पसंद न करता था और न लूट पाट हो सकती थी जबकि अरब के कबीले लूट-पाट और क़त्ल के हमेशा आदी थे। क़ुरैश कबीला इसी काबः का मुजाविर और संरक्षक था और रसूल स० इसी कबीले में पैदा हुये थे। इस लिए क़ुरैशों की चारों ओर दूर दूर तक बड़ी इज़्ज़त थी। खान्दानी प्रतिष्ठा. दुनिया के लोगों से काबे में चढ़ावा, उनसे संबंध होने के कारन जाड़ों में गरम यमन और गर्मियों में सर्द शाम तक बेखटके जा-जा कर तिजारत करते थे। चुनांचे इज़्ज़त, दौलत, तिजारत और हिफ़ाज़त (सुरक्षा) यह सब क़ुरैशों को काबः की बदौलत हासिल थीं। इसलिए उनको ताकीदन चेतावनी है कि उस काबः के मालिक एक अल्लाह की ही अिबादत करें और रसूल स० की तौहीद की दावत क़ुबूल करें।

‡‡ यह सूरः पिछली सूरः (क़ुरैश) के तत्काल बाद की अवतरित है। काबः के क़ुरैशों को काबः व उसके मालिक एक अल्लाह की अिबादत और अपने दीनी फ़र्ज़ अदा करने की हिदायत पिछली सूरः में है। इस सूरः माअ़ून में उस हिदायत के बिलकुल उलटे चलनेवाले क़ुरैशों (देखिये फ़ुटनोट आयत ७) और उन्हीं जैसे दुनिया के तमाम मुनाफ़िक़ और काफ़िरों का नमूना पेश किया गया है। ऐसे लोग न अल्लाह का डर रखते हैं, न अल्लाह के बन्दों, यतीमों, मुहताजों के हक़ देते हैं। अगर कभी कुछ करते भी हैं तो महज़ दिखावे और नामवरी के लिए।

§§ मक्का के क़ुरैशों का सरदार व रसूल स० का चचा अबूजहल और उसके साथी मुशरिक, रसूल स० के ह० खदीजः र० से पैदा दो बच्चों के फ़ौत हो जाने पर रसूल स० को ताना देते थे कि उनके कोई बेटा न था। रसूल के संतोष के लिए यह सूरत उतरी कि ऐ मुहम्मद! तू क्यों उदास होता है। तेरे माननेवाले सारे जहान में फैल जायँगे और वे सब तेरी औलाद हैं। इसके अलावा कौसर यानी वह बहिश्ती हौज़ तुझको अता किया है जिसकी बदौलत न सिर्फ़ दुनिया की इज़्ज़त, फ़तह और बेशुमार माननेवाले मोमिन बल्कि आखिरत की सारी माद्दी व रूहानी अमन-चैन तुझको मयस्सर होगी। अलबत्ता जो औलादों पर घमण्ड करनेवाले तुझको ताना देते हैं उनका कोई नामलेवा भी जहान में न रहेगा। और अबूजहल वग़ैरः का अन्त हुआ भी ऐसा ही। भविष्यवाणी सच हो कर रही।

फ़ुट नोट पेज १००५ से

[पिज १००५ से] सरदारों से जंग हुई व फ़तह हासिल हुई। देखिये सूरः की भूमिका।

‡ हज़रत रसूलुल्लाह के चचा अबूलहब और उनकी बीवी जो इनके इस्लाम के दुश्मन थे, दुनिया में तबाह हो गये, उसी का ज़िक्र है। अबूलहब काबः का प्रबन्धक था। उसने बड़ा धन जोड़ा था और जो काबः के नियमों के मुताबिक़ इन्तज़ाम व मुहताजों वग़ैरः पर खर्च करने का फ़र्ज़ था वह भी वह न करता था। रसूल स० के कारन उसकी इस आमदनी और महन्ती पर आँच आ रही थी! इसीलिए वह रसूल स० का सबसे बड़ा दुश्मन हो रहा था। अबूलहब की बीवी भी बड़ी कठोर थी। वह काँटेदार झाड़ियाँ इकट्ठा कर रात में रसूल स० के रास्ते में डाल दिया करती थी। ‡ सब उसके मुहताज हैं लेकिन वह बेनियाज़ (निस्पृह) है, किसी का मुहताज नहीं। ७ ईसाइयों की मान्यता है कि अल्लाह बेटा रखता है, यह इसका खण्डन है।

۞ यह सूरः मक्का में उस समय नाज़िल हुई मालूम पड़ती है जबकि रसूल स० मुशरिक क़ुरैशों को समझाते-समझाते थक गये थे और कोई उम्मीद बाक़ी न रही थी कि वे राहरास्त पर आवें। चुनांचे रसूल स० को हुक्म हुआ कि इनसे ऐलान कर दो कि दीन में कम्प्रोमाइज़ यानी दर्म्यानी सुलह की गुंजाइश नहीं। तुम्हारा रास्ता दूसरा, मेरा रास्ता दूसरा। मैं एक अल्लाह की इबादत करूँगा, तुम अपने बुतों से हिलगे रहो। मालूम हो कि इस सूरः से कुफ़्र की इजाज़त नहीं मिलती अलबत्ता जो उससे हिलगे रहें वह रहें; और न इस मौक़े तक जिहाद ही का ऐलान हुआ है। सिर्फ़ सम्बन्ध-विच्छेद (किनाराकशी) हुई है। हिजरत का संकेत मिलता है।

‡‡ यह क़ुर्आन पाक की अन्तिम सूरः है। इस्लाम के प्रचार के लगभग १३ वर्षों में रसूल स० को जो कठिनाइयाँ और मुसीबतें झेलनी पड़ीं, और मदीना-प्रवास (हिजरत) के ८ वर्ष तो जैसे घोर युद्ध और संकट के रहे उनको पार करना इन्सान के बस का नहीं। न इंसान को ऐसी कामयाबियों पर गर्व करना चाहिये। यह अल्लाह ही की रहमत है कि वह सारी मुसीबतें पार हुईं। मक्का के मुशरिक, अरब के और क़बीले, मदीना के यहूदी, ग़रज़ सारा अरब ईमानवालों के ख़िलाफ़ क़रार-बद्ध था। और कहाँ यह कि मक्का बिला ख़ून-ख़राबा फ़तह हुआ। काबः से शिर्क और मुशरिक नेस्तनाबूद हुये। अब आयत तीन से ऐसा मालूम हो रहा है कि रसूल स० का दुनिया के लिए मिशन ख़त्म हुआ। उन्हें हिदायत है कि जिस अल्लाह की बदौलत यह मयस्सर हुआ है उसी की स्तुति में लग जा और अपने गुनाहों की तौबः कर। वह क्षमावन्त बड़ी तौबः क़ुबूल करनेवाला है। इस सूरः के नाज़िल होने के कुछ ही ज़माने बाद रसूल स० ने वफ़ात पाई।

۞۞ यह सूरः जंग बदर के हफ़्ते भर बाद अबूलहब के मर जाने के पहले ही मक्का में काफ़ी शुरू में नाज़िल हुई थी और अबूलहब के अन्त की पेशीनगोई थी।

* सूरः इख़लास में अल्लाह के तत्व का इस्लाम की रूह से सही निरूपण है। अल्लाह की यही व्याख्या है कि वह अल्लाह है। और दुनिया की किसी चीज़ से मिसाल देकर उसके रूप की कल्पना नहीं की जा सकती। मक्काकाल में इस्लाम के सिद्धांत, उसकी बुनियादी शिक्षाओं और मनुष्य की आम कमज़ोरियों की चरचा व उनसे बचने के उपदेश — ये छोटी छोटी सूरतों में बयान है। सूरः इख़लास उन सूरतों में रतन है।

[पिज १००७ से] की प्रेरणा देने से बचने के लिए भी सारे जहान के मालिक सभी के पालनहार की शरण मांगने की हिदायत है। वही हर दुःख व कठिनाई से बचानेवाला है। इस प्रकार पठन-क्रम से यह अन्तिम सूरः है। धर्मग्रंथ क़ुर्आन की यहाँ से परिसमाप्ति होती है।

"व लिल्लाहि अस्माउल्-हुस्ना" (और अल्लाह के पाकीज़: नाम हैं।)

१ या अल्लाहु २ या रहमानु ३ या रहीमु ४ या मालिकु ५ या क़ुद्दूसु ६ या सलामु ७ या मुअ्मिनु ८ या मुहैमिनु ९ या अज़ीज़ु १० या जब्बारु ११ या मुतकब्बिरु १२ या ख़ालिक़ु १३ या बारिअु १४ या मुस्रौविरु १५ या गफ़्फ़ारु १६ या क़हहारु १७ या वहहाबु १८ या रज्ज़ाक़ु १९ या फ़त्ताहु २० या अलीमु २१ या क़ाबिज़ु २२ या बासितु २३ या ख़ाफ़िज़ु २४ या राफ़िअु २५ या मुअ्ज़िज़्ज़ु २६ या मुज़िल्लु. २७ या समीअु २८ या बसीरु २९ या हकमु ३० या अद्लु ३१ या लतीफ़ु ३२ या ख़बीरु ३३ या हलीमु ३४ या अज़ीमु ३५ या ग़फ़ूरु ३६ या शकूरु ३७ या अलीयु ३८ या कबीरु ३९ या हफ़ीज़ु ४० या मुक़ीतु ४१ या हसीबु ४२ या जलीलु ४३ या करीमु ४४ या रक़ीबु ४५ या मुजीबु ४६ या वासिअु ४७ या हकीमु ४८ या वदूदु ४९ या मजीदु ५० या बाअिसु ५१ या शहीदु ५२ या हक़्क़ु ५३ या वकीलु ५४ या क़वीयु ५५ या मतीनु ५६ या वलीयु ५७ या हमीदु ५८ या मुहसी ५९ या मुबदिअु ६० या मुअीदु ६१ या मुहयी ६२ या मुमीतु ६३ या हैयु ६४ या क़ैयूमु ६५ या वाजिदु ६६ या माजिदु ६७ या वाहिदु ६८ या अहदु ६९ या समदु ७० या क़ादिरु ७१ या मुक़्तदिरु ७२ या मुक़दिमु ७३ या मुअख़्ख़िरु ७४ या औवलु ७५ या आख़िरु ७६ या ज़ाहिरु ७७ या बातिनु ७८ या वाली ७९ या मुतआली ८० या बरु ८१ या तौवाबु ८२ या मुन्तक़िमु ८३ या अफ़ूवु ८४ या रअूफ़ु ८५ या मालिकुल् मुल्कि जुल् जलालि वल् अिक्रामि ८६ या मुक़्सितु ८७ या ग़नीयु ८८ या मुग़्नी ८९ या मानिअु ९० या ज़ार्रु ९१ या नाफ़िअु ९२ या नूरु ९३ या हादीयु ९४ या बदीअु ९५ या बाक़ी ९६ या वारिसु ९७ या जामिअु ९८ या रशीदु ९९ या सबूरु।

।। अनुवाद ।।

१ हे ब्रह्म (परमेश्वर) २ हे करुणाशील ३ हे दयालु ४ हे अधीश्वर ५ हे निर्विकार ६ हे कल्याणकारी ७ हे शान्तिदाता ८ हे त्राता, पनाह देनेवाला ९ हे प्रबल १० हे ताड़क ११ हे प्रशंसनीय १२ हे सिरजनहार १३ हे कर्त्तार १४ हे चितेरे १५ हे क्षमाशील १६ हे प्रकोपी १७ हे महादाता १८ हे अन्नदाता १९ हे उद्घाटा २० हे ज्ञानस्रोत २१ हे अधिष्ठाता २२ हे विकासमय २३ हे दलनकर्त्ता २४ हे उन्नायक २५ हे प्रतिष्ठादायी २६ हे पराभूतकारी २७ हे सर्वश्रोता २८ हे सर्वद्रष्टा २९ हे निर्णायक ३० हे न्यायकारी ३१ हे सूक्ष्मदर्शी ३२ हे सर्वज्ञ ३३ हे सहनशील ३४ हे महान् ३५ हे क्षमावन्त ३६ हे गुणग्राहक ३७ हे सर्वोच्च ३८ हे श्रेष्ठ ३९ हे संरक्षक ४० हे जीविकास्रोत ४१ हे निरीक्षक ४२ हे पूज्य ४३ हे कृपालु ४४ हे निगाह रखनेवाले ४५ हे वाञ्छितेश्वर ४६ हे विशाल ४७ हे तत्वविद् ४८ हे सखा ४९ हे मान्य ५० हे बीजरूप ५१ हे साक्षिन् ५२ हे सत्य ५३ हे प्रतिनिधि ५४ हे शक्ति ५५ हे पुष्टि ५६ हे अभिभावक ५७ हे स्तुत्य ५८ हे परिवेष्टक ५९ हे उद्गम ६० हे आवर्त्तक ६१ हे जीवनदाता ६२ हे मृत्युदाता ६३ हे चैतन्य ६४ हे अविनाशी ६५ हे सर्वग्राही ६६ हे पावन ६७ हे अद्वितीय ६८ हे एकमेव ६९ हे तुष्टिरूप ७० हे समर्थ ७१ हे सत्त्व ७२ हे आरंभ ७३ हे शेष ७४ हे आदि ७५ हे अन्त ७६ हे गोचर ७७ हे अगोचर ७८ हे शासक ७९ हे उदात्त ८० हे नेक ८१ हे क्षमावान ८२ हे प्रतिशोधी ८३ हे क्षमी (दर गुज़र करनेवाले) ८४ हे दयासिन्धु ८५ हे लोकाधिपति महातेजस्विन् ८६ हे यथोचित फलदायक ८७ हे निस्पृह ८८ हे समृद्धिदाता ८९ हे विघ्नहारी ९० हे संघातक ९१ हे सिद्धिदाता ९२ हे प्रकाश रूप ९३ हे पथ-प्रदर्शक ९४ हे अनुपम सृष्टिकारी ९५ हे नित्य ९६ हे सर्वाधिकारी ९७ हे सर्वनिधान ९८ हे सन्मार्गदर्शक ९९ हे धैर्यरूप।

इनके अलावा नीचे दिये व अल्लाह के सभी नाम अच्छे और पवित्र हैं:—या हाफ़िज़ु (हे संरक्षक) या मुन्अिमु (हे पुरस्कार दाता) या रब्बु (हे प्रभु) या मुइ़्ती (हे प्रदायक) या सादिक़ु (हे सत्यनिष्ठ) या सत्तारु (हे दोषापहारी)।

नोट:—अल्लाह (परब्रह्म) किसी नाम, रूप या गुण से आँका नहीं जा सकता। यह तो इन्सान है कि अपनी महदूद (सीमित) अक़्ल से उसको सिफ़ाती (याने लाक्षणिक) नामों से पुकारता और अिबादत करता है। हदीस के अनुसार रसूलल्लाह स० ने एक बार अल्लाह के लिए ९९ नाम एक साथ कलाम फ़रमाये थे और वही 'इस्माउल्-हुस्ना' के नाम से प्रसिद्ध हैं। वैसे अल्लाह के नाम इनके अलावा भी कहे गये हैं और बहुत से तो क़ुर्आन मजीद में ही आये हैं। दुनिया में अल्लाह के लिए पुकारे जाने वाले सभी नाम पाक हैं।

पारा सं.	नाम पारः	सफ़ः	रुकूअ	आयत	सूरः (सूरत)
	[प्रथम खण्ड]				
—	(शुरू)अलिफ़् लाम् मीम्	२५	(१)	(७)	सूरः फ़ातिहः ७ आयतें
१	अलिफ़् लाम् मीम्	२६	१६	१४१	,, बक़र-१४१-
२	सयक़ूल	५४	१६	१११	,, बक़र १११-
३	तिल्कर्रुसुल	८६	१७	१२५	,, बक़र ३४, आल इमरान६१-
४	लन्तना	११८	१४	१३२	,, आल इमरान१०६, निसा२३-
५	वल्मुह्सनात	१५०	१७	१२४	,, निसा १२४-
६	लायुहिब्बुल्लाह	१८२	१४	१११	,, निसा २६, मायदः ८२-
७	व इज़ा समिअ्	२१४	१६	१४८	,, मायदः ३८, अन्आम ११०-
८	वलौ अन्ना	२४६	१७	१४२	,, अन्आम ५५, अ़राफ़ ८७-
९	क़ालल् मलउ्	२७८	१८	१५६	,, अ़राफ़ ११६, अन्फ़ाल ४०-
१०	वज़्लमू	३१०	१७	१२८	,, अन्फ़ाल ३५, तौबः ६३-
११	यअ़्तज़िरून	३४२	१६	१५०	,, तौबः ३६, यूनुस १०६, हूद५-
१२	वमाभिन्दाब्बतिन्	३७४	१६	१७०	,, हूद ११८, यूसुफ़ ५२-
१३	वमा उबर्रिउ	४०६	१६	१५५	,, यूसुफ़५६, रअ़्द ४३, इब्राहीम ५२, हिज्र १-
१४	रुबमा	४३८	२२	२२६	,, हिज्र ६८, नहूल १२८,
१५	सुब्हानल्लजी	४७०	२१	१८५	,, बनी इसराईल१११, कहफ़७४-
	[द्वितीय खण्ड]				
१६	क़ाल अलम् अक़ुल्	५०६	१७	२६६	,, कहफ़ ३६, मर्यम ६८, ताहा १३५,
१७	अक़्तरब लिन्नास	५३८	१७	१६०	,, अम्बिया ११२, हज्ज ७८
१८	क़द् अफ़्लह़लमुअ्मिनून	५७०	१७	२०२	,, मुअ्मिनून ११८, नूर ६४, फ़ुर्क़ान २०-
१९	व क़ालल्लजीन	६०२	१९	३४३	,, फ़ुर्क़ान ५७, शुअ़रा २२७, नम्ल ५६-
२०	अम्मन् ख़लक़	६३४	१६	१६६	,, नम्ल ३४, क़सस ८८, अन्कबूत ४४-
२१	उत्लु मा ऊहिय	६६६	१९	१७६	,, अन्कबूत२५, रूम६०, लुक़मान ३४, सज्दः३० अह़्ज़ाब ३०-
२२	वमैं यक़्नुत	६६८	१८	१६३	,, अह़्ज़ाब ४३, सबा ५४, फ़ातिर ४५, यासीन् २१-
२३	व मालिय	७३०	१७	३६३	,, यासीन् ६२, साफ़्फ़ात १८२, साद ८८ ज़ुमर ३१-
२४	फ़मन अज़लमु	७६४	१९	१७५	,, ज़ुमर ४४, मुअ्मिन(मूमिन) ८५, हामीम् सज्दः ४६-
२५	अिलैहि युरद्दु	७९६	२०	२४६	,, हामीम् सज्दः ८, शूरा ५३, ज़ुख़्रुफ़ ८९, दुख़ान ५९, जासियह ३७,
२६	हा-मीम्	८३०	१८	१९५	,, अह़्क़ाफ़ ३५, मुहम्मद सल्ल. ३८, फ़त्ह़ २९, ह़ुजुरात१८, क़ाफ़् ४५, जारियात ३०-
२७	क़ाल फ़मा ख़त्बुकुम्	८६२	२०	३९९	,, जारियात ३०, तूर ४९, नज्म ६२, क़मर ५५, रह़्मान ७८, वाक़िअः९६, हदीद२९,
२८	क़द् समिअल्लाहु	८९४	२०	१३७	,, मुजादलः २२, ह़श्र २४, २४ मुम्तह़िनः १३, सफ़्फ़१४ जुमुअः ११, मुनाफ़िक़ून् ११, तग़ाबुन १८, तलाक़ १२, तह़्रीम १२,

आम-फ़हम क़ुर्आन शरीफ़ की पारः तालिका

पारा सं.	नाम पारः	सफ़ः	रुकूअ	आयत	सूरः (सूरत)
२९	तबारकल्लजी	६३२	२२	४३१	,, मुल्क ३०, क़लम ५२, हाक्कः ५२, मआरिज ४४, नूह २८, जिन्न २८, मुज्ज़म्मिल २०, मुद्दस्सिर ५६, क़ियामत ४०, दह्र ३१, मुर्सलात ५०
३०	अम्म यतसाअलून	६६८	३६	५६४	,, नबा ४०, नाज़िआत ४६, अबस ४२, तक्वीर २६, इन्फ़ितार १६, मुतफ़्फ़िफ़ीन (तत्फ़ीफ़) ३६, इन्शिक़ाक़ २५, बुरूज २२, तारिक़ १७, अ'ला १६, ग़ाशियः २६, फ़ज्र ३०, बलद २०, शम्स १५, लैल २१, ज़ुहा ११, अलम् नशरह (इन्शिराह) ८, तीन ८, अलक़ १६, क़द्र ५, बैयिनः ८, ज़िलज़ाल ८, आदियात ११, क़ारिअः ११, तकासुर ८, अस्र ३, हुमजः ६, फ़ील ५, क़ुरैश ४, माऊन ७, कौसर ३, काफ़िरून ६, नस्र ३, लहब ५, अिख़्लास ४, फ़लक़ ५, नास ६

क़ुर्आन में मीज़ानः—
आयत ६२३६
रुकूअ ५५८
सूरः ११४
पारः ३०
मंज़िल ७

हर पारः में रुबअ $\frac{१}{४}$, निस्फ़ $\frac{१}{२}$, सुल्स $\frac{३}{४}$, और ख़त्म की पृष्ठ संख्या।

क्रमांक	पारः	रुबअ	निस्फ़	सुल्स	ख़त्म
१	अलिफ़् ला'म् मी'म्	३४	४०	४६	५२
२	सयक़ूलु	६०	६८	७८	८४
३	तिल्करुसुलु	९२	१०२	११०	११६
४	लन्तना	१२४	१३२	१४०	१४८
५	वल् मुह्सनातु	१५८	१६६	१७२	१८०
६	लायुह़िब्बुल्लाह	१८८	१९८	२०६	२१२
७	व अिजा समिअू	२२०	२३०	२३८	२४४
८	वलौ अन्नना	२५२	२५८	२६८	२७६
९	कालल् मलअु	२८४	२९२	३००	३०८
१०	वज़्लमू'	३१८	३२६	३३२	३४०
११	यज़्तज़िरून	३४८	३५८	३६४	३७२
१२	व मा अिन्दा'व्वतिन्	३८०	३८८	३९८	४०४
१३	व मा' अुबर्रिअु	४१२	४२०	४२८	४३६
१४	रुबमा	४४४	४५२	४६०	४६८
१५	सुबह़ानल्लजी (निस्फ़ुल क़ुर्आन पृ. ४९२)	४७८	४८६	४९४	५००
१६	क़ाल अलम्	५१२	५२२	५२८	५३६
१७	अिक़्तरब लिन्नासि	५४४	५५२	५६०	५६८
१८	क़द् अफ़्लह़ल मुअ्मिनून	५७८	५८६	५९२	६००
१९	व क़ाललल्लजीन	६०८	६१८	६२६	६३२
२०	अम्मन् ख़लक़	६४०	६५०	६५६	६६४
२१	अुत्लु मा' अूह़िय	६७४	६८२	६९०	६९६
२२	व मैयक़्नुत	७०४	७१२	७२२	७२८
२३	व मालिय	७३८	७४६	७५४	७६०
२४	फ़मन् अज़्लमु	७७०	७७८	७८६	७९४
२५	अिलैहि युरद्दु	८०२	८१०	८१८	८२६
२६	ह़ामी'म्	८३६	८४६	८५२	८६०
२७	क़ाल फ़मा ख़तबुकुम्	८७०	८७८	८८४	८९२
२८	क़द् समिअल्लाहु	९०२	९१०	९२०	९२८
२९	तबारकल्लजी	९४०	९५०	९५८	९६६
३०	अम्म	९७६	९८६	९९६	१००६

पठन क्रमांक	अवतरण क्रमांक	सूरः (सूरत)			सफ़ः
१	५	सूरतुल् फ़ातिहः		मक्की	२५
२	८७	,, बक़रः		मदनी	२६
३	८९	,, आलि इमरानि		,,	६८
४	९२	,, निसा'अि		,,	१४२
५	११२	,, मा'अिदः		,,	१८८
६	५५	,, अन्आमि		मक्की	२२२
७	३९	,, अ'राफ़ि		,,	२६०
८	८८	,, अन्फ़ालि		मदनी	३०२
९	११३	,, तौबः	§ हर सूरः के हेडिंग के	,,	३१८
१०	५१	,, यूनुस	बाईं ओर पठन-क्रम	मक्की	३५०
११	५२	,, हूद	संख्या और दाहिनी	,,	३७२
१२	५३	,, यूसुफ़	ओर अवतरण-क्रम	,,	३९४
१३	९६	,, रअ्दि	संख्या दी गई है।	,,	४१६
१४	७२	,, अिब्राहीम	आलिमों की राय में	,,	४२६
१५	५४	,, हिज्रि	अवतरण-क्रम संख्या	,,	४३६
१६	७०	,, नह्लि	प्रामाणिक नहीं है।	,,	४४६
१७	५०	,, बनी अिसरा'अील		,,	४७०
१८	६९	,, कह्फ़ि		,,	४८८
१९	४४	,, मर्यम		,,	५१०
२०	४५	,, ताहा		,,	५२३
२१	७३	,, अंबिया'अि		,,	५३८
२२	१०३	,, हज्जि		मदनी	५५२
२३	७४	,, मुअ्मिनून		मक्की	५७०
२४	१०२	,, नूरि		मदनी	५८२
२५	४२	,, फ़ुर्क़ानि		मक्की	५९८
२६	४७	,, शुअरा'अि		,,	६०८

प.क्र०/अ.क्र०		सूरः (सूरत)		सफ़ः
२७	४८	सूरतुल् नम्लि	मक्की	६२४
२८	४९	,, क़सस़ि	,,	६३८
२९	८५	,, अन्कबूति	,,	६५६
३०	८४	,, रूमि	,,	६७०
३१	५७	,, लुक़्मान	,,	६८०
३२	७५	,, सज्दति	,,	६८६
३३	९०	,, अह्ज़ाबि	मदनी	६९०
३४	५८	,, सबअिन्	मक्की	७०६
३५	४३	,, फ़ातिरिन्	,,	७१८
३६	४१	,, यासी'न	,,	७२६
३७	५६	,, स़ा'फ़्फ़ाति	,,	७३६
३८	३८	,, स़ा'द	,,	७४८
३९	५९	,, ज़ुमरि	,,	७५६
४०	६०	,, मुअ्मिनि	,,	७७२
४१	६१	,, ह़ामी मस्सज्दति	,,	७८६
४२	६२	,, शूरा	,,	७९६
४३	६३	,, ज़ुख़्रुफ़ि	,,	८०८
४४	६४	,, दुख़ानि	,,	८१८
४५	६५	,, जासियति	,,	८२२
४६	६६	,, अह्क़ाफ़ि	,,	८३०
४७	९५	,, मुहम्मदिन् (स़०)	मदनी	८३६
४८	१११	,, फ़त्ह़ि	,,	८४४
४९	१०६	,, हुजुराति	,,	८५०
५०	३४	,, क़ा'फ़्	मक्की	८५४
५१	६७	,, ज़ारियाति	,,	८६०
५२	७६	,, तूरि	,,	८ ४
५३	२३	,, नज्मि	,,	८६८

प.क्र०	अ.क्र०	सूरः (सूरत)		सक्रः
५४	३७	सूरतुल् क़मरि	मक्की	८७२
५५	९७	,, रहूमानि	,,	८७६
५६	४६	,, वाक़िअति	,,	८८०
५७	९४	,, हदीदि	मदनी	८८६
५८	१०५	,, मुजादलति	,,	८९४
५९	१०१	,, हश्रि	,,	९००
६०	९१	,, मुम्तहिनति	,,	९०६
६१	१०९	,, सफ्फि	,,	९१०
६२	११०	,, जुमुअति	,,	९१४
६३	१०४	,, मुनाफ़िक़ून	,,	९१६
६४	१०८	,, तग़ाबुनि	,,	९१८
६५	९९	,, तलाक़ि	,,	९२२
६६	१०७	,, तहरीमि	,,	९२६
६७	७७	,, मुल्कि	मक्की	९३२
६८	२	,, क़लमि	,,	९३६
६९	७८	,, हाक्क़ति	,,	९४०
७०	७९	,, मआरिजि	,,	९४४
७१	७१	,, नूहिन्	,,	९४६
७२	४०	,, जिन्नि	,,	९५०
७३	३	,, मुज्ज़म्मिलि	,,	९५४
७४	४	,, मुदस्सिरि	,,	९५६
७५	३१	,, क़ियामति	,,	९६०
७६	९८	,, दहरि	,,	९६२
७७	३३	,, मुर्सलाति	,,	९६४
७८	८०	,, नबअि	,,	९६८
७९	८१	,, नाज़िआति	,,	९७०
८०	२४	,, अबस	,,	९७२
८१	७	,, तक्वीरि	,,	९७४
८२	८२	,, अिन्फ़ितारि	,,	९७६

प.क्र०	अ.क्र०	सूरः (सूरत)		सक्रः
८३	८६	सूरतुल् मुतफ़्फ़िफ़ीन (तत्फ़ीफ़्)	मक्की	९७८
८४	८३	,, अिन्शिक़ाक़ि	,,	९८०
८५	२७	,, बुरूजि	,,	९८२
८६	३६	,, तारिक़ि	,,	९८२
८७	८	,, अअ़्ला	,,	९८४
८८	६८	,, ग़ाशियति	,,	९८६
८९	१०	,, फ़ज्रि	,,	९८६
९०	३५	,, बलदि	,,	९८८
९१	२६	,, शम्सि	,,	९९०
९२	९	,, लैलि	,,	९९०
९३	११	,, ज़ुहा	,,	९९२
९४	१२	,, अलम् नश्रह	,,	९९२
९५	२८	,, तीनि	,,	९९४
९६	१	,, अलक़ि	,,	९९४
९७	२५	,, क़द्रि	,,	९९६
९८	१००	,, बैयिनति	मदनी	९९६
९९	९३	,, ज़िल्ज़ालि	,,	९९८
१००	१४	,, आदियाति	मक्की	९९८
१०१	३०	,, क़ारिअति	,,	९९८
१०२	१६	,, तकासुरि	,,	१०००
१०३	१३	,, अस्रि	,,	१०००
१०४	३२	,, हुमज़ति	,,	१०००
१०५	१९	,, फ़ीलि	,,	१००२
१०६	२९	,, क़ुरैशिन्	,,	१००२
१०७	१७	,, माऊनि	,,	१००२
१०८	१५	,, कौसरि	,,	१००२
१०९	१८	,, काफ़िरून	,,	१००४
११०	११४	,, नस्रि	मदनी	१००४
१११	६	,, लहबि	मक्की	१००४
११२	२२	,, अिख़्लासि	,,	१००४
११३	२०	,, फ़लक़ि	,,	१००६
११४	२१	,, नासि	,,	१००६

क़ुर्आन शरीफ़ में नुज़ूल (अवतरण) क्रमांक व तिलावत (पठन) क्रमांक

अवतरण क्रमांक	पठन क्रमांक	सूरः (सूरत)		सफ़ः
१	९६	सूरतुल् अलक़ि	मक्की	९९४
२	६८	,, क़लमि	,,	९३६
३	७३	,, मुज़्ज़म्मिलि	,,	९५४
४	७४	,, मुद्दस्सिरि	,,	९५६
५	१	,, फ़ातिहः	,,	२५
६	१११	,, लहबि	,,	१००४
७	८१	,, तक्वीरि	,,	९७४
८	८७	,, अ'ला	,,	९८४
९	९२	,, लैलि	,,	९९०
१०	८९	,, फ़ज्रि	,,	९८६
११	९३	,, ज़ुहा	,,	९९२
१२	९४	,, अलम् नश्रह्	,,	९९२
१३	१०३	,, अस्रि	,,	१०००
१४	१००	,, आदियाति	,,	९९८
१५	१०८	,, कौसरि	,,	१००२
१६	१०२	,, तकासुरि	,,	१०००
१७	१०७	,, माऊनि	,,	१००२
१८	१०९	,, काफ़िरून	,,	१००४
१९	१०५	,, फ़ीलि	,,	१००२
२०	११३	,, फ़लक़ि	,,	१००६
२१	११४	,, नासि	,,	१००६
२२	११२	,, अिख़्लासि	,,	१००४
२३	५३	,, नज्मि	,,	८६८
२४	८०	,, अ'बस	,,	९७२
२५	९७	,, क़द्रि	,,	९९६
२६	९१	,, शम्सि	,,	९९०

अ.क्र०	प.क्र०	सूरः (सूरत)		सफ़ः
२७	८५	सूरतुल् बुरूजि	मक्की	९८२
२८	९५	,, तीनि	,,	९९४
२९	१०६	,, क़ुरैशि	,,	१००२
३०	१०१	,, क़ारिआति	,,	९९८
३१	७५	,, क़ियामति	,,	९६०
३२	१०४	,, हुमज़ति	,,	१०००
३३	७७	,, मुर्सलाति	,,	९६४
३४	५०	,, क़ा'फ़	,,	८५४
३५	९०	,, बलदि	,,	९८८
३६	८६	,, तारिक़	,,	९८२
३७	५४	,, क़मरे	,,	८७२
३८	३८	,, सा'द	,,	७४८
३९	७	,, अ'राफ़ि	,,	२६०
४०	७२	,, जिन्नि	,,	९५०
४१	३६	,, यासी'न	,,	७२६
४२	२५	,, फ़ुरक़ानि	,,	५९८
४३	३५	,, फ़ातिरिन्	,,	७१८
४४	१९	,, मर्यम	,,	५१०
४५	२०	,, ताहा	,,	५२२
४६	५६	,, वाक़िआति	,,	८८०
४७	२६	,, शुअरा'अि	,,	६०८
४८	२७	,, नम्लि	,,	६२४
४९	२८	,, क़स्सस़ि	,,	६३८
५०	१७	,, बनी'अिस्रा'ील	,,	४७०
५१	१०	,, यूनुस	,,	३५०
५२	११	,, हूद	,,	३७२
५३	१२	,, यूसुफ़	,,	३९४
५४	१५	,, हिज़्रि	,,	४३६

अ.क्र०	प.क्र०	सूरः (सूरत)		सफ़ः
५५	६	सूरतुल् अन्आमि	मक्की	२२२
५६	३७	,, साफ़्फ़ाति	,,	७३६
५७	३१	,, लुक़्मान	,,	६८०
५८	३४	,, सबअिन्	,,	७०६
५९	३९	,, जुमरि	,,	७५६
६०	४०	,, मुअ्मिनि	,,	७७२
६१	४१	,, ह़ामी'मस्सज्दति	,,	७८६
६२	४२	,, शूरा	,,	७९६
६३	४३	,, जुख़्रुफ़ि	,,	८०८
६४	४४	,, दुख़ानि	,,	८१८
६५	४५	,, जासियति	,,	८२२
६६	४६	,, अह़्क़ाफ़ि	,,	८३०
६७	५१	,, जारियाति	,,	८६०
६८	८८	,, ग़ाशियति	,,	९८६
६९	१८	,, कह़्फ़ि	,,	४८८
७०	१६	,, नह़्लि	,,	४४६
७१	७१	,, नूह़िन्	,,	९४६
७२	१४	,, अिब्राहीम	,,	४२६
७३	२१	,, अंबिया'अि	,,	५३८
७४	२३	,, मुअ्मिनून	,,	५७०
७५	३२	,, सज्दति	,,	६८६
७६	५२	,, तूरि	,,	८६४
७७	६७	,, मुल्कि	,,	९३२
७८	६९	,, ह़ा'क़्क़ति	,,	९४०
७९	७०	,, मआरिजि	,,	९४४
८०	७८	,, नबअि	,,	९६८
८१	७९	,, नाज़िआति	,,	९७०
८२	८२	,, अिन्फ़ितारि	,,	९७६
८३	८४	,, अिन्शिक़ाक़ि	,,	९८०
८४	३०	,, रूमि	,,	६७०

अ.क्र०	प.क्र०	सूरः (सूरत)		सफ़ः
८५	२९	सूरतुल् अन्कबूति	मक्की	६५६
८६	८३	,, मुतफ़्फ़िफ़ीन (ततफ़ीफ़्)	,,	९७८
८७	२	,, बक़रः	मदनी	२६
८८	८	,, अन्फ़ाल़ि	,,	३०२
८९	३	,, अिम्रान	,,	९८
९०	३३	,, अह़्ज़ाबि	,,	६९०
९१	६०	,, मुम्तह़िनति	,,	९०६
९२	४	,, निसा'अि	,,	१४२
९३	९९	,, ज़िल्ज़ाल़ि	,,	९९८
९४	५७	,, ह़दीदि	,,	८८६
९५	४७	,, मुहम्मदिन् (स०)	,,	८३६
९६	१३	,, रअ्दि	मक्की	४१६
९७	५५	,, रह़्मानि	,,	८७६
९८	७६	,, दह़्रि	,,	९६२
९९	६५	,, तलाक़ि	मदनी	९२२
१००	९८	,, बैयिनति	,,	९९६
१०१	५९	,, ह़श्रि	,,	९००
१०२	२४	,, नूरि	,,	५८२
१०३	२२	,, ह़ज्ज	,,	५५२
१०४	६३	,, मुनाफ़िक़ून	,,	९१६
१०५	५८	,, मुजादलति	,,	८९४
१०६	४९	,, ह़ुजुराति	,,	८५०
१०७	६६	,, तह़्रीमि	,,	९२६
१०८	६४	,, तग़ाबुनि	,,	९१८
१०९	६१	,, स़फ़्फ़	,,	९१०
११०	६२	,, जुमुअति	,,	९१४
१११	४८	,, फ़तह़ि	,,	८४४
११२	५	,, मा'अिदः	,,	१८८
११३	९	,, तौबः	,,	३१८
११४	११०	,, नस्र	,,	१००४

मुआनक़ातु ज़िन्दल्-मुतक़द्दिमीन

शुमार	क्रमांक	पारः	क्रमांक	सूरः	रुकूअ	आयत	सफ़ः
१	२	सयक़ूलु	२	बक़रः	२४	१६५	६६
२	४	लन्तना	३	आलि ज़िम्रान	१७	१७१व	१३४
					१८	१७२	
३	६	लायुह़िब्बुल्लाहु	५	मा'अिदः	६	४१	२००
४	६	क़ालल्मल अुल्लजीन	७	अ'राफ़ि	११	६१,६२	२७८
५	११	यऽतजिरून	६	सूरतुत्तौबः	१३	१०१	३४४
६	१३	वमा' अुबर्रिअु	१४	अिब्राहीम	२	६	४२८
७	१६	व क़ालल्लजीन	२५	फ़ुर्क़ानि	३	३२	६०२
८	१६	,, ,,	२५	,,	५	५८,५६	६०६
९	१६	,, ,,	२६	शुअरा'अि	११	२०८व	६२४
						२०६	
१०	२१	अुतलु मा' अूह़िय	३३	अह़्ज़ाबि	२	१३	६६४
११	२५	अिलैहि युरद्दु	४३	जुख़्रुफ़ि	१	१व२	८०८
१२	२५	,, ,,	४४	दुख़ानि	१	१व२	८१८
१३	२६	ह़ामी'म्	४७	मुह़म्मदिन् (स०)	१	४	८३८
१४	२८	क़द् समिअल्लाहु	६५	तलाक़ि	२	१०	६२४
१५	२६	तबारकल्लजी	६८	क़लमि	२	४०,४१	६३८
१६	२६	,, ,,	७४	मुद्दस्सिर	२	३६,४०	६५८

॥ अल् मनाज़िल ॥

मंज़िल	अथ सफ़ः	इति सफ़ः	मंज़िल	अथ सफ़ः	इति सफ़ः
पहली	२५	१८८	पाँचवी	६०८	७३६
दूसरी	१८८	३५०			
तीसरी	३५०	४६८	छठी	७३६	८५४
चौथी	४७०	६०८	सातवीं	८५४	१००६

मुआनक़ातु ज़िन्दल्-मुतअख़्ख़रीन

शुमार	क्रमांक	पारः	क्रमांक	सूरः	रुकूअ	आयत	सफ़ः
१	१	अलिफ़् ला'म् मी'म्	२	बक़रः	१	२	२६
२	१	,, ,, ,,	२	बक़रः	११	६६	४४
३	२	सयक़ूलु	२	बक़रः	१८	१५०व	५६
						१५१	
४	३	तिल्करुसुलु	३	आलि ज़िम्रान	३	३०	१०४
५	६	लायुह़िब्बुल्लाहु	५	मा'अिदः	५	३१व	१६८
						३२	
६	६	क़ालल्मलअु	७	अ'राफ़ि	२१	१६३	२६२
७	६	,, ,,	७	,,	२२	१७२	२६४
८	६	,, ,,	७	,,	२३	१८८	२६८
९	१२	वमा मिन्दा'ब्बतिन्	११	हूद	४	४६	३८२
१०	१८	क़द् अफ़लह़ल्मुअ्मिनून	२५	फ़ुर्क़ानि	१	४	५६८
११	२०	अम्मन् ख़लक़स्समावाति	२८	क़स़स़ि	४	३५	६४६
१२	२२	व मैंयक़्नुत्	३३	अह़्ज़ाबि	८	६०व	७०४
						६१	
१३	२४	फ़मन् अज़्लमु	४०	मुअमिनि	८	६६व	७८४
						७०	
१४	२५	अिलैहि युरद्दु	४४	दुख़ानि	३	४४व	८२०
						४५	
१५	२६	ह़ामीम्	४८	फ़तह़ि	४	२६	८५०
१६	२८	क़द् समिअल्लाहु	६०	मुम्तह़िनः	१	३	६०६
१७	३०	अम्मयतसा'अलून	८४	अिन्शिक़ाक़ि	१	१४व	६८०
						१५	
१८	३०	अम्म ,,	६७	क़द्रि	१	४व५	६६६

शुमार	पारः	सूरः	रुकूअ़	आयत	मूजिबुल् सज्दः (कारण विशेष)	मौज़ूअुल सज्दः (सज्दः वाजिब)	सफ़ः
१	क़ालल्मलअु (९)	अ़राफ़ि	२४	२०६	यस्जुदून	यस्जुदून	३००
२	वमा अुवर्रिअु (१३)	रअ़्दि	२	१५	व लिल्लाहि यस्जुदु	वल्-आसालि	४२०
३	रुबमा (१४)	नह़्लि	६	४९-५०	व लिल्लाहि यस्जुदु	मायुअ्मरून	४५४
४	सुब्ह़ानल्लजी (१५)	बनी अिसराअील	१२	१०७-१०९	यख़िर्रून लिल्-अज़्क़ानि सुज्जदन्	ख़ुशूअ़न्	४८८
५	क़ाल अलम् (१६)	मर्यम	४	५८	ख़र्रू सुज्जदौंव	बुकीयन्	५१६
६	अिक़्तरब लिन्नासि(१७)	ह़ज्जि	२	१८	यस्जुदु लहू	मायशाअु	५५६
	,, स० शाफ़ओ़ी (१७)	ह़ज्जि §	१०	७७	वस्जुदू	तुफ़्लिहून	५६८
७	व क़ालल्लजीन (१९)	फ़ुर्क़ानि	५	६०	लह़ुमुस्जुदू	नफ़ूरन्	६०६
८	,, ,, (१९)	नम्लि	२	२५-२६	अल्ला यस्जुदू लिल्लाहिल्लजी	रब्बुल् अ़र्शिल् अ़जीमि	६२८
९	अुत्लुमा अूह़िय(२१)	सज्दति	२	१५	ख़र्रू सुज्जदौंव	यस्तक् बिरून	६८८
१०	व भालिय (२३)	साद	२	२४	व ख़र्र राकिअौंव	अनाब	७५०
११	फ़मन् अज़्लमु (२४)	ह़ामी मस्सज्दति	५	३७-३८	वस्जुदू लिल्लाहिल्	ला यस्अमून	७९४
१२	क़ालफ़माख़त्बुकुम् (२७)	नज्मि	३	६२	फ़स्जुदू	वड़्बुदू	८७२
१३	अम्म (३०)	अिन्शिक़ाक़ि	१	२१	यस्जुदून	यस्जुदून	९८०
१४	अम्म (३०)	अलक़ि	१	१९	वस्जुद्	वक़्तरिब्	९९६

§ इन दो सज्दों में मतभेद है। सूरः २२ आयत ७७ पृष्ठ ५६८ पर इमाम शाफ़ओ़ी रह० के नज़दीक सज्दः है लेकिन इमाम ह़नीफ़ः रह० के नज़दीक नहीं है। और सूरः ३८ आयत २४ पृ० ७५० पर इमाम अबू ह़नीफ़ः के नज़दीक सज्दः है लेकिन इमाम शाफ़ओ़ी के नज़दीक सज्दः नहीं है। बहरहाल दोनों आलिमों के नज़दीक सज्दों की कुल तादाद १४ ही है। और देखिये फ़ुटनोट पृष्ठ ५६८ पर।

हिन्दी रूपान्तरकार का वक्तव्य

संसार के सवाँरनेवाले कारसाज़े-आलम की ही क़ुदरत है जिसने क़ुर्आन शरीफ़ को देवनागरी रस्मुलख़त में मुन्तक़िल करने का इस नाचीज़ को हौसला दिया और उसी की रहमत है जिसने अरसः दराज़ की मिहनत के बाद इस अहम काम को पाये तकमील तक पहुँचाया।

इस कोशिश की एक तवारीख़ है। अनक़रीब बीस साल क़ब्ल मुझे यह ज़रूरत महसूस हुई कि हिन्दी-दाँ तबक़ः—मुस्लिम और ग़ैरमुस्लिम—इस बेशबहा धर्मग्रंथ की जानकारी का मुहताज न रहे। उर्दू ज़बान में मुस्तनद तर्जुमों की कमी नहीं है। मैंने बुनियाद में मौलाना शाह अब्दुल क़ादिर साहब के तर्जुमे को लेने के बाद मौलाना अशरफ़ अली साहब थानवी, मौलाना फ़तह मुहम्मद खाँ साहब जालन्धरी और मौलाना अब्दुल्लाह यूसुफ़ साहब के अंग्रेज़ी तर्जुमे की मदद से हिन्दी तर्जुमः व तशरीही नोट्स को सवाँरा। किसी क़दर मुतमइन होने के बाद मुस्लिम सन्त जनाब मौलाना मुहम्मद मंज़ूर नोमानी साहब के सामने पसोपेश के साथ अपनी मिहनत को रखते हुए दरख़्वास्त की कि वह हिन्दी तर्जुमे की नज़रसानी और जहाँ ज़रूरत हो वहाँ दुरुस्ती का कोई ऐसा बन्दोबस्त कर दें जिससे मफ़्हूम (आशय) में ग़लती या ग़लतफ़हमी का कम से कम अन्देशा बाक़ी रहे। मौलाना मौसूफ़ ने निहायत ख़ुलूस और मुहब्बत से दिलचस्पी ली और कई कोशिशों के बाद दारुल् मुबल्लग़ीन के मुफ़्ती मौलाना हाफ़िज़ मुहम्मद सिद्दीक़ साहब क़ारी को इस अहम काम के लिए राज़ी किया। वह दिन था कि जितनी बेलौसी उतनी ही मिहनत व तवज्जुह के साथ मौलाना सिद्दीक़ साहब शुरू ता आख़िर तर्जुमे व तशरीही नोट्स को दौरान तबाअ़त बराबर देखते रहे। उनका मैं कहाँ तक और किन अलफ़ाज़ में शुक्रिया अदा करूँ इसका इमकान नहीं नज़र आता। बहरहाल एक काम को जितनी ही बार देखा जाय उसमें तौसीह और तनक़ीद की गुंजाइश बराबर निकलती रहती है। इसलिए इस हिन्दी तर्जुमे में जो कुछ ख़ूबी मयस्सर है वह क़ाज़ी मुहम्मद सिद्दीक़ साहब की इनायत का नतीजा है और तर्जुमे में जो भी ख़ामी महसूस हो उसको मुझ लाअिल्म की चूक समझकर दरगुज़र किया जाय।

इस अहम काम की दूसरी मद् क़ुर्आन शरीफ़ के अ़रबी मतन (मूल) को देवनागरी रस्मुलख़त में पेश करना था। अमल से ईमान पहली चीज़ है। ईमान के लिए इल्हामी कलाम को उसकी असली ज़बान में पेश करना अशद ज़रूरी है। उसके बग़ैर, महज़ तर्जुमे का असर वाजिब ही वाजिब होता है। इस ख़्याल से अ़रबी आयतों को देवनागरी रस्मुलख़त में मुन्तक़िल करने की कोशिश में लगने पर महसूस हुआ कि अ़रबी की और क़ुर्आन शरीफ़ को ज़बान के अपने मख़्सूस हुरूफ़, उनकी आवाज़ें, रमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न) व दीगर तरीक़े तहरीर व तिलावत, वस्ल व फ़स्ल (सन्धि-विग्रह)—इन सबको सही तौर पर इयाँ कर देना मामूली काम नहीं है और इस तहक़ीक़ में सालहा साल की ज़रूरत है। इस दुश्वारी ने मेरे शौक़ को बढ़ावा ही दिया और तब से मौजूदा तैयारी के आज दिन तक मैं इस ख़िदमत में लगा रहा।

काम को देरतलब समझकर दरम्यान में मेरे दोस्त मौलवी अहमद बशीर साहब की मदद से एक हिन्दी तर्जुमा (बिला मतन) तैयार किया गया और ग़ालिबन सन् १९५६ में वह तबअ़ हुआ। इसको अदबी और इलमी तर्जुमा कहना तो शायद सही न होगा अलबत्ता लोगों ने पसन्द किया और अवाम में मक़बूल होकर छः एडिशनों में वह बराबर छपता रहा। लेकिन मतन (मूल) के हिन्दी में ढालने का काम बराबर जारी रहा।

शुरू में यह तवक़्क़ो रही कि अरबी को देवनागरी रस्मुलख़त में मुन्तक़िल करने वाले आलिम दस्तयाब हो जायँगे। अक्सर सिलसिले क़ायम किये लेकिन कोई सूरत पैदा न हुई। इसी दरम्यान गुजराती और बंगाली के नुस्ख़े नज़र आये; उनके चन्द जुज़ हिन्दी में लिखे गये। बंबई के कुछ मतबों में तबअ हिन्दी में दीनियात की किताबें भी हासिल हुईं जिनमें अरबी की आयतें हिन्दी में तहरीर थीं। लेकिन और बारीकियाँ तो दूर, उनमें सूबाई तलफ़्फ़ुज़ के असरात नुमायाँ थे और अरबी न जाननेवालों के लिए उनके ज़रिये सही तिलावत (पाठ) की क़तई गुंजाइश न थी। इसके बाद आर्यसमाज के आलिमों के तैयार कर्दा या बाज़ इस्लामी इल्मी इदारों से तबाशुदा पारे या आयतें देखने को मिलीं। तलफ़्फ़ुज़ के लिहाज़ से यह मिहनतें मुक़ाबलतन कामयाब ज़रूर थीं लेकिन मुश्तबहुस्सौत (ध्वनि-सन्देहपरक) हुरूफ़, रमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न), साकिन व मुतहर्रिक (हलन्त और सस्वर) व तहरीर क़ुर्आनी की दीगर मख़्सूस बातों को नज़रअन्दाज़ कर दिया गया था। हिन्दी रस्मुलख़त के आमफ़हम दस्तूर को इख़्तियार कर लिया गया था। इनसे मेरा मक़सद तो हल न होता था लेकिन इसके माने यह नहीं कि यह मिहनतें क़ाबिल क़द्र नहीं हैं। जिनको जितना मौक़ा मिला उन्होंने उतना फ़र्ज़ अंजाम दिया और इन सबसे इस तालिबअिल्म को कुछ न कुछ तालीम हासिल करने का मौक़ा मिला है। इसी दौर में देहली के जनाब फ़ैयाज़ हुसैन साहब (जामई) हिन्दीभूषण ने भी इसी रविश पर मुझे पूरा क़ुर्आन शरीफ़ लिखकर इनायत किया। मज़्कूरेबाला (उपर्युक्त) कमियों के सबब इस मैनुस्क्रिप्ट से मेरा मक़सद तो हल नहीं हुआ लेकिन उसने मुझको सहारा ज़रूर दिया और उसी वक़्त से सब ओर से तवज्जुह हटा कर मैं अज़्ख़ुद इस काम में लग गया। जामई साहब का मैं मम्नून हूँ।

अपने एक दोस्त हकीम हाफ़िज़ अब्दुल क़दीर साहब, लखनऊ से बड़ी तख़्ती (चोबक़लम) का क़ुर्आनशरीफ़ लाकर उसके रस्मुलख़त की दीद:रेज़ी में लगा। काम दिलचस्प था। मज़्कूर ख़ुसूसियतों के अलावा तमाम बातें जो अब तक नज़र में न थीं सामने आईं। एक मुअम्मे का हल निकलता कि दूसरी पेचीदगी पैदा होती। आज की नज़र आनेवाली कामयाबी कल नाकाम साबित होती। जितने सर्फ़े और जितनी मिहनत में किताबें तैयार व तबअ हो जाया करती हैं उतना कई-कई बार काम अंजाम तक पहुँचने के बाद ज़ाया कर देना पड़ा। अक्सर कोई गुत्थी न सुलझती तो आलिमों के पास जाकर पूछ-ताछ करता और इसमें कोई शक नहीं कि वे हज़रात उतने ही शौक़ और इख़्लाक़ से मेरी मदद करते। यूँ करते-करते तक़रीबन तीन साल क़ब्ल नौबत आई कि इम्कानी सूरत में सही तिलावत के लिए इत्मीनानबख़्श काम हिन्दी में तैयार हुआ। परमात्मा की क़ुदरत है—"निमित्तामात्रम् भव सव्यसाचिन्"—वरना मेरे यह कुछ बस का न था।

अब तबाअत का मसल: था। इस सिलसिले में ज़िक्र करना मुनासिब होगा कि सन् १९५० ई० में फ़ने क़िरअत के लिए मशहूर व मारूफ़ मदरसा फ़ुरक़ानिया, लखनऊ के एक ज़हीन तालिबअिल्म और फ़ीज़मान: मौलवी ओबेदुल्लाह साहब साकिन रायबरेली मुझको पढ़कर आयतें सुनाते और मैं उनके तलफ़्फ़ुज़ के मातहत लिखता। पाँच पारे तैयार हुये। भले ही आज जैसी तौसीह उस तहरीर में न थी लेकिन मुश्तबहुस्सौत और रमूज़ औक़ाफ़ मुमताज़ थे। सन् १९५२ ई० में पहला और तीसवाँ पार: फ़ाइन प्रेस लखनऊ में तबाअत के लिए दिया लेकिन बहुत इहतियात के बावजूद छपाई सही न उतरी। तीसवाँ पार: घर पर आया और पहला पार: के फ़ार्म प्रेस ही में ख़त्त-मल्त हुए। तबाअत की इस नाकामयाबी से मायूस होकर मैंने यह अहद कर लिया कि काम के पाये तक्मील तक पहुंचने के बाद अगर तबाअत का सारा इन्तज़ाम ज़ेर अंगुश्त न हुआ तो छपाई में हाथ न लगाऊँगा। चुनांचे वह घड़ी आई और अपने कारोबार को समेटकर मैंने ढलाई-छपाई का मुकम्मिल इन्तज़ाम किया और तबाअत शुरू हुई।

काम के सर्फ़े का तख़्मीन: काफ़ी बड़ा था और दौरान काम उससे भी कहीं ज़्याद: बड़ा साबित

हुआ। अपनी सारी वस्अ़त के बावजूद बग़ैर मदद यह काम होना दुश्वार था। उसी तफ़क्कुर के दौरान जनाब मुस्तफ़ा रशीद साहब शेरवानी एम० पी० से ख़तोकिताबत हुई। मेरी उनसे कोई दीद शुनीद न थी। ऐसे बेलौस 'निष्काम' जज़्बे के मोमिन रईस शाज़ो नादिर ही हैं। उनकी इनायत हुई और सच पूछिये तो इस काम के रौशनी देखने के वही बायस हैं। उन्हीं की मुबारक इमदाद से काम बढ़ता रहा। आख़िरी दौर में उत्तर प्रदेश के साबिक़ वज़ीर आला चौधरी चरनसिंह साहब और साबिक़ डिप्टी सेक्रेटरी तालीम डा० श्याम नारायन मेहरोत्रा, आई० ए० एस० ने काम की क़द्र की और सरकारी इमदाद से मदद पहुँचाई। मैं शुरू में मुस्लिम संत मौलाना मुहम्मद मंज़ूर नोमानी साहब का ज़िक्र कर चुका हूँ। उन्हीं के ज़रिये एक दूसरे सन्त मौलाना सय्यद अबुल हसन अली साहब नदवी से नियाज़ हासिल होने का मौक़ा मिला। उस साइत से अिल्मी, इख्लाक़ी सब्र तौर पर बराबर उनकी मदद रही और उन्हीं की सिफ़ारिश पर हिज़ एक्ज़ाल्टेड हाइनेस निज़ाम साहब के ट्रस्ट से इस हिन्दी क़ुर्आन की कसीर तादाद में क़ब्ल तबाअ़त ख़रीदारी का हुक्म हुआ। यही नहीं मौलाना मौसूफ़ ने 'पेशलफ़्ज' लिखकर भी इस मिहनत को ज़ीनत बख़्शी है। उनका शुक्रिया अदा करना मेरे अलफ़ाज़ के बाहर है। श्री आचार्य विनोबा भावे जी से भी मैंने ख़तोकिताबत की। उनका आशीर्वाद मुझे मिला और उनके रूहुलक़ुर्आन के हिन्दी एडिशन के सब कुछ करता-धरता श्री अच्युत भाई देश पाण्डे से भी मुझे मशविर: और हौसला-अफ़ज़ाई हासिल हुई।

पण्डित उमाशंकर दीक्षित एम० पी० डाइरेक्टर एसोसियेटेड जरनल्स लिमिटेड के ज़रिये मुतअ़रिफ़ होकर कलनल बशीर हसन साहब ज़ैदी की मुसल्सल इनायत से राष्ट्रपति डा० ज़ाक़िर हुसैन साहब से दो बार नियाज़ हासिल होने का मौक़ा मिला और उन्होंने काम की बड़ी तारीफ़ की और मदद दी। हिज़ होलीनेस सय्यदना बुरहानुद्दीन साहब बंबई से भी किसी क़दर मदद आई। इसी तरह अलीगढ़ यूनीवर्सिटी के साबिक़ वाइस चांसलर जनाब अली यावर जंग साहब जिनकी हमदर्दी अहक़र के साथ शुरू काम से रही उनकी सिफ़ारिश पर यूनीवर्सिटी से मदद हासिल हुई। आख़िर में जनाब अतहर हुसैन साहब आई० ए० एस० रेवेन्यू सेक्रेटरी यू० पी० गवर्नमेण्ट और शाह ग़यास आलम साहब ऑफ़िस सेक्रेटरी सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड लखनऊ से मुलाक़ात हुई। सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड से इमदाद ही नहीं मिली बल्कि काम की इशात में भी इन साहबान की मदद का मैं निहायत मश्कूर हूँ। मदद छोटी हो या बड़ी, इमदाद के जज़्बे को कमोबेश वज़न से नहीं नापा जा सकता। इसलिए सब ही लोग शुक्रिये के मुस्तहक़ हैं, मैं सबका मम्नून हूं। इसी सिलसिले में जनाब शेख़ मुस्तनसरुल्ला साहब की भी मुझ पर इनायत रही। उनके वसील: से नवाब साहब छतारी, डा० सय्यद मुहम्मद बशीर कानपुर और क़ब्ल अज़् ख़रीदारी की मद में नवाब अज़मत अली खाँ ट्रस्ट, मुज़फ़्फ़रनगर के नाम क़ाबिल ज़िक्र हैं। जनाब इनाम रहमान साहब सेक्रेटरी कौंसिल आफ़ कल्चरल रिलेशन्स, दिल्ली के ज़रिये इस्लामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट देहली से तआरुफ़ हुआ और उसी सिलसिले में जनाब क़ाज़ी सज्जाद हुसैन साहब की इनायत बाद तबाअ़त किताब मुझपर आज भी है। लखनऊ के जनाब ज़ैनुल आबदीन साहब और एस. इक्रामुलहक़ साहब ने भी काम पर नियाज़ फ़रमाया।

अब रही तबाअ़त। एक लम्बे अरस: तक काम के चलते रहने, ज़राए की कमी और हुरूफ़ व अलामतों के आम फ़हम न होने के सबब छपाई हस्ब मंशा उम्द: न हो सकी। इन वजूहात के अलावा, आफ़सेट की छपाई न करने का यह भी एक सबब था कि देवनागरी रस्मुलख़त में तहरीर को अभी और सवाँरना बाक़ी है जो इस एडिशन में किसी तरह मुनासिब न था। मौजूद: शक्ल में सही तिलावत (पाठ) तो हासिल है लेकिन तर्ज़ तहरीर का भी उतना ही सही तरीक़: अगले एडिशन में पाठकों को पेशनज़र होगा। उम्मीद है कि उस वक़्त तबाअ़त भी ज़्याद: इत्मीनानबख़्श होगी।

ऐसे कामों में एक बड़ी दुश्वारी प्रूफ़ देखने की भी होती है। मौलाना मौसूफ़ मज़्कूर क़ाज़ी मुहम्मद सिद्दीक़ साहब तर्जुमे की नज़र सानी करने के साथ साथ प्रूफ़ तो देखते ही थे। सागरनिवासी

ग़ुलाम मुहम्मद क़ुरैशी साहब ने भी बड़ी मिहनत से बराबर प्रूफ़ देखे और बाद तबाअ़त, सेहतनामा व फ़िहरिस्तें मुरत्तब फ़रमाईं। उनके हम निहायत मशकूर हैं। उनसे मेरा तअ़ल्लुक़ अरसे से है और मज़्कूर बाला हिन्दी तर्जुमा मौलवी अहमद बशीर साहब के आख़िरी दो या तीन एडिशनों में भी मुझे उनसे बड़ी मदद मिलती रही। इन्फ़ारमेशन डिपार्टमेण्ट के एक सीग़े के इंचार्ज जनाब सुबाहुद्दीन उमर साहब के पास भी एक प्रूफ़ पढ़ा जाता था।

इन मुहतरमी उमर साहब का कुछ मज़ीद चरचा यहाँ ज़रूरी है। देवनागरी रसमुल्ख़त में क़ुर्आन शरीफ़ के लिखे जाने पर जब मैंने अपने तईं मुत्मइन समझा तब मेरी यह ख़्वाहिश हुई कि जाने माने उलेमा के सामने अपनी मिहनत को रखकर उनके ज़रिये उसको कसौटी पर परखा जाय। चुनांचे सबसे पहले हमारे दोस्त उमर साहब ने दारुल्उलूम नदवतुल् उलेमा के शेख़ुल् तफ़सीर मौलना मुहम्मद ओवैस साहब के सामने मुझको पेश किया। मौलाना मौसूफ़ ने मुझसे पढ़वा कर सुना और जा ब जा पूँछा। इब्तदाई इत्मीनान होने के बाद दारुल् उलूम के सीग़ा सानविया के अफ़सर मुदर्रिस व हिन्दी दाँ मौलाना मुहम्मद अरशी साहब को रस्मुलख़त जाँच के लिए सुपुर्द किया। उनका क़ुल्लियतन इज़हार इत्मीनान हुआ। मौलाना ओवैस साहब ने और फ़िरंगीमहल के मुफ़्ती मौलाना मुहम्मद रज़ा अन्सारी साहब ने काम के सही होने की तस्दीक़ में ख़त इनायत किये। इसके बाद ही मुझको अपने काम पर मुकम्मिल भरोसा हुआ और तबाअ़त के लिए मेरा हौसला बढ़ा।

हिन्दी रस्मुल्ख़त में मतन को मैंने लखनऊ के शिया मुजतहिद साहबान के सामने भी पेश किया। उन्होंने भी उसको सुना और अ़रबी व हिन्दी के आलिम मौलाना कल्बे सादिक़ साहब और हिन्दी कोविद मौलाना इक़्तिदा हुसैन तक़वी साहब ने उसकी जाँच की। मौलाना मरहूम जनाब सय्यद मुहम्मद नसीर साहब, मौलाना मरहूम जनाब सय्यद मुहम्मद सईद साहब सईदुलमिल्लत और जनाब मौलाना सय्यद कल्बे आबिद साहब इमामे जुमा ने ऐन मसर्रत का इज़हार फ़र्माया और तस्दीक़ में ख़ते सताइश इनायत किये। इन सब साहबान का मैं निहायत मश्कूर हूँ। मरहूम सईदुल् मिल्लत की नवाज़िश से इतने बड़े स्टाक के रखने की क़िल्लत दूर हुई। उन्होंने सुल्तानुल्-मदारिस में एक हाल देकर यह दिक़्क़त दूर की। मदरसे के प्रिंसिपल, मुन्तज़िम व नाज़िर सबका मैं शुक्रगुज़ार हूं।

इन चन्द अल्फ़ाज़ के साथ मैं अपने दीबाचे को ख़त्म करता हूँ। एक बात और— अरसः दराज़ की मिहनत के बाद जहाँ मुझे यह हिन्दी में "शेरवानी एडिशन" पेश करते हुये निहायत ख़ुशी हो रही है वहीं मेरी मिहनत पर निहायत मेहरबान चन्द असहाब जो आज हमारे बीच नहीं हैं उनकी याद का इहसास हो रहा है। मौलाना सय्यद मुहम्मद नसीर साहब प्रिंसिपल शिया अरेबिक कालेज, जनाब हाशमी साहब सेक्रेटरी निज़ाम चैरीटेबिल ट्रस्ट, मौलाना सय्यद मुहम्मद सईद साहब सईदुलमिल्लत और यू० पी० सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड के प्रेसीडेण्ट जनाब शौकत हमीद खाँ साहब एक के बाद एक जन्नतनशीं हुये। परमात्मा उनकी रूह को हमेशा के लिए अमन दे।

—नन्दकुमार अवस्थी

५ अप्रैल, १९६९ ई०,

ज़माने का इश्तिआक़ पूरा हुआ !

क़ुर्आन शरीफ़

[हिन्दी]

बीस साल की मुसल्सल अ़ल्मी मिहनत के बाद देवनागरी रस्मुल्ख़त में क़ुर्आन शरीफ़ छप कर अवाम की पेश नज़र है। इसमें मिलते-जुलते हुरूफ़ मसलन जाल, ज़े, ज़ाद, ज़ो वग़ैरः को अलाहदः मुमताज़ करते हुये रमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न), आयत संख्या, वक़्फ़ नबी स०, व० मंज़िल, व० ग़ुफ़रान, वक़्फ़ लाज़िम, हर पारे के रुबूअ़, निस्फ़, सुल्स, रुकूअ़, सज्दः, मद्द, हमज़ः साकिन, हमज़ए वस्ल, मुआनक़ः, हर सफ़े पर आयत ख़त्म, शुमार मंज़िल, पारः और सूरः, ग़रज़ कि शास्त्रीय अरबी पद्धति पर इमकानी सूरत में सही तिलावत का पूरा इहतियात मुहय्या किया गया है। हिन्दी रस्मुल्ख़त में आयतें लिखने के साथ-साथ हर सफ़े पर क़ुर्आन शरीफ़ के असली ख़त याने अरबी ख़त में इन्तहाई सही ब्लाक भी देकर नक़्स की गुञ्जाइश ही ख़त्म कर दी गई है। साथ-साथ आसान आम फ़हम ज़बान में मुस्तनद उर्दू तर्जुमों की बुनियाद पर, आलिमों की नज़र सानी के बाद, हिन्दी तर्जुमा व तफ़्सीरी नोट्स को भी मतन के मुक़ाबिल दिया गया है।

हिन्दी रस्मुल्ख़त में क़ुर्आन शरीफ़ को पढ़ने-लिखने के क़वायद, तलफ़्फ़ुज़, इदग़ाम, वस्ल-फ़स्ल व अनेक याद-दहानियों का एक वसीअ़ चार्ट, और मज़ामीन की फ़िहरिस्तों ने हिन्दी में तरीक़े तिलावत को निहायत आसान कर दिया है। अलावा, मौलाना सय्यद अबुल हसन अ़ली अल्हसनी अल्मदनी जनाब अ़ली मियाँ साहब ने इस हिन्दी क़ुर्आन शरीफ़ पर 'पेश लफ़्ज़' लिख कर इस मिहनत को ज़ीनत बख़्शी है।

इस बड़े कारनामे का हद्यः (उपहार) भी महज़ ३५·०० रखा गया है। रवानगी ख़र्च अलाहदः। साहबे दौलत से तवक़्क़ोह है कि इसके नुस्ख़े कसीर तादाद में ख़रीद कर अवाम के उस हिस्से तक पहुँचायें जो किसी वजह से इसको ख़ुद ख़रीद नहीं सकते।

पारः अ़म्म

बच्चों के पढ़ने के क्रम से ऊपर लिखे क़ुर्आन शरीफ़ ही के तरीक़े पर पारः अ़म्म छापा गया है। साथ ही आयतों के हिन्दी में लिखने-पढ़ने का एक वसीअ़ क़वायदनामा भी दिया गया है जिसकी मदद से आप बआसानी पूरे क़ुर्आन मजीद का शुद्ध पाठ कर सकते हैं। दोनों शामिल की क़ीमत सिर्फ़ १·०० है।

प्राप्ति स्थान—भुवन वाणी, १०६ रानीकटरा, लखनऊ-३

हिन्दी तर्जुमः

क़ुर्आन शरीफ़

ऊपर बयान हिन्दी क़ुर्आन शरीफ़ मय मतन (मूल) में बयान की हुई सारी ख़ूबियाँ इस तर्जुमः में भी मौजूद हैं। सिर्फ़ अरबी आयतों का मतन (मूल पाठ) नहीं दिया गया है। जो लोग सिर्फ़ तर्जुमः में दिलचस्पी रखते हैं उनके लिए हिन्दी में यह निहायत मुस्तनद (प्रामाणिक) संस्करण तैयार हुआ है। हद्यः केवल १०·००। रवानगी ख़र्च अलग।

अरब एक संक्षिप्त इतिहास

मैकमिलन कम्पनी लन्दन से प्रकाशित और अरब के इतिहास पर निहायत मक़बूल पी० हिट्टी की अंग्रेज़ी पुस्तक का एक एडिशन के लिए कापी राइट हासिल कर हिन्दी में योग्य विद्वानों से हिन्दी तर्जुमः करवा कर छापा गया है। हर लाइब्रेरी, स्कूल, कालेज, यूनीवर्सिटी और अिल्म से शौक़ रखनेवाले साहबान को इसकी एक प्रति ज़रूर ख़रीद कर रखना चाहिये। एकही एडिशन छापने का इख़्तियार मैकमिलन कम्पनी से हासिल हुआ है, इसलिए ख़त्म होजाने पर फिर यह हिन्दी में दस्तयाब न होगा। नक़्शों से सजी इस सजिल्द पुस्तक का मूल्य सिर्फ़ ८·०० है। रवानगी ख़र्च अलग।

हिन्दी में कुछ इस्लामी जीवनचरित्र

	इस्लाम के पैग़म्बर (स)	००·५०	
हज़रत अबूबक्र	००·५०	हज़रत उमर	००·५०
हज़रत उस्मान	००·५०	हज़रत अली	००·५०

हिन्दी में नमाज़

हिन्दी में आयतें निहायत सही बा-तरजुमा दी गई हैं। (प्रेस में छप रही है)।

वाणी सरोवर

(अपने ढंग का निराला मासिक पत्र)

प्रत्येक क्षेत्र प्रत्येक सन्त की बानी।
अखिल राष्ट्र में घर-घर है पहुँचानी॥

हिन्दी, उर्दू (अरबी-फ़ारसी सहित), संस्कृत, बँगला, असमी, उड़िया, कश्मीरी, मराठी, गुरुमुखी, गुजराती, तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, सिंधी आदि भाषाओं तथा अनेक बोलियों के सत्साहित्य को, देवनागरी लिपि में धारावाहिक सानुवाद लिप्यन्तरण द्वारा, भारत के जन जन तक पहुँचाना, अधिकाधिक भाषाओं का शिक्षण, प्रसारण और ज्ञान प्राप्त कराते हुये इनको एक सूत्र में पिरोहना—यही 'वाणी सरोवर' का पावन उद्देश्य है।

पत्र का पत्र और धारावाहिक प्रकाशन होने से सभी भाषाओं के सानुवाद लिप्यन्तरित अनेक पूर्ण ग्रंथ इस मासिक पत्र द्वारा उपलब्ध होंगे। मूल्य १२·०० वार्षिक। एक प्रति का १·२५ मात्र।

प्राप्ति स्थान—भुवन वाणी, १०६ रानीकटरा, लखनऊ-३